॥ श्रीहरिः ॥ 1421

ईशादि नौ उपनिषद्

शाङ्करभाष्यार्थ

गीताप्रेस, गोरखपुर

॥ श्रीहरिः ॥

गीताप्रेस, गोरखपुरसे प्रकाशित

उपनिषद्

ईशादि नौ उपनिषद्

बृहदारण्यकोपनिषद्

छान्दोग्योपनिषद्

ईशावास्योपनिषद्

केनोपनिषद्

कठोपनिषद्

माण्डूक्योपनिषद्

मुण्डकोपनिषद्

प्रश्नोपनिषद्

तैत्तिरीयोपनिषद्

ऐतरेयोपनिषद्

श्वेताश्वतरोपनिषद्

॥ श्रीहरिः ॥

1421

ईशादि नौ उपनिषद्

[शाङ्करभाष्यार्थ]

त्वमेव माता च पिता त्वमेव
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव
त्वमेव सर्वं मम देवदेव॥

गीताप्रेस, गोरखपुर

नम्र-निवेदन

विषयकी दृष्टिसे वेदोंके तीन विभाग हैं—कर्म, उपासना और ज्ञान। विश्वके कारणतत्त्व परब्रह्मका विचार ज्ञानकाण्डमें किया गया है। कर्मकाण्ड ओर उपासनाकाण्डका लक्ष्य मानव-मनमें उस परमतत्त्वको उपलब्ध करनेके लिये योग्यताका निर्माण करना है। इसलिये कर्म और उपासना साधन हैं और ज्ञान साध्य। वेदके इस ज्ञानकाण्डका नाम ही उपनिषद् है और इसीको ब्रह्मविद्याका आदिस्त्रोत कहते हैं। उपनिषदोंका मुख्य उद्देश्य ब्रह्म अथवा आत्माके यथार्थ स्वरूपका बोध कराना है।

उपनिषदें साक्षात् कामधेनु हैं। ब्रह्मसूत्रोंकी रचना इन्हींके वाक्यों और शब्दोंकी संगति लगानेके उद्देश्यसे हुई है और भगवद्गीता तो इन्हीं उपनिषद्रूपी कामधेनुका अमृतमय पय है। उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र और गीताको ही प्रस्थानत्रयी कहा जाता है। भारतवर्षमें प्रचलित जितने भी आस्तिक सम्प्रदाय हैं, उन सबके आधार यही तीनों ग्रन्थ हैं। अद्वैत, द्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत, शुद्धाद्वैत आदि सभी सम्प्रदायाचार्योंने इस प्रस्थानत्रयीपर अपनी टीका लिखकर उसके द्वारा अपने सिद्धान्तोंकी पुष्टि की है। यद्यपि अपने-अपने स्थानपर सभी आचार्योंके भाष्यकी उपादेयता है, किन्तु अद्वैत वेदान्तका प्रतिपादक भगवान् श्रीशङ्कराचार्यका उपनिषद्-भाष्य विचारकोंके द्वारा सर्वोपरि माना जाता है।

पाठकोंकी सुविधाकी दृष्टिसे प्रस्तुत पुस्तकमें अलग-अलग खण्डोंमें पूर्व प्रकाशित ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माडूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय और श्वेताश्वतर-उपनिषद्के मन्त्र, मन्त्रानुवाद, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थको एक साथ प्रकाशित किया गया है। इस प्रकार ब्रह्मविद्याके जिज्ञासु साधकों एवं पाठकोंको नौ प्रमुख उपनिषदोंके शाङ्करभाष्य एक साथ उपलब्ध हो गये हैं। आशा है पाठकगण 'नौ उपनिषदों' के इस संग्रहको अपनाकर लाभान्वित होंगे।

—प्रकाशक

॥ श्रीहरिः ॥

विषय-सूची

ईशावास्योपनिषद्

केनोपनिषद्

विषय पृष्ठ-संख्या

विषय पृष्ठ-संख्या

विषय पृष्ठ-संख्या

प्रश्नोपनिषद्

मुण्डकोपनिषद्

विषय पृष्ठ-संख्या

माण्डूक्योपनिषद्

विषय		पृष्ठ-संख्या

अलातशान्तिप्रकरण

विषय		पृष्ठ-संख्या

ऐतरेयोपनिषद्

विषय	पृष्ठ-संख्या

तैत्तिरीयोपनिषद्

विषय पृष्ठ-संख्या

अष्टम अनुवाक

नवम अनुवाक

भृगुवल्ली

प्रथम अनुवाक

द्वितीय अनुवाक

तृतीय अनुवाक

चतुर्थ अनुवाक

पञ्चम अनुवाक

षष्ठ अनुवाक

सप्तम अनुवाक

अष्टम अनुवाक

श्वेताश्वतरोपनिषद्

ॐ

तत्सद्ब्रह्मणे नमः

ईशावास्योपनिषद्

मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थसहित

ईशिता सर्वभूतानां सर्वभूतमयश्च यः।
ईशावास्येन सम्बोध्यमीश्वरं तं नमाम्यहम्॥

शान्तिपाठ

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

ॐ वह (परब्रह्म) पूर्ण है और यह (कार्यब्रह्म) भी पूर्ण है; क्योंकि पूर्णसे पूर्णकी ही उत्पत्ति होती है। तथा [प्रलयकालमें] पूर्ण [कार्यब्रह्म]-का पूर्णत्व लेकर (अपनेमें लीन करके) पूर्ण [परब्रह्म] ही बच रहता है। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

सम्बन्ध-भाष्य

ईशा वास्यमित्यादयो मन्त्राः कर्मस्वविनियुक्ताः। तेषामकर्मशेषस्यात्मनो याथात्म्यप्रकाशकत्वात्। याथात्म्यं चात्मनः शुद्धत्वापापविद्धत्वैकत्व-नित्यत्वाशरीरत्वसर्वगतत्वादि वक्ष्यमाणम्। तच्च कर्मणा विरुध्येतेति युक्त एवैषां कर्मस्वविनियोगः।

न ह्येवंलक्षणमात्मनो याथात्म्य-मुत्पाद्यं विकार्यमाप्यं संस्कार्यं कर्तृभोक्तृरूपं वा येन कर्मशेषता स्यात्। सर्वासामुपनिषदा-मात्मयाथात्म्यनिरूपणेनैव उपक्षयात्। गीतानां मोक्षधर्माणां चैवंपरत्वात्। तस्मादात्मनोऽनेकत्व-कर्तृत्वभोक्तृत्वादि चाशुद्धत्व-पापविद्धत्वादि चोपादाय लोकबुद्धिसिद्धं कर्माणि विहितानि।

'ईशा वास्यम्' आदि मन्त्रोंका कर्ममें विनियोग नहीं है; क्योंकि वे आत्माके यथार्थ स्वरूपका प्रतिपादन करनेवाले हैं जो कि कर्मका शेष नहीं है। आत्माका यथार्थ स्वरूप शुद्धत्व, निष्पापत्व, एकत्व, नित्यत्व, अशरीरत्व और सर्वगतत्व आदि है जो आगे कहा जानेवाला है। इसका कर्मसे विरोध है; अतः इन मन्त्रोंका कर्ममें विनियोग न होना ठीक ही है।

आत्माका ऐसे लक्षणोंवाला यथार्थ स्वरूप उत्पाद्य[1], विकार्य[2], आप्य[3] और संस्कार्य[4] अथवा कर्ता-भोक्तारूप नहीं है, जिससे कि वह कर्मका शेष हो सके। सम्पूर्ण उपनिषदोंकी परिसमाप्ति आत्माके यथार्थ स्वरूपका निरूपण करनेमें ही होती है तथा गीता और मोक्षधर्मोंका भी इसीमें तात्पर्य है। अतः आत्माके सामान्य लोगोंकी बुद्धिसे सिद्ध होनेवाले अनेकत्व, कर्तृत्व, भोक्तृत्व तथा अशुद्धत्व और पापमयत्वको लेकर ही कर्मोंका विधान किया गया है।

१-उत्पन्न किया जानेयोग्य, जैसे पुरोडाश आदि। २- विकारयोग्य, जैसे सोम आदि। ३- बलवान् करने अथवा प्राप्त करनेयोग्य, जैसे मन्त्रादि। ४- संस्कारयोग्य, जैसे व्रीहि आदि कर्मके शेषभूत पदार्थोंमें इन धर्मोंका रहना आवश्यक है। आत्मामें ऐसा कोई धर्म नहीं है। इसलिये वह कर्म शेष नहीं हो सकता।

यो हि कर्मफलेनार्थी दृष्टेन कर्मणि ब्रह्मवर्चसादिनादृष्टेन कस्य स्वर्गादिना च द्विजाति- अधिकारः रहं न काण-कुब्जत्वाद्यनधिकारप्रयोजकधर्मवा-नित्यात्मानं मन्यते सोऽधिक्रियते कर्मस्विति ह्यधिकारविदो वदन्ति।

तस्मादेते मन्त्रा आत्मनो अनुबन्ध- याथात्म्यप्रकाशनेन चतुष्टयम् आत्मविषयं स्वाभाविक-मज्ञानं निवर्तयन्तः शोक-मोहादिसंसारधर्मविच्छित्तिसाधन-मात्मैकत्वादिविज्ञानमुत्पादयन्ति। इत्येवमुक्ताधिकार्यभिधेयसम्बन्ध-प्रयोजनान्मन्त्रान्संक्षेपतो व्याख्या-स्यामः।

कर्माधिकारके ज्ञाताओंका भी यही कथन है कि जो पुरुष ब्रह्मतेज आदि दृष्ट और स्वर्ग आदि अदृष्ट कर्मफलोंका इच्छुक है और 'मैं द्विजाति हूँ तथा कर्मके अनधिकारसूचक कानेपन, कुबड़ेपन आदि धर्मोंसे युक्त नहीं हूँ' ऐसा अपनेको मानता है, वही कर्मका अधिकारी है।

अतः ये मन्त्र आत्माके यथार्थ स्वरूपका प्रकाश करके आत्मसम्बन्धी स्वाभाविक अज्ञानको निवृत्त करते हुए संसारके शोकमोहादि धर्मोंके विच्छेदके साधनस्वरूप आत्मैकत्वादि विज्ञानको ही उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार जिनके [मुमुक्षुरूप] अधिकारी, [आत्मैक्यरूप] विषय, [प्रतिपाद्य-प्रतिपादकरूप] सम्बन्ध और [अज्ञाननिवृत्ति तथा परमानन्दप्राप्तिरूप] प्रयोजनका ऊपर उल्लेख हो चुका है, उन मन्त्रोंकी अब हम संक्षेपसे व्याख्या करेंगे।

सर्वत्र भगवद्दृष्टिका उपदेश

ॐ ईशा वास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥ १॥

जगत्में जो कुछ स्थावर-जंगम संसार है, वह सब ईश्वरके द्वारा आच्छादनीय है [अर्थात् उसे भगवत्स्वरूप अनुभव करना चाहिये]। उसके त्याग-भावसे तू अपना पालन कर; किसीके धनकी इच्छा न कर॥ १॥

ईशा ईष्ट इतीट् तेनेशा। ईशिता परमेश्वरः परमात्मा सर्वस्य। स हि सर्वमीष्टे सर्वजन्तूनामात्मा सन्प्रत्यगात्मतया तेन स्वेन रूपेणात्मनेशा वास्यमाच्छादनीयम्।

किम्? इदं सर्वं यत्किञ्च यत्किञ्चिज्जगत्यां पृथिव्यां जगत्तत्सर्वं स्वेनात्मना ईशेन प्रत्यगात्मतयाहमेवेदं सर्वमिति परमार्थसत्यरूपेणामृतमिदं सर्वं चराचरमाच्छादनीयं स्वेन परमात्मना।

यथा चन्दनागर्वादेरुदकादि-सम्बन्धजक्लेदादिजमौपाधिकं दौर्गन्ध्यं तत्स्वरूपनिघर्षणेन आच्छाद्यते स्वेन पारमार्थिकेन गन्धेन। तद्वदेव हि स्वात्मनि अध्यस्तं स्वाभाविकं कर्तृत्वभोक्तृत्वादिलक्षणं जगद्द्वैतरूपं जगत्यां पृथिव्याम्, जगत्यामिति उपलक्षणार्थत्वात्सर्वमेव नामरूपकर्माख्यं विकारजातं परमार्थसत्यात्मभावनया त्यक्तं स्यात्।

जो ईशन (शासन) करे उसे ईट् कहते हैं, उसका तृतीयान्त रूप 'ईशा' है। सबका ईशन करनेवाला परमेश्वर परमात्मा है। वही सब जीवोंका आत्मा होकर अन्तर्यामीरूपसे सबका ईशन करता है। उस अपने स्वरूपभूत आत्मा ईशसे सब वास्य—आच्छादन करनेयोग्य है।

क्या [आच्छादन करनेयोग्य है] ? यह सब जो कुछ जगती अर्थात् पृथ्वीमें जगत् (स्थावर-जंगम प्राणिवर्ग) है वह सब अपने आत्मा ईश्वरसे—अन्तर्यामीरूपसे यह सब कुछ मैं ही हूँ।—ऐसा जानकर अपने परमार्थसत्यस्वरूप परमात्मासे यह सम्पूर्ण मिथ्याभूत चराचर आच्छादन करनेयोग्य है।

जिस प्रकार चन्दन और अगरु आदिकी, जल आदिके सम्बन्धसे गीलेपन आदिके कारण उत्पन्न हुई औपाधिक दुर्गन्धि उन (चन्दनादि)-के स्वरूपको घिसनेसे उनके पारमार्थिक गन्धसे आच्छादित हो जाती है, उसी प्रकार अपने आत्मामें आरोपित स्वाभाविक कर्तृत्व-भोक्तृत्व आदि लक्षणोंवाला द्वैतरूप जगत् जगतीमें यानी पृथिवीमें—'जगत्याम्' यह शब्द [स्थावर-जंगम सभीका] उपलक्षण करानेवाला होनेसे—इस परमार्थसत्यस्वरूप आत्माकी भावनासे नाम-रूप और कर्ममय सारा ही विकारजात परित्यक्त हो जाता है।

एवमीश्वरात्मभावनया युक्तस्य आत्मनिष्ठस्य पुत्राद्येषणात्रयसंन्यास त्याग एवं एवाधिकारो न अधिकारः कर्मसु। तेन त्यक्तेन त्यागेनेत्यर्थः। न हि त्यक्तो मृतः पुत्रो वा भृत्यो वा आत्मसम्बन्धिताया अभावाद् आत्मानं पालयति अतस्त्यागेन इत्ययमेव वेदार्थः— भुञ्जीथाः पालयेथाः।

इस प्रकार जो, ईश्वर ही चराचर जगत्का आत्मा है—ऐसी भावनासे युक्त है, उसका पुत्रादि तीनों एषणाओंके त्यागमें ही अधिकार है—कर्ममें नहीं। उसके त्यक्त अर्थात् त्यागसे [आत्माका पालन कर]। त्यागा हुआ अथवा मरा हुआ पुत्र या सेवक, अपने सम्बन्धका अभाव हो जानेके कारण अपना पालन नहीं करता; अतः त्यागसे—यही इस श्रुतिका अर्थ है—भोग यानी पालन कर।

एवं त्यक्तैषणस्त्वं मा गृधः, गृधिमाकाङ्क्षा मा कार्षीर्धनविषयाम्। कस्यस्विद्धनं कस्यचित्परस्य स्वस्य वा धनं मा काङ्क्षीरित्यर्थः। स्विदित्यनर्थको निपातः।

इस प्रकार एषणाओंसे रहित होकर तू गर्द्ध अर्थात् धनविषयक आकांक्षा न कर। किसीके धनकी अर्थात् अपने या पराये किसीके भी धनकी इच्छा न कर। यहाँ 'स्वित्' यह अर्थरहित निपात है।

अथवा मा गृधः। कस्मात्? कस्यस्विद्धनमित्याक्षेपार्थो न कस्यचिद्धनमस्ति यद्गृध्येत। आत्मैवेदं सर्वमितीश्वरभावनया सर्वं त्यक्तमत आत्मन एवेदं सर्वमात्मैव च सर्वमतो मिथ्याविषयां गृधिं मा कार्षीरित्यर्थः॥ १॥

अथवा आकांक्षा न कर, क्योंकि धन भला किसका है? इस प्रकार इसका आक्षेपसूचक अर्थ भी हो सकता है अर्थात् धन किसीका भी नहीं है जो उसकी इच्छा की जाय। यह सब आत्मा ही है—इस प्रकार ईश्वरभावनासे यह सभी परित्यक्त हो जाता है। अतः यह सब आत्मासे उत्पन्न हुआ तथा सब कुछ आत्मरूप ही होनेके कारण मिथ्यापदार्थविषयक आकांक्षा न कर—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ १॥

मनुष्यत्वाभिमानीके लिये कर्मविधि

एवमात्मविदः पुत्राद्येषणात्रय-संन्यासेनात्मज्ञाननिष्ठतयात्मा रक्षितव्य इत्येष वेदार्थः। अथ इतरस्यानात्मज्ञतया आत्मग्रहणाय अशक्तस्येदमुपदिशति मन्त्रः—

इस प्रकार उपर्युक्त श्रुतिका यही तात्पर्य है कि आत्मवेत्ताको पुत्रादि एषणात्रयका त्याग करते हुए ज्ञाननिष्ठ रहकर ही आत्माकी रक्षा करनी चाहिये। अब जो आत्मतत्त्वका ग्रहण करनेमें असमर्थ दूसरा अनात्मज्ञ पुरुष है उसके लिये यह दूसरा मन्त्र उपदेश करता है—

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳ समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे॥ २॥

इस लोकमें कर्म करते हुए ही सौ वर्ष जीनेकी इच्छा करे। इस प्रकार मनुष्यत्वका अभिमान रखनेवाले तेरे लिये इसके सिवा और कोई मार्ग नहीं है, जिससे तुझे [अशुभ] कर्मका लेप न हो॥ २॥

कुर्वन्नेव इह निर्वर्तयन्नेव कर्माण्यग्निहोत्रादीनि जिजीविषे-ज्जीवितुमिच्छेच्छतं शतसङ्ख्याकाः समाः संवत्सरान्। तावद्धि पुरुषस्य परमायुर्निरूपितम्। तथा च प्राप्तानुवादेन यज्जिजीविषेच्छतं वर्षाणि तत् कुर्वन्नेव कर्माणीत्येतद्विधीयते।

इस लोकमें अग्निहोत्रादि कर्म करते हुए ही सौतक अर्थात् सौ वर्षोंतक जीनेकी इच्छा करे, पुरुषकी बड़ी-से-बड़ी आयु इतनी ही बतलायी गयी है। अतः उस प्राप्त हुई आयुका अनुवाद करते हुए यह विधान किया है कि यदि सौ वर्ष जीनेकी इच्छा करे तो कर्म करते हुए ही जीना चाहे।

एवमेवम्प्रकारेण त्वयि जिजीविषति नरे नरमात्राभिमानिनीत एतस्मादग्निहोत्रादीनि कर्माणि कुर्वतो वर्तमानात्प्रकारादन्यथा प्रकारान्तरं नास्ति येन प्रकारेणाशुभं कर्म न

इस तरह, इस प्रकार जीनेकी इच्छा करनेवाले तुझ मनुष्य—मनुष्यत्वमात्रका अभिमान करनेवालेके लिये इस अर्थात् अग्निहोत्रादि कर्म करते हुए ही [आयु बितानेके] वर्तमान प्रकारसे भिन्न और कोई ऐसा प्रकार नहीं है, जिससे अशुभ

लिप्यते कर्मणा न लिप्यत इत्यर्थः। अतः शास्त्रविहितानि कर्माण्यग्निहोत्रादीनि कुर्वन्नेव जिजीविषेत्।

कर्मका लेप न हो। अर्थात् जिससे वह पुरुष कर्मसे लिप्त न हो। अतः अग्निहोत्र आदि शास्त्रविहित कर्मोंको करते हुए ही जीनेकी इच्छा करे।

ज्ञानकर्म-समुच्चय-खण्डनम्

कथं पुनरिदमवगम्यते पूर्वेण संन्यासिनो ज्ञाननिष्ठोक्ता द्वितीयेन तदशक्तस्य कर्मनिष्ठेति।

पूर्व०—यह कैसे जाना गया कि पूर्व मन्त्रसे संन्यासीकी ज्ञाननिष्ठाका तथा द्वितीय मन्त्रसे संन्यासमें असमर्थ पुरुषकी कर्मनिष्ठाका वर्णन किया गया है?

उच्यते; ज्ञानकर्मणोर्विरोधं पर्वतवदकम्प्यं यथोक्तं न स्मरसि किम्। इहाप्युक्तं 'यो हि जिजीविषेत् स कर्म कुर्वन्' 'ईशावास्यमिदं सर्वम्' 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः' 'मा गृधः कस्यस्विद्धनम्' इति च। 'न जीविते मरणे वा गृधिं कुर्वीतारण्यमियादिति च पदम्; ततो न पुनरियात्' इति संन्यासशासनात्। उभयोः फलभेदं च वक्ष्यति।

सिद्धान्ती—कहते हैं, क्या तुम्हें स्मरण नहीं है कि जैसा पहले (सम्बन्ध-भाष्यमें) कह चुके हैं ज्ञान और कर्मका विरोध पर्वतके समान अविचल है। यहाँ भी 'जो जीनेकी इच्छा करे वह कर्म करते हुए ही [जीना चाहे]' तथा 'यह सब ईश्वरसे आच्छादन करनेयोग्य है' 'उस (चराचर जगत्)-के त्यागद्वारा आत्माकी रक्षा कर' 'किसीके धनकी इच्छा न कर' इत्यादि वाक्योंसे [कर्मी और संन्यासीकी निष्ठाओंका भेद ही] निरूपण किया है। तथा 'जीवन या मरणका लोभ न करे, वनको चला जाय—यही वेदकी मर्यादा है। और फिर वहाँसे घर न लौटे' इस वाक्यसे भी [ज्ञाननिष्ठके लिये] संन्यासका ही विधान किया है। आगे इन दोनों निष्ठाओंके फलका भेद भी बतलायेंगे।

इमौ द्वावेव पन्थानावनुनिष्क्रान्ततरौ भवतः क्रियापथश्चैव पुरस्तात्संन्यासश्चोत्तरेण। निवृत्तिमार्गेण एषणात्रयस्य त्यागः। तयोः संन्यासपथ एवातिरेचयति। ''न्यास एवात्यरेचयत्'' इति च तैत्तिरीयके। 'द्वाविमावथ पन्थानौ यत्र वेदाः प्रतिष्ठिताः। प्रवृत्तिलक्षणो धर्मो निवृत्तौ च सुभाषितः॥' (महा०, शा० २४१। ६) इत्यादि पुत्राय विचार्य निश्चितमुक्तं व्यासेन वेदाचार्येण भगवता। विभागञ्चानयोः दर्शयिष्यामः॥ २॥

ये दोनों ही मार्ग सृष्टिके आरम्भसे परम्परागत हैं। इनमें पहले कर्ममार्ग है और पीछे संन्यास। [संन्यासरूप] निवृत्तिमार्गसे तीनों एषणाओंका त्याग किया जाता है। इन दोनोंमें संन्यासमार्ग ही उत्कर्ष प्राप्त करता है। तैत्तिरीय श्रुतिमें भी कहा है कि 'संन्यास ही उत्कृष्टताको प्राप्त हुआ।' वेदाचार्य भगवान् व्यासने भी बहुत सोच-विचारकर ही अपने पुत्रसे यह निश्चित बात कही है—'जिनमें वेद प्रतिष्ठित हैं ऐसे ये दो ही मार्ग हैं—एक तो प्रवृत्तिलक्षण धर्ममार्ग और दूसरा अच्छी तरह भावना किया हुआ निवृत्तिमार्ग।' इन दोनोंका विभाग हम आगे दिखलायेंगे॥ २॥

अज्ञानीकी निन्दा

अथेदानीमविद्वन्निन्दार्थोऽयं मन्त्र आरभ्यते—

अब अज्ञानीकी निन्दा करनेके लिये यह [तीसरा] मन्त्र आरम्भ किया जाता है—

असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः।
ताꣳस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः॥ ३॥

वे असुरसम्बन्धी लोक आत्माके अदर्शनरूप अज्ञानसे आच्छादित हैं। जो कोई भी आत्माका हनन करनेवाले लोग हैं, वे मरनेके अनन्तर उन्हें प्राप्त होते हैं ॥ ३॥

असुर्याः परमात्मभावमद्वयमपेक्ष्य देवादयोऽप्यसुरास्तेषाञ्च स्वभूता लोका असुर्या नाम। नामशब्दोऽनर्थको निपातः।

अद्वय परमात्मभावकी अपेक्षासे देवता आदि भी असुर ही हैं। उनके सम्पत्तिस्वरूप लोक 'असुर्य' हैं। 'नाम' शब्द अर्थहीन निपात है।

ते लोकाः कर्मफलानि। लोक्यन्ते दृश्यन्ते भुज्यन्त इति जन्मानि। अन्धेनादर्शनात्मकेनाज्ञानेन तमसावृता आच्छादिताः, तान्स्थावरान्तान्प्रेत्य त्यक्त्वेमं देहमभिगच्छन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम्।

जिनमें कर्मफलोंका लोकन—दर्शन यानी भोग होता है, वे लोक अर्थात् जन्म (योनियाँ) अन्ध—अदर्शनात्मक तम यानी अज्ञानसे आच्छादित हैं। वे इस शरीरको छोड़कर अपने कर्म और ज्ञानके अनुसार उन [ब्रह्मासे लेकर] स्थावरपर्यन्त योनियोंमें ही जाते हैं।

आत्मानं घ्नन्तीत्यात्महनाः। के ते जनाः, येऽविद्वांसः। कथं त आत्मानं नित्यं हिंसन्ति। अविद्यादोषेण विद्यमानस्यात्मनस्तिरस्करणात्। विद्यमानस्य आत्मनो यत्कार्यं फलमजरामरत्वादिसंवेदनलक्षणं तद्धतस्येव तिरोभूतं भवतीति प्राकृताविद्वांसो जना आत्महन उच्यन्ते तेन ह्यात्महननदोषेण संसरन्ति ते॥ ३॥

जो कोई आत्माका घात (नाश) करते हैं, वे आत्मघाती हैं। वे लोग कौन हैं? जो अज्ञानी हैं। वे सर्वदा अपने आत्माकी किस प्रकार हिंसा करते हैं? अविद्यारूप दोषके कारण अपने नित्यसिद्ध आत्माका तिरस्कार करनेसे [अज्ञानी जीवोंकी दृष्टिमें] नित्य विद्यमान आत्माका अजरामरत्वादिज्ञानरूप कार्य यानी फल मरे हुएके समान तिरोभूत रहता है, इसलिये प्राकृत अज्ञानीजन आत्मघाती कहे जाते हैं। इस आत्मघातरूप दोषके कारण ही वे जन्म-मरणको प्राप्त होते हैं॥ ३॥

आत्माका स्वरूप

यस्यात्मनो हननादविद्वांसः संसरन्ति तद्विपर्ययेण विद्वांसो जना मुच्यन्ते ते नात्महनः, तत् कीदृशमात्मतत्त्वमित्युच्यते—

जिस आत्माका हनन करनेसे अज्ञानीलोग जन्म-मरणरूप संसारको प्राप्त होते हैं और उसके विपरीत ज्ञानीलोग मुक्त हो जाते हैं—वे आत्मघाती नहीं होते—वह आत्मतत्त्व कैसा है? सो बतलाया जाता है—

अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन्पूर्वमर्षत्।
तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठ-त्तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति॥ ४॥

वह आत्मतत्त्व अपने स्वरूपसे विचलित न होनेवाला, एक तथा मनसे भी तीव्र गतिवाला है। इसे इन्द्रियाँ प्राप्त नहीं कर सकीं; क्योंकि यह उन सबसे पहले (आगे) गया हुआ (विद्यमान) है। वह स्थिर होनेपर भी अन्य सब गतिशीलोंको अतिक्रमण कर जाता है। उसके रहते हुए ही [अर्थात् उसकी सत्तामें ही] वायु समस्त प्राणियोंके प्रवृत्तिरूप कर्मोंका विभाग करता है॥ ४॥

अनेजत् न एजत्। एजृ कम्पने, कम्पनं चलनं स्वावस्था-प्रच्युतिस्तद्वर्जितं सर्वदैकरूप-मित्यर्थः। तच्चैकं सर्वभूतेषु मनसः सङ्कल्पादिलक्षणाद् जवीयो जववत्तरम्।

जो चलनेवाला न हो उसे 'अनेजत्' कहते हैं, क्योंकि 'एजृ कम्पने' [इस धातुसूत्रसे] 'एज्' धातुका अर्थ कम्पन है। इस प्रकार [वह आत्मतत्त्व] कम्पन—चलन अर्थात् अपनी अवस्थासे च्युत होनेसे रहित है यानी सदा एकरूप है। वह एक ही सब प्राणियोंमें वर्तमान है तथा संकल्पादिरूप मनसे भी जवीय—अधिक वेगवान् है।

कथं विरुद्धमुच्यते ध्रुवं निश्चलमिदं मनसो जवीय इति च।

पूर्व०—यह विरुद्ध बात कैसे कही जाती है कि वह आत्मतत्त्व ध्रुव एवं निश्चल है तथा मनसे भी अधिक वेगवान् है?

विरोध-परिहारः

नैष दोषः। निरुपाध्युपाधिमत्त्वेनोपपत्तेः तत्र निरुपाधिकेन स्वेन रूपेणोच्यते अनेजदेकमिति मनसोऽन्तःकरणस्य सङ्कल्पविकल्पलक्षणस्योपाधेरनुवर्त्तनाद् इह देहस्थस्य मनसो ब्रह्मलोकादिदूरगमनं सङ्कल्पेन क्षणमात्राद्भवतीत्यतो मनसो जविष्ठत्वं लोके प्रसिद्धम्। तस्मिन् मनसि ब्रह्मलोकादीन्द्रुतं गच्छति सति प्रथमं प्राप्त इवात्मचैतन्यावभासो गृह्यतेऽतो मनसो जवीय इत्याह।

सिद्धान्ती—यह कोई दोष नहीं है? क्योंकि निरुपाधिक और सोपाधिकरूपसे यह विरुद्ध कथन भी बन सकता है; उस अवस्थामें अपने निरुपाधिकरूपसे तो 'अविचल' और 'एक'—ऐसा कहा जाता है तथा अन्तःकरणकी मनरूप संकल्पविकल्पात्मिका उपाधिका अनुवर्तन करनेके कारण [मनसे भी अधिक वेगवान् कहा गया है।] इस लोकमें देहस्थ मनका ब्रह्मलोक आदि दूर देशोंमें संकल्परूपसे एक क्षणमें ही गमन हो जाता है, अतः मनका अत्यन्त वेगवत्त्व तो लोकमें प्रसिद्ध ही है। किन्तु उस मनके ब्रह्मलोकादिमें बड़ी शीघ्रतासे पहुँचनेपर वहाँ आत्मचैतन्यका अवभास पहलेहीसे पहुँचा हुआ-सा अनुभव किया जाता है। इसीसे 'वह मनसे भी अधिक वेगवान् है' ऐसा श्रुति कहती है।

नैनद्देवा द्योतनाद्देवाश्चक्षुरादीनीन्द्रियाण्येतत्प्रकृतमात्मतत्त्वं

जिसका प्रकरण चल रहा है ऐसे इस आत्मतत्त्वको देवगण भी प्राप्त अर्थात् उपलब्ध नहीं कर सके।

नाप्नुवन्न प्राप्तवन्तः। तेभ्यो मनो जवीयः। मनोव्यापारव्यवहितत्वाद् आभासमात्रमपि आत्मनो नैव देवानां विषयीभवति।

विषयोंका द्योतन (प्रकाश) करनेके कारण चक्षु आदि इन्द्रियाँ ही 'देव' हैं। उन इन्द्रियोंसे तो मन ही वेगवान् है, अतः [आत्मा तथा इन्द्रियोंके बीचमें] मनोव्यापारका व्यवधान रहनेके कारण आत्माका तो आभासमात्र भी इन्द्रियोंका विषय नहीं होता।

यस्माज्जवनान्मनसोऽपि पूर्वमर्षत् पूर्वमेव गतं व्योमवद्व्यापित्वात् सर्वव्यापि तदात्मतत्त्वं सर्वसंसारधर्मवर्जितं स्वेन निरुपाधिकेन स्वरूपेणाविक्रियमेव सदुपाधिकृताः सर्वाः संसारविक्रिया अनुभवतीत्यविवेकिनां मूढानामनेकमिव च प्रतिदेहं प्रत्यवभासत इत्येतदाह।

क्योंकि आकाशके समान व्यापक होनेके कारण वह वेगवान् मनसे भी पहले ही गया हुआ है। वह सर्वव्यापी आत्मतत्त्व अपने निरुपाधिक स्वरूपसे सम्पूर्ण संसारधर्मोंसे रहित तथा अविक्रिय होकर ही उपाधिकृत सम्पूर्ण सांसारिक विकारोंको अनुभव करता है और अविवेकी मूढ़ पुरुषोंको प्रत्येक शरीरमें अनेक-सा प्रतीत होता है, इसीसे श्रुतिने ऐसा कहा है।

तद्धावतो द्रुतं गच्छतोऽन्यानात्मविलक्षणान्मनो-वागिन्द्रियप्रभृतीनत्येति अतीत्य गच्छति इव। इवार्थं स्वयमेव दर्शयति तिष्ठदिति स्वयमविक्रियमेव सदित्यर्थः।

वह दौड़ते अर्थात् तेजीसे चलते हुए, आत्मासे भिन्न अन्य मन, वाणी और इन्द्रिय आदिका अतिक्रमण कर जाता है—मानो उन्हें पार करके चला जाता है। 'इव' का भावार्थ श्रुति 'तिष्ठत्' (ठहरनेवाला) इस पदसे स्वयं ही दिखला रही है। अर्थात् स्वयं अविकारी रहकर ही दूसरोंको पार कर जाता है।

तस्मिन्नात्मतत्त्वे सति नित्यचैतन्यस्वभावे मातरिश्वा मातरि अन्तरिक्षे श्वयति गच्छतीति मातरिश्वा वायुः सर्वप्राणभृत् क्रियात्मको यदाश्रयाणि कार्यकरणजातानि यस्मिन्नोतानि प्रोतानि च यत्सूत्रसंज्ञकं सर्वस्य जगतो विधारयितृ स मातरिश्वा; अपः कर्माणि प्राणिनां चेष्टालक्षणानि, अग्न्यादित्य-पर्जन्यादीनां ज्वलन-दहनप्रकाशाभिवर्षणादिलक्षणानि दधाति विभजति इत्यर्थः।

धारयतीति वा "भीषास्माद्वातः पवते" (तै० उ० २। ८। १) इत्यादि श्रुतिभ्यः। सर्वा हि कार्यकरणादिविक्रिया नित्यचैतन्यात्मस्वरूपे सर्वास्पदभूते सत्येव भवन्तीत्यर्थः॥ ४॥

उस नित्य चैतन्यस्वरूप आत्मतत्त्वके वर्तमान रहते हुए ही जो मातरि अर्थात् अन्तरिक्षमें संचार—गमन करता है, वह मातरिश्वा—वायु, जो समस्त प्राणोंका पोषक और क्रियारूप है, जिसके अधीन ये सारे शरीर और इन्द्रिय हैं तथा जिसमें ये सब ओत-प्रोत हैं और जो सूत्रसंज्ञक तत्त्व निखिल जगत्का विधाता है, वह मातरिश्वा अप् अर्थात् प्राणियोंके चेष्टारूप कर्म यानी अग्नि, सूर्य और मेघ आदिके ज्वलन, दहन, प्रकाशन एवं वर्षा आदि कर्म विभक्त करता है, ऐसा इसका भावार्थ है।

अथवा "इसके भयसे वायु चलता है" इत्यादि [भाववाली] श्रुतियोंके अनुसार 'दधाति' का अर्थ 'धारण करता है' ऐसा जानो। क्योंकि शरीर और इन्द्रिय आदि सभी विकार सबके अधिष्ठानस्वरूप नित्य चैतन्य आत्मतत्त्वके विद्यमान रहते ही होते हैं॥ ४॥

न मन्त्राणां जामितास्तीति पूर्वमन्त्रोक्तमप्यर्थं पुनराह—

मन्त्रोंको आलस नहीं होता, अतः पहले मन्त्रद्वारा कहे हुए अर्थको ही फिर कहते हैं—

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः॥ ५॥

वह आत्मतत्त्व चलता है और नहीं भी चलता। वह दूर है और समीप भी है। वह सबके अन्तर्गत है और वही इस सबके बाहर भी है॥ ५॥

तदात्मतत्त्वं यत्प्रकृतं तदेजति चलति तदेव च नैजति स्वतो नैव चलति स्वतोऽचलमेव सत् चलतीवेत्यर्थः। किञ्च तद्दूरे वर्षकोटिशतैरप्यविदुषामप्राप्यत्वाद् दूर इव। तद् उ अन्तिके इतिच्छेदः। तद्वन्तिके समीपेऽत्यन्तमेव विदुषामात्मत्वान्न केवलं दूरेऽन्तिके च। तदन्तरभ्यन्तरेऽस्य सर्वस्य "य आत्मा सर्वान्तरः" (बृ० उ० ३। ४। १) इति श्रुतेः। अस्य सर्वस्य जगतो नामरूपक्रियात्मकस्य तदु अपि सर्वस्य अस्य बाह्यतो व्यापकत्वादाकाशवन्निरतिशय-सूक्ष्मत्वाद् अन्तः। "प्रज्ञानघन एव" (बृ० उ० ४। ५। १३) इति च शासनान्निरन्तरं च॥ ५॥

जिसका प्रकरण है वह आत्मतत्त्व एजन करता—चलता है, वही स्वयं नहीं भी चलता अर्थात् स्वयं अचल रहकर ही चलता हुआ-सा जान पड़ता है। यही नहीं, वह दूर भी है; अज्ञानियोंको सैकड़ों, करोड़ वर्षोंमें भी अप्राप्य होनेके कारण दूर-जैसा है। ['तद्वन्तिके' का] तत् उ अन्तिके—ऐसा पदच्छेद करना चाहिये। वही अन्तिक अत्यन्त समीप भी है अर्थात् केवल दूर ही नहीं, विद्वानोंका आत्मा होनेके कारण समीप भी है। वह इस सबके अन्तर यानी भीतर भी है जैसा कि "जो आत्मा सर्वान्तर है" इत्यादि श्रुतिसे सिद्ध होता है। आकाशके समान व्यापक होनेके कारण वह इस नामरूप और क्रियात्मक सम्पूर्ण जगत्के बाहर तथा सूक्ष्मरूप होनेसे इसके भीतर भी है। और श्रुतिके "प्रज्ञानघन ही है" इस कथनके अनुसार वह निरन्तर (बाहर-भीतरके भेदको त्यागकर सर्वत्र) ही है॥ ५॥

अभेददर्शीकी स्थिति

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते॥ ६॥

जो [साधक] सम्पूर्ण भूतोंको आत्मामें ही देखता है और समस्त भूतोंमें भी आत्माको ही देखता है, वह इस [सार्वात्म्यदर्शन]-के कारण ही किसीसे घृणा नहीं करता॥ ६॥

यः परिव्राड् मुमुक्षुः सर्वाणि भूतान्यव्यक्तादीनि स्थावरान्तानि आत्मन्येवानुपश्यत्यात्मव्यतिरिक्तानि न पश्यतीत्यर्थः, सर्वभूतेषु च तेष्वेव चात्मानं तेषाम् अपि भूतानां स्वमात्मानमात्मत्वेन यथास्य देहस्य कार्यकरणसङ्घातस्यात्मा अहं सर्वप्रत्ययसाक्षिभूतश्चेतयिता केवलो निर्गुणोऽनेनैव स्वरूपेणाव्यक्तादीनां स्थावरान्तानामहमेवात्मेति सर्वभूतेषु चात्मानं निर्विशेषं यस्त्वनुपश्यति स ततस्तस्मादेव दर्शनान्न विजुगुप्सते विजुगुप्सां घृणां न करोति।

जो परिव्राट् मुमुक्षु अव्यक्तसे लेकर स्थावरपर्यन्त सम्पूर्ण भूतोंको आत्मामें ही देखता है अर्थात् उन्हें आत्मासे पृथक् नहीं देखता तथा उन सम्पूर्ण भूतोंमें भी आत्माको देखता है अर्थात् उन भूतोंके आत्माको भी अपना ही आत्मा जानता है यानी यह समझता है कि जिस प्रकार मैं इस देहके कार्य (भूत) और करण (इन्द्रिय) संघातका आत्मा और इसकी समस्त प्रतीतियोंका साक्षी, चेतयिता, केवल और निर्गुण हूँ उसी प्रकार अपने इसी रूपसे अव्यक्तसे लेकर स्थावरपर्यन्त सम्पूर्ण भूतोंका आत्मा भी मैं ही हूँ। इस प्रकार जो सब भूतोंमें अपने निर्विशेष आत्मस्वरूपको ही देखता है, वह उस आत्मदर्शनके कारण ही किसीसे जुगुप्सा यानी घृणा नहीं करता।

प्राप्तस्यैवानुवादोऽयम्। सर्वा

यह प्राप्त वस्तुका ही अनुवाद है। सभी प्रकारकी

हि घृणात्मनोऽन्यद्दुष्टं पश्यतो भवति, आत्मानमेवात्यन्तविशुद्धं निरन्तरं पश्यतो न घृणानिमित्तम् अर्थान्तरमस्तीति प्राप्तमेव। ततो न विजुगुप्सत इति॥ ६॥

घृणा अपनेसे भिन्न किसी दूषित पदार्थको देखनेवाले पुरुषको ही होती है, जो निरन्तर अपने अत्यन्त विशुद्ध आत्मस्वरूपको ही देखनेवाला है, उसकी दृष्टिमें घृणाका निमित्तभूत कोई अन्य पदार्थ है ही नहीं; यह बात स्वतः प्राप्त हो जाती है। इसीलिये वह किसीसे घृणा नहीं करता॥ ६॥

इममेवार्थमन्योऽपि मन्त्र आह—

इसी बातको दूसरा मन्त्र भी कहता है—

यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः।
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः॥ ७॥

जिस समय ज्ञानी पुरुषके लिये सब भूत आत्मा ही हो गये, उस समय एकत्व देखनेवाले उस विद्वान्‌को क्या शोक और क्या मोह हो सकता है॥ ७॥

यस्मिन्काले यथोक्तात्मनि वा तान्येव भूतानि सर्वाणि परमार्थात्मदर्शनादात्मैवाभूद् आत्मैव संवृत्तः परमार्थवस्तु विजानतस्तत्र तस्मिन्काले तत्रात्मनि वा को मोहः कः शोकः। शोकश्च मोहश्च कामकर्मबीजम् अजानतो भवति। न त्वात्मैकत्वं विशुद्धं गगनोपमं पश्यतः।

जिस समय अथवा जिस पूर्वोक्त आत्मस्वरूपमें परमार्थतत्त्वको जाननेवाले पुरुषकी दृष्टिमें वे ही सब भूत परमार्थ आत्मस्वरूपके दर्शनसे आत्मा ही हो गये अर्थात् आत्मभावको ही प्राप्त हो गये, उस समय अथवा उस आत्मामें क्या मोह और क्या शोक रह सकता है; शोक और मोह तो कामना और कर्मके बीजको न जाननेवालेको ही हुआ करते हैं, जो आकाशके समान आत्माका विशुद्ध एकत्व देखनेवाला है, उसको नहीं होते।

को मोहः कः शोक इति शोकमोहयोरविद्याकार्ययोराक्षेपेण असम्भवप्रदर्शनात् सकारणस्य संसारस्यात्यन्तमेवोच्छेदः प्रदर्शितो भवति॥ ७॥

'क्या मोह और क्या शोक'; इस प्रकार अविद्याके कार्यस्वरूप शोक और मोहकी आक्षेपरूप असम्भवता दिखलाकर कारणसहित संसारका अत्यन्त ही उच्छेद प्रदर्शित किया गया है॥ ७॥

आत्मनिरूपण

योऽयमतीतैर्मन्त्रैरुक्त आत्मा स स्वेन रूपेण किंलक्षण इत्याहायं मन्त्रः—

उपर्युक्त मन्त्रोंसे जिस आत्माका वर्णन किया गया है, वह अपने स्वरूपसे कैसे लक्षणोंवाला है, इस बातको यह मन्त्र बतलाता है—

स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरꣳ शुद्धमपापविद्धम्।
कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः॥ ८॥

वह आत्मा सर्वगत, शुद्ध, अशरीरी, अक्षत, स्नायुसे रहित, निर्मल, अपापहत, सर्वद्रष्टा, सर्वज्ञ, सर्वोत्कृष्ट और स्वयम्भू (स्वयं ही होनेवाला) है। उसीने नित्यसिद्ध संवत्सर नामक प्रजापतियोंके लिये यथायोग्य रीतिसे अर्थों (कर्तव्यों अथवा पदार्थों)-का विभाग किया है॥ ८॥

स यथोक्त आत्मा पर्यगात्परि समन्तादगाद्गतवानाकाशवद्व्यापी इत्यर्थः। शुक्रं शुद्धं ज्योतिष्मद्दीप्तिमानित्यर्थः। अकायमशरीरो लिङ्गशरीरवर्जित इत्यर्थः। अव्रणम् अक्षतम्। अस्नाविरं स्नावाः

वह पूर्वोक्त आत्मा पर्यगात् परि—सब ओर अगात्—गया हुआ है अर्थात् आकाशके समान सर्वव्यापक है, शुक्र—शुद्ध—ज्योतिष्मान् यानी दीप्तिवाला है, अकाय—अशरीरी अर्थात् लिंग-शरीरसे रहित है; अव्रण यानी अक्षत है; अस्नाविर है,

शिरा यस्मिन्न विद्यन्त इत्यस्नाविरम्। अव्रणमस्नाविरमित्याभ्यां स्थूलशरीरप्रतिषेधः। शुद्धं निर्मलमविद्यामलरहितमिति कारणशरीरप्रतिषेधः। अपापविद्धं धर्माधर्मादिपापवर्जितम्।

शुक्रमित्यादीनि वचांसि पुँल्लिङ्गत्वेन परिणेयानि। स पर्यगादित्युपक्रम्य कविर्मनीषीत्यादिना पुँल्लिङ्गत्वेनोपसंहारात्।

कविः क्रान्तदर्शी सर्वदृक्। "नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा" (बृ० उ० ३। ७। २३) इत्यादिश्रुतेः। मनीषी मनस ईषिता सर्वज्ञ ईश्वर इत्यर्थः। परिभूः सर्वेषां पर्युपरि भवतीति परिभूः। स्वयम्भूः स्वयमेव भवतीति। येषामुपरि भवति यश्चोपरि भवति स सर्वः स्वयमेव भवतीति स्वयम्भूः।

स नित्यमुक्त ईश्वरो याथातथ्यतः

जिसमें स्नायु अर्थात् शिराएँ न हों उसे अस्नाविर कहते हैं। अव्रण और अस्नाविर—इन दो विशेषणोंसे स्थूल शरीरका प्रतिषेध किया गया है तथा शुद्ध, निर्मल यानी अविद्यारूप मलसे रहित है— इससे कारण-शरीरका प्रतिषेध किया गया है। अपापविद्ध—धर्म-अधर्मरूप पापसे रहित है।

'शुक्रम्' इत्यादि (नपुंसकलिंग) वचनोंको पुँल्लिङ्गमें परिणत कर लेना चाहिये; क्योंकि 'स पर्यगात्' इस पदसे आरम्भ करके 'कविः मनीषी' आदि शब्दोंद्वारा पुँल्लिङ्गरूपसे ही उपसंहार किया है।

कवि—क्रान्तदर्शी* यानी सर्वदृक् है। जैसा कि श्रुति कहती है—"इससे अन्य कोई और द्रष्टा नहीं है।" मनीषी—मनका ईशन करनेवाला अर्थात् सर्वज्ञ ईश्वर। परिभू—सबके परि अर्थात् ऊपर है इसलिये परिभू है। स्वयम्भू—स्वयं ही होता है [इसलिये स्वयम्भू है]। अथवा जिनके ऊपर है और जो ऊपर है वह सब स्वयं ही है, इसलिये स्वयम्भू है।

उस नित्यमुक्त ईश्वरने सर्वज्ञ होनेके

* क्रान्तका अर्थ अतीत है, अतः क्रान्तदर्शीका अर्थ अतीतद्रष्टा हुआ। यहाँ अतीतकालको तीनों कालोंका उपलक्षण मानकर भाष्यकारने क्रान्तदर्शीका अर्थ सर्वदृक् अर्थात् सर्वद्रष्टा किया है।

सर्वज्ञत्वाद्यथातथाभावो याथातथ्यं तस्माद्यथाभूतकर्मफलसाधनतोऽर्थान् कर्तव्यपदार्थान् व्यदधाद्विहितवान् यथानुरूपं व्यभजदित्यर्थः, शाश्वतीभ्यो नित्याभ्यः समाभ्यः संवत्सराख्येभ्यः प्रजापतिभ्य इत्यर्थः ॥ ८ ॥

कारण यथाभूत कर्म, फल और साधनके अनुसार अर्थों—कर्तव्य-पदार्थोंका याथातथ्य विधान किया अर्थात् यथायोग्य रीतिसे उनका विभाग किया। यथा-तथाके भावको याथातथ्य कहते हैं। [उसने] शाश्वत—नित्य समाओं अर्थात् संवत्सर नामक प्रजापतियोंको [उनकी योग्यताके अनुसार पृथक्-पृथक् कर्तव्य बाँट दिये] ॥ ८ ॥

ज्ञानमार्ग और कर्ममार्ग

अत्राद्येन मन्त्रेण सर्वैषणा-परित्यागेन ज्ञाननिष्ठोक्ता प्रथमो वेदार्थः "ईशा वास्यमिदं सर्वं...... मा गृधः कस्यस्विद्धनम्" इति। अज्ञानां जिजीविषूणां ज्ञाननिष्ठासम्भवे "कुर्वन्नेवेह कर्माणि... जिजीविषेत्" इति कर्मनिष्ठोक्ता द्वितीयो वेदार्थः।

यहाँ "ईशा वास्यमिदं सर्वं...... मा गृधः कस्यस्विद्धनम्" इस प्रथम मन्त्रद्वारा सम्पूर्ण एषणाओंके त्यागपूर्वक ज्ञाननिष्ठाका वर्णन किया है, यही वेदका प्रथम अर्थ है। तथा जो अज्ञानी और जीवित रहनेकी इच्छावाले हैं, उनके लिये ज्ञाननिष्ठा सम्भव न होनेपर "कुर्वन्नेवेह कर्माणि—जिजीविषेत्" इत्यादि मन्त्रसे कर्मनिष्ठा कही है। यह दूसरा वेदार्थ है।

अज्ञानां कर्मनिष्ठा

अनयोश्च निष्ठयोर्विभागो मन्त्रप्रदर्शितयोर्बृहदारण्यकेऽपि प्रदर्शितः "सोऽकामयत जाया मे स्यात्" (बृ० उ० १।४।१७) इत्यादिना अज्ञस्य कामिनः कर्माणीति। "मन एवास्यात्मा

उपर्युक्त मन्त्रोंद्वारा दिखलाया हुआ इन निष्ठाओंका विभाग बृहदारण्यकमें भी दिखाया है। "उसने इच्छा की कि मेरे पत्नी हो" इत्यादि वाक्योंसे यह सिद्ध होता है कि कर्म अज्ञानी और सकाम पुरुषके लिये ही हैं। "मन ही इसका आत्मा है,

वाग्जाया" (बृ० उ० १ । ४ । १७) इत्यादिवचनाद् अज्ञत्वं कामित्वं च कर्मनिष्ठस्य निश्चितमवगम्यते। तथा च तत्फलं सप्तान्नसर्गस्तेष्वात्मभावेनात्मस्वरूपावस्थानम्।

जायाद्येषणात्रयसंन्यासेन च ज्ञानिनां आत्मविदां कर्मनिष्ठा-सांख्यनिष्ठा प्रातिकूल्येनात्मस्वरूप-निष्ठैव दर्शिता "किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्मायं लोकः" (बृ० उ० ४ । ४ । २२) इत्यादिना। ये तु ज्ञाननिष्ठाः संन्यासिनस्तेभ्योऽसुर्या नाम त इत्यादिना अविद्वन्निन्दाद्वारेण आत्मनो याथात्म्यं स पर्यगाद् इत्येतदन्तैर्मन्त्रैरुपदिष्टम्। ते ह्यत्राधिकृता न कामिन इति। तथा च श्वेताश्वतराणां मन्त्रोपनिषदि "अत्याश्रमिभ्यः परमं पवित्रं प्रोवाच सम्यगृषिसङ्घजुष्टम्" (श्वे० उ० ६ । २१) इत्यादि विभज्योक्तम्।

वाणी स्त्री है" इत्यादि वचनसे भी कर्मनिष्ठका अज्ञानी और सकाम होना तो निश्चितरूपसे जाना जाता है। तथा उसीका फल सप्तान्नसर्ग[1] है। उनमें आत्मभावना करनेसे ही आत्माकी [अनात्मरूपसे] स्थिति है।

आत्मज्ञानियोंके लिये तो वहाँ (बृहदारण्यकोपनिषद्में) "जिन हमको यह आत्मलोक ही सम्पादन करना है वे हम प्रजाको लेकर क्या करेंगे।" इत्यादि वाक्यसे जायादि[2] तीन एषणाओंके त्यागपूर्वक कर्मनिष्ठाके विरुद्ध आत्मस्वरूपमें स्थिर रहना ही दिखलाया है। जो ज्ञाननिष्ठ संन्यासी हैं उन्हें ही 'असुर्या नाम ते लोकाः' यहाँसे लेकर 'स पर्यगात्' इत्यादितकके मन्त्रोंसे अज्ञानीकी निन्दा करते हुए आत्माके यथार्थ स्वरूपका उपदेश किया है। इस आत्मनिष्ठामें उन्हींका अधिकार है, सकाम पुरुषोंका नहीं। इसी प्रकार श्वेताश्वतर-मन्त्रोपनिषद्में भी "ऋषिसमूहसे भली प्रकार सेवित इस परम पवित्र आत्मज्ञानका उत्तम (संन्यास) आश्रमवालोंको उपदेश किया" इत्यादि रूपसे इसका पृथक् उपदेश किया है।

१-व्रीहि-यवादि—ये मनुष्यके अन्न हैं, हुत-प्रहुत—ये दोनों देवताओंके अन्न हैं; मन, वाणी और प्राण—ये आत्माके अन्न हैं तथा दुग्ध पशुओंका अन्न है। यह सात प्रकारके अन्नकी सृष्टि कर्मका ही फल है।

२-यहाँ 'जाया' (स्त्री) शब्दसे 'पुत्र' उपलक्षित होता है, अतः 'जायादि एषणा' का तात्पर्य 'पुत्रादि एषणात्रय' समझना चाहिये।

ये तु कर्मिणः कर्मनिष्ठाः कर्म कुर्वन्त एव जिजीविषवस्तेभ्य इदमुच्यते—

जो कर्मनिष्ठ कर्मठ लोग कर्म करते हुए ही जीवित रहना चाहते हैं उनसे यह कहा जाता है—

कर्म और उपासनाका समुच्चय

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायाᳩरताः॥ ९॥

जो अविद्या (कर्म)-की उपासना करते हैं वे [अविद्यारूप] घोर अन्धकारमें प्रवेश करते हैं और जो विद्या (उपासना)-में ही रत हैं वे मानो उससे भी अधिक अन्धकारमें प्रवेश करते हैं॥ ९॥

कथं पुनरेवमवगम्यते न तु सर्वेषाम् इति।

पूर्व०—यह कैसे ज्ञात होता है कि [यह विधि कर्मनिष्ठोंके ही लिये है] सबके लिये नहीं है?

उच्यते—अकामिनः साध्य-साधनभेदोपमर्देन 'यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' इति यदात्मैकत्व-विज्ञानम् [उक्तम्] तन्न केनचित्कर्मणा ज्ञानान्तरेण वा ह्यमूढः समुच्चिचीषति। इह तु समुच्चिचीषया अविद्वदादिनिन्दा क्रियते। तत्र च यस्य येन समुच्चयः सम्भवति न्यायतः शास्त्रतो वा तदिहोच्यते यद्दैवं वित्तं देवताविषयं ज्ञानं कर्म-

सिद्धान्ती—बतलाते हैं, [सुनो] निष्काम पुरुषके लिये जो 'यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः॥' इस मन्त्रसे साध्य और साधनके भेदका निराकरण करते हुए आत्माके एकत्वका ज्ञान प्रतिपादन किया है, उसे कोई भी विचारवान् किसी भी कर्म या अन्य ज्ञानके साथ मिलाना नहीं चाहेगा। यहाँ तो समुच्चयकी इच्छासे ही अविद्वान् आदिकी निन्दा की है। अतः न्याय और शास्त्रके अनुसार जिसका जिसके साथ समुच्चय हो सकता है,वही यहाँ कहा गया है। सो कर्मके सम्बन्धीरूपसे यहाँ दैव वित्त अर्थात् देवतासम्बन्धी ज्ञानका

सम्बन्धित्वेनोपन्यस्तं न परमात्मज्ञानम्। "विद्यया देवलोकः" (बृ० उ० १। ५। १६) इति पृथक्फलश्रवणात्। तयोर्ज्ञानकर्मणोरिह एकैकानुष्ठाननिन्दा समुच्चिचीषया न निन्दापरैव एकैकस्य पृथक्फलश्रवणात्; "विद्यया तदारोहन्ति" "विद्यया देवलोकः" (बृ० उ० १।५।१६) "न तत्र दक्षिणा यन्ति" "कर्मणा पितृलोकः" (बृ० उ० १। ५। १६) इति। न हि शास्त्रविहितं किञ्चिदकर्तव्यतामियात्।

तत्र अन्धतमोऽदर्शनात्मकं तमः प्रविशन्ति। के? येऽविद्यां विद्याया अन्या अविद्या तां कर्म इत्यर्थः, कर्मणो विद्याविरोधित्वात्; तामविद्यामग्निहोत्रादिलक्षणामेव केवलामुपासते तत्पराः सन्तोऽनुतिष्ठन्तीत्यभिप्रायः। ततस्तस्मादन्धात्मकात्तमसो भूय इव बहुतरमेव ते तमः प्रविशन्ति, के? कर्म हित्वा ये उ ये तु विद्यायामेव देवताज्ञान एव रता अभिरताः। तत्रावान्तरफलभेदं

ही उल्लेख हुआ है—परमात्मज्ञानका नहीं; क्योंकि "विद्यासे देवलोक प्राप्त होता है" [ऐसा इस ज्ञानका आत्मज्ञानसे] पृथक् फल सुना गया है। उन ज्ञान और कर्ममेंसे, यहाँ जो एक-एकके अनुष्ठानकी निन्दा की है, वह समुच्चयके अभिप्रायसे है, निन्दाके ही लिये नहीं; क्योंकि "उस पदपर विद्या (देवताज्ञान)-से आरूढ़ होते हैं" "विद्यासे देवलोककी प्राप्ति होती है" "वहाँ दक्षिणमार्गसे जानेवाले नहीं पहुँचते" "कर्मसे पितृलोक मिलता है" इत्यादि एक-एकका पृथक् फल बतलानेवाली श्रुतियाँ भी मिलती हैं; और शास्त्रविहित कोई भी बात अकर्तव्य नहीं हो सकती।

उनमें वे तो अज्ञानरूप अन्धकारमें प्रवेश करते हैं। कौन? जो अविद्या—विद्यासे अन्य अविद्या अर्थात् कर्म यानी केवल अग्निहोत्रादिरूप अविद्याहीकी उपासना करते हैं, अर्थात् तत्पर होकर कर्मका ही अनुष्ठान करते रहते हैं; क्योंकि कर्म विद्या (आत्मज्ञान)-के विरोधी हैं [इसलिये उन्हें अविद्या कहा गया है]। तथा उस अन्धकारसे भी कहीं अधिक अन्धकारमें वे प्रवेश करते हैं, कौन? जो कर्म करना छोड़कर केवल विद्या यानी देवताज्ञानमें ही रत—अनुरक्त हैं। विद्या और कर्मके अवान्तर फल-भेदको ही इसके

विद्याकर्मणोः समुच्चयकारणमाह; अन्यथा फलवदफलवतोः सन्निहितयोरङ्गाङ्गितैव स्याद् इत्यर्थः ॥ ९ ॥

समुच्चयका कारण बतलाते हैं; नहीं तो एक-दूसरेके समीप हुए फलयुक्त और फलहीन परस्पर अंग और अंगी हो जायँगे [अर्थात् फलयुक्त तो अंगी (मुख्य) हो जायगा तथा फलहीन अंग (गौण) समझा जायगा] यही इसका अभिप्राय है ॥ ९ ॥

कर्म और उपासनाके समुच्चयका फल

अन्यदेवाहुर्विद्ययान्यदाहुरविद्यया ।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ॥ १० ॥

विद्या (देवताज्ञान)-से और ही फल बतलाया गया है तथा अविद्या (कर्म)-से और ही फल बतलाया है। ऐसा हमने बुद्धिमान् पुरुषोंसे सुना है, जिन्होंने हमारे प्रति उसकी व्यवस्था की थी ॥ १० ॥

अन्यत्पृथगेव विद्यया क्रियते फलमित्याहुर्वदन्ति "विद्यया देवलोकः" (बृ० उ० १।५।१६) "विद्यया तदारोहन्ति" इति श्रुतेः। अन्यदाहुरविद्यया कर्मणा क्रियते "कर्मणा पितृलोकः" (बृ० उ० १।५।१६) इति श्रुतेः। इत्येवं शुश्रुम श्रुतवन्तो वयं धीराणां धीमतां वचनम्। ये आचार्या नोऽस्मभ्यं तत्कर्म च ज्ञानं च विचचक्षिरे व्याख्यातवन्तस्तेषामयमागमः पारम्पर्यागत इत्यर्थः ॥ १० ॥

"विद्यासे देवलोक प्राप्त होता है" "विद्यासे उसपर आरूढ़ होते हैं" ऐसी श्रुतियोंके अनुसार वेदवेत्तालोग कहते हैं कि विद्यासे और ही फल मिलता है। तथा "कर्मसे पितृलोक मिलता है" इस श्रुतिके अनुसार, अविद्या यानी कर्मसे और ही फल होता है—ऐसा उनका कथन है। ऐसे हमने धीर अर्थात् बुद्धिमानोंके वचन सुने हैं, जिन आचार्योंने हमसे उस कर्म तथा ज्ञानका विख्यान किया था अर्थात् उनकी व्याख्या की थी। तात्पर्य यह है कि यह उनका परम्परागत आगम है ॥ १० ॥

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳ सह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते॥ ११॥

जो विद्या और अविद्या—इन दोनोंको ही एक साथ जानता है, वह अविद्यासे मृत्युको पार करके विद्यासे अमरत्व प्राप्त कर लेता है॥ ११॥

यत एवमतो विद्यां चाविद्यां च देवताज्ञानं कर्म चेत्यर्थः। यस्तदेतदुभयं सहैकेन पुरुषेण अनुष्ठेयं वेद तस्यैवं समुच्चयकारिण एव एकपुरुषार्थसम्बन्धः क्रमेण स्यादित्युच्यते।

क्योंकि ऐसा है इसलिये विद्या और अविद्या अर्थात् देवताज्ञान और कर्म—इन दोनोंको जो एक साथ एक ही पुरुषसे अनुष्ठान किये जानेयोग्य जानता है, इस प्रकार समुच्चय करनेवालेको ही एक पुरुषार्थका सम्बन्ध क्रमशः होता है—यही अब कहा जाता है।

अविद्यया कर्मणा अग्निहोत्रादिना मृत्युं स्वाभाविकं कर्म ज्ञानं च मृत्युशब्दवाच्यमुभयं तीर्त्वा अतिक्रम्य विद्यया देवताज्ञानेनामृतं देवतात्मभावमश्नुते प्राप्नोति। तद्ध्यमृतमुच्यते यद्देवतात्मगमनम्॥ ११॥

अविद्या अर्थात् अग्निहोत्रादि कर्मसे मृत्यु यानी 'मृत्यु' शब्दवाच्य स्वाभाविक (व्यावहारिक) कर्म और ज्ञान—इन दोनोंको तरकर—पार करके विद्या अर्थात् देवताज्ञानसे अमृत यानी देवतात्मभावको प्राप्त हो जाता है। देवत्वभावको जो प्राप्त होना है वही अमृत कहा जाता है॥ ११॥

व्यक्त और अव्यक्त उपासनाका समुच्चय

अधुना व्याकृताव्याकृतोपासनयोः समुच्चिचीषया प्रत्येकं निन्दोच्यते।

अब व्यक्त और अव्यक्त उपासनाओंका समुच्चय करनेकी इच्छासे प्रत्येककी निन्दा की जाती है।

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽसम्भूतिमुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ सम्भूत्या ँ रताः॥ १२॥

जो असम्भूति (अव्यक्त प्रकृति)-की उपासना करते हैं, वे घोर अन्धकारमें प्रवेश करते हैं और जो सम्भूति (कार्यब्रह्म)-में रत हैं, वे मानो उनसे भी अधिक अन्धकारमें प्रवेश करते हैं॥ १२॥

अन्धं तमः प्रविशन्ति ये असम्भूतिं सम्भवनं सम्भूतिः सा यस्य कार्यस्य सा सम्भूतिः, तस्या अन्या असम्भूतिः प्रकृतिः कारणमविद्या अव्याकृताख्या तामसम्भूतिमव्याकृताख्यां प्रकृतिं कारणमविद्यां कामकर्मबीजभूतामदर्शनात्मिकामुपासते ये ते तदनुरूपमेवान्धं तमोऽदर्शनात्मकं प्रविशन्ति। ततस्तस्मादपि भूयो बहुतरमिव तमः प्रविशन्ति य उ सम्भूत्यां कार्यब्रह्मणि हिरण्यगर्भाख्ये रताः॥ १२॥

जो असम्भूतिकी उपासना करते हैं; वे घोर अन्धकारमें प्रवेश करते हैं। सम्भवन (उत्पन्न होने)-का नाम सम्भूति है। वह जिस कार्यका धर्म है, उसे 'सम्भूति' कहते हैं। उससे अन्य असम्भूति—प्रकृति—कारण अथवा अव्याकृत नामकी अविद्या है। उस असम्भूति यानी अव्याकृत नामवाली प्रकृति—कारण अर्थात् अज्ञानात्मिका अविद्याकी जो कि कामना और कर्मकी बीज है, जो लोग उपासना करते हैं, वे उसके अनुरूप ही अज्ञानरूप घोर अन्धकारमें प्रवेश करते हैं तथा जो सम्भूति यानी हिरण्यगर्भ नामक कार्यब्रह्ममें रत हैं, वे तो उससे भी गहरे—मानो अधिकतर अन्धकारमें प्रवेश करते हैं॥ १२॥

व्यक्त और अव्यक्त उपासनाके फल

अधुनोभयोरुपासनयोः समुच्चयकारणमवयवफलभेदमाह—

अब उन दोनों उपासनाओंके समुच्चयका कारणरूप जो उन दोनोंके फलोंका भेद है उसका वर्णन किया जाता है—

अन्यदेवाहुः सम्भवादन्यदाहुरसम्भवात्।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे॥ १३॥

कार्यब्रह्मकी उपासनासे और ही फल बतलाया गया है; तथा अव्यक्तोपासनासे और ही फल बतलाया है। ऐसा हमने बुद्धिमानोंसे सुना है, जिन्होंने हमारे प्रति उसकी व्याख्या की थी॥ १३॥

अन्यदेव पृथगेवाहुः फलं सम्भवात्सम्भूतेः कार्यब्रह्मोपासनादणिमाद्यैश्वर्यलक्षणं व्याख्यातवन्त इत्यर्थः। तथा चान्यदाहुरसम्भवादसम्भूतेरव्याकृताद् अव्याकृतोपासनात्। यदुक्तमन्धं तमः प्रविशन्तीति प्रकृतिलय इति च पौराणिकैरुच्यत इत्येवं शुश्रुम धीराणां वचनं ये नस्तद्विचचक्षिरे व्याकृताव्याकृतोपासनफलं व्याख्यातवन्त इत्यर्थः॥ १३॥

सम्भूति अर्थात् कार्यब्रह्मकी उपासनासे प्राप्त होनेवाला अणिमादि ऐश्वर्यरूप और ही फल बतलाया अर्थात् बखान किया है। तथा असम्भूति यानी अव्याकृतसे अर्थात् अव्याकृत प्रकृतिकी उपासनासे और ही फल बतलाया है, जिसे पहले 'अन्धं तमः प्रविशन्ति' आदि वाक्यसे कह चुके हैं तथा पौराणिक लोग जिसे प्रकृतिलय कहते हैं—ऐसा हमने धीरों (बुद्धिमानों)-का कथन सुना है, जिन्होंने हमसे उनका वर्णन किया था अर्थात् व्यक्त और अव्यक्त उपासनाओंके फलका व्याख्यान किया था॥ १३॥

यत एवमतः समुच्चयः सम्भूत्यसम्भूत्युपासनयोर्युक्त एवैकपुरुषार्थत्वाच्चेत्याह—

क्योंकि ऐसा है, इसलिये सम्भूति और असम्भूतिकी उपासनाओंका समुच्चय उचित ही है। इसके सिवा एक पुरुषार्थमूलक होनेसे भी उनका समुच्चय होना ठीक है—यही आगे कहते हैं—

सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभय ँसह।
विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्यामृतमश्नुते॥ १४॥

जो सम्भूति और कार्यब्रह्म—इन दोनोंको साथ-साथ जानता है; वह कार्यब्रह्मकी उपासनासे मृत्युको पार करके सम्भूतिके द्वारा [प्रकृतिलयरूप] अमरत्व प्राप्त कर लेता है॥ १४॥

सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभय ँसह विनाशो धर्मो यस्य कार्यस्य स तेन धर्मिणा अभेदेन उच्यते विनाश इति, तेन तदुपासनेनानैश्वर्यमधर्मकामादि-दोषजातं च मृत्युं तीर्त्वा— हिरण्य-गर्भोपासनेनाप्ति ह्यणिमादिप्राप्तिः फलम् , तेनानैश्वर्यादिमृत्युमतीत्य— असम्भूत्या अव्याकृतोपासनया अमृतं प्रकृतिलयलक्षणमश्नुते।

सम्भूतिं च विनाशं चेत्यत्रावर्ण-लोपेन निर्देशो द्रष्टव्यः प्रकृति-लयफलश्रुत्यनुरोधात्॥ १४॥

जो पुरुष सम्भूति और विनाश—इन दोनोंकी उपासनाके समुच्चयको जानता है वह—जिसके कार्यका धर्म विनाश है और उस धर्मीसे अभेद होनेके कारण जो स्वयं भी विनाश कहा ज़ाता है—उस विनाशसे अर्थात् उसकी उपासनासे अधर्म तथा कामना आदि दोषोंसे उत्पन्न हुए अनैश्वर्यरूप मृत्युको पार करके—हिरण्यगर्भकी उपासनासे अणिमादि ऐश्वर्यकी प्राप्तिरूप फल ही मिलता है, अतः उससे अनैश्वर्य आदि मृत्युको पार करके— असम्भूति—अव्यक्तोपासनासे प्रकृति-लयरूप अमृत प्राप्त कर लेता है।

'सम्भूतिं च विनाशं च' इस पदसमूहमें प्रकृतिलयरूप फल बतलानेवाली श्रुतिके अनुरोधसे अवर्णके लोपपूर्वक निर्देश हुआ समझना चाहिये*॥ १४॥

* अर्थात् 'असम्भूति' को ही 'सम्भूति' कहा है—ऐसा जानना चाहिये।

उपासककी मार्गयाचना

मानुषदैववित्तसाध्यं फलं शास्त्रलक्षणं प्रकृतिलयान्तम्। एतावती संसारगतिः। अतः परं पूर्वोक्तमात्मैवाभूद्विजानत इति सर्वात्मभाव एव सर्वैषणासंन्यासज्ञाननिष्ठाफलम्। एवं द्विप्रकारः प्रवृत्तिनिवृत्तिलक्षणो वेदार्थोऽत्र प्रकाशितः। तत्र प्रवृत्तिलक्षणस्य वेदार्थस्य विधिप्रतिषेधलक्षणस्य कृत्स्नस्य प्रकाशने प्रवर्ग्यान्तं ब्राह्मणमुपयुक्तम्। निवृत्तिलक्षणस्य वेदार्थस्य प्रकाशनेऽत ऊर्ध्वं बृहदारण्यकमुपयुक्तम्।

भोगमोक्ष-विवेकः

तत्र निषेकादिश्मशानान्तं कर्म कुर्वन् जिजीविषेद्यो विद्यया सहापरब्रह्मविषयया तदुक्तं 'विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳसह। अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते' इति।

शास्त्रके बतलाये हुए प्रकृतिलय-पर्यन्त समस्त फल [गौ, भूमि और सुवर्ण आदि] मानुष-सम्पत्ति तथा [देवताज्ञानरूप] भी दैवी-सम्पत्तिसे सम्पन्न होनेवाले हैं। यहाँतक संसारकी गति है। इससे आगे पहले 'आत्मैवाभूद्विजानतः' (इस सातवें मन्त्र)-में बतलाया हुआ सम्पूर्ण एषणाओंके त्यागरूप संन्यासका फल सर्वात्मभाव ही है। इस प्रकार यहाँ प्रवृत्ति-निवृत्तिरूप दो प्रकारका वेदार्थ प्रकाशित किया है। उनमें विधि-प्रतिषेधरूप सम्पूर्ण प्रवृत्तिलक्षण वेदार्थका प्रकाश करनेमें प्रवर्ग्यपर्यन्त ब्राह्मणभाग उपयोगी है तथा निवृत्तिलक्षण वेदार्थको अभिव्यक्त करनेमें इससे आगे बृहदारण्यकका उपयोग किया जाता है।

उनमें जो पुरुष गर्भाधानसे लेकर मरणपर्यन्त कर्म करते हुए ही जीवित रहना चाहता है, उसे अपरब्रह्मविषयक विद्याके साथ ही (जीवित रहना चाहिये) जैसा कि कहा है—'जो विद्या और अविद्या—इन दोनोंको ही एक साथ जानता है वह अविद्या (कर्म)-से मृत्युको पार करके विद्या (देवता-ज्ञान)-से अमृत प्राप्त कर लेता है।'

तत्र केन मार्गेणामृतत्वमश्नुत इत्युच्यते। तद्यत्तत्सत्यमसौ स आदित्यो य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषो यश्चायं दक्षिणेऽक्षन्पुरुष एतदुभयꣳसत्यम्। ब्रह्मोपासीनो यथोक्तकर्मकृच्च यः सोऽन्तकाले प्राप्ते सत्यात्मानमात्मनः प्राप्तिद्वारं याचते 'हिरण्मयेन पात्रेण०' इति।

देवयानमार्ग-याचनम्

अब अमृतत्व किस मार्गसे प्राप्त करता है ? सो बतलाते हैं। वह जो सत्य है वही यह आदित्य है। जो इस आदित्यमण्डलमें पुरुष है तथा जो पुरुष दक्षिण नेत्रमें है, वे दोनों ही सत्य हैं। जो उस ब्रह्मकी उपासना करनेवाला और शास्त्रोक्त कर्म करनेवाला है, वह अन्तकाल उपस्थित होनेपर [इस आदित्यमण्डलस्थ] आत्मासे 'हिरण्मयेन पात्रेण०' इस मन्त्रके द्वारा इस प्रकार आत्मप्राप्तिके द्वारकी याचना करता है—

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये॥ १५॥

आदित्यमण्डलस्थ ब्रह्मका मुख ज्योतिर्मय पात्रसे ढका हुआ है। हे पूषन्! मुझ सत्यधर्माको आत्माकी उपलब्धि करानेके लिये तू उसे उघाड़ दे॥ १५॥

हिरण्मयमिव हिरण्मयं ज्योतिर्मयमित्येतत्। तेन पात्रेणेव अपिधानभूतेन सत्यस्यैवादित्यमण्डलस्थस्य ब्रह्मणोऽपिहितम् आच्छादितं मुखं द्वारम्। तत्त्वं हे पूषन्नपावृणवपसारय सत्यस्य उपासनात्सत्यं धर्मो यस्य मम सोऽहं सत्यधर्मा तस्मै मह्यमथवा यथाभूतस्य धर्मस्यानुष्ठात्रे दृष्टये तव सत्यात्मन उपलब्धये॥ १५॥

जो सोनेका-सा हो उसे 'हिरण्मय' कहते हैं, अर्थात् जो ज्योतिर्मय है उस ढकनेरूप पात्रसे ही आदित्यमण्डलमें स्थित सत्य अर्थात् ब्रह्मका मुख—द्वार छिपा हुआ है। हे पूषन्! सत्यकी उपासना करनेके कारण जिसका सत्य ही धर्म है ऐसा मैं सत्यधर्मा हूँ, उस मेरे प्रति अथवा यथार्थ धर्मका अनुष्ठान करनेवाले मेरे प्रति दृष्टि अर्थात् अपने सत्यस्वरूपकी उपलब्धिके लिये तू उसे उघाड़ दे—[उस पात्रको] सामनेसे हटा दे॥ १५॥

पूषन्नेकर्षे यम सूर्य प्राजापत्य व्यूह रश्मीन्समूह। तेजो यत्ते रूपं कल्याणतमं तत्ते पश्यामि योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि॥ १६॥

हे जगत्पोषक सूर्य! हे एकाकी गमन करनेवाले! हे यम (संसारका नियमन करनेवाले)! हे सूर्य (प्राण और रसका शोषण करनेवाले)! हे प्रजापतिनन्दन! तू अपनी किरणोंको हटा ले (अपने तेजको समेट ले)। तेरा जो अतिशय कल्याणमय रूप है, उसे मैं देखता हूँ। यह जो आदित्यमण्डलस्थ पुरुष है वह मैं हूँ॥ १६॥

हे पूषन्! जगतः पोषणात्पूषा रविस्तथैक एव ऋषति गच्छति इत्येकर्षिः—हे एकर्षे! तथा सर्वस्य संयमनाद्यमः—हे यम! तथा रश्मीनां प्राणानां रसानाञ्च स्वीकरणात् सूर्यः—हे सूर्य! प्रजापतेरपत्यं प्राजापत्यः—हे प्राजापत्य! व्यूह विगमय रश्मीन्स्वान्। समूह एकीकुरु उपसंहर ते तेजस्तापकं ज्योतिः।

हे पूषन्! जगत्‌का पोषण करनेके कारण सूर्य पूषा है। वह अकेला ही चलता है इसलिये एकर्षि है—हे एकर्षे! सबका नियमन करनेके कारण यम है—हे यम! किरण, प्राण और रसोंको स्वीकार करनेके कारण सूर्य है—हे सूर्य! प्रजापतिका पुत्र होनेसे प्राजापत्य है—हे प्राजापत्य! अपनी किरणोंको दूर कर। अपने तेज यानी सन्तप्त करनेवाली ज्योतिको पुंजीभूत एकत्रित अर्थात् शान्त कर।

यत्ते तव रूपं कल्याणतमम् अत्यन्तशोभनं तत्ते तवात्मनः प्रसादात् पश्यामि। किञ्चाहं न तु त्वां भृत्यवद्याचे योऽसावादित्यमण्डलस्थो व्याहृत्यवयवः

तेरा जो अत्यन्त कल्याणमय अर्थात् परम सुन्दर स्वरूप है, उसे तुझ आत्माकी कृपासे मैं देखता हूँ तथा यह बात मैं तुझसे सेवकके समान याचना नहीं करता; क्योंकि यह जो व्याहृतिरूप अंगोंवाला*

* 'तस्य भूरिति शिरः, भुवरिति बाहू, सुवरिति प्रतिष्ठा' (बृ० उ० ५। ५। ३)। अर्थात् उसका 'भूः' यह सिर है, 'भुवः' यह भुजाएँ हैं तथा 'सुवः' यह प्रतिष्ठा (चरण) है।

पुरुषः पुरुषाकारत्वात्पूर्णं वानेन प्राणबुद्ध्यात्मना जगत्समस्तमिति पुरुषः पुरि शयनाद्वा पुरुषः सोऽहमस्मि भवामि॥ १६॥

आदित्यमण्डलस्थ पुरुष है—जो पुरुषाकार होनेसे अथवा जो प्राण और बुद्धिरूपसे समस्त जगत्को पूर्ण किये हुए है या जो शरीररूप पुरमें शयन करनेके कारण पुरुष है—वह मैं ही हूँ॥ १६॥

मरणोन्मुख उपासककी प्रार्थना

वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तꣳशरीरम्।
ॐक्रतो स्मर कृतꣳस्मर क्रतो स्मर कृतꣳस्मर॥ १७॥

अब मेरा प्राण सर्वात्मक वायुरूप सूत्रात्माको प्राप्त हो और यह शरीर भस्मशेष हो जाय। हे मेरे संकल्पात्मक मन! अब तू स्मरण कर, अपने किये हुएको स्मरण कर, अब तू स्मरण कर, अपने किये हुएको स्मरण कर॥ १७॥

अथेदानीं मम मरिष्यतो वायुः प्राणोऽध्यात्मपरिच्छेदं हित्वाधिदैवतात्मानं सर्वात्मकमनिलममृतं सूत्रात्मानं प्रतिपद्यतामिति वाक्यशेषः। लिङ्गं चेदं ज्ञानकर्मसंस्कृतमुत्क्रामत्विति द्रष्टव्यम्, मार्गयाचनसामर्थ्यात्। अथेदं शरीरमग्नौ हुतं भस्मान्तं भूयात्।

अब मुझ मरनेवालेका वायु— प्राण अपने अध्यात्मपरिच्छेदको त्यागकर अधिदैवरूप सर्वात्मक वायुरूप अमृत यानी सूत्रात्माको प्राप्त हो—इस प्रकार इस वाक्यमें 'प्रतिपद्यताम्' यह क्रियापद जोड़ लेना चाहिये। यहाँ यह समझना चाहिये कि ज्ञान और कर्मके संस्कारोंसे युक्त यह लिंग-देह उत्क्रमण करे, क्योंकि इस [श्रुतिसे] मार्गकी याचना की गयी है तथा अब यह शरीर अग्निमें होम कर दिये जानेपर भस्मशेष हो जाय।

ओमिति यथोपासनम् ॐ प्रतीकात्मकत्वात्सत्यात्मकमग्न्याख्यं ब्रह्माभेदेनोच्यते। हे क्रतो! सङ्कल्पात्मक! स्मर यन्मम स्मर्तव्यं तस्य कालोऽयं प्रत्युपस्थितोऽतः स्मर। एतावन्तं कालं भावितं कृतमग्रे स्मर यन्मया बाल्यप्रभृत्यनुष्ठितं कर्म तच्च स्मर। क्रतो स्मर कृतं स्मरेति पुनर्वचनमादरार्थम्॥ १७॥

'ॐ' ऐसा कहकर यहाँ उपासनाके अनुसार सत्यस्वरूप अग्निसंज्ञक ब्रह्म ही अभेदरूपसे कहा गया है; क्योंकि 'ॐ' उसका प्रतीक है। हे क्रतो! संकल्पात्मक मन! तू इस समय जो मेरा स्मरणीय है उसका स्मरण कर, अब यह उसका समय उपस्थित हो गया है, अतः तू स्मरण कर। बाल्यावस्थासे लेकर इतने कालतक मैंने जिस कर्मका पहले अनुष्ठान किया है, उसका भी स्मरण कर। 'क्रतो स्मर कृतं स्मर' वहाँ ('स्मर' पदकी) पुनरुक्ति आदरके लिये है॥ १७॥

पुनरन्येन मन्त्रेण मार्गं याचते—

पुनः दूसरे मन्त्रसे मार्गकी याचना करता है—

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्-
विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो
भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम॥ १८॥

हे अग्ने! हमें कर्मफलभोगके लिये सन्मार्गसे ले चल। हे देव! तू समस्त ज्ञान और कर्मोंको जाननेवाला है। हमारे पाखण्डपूर्ण पापोंको नष्ट कर। हम तेरे लिये अनेकों नमस्कार करते हैं॥ १८॥

हे अग्ने! नय गमय सुपथा शोभनेन मार्गेण। सुपथेति विशेषणं दक्षिणमार्गनिवृत्त्यर्थम्। निर्विण्णोऽहं दक्षिणेन मार्गेण गतागतलक्षणेनातो याचे त्वां पुनः पुनर्गमनागमनवर्जितेन शोभनेन पथा नय। राये धनाय कर्मफलभोगायेत्यर्थः, अस्मान्यथोक्त-धर्मफलविशिष्टान् विश्वानि सर्वाणि हे देव! वयुनानि कर्माणि प्रज्ञानानि वा विद्वाञ्जानन्।

हे अग्ने! मुझे सुपथ अर्थात् सुन्दर मार्गसे ले चल। यहाँ 'सुपथा' यह विशेषण दक्षिणमार्गकी निवृत्तिके लिये है। मैं आवागमनरूप दक्षिणमार्गसे ऊब गया हूँ, अतः तुझसे प्रार्थना करता हूँ कि यथोक्त कर्मफलविशिष्ट हमलोगोंको हमारे सम्पूर्ण कर्म अथवा ज्ञानोंको जाननेवाले हे देव! तू 'राये'—धनके लिये अर्थात् कर्मफलभोगके निमित्त पुनः-पुनः आने-जानेसे रहित शुभमार्गसे ले चल।

किञ्च युयोधि वियोजय विनाशय अस्मदस्मत्तो जुहुराणं कुटिलं वञ्चनात्मकमेनः पापम्। ततो वयं विशुद्धाः सन्त इष्टं प्राप्स्याम इत्यभिप्रायः। किन्तु वयमिदानीं ते न शक्नुमः परिचर्यां कर्तुम्। भूयिष्ठां बहुतरां ते तुभ्यं नम उक्तिं नमस्कारवचनं विधेम नमस्कारेण परिचरेम इत्यर्थः।

तथा तू हमसे कुटिल अर्थात् वञ्चनात्मक पापोंको 'युयोधि'—वियुक्त कर दे यानी उनका नाश कर दे। तब हम विशुद्ध होकर अपना इष्ट प्राप्त कर लेंगे—यह इसका अभिप्राय है। किन्तु इस समय हम तेरी परिचर्या (सेवा) करनेमें समर्थ नहीं हैं। अतः हम तेरे लिये बहुत-सी 'नमः' उक्ति यानी नमस्कार-वचन विधान करते हैं अर्थात् नमस्कारसे ही तेरी परिचर्या करते हैं।

ग्रन्थार्थ-विवेचन

'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते' (ई० उ० ११) 'विनाशेन मृत्युं तीर्त्वासम्भूत्या-मृतमश्नुते' (ई० उ० १४) इति

'अविद्या (कर्म)-से मृत्युको पारकर विद्या (देवताज्ञान)-से अमृत प्राप्त करता है।' विनाश (कार्यब्रह्मकी उपासना)-से मृत्युको पारकर सम्भूति (अव्यक्तकी उपासना)-से अमृत लाभ करता है'—

श्रुत्वा केचित्संशयं कुर्वन्ति। अतस्तन्निराकरणार्थं संक्षेपतो विचारणां करिष्यामः।

तत्र तावत्किन्निमित्तः संशय इत्युच्यते।

विद्याशब्देन मुख्या परमात्मविद्यैव कस्मान्न गृह्यतेऽमृतत्वञ्च।

ननूक्तायाः परमात्मविद्यायाः कर्मणश्च विरोधात्समुच्चयानुपपत्तिः।

सत्यम्। विरोधस्तु नावगम्यते विरोधाविरोधयोः शास्त्रप्रमाणकत्वात्। यथाविद्यानुष्ठानं विद्योपासनञ्च शास्त्रप्रमाणकं तथा तद्विरोधाविरोधावपि। यथा च न हिंस्यात्सर्वा भूतानीति शास्त्रादवगतं पुनः शास्त्रेणैव बाध्यतेऽध्वरे पशुं हिंस्यादिति। एवं विद्याविद्ययोरपि स्यात्। विद्याकर्मणोश्च समुच्चयः।

ऐसा सुनकर कुछ लोगोंको संशय हो जाता है। अतः उसकी निवृत्तिके लिये हम संक्षेपसे विचार करते हैं—

अच्छा तो, यहाँ किस निमित्तको लेकर संशय होता है? इसपर कहते हैं—

पूर्व०—यहाँ 'विद्या' शब्दसे मुख्य परमार्थविद्या तथा 'अमृत' शब्दसे अमृतत्व ही क्यों नहीं लिया जाता?

सिद्धान्ती—ऊपर बतलायी हुई परमार्थविद्या और कर्मका परस्पर विरोध होनेके कारण उनका समुच्चय नहीं हो सकता।

पूर्व०—ठीक है, परन्तु इनका विरोध या अविरोध तो शास्त्रप्रमाणसे ही सिद्ध हो सकता है; अतः (यहाँ शास्त्रविधि होनेके कारण) इनका विरोध नहीं जान पड़ता। जिस प्रकार अविद्याका अनुष्ठान और विद्याकी उपासना शास्त्रप्रमाणसे सिद्ध है, उसी प्रकार उनके विरोध और अविरोध भी हैं। जैसे 'सभी प्राणियोंकी हिंसा न करे' यह बात शास्त्रसे जानी जाती है और फिर 'यज्ञमें पशुकी हिंसा करे' इस शास्त्रविधिसे ही बाधित भी हो जाती है, वैसे ही विद्या और अविद्याके सम्बन्धमें भी हो सकता है और इस प्रकार विद्या तथा कर्मका समुच्चय हो जायगा।

न "दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्या" (क० उ० १। २। ४) इति श्रुतेः।

विद्यां चाविद्यां चेति वचनादविरोध इति चेत्?

न; हेतुस्वरूपफलविरोधात्।

विद्याविद्याविरोधाविरोधयो-र्विकल्पासम्भवात्समुच्चयविधाना-दविरोध एवेति चेत्?

न; सहसम्भवानुपपत्तेः।

क्रमेणैकाश्रये स्यातां विद्याविद्ये इति चेत्?

न; विद्योत्पत्तौ अविद्याया ह्यस्तत्वात्तदाश्रयेऽविद्यानुपपत्तेः। न ह्यग्निरुष्णः प्रकाशश्चेति विज्ञानोत्पत्तौ यस्मिन्नाश्रये तदुत्पन्नं तस्मिन्नेवाश्रये शीतोऽग्निरप्रकाशो वेत्यविद्याया उत्पत्ति-

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि श्रुति कहती है—"जिनकी गति भिन्न-भिन्न हैं, वे विद्या और कर्म सर्वथा विपरीत हैं।"

पूर्व०—किन्तु 'विद्यां चाविद्यां च' इस वाक्यके अनुसार इन दोनोंका अविरोध है न?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि उनके हेतु, स्वरूप और फलोंमें विरोध है।

पूर्व०—विद्या और अविद्या तथा विरोध और अविरोध इनमें विकल्प तो हो नहीं सकता* तथा इनके समुच्चयका विधान किया गया है, इसलिये इनका अविरोध ही है—ऐसा मानें तो?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि इन दोनोंका साथ रहना सम्भव नहीं है।

पूर्व०—यदि ऐसा मानें कि विद्या और अविद्या क्रमसे एक आश्रयमें रहनेवाली हैं, तो?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि विद्याके उत्पन्न हो जानेपर अविद्याका नाश हो जाता है और फिर उसी आश्रयमें अविद्याकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। 'अग्नि उष्ण और प्रकाशस्वरूप है' इस ज्ञानके उत्पन्न होनेपर जिस [अग्निरूप] आश्रयमें यह उत्पन्न हुआ है उसीमें अग्नि शीतल

* क्योंकि विद्या-अविद्या तथा विरोध-अविरोध ये सिद्ध वस्तुएँ है। जो बात पुरुषके अधीन होती है अर्थात् जिसे पुरुष कर सकता है उसीमें विकल्प भी हो सकता है। जैसे सूर्योदयके अनन्तर हवन करे—इस विधिमें यह विकल्प हो सकता है कि सूर्योदयसे पहले करे या पीछे, 'परन्तु सूर्य है' इस बातमें सूर्य है या नहीं—ऐसा कोई विकल्प नहीं हो सकता; क्योंकि सूर्यका होना या न होना किसी पुरुषविशेषके अधीन नहीं है।

नापि संशयोऽज्ञानं वा "यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" (ई० उ० ७) इति शोकमोहाद्यसम्भवश्रुतेः। अविद्यासम्भवात्तदुपादानस्य कर्मणोऽप्यनुपपत्तिम् अवोचाम।

अमृतमश्नुत इत्यापेक्षिकम् अमृतम्। विद्याशब्देन परमात्मविद्याग्रहणे हिरण्मयेनेत्यादिना द्वारमार्गादियाचनमनुपपन्नं स्यात्। तस्मादुपासनया समुच्चयो न परमात्मविज्ञानेनेति यथास्माभिर्व्याख्यात एव मन्त्राणामर्थ इत्युपरम्यते॥ १८॥

और अप्रकाशमय है—ऐसा अज्ञान नहीं हो सकता; अधिक क्या इस विषयमें उस पुरुषको कोई संदेह अथवा भ्रम भी नहीं हो सकता। ज्ञानीके लिये शोक-मोहादिको असम्भव बतलानेवाली 'यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' इस श्रुतिसे भी यही सिद्ध होता है। इस प्रकार अविद्याके असम्भव हो जानेपर उसके आश्रयसे होनेवाले कर्म भी नहीं हो सकते—यह बात हम पहले ही कह चुके हैं।

यहाँ जो कहा गया है कि अमृतको प्राप्त होता है सो आपेक्षिक अमृत समझना चाहिये। यदि 'विद्या' शब्दसे परमात्मविद्या ली जाय तो 'हिरण्मयेन' इत्यादि मन्त्रोंसे मार्गादिकी याचना नहीं बन सकती। इसलिये यहाँ उपासनाके साथ ही (कर्मका) समुच्चय किया गया है, परमात्मज्ञानके साथ नहीं। इस प्रकार इन मन्त्रोंका वही अर्थ है, जैसा कि हमने व्याख्यान किया है। ऐसा कहकर हम विराम लेते हैं॥ १८॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीशङ्करभगवतः कृतावीशावास्योपनिषद्भाष्यं सम्पूर्णम्।

हरिः ॐ तत्सत्

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

ॐ

॥ तत्सद्ब्रह्मणे नमः ॥

केनोपनिषद्

मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थसहित

येनेरिताः प्रवर्तन्ते प्राणिनः स्वेषु कर्मसु।
तं वन्दे परमात्मानं स्वात्मानं सर्वदेहिनाम्॥
यस्य पादांशुसम्भूतं विश्वं भाति चराचरम्।
पूर्णानन्दं गुरुं वन्दे तं पूर्णानन्दविग्रहम्॥

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि। सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

मेरे अंग पुष्ट हों तथा मेरे वाक्, प्राण, चक्षु, श्रोत्र, बल और सम्पूर्ण इन्द्रियाँ पुष्ट हों। यह सब उपनिषद्वेद्य ब्रह्म है। मैं ब्रह्मका निराकरण न करूँ। ब्रह्म मेरा निराकरण न करे [अर्थात् मैं ब्रह्मसे विमुख न होऊँ और ब्रह्म मेरा परित्याग न करे] इस प्रकार हमारा परस्पर अनिराकरण हो, अनिराकरण हो। उपनिषदोंमें जो धर्म हैं वे आत्मा (आत्मज्ञान)-में लगे हुए मुझमें हों, वे मुझमें हों। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

प्रथम खण्ड

सम्बन्ध-भाष्य

पद-भाष्य

उपक्रमणिका

'केनेषितम्' इत्याद्योपनिषत् परब्रह्मविषया वक्तव्या इति नवमस्याध्यायस्य आरम्भः। प्रागेतस्मात्कर्माणि अशेषतः परिसमापितानि, समस्तकर्माश्रयभूतस्य च प्राणस्योपासनान्युक्तानि, कर्माङ्गसामविषयाणि च।

अब 'केनेषितम्' इत्यादि परब्रह्म-विषयक उपनिषत् कहनी है इसलिये इस नवम अध्यायका[1] आरम्भ किया जाता है। इससे पूर्व सम्पूर्ण कर्मोंके प्रतिपादनकी सम्यक्-रूपसे समाप्ति की गयी है, तथा समस्त कर्मोंके आश्रयभूत प्राणकी उपासना एवं कर्मकी अंगभूत सामोपासनाका वर्णन किया गया है।

वाक्य-भाष्य

उपक्रमणिका

समाप्तं कर्मात्मभूतप्राणविषयं विज्ञानं कर्म चानेकप्रकारम्, ययोर्विकल्प-समुच्चयानुष्ठानाद्दक्षिणोत्तराभ्यां सृतिभ्यामावृत्त्यनावृत्ती भवतः। अत ऊर्ध्वं फलनिरपेक्षज्ञानकर्म-समुच्चयानुष्ठानात्कृतात्मसंस्कारस्यो-च्छिन्नात्मज्ञानप्रतिबन्धकस्य द्वैतविषयदोषदर्शिनो निर्ज्ञाताशेष-

इससे पूर्व-ग्रन्थमें कर्मोंके आश्रयभूत प्राणविज्ञान तथा अनेक प्रकारके कर्मका निरूपण समाप्त हुआ, जिनके विकल्प[2] और समुच्चयके[3] अनुष्ठानसे दक्षिण और उत्तर मार्गोंद्वारा क्रमशः आवृत्ति (आवागमन) और अनावृत्ति (क्रममुक्ति) हुआ करती हैं। इसके आगे देवता-ज्ञान और कर्मोंके समुच्चयका निष्कामभावसे अनुष्ठान करनेसे जिसने अपना चित्त शुद्ध कर लिया है, जिसका आत्मज्ञानका प्रतिबन्धकरूप दोष नष्ट हो गया है, जो द्वैतविषयमें दोष देखने लगा है तथा सम्पूर्ण

१-यह उपनिषद् सामवेदीय तलवकार शाखाका नवम अध्याय है।

२-दोनोंमेंसे केवल एक। ३-एक साथ दोनों।

पद-भाष्य

अनन्तरं च गायत्रसामविषयं दर्शनं वंशान्तमुक्तं कार्यम्।

सर्वमेतद्यथोक्तं कर्म च ज्ञानं च सम्यगनुष्ठितं निष्कामस्य मुमुक्षोः सत्त्वशुद्ध्यर्थं भवति। सकामस्य तु ज्ञानरहितस्य केवलानि श्रौतानि स्मार्तानि च कर्माणि दक्षिण-

उसके पश्चात् गायत्रसामविषयक विचार और शिष्यपरम्परारूप वंशके वर्णनमें समाप्त होनेवाले कार्यका वर्णन किया गया है।

ऊपर बतलाया हुआ यह सम्पूर्ण कर्म और ज्ञान सम्यक् प्रकारसे सम्पादन किये जानेपर निष्काम मुमुक्षुकी तो चित्तशुद्धिके कारण होते हैं तथा ज्ञानरहित सकाम साधकके केवल श्रौत और स्मार्त कर्म दक्षिण

वाक्य-भाष्य

बाह्यविषयत्वात्संसारबीजमज्ञान-मुच्चिच्छित्सतः प्रत्यगात्म-विषयजिज्ञासोः केनेषित-मित्यात्मस्वरूपतत्त्वविज्ञानायाय-मध्याय आरभ्यते। तेन च मृत्युपदम् अज्ञानमुच्छेत्तव्यं तत्तन्त्रो हि संसारो यतः। अनधिगतत्वाद् आत्मनो युक्ता तदधिगमाय तद्विषया जिज्ञासा।

कर्मविषये चानुक्तिः; ज्ञानकर्मविरोधः तद्विरोधित्वात्। अस्य विजिज्ञासितव्यस्य आत्मतत्त्वस्य कर्मविषयेऽवचनम्।

बाह्य विषयोंका तत्त्व जान लेनेके कारण जो संसारके बीजस्वरूप अज्ञानका उच्छेद करना चाहता है, उस आत्मतत्त्वके जिज्ञासुको आत्मस्वरूपके तत्त्वका ज्ञान करानेके लिये 'केनेषितम्' आदि मन्त्रसे यह (नवाँ) अध्याय आरम्भ किया जाता है। उस आत्मतत्त्वज्ञानसे ही मृत्युके कारणरूप अज्ञानका उच्छेद करना चाहिये, क्योंकि यह संसार अज्ञानमूलक ही है। आत्मतत्त्व अज्ञात है, इसलिये उसका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये आत्मविषयक जिज्ञासा उचित ही है।

कर्मकाण्डमें आत्मतत्त्वका निरूपण नहीं किया गया; क्योंकि यह उसका विरोधी है। इस विशेषरूपसे जाननेयोग्य आत्मतत्त्वका कर्मकाण्डमें विवेचन नहीं किया जाता।

पद-भाष्य

मार्गप्रतिपत्तये पुनरावृत्तये च भवन्ति। स्वाभाविक्या त्वशास्त्रीयया प्रवृत्त्या पश्वादिस्थावरान्ता अधोगतिः स्यात्। 'अथैतयोः पथोर्न कतरेण च न तानीमानि क्षुद्राण्य-सकृदावर्तीनि भूतानि भवन्ति जायस्व म्रियस्वेत्येतत्तृतीयꣳ स्थानम्' (छा० उ० ५। १०। ८) इति श्रुतेः;

मार्गकी प्राप्ति और पुनरावर्तनके हेतु होते हैं। इनके सिवा अशास्त्रीय स्वच्छन्द वृत्तिसे तो पशुसे लेकर स्थावरपर्यन्त अधोगति ही होती है। 'ये [स्वच्छन्द प्रवृत्तिवाले जीव उत्तरायण और दक्षिणायन] इन दोनोंमेंसे किसी मार्गसे नहीं जाते; वे निरन्तर आवर्तन करनेवाले क्षुद्र जीव होते हैं; उनका 'जन्म लो और मरो' यह तीसरा स्थान (मार्ग) है'

वाक्य-भाष्य

कस्मादिति चेदात्मनो हि यथावद्विज्ञानं कर्मणा विरुध्यते। निरतिशयब्रह्मस्वरूपो ह्यात्मा विजिज्ञापयिषितः, 'तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते' (के० उ० १। ४) इत्यादिश्रुतेः। न हि स्वाराज्येऽभिषिक्तो ब्रह्मत्वं गमितः कञ्चन नमितुमिच्छत्यतो ब्रह्मास्मीति सम्बुद्धो न कर्म कारयितुं शक्यते। न ह्यात्मानम् अवाप्तार्थं ब्रह्म मन्यमानः प्रवृत्तिं प्रयोजनवतीं पश्यति। न च निष्प्रयोजना प्रवृत्तिरतो विरुध्यत एव कर्मणा ज्ञानम्। अतः कर्म-

यदि कहो कि क्यों? तो उसका कारण यह है कि आत्माका यथार्थ ज्ञान कर्मका विरोधी है क्योंकि जिसका ज्ञान कराना अभीष्ट है, वह आत्मा तो सर्वोत्कृष्ट ब्रह्मस्वरूप ही है, जैसा कि, 'तुम उसीको ब्रह्म जानो, जिस इस (देश-कालावच्छिन्न वस्तु)-की लोक उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है' इस श्रुतिसे सिद्ध होता है। जो पुरुष स्वराज्यपर अभिषिक्त होकर ब्रह्मभावको प्राप्त हो गया है वह किसीके भी सामने झुकनेकी इच्छा नहीं करता। अतः जिसने यह जान लिया है कि 'मैं ब्रह्म हूँ' उससे कर्म नहीं कराया जा सकता। अपने आत्माको आप्तकाम ब्रह्म माननेवाला पुरुष किसी भी प्रवृत्तिको प्रयोजनवती नहीं देखता और कोई भी प्रवृत्ति बिना प्रयोजनके हो नहीं सकती, अतः कर्मसे

पद-भाष्य

'प्रजा ह तिस्रोऽत्यायमीयुः' (ऐ० आ० २। १। १। ४) इति च मन्त्रवर्णात्।

इस श्रुतिसे और 'तीन प्रसिद्ध प्रजाओंने धर्मत्याग किया' इस मन्त्रवर्णसे भी [यही बात सिद्ध होती है]।

ज्ञानाधिकारि-निरूपणम्

विशुद्धसत्त्वस्य तु निष्कामस्य एव बाह्यादनित्यात् साध्यसाधनसम्बन्धाद् इह कृतात्पूर्वकृताद्वा संस्कार-विशेषोद्भवाद्विरक्तस्य प्रत्यगात्म-विषया जिज्ञासा प्रवर्तते। तदेतद्वस्तु प्रश्नप्रतिवचनलक्षणया श्रुत्या प्रदर्श्यते 'केनेषितम्' इत्याद्यया। काठके चोक्तम्

जो इस जन्म और पूर्व जन्ममें किये हुए कर्मोंके संस्कारविशेषसे उद्भूत बाह्य एवं अनित्य साध्य-साधनके सम्बन्धसे विरक्त हो गया है उस विशुद्धचित्त निष्काम पुरुषको ही प्रत्यगात्मविषयक जिज्ञासा हो सकती है। यही बात 'केनेषितम्' इत्यादि प्रश्नोत्तररूपा श्रुतिद्वारा दिखलायी जाती है। कठोपनिषद्में तो कहा है—

वाक्य-भाष्य

विषयेऽनुक्तिः, विज्ञानविशेषविषया एव जिज्ञासा।

ज्ञानका विरोध है ही। इसीलिये कर्मकाण्डमें आत्म-ज्ञानका उल्लेख नहीं है; अर्थात् जिज्ञासा किसी विज्ञानविशेषके सम्बन्धमें ही होती है।

कर्मानारम्भ इति चेन्न; निष्कामस्य संस्कारार्थत्वात्।

यदि कहो कि तब तो कर्मका आरम्भ ही न किया जाय तो ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि निष्काम कर्म पुरुषका संस्कार करनेवाला है।

यदि ह्यात्मविज्ञानेनात्माविद्या-विषयत्वात्परितित्याजयिषितं कर्म ततः 'प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरा-दस्पर्शनं वरम्' (म० वन० २। ४९) इत्यनारम्भ एव कर्मणः श्रेयान्।

पूर्व०—यदि आत्माके अज्ञानका कारण होनेसे आत्मज्ञानद्वारा कर्मका परित्याग कराना ही अभीष्ट है तो 'कीचड़को धोनेकी अपेक्षा तो उसे दूरसे न छूना ही अच्छा है' इस उक्तिके अनुसार कर्मका आरम्भ न

पद-भाष्य

'पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयम्भू-स्तस्मात्पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्। कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मान-मैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन्' (क० उ० २। १। १)। इत्यादि 'परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन।

'स्वयम्भू परमात्माने इन्द्रियोंको बहिर्मुख करके हिंसित कर दिया है; इसलिये इन्द्रियाँ बाहरकी ओर ही देखती हैं, अन्तरात्माको नहीं देखतीं; किसी-किसी बुद्धिमान्ने ही अमरत्वकी इच्छा करते हुए अपनी इन्द्रियोंको रोककर प्रत्यगात्माका साक्षात्कार किया है' इत्यादि। तथा अथर्ववेदीय (मुण्डक) उपनिषद्में भी कहा है—'ब्रह्मनिष्ठ पुरुष कर्मद्वारा प्राप्त होनेवाले लोकोंकी परीक्षा कर वैराग्यको प्राप्त हो जाय, क्योंकि कृत (कर्म)-के

वाक्य-भाष्य

अल्पफलत्वादायासबहुलत्वात् तत्त्वज्ञानादेव च श्रेयःप्राप्तेः; इति चेत्।

सत्यम्; एतदविद्याविषयं चित्तशुद्ध्यै कर्माल्पफलत्वादि कर्मावश्यकं दोषवद्बन्धरूपं च प्राप्तज्ञानस्य तु तदनारम्भः सकामस्य 'कामान् यः कामयते' (मु० उ० ३।२।२) 'इति नु कामयमानः' इत्यादि-श्रुतिभ्यः; न निष्कामस्य। तस्य तु संस्कारार्थान्येव कर्माणि भवन्ति तन्निर्वर्तकाश्रयप्राणविज्ञानसहितानि।

करना ही उत्तम है; क्योंकि वह अल्प फलवाला और अधिक परिश्रमवाला है तथा आत्यन्तिक कल्याण तत्त्वविज्ञानसे ही होता है।

सिद्धान्ती—ठीक है, परंतु यह अविद्यामूलक कर्म 'जो भोगोंकी कामना करता है' तथा 'इस प्रकार जो कामना करनेवाला है' इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार सकाम पुरुषके लिये ही अल्पफलत्वादि दोषोंसे युक्त तथा बन्धनकारक है; निष्काम पुरुषके लिये नहीं। उसके लिये तो कर्म अपने निर्वर्तक (निष्पन्न करनेवाले) और आश्रयभूत प्राणोंके विज्ञानके सहित संस्कारके ही कारण होते हैं।

पद-भाष्य

तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्' (मु० उ० १ । २ । १२) इत्याद्याथर्वणे च।

एवं हि विरक्तस्य प्रत्यगात्म- निवृत्ताज्ञानस्य विषयं विज्ञानं श्रोतुं कृतकृत्यता- मन्तुं विज्ञातुं च प्रदर्शनम् सामर्थ्यमुपपद्यते, नान्यथा। एतस्माच्च प्रत्यगात्म- ब्रह्मविज्ञानात्संसारबीजमज्ञानं कामकर्मप्रवृत्तिकारणमशेषतो

द्वारा अकृत (नित्यस्वरूप मोक्ष) प्राप्त नहीं हो सकता। उसका विशेष ज्ञान प्राप्त करनेके लिये तो उस (जिज्ञासु)-को हाथमें समिधा लेकर श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ गुरुके ही पास जाना चाहिये' इत्यादि।

केवल इस प्रकारसे ही विरक्त पुरुषको प्रत्यगात्मविषयक विज्ञानके श्रवण, मनन और साक्षात्कारकी क्षमता हो सकती है, और किसी तरह नहीं। इस प्रत्यगात्माके ब्रह्मत्वविज्ञानसे ही कामना और कर्मकी प्रवृत्तिका कारण तथा संसारका बीजभूत अज्ञान पूर्णतया

वाक्य-भाष्य

'देवयाजी श्रेयानात्मयाजी वा'' इत्युपक्रम्यात्मयाजी तु करोति 'इदं मेऽनेनाङ्गं संस्क्रियते इति' संस्कारार्थमेव कर्माणीति वाजसनेयके। 'महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः' (मनु० २ । २८) 'यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्' (गीता १८ । ५) इत्यादिस्मृतेश्च।

प्राणादिविज्ञानं च केवलं कर्म- समुच्चितं वा सकामस्य प्राणात्म- प्राप्त्यर्थमेव भवति। निष्कामस्य त्वात्मज्ञानप्रतिबन्धनिर्मार्ष्ट्यै

'देवयाजी श्रेष्ठ हैं या आत्मयाजी' इस प्रकार आरम्भ करके वाजसनेय श्रुतिमें कहा है कि आत्मयाजी अपने संस्कारके लिये ही यह समझकर कर्म करता है कि 'इससे मेरे इस अंगका संस्कार होगा' 'यह शरीर महायज्ञ और यज्ञोंद्वारा ब्रह्मज्ञानकी प्राप्तिके योग्य किया जाता है।' 'यज्ञ, दान और तप—ये विद्वानोंको पवित्र करनेवाले ही हैं' इत्यादि स्मृतियोंसे भी यही बात सिद्ध होती है।

अकेला या कर्मके साथ मिला हुआ होनेपर भी प्राणादि विज्ञान सकाम पुरुषके लिये तो प्राणत्व-प्राप्तिका ही कारण होता है, किंतु निष्काम पुरुषके

पद-भाष्य

निवर्तते, 'तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' (ई० उ० ७) इति मन्त्रवर्णात्, 'तरति शोकमात्मवित्' (छा० उ० ७। १। ३) इति 'भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥' (मु० उ० २। २। ८) इत्यादिश्रुतिभ्यश्च।

निवृत्त होता है; जैसा कि 'उस अवस्थामें एकत्व देखनेवाले पुरुषको क्या मोह और क्या शोक हो सकता है' इत्यादि मन्त्रवर्ण तथा 'आत्मज्ञानी शोकको पार कर जाता है' 'उस परावरको देख लेनेपर उसकी हृदयग्रन्थि टूट जाती है, सारे संदेह नष्ट हो जाते हैं और समस्त कर्म क्षीण हो जाते हैं' इत्यादि श्रुतियोंसे सिद्ध होता है।

कर्मसहितादपि ज्ञानादेतत् सिध्यतीति चेत्?

पूर्व०–यह बात तो कर्मसहित ज्ञानसे भी सिद्ध हो सकती है न?

वाक्य-भाष्य

भवति; आदर्शनिर्माजनवत्। उत्पन्नात्मविद्यस्य त्वनारम्भो निरर्थकत्वात् 'कर्मणा बध्यते जन्तुर्विद्यया च विमुच्यते। तस्मात्कर्म न कुर्वन्ति यतयः पारदर्शिनः॥' (महा० शा० २४२। ७) इति। 'क्रियापथश्चैव पुरस्तात्संन्यासश्च तयोः संन्यास एवात्यरेचयत्' इति 'त्यागेनैके०' (कै० उ० १। ३) 'नान्यः पन्था विद्यते०' (श्वे० उ० ३। ८) इत्यादिश्रुतिभ्यश्च।

लिये वह दर्पणके मार्जनके समान आत्मज्ञानके प्रतिबन्धकोंका निवर्तक होता है। हाँ, जिसे आत्मज्ञान प्राप्त हो गया है उसके लिये निष्प्रयोजन होनेके कारण कर्मके आरम्भकी अपेक्षा नहीं है। जैसा कि 'जीव कर्मसे बँधता है और आत्मज्ञानसे मुक्त हो जाता है, इसलिये पारदर्शी यतिजन कर्म नहीं करते' 'पूर्वकालमें कर्ममार्ग और संन्यास [दो मार्ग] थे उनमें संन्यास ही उत्कृष्ट था' 'किन्हींने त्यागसे [अमरत्व प्राप्त किया]' तथा '[इसके सिवा] और कोई मार्ग नहीं है' इत्यादि श्रुतियोंसे भी सिद्ध होता है।

पद-भाष्य

न; वाजसनेयके तस्यान्य- समुच्चयवाद- कारणत्ववचनात्। खण्डनम् 'जाया मे स्यात्' (बृ० उ० १। ४। १७) इति प्रस्तुत्य 'पुत्रेणायं लोको जय्यो नान्येन कर्मणा, कर्मणा पितृलोको विद्यया देवलोकः' (बृ० उ० १। ५। १६) इत्यात्मनाऽन्यस्य लोकत्रयस्य कारणत्वमुक्तं वाजसनेयके।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि वाजसनेय (बृहदारण्यक) श्रुतिमें उस (कर्मसहित ज्ञान)-को अन्य फलका कारण बतलाया है। 'मुझे स्त्री प्राप्त हो' इस प्रकार आरम्भ करके वाजसनेय श्रुतिमें 'यह लोक पुत्रद्वारा प्राप्त किया जा सकता है और किसी कर्मसे नहीं; कर्मसे पितृलोक मिलता है और विद्या (उपासना)-से देवलोक' इस प्रकार उसे आत्मासे भिन्न लोकत्रयका ही कारण बतलाया है।

वाक्य-भाष्य

न्यायाच्च; उपायभूतानि हि कर्माणि संस्कारद्वारेण ज्ञानस्य। ज्ञानेन त्वमृतत्वप्राप्तिः, 'अमृतत्वं हि विन्दते' (के० उ० २। ४) 'विद्यया विन्दतेऽमृतम्' (के० उ० २। ४) इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यश्च। न हि नद्याः पारगो नावं न मुञ्चति यथेष्टदेशगमनं प्रति स्वातन्त्र्ये सति।

युक्तिसे भी [कर्म ज्ञानके साक्षात् साधन नहीं हैं।] कर्म तो चित्तशुद्धिके द्वारा ज्ञानके साधन हैं। अमृतत्वकी प्राप्ति तो ज्ञानसे ही होती है जैसा कि '[ज्ञानसे] अमृतत्व ही प्राप्त कर लेता है' 'विद्यासे अमृतको पा लेता है' इत्यादि श्रुति-स्मृतियोंसे प्रमाणित होता है। जो मनुष्य नदीके पार पहुँच गया है वह अपने अभीष्ट स्थानपर जानेके लिये स्वतन्त्रता प्राप्त होनेपर भी नौकाको न छोड़े—ऐसा कभी नहीं होता।

आत्मनः अविकार्यत्वादि निरूपणम्

न हि स्वभावसिद्धं वस्तु सिषाधयिषति साधनैः। स्वभावसिद्धश्चात्मा, तथा न आपिपयिषितः;

जो वस्तु स्वतः सिद्ध है उसे कोई भी पुरुष साधनोंसे सिद्ध नहीं करना चाहता। आत्मा भी स्वभावसिद्ध है; और इसीलिये वह प्राप्त करनेकी इच्छा

पद-भाष्य

तत्रैव च पारिव्राज्यविधाने हेतुरुक्तः 'किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्मायं लोकः' (बृ० उ० ४। ४। २२) इति। तत्रायं हेत्वर्थः— प्रजाकर्मतत्संयुक्तविद्याभिर्मनुष्यपितृदेवलोकत्रयसाधनैरनात्मलोकप्रतिपत्तिकारणैः किं करिष्यामः। न चास्माकं लोकत्रयमनित्यं साधनसाध्यमिष्टम्, येषामस्माकं स्वाभाविकोऽजोऽजरोऽमृतोऽभयो न वर्धते कर्मणा नो कनीयान्नित्यश्च

वहाँ (उस बृहदारण्यकोपनिषद्में) ही संन्यास ग्रहण करनेमें यह हेतु बतलाया है—'हम प्रजाको लेकर क्या करेंगे, जिन हमें कि यह आत्मलोक ही अभीष्ट है?' उस हेतुका अभिप्राय इस प्रकार है—'मनुष्यलोक, पितृलोक और देवलोक—इन तीन लोकोंके साधन अनात्मलोकोंकी प्राप्तिके हेतुभूत प्रजा, कर्म और कर्मसहित ज्ञानसे हमें क्या करना है; क्योंकि हमलोगोंको जिन्हें कि स्वाभाविक, अजन्मा, अजर, अमर, अभय और जो कर्मसे घटता-बढ़ता नहीं है वह नित्य-

वाक्य-भाष्य

आत्मत्वे सति नित्याप्तत्वात्। नापि विचिकारयिषितः; आत्मत्वे सति नित्यत्वादविकारित्वाद् अविषयत्वादमूर्तत्वाच्च।

करनेयोग्य नहीं है, क्योंकि आत्मस्वरूप होनेके कारण वह नित्यप्राप्त ही है। इसी प्रकार उसका विकार भी इष्ट नहीं है; क्योंकि आत्मा होनेके साथ ही वह नित्य, अविकारी, अविषय तथा अमूर्त भी है।

श्रुतेश्च 'न वर्धते कर्मणा' (बृ० उ० ४।४।२३) इत्यादि। स्मृतेश्च 'अविकार्योऽयमुच्यते' (गीता २। २५) इति। न च सञ्चिकीर्षितः 'शुद्धमपापविद्धम्' (ई० उ० ८) इत्यादि श्रुतिभ्यः; अनन्यत्वाच्च; अन्ये-

इसके सिवा श्रुतिसे 'आत्मा कर्मसे बढ़ता नहीं है' इत्यादि और स्मृतिसे भी 'यह आत्मा अविकार्य कहा जाता है' इत्यादि कहा गया है। 'शुद्ध और पापरहित' इत्यादि श्रुतियोंसे [प्रकट होता है कि] आत्माका संस्कार करना भी अभीष्ट नहीं है। इसके सिवा अपनेसे अभिन्न होनेके कारण भी वह संस्कार्य नहीं है; क्योंकि संस्कार अन्य वस्तुके

पद-भाष्य

लोक इष्टः। स च नित्यत्वान्नाविद्यानिवृत्तिव्यतिरेकेणान्यसाधननिष्पाद्यः। तस्मात्प्रत्यगात्मब्रह्मविज्ञानपूर्वकः सर्वैषणासंन्यास एव कर्तव्य इति।

कर्मसहभावित्वविरोधाच्च ज्ञानकर्मविरोध- प्रत्यगात्मब्रह्मप्रदर्शनम् **विज्ञानस्य। न ह्युपात्तकारकफलभेदविज्ञानेन कर्मणा प्रत्यस्तमितसर्वभेददर्शनस्य प्रत्यगात्मब्रह्मविषयस्य सहभावित्वम् उपपद्यते, वस्तुप्राधान्ये सति अपुरुषतन्त्रत्वाद्ब्रह्मविज्ञानस्य। तस्माद्दृष्टादृष्टेभ्यो बाह्यसाधन-**

लोक ही इष्ट है, साधनद्वारा प्राप्त होनेवाला अनित्य लोकत्रय तो इष्ट है नहीं। और वह (आत्मलोक) तो नित्य होनेके कारण अविद्यानिवृत्तिके सिवा अन्य किसी भी साधनसे प्राप्त होनेयोग्य है नहीं। अतः हमको आत्मा और ब्रह्मके एकत्वज्ञानपूर्वक सब प्रकारकी एषणाओंका त्याग ही करना चाहिये।'

इसके सिवा आत्मा और ब्रह्मके एकत्वज्ञानका कर्मके साथ-साथ होनेमें विरोध भी है। जिसमें [कर्ता-कर्मादि] कारक और [स्वर्गादि] फलका भेद स्वीकार किया गया है उस कर्मके साथ सम्पूर्ण भेददृष्टिसे रहित ब्रह्म और आत्माकी एकताके ज्ञानका रहना संगत नहीं है, क्योंकि ब्रह्मज्ञान तो वस्तुप्रधान होनेके कारण पुरुष (कर्ता)-के अधीन नहीं है। अतः इस 'केनेषितम्' इत्यादि

वाक्य-भाष्य

नान्यत्संस्क्रियते। न चात्मनोऽन्यभूता क्रिया अस्ति, न च स्वेनैवात्मना स्वमात्मानं सञ्चिकीर्षेत्। न च वस्त्वन्तराधानं नित्यप्राप्तिर्वा वस्त्वन्तरस्य

द्वारा अन्यका ही हुआ करता है। आत्मासे भिन्न कोई क्रिया भी नहीं है; और स्वयं आत्माके योगसे ही आत्माके संस्कारकी इच्छा कोई न करेगा। एक वस्तुका दूसरी वस्तुपर आधान करना अथवा एक वस्तुको दूसरी वस्तुका प्राप्त होना नित्य नहीं हो

पद-भाष्य

साध्येभ्यो विरक्तस्य प्रत्यगात्मविषया ब्रह्मजिज्ञासेयम् 'केनेषितम्' इत्यादिश्रुत्या प्रदर्श्यते। शिष्याचार्यप्रश्नप्रतिवचनरूपेण कथनं तु सूक्ष्मवस्तुविषयत्वात् सुखप्रतिपत्तिकारणं भवति। केवलतर्कागम्यत्वं च दर्शितं भवति।

'नैषा तर्केण मतिरापनेया' (क० उ० १।२।९) गुरूपसत्तिः इति श्रुतेश्च। 'आचार्यवान्पुरुषो वेद' (छा० उ० ६।१४।२) 'आचार्याद्धैव विद्या विदिता साधिष्ठं प्रापदिति'

श्रुतिके द्वारा यह दृष्ट और अदृष्ट बाह्यसाधन एवं साध्योंसे विरक्त हुए पुरुषकी ही प्रत्यगात्मविषयक ब्रह्म-जिज्ञासा दिखलायी जाती है। शिष्य और आचार्यके प्रश्नोत्तररूपसे यह कथन वस्तुका सुगमतासे ज्ञान करानेमें कारण है; क्योंकि यह विषय सूक्ष्म है। इसके सिवा केवल तर्कद्वारा इसकी अगम्यता भी दिखलायी गयी है।

'यह बुद्धि तर्कद्वारा प्राप्त होनेयोग्य नहीं है' इस श्रुतिसे भी यही बात सिद्ध होती है। अतः 'आचार्यवान् पुरुष [ब्रह्मको] जानता है' 'आचार्यसे प्राप्त हुई विद्या ही उत्कृष्टताको प्राप्त होती है'

वाक्य-भाष्य

नित्या। नित्यत्वं चेष्टं मोक्षस्य। अत उत्पन्नविद्यस्य कर्मारम्भोऽनुपपन्नः, अतो व्यावृत्त-बाह्यबुद्धेः, आत्मविज्ञानाय केनेषितमित्याद्यारम्भः।

सकता* और मोक्षकी नित्यता ही इष्ट है। इसलिये जिसे आत्मज्ञान हो गया है उसके लिये कर्मका आरम्भ नहीं बन सकता। अतः जिसकी बाह्य बुद्धि निवृत्त हो गयी है उसे आत्मतत्त्वका ज्ञान करानेके लिये 'केनेषितम्' इत्यादि उपनिषद् आरम्भ की जाती है।

* अर्थात् आत्मापर परमानन्दत्व आदि गुणोंका आधान या उसका ब्रह्माण्डबाह्य ब्रह्मको प्राप्त होना नित्य नहीं हो सकता।

पद-भाष्य

(छा० उ० ४। ९। ३) 'तद्विद्धि प्रणिपातेन' (गीता ४। ३४) इत्यादिश्रुतिस्मृतिनियमाच्च कश्चिद् गुरुं ब्रह्मनिष्ठं विधिवदुपेत्य प्रत्यगात्मविषयादन्यत्र शरणम् अपश्यन्नभयं नित्यं शिवमचलम् इच्छन्पप्रच्छेति कल्प्यते—

'उसे साष्टांग प्रणामके द्वारा जानो' इत्यादि श्रुति-स्मृतिके नियमानुसार किसी शिष्यने प्रत्यगात्मविषयक ज्ञानके सिवा कोई और शरण (आश्रय) न देखकर उस निर्भय, नित्य कल्याणमय अचल पदकी इच्छा करते हुए किसी ब्रह्मनिष्ठ गुरुके पास विधिपूर्वक जाकर पूछा—यही बात [आगेकी श्रुतिसे] कल्पित की जाती है—

प्रेरकविषयक प्रश्न

ॐ केनेषितं पतति प्रेषितं मनः। केन प्राणः प्रथमः प्रैति युक्तः। केनेषितां वाचमिमां वदन्ति चक्षुः श्रोत्रं क उ देवो युनक्ति॥ १॥

यह मन किसके द्वारा इच्छित और प्रेरित होकर अपने विषयोंमें गिरता है? किससे प्रयुक्त होकर प्रथम (प्रधान) प्राण चलता है? प्राणी किसके द्वारा इच्छा की हुई यह वाणी बोलते हैं? और कौन देव चक्षु तथा श्रोत्रको प्रेरित करता है?॥ १॥

वाक्य-भाष्य

प्रवृत्तिलिङ्गाद्विशेषार्थः प्रश्न उपपन्नः। रथादीनां हि चेतनावदधिष्ठितानां प्रवृत्तिर्दृष्टा न अनधिष्ठितानाम्। मनआदीनां च अचेतनानां प्रवृत्तिर्दृश्यते। तद्धि लिङ्गं चेतनावतोऽधिष्ठातु-रस्तित्वे। करणानि हि मनआदीनि नियमेन प्रवर्तन्ते।

[मन आदि अचेतन पदार्थोंकी] प्रवृत्तिरूप लिंगसे [उनकी प्रेरणा करनेवाले] किसी विशेष तत्त्वके विषयमें प्रश्न करना ठीक ही है, क्योंकि रथ आदि [अचेतन पदार्थों]-की प्रवृत्ति भी चेतन प्राणियोंसे अधिष्ठित होकर ही देखी है, उनसे अधिष्ठित हुए बिना नहीं देखी। मन आदि अचेतन पदार्थोंकी भी प्रवृत्ति देखी ही जाती है। यही उनके चेतन अधिष्ठाताके अस्तित्वका अनुमापक लिंग है। मन आदि इन्द्रियाँ नियमसे

पद-भाष्य

केन इषितं केन कर्त्रा इषितम् इष्टमभिप्रेतं सद् मनः पतति गच्छति स्वविषयं प्रतीति सम्बध्यते इषेराभीक्ष्ण्यार्थस्य गत्यर्थस्य चेहासम्भवादिच्छार्थस्यैवैतद्रूपमिति गम्यते। इषितमिति इट्प्रयोगस्तुच्छान्दसः। तस्यैव प्रपूर्वस्य नियोगार्थे प्रेषितमित्येतत्।

केन इषितम्—किस कर्ताके द्वारा इच्छित अर्थात् अभिप्रेत हुआ मन अपने विषयकी ओर जाता है—यहाँ 'पतति' क्रियाके साथ 'स्वविषयं प्रति' का सम्बन्ध (अन्वय) है। यहाँ आभीक्ष्ण्य और गत्यर्थक[१] 'इष्' धातु सम्भव न होनेके कारण यह इच्छार्थक 'इष्' धातुका ही [इषितम्] रूप है—ऐसा जाना जाता है। ['इष्टम्' के स्थानमें 'इषितम्'] यह इट्प्रयोग छान्दस (वैदिक)[२] है। उस प्रपूर्वक 'इष्' धातुका ही प्रेरणा-अर्थमें

वाक्य-भाष्य

तन्नासति चेतनावत्यधिष्ठातरि उपपद्यते। तद्विशेषस्य चानधिगमाच्चेतनावत्सामान्ये चाधिगते विशेषार्थः प्रश्न उपपद्यते।

केनेषितं केनेष्टं कस्येच्छामात्रेण मनः पतति गच्छति स्वविषये नियमेन व्याप्रियत इत्यर्थः। मनुतेऽनेनेति विज्ञाननिमित्तमन्तःकरणं मनः प्रेषितम् इवेत्युपमार्थः। न त्विषित-

प्रवृत्त हो रही हैं। उनकी प्रवृत्ति बिना किसी चेतन अधिष्ठाताके बन नहीं सकती। इस प्रकार सामान्य चेतनका ज्ञान होनेपर भी उसके विशेष रूपका ज्ञान न होनेके कारण यह विशेष-विषयक प्रश्न उचित ही है।

केन इषितम्—किससे इच्छा किया हुआ अर्थात् किसकी इच्छामात्रसे मन अपने विषयोंकी ओर गिरता अर्थात् जाता है? यानी वह किसकी इच्छासे अपने विषयमें नियमानुसार व्यापार करता है? जिससे मनन करते हैं वह विज्ञान-निमित्तक अन्तःकरण मन है। यहाँ 'किसके द्वारा प्रेषित हुआ-सा'—ऐसा उपमापरक अर्थ लेना चाहिये।

१-इष् धातुके अर्थ आभीक्ष्ण्य (बारम्बार होना) गति और इच्छा हैं।

२-व्याकरणका यह सिद्धान्त है कि 'छन्दसि दृष्टानुविधिः' वेदमें जो प्रयोग जैसे देखे गये हैं वहाँके लिये उनका वैसा ही विधान माना गया है।

पद-भाष्य

तत्र प्रेषितमित्येवोक्ते प्रेषयितृ-प्रेषणविशेषविषयाकाङ्क्षा स्यात्—केन प्रेषयितृविशेषेण, कीदृशं वा प्रेषणमिति। इषितमिति तु विशेषणे सति तदुभयं निवर्तते, कस्येच्छामात्रेण प्रेषितमित्यर्थ-विशेषनिर्धारणात्।

'प्रेषितम्' रूप हुआ है। यदि यहाँ केवल 'प्रेषितम्' इतना ही कहा होता तो प्रेषण करनेवाले और उसके प्रेषण-प्रकारके सम्बन्धमें ऐसी शंका हो सकती थी कि किस प्रेषकविशेषके द्वारा और किस प्रकार प्रेषण किया हुआ? अतः यहाँ 'इषितम्' इस विशेषणके रहनेसे ये दोनों शंकाएँ निवृत्त हो जाती हैं, क्योंकि 'इससे किसीकी इच्छामात्रसे प्रेषित हुआ' यह विशेष अर्थ हो जाता है।

मन्त्रार्थ-मीमांसा

यद्येषोऽर्थोऽभिप्रेतः स्यात्, केनेषितमित्येतावतैव सिद्धत्वात्प्रेषितमिति न वक्तव्यम्। अपि च शब्दाधिक्या-दर्थाधिक्यं युक्तमिति इच्छया कर्मणा वाचा वा केन प्रेषित-मित्यर्थविशेषोऽवगन्तुं युक्तः।

शंका—यदि यही अर्थ अभिमत था तो 'केनेषितम्' इतनेहीसे सिद्ध हो सकनेके कारण 'प्रेषितम्' ऐसा और नहीं कहना चाहिये था। इसके अतिरिक्त शब्दोंकी अधिकतासे अर्थकी अधिकता होनी उचित है, इसलिये 'इच्छा' कर्म अथवा वाणी इनमेंसे किसके द्वारा प्रेषित, इस प्रकार प्रेषकविशेषका ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक होगा।

वाक्य-भाष्य

प्रेषितशब्दयोरर्थाविह सम्भवतः। न हि शिष्यानिव मनआदीनि विषयेभ्यः प्रेषयत्यात्मा। विविक्त-

'इषित' और 'प्रेषित' शब्दोंके मुख्य अर्थ यहाँके लिये सम्भव नहीं हैं, क्योंकि आत्मा मन आदिको विषयोंकी ओर इस प्रकार नहीं भेजता जैसे गुरु

पद-भाष्य

न, प्रश्नसामर्थ्यात्; देहादिसंघातादनित्यात्कर्मकार्याद्विरक्तः, अतोऽन्यत्कूटस्थं नित्यं वस्तु बुभुत्समानः पृच्छतीति सामर्थ्यादुपपद्यते। इतरथा इच्छावाक्कर्मभिर्देहादिसंघातस्य प्रेरयितृत्वं प्रसिद्धमिति प्रश्नोऽनर्थक एव स्यात्।

एवमपि प्रेषितशब्दस्यार्थो न प्रदर्शित एव।

समाधान—नहीं, प्रश्नकी सामर्थ्यसे यह बात प्रतीत नहीं होती; क्योंकि इससे यह निश्चय होता है कि जो पुरुष देहादि-संघातरूप अनित्य कर्म और कार्यसे विरक्त हो गया है और इनसे पृथक् कूटस्थ नित्य वस्तुको जाननेकी इच्छा करनेवाला है वही यह बात पूछ रहा है। अन्यथा इच्छा, वाक् और कर्मके द्वारा तो इस देहादि-संघातका प्रेरकत्व प्रसिद्ध ही है [अर्थात् इच्छा, वाणी और कर्मके द्वारा यह देहादि-संघात मनको प्रेरित किया करता है—इस बातको तो सभी जानते हैं]। अतः यह प्रश्न निरर्थक ही हो जाता।

शंका—किंतु इस प्रकार भी 'प्रेषित' शब्दका अर्थ तो प्रदर्शित हुआ ही नहीं।

वाक्य-भाष्य

नित्यचित्स्वरूपतया तु निमित्तमात्रं प्रवृत्तौ नित्यचिकित्साधिष्ठातृवत्।

शिष्योंको। वह तो सबसे विलक्षण और नित्य-चित्स्वरूप होनेके कारण नित्य-चिकित्साके अधिष्ठाता* [चकोर पक्षी]-के समान उनकी प्रवृत्तिमें केवल निमित्तमात्र है।

* राजा लोग जब भोजन करते हैं तो उसमें विष मिला हुआ तो नहीं है इसकी परीक्षाके लिये उसे चकोरके सामने रख देते हैं। विषमिश्रित अन्नको देखकर चकोरकी आँखोंका रंग बदल जाता है। इस प्रकार चकोरकी केवल संनिधिमात्रसे ही राजाकी भोजनमें प्रवृत्ति हो जाती है। इसके लिये उसे और कुछ नहीं करना पड़ता।

पद-भाष्य

न; संशयवतोऽयं प्रश्न इति प्रेषितशब्दस्यार्थविशेष उपपद्यते। किं यथाप्रसिद्धमेव कार्यकारण-संघातस्य प्रेषयितृत्वम्, किं वा संघातव्यतिरिक्तस्य स्वतन्त्रस्य इच्छामात्रेणैव मनआदिप्रेषयितृत्वम्, इत्यस्यार्थस्य प्रदर्शनार्थं केनेषितं पतति प्रेषितं मन इति विशेषणद्वयमुपपद्यते।

समाधान—नहीं, यह प्रश्न किसी संशयालुका है इसीसे 'प्रेषित' शब्दका अर्थविशेष उपपन्न हो सकता है [अर्थात् जिसे ऐसा संदेह है कि] यह प्रेरक-भाव सर्वप्रसिद्ध भूत और इन्द्रियोंके संघातरूप देहमें है, अथवा उस संघातसे भिन्न किसी स्वतन्त्र वस्तुमें ही केवल इच्छामात्रसे मन आदिकी प्रेरकता है? इस प्रकार इस अभिप्रायको प्रदर्शित करनेके लिये ही 'किसके द्वारा इच्छित और प्रेषित किया हुआ मन [अपने विषयकी ओर] जाता है' ऐसे दो विशेषण ठीक हो सकते हैं।

ननु स्वतन्त्रं मनः स्वविषये स्वयं पततीति प्रसिद्धम्; तत्र कथं प्रश्न उपपद्यत इति, उच्यते यदि स्वतन्त्रं मनः प्रवृत्ति-

मनः प्रभृतीनां पारतन्त्र्य-प्रदर्शनम्

यदि कहो कि यह बात तो प्रसिद्ध ही है कि मन स्वतन्त्र है और वह स्वयं ही अपने विषयोंकी ओर जाता है; फिर उसके विषयमें यह प्रश्न कैसे बन सकता है? तो इसके उत्तरमें हमारा कहना है कि यदि मन प्रवृत्ति-

वाक्य-भाष्य

प्राण इति नासिकाभवः; प्रकरणात्। प्रथमत्वं प्रचलन-क्रियायाः प्राणनिमित्तत्वात्स्वतो

यहाँ प्रकरणवश 'प्राण' शब्दसे नासिकामें रहनेवाला वायु समझना चाहिये। चलन-क्रिया प्राण-निमित्तक होनेसे प्राणको प्रधान माना गया है।

पद-भाष्य

निवृत्तिविषये स्यात्, तर्हि सर्वस्य अनिष्टचिन्तनं न स्यात्। अनर्थं च जानन्सङ्कल्पयति। अभ्यग्रदुःखे च कार्ये वार्यमाणमपि प्रवर्तत एव मनः। तस्माद्युक्त एव केनेषितमित्यादिप्रश्नः।

केन प्राणो युक्तो नियुक्तः प्रेरितः सन् प्रैति गच्छति स्वव्यापारं प्रति। प्रथम इति प्राणविशेषणं स्यात्, तत्पूर्वकत्वात् सर्वेन्द्रियप्रवृत्तीनाम्।

निवृत्तिमें स्वतन्त्र होता तो सभीको अनिष्ट-चिन्तन होना ही नहीं चाहिये था। किंतु मन जान-बूझकर भी अनर्थ-चिन्तन करता है और रोके जानेपर भी अत्यन्त दुःखमय कार्यमें भी प्रवृत्त हो ही जाता है। अतः 'केनेषितम्' इत्यादि प्रश्न उचित ही है।

किसके द्वारा नियुक्त यानी प्रेरित हुआ प्राण अपने व्यापारमें प्रवृत्त होता है? 'प्रथम' यह प्राणका विशेषण हो सकता है, क्योंकि समस्त इन्द्रियोंकी प्रवृत्तियाँ प्राणपूर्वक ही होती हैं।

वाक्य-भाष्य

विषयावभासमात्रं करणानां प्रवृत्तिः। चलिक्रिया तु प्राणस्यैव मनआदिषु। तस्मात्प्राथम्यं प्राणस्य। प्रैति गच्छति युक्तः प्रयुक्त इत्येतत्। वाचो वदनं किं निमित्तं प्राणिनां चक्षुः श्रोत्रयोश्च को देवः प्रयोक्ता। करणानाम् अधिष्ठाता चेतनावान्यः स किं विशेषण इत्यर्थः॥ १॥

इन्द्रियोंकी स्वतः प्रवृत्ति तो केवल विषयोंका प्रकाशनमात्र ही है। मन आदिमें चलन-क्रिया तो प्राणहीकी है; इसीलिये प्राणकी प्रधानता है। वह प्राण किससे युक्त अर्थात् प्रेरित होकर गमन करता यानी चलता है। वाणीका भाषण भी किस निमित्तसे होता है? प्राणियोंके नेत्र और श्रोत्रोंको प्रेरित करनेवाला कौन देव है? अर्थात् जो चेतन-तत्त्व इन्द्रियोंका अधिष्ठाता है वह किन विशेषणोंसे युक्त है?॥ १॥

पद-भाष्य

केन इषितां वाचम् इमां शब्दलक्षणां वदन्ति लौकिकाः। तथा चक्षुः श्रोत्रं च स्वे स्वे विषये क उ देवः द्योतनवान् युनक्ति नियुङ्क्ते प्रेरयति॥ १॥

लौकिक पुरुष किसके द्वारा इच्छित यह शब्दरूपा वाणी बोलते हैं? तथा कौन देव—द्योतनवान् (प्रकाशमान) व्यक्ति चक्षु एवं श्रोत्रेन्द्रियको अपने-अपने व्यापारमें नियुक्त—प्रेरित करता है॥ १॥

पद-भाष्य

एवं पृष्टवते योग्यायाह गुरुः। शृणु यत् त्वं पृच्छसि, मनआदिकरणजातस्य को देवः स्वविषयं प्रति प्रेरयिता कथं वा प्रेरयतीति।

इस प्रकार पूछनेवाले योग्य शिष्यसे गुरुने कहा—तू जो पूछता है कि मन आदि इन्द्रियसमूहको अपने विषयोंकी ओर प्रेरित करनेवाला कौन देव है और वह उन्हें किस प्रकार प्रेरित करता है, सो सुन—

आत्माका सर्वनियन्तृत्व

श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनो यद्वाचो ह वाचं स उ प्राणस्य प्राणश्चक्षुषश्चक्षुरतिमुच्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति॥ २॥

जो श्रोत्रका श्रोत्र, मनका मन और वाणीका भी वाणी है वही प्राणका प्राण और चक्षुका चक्षु है [ऐसा जानकर] धीर पुरुष संसारसे मुक्त होकर इस लोकसे जाकर अमर हो जाते हैं॥ २॥

पद-भाष्य

श्रोत्रस्य श्रोत्रं शृणोत्यनेनेति श्रोत्रम्, शब्दस्य श्रवणं प्रति करणं शब्दाभिव्यञ्जकं श्रोत्र-

श्रोत्रस्य श्रोत्रम्—जिससे श्रवण करते हैं वह 'श्रोत्र' है अर्थात् शब्दके श्रवणमें साधन यानी शब्दका अभिव्यंजक श्रोत्रेन्द्रिय है।

पद-भाष्य

मिन्द्रियम्, तस्य श्रोत्रं स यस्त्वया पृष्टः 'चक्षुः श्रोत्रं क उ देवो युनक्ति' इति।

असावेवंविशिष्टः श्रोत्रादीनि नियुङ्क्त इति वक्तव्ये, नन्वेतदननुरूपं प्रतिवचनं श्रोत्रस्य श्रोत्रमिति।

नैष दोषः, तस्यान्यथा विशेषानवगमात्। यदि हि श्रोत्रादिव्यापारव्यतिरिक्तेन स्वव्यापारेण विशिष्टः श्रोत्रादिनियोक्ता अवगम्येत दात्रादिप्रयोक्तृवत्,

उसका भी श्रोत्र वह है जिसके विषयमें तूने पूछा है कि 'चक्षु और श्रोत्रको कौन देव नियुक्त करता है?'

शंका—प्रश्नके उत्तरमें तो यह बतलाना चाहिये था कि इस प्रकारके गुणोंवाला व्यक्ति श्रोत्रादिको प्रेरित करता है; उसमें यह कहना कि वह श्रोत्रका श्रोत्र है—ठीक उत्तर नहीं है।

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि उस प्रेरकका और किसी प्रकार कोई विशेष रूप नहीं जाना जा सकता। यदि दराँती आदिका प्रयोग करनेवालेके समान

वाक्य-भाष्य

श्रोत्रस्य श्रोत्रम् इत्यादि प्रतिवचनं निर्विशेषस्य निमित्तत्वार्थम्। विक्रियादिविशेषरहितस्यात्मनो मनआदिप्रवृत्तौ निमित्तत्वम् इत्येतच्छ्रोत्रस्य श्रोत्रमित्यादिप्रतिवचनस्यार्थः; अनुगमात्। तदनुगतानि ह्यत्रास्मिन्नर्थेऽक्षराणि।

'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्यादि उत्तर देना निर्विशेष आत्माका निमित्तत्व बतलानेके लिये है। इस 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्यादिरूपसे उत्तर देनेका यही तात्पर्य है कि विक्रिया आदि समस्त विशेषोंसे रहित आत्माका मन आदिकी प्रवृत्तिमें कारणत्व है* यही इससे जाना जाता है, क्योंकि इस श्रुतिके अक्षर भी इसी अर्थमें अनुगत हैं।

* अर्थात् वह सर्वथा निर्विकार और निर्विशेष होनेपर भी मन आदिको प्रेरित करनेवाला है।

पद-भाष्य

तदेदमननुरूपं प्रतिवचनं स्यात्। न त्विह श्रोत्रादीनां प्रयोक्ता स्वव्यापारविशिष्टो लवित्रादिवदधिगम्यते। श्रोत्रादीनामेव तु संहतानां व्यापारेणालोचनसङ्कल्पाध्यवसायलक्षणेन फलावसानलिङ्गेनावगम्यते—अस्ति हि श्रोत्रादिभिरसंहतः, यत्प्रयोजनप्रयुक्तः श्रोत्रादिकलापः गृहादिवदिति। संहतानां परार्थत्वाद्

श्रोत्रादि व्यापारसे अतिरिक्त किसी अपने व्यापारसे विशिष्ट कोई श्रोत्रादिका नियोक्ता ज्ञात होता तो यह उत्तर अनुचित होता। किंतु यहाँ खेत काटनेवालेके समान कोई श्रोत्रादिका स्वव्यापारविशिष्ट प्रयोक्ता ज्ञात नहीं है। अवयव-सहयोगसे उत्पन्न हुए श्रोत्रादिका जो चिदाभासकी फलव्याप्तिका लिंगरूप आलोचना, संकल्प एवं निश्चय आदिरूप व्यापार है उसीसे यह जाना जाता है कि गृह आदिके समान जिसके प्रयोजनसे श्रोत्रादि कारण-कलाप प्रवृत्त हो रहा है वह श्रोत्रादिसे असंहत (पृथक्) कोई तत्त्व अवश्य है। संहत पदार्थ

वाक्य-भाष्य

कथम्? शृणोत्यनेनेति श्रोत्रम्; तस्य शब्दावभासकत्वं श्रोत्रत्वम्। शब्दोपलब्धृरूपतयावभासकत्वं न स्वतः, श्रोत्रस्याचिद्रूपत्वात्, आत्मनश्च चिद्रूपत्वात्।

यच्छ्रोत्रस्योपलब्धृत्वेनावभासकत्वं तदात्मनिमित्तत्वाच्छ्रोत्रस्य श्रोत्रमित्युच्यते; यथा क्षत्रस्य

कैसे? [सो इस प्रकार कि] जिससे प्राणी सुनते हैं उसे 'श्रोत्र' कहते हैं। उसका जो शब्दको प्रकाशित करना है वह 'श्रोत्रत्व' है। श्रोत्रका जो शब्दके उपलब्धारूपसे प्रकाशकत्व है वह स्वतः नहीं है; क्योंकि वह अचेतन है और आत्मा चेतनरूप है।

श्रोत्रका जो उपलब्धारूपसे अवभासकत्व है वह आत्मनिमित्तक होनेसे आत्माको 'श्रोत्रका श्रोत्र' ऐसा कहा जाता है, जैसे क्षत्रिय

पद-भाष्य

अवगम्यते श्रोत्रादीनां प्रयोक्ता तस्मादनुरूपमेवेदं प्रतिवचनं श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्यादि।

परार्थ (दूसरेके साधनरूप) हुआ करते हैं; इसीसे कोई श्रोत्रादिका प्रयोक्ता अवश्य है—यह जाना जाता है। अतः यह 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्यादि उत्तर ठीक ही है।

आत्मनः श्रोत्रादि-प्रकाशकत्वम्

कः पुनरत्र पदार्थः श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्यादेः? न ह्यत्र श्रोत्रस्य श्रोत्रान्तरेणार्थः, यथा प्रकाशस्य प्रकाशान्तरेण।

शंका—किन्तु इस 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्यादि पदका यहाँ क्या अर्थ अभिप्रेत है? क्योंकि जिस तरह एक प्रकाशको दूसरे प्रकाशका प्रयोजन नहीं होता उसी तरह एक श्रोत्रको दूसरे श्रोत्रसे तो कोई प्रयोजन है ही नहीं।

नैष दोषः। अयमत्र पदार्थः—श्रोत्रं तावत्स्वविषयव्यञ्जनसमर्थं दृष्टम्। तत्तु स्वविषयव्यञ्जन-सामर्थ्यं श्रोत्रस्य चैतन्ये ह्यात्म-ज्योतिषि नित्येऽसंहते सर्वान्तरे

समाधान—यह भी कोई दोष नहीं है। यहाँ इस पदका अर्थ इस प्रकार है—श्रोत्र अपने विषयको अभिव्यक्त करनेमें समर्थ है—यह देखा ही जाता है। किन्तु श्रोत्रका वह अपने विषयको अभिव्यक्त

वाक्य-भाष्य

क्षत्रं यथा वोदकस्यौष्ण्य-मग्निनिमित्तमिति दग्धुरप्युदकस्य दग्धाग्निरुच्यते; उदकमपि ह्यग्निसंयोगादग्निरुच्यते, तद्वद् अनित्यं यत्संयोगादुपलब्धृत्वं तत्करणं श्रोत्रादि। उदकस्येव

जातिका [नियामक कर्म] क्षत्र कहलाता है; अथवा जैसे [उष्ण] जलकी उष्णता अग्निके कारण होती है; इसलिये उस जलानेवाले जलका भी जलानेवाला अग्नि कहा जाता है; और अग्निके संयोगसे जल भी अग्नि कहा जाता है, उसी प्रकार [प्रमाता आत्मामें] जिनके संयोगसे अनित्य उपलब्धृत्व है वे श्रोत्रादि करण कहलाते हैं।

पद-भाष्य

सति भवति, न असति इति। अतः श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्याद्युपपद्यते। तथा च श्रुत्यन्तराणि—'आत्मनैवायं ज्योतिषास्ते' (बृ० उ० ४। ३। ६) 'तस्य भासा सर्वमिदं विभाति' (क० उ० २। २। १५, श्वे० उ० ६। १४, मु० उ० २। २। १०) 'येन सूर्यस्तपति तेजसेद्धः' (तै० ब्रा० ३। १२। ९। ७) इत्यादीनि। 'यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम्' (गीता १५। १२) 'क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत' (गीता १३। ३३) इति च गीतासु। काठके च 'नित्योनित्यानां

करनेका सामर्थ्य नित्य असंहत, सर्वान्तर चेतन आत्मज्योतिके रहनेपर ही रह सकता है, न रहनेपर नहीं रह सकता। अतः उसे 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्यादि कहना उचित ही है। 'यह अपने ही प्रकाशसे प्रकाशित है' 'उसके प्रकाशसे ही यह सब प्रकाशित होता है' 'जिस तेजसे प्रदीप्त हुआ सूर्य तपता है' इत्यादि श्रुतियाँ भी इसी अर्थकी द्योतक हैं। तथा गीतामें भी कहा है—'जो तेज सूर्यमें स्थित होकर सम्पूर्ण जगत्को प्रकाशित करता है।' 'हे भारत! इसी प्रकार सम्पूर्ण क्षेत्रको क्षेत्री प्रकाशित करता है।' कठोपनिषद्में भी कहा है—'वह नित्योंका नित्य और

वाक्य-भाष्य

दग्धृत्वमनित्यं हि तत्र तत्। यत्र तु नित्यमुपलब्धृत्वमग्नाविवौष्ण्यं स नित्योपलब्धिस्वरूपत्वाद्दग्धेवोपलब्धोच्यते। श्रोत्रादिषु श्रोतृत्वाद्युपलब्धिरनित्या नित्या चात्मन्यतः श्रोत्रस्य

जलके दाहकत्वके समान आत्मामें उपलब्धृत्व अनित्य ही है। जैसे अग्निमें नित्य उष्णता रहनेके कारण वह दग्धा कहलाता है उसी प्रकार जिसमें नित्य उपलब्धृत्व रहता है वह नित्य उपलब्धि-स्वरूप होनेके कारण उपलब्धा कहा जाता है। श्रोत्रादि निमित्तोंके होनेपर जो आत्मामें श्रोतृत्वादिकी उपलब्धि होती है वह अनित्य है और केवल आत्मामें वह नित्य है, अतः 'श्रोत्रस्य

पद-भाष्य

चेतनश्चेतनानाम्' (२। २। १३) इति। श्रोत्राद्येव सर्वस्यात्मभूतं चेतनमिति प्रसिद्धम्; तदिह निवर्त्यते। अस्ति किमपि विद्वद्बुद्धिगम्यं सर्वान्तरतमं कूटस्थमजमजरममृतमभयं श्रोत्रादेरपि श्रोत्रादि तत्सामर्थ्यनिमित्तम् इति प्रतिवचनं शब्दार्थश्चोपपद्यत एव।

तथा मनसः अन्तःकरणस्य मनः। न ह्यन्तःकरणम् अन्तरेण चैतन्यज्योतिषो दीधितिं स्वविषयसङ्कल्पाध्यवसायादिसमर्थं स्यात्। तस्मान्मनसोऽपि मन इति। इह बुद्धिमनसी एकीकृत्य निर्देशो मनस इति।

चेतनोंका चेतन है ' इत्यादि। श्रोत्रादि इन्द्रियवर्ग ही सबका आत्मभूत चेतन है—यह बात [लोकमें] प्रसिद्ध है। उस भ्रान्तिका इस पदसे निराकरण किया जाता है। अतः श्रोत्रादिका भी श्रोत्रादि अर्थात् उनकी सामर्थ्यका निमित्तभूत ऐसा कोई पदार्थ है जो आत्मवेत्ताओंकी बुद्धिका विषय सबसे अन्तरतम, कूटस्थ, अजन्मा, अजर, अमर और अभयरूप है—इस प्रकार यह उत्तर और शब्दार्थ ठीक ही है।

इसी प्रकार वह मनका—अन्तःकरणका मन है, क्योंकि चिज्ज्योतिके प्रकाशके बिना अन्तःकरण अपने विषय संकल्प और अध्यवसाय (निश्चय) आदिमें समर्थ नहीं हो सकता। अतः वह मनका भी मन है; यहाँ बुद्धि और मनको एक मानकर मनका निर्देश किया गया है।

वाक्य-भाष्य

श्रोत्रमित्याद्यक्षराणामर्थानुगमाद् उपपद्यते निर्विशेषस्योपलब्धिस्वरूपस्यात्मनो मनआदिप्रवृत्तिनिमित्तत्वमिति। मनआदिष्वेवं यथोक्तम्।

श्रोत्रम्' इत्यादि अक्षरोंके अर्थके अनुगमसे नित्योपलब्धिस्वरूप निर्विशेष आत्माका मन आदिकी प्रवृत्तिमें कारण होना ठीक ही है। इसी प्रकार [जैसा कि 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' के विषयमें कहा गया है] मन, वाक् और प्राणादिके सम्बन्धमें भी समझ लेना चाहिये।

पद-भाष्य

यद्वाचो ह वाचम्; यच्छब्दो यस्मादर्थे श्रोत्रादिभिः सर्वैः सम्बध्यते—यस्माच्छ्रोत्रस्य श्रोत्रम्, यस्मान्मनसो मन इत्येवम्। वाचो ह वाचमिति द्वितीया प्रथमात्वेन विपरिणम्यते, प्राणस्य प्राण इति दर्शनात्। वाचो ह वाचमित्येतदनुरोधेन प्राणस्य प्राणमिति कस्माद्द्वितीयैव न क्रियते? न; बहूनामनुरोधस्य युक्तत्वात्। वाचमित्यस्य वागित्येतावद्वक्तव्यं स उ प्राणस्य प्राण इति शब्दद्वयानुरोधेन; एवं हि बहूनामनुरोधो युक्तः कृतः स्यात्।

यद्वाचो ह वाचम्—इस वाक्यके 'यत्' शब्दका 'यस्मात्' अर्थ (हेत्वर्थ)-में 'क्योंकि वह श्रोत्रका श्रोत्र है, क्योंकि वह मनका मन है' इस प्रकार श्रोत्रादि सभी पदोंसे सम्बन्ध है। 'वाचो ह वाचम्' इस पदसमूहमें 'वाचम्' पदकी द्वितीया विभक्ति प्रथमा विभक्तिके रूपमें परिणत कर ली जाती है, जैसा कि 'प्राणस्य प्राणः' में देखा जाता है। यदि कहो कि 'वाचो ह वाचम्' इस प्रयोगके अनुरोधसे 'प्राणस्य प्राणम्' इस प्रकार द्वितीया ही क्यों नहीं कर ली जाती? तो ऐसा कहना उचित नहीं क्योंकि बहुतोंका अनुरोध मानना ही युक्तिसंगत है। अतः 'स उ प्राणस्य प्राणः' इस पदसमूहके [स और प्राणः] दो शब्दोंके अनुरोधसे 'वाचम्' इस शब्दको ही 'वाक्' इतना कहना चाहिये। ऐसा करनेसे ही बहुतोंका अनुरोध युक्त (स्वीकार) किया समझा जायगा।

वाक्य-भाष्य

वाचो ह वाचं प्राणस्य प्राण इति विभक्तिद्वयं सर्वत्रैव द्रष्टव्यम्। कथम्? पृष्टत्वात्स्वरूपनिर्देशः; प्रथमयैव च निर्देशः। तस्य च

यहाँ 'वाचो ह वाचम्' तथा 'प्राणस्य प्राणः' इस प्रकार [पिछले पदमें] सर्वत्र ही [प्रथमा और द्वितीया] दो विभक्ति समझनी चाहिये, क्यों? क्योंकि आत्माविषयक प्रश्न होनेके कारण उसके स्वरूपका निर्देश किया गया है और निर्देश प्रथमा विभक्तिसे ही किया जाता है; तथा आत्मा ही

पद-भाष्य

पृष्टं च वस्तु प्रथमयैव निर्देष्टुं युक्तम्। स यस्त्वया पृष्टः प्राणस्य प्राणाख्यवृत्तिविशेषस्य प्राणः तत्कृतं हि प्राणस्य प्राणनसामर्थ्यम्। न ह्यात्मनानधिष्ठितस्य प्राणनमुपपद्यते, 'को ह्येवान्यात्कः प्राण्याद्यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' (तै० उ० २। ७। १) 'ऊर्ध्वं प्राणमुन्नयत्यपानं प्रत्यगस्यति' (क० उ० २। २। ३) इत्यादिश्रुतिभ्यः। इहापि च वक्ष्यते येन प्राणः प्रणीयते तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि इति।

इसके सिवा, पूछी हुई वस्तुका निर्देश प्रथमा विभक्तिसे ही करना उचित है। [अभिप्राय यह कि] जिसके विषयमें तूने पूछा है वह प्राणका यानी प्राण नामक वृत्ति-विशेषका प्राण है। उसके कारण ही प्राणका प्राणनसामर्थ्य है, क्योंकि आत्मासे अनधिष्ठित प्राणका प्राणन सम्भव नहीं है, जैसा कि 'यदि यह आनन्दस्वरूप आकाश न होता तो कौन जीवित रहता और कौन श्वासोच्छ्वास करता' 'यह प्राणको ऊपर ले जाता है तथा अपानको नीचेकी ओर छोड़ता है' इत्यादि श्रुतियोंसे सिद्ध होता है। यहाँ (इस उपनिषद्में) भी यह कहेंगे ही कि जिसके द्वारा प्राण प्राणन करता है उसीको तू ब्रह्म जान।

वाक्य-भाष्य

ज्ञेयत्वात्कर्मत्वमिति द्वितीया। अतो वाचो ह वाचं प्राणस्य प्राण इत्यस्मात्सर्वत्रैव विभक्तिद्वयम्।

ज्ञेय है, इसलिये उसमें कर्मत्व रहनेके कारण द्वितीया भी ठीक है। अतः 'वाचो ह वाचम्' तथा 'प्राणस्य प्राणः' इस कथनके अनुसार सभी जगह दो विभक्ति समझनी चाहिये। [अर्थात् सभी पदोंमें ये दोनों विभक्तियाँ रह सकती हैं।]

पद-भाष्य

श्रोत्रादीन्द्रियप्रस्तावे घ्राणस्यैव ग्रहणं युक्तं न तु प्राणस्य।

शंका—परन्तु यहाँ श्रोत्रादि इन्द्रियोंके प्रसंगमें घ्राणको ही ग्रहण करना युक्तियुक्त है, प्राणको नहीं।

सत्यमेवम्; प्राणग्रहणेनैव तु घ्राणस्य ग्रहणं कृतमेव मन्यते श्रुतिः। सर्वस्यैव करणकलापस्य यदर्थप्रयुक्ता प्रवृत्तिः; तद्ब्रह्मेति प्रकरणार्थो विवक्षितः।

समाधान—यह ठीक है। किन्तु श्रुति, प्राणको ग्रहण करनेसे ही घ्राणका भी ग्रहण किया मानती है। इस प्रकरणको यही अर्थ बतलाना अभीष्ट है कि जिसके लिये सम्पूर्ण इन्द्रियसमूहकी प्रवृत्ति है वही ब्रह्म है।

तथा चक्षुषश्चक्षू रूपप्रकाशकस्य चक्षुषो यद्रूपग्रहणसामर्थ्यं तदात्मचैतन्याधिष्ठितस्यैव। अतः चक्षुषश्चक्षुः।

तथा [वह ब्रह्म] चक्षुका चक्षु है। रूपको प्रकाशित करनेवाले चक्षु-इन्द्रियमें जो रूपको ग्रहण करनेकी सामर्थ्य है वह आत्मचैतन्यसे अधिष्ठित होनेके कारण ही है। इसलिये वह चक्षुका चक्षु है।

आत्मविदोऽमृतत्व-निरूपणम्

प्रष्टुः पृष्टस्यार्थस्य ज्ञातुमिष्टत्वात् श्रोत्रादेः श्रोत्रादिलक्षणं यथोक्तं ब्रह्म 'ज्ञात्वा' इत्यध्याह्रियते; अमृता भवन्ति इति

प्रश्न—कर्ताको अपने पूछे हुए पदार्थको जाननेकी इच्छा हुआ ही करती है, इसलिये, तथा 'अमृता भवन्ति' (अमर हो जाते हैं) ऐसी

वाक्य-भाष्य

आत्मज्ञानेन अमृतत्व-निरूपणम्

यदेतच्छ्रोत्राद्युपलब्धिनिमित्तं श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्यादिलक्षणं नित्योपलब्धिस्वरूपं निर्विशेषमात्मतत्त्वं तद्बुद्ध्वातिमुच्यानवबोधनिमित्ताध्यारोपिताद् बुद्ध्यादिलक्षणात्

यह जो श्रोत्रादिकी उपलब्धिका निमित्तभूत तथा 'श्रोत्रका श्रोत्र' इत्यादि लक्षणोंवाला नित्योपलब्धिस्वरूप निर्विशेष आत्मतत्त्व है उसे जानकर, अज्ञानके कारण आरोपित बुद्धि आदि लक्षणोंवाले

पद-भाष्य

फलश्रुतेश्च। ज्ञानाद्ध्यमृतत्वं प्राप्यते। ज्ञात्वा विमुच्यते इति सामर्थ्यात्। श्रोत्रादिकरणकलापमुज्झित्वा— श्रोत्रादौ ह्यात्मभावं कृत्वा, तदुपाधिः सन्, तदात्मना जायते म्रियते संसरति च। अतः श्रोत्रादेः श्रोत्रादिलक्षणं ब्रह्मात्मेति विदित्वा, अतिमुच्य श्रोत्राद्यात्मभावं परित्यज्य—ये श्रोत्राद्यात्मभावं परित्यजन्ति, ते धीरा धीमन्तः; न हि विशिष्टधीमत्त्वमन्तरेण श्रोत्राद्यात्मभावः शक्यः परित्यक्तुम्—प्रेत्य

फलश्रुति होनेके कारण भी उपर्युक्त श्रोत्रादिके श्रोत्रादिरूप ब्रह्मको जानकर— इस प्रकार यहाँ 'ज्ञात्वा' क्रियाका अध्याहार किया जाता है, क्योंकि अमरत्वकी प्राप्ति ज्ञानसे ही होती है, जैसा कि '[ब्रह्मको] जानकर मुक्त हो जाता है' इस उक्तिकी सामर्थ्यसे सिद्ध होता है। जीव श्रोत्रादि करण-कलापको त्यागकर—श्रोत्रादिमें ही आत्मभाव करके उनकी उपाधिसे युक्त होकर जन्मता, मरता और संसारको प्राप्त होता है। अतः श्रोत्रादिका श्रोत्रादि रूप ब्रह्म ही आत्मा है ऐसा जानकर और अतिमोचन करके अर्थात् श्रोत्रादिमें आत्मभावको त्यागकर धीर पुरुष 'प्रेत्य'

वाक्य-भाष्य

संसारान्मोक्षणं कृत्वा धीरा धीमन्तः प्रेत्यास्माल्लोकाच्छरीरात् प्रेत्य वियुज्यान्यस्मिन्नप्रतिसन्धीयमाने निर्निमित्तत्वादमृता भवन्ति।

संसारसे छूटकर—उससे मुक्त होकर, धीर—बुद्धिमान् लोग इस लोकसे जाकर अर्थात् इस शरीरसे पृथक् होकर दूसरे शरीरका अनुसन्धान न करनेके कारण अन्य कोई प्रयोजन न रहनेसे अमृत हो जाते हैं।

सति ह्यज्ञाने कर्माणि शरीरान्तरं प्रतिसन्दधते। आत्माव-बोधे तु सर्वकर्मारम्भनिमित्ता-

अज्ञानके रहनेतक ही कर्म दूसरे शरीरकी खोज किया करते हैं। आत्मज्ञान हो जानेपर तो सम्पूर्ण कर्मोंके आरम्भक

पद-भाष्य

व्यावृत्य अस्मात् लोकात् पुत्रमित्रकलत्रबन्धुषु ममाहंभावसंव्यवहारलक्षणात्, त्यक्तसर्वैषणा भूत्वेत्यर्थः अमृता अमरणधर्माणो भवन्ति।

'न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः' (कैवल्य० १।२) 'पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयम्भूस्तस्मात् पराङ्पश्यति नान्तरात्मन्। कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन्' (क० उ० २। १। १) 'यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः.......... अत्र ब्रह्म समश्नुते' (क० उ० २। ३। १४) इत्यादिश्रुतिभ्यः।

अर्थात् पुत्र, मित्र, कलत्र और बन्धुओंमें अहंता-ममताके व्यवहाररूप इस लोकसे विलग होकर यानी सम्पूर्ण एषणाओंसे मुक्त होकर अमृत—अमरणधर्मा हो जाते हैं। जो लोग श्रोत्रादिमें आत्मभावका त्याग करते हैं वे धीर यानी बुद्धिमान् होते हैं। क्योंकि विशिष्ट बुद्धिमत्त्वके बिना श्रोत्रादिमें आत्मभावका त्याग नहीं किया जा सकता।

'कर्मसे, प्रजासे अथवा धनसे नहीं, किन्हीं-किन्हींने केवल त्यागसे ही अमरत्व लाभ किया है' 'स्वयम्भूने इन्द्रियोंको बहिर्मुख करके हिंसित कर दिया है, इसलिये जीव बाह्य वस्तुओंको ही देखता है, अपने अन्तरात्माको नहीं देखता। कोई बुद्धिमान् पुरुष अमरत्वकी इच्छासे इन्द्रियोंको रोककर अपने प्रत्यगात्माको देखता है' 'जिस समय इसके हृदयकी कामनाएँ छूट जाती हैं......इस अवस्थामें वह ब्रह्मको प्राप्त कर लेता है' इत्यादि श्रुतियोंसे भी यही सिद्ध होता है।

वाक्य-भाष्य

ज्ञानविपरीतविद्याग्निविप्लुष्टत्वात् कर्मणामनारम्भेऽमृता एव भवन्ति। शरीरादिसन्तानाविच्छेदप्रतिसन्धानाद्यपेक्षयाध्यारोपित-

अज्ञानसे विपरीत ज्ञानरूप अग्निद्वारा कर्मोंके दग्ध हो जानेपर फिर प्रारब्ध निःशेष हो जानेके कारण वे अमृत ही हो जाते हैं। [अनादि संसारपरम्परासे 'मैं शरीर हूँ' ऐसे अध्यासके कारण] 'पुनः-पुनः शरीरप्राप्तिरूप परम्पराका विच्छेद न हो' ऐसा अनुसन्धान करते रहनेके कारण अपने ऊपर आरोपित

पद-भाष्य

अथवा अतिमुच्येत्यनेनैवैषणात्यागस्य सिद्धत्वाद् अस्माल्लोकात् प्रेत्य अस्माच्छरीरादपेत्य मृत्वेत्यर्थः ॥ २ ॥	अथवा एषणात्याग तो 'अतिमुच्य' इस पदसे ही सिद्ध हो जाता है, अतः 'अस्माल्लोकात्प्रेत्य' का यह भाव समझना चाहिये कि इस शरीरसे अलग होकर यानी मरकर [अमर हो जाते हैं] ॥ २ ॥

यस्माच्छ्रोत्रादेरपि श्रोत्राद्यात्मभूतं ब्रह्म अतः।	क्योंकि ब्रह्म श्रोत्रादिका भी श्रोत्रादिरूप है, इसलिये—

आत्माका अज्ञेयत्व और अनिर्वचनीयत्व

न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छति नो मनो न विद्मो न विजानीमो यथैतदनुशिष्यादन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि। इति शुश्रुम पूर्वेषां ये नस्तद्व्याचचक्षिरे॥ ३ ॥

वहाँ (उस ब्रह्मतक) नेत्रेन्द्रिय नहीं जाती, वाणी नहीं जाती, मन नहीं जाता। अतः जिस प्रकार शिष्यको इस ब्रह्मका उपदेश करना चाहिये, वह हम नहीं जानते—वह हमारी समझमें नहीं आता। वह विदितसे अन्य ही है तथा अविदितसे भी परे है—ऐसा हमने पूर्व-पुरुषोंसे सुना है, जिन्होंने हमारे प्रति उसका व्याख्यान किया था॥ ३ ॥

पद-भाष्य

न तत्र तस्मिन्ब्रह्मणि चक्षुः गच्छति, स्वात्मनि गमनासम्भवात्। तथा न वाग् गच्छति।	वहाँ—उस ब्रह्ममें नेत्रेन्द्रिय नहीं जाती, क्योंकि अपनेहीमें अपनी गति होनी असम्भव है। और न वाणी

वाक्य-भाष्य

मृत्युवियोगात्पूर्वमप्यमृताः सन्तो नित्यात्मस्वरूपवत्त्वादमृता भवन्ति इत्युपचर्यते॥ २॥	की हुई अज्ञानरूप मृत्युका वियोग होनेसे पूर्व भी नित्य आत्मस्वरूप होनेके कारण यद्यपि अमृत ही रहते हैं तथापि अमर होते हैं—ऐसा उपचारसे कहा जाता है॥ २॥

पद-भाष्य

वाचा हि शब्द उच्चार्यमाणोऽभिधेयं प्रकाशयति यदा, तदाभिधेयं प्रति वाग्गच्छतीत्युच्यते। तस्य च शब्दस्य तन्निर्वर्तकस्य च करणस्यात्मा ब्रह्म। अतो न वाग्गच्छति यथाग्निर्दाहकः प्रकाशकश्चापि सन् न ह्यात्मानं प्रकाशयति दहति वा, तद्वत्।

नो मनः मनश्चान्यस्य सङ्कल्पयितृ अध्यवसायितृ च सद् नात्मानं सङ्कल्पयत्यध्यवस्यति च, तस्यापि ब्रह्मात्मेति। इन्द्रिय-

ही पहुँचती है। जिस समय वाणीसे उच्चारण किया हुआ शब्द अपने वाच्यको प्रकाशित करता है उस समय ही, अपने वाच्यतक वाणी पहुँचती है—ऐसा कहा जाता है। किन्तु ब्रह्म तो शब्द और उसका व्यवहार करनेवाले इन्द्रियका आत्मा है। अतः वाणी वहाँ उसी प्रकार नहीं पहुँच सकती, जैसे कि अग्नि दाहक और प्रकाशक होनेपर भी अपनेको न जलाता है और न प्रकाशित ही करता है।

और न मन ही [वहाँतक जाता है]। मन भी अन्य पदार्थोंका संकल्प और निश्चय करनेवाला होता हुआ भी अपना संकल्प या निश्चय नहीं करता है, क्योंकि ब्रह्म

वाक्य-भाष्य

न तत्र चक्षुर्गच्छति इत्युक्तेऽपि पर्यनुयोगे हेतुरप्रतिपत्तेः। श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्येवमादिना उक्तेऽप्यात्मतत्त्वेऽप्रतिपन्नत्वात् सूक्ष्मत्वहेतोर्वस्तुनः पुनः पुनः पर्यनुयुयुक्षाकारणमाह—न तत्र चक्षुर्गच्छतीति। तत्र श्रोत्रा-

यद्यपि आचार्यने तत्त्वका निरूपण कर दिया तो भी न समझनेके कारण शिष्यके पुनः प्रश्न करनेमें 'वहाँ नेत्रेन्द्रिय नहीं जाती' इत्यादि कारण है। अर्थात् 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्यादि श्रुतिसे आत्मतत्त्वका निरूपण कर दिये जानेपर भी आत्मतत्त्व अत्यन्त सूक्ष्म होनेके कारण समझमें न आनेसे शिष्यको जो पुनः पूछनेकी इच्छा हुई उसका कारण 'न तत्र चक्षुर्गच्छति' इत्यादि श्रुतिसे बतलाया गया है।

पद-भाष्य

मनोभ्यां हि वस्तुनो विज्ञानम्। तदगोचरत्वान्न विद्मः तद्ब्रह्म ईदृशमिति।

अतो न विजानीमो यथा येन प्रकारेण एतद् ब्रह्म अनुशिष्याद् उपदिशेच्छिष्यायेत्यभिप्रायः। यद्धि करणगोचरं तदन्यस्मै उपदेष्टुं शक्यं जातिगुणक्रिया-विशेषणैः। न तज्जात्यादिविशेषण-वद्ब्रह्म तस्माद्विषमं शिष्यानुपदेशेन

उसका भी आत्मा है। इन्द्रिय और मनसे ही वस्तुका ज्ञान हुआ करता है; उनका अविषय होनेके कारण हम यह नहीं जानते कि वह ब्रह्म ऐसा है।

अतः जिस प्रकारसे इस ब्रह्मका अनुशासन—शिष्यके प्रति उपदेश किया जाय—यह हम नहीं जानते ऐसा इसका अभिप्राय है। जो वस्तु इन्द्रियोंका विषय होती है उसीका जाति, गुण और क्रियारूप विशेषणोंद्वारा दूसरेको उपदेश किया जा सकता है। किन्तु ब्रह्म उन जाति आदि विशेषणोंवाला नहीं है। अतः शिष्योंको उपदेशद्वारा उसकी प्रतीति कराना बहुत

वाक्य-भाष्य

ह्यात्मभूते चक्षुरादीनि वाक्चक्षुषोः सर्वेन्द्रियोपलक्षणार्थत्वान्न विज्ञान-मुत्पादयन्ति।

सुखादिवत्तर्हि गृह्येतान्तः-करणेनात आह—नो मनः। न सुखादिवन्मनसो विषयस्तत्; इन्द्रियाविषयत्वात्।

श्रोत्रादिके आत्मस्वरूप उस आत्मतत्त्वके विषयमें चक्षु आदि इन्द्रियाँ ज्ञान उत्पन्न नहीं कर सकतीं, क्योंकि यहाँ वाक् और चक्षु सभी इन्द्रियोंका उपलक्षण करनेके लिये हैं।

[इसपर सन्देह होता है—] तो फिर सुखादिके समान उसका अन्तःकरणसे ग्रहण हो सकता होगा? [इसपर कहते हैं—] मन भी उसतक नहीं पहुँचता। वह सुखादिके समान मनका भी विषय नहीं है, क्योंकि वह इन्द्रियोंका अविषय है।

पद-भाष्य

प्रत्याययितुमिति उपदेशे तदर्थ-ग्रहणे च यत्नातिशयकर्तव्यतां दर्शयति।

'न विद्मो न विजानीमो यथैतदनुशिष्यात्' इति अत्यन्तम् एवोपदेशप्रकारप्रत्याख्याने प्राप्ते तदपवादोऽयमुच्यते। सत्यमेवं प्रत्यक्षादिभिः प्रमाणैर्न परः प्रत्याययितुं शक्यः; आगमेन तु

कठिन है—इस प्रकार श्रुति उपदेश और उसके अर्थका ग्रहण करनेमें अधिक प्रयत्न करनेकी आवश्यकता दिखलाती है।

[पूर्वोक्त श्रुतिके] 'न विद्मो न विजानीमो यथैतदनुशिष्यात्' इस वाक्यसे उपदेशके प्रकारका अत्यन्त निषेध प्राप्त होनेपर उसका यह अपवाद कहा जाता है। यह ठीक है कि प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे परमात्माकी प्रतीति नहीं करायी जा सकती, किन्तु शास्त्रसे तो

वाक्य-भाष्य

न विद्मो न विजानीमोऽन्तः-करणेन यथैतद्ब्रह्म मनआदिकरण-जातमनुशिष्याद् अनुशासनं कुर्यात्प्रवृत्तिनिमित्तं भवेत्तथा-विषयत्वान्न विद्मो न विजानीमः।

अथवा श्रोत्रादीनां श्रोत्रादि-लक्षणं ब्रह्मविशेषेण दर्शयेत्युक्त आचार्य आह न शक्यते दर्श-यितुम्। कस्मात्? न तत्र चक्षु-र्गच्छति इत्यादि पूर्ववत्सर्वम्। अत्र तु विशेषो यथैतदनुशिष्यादिति। यथैतदनुशिष्यात् प्रतिपादयेद्

यह ब्रह्म मन आदि इन्द्रियसमूहका जिस प्रकार अनुशासन करता है अर्थात् जिस प्रकार उनकी प्रवृत्तिका कारण होता है—इन्द्रियोंका अविषय होनेके कारण—इस सम्बन्धमें अपने अन्तः-करणद्वारा हम कुछ नहीं जानते अर्थात् कुछ नहीं समझते।

अथवा शिष्यके यह कहनेपर कि 'श्रोत्रादिके श्रोत्रादिरूप ब्रह्मको विशेषरूपसे दिखलाओ' आचार्य कहते हैं कि 'उसे दिखाया नहीं जा सकता।' क्यों? 'क्योंकि उसतक नेत्र नहीं पहुँच सकते' इत्यादि प्रकारसे सबका आशय पूर्ववत् समझना चाहिये। यहाँ 'यथैतदनुशिष्यात्' इस वाक्यका विशेष तात्पर्य है; अर्थात् जिस किसी अन्य विधिसे कोई अन्य गुरु अपने

पद-भाष्य

शक्यत एव प्रत्याययितुमिति तदुपदेशार्थमागममाह—

अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधीति। अन्यदेव पृथगेव तद् यत्प्रकृतं श्रोत्रादीनां श्रोत्रादीत्युक्तमविषयश्च तेषाम्;

उसकी प्रतीति करायी ही जा सकती है—अतः उसके उपदेशके लिये शास्त्र प्रमाण देते हैं—

'वह विदितसे अन्य ही है और अविदितसे भी परे है।' यहाँ जिस प्रकरणप्राप्त श्रोत्रादिके श्रोत्रादि और उनके अविषय ब्रह्मका उल्लेख किया गया है।

वाक्य-भाष्य

अन्योऽपि शिष्यानितोऽन्येन विधिनेत्यभिप्रायः।

सर्वथापि ब्रह्म बोधयेत्युक्त आचार्य आह, अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधीत्यागमं विदिताविदिताभ्यामन्यत्वम्। यो हि ज्ञाता स एव सः, सर्वात्मकत्वात्। अतः सर्वात्मनो ज्ञातुर्ज्ञात्रन्तराभावाद्विदितादन्यत्वम्। 'स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता' (श्वे० उ० ३। १९) इति च मन्त्रवर्णात्। 'विज्ञातारमरे केन विजानीयात्' (बृ० उ० २। ४। १४) इति च वाजसनेयके। अपि च व्यक्तमेव

शिष्योंको इसका अनुशासन—प्रतिपादन कर सकता है [वह हम नहीं जानते]।

परन्तु मुझे तो किसी भी तरह ब्रह्मका बोध करा ही दीजिये—शिष्यके ऐसा कहनेपर आचार्य कहते हैं—'वह ब्रह्म जाने हुएसे अन्य है तथा बिना जानेसे भी परे है'—जाने और न जाने हुएसे भिन्न होना यही उपदेशकी परम्परा है। इसके सिवा जो कोई भी उसको जाननेवाला है वह स्वयं वही है, क्योंकि ब्रह्म सर्वात्मक है। अतः सबके आत्मारूप उस ज्ञाताके सिवा अन्य ज्ञाताका अभाव होनेके कारण वह, जितना कुछ जाना जाता है उससे भिन्न है; जैसा कि मन्त्रवर्ण भी कहता है—'वह सम्पूर्ण ज्ञेयको जानता है तथा उसका ज्ञाता और कोई नहीं है' तथा वाजसनेय श्रुतिमें भी कहा है— 'अरे! उस विज्ञाताको किससे जाने?' इसके सिवा व्यक्तको ही विदित कहा गया है, उससे भिन्न [यानी अव्यक्त]

पद-भाष्य

तद् विदिताद् अन्यदेव हि। विदितं नाम यद्विदिक्रिययातिशयेनाप्तं विदिक्रियाकर्मभूतं क्वचित् किञ्चित्कस्यचिद्विदितं स्यादिति। सर्वमेव व्याकृतं विदितमेव; तस्मादन्यदेवेत्यर्थः।

वह विदितसे अन्य—पृथक् ही है। वेदन-क्रियासे अत्यन्त व्याप्त अर्थात् वेदन-क्रियाकी कर्मभूत जो कुछ [नामरूपात्मक] वस्तु कहीं-न-कहीं किसी-न-किसीको ज्ञात है उसीको 'विदित' कहते हैं। अतः सम्पूर्ण व्याकृत वस्तु 'विदित' ही है। उस [विदित वस्तु]-से ब्रह्म पृथक् ही है—यह इसका तात्पर्य है।

वाक्य-भाष्य

विदितं तस्मादन्यदित्यभिप्रायः। यद्विदितं व्यक्तं तदन्यविषयत्वादल्पं सविरोधं ततोऽनित्यमत एवानेकत्वादशुद्धमत एव तद्विलक्षणं ब्रह्मेति सिद्धम्।

तर्ह्यविदितम्।

न; विज्ञानानपेक्षत्वाद्। यद्ध्य-ब्रह्मणः विदितं तद्विज्ञास्वीयप्रकाशते नापेक्षम्। अविदित अन्यानपेक्षत्वम् विज्ञानाय हि लोकप्रवृत्तिः। इदं तु विज्ञानानपेक्षम्। कस्मात्? विज्ञानस्वरूपत्वात्। न हि यस्य यत्स्वरूपं तत्तेनान्यतोऽपेक्ष्यते। न च स्वत एवापेक्षा अनपेक्षमेव सिद्ध-

है यही इस [अन्यदेव विदितात्]- का तात्पर्य है जो विदित अर्थात् व्यक्त होता है वह दूसरेका विषय होनेके कारण अल्प और सविरोध होता है ऐसा होनेसे अनित्य होता है, अतः अनेक होनेके कारण अशुद्ध भी होता है; इसलिये सिद्ध हुआ कि ब्रह्म उससे भिन्न प्रकारका ही है।

पूर्व०—तो फिर ब्रह्म अज्ञात हुआ?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि उसे विज्ञान (ज्ञात होने)-की अपेक्षा नहीं है। जो वस्तु अज्ञात होती है उसके विज्ञानकी अपेक्षा हुआ करती है। अज्ञात वस्तुको जाननेके लिये ही सम्पूर्ण लोकोंकी प्रवृत्ति है; किन्तु ब्रह्मको अपने विज्ञानकी अपेक्षा नहीं है; क्यों? क्योंकि वह विज्ञानस्वरूप ही है। जिसका जो स्वरूप होता है वह उसीकी दूसरेसे अपेक्षा नहीं रखता और अपनेसे तो अपेक्षा हुआ ही नहीं करती, क्योंकि अपना आप तो सिद्ध

पद-भाष्य

अविदितमज्ञातं तर्हीति प्राप्त आह—अथो अपि अविदिताद् विदितविपरीतादव्याकृताविद्यालक्षणाद्व्याकृतबीजात्, अधि इति उपर्यर्थे, लक्षणया अन्यद् इत्यर्थः।

तो फिर ब्रह्म अज्ञात है—ऐसा प्राप्त होनेपर कहते हैं—वह अविदित—विदितसे विपरीत व्याकृत पदार्थोंकी बीजभूत अविद्यारूप अव्याकृतसे भी 'अधि' है। 'अधि' का अर्थ ऊपर होता है; परन्तु लक्षणासे इसका अर्थ 'अन्य' करना चाहिये,

वाक्य-भाष्य

त्वात्। प्रदीपः स्वरूपाभिव्यक्तौ न प्रकाशान्तरमन्यतोऽपेक्षते स्वतो वा। यद्ध्यनपेक्षं तत्स्वत एव सिद्धम्। प्रकाशात्मत्वात् प्रदीपस्यापेक्षितोऽप्यनर्थकः स्यात्, प्रकाशे विशेषाभावात्। न हि प्रदीपस्य स्वरूपाभिव्यक्तौ प्रदीपप्रकाशोऽर्थवान्। न चैवमात्मनोऽन्यत्र विज्ञानमस्ति येन स्वरूपविज्ञानेऽप्यपेक्ष्येत।

(प्राप्त) होनेके कारण अपेक्षासे रहित ही है। दीपक अपने स्वरूपकी अभिव्यक्तिके लिये अपनेसे अथवा किसी अन्यसे प्रकाशान्तरकी अपेक्षा नहीं रखता। इस प्रकार जो अपेक्षा नहीं रखता वह स्वत:सिद्ध ही है। दीपक प्रकाशस्वरूप ही है; अतः अपने स्वरूपकी अभिव्यक्तिके लिये यदि वह प्रकाशान्तरकी अपेक्षा करे तो व्यर्थ ही होगा, क्योंकि प्रकाशमें कोई विशेषता नहीं हुआ करती। एक दीपकके स्वरूपकी अभिव्यक्तिमें किसी अन्य दीपकका प्रकाश सार्थक नहीं होता। इसी प्रकार आत्मासे भिन्न ऐसा कोई विज्ञान नहीं है जो उसके स्वरूपका ज्ञान करानेके लिये अपेक्षित हो।

विरोध इति चेन्नान्यत्वात्।

यदि कहो कि इससे विरोध प्रतीत होता है तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि [आत्मा] इससे भिन्न है।

स्वरूपविज्ञाने विज्ञानस्वरूपत्वाद् विज्ञानान्तरं नापेक्षत इत्येतदसत्। दृश्यते हि विपरीतज्ञानमात्मनि

पूर्व०—तुमने जो कहा कि आत्मा विज्ञानस्वरूप है, इसलिये उसके स्वरूपको जाननेमें किसी अन्य विज्ञानकी अपेक्षा नहीं है—सो ठीक नहीं,

पद-भाष्य

यद्धि यस्मादधि उपरि भवति, तत्तस्मादन्यदिति प्रसिद्धम्।

क्योंकि जो वस्तु जिससे अधि—ऊपर होती है वह उससे अन्य हुआ करती है—यह प्रसिद्ध ही है।

ब्रह्मण आत्मभिन्नत्व-प्रतिपादनम्

यद्विदितं तदल्पं मर्त्यं दुःखात्मकं चेति हेयम्। तस्माद्विदितादन्यद्ब्रह्म इत्युक्ते त्वहेयत्वमुक्तं

जो वस्तु विदित होती है वह अल्प, मरणशील एवं दुःखमयी होती है, इसलिये वह हेय (त्याज्य) है। ब्रह्म उस विदित वस्तुसे भिन्न है—

वाक्य-भाष्य

सम्यग्ज्ञानं च; न जानाम्यात्मानमिति। श्रुतेश्च 'तत्त्वमसि' (छा० उ० ६।८—१६) 'आत्मानमेवावेत्'(बृ० उ० १।४।१०) 'एतं वै तमात्मानं विदित्वा' (बृ० उ० ३। ५। १) इति च। सर्वत्र श्रुतिष्वात्मविज्ञाने विज्ञानान्तरापेक्षत्वं दृश्यते। तस्मात् प्रत्यक्षश्रुतिविरोध इति चेत्।

क्योंकि आत्मामें भी विपरीत ज्ञान और सम्यक् ज्ञान होता देखा ही जाता है; जैसा कि 'मैं आत्माको नहीं जानता' इत्यादि कथनसे तथा 'तू वह (ब्रह्म) है' 'आत्माको ही जाना' 'उस इस आत्माको निश्चयपूर्वक जानकर' आदि श्रुतियोंसे सिद्ध होता है। श्रुतियोंमें आत्माके ज्ञानके लिये सर्वत्र ही विज्ञानान्तरकी अपेक्षा देखी जाती है। इसलिये [उपर्युक्त कथनका] प्रत्यक्ष ही श्रुतिसे विरोध है।

न; कस्मात्? अन्यो हि स आत्मा बुद्ध्यादिकार्यकरणसङ्घाताभिमानसन्तानाविच्छेदलक्षणोऽविवेकात्मको बुद्ध्यवभासप्रधानश्चक्षुरादिकरणो नित्यचित्स्वरूपात्मान्तःसारो यत्रानित्यं विज्ञानम् अवभासते। बौद्धप्रत्ययानाम्

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं। क्यों? क्योंकि बुद्धि आदि कार्य और करणके संघातमें जो अभिमान है उसकी परम्पराका विच्छेद न होना ही जिसका लक्षण है, नित्य चित्स्वरूप आत्मा ही जिसका आन्तरिक सार है और जिसमें अनित्य विज्ञानका अवभास हुआ करता है वह अविवेकात्मक, चिदाभास-प्रधान तथा चक्षु आदि करणोंवाला आत्मा (जीवात्मा) [शुद्ध चेतनसे] भिन्न ही है। बौद्ध प्रतीतियोंका

पद-भाष्य

स्यात्। तथा अविदितादधि इत्युक्तेऽनुपादेयत्वमुक्तं स्यात्। कार्यार्थं हि कारणमन्यदन्येन उपादीयते। अतश्च न वेदितुः अन्यस्मै प्रयोजनायान्यदुपादेयं भवतीति। एवं विदिताविदिता- भ्यामन्यदिति हेयोपादेय- प्रतिषेधेन स्वात्मनोऽनन्यत्वाद्

ऐसा कहनेसे उसका अहेयत्व बतलाया गया तथा 'वह अविदितसे भी ऊपर है' ऐसा कहनेपर उसका अनुपादेयत्व प्रतिपादन किया गया। किसी कार्यके लिये ही किसी अन्य पुरुषद्वारा एक अन्य कारण यानी साधनको ग्रहण किया जाता है; अतः वेत्ता (आत्मा)-को किसी अन्य प्रयोजनके लिये कोई अन्य साधन उपादेय नहीं है। इस प्रकार वह विदित और अविदित दोनोंसे भिन्न है—इस कथनद्वारा हेय और उपादेयका प्रतिषेध कर दिया जानेसे [ज्ञेय वस्तु] अपने आत्मासे

वाक्य-भाष्य

आविर्भावतिरोभावधर्मकत्वात्तद्धर्म- तयैव विलक्षणमपि चावभासते।

आविर्भाव-तिरोभाव उसका धर्म है; अतः अपने उस धर्मके कारण वह उससे पृथक् दिखलायी भी देता है।

अन्तःकरणस्य मनसोऽपि मनोऽन्तर्गतत्वात्सर्वान्तरश्रुतेः। अन्तर्गतेन नित्यविज्ञानस्वरूपेण आकाशवदप्रचलितात्मनान्तर्गर्भ- भूतेन बाह्यो बुद्ध्यात्मा तद्विलक्षणः, अर्चिर्भिरिवाग्निः प्रत्ययैराविर्भावतिरोभावधर्मकैर्विज्ञानाभास- रूपैरनित्यविज्ञान आत्मा सुखी- दुःखीत्यभ्युपगतो लौकिकैः। अतोऽन्यो नित्यविज्ञानस्वरूपादात्मनः।

[किन्तु वह शुद्ध चेतन तो] 'आत्मा सर्वान्तर है' ऐसा बतलानेवाली श्रुतिके अनुसार अन्तःकरण यानी मनका भी मन है। उस अन्तर्गत, नित्यविज्ञानस्वरूप, आकाशके समान अविचल और अन्तर्गर्भभूत चिदात्मासे बाह्य और विलक्षण अनित्य विज्ञानवान् विज्ञानात्मा ही, आविर्भाव-तिरोभाव धर्मवाले विज्ञानाभासरूप अनित्य प्रत्ययोंके कारण लौकिक पुरुषोंद्वारा आत्मा सुखी-दुःखी है—ऐसा माना जाता है, जैसे ज्वालाओंके कारण अग्नि।

पद-भाष्य

ब्रह्मविषया जिज्ञासा शिष्यस्य निर्वर्तिता स्यात्। न ह्यन्यस्य स्वात्मनो विदिताविदिताभ्याम् अन्यत्वं वस्तुनः सम्भवतीत्यात्मा ब्रह्मेत्येष वाक्यार्थः; 'अयमात्मा ब्रह्म' (माण्डू० २) 'य आत्मा-पहतपाप्मा' (छा० उ० ८। ७। १)

अभिन्न सिद्ध होनेके कारण शिष्यकी ब्रह्मविषयक जिज्ञासा पूर्ण हो जाती है, क्योंकि अपने आत्मासे भिन्न किसी और वस्तुका विदित और अविदित दोनोंसे भिन्न होना सम्भव नहीं है। अतः आत्मा ही ब्रह्म है—यह इस वाक्यका अर्थ है। यही बात 'यह आत्मा ब्रह्म है' 'जो आत्मा पापसे रहित है'

वाक्य-भाष्य

तत्र हि विज्ञानापेक्षा विपरीतज्ञानत्वं चोपपद्यते न पुनर्नित्यविज्ञाने।

तत्त्वमसीति बोधोपदेशो न उपपद्यत इति चेत्। 'आत्मानमेवावेत्' (बृ० उ० १। ४। १०) इत्येव-मादीनि च नित्यबोधात्मकत्वात्। न ह्यादित्योऽन्येन प्रकाश्यतेऽतस्तदर्थ-बोधोपदेशः अनर्थक इति चेत्।

न; लोकाध्यारोपापोहार्थत्वात्। बोधोपदेशस्य सर्वात्मनि हि नित्य-विज्ञाने बुद्ध्याद्यनित्य-धर्मा लोकैरध्यारोपिता आत्माविवेकतस्तदपो-

अध्यास- निरासार्थत्वम्

अतः वह नित्यविज्ञानस्वरूप आत्मासे भिन्न है। उसीमें विज्ञानकी अपेक्षा तथा विपरीत ज्ञानत्वकी सम्भावना है—नित्यविज्ञानस्वरूप चिदात्मामें नहीं।

पूर्व०—[ऐसा माननेसे तो] 'तत्त्वमसि' (वह ब्रह्म तू है) यह उपदेश भी नहीं बन सकता और न 'अपने आत्माको ही जाना [कि मैं ब्रह्म हूँ]' इत्यादि वाक्य ही सार्थक हो सकते हैं—क्योंकि ब्रह्म तो नित्यबोधस्वरूप है। सूर्य दूसरेसे प्रकाशित कभी नहीं हो सकता। इसलिये आत्माके विषयमें ज्ञानका उपदेश करना व्यर्थ ही होगा।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि वह उपदेश लोगोंद्वारा किये हुए अध्यारोपकी निवृत्तिके लिये है। लोगोंने आत्मतत्त्वके अज्ञानवश उस नित्यविज्ञानस्वरूप सर्वात्मापर बुद्धि आदि अनित्य धर्मोंका आरोप किया हुआ है। उसकी निवृत्तिके लिये ही

पद-भाष्य

'यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म' (बृ० उ० ३। ४।१) 'य आत्मा सर्वान्तरः' (बृ० उ० ३।४।१) इत्यादिश्रुत्यन्तरेभ्यश्चेति।

'जो साक्षात् अपरोक्षरूपसे ब्रह्म ही है' 'जो आत्मा सर्वान्तर है' इत्यादि अन्य श्रुतियोंसे भी प्रमाणित होती है।

वाक्य-भाष्य

हार्थो बोधोपदेशो बोधात्मनः।

तत्र च बोधाबोधौ समञ्जसौ, अन्यनिमित्तत्वादुदक इवौष्ण्यम् अग्निनिमित्तम्, रात्र्यहनी इवादित्यनिमित्ते। लोके नित्यावौष्ण्यप्रकाशावग्न्यादित्ययोरन्यत्रभावाभावयोर्निमित्तत्वादनित्याविव उपचर्येते। धक्ष्यत्यग्निः प्रकाशयिष्यति सवितेति तद्वत्। एवं च सुखदुःखबन्धमोक्षाद्यध्यारोपो लोकस्य तदपेक्ष्य तत्त्वमस्यात्मानमेवावेदित्यात्मावबोधोपदेशेन श्रुतयः केवलमध्यारोपापोहार्थाः।

ब्रह्मणो विदिताविदिताभ्यामन्यत्वम्

यथा सवितासौ प्रकाशयति आत्मानम् इति तद्वत्, बोधाबोधकर्तृत्वं च नित्यबोधात्मनि। तस्मात्

उस ज्ञानस्वरूपके ज्ञानका उपदेश किया जाता है।

तथा उस बोधस्वरूपमें बोध और अबोध समीचीन भी हैं, क्योंकि जैसे अग्निके कारण जलमें उष्णता रहती है तथा सूर्यके कारण दिन और रात हुआ करते हैं, वैसे ही उनका कारण भी अन्य (आरोपित धर्म) ही है। उष्णता और प्रकाश—ये अग्नि और सूर्यके तो नित्यधर्म हैं, किन्तु लोकमें अन्यत्र अपने भाव और अभावके कारण वे अनित्यवत् उपचरित होते हैं; जैसे— 'अग्नि जला देगा' 'सूर्य प्रकाशित करेगा' इत्यादि वाक्योंमें; वैसे ही [आत्माके विषयमें समझना चाहिये] इस प्रकार लोकका जो सुख-दुःख एवं बन्ध-मोक्षरूप अध्यारोप है उसकी अपेक्षासे ही 'तत्त्वमसि' 'आत्मानमेवावेत्' इत्यादि श्रुतियाँ आत्मज्ञानके उपदेशसे केवल अध्यारोपकी निवृत्तिके लिये ही हैं।

जिस प्रकार 'यह सूर्य अपनेआपको प्रकाशित करता है' [इस वाक्यसे प्रकाशस्वरूप सूर्यमें प्रकाशकर्तृत्वका उल्लेख किया जाता है] उसी प्रकार नित्यबोधस्वरूप आत्मामें भी ज्ञान और अज्ञानका कर्तृत्व माना गया है।

पद-भाष्य

एवं सर्वात्मनः सर्वविशेषरहितस्य चिन्मात्रज्योतिषो ब्रह्मत्वप्रतिपादकस्य वाक्यार्थस्य

इस प्रकार सर्वात्मा सर्वविशेषरहित चिन्मात्रज्योतिःस्वरूप वस्तुका ब्रह्मत्व प्रतिपादन करनेवाले वाक्यार्थ-

वाक्य-भाष्य

अन्यदविदितात्। अधिशब्दश्च अन्यार्थे। यद्वा यद्धि यस्याधि तत्ततोऽन्यत्सामर्थ्यात्। यथाधि भृत्यादीनां राजा। अव्यक्तमेव अविदितं ततोऽन्यदित्यर्थः।

विदितमविदितं च व्यक्ताव्यक्ते कार्यकारणत्वेन विकल्पिते ताभ्यामन्यद्ब्रह्म विज्ञानस्वरूपं सर्वविशेषप्रत्यस्तमितम् इत्ययं समुदायार्थः। अत एवात्मत्वान्न हेय उपादेयो वा। अन्यद्ध्यन्येन हेयमुपादेयं वा। न तेनैव तद्यस्य कस्यचिद्धेयमुपादेयं वा भवति। आत्मा च ब्रह्म सर्वान्तरात्मत्वादविषयमतोऽन्यस्यापि न

इसलिये वह अविदित (अज्ञात)-से भी अन्य है। यहाँ 'अधि' शब्द 'अन्य' अर्थमें है अथवा जो जिससे अधि (ऊपर) होता है वह उससे अन्य ही हुआ करता है, क्योंकि उस शब्दकी शक्तिसे यही बोध होता है; जिस प्रकार सेवक आदिसे ऊपर राजा।'* अव्यक्त ही अविदित है, उससे यह आत्मा पृथक् है—यही इसका तात्पर्य है।

विदित और अविदित यानी व्यक्त और अव्यक्त ही क्रमशः कार्य तथा कारणभावसे माने गये हैं उनसे भिन्न वह ब्रह्म है जो सम्पूर्ण विशेषणोंसे रहित विज्ञानस्वरूप है—यह इस समस्त वाक्यसमुदायका तात्पर्य है। अतः आत्मस्वरूप होनेके कारण वह त्याज्य या ग्राह्य भी नहीं है। अन्य वस्तु ही किसी अन्यकी त्याज्य या ग्राह्य हुआ करती है; स्वयं आप ही अपनी कोई भी वस्तु हेय या उपादेय नहीं होती। आत्मा ही ब्रह्म है और सबका अन्तर्यामी होनेसे वह किसी इन्द्रियका विषय भी नहीं है। इसलिये वह किसी अन्यका भी हेय या उपादेय नहीं है। इसके सिवा आत्मासे भिन्न कोई और

* जिस प्रकार सेवकोंके ऊपर होनेके कारण राजा उनसे भिन्न है उसी प्रकार अविदितसे ऊपर होनेके कारण आत्मा उससे भिन्न है।

पद-भाष्य

आचार्योपदेशपरम्परया प्राप्तत्वमाह—इति शुश्रुमेत्यादि। ब्रह्म च एवमाचार्योपदेशपरम्परया एवाधिगन्तव्यं न तर्कतः प्रवचनमेधाबहुश्रुततपोयज्ञादिभ्यश्च, इति एवं शुश्रुम श्रुतवन्तो वयं पूर्वेषाम् आचार्याणां वचनम्; ये आचार्या नः, अस्मभ्यं ब्रह्म व्याचचक्षिरे व्याख्यातवन्तो

का 'इति शुश्रुम पूर्वेषाम्' इत्यादि वाक्यद्वारा आचार्योंके उपदेशकी परम्परासे प्राप्त होना दिखलाया गया है। इस प्रकार वह ब्रह्म आचार्योंकी उपदेश-परम्परासे ही ज्ञातव्य है, तर्कसे अथवा प्रवचन, मेधा, बहुश्रुत, तप एवं यज्ञादिसे नहीं—ऐसा हमने पूर्ववर्ती आचार्योंका वचन सुना है। जिन आचार्योंने हमारे प्रति उस ब्रह्मका व्याख्यान—

वाक्य-भाष्य

हेयमुपादेयं वा। अन्याभावाच्च।

इति शुश्रुम पूर्वेषामित्यागमोपदेशः। व्याचचक्षिर इत्यस्वातन्त्र्यं तर्कप्रतिषेधार्थम्। ये नस्तद्ब्रह्मोक्तवन्तस्ते नित्यमेवागमं ब्रह्मप्रतिपादकं व्याख्यातवन्तो न पुनः स्वबुद्धिप्रभवेण तर्केण उक्तवन्त इत्यागमपारम्पर्याविच्छेदं दर्शयति विद्यास्तुतये। तर्कस्त्वनवस्थितो भ्रान्तोऽपि भवतीति॥ ३॥

यथोक्तस्य आप्त-प्रामाणिकत्वम्

वस्तु न होनेके कारण भी [वह हेयोपादेयरहित है]।

'इति शुश्रुम पूर्वेषाम्' (यह हमने पूर्व आचार्योंके मुँहसे सुना है) ऐसा कहकर यह दिखलाते हैं कि यह [परम्परागत] शास्त्रका उपदेश है। हमसे [शास्त्रीय मतका] व्याख्यान किया था [यह उनकी स्वतन्त्र कल्पना नहीं है] ऐसा कहकर जो उन आचार्योंकी अस्वतन्त्रता दिखलायी है वह तर्कका प्रतिषेध करनेके लिये है; जिन्होंने हमसे उस ब्रह्मका वर्णन किया था। अर्थात् उन्होंने ब्रह्मका प्रतिपादन करनेवाले नित्य आगमका ही व्याख्यान करके बतलाया था अपनी बुद्धिसे ही प्रकट हुए तर्कद्वारा नहीं कहा। इस प्रकार ज्ञानकी स्तुतिके लिये शास्त्रपरम्पराका अविच्छेद दिखलाया है, क्योंकि तर्क तो अनवस्थित और भ्रमपूर्ण भी होता है॥ ३॥

पद-भाष्य

विस्पष्टं कथितवन्तः, तेषाम् इत्यर्थः ॥ ३ ॥

स्पष्ट कथन किया था, उन्हींके [वचनसे हमें उसे जानना चाहिये] यह इसका तात्पर्य है ॥ ३ ॥

'अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि' इत्यनेन वाक्येन आत्मा ब्रह्मेति प्रतिपादिते श्रोतुराशङ्का जाता—कथं न्वात्मा ब्रह्म। आत्मा हि नामाधिकृतः कर्मण्युपासने च संसारी कर्मोपासनं वा साधनमनुष्ठाय ब्रह्मादिदेवान्स्वर्गं वा प्राप्तुमिच्छति। तत्तस्मादन्य उपास्यो विष्णुरीश्वर इन्द्रः प्राणो वा ब्रह्म भवितुमर्हति, न त्वात्मा; लोकप्रत्ययविरोधात्। यथान्ये तार्किका ईश्वरादन्य आत्मा इत्याचक्षते, तथा कर्मिणोऽमुं यजामुं यजेत्यन्या एव देवता उपासते। तस्माद्युक्तं यद्विदितमुपास्यं तद्ब्रह्म भवेत्, ततोऽन्य उपासक इति। तामेतामाशङ्कां शिष्यलिङ्गेनोपलक्ष्य तद्वाक्याद्वा आह—मैवं शङ्किष्ठाः।

'वह विदितसे अन्य है और अविदितसे भी ऊपर है' इस वाक्यद्वारा आत्मा ही ब्रह्म है—ऐसा प्रतिपादन किये जानेपर श्रोताको यह शंका हुई—आत्मा किस प्रकार ब्रह्म है? आत्मा तो कर्म और उपासनामें अधिकृत संसारी जीवको कहते हैं, जो कर्म या उपासनारूप साधनका अनुष्ठान कर ब्रह्मा आदि देवताओं अथवा स्वर्गको प्राप्त करना चाहता है। अतः उससे भिन्न उसका उपास्य विष्णु, ईश्वर, इन्द्र अथवा प्राण ही ब्रह्म होना चाहिये—आत्मा नहीं, क्योंकि यह बात लोक-विश्वासके विरुद्ध है। जिस प्रकार अन्य तार्किक लोग आत्माको ईश्वरसे भिन्न बतलाते हैं उसी प्रकार कर्मकाण्डी भी 'इसका यजन करो—इसका यजन करो' इस प्रकार अन्य देवताकी ही उपासना करते हैं। अतः उचित यही है कि जो उपास्य विदित है वह ब्रह्म हो और उससे भिन्न उसका उपासक हो। शिष्यके व्याज अथवा उसके वाक्यसे उसकी इस आशंकाको उपलक्षित कर कहते हैं—ऐसी शंका मत करो।

ब्रह्म वागादिसे अतीत और अनुपास्य है

यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥ ४॥

जो वाणीसे प्रकाशित नहीं है, किन्तु जिससे वाणी प्रकाशित होती है उसीको तू ब्रह्म जान, जिस इस [देशकालावच्छिन्न वस्तु]-की लोक उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है॥ ४॥

पद-भाष्य

यच्चैतन्यमात्रसत्ताकम्, वाचा वागिति जिह्वामूलादिष्वष्टसु स्थानेषु विषक्तमाग्नेयं वर्णानाम् अभिव्यञ्जकं करणं वर्णाश्चार्थसङ्केतपरिच्छिन्ना एतावन्त एवं क्रमप्रयुक्ता इति; एवं तदभिव्यङ्ग्यः शब्दः पदं वागिति उच्यते; 'अकारो वै सर्वा वाक्सैषा

जो चैतन्य सत्तास्वरूप ब्रह्म वाणीसे [अप्रकाशित है]—जिह्वामूल आदि आठ स्थानोंमें[1] आश्रित तथा अग्निदेवतासे अधिष्ठित वर्णोंको अभिव्यक्त करनेवाली इन्द्रिय एवं अर्थ-संकेतसे परिच्छिन्न और इतने तथा इस क्रमसे[2] प्रयुक्त होनेवाले हैं, ऐसे नियमवाले वर्ण 'वाक्' कहे जाते हैं। तथा उनसे अभिव्यक्त होनेवाला शब्द भी 'पद' या 'वाक्' कहा

वाक्य-भाष्य

यद्वाचा इति मन्त्रानुवादो दृढप्रतीतेः। अन्यदेव तद्विदितादिति योऽयमागमार्थो ब्राह्मणोक्तोऽस्यैव द्रढिम्ने मन्त्रा यद्वाचेत्यादयः पठ्यन्ते।

यद्ब्रह्मवाचा शब्देनानभ्युदितम्

'यद्वाचा' इत्यादि मन्त्रोंका उल्लेख आत्मतत्त्वकी दृढ़ प्रतीतिके लिये किया गया है। 'वह विदितसे भिन्न है' ऐसा जो शास्त्रका तात्पर्य इस ब्राह्मण-ग्रन्थने ऊपर कहा है उसकी पुष्टिके लिये ही ये 'यद्वाचा' इत्यादि मन्त्र पढ़े जाते हैं।

जो ब्रह्म वाणीसे अर्थात् शब्दसे अनभ्युदित—

१-जिह्वामूल, हृदय, कण्ठ, मूर्धा, दन्त, नासिका, ओष्ठ और तालु।

२-यह मीमांसकोंका मत है, जैसे 'गौः' यह पद गकार, औकार तथा विसर्ग—इस क्रमविशेषसे अवच्छिन्न वर्णरूप ही है।

पद-भाष्य

स्पर्शान्तःस्थोष्मभिर्व्यज्यमाना बह्वी नानारूप भवति' (ऐ० आ० २। ३। ७। १३) इति श्रुतेः। मितममितं स्वरः सत्यानृते एष विकारो यस्यास्तया वाचा पदत्वेन परिच्छिन्नया करणगुणवत्या— अनभ्युदितम् अप्रकाशितमनभ्युक्तम्।

जाता है। श्रुति कहती है—'अकार[1] ही सम्पूर्ण वाक् है और यह वाक् ही अपने स्पर्श[2], अन्तःस्थ[3] और ऊष्म[4] आदि भेदोंसे अभिव्यक्त होकर अनेक रूपवाली हो जाती है।' इस प्रकार मित[5] अमित[6] स्वर[7] एवं सत्य और मिथ्या— ये जिसके विकार हैं उस पदरूपसे परिच्छिन्न एवं वागिन्द्रियरूप गुणवाली वाणीसे जो अनभ्युदित—अप्रकाशित अर्थात् नहीं कहा गया है—

वाक्य-भाष्य

अनभ्युक्तमप्रकाशितमित्येतत्, येन वागभ्युद्यत इति वाक्प्रकाश-हेतुत्वोक्तिः। येन प्रकाश्यत इति वाचोऽभिधानस्याभिधेयप्रकाश-कत्वस्य हेतुत्वमुच्यते ब्रह्मणः।

उक्तं च केनेषितां वाचमिमां वदन्ति यद्वाचो ह वाचमिति। तदेव ब्रह्म त्वं विद्धीत्यविषयत्वेन

अनुक्त अर्थात् अप्रकाशित है। और जिससे वाणी अभ्युदित होती है—ऐसा कहकर उसे वाणीके प्रकाशका हेतु बतलाया है। 'जिससे वाणी प्रकाशित होती है' ऐसा कहकर वाणीके अभिधान (उच्चारण)-के अभिधेय (वाच्य)-को प्रकाशित करनेमें ब्रह्मको हेतु बतलाया है [अर्थात् यह दिखलाया है कि वाणीमें जो अर्थको अभिव्यंजित करनेका सामर्थ्य है वह ब्रह्मका ही है]।

ऊपर 'लोग किसकी प्रेरणासे इस वाणीको बोलते हैं' इस प्रश्नके उत्तरमें 'जो वाणीकी वाणी है' इत्यादि कहा भी जा चुका है। 'तू उसीको ब्रह्म

१-अकारप्रधान ॐकारसे उपलक्षित स्फोट नामक चिच्छक्ति।

२-क से म तक सभी वर्ण। ३- य र ल व। ४- श ष स ह। ५- जिनके पादका अन्त नियत अक्षरोंवाला है उन वाक्योंको मित (ऋग्वेद) कहते हैं। ६- जिनके पादका अन्त नियत अक्षरोंवाला नहीं है उन वाक्योंको अमित (यजुर्वेद) कहते हैं। ७- गायन-प्रधान सामवेद 'स्वर' कहलाता है।

पद-भाष्य

येन ब्रह्मणा विवक्षितेऽर्थे-सकरणा वाग् अभ्युद्यते चैतन्य-ज्योतिषा प्रकाश्यते प्रयुज्यत इत्येतद्यद्वाचो ह वागित्युक्तम्, 'वदन्वाक्' (बृ० उ० १। ४। ७) 'यो वाचमन्तरो यम-यति' (बृ० उ० ३। ७। १७) इत्यादि च वाजसनेयके। 'या वाक् पुरुषेषु सा घोषेषु प्रतिष्ठिता कश्चित्तां वेद ब्राह्मणः' इति प्रश्नमुत्पाद्य प्रतिवचनमुक्तम् 'सा वाग्यया स्वप्ने भाषते' इति। सा हि वक्तुर्वक्तिर्नित्या वाक् चैतन्यज्योतिःस्वरूपा, 'न हि वक्तुर्वक्तेर्विपरिलोपो विद्यते' (बृ० उ० ४। ३। २६) इति श्रुतेः।

बल्कि जिस ब्रह्मके द्वारा वागिन्द्रियसहित वाणी विवक्षित अर्थमें बोली जाती अर्थात् अपने चैतन्य-ज्योतिःस्वरूपसे प्रकाशित यानी प्रयुक्त की जाती है, जो 'वाणीकी वाणी है' इस प्रकार बतलाया गया है [जिसके विषयमें] बृहदारण्यकोपनिषद्में 'बोलनेके कारण वाणी है' 'जो भीतरसे वाणीका नियमन करता है' इत्यादि कहा है, तथा 'चेतन प्राणियोंमें जो वाणी (वाक्-शक्ति) है वह घोषों (वर्णों)-में स्थित है, उसे कोई ब्रह्मवेत्ता ही जानता है' इस प्रकार प्रश्न उठाकर यह उत्तर दिया है कि 'जिसके द्वारा जीव स्वप्नमें बोलता है वह वाक् है' वक्ताकी वह नित्य वाचन-शक्ति ही चैतन्य-ज्योतिःस्वरूपा वाक् है जैसा कि 'वक्ताकी वाचन-शक्तिका लोप कभी नहीं होता' इस श्रुतिसे सिद्ध होता है।

वाक्य-भाष्य

ब्रह्मण आत्मन्यवस्थापनार्थ आम्नायः। यद्वाचानभ्युदितं वाक्प्रकाशननिमित्तं चेति ब्रह्मणोऽविषयत्वेन वस्त्वन्तरजिघृक्षां

जान' यह आगम ब्रह्मको अविषयरूपसे बुद्धिमें बिठानेके लिये है। 'जो वाणीसे प्रकट नहीं होता, बल्कि वाणीके प्रकाशित होनेका हेतु है' इस कथनसे ब्रह्मका अविषयत्व सिद्ध करता हुआ शास्त्र पुरुषको अन्य वस्तुके ग्रहण करनेकी इच्छासे

पद-भाष्य

तदेव आत्मस्वरूपं ब्रह्म निरतिशयं भूमाख्यं बृहत्त्वाद् ब्रह्मेति विद्धि विजानीहि त्वम्। यैर्वागाद्युपाधिभिर्वाचो ह वाक् चक्षुषश्चक्षुः श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनः कर्ता भोक्ता विज्ञाता नियन्ता प्रशासिता विज्ञानमानन्दं ब्रह्म इत्येवमादयः संव्यवहारा असंव्यवहारे निर्विशेषे परे साम्ये ब्रह्मणि प्रवर्तन्ते, तान्व्युदस्य आत्मानमेव निर्विशेषं ब्रह्म विद्धीति एवशब्दार्थः। नेदं ब्रह्म यदिदम् इत्युपाधिभेद-विशिष्टमनात्मेश्वरादि उपासते ध्यायन्ति। तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि

उस आत्मस्वरूपको ही तू बृहत् होनेके कारण 'ब्रह्म' यानी भूमासंज्ञक सर्वोत्कृष्ट ब्रह्म जान। जिन वाक् आदि उपाधियोंके कारण, वाणीकी वाणी, चक्षुका चक्षु, श्रोत्रका श्रोत्र, मनका मन, कर्ता, भोक्ता, विज्ञाता, नियन्ता, शासनकर्ता तथा ब्रह्म विज्ञान और आनन्दस्वरूप है—इत्यादि प्रकारके व्यवहार उस अव्यवहार्य निर्विशेष सर्वोत्कृष्ट समस्वरूप ब्रह्ममें प्रवृत्त होते हैं, उन सब उपाधियोंका बाध कर अपने निर्विशेष आत्माको ही ब्रह्म जान—यही 'एव' शब्दका अर्थ है। जिस इस उपाधिविशिष्ट अनात्मा ईश्वरादिकी उपासना—ध्यान करते हैं यह ब्रह्म नहीं है। 'उसीको तू ब्रह्म जान' इतना कह देनेपर भी [अनात्मवस्तुमें ब्रह्मभावनाका

वाक्य-भाष्य

निवर्त्य स्वात्मन्येवावस्थापयति आम्नायस्तदेव ब्रह्म त्वं विद्धीति यत्नत उपरमयति। नेदमित्युपास्य-प्रतिषेधाच्च॥ ४॥

निवृत्त करके अपने आत्मस्वरूपमें ही जोड़ता है और 'उसीको तू ब्रह्म जान' इस वाक्यद्वारा वह उसे अन्य प्रयत्नसे उपरत करता है तथा 'नेदं यदिदमुपासते' इस कथनसे भी ब्रह्मका उपास्यत्व निषेध करनेके कारण [वह अन्य सब ओरसे उसे निवृत्त करता है]॥ ४॥

पद-भाष्य

इत्युक्तेऽपि नेदं ब्रह्म इत्यनात्मनोऽब्रह्मत्वं पुनरुच्यते नियमार्थम् अन्यब्रह्मबुद्धिपरिसंख्यानार्थं वा॥ ४॥

निषेध हो ही जाता] पुनः 'यह ब्रह्म नहीं है' इस वाक्यके द्वारा जो अनात्माका अब्रह्मत्व प्रतिपादन किया है वह आत्मामें ही ब्रह्म-बुद्धिका नियमन करनेके लिये अथवा अन्य उपास्य देवताओंमें ब्रह्मबुद्धिकी निवृत्ति करनेके लिये है॥ ४॥

यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम्।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥ ५॥

जो मनसे मनन नहीं किया जाता, बल्कि जिससे मन मनन किया हुआ कहा जाता है उसीको तू ब्रह्म जान। जिस इस [देशकालावच्छिन्न वस्तु]-की लोक उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है॥ ५॥

पद-भाष्य

यन्मनसा न मनुते; मन इत्यन्तःकरणं बुद्धिमनसोरेकत्वेन गृह्यते। मनुतेऽनेनेति मनः सर्वकरणसाधारणम्, सर्वविषयव्यापकत्वात्। "कामः सङ्कल्पो विचिकित्सा श्रद्धाश्रद्धाधृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव" (बृ० उ० १। ५। ३)

जिसका मनके द्वारा मनन नहीं किया जाता; मन और बुद्धिके एकत्वरूपसे यहाँ मन शब्दसे अन्तःकरणका ग्रहण किया जाता है। जिसके द्वारा मनन करते हैं उसे मन कहते हैं; वह समस्त इन्द्रियोंके विषयोंमें व्यापक होनेके कारण, सम्पूर्ण इन्द्रियोंके लिये समान है। 'काम, संकल्प, संशय, श्रद्धा, अश्रद्धा, धैर्य, अधैर्य, लज्जा, बुद्धि और भय—ये सब मन ही हैं।'

वाक्य-भाष्य

यन्मनसा इत्यादि समानम्।

'यन्मनसा' इत्यादि श्रुतियोंका तात्पर्य समान ही है।

पद-भाष्य

इति श्रुतेः कामादिवृत्तिमन्मनः। तेन मनसा यत् चैतन्यज्योतिर्मनसोऽवभासकं न मनुते न सङ्कल्पयति नापि निश्चिनोति लोकः, मनसोऽवभासकत्वेन नियन्तृत्वात्। सर्वविषयं प्रति प्रत्यगेवेति स्वात्मनि न प्रवर्ततेऽन्तःकरणम्। अन्तःस्थेन हि चैतन्यज्योतिषावभासितस्य मनसो मननसामर्थ्यम्; तेन सवृत्तिकं मनो येन ब्रह्मणा मतं विषयीकृतं व्याप्तम् आहुः कथयन्ति ब्रह्मविदः। तस्मात् तदेव मनस आत्मानं प्रत्यक्चेतयितारं ब्रह्म विद्धि। नेदमित्यादि पूर्ववत्॥ ५॥

इस श्रुतिके अनुसार मन कामादि वृत्तियोंवाला है। उस मनके द्वारा यह लोक जिस मनके प्रकाशक चैतन्य-ज्योतिका मनन—संकल्प अथवा निश्चय नहीं कर सकता, क्योंकि मनका प्रकाशक होनेके कारण वह तो उसका नियामक है। आत्मा सब विषयोंके प्रति प्रत्यक्‌रूप (आन्तरिक) ही है; अतः उसमें मन प्रवृत्त नहीं हो सकता। अपने भीतर स्थित चैतन्यज्योतिसे प्रकाशित हुए मनमें ही मनन करनेका सामर्थ्य है। उसके द्वारा वृत्तियुक्त हुए मनको ब्रह्मवेत्ता लोग जिस ब्रह्मके द्वारा मत—विषयीकृत अर्थात् व्याप्त बतलाते हैं; उस मनके प्रत्यक्चेतयिता आत्माको ही तू ब्रह्म जान। 'नेदं·····' इत्यादि वाक्यकी व्याख्या पूर्ववत् समझनी चाहिये॥ ५॥

वाक्य-भाष्य

मनो मतमिति येन ब्रह्मणा मनोऽपि विषयीकृतं नित्यविज्ञानस्वरूपेण इत्येतत्। सर्वकरणानामविषयम्,

'मन मनन' किया जाता है' अर्थात् जिस नित्य विज्ञानस्वरूप ब्रह्मद्वारा मन भी विषय किया जाता है। जो सब इन्द्रियोंका

यच्चक्षुषा न पश्यति येन चक्षूꣳषि पश्यति।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥ ६॥

जिसे कोई नेत्रसे नहीं देखता बल्कि जिसकी सहायतासे नेत्र [अपने विषयोंको] देखते हैं उसीको तू ब्रह्म जान। जिस इस [देशकालावच्छिन्न वस्तु]-की लोक उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है॥ ६॥

पद-भाष्य

यत् चक्षुषा न पश्यति न विषयीकरोति अन्तःकरणवृत्तिसंयुक्तेन लोकः, येन चक्षूंषि अन्तःकरणवृत्तिभेदभिन्नाश्चक्षुर्वृत्तीः पश्यति चैतन्यात्मज्योतिषा विषयीकरोति व्याप्नोति। तदेवेत्यादि पूर्ववत्॥ ६॥

लोक जिसे अन्तःकरणकी वृत्तिसे युक्त नेत्रद्वारा नहीं देखता अर्थात् विषय नहीं करता, किन्तु जिस चैतन्यात्मज्योतिके द्वारा चक्षुओं अर्थात् अन्तःकरणकी वृत्तियोंके भेदसे विभिन्न हुई—नेत्रेन्द्रियकी वृत्तियोंको देखता—विषय करता यानी व्याप्त करता है उसीको तु ब्रह्म जान इत्यादि पूर्ववत् समझना चाहिये॥ ६॥

यच्छ्रोत्रेण न शृणोति येन श्रोत्रमिदꣳ श्रुतम्।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥ ७॥

जिसे कोई कानसे नहीं सुनता बल्कि जिससे यह श्रोत्रेन्द्रिय सुनी जाती है उसीको तू ब्रह्म जान। जिस इस [देशकालावच्छिन्न वस्तु]-की लोक उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है॥ ७॥

पद-भाष्य

यत् श्रोत्रेण न शृणोति दिग्देवताधिष्ठितेन आकाशकार्येण मनोवृत्तिसंयुक्तेन न

लोक जिसे मनोवृत्तिसे युक्त आकाशके कार्यभूत तथा दिशा-रूप देवतासे अधिष्ठित श्रोत्रेन्द्रियद्वारा नहीं सुन सकता अर्थात् जिसे

वाक्य-भाष्य

तानि च सव्यापाराणि सविषयाणि नित्यविज्ञानस्वरूपावभासतया

अविषय है और नित्य विज्ञानस्वरूपसे अवभासित होनेके कारण जिससे वे

पद-भाष्य

विषयीकरोति लोकः, येन श्रोत्रम् इदं श्रुतं यत्प्रसिद्धं चैतन्यात्म-ज्योतिषा विषयीकृतं तदेव इत्यादि पूर्ववत्॥ ७॥

श्रोत्रसे विषय नहीं कर सकता, बल्कि जिस चैतन्यात्मज्योतिद्वारा यह प्रसिद्ध श्रोत्र सुना यानी विषय किया जाता है वही [ब्रह्म है] इत्यादि पूर्ववत् समझना चाहिये॥ ७॥

यत्प्राणेन न प्राणिति येन प्राणः प्रणीयते।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥ ८॥

जो नासिकारन्ध्रस्थ प्राणके द्वारा विषय नहीं किया जाता, बल्कि जिससे प्राण अपने विषयोंकी ओर जाता है उसीको तू ब्रह्म जान। जिस इस [देशकालावच्छिन्न वस्तु]-की लोक उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है॥ ८॥

पद-भाष्य

यत् प्राणेन घ्राणेन पार्थिवेन नासिकापुटान्तरवस्थितेनान्तः-करणप्राणवृत्तिभ्यां सहितेन यन्न प्राणिति गन्धवन्न विषयीकरोति, येन चैतन्यात्मज्योतिषावभास्य-

अन्तःकरणकी और प्राणकी वृत्तियोंके सहित नासिकारन्ध्रमें स्थित एवं पृथिवीके कार्यभूत प्राण यानी घ्राणके द्वारा जो प्राणन अर्थात् गन्धयुक्त वस्तुओंको विषय नहीं करता, बल्कि जिस चैतन्यात्मज्योतिसे प्रकाश्यरूपसे प्राण अपने विषयकी

वाक्य-भाष्य

येनावभास्यन्त इति श्लोकार्थः। 'क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति' (गीता १३। ३३) इति स्मृतेः। 'तस्य भासा' (मु० उ० २। २। १०) इति

सभी इन्द्रियाँ अपने व्यापार और विषयोंके सहित अवभासित होती हैं— यह इन मन्त्रोंका तात्पर्य है। 'तथा क्षेत्रज्ञ सम्पूर्ण क्षेत्रको प्रकाशित करता है' इस स्मृतिसे और 'उसीके तेजसे' [यह सब प्रकाशित है] इस

पद-भाष्य

त्वेन स्वविषयं प्रति प्राणः प्रणीयते तदेवेत्यादि सर्वं समानम् ॥ ८ ॥

ओर प्रवृत्त किया जाता है वही ब्रह्म है इत्यादि शेष सब अर्थ पहलेहीके समान है ॥ ८ ॥

इति प्रथमः खण्डः ॥ १ ॥

वाक्य-भाष्य

चाथर्वणे। 'येन प्राण' इति क्रियाशक्तिरप्यात्मविज्ञाननिमित्ते- त्येतत् ॥ ५—८ ॥

आथर्वणी श्रुतिसे भी यही प्रमाणित होता है। 'येन प्राणः' इस श्रुतिका यह तात्पर्य है कि क्रियाशक्ति भी आत्मविज्ञानके कारण ही प्रवृत्त होती है ॥ ५—८ ॥

इति प्रथमः खण्डः ॥ १ ॥

द्वितीय खण्ड

ब्रह्मज्ञानकी अनिर्वचनीयता

पद-भाष्य

एवं हेयोपादेयविपरीतस्त्व- मात्मा ब्रह्मेति प्रत्यायितः शिष्यो- ऽहमेव ब्रह्मेति सुष्ठु वेदाहमिति मा गृह्णीयादित्याशयादाहाचार्यः शिष्यबुद्धिविचालनार्थम्— यदीत्यादि।

इस प्रकार हेयोपादेयसे विपरीत तू आत्मा ही ब्रह्म है—ऐसी प्रतीति कराया हुआ शिष्य यह न समझ बैठे कि 'ब्रह्म मैं ही हूँ, ऐसा मैं उसे अच्छी तरह जानता हूँ' इस अभिप्रायसे उसकी बुद्धिको [इस निश्चयसे] विचलित करनेके लिये आचार्यने 'यदि मन्यसे' इत्यादि कहा।

पद-भाष्य

नन्विष्टैव सु वेदाहम् इति निश्चिता प्रतिपत्तिः।

सत्यम्, इष्टा निश्चिता प्रतिपत्तिः; न हि सु वेदाहमिति। यद्धि वेद्यं वस्तु विषयीभवति, तत्सुष्ठु वेदितुं शक्यम्, दाह्यमिव दग्धुम् अग्नेर्दग्धुर्न त्वग्नेः स्वरूपमेव। सर्वस्य हि वेदितुः स्वात्मा ब्रह्मेति सर्ववेदान्तानां सुनिश्चितोऽर्थः। इह च तदेव प्रतिपादितं प्रश्न-प्रतिवचनोक्त्या 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्याद्यया। 'यद्वाचानभ्युदितम्' इति च विशेषतोऽवधारितम्। ब्रह्मवित्सम्प्रदायनिश्चयश्चोक्तः 'अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि' इति। उपन्यस्तमुप-संहरिष्यति च 'अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्'

पूर्व०—मैं उसे अच्छी तरह जानता हूँ—ऐसा निश्चित ज्ञान तो इष्ट ही है।

सिद्धान्ती—ठीक है, निश्चित ज्ञान तो अवश्य इष्ट ही है, परन्तु 'मैं उसे अच्छी तरह जानता हूँ' ऐसा कथन इष्ट नहीं है। जो वेद्य वस्तु वेत्ताकी विषय होती है वही अच्छी तरह जानी जा सकती है; जिस प्रकार दहन करनेवाले अग्निके दाहका विषय दाह्य पदार्थ ही हो सकता है उसका स्वरूप नहीं हो सकता। 'ब्रह्म सभी ज्ञाताओंका आत्मा (अपना-आप) ही है', यह समस्त वेदान्तोंका भलीभाँति निश्चय किया हुआ अर्थ है। यहाँ भी 'श्रोत्रस्य श्रोत्रम्' इत्यादि प्रश्नोत्तरोंद्वारा उसीका प्रतिपादन किया गया है। उसीको 'यद्वाचानभ्युदितम्' इस वाक्यद्वारा विशेषरूपसे निश्चय किया है। वह विदितसे अन्य है और अविदितसे भी ऊपर है' इस वाक्यद्वारा ब्रह्मवेत्ताओंके सम्प्रदायका निश्चय भी बतलाया गया है; तथा इस प्रकार उल्लेख किये हुए प्रकरणका 'अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्' इस वाक्यद्वारा

पद-भाष्य

इति। तस्माद्युक्तमेव शिष्यस्य सुवेदेति बुद्धिं निराकर्तुम्।

न हि वेदिता वेदितुर्वेदितुं शक्योऽग्निर्दग्धुरिव दग्धुमग्नेः। न चान्यो वेदिता ब्रह्मणोऽस्ति यस्य वेद्यमन्यत्स्याद्ब्रह्म। 'नान्य-दतोऽस्ति विज्ञातृ' (बृ० उ० ३। ८। ११) इत्यन्यो विज्ञाता प्रतिषिध्यते। तस्मात् सुष्ठु वेदाहं ब्रह्मेति प्रतिपत्तिर्मिथ्यैव तस्माद् युक्तमेवाहाचार्यो यदीत्यादि।

उपसंहार करेंगे। अतः 'मैं अच्छी तरह जानता हूँ' ऐसी शिष्यकी बुद्धिका निराकरण करना उचित ही है।

जिस प्रकार जलानेवाले अग्निद्वारा स्वयं अग्नि नहीं जलाया जा सकता उसी प्रकार जाननेवालेके द्वारा स्वयं जाननेवाला नहीं जाना जा सकता। ब्रह्मका जाननेवाला कोई और है भी नहीं जिसका वह उससे भिन्न ब्रह्म ज्ञेय हो सके। 'इससे भिन्न और कोई ज्ञाता नहीं है' इस श्रुतिद्वारा भी ब्रह्मसे भिन्न ज्ञाताका प्रतिषेध किया गया है। अतः 'मैं ब्रह्मको अच्छी तरह जानता हूँ' यह समझना मिथ्या ही है। इसलिये गुरुने 'यदि मन्यसे' इत्यादि ठीक ही कहा है।

वाक्य-भाष्य

यदि मन्यसे सुवेद इति शिष्यबुद्धिविचालना गृहीतस्थिरतायै। विदिताविदिताभ्यां निवर्त्य बुद्धिं शिष्यस्य स्वात्मन्यवस्थाप्य तदेव ब्रह्म त्वं विद्धीति स्वाराज्येऽभिषिच्य उपास्यप्रतिषेधेनाथास्य बुद्धिं विचालयति।

'यदि मन्यसे सुवेद' इत्यादि वाक्यसे जो शिष्यकी बुद्धिको विचलित करना है वह उसके ग्रहण किये हुए अर्थको स्थिर करनेके लिये ही है। शिष्यकी बुद्धिको ज्ञात और अज्ञात वस्तुओंसे हटाकर 'तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि' (उसीको तू ब्रह्म जान) इस कथनसे अपने आत्मस्वरूपमें स्थिर कर तथा उपास्यके प्रतिषेधद्वारा उसे स्वराज्यपर अभिषिक्त कर अब उसकी बुद्धिको विचलित करते हैं।

यदि मन्यसे सुवेदेति* दहरमेवापि नूनम्। त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपं यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमाꣳस्यमेव ते मन्ये विदितम्॥ १॥

यदि तू ऐसा मानता है कि 'मैं अच्छी तरह जानता हूँ' तो निश्चय ही तू ब्रह्मका थोड़ा-सा ही रूप जानता है। इसका जो रूप तू जानता है और इसका जो रूप देवताओंमें विदित है [वह भी अल्प ही है] अतः तेरे लिये ब्रह्म विचारणीय ही है। [तब शिष्यने एकान्त देशमें विचार करनेके अनन्तर कहा—] 'मैं ब्रह्मको जान गया—ऐसा समझता हूँ'॥ १॥

पद-भाष्य

यदि कदाचिद् मन्यसे सुवेदेति सुष्ठु वेदाहं ब्रह्मेति। कदाचिद्यथाश्रुतं दुर्विज्ञेयमपि क्षीणदोषः सुमेधाः कश्चित्प्रतिपद्यते कश्चिन्नेति साशङ्कमाह यदीत्यादि। दृष्टं च 'य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यत एष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्म'

यदि कदाचित् तू ऐसा मानता हो कि मैं ब्रह्मको अच्छी तरह जानता हूँ जिसके दोष क्षीण हो गये हैं ऐसा कोई बुद्धिमान् पुरुष कभी सुने हुएके अनुसार दुर्विज्ञेय विषयको भी समझ लेता है और कोई नहीं भी समझता—इस आशयसे ही [गुरुने] 'यदि मन्यसे' इत्यादि शंकायुक्त वाक्य कहा है। ऐसा देखा भी गया है कि 'यह जो नेत्रोंके भीतर पुरुष दिखायी देता है यही आत्मा है, यही अमृत है, यही अभयपद है और यही ब्रह्म है—ऐसा [ब्रह्माने] कहा'

वाक्य-भाष्य

यदि मन्यसे सुवेद अहं ब्रह्मेति त्वं ततोऽल्पमेव ब्रह्मणो

यदि तू यह मानता है कि मैं ब्रह्मको अच्छी तरह जानता हूँ तो तू निश्चय

* 'दभ्रमेव' ऐसा भी पाठ है।

पद-भाष्य

(छा० उ० ८। ७। ४) इत्युक्ते प्राजापत्यः पण्डितोऽप्यसुरराड् विरोचनः स्वभावदोषवशादनुपपद्यमानमपि विपरीतमर्थं शरीरमात्मेति। प्रतिपन्नः। तथेन्द्रो देवराट् सकृद्द्विस्त्रिरुक्तं चाप्रतिपद्यमानः स्वभावदोषक्षयमपेक्ष्य चतुर्थे पर्याये प्रथमोक्तमेव ब्रह्म प्रतिपन्नवान्। लोकेऽपि एकस्माद् गुरोः शृण्वतां कश्चिद्यथावत्प्रतिपद्यते कश्चिद्यथावत् कश्चिद्विपरीतं कश्चिन्न प्रतिपद्यते। किमु

इस प्रकार ब्रह्माजीके कहनेपर प्रजापतिकी सन्तान और पण्डित होनेपर भी असुरराज विरोचनने अपने स्वभावके दोषसे, किसी प्रकार सिद्ध न होनेपर भी शरीर ही आत्मा है, ऐसा विपरीत अर्थ समझ लिया। तथा देवराज इन्द्रने भी एक, दो तथा तीन बार कहनेपर भी इसका भाव न समझकर अपने स्वभावका दोष क्षीण हो जानेके अनन्तर चौथी बार कहनेपर पहली ही बार कहे हुए ब्रह्मका ज्ञान प्राप्त किया। लोकमें भी एक ही गुरुसे श्रवण करनेवालोंमें कोई तो ठीक-ठीक समझ लेता है, कोई ठीक नहीं समझता है, कोई उलटा समझ बैठता है और कोई समझता ही नहीं। फिर यदि

वाक्य-भाष्य

रूपं वेत्थ त्वमिति नूनं निश्चितं मन्यत इत्याचार्यः। सा पुनर्विचालना किमर्थेत्युच्यते—पूर्वगृहीतवस्तुनि बुद्धेः स्थिरतायै।

ही ब्रह्मके रूपको बहुत कम जानता है—ऐसा आचार्य समझते हैं। परन्तु आचार्य जो शिष्यकी बुद्धिको विचलित करते हैं वह किसलिये है—इसपर कहते हैं कि [उनका यह कार्य] शिष्यद्वारा पहले ग्रहण किये हुए अर्थमें बुद्धिकी स्थिरताके लिये है।

पद-भाष्य

वक्तव्यमतीन्द्रियमात्मतत्त्वम्? अत्र हि विप्रतिपन्नाः सदसद्वादिनस्तार्किकाः सर्वे। तस्माद्विदितं ब्रह्मेति सुनिश्चितोक्तमपि विषमप्रतिपत्तित्वाद् यदि मन्यसे इत्यादि साशङ्कं वचनं युक्तमेव आचार्यस्य। दहरम् अल्पमेवापि नूनं त्वं वेत्थ जानीषे ब्रह्मणो रूपम्।

किमनेकानि ब्रह्मणो रूपाणि महान्त्यर्भकाणि च, येनाह दहरमेवेत्यादि?

अतीन्द्रिय आत्मतत्त्वको न समझ सकें तो इसमें कहना ही क्या है? इसके सम्बन्धमें तो समस्त सद्वादी और असद्वादी तार्किक भी उलटा ही समझे हुए हैं। अतः 'ब्रह्मको जान लिया' यह कथन सुनिश्चित होनेपर भी विषम प्रतिपत्ति (ज्ञान) होनेके कारण आचार्यका 'यदि मन्यसे सुवेद' इत्यादि शंकायुक्त कथन उचित ही है। [अतः आचार्य कहते हैं यदि तू 'ब्रह्मको मैंने जान लिया है' ऐसा मानता है तो] निश्चय ही तू ब्रह्मके अल्प रूपको ही जानता है।

पूर्व०—क्या ब्रह्मके बड़े और छोटे अनेकों रूप हैं, जिससे कि गुरु 'तू ब्रह्मके अल्प रूपको ही जानता है' ऐसा कह रहे हैं।

वाक्य-भाष्य

देवेष्वपि सुवेदाहमिति मन्यते यः सोऽप्यस्य ब्रह्मणो रूपं दहरमेव वेत्ति नूनम्। कस्मात्? अविषयत्वात्कस्यचिद्ब्रह्मणः।

[इसी उद्देश्यको लेकर आचार्य कहते हैं—] देवताओंमें भी जो कोई यह मानता है कि मैं ब्रह्मको अच्छी तरह जानता हूँ वह भी निश्चय ही उस ब्रह्मके रूपको बहुत कम जानता है। क्यों? क्योंकि ब्रह्म किसीका भी विषय नहीं है।

पद-भाष्य

बाढम्; अनेकानि हि नामरूपोपाधिकृतानि ब्रह्मणो रूपाणि, न स्वतः। स्वतस्तु 'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्' (क० उ० १।३।१५, नृसिंहोत्तर० ९, मुक्तिक० २। ७२) इति शब्दादिभिः सह रूपाणि प्रतिषिध्यन्ते।

ब्रह्मण औपाधिकभेद-निरूपणम्

ननु येनैव धर्मेण यद्रूप्यते तदेव तस्य स्वरूपमिति ब्रह्मणोऽपि येन विशेषेण निरूपणं तदेव तस्य स्वरूपं स्यात्। अत उच्यते—चैतन्यम् पृथिव्यादीनामन्यतमस्य सर्वेषां विपरिणतानां वा धर्मो न भवति, तथा श्रोत्रादीनामन्तःकरणस्य च धर्मो न भवतीति ब्रह्मणो रूपमिति ब्रह्म रूप्यते चैतन्येन। तथा चोक्तम्।

सिद्धान्ती—हाँ, नाम-रूपात्मक उपाधिके किये हुए तो ब्रह्मके अनेक रूप हैं, किन्तु स्वतः नहीं हैं। स्वतः तो 'जो अशब्द, अस्पर्श, रूपरहित, अव्यय, रसहीन, नित्य और गन्धहीन है' इस श्रुतिके अनुसार शब्दादिके सहित उसके सभी रूपोंका प्रतिषेध किया जाता है।

पूर्व०—जिस धर्मके द्वारा जिसका निरूपण किया जाता है वही उसका रूप हुआ करता है; अतः ब्रह्मका भी जिस विशेषणसे निरूपण होता है वही उसका स्वरूप होना चाहिये। अतः कहते हैं—चैतन्य पृथिवी आदिका अथवा परिणामको प्राप्त हुए अन्य समस्त पदार्थोंमेंसे किसीका धर्म नहीं है और न वह श्रोत्रादि इन्द्रिय अथवा अन्तःकरणका ही धर्म है, अतएव वह ब्रह्मका रूप है, इसीलिये

वाक्य-भाष्य

अथवाल्पमेवास्याध्यात्मिकं मनुष्येषु देवेषु च आधिदैविकमस्य ब्रह्मणो यद्रूपं तदिति सम्बन्धः। अथ न्विति हेतुमीमांसायाः। यस्माद्दहरमेव सुविदितं ब्रह्मणो रूपमन्यदेव तद्विदि-

अथवा इसका इस प्रकार सम्बन्ध लगाना चाहिये कि इस ब्रह्मका जो मनुष्योंमें आध्यात्मिक और देवताओंमें आधिदैविक रूप है वह बहुत तुच्छ ही है। 'अथ नु' ऐसा कहकर ब्रह्मके विचारमें हेतु प्रदर्शित करते हैं। क्योंकि 'ब्रह्म विदितसे पृथक् ही है'—ऐसा कहे जानेके कारण ब्रह्मका अच्छी प्रकार जाना हुआ रूप तो अल्प ही है।

पद-भाष्य

'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० उ० ३। ९। २८) 'विज्ञानघन एव' (बृ० उ० २। ४। १२) 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० उ० २। १। १) 'प्रज्ञानं ब्रह्म' (ऐ० उ० ३। १। ३) इति च ब्रह्मणो रूपं निर्दिष्टं श्रुतिषु।

सत्यमेवम्; तथापि तदन्तःकरणदेहेन्द्रियोपाधिद्वारेणैव विज्ञानादिशब्दैर्निर्दिश्यते, तदनुकारित्वाद् देहादिवृद्धिसङ्कोचोच्छेदादिषु नाशेषु च, न स्वतः। स्वतस्तु 'अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्' (के० उ० २। ३) इति स्थितं भविष्यति।

ब्रह्मका चैतन्यरूपसे निरूपण किया जाता है। ऐसा ही कहा भी है—'ब्रह्म विज्ञान और आनन्दस्वरूप है' 'वह विज्ञानघन ही है' 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्तस्वरूप है' 'प्रज्ञान ब्रह्म है' इस प्रकार श्रुतियोंमें भी ब्रह्मके रूपका निरूपण किया गया है।

सिद्धान्ती—यह ठीक है, तथापि वह अन्तःकरण, शरीर और इन्द्रियरूप उपाधिके द्वारा ही विज्ञानादि शब्दोंसे निरूपण किया जाता है, क्योंकि देहादिके वृद्धि, संकोच, उच्छेद और नाश आदिमें वह उनका अनुकरण करनेवाला है; परन्तु स्वतः वैसा नहीं है। स्वतः तो वह 'जाननेवालोंके लिये अज्ञात है और न जाननेवालोंके लिये ज्ञात है' इस प्रकार निश्चय किया जायगा।

वाक्य-भाष्य

तादित्युक्तत्वात्। सुवेदेति च मन्यसेऽतोऽल्पमेव वेत्थ त्वं ब्रह्मणो रूपं यस्मादथ नु तस्मान्मीमांस्यम् एवाद्यापि ते तव ब्रह्म विचार्यमेव यावद्विदिताविदितप्रतिषेधागमार्थानुभव इत्यर्थः।

और तू यह मानता ही है कि मैं उसे अच्छी तरह जानता हूँ। इसलिये तू ब्रह्मके अल्प स्वरूपको ही जानता है। क्योंकि ऐसी बात है, इसलिये जबतक तुझे विदित और अविदितका प्रतिषेध करनेवाले शास्त्रवचनका अनुभव न हो तबतक तो अब भी मैं तेरे लिये ब्रह्मको मीमांसा यानी विचारके योग्य ही समझता हूँ; यह इसका तात्पर्य है।

पद-भाष्य

यदस्य ब्रह्मणो रूपमिति पूर्वेण सम्बन्धः। न केवलमध्यात्मोपाधिपरिच्छिन्नस्यास्य ब्रह्मणो रूपं त्वमल्पं वेत्थ; यदप्यधिदैवतोपाधिपरिच्छिन्नस्यास्य ब्रह्मणो रूपं देवेषु वेत्थ त्वम् तदपि नूनं दहरमेव वेत्थ इति मन्येऽहम्। यदध्यात्मं यदपि देवेषु तदपि चोपाधिपरिच्छिन्नत्वाद्दहरत्वान्न निवर्तते। यत्तु विध्वस्तसर्वोपाधिविशेषं शान्तम् अनन्तमेकमद्वैतं भूमाख्यं नित्यं ब्रह्म, न तत्सुवेद्यमित्यभिप्रायः।

'यदस्य' इस पदसमूहका पूर्ववर्ती 'ब्रह्मणो रूपम्' के साथ सम्बन्ध है। तू केवल आध्यात्मिक उपाधिसे परिच्छिन्न हुए इस ब्रह्मके ही अल्प रूपको नहीं जानता बल्कि अधिदैवत उपाधिसे परिच्छिन्न हुए इस ब्रह्मके भी जिस रूपको तू देवताओंमें जानता है वह भी निश्चय तू इसके अल्प रूपको ही जानता है—ऐसा मैं मानता हूँ। इसका जो अध्यात्मरूप है और जो देवताओंमें है वह भी उपाधिपरिच्छिन्न होनेके कारण दहरत्व (अल्पत्व)-से दूर नहीं है। किन्तु जो सम्पूर्ण उपाधि और विशेषणोंसे रहित शान्त अनन्त एक अद्वितीय भूमासंज्ञक नित्य ब्रह्म है वह सुगमतासे जाननेयोग्य नहीं है—यह इसका अभिप्राय है।

वाक्य-भाष्य

मन्ये विदितमिति शिष्यस्य मीमांसानन्तरोक्तिः प्रत्ययत्रयसङ्गतेः। सम्यग्वस्तुनिश्चयाय विचालितः शिष्य आचार्येण मीमांस्यमेव त इति चोक्त एकान्ते

'मन्ये विदितम्' यह शिष्यकी मीमांसा (विचार) करनेके अनन्तरकी उक्ति है—क्योंकि ऐसा माननेपर ही तीन प्रकारकी प्रतीतियोंकी संगति होती है। सम्यक् वस्तुके निश्चयके लिये विचलित किये हुए शिष्यसे जब आचार्यने कहा कि 'तुम्हारे लिये अभी ब्रह्म विचारणीय ही है' तब शिष्यने

पद-भाष्य

यत एवम् अथ नु तस्मात् मन्ये अद्यापि मीमांस्यं विचार्यमेव ते तव ब्रह्म। एवमाचार्योक्तः शिष्य एकान्ते उपविष्टः समाहितः सन्, यथोक्तमाचार्येण आगममर्थतो विचार्य, तर्कतश्च निर्धार्य, स्वानुभवं कृत्वा, आचार्यसकाशमुपगम्य उवाच—मन्येऽहमथेदानीं विदितं ब्रह्मेति॥ १॥

क्योंकि ऐसी बात है इसलिये अभी तो मैं तेरे लिये ब्रह्मको विचारणीय ही समझता हूँ। आचार्यके ऐसा कहनेपर शिष्यने एकान्तमें बैठकर समाहित हो आचार्यके बतलाये हुए आगमको अर्थसहित विचारकर और तर्कद्वारा निश्चयकर आत्मानुभव करनेके अनन्तर आचार्यके समीप आकर कहा—मैं ऐसा मानता हूँ कि अब मुझे ब्रह्म विदित हो गया है॥ १॥

वाक्य-भाष्य

समाहितो भूत्वा विचार्य यथोक्तं सुपरिनिश्चितः सन्नाहागमाचार्यात्मानुभवप्रत्ययत्रयस्यैकविषयत्वेन सङ्गत्यर्थम्। एवं हि सुपरिनिष्ठिता विद्या सफला स्यान्न अनिश्चितेति न्यायः प्रदर्शितो भवति; मन्ये विदितमिति परिनिष्ठितनिश्चितविज्ञानप्रतिज्ञाहेतूक्तेः॥ १॥

एकान्त देशमें समाहित चित्तसे पूर्वोक्त प्रकारसे ब्रह्मको विचारनेके अनन्तर भलीभाँति निश्चय करके शास्त्र, आचार्य और अपना अनुभव—इन तीनों प्रतीतियोंकी एक ही विषयमें संगति करनेके लिये कहा [मैं ब्रह्मको ज्ञात हुआ ही मानता हूँ]। इससे यह न्याय दिखलाया गया है कि इस प्रकार खूब निश्चित किया हुआ ज्ञान ही सफल होता है—अनिश्चित नहीं, क्योंकि 'मन्ये विदितम्' इस उक्तिसे परिनिष्ठित—निश्चित विज्ञानकी प्रतिज्ञाके हेतुका ही प्रतिपादन किया गया है॥ १॥

पद-भाष्य

कथमिति, शृणु—

कैसे विदित हुआ है सो सुनिये—

अनुभूतिका उल्लेख

नाहं* मन्ये सुवेदेति नो न वेदेति वेद च।
यो नस्तद्वेद तद्वेद नो न वेदेति वेद च॥ २॥

मैं न तो यह मानता हूँ कि ब्रह्मको अच्छी तरह जान गया और न यही समझता हूँ कि उसे नहीं जानता। इसलिये मैं उसे जानता हूँ [और नहीं भी जानता]। हम शिष्योंमेंसे जो उसे 'न तो नहीं जानता हूँ और न जानता ही हूँ' इस प्रकार जानता है वही जानता है॥ २॥

पद-भाष्य

न अहं मन्ये सुवेदेति, नैवाहं मन्ये सुवेद ब्रह्मेति। नैव तर्हि विदितं त्वया ब्रह्मेत्युक्ते आह—नो न वेदेति वेद च। वेद चेति च शब्दान्न वेद च।

ननु विप्रतिषिद्धं नाहं मन्ये

मैं अच्छी तरह जानता हूँ—ऐसा नहीं मानता अर्थात् ब्रह्मको अच्छी तरह जानता हूँ—ऐसा भी मैं निश्चयपूर्वक नहीं मानता। 'तब तो तुझे ब्रह्म विदित ही नहीं हुआ'—ऐसा कहनेपर शिष्य कहता है—'मैं नहीं जानता, सो भी बात नहीं है, जानता भी हूँ।' मूलके 'वेद च' इस पदसमूहके 'च' शब्दसे 'नहीं भी जानता' ऐसा अर्थ लेना चाहिये।

गुरु—'मैं ब्रह्मको अच्छी तरह

वाक्य-भाष्य

परिनिष्ठितं सफलं विज्ञानं प्रतिजानीत आचार्यात्मनिश्चययोः तुल्यतायै यस्माद्धेतुमाह नाह मन्ये सुवेद इति।

आचार्यका और अपना निश्चय समान ही है—यह दिखलानेके लिये शिष्य अपने अच्छी प्रकार निश्चित किये हुए सफल विज्ञानकी प्रतिज्ञा करता है, क्योंकि 'नाह मन्ये सुवेद'—ऐसा कहकर वह उसका हेतु बतलाता है।

* यहाँ 'नाह' ऐसा भी पाठ है, वाक्य-भाष्य इसी पाठके अनुसार है।

पद-भाष्य

सुवेदेति, नो न वेदेति, वेद च इति। यदि न मन्यसे सुवेदेति, कथं मन्यसे वेद चेति। अथ मन्यसे वेदैवेति, कथं न मन्यसे सुवेदेति। एकं वस्तु येन ज्ञायते, तेनैव तदेव वस्तु न सुविज्ञायत इति विप्रतिषिद्धं संशयविपर्ययौ वर्जयित्वा। न च ब्रह्म संशयितत्वेन ज्ञेयं विपरीतत्वेन वेति नियन्तुं शक्यम्। संशय-

जानता हूँ—ऐसा नहीं मानता' तथा 'मैं नहीं जानता—सो भी बात नहीं है बल्कि जानता ही हूँ' ऐसा कहना तो परस्पर विरुद्ध है। यदि तू यह नहीं मानता कि 'उसे अच्छी तरह जानता हूँ' तो ऐसा कैसे समझता है कि 'उसे जानता भी हूँ' और यदि तू मानता है कि 'मैं जानता ही हूँ' तो ऐसा क्यों नहीं मानता कि 'उसे अच्छी तरह जानता हूँ'। संशययुक्त और विपरीत ज्ञानको छोड़कर एक वस्तु जिसके द्वारा जानी जाती है उसीसे वही वस्तु अच्छी तरह नहीं जानी जाती—ऐसा कहना तो ठीक नहीं है। और ऐसा भी कोई नियम नहीं बनाया जा सकता कि ब्रह्म संशययुक्त अथवा विपरीतरूपसे ही जाननेयोग्य है, क्योंकि संशय

वाक्य-भाष्य

अहेत्यवधारणार्थो निपातो नैव मन्य इत्येतत्। यावदपरिनिष्ठितं विज्ञानं तावत्सुवेद सुष्ठु वेदाहं ब्रह्मेति विपरीतो मम निश्चय आसीत्। स उपजगाम भवद्भिर्विचालितस्य;

'अह' यह निश्चयार्थक निपात है। इसका यह तात्पर्य है कि मैं [ब्रह्मको अच्छी तरह जानता हूँ] ऐसा मानता ही नहीं। जबतक मुझे ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ था तबतक ही मुझे 'मैं ब्रह्मको अच्छी तरह जानता हूँ'— ऐसा विपरीत निश्चय था। आपकें द्वारा [उस निश्चयसे] विचलित किये जानेपर अब मेरा वह निश्चय दूर हो गया,

पद-भाष्य

विपर्ययौ हि सर्वत्रानर्थकरत्वेनैव प्रसिद्धौ।

एवमाचार्येण विचाल्यमानोऽपि शिष्यो न विचचाल, 'अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि' इत्याचार्योक्तागमसम्प्रदायबलात् उपपत्त्यनुभवबलाच्च; जगर्ज च ब्रह्मविद्यायां दृढनिश्चयतां दर्शयन्नात्मनः। कथमित्युच्यते—यो यः कश्चिद् नः अस्माकं सब्रह्मचारिणां मध्ये

और विपर्यय तो सर्वत्र अनर्थकारीरूपसे ही प्रसिद्ध हैं।

आचार्यद्वारा इस प्रकार विचलित किये जानेपर भी 'वह विदितसे अन्य ही है और अविदितसे भी ऊपर है' इस आचार्यके कहे हुए शास्त्रसम्प्रदायके बलसे तथा उपपत्ति और अपने अनुभवके बलसे शिष्य विचलित न हुआ; बल्कि वह ब्रह्मविद्यामें अपनी दृढ़निश्चयता दिखलाते हुए गर्जने लगा। किस प्रकार गर्जने लगा, सो बतलाते हैं—ब्रह्मचारियोंके सहित 'हम शिष्योंमें

वाक्य-भाष्य

यथोक्तार्थमीमांसाफलभूतात् स्वात्मब्रह्मत्वनिश्चयरूपात्सम्यक्प्रत्ययाद्विरुद्धत्वात्। अतो नाह मन्ये सुवेदेति।

यस्माच्चैतन्नैव न वेद नो न वेदेति मन्य इत्यनुवर्तते; अविदितब्रह्मप्रतिषेधात्। कथं तर्हि मन्यसे इत्युक्त आह—वेद च। च शब्दाद्वेद च न वेद चेत्यभिप्रायः।

क्योंकि वह पूर्वोक्त अर्थकी मीमांसा (विचार)-के फलस्वरूप अपने आत्माके ब्रह्मत्वनिश्चयरूप सम्यक् प्रत्ययके विरुद्ध है। अतः 'मैं अच्छी तरह जानता हूँ' ऐसा तो मानता ही नहीं।

तथा उस ब्रह्मको मैं नहीं जानता—ऐसा भी नहीं मानता क्योंकि अविदित ब्रह्मका प्रतिषेध किया गया है। यहाँ 'नो न वेदेति' इस वाक्यके आगे 'मन्ये' इस क्रियापदकी अनुवृत्ति होती है। फिर यह पूछनेपर कि 'तुम किस प्रकार मानते हो?' शिष्य बोला—'वेद च'। यहाँ 'च' शब्दसे 'वेद च न वेद च' अर्थात् जानता भी हूँ और नहीं भी जानता—

पद-भाष्य

तन्मदुक्तं वचनं तत्त्वतो वेद, स तद्ब्रह्म वेद।

जो-जो मेरे कहे हुए उस वचनको तत्त्वतः जानता है—वही उस ब्रह्मको जानता है।

किं पुनस्तद्वचनमित्यत आह नो न वेदेति वेद च इति। यदेव 'अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि' इत्युक्तम्, तदेव वस्तु अनुमानानुभवाभ्यां संयोज्य निश्चितं वाक्यान्तरेण नो न वेदेति वेद च इत्यवोचत् आचार्यबुद्धिसंवादार्थं मन्दबुद्धि-

अच्छा तो वह वचन है क्या? ऐसा प्रश्न करनेपर [शिष्य] कहता है—'मैं नहीं जानता—ऐसा भी नहीं है, जानता भी हूँ।' जो बात [आचार्यने] 'वह विदितसे अन्य ही है और अविदितसे भी ऊपर है' इस वाक्यद्वारा कही थी उसी वस्तुको अपने अनुमान और अनुभवसे मिलाकर निश्चित करके आचार्यकी बुद्धिको सम्यक् प्रकारसे बतलाने और मन्दबुद्धियोंकी बुद्धिकी पहुँचसे बचानेके लिये एक दूसरे वाक्यसे

वाक्य-भाष्य

विदिताविदिताभ्यामन्यत्वाद्- ब्रह्मणः तस्मान्मया विदितं ब्रह्मेति मन्य इति वाक्यार्थः।

ऐसा अभिप्राय है। क्योंकि ब्रह्म विदित और अविदित—दोनोंसे ही भिन्न है। अतः 'ब्रह्म मुझे विदित है—यह मानता हूँ'—यही इस वाक्यका अर्थ है।

अथवा वेद चेति नित्य-विज्ञानब्रह्मस्वरूपतया नो न वेद वेदैव चाहं स्वरूपविक्रियाभावात्। विशेषविज्ञानं च पराध्यस्तं न स्वत इति परमार्थतो न च वेदेति।

अथवा 'वेद च' इसका यह अभिप्राय है कि मैं नित्यविज्ञान-ब्रह्मस्वरूप होनेके कारण 'नहीं जानता'—ऐसी बात नहीं है बल्कि जानता ही हूँ, क्योंकि अपने स्वरूपमें कोई विकार नहीं है। तथा विशेष विज्ञान भी दूसरोंका आरोपित किया हुआ ही है स्वरूपसे नहीं है—इसलिये परमार्थतः नहीं भी जानता।

पद-भाष्य

ग्रहणव्यपोहार्थं च। तथा च गर्जितमुपपन्नं भवति 'यो नस्तद्वेद तद्वेद' इति॥ २॥

'मैं नहीं जानता—ऐसा भी नहीं है जानता भी हूँ' ऐसा कहा है। ऐसा होनेपर ही 'हममेंसे जो इस [वाक्यके मर्म]-को जानता है वही जानता है' यह गर्जना उचित हो सकती है॥ २॥

शिष्याचार्यसंवादात्प्रतिनिवृत्त्य स्वेन रूपेण श्रुतिः समस्तसंवाद-निर्वृत्तमर्थमेव बोधयति—यस्या-मतमित्यादिना—

अब शिष्य और आचार्यके संवादसे निवृत्त होकर श्रुति समस्त संवादसे सम्पन्न होनेवाले अर्थको ही 'यस्यामतम्' इत्यादि अपने ही रूपसे बतलाती है—

वाक्य-भाष्य

यो नस्तद्वेद तद्वेदेति पक्षान्तर-निरासार्थमाम्नाय उक्तार्थानु-वादात्। यो नोऽस्माकं मध्ये स एव तद्ब्रह्म वेद नान्यः। उपास्य-ब्रह्मवित्त्वादतोऽन्यस्य यथाहं वेदेति। वेद चेति पक्षान्तरे ब्रह्म-वित्त्वं निरस्यते। कुतोऽयमर्थो-ऽवसीयत इत्युच्यते। उक्तानुवादा-दुक्तं ह्यनुवदति नो न वेदेति वेद चेति॥ २॥

'यो नस्तद्वेद तद्वेद' यह आगम उपर्युक्त अर्थका अनुवाद होनेके कारण इससे अन्य पक्षोंका निषेध करनेके लिये है। हममेंसे जो उस ब्रह्मको इस प्रकार विदित-अविदितसे भिन्न जानता है वही जानता है, और कोई नहीं; क्योंकि जैसा मैं जानता हूँ उससे अन्य प्रकार जाननेवाला तो उपास्य अर्थात् कार्य ब्रह्मको ही जाननेवाला है। 'वेद च' इस पदसे अन्य पक्षवालेमें ब्रह्मवित्त्वका निरास किया जाता है। किस कारण यह निष्कर्ष निकाला जाता है? सो बतलाते हैं। ऊपर कहे हुए अर्थका अनुवाद करनेके कारण; क्योंकि यहाँ 'नो न वेदेति वेद च' इस वाक्यसे पूर्वोक्तका ही अनुवाद करते हैं॥ २॥

ज्ञाता अज्ञ है और अज्ञ ज्ञानी है

यस्यामतं तस्य मतं मतं यस्य न वेद सः।
अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्॥ ३ ॥

ब्रह्म जिसको ज्ञात नहीं है उसीको ज्ञात है और जिसको ज्ञात है वह उसे नहीं जानता; क्योंकि वह जाननेवालोंका बिना जाना हुआ है और न जाननेवालोंका जाना हुआ है [क्योंकि अन्य वस्तुओंके समान दृश्य न होनेसे वह विषयरूपसे नहीं जाना जा सकता] ॥ ३ ॥

पद-भाष्य

यस्य ब्रह्मविदः अमतम् अविज्ञातम् अविदितं ब्रह्मेति मतम् अभिप्रायः निश्चयः, तस्य मतं ज्ञातं सम्यग्ब्रह्मेत्यभिप्रायः। यस्य पुनः मतं ज्ञातं विदितं मया ब्रह्मेति निश्चयः, न वेदैव सः—न ब्रह्म विजानाति सः।

जिस ब्रह्मवेत्ताका ऐसा मत—अभिप्राय अर्थात् निश्चय है कि ब्रह्म अमत—अविज्ञात यानी अविदित है उसे ब्रह्म ठीक-ठीक मत अर्थात् ज्ञात हो गया है—ऐसा इसका तात्पर्य है। और जिसे 'मुझे ब्रह्म मत—ज्ञात अर्थात् विदित हो गया है'—ऐसा निश्चय है वह जानता ही नहीं—उसे ब्रह्मका ज्ञान नहीं है।

वाक्य-भाष्य

यस्यामतम् इति श्रौतम् आख्यायिकार्थोपसंहारार्थम् । शिष्याचार्योक्तिप्रत्युक्तिलक्षणया अनुभवयुक्तिप्रधानया आख्यायिकया योऽर्थः सिद्धः स श्रौतेन वचनेनागमप्रधानेन निगमन-स्थानीयेन संक्षेपत उच्यते। यदुक्तं

'यस्यामतम्' इत्यादि श्रुति-वचन इस आख्यायिकाका उपसंहार करनेके लिये है। शिष्य और आचार्यकी उक्ति-प्रत्युक्ति ही जिसका लक्षण है ऐसी इस अनुभव और युक्तिप्रधान आख्यायिकासे जो अर्थ सिद्ध हुआ है वह सबका उपसंहार करनेवाले इस शास्त्रप्रधान श्रौतवचनसे संक्षेपमें कहा

पद-भाष्य

विद्वदविदुषोर्यथोक्तौ पक्षौ अवधारयति—अविज्ञातं विजानतामिति, अविज्ञातम् अमतम् अविदितमेव ब्रह्म विजानतां सम्यग्विदितवतामित्येतत्। विज्ञातं विदितं ब्रह्म अविजानताम्,

अब 'अविज्ञातं विजानताम्' ऐसा कहकर विद्वान् और अविद्वान्के उपर्युक्त पक्षोंका अवधारण (निश्चय) करते हैं—जाननेवालों अर्थात् भली प्रकार समझनेवालोंको वह ब्रह्म अविज्ञात—अमत यानी अविदित (अज्ञेय) ही है; तात्पर्य

वाक्य-भाष्य

विदितादन्यद्वागादीनामगोचरत्वात् मीमांसितं चानुभवोपपत्तिभ्यां ब्रह्म तत्तथैव ज्ञातव्यम्।

कस्मात्? यस्यामतं यस्य विविदिषाप्रयुक्तप्रवृत्तस्य साधकस्य अमतमविज्ञातमविदितं ब्रह्म इत्यात्मतत्त्वनिश्चयफलावसानावबोधतया विविदिषा निवृत्ता इत्यभिप्रायः; तस्य मतं ज्ञातं तेन विदितं ब्रह्म। येनाविषयत्वेन आत्मत्वेन प्रतिबुद्धमित्यर्थः। स सम्यग्दर्शी यस्य विज्ञानानन्तरमेव ब्रह्मात्मभावस्यावसितत्वात् सर्वतः कार्याभावो विपर्ययेण मिथ्याज्ञानो भवति कथम्? मतं विदितं ज्ञातं मया ब्रह्मेति यस्य

जाता है! जिसे वागादि इन्द्रियोंका अविषय होनेके कारण जाने हुए पदार्थोंसे भिन्न बतलाया था तथा अनुभव और उपपत्तिसे भी जिसकी मीमांसा की थी उस ब्रह्मको वैसा ही जानना चाहिये।

किस कारणसे? [सो बतलाते हैं—] जिज्ञासासे प्रेरित होकर प्रवृत्त हुए जिस साधकको ब्रह्म अविज्ञात—अविदित है अर्थात् आत्मतत्त्व-निश्चयरूप फलमें पर्यवसित होनेवाले ज्ञानरूपसे जिसकी जिज्ञासा निवृत्त हो गयी है उसीको वह विदित—ज्ञात है। तात्पर्य यह कि जिसने ब्रह्मको अविषयरूपसे आत्मभावसे जाना है उसीने उसे जाना है। जिसे विज्ञानकी प्राप्तिके अनन्तर ही सब ओर ब्रह्मात्मभावकी प्राप्ति हो जानेके कारण कर्तव्यका अभाव हो जाता है वही सम्यग्दर्शी है। इससे विपरीत समझनेवाला मिथ्या ज्ञानी होता है। कैसे?

पद-भाष्य

असम्यग्दर्शिनाम्, इन्द्रियमनोबुद्धिष्वेवात्मदर्शिनामित्यर्थः; न त्वत्यन्तमेवाव्युत्पन्नबुद्धीनाम्। न हि तेषां विज्ञातम् अस्माभिर्ब्रह्मेति मतिर्भवति।

यह है कि इन्द्रिय, मन और बुद्धि आदिमें आत्मभाव करनेवाले असम्यग्दर्शी अज्ञानियोंके लिये ब्रह्म विज्ञात यानी विदित (ज्ञेय) ही है।* हाँ, जिनकी बुद्धि अत्यन्त अव्युत्पन्न (अकुशल) है उनके लिये ऐसी बात नहीं है, क्योंकि उन्हें तो 'हमने ब्रह्मको जान लिया है' ऐसी

वाक्य-भाष्य

विज्ञानं स मिथ्यादर्शी विपरीतविज्ञानो विदितादन्यत्वाद्ब्रह्मणो न वेद स न विजानाति।

[सो कहते हैं—] जिसका ऐसा विज्ञान है कि ब्रह्म मुझे विदित—ज्ञात अर्थात् मालूम है वह विपरीत विज्ञानवान् मिथ्यादर्शी है, क्योंकि ब्रह्म विदितसे भिन्न है; इसलिये वह ब्रह्मको नहीं जानता—नहीं समझता।

ततश्च सिद्धमवैदिकस्य विज्ञानस्य मिथ्यात्वम्, अब्रह्मविषयतया निन्दितत्वात्तथा कपिलकणभुगादिसमयस्यापि विदितब्रह्मविषयत्वादनवस्थिततर्कजन्यत्वाद्विविदिषानिवृत्तेश्च मिथ्यात्वमिति। स्मृतेश्च 'या वेदबाह्याः स्मृतयो याश्च काश्च कुदृष्टयः। सर्वास्ता निष्फलाः

इन कारणोंसे अवैदिक विज्ञानका मिथ्यात्व सिद्ध हुआ, क्योंकि वह ब्रह्मविषयक न होनेसे निन्दित है। यही नहीं, कपिल और कणाद आदिके सिद्धान्त भी ज्ञातब्रह्मविषयक, अनवस्थिततर्कजनित और जिज्ञासाकी निवृत्ति न करनेवाले होनेसे मिथ्या ही हैं। 'जो वेदबाह्य स्मृतियाँ हैं तथा और भी जो कोई कुविचार हैं वे सभी निष्फल कहे गये हैं

* इस वाक्यका तात्पर्य यह है कि 'जिन्हें ब्रह्मके स्वरूपका यथार्थ बोध हो गया है वे तो उसे मन-बुद्धि आदिसे अग्राह्य होनेके कारण अज्ञात यानी अज्ञेय ही मानते हैं। और जो अज्ञानी हैं वे मन-बुद्धि आदिको ही आत्मा समझनेके कारण ब्रह्मका उनके साथ अभेद समझकर यह मानने लगते हैं कि हमने उसे जान लिया है।'

पद-भाष्य

इन्द्रियमनोबुद्ध्युपाधिष्वात्मदर्शिनां तु ब्रह्मोपाधिविवेकानुपलम्भात्, बुद्ध्याद्युपाधेश्च विज्ञातत्वाद् विदितं ब्रह्मेत्युपपद्यते भ्रान्तिरित्यतोऽसम्यग्-

बुद्धि ही नहीं होती। किन्तु जो लोग इन्द्रिय, मन और बुद्धि आदि उपाधियोंमें आत्मभाव करनेवाले हैं उन्हें तो, ब्रह्म और उपाधिके पार्थक्यका ज्ञान न होने तथा बुद्धि आदि उपाधिके ज्ञातरूप होनेसे 'ब्रह्म विदित है' ऐसी भ्रान्ति होनी

वाक्य-भाष्य

प्रोक्तास्तमोनिष्ठा हि ताः स्मृताः' (मनु० १२। ९५) इति विपरीतमिथ्याज्ञानयोर्नष्टत्वादिति।

और सब-के-सब अज्ञाननिष्ठ ही माने गये हैं' इस स्मृतिवाक्यसे भी विपरीत ज्ञान और मिथ्याज्ञानको नष्ट बतलाया गया है।

अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानतामिति पूर्वहेतूक्तिरनुवादस्यानर्थक्यात्। अनुवादमात्रेऽनर्थकं वचनमिति पूर्वोक्तयोर्यस्यामतमित्यादिना ज्ञानाज्ञानयोर्हेत्वर्थत्वेनेदमुच्यते।

'अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्' यह मन्त्रके पूर्वार्धमें कहे हुए अर्थका हेतु-कथन है, क्योंकि उसीका अनुवाद करना तो व्यर्थ होगा। अनुवादमात्रके लिये कोई बात कहना कुछ अर्थ नहीं रखता, इसलिये 'यस्यामतम्' इत्यादि पूर्व पदसे कहे हुए ज्ञान और अज्ञानके हेतुरूपसे ही यह कहा गया है।

अविज्ञातमविदितमात्मत्वेन अविषयतया ब्रह्म विजानतां यस्मात् तस्मात्तदेव ज्ञानम्। यत्तेषां विज्ञातं विदितं व्यक्तमेव बुद्ध्यादिविषयं ब्रह्माविजानतां विदिताविदितव्यावृत्तमात्मभूतं नित्यविज्ञानस्वरूपमात्मस्थमविक्रियममृतमजर-

क्योंकि विज्ञानियोंको ब्रह्म आत्मस्वरूप होनेके कारण इन्द्रियोंका विषय न होनेसे अविज्ञात—अविदित है, इसलिये वही ज्ञान है। और जो अज्ञानी हैं, जो ऐसा नहीं जानते कि ज्ञात और अज्ञात पदार्थोंसे रहित अपना आत्मा, नित्यविज्ञानस्वरूप, आत्मस्थ, अविक्रिय, अमृत, अजर,

पद-भाष्य

दर्शनं पूर्वपक्षत्वेनोपन्यस्यते— विज्ञातमविजानतामिति। अथवा हेत्वर्थ उत्तरार्धोऽविज्ञात- मत्यादिः ॥ ३ ॥

उचित ही है। अतः यहाँ 'विज्ञातमविजानताम्' इस वाक्यद्वारा असम्यग्दर्शनका पूर्वपक्षरूपसे उल्लेख किया गया है। अथवा 'अविज्ञातं विजानताम्' इत्यादि जो मन्त्रका उत्तरार्ध है वह* हेतु-अर्थमें है ॥ ३ ॥

पद-भाष्य

'अविज्ञातं विजानताम्' इत्यवधृतम्। यदि ब्रह्मात्यन्तम् एवाविज्ञातम्, लौकिकानां ब्रह्मविदां चाविशेषः प्राप्तः।

'ब्रह्म जाननेवालोंको अविज्ञात है' ऐसा निश्चय हुआ। इस प्रकार यदि ब्रह्म अत्यन्त अविज्ञात ही है तो लौकिक पुरुष और ब्रह्मवेत्ताओंमें कोई भेद नहीं रह जाता;

वाक्य-भाष्य

मभयमनन्यत्वादविषयमित्येवम् अविजानतां बुद्ध्यादिविषयात्मतयैव नित्यं विज्ञातं ब्रह्म। तस्माद्विदिताविदितव्यक्ताव्यक्त- धर्माध्यारोपेण कार्यकारणभावेन स्वविकल्पमयथार्थविषयत्वात्। शुक्तिकादौ रजताद्यध्यारोपण- ज्ञानवन्मिथ्याज्ञानं तेषाम् ॥ ३ ॥

अभय और अनन्यरूप होनेके कारण ब्रह्म किसी इन्द्रियका विषय नहीं है— उन्हींको ब्रह्म विज्ञात—विदित—व्यक्त अर्थात् बुद्धि आदिके विषयरूपसे ही प्रतीत होता है, उन्हें सर्वदा बुद्धि आदिके विषयरूपसे ही ब्रह्मका ज्ञान है। अतः विदित-अविदित अथवा व्यक्त-अव्यक्त आदि धर्मोंके आरोपसे [उनका जाना हुआ ब्रह्म] कार्य-कारणभाव रहनेसे सविकल्प ही है; क्योंकि वह अयथार्थविषयक है। उनका वह ज्ञान शुक्ति आदिमें आरोपित रजत आदि ज्ञानोंके समान मिथ्या ही है ॥ ३ ॥

* हेतु यों समझना चाहिये—ब्रह्म अज्ञानियोंको इसलिये ज्ञात है, क्योंकि विज्ञानियोंको वह अज्ञात है।

पद-भाष्य

'अविज्ञातं विजानताम्' इति च परस्परविरुद्धम्। कथं तु तद्ब्रह्म सम्यग्विदितं भवतीत्येवमर्थमाह—

इसके सिवा 'जाननेवालोंको अविज्ञात है' यह कथन परस्पर विरुद्ध भी है। फिर वह ब्रह्म सम्यक् प्रकारसे कैसे जाना जाता है—यही बात बतलानेके लिये कहते हैं—

विज्ञानावभासोंमें ब्रह्मकी अनुभूति

प्रतिबोधविदितं मतममृतत्वं हि विन्दते।
आत्मना विन्दते वीर्यं विद्यया विन्दतेऽमृतम्॥ ४॥

जो प्रत्येक बोध (बौद्ध प्रतीति)-में प्रत्यगात्मरूपसे जाना गया है वही ब्रह्म है—यही उसका ज्ञान है, क्योंकि उस ब्रह्मज्ञानसे अमृतत्वकी प्राप्ति होती है। अमृतत्व अपनेहीसे प्राप्त होता है, विद्यासे तो अज्ञानान्धकारको निवृत्त करनेका सामर्थ्य मिलता है॥ ४॥

पद-भाष्य

प्रतिबोधविदितं बोधं बोधं प्रति विदितम्। बोधशब्देन बौद्धाः प्रत्यया उच्यन्ते। सर्वे प्रत्यया विषयीभवन्ति यस्य स आत्मा सर्वबोधान्प्रति बुध्यते। सर्वप्रत्यय-

'प्रतिबोधविदितम्' यानी जो बोध-बोधके प्रति विदित होता है। यहाँ 'बोध' शब्दसे बुद्धिसे होनेवाली प्रतीतियों (ज्ञानों)-का कथन हुआ है। अतः समस्त प्रतीतियाँ जिसकी विषय होती हैं वह आत्मा समस्त बोधोंके समय जाना जाता है। सम्पूर्ण प्रतीतियों-

वाक्य-भाष्य

प्रतिबोधविदितं मतम् इति वीप्सा प्रत्ययानामात्मावबोधद्वारत्वात्। बोधं प्रति-

'प्रतिबोधविदितम्' यह द्विरुक्ति है, क्योंकि प्रतीतियाँ ही आत्मज्ञानकी द्वार हैं। 'बोधं प्रति

पद-भाष्य

दर्शी चिच्छक्तिस्वरूपमात्रः प्रत्ययैरेव प्रत्ययेष्वविशिष्टतया लक्ष्यते; नान्यद्द्वारमन्तरात्मनो विज्ञानाय।

का साक्षी और चिच्छक्तिस्वरूपमात्र होनेके कारण वह प्रतीतियोंद्वारा सामान्यरूपसे प्रतीतियोंमें ही लक्षित होता है। उस अन्तरात्माका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये कोई और मार्ग नहीं है।

अतः प्रत्ययप्रत्यगात्मतया प्रत्ययसाक्षितया **विदितं ब्रह्म** यदा, ब्रह्मणोऽभेद- **तदा तन्मतं** तत् प्रतिपादनम् सम्यग्दर्शनमित्यर्थः सर्वप्रत्ययदर्शित्वे चोपजननापायवर्जितदृक्स्वरूपता नित्यत्वं विशुद्धस्वरूपत्वमात्मत्वं निर्विशेषतैकत्वं च सर्वभूतेषु सिद्धं

अतः जिस समय ब्रह्मको प्रतीतियोंके अन्तःसाक्षीस्वरूपसे जाना जाता है उसी समय वह ज्ञात होता है; अर्थात् यही उसका सम्यक् ज्ञान है। सम्पूर्ण प्रतीतियोंका साक्षी होनेपर ही उसका वृद्धिक्षयशून्य साक्षित्व, नित्यत्व, विशुद्धस्वरूपत्व, आत्मत्व, निर्विशेषत्व और सम्पूर्ण भूतोंमें [अनुस्यूत] एकत्व सिद्ध

वाक्य-भाष्य

बोधं प्रतीति वीप्सा सर्वप्रत्ययव्याप्त्यर्था। बौद्धा हि सर्वे प्रत्ययाः तप्तलोहवन्नित्यविज्ञानस्वरूपात्मव्याप्तत्वाद् विज्ञानस्वरूपावभासाः; तदन्यावभासश्चात्मा तद्विलक्षणोऽग्निवदुपलभ्यत इति तेन ते द्वारीभवन्त्यात्मोपलब्धौ। तस्मात्प्रतिबोधावभासप्रत्यगात्म-

बोधं प्रति' (बोध-बोधके प्रति) यह द्विरुक्ति सम्पूर्ण प्रतीतियोंमें [ब्रह्मकी] व्याप्ति सूचित करनेके लिये है। बुद्धिजनित सम्पूर्ण प्रतीतियाँ तपे हुए लोहेके समान नित्य विज्ञानस्वरूप आत्मासे व्याप्त रहनेके कारण उस विज्ञानस्वरूपसे ही अवभासित हैं तथा उनसे पृथक् उनका अवभासक आत्मा [लोहपिण्डमें व्याप्त हुए] अग्निके समान उनसे सर्वथा विलक्षण उपलब्ध होता है। अतः वे बौद्ध प्रत्यय आत्माकी उपलब्धिमें द्वारस्वरूप हैं। इसलिये प्रत्येक बौद्ध प्रत्ययके अवभासमें जो प्रत्यगात्म-

पद-भाष्य

भवेत्; लक्षणभेदाभावाद्व्योम्न इव घटगिरिगुहादिषु। विदिताविदिताभ्यामन्यद्ब्रह्मेत्यागम-वाक्यार्थ एवं परिशुद्ध एवोपसंहृतो भवति। 'दृष्टेर्द्रष्टा श्रुतेः श्रोता मतेर्मन्ता विज्ञातेर्विज्ञाता' इति हि श्रुत्यन्तरम्।

हो सकता है, जिस प्रकार कि लक्षणोंमें भेद न होनेके कारण घट, पर्वत और गुहादिमें आकाशका अभेद है। इस प्रकार 'ब्रह्म विदित और अविदित—दोनोंहीसे भिन्न है' इस शास्त्रवचनके अर्थका ही भली प्रकार शोधन करके यहाँ उपसंहार किया गया है। इसके सिवा 'वह दृष्टिका द्रष्टा है, श्रवणका श्रोता है, मतिका मनन करनेवाला है और विज्ञातिका विज्ञाता है' ऐसी एक दूसरी श्रुति भी है। [उससे भी यही सिद्ध होता है।]

यदा पुनर्बोधक्रियाकर्तेति बोधक्रियालक्षणेन तत्कर्तारं विजानातीति बोधलक्षणेन विदितं प्रति-

जिस प्रकार, जो वृक्षकी शाखाओंको चलायमान करता है उसे वायु कहते हैं उसी प्रकार—जिस समय 'प्रतिबोधविदितम्'

वाक्य-भाष्य

तया यद्विदितं तद्ब्रह्म तदेव मतं ज्ञातं तदेव सम्यग्ज्ञानवत्प्रत्यगात्मविज्ञानम्, न विषयविज्ञानम्।

स्वरूपसे जाना जाता है वही ब्रह्म है, वही माना हुआ अर्थात् ज्ञात है तथा वही सम्यग्ज्ञानके सहित प्रत्यगात्माका ज्ञान है; विषयज्ञान सम्यग्ज्ञान नहीं है।

आत्मज्ञानममृतत्वनिमित्तम्

आत्मत्वेन प्रत्यगात्मानमैक्षदिति च काठके। 'अमृतत्वं हि विन्दते' इति हेतुवचनम्; विपर्यये मृत्युप्राप्तेः। विषयात्मविज्ञाने हि मृत्युः प्रारभत।

'प्रत्यगात्माको आत्मस्वरूपसे देखा' ऐसा कठोपनिषद्में कहा है। 'अमृतत्वं हि विन्दते' (आत्म-ज्ञानसे अमरत्व ही प्राप्त होता है) यह हेतुसूचक वाक्य है, क्योंकि इससे विपरीत ज्ञानसे मृत्युकी प्राप्ति होती है। बुद्धि आदि विषयोंमें आत्मत्व बोध होनेसे ही

पद-भाष्य

बोधविदितमिति व्याख्यायते, यथा यो वृक्षशाखाश्चालयति स वायुरिति तद्वत्; तदा बोधक्रियाशक्तिमानात्मा द्रव्यम्, न बोधस्वरूप एव। बोधस्तु जायते विनश्यति च। यदा बोधो जायते, तदा बोधक्रियया सविशेषः। यदा बोधो नश्यति, तदा नष्टबोधो द्रव्यमात्रं निर्विशेषः।

इसका ऐसा अर्थ किया जाता है कि आत्मा बोधक्रियाका कर्ता है; अतः बोधक्रियारूप लिंगसे उसके कर्ताको जानता है, इसलिये बोधरूपसे विदित होनेके कारण वह 'प्रतिबोधविदितम्' कहलाता है। उस समय—आत्मा बोधक्रियारूप शक्तिसे युक्त एक द्रव्य सिद्ध होता है, साक्षात् बोधस्वरूप ही सिद्ध नहीं होता। बोध (बुद्धिगत प्रतीति) तो उत्पन्न होता है और नष्ट भी हो जाता है। अतः जिस समय बोध उत्पन्न होता है उस समय तो वह बोधक्रियारूप विशेषणसे युक्त होता है और जब उसका नाश हो

वाक्य-भाष्य

इत्यात्मविज्ञानममृतत्वनिमित्तम् इति युक्तं हेतुवचनममृतत्वं हि विन्दत इति।

आत्मज्ञानेन किममृतत्वमुत्पाद्यते?

न।

कथं तर्हि?

आत्मना विन्दते स्वेनैव नित्यात्मस्वभावेनामृतत्वं विन्दते। नालम्बनपूर्वकम्। विन्दत इति

मृत्युका आरम्भ होता है, अतः आत्मविज्ञान अमरत्वका हेतु है; इसलिये 'अमृतत्वं हि विन्दते' यह हेतुवचन ठीक ही है।

पूर्व०—क्या आत्मज्ञानसे अमरत्व उत्पन्न किया जाता है?

सिद्धान्ती—नहीं।

पूर्व०—तब कैसे?

सिद्धान्ती—अमरत्व तो आत्मासे—अपने नित्यात्मस्वभावसे ही प्राप्त करते हैं, किसीके आश्रयसे नहीं। 'विन्दते' इससे यह समझना चाहिये कि उसकी

पद-भाष्य

तत्रैवं सति विक्रियात्मकः सावयवोऽनित्योऽशुद्ध इत्यादयो दोषा न परिहर्तुं शक्यन्ते।

जाता है तो वह निर्विशेष द्रव्यमात्र रह जाता है। ऐसा माननेसे तो वह विकारी, सावयव, अनित्य और अशुद्ध निश्चित होता है, और उसके इन दोषोंका किसी प्रकार परिहार नहीं किया जा सकता।

काणादमत-समीक्षा

यदपि काणादानाम् आत्म-मनःसंयोगजो बोध आत्मनि समवैति; अत आत्मनि बोद्धृत्वम्, न तु विक्रियात्मक आत्मा; द्रव्यमात्रस्तु भवति घट इव रागसमवायी; अस्मिन् पक्षेऽप्यचेतनं द्रव्यमात्रं ब्रह्मेति 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० उ० ३। ९। २८)

तथा वैशेषिक मतावलम्बियोंका जो मत है कि आत्मा और मनके संयोगसे उत्पन्न होनेवाला बोध आत्मामें समवाय-सम्बन्धसे रहता है, इसीसे आत्मामें बोद्धृत्व है, वस्तुतः आत्मा विकारी नहीं है, वह तो नील-पीतादि वर्णोंके समवायी घटके समान केवल द्रव्यमात्र है—सो इस पक्षमें भी ब्रह्म अचेतन द्रव्यमात्र सिद्ध होता है और 'ब्रह्म विज्ञान एवं आनन्दस्वरूप है'

वाक्य-भाष्य

आत्मविज्ञानापेक्षम्। यदि हि विद्योत्पाद्यममृतत्वं स्यादनित्यं भवेत्कर्मकार्यवत्। अतो न विद्योत्पाद्यम्।

प्राप्ति आत्मविज्ञानकी अपेक्षा रखनेवाली है। यदि अमृतत्व विद्यासे उत्पन्न किया जानेयोग्य होता तो कर्मफलके समान अनित्य हो जाता। इसलिये वह विद्यासे उत्पाद्य नहीं है।

यदि चात्मनैवामृतत्वं विन्दते किं पुनर्विद्यया क्रियत इत्युच्यते। अनात्मविज्ञानं निवर्तयन्ती सा तन्निवृत्त्या

यदि कहो कि जब अमृतत्व स्वतः ही मिल जाता है तो विद्या उसमें क्या करती है, तो इसमें हमें यह कहना है कि वह अनात्मविज्ञानको निवृत्त करती हुई उसकी निवृत्तिके द्वारा

पद-भाष्य

'प्रज्ञानं ब्रह्म' (ऐ० उ० ३ । १ । ३) इत्याद्याः श्रुतयो बाधिताः स्युः। आत्मनो निरवयवत्वेन प्रदेशाभावाद् नित्यसंयुक्तत्वाच्च मनसः स्मृत्युत्पत्तिनियमानुपपत्तिरपरिहार्या स्यात्। संसर्गधर्मित्वं चात्मनः श्रुतिस्मृतिन्यायविरुद्धं कल्पितं स्यात्। 'असङ्गो न हि सज्जते' (बृ० उ० ३ । ९ । २६) 'असक्तं सर्वभृत्' (गीता १३ । १४) इति हि श्रुतिस्मृती। न्यायश्च—गुणवद्गुणवता संसृज्यते, नातुल्यजातीयम्। अतः निर्गुणं निर्विशेषं सर्वविलक्षणं केनचिदप्यतुल्यजातीयेन संसृज्यत इत्येतद् न्यायविरुद्धं भवेत् तस्मात् नित्यालुप्तज्ञानस्वरूप-

'प्रज्ञान ब्रह्म है' इत्यादि श्रुतियाँ बाधित हो जाती हैं। निरवयव होनेके कारण आत्मामें कोई देशविशेष नहीं है; और उससे मनका नित्यसंयोग है; इस कारण उसमें स्मृतिकी उत्पत्तिके नियमकी अनुपपत्ति अनिवार्य हो जाती है तथा श्रुति, स्मृति और युक्तिसे विरुद्ध आत्माके संसर्गधर्मी होनेकी कल्पना भी होती है। 'असंग [आत्मा]-का किसीसे संग नहीं होता' 'संगरहित और सबका पालन करनेवाला है' ऐसी श्रुति और स्मृति प्रसिद्ध हैं। युक्तिसे भी जो वस्तु सगुण होती है उसीका गुणवान्‌से संसर्ग होता है; विजातीय वस्तुओंका संयोग कभी नहीं होता। अतः निर्गुण-निर्विशेष और सबसे विलक्षण आत्माका किसी भी विजातीय वस्तुसे संयोग होता है—ऐसा मानना न्यायविरुद्ध होगा। अतः नित्य अविनाशी ज्ञानस्वरूप प्रकाश-

वाक्य-भाष्य

स्वाभाविकस्यामृतत्वस्य निमित्तमिति कल्प्यते। यत आह 'वीर्यं विद्यया विन्दते।'

वीर्यं सामर्थ्यमनात्माध्यारोपमायास्वान्तध्वान्तानभिभाव्य-

स्वाभाविक अमृतत्वकी हेतु बनती है, क्योंकि [अगले वाक्यसे] 'विद्यासे [अज्ञानान्धकारको निवृत्त करनेका] सामर्थ्य प्राप्त होता है' ऐसा कहा भी है।

विद्यासे वीर्य—सामर्थ्य यानी अनात्माके अध्यारोप तथा माया और

पद-भाष्य

ज्योतिरात्मा ब्रह्मेत्ययमर्थः सर्वबोधबोद्धृत्वे आत्मनः सिध्यति, नान्यथा। तस्मात् 'प्रतिबोधविदितं मतम्' इति यथाव्याख्यात एवार्थोऽस्माभिः।

मय आत्मा ही ब्रह्म है—यह अर्थ आत्माके सम्पूर्ण बोधोंके बोद्धा होनेपर ही सिद्ध हो सकता है, और किसी प्रकार नहीं। इसलिये 'प्रतिबोधविदितम्' इसका—हमने जैसी व्याख्या की है—वही अर्थ है।

ब्रह्मणः स्वपरसंवेद्यताया औपाधिकत्वम्

यत्पुनः स्वसंवेद्यता प्रतिबोधविदितमित्यस्य वाक्यस्यार्थो वर्ण्यते, तत्र भवति सोपाधिकत्वे आत्मनो बुद्ध्युपाधिस्वरूपत्वेन भेदं परिकल्प्यात्मनात्मानं वेत्तीति संव्यवहारः — 'आत्मन्येवात्मानं पश्यति' (बृ० उ० ४। ४। २३) 'स्वयमेवात्मनात्मानं वेत्थ त्वं पुरुषोत्तम' (गीता १०। १५) इति। न तु निरुपाधिकस्यात्मन एकत्वे स्वसंवेद्यता परसंवेद्यता वा सम्भवति। संवेदनस्वरूप-

इसके सिवा 'प्रतिबोधविदितम्' इस वाक्यका जो स्वप्रकाशता अर्थ बतलाया जाता है वहाँ आत्माको सोपाधिक मानकर उसमें बुद्धि आदि उपाधिके रूपसे भेदकी कल्पनाकर आत्मासे आत्माको जानता है' ऐसा व्यवहार हुआ करता है, जैसा कि 'आत्मामें ही आत्माको देखता है' 'हे पुरुषोत्तम! तुम स्वयं अपनेसे ही अपनेको जानते हो' इत्यादि वाक्योंद्वारा कहा गया है। किन्तु निरुपाधिक आत्माके तो एक रूप होनेके कारण उसमें स्वसंवेद्यता अथवा परसंवेद्यता सम्भव ही नहीं है।

वाक्य-भाष्य

लक्षणं बलं विद्यया विन्दते। तच्च किं विशिष्टम्? अमृतमविनाशि। अविद्याजं हि वीर्यं विनाशि।

अन्तःकरणके कारण प्राप्त हुए अज्ञानसे जिसका पराभव नहीं हो सकता ऐसा बल प्राप्त होता है। वह किस विशेषणसे युक्त है? वह अमृत यानी अविनाशी है। अविद्यासे होनेवाला बल नाशवान्

पद-भाष्य

त्वात्संवेदनान्तरापेक्षा च न सम्भवति, यथा प्रकाशस्य प्रकाशान्तरापेक्षाया न सम्भवः तद्वत्।

बौद्धपक्षे स्वसंवेद्यतायां तु क्षणभङ्गुरत्वं निरात्मकत्वं च विज्ञानस्य स्यात्; 'न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात्' (बृ० उ० ४। ३। ३०) 'नित्य विभुं सर्वगतम्' (मु० उ० १। १। ६) 'सा वा एष महानज आत्माजरोऽमरोऽमृतोऽभयः' (बृ० उ० ४। ४। २५) इत्याद्याः श्रुतयो बाध्येरन्।

यत्पुनः प्रतिबोधशब्देन प्रतिबोधार्थविचारः निर्निमित्तो बोधः प्रतिबोधः यथा सुप्तस्य इत्यर्थं परिकल्पयन्ति, सकृद्विज्ञानं प्रतिबोध इत्यपरे;

जिस प्रकार प्रकाशको किसी अन्य प्रकाशकी अपेक्षा होना सम्भव नहीं है उसी प्रकार ज्ञानस्वरूप होनेके कारण उसे [अपने ज्ञानके लिये] किसी अन्य ज्ञानकी अपेक्षा नहीं है।

तथा बौद्धमतानुसार तो विज्ञानकी स्वसंवेद्यता स्वीकार करनेपर भी उसकी क्षणभंगुरता और निरात्मकता सिद्ध होने लगेगी। [ऐसा होनेपर] 'अविनाशी होनेके कारण विज्ञाताकी विज्ञातिका लोप नहीं होता' 'नित्य, विभु और सर्वगत है' 'वह यह महान् अज आत्मा अजर, अमर, अमृत और अभयरूप है' इत्यादि श्रुतियाँ बाधित हो जायँगी।

इसके सिवा जो लोग प्रति-बोधशब्दसे, जैसा कि सुषुप्त पुरुषको होता है वह निर्निमित्त बोध ही प्रतिबोध है—ऐसे अर्थकी कल्पना करते हैं अथवा जो दूसरे लोग [मुक्तिके कारणभूत] एक बार होनेवाले विज्ञानको ही प्रतिबोध

वाक्य-भाष्य

विद्ययाविद्याया बाध्यत्वात्। न तु विद्याया बाधकोऽस्तीति विद्याजममृतं वीर्यम्। अतो विद्यामृतत्वे निमित्तमात्रं भवति। 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः' इति चाथर्वणे (मु० उ० ३। २। ४)

होता है, क्योंकि अविद्या विद्यासे बाधित हो जाती है। किन्तु विद्याका बाधक और कोई नहीं है, अतः विद्याजनित वीर्य अमृत होता है। इसलिये विद्या तो अमृतत्वमें केवल निमित्तमात्र होती है। आथर्वण श्रुतिमें भी कहा है—'यह आत्मा बलहीनसे प्राप्त होनेयोग्य नहीं है?'

पद-भाष्य

निर्निमित्तः सनिमित्तः सकृद्वासकृद्वा प्रतिबोध एव हि सः। अमृतत्वम् अमरणभावं स्वात्मन्यवस्थानं मोक्षं हि यस्माद् विन्दते लभते यथोक्तात् प्रतिबोधात्प्रतिबोधविदितात्मकात्, तस्मात्प्रतिबोधविदितमेव मतमित्यभिप्रायः बोधस्य हि प्रत्यगात्मविषयत्वं च मतममृतत्वे हेतुः। न ह्यात्मनोऽनात्मत्वममृतत्वं भवति। आत्मत्वादात्मनोऽमृतत्वं निर्निमित्तमेव, एवं मर्त्यत्वमात्मनो यदविद्यया अनात्मत्वप्रतिपत्तिः।

समझते हैं—[वे कुछ भी माना करें] बिना निमित्तसे हो अथवा निमित्तसे तथा एक बार हो अथवा अनेक बार वह सब-का-सब प्रतिबोध ही है [इसका विशेष विवेचन करनेसे हमें कोई प्रयोजन नहीं है]। क्योंकि मुमुक्षुगण उपर्युक्त प्रतिबोधसे अर्थात् प्रत्येक बौद्ध प्रत्ययमें होनेवाले आत्मज्ञानसे ही अमृतत्व अमरणभाव अर्थात् अपने आत्मामें स्थित होनारूप मोक्ष प्राप्त करते हैं। अतः वह (ब्रह्म) प्रत्येक बोधमें अनुभव होनेवाला ही माना गया है—ऐसा इसका अभिप्राय है। क्योंकि बोधका प्रत्यगात्मविषयक होना ही अमरत्वमें कारण माना गया है। आत्माकी अनात्मरूपता उसके अमरत्वका कारण नहीं हो सकती। आत्माका अमरत्व उसका स्वरूपभूत होनेके कारण अहैतुक ही है। इसी प्रकार आत्माकी मृत्यु भी अविद्यावश उसमें अनात्मत्वकी उपलब्धि ही है।

वाक्य-भाष्य

लोकेऽपि विद्याजमेव बलमभिभवति न शरीरादिसामर्थ्यं यथा हस्त्यादेः।

लोकमें भी विद्याजनित बल ही दूसरे बलोंका पराभव करता है, शरीर आदिका बल नहीं; जैसे हाथी-घोड़े आदिके शारीरिक बल [मनुष्यके] विद्याजनित बलको नहीं दबा सकते।

अथवा प्रतिबोधविदितं मतमिति

अथवा 'प्रतिबोधविदितं मतम्' इस

पद-भाष्य

ज्ञानेनामृतत्व-प्राप्तिप्रकारः

कथं पुनर्यथोक्तयात्मविद्यया-मृतत्वं विन्दत इत्यत आह—आत्मना स्वेन रूपेण विन्दते लभते वीर्यं बलं सामर्थ्यम्। धनसहाय-मन्त्रौषधितपोयोगकृतं वीर्यं मृत्युं न शक्नोत्यभिभवितुम् अनित्य-वस्तुकृतत्वात्; आत्मविद्याकृतं तु वीर्यमात्मनैव विन्दते, नान्येन इत्यतोऽनन्यसाधनत्वादात्मविद्या-वीर्यस्य तदेव वीर्यं मृत्युं शक्नोत्यभिभवितुम्। यत एवमात्म-विद्याकृतं वीर्यमात्मनैव विन्दते, अतः विद्यया आत्मविषयया

तो फिर उपर्युक्त आत्मज्ञानसे किस प्रकार अमरत्व लाभ कर लेता है? इसपर कहते हैं—[मुमुक्षु पुरुष] आत्मा अर्थात् अपने स्वरूपके ज्ञानसे वीर्य—बल यानी [अमरत्व-प्राप्तिका] सामर्थ्य प्राप्त करता है। धन, सहाय, मन्त्र, ओषधि, तप और योगसे प्राप्त होनेवाला वीर्य अनित्य वस्तुका किया हुआ होनेसे मृत्युका पराभव करनेमें समर्थ नहीं है; किन्तु आत्मविद्यासे होनेवाला वीर्य तो आत्माद्वारा ही प्राप्त किया जाता है—अन्य किसीसे नहीं। इसलिये आत्मविद्याजनित वीर्य किसी अन्य साधनसे प्राप्त होनेवाला नहीं है; अतः वही वीर्य मृत्युका पराभव कर सकता है। क्योंकि [मुमुक्षु पुरुष] इस प्रकार आत्मविद्याजनित वीर्यको आत्माद्वारा

वाक्य-भाष्य

सकृदेवाशेषविपरीतनिरस्त-संस्कारेण स्वप्नप्रतिबोधवद्य-द्विदितं तदेव मतं ज्ञातं भवतीति। अथवा गुरूपदेशः प्रतिबोधस्तेन वा विदितं मतमिति। उभयत्र

वाक्यका ऐसा अर्थ समझना चाहिये कि स्वप्नसे जागे हुएके समान जिसके सम्पूर्ण विपरीत संस्कारोंका एक बार ही बोध हो गया, उसीसे जो जाना जाता है वही मत अर्थात् ज्ञात होता है। अथवा गुरुका उपदेश ही प्रतिबोध है, उससे जाना हुआ ही मत (जाना हुआ) है। सोनेसे जागा हुआ तथा गुरुद्वारा

पद-भाष्य

विन्दतेऽमृतम् अमृतत्वम्। 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः' (मु० उ० ३। २। ४) इत्याथर्वणे। अतः समर्थो हेतुः अमृतत्वं हि विन्दत इति॥ ४॥

ही प्राप्त करता है, इसलिये आत्म-सम्बन्धिनी विद्यासे ही अमरत्व प्राप्त करता है। अथर्ववेदीय (मुण्डक) उपनिषद्में कहा है—'यह आत्मा बलहीन पुरुषको प्राप्त होनेयोग्य नहीं है'। अतः यह आत्मविद्यारूप हेतु [मृत्युका निवारण करनेमें] समर्थ है क्योंकि इससे अमरत्व प्राप्त करता है॥ ४॥

कष्टा खलु सुरनरतिर्यक्प्रेतादिषु संसारदुःखबहुलेषु प्राणिनिकायेषु जन्मजरामरणरोगादिसंप्राप्तिरज्ञानात्। अतः—

जिनमें सांसारिक दुःखोंकी बहुलता है उन देवता, मनुष्य, तिर्यक् और प्रेतादि प्राणियोंमें अज्ञानवश जन्म, जरा, मरण और रोगादिकी प्राप्ति होना निश्चय ही बड़े दुःखकी बात है। अतः—

आत्मज्ञान ही सार है

इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति॥ ५॥

यदि इस जन्ममें ब्रह्मको जान लिया तब तो ठीक है और यदि उसे इस जन्ममें न जाना तब तो बड़ी भारी हानि है। बुद्धिमान् लोग उसे समस्त प्राणियोंमें उपलब्ध करके इस लोकसे जाकर (मरकर) अमर हो जाते हैं॥ ५॥

वाक्य-भाष्य

प्रतिबोधशब्दप्रयोगोऽस्ति सुप्तप्रतिबुद्धो गुरुणा प्रतिबोधित इति। पूर्वं तु यथार्थम्॥ ४॥

प्रतिबोधित—दोनों ही जगह 'प्रतिबोध' शब्दका प्रयोग होता है। परन्तु इन तीनोंमें सबसे पहला अर्थ ही ठीक है॥ ४॥

पद-भाष्य

इह एव चेत् मनुष्योऽधिकृतः समर्थः सन् यदि अवेदीद् आत्मानं यथोक्तलक्षणं विदितवान् यथोक्तेन प्रकारेण, अथ तदा अस्ति सत्यं मनुष्यजन्मन्यस्मिन्नविनाशोऽर्थवत्ता वा सद्भावो वा परमार्थता वा सत्यं विद्यते। न चेदिहावेदीदिति, न चेद् इह जीवंश्चेद् अधिकृतः अवेदीत् न विदितवान्; तदा महती दीर्घा अनन्ता विनष्टिः विनाशनं जन्मजरामरणादिप्रबन्धाविच्छेदलक्षणा संसारगतिः।

यदि किसी अधिकारी पुरुषने सामर्थ्य लाभ कर इस लोकमें ही उपर्युक्त लक्षणोंसे युक्त आत्माको पूर्वोक्त प्रकारसे जान लिया, तब तो उसके इस मनुष्यजन्ममें सत्य—अविनाशिता—सार्थकता—सद्भाव अथवा परमार्थता विद्यमान है। और यदि न जाना अर्थात् इस लोकमें जीवित रहते हुए ही उस अधिकारीने आत्मज्ञान प्राप्त न किया तो उसे महान्—दीर्घ यानी अनन्त विनाश अर्थात् जन्म, जरा और मरण आदिकी परम्पराका विच्छेद न होनारूप संसारगतिकी ही प्राप्ति होती है।

वाक्य-भाष्य

इह चेदवेदीत् इत्यवश्य कर्तव्यतोक्तिर्विपर्यये विनाशश्रुतेः। इह मनुष्यजन्मनि सत्यवश्यमात्मा वेदितव्य इत्येतद्विधीयते। कथमिह चेदवेदीद्विदितवान्, अथ सत्यं परमार्थतत्त्वमस्त्यवाप्तं तस्य जन्म सफलमित्यभिप्रायः। न चेदिहावेदीन्न विदितवान्

'इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति' यह श्रुति आत्मसाक्षात्कारकी अवश्य-कर्तव्यता बतलानेवाली है, क्योंकि इसकी विपरीत अवस्थामें श्रुतिने विनाश बतलाया है। इह अर्थात् इस मनुष्य-जन्मके रहते हुए आत्माको अवश्य जान लेना चाहिये—ऐसा विधान किया जाता है। किस प्रकार कि यदि इस जन्ममें आत्माको जान लिया तो ठीक है, उसे परमार्थतत्त्व प्राप्त हो गया; अभिप्राय यह कि उसका जन्म सफल हो गया। और यदि उसे इस जन्ममें न जाना—न

पद-भाष्य

तस्मादेवं गुणदोषौ विजानन्तो ब्राह्मणाः भूतेषु भूतेषु सर्वभूतेषु स्थावरेषु चरेषु च एकमात्मतत्त्वं ब्रह्म विचित्य विज्ञाय साक्षात्कृत्य धीराः धीमन्तः प्रेत्य व्यावृत्य ममाहंभावलक्षणादविद्यारूपादस्माल्लोकाद् उपरम्य सर्वात्मैकभावमद्वैतमापन्नाः सन्तः

अतः इस प्रकार गुण और दोषको जाननेवाले धीर—बुद्धिमान् ब्राह्मणलोग प्राणी-प्राणीमें अर्थात् सम्पूर्ण चराचर जीवोंमें एक ब्रह्मस्वरूप आत्मतत्त्वको 'विचित्य'—जानकर अर्थात् साक्षात् कर यहाँसे लौटनेपर अर्थात् ममता-अहंतारूप इस अविद्यात्मक लोकसे उपरत होकर सबमें आत्मैकत्वरूप अद्वैतभावको प्राप्त होकर

वाक्य-भाष्य

वृथैव जन्म। अपि च महती विनष्टिर्महान्विनाशो जन्ममरणप्रबन्धाविच्छेदप्राप्तिलक्षणः स्याद्यतस्तस्मादवश्यं तद्विच्छेदाय ज्ञेय आत्मा।

समझा तो उसका जन्म वृथा ही गया। यही नहीं, जन्म-मरण-परम्पराकी अविच्छिन्नतारूप बड़ी भारी हानि भी है। अतः उस परम्पराके विच्छेदके लिये आत्माको अवश्य जान लेना चाहिये।

ज्ञानेन तु किं स्यादित्युच्यते भूतेषु भूतेषु चराचरेषु सर्वेषु इत्यर्थः। विचित्य पृथङ्‌निष्कृष्य एकमात्मतत्त्वं संसारधर्मैरस्पृष्टमात्मभावेनोपलभ्येत्यर्थः अनेकार्थत्वाद्धातूनां न पुनश्चित्वेति सम्भवति विरोधात्; धीराः धीमन्तो विवेकिनो विनिवृत्त-

आत्मज्ञानसे होगा क्या सो [भूतेषु भूतेषु आदि वाक्यसे] बतलाते हैं। भूत-भूतमें अर्थात् सम्पूर्ण चराचर प्राणियोंमें आत्माका शोधनकर—उसे उनसे अलग निकालकर यानी संसार-धर्मोंसे अस्पृष्ट एकमात्र आत्मतत्त्वको आत्मभावसे उपलब्ध कर धीर—बुद्धिमान् अर्थात् विवेकी पुरुष—जिनकी बाह्य विषयोंकी अभिलाषा निवृत्त हो गयी है—मरकर अर्थात् इस शरीरादि अनात्मस्वरूप लोकसे जिनका ममत्व और अहंकार निवृत्त हो गया है, ऐसे होकर अमृत—अमरण

पद-भाष्य

अमृता भवन्ति ब्रह्मैव भवन्तीत्यर्थः। 'स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति' (मु० उ० ३। २। ९) इति श्रुतेः॥ ५॥	अमर अर्थात् ब्रह्म ही हो जाते हैं, जैसा कि 'जो पुरुष निश्चयपूर्वक उस परमब्रह्मको जानता है वह ब्रह्म ही हो जाता है' इस श्रुतिसे सिद्ध होता है॥ ५॥

इति द्वितीयः खण्डः॥ २॥

वाक्य-भाष्य

बाह्यविषयाभिलाषाः प्रेत्य मृत्वास्माल्लोकाच्छरीराद्यनात्मलक्षणात् व्यावृत्तममत्वाहंकाराः सन्त इत्यर्थः, अमृता अमरणधर्माणो नित्यविज्ञानामृतत्वस्वभावा एव भवन्ति॥ ५॥	धर्मा यानी नित्यविज्ञानामृतस्वभाववाले ही हो जाते हैं। धातुओंके अनेक अर्थ होते हैं [इसीलिये यहाँ 'विचित्य' क्रियाका उपर्युक्त अर्थ ठीक है] यहाँ इसका 'चयन करके' ऐसा अर्थ नहीं हो सकता, क्योंकि आत्माके सम्बन्धमें ऐसा अर्थ करनेसे विरोध आता है॥ ५॥

इति द्वितीयः खण्डः॥ २॥

तृतीय खण्ड

यक्षोपाख्यान

वाक्य-भाष्य

यक्षोपाख्यानस्य प्रयोजने विकल्पाः **ब्रह्म ह देवेभ्य इति ब्रह्मणो दुर्विज्ञेयतोक्तियत्नाधिक्यार्था। समाप्ता ब्रह्मविद्या यदधीनः पुरुषार्थः।**	'ब्रह्म ह देवेभ्यः' इत्यादि वाक्यसे [आरम्भ होनेवाली आख्यायिकाके द्वारा] जो ब्रह्मकी दुर्विज्ञेयता बतलायी गयी है, वह ब्रह्मप्राप्तिके लिये अधिक यत्न करना चाहिये—इस प्रयोजनके लिये है। जिसके अधीन पुरुषार्थ है वह ब्रह्मविद्या तो समाप्त हो गयी।

वाक्य-भाष्य

अत ऊर्ध्वमर्थवादेन ब्रह्मणो दुर्विज्ञेयतोच्यते। तद्विज्ञाने कथं नु नाम यत्नमधिकं कुर्यादिति।

अब आगे अर्थवादद्वारा ब्रह्मकी दुर्विज्ञेयता बतलायी जाती है, जिससे कि उसे प्राप्त करनेके लिये मनुष्य किसी-न-किसी तरह अधिक यत्न करे।

शमाद्यर्थो वाम्नायोऽभिमानशातनात्। शमादि वा ब्रह्मविद्यासाधनं विधित्सितं तदर्थोऽयमर्थवादाम्नायः। न हि शमादिसाधनरहितस्याभिमानरागद्वेषादियुक्तस्य ब्रह्मविज्ञाने सामर्थ्यमस्ति, व्यावृत्तबाह्यमिथ्याप्रत्ययग्राह्यत्वाद्ब्रह्मणः। यस्माच्चाग्न्यादीनां जयाभिमानं शातयति ततश्च ब्रह्मविज्ञानं दर्शयत्यभिमानोपशमे। तस्माच्छमादिसाधनविधानार्थोऽयमर्थवाद इत्यवसीयते।

अथवा यह श्रुतिभाग अभिमानका नाश करनेवाला होनेसे शमादिकी प्राप्तिके लिये हो सकता है। या शमादिको ब्रह्मविद्याका साधन बतलाना इष्ट है, अतः उसीके लिये यह अर्थवाद-श्रुति है। जो पुरुष शमादि साधनसे रहित तथा अभिमान और राग-द्वेषादिसे युक्त है उसका ब्रह्मज्ञानकी प्राप्तिमें सामर्थ्य नहीं हो सकता, क्योंकि ब्रह्म बाह्य मिथ्या प्रतीतियोंके निरसनद्वारा ही ग्रहण किया जानेयोग्य है। क्योंकि यह आख्यायिका अग्नि आदिके विजयसम्बन्धी अभिमानको नष्ट करती है, इसलिये अभिमानके शान्त होनेपर ही ब्रह्मज्ञानकी प्राप्ति दिखलाती है। अतः इसका सारांश यह हुआ कि यह अर्थवाद शमादि साधनोंका विधान करनेके लिये ही है।

सगुणोपासनार्थो वापोदितत्वात्। नेदं यदिदमुपासत इत्युपास्यत्वं ब्रह्मणोऽपोदितमपोदितत्वादनुपास्यत्वे प्राप्ते तस्यैव ब्रह्मणः सगुणत्वेनाधिदैव-

अथवा यह सगुणोपासनाका विधान करनेके लिये भी हो सकता है, क्योंकि पहले ब्रह्मके उपास्यत्वका निषेध कर चुके हैं। पहले 'नेदं यदिदमुपासते' इस श्रुतिसे ब्रह्मके उपास्यत्वका निषेध हो चुका है; इस प्रकार निषिद्ध हो जानेसे ब्रह्मकी अनुपास्यता प्राप्त होनेपर उसी ब्रह्मकी सगुणभावसे अधिदैव या

पद-भाष्य

अमृता भवन्ति ब्रह्मैव भवन्तीत्यर्थः। 'स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति' (मु० उ० ३। २। ९) इति श्रुतेः॥ ५॥

अमर अर्थात् ब्रह्म ही हो जाते हैं, जैसा कि 'जो पुरुष निश्चयपूर्वक उस परमब्रह्मको जानता है वह ब्रह्म ही हो जाता है' इस श्रुतिसे सिद्ध होता है॥ ५॥

इति द्वितीयः खण्डः॥ २॥

वाक्य-भाष्य

बाह्यविषयाभिलाषाः प्रेत्य मृत्वास्माल्लोकाच्छरीराद्यनात्मलक्षणात् व्यावृत्तममत्वाहंकाराः सन्त इत्यर्थः, अमृता अमरणधर्माणो नित्यविज्ञानामृतत्वस्वभावा एव भवन्ति॥ ५॥

धर्मा यानी नित्यविज्ञानामृतस्वभाववाले ही हो जाते हैं। धातुओंके अनेक अर्थ होते हैं [इसीलिये यहाँ 'विचित्य' क्रियाका उपर्युक्त अर्थ ठीक है] यहाँ इसका 'चयन करके' ऐसा अर्थ नहीं हो सकता, क्योंकि आत्माके सम्बन्धमें ऐसा अर्थ करनेसे विरोध आता है॥ ५॥

इति द्वितीयः खण्डः॥ २॥

तृतीय खण्ड

यक्षोपाख्यान

वाक्य-भाष्य

यक्षोपाख्यानस्य प्रयोजने विकल्पाः

ब्रह्म ह देवेभ्य इति ब्रह्मणो दुर्विज्ञेयतोक्तियत्नाधिक्यार्था। समाप्ता ब्रह्मविद्या यदधीनः पुरुषार्थः।

'ब्रह्म ह देवेभ्यः' इत्यादि वाक्यसे [आरम्भ होनेवाली आख्यायिकाके द्वारा] जो ब्रह्मकी दुर्विज्ञेयता बतलायी गयी है, वह ब्रह्मप्राप्तिके लिये अधिक यत्न करना चाहिये—इस प्रयोजनके लिये है। जिसके अधीन पुरुषार्थ है वह ब्रह्मविद्या तो समाप्त हो गयी।

वाक्य-भाष्य

अत ऊर्ध्वमर्थवादेन ब्रह्मणो दुर्विज्ञेयतोच्यते। तद्विज्ञाने कथं नु नाम यत्नमधिकं कुर्यादिति।

अब आगे अर्थवादद्वारा ब्रह्मकी दुर्विज्ञेयता बतलायी जाती है, जिससे कि उसे प्राप्त करनेके लिये मनुष्य किसी-न-किसी तरह अधिक यत्न करे।

शमाद्यर्थो वाम्नायोऽभिमानशातनात्। शमादि वा ब्रह्मविद्यासाधनं विधित्सितं तदर्थोऽयमर्थवादाम्नायः। न हि शमादिसाधनरहितस्याभिमानरागद्वेषादियुक्तस्य ब्रह्मविज्ञाने सामर्थ्यमस्ति, व्यावृत्तबाह्यमिथ्याप्रत्ययग्राह्यत्वाद्ब्रह्मणः। यस्माच्चाग्न्यादीनां जयाभिमानं शातयति ततश्च ब्रह्मविज्ञानं दर्शयत्यभिमानोपशमे। तस्माच्छमादिसाधनविधानार्थोऽयमर्थवाद इत्यवसीयते।

अथवा यह श्रुतिभाग अभिमानका नाश करनेवाला होनेसे शमादिकी प्राप्तिके लिये हो सकता है। या शमादिको ब्रह्मविद्याका साधन बतलाना इष्ट है, अतः उसीके लिये यह अर्थवाद-श्रुति है। जो पुरुष शमादि साधनसे रहित तथा अभिमान और राग-द्वेषादिसे युक्त है उसका ब्रह्मज्ञानकी प्राप्तिमें सामर्थ्य नहीं हो सकता, क्योंकि ब्रह्म बाह्य मिथ्या प्रतीतियोंके निरसनद्वारा ही ग्रहण किया जानेयोग्य है। क्योंकि यह आख्यायिका अग्नि आदिके विजयसम्बन्धी अभिमानको नष्ट करती है, इसलिये अभिमानके शान्त होनेपर ही ब्रह्मज्ञानकी प्राप्ति दिखलाती है। अतः इसका सारांश यह हुआ कि यह अर्थवाद शमादि साधनोंका विधान करनेके लिये ही है।

सगुणोपासनार्थो वापोदितत्वात्। नेदं यदिदमुपासत इत्युपास्यत्वं ब्रह्मणोऽपोदितमपोदितत्वादनुपास्यत्वे प्राप्ते तस्यैव ब्रह्मणः सगुणत्वेनाधिदैव-

अथवा यह सगुणोपासनाका विधान करनेके लिये भी हो सकता है, क्योंकि पहले ब्रह्मके उपास्यत्वका निषेध कर चुके हैं। पहले 'नेदं यदिदमुपासते' इस श्रुतिसे ब्रह्मके उपास्यत्वका निषेध हो चुका है; इस प्रकार निषिद्ध हो जानेसे ब्रह्मकी अनुपास्यता प्राप्त होनेपर उसी ब्रह्मकी सगुणभावसे अधिदैव या

वाक्य-भाष्य

मध्यात्मं चोपासनं विधातव्य-मित्येवमर्थो वा। इत्यधिदैवतं तद्वनमित्युपासितव्यमिति हि वक्ष्यति।

अध्यात्म उपासना करनी चाहिये, इसीको बतलानेके लिये यह अर्थवाद हो सकता है, जैसा कि आगे चलकर 'तद्वनमित्युपासितव्यम्' इस [४।६ मन्त्र]-से उसके अधिदैवरूपके उपास्यत्वका वर्णन करेंगे।

ब्रह्मपदाभिप्रायः

ब्रह्मेति परो लिङ्गात्। न ह्यन्यत्र परादीश्वरात् नित्यसर्वज्ञात् परिभूयाग्न्यादींस्तृणं वज्रीकर्तुं सामर्थ्यमस्ति तन्न शशाक दग्धुमित्यादिलिङ्गाद्ब्रह्मशब्दवाच्य ईश्वर इत्यवसीयते। न ह्यन्यथाग्नि-स्तृणं दग्धुं नोत्सहते वायुर्वादातुम्। ईश्वरेच्छया तृणमपि वज्रीभवतीत्युपपद्यते। तत्सिद्धिर्जगतो नियतप्रवृत्तेः।

'ब्रह्म' इस शब्दसे यहाँ परमात्मा (ईश्वर) समझना चाहिये, क्योंकि यहाँ उसीकी सूचना देनेवाले लिंग (चिह्न) देखे जाते हैं। नित्यसर्वज्ञ परमेश्वरको छोड़कर और किसीमें अग्नि आदि देवताओंका पराभव करके तृणको वज्र बना देनेकी शक्ति नहीं हो सकती। अतः 'तन्न शशाक दग्धुम्' (उसे अग्नि नहीं जला सका) इत्यादि लिंगसे ब्रह्मशब्दका वाच्य ईश्वर ही है—ऐसा निश्चित होता है। इसके सिवा और किसी कारणसे अग्नि तृणको जलानेमें और वायु उसे उड़ानेमें असमर्थ नहीं हो सकते थे। हाँ, यह ठीक है कि ईश्वरकी इच्छासे तो तृण भी वज्र हो जाता है। उस ईश्वरकी सिद्धि संसारकी नियमित प्रवृत्तिसे होती है।

श्रुतिस्मृतिप्रसिद्धिभिर्नित्यसर्व-विज्ञान ईश्वरे सर्वात्मनि सर्व-शक्तौ सिद्धेऽपि शास्त्रार्थ-निश्चयार्थमुच्यते। तस्येश्वरस्य सद्भावसिद्धिः कुतो भवतीत्युच्यते।

यद्यपि नित्यसर्वविज्ञानस्वरूप, सर्वात्मा, सर्वशक्तिमान् ईश्वर श्रुति, स्मृति और प्रसिद्धिसे सिद्ध भी है तो भी शास्त्रके अर्थको निश्चय करनेके लिये यहाँ यह [अनुमान] कहा जाता है। उस ईश्वरके सद्भावकी सिद्धि किस प्रकार होती है? इसपर कहते हैं—

वाक्य-भाष्य

ईश्वरस्य जगन्नियन्तृत्व-निरूपणम्

यदिदं जगद्देवगन्धर्वयक्षरक्षः-पितृपिशाचादिलक्षणं द्युवियत्पृथिव्यादित्यचन्द्रग्रहनक्षत्रविचित्रं विविधप्राण्युपभोगयोग्यस्थानसाधनसम्बन्धि तदत्यन्तकुशलशिल्पिभिरपि दुर्निर्माणं देशकालनिमित्तानुरूपनियतप्रवृत्तिनिवृत्तिक्रममेतद्भोक्तृकर्मविभागज्ञप्रयत्नपूर्वकं भवितुमर्हति; कार्यत्वे सति यथोक्तलक्षणत्वात्। गृहप्रासादरथशयनासनादिवत्। विपक्ष आत्मादिवत्।

स्वर्ग, आकाश, पृथ्वी, सूर्य, चन्द्र, ग्रह और नक्षत्रोंके कारण विचित्र दीखनेवाला तथा नाना प्रकारके प्राणियोंके उपभोगयोग्य स्थान और साधनोंसे सम्बन्ध रखनेवाला यह जितना देवता, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, पितृगण और पिशाचादिरूप जगत् है वह अत्यन्त कुशल शिल्पियोंद्वारा भी बनाया जाना कठिन है। अतः यह देश, काल और निमित्तके अनुरूप नियमित प्रवृत्ति-निवृत्तिके क्रमवाला जगत् भोक्ता और कर्मके विभागको जाननेवाले किसी चेतनके प्रयत्नपूर्वक ही हो सकता है, क्योंकि कार्यरूप होनेके कारण यह उपर्युक्त लक्षणोंवाला है। जैसे कि गृह, प्रासाद, रथ, शय्या और आसन आदि [सभी कार्यरूप अनित्य पदार्थ देखे जाते हैं]; तथा इसके विपरीत [व्यतिरेकी दृष्टान्तस्वरूप] आत्मा, आकाश आदि [नित्य पदार्थ हैं]।

कर्मणा-मस्वातन्त्र्यम्

कर्मण एवेति चेत्? न परतन्त्रस्य निमित्तमात्रत्वात्। यदिदमुपभोगवैचित्र्यं प्राणिनां तत्साधनवैचित्र्यं च देशकालनिमित्तानुरूपनियतप्रवृत्तिनिवृत्तिक्रमं च तन्न नित्यसर्वज्ञकर्तृकम्

यदि कहो कि जगत्की उत्पत्ति कर्मसे ही है तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि कर्म परतन्त्र होनेके कारण केवल उसका निमित्त हो सकता है। [मीमांसककी युक्तिको स्पष्ट करके दिखलाते हैं] यह जो प्राणियोंके उपभोगकी विचित्रता है तथा उनके साधनोंकी विभिन्नता और देश,काल तथा निमित्तके अनुरूप प्रवृत्ति-निवृत्तिका नियमित क्रम है वह किसी नित्य सर्वज्ञका रचा हुआ नहीं है।

वाक्य-भाष्य

किं तर्हि? कर्मण एव तस्याचिन्त्यप्रभावत्वात् सर्वैश्च फलहेतुत्वाभ्युपगमात्। सति कर्मणः फलहेतुत्वे किमीश्वराधिककल्पनयेति न नित्यस्येश्वरस्य नित्यसर्वज्ञशक्तेः फलहेतुत्वं चेति चेत्।

तो किसका रचा हुआ है? [इसपर कहते हैं—] यह केवल कर्मका ही फल है, क्योंकि वह अचिन्त्य प्रभाववाला है तथा सभीने उसे फलके हेतुरूपसे स्वीकार किया है। इस प्रकार फलके हेतुरूपसे कर्मके रहते हुए ईश्वरकी अधिक कल्पना करनेसे क्या लाभ है? अतः नित्य, सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान् ईश्वरमें फलका हेतुत्व नहीं।

न कर्मण एवोपभोगवैचित्र्याद्युपपद्यते। कस्मात्? कर्तृतन्त्रत्वात्कर्मणः। चितिमत्प्रयत्ननिर्वृत्तं हि कर्म तत्प्रयत्नोपरमाद् उपरतं सद्देशान्तरे कालान्तरे वा नियतनिमित्तविशेषापेक्षं कर्तुः फलं जनयिष्यतीति न युक्तमनपेक्ष्यान्यदात्मनः प्रयोक्तृ। कर्तैव फलकाले प्रयोक्तेति चेन्मया निर्वर्तितोऽसि त्वां प्रयोक्ष्ये फलाय यदात्मानुरूपं फलमिति।

सिद्धान्ती—केवल कर्मसे ही उपभोग आदिकी विचित्रता सम्भव नहीं है। किस कारणसे? क्योंकि कर्म कर्ताके अधीन है। चेतन पुरुषके यत्नसे निष्पन्न होनेवाला कर्म उसके प्रयत्नके निवृत्त होनेसे निवृत्त होकर देशान्तर या कालान्तरमें किसी नियत निमित्तविशेषकी अपेक्षासे ही कर्ताको फलकी प्राप्ति करावेगा—ऐसी व्यवस्था होनेके कारण यह कहना उचित नहीं कि वह अपने किसी दूसरे प्रवर्तककी अपेक्षा न करके ही फल दे देता है। यदि कर्म करनेवाले जीवको ही फलकालमें उसका प्रवर्तक माना जाय तो [उस समय वह कर्मसे कहेगा—] 'अरे कर्म! मैंने तुझे किया था, अब मैं ही तुझे फल देनेके लिये प्रवृत्त करता हूँ, अतः मुझे अपने अनुरूप फल दे।'

न, देशकालनिमित्तविशेषानभिज्ञत्वात्। यदि हि कर्ता देशविशेषाभिज्ञः

किन्तु ऐसा होना सम्भव नहीं है, क्योंकि जीव देश, काल और निमित्तविशेषसे अनभिज्ञ है। यदि कर्ता ही देशादि विशेषका ज्ञाता होकर

वाक्य-भाष्य

सन्स्वातन्त्र्येण कर्म नियुञ्ज्यात्ततोऽनिष्टफलस्याप्रयोक्ता स्यात्। न च निर्निमित्तं तदनिच्छयात्मसमवेतं तच्चर्मवद्विकरोति कर्म।

न चात्मकृतमकर्तृसमवेतमयस्कान्तमणिवदाक्रष्टृ भवति प्रधानकर्तृसमवेतत्वात्कर्मणः। भूताश्रयमिति चेन्न साधनत्वात्। कर्तृक्रियायाः साधनभूतानि भूतानि क्रियाकालेऽनुभूतव्यापाराणि समाप्तौ च हलादिवत्कर्त्रा परित्यक्तानि न फलं कालान्तरे कर्तुमुत्सहन्ते न हि हलं क्षेत्राद् व्रीहीन्गृहं प्रवेशयति। भूतकर्मणोश्चाचेतनत्वात्स्वतः प्रवृत्त्यनुपपत्तिः। वायुवदिति चेन्नासिद्धत्वात्। न हि वायोरचितिमतः स्वतःप्रवृत्तिः सिद्धा रथादिष्वदर्शनात्।

स्वतन्त्रतापूर्वक कर्मको प्रवृत्त करता तो अनिष्ट फलके लिये तो उसे प्रेरित ही न किया करता। इसके सिवा, किसी अन्य निमित्तकी अपेक्षा न रखकर कर्ताकी इच्छाके बिना ही, आत्माके साथ नित्यसम्बद्ध हुआ कर्म अपने-आप ही चमड़ेके समान विकारको प्राप्त नहीं होता।

[क्षणिक-विज्ञानरूप] आत्माका किया हुआ कर्म कर्तासे नित्य सम्बद्ध न होकर चुम्बक-पत्थरके समान अपने-आप ही फलका आकर्षण नहीं कर सकता, क्योंकि कर्मका प्रधान कर्तासे नित्यसम्बन्ध है। यदि कहो कि कर्म भूतोंके आश्रयसे रहता है तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि वे तो केवल उसके साधन हैं। कर्ताकी क्रियाके साधनरूप भूत, जो केवल क्रियाकालमें उसके व्यापारका अनुभव करते हैं और व्यापारके समाप्त हो जानेपर हल आदिके समान कर्ताद्वारा त्याग दिये जाते हैं, कालान्तरमें उसका फल देनेमें समर्थ नहीं हो सकते। हल धान्योंको खेतसे ले जाकर घरमें नहीं पहुँचा सकता। अतः अचेतन होनेके कारण भूत और कर्मोंकी स्वतः प्रवृत्ति असम्भव है। यदि कहो कि [अचेतन होनेपर भी] वायुके समान इनकी स्वतः प्रवृत्ति हो सकती है तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि वह असिद्ध है। अचेतन वायुकी स्वतः प्रवृत्ति सिद्ध नहीं हो सकती, क्योंकि रथादि अन्य अचेतन पदार्थोंमें वह देखी नहीं जाती।

वाक्य-भाष्य

शास्त्रात्कर्मण एवेति चेच्छास्त्रं हि क्रियातः फलसिद्धिमाह नेश्वरादेः स्वर्गकामो यजेतेत्यादि। न च प्रमाणाधिगतत्वादानर्थक्यं युक्तम्। न चेश्वरास्तित्वे प्रमाणान्तरमस्तीति चेत्।

मीमांसक—किन्तु शास्त्रानुसार तो कर्मसे ही फल मिलता है? 'स्वर्गकामो यजेत' इत्यादि शास्त्र तो कर्मसे ही फलकी सिद्धि बतलाता है, ईश्वरादिसे नहीं। इस प्रकार जो बात प्रमाणसिद्ध है उसको व्यर्थ बतलाना भी ठीक नहीं है, और ईश्वरकी सत्तामें भी [अर्थापत्तिको छोड़कर] और कोई प्रमाण नहीं है।

न, दृष्टन्यायहानानुपपत्तेः। क्रिया हि द्विविधा दृष्टफलादृष्टफला च, दृष्टफलापि द्विविधानन्तरफलागामिफला च, अनन्तरफला गतिभुजिलक्षणा। कालान्तरफला च कृषिसेवादिलक्षणा तत्रानन्तरफला फलापवर्गिण्येव कालान्तरफला तूत्पन्नप्रध्वंसिनी।

क्रियाभेद-निरूपणम्

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि दृष्ट न्यायको त्यागना उचित नहीं है। क्रिया दो प्रकारकी है—दृष्टफला और अदृष्टफला। दृष्टफलाके भी दो भेद हैं—अनन्तरफला[1] और आगामिफला[2]। गमन और भोजन इत्यादि क्रियाएँ अनन्तरफला हैं तथा कृषि और सेवा आदि कालान्तरफला हैं। उनमें जो अनन्तरफला हैं वे फलोदयके समय ही नष्ट हो जाती हैं तथा कालान्तरफला उत्पन्न होकर [फल देनेसे पूर्व ही] नष्ट हो जानेवाली हैं।

आत्मसेव्याद्यधीनं हि कृषिसेवादेः फलं यतः। न चोभयन्यायव्यतिरेकेण स्वतन्त्रं कर्म ततो वा फलं दृष्टम्। तथा च कर्मफलप्राप्तौ न दृष्टन्यायहानमुपपद्यते। तस्माच्छान्ते यागादिकर्मणि

क्योंकि कृषिका फल अपने अधीन है और सेवा आदिका फल अपने सेव्यके अधीन है। इस दो प्रकारके न्यायको छोड़कर कर्म या उससे प्राप्त होनेवाला फल स्वतन्त्र देखा भी नहीं जाता; तथा कर्मफलकी प्राप्तिमें इस स्पष्ट दीखनेवाले न्यायको छोड़ना उचित भी नहीं है, इसलिये यागादि कर्मोंके समाप्त हो जानेपर उन

१-तत्काल फल देनेवाली। २-भविष्यमें फल देनेवाली।

वाक्य-भाष्य

नित्यः कर्तृकर्मफलविभागज्ञ ईश्वरः सेव्यादिवद्यागाद्यनुरूपफलदातोपपद्यते। स चात्मभूतः सर्वस्य सर्वक्रियाफलप्रत्ययसाक्षी नित्यविज्ञानस्वभावः संसारधर्मैरसंस्पृष्टः।

ईश्वरास्तित्व-साधनम्

श्रुतेश्च। 'न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः' (क० उ० २। २। ११) 'जरां मृत्युमत्येति' (बृ० उ० ३।५।१) 'विजरो विमृत्युः' (छा० उ० ८। ७। १) 'सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः' (छा० उ० ८।७।१) 'एष सर्वेश्वरः' (मा० उ० ६) 'साधु कर्म कारयति' (कौषी० उ० ३।९) 'अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति' (श्वे० उ० ४।६) 'एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने' (बृ० उ० ३।८।९) इत्याद्या असंसारिण एकस्यात्मनो नित्यमुक्तस्य सिद्धौ श्रुतयः। स्मृतयश्च सहस्रशो विद्यन्ते। न चार्थवादाः शक्यन्ते कल्पयितुम्। अनन्ययोगित्वे सति विज्ञानोत्पादकत्वात्। न चोत्पन्नं विज्ञानं बाध्यते।

अप्रतिषेधाच्च न चेश्वरो नास्तीति निषेधोऽस्ति।

यागादिके अनुरूप फल देनेवाला तथा कर्ता, कर्म और फलके विभागको जाननेवाला ईश्वर सेव्य आदिके समान होना ही चाहिये और वह सबका अन्तरात्मा, सम्पूर्ण कर्मफल और प्रतीतियोंका साक्षी, नित्यविज्ञानस्वरूप तथा सांसारिक धर्मोंसे अछूता होना चाहिये।

यही बात श्रुतिसे भी सिद्ध होती है। 'सम्पूर्ण लोकोंसे विलक्षण परमात्मा लोकके दुःखसे लिप्त नहीं होता' 'वह जरा और मृत्युको पार किये हुए है' 'जरा और मृत्युसे रहित है' 'वह सत्यकाम सत्यसंकल्प है' 'यह सर्वेश्वर है' 'वह शुभ कर्म कराता है' 'दूसरा [पक्षी] कर्मफलको न भोगता हुआ केवल उसे देखता है' 'इस अक्षर ब्रह्मकी आज्ञामें [सूर्य और चन्द्रमा स्थित हैं]' इत्यादि श्रुतियाँ संसारधर्मोंसे रहित एक नित्यमुक्त आत्माकी सिद्धिमें ही प्रमाणभूत हैं। इसी प्रकार सहस्रों स्मृतियाँ भी मौजूद हैं। ये सब अर्थवाद हैं—ऐसी भी कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि वे किसी अन्य विधिके शेषभूत न होनेके कारण स्वतन्त्र ज्ञान उत्पन्न करनेवाले हैं और उनसे उत्पन्न हुआ ज्ञान [किसी प्रमाणान्तरसे] बाधित भी नहीं होता।

[ईश्वरका] निषेध न होनेके कारण भी [पूर्वोक्त श्रुतियाँ अर्थवाद नहीं हैं]। ईश्वर नहीं है—ऐसा निषेध कहीं भी नहीं मिलता। यदि कहो कि ईश्वरकी प्राप्ति (सिद्धि) न होनेके कारण निषेध नहीं है,

वाक्य-भाष्य

प्राप्त्यभावादिति चेन्नोक्तत्वात्। न हिंस्यादितिवत्प्राप्त्यभावात्प्रतिषेधो नारभ्यत इति चेन्न। ईश्वर-सद्भावे न्यायस्योक्तत्वात्। अथवाप्रतिषेधादिति कर्मणः फलदान ईश्वरकालादीनां न प्रतिषेधोऽस्ति। न च निमित्तान्तर-निरपेक्षं केवलेन कर्त्रैव प्रत्युक्तं फलदं दृष्टम्। न विनष्टोऽपि यागः कालान्तरे फलदो भवति।

तो ऐसा कहना उचित नहीं; क्योंकि उसके विषयमें कहा जा चुका है। अर्थात् यदि ऐसा कहो कि [शास्त्रमें] ईश्वरका कोई प्रसंग ही नहीं आता, इसीलिये 'न हिंस्यात्सर्वा भूतानि' इस वाक्यके समान ईश्वरके निषेधका भी आरम्भ नहीं किया गया, तो ऐसी बात भी नहीं है, क्योंकि ईश्वरकी सत्तामें उपर्युक्त न्याय कहा गया है। अथवा 'अप्रतिषेधात्' इस हेतुका यह तात्पर्य समझना चाहिये कि कर्मका फल देनेमें ईश्वर और काल आदिका प्रतिषेध नहीं किया गया है। कर्मको, किसी अन्य निमित्तकी अपेक्षा न करके केवल कर्तासे ही प्रेरित होकर फल देते देखा भी नहीं है। सर्वथा नष्ट हुआ याग कालान्तरमें फल देनेवाला कभी नहीं होता।

कर्मफलप्रदाने ईश्वरस्य प्राधान्यम्

सेव्यबुद्धिवत्सेवकेन सर्वज्ञेश्वर-बुद्धौ तु संस्कृतायां यागादि-कर्मणा विनष्टेऽपि। कर्मणि सेव्यादिव ईश्वरात्फलं कर्तुर्भवतीति युक्तम्। न तु पुनः पदार्था वाक्यशतेनापि देशान्तरे कालान्तरे वा स्वं स्वं स्वभावं जहति। न हि देशकालान्तरेषु चाग्निरनुष्णो भवति। एवं कर्मणोऽपि कालान्तरे फलं द्विप्रकारमेवोपलभ्यते।

जिस प्रकार सेवककी सेवासे सेव्य (स्वामी)-की बुद्धिपर संस्कार पड़ जाता है उसी प्रकार यागादि कर्मसे सर्वज्ञ ईश्वरकी बुद्धिके संस्कारयुक्त हो जानेसे, फिर उस कर्मके नष्ट हो जानेपर भी, जैसे सेवकको स्वामीसे वैसे ही कर्ताको ईश्वरसे फल मिल जाता है—ऐसा विचार ही ठीक है। पदार्थ तो सैकड़ों प्रमाणभूत वाक्य होनेपर भी देशान्तर या कालान्तरमें अपने स्वभावको नहीं छोड़ते। अग्नि किसी भी देश या कालान्तरमें शीतल नहीं हो सकता। इस प्रकार कर्मोंका भी कालान्तरमें दो ही प्रकार फल मिलता देखा जाता है।

पद-भाष्य

'अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्' इत्यादिवक्ष्यमाणाख्यायिकाया: श्रवणाद् यदस्ति तद्विज्ञातं प्रमाणै: यन्नास्ति तदविज्ञातं शशविषाणकल्पमत्यन्त-

'ब्रह्म जाननेवालोंके लिये अविज्ञात है और न जाननेवालोंके लिये ज्ञात है' इस श्रुतिसे मन्दबुद्धि पुरुषोंको ऐसा भ्रम न हो जाय कि 'जो वस्तु है वह तो प्रमाणोंसे जान ही ली जाती है और जो

वाक्य-भाष्य

बीजक्षेत्रसंस्कारापरिरक्षाविज्ञानवत्कर्त्रपेक्षफलं कृष्यादि विज्ञानवत्सेव्यबुद्धिसंस्कारापेक्षफलं च सेवादि। यागादे: कर्मणस्तथाविज्ञानवत्कर्त्रपेक्षफलत्वानुपपत्तौ कालान्तरफलत्वात्कर्मदेशकालनिमित्तविपाकविभागबुद्धिसंस्कारापेक्षं फलं भवितुमर्हति; सेवादिकर्मानुरूपफलज्ञसेव्यबुद्धिसंस्कारापेक्षफलस्येव। तस्मात्सिद्ध: सर्वज्ञ ईश्वर: सर्वजन्तुबुद्धिकर्मफलविभागसाक्षी सर्वभूतान्तरात्मा। "यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तर:" (बृ० उ० ३। ४। १) इति श्रुते:।

कृषि आदि कर्म ऐसे कर्ताकी अपेक्षासे फल देनेवाले हैं जिसे बीज, क्षेत्रसंस्कार तथा खेतीकी रक्षा आदिका ज्ञान हो और सेवा आदि कर्म विज्ञानवान् सेव्यकी बुद्धिके संस्कारकी अपेक्षासे फलदायक हैं। यागादि कर्म कालान्तरमें फल देनेवाले हैं, इसलिये उनकी फलप्राप्तिको अज्ञानी कर्ताकी अपेक्षासे मानना तो ठीक नहीं है। अत: उनका फल कर्म, देश, काल, निमित्त और कर्मविपाकके विभागको जाननेवाले किसी चेतनकी बुद्धिके संस्कारकी अपेक्षासे ही हो सकता है, जैसे कि सेवा आदि कर्मोंका फल उसके अनुरूप फलको जाननेवाले सेव्यकी बुद्धिपर हुए संस्कारकी अपेक्षासे मिलता है। इससे सम्पूर्ण जीवोंकी बुद्धि कर्म और फलके विभागका साक्षी, सर्वान्तर्यामी, सर्वज्ञ ईश्वर सिद्ध हुआ। "जो साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म है", "जो सर्वान्तर आत्मा है" इस श्रुतिसे भी यही प्रमाणित होता है।

पद-भाष्य

मेवासद्दृष्टम्; तथेदं ब्रह्मा-विज्ञातत्वादसदेवेति मन्दबुद्धीनां व्यामोहो मा भूदिति तदर्थेय-माख्यायिका आरभ्यते।

नहीं है वह अविज्ञात वस्तु तो खरगोशके सींगके समान अत्यन्त अभावरूप ही देखी गयी है, अतः यह ब्रह्म भी अविज्ञात होनेके कारण असत् ही है' इसीलिये यह आख्यायिका आरम्भ की जाती है।

तदेव हि ब्रह्म सर्वप्रकारेण प्रशास्तृ देवानामपि परो देवः; ईश्वराणामपि परमेश्वरः, दुर्विज्ञेयो देवानां जयहेतुः, असुराणां पराजयहेतुः; तत्कथं नास्तीत्येत स्यार्थस्यानुकूलानि ह्युत्तराणि वचांसि दृश्यन्ते।

वह ब्रह्म ही सब प्रकारसे शासन करनेवाला, देवताओंका भी परम देव, ईश्वरोंका भी परम ईश्वर, दुर्विज्ञेय तथा देवताओंकी जयका कारण और असुरोंकी पराजयका हेतु है। तब वह है किस प्रकार नहीं? [अर्थात् अवश्य ही है]। इस अर्थके अनुकूल ही इस खण्डके आगेके वाक्य देखे जाते हैं।

वाक्य-भाष्य

सर्वात्म्य-स्थापनम्

स एव चात्रात्मा जन्तूनां ईश्वरस्य नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा श्रोता मन्ता विज्ञाता "नान्यदतोऽस्ति विज्ञातृ" (बृ० उ० ३ । ८ । ११) इत्याद्यात्मान्तरप्रतिषेधश्रुतेः । "तत्त्वमसि" (छा० उ० ६। ८—१६) इति चात्मत्वोपदेशात्। न हि मृत्पिण्डः काञ्चनात्मत्वेनोपदिश्यते।

और वही इस सृष्टिमें जीवोंका आत्मा है। उससे भिन्न और कोई द्रष्टा, श्रोता मन्ता अथवा विज्ञाता नहीं है, जैसा कि 'इससे भिन्न और कोई विज्ञाता नहीं है' इत्यादि भिन्न आत्माका प्रतिषेध करनेवाली श्रुतिसे, तथा 'तत्त्वमसि' इस महावाक्यद्वारा ब्रह्मका आत्मत्व उपदेश करनेसे सिद्ध होता है। मिट्टीके ढेलेका सुवर्णरूपसे कभी उपदेश नहीं किया जाता।

ज्ञानशक्तिकर्मोपास्योपासकशुद्धा-शुद्धमुक्तामुक्तभेदादात्मभेद एवेति चेन्न, भेददृष्ट्यपवादात्।

यदि कहो कि ज्ञान, शक्ति, कर्म, उपास्य-उपासक, शुद्ध-अशुद्ध तथा मुक्त-अमुक्त इत्यादि भेदोंके कारण आत्माका भेद ही है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि यहाँ भेददृष्टि अपवादस्वरूप है।

पद-भाष्य

अथवा ब्रह्मविद्यायाः स्तुतये। कथम्? ब्रह्मविज्ञानाद्धि अग्न्यादयो देवा देवानां श्रेष्ठत्वं जग्मुः, ततोऽप्यतितरामिन्द्र इति।

अथवा इस (आख्यायिका)-का आरम्भ ब्रह्मविद्याकी स्तुतिके लिये है। किस प्रकार? क्योंकि ब्रह्मज्ञानसे ही अग्नि आदि देवगण देवताओंमें श्रेष्ठत्वको प्राप्त हुए थे और उनमें भी इन्द्र सबसे बढ़कर हुआ।

अथवा दुर्विज्ञेयं ब्रह्मेत्येतत् प्रदर्श्यते—येनाग्न्यादयोऽतितेजसोऽपि क्लेशेनैव ब्रह्म विदितवन्तस्तथेन्द्रो देवानामीश्वरोऽपि सन्निति।

अथवा इससे यह दिखलाया गया है कि ब्रह्म दुर्विज्ञेय है, क्योंकि अग्नि आदि परम तेजस्वी होनेपर भी कठिनतासे ही ब्रह्मको जान सके थे तथा देवताओंका स्वामी होनेपर भी इन्द्रने उसे बड़ी कठिनतासे पहचाना था।

वाक्य-भाष्य

यदुक्तं संसारिण ईश्वरादनन्या इति तन्न।

किं तर्हि?

भेद एव संसार्यात्मनाम्।

कस्मात्?

लक्षणभेदादश्वमहिषवत्। कथं लक्षणभेद इत्युच्यते—ईश्वरस्य तावन्नित्यं सर्वविषयं ज्ञानं सवितृ-प्रकाशवत्। तद्विपरीतं संसारिणां खद्योतस्येव। तथैव शक्तिभेदोऽपि।

पूर्व०—तुमने जो कहा कि संसारी जीवोंका ईश्वरसे अभेद है सो ठीक नहीं।

सिद्धान्ती—तो फिर क्या बात है?

पूर्व०—संसारी जीव और परमात्माका तो परस्पर भेद ही है।

सिद्धान्ती—क्यों?

पूर्व०—घोड़े और भैंसके समान उनके लक्षणोंमें भेद होनेके कारण; और यदि कहो कि उनके लक्षणोंमें किस प्रकार भेद है तो बतलाते हैं [सुनो,] सूर्यके प्रकाशके समान ईश्वरको सब विषयोंका सर्वदा ज्ञान रहता है, उसके विपरीत संसारी जीवोंको खद्योत (जुगनू)-के समान अल्प ज्ञान है। इसी प्रकार दोनोंकी शक्तियोंमें

पद-भाष्य

वक्ष्यमाणोपनिषद्विधिपरं वा सर्वं ब्रह्मविद्याव्यतिरेकेण प्राणिनां कर्तृत्वभोक्तृत्वाद्यभिमानो मिथ्या.

अथवा आगे कही जानेवाली समस्त उपनिषद् विधिपरक है। और ब्रह्मविद्यासे अतिरिक्त प्राणियोंका जो कर्तृत्व-भोक्तृत्वादिका

वाक्य-भाष्य

नित्या सर्वविषया चेश्वरशक्तिर्विपरीतेतरस्य। कर्म च चित्स्वरूपात्मसत्तामात्रनिमित्तमीश्वरस्य औष्ण्यस्वरूपद्रव्यसत्तामात्रनिमित्तदहनकर्मवत्। राजायस्कान्तप्रकाशकर्मवच्च स्वात्माविक्रियारूपम्। विपरीतमितरस्य। उपासीतेति वचनादुपास्य ईश्वरो गुरुराजवत्। उपासकश्चेतरः शिष्यभृत्यवद् अपहतपाप्मादिश्रवणान्नित्यशुद्ध ईश्वरः। पुण्यो वै पुण्येनेति वचनाद्विपरीत इतरः।

अत एव नित्यमुक्त एवेश्वरो नित्याशुद्धियोगात्संसारीतरः। अपि च यत्र ज्ञानादिलक्षणभेदोऽस्ति तत्र भेदो दृष्टः; यथाश्वमहिषयोः। तथा ज्ञानादिलक्षणवेदादीश्वरादात्मनां भेदोऽस्तीति चेत्।

भी भेद है। ईश्वरकी शक्ति नित्य और सर्वतोमुखी है तथा जीवकी इसके विपरीत है। ईश्वरका कर्म भी उसके चित्स्वरूपकी सत्तामात्रसे ही होनेवाला है, जैसे कि उष्णतारूप [सूर्यकान्तमणि आदि] द्रव्योंकी सत्तामात्रसे दहनकार्य निष्पन्न हो जाता है, अथवा जैसे राजा, चुम्बक और प्रकाशसे होनेवाले कार्य [उनकी सन्निधिमात्रसे] होते हैं उसी प्रकार ईश्वरके कर्म उसके स्वरूपमें विकार उत्पन्न करनेवाले नहीं हैं, किन्तु जीवके कर्म इससे विपरीत हैं। 'उपासीत' इस श्रुतिके अनुसार ईश्वर गुरु एवं राजाके समान उपासनीय है तथा जीव शिष्य और सेवकके समान उपासक है। 'अपहतपाप्मा' आदि श्रुतियोंके अनुसार ईश्वर नित्यशुद्ध है तथा 'पुण्यो वै पुण्येन' आदि श्रुतिवाक्योंसे जीव इसके विपरीत स्वभाववाला है।

अतः ईश्वर तो नित्यमुक्त ही है, किन्तु जीव नित्य अशुद्धिके योगके कारण संसारी है। तथा जहाँ ज्ञानादि लक्षणोंमें भेद रहता है वहाँ सर्वदा भेद ही देखा गया है; जैसे घोड़े और भैंसमें। अतः इसी प्रकार ज्ञानादि लक्षणोंमें भेद रहनेके कारण ईश्वर और जीवोंमें भेद ही है।

पद-भाष्य

इत्येतद्दर्शनार्थं वा आख्यायिका, यथा देवानां जयाद्यभिमानः तद्वदिति।

अभिमान है वह देवताओंके जय आदिके अभिमानके समान मिथ्या है—यह बात दिखानेके लिये ही प्रस्तुत आख्यायिका है।

वाक्य-भाष्य

न।

कस्मात्?

'अन्योऽसावन्योऽहमस्मीति न स वेद' (बृ० उ० १। ४। १०) 'ते क्षय्यलोका भवन्ति' (छा० उ० ७। २५। २) 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति' (क० उ० २। १। १०) इति भेददृष्टिर्ह्यपोह्यते। एकत्वप्रतिपादिन्यश्च श्रुतयः सहस्रशो विद्यन्ते।

यदुक्तं ज्ञानादिलक्षणभेदादि-अनादिभेदस्य त्यत्रोच्यते—न औपाधिकत्वम् अनभ्युपगमात्। बुद्ध्यादिभ्यो व्यतिरिक्ता विलक्षणाश्चेश्वराद्भिन्नलक्षणा आत्मनो न सन्ति। एक एवेश्वरश्चात्मा सर्वभूतानां नित्यमुक्तोऽभ्युपगम्यते। बाह्यश्चक्षुर्बुद्ध्यादिसमाहारसन्तानाहं-कारममत्वादिविपरीतप्रत्ययप्रबन्धाविच्छेदलक्षणो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तविज्ञानात्मेश्वरगर्भो

सिद्धान्ती—यह बात नहीं है।

पूर्व०—कैसे?

सिद्धान्ती—क्योंकि 'यह (ब्रह्म) अन्य है और मैं अन्य हूँ—ऐसा जो जानता है वह [ब्रह्मके यथार्थ स्वरूपको] नहीं जानता' 'वे नाशवान् लोकोंको प्राप्त होते हैं' 'वह मृत्युसे मृत्युको प्राप्त होता है' इत्यादि वाक्योंसे भेददृष्टिका निषेध किया जाता है और एकत्वका प्रतिपादन करनेवाली तो सहस्रों श्रुतियाँ विद्यमान हैं।

तथा तुमने जो कहा कि ज्ञानादि लक्षणोंमें भेद होनेके कारण जीव और ईश्वरका भेद ही है, सो इस विषयमें मेरा यह कथन है कि उनमें कुछ भी भेद नहीं है, क्योंकि हमें उनके ज्ञानादिका भेद मान्य नहीं है। बुद्धि आदि उपाधियोंसे व्यतिरिक्त और विलक्षण ऐसे कोई जीव नहीं हैं जो ईश्वरसे भिन्न लक्षणवाले हों। एक ही नित्यमुक्त ईश्वर सम्पूर्ण प्राणियोंका आत्मा माना जाता है; क्योंकि चक्षु और बुद्धि आदि संघातकी परम्परासे प्राप्त हुए अहंकार और ममतारूप विपरीत ज्ञानका विच्छेद न होना ही जिसका लक्षण है, नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त विज्ञानस्वरूप

वाक्य-भाष्य

नित्यविज्ञानाभासश्चित्तचैत्यबीजबीजिस्वभावः कल्पितोऽनित्यविज्ञानईश्वरलक्षणविपरीतोऽभ्युपगम्यते; यस्याविच्छेदे संसारव्यवहारो विच्छेदे च मोक्षव्यवहारः।

अन्यश्च मृत्प्रलेपवत्प्रत्यक्षप्रध्वंसो देवपितृमनुष्यादिलक्षणो भूतविशेषसमाहारो न पुनश्चतुर्थोऽन्यो भिन्नलक्षण ईश्वरादभ्युपगम्यते।

बुद्ध्यादिकल्पितात्मव्यतिरेकाभिप्रायेण तु लक्षणभेदाद् इत्याश्रयासिद्धो हेतुरीश्वराद् अन्यस्यात्मनोऽसत्त्वात्।

ईश्वर ही जिसका अन्तर्यामी है, जो स्वयं नित्यविज्ञानका अवभास (प्रतिबिम्ब) चित्त, चैत्य (सुखादि विषय), बीज (अविद्यादि) और बीजी (शरीरादि)-से तादात्म्यको प्राप्त होकर तद्रूप हो गया है तथा जो कल्पित, अनित्य विज्ञानवान् और ईश्वरके लक्षणसे विपरीत है वही बाह्य जीव माना गया है; जिसके इस औपाधिक स्वरूपका विच्छेद न होनेसे संसारका व्यवहार होता है तथा विच्छेद हो जानेपर मोक्षव्यवहार होता है।

इसमें जो देव, पितृ और मनुष्यरूप भूतोंका संघातविशेष है वह मृत्तिकाके लेपके समान प्रत्यक्ष नष्ट हो जानेवाला और [चेतन आत्मासे] सर्वथा भिन्न है; किन्तु जो [स्थूल, सूक्ष्म और कारण तीनों प्रकारके शरीरोंसे] विलक्षण चौथा आत्मा है वह ईश्वरसे भिन्न लक्षणोंवाला नहीं माना जा सकता।

यदि कहो कि बुद्धि आदि कल्पित आत्मासे [निरुपाधिक चेतनस्वरूप] आत्मा भिन्न है इस अभिप्रायसे हमने 'लक्षणभेद होनेके कारण' ऐसा हेतु दिया है, तो तुम्हारा यह हेतु आश्रयासिद्ध* है,क्योंकि ईश्वरसे भिन्न और किसी आत्माकी सत्ता नहीं है।

* जहाँ पक्षमें पक्षतावच्छेदकालका अभाव होता है वहाँ आश्रयासिद्ध हेत्वाभास माना जाता है; जैसे—'आकाशकुसुम सुगन्धिमान् है कुसुम होनेके कारण, अन्यकुसुमवत्। इस

वाक्य-भाष्य

ईश्वरस्यैव विरुद्धलक्षणत्वमयुक्तमिति चेत्सुखदुःखादियोगश्च। न। निमित्तत्वे सति लोकविपर्ययाध्यारोपणात्सवितृवत्। यथा हि सविता नित्यप्रकाशरूपत्वाल्लोकाभिव्यक्त्यनभिव्यक्तिनिमित्तत्वे सति लोकदृष्टिविपर्ययेणोदयास्तमयाहोरात्रादिकर्तृत्वाध्यारोपभाग्भवत्येवमीश्वरे नित्यविज्ञानशक्तिरूपे लोकज्ञानापोहसुखदुःखस्मृत्यादिनिमित्तत्वे सति लोकविपरीतबुद्ध्याध्यारोपितंविपरीतलक्षणत्वं सुखदुःखाश्रयश्च न स्वतः।

पूर्व०—[यदि ईश्वरसे भिन्न और कोई आत्मा नहीं है तो] ईश्वरमें ही विरुद्धलक्षणत्व तथा सुख-दुःख आदिका योग होना तो ठीक नहीं है।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि आत्मा सूर्यके समान केवल निमित्तमात्र है; लोकोंकी उसमें जो विपरीत बुद्धि है वह केवल आरोपके कारण है। जिस प्रकार सूर्य नित्यप्रकाशस्वरूप होनेके कारण लौकिक पदार्थोंकी अभिव्यक्ति और अनभिव्यक्तिका निमित्तमात्र होता है तथापि लोकोंकी दृष्टिमें विपरीत भाव आ जानेके कारण इस अध्यारोपका पात्र बनता है कि वह उदय-अस्त और दिन-रात्रि आदिका कर्ता है, उसी प्रकार नित्यविज्ञानशक्तिस्वरूप ईश्वरमें भी लोकोंके ज्ञानका विनाश तथा सुख, दुःख और स्मृति आदिकी निमित्तता उपस्थित होनेपर लोकोंकी विपरीत बुद्धिसे विपरीतलक्षणत्व तथा सुख-दुःखाश्रयत्वका आरोप कर लिया जाता है, उसमें स्वतः ऐसा कोई भाव नहीं है।

अनुमानमें 'आकाशकुसुम' जो पक्ष है उसमें पक्षतावच्छेदकाल यानी कुसुमत्वका अभाव है, क्योंकि आकाशकुसुम कभी किसीने नहीं देखा। इसी प्रकार यहाँ समझना चाहिये।'

वाक्य-भाष्य

आत्मदृष्ट्यनुरूपाध्यारोपाच्च । यथा घनादिविप्रकीर्णेऽम्बरे येनैव सवितृप्रकाशो न दृश्यते स आत्मदृष्ट्यनुरूपमेवाध्यस्यति सवितेदानीमिह न प्रकाशयतीति सत्येव प्रकाशेऽन्यत्र भ्रान्त्या। एवमिह बौद्धादिवृत्त्युद्भवाभिभवाकुलभ्रान्त्याध्यारोपितः सुख-दुःखादियोग उपपद्यते।

इसके सिवा सभी जीव अपनी-अपनी दृष्टिके अनुरूप ही उसमें आरोप करते हैं [इसलिये भी वह उन सब आरोपोंसे अछूता है]। जिस प्रकार आकाशके मेघ आदिसे आच्छादित हो जानेपर जिस-जिसको सूर्यका प्रकाश दिखलायी नहीं देता वही-वही अन्यत्र प्रकाश रहनेपर भी भ्रान्तिवश अपनी दृष्टिके अनुसार ऐसा आरोप करता है कि 'इस समय यहाँ सूर्य प्रकाशमान नहीं है।' इसी प्रकार इस आत्मतत्त्वमें भी बुद्धि आदिकी वृत्तियोंके उदय और अस्तसे वैचित्र्यको प्राप्त हुई भ्रान्तिसे आरोपित सुख-दुःखादिका योग हो सकता है।

तत्स्मरणाच्च। तस्यैवेश्वरस्यैव हि स्मरणम्—'मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनं च' (गीता १५। १५) 'नादत्ते कस्यचित्पापम्' (गीता ५। १५) इत्यादि। अतो नित्यमुक्त एकस्मिन्सवितरीव लोकाविद्याध्यारोपितमीश्वरे संसारित्वम्। शास्त्रादिप्रामाण्यादभ्युपगतमसंसारित्वमित्यविरोध इति।

इस विषयमें उसीकी स्मृति भी है अर्थात् उस ईश्वरके ही स्मृतिवाक्य भी हैं; जैसे—'मुझहीसे प्राणियोंको स्मृति, ज्ञान और अज्ञान प्राप्त होते हैं' 'ईश्वर किसीके पापको स्वीकार नहीं करता' इत्यादि। अतः सूर्यके समान एक ही नित्यमुक्त ईश्वरमें लोकने अविद्यावश संसारित्वका आरोप कर रखा है, तथा शास्त्रादि प्रमाणोंसे उसका असंसारित्व जाना गया है; इसलिये इसमें कोई विरोध नहीं है।

देवताओंका गर्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त॥ १ ॥

यह प्रसिद्ध है कि ब्रह्मने देवताओंके लिये विजय प्राप्त की। कहते हैं, उस ब्रह्मकी विजयमें देवताओंने गौरव प्राप्त किया॥ १ ॥

पद-भाष्य

ब्रह्म यथोक्तलक्षणं परं ह किल देवेभ्योऽर्थाय विजिग्ये जयं लब्धवत् देवानामसुराणां च

यह प्रसिद्ध है कि उपर्युक्त लक्षणोंवाले परब्रह्मने देवताओंके लिये जय प्राप्त की। अर्थात् देवता और असुरोंके

वाक्य-भाष्य

एतेन प्रत्येकं ज्ञानादिभेदः प्रत्युक्तः सौक्ष्म्यचैतन्यसर्वगतत्वाद्यविशेषे च भेदहेत्वभावात्। विक्रियावत्त्वे चानित्यत्वात्। मोक्षे च विशेषानभ्युपगमादभ्युपगमे चानित्यत्वप्रसङ्गात्। अविद्यावदुपलभ्यत्वाच्च भेदस्य। तत्क्षयेऽनुपपत्तिरिति सिद्धम् एकत्वम्।

इससे प्रत्येक जीवके ज्ञानादि भेदका प्रत्याख्यान हो गया, क्योंकि उन सभीमें सूक्ष्मता, चैतन्य और सर्वगतत्वादि धर्म समानरूपसे रहनेके कारण भेदके हेतुका अभाव है। यदि उन्हें विकारी माना जाय तो वे अनित्य हो जायँगे। इसके सिवा मुक्तावस्थामें किसीने भी आत्माका कोई विशेष भाव नहीं माना, यदि कोई मानेगा तो अनित्यत्वका प्रसंग उपस्थित हो जायगा। तथा भेद तो केवल अविद्यावान्को ही उपलब्ध होता है, अविद्याका क्षय होनेपर उसकी सिद्धि नहीं होती। अतः [जीव और ईश्वरका] एकत्व ही सिद्ध होता है।

पद-भाष्य

संग्रामेऽसुराञ्जित्वा जगदरातीनीश्वरसेतुभेत्तॄन् देवेभ्यो जयं तत्फलं च प्रायच्छज्जगतः स्थेम्ने। तस्य ह किल ब्रह्मणो विजये देवाः, अग्न्यादयः, अमहीयन्त महिमानं प्राप्तवन्तः॥ १॥

संग्राममें संसारके शत्रु तथा ईश्वरकी मर्यादा भंग करनेवाले असुरोंको जीतकर जगत्‌की स्थितिके लिये वह जय और उसका फल देवताओंको दे दिया। कहते हैं, ब्रह्मकी उस विजयमें अग्नि आदि देवगण महिमाको प्राप्त हुए॥ १॥

यक्षका प्रादुर्भाव

त ऐक्षन्तास्माकमेवायं विजयोऽस्माकमेवायं महिमेति। तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्बभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति॥ २॥

उन्होंने सोचा हमारी ही यह विजय है और हमारी ही यह महिमा है। कहते हैं, वह ब्रह्म देवताओंके अभिप्रायको जान गया और उनके सामने प्रादुर्भूत हुआ। तब देवतालोग [यक्षरूपमें प्रकट हुए] उस ब्रह्मको 'यह यक्ष कौन है?' ऐसा न जान सके॥ २॥

वाक्य-भाष्य

बन्धमोक्ष-व्यवस्था

तस्माच्छरीरेन्द्रियमनोबुद्धिविषयवेदनासन्तानस्य अहङ्कारसम्बन्धादज्ञानबीजस्य नित्यविज्ञानान्यनिमित्तस्यात्मतत्त्वयाथात्म्यविज्ञानाद्विनिवृत्तावज्ञानबीजस्य विच्छेद आत्मनो मोक्षसंज्ञा; विपर्यये च बन्धसंज्ञा, स्वरूपापेक्षत्वादुभयोः।

अतः अहंकारके सम्बन्धसे अज्ञानके बीजभूत शरीर, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, विषय और इन्द्रियज्ञानके प्रवाहकी, जो नित्यविज्ञानस्वरूप आत्मासे भिन्न किसी अन्य निमित्तसे स्थित है, आत्मतत्त्वके यथार्थ ज्ञानसे निवृत्ति हो जानेपर जो अज्ञानके बीजका उच्छेद हो जाना है वही आत्माका मोक्ष कहलाता है और उससे विपरीतका नाम बन्ध है, क्योंकि वे [बन्ध और मोक्ष] दोनों ही [बुद्ध्यादि उपाधि-विशिष्ट] स्वरूपकी अपेक्षासे हैं।

पद-भाष्य

तदा आत्मसंस्थस्य प्रत्यगात्मन ईश्वरस्य सर्वज्ञस्य सर्वक्रियाफलसंयोजयितुः प्राणिनां सर्वशक्तेः जगतः स्थितिं चिकीर्षोः अयं जयो महिमा चेत्यजानन्तः ते देवा ऐक्षन्त ईक्षितवन्तः अग्न्यादि-

तब अन्तःकरणमें स्थित, प्रत्यगात्मा, सर्वज्ञ, प्राणियोंके सम्पूर्ण कर्मफलोंका संयोग करानेवाले, सर्वशक्तिमान् एवं जगत्की रक्षा करनेके इच्छुक ईश्वरकी ही यह सम्पूर्ण जय और महिमा है यह न जानते हुए आत्माको अग्नि आदि रूपोंसे परिच्छिन्न माननेवाले

वाक्य-भाष्य

ब्रह्म ह इत्यैतिह्यार्थः। पुरा किल देवासुरसंग्रामे जगत्स्थितिपरिपिपालयिषयात्मानुशासनानुवर्तिभ्यो देवेभ्योऽर्थिभ्योऽर्थाय विजिग्येऽजैषीदसुरान्। ब्रह्मण इच्छानिमित्तो विजयो देवानां बभूवेत्यर्थः। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त। यज्ञादिलोकस्थित्यपहारिष्वसुरेषु पराजितेषु देवा वृद्धिं पूजां वा प्राप्तवन्तः॥ १॥

'ब्रह्म ह' इसमें 'ह' ऐतिह्य (इतिहास)-का द्योतक है। कहते हैं, पूर्वकालमें देवासुरसंग्राममें ब्रह्मने जगत्-स्थिति (लोक-मर्यादा)-की रक्षाके लिये अपनी आज्ञामें चलनेवाले विजयार्थी देवताओंके लिये असुरोंको जीत लिया। अर्थात् ब्रह्मकी इच्छारूप निमित्तसे देवताओंकी विजय हो गयी। ब्रह्मकी उस विजयमें देवताओंको महत्ता प्राप्त हुई। लोककी स्थितिके हेतुभूत यज्ञादिको नष्ट करनेवाले असुरोंके पराजित हो जानेपर देवताओंने वृद्धि अथवा खूब सत्कार प्राप्त किया॥ १॥

त ऐक्षन्त इति मिथ्याप्रत्ययत्वाद्धेयत्वख्यापनार्थमाम्नायः।

'त ऐक्षन्त' इत्यादि शास्त्रवाक्य मिथ्याप्रत्ययरूप होनेके कारण [अभिमानका] हेयत्व प्रतिपादन करनेके लिये है।

वाक्य-भाष्य

ईश्वरनिमित्ते विजये स्वसामर्थ्य-

जो विजय ईश्वरके निमित्तसे प्राप्त

पद-भाष्य

स्वरूपपरिच्छिन्नात्मकृतोऽस्माकमेवायं विजयः, अस्माकमेवायं महिमा अग्निवाय्विन्द्रत्वादिलक्षणो जयफलभूतोऽस्माभिरनुभूयते; नास्मत्प्रत्यगात्मभूतेश्वरकृत इति।

एवं मिथ्याभिमानेक्षणवतां तद् ह किल एषां मिथ्येक्षणं विजज्ञौ विज्ञातवद्ब्रह्म। सर्वेक्षितृ हि तत् सर्वभूतकरणप्रयोक्तृत्वात्। देवानां च मिथ्याज्ञानमुपलभ्य मैवासुरवद्देवा मिथ्याभि-

देवता सोचने लगे कि—हमलोगोंकी ही यह विजय हुई है, और इस विजयकी फलभूत अग्नित्व, वायुत्व एवं इन्द्रत्वरूप यह महिमा भी हमारी ही है; अतः हमारे द्वारा ही इसका अनुभव किया जाता है; यह विजय अथवा महिमा हमारे अन्तरात्मभूत ईश्वरकी की हुई नहीं है।

इस प्रकार मिथ्या अभिमानसे विचार करनेवाले उन देवताओंके इस मिथ्या विचारको ब्रह्मने जान लिया, क्योंकि समस्त जीवोंके अन्तःकरणोंका प्रेरक होनेके कारण वह सबका साक्षी है। देवताओंके इस मिथ्या ज्ञानको जानकर 'इस मिथ्या ज्ञानसे असुरोंकी ही भाँति

वाक्य-भाष्य

निमित्तोऽस्माकमेवायं विजयोऽस्माकमेवायं महिमेत्यात्मनो जयादि श्रेयोनिमित्तं सर्वात्मानमात्मस्थं सर्वकल्याणास्पदमीश्वरमेवात्मत्वेनाबुद्ध्वा पिण्डमात्राभिमानाः सन्तो यं मिथ्याप्रत्ययं चक्रुस्तस्य पिण्डमात्रविषयत्वेन मिथ्याप्रत्ययत्वात्सर्वात्मेश्वरयाथात्म्याव-

हुई थी उसमें 'यह हमारी सामर्थ्यसे प्राप्त हुई हमारी ही विजय है, हमारी ही महिमा है' इस प्रकार [अभिमान करके] अपनी विजय आदि कल्याणके हेतुभूत सर्वात्मा सर्वकल्याणास्पद आत्मस्थ ईश्वरको ही आत्मभावसे न जानकर पिण्डमात्रके अभिमानी होकर उन्होंने जो मिथ्या प्रत्यय कर लिया था वह केवल पिण्डमात्रसे सम्बन्ध रखनेवाला होनेसे मिथ्या ज्ञानस्वरूप था। अतः सर्वात्मा ईश्वरके यथार्थ स्वरूपके

पद-भाष्य

मानात्पराभवेयुरिति तदनुकम्पया देवान्मिथ्याभिमानापनोदनेनानुगृह्णीयामिति तेभ्यो देवेभ्यो ह किलार्थाय प्रादुर्बभूव स्वयोगमाहात्म्यनिर्मितेनात्यद्भुतेन विस्मापनीयेन रूपेण देवानामिन्द्रियगोचरे प्रादुर्बभूव प्रादुर्भूतवत्। तत् प्रादुर्भूतं ब्रह्म न व्यजानत नैव विज्ञातवन्तो

देवताओंका भी पराभव न हो जाय' इस प्रकार उनपर अनुकम्पा करते हुए यह सोचकर कि 'देवताओंके मिथ्याज्ञानको निवृत्त करके मैं उन्हें अनुगृहीत करूँ' वह उन देवताओंके लिये प्रादुर्भूत हुआ अर्थात् अपनी योगमायाके प्रभावसे सबको विस्मित करनेवाले अति अद्भुत रूपसे देवताओंकी इन्द्रियोंका विषय होकर प्रादुर्भूत अर्थात् प्रकट हुआ। उस प्रकट हुए ब्रह्मको देवतालोग यह

वाक्य-भाष्य

बोधेन हातव्यताख्यापनार्थस्तद्धैषामित्याद्याख्यायिकाम्नायः।

बोधसे उसका हेयत्व प्रकट करनेके लिये ही यह 'तद्धैषाम्' (वह ब्रह्म उन देवताओंके अभिप्रायको जान गया) आदि आख्यायिकारूप आम्नाय (शास्त्र) है।

तद्ब्रह्म ह किलैषां देवानामभिप्रायं मिथ्याहङ्काररूपं विजज्ञौ विज्ञातवत्। ज्ञात्वा च मिथ्याभिमानशातनेन तदनुजिघृक्षया देवेभ्योऽर्थाय तेषामेवेन्द्रियगोचरे नातिदूरे प्रादुर्बभूव। महेश्वरशक्तिमायोपात्तेनात्यन्ताद्भुतेन प्रादुर्भूतं किल केनचिद्रूपविशेषेण। तत्किलोपलभमाना अपि देवा न व्यजानत न विज्ञातवन्तः किमिदं यदेतद्यक्षं पूज्यमिति॥ २॥

कहते हैं, वह ब्रह्म इन देवताओंके मिथ्या अहंकाररूप अभिप्रायको समझ गया—उसे इसका ज्ञान हो गया। उसे जानकर उस मिथ्याभिमानके छेदनद्वारा देवताओंपर अनुग्रह करनेकी इच्छासे वह देवताओंके ही लिये उनकी इन्द्रियोंका विषय होकर उनसे थोड़ी ही दूरपर प्रकट हुआ। वह महेश्वरकी मायाशक्तिसे ग्रहण किये हुए किसी बड़े ही विचित्र रूपविशेषसे प्रकट हुआ, जिसे देखकर भी देवता लोग यह न जान सके—न पहचान सके कि यह यक्ष अर्थात् पूज्य कौन है?॥ २॥

पद-भाष्य

देवाः किमिदं यक्षं पूज्यं महद्भूतमिति॥ २॥ | न जान सके कि यह यक्ष अर्थात् पूजनीय महान् प्राणी कौन है?॥ २॥

अग्निकी परीक्षा

तेऽग्निमब्रुवञ्जातवेद एतद्विजानीहि किमिदं यक्षमिति तथेति॥ ३॥

उन्होंने अग्निसे कहा—'हे अग्ने! इस बातको मालूम करो कि यह यक्ष कौन है? उसने कहा—'बहुत अच्छा'॥ ३॥

पद-भाष्य

ते तदजानन्तो देवाः सान्तर्भयास्तद्विजिज्ञासवोऽग्निम् अग्रगामिनं जातवेदसं सर्वज्ञकल्पम् अब्रुवन् उक्तवन्तः। हे जातवेद एतद् अस्मद्गोचरस्थं यक्षं विजानीहि विशेषतो बुध्यस्व त्वं नस्तेजस्वी किमेतद्यक्षमिति॥ ३॥

उसे न जाननेवाले देवताओंने भीतरसे डरते-डरते उसे जाननेकी इच्छासे सबसे आगे चलनेवाले सर्वज्ञकल्प जातवेदा अग्निसे कहा—'हे जातवेद! हमारे नेत्रोंके सम्मुख स्थित इस यक्षको जानो—विशेष रूपसे मालूम करो कि यह यक्ष कौन है; क्योंकि तुम हम सबमें तेजस्वी हो'॥ ३॥

तदभ्यद्रवत्तमभ्यवदत्कोऽसीत्यग्निर्वा अहमस्मीत्यब्रवीज्जातवेदा वा अहमस्मीति॥ ४॥

अग्नि उस यक्षके पास गया। उसने अग्निसे पूछा—'तू कौन है? उसने कहा—'मैं अग्नि हूँ, मैं निश्चय जातवेदा ही हूँ'॥ ४॥

पद-भाष्य

तथा अस्तु इति तद् यक्षम् अभि अद्रवत्

तब 'बहुत अच्छा' ऐसा कहकर अग्नि उस यक्षकी ओर अभिद्रुत

पद-भाष्य

तत्प्रति गतवानग्निः। तं च गतवन्तं पिपृच्छिषुं तत्समीपेऽप्रगल्भत्वात्तूष्णीं भूतं तद्यक्षम् अभ्यवदद् अग्निं प्रति अभाषत कोऽसीति। एवं ब्रह्मणा पृष्टोऽग्निरब्रवीत्—अग्निर्वा अग्निनामाहं प्रसिद्धो जातवेदा इति च नामद्वयेन प्रसिद्धतयात्मानं श्लाघयन्निति॥ ४॥

हुआ अर्थात् उसके पास गया। इस प्रकार गये हुए और धृष्ट न होनेके कारण अपने समीप चुपचाप खड़े हुए प्रश्न करनेकी इच्छावाले उस अग्निसे यक्षने कहा—'तू कौन है?' ब्रह्मके इस प्रकार पूछनेपर—'मैं अग्नि हूँ—मैं अग्नि नामसे प्रसिद्ध जातवेदा हूँ'—इस प्रकार अग्निने दो नामसे प्रसिद्ध होनेके कारण अपनी प्रशंसा करते हुए कहा॥ ४॥

तस्मिꣳस्त्वयि किं वीर्यमित्यपीदꣳसर्वं दहेयं यदिदं पृथिव्यामिति॥ ५॥

[फिर यक्षने पूछा—] 'उस [जातवेदारूप] तुझमें सामर्थ्य क्या है?' [अग्निने कहा—] 'पृथिवीमें यह जो कुछ है उस सभीको जला सकता हूँ'॥ ५॥

पद-भाष्य

एवमुक्तवन्तं ब्रह्मावोचत् तस्मिन् एवं प्रसिद्धगुणनामवति त्वयि किं वीर्यं सामर्थ्यम् इति। सोऽब्रवीद् इदं जगत् सर्वं दहेयं भस्मीकुर्यां यद् इदं स्थावरादि पृथिव्याम् इति। पृथिव्यामित्युपलक्षणार्थम्, यतोऽन्तरिक्षस्थमपि दह्यत एवाग्निना॥ ५॥

इस प्रकार बोलते हुए उस अग्निसे ब्रह्मने कहा—'ऐसे प्रसिद्ध गुण और नामवाले तुझमें क्या वीर्य—सामर्थ्य है?' वह बोला— 'पृथिवीपर जो यह चराचररूप जगत् है इस सबको जला सकता हूँ—भस्म कर सकता हूँ।' 'पृथिवीमें' यह केवल उपलक्षणके लिये है, क्योंकि जो वस्तु आकाशमें रहती है वह भी अग्निसे जल ही जाती है॥ ५॥

तस्मै तृणं निदधावेतद्दहेति। तदुपप्रेयाय सर्वजवेन तन्न शशाक दग्धुं स तत एव निववृते, नैतदशकं विज्ञातुं यदेतद्यक्षमिति॥ ६ ॥

तब यक्षने उस अग्निके लिये एक तिनका रख दिया और कहा—'इसे जला'। अग्नि उस तृणके समीप गया, परन्तु अपने सारे वेगसे भी उसे जलानेमें समर्थ नहीं हुआ। वह उसके पाससे ही लौट आया और बोला— 'यह यक्ष कौन है—इस बातको मैं नहीं जान सका'॥ ६ ॥

पद-भाष्य

तस्मै एवमभिमानवते ब्रह्म तृणं निदधौ पुराग्नेः स्थापितवत् ब्रह्मणा 'एतत् तृणमात्रं ममाग्रतः दह; न चेदसि दग्धुं समर्थः, मुञ्च दग्धृत्वाभिमानं सर्वत्र' इत्युक्तस्तत् तृणम् उपप्रेयाय तृणसमीपं गतवान् सर्वजवेन सर्वोत्साहकृतेन वेगेन गत्वा तत् न शशाक नाशकद्दग्धुम्।

इस प्रकार अभिमान करनेवाले उस अग्निके लिये ब्रह्मने एक तृण रखा अर्थात् उसके आगे तृण डाल दिया। ब्रह्मके ऐसा कहनेपर कि 'तू मेरे सामने इस तिनकेको जला; यदि तू इसे जलानेमें समर्थ नहीं है तो सर्वत्र जलानेवाला होनेका अभिमान छोड़ दे' वह अपने सारे बल अर्थात् उत्साहकृत सम्पूर्ण वेगसे उस तृणके पास गया। किन्तु वह वहाँ जाकर भी उसे जलानेमें समर्थ न हुआ।

स जातवेदाः तृणं दग्धुमशक्तो व्रीडितो हतप्रतिज्ञस्तत एव यक्षादेव तूष्णीं देवान्प्रति निववृते निवृत्तः प्रतिगतवान् न एतद् यक्षम् अशकं शक्तवानहं विज्ञातुं विशेषतः यदेतद्यक्षमिति॥ ६ ॥

इस प्रकार उस तिनकेको जलानेमें असमर्थ वह अग्नि हतप्रतिज्ञ होनेके कारण लज्जित होकर उस यक्षके पास-से चुपचाप देवताओंके प्रति निवृत्त हुआ—अर्थात् उनके पास लौट आया [और बोला—] 'इस यक्षको मैं विशेषरूपसे ऐसा नहीं जान सका कि यह यक्ष कौन है?'॥ ६ ॥

वायुकी परीक्षा

अथ वायुमब्रुवन्वायवेतद्विजानीहि किमेतद्यक्षमिति तथेति ॥ ७ ॥

तदनन्तर उन देवताओंने वायुसे कहा—'हे वायो! इस बातको मालूम करो कि यह यक्ष कौन है?' उसने कहा—'बहुत अच्छा' ॥ ७ ॥

तदभ्यद्रवत्तमभ्यवदत्कोऽसीति वायुर्वा अहमस्मीत्यब्रवीन्मातरिश्वा वा अहमस्मीति ॥ ८ ॥

वायु उस यक्षके पास गया, उसने वायुसे पूछा—'तू कौन है?' उसने कहा—'मैं वायु हूँ—मैं निश्चय मातरिश्वा ही हूँ' ॥ ८ ॥

तस्मिꣳस्त्वयि किं वीर्यमित्यपीदꣳ सर्वमाददीय यदिदं पृथिव्यामिति ॥ ९ ॥

[तब यक्षने पूछा—] 'उस [मातरिश्वारूप] तुझमें क्या सामर्थ्य है?' [वायुने कहा—] 'पृथिवीमें यह जो कुछ है उस सभीको ग्रहण कर सकता हूँ' ॥ ९ ॥

तस्मै तृणं निदधावेतदादत्स्वेति तदुपप्रेयाय सर्वजवेन तन्न शशाकादातुं स तत एव निववृते नैतदशकं विज्ञातुं यदेतद्यक्षमिति ॥ १० ॥

तब यक्षने उस वायुके लिये एक तिनका रखा और कहा—'इसे ग्रहण कर।' वायु उस तृणके समीप गया। परन्तु अपने सारे वेगसे भी वह उसे ग्रहण करनेमें समर्थ न हुआ। तब वह उसके पाससे लौट आया और बोला—'यह यक्ष कौन है—इस बातको मैं नहीं जान सका' ॥ १० ॥

पद-भाष्य

अथ अनन्तरं वायुमब्रुवन् हे वायो एतद्विजानीहीत्यादि

तदनन्तर उन्होंने वायुसे कहा—'हे वायो! इसे जानो' इत्यादि

पद-भाष्य

समानार्थं पूर्वेण। वानाद्गमनाद्-गन्धनाद्वा वायुः। मातर्यन्तरिक्षे श्वयतीति मातरिश्वा। इदं सर्वमपि आददीय गृह्णीयां यदिदं पृथिव्यामित्यादि समान-मेव॥ ७—१०॥

सब अर्थ पहलेहीके समान है। [वायुको] वान अर्थात् गमन या गन्ध ग्रहण करनेके कारण 'वायु' कहा जाता है। 'मातरि' अर्थात् अन्तरिक्षमें श्वयन (विचरण) करनेके कारण वह 'मातरिश्वा' है। पृथिवीमें जो कुछ है मैं इस सभीको ग्रहण कर सकता हूँ—इत्यादि शेष अर्थ पहलेहीके समान है॥ ७—१०॥

इन्द्रकी नियुक्ति

अथेन्द्रमब्रुवन्मघवन्नेतद्विजानीहि किमेतद्यक्षमिति तथेति तदभ्यद्रवत्तस्मात्तिरोदधे॥ ११॥

तदनन्तर देवताओंने इन्द्रसे कहा—'मघवन्! यह यक्ष कौन है—इस बातको मालूम करो।' तब इन्द्र 'बहुत अच्छा' कह उस यक्षके पास गया, किन्तु वह इन्द्रके सामनेसे अन्तर्धान हो गया॥ ११॥

वाक्य-भाष्य

तद्विज्ञानायाग्निमब्रुवन्। तृण-निधानेऽयमभिप्रायोऽत्यन्तसम्भा-वितयोरग्निमारुतयोस्तृणदहना-दानाशक्त्यात्मसम्भावना शातिता भवेदिति॥ ३—१०॥

देवताओंने उसे जाननेके लिये अग्निसे कहा। अग्नि और वायुके सामने तृण रखनेमें ब्रह्मका यह अभिप्राय था कि एक तिनकेको जलाने और ग्रहण करनेमें असमर्थ होनेसे इन अत्यन्त प्रतिष्ठित अग्नि और वायुका आत्माभिमान क्षीण हो जाय॥ ३—१०॥

पद-भाष्य

अथेन्द्रमब्रुवन्मघवन्नेतद्विजानीहीत्यादि पूर्ववत्। इन्द्रः परमेश्वरो मघवा बलवत्त्वात् तथेति तदभ्यद्रवत्। तस्माद् इन्द्रादात्मसमीपं गतात् तद्ब्रह्म तिरोदधे तिरोभूतम्। इन्द्रस्येन्द्रत्वाभिमानोऽतितरां निराकर्तव्य इत्यतः संवादमात्रमपि नादाद्ब्रह्मेन्द्राय॥ ११॥

फिर देवताओंने इन्द्रसे 'हे मघवन्! इसे जानो' इत्यादि पूर्ववत् कहा। इन्द्र अर्थात् परमेश्वर, जो बलवान् होनेके कारण 'मघवा' कहा गया है, बहुत अच्छा—ऐसा कहकर उसकी ओर चला। अपने समीप आये हुए उस इन्द्रके सामनेसे वह ब्रह्म अन्तर्धान हो गया। इन्द्रका सबसे बढ़ा हुआ इन्द्रत्वका अभिमान तोड़ना चाहिये—इसलिये इन्द्रको ब्रह्मने संवादमात्रका भी अवसर नहीं दिया॥ ११॥

उमाका प्रादुर्भाव

स तस्मिन्नेवाकाशे स्त्रियमाजगाम बहुशोभमाना-मुमा ँ हैमवतीं ता ँ होवाच किमेतद्यक्षमिति॥ १२॥

वह इन्द्र उसी आकाशमें [जिसमें कि यक्ष अन्तर्धान हुआ था] एक अत्यन्त शोभामयी स्त्रीके पास आया और उस सुवर्णाभूषणभूषिता [अथवा हिमालयकी पुत्री] उमा (पार्वतीरूपिणी ब्रह्मविद्या)-से बोला—'यह यक्ष कौन है?'॥ १२॥

वाक्य-भाष्य

इन्द्र आदित्यो वज्रभृद्वा अविरोधात्। इन्द्रोपसर्पणे ब्रह्म तिरोदध इत्यत्रायमभिप्रायः—इन्द्रोऽहमित्यधिकतमोऽभिमानोऽस्य सोऽहमग्न्यादिभिः प्राप्तं वाक्सम्भाषण-

इन्द्र आदित्य अथवा वज्रधारी देवराजका नाम है, क्योंकि दोनों ही अर्थोंमें कोई विरोध नहीं है। ब्रह्म जो इन्द्रके समीप आते ही अन्तर्धान हो गया इसमें यह अभिप्राय था कि [ब्रह्मने देखा—] इसे 'मैं इन्द्र (देवराज) हूँ' ऐसा सोचकर सबसे अधिक अभिमान है, अतः मेरे साथ अग्नि आदिको जो वाणीका सम्भाषण-

पद-भाष्य

तद्यक्षं यस्मिन्नाकाशे आकाशप्रदेशे आत्मानं दर्शयित्वा तिरोभूतमिन्द्रश्च ब्रह्मणस्तिरोधानकाले यस्मिन्नाकाशे आसीत्, स इन्द्रस्तस्मिन्नेव आकाशे तस्थौ किं तद्यक्षमिति ध्यायन्; न निववृतेऽग्न्यादिवत्।

वह यक्ष जिस आकाशमें—आकाशके जिस भागमें अपना दर्शन देकर तिरोहित हुआ था और उसके तिरोहित होनेके समय इन्द्र जिस आकाशमें था, वह इन्द्र यह सोचता हुआ कि 'यह यक्ष कौन है?' उसी आकाशमें खड़ा रहा। अग्नि आदिके समान पीछे नहीं लौटा।

तस्येन्द्रस्य यक्षे भक्तिं बुद्ध्वा विद्या उमारूपिणी प्रादुरभूत्स्त्रीरूपा। स इन्द्रस्ताम् उमां बहुशोभमानाम्—सर्वेषां हि शोभमानानां शोभनतमा विद्या, तदा बहुशोभमानेति विशेषणमुपपन्नं भवति;

उस इन्द्रकी यक्षमें भक्ति जानकर स्त्रीवेषधारिणी उमारूपा विद्यादेवी प्रकट हुई। वह इन्द्र उस अत्यन्त शोभामयी हैमवती उमाके पास गया। समस्त शोभायमानोंमें विद्या ही सबसे अधिक शोभामयी है; इसलिये उसके लिये 'बहुशोभमाना' यह विशेषण उचित ही है।

वाक्य-भाष्य

मात्रमप्यनेन न प्राप्तो ऽस्मीत्यभिमानं कथं न नाम जह्यादिति तदनुग्रहायैवान्तर्हितं तद्ब्रह्म बभूव॥ ११॥

मात्र भी प्राप्त हो गया था उसके लिये भी मैं इसे प्राप्त न हो सका—ऐसा सोचकर यह किसी तरह अपना अभिमान छोड़ दे। अतः उसपर कृपा करनेके लिये ही ब्रह्म अन्तर्धान हो गया॥ ११॥

वाक्य-भाष्य

स शान्ताभिमान इन्द्रोऽत्यर्थं ब्रह्म विजिज्ञासुर्यस्मिन्नाकाशे ब्रह्मणः प्रादुर्भाव आसीत्तिरोधानं च तस्मिन्नेव स्त्रियमतिरूपिणीं विद्यामाजगाम। अभिप्रायोद्बोध-हेतुत्वाद्रुद्रपत्न्युमा हैमवतीव सा

इस प्रकार अभिमान शान्त हो जानेपर इन्द्र ब्रह्मका अत्यन्त जिज्ञासु होकर उसी आकाशमें, जिसमें कि ब्रह्मका आविर्भाव एवं तिरोभाव हुआ था, एक अत्यन्त रूपवती स्त्री—विद्या-देवीके पास आया। ब्रह्मके गुप्त हो जानेके अभिप्रायको प्रकट करनेकी

पद-भाष्य

हैमवतीं हेमकृताभरणवतीमिव बहुशोभमानामित्यर्थः; अथवा उमैव हिमवतो दुहिता हैमवती नित्यमेव सर्वज्ञेनेश्वरेण सह वर्तत इति ज्ञातुं समर्थेति कृत्वा ताम्—उपजगाम इन्द्रस्तां ह उमां किल उवाच पप्रच्छ—ब्रूहि किमेतद्दर्शयित्वा तिरोभूतं यक्षमिति॥ १२॥

हैमवती अर्थात् हेम (सुवर्ण)-निर्मित आभूषणोंवालीके समान अत्यन्त शोभामयी। अथवा हिमवान्‌की कन्या होनेसे उमा (पार्वती) ही हैमवती है। वह सर्वदा उस सर्वज्ञ ईश्वरके साथ वर्तमान रहती है; अतः उसे जाननेमें समर्थ होगी—यह सोचकर इन्द्र उसके पास गया, और उससे पूछा— 'बतलाइये, इस प्रकार दर्शन देकर छिप जानेवाला यह यक्ष कौन है?'॥ १२॥

इति तृतीयः खण्डः॥ ३॥

वाक्य-भाष्य

शोभमाना विद्यैव। विरूपोऽपि विद्यावान्बहु शोभते॥ १२॥

कारण होनेसे वह रुद्रपत्नी हिमालयपुत्री पार्वतीके समान शोभामयी ब्रह्मविद्या ही थी, क्योंकि विद्यावान् पुरुष रूपहीन होनेपर भी बहुत शोभा पाता है॥ १२॥

इति तृतीयः खण्डः॥ ३॥

चतुर्थ खण्ड

उमाका उपदेश

सा ब्रह्मेति होवाच ब्रह्मणो वा एतद्विजये महीयध्वमिति ततो हैव विदाञ्चकार ब्रह्मेति॥ १॥

उस विद्यादेवीने स्पष्टतया कहा—'यह ब्रह्म है' तुम ब्रह्मके ही विजयमें इस प्रकार महिमान्वित हुए हो'। कहते हैं, तभीसे इन्द्रने यह जाना कि यह ब्रह्म है॥ १॥

पद-भाष्य

सा ब्रह्मेति होवाच ह किल ब्रह्मणो वै ईश्वरस्यैव विजये—ईश्वरेणैव जिता असुराः; यूयं तत्र निमित्तमात्रम्; तस्यैव विजये—यूयं महीयध्वं महिमानं प्राप्नुथ। एतदिति क्रियाविशेषणार्थम्। मिथ्याभिमानस्तु युष्माकम्—अस्माकमेवायं विजयोऽस्माकमेवायं महिमेति। ततः तस्मादुमावाक्याद् ह एव विदाञ्चकार ब्रह्मेति इन्द्रः; अवधारणात्

उसने 'यह ब्रह्म है' ऐसा कहा। 'निस्सन्देह ब्रह्म—ईश्वरके विजयमें ही [तुम महिमाको प्राप्त हुए हो]। असुरोंको ईश्वरने ही जीता था; तुम तो उसमें निमित्तमात्र थे। अतः उसके ही विजयमें तुम्हें यह महिमा मिली है।' मूलमें 'एतत्' यह क्रियाविशेषणके लिये है। 'यह हमारी ही विजय है, यह हमारी ही महिमा है' यह तो तुम्हारा मिथ्या अभिमान ही है। तब उमादेवीके उस वाक्यसे ही इन्द्रने जाना कि 'यह ब्रह्म है'। 'ततः' पदके साथ 'ह' और 'एव' ये अव्यय निश्चय करानेके लिये ही प्रयुक्त हुए हैं। [अर्थात् उमा-

वाक्य-भाष्य

तां च पृष्ट्वा तस्या एव वचनाद् विदाञ्चकार विदितवान्। अत इन्द्रस्य बोधहेतुत्वाद्विद्यैवोमा। विद्यासहायवानीश्वर इति स्मृतिः। यस्मादिन्द्रविज्ञानपूर्वकम् अग्निवाय्विन्द्रास्ते ह्येनन्नेदिष्ठमतिसमीपं ब्रह्मविद्यया ब्रह्म प्राप्ताः सन्तः पस्पृशुः स्पृष्टवन्तः—ते हि प्रथमः प्रथमं विदाञ्चकार विदाञ्चक्रुरित्येतत्—तस्मादतितराम्

इन्द्रने उस उमासे पूछकर उसीके वचनसे [ब्रह्मको] जाना था; अतः इन्द्रके बोधकी हेतुभूता होनेसे उमा विद्या ही है। 'ईश्वर विद्यासहायवान् है' ऐसी स्मृति भी है। क्योंकि इन्द्रके विज्ञानपूर्वक अग्नि, वायु और इन्द्र—इन देवताओंने ही ब्रह्मका, उसके नेदिष्ठ अर्थात् अत्यन्त समीप पहुँचकर ब्रह्मविद्याद्वारा स्पर्श किया था—उन्होंने प्रथम यानी पहले-पहल उसे जाना था, इसलिये वे अन्य देवताओंसे बढ़े हुए हैं—उनसे अधिक देदीप्यमान होते हैं;

पद-भाष्य

ततो हैव इति, न स्वातन्त्र्येण॥ १॥

देवीके वाक्यसे ही इन्द्रने ब्रह्मको जाना] स्वतन्त्रतासे नहीं॥ १॥

यस्मादग्निवाय्विन्द्रा एते देवा ब्रह्मणः संवाददर्शनादिना सामीप्यमुपगताः—

क्योंकि अग्नि, वायु और इन्द्र—ये देवता ही ब्रह्मके साथ संवाद और दर्शनादि करनेके कारण उसकी समीपताको प्राप्त हुए थे—

तस्माद्वा एते देवो अतितरामिवान्यान्देवान्यदग्निर्वायुरिन्द्रस्ते ह्येनन्नेदिष्ठं पस्पृशुस्ते ह्येनत्प्रथमो विदाञ्चकार ब्रह्मेति॥ २॥

क्योंकि अग्नि, वायु और इन्द्र—इन देवताओंने ही इस समीपस्थ ब्रह्मका स्पर्श किया था और उन्होंने ही उसे पहले-पहल 'यह ब्रह्म है' ऐसा जाना था, अतः वे अन्य देवताओंसे बढ़कर हुए॥ २॥

पद-भाष्य

तस्मात् स्वैर्गुणैः अतितरामिव शक्तिगुणादिमहाभाग्यैः, अन्यान् देवान् अतितराम् अतिशेरत इव एते देवाः। इव शब्दोऽनर्थकोऽवधारणार्थो वा। यद् अग्निः, वायुः, इन्द्रस्ते हि देवा यस्माद् एनद् ब्रह्म नेदिष्ठम् अन्तिकतमं प्रियतमं पस्पर्शुः स्पृष्टवन्तो यथोक्तैर्ब्रह्मणः संवादादिप्रकारैः, ते हि यस्माच्च

इसलिये निश्चय ही ये देवगण अपने शक्ति एवं गुण आदि महान् सौभाग्योंके कारण अन्य देवताओंसे बढ़कर हुए। 'इव' शब्द निरर्थक अथवा निश्चयार्थक है। क्योंकि अग्नि, वायु और इन्द्र—इन देवताओंने इस ब्रह्मका पूर्वोक्त संवाद आदि प्रकारोंसे नेदिष्ठ अर्थात् अत्यन्त निकटवर्ती एवं प्रियतम भावसे स्पर्श किया था।

वाक्य-भाष्य

अतीत्यान्यानतिशयेन दीप्यन्ते

उनमें भी इन्द्र सबसे अधिक

पद-भाष्य

हेतो, एनद् ब्रह्म प्रथमः प्रथमाः प्रधानाः सन्त इत्येतत्, विदाञ्चकार विदाञ्चक्रुरित्येद्ब्रह्मेति॥ २॥

और उन्होंने ही इस ब्रह्मको प्रथम अर्थात् प्रधानरूपसे 'यह ब्रह्म है' ऐसा जाना था॥ २॥

यस्मादग्निवायू अपि इन्द्रवाक्यादेव विदाञ्चक्रतुः, इन्द्रेण हि उमावाक्यात्प्रथमं श्रुतं ब्रह्मेति—

क्योंकि अग्नि और वायुने भी इन्द्रके वाक्यसे ही उसे जाना था, कारण कि उमाके वाक्यसे तो इन्द्रने ही पहले सुना था कि 'यह ब्रह्म है'—

तस्माद्वा इन्द्रोऽतितरामिवान्यान्देवान्स ह्येनन्नेदिष्ठं पस्पर्श स ह्येनत्प्रथमो विदाञ्चकार ब्रह्मेति॥ ३॥

इसलिये इन्द्र अन्य सब देवताओंसे बढ़कर हुआ; क्योंकि उसने ही इस समीपस्थ ब्रह्मका स्पर्श किया था—उसने ही पहले-पहल 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार इसे जाना था॥ ३॥

पद-भाष्य

तस्माद्वै इन्द्रः, अतितरामिव अतिशेरत इव अन्यान् देवान्। स ह्येनन्नेदिष्ठं पस्पर्श यस्मात्

अतः इन्द्र इन अन्य देवताओंकी अपेक्षा भी बढ़कर हुआ, क्योंकि उसीने इसका सबसे समीपसे स्पर्श किया था—उसीने इसे सबसे पहले

वाक्य-भाष्य

अन्यान्देवांस्ततोऽपीन्द्रोऽतितरां दीप्यते। आदौ ब्रह्मविज्ञानात्॥ १—३॥

दीप्तिमान् है, क्योंकि सबसे पहले उसे ही ब्रह्मका ज्ञान हुआ था॥ १—३॥

पद-भाष्य

स ह्येनत्प्रथमो विदाञ्चकार ब्रह्मेत्युक्तार्थं वाक्यम्॥ ३॥

जाना था कि 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार इस वाक्यका अर्थ पहले ही कहा जा चुका है॥ ३॥

ब्रह्मविषयक अधिदैव आदेश

तस्यैष आदेशो यदेतद्विद्युतो व्यद्युतदा ३ इतीन्न्यमीमिषदा ३ इत्यधिदैवतम्॥ ४॥

उस ब्रह्मका यह [उपासनासम्बन्धी] आदेश है। जो बिजलीके चमकनेके समान तथा पलक मारनेके समान प्रादुर्भूत हुआ वह उस ब्रह्मका अधिदैवत रूप है॥ ४॥

पद-भाष्य

तस्य प्रकृतस्य ब्रह्मण एष आदेश उपमोपदेशः। निरुपमस्य ब्रह्मणो येनोपमानेनोपदेशः सोऽयमादेशः इत्युच्यते। किं तत्? यदेतत् प्रसिद्धं लोके विद्युतो व्यद्युतद् विद्योतनं कृतवदित्येतदनुपपन्नमिति विद्युतो विद्योतन-

उस प्रस्तावित ब्रह्मके विषयमें यह आदेश यानी उपमोपदेश है। जिस उपमासे उस निरुपम ब्रह्मका उपदेश किया जाता है वह 'आदेश' कहा जाता है। वह आदेश क्या है? यह जो लोकमें प्रसिद्ध बिजलीका चमकना है। यहाँ 'व्यद्युतत्' शब्दका 'प्रकाश किया' ऐसा अर्थ अनुपपन्न होनेके कारण 'विद्युतो विद्योतनम्—विद्युत्-

वाक्य-भाष्य

तस्यैष आदेशः। तस्य ब्रह्मण एष वक्ष्यमाण आदेश उपासनोपदेश इत्यर्थः। यस्माद्देवेभ्यो

उसका यह आदेश है। अर्थात् उस ब्रह्मका यह आगे कहा जानेवाला आदेश—उपासनासम्बन्धी उपदेश है। क्योंकि ब्रह्म देवताओंके सामने

पद-भाष्य

मिति कल्प्यते। आ ३ इत्युपमार्थः। विद्युतो विद्योतनमिवेत्यर्थः, 'यथा सकृद्विद्युतम्' इति श्रुत्यन्तरे च दर्शनात् विद्युदिव हि सकृदात्मानं दर्शयित्वा तिरोभूतं ब्रह्म देवेभ्यः।

अथवा विद्युतः 'तेजः' इत्यध्याहार्यम्। व्यद्युतद् विद्योतितवत् आ ३ इव। विद्युतस्तेजः सकृद्विद्योतितवदिवेत्यभिप्रायः। इतिशब्द आदेशप्रतिनिर्देशार्थः—

का चमकना' ऐसा अर्थ माना जाता है। 'आ' यह अव्यय उपमाके लिये है। अर्थात् बिजली चमकनेके समान [ऐसा तात्पर्य है]। जैसा कि 'यथा सकृद्विद्युतम्' इस अन्य श्रुतिसे भी देखा जाता है, क्योंकि ब्रह्म विद्युत्के समान ही अपनेको एक बार प्रकाशित करके देवताओंके सामनेसे तिरोभूत हो गया था।

अथवा 'विद्युतः' इस पदके आगे 'तेजः' पदका अध्याहार करना चाहिये। 'व्यद्युतत्' का अर्थ है 'प्रकाशित हुआ' तथा 'आ' का अर्थ 'समान' है। अतः इसका अभिप्राय यह हुआ कि 'जो बिजलीके तेजके समान एक बार प्रकाशित हुआ।'

वाक्य-भाष्य

विद्युदिव सहसैव प्रादुर्भूतं ब्रह्म द्युतिमत्तस्माद्विद्युतो विद्योतनं यथा यदेतद्ब्रह्म व्यद्युतद्विद्योतितवत्। आ इवेत्युपमार्थ आशब्दः। यथा घनान्धकारं विदार्य विद्युत्सर्वतः प्रकाशत एवं तद्ब्रह्म देवानां पुरतः सर्वतः प्रकाशवद्व्यक्तीभूतमतो

विद्युत्के समान सहसा (अकस्मात्) ही प्रकट हो गया था, इसलिये जो यह ब्रह्म प्रकाशमय है वह विद्युत्के प्रकाशके समान प्रकाशित हुआ। 'आ' का अर्थ 'इव' है; यह 'आ' शब्द उपमाके लिये है। जिस प्रकार बिजली सघन अन्धकारको विदीर्ण करके सब ओर प्रकाशित होती है उसी प्रकार वह ब्रह्म देवताओंके सामने सब ओर प्रकाशयुक्त होकर व्यक्त हुआ; इसलिये 'वह

पद-भाष्य

इत्ययमादेश इति। इच्छब्दः समुच्चयार्थः।

'इति' शब्द आदेशका संकेत करनेके लिये है अर्थात् 'यह आदेश है' ऐसा बतलानेके लिये है, और 'इत्' शब्द समुच्चयार्थक है।

अयं चापरस्तस्यादेशः। कोऽसौ? न्यमीमिषद् यथा चक्षुः न्यमीमिषद् निमेषं कृतवत्। स्वार्थे णिच्। उपमार्थ एव आकारः। चक्षुषो विषयं प्रति प्रकाशतिरोभाव इव चेत्यर्थः। इति अधिदैवतं देवताविषयं ब्रह्मण उपमानदर्शनम्॥ ४॥

इसके सिवा एक दूसरा आदेश यह भी है। वह क्या है? [सुनो—] जिस प्रकार नेत्र निमेष करता है, उसी प्रकार उसने भी निमेष किया। यहाँ स्वार्थमें 'णिच्' प्रत्यय हुआ है। 'आ' उपमाके ही लिये है। इस प्रकार 'नेत्रके विषयसे प्रकाशके छिप जानेके समान' ऐसा अर्थ हुआ। इस तरह यह ब्रह्मकी अधिदैवत—देवताविषयक उपमा दिखलायी गयी॥ ४॥

वाक्य-भाष्य

व्यद्युतदिवेत्युपास्यम्। यथा सकृद्विद्युतमिति च वाजसनेयके।

बिजलीकी चमकके समान है' इस प्रकार उपासना करनेयोग्य है। जैसा कि वाजसनेयक श्रुतिमें भी 'यथा सकृद्विद्युतम्' ऐसा कहा है।

यस्माच्चेन्द्रोपसर्पणकालेन्यमीमिषत्। यथा कश्चिच्चक्षुर्निमेषणं कृतवानिति। इतीदित्यनर्थकौ निपातौ। निमिषितवदिव तिरोभूतम्। इति एवमधिदैवतं देवताया अधि यद्दर्शनमधिदैवतं तत्॥ ४॥

क्योंकि इन्द्रके समीप जानेके समय ब्रह्म इस प्रकार संकुचित हो गया था, मानो किसीने नेत्र मूँद लिये हों; अतः वह नेत्र मूँदनेके समान तिरोहित हुआ। इस प्रकार वह अधिदैवत ब्रह्मदर्शन है। जो दर्शन देवतासम्बन्धी होता है वह अधिदैवत कहलाता है। 'इति' और 'इत्' इन दोनों निपातोंका यहाँ कुछ अर्थ नहीं है॥ ४॥

ब्रह्मविषयक अध्यात्म आदेश

अथाध्यात्मं यदेतद्गच्छतीव च मनोऽनेन चैतदुपस्मरत्यभीक्ष्ण ँ सङ्कल्पः ॥ ५ ॥

इसके अनन्तर अध्यात्म-उपासनाका उपदेश कहते हैं—यह मन जो जाता हुआ-सा कहा जाता है वह ब्रह्म है—इस प्रकार उपासना करनी चाहिये, क्योंकि इससे ही यह ब्रह्मका स्मरण करता है और निरन्तर संकल्प किया जाता है ॥ ५ ॥

पद-भाष्य

अथ अनन्तरम् अध्यात्मं प्रत्यगात्मविषय आदेश उच्यते। यदेतद् गच्छतीव च मनः। एतद्ब्रह्म ढौकत इव विषयीकरोतीव। यच्च अनेन मनसा एतद्ब्रह्म उपस्मरति समीपतः स्मरति साधकः, अभीक्ष्णं भृशम्। सङ्कल्पश्च-

इसके पश्चात् अब अध्यात्म अर्थात् प्रत्यगात्मासम्बन्धी आदेश कहा जाता है। यह जो मन जाता हुआ-सा मालूम होता है, सो वह मानो ब्रह्मको ही विषय करता है। और साधक पुरुष इस मनसे जो ब्रह्मका बारम्बार उपस्मरण—समीपसे स्मरण करता है [वह उसका अध्यात्म आदेश है]।

वाक्य-भाष्य

अथ अनन्तरमध्यात्ममात्मविषयमध्यात्ममुच्यत इति वाक्यशेषः। यदेतद्यथोक्तलक्षणं ब्रह्म गच्छतीव प्राप्नोतीव विषयीकरोतीवेत्यर्थः। न पुनर्विषयीकरोति

अब आगे अध्यात्म—आत्मविषयक उपासना कही जाती है—इस प्रकार इस वाक्यमें 'उच्यते' यह क्रियापद शेष है। जो यह मन उपर्युक्त लक्षणोंवाले ब्रह्मके प्रति मानो जाता—प्राप्त होता अर्थात् विषय करता है [वह ब्रह्म है—इस प्रकार उपासना करनी चाहिये]। मन वस्तुतः ब्रह्मको विषय नहीं करता, क्योंकि ब्रह्म तो

पद-भाष्य

मनसो ब्रह्मविषयः। मनउपाधिकत्वाद्धि मनसः सङ्कल्पस्मृत्यादिप्रत्ययैरभिव्यज्यते ब्रह्म, विषयीक्रियमाणमिव। अतः स एष ब्रह्मणोऽध्यात्ममादेशः।

विद्युन्निमेषणवदधिदैवतं द्रुतप्रकाशनधर्मि, अध्यात्मं च मनःप्रत्ययसमकालाभिव्यक्तिधर्मि—इत्येष आदेशः। एवमादिश्यमानं हि ब्रह्म मन्दबुद्धिगम्यं भवतीति

मनका संकल्प भी ब्रह्मको ही विषय करनेवाला है। ब्रह्म मनरूप उपाधिवाला है; इसलिये मनकी संकल्प एवं स्मृति आदि प्रतीतियोंसे मानो विषय किया जाता हुआ ब्रह्म ही अभिव्यक्त होता है। अतः यह उस ब्रह्मका अध्यात्म आदेश है।

विद्युत् और निमेषोन्मेषके समान ब्रह्म शीघ्र प्रकाशित होनेवाला है—यह अधिदैवत आदेश कहा गया और वह मनकी प्रतीतिके समकालमें अभिव्यक्त होनेवाला है—यह उसका अध्यात्म आदेश है। इस प्रकार उपदेश किया हुआ ब्रह्म मन्दबुद्धियोंकी समझमें आ जाता है—इसलिये यह [सोपाधिक]

वाक्य-भाष्य

मनसोऽविषयत्वाद्ब्रह्मणोऽतो मनो न गच्छति। येनाहुर्मनो मतमिति हि चोक्तम्। तु गच्छतीवेति मनसोऽपि मनस्त्वात्।

आत्मभूतत्वाच्च ब्रह्मणस्तत्समीपे मनो वर्तत इति। उपस्मरत्यनेन मनसैव तद्ब्रह्म विद्वान्यस्मात्तस्माद्ब्रह्म गच्छतीवेत्युच्यते।

मनका अविषय है; इसलिये वह उसतक नहीं पहुँच सकता, जैसा कि पहले कह चुके हैं कि 'जिससे मन मनन किया कहा जाता है।' अतः मनका भी मन होनेके कारण 'गच्छतीव' (मानो जाता है) ऐसा कहा गया है।

अर्थात् ब्रह्मका स्वरूपभूत होनेके कारण मन उसके समीप रहता है। क्योंकि विद्वान् इस मनसे ही उस ब्रह्मका स्मरण करता है इसलिये [मन] ब्रह्मके समीप मानो जाता है, ऐसा

पद-भाष्य

ब्रह्मण आदेशोपदेशः। न हि निरुपाधिकमेव ब्रह्म मन्दबुद्धिभिराकलयितुं शक्यम्॥ ५॥

ब्रह्मका उपदेश है, क्योंकि मन्दबुद्धि पुरुषोंद्वारा निरुपाधिक ब्रह्मका ही ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता॥ ५॥

वन-संज्ञक ब्रह्मकी उपासनाका फल

किं च— | तथा

तद्ध तद्वनं नाम तद्वनमित्युपासितव्यं स य एतदेवं वेदाभि हैन ँ सर्वाणि भूतानि संवाञ्छन्ति॥ ६॥

वह यह ब्रह्म ही वन (सम्भजनीय) है। उसकी 'वन'—इस नामसे उपासना करनी चाहिये। जो उसे इस प्रकार जानता है उसे सभी भूत अच्छी तरह चाहने लगते हैं॥ ६॥

पद-भाष्य

तद् ब्रह्म ह किल तद्वनं नाम तस्य वनं तद्वनं तस्य प्राणिजातस्य प्रत्यगात्मभूतत्वाद्वनं वननीयं संभजनीयम्। अतस्तद्वनं नाम; प्रख्यातं ब्रह्म तद्वनमिति यतः,

वह ब्रह्म निश्चय ही 'तद्वन' नामवाला है। 'तस्य वनं तद्वनम्' [इस प्रकार यहाँ षष्ठीतत्पुरुष समास है]। अर्थात् यह उस प्राणिसमूहका प्रत्यगात्मस्वरूप होनेके कारण वन—वननीय अर्थात् भजनीय है। इसलिये इसका नाम 'तद्वन' है। क्योंकि ब्रह्म 'तद्वन'

वाक्य-भाष्य

अभीक्ष्णं पुनः पुनश्च सङ्कल्पो ब्रह्मप्रेषितस्य मनसः। अत उपस्मरणसङ्कल्पादिभिर्लिङ्गैर्ब्रह्ममनोऽध्यात्मभूतमुपास्यमित्यभिप्रायः॥ ५॥

कहा जाता है। ब्रह्मद्वारा प्रेरित मनका ही बारम्बार संकल्प होता है। अतः तात्पर्य यह है कि स्मरण और संकल्प आदि लिंगोंसे मनकी अध्यात्म ब्रह्मस्वरूपसे उपासना करनी चाहिये॥ ५॥

पद-भाष्य

तस्मात् तद्वनमिति अनेनैव गुणाभिधानेन उपासितव्यं चिन्तनीयम्।

इस नामसे प्रसिद्ध है, इसलिये उसकी 'तद्वन' इस गुणव्यंजक नामसे ही उपासना—चिन्तन करना चाहिये।

अनेन नाम्नोपासनस्य फलमाह स यः कश्चिद् एतद् यथोक्तं ब्रह्म एवं यथोक्तगुणं वेद उपास्ते अभि ह एनम् उपासकं सर्वाणि

इस नामसे की हुई उपासनाका फल बतलाते हैं—'जो कोई इस पूर्वोक्त ब्रह्मको उपर्युक्त गुणोंसे युक्त जानता अर्थात् उपासना करता है, उस उपासकसे समस्त प्राणी इसी प्रकार अपने सम्पूर्ण अभीष्ट

वाक्य-भाष्य

तस्य चाध्यात्ममुपासने गुणो विधीयते—

उस ब्रह्मकी अध्यात्म-उपासनामें गुणका विधान किया जाता है—

तद्ध तद्वनम् तदेतद्ब्रह्म तच्च तद्वनं च तत्परोक्षं वनं सम्भजनीयम्। वनतेस्तत्कर्मणस्तस्मात्तद्वनं नाम। ब्रह्मणो गौणं हीदं नाम। तस्मादनेन गुणेन तद्वनमित्युपासितव्यम्। स यः कश्चिदेतद्यथोक्तमेवं यथोक्तेन गुणेन वनमित्यनेन नाम्नाभिधेयं ब्रह्म वेदोपास्ते तस्यैतत्फलमुच्यते। सर्वाणि भूतान्येनमुपासकमभिसंवाञ्छ-

'वह ब्रह्म तद्वन' है, यानी ह ब्रह्म तत् अर्थात् परोक्ष और वन—अच्छी तरह भजन करनेयोग्य है। [वन धातुका अर्थ अच्छी प्रकार भजन करना है] तत् शब्द जिसका कर्मभूत है ऐसे वन धातुसे तद्वन शब्द सिद्ध होता है; अतः उसका 'तद्वन' नाम है। ब्रह्मका यह नाम गुणविशेषके कारण है। अतः इस गुणके कारण वह 'वन है' इस प्रकार उपासना करनेयोग्य है। वह जो कोई उपर्युक्त गुणके कारण पहले कहे हुए 'वन' इस नामसे इसके अभिधेय ब्रह्मको जानता अर्थात् उपासना करता है उसके लिये यह फल बतलाया जाता है। इस उपासकको सभी भूत इच्छा करते हैं

पद-भाष्य

भूतानि अभिसंवाञ्छन्ति ह प्रार्थयन्त एव यथा ब्रह्म॥ ६॥	फलोंकी इच्छा यानी प्रार्थना करने लगते हैं, जैसे कि ब्रह्मसे॥ ६॥

एवमनुशिष्टः शिष्य आचार्यमुवाच—	इस प्रकार उपदेश पाकर शिष्यने आचार्यसे कहा—

उपसंहार

उपनिषदं भो ब्रूहीत्युक्ता त उपनिषद्ब्राह्मी वाव त उपनिषदमब्रूमेति॥ ७॥

[शिष्यके यह कहनेपर कि] हे गुरो! उपनिषद् कहिये [गुरुने कहा] 'हमने तुझसे उपनिषद् कह दी। अब हम तेरे प्रति ब्राह्मणजातिसम्बन्धिनी उपनिषद् कहेंगे'॥ ७॥

पद-भाष्य

उपनिषदं रहस्यं यच्चिन्त्यं भो भगवन् ब्रूहि इति।	हे भगवन्! जो चिन्तनीय उपनिषद् यानी रहस्य है वह मुझसे कहिये।
एवमुक्तवति शिष्ये आहाचार्यः— उक्ता अभिहिता ते तव उपनिषत्।	शिष्यके ऐसा कहनेपर आचार्यने कहा—'तुझसे उपनिषद् तो कह दी गयी।'

वाक्य-भाष्य

न्तीहाभिसम्भजन्ते सेवन्ते स्मेत्यर्थः। यथागुणोपासनं हि फलम्॥ ६॥	अर्थात् सभी उसका भजन यानी सेवा करते हैं। यह प्रसिद्ध ही है कि जैसे गुणवालेकी उपासना की जाती है वैसा ही फल होता है॥ ६॥

वाक्य-भाष्य

उपनिषदं भो ब्रूहि इत्युक्तायामप्युपनिषदि शिष्येणोक्त	इस प्रकार उपनिषद् कह चुकनेपर भी जब शिष्यने कहा कि 'उपनिषद् कहिये' तब

पद-भाष्य

उपनिषत्। का पुनः सेत्याह ब्राह्मीं ब्रह्मणः परमात्मन इयं ब्राह्मी ताम् परमात्मविषयत्वादतीतविज्ञानस्य, वाव एव ते उपनिषदमब्रूमेति उक्तामेव परमात्मविषयामुपनिषद-मब्रूमेत्यवधारयत्युत्तरार्थम्।

वह उपनिषद् क्या है? सो बतलाते हैं—हमने तेरे प्रति ब्राह्मी— ब्रह्म यानी परमात्मसम्बन्धिनी उपनिषद् ही कही है, क्योंकि पूर्वकथित विज्ञान परमात्मसम्बन्धी ही था। 'वाव'— निश्चय ही 'ते उपनिषदमब्रूम' इस वाक्यके द्वारा पहले कही हुई उपनिषद्को ही लक्ष्य करके 'मैंने तुमसे परमात्मसम्बन्धिनी उपनिषद् ही कही है' इस प्रकार* अगले ग्रन्थका विषय स्पष्ट करनेके लिये निश्चय करते हैं।

परमात्मविषयामुपनिषदं श्रुतवत उपनिषदं भो ब्रूहीति पृच्छतः शिष्यस्य कोऽभिप्रायः? यदि तावच्छ्रुतस्यार्थस्य प्रश्नः कृतः, ततः पिष्टपेषणवत्पुन-रुक्तोऽनर्थकः प्रश्नः स्यात्। अथ सावशेषोक्तोपनिषत्स्यात्, तत-

यहाँ परमात्मविषयिणि उपनिषद्को सुन चुकनेवाले शिष्यका 'उपनिषद् कहिये' इस प्रकार प्रश्न करनेमें क्या अभिप्राय है? यदि उसने सुनी हुई बातके विषयमें ही पुनः प्रश्न किया है तो उसका पुनः कहना पिष्टपेषण (पिसे हुएको पीसने)-के समान निरर्थक ही है। और यदि पहले कही हुई उपनिषद् असम्पूर्ण होती तो

वाक्य-भाष्य

आचार्य आह—उक्ता कथिता ते तुभ्यमुपनिषदात्मोपासनं च अधुना ब्राह्मीं वाव ते तुभ्यं ब्रह्मणो

आचार्य बोले—'मैंने तुझसे उपनिषद् और आत्माकी उपासना कह दी'। अब हम तुझे ब्राह्मी—ब्रह्मकी—

* उपनिषद्के जिज्ञासु शिष्यसे आचार्य पूर्वमें ही उपनिषद्का कथन कर यह स्पष्ट करते हैं कि उत्तर ग्रन्थमें उपनिषद्का वर्णन नहीं है।

पद-भाष्य

स्तस्याः फलवचनेनोपसंहारो न युक्तः 'प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति' (के० उ० २। ५) इति। तस्मादुक्तोपनिषच्छेषविषयोऽपि प्रश्नोऽनुपपन्न एव, अनवशेषितत्वात्। कस्तर्ह्यभिप्रायः प्रष्टुरित्युच्यते—

किं पूर्वोक्तोपनिषच्छेषतया तत्सहकारिसाधनान्तरापेक्षा, अथ निरपेक्षैव? सापेक्षा चेदपेक्षित-विषयामुपनिषदं ब्रूहि। अथ निरपेक्षा चेदवधारय पिप्पलाद-वन्नातः परमस्तीत्येवमभिप्रायः।

'इस लोकसे प्रयाण करनेके अनन्तर वे अमर हो जाते हैं' इस प्रकार फल बतलाते हुए उसका उपसंहार करना उचित न होता। अतः पूर्वोक्त उपनिषद्के अवशिष्ट (कहनेसे बचे हुए) अंशके सम्बन्धमें प्रश्न करना भी अयुक्त ही है, क्योंकि उसमें कोई बात कहनेसे छोड़ी नहीं गयी। तो फिर प्रश्नकर्ताका क्या अभिप्राय हो सकता है? इसपर कहा जाता है—

पहले जो उपनिषद् कही गयी है उसके अवशेषरूपसे किन्हीं अन्य सहकारी साधनोंकी अपेक्षा है अथवा वह सर्वथा निरपेक्षा ही कही गयी है? यदि वह सापेक्षा है तो अपेक्षित विषय-सम्बन्धिनी उपनिषद् कहिये और यदि उसे किसीकी अपेक्षा नहीं है तो पिप्पलादके समान* इससे पर और कुछ नहीं है—इस प्रकार निर्धारण कीजिये—

वाक्य-भाष्य

ब्राह्मणजातेरुपनिषदमब्रूम वक्ष्याम इत्यर्थः। वक्ष्यति हि। ब्राह्मी नोक्ता उक्ता त्वात्मोपनिषत्। तस्मान्न भूताभिप्रायोऽब्रूमेत्ययं शब्दः॥ ७॥

ब्राह्मण-जातिकी उपनिषद् सुनाते हैं। यह उपनिषद् आगे कही जायगी। अबतक ब्राह्मी उपनिषद् नहीं कही गयी, आत्मासम्बन्धिनी उपनिषद् ही कही गयी है। अतः 'अब्रूम' इस शब्दसे भूतकालका अभिप्राय नहीं है॥ ७॥

* देखिये प्रश्नोपनिषद् ६। ७।

पद-भाष्य

एतदुपपन्नमाचार्यस्यावधारणवचनम् 'उक्ता त उपनिषत्' इति।

ननु नावधारणमिदम्, यतोऽन्यद्वक्तव्यमाह 'तस्यै तपो दमः' इत्यादि।

तपःप्रभृतीनां ब्रह्मविद्याया अशेषत्व-प्रतिपादनम्

सत्यम्, वक्तव्यमुच्यते आचार्येण न तूक्तोपनिषच्छेषतया तत्सहकारिसाधनान्तराभिप्रायेण वा; किं तु ब्रह्मविद्याप्राप्त्युपायाभिप्रायेण वेदैस्तदङ्गैश्च सहपाठेन समीकरणात्तपःप्रभृतीनाम्। न हि वेदानां शिक्षाद्यङ्गानां च साक्षाद्ब्रह्मविद्याशेषत्वं तत्सहकारिसाधनत्वं वा सम्भवति।

सहपठितानामपि यथायोगं विभज्य विनियोगः स्यादिति चेत्; यथा सूक्तवाकानुमन्त्रणमन्त्राणां यथादैवतं विभागः;

यह शिष्यके प्रश्नका अभिप्राय है। अतः आचार्यका 'तुझसे उपनिषद् कह दी गयी' यह अवधारणवाक्य ठीक ही है।

शंका—यह अवधारणवाक्य नहीं हो सकता, क्योंकि 'तस्यै तपो दमः' इत्यादि आगामी वाक्यद्वारा कुछ और कहनेयोग्य बात कही गयी है।

समाधान—ठीक है, आचार्यने एक दूसरे कथनीय विषयको तो कहा है; तथापि उसे पूर्वोक्त उपनिषद्के अवशेषरूप अथवा अन्य सहकारी साधनरूपसे नहीं कहा। बल्कि ब्रह्मविद्याकी प्राप्तिके उपाय बतलानेके ही अभिप्रायसे कहा है, क्योंकि मन्त्रमें वेद और उनके अंगोंके साथ तप आदिका पाठ करके उनसे इनकी समानता प्रकट की गयी है; क्योंकि वेद और शिक्षादि वेदांग ब्रह्मविद्याके साक्षात् शेषभूत अथवा उसके सहकारी साधन नहीं हो सकते। [अतः इनके साथ पाठ होनेसे तप आदि भी विद्याके अंग या साधन सिद्ध नहीं होते]।

शंका—किन्तु [वेद-वेदांगोंके] साथ-साथ पढ़े हुए होनेपर भी तप आदिका भी सम्बन्धके अनुसार विभाग करके प्रयोग किया जा सकता है। अर्थात् जिस प्रकार सूक्तवाकरूप अनुमन्त्रण मन्त्रोंका उनके देवताओं-

पद-भाष्य

तथा तपोदमकर्मसत्यादीनामपि ब्रह्मविद्याशेषत्वं तत्सहकारिसाधनत्वं वेति कल्प्यते। वेदानां तदङ्गानां चार्थप्रकाशकत्वेन कर्मात्मज्ञानोपायत्वमित्येवं ह्ययं विभागो युज्यते अर्थसम्बन्धोपपत्तिसामर्थ्यादिति चेत्।

न; अयुक्तेः। न ह्ययं विभागो घटनां प्राञ्चति। न हि सर्वक्रियाकारकफलभेदबुद्धितिरस्कारिण्या ब्रह्मविद्यायाः शेषापेक्षा सहकारिसाधनसम्बन्धो वा युज्यते। सर्वविषयव्यावृत्तप्रत्यगात्मविषयनिष्ठत्वाच्च ब्रह्मविद्यायास्तत्फलस्य च निःश्रेयसस्य। 'मोक्षमिच्छन्सदा कर्म त्यजेदेव ससाधनम्। त्यजतैव हि तज्ज्ञेयं त्यक्तुः प्रत्यक्परं पदम्'

के अनुसार विभाग किया जाता है* उसी प्रकार तप, दम, कर्म और सत्यादिको भी ब्रह्मविद्याका शेषभूत अथवा सहकारी साधन माना जा सकता है। वेद और उनके अंग अर्थके प्रकाशक होनेसे कर्म और आत्मज्ञानके साधन हैं—इस प्रकार अर्थके सम्बन्धकी उपपत्तिके सामर्थ्यसे उनका ऐसा विभाग उचित ही है। ऐसा मानें तो ?

समाधान—युक्तिसंगत न होनेके कारण ऐसा मानना ठीक नहीं, क्योंकि ऐसा विभाग प्रस्तुत प्रसंगके अनुकूल नहीं है। सब प्रकारकी क्रिया कारक फल और भेदबुद्धिका तिरस्कार करनेवाली ब्रह्मविद्यामें किसी प्रकारके शेषकी अपेक्षा अथवा उचित सहकारी साधनका सम्बन्ध मानना ठीक नहीं है, क्योंकि ब्रह्मविद्या और उसका फल निःश्रेयस—ये सब प्रकारके विषयोंसे निवृत्त होकर प्रत्यगात्मारूप विषयमें स्थित होनेवाले हैं। [कहा भी है—] 'मोक्षकी इच्छा करनेवाला पुरुष सर्वदा साधनसहित कर्मोंको त्याग दे। त्याग करनेसे ही त्यागीको अपने प्रत्यगात्मरूप परमपदका ज्ञान हो

* अग्निरिदं हविरजुषतावावृधत महो ज्यायोऽवृत।
अग्नीषोमाविदं हविरजुषेतामवीवधेतां महो ज्यायोऽक्राताम्॥

इत्यादि सूक्तवाकसे ही समस्त यज्ञोंकी समाप्तिपर देवताओंका अनुमन्त्रण किया जाता है। यद्यपि इस सूक्तवाकमें बहुत-से देवताओंका निर्देश किया गया है, तो भी जिस यज्ञमें जिस देवताका आवाहन किया जाता है उसीके विसर्जनमें समर्थ होनेके कारण जिस प्रकार इस सूक्तवाकका विनियोग होता है उसी प्रकार तप आदिका भी विद्याके शेषरूपसे विनियोग हो जायगा।

पद-भाष्य

तस्मात्कर्मणां सहकारित्वं कर्मशेषापेक्षा वा न ज्ञानस्योपपद्यते। ततोऽसदेव सूक्तवाकानुमन्त्रणवद्यथायोगं विभाग इति। तस्मादवधारणार्थतैव प्रश्नप्रतिवचनस्योपपद्यते। एतावत्येवेयम् उपनिषदुक्तान्यनिरपेक्षा अमृतत्वाय॥ ७॥

सकता है' अतः कर्मको ज्ञानकी सहकारिता अथवा ज्ञानको कर्मका शेष होनेकी अपेक्षा सम्भव नहीं है। अतः सूक्तवाकरूप अनुमन्त्रणके समान इन तप आदिका भी सम्बन्धके अनुसार विभाग हो सकता है—ऐसा विचार मिथ्या ही है। अतः [शिष्यके उपर्युक्त] प्रश्नका जो उत्तर है वह [उपदेशकी समाप्तिका] अवधारण करनेके लिये है—ऐसा मानना ही ठीक है। अर्थात् अमरत्व-प्राप्तिके लिये किसी अन्य साधनकी अपेक्षासे रहित इतनी ही उपनिषद् कही गयी है॥ ७॥

विद्याप्राप्तिके साधन

तस्यै तपो दमः कर्मेति प्रतिष्ठा वेदाः सर्वाङ्गानि सत्यमायतनम्॥ ८॥

उस (ब्राह्मी उपनिषद्)-की तप, दम, कर्म तथा वेद और सम्पूर्ण वेदांग—ये प्रतिष्ठा हैं एवं सत्य आयतन है॥ ८॥

वाक्य-भाष्य

तस्या वक्ष्यमाणाया उपनिषदः तपो ब्रह्मचर्यादिदम उपशमः कर्म अग्निहोत्रादीत्येतानि प्रतिष्ठाश्रयः। एतेषु हि सत्सु ब्राह्म्युपनिषत् प्रतिष्ठिता भवति। वेदाश्चत्वारोऽङ्गानि च सर्वाणि। प्रतिष्ठेत्यनु-

उस आगे कही जानेवाली उपनिषद्की तप—ब्रह्मचर्यादि, दम—इन्द्रियनिग्रह तथा अग्निहोत्रादि कर्म—ये सब प्रतिष्ठा—आश्रय हैं। इनके होनेपर ही ब्राह्मी उपनिषद् प्रतिष्ठित हुआ करती है। चारों वेद तथा सम्पूर्ण वेदांग भी प्रतिष्ठा ही हैं। इस प्रकार ['वेदाः सर्वाङ्गानि' के आगे] 'प्रतिष्ठा' पदकी

पद-भाष्य

यामिमां ब्राह्मीमुपनिषदं तवाग्रेऽब्रूमेति तस्यै तस्या उक्ताया उपनिषदः प्राप्त्युपायभूतानि तपआदीनि। तपः कायेन्द्रियमनसां समाधानम्। दमः—उपशमः। कर्म अग्निहोत्रादि। एतैर्हि संस्कृतस्य सत्त्वशुद्धिद्वारा तत्त्वज्ञानोत्पत्तिर्दृष्टा। दृष्टा ह्यमृदितकल्मषस्योक्तेऽपि ब्रह्मण्यप्रतिपत्तिर्विपरीतप्रतिपत्तिश्च, यथेन्द्रविरोचनप्रभृतीनाम्।

तुम्हारे सामने जिस ब्राह्मी उपनिषद्का वर्णन किया है उस पूर्वकथित उपनिषद्की प्राप्तिके उपायभूत तप आदि हैं। शरीर, इन्द्रिय और मनके समाधानका नाम तप है। दम उपशम (विषयोंसे निवृत्त होने)-को कहते हैं। और कर्म अग्निहोत्रादि हैं। इनके द्वारा संस्कारयुक्त हुए पुरुषोंको ही चित्तशुद्धिद्वारा तत्त्वज्ञानकी उत्पत्ति होती देखी गयी है। जिनका मनोमल निवृत्त नहीं हुआ है उन पुरुषोंको तो उपदेश दिया जानेपर भी ब्रह्मके विषयमं अज्ञान अथवा विपरीत ज्ञान होता देखा गया है, जैसे इन्द्र और विरोचन आदिको।

तस्मादिह वातीतेषु वा बहुषु जन्मान्तरेषु तप आदिभिः कृतसत्त्वशुद्धेर्ज्ञानं समुत्पद्यते यथाश्रुतम्; 'यस्य देवे परा भक्तिर्यथा

अतः इस जन्ममें अथवा बीते हुए अनेकों जन्मोंमें जिनका चित्त तप आदिसे शुद्ध हो गया है उन्हें ही श्रुत्युक्त ज्ञान उत्पन्न होता है। 'जिसकी भगवान्में अत्यन्त भक्ति है

वाक्य-भाष्य

वर्तते। ब्रह्माश्रया हि विद्या। सत्यं यथा भूतवचनमपीडाकरम् आयतनं निवासः सत्यवत्सु हि सर्वं यथोक्तमायतन इवावस्थितम्॥ ८॥

अनुवृत्ति की जाती है। क्योंकि विद्या ब्रह्म (वेद)-के ही आश्रय रहनेवाली है। सत्य अर्थात् दूसरेको पीड़ा न पहुँचानेवाला यथार्थ वचन आयतन—निवासस्थान है, क्योंकि सत्यवान् पुरुषोंमें ही उपर्युक्त साधन आयतनके समान स्थित हैं॥ ८॥

पद-भाष्य

देवे तथा गुरौ। तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः' (श्वे० उ० ६ । २३) इति मन्त्रवर्णात्। 'ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात्पापस्य कर्मणः' (महा० शा० २०४ । ८) इति स्मृतेश्च।

इति शब्दः उपलक्षणत्वप्रदर्शनार्थः। इति एवमाद्यन्यदपि ज्ञानोत्पत्तेरुपकारकम् 'अमानित्वमदम्भित्वम्' (गीता १३ । ७) इत्याद्युपदर्शितं भवति। प्रतिष्ठा पादौ पादाविवास्याः, तेषु हि सत्सु प्रतितिष्ठति ब्रह्मविद्या प्रवर्तते, पद्भ्यामिव पुरुषः। वेदाश्चत्वारः सर्वाणि चाङ्गानि शिक्षादीनि षट् कर्मज्ञानप्रकाशकत्वाद्वेदानां तद्रक्षणार्थत्वाद् अङ्गानां प्रतिष्ठात्वम्।

अथवा प्रतिष्ठाशब्दस्य पादरूपकल्पनार्थत्वाद्वेदास्त्वितराणि सर्वाङ्गानि शिरआदीनि। अस्मिन् पक्षे शिक्षादीनां वेदग्रहणेनैव ग्रहणं कृतं प्रत्येतव्यम्। अङ्गिनि हि गृहीतेऽङ्गानि गृहीतानि एव भवन्ति, तदायत्तत्वादङ्गानाम्।

और जैसी भगवान्में है वैसी ही गुरुमें भी है उस महात्माको ही ये पूर्वोक्त विषय प्रकाशित होते हैं' इस मन्त्रवर्णसे तथा 'पापकर्मोंके क्षीण होनेपर पुरुषोंको ज्ञान उत्पन्न होता है' इस स्मृतिसे भी यही प्रमाणित होता है।

[मूल मन्त्रमें] 'इति' शब्द [अन्य साधनोंका] उपलक्षणत्व प्रदर्शित करनेके लिये है। अर्थात् इसी प्रकार ज्ञानकी उत्पत्ति करनेवाले 'अमानित्व अदम्भित्व' आदि अन्य साधन भी प्रदर्शित हो जाते हैं। 'प्रतिष्ठा' चरणोंको कहते हैं अर्थात् ये चरणोंके समान इसके आधारभूत हैं। जिस प्रकार पुरुष अपने चरणोंपर स्थित होकर व्यापार करता है उसी प्रकार इन साधनोंके रहते हुए ही ब्रह्मविद्या स्थित और प्रवृत्त होती है। ऋक् आदि चार वेद और शिक्षा आदि छः अंग [भी प्रतिष्ठा] हैं। कर्म और ज्ञानके प्रकाशक होनेके कारण वेदोंको और उनकी रक्षाके कारणभूत होनेसे वेदांगोंको ब्रह्मविद्याकी प्रतिष्ठा कहा गया है।

अथवा 'प्रतिष्ठा' शब्दकी चरणरूपसे कल्पना की गयी है; इसलिये वेद उस ब्रह्मविद्याके सिर आदि अन्य सम्पूर्ण अंग हैं। इस पक्षमें शिक्षा आदिका वेदका ग्रहण करनेसे ही ग्रहण किया समझ लेना चाहिये। क्योंकि अंगीके अधीन ही अंग होते हैं इसलिये अंगीके गृहीत होनेपर उसके अंग भी गृहीत हो ही जाते हैं।

पद-भाष्य

सत्यम् आयतनं यत्र तिष्ठत्युपनिषत् तदायतनम्। सत्यमिति अमायिता अकौटिल्यं वाङ्मनःकायानाम्। तेषु ह्याश्रयति विद्या ये अमायाविनः साधवः, नासुरप्रकृतिषु मायाविषु; 'न येषु जिह्ममनृतं न माया च' (प्र० उ० १। १६) इति श्रुतेः। तस्मात्सत्यमायतनमिति कल्प्यते। तपआदिषु एव प्रतिष्ठात्वेन प्राप्तस्य सत्यस्य पुनरायतनत्वेन ग्रहणं साधनातिशयत्वज्ञापनार्थम्। 'अश्वमेधसहस्रं च सत्यं च तुलया धृतम्। अश्वमेधसहस्राच्च सत्यमेकं विशिष्यते' (विष्णुस्मृ० ८) इति स्मृतेः॥ ८॥

सत्य आयतन है। जहाँ वह उपनिषद् स्थित होती है वही उसका आयतन है। वाणी, मन और शरीरकी अमायिकता यानी अकुटिलताका नाम 'सत्य' है। जो लोग अमायावी और साधु (शुद्धस्वभाव) होते हैं उन्हींमें ब्रह्मविद्या आश्रय लेती है, आसुरी प्रकृतिवाले मायावियोंमें नहीं, जैसा कि 'जिनमें कुटिलता, मिथ्या और माया नहीं है' इत्यादि श्रुतिसे सिद्ध होता है। अतः सत्य उसका आयतन है—ऐसी कल्पना की जाती है। तप आदिमें ही प्रतिष्ठारूपसे प्राप्त हुए सत्यको फिर आयतनरूपसे ग्रहण करना उसका अतिशय साधनत्व प्रदर्शित करनेके लिये है। 'सहस्र अश्वमेध और सत्य तराजूमें रखे जानेपर सहस्र अश्वमेधोंकी अपेक्षा अकेला सत्य ही विशेष ठहरता है' इस स्मृतिसे भी यही प्रमाणित होता है॥ ८॥

ग्रन्थावगाहनका फल

यो वा एतामेवं वेदापहत्य पाप्मानमनन्ते स्वर्गे लोके ज्येये प्रतितिष्ठति प्रतितिष्ठति॥ ९॥

जो निश्चयपूर्वक इस उपनिषद्को इस प्रकार जानता है वह पापको क्षीण करके अनन्त और महान् स्वर्गलोकमें प्रतिष्ठित होता है, प्रतिष्ठित होता है॥ ९॥

पद-भाष्य

यो वै एतां ब्रह्मविद्याम् 'केनेषितम्' इत्यादिना यथोक्ताम् एवं महाभागाम्' 'ब्रह्म ह देवेभ्यः' इत्यादिना स्तुतां सर्वविद्याप्रतिष्ठां वेद 'अमृतत्वं हि विन्दते' इत्युक्तमपि ब्रह्मविद्याफलमन्ते निगमयति— अपहत्य पाप्मानम् अविद्याकाम-कर्मलक्षणं संसारबीजं विधूय अनन्ते अपर्यन्ते स्वर्गे लोके सुखात्मके ब्रह्मणीत्येतत्। अनन्ते इति विशेषणान्न त्रिविष्टपे अनन्तशब्द औपचारिकोऽपि स्याद् इत्यत आह—ज्येये इति।

'केनेषितम्' इत्यादि वाक्यद्वारा कही हुई तथा 'ब्रह्म ह देवेभ्यः' आदि आख्यायिकाद्वारा स्तुत इस महाभागा और सम्पूर्ण विद्याओंकी आश्रयभूता ब्रह्मविद्याको जो पुरुष जानता है वह पापको छोड़कर अर्थात् अविद्या, कामना और कर्मरूप संसारके बीजको त्यागकर अनन्त—जिसका कोई पार नहीं है उस स्वर्गलोकमें अर्थात् सुखस्वरूप ब्रह्ममें, जो ज्येय—बड़ा अर्थात् सबसे महान् है उस अपने मुख्य आत्मामें स्थित हो जाता है। तात्पर्य यह है कि वह फिर संसारको प्राप्त नहीं होता। 'अमृतत्वं हि विन्दते' इस वाक्यद्वारा पहले ब्रह्मविद्याका फल कह भी दिया है, तो भी इस वाक्यद्वारा उसका अन्तमें फिर उपसंहार करते हैं। 'अनन्त' ऐसा विशेषण होनेके कारण 'स्वर्गे लोके' से देवलोक नहीं

वाक्य-भाष्य

तामेतां तप आद्यङ्गां तत्प्रतिष्ठां ब्राह्मीमुपनिषदं सायतनामात्म-ज्ञानहेतुभूतामेवं यथावद्यो वेद अनुवर्ततेऽनुतिष्ठति; तस्यैतत्फलम् आह—अपहत्य पाप्मानम् अपक्षीय धर्माधर्मावित्यर्थः अनन्तेऽपारेऽविद्यमानान्ते स्वर्गे लोके सुखप्राये निर्दुःखात्मनि

तप आदि अंगोंवाली और उन्हींपर प्रतिष्ठित इस ब्राह्मी उपनिषद्को, जो कि आत्मज्ञानकी हेतुभूत है, जो उसके आयतनके सहित इस प्रकार यथावत् जानता है—जो उसका अनुवर्तन यानी अनुष्ठान करता है उसके लिये यह फल बतलाया गया है। वह पापको क्षीण करके अर्थात् धर्म और अधर्मका क्षय करके जिसका अन्त न हो उस स्वर्गलोकमें अर्थात् दुःखरहित आनन्दप्राय और अनन्त—अपार अर्थात्

पद-भाष्य

ज्येये ज्यायसि सर्वमहत्तरे स्वात्मनि मुख्ये एव प्रतितिष्ठति। न पुनः संसारमापद्यत इत्यभिप्रायः ॥ ९ ॥

समझना चाहिये; क्योंकि उसमें भी उपचारसे 'अनन्त' शब्दकी प्रवृत्ति हो सकती है, इसलिये 'ज्येये' यह विशेषण दिया गया है ॥ ९ ॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥ ४ ॥

केनोपनिषत्पदभाष्यम् सम्पूर्णम्

पद-भाष्य

परे ब्रह्मणि ज्येये महति सर्वमहत्तरे प्रतितिष्ठति सर्ववेदान्तवेद्यं ब्रह्मात्मत्वेनावगम्य तदेव ब्रह्म प्रतिपद्यत इत्यर्थः ॥ ९ ॥

ज्येष्ठ—महान् यानी सबसे बड़े परब्रह्ममें प्रतिष्ठित हो जाता है। अर्थात् सम्पूर्ण वेदान्तवाक्योंसे वेद्य ब्रह्मको आत्मभावसे जानकर उसी ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है ॥ ९ ॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥ ४ ॥

केनोपनिषद्वाक्यभाष्यम् सम्पूर्णम्

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि। सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु। तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ हरिः ॐ तत्सत् ॥

ॐ

॥ तत्सद्ब्रह्मणे नमः ॥

कठोपनिषद्

मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थसहित

यस्मिन् सर्वं यतः सर्वं यः सर्वदृक्तथा।
सर्वभावपदातीतं स्वात्मानं तं स्मराम्यहम्॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं
करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु।
मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

वह परमात्मा हम (आचार्य और शिष्य) दोनोंकी साथ-साथ रक्षा करें। हम दोनोंका साथ-साथ पालन करें। हम साथ-साथ विद्यासम्बन्धी सामर्थ्य प्राप्त करें! हम दोनोंका पढ़ा हुआ तेजस्वी हो। हम द्वेष न करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

सम्बन्ध-भाष्य

ॐ नमो भगवते वैवस्वताय मृत्यवे ब्रह्मविद्याचार्याय नचिकेतसे च।

अथ काठकोपनिषद्वल्लीनां सुखार्थप्रबोधनार्थम् अल्पग्रन्था वृत्तिरारभ्यते।

सदेर्धातोर्विशरणगत्यवसादनार्थस्योपनिपूर्वस्य क्विप्प्रत्ययान्तस्य रूपमुपनिषद् इति। उपनिषच्छब्देन च व्याचिख्यासितग्रन्थप्रतिपाद्यवेद्यवस्तुविषया विद्योच्यते। केन पुनरर्थयोगेन उपनिषच्छब्देन विद्योच्यत इत्युच्यते।

उपनिषच्छब्दार्थ-निरुक्तिः

ये मुमुक्षवो दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णाः सन्त उपनिषच्छब्दवाच्यां वक्ष्यमाणलक्षणां विद्याम् उपसद्योपगम्य तन्निष्ठतया निश्चयेन शीलयन्ति तेषामविद्यादेः संसारबीजस्य विशरणाद्धिंसनाद् विनाशनादित्यनेनार्थयोगेन विद्या उपनिषदित्युच्यते। तथा च

ॐ ब्रह्मविद्याके आचार्य सूर्यपुत्र भगवान् यम और नचिकेताको नमस्कार है।

अब कठोपनिषद्की वल्लियोंको सुगमतासे समझानेके लिये यह संक्षिप्त वृत्ति आरम्भ की जाती है।

विशरण (नाश), गति और अवसादन (शिथिल करना)—इन तीन अर्थोंवाली तथा 'उप' और 'नि' उपसर्गपूर्वक एवं 'क्विप्' प्रत्ययान्त 'सद्' धातुका 'उपनिषद्' यह रूप बनता है। उपनिषद् शब्दसे, जिस ग्रन्थकी हम व्याख्या करना चाहते हैं उसके प्रतिपाद्य और वेद्य ब्रह्मविषयक विद्याका प्रतिपादन किया जाता है। किस अर्थका योग होनेके कारण उपनिषद् शब्दसे विद्याका कथन होता है, सो बतलाते हैं।

जो मोक्षकामी पुरुष लौकिक और पारलौकिक विषयोंसे विरक्त होकर उपनिषद् शब्दकी वाच्य तथा आगे कहे जानेवाले लक्षणोंसे युक्त विद्याके समीप जाकर अर्थात् उसे प्राप्त कर उसीकी निष्ठासे निश्चयपूर्वक उसका परिशीलन करते हैं उनके अविद्या आदि संसारके बीजका विशरण—हिंसन अर्थात् विनाश करनेके कारण इस अर्थके योगसे ही 'उपनिषद्' शब्दसे वह विद्या कही

वक्ष्यति—"निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते" (क० उ० १। ३। १५) इति।

पूर्वोक्तविशेषणान्मुमुक्षून्वा परं ब्रह्म गमयतीति ब्रह्मगमयितृत्वेन योगाद्ब्रह्मविद्योपनिषत्। तथा च वक्ष्यति—"ब्रह्मप्राप्तो विरजोऽभूद्विमृत्युः" (क० उ० २। ३। १८) इति।

लोकादिर्ब्रह्मजज्ञो योऽग्निस्तद्विषयाया विद्याया द्वितीयेन वरेण प्रार्थ्यमानायाः स्वर्गलोकफलप्राप्तिहेतुत्वेन गर्भवासजन्मजराद्युपद्रववृन्दस्य लोकान्तरे पौनःपुन्येन प्रवृत्तस्यावसादयितृत्वेन शैथिल्यापादनेन धात्वर्थयोगादग्निविद्याप्युपनिषदित्युच्यते। तथा च वक्ष्यति—'स्वर्गलोका अमृतत्वं भजन्ते' (क० उ० १। १। १३) इत्यादि।

ननु चोपनिषच्छब्देनाध्येतारो ग्रन्थमप्यभिलषन्ति। उपनिषदमधीमहेऽध्यापयाम इति च।

जाती है। ऐसा ही आगे श्रुति कहेगी भी कि "उसे साक्षात् जानकर पुरुष मृत्युके मुखसे छूट जाता है।"

अथवा पूर्वोक्त विशेषणोंसे युक्त मुमुक्षुओंको ब्रह्मविद्या परब्रह्मके पास पहुँचा देती है—इस प्रकार ब्रह्मके पास पहुँचानेवाली होनेके कारण इस अर्थके योगसे भी ब्रह्मविद्या 'उपनिषद्' है। ऐसा ही 'ब्रह्मको प्राप्त हुआ पुरुष विरज (शुद्ध) और विमृत्यु (अमर) हो गया' इस वाक्यसे श्रुति आगे कहेगी भी।

जो अग्नि भूः भुवः आदि लोकोंसे पूर्वसिद्ध, ब्रह्मासे उत्पन्न और ज्ञाता है उससे सम्बन्ध रखनेवाली विद्या, जो कि दूसरे वरसे माँगी गयी है, और स्वर्गलोकरूप फलकी प्राप्तिके कारणरूपसे लोकान्तरोंमें पुनः-पुनः प्राप्त होनेवाले गर्भवास, जन्म और वृद्धावस्था आदि उपद्रवसमूहका अवसादन अर्थात् शैथिल्य करनेवाली है, अतः वह अग्निविद्या भी 'सद्' धातुके अर्थके योगसे 'उपनिषद्' कही जाती है। "स्वर्गलोकको प्राप्त होनेवाले पुरुष अमरत्व प्राप्त करते हैं" ऐसा आगे कहेंगे भी।

शङ्का—किन्तु अध्ययन करनेवाले तो 'उपनिषद्' शब्दसे ग्रन्थका भी उल्लेख करते हैं, जैसे—'हम उपनिषद् पढ़ते हैं अथवा पढ़ाते हैं' इत्यादि।

एवं नैष दोषोऽविद्यादिसंसारहेतुविशरणादेः सदिधात्वर्थस्य ग्रन्थमात्रेऽसम्भवाद्विद्यायां च सम्भवात्। ग्रन्थस्यापि तादर्थ्येन तच्छब्दत्वोपपत्तेः, आयुर्वै घृतम् इत्यादिवत्। तस्माद्विद्यायां मुख्यया वृत्त्योपनिषच्छब्दो वर्तते ग्रन्थे तु भक्त्येति।

एवमुपनिषन्निर्वचनेनैव विशिष्टोऽधिकारी विद्यायामुक्तः। विषयश्च विशिष्ट उक्तो विद्यायाः परं ब्रह्म प्रत्यगात्मभूतम्। प्रयोजनं चास्या उपनिषद आत्यन्तिकी संसारनिवृत्तिर्ब्रह्मप्राप्तिलक्षणा। सम्बन्धश्चैवंभूतप्रयोजनेनोक्तः। अतो यथोक्ताधिकारिविषयप्रयोजनसम्बन्धाया विद्यायाः करतलन्यस्तामलकवत् प्रकाशकत्वेन विशिष्टाधिकारिविषयप्रयोजनसम्बन्धा एता वल्ल्यो भवन्ति इत्यतस्ता यथाप्रतिभानं व्याचक्ष्महे।

समाधान—ऐसा कहना भी दोषयुक्त नहीं है। संसारके हेतुभूत अविद्या आदिके विशरण आदि, जो कि सद् धातुके अर्थ हैं, ग्रन्थमात्रमें तो सम्भव नहीं हैं किन्तु विद्यामें सम्भव हो सकते हैं। ग्रन्थ भी विद्याके ही लिये है; इसलिये वह भी उस शब्दसे कहा जा सकता है; जैसे [आयुवृद्धिमें उपयोगी होनेके कारण] 'घृत आयु ही है' ऐसा कहा जाता है। इसलिये 'उपनिषद्' शब्द विद्यामें मुख्य वृत्तिसे प्रयुक्त होता है तथा ग्रन्थमें गौणी वृत्तिसे।

इस प्रकार 'उपनिषद्' शब्दका निर्वचन करनेसे ही विद्याका विशिष्ट अधिकारी बतला दिया गया तथा विद्याका प्रत्यगात्मस्वरूप परब्रह्मरूप विशिष्टविषय भी कह दिया। इसी प्रकार इस उपनिषद्का संसारकी आत्यन्तिक निवृत्ति और ब्रह्मप्राप्तिरूप प्रयोजन तथा इस प्रकारके प्रयोजनसे इसका [साध्य-साधनरूप] सम्बन्ध भी बतला दिया। अतः उपर्युक्त अधिकारी, विषय, प्रयोजन और सम्बन्धवाली विद्याको करामलकवत् प्रकाशित करनेवाली होनेसे ये कठोपनिषद्की वल्लियाँ विशिष्ट अधिकारी, विषय, प्रयोजन और सम्बन्धवाली हैं, सो हम उनकी यथामति व्याख्या करते हैं।

प्रथमोऽध्यायः

प्रथमा वल्ली

वाजश्रवसका दान

ॐ उशन्ह वै वाजश्रवसः सर्ववेदसं ददौ। तस्य ह नचिकेता नाम पुत्र आस॥ १॥

प्रसिद्ध है कि यज्ञफलके इच्छुक वाजश्रवाके पुत्रने [विश्वजित् यज्ञमें] अपना सारा धन दे दिया। उसका नचिकेता नामक एक प्रसिद्ध पुत्र था॥ १॥

तत्राख्यायिका विद्यास्तुत्यर्था। उशन्कामयमानः, ह वा इति वृत्तार्थस्मरणार्थौ निपातौ। वाजमन्नं तद्दानादिनिमित्तं श्रवो यशो यस्य स वाजश्रवा रूढितो वा। तस्यापत्यं वाजश्रवसः किल विश्वजिता सर्वमेधेनेजे तत्फलं कामयमानः। स तस्मिन्क्रतौ सर्ववेदसं सर्वस्वं धनं ददौ दत्तवान्। तस्य यजमानस्य ह नचिकेता नाम पुत्रः किलास बभूव॥ १॥

यहाँ जो आख्यायिका है वह विद्याकी स्तुतिके लिये है। उशन् अर्थात् कामनावाला। 'ह' और 'वै' ये निपात पहले बीते हुए वृत्तान्तको स्मरण करानेके लिये हैं। 'वाज' अन्नको कहते हैं; उसके दानादिके कारण जिसका श्रव यानी यश हो उसे वाजश्रवा कहते हैं; अथवा रूढिसे भी यह उसका नाम हो सकता है। उस वाजश्रवाके पुत्र वाजश्रवसने, जिसमें सर्वस्व समर्पण किया जाता है उस विश्वजित् यज्ञद्वारा, उसके फलकी इच्छासे यजन किया। उस यज्ञमें उसने सर्ववेदस् यानी अपना सारा धन दे डाला। कहते हैं, उस यजमानका नचिकेता नामक एक पुत्र था॥ १॥

तꣳह कुमारꣳसन्तं दक्षिणासु नीयमानासु श्रद्धाविवेश सोऽमन्यत॥ २॥

जिस समय दक्षिणाएँ (दक्षिणास्वरूप गौएँ) ले जायी जा रही थीं, उसमें—यद्यपि अभी वह कुमार ही था—श्रद्धा (आस्तिक्यबुद्धि)-का आवेश हुआ। वह सोचने लगा॥ २॥

तं ह नचिकेतसं कुमारं प्रथमवयसं सन्तमप्राप्तजननशक्तिं बालमेव श्रद्धास्तिक्यबुद्धिः पितुर्हितकामप्रयुक्ताविवेश प्रविष्टवती। कस्मिन्काल इत्याह—ऋत्विग्भ्यः सदस्येभ्यश्च दक्षिणासु नीयमानासु विभागेनोपनीयमानासु दक्षिणार्थासु गोषु स आविष्टश्रद्धो नचिकेता अमन्यत॥ २॥

जो कुमार अर्थात् प्रथम अवस्थामें ही स्थित है और जिसे पुत्रोत्पादनकी शक्ति प्राप्त नहीं हुई उस बालक नचिकेतामें श्रद्धाका अर्थात् पिताकी हितकामनासे प्रयुक्त आस्तिक्य बुद्धिका आवेश—प्रवेश हुआ। किस समय प्रवेश हुआ? इसपर कहते हैं—जिस समय ऋत्विक् और सदस्योंके लिये दक्षिणाएँ लायी जा रही थीं अर्थात् दक्षिणाके लिये विभाग करके गौएँ लायी जा रही थीं, उस समय नचिकेताने श्रद्धाविष्ट होकर विचार किया॥ २॥

कथमित्युच्यते—

किस प्रकार विचार किया सो बतलाते हैं—

नचिकेताकी शङ्का

पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहा निरिन्द्रियाः।
अनन्दा नाम ते लोकास्तान्स गच्छति ता ददत्॥ ३॥

जो जल पी चुकी हैं, जिनका घास खाना समाप्त हो चुका है, जिनका दूध भी दुह लिया गया है और जिनमें प्रजननशक्तिका भी अभाव हो गया है उन गौओंका दान करनेसे वह दाता, जो अनन्द (आनन्दशून्य)-लोक हैं उन्हींको जाता है॥ ३॥

दक्षिणार्था गावो विशेष्यन्ते पीतमुदकं याभिस्ताः पीतोदकाः, जग्धं भक्षितं तृणं याभिस्ता जग्धतृणाः, दुग्धो दोहः क्षीराख्यो यासां ता दुग्धदोहाः, निरिन्द्रिया अप्रजननसमर्था जीर्णा निष्फला गाव इत्यर्थः। यास्ता एवंभूता गा ऋत्विग्भ्यो दक्षिणाबुद्ध्या ददत्प्रयच्छन्ननन्दा अनानन्दा असुखा नामेत्येतद्ये ते लोकास्तान्स यजमानो गच्छति॥ ३॥

दक्षिणाके लिये लायी हुई गौओंका विशेषण बतलाते हैं; जिन्होंने जल पी लिया है वे पीतोदका कहलाती हैं, जो तृण (घास) खा चुकी हैं [अर्थात् जिनमें और घास खानेकी शक्ति नहीं रही है] वे जग्धतृणा हैं, जिनका क्षीर नामक दोह दुहा जा चुका है वे दुग्धदोहा हैं तथा निरिन्द्रिया—जो सन्तान उत्पन्न करनेमें असमर्था अर्थात् बूढ़ी और निष्फल गौएँ हैं उन इस प्रकारकी गौओंको दक्षिणा-बुद्धिसे देनेवाला यजमान जो अनन्द अर्थात् सुखहीन लोक हैं उन्हींको जाता है॥ ३॥

पिता-पुत्र-संवाद

स होवाच पितरं तत कस्मै मां दास्यसीति। द्वितीयं तृतीयं तꣳहोवाच मृत्यवे त्वा ददामीति॥ ४॥

तब वह अपने पितासे बोला—'हे तात! आप मुझे किसको देंगे?' इसी प्रकार उसने दुबारा-तिबारा भी कहा। तब पिताने उससे 'मैं तुझे मृत्युको दूँगा' ऐसा कहा॥ ४॥

तदेवं क्रत्वसम्पत्तिनिमित्तं पितुरनिष्टं फलं मया पुत्रेण सता निवारणीयमात्मप्रदानेनापि क्रतुसम्पत्तिं कृत्वेत्येवं मत्वा पितरम् उपगम्य स होवाच पितरं हे तत तात कस्मै ऋत्विग्विशेषाय दक्षिणार्थं मां दास्यसि प्रयच्छसि

तब, इस प्रकार यज्ञकी पूर्णता न होनेके कारण पिताको प्राप्त होनेवाला अनिष्ट फल मुझ-जैसे सत्पुत्रको आत्म-बलिदान करके भी निवृत्त करना चाहिये— ऐसा मानकर वह पिताके समीप जाकर बोला—'हे तात! आप मुझे किस ऋत्विग्विशेषको दक्षिणामें देंगे?'

इत्येतत्। एवमुक्तेन पित्रोपेक्ष्यमाणोऽपि द्वितीयं तृतीयमप्युवाच कस्मै मां दास्यसि कस्मै मां दास्यसीति। नायं कुमारस्वभाव इति क्रुद्धः सन्पिता तं ह पुत्रं किलोवाच मृत्यवे वैवस्वताय त्वा त्वां ददामीति॥ ४॥

इस प्रकार कहनेपर पिताद्वारा बारम्बार उपेक्षा किये जानेपर भी उसने दूसरे-तीसरे बार भी यही बात कही कि 'मुझे किसको देंगे? मुझे किसको देंगे?' तब पिता यह सोचकर कि यह बालकोंके-से स्वभाववाला नहीं है, क्रोधित हो गया और उस पुत्रसे बोला— 'मैं तुझे सूर्यके पुत्र मृत्युको देता हूँ'॥ ४॥

स एवमुक्तः पुत्र एकान्ते परिदेवयाञ्चकार। कथम्? इत्युच्यते—

पिताद्वारा इस प्रकार कहे जानेपर वह पुत्र एकान्तमें अनुताप करने लगा, किस प्रकार? सो बतलाते हैं—

बहूनामेमि प्रथमो बहूनामेमि मध्यमः।
किꣳस्विद्यमस्य कर्तव्यं यन्मयाद्य करिष्यति॥ ५॥

मैं बहुत-से [शिष्य या पुत्रों]-में तो प्रथम (मुख्य वृत्तिसे) चलता हूँ और बहुतोंमें मध्यम (मध्यम वृत्तिसे) जाता हूँ। यमका ऐसा क्या कार्य है जिसे पिता आज मेरे द्वारा सिद्ध करेंगे॥ ५॥

बहूनां शिष्याणां पुत्राणां वैमि गच्छामि प्रथमः सन्मुख्यया शिष्यादिवृत्त्येत्यर्थः। मध्यमानां च बहूनां मध्यमो मध्यमयैव वृत्त्यैमि। नाधमया कदाचिदपि। तमेवं विशिष्टगुणमपि पुत्रं मां मृत्यवे त्वा ददामीत्युक्तवान् पिता। स किंस्विद्यमस्य कर्तव्यं प्रयोजनं

मैं बहुत-से शिष्य अथवा पुत्रोंमें तो प्रथम अर्थात् आगे रहकर मुख्य शिष्यादि वृत्तिसे चलता हूँ तथा बहुत-से मध्यम शिष्यादिमें मध्यम रहकर मध्यम-वृत्तिसे बर्तता हूँ। अधम वृत्तिसे मैं कभी नहीं रहता। उस ऐसे विशिष्टगुणसम्पन्न पुत्रको भी पिताने 'मैं तुझे मृत्युको देता हूँ' ऐसा कहा। परन्तु यमका ऐसा कौन-सा कर्तव्य—प्रयोजन इन्हें पूर्ण करना है

मया प्रत्तेन करिष्यति यत्कर्तव्यमद्य? नूनं प्रयोजनम् अनपेक्ष्यैव क्रोधवशादुक्तवान् पिता। तथापि तत्पितुर्वचो मृषा मा भूदित्येवं मत्वा परिदेवनापूर्वकमाह पितरं शोकाविष्टं किं मयोक्तमिति॥ ५॥

जिसे ये इस प्रकार दिये हुए मेरे द्वारा सिद्ध करेंगे? अवश्य किसी प्रयोजनकी अपेक्षा न करके ही पिताने क्रोधवश ऐसा कहा है। तथापि 'पिताका वचन मिथ्या न हो' ऐसा विचारकर उसने अपने पितासे, जो यह सोचकर कि 'मैंने क्या कह डाला?' शोकातुर हो रहे थे, खेदपूर्वक कहा॥ ५॥

अनुपश्य यथा पूर्वे प्रतिपश्य तथापरे।
सस्यमिव मर्त्यः पच्यते सस्यमिवाजायते पुनः॥ ६॥

जिस प्रकार पूर्वपुरुष व्यवहार करते थे उसका विचार कीजिये तथा जैसे वर्तमानकालीन अन्य लोग प्रवृत्त होते हैं उसे भी देखिये। मनुष्य खेतीकी तरह पकता (वृद्ध होकर मर जाता) है और खेतीकी भाँति फिर उत्पन्न हो जाता है॥ ६॥

अनुपश्यालोचय निभालय सन्मार्गः अनुक्रमेण यथा सदैव येन प्रकारेण वृत्ताः सेवनीयः पूर्वे अतिक्रान्ताः पितृपितामहादयस्तव। तान्दृष्ट्वा च तेषां वृत्तमास्थातुमर्हसि। वर्तमानाश्चापरे साधवो यथा वर्तन्ते तांश्च प्रतिपश्यालोचय तथा न च तेषु मृषाकरणं वृत्तं वर्तमानं वास्ति। तद्विपरीतमसतां च वृत्तं मृषाकरणम्। न च मृषा

आपके पिता-पितामह आदि पुरुष अनुक्रमसे जिस प्रकार आचरण करते आये हैं उसकी आलोचना कीजिये—उसपर दृष्टि डालिये। उन्हें देखकर आपको उन्हींके आचरणोंका पालन करना चाहिये। तथा वर्तमानकालीन जो दूसरे साधुलोग आचरण करते हैं उनकी भी आलोचना कीजिये। उनमेंसे किसीका भी आचरण अपने कथनको मिथ्या करना नहीं था और न इस समय ही किसीका है। इसके विपरीत असत्पुरुषोंका आचरण मिथ्या करना ही है। किन्तु अपने आचरणको मृषा

कृत्वा कश्चिदजरामरो भवति। यतः सस्यमिव मर्त्यो मनुष्यः पच्यते जीर्णो म्रियते। मृत्वा च सस्यमिव आजायत आविर्भवति पुनरेवमनित्ये जीवलोके किं मृषाकरणेन। पालय आत्मनः सत्यम्। प्रेषय मां यमाय इत्यभिप्रायः॥ ६॥

करके कोई अजर-अमर नहीं हो सकता। क्योंकि मनुष्य खेतीकी तरह पकता अर्थात् जीर्ण होकर मर जाता है तथा मरकर खेतीके समान पुनः उत्पन्न—आविर्भूत हो जाता है। इस प्रकार इस अनित्य जीवलोकमें असत्य आचरणसे लाभ ही क्या है? अतः अपने सत्यका पालन कीजिये अर्थात् मुझे यमराजके पास भेजिये॥ ६॥

यमलोकमें नचिकेता

स एवमुक्तः पितात्मनः सत्यतायै प्रेषयामास। स च यमभवनं गत्वा तिस्रो रात्रीः उवास यमे प्रोषिते। प्रोष्यागतं यमममात्या भार्या वा ऊचुर्बोधयन्तः—

पुत्रके इस प्रकार कहनेपर पिताने अपनी सत्यताकी रक्षाके लिये उसे यमराजके पास भेज दिया। वह यमराजके घर पहुँचकर तीन रात्रि टिका रहा, क्योंकि यम उस समय बाहर गये हुए थे। प्रवाससे लौटनेपर यमराजसे उनकी भार्या अथवा मन्त्रियोंने समझाते हुए कहा—

वैश्वानरः प्रविशत्यतिथिर्ब्राह्मणो गृहान्।
तस्यैताꣳशान्तिं कुर्वन्ति हर वैवस्वतोदकम्॥ ७॥

ब्राह्मण-अतिथि होकर अग्नि ही घरोंमें प्रवेश करता है। [साधु पुरुष] उस अतिथिकी यह [अर्घ्य-पाद्य-दानरूपा] शान्ति किया करते हैं। अतः हे वैवस्वत! [इस ब्राह्मण-अतिथिकी शान्तिके लिये] जल ले जाइये॥ ७॥

वैश्वानरोऽग्निरेव साक्षात् प्रविशत्यतिथिः सन्ब्राह्मणो गृहान्दहन्निव तस्य दाहं शमयन्त इवाग्नेरेतां पाद्यासनादिदानलक्षणां

ब्राह्मण-अतिथिके रूपमें साक्षात् वैश्वानर—अग्नि ही दग्ध करता हुआ-सा घरोंमें प्रवेश करता है। उस अग्निके दाहको मानो शान्त करते हुए ही

शान्तिं कुर्वन्ति सन्तोऽतिथेर्यतोऽतो हराहर हे वैवस्वत उदकं नचिकेतसे पाद्यार्थम्। यतश्चाकरणे प्रत्यवायः श्रूयते॥ ७॥

साधु-गृहस्थजन यह पाद्यादि दानरूप शान्ति किया करते हैं। अतः हे वैवस्वत! नचिकेताको पाद्य देनेके लिये जल ले जाइये। क्योंकि ऐसा न करनेमें प्रत्यवाय सुना जाता है॥ ७॥

आशाप्रतीक्षे संगतꣳसूनृतां च
इष्टापूर्ते पुत्रपशूꣳश्च सर्वान्।
एतद्वृङ्क्ते पुरुषस्याल्पमेधसो
यस्यानश्नन्वसति ब्राह्मणो गृहे॥ ८॥

जिसके घरमें ब्राह्मण-अतिथि बिना भोजन किये रहता है उस मन्दबुद्धि पुरुषकी ज्ञात और अज्ञात वस्तुओंकी प्राप्तिकी इच्छाएँ, उनके संयोगसे प्राप्त होनेवाले फल, प्रिय वाणीसे होनेवाले फल, यागादि इष्ट एवं उद्यानादि पूर्त कर्मोंके फल तथा समस्त पुत्र और पशु आदिको वह नष्ट कर देता है॥ ८॥

आशाप्रतीक्षे अनिर्ज्ञातप्राप्येष्टार्थ-अतिध्युपेक्षणे प्रार्थना आशा दोषाः निर्ज्ञातप्राप्यार्थप्रतीक्षणं प्रतीक्षा ते आशाप्रतीक्षे, संगतं तत्संयोगजं फलम्, सूनृतां च सूनृता हि प्रिया वाक्तन्निमित्तं च, इष्टापूर्ते इष्टं यागजं पूर्तमारामादिक्रियाजं फलम्, पुत्रपशूंश्च पुत्रांश्च पशूंश्च सर्वानेतत्सर्वं यथोक्तं वृङ्क्त आवर्जयति विनाशयतीत्येतत्—पुरुषस्याल्पमेधसोऽल्पप्रज्ञस्य—यस्यानश्नन्नभुञ्जानो ब्राह्मणो गृहे वसति। तस्मादनुपेक्षणीयः सर्वावस्था-स्वप्यतिथिरित्यर्थः॥ ८॥

जिसके घरमें ब्राह्मण बिना भोजन किये रहता है उस मन्दमति पुरुषके 'आशा-प्रतीक्षा'—आशा—जिनका कोई ज्ञान नहीं है उन प्राप्तव्य इष्ट पदार्थोंकी इच्छा तथा अपने प्राप्तव्य ज्ञात पदार्थोंकी प्रतीक्षा एवं संगत—उनके संयोगसे प्राप्त होनेवाले फल, सूनृता—प्रिय वाणी और उससे होनेवाले फल, 'इष्टापूर्त'— इष्ट—यागादिसे प्राप्त होनेवाले फल और पूर्त—बाग बगीचोंके लगानेसे होनेवाले फल तथा पुत्र और पशु—इन उपर्युक्त सभीको नष्ट कर देता है। अतः तात्पर्य यह है कि अतिथि सभी अवस्थाओंमें अनुपेक्षणीय है॥ ८॥

एवमुक्तो मृत्युरुवाच नचिकेतसमुपगम्य पूजापुरःसरम्—

[मन्त्रियोंद्वारा] इस प्रकार कहे जानेपर यमराजने नचिकेताके पास जा उसकी पूजा करनेके अनन्तर कहा—

यमराजका वरप्रदान

तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मे
अनश्नन्ब्रह्मन्नतिथिर्नमस्यः ।
नमस्तेऽस्तु ब्रह्मन्स्वस्ति मेऽस्तु
तस्मात्प्रति त्रीन्वरान्वृणीष्व ॥ ९ ॥

हे ब्रह्मन्! तुम्हें नमस्कार हो; मेरा कल्याण हो। तुम नमस्कारयोग्य अतिथि होकर भी मेरे घरमें तीन रात्रितक बिना भोजन किये रहे; अतः एक-एक रात्रिके लिये एक-एक करके मुझसे तीन वर माँग लो॥ ९॥

तिस्रो रात्रीर्यद्यस्मादवात्सीः, उषितवानसि गृहे मे ममानश्नन् हे ब्रह्मन्नतिथिः सन्नमस्यो नमस्कारार्हश्च तस्मान्नमस्ते तुभ्यमस्तु भवतु। हे ब्रह्मन्स्वस्ति भद्रं मेऽस्तु तस्माद्भवतोऽनशनेन मद्गृहवासनिमित्ताद्दोषात्तत्प्राप्त्युपशमेन। यद्यपि भवदनुग्रहेण सर्वं मम स्वस्ति स्यात्तथापि त्वदधिकसंप्रसादनार्थमनशनेनोपोषिताम् एकैकां रात्रिं प्रति त्रीन्वरान् वृणीष्व अभिप्रेतार्थविशेषान् प्रार्थयस्व मत्तः॥ ९॥

हे ब्रह्मन्! क्योंकि अतिथि और नमस्कारयोग्य होकर भी तुम तीन रात्रितक बिना कुछ भोजन किये मेरे घरमें रहे हो, अतः तुम्हें नमस्कार है। हे ब्रह्मन्! मेरे घरमें बिना भोजन किये आपके निवास करनेके निमित्तसे हुए दोषसे, उससे प्राप्त हुए अनिष्ट फलकी शान्तिद्वारा, मेरा मङ्गल—शुभ हो। यद्यपि तुम्हारी कृपासे ही मेरा सब प्रकार कल्याण हो जायगा, तथापि अपनी अधिक प्रसन्नताके लिये तुम बिना भोजन किये बितायी हुई एक-एक रात्रिके प्रति मुझसे तीन वर—अपने अभीष्ट पदार्थविशेष माँग लो॥ ९॥

नचिकेतास्त्वाह—यदि दित्सुर्वरान्—

नचिकेताने कहा—यदि आप वर देना चाहते हैं तो—

प्रथम वर—पितृपरितोष

शान्तसंकल्पः सुमना यथा स्या-
द्वीतमन्युर्गौतमो माभि मृत्यो।
त्वत्प्रसृष्टं माभिवदेत्प्रतीत
एतत्त्रयाणां प्रथमं वरं वृणे॥ १०॥

हे मृत्यो! जिससे मेरे पिता वाजश्रवस मेरे प्रति शान्तसङ्कल्प, प्रसन्नचित्त और क्रोधरहित हो जायँ तथा आपके भेजनेपर मुझे पहचानकर बातचीत करें—यह मैं [आपके दिये हुए] तीन वरोंमेंसे पहला वर माँगता हूँ॥ १०॥

शान्तसंकल्प उपशान्तः संकल्पो यस्य मां प्रति यमं प्राप्य किं नु करिष्यति मम पुत्र इति स शान्तसंकल्पः सुमनाः प्रसन्नमनाश्च यथा स्याद्वीतमन्युर्विगतरोषश्च गौतमो मम पिता माभि मां प्रति हे मृत्यो किं च त्वत्प्रसृष्टं त्वया विनिर्मुक्तं प्रेषितं गृहं प्रति मामभिवदेत्प्रतीतो लब्धस्मृतिः स एवायं पुत्रो ममागत इत्येवं प्रत्यभिजानन्नित्यर्थः। एतत्प्रयोजनं त्रयाणां प्रथममाद्यं वरं वृणे प्रार्थये यत्पितुः परितोषणम्॥ १० ॥

जिस प्रकार मेरे पिता गौतम मेरे प्रति शान्तसङ्कल्प—जिनका ऐसा सङ्कल्प शान्त हो गया है कि 'न जाने मेरा पुत्र यमराजके पास जाकर क्या करेगा', सुमनाः—प्रसन्नचित्त और वीतमन्यु—क्रोधरहित हो जायँ और हे मृत्यो! आपके भेजे हुए—घरकी ओर जानेके लिये छोड़े हुए मुझसे विश्वस्त—लब्धस्मृति होकर अर्थात् ऐसा स्मरण करके कि यह मेरा वही पुत्र मेरे पास लौट आया है, सम्भाषण करें। यह अपने पिताकी प्रसन्नतारूप प्रयोजन ही मैं अपने तीन वरोंमेंसे पहला वर माँगता हूँ॥ १०॥

मृत्युरुवाच—

मृत्युने कहा—

यथा पुरस्ताद्भविता प्रतीत
औद्दालकिरारुणिर्मत्प्रसृष्टः ।
सुखꣳरात्रीः शयिता वीतमन्यु-
स्त्वां ददृशिवान्मृत्युमुखात्प्रमुक्तम् ॥ ११ ॥

मुझसे प्रेरित होकर अरुणपुत्र उद्दालक तुझे पूर्ववत् पहचान लेगा। और शेष रात्रियोंमें सुखपूर्वक सोवेगा, क्योंकि तुझे मृत्युके मुखसे छूटकर आया हुआ देखेगा॥ ११ ॥

यथा बुद्धिस्त्वयि पुरस्तात् पूर्वमासीत्स्नेहसमन्विता पितुस्तव भविता प्रीतिसमन्वितस्तव पिता तथैव प्रतीतवान्सन्नौद्दालकिः उद्दालक एवौद्दालकिः। अरुणस्यापत्यमारुणिः, द्व्यामुष्यायणो वा। मत्प्रसृष्टो मयानुज्ञातः सन् इतरा अपि रात्रीः सुखं प्रसन्नमनाः शयिता स्वप्ता वीतमन्युर्विगतमन्युश्च भविता स्यात्त्वा पुत्रं ददृशिवान्दृष्टवान्स मृत्युमुखान्मृत्युगोचरात् प्रमुक्तं सन्तम्॥ ११ ॥

तेरे पिताकी बुद्धि जिस प्रकार पहले तेरे प्रति स्नेहयुक्ता थी उसी प्रकार वह औद्दालकि अब भी प्रीतियुक्त होकर तेरे प्रति विश्वस्त हो जायगा। यहाँ उद्दालकको ही 'औद्दालकि' कहा है तथा अरुणका पुत्र होनेसे वह आरुणि है। अथवा यह भी हो सकता है कि वह द्व्यामुष्यायण* हो। मत्प्रसृष्टः अर्थात् मुझसे आज्ञप्त होकर वह शेष रात्रियोंमें भी सुखपूर्वक यानी प्रसन्न चित्तसे शयन करेगा तथा [यह सोचकर] वीतमन्यु— क्रोधहीन हो जायगा कि तुझ पुत्रको मृत्युके मुखसे अर्थात् मृत्युके अधिकारसे मुक्त हुआ देखा है॥ ११ ॥

नचिकेता उवाच—

नचिकेता बोला—

* जो एक ही पुत्र दो पिताओंद्वारा संकेत करके अपना उत्तराधिकारी निश्चित किया जाता है वह 'द्व्यामुष्यायंण' कहलाता है। वह अकेला ही दोनों पिताओंकी सम्पत्तिका स्वामी और उन्हें पिण्डदान करनेका अधिकारी होता है। जैसे पुत्ररूपसे स्वीकार किया हुआ पुत्रीका पुत्र अथवा अन्य दत्तक पुत्र आदि। अतः अकेले वाजश्रवसको ही औद्दालकि और आरुणि कहनेसे यह सम्भव है कि वह उद्दालक और अरुण दो पिताओंका उत्तराधिकारी हो।

स्वर्गस्वरूपप्रदर्शन

स्वर्गे लोके न भयं किंचनास्ति
न तत्र त्वं न जरया बिभेति।
उभे तीर्त्वाशनायापिपासे
शोकातिगो मोदते स्वर्गलोके॥ १२॥

हे मृत्युदेव! स्वर्गलोकमें कुछ भी भय नहीं है। वहाँ आपका भी वश नहीं चलता। वहाँ कोई वृद्धावस्थासे भी नहीं डरता। स्वर्गलोकमें पुरुष भूख-प्यास—दोनोंको पार करके शोकसे ऊपर उठकर आनन्दित होता है॥ १२॥

स्वर्गे लोके रोगादिनिमित्तं भयं किंचन किंचिदपि नास्ति। न च तत्र त्वं मृत्यो सहसा प्रभवस्यतो जरया युक्त इह लोकवत्त्वत्तो न बिभेति कुतश्चित् तत्र। किंचोभे अशनायापिपासे तीर्त्वातिक्रम्य शोकमतीत्य गच्छतीति शोकातिगः सन् मानसेन दुःखेन वर्जितो मोदते हृष्यति स्वर्गलोके दिव्ये॥ १२॥

स्वर्गलोकमें रोगादिके कारण होनेवाला भय तनिक भी नहीं है। हे मृत्यो! वहाँ आपकी भी सहसा दाल नहीं गलती। अतः इस लोकके समान वहाँ वृद्धावस्थासे युक्त होकर कोई पुरुष आपसे कहीं नहीं डरता। बल्कि पुरुष भूख-प्यास दोनोंको पार करके, जो शोकको अतिक्रमण कर जाय ऐसा शोकातीत होकर मानसिक दुःखसे छुटकारा पाकर उस दिव्य स्वर्गलोकमें आनन्दित होता है॥ १२॥

द्वितीय वर—स्वर्गसाधनभूत अग्निविद्या

स त्वमग्निꣳस्वर्ग्यमध्येषि मृत्यो
प्रब्रूहि त्वꣳश्रद्दधानाय मह्यम्।
स्वर्गलोका अमृतत्वं भजन्त
एतद्द्वितीयेन वृणे वरेण॥ १३॥

हे मृत्यो! आप स्वर्गके साधनभूत अग्निको जानते हैं, सो मुझ

श्रद्धालुके प्रति उसका वर्णन कीजिये, [जिसके द्वारा] स्वर्गको प्राप्त हुए पुरुष अमृतत्व प्राप्त करते हैं। दूसरे वरसे मैं यही माँगता हूँ॥ १३॥

एवं गुणविशिष्टस्य स्वर्गलोकस्य प्राप्तिसाधनभूतमग्निं स त्वं मृत्युरध्येषि स्मरसि जानासि इत्यर्थः, हे मृत्यो यतस्त्वं प्रब्रूहि कथय श्रद्दधानाय श्रद्धावते मह्यं स्वर्गार्थिने; येनाग्निना चितेन स्वर्गलोकाः स्वर्गो लोको येषां ते स्वर्गलोकाः, यजमाना अमृतत्वम् अमरणतां देवत्वं भजन्ते प्राप्नुवन्ति। तदेतदग्निविज्ञानं द्वितीयेन वरेण वृणे॥ १३॥

हे मृत्यो! क्योंकि आप ऐसे गुणवाले स्वर्गलोककी प्राप्तिके साधनभूत अग्निको स्मरण रखते यानी जानते हैं, अतः मुझ स्वर्गार्थी श्रद्धालुके प्रति उसका वर्णन कीजिये; जिस अग्निका चयन करनेसे स्वर्गप्राप्त पुरुष अर्थात् स्वर्ग ही जिनका लोक है ऐसे यजमानगण अमृतत्व— अमरता अर्थात् देवभावको प्राप्त हो जाते हैं। इस अग्निविज्ञानको मैं दूसरे वरद्वारा माँगता हूँ॥ १३॥

मृत्योः प्रतिज्ञेयम्—

यह मृत्युकी प्रतिज्ञा है—

प्र ते ब्रवीमि तदु मे निबोध
स्वर्ग्यमग्निं नचिकेतः प्रजानन्।
अनन्तलोकाप्तिमथो प्रतिष्ठां
विद्धि त्वमेतं निहितं गुहायाम्॥ १४॥

हे नचिकेतः! उस स्वर्गप्रद अग्निको अच्छी तरह जाननेवाला मैं तेरे प्रति उसका उपदेश करता हूँ। तू उसे मुझसे अच्छी तरह समझ ले। इसे तू अनन्तलोकको प्राप्ति करानेवाला, उसका आधार और बुद्धिरूपी गुहामें स्थित जान॥ १४॥

प्र ते तुभ्यं प्रब्रवीमि; यत्त्वया प्रार्थितं तदु मे मम वचसो निबोध बुध्यस्वैकाग्रमनाः सन्स्वर्ग्यं स्वर्गाय हितं स्वर्गसाधनमग्निं हे नचिकेतः

हे नचिकेतः! जिसके लिये तुमने प्रार्थना की थी उस स्वर्ग्य—स्वर्गप्राप्तिमें हितावह अर्थात् स्वर्गके साधनरूप अग्निको तू एकाग्रचित्त होकर मेरे वचनसे अच्छी तरह समझ ले

प्रजानन्विज्ञातवानहं सन्नित्यर्थः। प्रब्रवीमि तन्निबोधेति च शिष्यबुद्धिसमाधानार्थं वचनम्।

अधुनाग्निं स्तौति। अनन्तलोकाप्तिं स्वर्गलोकफलप्राप्तिसाधनम् इत्येतत्, अथो अपि प्रतिष्ठाम् आश्रयं जगतो विराड्रूपेण, तमेतमग्निं मयोच्यमानं विद्धि जानीहि त्वं निहितं स्थितं गुहायां विदुषां बुद्धौ निविष्टमित्यर्थः॥ १४॥

उसे सम्यक् प्रकारसे जाननेवाला—उसका विशेषज्ञ मैं तेरे प्रति उसका वर्णन करता हूँ। 'मैं कहता हूँ' 'तू उसे समझ ले' ये वाक्य शिष्यके बुद्धिको समाहित करनेके लिये हैं।

अब उस अग्निकी स्तुति करते हैं। जो अनन्त लोकाप्ति अर्थात् स्वर्गलोकरूप फलकी प्राप्तिका साधन तथा विराड्रूपसे जगत्की प्रतिष्ठा—आश्रय है, मेरे द्वारा कहे हुए उस इस अग्निको तू गुहामें अर्थात् बुद्धिमान् पुरुषोंकी बुद्धिमें स्थित जान॥ १४॥

इदं श्रुतेर्वचनम्।

यह श्रुतिका वचन है—

लोकादिमग्निं तमुवाच तस्मै
या इष्टका यावतीर्वा यथा वा।
स चापि तत्प्रत्यवदद्यथोक्त-
मथास्य मृत्युः पुनरेवाह तुष्टः॥ १५॥

तब यमराजने लोकोंके आदिकारणभूत उस अग्निका तथा उसके चयन करनेमें जैसी और जितनी ईंटें होती हैं, एवं जिस प्रकार उसका चयन किया जाता है उन सबका नचिकेताके प्रति वर्णन कर दिया। और उस नचिकेताने भी जैसा उससे कहा गया था वह सब सुना दिया। इससे प्रसन्न होकर मृत्यु फिर बोला॥ १५॥

लोकादिं लोकानामादिं प्रथमशरीरित्वादग्निं तं प्रकृतं नचिकेतसा प्रार्थितमुवाचोक्तवान् मृत्युस्तस्मै नचिकेतसे। किं च या इष्टकाश्चेतव्याः स्वरूपेण, यावतीर्वा

नचिकेताने जिसके लिये प्रार्थना की थी और जिसका प्रकरण चल रहा है प्रथम शरीरी होनेके कारण लोकोंके आदिभूत उस अग्निका यमने नचिकेताके प्रति वर्णन कर दिया। तथा स्वरूपतः

संख्यया, यथा वा चीयतेऽग्निर्येन प्रकारेण सर्वमेतद् उक्तवानित्यर्थः। स चापि नचिकेतास्तन्मृत्युनोक्तं यथावत्प्रत्ययेनावदत्प्रत्युच्चारितवान्। अथ तस्य प्रत्युच्चारणेन तुष्टः सन्मृत्युः पुनरेवाह वरत्रयव्यतिरेकेणान्यं वरं दित्सुः॥ १५॥

जिस प्रकारकी और संख्यामें जितनी ईंटोंका चयन करना चाहिये एवं यथा यानी जिस तरह अग्निका चयन किया जाता है वह सब भी कह दिया। तथा उस नचिकेताने भी, जिस प्रकार उसे मृत्युने बताया था वह सब समझकर ज्यों-का-त्यों सुना दिया। तब उसके प्रत्युच्चारणसे प्रसन्न हो मृत्युने इन तीन वरके अतिरिक्त और भी वर देनेकी इच्छासे उससे फिर कहा॥ १५॥

कथम्—

कैसे कहा [सो बतलाते हैं—]

तमब्रवीत्प्रीयमाणो महात्मा
वरं तवेहाद्य ददामि भूयः।
तवैव नाम्ना भवितायमग्निः
सृङ्कां चेमामनेकरूपां गृहाण॥ १६॥

महात्मा यमने प्रसन्न होकर उससे कहा—'अब मैं तुझे एक वर और भी देता हूँ। यह अग्नि तेरे ही नामसे प्रसिद्ध होगा और तू इस अनेक रूपवाली मालाको ग्रहण कर॥१६॥

तं नचिकेतसमब्रवीत्प्रीयमाणः शिष्ययोग्यतां पश्यन्प्रीयमाणः प्रीतिमनुभवन्महात्माक्षुद्रबुद्धिर्वरं तव चतुर्थमिह प्रीतिनिमित्तमद्येदानीं ददामि भूयः पुनः प्रयच्छामि। तवैव नचिकेतसो नाम्नाभिधानेन प्रसिद्धो भविता मयोच्यमानोऽयमग्निः। किं च सृङ्कां शब्दवतीं रत्नमयीं

अपने शिष्यकी योग्यताको देखकर प्रसन्न हुए—प्रीतिका अनुभव करते हुए महात्मा—अक्षुद्रबुद्धि यमने नचिकेतासे कहा—अब मैं प्रसन्नताके कारण तुझे फिर भी यह चौथा वर और देता हूँ। मेरे द्वारा कहा हुआ यह अग्नि तुझ नचिकेताके ही नामसे प्रसिद्ध होगा तथा तू यह शब्द करनेवाली रत्नमयी,

मालामिमामनेकरूपां विचित्रां गृहाण स्वीकुरु। यद्वा सृङ्काम् अकुत्सितां गतिं कर्ममयीं गृहाण। अन्यदपि कर्मविज्ञानमनेकफलहेतुत्वात्स्वी-कुर्वित्यर्थः॥ १६॥

अनेकरूपा विचित्रवर्णा माला भी ग्रहण—स्वीकार कर। अथवा सृङ्का यानी कर्ममयी अनिन्दिता गति ग्रहण कर। तात्पर्य यह है कि इसके सिवा अनेक फलका कारण होनेसे तू मुझसे कर्मविज्ञानको और भी स्वीकार कर॥ १६॥

पुनरपि कर्मस्तुतिमेवाह—

यमराज फिर भी कर्मकी स्तुति ही करते हैं—

नाचिकेत अग्निचयनका फल

त्रिणाचिकेतस्त्रिभिरेत्य सन्धिं
त्रिकर्मकृत्तरति जन्ममृत्यू।
ब्रह्मजज्ञं देवमीड्यं विदित्वा
निचाय्येमाः शान्तिमत्यन्तमेति॥ १७॥

त्रिणाचिकेत अग्निका तीन बार चयन करनेवाला मनुष्य [माता, पिता और आचार्य—इन] तीनोंसे सम्बन्धको प्राप्त होकर जन्म और मृत्युको पार कर जाता है। तथा ब्रह्मसे उत्पन्न हुए, ज्ञानवान् और स्तुतियोग्य देवको जानकर और उसे अनुभव कर इस अत्यन्त शान्तिको प्राप्त हो जाता है॥ १७॥

त्रिणाचिकेतस्त्रिः कृत्वाग्नि-श्चितो येन स त्रिणाचिकेत-स्तद्विज्ञानस्तदध्ययनस्तदनुष्ठानवान्वा। त्रिभिर्मातृपित्राचार्यैरेत्य प्राप्य सन्धिं सन्धानं सम्बन्धं मात्राद्यनु-शासनं यथावत्प्राप्येत्येतत्। तद्धि प्रामाण्यकारणं श्रुत्यन्तराद्

जिसने तीन बार नाचिकेत अग्निका चयन किया है उसे त्रिणाचिकेत कहते हैं। अथवा उसका ज्ञान अध्ययन और अनुष्ठान करनेवाला ही त्रिणाचिकेत है। वह त्रिणाचिकेत माता, पिता और आचार्य—इन तीनोंसे सन्धि—सन्धान यानी सम्बन्धको प्राप्त होकर अर्थात् यथाविधि माता आदिकी शिक्षाको प्राप्त

अवगम्यते यथा ''मातृमान्पितृमा-नाचार्यवान्ब्रूयात्'' (बृ० उ० ४। १। २) इत्यादेः।

वेदस्मृतिशिष्टैर्वा प्रत्यक्षानुमानागमैर्वा, तेभ्यो हि विशुद्धिः प्रत्यक्षा, त्रिकर्मकृदिज्याध्ययनदानानां कर्ता तरत्यतिक्रामति जन्ममृत्यू।

किं च ब्रह्मजज्ञं ब्रह्मणो हिरण्यगर्भाज्जातो ब्रह्मजः। ब्रह्मजश्चासौ ज्ञश्चेति ब्रह्मजज्ञः सर्वज्ञो ह्यसौ। तं देवं द्योतनाज्ज्ञानादिगुणवन्तमीड्यं स्तुत्यं विदित्वा शास्त्रतो निचाय्य दृष्ट्वा चात्मभावेनेमां स्वबुद्धिप्रत्यक्षां शान्तिम् उपरतिमत्यन्तमेत्यतिशयेनैति। वैराजं पदं ज्ञानकर्मसमुच्चयानुष्ठानेन प्राप्नोतीत्यर्थः॥ १७॥

कर; क्योंकि एक दूसरी श्रुतिसे उनकी शिक्षा ही धर्मज्ञानकी प्रामाणिकतामें हेतु मानी गयी है; जैसा कि—''माता-पिता एवं आचार्यसे शिक्षित पुरुष कहे'' इत्यादि श्रुतिसे जाना जाता है।

अथवा वेद, स्मृति और शिष्ट पुरुषोंसे या प्रत्यक्ष, अनुमान और आगमसे [सम्बन्ध प्राप्त करके] यज्ञ, अध्ययन और दान—इन तीन कर्मोंको करनेवाला पुरुष जन्म और मृत्युको तर जाता है—उन्हें पार कर लेता है, क्योंकि उन (वेदादि अथवा प्रत्यक्षादि प्रमाणों)-से स्पष्ट ही शुद्धि होती देखी है।

तथा 'ब्रह्मजज्ञ' ब्रह्मज—ब्रह्मा यानी हिरण्यगर्भसे उत्पन्न हुआ ब्रह्मज कहलाता है; इस प्रकार जो ब्रह्मज है और ज्ञ (ज्ञाता) भी है उसे ब्रह्मजज्ञ कहते हैं। वह सर्वज्ञ है। उस देवको—जो द्योतन आदिके कारण देव कहलाता है, और ज्ञानादि गुणवान् होनेसे ईड्य—स्तुतियोग्य है उसे शास्त्रसे जानकर और 'निचाय्य' अर्थात् आत्मभावसे देखकर अपनी बुद्धिसे प्रत्यक्ष होनेवाली इस आत्यन्तिक शान्ति—उपरतिको प्राप्त हो जाता है। अर्थात् ज्ञान और कर्मके समुच्चयका अनुष्ठान करनेसे वैराज पदको प्राप्त कर लेता है॥ १७॥

इदानीमग्निविज्ञानचयनफलम् उपसंहरति प्रकरणं च—

अब अग्निविज्ञान और उसके चयनके फलका तथा इस प्रकरणका उपसंहार करते हैं—

त्रिणाचिकेतस्त्रयमेतद्विदित्वा
य एवं विद्वाꣳश्चिनुते नाचिकेतम्।
स मृत्युपाशान्पुरतः प्रणोद्य
शोकातिगो मोदते स्वर्गलोके॥ १८॥

जो त्रिणाचिकेत विद्वान् अग्निके इस त्रयको [यानी कौन ईंटें हों, कितनी संख्यामें हों और किस प्रकार अग्निचयन किया जाय—इसको] जानकर नाचिकेत अग्निका चयन करता है वह देहपातसे पूर्व ही मृत्युके बन्धनोंको तोड़कर शोकसे पार हो स्वर्गलोकमें आनन्दित होता है॥ १८॥

त्रिणाचिकेतस्त्रयं यथोक्तं या इष्टका यावतीर्वा यथा वेत्येतद् विदित्वावगत्य यश्चैवमात्मरूपेण अग्निं विद्वांश्चिनुते निर्वर्तयति नाचिकेतमग्निं क्रतुं स मृत्युपाशान् अधर्माज्ञानरागद्वेषादिलक्षणान् पुरतः, अग्रतः पूर्वमेव शरीरपाताद् इत्यर्थः, प्रणोद्यापहाय शोकातिगो मानसैर्दुःखैर्वर्जित इत्येतद् मोदते स्वर्गलोके वैराजे विराडात्मस्वरूपप्रतिपत्त्या॥ १८॥

जो त्रिणाचिकेत अग्निके पूर्वोक्त त्रयको जानकर अर्थात् जो ईंटें होनी चाहिये, जितनी होनी चाहिये तथा जिस प्रकार अग्निचयन करना चाहिये—इन तीनों बातोंको समझकर उस अग्निको आत्मस्वरूपसे जाननेवाला जो विद्वान् अग्नि—क्रतुका चयन करता—साधन करता है वह अधर्म, अज्ञान और रागद्वेषादिरूप मृत्युके बन्धनोंको पुरतः—अग्रतः अर्थात् देहपातसे पूर्व ही अपनोदन—त्याग करके शोकसे पार हुआ अर्थात् मानसिक दुःखोंसे मुक्त हुआ स्वर्गमें यानी वैराजलोकमें विराडात्मस्वरूपकी प्राप्ति होनेसे आनन्दित होता है॥ १८॥

एष तेऽग्निर्नचिकेतः स्वर्ग्यो
यमवृणीथा द्वितीयेन वरेण।
एतमग्निं तवैव प्रवक्ष्यन्ति जनास-
स्तृतीयं वरं नचिकेतो वृणीष्व॥ १९॥

हे नचिकेतः! तूने द्वितीय वरसे जिसे वरण किया था वह यह स्वर्गका साधनभूत अग्नि तुझे बतला दिया। लोग इस अग्निको तेरा ही कहेंगे। हे नचिकेतः! तू तीसरा वर और माँग ले॥ १९॥

एष ते तुभ्यमग्निर्वरो हे नचिकेतः स्वर्ग्यः स्वर्गसाधनो यमग्निं वरमवृणीथाः प्रार्थितवानसि द्वितीयेन वरेण सोऽग्निर्वरो दत्त इत्युक्तोपसंहारः। किञ्चैतमग्निं तवैव नाम्ना प्रवक्ष्यन्ति जनासो जना इत्येतत्। एष वरो दत्तो मया चतुर्थस्तुष्टेन। तृतीयं वरं नचिकेतो वृणीष्व। तस्मिन्ह्यदत्त ऋणवानहमित्यभिप्रायः॥ १९॥

हे नचिकेतः! अपने दूसरे वरसे तूने जिस अग्निका वरण किया था— जिसके लिये तूने प्रार्थना की थी वह स्वर्गप्राप्तिका साधनभूत यह अग्निविज्ञानरूप वर मैंने तुझे दे दिया। इस प्रकार उपर्युक्त अग्निविज्ञानका उपसंहार कहा गया। यही नहीं, लोग इस अग्निको तेरे ही नामसे पुकारेंगे। यह तुझसे प्रसन्न हुए मैंने तुझे चौथा वर दिया था। हे नचिकेतः! अब तू तीसरा वर और माँग ले, क्योंकि उसे बिना दिये मैं ऋणी ही हूँ—ऐसा इसका अभिप्राय है॥ १९॥

एतावद्ध्यतिक्रान्तेन विधिप्रतिषेधार्थेन मन्त्रब्राह्मणेनावगन्तव्यं यद्वरद्वयसूचितं वस्तु। न आत्मतत्त्वविषययाथात्म्यविज्ञानम्। अतो विधिप्रतिषेधार्थविषयस्यात्मनि

विधि-प्रतिषेध ही जिसके प्रयोजन हैं ऐसे उपर्युक्त मन्त्रब्राह्मणद्वारा इन दो वरोंसे सूचित इतनी ही वस्तु ज्ञातव्य है। आत्मतत्त्वविषयक यथार्थ ज्ञान इसका विषय नहीं है। अब, जो विधि-प्रतिषेधका विषय है, आत्मामें

क्रियाकारकफलाध्यारोपलक्षणस्य स्वाभाविकस्याज्ञानस्य संसारबीजस्य निवृत्त्यर्थं तद्विपरीतब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानं क्रियाकारकफलाध्यारोपणलक्षणशून्यम् आत्यन्तिकनिःश्रेयसप्रयोजनं वक्तव्यमिति उत्तरो ग्रन्थ आरभ्यते। तमेतमर्थं द्वितीयवरप्राप्त्याप्यकृतार्थत्वं तृतीयवरगोचरमात्मज्ञानमन्तरेण इत्याख्यायिकया प्रपञ्चयति—यतः पूर्वस्मात्कर्मगोचरात्साध्यसाधनलक्षणादनित्याद्विरक्तस्य आत्मज्ञानेऽधिकार इति तन्निन्दार्थं पुत्राद्युपन्यासेन प्रलोभनं क्रियते।

क्रिया, कारक और फलका अध्यारोप करना ही जिसका लक्षण है तथा जो संसारका बीजस्वरूप है उस स्वाभाविक अज्ञानकी निवृत्तिके लिये उससे विपरीत ब्रह्मात्मैक्य विज्ञान कहना है, जो कि क्रिया, कारक और फलके अध्यारोपरूप लक्षणसे शून्य और आत्यन्तिक निःश्रेयसरूप प्रयोजनवाला है; इसीके लिये आगेका ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है। इसी बातको आख्यायिकाद्वारा विस्तृत करते हैं कि तीसरे वरसे प्राप्त होनेवाले आत्मज्ञानके बिना द्वितीय वरकी प्राप्तिसे भी अकृतार्थता ही है। क्योंकि आत्मज्ञानमें उसी पुरुषका अधिकार है जो पूर्वोक्त कर्मविषयक साध्य-साधन लक्षण एवं अनित्य फलोंसे विरक्त हो गया हो। इसलिये उनकी निन्दाके लिये पुत्रादिके उपन्याससे नचिकेताको प्रलोभित किया जाता है।

नचिकेता उवाच तृतीयं वरं नचिकेतो वृणीष्वेत्युक्तः सन्—

'हे नचिकेतः! तुम तीसरा वर माँग लो' इस प्रकार कहे जानेपर नचिकेता बोला—

तृतीय वर—आत्मरहस्य

येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्ये-
ऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके।
एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं
वराणामेष वरस्तृतीयः॥ २०॥

मरे हुए मनुष्यके विषयमें जो यह सन्देह है कि कोई तो कहते हैं 'रहता

है' और कोई कहते हैं 'नहीं रहता' आपसे शिक्षित हुआ मैं इसे जान सकूँ। मेरे वरोंमें यह तीसरा वर है॥ २०॥

येयं विचिकित्सा संशयः प्रेते मृते मनुष्येऽस्तीत्येकेऽस्ति शरीरेन्द्रियमनोबुद्धिव्यतिरिक्तो देहान्तरसम्बन्ध्यात्मेत्येके नायम् अस्तीति चैके नायमेवंविधोऽस्तीति चैकेऽतश्चास्माकं न प्रत्यक्षेण नापि वानुमानेन निर्णयविज्ञान-मेतद्विज्ञानाधीनो हि परः पुरुषार्थ इत्यत एतद्विद्यां विजानीयामहम् अनुशिष्टो ज्ञापितस्त्वया। वराणाम् एष वरस्तृतीयोऽवशिष्टः॥ २०॥

मरे हुए मनुष्यके विषयमें जो इस प्रकारका सन्देह है कि कोई लोग तो ऐसा कहते हैं कि शरीर, इन्द्रिय, मन और बुद्धिसे अतिरिक्त देहान्तरसे सम्बन्ध रखनेवाला आत्मा रहता है और किन्हींका कथन है कि ऐसा कोई आत्मा नहीं रहता; अतः इसके विषयमें हमें प्रत्यक्ष अथवा अनुमानसे कोई निश्चित ज्ञान नहीं होता और परम पुरुषार्थ इस विज्ञानके ही अधीन है। इसलिये आपसे शिक्षित अर्थात् विज्ञापित होकर मैं इसे भली प्रकार जान सकूँ। यही मेरे वरोंमेंसे बचा हुआ तीसरा वर है॥ २०॥

किमयमेकान्ततो निःश्रेयस-साधनात्मज्ञानार्हो न वेत्येत-त्परीक्षणार्थमाह—

यह (नचिकेता) निःश्रेयसके साधन आत्मज्ञानके योग्य पूर्णतया है या नहीं—इस बातकी परीक्षा करनेके लिये यमराजने कहा—

देवैरत्रापि विचिकित्सितं पुरा
न हि सुज्ञेयमणुरेष धर्मः।
अन्यं वरं नचिकेतो वृणीष्व
मा मोपरोत्सीरति मा सृजैनम्॥ २१॥

पूर्वकालमें इस विषयमें देवताओंको भी सन्देह हुआ था, क्योंकि यह सूक्ष्मधर्म सुगमतासे जाननेयोग्य नहीं है। हे नचिकेतः! तू दूसरा वर माँग ले, मुझे न रोक। तू मेरे लिये यह वर छोड़ दे॥ २१॥

देवैरप्यत्रैतस्मिन्वस्तुनि विचिकित्सितं संशयितं पुरा पूर्वं न हि सुज्ञेयं सुष्ठु ज्ञेयं श्रुतमपि प्राकृतैर्जनैर्यतोऽणुः सूक्ष्म एष आत्माख्यो धर्मोऽतोऽन्यमसंदिग्धफलं वरं नचिकेतो वृणीष्व मा मां मोपरोत्सीरुपरोधं मा कार्षीरधमर्णम् इवोत्तमर्णः। अतिसृज विमुञ्च एनं वरं मा मां प्रति॥ २१॥

इस आत्मतत्त्वके विषयमें पहले—पूर्वकालमें देवताओंने भी विचिकित्सा—संशय किया था। साधारण पुरुषोंके लिये यह तत्त्व सुने जानेपर भी सुज्ञेय—अच्छी तरह जानने योग्य नहीं है, क्योंकि यह 'आत्मा' नामवाला धर्म बड़ा ही अणु—सूक्ष्म है। अतः हे नचिकेतः! कोई दूसरा निश्चित फल देनेवाला वर माँग ले। जैसे धनी ऋणीको दबाता है उसी प्रकार तू मुझे न रोक। इस वरको तू मेरे लिये छोड़ दे॥ २१॥

नचिकेताकी स्थिरता

देवैरत्रापि विचिकित्सितं किल
त्वं च मृत्यो यन्न सुज्ञेयमात्थ।
वक्ता चास्य त्वादृगन्यो न लभ्यो
नान्यो वरस्तुल्य एतस्य कश्चित्॥ २२॥

[नचिकेता बोला—] हे मृत्यो! इस विषयमें निश्चय ही देवताओंको भी सन्देह हुआ था तथा इसे आप भी सुगमतासे जानने योग्य नहीं बतलाते। [इसीसे वह मुझे और भी अधिक अभीष्ट है] तथा इस धर्मका वक्ता भी आपके समान अन्य कोई नहीं मिल सकता और न इसके समान कोई दूसरा वर ही है॥ २२॥

देवैरत्राप्येतस्मिन्वस्तुनि विचिकित्सितं किलेति भवत एव नः श्रुतम्। त्वं च मृत्यो यद्यस्मान्न सुज्ञेयमात्मतत्त्वमात्थ कथयसि अतः पण्डितैरप्यवेदनीयत्वाद् वक्ता

यह बात हमने अभी आपहीसे सुनी है कि इस विषयमें देवताओंने भी सन्देह किया था। और हे मृत्यो! आप भी इस आत्मतत्त्वको सुगमतासे जानने योग्य नहीं बतलाते। अतः

चास्य धर्मस्य त्वादृक्त्वत्तुल्योऽन्यः पण्डितश्च न लभ्योऽन्विष्यमाणोऽपि। अयं तु वरो निःश्रेयसप्राप्तिहेतुः। अतो नान्यो वरस्तुल्यः सदृशोऽस्त्येतस्य कश्चिदप्यनित्यफलत्वादन्यस्य सर्वस्यैवेत्यभिप्रायः॥ २२॥

पण्डितोंसे अज्ञातव्य होनेके कारण इस धर्मका कथन करनेवाला आपके समान कोई और पण्डित ढूँढ़नेसे भी नहीं मिल सकता। और यह वर भी निःश्रेयसकी प्राप्तिका कारण है। अतः इसके समान और कोई भी वर नहीं है, क्योंकि और सभी वर अनित्य फलयुक्त हैं—यह इसका अभिप्राय है॥ २२॥

यमराजका प्रलोभन

एवमुक्तोऽपि पुनः प्रलोभयन्नुवाच मृत्युः—

नचिकेताके इस प्रकार कहनेपर भी मृत्यु उसे प्रलोभित करता हुआ फिर बोला—

शतायुषः पुत्रपौत्रान्वृणीष्व
बहून्पशून्हस्तिहिरण्यमश्वान्।
भूमेर्महदायतनं वृणीष्व
स्वयं च जीव शरदो यावदिच्छसि॥ २३॥

हे नचिकेतः! तू सौ वर्षकी आयुवाले बेटे-पोते, बहुत-से पशु, हाथी, सुवर्ण और घोड़े माँग ले, विशाल भूमण्डल भी माँग ले तथा स्वयं भी जितने वर्ष इच्छा हो जीवित रह॥ २३॥

शतायुषः शतं वर्षाण्यायूंषि एषां ताञ्शतायुषः पुत्रपौत्रान् वृणीष्व। किं च गवादिलक्षणान् बहून्पशून् हस्तिहिरण्यं हस्ती च हिरण्यं च हस्तिहिरण्यम् अश्वांश्च किं च भूमेः पृथिव्या महद्विस्तीर्णमायतनमाश्रयं मण्डलं राज्यं वृणीष्व। किं च सर्वमप्येतद् अनर्थकं स्वयं

जिनकी सौ वर्षकी आयु हो ऐसे शतायु पुत्र और पौत्र माँग ले। तथा गौ आदि बहुत-से पशु, हाथी और सुवर्ण तथा घोड़े और पृथिवीका महान् विस्तृत आयतन—आश्रय—मण्डल अर्थात् राज्य माँग ले। परन्तु यदि स्वयं अल्पायु हो तो ये सब व्यर्थ ही हैं—इसलिये

चेदल्पायुरित्यत आह—स्वयं च जीव त्वं जीव धारय शरीरं समग्रेन्द्रियकलापं शरदो वर्षाणि यावदिच्छसि जीवितुम्॥ २३॥

कहते हैं—तू स्वयं भी जितना जीना चाहे उतने वर्ष जीवित रह; अर्थात् शरीर यानी समग्र इन्द्रियकलापको धारण कर॥ २३॥

एतत्तुल्यं यदि मन्यसे वरं
वृणीष्व वित्तं चिरजीविकां च।
महाभूमौ नचिकेतस्त्वमेधि
कामानां त्वा कामभाजं करोमि॥ २४॥

इसीके समान यदि तू कोई और वर समझता हो तो उसे, अथवा धन और चिरस्थायिनी जीविका माँग ले। हे नचिकेतः! इस विस्तृत भूमिमें तू वृद्धिको प्राप्त हो। मैं तुझे कामनाओंको इच्छानुसार भोगनेवाला किये देता हूँ॥ २४॥

एतत्तुल्यमेतेन यथोपदिष्टेन सदृशमन्यमपि यदि मन्यसे वरं तमपि वृणीष्व। किं च वित्तं प्रभूतं हिरण्यरत्नादि चिरजीविकां च सह वित्तेन वृणीष्वेत्येतत्। किं बहुना महत्यां भूमौ राजा नचिकेतस्त्वमेधि भव। किं चान्यत्कामानां दिव्यानां मानुषाणां च त्वा त्वां कामभाजं कामभागिनं कामार्हं करोमि सत्यसंकल्पो ह्यहं देवः॥ २४॥

इस उपर्युक्त वरके समान यदि तू कोई और वर समझता हो तो उसे भी माँग ले। यही नहीं, धन अर्थात् प्रचुर सुवर्ण और रत्न आदि तथा उस धनके साथ चिरस्थायिनी जीविका भी माँग ले। अधिक क्या, हे नचिकेतः! इस विस्तृत भूमिमें तू राजा होकर वृद्धिको प्राप्त हो। और तो क्या, मैं तुझे दैवी और मानुषी सभी कामनाओंका कामभागी अर्थात् इच्छानुसार भोगनेवाला किये देता हूँ, क्योंकि मैं सत्य-संकल्प देवता हूँ॥ २४॥

ये ये कामा दुर्लभा मर्त्यलोके
सर्वान्कामांश्छन्दतः प्रार्थयस्व।

इमा रामाः सरथाः सतूर्या
न हीदृशा लभ्यनीया मनुष्यैः।
आभिर्मत्प्रत्ताभिः परिचारयस्व
नचिकेतो मरणं मानुप्राक्षीः ॥ २५ ॥

मनुष्यलोकमें जो-जो भोग दुर्लभ हैं उन सब भोगोंको तू स्वच्छन्दतापूर्वक माँग ले। यहाँ रथ और बाजोंके सहित ये रमणियाँ हैं। ऐसी स्त्रियाँ मनुष्योंको प्राप्त होने योग्य नहीं होतीं। मेरे द्वारा दी हुई इन कामिनियोंसे तू अपनी सेवा करा। परन्तु हे नचिकेतः! तू मरणसम्बन्धी प्रश्न मत पूछ॥ २५ ॥

ये ये कामाः प्रार्थनीया दुर्लभाश्च मर्त्यलोके सर्वांस्तान् कामांश्छन्दत इच्छातः प्रार्थयस्व। किं चेमा दिव्या अप्सरसो रमयन्ति पुरुषानिति रामाः सह रथैर्वर्तन्त इति सरथाः सतूर्याः सवादित्रास्ताश्च न हि लभ्यनीयाः प्रापणीया ईदृशा एवंविधा मनुष्यैर्मर्त्यैरस्मदादिप्रसादमन्तरेण । आभिर्मत्प्रत्ताभिर्मया दत्ताभिः परिचारिणीभिः परिचारयस्व आत्मानं पादप्रक्षालनादिशुश्रूषां कारयात्मन इत्यर्थः। नचिकेतो मरणं मरणसंबद्धं प्रश्नं प्रेतेऽस्ति नास्तीति काकदन्तपरीक्षारूपं मानुप्राक्षीर्मैवं प्रष्टुमर्हसि॥ २५ ॥

इस मर्त्यलोकमें जो-जो कामनाएँ—प्रार्थनीय वस्तुएँ दुर्लभ हैं उन सबको छन्दतः—इच्छानुसार माँग ले। इसके सिवा ये रामा—जो पुरुषोंके साथ रमण करती हैं उन्हें 'रामा' कहते हैं, ऐसी ये दिव्य अप्सराएँ सरथा—रथोंके सहित और सतूर्या—तूर्यों (बाजों)-के सहित मौजूद हैं। हम-जैसे देवताओंकी कृपाके बिना ये अर्थात् ऐसी स्त्रियाँ मरणधर्मा मनुष्योंको प्राप्त होने योग्य नहीं हैं। मेरे द्वारा दी हुई इन परिचारिकाओंसे तू अपनी परिचर्या अर्थात् पादप्रक्षालनादि सेवा करा; किन्तु हे नचिकेतः! मरण अर्थात् मरनेके पश्चात् जीव रहता है या नहीं—ऐसा कौएके दाँतोंकी परीक्षाके समान मरणसम्बन्धी प्रश्न मत पूछ, तुझे ऐसा प्रश्न करना उचित नहीं है॥ २५ ॥

एवं प्रलोभ्यमानोऽपि नचिकेता महाह्रदवदक्षोभ्य आह—

इस प्रकार प्रलोभित किये जानेपर भी नचिकेताने महान् सरोवरके समान अक्षुब्ध रहकर कहा—

नचिकेताकी निरीहता

श्वोभावा मर्त्यस्य यदन्तकैत-
त्सर्वेन्द्रियाणां जरयन्ति तेजः।
अपि सर्वं जीवितमल्पमेव
तवैव वाहास्तव नृत्यगीते॥ २६॥

हे यमराज! ये भोग 'कल रहेंगे या नहीं'—इस प्रकारके हैं और सम्पूर्ण इन्द्रियोंके तेजको जीर्ण कर देते हैं। यह सारा जीवन भी बहुत थोड़ा ही है। आपके वाहन और नाच-गान आपके ही पास रहें [हमें उनकी आवश्यकता नहीं है]॥ २६॥

श्वो भविष्यन्ति न भविष्यन्ति वेति संदिह्यमान एव येषां भावो भवनं त्वयोपन्यस्तानां भोगानां ते श्वोभावाः। किं च मर्त्यस्य मनुष्यस्यान्तक हे मृत्यो यदेतत्सर्वेन्द्रियाणां तेजस्तज्जरयन्ति अपक्षयन्त्यप्सरःप्रभृतयो भोगा अनर्थायैवैते धर्मवीर्यप्रज्ञातेजोयशः-प्रभृतीनां क्षपयितृत्वात्। यां चापि दीर्घजीविकां त्वं दित्ससि तत्रापि शृणु। सर्वं यद्ब्रह्मणोऽपि जीवितमायुरल्पमेव किमुतास्मदादि-

आपने जिन भोगोंका उल्लेख किया है वे तो श्वोभाव हैं—जिनका भाव अर्थात् अस्तित्व 'कल रहेंगे या नहीं' इस प्रकार सन्देहयुक्त हो उन्हें श्वोभाव कहते हैं। बल्कि हे अन्तक—हे मृत्यो! ये अप्सरा आदि भोग तो मनुष्यका जो यह सम्पूर्ण इन्द्रियोंका तेज है उसे जीर्ण—क्षीण ही कर देते हैं, अतः धर्म, वीर्य, प्रज्ञा, तेज और यश आदिका क्षय करनेवाले होनेसे ये अनर्थके ही कारण हैं। और आप जो दीर्घजीवन देना चाहते हैं उसके विषयमें भी सुनिये। ब्रह्माका जो सम्पूर्ण जीवन—आयु है वह भी अल्प ही है,

दीर्घजीविका। अतस्तवैव तिष्ठन्तु वाहा रथादयस्तथा नृत्यगीते च॥ २६॥

फिर हम-जैसोंके दीर्घजीवनकी तो बात ही क्या है? अतः आपके रथादि वाहन और नाच-गान आपके ही रहें॥ २६॥

किं च—

इसके सिवा—

न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो
लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत्त्वा।
जीविष्यामो यावदीशिष्यसि त्वं
वरस्तु मे वरणीयः स एव॥ २७॥

मनुष्यको धनसे तृप्त नहीं किया जा सकता। अब यदि आपको देख लिया है तो धन तो हम पा ही लेंगे। जबतक आप शासन करेंगे हम जीवित रहेंगे; किन्तु हमारा प्रार्थनीय वर तो वही है॥ २७॥

न प्रभूतेन वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः। न हि लोके वित्तलाभः कस्यचित्तृप्तिकरो दृष्टः, यदि नामास्माकं वित्ततृष्णा स्याल्लप्स्यामहे प्राप्स्यामह इत्येतद्वित्तमद्राक्ष्म दृष्टवन्तो वयं चेत्त्वा त्वाम्। जीवितमपि तथैव। जीविष्यामो यावद्याम्ये पदे त्वम् ईशिष्यसीशिष्यसे प्रभुः स्याः कथं हि मर्त्यस्त्वया समेत्याल्पधनायुर्भवेत्। वरस्तु मे वरणीयः स एव यदात्मविज्ञानम्॥ २७॥

मनुष्यको अधिक धनसे भी तृप्त नहीं किया जा सकता है। लोकमें धनकी प्राप्ति किसीको भी तृप्त करनेवाली नहीं देखी गयी। अब, जब कि हम आपको देख चुके हैं तो, यदि हमें धनकी लालसा होगी तो, उसे हम प्राप्त कर ही लेंगे। इसी प्रकार दीर्घजीवन भी पा लेंगे। जबतक आप याम्यपदपर शासन करेंगे तबतक हम भी जीवित रहेंगे। भला कोई भी मनुष्य आपके सम्पर्कमें आकर अल्पायु या अल्पधन कैसे रह सकता है? किन्तु वर तो वह जो आत्मविज्ञान है वही हमारा वरणीय है॥ २७॥

यतश्च— | क्योंकि—

अजीर्यताममृतानामुपेत्य
जीर्यन्मर्त्यः क्वधःस्थः प्रजानन्।
अभिध्यायन्वर्णरतिप्रमोदा-
नतिदीर्घे जीविते को रमेत॥ २८॥

कभी जराग्रस्त न होनेवाले अमरोंके समीप पहुँचकर नीचे पृथ्वीपर रहनेवाला कौन जराग्रस्त विवेकी मनुष्य होगा जो केवल शारीरिक वर्णके रागसे प्राप्त होनेवाले [स्त्रीसम्भोग आदि] सुखोंको [अस्थिररूपमें] देखता हुआ भी अति दीर्घ जीवनमें सुख मानेगा?॥ २८॥

अजीर्यतां वयोहानिमप्राप्नुवताममृतानां सकाशमुपेत्य उपगम्यात्मन उत्कृष्टं प्रयोजनान्तरं प्राप्तव्यं तेभ्यः प्रजानन् उपलभमानः स्वयं तु जीर्यन्मर्त्यो जरामरणवान्क्वधःस्थः कुः पृथिवी अधश्चान्तरिक्षादिलोकापेक्षया तस्यां तिष्ठतीति क्वधःस्थः सन् कथमेवमविवेकिभिः प्रार्थनीयं पुत्रवित्तहिरण्याद्यस्थिरं वृणीते।

वयोहानिरूप जीर्णताको प्राप्त न होनेवाले अमरों—देवताओंकी सन्निधिमें पहुँचकर उनसे प्राप्त होने योग्य अपने अन्य उत्कृष्ट प्रयोजनको—प्राप्तव्यको जानता—प्राप्त करता हुआ भी जो स्वयं जीर्ण होनेवाला और मरणधर्मा है अर्थात् जरामरणशील है ऐसा क्वधःस्थ—'कु' पृथिवीको कहते हैं, वह अन्तरिक्षादि लोकोंकी अपेक्षा अधः—नीची [होनेके कारण 'क्वधः' कहलाती] है, उसपर जो स्थित होता है वह क्वधःस्थ कहा जाता है; ऐसा होकर भी—इस प्रकार अविवेकियोंद्वारा प्रार्थनीय पुत्र, धन और सुवर्ण आदि अस्थिर पदार्थोंको कैसे माँगेगा?

क्व तदास्थ इति वा पाठान्तरम्। अस्मिन्पक्षे चाक्षरयोजना। तेषु पुत्रादिष्वास्था आस्थितिस्तात्पर्येण

कहीं 'क्वधःस्थः' के स्थानमें 'क्व तदास्थः' ऐसा भी पाठ है। इस पक्षमें अक्षरोंकी योजना इस प्रकार

वर्तनं यस्य स तदास्थः, ततोऽधिकतरं पुरुषार्थं दुष्प्रापमपि प्रापिपयिषुः क्व तदास्थो भवेन्न कश्चित्तदसारज्ञस्तदर्थी स्याद् इत्यर्थः। सर्वो ह्युपर्युपर्येव बुभूषति लोकस्तस्मान्न पुत्रवित्तादिलोभैः प्रलोभ्योऽहम्। किं चाप्सरः-प्रमुखान्वर्णरतिप्रमोदाननवस्थित-रूपतयाभिध्यायन्निरूपयन्यथावद् अतिदीर्घे जीविते को विवेकी रमेत॥ २८॥

करनी चाहिये। उन पुत्रादिमें जिसकी आस्था—आस्थिति अर्थात् तत्परतापूर्वक प्रवृत्ति है वह 'तदास्थ' है। जो उनसे भी उत्कृष्टतर और दुष्प्राप्य पुरुषार्थको पानेका इच्छुक है वह पुरुष उनमें आस्था करनेवाला कैसे होगा? अर्थात् उन्हें असार समझनेवाला कोई भी पुरुष उनका अर्थी (इच्छुक) नहीं हो सकता, क्योंकि सभी लोग उत्तरोत्तर उन्नत ही होना चाहते हैं; अतः मैं पुत्र-धन आदि लोभोंसे प्रलोभित नहीं किया जा सकता। तथा वर्णके रागसे प्राप्त होनेवाले अप्सरा आदि सुखोंकी अस्थिररूपमें भावना करता हुआ; उन्हें यथावत् (मिथ्यारूपसे) समझता हुआ कौन विवेकी पुरुष अति दीर्घ जीवनमें प्रेम करेगा?॥ २८॥

अतो विहायानित्यैः कामैः प्रलोभनं यन्मया प्रार्थितम्—

अतः मुझे इन मिथ्या भोगोंसे प्रलोभित करना छोड़कर जिसके लिये मैंने प्रार्थना की है और—

यस्मिन्निदं विचिकित्सन्ति मृत्यो
यत्साम्पराये महति ब्रूहि नस्तत्।
योऽयं वरो गूढमनुप्रविष्टो
नान्यं तस्मान्नचिकेता वृणीते॥ २९॥

हे मृत्यो! जिस (परलोकगत जीव)-के सम्बन्धमें लोग 'है या नहीं है' ऐसा सन्देह करते हैं तथा जो महान् परलोकके विषयमें [निश्चित विज्ञान]

है वह हमसे कहिये। यह जो गहनतामें अनुप्रविष्ट हुआ वर है इससे अन्य और कोई वर नचिकेता नहीं माँगता॥ २९॥

यस्मिन्प्रेत इदं विचिकित्सनं विचिकित्सन्ति अस्ति नास्तीत्येवंप्रकारं हे मृत्यो साम्पराये परलोकविषये महति महत्प्रयोजननिमित्ते आत्मनो निर्णयविज्ञानं यत्तद्ब्रूहि कथय नोऽस्मभ्यम्। किं बहुना योऽयं प्रकृत आत्मविषयो वरो गूढं गहनं दुर्विवेचनं प्राप्तोऽनुप्रविष्टः तस्माद्वरादन्यमविवेकिभिः प्रार्थनीय-मनित्यविषयं वरं नचिकेता न वृणीते मनसापीति श्रुतेर्वचनमिति॥ २९॥

हे मृत्यो! जिस परलोकगत जीवके विषयमें ऐसा सन्देह करते हैं कि मरनेके अनन्तर 'रहता है या नहीं रहता' उस महान्—महान् प्रयोजनके निमित्तभूत साम्पराय—परलोकके सम्बन्धमें उस आत्माका जो निश्चित विज्ञान है वह हमसे कहिये। अधिक क्या, यह जो आत्मविषयक प्रकृत वर है वह बड़ा ही गूढ—गहन है और दुर्विवेचनीयताको प्राप्त हो रहा है। उस वरसे अन्य अविवेकी पुरुषोंद्वारा प्रार्थनीय कोई और अनित्य वस्तुविषयक वर नचिकेता मनसे भी नहीं माँगता—यह श्रुतिका वचन है॥ २९॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमदाचार्यश्रीशङ्करभगवतः कृतौ कठोपनिषद्भाष्ये
प्रथमाध्याये प्रथमवल्लीभाष्यं समाप्तम्॥ १॥

द्वितीया वल्ली

श्रेय-प्रेयविवेक

परीक्ष्य शिष्यं विद्यायोग्यतां चावगम्याह—

इस प्रकार शिष्यकी परीक्षा कर और उसमें विद्या-ग्रहणकी योग्यता जान यमराजने कहा—

अन्यच्छ्रेयोऽन्यदुतैव प्रेय-
स्ते उभे नानार्थे पुरुषꣳसिनीतः।
तयोः श्रेय आददानस्य साधु
भवति हीयतेऽर्थाद्य उ प्रेयो वृणीते॥ १॥

श्रेय (विद्या) और है तथा प्रेय (अविद्या) और ही है। वे दोनों विभिन्न प्रयोजनवाले होते हुए ही पुरुषको बाँधते हैं। उन दोनोंमेंसे श्रेयको ग्रहण करनेवालेका शुभ होता है और जो प्रेयको वरण करता है वह पुरुषार्थसे पतित हो जाता है॥ १॥

अन्यत्पृथगेव श्रेयो निःश्रेयसं तथान्यदुताप्येव प्रेयः प्रियतरमपि। ते प्रेयःश्रेयसी उभे नानार्थे भिन्नप्रयोजने सती पुरुषमधिकृतं वर्णाश्रमादिविशिष्टं सिनीतो बध्नीतस्ताभ्यामात्मकर्तव्यतया प्रयुज्यते सर्वः पुरुषः। श्रेयःप्रेयसोर्ह्यभ्युदयामृतत्वार्थी पुरुषः प्रवर्तते। अतः श्रेयःप्रेयःप्रयोजनकर्तव्यतया ताभ्यां बद्ध इत्युच्यते सर्वः पुरुषः।

श्रेय अर्थात् निःश्रेयस अन्यत्—भिन्न ही है तथा प्रेय यानी प्रियतर वस्तु भी अन्य ही है। वे श्रेय और प्रेय दोनों विभिन्न प्रयोजनवाले होनेपर भी अधिकारी यानी वर्णाश्रमादिविशिष्ट पुरुषका बन्धन कर देते हैं; अर्थात् सब लोग उन्हींके द्वारा अपने [विद्या-अविद्या-सम्बन्धी] कर्त्तव्यसे युक्त हो जाते हैं। अभ्युदयकी इच्छावाला पुरुष प्रेयसे और अमृतत्वका इच्छुक श्रेयसे प्रवृत्त होता है। अतः श्रेय और प्रेय इन दोनोंके प्रयोजनोंकी कर्त्तव्यताके कारण सब लोग उनसे बद्ध कहे जाते हैं।

ते यद्यप्येकैकपुरुषार्थ-

वे यद्यपि एक-एक पुरुषार्थसे

सम्बन्धिनी विद्याविद्यारूपत्वाद्विरुद्धे इत्यन्यतरापरित्यागेनैकेन पुरुषेण सहानुष्ठातुमशक्यत्वात् तयोर्हित्वाविद्यारूपं प्रेयः श्रेय एव केवलमाददानस्योपादानं कुर्वतः साधु शोभनं शिवं भवति। यस्त्वदूरदर्शी विमूढो हीयते वियुज्यतेऽस्मादर्थात् पुरुषार्थात् पारमार्थिकात्प्रयोजनान्नित्यात् प्रच्यवत इत्यर्थः। कोऽसौ य उ प्रेयो वृणीत उपादत्त इत्येतत्॥ १॥

सम्बन्ध रखनेवाले हैं तो भी विद्या और अविद्यारूप होनेके कारण परस्पर विरुद्ध हैं, अतः एकका परित्याग किये बिना एक पुरुषद्वारा उन दोनोंका साथ-साथ अनुष्ठान न हो सकनेके कारण उनमेंसे अविद्यारूप प्रेयको छोड़कर केवल श्रेयको ही स्वीकार करनेवालेका साधु—शुभ यानी कल्याण होता है। जो मूढ दूरदर्शी नहीं है वह इस अर्थ—पुरुषार्थ अर्थात् परमार्थसम्बन्धी नित्य प्रयोजनसे च्युत हो जाता है; वह कौन है? वही जो कि प्रेयको वरण करता है—यह इसका तात्पर्य है॥ १॥

यद्युभे अपि कर्तुं स्वायत्ते पुरुषेण किमर्थं प्रेय एवादत्ते बाहुल्येन लोक इत्युच्यते—

यदि श्रेय और प्रेय इन दोनोंहीका करना मनुष्यके स्वाधीन है तो लोग अधिकतासे प्रेयको ही क्यों स्वीकार करते हैं? इसपर कहा जाता है—

श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेत-
स्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः।
श्रेयो हि धीरोऽभि प्रेयसो वृणीते
प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद्वृणीते॥ २॥

श्रेय और प्रेय [परस्पर मिले हुए-से होकर] मनुष्यके पास आते हैं। उन दोनोंको बुद्धिमान् पुरुष भली प्रकार विचारकर अलग-अलग करता है। विवेकी पुरुष प्रेयके सामने श्रेयको ही वरण करता है; किन्तु मूढ योग-क्षेमके निमित्तसे प्रेयको वरण करता है॥ २॥

सत्यं स्वायत्ते तथापि साधनतः फलतश्च मन्दबुद्धीनां दुर्विवेकरूपे

वे मनुष्यके अधीन हैं—यह बात ठीक है। तथापि वे श्रेय और प्रेय

सती व्यामिश्रीभूते इव मनुष्यमेतं पुरुषमा इतः प्राप्नुतः श्रेयश्च प्रेयश्च। अतो हंस इवाम्भसः पयस्तौ श्रेयःप्रेयःपदार्थौ सम्परीत्य सम्यक्परिगम्य मनसालोच्य गुरुलाघवं विविनक्ति पृथक्करोति धीरो धीमान्। विविच्य च श्रेयो हि श्रेय एवाभिवृणीते प्रेयसोऽभ्यर्हितत्वात्। कोऽसौ धीरः।

मन्दबुद्धि पुरुषोंके लिये साधन और फलदृष्टिसे जिनका पार्थक्य करना बहुत कठिन है ऐसे होकर परस्पर मिले हुएसे ही मनुष्य यानी इस जीवको प्राप्त होते हैं। अतः हंस जिस प्रकार जलसे दूध अलग कर लेता है उसी प्रकार धीर—बुद्धिमान् पुरुष उन श्रेय और प्रेय पदार्थोंका भली प्रकार परिगमन कर—मनसे उनकी आलोचना कर उनके गौरव और लाघवका विवेक यानी पृथक्करण करता है। इस प्रकार श्रेयका विवेचन कर वह प्रेयकी अपेक्षा अधिक अभीष्ट होनेके कारण श्रेयको ही ग्रहण करता है। परन्तु ऐसा करता कौन है? वही जो बुद्धिमान् है।

यस्तु मन्दोऽल्पबुद्धिः स विवेकासामर्थ्याद्योगक्षेमाद्योगक्षेम-निमित्तं शरीराद्युपचयरक्षण-निमित्तमित्येतत्प्रेयः पशुपुत्रादि-लक्षणं वृणीते॥ २॥

इसके विपरीत जो मन्द—अल्प बुद्धि है, वह विवेकशक्तिका अभाव होनेके कारण, जो योग-क्षेमका ही कारण है अर्थात् जो शरीरादिकी वृद्धि और रक्षाका ही निमित्त है उस पशु-पुत्रादिरूप प्रेयको ही वरण करता है॥ २॥

स त्वं प्रियान्प्रियरूपाꣳश्च कामा-
नभिध्यायन्नचिकेतोऽत्यस्राक्षीः ।
नैताꣳसृङ्कां वित्तमयीमवाप्तो
यस्यां मज्जन्ति बहवो मनुष्याः॥ ३॥

हे नचिकेतः! उस तूने पुत्र-वित्तादि प्रिय और अप्सरा आदि प्रियरूप भोगोंको, उनका असारत्व चिन्तन करके त्याग दिया है और जिसमें बहुत-

से मनुष्य डूब जाते हैं, उस इस धनप्राया निन्दित गतिको तू प्राप्त नहीं हुआ॥ ३॥

स त्वं पुनः पुनर्मया प्रलोभ्यमानोऽपि प्रियान् पुत्रादीन् प्रियरूपांश्चाप्सरःप्रभृतिलक्षणान् कामानभिध्यायंश्चिन्तयंस्तेषाम् अनित्यत्वासारत्वादिदोषान् हे नचिकेतोऽत्यस्राक्षीरतिसृष्टवान् परित्यक्तवानस्यहो बुद्धिमत्ता तव। नैतामवाप्तवानसि सृङ्कां सृतिं कुत्सितां मूढजनप्रवृत्तां वित्तमयीं धनप्रायाम्। यस्यां सृतौ मज्जन्ति सीदन्ति बहवोऽनेके मूढा मनुष्याः॥ ३॥

हे नचिकेतः! तेरी बुद्धिमत्ता धन्य है; जिस तूने कि मेरे द्वारा बारम्बार प्रलोभित किये जानेपर भी पुत्रादि प्रिय तथा अप्सरा आदि प्रियरूप भोगोंको, उनकी अनित्यता और असारता आदि दोषोंका विचार करके परित्याग कर दिया, और जिसमें मूढ पुरुष प्रवृत्त हुआ करते हैं उस वित्तमयी—धनप्राया निन्दित गतिको तू प्राप्त नहीं हुआ, जिस मार्गमें कि बहुत-से मूढ पुरुष डूब जाते अर्थात् दुःख उठाते हैं॥ ३॥

तयोः श्रेय आददानस्य साधु भवति हीयतेऽर्थाद्य उ प्रेयो वृणीत इत्युक्तं तत्कस्माद्यतः—

'उनमेंसे श्रेयको ग्रहण करनेवालेका शुभ होता है और जो प्रेयको वरण करता है वह स्वार्थसे पतित हो जाता है' ऐसा जो ऊपर (इस वल्लीके प्रथम मन्त्रमें) कहा गया है, सो क्यों? [इसपर यमराज कहते हैं,] क्योंकि—

दूरमेते विपरीते विषूची
अविद्या या च विद्येति ज्ञाता।
विद्याभीप्सिनं नचिकेतसं मन्ये
न त्वा कामा बहवोऽलोलुपन्त॥ ४॥

जो विद्या और अविद्यारूपसे जानी गयी हैं वे दोनों अत्यन्त विरुद्ध स्वभाववाली और विपरीत फल देनेवाली हैं। मैं तुझ नचिकेताको विद्याभिलाषी मानता हूँ, क्योंकि तुझे बहुत-से भोगोंने भी नहीं लुभाया॥ ४॥

दूरं दूरेण महतान्तरेणैते विपरीते अन्योन्यव्यावृत्तरूपे-विवेकाविवेकात्मकत्वात्तमः-प्रकाशाविव। विषूची विषूच्यौ नानागती भिन्नफले संसारमोक्षहेतुत्वेनेत्येतत्।

के ते इत्युच्यते। या चाविद्या प्रेयोविषया विद्येति च श्रेयोविषया ज्ञाता निर्ज्ञातावगता पण्डितैः। तत्र विद्याभीप्सिनं विद्यार्थिनं नचिकेतसं त्वामहं मन्ये। कस्माद्यस्मादविद्वद्बुद्धिप्रलोभिनः कामा अप्सरःप्रभृतयो बहवोऽपि त्वा त्वां नालोलुपन्त न विच्छेदं कृतवन्तः श्रेयोमार्गादात्मोपभोगाभिवाञ्छासम्पादनेन। अतो विद्यार्थिनं श्रेयोभाजनं मन्य इत्यभिप्रायः॥ ४॥

ये दोनों प्रकाश और अन्धकारके समान विवेक और अविवेकरूप होनेसे 'दूरम्' अर्थात् महान् अन्तरके साथ विपरीत हैं—आपसमें एक-दूसरेसे व्यावृत्तरूप हैं। और विषूची अर्थात् नाना गतिवाले हैं यानी संसार और मोक्षके कारण होनेसे विभिन्न फलयुक्त हैं।

वे कौन हैं—इसपर कहते हैं—'जो कि पण्डितोंद्वारा प्रेयको विषय करनेवाली अविद्या तथा श्रेयोविषया विद्यारूपसे जानी गयी हैं। उनमें तुझ नचिकेताको मैं विद्याभिलाषी अर्थात् विद्यार्थी मानता हूँ। क्यों मानता हूँ? क्योंकि अविवेकियोंकी बुद्धिको प्रलोभित करनेवाले अप्सरा आदि बहुत-से भोग भी तुम्हें लुभा नहीं सके—उन्होंने तेरे हृदयमें अपने भोगकी इच्छा उत्पन्न करके तुझे श्रेयोमार्गसे विचलित नहीं किया। अतः मैं तुझे विद्यार्थी यानी श्रेयका पात्र समझता हूँ—यह इसका अभिप्राय है॥ ४॥

अविद्याग्रस्तोंकी दुर्दशा

ये तु संसारभाजनाः—

किन्तु जो संसारके पात्र हैं—

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः
स्वयं धीराः पण्डितम्मन्यमानाः।
दन्द्रम्यमाणाः परियन्ति मूढा
अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः॥ ५॥

वे अविद्याके भीतर रहनेवाले, अपने-आप बड़े बुद्धिमान् बने हुए और अपनेको पण्डित माननेवाले मूढ पुरुष, अन्धेसे ही ले जाये जाते हुए अन्धेके समान अनेकों कुटिल गतियोंकी इच्छा करते हुए भटकते रहते हैं॥ ५॥

अविद्यायामन्तरे मध्ये घनीभूत इव तमसि वर्तमाना वेष्ट्यमानाः पुत्रपश्वादितृष्णापाशशतैः। स्वयं वयं धीराः प्रज्ञावन्तः पण्डिताः शास्त्रकुशलाश्चेति मन्यमानास्ते दन्द्रम्यमाणा अत्यर्थं कुटिलामनेकरूपां गतिम् इच्छन्तो जरामरणरोगादिदुःखैः परियन्ति परिगच्छन्ति मूढा अविवेकिनोऽन्धेनैव दृष्टिविहीनेनैव नीयमाना विषमे पथि यथा बहवोऽन्धा महान्तमनर्थमृच्छन्ति तद्वत्॥ ५॥

वे घनीभूत अन्धकारके समान अविद्याके भीतर स्थित हो पुत्र-पशु आदि सैकड़ों तृष्णापाशोंसे बँधे हुए [व्यवहारमें लगे रहते हैं]। जिस प्रकार अन्धे यानी दृष्टिहीन पुरुषसे विषम मार्गमें ले जाये जाते हुए बहुत-से अन्धे महान् अनर्थको प्राप्त होते हैं उसी प्रकार 'हम बड़े धीर यानी बुद्धिमान् हैं और पण्डित अर्थात् शास्त्र-कुशल हैं' इस प्रकार अपनेको माननेवाले वे मूढ—अविवेकी पुरुष नाना प्रकारकी अत्यन्त कुटिल गतियोंकी इच्छा करते हुए जरा, मरण और रोगादि दुःखोंसे सब ओर भटकते रहते हैं॥ ५॥

अत एव मूढत्वात्—

अतएव मूढताके कारण—

न साम्परायः प्रतिभाति बालं
प्रमाद्यन्तं वित्तमोहेन मूढम्।
अयं लोको नास्ति पर इति मानी
पुनः पुनर्वशमापद्यते मे॥ ६॥

धनके मोहसे अन्धे हुए और प्रमाद करनेवाले उस मूर्खको परलोकका साधन नहीं सूझता। यह लोक है, परलोक नहीं है—ऐसा माननेवाला पुरुष बारम्बार मेरे वशको प्राप्त होता है॥ ६॥

न साम्परायः प्रतिभाति। सम्पर ईयत इति सम्परायः परलोकस्तत्प्राप्तिप्रयोजनः साधन-विशेषः शास्त्रीयः साम्परायः। स च बालमविवेकिनं प्रति न प्रतिभाति न प्रकाशते नोपतिष्ठत इत्येतत्।

प्रमाद्यन्तं प्रमादं कुर्वन्तं पुत्रपश्वादिप्रयोजनेष्वासक्तमनसं तथा वित्तमोहेन वित्तनिमित्ते-नाविवेकेन मूढं तमसाच्छन्नं सन्तम्। अयमेव लोको योऽयं दृश्यमानः स्त्र्यन्नपानादिविशिष्टो नास्ति परोऽदृष्टो लोक इत्येवं मननशीलो मानी पुनः पुनर्जनित्वा वशं मदधीनतामापद्यते मे मृत्योर्मम। जननमरणादिलक्षण-दुःखप्रबन्धारूढ एव भवतीत्यर्थः। प्रायेण एवंविध एव लोकः॥ ६॥

उसे साम्पराय भासित नहीं होता। देहपातके अनन्तर जिसके प्रति गमन किया जाय उसे सम्पराय—परलोक कहते हैं। उसकी प्राप्ति ही जिसका प्रयोजन है वह साधनविशेष शास्त्रीय साम्पराय है। वह बाल अर्थात् अविवेकी पुरुषके प्रति प्रकाशित नहीं होता, अर्थात् वह उसके चित्तके सम्मुख उपस्थित नहीं होता।

तथा जो प्रमाद करनेवाला है—जिसका चित्त पुत्र-पशु आदि प्रयोजनोंमें आसक्त है और जो धनके मोहसे अर्थात् धननिमित्तक अविवेकसे मूढ यानी अज्ञानसे आवृत है [उस मूढको परलोकका साधन नहीं सूझा करता]। 'यह जो स्त्री और अन्न-पानादिविशिष्ट दृश्यमान लोक है बस यही है, इससे अन्य और कोई [स्वर्गादि] लोक नहीं है' जो पुरुष इस प्रकार माननेवाला है वह बारम्बार जन्म लेकर मुझ मृत्युकी अधीनताको प्राप्त होता है। अर्थात् वह जन्म-मरणादिरूप दुःखपरम्परापर ही आरूढ रहता है। यह लोक प्रायः इसी प्रकारका है॥ ६॥

आत्मज्ञानकी दुर्लभता

यस्तु श्रेयोऽर्थी सहस्रेषु कश्चिदेवात्मविद्भवति त्वद्विधो यस्मात्—

किन्तु जो तेरे समान श्रेयकी इच्छावाला है ऐसा तो हजारोंमें कोई ही आत्मवेत्ता होता है; क्योंकि—

श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः
शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः।
आश्चर्यो वक्ता कुशलोऽस्य लब्धा-
श्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः ॥ ७ ॥

जो बहुतोंको तो सुननेके लिये भी प्राप्त होनेयोग्य नहीं है, जिसे बहुत-से सुनकर भी नहीं समझते उस आत्मतत्त्वका निरूपण करनेवाला भी आश्चर्यरूप है, उसको प्राप्त करनेवाला भी कोई निपुण पुरुष ही होता है तथा कुशल आचार्यद्वारा उपदेश किया हुआ ज्ञाता भी आश्चर्यरूप है॥ ७॥

श्रवणायापि श्रवणार्थं श्रोतुम् अपि यो न लभ्य आत्मा बहुभिरनेकैः शृण्वन्तोऽपि बहवोऽनेकेऽन्ये यमात्मानं न विद्युर्न विदन्त्यभागिनोऽसंस्कृतात्मानो न विजानीयुः। किं चास्य वक्तापि आश्चर्योऽद्भुतवदेवानेकेषु कश्चिद् एव भवति। तथा श्रुत्वाप्यस्य आत्मनः कुशलो निपुण एवानेकेषु लब्धा कश्चिदेव भवति। यस्माद् आश्चर्यो ज्ञाता कश्चिदेव कुशलानुशिष्टः कुशलेन निपुणेन आचार्येणानुशिष्टः सन्॥ ७॥

जो आत्मा बहुतोंको तो सुननेके लिये भी नहीं मिलता तथा दूसरे बहुत-से अभागी अशुद्धचित्त पुरुष जिस आत्मतत्त्वको सुनकर भी नहीं जान पाते। यही नहीं, इसका वक्ता भी आश्चर्य अर्थात् अद्भुत-सा ही है—वह भी अनेकोंमें कोई ही होता है। तथा सुनकर भी इस आत्माका लब्धा (ग्रहण करनेवाला) तो अनेकोंमें कोई निपुण पुरुष ही होता है, क्योंकि जिसे [आत्मदर्शनमें] कुशल आचार्यने उपदेश किया हो ऐसा इसका ज्ञाता भी आश्चर्यरूप ही है॥ ७॥

कस्मात्—

क्योंकि—

न नरेणावरेण प्रोक्त एष
सुविज्ञेयो बहुधा चिन्त्यमानः।
अनन्यप्रोक्ते गतिरत्र नास्ति
अणीयान्ह्यतर्क्यमणुप्रमाणात् ॥ ८ ॥

कई प्रकारसे कल्पना किया हुआ यह आत्मा नीच पुरुषद्वारा कहे जानेपर अच्छी तरह नहीं जाना जा सकता। अभेददर्शी आचार्यद्वारा उपदेश किये गये इस आत्मामें [अस्ति-नास्तिरूप] कोई गति नहीं है, क्योंकि यह सूक्ष्म परिमाणवालोंसे भी सूक्ष्म और दुर्विज्ञेय है॥ ८॥

न हि नरेण मनुष्येणावरेण प्रोक्तोऽवरेण हीनेन प्राकृतबुद्धिना इत्येतदुक्त एष आत्मा यं त्वं मां पृच्छसि। न हि सुष्ठु सम्यग्विज्ञेयो विज्ञातुं शक्यो यस्माद् बहुधास्ति नास्ति कर्ताकर्ता शुद्धोऽशुद्ध इत्याद्यनेकधा चिन्त्यमानो वादिभिः।

यह आत्मा, जिसके विषयमें तुम मुझसे पूछ रहे हो, किसी अवर—हीन यानी साधारण बुद्धिवाले मनुष्यसे कहा जानेपर अच्छी तरह नहीं जाना जा सकता; क्योंकि यह वादियोंद्वारा अस्ति-नास्ति, कर्ता-अकर्ता एवं शुद्ध-अशुद्ध—इस प्रकार अनेक तरहसे चिन्तन किया जाता है।

कथं पुनः सुविज्ञेय इत्युच्यते—

विद्योपलब्धौ अनन्यप्रोक्तेऽनन्येन दैशिकादेशस्य अपृथग्दर्शिना प्राधान्यम् आचार्येण प्रतिपाद्यब्रह्मात्मभूतेन प्रोक्त उक्त आत्मनि गतिरनेकधास्ति नास्तीत्यादिलक्षणा चिन्ता गतिरत्रास्मिन् आत्मनि नास्ति न विद्यते सर्वविकल्पगतिप्रत्यस्तमितत्वादात्मनः।

तो फिर यह किस प्रकार अच्छी तरह जाना जाता है? इसपर कहते हैं—अनन्यप्रोक्त—अनन्य अर्थात् अपने प्रतिपाद्य ब्रह्मस्वरूपको प्राप्त हुए अपृथग्दर्शी आचार्यद्वारा कहे हुए इस आत्मामें अस्ति-नास्तिरूप गति यानी चिन्ता नहीं है, क्योंकि आत्मा सम्पूर्ण विकल्पोंकी गतिसे रहित है।

अथवा स्वात्मभूतेऽनन्यस्मिन् आत्मनि प्रोक्तेऽनन्यप्रोक्ते गतिः, अत्रान्यावगतिर्नास्ति

अथवा अनन्यप्रोक्त—अपने स्वरूपभूत अनन्य आत्माका गुरुद्वारा उपदेश किये जानेपर अन्य ज्ञेय वस्तुका अभाव हो जानेके कारण उसमें कोई गति यानी अन्य अवगति (ज्ञान) नहीं

ज्ञेयस्यान्यस्य अभावात्। ज्ञानस्य ह्येषा परा निष्ठा यदात्मैकत्वविज्ञानम्। अतोऽवगन्तव्याभावान्न गतिः, अत्रावशिष्यते। संसारगतिर्वात्र नास्त्यनन्य आत्मनि प्रोक्ते नान्तरीयकत्वात्तद्विज्ञानफलस्य मोक्षस्य।

अथवा प्रोच्यमानब्रह्मात्मभूतेनाचार्येण प्रोक्त आत्मनि अगतिरनवबोधोऽपरिज्ञानम् अत्र नास्ति। भवत्येवावगतिस्तद्विषया श्रोतुस्तदस्म्यहमित्याचार्यस्येवेत्यर्थः।

एवं सुविज्ञेय आत्मा आगमवता आचार्येणानन्यतया प्रोक्तः। इतरथा ह्यणीयानणुप्रमाणादपि सम्पद्यत आत्मा। अतर्क्यमतर्क्यः स्वबुद्ध्याभ्यूहेन केवलेन तर्केण। तर्क्यमाणेऽणुपरिमाणे केनचित् स्थापित आत्मनि ततो ह्यणुतरम् अन्योऽभ्यूहति ततोऽप्यन्योऽणुतममिति न हि कुतर्कस्य निष्ठा क्वचिद्विद्यते॥ ८॥

रहती; क्योंकि आत्माके एकत्वका जो विज्ञान है यही ज्ञानकी परा निष्ठा है। अतः ज्ञेय वस्तुका अभाव हो जानेके कारण फिर यहाँ कोई और गति नहीं रहती। अथवा उस अनन्य अर्थात् स्वात्मभूत आत्मतत्त्वके उपदेश कर दिये जानेपर संसारकी गति नहीं रहती, क्योंकि उसके अनन्तर तुरन्त ही आत्मविज्ञानका फलरूप मोक्ष प्राप्त हो जाता है।

अथवा जिसका आगे वर्णन किया जायगा उस ब्रह्मात्मभूत आचार्यद्वारा उपदेश किये हुए इस आत्मतत्त्वमें फिर अगति—अनवबोध अर्थात् अपरिज्ञान नहीं रहता। अर्थात् आचार्यके समान उस श्रोताको भी यह आत्मविषयक ज्ञान हो ही जाता है कि 'वह (ब्रह्म) मैं हूँ'।

इस प्रकार शास्त्रज्ञ आचार्यद्वारा अभिन्नरूपसे कहा हुआ आत्मा सुविज्ञेय होता है। नहीं तो, यह अणुप्रमाण वस्तुओंसे भी अणु हो जाता है; अपनी बुद्धिसे निकाले हुए केवल तर्कद्वारा इसका ज्ञान नहीं हो सकता। यदि कोई पुरुष तर्क करके उस अणुपरिमाण आत्माको स्थापित भी करे तो दूसरा उससे भी अणु तथा तीसरा उससे भी अत्यन्त अणु स्थापित कर देगा, क्योंकि कुतर्ककी स्थिति कहीं भी नहीं है॥ ८॥

नैषा तर्केण मतिरापनेया
प्रोक्तान्येनैव सुज्ञानाय प्रेष्ठ।
यां त्वमापः सत्यधृतिर्बतासि
त्वादृङ्नो भूयान्नचिकेतः प्रष्टा॥ ९॥

हे प्रियतम! सम्यक् ज्ञानके लिये शुष्क तार्किकसे भिन्न शास्त्रज्ञ आचार्यद्वारा कही हुई यह बुद्धि, जिसे कि तू प्राप्त हुआ है, तर्कद्वारा प्राप्त होने योग्य नहीं है। अहा! तू बड़ा ही सत्य धारणावाला है। हे नचिकेतः! हमें तेरे समान प्रश्न करनेवाला प्राप्त हो॥ ९॥

अतोऽनन्यप्रोक्त आत्मनि उत्पन्ना येयमागमप्रतिपाद्यात्ममतिर्नैषा तर्केण स्वबुद्ध्यभ्यूहमात्रेणापनेया न प्रापणीयेत्यर्थः। नापनेतव्या वा न हातव्या तार्किको ह्यनागमज्ञः स्वबुद्धिपरिकल्पितं यत्किञ्चिदेव कथयति। अत एव च येयमागमप्रभूता मतिरन्येनैवागमाभिज्ञेन आचार्येणैव तार्किकात्प्रोक्ता सती सुज्ञानाय भवति हे प्रेष्ठ प्रियतम।

अतः अभेददर्शी आचार्यद्वारा उपदेश किये हुए आत्मामें उत्पन्न हुई जो यह शास्त्रप्रतिपाद्य आत्मविषयक मति है वह तर्कसे अर्थात् अपनी बुद्धिके ऊहापोहमात्रसे प्राप्त होने योग्य नहीं है। अथवा [यह समझो कि] यह आत्मबुद्धि तर्कशक्तिसे अपनेतव्य यानी छोड़ी जाने योग्य नहीं है, क्योंकि तार्किक तो अध्यात्मशास्त्रसे अनभिज्ञ होता है, वह अपनी बुद्धिसे कल्पना किया हुआ चाहे जो कहता रहता है। अतः हे प्रेष्ठ—प्रियतम! यह जो शास्त्रजनित आत्मबुद्धि है वह तो तार्किकसे भिन्न किसी शास्त्रज्ञ आचार्यद्वारा उपदेश की जानेपर ही सम्यक् ज्ञानकी कारण होती है।

का पुनः सा तर्कागम्या मतिरित्युच्यते—

अच्छा तो, तर्कसे प्राप्त न होने योग्य वह मति कौन-सी है? इसपर कहते हैं—

यां त्वं मतिं मद्वरप्रदानेन

जिस मतिको तूने मेरे वरप्रदानसे

आपः प्राप्तवानसि। सत्या अवितथविषया धृतिर्यस्य तव स त्वं सत्यधृतिर्बतासीत्यनुकम्पयन्नाह मृत्युर्नचिकेतसं वक्ष्यमाणविज्ञानस्तुतये। त्वादृक्त्वत्तुल्यो नोऽस्मभ्यं भूयाद्भवताद्भवत्वन्यः पुत्रः शिष्यो वा प्रष्टा; कीदृग्यादृक्त्वं हे नचिकेतः प्रष्टा॥ ९॥

प्राप्त किया है। जिस तेरी धृति सत्य अर्थात् यथार्थ पदार्थको विषय करनेवाली है वह तू सत्यधृति है। 'बत' इस अव्ययसे अनुकम्पा करते हुए यमराज आगे कहे जानेवाले विज्ञानकी स्तुतिके लिये नचिकेतासे कहते हैं—'हे नचिकेतः! हमें तेरे समान प्रश्न करनेवाला और भी पुत्र अथवा शिष्य मिले। परन्तु वह हो कैसा? जैसा कि तू प्रश्न करनेवाला है'॥ ९॥

पुनरपि तुष्ट आह—

नचिकेतासे प्रसन्न हुए मृत्युने फिर भी कहा—

कर्मफलकी अनित्यता

जानाम्यहꣳ शेवधिरित्यनित्यं
न ह्यध्रुवैः प्राप्यते हि ध्रुवं तत्।
ततो मया नाचिकेतश्चितोऽग्नि-
रनित्यैर्द्रव्यैः प्राप्तवानस्मि नित्यम्॥ १०॥

मैं यह जानता हूँ कि कर्मफलरूप निधि अनित्य है, क्योंकि अनित्य साधनोंद्वारा वह नित्य [आत्मा] प्राप्त नहीं किया जा सकता। तब मेरे द्वारा नाचिकेत अग्निका चयन किया गया। उन अनित्य पदार्थोंसे ही मैं [आपेक्षिक] नित्य [याम्यपद]-को प्राप्त हुआ हूँ॥ १०॥

जानाम्यहं शेवधिर्निधिः कर्मफललक्षणो निधिरिव प्रार्थ्यत इति। असावनित्यमनित्य इति जानामि। न हि यस्मादनित्यै-

जिसके लिये निधि (खजाने)-के समान प्रार्थना की जाती है वह कर्मफलरूप निधि ही 'शेवधि' है। यह अनित्य—सदा न रहनेवाली है—ऐसा मैं जानता हूँ। क्योंकि इन अनित्य

रध्रुवैर्नित्यं ध्रुवं तत्प्राप्यते परमात्माख्यः शेवधिः। यस्त्वनित्यसुखात्मकः शेवधिः स एवानित्यैर्द्रव्यैः प्राप्यते।

यानी अस्थिर साधनोंसे वह परमात्मा नामक नित्य—स्थिर निधि प्राप्त नहीं की जा सकती। जो निधि अनित्यसुखस्वरूप है वही अनित्य पदार्थोंसे प्राप्त होती है।

हि यतस्ततस्तस्मान्मया जानतापि नित्यमनित्यसाधनैर्न प्राप्यत इति नाचिकेतश्चितोऽग्निः, अनित्यैर्द्रव्यैः पश्वादिभिः स्वर्गसुखसाधनभूतोऽग्निर्निर्वर्तित इत्यर्थः। तेनाहमधिकारापन्नो नित्यं याम्यं स्थानं स्वर्गाख्यं नित्यमापेक्षिकं प्राप्तवानस्मि॥ १०॥

क्योंकि ऐसा है इसलिये मैंने यह जान-बूझकर भी कि 'अनित्य साधनोंसे नित्यकी प्राप्ति नहीं होती' नाचिकेत अग्निका चयन किया था; अर्थात् पशु आदि अनित्य पदार्थोंसे स्वर्ग-सुखके साधनस्वरूप उस अग्निका सम्पादन किया था। उसीसे मैं अधिकार-सम्पन्न होकर आपेक्षिक नित्य स्वर्ग नामक याम्यस्थानको प्राप्त हुआ हूँ॥ १०॥

नचिकेताके त्यागकी प्रशंसा

कामस्याप्तिं जगतः प्रतिष्ठां
क्रतोरनन्त्यमभयस्य पारम्।
स्तोममहदुरुगायं प्रतिष्ठां दृष्ट्वा
धृत्या धीरो नचिकेतोऽत्यस्राक्षीः॥ ११॥

हे नचिकेतः! तूने बुद्धिमान् होकर भोगोंकी समाप्ति (अवधि), जगत्‌की प्रतिष्ठा, यज्ञफलके अनन्तत्व, अभयकी मर्यादा, स्तुत्य और महती (अणिमादि ऐश्वर्ययुक्त) विस्तीर्ण गति तथा प्रतिष्ठाको देखकर भी उसे धैर्यपूर्वक त्याग दिया है॥ ११॥

त्वं तु कामस्याप्तिं समाप्तिम्, अत्रैवेहैव सर्वे कामाः

किन्तु हे नचिकेतः! तुमने तो धीर—धृतिमान् होकर कामनाओंकी प्राप्ति—समाप्तिको, क्योंकि इस

परिसमाप्ताः, जगतः साध्यात्माधिभूताधिदैवादेः प्रतिष्ठामाश्रयं सर्वात्मकत्वात्, क्रतोः फलं हैरण्यगर्भं पदमनन्त्यमानन्त्यम्, अभयस्य च पारं परां निष्ठाम्, स्तोमं स्तुत्यं महदणिमाद्यैश्वर्याद्यनेकगुणसंहतं स्तोमं च तन्महच्च निरतिशयत्वात्स्तोममहत्, उरुगायं विस्तीर्णां गतिम्, प्रतिष्ठां स्थितिमात्मनोऽनुत्तमामपि दृष्ट्वा धृत्या धैर्येण धीरो धीमान्सन् नचिकेतोऽत्यस्राक्षीः परमेव आकाङ्क्षन्नतिसृष्टवानसि सर्वम् एतत् संसारभोगजातम्। अहो बतानुत्तमगुणोऽसि॥ ११॥

[हिरण्यगर्भ पद]-में ही सम्पूर्ण कामनाएँ समाप्त होती हैं, तथा सर्वात्मक होनेके कारण अध्यात्म, अधिभूत एवं अधिदैवरूप जगत्की प्रतिष्ठा यानी आश्रयको, यज्ञके अनन्त्य—आनन्त्य अर्थात् अनन्त फल हिरण्यगर्भ पदको, अभयके पार अर्थात् परा निष्ठाको और स्तोम—स्तुत्य तथा महत्—अणिमादि ऐश्वर्य आदिक अनेक गुणोंके संघातसे युक्त, इस प्रकार जो स्तोम है और महत् भी है ऐसे सर्वोत्कृष्ट होनेके कारण स्तोममहत् उरुगाय—विस्तीर्ण गतिको तथा प्रतिष्ठा—अपनी सर्वोत्तम स्थितिको देखकर भी उसे धैर्यपूर्वक त्याग दिया। अर्थात् एकमात्र परवस्तुकी ही इच्छा करते हुए इस सम्पूर्ण सांसारिक भोगसमूहका परित्याग कर दिया। अहो! तुम बड़े ही उत्कृष्ट गुणसम्पन्न हो!॥ ११॥

यं त्वं ज्ञातुमिच्छस्यात्मानम्—

जिस आत्माको तुम जानना चाहते हो—

आत्मज्ञानका फल

तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं
गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्।
अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं
मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति॥ १२॥

उस कठिनतासे दीख पड़नेवाले, गूढ स्थानमें अनुप्रविष्ट, बुद्धिमें स्थित, गहन स्थानमें रहनेवाले, पुरातन देवको अध्यात्मयोगकी प्राप्तिद्वारा जानकर धीर (बुद्धिमान्) पुरुष हर्ष-शोकको त्याग देता है॥ १२॥

तं दुर्दर्शं दुःखेन दर्शनम् अस्येति दुर्दर्शोऽतिसूक्ष्मत्वात्, गूढं गहनमनुप्रविष्टं प्राकृतविषयविकारविज्ञानैः प्रच्छन्नमित्येतत्, गुहाहितं गुहायां बुद्धौ स्थितं तत्रोपलभ्यमानत्वात्, गह्वरेष्ठं गह्वरे विषमेऽनेकानर्थसंकटे तिष्ठतीति गह्वरेष्ठम्। यत एवं गूढमनुप्रविष्टो गुहाहितश्चातो गह्वरेष्ठः; अतो दुर्दर्शः।

तं पुराणं पुरातनमध्यात्मयोगाधिगमेन विषयेभ्यः प्रतिसंहृत्य चेतस आत्मनि समाधानम् अध्यात्मयोगस्तस्याधिगमस्तेन मत्वा देवमात्मानं धीरो हर्षशोकावात्मन उत्कर्षापकर्षयोः अभावाज्जहाति॥ १२॥

अति सूक्ष्म होनेके कारण दुर्दर्श—जिसका कठिनतासे दर्शन हो सके उसे दुर्दर्श कहते हैं, गूढ अर्थात् गहन स्थानमें अनुप्रविष्ट यानी शब्दादि प्राकृत विषयविकाररूप विज्ञानसे छिपे हुए, गुहा—बुद्धिमें उपलब्ध होनेके कारण उसीमें स्थित तथा गह्वरेष्ठ—गह्वर—विषम यानी अनेक अनर्थोंसे संकुलित स्थानमें रहनेवाले [देवको जानकर धीर पुरुष हर्ष-शोकको त्याग देता है]। क्योंकि आत्मा इस प्रकार गूढ स्थानमें अनुप्रविष्ट और बुद्धिमें स्थित है इसलिये वह गह्वरेष्ठ है तथा गह्वरेष्ठ होनेके कारण ही दुर्दर्श है।

उस पुराण यानी पुरातन देवको अध्यात्मयोगकी—चित्तको विषयोंसे हटाकर आत्मामें लगा देना अध्यात्मयोग है, उसकी प्राप्तिद्वारा जानकर धीर पुरुष अपने उत्कर्ष-अपकर्षका अभाव हो जानेके कारण हर्ष-शोकका परित्याग कर देता है॥ १२॥

किं च—

इसके सिवा—

एतच्छ्रुत्वा संपरिगृह्य मर्त्यः
प्रवृह्य धर्म्यमणुमेतमाप्य।
स मोदते मोदनीयꣳ हि लब्ध्वा
विवृतꣳ सद्म नचिकेतसं मन्ये॥ १३॥

मनुष्य इस आत्मतत्त्वको सुनकर और उसे भली प्रकार ग्रहणकर धर्मी आत्माको देहादि संघातसे पृथक् करके इस सूक्ष्म आत्माको पाकर तथा इस मोदनीयकी उपलब्धि कर अति आनन्दित हो जाता है। मैं [तुझ] नचिकेताको खुले हुए ब्रह्मभवनवाला समझता हूँ, [अर्थात् हे नचिकेतः! मेरे विचारसे तेरे लिये मोक्षका द्वार खुला हुआ है]॥ १३॥

एतदात्मतत्त्वं यदहं वक्ष्यामि तच्छ्रुत्वाचार्यप्रसादात्सम्यगात्मभावेन परिगृह्योपादाय मर्त्यो मरणधर्मा धर्मादनपेतं धर्म्यं प्रवृह्योद्यम्य पृथक्कृत्य शरीरादेः अणुं सूक्ष्ममेतमात्मानम् आप्य प्राप्य स मर्त्यो विद्वान्मोदते मोदनीयं हर्षणीयमात्मानं लब्ध्वा। तदेतदेवंविधं ब्रह्मसद्म भवनं नचिकेतसं त्वां प्रत्यपावृतद्वारं विवृतमभिमुखीभूतं मन्ये मोक्षार्हं त्वां मन्य इत्यभिप्रायः॥ १३॥

इस आत्मतत्त्वको, जिसका कि अब मैं वर्णन करूँगा, उसे सुनकर—आचार्यकी कृपासे भली प्रकार आत्मभावसे ग्रहण कर मरणधर्मा मनुष्य इस धर्म्य—धर्मविशिष्ट आत्माको शरीरादिसे उद्यमन करके यानी पृथक् करके तथा इस अणु अर्थात् सूक्ष्म और मोदनीय—हर्षयोग्य आत्माको उपलब्ध कर वह मरणशील विद्वान् आनन्दित हो जाता है। इस प्रकारके तुझ नचिकेताके प्रति मैं ब्रह्मभवनको खुले द्वारवाला अर्थात् अभिमुख हुआ मानता हूँ। अभिप्राय यह कि मैं तुझे मोक्षके योग्य समझता हूँ॥ १३॥

यद्यहं योग्यः प्रसन्नश्चासि भगवन्मां प्रति—

[नचिकेता बोला—] भगवन्! यदि मैं योग्य हूँ और आप मुझपर प्रसन्न हैं तो—

सर्वातीतवस्तुविषयक प्रश्न

अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात्।
अन्यत्र भूताच्च भव्याच्च यत्तत्पश्यसि तद्वद॥ १४॥

जो धर्मसे पृथक्, अधर्मसे पृथक् तथा इस कार्यकारणरूप प्रपञ्चसे भी पृथक् है और जो भूत एवं भविष्यत्‌से भी अन्य है—ऐसा आप जिसे देखते हैं वही मुझसे कहिये॥ १४॥

अन्यत्र धर्माच्छास्त्रीयाद्धर्मानुष्ठानात्तत्फलात्तत्कारकेभ्यश्च पृथग्भूतमित्यर्थः। तथान्यत्र अधर्मात्तथान्यत्रास्मात्कृताकृतात् कृतं कार्यमकृतं कारणमस्माद् अन्यत्र। किं चान्यत्र भूताच्चातिक्रान्तात्कालाद्भव्याच्च भविष्यतश्च तथा वर्तमानात्; कालत्रयेण यन्न परिच्छिद्यत इत्यर्थः। यद् ईदृशं वस्तु सर्वव्यवहारगोचरातीतं पश्यसि तद्वद मह्यम्॥ १४॥

जो धर्म यानी शास्त्रीय धर्मानुष्ठान, उसके फल तथा [कर्ताकरण आदि] कारकोंसे अन्यत्र—पृथग्भूत है, तथा जो अधर्मसे भिन्न है और कृत—कार्य तथा अकृत—कारण इस प्रकार इस कार्य-कारण (स्थूल-सूक्ष्म प्रपञ्च)-से भी पृथक् है, यही नहीं भूत अर्थात् बीते हुए भव्य—आगामी तथा वर्तमान कालसे भी अन्यत्र है; तात्पर्य यह है कि जो तीनों कालोंसे परिच्छिन्न नहीं है। ऐसी जिस सम्पूर्ण व्यवहारविषयसे अतीत वस्तुको आप देखते हैं वह मुझसे कहिये॥ १४॥

इत्येवं पृष्टवते मृत्युरुवाच पृष्टं वस्तु विशेषणान्तरं च विवक्षन्—

इस प्रकार पूछते हुए नचिकेतासे, पूछी हुई वस्तु तथा उसके अन्य विशेषणको बतलानेकी इच्छासे यमराजने कहा—

ओङ्कारोपदेश

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति
तपाꣳसि सर्वाणि च यद्वदन्ति।

यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति
तत्ते पदꣳ संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत्॥ १५॥

सारे वेद जिस पदका वर्णन करते हैं, समस्त तपोंको जिसकी प्राप्तिके साधक कहते हैं, जिसकी इच्छासे [मुमुक्षुजन] ब्रह्मचर्यका पालन करते हैं, उस पदको मैं तुमसे संक्षेपमें कहता हूँ। 'ॐ' यही वह पद है॥ १५॥

सर्वे वेदा यत्पदं पदनीयं गमनीयमविभागेनामनन्ति प्रतिपादयन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति यत्प्राप्त्यर्थानीत्यर्थः। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं गुरुकुलवासलक्षणमन्यद्वा ब्रह्मप्राप्त्यर्थं चरन्ति तत्ते तुभ्यं पदं यज्ज्ञातुम् इच्छसि संग्रहेण संक्षेपतो ब्रवीमि।

ओमित्येतत्। तदेतत्पदं यद्बुभुत्सितं त्वया। यदेतद् ओमित्योंशब्दवाच्यमोंशब्दप्रतीकं च॥ १५॥

समस्त वेद जिस पद अर्थात् गमनीय स्थानका अविभाग यानी एक रूपसे आमनन—प्रतिपादन करते हैं, समस्त तपोंको भी जिसके लिये कहते हैं अर्थात् वे जिस स्थानकी प्राप्तिके लिये हैं, जिसकी इच्छासे गुरुकुलवासरूप ब्रह्मचर्य अथवा ब्रह्मप्राप्तिमें उपयोगी कोई और साधन करते हैं उस पदको, जिसे कि तू जानना चाहता है, मैं संक्षेपमें कहता हूँ।

'ॐ' यही वह पद है। यह जो 'ॐ' है यानी जो ॐ शब्दका वाच्य और ॐ ही जिसका प्रतीक है वही वह पद है जिसे तू जानना चाहता है॥ १५॥

अतः—

इसलिये—

एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्ध्येवाक्षरं परम्।
एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत्॥ १६॥

यह अक्षर ही ब्रह्म है, यह अक्षर ही पर है, इस अक्षरको ही जानकर जो जिसकी इच्छा करता है, वही उसका हो जाता है॥ १६॥

एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्मापरमेतद्ध्येवाक्षरं परं च। तयोर्हि प्रतीकमेतदक्षरम्, एतद्ध्येवाक्षरं

यह अक्षर ही अपर ब्रह्म है और यह अक्षर ही पर ब्रह्म है। यह अक्षर उन दोनोंहीका प्रतीक है। इस अक्षरको

ज्ञात्वोपास्यब्रह्मेति यो यदिच्छति परमपरं वा तस्य तद्भवति। परं चेज्ज्ञातव्यमपरं चेत्प्राप्तव्यम्॥ १६॥

ही 'यही उपास्य ब्रह्म है' ऐसा जानकर जो पर अथवा अपर जिस ब्रह्मकी इच्छा करता है उसे वही प्राप्त हो जाता है। यदि उसका उपास्य पर ब्रह्म हो तो वह केवल जाना जा सकता है और यदि अपर ब्रह्म हो तो प्राप्त किया जा सकता है॥ १६॥

यत एवमतः—

क्योंकि ऐसी बात है, इसलिये—

एतदालम्बनꣳ श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते॥ १७॥

यही श्रेष्ठ आलम्बन है, यही पर आलम्बन है। इस आलम्बनको जानकर पुरुष ब्रह्मलोकमें महिमान्वित होता है॥ १७॥

एतदालम्बनमेतद्ब्रह्म-प्राप्त्यालम्बनानां श्रेष्ठं प्रशस्यतमम्। एतदालम्बनं परमपरं च परापरब्रह्मविषयत्वात्। एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते परस्मिन् ब्रह्मणि। अपरस्मिंश्च ब्रह्मभूतो ब्रह्मवदुपास्यो भवतीत्यर्थः॥ १७॥

यह [ओंकाररूप] आलम्बन ब्रह्मप्राप्तिके [गायत्री आदि] सभी आलम्बनोंमें श्रेष्ठ यानी सबसे अधिक प्रशंसनीय है। पर और अपर ब्रह्मविषयक होनेसे यह आलम्बन पर और अपररूप है। तात्पर्य यह है कि इस आलम्बनको जानकर साधक ब्रह्मलोक अर्थात् परब्रह्ममें स्थित होकर महिमान्वित होता है तथा अपर ब्रह्ममें ब्रह्मत्वको प्राप्त होकर ब्रह्मके समान उपासनीय होता है॥ १७॥

अन्यत्र धर्मादित्यादिना पृष्टस्यात्मनोऽशेषविशेषरहितस्य आलम्बनत्वेन प्रतीकत्वेन चोङ्कारो

उपर्युक्त 'अन्यत्र धर्मात्' इत्यादि श्लोकसे नचिकेताद्वारा पूछे गये सर्वविशेषरहित आत्माके तथा मन्द और

निर्दिष्टः; अपरस्य च ब्रह्मणो मन्दमध्यमप्रतिपत्तॄन्प्रति। अथेदानीं तस्योङ्कारालम्बनस्यात्मनस्साक्षात्स्वरूपनिर्दिधारयिषया इदमुच्यते—

मध्यम उपासकोंके लिये अपर ब्रह्मके प्रतीक और आलम्बनरूपसे ओंकारका निर्देश किया गया। अब, जिसका आलम्बन ओंकार है उस आत्माके स्वरूपका साक्षात् निर्धारण करनेकी इच्छासे यह कहा जाता है—

आत्मस्वरूपनिरूपण

न जायते म्रियते वा विपश्चि-
न्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥ १८॥

यह विपश्चित्—मेधावी आत्मा न उत्पन्न होता है, न मरता है; यह न तो किसी अन्य कारणसे ही उत्पन्न हुआ है और न स्वतः ही कुछ [अर्थान्तररूपसे] बना है। यह अजन्मा, नित्य (सदासे वर्तमान) शाश्वत (सर्वदा रहनेवाला) और पुरातन है तथा शरीरके मारे जानेपर भी स्वयं नहीं मरता॥ १८॥

न जायते नोत्पद्यते म्रियते वा न म्रियते चोत्पत्तिमतो वस्तुनोऽनित्यस्य अनेकविक्रियास्तासामाद्यन्ते जन्मविनाशलक्षणे विक्रिये इहात्मनि प्रतिषिध्येते प्रथमं सर्वविक्रियाप्रतिषेधार्थं न जायते म्रियते वेति। विपश्चिन्मेधावी, अविपरिलुप्तचैतन्यस्वभावात्।

यह आत्मा उत्पन्न नहीं होता और न मरता ही है। उत्पन्न होनेवाली अनित्य वस्तुके अनेक विकार होते हैं। यहाँ—आत्मामें सब विकारोंका प्रतिषेध करनेके लिये 'न जायते म्रियते वा' ऐसा कहकर सबसे पहले उनमेंसे जन्म और विनाशरूप आदि और अन्तके विकारोंका निषेध किया जाता है। कभी लुप्त न होनेवाले चैतन्यरूप स्वभावके कारण आत्मा विपश्चित् यानी मेधावी है।

किं च नायमात्मा कुतश्चित्

तथा यह आत्मा कहींसे अर्थात्

कारणान्तराद्बभूव। स्वस्माच्च आत्मनो न बभूव कश्चिदर्थान्तरभूतः। अतोऽयमात्माऽजो नित्यः शाश्वतोऽपक्षयविवर्जितः। यो ह्यशाश्वतः सोऽपक्षीयते; अयं तु शाश्वतोऽत एव पुराणः पुरापि नव एवेति। यो ह्यवयवोपचयद्वारेणाभिनिर्वर्त्यते स इदानीं नवो यथा कुम्भादिः। तद्विपरीतस्त्वात्मा पुराणो वृद्धिविवर्जित इत्यर्थः।

किसी अन्य कारणसे उत्पन्न नहीं हुआ और न अर्थान्तररूपसे स्वयं अपनेसे ही हुआ है। इसलिये यह आत्मा अजन्मा, नित्य और शाश्वत—यानी क्षयरहित है, क्योंकि जो अशाश्वत होता है वही क्षीण हुआ करता है। यह तो शाश्वत है, इसलिये पुराण भी है यानी प्राचीन होकर भी नवीन ही है। क्योंकि जो पदार्थ अवयवोंके उपचय (मेल)-से निष्पन्न किया जाता है वही 'इस समय नया है' ऐसा कहा जाता है; जैसे घड़ा। किन्तु आत्मा उससे विपरीत स्वभाववाला है; अर्थात् वह पुराण यानी वृद्धिरहित है।

यत एवमतो न हन्यते न हिंस्यते हन्यमाने शस्त्रादिभिः शरीरे। तत्स्थोऽप्याकाशवदेव॥ १८॥

क्योंकि ऐसा है; इसलिये शस्त्रादिद्वारा शरीरके मारे जानेपर भी वह नहीं मरता—उसकी हिंसा नहीं होती। अर्थात् शरीरमें रहकर भी वह आकाशके समान निर्लिप्त ही है॥ १८॥

हन्ता चेन्मन्यते हन्तुꣳहतश्चेन्मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायꣳहन्ति न हन्यते॥ १९॥

यदि मारनेवाला आत्माको मारनेका विचार करता है और मारा जानेवाला उसे मारा हुआ समझता है तो वे दोनों ही उसे नहीं जानते, क्योंकि यह न तो मारता है और न मारा जाता है॥ १९॥

एवं भूतमप्यात्मानं शरीरमात्रात्मदृष्टिर्हन्ता चेद्यदि

ऐसे प्रकारके आत्माको भी जो देहमात्रको ही आत्मा समझनेवाला

मन्यते चिन्तयति हन्तुं हनिष्याम्येनम् इति योऽप्यन्यो हतः सोऽपि चेन्मन्यते हतमात्मानं हतोऽहम् इत्युभावपि तौ न विजानीतः, स्वमात्मानं यतो नायं हन्ति अविक्रियत्वादात्मनस्तथा न हन्यत आकाशवदविक्रियत्वादेव। अतोऽनात्मज्ञविषय एव धर्माधर्मादिलक्षणः संसारो न ब्रह्मज्ञस्य। श्रुतिप्रामाण्यान्न्यायाच्च धर्माधर्माद्यनुपपत्तेः॥ १९॥

किसीको मारनेवाला पुरुष यदि किसीको मारनेका विचार करता है—यह सोचता है कि मैं इसे मारूँगा, तथा दूसरा मारा जानेवाला भी यह समझकर कि 'मैं मारा गया हूँ' अपने (आत्मा)-को मारा गया मानता है तो वे दोनों ही अपने आत्माको नहीं जानते; क्योंकि आत्मा अविकारी है, इसलिये वह मार नहीं सकता और आकाशके समान अविकारी होनेसे ही मारा भी नहीं जा सकता। अतः धर्माधर्मादिरूप संसार अनात्मज्ञसे ही सम्बन्ध रखता है, ब्रह्मज्ञसे नहीं। क्योंकि श्रुतिप्रमाण और युक्तिसे भी ब्रह्मज्ञानीद्वारा धर्म-अधर्म आदि नहीं बन सकते॥ १९॥

कथं पुनरात्मानं जानाति इत्युच्यते—

तो फिर मुमुक्षु पुरुष आत्माको किस रूपसे जानता है? इसपर कहते हैं—

अणोरणीयान्महतो महीया-
नात्मास्य जन्तोर्निहितो गुहायाम्।
तमक्रतुः पश्यति वीतशोको
धातुप्रसादान्महिमानमात्मनः ॥ २० ॥

यह अणुसे भी अणु और महान्‌से भी महान् आत्मा जीवकी हृदयरूप गुहामें स्थित है। निष्काम पुरुष अपनी इन्द्रियोंके प्रसादसे आत्माकी उस महिमाको देखता है और शोकरहित हो जाता है॥ २०॥

अणोः सूक्ष्मादणीयाञ्श्यामाकादेरणुतरः। महतो महत्परिमाणान्महीयान्महत्तरः पृथिव्यादेः। अणु महद्वा यदस्ति लोके वस्तु तत्तेनैवात्मना नित्येन आत्मवत्सम्भवति। तदात्मना विनिर्मुक्तमसत्सम्पद्यते। तस्माद् असावेवात्माणोरणीयान्महतो महीयान्सर्वनामरूपवस्तूपाधिकत्वात्। स चात्मास्य जन्तोर्ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तस्य प्राणिजातस्य गुहायां हृदये निहित आत्मभूतः स्थित इत्यर्थः।

तमात्मानं दर्शनश्रवणमननविज्ञानलिङ्गमक्रतुरकामो दृष्टादृष्टबाह्यविषयोपरतबुद्धिरित्यर्थः— यदा चैवं तदा मन आदीनि करणानि धातवः शरीरस्य धारणात्प्रसीदन्तीत्येषां धातूनां प्रसादादात्मनो महिमानं कर्मनिमित्तवृद्धिक्षयरहितं पश्यत्ययम्

आत्मा अणुसे भी अणु अर्थात् श्यामाक आदि सूक्ष्म पदार्थोंसे भी सूक्ष्मतर तथा महान्‌से भी महान् यानी पृथिवी आदि महत्परिमाणवाले पदार्थोंसे भी महत्तर है। संसारमें अणु अथवा महत्परिमाणवाली जो कुछ वस्तु है वह उस नित्यस्वरूप आत्मासे ही आत्मवान् (स्वरूपसत्तायुक्त) हो सकती है। आत्मासे परित्यक्त हो जानेपर वह सत्ताशून्य हो जाती है। अतः यह आत्मा ही अणु-से-अणु और महान्-से-महान् है, क्योंकि नाम-रूपवाली सभी वस्तुएँ इसकी उपाधि हैं। वह आत्मा ही ब्रह्मासे लेकर स्तम्बपर्यन्त इस सम्पूर्ण प्राणि-समुदायकी गुहा— हृदयमें निहित है अर्थात् अन्तरात्मरूपसे स्थित है।

देखना, सुनना, मनन करना और जानना—ये जिसके लिङ्ग हैं उस आत्माको अक्रतु—निष्काम पुरुष अर्थात् जिसकी बुद्धि दृष्ट और अदृष्ट बाह्य विषयोंसे उपरत हो गयी है, क्योंकि जिस समय ऐसी स्थिति होती है उसी समय मन आदि इन्द्रियाँ, जो कि शरीरको धारण करनेके कारण धातु कहलाती हैं, प्रसन्न होती हैं—सो, इन धातुओंके प्रसादसे वह अपने आत्माकी कर्मनिमित्तक वृद्धि और क्षयसे रहित महिमाको देखता है;

अहमस्मीति साक्षाद्विजानाति। ततो वीतशोको भवति॥ २०॥

अर्थात् इस बातको साक्षात् जानता है कि 'मैं यह हूँ'। [ऐसा जानकर] फिर वह शोकरहित हो जाता है॥ २०॥

अन्यथा दुर्विज्ञेयोऽयमात्मा कामिभिः प्राकृतपुरुषैः, यस्मात्—

अन्यथा सकाम प्राकृत पुरुषोंके लिये यह आत्मा बड़ा दुर्विज्ञेय है; क्योंकि—

आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतः।
कस्तं मदामदं देवं मदन्यो ज्ञातुमर्हति॥ २१॥

वह स्थित हुआ भी दूरतक जाता है, शयन करता हुआ भी सब ओर पहुँचता है। मद (हर्ष)-से युक्त और मदसे रहित उस देवको भला मेरे सिवा और कौन जान सकता है?॥ २१॥

आसीनोऽवस्थितोऽचल एव सन् दूरं व्रजति। शयानो याति सर्वत एवमसावात्मा देवो मदामदः समदोऽमदश्च सहर्षोऽहर्षश्च विरुद्धधर्मवानतोऽशक्यत्वाज्ज्ञातुं कस्तं मदामदं देवं मदन्यो ज्ञातुमर्हति?

आसीन—अवस्थित अर्थात् अचल होकर भी वह दूर चला जाता है तथा शयन करता हुआ भी सब ओर पहुँचता है। इस प्रकार वह आत्मा—देव समद और अमद यानी हर्षसहित और हर्षरहित—विरुद्ध धर्मवाला है। अतः जाननेमें न आ सकनेके कारण उस मदयुक्त और मदरहित देवको मेरे सिवा और कौन जान सकता है?

अस्मदादेरेव सूक्ष्मबुद्धेः पण्डितस्य सुविज्ञेयोऽयमात्मा स्थितिगतिनित्यानित्यादिविरुद्धानेकधर्मोपाधिकत्वाद्विरुद्धधर्मवत्त्वाद्विश्वरूप इव चिन्तामणिव-

यह आत्मा हम-जैसे सूक्ष्मबुद्धि विद्वानोंके लिये ही सुविज्ञेय है। स्थिति-गति तथा नित्य और अनित्य आदि अनेक विरुद्धधर्मरूप उपाधिवाला तथा विपरीतधर्मयुक्त होनेसे यह चिन्तामणिके समान विश्वरूप-सा भासता है। अतः 'मेरे सिवा उसे और कौन जानने योग्य है'

दवभासते। अतो दुर्विज्ञेयत्वं दर्शयति कस्तं मदन्यो ज्ञातुमर्हतीति।

करणानामुपशमः शयन करणजनितस्यैकदेशविज्ञानस्य उपशमः शयानस्य भवति। यदा चैवं केवलसामान्यविज्ञानत्वात् सर्वतो यातीव यदा विशेषविज्ञानस्थः स्वेन रूपेण स्थित एव सन्मनआदिगतिषु तदुपाधिकत्वाद्दूरं व्रजतीव। स चेहैव वर्तते॥ २१॥

ऐसा कहकर उसकी दुर्विज्ञेयता दिखलाते हैं।

इन्द्रियोंका शान्त हो जाना शयन है। शयन करनेवाले पुरुषका इन्द्रियजनित एकदेशसम्बन्धी विज्ञान शान्त हो जाता है। जिस समय ऐसी अवस्था होती है उस समय केवल सामान्य विज्ञान होनेसे वह सब ओर जाता हुआ-सा जान पड़ता है; और जब वह विशेष विज्ञानमें स्थित होता है तो स्वरूपसे अविचल रहकर भी मन आदि उपाधियोंवाला होनेसे उन मन आदिकी गतियोंमें जाता हुआ-सा जान पड़ता है। वस्तुतः तो वह यहीं रहता है॥ २१॥

तद्विज्ञानाच्च शोकात्यय इत्यपि दर्शयति—

तथा अब यह भी दिखलाते हैं कि उस आत्माके ज्ञानसे शोकका अन्त हो जाता है—

अशरीरꣳ शरीरेष्वनवस्थेष्ववस्थितम्।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति॥ २२॥

जो शरीरोंमें शरीररहित तथा अनित्योंमें नित्यस्वरूप है उस महान् और सर्वव्यापक आत्माको जानकर बुद्धिमान् पुरुष शोक नहीं करता॥ २२॥

अशरीरं स्वेन रूपेण आकाश-कल्प आत्मा तमशरीरं शरीरेषु देवपितृमनुष्यादिशरीरेषु अनवस्थेष्ववस्थितिरहितेष्ववस्थितं नित्यमविकृतमित्येतत्, महान्तं

आत्मा अपने स्वरूपसे आकाशके समान है, अतः देव, पितृ और मनुष्यादि शरीरोंमें अशरीर है, अनवस्थित—अवस्थितिरहित यानी अनित्योंमें अवस्थित—नित्य अर्थात् अविकारी है, तथा महान् है—[किससे महान् है—

महत्त्वस्यापेक्षिकत्वशङ्कायामाह—विभुं व्यापिनमात्मानम्—आत्मग्रहणं स्वतोऽनन्यत्वप्रदर्शनार्थम्, आत्मशब्दः प्रत्यगात्मविषय एव मुख्यस्तमीदृशमात्मानं मत्वा अयमहमिति धीरो धीमान्न शोचति। न ह्येवंविधस्यात्मविदः शोकोपपत्तिः॥ २२॥

इस प्रकार] महत्त्वमें इतरकी अपेक्षा होनेकी शङ्का करके कहते हैं उस विभु अर्थात् व्यापक आत्माको जानकर—यहाँ 'आत्मा' शब्द अपनेसे ब्रह्मकी अभिन्नता दिखानेके लिये लिया गया है, क्योंकि 'आत्मा' शब्द प्रत्यगात्मविषयमें ही मुख्य है—ऐसे उस आत्माको 'यही मैं हूँ' ऐसा जानकर धीर—बुद्धिमान् पुरुष शोक नहीं करता, क्योंकि इस प्रकारके आत्मवेत्तामें शोक बन ही नहीं सकता॥ २२॥

यद्यपि दुर्विज्ञेयोऽयमात्मा तथाप्युपायेन सुविज्ञेय एवेत्याह—

यद्यपि यह आत्मा दुर्विज्ञेय है तो भी उपाय करनेसे तो सुविज्ञेय ही है; इसपर कहते हैं—

आत्मा आत्मकृपासाध्य है

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो
न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्य-
स्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूँस्वाम्॥ २३॥

यह आत्मा वेदाध्ययनद्वारा प्राप्त होने योग्य नहीं है और न धारणाशक्ति अथवा अधिक श्रवणसे ही प्राप्त हो सकता है। यह [साधक] जिस [आत्मा]-का वरण करता है, उस [आत्मा]-से ही यह प्राप्त किया जा सकता है। उसके प्रति यह आत्मा अपने स्वरूपको अभिव्यक्त कर देता है॥ २३॥

नायमात्मा प्रवचनेनानेकवेदस्वीकरणेन लभ्यो ज्ञेयो नापि

यह आत्मा प्रवचन अर्थात् अनेकों वेदोंको स्वीकार करनेसे प्राप्त यानी

मेधया ग्रन्थार्थधारणशक्त्या। न बहुना श्रुतेन केवलेन। केन तर्हि लभ्य इत्युच्यते—

यमेव स्वात्मानमेष साधको वृणुते प्रार्थयते तेनैवात्मना वरित्रा स्वयमात्मा लभ्यो ज्ञायत एवमित्येतत्। निष्कामस्यात्मानम् एव प्रार्थयत आत्मनैवात्मा लभ्यत इत्यर्थः॥

कथं लभ्यत इत्युच्यते—तस्यात्मकामस्यैष आत्मा विवृणुते प्रकाशयति पारमार्थिकीं तनूं स्वां स्वकीयां स्वयाथात्म्यम् इत्यर्थः॥ २३॥

विदित होने योग्य नहीं है, न मेधा यानी ग्रन्थार्थ-धारणकी शक्तिसे ही जाना जा सकता है और न केवल बहुत-सा श्रवण करनेसे ही। तो फिर किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है, इसपर कहते हैं—

यह साधक जिस अपने आत्माका वरण—प्रार्थना करता है उस वरण करनेवाले आत्माद्वारा यह आत्मा स्वयं ही प्राप्त किया जाता है—अर्थात् उससे ही 'यह ऐसा है' इस प्रकार जाना जाता है। तात्पर्य यह कि केवल आत्मलाभके लिये ही प्रार्थना करनेवाले निष्काम पुरुषको आत्माके द्वारा ही आत्माकी उपलब्धि होती है।

किस प्रकार उपलब्ध होता है, इसपर कहते हैं—उस आत्मकामीके प्रति यह आत्मा अपने पारमार्थिक स्वरूप अर्थात् अपने याथात्म्यको विवृत—प्रकाशित कर देता है॥ २३॥

किं चान्यत्—

इसके सिवा दूसरी बात यह भी है—

आत्मज्ञानका अनधिकारी

नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः।
नाशान्तमानसो वापि प्रज्ञानेनैनमाप्नुयात्॥ २४॥

जो पापकर्मोंसे निवृत्त नहीं हुआ है, जिसकी इन्द्रियाँ शान्त नहीं हैं

और जिसका चित्त असमाहित या अशान्त है वह इसे आत्मज्ञानद्वारा प्राप्त नहीं कर सकता है॥ २४॥

न दुश्चरितात्प्रतिषिद्धाच्छ्रुतिस्मृत्यविहितात्पापकर्मणोऽविरतः—अनुपरतो नापीन्द्रियलौल्याद् अशान्तोऽनुपरतो नाप्यसमाहितोऽनेकाग्रमना विक्षिप्तचित्तः, समाहितचित्तोऽपि सन्समाधानफलार्थित्वान्नाप्यशान्तमानसो व्यापृतचित्तः प्रज्ञानेन ब्रह्मविज्ञानेनैनं प्रकृतमात्मानमाप्नुयात्। यस्तु दुश्चरिताद्विरत इन्द्रियलौल्याच्च समाहितचित्तः समाधानफलादप्युपशान्तमानसश्चाचार्यवान्प्रज्ञानेन यथोक्तम् आत्मानं प्राप्नोतीत्यर्थः॥ २४॥

जो दुश्चरित—प्रतिषिद्ध कर्म यानी श्रुति-स्मृतिसे अविहित पापकर्मसे अविरत—अनुपरत है वह नहीं, जो इन्द्रियोंकी चञ्चलताके कारण अशान्त यानी उपरतिशून्य है वह भी नहीं, जो असमाहित अर्थात् जिसका चित्त एकाग्र नहीं है—जो विक्षिप्तचित्त है वह भी नहीं, तथा समाहितचित्त होनेपर भी उस एकाग्रताके फलका इच्छुक होनेके कारण जो अशान्तचित्त है—जिसका चित्त निरन्तर व्यापार करता रहता है वह पुरुष भी इस प्रस्तुत आत्माको केवल आत्मज्ञानद्वारा नहीं प्राप्त कर सकता। अर्थात् जो पापकर्म और इन्द्रियोंकी चञ्चलतासे हटा हुआ तथा समाहितचित्त और उस समाधानके फलसे भी उपशान्तमना है वह आचार्यवान् साधक ही ब्रह्मज्ञानद्वारा उपर्युक्त आत्माको प्राप्त कर सकता है॥ २४॥

यस्त्वनेवंभूतः—

किन्तु जो (साधक) ऐसा नहीं है [उसके विषयमें श्रुति कहती है—]

यस्य ब्रह्म च क्षत्रं च उभे भवत ओदनः।
मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र सः॥ २५॥

जिस आत्माके ब्राह्मण और क्षत्रिय—ये दोनों ओदन—भात हैं तथा मृत्यु जिसका उपसेचन (शाकादि) है वह जहाँ है उसे कौन [अज्ञ पुरुष] इस प्रकार (उपर्युक्त साधनसम्पन्न अधिकारीके समान) जान सकता है?॥ २५॥

यस्यात्मनो ब्रह्मक्षत्रे सर्वधर्मविधारके अपि सर्वत्राणभूते उभे ओदनोऽशनं भवतः स्याताम्, सर्वहरोऽपि मृत्युर्यस्योपसेचनम् इवौदनस्य, अशनत्वेऽप्यपर्याप्तस्तं प्राकृतबुद्धिर्यथोक्तसाधनरहितः सन् क इत्था इत्थमेवं यथोक्तसाधनवानिवेत्यर्थः, वेद विजानाति यत्र स आत्मेति॥ २५॥

सम्पूर्ण धर्मोंको धारण करनेवाले और सबके रक्षक होनेपर भी ब्राह्मण और क्षत्रिय—ये दोनों वर्ण जिस आत्माके ओदन—भोजन हैं तथा सबका हरण करनेवाला होनेपर भी मृत्यु जिसका भातके लिये उपसेचन (शाकादि)-के समान है, अर्थात् भोजनके लिये भी पर्याप्त नहीं है, उस आत्माको, जहाँ कि वह है, ऐसा कौन पूर्वोक्त साधनोंसे रहित और साधारण बुद्धिवाला पुरुष है जो इस प्रकार—उपर्युक्त साधनसम्पन्न पुरुषके समान जान सके?॥ २५॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमदाचार्यश्रीशङ्करभगवतः कृतौ कठोपनिषद्भाष्ये
प्रथमाध्याये द्वितीयवल्लीभाष्यं समाप्तम्॥ २॥

तृतीया वल्ली

प्राप्ता और प्राप्तव्य भेदसे दो आत्मा

ऋतं पिबन्तावित्यस्या वल्ल्याः सम्बन्धः—

विद्याविद्ये नानाविरुद्धफले इत्युपन्यस्ते न तु सफले ते यथावन्निर्णीते; तन्निर्णयार्था रथरूपककल्पना, तथा च प्रतिपत्तिसौकर्यम्। एवं च प्राप्तृप्राप्यगन्तृगन्तव्यविवेकार्थं द्वावात्मानौ उपन्यस्येते—

इस 'ऋतं पिबन्तौ' इत्यादि तृतीया वल्लीका सम्बन्ध इस प्रकार है—

ऊपर विद्या और अविद्या नाना प्रकारके विरुद्ध धर्मोंवाली बतलायी गयी हैं; किन्तु उनका फलसहित यथावत् निर्णय नहीं किया गया। उनका निर्णय करनेके लिये ही [इस वल्लीमें] रथके रूपककी कल्पना की गयी है। ऐसा करनेसे उन्हें [अर्थात् विद्या-अविद्याको] समझनेमें सुगमता हो जाती है। इसी प्रकार प्राप्त होनेवाले और प्राप्तव्य स्थान तथा गमन करनेवाले और गन्तव्य लक्ष्यका विवेक करनेके लिये दो आत्माओंका उपन्यास करते हैं—

ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके
गुहां प्रविष्टौ परमे परार्धे।
छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति
पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः॥ १॥

ब्रह्मवेत्तालोग कहते हैं कि शरीरमें बुद्धिरूप गुहाके भीतर प्रकृष्ट ब्रह्मस्थानमें प्रविष्ट हुए अपने कर्मफलको भोगनेवाले छाया और घामके समान परस्पर विलक्षण दो [तत्त्व] हैं। यही बात जिन्होंने तीन बार नाचिकेताग्निका चयन किया है वे पञ्चाग्निकी उपासना करनेवाले भी कहते हैं॥ १॥

ऋतं सत्यमवश्यंभावित्वात् कर्मफलं पिबन्तौ, एकस्तत्र कर्मफलं पिबति भुङ्क्ते नेतरः; तथापि पातृसम्बन्धात्पिबन्तौ इत्युच्यते छत्रिन्यायेन, सुकृतस्य स्वयंकृतस्य कर्मण ऋतम् इति पूर्वेण सम्बन्धः; लोकेऽस्मिन् शरीरे गुहां गुहायां बुद्धौ प्रविष्टौ, परमे बाह्यपुरुषाकाशसंस्थानापेक्षया परमम्, परस्य ब्रह्मणोऽर्धं स्थानं परार्धम्। तस्मिन्हि परं ब्रह्मोपलभ्यते, अतस्तस्मिन्परमे परार्धे हार्दाकाशे प्रविष्टावित्यर्थः।

तौ च च्छायातपाविव विलक्षणौ संसारित्वासंसारित्वेन ब्रह्मविदो वदन्ति कथयन्ति। न

ऋत अर्थात् अवश्यम्भावी होनेके कारण सत्य कर्मफलका पान करनेवाले दो आत्मा, जिनमेंसे केवल एक कर्मफलका पान—भोग करता है, दूसरा नहीं; तो भी पान करनेवालेसे सम्बन्ध होनेके कारण यहाँ छत्रिन्यायसे* दोनोंहीके लिये 'पिबन्तौ' इस द्विवचनका प्रयोग हुआ है, सुकृत अर्थात् अपने किये हुए कर्मके फलको भोगते हुए, यहाँ 'सुकृतस्य' शब्दका पूर्ववर्ती 'ऋतम्' शब्दके साथ सम्बन्ध है। लोक अर्थात् इस शरीरमें गुहा–बुद्धिके भीतर परम—बाह्य देहाश्रित आकाश स्थानकी अपेक्षा उत्कृष्ट परब्रह्मके अर्ध यानी स्थानमें प्रवेश किये हुए हैं, क्योंकि उसीमें परब्रह्मकी उपलब्धि होती है। अतः तात्पर्य यह है कि उस परम परार्ध यानी हृदयाकाशमें प्रवेश किये हुए हैं।

वे दोनों संसारी और असंसारी होनेके कारण छाया और धूपके समान परस्पर विलक्षण हैं—ऐसा ब्रह्मवेत्तालोग वर्णन करते—कहते हैं। [इस प्रकार]

* जहाँ बहुत-से आदमी जा रहे हों और उनमेंसे किसी एकके पास छाता हो तो दूरसे देखनेवाला पुरुष उन्हें बतलानेके लिये 'देखो, वे छातेवाले लोग जा रहे हैं' ऐसे वाक्यका प्रयोग करता है। इस प्रकार एक छातेवालेसे सम्बन्धित होनेके कारण वह सारा समूह ही छातेवाला कहा जाता है। इसे 'छत्रिन्याय' कहते हैं। इसी प्रकार यहाँ भोक्ता जीवके सम्बन्धसे ईश्वरको भी भोक्ता कहा गया है।

केवलमकर्मिण एव वदन्ति। पञ्चाग्नयो गृहस्था ये च त्रिणाचिकेताः—त्रिःकृत्वो नाचिकेतोऽग्निश्चितो यैस्ते त्रिणाचिकेताः॥ १॥

केवल अकर्मी ही ऐसा नहीं कहते बल्कि जो त्रिणाचिकेत हैं—जिन्होंने तीन बार नाचिकेत अग्निका चयन किया है वे पञ्चाग्निकी उपासना करनेवाले गृहस्थ भी ऐसा ही कहते हैं॥ १॥

यः सेतुरीजानानामक्षरं ब्रह्म यत्परम्।
अभयं तितीर्षतां पारं नाचिकेतःशकेमहि॥ २॥

जो यजन करनेवालोंके लिये सेतुके समान है उस नाचिकेत अग्निको तथा जो भयशून्य है और संसारको पार करनेकी इच्छावालोंका परम आश्रय है उस अक्षर ब्रह्मको जाननेमें हम समर्थ हों॥ २॥

यः सेतुरिव सेतुरीजानानां—यजमानानां कर्मिणां दुःखसंतरणार्थत्वान्नाचिकेतोऽग्निस्तं वयं ज्ञातुं चेतुं च शकेमहि शक्नुवन्तः। किं च यच्चाभयं भयशून्यं संसारपारं तितीर्षतां तर्तुमिच्छतां ब्रह्मविदां यत्परमाश्रयमक्षरमात्माख्यं ब्रह्म तच्च ज्ञातुं शकेमहि शक्नुवन्तः। परापरे ब्रह्मणी कर्मब्रह्मविदाश्रये वेदितव्ये इति वाक्यार्थः। एतयोरेव ह्युपन्यासः कृत ऋतं पिबन्ताविति॥ २॥

दुःखको पार करनेका साधन होनेसे जो नाचिकेत अग्नि यजमान अर्थात् कर्मियोंके लिये सेतुके समान होनेके कारण सेतु है उसे हम जानने और चयन करनेमें समर्थ हों। तथा जो भयरहित है और संसारके पार जानेकी इच्छावाले ब्रह्मवेत्ताओंका परम आश्रय अविनाशी आत्मा नामक ब्रह्म है उसे भी हम जाननेमें समर्थ हो सकें। अर्थात् कर्मवेत्ताका आश्रय अपरब्रह्म और ब्रह्मवेत्ताका आश्रय परब्रह्म—ये दोनों ही ज्ञातव्य हैं—यह इस वाक्यका अर्थ है। 'ऋतं पिबन्तौ' इत्यादि मन्त्रसे इन्हीं दोनों [ब्रह्मों]- का उल्लेख किया गया है॥ २॥

तत्र य उपाधिकृतः संसारी विद्याविद्ययोरधिकृतो मोक्षगमनाय संसारगमनाय च तस्य तदुभयगमने साधनो रथः कल्प्यते—

उनमें जो उपाधिपरिच्छिन्न संसारी तथा मोक्ष एवं संसारके प्रति गमन करनेके लिये विद्या और अविद्याका अधिकारी है उसके लिये उन दोनोंके प्रति जानेके साधनस्वरूप रथकी कल्पना की जाती है—

शरीरादिसे सम्बन्धित रथादि रूपक

आत्मानꣳ रथिनं विद्धि शरीरꣳ रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥ ३॥

तू आत्माको रथी जान, शरीरको रथ समझ, बुद्धिको सारथी जान और मनको लगाम समझ॥ ३॥

तत्र तमात्मानमृतपं संसारिणं रथिनं रथस्वामिनं विद्धि जानीहि। शरीरं रथमेव तु रथबद्धहयस्थानीयैरिन्द्रियैराकृष्यमाणत्वाच्छरीरस्य। बुद्धिं तु अध्यवसायलक्षणां सारथिं विद्धि बुद्धिनेतृप्रधानत्वाच्छरीरस्य सारथिनेतृप्रधान इव रथः। सर्वं हि देहगतं कार्यं बुद्धिकर्तव्यमेव प्रायेण। मनः संकल्पविकल्पादिलक्षणं प्रग्रहं रशनां विद्धि। मनसा हि प्रगृहीतानि श्रोत्रादीनि करणानि प्रवर्तन्ते रशनयेवाश्वाः॥ ३॥

उनमें उस आत्माको—कर्मफल भोगनेवाले संसारीको रथी—रथका स्वामी जान और शरीरको तो रथ ही समझ, क्योंकि शरीर रथमें बँधे हुए अश्वरूप इन्द्रियगणसे खींचा जाता है। तथा निश्चय करना ही जिसका लक्षण है उस बुद्धिको सारथी जान, क्योंकि सारथिरूप नेता ही जिसमें प्रधान है उस रथके समान शरीर बुद्धिरूप नेताकी प्रधानतावाला है, क्योंकि देहके सभी कार्य प्रायः बुद्धिके ही कर्तव्य हैं। और संकल्प-विकल्पादिरूप मनको प्रग्रह—लगाम समझ, क्योंकि जिस प्रकार घोड़े लगामसे नियन्त्रित होकर चलते हैं उसी प्रकार श्रोत्रादि इन्द्रियाँ मनसे नियन्त्रित होकर ही अपने विषयोंमें प्रवृत्त होती हैं॥ ३॥

इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयाꣳस्तेषु गोचरान्।
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ॥ ४ ॥

विवेकी पुरुष इन्द्रियोंको घोड़े बतलाते हैं तथा उनके घोड़ेरूपसे कल्पना किये जानेपर विषयोंको उनके मार्ग बतलाते हैं और शरीर, इन्द्रिय एवं मनसे युक्त आत्माको भोक्ता कहते हैं॥ ४॥

इन्द्रियाणि चक्षुरादीनि हयान् आहू रथकल्पनाकुशलाः शरीररथाकर्षणसामान्यात्। तेष्वेव इन्द्रियेषु हयत्वेन परिकल्पितेषु गोचरान्मार्गान्रूपादीन्विषयान् विद्धि। आत्मेन्द्रियमनोयुक्तः शरीरेन्द्रियमनोभिः सहितं संयुक्तमात्मानं भोक्तेति संसारीत्याहुर्मनीषिणो विवेकिनः।

न हि केवलस्यात्मनो भोक्तृत्वमस्ति बुद्ध्याद्युपाधिकृतमेव तस्य भोक्तृत्वम्। तथा च श्रुत्यन्तरं केवलस्याभोक्तृत्वमेव दर्शयति— 'ध्यायतीव लेलायतीव' (बृ० उ० ४। ३। ७) इत्यादि। एवं च सति वक्ष्यमाणा रथकल्पनया वैष्णवस्य पदस्यात्मतया प्रतिपत्तिरुपपद्यते नान्यथा स्वभावानतिक्रमात्॥ ४॥

रथकी कल्पना करनेमें कुशल पुरुषोंने चक्षु आदि इन्द्रियोंको घोड़े बतलाया है, क्योंकि [इन्द्रिय और घोड़ोंकी क्रमशः] शरीर और रथको खींचनेमें समानता है। इस प्रकार उन इन्द्रियोंको घोड़ेरूपसे परिकल्पित किये जानेपर रूपादि विषयोंको उनके मार्ग जानो तथा शरीर इन्द्रिय और मनके सहित अर्थात् उनसे युक्त आत्माको मनीषी—विवेकी पुरुष 'यह भोक्ता—संसारी है' ऐसा बतलाते हैं।

केवल (शुद्ध) आत्मा तो भोक्ता है नहीं; उसका भोक्तृत्व तो बुद्धि आदि उपाधिके कारण ही है। इसी प्रकार 'ध्यान करता हुआ-सा, चेष्टा करता हुआ-सा'' इत्यादि एक दूसरी श्रुति भी केवल आत्माका अभोक्तृत्व ही दिखलाती है। ऐसा होनेपर ही आगे कही जानेवाली रथकल्पनासे उस वैष्णवपदकी आत्मभावसे प्रतिपत्ति (प्राप्ति) बन सकती है—और किसी प्रकार नहीं, क्योंकि स्वभाव कभी नहीं बदल सकता॥ ४॥

अविवेकीकी विवशता

यस्त्वविज्ञानवान्भवत्ययुक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथेः ॥ ५ ॥

किन्तु जो [बुद्धिरूप सारथी] सर्वदा अविवेकी एवं असंयतचित्तसे युक्त होता है उसके अधीन इन्द्रियाँ इसी प्रकार नहीं रहतीं जैसे सारथीके अधीन दुष्ट घोड़े॥ ५॥

तत्रैवं सति यस्तु बुद्ध्याख्यः सारथिरविज्ञानवाननिपुणोऽविवेकी प्रवृत्तौ च निवृत्तौ च भवति यथेतरो रथचर्यायामयुक्तेन अप्रगृहीतेनासमाहितेन मनसा प्रग्रहस्थानीयेन सदा युक्तो भवति तस्याकुशलस्य बुद्धिसारथेः इन्द्रियाण्यश्वस्थानीयान्यवश्यानि अशक्यनिवारणानि दुष्टाश्वा अदान्ताश्वा इवेतरसारथेर्भवन्ति॥ ५॥

किन्तु ऐसा होनेपर भी जो बुद्धिरूप सारथी अविज्ञानवान्—अकुशल अर्थात् रथसञ्चालनमें अकुशल अन्य सारथीके समान [इन्द्रियरूप घोड़ोंकी] प्रवृत्ति-निवृत्तिके विवेकसे रहित है, जो सर्वदा प्रग्रह (लगाम) स्थानीय अयुक्त—अगृहीत अर्थात् विक्षिप्त चित्तसे युक्त है उस अनिपुण बुद्धिरूप सारथीके इन्द्रियरूप घोड़े [रथादि हाँकनेवाले] अन्य सारथीके दुष्ट अर्थात् बेकाबू घोड़ोंके समान अवश्य वशमें न आनेवाले यानी जिनका निवारण नहीं किया जा सकता ऐसे हो जाते हैं॥ ५॥

विवेकीकी स्वाधीनता

यस्तु विज्ञानवान्भवति युक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः ॥ ६ ॥

परन्तु जो [बुद्धिरूप सारथी] कुशल और सर्वदा समाहितचित्त रहता है उसके अधीन इन्द्रियाँ इस प्रकार रहती हैं जैसे सारथीके अधीन अच्छे घोड़े॥ ६॥

यस्तु पुनः पूर्वोक्तविपरीतः सारथिर्भवति विज्ञानवान्प्रगृहीतमनाः समाहितचित्तः सदा तस्याश्वस्थानीयानीन्द्रियाणि प्रवर्तयितुं निवर्तयितुं वा शक्यानि वश्यानि दान्ताः सदश्वा इवेतरसारथेः ॥ ६ ॥

किन्तु जो [बुद्धिरूप सारथी] पूर्वोक्त सारथीसे विपरीत विज्ञानवान् (कुशल)—मनको नियन्त्रित रखनेवाला अर्थात् संयतचित्त होता है उसकी अश्वस्थानीय इन्द्रियाँ प्रवृत्त और निवृत्त किये जानेमें इस प्रकार समर्थ होती हैं जैसे सारथीके लिये अच्छे घोड़े ॥ ६ ॥

तस्य पूर्वोक्तस्याविज्ञानवतो बुद्धिसारथेरिदं फलमाह—

उस पूर्वोक्त अविज्ञानवान् बुद्धिरूप सारथीवाले रथीके लिये श्रुति यह फल बतलाती है—

अविवेकीकी संसारप्राप्ति

यस्त्वविज्ञानवान्भवत्यमनस्कः सदाशुचिः ।
न स तत्पदमाप्नोति संसारं चाधिगच्छति ॥ ७ ॥

किन्तु जो अविज्ञानवान्, अनिगृहीतचित्त और सदा अपवित्र रहनेवाला होता है वह उस पदको प्राप्त नहीं कर सकता, प्रत्युत संसारको ही प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

यस्त्वविज्ञानवान्भवति अमनस्कोऽप्रगृहीतमनस्कः स तत एवाशुचिः सदैव, न स रथी तत्पूर्वोक्तमक्षरं यत्परं पदम् आप्नोति तेन सारथिना। न केवलं कैवल्यं नाप्नोति संसारं च जन्ममरणलक्षणमधिगच्छति ॥ ७ ॥

किन्तु जो अविज्ञानवान्, अमनस्क—असंयतचित्त और इसीलिये सदा अपवित्र रहनेवाला होता है उस सारथीके द्वारा वह [जीवरूप] रथी उस पूर्वोक्त अक्षर परम पदको प्राप्त नहीं कर सकता। वह कैवल्यको प्राप्त नहीं होता—केवल इतना ही नहीं, बल्कि जन्म-मरणरूप संसारको भी प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

विवेकीकी परमपदप्राप्ति

यस्तु विज्ञानवान्भवति समनस्कः सदा शुचिः।
स तु तत्पदमाप्नोति यस्माद्भूयो न जायते॥ ८॥

किन्तु जो विज्ञानवान्, संयतचित्त और सदा पवित्र रहनेवाला होता है वह तो उस पदको प्राप्त कर लेता है जहाँसे वह फिर उत्पन्न नहीं होता॥ ८॥

यस्तु द्वितीयो विज्ञानवान् विज्ञानवत्सारथ्युपेतो रथी विद्वान् इत्येतत्; युक्तमनाः समनस्कः स तत एव सदा शुचिः स तु तत्पदमाप्नोति, यस्मादाप्तात्पदाद् अप्रच्युतः सन्भूयः पुनर्न जायते संसारे॥ ८॥

किन्तु जो दूसरा रथी अर्थात् विद्वान् विज्ञानवान्—कुशल सारथीसे युक्त, समनस्क—युक्तचित्त और इसीलिये सदा पवित्र रहनेवाला होता है वह तो उसी पदको प्राप्त कर लेता है, जिस प्राप्त हुए पदसे च्युत न होकर वह फिर संसारमें उत्पन्न नहीं होता॥ ८॥

किं तत्पदमित्याह—

वह पद क्या है? इसपर कहते हैं—

विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रहवान्नरः।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम्॥ ९॥

जो मनुष्य विवेकयुक्त बुद्धि-सारथीसे युक्त और मनको वशमें रखनेवाला होता है वह संसारमार्गसे पार होकर उस विष्णु (व्यापक परमात्मा)-के परमपदको प्राप्त कर लेता है॥ ९॥

विज्ञानसारथिर्यस्तु यो विवेकबुद्धिसारथिः पूर्वोक्तो मनः-प्रग्रहवान्प्रगृहीतमनाः समाहितचित्तः सञ्शुचिर्नरो विद्वान्सोऽध्वनः संसारगतेः पारं परमेव अधिगन्तव्यमित्येतदाप्नोति मुच्यते सर्वसंसारबन्धनैः।

जो पूर्वोक्त विद्वान् पुरुष विवेकयुक्त बुद्धि-सारथीसे युक्त मनोनिग्रहवान् यानी निगृहीतचित्त—एकाग्र मनवाला होता हुआ पवित्र है वह संसारगतिके पारको यानी अवश्य, प्राप्तव्य परमात्माको प्राप्त कर लेता है; अर्थात् सम्पूर्ण संसारबन्धनोंसे

तद्विष्णोर्व्यापनशीलस्य ब्रह्मणः परमात्मनो वासुदेवाख्यस्य परमं प्रकृष्टं पदं स्थानं सतत्त्वमित्येतद्यदसौ आप्नोति विद्वान्॥ ९॥

मुक्त हो जाता है। उस विष्णु यानी वासुदेव नामक सर्वव्यापक परब्रह्म परमात्माका जो परम—उत्कृष्ट पद—स्थान अर्थात् स्वरूप है उसे वह विद्वान् प्राप्त कर लेता है॥ ९॥

अधुना यत्पदं गन्तव्यं तस्य इन्द्रियाणि स्थूलान्यारभ्य सूक्ष्मतारतम्यक्रमेण प्रत्यगात्मतया अधिगमः कर्तव्य इत्येवमर्थमिदम् आरभ्यते—

अब जो प्राप्तव्य परम पद है उसका स्थूल इन्द्रियोंसे आरम्भ करके सूक्ष्मत्वके तारतम्यक्रमसे प्रत्यगात्म-स्वरूपसे ज्ञान प्राप्त करना चाहिये, इसीलिये आगेका कथन आरम्भ किया जाता है—

इन्द्रियादिका तारतम्य

इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्परः॥ १०॥

इन्द्रियोंकी अपेक्षा उनके विषय श्रेष्ठ हैं, विषयोंसे मन उत्कृष्ट है, मनसे बुद्धि पर है और बुद्धिसे भी महान् आत्मा (महत्तत्त्व) उत्कृष्ट है॥ १०॥

स्थूलानि तावदिन्द्रियाणि तानि यैरर्थैरात्मप्रकाशनाय आरब्धानि तेभ्य इन्द्रियेभ्यः स्वकार्येभ्यस्ते परा ह्यर्थाः सूक्ष्मा महान्तश्च प्रत्यगात्मभूताश्च।

इन्द्रियाँ तो स्थूल हैं। वे जिन शब्द-स्पर्शादि विषयोंद्वारा अपनेको प्रकाशित करनेके लिये बनायी गयी हैं वे विषय अपने कार्यभूत इन्द्रियवर्गसे पर—सूक्ष्म, महान् एवं प्रत्यगात्मस्वरूप हैं।

तेभ्योऽप्यर्थेभ्यश्च परं सूक्ष्मतरं महत्प्रत्यगात्मभूतं च मनः। मनः-शब्दवाच्यं मनस आरम्भकं भूतसूक्ष्मं

उन विषयोंसे भी पर—सूक्ष्म, महान् तथा नित्यस्वरूपभूत मन है, जो कि 'मन' शब्दका वाच्य और मनका आरम्भक भूतसूक्ष्म है, क्योंकि वही

सङ्कल्पविकल्पाद्यारम्भकत्वात्। मनसोऽपि परा सूक्ष्मतरा महत्तरा प्रत्यगात्मभूता च बुद्धिः, बुद्धिशब्दवाच्यमध्यवसायाद्यारम्भकं भूतसूक्ष्मम्। बुद्धेरात्मा सर्वप्राणिबुद्धीनां प्रत्यगात्मभूतत्वादात्मा महान्सर्वमहत्त्वात्। अव्यक्ताद्यत्प्रथमं जातं हैरण्यगर्भं तत्त्वं बोधाबोधात्मकं महानात्मा बुद्धेः पर इत्युच्यते॥ १०॥

सङ्कल्प-विकल्पादिका आरम्भक है। मनसे भी पर—सूक्ष्मतर, महत्तर एवं प्रत्यगात्मभूत 'बुद्धि' शब्दवाच्य अध्यवसायादिका आरम्भक भूतसूक्ष्म है। उस बुद्धिसे भी, सम्पूर्ण प्राणियोंकी बुद्धिका प्रत्यगात्मभूत होनेसे आत्मा महान् है, क्योंकि वह सबसे बड़ा है। अर्थात् अव्यक्तसे जो सबसे पहले उत्पन्न हुआ हिरण्यगर्भ तत्त्व है, जो महान् आत्मा [ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्तिसे सम्पन्न होनेके कारण] बोधाबोधात्मक है वह बुद्धिसे भी पर है—ऐसा कहा जाता है॥ १०॥

महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः।
पुरुषान्न परं किंचित्सा काष्ठा सा परा गतिः॥ ११॥

महत्तत्त्वसे अव्यक्त (मूलप्रकृति) पर है और अव्यक्तसे भी पुरुष पर है। पुरुषसे पर और कुछ नहीं है। वही [सूक्ष्मत्वकी] परा काष्ठा (हद) है, वही परा (उत्कृष्ट) गति है॥ ११॥

महतोऽपि परं सूक्ष्मतरं प्रत्यगात्मभूतं सर्वमहत्तरं च अव्यक्तं सर्वस्य जगतो बीजभूतम् अव्याकृतनामरूपसतत्त्वं सर्वकार्यकारणशक्तिसमाहाररूपम् अव्यक्ताव्याकृताकाशादिनामवाच्यं परमात्मन्योतप्रोतभावेन समाश्रितं वटकणिकायामिव वटवृक्षशक्तिः।

महत्से भी पर—सूक्ष्मतर, प्रत्यगात्मस्वरूप और सबसे महान् अव्यक्त है, जो सम्पूर्ण जगत्का बीजभूत, अव्यक्त नाम-रूपोंकी सत्तास्वरूप, सम्पूर्ण कार्य-कारण-शक्तिका समाहार, अव्यक्त, अव्याकृत और आकाशादि नामोंसे निर्दिष्ट होनेवाला तथा वटके धानेमें रहनेवाली वटवृक्षकी शक्तिके समान परमात्मामें ओत-प्रोतभावसे आश्रित है।

तस्मादव्यक्तात्परः सूक्ष्मतरः सर्वकारणकारणत्वात्प्रत्यगात्मत्वाच्च महांश्च अत एव पुरुषः सर्वपूरणात्। ततोऽन्यस्य परस्य प्रसङ्गं निवारयन्नाह पुरुषान्न परं किंचिदिति। यस्मान्नास्ति पुरुषात् चिन्मात्रघनात् परं किंचिदपि वस्त्वन्तरं तस्मात्सूक्ष्मत्व-महत्त्वप्रत्यगात्मत्वानां सा काष्ठा निष्ठा पर्यवसानम्।

अत्र हीन्द्रियेभ्य आरभ्य सूक्ष्मत्वादिपरिसमाप्तिः। अत एव च गन्तॄणां सर्वगतिमतां संसारिणां परा प्रकृष्टा गतिः "यद्गत्वा न निवर्तन्ते" (गीता ८। २१; १५। ६) इति स्मृतेः॥ ११॥

उस अव्यक्तकी अपेक्षा सम्पूर्ण कारणोंका कारण तथा प्रत्यगात्मरूप होनेसे पुरुष पर—सूक्ष्मतर एवं महान् है। इसीलिये वह सबमें पूरित रहनेके कारण 'पुरुष' कहा जाता है। उसके सिवा किसी दूसरे उत्कृष्टतरके प्रसङ्गका निवारण करते हुए कहते हैं कि पुरुषसे पर और कुछ नहीं है। क्योंकि चिद्घनमात्र पुरुषसे भिन्न और कोई वस्तु नहीं है इसलिये वही सूक्ष्मत्व, महत्त्व और प्रत्यगात्मत्वकी पराकाष्ठा—स्थिति अर्थात् पर्यवसान है।

इन्द्रियोंसे लेकर इस आत्मामें ही सूक्ष्मत्वादिकी परिसमाप्ति होती है। अतः यही गमन करनेवाले अर्थात् सम्पूर्ण गतियोंवाले संसारियोंकी पर—उत्कृष्ट गति है, जैसा कि "जिसको प्राप्त होकर फिर नहीं लौटते" इस स्मृतिसे सिद्ध होता है॥ ११॥

ननु गतिश्चेदागत्यापि भवितव्यम्। कथं यस्माद्भूयो न जायत इति?

नैष दोषः। सर्वस्य प्रत्यगात्मत्वादवगतिरेव गति-रित्युपचर्यते। प्रत्यगात्मत्वं च दर्शितमिन्द्रियमनोबुद्धिपरत्वेन।

शङ्का—यदि [पुरुषके प्रति] गति है तो [वहाँसे] आगति (लौटना) भी होना चाहिये; फिर 'जिसके पाससे फिर जन्म नहीं लेता' ऐसा क्यों कहा जाता है?

समाधान—यह दोष नहीं है, क्योंकि सबका प्रत्यगात्मा होनेसे आत्माके ज्ञानको ही उपचारसे गति कहा गया है। तथा इन्द्रिय, मन और बुद्धिसे आत्माका

यो हि गन्ता सोऽगतमप्रत्यग्रूपं गच्छत्यनात्मभूतं न विपर्ययेण। तथा च श्रुतिः—"अनध्वगा अध्वसु पारयिष्णवः" इत्याद्या। तथा च दर्शयति प्रत्यगात्मत्वं सर्वस्य—

परत्व प्रदर्शित कर उसका प्रत्यगात्मत्व दिखलाया गया है, क्योंकि जो जानेवाला है वह अपनेसे पृथक् अनात्मभूत एवं अप्राप्त स्थानकी ओर ही जाया करता है; इससे विपरीत अपनी ही ओर नहीं आता-जाता। इस विषयमें "संसार-मार्गसे पार होनेकी इच्छावाले पुरुष मार्गरहित होते हैं" इत्यादि श्रुति भी प्रमाण है। तथा आगेकी श्रुति भी पुरुषका सबका ही प्रत्यगात्मा होना प्रदर्शित करती है—

आत्मा सूक्ष्मबुद्धिग्राह्य है

एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः ॥ १२ ॥

सम्पूर्ण भूतोंमें छिपा हुआ यह आत्मा प्रकाशमान नहीं होता। यह तो सूक्ष्मदर्शी पुरुषोंद्वारा अपनी तीव्र और सूक्ष्मबुद्धिसे ही देखा जाता है ॥ १२ ॥

एष पुरुषः सर्वेषु ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तेषु भूतेषु गूढः संवृतो दर्शनश्रवणादि-कर्माविद्यामायाच्छन्नोऽत एवात्मा न प्रकाशत आत्मत्वेन कस्यचित्। अहो अतिगम्भीरा दुरवगाह्या विचित्रा माया चेयं यदयं सर्वो जन्तुः परमार्थतः परमार्थसतत्त्वोऽप्येवं बोध्यमानोऽहं परमात्मेति न

यह पुरुष ब्रह्मासे लेकर स्तम्ब-पर्यन्त सम्पूर्ण भूतोंमें गूढ यानी छिपा हुआ, दर्शन, श्रवण आदि कर्म करनेवाला तथा अविद्या यानी मायासे आच्छादित है। अतः सबका अन्तरात्मस्वरूप होनेके कारण आत्मा किसीके प्रति प्रकाशित नहीं होता। अहो! यह माया बड़ी ही गम्भीर, दुर्गम और विचित्र है, जिससे कि ये संसारके सभी जीव वस्तुतः परमार्थस्वरूप होनेपर भी [शास्त्र और आचार्यद्वारा] वैसा बोध कराये जानेपर

गृह्णात्यनात्मानं देहेन्द्रियादिसङ्घातमात्मनो दृश्यमानमपि घटादिवदात्मत्वेनाहममुष्य पुत्र इत्यनुच्यमानोऽपि गृह्णाति। नूनं परस्यैव मायया मोमुह्यमानः सर्वो लोको बम्भ्रमीति। तथा च स्मरणम्—'नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः' (गीता ७। २५) इत्यादि।

ननु विरुद्धमिदमुच्यते "मत्वा धीरो न शोचति" (क० उ० २।१।४) "न प्रकाशते" (क० उ० १। ३। १२) इति च। नैतदेवम्। असंस्कृतबुद्धेरविज्ञेयत्वान्न प्रकाशत इत्युक्तम्। दृश्यते तु संस्कृतया अग्र्यया अग्रमिवाग्र्या तया, एकाग्रतयोपेतयेत्येतत्, सूक्ष्मया सूक्ष्मवस्तुनिरूपणपरया; कैः? सूक्ष्मदर्शिभिः "इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्थाः" इत्यादिप्रकारेण

'मैं परमात्मा हूँ' इस तत्त्वको ग्रहण नहीं करते; बल्कि जो देह और इन्द्रिय आदि संघात घटादिके समान अपने दृश्य हैं, उन्हें किसीके न कहनेपर भी 'मैं इसका पुत्र हूँ' इत्यादि प्रकारसे आत्मभावसे ग्रहण करते हैं। निश्चय, उस परमात्माकी ही मायासे यह सारा जगत् अत्यन्त भ्रान्त हो रहा है। "योगमायासे आवृत हुआ मैं सबके प्रति प्रकाशित नहीं होता" ऐसी ही यह स्मृति भी है।

शङ्का—किन्तु "उसे जानकर पुरुष शोक नहीं करता" "[वह गूढ आत्मा] प्रकाशित (ज्ञात) नहीं होता" यह तो विपरीत ही कहा गया है।

समाधान—ऐसी बात नहीं है। आत्मा अशुद्धबुद्धिपुरुषके लिये अविज्ञेय है; इसीलिये यह कहा गया है कि 'वह प्रकाशित नहीं होता'। वह तो संस्कारयुक्त और तीक्ष्ण—जो किसी पैनी नोकके समान सूक्ष्म हो ऐसी एकाग्रतासे युक्त और सूक्ष्म वस्तुके निरीक्षणमें लगी हुई तीव्र बुद्धिसे ही दिखलायी देता है। किन्हें दिखलायी देता है? [इसपर कहते हैं—] सूक्ष्मदर्शियोंको। "इन्द्रियोंसे उनके विषय सूक्ष्म हैं" इत्यादि प्रकारसे

सूक्ष्मतापारम्पर्यदर्शनेन परं सूक्ष्मं द्रष्टुं शीलं येषां ते सूक्ष्मदर्शिनस्तैः सूक्ष्मदर्शिभिः पण्डितैरित्येतत्॥ १२॥

सूक्ष्मताकी परम्पराका विचार करनेसे जिनका पर—सूक्ष्म वस्तुको देखनेका स्वभाव पड़ गया है, वे सूक्ष्मदर्शी हैं; उन सूक्ष्मदर्शी पण्डितोंको [वह दिखलायी देता है]—यह इसका भावार्थ है॥ १२॥

लयचिन्तन

तत्प्रतिपत्त्युपायमाह—

अब उसकी प्राप्तिका उपाय बतलाते हैं—

यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि।
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि॥ १३॥

विवेकी पुरुष वाक्-इन्द्रियका मनमें उपसंहार करे, उसका प्रकाशस्वरूप बुद्धिमें लय करे, बुद्धिको महत्तत्त्वमें लीन करे और महत्तत्त्वको शान्त आत्मामें नियुक्त करे॥ १३॥

यच्छेन्नियच्छेदुपसंहरेत्प्राज्ञो विवेकी; किम्? वाग्वाचम्। वागत्रोपलक्षणार्था सर्वेषामिन्द्रियाणाम्। क्व? मनसी। मनसीतिच्छान्दसं दैर्घ्यम्। तच्च मनो यच्छेज्ज्ञाने प्रकाशस्वरूपे बुद्धौ आत्मनि। बुद्धिर्हि मन-आदिकरणान्याप्नोतीत्यात्मा प्रत्यक् तेषाम्। ज्ञानं बुद्धिमात्मनि महति प्रथमजे नियच्छेत्। प्रथमजवत्

विवेकी पुरुष 'यच्छेत्' अर्थात् नियुक्त करे—उपसंहार करे; किसका उपसंहार करे? वाक् अर्थात् वाणीका। यहाँ वाक् सम्पूर्ण इन्द्रियोंका उपलक्षण करानेके लिये है। कहाँ उपसंहार करे? मनमें; 'मनसी' पदमें ह्रस्व इकारके स्थानमें दीर्घ प्रयोग छान्दस है। फिर उस मनको ज्ञान अर्थात् प्रकाशस्वरूप बुद्धि—आत्मामें लीन करे। बुद्धि ही मन आदि इन्द्रियोंमें व्याप्त है, इसलिये वह उनका आत्मा—प्रत्यक्स्वरूप है। उस ज्ञानस्वरूप बुद्धिको प्रथम विकार महान् आत्मामें लीन करे अर्थात् प्रथम

स्वच्छस्वभावकमात्मनो विज्ञानम् आपादयेदित्यर्थः। तं च महान्तम् आत्मानं यच्छेच्छान्ते सर्वविशेष-प्रत्यस्तमितरूपेऽविक्रिये सर्वान्तरे सर्वबुद्धिप्रत्ययसाक्षिणि मुख्य आत्मनि॥ १३॥

उत्पन्न हुए महत्तत्त्वके समान आत्माका स्वच्छ-भाव विज्ञान प्राप्त करे। और महान् आत्माको जिसका स्वरूप सम्पूर्ण विशेषोंसे रहित है और जो अविक्रिय, सर्वान्तर तथा बुद्धिके सम्पूर्ण प्रत्ययोंका साक्षी है उस मुख्य आत्मामें लीन करे॥ १३॥

एवं पुरुष आत्मनि सर्वं प्रविलाप्य नामरूपकर्मत्रयं यन्मिथ्याज्ञानविजृम्भितं क्रिया-कारकफललक्षणं स्वात्मयाथात्म्य-ज्ञानेन मरीच्युदकरज्जु-सर्पगगनमलानीव मरीचिरज्जुगगन-स्वरूपदर्शनेनैव स्वस्थः प्रशान्तात्मा कृतकृत्यो भवति यतोऽतस्त-द्दर्शनार्थम्—

मृगतृष्णा, रज्जु और आकाशके स्वरूपका ज्ञान होनेसे जैसे मृगजल, रज्जु-सर्प और आकाश-मालिन्यका बाध हो जाता है, उसी प्रकार मिथ्याज्ञानसे प्रतीत होनेवाले समस्त प्रपञ्च यानी नाम, रूप और कर्म इन तीनोंको, जो क्रिया, कारक और फलरूप ही हैं, स्वात्मतत्त्वके यथार्थ ज्ञानद्वारा पुरुष अर्थात् आत्मामें लीन करके मनुष्य स्वस्थ, प्रशान्तचित्त एवं कृतकृत्य हो जाता है। क्योंकि ऐसा है, इसलिये उसका साक्षात्कार करनेके लिये—

उद्‌बोधन

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया
दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति॥ १४॥

[अरे अविद्याग्रस्त लोगो!] उठो, [अज्ञान-निद्रासे] जागो, और श्रेष्ठ पुरुषोंके समीप जाकर ज्ञान प्राप्त करो। जिस प्रकार छुरेकी धार तीक्ष्ण और दुस्तर होती है, तत्त्वज्ञानी लोग उस मार्गको वैसा ही दुर्गम बतलाते हैं॥ १४॥

अनाद्यविद्याप्रसुप्ता उत्तिष्ठत हे जन्तव आत्मज्ञानाभिमुखा भवत; जाग्रताज्ञाननिद्राया घोररूपायाः सर्वानर्थबीजभूतायाः क्षयं कुरुत।

कथम्? प्राप्योपगम्य वरान् प्रकृष्टानाचार्यांस्तद्विदस्तदुपदिष्टं सर्वान्तरमात्मानमहमस्मीति निबोधतावगच्छत। न ह्युपेक्षितव्यमिति श्रुतिरनुकम्पयाह मातृवत्। अतिसूक्ष्मबुद्धिविषयत्वाज्ज्ञेयस्य। किमिव सूक्ष्मबुद्धिरित्युच्यते; क्षुरस्य धाराग्रं निशिता तीक्ष्णीकृता दुरत्यया दुःखेनात्ययो यस्याः सा दुरत्यया। यथा सा पद्भ्यां दुर्गमनीया तथा दुर्गं दुःसम्पाद्यमित्येतत् पथः पन्थानं तत्त्वज्ञानलक्षणं मार्गं कवयो मेधाविनो वदन्ति। ज्ञेयस्यातिसूक्ष्मत्वात्तद्विषयस्य ज्ञानमार्गस्य दुःसम्पाद्यत्वं वदन्तीत्यभिप्रायः॥ १४॥

अरे अनादि अविद्यासे सोये हुए जीवो! उठो, आत्मज्ञानके अभिमुख होओ तथा घोररूप अज्ञाननिद्रासे जागो—सम्पूर्ण अनर्थोंकी बीजभूत उस अज्ञाननिद्राका क्षय करो।

किस प्रकार [क्षय करें]? श्रेष्ठ—उत्कृष्ट आत्मज्ञानी आचार्योंके पास जाकर—उनके समीप पहुँचकर उनके उपदेश किये हुए सर्वान्तर्यामी आत्माको 'मैं यही हूँ' ऐसा जानो। उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिये—ऐसा मातृवत् श्रुति कृपापूर्वक कह रही है, क्योंकि वह ज्ञेय पदार्थ अत्यन्त सूक्ष्म-बुद्धिका ही विषय है। सूक्ष्म-बुद्धि कैसी होती है? इसपर कहते हैं—निशित अर्थात् पैनायी हुई छुरेकी धार—अग्रभाग जिस प्रकार दुरत्यय होती है—जिसे कठिनतासे पार किया जा सके उसे दुरत्यय कहते हैं। जिस प्रकार उसपर पैरोंसे चलना अत्यन्त कठिन है उसी प्रकार यह आत्मज्ञानका मार्ग बड़ा दुर्गम अर्थात् दुष्प्राप्य है—ऐसा कवि—मेधावी पुरुष कहते हैं। अभिप्राय यह है कि ज्ञेय अत्यन्त सूक्ष्म होनेके कारण मनीषिजन उससे सम्बन्धित ज्ञानमार्गको दुष्प्राप्य बतलाते हैं॥ १४॥

तत्कथमतिसूक्ष्मत्वं ज्ञेयस्य इत्युच्यते; स्थूला तावदियं मेदिनी शब्दस्पर्शरूपरसगन्धोपचिता सर्वेन्द्रियविषयभूता तथा शरीरम्। तत्रैकैकगुणापकर्षेण गन्धादीनां सूक्ष्मत्वमहत्त्वविशुद्धत्वनित्यत्वादि-तारतम्यं दृष्टमबादिषु यावदाकाशमिति ते गन्धादयः सर्व एव स्थूलत्वाद्विकाराः शब्दान्ता यत्र न सन्ति किमु तस्य सूक्ष्मत्वादिनिरतिशयत्वं वक्तव्यम् इत्येतद्दर्शयति श्रुतिः—

उस ज्ञेयकी अत्यन्त सूक्ष्मता किस प्रकार है? इसपर कहते हैं। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—[इन पाँचों विषयों]-से वृद्धिको प्राप्त हुई तथा सम्पूर्ण इन्द्रियोंकी विषयभूत यह पृथिवी स्थूल है; ऐसा ही शरीर भी है। उनमें गन्धादि गुणोंमेंसे एक-एकका अपकर्ष—क्षय होनेसे जलसे लेकर आकाशपर्यन्त चार भूतोंमें सूक्ष्मत्व, महत्त्व, विशुद्धत्व और नित्यत्व आदिका तारतम्य देखा गया है। किन्तु स्थूल होनेके कारण जहाँ गन्धसे लेकर शब्दपर्यन्त ये सारे विकार नहीं हैं उसके सूक्ष्मत्वादिकी निरतिशयताके विषयमें क्या कहा जाय? यही बात आगेकी श्रुति दिखलाती है—

निर्विशेष आत्मज्ञानसे अमृतत्वप्राप्ति

अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं
तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्।
अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं
निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते॥ १५॥

जो अशब्द, अस्पर्श, अरूप, अव्यय, तथा रसहीन, नित्य और गन्धरहित है; जो अनादि, अनन्त, महत्तत्त्वसे भी पर और ध्रुव (निश्चल) है उस आत्मतत्त्वको जानकर पुरुष मृत्युके मुखसे छूट जाता है॥ १५॥

अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथारसं नित्यमगन्धवच्च यद्

जो अशब्द, अस्पर्श, अरूप, अव्यय तथा अरस, नित्य और अगन्धयुक्त

एतद्व्याख्यातं ब्रह्माव्ययम्—यद्धि शब्दादिमत्तद्व्येतीदं तु अशब्दादिमत्त्वादव्ययं न व्येति न क्षीयते, अत एव च नित्यं यद्धि व्येति तदनित्यमिदं तु न व्येत्यतो नित्यम्। इतश्च नित्यं अनाद्यविद्यमान आदिः कारणम् अस्य तदिदमनादि। यद्ध्यादिमत्तत्कार्यत्वादनित्यं कारणे प्रलीयते यथा पृथिव्यादि। इदं तु सर्वकारणत्वादकार्य-मकार्यत्वान्नित्यं न तस्य कारणमस्ति यस्मिन्प्रलीयेत।

तथानन्तम् अविद्यमानोऽन्तः- कार्यमस्य तदनन्तम्। यथा कदल्यादेः फलादिकार्योत्पादनेन अपि अनित्यत्वं दृष्टं न च तथाप्यन्तवत्त्वं ब्रह्मणः; अतोऽपि नित्यम्।

है—ऐसी जिसकी व्याख्या की जाती है वह ब्रह्म अविनाशी है, क्योंकि जो पदार्थ शब्दादियुक्त होता है उसीका व्यय होता है; किन्तु यह ब्रह्म तो अशब्दादियुक्त होनेके कारण अव्यय है; इसका व्यय—क्षय नहीं होता, इसीलिये यह नित्य भी है; क्योंकि जिसका व्यय होता है वह अनित्य है। इसका व्यय नहीं होता इसलिये यह नित्य है। यह अनादि अर्थात् जिसका आदि— कारण विद्यमान नहीं है ऐसा होनेसे भी नित्य है, क्योंकि जो पदार्थ आदिमान् होता है वह कार्यरूप होनेसे अनित्य होता है और अपने कारणमें लीन हो जाता है; जैसे कि पृथिवी आदि। किन्तु यह आत्मा तो सबका कारण होनेसे अकार्य है और अकार्य होनेके कारण नित्य है। इसका कोई कारण नहीं है, जिसमें कि यह लीन हो।

इसी प्रकार यह आत्मा अनन्त भी है। जिसका अन्त अर्थात् कार्य अविद्यमान हो उसे अनन्त कहते हैं। जिस प्रकार फलादि कार्य उत्पन्न करनेसे भी कदली आदि पौधोंकी अनित्यता देखी गयी है उस प्रकार ब्रह्मका अन्तवत्त्व नहीं देखा गया। इसलिये भी वह नित्य है।

महतो महत्तत्त्वाद्-बुद्ध्याख्यात्परं विलक्षणं नित्य-विज्ञप्तिस्वरूपत्वात्सर्वसाक्षि हि सर्वभूतात्मत्वाद् ब्रह्म। उक्तं हि "एष सर्वेषु भूतेषु" (क० उ० १। ३। १२) इत्यादि। ध्रुवं च कूटस्थं नित्यं न पृथिव्यादिवदापेक्षिकं नित्यत्वम्। तदेवभूतं ब्रह्मात्मानं निचाय्यावगम्य तमात्मानं मृत्युमुखान्मृत्युगोचरादविद्याकाम-कर्मलक्षणात्प्रमुच्यते विमुच्यते॥ १५॥

नित्यविज्ञप्तिस्वरूप होनेके कारण बुद्धिसंज्ञक महत्तत्त्वसे भी पर अर्थात् विलक्षण है, क्योंकि ब्रह्म सम्पूर्ण भूतोंका अन्तरात्मा होनेके कारण सबका साक्षी है। यह बात उपर्युक्त "एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते" इत्यादि मन्त्रमें कही ही गयी है। इसी प्रकार वह ध्रुव—कूटस्थ नित्य है। उसकी नित्यता पृथिवी आदिके समान आपेक्षिक नहीं है। उस इस प्रकारके ब्रह्म—आत्माको जानकर पुरुष मृत्युमुखसे—अविद्या, काम और कर्मरूप मृत्युके पंजेसे मुक्त—वियुक्त हो जाता है॥ १५॥

प्रस्तुतविज्ञानस्तुत्यर्थमाह श्रुतिः—

अब प्रस्तुत विज्ञानकी स्तुतिके लिये श्रुति कहती है—

प्रस्तुत विज्ञानकी महिमा

नाचिकेतमुपाख्यानं मृत्युप्रोक्तꣳसनातनम्।
उक्त्वा श्रुत्वा च मेधावी ब्रह्मलोके महीयते॥ १६॥

नचिकेताद्वारा प्राप्त तथा मृत्युके कहे हुए इस सनातन विज्ञानको कह और सुनकर बुद्धिमान् पुरुष ब्रह्मलोकमें महिमान्वित होता है॥ १६॥

नाचिकेतं नचिकेतसा प्राप्तं नाचिकेतं मृत्युना प्रोक्तं मृत्युप्रोक्त-मिदमाख्यानमुपाख्यानं वल्लीत्रयलक्षणं सनातनं चिरन्तनं वैदिकत्वादुक्त्वा ब्राह्मणेभ्यः श्रुत्वाचार्येभ्यो मेधावी ब्रह्मैव लोको

नचिकेताद्वारा प्राप्त किये तथा मृत्युके कहे हुए इस तीन वल्लियोंवाले उपाख्यानको, जो वैदिक होनेके कारण सनातन—चिरन्तन है, ब्राह्मणोंसे कहकर तथा आचार्योंसे सुनकर मेधावी पुरुष

ब्रह्मलोकस्तस्मिन्महीयत आत्मभूत उपास्यो भवतीत्यर्थः॥ १६॥

ब्रह्मलोकमें—ब्रह्म ही लोक है; उसमें महिमान्वित होता है अर्थात् सबका आत्मस्वरूप होकर उपासनीय होता है॥ १६॥

य इमं परमं गुह्यं श्रावयेद् ब्रह्मसंसदि।
प्रयतः श्राद्धकाले वा तदानन्त्याय कल्पते॥
तदानन्त्याय कल्पत इति॥ १७॥

जो पुरुष इस परमगुह्य ग्रन्थको पवित्रतापूर्वक ब्राह्मणोंकी सभामें अथवा श्राद्धकालमें सुनाता है उसका वह श्राद्ध अनन्त फलवाला होता है, अनन्त फलवाला होता है॥ १७॥

यः कश्चिदिमं ग्रन्थं परमं प्रकृष्टं गुह्यं गोप्यं श्रावयेद् ग्रन्थतोऽर्थतश्च ब्राह्मणानां संसदि ब्रह्मसंसदि प्रयतः शुचिर्भूत्वा श्राद्धकाले वा श्रावयेद् भुञ्जानानां तच्छ्राद्धमस्यानन्त्यायानन्तफलाय कल्पते सम्पद्यते। द्विर्वचनम् अध्यायपरिसमाप्त्यर्थम्॥ १७॥

जो कोई पुरुष इस परम—प्रकृष्ट और गुह्य—गोपनीय ग्रन्थको पवित्र होकर ब्राह्मणोंकी सभामें अथवा श्राद्धकालमें—भोजन करनेके लिये बैठे हुए ब्राह्मणोंके प्रति केवल पाठमात्र या अर्थ करते हुए सुनाता है उसका वह श्राद्ध अनन्त फलवाला होता है। यहाँ अध्यायकी समाप्तिके लिये 'तदानन्त्याय कल्पते' यह वाक्य दो बार कहा गया है॥ १७॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य
श्रीमदाचार्यश्रीशङ्करभगवतः कृतौ कठोपनिषद्भाष्ये
प्रथमाध्याये तृतीयवल्लीभाष्यं समाप्तम्॥ ३॥

इति कठोपनिषदि प्रथमोऽध्यायः समाप्तः॥ १॥

द्वितीयोऽध्यायः

प्रथमा वल्ली

आत्मदर्शनका विघ्न—इन्द्रियोंकी बहिर्मुखता

एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्येत्युक्तम्। कः पुनः प्रतिबन्धोऽग्र्यया बुद्धेर्येन तदभावाद् आत्मा न दृश्यत इति तददर्शनकारणप्रदर्शनार्था वल्ल्यारभ्यते। विज्ञाते हि श्रेयःप्रतिबन्धकारणे तदपनयनाय यत्न आरब्धुं शक्यते नान्यथेति—

'सम्पूर्ण भूतोंमें छिपा हुआ वह आत्मा प्रकाशित नहीं होता; वह तो एकाग्र बुद्धिसे ही देखा जाता है' ऐसा पहले (१।३।१२ में) कहा था। अब प्रश्न होता है कि एकाग्र बुद्धिका ऐसा कौन प्रतिबन्ध है जिससे कि उस (एकाग्र बुद्धि)-का अभाव होनेपर आत्मा दिखायी नहीं देता? अतः आत्मदर्शनके प्रतिबन्धका कारण दिखलानेके लिये यह वल्ली आरम्भ की जाती है, क्योंकि श्रेयके प्रतिबन्धका कारण जान लेनेपर ही उसकी निवृत्तिके यत्नका आरम्भ किया जा सकता है, अन्यथा नहीं—

पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभू-
स्तस्मात्पराङ्पश्यति नान्तरात्मन्।
कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्ष-
दावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन् ॥ १ ॥

स्वयम्भू (परमात्मा)-ने इन्द्रियोंको बहिर्मुख करके हिंसित कर दिया है। इसीसे जीव बाह्य विषयोंको देखता है, अन्तरात्माको नहीं। जिसने अमरत्वकी इच्छा करते हुए अपनी इन्द्रियोंको रोक लिया है ऐसा कोई धीर पुरुष ही प्रत्यगात्माको देख पाता है॥ १॥

पराञ्चि परागञ्चन्ति गच्छन्तीति खानि तदुपलक्षितानि श्रोत्रादीनीन्द्रियाणि खानीत्युच्यन्ते। तानि पराञ्च्येव शब्दादिविषयप्रकाशनाय प्रवर्तन्ते। यस्मादेवं स्वाभाविकानि तानि व्यतृणद्धिंसितवान्हननं कृतवान् इत्यर्थः। कोऽसौ? स्वयंभूः परमेश्वरः स्वयमेव स्वतन्त्रो भवति सर्वदा न परतन्त्र इति। तस्मात्पराङ् पराग्रूपाननात्मभूताञ्शब्दादी-न्पश्यत्युपलभत उपलब्धा, नान्तरात्मन्नान्तरात्मानमित्यर्थः।

जो पराक् अर्थात् बाहरकी ओर अञ्चन करती—गमन करती हैं उन्हें 'पराञ्चि' (बाहर जानेवाली) कहते हैं। 'ख' छिद्रोंको कहते हैं, उनसे उपलक्षित श्रोत्रादि इन्द्रियाँ 'खानि'* नामसे कही गयी हैं। वे बहिर्मुख होकर ही शब्दादि विषयोंको प्रकाशित करनेके लिये प्रवृत्त हुआ करती हैं। क्योंकि वे स्वभावसे ही ऐसी हैं इसलिये उन्हें हिंसित कर दिया है—उनका हनन कर दिया है। वह [हनन करनेवाला] कौन है? स्वयम्भू— परमेश्वर अर्थात् जो स्वतः ही सर्वदा स्वतन्त्र रहता है—परतन्त्र नहीं रहता। इसलिये वह उपलब्धा सर्वदा पराक् अर्थात् बहिःस्वरूप अनात्मभूत शब्दादि विषयोंको ही देखता—उपलब्ध करता है, 'नान्तरात्मन्' अर्थात् अन्तरात्माको नहीं।

एवं स्वभावेऽपि सति लोकस्य कश्चिन्नद्याः प्रतिस्रोतःप्रवर्तनमिव धीरो धीमान्विवेकी प्रत्यगात्मानं प्रत्यक्चासावात्मा चेति प्रत्यगात्मा। प्रतीच्येवात्मशब्दो रूढो लोके

यद्यपि लोकका ऐसा ही स्वभाव है तो भी कोई धीर—बुद्धिमान्— विवेकी पुरुष ही नदीको उसके प्रवाहके विपरीत दिशामें फेर देनेके समान [इन्द्रियोंको विषयोंकी ओरसे हटाकर] उस अपने प्रत्यगात्माको [देखता है]। जो प्रत्यक् (सम्पूर्ण विषयोंको जाननेवाला) हो और

* नपुंसक 'ख' शब्दका प्रथमा-बहुवचन।

नान्यस्मिन्। व्युत्पत्तिपक्षेऽपि तत्रैवात्मशब्दो वर्तते।

'यच्चाप्नोति यदादत्ते
यच्चात्ति विषयानिह।
यच्चास्य संततो भाव-
स्तस्मादात्मेति कीर्त्यते'॥

(लिङ्ग० १।७०।९६)

इत्यात्माशब्दव्युत्पत्तिस्मरणात्।

तं प्रत्यगात्मानं स्व स्वभावमैक्षदपश्यत्पश्यतीत्यर्थः, छन्दसि कालानियमात्। कथं पश्यतीत्युच्यते। आवृत्तचक्षुरावृत्तं व्यावृत्तं चक्षुः श्रोत्रादिकमिन्द्रियजातम् अशेषविषयाद्यस्य स आवृत्तचक्षुः। स एवं संस्कृतः प्रत्यगात्मानं पश्यति। न हि बाह्यविषयालोचनपरत्वं प्रत्यगात्मेक्षणं चैकस्य सम्भवति। किमर्थं पुनरित्थं महता प्रयासेन

आत्मा भी हो उसे प्रत्यगात्मा कहते हैं। लोकमें आत्मा शब्द 'प्रत्यक्' के अर्थमें ही रूढ है, और किसी अर्थमें नहीं। व्युत्पत्तिपक्षमें भी 'आत्मा' शब्दकी प्रवृत्ति उसी (प्रत्यक्-अर्थ ही)-में है जैसा कि "क्योंकि यह सबको व्याप्त करता है, ग्रहण करता है और इस लोकमें विषयोंको भोगता है तथा इसका सर्वदा सद्भाव है इसलिये यह 'आत्मा' कहलाता है" इस प्रकार आत्मा शब्दकी व्युत्पत्तिके सम्बन्धमें स्मृति है।

उस प्रत्यगात्माको अर्थात् अपने स्वरूपको 'ऐक्षत्'—देखा यानी देखता है। वैदिक प्रयोगमें कालका नियम न होनेके कारण यहाँ वर्तमान कालके अर्थमें भूतकालकी क्रिया [ऐक्षत्]-का प्रयोग हुआ है। वह किस प्रकार देखता है? इसपर कहते हैं—'आवृत्त-चक्षुः' अर्थात् जिसने अपनी चक्षु और श्रोत्रादि इन्द्रियसमूहको सम्पूर्ण विषयोंसे व्यावृत्त कर लिया है—लौटा लिया है, वह इस प्रकार संस्कारयुक्त हुआ पुरुष ही उस प्रत्यगात्माको देख पाता है। एक ही पुरुषके लिये बाह्य विषयोंकी आलोचनामें तत्पर रहना तथा प्रत्यगात्माका साक्षात्कार करना—ये दोनों बातें सम्भव नहीं हैं। 'अच्छा तो, इस प्रकार महान् परिश्रमसे

स्वभावप्रवृत्तिनिरोधं कृत्वा धीरः प्रत्यगात्मानं पश्यति इत्युच्यते; अमृतत्वममरणधर्मत्वं नित्यस्वभावतामिच्छन् आत्मन इत्यर्थः॥ १॥

[इन्द्रियोंकी] स्वाभाविक प्रवृत्तिको रोककर धीर पुरुष प्रत्यगात्माको क्यों देखता है?' ऐसी आशंका होनेपर कहते हैं—'अमृतत्व—अमरणधर्मत्व अर्थात् आत्माकी नित्यस्वभावताकी इच्छा करता हुआ [उसे देखता है]'॥ १॥

यत्तावत्स्वाभाविकं परागेव अनात्मदर्शनं तदात्मदर्शनस्य प्रतिबन्धकारणमविद्या तत्प्रतिकूलत्वात्। या च पराक्ष्वेवाविद्योपप्रदर्शितेषु दृष्टादृष्टेषु भोगेषु तृष्णा ताभ्याममविद्यातृष्णाभ्यां प्रतिबद्धात्मदर्शनाः—

जो स्वभावसे ही बाह्य अनात्मदर्शन है वही आत्मदर्शनके प्रतिबन्धकी कारणरूपा अविद्या है, क्योंकि वह उस (आत्मदर्शन)-के प्रतिकूल है। इसके सिवा अविद्यासे दिखलायी देनेवाले दृष्ट और अदृष्ट बाह्य भोगोंमें जो तृष्णा है उन अविद्या और तृष्णा दोनोंहीसे जिनका आत्मदर्शन प्रतिबद्ध हो रहा है वे—

अविवेकी और विवेकीका अन्तर

पराचः कामाननुयन्ति बाला-
स्ते मृत्योर्यन्ति विततस्य पाशम्।
अथ धीरा अमृतत्वं विदित्वा
ध्रुवमध्रुवेष्विह न प्रार्थयन्ते॥ २॥

अल्पज्ञ पुरुष बाह्य भोगोंके पीछे लगे रहते हैं। वे मृत्युके सर्वत्र फैले हुए पाशमें पड़ते हैं। किन्तु विवेकी पुरुष अमरत्वको ध्रुव (निश्चल) जानकर संसारके अनित्य पदार्थोंमेंसे किसीकी इच्छा नहीं करते॥ २॥

पराचो बहिर्गतानेव कामान् काम्यान्विषयाननुयन्ति अनुगच्छन्ति

बाल—मन्दमति पुरुष पराक्—बाह्य कामनाओंका—काम्यविषयोंका ही अनुगमन—पीछा किया करते हैं। इसी

बाला अल्पप्रज्ञास्ते तेन कारणेन मृत्योरविद्याकामकर्मसमुदायस्य यन्ति गच्छन्ति विततस्य विस्तीर्णस्य सर्वतो व्याप्तस्य पाशं पाश्यते बध्यते येन तं पाशं देहेन्द्रियादिसंयोगवियोग-लक्षणम्। अनवरतजन्ममरण-जरारोगाद्यनेकानर्थव्रातं प्रतिपद्यन्त इत्यर्थः।

यत एवमथ तस्माद्धीरा विवेकिनः प्रत्यगात्मस्वरूपावस्थान-लक्षणममृतत्वं ध्रुवं विदित्वा, देवाद्यमृतत्वं ह्यध्रुवमिदं तु प्रत्यगात्मस्वरूपावस्थानलक्षणं "न कर्मणा वर्धते नो कनीयान्" (बृ० उ० ४। ४। २३) इति ध्रुवम्। तदेवंभूतं कूटस्थमविचाल्यममृतत्वं विदित्वाध्रुवेषु सर्वपदार्थेष्वनित्येषु निर्धार्य ब्राह्मणा इह संसारेऽनर्थप्राये न प्रार्थयन्ते किंचिदपि प्रत्यगात्म-दर्शनप्रतिकूलत्वात्। पुत्रवित्त-लोकैषणाभ्यो व्युत्तिष्ठन्त्येवेत्यर्थः॥ २॥

कारणसे वे अविद्या काम और कर्मके समुदायरूप मृत्युके वितत— विस्तीर्ण— सर्वत्र व्याप्त पाशमें [पड़ते हैं]। जिससे जीव पाशित होता है—बाँधा जाता है उस देहेन्द्रियादिके संयोग-वियोगरूप पाशमें पड़ते हैं। अर्थात् निरन्तर जन्म-मरण, जरा और रोग आदि बहुत-से अनर्थसमूहको प्राप्त होते हैं।

क्योंकि ऐसी बात है इसलिये धीर— विवेकी पुरुष प्रत्यगात्मस्वरूपमें स्थितिरूप अमृतत्वको ध्रुव (निश्चल) जानकर; देवता आदिका अमृतत्व तो अध्रुव है, किन्तु यह प्रत्यगात्मस्वरूपमें स्थितिरूप अमृतत्व "यह कर्मसे न बढ़ता है न घटता है" इस उक्तिके अनुसार ध्रुव है। इस प्रकारके अमृतत्वको कूटस्थ और अविचाल्य जानकर वे ब्राह्मण (ब्रह्मवेत्ता) लोग इस अनर्थप्राय संसारके सम्पूर्ण अध्रुव— अनित्य पदार्थोंमेंसे किसीकी इच्छा नहीं करते, क्योंकि वे सब तो प्रत्यगात्माके दर्शनके विरोधी ही हैं। अर्थात् वे पुत्र, वित्त और लोकैषणासे दूर ही रहते हैं॥ २॥

यद्विज्ञानान्न किंचिदन्यत् प्रार्थयन्ते ब्राह्मणाः कथं तदधिगम इत्युच्यते—

ब्राह्मण लोग जिसका ज्ञान हो जानेसे और किसी वस्तुकी इच्छा नहीं करते उस ब्रह्मका बोध किस प्रकार होता है? इसपर कहते हैं—

आत्मज्ञकी सर्वज्ञता

येन रूपं रसं गन्धं शब्दान्स्पर्शांश्च मैथुनान्।
एतेनैव विजानाति किमत्र परिशिष्यते। एतद्वै तत्॥ ३॥

जिस इस आत्माके द्वारा मनुष्य रूप, रस, गन्ध, शब्द, स्पर्श और मैथुनजन्य सुखोंको निश्चयपूर्वक जानता है [उस आत्मासे अविज्ञेय] इस लोकमें और क्या रह जाता है? [तुझ नचिकेताका पूछा हुआ] वह तत्त्व निश्चय यही है॥ ३॥

येन विज्ञानस्वभावेनात्मना रूपं रसं गन्धं शब्दान्स्पर्शांश्च मैथुनान्—मैथुननिमित्तान्सुखप्रत्ययान्विजानाति विस्पष्टं जानाति सर्वो लोकः।

ननु नैवं प्रसिद्धिर्लोकस्य आत्मना देहादिविलक्षणेनाहं विजानामीति। देहादिसंघातोऽहं विजानामीति तु सर्वो लोकोऽवगच्छति।

दृग्दृश्य विवेचनम्

न त्वेवम्। देहादिसंघातस्यापि शब्दादिस्वरूपत्वाविशेषाद्विज्ञेयत्वाविशेषाच्च न युक्तं विज्ञातृत्वम्। यदि हि देहादिसंघातो रूपाद्यात्मकः सन्रूपादीन्विजानीयाद्बाह्या अपि रूपादयोऽन्योन्यं स्वं स्वं रूपं च विजानीयुः। न चैतदस्ति। तस्माद्देहादिलक्षणांश्च रूपादीनेतेनैव देहादिव्यतिरिक्तेनैव विज्ञानस्वभावेनात्मना विजानाति लोकः।

सम्पूर्ण लोक जिस विज्ञानस्वरूप आत्माके द्वारा रूप, रस, गन्ध, शब्द, स्पर्श और मैथुन—मैथुनजनित सुखोंको स्पष्टतया जानता है [वही ब्रह्म है]।

शङ्का—परन्तु लोकमें ऐसी कोई प्रसिद्धि नहीं है कि मैं किसी देहादिसे विलक्षण आत्माद्वारा जानता हूँ। सब लोग यही समझते हैं कि मैं देहादि संघातरूप ही सब कुछ जानता हूँ।

समाधान—ऐसी बात तो नहीं है, क्योंकि देहादि संघात भी समानरूपसे शब्दादिरूप तथा विज्ञेयस्वरूप है; अतः उसे ज्ञाता मानना उचित नहीं है। यदि देहादि संघात रूप-रसादिस्वरूप होकर भी रूपादिको जान ले तो बाह्य रूपादि भी परस्पर एक-दूसरेको तथा अपने-अपने रूपको जान लेंगे; किन्तु यह बात है नहीं। अतः लोक देहादिस्वरूप रूपादिको इस देहादिव्यतिरिक्त विज्ञान-स्वभाव आत्माके द्वारा ही जानता है।

यथा येन लोहो दहति सोऽग्निरिति तद्वत्। आत्मनोऽविज्ञेयं किमत्रास्मिँल्लोके परिशिष्यते न किंचित्परिशिष्यते। सर्वमेव त्वात्मना विज्ञेयम्। यस्यात्मनोऽविज्ञेयं न किंचित्परिशिष्यते स आत्मा सर्वज्ञः। एतद्वै तत्। किं तद्यद् नचिकेतसा पृष्टं देवादिभिरपि विचिकित्सितं धर्मादिभ्योऽन्यद् विष्णोः परमं पदं यस्मात्परं नास्ति तद्वा एतदधिगतमित्यर्थः ॥ ३ ॥

जिस प्रकार लोहा जिसके द्वारा जलता है उसे अग्नि कहते हैं उसी प्रकार [जिसके द्वारा लोक देहादि विषयोंको जानता है उसे आत्मा कहते हैं]।

उस आत्मासे जिसका ज्ञान न हो सके ऐसा क्या पदार्थ इस लोकमें रह जाता है, अर्थात् कुछ भी नहीं रहता—सभी कुछ आत्मासे ही जाना जा सकता है। [इस प्रकार] जिस आत्मासे अविज्ञेय कोई भी वस्तु नहीं रहती वह आत्मा सर्वज्ञ है और यही वह है। वह कौन है? जिसके विषयमें तुझ नचिकेताने प्रश्न किया है, जो देवादिका भी सन्देहास्पद है तथा जो धर्माधर्मादिसे अन्य विष्णुका परम पद है और जिससे श्रेष्ठ और कुछ भी नहीं है वही यह [ब्रह्मपद] अब ज्ञात हुआ है—ऐसा इसका भावार्थ है ॥ ३ ॥

अतिसूक्ष्मत्वाद्दुर्विज्ञेयमिति मत्वैतमेवार्थं पुनः पुनराह—

वह ब्रह्म अति सूक्ष्म होनेके कारण दुर्विज्ञेय है—ऐसा मानकर उसी बातको बारम्बार कहते हैं—

आत्मज्ञकी निःशोकता

स्वप्नान्तं जागरितान्तं चोभौ येनानुपश्यति।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति ॥ ४ ॥

जिसके द्वारा मनुष्य स्वप्नमें प्रतीत होनेवाले तथा जाग्रत्में दिखायी देनेवाले—दोनों प्रकारके पदार्थोंको देखता है उस महान् और विभु आत्माको जानकर बुद्धिमान् पुरुष शोक नहीं करता ॥ ४ ॥

स्वप्नान्तं स्वप्नमध्यं स्वप्नविज्ञेयमित्यर्थस्तथा जागरितान्तं जागरितमध्यं जागरितविज्ञेयं च; उभौ स्वप्नजागरितान्तौ येन आत्मनानुपश्यति लोक इति सर्वं पूर्ववत्। तं महान्तं विभुमात्मानं मत्वावगम्यात्मभावेन साक्षाद् अहमस्मि परमात्मेति धीरो न शोचति॥ ४॥

स्वप्नान्त—स्वप्नका मध्य अर्थात् स्वप्नावस्थामें जाननेयोग्य तथा जागरितान्त—जाग्रत्-अवस्थाका मध्य यानी जाग्रत्-अवस्थामें जाननेयोग्य—इन दोनों स्वप्न और जाग्रत्के अन्तर्गत पदार्थोंको लोक जिस आत्माके द्वारा देखता है [वही ब्रह्म है; इस प्रकार] इस वाक्यकी और सब व्याख्या पूर्व मन्त्रके समान करनी चाहिये। उस महान् और विभु आत्माको जानकर अर्थात् 'वह परमात्मा मैं ही हूँ' ऐसा आत्मभावसे साक्षात् अनुभव कर धीर—बुद्धिमान् पुरुष शोक नहीं करता॥ ४॥

किं च—

तथा—

आत्मज्ञकी निर्भयता

य इमं मध्वदं वेद आत्मानं जीवमन्तिकात्।
ईशानं भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते। एतद्वै तत्॥ ५॥

जो पुरुष इस कर्मफलभोक्ता और प्राणादिको धारण करनेवाले आत्माको उसके समीप रहकर भूत, भविष्यत् [और वर्तमान]-के शासकरूपसे जानता है वह वैसा विज्ञान हो जानेके अनन्तर उस (आत्मा)-की रक्षा करनेकी इच्छा नहीं करता। निश्चय यही वह [आत्मतत्त्व] है॥ ५॥

यः कश्चिदिमं मध्वदं कर्मफलभुजं जीवं प्राणादिकलापस्य धारयितारमात्मानं वेद विजानाति अन्तिकादन्तिके समीप ईशानम् ईशितारं भूतभव्यस्य कालत्रयस्य,

जो कोई इस मध्वद—कर्मफलभोक्ता और जीव—प्राणादि करणकलापको धारण करनेवाले आत्माको समीपसे भूत-भविष्यत् आदि तीनों कालोंके शासकरूपसे जानता है, वह ऐसा ज्ञान हो जानेके अनन्तर उस

ततस्तद्विज्ञानादूर्ध्वमात्मानं न विजुगुप्सते न गोपायितुम् इच्छत्यभयप्राप्तत्वात्। यावद्धि भयमध्यस्थोऽनित्यमात्मानं मन्यते तावद्गोपायितुमिच्छत्यात्मानम्। यदा तु नित्यमद्वैतमात्मानं विजानाति तदा किं कः कुतो वा गोपायितुमिच्छेत्। एतद्वै तदिति पूर्ववत्॥ ५॥

आत्माका गोपन—रक्षण नहीं करना चाहता, क्योंकि वह अभयको प्राप्त हो जाता है। जबतक वह भयके मध्यमें स्थित हुआ अपने आत्माको अनित्य समझता है तभीतक उसकी रक्षा भी करना चाहता है। जिस समय आत्माको नित्य और अद्वैत जान लेता है उस समय कौन किसको कहाँसे सुरक्षित रखनेकी इच्छा करेगा? निश्चय यही वह आत्मतत्त्व है—इस प्रकार पूर्ववत् समझना चाहिये॥ ५॥

यः प्रत्यगात्मेश्वरभावेन निर्दिष्टः स सर्वात्मेत्येतद्दर्शयति—

जिस प्रत्यगात्माका यहाँ ईश्वर-भावसे निर्देश किया गया है वह सबका अन्तरात्मा है—यह बात इस मन्त्रसे दिखलायी जाती है—

ब्रह्मज्ञका सार्वात्म्यदर्शन

यः पूर्वं तपसो जातमद्भ्यः पूर्वमजायत।
गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तं यो भूतेभिर्व्यपश्यत। एतद्वै तत्॥ ६॥

जो मुमुक्षु पहले तपसे उत्पन्न हुए [हिरण्यगर्भ]-को, जो कि जल आदि भूतोंसे पहले उत्पन्न हुआ है, भूतोंके सहित बुद्धिरूप गुहामें स्थित हुआ देखता है वही उस ब्रह्मको देखता है। निश्चय यही वह ब्रह्म है॥ ६॥

यः कश्चिन्मुमुक्षुः पूर्वं प्रथमं तपसो ज्ञानादिलक्षणाद् ब्रह्मण इत्येतज्जातमुत्पन्नं हिरण्यगर्भम्; किमपेक्ष्य पूर्वमित्याह—अद्भ्यः पूर्वमप्सहितेभ्यः पञ्चभूतेभ्यो न

जिस मुमुक्षुने पहले तपसे—ज्ञानादिलक्षण ब्रह्मसे उत्पन्न हुए हिरण्यगर्भको। किसकी अपेक्षा पूर्व उत्पन्न हुए हिरण्यगर्भको? ऐसा प्रश्न होनेपर कहते हैं—जो जलसे पूर्व अर्थात् जलसहित पाँचों तत्त्वोंसे, न

केवलाभ्योऽद्भ्य इत्यभिप्रायः, अजायत उत्पन्नो यस्तं प्रथमजं देवादिशरीराण्युत्पाद्य सर्वप्राणिगुहां हृदयाकाशं प्रविश्य तिष्ठन्तं शब्दादीनुपलभमानं भूतेभिर्भूतैः कार्यकरणलक्षणैः सह तिष्ठन्तं यो व्यपश्यत यः पश्यतीत्येतत्। य एवं पश्यति स एतदेव पश्यति यत्तत्प्रकृतं ब्रह्म॥ ६॥

कि केवल जलसे ही, पूर्व उत्पन्न हुआ है उस प्रथमज (हिरण्यगर्भ)-को देवादि शरीरोंको उत्पन्न कर सम्पूर्ण प्राणियोंकी गुहा—हृदयाकाशमें प्रविष्ट हो कार्य-कारणरूप भूतोंके सहित शब्दादि विषयोंको अनुभव करते जिसने देखा है यानी जो इस प्रकार देखता है [वही वास्तवमें देखता है]। जो ऐसा अनुभव करता है वही उसे देखता है जो कि यह प्रकृत ब्रह्म है॥ ६॥

किं च— | तथा—

या प्राणेन संभवत्यदितिर्देवतामयी।
गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तीं या भूतेभिर्व्यजायत॥
एतद्वै तत्॥ ७॥

जो देवतामयी अदिति प्राणरूपसे प्रकट होती है तथा जो बुद्धिरूप गुहामें प्रविष्ट होकर रहनेवाली और भूतोंके साथ ही उत्पन्न हुई है [उसे देखो] निश्चय यही वह तत्त्व है॥ ७॥

या सर्वदेवतामयी सर्वदेवतात्मिका प्राणेन हिरण्यगर्भरूपेण परस्माद् ब्रह्मणः संभवति शब्दादीनामदनाददितिस्तां पूर्ववद् गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तीमदितिम्। तामेव विशिनष्टि—या भूतेभिः भूतैः समन्विता व्यजायत उत्पन्ना इत्येतत्॥ ७॥

जो सर्वदेवतामयी—सर्वदेवस्वरूपा अदिति प्राण अर्थात् हिरण्यगर्भरूपसे परब्रह्मसे उत्पन्न होती है; शब्दादि विषयोंका अदन (भक्षण) करनेके कारण उसे अदिति कहते हैं—बुद्धिरूप गुहामें पूर्ववत् प्रविष्ट होकर स्थित हुई उस अदितिको [देखो]। उस अदितिकी ही विशेषता बतलाते हैं—जो भूतोंके सहित अर्थात् भूतोंसे समन्वित ही उत्पन्न हुई है। [वही तेरा पूछा हुआ तत्त्व है]॥ ७॥

अरणिस्थ अग्निमें ब्रह्मदृष्टि

किं च— | तथा—

अरण्योर्निहितो जातवेदा गर्भ इव सुभृतो गर्भिणीभिः।
दिवे दिव ईड्यो जागृवद्भिर्हविष्मद्भिर्मनुष्येभिरग्निः॥
एतद्वै तत्॥ ८॥

गर्भिणी स्त्रियोंद्वारा भली प्रकार पोषित हुए गर्भके समान जो जातवेदा (अग्नि) दोनों अरणियोंके बीचमें स्थित है तथा जो प्रमादशून्य एवं होमसामग्रीयुक्त पुरुषोंद्वारा नित्यप्रति स्तुति किये जाने योग्य है, यही वह ब्रह्म है॥ ८॥

योऽधियज्ञ उत्तराधरारण्योः, निहितः स्थितो जातवेदा अग्निः पुनः सर्वहविषां भोक्ताध्यात्मं च योगिभिर्गर्भ इव गर्भिणीभिरन्तर्वत्नीभिरगर्हितान्नपानभोजनादिना यथा गर्भः सुभृतः सुष्ठु सम्यग्भृतो लोक इवेत्थमेवर्त्विग्भिर्योगिभिश्च सुभृत इत्येतत्। किं च दिवे दिवेऽहन्यहनीड्यः स्तुत्यो वन्द्यश्च कर्मिभिर्योगिभिश्चाध्वरे हृदये च जागृवद्भिर्जागरणशीलवद्भिरप्रमत्तैरित्येतद्धविष्मद्भिराज्यादिमद्भिर्ध्यानभावनावद्भिश्च मनुष्येभिर्मनुष्यैः, अग्निः। एतद्वै तत्तदेव प्रकृतं ब्रह्म॥ ८॥

जो अधियज्ञरूपसे ऊपर और नीचेकी अरणियोंमें निहित अर्थात् स्थित हुआ और होम किये हुए सम्पूर्ण पदार्थोंका भोक्ता अध्यात्मरूप जातवेदा—अग्नि है; जैसे गर्भिणी—अन्तर्वत्नी स्त्रियाँ शुद्ध अन्न-पानादिद्वारा अपने गर्भकी बहुत अच्छी तरह रक्षा करती हैं उसी प्रकार यज्ञ करनेवाले तथा योगीजन जिसे धारण करते हैं, तथा घृत आदि होमसामग्रीयुक्त, कर्मपरायण एवं जागरणशील—प्रमादशून्य याजकों और ध्यान-भावनायुक्त योगियोंद्वारा जो [क्रमशः] यज्ञ और हृदयदेशमें स्तुति किये जाने योग्य है, ऐसा जो अग्नि है वही निश्चय यह प्रकृत ब्रह्म है॥ ८॥

प्राणमें ब्रह्मदृष्टि

किं च—

तथा—

यतश्चोदेति सूर्योऽस्तं यत्र च गच्छति।
तं देवाः सर्वे अर्पितास्तदु नात्येति कश्चन॥ एतद्वै तत्॥ ९॥

जहाँसे सूर्य उदित होता है और जहाँ वह अस्त हो जाता है उस प्राणात्मामें [अन्नादि और वागादिक] सम्पूर्ण देवता अर्पित हैं। उसका कोई भी उल्लङ्घन नहीं कर सकता। यही वह ब्रह्म है॥ ९॥

यतश्च यस्मात्प्राणादुदेति उत्तिष्ठति सूर्योऽस्तं निम्लोचनं यत्र यस्मिन्नेव च प्राणेऽहन्यह निगच्छति तं प्राणमात्मानं देवा अग्न्यादयोऽधिदैवं वागादयश्च अध्यात्मं सर्वे विश्वेऽरा इव रथनाभावर्पिताः सम्प्रवेशिताः स्थितिकाले सोऽपि ब्रह्मैव। तदेतत् सर्वात्मकं ब्रह्म। तदु नात्येति नातीत्य तदात्मकतां तदन्यत्वं गच्छति कश्चन कश्चिदपि। एतद्वै तत्॥ ९॥

जिससे—जिस प्राणसे नित्यप्रति सूर्य उदित होता है और जिस प्राणमें ही वह नित्यप्रति अस्त भावको प्राप्त होता है उस प्राणात्मामें स्थितिके समय अग्नि आदि अधिदैव और वागादि अध्यात्म सभी देवता इस प्रकार अर्पित हैं—प्रविष्ट किये गये हैं जैसे रथकी नाभिमें समस्त अरे; वह [प्राण] भी ब्रह्म ही है। वही यह सर्वात्मक ब्रह्म है। उसका अतिक्रमण कोई भी नहीं करता अर्थात् उस ब्रह्मके तादात्म्य भावको पार करके कोई भी उससे अन्यत्वको प्राप्त नहीं होता। यही वह (ब्रह्म) है॥ ९॥

यद्ब्रह्मादिस्थावरान्तेषु वर्तमानं तत्तदुपाधित्वादब्रह्मवदवभासमानं संसार्यन्यत्परस्माद् ब्रह्मण इति मा भूत्कस्यचिदाशङ्का इतीदमाह—

जो ब्रह्मासे लेकर स्थावरपर्यन्त सम्पूर्ण भूतोंमें वर्तमान है और भिन्न-भिन्न उपाधियोंके कारण अब्रह्मवत् भासित होता है वह संसारी जीव परब्रह्मसे भिन्न है—ऐसी किसीको शङ्का न हो जाय, इसलिये यमराज इस प्रकार कहते हैं—

भेददृष्टिकी निन्दा

यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह।
मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति॥ १०॥

जो तत्त्व इस (देहेन्द्रियसंघात)-में भासता है वही अन्यत्र (देहादिसे परे) भी है और जो अन्यत्र है वही इसमें है। जो मनुष्य इस तत्त्वमें नानात्व देखता है वह मृत्युसे मृत्युको [अर्थात् जन्म-मरणको] प्राप्त होता है॥ १०॥

यदेवेह कार्यकरणोपाधिसमन्वितं संसारधर्मवदवभासमानमविवेकिनां तदेव स्वात्मस्थममुत्र नित्यविज्ञानघनस्वभावं सर्वसंसारधर्मवर्जितं ब्रह्म। यच्चामुत्रामुष्मिन्नात्मनि स्थितं तदेवेह नामरूपकार्यकरणोपाधिम् अनुविभाव्यमानं नान्यत्।

जो इस लोकमें कार्य-करण (देहेन्द्रिय) रूप उपाधिसे युक्त होकर अविवेकियोंको संसारधर्मयुक्त भास रहा है स्वस्वरूपमें स्थित वही ब्रह्म अन्यत्र (इन देहादिसे परे) नित्य विज्ञानघनस्वरूप और सम्पूर्ण संसार-धर्मोंसे रहित है। तथा जो अमुत्र—उस आत्मामें अर्थात् परमात्मभावमें स्थित है वही इस लोकमें नाम-रूप एवं कार्य-करणरूप उपाधिके अनुरूप भासनेवाला आत्मतत्त्व है; और कोई नहीं।

तत्रैवं सत्युपाधिस्वभावभेददृष्टिलक्षणयाविद्यया मोहितः सन् य इह ब्रह्मण्यनानाभूते परस्मादन्योऽहं मत्तोऽन्यत्परं ब्रह्मेति नानेव भिन्नमिव पश्यत्युपलभते स मृत्योर्मरणान्मरणं मृत्युं पुनः पुनर्जन्ममरणभावमाप्नोति प्रतिपद्यते। तस्मात्तथा न पश्येत्।

ऐसा होनेपर भी जो पुरुष उपाधिके स्वभाव और भेददृष्टिरूप अविद्यासे मोहित होकर इस अभिन्नभूत—एकरूप ब्रह्ममें 'मैं परमात्मासे भिन्न हूँ और परमात्मा मुझसे भिन्न है'—इस प्रकार भिन्नवत् देखता है वह मृत्युसे मृत्युको अर्थात् बारम्बार जन्म-मरण-भावको प्राप्त होता है। अतः ऐसी दृष्टि नहीं करनी चाहिये। बल्कि 'मैं

विज्ञानैकरसं नैरन्तर्येणाकाशवत् परिपूर्णं ब्रह्मैवाहमस्मीति पश्येद् इति वाक्यार्थः॥ १०॥

निर्बाधरूपसे आकाशके समान परिपूर्ण और विज्ञानैकरसस्वरूप ब्रह्म ही हूँ' इस प्रकार देखे। यही इस वाक्यका अर्थ है॥ १०॥

प्रागेकत्वविज्ञानादाचार्यागमसंस्कृतेन—

एकत्व-ज्ञान होनेसे पहले आचार्य और शास्त्रसे संस्कारयुक्त हुए—

मनसैवेदमाप्तव्यं नेह नानास्ति किंचन।
मृत्योः स मृत्युं गच्छति य इह नानेव पश्यति॥ ११॥

मनसे ही यह तत्त्व प्राप्त करने योग्य है। इस ब्रह्मतत्त्वमें नाना कुछ भी नहीं है। जो पुरुष इसमें नानात्व-सा देखता है वह मृत्युसे मृत्युको जाता है॥ ११॥

मनसेदं ब्रह्मैकरसमाप्तव्यम् आत्मैव नान्यदस्तीति। आप्ते च नानात्वप्रत्युपस्थापिकाया अविद्याया निवृत्तत्वादिह ब्रह्मणि नाना नास्ति किंचनाणुमात्रम् अपि। यस्तु पुनरविद्यातिमिरदृष्टिं न मुञ्चति नानेव पश्यति स मृत्योर्मृत्युं गच्छत्येव स्वल्पमपि भेदमध्यारोपयन् इत्यर्थः॥ ११॥

मनके द्वारा ही यह एकरस ब्रह्म 'सब कुछ आत्मा ही है और कुछ नहीं है' इस प्रकार प्राप्त करने योग्य है। इस प्रकार उसकी प्राप्ति हो जानेपर नानात्वको स्थापित करनेवाली अविद्याके निवृत्त हो जानेसे इस ब्रह्मतत्त्वमें किञ्चित्—अणुमात्र भी नानात्व नहीं रहता। किन्तु जो पुरुष अविद्यारूप तिमिररोगग्रस्त दृष्टिको नहीं त्यागता बल्कि नानात्व ही देखता है वह इस प्रकार थोड़ा-सा भी भेद आरोपित करनेसे मृत्युसे मृत्युको [अर्थात् जन्म-मरणको] प्राप्त होता ही है॥ ११॥

हृदयपुण्डरीकस्थ ब्रह्म

पुनरपि तदेव प्रकृतं ब्रह्माह—

फिर भी उस प्रकृत ब्रह्मका ही वर्णन करते हैं—

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति।
ईशानो भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते। एतद्वै तत्॥ १२॥

जो अङ्गुष्ठपरिमाण पुरुष शरीरके मध्यमें स्थित है, उसे भूत, भविष्यत् [और वर्तमान]-का शासक जानकर वह उस (आत्माके ज्ञान)-के कारण अपने शरीरकी रक्षा करना नहीं चाहता; निश्चय यही वह (ब्रह्मतत्त्व) है॥ १२॥

अङ्गुष्ठमात्रोऽङ्गुष्ठपरिमाणः । अङ्गुष्ठपरिमाणं हृदयपुण्डरीकं तच्छिद्रवर्त्यन्तःकरणोपाधिरङ्गुष्ठ-मात्रोऽङ्गुष्ठमात्रवंशपर्वमध्यवर्त्यम्बरवत् पुरुषः पूर्णमनेन सर्वमिति मध्य आत्मनि शरीरे तिष्ठति यस्तमात्मानम् ईशानं भूतभव्यस्य विदित्वा न तत इत्यादि पूर्ववत्॥ १२॥

अङ्गुष्ठमात्र यानी अङ्गुष्ठपरिमाण; हृदयकमल अङ्गुष्ठके समान परिमाण-वाला है; उसके छिद्रमें रहनेवाला जो अन्तःकरणोपाधिक अङ्गुष्ठमात्र—अँगूठेके बराबर परिमाणवाले बाँसके पर्वमें स्थित आकाशके समान अङ्गुष्ठमात्र परिमाणवाला पुरुष शरीरके मध्यमें स्थित है—उससे सारा शरीर पूर्ण है, इसलिये वह पुरुष है—उस भूत-भविष्यत् कालके शासक आत्माको जानकर [ज्ञानी पुरुष अपनेको सुरक्षित रखनेकी इच्छा नहीं करता] इत्यादि शेष पदकी पूर्ववत् व्याख्या करनी चाहिये॥ १२॥

किं च—

तथा—

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो ज्योतिरिवाधूमकः।
ईशानो भूतभव्यस्य स एवाद्य स उ श्वः॥ एतद्वै तत्॥ १३॥

यह अङ्गुष्ठमात्र पुरुष धूमरहित ज्योतिके समान है। यह भूत-भविष्यत्का शासक है। यही आज (वर्तमान कालमें) है और यही कल (भविष्यमें) भी रहेगा। और निश्चय यही वह (ब्रह्मतत्त्व) है॥ १३॥

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो ज्योतिरिवाधूमकोऽधूमकमिति युक्तं ज्योतिष्परत्वात्। यस्त्वेवं लक्षितो योगिभिर्हृदय ईशानो भूतभव्यस्य स नित्यः कूटस्थोऽद्येदानीं प्राणिषु वर्तमानः स उ श्वोऽपि वर्तिष्यते नान्यस्तत्समोऽन्यश्च जनिष्यत इत्यर्थः। अनेन नायमस्तीति चैक इत्ययं पक्षो न्यायतोऽप्राप्तोऽपि स्ववचनेन श्रुत्या प्रत्युक्तस्तथा क्षणभङ्गवादश्च॥ १३॥

वह अङ्गुष्ठमात्र पुरुष धूमरहित ज्योतिके समान है। मूल मन्त्रमें जो 'अधूमकः' पद है वह [नपुंसकलिङ्ग] 'ज्योतिः' शब्दका विशेषण होनेके कारण 'अधूमकम्' ऐसा होना चाहिये। जो योगियोंको इस प्रकार हृदयमें लक्षित होता है वह भूत और भविष्यत्का शास्ता नित्य कूटस्थ आज—इस समय प्राणियोंमें वर्तमान है और वही कल भी रहेगा, अर्थात् उसके समान कोई और पुरुष उत्पन्न नहीं होगा। इससे 'कोई कहते हैं कि यह नहीं है' ऐसा [१। १। २० मन्त्रमें कहा हुआ] जो पक्ष है वह यद्यपि न्यायतः प्राप्त नहीं होता तथापि उसका और बौद्धोंके क्षणभङ्गवादका खण्डन भी श्रुतिने स्ववचनसे कर दिया है॥ १३॥

भेदापवाद

पुनरपि भेददर्शनापवादं ब्रह्मण आह—

ब्रह्ममें जो भेददृष्टि की जाती है उसका अपवाद श्रुति फिर भी कहती है—

यथोदकं दुर्गे वृष्टं पर्वतेषु विधावति।
एवं धर्मान्पृथक्पश्यंस्तानेवानुविधावति॥ १४॥

जिस प्रकार ऊँचे स्थानमें बरसा हुआ जल पर्वतोंमें (पर्वतीय निम्न देशोंमें) बह जाता है उसी प्रकार आत्माओंको पृथक्-पृथक् देखकर जीव उन्हींको (भिन्नात्मत्वको ही) प्राप्त होता है॥ १४॥

यथोदकं दुर्गे दुर्गमे देश उच्छ्रिते वृष्टं सिक्तं पर्वतेषु पर्वतवत्सु निम्नप्रदेशेषु विधावति विकीर्णं सद्विनश्यति एवं धर्मान् आत्मनो भिन्नान्पृथक्पश्यन्पृथग् एव प्रतिशरीरं पश्यंस्तानेव शरीरभेदानुवर्तिनोऽनु- विधावति। शरीरभेदमेव पृथक्पुनः पुनः प्रतिपद्यत इत्यर्थः॥ १४॥

जिस प्रकार दुर्ग—दुर्गम स्थान अर्थात् ऊँचाईपर बरसा हुआ जल पर्वतों—पर्वतीय निम्न प्रदेशोंमें फैलकर नष्ट हो जाता है उसी प्रकार धर्मों अर्थात् आत्माओंको पृथक्—प्रत्येक शरीरमें भिन्न-भिन्न देखनेवाला मनुष्य उन्हीं—शरीरभेदका अनुसरण करनेवालोंकी ओर ही जाता है, अर्थात् बारम्बार भिन्न-भिन्न शरीरभेदको ही प्राप्त होता है॥ १४॥

यस्य पुनर्विद्यावतो विध्वस्तोपाधिकृतभेददर्शनस्य विशुद्धविज्ञानघनैकरसमद्वयमात्मानं पश्यतो विजानतो मुनेर्मनन- शीलस्य आत्मस्वरूपं कथं सम्भवतीत्युच्यते—

जो विद्यावान् है, जिसकी उपाधिकृत भेददृष्टि नष्ट हो गयी है और जो एकमात्र विशुद्धविज्ञानघनैकरस अद्वितीय आत्माको ही देखनेवाला है उस विज्ञानी मुनि—मननशीलका आत्मा कैसा होता है? यह बतलाया जाता है—

अभेददर्शनकी कर्तव्यता

यथोदकं शुद्धे शुद्धमासिक्तं तादृगेव भवति।
एवं मुनेर्विजानत आत्मा भवति गौतम॥ १५॥

जिस प्रकार शुद्ध जलमें डाला हुआ शुद्ध जल वैसा ही हो जाता है उसी प्रकार, हे गौतम! विज्ञानी मुनिका आत्मा भी हो जाता है॥ १५॥

यथोदकं शुद्धे प्रसन्ने शुद्धं प्रसन्नमासिक्तं प्रक्षिप्तमेकरसमेव नान्यथा तादृगेव भवत्यात्माप्येवमेव भवत्येकत्वं विजानतो मुनेर्मननशीलस्य हे गौतम!

जिस प्रकार शुद्ध—स्वच्छ जलमें आसिक्त—प्रक्षिप्त (डाला हुआ) शुद्ध—स्वच्छ जल उसके साथ मिलकर एकरस हो जाता है—उससे विपरीत अवस्थामें नहीं रहता उसी प्रकार हे गौतम!

तस्मात्कुतार्किकभेददृष्टिं नास्तिककुदृष्टिं चोज्झित्वा मातृपितृसहस्रेभ्योऽपि हितैषिणा वेदेनोपदिष्टम् आत्मैकत्वदर्शनं शान्तदर्पैः आदरणीयमित्यर्थः॥ १५॥

एकत्वको जाननेवाले मुनि—मननशील पुरुषका आत्मा भी वैसा ही हो जाता है। अतः तात्पर्य यह है कि सभीको कुतार्किककी भेददृष्टि और नास्तिककी कुदृष्टिका परित्याग कर सहस्रों माता-पिताओंसे भी अधिक हितैषी वेदके उपदेश किये हुए आत्मैकत्व-दर्शनका ही अभिमानरहित होकर आदर करना चाहिये॥ १५॥

इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य श्रीमदाचार्य-श्रीशङ्करभगवतः कृतौ कठोपनिषद्भाष्ये द्वितीयाध्याये प्रथमवल्लीभाष्यं समाप्तम्॥ १॥ (४)

द्वितीया वल्ली

प्रकारान्तरसे ब्रह्मानुसन्धान

पुनरपि प्रकारान्तरेण ब्रह्मतत्त्वनिर्धारणार्थोऽयमारम्भो दुर्विज्ञेयत्वाद्ब्रह्मणः।

ब्रह्म अत्यन्त दुर्विज्ञेय है; अतः ब्रह्मतत्त्वका प्रकारान्तरसे फिर भी निश्चय करनेके लिये यह आगेका ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है—

पुरमेकादशद्वारमजस्यावक्रचेतसः।
अनुष्ठाय न शोचति विमुक्तश्च विमुच्यते। एतद्वै तत्॥ १॥

उस नित्यविज्ञानस्वरूप अजन्मा [आत्मा]-का पुर ग्यारह दरवाजोंवाला है। उस [आत्मा]-का ध्यान करनेपर मनुष्य शोक नहीं करता, और वह [इस शरीरके रहते हुए ही कर्मबन्धनसे] मुक्त हुआ ही मुक्त हो जाता है। निश्चय यही वह [ब्रह्म] है॥ १॥

पुरं पुरमिव पुरम्। द्वारपालाधिष्ठात्राद्यनेकशरीरस्य ब्रह्मपुरत्वम् पुरोपकरणसम्पत्तिदर्शनाच्छरीरं पुरम्। पुरं च सोपकरणं स्वात्मनासंहतस्वतन्त्रस्वाम्यर्थं दृष्टम्; तथेदं पुरसामान्यादनेकोपकरणसंहतं शरीरं स्वात्मनासंहतराजस्थानीयस्वाम्यर्थं भवितुमर्हति।

[यह शरीररूप] पुर पुरके समान होनेसे पुर कहलाता है। द्वारपाल और अधिष्ठाता (हाकिम) आदि अनेकों पुरसम्बन्धी सामग्री दिखायी देनेके कारण शरीर पुर है। और जिस प्रकार सम्पूर्ण सामग्रीके सहित प्रत्येक पुर अपनेसे असंहत (बिना मिले हुए) स्वतन्त्र स्वामीके [उपभोगके] लिये देखा जाता है उसी प्रकार पुरसे सदृशता होनेके कारण यह अनेक सामग्री-सम्पन्न शरीर भी अपनेसे पृथक् राजस्थानीय अपने स्वामी [आत्मा]-के लिये होना चाहिये।

तच्चेदं शरीराख्यं पुरमेकादशद्वारमेकादश द्वाराण्यस्य सप्त शीर्षण्यानि नाभ्या सहार्वाञ्चि त्रीणि शिरस्येकं तैरेकादशद्वारं पुरम्। कस्याजस्य जन्मादिविक्रियारहितस्यात्मनो राजस्थानीयस्य पुरधर्मविलक्षणस्य। अवक्रचेतसोऽवक्रमकुटिलमादित्यप्रकाशवन्नित्यमेवावस्थितमेकरूपं चेतो विज्ञानमस्येत्यवक्रचेतास्तस्यावक्रचेतसो राजस्थानीयस्य ब्रह्मणः।

यह शरीर नामक पुर ग्यारह दरवाजोंवाला है। [दो आँख, दो कान, दो नासारन्ध्र और एक मुख इस प्रकार] सात मस्तकसम्बन्धी, नाभिके सहित [शिश्न और गुदा मिलाकर] तीन निम्नदेशीय तथा [ब्रह्मरन्ध्ररूप] एक सिरमें रहनेवाला—इस प्रकार इन सभी द्वारोंसे [युक्त होनेके कारण] यह पुर एकादश द्वारवाला है। वह पुर किसका है? [इसपर कहते हैं—] अजका, अर्थात् पुरके धर्मोंसे विलक्षण जन्मादि विकाररहित राजस्थानीय आत्माका। इसके सिवा जो अवक्रचित्त है—जिसका चित्त— विज्ञान अवक्र—अकुटिल अर्थात् सूर्यके समान नित्यस्थित और एकरूप है उस अवक्रचेता राजस्थानीय ब्रह्मका [यह पुर है]।

यस्येदं पुरं तं परमेश्वरं पुरस्वामिनमनुष्ठाय ध्यात्वा—ध्यानं हि तस्यानुष्ठानं सम्यग्विज्ञानपूर्वकम्—तं सर्वैषणाविनिर्मुक्तः सन्समं सर्वभूतस्थं ध्यात्वा न शोचति। तद्विज्ञानाद् अभयप्राप्तेः शोकावसराभावात् कुतो भयेक्षा। इहैवाविद्याकृतकाम-

स्वात्मानुभवेन शोकादि-निवृत्तिः

जिसका यह पुर है उस पुरस्वामी परमेश्वरका अनुष्ठान—ध्यान करके, क्योंकि सम्यग्विज्ञानपूर्वक ध्यान ही उसका अनुष्ठान है; अतः सम्पूर्ण एषणाओंसे मुक्त होकर उस सम—सम्पूर्ण भूतोंमें स्थित ब्रह्मका ध्यान कर पुरुष शोक नहीं करता। ब्रह्मके विज्ञानसे अभय-प्राप्ति होती है; अतः शोकका अवसर न रहनेके कारण भयदर्शन भी कहाँ हो सकता है? अतः वह इस लोकमें ही अविद्याकृत काम

कर्मबन्धनैर्विमुक्तो भवति। विमुक्तश्च सन्विमुच्यते पुनः शरीरं न गृह्णातीत्यर्थः॥ १॥

और कर्मके बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है। इस प्रकार वह मुक्त (जीवन्मुक्त) हुआ ही मुक्त (विदेहमुक्त) होता है; अर्थात् पुनः शरीर ग्रहण नहीं करता॥ १॥

स तु नैकशरीरपुरवर्त्येवात्मा किं तर्हि सर्वपुरवर्ती। कथम्—

परन्तु वह आत्मा तो केवल एक ही शरीररूप पुरमें रहनेवाला नहीं है, बल्कि सभी पुरोंमें रहता है। किस प्रकार रहता है? [सो कहते हैं—]

हꣳसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्।
नृषद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत्॥ २॥

वह गमन करनेवाला है, आकाशमें चलनेवाला सूर्य है, वसु है, अन्तरिक्षमें विचरनेवाला सर्वव्यापक वायु है, वेदी (पृथिवी)-में स्थित होता (अग्नि) है, कलशमें स्थित सोम है। इसी प्रकार वह मनुष्योंमें गमन करनेवाला, देवताओंमें जानेवाला, सत्य या यज्ञमें गमन करनेवाला, आकाशमें जानेवाला, जल, पृथिवी, यज्ञ और पर्वतोंसे उत्पन्न होनेवाला तथा सत्यस्वरूप और महान् है॥ २॥

हंसो हन्ति गच्छतीति। शुचिषच्छुचौ दिव्या दित्यात्मना सीदति इति। वसुर्वासयति सर्वानिति। वाय्वात्मनान्तरिक्षे सीदतीत्यन्तरिक्षसत्। होताग्निः 'अग्निर्वै होता' इति श्रुतेः। वेद्यां पृथिव्यां

आत्मनः सर्वपुरान्तर्वर्तित्वम्

वह गमन करता है इसलिये 'हंस' है, शुचि—आकाशमें सूर्यरूपसे चलता है इसलिये 'शुचिषत्' है, सबको व्याप्त करता है इसलिये 'वसु' है, वायुरूपसे आकाशमें चलता है इसलिये 'अन्तरिक्षसत्' है, "अग्नि ही होता है" इस श्रुतिके अनुसार 'होता' अग्निको कहते हैं, वेदी—पृथिवीमें

सीदतीति वेदिषद्। 'इयं वेदिः परोऽन्तः पृथिव्याः' (ऋ० सं० २। ३। २०) इत्यादिमन्त्रवर्णात्। अतिथिः सोमः सन्दुरोणे कलशे सीदति इति दुरोणसत्। ब्राह्मणोऽतिथिरूपेण वा दुरोणेषु गृहेषु सीदतीति।

नृषन्नृषु मनुष्येषु सीदतीति नृषत्। वरसद् वरेषु देवेषु सीदतीति ऋतसदृतं सत्यं यज्ञो वा तस्मिन्सीदतीति। व्योमसद् व्योम्न्याकाशे सीदतीति व्योमसत्। अब्जा अप्सु शङ्खशुक्तिमकरादिरूपेण जायत इति। गोजा गवि पृथिव्यां व्रीहियवादिरूपेण जायत इति। ऋतजा यज्ञाङ्गरूपेण जायत इति। अद्रिजाः पर्वतेभ्यो नद्यादिरूपेण जायत इति।

सर्वात्मापि सन्नृतमवितथ-स्वभाव एव। बृहन्महान्सर्व-कारणत्वात्। यदाप्यादित्य एव

गमन करता है अतः 'वेदिषद्' है, जैसा कि "यह वेदी पृथिवी (यज्ञभूमि)-का उत्कृष्ट मध्यभाग है" इत्यादि मन्त्रवर्णसे प्रमाणित होता है। यह अतिथि—सोम होकर दुरोण— कलशमें स्थित होता है इसलिये 'दुरोणसत्' है। अथवा ब्राह्मण अतिथि-रूपसे दुरोण—घरोंमें रहता है, इसलिये वही 'अतिथिः दुरोणसत्' है।

वह मनुष्योंमें जाता है इसलिये 'नृषत्' है, वर—देवताओंमें जाता है इसलिये 'वरसत्' है, ऋत—सत्य अथवा यज्ञको कहते हैं उसमें गमन करता है इसलिये 'ऋतसत्' है, व्योम—आकाशमें चलता है इसलिये 'व्योमसत्' है। अप्—जलमें शंख, सीपी और मकर आदि रूपोंसे उत्पन्न होता है इसलिये 'अब्जा' है। गो—पृथिवीमें व्रीहि—यवादिरूपसे उत्पन्न होता है इसलिये 'गोजा' है। ऋत—यज्ञाङ्गरूपसे उत्पन्न होता है इसलिये 'ऋतजा' है। नदी आदिरूपसे अद्रि— पर्वतोंसे उत्पन्न होता है इसलिये 'अद्रिजा' है।

इस प्रकार सर्वात्मा होकर भी वह ऋत— अवितथस्वभाव (सत्य-स्वरूप) ही है तथा सबका कारण होनेसे बृहत्—महान् है। ['असौ वा आदित्यो हंसः·····' इत्यादि ब्राह्मणमन्त्रके अनुसार] यदि इस

मन्त्रेणोच्यते तदाप्यस्यात्मस्वरूपत्वमादित्यस्येत्यङ्गीकृतत्वाद् ब्राह्मणव्याख्यानेऽप्यविरोधः। सर्वव्याप्येक एवात्मा जगतो नात्मभेद इति मन्त्रार्थः॥ २॥

मन्त्रसे आदित्यका ही वर्णन किया गया हो तो भी 'आदित्य* [इस चराचरके] आत्मस्वरूप है', ऐसा अङ्गीकृत होनेके कारण इसका उस ब्राह्मणग्रन्थकी व्याख्यासे भी अविरोध ही है। अतः इस मन्त्रका तात्पर्य यही है कि जगत्‌का एक ही सर्वव्यापक आत्मा है, आत्माओंमें भेद नहीं है॥ २॥

आत्मनः स्वरूपाधिगमे लिङ्गमुच्यते—

अब आत्माका स्वरूपज्ञान करानेमें लिङ्ग बतलाते हैं—

ऊर्ध्वं प्राणमुन्नयत्यपानं प्रत्यगस्यति।
मध्ये वामनमासीनं विश्वे देवा उपासते॥ ३॥

जो प्राणको ऊपरकी ओर ले जाता है और अपानको नीचेकी ओर ढकेलता है, हृदयके मध्यमें रहनेवाले उस वामन—भजनीयकी सब देव उपासना करते हैं॥ ३॥

आत्मनः प्राणापानयोरधिष्ठातृत्वम्

ऊर्ध्वं हृदयात्प्राणं प्राणवृत्तिं वायुमुन्नयत्यूर्ध्वं गमयति। तथापानं प्रत्यगधोऽस्यति क्षिपति य इति वाक्यशेषः। तं मध्ये हृदयपुण्डरीकाकाश आसीनंबुद्धावभिव्यक्तविज्ञानप्रकाशनं वामनं संभजनीयं सर्वे विश्वे देवाश्चक्षुरादयः

जो हृदयदेशसे प्राण—प्राणवृत्तिरूप वायुको ऊर्ध्व—ऊपरकी ओर ले जाता है तथा अपानको प्रत्यक्—नीचेकी ओर ढकेलता है। इस वाक्यमें 'यः (जो)' यह पद शेष रह गया है, हृदयकमलाकाशके भीतर रहनेवाले उस वामन अर्थात् भजनीयकी, जिसका विज्ञानरूप प्रकाश बुद्धिमें अभिव्यक्त होता है, चक्षु आदि सभी देव—इन्द्रियाँ

---

* सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च (ऋ० सं० १। ८। ७)।

प्राणा रूपादिविज्ञानं बलिमुपाहरन्तो विश इव राजानमुपासते। तादर्थ्येनानुपरतव्यापारा भवन्ति इत्यर्थः। यदर्था यत्प्रयुक्ताश्च सर्वे वायुकरणव्यापाराः सोऽन्यः सिद्ध इति वाक्यार्थः॥ ३॥

और प्राण रूप-रसादि विज्ञानरूप कर देते हुए इस प्रकार उपासना करते हैं जैसे वैश्यलोग राजाकी। अर्थात् वे चक्षु आदि उसके ही लिये अपना व्यापार बन्द नहीं करते। अतः जिसके लिये और जिसकी प्रेरणासे प्राण और इन्द्रियोंके समस्त व्यापार होते हैं वह उनसे अन्य है—ऐसा सिद्ध हुआ। यही इस वाक्यका अर्थ है॥ ३॥

देहस्थ आत्मा ही जीवन है

किं च

तथा—

अस्य विस्त्रंसमानस्य शरीरस्थस्य देहिनः।
देहाद्विमुच्यमानस्य किमत्र परिशिष्यते॥ एतद्वै तत्॥ ४॥

इस शरीरस्थ देहीके भ्रष्ट हो जानेपर—इस देहसे मुक्त हो जानेपर भला इस शरीरमें क्या रह जाता है? [अर्थात् कुछ भी नहीं रहता] यही वह [ब्रह्म] है॥ ४॥

अस्य शरीरस्थस्यात्मनो विस्त्रंसमानस्यावस्त्रंसमानस्य भ्रंशमानस्य देहिनो देहवतः; विस्त्रंसनशब्दार्थमाह—देहाद्विमुच्यमानस्येति किमत्र परिशिष्यते प्राणादिकलापे न किञ्चन परिशिष्यतेऽत्र देहे पुरस्वामिविद्रवण इव

इस शरीरस्थ देही—देहवान् आत्माके विस्त्रंसमान—अवस्त्रंसमान अर्थात् भ्रष्ट हो जानेपर इस प्राणादि समुदायमेंसे भला क्या रह जाता है? अर्थात् कुछ भी नहीं रहता। 'देहाद्विमुच्यमानस्य' ऐसा कहकर विस्त्रंसन शब्दका अर्थ बतलाया गया है। नगरके स्वामीके चले जानेपर जैसे पुरवासियोंकी दुर्दशा होती है उसी प्रकार

पुरवासिनां यस्यात्मनोऽपगमे क्षणमात्रात्कार्यकरणकलापरूपं सर्वमिदं हतबलं विध्वस्तं भवति विनष्टं भवति सोऽन्यः सिद्धः ॥ ४ ॥

इस शरीरमें, जिस आत्माके चले जानेपर, एक क्षणमें ही यह भूत और इन्द्रियोंका समुदायरूप सब-का-सब बलहीन—विध्वस्त अर्थात् नष्ट हो जाता है वह इससे भिन्न ही सिद्ध होता है ॥ ४ ॥

स्यान्मतं प्राणापानाद्यपगमाद् एवेदं विध्वस्तं भवति न तु तद्व्यतिरिक्तात्मापगमात्प्राणादिभिरेव हि मर्त्यो जीवतीति नैतदस्ति—

यदि कोई ऐसा माने कि यह शरीर, प्राण और अपान आदिके चले जानेसे ही नष्ट हो जाता है, उनसे भिन्न किसी आत्माके जानेसे नहीं, क्योंकि प्राणादिके कारण ही मनुष्य जीवित रहता है—तो ऐसी बात नहीं है, [क्योंकि—]

न प्राणेन नापानेन मर्त्यो जीवति कश्चन।
इतरेण तु जीवन्ति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ ॥ ५ ॥

कोई भी मनुष्य न तो प्राणसे जीवित रहता है और न अपानसे ही। बल्कि वे तो, जिसमें ये दोनों आश्रित हैं ऐसे किसी अन्यसे ही जीवित रहते हैं ॥ ५ ॥

न प्राणेन नापानेन चक्षुरादिना वा मर्त्यो मनुष्यो देहवान् कश्चन जीवति न कोऽपि जीवति न ह्येषां परार्थानां संहत्यकारित्वाज्जीवनहेतुत्वमुपपद्यते। स्वार्थेनासंहतेन परेण केनचि-

कोई भी मर्त्य—मनुष्य अर्थात् देहधारी न तो प्राणसे जीवित रहता है और न अपान अथवा चक्षु आदि इन्द्रियोंसे ही, क्योंकि परस्पर मिलकर प्रवृत्त होनेवाले तथा किसी दूसरेके शेषभूत ये इन्द्रिय आदि जीवनके हेतु नहीं हो सकते। लोकमें किसी स्वतन्त्र और बिना मिले हुए अन्य [चेतन

दप्रयुक्तं संहतानामवस्थानं न दृष्टं गृहादीनां लोके; तथा प्राणादीनामपि संहतत्वाद्भवितुमर्हति।

अत इतरेणैव संहतप्राणादिविलक्षणेन तु सर्वे संहताः सन्तो जीवन्ति प्राणान्धारयन्ति। यस्मिन्संहतविलक्षण आत्मनि सति परस्मिन्नेतौ प्राणापानौ चक्षुरादिभिः संहतावुपाश्रितौ, यस्यासंहतस्यार्थे प्राणापानादिः स्वव्यापारं कुर्वन्वर्तते संहतः सन्स ततोऽन्यः सिद्ध इत्यभिप्रायः॥ ५॥

पदार्थ]-की प्रेरणाके बिना गृह आदि संहत पदार्थोंकी स्थिति नहीं देखी गयी; उसी तरह संघातरूप होनेसे प्राणादिकी स्थिति भी स्वतन्त्र नहीं हो सकती।

अतः ये सब परस्पर मिलकर प्राणादि संहत पदार्थोंसे भिन्न किसी अन्यके द्वारा ही जीवित रहते—प्राण धारण करते हैं, जिस संहत पदार्थ भिन्न सत्स्वरूप परमात्माके रहते हुए ही यह प्राण-अपान-चक्षु आदिसे संहत होकर आश्रित हैं; तात्पर्य यह है कि जिस असंहत आत्माके लिये प्राण-अपान आदि संहत होकर अपने व्यापारोंको करते हुए बर्तते हैं वह आत्मा उनसे भिन्न सिद्ध होता है॥ ५॥

मरणोत्तर कालमें जीवकी गति

हन्त त इदं प्रवक्ष्यामि गुह्यं ब्रह्म सनातनम्।
यथा च मरणं प्राप्य आत्मा भवति गौतम॥ ६॥

हे गौतम! अब मैं फिर भी तुम्हारे प्रति उस गुह्य और सनातन ब्रह्मका वर्णन करूँगा, तथा [ब्रह्मको न जाननेसे] मरणको प्राप्त होनेपर आत्मा जैसा हो जाता है [वह भी बतलाऊँगा]॥ ६॥

हन्तेदानीं पुनरपि ते तुभ्यम् इदं गुह्यं गोप्यं ब्रह्म सनातनं चिरन्तनं प्रवक्ष्यामि यद्विज्ञानात्

अहो! अब मैं तुम्हें फिर भी इस गुह्य—गोपनीय सनातन—चिरन्तन ब्रह्मके विषयमें बतलाऊँगा, जिसके ज्ञानसे

सर्वसंसारोपरमो भवति, अविज्ञानाच्च यस्य मरणं प्राप्य यथात्मा भवति यथा संसरति तथा शृणु हे गौतम॥ ६॥

सम्पूर्ण संसारकी निवृत्ति हो जाती है तथा जिसका ज्ञान न होनेपर मरणको प्राप्त होनेके अनन्तर आत्मा जैसा हो जाता है, अर्थात् वह जिस प्रकार [जन्म-मरणरूप] संसारको प्राप्त होता है, हे गौतम ! वह सुन॥ ६॥

योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः।
स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम्॥ ७॥

अपने कर्म और ज्ञानके अनुसार कितने ही देहधारी तो शरीर धारण करनेके लिये किसी योनिको प्राप्त होते हैं और कितने ही स्थावर-भावको प्राप्त हो जाते हैं॥ ७॥

योनिं योनिद्वारं शुक्रबीज-समन्विताः सन्तोऽन्ये केचिद् अविद्यावन्तो मूढाः प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय शरीरग्रहणार्थं देहिनो देहवन्तः; योनिं प्रविशन्तीत्यर्थः। स्थाणुं वृक्षादिस्थावरभावम् अन्येऽत्यन्ताधमा मरणं प्राप्यानुसंयन्त्यनुगच्छन्ति। यथाकर्म यद्यस्य कर्म तद्यथाकर्म यैर्यादृशं कर्मेह जन्मनि कृतं तद्वशेनेत्येतत्। तथा च यथाश्रुतं यादृशं च विज्ञानमुपार्जितं तदनुरूपमेव

अन्य—कुछ अविद्यावान् मूढ देहधारी शरीर धारण करनेके लिये वीर्यरूप बीजसे संयुक्त होकर योनि—योनिद्वारको प्राप्त होते हैं अर्थात् किसी योनिमें प्रविष्ट हो जाते हैं। दूसरे कोई अत्यन्त अधम पुरुष मरणको प्राप्त होकर [यथाकर्म और यथाश्रुत] स्थाणु यानी वृक्षादि स्थावर-भावका अनुवर्तन—अनुगमन करते हैं। तात्पर्य यह कि यथाकर्म यानी जिसका जो कर्म है अथवा इस जन्ममें जिसने जैसा कर्म किया है उसके अधीन होकर तथा यथाश्रुत यानी जिसने जैसा विज्ञान उपार्जित किया है उसके अनुरूप

शरीरं प्रतिपद्यन्त इत्यर्थः। "यथाप्रज्ञं हि संभवाः" इति श्रुत्यन्तरात्॥ ७॥

शरीरको ही प्राप्त होते हैं। "जन्म अपनी-अपनी बुद्धिके अनुसार हुआ करते हैं" ऐसी एक दूसरी श्रुतिसे भी यही प्रमाणित होता है॥ ७॥

यत्प्रतिज्ञातं गुह्यं ब्रह्म वक्ष्यामीति तदाह—

पहले जो यह प्रतिज्ञा की थी कि 'मैं तुझे गुह्य ब्रह्म बतलाऊँगा' उसे ही बतलाते हैं—

गुह्य ब्रह्मोपदेश

य एष सुप्तेषु जागर्ति कामं कामं पुरुषो निर्मिमाणः। तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते। तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन। एतद्वै तत्॥ ८॥

प्राणादिके सो जानेपर जो यह पुरुष अपने इच्छित पदार्थोंकी रचना करता हुआ जागता रहता है वही शुक्र (शुद्ध) है, वह ब्रह्म है और वही अमृत कहा जाता है। उसमें सम्पूर्ण लोक आश्रित हैं; कोई भी उसका उल्लङ्घन नहीं कर सकता। निश्चय यही वह [ब्रह्म] है॥ ८॥

य एष सुप्तेषु प्राणादिषु जागर्ति न स्वपिति। कथम्? कामं कामं तं तमभिप्रेतं स्त्र्याद्यर्थमविद्यया निर्मिमाणो निष्पादयञ्जागर्ति पुरुषो यस्तदेव शुक्रं शुभ्रं शुद्धं तद्ब्रह्म नान्यद् गुह्यं ब्रह्मास्ति। तदेवामृत-मविनाशि उच्यते सर्वशास्त्रेषु। किं

जो यह प्राणादिके सो जानेपर जागता रहता है—[उनके साथ] सोता नहीं है। किस प्रकार जागता रहता है? [इसपर कहते हैं—] अविद्याके योगसे स्त्री आदि अपने-अपने इच्छित—अभीष्ट पदार्थोंकी रचना करता हुआ अर्थात् उन्हें निष्पन्न करता हुआ जागता है वही शुक्र—शुभ्र यानी शुद्ध है। वह ब्रह्म है, उससे भिन्न और कोई गुह्य ब्रह्म नहीं है। वही सब शास्त्रोंमें अमृत—अविनाशी कहा गया है।

च पृथिव्यादयो लोकास्तस्मिन्नेव सर्वे ब्रह्मण्याश्रिताः सर्वलोककारणत्वात्तस्य। तदु नात्येति कश्चन इत्यादि पूर्ववदेव॥ ८॥

यही नहीं, उस ब्रह्ममें ही पृथिवी आदि सम्पूर्ण लोक आश्रित हैं, क्योंकि वह सभी लोकोंका कारण है। उसका कोई भी अतिक्रमण नहीं कर सकता [निश्चय यही वह ब्रह्म है] इत्यादि [आगेकी व्याख्या] पूर्ववत् समझनी चाहिये॥ ८॥

अनेकतार्किककुबुद्धिविचालितान्तःकरणानां प्रमाणोपपन्नम् अप्यात्मैकत्वविज्ञानमसकृदुच्यमानमप्यनृजुबुद्धिनां ब्राह्मणानां चेतसि नाधीयत इति तत्प्रतिपादन आदरवती पुनः पुनराह श्रुतिः—

अनेक तार्किकोंकी कुबुद्धिद्वारा जिनका चित्त चञ्चल कर दिया गया है, अतः जिनकी बुद्धि सरल नहीं है उन ब्राह्मणोंके चित्तमें, प्रमाणसे युक्त सिद्ध होनेपर भी, आत्मैकत्व-विज्ञान बारम्बार कहे जानेपर भी स्थिर नहीं होता। अतः उसके प्रतिपादनमें आदर रखनेवाली श्रुति पुनः-पुनः कहती है—

आत्माका उपाधिप्रतिरूपत्व

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो
रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च॥ ९॥

जिस प्रकार सम्पूर्ण भुवनमें प्रविष्ट हुआ एक ही अग्नि प्रत्येक रूप (रूपवान् वस्तु)-के अनुरूप हो गया है उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तरात्मा उनके रूपके अनुरूप हो रहा है तथा उनसे बाहर भी है॥ ९॥

अग्निर्यथैक एव प्रकाशात्मा सन्भुवनं भवन्त्यस्मिन्भूतानीति भुवनमयं

जिस प्रकार एक ही अग्नि प्रकाशस्वरूप होकर भी भुवनमें—इसमें सब जीव होते हैं इसीसे इस लोकको

लोकस्तमिमं प्रविष्टः, अनुप्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिदार्वादिदाह्यभेदं प्रतीत्यर्थः प्रतिरूपस्तत्र तत्र प्रतिरूपवान्दाह्यभेदेन बहुविधो बभूव; एक एव तथा सर्वभूतान्तरात्मा सर्वेषां भूतानाम् अभ्यन्तर आत्मातिसूक्ष्मत्वाद् दार्वादिष्विव सर्वदेहं प्रति प्रविष्टत्वात्प्रतिरूपो बभूव बहिश्च स्वेनाविकृतेन स्वरूपेणाकाशवत्॥ ९॥

'भुवन' कहते हैं, उसी इस लोकमें अनुप्रविष्ट हुआ रूप-रूपके प्रति अर्थात् काष्ठ आदि भिन्न-भिन्न प्रत्येक दाह्य पदार्थके प्रति प्रतिरूप—उस-उस पदार्थके अनुरूप हुआ दाह्य-भेदसे अनेक प्रकारका हो गया है उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तरात्मा—आन्तरिक आत्मा अत्यन्त सूक्ष्म होनेके कारण काष्ठादिमें प्रविष्ट हुए अग्निके समान सम्पूर्ण शरीरोंमें प्रविष्ट रहनेके कारण उनके अनुरूप हो गया है तथा आकाशके समान अपने अविकारी रूपसे उसके बाहर भी है॥ ९॥

तथान्यो दृष्टान्तः—

ऐसा ही एक दूसरा दृष्टान्त भी है—

वायुर्यथैको भुवनं प्रविष्टो
रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च॥ १०॥

जिस प्रकार इस लोकमें प्रविष्ट हुआ वायु प्रत्येक रूपके अनुरूप हो रहा है उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तरात्मा प्रत्येक रूपके अनुरूप हो रहा है और उनसे बाहर भी है॥ १०॥

वायुर्यथैक इत्यादि। प्राणात्मना देहेष्वनुप्रविष्टो रूप

जिस प्रकार एक ही वायु प्राणरूपसे देहोंमें अनुप्रविष्ट होकर प्रत्येक रूपके अनुरूप हो रहा है

रूपं प्रतिरूपो बभूवेत्यादि समानम्॥ १०॥

[उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तरात्मा प्रत्येक रूपके अनुरूप हो रहा है] इत्यादि पूर्ववत् ही समझना चाहिये॥ १०॥

एकस्य सर्वात्मत्वे संसार-दुःखित्वं परस्यैव तदिति प्राप्तमत इदमुच्यते—

इस प्रकार एकहीकी सर्वात्मकता होनेपर संसारदुःखसे युक्त होना भी परमात्माका ही सिद्ध होता है; इसलिये ऐसा कहा जाता है—

आत्माकी असङ्गता

सूर्यो यथा सर्वलोकस्य चक्षु-
र्न लिप्यते चाक्षुषैर्बाह्यदोषैः।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः॥ ११॥

जिस प्रकार सम्पूर्ण लोकका नेत्र होकर भी सूर्य नेत्रसम्बन्धी बाह्यदोषोंसे लिप्त नहीं होता उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तरात्मा संसारके दुःखसे लिप्त नहीं होता, बल्कि उनसे बाहर रहता है॥ ११॥

सूर्यो यथा चक्षुष आलोकेन उपकारं कुर्वन्मूत्रपुरीषाद्यशुचि-प्रकाशनेन तद्दर्शिनः सर्वलोकस्य चक्षुरपि सन्न लिप्यते चाक्षुषैरशुच्यादिदर्शननिमित्तै-राध्यात्मिकैःपापदोषैर्बाह्यैश्चाशुच्यादि-संसर्गदोषैः। एकः संस्तथा

जिस प्रकार सूर्य अपने प्रकाशसे लोकका उपकार करता हुआ अर्थात् मल-मूत्र आदि अपवित्र वस्तुओंको प्रकाशित करनेके कारण उन्हें देखनेवाले समस्त लोकोंका नेत्ररूप होकर भी अपवित्र पदार्थादिके देखनेसे प्राप्त हुए आध्यात्मिक पापदोष तथा अपवित्र पदार्थोंके संसर्गसे होनेवाले बाह्यदोषोंसे लिप्त नहीं होता उसी प्रकार

सर्वभूतान्तरात्मा न लिप्यते लोक-दुःखेन बाह्यः।

लोको ह्यविद्यया स्वात्मनि अध्यस्तया कामकर्मोद्भवं दुःखम् अनुभवति। न तु सा परमार्थतः स्वात्मनि। यथा रज्जुशुक्तिकोषर-गगनेषु सर्परजतोदकमलानि न रज्ज्वादीनां स्वतो दोषरूपाणि सन्ति। संसर्गिणि विपरीत-बुद्ध्यध्यासनिमित्तात्तद्दोषवद्विभाव्यन्ते। न तद्दोषैस्तेषां लेपः। विपरीत-बुद्ध्यध्यासबाह्या हि ते।

तथात्मनि सर्वो लोकः क्रिया-कारकफलात्मकं विज्ञानं सर्पादि-स्थानीयं विपरीतमध्यस्य तन्निमित्तं जन्ममरणादिदुःखमनुभवति। न त्वात्मा सर्वलोकात्मापि सन् विपरीताध्यारोपनिमित्तेन लिप्यते लोकदुःखेन।

सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तरात्मा भी लोकके दुःखसे लिप्त नहीं होता, प्रत्युत उससे बाहर रहता है।

लोक अपने आत्मामें आरोपित अविद्याके कारण ही कामना और कर्मजनित दुःखका अनुभव करता है। किन्तु वह [अविद्या] परमार्थतः स्वात्मामें है नहीं, जिस प्रकार कि रज्जु, शुक्ति, मरूस्थल और आकाशमें [प्रतीत होनेवाले] सर्प, रजत, जल और मलिनता—ये उन रज्जु आदिमें स्वाभाविक दोषरूप नहीं हैं बल्कि उनके संसर्गमें आये हुए पुरुषमें विपरीत बुद्धिका अध्यास होनेके कारण ही वे उन-उन दोषोंसे युक्त प्रतीत होते हैं। किन्तु उन दोषोंसे उनका लेप नहीं होता, क्योंकि वे तो उस विपरीत बुद्धिजनित अध्याससे बाहर ही हैं।

इसी प्रकार सम्पूर्ण लोक भी [रज्जु आदिमें अध्यस्त] सर्पादिके समान अपने आत्मामें क्रिया, कारक और फलरूप विपरीत ज्ञानका आरोप कर उसके निमित्तसे होनेवाले जन्म-मरण आदि दुःखका अनुभव करता है। आत्मा तो सम्पूर्ण लोकका अन्तरात्मा होकर भी विपरीत अध्यारोपसे होनेवाले लौकिक दुःखसे लिप्त नहीं होता।

कुतः ? बाह्यः, रज्ज्वादिवदेव विपरीतबुद्ध्यध्यासबाह्यो हि स इति॥ ११ ॥

क्यों नहीं होता? क्योंकि वह उससे बाहर है—अर्थात् रज्जु आदिके समान वह विपरीत बुद्धिजनित अध्याससे बाहर ही है॥ ११ ॥

आत्मदर्शी ही नित्य सुखी है

किं च—

तथा—

एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा
एकं रूपं बहुधा यः करोति।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा-
स्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥ १२ ॥

जो एक, सबको अपने अधीन रखनेवाला और सम्पूर्ण भूतोंका अन्तरात्मा अपने एक रूपको ही अनेक प्रकारका कर लेता है, अपनी बुद्धिमें स्थित उस आत्मदेवको जो धीर (विवेकी) पुरुष देखते हैं उन्हींको नित्यसुख प्राप्त होता है, औरोंको नहीं॥ १२ ॥

स हि परमेश्वरः सर्वगतः स्वतन्त्र एको न तत्समोऽभ्यधिको वान्योऽस्ति। वशी सर्वं ह्यस्य जगद्वशे वर्तते। कुतः ? सर्वभूतान्तरात्मा। यत एकमेव सदैकरसमात्मानं विशुद्धविज्ञान-रूपं नामरूपाद्यशुद्धोपाधिभेदवशेन बहुधानेकप्रकारं यः करोति

वह स्वतन्त्र और सर्वगत परमेश्वर एक है। उसके समान अथवा उससे बड़ा और कोई नहीं है। वह वशी है, क्योंकि सारा जगत् उसके अधीन है। उसके अधीन क्यों है? [इसपर कहते हैं—] क्योंकि वह सम्पूर्ण भूतोंका अन्तरात्मा है। इस प्रकार जो अचिन्त्यशक्तिसम्पन्न होनेके कारण अपने एक—नित्य एकरस विशुद्ध-विज्ञानस्वरूप आत्माको नामरूप आदि अशुद्ध उपाधिभेदके कारण अपनी सत्तामात्रसे बहुधा—अनेक प्रकारका कर

स्वात्मसत्तामात्रेणाचिन्त्यशक्तित्वात्। तमात्मस्थं स्वशरीरहृदयाकाशे बुद्धौ चैतन्याकारेण अभिव्यक्तमित्येतत्।

न हि शरीरस्याधारत्वमात्मन आकाशवदमूर्तत्वात्; आदर्शस्थं मुखमिति यद्वत्। तमेतम् ईश्वरमात्मानं ये निवृत्तबाह्य-वृत्तयोऽनुपश्यन्ति आचार्या-गमोपदेशमनु साक्षादनुभवन्ति धीरा विवेकिनस्तेषां परमेश्वरभूतानां शाश्वतं नित्यं सुखम् आत्मानन्द-लक्षणं भवति; नेतरेषां बाह्या-सक्तबुद्धीनामविवेकिनां स्वात्म-भूतमप्यविद्याव्यवधानात्॥ १२॥

लेता है, उस आत्मस्थ अर्थात् अपने शरीरस्थ हृदयाकाश यानी बुद्धिमें चैतन्यस्वरूपसे अभिव्यक्त हुए [आत्माको जो लोग देखते हैं उन्हींको नित्यसुख प्राप्त होता है]।

आकाशके समान अमूर्तिमान् होनेसे आत्माका आधार शरीर नहीं है [अर्थात् आत्मा निराधार है]। जैसे दर्पणमें प्रतिबिम्बित मुखका आधार दर्पण नहीं है। जिनकी बाह्य वृत्तियाँ निवृत्त हो गयी हैं ऐसे जो धीर—विवेकी पुरुष उस ईश्वर—आत्माको देखते हैं— आचार्य और शास्त्रका उपदेश पानेके अनन्तर उसका साक्षात् अनुभव करते हैं उन परमात्मस्वरूपताको प्राप्त हुए पुरुषोंको ही आत्मानन्दरूप शाश्वत—नित्यसुख प्राप्त होता है। किन्तु दूसरे जो बाह्य पदार्थोंमें आसक्तचित्त अविवेकी पुरुष हैं उन्हें यह सुख स्वात्मभूत होनेपर भी अविद्यारूप व्यवधानके कारण प्राप्त नहीं हो सकता॥ १२॥

किं च—

इसके सिवा—

नित्योऽनित्यानां चेतनश्चेतनाना-
मेको बहूनां यो विदधाति कामान्।

तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा-
स्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्॥ १३॥

जो अनित्य पदार्थोंमें नित्यस्वरूप तथा ब्रह्मा आदि चेतनोंमें चेतन है और जो अकेला ही अनेकोंकी कामनाएँ पूर्ण करता है, अपनी बुद्धिमें स्थित उस आत्माको जो विवेकी पुरुष देखते हैं उन्हींको नित्यशान्ति प्राप्त होती है, औरोंको नहीं॥ १३॥

नित्योऽविनाश्यनित्यानां विनाशिनाम्। चेतनश्चेतनानां चेतयितॄणां ब्रह्मादीनां प्राणिनाम् अग्निनिमित्तमिव दाहकत्वम् अनग्नीनामुदकादीनामात्मचैतन्यनिमित्तमेव चेतयितृत्वमन्येषाम्। किं च स सर्वज्ञः सर्वेश्वरः कामिनां संसारिणां कर्मानुरूपं कामान्कर्मफलानि स्वानुग्रहनिमित्तांश्च कामान्य एको बहूनाम् अनेकेषामनायासेन विदधाति प्रयच्छतीत्येतत्। तमात्मस्थं ये अनुपश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः, उपरतिः शाश्वती नित्या स्वात्मभूतैव स्यान्नेतरेषामनेवंविधानाम्॥ १३॥

जो अनित्यों—नाशवानोंमें नित्य—अविनाशी है, चेतन अर्थात् ब्रह्मा आदि अन्य चेतयिता प्राणियोंका भी चेतन है। जिस प्रकार जल आदि दाहशक्तिशून्य पदार्थोंका दाहकत्व अग्निके निमित्तसे होता है वैसे ही अन्य प्राणियोंका चेतनत्व आत्मचैतन्यके निमित्तसे ही है। इसके सिवा वह सर्वज्ञ तथा सर्वेश्वर भी है, क्योंकि वह अकेला ही बिना किसी प्रयासके अनेक सकाम और संसारी पुरुषोंके कर्मानुरूप भोग यानी कर्मफल तथा अपने अनुग्रहरूप निमित्तसे हुए भोग विधान करता अर्थात् देता है। जो धीर (बुद्धिमान्) पुरुष अपने आत्मामें स्थित उस आत्मदेवको देखते हैं उन्हींको शाश्वती—नित्य यानी स्वात्मभूता शान्ति—उपरति प्राप्त होती है—अन्य जो ऐसे नहीं हैं उन्हें नहीं होती॥ १३॥

तदेतदिति मन्यन्तेऽनिर्देश्यं परमं सुखम्।
कथं नु तद्विजानीयां किमु भाति विभाति वा॥ १४॥

उसी इस [आत्मविज्ञान]-को ही विवेकी पुरुष अनिर्वाच्य परम सुख मानते हैं। उसे मैं कैसे जान सकूँगा? क्या वह प्रकाशित (हमारी बुद्धिका विषय) होता है, अथवा नहीं?॥ १४॥

यत्तदात्मविज्ञानं सुखम् अनिर्देश्यं निर्देष्टुमशक्यं परमं प्रकृष्टं प्राकृतपुरुषवाङ्मनसयोरगोचरम् अपि सन्निवृत्तैषणा ये ब्राह्मणास्ते यत्तदेतत्प्रत्यक्षमेवेति मन्यन्ते। कथं नु केन प्रकारेण तत् सुखमहं विजानीयाम्। इदम् इत्यात्मबुद्धिविषयमापादयेयं यथा निवृत्तैषणा यतयः। किमु तद्भाति दीप्यते प्रकाशात्मकं तद्यतोऽस्मद्बुद्धिगोचरत्वेन विभाति विस्पष्टं दृश्यते किं वा नेति॥ १४॥

यह जो आत्मविज्ञानरूप सुख है वह अनिर्देश्य—कथन करनेके अयोग्य, परम अर्थात् प्रकृष्ट और साधारण पुरुषोंके वाणी और मनका अविषय भी है; तो भी जो सब प्रकारकी एषणाओंसे रहित ब्राह्मणलोग हैं वे उसे प्रत्यक्ष ही मानते हैं। उस आत्मसुखको मैं कैसे जान सकूँगा? अर्थात् निष्काम यतियोंके समान 'वह यही है' इस प्रकार उसे कैसे अपनी बुद्धिका विषय बनाऊँगा? वह प्रकाशस्वरूप है, सो क्या वह भासता है—हमारी बुद्धिका विषय होकर स्पष्ट दिखलायी देता है, या नहीं?॥ १४॥

अत्रोत्तरमिदं भाति च विभाति चेति। कथम्?

इसका उत्तर यही है कि वह भासता है और विशेषरूपसे भासता है। किस प्रकार? [सो कहते हैं—]

सर्वप्रकाशकका अप्रकाश्यत्व

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं
नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।

तमेव भान्तमनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥ १५॥

वहाँ (उस आत्मलोकमें) सूर्य प्रकाशित नहीं होता, चन्द्रमा और तारे भी नहीं चमकते और न यह विद्युत् ही चमचमाती है; फिर इस अग्निकी तो बात ही क्या है? उसके प्रकाशमान होते हुए ही सब कुछ प्रकाशित होता है और उसके प्रकाशसे ही यह सब कुछ भासता है॥ १५॥

न तत्र तस्मिन्स्वात्मभूते ब्रह्मणि सर्वावभासकोऽपि सूर्यो भाति तद्ब्रह्म न प्रकाशयतीत्यर्थः। तथा न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमस्मद्दृष्टिगोचरः अग्निः। किं बहुना यदिदमादिकं सर्वं भाति तत्तमेव परमेश्वरं भान्तं दीप्यमानमनुभात्यनुदीप्यते। यथा जलोल्मुकाद्यग्निसंयोगादग्निं दहन्त-मनुदहति न स्वतस्तद्वत्तस्यैव भासा दीप्त्या सर्वमिदं सूर्यादि विभाति।

वहाँ—उस अपने आत्मस्वरूप ब्रह्ममें सबको प्रकाशित करनेवाला होकर भी सूर्य प्रकाशित नहीं होता अर्थात् वह भी उस ब्रह्मको प्रकाशित नहीं करता। इसी प्रकार ये चन्द्रमा, तारे और विद्युत् भी प्रकाशित नहीं होते। फिर हमारी दृष्टिके विषयभूत इस अग्निका तो कहना ही क्या है! अधिक क्या कहा जाय? यह सूर्य आदि जो कुछ प्रकाशित हो रहे हैं वे सब उस परमात्माके प्रकाशित होते हुए ही अनुभासित हो रहे हैं, जिस प्रकार जल और उल्मुक (जलते हुए काष्ठ) आदि अग्निके संयोगसे अग्निके प्रज्वलित होते हुए ही दहन करते हैं स्वयं नहीं, उसी प्रकार उसके प्रकाश—तेजसे ही ये सूर्य आदि सब प्रकाशित हो रहे हैं।

यत एवं तदेव ब्रह्म भाति च विभाति च। कार्यगतेन विविधेन

क्योंकि ऐसा है इसलिये वही ब्रह्म प्रकाशित होता है और विशेषरूपसे

भासा तस्य ब्रह्मणो भारूपत्वं स्वतोऽवगम्यते। न हि स्वतोऽविद्यमानं भासनमन्यस्य कर्तुं शक्यम्। घटादीनाम् अन्यावभासकत्वादर्शनाद्भासनरूपाणां चादित्यादीनां तद्दर्शनात्॥ १५॥

प्रकाशित होता है। कार्यगत नाना प्रकारके प्रकाशसे उस ब्रह्मकी प्रकाशस्वरूपता स्वतः सिद्ध है, क्योंकि जिसमें स्वतः प्रकाश नहीं है वह दूसरेको भी प्रकाशित नहीं कर सकता, जैसा कि घटादिका दूसरोंको प्रकाशित करना नहीं देखा गया और प्रकाशस्वरूप आदित्यादिका दूसरोंको प्रकाशित करना देखा गया है॥ १५॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य श्रीमदाचार्य-श्रीशङ्करभगवतः कृतौ कठोपनिषद्भाष्ये द्वितीयाध्याये द्वितीयवल्लीभाष्यं समाप्तम्॥ २॥ (५)

तृतीया वल्ली

संसाररूप अश्वत्थ वृक्ष

तूलावधारणेनैव मूलावधारणं वृक्षस्य क्रियते लोके यथा, एवं संसारकार्यवृक्षावधारणेन तन्मूलस्य ब्रह्मणः स्वरूपावदिधारयिषयेयं षष्ठी वल्ल्यारभ्यते—

लोकमें जिस प्रकार तूल* (कार्य)-का निश्चय कर लेनेसे ही वृक्षके मूलका निश्चय किया जाता है उसी प्रकार संसारकार्यरूप वृक्षके निश्चयसे उसके मूल ब्रह्मका स्वरूप निर्धारण करनेकी इच्छासे यह छठी वल्ली आरम्भ की जाती है—

ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः।
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते।
तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन।
एतद्वै तत्॥ १॥

जिसका मूल ऊपरकी ओर तथा शाखाएँ नीचेकी ओर हैं ऐसा यह अश्वत्थ वृक्ष सनातन (अनादिकालीन) है। वही विशुद्ध ज्योतिः-स्वरूप है, वही ब्रह्म है और वही अमृत कहा जाता है। सम्पूर्ण लोक उसीमें आश्रित हैं; कोई भी उसका अतिक्रमण नहीं कर सकता। यही निश्चय वह [ब्रह्म] है॥ १॥

ऊर्ध्वमूल ऊर्ध्वं मूलं यत् तद्विष्णोः परमं पदमस्येति सोऽयमव्यक्तादिस्थावरान्तः संसार-वृक्ष ऊर्ध्वमूलः। वृक्षश्च व्रश्चनात्।

ऊर्ध्व (ऊपरकी ओर) अर्थात् जो वह भगवान् विष्णुका परम पद है वही जिसका मूल है ऐसा यह अव्यक्तसे स्थावरपर्यन्त संसारवृक्ष 'ऊर्ध्वमूल' है। इसका व्रश्चन—छेदन होनेके कारण यह

* 'तूल' कपासको कहते हैं। वह कपासके पौधेका कार्य है। अतः यहाँ 'तूल' शब्दसे सम्पूर्ण कार्यवर्ग उपलक्षित होता है।

जन्मजरामरणशोकाद्यनेकानर्थात्मकः प्रतिक्षणमन्यथास्वभावो मायामरीच्युदकगन्धर्वनगरादिवद्दृष्टनष्टस्वरूपत्वादवसाने च वृक्षवदभावात्मकः कदलीस्तम्भवन्निःसारोऽनेकशतपाखण्डबुद्धिविकल्पास्पदस्तत्त्वविजिज्ञासुभिरनिर्धारितेदंतत्त्वो वेदान्तनिर्धारितपरब्रह्ममूलसारोऽविद्याकामकर्माव्यक्तबीजप्रभवोऽपरब्रह्मविज्ञानक्रियाशक्तिद्वयात्मकहिरण्यगर्भाङ्कुरः सर्वप्राणिलिङ्गभेदस्कन्धस्तृष्णाजलावसेकोद्भूतदर्पो बुद्धीन्द्रियविषयप्रवालाङ्कुरः श्रुतिस्मृतिन्यायविद्योपदेशपलाशो यज्ञदानतपआद्यनेकक्रियासुपुष्पः सुखदुःखवेदनानेकरसः प्राण्युपजीव्यानन्तफलस्तत्तृष्णासलिलावसेकप्ररूढजडी-

वृक्ष कहलाता है। जो जन्म, जरा, मरण और शोक आदि अनेक अनर्थोंसे भरा हुआ, क्षण-क्षणमें अन्यथा भावको प्राप्त होनेवाला, माया मृगतृष्णाके जल और गन्धर्वनगरादिके समान दृष्टनष्टस्वरूप होनेसे अन्तमें वृक्षके समान अभावरूप हो जानेवाला, केलेके खम्भेके समान निःसार और सैकड़ों पाखण्डियोंकी बुद्धिके विकल्पोंका आश्रय है। तत्त्वजिज्ञासुओंद्वारा जिसका तत्त्व 'इदम्' रूपसे निर्धारित नहीं किया गया, वेदान्तनिर्णीत परब्रह्म ही जिसका मूल और सार है, जो अविद्या काम, कर्म और अव्यक्तरूप बीजसे उत्पन्न होनेवाला है, ज्ञान और क्रिया—ये दोनों शक्तियाँ जिसकी स्वरूपभूत हैं वह अपरब्रह्मरूप हिरण्यगर्भ ही जिसका अंकुर है, सम्पूर्ण प्राणियोंके लिङ्गशरीर ही जिसके स्कन्ध हैं, जो तृष्णारूप जलके सिंचनसे बढ़े हुए तेजवाला, बुद्धि, इन्द्रिय और विषयरूप नूतन पल्लवोंके अंकुरोंवाला, श्रुति, स्मृति, न्याय और ज्ञानोपदेशरूप पत्तोंवाला, यज्ञ, दान, तप आदि अनेक क्रियाकलापरूप सुन्दर फूलोंवाला, सुख, दुःख और वेदनारूप अनेक प्रकारके रसोंसे युक्त, प्राणियोंकी आजीविकारूप अनन्त फलोंवाला तथा फलोंकी तृष्णारूप जलके सिंचनसे बढ़े हुए और [सात्त्विक

कृतदृढबद्धमूलः सत्यनामादि-सप्तलोकब्रह्मादि भूतपक्षिकृतनीडः प्राणिसुखदुःखोद्भूतहर्षशोकजात-नृत्यगीतवादित्रक्ष्वेलितास्फोटित-हसिताकृष्टरुदितहाहामुञ्चमुञ्चेत्या-द्यनेकशब्दकृततुमुलीभूतमहारवो वेदान्तविहितब्रह्मात्मदर्शनासङ्गशस्त्र-कृतोच्छेद एष संसारवृक्षोऽश्वत्थोऽश्वत्थवत्कामकर्मवातेरितनित्य-प्रचलितस्वभावः, स्वर्ग-नरकतिर्यक्प्रेतादिभिः शाखाभि-रवाक्शाखः; सनातनोऽनादित्वाच्चिरं प्रवृत्तः।

आदि भावोंसे] मिश्रित एवं दृढ़तापूर्वक स्थिर हुए [कर्म-वासनादिरूप अवान्तर] मूलोंवाला है; ब्रह्मा आदि पक्षियोंने जिसपर सत्यादि नामोंवाले सात लोकोंरूप घोंसले बना रखे हैं, जो प्राणियोंके सुख-दुःखजनित हर्ष-शोकसे उत्पन्न हुए नृत्य, गान, वाद्य, क्रीडा, आस्फोटन, (खम ठोंकना) हँसी, आक्रन्दन, रोदन तथा हाय-हाय, छोड़-छोड़ इत्यादि अनेक प्रकारके शब्दोंकी तुमुलध्वनिसे अत्यन्त गुञ्जायमान हो रहा है तथा वेदान्तविहित ब्रह्मात्मैक्य-दर्शनरूप असङ्गशस्त्रसे जिसका उच्छेद होता है ऐसा यह संसाररूप वृक्ष अश्वत्थ है, अर्थात् अश्वत्थ वृक्षके समान कामना और कर्मरूप वायुसे प्रेरित हुआ नित्य चञ्चल स्वभाववाला है। स्वर्ग, नरक, तिर्यक् और प्रेतादि शाखाओंके कारण यह नीचेकी ओर फैली शाखाओंवाला है तथा सनातन यानी अनादि होनेके कारण चिरकालसे चला आ रहा है।

यदस्य संसारवृक्षस्य मूलं तदेव शुक्रं शुभ्रं शुद्धं ज्योतिष्म-च्चैतन्यात्मज्योतिःस्वभावं तदेव ब्रह्म सर्वमहत्त्वात्। तदेवामृतम् अविनाशस्वभावमुच्यते कथ्यते सत्यत्वात्। वाचारम्भणं विकारो नामधेयमनृतम् अन्यदतो मर्त्यम्।

इस संसारका जो मूल है वही शुक्र-शुभ्र-शुद्ध-ज्योतिर्मय अर्थात् चैतन्यात्मज्योतिःस्वरूप है। वही सबसे महान् होनेके कारण ब्रह्म है। वही सत्यस्वरूप होनेके कारण अमृत अर्थात् अविनाशी स्वभाववाला कहा जाता है। विकार वाणीका विलास और केवल नाममात्र है; अतः उस ब्रह्मसे अन्य सब

तस्मिन्परमार्थसत्ये ब्रह्मणि लोका गन्धर्वनगरमरीच्युदकमायासमाः परमार्थदर्शनाभावावगमनाः श्रिता आश्रिताः सर्वे समस्ता उत्पत्तिस्थितिलयेषु। तदु तद्ब्रह्म नात्येति नातिवर्तते मृदादिमिव घटादिकार्यं कश्चन कश्चिदपि विकारः। एतद्वै तत्॥ १॥

मिथ्या और नाशवान् है। उस परमार्थ सत्य ब्रह्ममें उत्पत्ति, स्थिति और लयके समय सम्पूर्ण लोक गन्धर्वनगर, मरीचिका-जल और मायाके समान आश्रित हैं ये परमार्थदर्शन हो जानेपर बाधित हो जानेवाले हैं। जिस प्रकार घट आदि कोई भी कार्य मृत्तिका आदिका अतिक्रमण नहीं कर सकते उस प्रकार कोई भी विकार उस ब्रह्मका अतिक्रमण नहीं कर सकता। निश्चय यही वह [ब्रह्म] है॥ १॥

यद्विज्ञानादमृता भवन्तीत्युच्यते जगतो मूलं तदेव नास्ति ब्रह्मासत् एवेदं निःसृतमिति।

तन्न—

शङ्का—'जिसके ज्ञानसे अमर हो जाते हैं' ऐसा जिसके विषयमें कहा जाता है वह जगत्का मूलभूत ब्रह्म तो वस्तुतः है ही नहीं; यह सब तो असत्से ही प्रादुर्भूत हुआ है।

समाधान—ऐसी बात नहीं है [क्योंकि—]

ईश्वरके ज्ञानसे अमरत्वप्राप्ति

यदिदं किं च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्।
महद्भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ २॥

यह जो कुछ सारा जगत् है प्राण—ब्रह्ममें, उदित होकर उसीसे, चेष्टा कर रहा है। वह ब्रह्म महान् भयरूप और उठे हुए वज्रके समान है। जो इसे जानते हैं वे अमर हो जाते हैं॥ २॥

यदिदं किं च यत्किं चेदं जगत्सर्वं प्राणे परस्मिन्ब्रह्मणि

यह जो कुछ है अर्थात् यह जो कुछ जगत् है वह सब प्राण यानी

सत्येजति कम्पते तत एव निःसृतं निर्गतं सत्प्रचलति नियमेन चेष्टते। यदेवं जगदुत्पत्त्यादिकारणं ब्रह्म तन्महद्भयम्। महच्च तद्भयं च बिभेत्यस्मादिति महद्भयम्; वज्रमुद्यतमुद्यतमिव वज्रम्। यथा वज्रोद्यतकरं स्वामिनमभिमुखीभूतं दृष्ट्वा भृत्या नियमेन तच्छासने वर्तन्ते तथेदं चन्द्रादित्यग्रह-नक्षत्रतारकादिलक्षणं जगत्सेश्वरं नियमेन क्षणम् अप्यविश्रान्तं वर्तत इत्युक्तं भवति। य एतद्विदुः स्वात्मप्रवृत्तिसाक्षिभूतमेकं ब्रह्मामृता अमरणधर्माणस्ते भवन्ति॥ २॥

परब्रह्मके होनेपर ही उसीसे प्रादुर्भूत होकर एजन—कम्पन—गमन अर्थात् नियमसे चेष्टा कर रहा है। इस प्रकार जो ब्रह्म जगत्की उत्पत्ति आदिका कारण है वह महान् भयरूप है। यह महान् भयरूप है अर्थात् इससे सब भय मानते हैं, इसलिये यह 'महद्भय' है। तथा उठाये हुए वज्रके समान है। कहना यह है कि जिस प्रकार अपने सामने स्वामीको हाथमें वज्र उठाये देखकर सेवकलोग नियमानुसार उसकी आज्ञामें प्रवृत्त होते रहते हैं उसी प्रकार चन्द्रमा, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारा आदि रूप यह सारा जगत् अपने अधिष्ठाताओंके सहित एक क्षणको भी विश्राम न लेकर नियमानुसार उसकी आज्ञामें बर्तता है। अपने अन्तःकरणकी प्रवृत्तिके साक्षीभूत इस एक ब्रह्मको जो लोग जानते हैं वे अमर—अमरणधर्मा हो जाते हैं॥ २॥

कथं तद्भयाज्जगद्वर्तत इत्याह—

उसके भयसे जगत् किस प्रकार व्यापार कर रहा है? सो कहते हैं—

सर्वशासक प्रभु

भयादस्याग्निस्तपति भयात्तपति सूर्यः।
भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः॥ ३॥

इस (परमेश्वर)-के भयसे अग्नि तपता है, इसीके भयसे सूर्य तपता है तथा इसीके भयसे इन्द्र, वायु और पाँचवाँ मृत्यु दौड़ता है॥ ३॥

भयाद्भीत्या परमेश्वरस्याग्निस्तपति भयात्तपति सूर्यो भयाद् इन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः। न हीश्वराणां लोकपालानां समर्थानां सतां नियन्ता चेद्वज्रोद्यतकरवन्न स्यात्स्वामिभयभीतानामिव भृत्यानां नियता प्रवृत्तिरुपपद्यते॥ ३॥

इस परमेश्वरके भयसे अग्नि तपता है, इसीके भयसे सूर्य तप रहा है तथा इसीके भयसे इन्द्र, वायु और पाँचवाँ मृत्यु दौड़ता है। यदि सामर्थ्यवान् और ईशनशील लोकपालोंका, हाथमें वज्र उठाये रखनेवाले [इन्द्र]-के समान कोई नियन्ता न होता तो स्वामीके भयसे प्रवृत्त होनेवाले सेवकोंके समान उनकी नियमित प्रवृति नहीं हो सकती थी॥ ३॥

ईश्वरज्ञानके बिना पुनर्जन्मप्राप्ति

तच्च—

और उस (भयके कारणस्वरूप ब्रह्म)-को—

इह चेदशकद्बोद्धुं प्राक्शरीरस्य विस्रसः।
ततः सर्गेषु लोकेषु शरीरत्वाय कल्पते॥ ४॥

यदि इस देहमें इसके पतनसे पूर्व ही [ब्रह्मको] जान सका तो बन्धनसे मुक्त होता है यदि नहीं जान पाया तो इन जन्म-मरणशील लोकोंमें वह शरीरभावको प्राप्त होनेमें समर्थ होता है॥ ४॥

इह जीवन्नेव चेद्यद्यशकत् शक्नोति शक्तः सञ्ज्ञानात्येतद्भय-कारणं ब्रह्म बोद्धुमवगन्तुं प्राक्पूर्वं शरीरस्य विस्रसोऽवस्रंसनात्पतनात्संसारबन्धनाद्विमुच्यते। न चेदशकद्बोद्धुं ततः अनवबोधात्सर्गेषु सृज्यन्ते येषु स्रष्टव्याः प्राणिन इति सर्गाः पृथिव्यादयो लोकास्तेषु सर्गेषु लोकेषु शरीरत्वाय शरीरभावाय कल्पते समर्थो भवति

यदि इस देहमें अर्थात् जीवित रहते हुए ही शरीरका पतन होनेसे पूर्व साधक पुरुषने इन सूर्यादिके भयके हेतुभूत ब्रह्मको जान लिया तो वह संसारबन्धनसे मुक्त हो जाता है; और यदि उसे न जान सका तो उसका ज्ञान न होनेके कारण वह सर्गोंमें जिनमें स्रष्टव्य प्राणियोंकी रचना की जाती है उन पृथिवी आदि लोकोंमें शरीरत्व—शरीरभावको प्राप्त होनेमें समर्थ

शरीरं गृह्णातीत्यर्थः। तस्माच्छरीरविस्रंसनात्प्रागात्मबोधाय यत्न आस्थेयः॥ ४॥

होता है अर्थात् शरीर ग्रहण कर लेता है। अतः शरीरपातसे पूर्व ही आत्मज्ञानके लिये यत्न करना चाहिये॥ ४॥

यस्मादिहैवात्मनो दर्शनम् आदर्शस्थस्येव मुखस्य स्पष्टमुपपद्यते न लोकान्तरेषु ब्रह्मलोकाद् अन्यत्र, स च दुष्प्रापः, कथम्? इत्युच्यते—

क्योंकि जिस प्रकार दर्पणमें मुखका प्रतिबिम्ब स्पष्ट पड़ता है उसी प्रकार इस (मनुष्यदेह)-में ही आत्माका स्पष्ट दर्शन हो सकता है। इसमें वह जैसा स्पष्टतया अनुभव होता है वैसा ब्रह्मलोकको छोड़कर और किसी लोकमें नहीं होता और उसका प्राप्त होना अत्यन्त कठिन है; सो किस प्रकार? इसपर कहते हैं—

स्थानभेदसे भगवद्दर्शनमें तारतम्य

यथादर्शे तथात्मनि यथा स्वप्ने तथा पितृलोके। यथाप्सु परीव ददृशे तथा गन्धर्वलोके छायातपयोरिव ब्रह्मलोके॥ ५॥

जिस प्रकार दर्पणमें उसी प्रकार निर्मल बुद्धिमें आत्माका [स्पष्ट] दर्शन होता है तथा जैसा स्वप्नमें वैसा ही पितृलोकमें और जैसा जलमें वैसा ही गन्धर्वलोकमें उसका [अस्पष्ट] भान होता है; किन्तु ब्रह्मलोकमें तो छाया और प्रकाशके समान वह [सर्वथा स्पष्ट] अनुभव होता है॥ ५॥

यथादर्शे प्रतिबिम्बभूतम् आत्मानं पश्यति लोकोऽत्यन्तविविक्तं तथेहात्मनि स्वबुद्धौ आदर्शवन्निर्मलीभूतायां विविक्तम् आत्मनो दर्शनं भवतीत्यर्थः।

जिस प्रकार लोक दर्पणमें प्रतिबिम्बित हुए अपने-आपको अत्यन्त स्पष्टतया देखता है उसी प्रकार दर्पणके समान निर्मल हुई अपनी बुद्धिमें आत्माका स्पष्ट दर्शन होता है—ऐसा इसका अभिप्राय है।

यथा स्वप्नेऽविविक्तं जाग्रद्वासनोद्भूतं तथा

जिस प्रकार स्वप्नमें जाग्रद्वासनाओंसे प्रकट हुआ दर्शन अस्पष्ट होता है उसी

पितृलोकेऽविविक्तम् एव दर्शनमात्मनः कर्मफलोपभोगासक्तत्वात्। यथा चाप्सु अविभक्तावयवमात्मरूपं परीव ददृशे परिदृश्यत इव तथा गन्धर्वलोकेऽविविक्तमेव दर्शनमात्मनः। एवं च लोकान्तरेष्वपि शास्त्रप्रामाण्यादवगम्यते। छायातपयोरिवात्यन्तविविक्तं ब्रह्मलोक एव एकस्मिन्। स च दुष्प्रापोऽत्यन्तविशिष्टकर्मज्ञानसाध्यत्वात्। तस्मादात्मदर्शनायैहैव यत्नः कर्तव्य इत्यभिप्रायः॥ ५॥

प्रकार पितृलोकमें भी अस्पष्ट आत्मदर्शन होता है, क्योंकि वहाँ जीव कर्मफलके उपभोगमें आसक्त रहता है। तथा जिस प्रकार जलमें अपना स्वरूप ऐसा दिखलायी देता है, मानो उसके अवयव विभक्त न हों उसी प्रकार गन्धर्वलोकमें भी अस्पष्टरूपसे ही आत्माका दर्शन होता है। अन्य लोकोंमें भी शास्त्रप्रमाणसे ऐसा ही [अर्थात् अस्पष्ट आत्मदर्शन ही] माना जाता है। एकमात्र ब्रह्मलोकमें ही छाया और प्रकाशके समान वह आत्मदर्शन अत्यन्त स्पष्टतया होता है। किन्तु अत्यन्त विशिष्ट कर्म और ज्ञानसे साध्य होनेके कारण वह ब्रह्मलोक बड़ा ही दुष्प्राप्य है। अतः अभिप्राय यह है कि इस मनुष्यलोकमें ही आत्मदर्शनके लिये प्रयत्न करना चाहिये॥ ५॥

कथमसौ बोद्धव्यः किं वा तदवबोधे प्रयोजनमित्युच्यते—

उस आत्माको किस प्रकार जानना चाहिये और उसके जाननेमें क्या प्रयोजन है? इसपर कहते हैं—

आत्मज्ञानका प्रकार और प्रयोजन

इन्द्रियाणां पृथग्भावमुदयास्तमयौ च यत्।
पृथगुत्पद्यमानानां मत्वा धीरो न शोचति॥ ६॥

[पृथक्-पृथक् भूतोंसे उत्पन्न होनेवाली] इन्द्रियोंके जो विभिन्न भाव तथा उनकी उत्पत्ति और प्रलय हैं उन्हें जानकर बुद्धिमान् पुरुष शोक नहीं करता॥ ६॥

इन्द्रियाणां श्रोत्रादीनां स्वस्वविषयग्रहणप्रयोजनेन स्वकारणेभ्य आकाशादिभ्यः पृथग् उत्पद्यमानानामत्यन्तविशुद्धात् केवलाच्चिन्मात्रात्मस्वरूपात्पृथग्भावं स्वभावविलक्षणात्मकतां तथा तेषामेवेन्द्रियाणामुदयास्तमयौ चोत्पत्तिप्रलयौ जाग्रत्स्वापावस्थापेक्षया नात्मन इति मत्वा ज्ञात्वा विवेकतो धीरो धीमान्न शोचति। आत्मनो नित्यैकस्वभावस्य अव्यभिचाराच्छोककारणत्वानुपपत्तेः। तथा च श्रुत्यन्तरं "तरति शोकमात्मवित्" (छा० उ० ७। १। ३) इति॥ ६॥

अपने-अपने विषयको ग्रहण करनारूप प्रयोजनके कारण अपने कारणरूप आकाशादि भूतोंसे पृथक्-पृथक् उत्पन्न होनेवाली श्रोत्रादि इन्द्रियोंका जो अत्यन्त विशुद्धस्वरूप केवल चिन्मात्र आत्मस्वरूपसे पृथक्त्व अर्थात् स्वाभाविक विलक्षणरूपता है उसे तथा जाग्रत् और स्वप्नकी अपेक्षासे उन इन्द्रियोंके उदयास्तमय—उत्पत्ति और प्रलयको जानकर अर्थात् विवेकपूर्वक यह समझकर कि ये इन्द्रियोंकी ही अवस्थाएँ हैं, आत्माकी नहीं, धीर—बुद्धिमान् पुरुष शोक नहीं करता, क्योंकि सर्वदा एक स्वभावमें रहनेवाले आत्माका कभी व्यभिचार न होनेके कारण शोकका कोई कारण नहीं ठहरता। जैसा कि "आत्मज्ञानी शोकको पार कर जाता है" ऐसी एक श्रुति भी है॥ ६॥

यस्मादात्मन इन्द्रियाणां पृथग्भाव उक्तो नासौ बहिरधिगन्तव्यो यस्मात्प्रत्यगात्मा स सर्वस्य। तत्कथमित्युच्यते—

जिस आत्मासे इन्द्रियोंका पृथक्त्व दिखलाया गया है वह कहीं बाहर है—ऐसा नहीं समझना चाहिये, क्योंकि वह सभीका अन्तरात्मा है। सो किस प्रकार? इसपर कहते हैं—

इन्द्रियेभ्यः परं मनो मनसः सत्त्वमुत्तमम्।
सत्त्वादधि महानात्मा महतोऽव्यक्तमुत्तमम्॥ ७॥

इन्द्रियोंसे मन पर (उत्कृष्ट) है, मनसे बुद्धि श्रेष्ठ है, बुद्धिसे महत्तत्त्व बढ़कर है तथा महत्तत्त्वसे अव्यक्त उत्तम है॥ ७॥

इन्द्रियेभ्यः परं मन इत्यादि। अर्थानामिहेन्द्रियसमानजातीयत्वादिन्द्रियग्रहणेनैव ग्रहणम्। पूर्ववदन्यत्। सत्त्वशब्दाद्बुद्धिरिहोच्यते॥ ७॥

इन्द्रियोंसे मन पर है [तथा मनसे बुद्धि श्रेष्ठ है] इत्यादि। इन्द्रियोंके सजातीय होनेसे इन्द्रियोंका ग्रहण करनेसे ही विषयोंका भी ग्रहण हो जाता है। अन्य सब पूर्ववत् (कठ० १। ३। १० के समान) समझना चाहिये। 'सत्त्व' शब्दसे यहाँ बुद्धि कही गयी है॥ ७॥

अव्यक्तात्तु परः पुरुषो व्यापकोऽलिङ्ग एव च।
यं ज्ञात्वा मुच्यते जन्तुरमृतत्वं च गच्छति॥ ८॥

अव्यक्तसे भी पुरुष श्रेष्ठ है और वह व्यापक तथा अलिङ्ग है; जिसे जानकर मनुष्य मुक्त होता है और अमरत्वको प्राप्त हो जाता है॥ ८॥

अव्यक्तात्तु परः पुरुषो व्यापको व्यापकस्याप्याकाशादेः सर्वस्य कारणत्वात्। अलिङ्गो लिङ्ग्यते गम्यते येन तल्लिङ्गं बुद्ध्यादि तदविद्यमानमस्येति सोऽयमलिङ्ग एव। सर्वसंसारधर्मवर्जित इत्येतत्। यं ज्ञात्वा आचार्यतः शास्त्रतश्च मुच्यते जन्तुः, अविद्यादि-

अव्यक्तसे भी पुरुष श्रेष्ठ है। वह आकाशादि सम्पूर्ण व्यापक पदार्थोंका भी कारण होनेसे व्यापक है। और अलिङ्ग है—जिसके द्वारा कोई वस्तु जानी जाती है वह बुद्धि आदि लिङ्ग कहलाते हैं; परन्तु पुरुषमें इनका अभाव है इसलिये यह अलिङ्ग अर्थात् सम्पूर्ण संसारधर्मोंसे रहित ही है। जिसे आचार्य और शास्त्रद्वारा जानकर पुरुष जीवित रहते हुए ही अविद्या आदि

हृदयग्रन्थिभिर्जीवन्नेव पतितेऽपि शरीरेऽमृतत्वं च गच्छति सोऽलिङ्गः परोऽव्यक्तात् पुरुष इति पूर्वेणैव सम्बन्धः ॥ ८ ॥

हृदयकी ग्रन्थियोंसे मुक्त हो जाता है तथा शरीरका पतन होनेपर भी अमरत्वको प्राप्त होता है वह पुरुष अलिङ्ग है और अव्यक्तसे भी पर है—इस प्रकार इसका पूर्ववाक्यसे सम्बन्ध है ॥ ८ ॥

कथं तर्ह्यलिङ्गस्य दर्शनम् उपपद्यत इत्युच्यते—

तो फिर जिसका कोई लिङ्ग (ज्ञापक चिह्न) नहीं है उस [आत्मा]-का दर्शन होना किस प्रकार सम्भव है ? इसपर कहा जाता है—

न संदृशे तिष्ठति रूपमस्य
न चक्षुषा पश्यति कश्चनैनम्।
हृदा मनीषा मनसाभिक्लृप्तो
य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति ॥ ९ ॥

इस आत्माका रूप दृष्टिमें नहीं ठहरता। इसे नेत्रसे कोई भी नहीं देख सकता। यह आत्मा तो मनका नियमन करनेवाली हृदयस्थिता बुद्धिद्वारा मननरूप सम्यग्दर्शनसे प्रकाशित [हुआ ही जाना जा सकता] है। जो इसे [ब्रह्मरूपसे] जानते हैं वे अमर हो जाते हैं ॥ ९ ॥

न संदृशे संदर्शनविषये न तिष्ठति प्रत्यगात्मनोऽस्य रूपम्। अतो न चक्षुषा सर्वेन्द्रियेण, चक्षुर्ग्रहणस्योपलक्षणार्थत्वात्, पश्यति नोपलभते कश्चन कश्चिद् अप्येनं प्रकृतमात्मानम्।

इस प्रत्यगात्माका रूप दृष्टि-विषयमें स्थिर नहीं होता। अतः कोई भी पुरुष इस प्रकृत आत्माको चक्षुसे—सम्पूर्ण इन्द्रियोंसे [अर्थात् समस्त इन्द्रियोंमेंसे किसीसे] भी नहीं देख सकता अर्थात् उपलब्ध नहीं कर सकता। यहाँ चक्षुका ग्रहण सम्पूर्ण इन्द्रियोंका उपलक्षण करानेके लिये है।

कथं तर्हि तं पश्येदित्युच्यते। हृदा हृत्स्थया बुद्ध्या। मनीषा मनसः संकल्पादिरूपस्येष्टे नियन्तृत्वेनेति मनीट् तया हृदा मनीषाविकल्पयित्र्या मनसा मननरूपेण सम्यग्दर्शनेन अभिक्लृप्तोऽभिसमर्थितोऽभि प्रकाशित इत्येतत्। आत्मा ज्ञातुं शक्यत इति वाक्यशेषः। तम् आत्मानं ब्रह्मैतद्ये विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ ९॥

तो फिर उसे किस प्रकार देखे? इसपर कहते हैं—हृदयस्थिता बुद्धिसे, जो कि सङ्कल्पादिरूप मनकी नियन्त्री होकर ईशन करनेके कारण 'मनीट्' है उस विकल्पशून्या बुद्धिसे मन अर्थात् मननरूप यथार्थदर्शनद्वारा सब प्रकार समर्थित अर्थात् प्रकाशित हुआ वह आत्मा जाना जा सकता है। यहाँ 'आत्मा जाना जा सकता है' यह वाक्यशेष है। उस आत्माको जो लोग 'यह ब्रह्म है' ऐसा जानते हैं वे अमर हो जाते हैं॥ ९॥

सा हृन्मनीट् कथं प्राप्यत इति तदर्थो योग उच्यते—

वह हृदयस्थित [सङ्कल्पशून्य] बुद्धि किस प्रकार प्राप्त होती है? यह बतलानेके लिये योगसाधनका उपदेश किया जाता है—

परमपदप्राप्ति

यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।
बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहुः परमां गतिम्॥ १०॥

जिस समय पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ मनके सहित [आत्मामें] स्थित हो जाती हैं और बुद्धि भी चेष्टा नहीं करती उस अवस्थाको परम गति कहते हैं॥ १०॥

यदा यस्मिन्काले स्वविषयेभ्यो निवर्तितान्यात्मन्येव पञ्च ज्ञानानि—

जिस समय अपने-अपने विषयोंसे निवृत्त हुई पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ— ज्ञानार्थक होनेके कारण श्रोत्रादि इन्द्रियाँ 'ज्ञान'

ज्ञानार्थत्वाच्छ्रोत्रादीनि इन्द्रियाणि ज्ञानान्युच्यन्ते— अवतिष्ठन्ते सह मनसा यदनुगतानि तेन संकल्पादिव्यावृत्तेनान्तःकरणेन; बुद्धिश्चाध्यवसायलक्षणा न विचेष्टति स्वव्यापारेषु न विचेष्टते न व्याप्रियते तामाहुः परमां गतिम्॥ १०॥

कही जाती हैं—मनके साथ अर्थात् वे जिसका अनुवर्तन करनेवाली हैं उस सङ्कल्पादि व्यापारसे निवृत्त हुए अन्तःकरणके सहित [आत्मामें] स्थिर हो जाती हैं और निश्चयात्मिका बुद्धि भी अपने व्यापारोंमें चेष्टाशील नहीं होती—चेष्टा नहीं करती—व्यापार नहीं करती उस अवस्थाको ही परम गति कहते हैं॥ १०॥

तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्।
अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ॥ ११॥

उस स्थिर इन्द्रियधारणाको ही योग कहते हैं। उस समय पुरुष प्रमादरहित हो जाता है, क्योंकि योग ही उत्पत्ति और नाशरूप है॥ ११॥

तामीदृशीं तदवस्थां योगम् इति मन्यन्ते वियोगमेव सन्तम्। सर्वानर्थसंयोगवियोगलक्षणा हीयमवस्था योगिनः। एतस्यां ह्यवस्थायामविद्याध्यारोपणवर्जित-स्वरूपप्रतिष्ठ आत्मा। स्थिराम् इन्द्रियधारणां स्थिरामचलाम् इन्द्रियधारणां बाह्यान्तःकरणानां धारणमित्यर्थः।

उस ऐसी अवस्थाको ही—जो वास्तवमें वियोग ही है—योग मानते हैं, क्योंकि योगीकी यह अवस्था सब प्रकारके अनर्थसंयोगकी वियोगरूपा है। इस अवस्थामें ही आत्मा अपने अविद्यादि आरोपसे रहित स्वरूपमें स्थित रहता है। [उस अवस्थाको ही] स्थिर इन्द्रियधारणा कहते हैं—स्थिर अर्थात् अचल इन्द्रियधारणा यानी बाह्य और आन्तरिक करणोंको धारण करना।

अप्रमत्तः प्रमादवर्जितः समाधानं प्रति नित्यं यत्नवांस्तदा

तब—उस समय साधक पुरुष अप्रमत्त—प्रमादरहित हो जाता है, अर्थात् चित्तसमाधानके प्रति सर्वदा

तस्मिन्काले यदैव प्रवृत्तयोगो भवतीति सामर्थ्यादवगम्यते। न हि बुद्ध्यादिचेष्टाभावे प्रमाद-संभवोऽस्ति। तस्मात्प्रागेव बुद्ध्यादिचेष्टोपरमादप्रमादो विधीयते। अथवा यदैवेन्द्रियाणां स्थिरा धारणा तदानीमेव निरङ्कुशमप्रमत्तत्वमित्यतः, अभिधीयतेऽप्रमत्तस्तदा भवतीति। कुतः? योगो हि यस्मात् प्रभवाप्ययौ उपजनापायधर्मक इत्यर्थोऽतोऽपायपरिहारायाप्रमादः कर्तव्य इत्यभिप्रायः॥ ११॥

सयत्न रहता है; जिस समय कि वह योगमें प्रवृत्त होता है [उस समय ऐसी स्थिति होती है]—ऐसा इस वाक्यकी सामर्थ्यसे जाना जाता है, क्योंकि बुद्धि आदिकी चेष्टाका अभाव हो जानेपर प्रमाद होना सम्भव नहीं है। अतः बुद्धि आदिकी चेष्टाका अभाव होनेसे पूर्व ही अप्रमादका विधान किया जाता है। अथवा जिस समय भी इन्द्रियोंकी धारणा स्थिर होती है उसी समय निरङ्कुश अप्रमत्तत्व होता है; इसीलिये 'उस समय अप्रमत्त हो जाता है' ऐसा कहा है। ऐसी बात क्यों है? क्योंकि योग ही प्रभव और अप्यय यानी उत्पत्ति और लयरूप धर्मवाला है; अतः तात्पर्य यह है कि अपाय (लय)-की निवृत्तिके लिये प्रमादका अभाव करना चाहिये॥ ११॥

बुद्ध्यादिचेष्टाविषयं चेद् ब्रह्मेदं तदिति विशेषतो गृह्येत बुद्ध्याद्युपरमे च ग्रहणकारणाभावाद् अनुपलभ्यमानं नास्त्येव ब्रह्म।

यदि ब्रह्म बुद्धि आदिकी चेष्टाका विषय होता तो 'यह वह [ब्रह्म] है' इस प्रकार विशेषरूपसे ग्रहण किया जा सकता था; किन्तु बुद्धि आदिके निवृत्त हो जानेपर तो उसे ग्रहण करनेके कारणका अभाव हो जानेसे उपलब्ध न होनेवाला वह ब्रह्म वस्तुतः है ही नहीं।

यद्धि करणगोचरं तदस्तीति प्रसिद्धं लोके विपरीतं चासद् इत्यतश्चानर्थको योगः। अनुपलभ्यमानत्वाद्वा नास्तीत्युपलब्धव्यं ब्रह्मेत्येवं प्राप्त इदमुच्यते—सत्यम्,

लोकमें जो वस्तु इन्द्रियगोचर होती है वही 'है' इस प्रकार प्रसिद्ध होती है और इसके विपरीत [इन्द्रियगोचर न होनेवाली] वस्तु 'असत्' कही जाती है, अतः योग व्यर्थ है। अथवा उपलब्ध होनेवाला न होनेसे ब्रह्म 'नहीं है' इस प्रकार जानना चाहिये—ऐसा प्राप्त होनेपर यह कहा जाता है—ठीक है,

आत्मोपलब्धिका साधन सद्बुद्धि ही है

नैव वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुषा।
अस्तीति ब्रुवतोऽन्यत्र कथं तदुपलभ्यते॥ १२॥

वह आत्मा न तो वाणीसे, न मनसे और न नेत्रसे ही प्राप्त किया जा सकता है; वह 'है' ऐसा कहनेवालोंसे अन्यत्र (भिन्न पुरुषोंको) किस प्रकार उपलब्ध हो सकता है॥ १२॥

नैव वाचा न मनसा न चक्षुषा नान्यैरपीन्द्रियैः प्राप्तुं शक्यत इत्यर्थः। तथापि सर्वविशेषरहितोऽपि जगतो मूलम् इत्यवगतत्वादस्त्येव कार्यप्रविलापनस्य अस्तित्वनिष्ठत्वात्। तथा हीदं कार्यं सूक्ष्मतारतम्यपारम्पर्येणानुगम्यमानं सद्बुद्धिनिष्ठामेवावगमयति। यदापि विषयप्रविलापनेन प्रविलाप्यमाना

तात्पर्य यह कि वह ब्रह्म न तो वाणीसे, न मनसे, न नेत्रसे और न अन्य इन्द्रियोंसे ही प्राप्त किया जा सकता है। तथापि सर्वविशेषरहित होनेपर भी 'वह जगत्का मूल है' इस प्रकार ज्ञात होनेके कारण वह है ही, क्योंकि कार्यका विलय किसी अस्तित्वके आश्रयसे ही हो सकता है। इसी प्रकार सूक्ष्मताकी तारतम्यपरम्परासे अनुगत होनेवाला यह सम्पूर्ण कार्यवर्ग भी सद्बुद्धिनिष्ठाको ही सूचित करता है। जिस समय विषयका विलय करते हुए

बुद्धिस्तदापि सा सत्प्रत्ययगर्भैव विलीयते। बुद्धिर्हि नः प्रमाणं सदसतोर्याथात्म्यावगमे।

मूलं चेज्जगतो न स्यादसदन्वितमेवेदं कार्यमसदित्येवं गृह्यते। न त्वेतदस्ति सत्सदित्येव तु गृह्यते; यथा मृदादिकार्यं घटादि मृदाद्यन्वितम्। तस्माज्जगतो मूलमात्मा-स्तीत्येवोपलब्धव्यः । कस्मात्? अस्तीति ब्रुवतोऽस्तित्ववादिन आगमार्थानुसारिणः श्रद्दधानादन्यत्र नास्तिकवादिनि नास्ति जगतो मूलमात्मा निरन्वयमेवेदं कार्यमभावान्तं प्रविलीयत इति मन्यमाने विपरीतदर्शिनि कथं तद्ब्रह्म तत्त्वत उपलभ्यते न कथञ्चनोपलभ्यत इत्यर्थः॥ १२॥

बुद्धिका विलय किया जाता है उस समय भी वह सद्वृत्तिगर्भिता हुई ही लीन होती है। तथा सत् और असत्का यथार्थ स्वरूप जाननेमें तो हमारे लिये बुद्धि ही प्रमाण है।

यदि जगत्का कोई मूल न होता तो यह सम्पूर्ण कार्यवर्ग असन्मय ही होनेके कारण 'असत् है' इस प्रकार ग्रहण किया जाता। किन्तु ऐसी बात नहीं है; यह जगत् तो 'है—है' इस प्रकार ही ग्रहण किया जाता है, जिस प्रकार कि मृत्तिका आदिके कार्य घट आदि [अपने कारण] मृत्तिका आदिसे समन्वित ही गृहीत होते हैं। अतः जगत्का मूल आत्मा 'है' इस प्रकार ही उपलब्ध किया जाना चाहिये। क्यों? क्योंकि आत्मा 'है' इस प्रकार कहनेवाले शास्त्रार्थानुसारी श्रद्धालु आस्तिक पुरुषोंसे भिन्न नास्तिक-वादियोंको, जो ऐसा मानते हैं कि 'जगत्का मूल आत्मा नहीं है, जिसका अभाव ही अन्तिम परिणाम है ऐसा यह कार्यवर्ग कारणसे अनन्वित हुआ ही लीन हो जाता है'— ऐसे उन विपरीतदर्शियोंको वह ब्रह्म किस प्रकार तत्त्वतः उपलब्ध हो सकता है? अर्थात् किसी प्रकार उपलब्ध नहीं हो सकता॥ १२॥

तस्मादपोह्यासद्वादिपक्षम् आसुरम्—

अतः असद्वादियोंके आसुरी पक्षका निराकरण कर—

अस्तीत्येवोपलब्धव्यस्तत्त्वभावेन चोभयोः।
अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति॥ १३॥

वह आत्मा 'है' इस प्रकार ही उपलब्ध किया जाना चाहिये तथा उसे तत्त्वभावसे भी जानना चाहिये। इन दोनों प्रकारकी उपलब्धियोंमेंसे जिसे 'है' इस प्रकारकी उपलब्धि हो गयी है तत्त्वभाव उसके अभिमुख हो जाता है॥ १३॥

अस्तीत्येवात्मोपलब्धव्यः सत्कार्यो बुद्ध्याद्युपाधिः। यदा तु तद्रहितोऽविक्रिय आत्मा कार्यं च कारणव्यतिरेकेण नास्ति "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" (छा० उ० ६। १। ४) इति श्रुतेस्तदा यस्य निरुपाधिकस्यालिङ्गस्य सदसदादिप्रत्ययविषयत्ववर्जितस्यात्मनस्तत्त्वभावो भवति तेन च रूपेण आत्मोपलब्धव्य इत्यनुवर्तते।

बुद्धि आदि जिसकी उपाधि हैं तथा जिसका सत्त्व उसके कार्यवर्गमें अनुगत है उस आत्माको 'है' इस प्रकार ही उपलब्ध करना चाहिये। जिस समय आत्मा उस बुद्धि आदि उपाधिसे रहित और निर्विकार जाना जाता है तथा कार्यवर्ग 'विकार वाणीका विलास और नाममात्र है, केवल मृत्तिका ही सत्य है' इस श्रुतिके अनुसार अपने कारणसे भिन्न नहीं है—ऐसा निश्चित होता है उस समय जिस निरुपाधिक अलिङ्ग और सत्-असत् आदि प्रतीतिके विषयत्वसे रहित आत्माका तत्त्वभाव होता है उस तत्त्वस्वरूपसे ही आत्माको उपलब्ध करना चाहिये—इस प्रकार यहाँ 'उपलब्धव्य' पदकी अनुवृत्ति की जाती है।

तत्राप्युभयोः सोपाधिकनिरुपाधिकयोरस्तित्वतत्त्वभावयोः—निर्धारणार्था षष्ठी—

सोपाधिक अस्तित्व और निरुपाधिक तत्त्वभाव इन दोनोंमेंसे—यहाँ 'उभयोः' इस पदमें षष्ठी निर्धारणके

पूर्वमस्तीत्येवोपलब्धस्यात्मनः सत्कार्योपाधिकृतास्तित्वप्रत्ययेनोपलब्धस्य इत्यर्थः पश्चात्प्रत्यस्तमित-सर्वोपाधिरूप आत्मनस्तत्त्वभावो विदिताविदिताभ्यामन्योऽद्वयस्वभावो "नेति नेति" (बृ० उ० २। ३। ६, ३। ९। २६) इति "अस्थूलमनण्वह्रस्वम्" (बृ० उ० ३। ८। ८) "अदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयने" (तै० उ० २। ७। १) इत्यादिश्रुतिनिर्दिष्टः प्रसीदत्यभिमुखीभवति आत्मप्रकाशनाय पूर्वमस्तीत्युपलब्धवत इत्येतत्॥ १३॥

लिये है—पहले तो 'है' इस प्रकार उपलब्ध हुए आत्माका अर्थात् सत्कार्यरूप उपाधिके किये हुए अस्तित्व-प्रत्ययसे उपलब्ध हुए आत्माका और फिर जिसकी सम्पूर्ण उपाधि निवृत्त हो गयी है और जो ज्ञात एवं अज्ञातसे भिन्न अद्वितीयस्वरूप है, उस "नेति-नेति[१]" "अस्थूलमनण्वह्रस्वम्[२]" "अदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयने[३]" इत्यादि श्रुतियोंसे निर्दिष्ट आत्माका तत्त्वभाव 'प्रसीदति'—अभिमुख होता है अर्थात् जिसे पहले 'है' इस प्रकार आत्माकी उपलब्धि हो गयी है उसे अपना स्वरूप प्रकट करनेके लिये [वह तत्त्वभाव अभिमुख प्रकाशित होता है] ॥ १३॥

अमर कब होता है?

एवं परमार्थदर्शिनोः—

इस प्रकार परमार्थदर्शीकी—

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते॥ १४॥

जिस समय सम्पूर्ण कामनाएँ, जो कि इसके हृदयमें आश्रय करके रहती हैं, छूट जाती हैं उस समय वह मर्त्य (मरणधर्मा) अमर हो जाता है और इस शरीरसे ही ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है॥ १४॥

१. 'यह (स्थूल) नहीं है, यह (सूक्ष्म) नहीं है।'

२.'अस्थूल, असूक्ष्म, अह्रस्व।'

३.'अदृश्य (इन्द्रियोंके अविषय)-में, अनात्म्य (अहंता-ममताहीन)-में, अनिर्वचनीयमें अनिलयन (आधाररहित)-में।'

यदा यस्मिन्काले सर्वे कामाः कामयितव्यस्यान्यस्याभावात्प्रमुच्यन्ते विशीर्यन्ते येऽस्य प्राक्प्रतिबोधाद्विदुषो हृदि बुद्धौ श्रिता आश्रिताः। बुद्धिर्हि कामानामाश्रयो नात्मा। "कामः संकल्पः" (बृ० उ० १। ५। ३) इत्यादिश्रुत्यन्तराच्च।

कामत्यागेन अमृतत्वम्

जब—जिस समय सम्पूर्ण कामनाएँ कामनायोग्य अन्य पदार्थका अभाव होनेके कारण छूट जाती हैं—छिन्न-भिन्न हो जाती हैं, जो कि बोध होनेसे पूर्व इस विद्वान्के हृदय—बुद्धिमें आश्रित रहती हैं— क्योंकि बुद्धि ही कामनाओंका आश्रय है, आत्मा नहीं; जैसा कि "कामना, संकल्प [और संशय—ये सब मन ही हैं]" इत्यादि एक दूसरी श्रुतिसे भी सिद्ध होता है।

अथ तदा मर्त्यः प्राक्प्रबोधाद् आसीत्स प्रबोधोत्तरकालमविद्याकामकर्मलक्षणस्य मृत्योर्विनाशादमृतो भवति। गमनप्रयोजकस्य मृत्योर्विनाशाद्गमनानुपपत्तेरत्रेहैव प्रदीपनिर्वाणवत्सर्वबन्धनोपशमाद्ब्रह्म समश्नुते ब्रह्मैव भवतीत्यर्थः॥ १४॥

तब फिर जो आत्मसाक्षात्कारसे पूर्व मरणधर्मा था वह जीव आत्मज्ञान होनेके अनन्तर अविद्या, कामना और कर्मरूप मृत्युका नाश हो जानेसे अमर हो जाता है। परलोकमें गमन करानेवाले मृत्युका विनाश हो जानेसे वहाँ जाना सम्भव न होनेके कारण वह इस लोकमें ही दीपनिर्वाणके समान सम्पूर्ण बन्धनोंके नष्ट हो जानेसे ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है, अर्थात् ब्रह्म ही हो जाता है॥ १४॥

कदा पुनः कामानां मूलतो विनाश इत्युच्यते—

परन्तु कामनाओंका समूल नाश कब होता है? इसपर कहते हैं—

यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रन्थयः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्येतावद्ध्यनुशासनम्॥ १५॥

जिस समय इस जीवनमें ही इसके हृदयकी सम्पूर्ण ग्रन्थियोंका छेदन हो जाता है उस समय यह मरणधर्मा अमर हो जाता है। बस सम्पूर्ण वेदान्तोंका इतना ही आदेश है॥ १५॥

यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते भेदम् उपयान्ति विनश्यन्ति ग्रन्थिभेद एवामृतत्वम् हृदयस्य बुद्धेरिह जीवत एव ग्रन्थयो ग्रन्थिवद् दृढबन्धनरूपा अविद्याप्रत्यया इत्यर्थः। अहमिदं शरीरं ममेदं धनं सुखी दुःखी चाहम् इत्येवमादिलक्षणा-स्तद्विपरीतब्रह्मात्मप्रत्ययोपजननाद्-ब्रह्मैवाहमस्मि असंसारीति विनष्टेष्वविद्याग्रन्थिषु तन्निमित्ताः कामा मूलतो विनश्यन्ति। अथ मर्त्योऽमृतो भवत्येतावद्ध्येता-वदेवैतावन्मात्रं नाधिक-मस्तीत्याशङ्का कर्तव्या— अनुशासनमनुशिष्टिरुपदेशः। सर्व-वेदान्तानामिति वाक्यशेषः॥ १५॥

जिस समय यहाँ—जीवित रहते हुए ही इसके हृदयकी—बुद्धिकी सम्पूर्ण ग्रन्थियाँ अर्थात् दृढ बन्धनरूप अविद्याजनित प्रतीतियाँ छिन्न-भिन्न होती—भेदको प्राप्त होती अर्थात् नष्ट हो जाती हैं—'मैं यह शरीर हूँ, यह मेरा धन है, मैं सुखी हूँ, मैं दुःखी हूँ' इत्यादि प्रकारके अनुभव अविद्या-प्रत्यय हैं; उसके विपरीत ब्रह्मात्मभावके अनुभवकी उत्पत्तिसे 'मैं असंसारी ब्रह्म ही हूँ' ऐसे बोधद्वारा अविद्यारूप ग्रन्थियोंके नष्ट हो जानेपर उसके निमित्तसे हुई कामनाएँ समूल नष्ट हो जाती हैं। तब वह मर्त्य (मरणधर्मा जीव) अमर हो जाता है। बस इतना ही सम्पूर्ण वेदान्तोंका अनुशासन— आदेश है; इससे अधिक कुछ और है ऐसी आशङ्का नहीं करनी चाहिये। यहाँ 'सर्ववेदान्तानाम्' यह वाक्यशेष है॥ १५॥

निरस्ताशेषविशेषव्यापिब्रह्मात्म-प्रतिपत्त्या प्रभिन्नसमस्ताविद्यादि-ग्रन्थेर्जीवत एव ब्रह्मभूतस्य विदुषो न गतिर्विद्यत इत्युक्तमत्र ब्रह्म समश्नुत

जिसमें सम्पूर्ण विशेषणोंका अभाव है उस सर्वव्यापक ब्रह्मको ही अपने आत्मस्वरूपसे जान लेनेके कारण जिसकी अविद्या आदि समस्त ग्रन्थियाँ टूट गयी हैं और जो जीवितावस्थामें ही ब्रह्मभावको

इत्युक्तत्वात्। "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति" (बृ० उ० ४। ४। ६) इति श्रुत्यन्तराच्च।

ये पुनर्मन्दब्रह्मविदो विद्यान्तरशीलिनश्च ब्रह्मलोकभाजो ये च तद्विपरीताः संसारभाजः तेषामेव गतिविशेष उच्यते— प्रकृतोत्कृष्टब्रह्मविद्याफलस्तुतये।

किं चान्यदग्निविद्या पृष्टा प्रत्युक्ता च। तस्याश्च फलप्राप्तिप्रकारो वक्तव्य इति मन्त्रारम्भः। तत्र—

प्राप्त हो गया है उस विद्वान्‌का कहीं गमन नहीं होता—ऐसा पहले कहा गया, क्योंकि [चौदहवें मन्त्रमें] 'इस शरीरमें ही ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है'—ऐसा कहा है। "उसके प्राण उत्क्रमण नहीं करते वह ब्रह्मरूप हुआ ही ब्रह्ममें लीन हो जाता है" इस एक दूसरी श्रुतिसे भी यही निश्चय होता है।

किन्तु जो मन्द ब्रह्मज्ञानी और अन्य विद्या (उपासना)-का परिशीलन करनेवाले ब्रह्मलोकप्राप्तिके अधिकारी हैं अथवा जो उनसे विपरीत [जन्म-मरणरूप] संसारको ही प्राप्त होनेवाले हैं, उन्हींकी किसी गति-विशेषका वर्णन यहाँ प्रकरणप्राप्त ब्रह्मविद्याके उत्कृष्ट फलकी स्तुतिके लिये किया जाता है।

इसके सिवा नचिकेताके पूछनेपर यमराजने पहले अग्निविद्याका भी वर्णन किया था; उस अग्निविद्याके फलकी प्राप्तिका प्रकार भी बतलाना है ही। इसी अभिप्रायसे इस मन्त्रका आरम्भ किया जाता है। वहाँ [कहना यह है कि—]

शतं चैका च हृदयस्य नाड्य-
स्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका।
तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति
विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति॥ १६॥

इस हृदयकी एक सौ एक नाडियाँ हैं; उनमेंसे एक मूर्धाका भेदन करके बाहरको निकली हुई है। उसके द्वारा ऊर्ध्व—ऊपरकी ओर गमन करनेवाला पुरुष अमरत्वको प्राप्त होता है। शेष विभिन्न गतियुक्त नाडियाँ उत्क्रमण (प्राणोत्सर्ग)-की हेतु होती हैं॥ १६॥

सुषुम्नाभेदेन अमृतत्वम्

शतं च शतसंख्याका एका च सुषुम्ना नाम पुरुषस्य-हृदयाद्विनिःसृता नाड्यः शिरा-स्तासां मध्ये मूर्धानं भित्त्वाभिनिःसृता निर्गता सुषुम्ना नाम। तयान्तकाले हृदय आत्मानं वशीकृत्य योजयेत्।

तया नाड्योर्ध्वमुपर्यायन् गच्छन्नादित्यद्वारेणामृतत्वममरण-धर्मत्वमापेक्षिकम्। "आभूत-संप्लवं स्थानममृतत्वं विभाव्यते" (वि० पु० २। ८। ९७) इति स्मृतेः। ब्रह्मणा वा सह कालान्तरेण मुख्यममृतत्वमेति भुक्त्वा भोगाननुपमान्ब्रह्मलोकगतान्। विष्वङ्नानाविधगतयः अन्या नाड्य उत्क्रमणे निमित्तं भवन्ति संसारप्रतिपत्त्यर्था एव भवन्तीत्यर्थः॥ १६॥

पुरुषके हृदयसे सौ अन्य और सुषुम्ना नामकी एक—इस प्रकार [एक सौ एक] नाडियाँ—शिराएँ निकली हैं। उनमें सुषुम्ना-नाम्नी नाडी मस्तकका भेदन करके बाहर निकल गयी है। अन्तकालमें उसके द्वारा आत्माको अपने हृदयदेशमें वशीभूत करके समाहित करे।

उस नाडीके द्वारा ऊर्ध्व—ऊपरकी ओर जानेवाला जीव सूर्यमार्गसे अमृतत्व—आपेक्षिक अमरण-धर्मत्वको प्राप्त हो जाता है, जैसा कि "सम्पूर्ण भूतोंके क्षयपर्यन्त रहनेवाला स्थान अमृतत्व कहलाता है" इस स्मृतिसे प्रमाणित होता है। अथवा [यह भी तात्पर्य हो सकता है कि] कालान्तरमें ब्रह्माके साथ ब्रह्मलोकके अनुपम भोगोंको भोगकर मुख्य अमृतत्वको प्राप्त करता है। इसके सिवा जिनकी गति विविध भाँतिकी हैं ऐसी अन्य सब नाडियाँ प्राणप्रयाणकी हेतु होती हैं, अर्थात् वे संसारप्राप्तिके लिये ही होती हैं॥ १६॥

इदानीं सर्ववल्ल्यर्थोपसंहारार्थमाह—

अब सम्पूर्ण वल्लियोंके अर्थका उपसंहार करनेके लिये कहते हैं—

उपसंहार

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा
सदा जनानां हृदये संनिविष्टः।
तं स्वाच्छरीरात्प्रवृहेन्मुञ्जादिवेषीकां धैर्येण।
तं विद्याच्छुक्रममृतं तं विद्याच्छुक्रममृतमिति॥ १७॥

अङ्गुष्ठमात्र पुरुष, जो अन्तरात्मा है सर्वदा जीवोंके हृदयदेशमें स्थित है। मूँजसे सींकके समान उसे धैर्यपूर्वक अपने शरीरसे बाहर निकाले [अर्थात् शरीरसे पृथक् करके अनुभव करे]। उसे शुक्र (शुद्ध) और अमृतरूप समझे, उसे शुक्र और अमृतरूप समझे॥ १७॥

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा सदा जनानां सम्बन्धिनि हृदये संनिविष्टो यथाव्याख्यातः तं स्वादात्मीयाच्छरीरात्प्रवृहेद् उद्यच्छेन्निष्कर्षेत्पृथक्कुर्यादित्यर्थः। किमिवेत्युच्यते मुञ्जादिवेषीकामन्तःस्थां धैर्येणाप्रमादेन। तं शरीरान्निष्कृष्टं चिन्मात्रं विद्याद्विजानीयाच्छुक्रममृतं यथोक्तं ब्रह्मेति। द्विर्वचनमुपनिषत्परिसमाप्त्यर्थमितिशब्दश्च॥ १७॥

अङ्गुष्ठमात्र पुरुष, जिसकी व्याख्या पहले (क० उ० २।१।१२-१३ में) की जा चुकी है और जो जीवोंके हृदयमें स्थित उनका अन्तरात्मा है उसे अपने शरीरसे बाहर करे—ऊपर नियन्त्रित करे—निकाले अर्थात् शरीरसे पृथक् करे। किस प्रकार पृथक् करे? इसपर कहते हैं—धैर्य अर्थात् अप्रमादपूर्वक इस प्रकार अलग करे जैसे मूँजसे उसके भीतर रहनेवाली सींक की जाती है। शरीरसे पृथक् किये हुए उस (अङ्गुष्ठमात्र पुरुष)-को ही पूर्वोक्त चिन्मात्र विशुद्ध और अमृतमय ब्रह्म जाने। यहाँ 'तं विद्याच्छुक्रममृतम्' इस पदकी द्विरुक्ति और 'इति' शब्द उपनिषद्की समाप्तिके लिये हैं॥ १७॥

विद्यास्तुत्यर्थोऽयमाख्यायिकार्थोपसंहारोऽधुनोच्यते—

अब विद्याकी स्तुतिके लिये यह आख्यायिकाके अर्थका उपसंहार कहा जाता है—

मृत्युप्रोक्तां नचिकेतोऽथ लब्ध्वा
विद्यामेतां योगविधिं च कृत्स्नम्।
ब्रह्मप्राप्तो विरजोऽभूद्विमृत्यु-
रन्योऽप्येवं यो विदध्यात्ममेव॥ १८॥

मृत्युकी कही हुई इस विद्या और सम्पूर्ण योगविधिको पाकर नचिकेता ब्रह्मभावको प्राप्त, विरज (धर्माधर्मशून्य) और मृत्युहीन हो गया। दूसरा भी जो कोई अध्यात्म-तत्त्वको इस प्रकार जानेगा वह भी वैसा ही हो जायगा॥ १८॥

मृत्युप्रोक्तां यथोक्तामेतां ब्रह्मविद्यां योगविधिं च कृत्स्नं समस्तं सोपकरणं सफलमित्येतत्; नचिकेता वरप्रदानाद् मृत्योर्लब्ध्वा प्राप्येत्यर्थः—किम्? ब्रह्मप्राप्तोऽभून्मुक्तोऽभवदित्यर्थः। कथम्? विद्याप्राप्त्या विरजो विगतधर्माधर्मो विमृत्युर्विगतकामाविद्यश्च सन्पूर्वमित्यर्थः।

मृत्युकी कही हुई इस पूर्वोक्त ब्रह्मविद्या और कृत्स्न—सम्पूर्ण योगविधिको, उसके साधन और फलके सहित, वरप्रदानके कारण मृत्युसे प्राप्त कर नचिकेता, क्या हो गया? [इसपर कहते हैं—] ब्रह्मभावको प्राप्त हो गया, अर्थात् मुक्त हो गया। सो किस प्रकार? [इसपर कहते हैं—] विद्याकी प्राप्तिद्वारा पहले विरज—धर्माधर्मसे रहित और विमृत्यु—काम और अविद्यासे रहित होकर [मुक्त हो गया] ऐसा इसका तात्पर्य है।

न केवलं नचिकेता एव अन्योऽपि नचिकेतोवदात्मविद् अध्यात्ममेव निरुपचरितं प्रत्यक्स्वरूपं प्राप्य

केवल नचिकेता ही नहीं, बल्कि नचिकेताके समान जो दूसरा भी आत्मज्ञानी है अर्थात् जो अपने देहादिके अधिष्ठाता उपचारशून्य प्रत्यक्स्वरूप-

तत्त्वमेवेत्यभिप्रायः, नान्यद्रूपमप्रत्यग्रूपम्। तदेवमध्यात्ममेवमुक्तप्रकारेण वेद विजानातीत्येवंवित्सोऽपि विरजः सन्ब्रह्मप्राप्त्या विमृत्युर्भवतीति वाक्यशेषः॥ १८॥

को—यही तत्त्व है, अन्य अप्रत्यक्रूप नहीं—ऐसा जानता है, जो उक्त प्रकारसे अपने उसी अध्यात्मरूपको जानता है अर्थात् जो उसी प्रकार जाननेवाला है वह भी विरज (धर्माधर्मसे रहित) होकर ब्रह्मप्राप्तिद्वारा मृत्युहीन हो जाता है—वह वाक्य शेष है॥ १८॥

शिष्याचार्ययोः प्रमादकृतान्यायेन विद्याग्रहणप्रतिपादननिमित्तदोषप्रशमनार्थेयं शान्तिरुच्यते—

अब शिष्य और आचार्यके प्रमादकृत अन्यायसे विद्याके ग्रहण और प्रतिपादनमें होनेवाले दोषोंकी निवृत्तिके लिये यह शान्ति कही जाती है—

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं
करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु
मा विद्विषावहै॥ १९॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

परमात्मा हम [आचार्य और शिष्य] दोनोंकी साथ-साथ रक्षा करे। हमारा साथ-साथ पालन करे। हम साथ-साथ विद्यासम्बन्धी सामर्थ्य प्राप्त करें। हमारा अध्ययन किया हुआ तेजस्वी हो। हम द्वेष न करें॥ १९॥

सह नावावामवतु पालयतु विद्यास्वरूपप्रकाशनेन। कः? स एव परमेश्वर उपनिषत्प्रकाशितः। किं च सह नौ भुनक्तु तत्फलप्रकाशनेन नौ पालयतु।

विद्याके स्वरूपका प्रकाशन कर हम दोनोंकी साथ-साथ रक्षा करे। कौन [रक्षा करे? इसपर कहते हैं—] वह उपनिषत्प्रकाशित परमेश्वर ही [हमारी रक्षा करे]। तथा उसके फलको प्रकाशित कर वह हम दोनोंका साथ-साथ पालन

सहैवावां विद्याकृतं वीर्यं सामर्थ्यं करवावहै निष्पादयावहै। किं च तेजस्विनौ तेजस्विनोरावयोर्यदधीतं तत्स्वधीतमस्तु। अथवा तेजस्वि नावावाभ्यां यदधीतं तदतीव तेजस्वि वीर्यवदस्तु इत्यर्थः। मा विद्विषावहै शिष्याचार्यावन्योन्यं प्रमादकृतान्यायाध्ययनाध्यापनदोषनिमित्तं द्वेषं मा करवावहै इत्यर्थः। शान्तिः शान्तिः शान्तिरिति त्रिर्वचनं सर्वदोषोपशमनार्थमित्योमिति॥ १९॥

करे। हम अपने विद्याकृत वीर्य—सामर्थ्यको साथ-साथ ही सम्पादित करें—प्राप्त करें। और हम तेजस्वियोंका जो अध्ययन किया हुआ है वह सुपठित हो। अथवा तेजस्वी हो अर्थात् हमलोगोंका जो अध्ययन किया हुआ है वह अत्यन्त तेजस्वी यानी वीर्यवान् हो। हम शिष्य और आचार्य परस्पर विद्वेष न करें अर्थात् हम प्रमादकृत अन्यायसे अध्ययन और अध्यापनमें हुए दोषोंके कारण परस्पर एक-दूसरेसे द्वेष न करें। 'शान्तिः शान्तिः शान्तिः' इस प्रकार 'शान्तिः' शब्दका तीन बार उच्चारण [आध्यात्मिकादि] सम्पूर्ण दोषोंकी शान्तिके लिये किया गया है। इत्योम्॥ १९॥

*इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यश्रीमदाचार्य-
श्रीशङ्करभगवतः कृतौ कठोपनिषद्भाष्ये द्वितीयाध्याये
तृतीया वल्ली समाप्ता॥ ३॥ (६)*

इति कठोपनिषदि द्वितीयोऽध्यायः समाप्तः॥२॥

॥ हरिः ॐ तत्सत्॥

ॐ

तत्सद्ब्रह्मणे नमः

प्रश्नोपनिषद्

मन्त्रार्थ, शांकरभाष्य और भाष्यार्थसहित

इतः पूर्णं ततः पूर्णं पूर्णात्पूर्णं परात्परम्।
पूर्णानन्दं प्रपद्येऽहं सद्गुरुं शङ्करं स्वयम्॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

हे देवगण! हम कानोंसे कल्याणमय वचन सुनें। यज्ञकर्ममें समर्थ होकर नेत्रोंसे शुभ दर्शन करें। तथा स्थिर अंग और शरीरोंसे स्तुति करनेवाले हमलोग देवताओंके लिये हितकर आयुका भोग करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

महान् कीर्तिमान् इन्द्र हमारा कल्याण करें, परम ज्ञानवान् [अथवा परम धनवान्] पूषा हमारा कल्याण करें, जो अरिष्टों (आपत्तियों)-के लिये चक्रके समान [घातक] हैं वह गरुड हमारा कल्याण करें तथा बृहस्पतिजी हमारा कल्याण करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

प्रथम प्रश्न

सम्बन्ध-भाष्य

मन्त्रोक्तस्यार्थस्य विस्तरानुवादीदं ब्राह्मणमारभ्यते। ऋषिप्रश्नप्रतिवचनाख्यायिका तु विद्यास्तुतये। एवं संवत्सरब्रह्मचर्यसंवासादियुक्तैस्तपोयुक्तैर्ग्राह्या पिप्पलादादिवत्सर्वज्ञकल्पैराचार्यैर्वक्तव्या च, न सा येन केनचिदिति विद्यां स्तौति। ब्रह्मचर्यादिसाधनसूचनाच्च तत्कर्तव्यता स्यात्।

अथर्वणमन्त्रोक्त [मुण्डकोपनिषद्के] अर्थका विस्तारपूर्वक अनुवाद करनेवाली यह ब्राह्मणभागीय उपनिषद् अब आरम्भ की जाती है*। इसमें जो ऋषियोंके प्रश्न और उत्तररूप आख्यायिका है वह विद्याकी स्तुतिके लिये है। यह विद्या आगे कहे प्रकारसे एक वर्षतक ब्रह्मचर्यपूर्वक गुरुकुलमें रहना तथा तप आदि साधनोंसे युक्त पुरुषोंद्वारा ही ग्रहण की जानेयोग्य है तथा पिप्पलादके समान सर्वज्ञतुल्य आचार्योंसे ही कथन की जा सकती है, जिस किसीसे नहीं—इस प्रकार विद्याकी स्तुति की जाती है। तथा ब्रह्मचर्यादि साधनोंकी सूचना देनेसे उनकी कर्तव्यता भी प्राप्त होती है।

सुकेशा आदिकी गुरूपसत्ति

ॐ सुकेशा च भारद्वाजः शैब्यश्च सत्यकामः सौर्यायणी च गार्ग्यः कौसल्यश्चाश्वलायनो भार्गवो वैदर्भिः कबन्धी कात्यायनस्ते हैते ब्रह्मपरा ब्रह्मनिष्ठाः परं ब्रह्मान्वेषमाणा एष

---

* दस उपनिषदोंमें प्रश्न, मुण्डक और माण्डूक्य—ये तीन अथर्ववेदीय हैं। इनमें मुण्डक मन्त्रभागकी है तथा शेष दो ब्राह्मणभागकी हैं।

ह वै तत्सर्वं वक्ष्यतीति ते ह समित्पाणयो भगवन्तं पिप्पलादमुपसन्ना: ॥ १ ॥

भरद्वाजनन्दन सुकेशा, शिबिकुमार सत्यकाम, गर्गगोत्रमें उत्पन्न हुआ सौर्यायणि (सूर्यका पोता), अश्वलकुमार कौसल्य, विदर्भदेशीय भार्गव और कत्यके पोतेका पुत्र कबन्धी—ये अपर ब्रह्मकी उपासना करनेवाले और तदनुकूल अनुष्ठानमें तत्पर छः ऋषिगण परब्रह्मके जिज्ञासु होकर भगवान् पिप्पलादके पास यह सोचकर कि ये हमें उसके विषयमें सब कुछ बतला देंगे, हाथमें समिधा लेकर गये ॥ १ ॥

सुकेशा च नामतः, भरद्वाजस्यापत्यं भारद्वाजः; शैब्यश्च शिबेः अपत्यं शैब्यः सत्यकामो नामतः; सौर्यायणी सूर्यस्तस्यापत्यं सौर्यः तस्यापत्यं सौर्यायणिश्छान्दसः सौर्यायणीति, गार्ग्यो गर्गगोत्रोत्पन्नः, कौसल्यश्च नामतोऽश्वलस्यापत्यमाश्वलायनः; भार्गवो भृगोर्गोत्रापत्यं भार्गवो वैदर्भिः विदर्भे भवः; कबन्धी नामतः, कत्यस्यापत्यं कात्यायनः, विद्यमानः प्रपितामहो यस्य सः युवप्रत्ययः। ते हैते ब्रह्मपरा अपरं

भरद्वाजका पुत्र भारद्वाज जो नामसे सुकेशा था; शिबिका पुत्र शैब्य जिसका नाम सत्यकाम था; सूर्यके पुत्रको 'सौर्य' कहते हैं उसका पुत्र सौर्यायणि जो गर्गगोत्रोत्पन्न होनेसे गार्ग्य कहलाता था—यहाँ 'सौर्यायणिः' के स्थानमें 'सौर्यायणी' [ईकारान्त] प्रयोग छान्दस है; अश्वलका पुत्र आश्वलायन जो नामसे कौसल्य था; भृगुका गोत्रज होनेसे भार्गव जो विदर्भदेशमें उत्पन्न होनेसे वैदर्भि कहलाता था तथा कबन्धी नामक कात्यायन—कत्यका [*युवसंज्ञक] अपत्य [यानी कत्यका प्रपौत्र] जिसका प्रपितामह अभी विद्यमान था। यहाँ 'युव' अर्थमें [गोत्रप्रत्ययान्त कात्य शब्दसे 'फक्' प्रत्यय होकर उसके स्थानमें 'आयन' आदेश] हुआ है। ये सब ब्रह्मपर अर्थात् अपर

* 'जीवति तु वंश्ये युवा' (४। १। १६३) इस पाणिनि-सूत्रके अनुसार पितामहके जीवित रहते जो पोतेके सन्तान होती है उसकी 'युवा' संज्ञा है।

ब्रह्म परत्वेन गतास्तदनुष्ठाननिष्ठाश्च ब्रह्मनिष्ठाः परं ब्रह्मान्वेषमाणाः—किं तत्? यन्नित्यं विज्ञेयमिति तत्प्राप्त्यर्थं यथाकामं यतिष्याम इत्येवं तदन्वेषणं कुर्वन्तस्तदधिगमायैष ह वै तत्सर्वं वक्ष्यतीत्याचार्यमुपजग्मुः। कथम्? ते ह समित्पाणयः समिद्भारगृहीतहस्ताः सन्तो भगवन्तं पिप्पलादमाचार्यमुपसन्ना उपजग्मुः॥ १॥

ब्रह्मको ही परभावसे प्राप्त हुए और तदनुकूल अनुष्ठानमें तत्पर अतएव ब्रह्मनिष्ठ ऋषिगण परब्रह्मका अन्वेषण करते हुए—वह ब्रह्म क्या है? जो नित्य और विज्ञेय है; उसकी प्राप्तिके लिये ही हम यथेच्छ प्रयत्न करेंगे—इस प्रकार उसकी खोज करते हुए, उसे जाननेके लिये यह समझकर कि 'ये हमें सब कुछ बतला देंगे' आचार्यके पास गये। किस प्रकार गये? [इसपर कहते हैं—] वे सब समित्पाणि अर्थात् जिन्होंने अपने हाथोंमें समिधाके भार उठा रखे हैं ऐसे होकर पूज्य आचार्य भगवान् पिप्पलादके समीप गये॥ १॥

तान्ह स ऋषिरुवाच भूय एव तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया संवत्सरं संवत्स्यथ यथाकामं प्रश्नान्पृच्छत यदि विज्ञास्यामः सर्वं ह वो वक्ष्याम इति॥ २॥

कहते हैं, उस ऋषिने उनसे कहा—'तुम तपस्या, ब्रह्मचर्य और श्रद्धासे युक्त होकर एक वर्ष और निवास करो; फिर अपनी इच्छानुसार प्रश्न करना, यदि मैं जानता होऊँगा तो तुम्हें सब बतला दूँगा'॥ २॥

तानेवमुपगतान्ह स किल ऋषिरुवाच भूयः पुनरेव यद्यपि यूयं पूर्वं तपस्विन एव तपसेन्द्रियसंयमेन तथापीह विशेषतो ब्रह्मचर्येण श्रद्धया चास्तिक्यबुद्ध्यादरवन्तः

इस प्रकार अपने समीप आये हुए उन लोगोंसे पिप्पलाद ऋषिने कहा—'यद्यपि तुमलोग पहलेसे ही तपस्वी हो तो भी तप—इन्द्रियसंयम, विशेषतः ब्रह्मचर्यसे तथा श्रद्धा यानी आस्तिकबुद्धिसे आदरयुक्त होकर

संवत्सरं कालं संवत्स्यथ सम्यग्गुरुशुश्रूषापराः सन्तो वत्स्यथ। ततो यथाकामं यो यस्य कामस्तमनतिक्रम्य यथाकामं यद्विषये यस्य जिज्ञासा तद्विषयान्प्रश्नान्पृच्छत। यदि तद्युष्मत्पृष्टं विज्ञास्यामः—अनुद्धतत्वप्रदर्शनार्थो यदिशब्दो नाज्ञानसंशयार्थः प्रश्ननिर्णयादवसीयते—सर्वं ह वो वः पृष्टं वक्ष्याम इति॥ २॥

गुरुशुश्रूषामें तत्पर रह एक वर्ष और भी निवास करो। फिर अपनी इच्छानुसार अर्थात् जिसकी जैसी इच्छा हो उसका अतिक्रमण न करते हुए—जिसकी जिस विषयमें जिज्ञासा हो उसी विषयमें प्रश्न करना। यदि मैं तुम्हारे पूछे हुए विषयको जानता होऊँगा तो तुम्हें तुम्हारी पूछी हुई सब बात बतला दूँगा।' यहाँ 'यदि' शब्द अपनी नम्रता प्रकट करनेके लिये है अज्ञान या संशय प्रदर्शित करनेके लिये नहीं, जैसा कि आगे प्रश्नका निर्णय करनेसे स्पष्ट हो जाता है॥ २॥

कबन्धीका प्रश्न—प्रजा किससे उत्पन्न होती है?

अथ कबन्धी कात्यायन उपेत्य पप्रच्छ। भगवन् कुतो ह वा इमाः प्रजाः प्रजायन्त इति॥ ३॥

तदनन्तर (एक वर्ष गुरुकुलवास करनेके पश्चात्) कात्यायन कबन्धीने गुरुजीके पास जाकर पूछा—'भगवन्! यह सारी प्रजा किससे उत्पन्न होती है?'॥ ३॥

अथ संवत्सरादूर्ध्वं कबन्धी कात्यायन उपेत्योपगम्य पप्रच्छ पृष्टवान्। हे भगवन् कुतः कस्माद्ध वा इमा ब्राह्मणाद्याः प्रजाः प्रजायन्त उत्पद्यन्ते। अपरविद्याकर्मणोः समुच्चितयोर्यत्कार्यं या गतिस्तद्वक्तव्यमिति तदर्थोऽयं प्रश्नः॥ ३॥

तदनन्तर एक वर्ष पीछे कात्यायन कबन्धीने [गुरुजीके] समीप जाकर पूछा—'भगवन्! यह ब्राह्मणादि सम्पूर्ण प्रजा किससे उत्पन्न होती है?' अर्थात् अपरब्रह्मविषयक ज्ञान एवं कर्मके समुच्चयका जो कार्य है और उसकी जो गति है वह बतलानी चाहिये। उसीके लिये यह प्रश्न किया गया है॥ ३॥

रयि और प्राणकी उत्पत्ति

तस्मै स होवाच प्रजाकामो वै प्रजापतिः स तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा स मिथुनमुत्पादयते। रयिं च प्राणं चेत्येतौ मे बहुधा प्रजाः करिष्यत इति॥ ४॥

उससे उस पिप्पलाद मुनिने कहा—'प्रसिद्ध है कि प्रजा उत्पन्न करनेकी इच्छावाले प्रजापतिने तप किया। उसने तप करके रयि और प्राण यह जोड़ा उत्पन्न किया [और सोचा—] ये दोनों ही मेरी अनेक प्रकारकी प्रजा उत्पन्न करेंगे'॥ ४॥

तस्मा एवं पृष्टवते स होवाच तदपाकरणायाह। प्रजाकामः प्रजा आत्मनः सिसृक्षुर्वै प्रजापतिः सर्वात्मा सञ्जगत्स्रक्ष्यामि इत्येवं विज्ञानवान्यथोक्तकारी तद्भावभावितः कल्पादौ निर्वृत्तो हिरण्यगर्भः सृज्यमानानां प्रजानां स्थावरजङ्गमानां पतिः सञ्जन्मान्तरभावितं ज्ञानं श्रुतिप्रकाशितार्थविषयं तपोऽन्वालोचयदतप्यत।

अपनेसे इस प्रकार प्रश्न करनेवाले कबन्धीसे उसकी शंका निवृत्त करनेके लिये पिप्पलाद मुनिने कहा—प्रजाकाम अर्थात् अपनी प्रजा रचनेकी इच्छावाले प्रजापतिने 'मैं सर्वात्मा होकर जगत्की रचना करूँ' इस प्रकारके विज्ञानसे सम्पन्न, यथोक्त कर्म करनेवाला (जगद्रचनामें उपयुक्त ज्ञान और कर्मके समुच्चयका अनुष्ठान करनेवाला) तद्भावभावित (पूर्वकल्पीय प्रजापतित्वकी भावनासे सम्पन्न) और कल्पके आदिमें हिरण्यगर्भरूपसे उत्पन्न होकर तथा रची जानेवाली सम्पूर्ण स्थावर-जंगम प्रजाका पति होकर जन्मान्तरमें भावना किये श्रुत्यर्थविषयक ज्ञानरूप तपको तपा अर्थात् उस ज्ञानका स्मरण किया।

अथ तु स एवं तपस्तप्त्वा श्रौतं ज्ञानमन्वालोच्य

तदनन्तर इस प्रकार तपस्या कर अर्थात् श्रुतिप्रकाशित ज्ञानका स्मरण कर

सृष्टिसाधनभूतं मिथुनमुत्पादयते मिथुनं द्वन्द्वमुत्पादितवान्। रयिं च सोममन्नं प्राणं चाग्निमत्तारम् एतावग्नीषोमावत्त्रन्नभूतौ मे मम बहुधानेकधा प्रजाः करिष्यत इत्येवं संचिन्त्याण्डोत्पत्तिक्रमेण सूर्याचन्द्रमसावकल्पयत्॥ ४॥

उसने सृष्टिके साधनभूत मिथुन—जोड़ेको उत्पन्न किया। उसने रयि यानी सोमरूप अन्न और प्राण यानी भोक्ता अग्निको रचा, अर्थात् यह सोचकर कि ये भोक्ता और भोग्यरूप अग्नि और सोम मेरी नाना प्रकारकी प्रजा उत्पन्न करेंगे अण्डके उत्पत्तिक्रमसे सूर्य और चन्द्रमाको रचा॥ ४॥

आदित्य और चन्द्रमामें प्राण और रयि-दृष्टि

आदित्यो ह वै प्राणो रयिरेव चन्द्रमा रयिर्वा एतत् सर्वं यन्मूर्तं चामूर्तं च तस्मान्मूर्तिरेव रयिः॥ ५॥

निश्चय आदित्य ही प्राण है और रयि ही चन्द्रमा है। यह जो कुछ मूर्त (स्थूल) और अमूर्त (सूक्ष्म) है सब रयि ही है; अतः मूर्ति ही रयि है॥ ५॥

तत्रादित्यो ह वै प्राणोऽत्ता अग्निः। रयिरेव चन्द्रमाः, रयिः एवान्नं सोम एव। तदेतदेकमत्ता चान्नं च, प्रजापतिरेकं तु मिथुनम्, गुणप्रधानकृतो भेदः। कथम्? रयिर्वा अन्नं वा एतत् सर्वम्; किं तद्यन्मूर्तं च स्थूलं चामूर्तं च सूक्ष्मं च मूर्तामूर्ते अत्त्रन्नरूपे रयिरेव। तस्मात्प्रविभक्ताद् अमूर्ताद्यदन्य-

यहाँ निश्चयपूर्वक आदित्य ही प्राण अर्थात् भोक्ता अग्नि है और रयि ही चन्द्रमा है। रयि ही अन्न है और वह चन्द्रमा ही है। यह भोक्ता (अग्नि) और अन्न एक ही है। एक प्रजापति ही यह मिथुनरूप हो गया है, इसमें भेद केवल गौण और प्रधान भावका ही है। सो किस प्रकार? [इसपर कहते हैं—]यह सब रयि—अन्न ही है। वह क्या है? यह जो मूर्त यानी स्थूल है और जो अमूर्त यानी सूक्ष्म है वह मूर्त और अमूर्त भोक्ता-भोग्यरूप होनेपर भी रयि ही है। अतः इस प्रकार विभक्त हुए अमूर्तसे अन्य

न्मूर्तरूपं मूर्तिः सैव रयिरमूर्तेनाद्यमानत्वात्॥ ५॥ | जो मूर्तरूप है वही रयि—अन्न है; क्योंकि वह अमूर्त भोक्तासे भोगा जाता है॥ ५॥

तथामूर्तोऽपि प्राणोऽत्ता सर्वमेव यच्चान्नम्। कथम्— | इसी प्रकार अमूर्त प्राणरूप भोक्ता भी जो कुछ अन्न है वह सभी है। किस प्रकार—

अथादित्य उदयन्यत्प्राचीं दिशं प्रविशति तेन प्राच्यान् प्राणान् रश्मिषु संनिधत्ते। यद्दक्षिणां यत्प्रतीचीं यदुदीचीं यदधो यदूर्ध्वं यदन्तरा दिशो यत्सर्वं प्रकाशयति तेन सर्वान् प्राणान् रश्मिषु संनिधत्ते॥ ६॥

जिस समय सूर्य उदित होकर पूर्व दिशामें प्रवेश करता है तो उसके द्वारा वह पूर्व दिशाके प्राणोंको अपनी किरणोंमें धारण करता है। इसी प्रकार जिस समय वह दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, नीचे, ऊपर और अवान्तर दिशाओंको प्रकाशित करता है उससे भी वह उन सबके प्राणोंको अपनी किरणोंमें धारण करता है॥ ६॥

अथादित्य उदयन्नुद्गच्छन् प्राणिनां चक्षुर्गोचरमागच्छन् यत्प्राचीं दिशं स्वप्रकाशेन प्रविशति व्याप्नोति; तेन स्वात्मव्याप्त्या सर्वांस्तत्स्थान्प्राणान् प्राच्यानन्तर्भूतान् रश्मिषु स्वात्मावभासरूपेषु व्याप्तिमत्सु व्याप्तत्वात्प्राणिनः संनिधत्ते संनिवेशयति; आत्मभूतान्करोति | जिस समय सूर्य उदित होकर—ऊपरकी ओर जाकर अर्थात् प्राणियोंके नेत्रोंका विषय होकर अपने प्रकाशसे पूर्व दिशामें प्रवेश करता है—उसे [अपने तेजसे] व्याप्त करता है; उसके द्वारा अपनी व्याप्तिसे वह उस (पूर्व दिशा)-में स्थित सम्पूर्ण अन्तर्भूत प्राच्य प्राणोंको अपने अवभासरूप और सर्वत्र व्याप्त किरणोंमें व्याप्त होनेके कारण वह सम्पूर्ण प्राणियोंको धारण करता यानी अपनेमें प्रविष्ट कर लेता है, अर्थात् उन्हें आत्मभूत

इत्यर्थः। तथैव यत्प्रविशति दक्षिणां यत्प्रतीचीं यदुदीचीमध ऊर्ध्वं यत्प्रविशति यच्चान्तरा दिशः कोणदिशोऽवान्तरदिशो यच्चान्यत् सर्वं प्रकाशयति तेन स्वप्रकाशव्याप्त्या सर्वान्सर्वदिक्स्थान् प्राणान् रश्मिषु सन्निधत्ते॥ ६॥

कर लेता है। इसी प्रकार जब वह दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, नीचे और ऊपरकी ओर प्रवेश करता है अथवा अवान्तर दिशाओंको—कोणस्थ दिशाएँ अवान्तर दिशाएँ हैं उनको या अन्य सबको प्रकाशित करता है तो अपने प्रकाशकी व्याप्तिसे वह सम्पूर्ण—समस्त दिशाओंमें स्थित प्राणोंको अपनी किरणोंमें धारण कर लेता है॥ ६॥

स एष वैश्वानरो विश्वरूपः प्राणोऽग्निरुदयते। तदेतदृचाभ्युक्तम्॥ ७॥

वह यह (भोक्ता) वैश्वानर विश्वरूप प्राण अग्नि ही प्रकट होता है। यही बात ऋक्‌ने भी कही है॥ ७॥

स एषोऽत्ता प्राणो वैश्वानरः सर्वात्मा विश्वरूपो विश्वात्मत्वाच्च प्राणोऽग्निश्च स एवात्तोदयत उद्गच्छति प्रत्यहं सर्वा दिश आत्मसात्कुर्वन्। तदेतदुक्तं वस्तु ऋचा मन्त्रेणाप्यभ्युक्तम्॥ ७॥

वह यह भोक्ता प्राण वैश्वानर (समष्टि जीवरूप), सर्वात्मा और सर्वरूप है तथा सर्वमय होनेके कारण ही प्राण और अग्निरूप है। वह भोक्ता ही प्रतिदिन सम्पूर्ण दिशाओंको आत्मभूत करता हुआ उदित होता अर्थात् ऊपरकी ओर जाता है। यह ऊपर कही बात ही ऋक् अर्थात् मन्त्रद्वारा भी कही गयी है॥ ७॥

विश्वरूपं हरिणं जातवेदसं
परायणं ज्योतिरेकं तपन्तम्।
सहस्ररश्मिः शतधा वर्तमानः
प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः॥ ८॥

सर्वरूप, रश्मिवान्, ज्ञानसम्पन्न, सबके आश्रय, ज्योतिर्मय, अद्वितीय और तपते हुए सूर्यको [विद्वानोंने अपने आत्मारूपसे जाना है]। यह सूर्य सहस्रों किरणोंवाला, सैकड़ों प्रकारसे वर्तमान और प्रजाओंके प्राणरूपसे उदित होता है॥ ८॥

विश्वरूपं सर्वरूपं हरिणं रश्मिवन्तं जातवेदसं जातप्रज्ञानं परायणं सर्वप्राणाश्रयं ज्योतिरेकं सर्वप्राणिनां चक्षुर्भूतमद्वितीयं तपन्तं तापक्रियां कुर्वाणं स्वात्मानं सूर्यं सूरयो विज्ञातवन्तो ब्रह्मविदः। कोऽसौ यं विज्ञातवन्तः? सहस्ररश्मिरनेकरश्मिः शतधानेकधा प्राणिभेदेन वर्तमानः प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः॥ ८॥

विश्वरूप—सर्वरूप, हरिण—किरणवान्, जातवेदस्—जिसे ज्ञान प्राप्त हो गया है, परायण—सम्पूर्ण प्राणोंके आश्रय, ज्योतिः—सम्पूर्ण प्राणियोंके नेत्रस्वरूप, एक—अद्वितीय और तपते हुए यानी तपन-क्रिया करते हुए सूर्यको ब्रह्मवेत्ताओंने अपने आत्मस्वरूपसे जाना है। जिसे इस प्रकार जाना है वह कौन है? जो यह सहस्ररश्मि—अनेकों किरणोंवाला और सैकड़ों यानी अनेक प्रकारके प्राणिभेदसे वर्तमान तथा प्रजाओंका प्राणरूप सूर्य उदित होता है॥ ८॥

संवत्सरादिमें प्रजापति आदि दृष्टि

यश्चासौ चन्द्रमा मूर्तिरन्नम् अमूर्तिश्च प्राणोऽत्तादित्यस्तदेकम् एतन्मिथुनं सर्वं कथं प्रजाः करिष्यत इति उच्यते—

यह जो चन्द्रमा—मूर्ति अर्थात् अन्न है और अमूर्ति प्राण—भोक्ता अथवा सूर्य है यह एक ही जोड़ा सम्पूर्ण प्रजाको किस प्रकार उत्पन्न कर देगा? इसपर कहते हैं—

संवत्सरो वै प्रजापतिस्तस्यायने दक्षिणं चोत्तरं च। तद्ये ह वै तदिष्टापूर्ते कृतमित्युपासते ते चान्द्रमसमेव लोकमभिजयन्ते।

त एव पुनरावर्तन्ते तस्मादेत ऋषयः प्रजाकामा दक्षिणं प्रतिपद्यन्ते। एष ह वै रयिर्यः पितृयाणः॥ ९॥

संवत्सर ही प्रजापति है; उसके दक्षिण और उत्तर दो अयन हैं। जो लोग इष्टापूर्तरूप कर्ममार्गका अवलम्बन करते हैं वे चन्द्रलोकपर ही विजय पाते हैं और वे ही पुनः आवागमनको प्राप्त होते हैं, अतः ये सन्तानेच्छु ऋषिलोग दक्षिण मार्गको ही प्राप्त होते हैं। [इस प्रकार] जो पितृयाण है वही रयि है॥ ९॥

तदेव कालः संवत्सरो वै प्रजापतिस्तन्निर्वर्त्यत्वात्संवत्सरस्य। चन्द्रादित्यनिर्वर्त्यतिथ्यहोरात्रसमुदायो हि संवत्सरः तदनन्यत्वाद्रयिप्राण-मिथुनात्मक एवेत्युच्यते। तत्कथम्? तस्य संवत्सरस्य प्रजापतेरयने मार्गौ द्वौ दक्षिणं चोत्तरं च द्वे प्रसिद्धे ह्ययने षण्मासलक्षणे याभ्यां दक्षिणेनोत्तरेण च याति सविता केवलकर्मिणां ज्ञानसंयुक्तकर्मवतां च लोकान् विदधत्।

वह मिथुन ही संवत्सररूप काल है और वही प्रजापति है, क्योंकि संवत्सर उस मिथुनसे ही निष्पन्न हुआ है। चन्द्रमा और सूर्यसे निष्पन्न होनेवाली तिथि और दिन-रात्रिके समुदायका नाम ही संवत्सर है; अतः वह (संवत्सर) रयि और प्राणसे अभिन्न होनेके कारण मिथुनरूप ही कहा जाता है। सो किस प्रकार? उस संवत्सर नामक प्रजापतिके दक्षिण और उत्तर दो अयन—मार्ग हैं। ये छः-छः मासवाले दो अयन प्रसिद्ध ही हैं, जिनसे कि सूर्य केवल कर्मपरायण और ज्ञानसंयुक्त कर्मपरायण पुरुषोंके पुण्यलोकोंका विधान करता हुआ दक्षिण तथा उत्तर मार्गोंसे गमन करता है।

कथम्? तत् तत्र च ब्राह्मणादिषु ये ह वै तदुपासत इति, क्रियाविशेषणो द्वितीयस्तच्छब्दः, इष्टं च पूर्तं चेष्टापूर्ते इत्यादि कृतमेवोपासते नाकृतं नित्यं ते चान्द्रमसं चन्द्रमसि

सो किस प्रकार? इसपर कहते हैं—उन ब्राह्मणादिमें जो ऋषिलोग निश्चयपूर्वक उस इष्ट और पूर्त यानी इष्टापूर्त इत्यादि कृतकी ही उपासना करते हैं—अकृतकी नहीं करते वे सर्वदा चान्द्रमस—चन्द्रमामें

भवं प्रजापतेर्मिथुनात्मकस्यांशं रयिमन्नभूतं लोकमभिजयन्ते कृतरूपत्वाच्चान्द्रमसस्य। ते तत्रैव च कृतक्षयात्पुनरावर्तन्ते ''इमं लोकं हीनतरं वा विशन्ति'' (मु० उ० १। २। १०) इति ह्युक्तम्।

यस्मादेवं प्रजापतिमन्नात्मकं फलत्वेनाभिनिर्वर्तयन्ति चन्द्रम् इष्टापूर्तकर्मणैत ऋषयः स्वर्गद्रष्टारः प्रजाकामाः प्रजार्थिनो गृहस्थास्तस्मात्स्वकृतमेव दक्षिणं दक्षिणायनोपलक्षितं चन्द्रं प्रतिपद्यन्ते। एष ह वै रयिरन्नं यः पितृयाणः पितृयाणोपलक्षितः चन्द्रः॥ ९॥

ही होनेवाले यानी मिथुनात्मक प्रजापतिके अंश रयि अर्थात् अन्नभूत लोकको ही जीतते हैं, क्योंकि चन्द्रलोक कृत (कर्म) रूप है। श्रुतिमें दूसरा 'तत्' शब्द क्रियाविशेषण है। वे वहाँ ही अपने कर्मका क्षय होनेपर फिर लौट आते हैं, जैसा कि ''इस (मनुष्य) लोक अथवा इससे भी निकृष्ट (तिर्यगादि) लोकमें प्रवेश करते हैं'' इस [मुण्डक श्रुति]-में कहा है।

क्योंकि ऐसा है इसलिये ये सन्तानार्थी ऋषि—स्वर्गद्रष्टा गृहस्थलोग इष्ट और पूर्त कर्मोंद्वारा उनके फलरूपसे अन्नात्मक प्रजापति यानी चन्द्रलोकका ही निर्माण करते हैं; अतः वे अपने कर्मोंद्वारा उपार्जित दक्षिण यानी दक्षिणायनमार्गसे उपलक्षित चन्द्रलोकको ही प्राप्त होते हैं। यह जो पितृयाण अर्थात् पितृयाणसे उपलक्षित चन्द्रलोक है वह निश्चय रयि—अन्न ही है॥ ९॥

अथोत्तरेण तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया विद्ययात्मानमन्विष्यादित्यमभिजयन्ते। एतद्वै प्राणानामायतनमेतदमृतमभयमेतत्परायणमेतस्मान्न पुनरावर्तन्त इत्येष निरोधस्तदेष श्लोकः॥ १०॥

तथा तप, ब्रह्मचर्य, श्रद्धा और विद्याद्वारा आत्माकी खोज करते हुए वे उत्तरमार्गद्वारा सूर्यलोकको प्राप्त होते हैं। यही प्राणोंका आश्रय है; यही

अमृत है, यही अभय है और यही परा गति है। इससे फिर नहीं लौटते; अतः यही निरोधस्थान है। इस विषयमें यह [अगला] मन्त्र है—॥ १०॥

अथोत्तरेणायनेन प्रजापतेः अंशं प्राणमत्तारमादित्यमभिजयन्ते; केन? तपसेन्द्रियजयेन विशेषतो ब्रह्मचर्येण श्रद्धया विद्यया च प्रजापत्यात्मविषयया आत्मानं प्राणं सूर्यं जगतस्तस्थुषश्चान्विष्याहमस्मीति विदित्वादित्यमभिजयन्तेऽभिप्राप्नुवन्ति।

एतद्वा आयतनं सर्वप्राणानां सामान्यमायतनमाश्रयमेतदमृतमविनाशि। अभयमत एव भयवर्जितं न चन्द्रवत्क्षयवृद्धिभयवत्। एतत्परायणं परा गतिः विद्यावतां कर्मिणां च ज्ञानवताम्। एतस्मान्न पुनरावर्तन्ते यथेतरे केवलकर्मिण इति। यस्मादेषोऽविदुषां निरोधः। आदित्याद्धि निरुद्धा अविद्वांसो नैते संवत्सरमादित्यमात्मानं प्राणमभिप्राप्नुवन्ति।

तथा उत्तरायणसे वे प्रजापतिके अंश भोक्ता प्राणको यानी आदित्यको प्राप्त होते हैं। किस साधनसे प्राप्त होते हैं? तप अर्थात् इन्द्रियजयसे; विशेषतः ब्रह्मचर्य, श्रद्धा और प्रजापतितादात्म्यविषयक विद्यासे अर्थात् अपनेको स्थावर-जंगम जगत्के प्राण सूर्यरूपसे अनुसंधानकर यानी यह समझकर कि यह [सूर्य] ही मैं हूँ आदित्यलोकपर विजय पाते अर्थात् उसे प्राप्त होते हैं।

निश्चय यही आयतन—सम्पूर्ण प्राणोंका सामान्य आयतन यानी आश्रय है। यही अमृत—अविनाशी है, अतः यह अभय—भयरहित है, चन्द्रमाके समान क्षयवृद्धिरूप भययुक्त नहीं है तथा यही उपासकोंकी और उपासनासहित कर्मानुष्ठान करनेवालोंकी परा गति है। इस पदको प्राप्त होकर अन्य केवल कर्मपरायणोंके समान फिर नहीं लौटते, क्योंकि यह अविद्वानोंके लिये निरोध है, क्योंकि उपासनाहीन पुरुष आदित्यसे रुके हुए हैं;* ये लोग आदित्यरूप संवत्सर यानी अपने आत्मा प्राणको प्राप्त नहीं होते।

* अर्थात् वे आदित्यमण्डलको वेधकर नहीं जा सकते।

स हि संवत्सरः कालात्माविदुषां निरोधः। तत्तत्रास्मिन्नर्थ एष श्लोको मन्त्रः॥ १०॥

वह कालरूप संवत्सर ही अविद्वानोंका निरोधस्थान है। तहाँ इस विषयमें यह श्लोक यानी मन्त्र प्रसिद्ध है॥ १०॥

आदित्यका सर्वाधिष्ठानत्व

पञ्चपादं पितरं द्वादशाकृतिं दिव आहुः परे अर्धे पुरीषिणम्।
अथेमे अन्य उ परे विचक्षणं सप्तचक्रे षडर आहुरर्पितमिति॥ ११॥

अन्य कालवेत्तागण इस आदित्यको पाँच पैरोंवाला, सबका पिता, बारह आकृतियोंवाला, पुरीषी (जलवाला) और द्युलोकके परार्द्धमें स्थित बतलाते हैं तथा ये अन्य लोग उसे सर्वज्ञ और उस सात चक्र और छः अरेवालेमें ही इस जगत्को अर्पित बतलाते हैं॥ ११॥

पञ्चपादं पञ्चर्तवः पादा इवास्य संवत्सरात्मन आदित्यस्य तैरसौ पादैरिवर्तुभिरावर्तते। हेमन्तशिशिरावेकीकृत्येयं कल्पना। **पितरं** सर्वस्य जनयितृत्वात्पितृत्वं तस्य। तं **द्वादशाकृतिं** द्वादश मासा आकृतयोऽवयवा आकरणं वावयविकरणम् अस्य द्वादशमासैस्तं द्वादशाकृतिं **दिवो** द्युलोकात्पर ऊर्ध्वेऽर्धे स्थाने तृतीयस्यां दिवीत्यर्थः **पुरीषिणं** पुरीषवन्तमुदकवन्तमाहुः कालविदः।

पाँच ऋतुएँ इस संवत्सररूप आदित्यके मानो चरण हैं; इसलिये यह पंचपाद है, क्योंकि उन ऋतुओंसे यह चरणोंके समान घूमता रहता है। यह [पाँच ऋतुओंकी] कल्पना हेमन्त और शिशिरको एक मानकर की है। सबका उत्पत्तिकर्ता होनेके कारण उसका पितृत्व है, इसलिये उसे पिता कहा है। बारह महीने उसकी आकृतियाँ, अवयव या आकार हैं, अथवा बारह महीनोंद्वारा उसका अवयवीकरण (विभाग) किया जाता है। इसलिये उसे द्वादशाकृति कहा है, तथा वह द्युलोक यानी अन्तरिक्षसे परे—ऊपरके स्थानरूप तीसरे स्वर्गलोकमें स्थित है और पुरीषी—पुरीषवान् अर्थात् जलवाला है—ऐसा कालज्ञ पुरुष कहते हैं।

अथ तमेवान्य इम उ परे कालविदो विचक्षणं निपुणं सर्वज्ञं सप्तचक्रे सप्तहयरूपेण चक्रे सततं गतिमति कालात्मनि षडरे षड्ऋतुमत्याहुः सर्वमिदं जगत्कथयन्ति; अर्पितमरा इव रथनाभौ निविष्टमिति।

तथा ये अन्य कालवेत्ता पुरुष उसीको विचक्षण—निपुण यानी सर्वज्ञ बतलाते हैं तथा सप्त अश्वरूप सात चक्र और षड्ऋतुरूप छः अरोंवाले उस निरन्तर गतिशील कालात्मामें ही रथकी नाभिमें अरोंके समान इस सम्पूर्ण जगत्को अर्पित—निविष्ट बतलाते हैं।

यदि पञ्चपादो द्वादशाकृतिर्यदि वा सप्तचक्रः षडरः सर्वथापि संवत्सरः कालात्मा प्रजापतिः चन्द्रादित्यलक्षणोऽपि जगतः कारणम्॥ ११॥

चाहे पंचपाद और द्वादश आकृतियोंवाला हो अथवा सात चक्र और छः अरोंवाला हो सभी प्रकार चन्द्रमा और सूर्यरूपसे भी कालस्वरूप संवत्सरात्मक प्रजापति ही जगत्का कारण है॥ ११॥

मासादिमें प्रजापति आदि दृष्टि

यस्मिन्निदं श्रितं विश्वं स एव प्रजापतिः संवत्सराख्यः स्वावयवे मासे कृत्स्नः परिसमाप्यते।

जिसमें यह सम्पूर्ण जगत् आश्रित है वह संवत्सर नामक प्रजापति ही अपने अवयवरूप मासमें पूर्णतया परिसमाप्त हो जाता है—

मासो वै प्रजापतिस्तस्य कृष्णपक्ष एव रयिः शुक्लः प्राणस्तस्मादेत ऋषयः शुक्ल इष्टं कुर्वन्तीतर इतरस्मिन्॥ १२॥

मास ही प्रजापति है। उसका कृष्णपक्ष ही रयि है और शुक्लपक्ष प्राण है। इसलिये ये [प्राणोपासक] ऋषिगण शुक्लपक्षमें ही यज्ञ किया करते हैं तथा दूसरे [अन्नोपासक] दूसरे पक्षमें यज्ञ करते हैं॥ १२॥

मासो वै प्रजापतिर्यथोक्तलक्षण एव मिथुनात्मकः। तस्य मासात्मनः प्रजापतेरेको भागः कृष्णपक्षो रयिरन्नं चन्द्रमाः। अपरो भागः शुक्लपक्षः प्राण आदित्योऽत्ताग्निः। यस्माच्छुक्लपक्षात्मानं प्राणं सर्वमेव पश्यन्ति तस्मात्प्राणदर्शिन एत ऋषयः कृष्णपक्षेऽपीष्टं यागं कुर्वन्ति प्राणव्यतिरेकेण कृष्णपक्षस्तैर्न दृश्यते यस्मात्। इतरे तु प्राणं न पश्यन्तीत्यदर्शनलक्षणं कृष्णात्मानमेव पश्यन्ति। इतरस्मिन् कृष्णपक्ष एव कुर्वन्ति शुक्ले कुर्वन्तोऽपि॥ १२॥

मास ही उपर्युक्त लक्षणोंवाला मिथुनात्मक प्रजापति है। उस मासस्वरूप प्रजापतिका एक भाग—कृष्णपक्ष तो रयि—अन्न अथवा चन्द्रमा है तथा दूसरा भाग—शुक्लपक्ष ही प्राण—आदित्य अर्थात् भोक्ता अग्नि है। क्योंकि वे शुक्लपक्षस्वरूप प्राणको सर्वात्मक देखते हैं और उन्हें कृष्णपक्ष भी प्राणसे भिन्न दिखलायी नहीं देता इसलिये ये प्राणदर्शी ऋषिलोग कृष्णपक्षमें भी [उसे शुक्लपक्षरूप समझकर ही] अपना इष्ट—याग किया करते हैं। तथा दूसरे ऋषि प्राणका दर्शन नहीं करते; इसलिये वे सबको अदर्शनात्मक कृष्णपक्षरूप ही देखते हैं और शुक्लपक्षमें यागानुष्ठान करते हुए भी इतर यानी कृष्णपक्षमें ही करते हैं॥ १२॥

दिन-रातका प्रजापतित्व

अहोरात्रो वै प्रजापतिस्तस्याहरेव प्राणो रात्रिरेव रयिः प्राणं वा एते प्रस्कन्दन्ति ये दिवा रत्या संयुज्यन्ते ब्रह्मचर्यमेव तद्यद्रात्रौ रत्या संयुज्यन्ते॥ १३॥

दिन-रात भी प्रजापति हैं। उनमें दिन ही प्राण है और रात्रि ही रयि है। जो लोग दिनके समय रतिके लिये [स्त्रीसे] संयुक्त होते हैं वे प्राणकी ही हानि करते हैं और जो रात्रिके समय रतिके लिये [स्त्रीसे] संयोग करते हैं वह तो ब्रह्मचर्य ही है॥ १३॥

सोऽपि मासात्मा प्रजापतिः स्वावयवेऽहोरात्रे परिसमाप्यते।

वह मासात्मक प्रजापति भी अपने अवयवरूप दिन-रात्रिमें समाप्त हो जाता है।

अहोरात्रो वै प्रजापतिः पूर्ववत्। तस्याप्यहरेव प्राणोऽत्ताग्नी रात्रिरेव रयिः पूर्ववत्। प्राणमहरात्मानं वा एते प्रस्कन्दन्ति निर्गमयन्ति शोषयन्ति वा स्वात्मनो विच्छिद्यापनयन्ति; के? ये दिवाहनि रत्या रतिकारणभूतया सह स्त्रिया संयुज्यन्ते मिथुनं मैथुनमाचरन्ति मूढाः। यत एवं तस्मात्तन्न कर्तव्यमिति प्रतिषेधः प्रासङ्गिकः। यद्रात्रौ संयुज्यन्ते रत्या ऋतौ ब्रह्मचर्यमेव तदिति प्रशस्तत्वादृतौ भार्यागमनं कर्तव्यमित्ययमपि प्रासङ्गिको विधिः। प्रकृतं तूच्यते— सोऽहोरात्रात्मकः प्रजापतिर्व्रीहि-यवाद्यन्नात्मना व्यवस्थितः॥ १३॥

पहलेकी तरह अहोरात्रि भी प्रजापति है—उसका भी दिन ही प्राण—भोक्ता यानी अग्नि है और पूर्ववत् रात्रि ही रयि है। वे लोग दिनरूप प्राणको ही क्षीण करते—निकालते— सुखाते अथवा अपनेसे पृथक् करके नष्ट करते हैं। कौन? जो कि मूढ़ होकर दिनके समय रति—रतिकी कारणस्वरूपा स्त्रीसे संयुक्त होते हैं, अर्थात् मिथुन यानी मैथुन करते हैं। क्योंकि ऐसी बात है इसलिये ऐसा नहीं करना चाहिये—यह प्रासंगिक प्रतिषेध प्राप्त होता है। तथा ऋतुकालमें जो रात्रिके समय रतिसे संयुक्त होते हैं वह तो ब्रह्मचर्य ही है; अतः प्रशस्त होनेके कारण ऋतुकालमें ही स्त्रीगमन करना चाहिये—ऐसी यह प्रासंगिकी विधि है, अब प्रकृत विषय [अगले मन्त्रसे] कहा जाता है। वह अहोरात्रात्मक प्रजापति [इस प्रकार क्रमशः परिणामको प्राप्त होकर] व्रीहि और यव आदि अन्नरूपसे स्थित हुआ है॥ १३॥

अन्नका प्रजापतित्व

एवं क्रमेण परिणम्य तत्—

इस प्रकार क्रमशः परिणामको प्राप्त होकर वह—

अन्नं वै प्रजापतिस्ततो ह वै तद्रेतस्तस्मादिमाः प्रजाः प्रजायन्त इति॥ १४॥

अन्न ही प्रजापति है; उसीसे वह वीर्य होता है और उस वीर्यहीसे यह सम्पूर्ण प्रजा उत्पन्न होती है॥ १४॥

अन्नं वै प्रजापतिः। कथम्? ततस्तस्माद्ध वै रेतो नृबीजं तत्प्रजाकारणं तस्माद्योषिति सिक्तादिमा मनुष्यादिलक्षणाः प्रजाः प्रजायन्ते।

अन्न ही प्रजापति है। किस प्रकार? [सो बतलाते हैं—] उस अन्नसे ही प्रजाका कारणरूप रेत—पुरुषका वीर्य उत्पन्न होता है; और स्त्रीकी योनिमें सींचे गये उस वीर्यसे ही यह मनुष्यादिरूप प्रजा उत्पन्न होती है।

यत्पृष्टं कुतो ह वै प्रजाः प्रजायन्त इति। तदेवं चन्द्रादित्य-मिथुनादिक्रमेणाहोरात्रान्तेनान्नासृग्रे-तोद्वारेणेमाः प्रजाः प्रजायन्त इति निर्णीतम्॥ १४॥

हे कबन्धिन्! तूने जो पूछा था कि यह सम्पूर्ण प्रजा कहाँसे उत्पन्न होती है? सो चन्द्रमा और आदित्यरूप मिथुनसे लेकर अहोरात्रपर्यन्त क्रमसे अन्न, रक्त एवं वीर्यके द्वारा ही यह सारी प्रजा उत्पन्न होती है—ऐसा निर्णय हुआ॥ १४॥

प्रजापतिव्रतका फल

तद्ये ह वै तत्प्रजापतिव्रतं चरन्ति ते मिथुनमुत्पादयन्ते। तेषामेवैष ब्रह्मलोको येषां तपो ब्रह्मचर्यं येषु सत्यं प्रतिष्ठितम्॥ १५॥

इस प्रकार जो भी उस प्रजापतिव्रतका आचरण करते हैं वे [कन्या-पुत्ररूप] मिथुनको उत्पन्न करते हैं। जिनमें कि तप और ब्रह्मचर्य है तथा जिनमें सत्य स्थित है उन्हींको यह ब्रह्मलोक प्राप्त होता है॥ १५॥

तत्तत्रैवं सति ये गृहस्थाः— 'ह वै' इति प्रसिद्धस्मरणार्थौ निपातौ—तत्प्रजापतेर्व्रतं प्रजापति-व्रतमृतौ भार्यागमनं चरन्ति कुर्वन्ति तेषां दृष्टफलमिदम्।

ऐसी स्थिति होनेके कारण जो गृहस्थ उस प्रजापतिव्रत—प्रजापतिके व्रतका आचरण करते हैं, यानी ऋतुकालमें स्त्रीगमन करते हैं—यहाँ 'ह' और 'वै' ये निपात प्रसिद्धका स्मरण दिलानेके लिये हैं—उन (ऋतुकालाभिगामियों)-को यह दृष्ट फल मिलता है।

किम्? ते मिथुनं पुत्रं दुहितरं चोत्पादयन्ते। अदृष्टं च फलमिष्टापूर्तदत्तकारिणां तेषामेव एष यश्चान्द्रमसो ब्रह्मलोकः पितृयाणलक्षणो येषां तपः स्नातकव्रतादीनि, ब्रह्मचर्यम्—ऋतौ अन्यत्र मैथुनासमाचरणं ब्रह्मचर्यम्, येषु च सत्यमनृतवर्जनं प्रतिष्ठितमव्यभिचारितया वर्तते नित्यमेव॥ १५॥

क्या फल मिलता है? वे मिथुन यानी पुत्र और कन्या उत्पन्न करते हैं। [इस दृष्ट फलके सिवा] उन इष्ट, पूर्त्त और दत्त कर्मकर्ताओंको, जिनमें कि स्नातकव्रतादि तप, ऋतुकालसे अन्य समय स्त्रीगमन न करनारूप ब्रह्मचर्य और असत्यत्यागरूप सत्य अव्यभिचरितरूपसे प्रतिष्ठित है यह अदृश्य फल मिलता है जो कि चन्द्रलोकमें स्थित पितृयाणरूप ब्रह्मलोक है॥ १५॥

यस्तु पुनरादित्योपलक्षित उत्तरायणः प्राणात्मभावो विरजः शुद्धो न चन्द्रब्रह्मलोकवद्रजस्वलो वृद्धिक्षयादियुक्तोऽसौ तेषां केषामित्युच्यते—

किन्तु जो चन्द्रलोकसम्बन्धी ब्रह्मलोकके समान मलयुक्त और वृद्धिक्षय आदिसे युक्त नहीं है बल्कि सूर्यसे उपलक्षित उत्तरायणसंज्ञक विरज—विशुद्ध प्राणात्मभाव है वह उन्हें प्राप्त होता है; किन्हें प्राप्त होता है? इसपर कहा जाता है—

उत्तरमार्गावलम्बियोंकी गति

तेषामसौ विरजो ब्रह्मलोको न येषु जिह्ममनृतं न माया चेति॥ १६॥

जिनमें कुटिलता, अनृत और माया (कपट) नहीं है उन्हें यह विशुद्ध ब्रह्मलोक प्राप्त होता है॥ १६॥

यथा गृहस्थानामनेक-विरुद्धसंव्यवहारप्रयोजनवत्त्वाज्जिह्मं कौटिल्यं वक्रभावोऽवश्यंभावि

जिस प्रकार अनेकों विरुद्ध व्यवहाररूप प्रयोजनवाला होनेसे गृहस्थमें जिह्म—कुटिलता यानी वक्रता होना

तथा न येषु जिह्मम्। यथा च गृहस्थानां क्रीडानर्मादिनिमित्त-मनृतमवर्जनीयं तथा न येषु तत्। तथा माया गृहस्थानामिव न येषु विद्यते। माया नाम बहिरन्यथात्मानं प्रकाश्यान्यथैव कार्यं करोति सा माया मिथ्याचाररूपा। मायेत्येवमादयो दोषा येष्वधिकारिषु ब्रह्मचारिवानप्रस्थभिक्षुषु निमित्ता-भावान्न विद्यन्ते तत्साधनानुरूपेणैव तेषामसौ विरजो ब्रह्मलोक इत्येषा ज्ञानयुक्तकर्मवतां गतिः। पूर्वोक्तस्तु ब्रह्मलोकः केवलकर्मिणां चन्द्रलक्षण इति॥ १६॥

निश्चित है उस प्रकार जिनमें जिह्म नहीं है, गृहस्थोंमें जिस प्रकार क्रीडादि-निमित्तसे होनेवाला अनृत अनिवार्य है वैसा जिनमें अनृत नहीं है तथा जिनमें गृहस्थोंके समान मायाका भी अभाव है। अपने-आपको बाहरसे अन्य प्रकार प्रकट करते हुए जो अन्यथा कार्य करना है वही मिथ्याचाररूपा माया है। इस प्रकार जिन एकान्तनिष्ठ ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ और भिक्षुओंमें कोई निमित्त न रहनेके कारण, माया आदि दोष नहीं हैं उन्हें उनके साधनोंकी अनुरूपतासे ही यह विशुद्ध ब्रह्मलोक प्राप्त होता है। इस प्रकार यह ज्ञान (उपासना)-सहित कर्मानुष्ठान करनेवालोंकी गति कही। पूर्वोक्त चन्द्रमारूप ब्रह्मलोक तो केवल कर्मठोंके लिये ही कहा है॥ १६॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ प्रश्नोपनिषद्भाष्ये प्रथमः प्रश्नः ॥ १ ॥

द्वितीय प्रश्न

भार्गवका प्रश्न—प्रजाके आधारभूत कौन-कौन देवगण हैं?

प्राणोऽत्ता प्रजापतिरित्युक्तम्। तस्य प्रजापतित्वमत्तृत्वं च अस्मिञ्शरीरेऽवधारयितव्यमिति अयं प्रश्न आरभ्यते—

प्राण भोक्ता प्रजापति है—यह पहले कहा। उसका प्रजापतित्व और भोक्तृत्व इस शरीरमें ही निश्चित करना चाहिये—इसीलिये यह प्रश्न आरम्भ किया जाता है—

अथ हैनं भार्गवो वैदर्भिः पप्रच्छ। भगवन्कत्येव देवाः प्रजा विधारयन्ते कतर एतत्प्रकाशयन्ते कः पुनरेषां वरिष्ठ इति॥ १॥

तदनन्तर उन पिप्पलाद मुनिसे विदर्भदेशीय भार्गवने पूछा—'भगवन्! इस प्रजाको कितने देवता धारण करते हैं? उनमेंसे कौन-कौन इसे प्रकाशित करते हैं? और कौन उनमें सर्वश्रेष्ठ है?'॥ १॥

अथानन्तरं ह किलैनं भार्गवो वैदर्भिः पप्रच्छ। हे भगवन् कत्येव देवाः प्रजां शरीरलक्षणां विधारयन्ते विशेषेण धारयन्ते। कतरे बुद्धीन्द्रिय-कर्मेन्द्रियविभक्तानामेतत्प्रकाशनं स्वमाहात्म्यप्रख्यापनं प्रकाशयन्ते। कोऽसौ पुनरेषां वरिष्ठः प्रधानः कार्यकरणलक्षणानामिति॥ १॥

तदनन्तर उनसे विदर्भदेशीय भार्गवने पूछा—'हे भगवन्! इस शरीररूप प्रजाको कितने देवता विधारण करते यानी विशेषरूपसे धारण करते हैं तथा ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रियोंमें विभक्त हुए उन देवताओंमेंसे कौन इसे प्रकाशित करते हैं—अपने माहात्म्यको प्रकट करना ही प्रकाशन है—और इन भूत एवं इन्द्रिय देवताओंमेंसे कौन सर्वश्रेष्ठ यानी प्रधान है?'॥ १॥

शरीरके आधारभूत—आकाशादि

तस्मै स होवाचाकाशो ह वा एष देवो वायुरग्निरापः पृथिवी वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रं च। ते प्रकाश्याभिवदन्ति वयमेतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामः॥ २॥

तब उससे आचार्य पिप्पलादने कहा—वह देव आकाश है। वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, वाक् (सम्पूर्ण कर्मेन्द्रियाँ), मन (अन्तःकरण) और चक्षु (ज्ञानेन्द्रियसमूह) [ये भी देव ही हैं]। वे सभी अपनी महिमाको प्रकट करते हुए कहते हैं—'हम ही इस शरीरको आश्रय देकर धारण करते हैं'॥ २॥

एवं पृष्टवते तस्मै स होवाच आकाशो ह वा एष देवो वायुः अग्निः आपः पृथिवीत्येतानि पञ्च महाभूतानि शरीरारम्भकाणि वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रमित्यादीनि कर्मेन्द्रियबुद्धीन्द्रियाणि च। कार्यलक्षणाः करणलक्षणाश्च ते देवा आत्मनो माहात्म्यं प्रकाश्याभिवदन्ति स्पर्धमाना अहं श्रेष्ठतायै।

कथं वदन्ति? वयमेतद्बाण कार्यकरणसंघातमवष्टभ्य प्रासादम् इव स्तम्भादयोऽविशिथिलीकृत्य विधारयामो विस्पष्टं धारयामः। मयैवैकेनायं संघातो ध्रियत इत्येकैकस्याभिप्रायः॥ २॥

इस प्रकार पूछते हुए उस भार्गवसे पिप्पलादने कहा—निश्चय आकाश ही वह देव है तथा [उसके सहित] वायु, अग्नि, जल और पृथिवी—ये शरीरको आरम्भ करनेवाले पाँच भूत एवं वाक्, मन, चक्षु और श्रोत्रादि कर्मेन्द्रिय और ज्ञानेन्द्रियाँ—ये कार्य (पंचभूत) और करण (इन्द्रिय)-रूप देव अपनी महिमाको प्रकट करते हुए अपनी-अपनी श्रेष्ठताके लिये परस्पर स्पर्द्धापूर्वक कहते हैं।

किस प्रकार कहते हैं? [सो बतलाते हैं—] इस कार्यकरणके संघातरूप शरीरको, जिस प्रकार महलको स्तम्भ धारण करते हैं, उसी प्रकार आश्रय देकर उसे शिथिल न होने देकर हम स्पष्टरूपसे धारण करते हैं। उनमेंसे प्रत्येकका यही अभिप्राय रहता है कि इस संघातको अकेले मैंने ही धारण किया है॥ २॥

प्राणका प्राधान्य बतलानेवाली आख्यायिका

तान्वरिष्ठः प्राण उवाच। मा मोहमापद्यथाहमेवैतत्पञ्चधात्मानं प्रविभज्यैतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामीति तेऽश्रद्दधाना बभूवुः ॥ ३ ॥

[एक बार] उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राणने कहा—'तुम मोहको प्राप्त मत होओ; मैं ही अपनेको पाँच प्रकारसे विभक्त कर इस शरीरको आश्रय देकर धारण करता हूँ।' किन्तु उन्होंने उसका विश्वास न किया॥ ३॥

तानेवमभिमानवतो वरिष्ठो मुख्यः प्राण उवाचोक्तवान्। मा मैवं मोहमापद्यथ अविवेकितया अभिमानं मा कुरुत यस्मादहमेव एतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामि पञ्चधात्मानं प्रविभज्य प्राणादिवृत्तिभेदं स्वस्य कृत्वा विधारयामीत्युक्तवति च तस्मिंस्तेऽश्रद्दधाना अप्रत्ययवन्तो बभूवुः कथमेतदेवमिति॥ ३॥

इस प्रकार अभिमानयुक्त हुए उन देवोंसे वरिष्ठ—मुख्य प्राणने कहा—'इस प्रकार मोहको प्राप्त मत होओ अर्थात् अविवेकके कारण अभिमान मत करो, क्योंकि अपनेको पाँच भागोंमें विभक्त कर—अपने प्राणादि पाँच वृत्तिभेद कर मैं ही इस शरीरको आश्रय देकर धारण करता हूँ।' उसके ऐसा कहनेपर वे उसके कथनमें अश्रद्धालु—अविश्वासी ही रहे कि ऐसा कैसे हो सकता है?॥ ३॥

सोऽभिमानादूर्ध्वमुत्क्रमत इव तस्मिन्नुत्क्रामत्यथेतरे सर्व एवोत्क्रामन्ते तस्मिंश्च प्रतिष्ठमाने सर्व एव प्रातिष्ठन्ते। तद्यथा मक्षिका मधुकरराजानमुत्क्रामन्तं सर्वा एवोत्क्रामन्ते तस्मिंश्च प्रतिष्ठमाने सर्वा एव प्रातिष्ठन्त एवं वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रं च ते प्रीताः प्राणं स्तुन्वन्ति॥ ४॥

तब वह अभिमानपूर्वक मानो ऊपरको उठने लगा। उसके ऊपर उठनेके साथ और सब भी उठने लगे तथा उसके स्थित होनेपर सब स्थित हो जाते। जिस प्रकार मधुकरराजके ऊपर उठनेपर सभी मक्खियाँ ऊपर चढ़ने लगती हैं

और उसके बैठ जानेपर सभी बैठ जाती हैं उसी प्रकार वाक्, मन, चक्षु और श्रोत्रादि भी [प्राणके साथ उठने और प्रतिष्ठित होने लगे]। तब वे सन्तुष्ट होकर प्राणकी स्तुति करने लगे॥ ४॥

स च प्राणस्तेषामश्रद्दधानतामालक्ष्याभिमानादूर्ध्वमुत्क्रमत इवेदमुत्क्रान्तवानिव सरोषान्निरपेक्षस्तस्मिन्नुत्क्रामति यद्वृत्तं तद्दृष्टान्तेन प्रत्यक्षीकरोति। तस्मिन्नुत्क्रामति सत्यथानन्तरम् एवेतरे सर्व एव प्राणाश्चक्षुरादय उत्क्रामन्त उच्चक्रमिरे। तस्मिंश्च प्राणे प्रतिष्ठमाने तूष्णीं भवति अनुत्क्रामति सति सर्व एव प्रातिष्ठन्ते तूष्णीं व्यवस्थिता अभूवन्। तत्तत्र यथा लोके मक्षिका मधुकराः स्वराजानं मधुकरराजानम् उत्क्रामन्तं प्रति सर्वा एवोत्क्रामन्ते तस्मिंश्च प्रतिष्ठमाने सर्वा एव प्रातिष्ठन्ते प्रतितिष्ठन्ति। यथायं दृष्टान्त एवं वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रं चेत्यादयस्त उत्सृज्याश्रद्दधानतां बुद्ध्वा प्राणमाहात्म्यं प्रीताः प्राणं स्तुन्वन्ति स्तुवन्ति॥ ४ ॥

तब वह प्राण उनकी अश्रद्धालुताको देखकर क्रोधवश निरपेक्ष हो अभिमानपूर्वक मानो ऊपरको उठने लगा। उसके ऊपर उठनेपर जो कुछ हुआ उसे दृष्टान्तसे स्पष्ट करते हैं— उसके ऊपर उठनेके अनन्तर ही चक्षु आदि अन्य सभी प्राण (इन्द्रियाँ) उत्क्रमण करने यानी उठने लगे। तथा उस प्राणके ही स्थित होने—चुप होने यानी उत्क्रमण न करनेपर वे सभी स्थित हो जाते—चुपचाप बैठ जाते थे। जैसे कि इस लोकमें मधुमक्षिकाएँ अपने सरदार मधुकरराजके उठनेके साथ ही सब-की-सब उठ जाती हैं और उसके बैठनेपर सब-की-सब बैठ जाती हैं। जैसा यह दृष्टान्त है। वैसे ही वाक्, मन, चक्षु और श्रोत्रादि भी हो गये। तब वे वागादि अपने अविश्वासको छोड़कर और प्राणकी महिमाको जानकर सन्तुष्ट हो प्राणकी स्तुति करने लगे॥ ४॥

कथम्—

किस प्रकार [स्तुति करने लगे, सो बतलाते हैं—]

एषोऽग्निस्तपत्येष सूर्य एष पर्जन्यो मघवानेष वायुः।
एष पृथिवी रयिर्देवः सदसच्चामृतं च यत्॥ ५॥

यह प्राण अग्नि होकर तपता है, यह सूर्य है, यह मेघ है, यही इन्द्र और वायु है तथा यह देव ही पृथिवी, रयि और जो कुछ सत्, असत् एवं अमृत है, वह सब कुछ है॥ ५॥

एष प्राणोऽग्निः संस्तपति ज्वलति। तथैष सूर्यः सन् प्रकाशते, तथैष पर्जन्यः सन् वर्षति। किं च मघवानिन्द्रः सन् प्रजाः पालयति, जिघांसत्यसुररक्षांसि। एष वायुरावहप्रवहादिभेदः। किं चैष पृथिवी रयिर्देवः सर्वस्य जगतः सन्मूर्तमसदमूर्तं चामृतं च यद्देवानां स्थितिकारणं किं बहुना॥ ५॥

यह प्राण अग्नि होकर तपता—प्रज्वलित होता है। तथा यह सूर्य होकर प्रकाशित होता है और मेघ होकर बरसता है। यही मघवा—इन्द्र होकर प्रजाका पालन करता तथा असुर और राक्षसोंका वध करना चाहता है। यही आवह-प्रवह आदि भेदोंवाला वायु है। अधिक क्या यह देव ही पृथिवी और रयि (चन्द्रमा)-रूपसे सम्पूर्ण जगत्का धारक और पोषक है। सत्—स्थूल, असत्—सूक्ष्म और देवताओंकी स्थितिका कारणरूप अमृत भी यही है॥ ५॥

प्राणका सर्वाश्रयत्व

अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।
ऋचो यजूꣳषि सामानि यज्ञः क्षत्रं ब्रह्म च॥ ६॥

जैसे रथकी नाभिमें अरे लगे रहते हैं उसी तरह ऋक्, यजुः, साम, यज्ञ तथा क्षत्रिय और ब्राह्मण—ये सब प्राणमें ही स्थित हैं॥ ६॥

अरा इव रथनाभौ श्रद्धादि नामान्तं सर्वं स्थितिकाले प्राण एव प्रतिष्ठितम्। तथर्चो यजूंषि सामानीति त्रिविधा मन्त्राः तत्साध्यश्च यज्ञः क्षत्रं च सर्वस्य पालयितृ ब्रह्म च यज्ञादिकर्मकर्तृत्वेऽधिकृतं चैवैष प्राणः सर्वम्॥ ६॥

जिस प्रकार रथकी नाभिमें अरे लगे होते हैं उसी प्रकार जगत्के स्थितिकालमें [प्रश्न० ६।४ में बतलाये जानेवाले] श्रद्धासे लेकर नामपर्यन्त सम्पूर्ण पदार्थ प्राणमें ही स्थित हैं। तथा ऋक्, यजुः और साम—तीन प्रकारके मन्त्र, उनसे निष्पन्न होनेवाला यज्ञ, सबका पालन करनेवाले क्षत्रिय और यज्ञादि कर्मोंके अधिकारी ब्राह्मण—ये सब भी प्राण ही हैं॥ ६॥

किं च—

तथा

प्राणकी स्तुति

प्रजापतिश्चरसि गर्भे त्वमेव प्रतिजायसे। तुभ्यं प्राण प्रजास्त्विमा बलिं हरन्ति यः प्राणैः प्रतितिष्ठसि॥ ७॥

हे प्राण! तू ही प्रजापति है, तू ही गर्भमें संचार करता है, और तू ही जन्म ग्रहण करता है। यह [मनुष्यादि] सम्पूर्ण प्रजा तुझे ही बलि समर्पण करती है, क्योंकि तू समस्त इन्द्रियोंके साथ स्थित रहता है॥ ७॥

यः प्रजापतिरपि स त्वमेव गर्भे चरसि, पितुर्मातुश्च प्रतिरूपः सन्प्रतिजायसे; प्रजापतित्वादेव प्रागेव सिद्धं तव मातृपितृत्वम्। सर्वदेहदेह्याकृतिच्छद्मनैकः प्राणः सर्वात्मासीत्यर्थः।

जो प्रजापति है वह भी तू ही है; तू ही गर्भमें संचार करता है और माता-पिताके अनुरूप होकर तू ही जन्म लेता है। प्रजापति होनेके कारण तेरा माता-पितारूप होना तो पहलेसे ही सिद्ध है। तात्पर्य यह है कि सम्पूर्ण देह और देहीके मिषसे एक तू प्राण ही सर्वात्मा है।

तुभ्यं त्वदर्थं या इमा मनुष्याद्याः प्रजास्तु हे प्राण चक्षुरादिद्वारैर्बलिं हरन्ति। यस्त्वं प्राणैश्चक्षुरादिभिः सह प्रतितिष्ठसि सर्वशरीरेष्वतस्तुभ्यं बलिं हरन्तीति युक्तम्; भोक्ता हि यतस्त्वं तवैवान्यत्सर्वं भोज्यम्॥ ७॥

ये जो मनुष्यादि प्रजाएँ हैं, हे प्राण! वे चक्षु आदि इन्द्रियोंके द्वारा तुझे ही बलि समर्पण करती हैं, जो तू कि चक्षु आदि इन्द्रियोंके साथ समस्त शरीरोंमें स्थित है; अतः वे तुझे ही बलि समर्पण करती हैं, उनका ऐसा करना उचित ही है,क्योंकि भोक्ता तू ही है, और अन्य सब तेरा ही भोज्य है॥ ७॥

किं च—

तथा—

देवानामसि वह्नितमः पितॄणां प्रथमा स्वधा।
ऋषीणां चरितं सत्यमथर्वाङ्गिरसामसि॥ ८॥

तू देवताओंके लिये वह्नितम है, पितृगणके लिये प्रथम स्वधा है और अथर्वांगिरस ऋषियों [यानी चक्षु आदि प्राणों]-के लिये सत्य आचरण है॥ ८॥

देवानामिन्द्रादीनामसि भवसि त्वं वह्नितमो हविषां प्रापयितृतमः। पितॄणां नान्दीमुखे श्राद्धे या पितृभ्यो दीयते स्वधान्नं सा देवप्रधानमपेक्ष्य प्रथमा भवति। तस्या अपि पितृभ्यः प्रापयिता त्वमेवेत्यर्थः। किं चर्षीणां चक्षुरादीनां प्राणा-

तू इन्द्रादि देवताओंके लिये वह्नितम—हवियोंको पहुँचानेवालोंमें श्रेष्ठ है, पितृगणकी प्रथम स्वधा है—नान्दीमुख श्राद्धमें पितरोंको जो अन्नमयी स्वधा दी जाती है वह देवप्रधान कर्मकी अपेक्षासे प्रथम है, उस प्रथम स्वधाको भी पितरोंको प्राप्त करानेवाला तू ही है—ऐसा इसका भावार्थ है। तथा ऋषियों यानी चक्षु आदि प्राणोंका,

नामङ्गिरसामङ्गिरसभूतानामथर्वणां तेषामेव "प्राणो वाथर्वा" इति श्रुतेः, चरितं चेष्टितं सत्यमवितथं देहधारणाद्युपकारलक्षणं त्वमेवासि॥ ८॥

जो कि "प्राणो वाथर्वा" इस श्रुतिके अनुसार अंगिरस्—अंगके रसस्वरूप* अथर्वा हैं, उनका सत्य—अवितथ अर्थात् देहधारणादिमें उपकारी चरित—आचरण भी तू ही है॥ ८॥

इन्द्रस्त्वं प्राण तेजसा रुद्रोऽसि परिरक्षिता।
त्वमन्तरिक्षे चरसि सूर्यस्त्वं ज्योतिषां पतिः॥ ९॥

हे प्राण! तू इन्द्र है, अपने [संहारक] तेजके कारण रुद्र है, और [सौम्यरूपसे] सब ओरसे रक्षा करनेवाला है। तू ज्योतिर्गणका अधिपति सूर्य है और अन्तरिक्षमें संचार करता है॥ ९॥

इन्द्रः परमेश्वरस्त्वं हे प्राण तेजसा वीर्येण रुद्रोऽसि संहरञ्जगत्। स्थितौ च परि समन्ताद्रक्षिता पालयिता परिरक्षिता त्वमेव जगतः सौम्येन रूपेण। त्वमन्तरिक्षेऽजस्रं चरसि उदयास्तमयाभ्यां सूर्यस्त्वमेव च सर्वेषां ज्योतिषां पतिः॥ ९॥

हे प्राण! तू इन्द्र—परमेश्वर है; तू अपने तेज—वीर्यसे जगत्का संहार करनेवाला रुद्र है तथा स्थितिके समय अपने सौम्यरूपसे तू ही सब ओरसे संसारकी रक्षा—पालन करनेवाला है। तू ही उदय और अस्तके क्रमसे निरन्तर आकाशमें गमन करता है और तू ही समस्त ज्योतिर्गणोंका अधिपति सूर्य है॥ ९॥

यदा त्वमभिवर्षस्यथेमाः प्राण ते प्रजाः।
आनन्दरूपास्तिष्ठन्ति कामायान्नं भविष्यतीति॥ १०॥

* प्राणोंके अभावमें शरीरको सूखते देखा गया है; अतः उन्हें अंगका रस कहते हैं।

हे प्राण! जिस समय तू मेघरूप होकर बरसता है उस समय तेरी यह सम्पूर्ण प्रजा यह समझकर कि 'अब यथेच्छ अन्न होगा' आनन्दरूपसे स्थित होती है॥ १०॥

यदा पर्जन्यो भूत्वाभिवर्षसि त्वमथ तदान्नं प्राप्येमाः प्रजाः प्राणते प्राणचेष्टां कुर्वन्तीत्यर्थः। अथवा प्राण ते तवेमाः प्रजाः स्वात्मभूतास्त्वदन्न-संवर्धितास्त्वदभिवर्षणदर्शनमात्रेण चानन्दरूपाः सुखं प्राप्ता इव सत्यस्तिष्ठन्ति कामायेच्छातोऽन्नं भविष्यतीत्येवमभिप्रायः॥ १०॥

जिस समय तू मेघ होकर बरसता है उस समय यह सम्पूर्ण प्रजा अन्न पाकर प्राणन यानी प्राणक्रिया करती है—यह इसका भावार्थ है। अथवा [यों समझो कि] हे प्राण! 'ते'—तेरा स्वात्मभूत यह प्रजावर्ग तेरे [दिये हुए] अन्नसे वृद्धिको प्राप्त होकर तेरी वृष्टिके दर्शनमात्रसे आनन्दरूप अर्थात् सुखको प्राप्त हुएके समान स्थित है। उसके आनन्दरूप होनेमें यह अभिप्राय है कि [उस वृष्टिसे उसे ऐसी आशा हो जाती है कि] 'अब यथेच्छ अन्न उत्पन्न होगा'॥ १०॥

किं च—

इसके सिवा—

व्रात्यस्त्वं प्राणैकर्षिरत्ता विश्वस्य सत्पतिः।
वयमाद्यस्य दातारः पिता त्वं मातरिश्व नः॥ ११॥

हे प्राण! तू व्रात्य [संस्कारहीन], एकर्षि नामक अग्नि, भोक्ता और विश्वका सत्पति है, हम तेरा भक्ष्य देनेवाले हैं। हे वायो! तू हमारा पिता है॥ ११॥

प्रथमजत्वादन्यस्य संस्कर्तुः अभावादसंस्कृतो व्रात्यस्त्वं

हे प्राण! सबसे पहले उत्पन्न होनेवाला होनेसे किसी अन्य संस्कार-कर्ताका अभाव होनेके कारण तू व्रात्य

स्वभावत एव शुद्ध इत्यभिप्रायः। हे प्राणैकर्षिस्त्वमाथर्वणानां प्रसिद्ध एकर्षिनामाग्निः सन्नत्ता सर्वहविषाम्। त्वमेव विश्वस्य सर्वस्य सतो विद्यमानस्य पतिः सत्पतिः। साधुर्वा पतिः सत्पतिः।

(संस्कारहीन) है, तात्पर्य यह है कि तू स्वभावसे ही शुद्ध है। तू आथर्वणोंका एकर्षि यानी एकर्षि नामक प्रसिद्ध अग्नि होकर सम्पूर्ण हवियोंका भोक्ता है तथा तू ही समस्त विद्यमान जगत्का पति है इसलिये, अथवा [सबका] साधु पति होनेके कारण तू सत्पति है।

वयं पुनराद्यस्य तवादनीयस्य हविषो दातारः। त्वं पिता मातरिश्व हे मातरिश्वन्नोऽस्माकम्। अथ वा मातरिश्वनो वायोस्त्वम्। अतश्च सर्वस्यैव जगतः पितृत्वं सिद्धम्॥ ११॥

हम तो तेरे आद्य—भक्ष्य हविके देनेवाले हैं। हे मातरिश्वन्! तू हमारा पिता है। अथवा [यों समझो कि] तू 'मातरिश्वनः'—वायुका पिता है। अतः तुझमें सम्पूर्ण जगत्का पितृत्व सिद्ध होता है॥ ११॥

किं बहुना—

अधिक क्या—

या ते तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता या श्रोत्रे या च चक्षुषि।
या च मनसि सन्तता शिवां तां कुरु मोत्क्रमीः॥ १२॥

तेरा जो स्वरूप वाणीमें स्थित है तथा जो श्रोत्र, नेत्र और मनमें व्याप्त है उसे तू शान्त कर। तू उत्क्रमण न कर॥ १२॥

या ते त्वदीया तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता वक्तृत्वेन वदनचेष्टां कुर्वती, या श्रोत्रे या च चक्षुषि या च मनसि सङ्कल्पादिव्यापारेण सन्तता समनुगता तनूस्तां शिवां शान्तां कुरु मोत्क्रमीरुत्क्रमणेन अशिवां मा कार्षीरित्यर्थः॥ १२॥

तेरा जो स्वरूप वक्तारूपसे बोलनेकी चेष्टा करता हुआ वाणीमें स्थित है तथा जो श्रोत्र, नेत्र और संकल्पादि व्यापारसे मनमें व्याप्त है उसे शिव—शान्त कर। उत्क्रमण न कर, अर्थात् उत्क्रमण करके उसे अशिव—अमंगलमय न कर॥ १२॥

किं बहुना—

बहुत क्या—

प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्।
मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहि न इति॥ १३ ॥

यह सब तथा स्वर्गलोकमें जो कुछ स्थित है वह प्राणके ही अधीन है। जिस प्रकार माता पुत्रकी रक्षा करती है उसी प्रकार तू हमारी रक्षा कर तथा हमें श्री और बुद्धि प्रदान कर॥ १३ ॥

अस्मिँल्लोके प्राणस्यैव वशे सर्वमिदं यत्किञ्चिदुपभोगजातं त्रिदिवे तृतीयस्यां दिवि च यत्प्रतिष्ठितं देवाद्युपभोगजातं तस्यापि प्राण एवेशिता रक्षिता। अतो मातेव पुत्रानस्मान् रक्षस्व पालयस्व। त्वन्निमित्ता हि ब्राह्म्यः क्षात्रियाश्च श्रियस्तास्त्वं श्रीश्च श्रियश्च प्रज्ञां च त्वत्स्थितिनिमित्तां विधेहि नो विधत्स्व इत्यर्थः।

इस लोकमें यह जो कुछ उपभोगकी सामग्री है वह सब प्राणके ही अधीन है तथा त्रिदिव अर्थात् तीसरे द्युलोक (स्वर्ग)-में भी देवता आदिका उपभोगरूप जो कुछ वैभव है उसका भी ईश्वर—रक्षक प्राण ही है। अतः माता जिस प्रकार पुत्रोंकी रक्षा करती है उसी प्रकार तू हमारा पालन कर। ब्राह्मण और क्षत्रियोंकी श्री—विभूतियाँ भी तेरे ही निमित्तसे हैं। वह श्री तथा अपनी स्थितिके निमित्तसे ही होनेवाली प्रज्ञा तू हमें प्रदान कर—ऐसा इसका भावार्थ है।

इत्येवं सर्वात्मतया वागादिभिः प्राणैः स्तुत्या गमितमहिमा प्राणः प्रजापतिरत्तेत्यवधृतम्॥ १३ ॥

इस प्रकार वागादि प्राणोंके स्तुति करनेसे जिसकी महिमा सर्वात्मरूपसे बतलायी गयी है वह प्राण ही प्रजापति और भोक्ता है—यह निश्चय हुआ॥ १३ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ प्रश्नोपनिषद्भाष्ये द्वितीयः प्रश्नः॥ २॥

तृतीय प्रश्न

कौसल्यका प्रश्न—प्राणके उत्पत्ति, स्थिति और लय आदि किस प्रकार होते हैं?

अथ हैनं कौसल्यश्चाश्वलायनः पप्रच्छ। भगवन्कुत एष प्राणो जायते कथमायात्यस्मिञ्शरीर आत्मानं वा प्रविभज्य कथं प्रातिष्ठते केनोत्क्रमते कथं बाह्यमभिधत्ते कथमध्यात्ममिति॥ १॥

तदनन्तर, उन (पिप्पलाद मुनि)-से अश्वलके पुत्र कौसल्यने पूछा—'भगवन्! यह प्राण कहाँसे उत्पन्न होता है? किस प्रकार इस शरीरमें आता है? तथा अपना विभाग करके किस प्रकार स्थित होता है? फिर किस कारण शरीरसे उत्क्रमण करता है और किस तरह बाह्य एवं आभ्यन्तर शरीरको धारण करता है?'॥ १॥

अथ हैनं कौसल्यश्चाश्वलायनः पप्रच्छ। प्राणो ह्येवं प्राणैर्निर्धारिततत्त्वैरुपलब्धमहिमापि संहतत्वात्स्यादस्य कार्यत्वमतः पृच्छामि भगवन्कुतः कस्मात्कारणादेष यथावधृतः प्राणो जायते।

तदनन्तर, उन (पिप्पलाद मुनि)-से अश्वलके पुत्र कौसल्यने पूछा—'पूर्वोक्त प्रकारसे चक्षु आदि प्राणों (इन्द्रियों)-के द्वारा जिसका तत्त्व निश्चय हो गया है तथा जिसकी महिमाका भी अनुभव हो गया है वह प्राण संहत (सावयव) होनेके कारण कार्यरूप होना चाहिये। इसलिये हे भगवन्! मैं पूछता हूँ कि जिस प्रकारका पहले निश्चय किया गया है वैसा यह प्राण किससे—किस कारणविशेषसे उत्पन्न होता है?

जातश्च कथं केन वृत्तिविशेषेण आयात्यस्मिञ्शरीरे। किं निमित्तकमस्य शरीरग्रहणमित्यर्थः। प्रविष्टश्च शरीर आत्मानं वा प्रविभज्य प्रविभागं कृत्वा कथं केन प्रकारेण प्रातिष्ठते प्रतितिष्ठति केन वा वृत्तिविशेषेणास्माच्छरीरादुत्क्रमत उत्क्रामति। कथं बाह्यमधिभूतमधिदैवतं चाभिधत्ते धारयति कथमध्यात्मम् इति, धारयतीति शेषः॥ १॥

तथा उत्पन्न होनेपर किस वृत्तिविशेषसे इस शरीरमें आता है? अर्थात् इसका शरीरग्रहण किस कारणसे होता है? और शरीरमें प्रविष्ट होकर अपनेको विभक्त कर—अपने अनेकों विभाग कर किस प्रकार उसमें स्थित होता है? फिर किस वृत्तिविशेषसे इस शरीरसे उत्क्रमण करता है? और किस प्रकार बाह्य यानी अधिभूत और अधिदैव विषयोंको धारण करता है? तथा किस प्रकार अध्यात्म (देहेन्द्रियादि)-को [धारण करता है?] 'धारण करता है' यह वाक्य शेष है॥ १॥

एवं पृष्टः—

[कौसल्यद्वारा] इस प्रकार पूछे जानेपर—

पिप्पलाद मुनिका उत्तर

तस्मै स होवाचातिप्रश्नान्पृच्छसि ब्रह्मिष्ठोऽसीति तस्मात्तेऽहं ब्रवीमि॥ २॥

उससे पिप्पलाद आचार्यने कहा—'तू बड़े कठिन प्रश्न पूछता है। परन्तु तू [बड़ा] ब्रह्मवेत्ता है; अतः मैं तेरे प्रश्नोंका उत्तर देता हूँ॥ २॥

तस्मै स होवाचाचार्यः, प्राण एव तावद्दुर्विज्ञेयत्वाद्विषम-प्रश्नार्हस्तस्यापि जन्मादि त्वं पृच्छस्यतोऽतिप्रश्नान्पृच्छसि।

उससे उस आचार्यने कहा—'प्रथम तो प्राण ही दुर्विज्ञेय होनेके कारण विषम प्रश्नका विषय है; तिसपर भी तू तो उसके भी जन्मादि पूछता है। अतः तू बड़े ही कड़े प्रश्न पूछ रहा है।

ब्रह्मिष्ठोऽसीत्यतिशयेन त्वं ब्रह्मविदतस्तुष्टोऽहं तस्मात्ते तुभ्यं ब्रवीमि यत्पृष्टं शृणु॥ २॥

परन्तु तू ब्रह्मिष्ठ—अत्यन्त ब्रह्मवेत्ता है, अतः मैं तुझसे प्रसन्न हूँ, सो तूने जो कुछ पूछा है वह तुझसे कहता हूँ, सुन॥ २॥

प्राणकी उत्पत्ति

आत्मन एष प्राणो जायते यथैषा पुरुषे छायैतस्मिन्नेतदाततं मनोकृतेनायात्यस्मिञ्शरीरे॥ ३॥

यह प्राण आत्मासे उत्पन्न होता है। जिस प्रकार मनुष्य-शरीरसे यह छाया उत्पन्न होती है उसी प्रकार इस आत्मामें प्राण व्याप्त है तथा यह मनोकृत संकल्पादिसे इस शरीरमें आ जाता है॥ ३॥

आत्मनः परस्मात्पुरुषादक्षरात्सत्यादेष उक्तः प्राणो जायते। कथमित्यत्र दृष्टान्तः। यथा लोक एषा पुरुषे शिरःपाण्यादिलक्षणे निमित्ते छाया नैमित्तिकी जायते तद्वदेतस्मिन्ब्रह्मण्येतत् प्राणाख्यं छायास्थानीयमनृतरूपं तत्त्वं सत्ये पुरुष आततं समर्पितम् इत्येतत्। छायेव देहे मनोकृतेन मनःसङ्कल्पेच्छादिनिष्पन्नकर्मनिमित्तेनेत्येतत्—वक्ष्यति हि "पुण्येन पुण्यम्" (प्र० उ० ३। ७) इत्यादि; तदेव

यह उपर्युक्त प्राण आत्मा—परम पुरुष—अक्षर यानी सत्यसे उत्पन्न होता है। किस प्रकार उत्पन्न होता है? इसमें यह दृष्टान्त देते हैं—जिस प्रकार लोकमें सिर तथा हाथ-पाँववाले पुरुषरूप निमित्तके रहते हुए ही उससे होनेवाली छाया उत्पन्न होती है उसी प्रकार इस ब्रह्म यानी सत्य पुरुषमें यह छायास्थानीय मिथ्या तत्त्व व्याप्त—समर्पित है। देहमें छायाके समान यह मनके कार्यसे यानी मनके संकल्प और इच्छादिसे होनेवाले कर्मसे इस शरीरमें आता है; जैसा कि आगे "पुण्यसे पुण्यलोकको ले जाता है" आदि श्रुतिसे कहेंगे और यही बात

"सक्तः सह कर्मणा" (बृ० उ० ४। ४। ६) इति च श्रुत्यन्तरात्—आयाति आगच्छत्यस्मिञ्शरीरे॥ ३॥

"कर्मफलमें आसक्त हुआ पुरुष अपने कर्मके सहित [उसीको प्राप्त होता है]" इस अन्य श्रुतिसे भी कही गयी है॥ ३॥

प्राणका इन्द्रियाधिष्ठातृत्व

यथा सम्राडेवाधिकृतान्विनियुङ्क्ते। एतान्ग्रामानेतान्ग्रामानधितिष्ठस्वेत्येवमेवैष प्राण इतरान्प्राणान्पृथक्पृथगेव संनिधत्ते॥ ४॥

जिस प्रकार सम्राट् ही 'तुम इन-इन ग्रामोंमें रहो' इस प्रकार अधिकारियोंको नियुक्त करता है उसी प्रकार यह मुख्य प्राण ही अन्य प्राणों (इन्द्रियों)-को अलग-अलग नियुक्त करता है॥ ४॥

यथा येन प्रकारेण लोके राजा सम्राडेव ग्रामादिष्वधिकृतान्विनियुङ्क्ते। कथम्? एतान्ग्रामानेतान्ग्रामानधितिष्ठस्व इति। एवमेव यथा दृष्टान्तः, एष मुख्यः प्राण इतरान्प्राणान् चक्षुरादीनात्मभेदांश्च पृथक् पृथगेव यथास्थानं संनिधत्ते विनियुङ्क्ते॥ ४॥

जिस प्रकार लोकमें राजा ही ग्रामादिमें अधिकारियोंको नियुक्त करता है; किस प्रकार [नियुक्त करता है? कि] तुम इन-इन ग्रामोंमें अधिष्ठान (निवास) करो। इस प्रकार, जैसा यह दृष्टान्त है वैसे ही, यह मुख्य प्राण भी अपने भेदस्वरूप चक्षु आदि अन्य प्राणोंको अलग-अलग उनके स्थानोंके अनुसार स्थापित करता यानी नियुक्त करता है॥ ४॥

पञ्च प्राणोंकी स्थिति

तत्र विभागः—

उनका विभाग इस प्रकार है—

पायूपस्थेऽपानं चक्षुःश्रोत्रे मुखनासिकाभ्यां प्राणः स्वयं प्रातिष्ठते मध्ये तु समानः। एष ह्येतद्धुतमन्नं समं नयति तस्मादेताः सप्तार्चिषो भवन्ति॥ ५॥

वह [प्राण] पायु और उपस्थमें अपानको [नियुक्त करता है] और मुख तथा नासिकासे निकलता हुआ नेत्र एवं श्रोत्रमें स्वयं स्थित होता है तथा मध्यमें समान रहता है। यह [समानवायु] ही खाये हुए अन्नको समभावसे [शरीरमें सर्वत्र] ले जाता है। उस [प्राणाग्नि]-से ही [दो नेत्र, दो कर्ण, दो नासारन्ध्र और एक रसना] ये सात ज्वालाएँ उत्पन्न होती हैं॥ ५॥

पायूपस्थे पायुश्चोपस्थश्च पायूपस्थं तस्मिन्, अपानमात्मभेदं मूत्रपुरीषाद्यपनयनं कुर्वंस्तिष्ठति संनिधत्ते। तथा चक्षुःश्रोत्रे चक्षुश्च श्रोत्रं च चक्षुःश्रोत्रं तस्मिंश्चक्षुःश्रोत्रे, मुखनासिकाभ्यां च मुखं च नासिका च ताभ्यां मुखनासिकाभ्यां च निर्गच्छन्प्राणः स्वयं सम्राट्स्थानीयः प्रातिष्ठते प्रतितिष्ठति मध्ये तु प्राणापानयोः स्थानयोर्नाभ्यां समानोऽशितं पीतं च समं नयतीति समानः।

यह प्राण अपने भेद अपानको पायूपस्थमें—पायु (गुदा) और उपस्थ (मूत्रेन्द्रिय)-में मूत्र और पुरीष (मल) आदिको निकालते हुए स्थित करता यानी नियुक्त करता है। तथा मुख और नासिका इन दोनोंसे निकलता हुआ सम्राट्स्थानीय प्राण चक्षुःश्रोत्रे—चक्षु और श्रोत्रमें स्थित रहता है। तथा प्राण और अपानके स्थानोंके मध्य नाभिदेशमें समान रहता है, जो खाये और पीये हुए पदार्थको सम करनेके कारण समान कहलाता है।

एष हि यस्माद्यदेतद्धुतं भुक्तं पीतं चात्माग्नौ प्रक्षिप्तमन्नं समं नयति तस्मादशितपीतेन्धनाद् अग्नेरौदर्याद्धृदयदेशं प्राप्तादेताः सप्तसंख्याका अर्चिषो दीप्तयो निर्गच्छन्त्यो भवन्ति शीर्षण्यः।

क्योंकि यह समानवायु ही खायी-पीयी वस्तुको अर्थात् देहान्तर्वर्ती जठरानलमें डाले हुए अन्नको समभावसे [समस्त शरीरमें] पहुँचाता है इसलिये खान-पानरूप ईंधनसे हृदयदेशमें प्राप्त हुए इस जठराग्निसे ये शिरोदेशवर्तिनी सात अर्चियाँ—दीप्तियाँ निकलती हैं।

प्राणद्वारा दर्शनश्रवणादिलक्षणरूपादिविषयप्रकाशा इत्यभिप्रायः ॥ ५ ॥

तात्पर्य यह है कि रूपादि विषयोंके दर्शन-श्रवण आदिरूप प्रकाश प्राणसे ही निष्पन्न हुए हैं॥५॥

लिंगदेहकी स्थिति

हृदि ह्येष आत्मा। अत्रैतदेकशतं नाडीनां तासां शतं शतमेकैकस्यां द्वासप्ततिर्द्वासप्ततिः प्रतिशाखानाडीसहस्राणि भवन्त्यासु व्यानश्चरति॥ ६ ॥

यह आत्मा हृदयमें है। इस हृदयदेशमें एक सौ एक नाडियाँ हैं। उनमेंसे एक-एककी सौ-सौ शाखाएँ हैं और उनमेंसे प्रत्येककी बहत्तर-बहत्तर हजार प्रतिशाखा नाडियाँ हैं। इन सबमें व्यान संचार करता है॥ ६ ॥

हृदि ह्येष पुण्डरीकाकारमांसपिण्डपरिच्छिन्ने हृदयाकाश एष आत्मात्मना संयुक्तो लिङ्गात्मा। अत्रास्मिन्हृदय एतदेकशतम् एकोत्तरशतं संख्यया प्रधाननाडीनां भवतीति। तासां शतं शतमेकैकस्याः प्रधाननाड्या भेदाः। पुनरपि द्वासप्ततिर्द्वासप्ततिर्द्वे द्वे सहस्रे अधिके सप्ततिश्च सहस्राणि सहस्राणां द्वासप्ततिः प्रतिशाखानाडीसहस्राणि । प्रतिप्रतिनाडीशतं संख्यया प्रधाननाडीनां सहस्राणि भवन्ति।

यह आत्मा—आत्मासहित लिंगदेह अर्थात् जीवात्मा हृदयमें यानी कमलके-से आकारवाले मांसपिण्डसे परिच्छिन्न हृदयाकाशमें रहता है। इस हृदयदेशमें ये एक शत यानी एक ऊपर सौ (एक सौ एक) प्रधान नाडियाँ हैं। उनमेंसे प्रत्येक प्रधान नाडीके सौ-सौ भेद हैं और प्रधान नाडीके उन सौ-सौ भेदोंमेंसे प्रत्येकमें बहत्तर-बहत्तर सहस्र अर्थात् दो ऊपर सत्तर सहस्र प्रतिशाखा नाडियाँ हैं। [इस प्रकार] प्रधान नाडियोंमेंसे प्रत्येक सौ-सौ नाडियोंमें हजारों नाडियाँ हैं।

आसु नाडीषु व्यानो वायुश्चरति व्यानो व्यापनात्। आदित्यादिव रश्मयो हृदयात् सर्वतोगामिनीभिर्नाडीभिः सर्वदेहं संव्याप्य व्यानो वर्तते। सन्धिस्कन्धमर्मदेशेषु विशेषेण प्राणापानवृत्त्योश्च मध्य उद्भूतवृत्तिर्वीर्यवत्कर्मकर्ता भवति॥ ६॥

इन सब नाडियोंमें व्यानवायु संचार करता है। व्यापक होनेके कारण उसे 'व्यान' कहते हैं। जिस प्रकार सूर्यसे किरणें निकलती हैं उसी प्रकार हृदयसे निकलकर सब ओर फैली हुई नाडियोंद्वारा व्यान सम्पूर्ण देहको व्याप्त करके स्थित है। सन्धिस्थान, स्कन्धदेश और मर्मस्थलोंमें तथा विशेषतया प्राण और अपानवायुकी वृत्तियोंके मध्यमें इस (व्यानवायु)-की अभिव्यक्ति होती है और यही पराक्रमयुक्त कर्मोंका करनेवाला है॥ ६॥

प्राणोत्क्रमणका प्रकार

अथैकयोर्ध्व उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति पापेन पापमुभाभ्यामेव मनुष्यलोकम्॥ ७॥

तथा [इन सब नाडियोंमेंसे सुषुम्ना नामकी] एक नाडीद्वारा ऊपरकी ओर गमन करनेवाला उदानवायु [जीवको] पुण्य-कर्मके द्वारा पुण्यलोकको और पापकर्मके द्वारा पापमय लोकको ले जाता है तथा पुण्य-पाप दोनों प्रकारके (मिश्रित) कर्मोंद्वारा उसे मनुष्यलोकको प्राप्त कराता है॥ ७॥

अथ या तु तत्रैकशतानां नाडीनां मध्य ऊर्ध्वगा सुषुम्नाख्या नाडी तयैकयोर्ध्वः सन्नुदानो वायुरापादतलमस्तकवृत्तिः सञ्चरन्पुण्येन

तथा उन एक सौ एक नाडियोंमेंसे जो सुषुम्नानाम्नी एक ऊर्ध्वगामिनी नाडी है उस एकके द्वारा ही ऊपरकी ओर जानेवाला तथा चरणसे मस्तकपर्यन्त संचार करनेवाला उदानवायु

कर्मणा शास्त्रविहितेन पुण्यं लोकं देवादिस्थानलक्षणं नयति प्रापयति पापेन तद्विपरीतेन पापं नरकं तिर्यग्योन्यादिलक्षणम्। उभाभ्यां समप्रधानाभ्यां पुण्यपापाभ्यामेव मनुष्यलोकं नयतीत्यनुवर्तते॥ ७॥

[जीवात्माको] पुण्य कर्म यानी शास्त्रोक्त कर्मसे देवादि-स्थानरूप पुण्यलोकको प्राप्त करा देता है तथा उससे विपरीत पापकर्मद्वारा पापलोक यानी तिर्यग्योनि आदि नरकको ले जाता है और समानरूपसे प्रधान हुए पुण्य-पापरूप दोनों प्रकारके कर्मोंद्वारा वह उसे मनुष्यलोकको प्राप्त कराता है। यहाँ 'नयति' इस क्रियाकी सर्वत्र अनुवृत्ति होती है॥ ७॥

बाह्य प्राणादिका निरूपण

आदित्यो ह वै बाह्यः प्राण उदयत्येष ह्येनं चाक्षुषं प्राणमनुगृह्णानः। पृथिव्यां या देवता सैषा पुरुषस्यापान-मवष्टभ्यान्तरा यदाकाशः स समानो वायुर्व्यानः॥ ८॥

निश्चय आदित्य ही बाह्य प्राण है। यह इस चाक्षुष (नेत्रेन्द्रियस्थित) प्राणपर अनुग्रह करता हुआ उदित होता है। पृथिवीमें जो देवता है वह पुरुषके अपानवायुको आकर्षण किये हुए है। इन दोनोंके मध्यमें जो आकाश है वह समान है और वायु ही व्यान है॥ ८॥

आदित्यो ह वै प्रसिद्धो ह्यधिदैवतं बाह्यः प्राणः स एष उदयत्युद्गच्छति। एष ह्येनम् आध्यात्मिकं चक्षुषि भवं चाक्षुषं प्राणं प्रकाशेनानुगृह्णानो रूपोपलब्धौ चक्षुष आलोकं कुर्वन्नित्यर्थः।

यह प्रसिद्ध आदित्य ही अधिदैवत बाह्य प्राण है, वही यह उदित होता है—ऊपरकी ओर जाता है और यही इस आध्यात्मिक चाक्षुष (नेत्रस्थित) प्राणको—चक्षुमें जो हो उसे चाक्षुष कहते हैं—प्रकाशसे अनुगृहीत करता हुआ अर्थात् रूपकी उपलब्धिमें नेत्रको प्रकाश

तथा पृथिव्यामभिमानिनी या देवता प्रसिद्धा सैषा पुरुषस्य अपानमपानवृत्तिमवष्टभ्याकृष्य वशीकृत्याध एवापकर्षणेनानुग्रहं कुर्वती वर्तत इत्यर्थः। अन्यथा हि शरीरं गुरुत्वात्पतेत्सावकाशे वोद्गच्छेत्।

यदेतदन्तरा मध्ये द्यावा-पृथिव्योर्य आकाशस्तत्स्थो वायुः आकाश उच्यते; मञ्चस्थवत्। स समानः समानमनुगृह्णानो वर्तत इत्यर्थः। समानस्यान्तराकाशस्थत्व-सामान्यात्। सामान्येन च यो बाह्यो वायुः स व्याप्तिसामान्याद् व्यानो व्यानमनुगृह्णानो वर्तत इत्यभिप्रायः ॥ ८ ॥

देता हुआ [उदित होता है]। तथा पृथिवीमें जो उसका प्रसिद्ध अभिमानी देवता है वह पुरुषके अपान अर्थात् अपानवृत्तिका अवष्टम्भ—आकर्षण करके यानी उसे अपने अधीन कर [स्थित रहता है]। तात्पर्य यह है कि नीचेकी ओर आकर्षणद्वारा उसपर अनुग्रह करता हुआ स्थित रहता है। नहीं तो शरीर अपने भारीपनके कारण गिर जाता अथवा अवकाश मिलनेके कारण उड़ जाता।

इन द्युलोक और पृथिवीके अन्तरा—मध्यमें जो आकाश है उसमें रहनेवाला वायु भी [लक्षणावृत्तिसे 'मंच' कहे जानेवाले] मंचस्थ व्यक्तियोंके समान आकाश कहलाता है। वही 'समान' है, अर्थात् समानवायुको अनुगृहीत करता हुआ स्थित है, क्योंकि मध्य-आकाशमें स्थित होना—यह समानवायुके लिये भी [बाह्य वायुकी तरह] साधारण है*। तथा साधारणतया जो बाह्य वायु है वह व्यापकत्वमें [शरीरके भीतर व्याप्त हुए व्यानवायुसे] समानता होनेके कारण व्यान है अर्थात् व्यानपर अनुग्रह करता हुआ वर्तमान है ॥ ८ ॥

---

* समानवायु शरीरान्तर्वर्ती आकाशके मध्यमें रहता है और बाह्य वायु द्युलोक एवं पृथिवीके मध्यवर्ती आकाशके बीच रहता है; इस प्रकार मध्य आकाशमें स्थित होना—यह दोनोंके लिये एक-सी बात है।

तेजो ह वा उदानस्तस्मादुपशान्ततेजाः पुनर्भवमिन्द्रियैर्मनसि सम्पद्यमानैः ॥ ९ ॥

लोकप्रसिद्ध [आदित्यरूप] तेज ही उदान है। अतः जिसका तेज (शारीरिक ऊष्मा) शान्त हो जाता है वह मनमें लीन हुई इन्द्रियोंके सहित पुनर्जन्मको [अथवा पुनर्जन्मके हेतुभूत मृत्युको] प्राप्त हो जाता है॥ ९॥

यद्बाह्यं ह वै प्रसिद्धं सामान्यं तेजस्तच्छरीर उदान उदानं वायुमनुगृह्णाति स्वेन प्रकाशेनेत्यभिप्रायः। यस्मात्तेजः-स्वभावो बाह्यतेजोऽनुगृहीत उत्क्रान्तिकर्ता तस्माद्यदा लौकिकः पुरुष उपशान्ततेजा भवति; उपशान्तं स्वाभाविकं तेजो यस्य सः, तदा तं क्षीणायुषं मुमूर्षुं विद्यात्। स पुनर्भवं शरीरान्तरं प्रतिपद्यते। कथम्? सहेन्द्रियैर्मनसि सम्पद्यमानैः प्रविशद्भिर्वागादिभिः॥ ९॥

जो [आदित्यसंज्ञक] प्रसिद्ध बाह्य सामान्य तेज है वही शरीरमें उदान है; तात्पर्य यह है कि वही अपने प्रकाशसे उदान वायुको अनुगृहीत करता है। क्योंकि उत्क्रमण करनेवाला [उदानवायु] तेजःस्वरूप है—बाह्य तेजसे अनुगृहीत होनेवाला है इसलिये जिस समय लौकिक पुरुष उपशान्ततेजा होता है अर्थात् जिसका स्वाभाविक तेज शान्त हो गया है ऐसा होता है उस समय उसे क्षीणायु—मरणासन्न समझना चाहिये। वह पुनर्भव यानी देहान्तरको प्राप्त होता है। किस प्रकार प्राप्त होता है? [इसपर कहते हैं—] मनमें लीन—प्रविष्ट होती हुई वागादि इन्द्रियोंके सहित [वह देहान्तरको प्राप्त होता है]॥ ९॥

मरणकालिक संकल्पका फल

मरणकाले—

मरणकालमें—

यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तः सहात्मना यथासंकल्पितं लोकं नयति॥ १०॥

इसका जैसा चित्त [संकल्प] होता है उसके सहित यह प्राणको प्राप्त होता है। तथा प्राण तेजसे (उदानवृत्तिसे) संयुक्त हो [उस भोक्ताको] आत्माके सहित संकल्प किये हुए लोकको ले जाता है॥ १०॥

यच्चित्तो भवति तेनैव चित्तेन संकल्पेनेन्द्रियैः सह प्राणं मुख्यप्राणवृत्तिमायाति। मरणकाले क्षीणेन्द्रियवृत्तिः सन्मुख्यया प्राणवृत्त्यैवावतिष्ठत इत्यर्थः। तदाभिवदन्ति ज्ञातय उच्छ्वसिति जीवतीति।

स च प्राणस्तेजसोदानवृत्त्या युक्तः सन्सहात्मना स्वामिना भोक्त्रा स एवमुदानवृत्त्यैव युक्तः प्राणस्तं भोक्तारं पुण्यपापकर्म-वशाद्यथासङ्कल्पितं यथाभिप्रेतं लोकं नयति प्रापयति॥ १०॥

इसका जैसा चित्त होता है उस चित्त—संकल्पके सहित ही यह जीव इन्द्रियोंके सहित प्राण अर्थात् मुख्य प्राणवृत्तिको प्राप्त होता है। तात्पर्य यह कि मरणकालमें यह प्रक्षीण इन्द्रियवृत्तिवाला होकर मुख्य प्राणवृत्तिसे ही स्थित होता है। उसी समय जातिवाले कहा करते हैं कि 'अभी श्वास लेता है—अभी जीवित है' इत्यादि।

वह प्राण ही तेज अर्थात् उदानवृत्तिसे सम्पन्न हो आत्मा—भोक्ता स्वामीके साथ [सम्मिलित होता है]। तथा उदानवृत्तिसे संयुक्त हुआ वह प्राण ही उस भोक्ता जीवको उसके पाप-पुण्यमय कर्मोंके अनुसार यथासंकल्पित अर्थात् उसके अभिप्रायानुसारी लोकोंको ले जाता—प्राप्त करा देता है॥ १०॥

य एवं विद्वान्प्राणं वेद न हास्य प्रजा हीयतेऽमृतो भवति तदेष श्लोकः॥ ११॥

जो विद्वान् प्राणको इस प्रकार जानता है उसकी प्रजा नष्ट नहीं होती। वह अमर हो जाता है। इस विषयमें यह श्लोक है॥ ११॥

यः कश्चिदेवं विद्वान्यथोक्तविशेषणैर्विशिष्टमुत्पत्त्यादिभिः प्राणं वेद जानाति तस्येदं फलम् ऐहिकमामुष्मिकं चोच्यते। न हास्य नैवास्य विदुषः प्रजा पुत्रपौत्रादिलक्षणा हीयते छिद्यते। पतिते च शरीरे प्राणसायुज्यतयामृतोऽमरणधर्मा भवति तदेतस्मिन्नर्थे संक्षेपाभिधायक एष श्लोको मन्त्रो भवति॥ ११॥

जो कोई विद्वान् पुरुष इस प्रकार उपर्युक्त विशेषणोंसे विशिष्ट प्राणको उसके उत्पत्ति आदिके सहित जानता है उसके लिये यह लौकिक और पारलौकिक फल बतलाया जाता है—इस विद्वान्‌की पुत्र-पौत्रादिरूप प्रजा हीन—उच्छिन्न अर्थात् नष्ट नहीं होती तथा शरीरके पतित होनेपर प्राण-सायुज्यको प्राप्त हो जानेके कारण वह अमृत—अमरणधर्मा हो जाता है। इस विषयमें संक्षेपसे बतलानेवाला यह श्लोक यानी मन्त्र है—॥ ११॥

उत्पत्तिमायतिं स्थानं विभुत्वं चैव पञ्चधा।
अध्यात्मं चैव प्राणस्य विज्ञायामृतमश्नुते।
विज्ञायामृतमश्नुत इति॥ १२॥

प्राणकी उत्पत्ति, आगमन, स्थान, व्यापकता एवं बाह्य और आध्यात्मिक भेदसे पाँच प्रकारकी स्थिति जानकर मनुष्य अमरत्व प्राप्त कर लेता है—अमरत्व प्राप्त कर लेता है॥ १२॥

उत्पत्तिं परमात्मनः प्राणस्यायतिमागमनं मनोकृतेनास्मिन्

प्राणकी परमात्मासे उत्पत्ति, आयति—मनके संकल्पसे इस

शरीरे स्थानं स्थितिं च पायूपस्थादिस्थानेषु विभुत्वं च स्वाम्यमेव सम्राडिव प्राणवृत्तिभेदानां पञ्चधा स्थापनं बाह्यमादित्यादिरूपेण अध्यात्मं चैव चक्षुराद्याकारेण अवस्थानं विज्ञायैवं प्राणममृतम् अश्नुत इति विज्ञायामृतमश्नुत इति द्विर्वचनं प्रश्नार्थपरिसमाप्त्यर्थम्॥ १२॥

शरीरमें आगमन, स्थान—पायु-उपस्थादिमें स्थित होना, विभुत्व—सम्राट्के समान प्रभुत्व यानी प्राणके वृत्तिभेदको पाँच प्रकारसे स्थापित करना, तथा आदित्यादि-रूपसे बाह्य और चक्षु आदिरूपसे आन्तरिक स्थिति—इस प्रकार प्राणको जानकर मनुष्य अमरत्व प्राप्त कर लेता है। यहाँ 'विज्ञायामृतमश्नुते' इस पदकी द्विरुक्ति प्रश्नार्थकी समाप्ति सूचित करनेके लिये है॥ १२॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य
श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ प्रश्नोपनिषद्भाष्ये
तृतीयः प्रश्नः॥ ३॥

चतुर्थ प्रश्न

गार्ग्यका प्रश्न—सुषुप्तिमें कौन सोता है और कौन जागता है?

अथ हैनं सौर्यायणी गार्ग्यः पप्रच्छ। भगवन्नेतस्मिन्पुरुषे कानि स्वपन्ति कान्यस्मिञ्जाग्रति कतर एष देवः स्वप्नान्पश्यति कस्यैतत्सुखं भवति कस्मिन्नु सर्वे संप्रतिष्ठिता भवन्तीति॥ १॥

तदनन्तर उन पिप्पलाद मुनिसे सूर्यके पौत्र गार्ग्यने पूछा—'भगवन्! इस पुरुषमें कौन [इन्द्रियाँ] सोती हैं? कौन इसमें जागती हैं? कौन देव स्वप्नोंको देखता है? किसे यह सुख अनुभव होता है? तथा किसमें ये सब प्रतिष्ठित हैं?'॥ १॥

अथ हैनं सौर्यायणी गार्ग्यः पप्रच्छ। प्रश्नत्रयेणापरविद्यागोचरं सर्वं परिसमाप्य संसारं व्याकृतविषयं साध्यसाधनलक्षण-मनित्यम्; अथेदानीमसाध्य-साधनलक्षणमप्राणममनोगोचर-मतीन्द्रियविषयं शिवं शान्त-मविकृतमक्षरं सत्यं परविद्यागम्यं पुरुषाख्यं सबाह्याभ्यन्तरमजं वक्तव्यमित्युत्तरं प्रश्नत्रयमारभ्यते।

तदनन्तर उनसे सौर्यायणी गार्ग्यने पूछा। उपर्युक्त तीन प्रश्नोंमें अपरा विद्याके विषय व्याकृताश्रित साध्य-साधनरूप अनित्य संसारका निरूपण समाप्त कर अब साध्य-साधनसे अतीत तथा प्राण, मन और इन्द्रियोंके अविषय, परविद्यावेद्य, शिव, शान्त, अविकारी, अक्षर, सत्य और बाहर-भीतर विद्यमान अजन्मा पुरुष नामक तत्त्वका वर्णन करना है; इसीलिये आगेके तीन प्रश्नोंका आरम्भ किया जाता है।

तत्र सुदीप्तादिवाग्नेर्यस्मात् परादक्षरात्सर्वे भावा विस्फुलिङ्गा इव जायन्ते तत्र चैवापियन्ति इत्युक्तं द्वितीये मुण्डके; के ते सर्वे भावा अक्षराद्विभज्यन्ते? कथं वा विभक्ताः सन्तस्तत्रैव अपियन्ति? किं लक्षणं वा तदक्षरमिति? एतद्विवक्षयाधुना प्रश्नान् उद्भावयति—

तहाँ, द्वितीय मुण्डकमें यह बात कही गयी है कि 'अच्छी तरह प्रज्वलित हुए अग्निसे स्फुलिंगों (चिनगारियों)-के समान जिसपर अक्षरसे सम्पूर्ण भाव पदार्थ उत्पन्न होते और उसीमें लीन हो जाते हैं' इत्यादि; सो उस अक्षर परमात्मासे अभिव्यक्त होनेवाले वे सम्पूर्ण भाव कौन-से हैं? उससे विभक्त होकर वे किस प्रकार उसीमें लीन होते हैं? तथा वह अक्षर किन लक्षणोंवाला है? यह सब बतलानेके लिये अब श्रुति आगेके प्रश्न उठाती है—

भगवन्नेतस्मिन्पुरुषे शिरः-पाण्यादिमति कानि करणानि स्वपन्ति स्वापं कुर्वन्ति स्वव्यापारादुपरमन्ते कानि चास्मिन् जाग्रति जागरणमनिद्रावस्थां स्वव्यापारं कुर्वन्ति। कतरः कार्यकरणलक्षणयोरेष देवः स्वप्नान्पश्यति? स्वप्नो नाम जाग्रद्दर्शनान्निवृत्तस्य जाग्रद्वदन्तः-शरीरे यद्दर्शनम्। तत्किं कार्यलक्षणेन देवेन निर्वर्त्यते

भगवन्! सिर और हाथ-पैरोंवाले इस पुरुषमें कौन इन्द्रियाँ सोती—निद्रा लेती अर्थात् अपने व्यापारसे उपरत होती हैं? तथा कौन इसमें जागती यानी जागरण—अनिद्रावस्था अर्थात् अपना व्यापार करती हैं? कार्य-करणरूप [यानी देहेन्द्रियरूप] देवोंमेंसे कौन देव स्वप्नोंको देखता है? जाग्रद्दर्शनसे निवृत्त हुए जीवका जो अन्तःकरणमें जाग्रत्के समान विषयोंको देखना है उसे स्वप्न कहते हैं। सो यह कार्य कोई कार्यरूप देव निष्पन्न

किं वा करणलक्षणेन केनचिदित्यभिप्रायः।

उपरते च जाग्रत्स्वप्नव्यापारे यत्प्रसन्नं निरायासलक्षणमनाबाधं सुखं कस्यैतद्भवति। तस्मिन्काले जाग्रत्स्वप्नव्यापाराद् उपरताः सन्तः कस्मिन्नु सर्वे सम्यगेकीभूताः संप्रतिष्ठिताः। मधुनि रसवत्समुद्रप्रविष्टनद्यादिवच्च विवेकानर्हाः प्रतिष्ठिता भवन्ति संगताः संप्रतिष्ठिता भवन्तीत्यर्थः।

ननु न्यस्तदात्रादिकरणवत् स्वव्यापारादुपरतानि पृथक्पृथगेव स्वात्मन्यवतिष्ठन्त इत्येतद्युक्तं कुतः प्राप्तिः सुषुप्तपुरुषाणां करणानां कस्मिंश्चिदेकीभावगमनाशङ्कायाः प्रष्टुः।

करता है, अथवा करणरूप देव? यह इसका अभिप्राय है।

तथा जाग्रत् और स्वप्नका व्यापार समाप्त हो जानेपर जो प्रसन्न, अनायासरूप एवं निर्बाध सुख होता है वह भी किसे होता है? उस समय जाग्रत् और स्वप्नके व्यापारसे उपरत होकर सम्पूर्ण इन्द्रियाँ भली प्रकार एकीभूत होकर किसमें स्थित होती हैं? अर्थात् मधुमें रसोंके समान तथा समुद्रमें प्रविष्ट हुई नदी आदिके समान विवेचनके (पृथक्-प्रतीतिके) अयोग्य होकर वे किसमें भली प्रकार प्रतिष्ठित अर्थात् सम्मिलित हो जाती हैं?

शंका—[काम करनेके अनन्तर] छोड़े हुए दराँती आदि करणों (औजारों)-के समान इन्द्रियाँ भी अपने-अपने व्यापारसे निवृत्त होकर अलग-अलग अपनेमें ही स्थित हो जाती हैं—ऐसा समझना ठीक ही है। फिर प्रश्नकर्ताको सोये हुए पुरुषोंकी इन्द्रियोंके किसीमें एकीभाव हो जानेकी आशंका कैसे प्राप्त हो सकती है?

युक्तैव त्वाशङ्का। यतः संहतानि करणानि स्वाम्यर्थानि परतन्त्राणि च जाग्रद्विषये तस्मात् स्वापेऽपि संहतानां पारतन्त्र्येणैव कस्मिंश्चित्संगतिर्न्याय्येति तस्माद् आशङ्कानुरूप एव प्रश्नोऽयम्। अत्र तु कार्यकरणसंघातो यस्मिंश्च प्रलीनः सुषुप्तप्रलयकालयो-स्तद्विशेषं बुभुत्सोः स को नु स्यादिति कस्मिन्सर्वे संप्रतिष्ठिता भवन्तीति॥ १॥

समाधान—यह आशंका तो उचित ही है, क्योंकि भूतोंके संघातसे उत्पन्न हुई इन्द्रियाँ अपने स्वामीके लिये प्रवृत्त होनेवाली होनेसे जाग्रत्कालमें भी परतन्त्र ही हैं; अतः सुषुप्तिमें भी उन संहत इन्द्रियोंका परतन्त्ररूपसे ही किसीमें मिलना उचित है। इसलिये यह प्रश्न आशंकाके अनुरूप ही है। यहाँ पूछनेवालेका यह प्रश्न कि 'वह कौन है?' 'वे सब किसमें प्रतिष्ठित होती हैं?' सुषुप्ति और प्रलयकालमें जिसमें यह कार्य-करणका संघात लीन होता है उसकी विशेषता जाननेके लिये है॥ १॥

इन्द्रियोंका लयस्थान आत्मा है

तस्मै स होवाच। यथा गार्ग्य मरीचयोऽर्कस्यास्तं गच्छतः सर्वा एतस्मिंस्तेजोमण्डल एकीभवन्ति। ताः पुनः पुनरुदयतः प्रचरन्त्येवं ह वै तत्सर्वं परे देवे मनस्येकीभवति। तेन तर्ह्येष पुरुषो न शृणोति न पश्यति न जिघ्रति न रसयते न स्पृशते नाभिवदते नादत्ते नानन्दयते न विसृजते नेयायते स्वपितीत्याचक्षते॥ २॥

तब उससे उस (आचार्य)-ने कहा—'हे गार्ग्य! जिस प्रकार सूर्यके अस्त होनेपर सम्पूर्ण किरणें उस तेजोमण्डलमें ही एकत्रित हो जाती हैं

और उसका उदय होनेपर वे फिर फैल जाती हैं। उसी प्रकार वे सब [इन्द्रियाँ] परमदेव मनमें एकीभावको प्राप्त हो जाती हैं। इससे तब वह पुरुष न सुनता है, न देखता है, न सूँघता है, न चखता है, न स्पर्श करता है, न बोलता है, न ग्रहण करता है, न आनन्द भोगता है, न मलोत्सर्ग करता है और न कोई चेष्टा करता है। तब उसे 'सोता है' ऐसा कहते हैं॥ २॥

तस्मै स होवाचाचार्यः— शृणु हे गार्ग्य यत्त्वया पृष्टम्। यथा मरीचयो रश्मयोऽर्कस्य आदित्यस्यास्तमदर्शनं गच्छतः सर्वा अशेषत एतस्मिंस्तेजोमण्डले तेजोराशिरूप एकीभवन्ति विवेकानर्हत्वमविशेषतां गच्छन्ति मरीचयस्तस्यैवार्कस्य ताः पुनः पुनरुदयत उद्गच्छतः प्रचरन्ति विकीर्यन्ते। यथायं दृष्टान्तः, एवं ह वै तत्सर्वं विषयेन्द्रियादिजातं परे प्रकृष्टे देवे द्योतनवति मनसि चक्षुरादिदेवानां मनस्तन्त्रत्वात्परो देवो मनः तस्मिन्स्वप्नकाल एकीभवति। मण्डले मरीचिवदविशेषतां गच्छति।

आचार्यने उस प्रश्नकर्तासे कहा—हे गार्ग्य! तूने जो पूछा है सो सुन—जिस प्रकार अर्क—सूर्यके अस्त—अदर्शनको प्राप्त होते समय सम्पूर्ण मरीचियाँ—किरणें उस तेजोमण्डल—तेजःपुंजरूप सूर्यमें एकत्रित हो जाती हैं अर्थात् अविवेचनीयता—अविशेषताको प्राप्त हो जाती हैं, तथा उसी सूर्यके पुनः उदित होनेके समय—उससे निकलकर फैल जाती हैं; जैसा यह दृष्टान्त है उसी प्रकार वह विषय और इन्द्रियोंका सम्पूर्ण समूह स्वप्नकालमें परम—प्रकृष्ट देव—द्योतनवान् मनमें—चक्षु आदि देव (इन्द्रियाँ) मनके अधीन हैं, इसलिये मन परमदेव है, उसमें एक हो जाता है। अर्थात् सूर्यमण्डलमें किरणोंके समान उससे अभिन्नताको प्राप्त हो जाता है।

जिजागरिषोश्च रश्मिवन्मण्डलान्मनस एव प्रचरन्ति स्वव्यापाराय प्रतिष्ठन्ते।

तथा [उदित होते हुए] सूर्यमण्डलसे किरणोंके समान वे (इन्द्रियाँ) जागनेकी इच्छावाले पुरुषके मनसे ही फिर फैल जाती हैं; अर्थात् अपने व्यापारके लिये प्रवृत्त हो जाती हैं।

यस्मात्स्वप्नकाले श्रोत्रादीनि शब्दाद्युपलब्धिकरणानि मनसि एकीभूतानीव करणव्यापाराद् उपरतानि तेन तस्मात्तर्हि तस्मिन् स्वापकाल एष देवदत्तादिलक्षणः पुरुषो न शृणोति न पश्यति न जिघ्रति न रसयते न स्पृशते नाभिवदते नादत्ते नानन्दयते न विसृजते नेयायते स्वपितीत्याचक्षते लौकिकाः॥ २॥

क्योंकि निद्राकालमें शब्दादि विषयोंकी उपलब्धिके साधनरूप श्रोत्रादि मनमें एकीभावको प्राप्त हुएके समान इन्द्रिय-व्यापारसे उपरत हो जाते हैं इसलिये उस निद्राकालमें वह देवदत्तादिरूप पुरुष न सुनता है, न देखता है, न सूँघता है, न चखता है, न स्पर्श करता है, न बोलता है, न ग्रहण करता है, न आनन्द भोगता है, न त्यागता है और न चेष्टा करता है। उस समय लौकिक पुरुष उसे 'सोता है' ऐसा कहते हैं॥ २॥

सुषुप्तिमें जागनेवाले प्राण-भेद गार्हपत्यादि अग्निरूप हैं

प्राणाग्नय एवैतस्मिन्पुरे जाग्रति। गार्हपत्यो ह वा एषोऽपानो व्यानोऽन्वाहार्यपचनो यद्गार्हपत्यात्प्रणीयते प्रणयनादाहवनीयः प्राणः॥ ३॥

[सुषुप्तिकालमें] इस शरीररूप पुरमें प्राणाग्नि ही जागते हैं। यह अपान ही गार्हपत्य अग्नि है, व्यान अन्वाहार्यपचन है तथा जो गार्हपत्यसे ले जाया जाता है वह प्राण ही प्रणयन (ले जाये जाने)- के कारण आहवनीय अग्नि है॥ ३॥

सुप्तवत्सु श्रोत्रादिषु करणेषु एतस्मिन्पुरे नवद्वारे देहे प्राणाग्नयः प्राणा एव पञ्च वायवोऽग्नय इवाग्नयो जाग्रति। अग्निसामान्यं हि आह—गार्हपत्यो ह वा एषोऽपानः। कथमित्याह—यस्माद्गार्हपत्यादग्नेरग्निहोत्रकाल इतरोऽग्निः आहवनीयः प्रणीयते प्रणयनात् प्रणीयतेऽस्मादिति प्रणयनो गार्हपत्योऽग्निः। तथा सुप्तस्यापानवृत्तेः प्रणीयत इव प्राणो मुखनासिकाभ्यां संचरत्यत आहवनीयस्थानीयः प्राणः। व्यानस्तु हृदयाद् दक्षिणसुषिरद्वारेण निर्गमाद्दक्षिणदिक्सम्बन्धादन्वाहार्यपचनो दक्षिणाग्निः॥ ३॥

इस पुर यानी नौ द्वारवाले देहमें श्रोत्रादि इन्द्रियोंके सो जानेपर प्राणाग्नि—प्राणादि पाँच वायु ही अग्निके समान अग्नि हैं, वे ही जागते हैं। अब अग्निके साथ उनकी समानता बतलाते हैं—यह अपान ही गार्हपत्य अग्नि है। किस प्रकार है, सो बतलाते हैं—क्योंकि अग्निहोत्रके समय गार्हपत्य अग्निसे ही आहवनीय नामक दूसरा अग्नि [जिसमें कि हवन किया जाता है] सम्पन्न किया जाता है; अतः प्रणयन किये जानेके कारण 'प्रणीयतेऽस्मात्' इस व्युत्पत्तिके अनुसार वह गार्हपत्याग्नि 'प्रणयन' है। इसी प्रकार प्राण भी सोये हुए पुरुषकी अपानवृत्तिसे प्रणीत हुआ-सा ही मुख और नासिकाद्वारा संचार करता है; अतः वह आहवनीय-स्थानीय है। तथा व्यान हृदयके दक्षिण छिद्रद्वारा निकलनेके कारण दक्षिण दिशाके सम्बन्धसे अन्वाहार्यपचन यानी दक्षिणाग्नि है॥ ३॥

प्राणाग्निके ऋत्विक्

अत्र च होताग्निहोत्रस्य—

यहाँ [अगले वाक्यसे] अग्निहोत्रके होता (ऋत्विक्)-का वर्णन किया जाता है—

यदुच्छ्वासनिःश्वासावेतावाहुती समं नयतीति स समानः। मनो ह वाव यजमानः। इष्टफलमेवोदानः। स एनं यजमानमहरहर्ब्रह्म गमयति॥ ४॥

क्योंकि उच्छ्वास और निःश्वास ये मानो अग्निहोत्रकी आहुतियाँ हैं, उन्हें जो [शरीरकी स्थितिके लिये] समभावसे विभक्त करता है वह समान [ऋत्विक् है]; मन ही निश्चय यजमान है, और इष्टफल ही उदान है; वह उदान इस मनरूप यजमानको नित्यप्रति ब्रह्मके पास पहुँचा देता है॥ ४॥

यद्यस्मादुच्छ्वासनिःश्वासौ अग्निहोत्राहुती इव नित्यं द्वित्वसामान्यादेव त्वेतावाहुती समं साम्येन शरीरस्थितिभावाय नयति यो वायुरग्निस्थानीयोऽपि होता चाहुत्योर्नेतृत्वात्। कोऽसौ स समानः। अतश्च विदुषः स्वापोऽप्यग्निहोत्र-हवनमेव। तस्माद्विद्वान्नाकर्मीत्येवं मन्तव्य इत्यभिप्रायः। सर्वदा सर्वाणि भूतानि विचिन्वन्त्यपि स्वपत इति हि वाजसनेयके।

क्योंकि उच्छ्वास और निःश्वास अग्निहोत्रकी आहुतियोंके समान हैं, अतः [इनमें और अग्निहोत्रकी आहुतियोंमें] समानरूपसे द्वित्व होनेके कारण जो वायु शरीरकी स्थितिके लिये इन दोनों आहुतियोंको साम्यभावसे सर्वदा चलाता है वह [पूर्वमन्त्रके अनुसार] अग्निस्थानीय होनेपर भी आहुतियोंका नेता होनेके कारण होता ही है। वह है कौन? समान। अतः विद्वान्‌की निद्रा भी अग्निहोत्रका हवन ही है। इसलिये अभिप्राय यह है कि विद्वान्‌को अकर्मा नहीं मानना चाहिये। इसीसे बृहदारण्यकोपनिषद्‌में भी कहा है कि उस विद्वान्‌के सोनेपर भी सब भूत सर्वदा चयन (यागानुष्ठान) किया करते हैं।

अत्र हि जाग्रत्सु प्राणाग्निषु उपसंहृत्य बाह्यकरणानि विषयांश्च अग्निहोत्रफलमिव स्वर्गं ब्रह्म जिगमिषुर्मनो ह वाव यजमानो जागर्ति यजमानवत्कार्यकरणेषु प्राधान्येन संव्यवहारात्स्वर्गमिव ब्रह्म प्रति प्रस्थितत्वाद्यजमानो मनः कल्प्यते।

इस अवस्थामें बाह्य इन्द्रियों और विषयोंको पंच प्राणरूप जागते हुए (प्रज्वलित) अग्निमें हवन कर मनरूप यजमान अग्निहोत्रके फल स्वर्गके समान ब्रह्मके प्रति जानेकी इच्छासे जागता रहता है। यजमानके समान भूत और इन्द्रियोंमें प्रधानतासे व्यवहार करने और स्वर्गके समान ब्रह्मके प्रति प्रस्थित होनेसे मन यजमानरूपसे कल्पना किया गया है।

इष्टफलं यागफलमेवोदानो वायुः। उदाननिमित्तत्वादिष्ट-फलप्राप्तेः। कथम्? स उदानो मनआख्यं यजमानं स्वप्नवृत्ति-रूपादपि प्रच्याव्याहरहः सुषुप्तिकाले स्वर्गमिव ब्रह्माक्षरं गमयति। अतो यागफलस्थानीय उदानः॥ ४॥

उदानवायु ही इष्टफल यानी यज्ञका फल है, क्योंकि इष्टफलकी प्राप्ति उदानवायुके निमित्तसे ही होती है। किस प्रकार? [सो बतलाते हैं—] वह उदानवायु इस मन नामवाले यजमानको स्वप्नवृत्तिसे भी गिराकर नित्यप्रति सुषुप्तिकालमें स्वर्गके समान अक्षरब्रह्मको प्राप्त करा देता है। अतः उदान यागफलस्थानीय है॥ ४॥

एवं विदुषः श्रोत्राद्युपरम-कालादारभ्य यावत्सुप्तोत्थितो भवति

इस प्रकार विद्वान्को श्रोत्रादि इन्द्रियोंके उपरत होनेके समयसे लेकर

तावत्सर्वयागफलानुभव एव नाविदुषामिवानर्थायेति विद्वत्ता स्तूयते। न हि विदुष एव श्रोत्रादीनि स्वपन्ते प्राणाग्नयो वा जाग्रति जाग्रत्स्वप्नयोर्मनः। स्वातन्त्र्यमनुभवदहरहः सुषुप्तं वा प्रतिपद्यते। समानं हि सर्व-प्राणिनां पर्यायेण जाग्रत्स्वप्न-सुषुप्तिगमनमतो विद्वत्तास्तुतिरेव इयमुपपद्यते। यत्पृष्टं कतर एष देवः स्वप्नान्पश्यतीति तदाह—

जबतक वह सोनेसे उठता है तबतक सम्पूर्ण यज्ञोंका फल ही अनुभव होता है, अज्ञानियोंके समान [उसकी निद्रा] अनर्थकी हेतु नहीं होती—ऐसा कहकर विद्वत्ताकी ही स्तुति की गयी है, क्योंकि केवल विद्वान्‌की ही श्रोत्रादि इन्द्रियाँ सोती और प्राणाग्नियाँ जागती हैं तथा उसीका मन जाग्रत् और सुषुप्तिमें स्वतन्त्रताका अनुभव करता हुआ रोज-रोज सुषुप्तिको प्राप्त होता है—ऐसी बात नहीं है। क्रमशः जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्तिमें जाना तो सभी प्राणियोंके लिये समान है। अतः यह विद्वत्ताकी स्तुति ही हो सकती है। अब, पहले जो यह पूछा था कि कौन देव स्वप्नोंको देखता है? सो बतलाते हैं—

स्वप्नदर्शनका विवरण

अत्रैष देवः स्वप्ने महिमानमनुभवति। यद् दृष्टं दृष्टमनुपश्यति श्रुतं श्रुतमेवार्थमनुशृणोति। देशदिगन्तरैश्च प्रत्यनुभूतं पुनः पुनः प्रत्यनुभवति दृष्टं चादृष्टं च श्रुतं चाश्रुतं चानुभूतं चाननुभूतं च सच्चासच्च सर्वं पश्यति सर्वः पश्यति॥ ५॥

इस स्वप्नावस्थामें यह देव अपनी विभूतिका अनुभव करता है। इसके द्वारा [जाग्रत्-अवस्थामें] जो देखा हुआ होता है उस देखे हुएको ही यह

देखता है, सुनी-सुनी बातोंको ही सुनता है तथा दिशा-विदिशाओंमें अनुभव किये हुएको ही पुनः-पुनः अनुभव करता है। [अधिक क्या] यह देखे, बिना देखे, सुने, बिना सुने, अनुभव किये, बिना अनुभव किये तथा सत् और असत् सभी प्रकारके पदार्थोंको देखता है और स्वयं भी सर्वरूप होकर देखता है॥ ५॥

अत्रोपरतेषु श्रोत्रादिषु देहरक्षायै जाग्रत्सु प्राणादिवायुषु प्राक्सुषुप्तिप्रतिपत्तेः एतस्मिन् अन्तराल एष देवोऽर्करश्मिवत् स्वात्मनि संहृतश्रोत्रादिकरणः स्वप्ने महिमानं विभूतिं विषयविषयिलक्षणमनेकात्मभावगमनम् अनुभवति प्रतिपद्यते।

इस अवस्थामें यानी श्रोत्रादि इन्द्रियोंके उपरत हो जानेपर देहकी रक्षाके लिये और प्राणादि वायुओंके जागते रहनेपर सुषुप्तिकी प्राप्तिसे पूर्व इस [जाग्रत्-सुषुप्तिके] मध्यकी अवस्थामें यह देव, जिसने सूर्यकी किरणोंके समान श्रोत्रादि इन्द्रियोंको अपनेमें लीन कर लिया है, स्वप्नावस्थामें अपनी महिमा यानी विभूतिको अनुभव करता है अर्थात् विषय-विषयीरूप अनेकात्मत्वको प्राप्त हो जाता है।

मनः स्वातन्त्र्य-विचारः

ननु महिमानुभवने करणं मनोऽनुभवितुस्तत्कथं स्वातन्त्र्येणानुभवति इत्युच्यते स्वतन्त्रो हि क्षेत्रज्ञः।

पूर्व०—मन तो विभूतिका अनुभव करनेमें अनुभव करनेवाले पुरुषका कारण है; फिर यह कैसे कहा जाता है कि वह स्वतन्त्रतासे अनुभव करता है, क्योंकि स्वतन्त्र तो क्षेत्रज्ञ ही है।

नैष दोषः; क्षेत्रज्ञस्य स्वातन्त्र्यस्य मनउपाधि-कृतत्वान्न हि क्षेत्रज्ञः

सिद्धान्ती—इसमें कोई दोष नहीं है, क्योंकि क्षेत्रज्ञकी स्वतन्त्रता मनरूप उपाधिके कारण है, वास्तवमें क्षेत्रज्ञ तो

परमार्थतः स्वतः स्वपिति जागर्ति वा। मनउपाधिकृतमेव तस्य जागरणं स्वप्नश्चेत्युक्तं वाजसनेयके "सधीः स्वप्नो भूत्वा ध्यायतीव लेलायतीव" (बृ० उ० ४। ३। ७)* इत्यादि। तस्मान्मनसो विभूत्यनुभवे स्वातन्त्र्यवचनं न्याय्यमेव।

स्वयं न सोता है और न जागता ही है। उसका जागना और सोना तो मनरूप उपाधिके ही कारण है—ऐसा बृहदारण्यकश्रुतिमें कहा है—"वह बुद्धिसे तादात्म्य प्राप्त कर स्वप्नरूप होता है और मानो ध्यान करता तथा चेष्टा करता है" इत्यादि। अतः विभूतिके अनुभवमें मनकी स्वतन्त्रता बतलाना न्याययुक्त ही है।

स्वयंज्योतिष्ट्व-स्थापनम्

मनउपाधिसहितत्वे स्वप्न-पुरुषस्य काले क्षेत्रज्ञस्य स्वयं-ज्योतिष्ट्वं बाध्येतेति केचित्। तन्न, श्रुत्यर्थापरिज्ञानकृता भ्रान्तिस्तेषाम्। यस्मात्स्वयंज्योतिष्ट्वादिव्यवहारोऽप्या-मोक्षान्तः सर्वोऽविद्याविषय एव मनआद्युपाधिजनितः। "यत्र वा अन्यदिव स्यात्तत्रान्योऽन्यत्पश्येत्" (बृ० उ० ४। ३। ३१) "मात्रासंसर्ग-स्त्वस्य भवति"। "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्"

किन्हीं-किन्हींका कथन है कि स्वप्नकालमें मनरूप उपाधिके सहित माननेमें क्षेत्रज्ञकी स्वयंप्रकाशतामें बाधा आवेगी सो ऐसी बात नहीं है। उनकी यह भ्रान्ति श्रुत्यर्थको न जाननेके ही कारण है, क्योंकि मन आदि उपाधिसे प्राप्त हुआ स्वयंप्रकाशत्व आदि व्यवहार भी मोक्षपर्यन्त सब-का-सब अविद्याके कारण ही है। जैसा कि "जहाँ कोई अन्य-सा हो वहीं अन्यको अन्य देख सकता है" "इस आत्माको विषयका संसर्ग ही नहीं होता" "जहाँ इसके लिये सब आत्मा ही हो गया वहाँ किसे किसके द्वारा देखे ?" इत्यादि

* बृहदारण्यकोपनिषद्में इस श्रुतिका पाठ इस प्रकार है—'ध्यायतीव लेलायतीव स हि स्वप्नो भूत्वा'।

(बृ० उ० २।४।१४) इत्यादिश्रुतिभ्यः। अतो मन्द-ब्रह्मविदामेवेयमाशङ्का न तु एकात्मविदाम्।

श्रुतियोंसे प्रमाणित होता है। अतः यह शंका मन्द ब्रह्मज्ञानियोंकी ही है, एकात्मवेत्ताओंकी नहीं।

नन्वेवं सति "अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिः" (बृ० उ० ४।३।१४) इति विशेषणमनर्थकं भवति।

पूर्व०—ऐसा माननेपर तो "इस स्वप्नावस्थामें यह पुरुष स्वयंज्योति है" इस वाक्यसे बतलाया हुआ आत्माका [स्वयंज्योति] विशेषण व्यर्थ हो जायगा।

अत्रोच्यते; अत्यल्पमिदमुच्यते "य एषोऽन्तर्हृदय आकाश-स्तस्मिञ्शेते" (बृ० उ० २।१।१७) इत्यन्तर्हृदयपरिच्छेदे सुतरा स्वयंज्योतिष्ट्वं बाध्येत।

सिद्धान्ती—इसपर हमें यह कहना है कि आपका यह कथन तो बहुत थोड़ा है। "यह जो हृदयके भीतरका आकाश है उसमें वह (आत्मा) शयन करता है" इस वाक्यसे आत्माका अन्तर्हृदयरूप परिच्छेद सिद्ध होनेसे तो उसका स्वयंप्रकाशत्व और भी बाधित हो जाता है।

सत्यमेवमयं दोषो यद्यपि स्यात्स्वप्ने केवलतया स्वयंज्योतिष्ट्वेनार्धं तावदपनीतं भारस्येति चेत्।

पूर्व०—यद्यपि यह दोष तो ठीक ही है; तथापि स्वप्नमें केवलता (मनका अभाव हो जाने)-के कारण आत्माके स्वयंप्रकाशत्वसे उसका आधा भार* तो हलका हो ही जाता है।

* यहाँ भार हलका होनेका अभिप्राय है स्वयंप्रकाशताके प्रतिबन्धकका दूर होना।

न; तत्रापि "पुरीतति शेते" (बृ० उ० २। १। १९) इति श्रुतेः पुरीतन्नाडीसम्बन्धादत्रापि पुरुषस्य स्वयंज्योतिष्ट्वेनार्धभारापनयाभिप्रायो मृषैव।

सिद्धान्ती— ऐसी बात नहीं है; उस अवस्थामें भी "पुरीतत् नाडीमें शयन करता है" इस श्रुतिके अनुसार जीवका पुरीतत् नाडीसे सम्बन्ध रहनेके कारण यह अभिप्राय मिथ्या ही है कि उसका आधा भार निवृत्त हो जाता है।

कथं तर्हि "अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिः" (बृ० उ० ४। ३। १४) इति।

पूर्व०— तो फिर यह कैसे कहा गया है कि "इस अवस्थामें यह पुरुष स्वयंप्रकाश होता है?"

अन्यशाखात्वादनपेक्षा सा श्रुतिरिति चेत्।

मध्यस्थ—यदि ऐसा मानें कि अन्य शाखाकी श्रुति* होनेके कारण यहाँ उसकी कोई अपेक्षा नहीं है, तो?

न; अर्थैकत्वस्येष्टत्वादेको ह्यात्मा सर्ववेदान्तानामर्थो विजिज्ञापयिषितो बुभुत्सितश्च। तस्माद्युक्ता स्वप्न आत्मनः स्वयंज्योतिष्ट्वोपपत्तिर्वक्तुम्। श्रुतेर्यथार्थतत्त्वप्रकाशकत्वात्।

पूर्व०—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि हमें सब श्रुतियोंके अर्थकी एकता ही इष्ट है। सम्पूर्ण वेदान्तोंका तात्पर्य एक आत्मा ही है; वही उन्हें बतलाना इष्ट है और वही जिज्ञासुओंको ज्ञातव्य है। इसलिये स्वप्नमें आत्माकी स्वयंप्रकाशताकी उपपत्ति बतलाना उचित है, क्योंकि श्रुति यथार्थ तत्त्वको ही प्रकाशित करनेवाली है।

एवं तर्हि शृणु श्रुत्यर्थं हित्वा सर्वमभिमानं न त्वभिमानेन

सिद्धान्ती—अच्छा तो अब सब प्रकारका अभिमान त्यागकर श्रुतिका

* क्योंकि यह उपनिषद् अथर्ववेदीय है और 'अत्रायं पुरुषः' आदि श्रुति यजुर्वेदीय काण्व-शाखाकी है।

वर्षशतेनापि श्रुत्यर्थो ज्ञातुं शक्यते सर्वैः पण्डितम्मन्यैः। यथा— हृदयाकाशे पुरीतति नाडीषु च स्वपतस्तत्सम्बन्धाभावात्ततो विविच्य दर्शयितुं शक्यत इत्यात्मनः स्वयंज्योतिष्ट्वं न बाध्यते। एवं मनस्यविद्याकामकर्मनिमित्तोद्भूत-वासनावति कर्मनिमित्ता वासनाविद्ययान्यद्वस्त्वन्तरमिव पश्यतः सर्वकार्यकरणेभ्यः प्रविविक्तस्य द्रष्टुर्वासनाभ्यो दृश्यरूपाभ्योऽन्यत्वेन स्वयज्योतिष्ट्वं सुदर्पितेनापि तार्किकेण न वारयितुं शक्यते। तस्मात् साधूक्तं मनसि प्रलीनेषु करणेषु अप्रलीने न मनसि मनोमयः स्वप्नान्पश्यतीति।

अर्थ श्रवण कर, क्योंकि अपनेको पण्डित माननेवाले सभी पुरुषोंको सौ वर्षमें भी श्रुतिका अर्थ समझमें नहीं आ सकता। जिस प्रकार [स्वप्नावस्थामें] हृदयाकाशमें और पुरीतत् नाडीमें शयन करनेवाले आत्माका स्वयंप्रकाशत्व बाधित नहीं हो सकता, क्योंकि वह उससे सम्बन्ध न रहनेके कारण उससे पृथक् करके दिखलाया जा सकता है उसी प्रकार अविद्या, कामना और कर्म आदिके कारण उद्भूत हुई वासनाओंसे युक्त होनेपर भी मनमें अविद्यावश प्राप्त हुई कर्मनिमित्तक वासनाको अन्य वस्तुके समान देखनेवाले तथा सम्पूर्ण कार्य-करणोंसे पृथग्भूत द्रष्टा आत्माका स्वयंप्रकाशत्व बड़े गर्वीले तार्किकोंद्वारा भी निवृत्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह दृश्यरूप वासनाओंसे भिन्नरूपसे स्थित है। इसलिये यह कहना बहुत ठीक है कि 'इन्द्रियोंके मनमें लीन हो जानेपर तथा मनके लीन न होनेपर आत्मा मनरूप होकर स्वप्न देखा करता है।'

कथं महिमानमनुभवतीत्युच्यते; यन्मित्रं पुत्रादि वा पूर्वं दृष्टं तद्वासनावासितः पुत्रमित्रादिवासनासमुद्भूतं पुत्रं मित्रमिव वाविद्यया पश्यतीत्येवं मन्यते। तथा श्रुतमर्थं तद्वासनयानुशृणोतीव। देशदिगन्तरैश्च देशान्तरैर्दिगन्तरैश्च प्रत्यनुभूतं पुनः पुनस्तत्प्रत्यनुभवतीवाविद्यया तथा दृष्टं चास्मिञ्जन्मन्यदृष्टं च जन्मान्तरदृष्टमित्यर्थः; अत्यन्तादृष्टे वासनानुपपत्तेः; एवं श्रुतं चाश्रुतं चानुभूतं चास्मिञ्जन्मनि केवलेन मनसा अननुभूतं च मनसैव जन्मान्तरेऽनुभूतमित्यर्थः। सच्च परमार्थोदकादि, असच्च मरीच्युदकादि। किं बहुनोक्तानुक्तं सर्वं पश्यति। सर्वः पश्यति सर्वमनोवासनोपाधिः

विभूत्यनुभवप्रकारः

वह अपनी विभूतिका किस प्रकार अनुभव करता है? सो अब बतलाते हैं—जो मित्र या पुत्रादि उसका पहले देखा हुआ होता है उसीकी वासनासे युक्त हो वह पुत्र-मित्रादिकी वासनासे प्रकट हुए पुत्र या मित्रको मानो अविद्यासे देखता है—ऐसा समझता है। इसी प्रकार सुने हुए विषयको मानो उसीकी वासनासे सुनता है तथा दिग्देशान्तरोंमें यानी भिन्न-भिन्न दिशा और देशोंमें अनुभव किये हुए पदार्थोंको अविद्यासे पुनः-पुनः अनुभव-सा करता है। इसी प्रकार दृष्ट—इसी जन्ममें देखे हुए एवं अदृष्ट अर्थात् जन्मान्तरमें देखे हुए, क्योंकि अत्यन्त अदृष्ट पदार्थोंमें वासनाका होना सम्भव नहीं है, तथा श्रुत-अश्रुत, अनुभूत—जिसका इसी जन्ममें केवल मनसे अनुभव किया हो, अननुभूत—जिसका मनसे ही जन्मान्तरमें अनुभव किया हो, सत्—जल आदि वास्तविक पदार्थ और असत्—मृगजल आदि, अधिक क्या कहा जाय—ऊपर कहे हुए अथवा नहीं कहे हुए सभी पदार्थोंको वह सर्वरूपसे मनोवासनारूप उपाधिवाला

सन्नेवं सर्वकरणात्मा मनोदेवः स्वप्नान्पश्यति ॥ ५ ॥

होकर देखता है। इस प्रकार यह सर्वेन्द्रियरूप मनोदेव स्वप्नोंको देखा करता है॥ ५॥

सुषुप्तिनिरूपण

स यदा तेजसाभिभूतो भवत्यत्रैष देवः स्वप्नान्न पश्यत्यथ तदैतस्मिञ्शरीर एतत्सुखं भवति॥ ६ ॥

जिस समय यह मन तेजसे आक्रान्त होता है उस समय यह आत्मदेव स्वप्न नहीं देखता। उस समय इस शरीरमें यह सुख होता है॥ ६॥

स यदा मनोरूपो देवो यस्मिन्काले सौरेण पित्ताख्येन तेजसा नाडीशयेन सर्वतोऽभिभूतो भवति तिरस्कृतवासनाद्वारो भवति तदा सह करणैः मनसो रश्मयो हृद्युपसंहता भवन्ति। यदा मनो दार्वग्निवदविशेषविज्ञानरूपेण कृत्स्नं शरीरं व्याप्यावतिष्ठते तदा सुषुप्तो भवति। अत्रैतस्मिन्काल एष मनआख्यो देवः स्वप्नान्न पश्यति

जिस समय वह मनरूप देव नाडीमें रहनेवाले पित्त नामक सौर तेजसे सब ओरसे अभिभूत अर्थात् जिसकी वासनाओंकी अभिव्यक्तिका द्वार लुप्त हो गया है—ऐसा हो जाता है उस समय इन्द्रियोंके सहित मनकी किरणोंका हृदयमें उपसंहार हो जाता है। जिस समय मन काष्ठमें व्याप्त अग्निके समान निर्विशेष विज्ञानरूपसे सम्पूर्ण शरीरको व्याप्त करके स्थित होता है उस समय वह सुषुप्ति-अवस्थामें पहुँच जाता है। यहाँ अर्थात् इस समय यह मन नामवाला देव स्वप्नोंको नहीं देखता, क्योंकि उन्हें

दर्शनद्वारस्य निरुद्धत्वात् तेजसा। अथ तदैतस्मिञ्शरीर एतत्सुखं भवति यद्विज्ञानं निराबाधमविशेषेण शरीरव्यापकं प्रसन्नं भवतीत्यर्थः॥ ६॥

देखनेका द्वार तेजसे रुक जाता है। तदनन्तर इस शरीरमें यह सुख होता है; तात्पर्य यह कि जो निराबाध और सामान्यरूपसे सम्पूर्ण शरीरमें व्याप्त विज्ञान है वही स्फुट हो जाता है॥ ६॥

एतस्मिन्कालेऽविद्याकामकर्मनिबन्धनानि कार्यकरणानि शान्तानि भवन्ति। तेषु शान्तेषु आत्मस्वरूपमुपाधिभिरन्यथा विभाव्यमानमद्वयमेकं शिवं शान्तं भवतीत्येतामेवावस्थां पृथिव्याद्यविद्याकृतमात्रानुप्रवेशेन दर्शयितुं दृष्टान्तमाह—

इस समय अविद्या, काम और कर्मजनित शरीर एवं इन्द्रियाँ शान्त हो जाती हैं। उनके शान्त हो जानेपर, उपाधियोंके कारण अन्यरूपसे भासित होनेवाला आत्मस्वरूप अद्वितीय, एक, शिव और शान्त हो जाता है। अतः पृथिवी आदि अविद्याकृत मात्राओं (विषयों)-के अनुप्रवेशद्वारा इसी अवस्थाको दिखलानेके लिये दृष्टान्त दिया जाता है—

स यथा सोम्य वयांसि वासोवृक्षं संप्रतिष्ठन्ते एवं ह वै तत्सर्वं पर आत्मनि संप्रतिष्ठते॥ ७॥

हे सोम्य! जिस प्रकार पक्षी अपने बसेरेके वृक्षपर जाकर बैठ जाते हैं उसी प्रकार वह सब (कार्यकरणसंघात) सबसे उत्कृष्ट आत्मामें जाकर स्थित हो जाता है॥ ७॥

स दृष्टान्तो यथा येन प्रकारेण सोम्य प्रियदर्शन वयांसि

वह दृष्टान्त इस प्रकार है—हे सोम्य—हे प्रियदर्शन! जिस प्रकार

पक्षिणो वासार्थं वृक्षं वासोवृक्षं प्रति संप्रतिष्ठन्ते गच्छन्ति। एवं यथा दृष्टान्तो ह वै तद्वक्ष्यमाणं सर्वं पर आत्मन्यक्षरे संप्रतिष्ठते ॥ ७ ॥

पक्षी अपने वासोवृक्ष—बसेरेके वृक्षकी ओर प्रस्थान करते यानी जाते हैं, यह जैसा दृष्टान्त है उसी प्रकार आगे कहा जानेवाला वह सब सर्वातीत आत्मा—अक्षरमें जाकर स्थित हो जाता है ॥ ७ ॥

किं तत्सर्वम्—

वह सब क्या है?

पृथिवी च पृथिवीमात्रा चापश्चापोमात्रा च तेजश्च तेजोमात्रा च वायुश्च वायुमात्रा चाकाशश्चाकाशमात्रा च चक्षुश्च द्रष्टव्यं च श्रोत्रं च श्रोतव्यं च घ्राणं च घ्रातव्यं च रसश्च रसयितव्यं च त्वक्च स्पर्शयितव्यं च वाक्च वक्तव्यं च हस्तौ चादातव्यं चोपस्थश्चानन्दयितव्यं च पायुश्च विसर्जयितव्यं च पादौ च गन्तव्यं च मनश्च मन्तव्यं च बुद्धिश्च बोद्धव्यं चाहङ्कारश्चाहङ्कर्तव्यं च चित्तं च चेतयितव्यं च तेजश्च विद्योतयितव्यं च प्राणश्च विधारयितव्यं च ॥ ८ ॥

पृथिवी और पृथिवीमात्रा (गन्धतन्मात्रा), जल और रसतन्मात्रा, तेज और रूपतन्मात्रा, वायु और स्पर्शतन्मात्रा, आकाश और शब्दतन्मात्रा, नेत्र और द्रष्टव्य (रूप), श्रोत्र और श्रोतव्य (शब्द),घ्राण और घ्रातव्य (गन्ध), रसना और रसयितव्य (रस), त्वचा और स्पर्शयोग्य पदार्थ, हाथ और ग्रहण करनेयोग्य वस्तु, उपस्थ और आनन्दयितव्य, पायु और विसर्जनीय, पाद और गन्तव्य स्थान, मन और मनन करनेयोग्य, बुद्धि और बोद्धव्य, अहंकार और अहंकारका विषय, चित्त और चेतनीय, तेज और प्रकाश्य पदार्थ तथा प्राण और धारण करनेयोग्य वस्तु [ये सभी आत्मामें लीन हो जाते हैं] ॥ ८ ॥

पृथिवी च स्थूला पञ्चगुणा तत्कारणा च पृथिवीमात्रा च गन्धतन्मात्रा, तथापश्चापोमात्रा च, तेजश्च तेजोमात्रा च, वायुश्च वायुमात्रा च, आकाशश्चाकाशमात्रा च, स्थूलानि च सूक्ष्माणि च भूतानीत्यर्थः, तथा चक्षुश्चेन्द्रियं रूपं च द्रष्टव्यं च, श्रोत्रं च श्रोतव्यं च, घ्राणं च घ्रातव्यं च, रसश्च रसयितव्यं च, त्वक्च स्पर्शयितव्यं च, वाक्च वक्तव्यं च, हस्तौ चादातव्यं च, उपस्थश्चानन्दयितव्यं च, पायुश्च विसर्जयितव्यं च, पादौ च गन्तव्यं च, बुद्धीन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाणि तथा चोक्तानि, मनश्च पूर्वोक्तम्, मन्तव्यं च तद्विषयः, बुद्धिश्च निश्चयात्मिका, बोद्धव्यं च तद्विषयः, अहङ्कारश्चाभिमान-लक्षणमन्तःकरणमहङ्कर्तव्यं च तद्विषयः, चित्तं च चेतनाव-दन्तःकरणम्, चेतयितव्यं च तद्विषयः; तेजश्च त्वगिन्द्रियव्यतिरेकेण प्रकाशविशिष्टा या त्वक्तया निर्भास्यो विषयो विद्योतयितव्यम्,

शब्दादि पाँच गुणोंसे युक्त स्थूल पृथिवी और उसकी कारणभूत पृथिवीतन्मात्रा यानी गन्धतन्मात्रा, तथा जल और रसतन्मात्रा, तेज और रूपतन्मात्रा, वायु और स्पर्शतन्मात्रा एवं आकाश और शब्दतन्मात्रा; अर्थात् सम्पूर्ण स्थूल और सूक्ष्म भूत; इसी प्रकार चक्षु-इन्द्रिय और उससे द्रष्टव्य रूप, श्रोत्र और श्रवणीय (शब्द), घ्राण और घ्रातव्य (गन्ध), रस और रसयितव्य, त्वक् और स्पर्शयितव्य, वाक्-इन्द्रिय और वक्तव्य (वचन), हाथ और उनसे ग्रहण करनेयोग्य पदार्थ, उपस्थ और आनन्दयितव्य, पायु और विसर्जनीय (मल), पाद और गन्तव्य स्थान; इस प्रकार वर्णन की हुई ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ तथा पूर्वोक्त मन और उसका मन्तव्य विषय, निश्चयात्मिका बुद्धि और उसका बोद्धव्य विषय, अहंकार—अभिमानात्मक अन्तःकरण और उसका विषय अहंकर्तव्य, चित्त—चेतनायुक्त अन्तःकरण और उसका चेतयितव्य विषय, तेज यानी त्वगिन्द्रियसे भिन्न प्रकाश-विशिष्ट त्वचा और विद्योतयितव्य—

प्राणश्च सूत्रं यदाचक्षते तेन विधारयितव्यं संग्रथनीयं सर्वं हि कार्यकरणजातं पारार्थ्येन संहतं नामरूपात्मकमेतावदेव॥ ८॥

उससे प्रकाशित होनेवाला विषय [चर्म] तथा प्राण जिसे सूत्रात्मक कहते हैं और उससे धारण किये जानेयोग्य अर्थात् ग्रथित होनेयोग्य [यह सब सुषुप्तिके समय आत्मामें जाकर स्थित हो जाता है, क्योंकि] पर—आत्माके लिये संहत हुआ नामरूपात्मक सम्पूर्ण कार्य-करण-जात इतना ही है॥ ८॥

अतः परं यदात्मरूपं जलसूर्यकादिवद्भोक्तृत्वकर्तृत्वेन इह अनुप्रविष्टम्—

इससे परे जो आत्मस्वरूप जलमें प्रतिबिम्बित सूर्यके समान इस शरीरमें कर्ता-भोक्तारूपसे अनुप्रविष्ट है—

सुषुप्तिमें जीवकी परमात्मप्राप्ति

एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा पुरुषः स परेऽक्षर आत्मनि संप्रतिष्ठते॥ ९॥

यही द्रष्टा, स्प्रष्टा, श्रोता, घ्राता, रसयिता, मन्ता (मनन करनेवाला), बोद्धा और कर्ता विज्ञानात्मा पुरुष है। वह पर अक्षर आत्मामें सम्यक् प्रकारसे स्थित हो जाता है॥ ९॥

एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा

यही देखनेवाला, स्पर्श करनेवाला, सुननेवाला, सूँघनेवाला, चखनेवाला, मनन करनेवाला, जाननेवाला,

कर्ता विज्ञानात्मा विज्ञानं विज्ञायतेऽनेनेति करणभूतं बुद्ध्यादीदं तु विजानातीति विज्ञानं कर्तृकारकरूपं तदात्मा तत्स्वभावो विज्ञातृस्वभाव इत्यर्थः। पुरुषः कार्यकरण-संघातोक्तोपाधिपूर्णत्वात्पुरुषः। स च जलसूर्यकादिप्रतिबिम्बस्य सूर्यादिप्रवेशवज्जगदाधारशेषे परेऽक्षर आत्मनि संप्रतिष्ठते॥ ९॥

कर्ता, विज्ञानात्मा—जिनसे जाना जाता है वह बुद्धि आदि ज्ञानके साधनस्वरूप हैं, किन्तु यह आत्मा तो उन्हें जानता है इसलिये यह कर्ता कारकरूप विज्ञान है। यह तद्रूप—वैसे स्वभाववाला अर्थात् विज्ञातृस्वभाव है। तथा कार्यकरण-संघातरूप उपाधिमें पूर्ण होनेके कारण यह पुरुष है। जलमें दिखायी देनेवाला सूर्यका प्रतिबिम्ब जिस प्रकार जलरूप उपाधिके नष्ट हो जानेपर सूर्यमें प्रविष्ट हो जाता है उसी प्रकार यह द्रष्टा, श्रोता आदिरूपसे बतलाया गया पुरुष जगत्के आधारभूत पर अक्षर आत्मामें सम्यक्-रूपसे स्थित हो जाता है॥ ९॥

तदेकत्वविदः फलमाह—

[अक्षरब्रह्मके साथ] उस विज्ञानात्माका एकत्व जाननेवालेको जो फल मिलता है, वह बतलाते हैं—

परमेवाक्षरं प्रतिपद्यते स यो ह वै तदच्छायमशरीरमलोहितं शुभ्रमक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य। स सर्वज्ञः सर्वो भवति। तदेष श्लोकः॥ १०॥

हे सोम्य! इस छायाहीन, अशरीरी, अलोहित, शुभ्र अक्षरको जो पुरुष जानता है वह पर अक्षरको ही प्राप्त हो जाता है। वह सर्वज्ञ और सर्वरूप हो जाता है। इस सम्बन्धमें यह श्लोक (मन्त्र) है॥ १०॥

परमेवाक्षरं वक्ष्यमाणविशेषणं प्रतिपद्यत इत्येतदुच्यते। स यो ह वै तत्सर्वैषणाविनिर्मुक्तोऽच्छायं तमोवर्जितम्, अशरीरं नामरूपसर्वोपाधिशरीरवर्जितम्, अलोहितं लोहितादिसर्वगुणवर्जितम्, यत एवमतः शुभ्रं शुद्धम्, सर्वविशेषणरहितत्वादक्षरम्, सत्यं पुरुषाख्यम्, अप्राणम् अमनोगोचरम्, शिवं शान्तं सबाह्याभ्यन्तरमजं वेदयते विजानाति यस्तु सर्वत्यागी सोम्य स सर्वज्ञो न तेनाविदितं किञ्चित् सम्भवति। पूर्वमविद्ययासर्वज्ञ आसीत्पुनर्विद्ययाविद्यापनये सर्वो भवति तदा। तत्तस्मिन्नर्थ एष श्लोको मन्त्रो भवति उक्तार्थसंग्राहकः॥ १०॥

उसके विषयमें ऐसा कहते हैं कि वह आगे बतलाये जानेवाले विशेषणोंसे युक्त पर अक्षरको ही प्राप्त हो जाता है। सम्पूर्ण एषणाओंसे छूटा हुआ जो अधिकारी उस अच्छाय—तमोहीन, अशरीर–नामरूपमय सम्पूर्ण औपाधिक शरीरोंसे रहित, अलोहित—लोहितादि सब प्रकारके गुणोंसे हीन, और ऐसा होनेके कारण ही जो शुभ्र—शुद्ध, सम्पूर्ण विशेषणोंसे रहित होनेके कारण अक्षर, पुरुषसंज्ञक सत्य, अप्राण, मनका अविषय, शिव, शान्त और सबाह्याभ्यन्तर अज परब्रह्मको जानता है, तथा जो सबका त्याग करनेवाला है, हे सोम्य! वह सर्वज्ञ हो जाता है—उससे कुछ भी अज्ञात नहीं रह सकता। वह अविद्यावश पहले असर्वज्ञ था, फिर विद्याद्वारा अविद्याके नष्ट हो जानेपर वही सर्वरूप हो जाता है। इस विषयमें उपर्युक्त अर्थका संग्रह करनेवाला यह श्लोक यानी मन्त्र है॥ १०॥

अक्षरब्रह्मके ज्ञानका फल

विज्ञानात्मा सह देवैश्च सर्वैः
प्राणा भूतानि संप्रतिष्ठन्ति यत्र।
तदक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य
स सर्वज्ञः सर्वमेवाविवेशेति॥ ११॥

हे सोम्य! जिस अक्षरमें समस्त देवोंके सहित विज्ञानात्मा प्राण और भूत सम्यक् प्रकारसे स्थित होते हैं उसे जो जानता है वह सर्वज्ञ सभीमें प्रवेश कर जाता है॥ ११ ॥

विज्ञानात्मा सह देवैश्चाग्न्यादिभिः प्राणाश्चक्षुरादयो भूतानि पृथिव्यादीनि संप्रतिष्ठन्ति प्रविशन्ति यत्र यस्मिन्नक्षरे तदक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य प्रियदर्शन स सर्वज्ञः सर्वमेव आविवेशाविशतीत्यर्थः ॥ ११ ॥

जिस अक्षरमें अग्नि आदि देवोंके सहित विज्ञानात्मा तथा चक्षु आदि प्राण और पृथिवी आदि भूत प्रतिष्ठित होते अर्थात् प्रवेश करते हैं। हे सोम्य—हे प्रियदर्शन! उस अक्षरको जो जानता है वह सर्वज्ञ सभीमें आविष्ट अर्थात् प्रविष्ट हो जाता है॥ ११ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ प्रश्नोपनिषद्भाष्ये चतुर्थः प्रश्नः ॥ ४ ॥

पञ्चम प्रश्न

सत्यकामका प्रश्न—ओंकारोपासकको किस लोककी प्राप्ति होती है?

अथ हैनं शैब्यः सत्यकामः पप्रच्छ। स यो ह वै तद्भगवन्मनुष्येषु प्रायणान्तमोङ्कारमभिध्यायीत। कतमं वाव स तेन लोकं जयतीति॥ १॥

तदनन्तर उन पिप्पलाद मुनिसे शिबिपुत्र सत्यकामने पूछा—'भगवन्! मनुष्योंमें जो पुरुष प्राणप्रयाणपर्यन्त इस ओंकारका चिन्तन करे, वह उस (ओंकारोपासना)-से किस लोकको जीत लेता है?'॥ १॥

अथ हैनं शैब्यः सत्यकामः पप्रच्छ; अथेदानीं परापरब्रह्म-प्राप्तिसाधनत्वेनोङ्कारस्योपासन-विधित्सया प्रश्न आरभ्यते—

तदनन्तर उन आचार्य पिप्पलादसे शिबिके पुत्र सत्यकामने पूछा; अब इससे आगे पर और अपर ब्रह्मकी प्राप्तिके साधनस्वरूप ओंकारोपासनाका विधान करनेकी इच्छासे आगेका प्रश्न प्रारम्भ किया जाता है।

स यः कश्चिद्ध वै भगवन् मनुष्येषु मनुष्याणां मध्ये तद् अद्भुतमिव प्रायणान्तं मरणान्तम्, यावज्जीवमित्येतत्, ओङ्कारमभिध्यायी-ताभिमुख्येन चिन्तयेत्, बाह्यविषयेभ्य

हे भगवन्! मनुष्योंमें—मनुष्यजातिके बीच जो कोई आश्चर्यसदृश विरल पुरुष मरणपर्यन्त—यावज्जीवन ओंकारका अभिध्यान अर्थात् मुख्यरूपसे चिन्तन करे [वह किस लोकको जीत लेता है?] इन्द्रियोंको बाह्य विषयोंसे

उपसंहृतकरणः समाहितचित्तो भक्त्यावेशितब्रह्मभाव ओङ्कारे, आत्मप्रत्ययसन्तानाविच्छेदो भिन्न-जातीयप्रत्ययान्तराखिलीकृतो निर्वातस्थदीपशिखासमोऽभिध्यान-शब्दार्थः। सत्यब्रह्मचर्याहिंसापरिग्रह-त्यागसंन्यासशौचसन्तोषामायावि-त्वाद्यनेकयमनियमानुगृहीतः स एवं यावज्जीवव्रतधारणः कतमं वाव, अनेके हि ज्ञानकर्मभिर्जेतव्या लोकास्तिष्ठन्ति तेषु तेनोङ्काराभिध्यानेन कतमं स लोकं जयति॥ १॥

हटाकर और चित्तको एकाग्र कर उसे भक्तिके द्वारा जिसमें ब्रह्मभावकी प्रतिष्ठा की गयी है उस ओंकारमें इस प्रकार लगा देना कि आत्मप्रत्ययसन्ततिका विच्छेद न हो—भिन्नजातीय प्रतीतियोंसे उसमें बाधा न आवे तथा वह वायुहीन स्थानमें रखे हुए दीपककी शिखाके समान स्थित हो जाय—ऐसा ध्यान ही 'अभिध्यान' शब्दका अर्थ है। सत्य, ब्रह्मचर्य, अहिंसा, अपरिग्रह, त्याग, संन्यास, शौच, सन्तोष, निष्कपटता आदि अनेक यम-नियमोंसे सम्पन्न होकर यावज्जीवन ऐसा व्रत धारण करनेवालेको भला कौन-सा लोक प्राप्त होगा? क्योंकि ज्ञान और कर्मसे प्राप्त होनेयोग्य तो बहुत-से लोक हैं, उनमें उस ओंकारचिन्तनद्वारा वह किस लोकको जीत लेता है?॥ १॥

ओंकारोपासनासे प्राप्तव्य पर अथवा अपर ब्रह्म

तस्मै स होवाच एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कारः। तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेनैकतरमन्वेति॥ २॥

उससे उस पिप्पलादने कहा—हे सत्यकाम! यह जो ओंकार है वही निश्चय पर और अपर ब्रह्म है। अतः विद्वान् इसीके आश्रयसे उनमेंसे किसी एक [ब्रह्म]-को प्राप्त हो जाता है॥ २॥

इति पृष्टवते तस्मै स होवाच पिप्पलादः—एतद्वै सत्यकाम! एतद्ब्रह्म वै परं चापरं च ब्रह्म परं सत्यमक्षरं पुरुषाख्यमपरं च प्राणाख्यं प्रथमजं यत्तदोङ्कार एवोङ्कारात्मकमोङ्कारप्रतीकत्वात्। परं हि ब्रह्म शब्दाद्युपलक्षणानर्हं सर्वधर्मविशेषवर्जितमतो न शक्य- मतीन्द्रियगोचरत्वात्केवलेन मनसावगाहितुम्। ओङ्कारे तु विष्णवादिप्रतिमास्थानीये भक्त्यावेशितब्रह्मभावे ध्यायिनां तत्प्रसीदति इत्येतदवगम्यते शास्त्रप्रामाण्यात् तथापरं च ब्रह्म। तस्मात्परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कार इत्युपचर्यते। तस्मादेवं विद्वानेतेनैवात्म- प्राप्तिसाधनेनैवोङ्काराभिध्यानेन एकतरं परमपरं वान्वेति ब्रह्मानुगच्छति नेदिष्ठं ह्यालम्बनमोङ्कारो ब्रह्मणः॥ २॥

इस प्रकार पूछनेवाले सत्यकामसे पिप्पलादने कहा—हे सत्यकाम! यह पर और अपर ब्रह्म; पर अर्थात् सत्य अक्षर अथवा पुरुषसंज्ञक ब्रह्म तथा जो प्रथम विकाररूप प्राण नामक अपर ब्रह्म है वह ओंकार ही है; अर्थात् ओंकाररूप प्रतीकवाला होनेसे ओंकारस्वरूप ही है। परब्रह्म शब्दादिसे उपलक्षित होनेके अयोग्य और सब प्रकारके विशेष धर्मोंसे रहित है; अतः इन्द्रिय-गोचरतासे अतीत होनेके कारण केवल मनसे उसका अवगाहन नहीं किया जा सकता; किंतु विष्णु आदिकी प्रतिमास्थानीय ओंकारमें जिसमें कि भक्तिके द्वारा ब्रह्म-भावकी स्थापना की गयी है, ध्यान करनेवालोंके प्रति प्रसन्न होता है—यह बात शास्त्र-प्रमाणसे जानी जाती है। इसी प्रकार अपर ब्रह्म भी [ओंकारमें ध्यान करनेवालोंके प्रति प्रसन्न होता है]। अतः पर और अपर ब्रह्म ओंकार ही है—ऐसा उपचारसे कहा जाता है। सुतरां, विद्वान् आत्मप्राप्तिके इस ओंकार-चिन्तनरूप साधनसे ही पर या अपर किसी एक ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है, क्योंकि ओंकार ही ब्रह्मका सबसे अधिक समीपवर्ती आलम्बन है॥ २॥

एकमात्राविशिष्ट ओंकारोपासनाका फल

स यद्येकमात्रमभिध्यायीत स तेनैव संवेदितस्तूर्णमेव जगत्यामभिसम्पद्यते। तमृचो मनुष्यलोकमुपनयन्ते स तत्र तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया सम्पन्नो महिमानमनुभवति॥ ३॥

वह यदि एकमात्राविशिष्ट ओंकारका ध्यान करता है तो उसीसे बोधको प्राप्त कर तुरंत ही संसारको प्राप्त हो जाता है। उसे ऋचाएँ मनुष्यलोकमें ले जाती हैं। वहाँ वह तप, ब्रह्मचर्य और श्रद्धासे सम्पन्न होकर महिमाका अनुभव करता है॥ ३॥

स यद्यप्योङ्कारस्य सकलमात्राविभागज्ञो न भवति तथापि ओङ्काराभिध्यानप्रभावाद्विशिष्टामेव गतिं गच्छति; एतदेकदेशज्ञानवैगुण्यतयोङ्कारशरणः कर्मज्ञानोभयभ्रष्टो न दुर्गतिं गच्छति। किं तर्हि? यद्यप्येवम् ओङ्कारमेवैकमात्राविभागज्ञ एव केवलोऽभिध्यायीतैकमात्रं सदा ध्यायीत स तेनैवैकमात्राविशिष्टोङ्काराभिध्यानेनैव संवेदितः सम्बोधितस्तूर्णं क्षिप्रमेव जगत्यां पृथिव्यामभिसम्पद्यते।

यद्यपि वह ओंकारकी समस्त मात्राओंका ज्ञाता नहीं होता; तो भी ओंकारके चिन्तनके प्रभावसे वह विशिष्ट गतिको ही प्राप्त होता है। अर्थात् ओंकारकी शरणमें प्राप्त हुआ पुरुष इसके एकांश ज्ञानरूप दोषसे कर्म और ज्ञान दोनोंसे भ्रष्ट होकर दुर्गतिको प्राप्त नहीं होता। तो फिर क्या होता है? वह इस प्रकार यदि ओंकारकी केवल एकमात्राका ज्ञाता होकर केवल एकमात्राविशिष्ट ओंकारका ही अभिध्यान यानी सर्वदा चिन्तन करता है तो वह उस एकमात्राविशिष्ट ओंकारके ध्यानसे ही संवेदित अर्थात् बोध प्राप्त कर तत्काल जगती यानी पृथिवीलोकमें प्राप्त हो जाता है।

किम्? मनुष्यलोकम्। अनेकानि हि जन्मानि जगत्यां सम्भवन्ति। तत्र तं साधकं जगत्यां मनुष्यलोकमेवर्च उपनयन्त उपनिगमयन्ति। ऋच ऋग्वेदरूपा ह्योङ्कारस्य प्रथमैकमात्राभिध्याता। तेन स तत्र मनुष्यजन्मनि द्विजाग्र्यः संस्तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया च संपन्नो महिमानं विभूतिमनुभवति न वीतश्रद्धो यथेष्टचेष्टो भवति योगभ्रष्टः कदाचिदपि न दुर्गतिं गच्छति॥ ३॥

[पृथिवीलोकमें] किसे प्राप्त होता है? मनुष्यलोकको; क्योंकि संसारमें तो अनेक प्रकारके जन्म हो सकते हैं। उनमेंसे संसारमें उस साधकको ऋचाएँ मनुष्यलोकको ही ले जाती हैं, क्योंकि ओंकारकी ध्यान की हुई पहली एकमात्रा(अ) ऋग्वेदरूपा है। इससे उस मनुष्यजन्ममें वह द्विजश्रेष्ठ होकर तप, ब्रह्मचर्य और श्रद्धासे सम्पन्न हो महिमा यानी विभूतिका अनुभव करता है—श्रद्धाहीन होकर स्वेच्छाचारी नहीं होता। ऐसा योगभ्रष्ट कभी दुर्गतिको प्राप्त नहीं होता॥ ३॥

द्विमात्राविशिष्ट ओंकारोपासनाका फल

अथ यदि द्विमात्रेण मनसि सम्पद्यते सोऽन्तरिक्षं यजुर्भिरुन्नीयते सोमलोकम्। स सोमलोके विभूतिमनुभूय पुनरावर्तते॥ ४॥

और यदि वह द्विमात्राविशिष्ट ओंकारके चिन्तनद्वारा मनसे एकत्वको प्राप्त हो जाता है तो उसे यजुःश्रुतियाँ अन्तरिक्षस्थित सोमलोकमें ले जाती हैं। तदनन्तर सोमलोकमें विभूतिका अनुभव कर वह फिर लौट आता है॥ ४॥

अथ पुनर्यदि द्विमात्राविभागज्ञो द्विमात्रेण विशिष्टमोङ्कारम् अभिध्यायीत

और यदि वह दो मात्राओं (अ, उ)-के विभागका ज्ञाता होकर द्विमात्राविशिष्ट ओंकारका चिन्तन करता है

स्वप्नात्मके मनसि मननीये यजुर्मये सोमदैवत्ये सम्पद्यत एकाग्रतयात्मभावं गच्छति स एवं सम्पन्नो मृतोऽन्तरिक्षम् अन्तरिक्षाधारं द्वितीयमात्रारूपं द्वितीयमात्रारूपैरेव यजुर्भिरुन्नीयते सोमलोकं सौम्यं जन्म प्रापयन्ति तं यजूंषीत्यर्थः। स तत्र विभूतिमनुभूय सोमलोके मनुष्यलोकं प्रति पुनरावर्तते॥ ४॥

तो वह सोम ही जिसका देवता है उस स्वप्नात्मक यजुर्वेदस्वरूप मननीय मनको प्राप्त होता है अर्थात् एकाग्रताद्वारा उसके आत्मभावको प्राप्त हो जाता है [यानी उसे ही अपना-आप मानने लगता है]। इस अवस्थामें मृत्युको प्राप्त होनेपर वह अन्तरिक्षाधार द्वितीयमात्रारूप सोमलोकमें द्वितीयमात्रारूप यजुः-श्रुतियोंद्वारा सोमलोकको ले जाया जाता है। अर्थात् यजुःश्रुतियाँ उसे सोमलोकसम्बन्धी जन्म प्राप्त कराती हैं। उस सोमलोकमें विभूतिका अनुभव कर वह फिर मनुष्यलोकमें लौट आता है॥ ४॥

त्रिमात्राविशिष्ट ओंकारोपासनाका फल

यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्ये संपन्नः। यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत एवं ह वै स पाप्मना विनिर्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं स एतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते तदेतौ श्लोकौ भवतः॥ ५॥

किन्तु जो उपासक त्रिमात्राविशिष्ट 'ॐ' इस अक्षरद्वारा इस परमपुरुषकी उपासना करता है वह तेजोमय सूर्यलोकको प्राप्त होता है। सर्प जिस प्रकार

केंचुलीसे निकल आता है उसी प्रकार वह पापोंसे मुक्त हो जाता है। वह सामश्रुतियोंद्वारा ब्रह्मलोकमें ले जाया जाता है और इस जीवनघनसे भी उत्कृष्ट हृदयस्थित परमपुरुषका साक्षात्कार करता है। इस सम्बन्धमें ये दो श्लोक हैं॥ ५॥

यः पुनरेतमोङ्कारं त्रिमात्रेण त्रिमात्राविषयविज्ञानविशिष्टेन ओमित्येतेनैवाक्षरेण परं सूर्यान्तर्गतं पुरुषं प्रतीकेनाभिध्यायीत तेनाभिध्यानेन, प्रतीकत्वेन ह्यालम्बनत्वं प्रकृतम् ओङ्कारस्य परं चापरं च ब्रह्मेत्यभेदश्रुतेरोङ्कारमिति च द्वितीयानेकशः श्रुता बाध्येतान्यथा यद्यपि तृतीयाभिध्यानत्वेन करण-त्वमुपपद्यते तथापि प्रकृतानुरोधा-त्त्रिमात्रं परं पुरुषमिति द्वितीयैव परिणेया ''त्यजेदेकं कुलस्यार्थे''

परन्तु जो पुरुष इस तीन मात्राओंवाले—तीन मात्राविषयक विज्ञानसे युक्त 'ॐ' इस अक्षरात्मक प्रतीकरूपसे पर अर्थात् सूर्य-मण्डलान्तर्गत पुरुषका चिन्तन करता है वह उस चिन्तनके द्वारा ही ध्यान करता हुआ तृतीय मात्रारूप होकर तेजोमय सूर्यलोकमें स्थित हो जाता है। वह मृत्युके पश्चात् भी चन्द्रलोकादिके समान सूर्यलोकसे लौटकर नहीं आता, बल्कि सूर्यमें लीन हुआ ही स्थित रहता है। 'परं चापरं च ब्रह्म' इस अभेदश्रुतिद्वारा ओंकारका प्रतीकरूपसे आलम्बनत्व बतलाया गया है [ब्रह्मप्राप्तिमें उसका साधनत्व नहीं बतलाया गया]। अन्यथा बहुत-सी श्रुतियोंमें जो 'ओंकारम्' ऐसी द्वितीया विभक्ति आयी है वह बाधित हो जायगी। यद्यपि 'ओमित्येतेन' इस पदमें तृतीया विभक्ति होनेके कारण इसका करणत्व (साधनत्व) मानना भी ठीक है तथापि ''त्यजेदेकं कुलस्यार्थे''

(महा० उ० ३७। १७) इति न्यायेन। स तृतीयमात्रारूपस्तेजसि सूर्ये संपन्नो भवति ध्यायमानो मृतोऽपि सूर्यात्सोमलोकादिवन्न पुनरावर्तते किन्तु सूर्ये संपन्नमात्र एव।

यथा पादोदरः सर्पस्त्वचा विनिर्मुच्यते जीर्णत्वग्विनिर्मुक्तः स पुनर्नवो भवति। एवं ह वा एष यथा दृष्टान्तः स पाप्मना सर्पत्वक्स्थानीयेनाशुद्धिरूपेण विनिर्मुक्तः सामभिस्तृतीयमात्रारूपैरूर्ध्वमुन्नीयते ब्रह्मलोकं हिरण्यगर्भस्य ब्रह्मणो लोकं सत्याख्यम्। स हिरण्यगर्भः सर्वेषां संसारिणां जीवानामात्मभूतः। स ह्यन्तरात्मा लिङ्गरूपेण सर्वभूतानाम्, तस्मिन्हि लिङ्गात्मनि संहताः सर्वे जीवाः। तस्मात्स जीवघनः। स विद्वांस्त्रिमात्रोङ्कराभिज्ञ एतस्माज्जीवघनाद्धिरण्यगर्भात्परात्परं परमात्माख्यं पुरुषमीक्षते पुरिशयं सर्वशरीरानुप्रविष्टं पश्यति ध्यायमानः। तदेतस्मिन्यथोक्तार्थप्रकाशकौ मन्त्रौ भवतः॥ ५॥

(कुलके हितके लिये एक व्यक्तिका त्याग कर देना चाहिये) इस न्यायसे प्रकरणके अनुसार इसे 'त्रिमात्रं परं पुरुषम्' इस प्रकार द्वितीया विभक्तिमें ही परिणत कर लेना चाहिये।

जिस प्रकार पादोदर—सर्प केंचुलीसे छूट जाता है, और वह जीर्ण त्वचासे छूटकर पुनः नवीन हो जाता है, उसी प्रकार जैसा कि यह दृष्टान्त है, वह साधक सर्पकी केंचुलीरूप अशुद्धिमय पापसे मुक्त हो तृतीय मात्रारूप सामश्रुतियोंद्वारा ऊपरकी ओर ब्रह्मलोकको यानी हिरण्यगर्भ—ब्रह्माके सत्य नामक लोकको ले जाया जाता है। वह हिरण्यगर्भ सम्पूर्ण संसारी जीवोंका आत्मस्वरूप है। वही लिंगदेहरूपसे समस्त जीवोंका अन्तरात्मा है। उस लिंगात्मा हिरण्यगर्भमें ही समस्त जीव संहत हैं। अतः वह जीवघन है। वह त्रिमात्र ओंकारका ज्ञाता एवं ध्यान करनेवाला विद्वान् इस उत्तम जीवघनस्वरूप हिरण्यगर्भसे भी श्रेष्ठ तथा पुरिशय—सम्पूर्ण शरीरोंमें अनुप्रविष्ट परमात्मा-संज्ञक पुरुषको देखता है। इस उपर्युक्त अर्थको ही प्रकाशित करनेवाले ये दो श्लोक यानी मन्त्र हैं॥ ५॥

ओंकारकी तीन मात्राओंकी विशेषता

तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता
अन्योन्यसक्ता अनविप्रयुक्ताः।
क्रियासु बाह्याभ्यन्तरमध्यमासु
सम्यक्प्रयुक्तासु न कम्पते ज्ञः॥ ६॥

ओंकारकी तीनों मात्राएँ [पृथक्-पृथक् रहनेपर] मृत्युसे युक्त हैं। वे [ध्यान-क्रियामें] प्रयुक्त होती हैं और परस्पर सम्बद्ध तथा अनविप्रयुक्ता (जिनका विपरीत प्रयोग न किया गया हो—ऐसी) हैं। इस प्रकार बाह्य (जाग्रत्), आभ्यन्तर (सुषुप्ति) और मध्यम (स्वप्नस्थानीय) क्रियाओंमें उनका सम्यक् प्रयोग किया जानेपर ज्ञाता पुरुष विचलित नहीं होता॥ ६॥

तिस्रस्त्रिसंख्याका अकारोकार-मकाराख्या ओङ्कारस्य मात्रा मृत्युमत्यो मृत्युर्यासां विद्यते ता मृत्युमत्यो मृत्युगोचरादनतिक्रान्ता मृत्युगोचरा एवेत्यर्थः। ता आत्मनो ध्यानक्रियासु प्रयुक्ताः, किं चान्योन्यसक्ता. इतरेतरसंबद्धाः, अनविप्रयुक्ता विशेषेणैकैकविषय एव प्रयुक्ता विप्रयुक्ताः, न तथा विप्रयुक्ता अविप्रयुक्ता नाविप्रयुक्ता अनविप्रयुक्ताः।

ओंकारकी अकार, उकार और मकार—ये तीन मात्राएँ मृत्युमती हैं। जिनकी मृत्यु विद्यमान है—जो मृत्युकी पहुँचसे परे नहीं हैं अर्थात् मृत्युकी विषयभूता ही हैं उन्हें मृत्युमती कहते हैं। वे आत्माकी ध्यानक्रियाओंमें प्रयुक्त होती हैं; और अन्योन्यसक्त यानी एक-दूसरीसे सम्बद्ध हैं [तथा] वे 'अनविप्रयुक्ता' हैं—जो विशेषरूपसे एक विषयमें ही प्रयुक्त हों वे 'विप्रयुक्ता' कहलाती हैं, तथा जो विप्रयुक्ता न हों उन्हें 'अविप्रयुक्ता' कहते हैं और जो अविप्रयुक्ता नहीं हैं वे ही 'अनविप्रयुक्ता' कहलाती हैं।

किं तर्हि, विशेषेणैकस्मिन्ध्यान-काले तिसृषु क्रियासु बाह्याभ्यन्तरमध्यमासु जाग्रत्स्वप्न-सुषुप्तस्थानपुरुषाभिध्यानलक्षणासु योगक्रियासु सम्यक्प्रयुक्तासु सम्यग्ध्यानकाले प्रयोजितासु न कम्पते न चलति ज्ञो योगी यथोक्तविभागज्ञ ओङ्कारस्येत्यर्थः, न तस्यैवंविदश्चलनमुपपद्यते। यस्माज्जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तपुरुषाः सह स्थानैर्मात्रात्रयरूपेण ओङ्कारात्मरूपेण दृष्टाः। स ह्येवं विद्वान्सर्वात्मभूत ओङ्कारमयः कुतो वा चलेत्कस्मिन्वा॥ ६॥

तो इससे क्या सिद्ध हुआ? इस प्रकार विशेषरूपसे एक ही बाह्य, आभ्यन्तर और मध्यम तीन क्रियाओंमें यानी ध्यानकालमें जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्तिके अभिमानी [विश्व, तैजस और प्राज्ञ अथवा समष्टिरूपसे विराट्, हिरण्यगर्भ और ईश्वर—इन तीनों] पुरुषोंके अभिध्यानरूप योगक्रियाओंके सम्यक् प्रयोग किये जानेपर—सम्यक् ध्यानकालमें प्रयोजित होनेपर ज्ञानी—योगी अर्थात् ओंकारकी मात्राओंके पूर्वोक्त विभागको जाननेवाला साधक विचलित नहीं होता। इस प्रकार जाननेवाले उस योगीका विचलित होना सिद्ध नहीं होता। क्योंकि जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्तिके अभिमानी पुरुष अपने स्थानोंके सहित मात्रात्रयरूप ओंकारस्वरूपसे देखे जा चुके हैं। इस प्रकार सर्वात्मभूत और ओंकारस्वरूपताको प्राप्त हुआ वह विद्वान् कहाँसे और किसके प्रति विचलित होगा?॥ ६॥

ऋगादि वेद और ओंकारसे प्राप्त होनेवाले लोक

सर्वार्थसंग्रहार्थो द्वितीयो मन्त्रः—

दूसरा मन्त्र उपर्युक्त सम्पूर्ण अर्थका संग्रह करनेके लिये है—

ऋग्भिरेतं यजुर्भिरन्तरिक्षं
सामभिर्यत्तत्कवयो वेदयन्ते।
तमोङ्कारेणैवायतनेनान्वेति विद्वान्
यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परं चेति॥ ७॥

साधक ऋग्वेदद्वारा इस लोकको, यजुर्वेदद्वारा अन्तरिक्षको और सामवेदद्वारा उस लोकको प्राप्त होता है जिसे विज्ञजन जानते हैं। तथा उस ओंकाररूप आलम्बनके द्वारा ही विद्वान् उस लोकको प्राप्त होता है जो शान्त, अजर, अमर, अभय एवं सबसे पर (श्रेष्ठ) है॥ ७॥

ऋग्भिरेतं लोकं मनुष्योपलक्षितम्। यजुर्भिरन्तरिक्षं सोमाधिष्ठितम्। सामभिर्यत्तद् ब्रह्मलोकमिति तृतीयं कवयो मेधाविनो विद्यावन्त एव नाविद्वांसो वेदयन्ते। तं त्रिविधं लोकमोङ्कारेण साधनेनापरब्रह्मलक्षणमन्वेत्यनुगच्छति विद्वान्।

ऋग्वेदद्वारा इस मनुष्योपलक्षित लोकको, यजुर्वेदद्वारा सोमाधिष्ठित अन्तरिक्षको और सामवेदद्वारा उस तृतीय ब्रह्मलोकको, जिसे कि कवि, मेधावी अर्थात् विद्वान्लोग ही जानते हैं—अविद्वान् नहीं; इस क्रमसे ओंकाररूप साधनके द्वारा ही विद्वान् अपरब्रह्मस्वरूप इस त्रिविध लोकको प्राप्त हो जाता है अर्थात् इन तीनोंका अनुगमन करता है।

तेनैवोङ्कारेण यत्तत्परं ब्रह्माक्षरं सत्यं पुरुषाख्यं शान्तं विमुक्तं जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादि-विशेषसर्वप्रपञ्चविवर्जितमत एव

उस ओंकारसे ही वह उस अक्षर सत्य और पुरुषसंज्ञक परब्रह्मको प्राप्त होता है जो शान्त अर्थात् जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति आदि विशेषभावसे मुक्त तथा सब प्रकारके प्रपंचसे रहित है, इसलिये जो

अजरं जरावर्जितममृतं मृत्युवर्जित-मत एव यस्माज्जराविक्रिया-रहितमतोऽभयम्, यस्मादेव अभयं तस्मात्परं निरतिशयम्; तदप्योङ्कारेणायतनेन गमन-साधनेनान्वेतीत्यर्थः। इतिशब्दो वाक्यपरिसमाप्त्यर्थः॥ ७॥

अजर—जराशून्य अतः अमृत—मृत्युरहित है। क्योंकि वह जरा आदि विकारोंसे रहित है इसलिये अभयरूप है। और अभय होनेके कारण ही पर—निरतिशय है। तात्पर्य यह कि उसे भी वह ओंकाररूप आलम्बन यानी गमन-साधनके द्वारा ही प्राप्त होता है। मन्त्रके अन्तमें 'इति' शब्द वाक्यकी परिसमाप्तिके लिये है॥ ७॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ प्रश्नोपनिषद्भाष्ये पंचमः प्रश्नः॥ ५॥

षष्ठ प्रश्न

सुकेशाका प्रश्न—सोलह कलाओंवाला पुरुष कौन है?

अथ हैनं सुकेशा भारद्वाजः पप्रच्छ। भगवन्हिरण्यनाभः कौसल्यो राजपुत्रो मामुपेत्यैतं प्रश्नमपृच्छत। षोडशकलं भारद्वाज पुरुषं वेत्थ तमहं कुमारमब्रुवं नाहमिमं वेद यद्यहमिममवेदिषं कथं ते नावक्ष्यमिति समूलो वा एष परिशुष्यति योऽनृतमभिवदति तस्मान्नार्हाम्यनृतं वक्तुं स तूष्णीं रथमारुह्य प्रवव्राज। तं त्वा पृच्छामि क्वासौ पुरुष इति॥ १॥

तदनन्तर उन पिप्पलादाचार्यसे भरद्वाजके पुत्र सुकेशाने पूछा—"भगवन्! कोसलदेशके राजकुमार हिरण्यनाभने मेरे पास आकर यह प्रश्न पूछा था—'भारद्वाज! क्या तू सोलह कलाओंवाले पुरुषको जानता है?' तब मैंने उस कुमारसे कहा—'मैं इसे नहीं जानता; यदि मैं इसे जानता होता तो तुझे क्यों न बतलाता? जो पुरुष मिथ्या भाषण करता है वह सब ओरसे मूलसहित सूख जाता है; अतः मैं मिथ्या भाषण नहीं कर सकता।' तब वह चुपचाप रथपर चढ़कर चला गया। सो अब मैं आपसे उसके विषयमें पूछता हूँ कि वह पुरुष कहाँ है?"॥ १॥

अथ हैनं सुकेशा भारद्वाजः पप्रच्छ। समस्तं जगत्कार्यकारणलक्षणं सह विज्ञानात्मना परस्मिन्नक्षरे सुषुप्तिकाले सम्प्रतिष्ठत इत्युक्तम्। सामर्थ्यात्प्रलयेऽपि

तदनन्तर उन पिप्पलादाचार्यसे भरद्वाजके पुत्र सुकेशाने पूछा। पहले यह कहा जा चुका है कि सुषुप्तिकालमें विज्ञानात्माके सहित सम्पूर्ण कार्यकारणरूप जगत् अक्षर (अविनाशी) परम पुरुषमें लीन हो जाता है। इसी नियमके अनुसार यह भी सिद्ध होता है कि प्रलयकालमें

तस्मिन्नेवाक्षरे सम्प्रतिष्ठते जगत्तत एवोत्पद्यत इति सिद्धं भवति। न ह्यकारणे कार्यस्य सम्प्रतिष्ठानमुपपद्यते।

भी यह जगत् उस अक्षरमें ही स्थित होता है और फिर उसीसे उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि जो कारण नहीं है उसमें कार्यका लीन होना सम्भव नहीं है।

उक्तं च 'आत्मन एष प्राणो जायते' इति। जगतश्च यन्मूलं तत्परिज्ञानात्परं श्रेय इति सर्वोपनिषदां निश्चितोऽर्थः। अनन्तरं चोक्तं 'स सर्वज्ञः सर्वो भवति' इति वक्तव्यं च क्व तर्हि तदक्षरं सत्यं पुरुषाख्यं विज्ञेयमिति तदर्थोऽयं प्रश्न आरभ्यते। वृत्तान्वाख्यानं च विज्ञानस्य दुर्लभत्वख्यापनेन तल्लब्ध्यर्थं मुमुक्षूणां यत्नविशेषोपादानार्थम्।

इसके सिवा [प्रश्न० ३। ३ में] यह कहा भी है कि 'यह प्राण आत्मासे उत्पन्न होता है' तथा सम्पूर्ण उपनिषदोंका यह निश्चित अभिप्राय है कि 'जो जगत्का आदि कारण है उसके ज्ञानसे ही आत्यन्तिक कल्याण हो सकता है।' अभी [प्रश्न० ४। १० में] यह कहा जा चुका है कि 'वह सर्वज्ञ और सर्वात्मक हो जाता है।' अतः अब यह बतलाना चाहिये कि 'उस पुरुषसंज्ञक सत्य और अक्षरको कहाँ जानना चाहिये?' इसीके लिये यह [छठा] प्रश्न आरम्भ किया जाता है। आख्यायिकाका उल्लेख इसलिये किया गया है कि जिससे विज्ञानकी दुर्लभता प्रदर्शित होनेसे मुमुक्षुलोग उसकी प्राप्तिके लिये विशेष प्रयत्न करें।

हे भगवन् हिरण्यनाभो नामतः कोसलायां भवः कौसल्यो राजपुत्रो जातितः क्षत्रियो माम् उपेत्योपगम्यैतमुच्यमानं प्रश्नमपृच्छत। षोडशकलं षोडशसंख्याकाः कला अवयवा इव आत्मन्यविद्या-

[अब सुकेशाका प्रश्न आरम्भ होता है—] हे भगवन्! कोसलपुरीमें उत्पन्न हुए हिरण्यनाभ नामक एक राजपुत्रने—जो जातिका क्षत्रिय था, मेरे समीप आकर यह आगे कहा जानेवाला प्रश्न किया—'हे भारद्वाज! क्या तू षोडशकल पुरुषको—जिस पुरुषमें, शरीरमें अवयवोंके समान, अविद्यावश सोलह कलाएँ

ध्यारोपितरूपा यस्मिन् पुरुषे सोऽयं षोडशकलस्तं षोडशकलं हे भारद्वाज पुरुषं वेत्थ विजानासि। तमहं राजपुत्रं कुमारं पृष्टवन्तमब्रुवमुक्तवानस्मि नाहमिमं वेद यं त्वं पृच्छसीति।

एवमुक्तवत्यपि मय्यज्ञानमसंभावयन्तं तमज्ञाने कारणमवादिषम्। यदि कथञ्चिदहमिमं त्वया पृष्टं पुरुषमवेदिषं विदितवानस्मि कथमत्यन्तशिष्यगुणवतेऽर्थिने ते तुभ्यं नावक्ष्यं नोक्तवानस्मि न ब्रूयामित्यर्थः। भूयोऽप्यप्रत्ययमिवालक्ष्य प्रत्याययितुमब्रुवम्। समूलः सह मूलेन वा एषोऽन्यथा सन्तमात्मानमन्यथा कुर्वन्ननृतमयथाभूतार्थमभिवदति यः स परिशुष्यति शोषमुपैतीहलोकपरलोकाभ्यां विच्छिद्यते विनश्यति। यत एवं जाने तस्मान्नार्हाम्यहमनृतं वक्तुं मूढवत्।

स राजपुत्र एवं प्रत्यायितस्तूष्णीं व्रीडितो रथमारुह्य प्रवव्राज प्रगतवान् यथागतमेव।

आरोपित की गयी हों उसे षोडशकल पुरुष कहते हैं ऐसे उस सोलह कलाओंवाले पुरुषको क्या तू जानता है?' इस प्रकार पूछते हुए उस राजकुमारसे मैंने कहा—'तुम जिसके विषयमें पूछते हो मैं उसे नहीं जानता।'

ऐसा कहनेपर भी मुझमें अज्ञानकी सम्भावना न करनेवाले उस राजकुमारको मैंने अपने अज्ञानका कारण बतलाया—'यदि कहीं तेरे पूछे हुए इस पुरुषको मैं जानता तो तुझ अत्यन्त शिष्यगुणसम्पन्न प्रार्थीसे क्यों न कहता? अर्थात् तुझे क्यों न बतलाता?' फिर भी उसे अविश्वस्त-सा देख उसको विश्वास दिलानेके लिये मैंने कहा—'जो पुरुष अपने आत्माको अन्यथा करता हुआ अनृत—अयथार्थ भाषण करता है वह समूल अर्थात् मूलके सहित सूख जाता है अर्थात् इस लोक और परलोक दोनोंसे ही विलग होकर नष्ट हो जाता है। मैं इस बातको जानता हूँ, इसलिये अज्ञानी पुरुषके समान मिथ्या भाषण नहीं कर सकता।'

इस प्रकार विश्वास दिलाये जानेपर वह राजकुमार चुपचाप—संकुचित हो रथपर चढ़कर जहाँसे आया था वहीं चला गया। इससे यह सिद्ध होता है कि

अतो न्यायत उपसन्नाय योग्याय जानता विद्या वक्तव्यैवानृतं च न वक्तव्यं सर्वास्वप्यवस्थासु इत्येतत्सिद्धं भवति। तं पुरुषं त्वा त्वां पृच्छामि मम हृदि विज्ञेयत्वेन शल्यमिव मे हृदि स्थितं क्वासौ वर्तते विज्ञेयः पुरुष इति॥ १॥

अपने समीप नियमपूर्वक आये हुए योग्य जिज्ञासुके प्रति विज्ञ पुरुषको विद्याका उपदेश करना ही चाहिये तथा सभी अवस्थाओंमें मिथ्या भाषण कभी न करना चाहिये। [सुकेशा कहता है—हे भगवन्!] मेरे हृदयमें ज्ञातव्यरूपसे काँटेके समान खटकते हुए उस पुरुषके विषयमें मैं आपसे पूछता हूँ कि वह ज्ञातव्य पुरुष कहाँ रहता है?॥ १॥

पिप्पलादका उत्तर—वह पुरुष शरीरमें स्थित है

तस्मै स होवाच। इहैवान्तःशरीरे सोम्य स पुरुषो यस्मिन्नेताः षोडश कलाः प्रभवन्तीति॥ २॥

उससे आचार्य पिप्पलादने कहा—'हे सोम्य! जिसमें इन सोलह कलाओंका प्रादुर्भाव होता है वह पुरुष इस शरीरके भीतर ही वर्तमान है॥ २॥

तस्मै स होवाच। इहैवान्तः-शरीरे हृदयपुण्डरीकाकाशमध्ये हे सोम्य स पुरुषो न देशान्तरे विज्ञेयो यस्मिन्नेता उच्यमानाः षोडश कलाः प्राणाद्याः प्रभवन्ति उत्पद्यन्त इति षोडशकलाभिः उपाधिभूताभिः

उससे उस (पिप्पलादाचार्य)-ने कहा—हे सोम्य! उस पुरुषको यहीं—इस शरीरके भीतर हृदयपुण्डरीकाकाशमें ही जानना चाहिये—किसी अन्य देश (स्थान)-में नहीं, जिस (पुरुष)-में कि इन आगे कही जानेवाली प्राण आदि सोलह कलाओंका प्रादुर्भाव होता है अर्थात् जिससे ये उत्पन्न होती हैं। इन उपाधिभूत सोलह कलाओंके कारण

सकल इव निष्कलः पुरुषो लक्ष्यतेऽविद्ययेति तदुपाधिकलाध्यारोपापनयेन विद्यया स पुरुषः केवलो दर्शयितव्य इति कलानां तत्प्रभवत्वमुच्यते। प्राणादीनामत्यन्तनिर्विशेषे ह्यद्वये शुद्धे तत्त्वे न शक्योऽध्यारोपमन्तरेण प्रतिपाद्यप्रतिपादनादिव्यवहारः कर्तुमिति कलानां प्रभवस्थित्यप्यया आरोप्यन्ते अविद्याविषयाः। चैतन्याव्यतिरेकेणैव हि कला जायमानाः तिष्ठन्त्यः प्रलीयमानाश्च सर्वदा लक्ष्यन्ते।

अत एव भ्रान्ताः केचिद् आत्मचैतन्ये अग्निसंयोगाद् घृतमिव विकल्पाः घटाद्याकारेण चैतन्यम् एव प्रतिक्षणं जायते नश्यतीति। तन्निरोधे शून्यमिव सर्वमित्यपरे। घटादिविषयं चैतन्यं चेतयितुर्नित्यस्यात्मनोऽनित्यं जायते

वह पुरुष कलाहीन होकर भी अविद्यावश कलावान्-सा दिखलायी देता है। उन औपाधिक कलाओंके अध्यारोपकी विद्यासे निवृत्ति करके उस पुरुषको शुद्ध दिखलाना है इसलिये प्राणादि कलाओंको उसीसे उत्पन्न होनेवाली कहा है, क्योंकि अत्यन्त निर्विशेष, अद्वय और विशुद्ध तत्त्वमें अध्यारोपके बिना प्रतिपाद्य-प्रतिपादन आदि कोई व्यवहार नहीं किया जा सकता। इसलिये उसमें कलाओंके अविद्याविषयक उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयका आरोप किया जाता है, क्योंकि ये कलाएँ चैतन्यसे अभिन्न रहकर ही सर्वदा उत्पन्न, स्थित तथा लीन होती देखी जाती हैं।

इसीसे कुछ भ्रान्त पुरुषोंका मत है कि 'अग्निके संयोगसे घृतके समान चैतन्य ही प्रत्येक क्षणमें घट आदि आकारोंमें उत्पन्न और नष्ट हो रहा है।' इनसे भिन्न दूसरों (शून्यवादियों)-का मत है कि 'इनका निरोध हो जानेपर सब कुछ शून्यमय हो जाता है।' तथा अन्य (नैयायिक) कहते हैं कि 'चेतयिता नित्य आत्माकी घटादिको विषय करनेवाली अनित्य चेतनता उत्पन्न और

विनश्यतीत्यपरे। चैतन्यं भूतधर्म इति लौकायतिकाः। अनपायोपजनधर्मकचैतन्यमात्मा एव नामरूपाद्युपाधिधर्मैः प्रत्यवभासते "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" (तै० उ० २। १। १) "प्रज्ञानं ब्रह्म" (ऐ० उ० ३। १। ३) "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" (बृ० उ० ३। ९। २८) "विज्ञानघन एव" (बृ० उ० २। ४। १२) इत्यादिश्रुतिभ्यः। स्वरूपव्यभिचारिषु पदार्थेषु चैतन्यस्याव्यभिचाराद्यथा यथा यो यः पदार्थो विज्ञायते तथा तथा ज्ञायमानत्वादेव तस्य तस्य चैतन्यस्याव्यभिचारित्वम्।

नष्ट होती रहती है, तथा लौकायतिकों (देहात्मवादियों)-का कथन है कि 'चेतनता भूतोंका धर्म है।' परन्तु 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म', 'प्रज्ञानं ब्रह्म', 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म', 'विज्ञानघन एव' इत्यादि श्रुतियोंसे यह सिद्ध होता है कि उत्पत्ति-नाशरूप धर्मसे रहित चेतन ही आत्मा है; वही नाम-रूप आदि औपाधिक धर्मोंसे युक्त भास रहा है। अपने स्वरूपसे व्यभिचारी (बदलनेवाले) पदार्थोंमें चैतन्यका व्यभिचार (परिवर्तन) न होनेके कारण जो पदार्थ जिस-जिस प्रकार जाना जाता है उसके उस-उस प्रकार जाने जानेके कारण ही उस-उस पदार्थके चैतन्यका अव्यभिचार सिद्ध होता है।*

ज्ञेयवस्तुनि ज्ञानस्य अव्यभिचारो भवति

वस्तुतत्त्वं भवति किञ्चित्; न ज्ञायत इति चानुपपन्नम्, रूपं च दृश्यते न चास्ति चक्षुरिति यथा। व्यभिचरति तु ज्ञेयम्;

'कोई वस्तुतत्त्व है तो सही किन्तु जाना नहीं जाता' ऐसा कहना तो 'रूप तो दिखलायी देता है परन्तु नेत्र नहीं है' इस कथनके समान अयुक्त ही है। ज्ञेयका तो ज्ञानमें व्यभिचार होता है

* जो पदार्थ जिस प्रकार जाना जाता है उसके ज्ञानके प्रकारभेदका कारण तो उपाधि है, परन्तु उसमें ज्ञानत्व उस अव्यभिचारी चैतन्यका ही है जो सारी उपाधियोंकी ओटमें उनके अधिष्ठानरूपसे सर्वत्र अनुस्यूत है। इसीलिये यह कहा गया है कि जो पदार्थ जिस प्रकार भासता है उसके उसी प्रकार भासित होनेसे ही उस पदार्थके चैतन्यका अव्यभिचार सिद्ध होता है, क्योंकि यदि उसमें चैतन्यका व्यभिचार होता तो उसका ज्ञान ही नहीं हो सकता था।

न ज्ञानं व्यभिचरति कदाचिदपि ज्ञेयम्, ज्ञेयाभावेऽपि ज्ञेयान्तरे भावाज्ज्ञानस्य। न हि ज्ञानेऽसति ज्ञेयं नाम भवति कस्यचित्; सुषुप्तेऽदर्शनात्।

किन्तु ज्ञानका ज्ञेयमें कभी व्यभिचार नहीं होता, क्योंकि एक ज्ञेयका अभाव होनेपर भी ज्ञेयान्तरमें ज्ञानका सद्भाव रहता ही है; ज्ञानके अभावमें तो ज्ञेय किसीके लिये रहता ही नहीं, जैसा कि सुषुप्तिमें उनका अभाव देखा जाता है।

ज्ञानस्यापि सुषुप्तेऽभावाज्ज्ञेयवज्ज्ञानस्वरूपस्य व्यभिचार इति चेत्।

मध्यस्थ—सुषुप्तिमें तो ज्ञानका भी अभाव है; अतः उस समय ज्ञेयके समान ज्ञानके स्वरूपका भी व्यभिचार होता है।

सुषुप्तौ ज्ञानसद्भावस्थापनम्

न, ज्ञेयावभासकस्य ज्ञानस्यालोकवज्ज्ञेयाभिव्यञ्जकत्वात्स्वव्यङ्ग्याभाव आलोकाभावानुपपत्तिवत्सुषुप्ते विज्ञानाभावानुपपत्तेः। न ह्यन्धकारे चक्षुषा रूपानुपलब्धौ चक्षुषोऽभावः शक्यः कल्पयितुं वैनाशिकेन।

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं। ज्ञेयका अवभासक ज्ञान प्रकाशके समान ज्ञेयकी अभिव्यक्तिका कारण है; अतः प्रकाश्य वस्तुओंके अभावमें जिस प्रकार प्रकाशका अभाव नहीं माना जाता उसी प्रकार सुषुप्तिमें वस्तुओंकी प्रतीति न होनेसे विज्ञानका अभाव मानना ठीक नहीं। अन्धकारमें रूपकी उपलब्धि न होनेपर वैनाशिक [क्षणिक विज्ञानवादी] भी नेत्रके अभावकी कल्पना नहीं कर सकता।

वैनाशिको ज्ञेयाभावे ज्ञानाभावं कल्पयत्येवेति चेत्।

मध्यस्थ—परन्तु वैनाशिक तो ज्ञेयके अभावमें ज्ञानके अभावकी कल्पना करता ही है।

वैनाशिकमत-समीक्षा

येन तदभावं कल्पयेत्तस्याभावः केन कल्प्यत इति वक्तव्यं वैनाशिकेन, तदभावस्यापि ज्ञेयत्वाज्ज्ञानाभावे तदनुपपत्तेः।

सिद्धान्ती—उस वैनाशिकको यह बतलाना चाहिये कि जिस [ज्ञान]-से ज्ञेयके अभावकी कल्पना की जाती है उसका अभाव किससे कल्पना किया जाता है? क्योंकि उस [ज्ञान]-का अभाव भी ज्ञेयरूप होनेके कारण बिना ज्ञानके सिद्ध नहीं हो सकता।

ज्ञानस्य ज्ञेयाव्यतिरिक्तत्वाज्ज्ञेयाभावे ज्ञानाभाव इति चेत्।

मध्यस्थ—ज्ञान ज्ञेयसे अभिन्न है, इसलिये ज्ञेयके अभावमें ज्ञानका भी अभाव हो जाता है—ऐसा मानें तो?

न; अभावस्यापि ज्ञेयत्वाभ्युपगमादभावोऽपि ज्ञेयोऽभ्युपगम्यते वैनाशिकैर्नित्यश्च तदव्यतिरिक्तं चेज्ज्ञानं नित्यं कल्पितं स्यात्तदभावस्य च ज्ञानात्मकत्वादभावत्वं वाङ्मात्रमेव न परमार्थतोऽभावत्वमनित्यत्वं च ज्ञानस्य। न च नित्यस्य ज्ञानस्याभावनाममात्राध्यारोपे किञ्चिन्नश्छिन्नम्।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि अभाव भी ज्ञेयरूप माना गया है। वैनाशिकोंने अभावको भी ज्ञेय और नित्य स्वीकार किया है। यदि ज्ञान उससे [ज्ञेयसे] अभिन्न है तो वह [उनके मतमें भी] नित्य मान लिया जाता है। तथा उसका अभाव भी ज्ञानस्वरूप होनेके कारण उसका अभावत्व नाममात्रको ही रहता है, वास्तवमें ज्ञानका अभावत्व एवं अनित्यत्व सिद्ध नहीं होता। नित्यज्ञानका केवल 'अभाव' नाम रख देनेसे ही हमारा कुछ बिगड़ नहीं जाता।

अथाभावो ज्ञेयोऽपि सन् ज्ञानव्यतिरिक्त इति चेत्।

मध्यस्थ—किन्तु यदि अभाव ज्ञेय होनेपर भी ज्ञानसे भिन्न माना जाय तो?

न तर्हि ज्ञेयाभावे ज्ञानाभावः।

सिद्धान्ती—तब तो ज्ञेयका अभाव होनेपर ज्ञानका अभाव हो ही नहीं सकता।

ज्ञेयं ज्ञानव्यतिरिक्तं न तु ज्ञानं ज्ञेयव्यतिरिक्तमिति चेत्।

मध्यस्थ—परन्तु ज्ञेय ही ज्ञानसे भिन्न माना जाय, ज्ञान ज्ञेयसे भिन्न न माना जाय तो?

न; शब्दमात्रत्वाद्विशेषानुपपत्तेः। ज्ञेयज्ञानयोरेकत्वं चेदभ्युपगम्यते ज्ञेयं ज्ञानव्यतिरिक्तं ज्ञानं ज्ञेयव्यतिरिक्तं नेति तु शब्दमात्रमेतद्वह्निरग्निव्यतिरिक्तः, अग्निर्न वह्निव्यतिरिक्त इति यद्वदभ्युपगम्यते। ज्ञेयव्यतिरेके तु ज्ञानस्य ज्ञेयाभावे ज्ञानाभावानुपपत्तिः सिद्धा।

सिद्धान्ती—ऐसा मत कहो, क्योंकि यह कथन केवल शब्दमात्र होनेसे इसमें कोई विशेषता नहीं है। यदि तुम ज्ञान और ज्ञेयकी अभिन्नता मानते हो तो 'ज्ञेय ज्ञानसे भिन्न है किन्तु ज्ञान ज्ञेयसे भिन्न नहीं है' यह कथन इसी प्रकार केवल शब्दमात्र है जैसे यह मानना कि 'वह्नि अग्निसे भिन्न है, परन्तु अग्नि वह्निसे भिन्न नहीं है।' अतः यह सिद्ध हुआ कि ज्ञान ज्ञेयसे व्यतिरिक्त होनेके कारण ज्ञेयका अभाव होनेपर ज्ञानका अभाव नहीं माना जा सकता।

ज्ञेयाभावेऽदर्शनादभावो ज्ञानस्येति चेत्?

मध्यस्थ—परन्तु ज्ञेयका अभाव हो जानेपर तो प्रतीत न होनेके कारण ज्ञानका भी अभाव हो जाता है?

न, सुषुप्ते ज्ञप्त्यभ्युपगमात्। वैनाशिकैरभ्युपगम्यते हि सुषुप्तेऽपि ज्ञानास्तित्वम्।

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि सुषुप्तिमें ज्ञप्तिका अस्तित्व माना गया है—वैनाशिकोंने सुषुप्तिमें भी विज्ञानका अस्तित्व स्वीकार किया ही है।

तत्रापि ज्ञेयत्वमभ्युपगम्यते ज्ञानस्य स्वेनैवेति चेत्।

मध्यस्थ—परन्तु उस अवस्थामें भी ज्ञानका ज्ञेयत्व स्वयं अपनेसे [ज्ञानसे] ही माना जाता है।*

न, भेदस्य सिद्धत्वात्। सिद्धं ह्यभावविज्ञेयविषयस्य ज्ञानस्य अभावज्ञेयव्यतिरेकाज्ज्ञेयज्ञानयो-रन्यत्वम्। न हि तत्सिद्धं मृत-मिवोज्जीवयितुं पुनरन्यथा कर्तुं शक्यते वैनाशिकशतैरपि।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि उन [ज्ञान और ज्ञेय]-का भेद सिद्ध हो ही चुका है। अभावरूप विज्ञेयविषयक ज्ञान अभावरूप ज्ञेयसे भिन्न होनेके कारण ज्ञेय और ज्ञानकी भिन्नता पहले सिद्ध हो ही चुकी है। उस सिद्ध हुई बातको, मृतकको पुनः जीवित करनेके समान, सैकड़ों वैनाशिक भी अन्यथा नहीं कर सकते।

ज्ञानस्य ज्ञेयत्वमेवेति तदप्यन्येन तदप्यन्येनेति त्वत्पक्षेऽतिप्रसङ्ग इति चेत्।

पूर्व०—ज्ञानको किसी अन्य ज्ञेयकी अपेक्षा है—यदि ऐसा मानें तो तेरे पक्षमें 'वह ज्ञान किसी अन्यका ज्ञेय है और वह किसी अन्यका' ऐसा माननेसे अनवस्थादोष होगा।

न, तद्विभागोपपत्तेः सर्वस्य। यदा हि सर्वं ज्ञेयं कस्यचित्तदा तद्व्यतिरिक्तं ज्ञानं ज्ञानमेवेति

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि सम्पूर्ण वस्तुओंका [ज्ञान और ज्ञेयरूपसे] विभाग किया जा सकता है। जब कि सब वस्तुएँ किसी एकहीकी ज्ञेय हैं तो उनसे भिन्न [उनका प्रकाशक] ज्ञान तो ज्ञान ही रहता है।

* अर्थात् ज्ञान ज्ञानका ही ज्ञेय माना गया है।

द्वितीयो विभाग एवाभ्युपगम्यतेऽवैनाशिकैर्न तृतीयस्तद्विषय इत्यनवस्थानुपपत्तिः।

यह वैनाशिकोंसे इतर मतावलम्बियोंने दूसरा ही विभाग माना है। इस विषयमें कोई तीसरा विभाग नहीं माना गया। अतः उनके मतमें अनवस्था नहीं आ सकती।

ज्ञानस्य स्वेनैवाविज्ञेयत्व सर्वज्ञत्वहानिरिति चेत्।

पूर्व०—यदि ज्ञानको अपनेसे ही ज्ञेय न माना जायगा तो उसके सर्वज्ञत्वकी हानि होगी।

सोऽपि दोषस्तस्यैवास्तु किं तन्निबर्हणेनास्माकम्। अनवस्थादोषश्च ज्ञानस्य ज्ञेयत्वाभ्युपगमात्। अवश्यं च वैनाशिकानां ज्ञानं ज्ञेयम्। स्वात्मना चाविज्ञेयत्वेनानवस्थानिवार्या।

सिद्धान्ती—यह दोष भी उस [वैनाशिक]-का ही हो सकता है; हमें उसे रोकनेकी क्या आवश्यकता है? अनवस्थादोष भी ज्ञानका ज्ञेयत्व माननेसे ही है। वैनाशिकोंके मतमें ज्ञान ज्ञेय तो अवश्य ही है; अतः अपना ही ज्ञेय न हो सकनेके कारण उसकी अनवस्था भी अनिवार्य ही है।

समान एवायं दोष इति चेत्।

पूर्व०—यह दोष तो तुम्हारे पक्षमें भी ऐसा ही है।*

न, ज्ञानस्यैकत्वोपपत्तेः। सर्वदेशकालपुरुषाद्यवस्थमेकमेव ज्ञानं नामरूपाद्यनेकोपाधिभेदात्सवित्रादिजलादिप्रतिबिम्बवदनेकधावभासते। (ज्ञानात्वभासस्थ औपाधिकमनेकत्वम्)

सिद्धान्ती—नहीं, ज्ञानका एकत्व सिद्ध हो जानेके कारण [हमारे मतमें ऐसा कोई दोष नहीं आ सकता; हम तो मानते हैं कि] सम्पूर्ण देश, काल और पुरुष आदि अवस्थाओंमें

* क्योंकि ज्ञानको किसीका ज्ञेय न माननेसे उसका व्यवहार ही सिद्ध नहीं हो सकता।

ज्ञानं नामरूपाद्यनेकोपाधिभेदात् सवित्रादिजलादिप्रतिबिम्बवद् अनेकधावभासत इति। नासौ दोषः। तथा चेहेदमुच्यते।

जलादिमें प्रतिबिम्बित हुए सूर्य आदिके समान एक ही ज्ञान अनेक प्रकारसे भासित हो रहा है। अतः [हमारे मतमें] यह दोष नहीं है। इसीसे यहाँ यह [कलाओंके प्रादुर्भावकी] बात कही गयी है।

ननु श्रुतेरिहैवान्तःशरीरे परिच्छिन्नः कुण्डबदरवत्पुरुष इति।

पूर्व०—परन्तु इस श्रुतिके अनुसार तो पुरुष, कूँड़ेमें बेरके समान इस शरीरमें ही परिच्छिन्न है।

न, प्राणादिकलाकारणत्वात्।

आत्मनः अपरिच्छिन्नत्व-निरूपणम्

न हि शरीरमात्र-परिच्छिन्नस्य प्राण-श्रद्धादीनां कलानां कारणत्वं प्रतिपत्तुं शक्नुयात्। कलाकार्यत्वाच्च शरीरस्य। न हि पुरुषकार्याणां कलानां कार्यं सच्छरीरं कारणकारणं स्वस्य पुरुषं कुण्डबदरमिवाभ्यन्तरीकुर्यात्।

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि पुरुष प्राणादि कलाओंका कारण है; और जो शरीरमात्रसे परिच्छिन्न होगा उसे प्राण एवं श्रद्धादि कलाओंके कारण-रूपसे कोई नहीं जान सकता, क्योंकि शरीर तो उन कलाओंका ही कार्य है। पुरुषकी कार्यरूप कलाओंका कार्य होकर शरीर अपने कारणके कारण पुरुषको, कूँड़ेमें बेरके समान, अपने भीतर नहीं कर सकता।

बीजवृक्षादिवत्स्यादिति चेत्। यथा बीजकार्यं वृक्षस्तत्कार्यं च फलं स्वकारणकारणं बीजमभ्यन्तरीकरोत्याम्रादि तद्वत् पुरुषमभ्यन्तरीकुर्याच्छरीरं स्व-कारणकारणमपीति चेत्।

पूर्व०—यदि बीज और वृक्षादिके समान ऐसा हो सकता हो तो? जिस प्रकार बीजका कार्य वृक्ष है और उसका कार्य आम्रादि फल अपने कारणके कारण बीजको अपने भीतर कर लेता है उसी प्रकार अपने कारणका कारण होनेपर भी शरीर पुरुषको अपने भीतर कर लेगा—ऐसा मानें तो?

न; अन्यत्वात्सावयवत्वाच्च। दृष्टान्ते कारणबीजाद् वृक्षफल-संवृत्तान्यन्यान्येव बीजानि दार्ष्टान्तिके तु स्वकारणकारणभूतः स एव पुरुषः शरीरेऽभ्यन्तरीकृतः श्रूयते। बीजवृक्षादीनां सावयवत्वाच्च स्यादाधाराधेयत्वं निरवयवश्च पुरुषः सावयवाश्च कलाः शरीरं च। एतेनाकाशस्यापि शरीरा-धारत्वमनुपपन्नं किमुताकाश-कारणस्य पुरुषस्य तस्मादसमानो दृष्टान्तः।

सिद्धान्ती—[पूर्वबीजसे] अन्य और सावयव होनेके कारण यह दृष्टान्त ठीक नहीं है। दृष्टान्तमें कारणरूप बीजसे वृक्षके फलसे ढँके हुए बीज भिन्न ही हैं, किन्तु दार्ष्टान्तमें तो अपने कारणका कारणरूप वही पुरुष शरीरके भीतर हुआ सुना जाता है। इसके सिवा सावयव होनेके कारण भी बीज और वृक्षादिमें परस्पर आधार-आधेयभाव हो सकता है। किन्तु इधर पुरुष तो निरवयव है तथा कलाएँ और शरीर सावयव हैं। इससे तो शरीर आकाशका भी आधार नहीं बन सकता, फिर आकाशके भी कारणस्वरूप पुरुषकी तो बात ही क्या है। इसलिये यह दृष्टान्त विषम है।

किं दृष्टान्तेन वचनात्स्यादिति चेत्।

मध्यस्थ—दृष्टान्तसे क्या है? श्रुतिके वचनसे तो ऐसा ही होना चाहिये।

न; वचनस्याकारकत्वात्। न हि वचनं वस्तुनोऽन्यथाकरणे व्याप्रियते। किं तर्हि? यथाभूतार्थावद्योतने। तस्मादन्तःशरीर इत्येतद्वचनमण्डस्यान्तर्व्योमेतिवच्च द्रष्टव्यम्।

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि वचन कुछ करनेवाला नहीं है। किसी वस्तुको कुछ-का-कुछ कर देनेके लिये वचन प्रवृत्त नहीं हुआ करता। तो फिर वह क्या करता है? वह तो ज्यों-की-त्यों वस्तु दिखलानेमें ही प्रवृत्त होता है। अतः 'अन्तःशरीरे' इस वचनको 'अण्डेके भीतर आकाश' इस कथनके समान ही समझना चाहिये।

उपलब्धिनिमित्तत्वाच्च, दर्शन-श्रवणमननविज्ञानादिलिङ्गैरन्तःशरीरे परिच्छिन्न इव ह्युपलभ्यते पुरुष उपलभ्यते चात उच्यतेऽन्तःशरीरे सोम्य स पुरुष इति। न पुनराकाश-कारणः सन्कुण्डबदरवच्छरीरपरिच्छिन्न इति मनसापीच्छति वक्तुं मूढोऽपि किमुत प्रमाणभूता श्रुतिः॥ २॥

इसके सिवा उपलब्धिका कारण होनेसे भी [ऐसा कहा गया है]। दर्शन, श्रवण, मनन और विज्ञान [जानना] आदि लिंगोंसे पुरुष शरीरके भीतर परिच्छिन्न-सा दिखलायी देता है, तथा इस [शरीर]-में ही उसकी उपलब्धि भी होती है। इसीलिये यह कहा गया है कि 'हे सोम्य! वह पुरुष इस शरीरके भीतर है।' नहीं तो, आकाशका भी कारण होकर वह कूँड़ेमें बेरके समान शरीरमें परिच्छिन्न है—ऐसी बात कहनेकी तो कोई मूढ पुरुष भी अपने मनसे भी इच्छा नहीं कर सकता, फिर प्रमाणभूता श्रुतिकी तो बात ही क्या है?॥ २॥

यस्मिन्नेताः षोडश कलाः प्रभवन्तीत्युक्तं पुरुषविशेषणार्थं कलानां प्रभवः स चान्यार्थोऽपि श्रुतः केन क्रमेण स्यादित्यत इदमुच्यते—चेतनपूर्विका च सृष्टिरित्येवमर्थं च।

ऊपर 'जिसमें ये सोलह कलाएँ उत्पन्न होती हैं' यह बात पुरुषकी विशेषता बतलानेके लिये कही है। इस प्रकार अन्य अर्थ [यानी पुरुषकी विशेषता बतलाने]-के लिये श्रवण किया हुआ वह कलाओंका प्रादुर्भाव किस क्रमसे हुआ होगा यह बतलानेके लिये तथा सृष्टि चेतनपूर्विका है—इस बातको भी प्रकट करनेके लिये अब इस प्रकार कहा जाता है—

ईक्षणपूर्वक सृष्टि

स ईक्षांचक्रे। कस्मिन्नहमुत्क्रान्त उत्क्रान्तो भविष्यामि कस्मिन्वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामीति॥ ३॥

उसने विचार किया कि किसके उत्क्रमण करनेपर मैं भी उत्क्रमण कर जाऊँगा और किसके स्थित रहनेपर मैं स्थित रहूँगा?॥ ३॥

स पुरुषः षोडशकलः पृष्टो यो भारद्वाजेन ईक्षांचक्र ईक्षणं दर्शनं चक्रे कृतवानित्यर्थः सृष्टिफलक्रमादिविषयम्। कथम्? इत्युच्यते कस्मिन्कर्तृविशेषे देहादुत्क्रान्त उत्क्रान्तो भविष्यामि अहमेवं कस्मिन्वा शरीरे प्रतिष्ठिते अहं प्रतिष्ठास्यामि प्रतिष्ठितः स्यामित्यर्थः।

उस सोलह कलाओंवाले पुरुषने, जिसके विषयमें भारद्वाजने प्रश्न किया था, [प्राणादिकी] उत्पत्ति, [उसके उतक्रमण आदि] फल और [प्राणसे श्रद्धा आदि] क्रमके विषयमें ईक्षण—दर्शन यानी विचार किया। किस प्रकार विचार किया? सो बतलाते हैं—'किस विशेष कर्ताके शरीरसे उत्क्रमण करनेपर मैं भी उत्क्रमण कर जाऊँगा तथा इसी प्रकार शरीरमें किसके स्थित रहनेपर मैं भी स्थित रहूँगा' [—यह निश्चय करनेके लिये उसने विचार किया]।

नन्वात्माकर्ता प्रधानं कर्तृ, सृष्टौ अतः पुरुषार्थं सांख्यानां प्रयोजनमुररीकृत्य प्रधानकर्तृत्वम् प्रधानं प्रवर्तते महदाद्याकारेण। तत्रेदमनुपपन्नं पुरुषस्य स्वातन्त्र्येण ईक्षापूर्वकं कर्तृत्ववचनम्; सत्त्वादिगुणसाम्ये प्रधाने प्रमाणोपपन्ने सृष्टिकर्तरि

पूर्व०—[सांख्यमतानुसार] आत्मा अकर्ता है और प्रधान सब कुछ करनेवाला है। अतः पुरुषके लिये उसके [भोग और अपवर्गरूप] प्रयोजनको सामने रख प्रधान ही महदादिरूपसे प्रवृत्त होता है। इस प्रकार सत्त्वादि गुणोंके साम्यावस्थारूप एवं सृष्टिकर्ता प्रधानके प्रमाणतः सिद्ध होते हुए तथा [नैयायिकके मतानुसार]

सतीश्वरेच्छानुवर्तिषु वा परमाणुषु सत्स्वात्मनोऽप्येकत्वेन कर्तृत्वे साधनाभावादात्मन आत्मन्यनर्थकर्तृत्वानुपपत्तेश्च। न हि चेतनावान्बुद्धिपूर्वकार्यात्मनोऽनर्थं कुर्यात्। तस्मात्पुरुषार्थेन प्रयोजनेन ईक्षापूर्वकमिव नियतक्रमेण प्रवर्तमानेऽचेतने प्रधाने चेतनवदुपचारोऽयं 'स ईक्षांचक्रे' इत्यादिः। यथा राज्ञः सर्वार्थकारिणि भृत्ये राजेति तद्वत्।

ईश्वरकी इच्छाका अनुवर्तन करनेवाले परमाणुओंके रहते हुए एकमात्र होनेके कारण आत्माके कर्तृत्वमें कोई साधन न होनेसे तथा उसका अपने ही लिये अनर्थकारित्व भी सिद्ध न हो सकनेके कारण पुरुषका जो स्वतन्त्रतासे ईक्षणपूर्वक कर्तृत्व बतलाया गया है वह अयुक्त है; क्योंकि बुद्धिपूर्वक कर्म करनेवाला कोई भी चेतनायुक्त व्यक्ति अपना अनर्थ नहीं करेगा। अतः पुरुषके प्रयोजनसे मानो ईक्षापूर्वक नियमित क्रमसे प्रवृत्त हुए अचेतन प्रधानमें चेतनकी भाँति 'उसने विचार किया' इत्यादि प्रयोग औपचारिक है; जैसे राजाका सारा कार्य करनेवाले सेवकको भी 'राजा' कहा जाता है, उसीके समान इसे समझना चाहिये।

सांख्यमत-निरसनम्

न; आत्मनो भोक्तृत्ववत्कर्तृत्वोपपत्तेः। यथा सांख्यस्य चिन्मात्रस्यापरिणामिनोऽप्यात्मनो भोक्तृत्वं तद्वद्वेदवादिनामीक्षादिपूर्वकं जगत्कर्तृत्वमुपपन्नं श्रुतिप्रामाण्यात्।

सिद्धान्ती—ऐसा कहना उचित नहीं, क्योंकि आत्माके भोक्तृत्वके समान उसका कर्तृत्व भी बन सकता है। जिस प्रकार सांख्यमतमें चिन्मात्र और अपरिणामी आत्माका भोक्तृत्व सम्भव है उसी प्रकार श्रुतिप्रमाणसे वेदवादियोंके मतमें उसका ईक्षणपूर्वक कर्तृत्व भी बन सकता है।

तत्त्वान्तरपरिणाम आत्मनोऽनित्यत्वाशुद्धत्वानेकत्वनिमित्तो न चिन्मात्रस्वरूपविक्रिया। अतः पुरुषस्य

पूर्व०—आत्माका तत्त्वान्तर-परिणाम ही उसके अनित्यत्व, अशुद्धत्व और अनेकत्वका कारण है, चिन्मात्र-स्वरूपका विकार नहीं। अतः पुरुषका

स्वात्मन्येव भोक्तृत्वे चिन्मात्रस्वरूपविक्रिया न दोषाय। भवतां पुनर्वेदवादिनां सृष्टिकर्तृत्वे तत्त्वान्तरपरिणाम एवेत्यात्मनोऽनित्यत्वादिसर्वदोषप्रसङ्ग इति चेत्।

न; एकस्याप्यात्मनोऽविद्यायां विषयनामरूपोपाध्यनुपाधिकृतविशेषाभ्युपगमादविद्याकृतनामरूपोपाधिकृतो हि विशेषोऽभ्युपगम्यत आत्मनो बन्धमोक्षादिशास्त्रकृतसंव्यवहाराय परमार्थतोऽनुपाधिकृतं च तत्त्वमेकमेवाद्वितीयमुपादेयं सर्वतार्किकबुद्ध्यनवगाह्यमभयं शिवम् इष्यते न तत्र कर्तृत्वं भोक्तृत्वं वा क्रियाकारकफलं च स्याद् अद्वैतत्वात्सर्वभावानाम्।

(आत्मनः कर्तृत्वादि-व्यवहारस्य औषाधिकत्वम्)

सांख्यास्त्वविद्याध्यारोपितम् एव पुरुषे कर्तृत्वं क्रियाकारकं फलं चेति कल्पयित्वागमबाह्यत्वात्पुनस्ततस्त्रस्यन्तः परमार्थत एव भोक्तृत्वं पुरुषस्येच्छन्ति तत्त्वान्तरं च

अपनेमें ही भोक्तृत्व रहनेके कारण उसका चिन्मात्रस्वरूप विकार किसी प्रकारके दोषका कारण नहीं है। किन्तु आप वेदवादियोंके मतानुसार सृष्टिका कर्तृत्व माननेमें तो उसका तत्त्वान्तरपरिणाम ही मानना होगा और इससे आत्माके अनित्यत्व आदि सब प्रकारके दोषोंका प्रसंग उपस्थित हो जायगा।

सिद्धान्ती—यह बात नहीं है, क्योंकि हम अविद्याविषयक नामरूपमय उपाधि तथा उसके अभावके कारण ही एकमात्र [निरुपाधिक] आत्माकी [औपाधिक] विशेषता मानते हैं। बन्ध-मोक्षादि शास्त्रके व्यवहारके लिये ही आत्माका अविद्याकृत नाम-रूप-उपाधिमूलक विशेष माना गया है; परमार्थतः तो अनुपाधिकृत एक अद्वितीय तत्त्व ही मानना चाहिये, जो सम्पूर्ण तार्किकोंकी बुद्धिका अविषय, अभय और शिवस्वरूप है। उसमें कर्तृत्व-भोक्तृत्व अथवा क्रिया-कारक या फल कुछ भी नहीं है, क्योंकि सभी भाव अद्वैतरूप हैं।

परन्तु सांख्यवादी तो पुरुषमें पहले अविद्यारोपित क्रिया, कारक, कर्तृत्व और फलकी कल्पना कर फिर वेदबाह्य होनेके कारण उससे घबड़ाकर पुरुषका वास्तविक भोक्तृत्व मान बैठे हैं। तथा प्रधानको पुरुषसे भिन्न तत्त्वान्तरभूत

प्रधानं पुरुषात्परमार्थवस्तुभूतमेव कल्पयन्तोऽन्यतार्किककृतबुद्धिविषयाः सन्तो विहन्यन्ते।

तथेतरे तार्किकाः सांख्यैः। इत्येवं परस्परविरुद्धार्थकल्पनात आमिषार्थिन इव प्राणिनोऽन्योन्यविरुद्ध्यमानार्थदर्शित्वात् परमार्थतत्त्वाद्दूरम् एवापकृष्यन्ते। अतस्तन्मतमनादृत्य वेदान्तार्थतत्त्वमेकत्वदर्शनं प्रति आदरवन्तो मुमुक्षवः स्युरिति तार्किकमतदोषप्रदर्शनं किञ्चिदुच्यते अस्माभिर्न तु तार्किकवत्तात्पर्येण।

तथैतदत्रोक्तम्—

"विवदत्स्वेव निक्षिप्य
विरोधोद्भवकारणम् ।
तैः संरक्षितसद्बुद्धिः
सुखं निर्वाति वेदवित्॥"

इति।

किं च भोक्तृत्वकर्तृत्वयोर्विक्रिययोर्विशेषानुपपत्तिः। का नामासौ कर्तृत्वाज्जात्यन्तरभूता भोक्तृत्वविशिष्टा विक्रिया

परमार्थवस्तु मान लेनेके कारण अन्य तार्किकोंकी बुद्धिके विषय होकर अपने सिद्धान्तसे गिरा दिये जाते हैं।

इसी प्रकार दूसरे तार्किक सांख्यवादियोंसे परास्त हो जाते हैं। इस प्रकार परस्पर विरुद्ध अर्थकी कल्पना कर मांसलोलुप प्राणियोंके समान एक-दूसरेके विरोधी अर्थको ही देखनेवाले होनेसे परमार्थतत्त्वसे दूर ही हटा दिये जाते हैं। अतः मुमुक्षुलोग उनके मतका अनादर कर वेदान्तके तात्पर्यार्थ एकत्वदर्शनके प्रति आदरयुक्त हों—इसलिये ही हम तार्किकोंके मतका किंचित् दोष प्रदर्शित करते हैं, तार्किकोंके समान कुछ तत्परतासे नहीं।

तथा इस विषयमें ऐसा कहा गया है—

"[भेद सत्य है—] इस विरोधकी उत्पत्तिके कारणको विवाद करनेवालोंके ऊपर ही छोड़कर जिसने अपनी सद्बुद्धिको उनसे सुरक्षित रखा है वह वेदवेत्ता सुखपूर्वक शान्तिको प्राप्त हो जाता है।"

इसके सिवा, भोक्तृत्व और कर्तृत्व इन दोनों विकारोंमें कोई अन्तर मानना भी उचित नहीं है। कर्तृत्वसे विजातीय यह भोक्तृत्व-विशिष्ट विकार है क्या?

यतो भोक्तैव पुरुषः कल्प्यते न कर्ता प्रधानं तु कर्त्रेव न भोक्त्रिति।

जिससे कि पुरुष भोक्ता ही माना जाता है, कर्ता नहीं तथा प्रधान कर्ता ही है, भोक्ता नहीं।

सांख्यानां कर्तृत्वभोक्तृत्व-स्वरूपविवेचनम्

ननूक्तं पुरुषश्चिन्मात्र एव स च स्वात्मस्थो विक्रियते भुञ्जानो न तत्त्वान्तरपरिणामेन। प्रधानं तु तत्त्वान्तरपरिणामेन विक्रियतेऽतोऽनेकमशुद्धमचेतनं चेत्यादिधर्मवत्तद्विपरीतः पुरुषः।

पूर्व०—यह पहले ही कहा जा चुका है कि पुरुष चिन्मात्र ही है और वह भोग करते समय अपने स्वरूपमें स्थित हुआ ही विकारको प्राप्त होता है—उसका विकार तत्त्वान्तरपरिणामके द्वारा नहीं होता। किन्तु प्रधान तत्त्वान्तरपरिणामके द्वारा विकृत होता है; अतः वह [महत्तत्त्वादि-भेदसे] अनेक, अशुद्ध और अचेतन आदि धर्मोंसे युक्त है, तथा पुरुष उससे विपरीत स्वभाववाला है।

परिहारः

नासौ विशेषो वाङ्मात्रत्वात्। अस्य प्राग्भोगोत्पत्तेः केवल-चिन्मात्रस्य पुरुषस्य भोक्तृत्वं नाम विशेषो भोगोत्पत्तिकाले चेज्जायते निवृत्ते च भोगे पुनस्तद्विशेषादपेतश्चिन्मात्र एव भवतीति चेन्महदाद्याकारेण च परिणम्य प्रधानं ततोऽपेत्य पुनः प्रधानं स्वरूपेणावतिष्ठत इत्यस्यां कल्पनायां न कश्चिद्विशेष इति वाङ्मात्रेण प्रधानपुरुषयो-र्विशिष्टविक्रिया कल्प्यते।

सिद्धान्ती—यह कोई विशेषता नहीं है, क्योंकि यह तो केवल शब्दमात्र है। यदि भोगोत्पत्तिके पूर्व केवल चिन्मात्ररूपसे स्थित पुरुषमें भोगकी उत्पत्तिके समय ही भोक्तृत्वरूप कोई विशेषता उत्पन्न होती है और भोगके निवृत्त होनेपर उस विशेषताके दूर हो जानेपर वह फिर चिन्मात्र ही रह जाता है तो प्रधान भी महत् आदिरूपसे परिणत होकर उनसे निवृत्त होनेपर फिर प्रधानरूपसे ही स्थित हो जाता है। अतः इस कल्पनामें कोई विशेषता नहीं है; इसलिये तुम्हारे द्वारा प्रधान और पुरुषके विशिष्ट विकारकी कल्पना केवल शब्दमात्रसे ही की गयी है।

अथ भोगकालेऽपि चिन्मात्र एव प्राग्वत्पुरुष इति चेत्।

पूर्व०—ठीक है, परन्तु भोगकालमें भी तो पुरुष पूर्ववत् चिन्मात्र ही है।

न तर्हि परमार्थतो भोगः पुरुषस्य।

सिद्धान्ती—तब तो परमार्थतः पुरुषका भोग ही सिद्ध नहीं होता।

भोगकाले चिन्मात्रस्य विक्रिया परमार्थैव तेन भोगः पुरुषस्येति चेत्।

पूर्व०—परन्तु भोगकालमें जो चिन्मात्र पुरुषका विकार होता है वह वास्तविक ही होता है; इससे पुरुषका भोग सिद्ध होता है।

न; प्रधानस्यापि भोगकाले विक्रियावत्त्वाद्भोक्तृत्वप्रसङ्गः। चिन्मात्रस्यैव विक्रिया भोक्तृत्वम् इति चेदौष्ण्याद्यसाधारण-धर्मवतामग्न्यादीनामभोक्तृत्वे-हेत्वनुपपत्तिः।

सिद्धान्ती—नहीं, भोगकालमें तो प्रधान भी विकारयुक्त होता है, इससे उसके भी भोक्तृत्वका प्रसंग आ जायगा। यदि कहो कि भोक्तृत्व चिन्मात्रके ही विकारका नाम है तो उष्णता आदि असाधारण धर्मवाले अग्नि आदिके अभोक्तृत्वमें भी कोई कारण नहीं दिखलायी देता [क्योंकि जिस प्रकार चेतनता पुरुषका असाधारण धर्म है उसी प्रकार उष्णता आदि उनके असाधारण धर्म हैं]।

प्रधानपुरुषयोर्द्वयोर्युगपद्भोक्तृ-त्वमिति चेत्।

मध्यस्थ—यदि प्रधान और पुरुष दोनोंका साथ-साथ भोक्तृत्व माना जाय तो ?

न; प्रधानस्य पारार्थ्यानुपपत्तेः। न हि भोक्त्रोर्द्वयोरितरेतर-गुणप्रधानभाव उपपद्यते प्रकाशयोरिवेतरेतरप्रकाशने।

सिद्धान्ती—ऐसा नहीं हो सकता, क्योंकि इससे प्रधानका पारार्थ्य (अन्यके लिये होना) सिद्ध नहीं होगा। जिस प्रकार एक-दूसरेको प्रकाशित करनेमें दो प्रकाशोंका गौण-मुख्य भाव नहीं बन सकता उसी प्रकार दो भोक्ताओंका भी परस्पर गौण-मुख्य भाव नहीं हो सकता।

भोगधर्मवति सत्त्वाङ्गिनि चेतसि पुरुषस्य चैतन्यप्रतिबिम्बोदयोऽविक्रियस्य पुरुषस्य भोक्तृत्वमिति चेत्।

न; पुरुषस्य विशेषाभावे भोक्तृत्वकल्पनानर्थक्यात्। भोगरूपश्चेदनर्थः पुरुषस्य नास्ति सदा निर्विशेषत्वात्पुरुषस्य कस्य अपनयनार्थं मोक्षसाधनं शास्त्रं प्रणीयते। अविद्याध्यारोपितानर्थापनयनाय शास्त्रप्रणयनमिति चेत्परमार्थतः पुरुषो भोक्तैव न कर्ता प्रधानं कर्त्रेव न भोक्तृ परमार्थसद्वस्त्वन्तरं पुरुषाच्चेतीयं कल्पनागमबाह्या व्यर्था निर्हेतुका चेति नादर्तव्या मुमुक्षुभिः।

एकत्वेऽपि शास्त्रप्रणयनाद्यानर्थक्यमिति चेत्।

आत्मैक्यबोधे न, अभावात्। सत्सु शास्याभावात् हि शास्त्रप्रणेत्रादिषु शास्त्राभावः तत्फलार्थिषु च शास्त्रस्य प्रणयनमनर्थकं सार्थकं वेति विकल्पना स्यात्।

पूर्व०—यदि ऐसा मानें कि 'भोगधर्मवान् सत्त्वगुणप्रधान चित्तमें जो चैतन्यके प्रतिबिम्बका उदय होना है वही अविकारी पुरुषका भोक्तृत्व है' तो?

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि इससे तो पुरुषकी कोई विशेषता न होनेके कारण उसके भोक्तृत्वकी कल्पना ही व्यर्थ सिद्ध होती है। यदि सर्वदा निर्विशेष होनेके कारण पुरुषमें भोगरूप अनर्थ है ही नहीं तो मोक्षका साधनरूप शास्त्र किस [दोष]-की निवृत्तिके लिये रचा गया है? यदि कहो कि शास्त्ररचना तो अविद्यासे आरोपित अनर्थकी निवृत्तिके लिये है तो 'पुरुष परमार्थतः भोक्ता ही है, कर्ता नहीं तथा प्रधान कर्ता ही है, भोक्ता नहीं और वह परमार्थतः पुरुषसे भिन्न कोई सद्वस्तु है' ऐसी कल्पना शास्त्रबाह्य, व्यर्थ और निर्हेतुका है; यह मुमुक्षुओंसे आदर की जानेयोग्य नहीं है।

मध्यस्थ—परन्तु शास्त्ररचना आदिकी व्यर्थता तो एकत्व माननेमें भी है।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि उस समय तो उन (शास्त्रादि)-का भी अभाव हो जाता है। शास्त्रप्रणेता आदि तथा उनके फलेच्छुकोंके रहते हुए ही 'शास्त्ररचना सार्थक है अथवा निरर्थक' —ऐसा विकल्प हो सकता है।

न ह्यात्मैकत्वे शास्त्रप्रणेत्रादयस्ततो भिन्नाः सन्ति तदभाव एवं विकल्पनैवानुपपन्ना।

अभ्युपगत आत्मैकत्वे प्रमाणार्थश्चाभ्युपगतो भवता यदात्मैकत्वमभ्युपगच्छता, तदभ्युपगमे च विकल्पानुपपत्तिमाह शास्त्रम् "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्" (बृ० उ० २। ४। १४) इत्यादि। शास्त्रप्रणयनाद्युपपत्तिं चाहान्यत्र परमार्थवस्तुस्वरूपादविद्याविषये । "यत्र हि द्वैतमिव भवति" (बृ० उ० २। ४। १४) इत्यादि विस्तरतो वाजसनेयके।

अत्र च विभक्ते विद्याविद्ये परापरे इत्यादावेव शास्त्रस्य। अतो न तार्किकवादभटप्रवेशो वेदान्तराजप्रमाणबाहुगुप्तइहात्मैकत्व-विषय इति।

आत्माका एकत्व सिद्ध होनेपर तो शास्त्रप्रणेता आदि भी उस (आत्मतत्त्व)-से भिन्न नहीं रहते; तथा उनका अभाव हो जानेपर तो इस प्रकारका विकल्प ही नहीं बन सकता।

इसके सिवा आत्मैकत्वका निश्चय हो जानेपर जिस एकत्वका निश्चय करनेवाले तुमने उसके प्रतिपादक शास्त्रकी अर्थवत्ता भी स्वीकार की है, उस (एकत्व)-का निश्चय हो जानेपर भी शास्त्र "जहाँ इसे सब कुछ आत्मरूप ही हो जाता है वहाँ किसके द्वारा किसे देखे?" इत्यादिरूपसे विकल्पकी असम्भावना ही बतलाता है। तथा परमार्थवस्तुके स्वरूपसे अन्यत्र अविद्यासम्बन्धी विषयोंमें "जहाँ द्वैत-सा होता है" आदि बृहदारण्यकश्रुतिमें शास्त्ररचना आदिकी उपपत्ति भी विस्तारसे बतलायी है।

यहाँ [अथर्ववेदीय मुण्डक-उपनिषद्में] तो शास्त्रके आरम्भमें ही परा और अपरारूप विद्या तथा अविद्याका विभाग किया है। अतः वेदान्तरूपी राजाकी प्रमाणरूपिणी भुजाओंसे सुरक्षित इस आत्मैकत्व-राज्यमें तार्किकवादरूप योद्धाओंका प्रवेश नहीं हो सकता।

एतेनाविद्याकृतनामरूपाद्युपाधिकृतानेकशक्तिसाधनकृतभेदवत्त्वाद्ब्रह्मणः सृष्ट्यादिकर्तृत्वे साधनाद्यभावो दोषः प्रत्युक्तो वेदितव्यः परैरुक्त आत्मानर्थकर्तृत्वादिदोषश्च।

इस प्रतिपादनसे ब्रह्मका सृष्टि आदिके कर्तृत्वमें साधनादिका अभावरूप दोष भी निरस्त हुआ समझना चाहिये, क्योंकि अविद्याकृत नाम-रूप आदि उपाधिके कारण ब्रह्म अनेक शक्ति और साधनजनित भेदोंसे युक्त है; तथा इसीसे हमारे विपक्षियोंका बतलाया हुआ आत्माका अपना ही अनर्थ-कर्तृत्वरूप दोष भी निवृत्त हो जाता है।

चेतनपूर्वकत्व-स्थापनम्

यस्तु दृष्टान्तो राज्ञः सर्वार्थकारिणि कर्तर्युपचाराद्राजा कर्तेति सोऽत्रानुपपन्नः "स ईक्षांचक्रे" इति श्रुतेर्मुख्यार्थबाधनात्प्रमाणभूतायाः। तत्र हि गौणी कल्पना शब्दस्य यत्र मुख्यार्थो न सम्भवति। इह त्वचेतनस्य मुक्तबद्धपुरुषविशेषापेक्षया कर्तृकर्मदेशकालनिमित्तापेक्षया च बन्धमोक्षादिफलार्था नियता पुरुषं प्रति प्रवृत्तिर्नोपपद्यते। यथोक्तसर्वज्ञेश्वरकर्तृत्वपक्षे तूपपन्ना॥ ३॥

और तुमने जो यह दृष्टान्त दिया कि राजाका सारा कार्य करनेवाले सेवकमें ही 'राजा कर्ता है' ऐसा उपचार किया जाता है, सो यहाँ ठीक नहीं है, क्योंकि इससे "स ईक्षांचक्रे" इस प्रमाणभूता श्रुतिका मुख्य अर्थ बाधित हो जाता है। जहाँ मुख्य अर्थ लेना सम्भव नहीं होता वहीं शब्दकी गौणी कल्पना की जाती है। इस प्रसंगमें तो मुक्त-बद्ध पुरुषविशेषकी अपेक्षासे तथा कर्ता, कर्म, देश, काल और निमित्तकी अपेक्षासे पुरुषके प्रति अचेतन प्रधानकी नियत प्रवृति सम्भव नहीं है, पूर्वोक्त सर्वज्ञ ईश्वरको कर्ता माननेके पक्षमें तो वह उचित ही है॥ ३॥

सृष्टिक्रम

ईश्वरेणेव सर्वाधिकारी प्राणः पुरुषेण सृज्यते। कथम्?

राजाके समान पुरुषने ही सर्वाधिकारी प्राणकी रचना की है; किस प्रकार? [सो बतलाते हैं—]

स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवीन्द्रियं मनोऽन्नमन्नाद्वीर्यं तपो मन्त्राः कर्म लोका लोकेषु च नाम च॥ ४॥

उस पुरुषने प्राणको रचा; फिर प्राणसे श्रद्धा, आकाश, वायु, तेज, जल, पृथिवी, इन्द्रिय, मन और अन्नको तथा अन्नसे वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म और लोकोंको एवं लोकोंमें नामको उत्पन्न किया॥ ४॥

स पुरुष उक्तप्रकारेणेक्षित्वा प्राणं हिरण्यगर्भाख्यं सर्वप्राणिकरणाधारमन्तरात्मानमसृजत सृष्टवान्। अतः प्राणाच्छ्रद्धां सर्वप्राणिनां शुभकर्मप्रवृत्तिहेतुभूताम्। ततः कर्मफलोपभोगसाधनाधिष्ठानानिकारणभूतानि महाभूतान्यसृजत।

उस पुरुषने उपर्युक्त प्रकारसे ईक्षण कर हिरण्यगर्भसंज्ञक समष्टि प्राणको अर्थात् सम्पूर्ण प्राणियोंकी इन्द्रियोंके आधारस्वरूप अन्तरात्माको रचा। उस प्राणसे समस्त प्राणियोंकी शुभ कर्मोंमें प्रवृत्तिकी हेतुभूता श्रद्धाकी रचना की। और उससे कर्मफलोपभोगके साधन [शरीर]-के अधिष्ठान अर्थात् कारणस्वरूप महाभूतोंकी सृष्टि की।

खं शब्दगुणम्, वायुं स्वेन स्पर्शेन कारणगुणेन च विशिष्टं द्विगुणम्। तथा ज्योतिः स्वेन रूपेण पूर्वाभ्यां च विशिष्टं त्रिगुणं शब्दस्पर्शाभ्याम्। तथापो रसेन गुणेनासाधारणेन

सबसे पहले शब्दगुणविशिष्ट आकाशको रचा, फिर निजगुण स्पर्श और शब्दगुणसे युक्त होनेके कारण दो गुणवाले वायुको, तदनन्तर स्वकीय गुण रूप और पहले दो गुण शब्द-स्पर्शसे युक्त तीन गुणवाले तेजको तथा अपने असाधारण गुण रसके सहित

पूर्वगुणानुप्रवेशेन च चतुर्गुणाः। तथा गन्धगुणेन पूर्वगुणानुप्रवेशेन च पञ्चगुणा पृथिवी। तथा तैरेव भूतैरारब्धमिन्द्रियं द्विप्रकारं बुद्ध्यर्थं कर्मार्थं च दशसंख्याकं तस्य चेश्वरमन्तःस्थं संशयसङ्कल्पलक्षणं मनः।

पूर्वगुणोंके अनुप्रवेशसे चार गुणवाले जलको और गन्धगुणके सहित पूर्वगुणोंके अनुप्रवेशसे पाँच गुणोंवाली पृथिवीको रचा। इसी प्रकार विषयोंके ज्ञान और कर्मके लिये उन भूतोंसे ही आरब्ध दस संख्यावाले दो प्रकारके इन्द्रियग्रामकी तथा उसके स्वामी संकल्पविकल्पादिरूप अन्तःस्थित मनकी रचना की।

एवं प्राणिनां कार्यं करणं च सृष्ट्वा तत्स्थित्यर्थं व्रीहियवादि-लक्षणमन्नम्। ततश्चान्नादद्यमानाद्वीर्यं सामर्थ्यं बलं सर्वकर्मप्रवृत्तिसाधनम्। तद्वीर्यवतां च प्राणिनां तपो विशुद्धिसाधनं सङ्कीर्यमाणानाम्। मन्त्रास्तपो विशुद्धान्तर्बहिःकरणेभ्यः कर्मसाधनभूता ऋग्यजुः-सामाथर्वाङ्गिरसः ततः। कर्माग्निहोत्रादिलक्षणम्। ततो लोकाः कर्मणां फलम्। तेषु च सृष्टानां प्राणिनां नाम च देवदत्तो यज्ञदत्त इत्यादि।

इस प्रकार प्राणियोंके कार्य [विषय] और करणों [इन्द्रियों]-की रचना कर उनकी स्थितिके लिये उसने व्रीहियवादिरूप अन्न उत्पन्न किया। फिर उस खाये हुए अन्नसे सब प्रकारके कर्मोंकी प्रवृत्तिका साधनभूत वीर्य—सामर्थ्य यानी बल उत्पन्न किया। तदनन्तर वर्णसंकरताको प्राप्त होते हुए उन वीर्यवान् प्राणियोंकी शुद्धिके साधनभूत तपकी रचना की। फिर जिनके बाह्य और अन्तःकरणोंकी तपसे शुद्धि हो गयी है उन प्राणियोंके लिये कर्मके साधनभूत ऋक्, यजुः, साम और अथर्वांगिरस मन्त्रोंकी रचना की और तत्पश्चात् अग्निहोत्रादि कर्म तथा कर्मोंके फलस्वरूप लोकनिर्माण किये। फिर इस प्रकार रचे हुए उन लोकोंमें प्राणियोंके देवदत्त, यज्ञदत्त आदि नाम बनाये।

एवमेताः कलाः प्राणिनामविद्यादिदोषबीजापेक्षया सृष्टाः तैमिरिकदृष्टिसृष्टा इव द्विचन्द्रमशकमक्षिकाद्याः स्वप्नदृक्सृष्टा इव च सर्वपदार्थाः पुनस्तस्मिन्नेव पुरुषे प्रलीयन्ते हित्वा नामरूपादि विभागम्॥ ४॥

इस प्रकार तिमिररोगीकी दृष्टिसे रचे हुए द्विचन्द्र, मशक (मच्छर) और मक्षिका आदि तथा स्वप्नद्रष्टाके बनाये हुए सब पदार्थोंके समान प्राणियोंके अविद्या आदि दोषरूप बीजकी अपेक्षासे रची हुई ये कलाएँ अपने नाम-रूप आदि विभागको त्यागकर उस पुरुषमें ही लीन हो जाती हैं॥ ४॥

नदीके दृष्टान्तसे सम्पूर्ण जगत्का पुरुषाश्रयत्वप्रतिपादन

कथम्

किस प्रकार

स यथेमा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रायणाः समुद्रं प्राप्यास्तं गच्छन्ति भिद्येते तासां नामरूपे समुद्र इत्येवं प्रोच्यते। एवमेवास्य परिद्रष्टुरिमाः षोडश कलाः पुरुषायणाः पुरुषं प्राप्यास्तं गच्छन्ति भिद्येते चासां नामरूपे पुरुष इत्येवं प्रोच्यते स एषोऽकलोऽमृतो भवति तदेष श्लोकः॥ ५॥

वह [दृष्टान्त] इस प्रकार है—जिस प्रकार समुद्रकी ओर बहती हुई ये नदियाँ समुद्रमें पहुँचकर अस्त हो जाती हैं, उनके नाम-रूप नष्ट हो जाते हैं, और वे 'समुद्र' ऐसा कहकर ही पुकारी जाती हैं। इसी प्रकार इस सर्वद्रष्टाकी ये सोलह कलाएँ, जिनका अधिष्ठान पुरुष ही है, उस पुरुषको प्राप्त होकर लीन हो जाती हैं। उनके नाम-रूप नष्ट हो जाते हैं और वे 'पुरुष' ऐसा कहकर ही पुकारी जाती हैं। वह विद्वान् कलाहीन और अमर हो जाता है। इस सम्बन्धमें यह श्लोक प्रसिद्ध है॥ ५॥

स दृष्टान्तो यथा लोक इमा नद्यः स्यन्दमानाः

वह दृष्टान्त इस प्रकार है—जिस प्रकार लोकमें निरन्तर प्रवाहरूपसे

स्रवन्त्यः समुद्रायणाः समुद्रोऽयनं गतिः आत्मभावो यासां ताः समुद्रायणाः समुद्रं प्राप्योपगम्यास्तं नामरूप-तिरस्कारं गच्छन्ति। तासां चास्तं गतानां भिद्येते विनश्यतो नामरूपे गङ्गायमुनेत्यादिलक्षणे तदभेदे समुद्र इत्येवं प्रोच्यते तद्वस्तूदकलक्षणम्।

बहनेवाली तथा समुद्र ही जिनका अयन—गति अर्थात् आत्मभाव है ऐसी ये समुद्रायण नदियाँ समुद्रको प्राप्त होकर अस्त—अदर्शन अर्थात् नाम-रूपके तिरस्कार [अभाव]-को प्राप्त हो जाती हैं, तथा इस प्रकार अस्त हुई उन नदियोंके वे गंगा-यमुना आदि नाम और रूप नष्ट हो जाते हैं और उससे अभेद हो जानेके कारण वह जलमय पदार्थ भी 'समुद्र' ऐसा कहकर ही पुकारा जाता है।

एवं यथायं दृष्टान्तः, उक्तलक्षणस्य प्रकृतस्यास्य पुरुषस्य परिद्रष्टुः परि समन्ताद् द्रष्टुर्दर्शनस्य कर्तुः स्वरूपभूतस्य यथार्कः स्वात्मप्रकाशस्य कर्ता सर्वतः तद्वदिमाः षोडश कलाः प्राणाद्या उक्ताः कलाः पुरुषायणा नदीनामिव समुद्रः पुरुषोऽयनमात्मभावगमनं यासां कलानां ताः पुरुषायणाः पुरुषं प्राप्य पुरुषात्मभावमुपगम्य तथैवास्तं गच्छन्ति। भिद्येते चासां नामरूपे कलानां प्राणाद्याख्या रूपं च यथास्वम्।

इसी प्रकार, जैसा कि यह दृष्टान्त है, उपर्युक्त लक्षणोंसे युक्त परिद्रष्टा अर्थात् जिस प्रकार सूर्य सब ओर अपने स्वरूपभूत प्रकाशका कर्ता है उसी प्रकार परि—सब ओर द्रष्टा—दर्शनके कर्ता स्वरूपभूत इस प्रकृत [जिसका प्रकरण चल रहा है] पुरुषकी ये प्राण आदि उपर्युक्त सोलह कलाएँ, जिनका अयन—आत्मभावकी प्राप्तिका स्थान वह पुरुष ही है जैसा कि नदियोंका समुद्र, अतः जो पुरुषायण कहलाती हैं, उस पुरुषको प्राप्त होकर—पुरुषरूपसे स्थित होकर उसी प्रकार [जैसे कि समुद्रमें नदियाँ] लीन हो जाती हैं। तथा इन कलाओंके प्राणादिसंज्ञक नाम और

भेदे च नामरूपयोर्यदनष्टं तत्त्वं पुरुष इत्येवं प्रोच्यते ब्रह्मविद्भिः।

य एवं विद्वान्गुरुणा प्रदर्शितकलाप्रलयमार्गः स एष विद्यया प्रविलापितास्वविद्याकामकर्मजनितासु प्राणादिकलास्वकलः, अविद्याकृतकलानिमित्तो हि मृत्युः तदपगमेऽकलत्वादेवामृतो भवति तदेतस्मिन्नर्थ एष श्लोकः॥ ५॥

अपने-अपने विभिन्न रूप नष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार नाम-रूपका नाश हो जानेपर भी जिसका नाश नहीं होता उस तत्त्वको ब्रह्मवेत्ता 'पुरुष' ऐसा कहकर पुकारते हैं।

इस प्रकार जिसे गुरुने कलाओंके प्रलयका मार्ग दिखलाया है ऐसा जो पुरुष इस तत्त्वको जाननेवाला है, वह उस विद्याके द्वारा अविद्या, काम और कर्मजनित प्राणादि कलाओंके लोप कर दिये जानेपर निष्कल हो जाता है और क्योंकि मृत्यु भी अविद्याकृत कलाओंके कारण ही, होती है इसलिये उनकी निवृत्ति हो जानेपर वह निष्कल हो जानेके कारण ही अमर हो जाता है। इसी सम्बन्धमें यह श्लोक प्रसिद्ध है—॥ ५॥

मरण-दुःखकी निवृत्तिमें परमात्मज्ञानका उपयोग

अरा इव रथनाभौ कला यस्मिन्प्रतिष्ठिताः।
तं वेद्यं पुरुषं वेद यथा मा वो मृत्युः परिव्यथा इति॥ ६॥

जिसमें रथको नाभिमें अरोंके समान सब कलाएँ आश्रित हैं, उस ज्ञातव्य पुरुषको तुम जानो, जिससे कि मृत्यु तुम्हें कष्ट न पहुँचा सके॥ ६॥

अरा रथचक्रपरिवारा इव रथनाभौ रथचक्रस्य नाभौ यथा

रथके पहियेके परिवाररूप अरोंके समान—अर्थात् जिस प्रकार वे रथके पहियेकी नाभिमें प्रविष्ट यानी उसके

प्रवेशितास्तदाश्रया भवन्ति यथा तथेत्यर्थः; कलाः प्राणाद्या यस्मिन्पुरुषे प्रतिष्ठिता उत्पत्तिस्थितिलयकालेषु तं पुरुषं कलानामात्मभूतं वेद्यं वेदनीयं पूर्णत्वात् पुरुषं पुरि शयनाद्वा वेद जानीयात्; यथा हे शिष्या मा वो युष्मान्मृत्युः परिव्यथा मा परिव्यथयतु। न चेद्विज्ञायेत पुरुषो मृत्युनिमित्तां व्यथामापन्ना दुःखिन एव यूयं स्थ। अतस्तन्मा भूद्युष्माकमित्यभिप्रायः॥ ६॥

आश्रित रहते हैं उसी प्रकार जिस पुरुषमें प्राणादि कलाएँ अपनी उत्पत्ति, स्थिति और लयके समय स्थित रहती हैं, कलाओंके आत्मभूत उस ज्ञातव्य पुरुषको, जो सर्वत्र पूर्ण अथवा शरीररूप पुरमें शयन करनेके कारण पुरुष कहलाता है, जानो; जिससे कि हे शिष्यो! तुम्हें मृत्यु सब ओरसे व्यथित न करे। यदि तुमने उस पुरुषको न जाना तो तुम मृत्युनिमित्तक व्यथाको प्राप्त होकर दुःखी ही होगे। अतः तुम्हें वह दुःख प्राप्त न हो, यही इसका अभिप्राय है॥ ६॥

उपदेशका उपसंहार

तान्होवाचैतावदेवाहमेतत्परं ब्रह्म वेद। नातः पर-मस्तीति॥ ७॥

तब उनसे उस (पिप्पलाद मुनि)-ने कहा—इस परब्रह्मको मैं इतना ही जानता हूँ। इससे अन्य और कुछ [ज्ञातव्य] नहीं है॥ ७॥

तानेवमनुशिष्य शिष्यांस्तान् होवाच पिप्पलादः किलैतावदेव वेद्यं परं ब्रह्म वेद विजानाम्यहमेतत्। नातोऽस्मात्परमस्ति प्रकृष्टतरं वेदितव्यमित्येवमुक्तवा-

उन शिष्योंको इस प्रकार शिक्षा दे पिप्पलाद मुनिने उनसे कहा—'उस वेद्य (ज्ञातव्य) परब्रह्मको मैं इतना ही जानता हूँ। इससे पर—उत्कृष्टतर और कोई वेद्य नहीं है।' इस प्रकार 'अभी कुछ बिना जाना रह गया'

ञ्शिष्याणामविदितशेषास्तित्वाशङ्कानिवृत्तये कृतार्थबुद्धिजननार्थं च ॥ ७ ॥

ऐसी शिष्योंकी आशङ्काकी निवृत्तिके लिये तथा उनमें कृतार्थबुद्धि उत्पन्न करनेके लिये पिप्पलादने उनसे कहा ॥ ७ ॥

स्तुतिपूर्वक आचार्यकी वन्दना

ते तमर्चयन्तस्त्वं हि नः पिता योऽस्माकमविद्यायाः परं पारं तारयसीति नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः ॥ ८ ॥

तब उन्होंने उनकी पूजा करते हुए कहा—आप तो हमारे पिता हैं, जिन्होंने कि हमें अविद्याके दूसरे पारपर पहुँचा दिया है; आप परमर्षिको हमारा नमस्कार हो, नमस्कार हो॥ ८ ॥

ततस्ते शिष्या गुरुणानुशिष्टास्तं गुरुं कृतार्थाः सन्तो विद्यानिष्क्रयमपश्यन्तः किं कृतवन्त इत्युच्यते—अर्चयन्तः पूजयन्तः पादयोः पुष्पाञ्जलिप्रकिरणेन प्रणिपातेन च शिरसा। किमूचुरित्याह—त्वं हि नोऽस्माकं पिता ब्रह्मशरीरस्य विद्यया जनयितृत्वान्नित्यस्याजरामरस्याभयस्य। यस्त्वमेव अस्माकमविद्याया विपरीतज्ञानाज्जन्मजरामरणरोगदुःखादिग्राहादपारादविद्यामहोदधेर्विद्याप्लवेन

तब गुरुसे उपदेश पाये हुए उन शिष्योंने कृतार्थ हो, उस विद्यादानका कोई अन्य प्रतिकार न देखकर क्या किया सो बतलाते हैं—उन्होंने गुरुजीका अर्चन अर्थात् चरणोंमें पुष्पाञ्जलि प्रदान एवं सिर झुकाकर प्रणाम करके उनका पूजन करते हुए [कहा]। क्या कहा, सो बतलाते हैं—'विद्याके द्वारा हमारे नित्य, अजर, अमर एवं अभयरूप ब्रह्मशरीरके जनयिता होनेके कारण आप तो हमारे पिता हैं; जिन आपने विद्यारूप नौकाके द्वारा हमें विपरीत ज्ञानरूप अविद्यासे अर्थात् जन्म, जरा, मरण, रोग और दुःख आदि ग्राहोंके कारण जो अपार है उस अविद्यारूप समुद्रसे उस ओर महासागरके

परमपुनरावृत्तिलक्षणं मोक्षाख्यं महोदधेरिव पारं तारयस्यस्मानित्यतः पितृत्वं तवास्मान् प्रत्युपपन्नमितरस्मात्। इतरोऽपि हि पिता शरीरमात्रं जनयति। तथापि स प्रपूज्यतमो लोके किमु वक्तव्यमात्यन्तिकाभयदातु-रित्यभिप्रायः। नमः परमऋषिभ्यो ब्रह्मविद्यासम्प्रदायकर्तृभ्यो नमः परमऋषिभ्य इति द्विर्वचनमादरार्थम्॥ ८॥

पर पारके समान अपुनरावृत्तिरूप मोक्षसंज्ञक दूसरे पारपर पहुँचा दिया है; अतः आपका पितृत्व तो अन्य (जन्मदाता) पिताकी अपेक्षा भी युक्ततर है; क्योंकि दूसरा पिता भी केवल शरीरको ही उत्पन्न करता है, तो भी वह लोकमें सबसे अधिक पूजनीय होता है; फिर आत्यन्तिक अभयप्रदान करनेवाले आपके पूजनीयत्वके विषयमें तो कहना ही क्या है? अतः ब्रह्मविद्या-सम्प्रदायके प्रवर्तक परमर्षिको नमस्कार हो। यहाँ 'नमः परमऋषिभ्यः' इसकी द्विरुक्ति आदर-प्रदर्शनके लिये है॥ ८॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ प्रश्नोपनिषद्भाष्ये षष्ठः प्रश्नः॥ ६॥

इत्यथर्ववेदीया प्रश्नोपनिषत्समाप्ता॥

॥हरिः ॐ तत्सत्॥

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा
भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳ सस्तनूभि-
र्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः
स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽरिष्टनेमिः
स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

ॐ

तत्सद्ब्रह्मणे नमः

मुण्डकोपनिषद्

मन्त्रार्थ, शांकरभाष्य और भाष्यार्थसहित

भावाभावपदातीतं भावाभावात्मकं च यत्।
तद् वन्दे भावनातीतं स्वात्मभूतं परं महः॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

हे देवगण! हम कानोंसे कल्याणमय वचन सुनें; यज्ञकर्ममें समर्थ होकर नेत्रोंसे शुभ दर्शन करें; अपने स्थिर अंग और शरीरोंसे स्तुति करनेवाले हमलोग देवताओंके लिये हितकर आयुका भोग करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

महान् कीर्तिमान् इन्द्र हमारा कल्याण करे, परम ज्ञानवान् [अथवा परम धनवान्] पूषा हमारा कल्याण करे, अरिष्टोंके [नाशके] लिये चक्ररूप गरुड़ हमारा कल्याण करे तथा बृहस्पतिजी हमारा कल्याण करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

प्रथम मुण्डक

प्रथम खण्ड

सम्बन्ध-भाष्य

ॐ ब्रह्मा देवानामित्या-उपक्रम ह्याथर्वणोपनिषत्। अस्याश्च विद्यासम्प्रदायकर्तृपारम्पर्य-लक्षणसम्बन्धम् आदावेवाह स्वयमेव स्तुत्यर्थम्। एवं हि महद्भिः परमपुरुषार्थसाधनत्वेन गुरुणायासेन लब्धा विद्येति श्रोतृबुद्धिप्ररोचनाय विद्यां महीकरोति। स्तुत्या प्ररोचितायां हि विद्यायां सादराः प्रवर्तेरन्निति।

'ॐ ब्रह्मा देवानाम्' इत्यादि [वाक्यसे आरम्भ होनेवाली] उपनिषद् अथर्ववेदकी है। श्रुति इसकी स्तुतिके लिये इसके विद्यासम्प्रदायके कर्ताओंकी परम्परारूप सम्बन्धका सबसे पहले स्वयं ही वर्णन करती है। इस प्रकार यह दिखलाकर कि 'इस विद्याको परमपुरुषार्थके साधनरूपसे महापुरुषोंने अत्यन्त परिश्रमसे प्राप्त किया था' श्रुति श्रोताओंकी बुद्धिमें इसके लिये रुचि उत्पन्न करनेके लिये इसकी महत्ता दिखलाती है, जिससे कि लोग स्तुतिके कारण रुचिकर प्रतीत हुई विद्याके उपार्जनमें आदरपूर्वक प्रवृत्त हों।

प्रयोजनेन तु विद्यायाः ब्रह्मविद्यायाः साध्यसाधनलक्षण-सम्बन्धप्रयोजन- सम्बन्धम् उत्तरत्र निरूपणम् वक्ष्यति 'भिद्यते हृदयग्रन्थिः' (मु०उ० २।२।८) इत्यादिना, अत्र चापरशब्दवाच्याया-

अपने प्रयोजनके साथ ब्रह्मविद्याका साध्यसाधनरूप सम्बन्ध आगे चलकर 'भिद्यते हृदयग्रन्थिः' इत्यादि मन्त्रद्वारा बतलाया जायगा। यहाँ तो 'विधि-प्रतिषेधमात्रमें तत्पर अपर शब्दवाच्य

मृग्वेदादिलक्षणायां विधिप्रतिषेध-मात्रपरायां विद्यायां संसारकारणाविद्यादिदोषनिवर्तकत्वं नास्तीति स्वयमेवोक्त्वा परापरविद्याभेदकरणपूर्वकम् 'अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः' (मु०उ० १।२।८) इत्यादिना तथा परप्राप्तिसाधनं सर्वसाधनसाध्यविषयवैराग्यपूर्वकं गुरुप्रसादलभ्यां ब्रह्मविद्यामाह—'परीक्ष्य लोकान्' (मु०उ० १।२।१२) इत्यादिना। प्रयोजनं चासकृद्ब्रवीति 'ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति' (मु०उ० ३।२।९) इति 'परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे' (मु०उ० ३।२।६) इति च।

ऋग्वेदादिरूप विद्या संसारके कारणभूत अज्ञान आदि दोषकी निवृत्ति करनेवाली नहीं है'—यह बात 'अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः' इत्यादि वाक्योंसे विद्याके पर और अपर भेद करते हुए स्वयं ही बतलाकर फिर 'परीक्ष्य लोकान्' इत्यादि वाक्योंसे साधन-साध्यरूप सब प्रकारके विषयोंसे वैराग्यपूर्वक गुरुकृपासे प्राप्य ब्रह्मविद्याको ही परब्रह्मकी प्राप्तिका साधन बतलाया है तथा 'ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति', 'परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे' इत्यादि वाक्योंसे उसका प्रयोजन तो बारम्बार बतलाया है।

संन्यासनिष्ठैव ब्रह्मविद्या मोक्षसाधनम्

ज्ञानमात्रे यद्यपि सर्वाश्रमिणाम् अधिकारस्तथापि संन्यासनिष्ठैव ब्रह्मविद्या मोक्षसाधनं न कर्मसहितेति 'भैक्ष्याचर्यां चरन्तः' (मु०उ० १।२।११) 'संन्यासयोगात्' (मु०उ० ३।२।६) इति च ब्रुवन्दर्शयति।

यद्यपि ज्ञानमात्रमें सभी आश्रम-वालोंका अधिकार है तथापि ब्रह्मविद्या संन्यासगत होनेपर ही मोक्षका साधन होती है कर्मसहित नहीं—यह बात श्रुति 'भैक्ष्यचर्यां चरन्तः', 'संन्यासयोगात्' इत्यादि कहती हुई प्रदर्शित करती है।

ज्ञानकर्मविरोध निरूपणम्

विद्याकर्मविरोधाच्च। न हि ब्रह्मात्मैकत्वदर्शनेन सह कर्म स्वप्नेऽपि सम्पादयितुं शक्यम्। विद्यायाः कालविशेषाभावा-

इसके सिवा विद्या और कर्मका विरोध होनेके कारण भी यही सिद्ध होता है। ब्रह्मात्मैक्यदर्शनके साथ तो कर्मोंका सम्पादन स्वप्नमें भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि विद्या-सम्पादनका कोई कालविशेष नहीं है और न उसका

दनियतनिमित्तत्वात्कालसङ्कोचानुपपत्तिः।

यत्तु गृहस्थेषु ब्रह्मविद्यासम्प्रदायकर्तृत्वादि लिङ्गं न तत्स्थितन्यायं बाधितुमुत्सहते। न हि विधिशतेनापि तमःप्रकाशयोरेकत्र सद्भावः शक्यते कर्तुं किमुत लिङ्गैः केवलैरिति।

एवमुक्तसम्बन्धप्रयोजनाया

उपनिषच्छब्द-निरुक्तिः

उपनिषदोऽल्पाक्षरं ग्रन्थविवरणमारभ्यते। य इमां ब्रह्मविद्यामुपयन्त्यात्मभावेन श्रद्धाभक्तिपुरःसराः सन्तस्तेषां गर्भजन्मजरारोगाद्यनर्थपूगं निशातयति परं वा ब्रह्म गमयत्यविद्यादिसंसारकारणं चात्यन्तमवसादयति विनाशयतीत्युपनिषत्, उपनिपूर्वस्य सदेरेवमर्थस्मरणात्।

कोई नियत निमित्त ही है; अतः किसी कालविशेषद्वारा उसका संकोच कर देना उचित नहीं है।

गृहस्थोंमें जो ब्रह्मविद्याका सम्प्रदाय-कर्तृत्व आदि लिंग (अस्तित्व-सूचक निदर्शन) देखा गया है वह पूर्व प्रदर्शित स्थिरतर नियमको बाधित करनेमें समर्थ नहीं हो सकता, क्योंकि तम और प्रकाशकी एकत्र स्थिति तो सैकड़ों विधियोंसे भी नहीं की जा सकती, फिर केवल लिंगोंकी तो बात ही क्या है?

इस प्रकार जिसके सम्बन्ध और प्रयोजनका निर्देश किया है उस [मुण्डक] उपनिषद्की यह संक्षिप्त व्याख्या आरम्भ की जाती है। जो लोग श्रद्धाभक्तिपूर्वक आत्मभावसे इस ब्रह्मविद्याके समीप जाते हैं यह उनके गर्भ, जन्म, जरा और रोग आदि अनर्थसमूहका छेदन करती है अथवा उन्हें परब्रह्मको प्राप्त करा देती है या संसारके कारणरूप अविद्या आदिका अत्यन्त अवसादन—विनाश कर देती है; इसीलिये इसे उपनिषद् कहते हैं, क्योंकि 'उप' और 'नि' पूर्वक 'सद्' धातुका यही अर्थ माना गया है।

आचार्यपरम्परा

ॐ ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव
विश्वस्य कर्ता भुवनस्य गोप्ता।
स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्याप्रतिष्ठा-
मथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह॥ १॥

सम्पूर्ण देवताओंमें पहले ब्रह्मा उत्पन्न हुआ। वह विश्वका रचयिता और त्रिभुवनका रक्षक था। उसने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वाको समस्त विद्याओंकी आश्रयभूत ब्रह्मविद्याका उपदेश दिया॥ १॥

ब्रह्मा परिवृढो महान्धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्यैः सर्वानन्यानतिशेत इति। देवानां द्योतनवतामिन्द्रादीनां प्रथमो गुणैः प्रधानः सन् प्रथमोऽग्रे वा सम्बभूवाभिव्यक्तः सम्यक्स्वातन्त्र्येणेत्यभिप्रायः। न तथा यथा धर्माधर्मवशात् संसारिणोऽन्ये जायन्ते। "योऽसावतीन्द्रियोऽग्राह्यः……" (मनु० १।७) इत्यादिस्मृतेः।

विश्वस्य सर्वस्य जगतः कर्तोत्पादयिता। भुवनस्योत्पन्नस्य गोप्ता पालयितेति विशेषणं ब्रह्मणो

ब्रह्मा—परिवृढ (सबसे बढ़ा हुआ) अर्थात् महान्, जो धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्यमें अन्य सबसे बढ़ा हुआ था, देवताओं—द्योतन करनेवालों (प्रकाशमानों), इन्द्रादिकोंमें प्रथम—गुणोंद्वारा प्रधानरूपसे अथवा सम्यक् स्वतन्त्रतापूर्वक सबसे पहले उत्पन्न हुआ था यह इसका तात्पर्य है क्योंकि "जो यह अतीन्द्रिय, अग्राह्य……है [वह परमात्मा स्वयं उत्पन्न हुआ]" इत्यादि स्मृतिके अनुसार वह, जैसे अन्य संसारी जीव उत्पन्न होते हैं उस तरह धर्म या अधर्मके वशीभूत होकर उत्पन्न नहीं हुआ।

'विश्व अर्थात् सम्पूर्ण जगत्का' कर्ता—उत्पन्न करनेवाला तथा उत्पन्न हुए भुवनका गोप्ता—पालन करनेवाला' ये ब्रह्माके विशेषण [उसकी उपदेश

विद्यास्तुतये। स एवं प्रख्यातमहत्त्वो ब्रह्मा ब्रह्मविद्यां ब्रह्मणः परमात्मनो विद्यां ब्रह्मविद्यां 'येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यम्' (मु०उ०१।२।१३) इति विशेषणात्परमात्मविषया हि सा ब्रह्मणा वाग्रजेनोक्तेति ब्रह्मविद्या तां सर्वविद्याप्रतिष्ठां सर्वविद्याभिव्यक्ति-हेतुत्वात्सर्वविद्याश्रयामित्यर्थः; सर्वविद्यावेद्यं वा वस्त्वनयैव विज्ञायत इति, "येनाश्रुतं श्रुतं भवति अमतं मतमविज्ञातं विज्ञातम्" (छा०उ० ६।१।३) इति श्रुतेः। सर्वविद्याप्रतिष्ठामिति च स्तौति। विद्यामथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह। ज्येष्ठश्चासौ पुत्राश्चानेकेषु ब्रह्मणः सृष्टिप्रकारेष्वन्यतमस्य सृष्टिप्रकारस्य प्रमुखे पूर्वमथर्वा सृष्ट इति ज्येष्ठस्तस्मै ज्येष्ठपुत्राय प्राहोक्तवान्॥ १॥

की हुई] विद्याकी स्तुतिके लिये हैं। जिसका महत्त्व इस प्रकार प्रसिद्ध है उस ब्रह्माने ब्रह्मविद्याको—ब्रह्म यानी परमात्माकी विद्याको, 'जिससे अक्षर और जो सत्य पुरुषको जानता है' ऐसे विशेषणसे युक्त होनेके कारण परमात्मसम्बन्धिनी ही है अथवा अग्रजन्मा ब्रह्माके द्वारा कही जानेके कारण जो ब्रह्मविद्या कहलाती है उस ब्रह्मविद्याको, जो समस्त विद्याओंकी अभिव्यक्तिकी हेतुभूत होनेसे अथवा "जिसके द्वारा अश्रुत श्रुत हो जाता है, अमत मत हो जाता है तथा अज्ञात ज्ञात हो जाता है" इस श्रुतिके अनुसार इसीसे सर्वविद्यावेद्य वस्तुका ज्ञान होता है, इसलिये जो सर्वविद्याप्रतिष्ठा यानी सम्पूर्ण विद्याओंकी आश्रयभूता है, अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वासे कहा। यहाँ 'सर्वविद्याप्रतिष्ठाम्' इस पदसे विद्याकी स्तुति करते हैं। जो ज्येष्ठ (सबसे बड़ा) पुत्र हो उसे ज्येष्ठ पुत्र कहते हैं। ब्रह्माकी सृष्टिके अनेकों प्रकारोंमें किसी एक सृष्टिप्रकारके आदिमें सबसे पहले अथर्वाको ही उत्पन्न किया गया था, इसलिये वह ज्येष्ठ है। उस ज्येष्ठ पुत्रसे कहा॥ १॥

अथर्वणे यां प्रवदेत ब्रह्मा-
थर्वा तां पुरोवाचाङ्गिरे ब्रह्मविद्याम्।
स भारद्वाजाय सत्यवहाय प्राह
भारद्वाजोऽङ्गिरसे परावराम्॥ २॥

अथर्वाको ब्रह्माने जिसका उपदेश किया था वह ब्रह्मविद्या पूर्वकालमें अथर्वाने अंगीको सिखायी। अंगीने उसे भरद्वाजके पुत्र सत्यवहसे कहा तथा भरद्वाजपुत्र (सत्यवह)-ने इस प्रकार श्रेष्ठसे कनिष्ठको प्राप्त होती हुई वह विद्या अंगिरासे कही॥ २॥

यामेतामथर्वणे प्रवदेतावदद्ब्रह्मविद्यां ब्रह्मा तामेव ब्रह्मणः प्राप्तामथर्वा पुरा पूर्वमुवाचोक्तवानङ्गिरेऽङ्गिर्नाम्ने ब्रह्मविद्याम्। स चाङ्गिर्भारद्वाजाय भरद्वाजगोत्राय सत्यवहाय सत्यवहनाम्ने प्राह प्रोक्तवान्। भारद्वाजोऽङ्गिरसे स्वशिष्याय पुत्राय वा परावरां परस्मात्परस्मादवरेण प्राप्तेति परावरा परापरसर्वविद्याविषयव्याप्तेर्वा तां परावरामङ्गिरसे प्राहेत्यनुषङ्गः॥ २॥

जिस ब्रह्मविद्याको ब्रह्माने अथर्वासे कहा था, ब्रह्मासे प्राप्त हुई उसी ब्रह्मविद्याको पूर्वकालमें अथर्वाने अंगीसे यानी अंगीर् नामक मुनिसे कहा। फिर उस अंगीर् मुनिने उसे भारद्वाज सत्यवहसे यानी भरद्वाजगोत्रमें उत्पन्न हुए सत्यवह नामक मुनिसे कहा तथा भारद्वाजने अपने शिष्य अथवा पुत्र अंगिरासे वह परावरा—पर (उत्कृष्ट)-से अवर (कनिष्ठ)-को प्राप्त हुई, अथवा पर और अवर सब विद्याओंके विषयोंकी व्याप्तिके कारण 'परावरा' कही जानेवाली वह विद्या अंगिरासे कही। इस प्रकार 'परावराम्' इस कर्मपदका पूर्वोक्त 'प्राह' क्रियासे सम्बन्ध है॥ २॥

शौनककी गुरूपसत्ति और प्रश्न

शौनको ह वै महाशालोऽङ्गिरसं विधिवदुपसन्नः पप्रच्छ। कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति॥ ३॥

शौनक नामक प्रसिद्ध महागृहस्थने अंगिराके पास विधिपूर्वक जाकर पूछा—'भगवन्! किसके जान लिये जानेपर यह सब कुछ जान लिया जाता है?'॥ ३॥

शौनकः शुनकस्यापत्यं महाशालो महागृहस्थोऽङ्गिरसं भारद्वाजशिष्यमाचार्यं विधिवद्यथाशास्त्रमित्येतत्; उपसन्न उपगतः सन्पप्रच्छ पृष्टवान्। शौनकाङ्गिरसोः सम्बन्धादर्वाग् विधिवद्विशेषणादुपसदनविधेः पूर्वेषामनियम इति गम्यते। मर्यादाकरणार्थं मध्यदीपिकान्यायार्थं वा विशेषणम्; अस्मदादिष्वप्युपसदनविधेरिष्टत्वात्।

किमित्याह—कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते नु इति वितर्के, भगवो हे भगवन्सर्वं यदिदं विज्ञेयं विज्ञातं विशेषेण

महाशाल—महागृहस्थ शौनक—शुनकके पुत्रने भारद्वाजके शिष्य आचार्य अंगिराके पास विधिवत् अर्थात् शास्त्रानुसार जाकर पूछा। शौनक और अंगिराके सम्बन्धसे पश्चात् 'विधिवत्' विशेषण मिलनेसे यह जाना जाता है कि इनसे पूर्व आचार्योंमें [गुरूपसदन] कोई नियम नहीं था। अतः इसकी मर्यादा निर्दिष्ट करनेके लिये अथवा मध्यदीपिकान्यायके लिये* यह विशेषण दिया गया है, क्योंकि यह उपसदनविधि हमलोगोंमें भी माननीय है।

शौनकने क्या पूछा, सो बतलाते हैं—भगवः—हे भगवन्! 'कस्मिन्नु' किस वस्तुके जान लिये जानेपर यह सब विज्ञेय पदार्थ विज्ञात—विशेषरूपसे

* देहलीपर दीपक रखनेसे उसका प्रकाश भीतर-बाहर दोनों ओर पड़ता है—इसीको मध्यदीपिका या देहलीदीपन्याय कहते हैं। अतः यदि यह कथन इस न्यायसे ही हो तो यह समझना चाहिये कि गुरूपसदन-विधि इससे पूर्व भी थी और उससे पीछे हमलोगोंके लिये भी आवश्यक है; और यदि यह कथन मर्यादा निर्दिष्ट करनेके लिये हो तो यह समझना चाहिये कि यहींसे इस पद्धतिका प्रारम्भ हुआ।

ज्ञातमवगतं भवतीति एकस्मिञ्ज्ञाते सर्वविद्भवतीति शिष्टप्रवादं श्रुतवाञ्शौनकस्तद्विशेषं विज्ञातुकामः सन्कस्मिन् न्विति वितर्कयन्पप्रच्छ। अथवा लोकसामान्यदृष्ट्या ज्ञात्वैव पप्रच्छ। सन्ति लोके सुवर्णादिशकलभेदाः सुवर्णत्वाद्येकत्वविज्ञानेन विज्ञायमाना लौकिकैः। तथा किं न्वस्ति सर्वस्य जगद्भेदस्यैकं कारणम्, यदेकस्मिन्विज्ञाते सर्वं विज्ञातं भवतीति।

नन्वविदिते हि कस्मिन्निति प्रश्नोऽनुपपन्नः। किमस्ति तदिति तदा प्रश्नो युक्तः। सिद्धे ह्यस्तित्वे

ज्ञात यानी अवगत हो जाता है? यहाँ 'नु' का प्रयोग वितर्क (संशय)-के लिये किया गया है। शौनकने 'एकहीको जान लेनेपर मनुष्य सर्वज्ञ हो जाता है' ऐसी कोई सभ्य पुरुषोंकी कहावत सुनी थी। उसे विशेषरूपसे जाननेकी इच्छासे ही उसने 'कस्मिन्नु' इत्यादि रूपसे वितर्क करते हुए पूछा। अथवा लोकोंकी सामान्य दृष्टिसे जान-बूझकर ही पूछा। लोकमें सुवर्णादि खण्डोंके ऐसे भेद हैं जो सुवर्णरूप होनेके कारण लौकिक पुरुषोंद्वारा [स्वर्णदृष्टिसे] उनकी एकताका ज्ञान होनेपर जान लिये जाते हैं। इसी प्रकार [प्रश्न होता है कि] 'सम्पूर्ण जगद्भेदका वह एक कारण कौन-सा है जिस एकके ही जान लिये जानेपर यह सब कुछ जान लिया जाता है?'

शंका—जिस वस्तुका ज्ञान नहीं होता उसके विषयमें 'कस्मिन्' (किसको)* इस प्रकार प्रश्न करना तो बन नहीं सकता। उस समय तो 'क्या वह है?' ऐसा प्रश्न ही उचित है; फिर उसका अस्तित्व सिद्ध हो जानेपर ही 'कस्मिन्' ऐसा प्रश्न हो सकता है। जैसा कि [अनेक आधारोंका ज्ञान होनेपर] 'किसमें

* क्योंकि 'किस' या 'कौन' सर्वनामका प्रयोग वहीं होता है जहाँ अनेकोंकी सत्ता स्वीकारकर उनमेंसे किसी एकका निश्चय करना होता है।

कस्मिन्निति स्यात्, यथा कस्मिन्निधेयमिति।

नः, अक्षरबाहुल्यादायासभीरुत्वात्प्रश्नः सम्भवत्येव कस्मिन् न्वेकस्मिन्विज्ञाते सर्ववित्स्याद् इति॥ ३ ॥

रखा जाय' ऐसा प्रश्न किया जाता है।

समाधान—ऐसा मत कहो, क्योंकि [तुम्हारे कथनानुसार प्रश्न करनेसे] अक्षरोंकी अधिकता होती है और अधिक आयासका भय रहता है, अत: 'किस एकके ही जान लेनेपर मनुष्य सर्वज्ञ हो जाता है?' ऐसा प्रश्न बन सकता है॥ ३ ॥

अंगिराका उत्तर—विद्या दो प्रकारकी है

तस्मै स होवाच। द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद्ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च॥ ४॥

उससे उसने कहा—'ब्रह्मवेत्ताओंने कहा है कि दो विद्याएँ जाननेयोग्य हैं—एक परा और दूसरी अपरा'॥ ४॥

तस्मै शौनकायाङ्गिरा आह किलोवाच। किमित्युच्यते। द्वे विद्ये वेदितव्ये इत्येवं ह स्म किल यद्ब्रह्मविदो वेदार्थाभिज्ञाः परमार्थदर्शिनो वदन्ति। के ते इत्याह—परा च परमात्मविद्या। अपरा च धर्माधर्मसाधनतत्फलविषया।

उस शौनकसे अंगिराने कहा। क्या कहा? सो बतलाते हैं—दो विद्याएँ वेदितव्य अर्थात् जाननेयोग्य हैं, ऐसा जो ब्रह्मविद्—वेदके अर्थको जाननेवाले परमार्थदर्शी हैं वे कहते हैं। वे दो विद्याएँ कौन-सी हैं? इसपर कहते हैं—परा अर्थात् परमात्मविद्या और अपरा—धर्म, अधर्मके साधन और उनके फलसे सम्बन्ध रखनेवाली विद्या'।

ननु कस्मिन्विदिते सर्वविद्भवतीति शौनकेन पृष्टं

शंका—शौनकने तो यह पूछा था कि 'किसको जान लेनेपर पुरुष सर्वज्ञ

तस्मिन्वक्तव्येऽपृष्टमाहाङ्गिरा द्वे विद्ये इत्यादिना।

हो जाता है।' उसके उत्तरमें जो कहना चाहिये था उसकी जगह 'दो विद्याएँ हैं' आदि बातें तो अंगिराने बिना पूछे ही कही हैं।

नैष दोषः; क्रमापेक्षत्वात् प्रतिवचनस्य। अपरा हि विद्याविद्या सा निराकर्तव्या। तद्विषये हि विदिते न किञ्चित्तत्त्वतो विदितं स्यादिति। निराकृत्य हि पूर्वपक्षं पश्चात्सिद्धान्तो वक्तव्यो भवतीति न्यायात्॥४॥

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि उत्तर तो क्रमकी अपेक्षा रखता है। अपरा विद्या तो अविद्या ही है; अतः उसका निराकरण किया जाना चाहिये। उसके विषयमें जान लेनेपर तो तत्त्वतः कुछ भी नहीं जाना जाता, क्योंकि यह नियम है कि 'पहले पूर्वपक्षका खण्डन कर पीछे सिद्धान्त कहा जाता है'॥४॥

परा और अपरा विद्याका स्वरूप

तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति। अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते॥५॥

उनमें ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष—यह अपरा है तथा जिससे उस अक्षर परमात्माका ज्ञान होता है वह परा है॥५॥

तत्र कापरेत्युच्यते—ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेद इत्येते चत्वारो वेदाः शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमित्यङ्गानि षडेषापरा विद्या।

उनमें अपरा विद्या कौन-सी है, सो बतलाते हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद—ये चार वेद तथा शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष—ये छः वेदांग अपरा विद्या कहे जाते हैं।

अथेदानीमियं परा विद्या उच्यते यया तद्वक्ष्यमाणविशेषणम् अक्षर-मधिगम्यते प्राप्यते; अधिपूर्वस्य गमेः प्रायशः प्राप्त्यर्थत्वात्। न च परप्राप्तेरवगमार्थस्य भेदोऽस्ति। अविद्याया अपाय एव हि परप्राप्तिर्नार्थान्तरम्।

अब यह परा विद्या बतलायी जाती है, जिससे आगे (छठे मन्त्रमें) कहे जानेवाले विशेषणोंसे युक्त उस अक्षरका अधिगम अर्थात् प्राप्ति होती है, क्योंकि 'अधि' पूर्वक 'गम' धातु प्रायः 'प्राप्ति' अर्थमें प्रयुक्त होती है; तथा परमात्माकी प्राप्ति और उसके ज्ञानके अर्थमें कोई भेद भी नहीं है; क्योंकि अविद्याकी निवृत्ति ही परमात्माकी प्राप्ति है, इससे भिन्न कोई अन्य वस्तु नहीं।

विद्यायाः परापरभेद-मीमांसा

ननु ऋग्वेदादिबाह्या तर्हि सा कथं परा विद्या स्यान्मोक्षसाधनं च। "या वेदबाह्याः स्मृतयो याश्च काश्च कुदृष्टयः। सर्वास्ता निष्फलाः प्रेत्य तमोनिष्ठा हि ताः स्मृताः॥" (मनु० १२।९५) इति हि स्मरन्ति। कुदृष्टित्वान्निष्फल-त्वादनादेया स्यात्। उपनिषदां च ऋग्वेदादिबाह्यत्वं स्यात्। ऋग्वेदादित्वे तु पृथक्करणमनर्थकम् अथ परेति।

शंका—तब तो वह (ब्रह्मविद्या) ऋग्वेदादिसे बाह्य है, अतः वह परा विद्या अथवा मोक्षकी साधनभूत किस प्रकार हो सकती है? स्मृतियाँ तो कहती हैं कि "जो वेदबाह्य स्मृतियाँ और जो कोई कुदृष्टियाँ (कुविचार) हैं वे परलोकमें निष्फल और नरककी साधन मानी गयी हैं।" अतः कुदृष्टि होनेसे निष्फल होनेके कारण वह ग्राह्य नहीं हो सकती। तथा इससे उपनिषद् भी ऋग्वेदादिसे बाह्य माने जायँगे और यदि इन्हें ऋग्वेदादिमें ही माना जायगा तो 'अथ परा' आदि वाक्यसे जो परा विद्याको पृथक् बतलाया गया है वह व्यर्थ हो जायगा।

न; वेद्यविषयविज्ञानस्य विवक्षितत्वात्। उपनिषद्वेद्याक्षरविषयं हि विज्ञानमिह परा विद्येति प्राधान्येन विवक्षितं नोपनिषच्छब्दराशिः। वेदशब्देन तु सर्वत्र शब्दराशिर्विवक्षितः। शब्दराश्यधिगमेऽपि यत्नान्तरमन्तरेण गुर्वभिगमनादिलक्षणं वैराग्यं च नाक्षराधिगमः सम्भवतीति पृथक्करणं ब्रह्मविद्यायाः परा विद्येति कथनं चेति॥ ५॥

समाधान—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि [परा विद्यासे] वेद्यविषयक ज्ञान बतलाना अभीष्ट है। यहाँ प्रधानतासे यही बतलाना इष्ट है कि उपनिषद्वेद्य अक्षरविषयक विज्ञान ही परा विद्या है, उपनिषद्की शब्दराशि नहीं। और 'वेद' शब्दसे सर्वत्र शब्दराशि ही कही जाती है। शब्दसमूहका ज्ञान हो जानेपर भी गुरूपसत्ति आदिरूप प्रयत्नान्तर तथा वैराग्यके बिना अक्षरब्रह्मका ज्ञान नहीं हो सकता; इसीलिये ब्रह्मविद्याका पृथक्करण और 'वह परा विद्या है' ऐसा कहा गया है॥ ५॥

यथा विधिविषये कर्त्राद्यनेककारकोपसंहारद्वारेण वाक्यार्थज्ञानकालाद् अन्यत्रानुष्ठेयोऽर्थोऽस्ति अग्निहोत्रादिलक्षणो न तथेह परविद्याविषये; वाक्यार्थज्ञानसमकाल एव तु पर्यवसितो भवति। केवलशब्दप्रकाशितार्थज्ञानमात्रनिष्ठाव्यतिरिक्ताभावात्।

परविद्याया वाक्यार्थज्ञानजन्यत्वम्

जिस प्रकार विधि (कर्मकाण्ड)-के सम्बन्धमें [उसका प्रतिपादन करनेवाले] वाक्योंका अर्थ जाननेके समयसे भिन्न कर्ता आदि अनेकों कारकों (क्रियानिष्पत्तिके साधनों)- के उपसंहारद्वारा अग्निहोत्र आदि अनुष्ठेय अर्थ रह जाता है, उस प्रकार परा विद्याके सम्बन्धमें नहीं होता। इसका कार्य तो वाक्यार्थज्ञानके समकालमें ही समाप्त हो जाता है, क्योंकि केवल शब्दोंके योगसे प्रकाशित होनेवाले अर्थज्ञानमें स्थिति कर देनेसे भिन्न इसका और कोई प्रयोजन नहीं है।

तस्मादिह परां विद्यां सविशेषणेन अक्षरेण विशिनष्टि यत्तदद्रेश्यम् इत्यादिना। वक्ष्यमाणं बुद्धौ संहृत्य सिद्धवत्परामृश्यते—यत्तदिति।

अतः यहाँ 'यत्तदद्रेश्यम्' इत्यादि विशेषणोंसे विशेषित अक्षरब्रह्मका निर्देश करते हुए उस परा विद्याको विशेषित करते हैं। आगे जो कुछ कहना है उसे अपनी बुद्धिमें बिठाकर 'यत्तद्' इत्यादि वाक्यसे उसका सिद्ध वस्तुके समान उल्लेख करते हैं—

परविद्याप्रदर्शन

यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रं तदपाणिपादम्। नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं तदव्ययं यद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः॥ ६॥

वह जो अदृश्य, अग्राह्य, अगोत्र, अवर्ण और चक्षुःश्रोत्रादिहीन है, इसी प्रकार अपाणिपाद, नित्य, विभु, सर्वगत, अत्यन्त सूक्ष्म और अव्यय है तथा जो सम्पूर्ण भूतोंका कारण है उसे विवेकी लोग सब ओर देखते हैं॥ ६॥

अद्रेश्यमदृश्यं सर्वेषां बुद्धीन्द्रियाणामगम्यमित्येतत्। दृशेर्बहिःप्रवृत्तस्य पञ्चेन्द्रियद्वारकत्वात्। अग्राह्यं कर्मेन्द्रियाविषयमित्येतत्। अगोत्रं गोत्रमन्वयो मूलमित्यनर्थान्तरमगोत्रमनन्वयमित्यर्थः। न हि तस्य मूलमस्ति येन अन्वितं स्यात्। वर्ण्यन्त इति वर्णा द्रव्यधर्माः

वह जो अद्रेश्य—अदृश्य अर्थात् समस्त ज्ञानेन्द्रियोंका अविषय है, क्योंकि बाहरको प्रवृत्त हुई दृक्शक्ति पंचज्ञानेन्द्रियरूप द्वारवाली है; अग्राह्य अर्थात् कर्मेन्द्रियोंका अविषय है; अगोत्र—गोत्र अन्वय अथवा मूल—ये किसी अन्य अर्थके वाचक नहीं हैं [अर्थात् इनका एक ही अर्थ है] अतः अगोत्र यानी अनन्वय है, क्योंकि उस अक्षर [अक्षरब्रह्म]-का कोई मूल नहीं है जिससे वह अन्वित हो; जिनका वर्णन

स्थूलत्वादयः शुक्लत्वादयो वा। अविद्यमाना वर्णा यस्य तदवर्णमक्षरम्। अचक्षुःश्रोत्रं चक्षुश्च श्रोत्रं च नामरूपविषये करणे सर्वजन्तूनां ते अविद्यमाने यस्य तदचक्षुःश्रोत्रम्, 'यः सर्वज्ञः सर्ववित्' इति चेतनावत्त्व-विशेषणात् प्राप्तं संसारिणामिव चक्षुःश्रोत्रादिभिः करणैरर्थसाधकत्वं तदिहाचक्षुःश्रोत्रमिति वार्यते "पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः" (श्वे० उ० ३। १९) इत्यादिदर्शनात्।

किं च तदपाणिपादं कर्मेन्द्रियरहितमित्येतत्। यत एवमग्राह्यमग्राहकं चातो नित्यम्, अविनाशि, विभुं विविधं ब्रह्मादिस्थावरान्तप्राणिभेदैर्भवति इति विभुम्। सर्वगतं व्यापकमाकाशवत्सुसूक्ष्मं शब्दादिस्थूलत्वकारणरहितत्वात्।

किया जाय वे स्थूलत्वादि या शुक्लत्वादि द्रव्यके धर्म ही वर्ण हैं—वे वर्ण जिसमें विद्यमान नहीं हैं वह अक्षर अवर्ण है; अचक्षुःश्रोत्र—चक्षु (नेत्रेन्द्रिय) और श्रोत्र (कर्णेन्द्रिय) ये सम्पूर्ण प्राणियोंकी रूप और शब्दको गृहीत करनेवाली इन्द्रियाँ हैं, वे जिसमें नहीं हैं उसे ही 'अचक्षुःश्रोत्र' कहते हैं। 'यः सर्वज्ञः सर्ववित्' इस श्रुतिमें पुरुषके लिये चेतनावत्त्व विशेषण दिया गया है, अतः अन्य संसारी जीवोंके समान उसके लिये भी चक्षुःश्रोत्रादि इन्द्रियोंसे अर्थसाधकत्व प्राप्त होता है, यहाँ 'अचक्षुःश्रोत्रम्' कहकर उसीका निषेध किया जाता है, जैसा कि उसके विषयमें "बिना नेत्रवाला होकर भी देखता है, बिना कानवाला होकर भी सुनता है" इत्यादि कथन देखा गया है।

यही नहीं, वह अपाणिपाद अर्थात् कर्मेन्द्रियोंसे भी रहित है। क्योंकि इस प्रकार वह अग्राह्य और अग्राहक भी है, इसलिये वह नित्य—अविनाशी है। तथा विभु—ब्रह्मासे लेकर स्थावरपर्यन्त प्राणिभेदसे वह विविध (अनेक प्रकारका) हो जाता है, इसलिये विभु है, सर्वगत—व्यापक है और शब्दादि स्थूलताके कारणोंसे रहित होनेके कारण

शब्दादयो ह्याकाशवाय्वादीनामुत्तरोत्तरं स्थूलत्वकारणानि तदभावात् सुसूक्ष्मम्। किं च तदव्ययमुक्त-धर्मत्वादेव न व्येतीत्यव्ययम्। न हि अनङ्गस्य स्वाङ्गापचयलक्षणो व्ययः सम्भवति शरीरस्येव। नापि कोशापचयलक्षणो व्ययः सम्भवति राज्ञ इव। नापि गुणद्वारको व्ययः सम्भवत्यगुणत्वात्सर्वात्मकत्वाच्च ।

यदेवंलक्षणं भूतयोनिं भूतानां कारणं पृथिवीव स्थावरजङ्गमानां परिपश्यन्ति सर्वत आत्मभूतं सर्वस्याक्षरं पश्यन्ति धीरा धीमन्तो विवेकिनः। ईदृशमक्षरं यया विद्ययाधिगम्यते सा परा विद्येति समुदायार्थः ॥ ६ ॥

आकाशके समान अत्यन्त सूक्ष्म है, शब्दादि गुण ही आकाश-वायु आदिकी उत्तरोत्तर स्थूलताके कारण हैं, उनसे रहित होनेके कारण वह [अक्षरब्रह्म] सुसूक्ष्म है। तथा उपर्युक्त धर्मवाला होनेसे ही कभी उसका व्यय (ह्रास) नहीं होता इसलिये वह अव्यय है; क्योंकि अंगहीन वस्तुका शरीरके समान अपने अंगोंका क्षयरूप व्यय नहीं हो सकता, न राजाके समान कोशक्षयरूप व्यय ही सम्भव है और न निर्गुण तथा सर्वात्मक होनेके कारण उसका गुणक्षयद्वारा ही व्यय हो सकता है।

पृथिवी जैसे स्थावर-जंगम जगत्का कारण है उसी प्रकार जिस ऐसे लक्षणोंवाले भूतयोनि—भूतोंके कारण सबके आत्मभूत अक्षरब्रह्मको धीर—बुद्धिमान्—विवेकी पुरुष सब ओर देखते हैं, ऐसा अक्षर जिस विद्यासे जाना जाता है वही परा विद्या है—यह इस सम्पूर्ण मन्त्रका तात्पर्य है ॥ ६ ॥

अक्षरब्रह्मका विश्व-कारणत्व

भूतयोन्यक्षरमित्युक्तम्। तत्कथं भूतयोनित्वमित्युच्यते प्रसिद्ध-दृष्टान्तैः—

पहले कहा जा चुका है कि अक्षरब्रह्म भूतोंकी योनि है। उसका वह भूतयोनित्व किस प्रकार है, सो प्रसिद्ध दृष्टान्तोंद्वारा बतलाया जाता है—

यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च
यथा पृथिव्यामोषधयः सम्भवन्ति।
यथा सतः पुरुषात्केशलोमानि
तथाक्षरात्सम्भवतीह विश्वम्॥ ७॥

जिस प्रकार मकड़ी जालेको बनाती और निगल जाती है, जैसे पृथिवीमें ओषधियाँ उत्पन्न होती हैं और जैसे सजीव पुरुषसे केश एवं लोम उत्पन्न होते हैं उसी प्रकार उस अक्षरसे यह विश्व प्रकट होता है॥ ७॥

यथा लोके प्रसिद्धम्—ऊर्णनाभिर्लूताकीटः किञ्चित्-कारणान्तरमनपेक्ष्य स्वयमेव सृजते स्वशरीराव्यतिरिक्तानेव तन्तून्बहिः प्रसारयति पुनस्तानेव गृह्णते च गृह्णाति स्वात्मभावमेवापादयति। यथा च पृथिव्यामोषधयो व्रीह्यादिस्थावरान्ता इत्यर्थः। स्वात्माव्यतिरिक्ता एव प्रभवन्ति। यथा च सतो विद्यमानाज्जीवतः पुरुषात्केशलोमानि केशाश्च लोमानि च सम्भवन्ति विलक्षणानि।

जिस प्रकार लोकमें प्रसिद्ध है कि ऊर्णनाभि—मकड़ी किसी अन्य उपकरणकी अपेक्षा न कर स्वयं ही अपने शरीरसे अभिन्न तन्तुओंको रचती अर्थात् उन्हें बाहर फैलाती है और फिर उन्हींको गृहीत भी कर लेती है, यानी अपने शरीरसे अभिन्न कर देती है, तथा जैसे पृथिवीमें व्रीहि-यव इत्यादिसे लेकर वृक्षपर्यन्त समस्त ओषधियाँ उससे अभिन्न ही उत्पन्न होती हैं और जैसे सत्—विद्यमान अर्थात् जीवित पुरुषसे उससे विलक्षण केश और लोम उत्पन्न होते हैं।

यथैते दृष्टान्तास्तथा विलक्षणं सलक्षणं च निमित्तान्तरानपेक्षाद्यथोक्तलक्षणादक्षरात्सम्भवति समुत्पद्यत इह संसारमण्डले विश्वं समस्तं जगत्। अनेकदृष्टान्तोपादानं तु सुखार्थप्रबोधनार्थम्॥ ७॥

जैसे कि ये दृष्टान्त हैं उसी प्रकार इस संसारमण्डलमें इससे विभिन्न और समान लक्षणोंवाला यह विश्व—समस्त जगत् किसी अन्य निमित्तकी अपेक्षा न करनेवाले उस उपर्युक्त लक्षणविशिष्ट अक्षरसे ही उत्पन्न होता है। ये अनेक दृष्टान्त केवल विषयको सरलतासे समझनेके लिये ही लिये गये हैं॥ ७॥

सृष्टिक्रम

यद्ब्रह्मण उत्पद्यमानं विश्वं तदनेन क्रमेणोत्पद्यते न युगपद्बदरमुष्टिप्रक्षेपवदिति क्रम-नियमविवक्षार्थोऽयं मन्त्र आरभ्यते—

ब्रह्मसे उत्पन्न होनेवाला जो जगत् है वह इस क्रमसे उत्पन्न होता है, बेरोंकी मुट्ठी फेंक देनेके समान एक साथ उत्पन्न नहीं होता। इस प्रकार उस क्रमके नियमको बतलानेकी इच्छावाले इस मन्त्रका आरम्भ किया जाता है—

तपसा चीयते ब्रह्म ततोऽन्नमभिजायते।
अन्नात्प्राणो मनः सत्यं लोकाः कर्मसु चामृतम्॥ ८॥

[ज्ञानरूप] तपके द्वारा ब्रह्म कुछ उपचय (स्थूलता)-को प्राप्त हो जाता है, उसीसे अन्न उत्पन्न होता है। फिर अन्नसे क्रमशः प्राण, मन, सत्य, लोक, कर्म और कर्मसे अमृतसंज्ञक कर्मफल उत्पन्न होता है॥ ८॥

तपसा ज्ञानेनोत्पत्तिविधिज्ञ-तया भूतयोन्यक्षरं ब्रह्म चीयत उपचीयत उत्पिपादयिषदिदं जगदङ्कुरमिव बीजमुच्छूनतां गच्छति पुत्रमिव पिता हर्षेण।

उत्पत्तिविधिका ज्ञाता होनेके कारण तप अर्थात् ज्ञानसे भूतोंका कारणरूप अक्षरब्रह्म उपचित होता है; अर्थात् इस जगत्को उत्पन्न करनेकी इच्छा करते हुए वह कुछ स्थूलताको प्राप्त हो जाता है, जैसे अंकुररूपमें परिणत होता हुआ बीज कुछ स्थूल हो जाता अथवा पुत्र उत्पन्न करनेकी इच्छावाला पिता हर्षसे उल्लसित हो जाता है।

एवं सर्वज्ञतया सृष्टिस्थितिसंहारशक्तिविज्ञान-वत्तयोपचितात् ततो ब्रह्मणोऽन्नमद्यते भुज्यत

इस प्रकार सर्वज्ञ होनेके कारण सृष्टि, स्थिति और संहार-शक्तिकी विज्ञानवत्तासे वृद्धिको प्राप्त हुए उस ब्रह्मसे अन्न—जो खाया यानी भोजन किया जाय

इत्यन्नमव्याकृतं साधारणं संसारिणां व्याचिकीर्षितावस्थारूपेण अभिजायत उत्पद्यते। ततश्च अव्याकृताद्व्याचिकीर्षितावस्थातः अन्नात्प्राणो हिरण्यगर्भो ब्रह्मणो ज्ञानक्रियाशक्त्यधिष्ठितजगत्साधारणोऽविद्याकामकर्मभूतसमुदायबीजाङ्कुरो - जगदात्माभिजायत इत्यनुषङ्गः ।

उसे अन्न कहते हैं, वह सबका साधारण कारणरूप अव्याकृत संसारियोंकी व्याचिकीर्षित (व्यक्त की जानेवाली) अवस्थारूपसे उत्पन्न होता है। उस अव्याकृतसे यानी व्याचिकीर्षित अवस्थावाले अन्नसे प्राण—हिरण्यगर्भ यानी ब्रह्मकी ज्ञान और क्रियाशक्तियोंसे अधिष्ठित, व्यष्टि जीवोंका समष्टिरूप तथा अविद्या, काम, कर्म और भूतोंके समुदायरूप बीजका अंकुर जगदात्मा उत्पन्न होता है। यहाँ प्राण शब्दका 'अभिजायते' क्रियासे सम्बन्ध है।

तस्माच्च प्राणान्मनो मन आख्यं सङ्कल्पविकल्पसंशयनिर्णयाद्यात्मकमभिजायते। ततोऽपि सङ्कल्पाद्यात्मकान्मनसः सत्यं सत्याख्यमाकाशादि भूतपञ्चकम् अभिजायते। तस्मात्सत्याख्याद्भूतपञ्चकाद् अण्डक्रमेण सप्तलोका भूरादयः। तेषु मनुष्यादिप्राणिवर्णाश्रमक्रमेण कर्माणि। कर्मसु च निमित्तभूतेष्वमृतं कर्मजं फलम्। यावत्कर्माणि कल्पकोटिशतैरपि न विनश्यन्ति तावत्फलं न विनश्यति इत्यमृतम्॥ ८॥

तथा उस प्राणसे मन यानी संकल्प-विकल्प-संशय-निर्णयात्मक, मन नामक अन्तःकरण उत्पन्न होता है। उस संकल्पादिरूप मनसे भी सत्य—सत्य नामक आकाशादि भूतपंचककी उत्पत्ति होती है। फिर उस सत्यसंज्ञक भूतपंचकसे ब्रह्माण्डक्रमसे भूः आदि सात लोक उत्पन्न होते हैं। उनमें मनुष्यादि प्राणियोंके वर्ण और आश्रमके क्रमसे कर्म होते हैं तथा उन निमित्तभूत कर्मोंसे अमृतकर्मजनित फल होता है। जबतक सौ करोड़ कल्पतक भी कर्मोंका नाश नहीं होता तबतक उनका फल भी नष्ट नहीं होता; इसलिये कर्मफलको 'अमृत' कहा है॥ ८॥

उक्तमेवार्थमुपसंजिहीर्षुर्मन्त्रो वक्ष्यमाणार्थमाह—

पूर्वोक्त अर्थका ही उपसंहार करनेकी इच्छावाला [यह नवम] मन्त्र आगे कहा जानेवाला अर्थ कहता है—

प्रकरणका उपसंहार

यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्य ज्ञानमयं तपः।
तस्मादेतद्ब्रह्म नाम रूपमन्नं च जायते॥ ९॥

जो सबको [सामान्यरूपसे] जाननेवाला और सबका विशेषज्ञ है तथा जिसका ज्ञानमय तप है उस [अक्षरब्रह्म]-से ही यह ब्रह्म (हिरण्यगर्भ), नाम, रूप और अन्न उत्पन्न होता है॥ ९॥

य उक्तलक्षणोऽक्षराख्यः सर्वज्ञः सामान्येन सर्वं जानातीति सर्वज्ञः। विशेषेण सर्वं वेत्तीति सर्ववित्। यस्य ज्ञानमयं ज्ञानविकारमेव सार्वज्ञलक्षणं तपो नायासलक्षणं तस्माद्यथोक्तात् सर्वज्ञादेतदुक्तं कार्यलक्षणं ब्रह्म हिरण्यगर्भाख्यं जायते। किं च नामासौ देवदत्तो यज्ञदत्त इत्यादिलक्षणम्, रूपमिदं शुक्लं नीलमित्यादि, अन्नं च व्रीहियवादिलक्षणं जायते पूर्वमन्त्रोक्तक्रमेण, इत्यविरोधो द्रष्टव्यः॥ ९॥

जो ऊपर कहे हुए लक्षणोंवाला अक्षरसंज्ञक ब्रह्म सर्वज्ञ—सबको सामान्यरूपसे जानता है, इसलिये सर्वज्ञ और विशेषरूपसे सब कुछ जानता है इसलिये सर्ववित् है, जिसका ज्ञानमय अर्थात् सर्वज्ञतारूप ज्ञानविकार ही तप है—आयासरूप तप नहीं है उस उपर्युक्त सर्वज्ञसे ही यह पूर्वोक्त हिरण्यगर्भसंज्ञक कार्यब्रह्म उत्पन्न होता है तथा उसीसे पूर्वोक्त मन्त्रके क्रमानुसार यह देवदत्त-यज्ञदत्त इत्यादि नाम, यह शुक्ल-नील इत्यादि रूप तथा व्रीहि-यवादिरूप अन्न उत्पन्न होता है। अतः पूर्वमन्त्रसे इसका अविरोध समझना चाहिये॥ ९॥

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये प्रथममुण्डके प्रथमः खण्डः॥ १॥

द्वितीय खण्ड

कर्मनिरूपण

साङ्गा वेदा अपरा विद्योक्ता पूर्वापरसम्बन्ध- ऋग्वेदो यजुर्वेद निरूपणम् इत्यादिना। यत्तदद्रेश्यम् इत्यादिना नामरूपम् अन्नं च जायत इत्यन्तेन ग्रन्थेन उक्तलक्षणमक्षरं यया विद्यया अधिगम्यत इति परा विद्या सविशेषणोक्ता। अतः परमनयोर्विद्ययोर्विषयौ विवेक्तव्यौ संसारमोक्षावित्युत्तरो ग्रन्थ आरभ्यते।

तत्रापरविद्याविषयः कर्त्रादि संसारमोक्षयोः साधनक्रियाफलभेदरूपः स्वरूपनिर्देशः संसारोऽनादिः अनन्तो दुःखस्वरूपत्वाद्धातव्यः प्रत्येकं शरीरिभिः सामस्त्येन नदीस्रोतोवदव्यवच्छेदरूपसम्बन्धः, तदुपशमलक्षणो मोक्षः परविद्याविषयोऽनाद्यनन्तोऽजरो-ऽमरोऽमृतोऽभयः शुद्धः प्रसन्नः स्वात्मप्रतिष्ठालक्षणः परमानन्दोऽद्वय इति।

ऊपर 'ऋग्वेदो यजुर्वेदः' इत्यादि [पंचम] मन्त्रसे अंगोंसहित वेदोंको अपरा विद्या बतलाया है तथा 'यत्तदद्रेश्यम्' इत्यादिसे लेकर 'नाम रूपमन्नं च जायते' यहाँतकके ग्रन्थसे जिसके द्वारा उपर्युक्त लक्षणवाले अक्षरका ज्ञान होता है उस परा विद्याका उसके विशेषणोंसहित वर्णन किया। इसके पश्चात् इन दोनों विद्याओंके विषय संसार और मोक्षका विवेक करना है; इसीलिये आगेका ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है।

उनमें अपरा विद्याका विषय संसार है, जो कर्ता-करण आदि साधनोंसे होनेवाले कर्म और उसके फलरूप भेदवाला अनादि, अनन्त और नदीके प्रवाहके समान अविच्छिन्न सम्बन्धवाला है तथा दुःखरूप होनेके कारण प्रत्येक देहधारीके लिये सर्वथा त्याज्य है। उस (संसार)-का उपशमरूप मोक्ष परा विद्याका विषय है और वह अनादि, अनन्त, अजर, अमर, अमृत, अभय, शुद्ध, प्रसन्न, स्वस्वरूपमें स्थितिरूप तथा परमानन्द एवं अद्वितीय है।

पूर्वं तावदपरविद्याया विषयप्रदर्शनार्थमारम्भः। तद्दर्शने हि तन्निर्वेदोपपत्तेः। तथा च वक्ष्यति—'परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्' (मु० उ० १।२।१२) इत्यादिना। न ह्यप्रदर्शिते परीक्षोपपद्यत इति तत्प्रदर्शयन्नाह—

उन दोनोंमें पहले अपरा विद्याका विषय दिखलानेके लिये आरम्भ किया जाता है, क्योंकि उसे जान लेनेपर ही उससे विराग हो सकता है। ऐसा ही 'परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्' इत्यादि वाक्योंसे आगे कहेंगे भी। बिना दिखलाये हुए उसकी परीक्षा नहीं हो सकती; अतः उस (कर्मफल)-को दिखलाते हुए कहते हैं—

तदेतत्सत्यं मन्त्रेषु कर्माणि कवयो यान्यपश्यंस्तानि त्रेतायां बहुधा सन्ततानि। तान्याचरथ नियतं सत्यकामा एष वः पन्थाः सुकृतस्य लोके॥ १॥

बुद्धिमान् ऋषियोंने जिन कर्मोंका मन्त्रोंमें साक्षात्कार किया था वही यह सत्य है, त्रेतायुगमें उन कर्मोंका अनेक प्रकार विस्तार हुआ। सत्य (कर्मफल)-की कामनासे युक्त होकर उनका नित्य आचरण करो; लोकमें यही तुम्हारे लिये सुकृत (कर्मफलकी प्राप्ति)-का मार्ग है॥ १॥

तदेतत्सत्यमवितथम्। किं तत्? मन्त्रेष्वृग्वेदाद्याख्येषु कर्माणि अग्निहोत्रादीनि मन्त्रैरेव प्रकाशितानि कवयो मेधाविनो वसिष्ठादयो यान्यपश्यन्दृष्टवन्तः। यत्तदेतत्सत्यमेकान्तपुरुषार्थसाधनत्वात्। तानि च वेदविहितान्यृषिदृष्टानि कर्माणि त्रेतायां त्रयीसंयोगलक्षणायां हौत्राध्वर्यवौद्गात्रप्रकारायामधिकरणभूतायां बहुधा बहुप्रकारं

वही यह सत्य अर्थात् अमिथ्या है। वह क्या? ऋग्वेदादि मन्त्रोंमें मन्त्रोंद्वारा ही प्रकाशित जिन अग्निहोत्रादि कर्मोंको कवियों अर्थात् वसिष्ठादि मेधावियोंने देखा था, वही पुरुषार्थका एकमात्र साधन होनेके कारण यह सत्य है। वे ही वेदविहित और ऋषिदृष्ट कर्म त्रेतामें—[ऋग्वेदविहित] हौत्र, [यजुर्वेदोक्त] आध्वर्यव और [सामवेदविहित] औद्गात्र ही जिसके प्रकारभेद हैं उस अधिकरणभूत त्रयीसंयोगरूप त्रेतामें अनेक प्रकार

सन्ततानि प्रवृत्तानि कर्मिभिः क्रियमाणानि त्रेतायां वा युगे प्रायशः प्रवृत्तानि।

सन्तत—प्रवृत्त हुए अथवा कर्मठोंद्वारा किये जाकर प्रायशः त्रेतायुगमें प्रवृत्त हुए।

अतो यूयं तान्याचरथ- निर्वर्तयत नियतं नित्यं सत्यकामा यथाभूतकर्मफलकामाः सन्तः। एष वो युष्माकं पन्था मार्गः सुकृतस्य स्वयं निर्वर्तितस्य कर्मणो लोके, फलनिमित्तं लोक्यते दृश्यते भुज्यत इति कर्मफलं लोक उच्यते; तदर्थं तत्प्राप्तय एष मार्ग इत्यर्थः। यान्येतानि अग्निहोत्रादीनि त्रय्यां विहितानि कर्माणि तान्येष पन्था अवश्यफलप्राप्तिसाधनमित्यर्थः॥ १॥

अतः सत्यकाम यानी यथाभूत कर्मफलकी इच्छावाले होकर तुम उनका नियत—नित्य आचरण करो। यही तुम्हारे सुकृत—स्वयं किये हुए कर्मोंके लोककी प्राप्तिके लिये मार्ग है। फलके निमित्तसे लोकित, दृष्ट अथवा भोगा जाता है, इसलिये कर्मफल 'लोक' कहलाता है; उस (कर्मफल)-के लिये अर्थात् उसकी प्राप्तिके लिये यही मार्ग है। तात्पर्य यह है कि वेदत्रयीमें विहित जो ये अग्निहोत्र आदि कर्म हैं वे ही यह मार्ग यानी अवश्य फलप्राप्तिका साधन हैं॥ १॥

अग्निहोत्रका वर्णन

तत्राग्निहोत्रमेव तावत्प्रथमं प्रदर्शनार्थमुच्यते सर्वकर्मणां प्राथम्यात्। तत्कथम्?

उनमें सबसे पहले प्रदर्शित करनेके लिये अग्निहोत्रका ही वर्णन किया जाता है, क्योंकि [अग्निसाध्य कर्मोंमें] उसीकी प्रधानता है। सो किस प्रकार?

यदा लेलायते ह्यर्चिः समिद्धे हव्यवाहने।
तदाज्यभागावन्तरेणाहुतीः प्रतिपादयेत्॥ २॥

जिस समय अग्निके प्रदीप्त होनेपर उसकी ज्वाला उठने लगे उस समय दोनों आज्यभागोंके* मध्यमें [प्रातः और सायंकाल] आहुतियाँ डाले॥ २॥

यदैवेन्धनैरभ्याहितैः सम्यगिद्धे समिद्धे हव्यवाहने लेलायते चलत्यर्चिस्तदा तस्मिन्काले लेलायमाने चलत्यर्चिष्याज्यभागावाज्यभागयोरन्तरेण मध्य आवापस्थान आहुतीः प्रतिपादयेत्प्रक्षिपेद्देवतामुद्दिश्य। अनेकाहप्रयोगापेक्षयाहुतीरिति बहुवचनम्॥ २॥

जिस समय सब ओर आधान किये हुए ईंधनद्वारा सम्यक् प्रकारसे इद्ध अर्थात् प्रज्वलित होनेपर अग्निसे ज्वाला उठने लगे तब—उस समय ज्वालाओंके चंचल हो उठनेपर आज्यभागोंके अन्तर—मध्यमें आवापस्थानमें देवताओंके उद्देश्यसे आहुतियाँ देनी चाहिये। अनेक दिनतक होनेवाले प्रयोगकी अपेक्षासे यहाँ 'आहुतीः' इस बहुवचनका प्रयोग किया गया है॥ २॥

विधिहीन कर्मका कुफल

एष सम्यगाहुतिप्रक्षेपादिलक्षणः कर्ममार्गो लोकप्राप्तये पन्थास्तस्य च सम्यक्करणं दुष्करम्। विपत्तयस्त्वनेका भवन्ति। कथम्?

यह यथाविधि आहुतिप्रदानरूप कर्ममार्ग [स्वर्गादि] लोकोंकी प्राप्तिका साधन है। इसका यथावत् होना बड़ा ही दुष्कर है। इसमें अनेकों विपत्तियाँ आ सकती हैं। किस प्रकार? [सो बतलाते हैं]

यस्याग्निहोत्रमदर्शमपौर्णमास-
मचातुर्मास्यमनाग्रयणमतिथिवर्जितं च।
अहुतमवैश्वदेवमविधिना हुत-
मासप्तमांस्तस्य लोकान्हिनस्ति॥ ३॥

---

* दर्श-पौर्णमास यज्ञमें आहवनीय अग्निके उत्तर और दक्षिण ओर 'अग्नये स्वाहा' तथा 'सोमाय स्वाहा' इन मन्त्रोंसे दो घृताहुतियाँ दी जाती हैं। उन्हें आज्यभाग कहते हैं। इनके बीचका भाग 'आवापस्थान' कहलाता है। शेष सब आहुतियाँ उसीमें दी जाती हैं।

जिसका अग्निहोत्र दर्श, पौर्णमास, चातुर्मास्य और आग्रयण—इन कर्मोंसे रहित, अतिथि-पूजनसे वर्जित, यथासमय किये जानेवाले हवन और वैश्वदेवसे रहित अथवा अविधिपूर्वक हवन किया होता है, उसकी मानो सात पीढ़ियोंका वह नाश कर देता है॥ ३॥

यस्याग्निहोत्रिणोऽग्निहोत्रमदर्शं दर्शाख्येन कर्मणा वर्जितम्। अग्निहोत्रिणोऽवश्यकर्तव्यत्वाद् दर्शस्य। अग्निहोत्रसम्बन्ध्यग्निहोत्रविशेषमिव भवति। तदक्रियमाणमित्येतत्। तथापौर्णमासम् इत्यादिष्वप्यग्निहोत्र-विशेषणत्वं द्रष्टव्यम्, अग्निहोत्राङ्गत्वस्य अविशिष्टत्वात्। अपौर्णमासं पौर्णमासकर्मवर्जितम्, अचातुर्मास्यं चातुर्मास्यकर्मवर्जितम्, अनाग्रयण-माग्रयणं शरदादिकर्तव्यं तच्च न क्रियते यस्य, तथातिथिवर्जितं चातिथिपूजनं चाहन्यहन्यक्रियमाणं यस्य, स्वयं सम्यगग्निहोत्रकालेऽहुतम्, अदर्शादिवदवैश्वदेवं वैश्वदेवकर्म-

जिस अग्निहोत्रीका अग्निहोत्र अदर्श—दर्श नामक कर्मसे रहित होता है, क्योंकि अग्निहोत्रियोंको दर्शकर्म अवश्य करना चाहिये। अग्निहोत्रसे सम्बन्ध रखनेवाला होनेके कारण [यह दर्शकर्म] अग्निहोत्रके विशेषणके समान प्रयुक्त हुआ है। अतः जिसके द्वारा इसका अनुष्ठान नहीं किया जाता। इसी प्रकार 'अपौर्णमासम्' आदिमें भी अग्निहोत्रका विशेषणत्व देखना चाहिये, क्योंकि अग्निहोत्रके अंग होनेमें उन [पौर्णमास आदि]-की दर्शसे समानता है। [अतः जिनका अग्निहोत्र] अपौर्णमास—पौर्णमास कर्मसे रहित, अचातुर्मास्य—चातुर्मास्य कर्मसे रहित, अनाग्रयण—शरदादि ऋतुओंमें [नवीन अन्नसे] किया जानेवाला जो आग्रयण कर्म है वह जिस (अग्निहोत्र)-का नहीं किया जाता वह अनाग्रयण है, तथा अतिथिवर्जित—जिसमें नित्यप्रति अतिथिपूजन नहीं किया गया, ऐसा होता है और जो स्वयं भी, जिसमें विधिपूर्वक अग्निहोत्रकालमें हवन नहीं किया गया, ऐसा है तथा जो अदर्श आदिके समान अवैश्वदेव—वैश्वदेवकर्मसे रहित है और यदि [उसमें] हवन भी

वर्जितम्, हूयमानमप्यविधिना हुतं न यथाहुतमित्येतद् एवं दुःसम्पादितमसम्पादितम् अग्निहोत्राद्युपलक्षितं कर्म किं करोतीत्युच्यते।

आसप्तमान्सप्तमसहितांस्तस्य कर्तुर्लोकान्हिनस्ति हिनस्तीव आयासमात्रफलत्वात्सम्यक् क्रियमाणेषु हि कर्मसु कर्मपरिणामानुरूपेण भूरादयः सत्यान्ताः सप्त लोकाः फलं प्राप्यन्ते। ते लोका एवं भूतेनाग्निहोत्रादिकर्मणा त्वप्राप्यत्वाद्धिंस्यन्त इव। आयासमात्रं त्वव्यभिचारीत्यतो हिनस्तीत्युच्यते।

पिण्डदानाद्यनुग्रहेण वा सम्बध्यमानाः पितृपितामह-प्रपितामहाः पुत्रपौत्रप्रपौत्राः

किया गया है तो अविधिपूर्वक ही किया गया है, यानी यथोचित रीतिसे जिसमें हवन नहीं किया गया ऐसा है; इस प्रकार अनुचित रीतिसे किया हुआ अथवा बिना किया हुआ अग्निहोत्र आदिसे उपलक्षित कर्म क्या करता है? सो बतलाया जाता है—

वह कर्म केवल परिश्रममात्र फलवाला होनेके कारण उस कर्ताके सातों—सप्तम लोकसहित सम्पूर्ण लोकोंको नष्ट—विध्वस्त-सा कर देता है। कर्मोंका यथावत् अनुष्ठान किया जानेपर ही कर्मफलके अनुसार भूर्लोकसे लेकर सत्यलोकपर्यन्त सात लोक फलरूपसे प्राप्त होते हैं। वे लोक इस प्रकारके अग्निहोत्रादि कर्मसे तो अप्राप्य होनेके कारण मानो नष्ट ही कर दिये जाते हैं। हाँ, उसका परिश्रममात्र फल तो अव्यभिचारी—अनिवार्य है, इसीलिये 'हिनस्ति' [अर्थात् वह अग्निहोत्र उसके सातों लोकोंको नष्ट कर देता है] ऐसा कहा है।

अथवा पिण्डदानादि अनुग्रहके द्वारा यजमानसे सम्बद्ध पिता, पितामह और प्रपितामह [ये तीन पूर्वपुरुष] तथा पुत्र, पौत्र और प्रपौत्र [ये तीन आगे होनेवाली सन्ततियाँ ये ही अपने सहित]

स्वात्मोपकाराः सप्त लोका उक्तप्रकारेणाग्निहोत्रादिना न भवन्तीति हिंस्यन्त इत्युच्यते ॥ ३ ॥

अपना उपकार करनेवाले सात लोक हैं। ये उक्त प्रकारके अग्निहोत्र आदिसे प्राप्त नहीं होते; इसलिये 'नष्ट कर दिये जाते हैं' इस प्रकार कहा जाता है ॥ ३ ॥

अग्निकी सात जिह्वाएँ

काली कराली च मनोजवा च
सुलोहिता या च सुधूम्रवर्णा।
स्फुलिङ्गिनी विश्वरुची च देवी
लेलायमाना इति सप्त जिह्वाः ॥ ४ ॥

काली, कराली, मनोजवा, सुलोहिता, सुधूम्रवर्णा, स्फुलिंगिनी और विश्वरुची देवी—ये उस (अग्नि)-की लपलपाती हुई सात जिह्वाएँ हैं ॥ ४ ॥

काली कराली च मनोजवा च सुलोहिता या च सुधूम्रवर्णा स्फुलिङ्गिनी विश्वरुची च देवी लेलायमाना इति सप्त जिह्वाः। काल्याद्या विश्वरुच्यन्ता लेलायमाना अग्नेर्हविराहुतिग्रसनार्था एताः सप्त जिह्वाः ॥ ४ ॥

काली, कराली, मनोजवा, सुलोहिता, सुधूम्रवर्णा, स्फुलिंगिनी और विश्वरुची देवी—ये अग्निकी लपलपाती हुई सात जिह्वाएँ हैं। कालीसे लेकर विश्वरुचीतक—ये अग्निकी सात चंचल जिह्वाएँ हवि—आहुतिका ग्रास करनेके लिये हैं ॥ ४ ॥

विधिवत् अग्निहोत्रादिसे स्वर्गप्राप्ति

एतेषु यश्चरते भ्राजमानेषु
यथाकालं चाहुतयो ह्याददायन्।
तं नयन्त्येताः सूर्यस्य रश्मयो
यत्र देवानां पतिरेकोऽधिवासः ॥ ५ ॥

जो पुरुष इन देदीप्यमान अग्निशिखाओंमें यथासमय आहुतियाँ देता हुआ [अग्निहोत्रादि कर्मका] आचरण करता है उसे ये सूर्यकी किरणें होकर वहाँ ले जाती हैं जहाँ देवताओंका एकमात्र स्वामी रहता है॥ ५॥

एतेष्वग्निजिह्वाभेदेषु योऽग्निहोत्री चरते कर्माचरत्यग्निहोत्रादि भ्राजमानेषु दीप्यमानेषु। यथाकालं च यस्य कर्मणो यः कालस्तत्कालं यथाकालं यजमानमाददायन्नाददाना आहुतयो यजमानेन निर्वर्तितास्तं नयन्ति प्रापयन्त्येता आहुतयो या इमा अनेन निर्वर्तिताः सूर्यस्य रश्मयो भूत्वा रश्मिद्वारैरित्यर्थः। यत्र यस्मिन्स्वर्गे देवानां पतिरिन्द्र एकः सर्वानुपरि अधि वसतीत्यधिवासः॥ ५॥

जो अग्निहोत्री इन भ्राजमान—दीप्तिमान् अग्निजिह्वाके भेदोंमें यथाकाल यानी जिस कर्मका जो काल है उस कालका अतिक्रमण न करते हुए अग्निहोत्रादि कर्मका आचरण करता है, उस यजमानको इसकी दी हुई वे आहुतियाँ सूर्यकी किरणें होकर अर्थात् सूर्यकी किरणोंद्वारा वहाँ पहुँचा देती हैं जहाँ—जिस स्वर्गलोकमें देवताओंका एकमात्र पति इन्द्र सबके ऊपर अधिवास—अधिष्ठान करता है॥ ५॥

कथं सूर्यस्य रश्मिभिर्यजमानं वहन्तीत्युच्यते—

वे सूर्यकी किरणोंद्वारा यजमानको किस प्रकार ले जाती हैं, सो बतलाया जाता है—

एह्येहीति तमाहुतयः सुवर्चसः
सूर्यस्य रश्मिभिर्यजमानं वहन्ति।
प्रियां वाचमभिवदन्त्योऽर्चयन्त्य
एष वः पुण्यः सुकृतो ब्रह्मलोकः॥ ६॥

वे दीप्तिमती आहुतियाँ 'आओ, आओ, यह तुम्हारे सुकृतसे प्राप्त हुआ पवित्र ब्रह्मलोक है' ऐसी प्रिय वाणी कहकर यजमानका अर्चन (सत्कार) करती हुई उसे ले जाती हैं॥ ६॥

एह्येहीत्याह्वयन्त्यः सुवर्चसो दीप्तिमत्यः किं च प्रियाम् इष्टां

वे दीप्तिमती आहुतियाँ 'आओ, आओ' इस प्रकार पुकारती तथा प्रिय

वाचं स्तुत्यादिलक्षणामभिवदन्त्य उच्चारयन्त्योऽर्चयन्त्यः पूजयन्त्यश्चैष वो युष्माकं पुण्यः सुकृतः पन्था ब्रह्मलोकः फलरूपः। एवं प्रियां वाचमभिवदन्त्यो वहन्तीत्यर्थः। ब्रह्मलोकः स्वर्गः प्रकरणात्॥ ६॥

यानी स्तुति आदिरूप इष्टवाणी बोलकर उसका अर्चन—पूजन करती हुई अर्थात् 'यह तुम्हारे सुकृतका फलस्वरूप पवित्र ब्रह्मलोक है' इस प्रकार प्रिय वाणी कहती हुई उसे ले जाती हैं। यहाँ स्वर्गहीको ब्रह्मलोक कहा है, क्योंकि प्रकरणसे यही ठीक मालूम होता है॥ ६॥

ज्ञानरहित कर्मकी निन्दा

एतच्च ज्ञानरहितं कर्मैतावत्फलमविद्याकामकर्मकार्यमतोऽसारं दुःखमूलमिति निन्द्यते—

इस प्रकार यह ज्ञानरहित कर्म इतने ही फलवाला है। यह अविद्या काम और कर्मका कार्य है; इसलिये असार और दुःखकी जड़ है, सो इसकी निन्दा की जाती है—

प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपा
अष्टादशोक्तमवरं येषु कर्म।
एतच्छ्रेयो येऽभिनन्दन्ति मूढा
जरामृत्युं ते पुनरेवापि यन्ति॥ ७॥

जिनमें [ज्ञानबाह्य होनेसे] अवर—निकृष्टकर्म आश्रित कहा गया है, वे [सोलह ऋत्विक् तथा यजमान और यजमानपत्नी] ये अठारह यज्ञरूप (यज्ञके साधन) अस्थिर एवं नाशवान् बतलाये गये हैं। जो मूढ 'यही श्रेय है' इस प्रकार इनका अभिनन्दन करते हैं, वे फिर भी जरा-मरणको प्राप्त होते रहते हैं॥ ७॥

प्लवा विनाशिन इत्यर्थः। हि यस्मादेतेऽदृढा अस्थिरा यज्ञरूपा

'प्लव' का अर्थ विनाशी है! क्योंकि सोलह ऋत्विक् तथा यजमान और पत्नी—ये अठारह यज्ञरूप—यज्ञके रूप

यज्ञस्य रूपाणि यज्ञरूपा यज्ञ-निर्वर्तका अष्टादशाष्टादशसंख्याकाः षोडशर्त्विजः पत्नी यजमानश्चेत्यष्टादश, एतदाश्रयं कर्मोक्तं कथितं शास्त्रेण, येष्वष्टादशस्ववरं केवलं ज्ञानवर्जितं कर्म; अतस्तेषामवरकर्माश्रयाणामष्टा-दशानामदृढतया प्लवत्वात्प्लवते सह फलेन तत्साध्यं कर्म; कुण्डविनाशादिवत्क्षीरदध्यादीनां तत्स्थानां नाशः।

यानी यज्ञके सम्पादक, जिनमें केवल ज्ञानरहित कर्म आश्रित है, अदृढ़—अस्थिर हैं और शास्त्रोंमें इन्हींके आश्रित कर्म बतलाया है; अतः उस अवर कर्मके उन अठारह आश्रयोंके अदृढ़तावश प्लव अर्थात् विनाशशील होनेके कारण फलके सहित वह साध्य कर्म है, उनसे निष्पन्न होनेवाला कर्म, कूँडेके नाशसे उसमें रखे हुए दूध और दही आदिके नाशके समान, नष्ट हो जाता है।

यत एवमेतत्कर्म श्रेयः श्रेयः-करणमिति येऽभिनन्दन्त्यभिहृष्यन्त्य-विवेकिनो मूढा अतस्ते जरां च मृत्युं च जरामृत्युं किञ्चित्कालं स्वर्गे स्थित्वा पुनरेवापि यन्ति भूयोऽपि गच्छन्ति॥ ७॥

क्योंकि ऐसी बात है, इसलिये जो अविवेकी मूढ़ पुरुष 'यह कर्म श्रेय यानी श्रेयका साधन है' ऐसा मानकर अभिनन्दित—अत्यन्त हर्षित होते हैं वे इस (हर्ष)-के द्वारा जरा और मृत्युको प्राप्त होते हैं; अर्थात् कुछ समय स्वर्गमें रहकर फिर भी उसी जन्म-मरणको प्राप्त हो जाते हैं॥ ७॥

अविद्याग्रस्त कर्मठोंकी दुर्दशा

किञ्च—

तथा—

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः
स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः।
जङ्घन्यमानाः परियन्ति मूढा
अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः॥ ८॥

अविद्याके मध्यमें रहनेवाले और अपनेको बड़ा बुद्धिमान् तथा पण्डित माननेवाले वे मूढ पुरुष अन्धेसे ले जाये जाते हुए अन्धेके समान पीड़ित होते सब ओर भटकते रहते हैं॥ ८॥

अविद्यायामन्तरे मध्ये वर्तमाना अविवेकप्रायाः स्वयं वयमेव धीरा धीमन्तः पण्डिता विदितवेदितव्याश्चेति मन्यमाना आत्मानं सम्भावयन्तस्ते च जङ्घन्यमाना जरारोगाद्यनेकानर्थव्रातैः हन्यमाना भृशं पीड्यमानाः परियन्ति विभ्रमन्ति मूढाः। दर्शनवर्जितत्वा-दन्धेनैवाचक्षुष्केणैव नीयमानाः प्रदर्श्यमानमार्गा यथा लोकेऽन्धा अक्षिरहिता गर्तकण्टकादौ पतन्ति तद्वत्॥ ८॥

अविद्याके मध्यमें रहनेवाले बहुधा अविवेकी किन्तु 'हम ही बड़े बुद्धिमान् और पण्डित—ज्ञेय वस्तुको जाननेवाले हैं' ऐसा मानकर अपनेको सम्मानित करनेवाले वे मूढ़ पुरुष—जरा-रोग आदि अनेक अनर्थजालसे जंघन्यमान—हन्यमान अर्थात् अत्यन्त पीड़ित होते सब ओर घूमते—भटकते रहते हैं। जिस प्रकार लोकमें दृष्टिहीन होनेके कारण अन्धे अर्थात् नेत्रहीनसे ले जाये जाते हुए—मार्ग प्रदर्शित किये जाते हुए अन्धे—नेत्रहीन पुरुष गड्ढे और काँटे आदिमें गिरते रहते हैं उसी प्रकार [वे भी पीड़ा-पर-पीड़ा उठाते रहते हैं]॥ ८॥

किञ्च—

तथा—

अविद्यायां बहुधा वर्तमाना
वयं कृतार्था इत्यभिमन्यन्ति बालाः।
यत्कर्मिणो न प्रवेदयन्ति रागा-
त्तेनातुराः क्षीणलोकाश्च्यवन्ते॥ ९॥

बहुधा अविद्यामें ही रहनेवाले वे मूर्खलोग 'हम कृतार्थ हो गये हैं' इस प्रकार अभिमान किया करते हैं। क्योंकि कर्मठलोगोंको कर्मफलविषयक रागके कारण तत्त्वका ज्ञान नहीं होता, इसलिये वे दुःखार्त्त होकर (कर्मफल क्षीण होनेपर) स्वर्गसे च्युत हो जाते हैं॥ ९॥

अविद्यायां बहुधा बहुप्रकारं वर्तमाना वयमेव कृतार्थाः कृतप्रयोजना इत्येवमभिमन्यन्त्यभिमानं कुर्वन्ति बाला अज्ञानिनः। यद्यस्मादेवं कर्मिणो न प्रवेदयन्ति तत्त्वं न जानन्ति रागात्कर्मफलरागाभिभवनिमित्तं तेन कारणेन आतुरा दुःखार्ताः सन्तः क्षीणलोकाः क्षीणकर्मफलाः स्वर्गलोकाच्च्यवन्ते॥ ९॥

अविद्यामें बहुधा—अनेक प्रकारसे विद्यमान वे अज्ञानी पुरुष 'केवल हम ही कृतार्थ—कृतकृत्य हो गये हैं' इसी प्रकार अभिमान किया करते हैं। क्योंकि इस प्रकार वे कर्मीलोग रागवश यानी कर्मफल-सम्बन्धी रागसे बुद्धिके अभिभूत हो जानेके कारण तत्त्वको नहीं जान पाते इसलिये वे आतुर—दुःखार्त्त होकर कर्मफल क्षीण हो जानेपर स्वर्गसे च्युत हो जाते हैं॥ ९॥

इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं
नान्यच्छ्रेयो वेदयन्ते प्रमूढाः।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वे-
मं लोकं हीनतरं वा विशन्ति॥ १०॥

इष्ट और पूर्त कर्मोंको ही सर्वोत्तम माननेवाले वे महामूढ किसी अन्य वस्तुको श्रेयस्कर नहीं समझते। वे स्वर्गलोकके उच्च स्थानमें अपने कर्मफलोंका अनुभवकर इस [मनुष्य] लोक अथवा इससे भी निकृष्ट लोकमें प्रवेश करते हैं॥ १०॥

इष्टं यागादि श्रौतं कर्म, पूर्तं वापीकूपतडागादि स्मार्तं मन्यमाना एतदेवातिशयेन पुरुषार्थसाधनं वरिष्ठं प्रधानमिति चिन्तयन्तोऽन्यदात्मज्ञानाख्यं श्रेयः-साधनं न वेदयन्ते न जानन्ति, प्रमूढाः पुत्रपशुबन्ध्वादिषु प्रमत्ततया मूढाः।

इष्ट यानी यागादि श्रौतकर्म और पूर्त—वापी-कूप-तड़ागादि स्मार्तकर्म 'ये ही अधिकतासे पुरुषार्थके साधन हैं, अतः ये ही सर्वश्रेष्ठ यानी प्रधान हैं', इस प्रकार मानते अर्थात् चिन्तन करते हुए वे प्रमूढ—प्रमत्ततावश पुत्र, पशु और बान्धवादिमें मूढ हुए लोग आत्मज्ञानसंज्ञक किसी और श्रेयःसाधनको नहीं जानते।

ते च नाकस्य स्वर्गस्य पृष्ठ उपरिस्थाने सुकृते भोगायतनेऽनुभूत्वानुभूय कर्मफलं पुनरिमं लोकं मानुषमस्माद्धीनतरं वा तिर्यङ्नरकादिलक्षणं यथाकर्मशेषं विशन्ति ॥ १० ॥

वे नाक यानी स्वर्गके पृष्ठ—उच्च स्थानमें अपने सुकृत—भोगायतन (पुण्यभोगके लिये प्राप्त हुए दिव्य देह)-में कर्मफलका अनुभव कर अपने अवशिष्ट कर्मानुसार फिर इसी मनुष्यलोक अथवा इससे निकृष्टतर तिर्यङ्नरकादिरूप योनियोंमें प्रवेश करते हैं ॥ १० ॥

तपःश्रद्धे ये ह्युपवसन्त्यरण्ये
शान्ता विद्वांसो भैक्ष्यचर्यां चरन्तः।
सूर्यद्वारेण ते विरजाः प्रयान्ति
यत्रामृतः स पुरुषो ह्यव्ययात्मा ॥ ११ ॥

किन्तु जो शान्त और विद्वान् लोग वनमें रहकर भिक्षावृत्तिका आचरण करते हुए तप और श्रद्धाका सेवन करते हैं वे पापरहित होकर सूर्यद्वार (उत्तरायणमार्ग)-से वहाँ जाते हैं जहाँ वह अमृत और अव्ययस्वरूप पुरुष रहता है ॥ ११ ॥

ये पुनस्तद्विपरीता ज्ञानयुक्ता वानप्रस्थाः संन्यासिनश्च तपःश्रद्धे हि तपः स्वाश्रमविहितं कर्म श्रद्धा हिरण्यगर्भादिविषया विद्या; ते तपःश्रद्धे उपवसन्ति सेवन्तेऽरण्ये वर्तमानाः सन्तः शान्ता उपरतकरण-ग्रामाः, विद्वांसो गृहस्थाश्च ज्ञानप्रधाना इत्यर्थः। भैक्ष्यचर्यां चरन्तः परिग्रहा-भावादुपवसन्त्यरण्य इति सम्बन्धः सूर्यद्वारेण सूर्योपलक्षितेनोत्तरायणेन

किन्तु इसके विपरीत जो ज्ञानसम्पन्न वानप्रस्थ और संन्यासी लोग तप और श्रद्धाका—अपने आश्रमविहित कर्मका नाम 'तप' है और हिरण्यगर्भादिविषयक विद्याको 'श्रद्धा' कहते हैं, उन तप और श्रद्धाका वनमें रहकर सेवन करते हैं; तथा जो शान्त—जिनकी इन्द्रियाँ विषयोंसे निवृत्त हो गयी हैं ऐसे विद्वान् लोग तथा ज्ञानप्रधान गृहस्थ लोग परिग्रह न करनेके कारण भिक्षाचर्याका आचरण करते हुए वनमें रहते हैं वे विरज अर्थात् जिनके पाप-पुण्य क्षीण हो गये हैं ऐसे होकर सूर्यद्वारसे—सूर्योपलक्षित उत्तरमार्गसे

पथा ते विरजा विरजसः क्षीणपुण्यपापकर्माणः सन्त इत्यर्थः, प्रयान्ति प्रकर्षेण यान्ति यत्र यस्मिन्सत्यलोकादावमृतः स पुरुषः प्रथमजो हिरण्यगर्भो ह्यव्ययात्माव्ययस्वभावो यावत्संसारस्थायी। एतदन्तास्तु संसारगतयोऽपरविद्यागम्याः।

ननु—एतं मोक्षमिच्छन्ति केचित्।

न, "इहैव सर्वे प्रविलीयन्ति कामाः" (मु० उ० ३।२।२) "ते सर्वगं सर्वतः प्राप्य धीरा युक्तात्मानः सर्वमेवाविशन्ति" (मु० उ० ३।२।५) इत्यादिश्रुतिभ्योऽप्रकरणाच्च। अपरविद्याप्रकरणे हि प्रवृत्ते न ह्यकस्मान्मोक्षप्रसङ्गोऽस्ति। विरजस्त्वं त्वापेक्षिकम्। समस्तमपरविद्याकार्यं साध्यसाधनलक्षणं क्रियाकारकफलभेदभिन्नं द्वैतम् एतावदेव यद्धिरण्यगर्भप्राप्त्यवसानम्। तथा च मनुनोक्तं स्थावराद्यां संसारगतिमनुक्रामता "ब्रह्मा विश्वसृजो धर्मो महानव्यक्तमेव

वहाँ प्रयाण करते—प्रकर्षतः गमन करते हैं जहाँ—जिस सत्यलोकादिमें वह अमृत और अव्ययात्मा—संसारकी स्थितिपर्यन्त रहनेवाला अव्ययस्वभाव पुरुष अर्थात् सबसे पहले उत्पन्न हुआ हिरण्यगर्भ रहता है। अपरा विद्यासे प्राप्त होनेवाली सांसारिक गतियाँ तो बस यहींतक हैं।

शंका—परन्तु कोई-कोई तो इसीको मोक्ष समझते हैं?

समाधान—ऐसा समझना उचित नहीं है। "उसकी सम्पूर्ण कामनाएँ यहीं लीन हो जाती हैं" "वे संयतचित्त धीर पुरुष उस सर्वगत ब्रह्मको सब ओर प्राप्त कर सभीमें प्रवेश कर जाते हैं" इत्यादि श्रुतियोंसे [ब्रह्मवेत्ताको इसी लोकमें सम्पूर्ण कामनाओंसे मुक्ति और सर्वात्मभावकी प्राप्ति बतलायी गयी है]। इसके सिवा यह मोक्षका प्रकरण भी नहीं है। अपरा विद्याके प्रकरणके चालू रहते हुए अकस्मात् मोक्षका प्रसंग नहीं आ सकता। और उसकी विरजस्कता (निष्पापता) तो आपेक्षिक है। अपरा विद्याका साध्य-साधनरूप, क्रिया-कारक और फलरूप भेदोंसे भिन्न तथा द्वैतरूप समस्त कार्य इतना ही है जिसका कि हिरण्यगर्भकी प्राप्तिमें पर्यवसान होता है। स्थावरोंसे लेकर क्रमशः संसारगतिकी गणना करते हुए मनुजीने भी ऐसा ही कहा है—"ब्रह्मा, मरीचि आदि प्रजापतिगण,

च। उत्तमां सात्त्विकीमेतां गतिमाहुर्मनीषिणः'' (मनु० १२ । ५०) इति॥ ११ ॥

यमराज, महत्तत्त्व और अव्यक्त [इनके लोकोंको प्राप्त होना]—यह विद्वानोंने उत्तम सात्त्विकी गति बतलायी है''॥ ११ ॥

ऐहिक और पारलौकिक भोगोंकी असारता देखनेवाले पुरुषके लिये संन्यास और गुरूपसदनका विधान

अथेदानीमस्मात्साध्यसाधन-रूपात्सर्वस्मात्संसाराद्विरक्तस्य परस्यां विद्यायामधिकार-प्रदर्शनार्थमिदमुच्यते—

तत्पश्चात् अब इस साध्य-साधनरूप सम्पूर्ण संसारसे विरक्त हुए पुरुषका परा विद्यामें अधिकार दिखानेके लिये यह कहा जाता है—

परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो
निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन।
तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्
समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्॥ १२ ॥

कर्मद्वारा प्राप्त हुए लोकोंकी परीक्षा कर ब्राह्मण निर्वेदको प्राप्त हो जाय, [क्योंकि संसारमें] अकृत (नित्य पदार्थ) नहीं है, और कृतसे [हमें प्रयोजन क्या है?] अतः उस नित्य वस्तुका साक्षात् ज्ञान प्राप्त करनेके लिये तो हाथमें समिधा लेकर श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ गुरुके ही पास जाना चाहिये॥ १२ ॥

परीक्ष्य यदेतदृग्वेदाद्यपर-विद्याविषयं स्वाभाविक्य-विद्याकामकर्मदोषवत्पुरुषानुष्ठेय-मविद्यादिदोषवन्तमेव पुरुषं प्रति विहितत्वात्तदनुष्ठानकार्यभूताश्च

यह जो ऋग्वेदादि अपरविद्या-विषयक तथा अविद्यादि दोषयुक्त पुरुषके लिये ही विहित होनेके कारण स्वभावसे ही अविद्या काम और कर्मरूप दोषसे युक्त पुरुषोंद्वारा अनुष्ठान किये जानेयोग्य कर्म है तथा उसके अनुष्ठानके कार्यभूत

लोका ये दक्षिणोत्तरमार्ग-लक्षणाः फलभूताः, ये च विहिताकरणप्रतिषेधातिक्रमदोषसाध्या नरकतिर्यक्प्रेतलक्षणास्तानेतान्परीक्ष्य प्रत्यक्षानुमानोपमानागमैः सर्वतो याथात्म्येनावधार्य लोकान् संसारगतिभूतान् अव्यक्तादि-स्थावरान्तान्व्याकृताव्याकृतलक्षणान् बीजाङ्कुरवदितरेतरोत्पत्तिनिमित्ता-ननेकानर्थशतसहस्रसङ्कुलान्कदली-गर्भवदसारान् मायामरीच्युदक-गन्धर्वनगराकारस्वप्नजलबुद्बुद-फेनसमान्प्रतिक्षणप्रध्वंसान्पृष्ठतः कृत्वाविद्याकामदोषप्रवर्तितकर्म-चितान्धर्माधर्मनिर्वर्तितानित्येतत् । ब्राह्मणस्यैव विशेषतोऽधिकारः सर्वत्यागेन ब्रह्मविद्यायामिति ब्राह्मणग्रहणम्। परीक्ष्य लोकान्किं कुर्याद् इत्युच्यते निर्वेदम्। निःपूर्वो विदिरत्र वैराग्यार्थे वैराग्यमायात्कुर्यादित्येतत्।

अर्थात् फलस्वरूप दक्षिण एवं उत्तर-मार्गरूप लोक हैं और विहित कर्मके न करने एवं प्रतिषिद्धके करनेके दोषसे प्राप्त होनेवाली जो नरक, तिर्यक् तथा प्रेतादि योनियाँ हैं उन इन सभीकी परीक्षा कर अर्थात् प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और आगम—इन चारों प्रमाणोंसे सब प्रकार उनका यथावत् निश्चय कर जो बीज और अंकुरके समान एक-दूसरेकी उत्पत्तिके कारण हैं, अनेकों—सैकड़ों-हजारों अनर्थोंसे व्याप्त हैं, केलेके भीतरी भागके समान सारहीन हैं, माया, मृगजल और गन्धर्वनगरके समान भ्रमपूर्ण तथा स्वप्न, जलबुद्बुद और फेनके सदृश क्षण-क्षणमें नष्ट होनेवाले हैं और अविद्या एवं कामरूप दोषसे प्रवर्तित कर्मोंसे प्राप्त यानी धर्माधर्मजनित हैं उन व्यक्त-अव्यक्तरूप तथा संसारगति भूत अव्यक्तसे लेकर स्थावरपर्यन्त समस्त लोकोंकी ओरसे मुख मोड़कर ब्राह्मण [उनसे विरक्त हो जाय]। सर्वत्यागके द्वारा ब्राह्मणका ही ब्रह्म-विद्यामें विशेषरूपसे अधिकार है; इसलिये यहाँ 'ब्राह्मण' पदका ग्रहण किया गया है। इस प्रकार लोकोंकी परीक्षा कर वह क्या करे, सो बतलाते हैं—'निर्वेद करे'। यहाँ 'नि' पूर्वक 'विद्' धातु वैराग्य अर्थमें है; अतः तात्पर्य यह है कि 'वैराग्य करे'।

स वैराग्यप्रकारः प्रदर्श्यते। इह संसारे नास्ति कश्चिदप्यकृतः पदार्थः। सर्व एव हि लोकाः कर्मचिताः कर्मकृतत्वाच्चानित्याः, न नित्यं किञ्चिदस्तीत्यभिप्रायः। सर्वं तु कर्मानित्यस्यैव साधनम्। यस्माच्चतुर्विधमेव हि सर्वं कर्म कार्यमुत्पाद्यमाप्यं संस्कार्यं विकार्यं वा, नातः परं कर्मणो विशेषोऽस्ति। अहं च नित्येन अमृतेनाभयेन कूटस्थेनाचलेन ध्रुवेणार्थेनार्थी न तद्विपरीतेन। अतः किं कृतेन कर्मणायासबहुलेनानर्थसाधनेनेत्येवं निर्विण्णोऽभयं शिवमकृतं नित्यं पदं यत्तद्विज्ञानार्थं विशेषेणाधिगमार्थं स निर्विण्णो ब्राह्मणो गुरुमेवाचार्यं शमदमदयादिसम्पन्नमभिगच्छेत्। शास्त्रज्ञोऽपि स्वातन्त्र्येण ब्रह्मज्ञानान्वेषणं न कुर्यादित्येतद् गुरुमेवेत्यवधारणफलम्।

अब वह वैराग्यका प्रकार दिखलाया जाता है। इस संसारमें कोई भी अकृत (नित्य) पदार्थ नहीं है। सभी लोक कर्मसे सम्पादन किये जानेवाले हैं और कर्मकृत होनेके कारण अनित्य हैं। तात्पर्य यह कि इस संसारमें नित्य कुछ भी नहीं है। सारा कर्म अनित्य फलका ही साधन है। क्योंकि सारे कर्म, कार्य, उत्पाद्य, आप्य और विकार्य अथवा संस्कार्य चार ही प्रकारके हैं, इनसे भिन्न कर्मका और कोई प्रकार नहीं है। किन्तु मैं तो एक नित्य, अमृत, अभय, कूटस्थ, अचल और ध्रुव पदार्थकी इच्छा करनेवाला हूँ; उससे विपरीत स्वभाववालेकी मुझे आवश्यकता नहीं है। अतः इस श्रमबहुल एवं अनर्थके साधनभूत कृतकर्मसे मुझे क्या प्रयोजन है? इस प्रकार विरक्त होकर जो अभय, शिव, अकृत और नित्य-पद है उसके विज्ञानके लिये—विशेषतया जाननेके लिये वह विरक्त ब्राह्मण शम-दमादिसम्पन्न गुरु यानी आचार्यके पास ही जाय। शास्त्रज्ञ होनेपर भी स्वतन्त्रतापूर्वक ब्रह्मज्ञानका अन्वेषण न करे—यही 'गुरुमेव' इस पदसमूहमें आये हुए निश्चयात्मक 'एव' पदका अभिप्राय है।

समित्पाणिः समिद्भारगृहीतहस्तः श्रोत्रियमध्ययनश्रुतार्थसम्पन्नं ब्रह्मनिष्ठं हित्वा सर्वकर्माणि केवलेऽद्वये ब्रह्मणि निष्ठा यस्य सोऽयं ब्रह्मनिष्ठो जपनिष्ठस्तपोनिष्ठ इति यद्वत्। न हि कर्मिणो ब्रह्मनिष्ठता सम्भवति कर्मात्मज्ञानयोर्विरोधात्। स तं गुरुं विधिवदुपसन्नः प्रसाद्य पृच्छेदक्षरं पुरुषं सत्यम्॥ १२॥

समित्पाणिः अर्थात् हाथमें समिधाओंका भार लेकर श्रोत्रिय यानी अध्ययन और श्रवण किये अर्थसे सम्पन्न तथा ब्रह्मनिष्ठ [गुरुके पास जाय]—सम्पूर्ण कर्मोंको त्यागकर जिसकी केवल अद्वितीय ब्रह्ममें ही निष्ठा है वह ब्रह्मनिष्ठ कहलाता है; जपनिष्ठ—तपोनिष्ठ आदिके समान ही यह 'ब्रह्मनिष्ठ' शब्द है। कर्मठ पुरुषको ब्रह्मनिष्ठा कभी नहीं हो सकती, क्योंकि कर्म और आत्मज्ञानका परस्पर विरोध है। इस प्रकार उन गुरुदेवके पास विधिपूर्वक जाकर उन्हें प्रसन्न कर सत्य और अक्षर पुरुषके सम्बन्धमें पूछे॥ १२॥

गुरुके लिये उपदेशप्रदानकी विधि

तस्मै स विद्वानुपसन्नाय सम्य-
क्प्रशान्तचित्ताय शमान्विताय।
येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं
प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्याम्॥ १३॥

वह विद्वान् गुरु अपने समीप आये हुए उस पूर्णतया शान्तचित्त एवं जितेन्द्रिय शिष्यको उस ब्रह्मविद्याका तत्त्वतः उपदेश करे जिससे उस सत्य और अक्षर पुरुषका ज्ञान होता है॥ १३॥

तस्मै स विद्वान् गुरुर्ब्रह्मविद् उपसन्नायोपगताय सम्यग्यथाशास्त्रमित्येतत्, प्रशान्तचित्ताय उपरतदर्पादिदोषाय शमान्विताय बाह्येन्द्रियोपरमेण च युक्ताय सर्वतो

वह विद्वान्—ब्रह्मवेत्ता गुरु अपने समीप आये हुए उस सम्यक्—यथाशास्त्र प्रशान्तचित्त—गर्व आदि दोषोंसे रहित तथा शमसम्पन्न—बाह्य इन्द्रियोंकी उपरतिसे युक्त और सब ओरसे

विरक्तायेत्येतत्। येन विज्ञानेन यया विद्यया परयाक्षरमद्रेश्यादिविशेषणं तदेवाक्षरं पुरुषशब्दवाच्यं पूर्णत्वात् पुरि शयनाच्च सत्यं तदेव परमार्थस्वाभाव्यादक्षरं चाक्षरणादक्षतत्वादक्षयत्वाच्च वेद विजानाति तां ब्रह्मविद्यां तत्त्वतो यथावत् प्रोवाच प्रब्रूयादित्यर्थः। आचार्यस्याप्ययं नियमो यन्न्यायप्राप्तसच्छिष्यनिस्तारणमविद्यामहोदधेः॥ १३॥

विरक्त हुए शिष्यको, जिस विज्ञान अथवा जिस परा विद्यासे उस अद्रेश्यादि विशेषणवाले तथा पूर्ण होने या शरीररूप पुरमें शयन करनेके कारण 'पुरुष' शब्दवाच्य अक्षरको, जो क्षरण (च्युत होना), क्षत (व्रण) और क्षय (नाश)-से रहित होनेके कारण 'अक्षर' कहलाता है, जानता है उस ब्रह्मविद्याका तत्त्वतः—यथावत् उपदेश करे—यह इसका भावार्थ है। आचार्यके लिये भी यही नियम है कि न्यायानुसार अपने समीप आये हुए सच्छिष्यको अविद्यामहासमुद्रसे पार कर दे॥ १३॥

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये प्रथममुण्डके द्वितीयः खण्डः॥ २॥
समाप्तमिदं प्रथमं मुण्डकम्॥ १॥

द्वितीय मुण्डक

प्रथम खण्ड

अपरविद्यायाः सर्वं कार्यमुक्तम्।

वक्ष्यमाणग्रन्थस्य प्रयोजनम्

स च संसारो यत्सारो यस्मान्मूलादक्षरात् सम्भवति यस्मिंश्च प्रलीयते तदक्षरं

यहाँतक अपरा विद्याका सारा कार्य कहा। यही संसार है; उसका जो सार है, जिस अपने मूलभूत अक्षरसे वह उत्पन्न होता है और जिसमें उसका लय होता है

पुरुषाख्यं सत्यम्। यस्मिन् विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति तत्परस्या ब्रह्मविद्याया विषयः स वक्तव्य इत्युत्तरो ग्रन्थ आरभ्यते—

वह पुरुषसंज्ञक अक्षरब्रह्म ही सत्य है, जिसका ज्ञान होनेपर यह सब कुछ जान लिया जाता है, वह परा विद्याका विषय है। उसे बतलाना है, इसीलिये आगेका ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है—

अग्निसे स्फुलिंगोंके समान ब्रह्मसे जगत्‌की उत्पत्ति

तदेतत्सत्यं यथा सुदीप्तात्पावकाद्विस्फुलिङ्गाः
सहस्रशः प्रभवन्ते सरूपाः।
तथाक्षराद्विविधाः सोम्य भावाः
प्रजायन्ते तत्र चैवापि यन्ति॥ १॥

वह यह (अक्षरब्रह्म) सत्य है। जिस प्रकार अत्यन्त प्रदीप्त अग्निसे उसीके समान रूपवाले हजारों स्फुलिंग (चिनगारियाँ) निकलते हैं, हे सोम्य! उसी प्रकार उस अक्षरसे अनेकों भाव प्रकट होते हैं और उसीमें लीन हो जाते हैं॥ १॥

यदपरविद्याविषयं कर्मफल-लक्षणं सत्यं तदापेक्षिकम्। इदं तु परविद्याविषयं परमार्थसल्लक्षणत्वात्। तदेतत्सत्यं यथाभूतं विद्याविषयम्, अविद्याविषयत्वाच्चानृतमितरत्। अत्यन्तपरोक्षत्वात्कथं नाम प्रत्यक्षवत्सत्यमक्षरं प्रतिपद्येरन्निति दृष्टान्तमाह—

जो अपरा विद्याका विषय कर्म-फलरूप सत्य है वह आपेक्षिक है; परन्तु यह परा विद्याका विषय परमार्थसत्स्वरूप होनेके कारण [निरपेक्ष सत्य है]। वह यह विद्याविषयक सत्य ही यथार्थ सत्य है; इससे इतर तो अविद्याका विषय होनेके कारण मिथ्या है। उस सत्य अक्षरको अत्यन्त परोक्ष होनेके कारण किस प्रकार प्रत्यक्षवत् जानें? इसके लिये श्रुतिने यह दृष्टान्त दिया है—

यथा सुदीप्तात्सुष्ठु दीप्ताद् इद्धात्पावकादग्नेर्विस्फुलिङ्गा अग्न्यवयवाः सहस्रशोऽनेकशः

जिस प्रकार सुदीप्त—अच्छी तरह दीप्त अर्थात् प्रज्वलित हुए अग्निसे उसीके-से रूपवाले सहस्रों—अनेकों विस्फुलिंग—अग्निके अवयव

प्रभवन्ते निर्गच्छन्ति सरूपा अग्निसलक्षणा एव तथोक्तलक्षणाद् अक्षराद्विविधा नाना-देहोपाधिभेदमनुविधीयमानत्वाद्विविधा हे सोम्य भावा जीवा आकाशादिव घटादिपरिच्छिन्नाः सुषिरभेदा घटाद्युपाधि-प्रभेदमनुभवन्ति, एवं नानानाम-रूपकृतदेहोपाधिप्रभवमनुप्रजायन्ते तत्र चैव तस्मिन्नेवाक्षरेऽपि यन्ति देहोपाधिविलयमनुलीयन्ते घटादिविलयमन्विव सुषिरभेदाः।

यथाकाशस्य सुषिरभेदोत्पत्ति-प्रलयनिमित्तत्वं घटाद्युपाधि-कृतमेव तद्वदक्षरस्यापि नामरूपकृतदेहोपाधिनिमित्तमेव जीवोत्पत्तिप्रलयनिमित्तत्वम्॥ १॥

निकलते हैं उसी प्रकार हे सोम्य! उक्त लक्षणवाले अक्षरब्रह्मसे विविध—अनेक देहरूप उपाधिभेदके अनुसार विहित होनेके कारण अनेक प्रकारके भाव—जीव उस नाना नाम-रूपकृत देहोपाधिके जन्मके साथ उसी प्रकार उत्पन्न हो जाते हैं जैसे घटादि उपाधिभेदके अनुसार आकाशसे उन घटादिसे परिच्छिन्न बहुत-से छिद्र (घटाकाशादि)। तथा जिस प्रकार घटादिके नष्ट होनेपर वे [घटाकाशादि] छिद्र लीन हो जाते हैं उसी प्रकार देहरूप उपाधिके लीन होनेपर वे सब उस अक्षरमें ही लीन हो जाते हैं।

जिस प्रकार छिद्रभेदोंकी उत्पत्ति और प्रलयमें आकाशका निमित्तत्व घटादि उपाधिके ही कारण है उसी प्रकार जीवोंकी उत्पत्ति और प्रलयमें नामरूपकृत देहोपाधिके कारण ही अक्षरब्रह्मका निमित्तत्व है॥ १॥

नामरूपबीजभूतादव्याकृताख्या-त्स्वविकारापेक्षया परादक्षरात्परं यत्सर्वोपाधिभेदवर्जितमक्षरस्यैव स्वरूपमाकाशस्येव सर्वमूर्तिवर्जितं नेति नेतीत्यादिविशेषणं विवक्षन्नाह—

अपने विकारोंकी अपेक्षा महान् तथा नाम-रूपके बीजभूत अव्याकृत-संज्ञक अक्षरसे भी उत्कृष्ट जो अक्षर परमात्माका आकाशके समान सब प्रकारके आकारोंसे रहित 'नेति-नेति' इत्यादि वाक्योंसे विशेषित एवं सम्पूर्ण औपाधिक भेदोंसे रहित स्वरूप है उसे बतलानेकी इच्छासे श्रुति कहती है—

ब्रह्मका पारमार्थिक स्वरूप

दिव्यो ह्यमूर्तः पुरुषः सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः।
अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रो ह्यक्षरात्परतः परः॥ २॥

[वह अक्षरब्रह्म] निश्चय ही दिव्य, अमूर्त, पुरुष, बाहर-भीतर विद्यमान, अजन्मा, अप्राण, मनोहीन, विशुद्ध एवं श्रेष्ठ अक्षरसे भी उत्कृष्ट है॥ २॥

दिव्यो द्योतनवान्स्वयंज्योतिष्ट्वात्। दिवि वा स्वात्मनि भवोऽलौकिको वा। हि यस्मादमूर्तः सर्वमूर्तिवर्जितः पुरुषः पूर्णः पुरिशयो वा, दिव्यो ह्यमूर्तः पुरुषः सबाह्याभ्यन्तरः सह बाह्याभ्यन्तरेण वर्तत इति अजो न जायते कुतश्चित्स्वतोऽन्यस्य जन्मनिमित्तस्य चाभावात्; यथा जलबुद्बुदादेर्वाय्वादि, यथा नभःसुषिरभेदानां घटादि। सर्वभावविकाराणां जनिमूलत्वात् तत्प्रतिषेधेन सर्वे प्रतिषिद्धा भवन्ति। सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजोऽतोऽजरोऽमृतोऽक्षरो ध्रुवोऽभय इत्यर्थः।

[वह अक्षरब्रह्म] स्वयंप्रकाश होनेके कारण दिव्य—प्रकाशित होनेवाला है अथवा दिवि—अपने स्वरूपमें ही स्थित या अलौकिक है; क्योंकि वह अमूर्त—सब प्रकारके आकारसे रहित, पुरुष—पूर्ण अथवा शरीररूप पुरमें शयन करनेवाला, सबाह्याभ्यन्तर—बाहर और भीतरके सहित सर्वत्र वर्तमान और अज—जो किसीसे उत्पन्न न हो—ऐसा है; क्योंकि अपनेसे भिन्न कोई उसके जन्मका निमित्त है ही नहीं; जिस प्रकार कि जलसे उत्पन्न होनेवाले बुद्बुदोंका कारण वायु आदि है तथा घटाकाशादि भेदोंका हेतु घट आदि पदार्थ हैं [उसी प्रकार उस अजन्माके जन्मका कोई भी कारण नहीं है]। वस्तुके सारे विकारोंका मूल जन्म ही है; अतः उस (जन्म)-का प्रतिषेध कर दिये जानेपर वे सभी प्रतिषिद्ध हो जाते हैं; क्योंकि वह परमात्मा सबाह्याभ्यन्तर अज है, इसलिये वह अजर, अमर, अक्षर, ध्रुव और भयशून्य है—यह इसका तात्पर्य है।

यद्यपि देहाद्युपाधिभेद-दृष्टीनामविद्यावशाद् देहभेदेषु सप्राणः समनाः सेन्द्रियः सविषय इव प्रत्यवभासते तलमलादिमदिव आकाशं तथापि तु स्वतः परमार्थदृष्टीनामप्राणोऽविद्यमानः क्रियाशक्तिभेदवांश्चलनात्मको वायुर्यस्मिन्नसावप्राणः। तथामना अनेकज्ञानशक्तिभेदवत्सङ्कल्पाद्यात्मकं मनोऽप्यविद्यमानं यस्मिन्सोऽयममनाः। अप्राणो ह्यमनाश्चेति प्राणादि वायुभेदाः कर्मेन्द्रियाणि तद्विषयाश्च तथा च बुद्धिमनसी बुद्धीन्द्रियाणि तद्विषयाश्च प्रतिषिद्धा वेदितव्याः। तथा श्रुत्यन्तरे—"ध्यायतीव लेलायतीव" (बृ० उ० ४।३।७) इति।

यस्माच्चैवं प्रतिषिद्धोपाधि-द्वयः तस्माच्छुभ्रः शुद्धः। अतोऽक्षरान्नामरूपबीजोपाधि-लक्षितस्वरूपात्सर्वकार्यकरण-बीजत्वेनोपलक्ष्यमाणत्वात्परं तदुपाधिलक्षणमव्याकृताख्यमक्षरं

जिस प्रकार [दृष्टिदोषसे] आकाश तल मलादियुक्त भासता है उसी प्रकार देहादि उपाधिभेदमें दृष्टि रखनेवालोंको यद्यपि विभिन्न देहोंमें [वह अक्षर ब्रह्म] प्राण, मन, इन्द्रिय एवं विषयसे युक्त-सा भासता है तो भी परमार्थ-स्वरूपदर्शियोंको तो वह अप्राण— जिसमें क्रियाशक्ति भेदवाला चलनात्मक वायु न रहता हो तथा अमना— जिसमें ज्ञानशक्तिके अनेकों भेदवाला संकल्पादिरूप मन भी न हो, [इस प्रकार प्राण और मनसे रहित ही भासता है।] 'अप्राणः' और 'अमनाः' इन दोनों विशेषणोंसे प्राणादि वायुभेद, कर्मेन्द्रियाँ और उनके विषय तथा बुद्धि, मन, ज्ञानेन्द्रियाँ और उनके विषय प्रतिषिद्ध हुए समझने चाहिये; जैसा कि एक-दूसरी श्रुति उसे 'मानो ध्यान करता हुआ-सा, मानो चेष्टा करता हुआ-सा'—ऐसा बतलाती है।

इस प्रकार क्योंकि वह [प्राण और मन इन] दोनों उपाधियोंसे रहित है इसलिये वह शुभ्र—शुद्ध है। अतः नामरूपकी बीजभूत उपाधिसे जिसका स्वरूप लक्षित होता है उस अक्षरसे—सम्पूर्ण कार्य-करणके बीजरूपसे उपलक्षित होनेके कारण उन उपाधियोंवाला अव्याकृतसंज्ञक वह अक्षर

सर्वविकारेभ्यः तस्मात्परतोऽक्षरात्परो निरुपाधिकः पुरुष इत्यर्थः।

अपने सम्पूर्ण विकारसे श्रेष्ठ है; उस सर्वोत्कृष्ट अक्षरसे भी वह निरुपाधिक पुरुष उत्कृष्ट है—ऐसा इसका तात्पर्य है।

यस्मिंस्तदाकाशाख्यमक्षरं संव्यवहारविषयमोतं प्रोतं च कथं पुनरप्राणादिमत्त्वं तस्येत्युच्यते। यदि हि प्राणादयः प्रागुत्पत्तेः पुरुष इव स्वेनात्मना सन्ति तदा पुरुषस्य प्राणादिना विद्यमानेन प्राणादिमत्त्वं भवेन्न तु ते प्राणादयः प्रागुत्पत्तेः पुरुष इव स्वेनात्मना सन्ति तदा, अतोऽप्राणादिमान्परः पुरुषः, यथानुत्पन्ने पुत्रेऽपुत्रो देवदत्तः॥ २॥

किन्तु जिसमें सम्पूर्ण व्यवहारका विषयभूत वह आकाशसंज्ञक अक्षरतत्त्व ओतप्रोत है वह प्राणादिसे रहित कैसे हो सकता है? ऐसी शंका होनेपर कहते हैं—यदि प्राणादि अपनी उत्पत्तिसे पूर्व भी पुरुषके समान स्वस्वरूपसे विद्यमान रहते तो उन विद्यमान प्राणादिके कारण पुरुषका प्राणादियुक्त होना माना जा सकता था। किन्तु उस समय वे अपनी उत्पत्तिसे पूर्व पुरुषके समान स्वरूपतः हैं नहीं, इसलिये जिस प्रकार पुत्र उत्पन्न न होनेतक देवदत्त पुत्रहीन कहा जाता है उसी प्रकार परम पुरुष भी अप्राणादिमान् है॥ २॥

ब्रह्मका सर्वकारणत्व

कथं ते न सन्ति प्राणादय इत्युच्यते, यस्मात्—

वे प्रणादि उस अक्षरमें क्यों नहीं हैं? सो बतलाते हैं; क्योंकि—

एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च।
खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी॥ ३॥

इस (अक्षर पुरुष)-से ही प्राण उत्पन्न होता है तथा इससे ही मन, सम्पूर्ण इन्द्रियाँ, आकाश, वायु, तेज, जल और सारे संसारको धारण करनेवाली पृथ्वी [उत्पन्न होती है]॥ ३॥

एतस्मादेव पुरुषान्नामरूपबीजोपाधिलक्षिताज्जायत उत्पद्यतेऽविद्याविषयविकारभूतो नामधेयोऽनृतात्मकः प्राणः "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" (छा० उ० ६।१।४) "अनृतम्" इति श्रुत्यन्तरात्। न हि तेनाविद्याविषयेणानृतेन प्राणेन सप्राणत्वं परस्य स्यादपुत्रस्य स्वप्नदृष्टेनेव पुत्रेण सपुत्रत्वम्।

नाम-रूपकी बीजभूत [अविद्यारूप] उपाधिसे उपलक्षित* इस पुरुषसे ही अविद्याका विषय विकारभूत केवल नाममात्र तथा मिथ्या प्राण उत्पन्न होता है; जैसा कि "विकार वाणीका विलास और नाममात्र है" "वह मिथ्या है" ऐसी अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है। उस अविद्याविषयक मिथ्या प्राणसे परब्रह्मका सप्राणत्व सिद्ध नहीं हो सकता, जैसे कि स्वप्नमें देखे हुए पुत्रसे पुत्रहीन व्यक्ति पुत्रवान् नहीं हो सकता।

एवं मनः सर्वाणि चेन्द्रियाणि विषयाश्चैतस्मादेव जायन्ते तस्मात्सिद्धमस्य निरुपचरितमप्राणादिमत्त्वमित्यर्थः। यथा च प्रागुत्पत्तेः परमार्थतोऽसन्तस्तथा प्रलीनाश्चेति द्रष्टव्याः। यथा करणानि मनश्चेन्द्रियाणि तथा शरीरविषयकारणानि भूतानि खमाकाशं वायुरन्तर्बाह्य आवहादिभेदः, ज्योतिरग्निः, आप उदकम्, पृथिवी धरित्री विश्वस्य सर्वस्य धारिणी एतानि च शब्दस्पर्शरूपरसगन्धोत्तरोत्तर-

इस प्रकार मन, सम्पूर्ण इन्द्रियाँ और उनके विषय भी इसीसे उत्पन्न होते हैं। अतः उसका मुख्यरूपसे अप्राणादिमान् होना सिद्ध हुआ। वे जिस प्रकार अपनी उत्पत्तिसे पूर्व वस्तुतः असत् ही थे उसी प्रकार लीन होनेपर भी असत् ही रहते हैं—ऐसा समझना चाहिये। जिस प्रकार करण—मन और इन्द्रियाँ [इससे उत्पन्न होते हैं] उसी प्रकार शरीर और इन्द्रियोंके विषयोंके कारणस्वरूप भूतवर्ग आकाश, आवहादि भेदोंवाला बाह्य वायु, अग्नि, जल और विश्व यानी सबको धारण करनेवाली पृथिवी—ये पाँच भूत, जो पूर्व-पूर्व गुणके सहित उत्तरोत्तर क्रमशः

* निरुपाधिक विशुद्ध ब्रह्ममें किसी भी विकारकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है। इसलिये जब उससे किसीकी उत्पत्तिका प्रतिपादन किया जायगा तो उसमें अविद्या या मायाके सम्बन्धका आरोप करके ही किया जायगा।

गुणानि पूर्वपूर्वगुणसहितान्येतस्मादेव जायन्ते ॥ ३ ॥

शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध इन गुणोंसे युक्त हैं, उत्पन्न होते हैं ॥ ३ ॥

संक्षेपतः परविद्याविषयमक्षरं निर्विशेषं पुरुषं सत्यं दिव्यो ह्यमूर्त इत्यादिना मन्त्रेणोक्त्वा पुनस्तदेव सविशेषं विस्तरेण वक्तव्यमिति प्रववृते; संक्षेपविस्तरोक्तो हि पदार्थः सुखाधिगम्यो भवति सूत्रभाष्योक्तिवदिति। योऽपि प्रथमजात्प्राणाद्धिरण्यगर्भा-ज्जायतेऽण्डस्यान्तर्विराट् स तत्त्वान्तरितत्वेन लक्ष्यमाणोऽप्येतस्मा-देव पुरुषाज्जायत एतन्मयश्चेत्ये-तदर्थमाह। तं च विशिनष्टि—

परविद्याके विषयभूत निर्विशेष सत्य पुरुषका 'दिव्यो ह्यमूर्तः' इत्यादि मन्त्रसे संक्षेपतः वर्णन कर अब उसी तत्त्वका सविशेषरूपसे विस्तारपूर्वक वर्णन करना है—इसीके लिये यह श्रुति प्रवृत्त होती है; क्योंकि सूत्र और उसके भाष्यके समान [पहले] संक्षेपमें और [फिर] विस्तारपूर्वक कहा हुआ पदार्थ सुगमतासे समझमें आ जाता है। जो ब्रह्माण्डान्तर्वर्ती विराट् प्रथम उत्पन्न हुए प्राण यानी हिरण्यगर्भसे उत्पन्न होता है वह अन्य तत्त्वरूपसे लक्षित कराया जानेपर भी इस पुरुषसे ही उत्पन्न होता है और पुरुषरूप ही है—यही बात यह मन्त्र बतलाता है और उसके विशेषणोंका उल्लेख करता है—

सर्वभूतान्तरात्मा ब्रह्मका विश्वरूप

अग्निर्मूर्धा चक्षुषी चन्द्रसूर्यौ
दिशः श्रोत्रे वाग्विवृताश्च वेदाः।
वायुः प्राणो हृदयं विश्वमस्य
पद्भ्यां पृथिवी ह्येष सर्वभूतान्तरात्मा ॥ ४ ॥

अग्नि (द्युलोक) जिसका मस्तक है, चन्द्रमा और सूर्य नेत्र हैं, दिशाएँ कर्ण हैं, प्रसिद्ध वेद वाणी हैं, वायु प्राण है, सारा विश्व जिसका हृदय है और जिसके चरणोंसे पृथिवी प्रकट हुई है वह देव सम्पूर्ण भूतोंका अन्तरात्मा है ॥ ४ ॥

अग्निर्द्युलोकः "असौ वाव लोको गौतमाग्निः" (छा० उ० ५।४।१) इति श्रुतेः, मूर्धा यस्योत्तमाङ्गं शिरः। चक्षुषी चन्द्रश्च सूर्यश्चेति चन्द्रसूर्यौ यस्येति सर्वत्रानुषङ्गः कर्तव्यः, अस्येत्यस्य पदस्य वक्ष्यमाणस्य यस्येति विपरिणामं कृत्वा। दिशः श्रोत्रे यस्य। वाग्विवृता उद्घाटिताः प्रसिद्धा वेदा यस्य। वायुः प्राणो यस्य। हृदयमन्तःकरणं विश्वं समस्तं जगदस्य यस्येत्येतत्। सर्वं ह्यन्तःकरणविकारमेव जगन्मनस्येव सुषुप्ते प्रलयदर्शनात्। जागरितेऽपि तत एवाग्निविस्फुलिङ्ग-वद्विप्रतिष्ठानात्। यस्य च पद्भ्यां जाता पृथिवी। एष देवो विष्णुरनन्तः प्रथमशरीरी त्रैलोक्यदेहोपाधिः सर्वेषां भूतानामन्तरात्मा॥ ४॥

अग्नि अर्थात् "हे गौतम! यह [स्वर्ग] लोक ही अग्नि है" इस श्रुतिके अनुसार द्युलोक ही जिसका मूर्धा—उत्तमांग यानी सिर है, चन्द्र-सूर्य यानी चन्द्रमा और सूर्य ही नेत्र हैं। इस मन्त्रमें आगे कहे हुए 'अस्य' पदको 'यस्य' में परिणत कर उसकी सर्वत्र अनुवृत्ति करनी चाहिये। दिशाएँ जिसके कर्ण हैं, विवृत—उद्घाटित यानी प्रसिद्ध वेद जिसकी वाणी हैं, वायु जिसका प्राण है, विश्व—समस्त जगत् जिसका हृदय—अन्तःकरण है; सम्पूर्ण जगत् अन्तःकरणका ही विकार है, क्योंकि सुषुप्तिमें मनहीमें उसका प्रलय होता देखा जाता है और जाग्रत्- अवस्थामें अग्निसे स्फुलिंगके समान उसे उसीसे निकलकर स्थित होता देखते हैं तथा जिसके चरणोंसे पृथिवी उत्पन्न हुई है यह त्रैलोक्य-देहोपाधिक प्रथम शरीरी अनन्त देव विष्णु ही समस्त भूतोंका अन्तरात्मा है॥ ४॥

स हि सर्वभूतेषु द्रष्टा श्रोता मन्ता विज्ञाता सर्वकारणात्मा पञ्चाग्निद्वारेण च याः संसरन्ति प्रजास्ता अपि तस्मादेव पुरुषात्प्रजायन्त इत्युच्यते—

सबका कारणरूप वह परमात्मा ही समस्त प्राणियोंमें द्रष्टा, श्रोता, मन्ता और विज्ञाता है तथा पंचाग्निके द्वारा* जो प्रजाएँ जन्म-मृत्युरूप संसारको प्राप्त होती हैं वे भी उस पुरुषसे ही उत्पन्न होती हैं—यह बात अगले मन्त्रसे बतलायी जाती है—

* स्वर्ग, मेघ, पृथिवी, पुरुष और स्त्री—इन पाँचोंका छान्दोग्योपनिषद्के पंचम प्रपाठकके तृतीय खण्डमें पंचाग्निरूपसे वर्णन किया है।

अक्षर पुरुषसे चराचरकी उत्पत्तिका क्रम

तस्मादग्निः समिधो यस्य सूर्यः
सोमात्पर्जन्य ओषधयः पृथिव्याम्।
पुमान्रेतः सिञ्चति योषितायां
बह्वीः प्रजाः पुरुषात्सम्प्रसूताः ॥ ५ ॥

उस पुरुषसे ही, सूर्य जिसका समिधा है वह अग्नि उत्पन्न हुआ है। [उस द्युलोकरूप अग्निसे निष्पन्न हुए] सोमसे मेघ और [मेघसे] पृथिवीतलमें ओषधियाँ उत्पन्न होती हैं। पुरुष स्त्रीमें [ओषधियोंसे उत्पन्न हुआ] वीर्य सींचता है; इस प्रकार पुरुषसे ही यह बहुत-सी प्रजा उत्पन्न हुई है॥ ५॥

तस्मात्परस्मात्पुरुषात्प्रजावस्थान-विशेषरूपोऽग्निः। स विशेष्यते; समिधो यस्य सूर्यः समिध इव समिधः। सूर्येण हि द्युलोकः समिध्यते। ततो हि द्युलोकान्निष्पन्नात् सोमात्पर्जन्यो द्वितीयोऽग्निः सम्भवति। तस्माच्च पर्जन्याद् ओषधयः पृथिव्यां सम्भवन्ति। ओषधिभ्यः पुरुषाग्नौ हुताभ्य उपादानभूताभ्यः। पुमानग्नी रेतः सिञ्चति योषितायां योषिति योषाग्नौ स्त्रियामिति। एवं क्रमेण बह्वीर्बह्व्यः प्रजा ब्राह्मणाद्याः पुरुषा-त्परस्मात्सम्प्रसूताः समुत्पन्नाः ॥ ५ ॥

उस परम पुरुषसे प्रजाका अवस्थानविशेषरूप अग्नि उत्पन्न हुआ। उसकी विशेषता बतलाते हैं—सूर्य जिसका समिधा (इन्धन) है— [अग्निहोत्रके] समिधाके समान ही समिधा है, क्योंकि सूर्यसे ही द्युलोक समिद्ध (प्रदीप्त) होता है। उस द्युलोकरूप अग्निसे निष्पन्न हुए सोमसे [पंचाग्नियोंमें] दूसरा अग्नि मेघ उत्पन्न होता है। फिर उस मेघसे पृथिवीतलमें ओषधियाँ उत्पन्न होती हैं। पुरुषरूप अग्निमें हवन की हुई वीर्यकी कारणरूप ओषधियोंसे [वीर्य होता है]। उस वीर्यको पुरुषरूप अग्नि योषित्—योषिद्रूप अग्नि यानी स्त्रीमें सींचता है। इस क्रमसे यह ब्राह्मणादिरूप बहुत-सी प्रजा परम पुरुषसे ही उत्पन्न हुई है॥ ५॥

कर्म और उनके साधन भी पुरुषप्रसूत ही हैं

किं च कर्मसाधनानि फलानि च तस्मादेवेत्याह; कथम्?

यही नहीं, कर्मके साधन और फल भी उसीसे उत्पन्न हुए हैं, ऐसा श्रुति कहती है—सो किस प्रकार?

तस्मादृचः साम यजूंषि दीक्षा
यज्ञाश्च सर्वे क्रतवो दक्षिणाश्च।
संवत्सरश्च यजमानश्च लोकाः
सोमो यत्र पवते यत्र सूर्यः॥ ६॥

उस पुरुषसे ही ऋचाएँ, साम, यजुः, दीक्षा, सम्पूर्ण यज्ञ, क्रतु, दक्षिणा, संवत्सर, यजमान, लोक और जहाँतक चन्द्रमा पवित्र करता है तथा सूर्य तपता है वे लोक उत्पन्न हुए हैं॥ ६॥

तस्मात्पुरुषादृचो नियताक्षरपादावसाना गायत्र्यादिच्छन्दोविशिष्टा मन्त्राः। साम पाञ्चभक्तिकं च साप्तभक्तिकं च स्तोभादिगीतविशिष्टम्। यजूंषि अनियताक्षरपादावसानानि वाक्यरूपाण्येवं त्रिविधा मन्त्राः। दीक्षा मौञ्ज्यादिलक्षणा कर्तृनियमविशेषाः। यज्ञाश्च सर्वेऽग्निहोत्रादयः। क्रतवः सयूपाः दक्षिणाश्चैकगवाद्य-

उस पुरुषसे ही ऋचाएँ—जिनके पाद नियत अक्षरोंमें समाप्त होनेवाले हैं वे गायत्री आदि छन्दोंवाले मन्त्र, साम—पांचभक्तिक अथवा साप्तभक्तिक स्तोभादि* गानविशिष्ट मन्त्र तथा यजुः—जिनके पादोंका अन्त नियमित अक्षरोंमें नहीं होता ऐसे वाक्यरूप मन्त्र—इस प्रकार ये तीनों प्रकारके मन्त्र [उत्पन्न हुए हैं तथा उसीसे] दीक्षा—मौंजी-बन्धन आदि यज्ञकर्ताके नियमविशेष, अग्निहोत्रादि सम्पूर्ण यज्ञ, क्रतु—यूपसहित यज्ञ, दक्षिणा—एक गौसे लेकर अपने

* जिस मन्त्रमें हिंकार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार और निधन—ये पाँच अवयव रहते हैं उसे 'पांचभक्तिक' और जिसमें उपद्रव तथा स्तोभ आदि—ये दो अवयव और होते हैं उसे 'साप्तभक्तिक' कहते हैं। 'हुं फट्' आदि अर्थशून्य वर्णोंका नाम 'स्तोभ' है।

परिमितसर्वस्वान्ताः। संवत्सरश्च कालः कर्माङ्गः। यजमानश्च कर्ता। लोकास्तस्य कर्मफलभूतास्ते विशेष्यन्ते; सोमो यत्र येषु लोकेषु पवते पुनाति लोकान्यत्र येषु सूर्यस्तपति च ते च दक्षिणायनोत्तरायणमार्गद्वयगम्या विद्वदविद्वत्कर्तृफलभूताः॥ ६॥

अपरिमित सर्वस्वदानपर्यन्त, संवत्सर—कर्मका अंगभूत काल, यजमान—यज्ञकर्ता तथा उसके कर्मके फलस्वरूप लोक उत्पन्न हुए हैं। उन लोकोंकी विशेषताएँ बतलाते हैं—जिन लोकोंमें चन्द्रमा लोकोंको पवित्र करता है और जिनमें सूर्य तपता रहता है वे विद्वान् और अविद्वान् कर्ताके कर्मफलभूत दक्षिणायन-उत्तरायण इन दो मार्गसे प्राप्त होनेवाले लोक उत्पन्न होते हैं॥ ६॥

तस्माच्च देवा बहुधा सम्प्रसूताः
साध्या मनुष्याः पशवो वयांसि।
प्राणापानौ व्रीहियवौ तपश्च
श्रद्धा सत्यं ब्रह्मचर्यं विधिश्च॥ ७॥

उससे ही [कर्मके अंगभूत] बहुत-से देवता उत्पन्न हुए तथा साध्यगण, मनुष्य, पशु, पक्षी, प्राण-अपान, व्रीहि, यव, तप, श्रद्धा, सत्य, ब्रह्मचर्य और विधि [ये सब भी उसीसे उत्पन्न हुए हैं]॥ ७॥

तस्माच्च पुरुषात्कर्माङ्गभूता देवा बहुधा वस्वादिगणभेदेन सम्प्रसूताः सम्यक्प्रसूताः। साध्या देवविशेषाः। मनुष्याः कर्माधिकृताः। पशवो ग्राम्यारण्याः। वयांसि पक्षिणः। जीवनं च मनुष्यादीनां प्राणापानौ व्रीहियवौ हविरर्थौ। तपश्च कर्माङ्गं पुरुषसंस्कारलक्षणं स्वतन्त्रं च फलसाधनम्।

उस पुरुषसे ही वसु आदि गणके भेदसे कर्मके अंगभूत बहुत-से देवता उत्पन्न हुए हैं तथा साध्यगण देवताओंकी जाति-विशेष, कर्मके अधिकारी मनुष्य, गाँव और जंगलमें रहनेवाले पशु, वयस्—पक्षी, मनुष्यके जीवनरूप प्राण-अपान (श्वासोच्छ्वास) हविके लिये व्रीहि और यव, पुरुषका संस्कार करनेवाला तथा स्वतन्त्रतासे फल देनेवाला कर्मका

श्रद्धा यत्पूर्वकः सर्वपुरुषार्थसाधन-प्रयोगश्चित्तप्रसाद आस्तिक्यबुद्धिस्तथा सत्यमनृतवर्जनं यथाभूतार्थवचनं चापीडाकरम्। ब्रह्मचर्यं मैथुनासमाचारः। विधिश्चेतिकर्तव्यता॥ ७॥

अंगभूत तप, श्रद्धा—जिसके कारण सम्पूर्ण पुरुषार्थसाधनोंका प्रयोग, चित्त-प्रसाद और आस्तिक्यबुद्धि होती है तथा सत्य—मिथ्याका त्याग एवं यथार्थ और किसीको पीड़ा न देनेवाला वचन, ब्रह्मचर्य—मैथुन न करना और ऐसा करना चाहिये—इस प्रकारकी विधि [ये सब भी उस पुरुषसे ही उत्पन्न हुए हैं]॥ ७॥

इन्द्रिय, विषय और इन्द्रिय-स्थानादि भी ब्रह्मजनित ही हैं

किं च—

तथा—

सप्त प्राणाः प्रभवन्ति तस्मात्
सप्तार्चिषः समिधः सप्त होमाः।
सप्त इमे लोका येषु चरन्ति प्राणा
गुहाशया निहिताः सप्त सप्त॥ ८॥

उस पुरुषसे ही सात प्राण (मस्तकस्थ सात इन्द्रियाँ) उत्पन्न हुए हैं। उसीसे उनकी सात दीप्तियाँ, सात समिधा (विषय), सात होम (विषयज्ञान) और जिनमें वे संचार करते हैं वे सात स्थान प्रकट हुए हैं। [इस प्रकार] प्रति देहमें स्थापित ये सात-सात पदार्थ [उस पुरुषसे ही हुए हैं]॥ ८॥

सप्त शीर्षण्याः प्राणास्तस्मादेव पुरुषात्प्रभवन्ति। तेषां च सप्तार्चिषो दीप्तयः स्वविषयावद्योतनानि। तथा सप्त समिधः सप्त विषयाः, विषयैर्हि समिध्यन्ते प्राणाः। सप्त होमास्तद्विषयविज्ञानानि

[दो नेत्र, दो श्रवण, दो घ्राण और एक रसना—ये] सात मस्तकस्थ प्राण उसी पुरुषसे उत्पन्न होते हैं। तथा अपने-अपने विषयोंको प्रकाशित करनेवाली उनकी सात दीप्तियाँ, सात समिध—उनके सात विषय, क्योंकि प्राण (इन्द्रियवर्ग) अपने विषयोंसे ही समिद्ध (प्रदीप्त) हुआ करते हैं। सात होम अर्थात् अपने विषयोंके विज्ञान, जैसा कि

''यदस्य विज्ञानं तज्जुहोति'' (महानारा० २५ । १) इति श्रुत्यन्तरात्।

किं च सप्तेमे लोका इन्द्रियस्थानानि येषु चरन्ति सञ्चरन्ति प्राणाः। प्राणा येषु चरन्तीति प्राणानां विशेषणमिदं प्राणापानादिनिवृत्त्यर्थम्। गुहायां शरीरे हृदये वा स्वापकाले शेरत इति गुहाशयाः, निहिताः स्थापिता धात्रा सप्त सप्त प्रतिप्राणिभेदम्।

यानि चात्मयाजिनां विदुषां कर्माणि कर्मफलानि चाविदुषां च कर्माणि तत्साधनानि कर्मफलानि च सर्वं चैतत्परस्मादेव पुरुषात्सर्वज्ञात्प्रसूतमिति प्रकरणार्थः ॥ ८ ॥

''इसका जो विज्ञान है उसीको हवन करता है'' इस अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है, [ये सब इस पुरुषसे ही प्रकट हुए हैं]।

तथा ये सात लोक—इन्द्रिय-स्थान, जिनमें कि ये प्राण संचार करते हैं। 'जिनमें प्राण संचार करते हैं' यह प्राणोंका विशेषण [उनके प्रसिद्ध अर्थ] प्राणापानादिकी आशंका निवृत्त करनेके लिये है। जो सुषुप्ति-अवस्थामें गुहा—शरीर अथवा हृदयमें शयन करते हैं वे गुहाशय तथा विधाताद्वारा प्रत्येक प्राणीमें निहित—स्थापित ये सात-सात पदार्थ [इस पुरुषसे ही उत्पन्न हुए हैं]।

इस प्रकार जो भी आत्मयाजी विद्वानोंके कर्म और कर्मफल तथा अज्ञानियोंके कर्म, कर्मफल और उनके साधन हैं वे सब उस परम पुरुषसे ही उत्पन्न हुए हैं—यह इस प्रकरणका अर्थ है ॥ ८ ॥

पर्वत, नदी और ओषधि आदिका ब्रह्मजन्यत्व

अतः समुद्रा गिरयश्च सर्वे-
ऽस्मात्स्यन्दन्ते सिन्धवः सर्वरूपाः।
अतश्च सर्वा ओषधयो रसश्च
येनैष भूतैस्तिष्ठते ह्यन्तरात्मा ॥ ९ ॥

इसीसे समस्त समुद्र और पर्वत उत्पन्न हुए हैं; इसीसे अनेक रूपोंवाली नदियाँ बहती हैं; इसीसे सम्पूर्ण ओषधियाँ और रस प्रकट हुए हैं, जिस (रस)-से भूतोंसे परिवेष्टित हुआ यह अन्तरात्मा स्थित होता है ॥ ९ ॥

अतः पुरुषात्समुद्राः सर्वे क्षाराद्याः गिरयश्च हिमवदादयोऽस्मादेव पुरुषात्सर्वे। स्यन्दन्ते स्रवन्ति गङ्गाद्याः सिन्धवो नद्यः सर्वरूपा बहुरूपा अस्मादेव पुरुषात् सर्वा ओषधयो व्रीहियवाद्याः। रसश्च मधुरादिः षड्विधो येन रसेन भूतैः पञ्चभिः स्थूलैः परिवेष्टितस्तिष्ठते तिष्ठति ह्यन्तरात्मा लिङ्गं सूक्ष्म शरीरम्। तद्ध्यन्तराले शरीरस्यात्मनश्चात्मवद्वर्तत इत्यन्तरात्मा॥ ९॥

इस पुरुषसे ही क्षारादि सात समुद्र और इसीसे हिमालय आदि समस्त पर्वत उत्पन्न हुए हैं। गंगा आदि अनेक रूपोंवाली नदियाँ भी इसीसे प्रवाहित होती हैं। इसी पुरुषसे व्रीहि, यव आदि सम्पूर्ण ओषधियाँ तथा मधुरादि छः प्रकारका रस उत्पन्न हुआ है, जिस रससे कि पाँच स्थूल भूतोंद्वारा परिवेष्टित हुआ अन्तरात्मा—लिंगदेह यानी सूक्ष्म शरीर स्थित रहता है। यह शरीर और आत्माके मध्यमें आत्माके समान स्थित है, इसलिये अन्तरात्मा कहलाता है॥ ९॥

ब्रह्म और जगत्का अभेद तथा ब्रह्मज्ञानसे अविद्याग्रन्थिका नाश

एवं पुरुषात्सर्वमिदं सम्प्रसूतम्। अतो वाचारम्भणं विकारो नामधेयमनृतं पुरुष इत्येव सत्यम्। अतः—

इस प्रकार यह सब पुरुषसे ही उत्पन्न हुआ है; अतः विकार वाणीका आरम्भ और नाममात्रके लिये तथा मिथ्या ही है, केवल पुरुष ही सत्य है। इसलिये—

पुरुष एवेदं विश्वं कर्म तपो ब्रह्म परामृतम्। एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रन्थिं विकिरतीह सोम्य॥ १०॥

यह सारा जगत्, कर्म और तप (ज्ञान) पुरुष ही है। वह पर और अमृतरूप ब्रह्म है। उसे जो सम्पूर्ण प्राणियोंके अन्तःकरणमें स्थित जानता है, हे सोम्य! वह इस लोकमें अविद्याकी ग्रन्थिका छेदन कर देता है॥ १०॥

पुरुष एवेदं विश्वं सर्वम्। न विश्वं नाम पुरुषादन्यत्किञ्चिदस्ति। अतो यदुक्तं तदेवेदम् अभिहितं 'कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं

पुरुष ही यह विश्व—सारा जगत् है; पुरुषसे भिन्न 'विश्व' कोई वस्तु नहीं है। अतः 'हे भगवन्! किसको जान लेनेपर यह सब कुछ जान लिया जाता है?'

भवतीति'। एतस्मिन्हि परस्मिन्नात्मनि सर्वकारणे पुरुषे विज्ञाते पुरुष एवेदं विश्वं नान्यदस्तीति विज्ञातं भवतीति।

ऐसा जो प्रश्न किया गया था उसीका यहाँ उत्तर दिया गया है कि 'सबके कारणस्वरूप इस परमात्माको जान लेनेपर ही यह ज्ञान हो जाता है कि यह विश्व पुरुष ही है; उससे भिन्न नहीं है।'

किं पुनरिदं विश्वमित्युच्यते। कर्माग्निहोत्रादिलक्षणम्। तपो ज्ञानं तत्कृतं फलमन्यदेतावद्धीदं सर्वम्। तच्चैतद्ब्रह्मणः कार्यम्। तस्मात्सर्वं ब्रह्म परामृतं परममृतम् अहमेवेति यो वेद निहितं स्थितं गुहायां हृदि सर्वप्राणिनां स एवं विज्ञानादविद्याग्रन्थिं ग्रन्थिमिव दृढीभूतामविद्यावासनां विकिरति विक्षिपति नाशयतीह जीवन्नेव न मृतः सन् हे सोम्य प्रियदर्शन॥ १०॥

किन्तु यह विश्व है क्या? ऐसा प्रश्न होनेपर कहते हैं—अग्निहोत्रादिरूप कर्म, तप यानी ज्ञान, उसका फल तथा इसी प्रकारका यह और सब भी [विश्व कहलाता है]। यह सब ब्रह्मका ही कार्य है। इसलिये यह सब पर अमृत ब्रह्म है और परामृत ब्रह्म मैं ही हूँ—ऐसा जो पुरुष सम्पूर्ण प्राणियोंके हृदयमें स्थित उस ब्रह्मको जानता है। हे सोम्य—हे प्रियदर्शन! वह अपने ऐसे विज्ञानसे अविद्याग्रन्थिको यानी ग्रन्थि (गाँठ)-के समान दृढ़ हुई अविद्याकी वासनाको इस लोकमें जीवित रहते ही काट डालता है—मरकर नहीं॥ १०॥

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये द्वितीयमुण्डके प्रथमः खण्डः॥ १॥

द्वितीय खण्ड

ब्रह्मका स्वरूपनिर्देश तथा उसे जाननेके लिये आदेश

अरूपं सदक्षरं केन प्रकारेण विज्ञेयमित्युच्यते—

रूपहीन होनेपर भी उस अक्षरको किस प्रकार जानना चाहिये—यह बतलाया जाता है—

आविः संनिहितं गुहाचरं नाम महत्पदमत्रैतत्समर्पितम्। एजत्प्राणन्निमिषच्च यदेतज्जानथ सदसद्वरेण्यं परं विज्ञानाद्यद्वरिष्ठं प्रजानाम्॥ १॥

यह ब्रह्म प्रकाशस्वरूप सबके हृदयमें स्थित, गुहाचर नामवाला और महत्पद है। इसीमें चलनेवाले, प्राणन करनेवाले और निमेषोन्मेष करनेवाले ये सब समर्पित हैं। तुम इसे सदसद्रूप, प्रार्थनीय, प्रजाओंके विज्ञानसे परे और सर्वोत्कृष्ट जानो॥ १॥

आविः प्रकाशं संनिहितं वागाद्युपाधिभिर्ज्वलति भ्राजतीति श्रुत्यन्तराच्छब्दादीनुपलभमान-वदवभासते। दर्शनश्रवणमनन-विज्ञानाद्युपाधिधर्मैराविर्भूतं सल्लक्ष्यते हृदि सर्वप्राणिनाम्। यदेतदाविर्ब्रह्म संनिहितं सम्यक् स्थितं हृदि तद्गुहाचरं नाम। गुहायां चरतीति दर्शनश्रवणादिप्रकारैर्गुहा-चरमिति प्रख्यातम्।

आविः— प्रकाशस्वरूप, संनिहित— समीपस्थित; वागादि उपाधियोंद्वारा प्रज्वलित होता है, प्रकाशित होता है—ऐसी एक अन्य श्रुतिके अनुसार वह शब्दादि विषयोंको उपलब्ध करता-सा जान पड़ता है अर्थात् सम्पूर्ण प्राणियोंके हृदयमें दर्शन, श्रवण, मनन और विज्ञान आदि उपाधिके धर्मोंसे आविर्भूत हुआ दिखायी देता है [अतः संनिहित है]। इस प्रकार जो प्रकाशमान ब्रह्म हृदयमें संनिहित—सम्यक् स्थित है वह गुहाचर—दर्शन-श्रवणादि प्रकारोंसे गुहा (बुद्धि)-में संचार करता है इसलिये गुहाचर नामसे विख्यात है।

महत्सर्वमहत्त्वात्। पदं पद्यते सर्वेणेति सर्वपदार्थास्पदत्वात्।

कथं तन्महत्पदमित्युच्यते। यतोऽत्रास्मिन्ब्रह्मण्येतत्सर्वं समर्पितं प्रवेशितं रथनाभाविवाराः। एजच्चलत्पक्ष्यादि, प्राणत्प्राणितीति प्राणापानादिमन्मनुष्यपश्वादि, निमिषच्च यन्निमेषादिक्रियावद्यच्चानिमिषच्चशब्दात्समस्तमेतदत्रैव ब्रह्मणि समर्पितम्।

एतद्यदास्पदं सर्वं जानथ हे शिष्या अवगच्छथ तदात्मभूतं भवतां सदसत्स्वरूपम्। सदसतोर्मूर्तामूर्तयोः स्थूलसूक्ष्मयोस्तद्व्यतिरेकेणाभावात् । वरेण्यं वरणीयं तदेव हि सर्वस्य नित्यत्वात्प्रार्थनीयम्। परं व्यतिरिक्तं विज्ञानात्प्रजानामिति व्यवहितेन सम्बन्धः यल्लौकिकविज्ञानागोचरमित्यर्थः। यद्वरिष्ठं वरतमं सर्वपदार्थेषु वरेषु तद्ध्येकं ब्रह्मातिशयेन वरं सर्वदोषरहितत्वात्॥ १॥

[वही महत्पद है] सबसे बड़ा होनेके कारण वह 'महत्' है और सबसे प्राप्त किया जाता है अथवा सारे पदार्थोंका आश्रय है, इसलिये 'पद' है।

वह 'महत्पद' किस प्रकार है? सो बतलाते हैं—क्योंकि इस ब्रह्ममें ही, रथकी नाभिमें अरोंके समान यह सब कुछ समर्पित अर्थात् भली प्रकार प्रवेशित है। एजत्—चलने-फिरनेवाले पक्षी आदि, प्राणत्—जो प्राणन करते हैं वे प्राणापानादिमान् मनुष्य और पशु आदि, निमिषत् च—जो निमेषादि क्रियावाले और च शब्दके सामर्थ्यसे जो निमेष नहीं करनेवाले हैं वे भी इस प्रकार ये सब इस ब्रह्ममें ही समर्पित हैं।

हे शिष्यगण! ये सब जिस [ब्रह्मरूप] आश्रयवाले हैं उसे तुम जानो—समझो; वह सदसत्स्वरूप तुम्हारा आत्मा है, क्योंकि उससे भिन्न कोई सत् या असत्—मूर्त या अमूर्त अर्थात् स्थूल या सूक्ष्म है ही नहीं। और वही नित्य होनेके कारण सबका वरेण्य—वरणीय—प्रार्थनीय है तथा प्रजाओंके विज्ञानसे परे यानी व्यतिरिक्त है—इस प्रकार इस [पर शब्द]-का व्यवधानयुक्त [प्रजानाम्] पदसे सम्बन्ध है। तात्पर्य यह कि जो लौकिक विज्ञानका अविषय है और वरिष्ठ यानी सम्पूर्ण श्रेष्ठ पदार्थोंमें श्रेष्ठतम है, क्योंकि सम्पूर्ण दोषोंसे रहित होनेके कारण एक वह ब्रह्म ही अत्यन्त श्रेष्ठ है॥ १॥

ब्रह्ममें मनोनिवेश करनेका विधान

किं च— | तथा—

यदर्चिमद्यदणुभ्योऽणु च यस्मिँल्लोका निहिता लोकिनश्च। तदेतदक्षरं ब्रह्म स प्राणस्तदु वाङ्मनः। तदेतत्सत्यं तदमृतं तद्वेद्धव्यं सोम्य विद्धि॥ २॥

जो दीप्तिमान् और अणुसे भी अणु है तथा जिसमें सम्पूर्ण लोक और उनके निवासी स्थित हैं वही यह अक्षर ब्रह्म है, वही प्राण है तथा वही वाक् और मन है। वही यह सत्य और अमृत है। हे सोम्य! उसका [मनोनिवेशद्वारा] वेधन करना चाहिये; तू उसका वेधन कर॥ २॥

यदर्चिमद्दीप्तिमत्, दीप्त्या ह्यादित्यादि दीप्यत इति दीप्तिमद्ब्रह्म। किं च यदणुभ्यः श्यामाकादिभ्योऽप्यणु च सूक्ष्मम्। च शब्दात्स्थूलेभ्योऽप्यतिशयेन स्थूलं पृथिव्यादिभ्यः। यस्मिँल्लोका भूरादयो निहिताः स्थिताः, ये च लोकिनो लोकनिवासिनो मनुष्यादयश्चैतन्याश्रया हि सर्वे प्रसिद्धाः। तदेतत्सर्वाश्रयमक्षरं ब्रह्म स प्राणस्तदु वाङ्मनो वाक्च मनश्च सर्वाणि च करणानि तदन्तश्चैतन्यं चैतन्याश्रयो हि प्राणेन्द्रियादिसर्वसंघातः "प्राणस्य प्राणम्" (बृ० उ० ४।४।१८) इति श्रुत्यन्तरात्।

जो अर्चिमत् यानी दीप्तिमान् है; ब्रह्मकी दीप्तिसे ही सूर्य आदि देदीप्यमान होते हैं, इसलिये ब्रह्म दीप्तिमान् है। और जो श्यामाक आदि अणुओंसे भी अणु—सूक्ष्म है। 'च' शब्दसे यह समझना चाहिये कि जो पृथिवी आदि स्थूल पदार्थोंसे भी अत्यन्त स्थूल है। जिसमें भूर्लोक आदि सम्पूर्ण लोक तथा उन लोकोंके निवासी मनुष्यादि स्थित हैं, क्योंकि सारे पदार्थ चैतन्यके ही आश्रित प्रसिद्ध हैं, वही सबका आश्रयभूत यह अक्षर ब्रह्म है, वही प्राण है तथा वही वाणी और मन आदि समस्त इन्द्रियवर्ग है; उन सभीमें चैतन्य ओतप्रोत है, क्योंकि प्राण और इन्द्रिय आदिका सारा संघात चैतन्यके ही आश्रित है, जैसा कि "वह प्राणका प्राण है" इत्यादि एक अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है।

यत्प्राणादीनामन्तश्चैतन्यमक्षरं तदेतत्सत्यमवितथमतोऽमृतमविनाशि तद्वेद्धव्यं मनसा ताडयितव्यम्। तस्मिन्मनःसमाधानं कर्तव्यमित्यर्थः। यस्मादेवं हे सोम्य विद्ध्यक्षरे चेतः समाधत्स्व॥ २॥

[इस प्रकार] प्राणादिके भीतर रहनेवाला जो अक्षर चैतन्य है वही यह सत्य यानी अवितथ है; अतः वह अमृत—अविनाशी है। उसका वेधन यानी मनसे ताडन करना चाहिये। अर्थात् उसमें मनको समाहित करना चाहिये। हे सोम्य! क्योंकि ऐसी बात है, इसलिये तू वेधन कर यानी अपने चित्तको उस अक्षरमें लगा दे॥ २॥

ब्रह्मवेधनकी विधि

कथं वेद्धव्यमित्युच्यते—

उसका किस प्रकार वेधन करना चाहिये, सो बतलाया जाता है—

धनुर्गृहीत्वौपनिषदं महास्त्रं
शरं ह्युपासानिशितं सन्धयीत।
आयम्य तद्भावगतेन चेतसा
लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य विद्धि॥ ३॥

हे सोम्य! उपनिषद्वेद्य महान् अस्त्ररूप धनुष लेकर उसपर उपासनाद्वारा तीक्ष्ण किया हुआ बाण चढ़ा; और फिर उसे खींचकर ब्रह्मभावानुगत चित्तसे उस अक्षररूप लक्ष्यका ही वेधन कर॥ ३॥

धनुरिष्वासनं गृहीत्वादायौपनिषदमुपनिषत्सु भवं प्रसिद्धं महास्त्रं महच्च तदस्त्रं च महास्त्रं धनुस्तस्मिञ्शरम्; किं विशिष्टम् इत्याह—उपासानिशितं सन्तताभिध्यानेन तनूकृतं संस्कृतमित्येतत्, सन्धयीत सन्धानं कुर्यात्।

औपनिषद—उपनिषदोंमें वर्णित यानी उपनिषत्प्रसिद्ध महास्त्र—महान् अस्त्ररूप धनुष—शरासन लेकर उसपर बाण चढ़ावे—किस प्रकारका बाण चढ़ावे? इसपर कहते हैं—उपासनासे निशित यानी निरन्तर ध्यान करनेसे पैनाया हुआ—संस्कार किया हुआ बाण चढ़ावे।

सन्धाय चायम्याकृष्य सेन्द्रियम् अन्तःकरणं स्वविषयाद्विनिवर्त्य लक्ष्य एवावर्जितं कृत्वेत्यर्थः। न हि हस्तेनेव धनुष आयमनमिह सम्भवति। तद्भावगतेन तस्मिन् ब्रह्मण्यक्षरे लक्ष्ये भावना भावस्तद्गतेन चेतसा लक्ष्यं तदेव यथोक्तलक्षणमक्षरं सोम्य विद्धि॥ ३॥

फिर बाण चढ़ानेके अनन्तर उसे खींचकर अर्थात् इन्द्रियोंके सहित अन्तःकरणको उनके विषयोंसे हटा अपने लक्ष्यमें ही जोड़कर—क्योंकि इस धनुषको हाथसे धनुष चढ़ानेके समान नहीं खींचा जा सकता— तद्भावगत अर्थात् अपने लक्ष्य उस अक्षरब्रह्ममें जो भावना है उस भावमें गये हुए चित्तसे हे सोम्य! ऊपर कहे हुए लक्षणोंवाले अपने उसी लक्ष्य अक्षरब्रह्मका वेधन कर॥ ३॥

वेधनके लिये ग्रहण किये जानेवाले धनुषादिका स्पष्टीकरण

यदुक्तं धनुरादि तदुच्यते—

ऊपर जो धनुष आदि बतलाये गये हैं उनका उल्लेख किया जाता है—

प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयो भवेत्॥ ४॥

प्रणव धनुष है, [सोपाधिक] आत्मा बाण है और ब्रह्म उसका लक्ष्य कहा जाता है। उसका सावधानतापूर्वक वेधन करना चाहिये और बाणके समान तन्मय हो जाना चाहिये॥ ४॥

प्रणव ओङ्कारो धनुः। यथेष्वासनं लक्ष्ये शरस्य प्रवेशकारणं तथात्मशरस्याक्षरे लक्ष्ये प्रवेशकारणमोङ्कारः। प्रणवेन ह्यभ्यस्यमानेन संस्क्रियमाणस्तदालम्बनोऽप्रतिबन्धेनाक्षरे-

प्रणव यानी ओंकार धनुष है। जिस प्रकार शरासन (धनुष) लक्ष्यमें बाणके प्रवेश कर जानेका साधन है उसी प्रकार [सोपाधिक] आत्मारूप बाणके अपने लक्ष्य अक्षरमें प्रवेश करनेका कारण ओंकार है। अभ्यास किये हुए प्रणवके द्वारा ही संस्कृत होकर वह उसके आश्रयसे बिना किसी बाधाके अक्षरब्रह्ममें इस

ऽवतिष्ठते, यथा धनुषास्त इषुर्लक्ष्ये। अतः प्रणवो धनुरिव धनुः। शरो ह्यात्मोपाधिलक्षणः पर एव जले सूर्यादिवदिह प्रविष्टो देहे सर्वबौद्धप्रत्ययसाक्षितया। स शर इव स्वात्मन्येवार्पितोऽक्षरे ब्रह्मण्यतो ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते। लक्ष्य इव मनःसमाधित्सुभिः आत्मभावेन लक्ष्यमाणत्वात्।

तत्रैवं सत्यप्रमत्तेन बाह्यविषयोपलब्धितृष्णाप्रमादवर्जितेन सर्वतो विरक्तेन जितेन्द्रियेणैकाग्रचित्तेन वेद्धव्यं ब्रह्म लक्ष्यम्। ततस्तद्वेधनादूर्ध्वं शरवत्तन्मयो भवेत्। यथा शरस्य लक्ष्यैकात्मत्वं फलं भवति तथा देहाद्यात्मप्रत्ययतिरस्करणेनाक्षरैकात्मत्वं फलमापादयेदित्यर्थः॥ ४॥

प्रकार स्थित होता है, जैसे धनुषसे छोड़ा हुआ बाण अपने लक्ष्यमें। अतः धनुषके समान होनेसे प्रणव ही धनुष है। तथा आत्मा ही बाण है, जो कि जलमें प्रतिबिम्बित हुए सूर्य आदिके समान इस शरीरमें सम्पूर्ण बौद्ध प्रतीतियोंके साक्षीरूपसे प्रविष्ट हो रहा है। वह बाणके समान अपने ही आत्मा (स्वरूपभूत) अक्षरब्रह्ममें अनुप्रविष्ट हो रहा है। इसलिये ब्रह्म उसका लक्ष्य कहा जाता है, क्योंकि मनको समाहित करनेकी इच्छावाले पुरुषोंको वही आत्मभावसे लक्षित होता है।

अतः ऐसा होनेके अनन्तर अप्रमत्त—बाह्य विषयोंकी उपलब्धिकी तृष्णारूप प्रमादसे रहित होकर अर्थात् सब ओरसे विरक्त यानी जितेन्द्रिय होकर एकाग्रचित्तसे ब्रह्मरूप अपने लक्ष्यका वेधन करना चाहिये और फिर उसका वेधन करनेके अनन्तर बाणके समान तन्मय हो जाना चाहिये। तात्पर्य यह कि जिस प्रकार बाणका अपने लक्ष्यसे एकरूप हो जाना ही फल है उसी प्रकार देहादिमें आत्मत्वकी प्रतीतिका तिरस्कार कर उस अक्षरब्रह्मसे एकात्मत्वरूप फल प्राप्त करे॥ ४॥

आत्मसाक्षात्कारके लिये पुनः विधि

अक्षरस्यैव दुर्लक्ष्यत्वात्पुनः पुनर्वचनं सुलक्षणार्थम्—

कठिनतासे लक्षित होनेवाला होनेके कारण उस अक्षरका ही, भली प्रकार लक्ष्य करानेके लिये बार-बार वर्णन किया जाता है—

यस्मिन्द्यौः पृथिवी चान्तरिक्ष-
मोतं मनः सह प्राणैश्च सर्वैः।
तमेवैकं जानथ आत्मानमन्या
वाचो विमुञ्चथामृतस्यैष सेतुः॥ ५॥

जिसमें द्युलोक, पृथिवी, अन्तरिक्ष और सम्पूर्ण प्राणोंके सहित मन ओतप्रोत है उस एक आत्माको ही जानो, और सब बातोंको छोड़ दो यही अमृत (मोक्षप्राप्ति)-का सेतु (साधन) है॥ ५॥

यस्मिन्नक्षरे पुरुषे द्यौः पृथिवी चान्तरिक्षं चोतं समर्पितं मनश्च सह प्राणैः करणैरन्यैः सर्वैस्तमेव सर्वाश्रयमेकमद्वितीयं जानथ जानीत हे शिष्याः। आत्मानं प्रत्यक्स्वरूपं युष्माकं सर्वप्राणिनां च ज्ञात्वा चान्या वाचोऽपरविद्यारूपा विमुञ्चथ विमुञ्चत परित्यजत तत्प्रकाश्यं च सर्वं कर्म ससाधनम्; यतोऽमृतस्यैष सेतुरेतदात्मज्ञानममृतस्यामृतत्वस्य मोक्षस्य प्राप्तये सेतुरिव सेतुः

हे शिष्यगण! जिस अक्षर पुरुषमें द्युलोक, पृथिवी, अन्तरिक्ष और प्राणों यानी अन्य समस्त इन्द्रियोंके सहित मन ओत—समर्पित है उस एक—अद्वितीय आत्माको ही जानो; तथा इस प्रकार आत्माको अपने और समस्त प्राणियोंके प्रत्यक्स्वरूपको जानकर अपरविद्यारूप अन्य वाणीको तथा उससे प्रकाशित होनेवाले समस्त कर्मको उसके साधनसहित छोड़ दो—उसका सब प्रकार त्याग कर दो, क्योंकि यह अमृतका सेतु है—यह आत्मज्ञान संसार-महासागरको पार करनेका साधन होनेके कारण अमृत—अमरत्व यानी मोक्षकी प्राप्तिके लिये [नदीके पार जानेके साधन-भूत]

संसारमहोदधेः उत्तरणहेतुत्वात्तथा च श्रुत्यन्तरं "तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय" (श्वे० उ० ३।८, ६।१५) इति॥५॥

सेतुके समान सेतु है। जैसा कि—"उसीको जानकर पुरुष मृत्युको पार कर जाता है, उसकी प्राप्तिका [इसके सिवा] और कोई मार्ग नहीं है" इत्यादि एक अन्य श्रुति भी कहती है॥५॥

ओंकाररूपसे ब्रह्मचिन्तनकी विधि

किं च—

तथा—

अरा इव रथनाभौ संहता यत्र नाड्यः
स एषोऽन्तश्चरते बहुधा जायमानः।
ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानं
स्वस्ति वः पाराय तमसः परस्तात्॥ ६॥

रथचक्रकी नाभिमें जिस प्रकार अरे लगे होते हैं उसी प्रकार जिसमें सम्पूर्ण नाडियाँ एकत्रित होती हैं उस (हृदय)-के भीतर यह अनेक प्रकारसे उत्पन्न हुआ संचार करता है। उस आत्माका 'ॐ' इस प्रकार ध्यान करो। अज्ञानके उस पार गमन करनेमें तुम्हारा कल्याण हो [अर्थात् तुम्हें किसी प्रकारका विघ्न प्राप्त न हो]॥६॥

अरा इव, यथा रथनाभौ समर्पिता अरा एवं संहताः सम्प्रविष्टा यत्र यस्मिन्दहृदये सर्वतो देहव्यापिन्यो नाड्यस्तस्मिन्हृदये बुद्धिप्रत्ययसाक्षिभूतः स एष प्रकृत आत्मान्तर्मध्ये चरते चरति वर्तते; पश्यञ्शृण्वन्मन्वानो विजानन्बहुधानेकधा

अरोंके समान अर्थात् जिस प्रकार रथकी नाभिमें अरे समर्पित रहते हैं उसी प्रकार शरीरमें सर्वत्र व्याप्त नाडियाँ जिस हृदयमें संहत अर्थात् प्रविष्ट हैं उसके भीतर यह बौद्ध (बुद्धिजनित) प्रतीतियोंका साक्षीभूत और जिसका प्रकरण चल रहा है वह आत्मा देखता, सुनता, मनन करता और जानता हुआ अन्तःकरणरूप उपाधिका अनुकरण करनेवाला होनेसे

क्रोधहर्षादिप्रत्ययैर्जायमान इव जायमानोऽन्तःकरणोपाध्यनुविधायित्वाद्वदन्ति लौकिका हृष्टो जातः क्रुद्धो जात इति। तमात्मानम् ओमित्येवमोङ्कारालम्बनाः सन्तो यथोक्तकल्पनया ध्यायथ चिन्तयत।

उसके हर्ष-क्रोधादि प्रत्ययोंसे मानो [नवीन-नवीनरूपसे] उत्पन्न होता हुआ मध्यमें संचार करता—वर्तमान रहता है। इसीसे लौकिक पुरुष 'वह हर्षित हुआ, वह क्रोधित हुआ' ऐसा कहा करते हैं। उस आत्माको '३ॐ' इस प्रकार अर्थात् उपर्युक्त कल्पनासे ओंकारको आलम्बन बनाकर ध्यान यानी चिन्तन करो।

उक्तं वक्तव्यं च शिष्येभ्य आचार्येण जानता। शिष्याश्च ब्रह्मविद्याविविदिषुत्वान्निवृत्तकर्माणो मोक्षपथे प्रवृत्ताः। तेषां निर्विघ्नतया ब्रह्मप्राप्तिमाशास्त्याचार्यः। स्वस्ति निर्विघ्नमस्तु वो युष्माकं पाराय परकूलाय। परस्तात्कस्मादविद्यातमसः। अविद्यारहितब्रह्मात्मस्वरूपगमनायेत्यर्थः ॥ ६ ॥

विद्वान् आचार्यको शिष्योंसे जो कुछ कहना था वह कह दिया। इससे ब्रह्मविद्याके जिज्ञासु होनेके कारण शिष्यगण भी सब कर्मोंसे उपरत होकर मोक्षमार्गमें जुट गये। अतः आचार्य उन्हें निर्विघ्नतापूर्वक ब्रह्मप्राप्तिका आशीर्वाद देते हैं—'पार अर्थात् पर तीरपर जानेके लिये तुम्हें स्वस्ति—निर्विघ्नता प्राप्त हो।' किसके पार जानेके लिये? अविद्यारूप अन्धकारके पार जानेके लिये अर्थात् अविद्यारहित ब्रह्मात्मस्वरूपकी प्राप्तिके लिये ॥ ६ ॥

अपर ब्रह्मका वर्णन तथा उसके चिन्तनका प्रकार

योऽसौ तमसः परस्तात्संसारमहोदधिं तीर्त्वा गन्तव्यः परविद्याविषय इति स कस्मिन्वर्तत इत्याह—

यह जो अज्ञानान्धकारके परे संसारमहासागरको पार करके जानेयोग्य परविद्याका प्रदेश है वह किसमें वर्तमान है? इसपर कहते हैं—

यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्यैष महिमा भुवि।
दिव्ये ब्रह्मपुरे ह्येष व्योम्न्यात्मा प्रतिष्ठितः॥

मनोमयः प्राणशरीरनेता
प्रतिष्ठितोऽन्ने हृदयं सन्निधाय।
तद्विज्ञानेन परिपश्यन्ति धीरा
आनन्दरूपममृतं यद्विभाति॥ ७॥

जो सर्वज्ञ और सर्ववित् है और जिसकी यह महिमा भूर्लोकमें स्थित है वह यह आत्मा दिव्य ब्रह्मपुर आकाश (हृदयाकाश)-में स्थित है। वह मनोमय तथा प्राण और [सूक्ष्म] शरीरको [एक देहसे दूसरे देहमें] ले जानेवाला पुरुष हृदयको आश्रित कर अन्न (अन्नमय देह)-में स्थित है। उसका विज्ञान (अनुभव) होनेपर ही विवेकी पुरुष, जो आनन्दस्वरूप अमृत ब्रह्म प्रकाशित हो रहा है, उसका सम्यक् साक्षात्कार करते हैं॥ ७॥

यः सर्वज्ञः सर्वविद्व्याख्यातस्तं पुनर्विशिनष्टि; यस्यैष प्रसिद्धो महिमा विभूतिः। कोऽसौ महिमा? यस्येमे द्यावापृथिव्यौ शासने विधृते तिष्ठतः सूर्याचन्द्रमसौ यस्य शासनेऽलातचक्रवदजस्त्रं भ्रमतः। यस्य शासने सरितः सागराश्च स्वगोचरं नातिक्रामन्ति। तथा स्थावरं जङ्गमं च यस्य शासने नियतम्। तथा चर्तवोऽयने अब्दाश्च यस्य शासनं नातिक्रामन्ति। तथा कर्तारः कर्माणि फलं च यच्छासनात्स्वं स्वं कालं

'जो सर्वज्ञ और सर्ववित् है' इसकी व्याख्या पहले (मु० उ० १। १। ९ में) की जा चुकी है। उसीके फिर और विशेषण बतलाते हैं—जिसकी यह प्रसिद्ध महिमा यानी विभूति है; वह महिमा क्या है? ये द्युलोक और पृथिवी जिसके शासनमें धारण किये हुए (यानी स्थिरतापूर्वक) स्थित हैं जिसके शासनमें सूर्य और चन्द्रमा अलातचक्रके समान निरन्तर घूमते रहते हैं, जिसके शासनमें नदियाँ और समुद्र अपने स्थानका अतिक्रमण नहीं करते, इसी प्रकार स्थावर-जंगम जगत् जिसके शासनमें नियमित रहता है; तथा ऋतु, अयन और वर्ष—ये भी जिसके शासनका उल्लंघन नहीं करते एवं कर्ता, कर्म और फल जिसके शासनसे अपने-अपने कालका

नातिवर्तन्ते स एष महिमा भुवि लोके यस्य स एष सर्वज्ञः एवंमहिमा देवो दिव्ये द्योतनवति सर्वबौद्धप्रत्ययकृतद्योतने ब्रह्मपुरे, ब्रह्मणोऽत्र चैतन्यस्वरूपेण नित्याभि-व्यक्तत्वाद्ब्रह्मणः पुरं हृदयपुण्डरीकं तस्मिन्यद्व्योम तस्मिन्व्योम्न्याकाशे हृत्पुण्डरीकमध्यस्थे, प्रतिष्ठित इवोपलभ्यते। न ह्याकाशवत्सर्वगतस्य गतिरागतिः प्रतिष्ठा वान्यथा सम्भवति।

स ह्यात्मा तत्रस्थो मनोवृत्तिभिरेव विभाव्यत इति मनोमयो मन-उपाधित्वात्प्राणशरीरनेता प्राणश्च शरीरं च प्राणशरीरं तस्यायं नेता स्थूलाच्छरीराच्छरीरान्तरं प्रति। प्रतिष्ठितोऽवस्थितोऽन्ने भुज्यमानान्नविपरिणामे प्रतिदिन-मुपचीयमानेऽपचीयमाने च पिण्डरूपान्ने हृदयं बुद्धिं पुण्डरीकच्छिद्रे संनिधाय समवस्थाप्य। हृदयावस्थानमेव ह्यात्मनः स्थितिर्न ह्यात्मनः स्थितिरन्ने।

अतिक्रमण नहीं करते—ऐसी यह महिमा संसारमें जिसकी है वह ऐसी महिमावाला सर्वज्ञ देव दिव्य—द्युतिमान् यानी समस्त बौद्ध (बुद्धिजनित) प्रत्ययोंसे होनेवाले प्रकाशयुक्त ब्रह्मपुरमें—क्योंकि चैतन्यस्वरूपसे इस (हृदयकमलस्थित आकाश)-में ब्रह्मकी सर्वदा अभिव्यक्ति होती है, इसलिये हृदयकमल ब्रह्मपुर है, उसमें जो आकाश है उस हृदयपुण्डरीकान्तर्गत आकाशमें प्रतिष्ठित (स्थित) हुआ-सा उपलब्ध होता है। इसके सिवा आकाशवत् सर्वव्यापक ब्रह्मका जाना-आना अथवा स्थित होना और किसी प्रकार सम्भव नहीं है।

वहाँ (हृदयाकाशमें) स्थित वही आत्मा मनोवृत्तिसे ही अनुभव किया जाता है, इसलिये मनरूप उपाधिवाला होनेसे वह मनोमय है। तथा प्राण-शरीरनेता—प्राण और शरीरका नाम प्राणशरीर है, उसे यह एक स्थूल शरीरसे दूसरे शरीरमें ले जानेवाला है। यह हृदय अर्थात् बुद्धिको उसके पुण्डरीकाकाशमें आश्रित कर अन्न यानी खाये हुए अन्नके परिणामरूप और निरन्तर बढ़ने-घटनेवाले पिण्डरूप अन्न (अन्नमय देह)-में स्थित है, क्योंकि हृदयमें स्थित होना ही आत्माकी स्थिति है, अन्यथा अन्नमें आत्माकी स्थिति नहीं है।

तदात्मतत्त्वं विज्ञानेन विशिष्टेन शास्त्राचार्योपदेशजनितेन ज्ञानेन शमदमध्यानसर्वत्यागवैराग्योद्भूतेन परिपश्यन्ति सर्वतः पूर्णं पश्यन्त्युपलभन्ते धीरा विवेकिन आनन्दरूपं सर्वानर्थ-दुःखायासप्रहीणममृतं यद्विभाति विशेषेण स्वात्मन्येव भाति सर्वदा॥ ७॥

धीर—विवेकी पुरुष शास्त्र और आचार्यके उपदेशसे प्राप्त तथा शम, दम, ध्यान, सर्वत्याग एवं वैराग्यसे उत्पन्न हुए विशेष ज्ञानद्वारा उस आत्मतत्त्वको सर्वत्र परिपूर्ण देखते यानी अनुभव करते हैं, जो आनन्दस्वरूप—सम्पूर्ण अनर्थ, दुःख और आयाससे रहित, सुखस्वरूप एवं अमृतमय सर्वदा अपने अन्तःकरणमें ही विशेषरूपसे भास रहा है॥ ७॥

ब्रह्मसाक्षात्कारका फल

अस्य परमात्मज्ञानस्य फलमिदमभिधीयते—

इस परमात्मज्ञानका यह फल बतलाया जाता है—

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥ ८॥

उस परावर (कारणकार्यरूप) ब्रह्मका साक्षात्कार कर लेनेपर इस जीवकी हृदयग्रन्थि टूट जाती है; सारे संशय नष्ट हो जाते हैं और इसके कर्म क्षीण हो जाते हैं॥ ८॥

भिद्यते हृदयग्रन्थिरविद्या-वासनाप्रचयो बुद्ध्याश्रयः कामः "कामा येऽस्य हृदि श्रिताः" (क० उ० २।३।१४, बृ० उ० ४।४।७) इति श्रुत्यन्तरात्। हृदयाश्रयोऽसौ नात्माश्रयः भिद्यते भेदं विनाशमायाति।

"इसके हृदयमें जो कामनाएँ आश्रित हैं" इत्यादि अन्य श्रुतिके अनुसार 'हृदयग्रन्थि' बुद्धिमें स्थित अविद्यावासनामय कामको कहते हैं। यह हृदयके ही आश्रित रहनेवाली है आत्माके आश्रित नहीं। [उस आत्म-तत्त्वका साक्षात्कार होनेपर यह] भेद अर्थात्

छिद्यन्ते सर्वज्ञेयविषयाः संशया लौकिकानामामरणात्तु गङ्गास्रोतोवत्प्रवृत्ता विच्छेदमायान्ति। अस्य विच्छिन्नसंशयस्य निवृत्ताविद्यस्य यानि विज्ञानोत्पत्तेः प्राक्तनानि जन्मान्तरे चाप्रवृत्तफलानि ज्ञानोत्पत्ति-सहभावीनि च क्षीयन्ते कर्माणि। न त्वेतज्जन्मारम्भकाणि प्रवृत्तफलत्वात्। तस्मिन्सर्वज्ञेऽसंसारिणि परावरे परं च कारणात्मनावरं च कार्यात्मना तस्मिन्परावरे साक्षादहमस्मीति दृष्टे संसार-कारणोच्छेदान्मुच्यत इत्यर्थः॥ ८॥

नाशको प्राप्त हो जाती है। तथा लौकिक पुरुषोंके ज्ञेय पदार्थविषयक सम्पूर्ण सन्देह, जो उनके मरणपर्यन्त गंगाप्रवाहवत् प्रवृत्त होते रहते हैं, विच्छिन्न हो जाते हैं। जिसके संशय नष्ट हो गये हैं और जिसकी अविद्या निवृत्त हो चुकी है ऐसे इस पुरुषके जो विज्ञानोत्पत्तिसे पूर्व जन्मान्तरमें किये हुए कर्म फलोन्मुख नहीं हुए हैं और जो ज्ञानोत्पत्तिके साथ-साथ किये जाते हैं; वे सभी नष्ट हो जाते हैं; किन्तु इस (वर्तमान) जन्मको आरम्भ करनेवाले कर्म क्षीण नहीं होते, क्योंकि उनका फल देना आरम्भ हो जाता है। तात्पर्य यह है कि उस सर्वज्ञ असंसारी परावर—कारणरूपसे पर और कार्यरूपसे अवर ऐसे उस परावरके 'यह साक्षात् मैं ही हूँ' इस प्रकार देख लिये जानेपर संसारके कारणका उच्छेद हो जानेसे यह पुरुष मुक्त हो जाता है॥ ८॥

उक्तस्यैवार्थस्य सङ्क्षेपाभि-धायका उत्तरे मन्त्रास्त्रयोऽपि—

आगेके तीन मन्त्र भी पूर्वोक्त अर्थको ही संक्षेपसे बतलानेवाले हैं—

ज्योतिर्मय ब्रह्म

हिरण्मये परे कोशे विरजं ब्रह्म निष्कलम्।
तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिस्तद्यदात्मविदो विदुः॥ ९॥

वह निर्मल और कलाहीन ब्रह्म हिरण्मय (ज्योतिर्मय) परम कोशमें विद्यमान है। वह शुद्ध और सम्पूर्ण ज्योतिर्मय पदार्थोंकी ज्योति है और वह है जिसे कि आत्मज्ञानी पुरुष जानते हैं॥ ९॥

हिरणमये ज्योतिर्मये बुद्धिविज्ञानप्रकाशे परे कोशे कोश इवासेः, आत्मस्वरूपोपलब्धिस्थानत्वात्; परं तत्सर्वाभ्यन्तरत्वात् तस्मिन् विरजमविद्याद्यशेषदोषरजोमलवर्जितं ब्रह्म सर्वमहत्त्वात् सर्वात्मत्वाच्च। निष्कलं निर्गताः कला यस्मात्तन्निष्कलं निरवयवम् इत्यर्थः।

यस्माद्विरजं निष्कलं चातस्तच्छुभ्रं शुद्धं ज्योतिषां सर्वप्रकाशात्मनामग्न्यादीनामपि तज्ज्योतिरवभासकम्। अग्न्यादीनाम् अपि ज्योतिष्ट्वमन्तर्गतब्रह्मात्मचैतन्यज्योतिर्निमित्तमित्यर्थः। तद्धि परं ज्योतिर्यदन्यानवभास्यम् आत्मज्योतिस्तद्यदात्मविद आत्मानं स्वं शब्दादिविषयबुद्धिप्रत्ययसाक्षिणं ये विवेकिनो विदुर्विजानन्ति त आत्मविदस्तद्विदुरात्मप्रत्ययानुसारिणः। यस्मात्परं ज्योतिस्तस्मात्त एव तद्विदुर्नेतरे बाह्यार्थप्रत्ययानुसारिणः॥ ९॥

हिरणमय—ज्योतिर्मय अर्थात् बुद्धिवृत्तिके प्रकाशरूप परमकोशमें, जो आत्मस्वरूपकी उपलब्धिका स्थान होनेके कारण तलवारके कोश (म्यान)-के समान है और सबसे भीतरी होनेके कारण श्रेष्ठ है, उसमें विरज—अविद्यादि सम्पूर्ण दोषरूप मलसे रहित ब्रह्म विराजमान है, जो सबसे बड़ा तथा सर्वरूप होनेके कारण ब्रह्म है। वह निष्कल है; जिससे सब कलाएँ निकल गयी हों उसे निष्कल कहते हैं अर्थात् वह निरवयव है।

क्योंकि ब्रह्म विरज और निष्कल है इसलिये वह शुभ्र यानी शुद्ध और ज्योतियों—अग्नि आदि सम्पूर्ण प्रकाशमय पदार्थोंका भी ज्योतिः—प्रकाशक है। तात्पर्य यह है कि अग्नि आदिका ज्योतिर्मयत्व भी अपने अन्तर्वर्ती ब्रह्मात्मचैतन्यरूप ज्योतिके ही कारण है। जो किसी अन्यसे प्रकाशित न होनेवाला आत्मज्योति है वही परम ज्योति है, जिसे कि आत्मवेत्ता—जो विवेकी पुरुष आत्मा अर्थात् अपनेको शब्दादि विषय और बुद्धिप्रत्ययोंका साक्षी जानते हैं वे आत्मानुभवका अनुसरण करनेवाले आत्मज्ञानी पुरुष जानते हैं। क्योंकि वह परम ज्योति है इसलिये उसे वे ही जानते हैं; दूसरे बाह्य प्रतीतियोंका अनुसरण करनेवाले पुरुष नहीं जानते॥ ९॥

कथं तज्ज्योतिषां ज्योतिरित्युच्यते—

वह ज्योतियोंका ज्योति किस प्रकार है? सो बतलाया जाता है—

ब्रह्मका सर्वप्रकाशकत्व

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं
नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥ १०॥

वहाँ (उस आत्मस्वरूप ब्रह्ममें) न सूर्य प्रकाशित होता है और न चन्द्रमा या तारे। वहाँ यह बिजली भी नहीं चमकती फिर यह अग्नि किस गिनतीमें है? उसके प्रकाशित होनेसे ही सब प्रकाशित होता है और यह सब कुछ उसीके प्रकाशसे प्रकाशमान है॥ १०॥

न तत्र तस्मिन्स्वात्मभूते ब्रह्मणि सर्वावभासकोऽपि सूर्यो भाति। तद्ब्रह्म न प्रकाशयति इत्यर्थः। स हि तस्यैव भासा सर्वमन्यदनात्मजातं प्रकाशयति इत्यर्थः। न तु तस्य स्वतः प्रकाशनसामर्थ्यम्। तथा न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निरस्मद्गोचरः।

वहाँ—अपने आत्मस्वरूप ब्रह्ममें सबको प्रकाशित करनेवाला सूर्य भी प्रकाशित नहीं होता अर्थात् वह भी उस ब्रह्मको प्रकाशित नहीं करता। वह (सूर्य) तो उस (ब्रह्म)-के प्रकाशसे ही अन्य सब अनात्मपदार्थोंको प्रकाशित करता है, उसमें स्वतः प्रकाश करनेका सामर्थ्य है ही नहीं। इसी प्रकार वहाँ न तो चन्द्रमा या तारे ही प्रकाशित होते हैं और न यह बिजली ही; फिर हमें साक्षात् दिखलायी देनेवाला यह अग्नि तो हो ही कैसे सकता है?

किं बहुना; यदिदं जगद्भाति तत्तमेव परमेश्वरं स्वतो भारूपत्वाद्भान्तं

अधिक क्या? यह जो जगत् भासता है वह स्वयं प्रकाशरूप होनेके कारण उस परमेश्वरके प्रकाशित होनेपर उसीके

दीप्यमानमनुभात्यनुदीप्यते। यथा जलोल्मुकाद्यग्निसंयोगादग्निं दहन्तमनुदहति न स्वतस्तद्वत्तस्यैव भासा दीप्त्या सर्वमिदं सूर्यादि जगद्विभाति।

यत एवं तदेव ब्रह्म भाति च विभाति च कार्यगतेन विविधेन भासातस्तस्य ब्रह्मणो भारूपत्वं स्वतोऽवगम्यते। न हि स्वतोऽविद्यमानं भासनमन्यस्य कर्तुं शक्नोति। घटादीनामन्यावभासकत्वादर्शनाद्भारूपाणां चादित्यादीनां तद्दर्शनात्॥ १०॥

पीछे प्रकाशित—देदीप्यमान हो रहा है। जिस प्रकार अग्निके संयोगसे जल और उल्मुक (अंगारा) आदि अग्निके प्रज्वलित होनेपर उसके कारण जलाने लगते हैं—स्वतः नहीं जलाते, उसी प्रकार यह सूर्य आदि सम्पूर्ण जगत् उस (परब्रह्म)-के प्रकाश—तेजसे ही प्रकाशित होता है।

क्योंकि ऐसी बात है, इसलिये वह ब्रह्म ही कार्यगत विविध प्रकाशसे विशेषरूपसे प्रकाशित हो रहा है। इससे उस ब्रह्मकी प्रकाशरूपता स्वतः ज्ञात हो जाती है। जिसमें स्वयं प्रकाश नहीं है वह दूसरेको भी प्रकाशित नहीं कर सकता, क्योंकि घटादि पदार्थोंमें दूसरोंको प्रकाशित करना नहीं देखा जाता तथा प्रकाशस्वरूप सूर्य आदिमें वह देखा जाता है॥ १०॥

यत्तज्ज्योतिषां ज्योतिर्ब्रह्म तदेव सत्यं सर्वं तद्विकारं वाचारम्भणं विकारो नामधेयमात्रमनृतमितरदित्येतमर्थं विस्तरेण हेतुतः प्रतिपादितं निगमनस्थानीयेन मन्त्रेण पुनरुपसंहरति।

जो ब्रह्म ज्योतियोंका ज्योति है, वही सत्य है तथा सब कुछ उसीका विकार है जो विकार केवल वाणीका आरम्भ और नाममात्र है, अतः अन्य सभी मिथ्या है—ऊपर विस्तार और हेतुपूर्वक कहे हुए इस अर्थका इस निगमनस्थानीय मन्त्रसे पुनः उपसंहार करते हैं—

ब्रह्मका सर्वव्यापकत्व

ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्ताद्ब्रह्म पश्चाद्ब्रह्म दक्षिणतश्चोत्तरेण।
अधश्चोर्ध्वं च प्रसृतं ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्॥ ११॥

यह अमृत ब्रह्म ही आगे है, ब्रह्म ही पीछे है, ब्रह्म ही दायीं-बायीं ओर है तथा ब्रह्म ही नीचे-ऊपर फैला हुआ है। यह सारा जगत् सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म ही है॥ ११॥

ब्रह्मैवोक्तलक्षणमिदं यत्पुरस्तादग्रे ब्रह्मैवाविद्यादृष्टीनां प्रत्यवभासमानं तथा पश्चाद्ब्रह्म तथा दक्षिणतश्च तथोत्तरेण तथैवाधस्तादूर्ध्वं च सर्वतोऽन्यदिव कार्याकारेण प्रसृतं प्रगतं नामरूपवदवभासमानम्। किं बहुना ब्रह्मैव इदं विश्वं समस्तमिदं जगद्वरिष्ठं वरतमम्। अब्रह्मप्रत्ययः सर्वोऽविद्यामात्रो रज्ज्वामिव सर्पप्रत्ययः। ब्रह्मैवैकं परमार्थसत्यमिति वेदानुशासनम्॥ ११॥

यह जो अविद्यामयी दृष्टिवालोंको सामने दिखायी दे रहा है वह उपर्युक्त लक्षणोंवाला ब्रह्म ही है। इसी प्रकार पीछे भी ब्रह्म है, दायीं और बायीं ओर भी ब्रह्म है तथा नीचे-ऊपर सभी ओर कार्यरूपसे नामरूपविशिष्ट होकर फैला हुआ वह ब्रह्म ही अन्य पदार्थोंके समान भास रहा है। अधिक क्या? यह विश्व अर्थात् सारा जगत् श्रेष्ठतम ब्रह्म ही है। यह सम्पूर्ण अब्रह्मरूपप्रतीति रज्जुमें सर्पप्रतीतिके समान अविद्यामात्र ही है। एकमात्र ब्रह्म ही परमार्थसत्य है—यह वेदका उपदेश है॥ ११॥

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये द्वितीयमुण्डके द्वितीयः खण्डः॥ २॥

समाप्तमिदं द्वितीयं मुण्डकम्॥ २॥

तृतीय मुण्डक

प्रथम खण्ड

प्रकारान्तरसे ब्रह्मनिरूपण

परा विद्योक्ता यया तदक्षरं पुरुषाख्यं सत्यमधिगम्यते। यदधिगमे हृदयग्रन्थ्यादि-संसारकारणस्यात्यन्तिकविनाशः स्यात्। तद्दर्शनोपायश्च योगो धनुराद्युपादानकल्पनयोक्तः। अथेदानीं तत्सहकारीणि सत्यादिसाधनानि वक्तव्यानीति तदर्थमुत्तरारम्भः। प्राधान्येन तत्त्वनिर्धारणं च प्रकारान्तरेण क्रियते अत्यन्त-दुरवगाह्यत्वात्कृतमपि। तत्र सूत्रभूतो मन्त्रः परमार्थवस्त्ववधारणार्थ-मुपन्यस्यते—

जिससे उस अक्षर पुरुषसंज्ञक सत्यका ज्ञान होता है उस परा विद्याका वर्णन किया गया, जिसका ज्ञान होनेपर हृदयग्रन्थि आदि संसारके कारणका आत्यन्तिक नाश हो जाता है। तथा धनुर्ग्रहण आदिकी कल्पनासे उसके साक्षात्कारके उपाय योगका भी उल्लेख किया गया। अब उसके सहकारी सत्यादि साधनोंका वर्णन करना है; इसीके लिये आगेका ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है। यद्यपि ऊपर तत्त्वका निश्चय किया जा चुका है तो भी अत्यन्त दुर्बोध होनेके कारण उसका प्रधानतासे दूसरी तरह फिर निश्चय किया जाता है। अतः परमार्थवस्तुको समझनेके लिये पहले इस सूत्रभूत मन्त्रका उपन्यास (उल्लेख) करते हैं—

समान वृक्षपर रहनेवाले दो पक्षी

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया
समानं वृक्षं परिषस्वजाते।

तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्य-
नश्नन्नन्यो अभिचाकशीति ॥ १ ॥

साथ-साथ रहनेवाले तथा समान आख्यानवाले दो पक्षी एक ही वृक्षका आश्रय करके रहते हैं। उनमें एक तो स्वादिष्ट (मधुर) पिप्पल (कर्मफल)-का भोग करता है और दूसरा भोग न करके केवल देखता रहता है ॥ १ ॥

द्वा द्वौ सुपर्णा सुपर्णौ शोभनपतनौ सुपर्णौ पक्षिसामान्याद्वा सुपर्णौ सयुजा सयुजौ सहैव सर्वदा युक्तौ सखाया सखायौ समानाख्यानौ समानाभिव्यक्तिकारणावेवं भूतौ सन्तौ समानमविशेषमुपलब्ध्यधिष्ठानतयैकं वृक्षं वृक्षमिवोच्छेदनसामान्याच्छरीरं वृक्षं परिषस्वजाते परिष्वक्तवन्तौ सुपर्णाविवैकं वृक्षं फलोपभोगार्थम्।

[जीव और ईश्वररूप] दो सुपर्ण—सुन्दर पर्णवाले अर्थात् [नियम्य-नियामकभावकी प्राप्तिरूप] शोभन पतनवाले* अथवा पक्षियोंके समान [वृक्षपर निवास तथा फलभोग करनेवाले] होनेसे सुपर्ण—पक्षी तथा सयुज—सर्वदा साथ-साथ ही रहनेवाले और सखा यानी समान आख्यानवाले अर्थात् जिनकी अभिव्यक्तिका कारण समान है ऐसे दो सुपर्ण समान—सामान्यरूपसे [दोनोंकी] उपलब्धिका कारण होनेसे एक ही वृक्ष—वृक्षके समान उच्छेदमें समानता होनेके कारण शरीररूप वृक्षपर आलिंगन किये हुए हैं, अर्थात् फलोपभोगके लिये पक्षियोंके समान एक ही वृक्षपर निवास करते हैं।

अयं हि वृक्ष ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाखोऽश्वत्थोऽव्यक्तमूलप्रभवः क्षेत्रसंज्ञकः

अव्यक्तरूप मूलसे उत्पन्न हुआ सम्पूर्ण प्राणियोंके कर्मफलका आश्रयभूत यह क्षेत्रसंज्ञक अश्वत्थवृक्ष

* ईश्वर सर्वज्ञ होनेके कारण नियामक है तथा जीव अल्पज्ञ होनेसे नियम्य है, इसलिये उनमें नियम्य-नियामकभावकी प्राप्ति उचित ही है।

सर्वप्राणिकर्मफलाश्रयस्तं परिष्वक्तौ सुपर्णाविवाविद्याकामकर्मवासनाश्रयलिङ्गोपाध्यात्मेश्वरौ। तयोः परिष्वक्तयोरन्य एकः क्षेत्रज्ञो लिङ्गोपाधिवृक्षमाश्रितः पिप्पलं कर्मनिष्पन्नं सुखदुःखलक्षणं फलं स्वाद्वनेकविचित्रवेदनास्वादरूपं स्वाद्वत्ति भक्षयत्युपभुङ्क्तेऽविवेकतः। अनश्नन्नन्य इतर ईश्वरो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावः सर्वज्ञः सर्वसत्त्वोपाधिरीश्वरो नाश्नाति। प्रेरयिता ह्यसावुभयोर्भोज्यभोक्त्रोर्नित्यसाक्षित्वसत्तामात्रेण। स त्वनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति पश्यत्येव केवलम्। दर्शनमात्रं हि तस्य प्रेरयितृत्वं राजवत्॥ १॥

ऊपरको मूल और नीचेकी ओर शाखाओंवाला है। उस वृक्षपर अविद्या, काम, कर्म और वासनाके आश्रयभूत लिंगदेहरूप उपाधिवाले जीव और ईश्वर दो पक्षियोंके समान आलिंगन किये निवास करते हैं। इस प्रकार आलिंगन करके रहनेवाले उन दोनोंमेंसे एक—लिंगोपाधिरूप वृक्षको आश्रित करनेवाले क्षेत्रज्ञ पिप्पल यानी अपने कर्मसे प्राप्त होनेवाला सुख-दुःखरूप फल, जो अनेक प्रकारसे विचित्र अनुभवरूप स्वादके कारण स्वादु है, खाता—भक्षण करता यानी अविवेकवश भोगता है। किन्तु अन्य—दूसरा, जो नित्य शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वरूप सर्वज्ञ मायोपाधिक ईश्वर है, उसे ग्रहण न करता हुआ नहीं भोगता। यह तो साक्षित्वरूप सत्तामात्रसे भोक्ता और भोग्य दोनोंका प्रेरक ही है। अतः वह दूसरा तो फलभोग न करके केवल देखता ही है—उसका प्रेरकत्व तो राजाके समान केवल दर्शनमात्र ही है॥ १॥

ईश्वरदर्शनसे जीवकी शोकनिवृत्ति

तत्रैवं सति—

अतः ऐसा होनेसे—

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नो-
ऽनीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीश-
मस्य महिमानमिति वीतशोकः॥ २॥

[ईश्वरके साथ] एक ही वृक्षपर रहनेवाला जीव अपने दीनस्वभावके कारण मोहित होकर शोक करता है। वह जिस समय [ध्यानद्वारा] अपनेसे विलक्षण योगिसेवित ईश्वर और उसकी महिमा [संसार]-को देखता है उस समय शोकरहित हो जाता है॥ २॥

समाने वृक्षे यथोक्ते शरीरे पुरुषो भोक्ता जीवोऽविद्याकामकर्मफलरागादिगुरुभाराक्रान्तोऽलाबुरिव सामुद्रे जले निमग्नो निश्चयेन देहात्मभावमापन्नोऽयमेवाहममुष्य पुत्रोऽस्य नप्ता कृशः स्थूलो गुणवान्निर्गुणः सुखी दुःखीत्येवं प्रत्ययो नास्त्यन्योऽस्मादिति जायते म्रियते संयुज्यते वियुज्यते च सम्बन्धिबान्धवैः।

समान वृक्षपर यानी पूर्वोक्त शरीरमें अविद्या, कामना, कर्मफल और रागादिके भारी भारसे आक्रान्त होकर समुद्रके जलमें डूबे हुए तूँबेके समान निमग्न—निश्चयपूर्वक देहात्मभावको प्राप्त हुआ यह भोक्ता जीव 'मैं यही हूँ', 'मैं अमुकका पुत्र हूँ', 'इसका नाती हूँ', 'कृश हूँ', 'स्थूल हूँ', 'गुणवान् हूँ', 'गुणहीन हूँ', 'सुखी हूँ', 'दुःखी हूँ' इत्यादि प्रकारके प्रत्ययोंवाला होनेसे तथा 'इस देहसे भिन्न और कुछ नहीं है' ऐसा समझनेके कारण उत्पन्न होता, मरता एवं अपने सम्बन्धियोंसे मिलता और बिछुड़ता रहता है।

अतोऽनीशया न कस्यचित् समर्थोऽहं पुत्रो मम विनष्टो मृता मे भार्या किं मे जीवितेनेत्येवं दीनभावोऽनीशा तया शोचति सन्तप्यते मुह्यमानोऽनेकैरनर्थप्रकारैरविवेकतया चिन्तामापद्यमानः।

अतः अनीशावश—'मैं किसी कार्यके लिये समर्थ नहीं हूँ, मेरा पुत्र नष्ट हो गया और स्त्री भी मर गयी, अब मेरे जीवनसे क्या लाभ है?'—इस प्रकारके दीनभावको अनीशा कहते हैं, उससे युक्त होकर अविवेकवश अनेकों अनर्थमय प्रकारोंसे मोहित अर्थात् आन्तरिक चिन्ताको प्राप्त हुआ वह शोक यानी सन्ताप करता रहता है।

स एवं प्रेततिर्यङ्मनुष्यादियोनिष्वाजवं जवीभावमापन्नः कदाचिदनेकजन्मसु शुद्धधर्मसञ्चितनिमित्ततः केनचित्परमकारुणिकेन दर्शितयोगमार्गोऽहिंसासत्यब्रह्मचर्यसर्वत्यागशमदमादिसम्पन्नः समाहितात्मा सन् जुष्टं सेवितमनेकैर्योगमार्गैः कर्मभिश्च यदा यस्मिन्काले पश्यति ध्यायमानोऽन्यं वृक्षोपाधिलक्षणाद्विलक्षणमीशमसंसारिणमशनायापिपासाशोकमोहजरामृत्व्वतीतमीशं सर्वस्य जगतोऽयमहमस्म्यात्मा सर्वस्य समः सर्वभूतस्थो नेतरोऽविद्याजनितोपाधिपरिच्छिन्नो मायात्मेति विभूतिं महिमानं च जगद्रूपमस्यैव मम परमेश्वरस्येति यदैवं द्रष्टा तदा वीतशोको भवति सर्वस्माच्छोकसागराद्विप्रमुच्यते कृतकृत्यो भवतीत्यर्थः ॥ २ ॥

इस प्रकार प्रेत, तिर्यक् और मनुष्यादि योनियोंमें निरन्तर लघुताको प्राप्त हुआ वह जिस समय अनेकों जन्मोंमें कभी अपने शुद्ध धर्मके संचयके कारण किसी परम कारुणिक गुरुके द्वारा योगमार्ग दिखलाये जानेपर अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, सर्वत्याग और शम-दमादिसे सम्पन्न तथा समाहितचित्त होकर ध्यान करनेपर अनेकों योगमार्गों और कर्मोंद्वारा सेवित अन्य—वृक्षरूप उपाधिसे विलक्षण ईश्वर यानी भूख, प्यास, शोक, मोह और जरा-मृत्यु आदिसे अतीत संसारधर्मशून्य सम्पूर्ण जगत्के स्वामीको 'मैं यह सम्पूर्ण भूतोंमें स्थित और सबके लिये समान आत्मा ही हूँ, अविद्याजनित उपाधिसे परिच्छिन्न दूसरा मायात्मा नहीं हूँ' इस प्रकार देखता है तथा उसकी महिमा यानी जगद्रूप विभूतिको 'यह इस परमेश्वरस्वरूप मेरी ही है' इस प्रकार [जानता है] उस समय वह शोकरहित हो जाता है—सम्पूर्ण शोकसागरसे मुक्त हो जाता है अर्थात् कृतकृत्य हो जाता है ॥ २ ॥

अन्योऽपि मन्त्र इममेवार्थमाह सविस्तरम्—

दूसरा मन्त्र भी इसी बातको विस्तारपूर्वक बतलाता है—

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं
कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्।

तदा विद्वान्पुण्यपापे विधूय
निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति ॥ ३ ॥

जिस समय द्रष्टा सुवर्णवर्ण और ब्रह्माके भी उत्पत्तिस्थान उस जगत्कर्ता ईश्वर पुरुषको देखता है उस समय वह विद्वान् पाप-पुण्य दोनोंको त्यागकर निर्मल हो अत्यन्त समताको प्राप्त हो जाता है॥ ३॥

यदा यस्मिन्काले पश्यः पश्यतीति विद्वान्साधक इत्यर्थः। पश्यते पश्यति पूर्ववद्रुक्मवर्णं स्वयंज्योतिःस्वभावं रुक्मस्येव वा ज्योतिरस्याविनाशि कर्तारं सर्वस्य जगत ईशं पुरुषं ब्रह्मयोनिं ब्रह्म च तद्योनिश्चासौ ब्रह्मयोनिस्तं ब्रह्मयोनिं ब्रह्मणो वापरस्य योनिं स यदा चैवं पश्यति तदा स विद्वान्पश्यः पुण्यपापे बन्धनभूते कर्मणी समूले विधूय निरस्य दग्ध्वा निरञ्जनो निर्लेपो विगतक्लेशः परमं प्रकृष्टं निरतिशयं साम्यं समतामद्वयलक्षणं द्वैतविषयाणि साम्यान्यतोऽर्वाञ्च्येवातोऽद्वयलक्षण-मेतत्परमं साम्यमुपैति प्रतिपद्यते॥ ३॥

जिस समय देखनेवाला होनेके कारण पश्य—द्रष्टा विद्वान् अर्थात् साधक रुक्मवर्ण—स्वयंप्रकाशस्वरूप अथवा सुवर्णके समान जिसका प्रकाश अविनाशी है उस सकल-जगत्कर्ता ईश्वर पुरुष ब्रह्मयोनिको—जो ब्रह्म है और योनि भी है अथवा जो अपर ब्रह्म (ब्रह्मा)-की योनि है उस ब्रह्मयोनिको इस प्रकार पूर्ववत् देखता है उस समय वह विद्वान् द्रष्टा पुण्य-पाप यानी अपने बन्धनभूत कर्मोंको समूल त्यागकर—भस्म करके निरंजन—निर्लेप अर्थात् क्लेशरहित होकर अद्वयरूप परम—उत्कृष्ट यानी निरतिशय समताको प्राप्त हो जाता है। द्वैतविषयक समता इस अद्वैतरूप साम्यसे निकृष्ट ही है; अतः वह अद्वैतरूप परम साम्यको प्राप्त हो जाता है॥ ३॥

श्रेष्ठतम ब्रह्मज्ञ

किं च—

तथा—

प्राणो ह्येष यः सर्वभूतैर्विभाति
विजानन्विद्वान्भवते नातिवादी।
आत्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावा-
नेष ब्रह्मविदां वरिष्ठः॥ ४॥

यह, जो सम्पूर्ण भूतोंके रूपमें भासमान हो रहा है प्राण है। इसे जानकर विद्वान् अतिवादी नहीं होता। यह आत्मामें क्रीडा करनेवाला और आत्मामें ही रमण करनेवाला क्रियावान् पुरुष ब्रह्मवेत्ताओंमें श्रेष्ठतम है॥ ४॥

योऽयं प्राणस्य प्राणः पर ईश्वरो ह्येष प्रकृतः सर्वैर्भूतैर्ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तैः, इत्थंभूतलक्षणे तृतीया, सर्वभूतस्थः सर्वात्मा सन्नित्यर्थः, विभाति विविधं दीप्यते। एवं सर्वभूतस्थं यः साक्षादात्मभावेनायमहमस्मीति विजानन्विद्वान्वाक्यार्थज्ञानमात्रेण स भवते भवति न भवतीत्येतत्

यह जो प्राणका-प्राण परमेश्वर है वह प्रकृत [परमात्मा] ही सम्पूर्ण भूतों—ब्रह्मासे लेकर स्थावरपर्यन्त समस्त प्राणियोंके द्वारा अर्थात् सर्वभूतस्थ सर्वात्मा होकर विभासित यानी विविध प्रकारसे देदीप्यमान हो रहा है। 'सर्वभूतैः' इस पदमें इत्थंभूतलक्षणा तृतीया* है। इस प्रकार जो विद्वान् उस सर्वभूतस्थ प्राणको 'मैं यही हूँ' ऐसा साक्षात् आत्मस्वरूपसे जाननेवाला है वह उस वाक्यके अर्थज्ञानमात्रसे भी नहीं होता। क्या नहीं होता? [इसपर कहते हैं—] अतिवादी नहीं होता।

* इत्थंभूतलक्षणे (२।३।२१) इस पाणिनिसूत्रसे यहाँ तृतीया विभक्ति हुई है। किसी प्रकारकी विशेषताको प्राप्त हुई वस्तुको जो लक्षित कराता है वह 'इत्थंभूतलक्षण' कहलाता है; उसमें तृतीया विभक्ति होती है। जैसे 'जटाभिस्तापसः' (जटाओंसे तपस्वी है) इस वाक्यमें जटाओंके द्वारा तपस्वी होना लक्षित होता है; अतः 'जटा' में तृतीया विभक्ति है। इसी प्रकार 'सर्वभूत' शब्दसे ईश्वरका सब भूतोंमें स्थित होना लक्षित होता है।

किमतिवाद्यतीत्य सर्वानन्यान् वदितुं शीलमस्येत्यतिवादी।

जिसका स्वभाव और सबका अतिक्रमण करके बोलनेका होता है उसे अतिवादी कहते हैं।

यस्त्वेवं साक्षादात्मानं प्राणस्य प्राणं विद्वानतिवादी स न भवतीत्यर्थः। सर्वं यदात्मैव नान्यदस्तीति दृष्टं तदा किं ह्यसावतीत्य वदेत्। यस्य त्वपरमन्यद् दृष्टमस्ति स तदतीत्य वदति। अयं तु विद्वानात्मनोऽन्यन्न पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति। अतो नातिवदति।

तात्पर्य यह कि जो इस प्रकार प्राण-के-प्राण साक्षात् आत्माको जाननेवाला है वह अतिवादी नहीं होता। जबकि उसने यह देखा है कि सब आत्मा ही है, उससे भिन्न कुछ भी नहीं है तब वह किसका अतिक्रमण करके बोलेगा? जिसकी दृष्टिमें कुछ और दीखनेवाला पदार्थ है वही उसका अतिक्रमण करके बोलता है। किन्तु यह विद्वान् तो आत्मासे भिन्न न कुछ देखता है, न सुनता है और न कुछ जानता ही है। इसलिये यह अतिवादन भी नहीं करता।

किं चात्मक्रीड आत्मन्येव च क्रीडा क्रीडनं यस्य नान्यत्र पुत्रदारादिषु स आत्मक्रीडः। तथात्मरतिरात्मन्येव च रती रमणं प्रीतिर्यस्य स आत्मरतिः। क्रीडा बाह्यसाधनसापेक्षा, रतिस्तु साधन-निरपेक्षा बाह्यविषयप्रीतिमात्रमिति विशेषः। तथा क्रियावाञ्ज्ञान-ध्यानवैराग्यादिक्रिया यस्य

यही नहीं, वह [आत्मक्रीड, आत्मरति और क्रियावान् हो जाता है।] आत्मक्रीड—जिसकी आत्मामें ही क्रीडा हो, अन्य स्त्री-पुत्रादिमें न हो उसे आत्मक्रीड कहते हैं; तथा जिसकी आत्मामें ही रति—रमण यानी प्रीति हो वह आत्मरति कहलाता है। क्रीडा बाह्य साधनकी अपेक्षा रखनेवाली होती है और रति साधनकी अपेक्षा न करके बाह्य विषयकी प्रीतिमात्रको कहते हैं—यही इन दोनोंमें विशेषता (अन्तर) है। तथा क्रियावान् अर्थात् जिसकी ज्ञान, ध्यान एवं वैराग्यादि क्रियाएँ हों

सोऽयं क्रियावान्। समासपाठ आत्मरतिरेव क्रियास्य विद्यत इति बहुव्रीहिमतुबर्थयोरन्यतरोऽतिरिच्यते।

केचित्त्वग्निहोत्रादिकर्मब्रह्मविद्ययोः समुच्चयार्थमिच्छन्ति। तच्चैष ब्रह्मविदां वरिष्ठ इत्यनेन मुख्यार्थवचनेन विरुध्यते। न हि बाह्यक्रियावानात्मक्रीड आत्मरतिश्च भवितुं शक्तः, कश्चिद्बाह्यक्रियाविनिवृत्तो ह्यात्मक्रीडो भवति बाह्यक्रियात्मक्रीडयोर्विरोधात्। न हि तमःप्रकाशयोर्युगपदेकत्र स्थितिः संभवति।

समुच्चयवादिमत-खण्डनम्

तस्मादसत्प्रलपितमेवैतदनेन ज्ञानकर्मसमुच्चयप्रतिपादनम्। "अन्या वाचो विमुञ्चथ" (मु० उ० २।२।५) "संन्यासयोगात्" (मु० उ० ३।२।६) इत्यादिश्रुतिभ्यश्च। तस्मादयमेवेह क्रियावान्यो ज्ञानध्यानादिक्रिया-

उसे क्रियावान् कहते हैं। किन्तु ['आत्मरति-क्रियावान्' ऐसा] समासयुक्त पाठ होनेपर 'आत्मरति ही जिसकी क्रिया है' [ऐसा अर्थ होनेसे] बहुव्रीहि समास और 'मतुप्' प्रत्ययका अर्थ—इन दोनोंमेंसे एक (मतुप्-प्रत्ययका अर्थ) अधिक हो जाता है।

कोई-कोई (समुच्चयवादी) तो [आत्मरति और क्रियावान् इन दोनों विशेषणोंको] अग्निहोत्रादि कर्म और ब्रह्मविद्याके समुच्चयके लिये समझते हैं। किन्तु उनका यह अभिप्राय 'ब्रह्मविदां वरिष्ठः' इस मुख्यार्थवाची कथनसे विरुद्ध है। बाह्यक्रियावान् पुरुष आत्मक्रीड और आत्मरति हो ही नहीं सकता। कोई भी पुरुष बाह्यक्रियासे निवृत्त होकर ही आत्मक्रीड हो सकता है, क्योंकि बाह्यक्रिया और आत्मक्रीडाका परस्पर विरोध है। अन्धकार और प्रकाशकी एक स्थानपर एक ही समय स्थिति हो ही नहीं सकती।

अतः इस वचनके द्वारा यह ज्ञान और कर्मके समुच्चयका प्रतिपादन मिथ्या प्रलाप ही है। यही बात "अन्या वाचो विमुञ्चथ" "संन्यासयोगात्" इत्यादि श्रुतियोंसे भी सिद्ध होती है। अतएव इस जगह उसीको 'क्रियावान्' कहा है जो ज्ञान-ध्यानादि क्रियाओंवाला और

वानसंभिन्नार्यमर्यादः संन्यासी। य एवं लक्षणो नातिवाद्यात्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावान्ब्रह्मनिष्ठः स ब्रह्मविदां सर्वेषां वरिष्ठः प्रधानः ॥ ४ ॥

आर्यमर्यादाका भंग न करनेवाला संन्यासी है। जो ऐसे लक्षणोंवाला अनतिवादी, आत्मक्रीड, आत्मरति और क्रियावान् ब्रह्मनिष्ठ है वही समस्त ब्रह्मवेत्ताओंमें वरिष्ठ यानी प्रधान है ॥ ४ ॥

आत्मदर्शनके साधन

अधुना सत्यादीनि भिक्षोः सम्यग्ज्ञानसहकारीणि साधनानि विधीयन्ते निवृत्तिप्रधानानि—

अब भिक्षुके लिये सम्यग्ज्ञानके सहकारी सत्य आदि निवृत्तिप्रधान साधनोंका विधान किया जाता है—

सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा
सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्।
अन्तःशरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो
यं पश्यन्ति यतयः क्षीणदोषाः ॥ ५ ॥

यह आत्मा सर्वदा सत्य, तप, सम्यग्ज्ञान और ब्रह्मचर्यके द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। जिसे दोषहीन योगिजन देखते हैं वह ज्योतिर्मय शुभ्र आत्मा शरीरके भीतर रहता है ॥ ५ ॥

सत्येनानृतत्यागेन मृषावदन-त्यागेन लभ्यः प्राप्तव्यः। किं च तपसा हीन्द्रियमनएकाग्रतया "मनसश्चेन्द्रियाणां च ह्यैकाग्र्यं परमं तपः" (महा० शा० २५०। ४) इति स्मरणात्। तद्ध्यनुकूल-मात्मदर्शनाभिमुखीभावात्परमं

[यह आत्मा] सत्यसे अर्थात् अनृत यानी मिथ्याभाषणके त्यागद्वारा प्राप्त किया जा सकता है। तथा "मन और इन्द्रियोंकी एकाग्रता ही परम तप है" इस स्मृतिके अनुसार तप यानी इन्द्रिय और मनकी एकाग्रतासे भी [इस आत्माकी उपलब्धि हो सकती है], क्योंकि आत्मदर्शनके अभिमुख रहनेके कारण यही तप उसका अनुकूल परम

साधनं तपो नेतरच्चान्द्रायणादि। एष आत्मा लभ्य इत्यनुषङ्गः सर्वत्र। सम्यग्ज्ञानेन यथाभूतात्मदर्शनेन ब्रह्मचर्येण मैथुनासमाचारेण। नित्यं सर्वदा नित्यं सत्येन नित्यं तपसा नित्यं सम्यग्ज्ञानेनेति सर्वत्र नित्यशब्दोऽन्तर्दीपिकान्यायेन अनुषक्तव्यः। वक्ष्यति च—"न येषु जिह्ममनृतं न माया च" (प्र० उ० १। १६) इति।

कोऽसावात्मा य एतैः साधनैर्लभ्य इत्युच्यते। अन्तःशरीरेऽन्तर्मध्ये शरीरस्य पुण्डरीकाकाशे ज्योतिर्मयो हि रुक्मवर्णः शुभ्रः शुद्धो यमात्मानं पश्यन्त्युपलभन्ते यतयो यतनशीलाः संन्यासिनः क्षीणदोषाः क्षीणक्रोधादिचित्तमलाः। स आत्मा

साधन है—दूसरा चान्द्रायणादि तप उसका साधन नहीं है [इसके सिवा] सम्यग्ज्ञान—यथार्थ आत्मदर्शन और ब्रह्मचर्य—मैथुनके त्यागसे भी नित्य अर्थात् सर्वदा [इस आत्माकी प्राप्ति हो सकती है]; यहाँ 'एष आत्मा लभ्यः' (इस आत्माकी प्राप्ति हो सकती है) इस वाक्यका सर्वत्र सम्बन्ध है। 'सर्वदा सत्यसे', 'सर्वदा तपसे' और 'सर्वदा सम्यग्ज्ञानसे' इस प्रकार अन्तर्दीपिकान्यायसे (मध्यवर्ती दीपकोंके समान) सभीके साथ 'नित्य' शब्दका सम्बन्ध लगाना चाहिये; जैसा कि आगे (प्रश्नोपनिषद्में) कहेंगे भी* "जिन पुरुषोंमें कुटिलता, अनृत और माया नहीं है" इत्यादि।

जो आत्मा इन साधनोंसे प्राप्त किया जाता है वह कौन है—इसपर कहा जाता है—'अन्तःशरीरे' अर्थात् शरीरके भीतर पुण्डरीकाकाशमें जो ज्योतिर्मय सुवर्णवर्ण शुभ्र यानी शुद्ध आत्मा है, जिसे कि क्षीणदोष यानी जिनके क्रोधादि मनोमल क्षीण हो गये हैं वे यतिजन—यत्नशील संन्यासी लोग देखते अर्थात् उपलब्ध करते हैं। तात्पर्य यह है कि वह आत्मा

* इस भविष्यत्कालिक उक्तिसे विदित होता है कि उपनिषद्भाष्यके विद्यार्थियोंको मुण्डकके पश्चात् प्रश्नोपनिषद्का अध्ययन करना चाहिये।

नित्यं सत्यादिसाधनैः संन्यासिभिर्लभ्यते। न कादाचित्कैः सत्यादिभिः लभ्यते। सत्यादिसाधनस्तुत्यर्थोऽयमर्थवादः ॥ ५ ॥

सर्वदा सत्यादि साधनोंसे ही संन्यासियोंद्वारा प्राप्त किया जा सकता है—कभी-कभी व्यवहार किये जानेवाले सत्यादिसे प्राप्त नहीं होता। वह अर्थवाद सत्यादि साधनोंकी स्तुतिके लिये है ॥ ५ ॥

सत्यकी महिमा

सत्यमेव जयति नानृतं
सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा
यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम् ॥ ६ ॥

सत्य ही जयको प्राप्त होता है, मिथ्या नहीं। सत्यसे देवयानमार्गका विस्तार होता है, जिसके द्वारा आप्तकाम ऋषिलोग उस पदको प्राप्त होते हैं जहाँ वह सत्यका परम निधान (भण्डार) वर्तमान है ॥ ६ ॥

सत्यमेव सत्यवानेव जयति नानृतं नानृतवादीत्यर्थः। न हि सत्यानृतयोः केवलयोः पुरुषानाश्रितयोर्जयः पराजयो वा सम्भवति। प्रसिद्धं लोके सत्यवादिनानृतवाद्यभिभूयते न विपर्ययोऽतः सिद्धं सत्यस्य बलवत्साधनत्वम्।

सत्य अर्थात् सत्यवान् ही जयको प्राप्त होता है, मिथ्या यानी मिथ्यावादी नहीं। [यह 'सत्य' और 'अनृत' का सत्यवान् और मिथ्यावादी अर्थ इसलिये किया गया है कि] पुरुषका आश्रय न करनेवाले केवल सत्य और मिथ्याका ही जय या पराजय नहीं हो सकता। लोकमें प्रसिद्ध ही है कि सत्यवादीसे मिथ्यावादीको ही नीचा देखना पड़ता है, इसके विपरीत नहीं होता। इससे सत्यका प्रबल साधनत्व सिद्ध होता है।

किं च शास्त्रतोऽप्यवगम्यते सत्यस्य साधनातिशयत्वम्। कथम्?

यही नहीं, सत्यका उत्कृष्ट साधनत्व शास्त्रसे भी जाना जाता है। किस प्रकार?

सत्येन यथाभूतवादव्यवस्थया पन्था देवयानाख्यो विततो विस्तीर्णः सातत्येन प्रवृत्तो येन यथा ह्याक्रमन्ति क्रमन्त ऋषयो दर्शनवन्तः कुहकमायाशाठ्याहंकारदम्भानृत-वर्जिता ह्याप्तकामा विगततृष्णाः सर्वतो यत्र यस्मिंस्तत्परमार्थतत्त्वं सत्यस्योत्तमसाधनस्य सम्बन्धि साध्यं परमं प्रकृष्टं निधानं पुरुषार्थरूपेण निधीयत इति निधानं वर्तते। तत्र च येन पथाक्रमन्ति स सत्येन वितत इति पूर्वेण सम्बन्धः॥ ६॥

[सो बतलाते हैं—] सत्य अर्थात् यथार्थ वचनकी व्यवस्थासे देवयानसंज्ञक मार्ग विस्तीर्ण यानी नैरन्तर्यसे प्रवृत्त होता है, जिस मार्गसे कपट, छल, शठता, अहंकार, दम्भ और अनृतसे रहित तथा सब ओरसे पूर्णकाम और तृष्णारहित ऋषिगण— [अतीन्द्रिय वस्तुको] देखनेवाले पुरुष [उस पदपर] आरूढ़ होते हैं, जिसमें कि सत्यसंज्ञक उत्कृष्ट साधनका सम्बन्धी उसका साध्यरूप परमार्थतत्त्व जो पुरुषार्थरूपसे निहित होनेके कारण निधान है वह परम यानी प्रकृष्ट निधान वर्तमान है। 'उस पदमें जिस मार्गसे आरूढ़ होते हैं वह सत्यसे ही विस्तीर्ण हो रहा है'—इस प्रकार इसका पूर्ववाक्यसे सम्बन्ध है॥ ६॥

परमपदका स्वरूप

किं तत्किंधर्मकं च तदित्युच्यते—

वह क्या है और किन धर्मोंवाला है? इसपर कहा जाता है—

बृहच्च तद्दिव्यमचिन्त्यरूपं
सूक्ष्माच्च तत्सूक्ष्मतरं विभाति।
दूरात्सुदूरे तदिहान्तिके च
पश्यत्स्विहैव निहितं गुहायाम्॥ ७॥

वह महान् दिव्य और अचिन्त्यरूप है। वह सूक्ष्मसे भी सूक्ष्मतर भासमान होता है तथा दूरसे भी दूर और इस शरीरमें अत्यन्त समीप

भी है। वह चेतनावान् प्राणियोंमें इस शरीरके भीतर उनकी बुद्धिरूप गुहामें छिपा हुआ है॥ ७॥

बृहन्महच्च तत्प्रकृतं ब्रह्म सत्यादिसाधनं सर्वतो व्याप्तत्वात्। दिव्यं स्वयंप्रभमनिन्द्रियगोचरमत एव न चिन्तयितुं शक्यतेऽस्य रूपमित्यचिन्त्यरूपम्। सूक्ष्मादाकाशादेरपि तत्सूक्ष्मतरम्, निरतिशयं हि सौक्ष्म्यमस्य सर्वकारणत्वात्, विभाति विविधमादित्यचन्द्राद्याकारेण भाति दीप्यते।

सत्यादि जिसकी प्राप्तिके साधन हैं वह प्रकृत ब्रह्म सब ओर व्याप्त होनेके कारण बृहत्—महान् है। वह दिव्य—स्वयंप्रभ यानी इन्द्रियोंका अविषय है, इसलिये जिसका रूप चिन्तन न किया जा सके ऐसा अचिन्त्यरूप है। वह आकाशादि सूक्ष्म पदार्थोंसे भी सूक्ष्मतर है। सबका कारण होनेसे इसकी सूक्ष्मता सबसे अधिक है। इस प्रकार वह सूर्य-चन्द्र आदि रूपोंसे अनेक प्रकार भासित यानी दीप्त हो रहा है।

किं च दूराद्विप्रकृष्टदेशात्सुदूरे विप्रकृष्टतरे देशे वर्ततेऽविदुषामत्यन्तागम्यत्वात्तद्ब्रह्म। इह देहेऽन्तिके समीपे च विदुषामात्मत्वात्। सर्वान्तरत्वाच्चाकाशस्याप्यन्तरश्रुतेः। इह पश्यत्सु चेतनावत्स्वित्येतन्निहितं स्थितं दर्शनादिक्रियावत्त्वेन योगिभिर्लक्ष्यमाणम्। क्व ? गुहायां बुद्धिलक्षणायाम्। तत्र हि निगूढं लक्ष्यते विद्वद्भिः।

इसके सिवा वह ब्रह्म अज्ञानियोंके लिये अत्यन्त अगम्य होनेके कारण दूर यानी दूरस्थ देशसे भी अधिक दूर—अत्यन्त दूरस्थ देशमें वर्तमान है; तथा विद्वानोंका आत्मा होनेके कारण इस शरीरमें अत्यन्त समीप भी है। यह श्रुतिके कथनानुसार सबके भीतर रहनेवाला होनेसे आकाशके भीतर भी स्थित है। यह इस लोकमें 'पश्यत्सु' अर्थात् चेतनावान् प्राणियोंमें योगियोंद्वारा दर्शनादि-क्रियावत्त्वरूपसे स्थित देखा जाता है। कहाँ देखा जाता है? उनकी बुद्धिरूप गुहामें। यह विद्वानोंको उसीमें छिपा हुआ दिखायी देता है।

तथाप्यविद्यया संवृतं सन्न लक्ष्यते तत्रस्थमेवाविद्वद्भिः ॥ ७ ॥

तो भी अविद्यासे आच्छादित रहनेके कारण यह अज्ञानियोंको वहाँ स्थित रहनेपर भी दिखायी नहीं देता ॥ ७ ॥

आत्मसाक्षात्कारका असाधारण साधन—चित्तशुद्धि

पुनरप्यसाधारणं तदुपलब्धिसाधनमुच्यते—

फिर भी उसकी उपलब्धिका असाधारण साधन बतलाया जाता है—

न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा
नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा।
ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्त्व-
स्ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः ॥ ८ ॥

[यह आत्मा] न नेत्रसे ग्रहण किया जाता है, न वाणीसे, न अन्य इन्द्रियोंसे और न तप अथवा कर्मसे ही। ज्ञानके प्रसादसे पुरुष विशुद्धचित्त हो जाता है और तभी वह ध्यान करनेपर उस निष्कल आत्मतत्त्वका साक्षात्कार करता है ॥ ८ ॥

यस्मान्न चक्षुषा गृह्यते केनचिदप्यरूपत्वान्नापि गृह्यते वाचानभिधेयत्वान्न चान्यैर्देवैरितरेन्द्रियैः। तपसः सर्वप्राप्तिसाधनत्वेऽपि न तपसा गृह्यते। तथा वैदिकेनाग्निहोत्रादिकर्मणा प्रसिद्धमहत्त्वेनापि न गृह्यते। किं पुनस्तस्य ग्रहणे साधनमित्याह—

क्योंकि रूपहीन होनेके कारण यह आत्मा किसीसे भी नेत्रद्वारा ग्रहण नहीं किया जा सकता, अवाच्य होनेके कारण वाणीसे गृहीत नहीं होता और न अन्य इन्द्रियोंका ही विषय होता है। तप सभीकी प्राप्तिका साधन है; तथापि यह तपसे भी ग्रहण नहीं किया जाता और न जिसका महत्त्व सुप्रसिद्ध है उस अग्निहोत्रादि वैदिक कर्मसे ही गृहीत होता है। तो फिर उसके ग्रहण करनेमें क्या साधन है? इसपर कहते हैं—

ज्ञानप्रसादेन। आत्मावबोधनसमर्थमपि स्वभावेन सर्वप्राणिनां ज्ञानं बाह्यविषयरागादिदोषकलुषितमप्रसन्नमशुद्धं सन्नावबोधयति नित्यं संनिहितमप्यात्मतत्त्वं मलावनद्धमिवादर्शनम् , विलुलितमिव सलिलम्। तद्यदेन्द्रियविषयसंसर्गजनितरागादिमलकालुष्यापनयनादादर्शसलिलादिवत्प्रसादितं स्वच्छं शान्तमवतिष्ठते तदा ज्ञानस्य प्रसादः स्यात्।

तेन ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्त्वो विशुद्धान्तःकरणो योग्यो ब्रह्म द्रष्टुं यस्मात्ततस्तस्मात्तु तमात्मानं पश्यते पश्यत्युपलभते निष्कलं सर्वावयवभेदवर्जितं ध्यायमानः सत्यादिसाधनवानुपसंहृतकरण एकाग्रेण मनसा ध्यायमानश्चिन्तयन्॥ ८॥

ज्ञान (ज्ञानकी साधनभूता बुद्धि)-के प्रसादसे [उसका ग्रहण हो सकता है]। सम्पूर्ण प्राणियोंका ज्ञान स्वभावसे आत्मबोध करानेमें समर्थ होनेपर भी, बाह्य विषयोंके रागादि दोषसे कलुषित—अप्रसन्न यानी अशुद्ध हो जानेके कारण उस आत्मतत्त्वका, सर्वदा समीपस्थ होनेपर भी, मलसे ढके हुए दर्पण तथा चंचल जलके समान बोध नहीं करा सकता। जिस समय इन्द्रिय और विषयोंके संसर्गसे होनेवाले रागादि दोषरूप मलके दूर हो जानेपर दर्पण या जल आदिके समान चित्त प्रसन्न—स्वच्छ अर्थात् शान्तभावसे स्थित हो जाता है उस समय ज्ञानका प्रसाद होता है।

क्योंकि उस ज्ञानप्रसादसे विशुद्धसत्त्व यानी शुद्धचित्त हुआ पुरुष ब्रह्मका साक्षात्कार करनेयोग्य होता है इसलिये तब वह ध्यान करके अर्थात् सत्यादिसाधनसम्पन्न होकर इन्द्रियोंका निरोध कर एकाग्रचित्तसे ध्यान—चिन्तन करता हुआ उस निष्कल यानी सम्पूर्ण अवयवभेदसे रहित आत्माको देखता—उपलब्ध करता है॥ ८॥

शरीरमें इन्द्रियरूपसे अनुप्रविष्ट हुए आत्माका चित्तशुद्धिद्वारा साक्षात्कार

यमात्मानमेवं पश्यति—

जिस आत्माको साधक इस प्रकार देखता है—

एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यो
यस्मिन्प्राणः पञ्चधा संविवेश।
प्राणैश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां
यस्मिन्विशुद्धे विभवत्येष आत्मा॥ ९॥

वह सूक्ष्म आत्मा, जिस [शरीर]-में पाँच प्रकारसे प्राण प्रविष्ट है उस शरीरके भीतर ही विशुद्ध विज्ञानद्वारा जाननेयोग्य है। उससे इन्द्रियोंद्वारा प्रजावर्गके सम्पूर्ण चित्त व्याप्त हैं, जिसके शुद्ध हो जानेपर यह आत्मस्वरूपसे प्रकाशित होने लगता है॥ ९॥

एषोऽणुः सूक्ष्मश्चेतसा विशुद्धज्ञानेन केवलेन वेदितव्यः। क्वासौ? यस्मिञ्शरीरे प्राणो वायुः पञ्चधा प्राणापानादिभेदेन संविवेश सम्यक्प्रविष्टस्तस्मिन्नेव शरीरे हृदये चेतसा ज्ञेय इत्यर्थः।

वह अणु—सूक्ष्म आत्मा चित्त यानी केवल विशुद्ध ज्ञानसे जाननेयोग्य है। वह कहाँ जाननेयोग्य है? जिस शरीरमें प्राणवायु, प्राण-अपान आदि भेदसे पाँच प्रकारका होकर सम्यक् रीतिसे प्रविष्ट हो रहा है उसी शरीरमें हृदयके भीतर यह चित्तद्वारा जाननेयोग्य है—ऐसा इसका तात्पर्य है।

कीदृशेन चेतसा वेदितव्य इत्याह—प्राणैः सहेन्द्रियैश्चित्तं सर्वमन्तःकरणं प्रजानामोतं व्याप्तं येन क्षीरमिव स्नेहेन

वह किस प्रकारके चित्त (ज्ञान)-से ज्ञातव्य है? इसपर कहते हैं—दूध जिस प्रकार घृतसे और काष्ठ जिस प्रकार अग्निसे व्याप्त है, उसी प्रकार जिससे प्राण यानी इन्द्रियोंके सहित प्रजाके समस्त चित्त—अन्तःकरण व्याप्त हैं, क्योंकि

काष्ठमिवाग्निना। सर्वं हि प्रजानामन्तःकरणं चेतनावत्प्रसिद्धं लोके। यस्मिंश्च चित्ते क्लेशादिमलवियुक्ते शुद्धे विभवत्येष उक्त आत्मा विशेषेण स्वेनात्मना विभवत्यात्मानं प्रकाशयतीत्यर्थः ॥ ९ ॥

लोकमें प्रजाके सभी अन्तःकरण चेतनायुक्त प्रसिद्ध हैं और जिस चित्तके शुद्ध यानी क्लेशादि मलसे वियुक्त होनेपर यह पूर्वोक्त आत्मा अपने विशेषरूपसे प्रकट होता है अर्थात् अपनेको प्रकाशित कर देता है ॥ ९ ॥

आत्मज्ञका वैभव और उसकी पूजाका विधान

य एवमुक्तलक्षणं सर्वात्मानमात्मत्वेन प्रतिपन्नस्तस्य सर्वात्मत्वादेव सर्वावाप्तिलक्षणं फलमाह—

इस प्रकार जो उपर्युक्त सर्वात्माको आत्मस्वरूपसे जानता है उसका सर्वात्मा होनेसे ही सर्वप्राप्तिरूप फल बतलाते हैं—

यं यं लोकं मनसा संविभाति
विशुद्धसत्त्वः कामयते यांश्च कामान्।
तं तं लोकं जयते तांश्च कामां-
स्तस्मादात्मज्ञं ह्यर्चयेद् भूतिकामः ॥ १० ॥

वह विशुद्धचित्त आत्मवेत्ता मनसे जिस-जिस लोककी भावना करता है और जिन-जिन भोगोंको चाहता है वह उसी-उसी लोक और उन्हीं-उन्हीं भोगोंको प्राप्त कर लेता है। इसलिये ऐश्वर्यकी इच्छा करनेवाला पुरुष आत्मज्ञानीकी पूजा करे ॥ १० ॥

यं यं लोकं पित्रादिलक्षणं मनसा संविभाति संकल्पयति मह्यमन्यस्मै वा भवेदिति विशुद्धसत्त्वः क्षीणक्लेश

विशुद्धसत्त्व—जिसके क्लेश* क्षीण हो गये हैं वह निर्मलचित्त आत्मवेत्ता जिस पितृलोक आदि लोककी मनसे इच्छा करता है अर्थात् ऐसा संकल्प

* क्लेश मनोविकारोंको कहा है। वे पाँच हैं, यथा—
अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः। (योग० २। ३)
१- अविद्या, २- अस्मिता, ३- राग, ४- द्वेष और ५- अभिनिवेश—ये क्लेश हैं।

आत्मविन्निर्मलान्तःकरणः कामयते यांश्च कामान्प्रार्थयते भोगांस्तं तं लोकं जयते प्राप्नोति तांश्च कामान्संकल्पितान्भोगान्। तस्माद्विदुषः सत्यसंकल्पत्वादात्मज्ञमात्मज्ञानेन विशुद्धान्तःकरणं ह्यर्चयेत् पूजयेत्पादप्रक्षालनशुश्रूषानमस्कारादिभिर्भूतिकामो विभूतिमिच्छुः। ततः पूजार्ह एवासौ ॥ १० ॥

करता है कि मुझे या किसी अन्यको अमुक लोक प्राप्त हो अथवा वह जिन कामना यानी भोगोंकी अभिलाषा करता है उसी-उसी लोक तथा अपने संकल्प किये हुए उन्हीं-उन्हीं भोगोंको वह प्राप्त कर लेता है। अतः ऐश्वर्यकी इच्छा करनेवाला पुरुष उस विशुद्धचित्त आत्मज्ञानीका पाद-प्रक्षालन, शुश्रूषा एवं नमस्कारादिद्वारा पूजन करे, क्योंकि विद्वान् सत्यसंकल्प होता है। इसलिये (सत्यसंकल्प होनेके कारण) वह पूजनीय ही है ॥ १०

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये तृतीयमुण्डके
प्रथमः खण्डः ॥ १ ॥

द्वितीय खण्ड

आत्मवेत्ताकी पूजाका फल

यस्मात्—

क्योंकि

स वेदैतत्परमं ब्रह्म धाम
यत्र विश्वं निहितं भाति शुभ्रम्।
उपासते पुरुषं ये ह्यकामा-
स्ते शुक्रमेतदतिवर्तन्ति धीराः ॥ १ ॥

वह (आत्मवेत्ता) इस परम आश्रयरूप ब्रह्मको जिसमें यह समस्त जगत् अर्पित है और जो स्वयं शुद्धरूपसे भासमान हो रहा है, जानता है।

जो निष्कामभावसे उस आत्मज्ञ पुरुषकी उपासना करते हैं, वे बुद्धिमान् लोग शरीरके बीजभूत इस वीर्यका अतिक्रमण कर जाते हैं। [अर्थात् इसके बन्धनसे मुक्त हो जाते हैं] ॥ १ ॥

स वेद जानातीत्येतद्यथोक्तलक्षणं ब्रह्म परममुत्कृष्टं धाम सर्वकामानामाश्रयमास्पदं यत्र यस्मिन् ब्रह्मणि धाम्नि विश्वं समस्तं जगन्निहितमर्पितं यच्च स्वेन ज्योतिषा भाति शुभ्रं शुद्धम्। तमप्येवमात्मज्ञं पुरुषं ये ह्यकामा विभूतितृष्णावर्जिता मुमुक्षवः सन्त उपासते परमिव सेवन्ते ते शुक्रं नृबीजं यदेतत्प्रसिद्धं शरीरोपादानकारणमतिवर्तन्त्यति—गच्छन्ति धीरा धीमन्तो न पुनर्योनिं प्रसर्पन्ति "न पुनः क्वचिद्रतिं करोति" इति श्रुतेः। अतस्तं पूजयेदित्यभिप्रायः ॥ १ ॥

वह (आत्मवेत्ता) सम्पूर्ण कामनाओंके परम यानी उत्कृष्ट आश्रयभूत इस पूर्वोक्त लक्षणवाले ब्रह्मको जानता है, जिस ब्रह्मपदमें यह विश्व यानी सम्पूर्ण जगत् निहित—समर्पित है और जो कि अपने तेजसे—शुद्धरूपसे प्रकाशित हो रहा है। उस इस प्रकारके आत्मज्ञ पुरुषकी भी जो लोग निष्काम अर्थात् ऐश्वर्यकी तृष्णासे रहित होकर यानी मुमुक्षु होकर परमदेवके समान उपासना करते हैं वे धीर—बुद्धिमान् पुरुष शुक्र यानी मनुष्यदेहके बीजका, जो कि शरीरके उपादान कारणरूपसे प्रसिद्ध है, अतिक्रमण कर जाते हैं, अर्थात् फिर योनिमें प्रवेश नहीं करते, जैसा कि "फिर कहीं प्रीति नहीं करता" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है। अतः तात्पर्य यह है कि उसका पूजन करना चाहिये ॥ १ ॥

निष्कामतासे पुनर्जन्मनिवृत्ति

मुमुक्षोः कामत्याग एव प्रधानं साधनमित्येतद्दर्शयति—

मुमुक्षुके लिये कामनाका त्याग ही प्रधान साधन है—इस बातको दिखलाते हैं—

कामान्यः कामयते मन्यमानः
स कामभिर्जायते तत्र तत्र।

पर्याप्तकामस्य कृतात्मनस्त्विहैव
सर्वे प्रविलीयन्ति कामाः ॥ २ ॥

[भोगोंके गुणोंका] चिन्तन करनेवाला जो पुरुष भोगोंकी इच्छा करता है वह उन कामनाओंके योगसे तहाँ-तहाँ (उनकी प्राप्तिके स्थानोंमें) उत्पन्न होता रहता है। परन्तु जिसकी कामनाएँ पूर्ण हो गयी हैं उस कृतकृत्य पुरुषकी तो सभी कामनाएँ इस लोकमें ही लीन हो जाती हैं ॥ २ ॥

कामान्यो दृष्टादृष्टेष्टविषयान् कामयते मन्यमानस्तद्गुणांश्चिन्तयानः प्रार्थयते स तैः कामभिः कामैर्धर्माधर्मप्रवृत्तिहेतुभिर्विषयेच्छा-रूपैः सह जायते तत्र तत्र। यत्र यत्र विषयप्राप्तिनिमित्तं कामाः कर्मसु पुरुषं नियोजयन्ति तत्र तत्र तेषु तेषु विषयेषु तैरेव कामैर्वेष्टितो जायते।

जो पुरुष काम अर्थात् दृष्ट और अदृष्ट अभीष्ट विषयोंकी, उनके गुणोंका मनन—चिन्तन करता हुआ, कामना करता है वह उन कामनाओं अर्थात् धर्माधर्ममें प्रवृत्ति करानेके हेतुभूत विषयोंकी इच्छारूप वासनाओंके सहित वहीं-वहीं उत्पन्न होता है; अर्थात् जहाँ-जहाँ विषयप्राप्तिके लिये कामनाएँ पुरुषको कर्ममें नियुक्त करती हैं वह वहीं-वहीं उन्हीं-उन्हीं प्रदेशोंमें उन-उन कामनाओंसे ही परिवेष्टित हुआ जन्म ग्रहण करता है।

यस्तु परमार्थतत्त्वविज्ञानात् पर्याप्तकाम आत्मकामत्वेन परि समन्तत आप्ताः कामा यस्य तस्य पर्याप्तकामस्य कृतात्मनोऽविद्या-लक्षणादपररूपादपनीय स्वेन परेण रूपेण कृत आत्मा विद्यया यस्य तस्य कृतात्मनस्त्विहैव तिष्ठत्येव शरीरे सर्वे

परन्तु जो परमार्थतत्त्वके विज्ञानसे पूर्णकाम हो गया है, अर्थात् आत्मप्राप्तिकी इच्छावाला होनेके कारण जिसे सब ओरसे समस्त भोग प्राप्त हो चुके हैं उस पूर्णकाम कृतकृत्य पुरुषकी सभी कामनाएँ लीन हो जाती हैं अर्थात् जिसने विद्याद्वारा अपने आत्माको उसके अविद्यामय अपररूपसे हटाकर अपने पररूपसे स्थित कर दिया है उस कृतात्माके धर्माधर्मकी प्रवृत्तिके समस्त हेतु इस शरीरमें स्थित

धर्माधर्मप्रवृत्तिहेतवः प्रविलीयन्ति विलयमुपयान्ति नश्यन्तीत्यर्थः। कामास्तज्जन्महेतुविनाशान्न जायन्त इत्यभिप्रायः॥ २॥

रहते हुए ही लीन अर्थात् नष्ट हो जाते हैं। अभिप्राय यह है कि अपनी उत्पत्तिके हेतुका नाश हो जानेके कारण उसमें फिर कामनाएँ उत्पन्न नहीं होतीं॥ २॥

आत्मदर्शनका प्रधान साधन—जिज्ञासा

यद्येवं सर्वलाभात्परम आत्मलाभस्तल्लाभाय प्रवचनादय उपाया बाहुल्येन कर्तव्या इति प्राप्त इदमुच्यते—

इस प्रकार यदि और सब लाभोंकी अपेक्षा आत्मलाभ ही उत्कृष्ट है तो उसकी प्राप्तिके लिये प्रवचन आदि उपाय अधिकतासे करने चाहिये—ऐसी बात प्राप्त होनेपर यह कहा जाता है—

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो
न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्य-
स्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम्॥ ३॥

यह आत्मा न तो प्रवचन (पुष्कल शास्त्राध्ययन)-से प्राप्त होनेयोग्य है और न मेधा (धारणाशक्ति) तथा अधिक श्रवण करनेसे ही मिलनेवाला है। यह (विद्वान्) जिस परमात्माकी प्राप्तिकी इच्छा करता है उस (इच्छा)-के द्वारा ही इसकी प्राप्ति हो सकती है। उसके प्रति यह आत्मा अपने स्वरूपको व्यक्त कर देता है॥ ३॥

योऽयमात्मा व्याख्यातो यस्य लाभः परः पुरुषार्थो नासौ वेदशास्त्राध्ययनबाहुल्येन प्रवचनेन लभ्यः। तथा न मेधया ग्रन्थार्थधारणशक्त्या। न बहुना श्रुतेन नापि भूयसा श्रवणेनेत्यर्थः।

जिस इस आत्माकी व्याख्या की गयी है, जिसका लाभ ही परम पुरुषार्थ है वह वेदशास्त्रके अधिक अध्ययनरूप प्रवचनसे प्राप्त होनेयोग्य नहीं है। इसी प्रकार वह न मेधा—ग्रन्थके अर्थको धारण करनेकी शक्तिसे और न 'बहुना श्रुतेन' यानी अधिक शास्त्रश्रवणसे ही मिल सकता है।

केन तर्हि लभ्य इत्युच्यते—यमेव परमात्मानमेवैष विद्वान्वृणुते प्राप्तुमिच्छति तेन वरणेनैष परमात्मा लभ्यो नान्येन साधनान्तरेण। नित्यलब्धस्वभावत्वात्।

कीदृशोऽसौ विदुष आत्मलाभ इत्युच्यते। तस्यैव आत्माविद्यासञ्छन्नां स्वां परां तनुं स्वात्मतत्त्वं स्वरूपं विवृणुते प्रकाशयति प्रकाश इव घटादिर्विद्यायां सत्यामाविर्भवतीत्यर्थः। तस्मादन्यत्यागेनात्मलाभप्रार्थनैवात्म-लाभसाधनमित्यर्थः॥ ३॥

तो फिर वह किस उपायसे प्राप्त हो सकता है? इसपर कहते हैं—जिस परमात्माको यह विद्वान् वरण करता अर्थात् प्राप्त करनेकी इच्छा करता है उस वरण करनेके द्वारा ही यह परमात्मा प्राप्त होनेयोग्य है; नित्यप्राप्तस्वरूप होनेके कारण किसी अन्य साधनसे प्राप्त नहीं हो सकता।

विद्वान्‌को होनेवाला यह आत्मलाभ कैसा होता है—इसपर कहते हैं—यह आत्मा उसके प्रति अपने अविद्याच्छन्न परस्वरूपको यानी स्वात्मतत्त्वको प्रकाशित कर देता है। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार प्रकाशमें घटादिकी अभिव्यक्ति होती है उसी प्रकार विद्याकी प्राप्ति होनेपर आत्माका आविर्भाव हो जाता है। अतः तात्पर्य यह है कि अन्य कामनाओंके त्यागद्वारा आत्मप्रार्थना ही आत्मलाभका साधन है॥ ३॥

आत्मदर्शनके अन्य साधन

आत्मप्रार्थनासहायभूतान्येतानि च साधनानि बलाप्रमादतपांसि लिङ्गयुक्तानि संन्याससहितानि। यस्मात्—

लिंगयुक्त अर्थात् संन्यासके सहित बल, अप्रमाद और तप—ये सब साधन आत्मप्रार्थनाके सहायक हैं। क्योंकि—

नायमात्मा बलहीनेन लभ्यो
न च प्रमादात्तपसो वाप्यलिङ्गात्।
एतैरुपायैर्यतते यस्तु विद्वां-
स्तस्यैष आत्मा विशते ब्रह्मधाम॥ ४॥

यह आत्मा बलहीन पुरुषको प्राप्त नहीं हो सकता और न प्रमाद अथवा लिंग (संन्यास)-रहित तपस्यासे ही [मिल सकता है]। परन्तु जो विद्वान् इन उपायोंसे [उसे प्राप्त करनेके लिये] प्रयत्न करता है उसका यह आत्मा ब्रह्मधाममें प्रविष्ट हो जाता है॥ ४॥

यस्मादयमात्मा बलहीनेन बलप्रहीणेनात्मनिष्ठाजनितवीर्यहीनेन न लभ्यो नापि लौकिकपुत्रपश्वादि-विषयसङ्गनिमित्तप्रमादात्, तथा तपसो वाप्यलिङ्गाल्लिङ्गरहितात्। तपोऽत्र ज्ञानम्; लिङ्गं संन्यासः। संन्यासरहिताज्ज्ञानान्न लभ्यत इत्यर्थः। एतैरुपायैर्बलाप्रमादसंन्यासज्ञानैर्यतते तत्परः सन्प्रयतते यस्तु विद्वान्विवेक्यात्मवित्तस्य विदुष एष आत्मा विशते संप्रविशति ब्रह्मधाम॥ ४॥

यह आत्मा बलहीन अर्थात् आत्मनिष्ठाजनित शक्तिसे रहित पुरुषद्वारा प्राप्त होनेयोग्य नहीं है; न लौकिक पुत्र एवं पशु आदि विषयोंकी आसक्तिके कारण होनेवाले प्रमादसे ही मिल सकता है और न लिंगरहित तपस्यासे ही। यहाँ तप ज्ञान है और लिंग संन्यास। तात्पर्य यह कि संन्यासरहित ज्ञानसे प्राप्त नहीं होता। जो विद्वान् यानी विवेकी आत्मवेत्ता तत्पर होकर बल, अप्रमाद, संन्यास और ज्ञान—इन उपायोंसे [उसकी प्राप्तिके लिये] प्रयत्न करता है उस विद्वान्का यह आत्मा ब्रह्मधाममें सम्यक्-रूपसे प्रविष्ट हो जाता है॥ ४॥

आत्मदर्शीकी ब्रह्मप्राप्तिका प्रकार

कथं ब्रह्म संविशत इत्युच्यते—

विद्वान् किस प्रकार ब्रह्ममें प्रविष्ट होता है सो बतलाया जाता है—

संप्राप्यैनमृषयो ज्ञानतृप्ताः
कृतात्मानो वीतरागाः प्रशान्ताः।
ते सर्वगं सर्वतः प्राप्य धीरा
युक्तात्मानः सर्वमेवाविशन्ति॥ ५॥

इस आत्माको प्राप्त कर ऋषिगण ज्ञानतृप्त, कृतकृत्य, विरक्त और प्रशान्त

हो जाते हैं। वे धीर पुरुष उस सर्वगत ब्रह्मको सब ओर प्राप्त कर [मरणकालमें] समाहितचित्त हो सर्वरूप ब्रह्ममें ही प्रवेश कर जाते हैं॥ ५॥

संप्राप्य समवगम्यैनमात्मानमृषयो दर्शनवन्तस्तेनैव ज्ञानेन तृप्ता न बाह्येन तृप्तिसाधनेन शरीरोपचयकारणेन कृतात्मानः परमात्मस्वरूपेणैव निष्पन्नात्मानः सन्तो वीतरागाः वीतरागादिदोषाः प्रशान्ता उपरतेन्द्रियाः।

त एवंभूताः सर्वगं सर्वव्यापिनमाकाशवत्सर्वतः सर्वत्र प्राप्य—नोपाधिपरिच्छिन्नेनैकदेशेन, किं तर्हि? तद्ब्रह्मैवाद्वयमात्मत्वेन प्रतिपद्य धीरा अत्यन्तविवेकिनो युक्तात्मानो नित्यसमाहितस्वभावाः सर्वमेव समस्तं शरीरपातकालेऽप्याविशन्ति भिन्ने घटे घटाकाशवदविद्याकृतोपाधिपरिच्छेदं जहति। एवं ब्रह्मविदो ब्रह्मधाम प्रविशन्ति॥ ५॥

इस आत्माको सम्यक् प्रकारसे प्राप्त कर—जानकर ऋषि अर्थात् आत्मदर्शनवान् लोग, शरीरको पुष्ट करनेवाले किसी बाह्य तृप्तिसाधनसे नहीं बल्कि उस ज्ञानसे ही तृप्त हो कृतात्मा—जिनका आत्मा परमात्मस्वरूपसे ही निष्पन्न हो गया है ऐसे होकर तथा वीतराग—रागादि दोषोंसे रहित और प्रशान्त यानी उपरतेन्द्रिय हो जाते हैं।

ऐसे भावको प्राप्त हुए वे लोग सर्वग—आकाशके समान सर्वव्यापक ब्रह्मको, उपाधिपरिच्छिन्न एकदेशमें नहीं, बल्कि सर्वत्र प्राप्त कर—फिर क्या होता है? उस अद्वयब्रह्मका ही आत्मभावसे अनुभव कर, वे धीर यानी अत्यन्त विवेकी और युक्तात्मा—नित्य समाहितस्वभाव पुरुष शरीरपातके समय भी सर्वरूप ब्रह्ममें ही प्रवेश कर जाते हैं; अर्थात् घटके फूट जानेपर घटाकाशके समान वे अपने अविद्याजनित परिच्छेदका परित्याग कर देते हैं। इस प्रकार वे ब्रह्मवेत्ता ब्रह्मधाममें प्रवेश करते हैं॥ ५॥

ज्ञातज्ञेयकी मोक्षप्राप्ति

किं च—

तथा—

वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः
संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः।
ते ब्रह्मलोकेषु परान्तकाले
परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे॥ ६॥

जिन्होंने वेदान्तजनित विज्ञानसे ज्ञेय अर्थका अच्छी तरह निश्चय कर लिया है वे संन्यासयोगसे यत्न करनेवाले समस्त शुद्धचित्त पुरुष ब्रह्मलोकमें देहत्याग करते समय परम अमरभावको प्राप्त हो सब ओरसे मुक्त हो जाते हैं॥ ६॥

वेदान्तजनितविज्ञानं वेदान्तविज्ञानं तस्यार्थः परमात्मा विज्ञेयः सोऽर्थः सुनिश्चितो येषां ते वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः। ते च संन्यासयोगात्सर्वकर्मपरित्यागलक्षणयोगात्केवलब्रह्मनिष्ठास्वरूपाद्योगाद्यतयो यतनशीलाः शुद्धसत्त्वाः शुद्धं सत्त्वं येषां संन्यासयोगात्ते शुद्धसत्त्वाः। ते ब्रह्मलोकेषु—संसारिणां ये मरणकालास्तेऽपरान्तास्तानपेक्ष्य मुमुक्षूणां संसारावसाने देहपरित्यागकालः परान्तकालस्तस्मिन्परान्तकाले साधकानां बहुत्वाद् ब्रह्मैव लोको ब्रह्मलोक एकोऽप्यनेकवद् दृश्यते प्राप्यते वा, अतो बहुवचनं ब्रह्मलोकेष्विति ब्रह्मणीत्यर्थः—परामृताः परममृतममरणधर्मकं ब्रह्मात्मभूतं येषां ते

वेदान्तसे उत्पन्न होनेवाला विज्ञान वेदान्तविज्ञान कहलाता है। उसका अर्थ यानी विज्ञेय परमात्मा है। वह अर्थ जिन्हें अच्छी तरह निश्चित हो गया है वे 'वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थ' कहलाते हैं। वे संन्यासयोगसे— सर्वकर्मपरित्यागरूप योगसे अर्थात् केवल ब्रह्मनिष्ठास्वरूप योगसे यत्न करनेवाले और शुद्धसत्त्व—संन्यासयोगसे जिनका सत्त्व (चित्त) शुद्ध हो गया है ऐसे वे शुद्धचित्त पुरुष ब्रह्मलोकोंमें परामृत—परम अमृत यानी अमरणधर्मा ब्रह्म ही जिनका आत्मस्वरूप है ऐसे जीवित अवस्थामें ही परामृत यानी ब्रह्मभूत होकर दीपनिर्वाण अथवा [घटके फूटनेपर] घटाकाशके समान परिमुक्त यानी निवृत्तिको प्राप्त हो जाते हैं। वे सब परि अर्थात् सब ओरसे मुक्त हो जाते हैं। किसी अन्य गन्तव्य देशान्तरकी अपेक्षा नहीं करते। संसारी पुरुषोंके जो अन्तकाल होते हैं वे 'अपरान्तकाल' हैं उनकी अपेक्षा मुमुक्षुओंके संसारका अन्त हो जानेपर उनका जो देहपरित्यागका समय है वह 'परान्तकाल' है।

परामृता जीवन्त एव ब्रह्मभूताः परामृताः सन्तः परिमुच्यन्ति परि समन्तात्प्रदीपनिर्वाणवद् घटाकाशवच्च निवृत्तिमुपयान्ति। परिमुच्यन्ति परि समन्तान्मुच्यन्ते सर्वे न देशान्तरं गन्तव्यमपेक्षन्ते।

"शकुनीनामिवाकाशे जले वारिचरस्य च। पदं यथा न दृश्येत तथा ज्ञानवतां गतिः॥" (महा० शा० २३९।२४)। "अनध्वगा अध्वसु पारयिष्णवः" इति श्रुतिस्मृतिभ्यः।

देशपरिच्छिन्ना हि गतिः संसारविषयैव, परिच्छिन्नसाधनसाध्यत्वात्। ब्रह्म तु समस्तत्वान्न देशपरिच्छेदेन गन्तव्यम्। यदि हि देशपरिच्छिन्नं ब्रह्म स्यान्मूर्तद्रव्यवदाद्यन्तवदन्याश्रितं सावयवमनित्यं कृतकं च स्यात्। न त्वेवंविधं ब्रह्म भवितुमर्हति। अतस्तत्प्राप्तिश्च नैव देशपरिच्छिन्ना भवितुं युक्ता। अपि चाविद्यादिसंसारबन्धापनयनमेव मोक्षम् इच्छन्ति ब्रह्मविदो न तु कार्यभूतम्॥ ६॥

उस परान्तकालमें वे ब्रह्मलोकोंमें—बहुत-से साधक होनेके कारण यहाँ ब्रह्मलोक यानी ब्रह्मस्वरूप लोक एक होनेपर भी अनेकवत् देखा और प्राप्त किया जाता है। इसीलिये 'ब्रह्मलोकेषु' इस पदमें बहुवचनका प्रयोग हुआ है, अतः 'ब्रह्मलोकेषु' का अर्थ है ब्रह्ममें।

"जिस प्रकार आकाशमें पक्षियोंके और जलमें जलचर जीवके पैर (चरण-चिह्न) दिखायी नहीं देते उसी प्रकार ज्ञानियोंकी गति नहीं जानी जाती" "[मुमुक्षु लोग] संसारमार्गसे पार होनेकी इच्छासे अनध्वग (संसारमार्गमें विचरण न करनेवाले) होते हैं।" इत्यादि श्रुति-स्मृतियोंसे भी यही प्रमाणित होता है।

परिच्छिन्न साधनसे साध्य होनेके कारण संसारसम्बन्धिनी गति देशपरिच्छिन्ना ही होती है। किन्तु ब्रह्म सर्वरूप होनेके कारण किसी देशपरिच्छेदसे प्राप्तव्य नहीं है। यदि ब्रह्म देशपरिच्छिन्न हो तो मूर्तद्रव्यके समान आदि-अन्तवान्, पराश्रित, सावयव, अनित्य और कृतक सिद्ध हो जायगा। किन्तु ब्रह्म ऐसा हो नहीं सकता। अतः उसकी प्राप्ति भी देशपरिच्छिन्ना नहीं हो सकती; इसके सिवा ब्रह्मवेत्ता लोग अविद्यादि-संसारबन्धनकी निवृत्तिरूप मोक्षकी ही इच्छा करते हैं, किसी कार्यभूत पदार्थकी नहीं॥ ६॥

मोक्षका स्वरूप

किं च मोक्षकाले— | तथा मोक्षकालमें—

गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठा
देवाश्च सर्वे प्रतिदेवतासु।
कर्माणि विज्ञानमयश्च आत्मा
परेऽव्यये सर्व एकीभवन्ति॥ ७॥

[प्राणादि] पन्द्रह कलाएँ (देहारम्भक तत्त्व) अपने आश्रयोंमें स्थित हो जाती हैं, [चक्षु आदि इन्द्रियोंके अधिष्ठाता] समस्त देवगण अपने प्रतिदेवता [आदित्यादि]-में लीन हो जाते हैं तथा उसके [संचितादि] कर्म और विज्ञानमय आत्मा आदि सब-के-सब पर अव्यय देवमें एकीभावको प्राप्त हो जाते हैं॥ ७॥

या देहारम्भिकाः कलाः प्राणाद्यास्ताः स्वां स्वां प्रतिष्ठां गताः स्वं स्वं कारणं गता भवन्तीत्यर्थः। प्रतिष्ठा इति द्वितीयाबहुवचनम्। पञ्चदश पञ्चदशसंख्याका या अन्त्यप्रश्नपरिपठिताः प्रसिद्धा देवाश्च देहाश्रयाश्चक्षुरादिकरणस्थाः सर्वे प्रतिदेवतास्वादित्यादिषु गता भवन्तीत्यर्थः।

जो देहकी आरम्भ करनेवाली प्राणादि कलाएँ हैं वे अपनी प्रतिष्ठाको पहुँचती अर्थात् अपने-अपने कारणको प्राप्त हो जाती हैं। [इस मन्त्रमें] 'प्रतिष्ठाः' यह द्वितीया विभक्तिका बहुवचन है। पन्द्रह प्रसिद्ध कलाएँ जो [प्रश्नोपनिषद्के] अन्तिम (षष्ठ) प्रश्नमें पढ़ी गयी हैं तथा देहके आश्रित चक्षु आदि इन्द्रियोंमें स्थित समस्त देवता अपने प्रतिदेवता आदित्यादिमें लीन हो जाते हैं—ऐसा इसका तात्पर्य है।

यानि च मुमुक्षुणा कृतानि कर्माण्यप्रवृत्तफलानि प्रवृत्त-फलानामुपभोगेनैव क्षीयमाणत्वा-द्विज्ञानमयश्चात्माविद्याकृतबुद्ध्या-द्युपाधिमात्मत्वेन मत्वा जलादिषु सूर्यादिप्रतिबिम्बवदिह प्रविष्टो देहभेदेषु,

तथा मुमुक्षुके किये हुए अप्रवृत्तफल कर्म—क्योंकि जो कर्म फलोन्मुख हो जाते हैं वे उपभोगसे ही क्षीण होते हैं—और विज्ञानमय आत्मा, जो अविद्याजनित बुद्धि आदि उपाधिको आत्मभावसे मानकर जलादिमें सूर्यादिके प्रतिबिम्बके समान यहाँ देहभेदोंमें प्रविष्ट हो रहा है,

कर्मणां तत्फलार्थत्वात्, सह तेनैव विज्ञानमयेनात्मना, अतो विज्ञानमयो विज्ञानप्रायः; त एते कर्माणि विज्ञानमयश्च आत्मोपाध्यपनये सति परेऽव्ययेऽनन्तेऽक्षये ब्रह्मण्याकाशकल्पेऽजेऽजरेऽमृतेऽभयेऽपूर्वेऽनपरेऽनन्तरेऽबाह्येऽद्वये शिवे शान्ते सर्व एकीभवन्त्यविशेषतां गच्छन्ति एकत्वमापद्यन्ते जलाद्याधारापनय इव सूर्यादिप्रतिबिम्बाः सूर्ये घटाद्यपनय इवाकाशे घटाद्याकाशाः ॥ ७ ॥

उस विज्ञानमय आत्माके सहित [परब्रह्ममें लीन हो जाते हैं], क्योंकि कर्म उस विज्ञानमय आत्माको ही फल देनेवाले हैं। अतः विज्ञानमयका अर्थ विज्ञानप्राय है। ऐसे वे [संचितादि] कर्म और विज्ञानमय आत्मा सभी, उपाधिके निवृत्त हो जानेपर आकाशके समान, पर, अव्यय, अनन्त, अक्षय, अज, अजर, अमृत, अभय, अपूर्व, अनन्य, अनन्तर, अबाह्य, अद्वय, शिव और शान्त ब्रह्ममें एकरूप हो जाते हैं—अविशेषता अर्थात् एकताको प्राप्त हो जाते हैं, जिस प्रकार कि जल आदि आधारके हटा लिये जानेपर सूर्य आदिके प्रतिबिम्ब सूर्यमें तथा घटादिके निवृत्त होनेपर घटाकाशादि महाकाशमें मिल जाते हैं ॥ ७ ॥

ब्रह्मप्राप्तिमें नदी आदिका दृष्टान्त

किं च—

तथा—

यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रे-
ऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय।
तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः
परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥ ८ ॥

जिस प्रकार निरन्तर बहती हुई नदियाँ अपने नाम-रूपको त्यागकर समुद्रमें अस्त हो जाती हैं उसी प्रकार विद्वान् नाम-रूपसे मुक्त होकर परात्पर दिव्य पुरुषको प्राप्त हो जाता है॥ ८ ॥

यथा नद्यो गङ्गाद्याः स्यन्दमाना गच्छन्त्यः समुद्रे समुद्रं

जिस प्रकार बहकर जाती हुई गंगा आदि नदियाँ समुद्रमें पहुँचनेपर अपने

प्राप्यास्तमदर्शनमविशेषात्मभावं गच्छन्ति प्राप्नुवन्ति नाम च रूपं च नामरूपे विहाय हित्वा तथाविद्याकृत-नामरूपाद्विमुक्तः सन्विद्वान्परादक्षरात्पूर्वोक्तात्परं दिव्यं पुरुषं यथोक्तलक्षणमुपैति उपगच्छति॥ ८॥

नाम और रूपको त्यागकर अस्त—अदर्शन यानी अविशेष भावको प्राप्त हो जाती हैं उसी प्रकार विद्वान् अविद्याकृत नाम-रूपसे मुक्त हो पूर्वोक्त अक्षर (अव्याकृत)-से भी पर उपर्युक्त लक्षणविशिष्ट पुरुषको प्राप्त हो जाता है॥ ८॥

ब्रह्मवेत्ता ब्रह्म ही है

ननु श्रेयस्यनेके विघ्नाः प्रसिद्धा अतः क्लेशानामन्यतमेनान्येन वा देवादिना च विघ्नितो ब्रह्मविदप्यन्यां गतिं मृतो गच्छति न ब्रह्मैव।

न; विद्ययैव सर्वप्रतिबन्धस्यापनीतत्वात्। अविद्याप्रतिबन्धमात्रो हि मोक्षो नान्यप्रतिबन्धः, नित्यत्वादात्मभूतत्वाच्च।

तस्मात्—

शंका—कल्याणपथमें अनेकों विघ्न आया करते हैं—यह प्रसिद्ध है। अतः क्लेशोंमेंसे किसी-न-किसीके द्वारा अथवा किसी देवादिद्वारा विघ्न उपस्थित कर दिये जानेसे ब्रह्मवेत्ता भी मरनेपर किसी दूसरी गतिको प्राप्त हो जायगा—ब्रह्मको ही प्राप्त न होगा।

समाधान—नहीं, विद्यासे ही समस्त प्रतिबन्धोंके निवृत्त हो जानेके कारण [ऐसा नहीं होगा]। मोक्ष केवल अविद्यारूप प्रतिबन्धवाला ही है, और किसी प्रतिबन्धवाला नहीं है, क्योंकि वह नित्य और सबका आत्मस्वरूप है।

इसलिये—

स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति नास्याब्रह्मवित्कुले भवति। तरति शोकं तरति पाप्मानं गुहाग्रन्थिभ्यो विमुक्तोऽमृतो भवति॥ ९॥

जो कोई उस परब्रह्मको जान लेता है वह ब्रह्म ही हो जाता है। उसके कुलमें कोई अब्रह्मवित् नहीं होता। वह शोकको तर जाता है, पापको पार कर लेता है और हृदयग्रन्थियोंसे विमुक्त होकर अमरत्व प्राप्त कर लेता है॥ ९॥

स यः कश्चिद्ध वै लोके तत्परमं ब्रह्म वेद साक्षादहमेवास्मीति स नान्यां गतिं गच्छति। देवैरपि तस्य ब्रह्मप्राप्तिं प्रति विघ्नो न शक्यते कर्तुम्। आत्मा ह्येषां स भवति। तस्माद्ब्रह्मविद्वान्ब्रह्मैव भवति।

किं च नास्य विदुषोऽब्रह्मवित्कुले भवति। किं च तरति शोकमनेकेष्टवैकल्यनिमित्तं मानसं सन्तापं जीवन्नेवातिक्रान्तो भवति। तरति पाप्मानं धर्माधर्माख्यम्। गुहाग्रन्थिभ्यो हृदयाविद्याग्रन्थिभ्यो विमुक्तः सन्नमृतो भवतीत्युक्तमेव भिद्यते हृदयग्रन्थिरित्यादि॥ ९॥

इस लोकमें जो कोई उस परब्रह्मको जान लेता है—'वह साक्षात् मैं ही हूँ' ऐसा समझ लेता है, वह किसी अन्य गतिको प्राप्त नहीं होता। उसकी ब्रह्मप्राप्तिमें देवतालोग भी विघ्न उपस्थित नहीं कर सकते, क्योंकि वह तो उनका आत्मा ही हो जाता है। अतः ब्रह्मको जाननेवाला ब्रह्म ही हो जाता है।

तथा इस विद्वान्के कुलमें कोई अब्रह्मवित् नहीं होता और यह शोकको तर जाता है अर्थात् अनेकों इष्ट वस्तुओंके वियोगजनित सन्तापको जीवित रहते हुए ही पार कर लेता है तथा धर्माधर्मसंज्ञक पापसे भी परे हो जाता है। फिर हृदयाविद्याग्रन्थियोंसे विमुक्त हो अमृत हो जाता है, जैसा कि 'भिद्यते हृदयग्रन्थिः' इत्यादि मन्त्रोंमें कहा ही है॥ ९॥

विद्याप्रदानकी विधि

अथेदानीं ब्रह्मविद्यासम्प्रदानविध्युपप्रदर्शनेनोपसंहारः क्रियते।

तदेतदृचाभ्युक्तम्—

तदनन्तर अब ब्रह्मविद्याप्रदानकी विधिका प्रदर्शन करते हुए [इस ग्रन्थका] उपसंहार किया जाता है—

यही बात [आगेकी] ऋचाने भी कही है—

क्रियावन्तः श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठाः
स्वयं जुह्वत एकर्षिं श्रद्धयन्तः।
तेषामेवैषां ब्रह्मविद्यां वदेत
शिरोव्रतं विधिवद्यैस्तु चीर्णम्॥ १०॥

जो अधिकारी क्रियावान्, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ और स्वयं श्रद्धापूर्वक एकर्षि नामक अग्निमें हवन करनेवाले हैं तथा जिन्होंने विधिपूर्वक शिरोव्रतका अनुष्ठान किया है उन्हींसे यह ब्रह्मविद्या कहनी चाहिये॥ १०॥

तदेतद्विद्यासम्प्रदानविधानमृचा मन्त्रेणाभ्युक्तमभिप्रकाशितम्—

क्रियावन्तो यथोक्त-कर्मानुष्ठानयुक्ताः, श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठा अपरस्मिन्ब्रह्मण्यभियुक्ताः पर-ब्रह्मबुभुत्सवः स्वयमेकर्षिनामानमग्निं जुह्वते जुह्वति श्रद्धयन्तः श्रद्दधानाः सन्तो ये तेषाम् एव संस्कृतात्मनां पात्रभूतानाम् एतां ब्रह्मविद्यां वदेत ब्रूयात् शिरोव्रतं शिरस्यग्निधारणलक्षणम्, यथाथर्वणानां वेदव्रतं प्रसिद्धम्, यैस्तु यैश्च तच्चीर्णं विधिवद्यथाविधानं तेषामेव च॥ १०॥

यह विद्यासम्प्रदानकी विधि [आगेकी] ऋचा यानी मन्त्रने भी प्रकाशित की है—

जो क्रियावान्—जैसा ऊपर बतलाया गया है वैसे कर्मानुष्ठानमें लगे हुए, श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ यानी अपरब्रह्ममें लगे हुए और परब्रह्मको जाननेके इच्छुक तथा स्वयं श्रद्धायुक्त होकर एकर्षि नामक अग्निमें हवन करनेवाले हैं उन्हीं शुद्धचित्त एवं ब्रह्मविद्याके पात्रभूत अधिकारियोंको यह ब्रह्मविद्या बतलानी चाहिये, जिन्होंने कि सिरपर अग्नि धारण करनारूप शिरोव्रतका—जैसा कि अथर्ववेदियोंका वेदव्रत प्रसिद्ध है—विधिवत्—शास्त्रोक्त विधिके अनुसार अनुष्ठान किया है, उन्हींसे यह विद्या कहनी चाहिये॥ १०॥

उपसंहार

तदेतत्सत्यमृषिरङ्गिराः पुरोवाच नैतदचीर्णव्रतोऽधीते।
नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः॥ ११॥

उस इस सत्यका पूर्वकालमें अंगिरा ऋषिने [शौनकजीको] उपदेश किया था। जिसने शिरोव्रतका अनुष्ठान नहीं किया वह इसका अध्ययन नहीं कर सकता। परमर्षियोंको नमस्कार है, परमर्षियोंको नमस्कार है॥ ११॥

तदेतदक्षरं पुरुषं सत्यमृषिरङ्गिरा नाम पुरा पूर्वं शौनकाय विधिवदुपसन्नाय पृष्टवत उवाच।

उस इस अक्षर पुरुष सत्यको अंगिरा नामक ऋषिने पूर्वकालमें अपने समीप विधिपूर्वक आये हुए प्रश्नकर्ता शौनकजीसे

तद्वदन्योऽपि तथैव श्रेयोऽर्थिने मुमुक्षवे मोक्षार्थं विधिवदुपसन्नाय ब्रूयादित्यर्थः। नैतद्ग्रन्थरूपम् अचीर्णव्रतोऽचरितव्रतोऽप्यधीते न पठति। चीर्णव्रतस्य हि विद्या फलाय संस्कृता भवतीति।

समाप्ता ब्रह्मविद्या, सा येभ्यो ब्रह्मादिभ्यः पारम्पर्यक्रमेण संप्राप्ता तेभ्यो नमः परमऋषिभ्यः परमं ब्रह्म साक्षाद्दृष्टवन्तो ये ब्रह्मादयोऽवगतवन्तश्च ते परमर्षयस्तेभ्यो भूयोऽपि नमः। द्विर्वचनमत्यादरार्थं मुण्डकसमाप्त्यर्थं च॥ ११॥

कहा था। उनके समान अन्य किसी गुरुको भी उसी प्रकार अपने समीप विधिपूर्वक आये हुए कल्याणकामी मुमुक्षु पुरुषको उसके मोक्षके लिये इसका उपदेश करना चाहिये—यह इसका तात्पर्य है। इस ग्रन्थरूप उपदेशका अचीर्णव्रत पुरुष—जिसने कि शिरोव्रतका आचरण न किया हो—अध्ययन नहीं कर सकता, क्योंकि जिसने उस व्रतका आचरण किया होता है उसीकी विद्या संस्कारसम्पन्न होकर फलवती होती है।

यहाँ ब्रह्मविद्या समाप्त हुई। वह जिन ब्रह्मा आदिसे परम्पराक्रमसे प्राप्त हुई है उन परमर्षियोंको नमस्कार है। जिन्होंने परब्रह्मका साक्षात् दर्शन किया है और उसका बोध प्राप्त किया है वे ब्रह्मा आदि परम ऋषि हैं; उन्हें फिर भी नमस्कार है। यहाँ 'नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः' यह द्विरुक्ति ऋषियोंके अधिक आदर और मुण्डककी समाप्तिके लिये है॥ ११॥

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये तृतीयमुण्डके द्वितीयः खण्डः॥ २॥

॥ समाप्तमिदं तृतीयं मुण्डकम्॥ ३॥

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतावाथर्वणमुण्डकोपनिषद्भाष्यं समाप्तम्॥

॥ हरिः ॐ तत्सत्॥

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा
भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳ सस्तनूभि-
र्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः
स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽरिष्टनेमिः
स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥हरिः ॐ तत्सत्॥

ॐ

तत्सद्ब्रह्मणे नमः

माण्डूक्योपनिषद्

गौडपादीय कारिका, मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थसहित

जाग्रदादित्रयोन्मुक्तं जाग्रदादिमयं तथा।
ओङ्कारैकसुसंवेद्यं यत्पदं तन्नमाम्यहम्॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

हे देवगण! हम कानोंसे कल्याणमय वचन सुनें। यज्ञकर्ममें समर्थ होकर नेत्रोंसे शुभ दर्शन करें तथा अपने स्थिर अंग और शरीरोंसे स्तुति करनेवाले हमलोग देवताओंके लिये हितकर आयुका भोग करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

महान् कीर्तिमान् इन्द्र हमारा कल्याण करे; परम ज्ञानवान् [अथवा परम धनवान्] पूषा हमारा कल्याण करे, जो अरिष्टों (आपत्तियों)-के लिये चक्रके समान [घातक] है वह गरुड हमारा कल्याण करे तथा बृहस्पतिजी हमारा कल्याण करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

आगमप्रकरण

भाष्यकारका मङ्गलाचरण

प्रज्ञानांशुप्रतानैः स्थिरचरनिकरव्यापिभिर्व्याप्य लोकान्
भुक्त्वा भोगान् स्थविष्ठान् पुनरपि धिषणोद्भासितान् कामजन्यान्।
पीत्वा सर्वान् विशेषान् स्वपिति मधुरभुङ् मायया भोजयन्नो
मायासंख्यातुरीयं परममृतमजं ब्रह्म यत्तन्नतोऽस्मि॥ १॥

जो अपनी चराचरव्यापिनी ज्ञानरश्मियोंके विस्तारसे सम्पूर्ण लोकोंको व्याप्त कर [जाग्रत्-अवस्थामें] स्थूल विषयोंका भोग करनेके अनन्तर फिर [स्वप्नावस्थामें] बुद्धिसे प्रकाशित वासनाजनित सम्पूर्ण भोगोंका पानकर मायासे हम सब जीवोंको भोग कराता हुआ [स्वयं] आनन्दका भोक्ता होकर शयन करता है तथा जो परम अमृत और अजन्मा ब्रह्म मायासे 'तुरीय' (चौथी) संख्यावाला है, उसे हम नमस्कार करते हैं॥ १॥

यो विश्वात्मा विधिजविषयान् प्राश्य भोगान् स्थविष्ठान्
पश्चाच्चान्यान् स्वमतिविभवान् ज्योतिषा स्वेन सूक्ष्मान्।
सर्वानेतान् पुनरपि शनैः स्वात्मनि स्थापयित्वा
हित्वा सर्वान् विशेषान् विगतगुणगणः पात्वसौ नस्तुरीयः॥ २॥

जो सर्वात्मा [जाग्रत्-अवस्थामें] शुभाशुभ कर्मजनित स्थूल भोगोंको भोगकर फिर [स्वप्नकालमें] अपनी बुद्धिसे परिकल्पित सूक्ष्म विषयोंको [सूर्य आदि बाह्य ज्योतियोंका अभाव होनेके कारण] अपने ही प्रकाशसे भोगता है और फिर धीरे-धीरे इन सभीको अपनेमें स्थापित कर सम्पूर्ण विशेषोंको छोड़कर निर्गुणरूपसे स्थित हो जाता है, वह तुरीय परमात्मा हमारी रक्षा करे॥ २॥

सम्बन्ध-भाष्य

ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वम्। अनुबन्ध- तस्योपव्याख्यानं विमर्शः वेदान्तार्थसारसंग्रह-भूतमिदं प्रकरणचतुष्टय-मोमित्येतदक्षरमित्याद्यारभ्यते। अत एव न पृथक्सम्बन्धाभिधेयप्रयोजनानि वक्तव्यानि। यान्येव तु वेदान्ते सम्बन्धाभिधेयप्रयोजनानि तान्येवेह भवितुमर्हन्ति। तथापि प्रकरण-व्याचिख्यासुना संक्षेपतो वक्तव्यानि।

'ॐ' यह अक्षर ही यह सब कुछ है। उसका व्याख्यानरूप तथा वेदान्तार्थका सारसंग्रहभूत यह चार प्रकरणोंवाला ग्रन्थ 'ओमित्येतदक्षरमिदम्' आदि मन्त्रद्वारा आरम्भ किया जाता है। इसीलिये इसके सम्बन्ध, विषय और प्रयोजनका पृथक् वर्णन करनेकी आवश्यकता नहीं है। वेदान्तशास्त्रमें जो-जो सम्बन्ध, विषय और प्रयोजन हुआ करते हैं वे ही इस ग्रन्थमें भी हो सकते हैं। तो भी [व्याख्याकार ऐसा मानते हैं कि] जिन्हें किसी प्रकरण-ग्रन्थकी व्याख्या करनेकी इच्छा हो उन्हें संक्षेपसे उनका वर्णन कर ही देना चाहिये।

तत्र प्रयोजनवत्साधनाभि-व्यञ्जकत्वेनाभिधेयसम्बद्धं शास्त्रं पारम्पर्येण विशिष्टसम्बन्धाभिधेय-प्रयोजनवद्भवति। किं पुन-स्तत्प्रयोजनमित्युच्यते, रोगार्तस्येव रोगनिवृत्तौ स्वस्थता। तथा दुःखात्मकस्यात्मनो द्वैतप्रपञ्चोपशमे स्वस्थता। अद्वैतभावः प्रयोजनम्।

तहाँ, प्रयोजनसिद्धिके अनुकूल साधन अभिव्यक्त करनेके कारण अपने प्रतिपाद्य विषयसे सम्बन्ध रखनेवाला शास्त्र परम्परासे विशिष्ट सम्बन्ध, विषय और प्रयोजनवाला हुआ करता है। अच्छा तो, [इस शास्त्रका] वह क्या प्रयोजन है? सो बतलाया जाता है—जिस प्रकार रोगी पुरुषको रोगकी निवृत्ति होनेपर स्वस्थता होती है उसी प्रकार दुःखाभिमानी आत्माको द्वैतप्रपञ्चकी निवृत्ति होनेपर स्वस्थता मिलती है। अतः अद्वैतभाव ही इसका प्रयोजन है।

द्वैतप्रपञ्चस्याविद्याकृतत्वा-द्विद्यया तदुपशमः स्यादिति

द्वैतप्रपञ्च अविद्याजनित है इसलिये उसकी निवृत्ति विद्यासे ही हो सकती है।

ब्रह्मविद्याप्रकाशनायास्यारम्भः क्रियते। "यत्र हि द्वैतमिव भवति" (बृ० उ० २।४।१४) "यत्र वान्यदिव स्यात्तत्रान्योऽन्यत्पश्येदन्योऽन्यद्विजानीयात्" (बृ० उ० ४।३।३१) "यत्र वास्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्केन कं विजानीयात्" (बृ० उ० २।४।१४) इत्यादिश्रुतिभ्योऽस्यार्थस्य सिद्धिः।

अतः ब्रह्मविद्याको प्रकाशित करनेके लिये ही इसका आरम्भ किया जाता है। "जहाँ द्वैतके समान होता है" "जहाँ भिन्नके समान हो वहीं कोई दूसरा दूसरेको देख सकता है अथवा दूसरा दूसरेको जानता है" "जहाँ इसके लिये सब कुछ आत्मा ही हो गया है वहाँ यह किसके द्वारा किसे देखे? और किसके द्वारा किसे जाने?" इत्यादि श्रुतियोंसे इसी बातकी सिद्धि होती है।

प्रकरण-चतुष्टय-प्रतिपाद्यार्थ-निरूपणम्

तत्र तावदोङ्कारनिर्णयाय प्रथमं प्रकरणमागमप्रधानम् आत्मतत्त्वप्रतिपत्त्युपायभूतम्। यस्य द्वैतप्रपञ्चस्योपशमेऽद्वैतप्रतिपत्ती रज्ज्वामिव सर्पादिविकल्पोपशमे रज्जुतत्त्वप्रतिपत्तिस्तस्य द्वैतस्य हेतुतो वैतथ्यप्रतिपादनाय द्वितीयं प्रकरणम्। तथाद्वैतस्यापि वैतथ्यप्रसङ्गप्राप्तौ युक्तितस्तथात्वदर्शनाय तृतीयं प्रकरणम्। अद्वैतस्य तथात्वप्रतिपत्तिप्रतिपक्षभूतानि यानि वादान्तराण्यवैदिकानि तेषामन्योन्यविरोधित्वादतथार्थत्वेन

उन (चारों प्रकरणों)-में पहला प्रकरण तो ओंकारके स्वरूपका निर्णय करनेके लिये है। वह आगम (श्रुति) प्रधान और आत्मतत्त्वकी प्राप्तिका उपायभूत है। रज्जुमें सर्पादि विकल्पकी निवृत्ति होनेपर जिस प्रकार रज्जुके स्वरूपका ज्ञान हो जाता है उसी प्रकार जिस द्वैतप्रपञ्चकी निवृत्ति होनेपर अद्वैत-तत्त्वका बोध होता है उसी द्वैतका युक्तिपूर्वक मिथ्यात्व प्रतिपादन करनेके लिये [वैतथ्य नामक] द्वितीय प्रकरण है। इसी प्रकार अद्वैतके भी मिथ्यात्वका प्रसंग उपस्थित न हो जाय इसलिये युक्तिद्वारा उसका सत्यत्व प्रतिपादन करनेके लिये तृतीय (अद्वैत) प्रकरण है। तथा अद्वैतके सत्यत्व-निश्चयके विपक्षी जो अन्य अवैदिक मतान्तर हैं वे परस्परविरोधी होनेके कारण

तदुपपत्तिभिरेव निराकरणाय चतुर्थं प्रकरणम्।

मिथ्या हैं, अतः उन्हींकी युक्तियोंसे उनका खण्डन करनेके लिये चतुर्थ (अलातशान्ति) प्रकरण है।

ओंकारस्य आत्मप्रतिपत्ति-साधनत्वम्

कथं पुनरोङ्कारनिर्णय आत्मतत्त्वप्रतिपत्त्युपायत्वं प्रतिपद्यत इत्युच्यते— "ओमित्येतत्" (क० उ० १। २। १५) "एतदालम्बनम्" (क० उ० १। २। १७) "एतद्वै सत्यकाम" (प्र० उ० ५। २) "ओमित्यात्मानं युञ्जीत" (मैत्र्यु० ६। ३) "ओमिति ब्रह्म" (तै० उ० १। ८। १) "ओङ्कार एवेदं सर्वम्" (छा० उ० २। २३। ३) इत्यादिश्रुतिभ्यः।

ओंकारका निर्णय किस प्रकार आत्मतत्त्वकी प्राप्तिका उपाय होता है, सो अब बतलाया जाता है—"ॐ यही [वह पद] है" "यही आलम्बन है" "हे सत्यकाम! यह [जो ओंकार है वही पर और अपर ब्रह्म है]" "आत्माका ॐ इस प्रकार ध्यान करे" "ॐ यही ब्रह्म है" "यह सब ओंकार ही है" इत्यादि श्रुतियोंसे यही बात जानी जाती है।

ओंकारस्य सर्वास्पदत्वम्

रज्ज्वादिरिव सर्पादिविकल्पस्यास्पदोऽद्वय आत्मा परमार्थः सन्प्राणादिविकल्पस्यास्पदो यथा तथा सर्वोऽपि वाक्प्रपञ्चः प्राणाद्यात्मविकल्पविषय ओङ्कार एव। स चात्मस्वरूपमेव, तदभिधायकत्वात्। ओङ्कारविकारशब्दाभिधेयश्च सर्वः प्राणादिरात्मविकल्पोऽभिधान-

सर्पादि विकल्पकी अधिष्ठानभूत रज्जु आदिके समान जिस प्रकार अद्वितीय आत्मा परमार्थ सत्य होनेपर भी प्राणादि विकल्पका आश्रय है उसी प्रकार प्राणादि विकल्पको विषय करनेवाला सम्पूर्ण वाग्विलास ओंकार ही है। और वह (ओंकार) आत्माका प्रतिपादन करनेवाला होनेसे उसका स्वरूप ही है। तथा ओंकारके विकाररूप शब्दोंके प्रतिपाद्य आत्माके विकल्परूप समस्त प्राणादि भी अपने प्रतिपादक शब्दोंसे भिन्न नहीं हैं, जैसा कि

व्यतिरेकेण नास्ति। "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" (छा० उ० ६। १। ४) "तदस्येदं वाचा तन्त्या नामभिर्दामभिः सर्वं सितम्" "सर्वं हीदं नामनि" इत्यादिश्रुतिभ्यः।

"विकार केवल वाणीका विलास और नाममात्र है" "उस ब्रह्मका यह सम्पूर्ण जगत् वाणीरूप सूत्रद्वारा नाममयी डोरीसे व्याप्त है" "यह सब नाममय ही है" इत्यादि श्रुतियोंसे सिद्ध होता है।

अत आह—

इसीलिये कहते हैं—

ॐ ही सब कुछ है

ओमित्येतदक्षरमिदꣳसर्वं तस्योपव्याख्यानं भूतं भवद्भविष्यदिति सर्वमोङ्कार एव। यच्चान्यत्त्रिकालातीतं तदप्योङ्कार एव॥ १॥

ॐ यह अक्षर ही सब कुछ है। यह जो कुछ भूत, भविष्यत् और वर्तमान है उसीकी व्याख्या है; इसलिये यह सब ओंकार ही है। इसके सिवा जो अन्य त्रिकालातीत वस्तु है वह भी ओंकार ही है॥ १॥

ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वमिति। यदिदमर्थजातमभिधेयभूतं तस्याभिधानाव्यतिरेकात्, अभिधानस्य चोङ्काराव्यतिरेकादोङ्कार एवेदं सर्वम्। परं च ब्रह्माभिधानाभिधेयोपायपूर्वकमेव गम्यत इत्योङ्कार एव।

ॐ यह अक्षर ही सब कुछ है। यह अभिधेय (प्रतिपाद्य)-रूप जितना पदार्थसमूह है वह अपने अभिधान (प्रतिपादक)-से अभिन्न होनेके कारण और सम्पूर्ण अभिधान भी ओंकारसे अभिन्न होनेके कारण यह सब कुछ ओंकार ही है। परब्रह्म भी अभिधान-अभिधेय (वाच्य-वाचक)-रूप उपायके द्वारा ही जाना जाता है, इसलिये वह भी ओंकार ही है।

तस्यैतस्य परापरब्रह्मरूपस्याक्षरस्योमित्येतस्योपव्याख्यानम्; ब्रह्मप्रतिपत्त्युपायत्वाद्ब्रह्मसमीपतया

यह जो परापर ब्रह्मरूप अक्षर ॐ है, उसका उपव्याख्यान—ब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय होनेके कारण उसके समीपतासे

विस्पष्टं प्रकथनमुपव्याख्यानं प्रस्तुतं वेदितव्यमिति वाक्यशेषः।

स्पष्ट कथनका नाम उपव्याख्यान है वही—यहाँ प्रस्तुत जानना चाहिये। इस वाक्यमें 'प्रस्तुतं वेदितव्यम्' (प्रस्तुत जानना चाहिये) यह वाक्यशेष है।

भूतं भवद्भविष्यदिति कालत्रयपरिच्छेद्यं यत्तदप्योङ्कार एवोक्तन्यायतः। यच्चान्यत्त्रिकालातीतं कार्याधिगम्यं कालापरिच्छेद्यमव्याकृतादि तदप्योङ्कार एव॥ १॥

भूत, वर्तमान और भविष्यत्—इन तीनों कालोंसे जो कुछ परिच्छेद्य है वह भी उपर्युक्त न्यायसे ओंकार ही है। इसके सिवा जो तीनों कालोंसे परे, अपने कार्यसे ही विदित होनेवाला और कालसे अपरिच्छेद्य अव्याकृत आदि है वह भी ओंकार ही है॥ १॥

ओंकारवाच्य ब्रह्मकी सर्वात्मकता

अभिधानाभिधेययोरेकत्वेऽप्यभिधानप्राधान्येन निर्देशः कृतः। ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वमित्यादि। अभिधानप्राधान्येन निर्दिष्टस्य पुनरभिधेयप्राधान्येन निर्देशोऽभिधानाभिधेययोरेकत्वप्रतिपत्त्यर्थः। इतरथा ह्यभिधानतन्त्राभिधेयप्रतिपत्तिरित्यभिधेयस्याभिधानत्वं गौणमित्याशङ्का स्यात्। एकत्वप्रतिपत्तेश्च प्रयोजनमभिधानाभिधेययोरेकेनैव प्रयत्नेन युगपत्प्रविलापयं-

वाचक और वाच्यका अभेद होनेपर भी वाचककी प्रधानतासे ही ॐ यह अक्षर ही सब कुछ है इत्यादि रूपसे निर्देश किया गया है। वाचककी प्रधानतासे निर्दिष्ट वस्तुका फिर वाच्यकी प्रधानतासे किया हुआ निर्देश वाचक और वाच्यका एकत्व प्रतिपादन करनेके लिये है; अन्यथा वाच्यकी प्रतिपत्ति वाचकके अधीन होनेके कारण वाच्यका वाचकरूप होना गौण ही होगा—ऐसी आशंका हो सकती है। किन्तु वाच्य (ब्रह्म) और वाचक (ओंकार)-की एकत्वप्रतिपत्तिका तो यही प्रयोजन है कि उन दोनोंको एक ही प्रयत्नसे एक साथ लीन करके उनसे

स्तद्विलक्षणं ब्रह्म प्रतिपद्येतेति। तथा च वक्ष्यति "पादा मात्रा मात्राश्च पादाः"(मा० उ०, आ० प्र० ८)इति। तदाह—

विलक्षण ब्रह्मको प्राप्त किया जाय। ऐसा ही "पाद ही मात्रा हैं और मात्रा ही पाद हैं" इस श्रुतिसे कहेंगे भी। अब वही बात कहते हैं—

सर्वꣳह्येतद् ब्रह्मायमात्मा ब्रह्म सोऽयमात्मा चतुष्पात्॥ २॥

यह सब ब्रह्म ही है। यह आत्मा भी ब्रह्म ही है। वह यह आत्मा चार पादों (अंशों)-वाला है॥ २॥

सर्वं ह्येतद्ब्रह्मेति। सर्वं यदुक्तमोङ्कारमात्रमिति तदेतद्ब्रह्म। तच्च ब्रह्म परोक्षाभिहितं प्रत्यक्षतो विशेषेण निर्दिशति—अयमात्मा ब्रह्मेति। अयमिति चतुष्पात्त्वेन प्रविभज्यमानं प्रत्यगात्मतयाभिनयेन निर्दिशति—अयमात्मेति। सोऽयमात्मोङ्काराभिधेयः परापरत्वेनव्यवस्थितश्चतुष्पात्कार्षापणवन्न गौरिवेति। त्रयाणां विश्वादीनां पूर्वपूर्वप्रविलापनेन तुरीयस्य प्रतिपत्तिरिति करणसाधनः पादशब्दः। तुरीयस्य

यह सब ब्रह्म ही है। अर्थात् यह सब, जो ओंकारमात्र कहा गया है, ब्रह्म है। अबतक परोक्षरूपसे बतलाये हुए उस ब्रह्मको विशेषरूपसे प्रत्यक्षतया 'यह आत्मा ब्रह्म है' ऐसा कहकर निर्देश करते हैं। यहाँ 'अयम्' शब्दद्वारा चतुष्पादरूपसे विभक्त किये जानेवाले आत्माको अपने अन्तरात्मस्वरूपसे अभिनय (अंगुलि-निर्देश)-पूर्वक 'अयमात्मा ब्रह्म' ऐसा कहकर बतलाते हैं। ओंकार नामसे कहा जानेवाला तथा पर और अपररूपसे व्यवस्थित वह यह आत्मा कार्षापणके* समान चार पाद (अंश)-वाला है, गौके समान नहीं। विश्व आदि तीन पादोंमेंसे क्रमशः पूर्व-पूर्वका लय करते हुए अन्तमें तुरीय ब्रह्मकी उपलब्धि होती है। अतः

* किसी देशविशेषमें प्रचलित सिक्केका नाम कार्षापण है। यह सोलह पणका होता है। जिस प्रकार रुपयेमें चार चवन्नी अथवा सेरमें चार पौवे होते हैं, उसी प्रकार उसमें चार पाद माने गये हैं।

पद्यत इति कर्मसाधनः पादशब्दः ॥ २ ॥

पहले तीन पादोंमें 'पाद' शब्द करणवाच्य है और तुरीयमें 'जो प्राप्त किया जाय' इस प्रकार कर्मवाच्य है ॥ २ ॥

कथं चतुष्पात्त्वमित्याह—

वह किस प्रकार चार पादोंवाला है, सो बतलाते हैं—

आत्माका प्रथम पाद—वैश्वानर

जागरितस्थानो बहिष्प्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुखः स्थूलभुग्वैश्वानरः प्रथमः पादः ॥ ३ ॥

जाग्रत्-अवस्था जिस [की अभिव्यक्ति]-का स्थान है, जो बहिःप्रज्ञ (बाह्य विषयोंको प्रकाशित करनेवाला) सात अङ्गोंवाला, उन्नीस मुखोंवाला और स्थूल विषयोंका भोक्ता है, वह वैश्वानर पहला पाद है ॥ ३ ॥

जागरितं स्थानमस्येति जागरितस्थानः। बहिष्प्रज्ञः स्वात्मव्यतिरिक्ते विषये प्रज्ञा यस्य स बहिष्प्रज्ञो बहिर्विषयेव प्रज्ञाविद्याकृतावभासत इत्यर्थः। तथा सप्ताङ्गान्यस्य "तस्य ह वा एतस्यात्मनो वैश्वानरस्य मूर्धैव सुतेजाश्चक्षुर्विश्वरूपः प्राणः पृथग्वर्त्मात्मा संदेहो बहुलो वस्तिरेव रयिः पृथिव्येव पादौ" (छा० उ० ५ । १८ । २) इत्यग्निहोत्रकल्पनाशेषत्वेनाहवनीयो-

जाग्रत्-अवस्था जिसका स्थान है, उसे जागरितस्थान कहते हैं। जिसकी अपनेसे भिन्न विषयोंमें प्रज्ञा है, उसे बहिष्प्रज्ञ कहते हैं, अर्थात् जिसकी अविद्याकृत बुद्धि बाह्य विषयोंसे सम्बद्ध-सी भासती है। इसी प्रकार जिसके सात अङ्ग हैं अर्थात् "इस उस वैश्वानर आत्माका द्युलोक सिर है, सूर्य नेत्र है, वायु प्राण है, आकाश मध्यस्थान (देह) है, अन्न (अन्नका कारणरूप जल) ही मूत्र स्थान है और पृथिवी ही चरण है" इस श्रुतिके अनुसार अग्निहोत्रकल्पनामें अङ्गभूत होनेके कारण आहवनीय

ऽग्निरस्य मुखत्वेनोक्त इत्येवं सप्ताङ्गानि यस्य स सप्ताङ्गः।

अग्नि उसके मुखरूपसे बतलाया गया है। इस प्रकार जिसके सात अङ्ग हैं, उसे ही सप्ताङ्ग कहते हैं।

तथैकोनविंशतिर्मुखान्यस्य बुद्धीन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाणि च दश वायवश्च प्राणादयः पञ्च मनो बुद्धिरहङ्कारश्चित्तमिति मुखानीव मुखानि तान्युपलब्धिद्वाराणीत्यर्थः, स एवंविशिष्टो वैश्वानरो यथोक्तैर्द्वारैः शब्दादीन्स्थूलान्विषयान्भुङ्क्त इति स्थूलभुक्। विश्वेषां नराणामनेकधा नयनाद्वैश्वानरः। यद्वा विश्वश्चासौ नरश्चेति विश्वानरः। विश्वानर एव वैश्वानरः। सर्वपिण्डात्मानन्यत्वात् स प्रथमः पादः। एतत्पूर्वकत्वादुत्तरपादाधिगमस्य प्राथम्यमस्य।

तथा जिसके उन्नीस मुख हैं, दस तो ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राणादि वायु तथा मन, बुद्धि, अहङ्कार और चित्त—ये जिसके मुखके समान मुख अर्थात् उपलब्धिके द्वार हैं, वह ऐसे विशेषणोंवाला वैश्वानर उपर्युक्त द्वारोंसे शब्द आदि स्थूल विषयोंको भोगता है इसलिये वह स्थूलभुक् है। सम्पूर्ण नरोंको [अनेक प्रकारकी योनियोंमें] नयन (वहन) करनेके कारण वह 'वैश्वानर' कहलाता है; अथवा वह विश्व (समस्त) नररूप है इसलिये विश्वानर है। विश्वानर ही [स्वार्थमें तद्धित अण् प्रत्यय होनेसे] वैश्वानर कहलाता है। समस्त देहोंसे अभिन्न होनेके कारण वही पहला पाद है। परवर्ती पादोंका ज्ञान पहले इसका ज्ञान होनेपर ही होता है, इसलिये यह प्रथम है।

कथमयमात्मा ब्रह्मेति प्रत्यगात्मनोऽस्य चतुष्पात्त्वे प्रकृते द्युलोकादीनां मूर्धाद्यङ्गत्वमिति।

शङ्का—"अयमात्मा ब्रह्म" इस श्रुतिके अनुसार यहाँ प्रत्यगात्माको चार पादोंवाला बतलानेका प्रसङ्ग था। उसमें द्युलोकादिको उसके मूर्धा आदि अङ्गरूपसे कैसे बतलाने लगे?

नैष दोषः। सर्वस्य प्रपञ्चस्य साधिदैविकस्यानेनात्मना चतुष्पात्त्वस्य विवक्षितत्वात्। एवं च सति सर्वप्रपञ्चोपशमेऽद्वैतसिद्धिः। सर्वभूतस्थश्चात्मैको दृष्टः स्यात् सर्वभूतानि चात्मनि। "यस्तु सर्वाणि भूतानि" (ई० उ० ६) इत्यादिश्रुत्यर्थ उपसंहृतश्चैवं स्यात्। अन्यथा हि स्वदेहपरिच्छिन्न एव प्रत्यगात्मा सांख्यादिभिरिव दृष्टः स्यात्तथा च सत्यद्वैतमिति श्रुतिकृतो विशेषो न स्यात्, सांख्यादिदर्शनेनाविशेषात्। इष्यते च सर्वोपनिषदां सर्वात्मैक्यप्रतिपादकत्वम्। अतो युक्तमेवास्याध्यात्मिकस्य पिण्डात्मनो द्युलोकाद्यङ्गत्वेन विराडात्मनाधिदैविकेनैकत्वमभिप्रेत्य सप्ताङ्गत्ववचनम्। "मूर्धा ते व्यपतिष्यत्" (छा० उ० ५। १२। २) इत्यादिलिङ्गदर्शनाच्च।

वैश्वानरस्य सप्ताङ्गत्वादि प्रतिपादने हेतुः

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि इस आत्माके द्वारा ही अधिदैवसहित सम्पूर्ण प्रपञ्चके चतुष्पात्त्वका प्रतिपादन करना इष्ट है। ऐसा होनेपर ही सारे प्रपञ्चके निषेधपूर्वक अद्वैतकी सिद्धि हो सकेगी। समस्त भूतोंमें स्थित एक आत्मा और आत्मामें सम्पूर्ण भूतोंका साक्षात्कार हो सकेगा और इसी प्रकार "जो सारे भूतोंको [आत्मामें ही देखता है]" इत्यादि श्रुतियोंके अर्थका उपसंहार हो सकेगा। नहीं तो सांख्यदर्शन आदिके समान अपने देहमें परिच्छिन्न अन्तरात्माका ही दर्शन होगा। ऐसा होनेपर 'अद्वैत है' इस श्रुतिप्रतिपादित विशेष भावकी सिद्धि नहीं होगी; क्योंकि सांख्यादि दर्शनोंकी अपेक्षा इसमें कुछ विशेषता नहीं रहेगी। परन्तु सम्पूर्ण उपनिषदोंको आत्माके एकत्वका प्रतिपादन तो इष्ट ही है। इसलिये इस आध्यात्मिक पिण्डात्माका द्युलोक आदिके अङ्गरूपसे आधिदैविक पिण्डात्माके साथ एकत्व प्रतिपादन करनेके अभिप्रायसे उसका सप्ताङ्गत्व प्रतिपादन उचित ही है। इसके सिवा [आत्माकी व्यस्तोपासनाके निन्दक] "तेरा सिर गिर जाता" आदि वाक्य भी इसमें हेतु हैं।

विराजैकत्वमुपलक्षणार्थं हिरण्यगर्भाव्याकृतात्मनोः। उक्तं चैतन् मधुब्राह्मणे ''यश्चायमस्यां पृथिव्यां तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मम्'' (बृ० उ० २।५।१) इत्यादि। सुषुप्ताव्याकृतयोस्त्वेकत्वं सिद्धमेव निर्विशेषत्वात्। एवं च सत्येतत्सिद्धं भविष्यति सर्वद्वैतोपशमे चाद्वैतमिति॥ ३॥

यहाँ जो विराट्के साथ एकत्व प्रतिपादन किया है, वह हिरण्यगर्भ और अव्याकृतके एकत्वको उपलक्षित करानेके लिये है। मधुब्राह्मणमें ऐसा कहा भी है—''यह जो इस पृथिवीमें तेजोमय एवं अमृतमय पुरुष है तथा यह जो अध्यात्मपुरुष है [वे दोनों एक हैं]'' इत्यादि। कोई विशेषता न रहनेके कारण सोये हुए पुरुष और अव्याकृतका एकत्व तो सिद्ध ही है। ऐसा होनेपर ही यह सिद्ध होगा कि सम्पूर्ण द्वैतकी निवृत्ति होनेपर अद्वैत ही है॥ ३॥

आत्माका द्वितीय पाद—तैजस

स्वप्नस्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुखः प्रविविक्तभुक्तैजसो द्वितीयः पादः॥ ४॥

स्वप्न जिसका स्थान है तथा जो अन्तःप्रज्ञ, सात अङ्गोंवाला, उन्नीस मुखवाला और सूक्ष्म विषयोंका भोक्ता है, वह तैजस [इसका] दूसरा पाद है॥ ४॥

स्वप्नः स्थानमस्य तैजसस्य स्वप्नस्थानः। जाग्रत्प्रज्ञानेकसाधना बहिर्विषयेवावभासमाना मनःस्पन्दनमात्रा सती तथाभूतं संस्कारं मनस्याधत्ते। तन्मनस्तथा संस्कृतं चित्रित इव पटो बाह्यसाधनानपेक्षमविद्याकामकर्मभिः

स्वप्न इस तैजसका स्थान है, इसलिये यह स्वप्नस्थानवाला [कहा जाता] है। अनेक साधनवती जाग्रत्कालीना बुद्धि मनका स्फुरणमात्र होनेपर भी बाह्यविषयसम्बन्धिनी-सी प्रतीत होती हुई मनमें वैसा ही संस्कार उत्पन्न करती है। चित्रित वस्त्रके समान इस प्रकारके संस्कारोंसे युक्त हुआ वह मन अविद्या कामना और कर्मके कारण बाह्यसाधनकी

प्रेर्यमाणं जाग्रद्वदवभासते। तथा चोक्तम्—"अस्य लोकस्य सर्वावतो मात्रामपादाय" (बृ० उ० ४। ३। ९) इति। तथा "परे देवे मनस्येकीभवति" (प्र० उ० ४। २) इति प्रस्तुत्य "अत्रैष देवः स्वप्ने महिमानमनुभवति" (प्र० उ० ४। ५) इत्याथर्वणे।

इन्द्रियापेक्षयान्तःस्थत्वान्मनसस्तद्वासनारूपा च स्वप्ने प्रज्ञा यस्येत्यन्तःप्रज्ञः। विषयशून्यायां प्रज्ञायां केवलप्रकाशस्वरूपायां विषयित्वेन भवतीति तैजसः। विश्वस्य सविषयत्वेन प्रज्ञायाः स्थूलाया भोज्यत्वम्। इह पुनः केवला वासनामात्रा प्रज्ञा भोज्येति प्रविविक्तो भोग इति। समानमन्यत्। द्वितीयः पादस्तैजसः॥ ४॥

अपेक्षाके बिना ही प्रेरित होकर जाग्रत्-सा भासने लगता है। ऐसा ही कहा भी है—"इस सर्वसाधनसम्पन्न लोकके संस्कार ग्रहण करके [स्वप्न देखता है]" इत्यादि। तथा आथर्वणश्रुतिमें भी [समस्त इन्द्रियाँ] "परम (इन्द्रियादिसे उत्कृष्ट) देव (प्रकाशनशील) मनमें एकरूप हो जाती हैं" इस प्रकार प्रस्तावना कर कहा है "यहाँ—स्वप्नावस्थामें यह देव अपनी महिमाका अनुभव करता है।"

अन्य इन्द्रियोंकी अपेक्षा मन अधिक अन्तःस्थ है, स्वप्नावस्थामें जिसकी प्रज्ञा उस (मन)-की वासनाके अनुरूप रहती है उसे अन्तःप्रज्ञ कहते हैं; वह अपनी विषयशून्य और केवल प्रकाशस्वरूप प्रज्ञाका विषयी (अनुभव करनेवाला) होनेके कारण 'तैजस' कहा जाता है। विश्व बाह्यविषययुक्त होता है, इसलिये जागरित अवस्थामें स्थूल प्रज्ञा उसकी भोज्य है। किन्तु तैजसके लिये केवल वासनामात्र प्रज्ञा भोजनीया है; इसलिये इसका भोग सूक्ष्म है। शेष अर्थ पहलेहीके समान है। यह तैजस ही दूसरा पाद है॥ ४॥

दर्शनादर्शनवृत्त्योस्तत्त्वाप्रबोधलक्षणस्य स्वापस्य तुल्यत्वात्

[तत्त्वज्ञानका अभावरूप] स्वापावस्थाके दर्शन (जाग्रत्स्थान) और अदर्शन (स्वप्नस्थान) इन दोनों ही वृत्तियोंमें समान

सुषुप्तिग्रहणार्थं यत्र सुप्त इत्यादि विशेषणम्। अथ वा त्रिष्वपि स्थानेषु तत्त्वाप्रतिबोधलक्षणः स्वापोऽविशिष्ट इति पूर्वाभ्यां सुषुप्तं विभजते—

होनेके कारण सुषुप्ति-अवस्थाको [उससे पृथक्] ग्रहण करनेके लिये 'यत्र सुप्तः' इत्यादि विशेषण दिये जाते हैं। अथवा तीनों ही अवस्थाओंमें तत्त्वका अज्ञानरूप निद्रा समान ही है, इसलिये पहले दो स्थानोंसे सुषुप्तिका विभाग करते हैं—

आत्माका तृतीय पाद—प्राज्ञ

यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत्सुषुप्तम्। सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक्चेतोमुखः प्राज्ञस्तृतीयः पादः ॥ ५ ॥

जिस अवस्थामें सोया हुआ पुरुष किसी भोगकी इच्छा नहीं करता और न कोई स्वप्न ही देखता है उसे सुषुप्ति कहते हैं। वह सुषुप्ति जिसका स्थान है तथा जो एकीभूत प्रकृष्ट ज्ञानस्वरूप होता हुआ ही आनन्दमय, आनन्दका भोक्ता और चेतनारूप मुखवाला है वह प्राज्ञ ही तीसरा पाद है ॥ ५ ॥

यत्र यस्मिन्स्थाने काले वा सुप्तो न कञ्चन स्वप्नं पश्यति न कञ्चन कामं कामयते। न हि सुषुप्ते पूर्वयोरिवान्यथाग्रहणलक्षणं स्वप्नदर्शनं कामो वा कश्चन विद्यते। तदेतत्सुषुप्तं स्थानमस्येति सुषुप्तस्थानः।

जहाँ यानी जिस स्थान अथवा समयमें सोया हुआ पुरुष न कोई स्वप्न देखता और न किसी भोगकी ही इच्छा करता है, क्योंकि सुषुप्तावस्थामें पहली दोनों अवस्थाओंके समान अन्यथा ग्रहणरूप स्वप्नदर्शन अथवा किसी प्रकारकी कामना नहीं होती, वह यह सुषुप्तावस्था ही जिसका स्थान है उसे सुषुप्तस्थान कहते हैं।

स्थानद्वयप्रविभक्तं मनःस्पन्दितं द्वैतजातं तथारूपापरित्यागे-

जिस प्रकार रात्रिके अन्धकारसे दिन आच्छादित हो जाता है उसी प्रकार पूर्वोक्त दोनों स्थानोंमें विभिन्न रूपसे

नाविवेकापन्नं नैशतमोग्रस्तमिवाहःसप्रपञ्चमेकीभूतमित्युच्यते। अत एव स्वप्नजाग्रन्मनःस्पन्दनानि प्रज्ञानानि घनीभूतानीव सेयमवस्थाविवेकरूपत्वात्प्रज्ञानघन उच्यते। .यथा रात्रौ नैशेन तमसाविभज्यमानं सर्वं घनमिव तद्वत्प्रज्ञानघन एव। एवशब्दान्न जात्यन्तरं प्रज्ञानव्यतिरेकेणास्तीत्यर्थः।

मनसो विषयविषय्याकारस्पन्दनायासदुःखाभावादानन्दमय आनन्दप्रायो नानन्द एव। अनात्यन्तिकत्वात्। यथा लोके निरायासस्थितः सुख्यानन्दभुगुच्यते, अत्यन्तानायासरूपा हीयं स्थितिरनेनानुभूयत इत्यानन्दभुक्, "एषोऽस्य परम

प्रतीत होनेवाला मनका स्फुरणरूप द्वैतसमूह [इस अवस्थामें] प्रपञ्चके सहित अपने उस (विशिष्ट) स्वरूपका त्याग न कर अज्ञानसे आच्छादित हो जाता है; इसलिये इसे 'एकीभूत' ऐसा कहा जाता है। अतः जिस अवस्थामें स्वप्न और जाग्रत्—ये मनके स्फुरणरूप प्रज्ञान घनीभूत-से हो जाते हैं, वह यह अवस्था अविवेकरूपा होनेके कारण प्रज्ञानघन कही जाती है। जिस प्रकार रात्रिमें रात्रिके अन्धकारसे पृथक्त्वकी प्रतीति न होनेके कारण सम्पूर्ण प्रपञ्च घनीभूत-सा जान पड़ता है उसी प्रकार यह प्रज्ञानघन ही है। 'एव' शब्दसे यह तात्पर्य है कि उस समय प्रज्ञानके सिवा कोई अन्य जाति नहीं रहती।

मनका जो विषय और विषयीरूपसे स्फुरित होनेके आयासका दुःख है उसका अभाव होनेके कारण यह आनन्दमय अर्थात् आनन्दबहुल है; केवल आनन्दमात्र ही नहीं है, क्योंकि इस अवस्थामें आनन्दकी आत्यन्तिकता नहीं है; जिस प्रकार लोकमें अनायासरूपसे स्थित पुरुष सुखी या आनन्द भोग करनेवाला कहा जाता है, उसी प्रकार, क्योंकि इस अवस्थामें यह आत्मा इस अत्यन्त अनायासरूपा स्थितिका अनुभव करता है, इसलिये

आनन्दः" (बृ० उ० ४ । ३ । ३२) इति श्रुतेः ।

स्वप्नादिप्रतिबोधचेतः प्रति द्वारीभूतत्वाच्चेतोमुखः । बोध-लक्षणं वा चेतो द्वारं मुखमस्य स्वप्नाद्यागमनं प्रतीति चेतोमुखः । भूतभविष्यज्ज्ञातृत्वं सर्वविषय-ज्ञातृत्वमस्यैवेति प्राज्ञः । सुषुप्तोऽपि हि भूतपूर्वगत्या प्राज्ञ उच्यते । अथ वा प्रज्ञप्तिमात्रमस्यैवासाधारणं रूपमिति प्राज्ञः, इतरयोर्विशिष्टमपि विज्ञानमस्ति । सोऽयं प्राज्ञस्तृतीयः पादः ॥ ५ ॥

यह आनन्दभुक् कहा जाता है; जैसा कि "यह इसका परम आनन्द है" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है।

स्वप्नादिज्ञानरूप चेतनाके प्रति द्वारस्वरूप होनेके कारण यह चेतोमुख है। अथवा स्वप्नादिकी प्राप्तिके लिये ज्ञानस्वरूप चित्त ही इसका द्वार यानी मुख है, इसलिये यह चेतोमुख है। भूत-भविष्यत्का तथा सम्पूर्ण विषयोंका ज्ञाता यही है, इसलिये यह प्राज्ञ है। सुषुप्त होनेपर भी इसे भूतपूर्वगतिसे 'प्राज्ञ' कहा जाता है। अथवा केवल प्रज्ञप्ति (ज्ञान)-मात्र इसीका असाधारणरूप है, इसलिये यह प्राज्ञ है, क्योंकि दूसरोंको (विश्व और तैजसको) तो विशिष्ट विज्ञान भी होता है। वह यह प्राज्ञ ही तीसरा पाद है ॥ ५ ॥

प्राज्ञका सर्वकारणत्व

एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम् ॥ ६ ॥

यह सबका ईश्वर है, यह सर्वज्ञ है, यह अन्तर्यामी है और समस्त जीवोंकी उत्पत्ति तथा लयका स्थान होनेके कारण यह सबका कारण भी है ॥ ६ ॥

एष हि स्वरूपावस्थः सर्वेश्वरः साधिदैविकस्य भेदजातस्य सर्वस्येशिता नैतस्माज्जात्यन्तरभूतोऽन्येषामिव। "प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः" (छा० उ० ६। ८। २) इति श्रुतेः। अयमेव हि सर्वस्य सर्वभेदावस्थो ज्ञातेत्येष सर्वज्ञः। एषोऽन्तर्याम्यन्तरनुप्रविश्य सर्वेषां भूतानां नियन्ताप्येष एव। अत एव यथोक्तं सभेदं जगत्प्रसूयत इत्येष योनिः सर्वस्य। यत एवं प्रभवश्चाप्ययश्च प्रभवाप्ययौ हि भूतानामेष एव॥ ६॥

अपने स्वरूपमें स्थित यह (प्राज्ञ) ही सर्वेश्वर है, अर्थात् अधिदैवके सहित सम्पूर्ण भेदसमूहका ईश्वर—ईशन (शासन) करनेवाला है। "हे सोम्य! यह मन (जीव) प्राण (प्राणसंज्ञक ब्रह्म)-रूप बन्धनवाला है" इस श्रुतिसे अन्य मतावलम्बियोंके सिद्धान्तानुसार [सर्वज्ञ परमेश्वर] इस प्राज्ञसे कोई विजातीय पदार्थ नहीं है। सम्पूर्ण भेदमें स्थित हुआ यही सबका ज्ञाता है; इसलिये यह सर्वज्ञ है। [अतएव] यह अन्तर्यामी है अर्थात् समस्त प्राणियोंके भीतर अनुप्रविष्ट होकर उनका नियमन करनेवाला भी यही है। इसीसे पूर्वोक्त भेदके सहित सारा जगत् उत्पन्न होता है; इसलिये यही सबका कारण है। क्योंकि ऐसा है, इसलिये यही समस्त प्राणियोंका उत्पत्ति और लयस्थान भी है॥ ६॥

एक ही आत्माके तीन भेद

अत्रैते श्लोका भवन्ति—

इसी अर्थमें ये श्लोक हैं—

अत्रैतस्मिन्यथोक्तेऽर्थ एते श्लोका भवन्ति।

यहाँ इस पूर्वोक्त अर्थमें ये श्लोक हैं—

बहिष्प्रज्ञो विभुर्विश्वो ह्यन्तःप्रज्ञस्तु तैजसः।
घनप्रज्ञस्तथा प्राज्ञ एक एव त्रिधा स्मृतः॥ १॥

विभु विश्व बहिष्प्रज्ञ है, तैजस अन्तःप्रज्ञ है तथा प्राज्ञ घनप्रज्ञ (प्रज्ञानघन) है। इस प्रकार एक ही आत्मा तीन प्रकारसे कहा जाता है॥ १॥

बहिष्प्रज्ञ इति। पर्यायेण त्रिस्थानत्वात्सोऽहमिति स्मृत्या प्रतिसन्धानाच्च स्थानत्रयव्यतिरिक्तत्वमेकत्वं शुद्धत्वमसङ्गत्वं च सिद्धमित्यभिप्रायः। महामत्स्यादिदृष्टान्तश्रुतेः॥ १॥

बहिष्प्रज्ञ इत्यादि। इस श्लोकका तात्पर्य यह है कि क्रमशः तीन स्थानोंवाला होनेसे और 'मैं वही हूँ' इस प्रकारकी स्मृतिद्वारा अनुसन्धान किया जानेके कारण आत्माका तीनों स्थानोंसे पृथक्त्व, एकत्व, शुद्धत्व और असंगत्व सिद्ध होता है, जैसा कि महामत्स्यादि दृष्टान्तका वर्णन करनेवाली श्रुति* बतलाती है॥ १॥

विश्वादिके विभिन्न स्थान

जागरितावस्थायामेव विश्वादीनां त्रयाणामनुभवप्रदर्शनार्थोऽयं श्लोकः-

जाग्रत्-अवस्थामें ही विश्व आदि तीनोंका अनुभव दिखलानेके लिये यह श्लोक कहा जाता है—

दक्षिणाक्षिमुखे विश्वो मनस्यन्तस्तु तैजसः।
आकाशे च हृदि प्राज्ञस्त्रिधा देहे व्यवस्थितः॥ २॥

दक्षिणनेत्ररूप द्वारमें विश्व रहता है, तैजस मनके भीतर रहता है, प्राज्ञ हृदयाकाशमें उपलब्ध होता है। इस प्रकार यह [एक ही आत्मा] शरीरमें तीन प्रकारसे स्थित है॥ २॥

---

* जिस प्रकार किसी नदीमें रहनेवाला कोई बलवान् मत्स्य उसके प्रवाहसे विचलित न होकर उसके दोनों तटोंपर आता-जाता रहता है; किन्तु उन तटोंसे पृथक् होनेके कारण उनके गुण-दोषोंसे युक्त नहीं होता तथा जिस प्रकार कोई बड़ा पक्षी आकाशमें स्वच्छन्दगतिसे उड़ता रहता है उसी प्रकार स्वप्न और जाग्रत् दोनों स्थानोंमें सञ्चार करनेवाला आत्मा एक, असंग और शुद्ध है—ऐसा मानना उचित ही है। (देखिये बृ० उ० ४।३।१८, १९)

दक्षिणमक्ष्येव मुखं तस्मिन् प्राधान्येन द्रष्टा स्थूलानां विश्वोऽनुभूयते। "इन्धो ह वै नामैष योऽयं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषः" (बृ० उ० ४। २। २) इति श्रुतेः। इन्धो दीप्तिगुणो वैश्वानरः। आदित्यान्तर्गतो वैराज आत्मा चक्षुषि च द्रष्टैकः।

दक्षिण नेत्र ही मुख (उपलब्धिका स्थान) है; उसीमें प्रधानतासे स्थूल पदार्थोंके साक्षी विश्वका अनुभव होता है। "यह जो दक्षिण नेत्रमें स्थित पुरुष है 'इन्ध*' नामसे प्रसिद्ध है" इस श्रुतिसे भी यही प्रमाणित होता है। दीप्तिगुणविशिष्ट वैश्वानरको 'इन्ध' कहते हैं। आदित्यान्तर्गत वैराजसंज्ञक आत्मा और नेत्रोंमें स्थित साक्षी—ये दोनों एक ही हैं।

नन्वन्यो हिरण्यगर्भः क्षेत्रज्ञो दक्षिणेऽक्षण्यक्ष्णोर्नियन्ता द्रष्टा चान्यो देहस्वामी।

शङ्का—हिरण्यगर्भ अन्य है तथा दक्षिण नेत्रमें स्थित नेत्रेन्द्रियका नियन्ता और साक्षी देहका स्वामी क्षेत्रज्ञ अन्य है। [उन दोनोंकी एकता कैसे हो सकती है ?]

न, स्वतो भेदानभ्युपगमात्। "एको देवः सर्वभूतेषु गूढः" (श्वे० उ० ६। ११) इति श्रुतेः। "क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत" (गीता १३। २) "अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम्" (गीता १३। १६) इति स्मृतेः। सर्वेषु करणेष्वविशेषेऽपि दक्षिणाक्ष-

समाधान—नहीं [ऐसी बात नहीं है], क्योंकि उनका स्वाभाविक भेद नहीं माना गया, क्योंकि "सम्पूर्ण भूतोंमें एक ही देव छिपा हुआ है" इस श्रुतिसे तथा "हे भारत! समस्त क्षेत्रोंमें क्षेत्रज्ञ मुझे ही जान" "[वह वस्तुतः] विभक्त न होकर भी विभक्तके समान स्थित है" इत्यादि स्मृतियोंसे भी [यही बात सिद्ध होती है]। सम्पूर्ण इन्द्रियोंमें समानरूपसे स्थित होनेपर भी दक्षिण नेत्रमें उसकी

* जो जागरित अवस्थामें स्थूल पदार्थोंका भोक्ता होनेके कारण इद्ध-दीप्त होता है।

ण्युपलब्धिपाटवदर्शनात्तत्र विशेषेण निर्देशो विश्वस्य।

दक्षिणाक्षिगतो रूपं दृष्ट्वा निमीलिताक्षस्तदेव स्मरन्मनस्यन्तःस्वप्न इव तदेव वासनारूपाभिव्यक्तं पश्यति। यथात्र तथा स्वप्ने। अतो मनस्यन्तस्तु तैजसोऽपि विश्व एव।

आकाशे च हृदि स्मरणाख्यव्यापारोपरमे प्राज्ञ एकीभूतो घनप्रज्ञ एव भवति; मनोव्यापाराभावात्। दर्शनस्मरणे एव हि मनःस्पन्दिते; तदभावे हृद्येवाविशेषेण प्राणात्मनावस्थानम्। "प्राणो ह्येवैतान्सर्वान्संवृङ्क्ते" (छा० उ० ४।३।३) इति श्रुतेः। तैजसो हिरण्यगर्भो मनःस्थत्वात्। "लिङ्गं मनः" (बृ० उ० ४।४।६)

उपलब्धिकी स्पष्टता देखनेसे वहीं विश्वका विशेषरूपसे निर्देश किया जाता है।

दक्षिणनेत्रस्थित जीवात्मा रूपको देखकर फिर नेत्र मूँद मनमें उसीका स्मरण करता हुआ वासनारूपसे अभिव्यक्त उसी रूपका स्वप्नमें उपलब्धकी तरह दर्शन करता है। जिस प्रकार इस अवस्थामें होता है, ठीक वैसा ही स्वप्नमें होता है। [इसलिये यह जाग्रत्‌में स्वप्न ही है] अतः मनके भीतर स्थित तैजस भी विश्व ही है।

तथा स्मरणरूप व्यापारके निवृत्त हो जानेपर हृदयाकाशमें स्थित प्राज्ञ मनोव्यापारका अभाव हो जानेके कारण एकीभूत और घनप्रज्ञ ही हो जाता है। दर्शन और स्मरण ही मनका स्फुरण हैं, उनका अभाव हो जानेपर जो जीवका हृदयके भीतर ही निर्विशेष प्राणरूपसे स्थित होना है [वही जाग्रत्‌में सुषुप्ति है]। "प्राण ही इन सबको अपनेमें लीन कर लेता है" इस श्रुतिसे यही प्रमाणित होता है। मनःस्थित होनेके कारण तैजस ही हिरण्यगर्भ है।* "[सत्रह अवयववाला] लिङ्गरूप मन"

* क्योंकि तैजसकी उपाधि व्यष्टि मन है और हिरण्यगर्भकी समष्टि मन तथा समष्टि-व्यष्टिका परस्पर अभेद है।

"मनोमयोऽयं पुरुषः" (बृ० उ० ५।६।१) इत्यादिश्रुतिभ्यः।

"यह पुरुष[1] मनोमय है" इत्यादि श्रुतियोंसे भी [तैजस और हिरण्यगर्भकी एकता सिद्ध होती है]।

ननु व्याकृतः प्राणः सुषुप्ते। तदात्मकानि करणानि भवन्ति। कथमव्याकृतता ?

शङ्का—सुषुप्तिमें भी प्राण तो व्याकृत (विशेषभावापन्न) ही होता है[2] तथा ['प्राणो ह्येवैतान्सर्वान्संवृङ्क्ते' इस श्रुतिके अनुसार] इन्द्रियाँ भी प्राणरूप ही हो जाती हैं। फिर उसकी अव्याकृतता कैसे कही गयी ?

सुषुप्तौ प्राणानाम् अव्याकृतत्वम्

नैष दोषः, अव्याकृतस्य देशकालविशेषाभावात्। यद्यपि प्राणाभिमाने सति व्याकृततैव प्राणस्य तथापि पिण्डपरिच्छिन्नविशेषाभिमाननिरोधः प्राणे भवतीत्यव्याकृत एव प्राणः सुषुप्ते परिच्छिन्नाभिमानवताम्।

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि अव्याकृत पदार्थमें देशकालरूप विशेष भावका अभाव होता है। यद्यपि [जैसा कि स्वप्नावस्थामें होता है] प्राणका अभिमान रहते हुए तो उसकी व्याकृतता है ही तथापि सुषुप्तावस्थामें प्राणमें पिण्डपरिच्छिन्न विशेषका अभिमान [अर्थात् यह मेरे शरीरसे परिच्छिन्न प्राण है—ऐसा अभिमान] नहीं रहता; अतः परिच्छिन्नदेहाभिमानियोंके लिये भी उस समय वह अव्याकृत ही है।

यथा प्राणलये परिच्छिन्नाभिमानिनां प्राणोऽव्याकृतस्तथा प्राणाभिमानिनोऽप्यविशेषापत्ताव-

जिस प्रकार प्राणका लय [अर्थात् मृत्यु] होनेपर परिच्छिन्न देहाभिमानियोंका प्राण अव्याकृतरूपमें रहता है उसी प्रकार प्राणाभिमानियोंको भी प्राणकी अविशेषता प्राप्त होनेपर उसकी

१. यहाँ हिरण्यगर्भको ही 'पुरुष' कहा गया है।
२. क्योंकि सोये हुए पुरुषके पास बैठे हुए लोगोंको वह ऐसा ही दिखायी देता है।

व्याकृतता समाना प्रसव-बीजात्मकत्वं च तदध्यक्षश्चैकोऽव्याकृतावस्थः। परिच्छिन्नाभिमानिनामध्यक्षाणां च तेनैकत्वमिति पूर्वोक्तं विशेषणमेकीभूतः प्रज्ञानघन इत्याद्युपपन्नम्। तस्मिन्नुक्त-हेतुत्वाच्च।

अव्याकृतता और प्रसव-बीजरूपता वैसी ही है। अतः [अव्याकृत और सुषुप्ति] इन दोनों अवस्थाओंका साक्षी भी अव्याकृत अवस्थामें रहनेवाला एक ही [चेतन आत्मा] है। परिच्छिन्न देहोंके अभिमानी और उनके साक्षियोंकी उसके साथ एकता है; अतः [प्राज्ञके लिये] 'एकीभूतः प्रज्ञानघनः' आदि पूर्वोक्त विशेषण उचित ही हैं; विशेषतः इसलिये भी, क्योंकि इसमें [अधिदैव अव्याकृत और अध्यात्म प्राज्ञकी एकतारूप] उपर्युक्त हेतु भी विद्यमान है।

कथं प्राणशब्दत्वमव्याकृतस्य।

शङ्का—किन्तु अव्याकृत 'प्राण' शब्दवाच्य कैसे हुआ?

"प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः" (छा० उ० ६। ८। २) इति श्रुतेः।

समाधान—"हे सोम्य! मन प्राणके ही अधीन है" इस श्रुतिके अनुसार।

ननु तत्र "सदेव सोम्य" (छा० उ० ६। २। १) इति प्रकृतं सद्ब्रह्म प्राणशब्दवाच्यम्।

शङ्का—किन्तु वहाँ तो "सदेव सोम्य" इस श्रुतिके अनुसार प्रसङ्गप्राप्त सद्ब्रह्म ही 'प्राण' शब्दका वाच्य है।

प्राणशब्दस्य बीजब्रह्म-परत्वम्

नैष दोषः, बीजात्मकत्वाभ्युपगमात्सतः। यद्यपि सद्ब्रह्म प्राणशब्दवाच्यं तत्र तथापि जीवप्रसव-बीजात्मकत्वमपरित्यज्यैव प्राण-शब्दत्वं सतः सच्छब्दवाच्यता च। यदि हि निर्बीजरूपं विवक्षितं ब्रह्माभविष्यत् "नेति नेति" (बृ० उ० ४। ४। २२, ४। ५। १५)

समाधान—वहाँ यह दोष नहीं हो सकता, क्योंकि [उस प्रसङ्गमें] सद्ब्रह्मकी बीजात्मकता स्वीकार की है। यद्यपि वहाँ 'प्राण' शब्दका वाच्य सद्ब्रह्म है तथापि जीवोंकी उत्पत्तिकी बीजात्मकताका त्याग न करते हुए ही उस सद्ब्रह्ममें प्राणशब्दत्व और 'सत्' शब्दका वाच्यत्व माना गया है। यदि वहाँ 'सत्' शब्दसे निर्बीजब्रह्म कहना

"यतो वाचो निवर्तन्ते" (तै० उ० २ । ९) "अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितात्" (के० उ० १ । ३) इत्यवक्ष्यत् "न सत्तन्नासदुच्यते" (गीता १३ । १२) इति स्मृतेः ।

इष्ट हो तो उसे "यह नहीं है, यह नहीं है" "जहाँसे वाणी लौट आती है" "वह विदितसे अन्य है और अविदितसे भी ऊपर है" इत्यादि प्रकारसे कहा जायगा, जैसा कि "वह न सत् कहा जाता है और न असत्" इस स्मृतिसे भी सिद्ध होता है।

निर्बीजतयैव चेत्सति लीनानां सुषुप्तप्रलययोः पुनरुत्थानानुपपत्तिः स्यात्। मुक्तानां च पुनरुत्पत्तिप्रसङ्गः, बीजाभावाविशेषात्। ज्ञान-दाह्यबीजाभावे च ज्ञानानर्थक्यप्रसङ्गः। तस्मात्सबीज-त्वाभ्युपगमेनैव सतः प्राणत्वव्यपदेशः सर्वश्रुतिषु च कारणत्वव्यपदेशः।

और यदि वहाँ ['सत्' शब्दसे] ब्रह्मका निर्बीजरूपसे ही निर्देश करना इष्ट हो तो सुषुप्ति और प्रलय (मरण) अवस्थामें सत्में लीन हुए पुरुषोंका फिर उठना [अर्थात् उत्पन्न होना] सम्भव नहीं होगा तथा मुक्त पुरुषोंके पुनः उत्पन्न होनेका प्रसङ्ग उपस्थित हो जायगा,* क्योंकि [मुक्त और सत्में लीन हुए पुरुषोंमें] बीजत्वका अभाव समान ही है। तथा ज्ञानसे दग्ध होनेवाले बीजका अभाव होनेपर ज्ञानकी व्यर्थताका भी प्रसङ्ग उपस्थित हो जायगा। अतः सद्ब्रह्मकी सबीजता स्वीकार करके ही उसका प्राणरूपसे समस्त श्रुतियोंमें कारणरूपसे उल्लेख किया गया है।

अत एव "अक्षरात्परतः परः" (मु० उ० २ । १ । २)। "सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः" (मु० उ० २ । १ । २)।

इसीलिये "वह पर अक्षरसे भी पर है" "वह बाह्य (कार्य) और अभ्यन्तर (कारण) के सहित [उनका अधिष्ठान

* क्योंकि निर्बीज ब्रह्ममें लीन हुए मुक्तोंका पुनर्जन्म माना नहीं गया और यदि उस अवस्थामें भी पुनर्जन्म स्वीकार किया जाय तो मुक्तिसे भी पुनर्जन्म होना मानना पड़ेगा।

"यतो वाचो निवर्तन्ते" (तै० उ० २।९)। "नेति नेति" (बृ० उ० ४।४।२२) इत्यादिना बीजवत्त्वापनयनेन व्यपदेशः। तामबीजावस्थां तस्यैव प्राज्ञशब्दवाच्यस्य तुरीयत्वेन देहादि-सम्बन्धजाग्रदादिरहितां पारमार्थिकीं पृथग्वक्ष्यति। बीजावस्थापि न किञ्चिदवेदिषमित्युत्थितस्य प्रत्ययदर्शनाद्देहेऽनुभूयत एवेति त्रिधा देहे व्यवस्थित इत्युच्यते॥ २॥

होनेके कारण] अजन्मा है" "जहाँसे वाणी लौट आती है" "यह नहीं है, यह नहीं है" इत्यादि श्रुतियोंद्वारा शुद्ध ब्रह्मका निर्देश बीजवत्त्वका निरास करके ही किया गया है। उस 'प्राज्ञ' शब्दवाच्य जीवकी, देहादिसम्बन्ध तथा जाग्रत् आदि अवस्थासे रहित, उस पारमार्थिकी अबीजावस्थाका तुरीयरूपसे अलग वर्णन करेंगे। बीजावस्था भी जाग्रत् होनेपर 'मुझे कुछ भी पता नहीं रहा' ऐसी प्रतीति देखनेसे शरीरमें अनुभव होती ही है। इसीसे 'वह देहमें तीन प्रकारसे स्थित है' ऐसा कहा गया है॥ २॥

विश्वादिका त्रिविध भोग

विश्वो हि स्थूलभुङ्नित्यं तैजसः प्रविविक्तभुक्।
आनन्दभुक्तथा प्राज्ञस्त्रिधा भोगं निबोधत॥ ३॥

विश्व सर्वदा स्थूल पदार्थोंको ही भोगनेवाला है, तैजस सूक्ष्म पदार्थोंका भोक्ता है तथा प्राज्ञ आनन्दको भोगनेवाला है; इस प्रकार इनका तीन तरहका भोग जानो॥ ३॥

स्थूलं तर्पयते विश्वं प्रविविक्तं तु तैजसम्।
आनन्दश्च तथा प्राज्ञं त्रिधा तृप्तिं निबोधत॥ ४॥

स्थूल पदार्थ विश्वको तृप्त करता है, सूक्ष्म तैजसकी तृप्ति करनेवाला है तथा आनन्द प्राज्ञकी; इस प्रकार इनकी तृप्ति भी तीन तरहकी समझो॥ ४॥

उक्तार्थौ श्लोकौ॥ ३-४॥

इन दोनों श्लोकोंका अर्थ कहा जा चुका है॥ ३-४॥

त्रिविध भोक्ता और भोग्यके ज्ञानका फल

त्रिषु धामसु यद्भोज्यं भोक्ता यश्च प्रकीर्तितः।
वेदैतदुभयं यस्तु स भुञ्जानो न लिप्यते॥ ५॥

[जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—इन] तीनों स्थानोंमें जो भोज्य और भोक्ता बतलाये गये हैं—इन दोनोंको जो जानता है, वह [भोगोंको] भोगते हुए भी उनसे लिप्त नहीं होता॥ ५॥

त्रिषु धामसु जाग्रदादिषु स्थूलप्रविविक्तानन्दाख्यं भोज्यमेकं त्रिधाभूतम्। यश्च विश्वतैजसप्राज्ञाख्यो भोक्तैकः सोऽहमित्येकत्वेन प्रतिसन्धानाद्द्रष्टृत्वाविशेषाच्च प्रकीर्तितः; यो वेदैतदुभयं भोज्यभोक्तृतयानेकधा भिन्नं स भुञ्जानो न लिप्यते; भोज्यस्य सर्वस्यैकस्य भोक्तुर्भोज्यत्वात्। न हि यस्य यो विषयः स तेन हीयते वर्धते वा; न ह्यग्निः स्वविषयं दग्ध्वा काष्ठादि तद्वत्॥ ५॥

जाग्रत् आदि तीन स्थानोंमें जो स्थूल, सूक्ष्म और आनन्दसंज्ञक तीन भेदोंमें बँटा हुआ एक ही भोज्य है और 'वह मैं हूँ' इस प्रकार एकरूपसे अनुसंधान किये जाने तथा द्रष्टृत्वमें कोई विशेषता न होनेके कारण विश्व, तैजस और प्राज्ञ नामक जो एक ही भोक्ता बतलाया गया है—इस प्रकार भोज्य और भोक्तारूपसे अनेक प्रकार विभिन्न हुए इन दोनों (भोक्ता और भोज्य)-को जो जानता है वह भोगता हुआ भी लिप्त नहीं होता, क्योंकि समस्त भोज्य एक ही भोक्ताका भोग है। जैसे अग्नि अपने विषय काष्ठादिको जलाकर [न्यूनाधिक नहीं होता अपने स्वरूपमें सदा समान रहता है] उसी प्रकार जिसका जो विषय होता है वह उस विषयके कारण ह्रास अथवा वृद्धिको प्राप्त नहीं होता॥ ५॥

प्राण ही सबकी सृष्टि करता है

प्रभवः सर्वभावानां सतामिति विनिश्चयः।
सर्वं जनयति प्राणश्चेतोंऽशून्पुरुषः पृथक्॥ ६॥

यह सुनिश्चित बात है कि जो पदार्थ विद्यमान होते हैं उन्हीं सबकी उत्पत्ति हुआ करती है। बीजात्मक प्राण ही सबकी उत्पत्ति करता है और चेतनात्मक पुरुष चैतन्यके आभासभूत जीवोंको अलग-अलग प्रकट करता है॥ ६॥

सतां विद्यमानानां स्वेनाविद्याकृतनामरूपमायास्वरूपेण सर्वभावानां विश्वतैजसप्राज्ञभेदानां प्रभव उत्पत्तिः। वक्ष्यति च—"वन्ध्यापुत्रो न तत्त्वेन मायया वापि जायते" इति। यदि ह्यसतामेव जन्म स्याद्ब्रह्मणोऽव्यवहार्यस्य ग्रहणद्वाराभावादसत्त्वप्रसङ्गः। दृष्टं च रज्जुसर्पादीनामविद्याकृतमायाबीजोत्पन्नानां रज्ज्वाद्यात्मना सत्त्वम्। न हि निरास्पदा रज्जुसर्पमृगतृष्णिकादयः क्वचिदुपलभ्यन्ते केनचित्। यथा रज्ज्वां प्राक्सर्पोत्पत्ते रज्ज्वात्मना सर्पः सन्नेवासीत्, एवं सर्वभावानामुत्पत्तेः प्राक्प्राणबीजात्मनैव सत्त्वम्। इत्यतः श्रुतिरपि वक्ति—"ब्रह्मैवेदम्" (मु० उ० २।२।११) "आत्मैवेदमग्र आसीत्" (बृ० उ० १।४।१) इति।

सत् अर्थात् अपने अविद्याकृत नामरूपात्मक मायिक स्वरूपसे विद्यमान विश्व, तैजस और प्राज्ञ भेदवाले सम्पूर्ण पदार्थोंकी उत्पत्ति हुआ करती है। आगे (प्रक० ३ का० २८ में) यह कहेंगे भी कि "वन्ध्यापुत्र न तो वस्तुतः और न मायासे ही उत्पन्न होता है।" यदि असत् (स्वरूपसे अविद्यमान) पदार्थोंकी ही उत्पत्ति हुआ करती तो अव्यवहार्य ब्रह्मको ग्रहण करनेका कोई मार्ग न रहनेसे उसकी असत्ताका प्रसङ्ग उपस्थित हो जाता। अविद्याकृत मायामय बीजसे उत्पन्न हुए रज्जुसर्पादिकी भी रज्जु आदिरूपसे सत्ता देखी गयी है। किसी भी पुरुषने निराश्रय रज्जुसर्प अथवा मृगतृष्णा आदि कभी नहीं देखे। जिस प्रकार सर्पकी उत्पत्तिसे पूर्व वह रज्जुमें रज्जुरूपसे सत् ही था उसी प्रकार समस्त पदार्थ अपनी उत्पत्तिसे पूर्व प्राणात्मक बीजरूपसे सत् ही थे। इसीसे श्रुति भी कहती है—"यह ब्रह्म ही है" "पहले यह आत्मा ही था" इत्यादि।

सर्वं जनयति प्राणश्चेतोंऽशूनंशव इव रवेश्चिदात्मकस्य पुरुषस्य चेतोरूपा जलार्कसमाः प्राज्ञतैजसविश्वभेदेन देवतिर्यगादिदेहभेदेषु विभाव्यमानाश्चेतोंऽशवो ये तान्पुरुषः पृथग्विषयभावविलक्षणानग्निविस्फुलिङ्गवत् सलक्षणाञ्जलार्कवच्च जीवलक्षणांस्त्वितरान् सर्वभावान् प्राणो बीजात्मा जनयति "यथोर्णनाभिः" (मु० उ० १ । १ । ७) "यथाग्नेः क्षुद्राविस्फुलिङ्गाः" (बृ० उ० २ । १ । २०) इत्यादि श्रुतेः ॥ ६ ॥

सब पदार्थोंको [बीजरूप] प्राण ही उत्पन्न करता है। तथा जो जलमें प्रतिविम्बित सूर्यके समान देव, मनुष्य और तिर्यगादि विभिन्न शरीरोंमें प्राज्ञ, तैजस एवं विश्वरूपसे भासमान चिदात्मक पुरुषके किरणरूप चिदाभास हैं, उन विषयभावसे विलक्षण तथा अग्निकी चिनगारी और जलमें प्रतिविम्बित सूर्यके समान सजातीय जीवोंको पुरुष अलग ही उत्पन्न करता है। उनके सिवाय अन्य समस्त पदार्थोंको बीजात्मक प्राण उत्पन्न करता है, जैसा कि "जिस प्रकार मकड़ी [जाला बनाती है]" तथा "जैसे अग्निसे छोटी-छोटी चिनगारियाँ निकलती हैं" इत्यादि श्रुतियोंसे सिद्ध होता है॥ ६ ॥

सृष्टिके विषयमें भिन्न-भिन्न विकल्प

विभूतिं प्रसवं त्वन्ये मन्यन्ते सृष्टिचिन्तकाः ।
स्वप्नमायासरूपेति सृष्टिरन्यैर्विकल्पिता ॥ ७ ॥

सृष्टिके विषयमें विचार करनेवाले दूसरे लोग भगवान्‌की विभूतिको ही जगत्‌की उत्पत्ति मानते हैं तथा दूसरे लोगोंद्वारा यह सृष्टि स्वप्न और मायाके समान मानी गयी है॥ ७॥

विभूतिर्विस्तार ईश्वरस्य सृष्टिरिति सृष्टिचिन्तका मन्यन्ते न तु परमार्थचिन्तकानां सृष्टावादर

यह सृष्टि ईश्वरकी विभूति यानी उसका विस्तार है—ऐसा सृष्टिके विषयमें विचार करनेवाले लोग मानते हैं। तात्पर्य यह है कि परमार्थचिन्तन करनेवालोंका

इत्यर्थः। "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" (बृ० उ० २।५।१९) इति श्रुतेः। न हि मायाविनं सूत्रमाकाशे निक्षिप्य तेन सायुधमारुह्य चक्षुर्गोचरतामतीत्य युद्धेन खण्डशश्छिन्नं पतितं पुनरुत्थितं च पश्यतां तत्कृत-मायादिसतत्त्वचिन्तायामादरो भवति। तथैवायं मायाविनः सूत्रप्रसारणसमः सुषुप्तस्वप्नादिविकासस्तदारूढमाया-विसमश्च तत्स्थः प्राज्ञतैजसादिः। सूत्रतदारूढाभ्यामन्यः परमार्थमायावी स एव भूमिष्ठो मायाच्छन्नोऽदृश्यमान एव स्थितो यथा तथा तुरीयाख्यं परमार्थतत्त्वम्। अतस्तच्चिन्तायामेवादरो मुमुक्षूणा-मार्याणां न निष्प्रयोजनायां सृष्टावादर इत्यतः सृष्टिचिन्तकानामेवैते विकल्पा इत्याह—स्वप्नमायासरूपेति।

सृष्टिके विषयमें आदर नहीं होता; जैसा कि "इन्द्र (परमात्मा) मायासे अनेक रूपवाला हो जाता है" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है, [केवल बहिर्मुख पुरुष ही उसकी उत्पत्तिके विषयमें तरह-तरहकी कल्पना किया करते हैं]। आकाशमें सूत फेंककर उसपर शस्त्रोंसहित आरूढ़ हो नेत्रेन्द्रियकी पहुँचसे परे जाकर युद्धके द्वारा अनेकों टुकड़ोंमें विभक्त होकर गिरे हुए मायावीको पुनः उठता देखनेवाले पुरुषोंको उसकी रची हुई माया आदिके स्वरूपके चिन्तनमें आदर नहीं होता। उस मायावीके सूत्रविस्तारके समान ही ये सुषुप्ति एवं स्वप्नादिके विकास हैं; तथा उस (सूत्र)-पर चढ़े हुए मायावीके समान ही उन (सुषुप्ति आदि अवस्थाओं)-में स्थित प्राज्ञ एवं तैजस आदि हैं। किन्तु वास्तविक मायावी तो सूत्र और उसपर चढ़े हुए मायावीसे भिन्न है और वही जैसे मायासे आच्छादित रहनेके कारण दिखलायी न देता हुआ ही पृथिवीपर स्थित रहता है वैसा ही तुरीयसंज्ञक परमार्थ तत्त्व भी है। अतः मोक्षकामी आर्य पुरुषोंका उसीके चिन्तनमें आदर होता है। प्रयोजनहीन सृष्टिमें उनका आदर नहीं होता। अतः ये सब विकल्प सृष्टिका चिन्तन करनेवालोंके ही हैं; इसीसे कहा है—'स्वप्नमायासरूपा इति' अर्थात्

स्वप्नरूपा मायासरूपा चेति॥ ७॥ [दूसरे इसे] स्वप्नरूपा और मायारूपा [बतलाते हैं]॥ ७॥

इच्छामात्रं प्रभोः सृष्टिरिति सृष्टौ विनिश्चिताः।
कालात्प्रसूतिं भूतानां मन्यन्ते कालचिन्तकाः॥ ८॥

कोई-कोई सृष्टिके विषयमें ऐसा निश्चय रखते हैं कि 'प्रभुकी इच्छा ही सृष्टि है।' तथा कालके विषयमें विचार करनेवाले [ज्योतिषी लोग] कालसे ही जीवोंकी उत्पत्ति मानते हैं॥ ८॥

इच्छामात्रं प्रभोः सत्यसंकल्पत्वात्सृष्टिर्घटादिः संकल्पनामात्रं न संकल्पनातिरिक्तम्। कालादेव सृष्टिरिति केचित्॥ ८॥

भगवान् सत्यसंकल्प हैं; अतः घटादिकी सृष्टि प्रभुका संकल्पमात्र है—उनके संकल्पसे भिन्न नहीं है। तथा कोई-कोई 'सृष्टि कालहीसे हुई है' ऐसा कहते हैं॥ ८॥

भोगार्थं सृष्टिरित्यन्ये क्रीडार्थमिति चापरे।
देवस्यैष स्वभावोऽयमाप्तकामस्य का स्पृहा॥ ९॥

कुछ लोग 'सृष्टि भोगके लिये है' ऐसा मानते हैं और कुछ 'क्रीडाके लिये है' ऐसा समझते हैं। [परन्तु वास्तवमें तो] यह भगवान्‌का स्वभाव ही है क्योंकि पूर्णकामको इच्छा ही क्या हो सकती है?॥ ९॥

भोगार्थं क्रीडार्थमिति चान्ये सृष्टिं मन्यन्ते। अनयोः पक्षयोर्दूषणं देवस्यैष स्वभावोऽयमिति देवस्य स्वभावपक्षमाश्रित्य, सर्वेषां वा पक्षाणामाप्तकामस्य का स्पृहेति।

दूसरे लोग सृष्टिको 'यह भोगार्थ अथवा क्रीडार्थ है'—ऐसा मानते हैं। 'देवस्यैष स्वभावोऽयम्' इस वाक्यसे देवके स्वभावपक्षका आश्रय लेकर इन दोनों पक्षोंको दोषयुक्त बतलाते हैं। अथवा 'आप्तकामस्य का स्पृहा' यह चौथा पाद

न हि रज्ज्वादीनामविद्यास्वभाव-व्यतिरेकेण सर्पाद्याभासत्वे कारणं शक्यं वक्तुम्॥ ९॥

सभी पक्षोंको दोषयुक्त बतलानेवाला है; क्योंकि अविद्यारूप अपने स्वभावके बिना रज्जु आदिका सर्पादिकी अभिव्यक्तिमें कारणत्व नहीं बतलाया जा सकता॥ ९॥

चतुर्थ पादका विवरण

चतुर्थः पादः क्रमप्राप्तो वक्तव्य इत्याह—नान्तःप्रज्ञमित्यादिना। सर्वशब्दप्रवृत्तिनिमित्तशून्यत्वात्तस्य शब्दानभिधेयत्वमिति विशेषप्रतिषेधेनैव च तुरीयं निर्दिदिक्षति।

अब क्रमसे प्राप्त हुआ चौथा पाद भी बतलाना है, अतः यही बात 'नान्तः-प्रज्ञम्' इत्यादि मन्त्रसे कहते हैं। वह (चौथा पाद) सम्पूर्ण शब्दप्रवृत्तिके निमित्तसे रहित है, अतः शब्दसे उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। इसलिये श्रुति [अन्तःप्रज्ञत्व आदि] विशेष भावका प्रतिषेध करके ही उस तुरीयका निर्देश करनेमें प्रवृत्त होती है।

शून्यमेव तर्हि तत्।

पूर्व०—तब तो वह शून्यरूप ही हुआ।

न; मिथ्याविकल्पस्य निर्निमित्तत्वानुपपत्तेः। न हि रजतसर्पपुरुषमृगतृष्णिकादिविकल्पाः शुक्तिकारज्जुस्थाणूषरादिव्यतिरेकेणावस्त्वास्पदाः शक्याःकल्पयितुम्।

सिद्धान्ती—नहीं; क्योंकि मिथ्या विकल्पका बिना किसी निमित्तके होना सम्भव नहीं है। चाँदी, सर्प, पुरुष और मृगतृष्णा आदि विकल्प [क्रमशः] सीपी, रस्सी, ठूँठ और ऊसर आदिके बिना निराश्रय ही कल्पना नहीं किये जा सकते।

एवं तर्हि प्राणादिसर्वविकल्पास्पदत्वात्तुरीयस्य शब्दवाच्यत्वम्

पूर्व०—यदि ऐसी बात है तब तो प्राणादि सम्पूर्ण विकल्पका आश्रय होनेके कारण वह तुरीय शब्दका वाच्य सिद्ध

इति न प्रतिषेधैः प्रत्याय्यत्वम् उदकाधारादेरिव घटादेः।

न; प्राणादिविकल्पस्यासत्त्वाच्छुक्तिकादिष्विव रजतादेः। न हि सदसतोः सम्बन्धः शब्दप्रवृत्तिनिमित्तभागवस्तुत्वात्। नापि प्रमाणान्तरविषयत्वं स्वरूपेण गवादिवत्; आत्मनो निरुपाधिकत्वात् । गवादिवन्नापि जातिमत्त्वमद्वितीयत्वेन सामान्यविशेषाभावात्। नापि क्रियावत्त्वं पाचकादिवदविक्रियत्वात् । नापि गुणवत्त्वं नीलादिवन्निर्गुणत्वात्। अतो नाभिधानेन निर्देशमर्हति।

शशविषाणादिसमत्वान्निरर्थकत्वं तर्हि।

होता है; जलके आधारभूत घट आदिके समान [अन्तःप्रज्ञत्वादिके] प्रतिषेधद्वारा उसकी प्रतीति नहीं करायी जा सकती।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि शुक्ति आदिमें प्रतीत होनेवाली चाँदी आदिके समान प्राणादि विकल्प असद्रूप है। तथा सत् और असत्का सम्बन्ध अवस्तुरूप होनेके कारण शब्दकी प्रवृत्तिका हेतु नहीं हो सकता; और न गौ आदिके समान वह स्वरूपसे किसी अन्य प्रमाणका ही विषय हो सकता है, क्योंकि आत्मा उपाधिरहित है। इसी प्रकार अद्वितीयरूप होनेके कारण सामान्य अथवा विशेष भावका अभाव होनेसे उसमें गौ आदिके समान जातिमत्त्व भी नहीं है। और न अविकारी होनेके कारण उसमें पाचकादिके समान क्रियावत्त्व तथा निर्गुण होनेके कारण नीलता आदिके समान गुणवत्त्व ही है। इसलिये उसका किसी भी नामसे निर्देश नहीं किया जा सकता।

पूर्व०—तब तो शशशृङ्गादिके समान [असद्रूप होनेके कारण] उसकी निरर्थकता ही सिद्ध होती है।

न; आत्मत्वावगमे तुरीयतुरीयावगमस्य स्यानात्मतृष्णाव्यावृत्तिसार्थकत्वम् हेतुत्वाच्छुक्तिकावगम इव रजततृष्णायाः। न हि तुरीयस्यात्मत्वावगमे सत्यविद्यातृष्णादिदोषाणां सम्भवोऽस्ति। न च तुरीयस्यात्मत्वानवगमे कारणमस्ति; सर्वोपनिषदां तादर्थ्येनोपक्षयात्। "तत्त्वमसि" (छा० उ० ६।८।१६) "अयमात्मा ब्रह्म" (बृ० उ० २।५।१९)। "तत्सत्यं स आत्मा" (छा० उ० ६।८।१६) "यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म" (बृ० उ० ३।४।१)। "सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः" (मु० उ० २।१।२) "आत्मैवेदꣳसर्वम्" (छा० उ० ७।२५।२) इत्यादीनाम्।

सिद्धान्ती—नहीं; क्योंकि शुक्तिका ज्ञान होनेपर जिस प्रकार [उसमें आरोपित] चाँदीकी तृष्णा नष्ट हो जाती है उसी प्रकार तुरीय हमारा आत्मा है—ऐसा ज्ञान होनेपर वह अनात्मसम्बन्धिनी तृष्णाको निवृत्त करनेका कारण होता है। तुरीयको अपना आत्मा जान लेनेपर अविद्या एवं तृष्णादि दोषोंकी सम्भावना नहीं रहती। और तुरीयको अपने आत्मस्वरूपसे न जाननेका कोई कारण भी नहीं है, क्योंकि "तत्त्वमसि" "अयमात्मा ब्रह्म" "तत्सत्यं स आत्मा" "यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म" "सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः" "आत्मैवेदꣳ सर्वम्" इत्यादि समस्त उपनिषद्वाक्योंका पर्यवसान इसी अर्थमें हुआ है।

सोऽयमात्मा परमार्थापरमार्थरूपश्चतुष्पादित्युक्तस्तस्यापरमार्थरूपमविद्याकृतं रज्जुसर्पादिसममुक्तं पादत्रयलक्षणं बीजाङ्कुरस्थानीयम्। अथेदानीमबीजात्मकं परमार्थस्वरूपं रज्जुस्थानीयं सर्पादिस्थानीयोक्तस्थानत्रयनिराकरणेनाह—नान्तःप्रज्ञमित्यादि।

वह यह आत्मा परमार्थ और अपरमार्थरूपसे चार पादवाला है—ऐसा कहा है। उसका बीजाङ्कुरस्थानीय पादत्रयस्वरूप अपरमार्थरूप रज्जुसर्पादिके समान अविद्याजनित कहा गया है। अब सर्पादिस्थानीय उक्त तीनों पादोंका निराकरण कर 'नान्तःप्रज्ञम्' इत्यादि रूपसे उसके रज्जुस्थानीय अबीजात्मक परमार्थस्वरूपका वर्णन करते हैं—

तुरीयका स्वरूप

नान्तःप्रज्ञं न बहिष्प्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञं न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाप्रज्ञम्। अदृष्टमव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणमचिन्त्यमव्यपदेश्यमेकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेयः॥ ७॥

[विवेकीजन] तुरीयको ऐसा मानते हैं कि वह न अन्तःप्रज्ञ है, न बहिष्प्रज्ञ है, न उभयतः (अन्तर्बहिः)-प्रज्ञ है, न प्रज्ञानघन है, न प्रज्ञ है और न अप्रज्ञ है। बल्कि अदृष्ट, अव्यवहार्य, अग्राह्य, अलक्षण, अचिन्त्य, अव्यपदेश्य, एकात्मप्रत्ययसार, प्रपञ्चका उपशम, शान्त, शिव और अद्वैतरूप है। वही आत्मा है और वही साक्षात् जाननेयोग्य है॥ ७॥

नन्वात्मनश्चतुष्पात्त्वं प्रतिज्ञाय पादत्रयकथनेनैव चतुर्थस्यान्तःप्रज्ञादिभ्योऽन्यत्वे सिद्धे नान्तःप्रज्ञमित्यादिप्रतिषेधोऽनर्थकः।

न; सर्पादिविकल्पप्रतिषेधेनैव रज्जुस्वरूपप्रतिपत्तिवत्त्र्यवस्थस्यैवात्मनस्तुरीयत्वेन प्रतिपिपादयिषितत्वात्; तत्त्वमसीतिवत्। यदि हि त्र्यवस्थात्मविलक्षणं तुरीयमन्यत्तत्प्रतिपत्तिद्वाराभावा-

आत्मावगतौ अनात्मप्रतिषेध एव प्रमाणम्

पूर्व०—किन्तु आत्मा चार पादोंवाला है—ऐसी प्रतिज्ञा कर उसके तीन पादोंका वर्णन कर देनेसे ही चौथे पादका अन्तःप्रज्ञादि विशेषणोंसे भिन्न होना तो सिद्ध ही है; अतः यह "नान्तःप्रज्ञम्" इत्यादि प्रतिषेध तो व्यर्थ ही है।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि जिस प्रकार सर्पादि विकल्पका प्रतिषेध करनेसे ही रज्जुके स्वरूपका ज्ञान हो जाता है उसी प्रकार, जैसा कि "तत्त्वमसि" इत्यादि वाक्यमें देखा जाता है, यहाँ [जाग्रदादि] तीनों अवस्थाओंमें स्थित आत्माका ही तुरीयरूपसे प्रतिपादन करना इष्ट है।

च्छास्त्रोपदेशानर्थक्यं शून्यतापत्तिर्वा। रज्जुरिव सर्पादिभिर्विकल्प्यमाना स्थानत्रयेऽप्यात्मैक एवान्तःप्रज्ञादित्वेन विकल्प्यते यदा तदान्तःप्रज्ञत्वादि-प्रतिषेधविज्ञानप्रमाणसमकालमेवात्मन्य-नर्थप्रपञ्चनिवृत्तिलक्षणफलं परि-समाप्तम्, इति तुरीयाधिगमे प्रमाणान्तरं साधनान्तरं वा न मृग्यम्। रज्जुसर्पविवेकसमकाल इव रज्ज्वां सर्पनिवृत्तिफले सति रज्ज्वधिगमस्य।

यदि तुरीय आत्मा अवस्थात्रयविशिष्ट आत्मासे सर्वथा भिन्न होता तो उसकी उपलब्धिका कोई उपाय न रहनेके कारण शास्त्रोपदेशकी व्यर्थता अथवा शून्यवादकी प्राप्ति हो जाती। जब कि सर्पादि (सर्प, धारा, भूच्छिद्रादि)-रूपसे विकल्पित रज्जुके समान [जाग्रदादि] तीनों स्थानोंमें एक ही आत्मा अन्तः-प्रज्ञादिरूपसे विकल्पित हो रहा है तब तो अन्तःप्रज्ञत्वादिके प्रतिषेधविज्ञानरूप प्रमाणकी उत्पत्तिके समकाल ही आत्मामें अनर्थप्रपञ्चकी निवृत्तिरूप फल सिद्ध हो जाता है; अतः तुरीयका साक्षात्कार करनेके लिये इसके सिवा किसी अन्य प्रमाण अथवा साधनकी खोज करनेकी आवश्यकता नहीं है; जैसे कि रज्जु और सर्पका विवेक होनेके समानकालमें ही रज्जुमें सर्पनिवृत्तिरूप फलकी प्राप्ति होते ही रज्जुका ज्ञान हो जाता है [उसी प्रकार यहाँ समझना चाहिये]।

येषां पुनस्तमोऽपनयव्यतिरेकेण घटाधिगमे प्रमाणं व्याप्रियते तेषां छेद्यावयवसम्बन्धवियोग-

किन्तु जिनके मतमें घटज्ञानमें अन्धकारकी निवृत्तिके सिवा किसी और कार्यमें भी प्रमाणकी प्रवृत्ति होती है उनका तो मानो ऐसा कथन है कि छेद्य पदार्थोंके अवयवोंका सम्बन्धविच्छेद

व्यतिरेकेणान्यतरावयवेऽपिच्छिदिर्व्याप्रियत इत्युक्तं स्यात्।

यदा पुनर्घटतमसोर्विवेककरणे प्रवृत्तं प्रमाणमनुपादित्सिततमोनिवृत्तिफलावसानं छिदिरिवच्छेद्यावयवसम्बन्धविवेककरणे प्रवृत्ता तदवयवद्वैधीभावफलावसाना तदा नान्तरीयकं घटविज्ञानं न तत्प्रमाणफलम्।

न च तद्वदप्यात्मन्यध्यारोपितान्तःप्रज्ञत्वादिविवेककरणे प्रवृत्तस्य प्रतिषेधविज्ञानप्रमाणस्य अनुपादित्सितान्तःप्रज्ञत्वादिनिवृत्तिव्यतिरेकेण तुरीये व्यापारोपपत्तिः।

करनेके अतिरिक्त भी छेदनक्रियाका वस्तुके किसी एक अवयवमें कोई व्यापार होता है।[1]

छेद्य[2] अवयवोंका सम्बन्धच्छेद करनेमें प्रवृत्त छेदनक्रिया जिस प्रकार उसके अवयवोंके विभक्त हो जानेमें समाप्त होनेवाली है उसी प्रकार जब कि घट और अन्धकारका पार्थक्य करनेमें प्रवृत्त प्रमाण अनिष्ट अन्धकारकी निवृत्तिरूप फलमें ही समाप्त हो जानेवाला है तब घटज्ञान तो अवश्यम्भावी है, वह प्रमाणका फल नहीं है।

उसीके समान आत्मामें आरोपित अन्तःप्रज्ञत्वादिके विवेक करनेमें प्रवृत्त प्रतिषेधविज्ञानरूप प्रमाणका, अनुपादित्सित (जिसका स्वीकार करना इष्ट नहीं है उस) अन्तःप्रज्ञत्वादिकी निवृत्तिके सिवा तुरीय आत्मामें कोई अन्य व्यापार होना सम्भव नहीं है,

१. तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार अन्धकारमें रहते हुए घटका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये अन्धकारकी निवृत्तिमात्र ही आवश्यक है, अन्य किसी क्रियाकी अपेक्षा नहीं है उसी प्रकार तुरीयका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये उसमें आरोपित अन्तःप्रज्ञत्वादिका निषेध ही कर्तव्य है। जो लोग घटज्ञानमें अन्धकार-निवृत्तिके सिवा उसके उत्पादक प्रमाणका कोई और व्यापार भी स्वीकार करते हैं वे मानो ऐसा कहते हैं कि छेदनक्रिया छेद्यपदार्थके अवयवोंका सम्बन्धच्छेद करनेके सिवा उसके किसी भी अवयवमें कोई अन्य कार्य भी कर देती है। परन्तु यह बात सर्वसम्मत है कि छेदनक्रियाका अवयवविश्लेषणके सिवा कोई अन्य व्यापार नहीं होता। इसीलिये उनका कथन माननीय नहीं है।

२. यदि प्रमाण अज्ञानका ही निवर्तक है तो विषयके स्फुरण होनेका तो कोई कारण दिखायी नहीं देता; अतः विषयज्ञान होना ही नहीं चाहिये—ऐसी आशङ्का करके आगेकी बात कहते हैं।

अन्तःप्रज्ञत्वादिनिवृत्तिसमकालमेव प्रमातृत्वादिभेदनिवृत्तेः। तथा च वक्ष्यति—"ज्ञाते द्वैतं न विद्यते" (माण्डू० का० १। १८) इति। ज्ञानस्य द्वैतनिवृत्तिक्षणव्यतिरेकेण क्षणान्तरानवस्थानात्। अवस्थाने चानवस्थाप्रसङ्गाद्द्वैतानिवृत्तिः। तस्मात्प्रतिषेधविज्ञानप्रमाणव्यापारसमकालैवात्मन्यध्यारोपितान्तःप्रज्ञत्वाद्यनर्थनिवृत्तिरिति सिद्धम्।

नान्तःप्रज्ञमिति तैजसप्रतिषेधः। न बहिष्प्रज्ञमिति विश्वप्रतिषेधः। नोभयतःप्रज्ञमिति जाग्रत्स्वप्नयोः। अन्तरालावस्थाप्रतिषेधः। न प्रज्ञानघनमिति सुषुप्तावस्थाप्रतिषेधः। बीजभावाविवेकरूपत्वात्। न

क्योंकि अन्तःप्रज्ञत्वादिकी निवृत्तिके समकालमें ही प्रमातृत्वादि भेदकी निवृत्ति हो जाती है। ऐसा ही "ज्ञान हो जानेपर द्वैत नहीं रहता" इत्यादि वाक्यद्वारा आगे कहेंगे भी; क्योंकि वृत्तिज्ञानकी भी स्थिति द्वैतनिवृत्तिके क्षणके सिवा दूसरे क्षणमें नहीं रहती; और यदि स्थिति मानी जाय तो अनवस्थाका प्रसङ्ग* उपस्थित हो जानेसे द्वैतकी निवृत्ति ही नहीं होगी। अतः यह सिद्ध हुआ कि प्रतिषेधविज्ञानरूप प्रमाणके प्रवृत्त होनेके समकालमें ही आत्मामें आरोपित अन्तःप्रज्ञत्वादि अनर्थकी निवृत्ति हो जाती है।

'अन्तःप्रज्ञ नहीं है' ऐसा कहकर तैजसका प्रतिषेध किया है; 'बहिष्प्रज्ञ नहीं है' इससे विश्वका निषेध किया है; 'उभयतःप्रज्ञ नहीं है' इस वाक्यसे जाग्रत् और स्वप्नके बीचकी अवस्थाका प्रतिषेध किया है; 'प्रज्ञानघन नहीं है' इससे सुषुप्तिका प्रतिषेध हुआ है, क्योंकि वह बीजभावमय-अविवेकस्वरूपा है;

* अद्वैत-बोधके लिये जिन-जिन प्रमाणोंका आश्रय लिया जाता है वे सब द्वैतप्रपञ्चके ही अन्तर्गत हैं। निखिलद्वैतकी निवृत्ति करनेवाला वृत्तिज्ञान भी वृत्तिरूप होनेके कारण द्वैतके ही अन्तर्गत है। यदि वह सम्पूर्ण द्वैतकी निवृत्ति करके भी बना रहे तो उसकी निवृत्तिके लिये किसी अन्य वृत्तिकी अपेक्षा होगी और उसके लिये किसी तीसरीकी। इस प्रकार अनवस्था-दोष उपस्थित हो जायगा और द्वैतकी निवृत्ति कभी न हो पावेगी। इसलिये निखिलद्वैतकी निवृत्ति करनेके उत्तर-क्षणमें ही वृत्तिज्ञान स्वयं भी निवृत्त हो जाता है—यही मत समीचीन है।

प्रज्ञमिति युगपत्सर्वविषयप्रज्ञातृत्वप्रतिषेधः। नाप्रज्ञमित्यचैतन्यप्रतिषेधः।

कथं पुनरन्तःप्रज्ञत्वादीनामात्मनि गम्यमानानां रज्ज्वादौ सर्पादिवत्प्रतिषेधादसत्त्वं गम्यत इत्युच्यते। ज्ञस्वरूपाविशेषेऽपि इतरेतरव्यभिचाराद्रज्ज्वादाविव सर्पधारादिविकल्पितभेदवत् सर्वत्राव्यभिचाराज्ज्ञस्वरूपस्य सत्यत्वम्।

सुषुप्ते व्यभिचरतीति चेन्न। सुषुप्तस्यानुभूयमानत्वात्। "न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यते" (बृ० उ० ४। ३। ३०) इति श्रुतेः।

अत एवादृष्टम्। यस्माददृष्टं तस्मादव्यवहार्यम्। अग्राह्यं कर्मेन्द्रियैः। अलक्षणमलिङ्गमित्येतदननुमेयमित्यर्थः। अत एवाचिन्त्यम्। अत एवाव्यपदेश्यं

'प्रज्ञ नहीं है' इससे एक साथ सब विषयोंके ज्ञातृत्वका प्रतिषेध किया है; तथा 'अप्रज्ञ नहीं है' इससे अचेतनताका निषेध किया है।

किन्तु जब कि अन्तःप्रज्ञत्वादि धर्म आत्मामें प्रत्यक्ष उपलब्ध होते हैं तो केवल प्रतिषेधके ही कारण उनका रज्जुमें प्रतीत होनेवाले सर्पादिके समान असत्यत्व कैसे सिद्ध हो सकता है? इसपर कहते हैं—रज्जु आदिमें प्रतीत होनेवाले सर्प, धारा आदि विकल्पभेदोंके समान उनके चित्स्वरूपमें कोई भेद न होनेपर भी परस्पर एक-दूसरेका व्यभिचार होनेके कारण वे असद्रूप हैं। किन्तु चित्स्वरूपका कहीं भी व्यभिचार नहीं है; इसलिये वह सत्य है।

यदि कहो कि सुषुप्तिमें उसका व्यभिचार होता है तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि सुषुप्तिका भी अनुभव हुआ करता है; जैसा कि "विज्ञाताकी विज्ञातिका लोप नहीं होता" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है।

इसीलिये वह अदृश्य है। और क्योंकि अदृश्य है इसलिये अव्यवहार्य है तथा कर्मेन्द्रियोंसे अग्राह्य और अलक्षण यानी लिङ्गरहित है। तात्पर्य यह है कि उसका अनुमान नहीं किया जा सकता। इसीसे वह अचिन्त्य है अतएव शब्दोंद्वारा

शब्दैः। एकात्मप्रत्ययसारं जाग्रदादिस्थानेष्वेकोऽयमात्मेत्यव्यभिचारी यः प्रत्ययस्तेनानुसरणीयम्। अथवैक आत्मप्रत्ययः सारं प्रमाणं यस्य तुरीयस्याधिगमे तत्तुरीयमेकात्मप्रत्ययसारम् । "आत्मेत्येवोपासीत" (बृ० उ० १। ४। ७) इति श्रुतेः।

अकथनीय है। वह एकात्मप्रत्ययसार है। अर्थात् जाग्रत् आदि स्थानोंमें एक ही आत्मा है—ऐसा जो अव्यभिचारी प्रत्यय है उससे अनुसरण किये जानेयोग्य है। अथवा "आत्मा है—इस प्रकार ही उपासना करे" इस श्रुतिके अनुसार जिस तुरीयका ज्ञान प्राप्त करनेमें एक आत्मप्रत्यय ही सार यानी प्रमाण है वह तुरीय एकात्मप्रत्ययसार है।

अन्तःप्रज्ञत्वादिस्थानिधर्मप्रतिषेधः कृतः। प्रपञ्चोपशममिति जाग्रदादिस्थानधर्माभाव उच्यते। अत एव शान्तमविक्रियम्, शिवं यतोऽद्वैतं भेदविकल्परहितम्। चतुर्थं तुरीयं मन्यन्ते; प्रतीयमानपादत्रयरूपवैलक्षण्यात्। स आत्मा स विज्ञेय इति प्रतीयमानसर्पभूच्छिद्रदण्डादिव्यतिरिक्ता यथा रज्जुस्तथा तत्त्वमसीत्यादिवाक्यार्थ आत्मा "अदृष्टो द्रष्टा" (बृ० उ० ३।७।२३) "न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो

अन्तःप्रज्ञत्वादि स्थानियों (जाग्रत् आदि अवस्थाओंके अभिमानियों)-के धर्मोंका प्रतिषेध किया गया, अब 'प्रपञ्चोपशमम्' इत्यादिसे जाग्रत् आदि स्थानों (अवस्थाओं)-के धर्मोंका अभाव बतलाया जाता है। इसीलिये वह शान्त यानी अविकारी है; और क्योंकि वह अद्वैत अर्थात् भेदरूप विकल्पसे रहित है, इसलिये शिव है। उसे चतुर्थ यानी तुरीय मानते हैं; क्योंकि यह प्रतीत होनेवाले पूर्वोक्त तीन पादोंसे विलक्षण है। वही आत्मा है और वही ज्ञातव्य है। अतः जिस प्रकार रज्जु अपनेमें प्रतीत होनेवाले सर्प, दण्ड और भूच्छिद्र आदिसे सर्वथा भिन्न है उसी प्रकार 'तत्त्वमसि' इत्यादि वाक्योंका अर्थस्वरूप आत्मा, जिसका कि "अदृश्य होकर भी देखनेवाला है" "द्रष्टाकी दृष्टिका लोप नहीं होता" इत्यादि श्रुतियोंने प्रतिपादन

विद्यते" (बृ० उ० ४ । ३ । २३) इत्यादिभिरुक्तो यः। स विज्ञेय इति भूतपूर्वगत्या; ज्ञाते द्वैताभावः ॥ ७ ॥

किया है, [अपनेमें अध्यस्त जाग्रदादि अवस्थाओंसे सर्वथा भिन्न है।] वही ज्ञातव्य है—ऐसा भूतपूर्वगतिसे* कहा जाता है, क्योंकि उसका ज्ञान होनेपर द्वैतका अभाव हो जाता है ॥ ७ ॥

तुरीयका प्रभाव

अत्रैते श्लोका भवन्ति—

इसी अर्थमें ये श्लोक हैं—

निवृत्ते सर्वदुःखानामीशानः प्रभुरव्ययः।
अद्वैतः सर्वभावानां देवस्तुर्यो विभुः स्मृतः ॥ १० ॥

तुरीय आत्मा सब प्रकारके दुःखोंकी निवृत्तिमें ईशान—प्रभु (समर्थ) है। वह अविकारी, सब पदार्थोंका अद्वैतरूप, देव, तुरीय और व्यापक माना गया है ॥ १० ॥

प्राज्ञतैजसविश्वलक्षणानां सर्वदुःखानां निवृत्तेरीशानस्तुरीय आत्मा। ईशान इत्यस्य पदस्य व्याख्यानं प्रभुरिति। दुःखनिवृत्तिं प्रति प्रभुर्भवतीत्यर्थः। तद्विज्ञाननिमित्तत्वाद्दुःखनिवृत्तेः।

तुरीय आत्मा प्राज्ञ, तैजस और विश्वरूप समस्त दुःखोंकी निवृत्तिमें ईशान है। 'ईशान' इस पदकी व्याख्या 'प्रभु' है। तात्पर्य यह है कि वह दुःखनिवृत्तिमें समर्थ है, क्योंकि उसका विज्ञान दुःखनिवृत्तिका कारण है।

अव्ययो न व्येति स्वरूपान्न व्यभिचरतीति यावत्। एतत्कुतः,

अव्यय—जो व्यय (विकार)-को प्राप्त नहीं होता; अर्थात् जो स्वरूपसे व्यभिचरित यानी च्युत नहीं होता। क्यों

* अर्थात् अविद्यावस्थामें आत्मामें जो ज्ञेयत्व मान रखा था उसीका आश्रय लेकर तुरीयको 'ज्ञातव्य' कहा जाता है। वास्तवमें तो जो अव्यवहार्य और अप्रमेय है उसे ज्ञातव्य भी नहीं कहा जा सकता।

यस्माददद्वैतः। सर्वभावानां रज्जुसर्पवन्मृषात्वात्स एष देवो द्योतनात्तुरीयश्चतुर्थो विभुर्व्यापी स्मृतः॥ १०॥

च्युत नहीं होता? क्योंकि वह अद्वैत है। अन्य सब पदार्थ रज्जुमें अध्यस्त सर्पके समान मिथ्या हैं; इसलिये प्रकाशनशील होनेके कारण वह यह देव तुर्य यानी चतुर्थ और विभु यानी व्यापक माना गया है॥ १०॥

विश्व और तैजससे तुरीयका भेद

विश्वादीनां सामान्यविशेषभावो निरूप्यते तुर्ययाथात्म्याव-धारणार्थम्—

तुरीयका यथार्थ स्वरूप समझनेके लिये विश्व आदिके सामान्य और विशेष भावका निरूपण किया जाता है—

कार्यकारणबद्धौ ताविष्येते विश्वतैजसौ।
प्राज्ञः कारणबद्धस्तु द्वौ तौ तुर्ये न सिध्यतः॥ ११॥

विश्व और तैजस—ये दोनों कार्य (फलावस्था) और कारण (बीजावस्था)-से बँधे हुए माने जाते हैं; किन्तु प्राज्ञ केवल कारणावस्थासे ही बद्ध है। तथा तुरीयमें तो ये दोनों ही नहीं हैं॥ ११॥

कार्यं क्रियत इति फलभावः। कारणं करोतीति बीजभावः। तत्त्वाग्रहणान्यथाग्रहणाभ्यां बीजफलभावाभ्यां तौ यथोक्तौ विश्वतैजसौ बद्धौ संगृहीताविष्येते। प्राज्ञस्तु बीजभावेनैव बद्धः। तत्त्वाप्रतिबोधमात्रमेव हि बीजं

जो किया जाय उसे कार्य कहते हैं; वह फलभाव है। और जो करता है उसे कारण कहते हैं; वह बीजभाव है। ये उपर्युक्त विश्व और तैजस तत्त्वके अग्रहण एवं अन्यथाग्रहणरूप बीजभाव और फलभावसे बँधे अर्थात् सम्यक् प्रकारसे पकड़े हुए माने जाते हैं। किन्तु प्राज्ञ केवल बीजभावसे ही बँधा हुआ है। तत्त्वका अप्रतिबोधरूप बीज ही उसके

प्राज्ञत्वे निमित्तम्। ततो द्वौ तौ बीजफलभावौ तत्त्वाग्रहणान्यथाग्रहणे तुर्ये न सिध्यतो न विद्येते न सम्भवत इत्यर्थः॥ ११॥

प्राज्ञत्वमें कारण है। इससे तात्पर्य यह है कि तुरीयमें वे बीज और फलभावरूप तत्त्वका अग्रहण एवं अन्यथा ग्रहण दोनों ही नहीं रहते; उनकी तो वहाँ रहनेकी सम्भावना ही नहीं है॥ ११॥

प्राज्ञसे तुरीयका भेद

कथं पुनः कारणबद्धत्वं प्राज्ञस्य तुरीये वा तत्त्वाग्रहणान्यथाग्रहणलक्षणौ बन्धौ न सिध्यत इति। यस्मात्—

किन्तु प्राज्ञकी कारणबद्धता किस प्रकार है ? तथा तुरीयमें तत्त्वका अग्रहण और अन्यथाग्रहणरूप बन्धन कैसे सिद्ध नहीं होते ? इसपर कहते हैं, क्योंकि—

नात्मानं न परांश्चैव न सत्यं नापि चानृतम्।
प्राज्ञः किञ्चन संवेत्ति तुर्यं तत्सर्वदृक्सदा॥ १२॥

प्राज्ञ तो न अपनेको, न परायेको और न सत्यको अथवा अनृतको ही जानता है किन्तु वह तुरीय सर्वदा सर्वदृक् है॥ १२॥

आत्मविलक्षणमविद्याबीजप्रसूतं बाह्यं द्वैतं प्राज्ञो न किञ्चन संवेत्ति यथा विश्वतैजसौ। ततश्चासौ तत्त्वाग्रहणेन तमसान्यथाग्रहणबीजभूतेन बद्धो भवति। यस्मात्तुरीयं तत्सर्वदृक्सदा तुरीयादन्यस्याभावात्सर्वदा सदैवेति सर्वं च तद्दृक्चेति सर्वदृक्तस्मान्न

प्राज्ञ आत्मासे भिन्न अविद्यारूप बीजसे उत्पन्न हुए बहिःस्थित वेद्यपदार्थरूप द्वैतको कुछ भी नहीं जानता, जैसा कि विश्व और तैजस उसे जानते हैं। इसीलिये यह अन्यथाग्रहणके बीजभूत तत्त्वाग्रहणरूप अन्धकारसे बँधा रहता है। और क्योंकि तुरीयसे भिन्न पदार्थका सर्वथा अभाव होनेके कारण वह सदा-सर्वदा सर्वदृक्स्वरूप ही है—जो सर्वरूप और उसका साक्षी भी हो उसे 'सर्वदृक्' कहते हैं—इसलिये उसमें

तत्त्वाग्रहणलक्षणं बीजं तत्र। तत्प्रसूतस्यान्यथाग्रहणस्याप्यत एवाभावो न हि सवितरि सदा प्रकाशात्मके तद्विरुद्ध-मप्रकाशनमन्यथाप्रकाशनं वा सम्भवति। "न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते" (बृ० उ० ४। ३। २३) इति श्रुतेः।

तत्त्वका अग्रहणरूप बीजावस्था नहीं है और इसीलिये उसमें उससे उत्पन्न होनेवाले अन्यथाग्रहणका भी अभाव है, क्योंकि सदा प्रकाशस्वरूप सूर्यमें उसके विपरीत अप्रकाशन अथवा अन्यथाप्रकाशन सम्भव नहीं है, जैसा कि "द्रष्टाकी दृष्टिका विपरिलोप नहीं होता" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है।

अथवा जाग्रत्स्वप्नयोः सर्व-भूतावस्थः सर्ववस्तुदृगाभासस्तुरीय एवेति सर्वदृक्सदा। "नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ" (बृ० उ० ३। ८। ११) इत्यादिश्रुतेः॥ १२॥

अथवा जाग्रत् एवं स्वप्नावस्थाके सम्पूर्ण भूतोंमें स्थित और समस्त पदार्थोंके साक्षीरूपसे तुरीय ही भासमान है इसलिये वह सर्वदा सर्वसाक्षी है, जैसा कि "इससे भिन्न और कोई द्रष्टा नहीं है" इस श्रुतिसे प्रमाणित होता है॥ १२॥

द्वैतस्याग्रहणं तुल्यमुभयोः प्राज्ञतुर्ययोः।
बीजनिद्रायुतः प्राज्ञः सा च तुर्ये न विद्यते॥ १३॥

द्वैतका अग्रहण तो प्राज्ञ और तुरीय दोनोंहीको समान है, किन्तु प्राज्ञ बीजस्वरूपा निद्रासे युक्त है और तुरीयमें वह निद्रा है नहीं॥ १३॥

निमित्तान्तरप्राप्ताशङ्का-निवृत्त्यर्थोऽयं श्लोकः। कथं द्वैताग्रहणस्य तुल्यत्वात्कारणबद्धत्वं प्राज्ञस्यैव न तुरीयस्येति प्राप्ताशङ्का निवर्त्यते।

यह श्लोक निमित्तान्तरसे प्राप्त आशङ्काकी निवृत्तिके लिये है। भला द्वैताग्रहणकी समानता होनेपर भी प्राज्ञकी ही कारणबद्धता क्यों है? तुरीयकी क्यों नहीं है?—इस प्रकार प्राप्त हुई आशङ्काको ही निवृत्त किया जाता है।

यस्माद्बीजनिद्रायुतस्तत्त्वाप्रतिबोधो निद्रा, सैव च विशेषप्रतिबोधप्रसवस्य बीजम्; सा बीजनिद्रा, तया युतः प्राज्ञः। सदा दृक्स्वभावत्वात्तत्त्वाप्रतिबोधलक्षणा निद्रा तुरीये न विद्यते। अतो न कारणबन्धस्तस्मिन्नित्यभिप्रायः॥ १३॥

[इसका यह कारण है] क्योंकि वह (प्राज्ञ) बीजनिद्रासे युक्त है—तत्त्वके अज्ञानका नाम निद्रा है, वही विशेष विज्ञानकी उत्पत्तिका बीज है; अतः उसे 'बीजनिद्रा' कहते हैं—प्राज्ञ उससे युक्त है। किन्तु सर्वदा सर्वदृक्स्वरूप होनेके कारण तुरीयमें वह बीजनिद्रा नहीं है; अतः उसमें कारणबद्धता नहीं है—यह इसका तात्पर्य है॥ १३॥

तुरीयका स्वप्न-निद्राशून्यत्व

स्वप्ननिद्रायुतावाद्यौ प्राज्ञस्त्वस्वप्ननिद्रया।
न निद्रां नैव च स्वप्नं तुर्ये पश्यन्ति निश्चिताः॥ १४॥

विश्व और तैजस—ये स्वप्न और निद्रासे युक्त हैं तथा प्राज्ञ स्वप्नरहित निद्रासे युक्त है; किन्तु निश्चित पुरुष तुरीयमें न निद्रा ही देखते हैं और न स्वप्न ही॥ १४॥

स्वप्नोऽन्यथाग्रहणं सर्प इव रज्ज्वाम्। निद्रोक्ता तत्त्वाप्रतिबोधलक्षणं तम इति। ताभ्यां स्वप्ननिद्राभ्यां युक्तौ विश्वतैजसौ। अतस्तौ कार्यकारणबद्धावित्युक्तौ। प्राज्ञस्तु स्वप्नवर्जितकेवलयैव निद्रया युत इति कारणबद्ध इत्युक्तम्। नोभयं पश्यन्ति तुरीये निश्चिता ब्रह्मविदो विरुद्धत्वात् सवितरीव तमः।

रज्जुमें सर्प-ग्रहणके समान अन्यथाग्रहणका नाम स्वप्न है; तथा तत्त्वके अप्रतिबोधरूप तमको निद्रा कहते हैं। उन स्वप्न और निद्रासे विश्व और तैजस युक्त हैं; अतः वे कार्यकारणबद्ध कहे गये हैं। किन्तु प्राज्ञ तो स्वप्नरहित केवल निद्रासे ही युक्त है; इसलिये उसे कारणबद्ध कहा है। निश्चित यानी ब्रह्मवेत्तालोग तुरीयमें ये दोनों ही बातें नहीं देखते, क्योंकि सूर्यमें अन्धकारके समान वे उससे विरुद्ध हैं। अतः तुरीय

अतो न कार्यकारणबद्ध इत्युक्तस्तुरीयः॥ १४॥

कार्य अथवा कारणसे बँधा हुआ नहीं है—ऐसा कहा गया है॥ १४॥

कदा तुरीये निश्चितो भवतीत्युच्यते—

अब यह बतलाया जाता है कि मनुष्य तुरीयमें कब निश्चित होता है—

अन्यथा गृह्णतः स्वप्नो निद्रा तत्त्वमजानतः।
विपर्यासे तयोः क्षीणे तुरीयं पदमश्नुते॥ १५॥

अन्यथाग्रहण करनेसे स्वप्न होता है तथा तत्त्वको न जाननेसे निद्रा होती है और इन दोनों विपरीत ज्ञानोंका क्षय हो जानेपर तुरीय पदकी प्राप्ति होती है॥ १५॥

स्वप्नजागरितयोरन्यथा रज्ज्वां सर्प इव गृह्णतस्तत्त्वं स्वप्नो भवति। निद्रा तत्त्वमजानतस्तिसृ-ष्ववस्थासु तुल्या। स्वप्ननिद्रयो-स्तुल्यत्वाद्विश्वतैजसयोरेकराशित्वम्। अन्यथाग्रहणप्राधान्याच्च गुणभूता निद्रेति तस्मिन्विपर्यासः स्वप्नः। तृतीये तु स्थाने तत्त्वाज्ञानलक्षणा निद्रैव केवला विपर्यासः।

रज्जुमें सर्पग्रहणके समान स्वप्न और जागरित अवस्थाओंमें तत्त्वके अन्यथाग्रहणसे स्वप्न होता है तथा तत्त्वके न जाननेसे निद्रा होती है, जो तीनों अवस्थाओंमें तुल्य है। इस प्रकार स्वप्न और निद्रामें तुल्य होनेके कारण विश्व और तैजसकी एक राशि है। उनमें अन्यथाग्रहणकी प्रधानता होनेके कारण निद्रा गौण है; अतः उन अवस्थाओंमें स्वप्नरूप विपरीत ज्ञान रहता है। किन्तु तृतीय स्थान (सुषुप्ति)-में केवल तत्त्वाग्रहणरूप निद्रा ही विपर्यास है।

अतस्तयोः कार्यकारणस्थानयो-रन्यथाग्रहणाग्रहणलक्षणविपर्यासे कार्यकारणबन्धरूपे परमार्थ-

अतः उन कार्यकारणरूप स्थानोंके अन्यथाग्रहण और तत्त्वाग्रहणरूप विपर्यासोंका परमार्थतत्त्वके बोधसे क्षय

तत्त्वप्रतिबोधतः क्षीणे तुरीयं पदमश्नुते। तदोभयलक्षणं बन्धरूपं तत्रापश्यंस्तुरीये निश्चितो भवतीत्यर्थः॥ १५॥

हो जानेपर तुरीय पदकी प्राप्ति होती है। तब उस अवस्थामें दोनों प्रकारका बन्धन न देखनेसे पुरुष तुरीयमें निश्चित हो जाता है—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ १५॥

बोध कब होता है?

अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते।
अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुध्यते तदा॥ १६॥

जिस समय अनादि मायासे सोया हुआ जीव जागता है [अर्थात् तत्त्वज्ञान लाभ करता है] उसी समय उसे अज, अनिद्र और स्वप्नरहित अद्वैत आत्मतत्त्वका बोध प्राप्त होता है॥ १६॥

योऽयं संसारी जीवः स उभयलक्षणेन तत्त्वाप्रतिबोधरूपेण बीजात्मनान्यथाग्रहणलक्षणेन च अनादिकालप्रवृत्तेन मायालक्षणेन स्वप्नेन ममायं पिता पुत्रोऽयं नप्ता क्षेत्रं पशवोऽहमेषां स्वामी सुखी दुःखी क्षयितोऽहमनेन वर्धितश्चानेनेत्येवंप्रकारान्स्वप्नान् स्थानद्वयेऽपि पश्यन्सुप्तः।

यह जो संसारी जीव है वह तत्त्वाप्रतिबोधरूप बीजात्मिका एवं अन्यथाग्रहणरूप अनादिकालसे प्रवृत्त मायारूप निद्राके कारण [स्वप्न और जागरित] दोनों ही अवस्थाओंमें 'यह मेरा पिता है, यह पुत्र है, यह नाती है, ये मेरे क्षेत्र, गृह और पशु हैं, मैं इनका स्वामी हूँ तथा इनके कारण सुखी-दुःखी, क्षीण और वृद्धिको प्राप्त होता हूँ' इत्यादि प्रकारके स्वप्न देखता हुआ सो रहा है।

यदा वेदान्तार्थतत्त्वाभिज्ञेन परमकारुणिकेन गुरुणा नास्येवं त्वं हेतुफलात्मकः किं तु

जिस समय वेदान्तार्थके तत्त्वको जाननेवाले किसी परम कारुणिक गुरुके द्वारा 'तू इस प्रकार हेतु एवं फलस्वरूप

तत्त्वमसीति प्रतिबोध्यमानः, तदैवं प्रतिबुध्यते—

कथम्? नास्मिन्बाह्यमाभ्यन्तरं वा जन्मादिभावविकारोऽस्त्यतोऽजं सबाह्याभ्यन्तरसर्वभावविकारवर्जित- मित्यर्थः। यस्माज्जन्मादिकारणभूतं नास्मिन्नविद्यातमोबीजं निद्रा विद्यत इत्यनिद्रम्। अनिद्रं हि तत्तुरीयमत एवास्वप्नम्; तन्निमित्तत्वादन्यथाग्रहणस्य। यस्माच्चानिद्रमस्वप्नं तस्मादजमद्वैतं तुरीयमात्मानं बुध्यते तदा॥ १६॥

नहीं है, किन्तु तू वही है' इस प्रकार जगाया जाता है उस समय उसे ऐसा बोध प्राप्त होता है—

किस प्रकारका बोध होता है? [सो बतलाते हैं—] इसमें बाह्य अथवा आभ्यन्तर जन्मादि भाव विकार नहीं है, इसलिये यह अजन्मा यानी सम्पूर्ण भाव-विकारोंसे रहित है। और क्योंकि इसमें जन्मादिकी कारणभूत तथा अविद्यारूप अन्धकारकी बीजभूत अविद्या नहीं है इसलिये यह अनिद्र है। वह तुरीय अनिद्र है, इसीलिये अस्वप्न भी है; क्योंकि अन्यथाग्रहण तो [तत्त्वाप्रतिबोधरूप] निद्राहीके कारण हुआ करता है। इस प्रकार क्योंकि वह अनिद्र और अस्वप्न है इसलिये ही उस समय अजन्मा और अद्वैत तुरीय आत्माका बोध होता है॥ १६॥

प्रपञ्चनिवृत्त्या चेत्प्रतिबुध्यतेऽनिवृत्ते प्रपञ्चे कथमद्वैतमित्युच्यते—

यदि बोध प्रपञ्चनिवृत्तिसे ही होता है तो जबतक प्रपञ्चकी निवृत्ति न हो तबतक अद्वैत कैसा? इसपर कहा जाता है—

प्रपञ्चका अत्यन्ताभाव

प्रपञ्चो यदि विद्येत निवर्तेत न संशयः।
मायामात्रमिदं द्वैतमद्वैतं परमार्थतः॥ १७॥

प्रपञ्च यदि होता तो निवृत्त हो जाता—इसमें सन्देह नहीं। किन्तु [वास्तवमें] यह द्वैत तो मायामात्र है, परमार्थतः तो अद्वैत ही है॥ १७॥

सत्यमेवं स्यात्प्रपञ्चो यदि विद्येत, रज्ज्वां सर्प इव कल्पितत्वान्न तु स विद्यते। विद्यमानश्चेन्निवर्तेत न संशयः। न हि रज्ज्वां भ्रान्तिबुद्ध्या कल्पितः सर्पो विद्यमानः सन्विवेकतो निवृत्तः। नैव माया मायाविना प्रयुक्ता तद्दर्शिनां चक्षुर्बन्धापगमे विद्यमाना सती निवृत्ता। तथेदं प्रपञ्चाख्यं मायामात्रं द्वैतं रज्जुवन्मायाविवच्चाद्वैतं परमार्थतस्तस्मान्न कश्चित्प्रपञ्चः प्रवृत्तो निवृत्तो वास्तीत्यभिप्रायः॥ १७॥

यदि प्रपञ्च विद्यमान होता तो सचमुच ऐसा ही होता; किन्तु वह तो रज्जुमें सर्पके समान कल्पित होनेके कारण [वस्तुतः] है ही नहीं। यदि वह होता तो इसमें सन्देह नहीं, निवृत्त भी हो जाता। रज्जुमें भ्रमबुद्धिसे कल्पना किया हुआ सर्प [वस्तुतः] विद्यमान रहते हुए विवेकसे निवृत्त नहीं होता। मायावीद्वारा फैलायी हुई माया, देखनेवालोंके दृष्टिबन्धनके हटाये जानेपर, पहले विद्यमान रहती हुई निवृत्त नहीं होती। इसी प्रकार यह प्रपञ्चसंज्ञक द्वैत भी मायामात्र ही है; परमार्थतः तो रज्जु अथवा मायावीके समान अद्वैत ही है। अतः तात्पर्य यह है कि कोई भी प्रपञ्च प्रवृत्त अथवा निवृत्त होनेवाला नहीं है॥ १७॥

गुरु-शिष्यादि विकल्प व्यावहारिक है

ननु शास्ता शास्त्रं शिष्य इति विकल्पः कथं निवर्तत इत्युच्यते—

यदि कहो कि शासक, शास्त्र और शिष्य—इस प्रकारका विकल्प किस प्रकार निवृत्त हो सकता है? तो इसपर कहा जाता है—

विकल्पो विनिवर्तेत कल्पितो यदि केनचित्।
उपदेशादयं वादो ज्ञाते द्वैतं न विद्यते॥ १८॥

इस [गुरु-शिष्यादि] विकल्पकी यदि किसीने कल्पना की होती तो यह निवृत्त भी हो जाता। यह [गुरु-शिष्यादि] वाद तो उपदेशके ही लिये है। आत्मज्ञान हो जानेपर द्वैत नहीं रहता॥ १८॥

विकल्पो विनिवर्तेत यदि केनचित्कल्पितः स्यात्। यथायं प्रपञ्चो मायारज्जुसर्पवत्तथायं शिष्यादिभेदविकल्पोऽपि प्राक् प्रतिबोधादेवोपदेशनिमित्तोऽत उपदेशादयं वादः शिष्यः शास्ता शास्त्रमिति। उपदेशकार्ये तु ज्ञाने निर्वृत्ते ज्ञाते परमार्थतत्त्वे द्वैतं न विद्यते॥ १८॥

यदि किसीने इसकी कल्पना की होती तो यह विकल्प निवृत्त हो जाता। जिस प्रकार यह प्रपञ्च माया और रज्जुसर्पके सदृश है उसी प्रकार यह शिष्यादि भेदविकल्प भी आत्मज्ञानसे पूर्व ही उपदेशके निमित्तसे है। अतः शिष्य, शासक और शास्त्र—यह वाद उपदेशके ही लिये है। उपदेशके कार्यस्वरूप ज्ञानके निष्पन्न होनेपर, अर्थात् परमार्थतत्त्वका ज्ञान हो जानेपर द्वैतकी सत्ता नहीं रहती॥ १८॥

आत्मा और उसके पादोंके साथ ओङ्कार और उसकी मात्राओंका तादात्म्य

अभिधेयप्रधान ओङ्कार-श्चतुष्पादात्मेति व्याख्यातो यः—

अबतक जिस ओङ्काररूप चतुष्पाद् आत्माका अभिधेय (वाच्यार्थ)-की प्रधानतासे वर्णन किया है—

सोऽयमात्माध्यक्षरमोङ्कारोऽधिमात्रं पादा मात्रा मात्राश्च पादा अकार उकारो मकार इति॥ ८॥

वह यह आत्मा अक्षरदृष्टिसे ओङ्कार है; वह मात्राओंको विषय करके स्थित है। पाद ही मात्रा हैं और मात्रा ही पाद हैं; वे मात्रा अकार, उकार और मकार हैं॥ ८॥

सोऽयमात्माध्यक्षरमक्षरमधिकृत्याभिधानप्राधान्येन वर्ण्यमानोऽध्यक्षरम्। किं पुनस्तदक्षरमित्याह, ओङ्कारः सोऽयमोङ्कारः पादशः प्रविभज्यमानः, अधिमात्रं मात्रामधिकृत्य वर्तत इत्यधिमात्रम्। कथम्? आत्मनो ये पादास्त ओङ्कारस्य मात्राः। कास्ताः? अकार उकारो मकार इति॥ ८॥

वह यह आत्मा अध्यक्षर है; अक्षरका आश्रय लेकर जिसका अभिधानकी प्रधानतासे वर्णन किया जाय उसे अध्यक्षर कहते हैं। किन्तु वह अक्षर है क्या? इसपर कहते हैं—वह ओङ्कार है। वह यह ओङ्कार पादरूपसे विभक्त किये जानेपर अधिमात्र यानी मात्राको आश्रय करके वर्तमान रहता है, इसलिये इसे 'अधिमात्र' कहते हैं। सो किस प्रकार? क्योंकि आत्माके जो पाद हैं वे ही ओङ्कारकी मात्राएँ हैं। वे मात्राएँ कौन-सी हैं? अकार, उकार और मकार—ये ही [वे मात्राएँ हैं]॥ ८॥

अकार और विश्वका तादात्म्य

तत्र विशेषनियमः क्रियते—

अब उनमें विशेष नियम किया जाता है—

जागरितस्थानो वैश्वानरोऽकारः प्रथमा मात्राप्तेरादिमत्त्वाद्वाप्नोति ह वै सर्वान्कामानादिश्च भवति य एवं वेद॥ ९॥

जिसका जागरित स्थान है वह वैश्वानर व्याप्ति और आदिमत्त्वके कारण [ओङ्कारकी] पहली मात्रा अकार है। जो उपासक इस प्रकार जानता है वह सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्त कर लेता है और [महापुरुषोंमें] आदि (प्रधान) होता है॥ ९॥

जागरितस्थानो वैश्वानरो यः स ओङ्कारस्याकारः प्रथमा मात्रा।

जो जागरित स्थानवाला वैश्वानर है वही ओङ्कारकी पहली मात्रा अकार है।

केन सामान्येनेत्याह—आप्तेराप्तिर्व्याप्तिरकारेण सर्वा वाग्व्याप्ता "अकारो वै सर्वा वाक्" (ऐ० आ० २। ३। ६) इति श्रुतेः। तथा वैश्वानरेण जगत्; "तस्य ह वा एतस्यात्मनो वैश्वानरस्य मूर्धैव सुतेजाः" (छा० उ० ५।१८।२) इत्यादिश्रुतेः।

अभिधानाभिधेययोरेकत्वं चावोचाम। आदिरस्य विद्यत इत्यादिमद्यथैवादिमदकाराख्यमक्षरं तथैव वैश्वानरस्तस्माद्वा सामान्यादकारत्वं वैश्वानरस्य। तदेकत्वविदः फलमाह—आप्नोति ह वै सर्वान्कामानादिः प्रथमश्च भवति महतां य एवं वेद, यथोक्तमेकत्वं वेदेत्यर्थः॥ ९॥

किस समानताके कारण पहली मात्रा है—इसपर कहते हैं—आप्तिके कारण, आप्तिका अर्थ व्याप्ति है। "अकार निश्चय ही सम्पूर्ण वाणी है" इस श्रुतिके अनुसार अकारसे समस्त वाणी व्याप्त है। तथा "उस इस वैश्वानर आत्माका मस्तक ही द्युलोक है" इस श्रुतिके अनुसार वैश्वानरसे सारा जगत् व्याप्त है।

अभिधान (वाचक) और अभिधेय (वाच्य)-की एकता तो हम कह ही चुके हैं। जिसमें आदि (प्रथमता) हो उसे आदिमत् कहते हैं। जिस प्रकार अकार नामक अक्षर आदिमान् है उसी प्रकार वैश्वानर भी है। उसी समानताके कारण वैश्वानरकी अकाररूपता है। उनकी एकता जाननेवालेके लिये फल बतलाया जाता है—'जो पुरुष ऐसा जानता है अर्थात् उपर्युक्त एकत्वको जाननेवाला है वह समस्त कामनाओंको प्राप्त कर लेता है तथा महापुरुषोंमें आदि—प्रथम होता है'॥ ९॥

उकार और तैजसका तादात्म्य

स्वप्नस्थानस्तैजस उकारो द्वितीया मात्रोत्कर्षादुभयत्वाद्वोत्कर्षति ह वै ज्ञानसन्ततिं समानश्च भवति नास्याब्रह्मवित्कुले भवति य एवं वेद॥ १०॥

स्वप्न जिसका स्थान है वह तैजस उत्कर्ष तथा मध्यवर्तित्वके कारण ओङ्कारकी द्वितीय मात्रा उकार है। जो उपासक ऐसा जानता है वह अपनी ज्ञानसन्तानका उत्कर्ष करता है, सबके प्रति समान होता है और उसके वंशमें कोई ब्रह्मज्ञानहीन पुरुष नहीं होता॥ १०॥

स्वप्नस्थानस्तैजसो यः स ओङ्कारस्योकारो द्वितीया मात्रा। केन सामान्येनेत्याह—उत्कर्षात्। अकारादुत्कृष्ट इव ह्युकारस्तथा तैजसो विश्वादुभयत्वाद्वाकार-मकारयोर्मध्यस्थ उकारस्तथा विश्वप्राज्ञयोर्मध्ये तैजसोऽत उभयभाक्त्वसामान्यात्।

जो स्वप्नस्थानवाला तैजस है वह ओङ्कारकी दूसरी मात्रा उकार है। किस समानताके कारण दूसरी मात्रा है—इसपर कहते हैं—उत्कर्षके कारण। जिस प्रकार अकारसे उकार उत्कृष्ट-सा है उसी प्रकार विश्वसे तैजस उत्कृष्ट है। अथवा मध्यवर्तित्वके कारण [उन दोनोंमें समानता है]। जिस प्रकार उकार अकार और मकारके मध्यमें स्थित है उसी प्रकार विश्व और प्राज्ञके मध्यमें तैजस है। अतः उभयपरत्वरूप समानताके कारण भी [उनमें अभिन्नता है]।

विद्वत्फलमुच्यते—उत्कर्षति ह वैज्ञानसन्ततिम्। विज्ञानसन्ततिं वर्धयतीत्यर्थः। समानस्तुल्यश्च मित्रपक्षस्येव शत्रुपक्षाणामप्यप्रद्वेष्यो भवति। अब्रह्मविदस्य कुले न भवति य एवं वेद॥ १०॥

अब इस प्रकार जाननेवालेको जो फल मिलता है वह बतलाया जाता है—जो इस प्रकार जानता है वह ज्ञानसन्तति अर्थात् विज्ञानसन्तानका उत्कर्ष यानी वृद्धि करता है, सबके प्रति समान—तुल्य होता है अर्थात् मित्रपक्षके समान शत्रुपक्षका भी अद्वेष्य होता है तथा उसके कुलमें कोई ब्रह्मज्ञानहीन पुरुष नहीं होता॥ १०॥

मकार और प्राज्ञका तादात्म्य

सुषुप्तस्थानः प्राज्ञो मकारस्तृतीया मात्रा मितेरपीतेर्वा मिनोति ह वा इदं सर्वमपीतिश्च भवति य एवं वेद॥ ११॥

सुषुप्ति जिसका स्थान है वह प्राज्ञ मान और लयके कारण ओङ्कारकी तीसरी मात्रा मकार है। जो उपासक ऐसा जानता है वह इस सम्पूर्ण जगत्का मान—प्रमाण कर लेता है और उसका लयस्थान हो जाता है॥ ११॥

सुषुप्तस्थानः प्राज्ञो यः स ओङ्कारस्य मकारस्तृतीया मात्रा। केन सामान्येनेत्याह सामान्यमिदमत्र; मितेर्मितिर्मानं मीयते इव हि विश्वतैजसौ प्राज्ञेन प्रलयोत्पत्त्योः प्रवेशनिर्गमाभ्यां प्रस्थेनेव यवाः। यथोङ्कारसमाप्तौ पुनः प्रयोगे च प्रविश्य निर्गच्छत इवाकारोकारौ मकारे।

सुषुप्तिस्थानवाला जो प्राज्ञ है वह ओङ्कारकी तीसरी मात्रा मकार है। किस समानताके कारण? सो बतलाते हैं—यहाँ इनमें यह समानता है—ये मितिके कारण [समान हैं]। मिति मानको कहते हैं; जिस प्रकार प्रस्थ (एक प्रकारके बाट)-से जौ तौले जाते हैं उसी प्रकार प्रलय और उत्पत्तिके समय मानो प्रवेश और निर्गमनके द्वारा प्राज्ञसे विश्व और तैजस मापे जाते हैं; क्योंकि ओङ्कारकी समाप्तिपर उसका पुनः प्रयोग किये जानेपर मानो अकार और उकार, मकारमें प्रवेश करके उससे पुनः निकलते हैं।

अपीतेर्वा। अपीतिरप्यय एकीभावः। ओङ्कारोच्चारणे ह्यन्त्येऽक्षर एकीभूताविवाकारोकारौ।

अथवा अपीतिके कारण भी उनमें एकता है। अपीति अप्यय अर्थात् एकीभावको कहते हैं। क्योंकि [जिस प्रकार] ओङ्कारका उच्चारण करनेपर अकार और उकार अन्तिम अक्षरमें एकीभूत-से हो जाते हैं उसी प्रकार

तथा विश्वतैजसौ सुषुप्तकाले प्राज्ञे। अतो वा सामान्यादेकत्वं प्राज्ञमकारयोः।

सुषुप्तिके समय विश्व और तैजस प्राज्ञमें लीन हो जाते हैं। सो, इस समानताके कारण भी प्राज्ञ और मकारकी एकता है।

विद्वत्फलमाह; मिनोति ह वा इदं सर्वं जगद्याथात्म्यं जानातीत्यर्थः। अपीतिश्च जगत्कारणात्मा भवतीत्यर्थः। अत्रावान्तरफलवचनं प्रधान-साधनस्तुत्यर्थम्॥ ११॥

अब इस प्रकार जाननेवालेको जो फल मिलता है वह बतलाते हैं—[जो ऐसा जानता है] वह इस सम्पूर्ण जगत्को माप लेता है, अर्थात् इसका यथार्थ स्वरूप जान लेता है; तथा अपीति यानी जगत्का कारणस्वरूप हो जाता है। यहाँ जो अवान्तर फल बतलाये गये हैं वे प्रधान साधनकी स्तुतिके लिये हैं॥ ११॥

मात्राओंकी विश्वादिरूपता

अत्रैते श्लोका भवन्ति—

इसी अर्थमें ये श्लोक भी हैं—

विश्वस्यात्वविवक्षायामादिसामान्यमुत्कटम्।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्यादाप्तिसामान्यमेव च॥ १९॥

जिस समय विश्वका अत्व—अकारमात्रत्व बतलाना इष्ट हो, अर्थात् वह अकारमात्रारूप है ऐसा जाना जाय तो उनके प्राथमिकत्वकी समानता स्पष्ट ही है तथा उनकी व्याप्तिरूप समानता भी स्फुट ही है॥ १९॥

विश्वस्यात्वमकारमात्रत्वं यदा विवक्ष्यते तदादित्वसामान्य-मुक्तन्यायेनोत्कटमुद्भूतं दृश्यत इत्यर्थः। अत्वविवक्षायामित्यस्य

जिस समय विश्वका अत्व यानी अकारमात्रत्व कहना इष्ट होता है उस समय पूर्वोक्त न्यायसे उनके प्राथमिकत्वकी समानता उत्कट अर्थात् उद्भूत (प्रकटरूपसे) दिखायी देती है।

व्याख्यानं मात्रासम्प्रतिपत्ताविति विश्वस्याकारमात्रत्वं यदा सम्प्रतिपद्यत इत्यर्थः। आप्तिसामान्यमेव चोत्कटमित्यनुवर्तते च शब्दात्॥ १९॥

'मात्रासम्प्रतिपत्तौ'— यह 'अत्वविवक्षायाम्' इस पदकी ही व्याख्या है। तात्पर्य यह है कि जिस समय विश्वके अकारमात्रत्वका ज्ञान होता है उस समय उनकी व्याप्तिकी समानता तो स्पष्ट ही है। यहाँ 'च' शब्दसे 'उत्कटम्' इस पदकी अनुवृत्ति की जाती है॥ १९॥

तैजसस्योत्वविज्ञान उत्कर्षो दृश्यते स्फुटम्।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्यादुभयत्वं तथाविधम्॥ २०॥

तैजसको उकाररूप जाननेपर अर्थात् तैजस उकारमात्रारूप है ऐसा जाननेपर उनका उत्कर्ष स्पष्ट दिखायी देता है। तथा उनका उभयत्व भी स्पष्ट ही है॥ २०॥

तैजसस्योत्वविज्ञान उकारत्वविवक्षायामुत्कर्षो दृश्यते स्फुटं स्पष्ट इत्यर्थः। उभयत्वं च स्फुटमेवेति। पूर्ववत्सर्वम्॥ २०॥

तैजसके उत्व-विज्ञानमें अर्थात् उसका उकाररूपसे प्रतिपादन करनेमें उसका उत्कर्ष तो स्पष्ट ही दिखलायी देता है। इसी प्रकार उभयत्व भी स्पष्ट ही है। शेष सब पूर्ववत् है॥ २०॥

मकारभावे प्राज्ञस्य मानसामान्यमुत्कटम्।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ तु लयसामान्यमेव च॥ २१॥

प्राज्ञकी मकाररूपतामें अर्थात् प्राज्ञ मकारमात्रारूप है—ऐसा जाननेमें उनकी मान करनेकी समानता स्पष्ट है। इसी प्रकार उनमें लयस्थान होनेकी समानता भी स्पष्ट ही है॥ २१॥

मकारत्वे प्राज्ञस्य मितिलयावुत्कृष्टे सामान्ये इत्यर्थः॥ २१॥

प्राज्ञके मकाररूप होनेमें मान और लयरूप समानता स्पष्ट हैं— यह इसका तात्पर्य है॥ २१॥

ओङ्कारोपासकका प्रभाव

त्रिषु धामसु यस्तुल्यं सामान्यं वेत्ति निश्चितः।
स पूज्यः सर्वभूतानां वन्द्यश्चैव महामुनिः॥ २२॥

जो पुरुष तीनों स्थानोंमें [बतलायी गयी] तुल्यता अथवा समानताको निश्चयपूर्वक जानता है वह महामुनि समस्त प्राणियोंका पूजनीय और वन्दनीय होता है॥ २२॥

यथोक्तस्थानत्रये यस्तुल्यमुक्तं सामान्यं वेत्त्येवमेवैतदिति निश्चितो यः स पूज्यो वन्द्यश्च ब्रह्मविल्लोके भवति॥ २२॥

उपर्युक्त तीनों स्थानोंमें तुल्यरूपसे बतलायी गयी समानताको जो 'यह इसी प्रकार है' ऐसा निश्चयपूर्वक जानता है वह ब्रह्मवेत्ता लोकमें पूजनीय एवं वन्दनीय होता है॥ २२॥

ओङ्कारकी व्यस्तोपासनाके फल

यथोक्तैः सामान्यैरात्मपादानां मात्राभिः सहैकत्वं कृत्वा यथोक्तोङ्कारं प्रतिपद्य यो ध्यायति तम्—

पूर्वोक्त समानताओंसे आत्माके पादोंका मात्राओंके साथ एकत्व करके उपर्युक्त ओङ्कारको जानते हुए जो उसका ध्यान करता है उसे—

अकारो नयते विश्वमुकारश्चापि तैजसम्।
मकारश्च पुनः प्राज्ञं नामात्रे विद्यते गतिः॥ २३॥

अकार विश्वको प्राप्त करा देता है तथा उकार तैजसको और मकार प्राज्ञको; किन्तु अमात्रमें किसीकी गति नहीं है॥ २३॥

अकारो नयते विश्वं प्रापयति। अकारालम्बनोङ्कारं विद्वान्वैश्वानरो भवतीत्यर्थः। तथोकारस्तैजसम्। मकारश्चापि पुनः प्राज्ञम्। च शब्दान्नयत इत्यनुवर्तते। क्षीणे तु मकारे बीजभावक्षयादमात्र ओङ्कारे गतिर्न विद्यते क्वचिदित्यर्थः॥ २३॥

अकार विश्वको प्राप्त करा देता है; अर्थात् अकारके आश्रित ओङ्कारको जाननेवाला पुरुष वैश्वानर होता है। इसी प्रकार उकार तैजसको और मकार पुनः प्राज्ञको प्राप्त करा देता है। 'च' शब्दसे 'नयते' (प्राप्त करा देता है) इस क्रियाकी अनुवृत्ति होती है। तथा मकारका क्षय होनेपर बीजभावका क्षय हो जानेसे मात्राहीन ओङ्कारमें कोई गति नहीं होती—यह इसका तात्पर्य है॥ २३॥

अमात्र और आत्माका तादात्म्य

अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्यः प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत एवमोङ्कार आत्मैव संविशत्यात्मनात्मानं य एवं वेद॥ १२॥

मात्रारहित ओङ्कार तुरीय आत्मा ही है। वह अव्यवहार्य, प्रपञ्चोपशम, शिव और अद्वैत है। इस प्रकार ओङ्कार आत्मा ही है। जो उसे इस प्रकार जानता है वह स्वतः अपने आत्मामें ही प्रवेश कर जाता है॥ १२॥

अमात्रो मात्रा यस्य नास्ति सोऽमात्र ओङ्कारश्चतुर्थस्तुरीय आत्मैव केवलोऽभिधानाभिधेयरूपयोर्वाङ्मनसयोः क्षीणत्वादव्यवहार्यः। प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैतः संवृत्त एवं यथोक्तविज्ञानवता प्रयुक्त ओङ्कारस्त्रिमात्रस्त्रिपाद आत्मैव।

अमात्र—जिसकी मात्रा नहीं है वह अमात्र ओङ्कार चौथा अर्थात् तुरीय केवल आत्मा ही है। अभिधानरूप वाणी और अभिधेयरूप मनका क्षय हो जानेके कारण वह अव्यवहार्य है। तथा वह प्रपञ्चकी निषेधावधि, मङ्गलमय और अद्वैतस्वरूप है। इस प्रकार पूर्वोक्त विज्ञानवान् उपासकद्वारा प्रयोग किया हुआ तीन मात्रावाला ओङ्कार तीन पादवाला आत्मा

संविशत्यात्मना स्वेनैव स्वं पारमार्थिकमात्मानं य एवं वेद। परमार्थदर्शी ब्रह्मवित् तृतीयं बीजभावं दग्ध्वात्मानं प्रविष्ट इति न पुनर्जायते तुरीयस्याबीजत्वात्।

ही है। जो इस प्रकार जानता है [अर्थात् इस प्रकार उसकी उपासना करता है] वह स्वतः ही अपने पारमार्थिक आत्मामें प्रवेश करता है। परमार्थदर्शी ब्रह्मवेत्ता तीसरे बीजभावको भी दग्ध करके आत्मामें प्रवेश करता है; इसलिये उसका पुनर्जन्म नहीं होता, क्योंकि तुरीय आत्मा अबीजात्मक है।

न हि रज्जुसर्पयोर्विवेके रज्ज्वां प्रविष्टः सर्पो बुद्धिसंस्कारात्पुनः पूर्ववत्तद्विवेकिनामुत्थास्यति। मन्द-मध्यमधियां तु प्रतिपन्नसाधक-भावानां सन्मार्गगामिनां संन्यासिनां मात्राणां पादानां च क्लृप्तसामान्यविदां यथा-वदुपास्यमान ओङ्कारो ब्रह्म-प्रतिपत्तय आलम्बनी भवति तथा च वक्ष्यति— ''आश्रमास्त्रिविधाः'' (माण्डू० का० ३। १६) इत्यादि॥ १२॥

रज्जु और सर्पका विवेक हो जानेपर रज्जुमें लीन हुआ सर्प जिन्हें उसका विवेक हो गया है उन पुरुषोंको बुद्धिके संस्कारवश पुनः प्रतीत नहीं हो सकता। किन्तु जो मन्द और मध्यम बुद्धिवाले, साधकभावको प्राप्त, सन्मार्गगामी संन्यासी पूर्वोक्त मात्रा और पादोंके निश्चित सामान्यभावको जाननेवाले हैं उनके लिये तो विधिवत् उपासना किया हुआ ओङ्कार ब्रह्मप्राप्तिके लिये आश्रयस्वरूप होता है। यही बात ''तीन प्रकारके आश्रम हैं'' इत्यादि वाक्योंसे कहेंगे॥ १२॥

समस्त और व्यस्त ओङ्कारोपासना

पूर्ववत्—

पहलेके समान—

अत्रैते श्लोका भवन्ति—

इसी अर्थमें ये श्लोक भी हैं—

ओङ्कारं पादशो विद्यात्पादा मात्रा न संशयः।
ओङ्कारं पादशो ज्ञात्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत्॥ २४॥

ओङ्कारको एक-एक पाद करके जाने; पाद ही मात्राएँ हैं—इसमें सन्देह नहीं। इस प्रकार ओङ्कारको पादक्रमसे जानकर कुछ भी चिन्तन न करे॥ २४॥

यथोक्तैः सामान्यैः पादा एव मात्रा मात्राश्च पादास्तस्मादोङ्कारं पादशो विद्यादित्यर्थः। एवमोङ्कारे ज्ञाते दृष्टार्थमदृष्टार्थं वा न किञ्चित् प्रयोजनं चिन्तयेत्कृतार्थत्वादित्यर्थः॥ २४॥

पूर्वोक्त समानताओंके कारण पाद ही मात्राएँ हैं और मात्राएँ ही पाद हैं। अतः तात्पर्य यह है कि ओङ्कारको पादक्रमसे जाने। इस प्रकार ओङ्कारका ज्ञान हो जानेपर कृतार्थ हो जानेके कारण किसी भी दृष्टार्थ (ऐहिक) अथवा अदृष्टार्थ (पारलौकिक) प्रयोजनका चिन्तन न करे—यह इसका अभिप्राय है॥ २४॥

युञ्जीत प्रणवे चेतः प्रणवो ब्रह्म निर्भयम्।
प्रणवे नित्ययुक्तस्य न भयं विद्यते क्वचित्॥ २५॥

चित्तको ओङ्कारमें समाहित करे; ओङ्कार निर्भय ब्रह्मपद है। ओङ्कारमें नित्य समाहित रहनेवाले पुरुषको कहीं भी भय नहीं होता॥ २५॥

युञ्जीत समादध्याद्यथा व्याख्याते परमार्थरूपे प्रणवे चेतो मनः। यस्मात्प्रणवो ब्रह्म निर्भयम्। न हि तत्र सदा युक्तस्य भयं विद्यते क्वचित् "विद्वान्न बिभेति कुतश्चन" (तै० उ० २। ९) इति श्रुतेः॥ २५॥

जिसकी पहले व्याख्या की जा चुकी है उस परमार्थस्वरूप ओङ्कारमें चित्तको युक्त—समाहित करे, क्योंकि ओङ्कार ही निर्भय ब्रह्म है। उसमें नित्य समाहित रहनेवाले पुरुषको कहीं भी भय नहीं होता, जैसा कि "विद्वान् कहीं भी भयको प्राप्त नहीं होता" इस श्रुतिसे प्रमाणित होता है॥ २५॥

प्रणवो ह्यपरं ब्रह्म प्रणवश्च परः स्मृतः।
अपूर्वोऽनन्तरोऽबाह्योऽनपरः प्रणवोऽव्ययः॥ २६॥

ओङ्कार ही परब्रह्म है और ओङ्कार ही अपरब्रह्म माना गया है। वह ओङ्कार अपूर्व (अकारण), अन्तर्बाह्यशून्य, अकार्य तथा अव्यय है॥ २६॥

परापरे ब्रह्मणी प्रणवः। परमार्थतः क्षीणेषु मात्रापादेषु पर एवात्मा ब्रह्मेति न पूर्वं कारणमस्य विद्यत इत्यपूर्वः। नास्यान्तरं भिन्नजातीयं किञ्चिद्विद्यत इत्यनन्तरः। तथा बाह्यमन्यन्न विद्यत इत्यबाह्यः। अपरं कार्यमस्य न विद्यत इत्यनपरः। स बाह्याभ्यन्तरो ह्यजः सैन्धवघनवत् प्रज्ञानघन इत्यर्थः॥ २६॥

पर और अपर ब्रह्म प्रणव हैं। वस्तुतः मात्रारूप पादोंके क्षीण होनेपर पर आत्मा ही ब्रह्म है, इसलिये इसका कोई पूर्व यानी कारण न होनेसे यह अपूर्व है। इसका कोई अन्तर—भिन्नजातीय भी नहीं है, इसलिये यह अनन्तर है तथा इससे बाह्य भी कोई और नहीं है, इसलिये यह अबाह्य है और इसका कोई अपर—कार्य भी नहीं है इसलिये यह अनपर है। तात्पर्य यह है कि यह बाहर-भीतरसे अजन्मा तथा सैन्धवघनके समान प्रज्ञानघन ही है॥ २६॥

सर्वस्य प्रणवो ह्यादिर्मध्यमन्तस्तथैव च।
एवं हि प्रणवं ज्ञात्वा व्यश्नुते तदनन्तरम्॥ २७॥

प्रणव ही सबका आदि, मध्य और अन्त है। प्रणवको इस प्रकार जाननेके अनन्तर तद्रूपताको प्राप्त हो जाता है॥ २७॥

आदिमध्यान्ता उत्पत्तिस्थितिप्रलयाः सर्वस्यैव। मायाहस्तिरज्जुसर्पमृगतृष्णिका-

सबका आदि, मध्य और अन्त अर्थात् उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय प्रणव ही है। जिस प्रकार कि मायामय हाथी, रज्जुमें प्रतीत होनेवाले सर्प, मृगतृष्णा

स्वप्नादिवद् उत्पद्यमानस्य वियदादिप्रपञ्चस्य यथा मायाव्यादयः। एवं हि प्रणवमात्मानं मायाव्यादिस्थानीयं ज्ञात्वा तत्क्षणादेव तदात्मभावं व्यश्नुत इत्यर्थः॥ २७॥

और स्वप्नादिके समान उत्पन्न होनेवाले आकाशादिरूप प्रपञ्चके कारण मायावी आदि हैं उसी प्रकार मायावी आदिस्थानीय उस प्रणवरूप आत्माको जानकर विद्वान् तत्काल ही तद्रूपताको प्राप्त हो जाता है—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ २७॥

प्रणवं हीश्वरं विद्यात्सर्वस्य हृदि संस्थितम्।
सर्वव्यापिनमोङ्कारं मत्वा धीरो न शोचति॥ २८॥

प्रणवको ही सबके हृदयमें स्थित ईश्वर जाने। इस प्रकार सर्वव्यापी ओङ्कारको जानकर बुद्धिमान् पुरुष शोक नहीं करता॥ २८॥

सर्वप्राणिजातस्य स्मृतिप्रत्ययास्पदे हृदये स्थितमीश्वरं प्रणवं विद्यात्सर्वव्यापिनं व्योमवदोङ्कारमात्मानमसंसारिणं धीरो बुद्धिमान्मत्वा न शोचति शोकनिमित्तानुपपत्तेः। "तरति शोकमात्मवित्" (छा० उ० ७।१।३) इत्यादि श्रुतिभ्यः॥ २८॥

प्रणवको ही समस्त प्राणिसमुदायके स्मृतिप्रत्ययके आश्रयभूत हृदयमें स्थित ईश्वर समझे। बुद्धिमान् पुरुष आकाशके समान सर्वव्यापी ओङ्कारको असंसारी आत्मा [—शुद्ध आत्मतत्त्व] जानकर, शोकके कारणका अभाव हो जानेसे शोक नहीं करता; जैसा कि "आत्मवेत्ता शोकको पार कर जाता है" इत्यादि श्रुतियोंसे प्रमाणित होता है॥ २८॥

ओङ्कारार्थज्ञ ही मुनि है

अमात्रोऽनन्तमात्रश्च द्वैतस्योपशमः शिवः।
ओङ्कारो विदितो येन स मुनिर्नेतरो जनः॥ २९॥

जिसने मात्राहीन, अनन्त मात्रावाले, द्वैतके उपशमस्थान और मङ्गलमय ओङ्कारको जाना है वही मुनि है; और कोई पुरुष नहीं॥ २९॥

अमात्रस्तुरीय ओङ्कारः। मीयतेऽनयेति मात्रा परिच्छित्तिः सा अनन्ता यस्य सोऽनन्तमात्रः। नैतावत्त्वमस्य परिच्छेत्तुं शक्यत इत्यर्थः। सर्वद्वैतोपशमत्वादेव शिवः। ओङ्कारो यथा व्याख्यातो विदितो येन स परमार्थतत्त्वस्य मननान्मुनिः। नेतरो जनः शास्त्रविदपीत्यर्थः॥ २९॥

अमात्र तुरीय ओङ्कार है। जिससे मान किया जाय उसे 'मात्रा' अर्थात् 'परिच्छित्ति' कहते हैं; वह मात्रा जिसकी अनन्त हो उसे 'अनन्तमात्र' कहा जाता है। तात्पर्य यह है कि इसकी इयत्ताका परिच्छेद नहीं किया जा सकता। सम्पूर्ण द्वैतका उपशमस्थान होनेके कारण ही वह शिव (मङ्गलमय) है। इस प्रकार व्याख्या किया हुआ ओङ्कार जिसने जाना है वही परमार्थतत्त्वका मनन करनेवाला होनेसे 'मुनि' है; दूसरा पुरुष शास्त्रज्ञ होनेपर भी मुनि नहीं है—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ २९॥

इति श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य शङ्करभगवतः कृतावागमशास्त्रविवरणे गौडपादीयकारिकासहितमाण्डूक्योपनिषद्भाष्ये प्रथममागमप्रकरणम्॥ १॥

॥ हरिः ॐ तत्सत्॥

वैतथ्यप्रकरण

ज्ञाते द्वैतं न विद्यत इत्युक्तम्, प्रकरणस्य "एकमेवाद्वितीयम्" प्रयोजनम् (छा० उ० ६। २। १) इत्यादिश्रुतिभ्यः। आगममात्रं तत्। तत्रोपपत्त्यापि द्वैतस्य वैतथ्यं शक्यतेऽवधारयितुमिति द्वितीयं प्रकरणमारभ्यते—

"एकमेवाद्वितीयम्" इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार (आगमप्रकरणकी १८वीं कारिकामें) यह कहा गया है कि ज्ञान हो जानेपर द्वैत नहीं रहता। वह केवल आगम (शास्त्रवचन)-मात्र था। किन्तु द्वैतका मिथ्यात्व युक्तिसे भी निश्चय किया जा सकता है, इसीलिये इस दूसरे प्रकरणका आरम्भ किया जाता है—

स्वप्नदृष्ट पदार्थोंका मिथ्यात्व

वैतथ्यं सर्वभावानां स्वप्न आहुर्मनीषिणः।
अन्तःस्थानात्तु भावानां संवृतत्वेन हेतुना॥ १॥

[स्वप्नावस्थामें] सब पदार्थ शरीरके भीतर स्थित होते हैं; अतः स्थानके सङ्कोचके कारण मनीषिगण स्वप्नमें सब पदार्थोंका मिथ्यात्व प्रतिपादन करते हैं॥ १॥

वितथस्य भावो वैतथ्यम्, असत्यत्वमित्यर्थः। कस्य? सर्वेषां बाह्याध्यात्मिकानां भावानां पदार्थानां स्वप्न उपलभ्यमानानाम्, आहुः कथयन्ति, मनीषिणः प्रमाणकुशलाः। वैतथ्ये हेतुमाह—

वितथ (मिथ्या)-के भावका नाम 'वैतथ्य' अर्थात् असत्यत्व है। किसका वैतथ्य? स्वप्नमें प्रतीत होनेवाले सम्पूर्ण बाह्य और आन्तरिक पदार्थोंका मनीषिगण अर्थात् प्रमाणकुशल पुरुष वैतथ्य बतलाते हैं। उनके मिथ्यात्वमें हेतु बतलाते हैं—

अन्तः संवृत-स्थानात्

अन्तःस्थानात्, अन्तः शरीरस्य मध्ये स्थानं येषाम्। तत्र हि भावा उपलभ्यन्ते पर्वतहस्त्यादयो न बहिः शरीरात्। तस्मात्ते वितथा भवितुमर्हन्ति। नन्वपवरकाद्यन्तरुपलभ्यमानैर्घटादिभिरनैकान्तिको हेतुरित्याशङ्क्याह— संवृतत्वेन हेतुनेति, अन्तः संवृतस्थानादित्यर्थः। न ह्यन्तः संवृते देहान्तर्नाडीषु पर्वतहस्त्यादीनां सम्भवोऽस्ति; न हि देहे पर्वतोऽस्ति॥ १॥

अन्तःस्थ होनेके कारण; अन्तर अर्थात् शरीरके मध्यमें स्थान है जिनका [ऐसे होनेके कारण]; क्योंकि वहीं पर्वत एवं हस्ती आदि समस्त पदार्थ उपलब्ध होते हैं, शरीरसे बाहर उनकी उपलब्धि नहीं होती; इसलिये वे मिथ्या होने चाहिये। किन्तु [यदि शरीरके भीतर उपलब्ध होनेके कारण ही स्वप्नदृष्ट पदार्थ मिथ्या हैं तो] गृह आदिके भीतर दिखायी देनेवाले घट आदिमें तो यह हेतु व्यभिचरित हो जायगा [क्योंकि वहाँ जो उनकी प्रतीति है वह तो सत्य ही है]—ऐसी शङ्का होनेपर कहते हैं—'स्थानके सङ्कोचके कारणसे।' तात्पर्य यह कि शरीरके भीतर संकुचित स्थान होनेसे [उनका मिथ्यात्व कहा जाता है]। देहके अन्तर्वर्ती संकुचित नाडीजालमें पर्वत या हाथी आदिका होना सम्भव नहीं है। देहके भीतर पर्वत नहीं हो सकता॥ १॥

स्वप्नदृश्यानां भावानामन्तः संवृतस्थानमित्येतदसिद्धम्, यस्मात् प्राच्येषु सुप्त उदक्षु स्वप्नान्पश्यन्निव दृश्यत इत्येतदाशङ्क्याह—

स्वप्नमें दिखलायी देनेवाले पदार्थोंका शरीरके भीतर संकुचित स्थान है—यह बात सिद्ध नहीं हो सकती, क्योंकि पूर्व दिशामें सोया हुआ पुरुष उत्तर दिशामें स्वप्न देखता-सा देखा जाता है [अतः वह शरीरसे बाहर वहाँ जाकर उन्हें देखता होगा]—ऐसी आशङ्का करके कहते हैं—

अदीर्घत्वाच्च कालस्य गत्वा देशान्न पश्यति।
प्रतिबुद्धश्च वै सर्वस्तस्मिन्देशे न विद्यते॥ २॥

समयकी अदीर्घता होनेके कारण वह देहसे बाहर जाकर उन्हें नहीं देखता तथा जागनेपर भी कोई पुरुष उस देशमें विद्यमान नहीं रहता। [इससे भी उसका स्वप्नदृष्ट देशमें न जाना ही सिद्ध होता है]॥ २॥

न देहाद्बहिर्देशान्तरं गत्वा दीर्घ- स्वप्नान्पश्यति। यस्मात्- कालाभावाद् सुप्तमात्र एव देह- मिथ्यात्वम् देशाद्योजनशतान्तरिते मासमात्रप्राप्ये देशे स्वप्नान्पश्यन्निव दृश्यते। न च तद्देशप्राप्तेरागमनस्य च दीर्घः कालोऽस्ति। अतोऽदीर्घत्वाच्च कालस्य न स्वप्नदृग्देशान्तरं गच्छति।

वह देहसे बाहर देशान्तरमें जाकर स्वप्न नहीं देखता, क्योंकि वह सोया हुआ ही देहके स्थानसे एक मासमें पहुँचने योग्य सौ योजनकी दूरीपर स्वप्न देखता-सा देखा जाता है। [उस समय] उस देशमें पहुँचने और वहाँसे लौटने योग्य दीर्घकाल है ही नहीं। अतः कालकी अदीर्घताके कारण वह स्वप्नद्रष्टा किसी देशान्तरमें नहीं जाता।

किं च प्रतिबुद्धश्च वै सर्वः स्वप्नदृक्स्वप्नदर्शनदेशे न विद्यते। यदि च स्वप्ने देशान्तरं गच्छेद्यस्मिन्देशे स्वप्नान्पश्येत्तत्रैव प्रतिबुध्येत। न चैतदस्ति। रात्रौ सुप्तोऽहनीव भावान्पश्यति; बहुभिः संगतो भवति, यैश्च संगतस्तैर्गृह्येत। न च गृह्यते; गृहीतश्चेत्त्वामद्य तत्रोपलब्धवन्तो वयमिति ब्रूयुः। न चैतदस्ति,

यही नहीं, जागनेपर भी कोई स्वप्नद्रष्टा स्वप्न देखनेके स्थानमें नहीं रहता। यदि वह स्वप्नके समय किसी देशान्तरमें जाता तो जिस देशमें स्वप्न देखता उसीमें जागता। किन्तु ऐसी बात नहीं होती। वह रात्रिमें सोया हुआ मानो दिनमें पदार्थोंको देखता है और बहुतोंसे मिलता है; अतः जिनसे उसका मेल होता है उनके द्वारा वह गृहीत होना चाहिये था। परन्तु गृहीत होता नहीं; यदि गृहीत होता तो 'हमने तुझे वहाँ पाया था' ऐसा कहते। परन्तु ऐसी

तस्मान्न देशान्तरं गच्छति स्वप्ने॥ २॥

बात है नहीं; अतः स्वप्नमें वह किसी देशान्तरको नहीं जाता॥ २॥

इतश्च स्वप्नदृश्या भावा वितथा यतः—

स्वप्नमें दिखायी देनेवाले पदार्थ इसलिये भी मिथ्या हैं, क्योंकि—

अभावश्च रथादीनां श्रूयते न्यायपूर्वकम्।
वैतथ्यं तेन वै प्राप्तं स्वप्न आहुः प्रकाशितम्॥ ३॥

श्रुतिमें भी [स्वप्नदृष्ट] रथादिका अभाव युक्तिपूर्वक सुना गया है। अतः [उपर्युक्त युक्तिसे] सिद्ध हुए मिथ्यात्वको ही स्वप्नमें स्पष्ट बतलाते हैं॥ ३॥

अभावश्चैव रथादीनां स्वप्न-दृश्यानां श्रूयते न्यायपूर्वकं युक्तितः श्रुतौ "न तत्र रथाः" (बृ० उ० ४। ३। १०) इत्यत्र। देहान्तःस्थानसंवृतत्वादिहेतुना प्राप्तं वैतथ्यं तदनुवादिन्या श्रुत्या स्वप्ने स्वयंज्योतिष्ट्वप्रतिपादनपरया प्रकाशितमाहुर्ब्रह्मविदः॥ ३॥

रथाद्याभाव-श्रुतेर्मिथ्यात्वम्

"उस अवस्थामें रथ नहीं हैं" इत्यादि श्रुतिमें भी स्वप्नदृष्ट रथादिका अभाव युक्तिपूर्वक सुना गया है। अतः अन्तःस्थान तथा स्थानके सङ्कोच आदि हेतुओंसे सिद्ध हुआ मिथ्यात्व, उसका अनुवाद करनेवाली तथा स्वप्नमें आत्माका स्वयंप्रकाशत्व प्रतिपादन करनेवाली श्रुतिद्वारा ब्रह्मवेत्ता स्पष्ट बतलाते हैं॥ ३॥

जाग्रद्दृश्य पदार्थोंके मिथ्यात्वमें हेतु

अन्तःस्थानात्तु भेदानां तस्माज्जागरिते स्मृतम्।
यथा तत्र तथा स्वप्ने संवृतत्वेन भिद्यते॥ ४॥

इसीसे जाग्रत्-अवस्थामें भी पदार्थोंका मिथ्यात्व है, क्योंकि जिस प्रकार वे वहाँ स्वप्नावस्थामें [मिथ्या] होते हैं उसी प्रकार जाग्रत्में भी

होते हैं। केवल शरीरके भीतर स्थित होने और स्थानके संकुचित होनेमें ही स्वप्नदृष्ट पदार्थोंका भेद है॥ ४॥

जाग्रद्दृश्यानां भावानां वैतथ्य-मिति प्रतिज्ञा। दृश्यत्वादिति हेतुः। स्वप्नदृश्यभाववदिति दृष्टान्तः। यथा तत्र स्वप्ने दृश्यानां भावानां वैतथ्यं तथा जागरितेऽपि दृश्यत्वमविशिष्टमिति हेतूपनयः। तस्माज्जागरितेऽपि वैतथ्यं स्मृतमिति निगमनम्। अन्तःस्थानात्संवृतत्वेन च स्वप्नदृश्यानां भावानां जाग्रद्दृश्येभ्यो भेदः। दृश्यत्वमसत्यत्वं चाविशिष्टमुभयत्र॥ ४॥

जाग्रत्-अवस्थामें देखे हुए पदार्थ मिथ्या हैं—यह प्रतिज्ञा है। दृश्य होनेके कारण—यह उसका हेतु है। स्वप्नमें देखे हुए पदार्थोंके समान—यह दृष्टान्त है। जिस प्रकार वहाँ स्वप्नमें देखे हुए पदार्थोंका मिथ्यात्व है उसी प्रकार जाग्रत्में भी उनका दृश्यत्व समानरूपसे है—यह हेतूपनय[1] है। अतः जागृतिमें भी उनका मिथ्यात्व माना गया है—यह निगमन है। अन्तःस्थ होने और स्थानका संकोच होनेमें स्वप्नदृष्ट भावोंका जाग्रद्दृष्ट भावोंसे भेद है। दृश्यत्व और असत्यत्व तो दोनों ही अवस्थाओंमें समान हैं॥ ४॥

स्वप्नजागरितस्थाने ह्येकमाहुर्मनीषिणः।
भेदानां हि समत्वेन प्रसिद्धेनैव हेतुना॥ ५॥

इस प्रकार प्रसिद्ध हेतुसे ही पदार्थोंमें समानता होनेके कारण विवेकी पुरुषोंने स्वप्न और जागरित-अवस्थाओंको एक ही बतलाया है॥ ५॥

प्रसिद्धेनैव भेदानां ग्राह्यग्राहकत्वेन हेतुना समत्वेन स्वप्नजागरितस्थानयोरेकत्वमाहुर्विवेकिन

पदार्थोंके ग्राह्यग्राहकत्वरूप प्रसिद्ध हेतुसे समानता होनेके कारण ही विवेकी पुरुषोंने स्वप्न और जागरित-अवस्थाओंका एकत्व प्रतिपादन किया है—

१. व्याप्तिविशिष्ट हेतु पक्षमें है—ऐसा प्रतिपादन करना 'हेतूपनय' कहलाता है।

इति पूर्वप्रमाणसिद्धस्यैव फलम्॥ ५॥

इस प्रकार यह पूर्व प्रमाणसे सिद्ध हुए हेतुका ही फल है॥ ५॥

इतश्च वैतथ्यं जाग्रद्दृश्यानां भेदानामाद्यन्तयोरभावात्।

जाग्रत्-अवस्थामें दिखलायी देनेवाले पदार्थोंका मिथ्यात्व इसलिये भी है, क्योंकि आदि और अन्तमें उनका अभाव है।

आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा।
वितथैः सदृशाः सन्तोऽवितथा इव लक्षिताः॥ ६॥

जो आदि और अन्तमें नहीं है [अर्थात् आदि और अन्तमें असद्रूप है] वह वर्तमानमें भी वैसा ही है। ये पदार्थसमूह असत्के समान होकर भी सत्-जैसे दिखायी देते हैं॥ ६॥

यदादावन्ते च नास्ति वस्तु आदावन्ते मृगतृष्णिकादि चाभावात् तन्मध्येऽपि नास्तीति निश्चितं लोके तथेमे जाग्रद्दृश्या भेदाः। आद्यन्तयोरभावाद्वितथैरेव मृगतृष्णिकादिभिः सदृशत्वाद्वितथा एव तथाप्यवितथा इव लक्षिता मूढैरनात्मविद्भिः॥ ६॥

जो मृगतृष्णादि वस्तु आदि और अन्तमें नहीं है वह मध्यमें भी नहीं होती— यह बात लोकमें निश्चित ही है। इसी प्रकार ये जाग्रत्-अवस्थामें दिखलायी देनेवाले भिन्न-भिन्न पदार्थ भी आदि और अन्तमें न होनेसे मृगतृष्णा आदि असद्वस्तुओंके समान होनेके कारण असत् ही हैं; तथापि मूढ अनात्मज्ञ पुरुषोंद्वारा वे सद्रूप समझे जाते हैं॥ ६॥

स्वप्नदृश्यवज्जागरितदृश्याना-मप्यसत्त्वमिति यदुक्तं तदयुक्तम्। यस्माज्जाग्रद्दृश्या अन्नपानवाहनादयः

शङ्का—स्वप्नदृश्योंके समान जागरित-अवस्थाके दृश्योंका भी जो असत्यत्व बतलाया गया है वह ठीक नहीं; क्योंकि जाग्रद्दृश्य अन्न, पान और वाहन आदि

क्षुत्पिपासादिनिवृत्तिं कुर्वन्तो गमनागमनादिकार्यं च सप्रयोजना दृष्टाः। न तु स्वप्नदृश्यानां तदस्ति। तस्मात्स्वप्नदृश्यवज्जाग्रद्दृश्यानामसत्त्वं मनोरथमात्रमिति।

तन्न। कस्मात्? यस्मात्—

पदार्थ भूख-प्यासकी निवृत्ति तथा गमनागमन आदि कार्योंके करनेके कारण प्रयोजनवाले देखे गये हैं। किन्तु स्वप्नदृश्योंके विषयमें ऐसी बात नहीं है। अतः स्वप्नदृश्योंके समान जाग्रद्दृश्योंकी असत्यता केवल मनोरथमात्र है।

समाधान—ऐसी बात नहीं है। क्यों नहीं है? क्योंकि—

सप्रयोजनता तेषां स्वप्ने विप्रतिपद्यते।
तस्मादाद्यन्तवत्त्वेन मिथ्यैव खलु ते स्मृताः॥ ७॥

स्वप्नमें उन (जाग्रत्-पदार्थों)-की सप्रयोजनतामें विपरीतता आ जाती है। अतः आदि-अन्तयुक्त होनेके कारण वे निश्चय मिथ्या ही माने गये हैं॥ ७॥

सप्रयोजनता दृष्टा यान्नपानादीनां स्वप्ने विप्रतिपद्यते। जागरिते हि भुक्त्वा पीत्वा च तृप्तो विनिवर्तिततृट्सुप्तमात्र एव क्षुत्पिपासाद्यार्तमहोरात्रोषितमभुक्तवन्तमात्मानं मन्यते। यथा स्वप्ने भुक्त्वा पीत्वा चातृप्तोत्थितस्तथा। तस्माज्जाग्रद्दृश्यानां स्वप्ने विप्रतिपत्तिर्दृष्टा। अतो मन्यामहे तेषामप्यसत्त्वं स्वप्नदृश्यवदनाशङ्कनीयमिति। तस्मा-

[जागरित-अवस्थामें] जो अन्न-पानादिकी सप्रयोजनता देखी गयी है वह स्वप्नमें नहीं रहती। जागरित-अवस्थामें खा-पीकर तृप्त हुआ पुरुष तृषारहित होकर सोनेपर भी [स्वप्नमें] अपनेको क्षुधा-पिपासा आदिसे आर्त्त, दिन-रात उपवास किया हुआ और बिना भोजन किया हुआ मानता है; जिस प्रकार कि स्वप्नमें, खा-पीकर जागा हुआ पुरुष अपनेको अतृप्त अनुभव करता है। अतः स्वप्नावस्थामें जाग्रद्दृश्योंकी विपरीतता देखी जाती है। इसलिये स्वप्नदृश्योंके समान उनकी असत्यताको भी हम शङ्का न करनेयोग्य

दाद्यन्तवत्त्वमुभयत्र समानमिति मिथ्यैव खलु ते स्मृताः ॥ ७ ॥

मानते हैं। इस प्रकार दोनों ही अवस्थाओंमें आदि-अन्तवत्त्व समान है; अतः वे निश्चय मिथ्या ही माने गये हैं॥ ७॥

स्वप्नजाग्रद्भेदयोः समत्वाज्जाग्रद्भेदानामसत्त्वमिति यदुक्तं तदसत्, कस्मात्? दृष्टान्तस्यासिद्धत्वात्? कथम्। न हि जाग्रद्दृष्टा एवैते भेदाः स्वप्ने दृश्यन्ते। किं तर्हि?

स्वप्न और जाग्रत्पदार्थोंके समान होनेसे जाग्रत्पदार्थोंकी जो असत्यता बतलायी गयी है वह ठीक नहीं है। क्यों? क्योंकि यह दृष्टान्त सिद्ध नहीं हो सकता? कैसे सिद्ध नहीं हो सकता? क्योंकि जो पदार्थ जाग्रत्-अवस्थामें देखे जाते हैं वे ही स्वप्नमें नहीं देखे जाते। तो उस समय और क्या देखा जाता है?

अपूर्वं स्वप्ने पश्यति; चतुर्दन्तगजमारूढमष्टभुजमात्मानं मन्यते। अन्यदप्येवंप्रकारमपूर्वं पश्यति स्वप्ने। तन्नान्येनासता सममिति सदेव। अतो दृष्टान्तोऽसिद्धः। तस्मात्स्वप्नवज्जागरितस्यासत्त्वमित्ययुक्तम्।

स्वप्नमें तो यह अपूर्व वस्तुएँ देखता है। अपनेको चार दाँतोंवाले हाथीपर चढ़ा हुआ तथा आठ भुजाओंवाला मानता है। इसी प्रकार स्वप्नमें और भी अपूर्व वस्तुएँ देखा करता है। वे किसी अन्य असत् वस्तुके समान नहीं होतीं; इसलिये वे सत् ही हैं। अतः यह दृष्टान्त सिद्ध नहीं हो सकता। अतः स्वप्नके समान जागरितकी भी असत्यता है—यह कथन ठीक नहीं।

तन्न; स्वप्ने दृष्टमपूर्वं यन्मन्यसे न तत्स्वतः सिद्धम्। किं तर्हि?

ऐसी बात नहीं है। स्वप्नमें देखी हुई जिन वस्तुओंको अपूर्व समझता है वे स्वतः सिद्ध नहीं हैं। तो कैसी हैं?

अपूर्वं स्थानिधर्मो हि यथा स्वर्गनिवासिनाम्।
तानयं प्रेक्षते गत्वा यथैवेह सुशिक्षितः॥ ८॥

जिस प्रकार [इन्द्रादि] स्वर्गनिवासियोंकी [सहस्रनेत्रत्वादि] अलौकिक अवस्थाएँ सुनी जाती हैं उसी प्रकार यह (स्वप्न) भी स्थानी (स्वप्नद्रष्टा आत्मा)-का अपूर्व धर्म है। उन स्वाप्न पदार्थोंको यह इसी प्रकार जाकर देखता है जैसे कि इस लोकमें [किसी मार्गविशेषके सम्बन्धमें] सुशिक्षित पुरुष [उस मार्गसे जाकर अपने अभीष्ट लक्ष्यपर पहुँचकर उसे देखता है]॥ ८॥

अपूर्वं स्थानिधर्मो हि स्थानिनो द्रष्टुरेव हि स्वप्नस्थानवतो धर्मः। यथा स्वर्गनिवासिनामिन्द्रादीनां सहस्राक्षत्वादि तथा स्वप्नदृशोऽपूर्वोऽयं धर्मः। न स्वतः सिद्धो द्रष्टुः स्वरूपवत्। तानेवंप्रकारानपूर्वान्स्वचित्तविकल्पानयं स्थानी स्वप्नदृक्स्वप्नस्थानं गत्वा प्रेक्षते। यथैवेह लोके सुशिक्षितो देशान्तरमार्गस्तेन मार्गेण देशान्तरं गत्वा तान्पदार्थान्पश्यति तद्वत्। तस्माद्यथा स्थानिधर्माणां रज्जुसर्पमृगतृष्णिकादीनामसत्त्वं तथा स्वप्नदृश्यानामपूर्वाणां स्थानिधर्मत्वमेवेत्यसत्त्वमतो न स्वप्नदृष्टान्तस्यासिद्धत्वम्॥ ८॥

वे स्थानीका अपूर्व धर्म ही हैं; स्थानी अर्थात् स्वप्नस्थानवाले द्रष्टाका ही धर्म हैं। जैसे कि स्वर्गनिवासी इन्द्रादिके सहस्राक्षत्वादि धर्म हैं उसी प्रकार स्वप्नद्रष्टाका यह अपूर्व धर्म है। द्रष्टाके स्वरूपके समान यह स्वतःसिद्ध नहीं है। इस प्रकारके अपने चित्तद्वारा कल्पना किये हुए उन धर्मोंको यह जो स्वप्न देखनेवाला स्थानी है स्वप्नस्थानमें जाकर देखा करता है; जिस प्रकार इस लोकमें देशान्तरके मार्गके विषयमें सुशिक्षित पुरुष उस मार्गसे देशान्तरमें जाकर वहाँके पदार्थोंको देखता है उसी प्रकार [यह भी देखता है]। अतः जिस प्रकार स्थानीके धर्म रज्जु-सर्प और मृगतृष्णा आदिकी असत्यता है उसी प्रकार स्वप्नमें देखे जानेवाले अपूर्व पदार्थोंका भी स्थानिधर्मत्व ही है, अतः वे भी असत् हैं। इसलिये स्वप्नदृष्टान्तकी असिद्धता नहीं है॥ ८॥

स्वप्नमें मनःकल्पित और इन्द्रियग्राह्य दोनों ही प्रकारके पदार्थ मिथ्या हैं

अपूर्वत्वाशङ्का निराकृता स्वप्नदृष्टान्तस्य पुनः स्वप्नतुल्यतां जाग्रद्भेदानां प्रपञ्चयन्नाह—

स्वप्नदृष्टान्तके अपूर्वत्वकी आशङ्काका निराकरण कर दिया। अब पुनः जाग्रत्पदार्थोंकी स्वप्नतुल्यताका विस्तृतरूपसे प्रतिपादन करते हुए कहते हैं—

स्वप्नवृत्तावपि त्वन्तश्चेतसा कल्पितं त्वसत्।
बहिश्चेतोगृहीतं सद्दृष्टं वैतथ्यमेतयोः ॥ ९ ॥

स्वप्नावस्थामें भी चित्तके भीतर कल्पना किया हुआ पदार्थ असत् और चित्तसे बाहर [इन्द्रियोंद्वारा] ग्रहण किया हुआ पदार्थ सत् जान पड़ता है; किन्तु इन दोनोंका ही मिथ्यात्व देखा गया है ॥ ९ ॥

स्वप्नवृत्तावपि स्वप्नस्थानेऽपि अन्तश्चेतसा मनोरथसङ्कल्पितमसत्। सङ्कल्पानन्तरसमकालमेवादर्शनात्तत्रैव स्वप्ने बहिश्चेतसा गृहीतं चक्षुरादिद्वारेणोपलब्धं घटादि सत्। इत्येवमसत्यमिति निश्चितेऽपि सदसद्विभागो दृष्टः। उभयोरप्यन्तर्बहिश्चेतःकल्पितयो-र्वैतथ्यमेव दृष्टम्॥ ९ ॥

स्वप्नकी वृत्ति अर्थात् स्वप्नस्थानमें भी चित्तके भीतर मनोरथसे सङ्कल्प की हुई वस्तु असत् होती है; क्योंकि वह सङ्कल्पके पश्चात् तत्क्षण ही दिखायी नहीं देती। तथा उस स्वप्नावस्थामें ही चित्तसे बाहर चक्षु आदिद्वारा ग्रहण किये हुए घट आदि सत् होते हैं। इस प्रकार स्वप्न असत्य है—ऐसा निश्चय हो जानेपर भी उसमें सत्-असत्का विभाग देखा जाता है। किन्तु चित्तसे कल्पना किये हुए इन आन्तरिक और बाह्य दोनों ही प्रकारके पदार्थोंका मिथ्यात्व देखा गया है ॥ ९ ॥

जाग्रत्में भी दोनों प्रकारके पदार्थ मिथ्या हैं

जाग्रद्वृत्तावपि त्वन्तश्चेतसा कल्पितं त्वसत्।
बहिश्चेतोगृहीतं सद्युक्तं वैतथ्यमेतयोः॥ १०॥

इसी प्रकार जाग्रदवस्थामें भी चित्तके भीतर कल्पना किया हुआ पदार्थ असत् तथा चित्तसे बाहर ग्रहण किया हुआ पदार्थ सत् समझा जाता है। परन्तु इन दोनोंहीका मिथ्यात्व मानना उचित है॥ १०॥

सदसतोर्वैतथ्यं युक्तम्, अन्तर्बहिश्चेतःकल्पितत्वाविशेषादिति व्याख्यातमन्यत्॥ १०॥

इन सत् और असत् पदार्थोंका मिथ्यात्व ठीक ही है, क्योंकि हृदयके भीतर या बाहर कल्पित होनेसे उनमें कोई विशेषता नहीं होती। शेष सबकी व्याख्या हो चुकी है॥ १०॥

इन मिथ्या पदार्थोंकी कल्पना करनेवाला कौन है?

चोदक आह—

[इसपर] पूर्वपक्षी कहता है—

उभयोरपि वैतथ्यं भेदानां स्थानयोर्यदि।
क एतान्बुध्यते भेदान्को वै तेषां विकल्पकः॥ ११॥

यदि [जागरित और स्वप्न] दोनों ही स्थानोंके पदार्थोंका मिथ्यात्व है तो इन पदार्थोंको जानता कौन है और कौन इनकी कल्पना करनेवाला है?॥ ११॥

स्वप्नजाग्रत्स्थानयोर्भेदानां यदि वैतथ्यं क एतानन्तर्बहिश्चेतः-कल्पितान्बुध्यते। को वै तेषां विकल्पकः।

यदि स्वप्न और जागरित [दोनों ही स्थानों]-के पदार्थोंका मिथ्यात्व है तो चित्तके भीतर या बाहर कल्पना किये हुए इन पदार्थोंको जानता कौन है? और कौन उनकी कल्पना करनेवाला है?

स्मृतिज्ञानयोः क आलम्बन-मित्यभिप्रायः, न चेन्निरात्मवाद इष्टः ॥ ११ ॥

तात्पर्य यह है कि यदि निरात्मवाद अभीष्ट नहीं है तो [यह बताना चाहिये कि] उक्त स्मरण (स्वप्न) और ज्ञान (जागरित)-का आलम्बन कौन है? ॥ ११ ॥

इनकी कल्पना करनेवाला और इनका साक्षी आत्मा ही है

कल्पयत्यात्मनात्मानमात्मा देवः स्वमायया।
स एव बुध्यते भेदानिति वेदान्तनिश्चयः ॥ १२ ॥

स्वयंप्रकाश आत्मा अपनी मायासे स्वयं ही कल्पना करता है और वही सब भेदोंको जानता है—यही वेदान्तका निश्चय है ॥ १२ ॥

स्वयं स्वमायया स्वमात्मानमात्मा देव आत्मन्येव वक्ष्यमाणं भेदाकारं कल्पयति रज्ज्वादाविव सर्पादीन् स्वयमेव च तान्बुध्यते भेदांस्तद्वदेवेत्येवं वेदान्तनिश्चयः। नान्योऽस्ति ज्ञानस्मृत्याश्रयः। न च निरास्पदे एव ज्ञानस्मृती वैनाशिकानामिवेत्यभिप्रायः ॥ १२ ॥

स्वयंप्रकाश आत्मा अपनी मायासे रज्जुमें सर्पादिके समान अपनेमें आपहीको आगे बतलाये जानेवाले भेदरूपसे कल्पना करता है और स्वयं ही उन भेदोंको जानता है—इस प्रकार यही वेदान्तका निश्चय है। उसके सिवा स्मृति और ज्ञानका कोई और आश्रय नहीं है। तात्पर्य यह कि वैनाशिकों (बौद्धों)- के कथनके समान ये ज्ञान और स्मृति निराधार नहीं हैं ॥ १२ ॥

पदार्थकल्पनाकी विधि

सङ्कल्पयन्केन प्रकारेण कल्पयतीत्युच्यते—

वह संकल्प करते हुए किस प्रकार कल्पना करता है ? सो बतलाया जाता है—

विकरोत्यपरान्भावानन्तश्चित्ते व्यवस्थितान्।
नियतांश्च बहिश्चित्त एवं कल्पयते प्रभुः ॥ १३ ॥

प्रभु आत्मा अपने अन्तःकरणमें [वासनारूपसे] स्थित अन्य (लौकिक) भावोंको नानारूप करता है तथा बहिश्चित्त होकर पृथिवी आदि नियत और अनियत पदार्थोंकी भी इसी प्रकार कल्पना करता है॥ १३॥

विकरोति नाना करोत्यपरान् लौकिकान् भावान् पदार्थान् शब्दादीनन्यांश्चान्तश्चित्ते वासनारूपेण व्यवस्थितानव्याकृतान् नियतांश्च पृथ्व्यादीननियतांश्च कल्पनाकालान्बहिश्चित्तः संस्तथान्तश्चित्तो मनोरथादिलक्षणानित्येवं कल्पयति प्रभुरीश्वर आत्मेत्यर्थः॥ १३॥

वह चित्तके भीतर वासनारूपसे स्थित अव्याकृत लौकिक भावों—शब्दादि पदार्थोंको तथा अन्य पृथिवी आदि नियत और कल्पनाकालमें ही उत्पन्न होनेवाले अनियत पदार्थोंको बहिश्चित्त होकर एवं मनोरथादिरूप पदार्थोंको अन्तश्चित्त होकर विकृत करता अर्थात् नाना करता है—इस प्रकार प्रभु—ईश्वर अर्थात् आत्मा कल्पना करता है॥ १३॥

आन्तरिक और बाह्य दोनों प्रकारके पदार्थ मिथ्या हैं

स्वप्नवच्चित्तपरिकल्पितं सर्वमित्येतदाशङ्क्यते। यस्माच्चित्तपरिकल्पितैर्मनोरथादिलक्षणैश्चित्तपरिच्छेद्यैर्वैलक्षण्यं बाह्यानामन्योन्यपरिच्छेद्यत्वमिति।

सा न युक्ताशङ्का।

स्वप्नके समान सब कुछ चित्तका ही कल्पना किया हुआ है—इस विषयमें यह शंका होती है—क्योंकि केवल चित्तपरिकल्पित और चित्तसे ही परिच्छेद्य मनोरथादिसे बाह्य पदार्थोंकी अन्योन्यपरिच्छेद्यत्वरूप विलक्षणता है [अतः स्वप्नके समान ये मिथ्या नहीं हो सकते]।

समाधान—यह शङ्का ठीक नहीं है, [क्योंकि—]

चित्तकाला हि येऽन्तस्तु द्वयकालाश्च ये बहिः।
कल्पिता एव ते सर्वे विशेषो नान्यहेतुकः॥ १४॥

जो आन्तरिक पदार्थ केवल कल्पनाकालतक ही रहनेवाले हैं और जो बाह्य पदार्थ द्विकालिक [अर्थात् अन्योन्यपरिच्छेद्य] हैं वे सभी कल्पित हैं। उनकी विशेषताका [अर्थात् आन्तरिक पदार्थ असत्य हैं और बाह्य सत्य हैं—इस प्रकारकी भेदकल्पनाका] कोई दूसरा कारण नहीं है॥ १४॥

चित्तकाला हि येऽन्तस्तु चित्तपरिच्छेद्याः; नान्यश्चित्तकालव्यतिरेकेण परिच्छेदकः कालो येषां ते चित्तकालाः। कल्पनाकाल एवोपलभ्यन्त इत्यर्थः। द्वयकालाश्च भेदकाला अन्योन्यपरिच्छेद्याः। यथा गोदोहनमास्ते; यावदास्ते तावद्गां दोग्धि यावद्गां दोग्धि तावदास्ते। तावानयमेतावान्स इति परस्परपरिच्छेद्यपरिच्छेदकत्वं बाह्यानां भेदानां ते द्वयकालाः। अन्तश्चित्तकाला बाह्याश्च द्वयकालाः कल्पिता एव ते सर्वे। न बाह्यो द्वयकालत्वविशेषः कल्पितत्वव्यतिरेकेणान्यहेतुकः। अत्रापि हि स्वप्नदृष्टान्तो भवत्येव॥ १४॥

जो आन्तरिक हैं अर्थात् चित्तपरिच्छेद्य हैं वे चित्तकाल हैं; जिनका चित्तकालके सिवा और कोई काल परिच्छेदक न हो उन्हें चित्तकाल कहते हैं। अर्थात् वे केवल कल्पनाके समय ही उपलब्ध होते हैं। तथा बाह्य पदार्थ दो कालवाले—भेदकालिक यानी अन्योन्यपरिच्छेद्य हैं। जैसे गोदोहनपर्यन्त बैठता है; यानी जबतक बैठता है तबतक गौ दुहता है और जबतक गौ दुहता है तबतक बैठता है। उतने समयतक यह रहता है और इतने समयतक वह रहता है—इस प्रकार बाह्य पदार्थोंका परस्पर परिच्छेद्य-परिच्छेदकत्व है; अतः वे दो कालवाले हैं। किन्तु आन्तरिक चित्तकालिक और बाह्य द्विकालिक—ये सब कल्पित ही हैं। बाह्य पदार्थोंकी जो द्विकालिकत्वरूप विशेषता है वह कल्पितत्वके सिवा किसी अन्य कारणसे नहीं है। इस विषयमें भी स्वप्नका दृष्टान्त* है ही॥ १४॥

* अर्थात् जाग्रत्‌के समान स्वप्नके भी चित्तपरिकल्पित पदार्थ कल्पनाकालिक और बाह्य पदार्थ द्विकालिक ही होते हैं; परन्तु वे होते दोनों ही मिथ्या हैं। इसी प्रकार जाग्रत्‌में भी समझो।

आन्तरिक और बाह्य पदार्थोंका भेद केवल इन्द्रियजनित है

अव्यक्ता एव येऽन्तस्तु स्फुटा एव च ये बहिः।
कल्पिता एव ते सर्वे विशेषस्त्विन्द्रियान्तरे॥ १५॥

जो आन्तरिक पदार्थ हैं वे अव्यक्त ही हैं और जो बाह्य हैं वे स्पष्ट प्रतीत होनेवाले हैं। किन्तु वे सब हैं कल्पित ही। उनकी विशेषता तो केवल इन्द्रियोंके ही भेदमें है॥ १५॥

यदप्यन्तरव्यक्तत्वं भावानां मनोवासनामात्राभिव्यक्तानां स्फुटत्वं वा बहिश्चक्षुरादीन्द्रियान्तरे विशेषो नासौ भेदानामस्तित्वकृतः स्वप्नेऽपि तथा दर्शनात्। किं तर्हि? इन्द्रियान्तरकृत एव। अतः कल्पिता एव जाग्रद्भावा अपि स्वप्नभाववदिति सिद्धम्॥ १५॥

चित्तकी वासनामात्रसे अभिव्यक्त हुए पदार्थोंका जो अन्तःकरणमें अव्यक्तत्व (अस्फुटत्व) और बाह्य चक्षु आदि अन्य इन्द्रियोंमें जो उनका स्फुटत्व है वह विशेषता पदार्थोंकी सत्ताके कारण नहीं है, क्योंकि ऐसा ही स्वप्नमें भी देखा जाता है। तो फिर इसका क्या कारण है? यह इन्द्रियोंके भेदके ही कारण है। अतः सिद्ध हुआ कि स्वप्नके पदार्थोंके समान जाग्रत्कालीन पदार्थ भी कल्पित ही हैं॥ १५॥

पदार्थकल्पनाकी मूल जीवकल्पना है

बाह्याध्यात्मिकानां भावानामितरेतरनिमित्तनैमित्तिकतया कल्पनायां किं मूलमित्युच्यते—

बाह्य और आन्तरिक पदार्थोंकी परस्पर निमित्त और नैमित्तिकरूपसे कल्पना होनेमें क्या कारण है? सो बतलाया जाता है—

जीवं कल्पयते पूर्वं ततो भावान्पृथग्विधान्।
बाह्यानाध्यात्मिकांश्चैव यथाविद्यस्तथास्मृतिः॥ १६॥

[वह प्रभु] सबसे पहले जीवकी कल्पना करता है; फिर तरह-तरहके बाह्य और आध्यात्मिक पदार्थोंकी कल्पना करता है। उस जीवका जैसा विज्ञान होता है वैसी ही स्मृति भी होती है॥ १६॥

जीवं हेतुफलात्मकम्; अहं करोमि मम सुखदुःखे इत्येवंलक्षणम्; अनेवंलक्षण एव शुद्ध आत्मनि रज्जाविव सर्पं कल्पयते पूर्वम्। ततस्तादर्थ्येन क्रियाकारकफलभेदेन प्राणादीन्नाना-विधान्भावान्बाह्यानाध्यात्मिकांश्चैव कल्पते।

सबसे पहले 'मैं करता हूँ, मुझे सुख-दुःख हैं' इस प्रकारके हेतुफलात्मक जीवकी [वह प्रभु] इससे विपरीत लक्षणोंवाले शुद्ध आत्मामें रज्जुमें सर्पके समान कल्पना करता है। फिर उसीके लिये क्रिया, कारक और फलके भेदसे प्राण आदि नाना प्रकारके बाह्य और आध्यात्मिक पदार्थोंकी कल्पना करता है।

तत्र कल्पनायां को हेतुरित्युच्यते। योऽसौ स्वयंकल्पितो जीवः सर्वकल्पनायामधिकृतः स यथाविद्यः, यादृशी विद्या विज्ञानमस्येति यथाविद्यः; तथाविधैव स्मृतिस्तस्येति तथास्मृतिर्भवति स इति। अतो हेतुकल्पनाविज्ञानात्फलविज्ञानं ततो हेतुफलस्मृतिस्ततस्तद्विज्ञानं तदर्थक्रियाकारकतत्फलभेदविज्ञानानि।

उस कल्पनामें क्या हेतु है—इसपर कहा जाता है—यह जो स्वयं कल्पना किया हुआ जीव सब प्रकारकी कल्पनाका अधिकारी है, वह जैसी विद्यावाला होता है अर्थात् उसकी जैसी विद्या यानी विज्ञान होता है वैसी ही स्मृति भी होती है। अतः वह वैसी ही स्मृतिवाला होता है। इस प्रकार [अन्नभक्षणादि] हेतुकी कल्पनाके विज्ञानसे ही [तृप्ति आदि] फलका विज्ञान होता है; उससे [दूसरे दिन भी] उन हेतु और फलकी स्मृति होती है और उस स्मृतिसे उनका ज्ञान तथा उनके लिये होनेवाले [पाकादि] कर्म, [तण्डुलादि] कारक और उनके [तृप्ति आदि] फलभेदके ज्ञान होते हैं।

तेभ्यस्तत्स्मृतिस्तत्स्मृतेश्च पुनस्तद्विज्ञानानीत्येवं बाह्यानाध्यात्मिकांश्चेतरेतरनिमित्तनैमित्तिकभावेनानेकधा कल्पयते॥ १६॥

उनसे उनकी स्मृति होती है तथा उस स्मृतिसे फिर उन [हेतु आदि]-के विज्ञान होते हैं। इस प्रकार यह जीव बाह्य और आध्यात्मिक पदार्थोंकी पारस्परिक निमित्त-नैमित्तिकभावसे अनेक प्रकार कल्पना करता है॥ १६॥

जीवकल्पनाका हेतु अज्ञान है

तत्र जीवकल्पना सर्वकल्पनामूलमित्युक्तं सैव जीवकल्पना किं निमित्तेति दृष्टान्तेन प्रतिपादयति—

यहाँतक जीवकल्पना ही सब कल्पनाओंका मूल है—यह कहा गया; किन्तु वह जीव-कल्पना है किस निमित्तसे?—इस बातका दृष्टान्तसे प्रतिपादन करते हैं—

अनिश्चिता यथा रज्जुरन्धकारे विकल्पिता।
सर्पधारादिभिर्भावैस्तद्वदात्मा विकल्पितः॥ १७॥

जिस प्रकार [अपने स्वरूपसे] निश्चय न की हुई रज्जु अन्धकारमें सर्प-धारा आदि भावोंसे कल्पना की जाती है उसी प्रकार आत्मामें भी तरह-तरहकी कल्पनाएँ हो रही हैं॥ १७॥

यथा लोके स्वेन रूपेणानिश्चितानवधारितैवमेवेति रज्जुर्मन्दान्धकारे किं सर्प उदकधारा दण्ड इति वानेकधा विकल्पिता भवति पूर्वं स्वरूपानिश्चयनिमित्तम्। यदि हि पूर्वमेव रज्जुः स्वरूपेण निश्चिता

जिस प्रकार अपने स्वरूपसे अनिश्चित अर्थात् यह ऐसी ही है—इस प्रकार निर्धारण न की हुई रज्जु मन्द अन्धकारमें 'यह सर्प है?' 'जलकी धारा है?' अथवा 'दण्ड है?' इस प्रकार—पहलेसे स्वरूपका निश्चय न होनेके कारण—अनेक प्रकारसे कल्पना की जाती है; यदि रज्जु पहले ही अपने

स्यात्; न सर्पादिविकल्पोऽभविष्यद् यथा स्वहस्ताङ्गुल्यादिषु, एष दृष्टान्तः। तद्वद्धेतुफलादिसंसारधर्मानर्थविलक्षण-तया स्वेन विशुद्धविज्ञप्तिमात्रसत्ताद्वय-रूपेणानिश्चितत्वाज्जीवप्राणाद्यनन्त-भावभेदैरात्मा विकल्पित इत्येष सर्वोपनिषदां सिद्धान्तः॥ १७॥

स्वरूपसे निश्चित हो तो उसमें सर्पादिका विकल्प नहीं हो सकता, जैसे कि अपने हाथकी अँगुली आदिमें [ऐसा कोई विकल्प नहीं होता]। यह एक दृष्टान्त है। इसी तरह हेतु-फलादि सांसारिक धर्मरूप अनर्थसे विलक्षण अपने विशुद्ध विज्ञप्तिमात्र अद्वितीय सत्तास्वरूपसे निश्चित न होनेके कारण ही आत्मा जीव एवं प्राण आदि अनन्त विभिन्न भावोंसे विकल्पित हो रहा है—यही सम्पूर्ण उपनिषदोंका सिद्धान्त है॥ १७॥

अज्ञाननिवृत्ति ही आत्मज्ञान है

निश्चितायां यथा रज्ज्वां विकल्पो विनिवर्तते।
रज्जुरेवेति चाद्वैतं तद्वदात्मविनिश्चयः॥ १८॥

जिस प्रकार रज्जुका निश्चय हो जानेपर उसमें [सर्पादिका] विकल्प निवृत्त हो जाता है तथा 'यह रज्जु ही है' ऐसा अद्वैत निश्चय होता है उसी प्रकार आत्माका निश्चय है॥ १८॥

रज्जुरेवेति निश्चये सर्व-विकल्पनिवृत्तौ रज्जुरेवेति चाद्वैतं यथा तथा "नेति नेति" (बृ० उ० ४। ४। २२) इति सर्वसंसारधर्मशून्यप्रतिपादकशास्त्र-जनितविज्ञानसूर्यालोककृतात्म-विनिश्चयः "आत्मैवेदं सर्वम्" (छा० उ० ७। २५। २)

'यह रज्जु ही है' ऐसा निश्चय होनेसे सर्पादि विकल्पकी निवृत्ति हो जानेपर जिस प्रकार 'यह रज्जु ही है' ऐसा अद्वैतभाव हो जाता है उसी प्रकार "नेति-नेति" इस सर्वसंसारधर्मशून्य आत्माका प्रतिपादन करनेवाले शास्त्रसे उत्पन्न हुए विज्ञानरूप सूर्यके प्रकाशसे आत्माका ऐसा निश्चय होता है कि "यह सब आत्मा ही है"

"अपूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यम्" (बृ० उ० २।५।१९) "सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः" (मु० उ० २।१।२) "अजरोऽमरोऽमृतोऽभयः" (बृ० उ० ४।४।२५) "एक एवाद्वयः" इति॥ १८॥

"वह कारण-कार्यसे रहित और अन्तर्बाह्यशून्य है" "बाहर-भीतरसे (कार्य-कारण दोनों दृष्टियोंसे) अजन्मा है" "वह जराशून्य, अमर, अमृत और अभय है" तथा "वह एक अद्वितीय ही है"॥ १८॥

यद्यात्मैक एवेति निश्चयः कथं प्राणादिभिरनन्तैर्भावैरेतैः संसारलक्षणैर्विकल्पित इति, उच्यते, शृणु—

यदि यह बात निश्चित है कि आत्मा एक ही है तो वह इन संसाररूप प्राणादि अनन्त भावोंसे कैसे विकल्पित हो रहा है? सो इस विषयमें कहा जाता है, सुनो—

विकल्पकी मूल माया है

प्राणादिभिरनन्तैश्च भावैरेतैर्विकल्पितः।
मायैषा तस्य देवस्य यया संमोहितः स्वयम्॥ १९॥

यह जो इन प्राणादि अनन्त भावोंसे विकल्पित हो रहा है सो यह उस प्रकाशमय आत्मदेवकी माया ही है, जिससे कि वह स्वयं ही मोहित हो रहा है॥ १९॥

मायैषा तस्यात्मनो देवस्य। यथा मायाविना विहिता माया गगनमतिविमलं कुसुमितैः सपलाशैस्तरुभिराकीर्णमिव करोति तथेयमपि देवस्य माया ययायं स्वयमपि मोहित इव मोहितो भवति। "मम माया दुरत्यया" (गीता ७।१४) इत्युक्तम्॥ १९॥

यह उस आत्मदेवकी माया है। जिस प्रकार मायावीद्वारा प्रयोग की हुई माया अति निर्मल आकाशको पल्लवयुक्त पुष्पित पादपोंसे परिपूर्ण कर देती है उसी प्रकार यह भी उस देवकी माया है जिससे कि यह स्वयं भी मोहित हुएके समान मोहग्रस्त हो रहा है। "मेरी मायाका पार पाना कठिन है" ऐसा [भगवान्ने] कहा भी है॥ १९॥

मूलतत्त्वसम्बन्धी विभिन्न मतवाद

प्राण इति प्राणविदो भूतानीति च तद्विदः।
गुणा इति गुणविदस्तत्त्वानीति च तद्विदः॥ २०॥

प्राणोपासक कहते हैं—'प्राण ही जगत्का कारण है।' भूतज्ञों (प्रत्यक्षवादी चार्वाकादि)-का कथन है—'[पृथिवी आदि] चार भूत ही परमार्थ हैं।' गुणोंको जाननेवाले [सांख्यवादी] कहते हैं—'गुण ही सृष्टिके हेतु हैं।' तथा तत्त्वज्ञ (शैव) कहते हैं—'[आत्मा, अविद्या और शिव—ये तीन] तत्त्व ही जगत्के प्रवर्तक हैं'॥ २०॥

पादा इति पादविदो विषया इति तद्विदः।
लोका इति लोकविदो देवा इति च तद्विदः॥ २१॥

पादवेत्ता कहते हैं—'विश्व आदि पाद ही सम्पूर्ण व्यवहारके हेतु हैं।' [वात्स्यायनादि] विषयज्ञ कहते हैं—'शब्दादि विषय ही सत्य वस्तु हैं।' लोकवेत्ताओं(पौराणिकों)-का कथन है—'लोक ही सत्य हैं।' तथा देवोपासक कहते हैं—'इन्द्रादि देवता ही सृष्टिके सञ्चालक हैं'॥ २१॥

वेदा इति वेदविदो यज्ञा इति च तद्विदः।
भोक्तेति च भोक्तृविदो भोज्यमिति च तद्विदः॥ २२॥

वेदज्ञ कहते हैं—'ऋगादि चार वेद ही परमार्थ हैं।' याज्ञिक कहते हैं—'यज्ञ ही संसारके आदिकारण हैं।' भोक्ताको जाननेवाले भोक्ताकी ही प्रधानता बतलाते हैं तथा भोज्यके मर्मज्ञ (सूपकारादि) भोज्यपदार्थोंकी ही सारवत्ताका प्रतिपादन करते हैं॥ २२॥

सूक्ष्म इति सूक्ष्मविदः स्थूल इति च तद्विदः।
मूर्त इति मूर्तविदोऽमूर्त इति च तद्विदः॥ २३॥

सूक्ष्मवेत्ता कहते हैं—'आत्मा सूक्ष्म (अणु-परिमाण) है।' स्थूलवादी (चार्वाकादि) कहते हैं—'वह स्थूल है।' मूर्त्तवादी (साकारोपासक) कहते हैं—'परमार्थ वस्तु मूर्तिमान् है।' तथा अमूर्त्तवादियों (शून्यवादियों)-का कथन है कि वह मूर्त्तिहीन है॥ २३॥

काल इति कालविदो दिश इति च तद्विदः।
वादा इति वादविदो भुवनानीति तद्विदः॥ २४॥

कालज्ञ (ज्यौतिषी लोग) कहते हैं—'काल ही परमार्थ है।' दिशाओंके जाननेवाले (स्वरोदयशास्त्री) कहते हैं—'दिशाएँ ही सत्य वस्तु हैं।' वादवेत्ता कहते हैं—'[धातुवाद, मन्त्रवाद आदि] वाद ही सत्य वस्तु हैं।' तथा भुवनकोषके ज्ञाताओंका कथन है कि भुवन ही परमार्थ हैं॥ २४॥

मन इति मनोविदो बुद्धिरिति च तद्विदः।
चित्तमिति चित्तविदो धर्माधर्मौ च तद्विदः॥ २५॥

मनोविद् कहते हैं—'मन ही आत्मा है', बौद्धोंका कथन है—बुद्धि ही आत्मा है', चित्तज्ञोंका विचार है—'चित्त ही सत्यवस्तु है;' तथा धर्माधर्मवेत्ता (मीमांसक) 'धर्माधर्मको ही परमार्थ मानते हैं'॥ २५॥

पञ्चविंशक इत्येके षड्विंश इति चापरे।
एकत्रिंशक इत्याहुरनन्त इति चापरे॥ २६॥

कोई (सांख्यवादी) पच्चीस तत्त्वोंको, कोई (पातञ्जलमतावलम्बी) छब्बीसोंको और कोई (पाशुपत) इकतीस तत्त्वोंको सत्य मानते हैं* तथा अन्य मतावलम्बी परमार्थको अनन्त भेदोंवाला मानते हैं॥ २६॥

लोकाँल्लोकविदः प्राहुराश्रमा इति तद्विदः।
स्त्रीपुंनपुंसकं लैङ्गाः परापरमथापरे॥ २७॥

लौकिक पुरुष लोकानुरञ्जनको और आश्रमवादी आश्रमोंको ही प्रधान बतलाते हैं। लिङ्गवादी स्त्रीलिङ्ग, पुँल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्गोंको तथा दूसरे लोग पर और अपर ब्रह्मको ही परमार्थ मानते हैं॥ २७॥

सृष्टिरिति सृष्टिविदो लय इति च तद्विदः।
स्थितिरिति स्थितिविदः सर्वे चेह तु सर्वदा॥ २८॥

---

* प्रधान, महत्तत्त्व, अहंकार, पञ्चतन्मात्रा, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच विषय और मन—ये सांख्यवादियोंके पच्चीस तत्त्व हैं; योगी इनके सिवा छब्बीसवाँ तत्त्व ईश्वर मानते हैं और पाशुपतोंके मतमें इन पच्चीस तत्त्वोंके अतिरिक्त राग, अविद्या, नियति, काल, कला और माया—ये छः तत्त्व और हैं।

सृष्टिवेत्ता कहते हैं—'सृष्टि ही सत्य है', लयवादी कहते हैं—'लय ही परमार्थ वस्तु है' तथा स्थितिवेत्ता कहते हैं—'स्थिति ही सत्य है।' इस प्रकार ये [कहे हुए और बिना कहे हुए] सभी वाद इस आत्मतत्त्वमें सर्वदा कल्पित हैं॥ २८॥

प्राणः प्राज्ञो बीजात्मा तत्कार्यभेदा हीतरे स्थित्यन्ताः। अन्ये च सर्वे लौकिकाः सर्वप्राणिपरिकल्पिता भेदा रज्ज्वामिव सर्पादयः, तच्छून्य आत्मन्यात्मस्वरूपानिश्चयहेतोरविद्यया कल्पिता इति पिण्डीकृतोऽर्थः। प्राणादिश्लोकानां प्रत्येकं पदार्थव्याख्याने फल्गुप्रयोजनत्वात्सिद्धपदार्थत्वाच्च यत्नो न कृतः॥ २८॥

प्राण बीजस्वरूप प्राज्ञको कहते हैं। उपर्युक्त स्थितिपर्यन्त सब विकल्प उसीके कार्यभेद हैं। सम्पूर्ण प्राणियोंसे परिकल्पित अन्य सब लौकिक धर्म रज्जुमें सर्पके समान उन विकल्पोंसे शून्य आत्मामें आत्मस्वरूपके अनिश्चयके कारण अविद्यासे कल्पना किये गये हैं—यह इन श्लोकोंका समुदायार्थ है। प्राणादि श्लोकोंके प्रत्येक पदार्थके व्याख्यानका अत्यन्त अल्प प्रयोजन होनेके कारण तथा वे सिद्ध पदार्थ हैं—इसलिये प्रयत्न नहीं किया॥ २८॥

किं बहुना—

अधिक क्या?—

यं भावं दर्शयेद्यस्य तं भावं स तु पश्यति।
तं चावति स भूत्वासौ तद्ग्रहः समुपैति तम्॥ २९॥

[गुरु] जिसे जो भाव दिखला देता है वह उसीको आत्मस्वरूपसे देखने लगता है तथा इस प्रकार देखनेवाले उस व्यक्तिकी वह भाव तद्रूप होकर रक्षा करने लगता है। फिर उस (भाव)-में होनेवाला अभिनिवेश उस [-के आत्मभाव]-को प्राप्त हो जाता है॥ २९॥

प्राणादीनामन्यतममुक्तमनुक्तं वान्यं भावं पदार्थं

जिसका आचार्य अथवा कोई अन्य आप्त पुरुष जिसे प्राणादिमेंसे किसी कहे हुए अथवा किसी बिना कहे हुए अन्य

दर्शयेद्वस्याचार्योऽन्यो वाप्त इदमेव तत्त्वमिति स तं भावमात्मभूतं पश्यत्ययमहमिति वा ममेति वा। तं च द्रष्टारं स भावोऽवति यो दर्शितो भावोऽसौ भूत्वा रक्षति। स्वेनात्मना सर्वतो निरुणद्धि। तस्मिन्ग्रहस्तद्ग्रहस्तदभिनिवेशः। इदमेव तत्त्वमिति स तं ग्रहीतारमुपैति। तस्यात्मभावं निगच्छतीत्यर्थः॥ २९॥

भावको भी 'यही परमार्थतत्त्व है' इस प्रकार दिखा देता है वह उसी भावको आत्मभूत हुआ देखता है [और समझता है कि—] 'मैं यही हूँ' अथवा 'यही मेरा स्वरूप है'। तथा उस द्रष्टाकी भी, जो भाव उसे दिखलाया गया है, तद्रूप होकर रक्षा करता है; अर्थात् उसे सब प्रकार अपने स्वरूपसे निरुद्ध कर देता है। उसी भावमें जो ग्रह—आग्रह अर्थात् 'यही तत्त्व है' इस प्रकारका अभिनिवेश है वह उस भावके ग्रहण करनेवालेको प्राप्त होता है, अर्थात् उसके आत्मस्वरूपको प्राप्त हो जाता है॥ २९॥

आत्मा सर्वाधिष्ठान है ऐसा जाननेवाला ही परमार्थदर्शी है

एतैरेषोऽपृथग्भावैः पृथगेवेति लक्षितः।
एवं यो वेद तत्त्वेन कल्पयेत्सोऽविशङ्कितः॥ ३०॥

[इस प्रकार सबका अधिष्ठान होनेके कारण] इन प्राणादि अपृथग् भावोंसे [पृथक् न होनेपर भी अज्ञानियोंद्वारा] यह आत्मा भिन्न ही माना गया है। इस बातको जो वास्तविकरूपसे जानता है वह निःशंक होकर [वेदार्थकी] कल्पना कर सकता है॥ ३०॥

एतैः प्राणादिभिरात्मनोऽपृथग्भूतैरपृथग्भावैरेष आत्मा रज्जुरिव सर्पादिविकल्पनारूपैः पृथगेवेति लक्षितोऽभिलक्षितो निश्चितो मूढैरित्यर्थः। विवेकिनां तु

रज्जुमें कल्पित सर्पादि भावोंसे रज्जुके समान यह आत्मा अपनेसे अपृथग्भूत प्राणादि अपृथग्भावोंसे पृथक् ही है—ऐसा मूर्खोंको लक्षित—अभिलक्षित अर्थात् निश्चित हो रहा है। विवेकियोंकी दृष्टिमें

रज्ज्वामिव कल्पिताः सर्पादयो नात्मव्यतिरेकेण प्राणादयः सन्तीत्यभिप्रायः "इदं सर्वं यदयमात्मा" (बृ० उ० २।४।६, ४।५।७) इति श्रुतेः।

तो "यह जो कुछ है सब आत्मा ही है" इस श्रुतिके अनुसार रज्जुमें कल्पित सर्पादिके समान ये प्राणादि आत्मासे भिन्न हैं ही नहीं—ऐसा इसका तात्पर्य है।

एवमात्मव्यतिरेकेणासत्त्वं रज्जुसर्पवदात्मनि कल्पितानामात्मानं च केवलं निर्विकल्पं यो वेद तत्त्वेन श्रुतितो युक्तितश्च सोऽविशङ्कितो वेदार्थं विभागतः कल्पयेत्कल्पयतीत्यर्थः—इदमेवंपरं वाक्यमदोऽन्यपरमिति। न ह्यनध्यात्मविद्वेदाञ्ज्ञातुं शक्नोति तत्त्वतः। "न ह्यनध्यात्मवित्कश्चित्क्रियाफलमुपाश्नुते" (मनु० ६।८२) इति हि मानवं वचनम्॥ ३०॥

इस प्रकार रज्जुमें कल्पित सर्पके समान जो आत्मामें कल्पित पदार्थोंका आत्माके सिवा असत्यत्व समझता है तथा आत्माको श्रुति और युक्तिसे परमार्थतः निर्विकल्प जानता है वह निःशंक होकर वेदार्थकी 'यह वाक्य इस अर्थका प्रतिपादन करनेवाला है और यह अन्यार्थपरक है' इस प्रकार विभागपूर्वक कल्पना कर सकता है—यह इसका तात्पर्य है। जो अध्यात्मतत्त्वको नहीं जानता वह पुरुष तत्त्वतः वेदोंको भी नहीं जान सकता। "अध्यात्मतत्त्वको न जाननेवाला पुरुष किसी भी कर्मफलको प्राप्त नहीं करता" ऐसा मनुजीका भी वचन है॥ ३०॥

द्वैतका असत्यत्व वेदान्तवेद्य है

यदेतद्द्वैतस्यासत्त्वमुक्तं युक्तितस्तदेतद्वेदान्तप्रमाणावगतमित्याह—

यह जो युक्तिपूर्वक द्वैतकी असत्यता बतलायी है वह वेदान्तप्रमाणसे जानी गयी है—इस आशयसे कहते हैं—

स्वप्नमाये यथा दृष्टे गन्धर्वनगरं यथा।
तथा विश्वमिदं दृष्टं वेदान्तेषु विचक्षणैः॥ ३१॥

जिस प्रकार स्वप्न और माया देखे गये हैं तथा जैसा गन्धर्वनगर जाना गया है, उसी प्रकार विचक्षण पुरुषोंने वेदान्तोंमें इस जगत्को देखा है॥ ३१॥

स्वप्नश्च माया च स्वप्नमाये असद्वस्त्वात्मिके असत्यौ सद्वस्त्वात्मिके इव लक्ष्येते अविवेकिभिः। यथा च प्रसारित-पण्यापणगृहप्रासादस्त्रीपुंजनपद-व्यवहाराकीर्णमिव गन्धर्वनगरं दृश्यमानमेव सदकस्मादभावतां गतं दृष्टम्, यथा च स्वप्नमाये दृष्टे असद्रूपे, तथा विश्वमिदं द्वैतं समस्तमसद्दृष्टम्।

क्वेत्याह—वेदान्तेषु। "नेह नानास्ति किञ्चन" (क० उ० २।१।११, बृ० उ० ४। ४। १९) "इन्द्रो मायाभिः" (बृ० उ० २। ५। १९) "आत्मैवेदमग्र आसीत्" (बृ० उ० १। ४। १७) "ब्रह्म वा इदमग्न आसीत्" (बृ० उ० १। ४। १०) 'द्वितीयाद्वै भयं भवति" (बृ० उ० १। ४। २) "न तु तद्द्वितीयमस्ति" (बृ० उ० ४। ३। २३) "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्" (बृ० उ० ४। ५। १५) इत्यादिषु विचक्षणैर्निपुणतरवस्तुदर्शिभिः पण्डितैरित्यर्थः।

अविवेकी पुरुषोंद्वारा स्वप्न और माया, जो असद्वस्तुरूप अर्थात् असत्य हैं, सद्वस्तुरूप देखे जाते हैं। जिस प्रकार विस्तृत दूकान, बाजार, गृह, प्रासाद और नगरनिवासी स्त्री-पुरुषोंके व्यवहारसे भरपूर-सा गन्धर्वनगर देखते-ही-देखते अकस्मात् अभावको प्राप्त होता देखा गया है और जिस प्रकार ये स्वप्न और माया असद्रूप देखे गये हैं, उसी प्रकार यह विश्व अर्थात् समस्त द्वैत असत् देखा गया है।

कहाँ देखा गया है? इसपर कहते हैं—वेदान्तोंमें। "यहाँ नाना कुछ नहीं है" "इन्द्रने मायासे" "पहले यह आत्मा ही था" "पहले यह ब्रह्म ही था" "दूसरेसे निश्चय भय होता है" "उससे दूसरा कोई नहीं है" "जहाँ इसके लिये सब आत्मा ही हो गया है" इत्यादि वेदान्तोंमें विचक्षण अर्थात् निपुणतर वस्तुदर्शी पण्डितोंद्वारा देखा गया है—यह इसका तात्पर्य है।

"तमःश्वभ्रनिभं दृष्टं वर्षबुद्बुदसंनिभम्। नाशप्रायं सुखाद्धीनं नाशोत्तरमभावगम्" इति व्यासस्मृतेः॥ ३१॥

"यह जगत् अँधेरे गढ़ेके समान और वर्षाकी बूँदके सदृश नाशप्राय, सुखसे रहित और नाशके अनन्तर अभावको प्राप्त हो जानेवाला देखा गया है"—इस व्याससमृतिसे भी यही बात प्रमाणित होती है॥ ३१॥

परमार्थ क्या है ?

प्रकरणार्थोपसंहारार्थोऽयं श्लोकः। यदा वितथं द्वैतमात्मैवैकः परमार्थतः संस्तदेदं निष्पन्नं भवति सर्वोऽयं लौकिको वैदिकश्च व्यवहारोऽविद्याविषय एवेति तदा—

यह (आगेका) श्लोक इस प्रकरणके विषयका उपसंहार करनेके लिये है। जबकि द्वैत असत् है और एकमात्र आत्मा ही परमार्थतः सत् है तो यह निश्चित होता है कि यह सारा लौकिक और वैदिक व्यवहार अविद्याका ही विषय है। उस अवस्थामें—

न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता॥ ३२॥

न प्रलय है, न उत्पत्ति है, न बद्ध है, न साधक है, न मुमुक्षु है और न मुक्त ही है—यही परमार्थता है॥ ३२॥

न निरोधः—निरोधनं निरोधः प्रलयः, उत्पत्तिर्जननम्, बद्धः संसारी जीवः, साधकः साधनवान्मोक्षस्य, मुमुक्षुर्मोचनार्थी, मुक्तो विमुक्तबन्धः। उत्पत्ति-प्रलययोरभावाद्बद्धादयो न सन्तीत्येषा परमार्थता।

न निरोध है। निरोधनका नाम निरोध यानी प्रलय है। उत्पत्ति—जननको, बद्ध—संसारी जीवको, साधक—मोक्षके साधनवालेको, मुमुक्षु—मुक्त होनेकी इच्छावालेको और मुक्त—बन्धनसे छूटे हुएको कहते हैं। उत्पत्ति और प्रलयका अभाव होनेके कारण ये बद्ध आदि भी नहीं हैं—यही परमार्थता है।

कथमुत्पत्तिप्रलययोरभावः, इत्युच्यते, द्वैतस्यासत्त्वात्। "यत्र हि द्वैतमिव भवति" (बृ० उ० २।४।१४) "य इह नानेव पश्यति" (क० उ० २।१। १०, ११) 'आत्मैवेदं सर्वम्" (छा० उ० ७। २५।२) "ब्रह्मैवेदं सर्वम्" (नृसिंहोत्तर० ७) "एक-मेवाद्वितीयम्" (छा० उ० ६।२।१) "इदं सर्वं यदयमात्मा" (बृ० उ० २।४।६, ४।५।७) इत्यादिनानाश्रुतिभ्यो द्वैतस्यासत्त्वं सिद्धम्।

उत्पत्ति और प्रलयका अभाव किस प्रकार है? इसपर कहा जाता है—द्वैतकी असत्यता होनेके कारण [इनकी भी सत्ता नहीं है]। "जहाँ द्वैत-जैसा होता है" "जो यहाँ नानावत् देखता है" "यह सब आत्मा ही है" "यह सब ब्रह्म ही है" "एक ही अद्वितीय" "यह जो कुछ है सब आत्मा है" इत्यादि अनेकों श्रुतियोंसे द्वैतकी असत्यता सिद्ध होती है।

सतो ह्युत्पत्तिः प्रलयो वा स्यान्नासतः शशविषाणादेः। नाप्यद्वैतमुत्पद्यते लीयते वा। अद्वयं चोत्पत्तिप्रलयवच्चेति विप्रतिषिद्धम्।

उत्पत्ति अथवा प्रलय सत्की ही हो सकती है, शशशृङ्गादि असद्वस्तुकी नहीं हो सकती। इसी प्रकार अद्वैत वस्तु भी उत्पन्न या लीन नहीं होती। जो अद्वय हो वह उत्पत्ति-प्रलयवान् भी हो—यह तो सर्वथा विरुद्ध है।

यस्तु पुनर्द्वैतसंव्यवहारः स रज्जुसर्पवदात्मनि प्राणादिलक्षणः कल्पित इत्युक्तम्। न हि मनोविकल्पनाया रज्जुसर्पादि-लक्षणाया रज्ज्वां प्रलय उत्पत्तिर्वा। न च मनसि रज्जुसर्पस्योत्पत्तिः प्रलयो वा न चोभयतो वा। तथा मानसत्वाविशेषाद्द्वैतस्य। न हि नियते मनसि सुषुप्ते वा द्वैतं गृह्यते।

इसके सिवा जो प्राणादिरूप द्वैतव्यवहार है वह रज्जुमें सर्पके समान आत्मामें ही कल्पित है—यह बात पहले कही जा चुकी है। रज्जुसर्पादिरूप मनोविकल्पकी भी रज्जुमें उत्पत्ति या प्रलय नहीं होती। रज्जुसर्पकी उत्पत्ति या प्रलय न तो मनमें ही होती है और न [मन और रज्जु] दोनोंहीमें। इसी प्रकार द्वैतका मनोमयत्व भी समान ही है, क्योंकि मनके समाहित अथवा सुषुप्त हो जानेपर द्वैतका ग्रहण नहीं होता।

अतो मनोविकल्पनामात्रं द्वैतमिति सिद्धम्। तस्मात्-सूक्तं द्वैतस्यासत्त्वान्निरोधाद्यभावः परमार्थतेति।

अतः यह सिद्ध हुआ कि द्वैत मनकी कल्पनामात्र है। इसलिये यह ठीक ही कहा है कि द्वैतकी असत्यता होनेके कारण निरोधादिका अभाव ही परमार्थता है।

शून्यवादाशङ्का तन्निवर्तनञ्च

यद्येवं द्वैताभावे शास्त्रव्यापारो नाद्वैते विरोधात्। तथा च सत्यद्वैतस्य वस्तुत्वे प्रमाणाभावाच्छून्यवाद-प्रसङ्गः, द्वैतस्य चाभावात्।

पूर्व०—यदि ऐसा है तो शास्त्रका व्यापार द्वैतका अभाव प्रतिपादन करनेमें ही है, अद्वैत-बोधमें नहीं; क्योंकि इससे विरोध आता है।* ऐसी अवस्थामें अद्वैतके वस्तुत्वमें कोई प्रमाण न होनेके कारण शून्यवादका प्रसंग उपस्थित हो जाता है; क्योंकि द्वैतका तो अभाव ही है।

न; रज्जुसर्पादिविकल्पनाया निरास्पदत्वानुपपत्तिरिति प्रत्युक्त-मेतत्कथमुज्जीवयसीत्याह—रज्जुरपि सर्पविकल्पस्यास्पदभूता विकल्पितैवेति दृष्टान्तानुपपत्तिः।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि रज्जु-सर्पादि विकल्पका निराधार होना सम्भव नहीं है—इस प्रकार पहले निराकरण कर दिये जानेपर भी इसी शंकाको फिर क्यों उठाता है? इसपर [शून्यवादी] कहता है—'सर्पभ्रमकी अधिष्ठानभूता रज्जु भी कल्पिता ही है। इसलिये यह दृष्टान्त ठीक नहीं है।'

न, विकल्पनाक्षयेऽविकल्पित-स्याविकल्पितत्वादेव सत्त्वोप-पत्तेः। रज्जुसर्पवदसत्त्वमिति चेत्? न; एकान्तेनाविकल्पितत्वा-

सिद्धान्ती—नहीं, कल्पनाका क्षय हो जानेपर अविकल्पित आत्माकी सत्ता उसके अविकल्पितत्वके कारण ही सम्भव हो सकती है। यदि कहो कि रज्जु-सर्पके समान उसकी असत्ता है तो ऐसा कहना

* क्योंकि द्वैतका अभाव प्रतिपादन करनेसे ही यह नहीं समझा जा सकता कि शास्त्रको अद्वैतकी सत्ता अभीष्ट है।

दविकल्पितरज्ज्वंशवत्प्राक् सर्पाभावविज्ञानात्। विकल्पयितुश्च प्राग्विकल्पनोत्पत्तेः सिद्धत्वाभ्युपगमादसत्त्वानुपपत्तिः।

ठीक नहीं, क्योंकि वह अविकल्पित रज्जु-अंशके समान सर्पाभावके विज्ञानके पहलेसे ही सर्वथा अविकल्पितरूपसे विद्यमान है। इसके सिवा, जो विकल्पना करनेवाला होता है उसे विकल्पकी उत्पत्तिसे पहले ही विद्यमान स्वीकार करनेके कारण उसकी असत्ता नहीं मानी जा सकती।

कथं पुनः स्वरूपे व्यापाराभावे शास्त्रस्य द्वैतविज्ञाननिवर्तकत्वम्?

पूर्व०—किन्तु आत्मस्वरूपमें प्रमाणकी गति न होनेपर भी शास्त्र द्वैतविज्ञानका निवर्त्तक कैसे है?

नैष दोषः। रज्ज्वां सर्पादिवदात्मनि द्वैतस्याविद्याध्यस्तत्वात्। कथम्? सुख्यहं दुःखी मूढो जातो मृतो जीर्णो देहवान् पश्यामि व्यक्तोऽव्यक्तः कर्ता फली संयुक्तो वियुक्तः क्षीणो वृद्धोऽहं ममैत इत्येवमादयः सर्वे आत्मन्यध्यारोप्यन्ते। आत्मैतेष्वनुगतः सर्वत्राव्यभिचारात्। यथा सर्पधारादिभेदेषु रज्जुः।

सिद्धान्ती—[यहाँ] यह दोष नहीं है, क्योंकि रज्जुमें सर्पादिके समान आत्मामें अविद्याके कारण द्वैतका अध्यास है। किस प्रकार?—'मैं सुखी हूँ, दुःखी हूँ, मूढ़ हूँ, उत्पन्न हुआ हूँ, मरा हूँ, जराग्रस्त हूँ, देहधारी हूँ, देखता हूँ, व्यक्त हूँ, अव्यक्त हूँ, कर्ता हूँ, फलवान् हूँ, संयुक्त हूँ, वियुक्त हूँ, क्षीण हूँ, वृद्ध हूँ, ये मेरे हैं'—इत्यादि प्रकारके सम्पूर्ण विकल्प आत्मामें आरोपित किये जाते हैं तथा आत्मा इनमें अनुस्यूत है, क्योंकि उसका कहीं भी व्यभिचार नहीं है, जैसे कि सर्प और धारा आदि भेदोंमें रज्जु।

यदा चैवं विशेष्यस्वरूपप्रत्ययस्य सिद्धत्वान्न

जब कि ऐसी बात है तो विशेष्यरूप ब्रह्मके स्वरूपकी प्रतीति सिद्ध होनेके

कर्तव्यत्वं शास्त्रेण। अकृतकर्तृ च शास्त्रं कृतानुकारित्वेऽप्रमाणम्। यतोऽविद्याध्यारोपितसुखित्वादिविशेषप्रतिबन्धादेवात्मनः स्वरूपेणानवस्थानं स्वरूपावस्थानं च श्रेय इति सुखित्वादिनिवर्तकं शास्त्रम् आत्मन्यसुखित्वादिप्रत्ययकरणेन नेति नेत्यस्थूलादिवाक्यैः। आत्मस्वरूपवदसुखित्वाद्यपि सुखित्वादिभेदेषु नानुवृत्तोऽस्ति धर्मः। यद्यनुवृत्तः स्यान्नाध्यारोपितसुखित्वादिलक्षणो विशेषः। यथोष्णत्वगुणविशेषवत्यग्नौ शीतता। तस्मान्निर्विशेष एवात्मनि सुखित्वादयो विशेषाः कल्पिताः। यत्त्वसुखित्वादिशास्त्रमात्मनस्तत्सुखित्वादिविशेषनिवृत्त्यर्थमेवेति सिद्धम्। ''सिद्धं तु निवर्तकत्वात्'' इत्यागमविदां सूत्रम्॥ ३२॥

कारण उसके सम्बन्धमें शास्त्रको कुछ कर्त्तव्य नहीं है। शास्त्र तो असिद्ध वस्तुको सिद्ध करनेवाला है; सिद्ध वस्तुका अनुवाद करनेसे वह प्रमाण नहीं माना जाता। क्योंकि अविद्यासे आरोपित सुखित्व आदि विशेष प्रतिबन्धकोंके कारण ही आत्माकी स्वरूपसे स्थिति नहीं है और स्वरूपसे स्थिति ही श्रेय है; इसलिये 'नेति-नेति' और 'अस्थूलम्' आदि वाक्योंसे आत्मामें असुखित्वादिकी प्रतीति करानेके द्वारा शास्त्र [उसमें आरोपित] सुखित्व आदिकी निवृत्ति करनेवाला है। आत्मस्वरूपके समान असुखित्व आदि भी सुखित्व आदि भेदोंमें अनुवृत्त धर्म नहीं है। यदि वह भी अनुवृत्त होता तो उसमें सुखित्व आदिरूप विशेष धर्मका आरोप नहीं किया जा सकता था, जिस प्रकार कि उष्णत्वधर्मविशिष्ट अग्निमें शीतत्वका आरोप नहीं किया जा सकता। अतः सुखित्वादि विशेष निर्विशेष आत्मामें ही कल्पना किये गये हैं। इससे सिद्ध हुआ कि आत्माके विषयमें जो असुखित्व आदि शास्त्र है वह सुखित्व आदि विशेषकी निवृत्तिके ही लिये है। शास्त्रवेत्ताओंका सूत्र भी है—''[सुखित्व आदि धर्मोंका] निवर्त्तक होनेसे [अस्थूलम् आदि] शास्त्रकी प्रामाणिकता सिद्ध होती है''॥ ३२॥

अद्वैतभाव ही मङ्गलमय है

पूर्वश्लोकार्थस्य हेतुमाह—

पूर्व श्लोकके अर्थका हेतु बतलाते हैं—

भावैरसद्भिरेवायमद्वयेन च कल्पितः।
भावा अप्यद्वयेनैव तस्मादद्वयता शिवा॥ ३३॥

यह (आत्मतत्त्व) प्राणादि असद्भावोंसे और अद्वैतरूपसे कल्पित है। वे असद्भाव भी अद्वैतसे ही कल्पना किये गये हैं। इसलिये अद्वैतभाव ही मङ्गलमय है॥ ३३॥

यथा रज्ज्वामसद्भिः सर्पधारादिभिरद्वयेन च रज्जुद्रव्येण सतायं सर्प इयं धारा दण्डोऽयमिति वा रज्जुद्रव्यमेव कल्प्यत एवं प्राणादिभिरनन्तैरसद्भिरेवाविद्यमानैः, न परमार्थतः—न ह्यप्रचलिते मनसि कश्चिद्भाव उपलक्षयितुं शक्यते केनचित्; न चात्मनः प्रचलनमस्ति; प्रचलितस्यैवोपलभ्यमाना भावा न परमार्थतः सन्तः कल्पयितुं शक्याः—अतोऽसद्भिरेव प्राणादि-भावैरद्वयेन च परमार्थसतात्मना रज्जुवत्सर्वविकल्पास्पदभूतेनायं स्वयमेवात्मा कल्पितः; सदैकस्वभावोऽपि सन्।

जिस प्रकार रज्जुमें अविद्यमान सर्प धारा आदि भावोंसे तथा विद्यमान अद्वितीय रज्जुद्रव्यसे 'यह सर्प है, यह धारा है, यह दण्ड है' इस प्रकार रज्जुद्रव्य ही कल्पना किया जाता है, उसी प्रकार प्राणादि अनन्त असत्—अविद्यमान अर्थात् जो परमार्थतः नहीं हैं, [उन भावोंसे आत्मा विकल्पित हो रहा है]—क्योंकि चित्तके चलायमान न होनेपर किसीके द्वारा कोई भाव उपलक्षित नहीं हो सकता और आत्मामें प्रचलन है नहीं; तथा केवल चलायमान चित्तमें ही उपलब्ध होनेवाले भाव परमार्थतः सत्य हैं—ऐसी कल्पना नहीं की जा सकती। अतः यह आत्मा, स्वयं एकमात्र सत्स्वभाव होनेपर भी असत्स्वरूप प्राणादि भावोंसे तथा रज्जुके समान सब प्रकारके विकल्पके आश्रयभूत परमार्थ सत् आत्मस्वरूपसे कल्पित है।

ते च प्राणादिभावा अप्यद्वयेनैव सतात्मना विकल्पिताः। न हि निरास्पदा काचित्कल्पनोपलभ्यते; अतः सर्वकल्पनास्पदत्वात्स्वेनात्मना-द्वयस्याव्यभिचारात्कल्पनावस्थाया-मप्यद्वयता शिवा। कल्पना एव त्वशिवाः। रज्जुसर्पादिवत्त्रासादिकारिण्यो हि ताः। अद्वयताभयातः सैव शिवा॥ ३३॥

वे प्राणादि भाव भी अद्वय सत्स्वरूप आत्मासे ही कल्पना किये गये हैं, क्योंकि कोई भी कल्पना निराधार नहीं हो सकती। अतः समस्त कल्पनाकी आश्रयभूता होनेसे और अपने स्वरूपसे अद्वयका कभी व्यभिचार न होनेसे कल्पना-अवस्थामें भी अद्वयता ही मङ्गलमयी है। केवल कल्पना ही अमङ्गलमयी है। क्योंकि वह रज्जु-सर्पादिके समान भय आदि उत्पन्न करनेवाली है। अद्वयता अभयरूपा है, इसलिये वही मङ्गलमयी है॥ ३३॥

तत्त्ववेत्ताकी दृष्टिमें नानात्वका अत्यन्ताभाव है

कुतश्चाद्वयता शिवा? नाना-भूतं पृथक्त्वमन्यस्यान्यस्माद्यत्र दृष्टं तत्राशिवं भवेत्।

और भी अद्वयता क्यों मङ्गलमयी है?—जहाँ एक वस्तुसे दूसरी वस्तुका नानाभूत पार्थक्य देखा जाता है वहीं अमङ्गल हो सकता है। [किन्तु—]

नात्मभावेन नानेदं न स्वेनापि कथञ्चन।
न पृथङ् नापृथक्किञ्चिदिति तत्त्वविदो विदुः॥ ३४॥

यह नानात्व न तो आत्मस्वरूपसे है और न अपने ही स्वरूपसे कुछ है। कोई भी वस्तु न तो ब्रह्मसे पृथक् है और न अपृथक् ही—ऐसा तत्त्ववेत्ता जानते हैं॥ ३४॥

न ह्यत्राद्वये परमार्थसत्यात्मनि प्राणादिसंसारजातमिदं जगदात्मभावेन परमार्थस्वरूपेण निरूप्यमाणं

इस अद्वितीय परमार्थ सत्य आत्मामें यह प्राणादि संसारजातरूप जगत् आत्मभावसे—परमार्थ सत्यरूपसे निरूपण

नाना वस्त्वन्तरभूतं भवति। यथा रज्जुस्वरूपेण प्रकाशेन निरूप्यमाणो न नानाभूतः कल्पितः सर्पोऽस्ति तद्वत्। नापि स्वेन प्राणाद्यात्मनेदं विद्यते कदाचिदपि रज्जुसर्पवत् कल्पितत्वादेव।

तथान्योन्यं न पृथक्प्राणादि वस्तु यथाश्वान्महिषः पृथग्विद्यत एवम्। अतोऽसत्त्वान्नापृथग्विद्यते अन्योन्यं परेण वा किञ्चिदिति एवं परमार्थतत्त्वमात्मविदो ब्राह्मणा विदुः। अतोऽशिवहेतुत्वाभावादद्वयतैव शिवेत्यभिप्रायः॥ ३४॥

किये जानेपर नाना अर्थात् पृथक् वस्तुके अन्तर्भूत नहीं रहता। जिस प्रकार प्रकाशद्वारा रज्जुरूपसे निरूपित होनेपर कल्पित सर्प पृथक्-रूपसे नहीं रहता उसी प्रकार [परमार्थरूपसे निरूपण किया जानेपर जगत् आत्मासे पृथक् वस्तु नहीं ठहरता]; और न यह, रज्जु-सर्पके समान कल्पित होनेके कारण ही, अपने प्राणादिस्वरूपसे कभी कुछ रहता है।

तथा जिस प्रकार घोड़ेसे भैंस पृथक् है उस प्रकार प्राणादि वस्तु आपसमें भी पृथक् नहीं हैं। इसीलिये असद्रूप होनेसे आपसमें अथवा किसी अन्यसे कोई वस्तु अपृथक् भी नहीं है—ऐसा आत्मज्ञ ब्राह्मणलोग परमार्थतत्त्वको जानते हैं। अतः अमङ्गलकी हेतुताका अभाव होनेसे अद्वयता ही मङ्गलमयी है—यह इसका तात्पर्य है॥ ३४॥

इस रहस्यके साक्षी कौन थे?

तदेतत्सम्यग्दर्शनं स्तूयते—

अब इस सम्यग्ज्ञानकी स्तुति की जाती है—

वीतरागभयक्रोधैर्मुनिभिर्वेदपारगैः ।
निर्विकल्पो ह्ययं दृष्टः प्रपञ्चोपशमोऽद्वयः॥ ३५॥

जिनके राग, भय और क्रोध निवृत्त हो गये हैं उन वेदके पारगामी मुनियोंद्वारा ही यह निर्विकल्प प्रपञ्चोपशम अद्वय तत्त्व देखा गया है॥ ३५॥

विगतरागभयद्वेषक्रोधादिसर्वदोषैः सर्वदा मुनिभिर्मननशीलैर्विवेकिभिर्वेदपारगैरवगतवेदार्थतत्त्वैर्ज्ञानिभिर्निर्विकल्पः सर्वविकल्पशून्योऽयमात्मा दृष्ट उपलब्धो वेदान्तार्थतत्परैः प्रपञ्चोपशमः— प्रपञ्चो द्वैतभेदविस्तारस्तस्योपशमोऽभावो यस्मिन्स आत्मा प्रपञ्चोपशमोऽत एवाद्वयो विगतदोषैरेव पण्डितैर्वेदान्तार्थतत्परैः संन्यासिभिः परमात्मा द्रष्टुं शक्यः, नान्यै रागादिकलुषितचेतोभिः स्वपक्षपातिदर्शनैस्तार्किकादिभिरित्यभिप्रायः ॥ ३५ ॥

जिनके राग, भय और क्रोधादि समस्त दोष निवृत्त हो गये हैं उन मुनियों अर्थात् सर्वदा मननशील विवेकियों और वेदके पारगामियों यानी वेदार्थके मर्मज्ञ वेदान्तार्थपरायण तत्त्वज्ञानियोंद्वारा यह सब प्रकारके विकल्पोंसे रहित निर्विकल्प और प्रपञ्चोपशम—द्वैतरूप भेदके विस्तारका नाम प्रपञ्च है उसकी जिसमें निवृत्ति हो जाती है वह आत्मा प्रपञ्चोपशम है—इसीलिये जो अद्वय है ऐसा यह आत्मा पण्डित यानी वेदान्तार्थमें तत्पर, दोषहीन संन्यासियोंद्वारा ही देखा जा सकता है। जिनके चित्त रागादि दोषसे दूषित हैं और जिनके दर्शन अपने पक्षका आग्रह करनेवाले हैं उन अन्य तार्किकादिको इस आत्माका साक्षात्कार नहीं हो सकता—यह इसका अभिप्राय है॥ ३५॥

तत्त्वदर्शनका आदेश

यस्मात्सर्वानर्थप्रशमरूपत्वादद्वयं शिवमभयम्—

क्योंकि सम्पूर्ण अनर्थोंका निवृत्तिस्थान होनेसे अद्वयत्व ही मङ्गलमय और अभयरूप है—

तस्मादेवं विदित्वैनमद्वैते योजयेत्स्मृतिम्।
अद्वैतं समनुप्राप्य जडवल्लोकमाचरेत्॥ ३६॥

इसलिये इस (आत्मतत्त्व)-को ऐसा जानकर अद्वैतमें मनोनिवेश करे और अद्वैततत्त्वको प्राप्तकर लोकमें जडवत् व्यवहार करे॥ ३६॥

अत एवं विदित्वैनमद्वैते स्मृतिं योजयेत्। अद्वैतावगमायैव स्मृतिं कुर्यादित्यर्थः। तच्चाद्वैतमवगम्याहमस्मि परं ब्रह्मेति विदित्वाशनायाद्यतीतं साक्षादपरोक्षादजमात्मानं सर्वलोकव्यवहारातीतं जडवल्लोकमाचरेत्। अप्रख्यापयन्नात्मानमहमेवंविध इत्यभिप्रायः॥ ३६॥

इसलिये इसे ऐसा जानकर अद्वैतमें मनोनिवेश करे; अर्थात् अद्वैतबोधके लिये ही चिन्तन करे और उस अद्वैतको जानकर अर्थात् 'मैं ही परब्रह्म हूँ' ऐसा ज्ञान प्राप्तकर, यानी सम्पूर्ण लोकव्यवहारसे शून्य, भोजनेच्छा आदिसे अतीत; साक्षात् अपरोक्ष अजन्मा आत्माको अनुभवकर लोकमें जडवत् आचरण करे। तात्पर्य यह है कि 'मैं ऐसा हूँ' इस प्रकार अपनेको प्रकट न करता हुआ व्यवहार करे॥ ३६॥

तत्त्वदर्शीका आचरण

कया चर्यया लोकमाचरेदित्याह—

लोकमें कैसे व्यवहारसे आचरण करे? इसपर कहते हैं—

निस्तुतिर्निर्नमस्कारो निःस्वधाकार एव च।
चलाचलनिकेतश्च यतिर्यादृच्छिको भवेत्॥ ३७॥

यतिको स्तुति, नमस्कार और स्वधाकार (पैत्रकर्म)-से रहित हो चल (शरीर) और अचल (आत्मा)-में ही विश्राम करनेवाला होकर यादृच्छिक (अनायासलब्ध वस्तुद्वारा सन्तुष्ट रहनेवाला) हो जाना चाहिये॥ ३७॥

स्तुतिनमस्कारादिसर्वकर्मवर्जितस्त्यक्तसर्वबाह्यैषणः प्रतिपन्नपरमहंसपारिव्राज्य इत्यभिप्रायः—

स्तुति-नमस्कारादि सम्पूर्ण कर्मोंसे रहित तथा बाह्य एषणाओंका त्यागी हो, अर्थात् "निश्चय इस उस आत्माको जानकर" इत्यादि श्रुति और "जिनकी

"एतं वै तमात्मानं विदित्वा" (बृ० उ० ३ । ५ । १) इत्यादिश्रुतेः; "तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः" (गीता ५ । १७) इत्यादिस्मृतेश्च—चलं शरीरं प्रतिक्षणमन्यथाभावात्, अचलमात्मतत्त्वम्, यदाकदाचिद्भोजनादिव्यवहारनिमित्तमाकाशवदचलं स्वरूपमात्मतत्त्वमात्मनो निकेतमाश्रयमात्मस्थितिं विस्मृत्याहमिति मन्यते यदा तदा चलो देहो निकेतो यस्य सोऽयमेवं चलाचलनिकेतो विद्वान्न पुनर्बाह्यविषयाश्रयः; स च यादृच्छिको भवेत्। यदृच्छाप्राप्तकौपीनाच्छादनग्रासमात्रदेहस्थितिरित्यर्थः ॥ ३७ ॥

बुद्धि, आत्मा और निष्ठा उसीमें लगी हुई हैं तथा जो उसीके शरणापन्न हैं" इस स्मृतिके अनुसार परमहंस पारिव्राज्य भावको प्राप्त हो—प्रतिक्षण अन्यथा भावको प्राप्त होनेवाला होनेसे 'चल' शरीरको कहते हैं तथा 'अचल' आत्मतत्त्वका नाम है—इस प्रकार जब-तब भोजनादि व्यवहारके निमित्तसे आकाशके समान अविचल अपने स्वरूपभूत आत्मतत्त्वको जो अपना निकेत यानी आश्रय है उसे अर्थात् आत्मस्थितिको भूलकर जब 'मैं हूँ' इस प्रकार अभिमान करता है, उस समय 'चल' यानी शरीर ही जिसका निकेत है—इस प्रकार विद्वान् चलाचलनिकेत होकर अर्थात् फिर बाह्य विषयोंका आश्रय न करके यादृच्छिक हो जाय; तात्पर्य यह कि अनायास ही प्राप्त हुए कौपीन, आच्छादन और ग्रासमात्रसे जिसकी देहस्थिति है—ऐसा हो जाय ॥ ३७ ॥

अविचल तत्त्वनिष्ठाका विधान

तत्त्वमाध्यात्मिकं दृष्ट्वा तत्त्वं दृष्ट्वा तु बाह्यतः।
तत्त्वीभूतस्तदारामस्तत्त्वादप्रच्युतो भवेत् ॥ ३८ ॥

[फिर वह विवेकी पुरुष] आध्यात्मिक तत्त्वको देखकर और बाह्य तत्त्वका भी अनुभव कर, तत्त्वीभूत और तत्त्वमें ही रमण करनेवाला होकर तत्त्वसे च्युत न हो ॥ ३८ ॥

बाह्यं पृथिव्यादितत्त्वम् आध्यात्मिकं च देहादिलक्षणं रज्जुसर्पादिवत्स्वप्नमायादिवच्च असत् "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" (छा० उ० ६ । १ । ४) इत्यादिश्रुतेः । आत्मा च सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजोऽपूर्वोऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्न आकाशवत्सर्वगतः सूक्ष्मोऽचलो निर्गुणो निष्कलो निष्क्रियः "तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि" (छा० उ० ६ । ८ । १६) इति श्रुतेः । इत्येवं तत्त्वं दृष्ट्वा तत्त्वीभूतस्तदारामो न बाह्यरमणो यथातत्त्वदर्शी कश्चिच्चित्तमात्मत्वेन प्रतिपन्नश्चित्त-चलनमनु चलितमात्मानं मन्यमानस्तत्त्वाच्चलितं देहादि-भूतमात्मानं कदाचिन्मन्यते प्रच्युतोऽहमात्मतत्त्वादिदानीमिति; समाहिते तु मनसि कदाचित्तत्त्वभूतं प्रसन्नात्मानं मन्यत इदानीमस्मि तत्त्वीभूत इति; न तथात्मविद्भवेत् । आत्मन एकरूपत्वात् स्वरूपप्रच्यवनासम्भवाच्च । सदैव ब्रह्मास्मीत्यप्रच्युतो भवेत्-

पृथिवी आदि बाह्य तत्त्व और देहादिरूप आध्यात्मिक तत्त्व "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" इत्यादि श्रुतिके अनुसार रज्जुसर्पादिके समान एवं स्वप्न या मायाके समान मिथ्या हैं; तथा "वह सत्य है, वह आत्मा है और वही तू है" इस श्रुतिके अनुसार आत्मा बाहर-भीतर विद्यमान, अजन्मा, कारणरहित, कार्यरहित, अन्तर्बाह्यशून्य, परिपूर्ण, आकाशके समान सर्वगत, सूक्ष्म, अचल, निर्गुण, निष्कल और निष्क्रिय है। इस प्रकार तत्त्वका साक्षात्कार कर तत्त्वीभूत और उसीमें रमण करनेवाला होकर अर्थात् बाह्यरत न होकर; जिस प्रकार मनको ही आत्मा माननेवाला कोई अतत्त्वदर्शी पुरुष किसी समय चित्तके चञ्चल होनेपर आत्माको भी चलायमान मानकर अपनेको तत्त्वसे विचलित और देहादिरूप समझकर मानता है कि इस समय मैं तत्त्वसे च्युत हो गया हूँ तथा किसी समय चित्तके समाहित होनेपर अपनेको तत्त्वीभूत और प्रसन्न समझकर मानता है कि इस समय मैं तत्त्वस्थ हूँ उसी प्रकार आत्मवेत्ताको न हो जाना चाहिये; क्योंकि आत्मा सर्वदा एकरूप है और उसका स्वरूपसे च्युत होना भी सम्भव

तत्त्वात्सदाप्रच्युतात्मतत्त्वदर्शनो भवेदित्यभिप्रायः "शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः" (गीता १२। १८) "समं सर्वेषु भूतेषु" (गीता १३ । २७) इत्यादिस्मृतेः ॥ ३८ ॥

नहीं है। अतः वह सदा ही "मैं ब्रह्म हूँ" ऐसा निश्चयकर तत्त्वसे च्युत न हो; तात्पर्य यह कि सदा ही अच्युत आत्मदर्शी हो, जैसा कि "कुत्ते और चाण्डालमें भी विद्वानोंकी समान दृष्टि होती है" तथा "सम्पूर्ण भूतोंमें समान भावसे स्थित" आदि स्मृतियोंसे प्रमाणित होता है ॥ ३८ ॥

इति श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीशङ्करभगवतः कृतौ गौडपादीयागमशास्त्रभाष्ये वैतथ्याख्यं द्वितीयं प्रकरणम् ॥ २ ॥

॥ हरिः ॐ तत्सत् ॥

अद्वैतप्रकरण

ओङ्कारनिर्णय उक्तः प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत आत्मेति प्रतिज्ञामात्रेण। ज्ञाते द्वैतं न विद्यत इति च। तत्र द्वैताभावस्तु वैतथ्यप्रकरणेन स्वप्नमायागन्धर्वनगरादिदृष्टान्तैर्दृश्यत्वाद्यन्तवत्त्वादिहेतुभिस्तर्केण च प्रतिपादितः। अद्वैतं किमागममात्रेण प्रतिपत्तव्यमाहोस्वित्तर्केणापीत्यत आह—शक्यते तर्केणापि ज्ञातुम्; तत्कथमित्यद्वैतप्रकरणमारभ्यते। उपास्योपासनादिभेदजातं सर्वं वितथं केवलश्चात्माद्वयः परमार्थ इति स्थितमतीते प्रकरणे; यतः—

[आगमप्रकरणमें] ओङ्कारका निर्णय करते समय यह बात केवल प्रतिज्ञामात्रसे कही है कि आत्मा प्रपञ्चका निवृत्तिस्थान शिव और अद्वैतस्वरूप है तथा ज्ञान हो जानेपर द्वैत नहीं रहता। फिर वैतथ्यप्रकरणमें स्वप्न, माया और गन्धर्वनगरादिके दृष्टान्तोंसे दृश्यत्व एवं आदि-अन्तवत्त्व आदि हेतुओंद्वारा तर्कसे भी द्वैतके अभावका प्रतिपादन किया गया। किन्तु वह अद्वैत क्या शास्त्रमात्रसे ही ज्ञातव्य है अथवा तर्कसे भी जाना जा सकता है? इसपर कहते हैं—तर्कसे भी जाना जा सकता है। सो किस प्रकार? इसी बातको बतलानेके लिये अद्वैतप्रकरणका आरम्भ किया जाता है। उपास्य और उपासना आदि सम्पूर्ण भेद मिथ्या है, केवल आत्मा ही अद्वय परमार्थस्वरूप है—यह बात पिछले प्रकरणमें निश्चित हुई है; क्योंकि—

भेददर्शी कृपण है

उपासनाश्रितो धर्मो जाते ब्रह्मणि वर्तते।
प्रागुत्पत्तेरजं सर्वं तेनासौ कृपणः स्मृतः॥ १॥

उपासनाका आश्रय लेनेवाला जीव कार्यब्रह्ममें ही रहता है [अर्थात् उसे ही अपना उपास्य मानता है और समझता है कि] उत्पत्तिसे पूर्व ही सब अज [अर्थात् अजन्मा ब्रह्मस्वरूप] था। इसलिये वह कृपण (दीन) माना गया है॥ १॥

उपासनाश्रित उपासनामात्मनो मोक्षसाधनत्वेन गत उपासकोऽहं ममोपास्यं ब्रह्म। तदुपासनं कृत्वा जाते ब्रह्मणीदानीं वर्तमानोऽजं ब्रह्म शरीरपातादूर्ध्वं प्रतिपत्स्ये प्रागुत्पत्तेश्चाजमिदं सर्वमहं च। यदात्मकोऽहं प्रागुत्पत्तेरिदानीं जातो जाते ब्रह्मणि च वर्तमान उपासनया पुनस्तदेव प्रतिपत्स्य इत्येवमुपासनाश्रितो धर्मः साधको येनैवं क्षुद्रब्रह्मवित्तेनासौ कारणेन कृपणो दीनोऽल्पकः स्मृतो नित्याजब्रह्मदर्शिभिरित्यभिप्रायः। "यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते। तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते" (के० उ० १।४) इत्यादिश्रुतेस्तलवकाराणाम्॥ १॥

'उपासनाश्रितः'—उपासनाको अपने मोक्षके साधनरूपसे माननेवाला पुरुष अर्थात् 'मैं उपासक हूँ और ब्रह्म मेरा उपास्य है। उसकी उपासना करके इस समय कार्यब्रह्ममें रहता हुआ शरीरपातके अनन्तर मैं अजन्मा ब्रह्मको प्राप्त हो जाऊँगा तथा उत्पत्तिके पूर्व भी यह सब और मैं अजरूप ही थे। उत्पत्तिसे पूर्व मैं जैसा था अब उत्पन्न होकर जातब्रह्ममें वर्तमान हुआ अन्तमें उपासनाद्वारा मैं फिर उसी रूपको प्राप्त हो जाऊँगा'—इस प्रकार उपासनाका आश्रय लेनेवाला साधक जीव क्योंकि क्षुद्रब्रह्मवेत्ता है, इस कारणसे ही यह सर्वदा अजन्मा ब्रह्मका दर्शन करनेवाले महात्माओंद्वारा कृपण—दीन अर्थात् क्षुद्र माना गया है—यह इसका अभिप्राय है; जैसा कि "जो वाणीसे प्रकट नहीं होता बल्कि जिससे वाणी प्रकट होती है, वही ब्रह्म है—ऐसा जान; जिसकी तू उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है" इत्यादि तलवकारश्रुतिसे प्रमाणित होता है॥ १॥

अकार्पण्यनिरूपणकी प्रतिज्ञा

सबाह्याभ्यन्तरमजमात्मानं प्रतिपत्तुमशक्नुवन्नविद्यया दीनमात्मानं मन्यमानो जातोऽहं जाते

बाहर और भीतर वर्तमान अजन्मा आत्माको प्राप्त करनेमें असमर्थ होनेके कारण अविद्यावश अपनेको दीन माननेवाला पुरुष, क्योंकि 'मैं उत्पन्न

ब्रह्मणि वर्ते तदुपासनाश्रितः सन्ब्रह्म प्रतिपत्स्य इत्येवं प्रतिपन्नः कृपणो भवति यस्मात्—

हुआ हूँ, उत्पन्न हुए ब्रह्ममें ही वर्तमान हूँ और उसकी उपासनाका आश्रय लेकर ही ब्रह्मको प्राप्त होऊँगा, इस प्रकार माननेके कारण दीन है—

अतो वक्ष्याम्यकार्पण्यमजाति समतां गतम्।
यथा न जायते किञ्चिज्जायमानं समन्ततः॥ २॥

इसलिये अब मैं सर्वत्र समानभावको प्राप्त जन्मरहित अकृपणभाव-(अजन्मा ब्रह्म-)का वर्णन करता हूँ [जिससे यह समझमें आ जायगा कि] किस प्रकार सब ओर उत्पन्न होनेपर भी कुछ उत्पन्न नहीं हुआ॥ २॥

अतो वक्ष्याम्यकार्पण्यमकृपण-भावमजं ब्रह्म। तद्धि कार्पण्यास्पदम् "यत्रान्योऽन्यत्पश्यत्यन्यच्छृणोत्यन्य-द्विजानाति तदल्पं मर्त्यमसत्" (छा० उ० ७। २४। १) "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" (छा० उ० ६। १। ४) इत्यादिश्रुतिभ्यः। तद्विपरीतं सबाह्याभ्यन्तरमजमकार्पण्यं भूमाख्यं ब्रह्म। यत्प्राप्याविद्या-कृतसर्वकार्पण्यनिवृत्तिस्तदकार्पण्यं वक्ष्यामीत्यर्थः।

इसलिये मैं अकार्पण्य अकृपणभाव अर्थात् अजन्मा ब्रह्मका वर्णन करता हूँ। "जहाँ अन्य अन्यको देखता है, अन्यको सुनता है और अन्यको ही जानता है वह अल्प है, वह मरणशील और असत् है" "विकार वाणीसे आरम्भ होनेवाला नाममात्र है" इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार उपर्युक्त जातब्रह्म तो कृपणताका ही आश्रय है। उससे विपरीत बाहर-भीतर वर्तमान अजन्मा भूमासंज्ञक ब्रह्म अकार्पण्यरूप है, जिसे प्राप्त होनेपर अविद्याकृत सम्पूर्ण कृपणताकी निवृत्ति हो जाती है; उस कृपणभावसे रहित ब्रह्मका मैं वर्णन करूँगा—यह इसका तात्पर्य है।

तदजाति, अविद्यमाना जातिरस्य समतां गतं सर्वसाम्यं गतम्। कस्मात्?

वह अजाति अर्थात् जिसकी जाति न हो और समताको प्राप्त अर्थात् सबकी समानताको प्राप्त है। ऐसा क्यों है?

अवयववैषम्याभावात्। यद्धि सावयवं वस्तु तदवयववैषम्यं गच्छज्जायत इत्युच्यते। इदं तु निरवयवत्वात् समतां गतमिति न कैश्चिदवयवैः स्फुटत्यतोऽजात्यकार्पण्यम्। समन्ततः समन्ताद्यथा न जायते किञ्चिदल्पमपि न स्फुटति रज्जुसर्पवदविद्याकृतदृष्ट्या जायमानं येन प्रकारेण न जायते सर्वतोऽजमेव ब्रह्म भवति तथा तं प्रकारं शृण्वित्यर्थः॥ २॥

क्योंकि उसमें अवयवोंकी विषमताका अभाव है। जो वस्तु सावयव होती है वह अवयवोंकी विषमताको प्राप्त होनेके कारण 'उत्पन्न होती है' ऐसे कही जाती है। किन्तु यह ब्रह्म तो निरवयव होनेके कारण समताको प्राप्त है, इसलिये किन्हीं भी अवयवोंके रूपमें प्रस्फुटित नहीं होता। अतः यह सब ओरसे अजाति अर्थात् अकार्पण्यरूप है। जिस प्रकार कि कुछ भी उत्पन्न नहीं होता अर्थात् रज्जु-सर्पके समान आविद्यकदृष्टिसे उत्पन्न होता हुआ भी जिस प्रकार उत्पन्न नहीं होता—सब ओर अजन्मा ब्रह्म ही रहता है उस प्रकारको श्रवण करो—यह इसका अभिप्राय है॥ २॥

जीवकी उत्पत्तिके विषयमें दृष्टान्त

अजाति ब्रह्माकार्पण्यं वक्ष्यामीति प्रतिज्ञातम्। तत्सिद्ध्यर्थं हेतुं दृष्टान्तं च वक्ष्यामीत्याह—

मैं अजन्मा ब्रह्मका जो कृपणभावसे रहित है, वर्णन करता हूँ—ऐसी प्रतिज्ञा की है। उसकी सिद्धिके लिये हेतु और दृष्टान्त भी बतलाता हूँ—इस अभिप्रायसे कहते हैं—

आत्मा ह्याकाशवज्जीवैर्घटाकाशैरिवोदितः।
घटादिवच्च संघातैर्जातावेतन्निदर्शनम्॥ ३॥

आत्मा आकाशके समान है; वह घटाकाशोंके समान जीवरूपसे उत्पन्न हुआ है। तथा [मृत्तिकासे] घटादिके समान देहसंघातरूपसे भी उत्पन्न हुआ कहा जाता है। आत्माकी उत्पत्तिके विषयमें यही दृष्टान्त है॥ ३॥

आत्मा परो हि यस्मादाकाशवत्सूक्ष्मो निरवयवः सर्वगत आकाशवदुक्तो जीवैः क्षेत्रज्ञैर्घटाकाशैरिव घटाकाशतुल्य उदित उक्तः स एवाकाशसमः पर आत्मा।

क्योंकि परमात्मा ही आकाशवत् अर्थात् आकाशके समान सूक्ष्म निरवयव और सर्वगत कहा गया है और वही घटाकाशसदृश क्षेत्रज्ञ जीवोंके रूपमें उत्पन्न हुआ कहा गया है, इसलिये वह परमात्मा ही आकाशके समान है।

अथ वा घटाकाशैर्यथाकाश उदित उत्पन्नस्तथा परो जीवात्मभिरुत्पन्नः। जीवात्मनां परस्मादात्मन उत्पत्तिर्या श्रूयते वेदान्तेषु सा महाकाशाद्घटाकाशोत्पत्तिसमा न परमार्थत इत्यभिप्रायः।

अथवा यों समझो कि जिस प्रकार घटाकाशोंके रूपमें आकाश उत्पन्न हुआ है उसी प्रकार परमात्मा जीवात्माओंके रूपसे उत्पन्न हुआ है। तात्पर्य यह है कि वेदान्तोंमें जो परमात्मासे जीवात्माओंकी उत्पत्ति सुनी जाती है वह महाकाशसे घटाकाशोंकी उत्पत्तिके समान है, परमार्थतः नहीं।

तस्मादेवाकाशाद्घटादयः संघाता यथोत्पद्यन्त एवमाकाशस्थानीयात्परमात्मनः पृथिव्यादिभूतसंघाता आध्यात्मिकाश्च कार्यकरणलक्षणा रज्जुसर्पवद्विकल्पिता जायन्ते। अत उच्यते घटादिवच्च संघातैरुदित इति। यदा मन्दबुद्धिप्रतिपिपादयिषया श्रुत्यात्मनो जातिरुच्यते जीवादीनां तदा जातावुपगम्यमानायामेतन्निदर्शनं दृष्टान्तो यथोदिताकाशवदित्यादिः॥ ३॥

उसी आकाशसे जिस प्रकार घट आदि संघात उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार आकाशस्थानीय परमात्मासे रज्जुमें सर्पके समान विकल्पित हुए पृथिवी आदि भूतसंघात और शरीर तथा इन्द्रियरूप आध्यात्मिकभाव उत्पन्न होते हैं। इसीसे कहा जाता है—घटादिके समान देहादिसंघातरूपसे भी उदित हुआ है। जिस समय मन्दबुद्धि पुरुषोंके प्रति प्रतिपादन करनेकी इच्छासे श्रुतिने आत्मासे जीवादिकी उत्पत्तिका वर्णन किया है उस समय उनकी उत्पत्ति माननेमें यह उपर्युक्त आकाशादिके समान ही निदर्शन-दृष्टान्त है॥ ३॥

जीवके विलीन होनेमें दृष्टान्त

घटादिषु प्रलीनेषु घटाकाशादयो यथा।
आकाशे संप्रलीयन्ते तद्वज्जीवा इहात्मनि॥ ४॥

घटादिके लीन होनेपर जिस प्रकार घटाकाशादि महाकाशमें लीन हो जाते हैं उसी प्रकार जीव इस आत्मामें विलीन हो जाते हैं॥ ४॥

यथा घटाद्युत्पत्त्या घटाकाशाद्युत्पत्तिः; यथा वा घटादिप्रलये घटाकाशादिप्रलयस्तद्वद्देहादिसंघातोत्पत्त्या जीवोत्पत्तिस्तत्प्रलये च जीवानामिहात्मनि प्रलयो न स्वत इत्यर्थः॥ ४॥

जिस प्रकार घटादिकी उत्पत्तिसे घटाकाशादिकी उत्पत्ति होती है और जिस प्रकार घटादिके नाशसे घटाकाशादिका नाश होता है उसी प्रकार देहादि* संघातकी उत्पत्तिसे जीवकी उत्पत्ति होती है और उनका लय होनेपर जीवोंका इस आत्मामें लय हो जाता है। तात्पर्य यह है कि स्वतः उनका लय नहीं होता॥ ४॥

आत्माकी असङ्गतामें दृष्टान्त

सर्वदेहेष्वात्मैकत्व एकस्मिञ्जननमरणसुखादिमत्यात्मनि सर्वात्मनां तत्सम्बन्धः क्रियाफलसाङ्कर्यं च स्यादिति य आहुर्द्वैतिनस्तान्प्रतीदमुच्यते—

सम्पूर्ण देहोंमें एक ही आत्मा होनेपर तो एक आत्माके जन्म-मरण और सुख-दुःखादिमान् होनेपर सभीको उसका सम्बन्ध होगा तथा कर्म और फलकी संकरता हो जायगी [अर्थात् कर्म किसीका होगा और उसका फल कोई और ही भोगेगा] इस प्रकार जो द्वैतवादी कहते हैं उनके प्रति कहा जाता है—

* यहाँ 'देह' शब्दसे लिङ्ग-देह समझना चाहिये, क्योंकि जीवत्वका नाश लिङ्ग-देहके नाशसे ही हो सकता है, स्थूल-देहके नाशसे नहीं।

यथैकस्मिन्घटाकाशे रजोधूमादिभिर्युते।
न सर्वे संप्रयुज्यन्ते तद्वज्जीवाः सुखादिभिः॥ ५॥

जिस प्रकार एक घटाकाशके धूलि और धुएँ आदिसे युक्त होनेपर समस्त घटाकाश उनसे युक्त नहीं होते उसी प्रकार जीव भी सुखादि धर्मोंसे लिप्त नहीं होते। [अर्थात् एक जीवके सुखादिमान् होनेपर सब जीव सुखादिमान् नहीं हो जाते] ॥ ५॥

यथैकस्मिन्घटाकाशे रजोधूमादिभिर्युते संयुक्ते न सर्वे घटाकाशादयस्तद्रजोधूमादिभिः संयुज्यन्ते तद्वज्जीवाः सुखादिभिः।

जिस प्रकार एक घटाकाशके धूलि और धुएँसे युक्त होनेपर समस्त घटाकाशादि उस धूलि और धुएँसे संयुक्त नहीं होते उसी प्रकार जीव भी सुखादिसे लिप्त नहीं होते।

नन्वेक एवात्मा?

पूर्व०—आत्मा तो एक ही है न?

बाढम्; ननु न श्रुतं त्वयाकाशवत्सर्वसंघातेष्वेक एवात्मेति?

सिद्धान्ती—हाँ, क्या तूने यह नहीं सुना कि सम्पूर्ण संघातोंमें आकाशके समान व्याप्त एक ही आत्मा है?

यद्येक एवात्मा तर्हि सर्वत्र सुखी दुःखी च स्यात्।

पूर्व०—यदि आत्मा एक ही है तो वह सर्वत्र सुखी-दुःखी होगा।

आत्मैकत्वे सांख्याक्षेप-निवृत्तिः — **न चेदं सांख्यचोद्यं सम्भवति। न हि सांख्य आत्मनः सुखदुःखादिमत्त्वमिच्छति बुद्धिसमवायाभ्युपगमात्सुखदुःखादीनाम्। न चोपलब्धिस्वरूपस्यात्मनो भेदकल्पनायां प्रमाणमस्ति।**

सिद्धान्ती—सांख्यवादीकी यह आपत्ति सम्भव नहीं है। सांख्य आत्माका सुख-दुःखादिमत्त्व स्वीकार नहीं करता, क्योंकि सुख-दुःखादि तो बुद्धिसमवेत माने गये हैं तथा इसके सिवा अनुभव-स्वरूप आत्माकी भेदकल्पनामें कोई प्रमाण भी नहीं है।

भेदाभावे प्रधानस्य पारार्थ्यानुपपत्तिरिति चेत्, न;

यदि कहो कि भेद न होनेपर तो प्रधानकी परार्थता भी सम्भव नहीं है, तो

प्रधानकृतस्यार्थस्यात्मन्यसमवायात् । यदि हि प्रधानकृतो बन्धो मोक्षो वार्थः पुरुषेषु भेदेन समवैति ततः प्रधानस्य पारार्थ्यमात्मैकत्वे नोपपद्यत इति युक्ता पुरुषभेदकल्पना। न च सांख्यैर्बन्धो मोक्षो वार्थः पुरुषसमवेतोऽभ्युपगम्यते। निर्विशेषाश्च चेतनमात्रा आत्मानोऽभ्युपगम्यन्ते। अतः पुरुषसत्तामात्रप्रयुक्तमेव प्रधानस्य पारार्थ्यं सिद्धं न तु पुरुषभेदप्रयुक्तमिति। अतः पुरुषभेदकल्पनायां न प्रधानस्य पारार्थ्यं हेतुः।

ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि प्रधानद्वारा सम्पादित कार्यका आत्माके साथ सम्बन्ध नहीं है। यदि प्रधानकर्तृक बन्ध या मोक्ष पुरुषोंमें पृथक्-पृथक्-रूपसे समवेत होते तो आत्माका एकत्व माननेमें प्रधानकी परार्थता सम्भव नहीं हो सकती थी और तब पुरुषोंके भेदकी कल्पना करनी ठीक थी। किन्तु सांख्यवादी तो बन्ध या मोक्षको पुरुषसे सम्बद्ध ही नहीं मानते; वे तो आत्माओंको निर्विशेष और चेतनमात्र ही मानते हैं। अतः प्रधानकी परार्थता तो केवल पुरुषकी सत्तामात्रसे ही सिद्ध है, पुरुषोंके भेदके कारण नहीं। इसलिये पुरुषोंकी भेदकल्पनामें प्रधानकी परार्थता कारण नहीं है।

न चान्यत्पुरुषभेदकल्पनायां प्रमाणमस्ति सांख्यानाम्। परसत्तामात्रमेव चैतन्निमित्तीकृत्य स्वयं बध्यते मुच्यते च प्रधानम्। परश्चोपलब्धिमात्रसत्तास्वरूपेण प्रधानप्रवृत्तौ हेतुर्न केनचिद्विशेषेणेति केवलमूढतयैव पुरुषभेदकल्पना वेदार्थपरित्यागश्च।

इसके सिवा सांख्यवादियोंके पास पुरुषोंका भेद माननेमें और कोई प्रमाण नहीं है। पर (आत्मा)-की सत्तामात्रको ही निमित्त बनाकर प्रधान स्वयं बन्ध और मोक्षको प्राप्त होता है और वह पर केवल उपलब्धिमात्र सत्तास्वरूपसे ही प्रधानकी प्रवृत्तिमें हेतु है, किसी विशेषताके कारण नहीं। अतः केवल मूढ़तासे ही पुरुषोंकी भेदकल्पना और वेदार्थका परित्याग किया जाता है।

वैशेषिकमत-समीक्षा

ये त्वाहुर्वैशेषिकादय इच्छादय आत्मसमवायिन इति; तदप्यसत्।

इसके सिवा वैशेषिकादि मतावलम्बी जो कहते हैं कि इच्छा आदि आत्माके धर्म हैं, सो उनका यह कथन भी ठीक

स्मृतिहेतूनां संस्काराणामप्रदेशवत्यात्मन्यसमवायात् । आत्ममनःसंयोगाच्च स्मृत्युत्पत्तेः स्मृतिनियमानुपपत्तिः । युगपद्वा सर्वस्मृत्युत्पत्तिप्रसङ्गः ।

नहीं है, क्योंकि स्मृतिके हेतुभूत संस्कारोंका प्रदेशहीन (निरवयव) आत्मासे समवाय सम्बन्ध नहीं हो सकता। यदि आत्मा और मनके संयोगसे स्मृतिकी उत्पत्ति मानी जाय तो स्मृतिका कोई नियम ही सम्भव नहीं है अथवा एक साथ ही सम्पूर्ण स्मृतियोंकी उत्पत्तिका प्रसङ्ग उपस्थित हो जायगा।[1]

मन आदिभिः आत्मसंयोगानुपपत्तिः

न च भिन्नजातीयानां स्पर्शादिहीनानामात्मनां मन आदिभिः सम्बन्धो युक्तः। न च द्रव्याद्रूपादयो गुणाः कर्मसामान्यविशेषसमवाया वा भिन्नाः सन्ति परेषाम्। यदि ह्यत्यन्तभिन्ना एव

इसके सिवा स्पर्शादिसे रहित भिन्नजातीय आत्माओंका मन आदिके साथ सम्बन्ध मानना ठीक भी नहीं है। तथा दूसरोंके मतमें द्रव्यसे रूप आदि उसके गुण एवं कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय भिन्न भी नहीं हैं[2] यदि दूसरोंके मतमें वे इच्छा आदि द्रव्यसे तथा आत्मासे अत्यन्त भिन्न ही हों तो

---

१. उस समय ऐसा नियम नहीं हो सकेगा कि वस्तुके प्रत्यक्ष अनुभवके समय उसकी स्मृति न हो, क्योंकि स्मृतिका असमवायी कारण आत्मा और मनका संयोग तो अनुभवकालमें भी है ही। इसके सिवा असमवायी कारणकी तुल्यताके कारण एक साथ समस्त स्मृतियोंकी उत्पत्तिका प्रसङ्ग भी उपस्थित हो जायगा। यदि कहो कि स्मृतिके संस्कारोंका उद्बोध न होनेके कारण एक साथ स्मृति नहीं हो सकती तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि संस्कार और उनका उद्बोध ये दोनों आत्मामें ही रहते हैं—इस विषयमें उनका एक मत नहीं है। इसलिये इनकी गणना स्मृतिकी सामग्रीके अन्तर्गत नहीं हो सकती।

२. वैशेषिक मतमें साधारणतया द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय—ये छः प्रकारके भाव पदार्थ हैं। उनमें द्रव्य उसे कहते हैं जिसके साथ गुण एवं क्रिया आदि समवाय-सम्बन्धसे रहें। गुण—रूप, रस एवं गन्ध आदिको कहते हैं। कर्म—गमनादि क्रिया। सामान्य—जाति, मनुष्यत्व, पशुत्वादि। विशेष—परमाणुओंका परस्पर भेद करनेवाला धर्म, जिसके कारण विभिन्न प्रकारके परमाणुओंसे विभिन्न प्रकारका कार्य उत्पन्न होता है। समवाय—एक प्रकारका सम्बन्ध जैसा कि गुण एवं क्रिया आदिका द्रव्यके साथ है।

द्रव्यात्स्युरिच्छादयश्चात्मनस्तथा च सति द्रव्येण तेषां सम्बन्धानुपपत्तिः।

अयुतसिद्धानां समवायलक्षणः सम्बन्धो न विरुध्यत इति चेत्, न। इच्छादिभ्योऽनित्येभ्य आत्मनो नित्यस्य पूर्वसिद्धत्वान्नायुतसिद्धत्वोपपत्तिः। आत्मनायुतसिद्धत्वे चेच्छादीनामात्मगतमहत्त्ववन्नित्यत्वप्रसङ्गः। स चानिष्टः। आत्मनोऽनिर्मोक्षप्रसङ्गात्।

समवायस्य च द्रव्यादन्यत्वे सति द्रव्येण सम्बन्धान्तरं वाच्यं यथा द्रव्यगुणयोः। समवायो नित्यसम्बन्ध एवेति न वाच्यमिति चेत्तथा च समवायसम्बन्धवतां नित्यसम्बन्धप्रसङ्गात्पृथक्त्वानुपपत्तिः।

ऐसा होनेपर तो द्रव्यके साथ उनका सम्बन्ध ही सिद्ध नहीं हो सकता।

यदि कहो कि अयुतसिद्ध[1] पदार्थोंका समवाय-सम्बन्ध माननेमें विरोध नहीं है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं;[2] क्योंकि इच्छा आदि अनित्य धर्मोंसे नित्य आत्मा पूर्वसिद्ध होनेके कारण उनका परस्पर अयुतसिद्धत्व सम्भव नहीं है। यदि इच्छा आदि आत्माके साथ अयुतसिद्ध हों तो आत्मगत महत्त्वके समान उनकी भी नित्यताका प्रसङ्ग उपस्थित हो जायगा। और यह बात इष्ट नहीं है, क्योंकि इससे आत्माके अनिर्मोक्षका प्रसङ्ग आ जाता है।

यदि समवाय द्रव्यसे भिन्न है तो द्रव्यके साथ उसका कोई अन्य सम्बन्ध बतलाना चाहिये, जैसा कि द्रव्य और गुणका है। और यदि कोई कहे कि समवाय तो नित्यसम्बन्ध ही है, इसलिये उसके साथ कोई सम्बन्ध बतलानेकी आवश्यकता नहीं है तो ऐसी अवस्थामें समवाय-सम्बन्धवालोंका नित्यसम्बन्ध होनेके कारण उनकी पृथक्ता सम्भव नहीं है।

१- जो पदार्थ परस्पर मिलकर सिद्ध हुए हों।

२- अयुतसिद्धत्वमें चार पक्ष हैं—१-अभिन्नकालमें होना, २-अभिन्न देशमें होना, ३-अभिन्न स्वभाववाले होना, ४-संयोग और वियोगकी अयोग्यतावाले होना। उनमेंसे प्रथम पक्षका खण्डन करते हैं—

अत्यन्तपृथक्त्वे च द्रव्यादीनां स्पर्शवदस्पर्शद्रव्ययोरिव षष्ठ्यर्थानुपपत्तिः।

आत्मनो व्यावहारिकबन्धमोक्षाद्युपपादनम्

इच्छाद्युपजनापायवद्गुणवत्त्वे चात्मनोऽनित्यत्वप्रसङ्गः। देहफलादिवत्सावयवत्वं विक्रियावत्त्वं च देहादिवदेवेति दोषावपरिहार्यौ। यथा त्वाकाशस्याविद्याध्यारोपितरजोधूममलवत्त्वादिदोषवत्त्वं तथात्मनोऽविद्याध्यारोपितबुद्ध्याद्युपाधिकृतसुखदुःखादिदोषवत्त्वं बन्धमोक्षादयो व्यावहारिका न विरुध्यन्ते। सर्ववादिभिरविद्याकृतव्यवहाराभ्युपगमात्परमार्थानभ्युपगमाच्च। तस्मादात्मभेदपरिकल्पना वृथैव तार्किकैः क्रियत इति॥ ५॥

और यदि द्रव्यादिको परस्पर अत्यन्त भिन्न माना जाय तो जिस प्रकार स्पर्शवान् और स्पर्शहीन द्रव्योंमें परस्पर सम्बन्ध होना सम्भव नहीं है उसी प्रकार उसका सम्बन्ध ही नहीं हो सकता।

यदि आत्माको इच्छादि उत्पत्ति-विनाशशील गुणोंवाला माना जाय तो उसकी अनित्यताका प्रसंग उपस्थित हो जायगा तथा उसके देह और फलादिके समान सावयवत्व एवं देहादिके समान ही विक्रियावत्त्व—ये दो दोष भी अपरिहार्य ही होंगे। जिस प्रकार कि आकाशका अविद्याध्यारोपित घटादि उपाधियोंके कारण ही धूलि, धूम और मलसे युक्त होना है उसी प्रकार आत्माका भी, अविद्यासे आरोपित बुद्धि आदि उपाधिके कारण सुख-दुःखादि दोषसे युक्त होनेपर, व्यावहारिक बन्ध, मोक्ष आदि होनेमें कोई विरोध नहीं है; क्योंकि सभी वादियोंने व्यवहारको अविद्याकृत माना है, परमार्थरूप नहीं माना। अतः तार्किकलोग जीवोंके भेदकी कल्पना वृथा ही करते हैं॥ ५॥

व्यावहारिक जीवभेद

कथं पुनरात्मभेदनिमित्त इव व्यवहार एकस्मिन्नात्मन्यविद्याकृत उपपद्यत इति, उच्यते—

किन्तु एक ही आत्मामें, आत्माओंके भेदके कारण होनेवालेके समान अविद्याकृत व्यवहार किस प्रकार सम्भव है? इसपर कहते हैं—

रूपकार्यसमाख्याश्च भिद्यन्ते तत्र तत्र वै।
आकाशस्य न भेदोऽस्ति तद्वज्जीवेषु निर्णयः॥ ६॥

[घटादि उपाधियोंके कारण प्रतीत होनेवाले] भिन्न-भिन्न आकाशोंके रूप, कार्य और नामोंमें तो भेद है, परन्तु आकाशमें तो कोई भेद नहीं है। उसी प्रकार जीवोंके विषयमें भी निश्चय समझना चाहिये॥ ६॥

यथेहाकाश एकस्मिन्घटकरकापवरकाद्याकाशानामल्पत्वमहत्त्वादिरूपाणि भिद्यन्ते तथा कार्यमुदकाहरणधारणशयनादिसमाख्याश्च घटाकाशकरकाकाश इत्याद्यास्तत्कृताश्च भिन्ना दृश्यन्ते। तत्र तत्र वै व्यवहारविषय इत्यर्थः। सर्वोऽयमाकाशे रूपादिभेदकृतो व्यवहारो न परमार्थ एव। परमार्थतस्त्वाकाशस्य न भेदोऽस्ति। न चाकाशभेदनिमित्तो व्यवहारोऽस्त्यन्तरेण परोपाधिकृतं द्वारम्। यथैतत्तद्वद्देहोपाधिभेदकृतेषु जीवेषु घटाकाशस्थानीयेष्वात्मसु निरूपणात्कृतो बुद्धिमद्भिर्निर्णयो निश्चय इत्यर्थः॥ ६॥

जिस प्रकार इस एक ही आकाशमें घट, कमण्डलु और मठादि आकाशोंके अल्पत्व-महत्त्वादि रूपोंमें भेद है, तथा जहाँ-तहाँ व्यवहारमें उनके किये हुए जल लाना, जल धारण करना और शयन करना आदि कार्य एवं घटाकाश करकाकाश आदि नाम भिन्न-भिन्न देखे जाते हैं। किन्तु आकाशमें रूपादिके कारण होनेवाला यह सब व्यवहार पारमार्थिक ही नहीं है। परमार्थतः तो आकाशका कोई भेद नहीं है। अन्य उपाधिकृत निमित्तके सिवा वस्तुतः आकाशके भेदके कारण होनेवाला कोई व्यवहार है ही नहीं। जैसा कि यह [आकाशका भेद] है उसी प्रकार देहादि उपाधिके भेदसे किये हुए घटाकाशस्थानीय जीवोंमें भेदका निरूपण किया जानेके कारण बुद्धिमानोंने [उस भेदका अपारमार्थिकत्व] निश्चय किया है—यह इसका तात्पर्य है॥ ६॥

जीव आत्माका विकार या अवयव नहीं है

ननु तत्र परमार्थकृत एव घटाकाशादिषु रूपकार्यादिभेदव्यवहार इति? नैतदस्ति, यस्मात्

किन्तु घटाकाशादिमें जो रूप और कार्य आदिका भेद-व्यवहार है वह तो वास्तविक ही है? [ऐसी शंका होनेपर कहते हैं—] यह बात नहीं है, क्योंकि—

नाकाशस्य घटाकाशो विकारावयवौ यथा।
नैवात्मनः सदा जीवो विकारावयवौ तथा॥ ७॥

जिस प्रकार घटाकाश आकाशका विकार या अवयव नहीं है उसी प्रकार जीव भी आत्माका विकार या अवयव कभी नहीं है॥ ७॥

परमार्थाकाशस्य घटाकाशो न विकारः; यथा सुवर्णस्य रुचकादिर्यथा वापां फेनबुद्बुदहिमादिः; नाप्यवयवो यथा वृक्षस्य शाखादिः। न तथा आकाशस्य घटाकाशो विकारावयवौ यथा तथा नैवात्मनः परस्य परमार्थसतो महाकाशस्थानीयस्य घटाकाशस्थानीयो जीवः सदा सर्वदा यथोक्तदृष्टान्तवन्न विकारो नाप्यवयवः। अत आत्मभेदकृतो व्यवहारो मृषैवेत्यर्थः॥ ७॥

परमार्थाकाशका घटाकाश न तो विकार है, जैसे कि सुवर्णके रुचकादि आभूषण तथा जलके फेन, बुद्बुद और हिम आदि हैं, और न जैसे शाखादि वृक्षके अवयव हैं उस प्रकार उसका अवयव ही है। इसी तरह, जैसे कि महाकाशका घटाकाश विकार या अवयव नहीं है उसी प्रकार अर्थात् उपर्युक्त दृष्टान्तानुसार ही, महाकाशस्थानीय परमार्थ सत् परमात्माका घटाकाशस्थानीय जीव, किसी अवस्थामें विकार या अवयव नहीं है। अतः तात्पर्य यह है कि आत्मभेदजनित व्यवहार मिथ्या ही है॥ ७॥

आत्माकी मलिनता अज्ञानियोंकी दृष्टिमें है

यस्माद्यथा घटाकाशादिभेदबुद्धिनिबन्धनो रूपकार्यादि-

क्योंकि जिस प्रकार घटाकाशादि भेदबुद्धिके कारण उसका रूप एवं कार्य

भेदव्यवहारस्तथा देहोपाधिजीवभेदकृतो जन्ममरणादिव्यवहारः। तस्मात्तत्कृतमेव क्लेशकर्मफलमलवत्त्वमात्मनो न परमार्थत इत्येतमर्थं दृष्टान्तेन प्रतिपिपादयिषन्नाह—

आदि भेदव्यवहार है उसी प्रकार देहोपाधिक जीवभेदके कारण ही जन्म-मरण आदि व्यवहार है; इसलिये उसका किया हुआ ही आत्माका क्लेश, कर्मफल और मलसे युक्त होना है, परमार्थतः नहीं—इसी बातको दृष्टान्तसे प्रतिपादन करनेकी इच्छासे कहते हैं—

यथा भवति बालानां गगनं मलिनं मलैः।
तथा भवत्यबुद्धानामात्मापि मलिनो मलैः॥ ८॥

जिस प्रकार मूर्ख लोगोंको [धूलि आदि] मलके कारण आकाश मलिन जान पड़ता है उसी प्रकार अविवेकी पुरुषोंकी दृष्टिमें आत्मा भी [राग-द्वेषादि] मलसे मलिन हो जाता है॥ ८॥

यथा भवति लोके बालानामविवेकिनां गगनमाकाशं घनरजोधूमादिमलैर्मलिनं मलवन्न गगनं मलवद्याथात्म्यविवेकिनाम्, तथा भवत्यात्मा परोऽपि यो विज्ञाता प्रत्यक्क्लेशकर्मफलमलैर्मलिनोऽबुद्धानां प्रत्यगात्मविवेकरहितानां नात्मविवेकवताम्।

लोकमें जिस प्रकार बाल अर्थात् अविवेकी पुरुषोंकी दृष्टिमें आकाश मेघ, धूलि और धुआँ आदि मलोंके कारण मलिन—मलयुक्त हो जाता है, किन्तु आकाशके यथार्थ स्वरूपको जाननेवालोंकी दृष्टिमें ऐसा नहीं होता; उसी प्रकार अबुद्ध-प्रत्यगात्माके विवेकसे रहित पुरुषोंकी दृष्टिमें, जो प्रत्यक् और सबका साक्षी है वह परात्मा भी क्लेश, कर्म और फलरूप मलोंसे मलिन हो जाता है; किन्तु आत्मज्ञानियोंकी दृष्टिमें ऐसा नहीं होता।

नह्यूषरदेशस्तृड्वत्प्राण्यध्यारोपितोदकफेनतरङ्गादिमांस्तथा नात्मा-

तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार ऊसरदेश तृषित प्राणीके आरोपित किये हुए जलके फेन और तरङ्गादिसे युक्त नहीं होता उसी प्रकार आत्मा भी

बुधारोपितक्लेशादिमलैर्मलिनो भवतीत्यर्थः ॥ ८ ॥

अज्ञानियोंद्वारा आरोपित क्लेशादि मलोंसे मलिन नहीं होता ॥ ८ ॥

पुनरप्युक्तमेवार्थं प्रपञ्चयति—

फिर भी पूर्वोक्त अर्थका ही विस्तार कहते हैं—

मरणे सम्भवे चैव गत्यागमनयोरपि।
स्थितौ सर्वशरीरेषु आकाशेनाविलक्षणः ॥ ९ ॥

यह आत्मा सम्पूर्ण शरीरोंमें मृत्यु, जन्म, लोकान्तरमें गमनागमन और स्थित रहनेमें भी आकाशसे अविलक्षण है। [अर्थात् इन सब व्यवहारोंमें रहते हुए भी यह आकाशके समान निर्विकार और विभु है] ॥ ९ ॥

घटाकाशजन्मनाशगमनागमन-स्थितिवत्सर्वशरीरेष्वात्मनो जन्ममरणादिराकाशेनाविलक्षणः प्रत्येतव्य इत्यर्थः ॥ ९ ॥

घटाकाशके जन्म, नाश, गमन, आगमन और स्थितिके समान सम्पूर्ण शरीरोंमें आत्माके जन्म-मरणादिको आकाशसे अविलक्षण (भेदरहित) ही अनुभव करना चाहिये—यह इसका अभिप्राय है ॥ ९ ॥

संघाताः स्वप्नवत्सर्वे आत्ममायाविसर्जिताः।
आधिक्ये सर्वसाम्ये वा नोपपत्तिर्हि विद्यते ॥ १० ॥

देहादि समस्त संघात स्वप्नके समान आत्माकी मायासे ही रचे हुए हैं। उनके अपेक्षाकृत उत्कर्ष अथवा सबकी समानतामें भी कोई हेतु नहीं है ॥ १० ॥

घटादिस्थानीयास्तु देहादि-संघाताः स्वप्न-दृश्यदेहादिवन्मायाविकृतदेहादि-

घटादिस्थानीय देहादिसंघात स्वप्नमें दीखनेवाले देहादिके समान तथा मायावीके रचे हुए देहादिके सदृश

वच्चात्ममायाविसर्जिताः; आत्मनो मायाविद्या तया प्रत्युपस्थापिता न परमार्थतः सन्तीत्यर्थः। यद्याधिक्यमधिकभावस्तिर्यग्देहाद्यपेक्षया देवादिकार्यकरणसंघातानां यदि वा सर्वेषां समतैव नैषामुपपत्तिः सम्भवः सद्भावप्रतिपादको हेतुर्विद्यते नास्ति, हि यस्मात्तस्मादविद्याकृता एव न परमार्थतः सन्तीत्यर्थः ॥ १० ॥

आत्माकी मायासे ही रचे हुए हैं। तात्पर्य यह है कि आत्माकी माया जो अविद्या है उसके प्रस्तुत किये हुए हैं, परमार्थतः नहीं हैं। यदि तिर्यगादि देहोंकी अपेक्षा देवता आदिके शरीर और इन्द्रियोंकी अधिकता—उत्कृष्टता है अथवा यदि [तत्त्वदृष्टिसे] सबकी समानता ही है, तो भी, क्योंकि उनके सद्भावका प्रतिपादक कोई हेतु नहीं है, इसलिये वे अविद्याकृत ही हैं, परमार्थतः नहीं हैं—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ १० ॥

उत्पत्त्यादिवर्जितस्याद्वयस्यात्मतत्त्वस्य श्रुतिप्रमाणकत्वप्रदर्शनार्थं वाक्यान्युपन्यस्यन्ते—

उत्पत्ति आदिसे रहित अद्वितीय आत्मतत्त्वका श्रुतिप्रमाणकत्व प्रदर्शित करनेके लिये [उपनिषद्के] वाक्योंका उल्लेख किया जाता है—

रसादयो हि ये कोशा व्याख्यातास्तैत्तिरीयके।
तेषामात्मा परो जीवः खं यथा संप्रकाशितः ॥ ११ ॥

तैत्तिरीय श्रुतिमें जिन रसादि [अन्नमयादि] कोशोंकी व्याख्या की गयी है, आकाशवत् परमात्मा ही उनके आत्मा जीवरूपसे प्रकाशित किया गया है॥ ११ ॥

रसादयोऽन्नरसमयः प्राणमय इत्येवमादयः कोशा इव कोशा अस्यादेरिवोत्तरोत्तरस्यापेक्षया

तैत्तिरीयकमें अर्थात् तैत्तिरीयक-शाखोपनिषद्वल्लीमें जिन रसादि—अन्नरसमय एवं प्राणमय इत्यादि कोशोंकी व्याख्या—स्पष्ट विवेचना की गयी है और जो उत्तरोत्तरकी अपेक्षा

बहिर्भावात्पूर्वपूर्वस्य व्याख्याता विस्पष्टमाख्यातास्तैत्तिरीयके तैत्तिरीयकशाखोपनिषद्वल्ल्यां तेषां कोशानामात्मा येनात्मना पञ्चापि कोशा आत्मवन्तोऽन्तरतमेन, स हि सर्वेषां जीवननिमित्तत्वाज्जीवः।

पूर्व-पूर्व बहिःस्थित होनेके कारण खड्गके कोशके समान कोश कहे गये हैं उन कोशोंका आत्मा, जिस अन्तरतम आत्माके कारण पाँचों कोश आत्मवान् हैं, वही सबके जीवनका निमित्त होनेके कारण 'जीव' कहलाता है।

कोऽसावित्याह—पर एवात्मा यः पूर्वं "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" (तै० उ० २।१) इति प्रकृतः। यस्मादात्मनः स्वप्नमायादिवदाकाशादिक्रमेण रसादयः कोशलक्षणाः संघाता आत्ममायाविसर्जिता इत्युक्तम्। स आत्मास्माभिर्यथा खं तथेति संप्रकाशित "आत्मा ह्याकाशवत्" (अद्वैत० ३) इत्यादिश्लोकैः। न तार्किकपरिकल्पितात्मवत्पुरुषबुद्धिप्रमाणगम्य इत्यभिप्रायः॥ ११॥

वह कौन है? इसपर कहते हैं—वह परमात्मा ही है, जिसका पहले "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" इत्यादि वाक्योंमें प्रसङ्ग है और जिस आत्मासे स्वप्न और माया आदिके समान आकाशादि क्रमसे कोशरूप संघात आत्माकी मायासे ही रचे गये हैं—ऐसा कहा गया है। उस आत्माको हमने "आत्मा ह्याकाशवत्" इत्यादि श्लोकोंमें, जैसा आकाश है उसीके समान प्रकाशित किया है। तात्पर्य यह है कि वह तार्किकोंके कल्पना किये हुए आत्माके समान मनुष्यकी बुद्धिसे प्रमाणित होनेवाला नहीं है॥ ११॥

द्वयोर्द्वयोर्मधुज्ञाने परं ब्रह्म प्रकाशितम्।
पृथिव्यामुदरे चैव यथाकाशः प्रकाशितः॥ १२॥

लोकमें जिस प्रकार पृथिवी और उदरमें एक ही आकाश प्रकाशित हो रहा है उसी प्रकार [बृहदारण्योक्त] मधु ब्राह्मणमें [अध्यात्म और अधिदैवत—इन] दोनों स्थानोंमें एक ही ब्रह्म निरूपित किया गया है॥ १२॥

किं चाधिदैवमध्यात्मं च तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषः पृथिव्याद्यन्तर्गतो यो विज्ञाता पर एवात्मा ब्रह्म सर्वमिति द्वयोर्द्वयोराद्वैतक्षयात्परं ब्रह्म प्रकाशितम्। क्वेत्याह—ब्रह्मविद्याख्यं मध्वमृतममृतत्वं मोदनहेतुत्वाद्विज्ञायते यस्मिन्निति मधुज्ञानं मधुब्राह्मणं तस्मिन्नित्यर्थः। किमिवेत्याह—पृथिव्यामुदरे चैव यथैक आकाशोऽनुमानेन प्रकाशितो लोके तद्वदित्यर्थः॥ १२॥

तथा अधिदैवत और अध्यात्मभेदसे जो तेजोमय और अमृतमय पुरुष पृथिवीके भीतर है और जो विज्ञाता परमात्मा ब्रह्म ही सब कुछ है—इस प्रकार द्वैतका क्षय होनेपर्यन्त दोनों स्थानोंमें परब्रह्मका ही प्रतिपादन किया गया है। कहाँ किया गया है? सो बतलाते हैं—जिसमें ब्रह्मविद्यासंज्ञक मधु यानी अमृतका ज्ञान है—आनन्दका हेतु होनेके कारण उसका अमृतत्व है—उस मधुज्ञान यानी मधुब्राह्मणमें [उसका प्रतिपादन किया गया है]। किसके समान प्रतिपादन किया है? इसपर कहते हैं कि जिस प्रकार लोकमें अनुमानसे पृथिवी और उदरमें एक ही आकाश प्रकाशित होता है, उसी तरह [इनकी एकता समझो] यह इसका अभिप्राय है॥ १२॥

आत्मैकत्व ही समीचीन है

जीवात्मनोरनन्यत्वमभेदेन प्रशस्यते।
नानात्वं निन्द्यते यच्च तदेवं हि समञ्जसम्॥ १३॥

क्योंकि जीव और आत्माके अभेदरूपसे एकत्वकी प्रशंसा की गयी है और उनके नानात्वकी निन्दा की गयी है, इसलिये वही [यानी उनकी एकता ही] ठीक है॥ १३॥

यद्युक्तितः श्रुतितश्च निर्धारितं जीवस्य परस्य चात्मनो जीवात्मनो-

क्योंकि युक्ति और श्रुतिसे निश्चय किये हुए जीव और परमात्माके एकत्वकी

रनन्यत्वमभेदेन प्रशस्यते स्तूयते शास्त्रेण व्यासादिभिश्च। यच्च सर्वप्राणिसाधारणं स्वाभाविकं शास्त्रबहिष्कृतैः कुतार्किकैर्विरचितं नानात्वदर्शनं निन्द्यते "न तु तद्द्वितीयमस्ति" (बृ० उ०।४।३।२३) "द्वितीयाद्वै भयं भवति" (बृ० उ० १।४।२) "उदरमन्तरं कुरुते, अथ तस्य भयं भवति" (तै० उ० २।७।१) "इदं सर्वं यदयमात्मा" (बृ० उ० २।४।६; ४।५।७) "मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति" (क० उ० २।१।१०) इत्यादिवाक्यैश्चान्यैश्च ब्रह्मविद्भिः। यच्चैतत्तदेवं हि समञ्जसमृज्ववबोधं न्याय्यमित्यर्थः। यास्तु तार्किकपरिकल्पिताः कुदृष्टयस्ता अनृज्व्यो निरूप्यमाणा न घटनां प्राञ्चन्तीत्यभिप्रायः॥ १३॥

शास्त्र और व्यासादि मुनियोंने समानरूपसे प्रशंसा यानी स्तुति की है और शास्त्रबाह्य कुतार्किकोंद्वारा कल्पित सर्वप्राणिसाधारण स्वाभाविक नानात्वदर्शनकी "उससे अतिरिक्त दूसरा कोई नहीं है" "दूसरेसे निश्चय भय होता है" "जो थोड़ा-सा भी भेद करता है, उसे भय प्राप्त होता है" "यह जो कुछ है सब आत्मा है" "जो यहाँ नानावत् देखता है वह मृत्युसे मृत्युको प्राप्त होता है" इत्यादि वाक्यों तथा अन्य ब्रह्मवेत्ताओंद्वारा निन्दा की गयी है। यह जो [बतलाया गया] है वह इसी प्रकार समञ्जस—सरल बोधगम्य अर्थात् न्याययुक्त है तथा तार्किकोंकी कल्पना की हुई जो कुदृष्टियाँ हैं वे सरल नहीं हैं; अभिप्राय यह है कि वे निरूपण की जानेपर प्रसंगके अनुरूप नहीं ठहरतीं॥ १३॥

श्रुत्युक्त जीव-ब्रह्मभेद गौण है

जीवात्मनोः पृथक्त्वं यत्प्रागुत्पत्तेः प्रकीर्तितम्।
भविष्यद्वृत्त्या गौणं तन्मुख्यत्वं हि न युज्यते॥ १४॥

पहले (उपनिषदोंके कर्मकाण्डमें) उत्पत्तिबोधक वाक्योंद्वारा जो जीव और परमात्माका पृथक्त्व बतलाया है वह भविष्यद्वृत्तिसे गौण है, उसे मुख्य अर्थ मानना ठीक नहीं है॥ १४॥

ननु श्रुत्यापि जीवपरमात्मनोः पृथक्त्वं यत्प्रागुत्पत्तेरुत्पत्त्यर्थोपनिषद्वाक्येभ्यः पूर्वं प्रकीर्तितं कर्मकाण्डे अनेकशः कामभेदत इदंकामोऽदःकाम इति; परश्च "स दाधार पृथिवीं द्याम्" (ऋ० सं० १०।१२१।१) इत्यादिमन्त्रवर्णैः; तत्र कथं कर्मज्ञानकाण्डवाक्यविरोधे ज्ञानकाण्डवाक्यार्थस्यैवैकत्वस्य सामञ्जस्यमवधार्यत इति?

शंका—जब श्रुतिने भी पहले—कर्मकाण्डमें उत्पत्ति-प्रतिपादक उपनिषद्-वाक्योंद्वारा 'इदंकामः' 'अदःकामः' आदि प्रकारसे [कर्मकाण्डमें भिन्न-भिन्न कामनाओंवाले कर्माधिकारी पुरुषके समान] अनेकों कामनाओंके भेदसे जीव और परमात्माका भेद प्रतिपादन किया है तथा परमात्माका "उसने पृथिवी और द्युलोकको धारण किया" इत्यादि मन्त्रवर्णोंसे पृथक् ही निर्देश किया है, तब इस प्रकार कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्डके वाक्योंमें विरोध उपस्थित होनेपर केवल ज्ञानकाण्डोक्त एकत्वका ही सामञ्जस्य (यथार्थत्व) किस प्रकार निश्चय किया जा सकता है?

अत्रोच्यते—"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" (तै० उ० ३।१।१) "यथाऽग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिङ्गाः" (बृ० उ० २।१।२०) "तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः" (तै० उ० २।१।२) "तदैक्षत" (छा० उ० ६।२।३) "तत्तेजोऽसृजत" (छा० उ० ६।२।३) इत्याद्युत्पत्त्यर्थोपनिषद्वाक्येभ्यः प्राक्पृथक्त्वं कर्मकाण्डे प्रकीर्तितं यत्तन्न परमार्थम्। किं तर्हि? गौणं महाकाशघटाकाशादिभेदवत्। यथौदनं

समाधान—इस विषयमें हमारा कथन है कि "जहाँसे ये सब भूत उत्पन्न होते हैं" "जिस प्रकार अग्निसे नन्हीं-नन्हीं चिनगारियाँ [निकलती हैं]" "उसी इस आत्मासे आकाश उत्पन्न हुआ" "उसने ईक्षण किया" "उसने तेजको रचा" इत्यादि उत्पत्त्यर्थक उपनिषद्वाक्योंसे पहले कर्मकाण्डमें जो पृथक्त्वका प्रतिपादन किया गया है वह परमार्थतः नहीं है। तो कैसा है? वह महाकाश और घटाकाशादिके भेदके समान गौण है और जिस प्रकार

पचतीति भविष्यद्वृत्त्या तद्वत्। न हि भेदवाक्यानां कदाचिदपि मुख्यभेदार्थत्वमुपपद्यते। स्वाभाविकाविद्यावत्प्राणिभेददृष्ट्यनुवादित्वादात्मभेदवाक्यानाम्।

भविष्यद्दृष्टिसे 'भात पकाता है'* ऐसा कहा जाता है उसीके समान है। आत्मभेद-वाक्योंका मुख्य भेदप्रतिपादकत्व कभी सम्भव नहीं है, क्योंकि भेदवाक्य तो अज्ञानी पुरुषोंकी स्वाभाविकी भेददृष्टिका ही अनुवाद करनेवाले हैं।

इह चोपनिषत्सूत्पत्तिप्रलयादिवाक्यैर्जीवपरमात्मनोरेकत्वमेव प्रतिपिपादयिषितम् "तत्त्वमसि" (छा० उ० ६।८—१६) "अन्योऽसावन्योऽहमस्मीति न स वेद" (बृ० उ० १।४।१०) इत्यादिभिः। अत उपनिषत्सु एकत्वं श्रुत्या प्रतिपिपादयिषितं भविष्यतीति भाविनीमेकवृत्तिमाश्रित्य लोके भेददृष्ट्यनुवादो गौण एवेत्यभिप्रायः।

यहाँ उपनिषदोंमें तो "तू वह है" "यह अन्य है और मैं अन्य हूँ [ऐसा जो जानता है] वह नहीं जानता" इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार उत्पत्ति-प्रलयादि-बोधक वाक्योंसे भी जीव और परमात्माका एकत्व ही प्रतिपादन करना इष्ट है। अतः उपनिषदोंमें श्रुतिको एकत्व ही प्रतिपादन करना इष्ट होगा—इस भविष्यद्वृत्तिको आश्रय करके लोकमें भेददृष्टिका अनुवाद गौण ही है—यह इसका अभिप्राय है।

अथ वा "तदैक्षत" (छा० उ० ६।२।३) "तत्तेजोऽसृजत" (छा० उ० ६।२।३) इत्याद्युत्पत्तेः प्राक् "एकमेवाद्वितीयम्" (छा० उ० ६।२।२) इत्येकत्वं प्रकीर्तितम्। तदेव च "तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि"

अथवा "उसने ईक्षण किया" "उसने तेजको रचा" इत्यादि श्रुतियोंद्वारा जो उत्पत्तिसे पूर्व "एकमेवाद्वितीयम्" इत्यादि प्रकारसे एकत्वका निरूपण किया है वह "वह सत्य है, वह आत्मा है और वही तू है"

* 'भात' उबले हुए चावलोंको कहते हैं, जो चावल पकाये जाते हैं उनकी संज्ञा 'भात' नहीं है। अतः इस वाक्यमें जो उनके लिये 'भात' शब्दका प्रयोग हुआ है वह भविष्यद्दृष्टिसे है।

(छा० उ० ६ । ८—१६) इत्येकत्वं भविष्यतीति तां भविष्यद्वृत्तिमपेक्ष्य यज्जीवात्मनोः पृथक्त्वं यत्र क्वचिद्वाक्ये गम्यमानं तद्गौणम्, यथौदनं पचतीति तद्वत् ॥ १४ ॥

इस प्रकार आगे एकत्व हो जायगा इस भविष्यद्वृत्तिसे जहाँ कहीं किसी वाक्यमें जीव और आत्माका पृथक्त्व जाना गया है उसी प्रकार—गौण है, जैसे कि 'भात पकाता है' इस वाक्यमें ['भात' शब्दका प्रयोग] ॥ १४ ॥

दृष्टान्तयुक्त उत्पत्ति-श्रुतिकी व्यवस्था

ननु यद्युत्पत्तेः प्रागजं सर्वमेकमेवाद्वितीयं तथाप्युत्पत्तेरूर्ध्वं जातमिदं सर्वं जीवाश्च भिन्ना इति, मैवम्; अन्यार्थत्वादुत्पत्तिश्रुतीनाम्। पूर्वमपि परिहृत एवायं दोषः स्वप्नवदात्ममायाविसर्जिताः संघाता घटाकाशोत्पत्तिभेदादिवज्जीवानामुत्पत्तिभेदादिरिति। इत एवोत्पत्तिभेदादिश्रुतिभ्य आकृष्य इह पुनरुत्पत्तिश्रुतीनामैदंपर्यप्रतिपिपादयिषयोपन्यासः—

यदि कहो कि उत्पत्तिसे पूर्व तो सब अजन्मा तथा एक ही अद्वितीय है तथापि उसके पीछे तो सब उत्पन्न हुआ ही है और तब जीव भी भिन्न ही हैं—तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि उत्पत्तिसूचक श्रुतियाँ दूसरे ही अभिप्रायसे हैं। 'देहादिसंघात स्वप्नके समान आत्माकी मायासे ही प्रस्तुत किये हुए हैं' तथा 'घटाकाशकी उत्पत्तिसे होनेवाले भेदके समान जीवोंकी उत्पत्तिके भेद हैं' इन वाक्योंद्वारा पहले भी इस दोषका परिहार किया ही जा चुका है। इसीलिये पूर्वोक्त उत्पत्ति-भेदादिसूचक श्रुतियोंसे उनका निष्कर्ष लेकर यहाँ फिर उन उत्पत्ति श्रुतियोंका ब्रह्मात्मैक्यपरत्व प्रतिपादन करनेकी इच्छासे उपन्यास किया जाता है—

मृल्लोहविस्फुलिङ्गाद्यैः सृष्टिर्या चोदितान्यथा।
उपायः सोऽवताराय नास्ति भेदः कथञ्चन॥ १५॥

[उपनिषदोंमें] जो मृत्तिका, लोहखण्ड और विस्फुलिङ्गादि दृष्टान्तोंद्वारा भिन्न-भिन्न प्रकारसे सृष्टिका निरूपण किया है वह [ब्रह्मात्मैक्यमें] बुद्धिका प्रवेश करानेका उपाय है; वस्तुतः उनमें कुछ भी भेद नहीं है॥ १५॥

मृल्लोहविस्फुलिङ्गादिदृष्टान्तोपन्यासैः सृष्टिर्या चोदिता प्रकाशितान्यथान्यथा च स सर्वः सृष्टिप्रकारो जीवपरमात्मैकत्वबुद्ध्यवतारायोपायोऽस्माकम्। यथा प्राणसंवादे वागाद्यासुरपाप्मवेधाद्याख्यायिका कल्पिता प्राणवैशिष्ट्यबोधावताराय।

मृत्तिका, लोहपिण्ड और विस्फुलिङ्गादिके दृष्टान्तोंका उपन्यास करके जो भिन्न-भिन्न प्रकारसे सृष्टिको प्रकाशित अर्थात् कल्पित किया गया है वह सृष्टिका सम्पूर्ण प्रकार हमें जीव और परमात्माका एकत्व निश्चय करानेवाली बुद्धि प्राप्त करानेके लिये है, जिस प्रकार कि प्राणसंवादमें प्राणकी उत्कृष्टताका बोध करानेके लिये वागादि इन्द्रियोंके असुरोंद्वारा पापसे विद्ध हो जानेकी आख्यायिका[1] कल्पना की गयी है।

तदप्यसिद्धमिति चेत्।

पूर्व०—परन्तु यह बात भी तो सिद्ध नहीं हो सकती।[2]

न; शाखाभेदेष्वन्यथान्यथा च प्राणादिसंवादश्रवणात्।

सिद्धान्ती—नहीं; भिन्न-भिन्न शाखाओंमें भिन्न-भिन्न प्रकारसे प्राणसंवाद

१-छान्दोग्योपनिषद्के प्रथम प्रपाठकके द्वितीय खण्डमें यह आख्यायिका इस प्रकार आयी है—एक बार देवताओंका असुरोंके साथ युद्ध छिड़ गया। यहाँ असुरसे मनकी राजसवृत्ति और देवतासे सात्त्विकवृत्ति समझनी चाहिये। इन दोनों वृत्तियोंका पारस्परिक युद्ध चिरप्रसिद्ध है। देवताओंने असुरोंको उद्गीथविद्याके प्रभावसे परास्त करना चाहा। अतः उन्होंने वाक् आदि प्रत्येक इन्द्रियको एक-एक करके उद्गीथ-गानमें नियुक्त किया; किन्तु प्रत्येक ही इन्द्रिय स्वार्थपरताके पापसे असुरोंके सामने पराभूत हो गयी। अन्तमें मुख्य प्राणको नियुक्त किया गया। वह सभीके लिये समान भावसे सामगान करने लगा, अतः असुरगण उसका कुछ भी न बिगाड़ सके और देवताओंको विजय प्राप्त हुई।

२-अर्थात् उन आख्यायिकाओंका तात्पर्य प्राणकी उत्कृष्टताका बोध करानेमें ही है।

यदि हि संवादः परमार्थ एवाभूदेकरूप एव संवादः सर्वशाखास्वश्रोष्यत विरुद्धानेकप्रकारेण नाश्रोष्यत। श्रूयते तु; तस्मान्न तादर्थ्यं संवादश्रुतीनाम्। तथोत्पत्तिवाक्यानि प्रत्येतव्यानि।

सुना जानेके कारण [उसका यही तात्पर्य होना चाहिये]।* यदि यह संवाद वस्तुतः हुआ होता तो सम्पूर्ण शाखाओंमें एक ही संवाद सुना जाता, परस्पर विरुद्ध भिन्न-भिन्न प्रकारसे नहीं। परन्तु ऐसा सुना ही जाता है; इसलिये संवादश्रुतियोंका तात्पर्य यथाश्रुत अर्थमें नहीं है। इसी प्रकार उत्पत्तिवाक्य भी समझने चाहिये।

कल्पसर्गभेदात्संवादश्रुतीनामुत्पत्तिश्रुतीनां च प्रतिसर्गमन्यथात्वमिति चेत्?

पूर्व०—प्रत्येक कल्पकी सृष्टिके भेदके कारण संवादश्रुति और उत्पत्तिश्रुतियोंमें प्रत्येक सर्गके अनुसार भेद है—यदि ऐसा मानें तो?

न; निष्प्रयोजनत्वाद्यथोक्तबुद्ध्यवतारप्रयोजनव्यतिरेकेण । न ह्यन्यप्रयोजनवत्त्वं संवादोत्पत्तिश्रुतीनां शक्यं कल्पयितुम्। तथात्वप्रतिपत्तये ध्यानार्थमिति चेन्न; कलहोत्पत्तिप्रलयानां प्रतिपत्तेरनिष्टत्वात्। तस्मादुत्पत्त्यादि-

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि श्रुतिका उपर्युक्त [ब्रह्मात्मैकत्वमें] बुद्धिप्रवेशरूप प्रयोजनके अतिरिक्त अन्य कोई प्रयोजन ही नहीं है। प्राणसंवाद और उत्पत्तिश्रुतियोंका इसके सिवा और कोई प्रयोजन नहीं कल्पना किया जा सकता। यदि कहो कि उनकी तद्रूपता प्राप्त करनेके प्रयोजनसे ध्यानके लिये ऐसा कहा गया है, तो ऐसा भी सम्भव नहीं है, क्योंकि कलह तथा उत्पत्ति या प्रलयकी प्राप्ति किसीको इष्ट नहीं हो सकती। अतः उत्पत्ति आदि प्रतिपादन

* इसी आशयकी एक आख्यायिका बृहदारण्यकोपनिषद् अध्याय ६, ब्राह्मण १ में और दूसरी बृह० उ० अध्याय १, ब्राह्मण ३ में भी है।

श्रुतय आत्मैकत्वबुद्ध्यवतारायैव नान्यार्थाः कल्पयितुं युक्ताः। अतो नास्त्युत्पत्त्यादिकृतो भेदः कथञ्चन॥ १५॥

करनेवाली श्रुतियाँ आत्मैकत्वरूप बुद्धिकी प्राप्तिके ही लिये हैं, उन्हें किसी और प्रयोजनके लिये मानना उचित नहीं है। अतः उत्पत्ति आदिके कारण होनेवाला भेद कुछ भी नहीं है॥ १५॥

त्रिविध अधिकारी और उनके लिये उपासनाविधि

यदि पर एवात्मा नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभाव एकः परमार्थः सन् "एकमेवाद्वितीयम्" (छा० उ० ६। २। २) इत्यादिश्रुतिभ्योऽसदन्यत्किमर्थेयमुपासनोपदिष्टा "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः" (बृ० उ० २। ४। ५) "य आत्मापहतपाप्मा" (छा० उ० ८। ७। १, ३) "स क्रतुं कुर्वीत" (छा० उ० ३। १४। १) "आत्मेत्येवोपासीत" (बृ० उ० १। ४। ७) इत्यादिश्रुतिभ्यः, कर्माणि चाग्निहोत्रादीनि?

शृणु तत्र कारणम्—

शंका—यदि "एकमेवाद्वितीयम्" इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार परमार्थतः एकमात्र नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव परमात्मा ही सत्य है, अन्य सब मिथ्या है, तो "अरे, इस आत्माका साक्षात्कार करना चाहिये" "जो आत्मा पापरहित है" "वह (अधिकारी) क्रतु (उपास्यसम्बन्धी संकल्प) करे" "आत्मा है—इस प्रकार ही उपासना करे" इत्यादि श्रुतियोंद्वारा इस उपासनाका उपदेश क्यों दिया गया है? तथा अग्निहोत्रादि कर्म भी क्यों बतलाये गये हैं?

समाधान—इसमें जो कारण है, सो सुनो—

आश्रमास्त्रिविधा हीनमध्यमोत्कृष्टदृष्टयः।
उपासनोपदिष्टेयं तदर्थमनुकम्पया॥ १६॥

आश्रम (अधिकारी पुरुष) तीन प्रकारके हैं—हीन, मध्यम और उत्कृष्ट दृष्टिवाले। उनपर कृपा करके उन्हींके लिये यह उपासना उपदेश की गयी है॥ १६॥

आश्रमा आश्रमिणोऽधिकृताः, वर्णिनश्च मार्गगाः, आश्रमशब्दस्य प्रदर्शनार्थत्वात्त्रिविधाः। कथम्? हीनमध्यमोत्कृष्टदृष्टयः। हीना निकृष्टा मध्यमोत्कृष्टा च दृष्टिर्दर्शनसामर्थ्यं येषां ते मन्दमध्यमोत्तमबुद्धिसामर्थ्योपेता इत्यर्थः।

आश्रमाः—कर्माधिकारी आश्रमी एवं सन्मार्गगामी वर्णीलोग—क्योंकि 'आश्रम' शब्द उनका भी उपलक्षण करानेवाला है—तीन प्रकारके हैं। किस प्रकार?—हीन, मध्यम और उत्कृष्ट दृष्टिवाले। अर्थात् जिनकी दृष्टि यानी दर्शनसामर्थ्य हीन—निकृष्ट, मध्यम और उत्कृष्ट है ऐसे मन्द, मध्यम और उत्तम बुद्धिकी सामर्थ्यसे सम्पन्न है।

उपासनोपदिष्टेयं तदर्थं मन्दमध्यमदृष्ट्याश्रमाद्यर्थं कर्माणि च, न चात्मैक एवाद्वितीय इति निश्चितोत्तमदृष्ट्यर्थं दयालुना वेदेनानुकम्पया सन्मार्गगाः सन्तः कथमिमामुत्तमामेकत्वदृष्टिं प्राप्नुयुरिति। "यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम्। तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते" (के० उ० १।५) "तत्त्वमसि" (छा० उ० ६।८—१६) "आत्मैवेदं सर्वम्" (छा० उ० ७।२५।२) इत्यादिश्रुतिभ्यः॥ १६॥

उन मन्द और मध्यम दृष्टिवाले आश्रमादिके लिये ही इस उपासना और कर्मका उपदेश किया गया है, 'आत्मा एक और अद्वितीय ही है' ऐसी जिनकी निश्चित उत्तम दृष्टि है, उनके लिये उसका उपदेश नहीं है। दयालु वेदने उसका इसीलिये उपदेश किया है कि जिससे वे किसी प्रकार सन्मार्गगामी होकर "जिसका मनसे मनन नहीं किया जा सकता, बल्कि जिसके द्वारा मन मनन किया कहा जाता है उसीको तू ब्रह्म जान; यह, जिसकी तू उपासना करता है, ब्रह्म नहीं है" "वह तू है" "यह सब आत्मा ही है" इत्यादि श्रुतियोंद्वारा प्रतिपादित इस उत्तम एकत्व-दृष्टिको प्राप्त कर सकें॥ १६॥

अद्वैतात्मदर्शन किसीका विरोधी नहीं है

शास्त्रोपपत्तिभ्यामवधारितत्वाद्द्वयात्मदर्शनं सम्यग्दर्शनं तद्बाह्यत्वान्मिथ्यादर्शनमन्यत्। इतश्च मिथ्यादर्शनं द्वैतिनां राग-द्वेषादिदोषास्पदत्वात्। कथम्?

शास्त्र और युक्तिसे निश्चित होनेके कारण अद्वितीय आत्मदर्शन ही सम्यग्दर्शन है, उससे बाह्य होनेके कारण और सब दर्शन मिथ्या हैं। द्वैतवादियोंके दर्शन इसलिये भी मिथ्या हैं, क्योंकि वे राग-द्वेषादि दोषोंके आश्रय हैं; किस प्रकार? [सो बतलाते हैं]—

स्वसिद्धान्तव्यवस्थासु द्वैतिनो निश्चिता दृढम्।
परस्परं विरुध्यन्ते तैरयं न विरुध्यते॥ १७॥

द्वैतवादी अपने-अपने सिद्धान्तोंकी व्यवस्थामें दृढ आग्रही होनेके कारण आपसमें विरोध रखते हैं; परन्तु यह [अद्वैतात्मदर्शन] उनसे विरोध नहीं रखता॥ १७॥

स्वसिद्धान्तव्यवस्थासु स्व-सिद्धान्तरचनानियमेषु कपिलकणाद-बुद्धार्हतादिदृष्ट्यनुसारिणो द्वैतिनो निश्चिताः। एवमेवैष परमार्थो नान्यथेति तत्र तत्रानुरक्ताः प्रतिपक्षं चात्मनः पश्यन्तस्तं द्विषन्त इत्येवं रागद्वेषोपेताः स्वसिद्धान्तदर्शननिमित्तम् एव परस्परमन्योन्यं विरुध्यन्ते।

स्वसिद्धान्तव्यवस्थामें अर्थात् अपने-अपने सिद्धान्तकी रचनाके नियमोंमें कपिल, कणाद, बुद्ध और अर्हत् (जिन)-की दृष्टियोंका अनुसरण करनेवाले द्वैतवादी निश्चित हैं; अर्थात् यह परमार्थतत्त्व इसी प्रकार है अन्यथा नहीं—इस प्रकार अपने-अपने सिद्धान्तमें अनुरक्त हो अपने प्रतिपक्षीको देखकर उससे द्वेष करते हैं। इस तरह राग-द्वेषसे युक्त हो अपने-अपने सिद्धान्तके दर्शनके कारण ही परस्पर एक-दूसरेसे विरोध मानते हैं।

तैरन्योन्यविरोधिभिरस्मदीयोऽयं वैदिकः सर्वानन्यत्वादात्मैकत्वदर्शनपक्षो न विरुध्यते यथा स्वहस्तपादादिभिः। एवं रागद्वेषादिदोषानास्पदत्वादात्मैकत्वबुद्धिरेव सम्यग्दर्शनमित्यभिप्रायः॥ १७॥

उन परस्पर विरोध माननेवालोंसे हमारा यह आत्मैकत्वदर्शनरूप वैदिक-सिद्धान्त सबसे अभिन्न होनेके कारण विरोध नहीं मानता; जिस प्रकार कि अपने हाथ-पाँव आदिसे किसीका विरोध नहीं होता। इस प्रकार राग-द्वेषादि दोषोंका आश्रय न होनेके कारण आत्मैकत्वबुद्धि ही सम्यग्दृष्टि है—यह इसका तात्पर्य है॥ १७॥

अद्वैतात्मदर्शनके अविरोधी होनेमें हेतु

केन हेतुना तैर्न विरुध्यत इत्युच्यते—

किस कारण उनसे इसका विरोध नहीं है—इसपर कहते हैं—

अद्वैतं परमार्थो हि द्वैतं तद्भेद उच्यते।
तेषामुभयथा द्वैतं तेनायं न विरुद्ध्यते॥ १८॥

अद्वैत परमार्थ है और द्वैत उसीका भेद (कार्य) कहा जाता है, तथा उन (द्वैतवादियों)-के मतमें [परमार्थ और अपरमार्थ] दोनों प्रकारसे द्वैत ही है; इसलिये उनसे इसका विरोध नहीं है॥ १८॥

अद्वैतं परमार्थो हि यस्माद्द्वैतं नानात्वं तस्याद्वैतस्य भेदस्तद्भेदस्तस्य कार्यमित्यर्थः। ''एकमेवाद्वितीयम्'' (छा० उ० ६।२।२) ''तत्तेजोऽसृजत'' (छा० उ० ६।२।३) इति श्रुतेरुपपत्तेश्च स्वचित्तस्पन्दनाभावे समाधौ मूर्च्छायां सुषुप्तौ चाभावात्। अतस्तद्भेद उच्यते द्वैतम्।

अद्वैत परमार्थ है; और क्योंकि द्वैत यानी नानात्व उस अद्वैतका भेद अर्थात् उसका कार्य है, जैसा कि ''एकमेवाद्वितीयम्'' ''तत्तेजोऽसृजत'' इत्यादि श्रुतियोंसे तथा समाधि, मूर्च्छा अथवा सुषुप्तिमें अपने चित्तके स्फुरणका अभाव हो जानेपर द्वैतका भी अभाव हो जानेके कारण युक्तिसे भी सिद्ध होता है; इसलिये द्वैत उसका भेद कहा जाता है।

द्वैतिनां तु तेषां परमार्थतश्चापरमार्थतश्चोभयथापि द्वैतमेव। यदि च तेषां भ्रान्तानां द्वैतदृष्टिरस्माकमद्वैतदृष्टिरभ्रान्तानाम्, तेनायं हेतुनास्मत्पक्षो न विरुध्यते तैः। "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" (बृ० उ० २।५।१९) "न तु तद्द्वितीयमस्ति" (बृ० उ० ४।३।२३) इति श्रुतेः।

किन्तु उन द्वैतवादियोंकी दृष्टिमें तो परमार्थतः और अपरमार्थतः दोनों प्रकार द्वैत ही है। यदि उन भ्रान्त पुरुषोंकी द्वैतदृष्टि है और हम भ्रमहीनोंकी अद्वैतदृष्टि है तो इस कारणसे ही हमारे पक्षका उनसे विरोध नहीं है। "इन्द्र मायासे अनेक रूप धारण करता है" "उससे भिन्न दूसरा है ही नहीं" इत्यादि श्रुतियोंसे भी यही प्रमाणित होता है।

यथा मत्तगजारूढ उन्मत्तं भूमिष्ठं प्रतिगजारूढोऽहं गजं वाहय मां प्रतीति ब्रुवाणमपि तं प्रति न वाहयत्यविरोधबुद्ध्या तद्वत्। ततः परमार्थतो ब्रह्मविदात्मैव द्वैतिनाम्। तेनायं हेतुनास्मत्पक्षो न विरुध्यते तैः॥ १८॥

जिस प्रकार मतवाले हाथीपर चढ़ा हुआ पुरुष किसी उन्मत्त भूमिस्थ मनुष्यके प्रति, उसके ऐसा कहनेपर भी कि 'मैं तेरे प्रतिद्वन्द्वी हाथीपर चढ़ा हुआ हूँ, तू अपना हाथी मेरी ओर बढ़ा दे' विरोधबुद्धि न होनेके कारण उसकी ओर हाथी नहीं ले जाता, उसी प्रकार [हमारा भी उनसे विरोध नहीं है]। तब, परमार्थतः तो ब्रह्मवेत्ता द्वैतवादियोंका भी आत्मा ही है। इसीसे अर्थात् इसी कारण उनसे हमारे पक्षका विरोध नहीं है॥ १८॥

आत्मामें भेद मायाहीके कारण है

द्वैतमद्वैतभेद इत्युक्ते द्वैतमप्यद्वैतवत्परमार्थसदिति स्यात् कस्यचिदाशङ्केत्यत आह—

द्वैत-अद्वैतका भेद है—ऐसा कहनेपर किसी-किसीको शंका हो सकती है कि अद्वैतके समान द्वैत भी परमार्थ सत् ही होना चाहिये—इसलिये कहते हैं—

मायया भिद्यते ह्येतन्नान्यथाजं कथञ्चन।
तत्त्वतो भिद्यमाने हि मर्त्यताममृतं व्रजेत्॥ १९॥

इस अजन्मा अद्वैतमें मायाहीके कारण भेद है और किसी प्रकार नहीं; यदि इसमें वास्तविक भेद होता तो यह अमृतस्वरूप मरणशीलताको प्राप्त हो जाता॥ १९॥

यत्परमार्थसदद्वैतं मायया भिद्यते ह्येतत्तैमिरिकानेकचन्द्रवद्रज्जुः सर्पधारादिभिर्भेदैरिव न परमार्थतो निरवयवत्वादात्मनः। सावयवं ह्यवयवान्यथात्वेन भिद्यते। यथा मृद् घटादिभेदैः। तस्मान्निरवयवमजं नान्यथा कथञ्चन केनचिदपि प्रकारेण न भिद्यत इत्यभिप्रायः।

तत्त्वतो भिद्यमाने ह्यमृत-मजमद्वयं स्वभावतः सन्मर्त्यतां व्रजेत्; यथाग्निः शीतताम्। तच्चानिष्टं स्वभाववैपरीत्यगमनम्, सर्वप्रमाणविरोधात्। अजमव्यय-मात्मतत्त्वं माययैव भिद्यते

जो परमार्थ सत् अद्वैत है वह तिमिरदोषसे प्रतीत होनेवाले अनेक चन्द्रमा और सर्प-धारादि भेदोंसे विभिन्न दीखनेवाली रज्जुके समान मायासे ही भेदवान् प्रतीत होता है, परमार्थतः नहीं, क्योंकि आत्मा निरवयव है। जो वस्तु सावयव होती है वही अवयवोंके भेदसे भेदको प्राप्त होती है; जिस प्रकार घट आदि भेदोंसे मृत्तिका। अतः निरवयव और अजन्मा आत्मा [मायाके सिवा] और किसी प्रकार भेदको प्राप्त नहीं हो सकता—यह इसका अभिप्राय है।

यदि उसमें तत्त्वतः भेद हो तो अमृत, अज, अद्वय और स्वभावसे सत्स्वरूप होकर भी आत्मा मर्त्यताको प्राप्त हो जायगा, जिस तरह कि अग्नि शीतलताको प्राप्त हो जाय। और अपने स्वभावसे विपरीत अवस्थाको प्राप्त हो जाना सम्पूर्ण प्रमाणोंसे विरुद्ध होनेके कारण किसीको इष्ट नहीं हो सकता। अतः अज और अद्वितीय आत्मतत्त्व मायासे ही भेदको प्राप्त होता है,

न परमार्थतः। तस्मान्न परमार्थसद्द्वैतम्॥ १९॥

परमार्थतः नहीं। इसलिये द्वैत परमार्थ सत् नहीं है॥ १९॥

जीवोत्पत्ति सर्वथा असंगत है

अजातस्यैव भावस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः।
अजातो ह्यमृतो भावो मर्त्यतां कथमेष्यति॥ २०॥

द्वैतवादीलोग जन्महीन आत्माके भी जन्मकी इच्छा करते हैं; किन्तु जो पदार्थ निश्चय ही अजन्मा और मरणहीन है वह मरणशीलताको किस प्रकार प्राप्त हो सकता है?॥ २०॥

ये तु पुनः केचिदुपनिषद्व्याख्यातारो ब्रह्मवादिनो वावदूका अजातस्यैवात्मतत्त्वस्य अमृतस्य स्वभावतो जातिम् उत्पत्तिमिच्छन्ति परमार्थत एव तेषां जातं चेत्तदेव मर्त्यतामेष्यत्यवश्यम्। स चाजातो ह्यमृतो भावः स्वभावतः सन्नात्मा कथं मर्त्यतामेष्यति? न कथञ्चन मर्त्यत्वं स्वभाववैपरीत्यमेष्यतीत्यर्थः॥ २०॥

किन्तु जो कोई उपनिषदोंकी व्याख्या करनेवाले बहुभाषी ब्रह्मवादी लोग अजात और अमृतस्वरूप आत्मतत्त्वकी जाति यानी उत्पत्ति परमार्थतः ही सिद्ध करना चाहते हैं उनके मतमें यदि वह उत्पन्न होता है तो अवश्य ही मरणशीलताको भी प्राप्त हो जायगा। किन्तु वह आत्मतत्त्व स्वभावसे अजात और अमृत होकर भी किस प्रकार मरणशीलताको प्राप्त हो सकता है? अतः तात्पर्य यह है कि वह किसी प्रकार अपने स्वभावसे विपरीत मरणशीलताको प्राप्त नहीं हो सकता॥ २०॥

यस्मात्—

क्योंकि—

न भवत्यमृतं मर्त्यं न मर्त्यममृतं तथा।
प्रकृतेरन्यथाभावो न कथञ्चिद्भविष्यति॥ २१॥

मरणहीन वस्तु कभी मरणशील नहीं होती और मरणशील कभी अमर नहीं होती। किसी भी प्रकार स्वभावकी विपरीतता नहीं हो सकती॥ २१॥

न भवत्यमृतं मर्त्यं लोके नापि मर्त्यममृतं तथा। ततः प्रकृतेः स्वभावस्यान्यथाभावः स्वतः प्रच्युतिर्न कथञ्चिद्भविष्यति, अग्नेरिवौष्ण्यस्य॥ २१॥

लोकमें मरणहीन वस्तु मरणशील नहीं होती और न मरणशील वस्तु मरणहीन ही होती है। अतः अग्निकी उष्णताके समान प्रकृति अर्थात् स्वभावकी विपरीतता—अपने स्वरूपसे च्युति किसी प्रकार नहीं हो सकती॥ २१॥

उत्पत्तिशील जीव अमर नहीं हो सकता

स्वभावेनामृतो यस्य भावो गच्छति मर्त्यताम्।
कृतकेनामृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः॥ २२॥

जिसके मतमें स्वभावसे मरणहीन पदार्थ भी मर्त्यत्वको प्राप्त हो जाता है, उसके सिद्धान्तानुसार कृतक (जन्म) होनेके कारण वह अमृत पदार्थ चिरस्थायी कैसे हो सकता है?॥ २२॥

यस्य पुनर्वादिनः स्वभावेन अमृतो भावो मर्त्यतां गच्छति परमार्थतो जायते तस्य प्रागुत्पत्तेः स भावः स्वभावतोऽमृत इति प्रतिज्ञा मृषैव। कथं तर्हि कृतकेनामृतस्तस्य भावः? कृतकेनामृतः स कथं स्थास्यति निश्चलोऽमृतस्वभावस्तथा

किन्तु जिस वादीके मतमें स्वभावसे अमृत पदार्थ भी मर्त्यताको प्राप्त होता है अर्थात् परमार्थतः जन्म लेता है उसकी यह प्रतिज्ञा कि उत्पत्तिसे पूर्व वह पदार्थ स्वभावसे अमरणधर्मा है—मिथ्या ही है। [यदि ऐसा न मानें] तो फिर कृतक होनेके कारण उसका स्वभाव अमरत्व कैसे हो सकता है? और इस प्रकार कृतक होनेसे ही वह अमृत पदार्थ निश्चल यानी अमृतस्वभाव भी कैसे रह सकता है?

न कथञ्चित्स्थास्यत्यात्मजातिवादिनः सर्वदाजं नाम नास्त्येव; सर्वमेतन्मर्त्यम्। अतोऽनिर्मोक्षप्रसङ्ग इत्यभिप्रायः॥ २२॥

अर्थात् वह कभी ऐसा नहीं रह सकता। अतः आत्माका जन्म बतलानेवालेके मतमें तो अजन्मा वस्तु कोई है ही नहीं। उसके लिये यह सब मरणशील ही है। इससे यह अभिप्राय हुआ कि [उसके मतमें] मोक्ष होनेका प्रसंग है ही नहीं॥ २२॥

सृष्टिश्रुतिकी संगति

नन्वजातिवादिनः सृष्टिप्रतिपादिका श्रुतिर्न संगच्छते प्रामाण्यम्?

शंका—किन्तु अजातिवादीके मतमें सृष्टिका प्रतिपादन करनेवाली श्रुतिकी प्रामाणिकता सिद्ध नहीं होती?

बाढं विद्यते सृष्टिप्रतिपादिका श्रुतिः; सा त्वन्यपरा। उपायः सोऽवतारायेत्यवोचाम्। इदानीमुक्तेऽपि परिहारे पुनश्चोद्यपरिहारौ विवक्षितार्थं प्रति सृष्टिश्रुत्यक्षराणामानुलोम्यविरोधाशङ्कामात्रपरिहारार्थौ—

समाधान—हाँ ठीक है, सृष्टिका प्रतिपादन करनेवाली श्रुति भी है; किन्तु उसका उद्देश्य दूसरा है। "उपायः सोऽवताराय*" इस प्रकार हम उसका उद्देश्य पहले (अद्वैत० १५में) बता ही चुके हैं। इस प्रकार यद्यपि इस शंकाका पहले समाधान किया जा चुका है तो भी 'सृष्टिश्रुतिके अक्षरोंकी अनुकूलताका हमारे विवक्षित अर्थसे विरोध है' इस शंकाका परिहार करनेके लिये ही, इस समय तत्सम्बन्धी शंका और समाधानका पुनः उल्लेख किया जाता है—

* वह ब्रह्मात्मैक्यमें बुद्धिका प्रवेश करानेके लिये उपाय है।

भूततोऽभूततो वापि सृज्यमाने समा श्रुतिः।
निश्चितं युक्तियुक्तं च यत्तद्भवति नेतरत्॥ २३॥

पारमार्थिक अथवा अपारमार्थिक किसी भी प्रकारकी सृष्टि होनेमें श्रुति तो समान ही होगी। अतः उनमें जो निश्चित और युक्तियुक्त मत हो वही [श्रुतिका अभिप्राय] हो सकता है, अन्य नहीं॥ २३॥

भूततः परमार्थतः सृज्यमाने वस्तुन्यभूततो मायया वा मायाविनेव सृज्यमाने वस्तुनि समा तुल्या सृष्टिश्रुतिः। ननु गौणमुख्ययोर्मुख्ये शब्दार्थप्रतिपत्तिर्युक्ता। न, अन्यथा सृष्टेरप्रसिद्धत्वान्निष्प्रयोजनत्वाच्चेत्यवोचाम। अविद्यासृष्टिविषयैव सर्वा गौणी मुख्या च सृष्टिर्न परमार्थतः "सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः" (मु० उ० २। १। २) इति श्रुतेः।

तस्माच्छ्रुत्या निश्चितं यदेकमेवाद्वितीयमजममृतमिति युक्तियुक्तं च युक्त्या च सम्पन्नं तदेवेत्यवोचाम पूर्वैर्ग्रन्थैः। तदेव श्रुत्यर्थो भवति नेतरत्कदाचिदपि॥ २३॥

वस्तुके भूततः यानी परमार्थतः रचे जानेमें अथवा अभूततः यानी मायासे मायावीद्वारा रचे जानेमें सृष्टिश्रुति तो समान ही होगी। यदि कहो कि गौण और मुख्य दोनों अर्थ होनेपर शब्दका मुख्य अर्थ लेना ही उचित है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि अन्य प्रकारसे न तो सृष्टि सिद्ध ही होती है और न उसका कुछ प्रयोजन ही है—यह हम पहले कह चुके हैं। "आत्मा बाहर-भीतर विद्यमान और अजन्मा है" इस श्रुतिके अनुसार सब प्रकारकी गौण और मुख्य सृष्टि आविद्यक सृष्टिसम्बन्धिनी ही है, परमार्थतः नहीं।

अतः श्रुतिने जो एक, अद्वितीय, अजन्मा और अमृत तत्त्व निश्चित किया है वही युक्तियुक्त अर्थात् युक्तिसे भी सिद्ध होता है, ऐसा प्रतिपादन कर चुके हैं वही श्रुतिका तात्पर्य हो सकता है; अन्य अर्थ कभी और किसी अवस्थामें नहीं हो सकता॥ २३॥

कथं श्रुतिनिश्चयः ? इत्याह—

यह श्रुतिका निश्चय किस प्रकार है ? सो बतलाते हैं—

नेह नानेति चाम्नायादिन्द्रो मायाभिरित्यपि।
अजायमानो बहुधा मायया जायते तु सः॥ २४॥

'नेह नानास्ति किञ्चन' 'इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते' तथा 'अजायमानो बहुधा विजायते' इन श्रुतिवाक्योंके अनुसार वह परमात्मा मायासे ही उत्पन्न होता है॥ २४॥

यदि हि भूतत एव सृष्टिः स्यात्ततः सत्यमेव नाना वस्त्विति तदभावप्रदर्शनार्थमाम्नायो न स्यात्। अस्ति च ''नेह नानाऽस्ति किञ्चन'' (क० उ० २। १। ११) इत्यादिराम्नायो द्वैतभावप्रतिषेधार्थः। तस्मादात्मैकत्वप्रतिपत्त्यर्था कल्पिता सृष्टिरभूतैव प्राणसंवादवत्। ''इन्द्रो मायाभिः'' (बृ० उ० २। ५। १९) इत्यभूतार्थप्रतिपादकेन मायाशब्देन व्यपदेशात्।

यदि वास्तवमें ही सृष्टि हुई है तो नाना वस्तु सत्य ही हैं; ऐसी अवस्थामें उनका अभाव प्रदर्शित करनेके लिये कोई शास्त्र-वचन नहीं होना चाहिये था। किन्तु द्वैतभावका निषेध करनेके लिये ''यहाँ नाना वस्तु कुछ नहीं है'' इत्यादि शास्त्र-वचन है ही। अतः प्राणसंवादके समान आत्मैकत्वकी प्राप्तिके लिये कल्पना की हुई सृष्टि अयथार्थ ही है; क्योंकि ''इन्द्र मायासे [अनेकरूप हो जाता है]'' इस श्रुतिमें सृष्टिका अयथार्थत्वप्रतिपादक 'माया' शब्दसे निर्देश किया गया है।

ननु प्रज्ञावचनो मायाशब्दः।

शंका—'माया' शब्द तो प्रज्ञावाचक है [इसलिये इससे सृष्टिका मिथ्यात्व सिद्ध नहीं होता]।

सत्यम्; इन्द्रियप्रज्ञाया अविद्यामयत्वेन मायात्वाभ्युपगमाददोषः। मायाभिरिन्द्रिय-

समाधान—ठीक है, आविद्यक होनेके कारण इन्द्रियप्रज्ञाका मायात्व माना गया है; इसलिये उसमें कोई दोष नहीं है। अतः मायासे अर्थात् अविद्यारूप

प्रज्ञाभिः अविद्यारूपाभिरित्यर्थः, "अजायमानो बहुधा विजायते" इति श्रुतेः, तस्मान्माययैव जायते तु सः। तु शब्दोऽवधारणार्थः— माययैवेति। न ह्यजायमानत्वं बहुधा जन्म चैकत्र सम्भवति, अग्नाविव शैत्यमौष्ण्यं च।

इन्द्रियप्रज्ञासे; जैसा कि "उत्पन्न न होकर भी अनेक प्रकारसे उत्पन्न होता है" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है। अतः वह मायासे ही उत्पन्न होता है। यहाँ 'तु' शब्द निश्चयार्थक है। अर्थात् मायासे ही [उत्पन्न होता है]। अग्निमें शीतलता और उष्णताके समान जन्म न लेना और अनेक प्रकारसे जन्म लेना एक ही वस्तुमें सम्भव नहीं है।

फलवत्त्वाच्चात्मैकत्वदर्शनमेव श्रुतिनिश्चितोऽर्थः "तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" (ई० उ० ७) इत्यादिमन्त्रवर्णात्; "मृत्योः स मृत्युमाप्नोति" (क० उ० २।१।१०) इति निन्दितत्वाच्च सृष्ट्यादिभेददृष्टेः॥ २४॥

"उस अवस्थामें एकत्वका साक्षात्कार करनेवाले पुरुषको क्या मोह और क्या शोक हो सकता है?" इत्यादि श्रुतिके अनुसार फलयुक्त होनेके कारण तथा "[जो नानात्व देखता है] वह मृत्युसे मृत्युको प्राप्त होता है" इस श्रुतिसे सृष्टि आदि भेददृष्टिकी निन्दा की जानेके कारण भी आत्मैकत्वदर्शन ही श्रुतिका निश्चित अर्थ है॥ २४॥

श्रुति कार्य और कारण दोनोंका प्रतिषेध करती है

सम्भूतेरपवादाच्च सम्भवः प्रतिषिध्यते।
को न्वेनं जनयेदिति कारणं प्रतिषिध्यते॥ २५॥

श्रुतिमें सम्भूति (हिरण्यगर्भ)-की निन्दाद्वारा कार्यवर्गका प्रतिषेध किया गया है तथा 'इसे कौन उत्पन्न करे' इस वाक्यद्वारा कारणका प्रतिषेध किया गया है॥ २५॥

"अन्धं तमः प्रविशन्ति ये सम्भूतिमुपासते" (ई० उ० १२)

"जो सम्भूति (हिरण्यगर्भ)-की उपासना करते हैं वे घोर अन्धकारमें

इति सम्भूतेरुपास्यत्वापवादात्सम्भवः प्रतिषिध्यते। न हि परमार्थतः सम्भूतायां सम्भूतौ तदपवाद उपपद्यते।

ननु विनाशेन सम्भूतेः समुच्चयविध्यर्थः सम्भूत्यपवादः। यथा "अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते" (ई० उ० ९) इति।

सत्यमेव देवतादर्शनस्य सम्भूति-समुच्चयस्य विषयस्य विनाश-प्रयोजनम् शब्दवाच्यस्य कर्मणः समुच्चयविधानार्थः सम्भूत्यपवादः। तथापि विनाशाख्यस्य कर्मणः स्वाभाविकाज्ञानप्रवृत्तिरूपस्य मृत्योरतितरणार्थत्ववद्देवतादर्शनकर्म-समुच्चयस्य पुरुषसंस्कारार्थस्य कर्मफलरागप्रवृत्तिरूपस्य साध्य-साधनैषणाद्वयलक्षणस्य मृत्योरति-तरणार्थत्वम्। एवं ह्येषणाद्वय-रूपान्मृत्योरशुद्धेर्वियुक्तः पुरुषः

प्रवेश करते हैं" इस प्रकार सम्भूतिके उपास्यत्वकी निन्दा की जानेके कारण कार्यवर्गका प्रतिषेध किया गया है। यदि सम्भूति परमार्थसत्स्वरूप होती तो उसकी निन्दा की जानी सम्भव नहीं थी।

शंका—सम्भूतिके उपास्यत्वकी जो निन्दा की गयी है वह तो विनाश (कर्म)-के साथ सम्भूति (देवतोपासना)-का समुच्चयविधान करनेके लिये है; जैसा कि "जो अविद्याकी उपासना करते हैं वे घोर अन्धकारमें प्रवेश करते हैं" इस वाक्यसे सिद्ध होता है।

समाधान—सचमुच ही, सम्भूतिविषयक देवतादर्शन और 'विनाश' शब्दवाच्य कर्मका समुच्चयविधान करनेके लिये ही सम्भूतिका अपवाद किया गया है; तथापि जिस प्रकार 'विनाश' संज्ञक कर्म स्वाभाविक अज्ञानजनित प्रवृत्तिरूप मृत्युको पार करनेके लिये है, उसी प्रकार पुरुषके संस्कारके लिये विहित देवतादर्शन और कर्मका समुच्चय कर्मफलके रागसे होनेवाली प्रवृत्तिरूपा जो साध्य-साधनलक्षणा दो प्रकारकी वासनामयी मृत्यु है, उसे पार करनेके लिये है। इस प्रकार एषणाद्वयरूप मृत्युकी अशुद्धिसे मुक्त हुआ पुरुष ही

संस्कृतः स्यादतो मृत्योरतितरणार्था देवतादर्शनकर्मसमुच्चयलक्षणा ह्यविद्या।

एवमेव एषणालक्षणाविद्याया सम्भूत्यपवादे मृत्योरतितीर्णस्य हेतुः विरक्तस्योपनिषच्छास्त्रार्थालोचनपरस्य नान्तरीयकी परमात्मैकत्वविद्योत्पत्तिरिति पूर्वभाविनीमविद्यामपेक्ष्य पश्चाद्भाविनी ब्रह्मविद्यामृतत्वसाधनैकेन पुरुषेण सम्बध्यमानाविद्यया समुच्चीयत इत्युच्यते। अतोऽन्यार्थत्वादमृतत्वसाधनं ब्रह्मविद्यामपेक्ष्य निन्दार्थ एव भवति सम्भूत्यपवादः। यद्यप्यशुद्धिवियोगहेतुः, अतन्निष्ठत्वात्। अत एव सम्भूतेरपवादात्सम्भूतेरापेक्षिकमेव सत्त्वमिति परमार्थसदात्मैकत्वमपेक्ष्य अमृताख्यः सम्भवः प्रतिषिध्यते।

संस्कारसम्पन्न हो सकता है। अतः देवतादर्शन और कर्मसमुच्चयलक्षणा अविद्या मृत्युसे पार होनेके लिये ही है।

इसी प्रकार एषणाद्वयलक्षणा अविद्यारूप मृत्युसे पार हुए तथा उपनिषच्छास्त्रके अर्थकी आलोचनामें तत्पर विरक्त पुरुषको ब्रह्मात्मैक्यरूप विद्याकी उत्पत्ति दूर नहीं है; इसीलिये ऐसा कहा जाता है कि पहले होनेवाली अविद्याकी अपेक्षासे पीछे प्राप्त होनेवाली ब्रह्मविद्या, जो अमृतत्वका साधन है, एक ही पुरुषसे सम्बन्ध रखनेके कारण अविद्यासे समुच्चित की जाती है। अतः अमृतत्वके साक्षात् साधन ब्रह्मविद्याकी अपेक्षा अन्य प्रयोजनवाला होनेसे सम्भूतिका अपवाद निन्दाहीके लिये किया गया है। वह यद्यपि अशुद्धिके क्षयका कारण है, तो भी अतन्निष्ठ (मोक्षका साक्षात् हेतु न) होनेके कारण [उसकी निन्दा ही की गयी है]। इसलिये सम्भूतिका अपवाद किया जानेके कारण उसका सत्त्व आपेक्षिक ही है; इसी आशयसे परमार्थ सत् आत्मैकत्वकी अपेक्षासे अमृतसंज्ञक सम्भूतिका प्रतिषेध किया गया है।

विद्योत्पत्त्यनन्तरं जीवभावस्य अनुपपत्ति-प्रतिपादनम्

एवं मायानिर्मितस्यैव जीवस्याविद्यया प्रत्युपस्थापितस्याविद्यानाशे स्वभावरूपत्वात्परमार्थतः को न्वेनं जनयेत्। न हि रज्ज्वामविद्यारोपितं सर्पं पुनर्विवेकतो नष्टं जनयेत्कश्चित्। तथा न कश्चिदेनं जनयेदिति को न्वित्याक्षेपार्थत्वात्कारणं प्रतिषिध्यते। अविद्योद्भूतस्य नष्टस्य जनयितृकारणं न किञ्चिदस्तीत्यभिप्रायः ''नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्'' (क० उ० १। २। १८) इति श्रुतेः॥ २५॥

इस प्रकार अविद्याद्वारा खड़ा किया गया मायारचित जीव जब अविद्याका नाश होनेपर अपने स्वरूपसे स्थित हो जाता है तब उसे परमार्थतः कौन उत्पन्न कर सकता है? रज्जुमें अविद्यासे आरोपित सर्पको विवेकसे नष्ट हो जानेपर, फिर कोई उत्पन्न नहीं कर सकता। उसी प्रकार इसे भी कोई उत्पन्न नहीं कर सकता। 'को न्वेनम्' इत्यादि श्रुति आक्षेपार्थक है [प्रश्नार्थक नहीं] इसलिये इससे कारणका प्रतिषेध किया जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि अविद्यासे उत्पन्न हुए इस जीवका विद्याद्वारा नाश हो जानेपर फिर इसे उत्पन्न करनेवाला कोई भी कारण नहीं है, जैसा कि ''यह कहींसे (किसी कारणसे) किसी रूपमें उत्पन्न नहीं हुआ'' इत्यादि श्रुतिसे प्रमाणित होता है॥ २५॥

अनात्मप्रतिषेधसे अजन्मा आत्मा प्रकाशित होता है

स एष नेति नेतीति व्याख्यातं निह्नुते यतः।
सर्वमग्राह्यभावेन हेतुनाजं प्रकाशते॥ २६॥

क्योंकि 'स एष नेति नेति' (वह यह आत्मा यह नहीं है, यह नहीं है) इत्यादि श्रुति आत्माके अग्राह्यत्वके कारण [उसके विषयमें] पहले बतलाये हुए सभी भावोंका निषेध करती है; अतः इस [निषेधरूप] हेतुके द्वारा ही अजन्मा आत्मा प्रकाशित होता है॥ २६॥

सर्वविशेषप्रतिषेधेन "अथात आदेशो नेति नेति" (बृ० उ० २ । ३ । ६) इति प्रतिपादितस्यात्मनो दुर्बोध्यत्वं मन्यमाना श्रुतिः पुनः पुनरुपायान्तरत्वेन तस्यैव प्रतिपिपादयिषया यद्व्याख्यातं तत्सर्वं निह्नुते, ग्राह्यं जनिमद्बुद्धिविषयमपलपति । अर्थात् "स एष नेति नेति" (बृ० उ० ३ । ९ । २६) इत्यात्मनोऽदृश्यतां दर्शयन्ती श्रुतिः उपायस्योपेयनिष्ठतामजानत उपायत्वेन व्याख्यातस्योपेयवद्ग्राह्यता मा भूदित्यग्राह्यभावेन हेतुना कारणेन निह्नुत इत्यर्थः । ततश्चैवमुपायस्योपेयनिष्ठतामेव जानत उपेयस्य च नित्यैकरूपत्वमिति तस्य सबाह्याभ्यन्तरमजमात्मतत्त्वं प्रकाशते स्वयमेव ॥ २६ ॥

"अथात आदेशो नेति नेति*" इस प्रकार समस्त विशेषणोंके प्रतिषेधद्वारा प्रतिपादन किये हुए आत्माका दुर्बोधत्व माननेवाली श्रुति बारंबार दूसरे उपायसे उसीका प्रतिपादन करनेकी इच्छासे, पहले जो कुछ व्याख्या की है उस सभीका अपह्नव (असत्यताप्रतिपादन) करती है। वह ग्राह्य—बुद्धिके जन्य विषयोंका अपलाप करती है। अर्थात् "स एष नेति नेति" इस प्रकार आत्माकी अदृश्यता दिखलानेवाली श्रुति, उपायकी उपेयनिष्ठताको न जाननेवाले लोगोंको उपायरूपसे बतलाये हुए विषय उपेयके समान ग्राह्य न हो जायँ—इसलिये, अग्राह्यतारूप हेतुसे उनका निषेध करती है—यही इसका अभिप्राय है। तदनन्तर इस प्रकार उपायकी उपेयनिष्ठताको जाननेवाले और उपेयकी नित्यैकस्वरूपताको भी समझनेवाले पुरुषोंको यह बाहर-भीतर विद्यमान अजन्मा आत्मतत्त्व स्वयं ही प्रकाशित हो जाता है ॥ २६ ॥

सद्वस्तुकी उत्पत्ति मायिक होती है

एवं हि श्रुतिवाक्यशतैः सबाह्याभ्यन्तर-

इस प्रकार सैकड़ों श्रुतिवाक्योंसे यही निश्चित होता है कि बाहर-भीतर वर्तमान

* इस (मूर्त्त और अमूर्तके उपन्यास)-के अनन्तर [निर्विशेष आत्माका बोध करानेके लिये] यह नहीं है, यह नहीं है—ऐसा उपदेश है।

मजमात्मतत्त्वमद्वयं न ततोऽन्यदस्तीति निश्चितमेतत्। युक्त्या च अधुनैतदेव पुनर्निर्धार्यत इत्याह—

अजन्मा आत्मतत्त्व अद्वितीय है, उससे भिन्न और कुछ नहीं है। यही बात अब युक्तिसे फिर निश्चय की जाती है; इसीसे कहते हैं—

सतो हि मायया जन्म युज्यते न तु तत्त्वतः।
तत्त्वतो जायते यस्य जातं तस्य हि जायते॥ २७॥

सद्वस्तुका जन्म मायासे ही हो सकता है, वस्तुतः नहीं। जिसके मतमें वस्तुतः जन्म होता है उसके सिद्धान्तानुसार भी उत्पत्तिशील वस्तुका ही जन्म हो सकता है॥ २७॥

तत्रैतत्स्यात्सदाग्राह्यमेव चेदसदेवात्मतत्त्वमिति। तन्न, कार्यग्रहणात्। यथा सतो मायाविनो मायया जन्म कार्यम्। एवं जगतो जन्म कार्यं गृह्यमाणं मायाविनमिव परमार्थसन्तम् आत्मानं जगज्जन्ममायास्पदम् अवगमयति। यस्मात्सतो हि विद्यमानात्कारणान्मायानिर्मितस्य हस्त्यादिकार्यस्येव जगज्जन्म युज्यते नासतः कारणात्। न तु तत्त्वत एवात्मनो जन्म युज्यते।

उस आत्मतत्त्वके विषयमें यह शंका होती है कि यदि आत्मतत्त्व सर्वदा अग्राह्य ही है तो वह असत् होना चाहिये। परन्तु ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि उसका कार्य देखा जाता है। जिस प्रकार सत्स्वरूप मायावीका मायासे जन्म लेना कार्य है उसी प्रकार यह दिखलायी देनेवाला जगत्का जन्मरूप कार्य जगज्जन्मरूप मायाके आश्रयभूत परमार्थ सत् मायावीके समान आत्माका बोध कराता है, क्योंकि मायासे रचे हुए हाथी आदि कार्यके समान सत् अर्थात् विद्यमान कारणसे ही जगत्का जन्म होना सम्भव है, किसी अविद्यमान कारणसे नहीं। तथा तत्त्वतः तो आत्माका जन्म होना सम्भव है ही नहीं।

अथ वा सतो विद्यमानस्य वस्तुनो रज्ज्वादेः सर्पादिवत्

अथवा [यों समझो कि] जिस प्रकार रज्जु आदिसे सर्पादिके समान सत् अर्थात्

मायया जन्म युज्यते न तु तत्त्वतो यथा तथाग्राह्यस्यापि सत एवात्मनो रज्जुसर्पवज्जगद्रूपेण मायया जन्म युज्यते। न तु तत्त्वत एवाजस्यात्मनो जन्म।

विद्यमान वस्तुका जन्म मायासे ही हो सकता है, तत्त्वतः नहीं, उसी प्रकार अग्राह्य होनेपर भी सत्स्वरूप आत्माका रज्जुसे सर्पके समान जगद्रूपसे जन्म होना मायासे ही सम्भव है—उस अजन्मा आत्माका तत्त्वतः जन्म नहीं हो सकता।

यस्य पुनः परमार्थसदजमात्म-तत्त्वं जगद्रूपेण जायते वादिनो न हि तस्याजं जायत इति शक्यं वक्तुं विरोधात्। ततस्तस्यार्थाज्जातं जायत इत्यापन्नं ततश्चानवस्था जाताज्जायमानत्वेन। तस्मादजमेकमेवात्मतत्त्वमिति सिद्धम्॥ २७॥

किन्तु जिस वादीके मतमें परमार्थ सत् आत्मतत्त्व ही जगद्रूपसे उत्पन्न होता है उसके सिद्धान्तानुसार यह नहीं कहा जा सकता कि अजन्मा वस्तुका ही जन्म होता है, क्योंकि इससे विरोध उपस्थित होता है। अतः यह स्वतः सिद्ध हो जाता है कि उसके मतानुसार किसी जन्मशीलका ही जन्म होता है। किन्तु इस प्रकार जन्मशीलसे ही जन्म माननेपर अनवस्था उपस्थित हो जाती है; अतः यह सिद्ध हुआ कि आत्मतत्त्व अजन्मा और एक ही है॥ २७॥

असद्वस्तुकी उत्पत्ति सर्वथा असम्भव है

असतो मायया जन्म तत्त्वतो नैव युज्यते।
बन्ध्यापुत्रो न तत्त्वेन मायया वापि जायते॥ २८॥

असद्वस्तुका जन्म तो मायासे अथवा तत्त्वतः किसी प्रकार भी होना सम्भव नहीं है। बन्ध्याका पुत्र न तो वस्तुतः उत्पन्न होता है और न मायासे ही॥ २८॥

असद्वादिनामसतो भावस्य मायया तत्त्वतो वा न कथञ्चन जन्म युज्यते, अदृष्टत्वात्। न हि बन्ध्यापुत्रो मायया तत्त्वतो वा जायते तस्मादत्रासद्वादो दूरत एवानुपपन्न इत्यर्थः॥ २८॥

असद्वादियोंके पक्षमें भी, असत् वस्तुका जन्म मायासे अथवा वस्तुतः किसी प्रकार होना सम्भव नहीं है, क्योंकि ऐसा देखा नहीं जाता। बन्ध्याका पुत्र न तो मायासे उत्पन्न होता है और न वस्तुतः ही। अतः तात्पर्य यह हुआ कि असद्वाद तो सर्वथा ही अयुक्त है॥ २८॥

कथं पुनः सतो माययैव जन्मेत्युच्यते—

सत् वस्तुका जन्म मायासे ही कैसे हो सकता है—इसपर कहते हैं—

यथा स्वप्ने द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः।
तथा जाग्रद्द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः॥ २९॥

जिस प्रकार स्वप्नकालमें मन मायासे ही द्वैताभासरूपसे स्फुरित होता है, उसी प्रकार जाग्रत्कालमें भी वह मायासे ही द्वैताभासरूपसे स्फुरित होता है॥ २९॥

यथा रज्ज्वां विकल्पितः सर्पो रज्जुरूपेणावेक्ष्यमाणः सन्नेवं मनः परमार्थविज्ञप्त्यात्मरूपेणावेक्ष्यमाणं सद् ग्राह्यग्राहकरूपेण द्वयाभासं स्पन्दते स्वप्ने मायया, रज्ज्वामिव सर्पः। तथा तद्वदेव जाग्रज्जागरिते स्पन्दते मायया मनः स्पन्दत इवेत्यर्थः॥ २९॥

जिस प्रकार रज्जुमें कल्पना किया हुआ सर्प रज्जुरूपसे देखे जानेपर सत् है उसी प्रकार मन भी परमार्थज्ञानरूप आत्मस्वरूपसे देखा जानेपर सत् है। वह रज्जुमें सर्पके समान स्वप्नावस्थामें मायासे ही ग्राह्य-ग्राहकरूप द्वैतके आभासरूपसे स्फुरित होता है। इसी प्रकार यह मन ही जाग्रत्-अवस्थामें भी मायासे [विविध रूपोंमें] स्फुरित होता है; अर्थात् स्फुरित होता-सा मालूम होता है [वास्तवमें स्फुरित भी नहीं होता]॥ २९॥

स्वप्न और जागृति मनके ही विलास हैं

अद्वयं च द्वयाभासं मनः स्वप्ने न संशयः।
अद्वयं च द्वयाभासं तथा जाग्रन्न संशयः॥ ३०॥

इसमें सन्देह नहीं, स्वप्नावस्थामें अद्वय मन ही द्वैतरूपसे भासनेवाला है; इसी प्रकार जाग्रत्कालमें भी निःसन्देह अद्वय मन ही द्वैतरूपसे भासता है॥ ३०॥

रज्जुरूपेण सर्प इव परमार्थत आत्मरूपेणाद्वयं सद्द्वयाभासं मनः स्वप्ने न संशयः। न हि स्वप्ने हस्त्यादि ग्राह्यं तद्ग्राहकं वा चक्षुरादिद्वयं विज्ञानव्यतिरेकेणास्ति। जाग्रदपि तथैवेत्यर्थः। परमार्थसद्विज्ञानमात्राविशेषात् ॥ ३०॥

रज्जुरूपसे सत् सर्पके समान परमार्थतः अद्वय आत्मरूपसे सत् मन ही स्वप्नमें द्वैतरूपसे भासनेवाला है—इसमें सन्देह नहीं। स्वप्नमें हाथी आदि ग्राह्य पदार्थ और उन्हें ग्रहण करनेवाले चक्षु आदि दोनों ही विज्ञानके सिवा और कुछ नहीं हैं; ऐसा ही जाग्रत्में भी है—यह इसका तात्पर्य है, क्योंकि दोनों ही अवस्थाओंमें परमार्थ सत् विज्ञान ही समानरूपसे विद्यमान है॥ ३०॥

रज्जुसर्पवद्विकल्पनारूपं द्वैतरूपेण मन एवेत्युक्तम्। तत्र किं प्रमाणमित्यन्वयव्यतिरेकलक्षणमनुमानमाह। कथम्—

रज्जुमें सर्पके समान विकल्पनारूप यह मन ही द्वैतरूपसे स्थित है—ऐसा पहले कहा गया। इसमें प्रमाण क्या है? इसके लिये अन्वयव्यतिरेकरूप अनुमान प्रमाण कहा जाता है; सो किस प्रकार—

मनोदृश्यमिदं द्वैतं यत्किञ्चित्सचराचरम्।
मनसो ह्यमनीभावे द्वैतं नैवोपलभ्यते॥ ३१॥

यह जो कुछ चराचर द्वैत है सब मनका दृश्य है, क्योंकि मनका अमनीभाव (संकल्पशून्यत्व) हो जानेपर द्वैतकी उपलब्धि नहीं होती॥ ३१॥

तेन ही मनसा विकल्प्यमानेन दृश्यं मनोदृश्यमिदं द्वैतं सर्वं मन इति प्रतिज्ञा। तद्भावे भावात्तदभावेऽभावात्। मनसो ह्यमनीभावे निरोधे विवेकदर्शनाभ्यासवैराग्याभ्यां रज्ज्वामिव सर्पे लयं गते वा सुषुप्ते द्वैतं नैवोपलभ्यत इत्यभावात्सिद्धं द्वैतस्यासत्त्वमित्यर्थः॥ ३१॥

उस विकल्पित होनेवाले मनद्वारा दिखायी देने योग्य यह सम्पूर्ण द्वैत मन ही है—यह प्रतिज्ञा है, क्योंकि उसके वर्तमान रहनेपर यह भी वर्तमान रहता है तथा उसका अभाव हो जानेपर इसका भी अभाव हो जाता है। मनका अमनीभाव—निरोध अर्थात् विवेकदृष्टिके अभ्यास और वैराग्यद्वारा रज्जुमें सर्पके समान लय हो जानेपर अथवा सुषुप्ति-अवस्थामें द्वैतकी उपलब्धि नहीं होती। इस प्रकार अभाव हो जानेके कारण द्वैतकी असत्ता सिद्ध ही है—यह इसका तात्पर्य है॥ ३१॥

तत्त्वबोधसे अमनीभाव

कथं पुनरमनीभावः? इति उच्यते—

किन्तु यह अमनीभाव होता किस प्रकार है? इस विषयमें कहा जाता है—

आत्मसत्यानुबोधेन न सङ्कल्पयते यदा।
अमनस्तां तदा याति ग्राह्याभावे तदग्रहम्॥ ३२॥

जिस समय आत्मसत्यकी उपलब्धि होनेपर मन संकल्प नहीं करता उस समय वह अमनीभावको प्राप्त हो जाता है; उस अवस्थामें ग्राह्यका अभाव हो जानेके कारण वह ग्रहण करनेके विकल्पसे रहित हो जाता है॥ ३२॥

आत्मैव सत्यमात्मसत्यं मृत्तिकावत् "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" (छा० उ० ६। १। ४) इति श्रुतेः।

"[घटादि] वाणीसे आरम्भ होनेवाला विकार नाममात्र है, मृत्तिका ही सत्य है" इस श्रुतिके अनुसार मृत्तिकाके समान आत्मा ही सत्य है।

तस्य शास्त्राचार्योपदेशमन्ववबोधः—आत्मसत्यानुबोधः। तेन सङ्कल्प्याभावतया न सङ्कल्पयते, दाह्याभावे ज्वलनमिवाग्नेः, यदा यस्मिन्काले तदा तस्मिन्कालेऽमनस्तामनोभावं याति; ग्राह्याभावे तन्मनोऽग्रहं ग्रहणविकल्पनावर्जितमित्यर्थः ॥ ३२ ॥

उस आत्मसत्यका शास्त्र और आचार्यके उपदेशके अनन्तर बोध होना आत्म-सत्यानुबोध है। उसके कारण सङ्कल्पयोग्य वस्तुका अभाव हो जानेसे, दाह्य वस्तुका अभाव हो जानेपर अग्निके दाहकत्वके अभावके समान, जिस समय चित्त सङ्कल्प नहीं करता उस समय वह अमनस्कता अर्थात् अमनीभावको प्राप्त हो जाता है। ग्राह्य वस्तुका अभाव हो जानेसे वह मन अग्रह अर्थात् ग्रहण-विकल्पनासे रहित हो जाता है॥ ३२॥

आत्मज्ञान किसे होता है ?

यद्यसदिदं द्वैतं केन स्वमजमात्मतत्त्वं विबुध्यते? इति उच्यते—

यदि यह सम्पूर्ण द्वैत असत्य है तो प्रकृत सत्य आत्मतत्त्वका ज्ञान किसे होता है? इसपर कहते हैं—

अकल्पकमजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते।
ब्रह्मज्ञेयमजं नित्यमजेनाजं विबुध्यते॥ ३३॥

उस सर्वकल्पनाशून्य अजन्मा ज्ञानको विवेकीलोग ज्ञेय ब्रह्मसे अभिन्न बतलाते हैं? ब्रह्म जिसका विषय है वह ज्ञान अजन्मा और नित्य है। उस अजन्मा ज्ञानसे अजन्मा आत्मतत्त्व स्वयं ही जाना जाता है॥ ३३॥

अकल्पकं सर्वकल्पनावर्जितमत एवाजं ज्ञानं ज्ञप्तिमात्रं ज्ञेयेन परमार्थसता ब्रह्मणाभिन्नं प्रचक्षते कथयन्ति ब्रह्मविदः।

अकल्पक—सम्पूर्ण कल्पनाओंसे रहित अतएव अजन्मा अर्थात् ज्ञप्तिमात्र ज्ञानको ब्रह्मवेत्ता लोग ज्ञेय यानी परमार्थ-सत्स्वरूप ब्रह्मसे अभिन्न बतलाते हैं।

न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यतेऽग्न्युष्णवत् "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" (बृ० उ० ३। ९। २८) "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" (तै० उ० २। १। १) इत्यादिश्रुतिभ्यः।

अग्निकी उष्णताके समान विज्ञाताके ज्ञानका कभी लोप नहीं होता। "ब्रह्म विज्ञान और आनन्दस्वरूप है" "ब्रह्म सत्य ज्ञान और अनन्त है" इत्यादि श्रुतियोंसे यही बात प्रमाणित होती है।

तस्यैव विशेषणं ब्रह्म ज्ञेयं यस्य स्वस्य तदिदं ब्रह्मज्ञेयमौष्ण्यस्येवाग्निवदभिन्नम्। तेनात्मस्वरूपेणाजेन ज्ञानेनाजं ज्ञेयमात्मतत्त्वं स्वयमेव विबुध्यतेऽवगच्छति। नित्यप्रकाशस्वरूप इव सविता नित्यविज्ञानैकरसघनत्वान्न ज्ञानान्तरमपेक्षत इत्यर्थः॥ ३३॥

उस (ज्ञान)-के ही विशेषण बतलाते हैं—'ब्रह्मज्ञेयम्' अर्थात् ब्रह्म जिसका ज्ञेय है वह ज्ञान अग्निसे उष्णताके समान ब्रह्मसे अभिन्न है। उस आत्मस्वरूप अजन्मा ज्ञानसे अजन्मा ज्ञेयरूप आत्मतत्त्व स्वयं ही जाना जाता है। तात्पर्य यह है कि नित्यप्रकाशस्वरूप सूर्यके समान नित्यविज्ञानैकरसघनरूप होनेके कारण वह किसी अन्य ज्ञानकी अपेक्षा नहीं करता॥ ३३॥

शान्तवृत्तिका स्वरूप

आत्मसत्यानुबोधेन सङ्कल्पमकुर्वद्बाह्यविषयाभावे निरिन्धनाग्निवत्प्रशान्तं निगृहीतं निरुद्धं मनो भवतीत्युक्तम्। एवं च मनसो ह्यमनीभावे द्वैताभावश्चोक्तः। तस्यैवम्—

आत्मसत्यकी उपलब्धि होनेसे संकल्प न करता हुआ चित्त, बाह्यविषयका अभाव हो जानेसे, इन्धनरहित अग्निके समान शान्त होकर निगृहीत अर्थात् निरुद्ध हो जाता है—ऐसा कहा गया। इस प्रकार मनका अमनीभाव हो जानेपर द्वैतका भी अभाव बतलाया गया। उस इस प्रकार—

निगृहीतस्य मनसो निर्विकल्पस्य धीमतः।
प्रचारः स तु विज्ञेयः सुषुप्तेऽन्यो न तत्समः॥ ३४॥

निगृहीत, निर्विकल्प और विवेकसम्पन्न चित्तका जो व्यापार है वह विशेषरूपसे ज्ञातव्य है। सुषुप्ति-अवस्थामें जो चित्तकी वृत्ति है वह अन्य प्रकारकी है, वह उस (निरुद्धावस्था)-के समान नहीं है॥ ३४॥

निगृहीतस्य निरुद्धस्य मनसो निर्विकल्पस्य सर्वकल्पनावर्जितस्य धीमतो विवेकवतः प्रचारो यः स तु प्रचारो विशेषेण ज्ञेयो योगिभिः।

ननु सर्वप्रत्ययाभावे यादृशः सुषुप्तस्थस्य मनसः प्रचारस्तादृश एव निरुद्धस्यापि प्रत्ययाभावाविशेषात् किं तत्र विज्ञेयमिति।

अत्रोच्यते—नैवम्; यस्मात् सुषुप्तेऽन्यः प्रचारोऽविद्यामोह-तमोग्रस्तस्यान्तर्लीनानेकानर्थप्रवृत्ति-बीजवासनावतो मनस आत्मसत्यानुबोधहुताशविप्लुष्टा-विद्यानर्थप्रवृत्तिबीजस्य निरुद्धस्यान्य एव प्रशान्तसर्वक्लेशरजसः स्वतन्त्रः प्रचारः। अतो न तत्समः।

निगृहीत—रोके हुए, निर्विकल्प—सब प्रकारकी कल्पनाओंसे रहित और धीमान्—विवेकसम्पन्न चित्तका जो प्रचार—व्यापार है, योगियोंको उसका वह व्यापार विशेषरूपसे जानना चाहिये।

शंका—सब प्रकारकी प्रतीतियोंका अभाव हो जानेपर जैसा व्यापार सुषुप्तिस्थ चित्तका होता है वैसा ही निरुद्धका भी होगा, क्योंकि प्रतीतिका अभाव दोनों ही अवस्थाओंमें समान है। उसमें विशेष-रूपसे जाननेयोग्य कौन-सी बात है?

समाधान—इस विषयमें हमारा कहना है कि ऐसी बात नहीं है, क्योंकि सुषुप्तिमें अविद्या-मोहरूप अन्धकारसे ग्रस्त हुए तथा जिसके भीतर अनेकों अनर्थ-प्रवृत्तिकी बीजभूत वासनाएँ लीन हैं उस मनका व्यापार दूसरे प्रकारका है और आत्मसत्यके बोधरूप अग्निसे जिसकी अविद्यारूपी अनर्थ-प्रवृत्तिका बीज दग्ध हो गया है तथा जिसके सब प्रकारके क्लेशरूप दोष शान्त हो गये हैं उस निरुद्ध चित्तका स्वतन्त्र प्रचार दूसरे ही प्रकारका है। अतः वह उसके समान नहीं है।

तस्माद्युक्तः स विज्ञातुमित्यभिप्रायः ॥ ३४ ॥

इसलिये तात्पर्य यह है कि उसका ज्ञान अवश्य प्राप्त करना चाहिये ॥ ३४ ॥

सुषुप्ति और समाधिका भेद

प्रचारभेदे हेतुमाह—

उन दोनोंके प्रचारभेदमें हेतु बतलाते हैं—

लीयते हि सुषुप्ते तन्निगृहीतं न लीयते।
तदेव निर्भयं ब्रह्म ज्ञानालोकं समन्ततः ॥ ३५ ॥

सुषुप्ति-अवस्थामें मन [अविद्यामें] लीन हो जाता है, किन्तु निरुद्ध होनेपर वह उसमें लीन नहीं होता। उस समय तो सब ओरसे चित्प्रकाशमय निर्भय ब्रह्म ही रहता है ॥ ३५ ॥

लीयते सुषुप्तौ हि यस्मात्सर्वाभिरविद्यादिप्रत्ययबीजवासनाभिः सह तमोरूपमविशेषरूपं बीजभावमापद्यते तद्विवेकविज्ञानपूर्वकं निरुद्धं निगृहीतं सन्न लीयते तमोबीजभावं नापद्यते। तस्माद्युक्तः प्रचारभेदः सुषुप्तस्य समाहितस्य मनसः।

क्योंकि सुषुप्तिमें मन अविद्यादि सम्पूर्ण प्रतीतियोंकी बीजभूता वासनाओंके सहित तमःस्वभाव अविशेषरूप बीजभावको प्राप्त हो जाता है और उसके विवेक ज्ञानपूर्वक निरुद्ध किया जानेपर लीन नहीं होता, अर्थात् अज्ञानरूप बीजभावको प्राप्त नहीं होता। अतः सुषुप्त और समाहित चित्तका प्रचारभेद ठीक ही है।

यदा ग्राह्यग्राहकाविद्याकृतमलद्वयवर्जितं तदा परमद्वयं ब्रह्मैव तत्संवृत्तमित्यतस्तदेव निर्भयं द्वैतग्रहणस्य भयनिमित्तस्याभावात्।

जिस समय चित्त ग्राह्य-ग्राहकरूप अविद्यासे होनेवाले दोनों प्रकारके मलोंसे रहित हो जाता है उस समय वह परम अद्वितीय ब्रह्मरूप ही हो जाता है। अतः द्वैतग्रहणरूप भयके कारणका अभाव हो जानेसे [उस अवस्थामें] वही निर्भय

शान्तमभयं ब्रह्म, यद्विद्वान्न बिभेति कुतश्चन।

तदेव विशेष्यते ज्ञप्तिर्ज्ञानमात्मस्वभावचैतन्यं तदेव ज्ञानमालोकः प्रकाशो यस्य तद्ब्रह्म ज्ञानालोकं विज्ञानैकरसघनमित्यर्थः। समन्ततः समन्तात्सर्वतो व्योमवन्नैरन्तर्येण व्यापकमित्यर्थः॥ ३५॥

होता है। ब्रह्म शान्त और अभयपद है, जिसे जान लेनेपर पुरुष किसीसे नहीं डरता।

उसीका विशेषण बतला रहे हैं— ज्ञानका अर्थ ज्ञप्ति अर्थात् आत्मस्वरूप चैतन्य है; वह ज्ञान ही जिसका आलोक यानी प्रकाश है वह ब्रह्म ज्ञानालोक अर्थात् विज्ञानैकरसस्वरूप है। समन्ततः—सब ओर अर्थात् आकाशके समान निरन्तरतासे सब ओर व्यापक है॥ ३५॥

ब्रह्मका स्वरूप

अजमनिद्रमस्वप्नमनामकमरूपकम्।
सकृद्विभातं सर्वज्ञं नोपचारः कथञ्चन॥ ३६॥

वह ब्रह्म जन्मरहित, [अज्ञानरूप] निद्रारहित, स्वप्नशून्य, नामरूपसे रहित, नित्य प्रकाशस्वरूप और सर्वज्ञ है; उसमें किसी प्रकारका कर्तव्य नहीं है॥ ३६॥

जन्मनिमित्ताभावात्सबाह्याभ्यन्तरमजम्। अविद्यानिमित्तं हि जन्म रज्जुसर्पवदित्यवोचाम। सा चाविद्यात्मसत्यानुबोधेन निरुद्धा यतोऽजमत एवानिद्रम्। अविद्यालक्षणानादिर्मायानिद्रा। स्वापात्प्रबुद्धोऽद्वयस्वरूपेणात्मनातः

जन्मके कारणका अभाव होनेसे ब्रह्म बाह्याभ्यन्तरवर्ती और अजन्मा है। रज्जुमें सर्पके समान जीवका जन्म अविद्याके कारण है—ऐसा हम पहले कह चुके हैं; क्योंकि आत्मसत्यका अनुभव होनेसे उस अविद्याका निरोध हो गया है; इसलिये ब्रह्म अजन्मा है और इसीसे अनिद्र भी है। यहाँ अविद्यारूपा अनादिमाया ही निद्रा है। अपने अद्वयस्वरूपसे वह स्वप्नसे

अस्वप्नम्। अप्रबोधकृते ह्यस्य नामरूपे। प्रबोधाच्च ते रज्जुसर्पवद्विनष्टे इति न नाम्नाभिधीयते ब्रह्म रूप्यते वा न केनचित्प्रकारेणेत्यनामकमरूपकं च तत्। "यतो वाचो निवर्तन्ते" (तै० उ० २।४।१) इत्यादिश्रुतेः।

किं च सकृद्विभातं सदैव विभातं सदा भारूपमग्रहणान्यथाग्रहणाविर्भावतिरोभाववर्जितत्वात्। ग्रहणाग्रहणे हि रात्र्यहनी तमश्चाविद्यालक्षणं सदाप्रभातत्वे कारणम्। तदभावान्नित्यचैतन्यभारूपत्वाच्च युक्तं सकृद्विभातमिति। अत एव सर्वं च तज्ज्ञस्वरूपं चेति सर्वज्ञम्। नेह ब्रह्मण्येवंविध उपचरणमुपचारः कर्तव्यः। यथान्येषामात्मस्वरूपव्यतिरेकेण समाधानाद्युपचारः। नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावत्वाद्ब्रह्मणः कथञ्चन न कथञ्चिदपि कर्तव्यसंभवोऽविद्यानाश इत्यर्थः॥ ३६॥

जगा हुआ है; इसलिये अस्वप्न है। उसके नामरूप भी अज्ञानके ही कारण हैं। ज्ञान होनेपर वे रज्जुमें प्रतीत होनेवाले सर्पके समान नष्ट हो जाते हैं। अतः ब्रह्म किसी नामद्वारा कथन नहीं किया जाता और न किसी प्रकार उसका रूप ही बतलाया जाता है, इसीलिये वह अनाम और अरूप है; जैसा कि "जहाँसे वाणी लौट आती है" इत्यादि श्रुतिसे सिद्ध होता है।

यही नहीं; वह अग्रहण, अन्यथाग्रहण तथा आविर्भाव-तिरोभावसे रहित होनेके कारण सकृद्विभात—सदा ही भासनेवाला अर्थात् नित्यप्रकाशस्वरूप है। ग्रहण और अग्रहण ही रात्रि और दिन हैं तथा अविद्यारूप अन्धकार ही सर्वदा ब्रह्मके प्रकाशित न होनेमें कारण हैं। उसका अभाव होनेसे और नित्यचैतन्यस्वरूप होनेसे ब्रह्मका नित्यप्रकाशस्वरूप होना ठीक ही है। अतः सर्व और ज्ञप्तिरूप होनेसे वह सर्वज्ञ है। इस प्रकारके ब्रह्ममें कोई उपचार यानी कर्तव्य नहीं है, जिस प्रकार कि दूसरोंको आत्मस्वरूपसे भिन्न समाधि आदि कर्तव्य हैं। तात्पर्य यह है कि ब्रह्म नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव है; इसलिये अविद्याका नाश हो जानेपर विद्वान्‌को कुछ भी कर्तव्य रहना सम्भव नहीं है॥ ३६॥

अनामकत्वाद्युक्तार्थसिद्धये हेतुमाह—

अनामकत्व आदि उपर्युक्त अर्थकी सिद्धिके लिये कारण बतलाते हैं—

सर्वाभिलापविगतः सर्वचिन्तासमुत्थितः।
सुप्रशान्तः सकृज्ज्योतिः समाधिरचलोऽभयः॥ ३७॥

वह सब प्रकारके वाग्व्यापारसे रहित, सब प्रकारके चिन्तन (अन्तःकरणके व्यापार)-से ऊपर, अत्यन्त शान्त, नित्यप्रकाश, समाधिस्वरूप, अचल और निर्भय है॥ ३७॥

अभिलप्यतेऽनेनेत्यभिलापो वाक्करणं सर्वप्रकारस्याभिधानस्य, तस्माद्विगतः। वागत्रोपलक्षणार्था, सर्वबाह्यकरणवर्जित इत्येतत्।

जिसके द्वारा शब्दोच्चारण किया जाता है वह 'अभिलाप' अर्थात् 'वाक्' है, जो सब प्रकारके शब्दोच्चारणका साधन है, उससे रहित। यहाँ वागिन्द्रिय उपलक्षणके लिये है, अतः तात्पर्य यह है कि वह सब प्रकारकी बाह्य-इन्द्रियोंसे रहित है।

तथा सर्वचिन्तासमुत्थितः। चिन्त्यतेऽनयेति चिन्ता बुद्धिस्तस्याः समुत्थितोऽन्तःकरण-वर्जित इत्यर्थः "अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रो ह्यक्षरात्परतः परः" (मु० उ० २।१।२) इत्यादिश्रुतेः।

तथा सब प्रकारकी चिन्तासे उठा हुआ है। जिससे चिन्तन किया जाता है वह बुद्धि ही चिन्ता है, उससे उठा हुआ है अर्थात् अन्तःकरणसे रहित है; जैसा कि "प्राणरहित, मनोरहित और शुद्ध है तथा पर अक्षरसे भी पर है" इत्यादि श्रुतियोंसे प्रमाणित होता है।

यस्मात्सर्वविषयवर्जितोऽतः सुप्रशान्तः, सकृज्ज्योतिः सदैव ज्योतिरात्मचैतन्यस्वरूपेण, समाधिः समाधिनिमित्तप्रज्ञावगम्यत्वात्, समाधीयतेऽस्मिन्निति वा समाधिः,

क्योंकि वह सम्पूर्ण विषयोंसे रहित है इसलिये अत्यन्त शान्त है, सकृज्ज्योति अर्थात् आत्मचैतन्यरूपसे सदा ही प्रकाशस्वरूप है, समाधिके कारणसे होनेवाली प्रज्ञासे उपलब्ध होनेके कारण समाधि है, अथवा इसमें चित्त समाहित किया जाता है इसलिये इसे समाधि

अचलोऽविक्रियः, अत एवाभयो विक्रियाभावात् ॥ ३७॥

कहते हैं, अचल अर्थात् अविकारी है और इसीसे विकारका अभाव होनेके कारण ही अभय है॥ ३७॥

यस्माद्ब्रह्मैव समाधिरचलोऽभय इत्युक्तमतः—

क्योंकि ब्रह्म ही 'समाधिस्वरूप, अचल और अभय है' ऐसा कहा गया है, इसलिये—

ग्रहो न तत्र नोत्सर्गश्चिन्ता यत्र न विद्यते।
आत्मसंस्थं तदा ज्ञानमजाति समतां गतम्॥ ३८॥

जिस (ब्रह्मपद)-में किसी प्रकारका चिन्तन नहीं है उसमें किसी तरहका ग्रहण और त्याग भी नहीं है। उस अवस्थामें आत्मनिष्ठ ज्ञान जन्मरहित और समताको प्राप्त हुआ रहता है॥ ३८॥

न तत्र तस्मिन्ब्रह्मणि ग्रहो ग्रहणमुपादानम्, नोत्सर्ग उत्सर्जनं हानं वा विद्यते। यत्र हि विक्रिया तद्विषयत्वं वा तत्र हानोपादाने स्यातां न तद्द्वयमिह ब्रह्मणि संभवति। विकारहेतोरन्यस्याभावान्निरवयवत्वाच्च । अतो न तत्र हानोपादाने इत्यर्थः। चिन्ता यत्र न विद्यते। सर्वप्रकारैव चिन्ता न संभवति यत्रामनस्त्वात्कुतस्तत्र हानोपादाने इत्यर्थः।

वहाँ—उस ब्रह्ममें न तो ग्रह— ग्रहण यानी उपादान है और न उत्सर्ग—उत्सर्जन अर्थात् त्याग ही है। जहाँ विकार अथवा विकारकी विषयता (विकृत होनेकी योग्यता) होती है वहीं ग्रहण और त्याग भी रहते हैं; किन्तु यहाँ ब्रह्ममें उन दोनोंहीकी सम्भावना नहीं है, क्योंकि उसमें विकारका हेतुभूत कोई अन्य पदार्थ है नहीं और वह स्वयं निरवयव है। इसलिये तात्पर्य यह है कि उसमें ग्रहण और त्याग भी सम्भव नहीं हैं। जहाँ चिन्ता नहीं है अर्थात् मनोरहित होनेके कारण जिसमें किसी प्रकारकी चिन्ता सम्भव नहीं है वहाँ त्याग और ग्रहण कैसे रह सकते हैं?

यदैवात्मसत्यानुबोधो जातस्तदैवात्मसंस्थं विषयाभावादग्न्युष्णवदात्मन्येव स्थितं ज्ञानम्, अजाति जातिवर्जितम्, समतां गतं परं साम्यमापन्नं भवति।

जिस समय भी आत्मसत्यका बोध होता है उसी समय आत्मसंस्थ अर्थात् विषयका अभाव होनेके कारण अग्निकी उष्णताके समान आत्मामें ही स्थित ज्ञान अजाति—जन्मरहित और समताको प्राप्त हो जाता है।

यदादौ प्रतिज्ञातमतो वक्ष्याम्यकार्पण्यमजाति समतां गतमितीदं तदुपपत्तितः शास्त्रतश्चोक्तमुपसंह्रियते, अजाति समतां गतमिति। एतस्मादात्मसत्यानुबोधात्कार्पण्यविषयमन्यत् "यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वास्माल्लोकात्प्रैति स कृपणः" (बृ० उ० ३।८।१०) इति श्रुतेः। प्राप्यैतत्सर्वः कृतकृत्यो ब्राह्मणो भवतीत्यभिप्रायः॥ ३८॥

पहले (इस प्रकरणके दूसरे श्लोकमें) जो प्रतिज्ञा की थी कि 'इसलिये मैं समान भावको प्राप्त, अजन्मा अकृपणताका वर्णन करूँगा' उस पूर्वकथनका ही यहाँ 'अजाति समतां गतम्' ऐसा कहकर युक्ति और शास्त्रद्वारा उपसंहार किया गया है। "हे गार्गि! जो पुरुष इस अक्षर ब्रह्मको बिना जाने ही इस लोकसे चला जाता है वह कृपण है" इस श्रुतिके अनुसार कृपणताका विषय तो इस आत्मसत्यके बोधसे भिन्न ही है। तात्पर्य यह है कि इस तत्त्वको प्राप्त कर लेनेपर तो हर कोई कृतकृत्य ब्राह्मण (ब्रह्मनिष्ठ) हो जाता है॥ ३८॥

अस्पर्शयोगकी दुर्गमता

यद्यपीदमित्थं परमार्थतत्त्वम्—

यद्यपि यह परमार्थ तत्त्व ऐसा है [तथापि]—

अस्पर्शयोगो वै नाम दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः।
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः॥ ३९॥

[सब प्रकारके स्पर्शसे रहित] यह अस्पर्शयोग निश्चय ही योगियोंके लिये कठिनतासे दिखायी देनेवाला है। इस अभय पदमें भय देखनेवाले योगी लोग इससे भय मानते हैं॥ ३९ ॥

अस्पर्शयोगो नामायं सर्वसम्बन्धाख्यस्पर्शवर्जितत्वादस्पर्शयोगो नाम वै स्मर्यते प्रसिद्धमुपनिषत्सु। दुःखेन दृश्यत इति दुर्दर्शः सर्वैर्योगिभिः वेदान्तविहितविज्ञानरहितैः सर्वयोगिभिः। आत्मसत्यानुबोधायासलभ्य—एवेत्यर्थः।

यह अस्पर्शयोग नामवाला है अर्थात् सर्व-सम्बन्धरूप स्पर्शसे रहित होनेके कारण यह उपनिषदोंमें अस्पर्शयोग नामसे प्रसिद्ध होकर स्मरण किया गया है। यह वेदान्त-विज्ञानसे रहित सभी योगियोंको कठिनतासे दिखायी देता है, इसलिये उनके लिये दुर्दर्श है। तात्पर्य यह है कि यह एकमात्र आत्मसत्यके अनुभव और [श्रवण-मनन एवं प्राणायामादि] आयासोंके द्वारा ही प्राप्त होने योग्य है।

योगिनो बिभ्यति ह्यस्मात्सर्वभयवर्जितादप्यात्मनाशरूपमिमं योगं मन्यमाना भयं कुर्वन्ति अभयेऽस्मिन्भयदर्शिनो भयनिमित्तात्मनाशदर्शनशीला अविवेकिन इत्यर्थः॥ ३९ ॥

क्योंकि सम्पूर्ण भयसे रहित होनेपर भी इस योगको आत्मनाशरूप माननेके कारण इस अभययोगमें भय देखनेवाले—भयका निमित्तभूत आत्मनाश देखनेवाले अर्थात् अविवेकी योगी लोग इससे भय मानते हैं॥ ३९ ॥

अन्य योगियोंकी शान्ति मनोनिग्रहके अधीन है

येषां पुनर्ब्रह्मस्वरूपव्यतिरेकेण रज्जुसर्पवत्कल्पितमेव मन इन्द्रियादि च न परमार्थतो विद्यते तेषां ब्रह्मस्वरूपाणामभयं

जिनकी दृष्टिमें ब्रह्मस्वरूपसे अतिरिक्त मन और इन्द्रिय आदि रज्जुमें सर्पके समान कल्पित ही हैं—परमार्थतः हैं ही नहीं, उन ब्रह्मभूतोंकी निर्भयता

मोक्षाख्या चाक्षया शान्तिः स्वभावत एव सिद्धा नान्यायत्ता नोपचारः कथञ्चनेत्यवोचाम। ये त्वतोऽन्ये योगिनो मार्गगा हीनमध्यमदृष्टयो मनोऽन्यदात्मव्यतिरिक्तमात्मसम्बन्धि पश्यन्ति तेषामात्मसत्यानुबोध-रहितानाम्—

और मोक्षसंज्ञक अक्षय शान्ति तो स्वभावसे ही सिद्ध है, किसी अन्यके अधीन नहीं है; जैसा कि 'उसके लिये कुछ भी कर्तव्य नहीं है' ऐसा हम पहले (छत्तीसवें श्लोकमें) कह चुके हैं। किन्तु जो इनसे अन्य परमार्थपथमें चलनेवाले हीन और मध्यम दृष्टिवाले योगी मनको आत्मासे भिन्न आत्माका सम्बन्धी मानते हैं, उन आत्मसत्यके बोधसे रहित—

मनसो निग्रहायत्तमभयं सर्वयोगिनाम्।
दुःखक्षयः प्रबोधश्चाप्यक्षया शान्तिरेव च॥ ४०॥

समस्त योगियोंके अभय, दुःखक्षय, प्रबोध और अक्षय शान्ति मनके निग्रहके ही अधीन हैं॥ ४०॥

मनसो निग्रहायत्तमभयं सर्वेषां योगिनाम्। किं च दुःखक्षयोऽपि, न ह्यात्मसम्बन्धिनि मनसि प्रचलिते दुःखक्षयोऽस्ति अविवेकिनाम्। किं चात्मप्रबोधोऽपि मनोनिग्रहायत्त एव। तथाक्षयापि मोक्षाख्या शान्तिस्तेषां मनोनिग्रहायत्तैव॥ ४०॥

समस्त योगियोंका अभय मनके निग्रहके अधीन है। यही नहीं, दुःखक्षय भी [मनोनिग्रहके ही अधीन है], क्योंकि आत्मासे सम्बन्ध रखनेवाले मनके चलायमान रहते हुए अविवेकी पुरुषोंका दुःखक्षय नहीं हो सकता। इसके सिवा उनका आत्मज्ञान भी मनके निग्रहके ही अधीन है तथा मोक्षनाम्नी उनकी अक्षय शान्ति भी मनोनिग्रहके ही अधीन है॥ ४०॥

मनोनिग्रह धैर्यपूर्वक ही हो सकता है

उत्सेक उदधेर्यद्वत्कुशाग्रेणैकबिन्दुना।
मनसो निग्रहस्तद्वद्भवेदपरिखेदतः॥ ४१॥

जिस प्रकार [उद्विग्नता छोड़कर] कुशाके अग्रभागसे एक-एक बूँदद्वारा समुद्रको उलीचा जा सकता है उसी प्रकार सब प्रकारकी खिन्नताका त्याग कर देनेपर मनका निग्रह हो सकता है॥ ४१॥

मनोनिग्रहोऽपि तेषामुदधेः कुशाग्रेणैकबिन्दुना उत्सेचनेन शोषणव्यवसायवद्व्यवसायवतामनवसन्नान्तःकरणानामनिर्वेदादपरिखेदतो भवतीत्यर्थः॥ ४१॥

कुशके अग्रभागसे एक-एक बूँदके द्वारा समुद्रके उत्सेचन अर्थात् सुखानेके प्रयत्नके समान अखिन्नचित्त और उद्यमशील रहनेवाले उन योगियोंके मनका निग्रह भी खेदशून्य रहनेसे ही होता है—यह इसका तात्पर्य है॥ ४१॥

मनोनिग्रहके विघ्न

किमपरिखिन्नव्यवसायमात्रमेव मनोनिग्रह उपायः? न, इत्युच्यते।

तो क्या खेदरहित उद्योग ही मनोनिग्रहका उपाय है? इसपर कहते हैं—'नहीं'

उपायेन निगृह्णीयाद्विक्षिप्तं कामभोगयोः।
सुप्रसन्नं लये चैव यथा कामो लयस्तथा॥ ४२॥

काम्यविषय और भोगोंमें विक्षिप्त हुए चित्तका उपायपूर्वक निग्रह करे तथा लयावस्थामें अत्यन्त प्रसन्नताको प्राप्त हुए चित्तका भी संयम करे, क्योंकि जैसा [अनर्थकारक] काम है वैसा ही लय भी है॥ ४२॥

अपरिखिन्नव्यवसायवान्सन् वक्ष्यमाणेनोपायेन कामभोगविषयेषु विक्षिप्तं मनो निगृह्णीयान्निरुन्ध्यादात्मन्येवेत्यर्थः। किं च लीयतेऽस्मिन्निति सुषुप्तो लयस्तस्मिँल्लये च सुप्रसन्नम्

अथक उद्योगशील होकर आगे कहे जानेवाले उपायसे काम और भोगरूप विषयोंमें विक्षिप्त हुए चित्तका निग्रह करे, अर्थात् उसका आत्मामें ही निरोध करे। तथा, जिस अवस्थामें चित्त लीन हो जाता है उस सुषुप्तिका नाम लय है, उस लयावस्थामें अत्यन्त प्रसन्न अर्थात्

आयासवर्जितम् अपि इत्येतत्, निगृह्णीयादित्यनुवर्तते।

सुप्रसन्नं चेत्कस्मान्निगृह्यत इत्युच्यते। यस्माद्यथा कामोऽनर्थ-हेतुस्तथा लयोऽपि। अतः कामविषयस्य मनसो निग्रहवल्लयादपि निरोद्धव्यमित्यर्थः॥ ४२॥

आयासरहित स्थितिको प्राप्त हुए चित्तका भी निग्रह करे। यहाँ 'निगृह्णीयात्' इस पदकी अनुवृत्ति की जाती है।

यदि उस अवस्थामें चित्त अत्यन्त प्रसन्न हो जाता है तो उसका निग्रह क्यों करना चाहिये? इसपर कहा जाता है—क्योंकि जिस प्रकार काम अनर्थका कारण है उसी प्रकार लय भी है; इसलिये तात्पर्य यह है कि कामविषयक मनके निग्रहके समान उसका लयसे भी निरोध करना चाहिये॥ ४२॥

कः स उपायः? इत्युच्यते—

वह उपाय क्या है? इस विषयमें कहा जाता है—

दुःखं सर्वमनुस्मृत्य कामभोगान्निवर्तयेत्।
अजं सर्वमनुस्मृत्य जातं नैव तु पश्यति॥ ४३॥

सम्पूर्ण द्वैत दुःखरूप है—ऐसा निरन्तर स्मरण करते हुए चित्तको कामजनित भोगोंसे हटावे। इस प्रकार निरन्तर सब वस्तुओंको अजन्मा ब्रह्मरूप स्मरण करता हुआ फिर कोई जात पदार्थ नहीं देखता॥ ४३॥

सर्वं द्वैतमविद्याविजृम्भितं दुःखमेवेत्यनुस्मृत्य कामभोगा-त्कामनिमित्तो भोग इच्छाविषय-स्तस्माद्विप्रसृतं मनो निवर्तयेद्वैराग्यभावनयेत्यर्थः।

अविद्यासे प्रतीत होनेवाला सारा द्वैत दुःखरूप ही है—ऐसा निरन्तर स्मरण करता हुआ कामभोगसे—कामनानिमित्तक भोगसे अर्थात् इच्छाजनित विषयसे उसमें फैले हुए चित्तको वैराग्यभावनाद्वारा निवृत्त करे—यह इसका तात्पर्य है। फिर

अजं ब्रह्म सर्वमित्येतच्छास्त्राचार्योपदेशतोऽनुस्मृत्य तद्विपरीतं द्वैतजातं नैव तु पश्यति, अभावात्॥ ४३॥

'यह सब अजन्मा ब्रह्म ही है' ऐसा शास्त्र और आचार्यके उपदेशानुसार निरन्तर स्मरण करता हुआ उससे विपरीत द्वैतजातको—उसका अभाव हो जानेके कारण—वह नहीं देखता॥ ४३॥

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत्पुनः।
सकषायं विजानीयात्समप्राप्तं न चालयेत्॥ ४४॥

चित्त [सुषुप्तिमें] लीन होने लगे तो उसे आत्मविवेकमें नियुक्त करे, यदि विक्षिप्त हो जाय तो उसे पुनः शान्त करे और [यदि इन दोनोंके बीचकी अवस्थामें रहे तो उसे] सकषाय—रागयुक्त समझे। तथा साम्यावस्थाको प्राप्त हुए चित्तको चञ्चल न करे॥ ४४॥

एवमनेन ज्ञानाभ्यासवैराग्यद्वयोपायेन लये सुषुप्ते लीनं सम्बोधयेन्मन आत्मविवेकदर्शनेन योजयेत्। चित्तं मन इत्यनर्थान्तरम्। विक्षिप्तं च कामभोगेषु शमयेत्पुनः। एवं पुनः पुनरभ्यस्यतो लयात्सम्बोधितं विषयेभ्यश्च व्यावर्तितं नापि साम्यापन्नमन्तरालावस्थं सकषायं सरागं बीजसंयुक्तं मन इति विजानीयात्। ततोऽपि यत्नतः साम्यमापादयेत्। यदा तु

इस प्रकार ज्ञानाभ्यास और वैराग्य— इन दो उपायोंसे, लय अर्थात् सुषुप्तिमें लीन हुए चित्तको, सम्बोधित अर्थात् आत्मविवेकदर्शनमें नियुक्त करे। चित्त और मन—ये कोई भिन्न पदार्थ नहीं हैं। तथा कामना और भोगोंमें विक्षिप्त हुए चित्तको पुनः शान्त करे। इस प्रकार बारम्बार अभ्यासद्वारा लयावस्थासे सम्बोधित और विषयोंसे निवृत्त किया हुआ चित्त जब अन्तरालावस्थामें स्थित होकर समताको भी प्राप्त न हो तो यह समझे कि इस समय मन सकषाय—रागयुक्त अर्थात् बीजावस्था-संयुक्त है। उस अवस्थासे भी उसे यत्नपूर्वक साम्यावस्थामें स्थित करे। किन्तु जिस

समप्राप्तं भवति समप्राप्त्यभिमुखी भवतीत्यर्थः, ततस्तन्न विचालयेद्विषयाभिमुखं न कुर्यादित्यर्थः ॥ ४४ ॥

समय वह समताको प्राप्त हो अर्थात् साम्यावस्थाप्राप्तिके अभिमुख हो, उस समय उस अवस्थामें उसे विचलित न करे; अर्थात् विषयाभिमुख न करे ॥ ४४ ॥

नास्वादयेत्सुखं तत्र निःसङ्गः प्रज्ञया भवेत्।
निश्चलं निश्चरच्चित्तमेकीकुर्यात्प्रयत्नतः ॥ ४५ ॥

उस साम्यावस्थामें [प्राप्त होनेवाले] सुखका आस्वादन न करे, बल्कि विवेकवती बुद्धिके द्वारा उससे निःसंग रहे। फिर यदि चित्त बाहर निकलने लगे तो उसे प्रयत्नपूर्वक निश्चल और एकाग्र करे ॥ ४५ ॥

समाधित्सतो योगिनो यत्सुखं जायते तन्नास्वादयेत्, तत्र न रज्येतेत्यर्थः। कथं तर्हि? निःसङ्गो निस्पृहः प्रज्ञया विवेकबुद्ध्या यदुपलभ्यते सुखं तदविद्यापरिकल्पितं मृषैवेति विभावयेत्। ततोऽपि सुखरागान्निगृह्णीयादित्यर्थः।

यदा पुनः सुखरागान्निवृत्तं निश्चलस्वभावं सन्निश्चरद्बहिर्निर्गच्छद्भवति चित्तं ततस्ततो नियम्योक्तोपायेनात्मन्येवैकीकुर्यात्प्रयत्नतः। चित्स्वरूपसत्तामात्रमेवापादयेदित्यर्थः ॥ ४५ ॥

समाधिकी इच्छावाले योगीको जो सुख प्राप्त होता है उसका आस्वादन न करे अर्थात् उसमें राग न करे तो फिर कैसे रहे? निःसङ्ग अर्थात् निःस्पृह होकर प्रज्ञा—विवेकवती बुद्धिसे ऐसी भावना करे कि यह जो कुछ सुख अनुभव हो रहा है वह अविद्यापरिकल्पित और मिथ्या ही है। तात्पर्य यह कि उस सुखके रागसे भी चित्तका निग्रह करे।

जिस समय सुखके रागसे निवृत्त होकर निश्चलस्वभाव हुआ चित्त फिर बाहर निकलने लगे तब उसे उपर्युक्त उपायसे वहाँसे भी रोककर प्रयत्नपूर्वक आत्मामें एकाग्र करे। तात्पर्य यह है कि उसे चित्स्वरूप सत्तामात्र ही सम्पादित करे ॥ ४५ ॥

मन कब ब्रह्मरूप होता है ?

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा॥ ४६॥

जिस समय चित्त सुषुप्तिमें लीन न हो और फिर विक्षिप्त भी न हो तथा निश्चल और विषयाभाससे रहित हो जाय उस समय वह ब्रह्म ही हो जाता है॥ ४६॥

यथोक्तोपायेन निगृहीतं चित्तं यदा सुषुप्ते न लीयते न च पुनर्विषयेषु विक्षिप्यते, अनिङ्गनमचलं निवातप्रदीपकल्पम्, अनाभासं न केनचित् कल्पितेन विषयभावेनावभासत इति, यदैवंलक्षणं चित्तं तदा निष्पन्नं ब्रह्म ब्रह्मस्वरूपेण निष्पन्नं चित्तं भवतीत्यर्थः॥ ४६॥

उपर्युक्त उपायसे निग्रह किया हुआ चित्त जिस समय सुषुप्तिमें लीन नहीं होता और न फिर विषयोंमें ही विक्षिप्त होता है तथा वायुशून्य स्थानमें रखे हुए दीपकके समान निश्चल और अनाभास अर्थात् जो किसी भी कल्पित विषयभावसे प्रकाशित नहीं होता—ऐसा जिस समय यह चित्त हो जाता है उस समय वह ब्रह्म ही हो जाता है, अर्थात् उस अवस्थामें चित्त ब्रह्मरूपसे निष्पन्न हो जाता है॥ ४६॥

स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणमकथ्यं सुखमुत्तमम्।
अजमजेन ज्ञेयेन सर्वज्ञं परिचक्षते॥ ४७॥

[उस अवस्थामें जो आनन्द अनुभव होता है उसे ब्रह्मज्ञ लोग] स्वस्थ, शान्त, निर्वाणयुक्त, अकथनीय, निरतिशयसुखस्वरूप, अजन्मा, अजन्मा ज्ञेय (ब्रह्म)-से अभिन्न और सर्वज्ञ बतलाते हैं॥ ४७॥

यथोक्तं परमार्थसुखमात्मसत्यानुबोधलक्षणं स्वस्थं स्वात्मनि स्थितम्, शान्तं सर्वानर्थोपशमरूपम्, सनिर्वाणं

उपर्युक्त आत्मसत्यानुबोधरूप परमार्थ-सुख 'स्वस्थम्'—अपने आत्मामें ही स्थित, 'शान्तम्'—सब प्रकारके अनर्थकी निवृत्तिरूप, 'सनिर्वाणम्'—

निर्वृतिर्निर्वाणं कैवल्यं सह निर्वाणेन वर्तते, तच्चाकथ्यं न शक्यते कथयितुम्, अत्यन्तासाधारणविषयत्वात्; सुखमुत्तमं निरतिशयं हि तद्योगिप्रत्यक्षमेव। न जातमित्यजं यथा विषयविषयम्। अजेनानुत्पन्नेन ज्ञेयेनाव्यतिरिक्तं सत्त्वेन सर्वज्ञरूपेण सर्वज्ञं ब्रह्मैव सुखं परिचक्षते कथयन्ति ब्रह्मविदः॥ ४७॥

निर्वाण—निर्वृति अर्थात् कैवल्यको कहते हैं, उस निर्वाणके सहित, तथा 'अकथ्यम्'—जो कहा न जा सके, क्योंकि उसका विषय अत्यन्त असाधारण है, 'सुखमुत्तमम्'—योगियोंको ही प्रत्यक्ष होनेवाला होनेके कारण निरतिशय सुख है। तथा 'अजम्'—जो उत्पन्न न हो, जिस प्रकार कि विषयसम्बन्धी सुख हुआ करता है, और अज यानी उत्पन्न न होनेवाले ज्ञेयसे अभिन्न होनेके कारण अपने सर्वज्ञरूपसे स्वयं ब्रह्म ही वह सुख है—ऐसा ब्रह्मज्ञलोग [उसके विषयमें] कहते हैं॥ ४७॥

परमार्थसत्य क्या है ?

सर्वोऽप्ययं मनोनिग्रहादिर्मृल्लोहादिवत्सृष्टिरुपासना चोक्ता परमार्थस्वरूपप्रतिपत्त्युपायत्वेन न परमार्थसत्येति। परमार्थसत्यं तु—

मृत्तिका और लोहादिके समान ये मनोनिग्रहादि सम्पूर्ण सृष्टि तथा उपासना परमार्थस्वरूपकी प्राप्तिके उपायरूपसे ही कहे गये हैं; ये परमार्थसत्य नहीं हैं। परमार्थसत्य तो यही है कि—

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते।
एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते॥ ४८॥

कोई भी जीव उत्पन्न नहीं होता; क्योंकि उसका कोई कारण ही नहीं है। जिस अजन्मा ब्रह्ममें किसीकी उत्पत्ति नहीं होती वही सर्वोत्तम सत्य है॥ ४८॥

न कश्चिज्जायते जीवः कर्ता भोक्ता च नोत्पद्यते केनचिदपि प्रकारेण। अतः स्वभावतोऽजस्यास्यैकस्यात्मनः सम्भवः कारणं न विद्यते नास्ति। यस्मान्न विद्यतेऽस्य कारणं तस्मान्न कश्चिज्जायते जीव इत्येतत्। पूर्वेषूपायत्वेनोक्तानां सत्यानामेतदुत्तमं सत्यं यस्मिन्सत्यस्वरूपे ब्रह्मण्यणुमात्रमपि किञ्चिन्न जायत इति॥ ४८॥

कोई भी जीव उत्पन्न नहीं होता—अर्थात् किसी भी प्रकारसे कर्ता-भोक्ताकी उत्पत्ति नहीं होती। अतः स्वभावसे ही इस एक अजन्मा आत्माका कोई सम्भव—कारण नहीं है। और क्योंकि इसका कोई कारण नहीं है इसलिये किसी जीवकी उत्पत्ति भी नहीं होती—यही इसका तात्पर्य है। पहले उपायरूपसे बतलाये हुए सत्योंमें यही उत्तम सत्य है, जिस सत्यस्वरूप ब्रह्ममें कोई भी वस्तु अणुमात्र भी उत्पन्न नहीं होती॥ ४८॥

इति श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीशङ्करभगवतः कृतौ गौडपादीयागमशास्त्रभाष्येऽद्वैताख्यं तृतीयं प्रकरणम्॥ ३॥

॥ हरिः ॐ तत्सत् ॥

अलातशान्तिप्रकरण

प्रकरण-प्रयोजनम्

ओङ्कारनिर्णयद्वारेणागमतः प्रतिज्ञातस्याद्वैतस्य बाह्यविषयभेदवैतथ्याच्च सिद्धस्य पुनरद्वैते शास्त्रयुक्तिभ्यां साक्षान्निर्धारितस्यैतदुत्तमं सत्यमित्युपसंहारः कृतोऽन्ते। तस्यैतस्यागमार्थस्याद्वैतदर्शनस्य प्रतिपक्षभूता द्वैतिनो वैनाशिकाश्च तेषां चान्योन्यविरोधाद्रागद्वेषादिक्लेशास्पदं दर्शनमिति मिथ्यादर्शनत्वं सूचितम्। क्लेशानास्पदत्वात्सम्यग्दर्शनमित्यद्वैतदर्शनं स्तूयते। तदिह विस्तरेणान्योन्यविरुद्धतयाऽसम्यग्दर्शनत्वं प्रदर्श्य तत्प्रतिषेधेनाद्वैतदर्शनसिद्धिरुपसंहर्त-

ओङ्कारके निर्णयद्वारा आगमप्रकरणमें प्रतिज्ञा किये अद्वैतका—जिसे कि [वैतथ्यप्रकरणमें] बाह्य विषयभेदके मिथ्यात्वद्वारा सिद्ध किया है और फिर अद्वैतप्रकरणमें शास्त्र और युक्तियोंसे साक्षात् निश्चय किया है, [पिछले प्रकरणके] अन्तमें 'एतदुत्तमं सत्यम्' ऐसा कहकर उपसहांर किया गया। वेदके तात्पर्यभूत इस अद्वैतदर्शनके विरोधी जो द्वैतवादी और वैनाशिक (बौद्ध आदि) हैं उनके दर्शन परस्पर विरोधी होनेके कारण राग-द्वेषादि क्लेशोंके आश्रय हैं, अतः उनका मिथ्यादर्शनत्व सूचित होता है। और राग-द्वेषादि क्लेशोंका आश्रय न होनेके कारण अद्वैतदर्शन ही सम्यग्दर्शन है—इस प्रकार उसकी स्तुति की जाती है। अब यहाँ, परस्पर विरोधी होनेके कारण विस्तारपूर्वक उन (द्वैतवादी आदि दार्शनिकोंके दर्शन)-का मिथ्यादर्शनत्व प्रदर्शित कर उनके प्रतिषेधद्वारा आवीतन्यायसे* अद्वैतदर्शनकी सिद्धिका

* अनुमान दो प्रकारका है—अन्वयी और व्यतिरेकी। अन्वयी अनुमानमें एक वस्तुकी सत्तासे दूसरी वस्तुकी सत्ता सिद्ध की जाती है तथा व्यतिरेकीमें एक वस्तुके अभावसे दूसरी

व्यावीतन्यायेनेत्यलातशान्ति-रारभ्यते।

तत्राद्वैतदर्शनसम्प्रदायकर्तुरद्वैत-स्वरूपेणैव नमस्कारार्थो-ऽयमाद्यश्लोकः। आचार्यपूजा ह्यभिप्रेतार्थसिद्ध्यर्थेष्यते शास्त्रारम्भे।

उपसंहार करना है—इसीलिये अलात-शान्तिप्रकरणका आरम्भ किया जाता है।

उसमें अद्वैतदर्शनसम्प्रदायके कर्ताको अद्वैतरूपसे ही नमस्कार करनेके लिये यह पहला श्लोक है, क्योंकि शास्त्रके आरम्भमें आचार्यकी पूजा अभिप्रेत अर्थकी सिद्धिके लिये इष्ट ही है।

नारायण-नमस्कार

ज्ञानेनाकाशकल्पेन धर्मान्यो गगनोपमान्।
ज्ञेयाभिन्नेन संबुद्धस्तं वन्दे द्विपदां वरम्॥ १॥

जिसने ज्ञेय (आत्मा)-से अभिन्न आकाशसदृश ज्ञानसे आकाशसदृश धर्मों (जीवों)-को जाना है उस पुरुषोत्तमको नमस्कार करता हूँ॥ १॥

आकाशेनेषदसमाप्तमाकाशकल्प-माकाशतुल्यमेतत्। तेनाकाश-कल्पेन ज्ञानेन, किम्? धर्मानात्मनः, किं विशिष्टान्गगनोपमान्गगनमुपमा येषां ते गगनोपमास्तानात्मनो धर्मान्। ज्ञानस्यैव पुनर्विशेषणम्—

जो आकाशकी अपेक्षा कुछ असम्पूर्ण हो* उसे आकाशकल्प अर्थात् आकाश-तुल्य कहते हैं। उस आकाशसदृश ज्ञानसे—किसे? आत्माके धर्मोंको। किस प्रकारके धर्मोंको? गगनोपम धर्मोंको—गगन (आकाश) जिनकी उपमा हो उन्हें गगनोपम कहते हैं—ऐसे आत्माके धर्मोंको। ज्ञानका ही फिर विशेषण देते हैं—

वस्तुका अभाव सिद्ध किया जाता है। इस व्यतिरेकी अनुमानका ही दूसरा नाम 'आवीत अनुमान' भी है।

* असम्पूर्णका यह भाव नहीं समझना चाहिये कि ब्रह्म आकाशकी अपेक्षा कुछ न्यून है। इसका केवल यही भाव है कि वह सर्वथा आकाशरूप ही नहीं है—आकाशसे कुछ मिलता-जुलता है।

ज्ञेयैर्धर्मैरात्मभिरभिन्नमग्न्युष्णवत्सवितृप्रकाशवच्च ज्ञानं तेन ज्ञेयाभिन्नेन ज्ञानेनाकाशकल्पेन ज्ञेयात्मस्वरूपाव्यतिरिक्तेन गगनोपमान्धर्मान्यः संबुद्धः संबुद्धवानिति, अयमेवेश्वरो यो नारायणाख्यस्तं वन्देऽभिवादये द्विपदां वरं द्विपदोपलक्षितानां पुरुषाणां वरं प्रधानं पुरुषोत्तममित्यभिप्रायः।

उपदेष्टृनमस्कारमुखेन ज्ञानज्ञेयज्ञातृभेदरहितं परमार्थतत्त्वदर्शनमिह प्रकरणे प्रतिपिपादयिषितं प्रतिपक्षप्रतिषेधद्वारेण प्रतिज्ञातं भवति॥ १॥

अग्निसे उष्णता और सूर्यसे प्रकाशके समान जो ज्ञान ज्ञेय धर्मों अर्थात् आत्माओंसे अभिन्न है उस ज्ञेयाभिन्न अर्थात् ज्ञेय आत्माके स्वरूपसे अव्यतिरिक्त आकाशसदृश ज्ञानसे जिसने आकाशोपम धर्मोंको सदा ही सम्यक् प्रकार जाना है—ऐसा जो नारायणसंज्ञक* ईश्वर है उस द्विपदांवर—दो पदोंसे उपलक्षित पुरुषोंमें श्रेष्ठ यानी प्रधान पुरुषोत्तमकी वन्दना—अभिवादन करता हूँ।

उपदेष्टाको नमस्कार करनेसे यह प्रतिज्ञा की जाती है कि इस प्रकरणमें विरुद्ध पक्षके प्रतिषेधद्वारा ज्ञान, ज्ञेय और ज्ञाताके भेदसे रहित परमार्थदर्शनका प्रतिपादन करना अभीष्ट है॥ १॥

अद्वैतदर्शनकी वन्दना

अधुना अद्वैतदर्शनयोगस्य नमस्कारस्तत्स्तुतये—

अब अद्वैतदर्शनयोगको, उसकी स्तुतिके लिये, नमस्कार किया जाता है—

अस्पर्शयोगो वै नाम सर्वसत्त्वसुखो हितः।
अविवादोऽविरुद्धश्च देशितस्तं नमाम्यहम्॥ २॥

[शास्त्रोंमें] जिस सम्पूर्ण प्राणियोंके लिये सुखकर, हितकारी, निर्विवाद और अविरोधी अस्पर्शयोगका उपदेश किया गया है, उसे मैं नमस्कार करता हूँ॥ २॥

* यहाँ अद्वैतसम्प्रदायके आदि आचार्य बदरिकाश्रमाधीश्वर तापसाग्रगण्य श्रीनारायणकी वन्दना की गयी है।

स्पर्शनं स्पर्शः सम्बन्धो न विद्यते यस्य योगस्य केनचित्कदाचिदपि सोऽस्पर्शयोगो ब्रह्मस्वभाव एव, वै नामेति ब्रह्मविदामस्पर्शयोग इत्येवंप्रसिद्ध इत्यर्थः। स च सर्वसत्त्वसुखः। भवति कश्चिदत्यन्तसुखसाधनविशिष्टोऽपि दुःखरूपः, यथा तपः। अयं तु न तथा। किं तर्हि सर्वसत्त्वानां सुखः।

जिस योगका किसीसे कभी स्पर्श यानी सम्बन्ध नहीं है, उसे 'अस्पर्शयोग' कहते हैं; वह ब्रह्मस्वभाव ही है। 'वै' 'नाम' इन पदोंका यह तात्पर्य है कि वह 'ब्रह्मवेत्ताओंका अस्पर्शयोग' इस नामसे प्रसिद्ध है और वह समस्त प्राणियोंके लिये सुखकर होता है। कोई विषय तो अत्यन्त सुखसाधनविशिष्ट होनेपर भी दुःखरूप होता है, जैसा कि तप। किन्तु यह ऐसा नहीं है। तो फिर कैसा है? यह सभी प्राणियोंके लिये सुखदायक है।

तथेह भवति कश्चिद्विषयोपभोगः सुखो न हितः। अयं तु सुखो हितश्च नित्यमप्रचलितस्वभावत्वात्। किं चाविवादो विरुद्धवदनं विवादः पक्षप्रतिपक्षपरिग्रहेण यस्मिन्न विद्यते सोऽविवादः। कस्मात्? यतोऽविरुद्धश्च। य ईदृशो योगो देशितः, उपदिष्टः शास्त्रेण तं नमाम्यहं प्रणमामीत्यर्थः॥ २॥

इसी प्रकार इस लोकमें कोई-कोई विषयसामग्री सुखदायक तो होती है किन्तु हितकर नहीं होती। किन्तु यह तो सर्वदा अविचलस्वभाव होनेके कारण सुखदायक भी है और हितकर भी। यही नहीं, यह अविवाद भी है। जिसमें पक्ष-प्रतिपक्ष स्वीकार करके विरुद्ध कथनरूप विवाद नहीं होता उसे अविवाद कहते हैं। ऐसा यह क्यों है? क्योंकि यह सबसे अविरुद्ध है। ऐसे जिस योगका शास्त्रने उपदेश किया है, उसे मैं नमस्कार यानी प्रणाम करता हूँ॥ २॥

द्वैतवादियोंका पारस्परिक विरोध

कथं द्वैतिनः परस्परं विरुध्यन्ते? इत्युच्यते—

द्वैतवादियोंमें परस्पर किस प्रकार विरोध है? सो बतलाया जाता है—

भूतस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः केचिदेव हि।
अभूतस्यापरे धीरा विवदन्तः परस्परम्॥ ३॥

उनमेंसे कोई-कोई वादी तो सत् पदार्थकी उत्पत्ति मानते हैं और कोई दूसरे बुद्धिशाली परस्पर विवाद करते हुए असत्पदार्थकी उत्पत्ति स्वीकार करते हैं॥ ३॥

भूतस्य विद्यमानस्य वस्तुनो जातिमुत्पत्तिमिच्छन्ति वादिनः केचिदेव हि सांख्या न सर्व एव द्वैतिनः। यस्मादभूतस्याविद्यमानस्यापरे वैशेषिका नैयायिकाश्च धीरा धीमन्तः प्राज्ञाभिमानिन इत्यर्थो विवदन्तो विरुद्धं वदन्तो ह्यन्योन्यमिच्छन्ति जेतुमित्यभिप्रायः॥ ३॥

कोई-कोई वादी—केवल सांख्य-मतावलम्बी, सम्पूर्ण द्वैतवादी नहीं—भूत यानी विद्यमान वस्तुकी जाति—उत्पत्ति मानते हैं; और क्योंकि दूसरे धीर-बुद्धिमान् यानी प्राज्ञाभिमानी वैशेषिक और नैयायिक लोग अभूत अर्थात् अविद्यमान वस्तुका जन्म स्वीकार करते हैं, इसलिये परस्पर विवाद यानी विरुद्ध भाषण करते हुए वे एक-दूसरेको जीतनेकी इच्छा करते रहते हैं—यह इसका तात्पर्य है॥ ३॥

तैरेवं विरुद्धवदनेनान्योन्य-पक्षप्रतिषेधं कुर्वद्भिः किं ख्यापितं भवत्युच्यते—

परस्पर विवाद करके एक-दूसरेके पक्षका खण्डन करनेवाले उन वादियोंद्वारा किस सिद्धान्तका प्रकाश किया जाता है, सो बतलाते हैं—

भूतं न जायते किञ्चिदभूतं नैव जायते।
विवदन्तोऽद्वया ह्येवमजातिं ख्यापयन्ति ते॥ ४॥

[किन्हींका मत है—] 'कोई सद्वस्तु उत्पन्न नहीं होती' और [कोई कहते हैं—] 'असद्वस्तुका जन्म नहीं होता'—इस प्रकार परस्पर विवाद करनेवाले ये अद्वैतवादी* अजाति (अजातवाद)-को ही प्रकाशित करते हैं॥ ४॥

---

* यहाँ द्वैतवादियोंको ही व्यंगसे 'अद्वैतवादी' कहा है।

भूतं विद्यमानं वस्तु न जायते किञ्चिद्विद्यमानत्वादेवात्मवदित्येवं वदन्नसद्वादी सांख्यपक्षं प्रतिषेधति सज्जन्म। तथा भूतमविद्यमानमविद्यमानत्वान्नैव जायते शशविषाणवदित्येवं वदन्सांख्योऽप्यसद्वादिपक्षमसज्जन्म प्रतिषेधति। विवदन्तो विरुद्धं वदन्तोऽद्वया अद्वैतिनो ह्येते अन्योन्यस्य पक्षौ सदसतोर्जन्मनी प्रतिषेधन्तोऽजातिमनुत्पत्तिमर्थात्ख्यापयन्ति प्रकाशयन्ति ते॥ ४॥

कोई भी भूत अर्थात् विद्यमान वस्तु, विद्यमान होनेके कारण ही उत्पन्न नहीं होती; जैसे कि आत्मा—इस प्रकार कहकर असद्वादी, सांख्यके पक्ष सद्वादका खण्डन करता है। तथा सांख्य भी 'अभूत-अविद्यमान वस्तु अविद्यमान होनेके कारण ही शशशृङ्गके समान उत्पन्न नहीं हो सकती'—ऐसा कहकर असद्वादीके पक्ष असत्की उत्पत्तिका प्रतिषेध करता है। इस प्रकार परस्पर विवाद यानी विरुद्ध भाषण करनेवाले ये अद्वैतवादी—क्योंकि वस्तुतः ये अद्वैतवादी ही हैं—एक-दूसरेके पक्ष सज्जन्म और असज्जन्मका खण्डन करते हुए अर्थतः अजाति—अनुत्पत्तिको ही प्रकाशित करते हैं॥ ४॥

द्वैतवादियोंद्वारा प्रदर्शित अजातिका अनुमोदन

ख्याप्यमानामजातिं तैरनुमोदामहे वयम्।
विवदामो न तैः सार्धमविवादं निबोधत॥ ५॥

उनके द्वारा प्रकाशित की हुई अजातिका हम भी अनुमोदन करते हैं। हम उनसे विवाद नहीं करते। अतः तुम उस निर्विवाद [परमार्थदर्शन]-को अच्छी तरह समझ लो॥ ५॥

तैरेवं ख्याप्यमानामजातिमेवमस्त्वित्यनुमोदामहे केवलं

उनके द्वारा इस प्रकार प्रकाशित की गयी अजातिका हम 'ऐसा ही हो' इस प्रकार केवल अनुमोदन करते हैं।

न तैः सार्धं विवदामः पक्षप्रतिपक्ष-ग्रहणेन; यथा तेऽन्योन्यमित्यभि-प्रायः। अतस्तमविवादं विवादरहितं परमार्थदर्शनमनुज्ञातमस्माभिर्निबोधत हे शिष्याः॥ ५॥

तात्पर्य यह है कि पक्ष-प्रतिपक्ष लेकर उनके साथ विवाद नहीं करते, जैसा कि वे आपसमें किया करते हैं। अतः हे शिष्यगण! हमारे द्वारा उपदेश किये हुए उस अविवाद—विवादरहित परमार्थ-दर्शनको तुम अच्छी तरह समझ लो॥ ५॥

अजातस्यैव धर्मस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः।
अजातो ह्यमृतो धर्मो मर्त्यतां कथमेष्यति॥ ६॥

ये वादीलोग अजात वस्तुका ही जन्म होना स्वीकार करते हैं। किन्तु जो पदार्थ निश्चय ही अजात और अमृत है वह मरणशीलताको कैसे प्राप्त हो सकता है?॥ ६॥

सदसद्वादिनः सर्वेऽपीति पुरस्तात्कृतभाष्यश्लोकः॥ ६॥

यहाँ ['वादिनः' पदसे] सभी सद्वादी और असद्वादी अभिप्रेत हैं। इस श्लोकका भाष्य पहले* किया जा चुका है॥ ६॥

स्वभावविपर्यय असम्भव है

न भवत्यमृतं मर्त्यं न मर्त्यममृतं तथा।
प्रकृतेरन्यथाभावो न कथञ्चिद्भविष्यति॥ ७॥

मरणरहित वस्तु कभी मरणशील नहीं हो सकती और मरणशील मरणहीन नहीं हो सकती, क्योंकि किसीके स्वभावका विपर्यय किसी प्रकार होनेवाला नहीं है॥ ७॥

स्वभावेनामृतो यस्य धर्मो गच्छति मर्त्यताम्।
कृतकेनामृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः॥ ८॥

* देखिये अद्वैतप्रकरण श्लोक २० का अर्थ।

जिसके मतमें स्वभावसे ही मरणहीन धर्म मरणशीलताको प्राप्त हो जाता है; उसके सिद्धान्तानुसार कृतक (जन्म) होनेके कारण वह अमृत पदार्थ निश्चल (चिरस्थायी) कैसे रह सकेगा?॥ ८॥

उक्तार्थानां श्लोकानामिहोपन्यासः परवादिपक्षाणामन्योन्यविरोधख्यापितानुत्पत्त्यनुमोदनप्रदर्शनार्थः॥ ७-८॥

जिनका अर्थ पहले कहा जा चुका है ऐसे उपर्युक्त [तीन] श्लोकोंका उल्लेख यहाँ विपक्षी वादियोंके पक्षोंके पारस्परिक विरोधसे प्रकाशित अजातिका अनुमोदन प्रदर्शित करनेके लिये किया गया है॥ ७-८॥

यस्माल्लौकिक्यपि प्रकृतिर्न विपर्येति, कासावित्याह—

क्योंकि लौकिक प्रकृतिका भी विपर्यय नहीं होता [फिर पारमार्थिकीका तो कैसे होगा?] किन्तु वह प्रकृति है क्या? इसपर कहते हैं—

सांसिद्धिकी स्वाभाविकी सहजा अकृता च या।
प्रकृतिः सेति विज्ञेया स्वभावं न जहाति या॥ ९॥

जो उत्तम सिद्धिद्वारा प्राप्त, स्वभावसिद्धा, सहजा और अकृता है तथा कभी अपने स्वभावका परित्याग नहीं करती वही 'प्रकृति' है—ऐसा जानना चाहिये॥ ९॥

सम्यक्सिद्धिः संसिद्धिस्तत्र भवा सांसिद्धिकी यथा योगिनां सिद्धानाम् अणिमाद्यैश्वर्यप्राप्तिः प्रकृतिः। सा भूतभविष्यत्कालयोरपि योगिनां न विपर्येति तथैव सा।

सम्यक् सिद्धिका नाम संसिद्धि है; उससे होनेवालीको 'सांसिद्धिकी' कहते हैं; जिस प्रकार कि सिद्ध योगियोंको अणिमादि ऐश्वर्यकी प्राप्ति उनकी प्रकृति है। योगियोंकी उस प्रकृतिका भूत और भविष्यत् कालमें भी विपर्यय नहीं होता—वह जैसी-की-तैसी ही रहती है।

तथा स्वाभाविकी द्रव्यस्वभावत एव यथाग्न्यादीनाम् उष्णप्रकाशादिलक्षणा, सापि न कालान्तरे व्यभिचरति देशान्तरे च। तथा सहजा आत्मना सहैव जाता यथा पक्ष्यादीनामाकाशगमनादिलक्षणा।

अन्यापि या काचिदकृता केनचिन्न कृता यथापां निम्नदेशगमनादिलक्षणा। अन्यापि या काचित्स्वभावं न जहाति सा सर्वा प्रकृतिरिति विज्ञेया लोके। मिथ्याकल्पितेषु लौकिकेष्वपि वस्तुषु प्रकृतिर्नान्यथा भवति किमुताजस्वभावेषु परमार्थवस्तुष्वमृतत्वलक्षणा प्रकृतिर्नान्यथा भवतीत्यभिप्रायः॥ ९॥

तथा 'स्वाभाविकी' वस्तुके स्वभावसे सिद्ध; जैसी कि अग्नि आदिकी उष्णता एवं प्रकाशादिरूपा प्रकृति होती है। उसका भी कालान्तर और देशान्तरमें व्यभिचार नहीं होता। तथा 'सहजा'—अपने साथ ही उत्पन्न होनेवाली; जैसे कि पक्षी आदिकी आकाशगमनादिरूपा प्रकृति होती है।

और भी जो कोई 'अकृता'—किसीके द्वारा सम्पादन न की हुई; जैसे कि जलोंकी प्रकृति निम्न प्रदेशकी ओर जानेकी है। तथा इसके सिवा अन्य भी जो कोई अपने स्वभावको नहीं छोड़ती उस सबको लोकमें 'प्रकृति' नामसे ही जानना चाहिये। मिथ्या कल्पना की हुई लौकिक वस्तुओंमें भी उनकी प्रकृति अन्यथा नहीं होती; फिर अजस्वभाव परमार्थ वस्तुओंमें उनकी अमृतत्वलक्षणा प्रकृति अन्यथा नहीं हो सकती—इसमें तो कहना ही क्या है? यह इसका अभिप्राय है॥ ९॥

जीवका जरामरण माननेमें दोष

किंविषया पुनः सा प्रकृतिर्यस्या अन्यथाभावो वादिभिः कल्प्यते कल्पनायां वा को दोष इत्याह—

वादीलोग जिसके अन्यथाभावकी कल्पना करते हैं उस प्रकृतिका विषय क्या है? और उनकी कल्पनामें क्या दोष है? इसपर कहते हैं—

जरामरणनिर्मुक्ताः सर्वे धर्माः स्वभावतः।
जरामरणमिच्छन्तश्च्यवन्ते तन्मनीषया॥ १०॥

समस्त जीव स्वभावसे ही जरा-मरणसे रहित हैं। उनके जरा-मरण स्वीकार करनेवाले लोग, इस विचारके कारण ही स्वभावसे च्युत हो जाते हैं॥ १०॥

जरामरणनिर्मुक्ताः—जरामरणादिसर्वविक्रियावर्जिता इत्यर्थः। के? सर्वे धर्माः सर्वं आत्मान इत्येतत्स्वभावतः प्रकृतितः। एवं स्वभावाः सन्तो धर्मा जरामरणमिच्छन्त इच्छन्त इवेच्छन्तो रज्ज्वामिव सर्पमात्मनि कल्पयन्तश्च्यवन्ते स्वभावतश्चलन्तीत्यर्थः, तन्मनीषया जन्ममरणचिन्तया तद्भावभावितत्वदोषेणेत्यर्थः॥ १०॥

'जरामरणनिर्मुक्ताः' अर्थात् जरामरणादि सम्पूर्ण विकारोंसे रहित हैं। कौन? सम्पूर्ण धर्म अर्थात् समस्त जीवात्मा, स्वभावतः यानी प्रकृतिसे ही। ऐसे स्वभाववाले होनेपर भी जरा-मरणके इच्छुकके समान इच्छा करनेवाले अर्थात् रज्जुमें सर्पकी भाँति आत्मामें जरा-मरणकी कल्पना करनेवाले जीव, उसकी मनीषा—जरामरणकी चिन्तासे अर्थात् उस भावसे भावित होनेके दोषवश अपने स्वभावसे च्युत—विचलित हो जाते हैं॥ १०॥

सांख्यमतपर वैशेषिककी आपत्ति

कथं सज्जातिवादिभिः सांख्यैरनुपपन्नमुच्यत इत्याह वैशेषिकः—

सज्जातिवादी सांख्यमतावलम्बियोंका कथन किस प्रकार असङ्गत है? सो वैशेषिकमतावलम्बी बतलाते हैं—

कारणं यस्य वै कार्यं कारणं तस्य जायते।
जायमानं कथमजं भिन्नं नित्यं कथं च तत्॥ ११॥

जिस (सांख्यमतावलम्बी)-के मतमें कारण ही कार्य है उसके सिद्धान्तानुसार कारण ही उत्पन्न होता है। किन्तु जब कि वह जन्म

लेनेवाला है तो अजन्मा कैसे हो सकता है और भिन्न (विदीर्ण) होनेपर भी नित्य कैसे हो सकता है?॥ ११ ॥

कारणं मृद्वदुपादानलक्षणं यस्य वादिनो वै कार्यं कारणमेव कार्याकारेण परिणमते यस्य वादिन इत्यर्थः, तस्याजमेव सत्प्रधानादि कारणं महदादिकार्यरूपेण जायत इत्यर्थः। महदाद्याकारेण चेज्जायमानं प्रधानं कथमजमुच्यते तैर्विप्रतिषिद्धं चेदं जायतेऽजं चेति।

नित्यं च तैरुच्यते प्रधानं भिन्नं विदीर्णं स्फुटितमेकदेशेन सत्कथं नित्यं भवेदित्यर्थः। न हि सावयवं घटादि एकदेशस्फुटनधर्मि नित्यं दृष्टं लोक इत्यर्थः। विदीर्णं च स्यादेकदेशेनाजं नित्यं चेति एतद्विप्रतिषिद्धं तैरभिधीयत इत्यभिप्रायः॥ ११ ॥

जिस वादीके मतमें मृत्तिकाके समान उपादान कारण ही कार्य है अर्थात् जिसके मतमें कारण ही कार्यरूपमें परिणत होता है उसके सिद्धान्तानुसार प्रधानादि कारण अजन्मा होता हुआ भी महदादि कार्यरूपसे उत्पन्न होता है—ऐसा इसका तात्पर्य है। किन्तु यदि प्रधान महदादिरूपसे उत्पन्न होनेवाला है तो वे उसे अजन्मा कैसे बतलाते हैं? उत्पन्न होता है और अजन्मा भी है—ऐसा कथन तो परस्पर विरुद्ध है।

इसके सिवा वे प्रधानको नित्य भी बतलाते हैं। किन्तु वह भिन्न-विदीर्ण अर्थात् एक देशमें स्फुटित यानी विकृत होनेवाला* होकर भी नित्य कैसे हो सकता है? तात्पर्य यह कि घटादि सावयव पदार्थ, जो एक देशमें स्फुटित होनेवाले हैं, लोकमें कभी नित्य नहीं देखे गये। वह अपने एक देशमें विदीर्ण होता है तथा अज और नित्य भी है—यह तो उनका विरुद्ध कथन ही है—ऐसा इसका अभिप्राय है॥ ११॥

* जैसे बीज अंकुररूपसे फूटता है।

उक्तस्यैवार्थस्य स्पष्टीकरणार्थमाह—

उपर्युक्त अभिप्रायका ही स्पष्टीकरण करनेके लिये कहते हैं—

कारणाद्यद्यनन्यत्वमतः कार्यमजं यदि।
जायमानाद्धि वै कार्यात्कारणं ते कथं ध्रुवम्॥ १२॥

यदि कारणसे कार्यकी अभिन्नता है तब तो तुम्हारे मतमें कार्य भी अजन्मा है; और यदि ऐसी बात है तो उत्पन्न होनेवाले कार्यसे अभिन्न होनेपर कारण भी किस प्रकार निश्चल रह सकता है?॥ १२॥

कारणादजात्कार्यस्य यद्यनन्यत्वमिष्टं त्वया ततः कार्यमजमिति प्राप्तम्। इदं चान्यद्विप्रतिषिद्धं कार्यमजं चेति तव। किं चान्यत्कार्यकारणयोरनन्यत्वे जायमानाद्धि वै कार्यात्कारणमनन्यन्नित्यं ध्रुवं च ते कथं भवेत्। न हि कुक्कुट्या एकदेशः पच्यत एकदेशः प्रसवाय कल्प्यते॥ १२॥

कार्यकारणयोरभिन्नत्वे विप्रतिपतिः

यदि तुम्हें अजन्मा कारणसे कार्यकी अनन्यता इष्ट है तो [तुम्हारे मतमें]—यह बात सिद्ध होती है कि कार्य भी अजन्मा है। किन्तु कार्य है और अजन्मा है यह तुम्हारे कथनमें एक दूसरा विरोध है। इसके सिवा, कार्य और कारणकी अनन्यता होनेपर उत्पत्तिशील कार्यसे अभिन्न उसका कारण नित्य और निश्चल कैसे रह सकता है? ऐसा कभी नहीं हो सकता कि मुर्गीका एक अंश तो पकाया जाय और दूसरा सन्तानोत्पत्तिके योग्य बनाये रखा जाय॥ १२॥

किं चान्यत्—

इसके सिवा और भी—

अजाद्वै जायते यस्य दृष्टान्तस्तस्य नास्ति वै।
जाताच्च जायमानस्य न व्यवस्था प्रसज्यते॥ १३॥

जिसके मतमें अजन्मा वस्तुसे ही किसी कार्यकी उत्पत्ति होती है उसके पास निश्चय ही इसका कोई दृष्टान्त नहीं है। और यदि जात पदार्थसे ही कार्यकी उत्पत्ति मानी जाय तो अनवस्था उपस्थित हो जाती है॥ १३॥

अजादनुत्पन्नाद्वस्तुनो जायते यस्य वादिनः कार्यं दृष्टान्तस्तस्य नास्ति वै, दृष्टान्ताभावेऽर्थादजान्न किञ्चिज्जायत इति सिद्धं भवतीत्यर्थः। यदा पुनर्जाताज्जायमानस्य वस्तुनोऽभ्युपगमः, तदप्यन्यस्माद् जातात्तदप्यन्यस्मादिति न व्यवस्था प्रसज्यते। अनवस्थानं स्यादित्यर्थः॥ १३॥

जाताजातयो-रुभयोरपि कारणत्वानुपपत्तिः

जिस वादीके मतमें अज—अनुत्पन्न वस्तुसे कार्यकी उत्पत्ति होती है उसके पास निश्चय ही कोई दृष्टान्त नहीं है। अतः तात्पर्य यह हुआ कि दृष्टान्तका अभाव होनेके कारण यह बात स्वयं सिद्ध हो जाती है कि अज वस्तुसे किसीकी उत्पत्ति नहीं होती। और जब किसी जात—उत्पन्न होनेवाली वस्तुसे कार्यवर्गकी उत्पत्ति मानी जाती है तो वह भी किसी अन्य जात वस्तुसे उत्पन्न होनी चाहिये और वह किसी औरहीसे उत्पन्न होनी चाहिये—इस प्रकार कोई व्यवस्था ही नहीं रहती; अर्थात् अनवस्था उपस्थित हो जाती है॥ १३॥

हेतु और फलके अन्योन्यकारणत्वमें दोष

"यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्" (बृ० उ० २।४।१४) इति परमार्थतो द्वैताभावः श्रुत्योक्तस्तमाश्रित्याह—

"जिस अवस्थामें इसकी दृष्टिमें सब आत्मा ही हो गया है" इस श्रुतिने जो परमार्थतः द्वैतका अभाव बतलाया है, उसीको आश्रित करके कहते हैं—

हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च।
हेतोः फलस्य चानादिः कथं तैरुपवर्ण्यते॥ १४॥

जिनके मतमें हेतुका कारण फल है और फलका कारण हेतु है वे हेतु और फलके अनादित्वका प्रतिपादन कैसे करते हैं?॥ १४॥

हेतोर्धर्मादेरादिः कारणं देहादिसंघातः फलं

जिन वादियोंके मतमें हेतु अर्थात् धर्मादिका आदिकारण देहादि संघातरूप

येषां वादिनाम्। तथादिः कारणं हेतुर्धर्माधर्मादिः फलस्य च देहादिसंघातस्य। एवं हेतुफलयोरितरेतरकार्यकारणत्वेनादिमत्त्वं ब्रुवद्भिरेवं हेतोः फलस्य चानादित्वं कथं तैरुपवर्ण्यते? विप्रतिषिद्धमित्यर्थः। न हि नित्यस्य कूटस्थस्यात्मनो हेतुफलात्मता संभवति॥ १४॥

फल है तथा देहादि संघातरूप फलका आदिकारण धर्माधर्मादि हेतु है* —इस प्रकार हेतु और फलका एक-दूसरेके कार्य-कारणरूपसे सकारणत्व बतलानेवाले उन लोगोंद्वारा हेतु और फलका अनादित्व किस प्रकार प्रतिपादन किया जाता है? अर्थात् उनका यह कथन सर्वथा विरुद्ध है। नित्य कूटस्थ आत्माकी हेतुफलात्मकता तो किसी प्रकार भी सम्भव नहीं है॥ १४॥

कथं तैर्विरुद्धमभ्युपगम्यत इत्युच्यते—

वे किस प्रकार विरुद्ध मतको मानते हैं, सो बतलाया जाता है—

हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च।
तथा जन्म भवेत्तेषां पुत्राज्जन्म पितुर्यथा॥ १५॥

जिनके मतमें हेतुका कारण फल है और फलका कारण हेतु है उनकी [मानी हुई] उत्पत्ति ऐसी ही है जैसे पुत्रसे पिताका जन्म होना॥ १५॥

हेतुजन्यादेव फलाद्धेतोर्जन्माभ्युपगच्छतां तेषामीदृशो विरोध उक्तो भवति यथा पुत्राज्जन्म पितुः॥ १५॥

हेतुसे उत्पन्न होनेवाले फलसे ही हेतुका जन्म माननेवाले उन लोगोंके मतमें ऐसा ही विरोध कहा जाता है जैसे पुत्रसे पिताका जन्म बतलानेमें॥ १५॥

यथोक्तो विरोधो न युक्तोऽभ्युपगन्तुमिति चेन्मन्यसे—

यदि तुम ऐसा मानते हो कि उपर्युक्त विरोध मानना उचित नहीं है तो—

* अर्थात् जो धर्मादिको शरीरादिकी प्राप्तिका कारण और शरीरको धर्मादि-सम्पादनका कारण मानते हैं।

सम्भवे हेतुफलयोरेषितव्यः क्रमस्त्वया।
युगपत्संभवे यस्मादसम्बन्धो विषाणवत्॥ १६॥

तुम्हें हेतु और फलकी उत्पत्तिमें क्रम स्वीकार करना चाहिये, क्योंकि उनके साथ-साथ उत्पन्न होनेमें तो [दायें-बायें] सींगोंके समान परस्पर [कार्य-कारणरूप] सम्बन्ध ही नहीं हो सकता॥ १६॥

संभवे हेतुफलयोरुत्पत्तौ क्रम एषितव्यस्त्वयान्वेष्टव्यो हेतुः पूर्वं पश्चात्फलं चेति। इतश्च युगपत्संभवे यस्माद्धेतुफलयोः कार्यकारणत्वेनासम्बन्धः, यथा युगपत्संभवतोः सव्येतर-गोविषाणयोः॥ १६॥

तुम्हें हेतु और फलकी उत्पत्तिमें क्रम अर्थात् पहले हेतु होता है और फिर फल—इस प्रकार दोनोंका पौर्वापर्य खोजना चाहिये; क्योंकि जिस प्रकार गौके साथ-साथ उत्पन्न होनेवाले दायें और बायें सींगोंका परस्पर सम्बन्ध नहीं होता उसी प्रकार साथ-साथ उत्पन्न होनेपर तो हेतु और फलका परस्पर कार्य-कारणरूपसे सम्बन्ध ही नहीं होगा॥ १६॥

कथमसम्बन्धः? इत्याह—

उनका किस प्रकार सम्बन्ध नहीं होगा? सो बतलाते हैं—

फलादुत्पद्यमानः सन्न ते हेतुः प्रसिध्यति।
अप्रसिद्धः कथं हेतुः फलमुत्पादयिष्यति॥ १७॥

तुम्हारे मतमें यदि हेतु फलसे उत्पन्न होता है तो वह [हेतुरूपसे] सिद्ध ही नहीं हो सकता; और असिद्ध हेतु फलको उत्पन्न कैसे करेगा?॥ १७॥

जन्यात्स्वतोऽलब्धात्मकात् फलादुत्पद्यमानः सञ्शश-विषाणादेरिवासतो न हेतुः प्रसिध्यति जन्म न लभते।

जन्य अर्थात् जो स्वतः प्राप्त नहीं है उस शशशृङ्गके समान असत् फलसे उत्पन्न होनेवाला होनेपर तो हेतु ही सिद्ध नहीं होता अर्थात् उसीका जन्म नहीं हो

अलब्धात्मकोऽप्रसिद्धः सञ्शशविषाणादिकल्पस्तव कथं फलमुत्पादयिष्यति? न हीतरेतरापेक्षसिद्ध्योः शशविषाणकल्पयोः कार्यकारणभावेन सम्बन्धः क्वचिद् दृष्टः, अन्यथा वेत्यभिप्रायः॥ १७॥

सकता। इस प्रकार शशशृङ्गके समान जिसकी स्वतः उपलब्धि नहीं है वह अप्रसिद्ध हेतु तुम्हारे मतमें किस प्रकार फल उत्पन्न कर देगा? एक-दूसरेकी अपेक्षासे सिद्ध होनेवाले तथा शशशृङ्गके समान सर्वथा असत् पदार्थोंका कार्य-कारणभावसे अथवा किसी और प्रकार कभी सम्बन्ध नहीं देखा गया—यह इसका अभिप्राय है॥ १७॥

यदि हेतोः फलात्सिद्धिः फलसिद्धिश्च हेतुतः।
कतरत्पूर्वनिष्पन्नं यस्य सिद्धिरपेक्षया॥ १८॥

[तुम्हारे मतमें] यदि फलसे हेतुकी सिद्धि होती है और हेतुसे फलकी सिद्धि होती है तो उनमें पहले कौन हुआ? जिसकी अपेक्षासे कि दूसरेका आविर्भाव माना जाय?॥ १८॥

असम्बन्धतादोषेणापोदितेऽपि हेतुफलयोः कार्यकारणभावे यदि हेतुफलयोरन्योन्यसिद्धिरभ्युपगम्यत एव त्वया कतरत्पूर्वनिष्पन्नं हेतुफलयोर्यस्य पश्चाद्भाविनः सिद्धिः स्यात्पूर्वसिद्ध्यपेक्षया तद्ब्रूहीत्यर्थः॥ १८॥

हेतु और फलके कार्य-कारणभावका असम्बन्धतादोषसे निराकरण कर दिया जानेपर भी यदि तुम हेतु और फलकी एक-दूसरेसे सिद्धि मानते ही हो तो इन हेतु और फलमेंसे पहले कौन हुआ—सो बतलाओ; जिसकी पूर्वसिद्धिकी अपेक्षासे पीछे होनेवालेकी सिद्धि मानी जाय?—यह इसका तात्पर्य है॥ १८॥

अथैतन्न शक्यते वक्तुमिति मन्यसे,

और यदि तुम ऐसा मानते हो कि यह नहीं बतलाया जा सकता तो—

अशक्तिरपरिज्ञानं क्रमकोपोऽथ वा पुनः।
एवं हि सर्वथा बुद्धैरजातिः परिदीपिता॥ १९॥

यह अशक्ति (असामर्थ्य) अज्ञान है अथवा फिर तो इससे उपर्युक्त क्रमका भी विपर्यय हो जाता है [क्योंकि इनके पूर्वापरत्वका ज्ञान न होनेसे इनमें जो पूर्ववर्ती है वह कारण है और पीछे होनेवाला कार्य है ऐसा कोई नियम भी नहीं रह सकता]। इस प्रकार उन बुद्धिमानोंने सर्वथा अजातिको ही प्रकाशित किया है॥ १९॥

सेयमशक्तिरपरिज्ञानं तत्त्वाविवेको मूढतेत्यर्थः। अथवा योऽयं त्वयोक्तः क्रमो हेतोः फलस्य सिद्धिः फलाच्च हेतोः सिद्धिरितीतरेतरानन्तर्यलक्षण-स्तस्य कोपो विपर्यासोऽन्यथाभावः स्यादित्यभिप्रायः। एवं हेतुफलयोः कार्यकारणभावादुपपत्तेरजातिः सर्व-स्यानुत्पत्तिः परिदीपिता प्रकाशितान्योन्यपक्षदोषं ब्रुवद्भि-र्वादिभिर्बुद्धैः पण्डितैरित्यर्थः॥ १९॥

यह अशक्ति [तुम्हारा] अपरिज्ञान—तत्त्वका अविवेक अर्थात् मूढ़ता ही है। अथवा तुमने जो एक-दूसरेका पौर्वापर्यरूप यह क्रम बतलाया है कि हेतुसे फलकी सिद्धि होती है और फलसे हेतुकी, उसका कोप—विपर्यास अर्थात् अन्यथाभाव हो जायगा—ऐसा इसका अभिप्राय है। इस प्रकार हेतु और फलका कार्य-कारणभाव असम्भव होनेके कारण एक-दूसरेके पक्षका दोष बतलानेवाले प्रतिपक्षी बुद्धिमानों अर्थात् पण्डितोंने सबकी अजाति—अनुत्पत्ति ही प्रकाशित की है॥ १९॥

ननु हेतुफलयोः कार्यकारण-भाव इत्यस्माभिरुक्तं शब्दमात्र-माश्रित्यच्छलमिदं त्वयोक्तं पुत्राजन्म पितुर्यथा,

पूर्व०—हमने जो कहा कि हेतु और फलका परस्पर कार्य-कारणभाव है, सो तुमने हमारे शब्दमात्रको पकड़कर छलपूर्वक ऐसा कह दिया कि 'जैसे पुत्रसे पिताका जन्म होना है' '[दायें-

विषाणवच्चासम्बन्ध इत्यादि। न ह्यस्माभिरसिद्धाद्धेतोः फलसिद्धिरसिद्धाद्वा फलाद्धेतुसिद्धिरभ्युपगता। किं तर्हि? बीजाङ्कुरवत्कार्यकारणभावोऽभ्युपगम्यत इति।

बायें] सींगोंके समान [उनका परस्पर] सम्बन्ध ही नहीं हो सकता' इत्यादि। हमने असिद्ध हेतुसे फलकी सिद्धि अथवा असिद्ध फलसे हेतुकी सिद्धि कभी नहीं मानी तो फिर क्या माना है? हम तो बीज और अङ्कुरके समान केवल उनका कार्य-कारणभाव मानते हैं।

अत्रोच्यते—

सिद्धान्ती—इसपर हमें यह कहना है कि—

बीजाङ्कुराख्यो दृष्टान्तः सदा साध्यसमो हि सः।
न हि साध्यसमो हेतुः सिद्धौ साध्यस्य युज्यते॥ २०॥

बीजाङ्कुर नामका जो दृष्टान्त है वह तो सदा साध्यके ही समान है। और जो हेतु साध्यके ही सदृश होता है वह साध्यकी सिद्धिमें उपयोगी नहीं होता॥ २०॥

बीजाङ्कुरदृष्टान्तस्य साध्यसमत्वम्

बीजाङ्कुराख्यो दृष्टान्तो यः स साध्येन तुल्यो ममेत्यभिप्रायः। ननु प्रत्यक्षः कार्यकारणभावो बीजाङ्कुरयोरनादिः? न, पूर्वस्य पूर्वस्यापरवदादिमत्त्वाभ्युपगमात्। यथेदानीमुत्पन्नोऽपरोऽङ्कुरो बीजादादिमान्बीजं चापरमन्यस्मादङ्कुरादिति क्रमेणोत्पन्नत्वादादिमत्।

बीजाङ्कुर नामका जो दृष्टान्त है वह तो साध्यके ही समान है—ऐसा मेरा अभिप्राय है। यदि कहो कि बीज और अङ्कुरका कार्य-कारणभाव तो प्रत्यक्ष ही अनादि है तो ऐसी बात नहीं है; क्योंकि उनमेंसे पूर्व-पूर्व [अङ्कुर और फल]-को परवर्तियोंके समान आदिमान् माना गया है। जिस प्रकार इस समय बीजसे उत्पन्न हुआ दूसरा अङ्कुर आदिमान् है उसी प्रकार क्रमशः दूसरे अङ्कुरसे उत्पन्न हुआ दूसरा बीज भी आदिमान् है। इस प्रकार पूर्व-पूर्व अङ्कुर और पूर्व-पूर्व बीज आदिमान् ही है।

एवं पूर्वः पूर्वोऽङ्कुरो बीजं च पूर्वं पूर्वमादिमदेवेति प्रत्येकं सर्वस्य बीजाङ्कुरजातस्यादिमत्त्वात्कस्यचिदप्यनादित्वानुपपत्तिः। एवं हेतुफलानाम्।

अतः सम्पूर्ण बीजाङ्कुरवर्गका प्रत्येक बीज और अङ्कुर आदिमान् होनेके कारण किसीका भी अनादि होना असम्भव है। यही न्याय हेतु और फलके विषयमें भी समझना चाहिये।

बीजाङ्कुर-सन्ततिनिरासः

अथ बीजाङ्कुरसन्ततेरनादिमत्त्वमिति चेत्? न, एकत्वानुपपत्तेः। न हि बीजाङ्कुरव्यतिरेकेण बीजाङ्कुरसन्ततिर्नामैकाभ्युपगम्यते हेतुफलसन्ततिर्वा तदनादित्ववादिभिः। तस्मात्सूक्तं हेतोः फलस्य चानादिः कथं तैरुपवर्ण्यत इति। तथा चान्यदप्यनुपपत्तेर्नच्छलमित्यभिप्रायः। न च लोके साध्यसमो हेतुः साध्यसिद्धौ सिद्धिनिमित्तं प्रयुज्यते प्रमाणकुशलैरित्यर्थः। हेतुरिति दृष्टान्तोऽत्राभिप्रेतः, गमकत्वात्। प्रकृतो हि दृष्टान्तो न हेतुरिति॥ २०॥

यदि कहो कि बीजाङ्कुरपरम्परा तो अनादि हो ही सकती है; तो ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि उसका एकत्व नहीं माना गया। हेतु-फलका अनादित्व प्रतिपादन करनेवालोंने बीज और अङ्कुरसे भिन्न बीजाङ्कुरपरम्परा अथवा हेतुफलपरम्परा नामका कोई एक स्वतन्त्र पदार्थ नहीं माना। अतः 'वे लोग हेतु और फलका अनादित्व किस प्रकार प्रतिपादन करते हैं' यह कथन बहुत ठीक है। इसके सिवा अनुपपत्ति होनेके कारण भी हमारा कथन छल नहीं है—ऐसा इसका तात्पर्य है। अभिप्राय यह है कि लोकमें प्रमाणकुशल पुरुषोंद्वारा साध्यकी सिद्धिके लिये साध्यके ही सदृश हेतुका प्रयोग नहीं किया जाता। यहाँ 'हेतु' शब्दका अभिप्राय दृष्टान्त है, क्योंकि वह उसीका ज्ञापक है; यहाँ दृष्टान्तका ही प्रकरण भी है—हेतुका नहीं॥ २०॥

अजातवाद-निरूपण

कथं बुद्धैरजातिः परिदीपितेत्याह—

पण्डितोंने अजातिको ही किस प्रकार प्रकाशित किया है? इसपर कहते हैं—

पूर्वापरापरिज्ञानमजातेः परिदीपकम्।
जायमानाद्धि वै धर्मात्कथं पूर्वं न गृह्यते॥ २१॥

[हेतु और फलके] पौर्वापर्यका जो अज्ञान है वह अनुत्पत्तिका ही प्रकाशक है, क्योंकि यदि कार्य [सचमुच] उत्पन्न हुआ होता तो उसका कारण क्यों न ग्रहण किया जाता?॥ २१॥

यदेतद्धेतुफलयोः पूर्वापरापरिज्ञानं तच्चैतदजातेः परिदीपकमवबोधकमित्यर्थः। जायमानो हि चेद्धर्मो गृह्यते, कथं तस्मात्पूर्वं कारणं न गृह्यते। अवश्यं हि जायमानस्य ग्रहीत्रा तज्जनकं ग्रहीतव्यम्। जन्यजनकयोः सम्बन्धस्यानपेतत्वात्। तस्मादजातिपरिदीपकं तदित्यर्थः॥ २१॥

यह जो हेतु और फलके पौर्वापर्यका अज्ञान है वह अजातिका ही परिदीपक अर्थात् ज्ञापक है। यदि कार्य उत्पन्न होता ग्रहण किया जाता है तो उससे पूर्ववर्ती कारण क्यों नहीं ग्रहण किया जाता? उत्पन्न होनेवाली वस्तुको ग्रहण करनेवाले पुरुषद्वारा उसकी उत्पत्तिका कारण भी अवश्य ही ग्रहण किया जाना चाहिये, क्योंकि जन्य और जनक पदार्थोंका सम्बन्ध अनिवार्य है। इसलिये तात्पर्य यह है कि यह अजातिका ही प्रकाशक है॥ २१॥

सदसदादिवादोंकी अनुपपत्ति

इतश्च न जायते किञ्चित्, यज्जायमानं वस्तु—

इसलिये भी कोई वस्तु उत्पन्न नहीं होती, क्योंकि उत्पन्न होनेवाली वस्तु—

स्वतो वा परतो वापि न किञ्चिद्वस्तु जायते।
सदसत्सदसद्वापि न किञ्चिद्वस्तु जायते॥ २२॥

स्वतः अथवा परतः [किसी भी प्रकार] कोई वस्तु उत्पन्न नहीं होती; क्योंकि सत्, असत् अथवा सदसत् ऐसी कोई भी वस्तु उत्पन्न नहीं होती॥ २२॥

स्वतः परत उभयतो वा सदसत्सदसद्वा न जायते न तस्य केनचिदपि प्रकारेण जन्म सम्भवति। न तावत्स्वयमेवापरिनिष्पन्नात्स्वतः स्वरूपात्स्वयमेव जायते यथा घटस्तस्मादेव घटात्। नापि परतोऽन्यस्मादन्यो यथा घटात्पटः पटात्पटान्तरम्। तथा नोभयतः, विरोधात्; यथा घटपटाभ्यां घटः पटो वा न जायते।

अपनेसे, दूसरेसे अथवा दोनोंहीसे सत्, असत् अथवा सदसद्रूपसे उत्पन्न नहीं होती—किसी भी प्रकार उसका जन्म होना सम्भव नहीं है। जिस प्रकार घड़ा उसी घड़ेसे उत्पन्न नहीं हो सकता उसी प्रकार कोई भी वस्तु स्वयं अपने अपरिनिष्पन्न (पूर्णतया तैयार न हुए) स्वरूपसे स्वतः ही उत्पन्न नहीं हो सकती। और न किसी अन्यसे ही अन्यकी उत्पत्ति हो सकती है; जैसे घटसे पटकी अथवा पटसे पटान्तरकी। तथा इसी तरह, विरोध होनेके कारण दोनोंसे भी किसीकी उत्पत्ति नहीं हो सकती; जिस प्रकार कि घट और पट दोनोंसे घट या पट कोई उत्पन्न नहीं हो सकता।

ननु मृदो घटो जायते पितुश्च पुत्रः। सत्यम्, अस्ति जायत इति प्रत्ययः शब्दश्च मूढानाम्। तावेव शब्दप्रत्ययौ विवेकिभिः परीक्ष्येते किं सत्यमेव तावुत मृषेति।

यदि कहो कि मिट्टीसे घड़ा उत्पन्न होता है और पितासे पुत्रका जन्म होता है तो; ठीक है, परन्तु 'उत्पन्न होता है' ऐसा शब्द और उसकी प्रतीति मूर्खोंको ही हुआ करती है। विवेकी लोग तो उन शब्द और प्रतीतिकी—वे सत्य हैं अथवा मिथ्या—इस प्रकार परीक्षा किया करते हैं।

यावता परीक्ष्यमाणे शब्दप्रत्ययविषयं वस्तु घटपुत्रादिलक्षणं शब्दमात्रमेव तत्। "वाचारम्भणम्" (छा० उ० ६। १। ४) इति श्रुतेः।

सच्चेन्न जायते सत्त्वान्मृत्पित्रादिवत्। यद्यसत्तथापि न जायतेऽसत्त्वादेव शशविषाणादिवत्। अथ सदसत्तथापि न जायते विरुद्धस्यैकस्यासम्भवात्। अतो न किञ्चिद्वस्तु जायत इति सिद्धम्।

येषां पुनर्जनिरेव जायत इति क्रियाकारकफलैकत्वम् अभ्युपगम्यते क्षणिकत्वं च वस्तुनः, ते दूरत एव न्यायापेताः। इदमित्थमित्यवधारणक्षणान्तरानवस्थानादननुभूतस्य स्मृत्यनुपपत्तेश्च॥ २२॥

किन्तु परीक्षा की जानेपर तो शब्द और उसकी प्रतीतिकी विषयभूत घट अथवा पुत्रादिरूप वस्तु केवल शब्दमात्र ही है; जैसा कि "वाचारम्भणम्" इत्यादि श्रुतिसे प्रमाणित होता है।

यदि वस्तु सत् (विद्यमान) है तो मृत्तिका और पिता आदिके समान सत् होनेके कारण ही उत्पन्न नहीं हो सकती। यदि असत् है तो भी शशशृङ्गादिके समान असत् होनेके कारण ही उत्पन्न नहीं हो सकती। और यदि सदसत् है तो भी उत्पन्न नहीं हो सकती, क्योंकि एक ही वस्तु विरुद्ध स्वभाववाली होनी असम्भव है। अतः यही सिद्ध हुआ कि कोई भी वस्तु उत्पन्न नहीं होती।

इसके विपरीत जिन (बौद्धों)-के मतमें जन्मक्रियाका ही जन्म होता है— इस प्रकार जो क्रिया, कारक और फलकी एकता तथा वस्तुका क्षणिकत्व स्वीकार करते हैं वे तो बिलकुल ही युक्तिशून्य हैं क्योंकि 'यह ऐसा है' इस प्रकार निश्चय करनेके क्षणसे दूसरे ही क्षणमें स्थिति न रहनेके कारण [पदार्थका अनुभव नहीं हो सकता]; और बिना अनुभव हुए पदार्थकी स्मृति होना असम्भव है॥ २२॥

हेतु-फलका अनादित्व उनकी अनुत्पत्तिका सूचक है

किं च हेतुफलयोरनादित्वमभ्युपगच्छता त्वया बलाद्धेतुफलयोरजन्मैवाभ्युपगतं स्यात्। तत्कथम्?

यही नहीं, हेतु और फलका अनादित्व स्वीकार करनेवाले तुम्हारे द्वारा तो बलात् हेतु और फलकी अनुत्पत्ति ही स्वीकार कर ली गयी है। सो किस प्रकार?

हेतुर्न जायतेऽनादेः फलं चापि स्वभावतः।
आदिर्न विद्यते यस्य तस्य ह्यादिर्न विद्यते॥ २३॥

अनादि फलसे कोई हेतु उत्पन्न नहीं हो सकता और इसी प्रकार स्वभावसे ही [अनादि हेतुसे] फलकी भी उत्पत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि जिस वस्तुका कोई आदि (कारण) नहीं होता उसका आदि (जन्म) भी नहीं होता॥ २३॥

अनादेरादिरहितात्फलाद्धेतुर्न जायते। न ह्यनुत्पन्नादनादेः फलाद्धेतोर्जन्मेष्यते त्वया। फलं चादिरहितादनादेर्हेतोरजात्स्वभावत एव निर्निमित्तं जायत इति नाभ्युपगम्यते।

अनादि अर्थात् आदिरहित फलसे हेतु उत्पन्न नहीं होता। जिसकी कभी उत्पत्ति नहीं हुई ऐसे अनादि फलसे तो तुम हेतुका जन्म मानते ही नहीं हो और न ऐसा ही मानते हो कि अनादि—आदिरहित अर्थात् अजन्मा हेतुसे बिना किसी निमित्तके स्वभावतः ही फलकी उत्पत्ति हो जाती है।

तस्मादनादित्वमभ्युपगच्छता त्वया हेतुफलयोरजन्मैवाभ्युपगम्यते। यस्मादादिः कारणं न विद्यते यस्य लोके तस्य ह्यादिः पूर्वोक्ता जातिर्न विद्यते। कारणवत

अतः हेतु और फलका अनादित्व माननेवाले तुम्हारे द्वारा उनकी अनुत्पत्ति ही स्वीकार कर ली जाती है, क्योंकि लोकमें जिस वस्तुका आदिकारण नहीं होता उसका आदि अर्थात् पूर्वोक्त जन्म भी नहीं होता। जिसका कोई कारण

एव ह्यादिरभ्युपगम्यते नाकारणवतः॥ २३॥

होता है उसीका जन्म भी माना जाता है; कारणरहित पदार्थका नहीं॥ २३॥

बाह्यार्थवाद-निरूपण

उक्तस्यैवार्थस्य दृढीकरण-चिकीर्षया पुनराक्षिपति—

पूर्वोक्त अर्थको ही पुष्ट करनेकी इच्छासे फिर दोष प्रदर्शित करते हैं—

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वमन्यथा द्वयनाशतः।
संक्लेशस्योपलब्धेश्च परतन्त्रास्तिता मता॥ २४॥

प्रज्ञप्ति (शब्दस्पर्शादि ज्ञान)-को सनिमित्त (बाह्यविषययुक्त) मानना चाहिये; नहीं तो [शब्दस्पर्शादि] द्वैतका नाश हो जायगा। इसके सिवा [अग्निदाह आदि] क्लेशकी उपलब्धिसे भी अन्य मतावलम्बियोंके शास्त्रद्वारा प्रतिपादित द्वैतकी सत्ता मानी गयी है॥ २४॥

प्रज्ञानं प्रज्ञप्तिः शब्दादि-प्रतीतिस्तस्याः सनिमित्तत्वम्; निमित्तं कारणं विषय इत्येतत्सनिमित्तत्वं सविषयत्वं स्वात्मव्यतिरिक्तविषयतेत्येतत् प्रतिजानीमहे। न हि निर्विषया प्रज्ञप्तिः शब्दादिप्रतीतिः स्यात्, तस्याः सनिमित्तत्वात्। अन्यथा निर्विषयत्वे शब्दस्पर्शनीलपीत-लोहितादिप्रत्ययवैचित्र्यस्य द्वयस्य नाशतो नाशोऽभावः प्रसज्येतेत्यर्थः।

प्रज्ञान अर्थात् शब्दादि-प्रतीतिका नाम प्रज्ञप्ति है। वह सनिमित्त है। निमित्त-कारण अर्थात् विषयको कहते हैं; अतः सनिमित्त—सविषय यानी अपनेसे अतिरिक्त विषयके सहित है—ऐसी हम [उसके विषयमें] प्रतिज्ञा करते हैं। [अर्थात् हमारा कथन है कि] प्रज्ञप्ति यानी शब्दादि-प्रतीति निर्विषया नहीं हो सकती, क्योंकि वह सनिमित्ता है। अन्यथा उसे निर्विषय माननेपर तो शब्द, स्पर्श एवं नील, पीत और लोहित आदि प्रतीतिकी विचित्रतारूप द्वैतका नाश हो जायगा अर्थात् उसके नाश यानी अभावका प्रसंग उपस्थित हो जायगा

न च प्रत्ययवैचित्र्यस्य द्वयस्याभावोऽस्ति प्रत्यक्षत्वात्। अतः प्रत्ययवैचित्र्यस्य द्वयस्य दर्शनात्, परेषां तन्त्रं परतन्त्रमित्यन्यशास्त्रम्, तस्य परतन्त्रस्य परतन्त्राश्रयस्य बाह्यार्थस्य ज्ञानव्यतिरिक्तस्यास्तिता मताभिप्रेता।

और प्रत्यक्ष-सिद्ध होनेके कारण प्रत्ययवैचित्र्यरूप द्वैतका अभाव है नहीं। अतः प्रत्ययवैचित्र्यरूप द्वैतकी उपलब्धिसे, परतन्त्र यानी दूसरोंके शास्त्र; उन परकीय तन्त्रोंका अर्थात् परकीय तन्त्रोंके आश्रित जो प्रज्ञानके अतिरिक्त अन्य बाह्य पदार्थ हैं उनका अस्तित्व भी स्वीकार किया गया है।

न हि प्रज्ञप्तेः प्रकाशमात्रस्वरूपाया नीलपीतादिबाह्यालम्बनवैचित्र्यमन्तरेण स्वभावभेदेनैव वैचित्र्यं सम्भवति। स्फटिकस्येव नीलाद्युपाध्याश्रयैर्विना वैचित्र्यं न घटत इत्यभिप्रायः।

केवल प्रकाशमात्रस्वरूपा प्रज्ञप्तिकी यह विचित्रता नील-पीतादि बाह्य आलम्बनोंकी विचित्रताके सिवा केवल स्वभावभेदसे ही होनी सम्भव नहीं है। तात्पर्य यह है कि स्फटिकके समान, नील-पीतादि उपाधियोंको आश्रय किये बिना, यह विचित्रता नहीं हो सकती।

इतश्च परतन्त्राश्रयस्य बाह्यार्थस्य ज्ञानव्यतिरिक्तस्यास्तिता। संक्लेशनं संक्लेशो दुःखमित्यर्थः। उपलभ्यते ह्यग्निदाहादिनिमित्तं दुःखम्। यद्यग्न्यादिबाह्यं दाहादिनिमित्तं विज्ञानव्यतिरिक्तं न स्यात्ततो दाहादिदुःखं नोपलभ्येत। उपलभ्यते तु। अतस्तेन मन्यामहेऽस्ति बाह्योऽर्थ इति।

इसके सिवा इसलिये भी दूसरोंके शास्त्रोंके आश्रित ज्ञानव्यतिरिक्त बाह्य पदार्थोंका अस्तित्व स्वीकार किया गया है कि अग्निदाहादिके कारणसे होनेवाला संक्लेश यानी दुःख उपलब्ध होता है। संक्लेशका अर्थ संक्लेशन अर्थात् दुःख है। यदि विज्ञानसे अतिरिक्त दाहादिका निमित्तभूत अग्नि आदि कोई बाह्य पदार्थ न होता तो दाहादिजनित दुःख उपलब्ध नहीं होना चाहिये था। किन्तु उपलब्ध होता ही है; इससे हम मानते हैं कि बाह्य पदार्थ अवश्य है। अभिप्राय

न हि विज्ञानमात्रे संक्लेशो युक्तः, अन्यत्रादर्शनादित्यभिप्रायः ॥ २४ ॥

यह है कि केवल विज्ञानमात्रमें क्लेश होना सम्भव नहीं है, क्योंकि अन्यत्र ऐसा नहीं देखा गया ॥ २४ ॥

विज्ञानवादिकर्तृक बाह्यार्थवादनिषेध

अत्रोच्यते—

इस विषयमें हमारा कथन है कि—

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वमिष्यते युक्तिदर्शनात्।
निमित्तस्यानिमित्तत्वमिष्यते भूतदर्शनात् ॥ २५ ॥

पूर्वोक्त युक्तिके अनुसार तुम प्रज्ञप्तिका सविषयत्व स्वीकार करते हो। परन्तु तत्त्वदृष्टिसे हम उस विषयका अविषयत्व मानते हैं ॥ २५ ॥

बाढमेवं प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वं द्वयसंक्लेशोपलब्धियुक्तिदर्शनादिष्यते त्वया। स्थिरीभव तावत्त्वं युक्तिदर्शनं वस्तुनस्तथात्वाभ्युपगमे कारणमित्यत्र।

ठीक है, इस प्रकार दुःखमय द्वैतकी उपलब्धिरूप युक्तिके अनुसार तुम प्रज्ञप्तिका सविषयत्व स्वीकार करते हो; परन्तु 'युक्तिदर्शन वस्तुकी यथार्थताके ज्ञानमें कारण है'—अपने इस सिद्धान्तमें तुम स्थिर हो जाओ।

ब्रूहि किं तत इति।

बाह्यार्थवादी—कहिये, उससे क्या आपत्ति होती है?

उच्यते। निमित्तस्य प्रज्ञप्त्यालम्बनाभिमतस्य घटादेरनिमित्तत्वमनालम्बनत्वं वैचित्र्याहेतुत्वमिष्यतेऽस्माभिः। कथम्? भूतदर्शनात्परमार्थदर्शनादित्येतत्।

विज्ञानवादी—हमारा कथन है कि प्रज्ञप्तिके आश्रयरूपसे स्वीकार किये हुए घटादि विषयका हम अविषयत्व-प्रतीतिका अनाश्रयत्व अर्थात् विचित्रताका अहेतुत्व मानते हैं। कैसे मानते हैं? भूतदृष्टिसे अर्थात् परमार्थदृष्टिसे। जिस प्रकार अश्वसे महिष पृथक् है, उस प्रकार मृत्तिकाके यथार्थ स्वरूपका ज्ञान

न हि घटो यथाभूतमृद्रूपदर्शने सति तद्व्यतिरेकेणास्ति, यथाश्वान्महिषः पटो वा तन्तुव्यतिरेकेण, तन्तवश्चांशुव्यतिरेकेणेत्येवमुत्तरोत्तरभूतदर्शन आ शब्दप्रत्ययनिरोधान्नैव निमित्तमुपलभामह इत्यर्थः।

होनेपर, घट उससे पृथक् सिद्ध नहीं होता। इसी प्रकार तन्तुसे पृथक् पट और अंशुसे पृथक् तन्तु भी सिद्ध नहीं होते। तात्पर्य यह है कि इसी तरह उत्तरोत्तर यथार्थ तत्त्वको देखते-देखते शब्द प्रतीतिका निरोध हो जानेपर हम कोई भी विषय नहीं देखते।

अथवाभूतदर्शनाद्बाह्यार्थस्यानिमित्तत्वमिष्यते, रज्ज्वादाविव सर्पादेरित्यर्थः। भ्रान्तिदर्शनविषयत्वाच्च निमित्तस्यानिमित्तत्वं भवेत्। तदभावेऽभावात्। न हि सुषुप्तसमाहितमुक्तानां भ्रान्तिदर्शनाभाव आत्मव्यतिरिक्तो बाह्योऽर्थ उपलभ्यते। न ह्युन्मत्तावगतं वस्त्वनुन्मत्तैरपि तथाभूतं गम्यते। एतेन द्वयदर्शनं संक्लेशोपलब्धिश्च प्रत्युक्ता॥ २५॥

अथवा [यों समझो कि] जिस प्रकार रज्जु आदिमें आरोपित सर्पादि वस्तुतः प्रतीतिके आलम्बन नहीं हैं उसी प्रकार अभूतदर्शनके कारण हम बाह्यार्थोंको प्रतीतिका आलम्बन नहीं मानते। भ्रान्तिदृष्टिके विषय होनेके कारण इन निमित्तोंका अनिमित्तत्व है, क्योंकि उसका अभाव होनेपर इनकी भी उपलब्धि नहीं होती। सोये हुए, समाधिस्थ और मुक्त पुरुषोंको, उनकी भ्रान्तिदृष्टिका अभाव हो जानेपर, आत्मासे अतिरिक्त किसी बाह्य पदार्थकी उपलब्धि नहीं होती। उन्मत्त पुरुषको दिखायी देनेवाली वस्तु उन्मादशून्य मनुष्यको भी यथार्थ नहीं जान पड़ती। इस कथनसे द्वैतदर्शन और क्लेशकी उपलब्धि दोनोंहीका निराकरण किया गया है॥ २५॥

यस्मान्नास्ति बाह्यं निमित्तमतः—

क्योंकि बाह्य विषय है ही नहीं, इसलिये—

चित्तं न संस्पृशत्यर्थं नार्थाभासं तथैव च।
अभूतो हि यतश्चार्थो नार्थाभासस्ततः पृथक्॥ २६॥

चित्त किसी पदार्थका स्पर्श नहीं करता और इसी प्रकार न किसी अर्थाभासका ही ग्रहण करता है। क्योंकि पदार्थ है ही नहीं, इसलिये पदार्थाभास भी उस चित्तसे पृथक् नहीं है॥ २६॥

चित्तं न स्पृशत्यर्थं बाह्यालम्बनविषयम्, नाप्यर्थाभासं चित्तत्वात्स्वप्नचित्तवत्। अभूतो हि जागरितेऽपि स्वप्नार्थवदेव बाह्यः शब्दाद्यर्थो यत उक्तहेतुत्वाच्च। नाप्यर्थाभासश्चित्तात्पृथक्चित्तमेव हि घटाद्यर्थवदवभासते यथा स्वप्ने॥ २६॥

चित्त, चित्त होनेके कारण ही स्वप्नचित्तके समान, बाह्य आलम्बनके विषयभूत किसी पदार्थको स्पर्श नहीं करता और न अर्थाभासको ही ग्रहण करता है, क्योंकि उपर्युक्त हेतुसे ही स्वप्नगत पदार्थोंके समान जागरित अवस्थामें भी शब्दादि बाह्य पदार्थ हैं नहीं और न चित्तसे पृथक् अर्थाभास ही है। घटादि पदार्थोंके समान चित्त ही भासता है, जैसा कि वह स्वप्नमें भासा करता है॥ २६॥

ननु विपर्यासस्तर्ह्यसति घटादौ घटाद्याभासता चित्तस्य। तथा च सत्यविपर्यासः क्वचिद्वक्तव्य इति। अत्रोच्यते—

घटादिके न होनेपर भी चित्तको घटादिकी प्रतीति होना—यह तो विपरीत ज्ञान है। ऐसी अवस्थामें अविपरीत (सम्यक्) ज्ञान कब होगा? यह बतलाना चाहिये। इसपर कहते हैं—

निमित्तं न सदा चित्तं संस्पृशत्यध्वसु त्रिषु।
अनिमित्तो विपर्यासः कथं तस्य भविष्यति॥ २७॥

[भूत, भविष्यत् और वर्तमान] तीनों अवस्थाओंमें चित्त कभी किसी विषयको स्पर्श नहीं करता। फिर उसे बिना निमित्तके ही विपरीत ज्ञान कैसे हो सकता है?॥ २७॥

निमित्तं विषयमतीतानागतवर्तमानाध्वसु त्रिष्वपि सदा चित्तं न स्पृशेदेव हि। यदि हि क्वचित् संस्पृशेत् सोऽविपर्यासः परमार्थ इति। अतस्तदपेक्षयासति घटे घटाद्याभासता विपर्यासः स्यान्न तु तदस्ति कदाचिदपि चित्तस्यार्थसंस्पर्शनम्। तस्मादनिमित्तो विपर्यासः कथं तस्य चित्तस्य भविष्यति; न कथञ्चिद्विपर्यासोऽस्तीत्यभिप्रायः। अयमेव हि स्वभावश्चित्तस्य यदुतासति निमित्ते घटादौ तद्वदवभासनम्॥ २७॥

अतीत, अनागत और वर्तमान—इन तीनों ही अवस्थाओंमें चित्त कभी निमित्त यानी विषयको स्पर्श नहीं करता। यदि वह कभी उसे स्पर्श करता तो 'वह अविपर्यास अर्थात् परमार्थ है' ऐसा माना जाता। अतः उसकी अपेक्षासे ही घटके न होनेपर भी घटका प्रतीत होना विपर्यास कहलाता। किन्तु चित्तका पदार्थके साथ कभी स्पर्श है ही नहीं। अतः बिना निमित्तके ही उस चित्तको विपरीत ज्ञान कैसे हो सकता है? तात्पर्य यह है कि उसे किसी प्रकार विपरीत ज्ञान है ही नहीं। चित्तका यही स्वभाव है कि घटादि निमित्तके न होनेपर भी उनकी प्रतीति होती रहे॥ २७॥

विज्ञानवादका खण्डन

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वमित्याद्येतदन्तं विज्ञानवादिनो बौद्धस्य वचनं बाह्यार्थवादिपक्षप्रतिषेधपरमाचार्येणानुमोदितम्। तदेव हेतुं कृत्वा तत्पक्षप्रतिषेधाय तदिदमुच्यते—

"प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वम्" इस (पच्चीसवें) श्लोकसे लेकर यहाँतक आचार्यने विज्ञानवादी बौद्धके, बाह्यार्थवादीके पक्षका प्रतिषेध करनेवाले वचनका अनुमोदन किया। अब उसीको हेतु बनाकर उसीके पक्षका प्रतिषेध करनेके लिये इस प्रकार कहा जाता है—

तस्मान्न जायते चित्तं चित्तदृश्यं न जायते।
तस्य पश्यन्ति ये जातिं खे वै पश्यन्ति ते पदम्॥ २८॥

इसलिये चित्त भी उत्पन्न नहीं होता और न चित्तका दृश्य ही उत्पन्न होता है। जो लोग उसका जन्म देखते हैं वे निश्चय ही आकाशमें [पक्षी आदिके] चरण (चरण-चिह्न) देखते हैं॥ २८॥

यस्मादसत्येव घटादौ घटाद्याभासता चित्तस्य विज्ञानवादिनाभ्युपगता तदनुमोदितम् अस्माभिरपि भूतदर्शनात्, तस्मात्तस्यापि चित्तस्य जायमानावभासतासत्येव जन्मनि युक्ता भवितुमित्यतो न जायते चित्तम्, यथा चित्तदृश्यं न जायते।

क्योंकि विज्ञानवादीने घटादिके न होनेपर भी चित्तको घटादिकी प्रतीति होनी स्वीकार की है और यथार्थदृष्टि होनेके कारण उसका हमने भी अनुमोदन किया है, इसलिये उसकी मानी हुई चित्तकी उत्पत्तिकी प्रतीति भी उसकी उत्पत्तिके अभावमें ही होनी सम्भव है। अतः जिस प्रकार चित्तके दृश्यका जन्म नहीं होता उसी प्रकार चित्तकी भी उत्पत्ति नहीं होती।

अतस्तस्य चित्तस्य ये जातिं पश्यन्ति विज्ञानवादिनः क्षणिकत्वदुःखित्वशून्यत्वानात्मत्वादि च, तेनैव चित्तेन चित्तस्वरूपं द्रष्टुमशक्यं पश्यन्तः खे वै पश्यन्ति ते पदं पक्ष्यादीनाम्। अत इतरेभ्योऽपि द्वैतिभ्योऽत्यन्तसाहसिका इत्यर्थः। येऽपि शून्यवादिनः पश्यन्त एव सर्वशून्यतां स्वदर्शनस्यापि शून्यतां प्रतिजानते ते ततोऽपि साहसिकतराः खं मुष्टिनापि जिघृक्षन्ति॥ २८॥

इसलिये जो विज्ञानवादी उस चित्तकी उत्पत्ति तथा उसके क्षणिकत्व, दुःखित्व, शून्यत्व एवं अनात्मत्व आदि देखते हैं— उस चित्तसे ही, जिसका देखना सर्वथा असम्भव है, ऐसे चित्तके स्वरूपको देखनेवाले वे निश्चय ही आकाशमें पक्षी आदिके चरण देखते हैं। अतः तात्पर्य यह है कि वे अन्य द्वैतवादियोंकी अपेक्षा भी अधिक साहसी हैं। और जो शून्यवादी सबकी शून्यता देखते हुए अपने दर्शनकी भी शून्यताकी प्रतिज्ञा करते हैं वे तो उनसे भी बढ़कर साहसी हैं—वे आकाशको मुट्ठीसे ही पकड़ना चाहते हैं॥ २८॥

उपक्रमका उपसंहार

उक्तैर्हेतुभिरजमेकं ब्रह्मेति सिद्धं यत्पुनरादौ प्रतिज्ञातं तत्फलोपसंहारार्थोऽयं श्लोकः—

पूर्वोक्त हेतुओंसे यह सिद्ध हुआ कि एक अजन्मा ब्रह्म ही है। अब, पहले जिसकी प्रतिज्ञा की है उसके फलका उपसंहार करनेके लिये यह श्लोक है—

अजातं जायते यस्मादजातिः प्रकृतिस्ततः।
प्रकृतेरन्यथाभावो न कथञ्चिद्भविष्यति॥ २९॥

क्योंकि अजन्मा [चित्त]-का ही जन्म होता है, इसलिये अजाति ही उसका स्वभाव है; और स्वभावकी विपरीतता किसी प्रकार नहीं होगी॥ २९॥

अजातं यच्चित्तं ब्रह्मैव जायत इति वादिभिः परिकल्प्यते तदजातं जायते यस्मादजातिः प्रकृतिस्तस्य। ततस्तस्मादजातरूपायाः प्रकृतेरन्यथाभावो जन्म न कथञ्चिद्भविष्यति॥ २९॥

अजात जो ब्रह्मरूप चित्त है वही उत्पन्न होता है—ऐसी वादियोंद्वारा कल्पना की जाती है; क्योंकि उस अजातका ही जन्म होता है, इसलिये अजाति उसका स्वभाव है तब, इसीलिये उस अजातरूप स्वभावका जन्मरूप विपरीतभाव किसी प्रकार नहीं होगा॥ २९॥

अयं चापर आत्मनः संसारमोक्षयोः परमार्थसद्भाववादिनां दोष उच्यते—

आत्माके संसार और मोक्ष—दोनोंहीका पारमार्थिक अस्तित्व स्वीकार करनेवाले वादियोंके पक्षका यह एक दूसरा दोष बतलाया जाता है—

अनादेरन्तवत्त्वं च संसारस्य न सेत्स्यति।
अनन्तता चादिमतो मोक्षस्य न भविष्यति॥ ३०॥

अनादि संसारका तो कभी अन्तवत्त्व सिद्ध नहीं हो सकेगा और सादि मोक्षकी कभी अनन्तता नहीं हो सकेगी॥ ३०॥

अनादेरतीतकोटिरहितस्य संसारस्यान्तवत्त्वं समाप्तिर्न सेत्स्यति युक्तितः सिद्धिं नोपयास्यति। न ह्यनादिः सन्नन्तवान्कश्चित्पदार्थो दृष्टो लोके। बीजाङ्कुरसम्बन्धनैरन्तर्यविच्छेदो दृष्ट इति चेत्, न; एकवस्त्वभावेनापोदितत्वात्।

तथानन्ततापि विज्ञानप्राप्तिकाल-प्रभवस्य मोक्षस्यादिमतो न भविष्यति, घटादिष्वदर्शनात्। घटादिविनाशवदवस्तुत्वाददोष इति चेत्, तथा च मोक्षस्य परमार्थसद्भावप्रतिज्ञाहानिः। असत्त्वादेव शशविषाणस्येवादिमत्त्वाभावश्च॥ ३०॥

अनादि—अतीतकोटिसे रहित संसारका अन्तवत्त्व अर्थात् समाप्त होना युक्तिसे सिद्ध नहीं होगा। लोकमें कोई भी पदार्थ अनादि होकर अन्तवान् होता नहीं देखा गया है। यदि कहो कि बीजाङ्कुरसम्बन्धकी निरन्तरताका विच्छेद होता देखा गया है? तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि बीजाङ्कुरसन्तति कोई एक पदार्थ न होनेके कारण उसके अनादित्वका निराकरण तो पहले कर दिया गया है।

इसी प्रकार विज्ञानप्राप्तिके समय होनेवाले सादि मोक्षकी अनन्तता भी नहीं होगी, क्योंकि घटादि [जन्य पदार्थों]-में ऐसा देखा नहीं गया। यदि कहो कि घटादिनाशके समान अवस्तुरूप होनेसे [मोक्षमें] यह दोष नहीं आ सकता तो इससे मोक्षके पारमार्थिक सद्भावविषयक प्रतिज्ञाकी हानि होगी। इसके सिवा [यदि मोक्षको असद्रूप ही माना जाय तो भी] शशशृङ्गके समान असत् होनेके कारण भी उसके आदिमत्त्वका अभाव ही है॥ ३०॥

प्रपञ्चके असत्यत्वमें हेतु

आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा।
वितथैः सदृशाः सन्तोऽवितथा इव लक्षिताः॥ ३१॥

जो आदि और अन्तमें नहीं है वह वर्तमानमें भी वैसा [अर्थात् असद्रूप] ही है। ये पदार्थसमूह असत्के समान होकर भी सत्-जैसे दिखायी देते हैं॥ ३१।

सप्रयोजनता तेषां स्वप्ने विप्रतिपद्यते।
तस्मादाद्यन्तवत्त्वेन मिथ्यैव खलु ते स्मृताः॥ ३२॥

उन (जाग्रत्-पदार्थों)-की सप्रयोजनता स्वप्नावस्थामें असिद्ध हो जाती है। अतः आदि-अन्तयुक्त होनेके कारण वे निश्चय ही मिथ्या माने गये हैं॥ ३२॥

वैतथ्ये कृतव्याख्यानौ श्लोकाविह संसारमोक्षाभावप्रसङ्गेन पठितौ॥ ३१-३२॥

वैतथ्यप्रकरणमें इन दोनों श्लोकोंकी व्याख्या की जा चुकी है। यहाँ संसार और मोक्षके अभावके प्रसङ्गमें उन्हें फिर पढ़ दिया है॥ ३१-३२॥

सर्वे धर्मा मृषा स्वप्ने कायस्यान्तर्निदर्शनात्।
संवृतेऽस्मिन्प्रदेशे वै भूतानां दर्शनं कुतः॥ ३३॥

जब कि शरीरके भीतर देखे जानेके कारण स्वप्नावस्थामें सभी पदार्थ मिथ्या हैं तो इस संकुचित स्थानमें (निरवकाश ब्रह्ममें) ही भूतोंका दर्शन कैसे हो सकता है?॥ ३३॥

निमित्तस्यानिमित्तत्वमिष्यते भूतदर्शनादित्ययमर्थः प्रपञ्च्यत एतैः श्लोकैः॥ ३३॥

इन श्लोकोंद्वारा ''निमित्तस्यानिमित्तत्वमिष्यते भूतदर्शनात्'' (४। २५) इस श्लोकके ही अर्थका विस्तार किया गया है॥ ३३॥

स्वप्नका मिथ्यात्वनिरूपण

न युक्तं दर्शनं गत्वा कालस्यानियमाद्गतौ।
प्रतिबुद्धश्च वै सर्वस्तस्मिन्देशे न विद्यते॥ ३४॥

देशान्तरमें जानेमें जो समय लगता है [स्वप्नावस्थामें] उसका नियम न होनेके कारण स्वप्नके पदार्थोंको उनके पास जाकर देखना तो सम्भव नहीं है। इसके सिवा जागनेपर भी कोई उस (स्वप्नदृष्ट) देशमें नहीं रहता॥ ३४॥

जागरिते गत्यागमनकालो नियतो देशः प्रमाणतो यस्तस्यानियमान्नियमस्याभावात्स्वप्ने न देशान्तरगमनमित्यर्थः॥ ३४॥

जागृतिमें जो आने-जानेके समय और प्रमाणसिद्ध देश नियत हैं उनका नियम न होनेके कारण स्वप्नावस्थामें देशान्तरमें जाना नहीं होता—यह इसका अभिप्राय है॥ ३४॥

मित्राद्यैः सह संमन्त्र्य संबुद्धो न प्रपद्यते।
गृहीतं चापि यत्किञ्चित्प्रतिबुद्धो न पश्यति॥ ३५॥

[स्वप्नावस्थामें] मित्रादिके साथ मन्त्रणा कर [वह स्वप्नदर्शी पुरुष] जागनेपर उसे नहीं पाता; तथा उसने जो कुछ [स्वप्नावस्थामें] ग्रहण किया होता है उसे जागनेपर नहीं देखता॥ ३५॥

मित्राद्यैः सह संमन्त्र्य तदेव मन्त्रणं प्रतिबुद्धो न प्रपद्यते। गृहीतं च यत्किञ्चिद्धिरण्यादि न प्राप्नोति। अतश्च न देशान्तरं गच्छति स्वप्ने॥ ३५॥

[स्वप्नमें] मित्रादिके साथ मन्त्रणा करके जाग पड़नेपर फिर उसी मन्त्रणाको नहीं पाता और [उस समय] उसने जो कुछ स्वर्णादि ग्रहण किया होता है उसे भी प्राप्त नहीं करता। इसलिये भी स्वप्नावस्थामें वह किसी देशान्तरको नहीं जाता॥ ३५॥

स्वप्ने चावस्तुकः कायः पृथगन्यस्य दर्शनात्।
यथा कायस्तथा सर्वं चित्तदृश्यमवस्तुकम्॥ ३६॥

स्वप्नमें जो शरीर होता है वह भी अवस्तु है, क्योंकि उससे भिन्न एक दूसरा शरीर [शय्यापर पड़ा हुआ] देखा जाता है। जैसा वह शरीर है वैसा ही सम्पूर्ण चित्तदृश्य अवस्तुरूप है॥ ३६॥

स्वप्ने चाटन्दृश्यते यः कायः सोऽवस्तुकस्ततोऽन्यस्य

स्वप्नमें घूमता हुआ जो शरीर देखा जाता है वह अवस्तु है, क्योंकि उस

स्वापदेशस्थस्य पृथक्कायान्तरस्य दर्शनात्। यथा स्वप्नदृश्यः कायोऽसंस्तथा सर्वं चित्तदृश्यमवस्तुकं जागरितेऽपि चित्तदृश्यत्वादित्यर्थः। स्वप्नसमत्वादसज्जागरितमपीति प्रकरणार्थः ॥ ३६ ॥

स्वप्नप्रदेशस्थ शरीरसे भिन्न एक और शरीर [शय्यापर पड़ा हुआ] देखा जाता है। जिस प्रकार स्वप्नमें दिखायी देनेवाला शरीर असत् है उसी प्रकार जागरित अवस्थामें सारा चित्तदृश्य, केवल चित्तका ही दृश्य होनेके कारण, असत् है—यह इसका तात्पर्य है। प्रकृत अर्थ यह हुआ कि स्वप्नके समान होनेके कारण जाग्रत्-अवस्था भी असत् ही है ॥ ३६ ॥

स्वप्न और जाग्रत्का कार्य-कारणत्व व्यावहारिक है

इतश्चासत्त्वं जाग्रद्वस्तुनः—

जाग्रत्पदार्थोंकी असत्ता इसलिये भी है कि—

ग्रहणाज्जागरितवत्तद्धेतुः स्वप्न इष्यते।
तद्धेतुत्वात्तु तस्यैव सज्जागरितमिष्यते ॥ ३७ ॥

जाग्रत्के समान ग्रहण किया जानेके कारण स्वप्न उसका कार्य माना जाता है। किन्तु जाग्रत्का कार्य होनेके कारण स्वप्नद्रष्टाके लिये ही जाग्रत्-अवस्था सत्य मानी जाती है ॥ ३७ ॥

जागरितवज्जागरितस्य इव ग्रहणाद् ग्राह्यग्राहकरूपेण स्वप्नस्य तज्जागरितं हेतुरस्य स्वप्नस्य स स्वप्नस्तद्धेतुर्जागरितकार्यमिष्यते। तद्धेतुत्वाज्जागरितकार्यत्वात्तस्यैव स्वप्नदृश एव सज्जागरितं न त्वन्येषाम्। यथा स्वप्न इत्यभिप्रायः।

जागरितके समान ही ग्राह्य-ग्राहकरूपसे स्वप्नका भी ग्रहण होनेसे इस स्वप्नावस्थाका जाग्रत् कारण है, इसलिये वह स्वप्नावस्था तद्धेतुक यानी जाग्रत्का कार्य मानी जाती है। तद्धेतुक अर्थात् जाग्रत्का कार्य होनेके कारण उस स्वप्नद्रष्टाके ही लिये जाग्रत्-अवस्था सत्य है, औरोंके लिये नहीं; जैसा कि स्वप्न—यह इसका तात्पर्य है।

यथा स्वप्नः स्वप्नदृश एव सन्साधारणविद्यमानवस्तुवदवभासते तथा तत्कारणत्वात्साधारणविद्यमानवस्तुवदवभासमानं न तु साधारणं विद्यमानवस्तु स्वप्नवदेवेत्यभिप्रायः॥ ३७॥

जिस प्रकार स्वप्न स्वप्नद्रष्टाको ही सत् अर्थात् साधारण विद्यमान वस्तुके समान भासता है उसी प्रकार उसका कारण होनेसे जाग्रत्की भी साधारण विद्यमान वस्तुके समान प्रतीति होती है। किन्तु वस्तुतः स्वप्नके समान ही वह साधारण विद्यमान वस्तु है नहीं—यह इसका अभिप्राय है॥ ३७॥

ननु स्वप्नकारणत्वेऽपि जागरितवस्तुनो न स्वप्नवदवस्तुत्वम्। अत्यन्तचलो हि स्वप्नो जागरितं तु स्थिरं लक्ष्यते।

शंका—स्वप्नके कारण होनेपर भी जाग्रत्पदार्थोंका स्वप्नके समान अवस्तुत्व नहीं है, क्योंकि स्वप्न तो अत्यन्त चञ्चल है, किन्तु जाग्रत्-अवस्था स्थिर देखी जाती है।

सत्यमेवमविवेकिनां स्यात्। विवेकिनां तु न कस्यचिद्वस्तुन उत्पादः प्रसिद्धोऽतः—

समाधान—ठीक है, अविवेकियोंके लिये ऐसी बात हो सकती है; किन्तु विवेकियोंको तो किसी वस्तुकी उत्पत्ति सिद्ध ही नहीं है। अतः—

उत्पादस्याप्रसिद्धत्वादजं सर्वमुदाहृतम्।
न च भूतादभूतस्य सम्भवोऽस्ति कथञ्चन॥ ३८॥

उत्पत्तिके प्रसिद्ध न होनेके कारण सब कुछ अज ही कहा जाता है। इसके सिवा सत् वस्तुसे असत्की उत्पत्ति किसी प्रकार हो भी नहीं सकती॥ ३८॥

अप्रसिद्धत्वादुत्पादस्यात्मैव सर्वमित्यजं सर्वमुदाहृतं वेदान्तेषु "सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः"

उत्पत्तिके सिद्ध न होनेसे सब कुछ आत्मा ही है; इसलिये वेदान्तोंमें "सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः" इत्यादि रूपसे

(मु० उ० २।१।२) इति। यदपि मन्यसे जागरितात्सतोऽसत्स्वप्नो जायत इति तदसत्। न भूताद्विद्यमानादभूतस्यासतः सम्भवोऽस्ति लोके। न ह्यसतः शशविषाणादेः सम्भवो दृष्टः कथञ्चिदपि॥ ३८॥

सबको अज ही कहा है। और तुम जो मानते हो कि सत् जाग्रत्से असत् स्वप्नकी उत्पत्ति होती है, सो भी ठीक नहीं; क्योंकि लोकमें भूत—विद्यमान वस्तुसे असत्का जन्म नहीं हुआ करता। शशशृङ्गादि असतपदार्थोंका जन्म किसी भी प्रकार देखनेमें नहीं आता॥ ३८॥

ननूक्तं त्वयैव स्वप्नो जागरित-कार्यमिति तत्कथमुत्पादोऽप्रसिद्ध इत्युच्यते?

शंका—यह तो तुम्हींने कहा था कि स्वप्न जागरितका कार्य है; फिर ऐसा क्यों कहते हो कि उत्पत्ति सिद्ध ही नहीं होती?

शृणु तत्र यथा कार्यकारण-भावोऽस्माभिरभिप्रेत इति—

समाधान—हम जिस प्रकार उनका कार्य-कारणभाव मानते हैं, सो सुनो—

असज्जागरिते दृष्ट्वा स्वप्ने पश्यति तन्मयः।
असत्स्वप्नेऽपि दृष्ट्वा च प्रतिबुद्धो न पश्यति॥ ३९॥

[जीव] जाग्रत्-अवस्थामें असत्पदार्थोंको देखकर उन्हींके संस्कारसे युक्त हो उन्हें स्वप्नमें देखता है, किन्तु स्वप्नावस्थामें भी असत्पदार्थोंको ही देखकर जागनेपर उन्हें नहीं देखता॥ ३९॥

असदविद्यमानं रज्जुसर्पवद्विकल्पितं वस्तु जागरिते दृष्ट्वा तद्भावभावितस्तन्मयः स्वप्नेऽपि जागरितवद्ग्राह्यग्राहकरूपेण विकल्पयन्पश्यति। तथा-सत्स्वप्नेऽपि दृष्ट्वा च

जागरित-अवस्थामें असत् अर्थात् रज्जुमें सर्पके समान कल्पना किये हुए अविद्यमान पदार्थोंको देखकर उनके भावसे भावित हो स्वप्नमें भी तन्मयभावसे जागरितके समान ग्राह्य-ग्राहकरूपसे विकल्प करता हुआ उन्हें देखता है। तथा स्वप्नमें भी असत् पदार्थोंको देखकर

प्रतिबुद्धो न पश्यत्यविकल्पयन्। च शब्दात्तथा जागरितेऽपि दृष्ट्वा स्वप्ने न पश्यति कदाचिदित्यर्थः। तस्माज्जागरितं स्वप्नहेतुरुच्यते न तु परमार्थसदिति कृत्वा॥ ३९॥

जागनेपर विकल्प न करनेके कारण उन्हें नहीं देखता। 'च' शब्दसे यह अभिप्राय है कि इसी प्रकार कभी जाग्रत्में देखकर भी उन पदार्थोंको स्वप्नमें नहीं देखता। इसीलिये यह कहा जाता है कि जाग्रत्-अवस्था स्वप्नका कारण है, उसे परमार्थसत् मानकर ऐसा नहीं कहा जाता॥ ३९॥

परमार्थतस्तु न कस्यचित्केनचिदपि प्रकारेण कार्यकारणभाव उपपद्यते। कथम्?—

परमार्थतः तो किसीका किसी भी प्रकार कार्य-कारणभाव होना सम्भव नहीं है। किस प्रकार? [सो बतलाते हैं—]

नास्त्यसद्धेतुकमसत्सदसद्धेतुकं तथा।
सच्च सद्धेतुकं नास्ति सद्धेतुकमसत्कुतः॥ ४०॥

न तो असत् पदार्थ ही असत् कारणवाला है और न सत् पदार्थ ही असत् कारणवाला है। इसी प्रकार सत् पदार्थ भी सत् कारणवाला नहीं है; फिर असत् पदार्थ ही सत् कारणवाला कैसे हो सकता है?॥ ४०॥

नास्त्यसद्धेतुकमसच्छशविषाणादि हेतुः कारणं यस्यासत् एव खकुसुमादेस्तदसद्धेतुकमसन्न विद्यते। तथा सदपि घटादिवस्तु असद्धेतुकं शशविषाणादिकार्यं नास्ति। तथा सच्च विद्यमानं घटादि विद्यमानघटादि-वस्त्वन्तरकार्यं नास्ति। सत्कार्य-

असत् कारणवाला असत् पदार्थ भी नहीं है—जिस आकाशपुष्प आदि असत्पदार्थका कोई शशशृङ्गादि असत् कारण हो ऐसा कोई असद्धेतुक असत् पदार्थ भी विद्यमान नहीं है। तथा घटादि सद्वस्तु भी असद्धेतुक अर्थात् शशविषाणादि [असत्पदार्थ]-का कार्य नहीं है। इसी प्रकार सत् यानी विद्यमान घट आदि किसी अन्य सद्वस्तुका भी कार्य नहीं है। फिर सत्का कार्य

मसत्कुत एव सम्भवति? न चान्यः कार्यकारणभावः सम्भवति शक्यो वा कल्पयितुम्? अतो विवेकिनामसिद्ध एव कार्यकारणभावः कस्यचिदित्यभिप्रायः॥ ४०॥

असत् ही कैसे हो सकता है? इनके सिवा किसी अन्य कार्य-कारण-भावकी न तो सम्भावना है और न कल्पना ही की जा सकती है। अतः तात्पर्य यह है कि विवेकियोंके लिये तो किसी वस्तुका भी कार्य-कारणभाव सिद्ध है ही नहीं॥ ४०॥

पुनरपि जाग्रत्स्वप्नयोरसतोरपि कार्यकारणभावाशङ्कामपनयन् आह—

जाग्रत् और स्वप्न असत् होनेपर भी उनके कार्य-कारणभावके सम्बन्धमें जो शङ्का है उसकी निवृत्ति करते हुए फिर भी कहते हैं—

विपर्यासाद्यथा जाग्रदचिन्त्यान्भूतवत्स्पृशेत्।
तथा स्वप्ने विपर्यासाद्धर्मांस्तत्रैव पश्यति॥ ४१॥

जिस प्रकार मनुष्य भ्रान्तिवश जाग्रत्कालीन अचिन्त्य पदार्थोंको यथार्थवत् ग्रहण करता है उसी प्रकार स्वप्नमें भी भ्रान्तिवश [स्वप्नकालीन] पदार्थोंको वहीं (उसी अवस्थामें) देखता है॥ ४१॥

विपर्यासादविवेकतो यथा जाग्रज्जागरितेऽचिन्त्यान्भावानशक्यचिन्तनीयान् रज्जुसर्पादीन् भूतवत्परमार्थवत्स्पृशन्निव विकल्पयेदित्यर्थः कश्चिद्यथा, तथा स्वप्ने विपर्यासाद्धस्त्यादीन्धर्मान् पश्यन्निव विकल्पयति;

जिस प्रकार कोई पुरुष विपर्यास अर्थात् अविवेकके कारण जाग्रत्-अवस्थामें रज्जु-सर्पादि अचिन्तनीय अर्थात् जिनका चिन्तन नहीं किया जा सकता ऐसे पदार्थोंको भूत—परमार्थवत् स्पर्श करते हुए-से कल्पना करता है। उसी प्रकार स्वप्नमें विपर्यासके कारण ही वह हाथी आदिको देखता हुआ-सा कल्पना करता है; अर्थात् उन्हें

तत्रैव पश्यति न तु जागरितादुत्पद्यमानानित्यर्थः ॥ ४१ ॥

वह उसी अवस्थामें देखता है, न कि जाग्रत्से उत्पन्न होते हुए ॥ ४१ ॥

जगदुत्पत्तिका उपदेश किनके लिये है ?

उपलम्भात्समाचारादस्तिवस्तुत्ववादिनाम् ।
जातिस्तु देशिता बुद्धैरजातेस्त्रसतां सदा ॥ ४२ ॥

[वस्तुओंकी] उपलब्धि और [वर्णाश्रमादि] आचारके कारण जो पदार्थोंकी सत्ता स्वीकार करते हैं तथा अजातिसे भय मानते हैं, विद्वानोंने सर्वदा उन्हींके लिये जातिका उपदेश दिया है ॥ ४२ ॥

यापि बुद्धैरद्वैतवादिभिर्जातिर्देशितोपदिष्टा, उपलम्भनम् उपलम्भस्तस्मादुपलब्धेरित्यर्थः; समाचाराद्वर्णाश्रमादिधर्मसमाचरणात्, ताभ्यां हेतुभ्यामस्तिवस्तुत्ववादिनाम् अस्ति वस्तुभाव इत्येवं वदनशीलानां दृढाग्रहवतां श्रद्दधानानां मन्दविवेकिनामर्थोपायत्वेन सा देशिता जातिः। तां गृह्णन्तु तावत्। वेदान्ताभ्यासिनां तु स्वयमेवाजाद्वयात्मविषयो विवेको भविष्यतीति न तु परमार्थबुद्ध्या।

तथा बुद्ध यानी अद्वैतवादी विद्वानोंने जो जाति (जगत्की उत्पत्ति)-का उपदेश दिया है [उसका यह कारण है—] उपलम्भनका नाम उपलम्भ है उस उपलम्भ अर्थात् उपलब्धिसे और समाचार—वर्णाश्रमादि धर्मोंके सम्यक् आचरणसे—इन दोनों कारणोंसे वस्तुओंका अस्तित्व माननेवाले अर्थात् '[द्वैत पदार्थोंका] वस्तुत्व है' ऐसा कहनेवाले दृढ़ आग्रही, श्रद्धालु और मन्द विवेकशील पुरुषोंको [ब्रह्मात्मैक्यबोधकी प्राप्तिरूप] अर्थके उपायरूपसे उस जातिका उपदेश दिया है [उसमें उनका यही तात्पर्य है कि] 'अभी वे भले ही उसे स्वीकार कर लें, परन्तु वेदान्तका अभ्यास करते-करते उन्हें स्वयं ही अजन्मा और अद्वितीय आत्मा-सम्बन्धी विवेक हो जायगा' उन्होंने परमार्थबुद्धिसे उसका उपदेश नहीं दिया;

ते हि श्रोत्रियाः स्थूलबुद्धित्वादजातेः अजातिवस्तुनः सदा त्रस्यन्त्यात्मनाशं मन्यमाना अविवेकिन इत्यर्थः। उपायः सोऽवतारायेत्युक्तम्॥ ४२॥

क्योंकि वे केवल श्रुति-परायण अविवेकी लोग स्थूलबुद्धि होनेके कारण अपना नाश मानते हुए अजाति अर्थात् जन्मरहित वस्तुसे सदा भय मानते हैं—यह इसका तात्पर्य है यही बात हमने ''उपायः सोऽवताराय'' इत्यादि श्लोकमें (अद्वैतप्रकरण श्लो० १५ में) कही है॥ ४२॥

सन्मार्गगामी द्वैतवादियोंकी गति

अजातेस्त्रसतां तेषामुपलम्भाद्वियन्ति ये।
जातिदोषा न सेत्स्यन्ति दोषोऽप्यल्पो भविष्यति॥ ४३॥

द्वैतकी उपलब्धिके कारण जो विपरीत मार्गमें प्रवृत्त होते हैं अजातिसे भय माननेवाले उन लोगोंके लिये जातिसम्बन्धी दोष सिद्ध नहीं हो सकते, [क्योंकि द्वैतवादी होनेपर भी वे सन्मार्गमें प्रवृत्त तो हुए ही रहते हैं]। [और यदि होगा भी तो] थोड़ा-सा ही दोष होगा॥ ४३॥

ये चैवमुपलम्भात्समाचारा-च्चाजातेरजातिवस्तुनस्त्रसन्तोऽस्ति-वस्त्वित्यद्वयादात्मनो वियन्ति विरुद्धं यन्ति द्वैतं प्रतिपद्यन्त इत्यर्थः। तेषामजातेस्त्रसतां श्रद्दधानानां सन्मार्गावलम्बिनां जातिदोषा जात्युपलम्भकृता दोषा न सेत्स्यन्ति सिद्धिं नोपयास्यन्ति, विवेकमार्गप्रवृत्तत्वात्।

जो लोग इस प्रकार [पदार्थोंकी] उपलब्धि और [वर्णाश्रमादिके] आचारोंके कारण अजन्मा वस्तुसे डरनेवाले हैं और 'द्वैत पदार्थ है' ऐसा समझकर अद्वय आत्मासे विरुद्ध चलते हैं, अर्थात् द्वैत स्वीकार करते हैं, उन अजातिसे भय माननेवाले श्रद्धालु और सन्मार्गावलम्बी पुरुषोंको जातिदोष-जातिकी उपलब्धिके कारण होनेवाले दोष सिद्ध नहीं होंगे, क्योंकि वे विवेकमार्गमें प्रवृत्त हैं।

यद्यपि कश्चिद्दोषः स्यात्सोऽप्यल्प एव भविष्यति। सम्यग्दर्शनाप्रतिपत्तिहेतुक इत्यर्थः॥ ४३॥

और यदि कुछ दोष होगा भी तो वह भी अल्प ही होगा; अर्थात् केवल सम्यग्दर्शनकी अप्राप्तिके कारण होनेवाला दोष ही होगा॥ ४३॥

उपलब्धि और आचरणकी अप्रमाणता

ननूपलम्भसमाचारयोः प्रमाणत्वादस्त्येव द्वैतं वस्त्विति, न; उपलम्भसमाचारयोर्व्यभिचारात्। कथं व्यभिचार इत्युच्यते—

यदि कहो कि उपलब्धि और आचरण तो प्रमाण हैं, इसलिये द्वैतवस्तु है ही तो ऐसी बात नहीं है; क्योंकि उपलब्धि और आचरणका तो व्यभिचार भी होता है। किस प्रकार व्यभिचार होता है ? सो बतलाया जाता है—

उपलम्भात्समाचारान्मायाहस्ती यथोच्यते।
उपलम्भात्समाचारादस्ति वस्तु तथोच्यते॥ ४४॥

उपलब्धि और आचरणके कारण जिस प्रकार मायाजनित हाथीको ['हाथी है'—इस प्रकार] कहा जाता है उसी प्रकार उपलब्धि और आचरणके कारण 'वस्तु है' ऐसा कहा जाता है॥ ४४॥

उपलभ्यते हि मायाहस्ती हस्तीव हस्तिनमिवात्र समाचरन्ति, बन्धनारोहणादिहस्तिसम्बन्धिभिर्धर्मैर्हस्तीति चोच्यतेऽसन्नपि यथा तथैवोपलम्भात्समाचाराद्द्वैतं भेदरूपमस्ति वस्त्वित्युच्यते।

हाथीके समान ही मायाजनित हाथी भी देखनेमें आता है। हाथीके समान ही यहाँ [मायाहस्तीके साथ] भी बन्धन आरोहण आदि हस्तिसम्बन्धी धर्मोंद्वारा व्यवहार करते हैं। जिस प्रकार असत् होनेपर भी वह 'हाथी है' ऐसा कहा जाता है, उसी प्रकार उपलब्धि और आचरणके कारण भेदरूप द्वैतवस्तु है—ऐसा कहा जाता है।

तस्मान्नोपलम्भसमाचारौ द्वैत-वस्तुसद्भावे हेतू भवत इत्यभिप्रायः ॥ ४४ ॥

अतः अभिप्राय यह है कि उपलब्धि और आचरण द्वैत वस्तुके सद्भावमें कारण नहीं है ॥ ४४ ॥

परमार्थ वस्तु क्या है ?

किं पुनः परमार्थसद्वस्तु यदास्पदा जात्याद्यसद्बुद्धय इत्याह—

अच्छा तो जिसके आश्रयसे जाति आदि असद्बुद्धियाँ होती हैं वह परमार्थ वस्तु क्या है ? इसपर कहते हैं—

जात्याभासं चलाभासं वस्त्वाभासं तथैव च।
अजाचलमवस्तुत्वं विज्ञानं शान्तमद्वयम् ॥ ४५ ॥

जो कुछ जातिके समान भासनेवाला, चलके समान भासनेवाला और वस्तुके समान भासनेवाला है वह अज, अचल और अवस्तुरूप शान्त एवं अद्वितीय विज्ञान ही है ॥ ४५ ॥

अजाति सज्जातिवदवभासत इति जात्याभासम्। तद्यथा देवदत्तो जायत इति। चलाभासं चलमिवाभासत इति। यथा स एव देवदत्तो गच्छतीति। वस्त्वाभासं वस्तु द्रव्यं धर्मि तद्वदवभासत इति वस्त्वाभासम्। यथा स एव देवदत्तो गौरो दीर्घ इति। जायते देवदत्तः स्पन्दते दीर्घो गौर इत्येवमवभासते। परमार्थतस्त्वजमचलमवस्तुत्वमद्रव्यं च।

जो अजाति होकर भी जातिवत् प्रतीत हो उसे जात्याभास कहते हैं; उसका उदाहरण, जैसे—देवदत्त उत्पन्न होता है। जो चलके समान प्रतीत हो उसे चलाभास कहते हैं; जैसे—वही देवदत्त जाता है। 'वस्त्वाभासम्'—वस्तु धर्मी द्रव्यको कहते हैं, जो उसके समान प्रतीत हो वह वस्त्वाभास है। जैसे—वही देवदत्त गौर और दीर्घ है। देवदत्त उत्पन्न होता है, चलता है तथा वह गौर और दीर्घ है—इस प्रकार भासता है, किन्तु परमार्थतः तो अज, अचल, अवस्तुत्व और अद्रव्यत्व ही है।

किं तदेवंप्रकारम्? विज्ञानं विज्ञप्तिः। जात्यादिरहितत्वाच्छान्तम्। अत एवाद्वयं च तदित्यर्थः॥ ४५॥

ऐसा वह कौन है? [इसपर कहते हैं] विज्ञान अर्थात् विज्ञप्ति तथा वह जाति आदिसे रहित होनेके कारण शान्त है और इसीसे अद्वय भी है—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ ४५॥

एवं न जायते चित्तमेवं धर्मा अजाः स्मृताः।
एवमेव विजानन्तो न पतन्ति विपर्यये॥ ४६॥

इस प्रकार चित्त उत्पन्न नहीं होता; इसीसे आत्मा अजन्मा माने गये हैं। ऐसा जाननेवाले लोग ही भ्रममें नहीं पड़ते॥ ४६॥

एवं यथोक्तेभ्यो हेतुभ्यो न जायते चित्तमेवं धर्मा आत्मानोऽजाः स्मृता ब्रह्मविद्भिः। धर्मा इति बहुवचनं देहभेदानुविधायित्वादद्वयस्यैवोपचारतः।

एवमेव यथोक्तं विज्ञानं जात्यादिरहितमद्वयमात्मतत्त्वं विजानन्तस्त्यक्तबाह्यैषणाः पुनर्न पतन्त्यविद्याध्वान्तसागरे विपर्यये। "तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" (ई० उ० ७) इत्यादिमन्त्रवर्णात्॥ ४६॥

इस प्रकार उपर्युक्त हेतुओंसे ही चित्तका जन्म नहीं होता और इसीसे ब्रह्मवेत्ताओंने धर्म यानी आत्माओंको अजन्मा माना है। भिन्न-भिन्न देहोंका अनुवर्तन करनेवाला होनेसे एक अद्वितीय आत्माके लिये ही उपचारसे 'धर्माः' इस बहुवचनका प्रयोग किया गया है।

इसी प्रकार—उपर्युक्त विज्ञानको अर्थात् जाति आदिरहित अद्वितीय आत्मतत्त्वको जाननेवाले बाह्य एषणाओंसे मुक्त हुए लोग फिर विपर्यय अर्थात् अविद्यारूप अन्धकारके समुद्रमें नहीं गिरते। "उस अवस्थामें एकत्व देखनेवाले पुरुषको क्या मोह और क्या शोक हो सकता है?" इत्यादि मन्त्रवर्णसे यही बात प्रमाणित होती है॥ ४६॥

विज्ञानाभासमें अलातस्फुरणका दृष्टान्त

यथोक्तं परमार्थदर्शनं प्रपञ्चयिष्यन्नाह—

पूर्वोक्त परमार्थज्ञानका ही विस्तारसे निरूपण करेंगे, इसलिये कहते हैं—

ऋजुवक्रादिकाभासमलातस्पन्दितं यथा।
ग्रहणग्राहकाभासं विज्ञानस्पन्दितं तथा॥ ४७॥

जिस प्रकार अलात (उल्का)-का घूमना ही सीधे-टेढ़े आदि रूपोंमें भासित होता है, उसी प्रकार विज्ञानका स्फुरण ही ग्रहण और ग्राहक आदि रूपोंमें भास रहा है॥ ४७॥

यथा हि लोक ऋजुवक्रादिप्रकाराभासमलातस्पन्दितमुल्काचलनं तथा ग्रहणग्राहकाभासं विषयिविषयाभासमित्यर्थः। किं तद्विज्ञानस्पन्दितम्। स्पन्दितमिव स्पन्दितमविद्यया। न ह्यचलस्य विज्ञानस्य स्पन्दनमस्ति। अजाचलमिति ह्युक्तम्॥ ४७॥

जिस प्रकार लोकमें सीधे-टेढ़े आदि रूपोंमें भासमान होनेवाला अलातका स्पन्द अर्थात् उल्का (जलती हुई बनैती)-का घूमना ही है, उसी प्रकार ग्रहण और ग्राहकरूपसे भासनेवाला अर्थात् इन्द्रिय और विषयरूपसे भासनेवाला भी है। वह कौन है? विज्ञानका स्पन्द, जो अविद्याके कारण ही स्पन्दके समान स्पन्द-सा प्रतीत होता है, वस्तुतः अविचल विज्ञानका स्पन्दन नहीं हो सकता, क्योंकि [उपर्युक्त श्लोक ४५ में ही] 'वह अज और अचल है' ऐसा कहा जा चुका है॥ ४७॥

अस्पन्दमानमलातमनाभासमजं यथा।
अस्पन्दमानं विज्ञानमनाभासमजं तथा॥ ४८॥

जिस प्रकार स्पन्दनरहित अलात आभासशून्य और अज है, उसी प्रकार स्पन्दनरहित विज्ञान भी आभासशून्य और अज है॥ ४८॥

अस्पन्दमानं स्पन्दनवर्जितं तदेवालातमृज्वाद्याकारेणाजायमानमनाभासमजं यथा; तथाविद्यया स्पन्दमानमविद्योपरमेऽस्पन्दमानं जात्याद्याकारेणानाभासमजमचलं भविष्यतीत्यर्थः ॥ ४८ ॥

जिस प्रकार वही अलात अस्पन्दमान—स्पन्दनसे रहित होनेपर ऋजु आदि आकारोंमें भासित न होनेके कारण अनाभास और अज रहता है उसी प्रकार अविद्यासे स्पन्दित होनेवाला विज्ञान अविद्याकी निवृत्ति होनेपर जाति आदि रूपसे स्पन्दित न होकर अनाभास, अज और अचल हो जायगा—ऐसा इसका तात्पर्य है ॥ ४८ ॥

किं च—

इसके सिवा—

अलाते स्पन्दमाने वै नाभासा अन्यतोभुवः।
न ततोऽन्यत्र निस्पन्दान्नालातं प्रविशन्ति ते॥ ४९ ॥

अलातके स्पन्दित होनेपर भी वे आभास किसी अन्य कारणसे नहीं होते, तथा उसके स्पन्दरहित होनेपर भी कहीं अन्यत्र नहीं चले जाते और न वे अलातमें ही प्रवेश करते हैं ॥ ४९ ॥

तस्मिन्नेवालाते स्पन्दमान ऋजुवक्राद्याभासा अलातादन्यतः कुतश्चिदागत्यालाते नैव भवन्ति, इति नान्यतोभुवः। न च तस्मान्निस्पन्दादलातादन्यत्र निर्गताः। न च निस्पन्दमलातमेव प्रविशन्ति ते॥ ४९ ॥

उस अलातके स्पन्दित होनेपर भी वे सीधे-टेढ़े आदि आभास अलातसे भिन्न कहीं अन्यत्रसे आकर अलातमें उपस्थित नहीं हो जाते; अतः वे किसी अन्यसे होनेवाले भी नहीं हैं तथा निस्पन्द हुए उस अलातसे वे कहीं अन्यत्र नहीं चले जाते और न उस निस्पन्द अलातमें ही प्रवेश कर जाते हैं ॥ ४९ ॥

किं च—

इसके अतिरिक्त—

न निर्गता अलातात्ते द्रव्यत्वाभावयोगतः।
विज्ञानेऽपि तथैव स्युराभासस्याविशेषतः ॥ ५० ॥

उनमें द्रव्यत्वके अभावका योग होनेके कारण वे अलातसे भी नहीं निकलते हैं। इसी प्रकार आभासत्वमें समानता होनेके कारण विज्ञानके विषयमें भी समझना चाहिये ॥ ५० ॥

न निर्गता अलातात्त आभासा गृहादिवदद्रव्यत्वाभावयोगतः—द्रव्यस्य भावो द्रव्यत्वम्, तदभावो द्रव्यत्वाभावः, द्रव्यत्वाभावयोगतो द्रव्यत्वाभावयुक्तेर्वस्तुत्वाभावादित्यर्थः; वस्तुनो हि प्रवेशादि सम्भवति नावस्तुनः। विज्ञानेऽपि जात्याद्याभासास्तथैव स्युराभास-स्याविशेषतस्तुल्यत्वात् ॥ ५० ॥

द्रव्यत्वाभावयोगके कारण—द्रव्यके भावका नाम द्रव्यत्व है, उसके अभावको द्रव्यत्वाभाव कहते हैं, उस द्रव्यत्वाभावयोग अर्थात् द्रव्यत्वाभावरूप युक्तिके कारण यानी वस्तुत्वका अभाव होनेसे वे आभास घर आदिसे निकलनेके समान अलातसे भी नहीं निकले; क्योंकि प्रवेशादि होने तो वस्तुके ही सम्भव हैं, अवस्तुके नहीं। विज्ञानमें [प्रतीत होनेवाले] जात्यादि आभास भी ऐसे ही समझने चाहिये, क्योंकि आभासकी सामान्यता होनेसे उनकी तुल्यता है ॥ ५० ॥

कथं तुल्यत्वमित्याह—

उनकी तुल्यता किस प्रकार है? सो बतलाते हैं—

विज्ञाने स्पन्दमाने वै नाभासा अन्यतोभुवः।
न ततोऽन्यत्र निस्पन्दान्न विज्ञानं विशन्ति ते ॥ ५१ ॥

न निर्गतास्ते विज्ञानादद्रव्यत्वाभावयोगतः।
कार्यकारणताभावाद्यतोऽचिन्त्याः सदैव ते ॥ ५२ ॥

विज्ञानके स्पन्दित होनेपर भी उसके आभास किसी अन्य कारणसे नहीं होते तथा उसके स्पन्दरहित होनेपर कहीं अन्यत्र नहीं चले जाते और

न विज्ञानमें ही प्रवेश कर जाते हैं॥५१॥ द्रव्यत्वके अभावका योग होनेके कारण वे विज्ञानसे भी नहीं निकले, क्योंकि कार्य-कारणताका अभाव होनेके कारण वे सदा ही अचिन्तनीय (अनिर्वचनीय) हैं॥५२॥

अलातेन समानं सर्वं विज्ञानस्य। सदाचलत्वं तु विज्ञानस्य विशेषः। जात्याद्याभासा विज्ञानेऽचले किं कृता इत्याह। कार्यकारणताभावाज्जन्यजनकत्वानुपपत्तेरभावरूपत्वादचिन्त्यास्ते यतः सदैव।

विज्ञानके विषयमें भी सब कुछ अलातके ही समान है। नित्य अचल रहना—यही विज्ञानकी विशेषता है। अचल विज्ञानमें जाति आदि आभास किस कारणसे होते हैं? इसपर कहते हैं—क्योंकि कार्यकारणताका अभाव अर्थात् अभावरूप होनेके कारण जन्य-जनकत्वकी अनुपपत्ति होनेसे वे सदा ही अचिन्तनीय हैं।

यथासत्स्वृज्वाद्याभासेषु ऋज्वादिबुद्धिर्दृष्टालातमात्रे तथासत्स्वेव जात्यादिषु विज्ञानमात्रे जात्यादिबुद्धिर्मृषैवेति समुदायार्थः॥ ५१-५२॥

[इन दोनों श्लोकोंका] सम्मिलित अर्थ यह है कि जिस प्रकार ऋजु (सरल) आदि आभासोंके न होनेपर भी अलातमात्रमें ही ऋजु आदि बुद्धि होती देखी जाती है, उसी प्रकार जाति आदिके न होनेपर भी केवल विज्ञानमात्रमें जाति आदि बुद्धि होना मिथ्या ही है॥५१-५२॥

आत्मामें कार्य-कारणभाव क्यों असम्भव है?

अजमेकमात्मतत्त्वमिति स्थितं तत्र यैरपि कार्यकारणभावः कल्प्यते तेषाम्—

यह निश्चय हुआ कि एक अजन्मा आत्मतत्त्व है। उसमें जो लोग कार्य-कारणभावकी कल्पना करते हैं उनके मतमें भी—

द्रव्यं द्रव्यस्य हेतुः स्यादन्यदन्यस्य चैव हि।
द्रव्यत्वमन्यभावो वा धर्माणां नोपपद्यते॥ ५३॥

द्रव्यका कारण द्रव्य ही हो सकता है और वह भी अन्य द्रव्यका अन्य ही द्रव्य कारण होना चाहिये; किन्तु आत्माओंमें द्रव्यत्व और अन्यत्व दोनों ही सम्भव नहीं हैं॥ ५३॥

द्रव्यं द्रव्यस्यान्यस्यान्यद्धेतुः कारणं स्यान्न तु तस्यैव तत्। नाप्यद्रव्यं कस्यचित्कारणं स्वतन्त्रं दृष्टं लोके। न च द्रव्यत्वं धर्माणामात्मनामुपपद्यतेऽन्यत्वं वा कुतश्चिद्येनान्यस्य कारणत्वं कार्यत्वं वा प्रतिपद्येत। अतोऽद्रव्यत्वादनन्यत्वाच्च न कस्यचित्कार्यं कारणं वात्मेत्यर्थः॥ ५३॥

अन्य द्रव्यका कारण अन्य द्रव्य ही हो सकता है, न कि उस द्रव्यका वही। और जो वस्तु द्रव्य नहीं है उसे लोकमें किसीका स्वतन्त्र कारण होता नहीं देखा। तथा आत्माओंका द्रव्यत्व अथवा अन्यत्व किसी भी प्रकार सम्भव नहीं है, जिससे कि वे किसी अन्य द्रव्यके कारणत्व अथवा कार्यत्वको प्राप्त हो सकें। अतः तात्पर्य यह है कि अद्रव्यत्व और अनन्यत्वके कारण आत्मा किसीका भी कार्य अथवा कारण नहीं है॥ ५३॥

एवं न चित्तजा धर्माश्चित्तं वापि न धर्मजम्।
एवं हेतुफलाजातिं प्रविशन्ति मनीषिणः॥ ५४॥

इस प्रकार न तो बाह्य पदार्थ ही चित्तसे हुए हैं और न चित्त ही बाह्य पदार्थोंसे उत्पन्न हुआ है। अतः मनीषी लोग कार्य-कारणकी अनुत्पत्ति ही निश्चित करते हैं॥ ५४॥

एवं यथोक्तेभ्यो हेतुभ्य आत्मविज्ञानस्वरूपमेव चित्तमिति न चित्तजा बाह्यधर्मा नापि बाह्यधर्मजं चित्तम्।

इस प्रकार उपर्युक्त हेतुओंसे चित्त आत्मविज्ञानस्वरूप ही है; न तो बाह्य पदार्थ ही चित्तसे उत्पन्न हुए हैं और न चित्त ही बाह्य पदार्थोंसे उत्पन्न हुआ है;

विज्ञानस्वरूपाभासमात्रत्वात्सर्वधर्माणाम्। एवं न हेतोः फलं जायते नापि फलाद्धेतुरिति हेतुफलयोरजातिं हेतुफलाजातिं प्रविशन्त्यध्यवस्यन्ति। आत्मनि हेतुफलयोरभावमेव प्रतिपद्यन्ते ब्रह्मविद इत्यर्थः॥ ५४॥

क्योंकि सारे ही धर्मविज्ञानस्वरूपके आभासमात्र हैं। इस प्रकार न तो हेतुसे फलकी उत्पत्ति होती है और न फलसे हेतुकी। अतः मनीषी लोग हेतु और फलकी अनुत्पत्ति ही निश्चित करते हैं। तात्पर्य यह कि ब्रह्मवेत्ता लोग आत्मामें हेतु और फलका अभाव ही देखते हैं॥ ५४॥

हेतु-फलभावके अभिनिवेशका फल

ये पुनर्हेतुफलयोरभिनिविष्टास्तेषां किं स्यादित्युच्यते—धर्माधर्माख्यस्य हेतोरहं कर्ता मम धर्माधर्मौ तत्फलं कालान्तरे क्वचित्प्राणिनिकाये जातो भोक्ष्य इति—

किन्तु जिनका हेतु और फलमें अभिनिवेश है उनका क्या होगा? इसपर कहा जाता है—धर्माधर्मसंज्ञक हेतुका मैं कर्ता हूँ, धर्म और अधर्म मेरे हैं, कालान्तरमें किसी प्राणीके शरीरमें उत्पन्न होकर उनका फल भोगूँगा—इस प्रकार—

यावद्धेतुफलावेशस्तावद्धेतुफलोद्भवः।
क्षीणे हेतुफलावेशे संसारं न प्रपद्यते॥ ५५॥

जबतक हेतु और फलका आग्रह है तबतक ही हेतु और फलकी उत्पत्ति भी है। हेतु और फलका आवेश क्षीण हो जानेपर फिर हेतु और फलरूप संसारकी उत्पत्ति भी नहीं होती॥ ५५॥

यावद्धेतुफलयोरावेशो हेतुफलाग्रह आत्मन्यध्यारोपणं तच्चित्ततेत्यर्थः, तावद्धेतुफलयोरुद्भवो धर्माधर्मयोस्तत्फलस्य चानुच्छेदेन

जबतक हेतु और फलका आवेश-हेतुफलाग्रह अर्थात् उन्हें आत्मामें आरोपित करना यानी तच्चित्तता है, तबतक हेतु और फलकी उत्पत्ति भी है अर्थात् तबतक धर्माधर्म और उनके फलकी अविच्छिन्न

प्रवृत्तिरित्यर्थः। यदा पुनर्मन्त्रौषधिवीर्येणेव ग्रहावेशो यथोक्ताद्वैतदर्शनेनाविद्योद्भूतहेतुफलावेशोऽपनीतो भवति तदा तस्मिन्क्षीणे नास्ति हेतुफलोद्भवः॥ ५५॥

प्रवृत्ति भी है। किन्तु जिस समय मन्त्र और ओषधिकी सामर्थ्यसे ग्रहके आवेशके समान उपर्युक्त अद्वैतबोधसे अविद्याजनित हेतु और फलका आवेश निवृत्त हो जाता है उस समय उसके क्षीण हो जानेपर हेतु और फलकी उत्पत्ति भी नहीं होती॥ ५५॥

हेतु-फलके अभिनिवेशमें दोष

यदि हेतुफलोद्भवस्तदा को दोष इत्युच्यते—

यदि हेतु और फलकी उत्पत्ति रहे तो इनमें दोष क्या है? सो बतलाते हैं—

यावद्धेतुफलावेशः संसारस्तावदायतः।
क्षीणे हेतुफलावेशे संसारं न प्रपद्यते॥ ५६॥

जबतक हेतु और फलका आग्रह है तबतक संसार बढ़ा हुआ है। हेतु और फलका आवेश नष्ट होनेपर विद्वान् संसारको प्राप्त नहीं होता॥ ५६॥

यावत्सम्यग्दर्शनेन हेतुफलावेशो न निवर्ततेऽक्षीणः संसारस्तावदायतो दीर्घो भवतीत्यर्थः। क्षीणे पुनर्हेतुफलावेशे संसारं न प्रपद्यते कारणाभावात्॥ ५६॥

जबतक सम्यग्ज्ञानसे हेतु और फलका आग्रह निवृत्त नहीं होता तबतक संसार क्षीण न होकर विस्तृत होता जाता है। किन्तु हेतुफलावेशके क्षीण होनेपर, कोई कारण न रहनेसे, विद्वान् संसारको प्राप्त नहीं होता॥ ५६॥

नन्वजादात्मनोऽन्यन्नास्त्येव तत्कथं हेतुफलयोः संसारस्य चोत्पत्तिविनाशावुच्येते त्वया?

शंका—अजन्मा आत्मासे भिन्न तो और कोई है ही नहीं; फिर हेतु और फल तथा संसारके उत्पत्तिविनाशका तुम कैसे वर्णन कर रहे हो?

शृणु—

समाधान—अच्छा, सुनो—

संवृत्या जायते सर्वं शाश्वतं नास्ति तेन वै।
सद्भावेन ह्यजं सर्वमुच्छेदस्तेन नास्ति वै॥ ५७॥

सारे पदार्थ व्यावहारिक दृष्टिसे उत्पन्न होते हैं; इसलिये वे नित्य नहीं हैं। परमार्थदृष्टिसे तो सब कुछ अज ही है; इसलिये किसीका विनाश भी नहीं है॥ ५७॥

संवृत्या संवरणं संवृतिरविद्याविषयो लौकिको व्यवहारस्तया संवृत्या जायते सर्वम्। तेनाविद्याविषये शाश्वतं नित्यं नास्ति वै। अत उत्पत्तिविनाशलक्षणः संसार आयत इत्युच्यते। परमार्थसद्भावेन त्वजं सर्वमात्मैव यस्मात्। अतो जात्यभावादुच्छेदस्तेन नास्ति वै कस्यचिद्धेतुफलादेरित्यर्थः॥ ५७॥

'संवृत्या'—संवरण अर्थात् अविद्याविषयक लौकिक व्यवहारका नाम संवृति है; उस संवृतिसे ही सबकी उत्पत्ति होती है। अतः उस अविद्याके अधिकारमें कोई भी वस्तु शाश्वत—नित्य नहीं है। इसीलिये उत्पत्ति-विनाशशील संसार विस्तृत है—ऐसा कहा जाता है; क्योंकि परमार्थसत्तासे तो सब कुछ अजन्मा आत्मा ही है। अतः जन्मका अभाव होनेके कारण किसी भी हेतु या फल आदिका उच्छेद नहीं होता—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ ५७॥

जीवोंका जन्म मायिक है

धर्मा य इति जायन्ते जायन्ते ते न तत्त्वतः।
जन्म मायोपमं तेषां सा च माया न विद्यते॥ ५८॥

धर्म (जीव) जो उत्पन्न होते कहे जाते हैं, वे वस्तुतः उत्पन्न नहीं होते। उनका जन्म मायाके सदृश है और वह माया भी [वस्तुतः] है नहीं॥ ५८॥

येऽप्यात्मानोऽन्ये च धर्मा जायन्त इति कल्प्यन्ते

जो भी आत्मा तथा दूसरे धर्म 'उत्पन्न होते हैं'—इस प्रकार कल्पना किये जाते हैं

त इत्येवंप्रकारा यथोक्ता संवृतिर्निर्दिश्यत इति संवृत्यैव धर्मा जायन्ते; न ते तत्त्वतः परमार्थतो जायन्ते। यत्पुनस्तत्संवृत्या जन्म तेषां धर्माणां यथोक्तानां यथा मायया जन्म तथा तन्मायोपमं प्रत्येतव्यम्।

माया नाम वस्तु तर्हि? नैवम्; सा च माया न विद्यते, मायेत्यविद्यमान-स्याख्येत्यभिप्रायः॥ ५८॥

वे इस प्रकारके सभी धर्म संवृतिसे ही उत्पन्न होते हैं। यहाँ 'इति' शब्दसे इससे पहले श्लोकमें कही हुई संवृतिका निर्देश किया गया है। वे तत्त्वतः—परमार्थतः उत्पन्न नहीं होते। क्योंकि उन पूर्वोक्त धर्मोंका जो संवृतिसे होनेवाला जन्म है वह ऐसा है जैसे मायासे होनेवाला जन्म होता है, इसलिये उसे मायाके सदृश समझना चाहिये।

तब तो माया एक सत्य वस्तु सिद्ध होती है? नहीं, ऐसी बात नहीं है। वह माया भी है नहीं। तात्पर्य यह है कि 'माया' यह अविद्यमान वस्तुका ही नाम है॥ ५८॥

कथं मायोपमं तेषां धर्माणां जन्मेत्याह—

उन धर्मोंका जन्म मायाके सदृश किस प्रकार है? सो बतलाते हैं—

यथा मायामयाद्वीजाज्जायते तन्मयोऽङ्कुरः।
नासौ नित्यो न चोच्छेदी तद्वद्धर्मेषु योजना॥ ५९॥

जिस प्रकार मायामय बीजसे मायामय अङ्कुर उत्पन्न होता है और वह न तो नित्य ही होता है और न नाशवान् ही, उसी प्रकार धर्मोंके विषयमें भी युक्ति समझनी चाहिये॥ ५९॥

यथा मायामयादाम्रादिवीजा-ज्जायते तन्मयो मायामयोऽङ्कुरो नासावङ्कुरो नित्यो न

जिस प्रकार मायामय आम आदिके बीजसे तन्मय अर्थात् मायामय अङ्कुर उत्पन्न होता है और वह अङ्कुर न तो नित्य ही होता है और न नाशवान् ही,

चोच्छेदी विनाशी वाभूतत्वात्तद्वदेव धर्मेषु जन्मनाशादियोजना युक्तिः। न तु परमार्थतो धर्माणां जन्म नाशो वा युज्यत इत्यर्थः॥ ५९॥

उसी प्रकार असत्य होनेके कारण धर्मोंमें भी जन्म-नाशादिकी योजना—युक्ति है। तात्पर्य यह है कि परमार्थतः धर्मोंका जन्म अथवा नाश होना सम्भव नहीं है॥ ५९॥

आत्माकी अनिर्वचनीयता

नाजेषु सर्वधर्मेषु शाश्वताशाश्वताभिधा।
यत्र वर्णा न वर्तन्ते विवेकस्तत्र नोच्यते॥ ६०॥

इन सम्पूर्ण अजन्मा धर्मोंमें नित्य-अनित्य नामोंकी प्रवृत्ति नहीं है, जहाँ शब्द ही नहीं है उस आत्मतत्त्वमें [नित्य-अनित्य] विवेक भी नहीं कहा जा सकता॥ ६०॥

परमार्थतस्त्वात्मस्वजेषु नित्यैकरसविज्ञप्तिमात्रसत्ताकेषु शाश्वतोऽशाश्वत इति वा नाभिधा नाभिधानं प्रवर्तत इत्यर्थः। यत्र येषु वर्ण्यन्ते यैरर्थास्ते वर्णाः शब्दा न प्रवर्तन्तेऽभिधातुं प्रकाशयितुं न प्रवर्तन्त इत्यर्थः। इदमेवमिति विवेको विविक्तता तत्र नित्योऽनित्य इति नोच्यते। "यतो वाचो निवर्तन्ते" (तै० उ० २।४।१) इति श्रुतेः॥ ६०॥

वास्तवमें तो नित्य एकरस विज्ञानमात्र सत्तास्वरूप अजन्मा आत्माओंमें नित्य-अनित्य—ऐसे अभिधान अर्थात् नामकी भी प्रवृत्ति नहीं है। जहाँ—जिन महात्माओंमें—जिनसे पदार्थोंका वर्णन किया जाता है वे वर्ण यानी शब्द भी नहीं हैं अर्थात् उसका वर्णन करनेके लिये प्रवृत्त नहीं होते हैं, उसमें 'यह ऐसा है अर्थात् नित्य है अथवा अनित्य है' इस प्रकारका विवेक भी नहीं कहा जाता; जैसा कि "जहाँसे वाणी लौट आती है" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है॥ ६०॥

यथा स्वप्ने द्वयाभासं चित्तं चलति मायया।
तथा जाग्रद्द्वयाभासं चित्तं चलति मायया॥ ६१॥

जिस प्रकार स्वप्नमें चित्त मायासे द्वैताभासरूपसे स्फुरित होता है, उसी प्रकार जाग्रत्कालीन द्वैताभासरूपसे भी चित्त मायासे ही स्फुरित होता है॥ ६१॥

अद्वयं च द्वयाभासं चित्तं स्वप्ने न संशयः।
अद्वयं च द्वयाभासं तथा जाग्रन्न संशयः॥ ६२॥

इसमें सन्देह नहीं, स्वप्नावस्थामें अद्वय चित्त ही द्वैतरूपसे भासनेवाला है; इसी प्रकार जाग्रत्कालमें भी अद्वय मन ही द्वैतरूपसे भासनेवाला है—इसमें कोई सन्देह नहीं॥ ६२॥

यत्पुनर्वाग्गोचरत्वं परमार्थतोऽद्वयस्य विज्ञानमात्रस्य तन्मनसः स्पन्दनमात्रं न परमार्थत इति। उक्तार्थौ श्लोकौ॥ ६१-६२॥

परमार्थतः अद्वय विज्ञानमात्रका जो वाणीका विषय होना है वह मनका स्फुरणमात्र ही है, वह परमार्थतः है नहीं—इस प्रकार इन श्लोकोंकी व्याख्या पहले (अद्वैत० २९-३० में) की जा चुकी है॥ ६१-६२॥

द्वैताभावमें स्वप्नका दृष्टान्त

इतश्च वाग्गोचरस्याभावो द्वैतस्य—

वाणीके विषयभूत द्वैतका इसलिये भी अभाव है—

स्वप्नदृक्प्रचरन्स्वप्ने दिक्षु वै दशसु स्थितान्।
अण्डजान्स्वेदजान्वापि जीवान्पश्यति यान्सदा॥ ६३॥

स्वप्नद्रष्टा स्वप्नमें घूमते-घूमते दसों दिशाओंमें स्थित जिन अण्डज अथवा स्वेदज जीवोंको सर्वदा देखा करता है [वे वस्तुतः उससे पृथक् नहीं होते]॥ ६३॥

स्वप्नान्पश्यतीति स्वप्नदृक्प्रचरन्पर्यटन्स्वप्ने स्वप्नस्थाने दिक्षु वै दशसु स्थितान्वर्तमानाञ्जीवान्प्राणिनोऽण्डजान्स्वेदजान्वा यान् सदा पश्यति॥ ६३॥

जो स्वप्नोंको देखता है उसे स्वप्नद्रष्टा कहते हैं, वह स्वप्न अर्थात् स्वप्नस्थानोंमें घूमता हुआ दसों दिशाओंमें स्थित जिन स्वेदज अथवा अण्डज प्राणियोंको सर्वदा देखता है [वे वस्तुतः उससे भिन्न नहीं होते]॥ ६३॥

यद्येवं ततः किम्? उच्यते—

यदि ऐसा है तो इससे सिद्ध क्या हुआ? सो बतलाते हैं—

स्वप्नदृक्चित्तदृश्यास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक्।
तथा तद्दृश्यमेवेदं स्वप्नदृक्चित्तमिष्यते॥ ६४॥

वे सब स्वप्नद्रष्टाके चित्तके दृश्य उससे पृथक् नहीं होते। इसी प्रकार उस स्वप्नद्रष्टाका यह चित्त भी उसीका दृश्य माना जाता है॥ ६४॥

स्वप्नदृशश्चित्तं स्वप्नदृक्चित्तम्। तेन दृश्यास्ते जीवास्ततस्तस्मात्स्वप्नदृक्चित्तात्पृथङ् न विद्यन्ते न सन्तीत्यर्थः। चित्तमेव ह्यनेकजीवादिभेदाकारेण विकल्प्यते। तथा तदपि स्वप्नदृक्चित्तमिदं तद्दृश्यमेव, तेन स्वप्नदृशा दृश्यं तद्दृश्यम्। अतः स्वप्नदृग्व्यतिरेकेण चित्तं नाम नास्तीत्यर्थः॥ ६४॥

स्वप्नद्रष्टाका चित्त 'स्वप्नदृक्चित्त' कहलाता है, उससे देखे जानेवाले वे जीव उस स्वप्नद्रष्टाके चित्तसे पृथक् नहीं हैं—यह इसका तात्पर्य है। अनेक जीवादिभेदरूपसे चित्त ही कल्पना किया जाता है। इसी प्रकार उस स्वप्नद्रष्टाका यह चित्त भी उसका दृश्य ही है। उस स्वप्नद्रष्टासे देखा जाता है, इसलिये उसका दृश्य है। अतः तात्पर्य यह है कि स्वप्नद्रष्टासे भिन्न चित्त भी कुछ है नहीं॥ ६४॥

चरञ्जागरिते जाग्रद्दिक्षु वै दशसु स्थितान्।
अण्डजान्स्वेदजान्वापि जीवान्पश्यति यान्सदा॥ ६५॥

जाग्रच्चित्तेक्षणीयास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक्।
तथा तद्दृश्यमेवेदं जाग्रतश्चित्तमिष्यते॥ ६६॥

जाग्रत्-अवस्थामें घूमते-घूमते जाग्रत्-अवस्थाका साक्षी दसों दिशाओंमें स्थित जिन अण्डज अथवा स्वेदज जीवोंको सर्वदा देखता है॥ ६५॥ वे जाग्रच्चित्तके दृश्य उससे पृथक् नहीं हैं। इसी प्रकार वह जाग्रच्चित्त भी उसीका दृश्य माना जाता है॥ ६६॥

जाग्रतो दृश्या जीवास्तच्चित्ताव्यतिरिक्ताश्चित्तेक्षणीयत्वात्स्वप्नदृक्चित्तेक्षणीयजीववत्। तच्च जीवेक्षणात्मकं चित्तं द्रष्टुरव्यतिरिक्तं द्रष्टृदृश्यत्वात्स्वप्नचित्तवत्। उक्तार्थमन्यत्॥ ६५-६६॥

जाग्रत् पुरुषको दिखलायी देनेवाले जीव उसके चित्तसे अपृथक् हैं, क्योंकि स्वप्नद्रष्टाके चित्तसे देखे जानेवाले जीवोंके समान वे उसके चित्तसे ही देखे जाते हैं। तथा जीवोंको देखनेवाला वह चित्त भी द्रष्टासे अभिन्न है, क्योंकि स्वप्नचित्तके समान वह भी जाग्रद्द्रष्टाका दृश्य है। शेष अर्थ पहले कहा जा चुका है॥ ६५-६६॥

उभे ह्यन्योन्यदृश्ये ते किं तदस्तीति नोच्यते।
लक्षणाशून्यमुभयं तन्मतेनैव गृह्यते॥ ६७॥

वे [जीव और चित्त] दोनों एक-दूसरेके दृश्य हैं; वे हैं क्या वस्तु—सो कहा नहीं जा सकता। वे दोनों ही प्रमाणशून्य हैं और केवल तच्चित्तताके कारण ही ग्रहण किये जाते हैं॥ ६७॥

जीवचित्ते उभे चित्तचैत्ये ते अन्योन्यदृश्ये इतरेतरगम्ये। जीवादिविषयापेक्षं हि चित्तं नाम भवति। चित्तापेक्षं हि जीवादि दृश्यम्। अतस्ते

जीव और चित्त अर्थात् चित्त और चित्तके विषय—ये दोनों ही अन्योन्यदृश्य अर्थात् एक-दूसरेके विषय हैं। जीवादि विषयकी अपेक्षासे चित्त है और चित्तकी अपेक्षासे जीवादि दृश्य। अतः

अन्योन्यदृश्ये। तस्मान्न किंचिदस्तीति चोच्यते चित्तं वा चित्तेक्षणीयं वा किं तदस्तीति विवेकिनोच्यते। न हि स्वप्ने हस्ती हस्तिचित्तं वा विद्यते तथेहापि विवेकिनामित्यभिप्रायः।

वे एक-दूसरेके दृश्य हैं। इसलिये ऐसा प्रश्न होनेपर कि वे हैं क्या? विवेकी लोग यही कहते हैं कि चित्त अथवा चित्तका दृश्य—इनमेंसे कोई भी वस्तु है नहीं। इससे उन विवेकी पुरुषोंका यही अभिप्राय है कि जिस प्रकार स्वप्नमें हाथी और हाथीको ग्रहण करनेवाला चित्त नहीं होता उसी प्रकार यहाँ (जाग्रत्-अवस्थामें) भी उनका अभाव है।

कथम्? लक्षणाशून्यं लक्ष्यतेऽनयेति लक्षणा प्रमाणं प्रमाणशून्यमुभयं चित्तं चैत्यं द्वयं यतस्तन्मतेनैव तच्चित्ततयैव तद्गृह्यते। न हि घटमतिं प्रत्याख्याय घटो गृह्यते नापि घटं प्रत्याख्याय घटमतिः। न हि तत्र प्रमाणप्रमेयभेदः शक्यते कल्पयितुमित्यभिप्रायः॥ ६७॥

किस प्रकार नहीं है? क्योंकि वे चित्त और चैत्य दोनों ही लक्षणाशून्य—प्रमाणरहित हैं। जिससे कोई पदार्थ लक्षित होता है उसे 'लक्षणा' यानी 'प्रमाण' कहते हैं। और वे तन्मत—तच्चित्ततासे ही ग्रहण किये जाते हैं, क्योंकि न तो घटबुद्धिको त्यागकर घटका ही ग्रहण किया जाता है और न घटको त्यागकर घटबुद्धिका ही। तात्पर्य यह कि उनमें प्रमाण और प्रमेयके भेदकी कल्पना नहीं की जा सकती॥ ६७॥

यथा स्वप्नमयो जीवो जायते म्रियतेऽपि च।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च॥ ६८॥

जिस प्रकार स्वप्नका जीव उत्पन्न होता है और मरता भी है, उसी प्रकार ये सब जीव भी उत्पन्न होते हैं और मरते भी हैं॥ ६८॥

यथा मायामयो जीवो जायते म्रियतेऽपि च।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च॥ ६९॥

जिस प्रकार मायामय जीव उत्पन्न होता है और मरता भी है उसी प्रकार ये सब जीव उत्पन्न होते हैं और मरते भी हैं॥ ६९॥

यथा निर्मितको जीवो जायते म्रियतेऽपि वा।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च॥ ७०॥

जिस प्रकार मन्त्रादिसे रचा हुआ जीव उत्पन्न होता है और मरता भी है, उसी प्रकार ये सब जीव उत्पन्न होते हैं और मरते भी हैं॥ ७०॥

मायामयो मायाविना यः कृतो निर्मितको मन्त्रौषध्यादिभिर्निष्पादितः। स्वप्नमायानिर्मितका अण्डजादयो जीवा यथा जायन्ते म्रियन्ते च तथा मनुष्यादिलक्षणा अविद्यमाना एव चित्तविकल्पनामात्रा इत्यर्थः॥ ६८—७०॥

मायामय—जिसे मायावीने रचा हो, निर्मितक-मन्त्र और औषधि आदिसे सम्पादन किया हुआ। स्वप्न, माया और मन्त्रादिसे निष्पन्न हुए अण्डज आदि जीव जिस प्रकार उत्पन्न होते और मरते भी हैं उसी प्रकार मनुष्यादिरूप जीव वर्तमान होते हुए भी चित्तके विकल्पमात्र ही हैं—यह इसका अभिप्राय है॥ ६८—७०॥

अजाति ही उत्तम सत्य है

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते।
एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते॥ ७१॥

[वस्तुतः] कोई जीव उत्पन्न नहीं होता, उसके जन्मकी सम्भावना ही नहीं है। उत्तम सत्य तो यही है कि जिसमें किसी वस्तुकी उत्पत्ति ही नहीं होती॥ ७१॥

व्यवहारसत्यविषये जीवानां जन्ममरणादिः स्वप्नादिजीववदित्युक्तम्।

व्यावहारिक सत्तामें भी जीवोंके जो जन्म-मरणादि हैं वे स्वप्नादिके जीवोंके ही समान हैं—ऐसा पहले कहा जा चुका है;

उत्तमं तु परमार्थसत्यं न कश्चिज्जायते जीव इति। उक्तार्थमन्यत्॥ ७१ ॥

किन्तु उत्तम सत्य तो यही है कि कोई भी जीव उत्पन्न नहीं होता। शेष अंशकी व्याख्या पहले की जा चुकी है॥ ७१ ॥

चित्तकी असंगता

चित्तस्पन्दितमेवेदं ग्राह्यग्राहकवद्द्वयम्।
चित्तं निर्विषयं नित्यमसङ्गं तेन कीर्तितम्॥ ७२ ॥

विषय और इन्द्रियोंके सहित यह सम्पूर्ण द्वैत चित्तका ही स्फुरण है; किन्तु चित्त निर्विषय है; इसीसे उसे नित्य असंग कहा गया है॥ ७२॥

सर्वं ग्राह्यग्राहकवच्चित्तस्पन्दितमेव द्वयं चित्तं परमार्थत आत्मैवेति निर्विषयं तेन निर्विषयत्वेन नित्यमसङ्गं कीर्तितम्। "असङ्गो ह्ययं पुरुषः" (बृ० उ० ४। ३। १५, १६) इति श्रुतेः। सविषयस्य हि विषये सङ्गः। निर्विषयत्वाच्चित्तमसङ्गमित्यर्थः॥ ७२ ॥

विषय और इन्द्रियोंसे युक्त सम्पूर्ण द्वैत चित्तका ही स्फुरण है। किन्तु चित्त परमार्थतः आत्मा ही है, इसलिये वह निर्विषय है। उस निर्विषयताके कारण उसे सर्वदा असंग कहा गया है; जैसा कि "यह पुरुष असंग ही है" इस श्रुतिसे प्रमाणित होता है। जो सविषय होता है उसीका अपने विषयसे संग हो सकता है। अतः तात्पर्य यह है कि निर्विषय होनेके कारण चित्त असंग है॥ ७२ ॥

ननु निर्विषयत्वेन चेदसङ्गत्वं चित्तस्य न निःसङ्गता भवति यस्माच्छास्ता शास्त्रं शिष्यश्चेत्येवमादेर्विषयस्य विद्यमानत्वात्।

नैष दोषः; कस्मात्—

शंका—यदि निर्विषयताके कारण ही असंगता होती है तो चित्तकी असंगता तो हो नहीं सकती, क्योंकि शास्ता (गुरु), शास्त्र और शिष्य इत्यादि उसके विषय विद्यमान हैं।

समाधान—यह दोष नहीं हो सकता, क्योंकि—

व्यावहारिक वस्तु परमार्थतः नहीं होती

योऽस्ति कल्पितसंवृत्या परमार्थेन नास्त्यसौ।
परतन्त्राभिसंवृत्या स्यान्नास्ति परमार्थतः॥ ७३॥

जो पदार्थ कल्पित व्यवहारके कारण होता है वह परमार्थतः नहीं होता; और यदि अन्य मतावलम्बियोंके शास्त्रोंकी परिभाषाके अनुसार हो भी तो भी वह परमार्थतः नहीं हो सकता॥ ७३॥

यः पदार्थः शास्त्रादिर्विद्यते स कल्पितसंवृत्या; कल्पिता च सा परमार्थप्रतिपत्त्युपायत्वेन संवृतिश्च सा, तया योऽस्ति परमार्थेन नास्त्यसौ न विद्यते। ज्ञाते द्वैतं न विद्यत इत्युक्तम्।

यश्च परतन्त्राभिसंवृत्या परशास्त्रव्यवहारेण स्यात्पदार्थः स परमार्थतो निरूप्यमाणो नास्त्येव। तेन युक्तमुक्तमसङ्गं तेन कीर्तितमिति॥ ७३॥

जो भी शास्त्रादि पदार्थ हैं वे कल्पित व्यवहारसे ही हैं; अर्थात् जिस व्यवहारकी परमार्थतत्त्वकी उपलब्धिके उपायरूपसे कल्पना की गयी है उसके कारण जिस पदार्थकी सत्ता है वह परमार्थसे नहीं है। ''ज्ञान हो जानेपर द्वैत नहीं रहता'' (आगम० श्लो० १८) ऐसा हम पहले कह ही चुके हैं।

इसके सिवा जो पदार्थ परतन्त्रादि-संवृतिसे—अन्य मतावलम्बियोंके शास्त्र-व्यवहारसे सिद्ध है वह परमार्थतः निरूपण किये जानेपर नहीं है। अतः 'इसीसे उसे असङ्ग कहा गया है'—यह कथन ठीक ही है॥ ७३॥

आत्मा अज है—यह कल्पना भी व्यावहारिक है

ननु शास्त्रादीनां संवृतित्वेऽज इतीयमपि कल्पना संवृतिः स्यात्?

सत्यमेवम्।

शंका—शास्त्रादिको व्यावहारिक माननेपर तो 'अज है' ऐसी कल्पना भी व्यावहारिक ही सिद्ध होगी?

समाधान—हाँ, बात तो ऐसी ही है।

अजः कल्पितसंवृत्या परमार्थेन नाप्यजः।
परतन्त्राभिनिष्पत्त्या संवृत्या जायते तु सः॥ ७४॥

आत्मा 'अज' भी कल्पित व्यवहारके कारण ही कहा जाता है, परमार्थतः तो 'अज' भी नहीं है। अन्य मतावलम्बियोंके शास्त्रोंसे सिद्ध जो संवृति (भ्रमजनित व्यवहार) है उसके अनुसार उसका जन्म होता है। [अतः उसका निषेध करनेके लिये ही उसे 'अज' कहा गया है]॥ ७४॥

शास्त्रादिकल्पितसंवृत्यैवाज इत्युच्यते। परमार्थेन नाप्यजः। यस्मात्परतन्त्राभिनिष्पत्त्या परशास्त्रसिद्धिमपेक्ष्य योऽज इत्युक्तः स संवृत्या जायते। अतोऽज इतीयमपि कल्पना परमार्थविषये नैव क्रमत इत्यर्थः॥ ७४॥

शास्त्रादिकल्पित व्यवहारके कारण ही उसे 'अज' ऐसा कहा जाता है। परमार्थतः तो वह अज भी नहीं है। क्योंकि यहाँ जिसे अन्य शास्त्रोंकी सिद्धिकी अपेक्षासे 'अज' ऐसा कहा है, वह संवृतिसे ही जन्म भी लेता है। अतः 'वह अज है' ऐसी कल्पनाका भी परमार्थराज्यमें प्रवेश नहीं हो सकता॥ ७४॥

द्वैताभावसे जन्माभाव

यस्मादसद्विषयस्तस्मात्—

क्योंकि विषय असत् है, इसलिये—

अभूताभिनिवेशोऽस्ति द्वयं तत्र न विद्यते।
द्वयाभावं स बुद्ध्वैव निर्निमित्तो न जायते॥ ७५॥

लोगोंका असत्य [द्वैत]-के विषयमें केवल आग्रह है। वहाँ [परमार्थतत्त्वमें] द्वैत है ही नहीं। जीव द्वैताभावका बोध प्राप्त करके ही, फिर कोई कारण न रहनेसे जन्म नहीं लेता॥ ७५॥

मिथ्याभिनिवेश-निवृत्त्या जन्माभावः

असत्यभूते द्वैतेऽभिनिवेशोऽस्ति केवलम्। अभिनिवेश आग्रहमात्रम्। द्वयं तत्र न विद्यते। मिथ्याभि-

असत्यभूत द्वैतमें लोगोंका केवल अभिनिवेश है। आग्रहमात्रका नाम अभिनिवेश है। वहाँ [परमार्थवस्तुमें] द्वैत है ही नहीं। क्योंकि मिथ्या

निवेशमात्रं च जन्मनः कारणं यस्मात्तस्माद्द्वयाभावं बुद्ध्वा निर्निमित्तो निवृत्तमिथ्याद्वयाभिनिवेशो यः स न जायते॥ ७५॥

अभिनिवेशमात्र ही जीवके जन्मका कारण है। अतः द्वैताभावको जानकर जो निर्निमित्त हो गया है, अर्थात् जिसका मिथ्या द्वैतविषयक आग्रह निवृत्त हो गया है उस [अधिकारी जीव]-का फिर जन्म नहीं होता॥ ७५॥

यदा न लभते हेतूनुत्तमाधममध्यमान्।
तदा न जायते चित्तं हेत्वभावे फलं कुतः॥ ७६॥

जिस समय चित्त उत्तम, मध्यम और अधम हेतुओंको प्राप्त नहीं करता उस समय उसका जन्म भी नहीं होता; क्योंकि हेतुका अभाव होनेपर फिर फल कहाँ हो सकता है?॥ ७६॥

हेतुत्रयाभावा-ज्जन्माभावः

जात्याश्रमविहिता आशीर्वर्जितैरनुष्ठीयमाना धर्मा देवत्वादिप्राप्तिहेतव उत्तमाः केवलाश्च धर्माः। अधर्मव्यामिश्रा मनुष्यत्वादिप्राप्त्यर्था मध्यमाः। तिर्यगादिप्राप्तिनिमित्ता अधर्मलक्षणाः प्रवृत्तिविशेषाश्चाधमाः। तानुत्तममध्यमाधमानविद्यापरिकल्पितान्यदैकमेवाद्वितीयमात्मतत्त्वं सर्वकल्पनावर्जितं जानन्न लभते न पश्यति यथा बालैर्दृश्यमानं गगने मलं विवेकी न पश्यति

निष्काम मनुष्योंद्वारा अनुष्ठान किये जाते हुए देवत्वादिकी प्राप्तिके हेतुभूत वर्णाश्रमविहित धर्म, जो केवल धर्म ही हैं, उत्तम हेतु हैं और मनुष्यत्वादिकी प्राप्तिके हेतुभूत जो अधर्ममिश्रित धर्म हैं वे मध्यम हेतु हैं तथा तिर्यगादि योनियोंकी प्राप्तिकी हेतुभूत अधर्ममयी विशेष प्रवृत्तियाँ अधम हेतु हैं। जिस समय सम्पूर्ण कल्पनासे रहित एकमात्र अद्वितीय आत्मतत्त्वका ज्ञान होनेपर उन उत्तम, मध्यम और अधम हेतुओंको मनुष्य इस प्रकार उपलब्ध नहीं करता, जैसे कि विवेकी पुरुष आकाशमें बालकोंको दिखायी देनेवाली मलिनताको नहीं देखता,

तद्वत्तदा न जायते नोत्पद्यते चित्तं देवाद्याकारैरुत्तमाधममध्यम-फलरूपेण। न ह्यसति हेतौ फलमुत्पद्यते बीजाद्यभाव इव सस्यादि ॥ ७६ ॥

उस समय चित्त उत्तम, मध्यम और अधम फलरूपसे देवादि शरीरोंमें उत्पन्न नहीं होता। बीजादिके अभावमें जैसे अन्नादि उत्पन्न नहीं होते उसी प्रकार हेतुके न होनेपर फलकी भी उत्पत्ति नहीं होती ॥ ७६ ॥

हेत्वभावे चित्तं नोत्पद्यत इति ह्युक्तम्। सा पुनरनुत्पत्तिश्चित्तस्य कीदृशीत्युच्यते—

हेतुका अभाव हो जानेपर चित्त उत्पन्न नहीं होता—ऐसा पहले कहा गया। किन्तु वह चित्तकी अनुत्पत्ति कैसी होती है? इसपर कहा जाता है—

अनिमित्तस्य चित्तस्य यानुत्पत्तिः समाद्वया।
अजातस्यैव सर्वस्य चित्तदृश्यं हि तद्यतः ॥ ७७ ॥

[इस प्रकार] निमित्तशून्य चित्तकी जो अनुत्पत्ति है वह सर्वथा निर्विशेष और अद्वितीय है। [क्योंकि पहले भी] वह सर्वदा अजात [अर्थात् अद्वितीय] चित्तकी ही होती है, क्योंकि यह जो कुछ [प्रतीयमान द्वैतवर्ग] है, सब चित्तका ही दृश्य है ॥ ७७ ॥

परमार्थदर्शनेन निरस्तधर्मा-धर्माख्योत्पत्तिनिमित्तस्यानिमित्तस्य चित्तस्येति या मोक्षाख्यानुत्पत्तिः सा सर्वदा सर्वावस्थासु समा निर्विशेषाद्वया च। पूर्वमप्यजात-स्यैवानुत्पन्नस्य चित्तस्य सर्वस्या-द्वयस्येत्यर्थः। यस्मात्प्रागपि विज्ञानाच्चित्तदृश्यं तद्द्वयं जन्म च

परमार्थज्ञानके द्वारा जिसका धर्माधर्मरूप उत्पत्तिका कारण निवृत्त हो गया है उस निमित्तशून्य चित्तकी जो मोक्षसंज्ञक अनुत्पत्ति है वह सर्वदा सब अवस्थाओंमें समान अर्थात् निर्विशेष और अद्वितीय है। वह पहलेसे ही अजात-अनुत्पन्न और सर्व अर्थात् अद्वय चित्तकी ही होती है। क्योंकि बोध होनेके पूर्व भी वह द्वैत और जन्म चित्तका ही दृश्य था,

तस्मादजातस्य सर्वस्य सर्वदा चित्तस्य समाद्वयैवानुत्पत्तिर्न पुनः कदाचिद्भवति कदाचिद्वा न भवति। सर्वदैकरूपैवेत्यर्थः ॥ ७७ ॥

अतः सम्पूर्ण अजात चित्तकी अनुत्पत्ति सर्वदा समान और अद्वय ही होती है। ऐसी नहीं है कि कभी होती है और कभी नहीं होती। तात्पर्य यह है कि वह सर्वदा एकरूपा ही है ॥ ७७ ॥

विद्वान्‌की अभयपदप्राप्ति

यथोक्तेन न्यायेन जन्मनिमित्तस्य द्वयस्याभावात्—

उपर्युक्त न्यायसे जन्मके हेतुभूत द्वैतका अभाव होनेके कारण—

बुद्ध्वानिमित्ततां सत्यां हेतुं पृथगनाप्नुवन्।
वीतशोकं तथाकाममभयं पदमश्नुते ॥ ७८ ॥

अनिमित्तताको ही सत्य जानकर और [देवादि योनिकी प्राप्तिके] किसी अन्य हेतुको न पाकर विद्वान् शोक और कामसे रहित अभयपद प्राप्त कर लेता है ॥ ७८ ॥

अनिमित्ततां च सत्यां परमार्थरूपां बुद्ध्वा हेतुं धर्मादिकारणं देवादियोनिप्राप्तये पृथगनाप्नुवन्ननुपाददानस्त्यक्तबाह्यैषणः सन्कामशोकादिवर्जितमविद्यादिरहितमभयं पदमश्नुते पुनर्न जायत इत्यर्थः ॥ ७८ ॥

अनिमित्तताको ही सत्य यानी परमार्थरूप जानकर तथा देवादि योनियोंकी प्राप्तिके लिये किसी अन्य धर्मादि कारणको न पाकर [विद्वान्] बाह्य एषणाओंसे मुक्त हो कामना एवं शोकादिसे रहित अविद्याशून्य अभयपदको प्राप्त कर लेता है; अर्थात् फिर जन्म नहीं लेता ॥ ७८ ॥

अभूताभिनिवेशाद्धि सदृशे तत्प्रवर्तते।
वस्त्वभावं स बुद्ध्वैव निःसङ्गं विनिवर्तते ॥ ७९ ॥

चित्त असत्य [द्वैत]-के अभिनिवेशसे ही तदनुरूप विषयोंमें प्रवृत्त होता है। तथा द्वैत वस्तुके अभावका बोध होनेपर ही वह उससे निःसंग होकर लौट आता है॥ ७९॥

यस्मादभूताभिनिवेशादसति द्वये द्वयास्तित्वनिश्चयोऽभूताभिनिवेशस्तस्मादविद्याव्यामोहरूपाद्धि सदृशे तदनुरूपे तच्चित्तं प्रवर्तते। तस्य द्वयस्य वस्तुनोऽभावं यदा बुद्धवांस्तदा तस्मान्निःसङ्गं निरपेक्षं सद्विनिवर्ततेऽभूताभिनिवेशविषयात्॥ ७९॥

क्योंकि अभूताभिनिवेशसे जो द्वैत वस्तुतः असत् है उसके अस्तित्वका निश्चय करना 'अभूताभिनिवेश' है— उस अविद्याजनित मोहरूप असत्याभिनिवेशके कारण ही चित्त तदनुरूप विषयोंमें प्रवृत्त होता है। जिस समय वह उस द्वैत वस्तुका अभाव जान लेता है उस समय उस मिथ्या अभिनिवेशजनित विषयसे निःसंग-निरपेक्ष होकर लौट आता है॥ ७९॥

मनोवृत्तियोंकी सन्धिमें ब्रह्मसाक्षात्कार

निवृत्तस्याप्रवृत्तस्य निश्चला हि तदा स्थितिः।
विषयः स हि बुद्धानां तत्साम्यमजमद्वयम्॥ ८०॥

इस प्रकार [द्वैतसे] निवृत्त और [विषयान्तरमें] प्रवृत्त न हुए चित्तकी उस समय निश्चल स्थिति रहती है। वह परमार्थदर्शी पुरुषोंका ही विषय है और वही परम साम्य, अज और अद्वय है॥ ८०॥

निवृत्तस्य द्वैतविषयाद्विषयान्तरे चाप्रवृत्तस्याभावदर्शनेन चित्तस्य निश्चला चलनवर्जिता ब्रह्मस्वरूपैव तदा स्थितिः। यैषा ब्रह्मस्वरूपा स्थितिश्चित्तस्याद्वयविज्ञानैकरसघनलक्षणा,

उस समय द्वैतविषयसे निवृत्त और विषयान्तरमें अप्रवृत्त चित्तकी अभावदर्शनके कारण निश्चल— चलनवर्जिता अर्थात् ब्रह्मस्वरूपा स्थिति रहती है। चित्तकी जो यह अद्वयविज्ञानैकरसघनस्वरूपा ब्रह्ममयी

स हि यस्माद्विषयो गोचरः परमार्थदर्शिनां बुद्धानां तस्मात्तत्साम्यं परं निर्विशेषमजमद्वयं च॥ ८०॥

स्थिति है वह, क्योंकि परमार्थदर्शी ज्ञानियोंका विषय–गोचर है इसलिये, परमसाम्य—निर्विशेष अज और अद्वय है॥ ८०॥

पुनरपि कीदृशश्चासौ बुद्धानां विषय इत्याह—

वह ज्ञानियोंका विषय किस प्रकारका है? सो फिर भी बतलाते हैं—

अजमनिद्रमस्वप्नं प्रभातं भवति स्वयम्।
सकृद्विभातो ह्येवैष धर्मो धातुस्वभावतः॥ ८१॥

वह अज, अनिद्र, अस्वप्न और स्वयंप्रकाश है। यह [आत्मा नामक] धर्म अपने वस्तुस्वभावसे ही नित्यप्रकाशमान है॥ ८१॥

स्वयमेव तत्प्रभातं भवति, नादित्याद्यपेक्षम्; स्वयंज्योतिः-स्वभावमित्यर्थः। सकृद्विभातः सदैव विभात इत्येतदेष एवं लक्षण आत्माख्यो धर्मो धातुस्वभावतो वस्तुस्वभावत इत्यर्थः॥ ८१॥

वह स्वयं ही प्रकाशित होता है—आदित्य आदिकी अपेक्षासे नहीं, अर्थात् वह स्वयं प्रकाशस्वभाव है। यह ऐसे लक्षणोंवाला आत्मा नामक धर्म धातुस्वभाव—वस्तुस्वभावसे ही सकृद्विभात सदा भासमान है॥ ८१॥

आत्माकी दुर्दर्शताका हेतु

एवमुच्यमानमपि परमार्थतत्त्वं कस्माल्लौकिकैर्न गृह्यत इत्युच्यते—

इस प्रकार कहे जानेपर भी लौकिक पुरुषोंको इस परमार्थतत्त्वका बोध क्यों नहीं होता? इसपर कहते हैं—

सुखमाव्रियते नित्यं दुःखं विव्रियते सदा।
यस्य कस्य च धर्मस्य ग्रहेण भगवानसौ॥ ८२॥

वे भगवान् जिस-तिस द्वैत वस्तुके आग्रहसे अनायास ही आच्छादित हो जाते हैं और सदा कठिनतासे प्रकट होते हैं॥ ८२॥

यस्माद्यस्य कस्यचिदद्वयवस्तुनो धर्मस्य ग्रहेण ग्रहणावेशेन मिथ्याभिनिविष्टतया सुखमाव्रियतेऽनायासेनाच्छाद्यत इत्यर्थः। द्वयोपलब्धिनिमित्तं हि तत्रावरणं न यत्नान्तरमपेक्षते। दुःखं च विव्रियते प्रकटीक्रियते, परमार्थज्ञानस्य दुर्लभत्वात्। भगवानसावात्माद्वयो देव इत्यर्थः, अतो वेदान्तैराचार्यैश्च बहुश उच्यमानोऽपि नैव ज्ञातुं शक्य इत्यर्थः। ''आश्चर्यो वक्ता कुशलोऽस्य लब्धा'' (क० उ० १। २। ७) इति श्रुतेः॥ ८२॥

क्योंकि जिस-तिस धर्म—द्वैत वस्तुके ग्रहण—आग्रहसे मिथ्याभिनिवेशके कारण वे भगवान् अर्थात् अद्वय आत्मदेव सहज ही आवृत हो जाते हैं, अर्थात् बिना आयासके ही आच्छादित हो जाते हैं—क्योंकि द्वैतोपलब्धिके निमित्तसे होनेवाला आवरण किसी अन्य यत्नकी अपेक्षा नहीं करता—और परमार्थज्ञान दुर्लभ होनेके कारण दुःखसे प्रकट किये जाते हैं; इसलिये वेदान्ताचार्योंके अनेक प्रकार निरूपण करनेपर भी जाननेमें नहीं आ सकते—यह इसका तात्पर्य है। ''इसका वर्णन करनेवाला आश्चर्यरूप है तथा इसे ग्रहण करनेवाला भी कोई निपुण पुरुष ही होता है'' इस श्रुतिसे भी यही सिद्ध होता है॥ ८२॥

परमार्थका आवरण करनेवाले असदभिनिवेश

अस्ति नास्तीत्यादिसूक्ष्मविषया अपि पण्डितानां ग्रहा भगवतः परमात्मन आवरणा एव किमुत मूढजनानां बुद्धिलक्षणा इत्येवमर्थं प्रदर्शयन्नाह—

अस्ति-नास्ति इत्यादि सूक्ष्मविषय भी, जो पण्डितोंके आग्रह हैं, भगवान् परमात्माके आवरण ही हैं, फिर मूर्ख लोगोंके बुद्धिरूप आग्रहोंकी तो बात ही क्या है? इसी बातको दिखलाते हुए कहते हैं—

अस्ति नास्त्यस्ति नास्तीति नास्ति नास्तीति वा पुनः।
चलस्थिरोभयाभावैरावृणोत्येव बालिशः॥ ८३॥

आत्मा है, नहीं है, है भी और नहीं भी है तथा नहीं है—नहीं है—इस प्रकार क्रमशः चल, स्थिर, उभयरूप और अभावरूप कोटियोंसे मूर्खलोग परमात्माको आच्छादित ही करते हैं॥ ८३॥

अस्त्यात्मेति वादी कश्चित्प्रतिपद्यते। नास्तीत्यपरो वैनाशिकः। अस्ति नास्तीत्यपरोऽर्धवैनाशिकः सदसद्वादी दिग्वासाः। नास्ति नास्तीत्यत्यन्तशून्यवादी। तत्रास्तिभावश्चलः, घटाद्यनित्यविलक्षणत्वात्। नास्तिभावः स्थिरः सदाविशेषत्वात्। उभयं चलस्थिरविषयत्वात्सदसद्भावोऽभावोऽत्यन्ताभावः।

प्रकारचतुष्टयस्यापि तैरेतैश्चलस्थिरोभयाभावैः सदसदादिवादी सर्वोऽपि भगवन्तमावृणोत्येव बालिशोऽविवेकी। यद्यपि पण्डितो बालिश एव परमार्थतत्त्वानवबोधात्किमु स्वभावमूढो जन इत्यभिप्रायः॥ ८३॥

कोई वादी कहता है—'आत्मा है'। दूसरा वैनाशिक कहता है—'नहीं है'। तीसरा अर्द्धवैनाशिक सदसद्वादी दिगम्बर कहता है—'है भी और नहीं भी है'। तथा अत्यन्त शून्यवादीका कथन है कि 'नहीं है—नहीं है'। इनमें अस्तिभाव 'चल' है, क्योंकि वह घट आदि अनित्य पदार्थोंसे भिन्न है। [तात्पर्य यह है कि घटादिका प्रमाता सुखादि विशेष धर्मोंसे युक्त होनेके कारण परिणामी—चल है।] सदा अविशेषरूप होनेसे नास्तिभाव 'स्थिर' है। चल और स्थिरविषयक होनेसे सदसद्भाव उभयरूप है तथा अभाव अत्यन्ताभावरूप है।

इन चल, स्थिर, चलस्थिर और अभावरूप चार प्रकारके भावोंसे सभी मूर्ख अर्थात् विवेकहीन सदसदादिवादीगण भगवान्‌को आच्छादित ही करते हैं। वे यद्यपि पण्डित हैं, तो भी परमार्थतत्त्वका ज्ञान न होनेके कारण मूर्ख ही हैं। अतः तात्पर्य यह है कि फिर स्वभावसे ही मूर्ख लोगोंकी तो बात ही क्या है?॥ ८३॥

कीदृक्पुनः परमार्थतत्त्वं यदवबोधादबालिशः पण्डितो भवतीत्याह—

तो फिर वह परमार्थतत्त्व कैसा है जिसका ज्ञान होनेपर मनुष्य अबालिश अर्थात् पण्डित हो जाता है? इसपर कहते हैं—

कोट्यश्चतस्त्र एतास्तु ग्रहैर्यासां सदावृतः।
भगवानाभिरस्पृष्टो येन दृष्टः स सर्वदृक्॥ ८४॥

जिनके अभिनिवेशसे आत्मा सदा ही आवृत रहता है वे ये चार ही कोटियाँ हैं। इनसे असंस्पृष्ट (अछूते) भगवान्‌को जिसने देखा है वही सर्वज्ञ है॥ ८४॥

कोट्यः प्रावादुकशास्त्र-निर्णयान्ता एता उक्ता अस्ति नास्तीत्याद्याश्चतस्त्रो यासां कोटीनां ग्रहैर्ग्रहणैरुपलब्धि-निश्चयैः सदा सर्वदावृत आच्छादितस्तेषामेव प्रावादुकानां यः स भगवानाभिरस्तिनास्तीत्यादि-कोटिभिश्चतसृभिरप्यस्पृष्टोऽस्त्यादि-विकल्पनावर्जित इत्येतद्येन मुनिना दृष्टो ज्ञातो वेदान्तेष्वौपनिषदः पुरुषः स सर्वदृक्सर्वज्ञः परमार्थपण्डित इत्यर्थः॥ ८४॥

चतुष्कोटिवर्जितात्म-ज्ञानस्य सार्वज्ञ्यकारणत्वम्

उन प्रवाद करनेवाले वादियोंके शास्त्रोंद्वारा निर्णय की हुई ये अस्ति-नास्ति आदि चार ही कोटियाँ हैं। जिन कोटियोंके ग्रह—ग्रहणसे ही, अर्थात् उन प्रावादुकोंके इस उपलब्धिजनित निश्चयसे ही जो भगवान् सदा आवृत है उसे जिस मुनिने इन अस्ति-नास्ति आदि चारों ही कोटियोंसे असंस्पृष्ट अर्थात् अस्ति-नास्ति आदि विकल्पसे सर्वदा रहित देखा है, यानी उसे वेदान्तोंमें [प्रतिपादित] औपनिषद पुरुषरूपसे जाना है वही सर्वदृक्सर्वज्ञ अर्थात् परमार्थको जाननेवाला है॥ ८४॥

ज्ञानीका नैष्कर्म्य

प्राप्य सर्वज्ञतां कृत्स्नां ब्राह्मण्यं पदमद्वयम्।
अनापन्नादिमध्यान्तं किमतः परमीहते॥ ८५॥

इस पूर्ण सर्वज्ञता और आदि, मध्य एवं अन्तसे रहित अद्वितीय ब्राह्मण्य पदको पाकर भी क्या [वह विवेकी पुरुष] फिर कोई चेष्टा करता है ?॥ ८५॥

प्राप्यैतां यथोक्तां कृत्स्नां समस्तां सर्वज्ञतां ब्राह्मण्यं पदं ''स ब्राह्मणः'' (बृ० उ० ३। ८। १०) ''एष नित्यो महिमा ब्राह्मणस्य'' (बृ० उ० ४। ४। २३) इति श्रुतेः; आदिमध्यान्ता उत्पत्तिस्थितिलया अनापन्ना अप्राप्ता यस्याद्वयस्य पदस्य न विद्यन्ते तदनापन्नादिमध्यान्तं ब्राह्मण्यं पदम्, तदेव प्राप्य लब्ध्वा किमतः परमस्मादात्मलाभादूर्ध्वमीहते चेष्टते निष्प्रयोजनमित्यर्थः। ''नैव तस्य कृतेनार्थः'' (गीता ३। १८) इत्यादिस्मृतेः॥ ८५॥

इस उपर्युक्त सम्पूर्ण सर्वज्ञता और ''[जो इस अक्षरको जानकर इस लोकसे जाता है] वह ब्राह्मण है'' ''यह ब्राह्मणकी शाश्वती महिमा है'' इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार ब्राह्मण्यपदको प्राप्तकर—जिस अद्वय पदके आदि, मध्य और अन्त, अर्थात् उत्पत्ति, स्थिति और लय अनापन्न—अप्राप्त हैं अर्थात् नहीं हैं, वह अनापन्नादिमध्यान्त ब्राह्मण्यपद है, उसीको पाकर इससे पीछे—इस आत्मलाभके अनन्तर कोई प्रयोजन न रहनेपर भी क्या [वह विद्वान्] कोई चेष्टा करता है ? [अर्थात् नहीं करता] जैसा कि ''उसका किसी कार्यसे प्रयोजन नहीं रहता'' इस स्मृतिसे प्रमाणित होता है॥ ८५॥

विप्राणां विनयो ह्येष शमः प्राकृत उच्यते।
दमः प्रकृतिदान्तत्वादेवं विद्वाञ्शमं व्रजेत्॥ ८६॥

[आत्मस्वरूपमें स्थित रहना] यह उन ब्राह्मणोंका विनय है, यही उनका स्वाभाविक शम कहा जाता है तथा स्वभावसे ही दान्त (जितेन्द्रिय) होनेके कारण यही उनका दम भी है। इस प्रकार विद्वान् शान्तिको प्राप्त हो जाता है॥ ८६॥

विप्राणां ब्राह्मणानां विनयो विनीतत्वं

ब्राह्मणोंका जो यह आत्मस्वरूपसे स्थित होनारूप विनय—विनीतत्व है

स्वाभाविकं यदेतदात्मस्वरूपेणावस्थानम्। एष विनयः शमोऽप्येष एव प्राकृतः स्वाभाविकोऽकृतक उच्यते। दमोऽप्येष एव प्रकृतिदान्तत्वात्स्वभावत एव चोपशान्तरूपत्वाद्ब्रह्मणः। एवं यथोक्तं स्वभावोपशान्तं ब्रह्म विद्वाञ्शममुपशान्तिं स्वाभाविकीं ब्रह्मस्वरूपां व्रजेद्ब्रह्मस्वरूपेणावतिष्ठत इत्यर्थः॥ ८६॥

वह स्वाभाविक है। उनका यह विनय और यही प्राकृत—स्वाभाविक अर्थात् अकृतक शम भी कहा जाता है। ब्रह्मस्वभावसे ही उपशान्तरूप है, अतः प्रकृतितः दान्त होनेके कारण यही उनका दम भी है। इस प्रकार उपर्युक्त स्वभावतः शान्त ब्रह्मको जाननेवाला पुरुष शम—ब्रह्मस्वरूपा स्वाभाविकी उपशान्तिको प्राप्त हो जाता है, अर्थात् ब्रह्मरूपसे स्थित हो जाता है॥ ८६॥

त्रिविध ज्ञेय

एवमन्योन्यविरुद्धत्वात्संसारकारणानि रागद्वेषदोषास्पदानि प्रावादुकानां दर्शनानि। अतो मिथ्यादर्शनानि तानीति तद्युक्तिभिरेव दर्शयित्वा चतुष्कोटिवर्जितत्वाद्रागादिदोषानास्पदं स्वभावशान्तमद्वैतदर्शनमेव सम्यग्दर्शनमित्युपसंहृतम्। अथेदानीं स्वप्रक्रियाप्रदर्शनार्थ आरम्भः—

इस प्रकार एक-दूसरेसे विरुद्ध होनेके कारण प्रावादुकों (वादियों)-के दर्शन संसारके कारणस्वरूप राग-द्वेषादि दोषोंके आश्रय हैं। अतः वे मिथ्या दर्शन हैं—यह बात उन्हींकी युक्तियोंसे दिखलाकर चारों कोटियोंसे रहित होनेके कारण रागादि दोषोंका अनाश्रयभूत स्वभावतः शान्त अद्वैतदर्शन ही सम्यग्दर्शन है—इस प्रकार उपसंहार किया गया। अब यहाँसे अपनी प्रक्रिया दिखलानेके लिये आरम्भ किया जाता है—

सवस्तु सोपलम्भं च द्वयं लौकिकमिष्यते।
अवस्तु सोपलम्भं च शुद्धं लौकिकमिष्यते॥ ८७॥

वस्तु और उपलब्धि दोनोंके सहित जो द्वैत है उसे लौकिक (जाग्रत्) कहते हैं तथा जो द्वैत वस्तुके बिना केवल उपलब्धिके सहित है, उसे शुद्ध लौकिक (स्वप्न) कहते हैं॥ ८७॥

सवस्तु संवृतिसता वस्तुना सह वर्तत इति सवस्तु, तथा चोपलब्धिरुपलम्भस्तेन सह वर्तत इति सोपलम्भं च शास्त्रादिसर्वव्यवहारास्पदं ग्राह्यग्राहकलक्षणं द्वयं लौकिकं लोकादनपेतं लौकिकं जागरितमित्येतत्। एवंलक्षणं जागरितमिष्यते वेदान्तेषु।

लौकिकम्

सवस्तु—व्यावहारिक सत् वस्तुके सहित रहता है, इसलिये जो सवस्तु है तथा उपलम्भ यानी उपलब्धिके सहित है, इसलिये जो 'सोपलम्भ' है, ऐसा शास्त्रादि सम्पूर्ण व्यवहारका आश्रयभूत ग्राह्यग्रहणरूप जो द्वैत है वह 'लौकिक'—लोकसे दूर न रहनेवाला अर्थात् जाग्रत् कहलाता है। वेदान्तोंमें जागरितको ऐसे लक्षणोंवाला माना है।

अवस्तु संवृतेरप्यभावात्। सोपलम्भं वस्तुवदुपलम्भनमुपलम्भोऽसत्यपि वस्तुनि तेन सह वर्तत इति सोपलम्भं च। शुद्धं केवलं प्रविभक्तं जागरितात्स्थूलाल्लौकिकं सर्वप्राणिसाधारणत्वादिष्यते स्वप्न इत्यर्थः॥ ८७॥

शुद्धलौकिकम्

संवृतिका भी अभाव होनेके कारण जो 'अवस्तु' है—किन्तु 'सोपलम्भ' है—वस्तुके न होनेपर भी वस्तुके समान उपलब्ध होना 'उपलम्भ' कहलाता है, उसके सहित होनेके कारण जो 'सोपलम्भ' है, वह सम्पूर्ण प्राणियोंके लिये साधारण होनेके कारण शुद्ध—केवल अर्थात् जागरितरूप स्थूल लौकिकसे भिन्न लौकिक माना जाता है; अर्थात् वह स्वप्नावस्था है॥ ८७॥

अवस्त्वनुपलम्भं च लोकोत्तरमिति स्मृतम्।
ज्ञानं ज्ञेयं च विज्ञेयं सदा बुद्धैः प्रकीर्तितम्॥ ८८॥

जो वस्तु और उपलब्धि दोनोंसे रहित है वह अवस्था लोकोत्तर (सुषुप्ति) मानी गयी है। इस प्रकार विद्वानोंने सर्वदा ही [अवस्थात्रयरूप] ज्ञान और ज्ञेय तथा [तुरीयरूप] विज्ञेयका निरूपण किया है॥ ८८॥

अवस्त्वनुपलम्भं च ग्राह्यग्रहणवर्जितमित्येतत्, लोकोत्तरम् लोकोत्तरम् अत एव लोकातीतम्। ग्राह्यग्रहणविषयो हि लोकस्तदभावात्सर्वप्रवृत्तिबीजं सुषुप्तमित्येतदेवं स्मृतम्।

अवस्तु और अनुपलम्भ अर्थात् ग्राह्य और ग्रहणसे रहित जो अवस्था है वह 'लोकोत्तर' अतएव 'लोकातीत' कहलाती है, क्योंकि ग्राह्य और ग्रहणका विषय ही लोक है। उसका अभाव होनेके कारण वह सुषुप्त-अवस्था सम्पूर्ण प्रवृत्तियोंकी बीजभूता है—ऐसा माना गया है।

सोपायं परमार्थतत्त्वं लौकिकं शुद्धलौकिकं लोकोत्तरं च क्रमेण येन ज्ञानेन ज्ञायते तज्ज्ञानम्। ज्ञेयमेतान्येव त्रीणि। एतद्व्यतिरेकेण ज्ञेयानुपपत्तेः सर्वप्रावादुककल्पितवस्तुनोऽत्रैवान्तर्भावात्। विज्ञेयं परमार्थसत्यं तुर्याख्यमद्वयमजमात्मतत्त्वमित्यर्थः। सदा सर्वदा एतल्लौकिकादिविज्ञेयान्तं बुद्धैः परमार्थदर्शिभिर्ब्रह्मविद्भिः प्रकीर्तितम्॥ ८८॥

उपायके सहित परमार्थतत्त्व तथा लौकिक, शुद्ध लौकिक और लोकोत्तर अवस्थाओंका जिस ज्ञानके द्वारा क्रमशः बोध होता है, उसे 'ज्ञान' कहते हैं तथा ये तीनों अवस्थाएँ ही 'ज्ञेय' हैं, क्योंकि समस्त वादियोंकी कल्पना की हुई वस्तुओंका इन्हींमें अन्तर्भाव होनेके कारण इनके सिवा किसी अन्य ज्ञेयका होना सम्भव नहीं है। जो परमार्थसत्य तुरीयसंज्ञक अद्वय-अजन्मा आत्मतत्त्व है वही 'विज्ञेय' है। ऐसा इसका अभिप्राय है। उन लौकिकसे लेकर विज्ञेयपर्यन्त सम्पूर्ण वस्तुओंका परमार्थदर्शी विद्वानोंने सदा—सर्वदा ही निरूपण किया है॥ ८८॥

त्रिविध ज्ञेय और ज्ञानका ज्ञाता सर्वज्ञ है

ज्ञाने च त्रिविधे ज्ञेये क्रमेण विदिते स्वयम्।
सर्वज्ञता हि सर्वत्र भवतीह महाधियः॥ ८९॥

ज्ञान और तीन प्रकारके ज्ञेयको क्रमशः जान लेनेपर इस लोकमें उस महाबुद्धिमान्को स्वयं ही सर्वत्र सर्वज्ञता हो जाती है॥ ८९॥

ज्ञाने च लौकिकादिविषये, ज्ञेये च लौकिकादौ त्रिविधे—पूर्वं लौकिकं स्थूलम्, तदभावेन पश्चाच्छुद्धं लौकिकम्, तदभावेन लोकोत्तरमित्येवं क्रमेण स्थान-त्रयाभावेन परमार्थसत्ये तुर्येऽद्वयेऽजेऽभये विदिते स्वयमेवात्मस्वरूपमेव सर्वज्ञता सर्वश्चासौ ज्ञश्च सर्वज्ञस्तद्भावः सर्वज्ञता, इहास्मिँल्लोके भवति महाधियो महाबुद्धेः। सर्वलोकातिशय-वस्तुविषयबुद्धित्वादेवंविदः सर्वत्र सर्वदा भवति। सकृद्विदिते स्वरूपे व्यभिचाराभावादित्यर्थः। न हि परमार्थविदो ज्ञानोद्भवाभिभवौ स्तो यथान्येषां प्रावादुकानाम्॥ ८९॥

लौकिकादिविषयक ज्ञान और लौकिकादि तीन प्रकारके ज्ञेयको जान लेनेपर, अर्थात् पहले स्थूल लौकिकको, फिर उसके अभावमें शुद्ध लौकिकको तथा उसके भी अभावमें लोकोत्तरको—इस प्रकार क्रमशः तीनों अवस्थाओंके अभावद्वारा परमार्थसत्य अद्वय, अजन्मा और अभयरूप तुरीयको जान लेनेपर, इस लोकमें उस महाबुद्धिको सर्वत्र यानी सर्वदा स्वयं आत्मस्वरूप ही सर्वज्ञता—जो सर्वरूप ज्ञ (ज्ञानी) हो उसे 'सर्वज्ञ' कहते हैं, उसीकी भावरूपा सर्वज्ञता प्राप्त होती है, क्योंकि ऐसा जाननेवालेकी बुद्धि सम्पूर्ण लोकसे बढ़ी हुई वस्तुको विषय करनेवाली होती है। तात्पर्य यह है कि स्वरूपका एक बार ज्ञान हो जानेपर उसका कभी व्यभिचार न होनेके कारण [उसकी सर्वज्ञता सर्वदा रहती है], क्योंकि जिस प्रकार अन्य वादियोंके ज्ञानके उदय और अस्त होते रहते हैं उस प्रकार परमार्थवेत्ता ज्ञानीके ज्ञानके उदय और अस्त नहीं होते॥ ८९॥

लौकिकादीनां क्रमेण ज्ञेयत्वेन निर्देशादस्तित्वाशङ्का परमार्थतो मा भूदित्याह—

[उपर्युक्त श्लोकमें] लौकिकादिको क्रमशः ज्ञेयरूपसे बतलाये जानेके कारण उनके परमार्थतः अस्तित्वकी आशंका न हो जाय—इसलिये कहते हैं—

हेयज्ञेयाप्यपाक्यानि विज्ञेयान्यग्रयाणतः।
तेषामन्यत्र विज्ञेयादुपलम्भस्त्रिषु स्मृतः॥ ९०॥

[जाग्रदादि] हेय, [सत्यब्रह्मरूप] ज्ञेय, [पाण्डित्यादि] प्राप्तव्य साधन और [राग-द्वेषादि] प्रशमनीय दोष—ये सबसे पहले जानने योग्य हैं। इनमेंसे ज्ञेय (ब्रह्म)-को छोड़कर शेष तीनोंमें तो केवल उपलम्भ (अविद्याकल्पितत्व) ही माना गया है॥ ९०॥

हेयानि च लौकिकादीनि त्रीणि जागरितस्वप्नसुषुप्तान्यात्मन्यसत्त्वेन रज्ज्वां सर्पवद्धातव्यानीत्यर्थः। ज्ञेयमिह चतुष्कोटिवर्जितं परमार्थतत्त्वम्। आप्यान्याप्तव्यानि त्यक्तबाह्यैषणात्रयेण भिक्षुणा पाण्डित्यबाल्यमौनाख्यानि साधनानि। पाक्यानि रागद्वेषमोहादयो दोषाः कषायाख्यानि पक्तव्यानि। सर्वाण्येतानि हेयज्ञेयाप्यपाक्यानि विज्ञेयानि भिक्षुणोपायत्वेनेत्यर्थः, अग्रयाणतः प्रथमतः।

लौकिकादि तीन हेय हैं। तात्पर्य यह है कि जागरित, स्वप्न और सुषुप्ति—ये तीनों अवस्थाएँ रज्जुमें सर्पके समान आत्मामें असत् होनेके कारण त्यागने योग्य हैं। चारों कोटियोंसे रहित परमार्थतत्त्व ही यहाँ ज्ञेय माना गया है। बाह्य तीनों एषणाओंको त्याग देनेवाले मुमुक्षुके लिये पाण्डित्य, बाल्य और मौन नामक तीन साधन ही आप्य—प्राप्तव्य हैं; तथा राग, द्वेष और मोह आदि कषायसंज्ञक दोष ही [उसके लिये] पाक्य—पाक (जीर्ण) करने योग्य हैं। तात्पर्य यह है कि मुमुक्षुको हेय, ज्ञेय, आप्य और पाक्य इन सबको ही अग्रयाणतः—सबसे पहले अपने साधनरूपसे जानना चाहिये।

तेषां हेयादीनामन्यत्र विज्ञेयात्परमार्थसत्यं विज्ञेयं ब्रह्मैकं वर्जयित्वा, उपलम्भनमुपलम्भो-

उन हेय आदिमेंसे केवल एक परमार्थसत्य ज्ञेय ब्रह्मको छोड़कर शेष हेय, आप्य और पाक्य—इन तीनोंमें ब्रह्मवेत्ताओंने केवल उपलम्भ—

ऽविद्याकल्पनामात्रम्। हेयाप्यपाक्येषु त्रिष्वपि स्मृतो ब्रह्मविद्भिर्न परमार्थ-सत्यता त्रयाणामित्यर्थः ॥ ९० ॥

उपलम्भन यानी अविद्यामय कल्पनामात्र ही माना है, अर्थात् इन तीनोंकी परमार्थ सत्यता स्वीकार नहीं की है ॥ ९० ॥

जीव आकाशके समान अनादि और अभिन्न हैं

परमार्थतस्तु—

वास्तवमें तो—

प्रकृत्याकाशवज्ज्ञेयाः सर्वे धर्मा अनादयः।
विद्यते न हि नानात्वं तेषां क्वचन किञ्चन ॥ ९१ ॥

सम्पूर्ण जीवोंको स्वभावसे ही आकाशके समान और अनादि जानना चाहिये। उनका नानात्व कहीं कुछ भी नहीं है ॥ ९१ ॥

प्रकृत्या स्वभावत आकाश-वदाकाशतुल्याः सूक्ष्मनिरञ्जन-सर्वगतत्वैः सर्वे धर्मा आत्मानो ज्ञेया मुमुक्षुभिरनादयो नित्याः। बहुवचनकृतभेदाशङ्कां निराकुर्वन्नाह—क्वचन किञ्चन किञ्चिदणुमात्रमपि तेषां न विद्यते नानात्वमिति ॥ ९१ ॥

मुमुक्षुओंको सूक्ष्मत्व, निरञ्जनत्व और सर्वगतत्व आदिके कारण सभी धर्मों—जीवोंको प्रकृतिसे अर्थात् स्वभावतः आकाशवत्—आकाशके समान और अनादि यानी नित्य जानना चाहिये। यहाँ बहुवचनके कारण होनेवाले जीवात्माओंके भेदकी आशंकाका निराकरण करते हुए कहते हैं—'उनका क्वचन—कहीं, किञ्चन—कुछ भी अर्थात् अणुमात्र भी नानात्व नहीं है' ॥ ९१ ॥

आत्मतत्त्वनिरूपण

ज्ञेयतापि धर्माणां संवृत्यैव न परमार्थत इत्याह—

आत्माओंकी जो ज्ञेयता है वह भी व्यावहारिक ही है, परमार्थतः नहीं—इसी अभिप्रायसे कहते हैं—

आदिबुद्धाः प्रकृत्यैव सर्वे धर्माः सुनिश्चिताः ।
यस्यैवं भवति क्षान्तिः सोऽमृतत्वाय कल्पते ॥ ९२ ॥

सम्पूर्ण आत्मा स्वभावसे ही नित्य बोधस्वरूप और सुनिश्चित हैं—जिसे ऐसा समाधान हो जाता है वह अमरत्व (मोक्ष) प्राप्तिमें समर्थ होता है ॥ ९२ ॥

यस्मादादौ बुद्धा आदिबुद्धाः प्रकृत्यैव स्वभावत एव यथा नित्यप्रकाशस्वरूपः सवितैवं नित्यबोधस्वरूपा इत्यर्थः सर्वे धर्माः सर्व आत्मानः। न च तेषां निश्चयः कर्तव्यो नित्यनिश्चितस्वरूपा इत्यर्थः। न संदिह्यमानस्वरूपा एवं नैवं चेति।

यस्य मुमुक्षोरेवं यथोक्तप्रकारेण सर्वदा बोधनिश्चयनिरपेक्षतात्मार्थं परार्थं वा यथा सविता नित्यं प्रकाशान्तरनिरपेक्षः स्वार्थं परमार्थं चेत्येवं भवति क्षान्तिर्बोधकर्तव्यतानिरपेक्षता सर्वदा स्वात्मनि सोऽमृतत्वायामृतभावाय कल्पते मोक्षाय समर्थो भवतीत्यर्थः॥ ९२॥

क्योंकि जिस प्रकार सूर्य नित्य प्रकाशस्वरूप है उसी प्रकार सम्पूर्ण धर्म यानी आत्मा प्रकृति—स्वभावसे ही आदिबुद्ध—आरम्भमें ही जाने हुए अर्थात् नित्य बोधस्वरूप हैं। उनका निश्चय भी नहीं करना है; अर्थात् वे नित्यनिश्चितस्वरूप हैं—'ऐसे हैं अथवा नहीं हैं' इस प्रकार सन्दिग्धस्वरूप नहीं हैं।

जिस मुमुक्षुको इस तरह—उपर्युक्त प्रकारसे अपने अथवा परायेके लिये सर्वदा बोधनिश्चय-सम्बन्धिनी निरपेक्षता है; जिस प्रकार सूर्य अपने अथवा परायेके लिये सदा ही प्रकाशान्तरकी अपेक्षा नहीं करता उसी प्रकार जिसे सर्वदा अपने आत्मामें क्षान्ति-बोधकर्तव्यताकी निरपेक्षता रहती है वह अमृतत्व—अमृतभाव अर्थात् मोक्षके लिये समर्थ होता है॥ ९२॥

तथा नापि शान्तिकर्तव्यतात्मनीत्याह—

इसी प्रकार आत्मामें शान्ति-कर्तव्यता भी नहीं है—इसी आशयसे कहते हैं—

आदिशान्ता ह्यनुत्पन्नाः प्रकृत्यैव सुनिर्वृताः।
सर्वे धर्माः समाभिन्ना अजं साम्यं विशारदम्॥ ९३॥

सम्पूर्ण आत्मा नित्यशान्त, अजन्मा, स्वभावसे ही अत्यन्त उपरत तथा सम और अभिन्न हैं। [इस प्रकार क्योंकि] आत्मतत्त्व अज, समतारूप और विशुद्ध है [इसलिये उसकी शान्ति अथवा मोक्ष कर्तव्य नहीं है]॥ ९३॥

यस्मादादिशान्ता नित्यमेव शान्ता अनुत्पन्ना अजाश्च प्रकृत्यैव सुनिर्वृताः सुष्ठूपरतस्वभावा इत्यर्थः, सर्वे धर्माः समाश्चाभिन्नाश्च समाभिन्नाः, अजं साम्यं विशारदं विशुद्धमात्मतत्त्वं यस्मात्तस्माच्छान्तिर्मोक्षो वा नास्ति कर्तव्य इत्यर्थः, न हि नित्यैकस्वभावस्य कृतं किञ्चिदर्थवत्स्यात्॥ ९३॥

क्योंकि सम्पूर्ण धर्म आदिशान्त—सर्वदा ही शान्तस्वरूप, अनुत्पन्न—अजन्मा, स्वभावसे ही सुनिर्वृत अर्थात् अत्यन्त उपरत स्वभाववाले हैं; तथा सम और अभिन्न हैं; इस प्रकार, क्योंकि आत्मतत्त्व अजन्मा, समतारूप और विशुद्ध है, इसलिये उसकी शान्ति अथवा मोक्ष कर्तव्य नहीं है—यह इसका अभिप्राय है, क्योंकि उस नित्य एकस्वभावके लिये कुछ भी करना सार्थक नहीं हो सकता॥ ९३॥

आत्मज्ञ ही अकृपण है

ये यथोक्तं परमार्थतत्त्वं प्रतिपन्नास्त एवाकृपणा लोके कृपणा एवान्य इत्याह—

जो लोग उपर्युक्त परमार्थतत्त्वको समझते हैं लोकमें वे ही अकृपण हैं, उनके सिवा और सब तो कृपण ही हैं—इसी भावको लेकर कहते हैं—

वैशारद्यं तु वै नास्ति भेदे विचरतां सदा।
भेदनिम्नाः पृथग्वादास्तस्मात्ते कृपणाः स्मृताः॥ ९४॥

जो लोग सर्वदा भेदमें ही विचरते रहते हैं, निश्चय ही उनकी विशुद्धि नहीं होती। द्वैतवादी लोग भेदकी ही ओर प्रवृत्त होनेवाले हैं; इसलिये वे कृपण (दीन) माने गये हैं॥ ९४॥

यस्माद्भेदनिम्ना भेदानुयायिनः संसारानुगा इत्यर्थः; के? पृथग्वादाः पृथङ्नाना वस्त्वित्येवं वदनं येषां ते पृथग्वादा द्वैतिन इत्यर्थः, तस्मात्ते कृपणाः क्षुद्राः स्मृताः; यस्माद्वैशारद्यं विशुद्धिर्नास्ति तेषां भेदे विचरतां द्वैतमार्गेऽविद्याकल्पिते सर्वदा वर्तमानानामित्यर्थः। अतो युक्तमेव तेषां कार्पण्यमित्यभिप्रायः॥ ९४॥

क्योंकि वे भेदनिम्न—भेदानुयायी अर्थात् संसारके अनुगामी हैं, कौन लोग? पृथग्वादी—'पृथक् अर्थात् नाना वस्तु है'—ऐसा जिनका कथन है वे पृथग्वादी अर्थात् द्वैतीलोग, इसलिये वे कृपण—क्षुद्र माने गये हैं; क्योंकि भेद अर्थात् अविद्यापरिकल्पित द्वैतमार्गमें सर्वदा विचरनेवाले उन लोगोंका वैशारद्य अर्थात् विशुद्धि नहीं होती। अतः उनका कृपण होना ठीक ही है—ऐसा इसका अभिप्राय है॥ ९४॥

आत्मज्ञका महाज्ञानित्व

यदिदं परमार्थतत्त्वममहात्मभिरपण्डितैर्वेदान्तबहिःष्ठैः क्षुद्रैरल्पप्रज्ञैरनवगाह्यमित्याह—

यह जो परमार्थतत्त्व है वह क्षुद्रचित्त अविवेकी तथा वेदान्तके अनधिकारी क्षुद्र और मन्दबुद्धि पुरुषोंकी समझमें नहीं आ सकता—इस आशयसे कहते हैं—

अजे साम्ये तु ये केचिद्भविष्यन्ति सुनिश्चिताः।
ते हि लोके महाज्ञानास्तच्च लोको न गाहते॥ ९५॥

जो कोई उस अज और साम्यरूप परमार्थतत्त्वमें अत्यन्त निश्चित होंगे वे ही लोकमें परम ज्ञानी हैं। उस तत्त्वका सामान्य लोक अवगाहन नहीं कर सकता॥ ९५॥

अजे साम्ये परमार्थतत्त्व एवमेवेति ये केचित्स्त्र्यादयोऽपि सुनिश्चिता भविष्यन्ति चेत्त एव हि लोके महाज्ञाना निरतिशय तत्त्वविषयज्ञाना इत्यर्थः।

उस अज और साम्यरूप परमार्थतत्त्वमें जो कोई—स्त्री आदि भी 'यह ऐसा ही है' इस प्रकार पूर्णतया निश्चित होंगे वे ही लोकमें महाज्ञानी अर्थात् निरतिशय तत्त्वविषयक ज्ञानवाले हैं।

तच्च तेषां वर्त्म तेषां विदितं परमार्थतत्त्वं सामान्यबुद्धिरन्यो लोको न गाहते नावतरति न विषयीकरोतीत्यर्थः। "सर्वभूतात्मभूतस्य सर्वभूतहितस्य च। देवा अपि मार्गे मुह्यन्त्यपदस्य पदैषिणः। शकुनीनामिवाकाशे गतिर्नैवोपलभ्यते" (महा० शा० २३९। २३-२४) इत्यादिस्मरणात्॥ ९५॥

उस—उनके मार्ग अर्थात् उन्हें विदित हुए परमार्थतत्त्वमें अन्य साधारण बुद्धिवाला मनुष्य अवगाहन-अवतरण नहीं करता अर्थात् उसे विषय नहीं कर सकता। "जो सम्पूर्ण भूतोंका आत्मभूत और सब प्राणियोंका हितकारी है उस पदरहित (प्राप्य पुरुषार्थहीन) महात्माके पदको जाननेकी इच्छावाले देवता भी उसके मार्गमें मोहको प्राप्त हो जाते हैं तथा आकाशमें जैसे पक्षियोंका मार्ग नहीं मिलता उसी प्रकार उसकी गतिका पता नहीं चलता" इत्यादि स्मृतिसे भी यही प्रमाणित होता है॥ ९५॥

कथं महाज्ञानत्वमित्याह—

उनका महाज्ञानत्व किस प्रकार है? सो बतलाते हैं—

अजेष्वजमसंक्रान्तं धर्मेषु ज्ञानमिष्यते।
यतो न क्रमते ज्ञानमसङ्गं तेन कीर्तितम्॥ ९६॥

अजन्मा आत्माओंमें स्थित अज (नित्य) ज्ञान असंक्रान्त (अन्य विषयोंसे न मिलनेवाला) माना जाता है। क्योंकि वह ज्ञान अन्य विषयोंमें संक्रमित नहीं होता इसलिये उसे असंग बतलाया गया है॥ ९६॥

अजेष्वनुत्पन्नेष्वचलेषु धर्मेष्वात्मस्वजमचलं च ज्ञानमिष्यते सवितरीवौष्ण्यं प्रकाशश्च यतस्तस्मादसंक्रान्तमर्थान्तरे ज्ञानमजमिष्यते। यस्मान्न क्रमतेऽर्थान्तरे ज्ञानं तेन कारणेनासङ्गं तत्कीर्तितमाकाशकल्पमित्युक्तम्॥ ९६॥

क्योंकि अज—अनुत्पन्न यानी अचल धर्मों—आत्माओंमें सूर्यमें उष्णता और प्रकाशके समान अज अर्थात् अचल ज्ञान माना जाता है, अतः अर्थान्तरमें असंक्रान्त (अननुप्रविष्ट) ज्ञानको अजन्मा (नित्य) स्वीकार किया जाता है। क्योंकि वह ज्ञान दूसरे विषयोंमें संक्रमित नहीं होता, इसलिये उसे असंग कहा गया है; अर्थात् वह आकाशके समान है—ऐसा कहा है॥ ९६॥

जातवादमें दोषप्रदर्शन

अणुमात्रेऽपि वैधर्म्ये जायमानेऽविपश्चितः।
असङ्गता सदा नास्ति किमुतावरणच्युतिः॥ ९७॥

[अन्य वादियोंके मतानुसार] किसी अणुमात्र भी विधर्मी वस्तुकी उत्पत्ति माननेपर तो अविवेकी पुरुषकी असंगता भी कभी नहीं हो सकती; फिर उसके आवरणनाशके विषयमें तो कहना ही क्या है?॥ ९७॥

इतोऽन्येषां वादिनामणुमात्रेऽपि वैधर्म्ये वस्तुनि बहिरन्तर्वा जायमान उत्पाद्यमानेऽविपश्चितोऽविवेकिनोऽसङ्गता असङ्गत्वं सदा नास्ति किमुत वक्तव्यमावरणच्युतिर्बन्धनाशो नास्तीति॥ ९७॥

इससे भिन्न जो अन्य वादी हैं उनके मतानुसार अणुमात्र अर्थात् थोड़ी-सी भी विधर्मी वस्तुके बाहर या भीतर उत्पन्न होनेपर तो अविपश्चित्—अविवेकी पुरुषकी कभी असङ्गता भी नहीं हो सकती, फिर उसकी आवरणच्युति अर्थात् बन्धनाश नहीं होता—इसके सम्बन्धमें तो कहना ही क्या है?॥ ९७॥

आत्माका स्वाभाविक स्वरूप

तेषामावरणच्युतिर्नास्तीति ब्रुवता स्वसिद्धान्तेऽभ्युपगतं तर्हि धर्माणामावरणम्। नेत्युच्यते।

उनकी आवरणच्युति नहीं होती—ऐसा कहकर तो तुमने अपने सिद्धान्तमें भी आत्माओंका आवरण स्वीकार कर लिया [—ऐसा यदि कोई कहे तो] इसपर हमारा कहना है—नहीं।

अलब्धावरणाः सर्वे धर्माः प्रकृतिनिर्मलाः।
आदौ बुद्धास्तथा मुक्ता बुध्यन्त इति नायकाः॥ ९८॥

समस्त आत्मा आवरणशून्य, स्वभावसे ही निर्मल तथा नित्य बुद्ध और मुक्त हैं। तथापि स्वामीलोग (वेदान्ताचार्यगण) 'वे जाने जाते हैं' ऐसा [उनके विषयमें कहते हैं]॥ ९८॥

अलब्धावरणाः—अलब्धमप्राप्तमावरणमविद्यादिबन्धनं येषां ते धर्मा अलब्धावरणा बन्धनरहिता इत्यर्थः, प्रकृतिनिर्मलाः स्वभावशुद्धा आदौ बुद्धास्तथा मुक्ता यस्मान्नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावाः।

'अलब्धावरणाः'—जिन्हें आवरण अर्थात् अविद्यादिरूप बन्धनलाभ अर्थात् प्राप्त नहीं हुआ है वे धर्म अलब्धावरण अर्थात् बन्धनरहित, प्रकृति-निर्मल-स्वभावसे ही शुद्ध और आरम्भमें ही बोधको प्राप्त हुए तथा मुक्तस्वरूप हैं, क्योंकि वे नित्य शुद्धबुद्धमुक्तस्वभाव हैं।

यद्येवं कथं तर्हि बुध्यन्त इत्युच्यते?

शंका—यदि ऐसी बात है तो उनके विषयमें 'वे जाने जाते हैं' ऐसा क्यों कहा जाता है?

नायकाः स्वामिनः समर्था बोद्धुं बोधशक्तिमत्स्वभावा इत्यर्थः, यथा नित्यप्रकाशस्वरूपोऽपि सविता

समाधान—नायक—स्वामी लोग—जाननेमें समर्थ अर्थात् बोधशक्तियुक्त स्वभाववाले लोग उनके विषयमें उसी प्रकार ऐसा कहते हैं जैसे कि नित्य प्रकाशस्वरूप होनेपर भी सूर्यके विषयमें

प्रकाशत इत्युच्यते यथा वा नित्यनिवृत्तगतयोऽपि नित्यमेव शैलास्तिष्ठन्तीत्युच्यते तद्वत्॥ ९८॥

'सूर्य प्रकाशमान है' ऐसा कहा जाता है तथा सर्वदा गतिशून्य होनेपर भी 'पर्वत खड़े हैं' ऐसा कहा जाता है॥ ९८॥

अजातवाद बौद्धदर्शन नहीं है

क्रमते न हि बुद्धस्य ज्ञानं धर्मेषु तायिनः।
सर्वे धर्मास्तथा ज्ञानं नैतद्बुद्धेन भाषितम्॥ ९९॥

अखण्ड प्रज्ञानवान् परमार्थदर्शीका ज्ञान धर्मों (विषयों)-में संक्रमित नहीं होता और न [उसके मतमें] सम्पूर्ण धर्म (आत्मा) ही कहीं जाते हैं। परन्तु ऐसा ज्ञान बुद्धदेवने नहीं कहा [अर्थात् यह बौद्ध-सिद्धान्त नहीं है, बल्कि औपनिषद दर्शन है]॥ ९९॥

यस्मान्न हि क्रमते बुद्धस्य परमार्थदर्शिनो ज्ञानं विषयान्तरेषु धर्मेषु धर्मसंस्थं सवितरीव प्रभा, तायिनः तायोऽस्यास्तीति तायी, संतानवतो निरन्तरस्याकाशकल्पस्येत्यर्थः, पूजावतो वा प्रज्ञावतो वा, सर्वे धर्मा आत्मानोऽपि तथा ज्ञानवदेवाकाशकल्पत्वान्न क्रमन्ते क्वचिदप्यर्थान्तर इत्यर्थः।

तायी—जिसका ताय यानी (विस्तार) हो उसे तायी कहते हैं। क्योंकि तायी—सन्तानवान्—निरन्तर अर्थात् आकाशसदृश पूजावान् अथवा प्रज्ञावान् बुद्ध—परमार्थदर्शीका ज्ञान धर्मोंमें— विषयान्तरोंमें संक्रमित नहीं होता, अपितु सूर्यमें प्रकाशकी भाँति आत्मनिष्ठ रहता है, उसी प्रकार सम्पूर्ण धर्म अर्थात् आत्मा भी ज्ञानके समान ही आकाशसदृश होनेके कारण कभी अर्थान्तरमें संक्रमित नहीं होते अर्थात् नहीं जाते।

यदादावुपन्यस्तं ज्ञानेनाकाशकल्पेनेत्यादि तदिदमाकाशकल्पस्य तायिनो बुद्धस्य तदनन्यत्वादाकाशकल्पं

इस प्रकरणके आरम्भमें जिसका 'ज्ञानेनाकाशकल्पेन' इत्यादि श्लोकद्वारा उपन्यास किया गया है, आकाशसदृश निरन्तर बोधवान्‌का—उससे अभिन्न होनेके कारण—वही यह आकाशसदृश

ज्ञानं न क्रमते क्वचिदप्यर्थान्तरे। तथा धर्मा इति। आकाशमिवाचलमविक्रियं निरवयवं नित्यमद्वितीयमसङ्गमदृश्यमग्राह्यमशनायाद्यतीतं ब्रह्मात्मतत्त्वम्। ''न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते'' (बृ० उ० ४। ३। २३) इति श्रुतेः।

ज्ञान कभी अर्थान्तरमें संक्रमित नहीं होता; और ऐसे ही धर्म भी हैं अर्थात् वे भी आकाशके समान अचल, अविक्रिय, निरवयव, नित्य, अद्वितीय, असंग, अदृश्य, अग्राह्य और क्षुधा-पिपासादिसे रहित ब्रह्मात्मतत्त्व ही हैं; जैसा कि ''द्रष्टाकी दृष्टिका लोप नहीं होता'' इस श्रुतिसे सिद्ध होता है।

ज्ञानज्ञेयज्ञातृभेदरहितं परमार्थतत्त्वमद्वयम् एतन्न बुद्धेन भाषितम्। यद्यपि बाह्यार्थनिराकरणं ज्ञानमात्रकल्पना चाद्वयवस्तुसामीप्यमुक्तम्। इदं तु परमार्थतत्त्वमद्वैतं वेदान्तेष्वेव विज्ञेयमित्यर्थः॥ ९९॥

ज्ञान, ज्ञेय और ज्ञाताके भेदसे रहित इस अद्वय परमार्थतत्त्वका बुद्धने निरूपण नहीं किया; यद्यपि उसने बाह्यवस्तुका निराकरण और केवल ज्ञानकी ही कल्पना—ये अद्वय वस्तुके समीपवर्ती ही विषय कहे हैं; तात्पर्य यह है कि इस अद्वैत परमार्थतत्त्वको तो वेदान्तका ही विषय जानना चाहिये॥ ९९॥

परमार्थपद-वन्दना

शास्त्रसमाप्तौ परमार्थतत्त्वस्तुत्यर्थं नमस्कार उच्यते—

अब शास्त्रकी समाप्ति होनेपर परमार्थतत्त्वकी स्तुतिके लिये नमस्कार कहा जाता है—

दुर्दर्शमतिगम्भीरमजं साम्यं विशारदम्।
बुद्ध्वा पदमनानात्वं नमस्कुर्मो यथाबलम्॥ १००॥

दुर्दर्श, अत्यन्त गम्भीर, अज, निर्विशेष और विशुद्ध पदको भेदरहित जानकर हम उसे यथाशक्ति नमस्कार करते हैं॥ १००॥

दुर्दर्शं दुःखेन दर्शनमस्येति दुर्दर्शम्, अस्ति नास्तीति चतुष्कोटिवर्जितत्वाद्दुर्विज्ञेयमित्यर्थः। अत एवातिगम्भीरं दुष्प्रवेशं महासमुद्रवदकृतप्रज्ञैः, अजं साम्यं विशारदम्, ईदृक्पदमनानात्वं नानात्ववर्जितं बुद्ध्वावगम्य तद्भूताः सन्तो नमस्कुर्मस्तस्मै पदाय, अव्यवहार्यमपि व्यवहारगोचरमापाद्य यथाबलं यथाशक्तीत्यर्थः॥ १००॥

जिसका कठिनतासे दर्शन हो सकता है ऐसे दुर्दर्श अर्थात् अस्ति-नास्ति आदि चारों कोटियोंसे रहित होनेके कारण दुर्विज्ञेय, अतएव अति गम्भीर—मन्दबुद्धियोंके लिये महासमुद्रके समान दुष्प्रवेश्य तथा अजन्मा, साम्यरूप (निर्विशेष) और विशुद्ध—ऐसे पदको भेदरहित जानकर तद्रूप हो और उस अव्यवहार्यपदको भी व्यवहारका विषय बनाकर हम उसको यथाबल—यथाशक्ति नमस्कार करते हैं॥ १००॥

भाष्यकारकर्तृक वन्दना

अजमपि जनियोगं प्रापदैश्वर्ययोगा-
दगति च गतिमत्तां प्रापदेकं ह्यनेकम्।
विविधविषयधर्मग्राहिमुग्धेक्षणानां
प्रणतभयविहन्तृ ब्रह्म यत्तन्नतोऽस्मि॥ १॥

जिसने अजन्मा होकर भी अपनी ईश्वरीय शक्तिके योगसे जन्म ग्रहण किया, गतिशून्य होनेपर भी गति स्वीकार की तथा जो नाना प्रकारके विषयरूप धर्मोंको ग्रहण करनेवाले मूढदृष्टि लोगोंके विचारसे एक होकर भी अनेक हुआ है और जो शरणागतभयहारी है उस ब्रह्मको मैं नमस्कार करता हूँ॥ १॥

प्रज्ञावैशाखवेधक्षुभितजलनिधेर्वेदनाम्नोऽन्तरस्थं
भूतान्यालोक्य मग्नान्यविरतजननग्राहघोरे समुद्रे।
कारुण्यादुद्दधारामृतमिदममरैर्दुर्लभं भूतहेतो-
र्यस्तं पूज्याभिपूज्यं परमगुरुममुं पादपातैर्नतोऽस्मि॥ २॥

जो निरन्तर जन्म-जन्मान्तररूप ग्राहोंके कारण अत्यन्त भयानक है, ऐसे संसारसागरमें जीवोंको डूबे हुए देखकर जिन्होंने करुणावश अपनी विशुद्ध बुद्धिरूप मन्थनदण्डके आघातसे क्षुभित हुए वेद नामक महासमुद्रके भीतर स्थित इस देवदुर्लभ अमृतको प्राणियोंके कल्याणके लिये निकाला है, उन पूजनीयोंके भी पूजनीय परम गुरु (श्रीगौडपादाचार्य)-को मैं उनके चरणोंमें गिरकर प्रणाम करता हूँ॥ २॥

यत्प्रज्ञालोकभासा प्रतिहतिमगमत्स्वान्तमोहान्धकारो
मज्जोन्मज्जच्च घोरे ह्यसकृदुपजनोदन्वति त्रासने मे।
यत्पादावाश्रितानां श्रुतिशमविनयप्राप्तिरग्र्या ह्यमोघा
तत्पादौ पावनीयौ भवभयविनुदौ सर्वभावैर्नमस्ये॥ ३॥

जिनके ज्ञानालोककी प्रभासे मेरे अन्तःकरणका मोहरूप अन्धकार नाशको प्राप्त हुआ तथा इस भयङ्कर संसारसागरमें बारम्बार डूबना-उछलनारूप मेरी व्यथाएँ शान्त हो गयीं और जिनके चरणोंका आश्रय लेनेवालोंके लिये श्रुतिज्ञान, उपशम और विनयकी प्राप्ति अमोघ एवं पहले ही होनेवाली है उन (श्रीगुरुदेवके) भवभयहारी परम पवित्र चरण-युगलोंको मैं सर्वतोभावसे नमस्कार करता हूँ॥ ३॥

इति श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य शङ्करभगवतः कृतौ गौडपादीयागमशास्त्रविवरणेऽलातशान्त्याख्यं चतुर्थं प्रकरणम्॥ ४॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा
भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳ सस्तनूभि-
र्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः
स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः
स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! ॐ शान्तिः!! ॐ शान्तिः!!!

ॐ

तत्सद्ब्रह्मणे नमः

ऐतरेयोपनिषद्

मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थसहित

मनस्तापतमःशान्त्यै यस्य पादनखच्छटा।
शरच्चन्द्रनिभा भाति तं वन्दे नीलचिन्मणिम्॥

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठित-माविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

मेरी वागिन्द्रिय मनमें स्थित हो और मन वाणीमें स्थित हो [अर्थात् मेरी वागिन्द्रिय और मन एक-दूसरेके अनुकूल रहें]। हे स्वप्रकाश परमात्मन्! तुम मेरे समक्ष आविर्भूत होओ। [हे वाक् और मन!] तुम मेरे प्रति वेदको लाओ। मेरा श्रवण किया हुआ मेरा परित्याग न करे। अपने इस अध्ययनके द्वारा मैं रात और दिनको एक कर दूँ [अर्थात् मेरा अध्ययन अहर्निश चलता रहे]। मैं ऋत (वाचिक सत्य)-का भाषण करूँ और सत्य (मनमें निश्चय किया हुआ सत्य) बोलूँ। वह ब्रह्म मेरी रक्षा करे; वह वक्ताकी रक्षा करे। वह मेरी रक्षा करे और वक्ताकी रक्षा करे—वक्ताकी रक्षा करे। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

प्रथमोऽध्यायः

प्रथम खण्ड

सम्बन्धभाष्य

परिसमाप्तं कर्म सहापरब्रह्म-विषयविज्ञानेन । सैषा कर्मणो ज्ञानसहितस्य परा गतिरुक्थविज्ञानद्वारेणोपसंहिता। "एतत्सत्यं ब्रह्म प्राणाख्यम्" "एष एको देवः" "एतस्यैव प्राणस्य सर्वे देवा विभूतयः" "एतस्य प्राणस्यात्म-भावं गच्छन्देवता अप्येति" इत्युक्तम्। सोऽयं देवताप्यय-लक्षणः परः पुरुषार्थः, एष मोक्षः। स चायं यथोक्तेन ज्ञानकर्मसमुच्चयसाधनेन प्राप्तव्यो

ग्रन्थस्य प्रयोजनम्

यहाँतक अपरब्रह्म (हिरण्यगर्भ) विषयक विज्ञान (उपासना)-के सहित कर्मका निरूपण समाप्त हुआ[1]। उस ज्ञानसहित कर्मकी परा गतिका उक्थविज्ञानके[2] द्वारा उपसंहार किया गया है। [उस उपसंहारका मूलके वाक्योंद्वारा प्रदर्शन कराते हैं—] "यह प्राणसंज्ञक सत्यब्रह्म है" "यह एक देव है" "सम्पूर्ण देव इस प्राणकी ही विभूतियाँ हैं।" "इस प्राणके तादात्म्यको प्राप्त होकर उपासक देवतामें लीन हो जाता है"—ऐसा कहा गया। यह देवतामें लय होना ही परम पुरुषार्थ है, यही मोक्ष है और वह यह (देवतालयरूप मोक्ष) इस ज्ञानकर्म-समुच्चयरूप यथोक्त साधनसे ही प्राप्त होनेयोग्य है; इससे

१-ऐतरेय ब्राह्मणान्तर्गत द्वितीय आरण्यकके अध्याय ४, ५ और ६ का नाम ऐतरेयोपनिषद् है। इसमें केवल ब्रह्मविद्याका ही निरूपण किया गया है। इससे पूर्ववर्ती अध्यायोंमें अपर ब्रह्मकी उपासनाके सहित कर्मका वर्णन है। अतः इस वाक्यसे यहाँ उसका परामर्श किया है।

२-उक्थ प्राणको कहते हैं। अतः 'वह उक्थ यानी प्राण मैं हूँ' ऐसी दृढ़ भावनाके द्वारा उसीमें लय हो जाना 'उक्थविज्ञान' है।

नातः परमस्तीत्येके प्रतिपन्नाः। तान्निराचिकीर्षुरुत्तरं केवलात्मज्ञानविधानार्थम् 'आत्मा वा इदम्' इत्याद्याह।

परे और कुछ नहीं है—ऐसा कुछ लोग समझते हैं। उन [समुच्चयवादियोंके मत]-का निराकरण करनेकी इच्छासे श्रुति केवल आत्मविज्ञानका विधान करनेके लिये 'आत्मा वा इदम्' इत्यादि ग्रन्थका उल्लेख करती है।

प्रतिपाद्य-विचारः

कथं पुनरकर्मसम्बन्धिकेवलात्मविज्ञानविधानार्थ उत्तरो ग्रन्थ इति गम्यते?

पूर्व०—परन्तु यह कैसे ज्ञात होता है कि आगेका ग्रन्थ कर्मके सम्बन्धसे रहित केवल आत्मज्ञानका ही विधान करनेके लिये है?

अन्यार्थानवगमात्। तथा च पूर्वोक्तानां देवतानामग्न्यादीनां संसारित्वं दर्शयिष्यत्यशनायादि दोषवत्त्वेन "तमशनापिपासाभ्यामन्ववार्जत्" (१।२।१) इत्यादिना। अशनायादिमत्सर्वं संसार एव; परस्य तु ब्रह्मणोऽशनायाद्यत्ययश्रुतेः।

सिद्धान्ती—क्योंकि इससे [ब्रह्मज्ञानके सिवा] किसी और अर्थका ज्ञान नहीं होता। इसके सिवा श्रुति "उसे भूख और पिपासासे युक्त कर दिया" इत्यादि वाक्योंसे उन अग्नि आदि पूर्वोक्त देवताओंको क्षुधा आदि दोषोंसे युक्त दिखलाते हुए उनका संसारित्व भी प्रदर्शित करेगी। परब्रह्म भूख-प्यास आदिसे अतीत है—ऐसी श्रुति होनेके कारण क्षुधा आदिसे युक्त तो सब-का-सब संसार ही है।

समुच्चयवादिन आक्षेपः

भवत्वेवं केवलात्मज्ञानं मोक्षसाधनं न त्वत्राकर्म्येवाधिक्रियते, विशेषाश्रवणात्। अकर्मिण आश्रम्यन्तरस्येहाश्रवणात्। कर्म

पूर्व०—इस प्रकार केवल आत्मज्ञान ही मोक्षका साधन भले ही हो; परन्तु उसमें केवल कर्मत्यागी पुरुषका ही अधिकार नहीं है, क्योंकि इस विषयमें कोई विशेष श्रुति नहीं है; अर्थात् किसी कर्मत्यागी आश्रमान्तरका यहाँ उल्लेख

च बृहतीसहस्रलक्षणं प्रस्तुत्यानन्तरमेवात्मज्ञानं प्रारभ्यते। तस्मात् कर्मैवाधिक्रियते।

नहीं है। और बृहतीसहस्र नामक कर्मकी अवतारणाकर उसके अनन्तर ही आत्मज्ञानका प्रारम्भ कर दिया है। अतः इसमें कर्मठ पुरुषका ही अधिकार है।

न च कर्मासम्बन्ध्यात्मविज्ञानं पूर्ववदन्त उपसंहारात्। यथा कर्मसम्बन्धिनः पुरुषस्य सूर्यात्मनः स्थावरजङ्गमादिसर्वप्राण्यात्मत्वमुक्तं ब्राह्मणेन मन्त्रेण च "सूर्य आत्मा" (ऋ० सं० १।११५।१) इत्यादिना, तथैव 'एष ब्रह्मैष इन्द्रः' (३। १। ३) इत्याद्युपक्रम्य सर्वप्राण्यात्मत्वम् 'यच्च स्थावरं सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रम्' (३।१।३) इत्युपसंहरिष्यति।

इसके सिवा आत्मज्ञान कर्मसे सर्वथा असम्बद्ध भी नहीं है, क्योंकि यहाँ भी अन्तमें उसका पहलेहीके समान उपसंहार किया गया है। जिस प्रकार ब्राह्मणमन्त्रने "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च[१]" इस वाक्यद्वारा सूर्यके आत्मभावको प्राप्त हुए [सूर्य-मण्डलान्तर्वर्ती] कर्म-सम्बन्धी पुरुषको स्थावरजंगमादि सम्पूर्ण प्राणियोंका आत्मा बतलाया है उसी प्रकार श्रुति 'एष ब्रह्मैष इन्द्रः[२]' इत्यादि मन्त्रसे समस्त प्राणियोंके आत्मस्वरूपत्वका उपक्रम कर उसका 'यच्च स्थावरं सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रम्[३]' इत्यादि वाक्यद्वारा उपसंहार करेगी।[४]

तथा च संहितोपनिषदि "एतं ह्येव बह्वृच महत्युक्थे

इसी प्रकार संहितोपनिषद्में भी "इसीको बह्वृच (ऋग्वेदी) बृहती-

१-सूर्य जंगम और स्थावरका आत्मा है। २-यह ब्रह्मा है, यह इन्द्र है।

३-जो कुछ स्थावर-जंगम है वह सब प्रज्ञा (चेतन)-द्वारा प्रवृत्त होनेवाला है।

४-इस प्रकार जैसे पूर्व अध्यायमें कर्मसम्बन्धी उपासनाका विषय होनेसे अन्तमें उपास्यका सर्वात्मत्व प्रतिपादन किया है उसी प्रकार इस अध्यायमें 'एष ब्रह्मा' इत्यादि वाक्योंसे बतलाया गया है। अतः जिस प्रकार वह देवताज्ञान कर्मसम्बन्धी था उसी प्रकार यह आत्मज्ञान भी कर्मसम्बन्धी ही है—ऐसा अनुमान होता है।

मीमांसन्ते" (ऐ० आ० ३ । २ । ३ । १२) इत्यादिना कर्मसम्बन्धित्वमुक्त्वा "सर्वेषु भूतेष्वेतमेव ब्रह्मेत्याचक्षते" इत्युपसंहरति। तथा तस्यैव "योऽयमशरीरः प्रज्ञात्मा" इत्युक्तस्य "यश्चासावादित्य एकमेव तदिति विद्यात्" इत्येकत्वमुक्तम्। इहापि "कोऽयमात्मा" (३ । १ । १) इत्युपक्रम्य प्रज्ञात्मत्वमेव "प्रज्ञानं ब्रह्म" (३ । १ । ३) इति दर्शयिष्यति। तस्मान्नाकर्मसम्बन्ध्यात्मज्ञानम्।

सहस्र नामक सत्रमें विचारते हैं" इत्यादि श्रुतिसे उसका कर्मसम्बन्धित्व प्रतिपादन कर "सम्पूर्ण भूतोंमें इसीको 'ब्रह्म' ऐसा कहते हैं" इस प्रकार उपसंहार किया है। तथा "जो यह अशरीरी चेतन आत्मा है" इस प्रकार बतलाये हुए उस आत्माका ही "जो यह सूर्यके अन्तर्गत है वह एक ही है—ऐसा जाने" इस वाक्यद्वारा एकत्व प्रतिपादन किया है। तथा यहाँ (इस उपनिषद्में) भी "यह आत्मा कौन है" इस प्रकार उपक्रम कर "प्रज्ञान ब्रह्म है" इस वाक्यसे इसका प्रज्ञास्वरूपत्व ही प्रदर्शित करेंगे। अतः आत्मज्ञान कर्मत्यागसे सम्बन्ध नहीं रखता।

पुनरुक्त्यानर्थक्यमिति चेत्। कथम्? "प्राणो वा अहमस्म्यृषे" इत्यादिब्राह्मणेन "सूर्य आत्मा" इति मन्त्रेण च निर्धारितस्यात्मनः "आत्मा वा इदम्" इत्यादिब्राह्मणेन "कोऽयमात्मा" (३ । १ । १) इति प्रश्नपूर्वकं पुनर्निर्धारणं पुनरुक्तमनर्थकमिति चेत्, न;

यदि कहो कि पुनरुक्ति होनेके कारण तो यह प्रकरण व्यर्थ ही है;* किस प्रकार [व्यर्थ है सो बतलाते हैं—] "हे ऋषे! मैं निश्चय प्राण ही हूँ" इत्यादि ब्राह्मणसे तथा "सूर्य आत्मा है" इत्यादि मन्त्रद्वारा निश्चित किये आत्माका "यह आत्मा कौन है" इस प्रकार प्रश्न करके "[पहले] यह सब आत्मा ही [था]" इस प्रकार निश्चय करना पुनरुक्ति और निरर्थक ही है—यदि कोई ऐसा कहे तो उसका यह कथन ठीक नहीं,

* क्योंकि कर्मका तो पहले ही निरूपण किया जा चुका है।

तस्यैव धर्मान्तरविशेष-निर्धारणार्थत्वान्न पुनरुक्तता-दोषः।

कथम्? तस्यैव कर्मसम्बन्धिनो जगत्सृष्टिस्थितिसंहारादिधर्मविशेष-निर्धारणार्थत्वात् केवलोपास्त्यर्थ-त्वाद्वा। अथवा आत्मेत्यादि-परो ग्रन्थसन्दर्भ आत्मनः कर्मिणः कर्मणोऽन्यत्रोपासनाप्राप्तौ कर्मप्रस्तावेऽविहितत्वात्केवलो-ऽप्यात्मोपास्य इत्येवमर्थः। भेदाभेदोपास्यत्वाद्वैक एवात्मा कर्मविषये भेददृष्टिभाक्, स एवाकर्मकालेऽभेदेनाप्युपास्य इत्येवमपुनरुक्तता।

"विद्यां चाविद्यां च यस्त-द्वेदोभयꣳसह। अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते" (ई० उ० ११) इति, "कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषे-च्छतꣳसमाः" (ई० उ० २) इति च वाजिनाम्। न च

क्योंकि उसीके किसी अन्य विशेष धर्मका निश्चय करनेके लिये होनेसे इसमें पुनरुक्तिका दोष नहीं है।

वह किस प्रकार दोषयुक्त नहीं है [सो बतलाते हैं—] उस कर्मसम्बन्धी आत्माके ही जगत्की रचना, पालन और संहार आदि विशेष धर्मोंका निर्धारण करनेके लिये किंवा केवल उसकी उपासनाके [निरूपणके] लिये [इस प्रकारकी पुनरुक्ति सदोष नहीं है] अथवा यों समझो कि कर्मका निरूपण करते समय विधान न करनेके कारण कर्मी आत्माकी उपासना कर्मको छोड़कर प्राप्त नहीं होती थी; अतः "आत्मा वा इदमग्रे" आदि ग्रन्थसमूह यह बतलानेके लिये ही है कि केवल आत्मा भी उपासनीय है। भेद और अभेदरूपसे उपास्य होनेके कारण एक ही आत्मा कर्मके विषयमें भेददृष्टिसे युक्त है और वही कर्म-दृष्टिको छोड़ देनेके समय अभेदरूपसे भी उपासनीय है—इस प्रकार यह अपुनरुक्ति ही है।

"जो पुरुष विद्या (उपासना) और अविद्या (कर्म) इन दोनोंको साथ-साथ जानता है वह अविद्यासे मृत्युको पार करके विद्यासे अमरत्व प्राप्त कर लेता है" तथा "इस लोकमें कर्म करता हुआ ही सौ वर्षतक जीवित रहनेकी इच्छा

वर्षशतात्परमायुर्मर्त्यानाम्। येन कर्मपरित्यागेनात्मानमुपासीत। दर्शितं च "तावन्ति पुरुषायुषोऽह्नां सहस्राणि भवन्ति" इति। वर्षशतं चायुः कर्मणैव व्याप्तम्। दर्शितश्च मन्त्रः "कुर्वन्नेवेह कर्माणि" इत्यादिः। तथा "यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति" "यावज्जीवं दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत" इत्याद्याश्च। "तं यज्ञपात्रैर्दहन्ति" इति च। ऋणत्रय-श्रुतेश्च। तत्र पारिव्राज्यादि शास्त्रं "व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति" (बृ० उ० ३।५।१, ४।४।२२) इति आत्मज्ञानस्तुतिपरोऽर्थवादः। अनधिकृतार्थो वा।

करे"—ऐसा [ईशोपनिषद्में] वाजसनेयी शाखावालोंका कथन है। मनुष्योंकी परमायु भी सौ वर्षसे अधिक नहीं है, जिससे कि वह कर्मपरित्यागद्वारा आत्माकी उपासना कर सके। "पुरुषकी आयुके इतने (छत्तीस) ही[1] सहस्र दिन होते हैं" ऐसा [इस ऐतरेयारण्यकमें ही] दिखलाया भी गया है। और वह सौ वर्षकी आयु कर्मसे ही व्याप्त है; इसके लिये "कुर्वन्नेवेह कर्माणि" इत्यादि मन्त्र पहले दिखलाया ही है[2] ऐसा ही "यावज्जीवन अग्निहोत्र करता है" "जीवनपर्यन्त दर्शपूर्णमाससे यजन करे" इत्यादि तथा [वृद्धावस्थामें भी कर्मत्यागका निषेध सूचित करनेवाली] "उसको [मरनेके अनन्तर] यज्ञपात्रोंके सहित जलाते हैं" इत्यादि श्रुतियोंसे और ऋणत्रयकी सूचना देनेवाली श्रुतियोंसे सिद्ध होता है। श्रुतिमें जो "[यतिजन] सर्वसंग-परित्याग करके भिक्षाटन किया करते हैं" इत्यादि संन्याससम्बन्धी शास्त्र है वह आत्मज्ञानकी स्तुति करनेवाला अर्थवाद है अथवा जिसे कर्मका अधिकार नहीं है उसके लिये है।

१-ऐतरेय आरण्यकमें छत्तीस-छत्तीस अक्षरके एक सहस्र बृहतीछन्द हैं। अतः उसमें कुल छत्तीस सहस्र अक्षर हुए। इतने ही दिन मनुष्यकी परमायुमें होते हैं।

२-इससे यह नहीं समझना चाहिये कि दशरथादिके समान जो सौ वर्षसे भी अधिक जीवित रहनेवाले पुरुष हैं वे तो सौ वर्षसे ऊपर जानेपर कर्मत्याग कर ही सकते हैं। उनके लिये भी आगेकी श्रुतियाँ जीवनपर्यन्त कर्मानुष्ठानकी आवश्यकता बतलाती हैं।

आक्षेपनिरासः

न; परमार्थविज्ञाने फलादर्शने क्रियानुपपत्तेः। यदुक्तं कर्मिण आत्मज्ञानं कर्मसम्बन्धि च इत्यादि तन्न। परं ह्याप्तकामं सर्वसंसारदोषवर्जितं ब्रह्माहमस्मीत्यात्मत्वेन विज्ञाने, कृतेन कर्तव्येन वा प्रयोजनमात्मनोऽपश्यतः फलादर्शने क्रिया नोपपद्यते।

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि उस परमार्थ—आत्मतत्त्वका ज्ञान हो जानेपर क्रियाका कोई फल नहीं देखा जाता; इसलिये क्रिया नहीं हो सकती। तुमने जो कहा कि आत्मज्ञान कर्मीको ही होता है और वह कर्मसे सम्बन्ध रखनेवाला है, सो ठीक नहीं। 'सम्पूर्ण सांसारिक दोषोंसे रहित पूर्णकाम ब्रह्म मैं हूँ' इस प्रकार ब्रह्मका आत्मभावसे ज्ञान हो जानेपर कर्म-फलको न देखनेके कारण कृत अथवा कर्तव्यसे अपना कोई प्रयोजन न देखनेवाले पुरुषसे कोई क्रिया नहीं हो सकती।

आत्मदर्शिनो नियोगाविषयत्वम्

फलादर्शनेऽपि नियुक्तत्वात्करोतीति चेन्न नियोगाविषयात्मदर्शनात्। इष्टयोगमनिष्टवियोगं चात्मनः प्रयोजनं पश्यंस्तदुपायार्थी यो भवति स नियोगस्य विषयो दृष्टो लोके। न तु तद्विपरीतनियोगाविषयब्रह्मात्मत्वदर्शी।

यदि कहो कि फल दिखायी न देनेपर भी शास्त्राज्ञा होनेके कारण वह कर्म करता ही है तो ऐसा कहना उचित नहीं; क्योंकि वह शास्त्राज्ञाके अविषयभूत आत्माका दर्शन कर लेता है। जो पुरुष अपना इष्टप्राप्ति और अनिष्ट परिहाररूप प्रयोजन देखकर उसके उपायका अर्थी होता है, लोकमें वही [विधि निषेधरूप] नियोगका विषय होता देखा गया है; उसके विपरीत नियोगके अविषयभूत ब्रह्ममें आत्मत्वका दर्शन करनेवाला पुरुष नियोगका विषय होता नहीं देखा जाता।

ब्रह्मात्मत्वदर्श्यपि संश्चेन्नियुज्येत नियोगाविषयोऽपि सन्न कश्चिन्न नियुक्त इति सर्वं कर्म सर्वेण सर्वदा कर्तव्यं प्राप्नोति। तच्चानिष्टम्। न च स नियोक्तुं शक्यते केनचित्; आम्नायस्यापि तत्प्रभवत्वात्। न हि स्वविज्ञानोत्थेन वचसा स्वयं नियुज्यते। नापि बहुवित्स्वाम्यविवेकिना भृत्येन।

यदि ब्रह्मात्मत्व-दर्शन करनेवाला पुरुष नियोगका अविषय होनेपर भी शास्त्रसे नियुक्त हो तो कोई नियुक्त न होनेवाला तो रहा ही नहीं। इससे यही प्राप्त होता है कि सबको सर्वदा सम्पूर्ण कर्म करते रहना चाहिये। किन्तु यह अभीष्ट नहीं है। वह (आत्मदर्शी) तो किसीसे भी नियोजित नहीं हो सकता, क्योंकि शास्त्र भी उसीसे उत्पन्न हुआ है। अपने विज्ञानसे उत्पन्न हुए वचनसे ही कोई स्वयं नियुक्त नहीं हो सकता और न बहुज्ञ स्वामी ही अपने अल्पज्ञ सेवकसे नियुक्त हो सकता है।

आम्नायस्य नित्यत्वे सति स्वातन्त्र्यात्सर्वान्प्रति नियोक्तृत्व-सामर्थ्यमिति चेन्न उक्तदोषात्। तथापि सर्वेण सर्वदा सर्व-मविशिष्टं कर्म कर्तव्यमित्युक्तो दोषोऽप्यपरिहार्य एव।

यदि कहो कि नित्य होनेके कारण वेदका नियोक्तृत्वसामर्थ्य स्वतन्त्रतापूर्वक सबके प्रति है, तो उपर्युक्त दोषके कारण ऐसा कहना ठीक नहीं। ऐसी अवस्थामें भी 'सबको सब कर्म अविशेषरूपसे करने चाहिये'—यह ऊपर बतलाया हुआ दोष अपरिहार्य ही रहता है।

शास्त्रस्य विरुद्धार्थ-बोधकत्वानुपपत्तिः

तदपि शास्त्रेणैव विधीयत इति चेद् यथा कर्मकर्तव्यता शास्त्रेण कृता तथा तदप्यात्मज्ञानं तस्यैव कर्मिणः शास्त्रेण विधीयत इति चेत्,

यदि कहो कि उसका विधान भी शास्त्रने ही किया है अर्थात् जिस प्रकार शास्त्रने कर्मकी कर्तव्यता बतलायी है उसी प्रकार उस कर्मीके लिये ही उस आत्मज्ञानका भी शास्त्रने ही विधान

न; विरुद्धार्थबोधकत्वानुपपत्तेः। न ह्येकस्मिन्कृताकृतसम्बन्धित्वं तद्विपरीतत्वं च बोधयितुं शक्यम्, शीतोष्णतामिवाग्नेः।

किया है तो ऐसा कहना भी उचित नहीं; क्योंकि उसका विरुद्ध अर्थबोधकत्व सम्भव नही है। अग्निकी शीतलता और उष्णताके समान एक ही शास्त्रमें पाप-पुण्यके सम्बन्धित्व और उसके विपरीतत्वका बोध कराना—[ये दोनों विरुद्धधर्म] सम्भव नहीं हैं।

न चेष्टयोगचिकीर्षा आत्मनोऽसिद्धवस्तुनः ऽनिष्टवियोगचिकीर्षा शास्त्राबोध्यत्वम् च शास्त्रकृता, सर्वप्राणिनां तद्दर्शनात्। शास्त्रकृतं चेत्तदुभयं गोपालादीनां न दृश्येत, अशास्त्रज्ञत्वात्तेषाम्। यद्धि स्वतोऽप्राप्तं तच्छास्त्रेण बोधयितव्यम्। तच्चेत्कृतकर्तव्यताविरोध्यात्मज्ञानं शास्त्रेण कृतम्, कथं तद्विरुद्धां कर्तव्यतां पुनरुत्पादयेच्छीततामिवाग्नौ तम इव च भानौ।

इसके सिवा अपनी इष्टवस्तुके संयोगकी इच्छा तथा अनिष्ट पदार्थके परित्यागकी अभिलाषा भी शास्त्रजनित नहीं है; क्योंकि यह सभी प्राणियोंमें [स्वभावसे ही] देखी जाती है। यदि शास्त्रजनित होतीं तो ये दोनों इच्छाएँ ग्वाले आदिमें दिखायी न देतीं; क्योंकि वे अशास्त्रज्ञ होते हैं। जो वस्तु स्वतः प्राप्त नहीं होती वही शास्त्रद्वारा बोद्धव्य होती है। इस प्रकार यदि शास्त्रने कृत और कर्तव्यताके विरोधी आत्मज्ञानका उपदेश किया है तो फिर वह अग्निमें शीतलताके समान तथा सूर्यमें अन्धकारके समान उसकी विरुद्ध कर्तव्यताको किस प्रकार उत्पन्न करेगा?

न बोधयत्येवेति चेन्न, "स म आत्मेति विद्यात्" (कौ० उ० ३।९) "प्रज्ञानं ब्रह्म" (३।१।३) इति चोपसंहारात्।

यदि कहो कि वह ऐसा बोध कराता ही नहीं है तो ऐसा कथन भी ठीक नहीं, क्योंकि "वह मेरा आत्मा है—ऐसा जाने" तथा "प्रज्ञान ही ब्रह्म है" इस प्रकार उपसंहार किया गया है,

"तदात्मानमेवावेत्" (बृ० उ० १।४।१०) "तत्त्वमसि" (छा० उ० ६। ८—१६) इत्येवमादिवाक्यानां तत्परत्वात्। उत्पन्नस्य च ब्रह्मात्मविज्ञानस्याबाध्यमानत्वान्नानुत्पन्नं भ्रान्तं वेति शक्यं वक्तुम्।

तथा "उस (जीवरूपसे अवस्थित ब्रह्म)-ने अपनेको ही जाना" "वह तू ही है" इत्यादि वाक्य भी आत्मज्ञानपरक ही हैं। उत्पन्न हुआ ब्रह्मात्मविज्ञान भी बाधित होनेयोग्य न होनेके कारण अनुत्पन्न या भ्रान्तिजनित नहीं कहा जा सकता।

त्यागेऽपि प्रयोजनाभावस्य तुल्यत्वमिति चेत् "नाकृतेनेह कश्चन" (गीता ३। १८) इति स्मृतेः, य आहुर्विदित्वा ब्रह्म व्युत्थानमेव कुर्यादिति तेषामप्येष समानो दोषः प्रयोजनाभाव इति चेन्न; अक्रियामात्रत्वाद् व्युत्थानस्य। अविद्यानिमित्तो हि प्रयोजनस्य भावो न वस्तुधर्मः सर्वप्राणिनां तद्दर्शनात्। प्रयोजनतृष्णाया च प्रेर्यमाणस्य वाङ्मनःकायैः प्रवृत्तिदर्शनात्। "सोऽकामयत जाया मे स्यात्" (बृ० उ० १। ४। १७) इत्यादिना पुत्रवित्तादि पाङ्क्तलक्षणं काम्यमेवेति

प्रयोजनाभावे संन्यासस्य स्वतः सिद्धत्वम्

यदि कहो कि "उसे इस लोकमें अकृत (कर्मत्याग)-से भी कोई प्रयोजन नहीं है" इस स्मृतिके अनुसार बोधवान्‌को त्याग करनेमें भी प्रयोजनाभावकी समानता ही है; अर्थात् जो लोग कहते हैं कि ब्रह्मको जानकर व्युत्थान (कर्मत्याग) ही करना चाहिये उनके लिये भी यह प्रयोजनाभावरूप दोष समान ही है, तो उनका यह कथन ठीक नहीं; क्योंकि व्युत्थान तो अक्रिया ही है*। प्रयोजनका भाव तो अविद्याके कारण रहता है। वह वस्तुका धर्म नहीं है, क्योंकि यह बात सभी प्राणियोंमें देखी जाती है; अर्थात् प्रयोजनकी तृष्णासे प्रेरित होते हुए प्राणियोंकी वाणी, मन और शरीरद्वारा प्रवृत्ति होती देखी गयी है तथा वाजसनेयी ब्राह्मणमें भी "उस (आदिपुरुष)-ने इच्छा की कि मेरे पत्नी हो" इत्यादि कथनके

* प्रयोजन तो क्रियाके लिये अपेक्षित होता है; इसलिये अक्रियारूप व्युत्थानके लिये किसी प्रयोजनकी अपेक्षा नहीं है।

"उभे ह्येते एषणे एव" (बृ० उ० ३।५।१; ४।४।२२) इति वाजसनेयिब्राह्मणेऽवधारणात्।

अविद्याकामदोषनिमित्ताया वाङ्मनःकायप्रवृत्तेः पाङ्क्तलक्षणाया विदुषोऽविद्यादिदोषाभावादनुपपत्तेः क्रियाभावमात्रं व्युत्थानम्, न तु यागादिवदनुष्ठेयरूपं भावात्मकम्। तच्च विद्यावत्पुरुषधर्म इति न प्रयोजनमन्वेष्टव्यम्। न हि तमसि प्रवृत्तस्योदित आलोके यद्गर्तपङ्ककण्टकाद्यपतनं तत्किं प्रयोजनमिति प्रश्नार्हम्।

व्युत्थानं तर्ह्यर्थप्राप्तत्वान्न चोदनार्हमिति

कामाभावे आत्मज्ञस्यापि गार्हस्थ्यानुपपत्तिः

गार्हस्थ्ये चेत्परं ब्रह्मविज्ञानं जातं

द्वारा "ये दोनों (साध्य-साधनरूप) एषणाएँ ही हैं" इस निश्चयके अनुसार यही ज्ञात होता है कि पुत्र-वित्तादि पांक्तलक्षण* कर्म काम्य ही हैं।

अतः विद्वान्‌के अविद्या आदि दोषोंका अभाव हो जानेके कारण अविद्या एवं कामनारूप दोषसे होनेवाली मन, वाणी और शरीरकी पांक्तरूपा प्रवृत्ति उपपन्न नहीं है; इसलिये व्युत्थान क्रियाका अभावमात्र हैं, वह यागादिके समान अनुष्ठेयरूप और भावात्मक नहीं है। वह तो विद्यावान् पुरुषका धर्म ही है; अतः उसके लिये किसी प्रयोजनका अन्वेषण करनेकी आवश्यकता नहीं है। अन्धकारमें प्रवृत्त होनेवाला पुरुष यदि प्रकाशके उदित होनेपर गड्ढे, कीचड़ और काँटे आदिमें नहीं गिरता तो 'इस (उसके न गिरने)-का क्या प्रयोजन है ? ऐसा प्रश्न नहीं किया जा सकता।

तब तो स्वभावतः प्राप्त होनेके कारण व्युत्थान चोदना (विधिवाक्य)-का विषय नहीं है। इसपर यदि कहो कि यदि किसीको गृहस्थाश्रममें ही परब्रह्मका ज्ञान हो जाय तो उसे उस आश्रममें ही

* पंक्ति छन्द पाँच अक्षरका होता है। उससे सदृशता होनेके कारण जिस कर्ममें पत्नी, पुत्र, दैववित्त, मानुषवित्त और कर्म—इन पाँच साधनोंका योग होता है वह पांक्तकर्म कहलाता है।

तत्रैवास्त्वकुर्वत आसनं न ततोऽन्यत्र गमनमिति चेन्न, कामप्रयुक्तत्वाद्गार्हस्थ्यस्य; ''एतावान्वै कामः'' (बृ० उ० १। ४। १७) इति ''उभे ह्येते एषणे एव'' (बृ० उ० ३। ५। १; ४। ४। २२) इत्यवधारणात्। कामनिमित्तपुत्र-वित्तादिसम्बन्धनियमाभावमात्रं न हि ततोऽन्यत्र गमनं व्युत्थानमुच्यते। अतो न गार्हस्थ्य एवाकुर्वत आसनमुत्पन्नविद्यस्य। एतेन गुरुशुश्रूषातपसोरप्यप्रतिपत्तिर्विदुषः सिद्धा।

कुछ न करते हुए बैठा रहना चाहिये, वहाँसे कहीं अन्यत्र नहीं जाना चाहिये, तो ऐसा कहना उचित नहीं; क्योंकि ''इतनी ही कामना है'' ''ये दोनों एषणाएँ ही हैं'' इत्यादि वाक्योंसे निश्चित किया जानेके कारण गृहस्थाश्रम तो कामनासे ही प्रयुक्त है। कामनाके निमित्तभूत पुत्र-वित्तादिके सम्बन्धके नियमका अभावमात्र ही 'व्युत्थान' है; उनके पाससे कहीं अन्यत्र चला जाना 'व्युत्थान' नहीं कहा जाता। अतः जिसे ज्ञान उत्पन्न हुआ है उसके लिये कुछ न करते हुए गृहस्थाश्रममें ही स्थित रहना सम्भव नहीं है। इससे विद्वान्के लिये गुरुशुश्रूषा और तपस्याकी भी अनुपपत्ति सिद्ध होती है।

अत्र केचिद् गृहस्था गृहस्थानामाक्षेपः भिक्षाटनादिभया-त्परिभवाच्च त्रस्यमानाः सूक्ष्मदृष्टितां दर्शयन्त उत्तरमाहुः, भिक्षोरपि भिक्षाटनादिनियमदर्शनाद्देहधारण-मात्रार्थिनो गृहस्थस्यापि साध्यसाधनैषणोभयविनिर्मुक्तस्य देहमात्रधारणार्थमशनाच्छादनमात्र-मुपजीवतो गृह एवास्त्वासनमिति।

इस विषयमें कोई-कोई गृहस्थ पुरुष भिक्षाटनादिके भय और तिरस्कारसे डरनेके कारण अपनी सूक्ष्मदर्शिता प्रकट करते हुए उत्तर देते हैं—'केवल देह-धारणमात्रके इच्छुक भिक्षुके लिये भी भिक्षाटनादिका नियम देखा जाता है; अतः [पुत्र-वित्तादि] साध्य और [कर्म-उपासना आदि] साधन दोनोंकी एषणाओंसे मुक्त हुए केवल देहधारणके लिये भोजनाच्छादनमात्रसे निर्वाह करनेवाले गृहस्थको भी घरहीमें रहना चाहिये।

न, स्वगृहविशेषपरिग्रहनियमस्य कामप्रयुक्तत्वादित्युक्तोत्तरमेतत्। स्वगृहविशेषपरिग्रहाभावे च शरीरधारणमात्रप्रयुक्ताशनाच्छादनार्थिनः स्वपरिग्रहविशेषाभावेऽर्थाद्भिक्षुकत्वमेव।

तस्य निरासः

परन्तु उनका ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि अपने गृहविशेषके परिग्रहका नियम कामनाप्रयुक्त ही है—इस प्रकार इसका उत्तर पहले दिया ही जा चुका है। और अपने गृहविशेषके परिग्रहका अभाव होनेपर तो केवल शरीरधारणमात्रके लिये भोजनाच्छादनकी इच्छा करनेवाले पुरुषको अपने परिग्रह विशेषका अभाव होनेके कारण स्वतः भिक्षुकत्व ही प्राप्त हो जाता है।

शरीरधारणार्थायां भिक्षाटनादिप्रवृत्तौ यथा नियमो भिक्षोः शौचादौ च, तथा गृहिणोऽपि विदुषोऽकामिनोऽस्तु नित्यकर्मसु नियमेन प्रवृत्तिर्यावज्जीवादिश्रुतिनियुक्तत्वात् प्रत्यवायपरिहारायेति। एतन्नियोगाविषयत्वेन विदुषः प्रत्युक्तमशक्यनियोज्यत्वाच्चेति।

विद्वन्न्यासविचारः

जिस प्रकार भिक्षुके लिये शरीररक्षामें उपयोगी भिक्षाटनादिकी प्रवृत्ति एवं शौचादिका नियम है उसी प्रकार विद्वान् और निष्काम गृहस्थको भी 'यावज्जीवादि' श्रुतिसे नियुक्त होनेके कारण प्रत्यवायकी निवृत्तिके लिये नित्यकर्मोंमें नियमसे प्रवृत्ति हो सकती है [ऐसा यदि कोई कहे तो] इस कथनका तो पहले ही प्रतिवाद किया जा चुका है; क्योंकि नियोगका अविषय होनेके कारण विद्वान् नियुक्त नहीं किया जा सकता।

यावज्जीवादिनित्यचोदनानर्थक्यमिति चेत्?

पूर्व०—तब तो 'यावज्जीवन अग्निहोत्र करे' इत्यादि नित्य विधिकी व्यर्थता ही सिद्ध होती है।

न, अविद्वद्विषयत्वेनार्थवत्त्वात्। यत्तु भिक्षोः शरीरधारण-

सिद्धान्ती—नहीं, अविद्वान्-विषयक होनेके कारण वह सार्थक है। केवल शरीरधारणमात्रके लिये

मात्रप्रवृत्तस्य प्रवृत्तेर्नियतत्वं तत्प्रवृत्तेर्न प्रयोजकम्। आचमनप्रवृत्तस्य पिपासापगमवन्नान्यप्रयोजनार्थत्वमवगम्यते। न चाग्निहोत्रादीनां तद्वदर्थप्राप्तप्रवृत्तिनियतत्वोपपत्तिः।

अर्थप्राप्तप्रवृत्तिनियमोऽपि प्रयोजनाभावेऽनुपपन्न एवेति चेत्?

न, तन्नियमस्य पूर्वप्रवृत्तिसिद्धत्वात्तदतिक्रमे यत्नगौरवात्। अर्थप्राप्तस्य व्युत्थानस्य पुनर्वचनाद्विदुषः कर्तव्यत्वोपपत्तिः। अविदुषापि मुमुक्षुणां पारिव्राज्यं विविदिषासंन्यासविधानम् कर्तव्यमेव। तथा च "शान्तो दान्तः" (बृ० उ० ४। ४। २३) इत्यादिवचनं प्रमाणम्। शमदमादीनां चात्मदर्शन-

भिक्षाटनादिमें प्रवृत्त हुए यतिकी प्रवृत्तिका जो नियतत्व है वह प्रवृत्तिका प्रयोजक नहीं है। आचमनमें प्रवृत्त हुए पुरुषकी पिपासानिवृत्तिके समान उसके भिक्षाटनादिका [क्षुधानिवृत्ति आदिके सिवा] कोई अन्य प्रयोजन नहीं समझा जाता। परन्तु इसके समान अग्निहोत्रादि कर्मोंका स्वतःप्राप्त प्रवृत्तिको नियत करना नहीं माना जा सकता।*

पूर्व०—परन्तु प्रयोजनका अभाव हो जानेपर तो स्वतःप्राप्त प्रवृत्तिका नियम भी व्यर्थ ही है?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि यह [भिक्षाटनादिका] नियम पूर्वप्रवृत्तिसे सिद्ध होनेके कारण उसके उल्लंघनमें अधिक प्रयत्नकी आवश्यकता है। और स्वभावतः प्राप्त व्युत्थानका ["व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति" आदि वाक्योंसे] पुनः विधान किया गया है, इसलिये विद्वान् मुमुक्षुके लिये उसकी कर्तव्यता उचित ही है। जिस मुमुक्षुको ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ है उसे भी संन्यास करना ही चाहिये। इस विषयमें "शान्तो दान्त उपरत-स्तितिक्षुः" आदि वचन प्रमाण हैं। तथा आत्मदर्शनके साधन

* क्योंकि वे तो स्वर्गादिकी कामनासे ही किये जाते हैं, उनकी प्रवृत्ति स्वाभाविक नहीं है।

साधनानामन्याश्रमेष्वनुपपत्तेः । "अत्याश्रमिभ्यः परमं पवित्रं प्रोवाच सम्यगृषिसङ्घजुष्टम्" (६। २१) इति च श्वेताश्वतरे विज्ञायते। "न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः" (कैवल्य० २) इति च कैवल्यश्रुतिः। "ज्ञात्वा नैष्कर्म्यमाचरेत्" इति च स्मृतेः। "ब्रह्माश्रमपदे वसेत्" इति च ब्रह्मचर्यादिविद्यासाधनानां च साकल्येनात्याश्रमिषूपपत्तेर्गार्हस्थ्येऽसंभवात्। न चासम्पन्नं साधनं कस्यचिदर्थस्य साधनायालम्। यद्विज्ञानोपयोगीनि च गार्हस्थ्याश्रमकर्माणि तेषां परमफलमुपसंहृतं देवताप्ययलक्षणं संसारविषयमेव। यदि कर्मिण एव परमात्मविज्ञानमभविष्यत् संसारविषयस्यैव फलस्योपसंहारो नोपापतस्यत्।

शमदमादिका अन्य आश्रमोंमें होना सम्भव भी नहीं है, जैसा कि "मन्त्रद्रष्टा ऋषियोंद्वारा भली प्रकार सेवित उस परम पवित्र तत्त्वका परमहंसोंको उपदेश किया" इत्यादि मन्त्रोंसे श्वेताश्वतरोपनिषद्में बतलाया गया है, तथा "कर्मसे, प्रजासे अथवा धनसे नहीं बल्कि त्यागसे ही किन्हीं-किन्हींने अमरत्व प्राप्त किया है" ऐसी कैवल्योपनिषद्की श्रुति भी है। और "ज्ञान प्राप्तकर नैष्कर्म्यका आचरण करे" इस स्मृतिसे भी यही सिद्ध होता है। "ब्रह्माश्रमपदे* वसेत्" इस स्मृतिके अनुसार ज्ञानप्राप्तिके साधन ब्रह्मचर्यादिकी सिद्धि भी सम्यक्-रीतिसे संन्यासियोंमें ही हो सकती है; क्योंकि गृहस्थाश्रममें उन साधनोंका होना असम्भव है; और अपूर्ण साधन किसी अर्थको सिद्ध करनेमें समर्थ नहीं है। गृहस्थाश्रमके कर्म जिस विज्ञानमें उपयोगी हैं उसके देवतामें लय होनारूप संसारविषयक परम फलका उपसंहार किया जा चुका है। यदि कर्मीको ही परमात्माका साक्षात् ज्ञान हुआ करता तो संसारविषयक फलका उपसंहार (अन्त) होना कभी सम्भव ही न था।

* ब्रह्माश्रम [अर्थात् ब्रह्मज्ञानके साधनभूत संन्यासाश्रम]-में निवास करे।

अङ्गफलं तदिति चेन्न। तद् देवताप्ययस्य विरोध्यात्मवस्तुविषयज्ञानाङ्गत्वनिरासः त्वादात्मविद्यायाः। निराकृतसर्वनामरूपकर्मपरमार्थात्मवस्तुविषयं ज्ञानममृतत्वसाधनम्। गुणफलसम्बन्धे हि निराकृतसर्वविशेषात्मवस्तुविषयत्वं ज्ञानस्य न प्राप्नोति। तच्चानिष्टम्, "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्" (बृ० उ० २। ४। १४) इत्यधिकृत्य क्रियाकारकफलादिसर्वव्यवहारनिराकरणाद्विदुषः। तद्विपरीतस्याविदुषो "यत्र हि द्वैतमिव" (बृ० उ० २। ४। १४) इत्युक्त्वा क्रियाकारकफलरूपस्यैव संसारस्य दर्शितत्वाच्च वाजसनेयिब्राह्मणे। तथेहापि देवताप्ययं संसारविषयं यत्फलमशनायादिमद्वस्त्वात्मकं तत्फलमुपसंहृत्य केवलं सर्वात्मकवस्तुविषयं ज्ञानममृतत्वाय वक्ष्यामीति प्रवर्तते।

यदि कहो कि वह तो अंगफलमात्र है* तो ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि आत्मविद्या तो उसके विरोधी आत्मतत्त्वसे सम्बन्ध रखनेवाली है। सब प्रकारके नाम, रूप और कर्मसे रहित परमार्थ आत्मतत्त्वसे सम्बन्ध रखनेवाला आत्मज्ञान तो अमरत्वका साधन है। उससे गौण फलका सम्बन्ध माननेपर तो ज्ञानका सर्वविशेषशून्य आत्मवस्तुसे सम्बन्धित होना ही सिद्ध नहीं होता। और यह इष्ट नहीं है, क्योंकि "जहाँ इसके लिये सब कुछ आत्मा ही हो गया है" इस प्रकार आरम्भ करके विद्वान्के लिये क्रिया, कारक और फल आदि सम्पूर्ण व्यवहारका निराकरण किया है। तथा उसके विपरीत अविद्वान्के लिये वाजसनेयिब्राह्मणमें "जहाँ कि द्वैतके समान होता है" ऐसा कहकर क्रिया, कारक और फलरूप संसारविषयको प्रदर्शित किया है। इसी प्रकार यहाँ (ऐतरेयोपनिषद्में) भी जो क्षुधा-पिपासादियुक्त वस्तुरूप संसारविषयक देवतालयसंज्ञक फल है उसका उपसंहार कर अब केवल सर्वात्मक वस्तुविषयक ज्ञानका ही अमरत्व-प्राप्तिके लिये वर्णन करूँगी—ऐसे अभिप्रायसे श्रुति प्रवृत्त होती है।

* अर्थात् देवतालयरूप जो संसारविषयक फल है वह कर्मका अंग—गौण फल है, मुख्य फल तो परमात्माका साक्षात्कार ही है।

ऋणप्रतिबन्धस्याविदुष एव मनुष्यपितृदेवलोकप्राप्तिं प्रति, न विदुषः। "सोऽयं मनुष्यलोकः पुत्रेणैव" (बृ० उ० १। ५। १६) इत्यादिलोकत्रयसाधननियमश्रुतेः। विदुषश्च ऋणप्रतिबन्धाभावो दर्शित आत्मलोकार्थिनः "किं प्रजया करिष्यामः" (बृ० उ० ४। ४। २२) इत्यादिना। तथा "एतद्ध स्म वै तद्विद्वांस आहुर्ऋषयः कावषेयाः" इत्यादि। "एतद्ध स्म वै तत्पूर्वे विद्वांसोऽग्निहोत्रं न जुहवाञ्चक्रुः" (कौषी० २। ५) इति च कौषीतकिनाम्।

ऋणप्रतिबन्ध-विचारः

तथा देवलोक, पितृलोक और मनुष्यलोककी प्राप्तिमें ऋणोंका प्रतिबन्ध तो अज्ञानीके ही लिये है, ज्ञानीके लिये नहीं, जैसा कि "उस इस मनुष्य-लोकको पुत्रके द्वारा ही [जीता जा सकता है]" इत्यादि लोकत्रयकी प्राप्तिके साधनका नियम करनेवाली श्रुतिसे सिद्ध होता है। तथा आत्मलोकके इच्छुक विद्वान्के लिये "हम प्रजासे क्या करेंगे?" इत्यादि वाक्योंद्वारा ऋणोंके प्रतिबन्धका अभाव दिखलाया है, इसी प्रकार "वे प्रसिद्ध आत्मवेत्ता कावषेय ऋषि बोले—[मैं अध्ययन कैसे करूँ? होम कैसे करूँ?]" इत्यादि श्रुति है तथा ऐसी ही "उस इस आत्मतत्त्वको जाननेवाले पूर्ववर्ती विद्वान् अग्निहोत्र नहीं करते थे।" यह कौषीतकी शाखाकी श्रुति है।

अविदुषस्तर्हि ऋणानपाकरणे पारिव्राज्यानुपपत्तिरिति चेत्?

पूर्व०—तब अविद्वान्के लिये तो ऋणोंका परिशोध बिना किये संन्यास करना बन नहीं सकता?

न; प्राग्गार्हस्थ्यप्रतिपत्तेर्ऋणित्वासंभवात्। अधिकारानारूढोऽप्यृणी चेत्स्यात् सर्वस्य ऋणित्वमित्यनिष्टं प्रसज्येत। प्रतिपन्नगार्हस्थ्यस्यापि "गृहाद्वनी भूत्वा प्रव्रजेद्यदि वेतरथा

सिद्धान्ती—यह बात नहीं है, क्योंकि गृहस्थाश्रमकी प्राप्तिसे पूर्व तो ऋणित्व ही असम्भव है। यदि अधिकारारूढ न हुआ पुरुष भी ऋणी हो सकता है तो सभीका ऋणी होना सिद्ध होगा और इस प्रकार बड़ा अनिष्ट प्राप्त होगा। जो

ब्रह्मचर्यादेव प्रव्रजेद्गृहाद्वा वनाद्वा'' (जा० उ० ४) इत्यात्मदर्शनोपायसाधनत्वेनेष्यत एव पारिव्राज्यम्।

यावज्जीवादिश्रुतीनामविद्वद्विषयत्वम्

यावज्जीवादिश्रुतीनामविद्वदमुमुक्षुविषये कृतार्थता। छान्दोग्ये च केषांचिद् द्वादशरात्रमग्निहोत्रं हुत्वा तत ऊर्ध्वं परित्यागः श्रूयते।

संन्यासस्य कर्मानधिकारिविषयत्वनिरासः

यत्त्वनधिकृतानां पारिव्राज्यमिति, तन्न, तेषां पृथगेव ''उत्सन्नाग्निरनग्निको वा'' इत्यादिश्रवणात्। सर्वस्मृतिषु चाविशेषेणाश्रमविकल्पः प्रसिद्धः समुच्चयश्च।

यत्तु विदुषोऽर्थप्राप्तं व्युत्थान-

गृहस्थाश्रमको प्राप्त हो गया है उस पुरुषके लिये भी ''गृहस्थाश्रमसे वानप्रस्थ होकर संन्यास करे अथवा [इस क्रमको छोड़कर] अन्य प्रकारसे यानी ब्रह्मचर्यसे, गृहस्थाश्रमसे अथवा वानप्रस्थाश्रमसे ही संन्यास कर दे'' इत्यादि श्रुतियोंद्वारा आत्मदर्शनके साधनके उपायरूपसे संन्यास प्राप्त हो ही जाता है। अविद्वान् और अमुमुक्षु पुरुषोंके विषयमें ''यावज्जीवन अग्निहोत्र करे'' इत्यादि श्रुतियोंकी भी कृतार्थता है। छान्दोग्यमें तो किन्हीं-किन्हींके लिये बारह रात्रि अग्निहोत्र करके तदनन्तर उसका परित्याग करना सुना जाता है।

और तुमने जो कहा कि जिन्हें कर्मका अधिकार नहीं है उन्हींके लिये संन्यासका विधान है, सो ऐसी बात नहीं है, क्योंकि उनके विषयमें ''उत्सन्नाग्निरनग्निको वा''[१] इत्यादि अलग ही श्रुति है। तथा समस्त स्मृतियोंमें भी आश्रमोंका विकल्प[२] और समुच्चय[३] सामान्यरूपसे प्रसिद्ध ही है।

तथा यह जो कहा कि विद्वान्को

१. जिसके अग्निहोत्रकी अग्नि प्रमादवश शान्त हो गयी है अथवा जिसने अग्निका परिग्रह नहीं किया है।

२. क्रमकी अपेक्षा न करके जिस आश्रमसे संन्यास लेनेकी इच्छा हो उसीसे ले लेना।

३. एक आश्रमसे दूसरे आश्रममें क्रमानुसार जाना।

व्युत्थानविधि-विचारः

मित्यशास्त्रार्थत्वे, गृहे वने वा तिष्ठतो न विशेष इति, तदसत्; व्युत्थानस्यैवार्थप्राप्तत्वान्नान्यत्रावस्थानं स्यात्। अन्यत्रावस्थानस्य कामकर्मप्रयुक्तत्वं ह्यवोचाम, तदभावमात्रं व्युत्थानमिति च।

जो कर्मत्यागकी स्वतः प्राप्ति बतलायी है, सो शास्त्रका विषय न होनेके कारण उसके घर या वनमें रहनेमें कोई विशेषता नहीं है; ऐसा कहना ठीक नहीं। व्युत्थानके स्वतः प्राप्त होनेके कारण ही उसकी अन्यत्र [यानी गृहस्थाश्रममें] स्थिति नहीं हो सकती। अन्यत्र स्थितिको तो हमने कामना और कर्मसे प्रेरित ही बतलाया है; और उसके अभावको ही व्युत्थान कहा है।

विदुषो यथा-कामित्वनिषेधः

यथाकामित्वं तु विदुषोऽत्यन्तमप्राप्तमत्यन्तमूढविषयत्वेनावगमात्। तथा शास्त्रचोदितमपि कर्म आत्मविदोऽप्राप्तं गुरुभारतयावगम्यते। किमुतात्यन्ताविवेकनिमित्तं यथाकामित्वम्। न हि उन्मादतिमिरदृष्ट्युपलब्धं वस्तु तदपगमेऽपि तथैव स्यात्। उन्मादतिमिरदृष्टिनिमित्तत्वादेव तस्य। तस्मादात्मविदो व्युत्थानव्यतिरेकेण न यथाकामित्वं न चान्यत्कर्तव्यमित्येतत्सिद्धम्।

स्वेच्छाचार तो अत्यन्त मूढका विषय समझा गया है, इसलिये विद्वान्के लिये वह अत्यन्त अप्राप्त है। तथा विद्वान्के लिये तो अत्यन्त भाररूप होनेके कारण शास्त्रोक्त कर्मकी भी अप्राप्ति समझी जाती है। फिर अत्यन्त अविवेकके कारण होनेवाले स्वेच्छाचारकी तो बात ही क्या है? उन्माद अथवा तिमिररोगसे दूषित दृष्टिद्वारा उपलब्ध हुई वस्तु उसके निवृत्त हो जानेपर भी वैसी ही नहीं रहती; क्योंकि वह तो उन्माद अथवा तिमिरदृष्टिके कारण ही वैसी प्रतीत होती है। अतः यह सिद्ध हुआ कि आत्मवेत्ताके लिये व्युत्थानको छोड़कर न तो स्वेच्छाचार ही है और न कोई अन्य कर्तव्य ही शेष रहता है।

विदुषो ज्ञानकर्म-समुच्चयानुपपत्तिः

यत्तु—"विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳसह" (ई० उ० ११) इति न विद्यावतो विद्यया सहाविद्यापि वर्तते इत्ययमर्थः; कस्तर्हि एकस्मिन्पुरुषे एते एकदैव न सह सम्बध्येयातामित्यर्थः। यथा शुक्तिकायां रजतशुक्तिकाज्ञाने एकस्य पुरुषस्य। "दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्येति ज्ञाता" (क० उ० १। २। ४) इति हि काठके। तस्मान्न विद्यायां सत्यामविद्यासम्भवोऽस्ति।

तथा ऐसा जो कहा है कि "जो पुरुष विद्या और अविद्या दोनोंको साथ-साथ जानता है" वह इसलिये नहीं है कि विद्वान्‌में विद्याके साथ अविद्या भी रहती है। तो फिर उसका क्या प्रयोजन है? उसका तात्पर्य तो यही है कि एक ही पुरुषमें ये दोनों साथ-साथ नहीं रह सकते; जिस प्रकार कि सीपीमें एक पुरुषको [एक ही समय] चाँदी और सीपी दोनोंका ज्ञान नहीं हो सकता। कठोपनिषद्‌में भी कहा है— "जो विद्या और अविद्या नामसे जानी जाती हैं वे परस्पर अत्यन्त विपरीत (विरुद्ध स्वभाववाली) हैं।" अतः विद्याके रहते हुए अविद्याका रहना किसी प्रकार सम्भव नहीं है।

"तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व" (तै० उ० ३। २) इत्यादिश्रुतेः, तप आदि विद्योत्पत्तिसाधनं गुरूपासनादि च कर्म अविद्यात्मकत्वादविद्योच्यते तेन विद्यामुत्पाद्य मृत्युं काममतितरति। ततो निष्कामस्त्यक्तैषणो ब्रह्मविद्यया अमृतत्वमश्नुत इत्येतमर्थं दर्शयन्नाह—"अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते" (ई० उ० ११) इति।

"तपसे ब्रह्मको जाननेकी इच्छा कर" इत्यादि श्रुतिके अनुसार तप आदि विद्योत्पत्तिके साधन और गुरुकी उपासना आदि कर्म अविद्यामय होनेके कारण 'अविद्या' कहे जाते हैं। उस अविद्यारूप कर्मसे विद्याको उत्पन्न करके वह मृत्यु यानी कामनाको पार कर जाता है। तब वह निष्काम और एषणामुक्त पुरुष ब्रह्मविद्यासे अमरत्व प्राप्त कर लेता है—इसी अर्थको प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि "अविद्यासे मृत्युको पारकर विद्यासे अमरत्व प्राप्त कर लेता है।"

यत्तु पुरुषायुः सर्वं कर्मणैव व्याप्तं "कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳसमाः" (ई० उ० २) इति तदविद्वद्विषयत्वेन परिहृतमितरथासम्भवात्। यत्तु वक्ष्यमाणमपि पूर्वोक्ततुल्यत्वात्कर्मणाविरुद्धमात्मज्ञानमिति, तत्सविशेषनिर्विशेषात्मतया प्रत्युक्तम्, उत्तरत्र व्याख्याने च दर्शयिष्यामः। अतः केवलनिष्क्रियब्रह्मात्मकत्वविद्यादर्शनार्थमुत्तरो ग्रन्थ आरभ्यते—

उपसंहारः

"कर्म करते हुए ही सौ वर्षतक जीवित रहनेकी इच्छा करे" इस मन्त्रद्वारा जो यह कहा गया था कि पुरुषकी सारी आयु कर्मसे ही व्याप्त है उसका 'वह अविद्वान्‌से सम्बन्ध रखनेवाला है'— ऐसा बतलाकर खण्डन कर दिया गया, क्योंकि अन्य प्रकार वैसा होना असम्भव है तथा तुमने जो कहा था कि आगे कहा जानेवाला आत्मज्ञान भी पूर्वोक्त [श्रुतिकथित] ज्ञानके तुल्य होनेके कारण कर्मसे अविरुद्ध ही है उस कथनको भी सविशेष और निर्विशेष आत्मविषयक बतलाकर खण्डन कर चुके हैं और आगेकी व्याख्यामें इसका दिग्दर्शन भी करायेंगे। अब यहाँसे केवल निष्क्रिय ब्रह्म और आत्माकी एकताका ज्ञान प्रदर्शित करनेके लिये आगेका ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है—

आत्माके ईक्षणपूर्वक सृष्टि

ॐ आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्। नान्यत्किंचन मिषत्। स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति॥ १॥

पहले यह [जगत्] एकमात्र आत्मा ही था; उसके सिवा और कोई सक्रिय वस्तु नहीं थी। उसने यह सोचा कि 'लोकोंकी रचना करूँ'॥ १॥

आत्मा आप्नोतेरत्तेरततेर्वा परः सर्वज्ञः सर्वशक्तिरशनायादिसर्वसंसारधर्मवर्जितो नित्य-

[व्याप्तिबोधक] 'आप्', [भक्षणार्थक] 'अद्' अथवा [सतत गमनबोधक] 'अत्' धातुसे 'आत्मा' शब्द निष्पन्न हुआ है। यह जो नाम, रूप और

शुद्धबुद्धमुक्तस्वभावोऽजोऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयोऽद्वयो वै; इदं यदुक्तं नामरूपकर्मभेदभिन्नं जगदात्मैवैकोऽग्रे जगतः सृष्टेः प्रागासीत्।

कर्मके भेदसे विविधरूप प्रतीत होनेवाला जगत् कहा गया है वह पहले यानी संसारकी सृष्टिसे पूर्व सर्वश्रेष्ठ, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् क्षुधा-पिपासा आदि सम्पूर्ण सांसारिक धर्मोंसे रहित, नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्त स्वभाव, अजन्मा, अजर, अमर, अमृत, अभय और अद्वयरूप आत्मा ही था।

किं नेदानीं स एवैकः?

पूर्व०—क्या इस समय भी एकमात्र वही नहीं है?

न।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है।

कथं तर्ह्यासीदित्युच्यते?

पूर्व०—तो फिर 'आसीत् (था)' ऐसा क्यों कहा है?

यद्यपीदानीं स एवैकस्तथाप्यस्ति विशेषः। प्रागुत्पत्तेरव्याकृतनामरूपभेदमात्मभूतमात्मैकशब्दप्रत्ययगोचरं जगदिदानीं व्याकृतनामरूपभेदत्वादनेकशब्दप्रत्ययगोचरमात्मैकशब्दप्रत्ययगोचरं चेति विशेषः।

सिद्धान्ती—यद्यपि इस समय भी अकेला वही है तो भी कुछ विशेषता अवश्य है। [वह विशेषता यही है कि] उत्पत्तिसे पूर्व यह जगत् नाम-रूपादि भेदके व्यक्त न होनेके कारण आत्मभूत और एक 'आत्मा' शब्दकी प्रतीतिका ही विषय था और इस समय नाम-रूपादि भेदके व्यक्त हो जानेसे वह अनेक शब्दोंकी प्रतीतिका विषय तथा एकमात्र 'आत्मा' शब्दकी प्रतीतिका विषय भी हो रहा है;।

यथा सलिलात्पृथक्फेननामरूपव्याकरणात्प्राक्सलिलैकशब्द-

जिस प्रकार जलसे पृथक् फेनके नाम और रूपकी अभिव्यक्ति होनेसे पूर्व फेन एकमात्र 'जल' शब्दकी प्रतीतिका

प्रत्ययगोचरमेव फेनम्, यदा सलिलात्पृथङ्नामरूपभेदेन व्याकृतं भवति तदा सलिलं फेनं चेत्यनेकशब्दप्रत्ययभाक्सलिलमेवेति चैकशब्दप्रत्ययभाक्च फेनं भवति तद्वत्।

ही विषय था; किन्तु जिस समय वह जलसे अलग नाम और रूपके भेदसे व्यक्त हो जाता है उस समय वह फेन 'जल' और 'फेन' इस प्रकार अनेक शब्दोंकी प्रतीतिका विषय तथा केवल 'जल' इस एक शब्दकी प्रतीतिका विषय भी हो जाता है; उसी प्रकार [उपर्युक्त भेद भी समझना चाहिये]।

नान्यत्किंचन न किंचिदपि मिषन्निमिषद्व्यापारवदितरद्वा। यथा सांख्यानामनात्मपक्षपाति स्वतन्त्रं प्रधानं यथा च काणादानामणवो न तद्वदिहान्यदात्मनः किंचिदपि वस्तु विद्यते। किं तर्हि? आत्मैवैक आसीदित्यभिप्रायः।

उसके सिवा अन्य कोई व्यापारयुक्त अथवा निष्क्रिय वस्तु नहीं थी। जिस प्रकार सांख्यवादियोंके मतमें आत्मासे अतिरिक्त स्वतन्त्र प्रधान था, तथा कणादमतावलम्बियोंके विचारमें परमाणु थे उस प्रकार इस (औपनिषद सिद्धान्त)-में आत्मासे अतिरिक्त और कोई वस्तु नहीं थी। तो फिर क्या था? एकमात्र आत्मा ही था—यह इसका अभिप्राय है।

स सर्वज्ञस्वाभाव्याद् आत्मा एक एव सन्नीक्षत। ननु प्रागुत्पत्तेरकार्यकरणत्वात्कथमीक्षितवान्। नायं दोषः, सर्वज्ञस्वाभाव्यात् तथा च मन्त्रवर्णः—"अपाणिपादो जवनो ग्रहीता" (श्वे० उ० ३। १९) इत्यादिः।

सर्वज्ञस्वभाव होनेके कारण उस आत्माने अकेले होते हुए ही ईक्षण (चिन्तन) किया। यदि कहो कि जगत्‌की उत्पत्तिसे पूर्व कार्य और करणका अभाव रहते हुए भी उसने किस प्रकार ईक्षण किया? तो यह कोई दोषकी बात नहीं है; क्योंकि वह आत्मा स्वभावसे ही सर्वज्ञ है। इस विषयमें "हाथ-पाँववाला न होकर भी वेगवान् और ग्रहण करनेवाला है' इत्यादि मन्त्रवर्ण भी है।

केनाभिप्रायेणेत्याह— लोकान् अम्भःप्रभृतीन् प्राणिकर्मफलोपभोगस्थानभूतान्नु सृजै सृजेऽहमिति ॥ १ ॥

उसने किस अभिप्रायसे ईक्षण किया? इसपर श्रुति कहती है—'मैं प्राणियोंके कर्मफलोपभोगके आश्रयभूत अम्भ आदि लोकोंकी रचना करूँ' इस प्रकार ईक्षण किया ॥ १ ॥

सृष्टिक्रम

एवमीक्षित्वा आलोच्य—

इस प्रकार ईक्षण यानी आलोचना करके—

स इमाँल्लोकानसृजत। अम्भो मरीचीर्मरमापोदोऽम्भः परेण दिवं द्यौः प्रतिष्ठान्तरिक्षं मरीचयः पृथिवी मरो या अधस्तात्ता आपः ॥ २ ॥

उसने अम्भ, मरीचि, मर और आप—इन लोकोंकी रचना की। जो द्युलोकसे परे है और स्वर्ग जिसकी प्रतिष्ठा है वह 'अम्भ' है, अन्तरिक्ष (भुवर्लोक) 'मरीचि' है, पृथिवी 'मरलोक' है और जो [पृथिवी] नीचे है वह 'आप' है ॥ २ ॥

स आत्मेमाँल्लोकानसृजत सृष्टवान्। यथेह बुद्धिमांस्तक्षादिरेवंप्रकारान्प्रासादादीन्सृज इति ईक्षित्वेक्षानन्तरं प्रासादादीन्सृजति तद्वत्।

उस आत्माने इन लोकोंकी रचना की। जिस प्रकार इस लोकमें बुद्धिमान् शिल्पकार आदि 'मैं इस प्रकारके महल आदि बनाऊँ' ऐसा विचार करके उस विचारके अनन्तर ही महल आदिकी रचना करते हैं उसी प्रकार [उसने ईक्षण करके इन लोकादिकी रचना की]।

ननु सोपादानस्तक्षादिः प्रासादादीन्सृजतीति युक्तं

शंका—शिल्पकारादि तो उन महल आदिकी उपादान सामग्रीसे युक्त होते हैं

निरुपादानस्त्वात्मा कथं लोकान् सृजति ?

नैष दोषः; सलिलफेन-स्थानीये आत्मभूते नामरूपे अव्याकृते आत्मैकशब्दवाच्ये व्याकृतफेनस्थानीयस्य जगत उपादानभूते सम्भवतः। तस्माद् आत्मभूतनामरूपोपादानभूतः सन्सर्वज्ञो जगन्निर्मिमीत इत्यविरुद्धम्।

निरुपादानस्य आत्मनः सृष्टि-कर्तृत्वम्

अथवा, यथा विज्ञानवान्मायावी निरुपादान आत्मानमेव आत्मान्तरत्वेनाकाशेन गच्छन्तमिव निर्मिमीते, तथा सर्वज्ञो देवः सर्वशक्तिर्महामाय आत्मानमेवात्मान्तरत्वेन जगद्रूपेण निर्मिमीत इति युक्ततरम्। एवं च सति कार्यकारणोभयासद्वाद्यादि-पक्षाश्च न प्रसज्जन्ते सुनिराकृताश्च भवन्ति।

काँल्लोकानसृजतेत्याह—

आत्मसृष्ट- अम्भो मरीचीर्मरमाप

इसलिये वे महल आदिकी रचना करते हैं—ऐसा कहना ठीक ही है; किन्तु उपादान (सामग्री)-से रहित आत्मा किस प्रकार लोकोंकी रचना करता है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है; क्योंकि जलमें [व्यक्त न हुए] फेनस्थानीय अव्याकृत नाम और रूप, जो आत्मस्वरूप और एकमात्र 'आत्मा' शब्दके ही वाच्य हैं, व्याकृत फेनस्वरूप जगत्के उपादान हो सकते हैं। अतः वह सर्वज्ञ आत्मा अपने आत्मभूत नाम और रूपका उपादानस्वरूप होकर जगत्की रचना करता है—इसमें कोई विरोध नहीं है।

अथवा जिस प्रकार बुद्धियुक्त मायावी कोई उपादान न होनेपर भी स्वयं अपनेहीको अपने अन्यरूपसे आकाशमें चलता हुआ-सा बना लेता है, उसी प्रकार वह सर्वशक्तिमान्, महामायावी, सर्वज्ञ देव अपनेहीको जगत्-रूप अपने अन्य स्वरूपसे रच लेता है—यह बहुत युक्तियुक्त ही है। ऐसा होनेपर कार्य और कारण—इन दोनोंको असत् बतलानेवालोंके [असद्वाद आदि] पक्षोंकी प्राप्ति नहीं होती और उनका पूर्णतया निराकरण हो जाता है।

उसने किन लोकोंकी रचना की ? इसपर कहते हैं—अम्भ, मरीचि, मर

लोकाख्यानम् इति। आकाशादिक्रमेण अण्डमुत्पाद्याम्भःप्रभृतीन् लोकानसृजत। तत्राम्भःप्रभृतीन् स्वयमेव व्याचष्टे श्रुतिः।

और आप आदिकी। उसने आकाशादिक्रमसे अण्डको उत्पन्न कर अम्भ आदि लोकोंकी रचना की। उन अम्भ आदि लोकोंकी श्रुति स्वयं ही व्याख्या करती है।

अदस्तदम्भःशब्दवाच्यो लोकः परेण दिवं द्युलोकात्परेण परस्तात्; सोऽम्भःशब्दवाच्यः, अम्भो भरणात्। द्यौः प्रतिष्ठाश्रयस्तस्याम्भसो लोकस्य। द्युलोकादधस्तादन्तरिक्षं यत्तन्मरीचयः। एकोऽप्यनेकस्थानभेदत्वाद्बहुवचनभाक्—मरीचय इति; मरीचिभिर्वा रश्मिभिः सम्बन्धात्। पृथिवी मरो म्रियन्तेऽस्मिन् भूतानीति। या अधस्तात् पृथिव्यास्ता आप उच्यन्ते; आप्नोतेः, लोकाः। यद्यपि पञ्चभूतात्मकत्वं लोकानां तथाप्यबाहुल्यादब्नामभिरेवाम्भो मरीचीर्मरमाप इत्युच्यन्ते॥ २॥

अदः—वह 'अम्भ' शब्दसे कहा जानेवाला लोक है, जो द्युलोकसे परे है; वह जल (मेघों)-को धारण करनेवाला होनेसे 'अम्भ' शब्दसे कहा जाता है। उस अम्भलोकका द्युलोक प्रतिष्ठा यानी आश्रय है। द्युलोकसे नीचे जो अन्तरिक्ष है वह मरीचिलोक है। वह एक होनेपर भी अनेकों स्थान-भेदोंके कारण 'मरीचयः' इस प्रकार बहुवचनरूपसे प्रयुक्त हुआ है। अथवा किरणोंसे सम्बन्धित होनेके कारण वह 'मरीचि' कहलाता है। पृथ्वी 'मर' है; क्योंकि उसमें प्राणी मरते हैं। जो लोक पृथ्वीसे नीचेकी ओर हैं वे 'आप' कहलाते हैं; क्योंकि 'अप्' शब्द [नीचेके लोकोंमें रहनेवाले प्राणियोंद्वारा प्राप्य होनेके कारण प्राप्तिरूप अर्थवाले] 'आप्' धातुसे बना हुआ है। यद्यपि सभी लोक पंचभूतमय हैं तथापि अम्भ, मरीचि, मर और आप—ये लोक आप (जल)-की अधिकता होनेके कारण 'आप' ही कहे जाते हैं॥ २॥

पुरुषरूप लोकपालकी रचना

सर्वप्राणिकर्मफलोपादानाधिष्ठान-भूतांश्चतुरो लोकान् सृष्ट्वा—

सम्पूर्ण प्राणियोंके कर्मफलरूप उपादानके अधिष्ठानभूत चारों लोकोंकी रचना कर—

स ईक्षतेमे नु लोका लोकपालान्नु सृजा इति सोऽद्भ्य एव पुरुष समुद्धृत्यामूर्छयत्॥ ३॥

उसने ईक्षण (विचार) किया कि—'ये लोक तो तैयार हो गये, अब लोकपालोंकी रचना करूँ'—ऐसा सोचकर उसने जलमेंसे ही एक पुरुष निकालकर अवयवयुक्त किया॥ ३॥

स ईश्वरः पुनरेवेक्षत। इमे नु अम्भःप्रभृतयो मया सृष्टा लोकाः परिपालयितृवर्जिता विनश्येयुः, तस्मादेषां रक्षणार्थं लोकपालाँल्लोकानां पालयितॄन्नु सृजै सृजेऽहमिति।

एवमीक्षित्वा सोऽद्भ्य एव अप्प्रधानेभ्य एव पञ्चभूतेभ्यो येभ्योऽम्भःप्रभृतीन्सृष्टवांस्तेभ्य एवेत्यर्थः। पुरुषं पुरुषाकारं शिरःपाण्यादिमन्तं समुद्धृत्य अद्भ्यः समुपादाय मृत्पिण्डमिव कुलालः पृथिव्याः, अमूर्छयन्मूर्छितवान् संपिण्डितवान् स्वावयवसंयोजनेनेत्यर्थः॥ ३॥

उस ईश्वरने फिर भी ईक्षण (विचार) किया। मेरे रचे हुए ये अम्भ आदि लोक बिना किसी रक्षकके नष्ट हो जायँगे। अतः इनकी रक्षाके लिये मैं लोकपालोंकी—लोकोंकी रक्षा करनेवालोंकी रचना करूँ।

ऐसा सोचकर उसने जलसे—जलप्रधान पंचभूतोंसे अर्थात् जिनसे उसने अम्भ आदि लोकोंकी रचना की थी उन्हींसे पुरुष यानी सिर और हाथ आदिवाले पुरुषाकारको, जिस प्रकार कुम्हार पृथिवीसे मिट्टीका पिण्ड निकालता है, उसी प्रकार निकालकर मूर्छित किया अर्थात् अवयवोंकी योजनाकर उसको बढ़ाया॥ ३॥

इन्द्रियगोलक, इन्द्रिय और इन्द्रियाधिष्ठाता देवताओंकी उत्पत्ति

तमभ्यतपत्तस्याभितप्तस्य मुखं निरभिद्यत यथाण्डं

मुखाद्वाग्वाचोऽग्निर्नासिके निरभिद्येतां नासिकाभ्यां प्राणः प्राणाद्वायुरक्षिणी निरभिद्येतामक्षिभ्यां चक्षुश्चक्षुष आदित्यः कर्णौ निरभिद्येतां कर्णाभ्यां श्रोत्रं श्रोत्राद्दिशस्त्वङ्निरभिद्यत त्वचो लोमानि लोमभ्य ओषधिवनस्पतयो हृदयं निरभिद्यत हृदयान्मनो मनसश्चन्द्रमा नाभिर्निरभिद्यत नाभ्या अपानोऽपानान्मृत्युः शिश्नं निरभिद्यत शिश्नाद्रेतो रेतस आपः ॥ ४ ॥

उस विराट् पुरुषके उद्देश्यसे ईश्वरने संकल्प किया। उस संकल्प किये पिण्डसे अण्डेके समान मुख उत्पन्न हुआ। मुखसे वाक् और वागिन्द्रियसे अग्नि उत्पन्न हुआ। [फिर] नासिकारन्ध्र प्रकट हुए, नासिकारन्ध्रोंसे प्राण हुआ और प्राणसे वायु। [इसी प्रकार] नेत्र प्रकट हुए तथा नेत्रोंसे चक्षु-इन्द्रिय और चक्षुसे आदित्य उत्पन्न हुआ। [फिर] कान उत्पन्न हुए तथा कानोंसे श्रोत्रेन्द्रिय और श्रोत्रसे दिशाएँ प्रकट हुईं। [तदनन्तर] त्वचा प्रकट हुई तथा त्वचासे लोम और लोमोंसे ओषधि एवं वनस्पतियाँ उत्पन्न हुईं। [इसी प्रकार] हृदय उत्पन्न हुआ तथा हृदयसे मन और मनसे चन्द्रमा प्रकट हुआ। [फिर] नाभि उत्पन्न हुई तथा नाभिसे अपान और अपानसे मृत्युकी अभिव्यक्ति हुई। [तदनन्तर] शिश्न प्रकट हुआ तथा शिश्नसे रेतस् और रेतस्से आप उत्पन्न हुआ॥ ४॥

तं पिण्डं पुरुषविधमुद्दिश्याभ्यतपत्। तदभिध्यानं संकल्पं कृतवानित्यर्थः, "यस्य ज्ञानमयं तपः" (मु० उ० १। १। ९) इत्यादिश्रुतेः। तस्याभितप्तस्येश्वरसंकल्पेन तपसाभितप्तस्य पिण्डस्य मुखं निरभिद्यत मुखाकारं सुषिरमजायत यथा पक्षिणोऽण्डं निर्भिद्यत एवम्। तस्मान्निर्भिन्नान्मुखाद्वाक्करणमिन्द्रियं निरवर्तत;

उस पुरुषाकारपिण्डके उद्देश्यसे ईश्वरने तप किया। अर्थात् उसका अभिध्यान यानी संकल्प किया, जैसा कि "जिसका तप ज्ञानमय है" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है। उस अभितप्त—ईश्वरके संकल्परूप तपसे तपे हुए पिण्डका मुख प्रकट हुआ अर्थात् उसमें मुखाकार छिद्र इस प्रकार उत्पन्न हो गया जैसे कि पक्षीका अण्डा फट जाता है। उस छिद्ररूप मुखसे वाक्-इन्द्रिय उत्पन्न हुई और उस वाक्से वाणीका

तदधिष्ठाताग्निस्ततो वाचो लोकपालः। तथा नासिके निरभिद्येताम्। नासिकाभ्यां प्राणः, प्राणाद्वायुः, इति सर्वत्राधिष्ठानं करणं देवता च त्रयं क्रमेण निर्भिन्नमिति। अक्षिणी कर्णौ त्वग् हृदयमन्तःकरणाधिष्ठानम्, मनोऽन्तःकरणम्। नाभिः सर्वप्राणबन्धनस्थानम्। अपान-संयुक्तत्वादपान इति पाय्विन्द्रिय-मुच्यते। तस्मात् तस्याधिष्ठात्री देवता मृत्युः। यथान्यत्र, तथा शिश्नं निरभिद्यत प्रजननेन्द्रियस्थानम्। इन्द्रियं रेतो रेतोविसर्गार्थत्वात्सह रेतसोच्यते। रेतस आप इति॥ ४॥

अधिष्ठाता लोकपाल अग्नि हुआ। इसी प्रकार नासिकारन्ध्र उत्पन्न हुए, उन नासिकारन्ध्रोंसे प्राण और प्राणसे वायु हुआ। इस प्रकार सभी जगह इन्द्रियगोलक, इन्द्रिय और उसके अधिष्ठाता देव— ये तीनों ही क्रमशः उत्पन्न हुए। दो नेत्र, दो कान और त्वचा [—ये इन्द्रियस्थान हैं], हृदय अन्तःकरणका अधिष्ठान है और मन अन्तःकरण है। नाभि सम्पूर्ण प्राणोंके बन्धनका स्थान है। अपान वायुयुक्त होनेके कारण पायु इन्द्रिय अपान कहलाती है; उससे उसकी अधिष्ठात्री देवता मृत्यु उत्पन्न हुई। जैसे कि अन्यत्र [इन्द्रिय, इन्द्रियस्थान और देवता] बतलाये गये हैं, उसी प्रकार प्रजननेन्द्रियका आश्रयस्थान शिश्न उत्पन्न हुआ। उसमें रेतः इन्द्रिय है, जो रेतोविसर्ग (वीर्यत्याग)-की हेतुभूत होनेसे रेतः (वीर्य)-के सम्बन्धसे 'रेतस्' कही जाती है और रेतःसे आप (वीर्यके अधिष्ठाता जल)-का प्रादुर्भाव हुआ॥ ४॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतावैतरेयोपनिषद्भाष्ये प्रथमाध्याये
प्रथमः खण्डः समाप्तः॥ १॥

द्वितीय खण्ड

देवताओंकी अन्न एवं आयतनयाचना

ता एता देवताः सृष्टा अस्मिन् महत्यर्णवे प्रापतंस्तमशनायापिपासाभ्यामन्ववार्जत् ता एनमब्रुवन्नायतनं नः प्रजानीहि यस्मिन् प्रतिष्ठिता अन्नमदामेति॥ १ ॥

वे ये [इस प्रकार] रचे हुए [इन्द्रियाभिमानी] देवगण इस महासमुद्रमें पतित हो गये। उस (पिण्ड)-को [परमात्माने] क्षुधा-पिपासासे संयुक्त कर दिया। तब उन इन्द्रियाभिमानी देवताओंने उससे कहा—हमारे लिये कोई आश्रयस्थान बतलाइये, जिसमें स्थित होकर हम अन्न भक्षण कर सकें॥ १॥

ता एता अग्न्यादयो देवता लोकपालत्वेन संकल्प्य सृष्टा ईश्वरेणास्मिन्संसारार्णवे संसारसमुद्रे महत्यविद्याकामकर्मप्रभवदुःखोदके तीव्ररोगजरामृत्युमहाग्राहेऽनादावनन्तेऽपारे निरालम्बे विषयेन्द्रियजनितसुखलवक्षणविश्रामे पञ्चेन्द्रियार्थतृणमारुतविक्षोभोत्थितानर्थशतमहोर्मौ महारौरवाद्यनेकनिरयगतहाहेत्यादि-

ईश्वरद्वारा लोकपालरूपसे संकल्प करके रचे हुए वे ये अग्नि आदि देवगण इस अति महान् संसारार्णव—संसारसमुद्रमें [गिरे], जो (संसारसमुद्र) अविद्या, कामना और कर्मसे उत्पन्न हुए दुःखरूप जल तथा तीव्र रोग, जरा और मृत्युरूप महाग्राहोंसे पूर्ण है, अनादि, अनन्त, अपार एवं निरालम्ब है, विषय और इन्द्रियोंके संयोगसे होनेवाला अणुमात्र सुख ही जिसकी क्षणिक विश्रान्तिका स्वरूप है, जिसमें पाँचों इन्द्रियोंकी विषयतृष्णारूप पवनके विक्षोभसे उठी हुई अनर्थरूप सैकड़ों उत्ताल तरंगें हैं;जहाँ महारौरव आदि अनेकों नरकोंके 'हा हा' आदि

कूजिताक्रोशनोद्भूतमहारवे सत्यार्जवदानदयाहिंसाशमदम-धृत्याद्यात्मगुणपाथेयपूर्णज्ञानोडुपे सत्सङ्गसर्वत्यागमार्गे मोक्षतीरे एतस्मिन्महत्यर्णवे प्रापतन्पतितवत्यः।

तस्मादग्न्यादिदेवताप्ययलक्षणापि या गतिर्व्याख्याता ज्ञानकर्मसमुच्चयानुष्ठानफलभूता सापि नालं संसारदुःखोपशमाय, इत्ययं विवक्षितोऽर्थोऽत्र। यत्र एवं तस्मादेवं विदित्वा परं ब्रह्म आत्मात्मनः सर्वभूतानां च यो वक्ष्यमाणविशेषणः प्रकृतश्च जगदुत्पत्तिस्थितिसंहारहेतुत्वेन स सर्वसंसारदुःखोपशमनाय वेदितव्यः। तस्मात् ''एष पन्था एतत्कर्मैतद्ब्रह्मैतत् सत्यम्'' (ऐ० उ० २। १। १) यदेतत्परब्रह्मात्मज्ञानम् ''नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय'' (श्वे० उ० ३। ८, ६। १५) इति मन्त्रवर्णात्।

क्रन्दन और चिल्लाहटसे बड़ा कोलाहल मचा हुआ है, जिसमें सत्य, सरलता, दान, दया, अहिंसा, शम, दम और धैर्य आदि आत्माके गुणरूप पाथेयसे भरी हुई ज्ञानरूप नौका है, सत्संग और सर्वत्याग ही जिसमें [नौकाओंके आने-जानेका] मार्ग है तथा मोक्ष ही जिसका तीर है—ऐसे [संसाररूप] महासागरमें पतित हुए—गिरे।

अतः यहाँ यही अर्थ कहना इष्ट है कि ज्ञान और कर्मके समुच्चयानुष्ठानकी फलस्वरूपा जिस अग्नि आदि देवतामें लीन होनारूप गतिकी [पूर्व अध्यायोंमें] व्याख्या की गयी है वह भी सांसारिक दुःखकी शान्तिके लिये पर्याप्त नहीं है। क्योंकि ऐसी बात है इसलिये [देवतालयरूप गति संसारदुःखकी शान्तिका उपाय नहीं है] ऐसा जानकर जो परब्रह्म अपना और सब प्राणियोंका आत्मा है, जिसके विशेषण आगे बतलाये जानेवाले हैं और संसारकी उत्पत्ति, स्थिति और संसारके कारण-रूपसे जिसका यहाँ प्रकरण है उसे संसारके सम्पूर्ण दुःखोंकी शान्तिके लिये जानना चाहिये। अतः ''मोक्षप्राप्तिका और कोई मार्ग नहीं है'' इस श्रुतिके अनुसार यह जो परब्रह्मका आत्मस्वरूपसे ज्ञान है ''यही मार्ग है, यही कर्म है, यही ब्रह्म है और यही सत्य है।''

तं स्थानकरणदेवतोत्पत्तिबीजभूतं पुरुषं प्रथमोत्पादितं पिण्डमात्मानमशनायापिपासाभ्यामन्ववार्जदनुगमितवान्संयोजितवानित्यर्थः। तस्य कारणभूतस्याशनायादिदोषवत्त्वात्तत्कार्यभूतानामपि देवतानामशनायादिमत्त्वम्। तास्ततोऽशनायापिपासाभ्यां पीड्यमाना एनं पितामहं स्त्रष्टारमब्रुवन्नुक्तवत्यः—आयतनमधिष्ठानं नोऽस्मभ्यं प्रजानीहि विधत्स्व। यस्मिन्नायतने प्रतिष्ठिताः समर्थाः सत्योऽन्नमदाम भक्षयाम इति॥ १॥

स्थान (इन्द्रियगोलक), इन्द्रिय और इन्द्रियाभिमानी देवताओंकी उत्पत्तिके बीजभूत पुरुषरूपसे प्रथम उत्पन्न किये हुए उस पिण्ड अर्थात् आत्माको उसने क्षुधा और पिपासासे अन्ववार्जित—अनुगमित अर्थात् संयुक्त किया। उस कारणभूत पिण्डके क्षुधा आदि दोषोंसे युक्त होनेके कारण उसके कार्यभूत देवता आदि भी क्षुधा आदिसे युक्त हुए। तब क्षुधा-पिपासासे पीड़ित होकर उन्होंने उस जगद्रचयिता पितामहसे कहा—'हमारे लिये आयतन—आश्रयस्थानकी व्यवस्था करो, जिस आयतनमें प्रतिष्ठित होकर हम सामर्थ्यवान् हो अन्न भक्षण कर सकें'॥ १॥

गो और अश्वशरीरकी उत्पत्ति तथा देवताओंद्वारा उनकी अस्वीकृति

एवमुक्त ईश्वरः—

ऐसा कहे जानेपर ईश्वर—

ताभ्यो गामानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति। ताभ्योऽश्वमानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति॥ २॥

उन देवताओंके लिये गौ ले आया। वे बोले—'यह हमारे लिये पर्याप्त नहीं है।' [फिर वह] उनके लिये घोड़ा ले आया। वे बोले—'यह भी हमारे लिये पर्याप्त नहीं है'॥ २॥

ताभ्यो देवताभ्यो गां गवाकृतिविशिष्टं पिण्डं ताभ्य एवाद्भ्यः पूर्ववत्पिण्डं समुद्धृत्य

उन देवताओंके लिये गौ—गौके आकारवाला पिण्ड पूर्ववत् उस जलसे निकालकर—अवयवोंकी योजनाद्वारा

मूर्छयित्वानयद्दर्शितवान्। ताः पुनर्गवाकृतिं दृष्ट्वाब्रुवन्—न वै नोऽस्मदर्थमधिष्ठानायान्नमत्तुमयं पिण्डोऽलं न वै। अलं पर्याप्तः, अत्तुं न योग्य इत्यर्थः। गवि प्रत्याख्याते ताभ्योऽश्वमानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति पूर्ववत्॥ २॥

रचकर लाया अर्थात् उसे उन देवताओंको दिखलाया। उस गौके समान आकारवाले प्राणीको देखकर वे पुनः बोले—'यह पिण्ड हमारे लिये अन्न भक्षण करनेके निमित्त आश्रय बनानेके लिये पर्याप्त नहीं है।' 'अलम्' का अर्थ पर्याप्त है। अर्थात् [यह आश्रय] भोजन करनेके योग्य नहीं है।' गौका परित्याग कर देनेपर वह उनके लिये घोड़ा लाया। तब वे 'हमारे लिये यह भी पर्याप्त नहीं है' इस प्रकार पूर्ववत् कहने लगे॥ २॥

मनुष्यशरीरकी उत्पत्ति और देवताओंद्वारा उसकी स्वीकृति

सर्वप्रत्याख्याने—

इस प्रकार सबका त्याग कर दिया जानेपर—

ताभ्यः पुरुषमानयत्ता अब्रुवन् सुकृतं बतेति। पुरुषो वाव सुकृतम्। ता अब्रवीद्यथायतनं प्रविशतेति॥ ३॥

वह उनके लिये पुरुष ले आया। वे बोले—'यह सुन्दर बना है, निश्चय पुरुष ही सुन्दर रचना है।' उन (देवताओंसे) ईश्वरने कहा— 'अपने-अपने आयतन (आश्रयस्थानों)-में प्रवेश कर जाओ'॥ ३॥

ताभ्यः पुरुषमानयत्स्वयोनिभूतम्। ताः स्वयोनिं पुरुषं दृष्ट्वा अखिन्नाः सत्यः सुकृतं शोभनं कृतमिदमधिष्ठानं बतेत्यब्रुवन्। तस्मात्पुरुषो वाव पुरुष

[वह] उनके लिये उनका योनिस्वरूप पुरुष ले आया। अपने योनिभूत उस पुरुषको देखकर वे खेदरहित हो इस प्रकार बोले—'यह अधिष्ठान सुन्दर बना है। अतः सम्पूर्ण पुण्यकर्मोंका कारण होनेसे निश्चय पुरुष

एव सुकृतं सर्वपुण्यकर्महेतुत्वात्। स्वयं वा स्वेनैवात्मना स्वमायाभिः कृतत्वात्सुकृतमित्युच्यते।

ही सुकृत है। अथवा स्वयं अपने-आप अपनी ही मायासे रचा होनेके कारण 'सुकृत' ऐसा कहा जाता है।'

ता देवता ईश्वरोऽब्रवीदिष्ट-मासामिदमधिष्ठानमिति मत्वा, सर्वे हि स्वयोनिषु रमन्ते, अतो यथायतनं यस्य यद्वदनादिक्रियायोग्यमायतनं तत्प्रविशतेति॥ ३॥

ईश्वरमें यह समझकर कि इन्हें यह आश्रयस्थान प्रिय है, क्योंकि सभी अपनी योनिमें सन्तुष्ट रहा करते हैं, उन देवताओंसे कहा— 'जिसका जो आयतन है उस अपनी सम्भाषणादि क्रियाके योग्य आयतनमें तुम सब प्रविष्ट हो जाओ'॥ ३॥

देवताओंका अपने-अपने आयतनोंमें प्रवेश

तथास्त्वित्यनुज्ञां प्रति-लभ्येश्वरस्य नगर्यामिव बलाधि-कृतादयः—

'ऐसा ही हो' इस प्रकार राजाकी आज्ञा पाकर जिस प्रकार नगरीमें सेनाध्यक्षादि [प्रवेश कर जाते हैं उसी प्रकार]—

अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशद्वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशदादित्यश्चक्षुर्भूत्वाक्षिणी प्राविशद्दिशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णौ प्राविशन्नोषधिवनस्पतयो लोमानि भूत्वा त्वचं प्राविशंश्चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्राविशन्मृत्युरपानो भूत्वा नाभिं प्राविशदापो रेतो भूत्वा शिश्नं प्राविशन्॥ ४॥

अग्निने वागिन्द्रिय होकर मुखमें प्रवेश किया, वायुने प्राण होकर नासिका-रन्ध्रोंमें प्रवेश किया, सूर्यने चक्षु-इन्द्रिय होकर नेत्रोंमें प्रवेश किया, दिशाओंने श्रवणेन्द्रिय होकर कानोंमें प्रवेश किया, ओषधि और वनस्पतियोंने लोम होकर त्वचामें प्रवेश किया, चन्द्रमाने मन होकर हृदयमें प्रवेश किया, मृत्युने अपान होकर नाभिमें प्रवेश किया तथा जलने वीर्य होकर लिंगमें प्रवेश किया॥ ४॥

अग्निर्वागभिमानी वागेव भूत्वा स्वां योनिं मुखं प्राविशत्तथोक्तार्थमन्यत्। वायुर्नासिके आदित्योऽक्षिणी दिशः कर्णौ ओषधिवनस्पतयस्त्वचं चन्द्रमा हृदयं मृत्युर्नाभिमापः शिश्नं प्राविशन्॥ ४॥

वागिन्द्रियके अभिमानी अग्निने वाक् होकर अपने कारणस्वरूप मुखमें प्रवेश किया। इसी प्रकार औरोंका भी अर्थ समझना चाहिये। [इस प्रकार] वायुने नासिकामें, सूर्यने नेत्रोंमें, दिशाओंने कानोंमें, ओषधि और वनस्पतियोंने त्वचामें, चन्द्रमाने हृदयमें, मृत्युने नाभिमें और जलने शिश्न (लिंग)-में प्रवेश किया॥ ४॥

क्षुधा और पिपासाका विभाग

एवं लब्धाधिष्ठानासु देवतासु—

इस प्रकार देवताओंके आश्रय पा लेनेपर—

तमशनायापिपासे अब्रूतामावाभ्यामभिप्रजानीहीति। ते अब्रवीदेतास्वेव वां देवतास्वाभजाम्येतासु भागिन्यौ करोमीति। तस्माद्यस्यै कस्यै च देवतायै हविर्गृह्यते भागिन्यावेवास्यामशनायापिपासे भवतः॥ ५॥

उस (ईश्वर)-से क्षुधा-पिपासाने कहा—'हमारे लिये आश्रयकी योजना कीजिये।' तब [उसने] उनसे कहा—'तुम दोनोंको मैं इन देवताओंमें ही भाग दूँगा अर्थात् मैं तुम्हें इन्हींमें भागीदार करूँगा।' अतः जिस किसी देवताके लिये हवि दी जाती है उस देवताकी हविमें ये भूख-प्यास भी भागीदार होती ही हैं॥ ५॥

निरधिष्ठाने सत्यौ अशनायापिपासे तमीश्वरमब्रूतामुक्तवत्यौ। आवाभ्यामधिष्ठानमभिप्रजानीहि चिन्तय विधत्स्वेत्यर्थः। स ईश्वर एवमुक्तस्ते अशनायापिपासे

क्षुधा और पिपासाने आश्रयहीन होनेके कारण उस ईश्वरसे कहा—'हमारे लिये अधिष्ठानका अभिप्रज्ञान—चिन्तन अर्थात् विधान करो।' ऐसा कहे जानेपर उस ईश्वरने उन क्षुधा-पिपासाओंसे

अब्रवीत्। न हि युवयोर्भावरूपत्वाच्चेतनावद्वस्त्वनाश्रित्यान्नात्तृत्वं सम्भवति। तस्मादेतास्वेवाग्न्याद्यासु वां युवां देवतास्वध्यात्माधिदेवतास्वाभजामि वृत्तिसम्विभागेनानुगृह्णामि। एतासु भागिन्यौ यद्देवत्यो यो भागो हविरादिलक्षणः स्यात्तस्यास्तेनैव भागेन भागिन्यौ भागवत्यौ वां करोमीति सृष्ट्यादावीश्वर एवं व्यदधाद्यस्मात्तस्मादिदानीमपि यस्यै कस्यै च देवतायै अर्थाय हविर्गृह्यते चरुपुरोडाशादिलक्षणं भागिन्यावेव भागवत्यावेवास्यां देवतायामशनायापिपासे भवतः॥ ५॥

कहा—'भावरूप होनेके कारण तुम दोनोंका किसी चेतन वस्तुको आश्रय किये बिना अन्न भक्षण करना सम्भव नहीं है। अतः मैं इन अध्यात्म और अधिदैव अग्नि आदि देवताओंमें ही तुम दोनोंको आभाजित करता हूँ अर्थात् तुम्हारी वृत्तिका विभाग करके अनुगृहीत करता हूँ। मैं तुम्हें इन देवताओंमें ही भागी करता हूँ—अर्थात् जिस देवताका जो हवि आदि भाग है उसके उसी भागसे मैं तुम्हें उनकी भागिनी—भाग ग्रहण करनेवाली बनाता हूँ; क्योंकि सृष्टिके आदिमें ईश्वरने ऐसी व्यवस्था कर दी थी, इसलिये इस समय भी जिस किसी देवताके लिये चरु-पुरोडाशादि हवि ग्रहण की जाती है, ये क्षुधा-पिपासा भी उस देवतामें भागिनी होती ही हैं॥ ५॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतावैतरेयोपनिषद्भाष्ये प्रथमाध्याये द्वितीयः खण्डः समाप्तः॥ २॥

तृतीय खण्ड

अन्नरचनाका विचार

स ईक्षतेमे नु लोकाश्च लोकपालाश्चान्नमेभ्यः सृजा इति॥ १॥

उस (ईश्वर)-ने विचारा, ये लोक और लोकपाल तो हो गये, अब इनके लिये अन्न रचूँ॥ १॥

स एवमीश्वर ईक्षत, कथम्? इमे नु लोकाश्च लोकपालाश्च मया सृष्टा अशनायापिपासाभ्यां च संयोजिताः, अतो नैषां स्थितिरन्नमन्तरेण। तस्मादन्नमेभ्यो लोकपालेभ्यः सृजै सृज इति।

एवं हि लोके ईश्वराणामनुग्रहे निग्रहे च स्वातन्त्र्यं दृष्टं स्वेषु। तद्वन्महेश्वरस्यापि सर्वेश्वरत्वात्सर्वान्प्रति निग्रहानुग्रहेऽपि स्वातन्त्र्यमेव॥ १॥

उस ईश्वरने इस प्रकार ईक्षण किया—किस प्रकार? [सो बतलाते हैं—] मैंने इन लोक और लोकपालोंकी रचना तो कर दी और इन्हें क्षुधा-पिपासासे संयुक्त भी कर दिया। अतः अन्नके बिना इनकी स्थिति नहीं हो सकती; इसलिये इन लोकपालोंके लिये मैं अन्न रचूँ।

इस प्रकार लोकमें ईश्वरों (समर्थों)-की अपने लोगोंके ऊपर अनुग्रह एवं निग्रह करनेकी स्वतन्त्रता देखी जाती है। इसी प्रकार सर्वेश्वर होनेके कारण महेश्वर (परमेश्वर)-की भी सबके प्रति निग्रह एवं अनुग्रहमें स्वतन्त्रता ही है॥ १॥

अन्नकी रचना

सोऽपोऽभ्यतपत्ताभ्योऽभितप्ताभ्यो मूर्तिरजायत। या वै सा मूर्तिरजायतान्नं वै तत्॥ २॥

उसने आपों (जलों)-को लक्ष्य करके तप किया। उन अभितप्त आपोंसे एक मूर्ति उत्पन्न हुई, यह जो मूर्ति उत्पन्न हुई वही अन्न है॥ २॥

स ईश्वरोऽन्नं सिसृक्षुस्ता एव पूर्वोक्ता अप उद्दिश्याभ्यतपत्। ताभ्योऽभितप्ताभ्य उपादानभूताभ्यो मूर्तिर्घनरूपं धारणसमर्थं चराचरलक्षणमजायतोत्पन्नम्। अन्नं वै तन्मूर्तिरूपं या वै सा मूर्तिरजायत॥ २॥

अन्न रचनेकी इच्छावाले उस ईश्वरने उन पूर्वोक्त जलोंको ही उद्देश्य करके तप किया। उन उपादानभूत अभितप्त जलोंसे ही धारण करनेमें समर्थ चराचरभूत घनरूप मूर्ति उत्पन्न हुई। यह जो मूर्ति उत्पन्न हुई वह मूर्तिरूप अन्न ही है॥ २॥

अन्नका पलायन और उसके ग्रहणका उद्योग

तदेनत्सृष्टं पराङत्यजिघांसत्तद्वाचाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोद्वाचा ग्रहीतुम्। यद्धैनद्वाचाग्रहैष्यदभिव्याहृत्य हैवान्नमत्रप्स्यत्॥ ३॥

[लोकपालोंके आहारार्थ] रचे गये उस इस अन्नने उनकी ओरसे मुँह फेरकर भागना चाहा। तब उस (आदिपुरुष)-ने उसे वागिन्द्रियद्वारा ग्रहण करना चाहा, किन्तु वह उसे वाणीसे ग्रहण न कर सका। यदि वह इसे वाणीसे ग्रहण कर लेता तो [उससे परवर्ती पुरुष भी] अन्नको बोलकर ही तृप्त हो जाया करते॥ ३॥

तदेनदन्नं लोकलोकपालानामर्थेऽभिमुखे सृष्टं तद्यथा मूषकादिर्मार्जारादिगोचरे सन्मम मृत्युरन्नाद इति मत्वा परागञ्चतीति पराङ् सदत्तॄनतीत्याजिघांसदतिगन्तुमैच्छत्

लोक और लोकपालोंके निमित्त उनके सम्मुख निर्मित हुआ अन्न यह मानकर कि अन्न भक्षण करनेवाला तो मेरी मृत्यु है, उसकी ओरसे मुख मोड़कर, जिस प्रकार बिलाव आदिके सामनेसे [उसे अपनी मृत्यु समझकर] चूहे आदि भागना चाहते हैं उसी प्रकार उन अन्न भक्षण करनेवालोंका अतिक्रमण करके जानेकी इच्छा करने लगा;

पलायितुं प्रारभतेत्यर्थः।

अर्थात् उसने उनके सामनेसे दौड़ना आरम्भ कर दिया।

तदन्नाभिप्रायं मत्वा स लोक-लोकपालसंघातः कार्यकरणलक्षणः पिण्डः प्रथमजत्वाद् अन्यांश्चान्नादानपश्यंस्तदन्नं वाचा वदनव्यापारेणाजिघृक्षद् ग्रहीतुमैच्छत्। तदन्नं नाशक्नोन्न समर्थोऽभवद्वाचा वदनक्रियया ग्रहीतुमुपादातुम्। स प्रथमजः शरीरी यद्यदि हैनद्वाचाग्रहैष्यद्गृहीतवान्स्यादन्नं सर्वोऽपि लोकस्तत्कार्यभूतत्वादभि-व्याहृत्य हैवान्नमत्रप्स्यत्तृप्तोऽभविष्यत्, न चैतदस्ति, अतो नाशक्नोद्वाचा ग्रहीतुमित्यवगच्छामः पूर्वजोऽपि॥ ३॥

अन्नके उस अभिप्रायको जानकर लोक और लोकपालोंके देह-इन्द्रियरूप संघात उस पिण्डने प्रथमोत्पन्न होनेके कारण अन्य अन्नभोक्ताओंको न देखकर उस अन्नको वाणी अर्थात् बोलनेकी क्रियासे ग्रहण करना चाहा। किन्तु वह वदनक्रियासे उस अन्नको ग्रहण करनेमें शक्त—समर्थ न हुआ। वह सबसे पहले उत्पन्न हुआ देहधारी यदि इस अन्नको वाणीसे ग्रहण कर लेता तो उसका कार्यभूत होनेके कारण सम्पूर्ण लोक अन्नको बोलकर ही तृप्त हो जाया करता। परन्तु बात यह है नहीं, अतः हमें जान पड़ता है कि वह पूर्वोत्पन्न विराट् पुरुष भी उसे वाणीसे ग्रहण करनेमें समर्थ नहीं हुआ था॥ ३॥

समानमुत्तरम्—

आगेका प्रसंग भी इसीके समान है—

तत्प्राणेनाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोत्प्राणेन ग्रहीतुं स यद्धैनत्प्राणेनाग्रहैष्यदभिप्राप्य हैवान्नमत्रप्स्यत्॥ ४॥

फिर उसने इसे प्राणसे ग्रहण करना चाहा; किन्तु इसे प्राणसे ग्रहण करनेमें समर्थ न हुआ। यदि वह इसे प्राणसे ग्रहण कर लेता तो [इस समय भी पुरुष] अन्नके उद्देश्यसे प्राणक्रिया करके तृप्त हो जाता॥ ४॥

तच्चक्षुषाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोच्चक्षुषा ग्रहीतुं स यद्धैनच्चक्षुषाग्रहैष्यद् दृष्ट्वा हैवान्नमत्रप्स्यत्॥ ५॥

उसने इसे नेत्रसे ग्रहण करना चाहा; परन्तु नेत्रसे ग्रहण करनेमें समर्थ न हुआ। यदि वह इसे नेत्रसे ग्रहण कर लेता तो [इस समय भी पुरुष] अन्नको देखकर ही तृप्त हो जाया करता॥ ५॥

तच्छ्रोत्रेणाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोच्छ्रोत्रेण ग्रहीतुं स यद्धैनच्छ्रोत्रेणाग्रहैष्यच्छ्रुत्वा हैवान्नमत्रप्स्यत्॥ ६॥

उसने इसे श्रोत्रसे ग्रहण करना चाहा; किन्तु वह श्रोत्रसे ग्रहण न कर सका। यदि वह इसे श्रोत्रसे ग्रहण कर लेता तो [इस समय भी पुरुष] अन्नको सुनकर ही तृप्त हो जाता॥ ६॥

तत्त्वचाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोत्त्वचा ग्रहीतुं स यद्धैनत्त्वचाग्रहैष्यत्स्पृष्ट्वा हैवान्नमत्रप्स्यत्॥ ७॥

उसने इसे त्वचासे ग्रहण करना चाहा; किन्तु वह त्वचासे ग्रहण न कर सका। यदि वह इसे त्वचासे ग्रहण कर लेता तो [इस समय भी पुरुष] अन्नको स्पर्श करके तृप्त हो जाया करता॥ ७॥

तन्मनसाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोन्मनसा ग्रहीतुं स यद्धैनन्मनसाग्रहैष्यद्ध्यात्वा हैवान्नमत्रप्स्यत्॥ ८॥

उसने इसे मनसे ग्रहण करना चाहा; किन्तु वह मनसे ग्रहण न कर सका। यदि वह इसे मनसे ग्रहण कर लेता तो [इस समय भी पुरुष] अन्नका ध्यान करके ही तृप्त हो जाया करता॥ ८॥

तच्छिश्नेनाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोच्छिश्नेन ग्रहीतुं स यद्धैनच्छिश्नेनाग्रहैष्यद्विसृज्य हैवान्नमत्रप्स्यत्॥ ९॥

उसने इसे शिश्न (लिंग)-से ग्रहण करना चाहा; परन्तु वह शिश्नसे ग्रहण करनेमें समर्थ न हुआ। यदि वह इसे शिश्नसे ग्रहण कर लेता तो [इस समय भी पुरुष] अन्नका विसर्जन करके ही तृप्त हो जाता॥ ९॥

अपानद्वारा अन्नग्रहण

तदपानेनाजिघृक्षत्तदावयत् सैषोऽन्नस्य ग्रहो यद्वायुरन्नायुर्वा एष यद्वायुः॥ १०॥

फिर उसने इसे अपानसे ग्रहण करना चाहा और इसे ग्रहण कर लिया। वह यह [अपान] ही अन्नका ग्रह (ग्रहण करनेवाला) है। जो वायु अन्नायु (अन्नद्वारा जीवन धारण करनेवाला) प्रसिद्ध है वह यह [अपान] वायु ही है॥ १०॥

तत्प्राणेन तच्चक्षुषा तच्छ्रोत्रेण तत्त्वचा तन्मनसा तच्छिश्नेन तेन तेन करणव्यापारेणान्नं ग्रहीतुमशक्नुवन्पश्चादपानेन वायुना मुखच्छिद्रेण तदन्नमजिघृक्षत्। तदावयत्तदन्नमेवं जग्राह आशितवान्। तेन स एषोऽपानवायुरन्नस्य ग्रहोऽन्नग्राहक इत्येतत्। यद्वायुर्यो वायुरन्नायुः, अन्नबन्धनोऽन्नजीवनो वै प्रसिद्धः स एष यो वायुः॥ ४—१०॥

[इसी प्रकार उसने] उस अन्नको प्राणसे, नेत्रसे, श्रोत्रसे, त्वचासे, मनसे, शिश्नसे एवं भिन्न-भिन्न इन्द्रियोंके व्यापारसे ग्रहण करनेमें असमर्थ होकर अन्तमें उसे मुखके छिद्रद्वारा अपानवायुसे ग्रहण करनेकी इच्छा की। तब उसे ग्रहण कर लिया; अर्थात् इस प्रकार इस अन्नको भक्षण कर लिया। उसी कारणसे वह यह अपानवायु अन्नका ग्रह अर्थात् अन्न ग्रहण करनेवाला है। जो वायु अन्नायु—अन्नरूप बन्धनवाला अर्थात् अन्नरूप जीवनवाला प्रसिद्ध है वह यह [अपान] वायु ही है॥ ४—१०॥

परमात्माका शरीरप्रवेशसम्बन्धी विचार

स ईक्षत कथं न्विदं मदृते स्यादिति स ईक्षत कतरेण प्रपद्या इति। स ईक्षत यदि वाचाभिव्याहृतं यदि प्राणेनाभिप्राणितं यदि चक्षुषा दृष्टं यदि श्रोत्रेण श्रुतं यदि त्वचा स्पृष्टं यदि मनसा

ध्यातं यद्यपानेनाभ्यपानितं यदि शिश्नेन विसृष्टमथ कोऽहमिति॥ ११ ॥

उस परमेश्वरने विचार किया 'यह (पिण्ड) मेरे बिना कैसे रहेगा?' वह सोचने लगा 'मैं किस मार्गसे [इसमें] प्रवेश करूँ?' उसने विचारा, 'यदि [मेरे बिना] वाणीसे बोल लिया जाय, यदि प्राणसे प्राणन क्रिया कर ली जाय, यदि नेत्रेन्द्रियसे देख लिया जाय, यदि कानसे सुना जा सके, यदि त्वचासे स्पर्श कर लिया जाय, यदि मनसे चिन्तन कर लिया जाय, यदि अपानसे भक्षण कर लिया जाय और यदि शिश्नसे विसर्जन किया जा सके तो मैं कौन रहा? [अर्थात् यदि मेरे बिना ये सब इन्द्रियोंके व्यापार हो जाते तो मेरा तो कोई प्रयोजन ही न था; तात्पर्य यह कि राजाकी प्रेरणाके बिना नगरके कार्योंके समान मेरी प्रेरणाके बिना इनका होना असम्भव है]'॥ ११ ॥

स एवं लोकलोकपालसंघातस्थितिमन्ननिमित्तां कृत्वा पुरपौरतत्पालयितृस्थितिसमां स्वामीव ईक्षत—कथं नु केन प्रकारेणेति वितर्कयन्निदं मदृते मामन्तरेण पुरस्वामिनम्, यदिदं कार्यकरणसंघातकार्यं वक्ष्यमाणं कथं नु खलु मामन्तरेण स्यात्परार्थं सत्। यदि वाचाभिव्याहृतमित्यादि केवलमेव वाग्व्यवहरणादि तन्निरर्थकं

उस परमात्माने नगर, नगरनिवासी और उनके रक्षक [राजकर्मचारी आदि]-की नियुक्तिके समान अन्नरूप निमित्तवाली लोक और लोकपालोंके संघातकी स्थिति कर नगरके स्वामीके समान विचार किया—'कथं नु' यानी किस प्रकारसे—इस प्रकार वितर्क करते हुए [उसने सोचा] यह जो आगे बतलाया जानेवाला कार्य (भूत) और करणों (इन्द्रियों)-के संघातका कार्य (व्यापार) है वह परार्थ (दूसरेके लिये) होनेके कारण मेरे सिवा अर्थात् पुरके स्वामीरूप मेरे बिना कैसे होगा? जिस प्रकार अपने स्वामीके लिये प्रयुक्त पुरवासी और बन्दीजन आदिकी बलि (कर) एवं स्तुति

न कथञ्चन भवेद्बलिस्तुत्यादिवत्; पौरवन्द्यादिभिः प्रयुज्यमानं स्वाम्यर्थं सत्तत्स्वामिनमन्तरेणासत्येव स्वामिनि तद्वत्।

तस्मान्मया परेण स्वामिनाधिष्ठात्रा कृताकृत-फलसाक्षिभूतेन भोक्त्रा भवितव्यं पुरस्येव राज्ञा। यदि नामैतत्संहत-कार्यस्य परार्थत्वं परार्थिनं मां चेतनमन्तरेण भवेत्पुरपौर-कार्यमिव तत्स्वामिनम्, अथ कोऽहं किं स्वरूपः कस्य वा स्वामी?

यद्यहं कार्यकरणसंघातमनु-प्रविश्य वागाद्यभिव्याहृतादिफलं नोपलभेय राजेव पुरमाविश्याधिकृतपुरुषकृता-कृतावेक्षणम्; न कश्चिन्मामयं सन्नेवं रूपश्चेत्यधिगच्छेद्विचारयेत्। विपर्यये तु योऽयं

आदि स्वामीके बिना अर्थात् स्वामीके अभावमें निरर्थक ही है उसी प्रकार [मेरे बिना भी] यह जो वाणीसे बोलना आदि है अर्थात् केवल वाग्व्यापारादि है वह निरर्थक ही होगा यानी किसी प्रकार न हो सकेगा।

अतः नगरके [अधिष्ठाता] राजाके समान इस देहरूप संघातके परम प्रभु और अधिष्ठाता मुझे भी इसके पाप-पुण्यके फलके साक्षी और भोक्तारूपसे स्थित होना चाहिये। यदि इस देहेन्द्रियसंघातका कार्य परार्थ (दूसरेके लिये) है और वह पुरस्वामीके बिना पुर और पुरवासियोंके कार्यके समान मुझ परार्थी अपने चेतन रक्षकके बिना हो सकता है तो मैं क्या रहा? अर्थात् किस स्वरूपवाला अथवा किसका स्वामी रहा?

जिस प्रकार राजा नगरमें प्रवेशकर वहाँके अधिकारी पुरुषोंके कार्य-अकार्यादिका निरीक्षण करता है उसी प्रकार यदि मैं भी इस भूत और इन्द्रियोंके संघातमें प्रवेश करके वाणी आदिके उच्चारणादि फलको ग्रहण न करूँगा तो कोई भी मुझे 'यह सत् है और ऐसे स्वरूपवाला है' ऐसा अधिगम—विचार नहीं कर सकेगा। इसके विपरीत अवस्थामें ही मैं इस प्रकार जाना जा

वागाद्यभिव्याहृतादीदमिति वेद, स सन्वेदनरूपश्चेत्यधिगन्तव्योऽहं स्याम्; यदर्थमिदं संहतानां वागादीनामभिव्याहृतादि, यथा स्तम्भकुड्यादीनां प्रासादादिसंहतानां स्वावयवैरसंहतपरार्थत्वं तद्वदिति।

एवमीक्षित्वातः कतरेण प्रपद्या इति। प्रपदं च मूर्धा चास्य संघातस्य प्रवेशमार्गौ। अनयोः कतरेण मार्गेणेदं कार्यकरणसंघातलक्षणं पुरं प्रपद्यै प्रपद्येयेति॥ ११॥

सकता हूँ कि जिस प्रकार स्तम्भ और भित्ति आदिसे मिलकर बने हुए मन्दिर आदि संघात अपने अवयवोंके सहित किसी अन्य असंहत वस्तुके लिये होते हैं उसी प्रकार जिसके लिये इन संघातरूप वाणी आदिके उच्चारणादि व्यापार हैं और जो इन वाणी आदिके उच्चारणादि-को 'इदम्' इस प्रकार जानता है वह मैं सत् और चेतनस्वरूप हूँ।

इस प्रकार विचारकर [उसने सोचा] अतः मैं किस द्वारसे प्रवेश करूँ? इस संघातमें प्रवेश करनेके दो मार्ग हैं— पदाग्र और मूर्धा। इनमेंसे मैं किस मार्गसे इस कार्य-करणके संघातरूप पुरमें प्रवेश करूँ?॥ ११॥

परमात्माका मूर्द्धद्वारसे शरीरप्रवेश

एवमीक्षित्वा न तावन्मद्भृत्यस्य प्राणस्य मम सर्वार्थाधिकृतस्य प्रवेशमार्गेण प्रपदाभ्यामधः प्रपद्ये। किं तर्हि पारिशेष्यादस्य मूर्धानं विदार्य प्रपद्येयमिति लोक इवेक्षितकारी—

इस प्रकार विचारकर परमेश्वरने निश्चय किया—'मैं सम्पूर्ण कार्योंके अधिकारी अपने सेवक प्राणके प्रवेशमार्ग निम्नदेशीय चरणाग्रोंसे तो प्रवेश करूँगा नहीं। तो फिर किससे करूँगा? अतः पदाग्रको त्यागकर बचे हुए मूर्धाको ही विदीर्ण करके प्रवेश करूँगा।' इस प्रकार सोच-समझकर काम करनेवाले लोगोंके समान—

स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत। सैषा विदृतिर्नाम द्वास्तदेतन्नान्दनम्। तस्य त्रय आवसथास्त्रयः स्वप्ना:, अयमावसथोऽयमावसथोऽयमावसथ इति॥ १२॥

वह इस सीमा (मूर्द्धा)-को ही विदीर्णकर इसीके द्वारा प्रवेश कर गया। वह यह द्वार 'विदृति' नामवाला है; यह नान्दन (आनन्दप्रद) है। यह आवसथ [नेत्र], यह आवसथ [कण्ठ], यह आवसथ [हृदय] इस प्रकार इसके तीन आवसथ (वासस्थान) और तीन स्वप्न हैं॥ १२॥

स स्त्रष्टेश्वर एतमेव मूर्धसीमानं केशविभागावसानं विदार्यच्छिद्रं कृत्वैतया द्वारा मार्गेणेमं लोकं कार्यकरणसंघातं प्रापद्यत प्रविवेश। सेयं हि प्रसिद्धा द्वाः मूर्ध्नि तैलादिधारणकाले अन्तस्तद्रसादिसंवेदनात्। सैषा विदृतिर्विदारितत्वाद्विदृतिर्नाम प्रसिद्धा द्वाः।

इतराणि तु श्रोत्रादिद्वाराणि भृत्यादिस्थानीयसाधारणमार्गत्वान्न समृद्धीनि नानन्दहेतूनि। इदं तु द्वारं परमेश्वरस्यैव केवलस्येति तदेतन्नान्दनं नन्दनमेव। नान्दनमिति दैर्घ्यं

वह सृष्टिकर्ता ईश्वर इस मूर्ध-सीमाको ही, जिसका केशोंका विभाग ही अवसान है, विदीर्ण कर अर्थात् उसमें छिद्र कर उसीके द्वारा—उस मार्गसे ही इस लोक अर्थात् भूत और इन्द्रियोंके संघातमें प्रवेश कर गया। वही प्रसिद्ध द्वार है; क्योंकि सिरमें तैल आदि धारण करते समय भीतर उसके रसादिका अनुभव होता है। विदीर्ण किया जानेके कारण वह द्वार 'विदृति' अर्थात् विदृति नामसे प्रसिद्ध है।

इससे भिन्न जो श्रोत्रादि द्वार हैं वे भृत्यादिरूप साधारण मार्ग होनेके कारण समृद्ध अर्थात् आनन्दके हेतु नहीं हैं। किन्तु यह मार्ग तो केवल परमेश्वरका ही है। अतः यह नान्दन (आनन्दप्रद) है। नन्दनको ही यहाँ नान्दन कहा है। 'नान्दनम्' इस पद [-के नकार-] में दीर्घ वैदिक प्रक्रियाके अनुसार है।

छान्दसम्। नन्दत्यनेन द्वारेण गत्वा परस्मिन्ब्रह्मणीति।

तात्पर्य यह है कि इस मार्गसे जाकर पुरुष परब्रह्ममें आनन्द प्राप्त करने लगता है।

तस्यैवं सृष्ट्वा प्रविष्टस्य जीवेनात्मना राज्ञ इव पुरं त्रय आवसथाः। जागरितकाल इन्द्रियस्थानं दक्षिणं चक्षुः, स्वप्नकालेऽन्तर्मनः, सुषुप्तिकाले हृदयाकाश इत्येतत्। वक्ष्यमाणा वा त्रय आवसथाः; पितृशरीरं मातृगर्भाशयः स्वं च शरीरमिति।

पुरमें प्रविष्ट हुए राजाके समान इस प्रकार रचना करके उसमें जीवरूपसे प्रवेश करनेवाले उस ईश्वरके तीन आवसथ हैं—(१) जाग्रत्कालमें इन्द्रियोंका स्थान दक्षिण नेत्र; (२) स्वप्नकालमें मनके भीतर और (३) सुषुप्तिमें हृदयाकाशके अन्दर अथवा आगे बतलाये जानेवाले पितृदेह, मातृगर्भाशय और अपना ही शरीर—ये ही तीन आवसथ हैं।

त्रयः स्वप्ना जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्याख्याः। ननु जागरितं प्रबोधरूपत्वान्न स्वप्नः; नैवम्, स्वप्न एव। कथम्? परमार्थस्वात्मप्रबोधाभावात्स्वप्नवदसद्वस्तुदर्शनाच्च। अयमेवावसथश्चक्षुर्दक्षिणं प्रथमः, मनोऽन्तरं द्वितीयः, हृदयाकाशस्तृतीयः।

तथा जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति नामक तीन स्वप्न हैं। यदि कहो कि प्रबोधरूप होनेके कारण जाग्रत् स्वप्न नहीं है, तो ऐसी बात नहीं है; वह भी स्वप्न ही है। किस प्रकार? क्योंकि उस समय परमार्थ आत्मस्वरूपके बोधका अभाव होता है और स्वप्नके समान असत् वस्तुएँ दिखलायी दिया करती हैं। [उन आवसथोंमें] यह दक्षिण नेत्र ही प्रथम है, मनका अन्तर्भाग द्वितीय है और हृदयाकाश तृतीय है।

अयमावसथ इत्युक्तानुकीर्तनमेव। तेषुह्ययमावसथेषु

अयमावसथः [ऐसा जो तीन बार कहा गया है] यह पूर्वकथितका ही अनुकीर्तन है। उन आवसथोंमें क्रमशः

पर्यायेणात्मभावेन वर्तमानोऽविद्यया दीर्घकालं गाढप्रसुप्तः स्वाभाविक्या न प्रबुध्यतेऽनेकशतसहस्रानर्थसंनिपातजदुःखमुद्गराभिघातानुभवैरपि॥ १२॥

आत्मभावसे रहनेवाला यह जीव दीर्घकालतक स्वाभाविक अविद्यासे गाढ निद्रामें सोता रहता है और अनेकों शतसहस्र अनर्थोंकी प्राप्तिसे होनेवाले दुःखरूप मुद्गरोंके आघातके अनुभवसे भी नहीं जगता॥ १२॥

जीवका मोह और उसकी निवृत्ति

स जातो भूतान्यभिव्यैख्यत् किमिहान्यं वावदिषदिति। स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततममपश्यत्। इदमदर्शमिती ३ ॥ १३॥

[इस प्रकार शरीरमें प्रवेश करके जीवरूपसे] उत्पन्न हुए उस परमेश्वरने भूतोंको [तादात्म्यभावसे] ग्रहण किया। और [गुरुकृपासे बोध होनेपर] 'यहाँ [मेरे सिवा] अन्य कौन है' ऐसा कहा। और मैंने इसे (अपने आत्मस्वरूपको) देख लिया है इस प्रकार उसने इस पुरुषको ही पूर्णतम ब्रह्मरूपसे देखा॥ १३॥

स जातः शरीरे प्रविष्टो जीवात्मना भूतान्यभिव्यैख्यद्व्याकरोत्। स कदाचित्परम कारुणिकेनाचार्येणात्मज्ञानप्रबोधकृच्छब्दिकायां वेदान्तमहावाक्यभेर्यां तत्कर्णमूले ताड्यमानायामेतमेव सृष्ट्यादिकर्तृत्वेन प्रकृतं पुरुषं पुरि शयानमात्मानं ब्रह्म बृहत्ततमं

उसने उत्पन्न होकर—जीवभावसे शरीरमें प्रविष्ट होकर भूतोंको व्याकृत किया [अर्थात् उन्हें तादात्म्यरूपसे ग्रहण किया]। फिर किसी समय परम कारुणिक आचार्यके द्वारा अपने कर्णमूलमें—जिसका शब्द आत्मज्ञानका दृढ़ बोध करानेवाला है ऐसी—वेदान्तवाक्यरूप महाभेरीके बजाये जानेपर उसने, जिसका सृष्टि आदिके कर्तृत्वरूपसे प्रकरण चला हुआ है उस पुरुष—[शरीररूप] पुरमें शयन करनेवाले आत्माको ततम—

तकारेणैकेन लुप्तेन तततमं व्याप्ततमं परिपूर्णमाकाशवत् प्रत्यबुध्यतापश्यत्। कथम्? इदं ब्रह्म ममात्मनः स्वरूपमदर्शं दृष्टवानस्मि, अहो इति, विचारणार्था प्लुतिः पूर्वम्॥ १३॥

इसमें एक तकारका लोप हुआ है। अतः तततम—व्याप्ततम अर्थात् आकाशके समान परिपूर्ण महान् ब्रह्मरूपसे जाना—साक्षात्कार किया। किस प्रकार साक्षात्कार किया [सो बतलाते हैं—] 'अहो! मैंने अपने आत्माके स्वरूपको ही इस ब्रह्मरूपसे देखा है' इस प्रकार। यहाँ 'इती' पदमें जो प्लुत उच्चारण है वह विचार प्रदर्शित करनेके लिये है॥ १३॥

'इन्द्र' शब्दकी व्युत्पत्ति

यस्मादिदमित्येव यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म सर्वान्तरमपश्यत् परोक्षेण—

क्योंकि जो [जीवरूपसे] सबके भीतर रहनेवाला है उस ब्रह्मको 'इदम् (यह)' इस प्रकार साक्षात् अपरोक्षरूपसे देखा था परोक्षरूपसे नहीं—

तस्मादिदन्द्रो नामेदन्द्रो ह वै नाम। तमिदन्द्रं सन्तमिन्द्र इत्याचक्षते परोक्षेण। परोक्षप्रिया इव हि देवाः परोक्षप्रिया इव हि देवाः॥ १४॥

इसलिये उसका नाम 'इदन्द्र' हुआ, वह 'इदन्द्र' नामसे प्रसिद्ध है। 'इदन्द्र' होनेपर ही [ब्रह्मवेत्ता लोग] उसे परोक्षरूपसे 'इन्द्र' कहकर पुकारते हैं; क्योंकि देवगण परोक्षप्रिय ही होते हैं, देवता परोक्षप्रिय ही होते हैं॥ १४॥

तस्मादिदं पश्यतीतीदन्द्रो नाम परमात्मा। इदन्द्रो ह वै नाम प्रसिद्धो लोक ईश्वरः।

इसलिये जो इसे देखता है वह परमात्मा 'इदन्द्र' नामवाला है। लोकमें ईश्वर 'इदन्द्र' नामसे प्रसिद्ध है। इस

तमेवमिदन्द्रं सन्तमिन्द्र इति परोक्षेण परोक्षाभिधानेनाचक्षते ब्रह्मविदः संव्यवहारार्थम्; पूज्यतमत्वात्प्रत्यक्षनामग्रहणभयात्। तथा हि परोक्षप्रियाः परोक्षनामग्रहणप्रिया इव एव हि यस्माद्देवाः; किमुत सर्वदेवानामपि देवो महेश्वरः। द्विर्वचनं प्रकृताध्यायपरिसमाप्त्यर्थम्॥ १४॥

प्रकार 'इदन्द्र' होनेपर भी ब्रह्मवेत्ता व्यवहारके लिये उसे 'इन्द्र' इस परोक्ष नामसे पुकारते हैं; क्योंकि पूज्यतम होनेके कारण उसका प्रत्यक्ष नाम लेनेमें उन्हें भय है। जब कि देवतालोग भी परोक्षप्रिय अर्थात् अपना परोक्ष नाम ग्रहण किया जाना ही प्रिय माननेवाले हैं तब सम्पूर्ण देवताओंके भी देव महेश्वरका तो कहना ही क्या है? प्रकृत अध्यायकी समाप्ति सूचित करनेके लिये यहाँ दो बार कहा गया है॥ १४॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतावैतरेयोपनिषद्भाष्ये प्रथमाध्याये
तृतीयः खण्डः समाप्तः॥ ३॥

उपनिषत्क्रमेण प्रथमः, आरण्यकक्रमेण
चतुर्थोऽध्यायः समाप्तः।

द्वितीयोऽध्यायः

प्रथम खण्ड

प्रस्तावना

अस्मिंश्चतुर्थेऽध्याय एष अतीताध्याय- वाक्यार्थः—जग-द्विषयावलोकनम् दुत्पत्तिस्थितिप्रलय-कृदसंसारी सर्वज्ञः सर्वशक्तिः सर्व-वित्सर्वमिदं जगत्स्वतोऽन्य-द्वस्त्वन्तरमनुपादायैव आकाशादि-क्रमेण सृष्ट्वा स्वात्मप्रबोधनार्थं सर्वाणि च प्राणादिमच्छरीराणि स्वयं प्रविवेश। प्रविश्य च स्वमात्मानं यथाभूतमिदं ब्रह्मास्मीति साक्षात्प्रत्यबुध्यत। तस्मात्स एव सर्वशरीरेष्वेक एवात्मा नान्य इति। अन्योऽपि "सम आत्मा ब्रह्मास्मीत्येवं विद्यात्" इति। "आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्" (१। १। १) इति "ब्रह्म ततमम्" (१। ३। १३) इति चोक्तम्। अन्यत्र च।

इस (पूर्वोक्त) चौथे[१] अध्यायमें यह वाक्यार्थ विवक्षित है—[२] जगत्की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय करनेवाले असंसारी सर्वशक्तिमान् सर्वज्ञने अपनेसे भिन्न किसी अन्य वस्तुको ग्रहण किये बिना ही इस सम्पूर्ण जगत्की आकाशादि-क्रमसे रचना कर अपनेको स्वयं ही जाननेके लिये सम्पूर्ण प्राणादियुक्त शरीरमें स्वयं ही प्रवेश किया और प्रवेश करके 'मैं यह ब्रह्म हूँ' इस प्रकार अपने यथार्थ स्वरूपका साक्षात् बोध प्राप्त किया। अतः समस्त शरीरमें एकमात्र वही आत्मा है, उससे भिन्न नहीं। [इसके सिवा] "[सम्पूर्ण भूतोंमें] जो सम आत्मा ब्रह्म है वह मैं हूँ— ऐसा जाने" "निश्चय पहले एक आत्मा ही था" तथा "[उसने] ब्रह्मको [आकाशके समान] अतिशय व्याप्त [जाना]"। ऐसा भी कहा है और [ऐसा ही] अन्य उपनिषदोंमें भी कहा है।

१–आरण्यकके क्रमसे यहाँ चौथी संख्या कही गयी है।

२– पूर्व अध्यायमें आत्माकी एकता, लोक तथा लोकपालोंकी सृष्टि और क्षुधा-पिपासासे संयोग आदि अनेक विषयोंका वर्णन है। उनमें विवक्षित अभिप्रायका प्रतिपादन किया जाता है।

सर्वगतस्य सर्वात्मनो बालाग्रमात्रमप्यप्रविष्टं नास्तीति कथं सीमानं विदार्य प्रापद्यत पिपीलिकेव सुषिरम्।

प्रवेशश्रुति-विचारः

पूर्व०—उस सर्वगत सर्वात्माके लिये तो बालका अग्रभाग भी अप्रविष्ट नहीं है; फिर वह चींटीके बिलप्रवेशके समान मूर्धसीमाको विदीर्णकर किस प्रकार मनुष्य-शरीरमें प्रविष्ट हुआ?

नन्वत्यल्पमिदं चोद्यं बहु चात्र चोदयितव्यम्। अकरणः सन्नीक्षत। अनुपादाय किञ्चिल्लोकानसृजत। अद्भ्यः पुरुषं समुद्धृत्यामूर्छयत्। तस्याभिध्यानान्मुखादि निर्भिन्नं मुखादिभ्यश्चाग्न्यादयो लोकपालास्तेषां चाशनायापिपासादिसंयोजनं तदायतनप्रार्थनं तदर्थं गवादिप्रदर्शनं तेषां यथायतनप्रवेशनं सृष्टस्यान्नस्य पलायनं वागादिभिस्तज्जिघृक्षा; एतत्सर्वं सीमाविदारणप्रवेशसममेव।

सिद्धान्ती—तुम्हारा यह प्रश्न तो अल्प है। अभी तो उपर्युक्त कथनमें बहुत कुछ पूछनेयोग्य बातें हैं। उसने इन्द्रियहीन होकर भी ईक्षण किया। किसी उपादानके बिना ही लोकोंकी रचना की। जलमेंसे पुरुष निकालकर उसे अवयवयोजनाद्वारा पुष्ट किया। अभिध्यानके द्वारा उसका मुख प्रकट हुआ तथा मुखादिसे अग्नि आदि लोकपाल प्रकट हुए। उनका क्षुधा-पिपासादिसे संयोग कराना, उनका आयतनके लिये प्रार्थना करना, उसके लिये गौ आदि दिखलाना, उन देवताओंका अपने-अपने अनुकूल आयतनोंमें प्रवेश करना, उत्पन्न हुए अन्नका भागना और उसे वाक् आदि इन्द्रियोंद्वारा ग्रहण करनेकी इच्छा करना—ये सब बातें भी सीमा विदीर्ण करने और शरीरमें प्रवेश करनेके समान ही [आश्चर्यजनक] हैं।

अस्तु तर्हि सर्वमेवेदमनुपपन्नम्।

पूर्व०—अच्छा तो, इन सभी बातोंको अनुपपन्न (असम्भव) मान लो।

न; अत्रात्मावबोधमात्रस्य विवक्षितत्वात्सर्वो-

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि श्रुतिको यहाँ केवल आत्मावबोधमात्र

ऽयमर्थवाद इत्यदोषः। मायाविवद्वा महामायावी देवः सर्वज्ञः सर्वशक्तिः सर्वमेतच्चकार। सुखावबोधनप्रतिपत्त्यर्थं लोकवदाख्यायिकादिप्रपञ्च इति युक्ततरः पक्षः। न हि सृष्ट्याख्यायिकादिपरिज्ञानात्किञ्चित्फलमिष्यते। ऐकात्म्यस्वरूपपरिज्ञानात्तु अमृतत्वं फलं सर्वोपनिषत्प्रसिद्धम्। स्मृतिषु च गीताद्यासु "समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्" (गीता १३। २७) इत्यादिना।

ननु त्रय आत्मानः। आत्मैकत्वे भोक्ता कर्ता विचारः संसारी जीव एकः सर्वलोकशास्त्रप्रसिद्धः। अनेकप्राणिकर्मफलोपभोगयोग्यानेकाधिष्ठानवल्लोकदेहनिर्माणेन लिङ्गेन यथाशास्त्रप्रदर्शितेन पुरप्रासादादिनिर्माणलिङ्गेन तद्विषयकौशलज्ञानवांस्तत्कर्ता तक्षादिरिवेश्वरः सर्वज्ञो जगतः कर्ता द्वितीयश्चेतन

कहना अभीष्ट होनेसे यह सब अर्थवाद है; अतः इसमें कोई दोष नहीं है अथवा मायावीके समान महामायावी सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् प्रभुने इस सम्पूर्ण जगत्की रचना की है, और इस रहस्यका सरलतासे ज्ञान प्राप्त करनेके लिये ही लौकिक रीतिसे यह आख्यायिका आदिकी रचना की गयी है—इस प्रकार भी यह पक्ष युक्तियुक्त जान पड़ता है; क्योंकि केवल लोकरचनाकी आख्यायिका आदिके परिज्ञानसे कुछ भी फल नहीं मिलता। परन्तु आत्माके एकत्व और यथार्थ स्वरूपके ज्ञानसे अमरत्वरूप फल [प्राप्त होता है—यह] सभी उपनिषदोंमें प्रसिद्ध है। तथा "सम्पूर्ण भूतोंमें समान भावसे स्थित परमेश्वरको" इत्यादि वाक्योंद्वारा गीता आदि स्मृतियोंमें भी [यही बात कही गयी है।]।

पूर्व०—आत्मा तो तीन हैं; उनमें एक तो सम्पूर्ण लोक और शास्त्रमें प्रसिद्ध कर्ता-भोक्ता संसारी जीव है। नगर और प्रासादादिके निर्माणके लिंगसे जिस प्रकार तत्सम्बन्धी कौशलके ज्ञानवाले उनके रचयिता तक्षा (कारीगर) आदिका ज्ञान होता है उसी प्रकार अनेक प्राणियोंके कर्मफलके उपभोगयोग्य अनेकों अधिष्ठानोंवाले लोक और देहकी रचनाके शास्त्रप्रदर्शित लिंगसे दूसरे चेतन

आत्मा अवगम्यते। "यतो वाचो निवर्तन्ते" (तै० उ० २। ४। १) "नेति नेति" (बृ० उ० ३। ९। २६) इत्यादिशास्त्रप्रसिद्ध औपनिषदः पुरुषस्तृतीयः। एवमेते त्रय आत्मानोऽन्योन्यविलक्षणाः। तत्र कथमेक एव आत्मा अद्वितीयः असंसारीति ज्ञातुं शक्यते?

तत्र जीव एव तावत्कथं ज्ञायते?

नन्वेवं ज्ञायते श्रोता मन्ता द्रष्टा आदेष्टा आघोष्टा विज्ञाता प्रज्ञातेति।

ननु विप्रतिषिद्धं ज्ञायते यः श्रवणादिकर्तृत्वे नामतो मन्ताविज्ञातो विज्ञातेति च। तथा "न मतेर्मन्तारं मन्वीथा न विज्ञातेर्विज्ञातारं विजानीयाः" (बृ० उ० ३। ४। २) इत्यादि च।

सत्यं विप्रतिषिद्धम्, यदि प्रत्यक्षेण ज्ञायेत सुखादिवत्। प्रत्यक्षज्ञानं च निवार्यते "न मतेर्मन्तारं

आत्मा—जगत्कर्ता सर्वज्ञ ईश्वरका ज्ञान होता है। तथा तीसरा आत्मा "जहाँसे वाणी लौट आती है" एवं "यह नहीं, यह नहीं" इत्यादि शास्त्रसे प्रसिद्ध औपनिषद पुरुष है। इस प्रकार ये तीनों आत्मा एक-दूसरेसे विलक्षण हैं, अतः यह कैसे जाना जा सकता है कि आत्मा एक, अद्वितीय और असंसारी ही है?

सिद्धान्ती[१]—इन तीनोंमें पहले जीवका ही ज्ञान कैसे होता है?

पूर्व०—इस प्रकार ज्ञान होता है कि 'वह श्रवण करनेवाला, मनन करनेवाला, द्रष्टा, आज्ञा करनेवाला, शब्द उच्चारण करनेवाला, विज्ञाता[२] और प्रज्ञाता[३] है।'

सिद्धान्ती—परन्तु जिसका श्रवणादिके कर्तारूपसे ज्ञान होता है उसे 'अमत और मनन करनेवाला, अविज्ञात और विशेषरूपसे जाननेवाला' इस प्रकार कहना तथा "मतिके मनन करनेवालेका मनन न करो, विज्ञातिके विज्ञाताको न जानो" इत्यादि श्रुतिवचन भी विरुद्ध होगा।

पूर्व०—यदि उसे सुखादिके समान प्रत्यक्षरूपसे जाना जाय तो अवश्य विरुद्ध होगा। किन्तु "मतिके मनन करनेवालेका

१-सिद्धान्तीकी यह उक्ति पहले आत्मामें बतलाये हुए कर्तृत्व-भोक्तृत्व आदि धर्मोंका प्रतिषेध करनेके लिये है।

२-विशेष जाननेवाला। ३-सबसे अधिक जाननेवाला।

मन्वीथाः" (बृ० उ० ३। ४। २) इत्यादिना। ज्ञायते तु श्रवणादिलिङ्गेन; तत्र कुतो विप्रतिषेधः।

ननु श्रवणादिलिङ्गेनापि कथं ज्ञायते? यावता यदा शृणोत्यात्मा श्रोतव्यं शब्दम्, तदा तस्य श्रवणक्रिययैव वर्तमानत्वान्मननविज्ञानक्रिये न सम्भवतः, आत्मनि परत्र वा। तथान्यत्रापि मननादिक्रियासु। श्रवणादिक्रियाश्च स्वविषयेष्वेव। न हि मन्तव्यादन्यत्र मन्तुर्मननक्रिया सम्भवति।

ननु मनसा सर्वमेव मन्तव्यम्।

सत्यमेवं तथापि सर्वमपि मन्तव्यं मन्तारमन्तरेण न मन्तुं शक्यम्।

यद्येवं किं स्यात्?

मनन न करो" इत्यादि वाक्यसे उसके प्रत्यक्षज्ञानका निवारण किया गया है। उसका ज्ञान तो श्रवणादि लिंगसे होता है; फिर इसमें विरोध कहाँ है?

सिद्धान्ती—श्रवणादि लिंगसे भी आत्माका ज्ञान किस प्रकार हो सकता है? क्योंकि जब और जिस समय आत्मा सुननेयोग्य शब्दको सुनता है उस समय श्रवणक्रियाके साथ ही वर्तमान रहनेके कारण उसके लिये अपनेमें अथवा अन्यत्र मनन या विज्ञानरूप क्रियाएँ सम्भव नहीं हैं। [इस प्रकार विजातीय क्रियाओंकी समकालीनताका निषेध करके अब सजातीय क्रियाओंका निषेध करते हैं—] इसी प्रकार अन्यत्र मनन आदि क्रियाओंमें भी समझना चाहिये। श्रवणादि क्रियाएँ भी अपने विषयोंमें ही प्रवृत्त हो सकती हैं [आश्रयमें नहीं]। मनन करनेवालेकी मननक्रिया मन्तव्यसे भिन्न स्थानमें सम्भव नहीं है।

पूर्व०—मनसे तो सभीका मनन किया जाता है।

सिद्धान्ती—यह ठीक है; परन्तु जो कुछ मनन किया जाता है वह सब मननकर्ताके बिना नहीं किया जा सकता।

पूर्व०—यदि ऐसा हो भी तो इससे क्या होगा?

इदमत्र स्यात्; सर्वस्य योऽयं मन्ता स मन्तैवेति न स मन्तव्यः स्यात् । न च द्वितीयो मन्तुर्मन्तास्ति। यदा स आत्मनैव मन्तव्यस्तदा येन च मन्तव्यः, आत्मा आत्मना यश्च मन्तव्य आत्मा तौ द्वौ प्रसज्येयाताम्। एक एवात्मा द्विधा मन्तृमन्तव्यत्वेन द्विशकलीभवेद्वंशादिवत्। उभयथाप्यनुपपत्तिरेव। यथा प्रदीपयोः प्रकाश्यप्रकाशकत्वानुपपत्तिः समत्वात्तद्वत्।

सिद्धान्ती—इससे यहाँ यह होगा कि जो इस सबका मनन करनेवाला है वह मनन करनेवाला ही रहेगा, मन्तव्य नहीं होगा। तथा उस मनन करनेवालेका कोई दूसरा मननकर्ता भी नहीं है। यदि उसे आत्माद्वारा ही मन्तव्य माना जाय तो जिस आत्मासे आत्मा मनन किया जाता है और जिस आत्माका मनन किया जाता है उनके दो होनेका प्रसंग उपस्थित हो जायगा अथवा बाँस आदिके समान एक ही आत्मा मन्ता और मन्तव्यरूपसे दो भागोंमें विभक्त माना जायगा। किन्तु उपर्युक्त दोनों प्रकारसे अनुपपत्ति ही है। जैसे कि समानरूप होनेके कारण दो दीपकोंका परस्पर प्रकाश्य-प्रकाशकत्व नहीं बन सकता, उसी प्रकार [यहाँ समझना चाहिये]।

न च मन्तुर्मन्तव्ये मननव्यापारशून्यः कालोऽस्त्यात्ममननाय। यदापि लिङ्गेनात्मानं मनुते मन्ता; तदापि पूर्ववदेव लिङ्गेन मन्तव्य आत्मा यश्च तस्य मन्ता तौ द्वौ प्रसज्येयाताम् एक एव वा द्विधेतिपूर्वोक्तदोषः। न प्रत्यक्षेण

इसके सिवा मन्ताको अपना मनन करनेके लिये मन्तव्य पदार्थोंका मनन करनेके व्यापारसे रहित कोई काल भी नहीं है। जिस समय भी किसी लिंगके द्वारा मन्ता अपना मनन करता है उस समय भी पहलेहीके समान लिंगसे मन्तव्य आत्मा और जो कोई उसका मनन करनेवाला है वे दो सिद्ध होते हैं; अथवा एक ही दो भागोंमें विभक्त है—इस प्रकार पूर्वोक्त दोष उपस्थित हो जाता है। और यदि वह न प्रत्यक्षसे जाना

नाप्यनुमानेन ज्ञायते चेत् कथमुच्यते "स म आत्मेति विद्यात्" (कौषी० ३। ९) इति? कथं वा श्रोता मन्तेत्यादि

जाता है और न अनुमानसे तो ऐसा क्यों कहते हैं कि "वह मेरा आत्मा है—ऐसा जाने" और क्यों उसे श्रोता-मन्ता इत्यादि बतलाते हैं?

ननु श्रोतृत्वादिधर्मवानात्मा, अश्रोतृत्वादि च प्रसिद्धमात्मनः। किमत्र विषमं पश्यसि?

पूर्व०—आत्मा तो श्रोतृत्वादि धर्मवाला है और आत्माके अश्रोतृत्व आदि धर्म भी [श्रुतिमें] प्रसिद्ध हैं। फिर इसमें तुम्हें विषमता क्या दिखलायी देती है?

यद्यपि तव न विषमं तथापि मम तु विषमं प्रतिभाति। कथम्? यदासौ श्रोता तदा न मन्ता यदा मन्ता तदा न श्रोता। तत्रैवं सति पक्षे श्रोता मन्ता पक्षे न श्रोता नापि मन्ता। तथान्यत्रापि च।

सिद्धान्ती—यद्यपि तुझे कोई विषमता ज्ञात नहीं होती, तथापि मुझे तो होती ही है। किस प्रकार कि जिस समय यह श्रोता होता है उस समय मन्ता नहीं होता और जब मन्ता होता है तब श्रोता नहीं होता। ऐसा होनेके कारण वह एक पक्षमें श्रोता और मन्ता है तो दूसरे पक्षमें न श्रोता है और न मन्ता ही है। ऐसा ही अन्यत्र (विज्ञाता आदिके सम्बन्धमें) भी समझना चाहिये।

यदैवं तदा श्रोतृत्वादिधर्मवानात्मा अश्रोतृत्वादिधर्मवान् वेति संशयस्थाने कथं तव न वैषम्यम्। यदा देवदत्तो गच्छति तदा न स्थाता गन्तैव। यदा तिष्ठति तदा न गन्ता स्थातैव।

जब कि ऐसी बात है तब आत्मा श्रोतृत्वादि धर्मवाला है अथवा अश्रोतृत्वादि धर्मवाला? इस प्रकार संशयस्थान उपस्थित होनेपर तुझे विषमता क्यों नहीं दिखायी देती? जिस समय देवदत्त चलता है उस समय वह चलनेवाला ही होता है ठहरनेवाला नहीं होता, तथा जिस समय वह ठहरता है उस समय वह ठहरनेवाला ही होता है,

तदा अस्य पक्ष एव गन्तृत्वं स्थातृत्वं च। न नित्यं गन्तृत्वं स्थातृत्वं वा। तद्वत्।

चलनेवाला नहीं होता। ऐसी अवस्थामें इसका गन्तृत्व और स्थातृत्व पाक्षिक ही होता है, नित्यगन्तृत्व अथवा नित्यस्थातृत्व नहीं होता। इसी प्रकार [आत्माका श्रोतृत्वादि भी पाक्षिक ही सिद्ध होगा, नित्य नहीं]।

तथैवात्र काणादादयः पश्यन्ति। पक्षप्राप्तेनैव श्रोतृत्वादिना आत्मोच्यते श्रोता मन्तेत्यादि-वचनात्। संयोगजत्वमयौगपद्यं च ज्ञानस्य ह्याचक्षते। दर्शयन्ति चान्यत्रमना अभूवं नादर्श-मित्यादि युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गमिति च न्याय्यम्।

काणाद आदि अन्य मतावलम्बी भी इस विषयमें ऐसा ही समझते हैं; क्योंकि इस विषयमें उनका कथन है कि पक्षमें प्राप्त होनेवाले श्रोतृत्वादिके कारण ही आत्मा श्रोता, मन्ता इत्यादि कहा जाता है। वे ज्ञानका संयोगजत्व (इन्द्रिय और मनके संयोगसे उत्पन्न होना) और अयौगपद्य (एक साथ न होना) प्रतिपादन करते हैं। और मनको एक साथ ज्ञान उत्पन्न न होनेमें वे 'मैं अन्यमनस्क था, इसलिये न देख सका' इत्यादि लिंग प्रदर्शित करते हैं और यह युक्तिसंगत भी है।

भवत्वेवम्; किं तव नष्टं यद्येवं स्यात्?

पूर्व०—ऐसा सिद्धान्त भले ही रहे; किन्तु यदि ऐसा हो भी तो तुम्हारी क्या हानि है?

अस्त्वेवं तवेष्टं चेत्। श्रुत्यर्थस्तु न सम्भवति।

सिद्धान्ती—यदि तुम्हें अभिमत हो तो तुम्हारे लिये ऐसा भले ही हो; परन्तु यह श्रुतिका तात्पर्य तो हो नहीं सकता।

किं न श्रोता मन्तेत्यादि-श्रुत्यर्थः?

पूर्व०—क्या श्रोता, मन्ता इत्यादि श्रुतिका अर्थ नहीं है?

न; न श्रोता न मन्तेत्यादिवचनात्।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि [श्रुतिमें तो] 'न श्रोता है न मन्ता है' इत्यादि भी कहा है।

ननु पाक्षिकत्वेन प्रत्युक्तं त्वया।

पूर्व०—परन्तु इस विरोधको तो तुमने पाक्षिक बतलाकर खण्डित कर दिया है।

न; नित्यमेव श्रोतृत्वाद्यभ्युपगमात्। "न हि श्रोतुः श्रुतेर्विपरिलोपो विद्यते" (बृ० उ० ४। ३। २७) इत्यादिश्रुतेः।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि आत्माका श्रोतृत्व आदि तो नित्य ही माना गया है, जैसा कि "श्रोताकी श्रुतिका लोप कभी नहीं होता" इत्यादि श्रुतिसे सिद्ध होता है।

एवं तर्हि नित्यमेव श्रोतृत्वाद्यभ्युपगमे प्रत्यक्षविरुद्धा युगपज्ज्ञानोत्पत्तिरज्ञानाभावश्चात्मनः कल्पितः स्यात्। तच्चानिष्टमिति।

पूर्व०—ऐसी दशामें तो आत्माका नित्य श्रोतृत्वादि माननेपर प्रत्यक्षविरुद्ध अनेक ज्ञानोंका एक साथ उत्पन्न होना और आत्मामें अज्ञानका अभाव ये दो बातें माननी पड़ेंगी। किन्तु यह किसीको अभीष्ट नहीं है।

नोभयदोषोपपत्तिः। आत्मनः श्रुत्यादिश्रोतृत्वादिधर्मवत्त्वश्रुतेः। अनित्यानां मूर्तानां च चक्षुरादीनां दृष्ट्याद्यनित्यमेव संयोगवियोगधर्मिणाम्, यथाग्नेर्ज्वलनं तृणादिसंयोगजत्वात्तद्वत्। न तु नित्यस्यामूर्तस्यासंयोगवियोगधर्मिणः संयोगजदृष्ट्या-

सिद्धान्ती—इन दोनों दोषोंकी सिद्धि नहीं हो सकती; क्योंकि श्रुतिके कथनानुसार आत्मा श्रुति आदिके श्रोतृत्वादि धर्मवाला है* जिस प्रकार अग्निका प्रज्वलित होना, तृणादिके संयोगसे होनेके कारण, अनित्य है; उसी प्रकार संयोग-वियोगधर्मी, मूर्त्त एवं अनित्य चक्षु आदिके धर्म दृष्टि आदि अनित्य ही हैं। किन्तु जो नित्य, अमूर्त्त और संयोग-वियोगधर्मसे रहित है उस (आत्मा)-का संयोगजनित दृष्टि आदि

* अर्थात् वह श्रुतिका श्रोता, मतिका मन्ता तथा विज्ञाता आदि रूपसे प्रसिद्ध है।

ह्यनित्यधर्मवत्त्वं सम्भवति। तथा च श्रुतिः "न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते" (बृ० उ० ४। ३। २३) इत्याद्या। एवं तर्हि द्वे दृष्टी चक्षुषोऽनित्या दृष्टिर्नित्या चात्मनः। तथा च द्वे श्रुती श्रोत्रस्यानित्या नित्या चात्मस्वरूपस्य। तथा द्वे मती विज्ञाती बाह्याबाह्ये एवं ह्येव। तथा चेयं श्रुतिरुपपन्ना भवति "दृष्टेर्द्रष्टा श्रुतेः श्रोता" इत्याद्या।

लोकेऽपि प्रसिद्धं चक्षुषस्तिमिरोगमापाययोर्नष्टा दृष्टिर्जाता दृष्टिरिति चक्षुर्दृष्टेरनित्यत्वम्; तथा च श्रुतिमत्यादीनामात्मदृष्ट्यादीनां च नित्यत्वं प्रसिद्धमेव लोके। वदति हि उद्धृतचक्षुः स्वप्नेऽद्य मया भ्राता दृष्ट इति। तथावगतबाधिर्यः स्वप्ने श्रुतो मन्त्रोऽद्येत्यादि। यदि चक्षुःसंयोगजैवात्मनो नित्या दृष्टिस्तन्नाशे नश्येत्। तदोद्धृतचक्षुः स्वप्ने नीलपीतादि न पश्येत्।

अनित्य धर्मोंसे युक्त होना सम्भव नहीं है। ऐसी ही "द्रष्टाकी दृष्टिका लोप नहीं होता" इत्यादि श्रुति भी है। इस प्रकार दो दृष्टि सिद्ध होती हैं—(१) नेत्रकी अनित्य दृष्टि और (२) आत्माकी नित्य दृष्टि। इसी प्रकार दो श्रुति हैं—श्रोत्राकी अनित्य श्रुति और आत्माकी नित्य श्रुति। तथा इसी प्रकार बाह्य और अबाह्यरूप दो मति और दो विज्ञाति हैं। ऐसी अवस्थामें ही "दृष्टिका द्रष्टा है, श्रुतिका श्रोता है" इत्यादि श्रुति सार्थक हो सकती है।

लोकमें भी तिमिर रोगकी उत्पत्ति और विनाशसे 'दृष्टि नष्ट हो गयी, दृष्टि उत्पन्न हो गयी' इस प्रकार नेत्रकी दृष्टिका अनित्यत्व प्रसिद्ध ही है। इसी प्रकार श्रुति-मति इत्यादिका [अनित्यत्व माना गया है;] और आत्माकी दृष्टि आदिका नित्यत्व तो लोकमें प्रसिद्ध ही है। जिसके नेत्र निकाल लिये गये हैं वह पुरुष भी ऐसा कहता ही है कि 'आज स्वप्नमें मैंने अपने भाईको देखा था।' तथा जिसका बहरापन सबको ज्ञात है वह भी 'मैंने स्वप्नमें मन्त्र सुना' इत्यादि कहता ही है। यदि आत्माकी नित्य दृष्टि नेत्रेन्द्रियके संयोगसे ही उत्पन्न होनेवाली हो तो वह उसका नाश होनेपर नष्ट हो जाय। उस अवस्थामें जिसके नेत्र निकाल लिये गये हैं वह पुरुष स्वप्नमें नीला-पीला आदि नहीं देख सकेगा और

"न हि द्रष्टुर्दृष्टेः" (बृ० उ० ४। ३। २३) इत्याद्या च श्रुतिरनुपपन्ना स्यात्। "तच्चक्षुः पुरुषो येन स्वप्ने पश्यति" इत्याद्या च श्रुतिः।

तब "द्रष्टाकी दृष्टिका लोप नहीं होता" इत्यादि श्रुति और "वह नेत्र है, जिसके द्वारा पुरुष स्वप्नमें देखता है" इत्यादि श्रुति भी निरर्थक हो जायगी।

नित्या आत्मनो दृष्टिर्बाह्यानित्यदृष्टेर्ग्राहिका। बाह्यदृष्टेश्चोपजनापायाद्यनित्यधर्मवत्त्वात्तद्ग्राहिकाया आत्मदृष्टेस्तद्वदवभासत्वमनित्यत्वादि भ्रान्तिनिमित्तं लोकस्येति युक्तम्। यथा भ्रमणादिधर्मवदलातादिवस्तुविषयदृष्टिरपि भ्रमतीव तद्वत्। तथा च श्रुतिः "ध्यायतीव लेलायतीव" (बृ० उ० ४। ३। ७) इति। तस्मादात्मदृष्टेर्नित्यत्वान्न यौगपद्यमयौगपद्यं वास्ति।

आत्माकी नित्य दृष्टि बाह्य अनित्य दृष्टिको ग्रहण करनेवाली है। वाह्य दृष्टि उत्पत्ति-विनाशादि अनित्य धर्मोंवाली है; अतः लोगोंको जो उसे ग्रहण करनेवाली आत्मदृष्टिका उसीके समान भासित होना और अनित्य होना आदि प्रतीत होता है वह भ्रान्तिके कारण है—ऐसा मानना ठीक ही है। जिस प्रकार भ्रमण आदि धर्मवाली अलातचक्र आदि वस्तुओंसे सम्बन्धित दृष्टि भी भ्रमती-सी जान पड़ती है, उसी प्रकार [इसे समझना चाहिये]। ऐसा ही "ध्यायतीव लेलायतीव" आदि श्रुति भी कहती है। अतः नित्य होनेके कारण आत्मदृष्टिका यौगपद्य (अनेक दृष्टियोंका एक साथ होना) अथवा अयौगपद्य नहीं है।

बाह्यानित्यदृष्ट्युपाधिवशात्तु लोकस्य तार्किकाणां चागमसंप्रदायवर्जितत्वाद् अनित्या आत्मनो दृष्टिरिति भ्रान्तिरुपपन्नैव। जीवेश्वरपरमात्मभेदकल्पना चैतन्निमित्तैव। तथा च अस्ति नास्तीत्याद्याश्च यावन्तो वाङ्-

बाह्य अनित्य दृष्टिरूप उपाधिके कारण लोकको और तार्किक पुरुषोंको वैदिक सम्प्रदायसे रहित होनेके कारण ऐसी भ्रान्ति होना उचित ही है कि आत्माकी दृष्टि अनित्य है। जीव, ईश्वर और परमात्माके भेदकी कल्पना भी इसी निमित्तसे है। इसी प्रकार अस्ति (है) नास्ति (नहीं है) आदि जितने भी वाणी

मनसयोर्भेदा यत्रैकं भवन्ति, तद्विषयाया नित्याया दृष्टेर्निर्विशेषायाः—अस्ति नास्ति, एकं नाना, गुणवदगुणम्, जानाति न जानाति, क्रियावदक्रियम्, फलवदफलम्, सबीजं निर्बीजम्, सुखं दुःखम्, मध्यममध्यम्, शून्यमशून्यम्, परोऽहमन्य इति वा सर्ववाक्प्रत्ययागोचरे स्वरूपे यो विकल्पयितुमिच्छति; स नूनं खमपि चर्मवद्वेष्टयितुमिच्छति, सोपानमिव च पद्भ्यामारोढुम्, जले खे च मीनानां वयसां च पदं दिदृक्षते। "नेति नेति" (बृ० उ० ३।९।२६) "यतो वाचो निवर्तन्ते" (तै० उ० २।४।१) इत्यादिश्रुतिभ्यः। "को अद्धा वेद" (ऋ० सं० ३।५४।५) इत्यादिमन्त्रवर्णात्।

और मनके भेद हैं वे सब जहाँ एक हो जाते हैं उसे विषय करनेवाली नित्य निर्विशेष दृष्टिके सम्पूर्ण वाक्प्रतीतियोंके अविषय स्वरूपमें जो है-नहीं है, एक-अनेक, सगुण-निर्गुण, जानता है, नहीं जानता, सक्रिय-निष्क्रिय, सफल-निष्फल, सबीज-निर्बीज, सुख-दुःख, मध्य-अमध्य, शून्य-अशून्य अथवा पर-अहं एवं अन्यकी कल्पना करना चाहता है वह निश्चय ही आकाशको भी चमड़ेके समान लपेटना चाहता है और अपने पैरोंसे उसपर सीढ़ियोंके समान आरूढ़ होनेको उद्यत है। वह मानो जल और आकाशमें मछली तथा पक्षियोंके चरणचिह्न देखनेको उत्सुक है; जैसा कि "नेति नेति" "यतो वाचो निवर्तन्ते" इत्यादि श्रुतियों और "को अद्धा वेद*" इत्यादि मन्त्रवर्णसे सिद्ध होता है।

कथं तर्हि तस्य स म आत्मेति वेदनम्। ब्रूहि केन प्रकारेण तमहं स म आत्मेति विद्याम्।

पूर्व०—तो फिर उसे 'वह मेरा आत्मा है' इस प्रकार कैसे जाना जाता है? बतलाओ उसे मैं किस प्रकारसे 'वह मेरा आत्मा है' इस प्रकार जानूँगा?

अत्राख्यायिकामाचक्षते—कश्चित्किल मनुष्यो मुग्धः कैश्चिदुक्तः कस्मिंश्चिदपराधे सति धिक्त्वां नासि मनुष्य इति।

सिद्धान्ती—इस विषयमें एक आख्यायिका कहते हैं, किसी मूढ़ मनुष्यसे किसीने उससे कोई अपराध बन जानेपर कहा—'तुझे धिक्कार है, तू मनुष्य नहीं है।'

* उसे साक्षात् कौन जानता है?

स मुग्धतया आत्मनो मनुष्यत्वं प्रत्यायितुं कंचिदुपेत्याह—ब्रवीतु भवान्कोऽहमस्मीति। स तस्य मुग्धतां ज्ञात्वाह—क्रमेण बोधयिष्यामीति। स्थावराद्यात्मभावमपोह्य न त्वममनुष्य इत्युक्त्वोपरराम। स तं मुग्धः प्रत्याह—भवान्मां बोधयितुं प्रवृत्तस्तूष्णीं बभूव किं न बोधयतीति? तादृगेव तद्भवतो वचनम्। नास्यमनुष्य इत्युक्तेऽपि मनुष्यत्वमात्मनो न प्रतिपद्यते यः स कथं मनुष्योऽसीत्युक्तोऽपि मनुष्यत्वमात्मनः प्रतिपद्येत?

उसने मूढतावश अपना मनुष्यत्व निश्चित करानेके लिये किसीके पास जाकर कहा—'आप बतलाइये, मैं कौन हूँ?' वह उसकी मूर्खता समझकर उससे बोला—'धीरे-धीरे बतलाऊँगा।' और फिर स्थावरादिमें उसके आत्मत्वका निषेध बतलाकर 'तू अमनुष्य नहीं है,' ऐसा कहकर चुप हो गया। तब उस मूर्खने उससे कहा—'आप मुझे समझानेके लिये प्रवृत्त होकर अब चुप हो गये, समझाते क्यों नहीं हैं?' उसीके समान आपके ये वचन हैं। जो पुरुष 'तू अमनुष्य नहीं है' ऐसा कहनेपर अपना मनुष्यत्व नहीं समझता वह 'तू मनुष्य है' ऐसा कहनेपर भी अपना मनुष्यत्व कैसे समझ सकेगा?

तस्माद्यथाशास्त्रोपदेश एवात्मावबोधविधिर्नान्यः। न ह्यग्नेर्दाह्यं तृणाद्यन्येन केनचिद्दग्धुं शक्यम्। अत एव शास्त्रमात्मस्वरूपं बोधयितुं प्रवृत्तं सदमनुष्यत्वप्रतिषेधेनेव "नेति नेति" (बृ० उ० ३।९।२६) इत्युक्त्वोपरराम। तथा "अनन्तरमबाह्यम्" (बृ० उ० २।५।१९, ३।८।८) "अयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः" (बृ० उ० २।५।१९) इत्यनुशासनम्।

अतः जैसा शास्त्रका उपदेश है उसके अनुसार ही आत्मसाक्षात्कारकी विधि है, उससे भिन्न नहीं। अग्निसे दग्ध होनेवाले तृण आदि किसी अन्य वस्तुसे नहीं जलाये जा सकते। अतएव शास्त्र आत्मस्वरूपका बोध करानेके लिये प्रवृत्त होकर अमनुष्यत्वके प्रतिषेधके समान "नेति नेति" ऐसा कहकर चुप हो गया है। इसी तरह "अन्तर्बाह्यभावसे रहित" "यह आत्मा सबका अनुभव करनेवाला ब्रह्म है" इत्यादि भी शास्त्रका उपदेश है।

"तत्त्वमसि" (छा० उ० ६। ८—१६) "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्" (बृ० उ० २। ४। १४, ४। ५। १५) इत्येवमाद्यपि च।

तथा "वह तू है" "जहाँ इसके लिये सब कुछ आत्मा ही हो जाता है वहाँ किससे किसे देखे?" इत्यादि ऐसे ही और भी वाक्य यही बतलाते हैं।

यावदयमेवं यथोक्तमिममात्मानं न वेत्ति तावदयं बाह्यानित्यदृष्टिलक्षणमुपाधिमात्मत्वेनोपेत्य अविद्या उपाधिधर्मानात्मनो मन्यमानो ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तेषु देवतिर्यङ्नरस्थानेषु पुनः पुनरावर्तमानोऽविद्याकामकर्मवशात्संसरति। स एवं संसरन्नुपात्तदेहेन्द्रियसंघातं त्यजति। त्यक्त्वान्यमुपादत्ते। पुनः पुनरेवमेव नदीस्रोतोवज्जन्ममरणप्रबन्धाविच्छेदेन वर्तमानः काभिरवस्थाभिर्वर्तत इत्येतमर्थं दर्शयन्त्याह श्रुतिर्वैराग्यहेतोः—

जबतक यह जीव उपर्युक्त आत्माको 'यह ऐसा है' इस प्रकार नहीं जानता तबतक यह बाह्य अनित्य दृष्टिरूप उपाधिको आत्मभावसे प्राप्त होकर अविद्यावश उपाधिके धर्मोंको आत्माके धर्म मानता हुआ ब्रह्मासे लेकर स्तम्बपर्यन्त देवता, पशु-पक्षी और मनुष्योंकी योनियोंमें पुनः-पुनः चक्कर लगाता हुआ अविद्या, कामना और कर्मके अधीन हो [जन्म-मरणरूप] संसारको प्राप्त होता रहता है। वह इस प्रकार संसारको प्राप्त होता हुआ प्राप्त हुए देह और इन्द्रियके संघातको त्याग देता है और एकको त्यागकर दूसरेको ग्रहण कर लेता है। वह इसी प्रकार नदीके स्रोतके समान जन्म-मरणकी परम्पराका विच्छेद न होते हुए किन अवस्थाओंमें रहता है, इसी बातको [मनुष्योंके मनमें] वैराग्य उत्पन्न करानेके लिये दिखलाती हुई श्रुति कहती है—

पुरुषका पहला जन्म

पुरुषे ह वा अयमादितो गर्भो भवति। यदेतद्रेतः तदेतत्सर्वेभ्योऽङ्गेभ्यस्तेजः संभूतमात्मन्येवात्मानं बिभर्ति। तद्यदा स्त्रियां सिञ्चत्यथैनज्जनयति तदस्य प्रथमं जन्म॥ १॥

सबसे पहले यह पुरुषशरीरमें ही गर्भरूपसे रहता है। यह जो प्रसिद्ध रेतस् (वीर्य) है वह पुरुषके सम्पूर्ण अंगोंसे उत्पन्न हुआ तेज (सार) है। पुरुष इस आत्मभूत तेजको अपने [शरीर]-में ही पोषण करता है। फिर जिस समय वह इसे स्त्रीमें सींचता है तब इसे [गर्भरूपसे] उत्पन्न करता है। यह इसका पहला जन्म है॥ १॥

अयमेवाविद्याकामकर्माभिमानवान् यज्ञादिकर्मकृत्वास्माल्लोकाद् धूमादिक्रमेण चन्द्रमसं प्राप्य क्षीणकर्मा वृष्ट्यादिक्रमेणेमं लोकं प्राप्य अन्नभूतः पुरुषाग्नौ हुतः। तस्मिन्पुरुषे ह वा अयं संसारी रसादिक्रमेण आदितः प्रथमतो रेतोरूपेण गर्भो भवतीत्येतदाह यदेतत्पुरुषे रेतस्तेन रूपेणेति।

अविद्या, काम और कर्मजनित अभिमानवाला यह जीव ही यज्ञादि कर्म करके इस लोकसे धूमादि क्रमसे चन्द्रलोकको प्राप्त हो कर्मोंके क्षीण होनेपर वृष्टि आदि-क्रमसे इस लोकको प्राप्त होनेपर अन्नरूपसे पुरुषरूप अग्निमें हवन किया जाता है। उस पुरुषमें यह संसारी जीव रसादिक्रमसे सबसे पहले शुक्ररूपसे गर्भ होता है। इसी बातको 'यह जो पुरुषमें रेतस् है तद्रूपसे [गर्भ होता है]' इस वाक्यसे कहा है।

तच्चैतद्रेतोऽन्नमयस्य पिण्डस्य सर्वेभ्योऽङ्गेभ्योऽवयवेभ्यो रसादिलक्षणेभ्यस्तेजः साररूपं शरीरस्य संभूतं परिनिष्पन्नं तत्पुरुषस्यात्मभूतत्वादात्मा। तमात्मानं रेतोरूपेण गर्भीभूतमात्मन्येव स्वशरीर एवात्मानं बिभर्ति धारयति।

वह यह रेतस् (शुक्र) अन्नमय पिण्डके रसादिरूप सम्पूर्ण अंग यानी अवयवोंसे तेज—शरीरका सारभूत निष्पन्न हुआ है। वह पुरुषका आत्मभूत होनेके कारण 'आत्मा' है। शुक्ररूपसे गर्भीभूत हुए उस आत्माको पुरुष अपने शरीरमें ही धारण (पोषण) करता है।

तद्रेतो यदा यस्मिन्काले भार्यर्तुमती तस्यां योषाग्नौ

जिस समय भार्या ऋतुमती होती है उस समय पिता उस शुक्रको स्त्रीरूप अग्नि—अर्थात् स्त्री [-की योनि]-में

स्त्रियां सिञ्चत्युपगच्छन्, अथ तदैनदेतद्रेत आत्मनो गर्भभूतं जनयति पिता। तदस्य पुरुषस्य स्थानान्निर्गमनं रेतःसेककाले रेतोरूपेणास्य संसारिणः प्रथमं जन्म प्रथमावस्थाभिव्यक्तिः। तदेतदुक्तं पुरस्तात् ''असावात्मामुमात्मानम्'' इत्यादिना॥ १॥

उससे संयोग करके सींचता है उस समय वह इस शुक्रको अपने गर्भरूपसे उत्पन्न करता है। इस प्रकार रेतःसिंचनकालमें रेतोरूपसे अपने स्थानसे निकलना ही इस संसारी पुरुषका प्रथम जन्म अर्थात् प्रथमावस्थाकी अभिव्यक्ति है। यही बात ''असावात्मा अमुमात्मानम्'' इत्यादि वाक्यसे पहले कही गयी है॥ १॥

तत्स्त्रिया आत्मभूतं गच्छति। यथा स्वमङ्गं तथा। तस्मादेनां न हिनस्ति। सास्यैतमात्मानमत्रगतं भावयति॥ २॥

जिस प्रकार [स्तनादि] अपने अंग होते हैं उसी प्रकार वह वीर्य स्त्रीके आत्मभाव (तादात्म्य)-को प्राप्त हो जाता है। अतः वह उसे पीड़ा नहीं पहुँचाता। अपने उदरमें गये हुए उस (पति)-के इस आत्माका वह पोषण करती है॥ २॥

तद्रेतो यस्यां स्त्रियां सिक्तं सत्तस्या आत्मभूयमात्माव्यतिरेकतां यथा पितुरेवं गच्छति प्राप्नोति यथा स्वमङ्गं स्तनादि तथा तद्वदेव। तस्माद्धेतोरेनां मातरं स गर्भो न हिनस्ति पिटकादिवत्। यस्मात्स्तनादिस्वाङ्गवदात्मभूतं गतं तस्मान्न हिनस्ति न बाधत इत्यर्थः।

वह वीर्य जिस स्त्रीमें सींचा जाता है उस स्त्रीके आत्मभाव अर्थात् पिताके शरीरके समान उसके शरीरसे अभिन्नताको प्राप्त हो जाता है। जिस प्रकार अपने अंग स्तनादि (देहसे पृथक् नहीं) होते हैं उसी प्रकार यह भी हो जाता है। इसीलिये यह गर्भ पिटक (आन्तरिक व्रणरूप ग्रन्थि) आदिके समान उस माताको कष्ट नहीं देता। क्योंकि वह स्तनादि अपने अंगके समान शरीरसे अभेदको प्राप्त हो जाता है इसलिये वह [किसी प्रकारका] कष्ट यानी बाधा नहीं पहुँचाता—यह इसका तात्पर्य है।

सा अन्तर्वत्न्येतमस्य भर्तुरात्मानमत्रात्मन उदरे गतं प्रविष्टं बुद्ध्वा भावयति वर्धयति परिपालयति गर्भविरुद्धाशनादिपरिहारमनुकूलाशनाद्युपयोगं च कुर्वती॥ २॥

वह गर्भिणी इस अपने पतिके आत्माको यहाँ—अपने उदरमें प्रविष्ट हुआ जानकर गर्भके विरोधी भोजनादिको त्यागकर अनुकूल भोजनादिका उपयोग करती हुई उसका पालन करती है॥ २॥

पुरुषका दूसरा जन्म

सा भावयित्री भावयितव्या भवति। तं स्त्री गर्भं बिभर्ति। सोऽग्र एव कुमारं जन्मनोऽग्रेऽधिभावयति। स यत्कुमारं जन्मनोऽग्रेऽधिभावयत्यात्मानमेव तद्भावयत्येषां लोकानां सन्तत्या। एवं सन्तता हीमे लोकास्तदस्य द्वितीयं जन्म॥ ३॥

वह [गर्भभूत पतिके आत्माका] पालन करनेवाली [गर्भिणी स्त्री अपने पतिद्वारा] पालनीया होती है। गर्भिणी स्त्री उस गर्भका पोषण करती है तथा वह (पिता) गर्भरूपसे उत्पन्न हुए उस कुमारको प्रसवके अनन्तर पहले [जातकर्मादि संस्कारोंसे] ही संस्कृत करता है। वह जो जन्मके अनन्तर कुमारका संस्कार करता है सो इस प्रकार इन लोकों (पुत्र-पौत्रादि)-की वृद्धिसे वह अपना ही संस्कार करता है; क्योंकि इसी प्रकार इन लोकोंकी वृद्धि होती है—यही इसका दूसरा जन्म है॥ ३॥

सा भावयित्री वर्धयित्री भर्तुरात्मनो गर्भभूतस्य भावयितव्या वर्धयितव्या रक्षयितव्या च भर्त्रा भवति। न ह्युपकारप्रत्युपकारमन्तरेण लोके कस्यचित्केनचित्सम्बन्ध उपपद्यते। तं गर्भं स्त्री यथोक्तेन

गर्भभूत पतिके आत्माकी वृद्धि करनेवाली वह स्त्री अपने स्वामीद्वारा वर्धयितव्या—पालनीया होती है; क्योंकि लोकमें उपकार-प्रत्युपकारके बिना किसीके साथ किसीका सम्बन्ध होना सम्भव नहीं है। जन्म होनेसे पूर्व उस गर्भको वह स्त्री गर्भधारणकी यथोक्त

गर्भधारणविधानेन बिभर्ति धारयत्यग्रे प्राग्जन्मनः। स पिता अग्र एव पूर्वमेव जातमात्रं जन्मनोऽध्यूर्ध्वं जन्मनो जातं कुमारं जातकर्मादिना पिता भावयति। स पिता यद्यस्मात्कुमारं जन्मनोऽध्यूर्ध्वमग्रे जातमात्रमेव जातकर्मादिना यद्भावयति। तदात्मानमेव भावयति। पितुरात्मैव हि पुत्ररूपेण जायते। तथा ह्युक्तम् ''पतिर्जायां प्रविशति'' (हरि० ३। ७३। ३१) इत्यादि।

विधिसे धारण-पोषण करती है। तथा वह पिता [जन्म होनेके बाद] पहले ही जन्म लेते ही उस कुमारका जन्मके अनन्तर जातकर्मादिद्वारा संस्कार करता है। वह पिता जो जन्मके अनन्तर उस सद्योजात कुमारका जातकर्म आदिसे संस्कार करता है सो मानो अपना ही संस्कार करता है; क्योंकि पिताका आत्मा ही पुत्ररूपसे उत्पन्न होता है। यही बात ''पतिर्जायां प्रविशति'' इत्यादि वाक्योंमें कही है।

तत्किमर्थमात्मानं पुत्ररूपेण जनयित्वा भावयतीत्युच्यते—एषां लोकानां सन्तत्या अविच्छेदायेत्यर्थः। विच्छिद्येरन्हीमे लोकाः पुत्रोत्पादनादि यदि न कुर्युः केचन। एवं पुत्रोत्पादनादिकर्माविच्छेदेनैव सन्तताः प्रबन्धरूपेण वर्तन्ते हि यस्मादिमे लोकास्तस्मात्तदविच्छेदाय तत्कर्तव्यं न मोक्षायेत्यर्थः। तदस्य संसारिणः कुमाररूपेण मातुरुदराद्यन्निर्गमनं तद्रेतोरूपापेक्षया द्वितीयं जन्म द्वितीयावस्थाभिव्यक्तिः॥ ३॥

पिता अपनेको पुत्ररूपसे उत्पन्न करके क्यों संस्कार करता है? इसपर कहते हैं—इन लोकोंके विस्तार अर्थात् अविच्छेदके लिये। यदि कोई पुत्रोत्पादनादि न करें तो ये लोक विच्छिन्न हो जायँ। इस प्रकार, क्योंकि पुत्रोत्पादनादि कर्मोंका विच्छेद न होनेके कारण ही ये लोक वृद्धिको प्राप्त होकर प्रवाहरूपसे वर्तमान रहते हैं, इसलिये उनके अविच्छेदके लिये उस [पुत्रोत्पादनादि]-को करना चाहिये; मोक्षके लिये नहीं—यह इसका अभिप्राय है। इस प्रकार कुमाररूपसे जो माताके उदरसे बाहर निकलना है वही इस संसारी जीवका रेतोरूप जन्मकी अपेक्षा दूसरा जन्म यानी इसकी द्वितीय अवस्थाकी अभिव्यक्ति है॥ ३॥

पुरुषका तीसरा जन्म

सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः प्रतिधीयते। अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति। स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म॥ ४॥

इस (पिता)-का यह [पुत्ररूप] आत्मा पुण्यकर्मोंके अनुष्ठानके लिये [घरमें पिताके स्थानपर] प्रतिनिधिरूपसे स्थापित किया जाता है। तदनन्तर इसका यह अन्य (पितृरूप) आत्मा वृद्धावस्थामें पहुँचकर कृतकृत्य होकर यहाँसे कूच कर जाता है। यहाँसे कूच करनेके अनन्तर ही वह [कर्मफलभोगके लिये] पुनः जन्म लेता है। यही इसका तीसरा जन्म है॥ ४॥

अस्य पितुः सोऽयं पुत्रात्मा पुण्येभ्यः शास्त्रोक्तेभ्यः कर्मभ्यः कर्मनिष्पादनार्थं प्रतिधीयते पितुः स्थाने पित्रा यत्कर्तव्यं तत्करणाय प्रतिनिधीयत इत्यर्थः। तथा च संप्रत्तिविद्यायां वाजसनेयके पित्रानुशिष्टः—"अहं ब्रह्माहं यज्ञः" (बृ० उ० १। ५। १७) इत्यादि प्रतिपद्यत इति।

इस पिताका वह यह पुत्ररूप आत्मा पुण्य यानी शास्त्रोक्त कर्मोंके निमित्त अर्थात् कार्यसम्पादनके लिये पिताके स्थानपर प्रतिनिधि स्थापित किया जाता है। अर्थात् पिताको जो कुछ करना चाहिये उसे करनेके लिये यह प्रतिनिधि होता है। यही बात बृहदारण्यकोपनिषद्में संप्रत्तिविद्याके* प्रकरणमें पितासे शिक्षा पाकर पुत्र कहता है—"मैं ब्रह्म हूँ, मैं यज्ञ हूँ" इत्यादि।

अथानन्तरं पुत्रे निवेश्यात्मनो भारमस्य पुत्रस्येतरोऽयं यः पित्रात्मा कृतकृत्यः कर्तव्यादृणत्रयाद्विमुक्तः कृतकर्तव्य इत्यर्थः,

तदनन्तर पुत्रपर अपना भार छोड़कर इस पुत्रका यह पितारूप दूसरा आत्मा कृतकृत्य यानी कर्तव्यरूप ऋणत्रयसे मुक्त होकर अर्थात् अपना कर्तव्य सम्पादन

* जिसमें पुत्रको अपने कर्तव्य सौंपनेकी बात कही गयी है।

वयोगतो गतवया जीर्णः सन्प्रैति म्रियते। स इतोऽस्मात्प्रयन्नेव शरीरं परित्यजन्नेव तृणजलूकावद् देहान्तरमुपाददानः कर्मचितं पुनर्जायते। तदस्य मृत्वा प्रतिपत्तव्यं यत्तत्तृतीयं जन्म।

ननु संसरतः पितुः सकाशाद्रेतोरूपेण प्रथमं जन्म। तस्यैव कुमाररूपेण मातुर्द्वितीयं जन्मोक्तम्। तस्यैव तृतीये जन्मनि वक्तव्ये प्रेतस्य पितुर्यज्जन्म तत्तृतीयमिति कथमुच्यते?

नैष दोषः; पितापुत्रयोरैकात्म्यस्य विवक्षितत्वात्। सोऽपि पुत्रः स्वपुत्रे भारं निधायेतः प्रयन्नेव पुनर्जायते यथा पिता। तदन्यत्रोक्तमितरत्राप्युक्तमेव भवतीति मन्यते श्रुतिः; पितापुत्रयोरेकात्मत्वात्॥ ४॥

करके वयोगत होकर—अवस्था समाप्त हो जानेपर अर्थात् वृद्ध होनेपर प्रेत—मृत्युको प्राप्त हो जाता है। वह यहाँसे जाते समय अर्थात् शरीरको त्यागता हुआ ही तिनकेकी जोंक आदिके समान कर्मोपलब्ध अन्य देहको प्राप्त करके पुनः उत्पन्न होता है। वह जो इसे मरनेपर प्राप्त हुआ करता है, इसका तीसरा जन्म है।

शंका—संसारी जीवका पितासे वीर्यरूपसे पहला जन्म बतलाया; उसीका कुमाररूपसे मातासे दूसरा जन्म कहा। अब उसीका तीसरा जन्म बतलाते समय उसके मृत पिताका जो जन्म होता है वही इसका तीसरा जन्म है—ऐसा क्यों कहा गया?

समाधान—पिता और पुत्रकी एकात्मता बतलानी इष्ट होनेके कारण ऐसा कहनेमें कोई दोष नहीं है। वह पुत्र भी अपने पिताके समान अपने पुत्रपर भार छोड़कर यहाँसे कूच करनेपर फिर उत्पन्न होता ही है। यह बात एकके प्रति कही जानेपर दूसरेके लिये भी कह ही दी गयी है—ऐसा श्रुति मानती है; क्योंकि पिता और पुत्र एकरूप ही हैं॥ ४॥

वामदेवकी उक्ति

एवं संसरन्नवस्थाभिव्यक्तित्रयेण जन्ममरणप्रबन्धारूढः सर्वो लोकः संसारसमुद्रे निपतितः कथंचिद्यदा श्रुत्युक्तमात्मानं विजानाति यस्यां कस्यांचिदवस्थायां तदैव मुक्तसर्वसंसारबन्धनः कृतकृत्यो भवतीति—

इस प्रकार संसरण करता [अर्थात् संसारमें उत्पन्न होता] हुआ और अवस्थाकी तीन अभिव्यक्तियोंके क्रमसे जन्म-मरणरूप परम्परापर आरूढ़ हुआ सम्पूर्ण लोक संसारसमुद्रमें पड़ा-पड़ा जिस समय किसी प्रकार जिस-किसी अवस्थामें भी अपने श्रुतिप्रतिपादित आत्माको जान लेता है उसी समय वह सम्पूर्ण संसारबन्धनोंसे मुक्त होकर कृतकृत्य हो जाता है—

तदुक्तमृषिणा—गर्भे नु सन्नन्वेषामवेदमहं देवानां जनिमानि विश्वा। शतं मा पुर आयसीररक्षन्नधः श्येनो जवसा निरदीयमिति। गर्भ एवैतच्छयानो वामदेव एवमुवाच॥ ५॥

यही बात ऋषि (मन्त्र)-ने भी कही है—'मैंने गर्भमें रहते हुए ही इन देवताओंके सम्पूर्ण जन्मोंको जान लिया है। [तत्त्वज्ञान होनेसे पूर्व] मुझे सैकड़ों लोहमय (लोहेके समान सुदृढ़) शरीरोंने अवरुद्ध किया हुआ था। अब [तत्त्वज्ञानके प्रभावसे] मैं श्येन पक्षीके समान [उनका छेदन करके] बाहर निकल आया हूँ'—वामदेवने गर्भमें शयन करते समय ही ऐसा कहा था॥ ५॥

एतद्वस्तु तदृषिणा मन्त्रेणाप्युक्तमित्याह—

यही बात ऋषि यानी मन्त्रने भी कही है, सो बतलाते हैं—

गर्भे नु मातुर्गर्भाशय एव सन्। न्विति वितर्के। अनेकजन्मान्तरभावनापरिपाक-वशादेषां देवानां वागग्न्यादीनां

'गर्भे नु'—माताके गर्भमें रहते हुए ही—यहाँ 'नु' शब्द वितर्कका बोध कराता है—अनेक जन्मान्तरोंकी भावनाके परिपाकवश मैंने इन वाक् एवं अग्नि

जनिमानि जन्मानि विश्वा विश्वानि सर्वाण्यन्ववेदमहमहो अनुबुद्धवानस्मीत्यर्थः शतमनेका बह्व्यो मा मां पुर आयसीः, आयस्यो लोहमय्य इवाभेद्यानि शरीराणीत्यभिप्रायः, अरक्षन्रक्षितवत्यः संसारपाशनिर्गमनादधः। अथ श्येन इव जालं भित्त्वा जवसा आत्मज्ञानकृतसामर्थ्येन निरदीयं निर्गतोऽस्मि। अहो गर्भ एव शयानो वामदेव ऋषिरेवमुवाचैतत्॥ ५॥

आदि देवताओंके सम्पूर्ण जन्मोंका अनुभव—बोध प्राप्त किया है। मुझे संसारबन्धनसे मुक्त होनेसे पूर्व आयसी अर्थात् लोहमयीके समान सैकड़ों—अनेकों अभेद्य पुरियों—शरीरोंने सुरक्षित (अवरुद्ध) किया हुआ था। अब जालको काटकर वेगसे उड़ जानेवाले श्येन (बाज पक्षी)-के समान मैं आत्मज्ञानजनित सामर्थ्यके द्वारा उससे बाहर निकल आया हूँ—अहो! वामदेव ऋषिने गर्भमें शयन करते हुए ही ऐसा कहा था॥ ५॥

वामदेवकी गति

स एवं विद्वानस्माच्छरीरभेदादूर्ध्व उत्क्रम्यामुष्मिन्स्वर्गे लोके सर्वान्कामानाप्त्वामृतः समभवत्समभवत्॥ ६॥

वह [वामदेव ऋषि] ऐसा ज्ञान प्राप्तकर इस शरीरका नाश होनेके अनन्तर उत्क्रमणकर इन्द्रियोंके अविषयभूत स्वर्ग (स्वप्रकाश) लोकमें सम्पूर्ण भोगोंको प्राप्तकर अमर हो गया, [अमर] हो गया॥ ६॥

स वामदेव ऋषिर्यथोक्तमात्मानमेव विद्वानस्माच्छरीरभेदाच्छरीरस्याविद्यापरिकल्पितस्य आयसवदनिर्भेद्यस्य जननमरणाद्यनेकानर्थशताविष्टशरीरप्रबन्धनस्य परमात्मज्ञानामृतोपयोगजनितवीर्यकृतभेदाच्छरीरोत्पत्तिबीजाविद्यादिनिमित्तोपमर्दहेतोः

वह वामदेव ऋषि पूर्वोक्त आत्माको इस प्रकार जानकर इस शरीरका नाश होनेके अनन्तर अर्थात् लोहमयके समान दुर्भेद्य और जन्म-मरणादि अनेक प्रकारके सैकड़ों अनर्थोंसे समन्वित इस अविद्यापरिकल्पित शरीरपरम्पराका परमात्मज्ञानरूप अमृतके उपयोग (आस्वाद)-से प्राप्त हुई शक्तिद्वारा भेद होनेपर यानी शरीरोत्पत्तिके बीजभूत अविद्या आदि निमित्तकी निवृत्तिसे होनेवाले देहपातके

शरीरविनाशादित्यर्थः। ऊर्ध्वः परमात्मभूतः सन्नधोभावात्संसारादुत्क्रम्य ज्ञानावद्योतितामलसर्वात्मभावमापन्नः सन्नमुष्मिन्यथोक्तेऽजरेऽमरेऽमृतेऽभये सर्वज्ञेऽपूर्वेऽनपरेऽनन्तरेऽबाह्ये प्रज्ञानामृतैकरसे प्रदीपवन्निर्वाणमत्यगमत्स्वर्गे लोके स्वस्मिन्नात्मनि स्वे स्वरूपेऽमृतः समभवत्। आत्मज्ञानेन पूर्वमाप्तकामतया जीवन्नेव सर्वान्कामानाप्त्वेत्यर्थः। द्विर्वचनं सफलस्य सोदाहरणस्यात्मज्ञानस्य परिसमाप्तिप्रदर्शनार्थम्॥ ६॥

अनन्तर ऊर्ध्व अर्थात् परमात्मभावको प्राप्त हो अधोभाव यानी संसारसे ऊपर उठ तत्त्वज्ञानसे उद्भासित निर्मल सर्वात्मभावको प्राप्त हो उस (इन्द्रियोंसे अगोचर) पूर्वोक्त अजर, अमर, अमृत, अभय, सर्वज्ञ, अपूर्व, अनन्य, अनन्तर, अबाह्य और एकमात्र प्रज्ञानामृतस्वरूप स्वर्गलोकमें दीपककी भाँति शान्त हो गया; अर्थात् अपने आत्मा—स्व-स्वरूपमें स्थित होकर अमृत हो गया। भाव यह है कि आत्मज्ञानद्वारा पहलेहीसे पूर्णकाम होनेके कारण अर्थात् जीवित अवस्थामें ही सम्पूर्ण कामनाएँ प्राप्तकर [वह अमरत्वको प्राप्त हो गया]। फल और उदाहरणके सहित आत्मज्ञानकी सम्यक् समाप्ति सूचित करनेके लिये यहाँ [समभवत्-समभवत्—ऐसी] द्विरुक्ति की गयी है॥ ६॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतावैतरेयोपनिषद्भाष्ये द्वितीयेऽध्याये
प्रथमः खण्डः समाप्तः।

उपनिषत्क्रमेण द्वितीयः, आरण्यकक्रमेण
पञ्चमोऽध्यायः समाप्तः।

तृतीयोऽध्यायः

प्रथम खण्ड

आत्मसम्बन्धी प्रश्न

ब्रह्मविद्यासाधनकृतसर्वात्मभावफलावाप्तिं वामदेवाद्याचार्यपरम्परया श्रुत्यावद्योत्यमानां ब्रह्मवित्परिषद्यत्यन्तप्रसिद्धामुपलभमाना मुमुक्षवो ब्राह्मणा अधुनातना ब्रह्मजिज्ञासवोऽनित्यात्साध्यसाधनलक्षणात्संसारादाजीवभावाद् व्याविवृत्सवो विचारयन्तोऽन्योन्यं पृच्छन्ति कोऽयमात्मेति? कथम्—

श्रुतिद्वारा वामदेव आदि आचार्योंकी परम्परासे प्रकाशित तथा ब्रह्मवेत्ताओंकी सभामें अत्यन्त प्रसिद्ध, ब्रह्मविद्यारूप साधनके किये हुए सर्वात्मभावरूप फलकी प्राप्तिको उपलब्ध करनेवाले आधुनिक मुमुक्षु और ब्रह्मजिज्ञासु ब्राह्मणलोग जीवभावपर्यन्त साध्य-साधनरूप अनित्य संसारसे निवृत्त होनेकी इच्छासे परस्पर विचार करते हुए पूछते हैं—यह आत्मा कौन है? किस प्रकार [पूछते हैं? सो बतलाया जाता है]—

कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे। कतरः स आत्मा, येन वा पश्यति येन वा शृणोति येन वा गन्धानाजिघ्रति येन वा वाचं व्याकरोति येन वा स्वादु चास्वादु च विजानाति॥ १॥

हम जिसकी उपासना करते हैं वह यह आत्मा कौन है? जिससे [प्राणी] देखता है, जिससे सुनता है, जिससे गन्धोंको सूँघता है, जिससे वाणीका विश्लेषण करता है और जिससे स्वादु-अस्वादुका ज्ञान प्राप्त करता है वह [श्रुतिकथित दो आत्माओंमेंसे] कौन-सा आत्मा है?॥ १॥

यमात्मानमयमात्मेति साक्षाद्वयमुपास्महे कः स आत्मेति यं चात्मानमयमात्मेति साक्षादुपासीनो वामदेवोऽमृतः समभवत्तमेव वयमप्युपास्महे को नु खलु स आत्मेति।

हम जिस आत्माकी 'यह आत्मा है' इस प्रकार साक्षात् उपासना करते हैं वह आत्मा कौन है? तथा जिस आत्माकी 'यह आत्मा है' इस प्रकार साक्षात् उपासना करनेवाला वामदेव अमर हो गया था उसी आत्माकी हम उपासना करते हैं। किन्तु वस्तुतः वह आत्मा है कौन-सा?

एवं जिज्ञासापूर्वमन्योन्यं पृच्छतामतिक्रान्तविशेषविषयश्रुतिसंस्कारजनिता स्मृतिरजायत। 'तं प्रपदाभ्यां प्रापद्यत ब्रह्मेमं पुरुषम्' 'स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत' एतमेव पुरुषम्। अत्र द्वे ब्रह्मणी इतरेतरप्रातिकूल्येन प्रतिपन्ने इति। ते चास्य पिण्डस्यात्मभूते। तयोरन्यतर आत्मोपास्यो भवितुमर्हति। योऽत्रोपास्यः कः स आत्मेति विशेषनिर्धारणार्थं पुनरन्योन्यं पप्रच्छुर्विचारयन्तः।

इस प्रकार जिज्ञासापूर्वक एक-दूसरेसे प्रश्न करते हुए उन्हें आत्म-सम्बन्धी विशेष विवरणसे युक्त पूर्वोक्त श्रुतिके संस्कारसे यह स्मृति पैदा हुई—'इस पुरुषमें ब्रह्म पादाग्रभागद्वारा प्रविष्ट हुआ' तथा इसी पुरुषमें 'वह इस सीमाको ही विदीर्णकर इसके द्वारा प्राप्त हुआ।' इस प्रकार यहाँ एक-दूसरेसे प्रतिकूल दो ब्रह्म ज्ञात होते हैं और वे इस पिण्डके आत्मस्वरूप हैं। इनमेंसे कोई एक ही आत्मा उपासनीय हो सकता है। इनमें जो उपासनीय है वह आत्मा कौन-सा है? इस विशेष बातको निश्चय करनेके लिये उन्होंने आपसमें विचार करते हुए एक-दूसरेसे फिर पूछा।

पुनस्तेषां विचारयतां विशेषविचारणास्पदविषया

फिर आपसमें विचार करनेवाले उन मुमुक्षुओंको अपने विचारणीय विशेष

मतिरभूत्। कथम्? द्वे वस्तुनी अस्मिन् पिण्ड उपलभ्येते। अनेकभेदभिन्नेन करणेन येनोपलभते। यश्चैक उपलभते। करणान्तरोपलब्धविषयस्मृतिप्रतिसन्धानात्। तत्र न तावद्येनोपलभते स आत्मा भवितुमर्हति।

विषयके सम्बन्धमें यह बुद्धि पैदा हुई। किस प्रकार पैदा हुई? [सो बतलाते हैं—] इस पिण्डमें दो वस्तुएँ उपलब्ध होती हैं—एक तो जिस चक्षु आदि अनेक प्रकारके भेदोंसे विभिन्न साधन (इन्द्रियग्राम)-द्वारा [पुरुष विषयोंको] उपलब्ध करता है और दूसरा जो उपलब्ध किया करता है; क्योंकि वह भिन्न-भिन्न इन्द्रियोंद्वारा उपलब्ध हुए विषयोंकी स्मृतिका अनुसन्धान करता है। उनमेंसे जिसके द्वारा पुरुष उपलब्ध करता है वह तो आत्मा हो नहीं सकता।

केन पुनरुपलभत इत्युच्यते येन वा चक्षुर्भूतेन रूपं पश्यति। येन वा शृणोति श्रोत्रभूतेन शब्दम्, येन वा घ्राणभूतेन गन्धानाजिघ्रति, येन वा वाक्करणभूतेन वाचं नामात्मिकां व्याकरोति गौरश्व इत्येवमाद्यां साध्वसाध्विति च, येन वा जिह्वाभूतेन स्वादु चास्वादु च विजानातीति॥ १॥

तो फिर वह किसके द्वारा उपलब्ध करता है, सो बतलाया जाता है—नेत्रके साथ एकीभूत हुए जिस श्रोत्रभावापन्नके द्वारा वह शब्द श्रवण करता है, जिस घ्राणेन्द्रियभूतसे वह गन्धोंको सूँघता है, जिस वागिन्द्रियभूतसे वह गौ-अश्व इत्यादि नामात्मिका तथा साधु-असाधु वाणीका विश्लेषण करता है और जिस रसनेन्द्रियभूतसे वह स्वादु-अस्वादु पदार्थोंको जानता है॥ १॥

प्रज्ञानसंज्ञक मनके अनेक नाम

किं पुनस्तदेवैकमनेकधा भिन्नं करणम्? इत्युच्यते—

पहले जो एक ही अनेक प्रकारसे विभिन्न करण बतलाया है वह कौन है? इसपर कहते हैं—

यदेतद्धृदयं मनश्चैतत्। संज्ञानमाज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं मेधा दृष्टिर्धृतिर्मतिर्मनीषा जूतिः स्मृतिः सङ्कल्पः क्रतुरसुः कामो वश इति सर्वाण्येवैतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति॥ २॥

यह जो हृदय है वही मन भी है। संज्ञान (चेतनता), आज्ञान (प्रभुता), विज्ञान, प्रज्ञान, मेधा, दृष्टि, धृति, मति, मनीषा, जूति (रोगादिजनित दुःख), स्मृति, संकल्प, क्रतु, असु (प्राण), काम और वश (मनोज्ञ वस्तुओंके स्पर्शादिकी कामना)—ये सभी प्रज्ञानके नाम हैं॥ २॥

यदुक्तं पुरस्तात्प्रजानां रेतो हृदयं हृदयस्य रेतो मनो मनसा सृष्टा आपश्च वरुणश्च हृदयान्मनो मनसश्चन्द्रमाः। तदेवैतद्धृदयं मनश्च, एकमेव तदनेकधा। एतेनान्तःकरणेनैकेन चक्षुर्भूतेन रूपं पश्यति श्रोत्रभूतेन शृणोति घ्राणभूतेन जिघ्रति वाग्भूतेन वदति जिह्वाभूतेन रसयति स्वेनैव विकल्पनारूपेण मनसा विकल्पयति हृदयरूपेणाध्यवस्यति। तस्मात्सर्वकरणविषयव्यापारकमेकमिदं करणं सर्वोपलब्ध्यर्थमुपलब्धुः।

पहले जो कहा है कि प्रजाओंका रेतस् (सारभूत) हृदय है, हृदयका सारभूत मन है, मनसे जल और वरुणकी सृष्टि हुई; हृदयसे मन हुआ और मनसे चन्द्रमा। वह यह हृदय ही मन भी है। वह एक ही अनेक रूप हो रहा है। इस एक अन्तःकरणसे ही नेत्ररूपसे रूपको देखता है, श्रोत्ररूपसे श्रवण करता है, घ्राणरूपसे सूँघता है, वागिन्द्रियरूपसे बोलता है, जिह्वारूपसे चखता है, स्वयं संकल्प-विकल्परूप मनसे संकल्प करता है और हृदयरूपसे निश्चय करता है। अतः उपलब्धाकी समस्त उपलब्धियोंके लिये इन्द्रियसम्बन्धी सारे व्यापारोंको करनेवाला यही एक साधन है।

तथा च कौषीतकीनां "प्रज्ञया वाचं समारुह्य वाचा सर्वाणि नामान्याप्नोति। प्रज्ञया चक्षुः समारुह्य चक्षुषा सर्वाणि रूपाण्याप्नोति" (३। ६) इत्यादि।

इसी प्रकार कौषीतकी उपनिषद्‌में भी कहा है—"प्रज्ञाद्वारा वाणीपर आरूढ होकर वाणीसे सम्पूर्ण नामोंको प्राप्त (ग्रहण) करता है, प्रज्ञाद्वारा चक्षु इन्द्रियपर आरूढ होकर चक्षुसे सारे रूपोंको प्राप्त करता है" इत्यादि। तथा

वाजसनेयके च—"मनसा ह्येव पश्यति मनसा शृणोति हृदयेन हि रूपाणि जानाति" (बृ० उ० १। ५। ३) इत्यादि। तस्माद्हृदयमनोवाच्यस्य सर्वोपलब्धिकरत्वं प्रसिद्धम्। तदात्मकश्च प्राणो "यो वै प्राणः सा प्रज्ञा या वै प्रज्ञा स प्राणः" (कौषी० ३। ३) इति हि ब्राह्मणम्।

बृहदारण्यकमें कहा है—"मनसे ही देखता है, मनसे ही सुनता है, हृदयसे ही रूपोंका ज्ञान प्राप्त करता है" इत्यादि। अतः हृदय और मनःशब्दवाच्य अन्तःकरणका ही सब प्रकारकी उपलब्धिमें साधनत्व प्रसिद्ध है। प्राण भी तद्रूप ही है। "जो प्राण है वही प्रज्ञा है और जो प्रज्ञा है वही प्राण है" ऐसा ब्राह्मणवाक्य है।

करणसंहतिरूपश्च प्राण इत्यवोचाम प्राणसंवादादौ। तस्माद्यत्पद्भ्यां प्रापद्यत तद्ब्रह्म तदुपलब्धुरुपलब्धिकरणत्वेन गुणभूतत्वान्नैव तद्वस्तु ब्रह्मोपास्यात्मा भवितुमर्हति। पारिशेष्याद्यस्योपलब्धुरुपलब्ध्यर्था एतस्य हृदयस्य मनोरूपस्य करणस्य वृत्तयो वक्ष्यमाणाः। स उपलब्धोपास्य आत्मानोऽस्माकं भवितुमर्हतीति निश्चयं कृतवन्तः।

'प्राण इन्द्रियोंका संघातरूप है' यह बात हम प्राणसंवाद आदि प्रकरणोंमें कह चुके हैं। अतः जिसने चरणोंकी ओरसे प्रवेश किया था वह ब्रह्म उपलब्धाकी उपलब्धिका साधन होनेके कारण गौण होनेसे मुख्य ब्रह्म अर्थात् उपास्य आत्मा नहीं हो सकता। अतः पारिशेष्यनियमानुसार* जिस उपलब्धाकी उपलब्धिके लिये इस हृदय एवं मनोरूप अन्तःकरणकी आगे बतलायी जानेवाली वृत्तियाँ होती हैं वह उपलब्धा ही हमारा उपासनीय आत्मा है—ऐसा उन्होंने निश्चय किया।

तदन्तःकरणोपाधिस्थस्योपलब्धुः प्रज्ञारूपस्य ब्रह्मण उपलब्ध्यर्था

उस अन्तःकरणरूप उपाधिमें स्थित प्रज्ञानरूप उपलब्धा ब्रह्मकी उपलब्धिके

* जहाँ आपाततः अनेकोंमेंसे किसी एक धर्म या गुणकी सम्भावना प्रतीत होनेपर भी और सबका प्रतिषेध करके बचे हुए किसी एक ही पदार्थमें उसका निर्णय किया जाता है वहाँ 'पारिशेष्यनियम' माना जाता है।

या अन्तःकरणवृत्तयो बाह्यान्तर्वर्तिविषयविषयास्ता इमा उच्यन्ते। संज्ञानं संज्ञप्तिश्चेतनभावः, आज्ञानमाज्ञप्तिरीश्वरभावः, विज्ञानं कलादिपरिज्ञानम्, प्रज्ञानं प्रज्ञप्तिः प्रज्ञता, मेधा ग्रन्थधारणसामर्थ्यम्, दृष्टिरिन्द्रियद्वारा सर्वविषयोपलब्धिः, धृतिर्धारणमवसन्नानां शरीरेन्द्रियाणां ययोत्तम्भनं भवति—धृत्या शरीरमुद्वहन्तीति हि वदन्ति, मतिर्मननम्, मनीषा तत्र स्वातन्त्र्यम्, जूतिश्चेतसो रुजादिदुःखित्वभावः, स्मृतिः स्मरणम्, सङ्कल्पः शुक्लकृष्णादिभावेन सङ्कल्पनं रूपादीनाम्, क्रतुरध्यवसायः, असुः प्राणनादिजीवनक्रियानिमित्तावृत्तिः, कामोऽसंनिहितविषयाकाङ्क्षा तृष्णा, वशः स्त्रीव्यतिकराद्यभिलाषः, इत्येवमाद्या अन्तःकरणवृत्तयः प्रज्ञप्तिमात्रस्योपलब्धुरुपलब्ध्यर्थत्वाच्छुद्धप्रज्ञानरूपस्य ब्रह्मण उपाधिभूता-

लिये जो बाह्य और आन्तरिक विषयोंसे सम्बन्ध रखनेवाली अन्तःकरणकी वृत्तियाँ हैं वे ये बतलायी जाती हैं—'संज्ञान-संज्ञप्ति अर्थात् चेतनभाव, आज्ञान—आज्ञा करना अर्थात् ईश्वरभाव (प्रभुता), विज्ञान—कलादिका ज्ञान, प्रज्ञान—प्रज्ञप्ति यानी प्रज्ञता (समयोचित बुद्धि स्फुरित हो जाना—प्रतिभा), मेधा—ग्रन्थधारणकी शक्ति, दृष्टि—इन्द्रियोंद्वारा सब विषयोंको उपलब्ध करना, धृति—धारण करना, जिससे शिथिल हुए शरीर और इन्द्रियोंमें जागृति होती है, 'धृतिसे ही शरीरको उठाकर वहन करते हैं' ऐसा [पण्डितजन] कहते भी हैं, मति—मनन करना, मनीषा—मनन करनेकी स्वतन्त्रता, जूति—चित्तका रोगादिसे दुःखी होना, स्मृति—स्मरण, संकल्प—शुक्ल-कृष्णादि-भावसे रूपादिका संकल्प करना, क्रतु—अध्यवसाय, असु—जीवनकी निमित्तभूत श्वासोच्छ्वासादि क्रिया, काम—अप्राप्त विषयकी आकांक्षा यानी तृष्णा और वश—स्त्रीसंसर्गादिकी अभिलाषा—इत्यादि प्रकारकी अन्तः-करणकी वृत्तियाँ प्रज्ञप्तिरूप उपलब्धाकी उपलब्धिके लिये होनेके कारण विशुद्ध-बोधस्वरूप ब्रह्मकी उपाधिभूत हैं।

स्तदुपाधिजनितगुणनामधेयानि भवन्ति संज्ञानादीनि। सर्वाण्येव एतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति न स्वतः साक्षात्। तथा चोक्तं "प्राणन्नेव प्राणो नाम भवति" (बृ० उ० १। ४। ७) इत्यादि॥ २॥

अतः उसकी उपाधिजनित गुणवृत्तिसे ये संज्ञान आदि उस ब्रह्मके ही नाम हैं। ये सभी प्रज्ञप्तिमात्र प्रधानके नाम ही हैं; स्वतः साक्षात् कुछ नहीं हैं ऐसा ही कहा भी है—"प्राणन करनेके कारण ही [ब्रह्म] प्राण नामवाला है" इत्यादि॥ २॥

प्रज्ञानकी सर्वरूपता

एष ब्रह्मैष इन्द्र एष प्रजापतिरेते सर्वे देवा इमानि च पञ्च महाभूतानि पृथिवी वायुराकाश आपो ज्योतींषीत्येतानीमानि च क्षुद्रमिश्राणीव बीजानीतराणि चेतराणि चाण्डजानि च जारुजानि च स्वेदजानि चोद्भिज्जानि चाश्वा गावः पुरुषा हस्तिनो यत्किंचेदं प्राणि जङ्गमं च पतत्रि च यच्च स्थावरं सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रम्। प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म॥ ३॥

यह (प्रज्ञानरूप आत्मा) ही ब्रह्म है, यही इन्द्र है, यही प्रजापति है, यही ये [अग्नि आदि] सारे देव तथा पृथिवी, वायु, आकाश, जल और तेज—ये पाँच भूत हैं, यही क्षुद्र जीवोंके सहित उनके बीज (कारण) और अन्य अण्डज, जरायुज, स्वेदज, उद्भिज्ज, अश्व, गौ, मनुष्य एवं हाथी हैं तथा [इनके अतिरिक्त] जो कुछ भी यह जंगम (पैरसे चलनेवाले), पतत्रि (आकाशमें उड़नेवाले) और स्थावर (वृक्ष-पर्वत आदि) रूप प्राणिवर्ग है वह सब प्रज्ञानेत्र और प्रज्ञान (निरुपाधिक चैतन्य)-में ही स्थित है। लोक प्रज्ञानेत्र (प्रज्ञा—चैतन्य ही जिसका नेत्र—व्यवहारका कारण है ऐसा) है, प्रज्ञा ही उसका लयस्थान है, अतः प्रज्ञान ही ब्रह्म है॥ ३॥

स एष प्रज्ञानरूप आत्मा ब्रह्मापरं सर्वशरीरस्थः प्राणः प्रज्ञात्मा। अन्तःकरणोपाधिष्वनुप्रविष्टो जलभेदगतसूर्यप्रतिविम्बवद्धिरण्यगर्भः प्राणः प्रज्ञात्मा। एष एव इन्द्रो गुणाद्देवराजो वा। एष प्रजापतिर्यः प्रथमजः शरीरी। यतो मुखादिनिर्भेदद्वारेणाग्न्यादयो लोकपाला जाताः स प्रजापतिरेष एव। येऽप्येतेऽग्न्यादयः सर्वे देवा एष एव।

वह यह प्रज्ञानरूप आत्मा ही अपरब्रह्म है, अर्थात् सम्पूर्ण शरीरोंमें स्थित प्राण—प्रज्ञात्मा है। विभिन्न जलपात्रोंमें पड़े हुए प्रतिबिम्वके समान यही अन्तःकरणरूप उपाधियोंमें अनुप्रविष्ट हिरण्यगर्भ—प्राण यानी प्रज्ञात्मा है। यही ['इदमदर्शम्' इस श्रुतिमें बतलाये हुए] गुणके कारण इन्द्र अथवा देवराज है। यही प्रजापति है, जो सबसे पहले उत्पन्न हुआ देहधारी है। जिससे मुखादिनिर्भेदके द्वारा अग्नि आदि लोकपाल उत्पन्न हुए हैं वह प्रजापति भी यही है। और भी ये जो अग्नि आदि सम्पूर्ण देवता हैं वे भी यही हैं।

इमानि च सर्वशरीरोपादानभूतानि पञ्च पृथिव्यादीनि महाभूतान्यन्नान्नादत्वलक्षणान्येतानि किंचेमानि च क्षुद्रमिश्राणि क्षुद्रैरल्पकैर्मिश्राणि, इवशब्दोऽनर्थकः, सर्पादीनि बीजानि कारणानीतराणि चेतराणि च द्वैराश्येन निर्दिश्यमानानि।

ये जो समस्त शरीरोंके उपादानभूत एवं अन्न और अन्नादत्वभावको प्राप्त हुए पृथिवी आदि पंचभूत हैं, क्षुद्र यानी अल्प जीवोंके सहित जो सर्पादि हैं तथा बीज—कारण और इतर—कार्यवर्ग इस प्रकार अलग-अलग दो विभागोंसे निर्दिष्ट [समस्त प्राणी हैं वे भी यही हैं]। ['क्षुद्रमिश्राणीव' इस पदसमूहमें] 'इव' शब्दका प्रयोग अनर्थक है।

कानि तानि ? उच्यन्ते—अण्डजानि पक्ष्यादीनि, जारुजानि जरायुजानि मनुष्यादीनि, स्वेदजादीनि यूकादीनि,

वे कौन-कौन हैं, सो बतलाते हैं। अण्डज—पक्षी आदि, जारुज—जरायुज—मनुष्यादि, स्वेदज—जूँ आदि,

उद्भिज्जानि च वृक्षादीनि, अश्वा गावः पुरुषा हस्तिनोऽन्यच्च यत्किंचेदं प्राणिजातम्; किं तत्? जङ्गमं यच्चलति पद्भ्यां गच्छति। यच्च पतत्रि आकाशेन पतनशीलम्। यच्च स्थावरमचलम्। सर्वं तदेष एव। सर्वं तदशेषतः प्रज्ञानेत्रम्। प्रज्ञप्तिः प्रज्ञा तच्च ब्रह्मैव। नीयतेऽनेनेति नेत्रम् प्रज्ञा नेत्रं यस्य तदिदं प्रज्ञानेत्रम्। प्रज्ञाने ब्रह्मण्युत्पत्ति-स्थितिलयकालेषु प्रतिष्ठितं प्रज्ञाश्रयमित्यर्थः। प्रज्ञानेत्रो लोकः पूर्ववत्। प्रज्ञाचक्षुर्वा सर्व एव लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा सर्वस्य जगतः। तस्मात्प्रज्ञानं ब्रह्म।

तदेतत्प्रत्यस्तमितसर्वोपाधिविशेषं सन्निरञ्जनं निर्मलं निष्क्रियं शान्तमेकमद्वयं "नेति नेति" इति (बृ० उ० ३।९।२६) सर्वविशेषापोहसंवेद्यं सर्वशब्द-प्रत्ययागोचरम्। तदत्यन्त-विशुद्धप्रज्ञोपाधिसम्बन्धेन सर्वज्ञमीश्वरं सर्वसाधारणाव्याकृतजगद्बीजप्रवर्तकं

उद्भिज्ज—वृक्षादि तथा अश्व, गौ, पुरुष, हाथी एवं अन्य भी ये जो कुछ प्राणी हैं—वे कौन-कौन-से? जंगम—जो पैरोंसे चलते हैं, पक्षी—जो आकाशमें उड़नेवाले हैं और स्थावर—जो अचल हैं, वे सब यही हैं अर्थात् वे सब-के-सब प्रज्ञानेत्र हैं। प्रज्ञा प्रज्ञप्तिको कहते हैं और वह ब्रह्म ही है तथा जिससे नयन किया जाय [अर्थात् ले जाया जाय] उसे 'नेत्र' कहते हैं। इस प्रकार प्रज्ञा ही जिसका नेत्र है वह प्रज्ञानेत्र कहलाता है। तथा उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयके समय प्रज्ञान यानी ब्रह्ममें स्थित रहनेवाले अर्थात् प्रज्ञाके आश्रित हैं। इस प्रकार पूर्ववत् यह लोक प्रज्ञानेत्र है अर्थात् सभी लोक प्रज्ञारूप नेत्रवाला है, सम्पूर्ण जगत्का आश्रय प्रज्ञा ही है; अतः प्रज्ञान ही ब्रह्म है।

जो सम्पूर्ण औपाधिक विशेषतासे रहित, नित्य, निरंजन, निर्मल, निष्क्रिय, शान्त, एक और अद्वितीय है जो "नेति नेति" इत्यादि [श्रुतियोंद्वारा] क्रमसे समस्त विषयोंका बाध करके जानने-योग्य है तथा सब प्रकारके शाब्दिक ज्ञानका अविषय है, अत्यन्त विशुद्ध प्रज्ञारूप उपाधिके सम्बन्धसे सर्वज्ञ तथा जगत्के सर्वसाधारण और अव्यक्त बीजका

नियन्तृत्वादन्तर्यामिसंज्ञं भवति। तदेव व्याकृतजगद्बीजभूत-बुद्ध्यात्माभिमानलक्षण-हिरण्यगर्भसंज्ञं भवति। तदेवान्तरण्डोद्भूतप्रथमशरीरोपाधि-मद्विराट्प्रजापतिसंज्ञं भवति। तदुद्भूताग्न्याद्युपाधिमद्देवतासंज्ञं भवति। तथा विशेषशरीरोपाधिष्वपि ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तेषु तत्तन्नामरूपलाभो ब्रह्मणः। तदेवैकं सर्वोपाधिभेदभिन्नं सर्वैः प्राणिभिस्तार्किकैश्च सर्वप्रकारेण ज्ञायते विकल्प्यते चानेकधा। "एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम्। इन्द्रमेकेऽपरे प्राणमपरे ब्रह्म शाश्वतम्" (मनु० १२। १२३) इत्याद्या स्मृतिः॥ ३॥

प्रवर्तक वह ईश्वर ही सबका नियन्ता होनेके कारण 'अन्तर्यामी' नामवाला है; वही व्याकृत जगत्का बीजभूत विज्ञानात्माका अभिमानी 'हिरण्यगर्भ' नामवाला है तथा वही ब्रह्माण्डके भीतर सबसे पहले उत्पन्न हुए शरीररूप उपाधिवाला 'विराट् प्रजापति' संज्ञावाला है। वही उससे उत्पन्न हुए अग्नि आदिकी उपाधिसे 'देवता' संज्ञावाला है तथा उस ब्रह्मको ही ब्रह्मासे लेकर स्तम्बपर्यन्त विशेष-विशेष शरीरोंकी उपाधियोंमें भी उन-उनके नाम और रूप प्राप्त हुए हैं। सम्पूर्ण उपाधिभेदसे विभिन्न वही एक समस्त प्राणियों और तार्किकोंद्वारा सब प्रकारसे जाना जाता और अनेक प्रकारसे कल्पना किया जाता है। [इस विषयमें] "इसे कोई तो अग्नि बतलाते हैं तथा कोई मनु, कोई प्रजापति, कोई इन्द्र, कोई प्राण और कोई सनातन ब्रह्म कहते हैं" इत्यादि स्मृति भी है॥ ३॥

आत्मैक्यवेत्ताकी अमृतत्वप्राप्ति

स एतेन प्रज्ञेनात्मनास्माल्लोकादुत्क्रम्यामुष्मिन्स्वर्गे लोके सर्वान् कामानाप्त्वामृतः समभवत्समभवत्॥ ४॥

वह (वामदेव) इस चैतन्यस्वरूपसे ही इस लोकसे उत्क्रमण कर इन्द्रियातीत स्वर्गलोकमें सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्तकर अमर हो गया, [अमर] हो गया॥ ४॥

स वामदेवोऽन्यो वैवं यथोक्तं ब्रह्म वेद प्रज्ञेनात्मना; येनैव प्रज्ञेनात्मना पूर्वे विद्वांसोऽमृता अभूवंस्तथायमपि विद्वानेतेनैव प्रज्ञेनात्मनास्माल्लोकादुत्क्रम्य इत्यादि व्याख्यातम्। अस्माल्लोकादुत्क्रम्यामुष्मिन्स्वर्गे लोके सर्वान्कामानाप्त्वा अमृतः समभवत्समभवदित्योमिति॥ ४॥

इस प्रकार पूर्वोक्त ब्रह्मको जाननेवाला वह वामदेव अथवा कोई अन्य पुरुष चेतनात्मस्वरूपसे, जिस चेतनात्मस्वरूपसे पूर्ववर्ती विद्वान् अमरभावको प्राप्त हुए थे उसी प्रकार यह विद्वान् भी इस चेतनात्मस्वरूपसे ही इस लोकसे उत्क्रमण कर—इत्यादि वाक्यकी पहले (१।२।६में) ही व्याख्या की जा चुकी है। अर्थात् इस लोकसे उत्क्रमण कर इन्द्रियातीत स्वर्गलोकमें सम्पूर्ण कामनाएँ पाकर अमर हो गया, [अमर] हो गया—इत्यलम्॥ ४॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतावैतरेयोपनिषद्भाष्ये तृतीयेऽध्याये
प्रथमः खण्डः समाप्तः।

उपनिषत्क्रमेण तृतीयः, आरण्यकक्रमेण षष्ठोऽध्यायः समाप्तः।

॥ हरिः ॐ तत्सत्॥

ॐ

शान्तिपाठः

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्॥

ॐ शान्तिः! ॐ शान्तिः!! ॐ शान्तिः!!!

॥ हरिः ॐ तत्सत्॥

ॐ

तत्सद्ब्रह्मणे नमः

तैत्तिरीयोपनिषद्

मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थसहित

सर्वाशाध्वान्तनिर्मुक्तं सर्वाशाभास्करं परम्।
चिदाकाशावतंसं तं सद्गुरुं प्रणमाम्यहम्॥

शान्तिपाठ

ॐ शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

शीक्षावल्ली

प्रथम अनुवाक

सम्बन्ध-भाष्य

यस्माज्जातं जगत्सर्वं यस्मिन्नेव प्रलीयते।
येनेदं धार्यते चैव तस्मै ज्ञानात्मने नमः॥ १॥

जिससे सारा जगत् उत्पन्न हुआ है, जिसमें ही यह लीन होता है और जिसके द्वारा यह धारण भी किया जाता है उस ज्ञानस्वरूपको मेरा नमस्कार है॥ १॥

यैरिमे गुरुभिः पूर्वं पदवाक्यप्रमाणतः।
व्याख्याताः सर्ववेदान्तास्तान्नित्यं प्रणतोऽस्म्यहम्॥ २॥

पूर्वकालमें जिन गुरुजनोंने पद, वाक्य और प्रमाणोंके विवेचनपूर्वक इन सम्पूर्ण वेदान्तों (उपनिषदों)-की व्याख्या की है, उन्हें मैं सर्वदा नमस्कार करता हूँ॥ २॥

तैत्तिरीयकसारस्य मयाचार्यप्रसादतः।
विस्पष्टार्थरुचीनां हि व्याख्येयं संप्रणीयते॥ ३॥

जो स्पष्ट अर्थ जाननेके इच्छुक हैं उन पुरुषोंके लिये मैं श्रीआचार्यकी कृपासे तैत्तिरीयशाखाके सारभूत इस उपनिषद्की व्याख्या करता हूँ॥ ३॥

उपक्रम:

नित्यान्यधिगतानि कर्माण्युपात्तदुरितक्षयार्थानि, काम्यानि च फलार्थिनां पूर्वस्मिन्ग्रन्थे। इदानीं कर्मोपादानहेतुपरिहाराय ब्रह्मविद्या प्रस्तूयते।

आत्मविदेवाप्तकामो भवति

कर्महेतुः कामः स्यात्। प्रवर्तकत्वात्। आप्तकामानां हि कामाभावे स्वात्मन्यवस्थानात् प्रवृत्त्यनुपपत्तिः। आत्मकामित्वे चाप्तकामता; आत्मा हि ब्रह्म; तद्विदो हि परप्राप्तिं वक्ष्यति। अतोऽविद्यानिवृत्तौ स्वात्मन्यवस्थानं परप्राप्तिः। "अभयं प्रतिष्ठां विन्दते" (तै० उ० २।७।१) "एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति" (तै० उ० २।८।५) इत्यादिश्रुतेः।

मीमांसकमत-समीक्षा

काम्यप्रतिषिद्धयोरनारम्भादारब्धस्य चोपभोगेन क्षयान्नित्यानुष्ठानेन प्रत्यवायाभावादयत्नत एव स्वात्मन्यवस्थानं मोक्षः।

सञ्चित पापोंका क्षय ही जिनका मुख्य प्रयोजन है ऐसे नित्यकर्मोंका तथा सकाम पुरुषोंके लिये विहित काम्यकर्मोंका इससे पूर्ववर्ती ग्रन्थमें [अर्थात् कर्मकाण्डमें] परिज्ञान हो चुका है। अब कर्मानुष्ठानके कारणकी निवृत्तिके लिये ब्रह्मविद्याका आरम्भ किया जाता है।

कामना ही कर्मकी कारण हो सकती है, क्योंकि वही उसकी प्रवर्तक है। जो लोग पूर्णकाम हैं उनकी कामनाओंका अभाव होनेपर स्वरूपमें स्थिति हो जानेसे कर्ममें प्रवृत्ति होनी असम्भव है। आत्मदर्शनकी कामना पूर्ण होनेपर ही पूर्णकामता [की सिद्धि] होती है; क्योंकि आत्मा ही ब्रह्म है और ब्रह्मवेत्ताको ही परमात्माकी प्राप्ति होती है ऐसा आगे [श्रुति] बतलायेगी। अतः अविद्याकी निवृत्ति होनेपर अपने आत्मामें स्थित हो जाना ही परमात्माकी प्राप्ति है; जैसा कि "अभय पद प्राप्त कर लेता है" "[उस समय] इस आनन्दमय आत्माको प्राप्त हो जाता है" इत्यादि श्रुतियोंसे प्रमाणित होता है।

पूर्व०—काम्य और निषिद्ध कर्मोंका आरम्भ न करनेसे, प्रारब्ध कर्मोंका भोगद्वारा क्षय हो जानेसे तथा नित्यकर्मोंके अनुष्ठानसे प्रत्यवायोंका अभाव हो जानेसे अनायास ही अपने आत्मामें स्थित

अथवा निरतिशयायाः प्रीतेः स्वर्गशब्दवाच्यायाः कर्महेतुत्वात्कर्मभ्य एव मोक्ष इति चेत्।

होनारूप मोक्ष प्राप्त हो जायगा; अथवा 'स्वर्ग' शब्दवाच्य आत्यन्तिक प्रीति कर्मजनित होनेके कारण कर्मसे ही मोक्ष हो सकता है—यदि ऐसा माना जाय तो?

न; कर्मानेकत्वात्। अनेकानि ह्यारब्धफलान्यनारब्धफलानि चानेकजन्मान्तरकृतानि विरुद्धफलानि कर्माणि सम्भवन्ति। अतस्तेष्वनारब्धफलानामेकस्मिञ्जन्मन्युपभोगक्षयासम्भवाच्छेषकर्मनिमित्तशरीरारम्भोपपत्तिः। कर्मशेषसद्भावसिद्धिश्च "तद्य इह रमणीयचरणाः" (छा० उ० ५। १०। ७) "ततः शेषेण" (आ० ध० २। २। २। ३, गो० स्मृ० ११) इत्यादिश्रुतिस्मृतिशतेभ्यः।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि कर्म तो बहुत-से हैं। अनेकों जन्मान्तरोंमें किये हुए ऐसे अनेकों विरुद्ध फलवाले कर्म हो सकते हैं जिनमेंसे कुछ तो फलोन्मुख हो गये हैं और कुछ अभी फलोन्मुख नहीं हुए हैं। अतः उनमें जो कर्म अभी फलोन्मुख नहीं हुए हैं उनका एक जन्ममें ही क्षय होना असम्भव होनेके कारण उन अवशिष्ट कर्मोंके कारण दूसरे शरीरका आरम्भ होना सम्भव ही है। "इस लोकमें जो शुभ कर्म करनेवाले हैं [उन्हें शुभयोनि प्राप्त होती है]" "[उपभोग किये कर्मोंसे] बचे हुए कर्मोंद्वारा [जीवको आगेका शरीर प्राप्त होता है]" इत्यादि सैकड़ों श्रुति-स्मृतियोंसे अवशिष्ट कर्मके सद्भावकी सिद्धि होती ही है।

इष्टानिष्टफलानामनारब्धानां क्षयार्थानि नित्यानीति चेत्?

पूर्व०—इष्ट और अनिष्ट दोनों प्रकारके फल देनेवाले सञ्चित कर्मोंका क्षय करनेके लिये ही नित्यकर्म हैं—ऐसी बात हो तो?

न; अकरणे प्रत्यवायश्रवणात्। प्रत्यवायशब्दो ह्यनिष्टविषयः। नित्याकरणनिमित्तस्य प्रत्यवायस्य दुःखरूपस्यागामिनः परिहारार्थानि नित्यानीत्यभ्युपगमान्नानारब्धफल-कर्मक्षयार्थानि।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि उन्हें न करनेपर प्रत्यवाय होता है—ऐसा सुना गया है। 'प्रत्यवाय' शब्द अनिष्टका ही सूचक है। नित्यकर्मोंके न करनेके कारण जो आगामी दुःखरूप प्रत्यवाय होता है उसका नाश करनेके लिये ही नित्यकर्म हैं—ऐसा माना जानेके कारण वे सञ्चित कर्मोंके क्षयके लिये नहीं हो सकते।

यदि नामानारब्धकर्मक्षयार्थानि नित्यानि कर्माणि तथाप्यशुद्धमेव क्षपयेयुर्न शुद्धम्। विरोधाभावात्। न हीष्टफलस्य कर्मणः शुद्धरूपत्वान्नित्यैर्विरोध उपपद्यते। शुद्धाशुद्धयोर्हि विरोधो युक्तः।

और यदि नित्यकर्म, जिनका फल अभी आरम्भ नहीं हुआ है उन कर्मोंके क्षयके लिये हों भी तो भी वे अशुद्ध कर्मका ही क्षय करेंगे; शुद्धका नहीं; क्योंकि उनसे तो उनका विरोध ही नहीं है। जिनका फल इष्ट है उन कर्मोंका तो शुद्धरूप होनेके कारण नित्यकर्मोंसे विरोध होना सम्भव ही नहीं है। विरोध तो शुद्ध और अशुद्ध कर्मोंका ही होना उचित है।

न च कर्महेतूनां कामानां ज्ञानाभावे निवृत्त्यसम्भवादशेष-कर्मक्षयोपपत्तिः। अनात्मविदो हि कामोऽनात्मफलविषयत्वात्। स्वात्मनि च कामानुपपत्तिर्नित्यप्राप्तत्वात्। स्वयं चात्मा परं ब्रह्मेत्युक्तम्।

इसके सिवा कर्मकी हेतुभूत कामनाओंकी निवृत्ति भी ज्ञानके अभावमें असम्भव होनेके कारण उन (नित्य-कर्मों)-के द्वारा सम्पूर्ण कर्मोंका क्षय होना सम्भव नहीं है, क्योंकि अनात्मफलविषयिणी होनेके कारण कामना अनात्मवेत्ताको ही हुआ करती है। आत्मामें तो कामनाका होना सर्वथा असम्भव है, क्योंकि वह नित्यप्राप्त है। और यह तो कहा ही जा चुका है कि स्वयं आत्मा ही परब्रह्म है।

नित्यानां चाकरणमभावस्ततः प्रत्यवायानुपपत्तिरिति। अतः पूर्वोपचितदुरितेभ्यः प्राप्यमाणायाः प्रत्यवायक्रियाया नित्याकरणं लक्षणमिति "अकुर्वन्विहितं कर्म" (मनु० ११।४४) इति शतुर्नानुपपत्तिः। अन्यथाभावाद्भावोत्पत्तिरिति सर्वप्रमाणव्याकोप इति। अतोऽयत्नतः स्वात्मन्यवस्थानमित्यनुपपन्नम्।

यच्चोक्तं निरतिशयप्रीतेः स्वर्गशब्दवाच्यायाः कर्मनिमित्तत्वात्कर्मारब्ध एव मोक्ष इति, तन्न; नित्यत्वान्मोक्षस्य। न हि नित्यं किञ्चिदारभ्यते। लोके यदारब्धं तदनित्यमिति। अतो न कर्मारब्धो मोक्षः।

विद्यासहितानां कर्मणां नित्यारम्भसामर्थ्यमिति चेत्?

न; विरोधात्। नित्यं चारभ्यत इति विरुद्धम्।

तथा नित्यकर्मोंका न करना तो अभावरूप है, उससे प्रत्यवाय होना असम्भव है। अतः नित्यकर्मोंका न करना यह पूर्वसञ्चित पापोंसे प्राप्त होनेवाली प्रत्यवायक्रियाका ही लक्षण है। इसलिये "अकुर्वन् विहितं कर्म" इस वाक्यके 'अकुर्वन्' पदमें 'शतृ' प्रत्ययका होना अनुचित नहीं है। अन्यथा अभावसे भावकी उत्पत्ति सिद्ध होनेके कारण सभी प्रमाणोंसे विरोध हो जायगा। अतः ऐसा मानना सर्वथा अयुक्त है कि [कर्मानुष्ठानसे] अनायास ही आत्मस्वरूपमें स्थिति हो जाती है।

और यह जो कहा कि 'स्वर्ग' शब्दसे कही जानेवाली निरतिशय प्रीति कर्मनिमित्तक होनेके कारण मोक्ष कर्मसे ही आरम्भ होनेवाला है, सो ऐसी बात नहीं है, क्योंकि मोक्ष नित्य है और किसी भी नित्य वस्तुका आरम्भ नहीं किया जाता; लोकमें जिस वस्तुका भी आरम्भ होता है वह अनित्य हुआ करती है; इसलिये मोक्ष कर्मारब्ध नहीं है।

पूर्व०—ज्ञानसहित कर्मोंमें तो नित्य मोक्षके आरम्भ करनेकी भी सामर्थ्य है ही?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि ऐसा माननेसे विरोध आता है, मोक्ष नित्य है और उसका आरम्भ किया जाता है—ऐसा कहना तो परस्पर विरुद्ध है।

यद्विनष्टं तदेव नोत्पद्यत इति। प्रध्वंसाभाववन्नित्योऽपि मोक्ष आरभ्य एवेति चेत्?

न; मोक्षस्य भावरूपत्वात्। प्रध्वंसाभावोऽप्यारभ्यत इति न सम्भवति; अभावस्य विशेषाभावाद्विकल्पमात्रमेतत्। भावप्रतियोगी ह्यभावः। यथा ह्यभिन्नोऽपि भावो घटपटादिभिर्विशेष्यते भिन्न इव घटभावः पटभाव इति; एवं निर्विशेषोऽप्यभावः क्रियागुणयोगाद्द्रव्यादिवद्विकल्प्यते। न ह्यभाव उत्पलादिवद्विशेषणसहभावी। विशेषणवत्त्वे भाव एव स्यात्।

विद्याकर्मकर्तृनित्यत्वाद्विद्याकर्मसन्तानजनितमोक्षनित्यत्वमिति चेत्?

पूर्व०—जो वस्तु नष्ट हो जाती है वही फिर उत्पन्न नहीं हुआ करती, अतः प्रध्वंसाभावके समान नित्य होनेपर भी मोक्षका आरम्भ किया ही जाता है। ऐसा मानें तो?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि मोक्ष तो भावरूप है। प्रध्वंसाभाव भी आरम्भ किया जाता है यह संभव नहीं; क्योंकि अभावमें कोई विशेषता न होनेके कारण यह तो केवल विकल्प ही है। भावका प्रतियोगी ही 'अभाव' कहलाता है। जिस प्रकार भाव वस्तुतः अभिन्न होनेपर भी घट-पट आदि विशेषणोंसे भिन्नके समान घटभाव, पटभाव आदि रूपसे विशेषित किया जाता है, इसी प्रकार अभाव निर्विशेष होनेपर भी क्रिया और गुणके योगसे द्रव्यादिके समान विकल्पित होता है। कमल आदि पदार्थोंके समान अभाव विशेषणके सहित रहनेवाला नहीं है। विशेषणयुक्त होनेपर तो वह भाव ही हो जायगा।

पूर्व०—विद्या और कर्म इनका कर्ता नित्य होनेके कारण विद्या और कर्मके अविच्छिन्न प्रवाहसे होनेवाला मोक्ष नित्य ही होना चाहिये। ऐसा मानें तो?

न; गङ्गास्रोतोवत्कर्तृत्वस्य दुःखरूपत्वात्। कर्तृत्वोपरमे च मोक्षविच्छेदात्। तस्मादविद्याकामकर्मोपादानहेतुनिवृत्तौ स्वात्मन्यवस्थानं मोक्ष इति। स्वयं चात्मा ब्रह्म। तद्विज्ञानादविद्यानिवृत्तिरिति ब्रह्मविद्यार्थोपनिषदारभ्यते।

सिद्धान्ती—नहीं, गङ्गाप्रवाहके समान जो कर्तृत्व है वह तो दुःखरूप है। [अतः उससे मोक्षकी प्राप्ति नहीं हो सकती, और यदि उसीसे मोक्ष माना जाय तो भी] कर्तृत्वकी निवृत्ति होनेपर मोक्षका विच्छेद हो जायगा। अतः अविद्या, कामना और कर्म—इनके उपादान कारणकी निवृत्ति होनेपर आत्मस्वरूपमें स्थित हो जाना ही मोक्ष है—यह सिद्ध होता है। तथा स्वयं आत्मा ही ब्रह्म है और उसके ज्ञानसे ही अविद्याकी निवृत्ति होती है; अतः अब ब्रह्मज्ञानके लिये उपनिषद्का आरम्भ किया जाता है।

उपनिषच्छब्द-निरुक्तिः

उपनिषदिति विद्योच्यते; तच्छीलिनां गर्भजन्मजरादिनिशातनात्तदवसादनाद्वा ब्रह्मणो वोपनिगमयितृत्वादुपनिषण्णं वास्यां परं श्रेय इति। तदर्थत्वाद्ग्रन्थोऽप्युपनिषत्।

अपना सेवन करनेवाले पुरुषोंके गर्भ, जन्म और जरा आदिका निशातन (उच्छेद) करने या उनका अवसादन (नाश) करनेके कारण 'उपनिषद्' शब्दसे विद्या ही कही जाती है। अथवा ब्रह्मके समीप ले जानेवाली होनेसे या इसमें परम श्रेय ब्रह्म उपस्थित है इसलिये [यह विद्या 'उपनिषद्' है]। उस विद्याके ही लिये होनेके कारण ग्रन्थ भी 'उपनिषद्' है।

शीक्षावल्लीका शान्तिपाठ

ॐ शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि।

सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥ १॥

[प्राणवृत्ति और दिनका अभिमानी देवता] मित्र (सूर्यदेव) हमारे लिये सुखकर हो। [अपानवृत्ति और रात्रिका अभिमानी] वरुण हमारे लिये सुखावह हो। [नेत्र और सूर्यका अभिमानी देवता] अर्यमा हमारे लिये सुखप्रद हो। बलका अभिमानी इन्द्र तथा [वाक् और बुद्धिका अभिमानी देवता] बृहस्पति हमारे लिये शान्तिदायक हो। तथा जिसका पादविक्षेप (डग) बहुत विस्तृत है वह [पादाभिमानी देवता] विष्णु हमारे लिये सुखदायक हो। ब्रह्म [रूप वायु]-को नमस्कार है। हे वायो! तुम्हें नमस्कार है। तुम ही प्रत्यक्ष ब्रह्म हो। अतः तुम्हींको मैं प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूँगा। तुम्हींको ऋत (शास्त्रोक्त निश्चित अर्थ) कहूँगा और [क्योंकि वाक् और शरीरसे सम्पन्न होनेवाले कार्य भी तुम्हारे ही अधीन हैं इसलिये] तुम्हींको मैं सत्य कहूँगा। अतः तुम [विद्यादानके द्वारा] मेरी रक्षा करो तथा ब्रह्मका निरूपण करनेवाले आचार्यकी भी [उन्हें वक्तृत्व-सामर्थ्य देकर] रक्षा करो। मेरी रक्षा करो और वक्ताकी रक्षा करो। आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक तीनों प्रकारके तापोंकी शान्ति हो॥ १॥

शं सुखं प्राणवृत्तेरह्नश्चाभिमानी देवतात्मा मित्रो नोऽस्माकं भवतु। तथैवापानवृत्ते रात्रेश्चाभिमानी देवतात्मा वरुणः। चक्षुष्यादित्ये चाभिमान्यर्यमा। बल इन्द्रः। वाचि बुद्धौ च बृहस्पतिः। विष्णुरुरुक्रमो विस्तीर्णक्रमः पादयोरभिमानी। एवमाद्याध्यात्मदेवताः शं नः। भवत्विति सर्वत्रानुषङ्गः।

प्राणवृत्ति और दिनका अभिमानी देवता मित्र हमारे लिये शं—सुखरूप हो। इसी प्रकार अपानवृत्ति और रात्रिका अभिमानी देवता वरुण, नेत्र और सूर्यमें अभिमान करनेवाला अर्यमा, बलमें अभिमान करनेवाला इन्द्र, वाणी और बुद्धिका अभिमानी बृहस्पति तथा उरुक्रम अर्थात् विस्तीर्ण पादविक्षेपवाला पादाभिमानी देवता विष्णु—इत्यादि सभी अध्यात्मदेवता हमारे लिये सुखदायक हों। 'भवतु' (हों) इस क्रियाका सभी वाक्योंके साथ सम्बन्ध है।

तासु हि सुखकृत्सु विद्याश्रवणधारणोपयोगा अप्रतिबन्धेन भविष्यन्तीति तत्सुखकर्तृत्वं प्रार्थ्यते शं नो भवत्विति।

उनके सुखप्रद होनेपर ही ज्ञानके श्रवण, धारण और उपयोग निर्विघ्नतासे हो सकेंगे—इसलिये ही 'शं नो भवतु' आदि मन्त्रद्वारा उनकी सुखावहताके लिये प्रार्थना की जाती है।

ब्रह्म विविदिषुणा नमस्कारवन्दनक्रिये वायुविषये ब्रह्मविद्योपसर्गशान्त्यर्थं क्रियेते। सर्वक्रियाफलानां तदधीनत्वाद् ब्रह्म वायुस्तस्मै ब्रह्मणे नमः। प्रह्वीभावं करोमीति वाक्यशेषः। नमस्ते तुभ्यं हे वायो नमस्करोमीति। परोक्षप्रत्यक्षाभ्यां वायुरेवाभिधीयते।

अब ब्रह्मके जिज्ञासुद्वारा ब्रह्मविद्याके विघ्नोंकी शान्तिके लिये वायुसम्बन्धी नमस्कार और वन्दन किये जाते हैं। समस्त कर्मोंका फल वायुके ही अधीन होनेके कारण ब्रह्म वायु है। उस ब्रह्मको मैं नमस्कार अर्थात् प्रह्वीभाव (विनीतभाव) करता हूँ। यहाँ 'करोमि' यह क्रिया वाक्यशेष है। हे वायो! तुम्हें नमस्कार है—मैं तुम्हें नमस्कार करता हूँ—इस प्रकार यहाँ परोक्ष और प्रत्यक्षरूपसे वायु ही कहा गया है।

किं च त्वमेव चक्षुराद्यपेक्ष्य बाह्यं संनिकृष्टमव्यवहितं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि यस्मात्तस्मात्त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं यथाशास्त्रं यथाकर्तव्यं बुद्धौ सुपरिनिश्चितमर्थं तदपि त्वदधीनत्वात्त्वामेव वदिष्यामि। सत्यमिति स एव वाक्कायाभ्यां संपाद्यमानः, सोऽपि त्वदधीन एव संपाद्य इति त्वामेव सत्यं वदिष्यामि।

इसके सिवा क्योंकि बाह्य चक्षु आदिकी अपेक्षा तुम्हीं समीपवर्ती—अव्यवहित अर्थात् प्रत्यक्ष ब्रह्म हो इसलिये तुम्हींको मैं प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूँगा। तुम्हींको ऋत अर्थात् शास्त्र और अपने कर्त्तव्यानुसार बुद्धिमें सम्यक्‌रूपसे निश्चित किया हुआ अर्थ कहूँगा, क्योंकि वह [ऋत] तुम्हारे ही अधीन है। वाक् और शरीरसे सम्पादन किया जानेवाला वह अर्थ ही सत्य कहलाता है, वह भी तुम्हारे ही अधीन सम्पादन किया जाता है; अतः तुम्हींको मैं सत्य कहूँगा।

तत्सर्वात्मकं वाय्वाख्यं ब्रह्म मयैवं स्तुतं सन्मां विद्यार्थिनमवतु विद्यासंयोजनेन। तदेव ब्रह्म वक्तारमाचार्यं वक्तृत्वसामर्थ्य-संयोजनेनावतु। अवतु मामवतु वक्तारमिति पुनर्वचनमादरार्थम्। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिरिति त्रिर्वचनमाध्यात्मिकाधिभौतिकाधि-दैविकानां विद्याप्राप्त्युपसर्गाणां प्रशमार्थम्॥ १॥

वह वायुसंज्ञक सर्वात्मक ब्रह्म मेरे द्वारा इस प्रकार स्तुति किये जानेपर मुझ विद्यार्थीको विद्यासे युक्त करके रक्षा करे। वही ब्रह्म वक्ता आचार्यको वक्तृत्व-सामर्थ्यसे युक्त करके उसकी रक्षा करे। मेरी रक्षा करे और वक्ताकी रक्षा करे—इस प्रकार दो बार कहना आदरके लिये है। 'ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः'—ऐसा तीन बार कहना विद्याप्राप्तिके आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक विघ्नोंकी शान्तिके लिये है॥ १॥

इति शीक्षावल्ल्यां प्रथमोऽनुवाकः॥ १॥

द्वितीय अनुवाक

शीक्षाकी व्याख्या

अर्थज्ञानप्रधानत्वादुपनिषदो ग्रन्थपाठे यत्नोपरमो मा भूदिति शीक्षाध्याय आरभ्यते—

उपनिषद् अर्थज्ञानप्रधान है [अर्थात् अर्थज्ञान ही इसमें मुख्य है], अतः इस ग्रन्थके अध्ययनका प्रयत्न शिथिल न हो जाय—इसलिये पहले शीक्षाध्याय आरम्भ किया जाता है—

शीक्षां व्याख्यास्यामः। वर्णः स्वरः। मात्रा बलम्। साम सन्तानः। इत्युक्तः शीक्षाध्यायः॥ १॥

हम शीक्षाकी व्याख्या करते हैं। [अकारादि] वर्ण, [उदात्तादि] स्वर, [ह्रस्वादि] मात्रा, [शब्दोच्चारणमें प्राणका प्रयत्नरूप] बल, [एक ही नियमसे उच्चारण करनारूप] साम तथा सन्तान (संहिता) [ये ही विषय इस अध्यायसे सीखे जाने योग्य हैं]। इस प्रकार शीक्षाध्याय कहा गया॥ १॥

शिक्षा शिक्ष्यतेऽनयेति वर्णाद्युच्चारणलक्षणम्। शिक्ष्यन्त इति वा शिक्षा वर्णादयः। शिक्षैव शीक्षा। दैर्घ्यं छान्दसम्। तां शीक्षां व्याख्यास्यामो विस्पष्टमा समन्तात्कथयिष्यामः। चक्षिङो वा ख्याञादिष्टस्य व्याङ्पूर्वस्य व्यक्तवाक्कर्मण एतद्रूपम्।

जिससे वर्णादिका उच्चारण सीखा जाय उसे 'शिक्षा' कहते हैं अथवा जो सीखे जायँ वे वर्ण आदि ही शिक्षा हैं। शिक्षाको ही 'शीक्षा' कहा गया है। [शीक्षाशब्दमें ईकारका] दीर्घत्व वैदिक प्रक्रियाके अनुसार है। उस शीक्षाकी हम व्याख्या करते हैं अर्थात् उसका सर्वतोभावसे स्पष्ट वर्णन करते हैं। 'व्याख्यास्यामः' यह पद 'वि' और 'आङ्' उपसर्गपूर्वक 'चक्षिङ्' धातुके स्थानमें वैकल्पिक 'ख्याञ्' आदेश करनेसे निष्पन्न होता है। इसका अर्थ स्पष्ट उच्चारण है।

तत्र वर्णोऽकारादिः स्वर उदात्तादिः, मात्रा ह्रस्वाद्याः, बलं प्रयत्नविशेषः, साम वर्णानां मध्यमवृत्त्योच्चारणं समता, सन्तानः सन्ततिः संहितेत्यर्थः। एष हि शिक्षितव्योऽर्थः। शिक्षा यस्मिन्नध्याये सोऽयं शीक्षाध्याय इत्येवमुक्त उदितः। उक्त इत्युपसंहारार्थः॥ १॥

तहाँ अकारादि वर्ण, उदात्तादि स्वर, ह्रस्वादि मात्राएँ, [वर्णोंके उच्चारणमें] प्रयत्नविशेपरूप बल, वर्णोंको मध्यम वृत्तिसे उच्चारण करनारूप साम अर्थात् समता तथा सन्तान—सन्तति अर्थात् संहिता—यही शिक्षणीय विषय है। शिक्षा जिस अध्यायमें है उस इस शीक्षा-अध्यायका इस प्रकार कथन यानी प्रकाशन कर दिया गया। यहाँ 'उक्तः' पद उपसंहारके लिये है॥ १॥

इति शीक्षावल्ल्यां द्वितीयोऽनुवाकः॥ २॥

तृतीय अनुवाक

पाँच प्रकारकी संहितोपासना

अधुना संहितोपनिषदुच्यते—

अब संहितासम्बन्धिनी उपनिषत् (उपासना) कही जाती है—

सह नौ यशः। सह नौ ब्रह्मवर्चसम्। अथातः सꣳहिताया उपनिषदं व्याख्यास्यामः। पञ्चस्वधिकरणेषु। अधिलोकमधिज्योतिषमधिविद्यमधिप्रजमध्यात्मम्। ता महासꣳहिता इत्याचक्षते। अथाधिलोकम्। पृथिवी पूर्वरूपम्। द्यौरुत्तररूपम्। आकाशः संधिः॥ १॥

वायुः संधानम्। इत्यधिलोकम् अथाधिज्यौतिषम्। अग्निः पूर्वरूपम्। आदित्य उत्तररूपम्। आपःसंधिः। वैद्युतः संधानम्। इत्यधिज्यौतिषम्। अथाधिविद्यम्। आचार्यः पूर्वरूपम्॥ २॥

अन्तेवास्युत्तररूपम्। विद्या संधिः। प्रवचनꣳसंधानम्। इत्यधिविद्यम्। अथाधिप्रजम्। माता पूर्वरूपम्। पितोत्तररूपम्। प्रजा संधिः। प्रजननꣳसंधानम्। इत्यधिप्रजम्॥ ३॥

अथाध्यात्मम्। अधरा हनुः पूर्वरूपम्। उत्तरा हनुरुत्तररूपम्। वाक्संधिः। जिह्वा संधानम्। इत्यध्यात्मम्। इतीमा महासꣳहिताः य एवमेता महासꣳहिता व्याख्याता वेद। संधीयते प्रजया पशुभिः। ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन सुवर्गेण लोकेन॥ ४॥

हम [शिष्य और आचार्य] दोनोंको साथ-साथ यश प्राप्त हो और हमें साथ-साथ ब्रह्मतेजकी प्राप्ति हो। [क्योंकि जिन पुरुषोंकी बुद्धि शास्त्राध्ययनद्वारा परिमार्जित हो गयी है वे भी परमार्थतत्त्वको समझनेमें सहसा समर्थ नहीं होते, इसलिये] अब हम पाँच अधिकरणोंमें संहिताकी* उपनिषद् [अर्थात् संहितासम्बन्धिनी

---

* 'संहिता' शब्दका अर्थ सन्धि या वर्णोंका सामीप्य है। भिन्न-भिन्न वर्णोंके मिलनेपर ही शब्द बनते हैं; उनमें जब एक वर्णका दूसरे वर्णसे योग होता है तो उन पूर्वोत्तर वर्णोंके योगको 'सन्धि' कहते हैं और जिस शब्दोच्चारणसम्बन्धी प्रयत्नके योगसे सन्धि होती है उसे 'सन्धान' कहा जाता है।

उपासना]-की व्याख्या करेंगे। अधिलोक, अधिज्यौतिष, अधिविद्य, अधिप्रज और अध्यात्म—ये ही पाँच अधिकरण हैं। पण्डितजन उन्हें महासंहिता कहकर पुकारते हैं। अब अधिलोक (लोकसम्बन्धी) दर्शन (उपासना)-का वर्णन किया जाता है—संहिताका प्रथम वर्ण पृथिवी है, अन्तिम वर्ण द्युलोक है, मध्यभाग आकाश है॥ १॥ और वायु सन्धान (उनका परस्पर सम्बन्ध करनेवाला) है। [अधिलोक-उपासकको संहितामें इस प्रकार दृष्टि करनी चाहिये]—यह अधिलोक दर्शन कहा गया। इसके अनन्तर अधिज्यौतिष दर्शन कहा जाता है—यहाँ संहिताका प्रथम वर्ण अग्नि है, अन्तिम वर्ण द्युलोक है, मध्यभाग आप (जल) है और विद्युत् सन्धान है [अधिज्यौतिष-उपासकको संहितामें ऐसी दृष्टि करनी चाहिये]—यह अधिज्यौतिष दर्शन कहा गया। इसके पश्चात् अधिविद्य दर्शन कहा जाता है—इसकी संहिताका प्रथम वर्ण आचार्य है॥ २॥ अन्तिम वर्ण शिष्य है, विद्या सन्धि है और प्रवचन (प्रश्नोत्तररूपसे निरूपण करना) सन्धान है [—ऐसी अधिविद्य-उपासकको दृष्टि करनी चाहिये]। यह विद्यासम्बन्धी दर्शन कहा गया। इससे आगे अधिप्रज दर्शन कहा जाता है—यहाँ संहिताका प्रथम वर्ण माता है, अन्तिम वर्ण पिता है, प्रजा (सन्तान) सन्धि है और प्रजनन (ऋतुकालमें भार्यागमन) सन्धान है [—अधिप्रज-उपासकको ऐसी दृष्टि करनी चाहिये]। यह प्रजासम्बन्धी उपासनाका वर्णन किया गया॥ ३॥ इसके पश्चात् अध्यात्मदर्शन कहा जाता है—इसमें संहिताका प्रथम वर्ण नीचेका हनु (नीचेके होठसे ठोडीतकका भाग) है, अन्तिम वर्ण ऊपरका हनु (ऊपरके होठसे नासिकातकका भाग) है, वाणी सन्धि है और जिह्वा सन्धान है [—ऐसी अध्यात्म-उपासकको दृष्टि करनी चाहिये]। यह अध्यात्मदर्शन कहा गया। इस प्रकार ये महासंहिताएँ कहलाती हैं। जो पुरुष इस प्रकार व्याख्या की हुई इन महासंहिताओंको जानता है [अर्थात् इस प्रकार उपासना करता है] वह प्रजा, पशु, ब्रह्मतेज, अन्न और स्वर्गलोकसे संयुक्त किया जाता है। [अर्थात् उसे इन सबकी प्राप्ति होती है]॥ ४॥

तत्र संहिताद्युपनिषत्परिज्ञाननिमित्तं यद्यशः प्रार्थ्यते तन्नावावयोः शिष्याचार्ययोः सहैवास्तु। तन्निमित्तं च यद्ब्रह्मवर्चसं तेजस्तच्च सहैवास्त्विति शिष्यवचनमाशीः। शिष्यस्य ह्यकृतार्थत्वात्प्रार्थनोपपद्यते नाचार्यस्य। कृतार्थत्वात्। कृतार्थो ह्याचार्यो नाम भवति।

उस संहितादि उपनिषद् [अर्थात् संहितादिसम्बन्धिनी उपासना]-के परिज्ञानके कारण जिस यशकी याचना की जाती है वह हम शिष्य और आचार्य दोनोंको साथ-साथ ही प्राप्त हो। तथा उसके कारण जो ब्रह्मतेज होता है वह भी हम दोनोंको साथ-साथ ही मिले—इस प्रकार यह कामना शिष्यका वाक्य है, क्योंकि अकृतार्थ होनेके कारण शिष्यके लिये ही प्रार्थना करना सम्भव भी है—आचार्यके लिये नहीं, क्योंकि वह कृतार्थ होता है; जो पुरुष कृतार्थ होता है वही आचार्य कहलाता है।

अथानन्तरमध्ययनलक्षणविधानस्य, अतो यतोऽत्यर्थं ग्रन्थभाविता बुद्धिर्न शक्यते सहसार्थज्ञान-विषयेऽवतारयितुमित्यतः संहिताया उपनिषदं संहिताविषयं दर्शन-मित्येतद्ग्रन्थसंनिकृष्टामेव व्याख्या-स्यामः; पञ्चस्वधिकरणेष्वाश्रयेषु ज्ञानविषयेष्वित्यर्थः।

'अथ' अर्थात् पहले कहे हुए अध्ययनरूप विधानके अनन्तर, 'अतः'—क्योंकि ग्रन्थके अध्ययनमें अत्यन्त आसक्त की हुई बुद्धिको सहसा अर्थज्ञान [-को ग्रहण करने]-में प्रवृत्त नहीं किया जा सकता, इसलिये हम ग्रन्थकी समीपवर्तिनी संहितोपनिषद् अर्थात् संहितासम्बन्धिनी दृष्टिकी पाँच अधिकरण—आश्रय अर्थात् ज्ञानके विषयोंमें व्याख्या करेंगे। [तात्पर्य यह कि वर्णोंके विषयमें पाँच प्रकारके ज्ञान बतलावेंगे]।

कानि तानीत्याह-अधिलोकं लोकेष्वधि यद्दर्शनं तदधिलोकम्। तथाधिज्यौतिषमधिविद्यमधिप्रज-मध्यात्ममिति। ता एताः पञ्चविषया उपनिषदो लोकादिमहावस्तु-विषयत्वात्संहिताविषयत्वाच्च महत्यश्च ताः संहिताश्च महासंहिता इत्याचक्षते कथयन्ति वेदविदः।

अथ तासां यथोपन्यस्तानामधि-लोकं दर्शनमुच्यते। दर्शनक्रम-विवक्षार्थोऽथशब्दः सर्वत्र। पृथिवी पूर्वरूपं पूर्वो वर्णः पूर्वरूपम्। संहितायाः पूर्वे वर्णे पृथिवीदृष्टिः कर्तव्येत्युक्तं भवति। तथा द्यौः उत्तररूपमाकाशोऽन्तरिक्षलोकः संधिर्मध्यं पूर्वोत्तररूपयोः संधीयेते अस्मिन्पूर्वोत्तररूपे इति। वायुः संधानम्। संधीयतेऽनेनेति संधानम्। इत्यधिलोकं दर्शनमुक्तम्। अथाधिज्यौतिषमित्यादि समानम्।

वे पाँच अधिकरण कौन-से हैं? सो बतलाते हैं—'अधिलोक'—जो दर्शन लोकविषयक हो उसे अधिलोक कहते हैं। इसी प्रकार अधिज्यौतिष, अधिविद्य, अधिप्रज और अध्यात्म भी समझने चाहिये। ये पञ्चविषयसम्बन्धिनी उपनिषदें लोकादि महावस्तुविषयिणी और संहितासम्बन्धिनी हैं; इसलिये वेदवेत्तालोग इन्हें महती संहिता अर्थात् 'महासंहिता' कहकर पुकारते हैं।

अब ऊपर बतलायी हुई उन (पाँच प्रकारकी उपासनाओं)-मेंसे पहले अधिलोक-दृष्टि बतलायी जाती है। यहाँ दर्शनक्रम बतलाना इष्ट होनेके कारण 'अथ' शब्दकी सर्वत्र अनुवृत्ति करनी चाहिये। पृथिवी पूर्वरूप है। यहाँ पूर्ववर्ण ही पूर्वरूप कहा गया है। इससे यह बतलाया गया है कि संहिता (सन्धि)-के प्रथम वर्णमें पृथिवीदृष्टि करनी चाहिये। इसी प्रकार द्युलोक उत्तररूप (अन्तिम वर्ण) है, आकाश अर्थात् अन्तरिक्ष सन्धि—पूर्व और उत्तररूपका मध्य है अर्थात् इसमें ही पूर्व और उत्तररूप एकत्रित किये जाते हैं। वायु सन्धान है। जिससे सन्धि की जाय उसे सन्धान कहते हैं। इस प्रकार अधिलोक दर्शन कहा गया। इसीके समान 'अथाधिज्यौतिषम्' इत्यादि मन्त्रोंका अर्थ भी समझना चाहिये।

इतीमा इत्युक्ता उपप्रदर्श्यन्ते। यः कश्चिदेवमेता महासंहिता व्याख्याता वेदोपास्ते। वेदेत्युपासनं स्याद्विज्ञानाधिकारात् ''इति प्राचीनयोग्योपास्व'' इति च वचनात्। उपासनं च यथाशास्त्रं तुल्यप्रत्ययसन्ततिरसंकीर्णा चाततत्प्रत्ययैः शास्त्रोक्तालम्बनविषया च। प्रसिद्धश्चोपासनशब्दार्थो लोके गुरुमुपास्ते राजानमुपास्त इति। यो हि गुर्वादीन्सन्ततमुपचरति स उपास्त इत्युच्यते। स च फलमाप्नोत्युपासनस्य। अतोऽत्रापि च य एवं वेद संधीयते प्रजादिभिः स्वर्गान्तैः। प्रजादिफलान्याप्नोतीत्यर्थः॥ १—४॥

'इति' और 'इमाः' इन शब्दोंसे पूर्वोक्त दर्शनोंका परामर्श किया जाता है। जो कोई इस प्रकार व्याख्या की हुई इस महासंहिताको जानता अर्थात् उपासना करता है—यहाँ उपासनाका प्रकरण होनेके कारण 'वेद' शब्दसे उपासना समझना चाहिये जैसा कि 'इति प्राचीनयोग्योपास्व*' इस आगे (१। ६। २ में) कहे जानेवाले वचनसे सिद्ध होता है। शास्त्रानुसार समान प्रत्ययके प्रवाहका नाम 'उपासना' है। वह प्रवाह विजातीय प्रत्ययोंसे रहित और शास्त्रोक्त आलम्बनको आश्रय करनेवाला होना चाहिये। लोकमें 'गुरुकी उपासना करता है' 'राजाकी उपासना करता है' इत्यादि वाक्योंमें 'उपासना' शब्दका अर्थ प्रसिद्ध ही है। जो पुरुष गुरु आदिकी निरन्तर परिचर्या करता है वही 'उपासना करता है' ऐसा कहा जाता है। वही उस उपासनाका फल भी प्राप्त करता है। अतः इस महासंहिताके सम्बन्धमें भी जो पुरुष इस प्रकार उपासना करता है वह [मन्त्रमें बतलाये हुए] प्रजासे लेकर स्वर्गपर्यन्त समस्त पदार्थोंसे सम्पन्न होता है, अर्थात् प्रजादिरूप फल प्राप्त करता है॥ १—४॥

इति शीक्षावल्ल्यां तृतीयोऽनुवाकः॥ ३॥

---

* हे प्राचीनयोग्य शिष्य! इस प्रकार तू उपासना कर।

चतुर्थ अनुवाक

श्री और बुद्धिकी कामनावालोंके लिये जप और होमसम्बन्धी मन्त्र

यशछन्दसामिति मेधाकामस्य श्रीकामस्य च तत्प्राप्तिसाधनं जपहोमावुच्येते। ''स मेन्द्रो मेधया स्पृणोतु'' ''ततो मे श्रियमावह'' इति च लिङ्गदर्शनात्।

अब 'यशछन्दसाम्' इत्यादि मन्त्रोंसे मेधाकामी तथा श्रीकामी पुरुषोंके लिये उनकी प्राप्तिके साधन जप और होम बतलाये जाते हैं; क्योंकि ''वह इन्द्र मुझे मेधासे प्रसन्न अथवा बलयुक्त करे'' तथा ''अतः उस श्रीको तू मेरे पास ला'' इन वाक्योंमें [क्रमशः मेधा और श्रीप्राप्तिके लिये की गयी प्रार्थनाके] लिङ्ग देखे जाते हैं।

यशछन्दसामृषभो विश्वरूपः। छन्दोभ्योऽध्यमृतात्संबभूव। स मेन्द्रो मेधया स्पृणोतु। अमृतस्य देव धारणो भूयासम्। शरीरं मे विचर्षणम्। जिह्वा मे मधुमत्तमा। कर्णाभ्यां भूरि विश्रुवम्। ब्रह्मणः कोशोऽसि मेधया पिहितः। श्रुतं मे गोपाय। आवहन्ती वितन्वाना॥ १॥

कुर्वाणाचीरमात्मनः। वासाꣳसि मम गावश्च। अन्नपाने च सर्वदा। ततो मे श्रियमावह। लोमशां पशुभिः सह स्वाहा। आमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। विमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। प्रमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। दमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। शमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा॥ २॥

जो वेदोंमें ऋषभ (श्रेष्ठ अथवा प्रधान) और सर्वरूप है तथा वेदरूप अमृतसे प्रधानरूपसे आविर्भूत हुआ है वह [ओंकाररूप] इन्द्र (सम्पूर्ण कामनाओंका ईश) मुझे मेधासे प्रसन्न अथवा बलयुक्त करे। हे देव! मैं अमृतत्व (अमृतत्वके हेतुभूत ब्रह्मज्ञान)-का धारण करनेवाला होऊँ। मेरा शरीर विचक्षण (योग्य) हो। मेरी जिह्वा अत्यन्त मधुमती (मधुर भाषण करनेवाली) हो। मैं कानोंसे खूब श्रवण करूँ। [हे ओंकार!] तू ब्रह्मका कोष है और लौकिक बुद्धिसे ढँका हुआ है [अर्थात् लौकिक बुद्धिके कारण तेरा ज्ञान नहीं होता] तू! मेरी श्रवण की हुई

विद्याकी रक्षा कर। मेरे लिये वस्त्र, गौ और अन्न-पानको सर्वदा शीघ्र ही ले आनेवाली और इनका विस्तार करनेवाली श्रीको [भेंड़-बकरी आदि] ऊनवाले तथा अन्य पशुओंके सहित बुद्धि प्राप्त करानेके अनन्तर तू मेरे पास ला—स्वाहा। ब्रह्मचारीलोग मेरे पास आवें —स्वाहा। ब्रह्मचारीलोग मेरे प्रति निष्कपट हों—स्वाहा। ब्रह्मचारीलोग प्रमा (यथार्थ ज्ञान)-को धारण करें—स्वाहा। ब्रह्मचारीलोग दम (इन्द्रियदमन) करें—स्वाहा। ब्रह्मचारीलोग शम (मनोनिग्रह) करें—स्वाहा। [इन मन्त्रोंके पीछे जो 'स्वाहा' शब्द है वह इस बातको सूचित करता है कि ये हवनके लिये हैं]॥ १-२॥

ओङ्कारतो बुद्धि-बलं प्रार्थ्यते

यश्छन्दसां वेदानामृषभ इवर्षभः प्राधान्यात्। विश्वरूपः सर्वरूपः सर्ववाग्व्याप्तेः। "तद्यथा शङ्कुना" (छा० उ० २। २३। ३) इत्यादि श्रुत्यन्तरात्। अत एवर्षभत्वमोङ्कारस्य। ओङ्कारो ह्यत्रोपास्य इति ऋषभादिशब्दैः स्तुतिर्न्याय्यैवोङ्कारस्य। छन्दोभ्यो वेदेभ्यो वेदा ह्यमृतं तस्मादमृतादधिसंबभूव। लोकदेववेदव्याहृतिभ्यः सारिष्ठं जिघृक्षोः प्रजापतेस्तपस्यत ओङ्कारः सारिष्ठत्वेन प्रत्यभादित्यर्थः। न हि नित्यस्योङ्कारस्याञ्जसैवोत्पत्तिरेव

जो [ओंकार] प्रधान होनेके कारण छन्द—वेदोंमें श्रेष्ठके समान श्रेष्ठ तथा सम्पूर्ण वाणीमें व्याप्त होनेके कारण विश्वरूप यानी सर्वमय है; जैसा कि "जिस प्रकार शङ्कुओं (पत्तोंकी नसों)-से [सम्पूर्ण पत्ते व्याप्त रहते हैं उसी प्रकार ओंकारसे सम्पूर्ण वाणी व्याप्त है—ओंकार ही यह सब कुछ है]" इस एक अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है। इसीलिये ओंकारकी श्रेष्ठता है। यहाँ ओंकार ही उपासनीय है, इसलिये 'ऋषभ' आदि शब्दोंसे ओंकारकी स्तुति की जानी उचित ही है। छन्द अर्थात् वेदोंसे —वेद ही अमृत हैं, उस अमृतसे जो प्रधानरूपसे हुआ है। तात्पर्य यह है कि लोक, देव, वेद और व्याहृतियोंसे सर्वोत्कृष्ट सार ग्रहण करनेकी इच्छासे तप करते हुए प्रजापतिको ओंकार ही सर्वोत्तम साररूपसे भासित हुआ था, क्योंकि नित्य ओंकारकी साक्षात् उत्पत्तिकी

कल्प्यते। स एवंभूत ओङ्कार इन्द्रः सर्वकामेशः परमेश्वरो मा मां मेधया प्रज्ञया स्पृणोतु प्रीणयतु बलयतु वा। प्रज्ञाबलं हि प्रार्थ्यते।

अमृतस्य अमृतत्वहेतुभूतस्य ब्रह्मज्ञानस्य तदधिकारात्, हे देव धारणो धारयिता भूयासं भवेयम्। किं च शरीरं मे मम विचर्षणं विचक्षणं योग्यमित्येतत्। भूयादिति प्रथमपुरुषविपरिणामः। जिह्वा मे मधुमत्तमा मधुमत्यतिशयेन मधुरभाषिणीत्यर्थः। कर्णाभ्यां श्रोत्राभ्यां भूरि बहु विश्रवं व्यश्रवं श्रोता भूयासमित्यर्थः। आत्मज्ञानयोग्यः कार्यकरण-संघातोऽस्त्विति वाक्यार्थः। मेधा च तदर्थमेव हि प्रार्थ्यते।

ब्रह्मणः परमात्मनः कोशोऽसि। असेरिवोपलब्ध्यधिष्ठानत्वात्। त्वं हि ब्रह्मणः प्रतीकं त्वयि ब्रह्मोपलभ्यते। मेधया लौकिकप्रज्ञया पिहित आच्छादितः स त्वं सामान्यप्रज्ञैरविदिततत्त्व इत्यर्थः। श्रुतं श्रवणपूर्वकमात्मज्ञानादिकं मे

कल्पना नहीं की जा सकती। वह इस प्रकारका ओंकाररूप इन्द्र—सम्पूर्ण कामनाओंका स्वामी परमेश्वर मुझे मेधाद्वारा प्रसन्न अथवा सबल करे; इस प्रकार यहाँ बुद्धिबलके लिये प्रार्थना की जाती है।

हे देव! मैं अमृत—अमृतत्वके हेतुभूत ब्रह्मज्ञानका धारण करनेवाला होऊँ, क्योंकि यहाँ ब्रह्मज्ञानका ही प्रसङ्ग है। तथा मेरा शरीर विचर्षण—विचक्षण अर्थात् योग्य हो। [मूलमें 'भूयासम्' (होऊँ) यह उत्तम पुरुषका प्रयोग है इसे] 'भूयात्' (हो) इस प्रकार प्रथम पुरुषमें परिणत कर लेना चाहिये। मेरी जिह्वा मधुमत्तमा—अतिशय मधुमती अर्थात् अत्यन्त मधुरभाषिणी हो। मैं कानोंसे भूरि—अधिक मात्रामें श्रवण करूँ अर्थात् बड़ा श्रोता होऊँ। इस वाक्यका तात्पर्य यह है कि मेरा शरीर और इन्द्रियसंघात आत्मज्ञानके योग्य हो। तथा उसीके लिये ही बुद्धिकी याचना की जाती है।

परमात्माकी उपलब्धिका स्थान होनेके कारण तू तलवारके कोशके समान ब्रह्म यानी परमात्माका कोश है, क्योंकि तू ब्रह्मका प्रतीक है—तुझमें ब्रह्मकी उपलब्धि होती है। वही तू मेधा अर्थात् लौकिकी बुद्धिसे आच्छादित यानी ढका हुआ है; अर्थात् सामान्य-बुद्धि पुरुषोंको तेरे तत्त्वका ज्ञान नहीं होता। मेरे श्रुत अर्थात् श्रवणपूर्वक आत्मज्ञानादि

गोपाय रक्ष। तत्प्राप्त्यविस्मरणादि कुर्वित्यर्थः जपार्था एते मन्त्रा मेधाकामस्य।

होमार्थास्त्वधुना श्रीकामस्य ओङ्कारतः श्रियः प्रार्थना मन्त्रा उच्यन्ते। आवहन्त्यानयन्ती । वितन्वाना विस्तारयन्ती। तनोतेस्तत्कर्मत्वात्। कुर्वाणा निर्वर्तयन्ती, अचीरमचिरं क्षिप्रमेव, छान्दसो दीर्घः; चिरं वा कुर्वाणा आत्मनो मम, किमित्याह—वासांसि वस्त्राणि मम गावश्च गाश्चेति यावत्, अन्नपाने च सर्वदैवमादीनि कुर्वाणा श्रीर्या तां ततो मेधानिर्वर्तनात्परमावहानय। अमेधसो हि श्रीरनर्थायैवेति।

किंविशिष्टाम्। लोमशामजाव्यादियुक्तामन्यैश्च पशुभिः संयुक्तामावहेत्यधिकारादोङ्कार एवाभिसंबध्यते। स्वाहा स्वाहाकारो होमार्थमन्त्रान्तज्ञापनार्थः। आयन्तु मामिति व्यवहितेन संबन्धः। ब्रह्मचारिणो विमायन्तु प्रमायन्तु

विज्ञानकी रक्षा कर; अर्थात् उसकी प्राप्ति एवं अविस्मरण आदि कर। ये मन्त्र मेधाकामी पुरुषके जपके लिये हैं।

अब लक्ष्मीकामी पुरुषको होमके लिये मन्त्र बतलाये जाते हैं—आवहन्ती—लानेवाली; वितन्वाना—विस्तार करनेवाली, क्योंकि 'तनु' धातुका अर्थ विस्तार करना ही है; कुर्वाणा—करनेवाली; अचीरम्—अचिर अर्थात् शीघ्र ही; 'अचीरम्' में दीर्घ ईकार वैदिक प्रक्रियाके अनुसार है। अथवा चिरं (चिरकालतक) आत्मनः—मेरे लिये करनेवाली, क्या करनेवाली? सो बतलाते हैं—मेरे वस्त्र, गौ और अन्न-पान इन्हें जो श्री सदा ही करनेवाली है उसे, बुद्धि प्राप्त करानेके अनन्तर तू मेरे पास ला, क्योंकि बुद्धिहीनके लिये तो लक्ष्मी अनर्थका ही कारण होती है।

किन विशेषणोंसे युक्त श्रीको लावे? लोमश अर्थात् भेड़-बकरी आदि ऊनवालोंके सहित और अन्य पशुओंसे युक्त श्रीको ला। यहाँ 'आवह' क्रियाका अधिकार होनेके कारण [उसके कर्ता] ओंकारसे ही सम्बन्ध है। स्वाहा—यह स्वाहाकार होमार्थ मन्त्रोंका अन्त सूचित करनेके लिये है। ['आ मायन्तु ब्रह्मचारिणः' इस वाक्यमें] 'आयन्तु माम्' इस प्रकार 'आ' का व्यवधानयुक्त 'यन्तु' शब्दसे सम्बन्ध है। [इसी प्रकार मेरे प्रति] ब्रह्मचारीलोग निष्कपट हों। वे प्रमाको

दमायन्तु शमायन्त्वित्यादि॥ १-२॥

धारण करें, इन्द्रिय-निग्रह करें, मनोनिग्रह करें इत्यादि॥ १-२॥

यशो जनेऽसानि स्वाहा। श्रेयान् वस्यसोऽसानि स्वाहा। तं त्वा भग प्रविशानि स्वाहा। स मा भग प्रविश स्वाहा। तस्मिन् सहस्रशाखे निभगाहं त्वयि मृजे स्वाहा। यथापः प्रवता यन्ति यथा मासा अहर्जरम्। एवं मां ब्रह्मचारिणो धातरायन्तु सर्वतः स्वाहा। प्रतिवेशोऽसि प्र मा पाहि प्र मा पद्यस्व॥ ३॥

मैं जनतामें यशस्वी होऊँ—स्वाहा। मै अत्यन्त प्रशंसनीय और धनवान् होऊँ—स्वाहा। हे भगवन्! मैं उस ब्रह्मकोशभूत तुझमें प्रवेश कर जाऊँ—स्वाहा। हे भगवन्! वह तू मुझमें प्रवेश कर—स्वाहा। हे भगवन्! उस सहस्रशाखायुक्त [अर्थात् अनेकों भेदवाले] तुझमें मैं अपने पापाचरणोंका शोधन करता हूँ—स्वाहा। जिस प्रकार जल निम्न प्रदेशकी ओर जाता है तथा महीने अहर्जर—संवत्सरमें अन्तर्हित हो जाते हैं, उसी प्रकार हे धातः! ब्रह्मचारीलोग सब ओरसे मेरे पास आवें—स्वाहा। तू [शरणागतोंका] आश्रयस्थान है अतः मेरे प्रति भासमान हो, तू मुझे प्राप्त हो॥ ३॥

यशो यशस्वी जने जनसमूहेऽसानि भवानि। श्रेयान्प्रशस्यतरो वस्यसो वसीयसो वसुतराद्वसुमत्तराद्वासानीत्यन्वयः। किं च तं ब्रह्मणः कोशभूतं त्वा त्वां हे भग भगवन्पूजावन्प्रविशानि प्रविश्य चानन्यस्त्वदात्मैव भवानीत्यर्थः। स त्वमपि मा मां भग भगवन् प्रविश। आवयोरेकत्वमेवास्तु। तस्मिंस्त्वयि सहस्रशाखे बहुशाखाभेदे हे भगवन्, निमृजे शोधयाम्यहं पापकृत्याम्।

मैं जनतामें यशस्वी होऊँ तथा श्रेयान्—प्रशस्यतर और वस्यसः—वसीयसः अर्थात् वसुमान्से भी वसुमान् यानी अत्यन्त धनी पुरुषोंसे भी विशेष धनवान् होऊँ। तथा हे भग—भगवन्—पूजनीय! ब्रह्मके कोशभूत उस तुझमें मैं प्रवेश करूँ; तात्पर्य यह है कि तुझमें प्रवेश करके तुझसे अनन्य हो मैं तेरा ही रूप हो जाऊँ; तथा तू भी, हे भग—भगवन्! मुझमें प्रवेश कर। अर्थात् हम दोनोंकी एकता ही हो जाय। हे भगवन्! उस सहस्रशाख—अनेकों शाखाभेदवाले तुझमें मैं अपने पापकर्मोंका शोधन करता हूँ।

यथा लोक आपः प्रवता प्रवणवता निम्नवता देशेन यन्ति गच्छन्ति। यथा च मासा अहर्जरं संवत्सरोऽहर्जरः। अहोभिः परिवर्तमानो लोकाञ्जरयतीत्यहानि वास्मिञ्जीर्यन्त्यन्तर्भवन्तीत्यहर्जरः। तं च यथा मासा यन्त्येवं मां ब्रह्मचारिणो हे धातः सर्वस्य विधातः मामायन्त्वागच्छन्तु सर्वतः सर्वदिग्भ्यः।

प्रतिवेशः—श्रमापनयनस्थानमासन्नगृहमित्यर्थः। एवं त्वं प्रतिवेश इव प्रतिवेशस्त्वच्छीलिनां सर्वपापदुःखापनयनस्थानमसि, अतो मा मां प्रति प्रभाहि प्रकाशयात्मानं प्रपद्यस्व च। मां रसविद्धमिव लोहं त्वन्मयं त्वदात्मानं कुर्वित्यर्थः।

विद्योपलब्धौ धनस्योपयोगः **श्रीकामोऽस्मिन्विद्याप्रकरणेऽभिधीयमानो धनार्थः। धनं च कर्मार्थम्। कर्म चोपात्तदुरितक्षयाय। तत्क्षये हि विद्या प्रकाशते। तथा च स्मृतिः "ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात्पापस्य कर्मणः। यथादर्शतले प्रख्ये पश्यन्त्यात्मानमात्मनि" (महा० शा० २०४। ८, गरुड० १। २३७। ६) इति॥ ३॥**

लोकमें जिस प्रकार जल प्रवणवान्—निम्नतायुक्त देशकी ओर जाते हैं और महीने जिस प्रकार अहर्जरमें अन्तर्हित होते हैं। अहर्जर संवत्सरको कहते हैं, क्योंकि वह अहः—दिनोंके रूपमें परिवर्तित होता हुआ लोकोंको जीर्ण करता है अथवा उसमें अहः—दिन जीर्ण यानी अन्तर्भूत होते हैं इसलिये वह अहर्जर है। उस संवत्सरमें जिस प्रकार महीने जाते हैं उसी प्रकार हे धातः! मेरे पास सब ओरसे—सम्पूर्ण दिशाओंसे ब्रह्मचारीलोग आवें।

'प्रतिवेश' श्रमनिवृत्तिके स्थान अर्थात् समीपवर्ती गृहको कहते हैं। इस प्रकार तू प्रतिवेशके समान प्रतिवेश यानी अपना अनुशीलन करनेवालोंका दुःखनिवृत्तिका स्थान है। अतः तू मेरे प्रति अपनेको प्रकाशित कर और मुझे प्राप्त हो; अर्थात् पारदसंयुक्त लोहेके समान तू मुझे अपनेसे अभिन्न कर ले।

इस ज्ञानके प्रकरणमें जो लक्ष्मीकी कामना कही जाती है वह धनके लिये है, धन कर्मके लिये होता है और कर्म प्राप्त हुए पापोंके क्षयके लिये है। उनके क्षीण होनेपर ही ज्ञानका प्रकाश होता है; जैसा कि यह स्मृति भी कहती है—"पापकर्मोंका क्षय हो जानेपर ही पुरुषको ज्ञान होता है। जिस प्रकार दर्पणके स्वच्छ हो जानेपर उसमें मुख देखा जा सकता है उसी प्रकार शुद्ध अन्तःकरणमें आत्माका साक्षात्कार होता है"॥ ३॥

इति शीक्षावल्ल्यां चतुर्थोऽनुवाकः॥ ४॥

पञ्चम अनुवाक

व्याहृतिरूप ब्रह्मकी उपासना

संहिताविषयमुपासनमुक्तं तदनु मेधाकामस्य श्रीकामस्य मन्त्रा अनुक्रान्ताः। ते च पारम्पर्येण विद्योपयोगार्था एव। अनन्तरं व्याहृत्यात्मनो ब्रह्मणोऽन्तरुपासनं स्वाराज्यफलं प्रस्तूयते—

पहले संहितासम्बन्धिनी उपासनाका वर्णन किया गया। तत्पश्चात् मेधाकी कामनावाले तथा श्रीकामी पुरुषोंके लिये मन्त्र बतलाये गये। वे भी परम्परासे ज्ञानके उपयोगके लिये ही हैं। उसके पश्चात् अब जिसका फल स्वाराज्य है उस व्याहृतिरूप ब्रह्मकी आन्तरिक उपासनाका आरम्भ किया जाता है—

भूर्भुवः सुवरिति वा एतास्तिस्रो व्याहृतयः। तासामु ह स्मैतां चतुर्थीं माहाचमस्यः प्रवेदयते। मह इति। तद्ब्रह्म। स आत्मा। अङ्गान्यन्या देवताः। भूरिति वा अयं लोकः। भुव इत्यन्तरिक्षम्। सुवरित्यसौ लोकः॥ १॥

मह इत्यादित्यः। आदित्येन वाव सर्वे लोका महीयन्ते। भूरिति वा अग्निः। भुव इति वायुः। सुवरित्यादित्यः। मह इति चन्द्रमाः। चन्द्रमसा वाव सर्वाणि ज्योतीꣳषि महीयन्ते। भूरिति वा ऋचः। भुव इति सामानि। सुवरिति यजूꣳषि॥ २॥

मह इति ब्रह्म। ब्रह्मणा वाव सर्वे वेदा महीयन्ते। भूरिति वै प्राणः। भुव इत्यपानः। सुवरिति व्यानः। मह इत्यन्नम्। अन्नेन वाव सर्वे प्राणा महीयन्ते। ता वा एताश्चतस्रश्चतुर्धा। चतस्रश्चतस्रो व्याहृतयः। ता यो वेद। स वेद ब्रह्म। सर्वेऽस्मै देवा बलिमावहन्ति॥ ३॥

'भूः, भुवः और सुवः' ये तीन व्याहृतियाँ हैं। उनमेंसे 'महः' इस चौथी व्याहृतिको माहाचमस्य (महाचमसका पुत्र) जानता है। वह महः ही ब्रह्म है। वही आत्मा है। अन्य देवता उसके अङ्ग (अवयव) हैं। 'भूः' यह व्याहृति यह लोक

लोक है, 'भुवः' अन्तरिक्षलोक है और 'सुवः' यह स्वर्गलोक है॥ १॥ तथा 'महः' आदित्य है। आदित्यसे ही समस्त लोक वृद्धिको प्राप्त होते हैं। 'भूः' यही अग्नि है, 'भुवः' वायु है, 'सुवः' आदित्य है तथा 'महः' चन्द्रमा है। चन्द्रमासे ही सम्पूर्ण ज्योतियाँ वृद्धिको प्राप्त होती हैं। 'भूः' यही ऋक् है, 'भुवः' साम है, 'सुवः' यजुः है॥ २॥ तथा 'महः' ब्रह्म है। ब्रह्मसे ही समस्त वेद वृद्धिको प्राप्त होते हैं। 'भूः' यही प्राण है, 'भुवः' अपान है, 'सुवः' व्यान है तथा 'महः' अन्न है। अन्नसे ही समस्त प्राण वृद्धिको प्राप्त होते हैं। इस प्रकार ये चार व्याहृतियाँ हैं। इनमेंसे प्रत्येक चार-चार प्रकारकी है। जो इन्हें जानता है वह ब्रह्मको जानता है। सम्पूर्ण देवगण उसे बलि (उपहार) समर्पण करते हैं॥ ३॥

व्याहृतिचतुष्टयम्

भूर्भुवः सुवरिति; इतीत्युक्तोपप्रदर्शनार्थः। एतास्तिस्र इति च प्रदर्शितानां परामर्शार्थः। परामृष्टाः स्मार्यन्ते वा इत्यनेन। तिस्र एताः प्रसिद्धा व्याहृतयः स्मार्यन्ते तावत्। तासामियं चतुर्थी व्याहृतिर्मह इति। तामेतां चतुर्थीं महाचमसस्यापत्यं माहाचमस्यः प्रवेदयते। उ ह स्म इत्येतेषां वृत्तानुकथनार्थत्वाद्विदितवान्ददर्शेत्यर्थः। माहाचमस्यग्रहणमार्षानुस्मरणार्थम्। ऋषिस्मरणमप्युपासनाङ्गमिति गम्यत इहोपदेशात्।

'भूर्भुवः सुवरिति' इसमें 'इति' शब्द पूर्वकथित [व्याहृतियों]- को ही प्रदर्शित करनेके लिये है; 'एतास्तिस्रः' ये शब्द भी पूर्वप्रदर्शित [व्याहृतियों-] के ही परामर्शके लिये हैं। 'वै' इस अव्ययसे परामृष्ट व्याहृतियोंका स्मरण कराया जाता है। अर्थात् [इन शब्दोंसे] ये तीन प्रसिद्ध व्याहृतियाँ स्मरण दिलायी जाती हैं। उनमें 'महः' यह चौथी व्याहृति है। उस इस चौथी व्याहृतिको महाचमसका पुत्र माहाचमस्य जानता है। किन्तु 'उ ह स्म' ये तीन निपात अतीत घटनाका अनुकथन करनेके लिये होनेके कारण इसका अर्थ 'जानता था, देखा था' इस प्रकार होगा। [व्याहृतिके द्रष्टा] ऋषिका अनुस्मरण करनेके लिये 'माहाचमस्य' यह नाम लिया गया है। इस प्रकार यहाँ उपदेश होनेके कारण यह जाना जाता है कि ऋषिका अनुस्मरण भी उपासनाका एक अङ्ग है।

व्याहृतिषु महसः प्राधान्यम्

येयं माहाचमस्येन दृष्टा व्याहृतिर्मह इति तद्ब्रह्म। महद्धि ब्रह्म महश्च व्याहृतिः। किं पुनस्तत्? स आत्मा। आप्नोतेर्व्याप्तिकर्मणः आत्मा। इतराश्च व्याहृतयो लोका देवा वेदाः प्राणाश्च मह इत्यनेन व्याहृत्यात्मनादित्यचन्द्रब्रह्मान्नभूतेन व्याप्यन्ते यतः अतोऽङ्गान्यवयवा अन्या देवताः। देवताग्रहणमुपलक्षणार्थं लोकादीनाम्। मह इत्येतस्य व्याहृत्यात्मनो देवलोकादयः सर्वेऽवयवभूता यतोऽत आहादित्यादिभिर्लोकादयो महीयन्ते इति। आत्मनो ह्यङ्गानि महीयन्ते, महनं वृद्धिरुपचयः। महीयन्ते वर्धन्त इत्यर्थः।

प्रतिव्याहृति-चत्वारो भेदाः

अयं लोकोऽग्निर्ऋग्वेदः प्राण इति प्रथमा व्याहृतिर्भूरिति। एवमुत्तरोत्तरैकैका चतुर्धा भवति।

जिस 'महः' नामक व्याहृतिको माहाचमस्यने देखा था वह ब्रह्म है। ब्रह्म भी महान् है और व्याहृति भी महः है। और वह क्या है? वही आत्मा है। 'व्याप्ति' अर्थवाले 'आप्' धातुसे 'आत्मा' शब्द निष्पन्न होता है। क्योंकि लोक, देव, वेद और प्राणरूप अन्य व्याहृतियाँ आदित्य, चन्द्र, ब्रह्म एवं अन्नस्वरूप व्याहृत्यात्मक महःसे व्याप्त हैं, इसलिये वे अन्य देवता इसके अंग—अवयव हैं। यहाँ लोकादिका उपलक्षण करानेके लिये 'देवता' शब्दका ग्रहण किया गया है। क्योंकि देव और लोक आदि सभी 'महः' इस व्याहृत्यात्माके अवयवस्वरूप हैं, इसीलिये ऐसा कहा है कि आदित्यादिके योगसे लोकादि महत्ताको प्राप्त होते हैं। आत्मासे ही अङ्ग महत्ताको प्राप्त हुआ करते हैं। 'महन' शब्दका अर्थ वृद्धि—उपचय है। अतः 'महीयन्ते' इसका 'वृद्धिको प्राप्त होते हैं' यह अर्थ है।

यह लोक, अग्नि, ऋग्वेद और प्राण—ये पहली व्याहृति भूः हैं; इसी प्रकार उत्तरोत्तर प्रत्येक व्याहृति चार-चार प्रकारकी है।*

* यथा अन्तरिक्षलोक, वायु, सामवेद और अपान—ये दूसरी व्याहृति भुवः हैं; द्युलोक, आदित्य, यजुर्वेद और व्यान—ये तीसरी व्याहृति सुवः हैं, तथा आदित्य, चन्द्रमा, ब्रह्म और अन्न—ये चौथी व्याहृति महः हैं।

महः इति ब्रह्म। ब्रह्मेत्योङ्कारः, शब्दाधिकारेऽन्यस्यासंभवात्। उक्तार्थमन्यत्।

'महः' ब्रह्म है; ब्रह्मका अर्थ ओंकार है, क्योंकि शब्दके प्रकरणमें अन्य किसी ब्रह्मका होना असम्भव है। शेष सबका अर्थ पहले कहा जा चुका है।

ता वा एताश्चतस्रश्चतुर्धेति। ता वा एता भूर्भुवः सुवर्मह इति चतस्र एकैकशश्चतुर्धा चतुष्प्रकाराः। धाशब्दः प्रकारवचनः। चतस्रश्चतस्रः सत्यश्चतुर्धा भवन्तीत्यर्थः। तासां यथाक्लृप्तानां पुनरुपदेशस्तथैवोपासननियमार्थः। ता यथोक्तव्याहृतीर्यो वेद स वेद विजानाति। किम्? ब्रह्म।

वे ये चारों व्याहृतियाँ चार प्रकारकी हैं। अर्थात् वे ये भूः, भुवः, सुवः और महः चार व्याहृतियाँ प्रत्येक चार-चार प्रकारकी हैं। 'धा' शब्द 'प्रकार' का वाचक है। अर्थात् वे चार-चार होती हुई चार प्रकारकी हैं। उनकी जिस प्रकार पहले कल्पना की गयी है उसी प्रकार उपासना करनेका नियम करनेके लिये उनका पुनः उपदेश किया गया है। उन उपर्युक्त व्याहृतियोंको जो पुरुष जानता है वही जानता है। किसे जानता है? ब्रह्मको।

ननु "तद्ब्रह्म स आत्मा" इति ज्ञाते ब्रह्मणि न वक्तव्यमविज्ञातवत्स वेद ब्रह्मेति।

शंका—"वह ब्रह्म है, वह आत्मा है" इस वाक्यद्वारा [महःरूपसे] ब्रह्मको जान लेनेपर भी उसे न जाननेके समान '[उसे जो जानता है] वह ब्रह्मको जानता है' ऐसा कहना तो ठीक नहीं है।

न; तद्विशेषविवक्षुत्वाददोषः।

पञ्चमषष्ठानुवाकयोरेकवाक्यता

सत्यं विज्ञातं चतुर्थव्याहृत्यात्मा ब्रह्मेति न तु तद्विशेषो

समाधान—ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये; क्योंकि उस [ब्रह्मविषयक ज्ञान]-के विषयमें विशेष कहना अभीष्ट होनेके कारण इस प्रकार कहनेमें कोई दोष नहीं है। यह ठीक है कि इतना तो जान लिया कि चतुर्थ व्याहृतिरूप

हृदयान्तरुपलभ्यत्वं मनोमयत्वादिश्च। 'शान्तिसमृद्धम्' इत्येवमन्तो विशेषणविशेष्यरूपो धर्मपूगो न विज्ञायत इति तद्विवक्षु हि शास्त्रमविज्ञातमिव ब्रह्म मत्वा स वेद ब्रह्मेत्याह। अतो न दोषः। यो हि वक्ष्यमाणेन धर्मपूगेन विशिष्टं ब्रह्म वेद स वेद ब्रह्मेत्यभिप्रायः। अतो वक्ष्यमाणानुवाकेनैकवाक्यतास्य; उभयोर्ह्यनुवाकयोरेकमुपासनम्।

लिङ्गाच्च, भूरित्यग्नौ प्रतितिष्ठतीत्यादिकं लिङ्गमुपासनैकत्वे। विधायकाभावाच्च। न हि 'वेद' 'उपासितव्यः' इति विधायकः कश्चिच्छब्दोऽस्ति। व्याहृत्यनुवाके 'ता यो वेद' इति च

ब्रह्म है; किन्तु हृदयके भीतर उपलब्ध होना तथा मनोमयत्वादिरूप उसकी विशेषताओंका तो ज्ञान नहीं हुआ। [अगले अनुवाकमें] 'शान्तिसमृद्धम्' इस वाक्यतक कहा हुआ विशेषण-विशेष्यरूप धर्मसमूह ज्ञात नहीं है; उसे बतलानेकी इच्छासे ही शास्त्रने ब्रह्मको न जाने हुएके समान मानकर 'वह ब्रह्मको जानता है' ऐसा कहा है। इसलिये इसमें कोई दोष नहीं है। इसका अभिप्राय यह है कि जो पुरुष आगे बतलाये जानेवाले धर्मसमूहसे विशिष्ट ब्रह्मको जानता है वही ब्रह्मको जानता है। अतः आगे कहे जानेवाले अनुवाकसे इसकी एकवाक्यता है, क्योंकि इन दोनों अनुवाकोंकी एक ही उपासना है।

[ज्ञापक] लिङ्ग होनेसे भी यही बात सिद्ध होती है। [छठे अनुवाकमें] 'भूरित्यग्नौ प्रतितिष्ठति' इत्यादि फलश्रुति इन दोनों अनुवाकोंमें एक ही उपासना होनेका लिङ्ग है। कोई विधान करनेवाला शब्द न होनेके कारण भी ऐसा ही समझा जाता है। [छठे अनुवाकमें] 'वेद' 'उपासितव्यः' ऐसा कोई [उपासनाका] विधान करनेवाला शब्द नहीं है। व्याहृति-अनुवाकमें जो 'उन (व्याहृतियों)-को जो जानता है' ऐसा

वक्ष्यमाणार्थत्वान्नोपासनभेदकः । वक्ष्यमाणार्थत्वं च तद्विशेषविवक्षुत्वादित्यादिनोक्तम्। सर्वे देवा अस्मा एवं विदुषेऽङ्गभूता आवहन्त्यानयन्ति बलिं स्वाराज्यप्राप्तौ सत्यामित्यर्थः॥ १—३॥

वाक्य है वह आगे बतलायी जानेवाली उपासनाके लिये होनेके कारण [पूर्वोक्त उपासनासे] उसका भेद करनेवाला नहीं है। उसी उपासनाको आगे बतलाना क्यों इष्ट है यह बात 'उसकी विशेषता बतलानेकी इच्छा होनेके कारण' आदि हेतुओंसे पहले कह ही चुके हैं। ऐसा जाननेवाले उपासकको उसके अङ्गभूत समस्त देवगण बलि (उपहार) समर्पण करते हैं अर्थात् स्वाराज्यकी प्राप्ति हो जानेपर उसके लिये उपहार लाते हैं—यह इसका तात्पर्य है॥ १—३॥

इति शीक्षावल्ल्यां पञ्चमोऽनुवाकः॥ ५॥

षष्ठ अनुवाक

ब्रह्मके साक्षात् उपलब्धिस्थान हृदयाकाशका वर्णन

भूर्भुवःसुवःस्वरूपा मह इत्येतस्य व्याहृत्यात्मनो ब्रह्मणोऽङ्गान्यन्या देवता इत्युक्तम्। यस्य ता अङ्गभूतास्तस्यैतस्य ब्रह्मणः साक्षादुपलब्ध्यर्थमुपासनार्थं च हृदयाकाशः स्थानमुच्यते शालग्राम इव विष्णोः। तस्मिन्हि तद्ब्रह्मोपास्यमानं मनोमयत्वादिधर्मविशिष्टं साक्षादुपलभ्यते पाणाविवामलकम्। मार्गश्च सर्वात्मभावप्रतिपत्तये वक्तव्य इत्यनुवाक आरभ्यते—

भूः, भुवः और सुवः—ये अन्य देवता 'महः' इस व्याहृतिरूप हिरण्यगर्भसंज्ञक ब्रह्मके अङ्ग हैं—ऐसा पहले कहा जा चुका है। जिसके वे अङ्गभूत हैं उस इस ब्रह्मकी साक्षात् उपलब्धि और उपासनाके लिये हृदयाकाश स्थान बतलाया जाता है, जैसे कि विष्णुके लिये शालग्राम। उसमें उपासना किये जानेपर ही वह मनोमयत्वादिधर्मविशिष्ट ब्रह्म हथेलीपर रखे हुए आँवलेके समान साक्षात् उपलब्ध होता है। इसके सिवा सर्वात्मभावकी प्राप्तिके लिये मार्ग भी बतलाना है, इसलिये इस अनुवाकका आरम्भ किया जाता है—

स य एषोऽन्तर्हृदय आकाशः। तस्मिन्नयं पुरुषो मनोमयः। अमृतो हिरणमयः। अन्तरेण तालुके। य एष स्तन इवावलम्बते। सेन्द्रयोनिः। यत्रासौ केशान्तो विवर्तते। व्यपोह्य शीर्षकपाले। भूरित्यग्नौ प्रतितिष्ठति। भुव इति वायौ॥ १॥

सुवरित्यादित्ये। मह इति ब्रह्मणि। आप्नोति स्वाराज्यम्। आप्नोति मनसस्पतिम्। वाक्पतिश्चक्षुष्पतिः। श्रोत्रपतिर्विज्ञानपतिः। एतत्ततो भवति। आकाशशरीरं ब्रह्म। सत्यात्म प्राणारामं मन आनन्दम्। शान्तिसमृद्धममृतम्। इति प्राचीनयोग्योपास्स्व॥ २॥

यह जो हृदयके मध्यमें स्थित आकाश है उसमें ही यह मनोमय अमृतस्वरूप हिरण्मय पुरुष रहता है। तालुओंके बीचमें और [उनके मध्य] यह जो स्तनके

समान [मांसखण्ड] लटका हुआ है [उसमें होकर जो सुषुम्ना नाडी] जहाँ केशोंका मूलभाग विभक्त होकर रहता है उस मूर्धप्रदेशमें मस्तकके कपालोंको विदीर्ण करके निकल गयी है वह इन्द्रयोनि [अर्थात् परमात्माकी प्राप्तिका मार्ग] है। [इस प्रकार उपासना करनेवाला पुरुष प्राणप्रयाणके समय मूर्धाका भेदन कर] 'भूः' इस व्याहृतिरूप अग्निमें स्थित होता है [अर्थात् 'भूः' इस व्याहृतिका चिन्तन करनेसे अग्निरूप होकर इस लोकको व्याप्त करता है]। इसी प्रकार 'भुवः' इस व्याहृतिका ध्यान करनेसे वायुमें॥ १ ॥ 'सुवः' इस व्याहृतिका चिन्तन करनेसे आदित्यमें तथा 'महः' की उपासना करनेसे ब्रह्ममें स्थित हो जाता है। इस प्रकार वह स्वाराज्य प्राप्त कर लेता है तथा मनके पति (ब्रह्म)-को पा लेता है। तथा वाणीका पति, चक्षुका पति, श्रोत्रका पति और सारे विज्ञानका पति हो जाता है। यही नहीं, इससे भी बड़ा हो जाता है। वह आकाशशरीर, सत्यस्वरूप, प्राणाराम, मन-आनन्द (जिसके लिये मन आनन्दस्वरूप है), शान्तिसम्पन्न और अमृतस्वरूप ब्रह्म हो जाता है। हे प्राचीनयोग्य शिष्य! तू इस प्रकार [उस ब्रह्मकी] उपासना कर॥ २ ॥

हृदयाकाशतत्स्थ-जीवयोः स्वरूपम्

'सः' इति व्युत्क्रम्य 'अयं पुरुषः' इत्यनेन संबध्यते। य एषोऽन्तर्हृदये हृदयस्यान्तर्हृदयमिति पुण्डरीकाकारो मांसपिण्डः प्राणायतनोऽनेकनाडीसुषिर ऊर्ध्व-नालोऽधोमुखो विशस्यमाने पशौ प्रसिद्ध उपलभ्यते। तस्यान्तर्य एष आकाशः प्रसिद्ध एव करकाकाशवत्, तस्मिन्सोऽयं पुरुषः। पुरि

'सः' इस पहले पदका, पाठक्रमको छोड़कर आगेके 'अयं पुरुषः' इस पदसे सम्बन्ध है। जो यह अन्तर्हृदयमें—हृदयके भीतर [आकाश है]। हृदय अर्थात् श्वेत कमलके आकारवाला मांसपिण्ड, जो प्राणका आश्रय, अनेकों नाडियोंके छिद्रवाला तथा ऊपरको नाल और नीचेको मुखवाला है, जो कि पशुका आलभन (वध) किये जानेपर स्पष्टतया उपलब्ध होता है। उसके भीतर जो यह कमण्डलुके अन्तर्वर्ती आकाशके समान प्रसिद्ध आकाश है उसीमें यह पुरुष रहता है; जो शरीररूप पुरमें

शयनात्पूर्णा वा भूरादयो लोका येनेति पुरुषः। मनोमयो मनो विज्ञानम् मनुतेर्ज्ञानकर्मणः, तन्मयस्तत्प्रायस्तदुपलभ्यत्वात् । मनुतेऽनेनेति वा मनोऽन्तःकरणं तदभिमानी तन्मयस्तल्लिङ्गो वा; अमृतोऽमरणधर्मा हिरण्मयो ज्योतिर्मयः।

शयन करनेके कारण अथवा उसने भूः आदि सम्पूर्ण लोकोंको पूरित किया हुआ है इसलिये 'पुरुष' कहलाता है। वह मनोमय—ज्ञानवाची 'मन्' धातुसे सिद्ध होनेके कारण 'मन' शब्दका अर्थ 'विज्ञान' है, तन्मय—तत्प्राय अर्थात् विज्ञानमय है क्योंकि उस (विज्ञानस्वरूप)-से ही वह उपलब्ध होता है; अथवा जिसके द्वारा जीव मनन करता है वह अन्तःकरण ही 'मन' है उसका अभिमानी, तन्मय अथवा उससे उपलक्षित होनेवाला अमृत—अमरणधर्मा और हिरण्मय—ज्योतिर्मय है।

हृदयाकाशस्थ-जीवोपलब्धये मार्गः

तस्यैवंलक्षणस्य हृदयाकाशे साक्षात्कृतस्य विदुष आत्मभूतस्येन्द्रस्येदृश-स्वरूपप्रतिपत्तये मार्गोऽभिधीयते। हृदयादूर्ध्वं प्रवृत्ता सुषुम्ना नाम नाडी योगशास्त्रेषु च प्रसिद्धा। सा चान्तरेण मध्ये प्रसिद्धे तालुके तालुकयोर्गता। यश्चैष तालुकयोर्मध्ये स्तन इवावलम्बते मांसखण्डस्तस्य चान्तरेणेत्येतत्। यत्र च केशान्तः केशानामन्तोऽवसानं मूलं केशान्तो विवर्तते विभागेन वर्तते मूर्धप्रदेश इत्यर्थः, तं देशं प्राप्य तत्र विनिःसृता व्यपोह्य विभज्य विदार्य शीर्षकपाले शिरःकपाले

हृदयाकाशमें साक्षात्कार किये हुए उस ऐसे लक्षणोंवाले तथा विद्वान्‌के आत्मभूत इन्द्र (ईश्वर)-के ऐसे स्वरूपकी प्राप्तिके लिये मार्ग बतलाया जाता है—हृदयदेशसे ऊपरकी ओर जानेवाली सुषुम्ना नामकी नाडी योगशास्त्रमें प्रसिद्ध है। वह 'अन्तरेण तालुके' अर्थात् दोनों तालुओंके बीचमें होकर गयी है। और तालुओंके बीचमें यह जो स्तनके समान मांसखण्ड लटका हुआ है उसके भी बीचमें होकर गयी है। तथा जहाँ यह केशान्त—केशोंके मूलभागका नाम 'केशान्त' है वह जिस स्थानपर विभक्त होता है अर्थात् जो मूर्धप्रदेश है, उस स्थानमें पहुँचकर जो निकल गयी है, अर्थात् जो शीर्षकपालों—मस्तकके

विनिर्गता या सेन्द्रयोनिरिन्द्रस्य ब्रह्मणो योनिर्मार्गः स्वरूपप्रतिपत्तिद्वारमित्यर्थः।

सुषुम्नाद्वारा चतुर्व्याहृतिरूपब्रह्मप्राप्तिः

तयैवं विद्वान्मनोमयात्मदर्शी मूर्ध्नो विनिष्क्रम्यास्य लोकस्याधिष्ठाता भूरिति व्याहृतिरूपो योऽग्निर्महतो ब्रह्मणोऽङ्गभूतस्तस्मिन्नग्नौ प्रतितिष्ठत्यग्न्यात्मनेमं लोकं व्याप्नोतीत्यर्थः। तथा भुव इति द्वितीयव्याहृत्यात्मनि वायौ। प्रतितिष्ठतीत्यनुवर्तते। सुवरिति तृतीयव्याहृत्यात्मन्यादित्ये। मह इत्यङ्गिनि चतुर्थव्याहृत्यात्मनि ब्रह्मणि प्रतितिष्ठति।

ब्रह्मीभूतस्य विदुष ऐश्वर्यम्

तेष्वात्मभावेन स्थित्वाप्नोति ब्रह्मभूतः स्वाराज्यं स्वराड्भावं स्वयमेव राजाधिपतिर्भवति। अङ्गभूतानां देवानां यथा ब्रह्म। देवाश्च सर्वेऽस्मै बलिमावहन्त्यङ्गभूता यथा ब्रह्मणे। आप्नोति मनसस्पतिम्।

कपालोंको पार—विभक्त यानी विदीर्ण करती हुई बाहर निकल गयी है वही इन्द्रयोनि—इन्द्र अर्थात् ब्रह्मकी योनि—मार्ग यानी ब्रह्मस्वरूपकी प्राप्तिका द्वार है।

इस प्रकार उस सुषुम्णा नाडीद्वारा जाननेवाला अर्थात् मनोमय आत्माका साक्षात्कार करनेवाला पुरुष मूर्धद्वारसे निकलकर इस लोकका अधिष्ठाता जो महान् ब्रह्मका अङ्गभूत 'भूः' ऐसा व्याहृतिरूप अग्नि है उस अग्निमें स्थित हो जाता है; अर्थात् अग्निरूप होकर इस लोकको व्याप्त कर लेता है। इसी प्रकार वह 'भुवः' इस द्वितीय व्याहृतिरूप वायुमें स्थित हो जाता है—इस प्रकार 'प्रतितिष्ठति' इस क्रियाकी अनुवृत्ति की जाती है। तथा [ऐसे ही] 'सुवः' इस तृतीय व्याहृतिरूप आदित्यमें और 'महः' इस चतुर्थव्याहृतिरूप अङ्गी ब्रह्ममें स्थित होता है।

उनमें आत्मस्वरूपसे स्थित हो वह ब्रह्मभूत हुआ स्वाराज्य—स्वराड्भावको प्राप्त कर लेता है अर्थात् जिस प्रकार ब्रह्म अङ्गभूत देवताओंका अधिपति है उसी प्रकार स्वयं उनका राजा—अधिपति हो जाता है। तथा उसके अङ्गभूत देवगण जिस प्रकार ब्रह्मको उसी प्रकार इस अपने अङ्गीके लिये उपहार लाते हैं। तथा वह मनस्पतिको प्राप्त हो जाता

सर्वेषां हि मनसां पतिः सर्वात्मकत्वाद्ब्रह्मणः। सर्वैर्हि मनोभिस्तन्मनुते। तदाप्नोत्येवं विद्वान्। किं च वाक्पतिः सर्वासां वाचां पतिर्भवति। तथैव चक्षुष्पतिश्चक्षुषां पतिः। श्रोत्रपतिः श्रोत्राणां पतिः। विज्ञानपतिर्विज्ञानानां च पतिः। सर्वात्मकत्वात्सर्वप्राणिनां करणैस्तद्वान्भवतीत्यर्थः।

है। ब्रह्म सर्वात्मक होनेके कारण सम्पूर्ण मनोंका पति है, वह सारे ही मनोंद्वारा मनन करता है। इस प्रकार उपासनाद्वारा विद्वान् उसे प्राप्त कर लेता है। यही नहीं, वह वाक्पति—सम्पूर्ण वाणियोंका पति हो जाता है तथा चक्षुष्पति—नेत्रोंका स्वामी, श्रोत्रपति—कानोंका स्वामी और विज्ञानपति—विज्ञानोंका स्वामी हो जाता है। तात्पर्य यह है कि सर्वात्मक होनेके कारण वह समस्त प्राणियोंकी इन्द्रियोंसे इन्द्रियवान् होता है।

किं च ततोऽप्यधिकतरमेतद्भवति। किं तत्? उच्यते। आकाशशरीरमाकाशः शरीरमस्याकाशवद्वा सूक्ष्मं शरीरमस्येत्याकाशशरीरम्। किं तत्? प्रकृतं ब्रह्म। सत्यात्म सत्यं मूर्तामूर्तमवितथं स्वरूपं चात्मा स्वभावोऽस्य तदिदं सत्यात्म। प्राणारामं प्राणेष्वाराम आक्रीडा यस्य तत्प्राणारामम्। प्राणानां वारामो यस्मिंस्तत्प्राणारामम्। मन-आनन्दम्; आनन्दभूतं सुखकृदेव यस्य मनस्तन्मन-आनन्दम्। शान्तिसमृद्धं शान्तिरूपशमः, शान्तिश्च तत्समृद्धं च शान्तिसमृद्धम्। शान्त्या वा समृद्धं तदुपलभ्यत इति

यही नहीं, वह तो इससे भी बड़ा हो जाता है। सो क्या? बतलाते हैं—आकाशशरीर—आकाश जिसका शरीर है अथवा आकाशके समान जिसका सूक्ष्म शरीर है वही आकाशशरीर है। वह है कौन? प्रकृत ब्रह्म [अर्थात् वह ब्रह्म जिसका यहाँ प्रकरण है]। सत्यात्म—जिसका मूर्तामूर्तरूप सत्य अर्थात् अमिथ्या 'सत्यात्म' कहते हैं। प्राणाराम—प्राणोंमें जिसका रमण अर्थात् क्रीडा है अथवा जिसमें प्राणोंका आरमण है उसे प्राणाराम कहते हैं। मन-आनन्दम्—जिसका मन आनन्दभूत अर्थात् सुखकारी ही है वह मन-आनन्द कहलाता है। शान्तिसमृद्धम्—शान्ति उपशमको कहते हैं, जो शान्ति भी है और समृद्ध भी वह शान्तिसमृद्ध है अथवा शान्तिके द्वारा उस समृद्ध ब्रह्मकी उपलब्धि होती है, इसलिये

शान्तिसमृद्धम्। अमृतममरणधर्मि। एतच्चाधिकरणविशेषणं तत्रैव मनोमय इत्यादौ द्रष्टव्यमिति। एवं मनोमयत्वादिधर्मैर्विशिष्टं यथोक्तं ब्रह्म हे प्राचीनयोग्य, उपास्स्वेत्याचार्यवचनोक्तिरादरार्था। उक्तस्तूपासनाशब्दार्थः॥ १-२॥

उसे शान्तिसमृद्ध कहते हैं। अमृत—अमरणधर्मी। ये अधिकरणमें आये हुए विशेषण उस मनोमय आदिमें ही जानने चाहिये। इस प्रकार मनोमयत्व आदि धर्मोंसे विशिष्ट उपर्युक्त ब्रह्मकी, हे प्राचीनयोग्य! तू उपासना कर—यह आचार्यकी उक्ति [उपासनाके] आदरके लिये है। 'उपासना' शब्दका अर्थ तो पहले बतलाया ही जा चुका है॥ १-२॥

इति शीक्षावल्ल्यां षष्ठोऽनुवाकः॥ ६॥

सप्तम अनुवाक

पाङ्क्तरूपसे ब्रह्मकी उपासना

यदेतद्व्याहृत्यात्मकं ब्रह्मोपास्यमुक्तं तस्यैवेदानीं पृथिव्यादिपाङ्क्तस्वरूपेणोपासनमुच्यते। पञ्चसंख्यायोगात्पङ्क्तिच्छन्दः—संपत्तिः। ततः पाङ्क्तत्वं सर्वस्य। पाङ्क्तश्च यज्ञः। "पञ्चपदा पङ्क्तिः पाङ्क्तो यज्ञः" इति श्रुतेः। तेन यत्सर्वं लोकाद्यात्मान्तं च पाङ्क्तं परिकल्पयति यज्ञमेव तत्परिकल्पयति। तेन यज्ञेन परिकल्पितेन पाङ्क्तात्मकं प्रजापतिमभिसंपद्यते। तत्कथं पाङ्क्तमिदं सर्वमित्यत आह—

यह जो व्याहृतिरूप उपास्य ब्रह्म बतलाया गया है अब पृथिवी आदि पाङ्क्तरूपसे उसीकी उपासनाका वर्णन किया जाता है—[पृथिवी आदि पाँच-पाँच संख्यावाले पदार्थ हैं तथा पङ्क्ति छन्द भी पाँच पदोंवाला है, अतः] 'पाँच' संख्याका योग होनेसे [उन पृथिवी आदिसे] पङ्क्तिछन्द सम्पन्न होता है। इसीसे उन सबका पाङ्क्तत्व है। यज्ञ भी पाङ्क्त है, जैसा कि "पङ्क्तिछन्द पाँच पदोंवाला है, यज्ञ पाङ्क्त है" इस श्रुतिसे ज्ञात होता है। अतः जो लोकसे लेकर आत्मापर्यन्त सबको पाङ्क्तरूपसे कल्पना करता है वह यज्ञकी ही कल्पना करता है। उस कल्पना किये हुए यज्ञसे वह पाङ्क्तस्वरूप प्रजापतिको प्राप्त हो जाता है। अच्छा तो यह सब किस प्रकार पाङ्क्त है? सो अब बतलाते हैं—

पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौर्दिशोऽवान्तरदिशः। अग्निर्वायुरादित्यश्चन्द्रमा नक्षत्राणि। आप ओषधयो वनस्पतय आकाश आत्मा।

इत्यधिभूतम्। अथाध्यात्मम्। प्राणो व्यानोऽपान उदानः समानः। चक्षुः श्रोत्रं मनो वाक् त्वक्। चर्म माꣳसꣳस्नावास्थि मज्जा। एतदधिविधाय ऋषिरवोचत्। पाङ्क्तं वा इदꣳसर्वम्। पाङ्क्तेनैव पाङ्क्तꣳस्पृणोतीति॥ १ ॥

पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक, दिशाएँ और अवान्तर दिशाएँ [—यह लोकपाङ्क्त]; अग्नि, वायु, आदित्य, चन्द्रमा और नक्षत्र [—यह देवतापाङ्क्त] तथा आप, ओषधि, वनस्पति, आकाश और आत्मा—ये अधिभूतपाङ्क्त हैं। अब अध्यात्मपाङ्क्त बतलाते हैं—प्राण, व्यान, अपान, उदान और समान [—यह वायुपाङ्क्त]; चक्षु, श्रोत्र, मन, वाक् और त्वचा [—यह इन्द्रियपाङ्क्त] तथा चर्म, मांस, स्नायु, अस्थि और मज्जा [—यह धातुपाङ्क्त —ये सब मिलाकर अध्यात्मपाङ्क्त हैं]। इस प्रकार पाङ्क्तोपासनाका विधान कर ऋषिने कहा—'यह सब पाङ्क्त ही है; इस [आध्यात्मिक] पाङ्क्तसे ही उपासक [बाह्य] पाङ्क्तको पूर्ण करता है॥ १ ॥

त्रिविध-भूतपाङ्क्तम्

पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौर्दिशोऽवान्तरदिश इति लोकपाङ्क्तम्। अग्निर्वायुरादित्यश्चन्द्रमा नक्षत्राणीति देवतापाङ्क्तम्। आप ओषधयो वनस्पतय आकाश आत्मेति भूतपाङ्क्तम्। आत्मेति विराड् भूताधिकारात्। इत्यधिभूतमित्यधिलोकाधिदैवतपाङ्क्तद्वयोपलक्षणार्थम्। लोकदेवतापाङ्क्तयोश्चाभिहितत्वात्।

पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक, दिशाएँ और अवान्तर दिशाएँ—ये लोकपाङ्क्त हैं; अग्नि, वायु, आदित्य, चन्द्रमा और नक्षत्र—ये देवतापाङ्क्त हैं; जल, ओषधि, वनस्पति, आकाश और आत्मा—ये भूतपाङ्क्त हैं। यहाँ 'आत्मा' विराट्को कहा है, क्योंकि यह भूतोंका अधिकरण है। 'इत्यधिभूतम्' यह वाक्य अधिलोक और अधिदैवत—इन दो पाङ्क्तोंका भी उपलक्षण करानेके लिये है, क्योंकि इनमें लोक और देवतासम्बन्धी दो पाङ्क्तोंका भी वर्णन किया गया है।

अथानन्तरमध्यात्मं पाङ्क्त-त्रयमुच्यते—प्राणादि वायुपाङ्क्तम्। चक्षुरादीन्द्रियपाङ्क्तम्। चर्मादि धातुपाङ्क्तम्। एतावद्धीदं सर्वमध्यात्मम्, बाह्यं च पाङ्क्तमेवेत्येतदेवमधिविधाय परिकल्प्यर्षिर्वेद एतद्दर्शनसंपन्नो वा कश्चिदृषिरवोचदुक्तवान्। किमित्याह पाङ्क्तं वा इदं सर्वं पाङ्क्तेनैवाध्यात्मिकेन संख्यासामान्यात्पाङ्क्तं बाह्यं स्पृणोति बलयति पूरयति। एकात्मतयोपलभ्यत इत्येतत्। एवं पाङ्क्तमिदं सर्वमिति यो वेद स प्रजापत्यात्मैव भवतीत्यर्थः॥ १॥

त्रिविधाध्यात्मपाङ्क्तम्

अब आगे तीन अध्यात्मपाङ्क्तोंका वर्णन किया जाता है—प्राणादि वायुपाङ्क्त, चक्षु आदि इन्द्रियपाङ्क्त और चर्मादि धातुपाङ्क्त—बस ये इतने ही अध्यात्म और बाह्य पाङ्क्त हैं। इनका इस प्रकार विधान अर्थात् कल्पना करके ऋषि—वेद अथवा इस दृष्टिसे सम्पन्न किसी ऋषिने कहा। क्या कहा? सो बतलाते हैं—निश्चय ही यह सब पाङ्क्त ही है। आध्यात्मिक पाङ्क्तसे ही, संख्यामें समानता होनेके कारण उपासक बाह्यपाङ्क्तको बलवान्—पूरित करता है अर्थात् उसके साथ एकरूपसे उपलब्ध करता है। इस प्रकार 'यह सब पाङ्क्त है' ऐसा जो पुरुष जानता है वह प्रजापतिस्वरूप ही हो जाता है—ऐसा इसका तात्पर्य है॥ १॥

इति शीक्षावल्ल्यां सप्तमोऽनुवाकः॥ ७॥

अष्टम अनुवाक

ओङ्कारोपासनाका विधान

व्याहृत्यात्मनो ब्रह्मण उपासनमुक्तम्। अनन्तरं च पाङ्क्तस्वरूपेण तस्यैवोपासनमुक्तम्। इदानीं सर्वोपासनाङ्गभूतस्योङ्कारस्योपासनं विधित्स्यते। परापरब्रह्मदृष्ट्या उपास्यमान ओङ्कारः शब्दमात्रोऽपि परापरब्रह्मप्राप्तिसाधनं भवति। स ह्यालम्बनं ब्रह्मणः परस्यापरस्य च, प्रतिमेव विष्णोः। "एतेनैवायतनेनैकतरमन्वेति" (प्र० उ० ५। २) इति श्रुतेः।

व्याहृतिरूप ब्रह्मकी उपासनाका निरूपण किया गया; उसके पश्चात् उसीकी उपासनाका पाङ्क्तरूपसे वर्णन किया। अब सम्पूर्ण उपासनाओंके अङ्गभूत ओंकारकी उपासनाका विधान करना चाहते हैं। पर एवं अपर ब्रह्मदृष्टिसे उपासना किये जानेपर ओंकार—केवल शब्दमात्र होनेपर भी पर और अपर ब्रह्मकी प्राप्तिका साधन होता है। वही पर और अपर ब्रह्मका आलम्बन है, जिस प्रकार कि विष्णुका आलम्बन प्रतिमा है। "इसी आलम्बनसे उपासक [पर या अपर] किसी एक ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है" इस श्रुतिसे यही बात प्रमाणित होती है।

ओमिति ब्रह्म। ओमितीदꣳसर्वम्। ओमित्येतदनुकृतिर्ह स्म वा अप्यो श्रावयेत्याश्रावयन्ति। ओमिति सामानि गायन्ति। ओꣳशोमिति शस्त्राणि शꣳसन्ति। ओमित्यध्वर्युः प्रतिगरं प्रतिगृणाति। ओमिति ब्रह्मा प्रसौति। ओमित्यग्निहोत्रमनुजानाति। ओमिति ब्राह्मणः प्रवक्ष्यन्नाह ब्रह्मोपाप्नवानीति। ब्रह्मैवोपाप्नोति॥ १॥

'ॐ' यह शब्द ब्रह्म है, क्योंकि 'ॐ' यह सर्वरूप है; 'ॐ' यह अनुकृति (अनुकरण—सम्मतिसूचक संकेत) है—ऐसा प्रसिद्ध है। [याज्ञिकलोग] "ओ श्रावय" ऐसा कहकर श्रवण कराते हैं। 'ॐ' ऐसा कहकर सामगान करते हैं। 'ॐ शोम्' ऐसा कहकर शस्त्रों (गीतिरहित ऋचाओं)-का पाठ करते हैं। अध्वर्यु प्रतिगर

(प्रत्येक कर्म)-के प्रति ॐ ऐसा उच्चारण करता है। 'ॐ' ऐसा कहकर ब्रह्मा अनुज्ञा देता है; 'ॐ' ऐसा कहकर वह अग्निहोत्रके लिये आज्ञा देता है। वेदाध्ययन करनेवाला ब्राह्मण 'ॐ' ऐसा उच्चारण करता हुआ कहता है—'मैं ब्रह्म (वेद अथवा परब्रह्म)-को प्राप्त करूँ।' इससे वह ब्रह्मको ही प्राप्त कर लेता है॥ १॥

ओङ्कारस्य सार्वात्म्यम्

ओमिति। इतिशब्दः स्वरूपपरिच्छेदार्थः, ओमित्येतच्छब्दरूपं ब्रह्मेति मनसा धारयेदुपासीत। यत ओमितीदं सर्वं हि शब्दरूपमोङ्कारेण व्याप्तम्। "तद्यथा शङ्कुना" (छा० उ० २। २३। ३) इति श्रुत्यन्तरात्। अभिधानतन्त्रं ह्यभिधेयमित्यत इदं सर्वमोङ्कार इत्युच्यते।

'ओमिति' इसमें 'इति' शब्द ओंकारके स्वरूपका परिच्छेद (निर्देश) करनेके लिये है। अर्थात् 'ॐ' यह शब्दरूप ब्रह्म है—ऐसा इसका मनसे ध्यान—उपासना करे; क्योंकि 'ॐ' यही सब कुछ है, कारण, समस्त शब्दरूप प्रपञ्च ओंकारसे व्याप्त है, जैसा कि 'जिस प्रकार शंकुसे पत्ते व्याप्त रहते हैं' इत्यादि एक दूसरी श्रुतिसे सिद्ध होता है। सम्पूर्ण वाच्य वाचकके ही अधीन होता है, इसलिये यह सब ओंकार ही कहा जाता है।

ओङ्कारमहिमा

ओङ्कारस्तुत्यर्थमुत्तरो ग्रन्थः। उपास्यत्वात्तस्य। ओमित्येतदनुकृतिरनुकरणम्। करोमि यास्यामि चेति कृतमुक्तमोमित्यनुकरोत्यन्यः। अत ओङ्कारोऽनुकृतिः। ह स्म वा इति प्रसिद्धार्थावद्योतकाः। प्रसिद्धमोङ्कारस्यानुकृतित्वम्।

आगेका ग्रन्थ ओंकारकी स्तुतिके लिये है, क्योंकि वह उपासनीय है। 'ॐ' यह अनुकृति यानी अनुकरण है। इसीसे किसीके द्वारा 'मैं करता हूँ, मैं जाता हूँ' इस प्रकार किये हुए कथनको सुनकर दूसरा पुरुष [उसको स्वीकृत करते हुए] 'ॐ' ऐसा अनुकरण करता है। इसलिये ओंकार अनुकृति है। 'ह' 'स्म' और 'वै'—ये निपात प्रसिद्धिके सूचक हैं, क्योंकि ओंकारका अनुकृतित्व तो प्रसिद्ध ही है।

अपि च 'ओ श्रावय' इति प्रैषपूर्वकमाश्रावयन्ति। तथोमिति

इसके सिवा 'ओ श्रावय' इस प्रकार प्रेरणापूर्वक याज्ञिकलोग प्रतिश्रवण कराते हैं। तथा 'ॐ' ऐसा कहकर

सामानि गायन्ति सामगाः। ॐशोमिति शस्त्राणि शंसन्ति शस्त्रशंसितारोऽपि। तथोमित्यध्वर्युः प्रतिगरं प्रतिगृणाति। ओमिति ब्रह्मा प्रसौत्यनुजानाति प्रैषपूर्वकमाश्रावयति। ओमित्यग्निहोत्रमनुजानाति। जुहोमीत्युक्त ओमित्येवानुज्ञां प्रयच्छति।

सामगान करनेवाले सामका गान करते हैं। शस्त्र शंसन करनेवाले भी 'ॐ शोम्' ऐसा कहकर शस्त्रोंका पाठ करते हैं। तथा अध्वर्युलोग प्रतिगरके प्रति 'ॐ' ऐसा उच्चारण करते हैं। 'ॐ' ऐसा कहकर ब्रह्मा अनुज्ञा देता है अर्थात् प्रेरणापूर्वक आश्रवण करता है; और 'ॐ' कहकर वह अग्निहोत्रके लिये आज्ञा देता है। अर्थात् यजमानके यों कहनेपर कि 'मैं हवन करता हूँ' वह 'ॐ' ऐसा कहकर उसे अनुज्ञा देता है।

ओमित्येव ब्राह्मणः प्रवक्ष्यन् प्रवचनं करिष्यन्नध्येष्यमाण ओमित्येवाह। ओमित्येव प्रतिपद्यतेऽध्येतुमित्यर्थः। ब्रह्म वेदमुपाप्नवानीति प्राप्नुयां ग्रहीष्यामीत्युपाप्नोत्येव ब्रह्म। अथवा ब्रह्म परमात्मा तमुपाप्नवानीत्यात्मानं प्रवक्ष्यन्प्रापयिष्यन्नोमित्येवाह। स च तेनोङ्कारेण ब्रह्म प्राप्नोत्येव। ओङ्कारपूर्वं प्रवृत्तानां क्रियाणां फलवत्त्वं यस्मात्तस्मादोङ्कारं ब्रह्मेत्युपासीतेति वाक्यार्थः॥ १॥

प्रवचन अर्थात् अध्ययन करनेवाला ब्राह्मण 'ॐ' ऐसा उच्चारण करता है; अर्थात् 'ॐ' ऐसा कहकर ही वह अध्ययन करनेके लिये प्रवृत्त होता है। 'मैं ब्रह्म यानी वेदको प्राप्त करूँ अर्थात् उसे ग्रहण करूँ' ऐसा कहकर वह ब्रह्मको प्राप्त कर ही लेता है। अथवा [यों समझो कि] 'मैं ब्रह्म—परमात्माको प्राप्त करूँ' इस प्रकार आत्माको प्राप्त करनेकी इच्छासे वह 'ॐ' ऐसा ही कहता है और उस ॐकारके द्वारा वह ब्रह्मको प्राप्त कर ही लेता है। इस प्रकार क्योंकि ॐकारपूर्वक प्रवृत्त होनेवाली क्रियाएँ फलवती होती हैं, इसलिये 'ॐकार ब्रह्म है' इस तरह उसकी उपासना करे—यह इस वाक्यका अर्थ है॥ १॥

इति शीक्षावल्ल्यामष्टमोऽनुवाकः॥ ८॥

नवम अनुवाक

ऋतादि शुभकर्मोंकी अवश्यकर्तव्यताका विधान

विज्ञानादेवाप्नोति स्वाराज्यमित्युक्तत्वाच्छ्रौतस्मार्तानां कर्मणामानर्थक्यं प्राप्तमित्यतस्तन्मा प्रापदिति कर्मणां पुरुषार्थं प्रति साधनत्वप्रदर्शनार्थमिहोपन्यासः—

विज्ञानसे ही स्वाराज्य प्राप्त कर लेता है—ऐसा [छठे अनुवाकमें] कहे जानेके कारण श्रौत और स्मार्त्त कर्मोंकी व्यर्थता प्राप्त होती है। वह प्राप्त न हो, इसलिये पुरुषार्थके प्रति कर्मोंका साधनत्व प्रदर्शित करनेके लिये यहाँ उनका उल्लेख किया जाता है—

ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च। सत्यं च स्वाध्यायप्रवचने च। तपश्च स्वाध्यायप्रवचने च। दमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। शमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। अग्नयश्च स्वाध्यायप्रवचने च। अग्निहोत्रं च स्वाध्यायप्रवचने च। अतिथयश्च स्वाध्यायप्रवचने च। मानुषं च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजा च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजनश्च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजातिश्च स्वाध्यायप्रवचने च। सत्यमिति सत्यवचा राथीतरः। तप इति तपोनित्यः पौरुशिष्टिः स्वाध्यायप्रवचने एवेति नाको मौद्गल्यः। तद्धि तपस्तद्धि तपः॥ १॥

ऋत (शास्त्रादिद्वारा बुद्धिमें निश्चय किया हुआ अर्थ) तथा स्वाध्याय (शास्त्राध्ययन) और प्रवचन (अध्यापन अथवा वेदपाठरूप ब्रह्मयज्ञ) [ये अनुष्ठान किये जाने योग्य हैं]। सत्य (सत्यभाषण) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [अनुष्ठान किये जाने चाहिये]। दम (इन्द्रियदमन) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [इन्हें सदा करता रहे]। शम (मनोनिग्रह) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [ये सर्वदा कर्तव्य हैं]। अग्नि (अग्न्याधान) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [इनका अनुष्ठान करे]। अग्निहोत्र तथा स्वाध्याय और प्रवचन [ये नित्य कर्तव्य हैं]। अतिथि (अतिथिसत्कार) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [इनका नियमसे अनुष्ठान करे]।

मानुषकर्म (विवाहादि लौकिकव्यवहार) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [इन्हें करता रहे] प्रजा (प्रजा उत्पन्न करना) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [—ये सदा ही कर्तव्य हैं]। प्रजन (ऋतुकालमें भार्यागमन) तथा [इसके साथ] स्वाध्याय और प्रवचन [करता रहे] प्रजाति (पौत्रोत्पत्ति) तथा स्वाध्याय और प्रवचन [इनका नियतरूपसे अनुष्ठान करे]। सत्य ही [अनुष्ठान करने योग्य है] ऐसा रथीतरका पुत्र सत्यवचा मानता है। तप ही [नित्य अनुष्ठान करने योग्य है] ऐसा नित्य तपोनिष्ठ पौरुशिष्टिका मत है। स्वाध्याय और प्रवचन ही [कर्तव्य हैं] ऐसा मुद्गलके पुत्र नाकका मत है। अतः वे (स्वाध्याय और प्रवचन) ही तप हैं, वे ही तप हैं॥ १॥

ऋतमिति व्याख्यातम्। स्वाध्यायोऽध्ययनम्। प्रवचनमध्यापनं ब्रह्मयज्ञो वा। एतान्यृतादीन्यनुष्ठेयानीति वाक्यशेषः। सत्यं च सत्यवचनं यथाव्याख्यातार्थं वा। तपः कृच्छ्रादि। दमो बाह्यकरणोपशमः। शमोन्तःकरणोपशमः। अग्नय आधातव्याः। अग्निहोत्रं च होतव्यम्। अतिथयश्च पूज्याः। मानुषमिति लौकिकः संव्यवहारः, तच्च यथाप्राप्तमनुष्ठेयम्। प्रजा चोत्पाद्या। प्रजनश्च प्रजननमृतौ भार्यागमनमित्यर्थः। प्रजातिः पौत्रोत्पत्तिः पुत्रो निवेशयितव्य इत्येतत्।

'ऋत'—इसकी व्याख्या पहले [ऋतं वदिष्यामि—इस वाक्यमें] की जा चुकी है। 'स्वाध्याय' अध्ययनको कहते हैं, तथा 'प्रवचन' अध्यापन या ब्रह्मयज्ञका नाम है। ये ऋत आदि अनुष्ठान किये जाने योग्य हैं—यह वाक्यशेष है। सत्य—सत्यवचन अथवा जैसा पहले [सत्यं वदिष्यामि—इस वाक्यमें] व्याख्या की गयी है, वह; तप—कृच्छ्रादि; दम—बाह्य इन्द्रियोंका निग्रह; शम—चित्तकी शान्ति; [ये सब करने योग्य हैं]। अग्नियोंका आधान करना चाहिये। अग्निहोत्र होम करने योग्य है। अतिथियोंका पूजन करना चाहिये। मानुष यानी लौकिक व्यवहार; उसका भी यथाप्राप्त अनुष्ठान करना चाहिये। प्रजा उत्पन्न करनी चाहिये। प्रजन—प्रजनन—ऋतुकालमें भार्यागमन और प्रजाति—पौत्रोत्पत्ति अर्थात् पुत्रको स्त्रीपरिग्रह कराना चाहिये।

स्वाध्यायप्रवचन-सहयोगकारणम्

सर्वैरेतैः कर्मभिर्युक्तस्यापि स्वाध्यायप्रवचने यत्नतोऽनुष्ठेये इत्येवमर्थं सर्वेण सह स्वाध्यायप्रवचनग्रहणम्। स्वाध्यायाधीनं ह्यर्थज्ञानम्, अर्थज्ञानायत्तं च परं श्रेयः; प्रवचनं च तदविस्मरणार्थं धर्मप्रवृद्ध्यर्थं च। अतः स्वाध्यायप्रवचनयोरादरः कार्यः।

इन सब कर्मोंसे युक्त पुरुषको भी स्वाध्याय और प्रवचनका यत्नपूर्वक अनुष्ठान करना चाहिये—इसीलिये इन सबके साथ स्वाध्याय और प्रवचनको ग्रहण किया गया है। स्वाध्यायके अधीन ही अर्थज्ञान है और अर्थज्ञानके अधीन ही परमश्रेय है, तथा प्रवचन उसकी अविस्मृति और धर्मकी वृद्धिके लिये है; इसलिये स्वाध्याय और प्रवचनमें आदर (श्रद्धा) रखना चाहिये।

सत्यादिप्राधान्ये मुनीनां मतभेदाः

सत्यमिति सत्यमेवानुष्ठातव्यमिति सत्यमेव वचो यस्य सोऽयं सत्यवचा नाम वा तस्य। राथीतरो रथीतरस्य गोत्रो राथीतराचार्यो मन्यते। तप इति तप एव कर्तव्यमिति तपोनित्यस्तपसि नित्यस्तपःपरस्तपोनित्य इति वा नाम पौरुशिष्टिः पुरुशिष्टस्यापत्यं पौरुशिष्टिराचार्यो मन्यते। स्वाध्यायप्रवचने एवानुष्ठेये इति नाको नामतो मुद्गलस्यापत्यं मौद्गल्य आचार्यो मन्यते। तद्धि तपस्तद्धि तपः। हि यस्मात्स्वाध्यायप्रवचने एव तपस्तस्मात्ते एवानुष्ठेये इति। उक्तानामपि सत्य तपःस्वाध्यायप्रवचनानां पुनर्ग्रहणमादरार्थम्॥ १॥

सत्य अर्थात् सत्य ही अनुष्ठान किये जाने योग्य है—ऐसा सत्यवचा—सत्य ही जिसका वचन हो वह अथवा जिसका नाम ही सत्यवचा है वह राथीतर अर्थात् रथीतरके वंशमें उत्पन्न हुआ राथीतर आचार्य मानता है। तप यानी तप ही कर्तव्य है—ऐसा तपोनित्य—नित्य तपोनिष्ठ अथवा तपोनित्य नामवाला पौरुशिष्टि—पुरुशिष्टका पुत्र पौरुशिष्टि आचार्य मानता है। स्वाध्याय और प्रवचन ही अनुष्ठान किये जाने योग्य हैं—ऐसा नाक नामवाला मुद्गलका पुत्र मौद्गल्य आचार्य मानता है। वही तप है, वही तप है। इसका तात्पर्य यह है—क्योंकि स्वाध्याय और प्रवचन ही तप हैं, इसलिये वे ही अनुष्ठान किये जाने योग्य हैं। पहले कहे हुए भी सत्य, तप, स्वाध्याय और प्रवचनोंका पुनर्ग्रहण उनके आदरके लिये है॥ १॥

इति शीक्षावल्ल्यां नवमोऽनुवाकः॥ ९॥

दशम अनुवाक

त्रिशङ्कुका वेदानुवचन

अहं वृक्षस्य रेरिवेति स्वाध्यायार्थो मन्त्राम्नायः। स्वाध्यायश्च विद्योत्पत्तये। प्रकरणात्। विद्यार्थं हीदं प्रकरणम्। न चान्यार्थत्वमवगम्यते। स्वाध्यायेन च विशुद्धसत्त्वस्य विद्योत्पत्तिरवकल्प्यते।

'अहं वृक्षस्य रेरिवा' आदि मन्त्राम्नाय स्वाध्याय (जप)-के लिये है। तथा स्वाध्याय विद्या (ज्ञान)-की उत्पत्तिके लिये बतलाया गया है; यह प्रकरणसे ज्ञात होता है, क्योंकि यह प्रकरण विद्याके लिये ही है; इसके सिवा उसका कोई और प्रयोजन नहीं जान पड़ता, क्योंकि स्वाध्यायके द्वारा जिसका चित्त शुद्ध हो गया है उसीको विद्याकी उत्पत्ति होना सम्भव है।

अहं वृक्षस्य रेरिवा। कीर्तिः पृष्ठं गिरेरिव। ऊर्ध्वपवित्रो वाजिनीव स्वमृतमस्मि। द्रविणꣳसवर्चसम्। सुमेधा अमृतोक्षितः। इति त्रिशङ्कोर्वेदानुवचनम्॥ १॥

मैं [अन्तर्यामीरूपसे उच्छेदरूप संसार-] वृक्षका प्रेरक हूँ। मेरी कीर्ति पर्वतशिखरके समान उच्च है। ऊर्ध्वपवित्र (परमात्मारूप कारणवाला) हूँ। अन्नवान् सूर्यमें जिस प्रकार अमृत है उसी प्रकार मैं भी शुद्ध अमृतमय हूँ। मैं प्रकाशमान [आत्मतत्त्वरूप] धन, सुमेधा (सुन्दर मेधावाला) और अमरणधर्मा तथा अक्षित (अव्यय) हूँ, अथवा अमृतसे सिक्त (भीगा हुआ) हूँ—यह त्रिशङ्कु ऋषिका वेदानुवचन है॥ १॥

अहं वृक्षस्योच्छेदात्मकस्य संसारवृक्षस्य रेरिवा प्रेरयिताऽन्तर्याम्यात्मना। कीर्तिः ख्यातिर्गिरेः पृष्ठमिवोच्छ्रिता मम। ऊर्ध्वपवित्र ऊर्ध्वं कारणं पवित्रं पावनं

मैं अन्तर्यामीरूपसे वृक्ष अर्थात् उच्छेदात्मक संसाररूप वृक्षका प्रेरक हूँ। मेरी कीर्ति—प्रसिद्धि पर्वतके पृष्ठभागके समान ऊँची है। मैं ऊर्ध्वपवित्र हूँ—पवित्र—पावन अर्थात्

ज्ञानप्रकाश्यं पवित्रं परमं ब्रह्म यस्य सर्वात्मनो मम सोऽहमूर्ध्वपवित्रः। वाजिनीव वाजवतीव। वाजमन्नं तद्वति सवितरीत्यर्थः। यथा सवितर्यमृतमात्मतत्त्वं विशुद्धं प्रसिद्धं श्रुतिस्मृतिशतेभ्य एवं स्वमृतं शोभनं विशुद्धमात्मतत्त्वमस्मि भवामि।

ज्ञानसे प्रकाशित होने योग्य पवित्र परब्रह्म जिस मुझ सर्वात्माका ऊर्ध्व यानी कारण है वह मैं ऊर्ध्वपवित्र हूँ। 'वाजिनि इव'—वाजवान्‌के समान—वाज अर्थात् अन्न उससे युक्त सूर्यके समान, जिस प्रकार सैकड़ों श्रुतिस्मृतियोंके अनुसार सूर्यमें विशुद्ध अमृत यानी आत्मतत्त्व प्रसिद्ध है उसी प्रकार मैं भी सु अमृत अर्थात् शोभन—विशुद्ध आत्मतत्त्व हूँ।

द्रविणं धनं सवर्चसं दीप्तिमत्तदेवात्मतत्त्वमस्मीत्यनुवर्तते। ब्रह्मज्ञानं वात्मतत्त्वप्रकाशकत्वात्सवर्चसम्। द्रविणमिव द्रविणं मोक्षसुखहेतुत्वात्। अस्मिन्पक्षे प्राप्तं मयेत्यध्याहारः कर्तव्यः।

वही मैं आत्मतत्त्व सवर्चस—दीप्तिशाली द्रविण यानी धन हूँ—इस प्रकार यहाँ 'अस्मि (हूँ)' क्रियाकी अनुवृत्ति की जाती है। अथवा आत्मतत्त्वका प्रकाशक होनेसे तेजस्वी ब्रह्मज्ञान, जो मोक्षसुखका हेतु होनेके कारण धनके समान धन है, [मुझे प्राप्त हो गया है]—इस पक्षमें ['अस्मि' क्रियाकी अनुवृत्ति न करके] 'मया प्राप्तम्' (वह मुझे प्राप्त हो गया है) इसका अध्याहार करना चाहिये।

सुमेधाः शोभना मेधा सर्वज्ञलक्षणा यस्य मम सोऽहं सुमेधाः। संसारस्थित्युत्पत्त्युपसंहारकौशलयोगात्सुमेधस्त्वम्। अत एवामृतोऽमरणधर्माक्षितोऽक्षीणोऽव्ययः, अक्षतो वा; अमृतेन वोक्षितः सिक्तः। "अमृतोक्षितोऽहम्" इत्यादि ब्राह्मणम्।

सुमेधा—जिस मेरी मेधा शोभन अर्थात् सर्वज्ञत्वलक्षणवाली है वह मैं सुमेधा हूँ। संसारकी स्थिति, उत्पत्ति और संहार—इसका कौशल होनेके कारण मेरा सुमेधस्त्व है। इसीसे मैं अमृत—अमरणधर्मा और अक्षित—अक्षीण यानी अव्यय अथवा अक्षय हूँ। अथवा, [तृतीयातत्पुरुष समास माननेपर] अमृतेन उक्षितः अमृतसे सिक्त हूँ। "मैं अमृतसे उक्षित हूँ" ऐसा ब्राह्मणवाक्य भी है।

इत्येवं त्रिशङ्कोर्ऋषेर्ब्रह्मभूतस्य ब्रह्मविदो वेदानुवचनम्; वेदो वेदनमात्मैकत्वविज्ञानं तस्य प्राप्तिमनुवचनं वेदानुवचनम्। आत्मनः कृतकृत्यताख्यापनार्थं वामदेववत्त्रिशङ्कुनार्षेण दर्शनेन दृष्टो मन्त्राम्नाय आत्मविद्याप्रकाशक इत्यर्थः।

इस प्रकार यह ब्रह्मभूत ब्रह्मवेत्ता त्रिशङ्कु ऋषिका वेदानुवचन है। वेद वेदन अर्थात् आत्मैकत्वविज्ञानको कहते हैं उसकी प्राप्तिके अनु—पीछेका वचन 'वेदानुवचन' कहलाता है। तात्पर्य यह है कि अपनी कृतकृत्यता प्रकट करनेके लिये वामदेवके समान* त्रिशङ्कु ऋषिद्वारा आर्षदृष्टिसे देखा हुआ यह मन्त्राम्नाय आत्मविद्याका प्रकाश करनेवाला है।

अस्य च जपो विद्योत्पत्त्यर्थोऽवगम्यते। ऋतं चेत्यादिकर्मोपन्यासादनन्तरं च वेदानुवचनपाठादेतदवगम्यत एवं श्रौतस्मार्तेषु नित्येषु कर्मसु युक्तस्य निष्कामस्य परं ब्रह्म विविदिषोरार्षाणि दर्शनानि प्रादुर्भवन्त्यात्मादिविषयाणीति॥ १॥

इसका जप विद्याकी उत्पत्तिके लिये माना जाता है। इस 'ऋतं च' इत्यादि अनुवाकमें धर्मका उपन्यास (उल्लेख) करनेके अनन्तर वेदानुवचनका पाठ करनेसे यह जाना जाता है कि इस प्रकार श्रौत और स्मार्त नित्यकर्मोंमें लगे हुए परब्रह्मके निष्काम जिज्ञासुके प्रति आत्मा आदिसे सम्बन्धित आर्षदर्शनोंका प्रादुर्भाव हुआ करता है॥ १॥

इति शीक्षावल्ल्यां दशमोऽनुवाकः॥ १०॥

---

* देखिये ऐतरेयोपनिषद् २। १। ५

एकादश अनुवाक

वेदाध्ययनके अनन्तर शिष्यको आचार्यका उपदेश

प्राग्ब्रह्मविज्ञानात् कर्मविधिः

वेदमनूच्येत्येवमादिकर्तव्यतोपदेशारम्भः प्राग्ब्रह्मविज्ञानान्नियमेन कर्तव्यानि श्रौतस्मार्तकर्माणीत्येवमर्थः। अनुशासनश्रुतेः पुरुषसंस्कारार्थत्वात्। संस्कृतस्य हि विशुद्धसत्त्वस्यात्मज्ञानमञ्जसैवोत्पद्यते। "तपसा कल्मषं हन्ति विद्ययाऽमृतमश्नुते" (मनु० १२। १०४) इति स्मृतिः। वक्ष्यति च—"तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व" (तै० उ० ३।२।५) इति। अतो विद्योत्पत्त्यर्थमनुष्ठेयानि कर्माणि। अनुशास्तीत्यनुशासन शब्दादनुशासनातिक्रमे हि दोषोत्पत्तिः।

प्रागुपन्यासाच्च कर्मणाम्। केवलब्रह्मविद्यारम्भाच्च पूर्वं कर्माण्युपन्यस्तानि। उदितायां च ब्रह्मविद्यायाम् "अभयं प्रतिष्ठां

ब्रह्मात्मैक्यविज्ञानसे पूर्व श्रौत और स्मार्तकर्मोंका नियमसे अनुष्ठान करना चाहिये—इसीलिये 'वेदमनूच्य' इत्यादि श्रुतिसे उनकी कर्तव्यताके उपदेशका आरम्भ किया जाता है, क्योंकि ['अनुशास्ति' ऐसी] जो अनुशासन-श्रुति है वह पुरुषके संस्कारके लिये है, क्योंकि जो पुरुष संस्कारयुक्त और विशुद्धचित्त होता है उसे अनायास ही आत्मज्ञान प्राप्त हो जाता है। इस सम्बन्धमें "तपसे पापका नाश करता है और ज्ञानसे अमरत्व लाभ करता है" ऐसी स्मृति है। आगे ऐसा कहेंगे भी कि "तपसे ब्रह्मको जाननेकी इच्छा कर" अतः ज्ञानकी उत्पत्तिके लिये कर्म करने चाहिये। 'अनुशास्ति' इसमें 'अनुशासन'—ऐसा शब्द होनेके कारण उस अनुशासनका अतिक्रमण करनेपर दोषकी उत्पत्ति होगी।

कर्मोंका उपन्यास पहले किया जानेके कारण भी [यह निश्चय होता है कि ये कर्म विद्याकी उत्पत्तिके लिये हैं]। कर्मोंका उपन्यास केवल ब्रह्मविद्याका निरूपण आरम्भ करनेसे पूर्व ही किया गया है। ब्रह्मविद्याका उदय होनेपर तो "अभय प्रतिष्ठाको

विन्दते'' (तै० उ० २। ७। १) ''न बिभेति कुतश्चन'' (तै० उ० २। ९। १) ''किमहं साधु नाकरवम्'' (तै० उ० २। ९। १) इत्येवमादिना कर्मनैष्किञ्चन्यं दर्शयिष्यति; इत्यतोऽवगम्यते पूर्वोपचितदुरितक्षय-द्वारेण विद्योत्पत्त्यर्थानि कर्माणीति। मन्त्रवर्णाच्च—''अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते'' (ई० उ० ११) इति। ऋतादीनां पूर्वत्रोपदेश आनर्थक्यपरिहारार्थः। इह तु ज्ञानोत्पत्त्यर्थत्वात्कर्तव्यतानियमार्थः।

प्राप्त कर लेता है'' 'किसीसे भी भय नहीं मानता'' ''मैंने कौन-सा शुभकर्म नहीं किया'' इत्यादि वाक्योंद्वारा कर्मोंकी निष्किञ्चनता ही दिखलायेंगे। इससे विदित होता है कि कर्म पूर्वसञ्चित पापोंके क्षयके द्वारा ज्ञानकी प्राप्तिके ही लिये हैं। ''अविद्या (कर्म)-से मृत्यु (अधर्म)-को पार करके विद्या (उपासना)-से अमरत्व लाभ करता है'' इस मन्त्रवर्णसे भी यही बात प्रमाणित होती है। अतः पहले (नवम अनुवाकमें) जो ऋतादिका उपदेश किया है वह उनके आनर्थक्यकी निवृत्तिके लिये है। तथा यहाँ ज्ञानकी उत्पत्तिके हेतु होनेसे उनकी कर्तव्यताका नियम करनेके लिये है।

वेदमनूच्याचार्योऽन्तेवासिनमनुशास्ति। सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। सत्यान्न प्रमदितव्यम्। धर्मान्न प्रमदितव्यम्। कुशलान्न प्रमदितव्यम्। भूत्यै न प्रमदितव्यम्। स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्॥ १॥

देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्। मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथिदेवो भव। यान्यनवद्यानि कर्माणि। तानि सेवितव्यानि। नो इतराणि। यान्यस्माकꣳसुचरितानि। तानि त्वयोपास्यानि॥ २॥

नो इतराणि। ये के चास्मच्छ्रेयाꣳसो ब्राह्मणाः। तेषां त्वयासनेन प्रश्वसितव्यम्। श्रद्धया देयम्। अश्रद्धयाऽदेयम्। श्रिया देयम्। ह्रिया

देयम्। भिया देयम्। संविदा देयम्। अथ यदि ते कर्मविचिकित्सा वा वृत्तविचिकित्सा वा स्यात्॥ ३॥

ये तत्र ब्राह्मणाः संमर्शिनः। युक्ता आयुक्ताः। अलूक्षा धर्मकामाः स्युः। यथा ते तत्र वर्तेरन्। तथा तत्र वर्तेथाः। अथाभ्याख्यातेषु। ये तत्र ब्राह्मणाः संमर्शिनः। युक्ता आयुक्ताः। अलूक्षा धर्मकामाः स्युः। यथा ते तेषु वर्तेरन्। तथा तेषु वर्तेथाः। एष आदेशः। एष उपदेशः। एषा वेदोपनिषत्। एतदनुशासनम्। एवमुपासितव्यम्। एवमु चैतदुपास्यम्॥ ४॥

वेदाध्ययन करानेके अनन्तर आचार्य शिष्यको उपदेश देता है—सत्य बोल। धर्मका आचरण कर। स्वाध्यायसे प्रमाद न कर। आचार्यके लिये अभीष्ट धन लाकर [उसकी आज्ञासे स्त्रीपरिग्रह कर और] सन्तान-परम्पराका छेदन न कर। सत्यसे प्रमाद नहीं करना चाहिये। धर्मसे प्रमाद नहीं करना चाहिये। कुशल (आत्मरक्षामें उपयोगी) कर्मसे प्रमाद नहीं करना चाहिये। ऐश्वर्य देनेवाले माङ्गलिक कर्मोंसे प्रमाद नहीं करना चाहिये। स्वाध्याय और प्रवचनसे प्रमाद नहीं करना चाहिये॥ १॥ देवकार्य और पितृकार्योंसे प्रमाद नहीं करना चाहिये। तू मातृदेव (माता ही जिसका देव है ऐसा) हो, पितृदेव हो, आचार्यदेव हो और अतिथिदेव हो। जो अनिन्द्य कर्म हैं उन्हींका सेवन करना चाहिये—दूसरोंका नहीं। हमारे (हम गुरुजनोंके) जो शुभ आचरण हैं तुझे उन्हींकी उपासना करनी चाहिये॥ २॥ दूसरे प्रकारके कर्मोंकी नहीं। जो कोई [आचार्यादि धर्मोंसे युक्त होनेके कारण] हमारी अपेक्षा भी श्रेष्ठ ब्राह्मण हैं उनका आसनादिके द्वारा तुझे आश्वासन (श्रमापहरण) करना चाहिये। श्रद्धापूर्वक देना चाहिये। अश्रद्धापूर्वक नहीं देना चाहिये। अपने ऐश्वर्यके अनुसार देना चाहिये। लज्जापूर्वक देना चाहिये। भय मानते हुए देना चाहिये। संवित्—मैत्री आदि कार्यके निमित्तसे देना चाहिये। यदि तुझे कर्म या आचारके विषयमें कोई सन्देह उपस्थित हो॥ ३॥ तो वहाँ जो विचारशील, कर्ममें नियुक्त, आयुक्त (स्वेच्छासे कर्मपरायण), अरूक्ष (सरलमति) एवं धर्माभिलाषी ब्राह्मण हों, उस प्रसङ्गमें वे जैसा व्यवहार करें

वैसा ही तू भी कर। इसी प्रकार जिनपर संशययुक्त दोष आरोपित किये गये हों उनके विषयमें, वहाँ जो विचारशील, कर्ममें नियुक्त अथवा आयुक्त (दूसरोंसे प्रेरित न होकर स्वतः कर्ममें परायण), सरलहृदय और धर्माभिलाषी ब्राह्मण हों, वे जैसा व्यवहार करें तू भी वैसा ही कर। यह आदेश—विधि है, यह उपदेश है, यह वेदका रहस्य है और [ईश्वरकी] आज्ञा है। इसी प्रकार तुझे उपासना करनी चाहिये—ऐसा ही आचरण करना चाहिये॥ ४॥

अधीतवेदस्य कर्तव्यनिरूपणम्

वेदमनूच्याध्याप्याचार्योऽन्तेवासिनं शिष्यमनुशास्ति ग्रन्थग्रहणादनु पश्चाच्छास्ति तदर्थं ग्राहयतीत्यर्थः। अतोऽवगम्यतेऽधीतवेदस्य धर्मजिज्ञासामकृत्वा गुरुकुलान्न समावर्तितव्यमिति। "बुद्ध्वा कर्माणि चारभेत्" इति स्मृतेश्च। कथमनुशास्तीत्याह—

सत्यं वद यथाप्रमाणावगतं वक्तव्यं तद्वद। तद्वद्धर्मं चर। धर्म इत्यनुष्ठेयानां सामान्यवचनं सत्यादिविशेषनिर्देशात्। स्वाध्यायादध्ययनान्मा प्रमदः प्रमादं मा कार्षीः। आचार्यायाचार्यार्थं प्रियमिष्टं

वेदका अध्ययन करानेके अनन्तर आचार्य अन्तेवासी—शिष्यको उपदेश करता है; अर्थात् ग्रन्थ-ग्रहणके पश्चात् अनुशासन करता है—उसका अर्थ ग्रहण कराता है। इससे ज्ञात होता है कि वेदाध्ययन कर चुकनेपर भी ब्रह्मचारीको बिना धर्मजिज्ञासा किये गुरुकुलसे समावर्तन (अपने घरकी ओर प्रत्यागमन) नहीं करना चाहिये। "कर्मोंका यथावत् ज्ञान प्राप्त करके उनके अनुष्ठानका आरम्भ करे" इस स्मृतिसे भी यही सिद्ध होता है। किस प्रकार उपदेश करता है? सो बतलाते हैं—

सत्य बोल अर्थात् जो कहनेयोग्य बात प्रमाणसे जैसी जानी गयी हो उसे उसी प्रकार कह। इसी प्रकार धर्मका आचरण कर। 'धर्म' यह अनुष्ठान करनेयोग्य कर्मोंका सामान्यरूपसे वाचक है, क्योंकि सत्यादि विशेष धर्मोंका तो निर्देश कर ही दिया है। स्वाध्याय अर्थात् अध्ययनसे प्रमाद न कर। आचार्यके लिये प्रिय—उनका अभीष्ट

धनमाहृत्यानीय दत्त्वा विद्यानिष्क्रयार्थम्, आचार्येण चानुज्ञातोऽनुरूपान्दारानाहृत्य प्रजातन्तुं प्रजासन्तानं मा व्यवच्छेत्सीः। प्रजासन्ततेर्विच्छित्तिर्न कर्तव्या। अनुत्पद्यमानेऽपि पुत्रे पुत्रकाम्यादिकर्मणा तदुत्पत्तौ यत्नः कर्तव्य इत्यभिप्रायः। प्रजाप्रजनप्रजातित्रयनिर्देशसामर्थ्यात्। अन्यथा प्रजनश्चेत्येतदेकमेवावक्ष्यत्।

सत्यान्न प्रमदितव्यं प्रमादो न कर्तव्यः। सत्याच्च प्रमदनमनृतप्रसङ्गः, प्रमादशब्द-सामर्थ्यात्। विस्मृत्याप्यनृतं न वक्तव्यमित्यर्थः। अन्यथासत्य-वदनप्रतिषेध एव स्यात्। धर्मान्न प्रमदितव्यम्। धर्मशब्दस्यानुष्ठेयविषयत्वादननुष्ठानं प्रमादः स न कर्तव्यः। अनुष्ठातव्य एव धर्म इति यावत्। एवं कुशलादात्मरक्षार्थात्कर्मणो न

धन लाकर और विद्यादानसे उऋण होनेके लिये उन्हें देकर आचार्यके आज्ञा देनेपर अपने अनुरूप स्त्रीसे विवाह करके प्रजातन्तु—सन्ततिक्रमका छेदन न कर। अर्थात् प्रजासन्ततिका विच्छेद नहीं करना चाहिये। तात्पर्य यह है कि यदि पुत्र उत्पन्न न हो तो भी पुत्र-काम्या (पुत्रेष्टि) आदि कर्मोंद्वारा उसकी उत्पत्तिके लिये यत्न करना ही चाहिये। [नवम अनुवाकमें] प्रजा, प्रजन और प्रजाति—तीनोंहीका निर्देश किया गया है; उसकी सामर्थ्यसे यही बात सिद्ध होती है; अन्यथा वहाँ केवल 'प्रजन' इस एक ही साधनका निर्देश किया जाता।

सत्यसे प्रमाद नहीं करना चाहिये। सत्यसे प्रमादका अभिप्राय है असत्यका प्रसंग, यह प्रमाद शब्दके सामर्थ्यसे बोधित होता है। तात्पर्य यह है कि कभी भूलकर भी असत्यभाषण नहीं करना चाहिये; यदि ऐसा तात्पर्य न होता तो, यहाँ केवल असत्यभाषणका निषेध ही किया जाता। धर्मसे प्रमाद नहीं करना चाहिये। 'धर्म' शब्द अनुष्ठेय कर्मविशेषका वाचक होनेसे उसका अनुष्ठान न करना ही प्रमाद है; सो नहीं करना चाहिये। अर्थात् धर्मका अनुष्ठान करना ही चाहिये। इसी प्रकार कुशल—

प्रमदितव्यम्। भूतिर्विभूतिस्तस्यै भूत्यै भूत्यर्थान्मङ्गलयुक्तात्कर्मणो न प्रमदितव्यम्। स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्। स्वाध्यायोऽध्ययनं प्रवचनमध्यापनं ताभ्यां न प्रमदितव्यम्। ते हि नियमेन कर्तव्ये इत्यर्थः॥ १॥ तथा देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्। दैवपित्र्ये कर्मणी कर्तव्ये।

मातृदेवो माता देवो यस्य स त्वं मातृदेवो भव स्याः। एवं पितृदेव आचार्यदेवो भव। देवतावदुपास्या एत इत्यर्थः। यान्यपि चान्यान्यनवद्यान्यनिन्दितानि शिष्टाचारलक्षणानि कर्माणि तानि सेवितव्यानि कर्तव्यानि त्वया। नो न कर्तव्यानीतराणि सावद्यानि शिष्टकृतान्यपि। यान्यस्माकमाचार्याणां सुचरितानि शोभनचरितान्याम्नायाद्यविरुद्धानि तान्येव त्वयोपास्यान्यदृष्टार्थान्यनुष्ठेयानि, नियमेन कर्तव्यानीति यावत्॥ २॥ नो इतराणि विपरीतान्याचार्यकृतान्यपि।

आत्मरक्षामें उपयोगी कर्मोंसे प्रमाद न करे। 'भूति' वैभवको कहते हैं, उस वैभवके लिये होनेवाले मंगलयुक्त कर्मोंसे प्रमाद न करे। स्वाध्याय और प्रवचनसे प्रमाद न करे। स्वाध्याय अध्ययन है और प्रवचन अध्यापन, उन दोनोंसे प्रमाद न करे अर्थात् उनका नियमसे आचरण करता रहे॥ १॥ इसी प्रकार देवकार्य और पितृकार्योंसे भी प्रमाद न करे, अर्थात् देवता और पितृसम्बन्धी कर्म अवश्य करने चाहिये।

मातृदेव—माता है देव जिसका वह तू मातृदेव हो। इसी प्रकार पितृदेव हो, आचार्यदेव हो, [अतिथिदेव हो] [इनका अर्थ समझना चाहिये]। तात्पर्य यह है कि ये सब देवताके समान उपासना करनेयोग्य हैं। इसके सिवा और भी जो अनवद्य—अनिन्द्य यानी शिष्टाचाररूप कर्म हैं तेरे लिये वे ही सेवनीय यानी कर्तव्य हैं। अन्य निन्दायुक्त कर्म—भले ही वे शिष्ट पुरुषोंके किये हुए हों—तुझे नहीं करने चाहिये। हम आचार्यलोगोंके भी जो सुचरित—शुभ चरित अर्थात् शास्त्रसे अविरुद्ध कर्म हैं उन्हींकी तुझे उपासना करनी चाहिये; अदृष्ट फलके लिये उन्हींका अनुष्ठान करना चाहिये अर्थात् तेरे लिये वे ही नियमसे कर्तव्य हैं॥ २॥—दूसरे नहीं, अर्थात् उनसे विपरीत कर्म आचार्यके किये हुए भी कर्तव्य नहीं हैं।

ये के च विशेषिता आचार्यत्वादिधर्मैरस्मदस्मत्तः श्रेयांसः प्रशस्यतरास्ते च ब्राह्मणा न क्षत्रियादयस्तेषामासनेनासनदानादिना त्वया प्रश्वसितव्यम्। प्रश्वसनं प्रश्वासः श्रमापनयः। तेषां श्रमस्त्वयापनेतव्य इत्यर्थः। तेषां चासने गोष्ठीनिमित्ते समुदिते तेषु न प्रश्वसितव्यं प्रश्वासोऽपि न कर्तव्यः केवलं तदुक्तसारग्राहिणा भवितव्यम्।

जो कोई भी आचार्यत्व आदि धर्मोंके कारण विशिष्ट हैं, अर्थात् हमसे श्रेष्ठ—बड़े हैं तथा वे ब्राह्मण भी हैं—क्षत्रिय आदि नहीं हैं, उनका आसनादिके द्वारा अर्थात् उन्हें आसनादि देकर तुझे प्रश्वास—प्रश्वासका अर्थ है आश्वासन यानी श्रमापहरण करना चाहिये। तात्पर्य यह है कि तुझे उनका श्रम निवृत्त करना चाहिये। तथा किसी गोष्ठी (सभा)- के लिये उन्हें उच्चासन प्राप्त होनेपर तुझे प्रश्वास—दीर्घनिःश्वास भी नहीं छोड़ना चाहिये; तुझे केवल उनके कथनका सार ग्रहण करनेवाला होना चाहिये।

किं च यत्किंचिद्देयं तच्छ्रद्धयैव दातव्यम्। अश्रद्धया अदेयं न दातव्यम्। श्रिया विभूत्या देयं दातव्यम्। ह्रिया लज्जया च देयम्। भिया भीत्या च देयम्। संविदा च मैत्र्यादिकार्येण देयम्।

इसके सिवा, तुझे जो कुछ दान करना हो वह श्रद्धासे ही देना चाहिये, अश्रद्धासे नहीं। श्री अर्थात् विभूतिके अनुसार देना चाहिये, ह्री—लज्जापूर्वक देना चाहिये, भी—भय मानते हुए देना चाहिये तथा संविद् यानी मैत्री आदि कार्यके निमित्तसे देना चाहिये।

अथैवं वर्तमानस्य यदि कदाचित्ते तव श्रौते स्मार्ते वा कर्मणि वृत्ते वाचारलक्षणे विचिकित्सा संशयः स्यात्॥ ३॥ ये तत्र तस्मिन् देशे काले वा ब्राह्मणास्तत्र कर्मादौ युक्ता इति व्यवहितेन सम्बन्धः कर्तव्यः। संमर्शिनो विचारक्षमाः। युक्ता

फिर इस प्रकार बर्तते हुए तुझे यदि किसी समय किसी श्रौत या स्मार्त कर्म अथवा आचरणरूप वृत्त (व्यवहार)- में संशय उपस्थित हो॥ ३॥ तो वहाँ उस देश या कालमें जो ब्राह्मण नियुक्त हों—इस प्रकार 'तत्र' इस पदका 'युक्ताः' इस व्यवधानयुक्त पदसे सम्बन्ध करना चाहिये—[और जो] संमर्शी—विचारक्षम,

अभियुक्ताः कर्मणि वृत्ते वा। आयुक्ता अपरप्रयुक्ताः। अलूक्षा अरूक्षा अक्रूरमतयः। धर्मकामा अदृष्टार्थिनोऽकामहता इत्येतत्, स्युर्भवेयुः। ते यथा येन प्रकारेण ब्राह्मणास्तत्र तस्मिन्कर्मणि वृत्ते वा वर्तेरंस्तथा त्वमपि वर्तेथाः। अथाभ्याख्यातेषु, अभ्याख्याता अभ्युक्ता दोषेण संदिह्यमानेन संयोजिताः केनचित्तेषु च यथोक्तं सर्वमुपनयेद्ये तत्रेत्यादि।

एष आदेशो विधिः। एष उपदेशः पुत्रादिभ्यः पित्रादीनाम्। एषा वेदोपनिषद्वेदरहस्यं वेदार्थ इत्येतत्। एतदेवानुशासनमीश्वरवचनम्। आदेशवाक्यस्य विधेरुक्तत्वात्सर्वेषां वा प्रमाणभूतानामनुशासनमेतत्। यस्मादेवं तस्मादेवं यथोक्तं सर्वमुपासितव्यं कर्तव्यम्। एवमु चैतदुपास्यमुपास्यमेव चैतन्नानुपास्यमित्यादरार्थं पुनर्वचनम्॥ ४॥

युक्त-कर्म अथवा आचरणमें पूर्णतया तत्पर, आयुक्त—किसी दूसरेसे प्रयुक्त न होनेवाले [अर्थात् स्वेच्छासे प्रवृत्त], अलूक्ष—अरूक्ष अर्थात् अक्रूरमति (सरलचित्त) और धर्मकामी—अदृष्टफलकी इच्छावाले अर्थात् कामनावश विवेकशून्य न हों, वे ब्राह्मण उस कर्म या आचरणमें जिस प्रकार बर्ताव करें उसी प्रकार तुझे भी बर्ताव करना चाहिये। इसी प्रकार अभ्याख्यातोंके प्रति—अभ्याख्यात-अभ्युक्त अर्थात् जिनपर कोई संशययुक्त दोष आरोपित किया गया हो उनके प्रति जैसा पहले 'ये तत्र' इत्यादिसे कहा गया है उसी सब व्यवहारका प्रयोग करना चाहिये।

यह आदेश अर्थात् विधि है, यह पुत्रादिको पिता आदिका उपदेश है, यह वेदोपनिषद्—वेदका रहस्य यानी वेदार्थ है। यही अनुशासन यानी ईश्वरका वाक्य है। अथवा आदेशवाक्य विधि है—ऐसा पहले कहा जा चुका है इसलिये यह सभी प्रमाणभूत (उपदेशकों)-का अनुशासन है। क्योंकि ऐसा है इसलिये पहले जो कुछ कहा गया है वह सब इसी प्रकार उपासनीय—करने योग्य है। इस प्रकार ही इसकी उपासना करनी चाहिये—यह उपासनीय ही है, अनुपास्य नहीं है—इस प्रकार यह पुनरुक्ति उपासनाके आदरके लिये है॥ ४॥

मोक्ष-साधनकी मीमांसा

मोक्षकारण-मीमांसायां चत्वारो विकल्पाः

अत्रैतच्चिन्त्यते विद्याकर्मणोर्विवेकार्थं किं कर्मभ्य एव केवलेभ्यः परं श्रेय उत विद्यासव्यपेक्षेभ्य आहोस्विद्विद्याकर्मभ्यां संहताभ्यां विद्याया वा कर्मापेक्षाया उत केवलाया एव विद्याया इति?

अब विद्या और कर्मका विवेक [अर्थात् इन दोनोंका फल भिन्न-भिन्न है—इसका निश्चय] करनेके लिये यह विचार किया जाता है कि (१) क्या परम श्रेयकी प्राप्ति केवल कर्मसे होती है, (२) अथवा विद्याकी अपेक्षायुक्त कर्मसे, (३) किंवा परस्पर मिले हुए विद्या और कर्म दोनोंसे, (४) अथवा कर्मकी अपेक्षा रखनेवाली विद्यासे, (५) या केवल विद्यासे ही?

कर्मणां मोक्ष-साधनत्वनिरासः

तत्र केवलेभ्य एव कर्मभ्यः स्यात्। समस्तवेदार्थज्ञानवतः कर्माधिकारात्। "वेदः कृत्स्नोऽधिगन्तव्यः सरहस्यो द्विजन्मना" इति स्मरणात्। अधिगमश्च सहोपनिषदर्थेनात्मज्ञानादिना। "विद्वान्यजते" "विद्वान्याजयति" इति च विदुष एव कर्मण्यधिकारः प्रदर्श्यते सर्वत्र "ज्ञात्वा चानुष्ठानम्" इति च। कृत्स्नश्च वेदः कर्मार्थ इति हि मन्यन्ते केचित्। कर्मभ्यश्चेत्परं श्रेयो नावाप्यते वेदोऽनर्थकः स्यात्।

उनमें [पहला पक्ष यह है कि] केवल कर्मोंसे ही परम श्रेयकी प्राप्ति हो सकती है, क्योंकि "द्विजातिको रहस्यके सहित सम्पूर्ण वेदका ज्ञान प्राप्त करना चाहिये" ऐसी स्मृति होनेसे सम्पूर्ण वेदका ज्ञान रखनेवालेको ही कर्मका अधिकार है और वेदका ज्ञान उपनिषद्के अर्थभूत आत्मज्ञानादिके सहित ही हो सकता है। "विद्वान् यज्ञ करता है" "विद्वान् यज्ञ कराता है" इत्यादि वाक्योंसे सर्वत्र विद्वान्‌का ही कर्ममें अधिकार दिखलाया गया है; तथा "जानकर कर्मानुष्ठान करे" ऐसा भी कहा है। कोई-कोई ऐसा भी मानते हैं कि सम्पूर्ण वेद कर्मके ही लिये हैं, और यदि कर्मोंसे ही परम श्रेयकी प्राप्ति न हुई तो वेद भी व्यर्थ ही हो जायगा।

न; नित्यत्वान्मोक्षस्य, नित्यो हि मोक्ष इष्यते। कर्मकार्यस्यानित्यत्वं प्रसिद्धं लोके। कर्मभ्यश्चेच्छ्रेयो नित्यं स्यात्तच्चानिष्टम्। "तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयते" (छा० उ० ८। १। ६) इति न्यायानुगृहीत-श्रुतिविरोधात्।

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि मोक्षका नित्यत्व है—मोक्ष नित्य ही माना गया है। और जो वस्तु कर्मका कार्य है उसकी अनित्यता लोकमें प्रसिद्ध है। यदि नित्य श्रेय कर्मोंसे होता है ऐसा मानें तो इष्ट नहीं है; क्योंकि इसका "जिस प्रकार यह कर्मोपार्जित लोक क्षीण होता है [उसी प्रकार पुण्यार्जित परलोक भी क्षीण हो जाता है]" इस न्याययुक्ता श्रुतिसे विरोध है।

काम्यप्रतिषिद्धयोरनारम्भादारब्धस्य च कर्मण उपभोगेन क्षयान्नित्यानुष्ठानाच्च तत्प्रत्यवायानुत्पत्तेर्ज्ञाननिरपेक्ष एव मोक्ष इति चेत्?

पूर्व०—काम्य और प्रतिषिद्ध कर्मोंका आरम्भ न करनेसे, प्रारब्ध कर्मोंका भोगसे ही क्षय हो जानेसे तथा नित्य कर्मोंके अनुष्ठानके कारण प्रत्यवायकी उत्पत्ति न होनेसे मोक्ष ज्ञानकी अपेक्षासे रहित ही है—यदि ऐसा माने तो?

तच्च न; शेषकर्मसम्भवात्तन्निमित्तशरीरान्तरोत्पत्तिः प्राप्नोतीति प्रत्युक्तम्। कर्मशेषस्य च नित्यानुष्ठानेनाविरोधात्क्षयानुपपत्तिरिति च।

सिद्धान्ती—ऐसी बात भी नहीं है; शेष (सञ्चित) कर्मोंके रह जानेसे उनके कारण अन्य शरीरकी उत्पत्ति सिद्ध होती है—इस प्रकार हम इसका पहले ही खण्डन कर चुके हैं; तथा नित्यकर्मोंके अनुष्ठानसे सञ्चित कर्मोंका विरोध न होनेके कारण उनका क्षय होना सम्भव नहीं है।

यदुक्तं समस्तवेदार्थज्ञानवतः कर्माधिकारादित्यादि, तच्च न; श्रुतज्ञानव्यतिरेकादुपासनस्य । श्रुतज्ञानमात्रेण हि कर्मण्यधिक्रियते नोपासनामपेक्षते। उपासनं च श्रुतज्ञानादर्थान्तरं विधीयते। मोक्ष-फलमर्थान्तरप्रसिद्धं च स्यात्। 'श्रोतव्यः' इत्युक्त्वा तद्व्यतिरेकेण 'मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' इति यत्नान्तरविधानात्। मनन-निदिध्यासनयोश्च प्रसिद्धं श्रवणज्ञानादर्थान्तरत्वम्।

और यह जो कहा कि समस्त वेदके अर्थको जाननेवालेको ही कर्मका अधिकार होनेके कारण [केवल कर्मसे ही निःश्रेयसकी प्राप्ति हो सकती है] सो भी ठीक नहीं, क्योंकि उपासना श्रुतज्ञान (गुरुकुलमें किये हुए वाक्यविचार)-से भिन्न ही है। मनुष्य श्रुतज्ञानमात्रसे ही कर्मका अधिकारी हो जाता है, इसके लिये वह उपासनाकी अपेक्षा नहीं रखता। उपासना तो श्रुतज्ञानसे भिन्न वस्तु ही बतलायी गयी है। वह उपासना मोक्षरूप फलवाली और अर्थान्तररूपसे प्रसिद्ध है, क्योंकि 'श्रोतव्यः' ऐसा कहकर [मनन और निदिध्यासनके लिये] 'मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः'—इस प्रकार पृथक् यत्नान्तरका विधान किया है। लोकमें भी श्रवणज्ञानसे मनन और निदिध्यासनका अर्थान्तरत्व प्रसिद्ध ही है।

ज्ञानकर्मसमुच्चय-स्य मोक्ष-साधनत्वनिरासः

एवं तर्हि विद्यासव्यपेक्षेभ्यः कर्मभ्यः स्यान्मोक्षः। विद्यासहितानां च कर्मणां भवेत्कार्यान्तरारम्भसामर्थ्यम्। यथा स्वतो मरणज्वरादिकार्यारम्भसमर्थानामपि विषदध्यादीनां मन्त्रशर्करादिसंयुक्तानां कार्यान्तरारम्भसामर्थ्यम्, एवं विद्यासहितैः कर्मभिर्मोक्ष आरभ्यत इति चेत्?

पूर्व०—इस प्रकार तब तो विद्याकी अपेक्षासे युक्त कर्मोंद्वारा ही मोक्ष हो सकता है। जो कर्म ज्ञानके सहित होते हैं उनमें कार्यान्तरके आरम्भका सामर्थ्य हो सकता है, जिस प्रकार कि स्वयं मरण और ज्वरादि कार्योंके आरम्भमें समर्थ होनेपर भी विष एवं दधि आदिमें मन्त्र और शर्करादिसे युक्त होनेपर कार्यान्तरके आरम्भका सामर्थ्य हो जाता है, इसी प्रकार विद्यासहित कर्मोंसे मोक्षका आरम्भ हो सकता है—यदि ऐसा माने तो?

न; आरभ्यस्यानित्यत्वादित्युक्तो दोषः।

सिद्धान्ती—नहीं, जो वस्तु आरम्भ होनेवाली होती है वह अनित्य हुआ करती है—इस प्रकार इस पक्षका दोप बतलाया जा चुका है।

वचनादारभ्योऽपि नित्य एवेति चेत्?

पूर्व०—किन्तु ['न स पुनरावर्तते' इत्यादि] वचनसे तो आरम्भ होनेवाला मोक्ष भी नित्य ही होता है?

न; ज्ञापकत्वाद्वचनस्य। वचनं नाम यथाभूतस्यार्थस्य ज्ञापकं नाविद्यमानस्य कर्तृ। न हि वचनशतेनापि नित्यमारभ्यत आरब्धं वाविनाशि भवेत्। एतेन विद्याकर्मणोः संहतयोर्मोक्षारम्भकत्वं प्रत्युक्तम्।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि वचन तो केवल ज्ञापक है; यथार्थ अर्थको बतलानेवालेका ही नाम 'वचन' है। वह किसी अविद्यमान पदार्थको उत्पन्न करनेवाला नहीं होता। सैकड़ों वचन होनेपर भी नित्य वस्तुका आरम्भ नहीं किया जा सकता और न आरम्भ होनेवाली वस्तु अविनाशी ही हो सकती है। इससे समुच्चित विद्या और कर्मके मोक्षारम्भकत्वका प्रतिषेध कर दिया गया।

विद्याकर्मणी मोक्षप्रतिबन्धहेतुनिवर्तके इति चेत्—न, कर्मणः फलान्तरदर्शनात्। उत्पत्तिसंस्कारविकाराप्तयो हि फलं कर्मणो दृश्यते। उत्पत्त्यादिफलविपरीतश्च मोक्षः।

विद्या और कर्म ये दोनों मोक्षके प्रतिबन्धके हेतुओंको निवृत्त करनेवाले हैं [मोक्षके स्वरूपको उत्पन्न करनेवाले नहीं हैं; अतः जिस प्रकार प्रध्वंसाभाव कृतक होनेपर भी नित्य है उसी प्रकार उन प्रतिबन्धोंकी निवृत्ति भी नित्य ही होगी]—यदि ऐसा कहो तो यह कथन ठीक नहीं, क्योंकि कर्मोंका तो अन्य ही फल देखा गया है। उत्पत्ति, संस्कार, विकार और आप्ति—ये कर्मके फल देखे गये हैं। किन्तु मोक्ष उत्पत्ति आदि फलसे विपरीत है।

गतिश्रुतेराप्य इति चेत्। "सूर्यद्वारेण", "तयोर्ध्वमायन्" (क० उ० २। ३। १६) इत्येवमादिगतिश्रुतिभ्यः प्राप्यो मोक्ष इति चेत्।

पूर्व०—गतिप्रतिपादिका श्रुतियोंसे तो मोक्ष आप्य सिद्ध होता है—"सूर्यद्वारसे", "उस सुषुम्ना नाडीद्वारा ऊर्ध्वलोकोंको जानेवाला" आदि गतिप्रतिपादिका श्रुतियोंसे जाना जाता है कि मोक्ष प्राप्य है।

न; सर्वगतत्वाद्गन्तृभिश्चानन्यत्वादाकाशादिकारणत्वात्सर्वगतं ब्रह्म। ब्रह्माव्यतिरिक्ताश्च सर्वे विज्ञानात्मानः। अतो नाप्यो मोक्षः। गन्तुरन्यद्विभिन्नं देशं प्रति भवति गन्तव्यम्। न हि येनैवाव्यतिरिक्तं यत्तत्तेनैव गम्यते। तदनन्यत्वप्रसिद्धेश्च "तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्" (तै० उ० २। ६। १) "क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि" (गीता १३। २) इत्येवमादिश्रुतिस्मृतिशतेभ्यः।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि ब्रह्म सर्वगत, गमन करनेवालोंसे अभिन्न और आकाशादिका भी कारण होनेसे सर्वगत है तथा सम्पूर्ण विज्ञानात्मा ब्रह्मसे अभिन्न हैं; इसलिये मोक्ष आप्य नहीं है। गमन करनेवालेसे पृथक् अन्य देशमें ही गमन करने योग्य हुआ करता है। जो जिससे अभिन्न होता है उसीसे वह गन्तव्य नहीं होता और उसकी अनन्यता तो "उसे रचकर वह उसीमें प्रविष्ट हो गया" "सम्पूर्ण क्षेत्रोंमें क्षेत्रज्ञ भी तू मुझको ही जान" इत्यादि सैकड़ों श्रुति-स्मृतियोंसे सिद्ध होती है।

गत्यैश्वर्यादिश्रुतिविरोध इति चेत्। अथापि स्याद्यद्यप्राप्यो मोक्षस्तदा गतिश्रुतीनां "स एकधा" (छा० उ० ७। २६। २) "स यदि पितृलोककामो भवति" (छा० उ० ८। २। १) "स्त्रीभिर्वा यानैर्वा" (छा० उ० ८। १२। ३) इत्यादिश्रुतीनां च कोपः स्यादिति चेत्।

पूर्व०—[ऐसा माननेसे तो] गति और ऐश्वर्यका प्रतिपादन करनेवाली श्रुतियोंसे विरोध होगा—अच्छा, यदि मोक्ष अप्राप्य ही हो तो भी गतिश्रुति तथा "वह एकरूप होता है" "वह यदि पितृलोककी इच्छावाला होता है" "वह स्त्री और यानोंके साथ रमण करता है" इत्यादि श्रुतियोंका व्याकोप (बाध) हो जायगा।

न; कार्यब्रह्मविषयत्वात्तासाम्। कार्ये हि ब्रह्मणि स्त्र्यादयः स्युर्न कारणे। ''एकमेवाद्वितीयम्'' (छा० उ० ६। २। १) ''यत्र नान्यत्पश्यति'' (छा० उ० ७। २४। १) ''तत्केन कं पश्येत्'' (बृ० उ० २। ४। १४, ४। ५। १५) इत्यादिश्रुतिभ्यः।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि वे तो कार्यब्रह्मसे सम्बन्ध रखनेवाली हैं। स्त्री आदि तो कार्य ब्रह्ममें ही हो सकती हैं, कारण ब्रह्ममें नहीं; जैसा कि ''एक ही अद्वितीय ब्रह्म'' ''जहाँ कोई और नहीं देखता'' ''तब किसके द्वारा किसे देखे'' इत्यादि श्रुतियोंसे सिद्ध होता है।

विरोधाच्च विद्याकर्मणोः समुच्चयानुपपत्तिः। प्रविलीनकर्त्रादिकारकविशेषतत्त्वविषया हि विद्या तद्विपरीतकारकसाध्येन कर्मणा विरुध्यते। न ह्येकं वस्तु परमार्थतः कर्त्रादिविशेषवत्तच्छून्यं चेत्युभयथा द्रष्टुं शक्यते। अवश्यं ह्यन्यतरन्मिथ्या स्यात्। अन्यतरस्य च मिथ्यात्वप्रसङ्गे युक्तं यत्स्वाभाविकाज्ञानविषयस्य द्वैतस्य मिथ्यात्वम्। ''यत्र हि द्वैतमिव भवति'' (बृ० उ० २। ४। १४) ''मृत्योः स मृत्युमाप्नोति'' (क० उ० २। १। १०, बृ० उ० ४। ४। १९) ''अथ यत्रान्यत्पश्यति............ तदल्पम्'' (छा० उ० ७। २४। १) ''अन्योऽसावन्योऽहमस्मि'' (बृ० उ० १। ४। १०) ''उदरमन्तरं कुरुते अथ तस्य भयं भवति'' (तै० उ० २। ७। १) इत्यादिश्रुतिशतेभ्यः।

इसके सिवा विद्या और कर्मका विरोध होनेके कारण भी उनका समुच्चय नहीं हो सकता। जिसमें कर्ता-करण आदि कारकविशेषोंका पूर्णतया लय होता है उस तत्त्वको (ब्रह्मको) विषय करनेवाली विद्या अपनेसे विपरीत साधनसाध्य कर्मसे विरुद्ध है। एक ही वस्तु परमार्थतः कर्ता आदि विशेषसे युक्त और उससे रहित—दोनों ही प्रकारसे नहीं देखी जा सकती। उनमेंसे एक पक्ष अवश्य मिथ्या होना चाहिये। इस प्रकार किसी एकके मिथ्यात्वका प्रसङ्ग उपस्थित होनेपर जो स्वभावसे ही अज्ञानका विषय है उस द्वैतका ही मिथ्या होना उचित है, जैसा कि ''जहाँ द्वैतके समान होता है'' ''वह मृत्युसे मृत्युको प्राप्त होता है'' ''जहाँ अन्य देखता है वह अल्प है'' ''यह अन्य है मैं अन्य हूँ'' ''जो थोड़ा-सा भी अन्तर करता है उसे भय प्राप्त होता है'' इत्यादि सैकड़ों श्रुतियोंसे प्रमाणित होता है।

सत्यत्वं चैकत्वस्य "एकधैवानुद्रष्टव्यम्" (बृ० उ० ४। ४। २०) "एकमेवाद्वितीयम्" (छा० उ० ६। २। १) "ब्रह्मैवेदꣳसर्वम् (मु० उ० २। २। ११) "आत्मैवेदꣳसर्वम्" (छा० उ० ७। २५। २) इत्यादिश्रुतिभ्यः। न च सम्प्रदानादिकारकभेदादर्शने कर्मोपपद्यते। अन्यत्वदर्शनापवादश्च विद्याविषये सहस्रशः श्रूयते। अतो विरोधो विद्याकर्मणोः। अतश्च समुच्चयानुपपत्तिः। तत्र यदुक्तं संहताभ्यां विद्याकर्मभ्यां मोक्ष इति, अनुपपन्नं तत्।

तथा "एक रूपसे ही देखना चाहिये" "एक ही अद्वितीय" "यह सब ब्रह्म ही है" "यह सब आत्मा ही है" इत्यादि श्रुतियोंसे एकत्वकी सत्यता सिद्ध होती है। सम्प्रदान आदि कारकभेदके दिखायी न देनेपर कर्म होना सम्भव भी नहीं है। ज्ञानके प्रसङ्गमें भेददृष्टिके अपवाद तो सहस्त्रों सुननेमें आते हैं। अतः विद्या और कर्मका विरोध है; इसलिये भी उनका समुच्चय होना असम्भव है। ऐसी दशामें पूर्वमें तुमने जो कहा था कि 'परस्पर मिले हुए विद्या और कर्म दोनोंसे मोक्ष होता है' वह सिद्ध नहीं होता।

विहितत्वात्कर्मणां श्रुतिविरोध इति चेत्। यद्युपमृद्य कर्त्रादिकारकविशेषमात्मैकत्वविज्ञानं विधीयते सर्पादिभ्रान्तिविज्ञानोपमर्दकरज्ज्वादिविषयविज्ञानवत्प्राप्तः कर्मविधिश्रुतीनां निर्विषयत्वाद्विरोधः। विहितानि च कर्माणि। स च विरोधो न युक्तः। प्रमाणत्वाच्छ्रुतीनामिति चेत्?

पूर्व०—कर्म भी श्रुतिविहित हैं, अतः ऐसा माननेपर श्रुतिसे विरोध उपस्थित होता है। यदि सर्पादि-भ्रान्तिजनित ज्ञानका बाध करनेवाले रज्जु आदि विषयक ज्ञानके समान कर्ता आदि कारकविशेषका बाध करके ही आत्मैकत्वके ज्ञानका विधान किया जाता है तो कोई विषय न रहनेके कारण कर्मका विधान करनेवाली श्रुतियोंका उन (विद्याका विधान करनेवाली श्रुतियों)-से विरोध उपस्थित होता है; और कर्मोंका विधान भी किया ही गया है तथा सभी श्रुतियाँ प्रमाणभूत हैं, इसलिये पूर्वोक्त विरोधका होना उचित नहीं है—यदि ऐसा कहें तो?

न; पुरुषार्थोपदेशपरत्वाच्छ्रुतीनाम्। विद्योपदेशपरा तावच्छ्रुतिः संसारात्पुरुषो मोक्षयितव्य इति संसारहेतोरविद्याया विद्यया निवृत्तिः कर्तव्येति विद्याप्रकाशकत्वेन प्रवृत्तेति न विरोधः।

सिद्धान्ती—यह कथन ठीक नहीं, क्योंकि श्रुतियाँ परम पुरुषार्थका उपदेश करनेमें प्रवृत्त हैं। श्रुति ज्ञानका उपदेश करनेमें तत्पर है। उसे संसारसे पुरुषका मोक्ष कराना है, इसके लिये संसारकी हेतुभूत अविद्याकी विद्याके द्वारा निवृत्ति करना आवश्यक है; अतः वह विद्याका प्रकाश करनेवाली होकर प्रवृत्त हुई है। इसलिये ऐसा माननेसे कोई विरोध नहीं आता।

एवमपि कर्त्रादिकारकसद्भाव-प्रतिपादनपरं शास्त्रं विरुध्यत एवेति चेत्?

पूर्व०—किन्तु ऐसा माननेपर भी तो कर्तादि कारककी सत्ताका प्रतिपादन करनेवाले शास्त्रका तो उससे विरोध होता ही है?

न; यथाप्राप्तमेव कारकास्तित्वमुपादायोपात्तदुरितक्षयार्थं कर्माणि विदधच्छास्त्रं मुमुक्षूणां फलार्थिनां च फलसाधनं न कारकास्तित्वे व्याप्रियते। उपचितदुरितप्रतिबन्धस्य हि विद्योत्पत्तिर्नावकल्पते। तत्क्षये च विद्योत्पत्तिः स्यात्ततश्चाविद्यानिवृत्तिस्तत आत्यन्तिकः संसारोपरमः।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है; स्वभावतः प्राप्त कारकोंके अस्तित्वको स्वीकार कर सञ्चित पापोंके क्षयके लिये कर्मोंका विधान करनेवाला शास्त्र मुमुक्षुओं और फलकी इच्छावालोंको [उनके इष्ट] फलकी प्राप्ति करानेका साधन है; वह कारकोंका अस्तित्व सिद्ध करनेमें प्रवृत्त नहीं है। जिस पुरुषका सञ्चित पापरूप प्रतिबन्ध विद्यमान रहता है उसे ज्ञानकी उत्पत्ति नहीं हो सकती; उसका क्षय हो जानेपर ही ज्ञान होता है और तभी अविद्याकी निवृत्ति होती है तथा उसके अनन्तर ही संसारकी आत्यन्तिक उपरति होती है।

ज्ञानादेव तु कैवल्यम्

अपि चानात्मदर्शिनो ह्यनात्मविषयः कामः। कामयमानश्च करोति कर्माणि। ततस्तत्फलोपभोगाय शरीराद्युपादानलक्षणः संसारः। तद्व्यतिरेकेणात्मैकत्वदर्शिनो विषयाभावात्कामानुत्पत्तिरात्मनि चानन्यत्वात्कामानुत्पत्तौ स्वात्मन्यवस्थानं मोक्ष इत्यतोऽपि विद्याकर्मणोर्विरोधः। विरोधादेव च विद्या मोक्षं प्रति न कर्माण्यपेक्षते।

इसके सिवा जो पुरुष अनात्मदर्शी है उसे ही अनात्मवस्तुसम्बन्धिनी कामना हो सकती है; कामनावाला ही कर्म करता है और उसीसे उनका फल भोगनेके लिये उसे शरीरादिग्रहणरूप संसारकी प्राप्ति होती है। इसके विपरीत जो आत्मैकत्वदर्शी है उसकी दृष्टिमें विषयोंका अभाव होनेके कारण उसे उनकी कामना भी नहीं हो सकती। आत्मा तो अपनेसे अभिन्न है,इसलिये उसकी कामना भी असम्भव होनेके कारण उसे स्वात्मस्वरूपमें स्थित होनारूप मोक्ष सिद्ध ही है। इसलिये भी ज्ञान और कर्मका विरोध है और विरोध होनेके कारण ही ज्ञान मोक्षके प्रति कर्मकी अपेक्षा नहीं रखता।

स्वात्मलाभे तु पूर्वोपचितप्रतिबन्धापनयद्वारेण विद्याहेतुत्वं प्रतिपद्यन्ते कर्माणि नित्यानीति। अत एवास्मिन्प्रकरण उपन्यस्तानि कर्माणीत्यवोचाम। एवं चाविरोधः कर्मविधिश्रुतीनाम् अतः केवलाया एव विद्यायाः परं श्रेय इति सिद्धम्।

हाँ, आत्मलाभमें पूर्वसञ्चित पापरूप प्रतिबन्धकी निवृत्तिद्वारा नित्यकर्म ज्ञानप्राप्तिके हेतु अवश्य होते हैं। इसीलिये इस प्रकरणमें कर्मोंका उल्लेख किया गया है—यह हम पहले ही कह चुके हैं। इस प्रकार भी कर्मका विधान करनेवाली श्रुतियोंका [विद्याविधायिनी श्रुतियोंसे] विरोध नहीं है। अतः यह सिद्ध हुआ कि केवल विद्यासे ही परमश्रेयकी प्राप्ति होती है।

एवं तर्ह्याश्रमान्तरानुपपत्तिः। कर्मनिमित्तत्वाद्विद्योत्पत्तेः। गार्हस्थ्ये च विहितानि कर्माणी-त्यैकाश्रम्यमेव। अतश्च यावज्जीवादिश्रुतयोऽनुकूलतराः।

न; कर्मानेकत्वात्। न ह्यग्निहोत्रादीन्येव कर्माणि। ब्रह्मचर्यं तपः सत्यवदनं शमो दमोऽहिंसेत्येवमादीन्यपि कर्माणीतराश्रमप्रसिद्धानि विद्योत्पत्तौ साधकतमान्यसंकीर्णत्वाद्विद्यन्ते ध्यानधारणादिलक्षणानि च। वक्ष्यति च—"तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व" (तै० उ० ३। २—५) इति।

ज्ञानसाधकानि कर्माणि

जन्मान्तरकृतकर्मभ्यश्च प्रागपि-गार्हस्थ्याद्विद्योत्पत्ति-सम्भवात्कर्मार्थ-त्वाच्च गार्हस्थ्य-प्रतिपत्तेः कर्मसाध्यायां च विद्यायां सत्यां गार्हस्थ्यप्रतिपत्तिरनर्थिकैव।

ज्ञानप्राप्तौ गार्हस्थ्यस्य आनर्थक्यम्

पूर्व०—यदि ऐसी बात है तब तो [गृहस्थाश्रमके सिवा] अन्य आश्रमोंका होना भी उपपन्न नहीं है, क्योंकि विद्याकी उत्पत्ति तो कर्मके निमित्तसे होती है और कर्मोंका विधान केवल गृहस्थके ही लिये किया गया है; अतः इससे एकाश्रमत्वकी ही सिद्धि होती है। और इसलिये 'यावज्जीवन अग्निहोत्र करे' इत्यादि श्रुतियाँ और भी अनुकूल ठहरती हैं।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि कर्म तो अनेक हैं। केवल अग्निहोत्र आदि ही कर्म नहीं हैं। ब्रह्मचर्य, तप, सत्यभाषण, शम, दम और अहिंसा आदि अन्य कर्म भी इतर आश्रमोंके लिये प्रसिद्ध ही हैं। वे तथा ध्यान-धारणादिरूप कर्म [हिंसा आदि दोषोंसे] असंकीर्ण होनेके कारण ज्ञानकी उत्पत्तिमें सर्वोत्तम साधन हैं। आगे (भृगु० २।५में) यह कहेंगे भी कि "तपके द्वारा ब्रह्मको जाननेकी इच्छा कर"।

जन्मान्तरमें किये हुए कर्मोंसे तो गृहस्थाश्रम स्वीकार करनेसे पूर्व भी ज्ञानकी उत्पत्ति होना सम्भव है तथा गृहस्थाश्रमकी स्वीकृति केवल कर्मोंके ही लिये की जाती है। अतः कर्मसाध्य ज्ञानकी प्राप्ति हो जानेपर तो गृहस्थाश्रमकी स्वीकृति भी व्यर्थ ही है।

लोकार्थत्वाच्च पुत्रादीनाम्; पुत्रादिसाध्येभ्यश्चायं लोकः पितृलोको देवलोक इत्येतेभ्यो व्यावृत्तकामस्य नित्यसिद्धात्मलोकदर्शिनः कर्मणि प्रयोजनमपश्यतः कथं प्रवृत्तिरुपपद्यते। प्रतिपन्नगार्हस्थ्यस्यापि विद्योत्पत्तौ विद्यापरिपाकाद्विरक्तस्य कर्मसु प्रयोजनमपश्यतः कर्मभ्यो निवृत्तिरेव स्यात्। "प्रव्रजिष्यन्वा अरेऽहमस्मात्स्थानादस्मि" (बृ० उ० ४। ५।२) इत्येवमादिश्रुतिलिङ्गदर्शनात्।

कर्म प्रति श्रुतेर्यत्नाधिक्यदर्शनादयुक्तमिति चेदग्निहोत्रादिकर्म प्रति श्रुतेरधिको यत्नो महांश्च कर्मण्यायासोऽनेकसाधनसाध्यत्वादग्निहोत्रादीनाम् । तपोब्रह्मचर्यादीनां चेतराश्रमकर्मणां गार्हस्थ्येऽपि समानत्वा-

इसके सिवा पुत्रादि साधन तो लोकोंकी प्राप्तिके लिये हैं। पुत्रादि साधनोंसे सिद्ध होनेवाले उन इहलोक, पितृलोक एवं देवलोक आदिसे जिसकी कामना निवृत्त हो गयी है, नित्यसिद्ध आत्माका साक्षात्कार करनेवाले एवं कर्मोंमें कोई प्रयोजन न देखनेवाले उस ब्रह्मवेत्ताकी कर्मोंमें कैसे प्रवृत्ति हो सकती है? जिसने गृहस्थाश्रम स्वीकार कर लिया है उसे भी, जब ज्ञानकी प्राप्ति होती है और ज्ञानके परिपाकसे विषयोंमें वैराग्य होता है तो, कर्मोंमें अपना कोई प्रयोजन न देखकर उनसे निवृत्ति ही होगी। इस विषयमें "अरी मैत्रेयि! अब मैं इस स्थानसे संन्यास करना चाहता हूँ" इत्यादि श्रुतिरूप लिंग भी देखा जाता है।

पूर्व०—किन्तु कर्मके प्रति श्रुतिका अधिक प्रयत्न देखनेसे तो यह बात ठीक नहीं जान पड़ती?—अग्निहोत्रादि कर्मके प्रति श्रुतिका विशेष प्रयत्न है; कर्मानुष्ठानमें आयास भी अधिक है, क्योंकि अग्निहोत्रादि कर्म अनेक साधनोंसे सिद्ध होनेवाले हैं। अन्य आश्रमोंके कर्म तप और ब्रह्मचर्यादि तो गृहस्थाश्रममें भी उन्हींके समान

दल्पसाधनापेक्षत्वाच्चेतरेषां न युक्तस्तुल्यवद्विकल्प आश्रमिभिस्तस्येति चेत्।

न; जन्मान्तरकृतानुग्रहात्। यदुक्तं कर्मणि श्रुतेरधिको यत्न इत्यादि नासौ दोषः। यतो जन्मान्तरकृतमप्यग्निहोत्रादिलक्षणं कर्म ब्रह्मचर्यादिलक्षणं चानुग्राहकं भवति विद्योत्पत्तिं प्रति। येन जन्मनैव विरक्ता दृश्यन्ते केचित्। केचित्तु कर्मसु प्रवृत्ता अविरक्ता विद्याविद्वेषिणः। तस्माज्जन्मान्तरकृतसंस्कारेभ्यो विरक्तानामाश्रमान्तरप्रतिपत्तिरेवेष्यते।

कर्मविधौ श्रुतेः प्रयासप्रयोजनम्

कर्मफलबाहुल्याच्च; पुत्रस्वर्गब्रह्मवर्चसादिलक्षणस्य कर्मफलस्यासंख्येयत्वात्, तत्प्रति च पुरुषाणां कामबाहुल्यात्तदर्थः श्रुतेरधिको यत्नः कर्मसूपपद्यते। आशिषां बाहुल्यदर्शनादिदं मे स्यादिदं मे स्यादिति।

कर्तव्य तथा अल्पसाधनकी अपेक्षावाले हैं; अतः अन्य आश्रमियोंके साथ गृहस्थाश्रमको समान-सा मानना तो उचित नहीं है ?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि उनपर जन्मान्तरका अनुग्रह होता है। तुमने जो कहा कि 'कर्मपर श्रुतिका विशेष प्रयत्न है' इत्यादि, सो यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि जन्मान्तरमें किया हुआ भी अग्निहोत्रादि तथा ब्रह्मचर्यादिरूप कर्म ज्ञानकी उत्पत्तिमें उपयोगी होता है, जिससे कि कोई लोग तो जन्मसे ही विरक्त देखे जाते हैं और कोई कर्ममें तत्पर, वैराग्यशून्य एवं ज्ञानके विरोधी दीख पड़ते हैं। अतः जन्मान्तरके संस्कारोंके कारण जो विरक्त हैं उन्हें तो [गृहस्थाश्रमसे भिन्न] अन्य आश्रमोंको स्वीकार करना ही इष्ट होता है।

कर्मफलोंकी अधिकता होनेके कारण भी [श्रुतिमें उनका विशेष विस्तार है]। पुत्र, स्वर्ग एवं ब्रह्मतेज आदि कर्मफल असंख्येय होनेके कारण और उनके लिये पुरुषोंकी कामनाओंकी अधिकता होनेसे भी कर्मोंके प्रति श्रुतिका अधिक यत्न होना उचित ही है, क्योंकि 'मुझे यह मिले, मुझे यह मिले' इस प्रकार कामनाओंकी बहुलता भी देखी ही जाती है।

उपायत्वाच्च; उपायभूतानि हि कर्माणि विद्यां प्रतीत्य-वोचाम। उपायेऽधिको यत्नः कर्तव्यो नोपेये।

कर्मनिमित्तत्वाद्विद्याया यत्नान्तरा-नर्थक्यमिति चेत्कर्मभ्य एव पूर्वोपचितदुरितप्रतिबन्धक्षयादेव विद्योत्पद्यते चेत्कर्मभ्यः पृथगुपनिषच्छ्रवणादियत्नोऽनर्थक इति चेत्।

न; नियमाभावात्। न हि प्रतिबन्धक्षयादेव विद्योत्पद्यते न त्वीश्वरप्रसादतपोध्यानाद्यनुष्ठानादिति नियमोऽस्ति। अहिंसाब्रह्मचर्यादीनां च विद्यां प्रत्युपकारकत्वात्साक्षादेव च कारणत्वाच्छ्रवणमनन-निदिध्यासनानाम्। अतः सिद्धान्याश्रमान्तराणि सर्वेषां चाधिकारो विद्यायां परं च श्रेयः केवलाया विद्याया एवेति सिद्धम्।

उपायरूप होनेके कारण भी [श्रुतिका उनमें विशेष प्रयत्न है]। कर्म ज्ञानोत्पत्तिमें उपायरूप हैं—ऐसा हम पहले कह चुके हैं; तथा प्रयत्न उपायमें ही अधिक करना चाहिये, उपेयमें नहीं।

पूर्व०—ज्ञान कर्मके निमित्तसे होनेवाला है, इसलिये भी अन्य प्रयत्नकी निरर्थकता सिद्ध होती है। यदि कर्मोंके द्वारा ही पूर्वसञ्चित पापरूप प्रतिबन्धका क्षय होनेपर ज्ञानकी उत्पत्ति होती है तो कर्मोंसे भिन्न उपनिषच्छ्रवणादिविषयक प्रयत्न व्यर्थ ही है। ऐसा मानें तो?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि ऐसा कोई नियम नहीं है—'ज्ञानकी उत्पत्ति प्रतिबन्धके क्षयसे ही होती है, ईश्वरकृपा, तप एवं ध्यानादिके अनुष्ठानसे नहीं हो सकती' ऐसा कोई नियम नहीं है; क्योंकि अहिंसा एवं ब्रह्मचर्यादि भी ज्ञानोत्पत्तिमें उपयोगी हैं तथा श्रवण, मनन और निदिध्यासनादि तो उसके साक्षात् कारण ही हैं। अतः अन्य आश्रमोंका होना सिद्ध ही है, तथा ज्ञानमें सभी आश्रमियोंका अधिकार है। इससे यह सिद्ध हुआ कि परमश्रेयकी प्राप्ति केवल ज्ञानसे ही हो सकती है।

इति शीक्षावल्ल्यामेकादशोऽनुवाकः॥ ११॥

द्वादश अनुवाक

अतीतविद्याप्राप्त्युपसर्गशमनार्थं शान्तिं पठति—

पूर्वकथित विद्याकी प्राप्तिके प्रतिबन्धोंकी शान्तिके लिये शान्तिपाठ किया जाता है—

शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्मावादिषम्। ऋतमवादिषम्। सत्यमवादिषम्। तन्मामावीत्। तद्वक्तारमावीत्। आवीन्माम्। आवीद्वक्तारम्॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!॥ १॥

मित्र (सूर्यदेव) हमारे लिये सुखकर हो। वरुण हमारे लिये सुखावह हो। अर्यमा हमारे लिये सुखप्रद हो। इन्द्र तथा बृहस्पति हमारे लिये शान्तिदायक हों। तथा जिसका पादविक्षेप बहुत विस्तृत है वह विष्णु हमारे लिये सुखदायक हो। ब्रह्म [-रूप वायु]-को नमस्कार है। हे वायो! तुम्हें नमस्कार है। तुम ही प्रत्यक्ष ब्रह्म हो। तुम्हींको हमने प्रत्यक्ष ब्रह्म कहा है। तुम्हींको ऋत कहा है। तुम्हींको सत्य कहा है। अतः तुमने मेरी रक्षा की है तथा ब्रह्मका निरूपण करनेवाले आचार्यकी भी रक्षा की है। मेरी रक्षा की है और वक्ताकी भी रक्षा की है। त्रिविध तापकी शान्ति हो॥ १॥

व्याख्यातमेतत्पूर्वम्॥ १॥

इसकी व्याख्या पहले की जा चुकी है॥ १॥

इति शीक्षावल्ल्यां द्वादशोऽनुवाकः॥ १२॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ तैत्तिरीयोपनिषद्भाष्ये
शीक्षावल्ली समाप्ता॥

ब्रह्मानन्दवल्ली

प्रथम अनुवाक

ब्रह्मानन्दवल्लीका शान्तिपाठ

अतीतविद्याप्राप्त्युपसर्गप्रशमनार्था शान्तिः पठिता। इदानीं तु वक्ष्यमाणब्रह्मविद्याप्राप्त्युपसर्गोपशमनार्था शान्तिः पठ्यते—

पूर्वकथित विद्याकी प्राप्तिके प्रतिबन्धोंकी शान्तिके लिये शान्तिपाठ कर दिया गया। अब आगे कही जानेवाली विद्याकी प्राप्तिके प्रतिबन्धोंकी शान्तिके लिये शान्तिपाठ किया जाता है—

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

[वह परमात्मा] हम [आचार्य और शिष्य] दोनोंकी साथ-साथ रक्षा करे, हम दोनोंका साथ-साथ पालन करे, हम साथ-साथ वीर्यलाभ करें, हमारा अध्ययन किया हुआ तेजस्वी हो और हम परस्पर द्वेष न करें। तीनों प्रकारके प्रतिबन्धोंकी शान्ति हो।

सह नाववतु—नौ शिष्याचार्यौ सहैवावतु रक्षतु। सह नौ भुनक्तु भोजयतु। सह वीर्यं विद्यादिनिमित्तं सामर्थ्यं करवावहै निर्वर्तयावहै। तेजस्वि नावावयोस्तेजस्विनोरधीतं स्वधीतमस्तु, अर्थज्ञानयोग्यमस्त्वित्यर्थः। मा

'सह नाववतु'—[वह ब्रह्म] हम आचार्य और शिष्य दोनोंकी साथ-साथ ही रक्षा करे और हमारा साथ-साथ भरण अर्थात् पालन करे। हम साथ-साथ वीर्य यानी विद्याजनित सामर्थ्य सम्पादन करें; हम दोनों तेजस्वियोंका अध्ययन किया हुआ तेजस्वी—सम्यक् प्रकारसे अध्ययन किया हुआ अर्थात् अर्थ-ज्ञानके योग्य हो

विद्विषावहै; विद्याग्रहणनिमित्तं शिष्यस्याचार्यस्य वा प्रमादकृतादन्यायाद्विद्वेषः प्राप्तस्तच्छमनाय इयमाशीर्मा विद्विषावहा इति। मैवेतरेतरं विद्वेषमापद्यावहै।

शान्तिः शान्तिः शान्तिरिति त्रिर्वचनमुक्तार्थम्। वक्ष्यमाणविद्याविघ्नप्रशमनार्था चेयं शान्तिः। अविघ्नेनात्मविद्याप्राप्तिराशास्यते तन्मूलं हि परं श्रेय इति।

तथा हम विद्वेष न करें। विद्याग्रहणके कारण शिष्य अथवा आचार्यका प्रमादकृत अन्यायसे द्वेष हो सकता है; उसकी शान्तिके लिये 'मा विद्विषावहै' ऐसी कामना की गयी है। तात्पर्य यह है कि हम एक-दूसरेके विद्वेषको प्राप्त न हों।

'शान्तिः शान्तिः शान्तिः' इस प्रकार तीन बार 'शान्ति' शब्द उच्चारण करनेका प्रयोजन पहले कहा जा चुका है। यह शान्तिपाठ आगे कही जानेवाली विद्याके विघ्नोंकी शान्तिके लिये है। इसके द्वारा निर्विघ्नतापूर्वक आत्मविद्याकी प्राप्तिकी कामना की गयी है, क्योंकि वही परम श्रेयका भी मूल कारण है।

ब्रह्मज्ञानके फल, सृष्टिक्रम और अन्नमयकोशरूप पक्षीका वर्णन

उपक्रमः

संहितादिविषयाणि कर्मभिरविरुद्धान्युपासनान्युक्तानि। अनन्तरं चान्तःसोपाधिकात्मदर्शनमुक्तं व्याहृतिद्वारेण स्वाराज्यफलम्। न चैतावताशेषतः संसारबीजस्योपमर्दनमस्तीत्यतोऽशेषोपद्रवबीजस्याज्ञानस्य निवृत्त्यर्थं विधूतसर्वोपाधिविशेषात्मदर्शनार्थमिदमारभ्यते ब्रह्मविदाप्नोति परमित्यादि।

कर्मसे अविरुद्ध संहितादिविषयक उपासनाओंका पहले वर्णन किया गया। उसके पश्चात् व्याहृतियोंके द्वारा स्वाराज्यरूप फल देनेवाला हृदयस्थित सोपाधिक आत्मदर्शन कहा गया। किन्तु इतनेहीसे संसारके बीजका पूर्णतया नाश नहीं हो जाता। अतः सम्पूर्ण उपद्रवोंके बीजभूत अज्ञानकी निवृत्तिके निमित्त इस सर्वोपाधिरूप विशेषसे रहित आत्माका साक्षात्कार करानेके लिये अब 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इत्यादि मन्त्र आरम्भ किया जाता है।

प्रयोजनं चास्या ब्रह्मविद्याया अविद्यानिवृत्तिस्ततत आत्यन्तिकः संसाराभावः। वक्ष्यति च-"विद्वान्न बिभेति कुतश्चन" (तै० उ० २। ९। १) इति। संसारनिमित्ते च सत्यभयं प्रतिष्ठां च विन्दत इत्यनुपपन्नम्, कृताकृते पुण्यपापे न तपत इति च। अतोऽवगम्यतेऽस्माद्विज्ञानात्सर्वात्म-ब्रह्मविषयादात्यन्तिकः संसाराभाव इति।

इस ब्रह्मविद्याका प्रयोजन अविद्याकी निवृत्ति है; उससे संसारका आत्यन्तिक अभाव होता है। यही बात "ब्रह्मवेत्ता किसीसे नहीं डरता" इत्यादि वाक्यसे श्रुति आगे कहेगी भी। संसारके निमित्त [अज्ञान] के रहते हुए 'पुरुष अभय स्थितिको प्राप्त कर लेता है; तथा उसे कृत और अकृत अर्थात् पुण्य और पाप ताप नहीं पहुँचाते' ऐसा मानना सर्वथा अयुक्त है। इससे जाना जाता है कि इस सर्वात्मक ब्रह्मविषयक विज्ञानसे ही संसारका आत्यन्तिक अभाव होता है।

स्वयमेव च प्रयोजनमाह ब्रह्मविदाप्नोति परमित्यादावेव सम्बन्धप्रयोजनज्ञापनार्थम्। निर्ज्ञातयोर्हि सम्बन्धप्रयोजनयोर्विद्याश्रवणग्रहण-धारणाभ्यासार्थं प्रवर्तते। श्रवणादिपूर्वकं हि विद्याफलम् "श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः" (बृ० उ० २। ४। ५) इत्यादिश्रुत्यन्तरेभ्यः।

इस प्रकरणके सम्बन्ध और प्रयोजनका ज्ञान करानेके लिये श्रुतिने स्वयं ही 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इत्यादि वाक्यसे आरम्भमें ही इसका प्रयोजन बतला दिया है, क्योंकि सम्बन्ध और प्रयोजनोंका ज्ञान हो जानेपर ही पुरुष विद्याके श्रवण, ग्रहण, धारण और अभ्यासके लिये प्रवृत्त हुआ करता है। "श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः" इत्यादि दूसरी श्रुतियोंसे यह भी निश्चय होता ही है कि विद्याका फल श्रवणादिपूर्वक होता है।

ब्रह्मविदाप्नोति परम्। तदेषाभ्युक्ता। सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म। यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्। सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति। तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः।

वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी। पृथिव्या ओषधयः। ओषधीभ्योऽन्नम्। अन्नात्पुरुषः। स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः। तस्येदमेव शिरः। अयं दक्षिणः पक्षः। अयमुत्तरः पक्षः। अयमात्मा। इदं पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति॥ १॥

ब्रह्मवेत्ता परमात्माको प्राप्त कर लेता है। उसके विषयमें यह [श्रुति] कही गयी है—'ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त है।' जो पुरुष उसे बुद्धिरूप परम आकाशमें निहित जानता है, वह सर्वज्ञ ब्रह्मरूपसे एक साथ ही सम्पूर्ण भोगोंको प्राप्त कर लेता है। उस इस आत्मासे ही आकाश उत्पन्न हुआ। आकाशसे वायु, वायुसे अग्नि, अग्निसे जल, जलसे पृथिवी, पृथिवीसे ओषधियाँ, ओषधियोंसे अन्न और अन्नसे पुरुष उत्पन्न हुआ। वह यह पुरुष अन्न एवं रसमय ही है। उसका यह [शिर] ही शिर है, यह [दक्षिण बाहु] ही दक्षिण पक्ष है, यह [वाम बाहु] वामपक्ष है, यह [शरीरका मध्यभाग] आत्मा है और यह [नीचेका भाग] पुच्छ प्रतिष्ठा है। उसके विषयमें ही यह श्लोक है॥ १॥

ब्रह्मविदो ब्रह्मप्राप्तिनिरूपणम्

ब्रह्मविद्ब्रह्मेति वक्ष्यमाणलक्षणं बृहत्तमत्वाद्ब्रह्म तद्वेत्ति विजानातीति ब्रह्मविदाप्नोति परं निरतिशयं तदेव ब्रह्म परम्। न ह्यन्यस्य विज्ञानादन्यस्य प्राप्तिः। स्पष्टं च श्रुत्यन्तरं ब्रह्मप्राप्तिमेव ब्रह्मविदो दर्शयति "स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति" (मु० उ० ३। २। ९) इत्यादि।

'ब्रह्मवित्'—ब्रह्म, जिसका लक्षण आगे कहा जायगा और जो सबसे बड़ा होनेके कारण 'ब्रह्म' कहलाता है, उसे जो जानता है उसका नाम 'ब्रह्मवित्' है; वह ब्रह्मवित् उस परम—निरतिशय ब्रह्मको ही 'आप्नेति'—प्राप्त कर लेता है; क्योंकि अन्यके विज्ञानसे किसी अन्यकी प्राप्ति नहीं हुआ करती। "वह, जो कि निश्चय ही उस परब्रह्मको जानता है, ब्रह्म ही हो जाता है" यह एक दूसरी श्रुति ब्रह्मवेत्ताको स्पष्टतया ब्रह्मकी ही प्राप्ति होना प्रदर्शित करती है।

ननु सर्वगतं सर्वस्यात्मभूतं ब्रह्म वक्ष्यति। अतो नाप्यम्। प्राप्तिश्चान्यस्यान्येन परिच्छिन्नस्य च परिच्छिन्नेन दृष्टा। अपरिच्छिन्नं सर्वात्मकं च ब्रह्मेत्यतः परिच्छिन्नवदनात्मवच्च तस्याप्तिरनुपपन्ना।

नायं दोषः; कथम्? दर्शनादर्शनापेक्षत्वाद्ब्रह्मण आप्त्यनाप्त्योः। परमार्थतो ब्रह्मरूपस्यापि सतोऽस्य जीवस्य भूतमात्राकृतबाह्यपरिच्छिन्नान्नमयाद्यात्मदर्शिनस्तदासक्तचेतसः प्रकृतसंख्यापूरणस्यात्मनोऽव्यवहितस्यापि बाह्यसंख्येयविषयासक्त-

शंका—ब्रह्म सर्वगत और सबका आत्मा है—ऐसा आगे कहेंगे; इसलिये वह प्राप्तव्य नहीं हो सकता। प्राप्ति तो अन्य परिच्छिन्न पदार्थकी किसी अन्य परिच्छिन्न पदार्थद्वारा ही होती देखी गयी है। किन्तु ब्रह्म तो अपरिच्छिन्न और सर्वात्मक है; इसलिये परिच्छिन्न और अनात्मपदार्थके समान उसकी प्राप्ति होनी असम्भव है।

समाधान—यह कोई दोषकी बात नहीं है; किस प्रकार नहीं है? क्योंकि ब्रह्मकी प्राप्ति और अप्राप्ति तो उसके साक्षात्कार और असाक्षात्कारकी अपेक्षासे है। जिस प्रकार [दशम पुरुषके लिये] प्रकृत (दशम) संख्याकी पूर्ति करनेवाला अपना-आप* सर्वथा अव्यवहित होनेपर भी संख्या करने योग्य बाह्य विषयोंमें आसक्तचित्त रहनेके कारण वह अपने स्वरूपका अभाव देखता है उसी प्रकार पञ्चभूत तन्मात्राओंसे उत्पन्न हुए बाह्य

* इस विषयमें यह दृष्टान्त प्रसिद्ध है कि एक बार दस मनुष्य यात्रा कर रहे थे। रास्तेमें एक नदी पड़ी। जब उसे पार कर वे उसके दूसरे तटपर पहुँचे तो यह जाननेके लिये कि हममेंसे कोई बह तो नहीं गया, अपनेको गिनने लगे। उनमेंसे जो भी गिनना आरम्भ करता वह अपनेको छोड़कर शेष नौको ही गिनता। इस प्रकार एककी कमी रहनेके कारण वे यह समझकर कि हममेंसे एक आदमी नदीमें बह गया है, खिन्न हो रहे थे। इतनेहीमें एक बुद्धिमान् पुरुष उधर आ निकला। उसने सब वृत्तान्त जानकर उन्हें एक लाइनमें खड़ा किया और हाथमें डण्डा लेकर एक, दो, तीन—इस प्रकार गिनते हुए हर एकके एक-एक डण्डा लगाकर उन्हें दस होनेका निश्चय करा दिया और यह भी दिखला दिया कि वह दसवाँ पुरुष स्वयं गिननेवाला ही था जो दूसरोंमें आसक्तचित्त रहनेके कारण अपनेको भूले हुए था।

चित्ततया स्वरूपाभावदर्शनवत्परमार्थब्रह्मस्वरूपाभावदर्शनलक्षणयाविद्ययान्नमयादीन्बाह्याननात्मन आत्मत्वेन प्रतिपन्नत्वादन्नमयाद्यनात्मभ्यो नान्योऽहमस्मीत्यभिमन्यते । एवमविद्ययात्मभूतमपि ब्रह्मानाप्तं स्यात्।

परिच्छिन्न अन्नमय कोशादिमें आत्मभाव देखनेवाला यह जीव परमार्थतः ब्रह्मस्वरूप होनेपर भी उनमें आसक्त हो जाता है और अपने परमार्थ ब्रह्मस्वरूपका अभाव देखनारूप अविद्यासे अन्नमय कोश आदि बाह्य अनात्माओंको आत्मस्वरूपसे देखनेके कारण 'मैं अन्नमय आदि अनात्माओंसे भिन्न नहीं हूँ' ऐसा अभिमान करने लगता है। इसी प्रकार अपना आत्मा होनेपर भी अविद्यावश ब्रह्म अप्राप्त ही है।

तस्यैवमविद्ययानाप्तब्रह्मस्वरूपस्य प्रकृतसंख्यापूरणस्यात्मनोऽविद्ययानाप्तस्य सतः केनचित्स्मारितस्य पुनस्तस्यैव विद्ययाप्तिर्यथा तथा श्रुत्युपदिष्टस्य सर्वात्मब्रह्मण आत्मत्वदर्शनेन विद्यया तदाप्तिरुपपद्यत एव।

जिस प्रकार प्रकृत (दशम) संख्याको पूर्ण करनेवाला अपना-आप अविद्यावश अप्राप्त रहता है और फिर किसीके द्वारा स्मरण करा दिये जानेपर विद्याद्वारा उसकी प्राप्ति हो जाती है उसी प्रकार अविद्यावश जिसके ब्रह्मस्वरूपकी उपलब्धि नहीं होती उस सबके आत्मभूत श्रुत्युपदिष्ट ब्रह्मकी आत्मदर्शनरूप विद्याके द्वारा प्राप्ति होनी उचित ही है।

उत्तरग्रन्थावतरणिका

ब्रह्मविदाप्नोति परमिति वाक्यं सूत्रभूतम्। सर्वस्य वल्ल्यर्थस्य ब्रह्मविदाप्नोति परमित्यनेन वाक्येन वेद्यतया सूत्रितस्य ब्रह्मणोऽनिर्धारितस्वरूपविशेषस्य

'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' यह वाक्य सूत्रभूत है। जो सम्पूर्ण वल्लीके अर्थका विषय है, जिसका 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इस वाक्यद्वारा ज्ञातव्यरूपसे सूत्रतः उल्लेख किया गया है, उस ब्रह्मके ऐसे लक्षणका—जिसके विशेष रूपका निश्चय नहीं किया गया है और जो

सर्वतो व्यावृत्तस्वरूपविशेषसमर्पणसमर्थस्य लक्षणस्याविशेषेण चोक्तवेदनस्य ब्रह्मणो वक्ष्यमाणलक्षणस्य विशेषेण प्रत्यगात्मतयानन्यरूपेण विज्ञेयत्वाय, ब्रह्मविद्याफलं च ब्रह्मविदो यत्परब्रह्मप्राप्तिलक्षणमुक्तं स सर्वात्मभावः सर्वसंसारधर्मातीतब्रह्मस्वरूपत्वमेव नान्यदित्येतत्प्रदर्शनायैषर्गुदाह्रियते— तदेषाभ्युक्तेति।

सम्पूर्ण वस्तुओंसे व्यावृत्त स्वरूपविशेषका ज्ञान करानेमें समर्थ है—वर्णन करते हुए स्वरूपका निश्चय करानेके लिये तथा जिसके ज्ञानका सामान्यरूपसे वर्णन कर दिया गया है उस आगे कहे जानेवाले लक्षणोंसे युक्त ब्रह्मको विशेषतः 'अपना अन्तरात्मा होनेसे अनन्यरूपसे जाननेयोग्य है' ऐसा प्रतिपादन करनेके लिये और यह दिखलानेके लिये कि—ब्रह्मवेत्ताको जो परमात्माकी प्राप्तिरूप ब्रह्मविद्याका फल बतलाया गया है वह सर्वात्मभाव सम्पूर्ण सांसारिक धर्मोंसे अतीत ब्रह्मस्वरूपता ही है—और कुछ नहीं है—'तदेषाभ्युक्ता' यह ऋचा कही जाती है।

तत्तस्मिन्नेव ब्राह्मणवाक्योक्तेऽर्थ एषर्गभ्युक्ताम्नाता। सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेति ब्रह्मणो लक्षणार्थं वाक्यम्। सत्यादीनि हि त्रीणि विशेषणार्थानि पदानि विशेष्यस्य ब्रह्मणः। विशेष्यं ब्रह्म विवक्षितत्वाद्वेद्यतया। वेद्यत्वेन यतो ब्रह्म प्राधान्येन विवक्षितं तस्माद्विशेष्यं विज्ञेयम्। अतः अस्माद् विशेषणविशेष्यत्वादेव सत्यादीनि एकविभक्त्यन्तानि पदानि समानाधिकरणानि।

तत्—उस ब्राह्मणवाक्यद्वारा बतलाये हुए अर्थमें ही ['सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'] यह ऋचा कही गयी है। 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' यह वाक्य ब्रह्मका लक्षण करनेके लिये है। 'सत्य' आदि तीन पद विशेष्य ब्रह्मके विशेषण बतलानेके लिये हैं। वेद्यरूपसे विवक्षित (बतलाये जानेको इष्ट) होनेके कारण ब्रह्म विशेष्य है। क्योंकि ब्रह्म प्रधानतया वेद्यरूपसे (ज्ञानके विषयरूपसे) विवक्षित है; इसलिये उसे विशेष्य समझना चाहिये। अतः इस विशेषण-विशेष्यभावके कारण एक ही विभक्तिवाले 'सत्य' आदि तीनों पद

सत्यादिभिस्त्रिभिर्विशेषणैर्विशेष्यमाणं ब्रह्म विशेष्यान्तरेभ्यो निर्धार्यते। एवं हि तज्ज्ञानं भवति यदन्येभ्यो निर्धारितम्। यथा लोके नीलं महत्सुगन्ध्युत्पलमिति।

निर्विशेषस्य विशेषणवत्त्वे आक्षेपः

ननु विशेष्यं विशेषणान्तरं व्यभिचरद्विशेष्यते । यथा नीलं रक्तं चोत्पलमिति। यदा ह्यनेकानि द्रव्याण्येकजातीयान्यनेकविशेषण-योगीनि च तदा विशेषणस्यार्थवत्त्वम्। न ह्येकस्मिन्नेव वस्तुनि विशेषणान्तरायोगाद्। यथासावेक आदित्य इति, तथैकमेव च ब्रह्म न ब्रह्मान्तराणि येभ्यो विशेष्येत नीलोत्पलवत्।

ब्रह्मविशेषणानां तल्लक्षणार्थत्वम्

न; लक्षणार्थत्वाद्विशेषणानाम्। नायं दोषः; कस्मात्? यस्माल्लक्षणार्थप्रधानानि विशेषणानि न

समानाधिकरण हैं। सत्य आदि तीन विशेषणोंसे विशेषित होनेवाला ब्रह्म अन्य विशेष्योंसे पृथग्रूपसे निश्चय किया जाता है। जिसका अन्य पदार्थोंसे पृथग्रूपसे निश्चय किया गया है उसका इसी प्रकार ज्ञान हुआ करता है; जैसे लोकमें 'नील' विशाल और सुगन्धित कमल [—ऐसा कहकर ऐसे कमलका अन्य कमलोंसे पृथग्रूपसे निश्चय किया जाता है]।

शंका—अन्य विशेषणोंका व्यावर्तन करनेपर ही कोई विशेष विशेषित हुआ करता है; जैसे—नीला अथवा लाल कमल। जिस समय अनेक द्रव्य एक ही जातिके और अनेक विशेषणोंकी योग्यतावाले होते हैं तभी विशेषणोंकी सार्थकता होती है। एक ही वस्तुमें, किसी अन्य विशेषणका सम्बन्ध न हो सकनेके कारण, विशेषणकी सार्थकता नहीं होती। जिस प्रकार यह सूर्य एक है उसी प्रकार ब्रह्म भी एक ही है; उसके सिवा अन्य ब्रह्म हैं ही नहीं, जिनसे कि नील कमलके समान उसकी विशेषता बतलायी जाय।

समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि ये विशेषण लक्षणके लिये हैं। [अब इस सूत्ररूप वाक्यकी ही व्याख्या करते हैं—] यह दोष नहीं हो सकता; क्यों नहीं हो सकता? क्योंकि

विशेषणप्रधानान्येव। कः पुनर्लक्षणलक्ष्ययोर्विशेषणविशेष्ययोर्वा विशेष इति? उच्यते; समानजातीयेभ्य एव निवर्तकानि विशेषणानि विशेष्यस्य। लक्षणं तु सर्वत एव यथावकाशप्रदात्राकाशमिति। लक्षणार्थं च वाक्यमित्यवोचाम।

ये विशेषण लक्षणार्थप्रधान हैं, केवल विशेषणप्रधान ही नहीं हैं। किन्तु लक्षण-लक्ष्य तथा विशेषण-विशेष्यमें विशेषता (अन्तर) क्या है? सो बतलाते हैं—विशेषण तो अपने विशेष्यका उसके सजातीय पदार्थोंसे ही व्यावर्तन करनेवाले होते हैं, किन्तु लक्षण उसे सभीसे व्यावृत्त कर देता है; जिस प्रकार अवकाश देनेवाला 'आकाश' होता है—इस वाक्यमें है*। यह हम पहले ही कह चुके हैं कि यह वाक्य [आत्माका] लक्षण करनेके लिये है।

सत्यमित्यस्य व्याख्यानम्

सत्यादिशब्दा न परस्परं सम्बध्यन्ते परार्थत्वात्। विशेष्यार्था हि ते। अत एकैको विशेषणशब्दः परस्परं निरपेक्षो ब्रह्मशब्देन सम्बध्यते सत्यं ब्रह्म ज्ञानं ब्रह्मानन्तं ब्रह्मेति।

सत्यादि शब्द परार्थ (दूसरेके लिये) होनेके कारण परस्पर सम्बन्धित नहीं हैं। वे तो विशेष्यके ही लिये हैं। अतः उनमेंसे प्रत्येक विशेषणशब्द परस्पर एक-दूसरेकी अपेक्षा न रखकर ही 'सत्यं ब्रह्म, ज्ञानं ब्रह्म, अनन्तं ब्रह्म' इस प्रकार 'ब्रह्म' शब्दसे सम्बन्धित है।

सत्यमिति यद्रूपेण यन्निश्चितं तद्रूपं न व्यभिचरति तत्सत्यम्। यद्रूपेण निश्चितं यत्तद्रूपं व्यभिचरदनृतमित्युच्यते। अतो विकारोऽनृतम्। "वाचारम्भणं

सत्यम्—जो पदार्थ जिस रूपसे निश्चय किया गया है उससे व्यभिचरित न होनेके कारण वह सत्य कहलाता है। जो पदार्थ जिस रूपसे निश्चित किया गया है उस रूपसे व्यभिचरित होनेपर वह मिथ्या कहा जाता है। इसलिये विकार मिथ्या है। "विकार केवल

* इस वाक्यमें 'अवकाश देनेवाला' यह पद उसके सजातीय अन्य महाभूतोंसे तथा विजातीय आत्मा आदिसे भी व्यावृत्त कर देता है।

विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्'' (छा० उ० ६। १। ४) एवं सदेव सत्यमित्यवधारणात्। अतः सत्यं ब्रह्मेति ब्रह्म विकारान्निवर्तयति।

अतः कारणत्वं प्राप्तं ब्रह्मणः।

ज्ञानमित्यस्य तात्पर्यम् ज्ञानकर्तृत्वाभाव-निरूपणं च

कारणस्य च कारकत्वं वस्तुत्वान्मृद्वदचिद्रूपता च प्राप्तात इदमुच्यते ज्ञानं ब्रह्मेति। ज्ञानं ज्ञप्तिरवबोधः, भावसाधनो ज्ञानशब्दो न तु ज्ञानकर्तृ ब्रह्मविशेषणत्वात्सत्यानन्ताभ्यां सह। न हि सत्यतानन्तता च ज्ञानकर्तृत्वे सत्युपपद्यते। ज्ञानकर्तृत्वेन हि विक्रियमाणं कथं सत्यं भवेदनन्तं च। यद्धि न कुतश्चित्प्रविभज्यते तदनन्तम्। ज्ञानकर्तृत्वे च ज्ञेयज्ञानाभ्यां प्रविभक्तमित्यनन्तता न स्यात्। ''यत्र नान्यद्विजानाति स भूमा अथ यत्रान्यद्विजानाति तदल्पम्'' (छा० उ० ७। २४। १) इति श्रुत्यन्तरात्।

वाणीसे आरम्भ होनेवाला और नाममात्र है, बस, मृत्तिका ही सत्य है'' इस प्रकार निश्चय किया जानेके कारण सत् ही सत्य है। अतः 'सत्यं ब्रह्म' यह वाक्य ब्रह्मको विकारमात्रसे निवृत्त करता है।

इससे ब्रह्मका कारणत्व प्राप्त होता है और वस्तुरूप होनेसे कारणमें कारकत्व रहा करता है। अतः मृत्तिकाके समान उसकी जडरूपताका प्रसङ्ग उपस्थित हो जाता है। इसीसे 'ज्ञानं ब्रह्म' ऐसा कहा है। 'ज्ञान' ज्ञप्ति यानी अवबोधको कहते हैं। 'ज्ञान' शब्द भाववाचक है; 'सत्य' और 'अनन्त' के साथ ब्रह्मका विशेषण होनेके कारण उसका अर्थ 'ज्ञानकर्ता' नहीं हो सकता। उसका ज्ञानकर्तृत्व स्वीकार करनेपर ब्रह्मकी सत्यता और अनन्तता सम्भव नहीं है। ज्ञानकर्तारूपसे विकारको प्राप्त होनेवाला होकर ब्रह्म सत्य और अनन्त कैसे हो सकता है? जो किसीसे भी विभक्त नहीं होता वही अनन्त हो सकता है। ज्ञानकर्ता होनेपर तो वह ज्ञेय और ज्ञानसे विभक्त होगा; इसलिये उसकी अनन्तता सिद्ध नहीं हो सकेगी। ''जहाँ किसी दूसरेको नहीं जानता वह भूमा है और जहाँ किसी दूसरेको जानता है वह अल्प है'' इस एक दूसरी श्रुतिसे यही सिद्ध होता है।

नान्यद्विजानातीति विशेष प्रतिषेधादात्मानं विजानातीति चेन्न; भूमलक्षणविधिपरत्वाद्वाक्यस्य। यत्र नान्यत्पश्यतीत्यादि भूम्नो लक्षण-विधिपरं वाक्यम्। यथा प्रसिद्धमेवान्योऽन्यत्पश्यतीत्येतदुपादाय यत्र तन्नास्ति स भूमेति भूमस्वरूपं तत्र ज्ञाप्यते। अन्यग्रहणस्य प्राप्तप्रतिषेधार्थत्वान्न स्वात्मनि क्रियास्तित्वपरं वाक्यम्। स्वात्मनि च भेदाभावाद्विज्ञानानुपपत्तिः। आत्मनश्च विज्ञेयत्वे ज्ञात्रभावप्रसङ्गः, ज्ञेयत्वेनैव विनियुक्तत्वात्।

इस श्रुतिमें 'दूसरेको नहीं जानता' इस प्रकार विशेषका प्रतिषेध होनेके कारण वह स्वयं अपनेको ही जानता है—ऐसी यदि कोई शङ्का करे तो ठीक नहीं, क्योंकि यह वाक्य भूमाके लक्षणका विधान करनेमें प्रवृत्त है। 'यत्र नान्यत्पश्यति' इत्यादि वाक्य भूमाके लक्षणका विधान करनेमें तत्पर है। अन्य अन्यको देखता है—इस लोकप्रसिद्ध वस्तुस्थितिको स्वीकार कर 'जहाँ ऐसा नहीं है वह भूमा है'—इस प्रकार उसके द्वारा भूमाके स्वरूपका बोध कराया जाता है। 'अन्य' शब्दका ग्रहण तो यथाप्राप्त द्वैतका प्रतिषेध करनेके लिये है; अतः यह वाक्य अपनेमें क्रियाका अस्तित्व प्रतिपादन करनेके लिये नहीं है और स्वात्मामें तो भेदका अभाव होनेके कारण उसका विज्ञान होना सम्भव ही नहीं है। आत्माका विज्ञेयत्व स्वीकार करनेपर तो ज्ञाताके अभावका प्रसङ्ग उपस्थित हो जाता है, क्योंकि वह तो विज्ञेयरूपसे ही विनियुक्त (प्रयुक्त) हो चुका है। [अब उसे ज्ञाता कैसे माना जाय?]

एक एवात्मा ज्ञेयत्वेन ज्ञातृत्वेन चोभयथा भवतीति चेत्?

शंका—एक ही आत्मा ज्ञेय और ज्ञाता दोनों प्रकारसे हो सकता है—ऐसा माने तो?

न युगपदनंशत्वात्। न हि निरवयवस्य युगपज्ज्ञेयज्ञातृत्वोपपत्तिः। आत्मनश्च घटादिवद्विज्ञेयत्वे ज्ञानोपदेशानर्थक्यम्। न हि घटादिवत्प्रसिद्धस्य ज्ञानोपदेशोऽर्थवान्। तस्माज्ज्ञातृत्वे सति आनन्त्यानुपपत्तिः। सन्मात्रत्वं चानुपपन्नं ज्ञानकर्तृत्वादिविशेषवत्त्वे सति। सन्मात्रत्वं च सत्यत्वम् "तत्सत्यम्" (छा० उ० ६। ८। १६) इति श्रुत्यन्तरात्। तस्मात्सत्यानन्तशब्दाभ्यां सह विशेषणत्वेन ज्ञानशब्दस्य प्रयोगाद्भावसाधनो ज्ञानशब्दः। ज्ञानं ब्रह्मेति कर्तृत्वादिकारकनिवृत्त्यर्थं मृदादिवदचिद्रूपतानिवृत्त्यर्थं च प्रयुज्यते।

समाधान—नहीं, वह अंशरहित होनेके कारण एक साथ उभयरूप नहीं हो सकता। निरवयव ब्रह्मका एक साथ ज्ञेय और ज्ञाता होना सम्भव नहीं है। इसके सिवा यदि आत्मा घटादिके समान विज्ञेय हो तो ज्ञानके उपदेशकी व्यर्थता हो जायगी। जो वस्तु घटादिके समान प्रसिद्ध है उसके ज्ञानका उपदेश सार्थक नहीं हो सकता। अतः उसका ज्ञातृत्व माननेपर उसकी अनन्तता नहीं रह सकती। ज्ञानकर्तृत्वादि विशेषसे युक्त होनेपर उसका सन्मात्रत्व भी सम्भव नहीं है। और "वह सत्य है" इस एक अन्य श्रुतिसे उसका सत्यरूप होना ही सन्मात्रत्व है। अतः 'सत्य' और 'अनन्त' शब्दोंके साथ विशेषण-रूपसे 'ज्ञान' शब्दका प्रयोग किया जानेके कारण वह भाववाचक है। अतः 'ज्ञानं ब्रह्म' इस विशेषणका उसके कर्तृत्वादि कारकोंकी निवृत्तिके लिये तथा मृत्तिका आदिके समान उसकी जडरूपताकी निवृत्तिके लिये प्रयोग किया जाता है।

अनन्तमित्यस्य निरुक्तिः

ज्ञानं ब्रह्मेतिवचनात्प्राप्तमन्तवत्त्वम्। लौकिकस्य ज्ञानस्यान्तवत्त्वदर्शनात्। अतस्तन्निवृत्त्यर्थमाह—अनन्तमिति।

'ज्ञानं ब्रह्म' ऐसा कहनेसे ब्रह्मका अन्तवत्त्व प्राप्त होता है, क्योंकि लौकिक ज्ञान अन्तवान् ही देखा गया है। अतः उसकी निवृत्तिके लिये 'अनन्तम्' ऐसा कहा है।

ब्रह्मण: शून्यार्थत्वमाशङ्क्यते

सत्यादीनामनृतादिधर्मनिवृत्तिपरत्वाद्विशेष्यस्य ब्रह्मण उत्पलादिवदप्रसिद्धत्वात् "मृगतृष्णाम्भसि स्नातः खपुष्पकृतशेखरः। एष वन्ध्यासुतो याति शशशृङ्गधनुर्धरः" इतिवच्छून्यार्थतैव प्राप्ता सत्यादिवाक्यस्येति चेत्?

न; लक्षणार्थत्वात्। विशेषणत्वेऽपि सत्यादीनां लक्षणार्थप्राधान्यमित्यवोचाम। शून्ये हि लक्ष्येऽनर्थकं लक्षणवचनं लक्षणार्थत्वान्मन्यामहे न शून्यार्थतेति। विशेषणार्थत्वेऽपि च सत्यादीनां स्वार्थापरित्याग एव। शून्यार्थत्वे हि सत्यादिशब्दानां विशेष्यनियन्तृत्वानुपपत्तिः। सत्याद्यर्थैरर्थवत्त्वे तु तद्विपरीतधर्मवद्भ्यो विशेष्येभ्यो ब्रह्मणो विशेष्यस्य नियन्तृत्वमुपपद्यते। ब्रह्मशब्दोऽपि स्वार्थे-

शंका—सत्यादि शब्द तो अनृतादि धर्मोंकी निवृत्तिके लिये हैं और उनका विशेष्य ब्रह्म कमल आदिके समान प्रसिद्ध नहीं है; अतः "मृगतृष्णाके जलमें स्नान करके सिरपर आकाशकुसुमका मुकुट धारण किये तथा हाथमें शशशृङ्गका धनुष लिये यह वन्ध्याका पुत्र जा रहा है" इस उक्तिके समान इस 'सत्यं ज्ञानम्' इत्यादि वाक्यकी शून्यार्थता ही प्राप्त होती है।

समाधान—नहीं, क्योंकि वे [सत्यादि] लक्षण करनेके लिये हैं। सत्यादि शब्द विशेषण होनेपर भी उनका प्रधान प्रयोजन लक्षणके लिये होना ही है—यह हम पहले ही कह चुके हैं। यदि लक्ष्य शून्य हो तब तो उसका लक्षण बतलाना भी व्यर्थ ही होगा। अतः लक्षणार्थ होनेके कारण उनकी शून्यार्थता नहीं है—ऐसा हम मानते हैं। विशेषणके लिये होनेपर भी सत्यादि शब्दके अपने अर्थका त्याग तो होता ही नहीं है। यदि सत्यादि शब्दोंकी शून्यार्थता हो तो वे अपने विशेष्यके नियन्ता हैं—ऐसा नहीं माना जा सकता। सत्यादि अर्थोंसे अर्थवान् होनेपर ही उनके द्वारा अपनेसे विपरीत धर्मवाले विशेष्योंसे अपने विशेष्य ब्रह्मका नियन्तृत्व बन सकता है। 'ब्रह्म' शब्द भी अपने

नार्थवानेव। तत्रानन्तशब्दोऽन्तवत्त्वप्रतिषेधद्वारेण विशेषणम्। सत्यज्ञानशब्दौ तु स्वार्थसमर्पणेनैव विशेषणे भवतः।

"तस्माद्वा एतस्मादात्मनः" इति ब्रह्मण्येवात्मशब्दप्रयोगाद्वेदितुरात्मैव ब्रह्म। "एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति" (तै० उ० २। ८। ५) इति चात्मतां दर्शयति। तत्प्रवेशाच्च; "तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्" (तै० उ० २। ६। १) इति च तस्यैव जीवरूपेण शरीरप्रवेशं दर्शयति। अतो वेदितुः स्वरूपं ब्रह्म।

एवं तर्ह्यात्मत्वाज्ज्ञानकर्तृत्वम्। आत्मा ज्ञातेति हि प्रसिद्धम्। "सोऽकामयत" (तै० उ० २। ६। १) इति च कामिनो ज्ञानकर्तृत्वाज्ज्ञप्तिर्ब्रह्मेत्ययुक्तम्।

अर्थसे अर्थवान् ही है। उन [सत्यादि तीन शब्दों]-में 'अनन्त' शब्द उसके अन्तवत्त्वका प्रतिषेध करनेके द्वारा उसका विशेषण होता है तथा 'सत्य' और 'ज्ञान' शब्द तो अपने अर्थोंके समर्पणद्वारा ही उसके विशेषण होते हैं।

शंका—"उस इस आत्मासे आकाश उत्पन्न हुआ" इस श्रुतिमें 'आत्मा' शब्दका प्रयोग ब्रह्मके ही लिये किया जानेके कारण ब्रह्म जाननेवालेका आत्मा ही है। "इस आनन्दमय आत्माको प्राप्त हो जाता है" इस वाक्यसे श्रुति उसकी आत्मता दिखलाती है तथा उसके प्रवेश करनेसे भी [उसका आत्मत्व सिद्ध होता है]। "उसे रचकर वह उसीमें प्रविष्ट हो गया" ऐसा कहकर श्रुति उसीका जीवरूपसे शरीरमें प्रवेश होना दिखलाती है। अतः ब्रह्म जाननेवालेका स्वरूप ही है।

इस प्रकार आत्मा होनेसे तो उसे ज्ञानका कर्तृत्व सिद्ध होता है। 'आत्मा ज्ञाता है' यह बात तो प्रसिद्ध ही है। "उसने कामना की" इस श्रुतिसे कामना करनेवालेके ज्ञानकर्तृत्वकी सिद्धि होती है। अतः ब्रह्मका ज्ञानकर्तृत्व निश्चित होनेके कारण 'ब्रह्म ज्ञप्तिमात्र है' ऐसा कहना अनुचित है।

अनित्यत्वप्रसङ्गाच्च। यदि नाम ज्ञप्तिर्ज्ञानमिति भावरूपता ब्रह्मणस्तथाप्यनित्यत्वं प्रसज्येत पारतन्त्र्यं च। धात्वर्थानां कारकापेक्षत्वात्। ज्ञानं च धात्वर्थोऽतोऽस्यानित्यत्वं परतन्त्रता च।

इसके सिवा ऐसा माननेसे अनित्यत्वका प्रसङ्ग भी उपस्थित होता है। यदि 'ज्ञान ज्ञप्तिको कहते हैं' इस व्युत्पत्तिके अनुसार ब्रह्मकी भावरूपता मानी जाय तो भी उसके अनित्यत्व और पारतन्त्र्यका प्रसङ्ग उपस्थित हो जाता है, क्योंकि धातुओंके अर्थ कारकोंकी अपेक्षावाले हुआ करते हैं। ज्ञान भी धातुका अर्थ है; अतः इसकी भी अनित्यता और परतन्त्रता सिद्ध होती है।

तन्निरसनम्

न, स्वरूपाव्यतिरेकेण कार्यत्वोपचारात्। आत्मनः स्वरूपं ज्ञप्तिर्न ततो व्यतिरिच्यतेऽतो नित्यैव। तथापि बुद्धेरुपाधिलक्षणायाश्चक्षुरादिद्वारैर्विषयाकारेण परिणामिन्या ये शब्दाद्याकारावभासाः त आत्मविज्ञानस्य विषयभूता उत्पद्यमाना एवात्मविज्ञानेन व्याप्ता उत्पद्यन्ते। तस्मादात्मविज्ञानावभासाश्च ते विज्ञानशब्दवाच्याश्च धात्वर्थभूता आत्मन एव धर्मा विक्रियारूपा इत्यविवेकिभिः परिकल्प्यन्ते।

समाधान—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि ज्ञान ब्रह्मके स्वरूपसे अभिन्न है, इस कारण उसका कार्यत्व केवल उपचारसे है। आत्माका स्वरूप जो 'ज्ञप्ति' है वह उससे व्यतिरिक्त नहीं है। अतः वह (ज्ञप्ति) नित्या ही है। तथापि चक्षु आदिके द्वारा विषयरूपमें परिणत होनेवाली उपाधिरूप बुद्धिकी जो शब्दादिरूप प्रतीतियाँ हैं वे आत्मविज्ञानकी विषयभूत होकर उत्पन्न होती हुई आत्मविज्ञानसे व्याप्त ही उत्पन्न होती हैं [अर्थात् अपनी उत्पत्तिके समय उन प्रतीतियोंमें तो आत्मविज्ञानसे प्रकाशित होनेकी योग्यता रहती है और आत्मविज्ञान उन्हें प्रकाशित करता रहता है]। अतः वे धातुओंकी अर्थभूत एवं 'विज्ञान' शब्दवाच्य आत्मविज्ञानकी प्रतीतियाँ आत्माका ही विकाररूप धर्म हैं—ऐसी अविवेकियोंद्वारा कल्पना की जाती है।

यत्तु यद्ब्रह्मणो विज्ञानं तत् सवितृप्रकाशवदग्न्युष्णवच्च ब्रह्मस्वरूपाव्यतिरिक्तं स्वरूपमेव तत्; न तत्कारणान्तरसव्यपेक्षम्। नित्यस्वरूपत्वात्। सर्वभावानां च तेनाविभक्तदेशकालत्वात् कालाकाशादिकारणत्वाच्च निरतिशयसूक्ष्मत्वाच्च। न तस्यान्यदविज्ञेयं सूक्ष्मं व्यवहितं विप्रकृष्टं भूतं भवद्भविष्यद्वास्ति। तस्मात्सर्वज्ञं तद्ब्रह्म।

मन्त्रवर्णाच्च—"अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः। स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्" (श्वे० उ० ३। १९) इति। "न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति" (बृ० उ० ४। ३। ३०) इत्यादि श्रुतेश्च। विज्ञातृस्वरूपाव्यतिरेकात्करणादिनिमित्तानपेक्षत्वाच्च ब्रह्मणो

किन्तु उस ब्रह्मका जो विज्ञान है वह सूर्यके प्रकाश तथा अग्निकी उष्णताके समान ब्रह्मके स्वरूपसे भिन्न नहीं है, बल्कि उसका स्वरूप ही है; उसे किसी अन्य कारणकी अपेक्षा नहीं है, क्योंकि वह नित्यस्वरूप है। तथा उस ब्रह्मसे सम्पूर्ण भावपदार्थोंके देश-काल अभिन्न हैं, और वह काल तथा आकाशादिका भी कारण एवं निरतिशय सूक्ष्म है; अतः ऐसी कोई सूक्ष्म, व्यवहित (व्यवधानवाली), विप्रकृष्ट (दूर) तथा भूत, भविष्यत् या वर्तमान वस्तु नहीं है जो उसके द्वारा जानी न जाती हो; इसलिये वह ब्रह्म सर्वज्ञ है।

"वह बिना हाथ-पाँवके ही वेगसे चलने और ग्रहण करनेवाला है, बिना नेत्रके ही देखता है और बिना कानके ही सुनता है। वह सम्पूर्ण वेद्यमात्रको जानता है, उसे जाननेवाला और कोई नहीं है, उसे सर्वप्रथम परमपुरुष कहा गया है।" इस मन्त्रवर्णसे तथा "अविनाशी होनेके कारण विज्ञाताके ज्ञानका कभी लोप नहीं होता और उससे भिन्न कोई दूसरा भी नहीं है [जो उसे देखे]" इत्यादि श्रुतियोंसे भी यही सिद्ध होता है। अपने विज्ञातृस्वरूपसे अभिन्न तथा इन्द्रियादि साधनोंकी अपेक्षासे रहित

ज्ञानस्वरूपत्वेऽपि नित्यत्वप्रसिद्धिरतो नैव धात्वर्थस्तदक्रियारूपत्वात्।

अत एव च न ज्ञानकर्तृ, तस्मादेव च न ज्ञानशब्दवाच्यमपि तद्ब्रह्म। तथापि तदाभासवाचकेन बुद्धिधर्मविषयेण ज्ञानशब्देन तल्लक्ष्यते न तूच्यते। शब्दप्रवृत्तिहेतुजात्यादिधर्मरहितत्वात्। तथा सत्यशब्देनापि। सर्वविशेषप्रत्यस्तमितस्वरूपत्वाद्ब्रह्मणो बाह्यसत्तासामान्यविषयेण सत्य-शब्देन लक्ष्यते सत्यं ब्रह्मेति न तु सत्यशब्दवाच्यमेव ब्रह्म।

एवं सत्यादिशब्दा इतरेतरसंनिधावन्योन्यनियम्यनियामकाः सन्तः सत्यादिशब्दवाच्यात्तन्निवर्तका ब्रह्मणो लक्षणार्थाश्च भवन्तीत्यतः सिद्धम् "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह" (तै० उ० २। ४। १) "अनिरुक्तेऽनिलयने" (तै० उ० २।

होनेके कारण ज्ञानस्वरूप होनेपर भी ब्रह्मका नित्यत्व भली प्रकार सिद्ध ही है। अतः क्रियारूप न होनेके कारण वह (ज्ञान) धातुका अर्थ भी नहीं है।

इसीलिये वह ज्ञानकर्ता भी नहीं है और इसीसे वह ब्रह्म 'ज्ञान' शब्दका वाच्य भी नहीं है। तो भी ज्ञानाभासके वाचक तथा बुद्धिके धर्मविषयक 'ज्ञान' शब्दसे वह लक्षित होता है—कहा नहीं जाता; क्योंकि वह शब्दकी प्रवृत्तिके हेतुभूत जाति आदि धर्मोंसे रहित है। इसी प्रकार 'सत्य' शब्दसे भी [उसको लक्षित ही किया जा सकता है] ब्रह्मका स्वरूप सम्पूर्ण विशेषणोंसे शून्य है; अतः वह सामान्यतः सत्ता ही जिसका विषय—अर्थ है ऐसे 'सत्य' शब्दसे 'सत्यं ब्रह्म' इस प्रकार केवल लक्षित होता है—ब्रह्म 'सत्य' शब्दका वाच्य ही नहीं है।

इस प्रकार ये सत्यादि शब्द एक-दूसरेकी सन्निधिसे एक-दूसरेके नियम्य और नियामक होकर सत्यादि शब्दोंके वाच्यार्थसे ब्रह्मको अलग रखनेवाले और उसका लक्षण करनेमें उपयोगी होते हैं। अतः "जहाँसे मनके सहित वाणी उसे न पाकर लौट आती है" "न कहने योग्य और अनाश्रितमें" इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार ब्रह्मका सत्यादि

७। १) इति चावाच्यत्वं नीलोत्पलवदवाक्यार्थत्वं च ब्रह्मणः।

तद्यथाव्याख्यातं ब्रह्म यो वेद विजानाति निहितं स्थितं गुहायाम्। गूहतेः संवरणार्थस्य निगूढा अस्यां ज्ञानज्ञेयज्ञातृपदार्था इति गुहा बुद्धिः। गूढावस्यां भोगापवर्गौ पुरुषार्थाविति वा तस्यां परमे प्रकृष्टे व्योमन्व्योम्न्याकाशेऽव्याकृताख्ये। तद्धि परमं व्योम "एतस्मिन्नु खल्वक्षरे गार्ग्याकाशः (बृ० उ० ३। ८। ११) इत्यक्षरसंनिकर्षात्। गुहायां व्योम्नीति वा सामानाधिकरण्यादव्याकृताकाशमेव गुहा। तत्रापि निगूढाः सर्वे पदार्थास्त्रिषु कालेषु कारणत्वात्सूक्ष्मतरत्वाच्च। तस्मिन्नन्तर्निहितं ब्रह्म।

गुहाशब्दार्थ-निर्वचनम्

शब्दोंका अवाच्यत्व और नीलकमलके समान अवाक्यार्थत्व सिद्ध होता है।*

उपर्युक्त प्रकारसे व्याख्या किये हुए उस ब्रह्मको जो पुरुष गुहामें निहित (छिपा हुआ) जानता है। संवरण अर्थात् आच्छादन अर्थवाले 'गुह्' धातुसे 'गुहा' शब्द निष्पन्न होता है; इस (गुहा)-में ज्ञान, ज्ञेय और ज्ञातृ पदार्थ निगूढ (छिपे हुए) हैं इसलिये 'गुहा' बुद्धिका नाम है। अथवा उसमें भोग और अपवर्ग—ये पुरुषार्थ निगूढ अवस्थामें स्थित हैं; अतः गुहा है। उसके भीतर परम-प्रकृष्ट व्योम—आकाशमें अर्थात् अव्याकृताकाशमें, क्योंकि "हे गार्गि! निश्चय इस अक्षरमें ही आकाश [ओतप्रोत है]" इस श्रुतिके अनुसार अक्षरकी सन्निधिमें होनेसे यह अव्याकृताकाश ही परमाकाश है। अथवा 'गुहायां व्योम्नि' इस प्रकार इन दोनों पदोंका सामानाधिकरण्य होनेके कारण आकाशको ही गुहा कहा गया है, क्योंकि सबका कारण और सूक्ष्मतर होनेके कारण उसमें भी तीनों कालोंमें सारे पदार्थ छिपे हुए हैं। उसीके भीतर ब्रह्म भी स्थित है।

* तात्पर्य यह है कि वाच्य-वाचक-भाव ब्रह्मका बोध करानेमें समर्थ नहीं हो सकता; अतः ब्रह्म इन शब्दोंका वाच्य नहीं हो सकता और सम्पूर्ण द्वैतकी निवृत्तिके अधिष्ठानरूपसे लक्षित होनेके कारण वह नीलकमल आदिके समान गुण-गुणीरूप संसर्गसूचक वाक्योंका भी अर्थ नहीं हो सकता।

हार्दमेव तु परमं व्योमेति न्याय्यं विज्ञानाङ्गत्वेनोपासनाङ्गत्वेन व्योम्नो विवक्षितत्वात्। "यो वै स बहिर्धा पुरुषादाकाशः" (छा० उ० ३। १२। ७) "यो वै सोऽन्तः-पुरुष आकाशः" (छा० उ० ३। १२। ८) "योऽयमन्तर्हृदय आकाशः" (छा० उ० ३। १२। ९) इति श्रुत्यन्तरात्प्रसिद्धं हार्दस्य व्योम्नः परमत्वम्। तस्मिन्हार्दे व्योम्नि या बुद्धिर्गुहा तस्यां निहितं ब्रह्म तद्वृत्त्या विविक्ततयोपलभ्यत इति। न ह्यन्यथा विशिष्टदेशकालसम्बन्धोऽस्ति ब्रह्मणः सर्वगतत्वान्निर्विशेषत्वाच्च।

परन्तु युक्तियुक्त तो यही है कि हृदयाकाश ही परमाकाश है, क्योंकि उस आकाशको विज्ञानाङ्ग यानी उपासनाके अंगरूपसे बतलाना यहाँ इष्ट है। "जो आकाश इस [शरीर संज्ञक] पुरुषसे बाहर है" "जो आकाश इस पुरुषके भीतर है" "जो यह आकाश हृदयके भीतर है" इस प्रकार एक अन्य श्रुतिसे हृदयाकाशका परमत्व प्रसिद्ध है। उस हृदयाकाशमें जो बुद्धिरूप गुहा है उसमें ब्रह्म निहित है; अर्थात् उस (बुद्धिवृत्ति)- से वह व्यावृत्त (पृथक्)-रूपसे स्पष्टतया उपलब्ध होता है; अन्यथा ब्रह्मका किसी भी विशेष देश या कालसे सम्बन्ध नहीं है, क्योंकि वह सर्वगत और निर्विशेष है।

ब्रह्मविद ऐश्वर्यम्

स एवं ब्रह्म विजानन्किमित्याह—अश्नुते भुङ्क्ते सर्वान्निरवशिष्टान्कामान्भोगानित्यर्थः। किमस्मदादिवत्पुत्रस्वर्गादीन्पर्यायेण नेत्याह। सह युगपदेकक्षणोपारूढानेव एकयोपलब्ध्या सवितृप्रकाशवत् नित्यया ब्रह्मस्वरूपाव्यतिरिक्तया यामवोचाम सत्यं ज्ञानमनन्तमिति। एतदुच्यते—ब्रह्मणा सहेति।

वह इस प्रकार ब्रह्मको जाननेवाला क्या करता है? इसपर श्रुति कहती है—वह सम्पूर्ण अर्थात् निःशेष कामनाओं यानी इच्छित भोगोंको प्राप्त कर लेता है अर्थात् उन्हें भोगता है। तो क्या वह हमारे-तुम्हारे समान पुत्र एवं स्वर्गादि भोगोंको क्रमसे भोगता है? इसपर श्रुति कहती है—नहीं, उन्हें एक साथ भोगता है। वह एक ही क्षणमें बुद्धिवृत्तिपर आरूढ़ हुए सम्पूर्ण भोगोंको सूर्यके प्रकाशके समान नित्य तथा ब्रह्मस्वरूपसे अभिन्न एक ही उपलब्धिके द्वारा, जिसका हमने 'सत्यं ज्ञानमनन्तम्' ऐसा निरूपण किया है, भोगता है। 'ब्रह्मणा सह सर्वान्कामानश्नुते' इस वाक्यसे यही अर्थ कहा गया है।

ब्रह्मभूतो विद्वान्ब्रह्मस्वरूपेणैव सर्वान्कामान्सहाश्नुते, न यथोपाधिकृतेन स्वरूपेणात्मना जलसूर्यकादिवत्प्रतिबिम्बभूतेन सांसारिकेण धर्मादिनिमित्तापेक्षांश्चक्षुरादिकरणापेक्षांश्च कामान् पर्यायेणाश्नुते लोकः, कथं तर्हि? यथोक्तेन प्रकारेण सर्वज्ञेन सर्वगतेन सर्वात्मना नित्यब्रह्मात्मस्वरूपेण धर्मादिनिमित्तानपेक्षांश्चक्षुरादिकरणनिरपेक्षांश्च सर्वान्कामान्सहैवाश्नुत इत्यर्थः। विपश्चिता मेधाविना सर्वज्ञेन। तद्धि वैपश्चित्यं यत्सर्वज्ञत्वं तेन सर्वज्ञस्वरूपेण ब्रह्मणाश्नुत इति। इतिशब्दो मन्त्रपरिसमाप्त्यर्थः।

सर्व एव वल्ल्यर्थो ब्रह्मविदाप्नोति परमिति ब्राह्मणवाक्येन सूत्रितः। स च सूत्रितोऽर्थः संक्षेपतो मन्त्रेण व्याख्यातः। पुनस्तस्यैव विस्तरेणार्थनिर्णयः कर्तव्य इत्युत्तरस्तद्वृत्तिस्थानीया ग्रन्थ आरभ्यते तस्माद्वा एतस्मादित्यादिः।

ब्रह्मभूत विद्वान् ब्रह्मस्वरूपसे ही एक साथ सम्पूर्ण भोगोंको प्राप्त कर लेता है। अर्थात् दूसरे लोग जिस प्रकार जलमें प्रतिबिम्बित सूर्यके समान अपने औपाधिक और संसारी आत्माके द्वारा धर्मादि निमित्तकी अपेक्षावाले तथा चक्षु आदि इन्द्रियोंकी अपेक्षासे युक्त सम्पूर्ण भोगोंको क्रमशः भोगते हैं उस प्रकार उन्हें नहीं भोगता। तो फिर कैसे भोगता है? वह उपर्युक्त प्रकारसे सर्वज्ञ, सर्वगत, सर्वात्मक एवं नित्यब्रह्मात्मस्वरूपसे, धर्मादि निमित्तकी अपेक्षासे रहित तथा चक्षु आदि इन्द्रियोंसे भी निरपेक्ष सम्पूर्ण भोगोंको एक साथ ही प्राप्त कर लेता है—यह इसका तात्पर्य है। विपश्चित्—मेधावी अर्थात् सर्वज्ञ ब्रह्मरूपसे। ब्रह्मका जो सर्वज्ञत्व है वही उसकी विपश्चित्ता (विद्वत्ता) है। उस सर्वज्ञस्वरूप ब्रह्मरूपसे ही वह उन्हें भोगता है। मूलमें 'इति' शब्द मन्त्रकी समाप्ति सूचित करनेके लिये है।

'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इस ब्राह्मणवाक्यद्वारा इस सम्पूर्ण वल्लीका अर्थ सूत्ररूपसे कह दिया है। उस सूत्रभूत अर्थकी ही मन्त्रद्वारा संक्षेपसे व्याख्या कर दी गयी है। अब फिर उसीका अर्थ विस्तारसे निर्णय करना है—इसीलिये उसका वृत्तिरूप 'तस्माद्वा एतस्मात्' इत्यादि आगेका ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है।

सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेति मीमांस्यते

तत्र च सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेत्युक्तं मन्त्रादौ तत्कथं सत्यं ज्ञानमनन्तं चेत्यत आह। तत्र त्रिविधं ह्यानन्त्यं देशतः कालतो वस्तुतश्चेति। तद्यथा देशतोऽनन्त आकाशः। न हि देशतस्तस्य परिच्छेदोऽस्ति। न तु कालतश्चानन्त्यं वस्तुतश्चाकाशस्य। कस्मात्कार्यत्वात्। नैवं ब्रह्मण आकाशवत्कालतोऽप्यन्तवत्त्वमकार्यत्वात्। कार्यं हि वस्तु कालेन परिच्छिद्यते। अकार्यं च ब्रह्म। तस्मात्कालतोऽस्यानन्त्यम्।

तथा वस्तुतः। कथं पुनर्वस्तुत आनन्त्यं सर्वानन्यत्वात्। भिन्नं हि वस्तु वस्त्वन्तरस्यान्तो भवति, वस्त्वन्तरबुद्धिर्हि प्रसक्ताद्वस्त्वन्तरान्निवर्तते। यतो यस्य बुद्धेर्विनिवृत्तिः स तस्यान्तः। तद्यथा गोत्वबुद्धिरश्वत्वाद्विनिवर्तत इति अश्वत्वान्तं गोत्वमित्यन्तवदेव

उस मन्त्रमें सबसे पहले 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' ऐसा कहा है। वह सत्य, ज्ञान और अनन्त किस प्रकार है? सो बतलाते हैं—अनन्तता तीन प्रकारकी है—देशसे, कालसे और वस्तुसे। उनमें जैसे आकाश देशतः अनन्त है। उसका देशसे परिच्छेद नहीं है। किन्तु कालसे और वस्तुसे आकाशकी अनन्तता नहीं है। क्यों नहीं है? क्योंकि वह कार्य है। किन्तु आकाशके समान किसीका कार्य न होनेके कारण ब्रह्मका इस प्रकार कालसे भी अन्तवत्त्व नहीं है। जो वस्तु किसीका कार्य होती है वही कालसे परिच्छिन्न होती है। और ब्रह्म किसीका कार्य नहीं है, इसलिये उसकी कालसे अनन्तता है।

इसी प्रकार वह वस्तुसे भी अनन्त है। वस्तुसे उसकी अनन्तता किस प्रकार है? क्योंकि वह सबसे अभिन्न है। भिन्न वस्तु ही किसी अन्य भिन्न वस्तुका अन्त हुआ करती है, क्योंकि किसी भिन्न वस्तुमें गयी हुई बुद्धि ही किसी अन्य प्रसक्त वस्तुसे निवृत्त की जाती है। जिस [पदार्थसम्बन्धिनी] बुद्धिकी जिस पदार्थसे निवृत्ति होती है वही उस पदार्थका अन्त है। जिस प्रकार गोत्वबुद्धि अश्वत्वबुद्धिसे निवृत्त होती है, अतः गोत्वका अन्त अश्वत्व

भवति। स चान्तो भिन्नेषु वस्तुषु दृष्टः। नैवं ब्रह्मणो भेदः। अतो वस्तुतोऽप्यानन्त्यम्।

ब्रह्मणः सार्वात्म्यं निरूप्यते

कथं पुनः सर्वानन्यत्वं ब्रह्मण इत्युच्यते—सर्ववस्तुकारणत्वात्। सर्वेषां हि वस्तूनां कालाकाशादीनां कारणं ब्रह्म। कार्यापेक्षया वस्तुतोऽन्तवत्त्वमिति चेन्न; अनृतत्वात्कार्यवस्तुनः। न हि कारणव्यतिरेकेण कार्यं नाम वस्तुतोऽस्ति यतः कारणबुद्धिर्विनिवर्तेत। "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" (छा० उ० ६। १। ४) एवं सदेव सत्यमिति श्रुत्यन्तरात्।

तस्मादाकाशादिकारणत्वाद्देशतस्तावदनन्तं ब्रह्म। आकाशो ह्यनन्त इति प्रसिद्धं देशतः, तस्येदं कारणं तस्मात्सिद्धं देशत आत्मन आनन्त्यम्। न ह्यसर्वगतात्सर्वगतमुत्पद्यमानं लोके

हुआ, इसलिये वह अन्तवान् ही है और उसका वह अन्त भिन्न पदार्थोंमें ही देखा जाता है। किन्तु ब्रह्मका ऐसा कोई भेद नहीं है। अतः वस्तुसे भी उसकी अनन्तता है।

किन्तु ब्रह्मकी सबसे अभिन्नता किस प्रकार है? सो बतलाते हैं—क्योंकि वह सम्पूर्ण वस्तुओंका कारण है—ब्रह्म काल-आकाश आदि सभी वस्तुओंका कारण है। यदि कहो कि अपने कार्यकी अपेक्षासे तो उसका वस्तुसे अन्तवत्त्व हो ही जायगा, तो ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि कार्यरूप वस्तु तो मिथ्या है—वस्तुतः कारणसे भिन्न कार्य है ही नहीं जिससे कि कारणबुद्धिकी निवृत्ति हो "वाणीसे आरम्भ होनेवाला विकार केवल नाममात्र है, मृत्तिका ही सत्य है" इसी प्रकार "सत् ही सत्य है"—ऐसा एक अन्य श्रुतिसे भी सिद्ध होता है।

अतः आकाशादिका कारण होनेसे ब्रह्म देशसे भी अनन्त है। आकाश देशतः अनन्त है—यह तो प्रसिद्ध ही है, और यह उसका कारण है; अतः आत्माका देशतः अनन्तत्व सिद्ध ही है, क्योंकि लोकमें असर्वगत वस्तुसे कोई सर्वगत वस्तु उत्पन्न होती नहीं देखी जाती। इसलिये आत्माका देशतः अनन्तत्व

किंचिद्दृश्यते। अतो निरतिशयमात्मन आनन्त्यं देशतस्तथाकार्यत्वात्कालतः, तद्भिन्नवस्त्वन्तराभावाच्च वस्तुतः। अत एव निरतिशयसत्यत्वम्।

निरतिशय है [अर्थात् उससे बड़ा और कोई नहीं है]। इसी प्रकार किसीका कार्य न होनेके कारण वह कालतः और उससे भिन्न पदार्थका सर्वथा अभाव होनेके कारण वस्तुतः भी अनन्त है। इसलिये आत्माका सबसे बढ़कर सत्यत्व है।*

सृष्टिक्रमः

तस्मादिति मूलवाक्यसूत्रितं ब्रह्म परामृश्यते। एतस्मादितिमन्त्रवाक्येनानन्तरं यथा लक्षितम्। यद्ब्रह्मादौ ब्राह्मणवाक्येन सूत्रितं यच्च सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेत्यनन्तरमेव लक्षितं तस्मादेतस्माद्ब्रह्मण आत्मन आत्मशब्दवाच्यात्। आत्मा हि तत्सर्वस्य "तत्सत्यं स आत्मा" (छा० उ० ६। ८—१६) इति श्रुत्यन्तरादतो ब्रह्मात्मा। तस्मादेतस्माद्ब्रह्मण आत्मस्वरूपादाकाशः सम्भूतः समुत्पन्नः।

[मन्त्रमें] 'तस्मात्' (उससे) इस पदद्वारा मूलवाक्यमेंसे सूत्ररूपसे कहे हुए 'ब्रह्म' पदका परामर्श किया जाता है। तथा इसके अनन्तर 'एतस्मात्' इत्यादि मन्त्रवाक्यसे भी पूर्वनिर्दिष्ट ब्रह्मका ही उल्लेख किया गया है। [तात्पर्य यह है—] जिस ब्रह्मका पहले ब्राह्मणवाक्यद्वारा सूत्ररूपसे उल्लेख किया गया है और जो उसके पश्चात् 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस प्रकार लक्षित किया गया है उस इस ब्रह्म—आत्मासे, अर्थात् 'आत्मा' शब्दवाच्य ब्रह्मसे—क्योंकि "तत् सत्यं स आत्मा" इत्यादि एक अन्य श्रुतिके अनुसार वह सबका आत्मा है; अतः यहाँ ब्रह्म ही आत्मा है—उस इस आत्मस्वरूप ब्रह्मसे आकाश सम्भूत—उत्पन्न हुआ।

आकाशो नाम शब्दगुणोऽवकाशकरो मूर्तद्रव्याणाम्। तस्माद्

जो शब्द गुणवाला और समस्त मूर्त्त पदार्थोंको अवकाश देनेवाला है उसे 'आकाश' कहते हैं। उस

* क्योंकि जो वस्तु अनन्त होती है वही सत्य होती है, परिच्छिन्न पदार्थ कभी सत्य नहीं हो सकता।

आकाशात्स्वेन स्पर्शगुणेन पूर्वेण च कारणगुणेन शब्देन द्विगुणो वायुः सम्भूत इत्यनुवर्तते। वायोश्च स्वेन रूपगुणेन पूर्वाभ्यां च त्रिगुणोऽग्निः सम्भूतः। अग्नेः स्वेन रसगुणेन पूर्वैश्च त्रिभिश्चतुर्गुणा आपः सम्भूताः। अद्भ्यः स्वेन गन्धगुणेन पूर्वैश्चतुर्भिः पञ्चगुणा पृथिवी सम्भूता। पृथिव्या ओषधयः। ओषधीभ्योऽन्नम्। अन्नाद्रेतोरूपेण परिणतात् पुरुषः शिरःपाण्याद्याकृतिमान्।

आकाशसे अपने गुण 'स्पर्श' और अपने पूर्ववर्ती आकाशके गुण 'शब्द' से युक्त दो गुणवाला वायु उत्पन्न हुआ। यहाँ प्रथम वाक्यके 'सम्भूतः' (उत्पन्न हुआ) इस क्रिया पदकी [सर्वत्र] अनुवृत्ति की जाती है। वायुसे अपने गुण 'रूप' और पहले दो गुणोंके सहित तीन गुणवाला अग्नि उत्पन्न हुआ। तथा अग्निसे अपने गुण 'रस' और पहले तीन गुणोंके सहित चार गुणवाला जल हुआ। और जलसे अपने गुण 'गन्ध' और पहले चार गुणोंके सहित पाँच गुणवाली पृथिवी उत्पन्न हुई। पृथिवीसे ओषधियाँ, ओषधियोंसे अन्न और वीर्यरूपमें परिणत हुए अन्नसे सिर तथा हाथ-पाँवरूप आकृतिवाला पुरुष उत्पन्न हुआ।

स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयोऽन्नरसविकारः। पुरुषाकृतिभावितं हि सर्वेभ्योऽङ्गेभ्यस्तेजः सम्भूतं रेतो बीजम्; तस्माद्यो जायते सोऽपि तथा पुरुषाकृतिरेव स्यात्। सर्वजातिषु जायमानानां जनकाकृतिनियमदर्शनात्।

वह यह पुरुष अन्नरसमय अर्थात् अन्न और रसका विकार है। पुरुषाकारसे भावित [अर्थात् पुरुषके आकारकी वासनासे युक्त] तथा उसके सम्पूर्ण अङ्गोंसे उत्पन्न हुआ तेजोरूप जो शुक्र है वह उसका बीज है। उससे जो उत्पन्न होता है वह भी उसीके समान पुरुषाकार ही होता है, क्योंकि सभी जातियोंमें उत्पन्न होनेवाले देहोंमें पिताके समान आकृति होनेका नियम देखा जाता है।

सर्वेषामप्यन्नरसविकारत्वे ब्रह्मवंश्यत्वे चाविशिष्टे कस्मात्पुरुष एव गृह्यते?

प्राधान्यात्।

किं पुनः प्राधान्यम्।

कर्मज्ञानाधिकारः। पुरुष एव हि शक्तत्वादर्थित्वादपर्युदस्तत्वाच्च कर्मज्ञानयोरधिक्रियते—"पुरुषे त्वेवाविस्तरामात्मा स हि प्रज्ञानेन सम्पन्नतमो विज्ञातं वदति विज्ञातं पश्यति वेद श्वस्तनं वेद लोकालोकौ मर्त्येनामृतमीक्षतीत्येवं सम्पन्नः। अथेतरेषां पशूनामशनायापिपासे एवाभिविज्ञानम्।" इत्यादिश्रुत्यन्तरदर्शनात्।

कथं पुरुषस्य प्राधान्यम्

शंका—सृष्टिमें सभी शरीर समानरूपसे अन्न और रसके विकार तथा ब्रह्माके वंशमें उत्पन्न हुए हैं; फिर यहाँ पुरुषको ही क्यों ग्रहण किया गया है?

समाधान—प्रधानताके कारण।

शंका—उसकी प्रधानता क्या है?

समाधान—कर्म और ज्ञानका अधिकार ही उसकी प्रधानता है। [कर्म और ज्ञानके साधनमें] समर्थ, [उनके फलकी] इच्छावाला और उससे उदासीन न होनेके कारण पुरुष ही कर्म और ज्ञानका अधिकारी है। "पुरुषमें ही आत्माका पूर्णतया आविर्भाव हुआ है; वही प्रकृष्ट ज्ञानसे सबसे अधिक सम्पन्न है। वह जानी-बूझी बात कहता है, जाने-बूझे पदार्थोंको देखता है, वह कल होनेवाली बात भी जान सकता है, उसे उत्तम और अधम लोकोंका ज्ञान है तथा वह कर्म-ज्ञानरूप नश्वर साधनके द्वारा अमर पदकी इच्छा करता है—इस प्रकार वह विवेकसम्पन्न है। उसके सिवा अन्य पशुओंको तो केवल भूख-प्यासका ही विशेष ज्ञान होता है" ऐसी एक दूसरी श्रुति देखनेसे भी [पुरुषकी प्रधानता सिद्ध होती है]।

स हि पुरुष इह विद्ययान्तरतमं ब्रह्म संक्रामयितुमिष्टः। तस्य च बाह्याकारविशेषेष्वनात्मस्वात्मभाविता बुद्धिरनालम्ब्य विशेषं कंचित्सहसान्तरतमप्रत्यगात्मविषया निरालम्बना च कर्तुमशक्येति दृष्टशरीरात्मसामान्यकल्पनया शाखाचन्द्रनिदर्शनवदन्तः प्रवेशयन्नाह—

उस पुरुषको ही यहाँ (इस वल्लीमें) विद्याके द्वारा सबकी अपेक्षा अन्तरतम ब्रह्मके पास ले जाना अभीष्ट है। किन्तु उसकी बुद्धि, जो बाह्याकार विशेषरूप अनात्म पदार्थोंमें आत्मभावना किये हुए है, किसी विशेष आलम्बनके बिना एकाएक सबसे अन्तरतम प्रत्यगात्मसम्बन्धिनी तथा निरालम्बना की जानी असम्भव है; अतः इस दिखलायी देनेवाले शरीररूप आत्माकी समानताकी कल्पनासे शाखाचन्द्र दृष्टान्तके समान उसका भीतरकी ओर प्रवेश कराकर श्रुति कहती है—

तस्येदमेव शिरः। तस्यास्य पुरुषस्यान्नरसमयस्येदमेव शिरः प्रसिद्धम्। प्राणमयादिष्वशिरसां शिरस्त्वदर्शनादिहापि तत्प्रसङ्गो मा भूदितीदमेव शिर इत्युच्यते। एवं पक्षादिषु योजना। अयं दक्षिणो बाहुः पूर्वाभिमुखस्य दक्षिणः पक्षः। अयं सव्यो बाहुरुत्तरः पक्षः। अयं मध्यमो देहभाग आत्माङ्गानाम्। "मध्यं

पक्ष्यात्मनान्नमयस्य निरूपणम्

उसका यह [सिर] ही सिर है। उस इस अन्नरसमय पुरुषका यह प्रसिद्ध सिर ही [सिर है]। [अगले अनुवाकमें] प्राणमय आदि सिररहित कोशोंमें भी शिरस्त्व देखा जानेके कारण यहाँ भी वही बात न समझी जाय [अर्थात् इस अन्नमय कोशको भी वस्तुतः सिररहित न समझा जाय] इसलिये 'यह प्रसिद्ध सिर ही उसका सिर है'—ऐसा कहा जाता है। इसी प्रकार पक्षादिके विषयमें लगा लेना चाहिये। पूर्वाभिमुख व्यक्तिका यह दक्षिण [दक्षिण दिशाकी ओरका] बाहु दक्षिण पक्ष है, यह वाम बाहु उत्तर पक्ष है तथा यह देहका मध्यभाग अङ्गोंका आत्मा है; जैसा कि "मध्यभाग

ह्येषामङ्गानामात्मा'' इति श्रुतेः। इदमिति नाभेरधस्ताद्यदङ्गं तत्पुच्छं प्रतिष्ठा। प्रतितिष्ठत्यनयेति प्रतिष्ठा पुच्छमिव पुच्छम् अधोलम्बन-सामान्याद्यथा गोः पुच्छम्।

एतत्प्रकृत्योत्तरेषां प्राणमयादीनां रूपकत्वसिद्धिः; मूषानिषिक्त-द्रुतताम्रप्रतिमावत्। तदप्येष श्लोको भवति। तत्तस्मिन्नेवार्थे ब्राह्मणोक्तेऽन्नमयात्मप्रकाशक एष श्लोको मन्त्रो भवति॥ १॥

ही इन अङ्गोंका आत्मा है'' इस श्रुतिसे प्रमाणित होता है और यह जो नाभिसे नीचेका अङ्ग है वही पुच्छ—प्रतिष्ठा है। इसके द्वारा वह स्थित होता है, इसलिये यह उसकी प्रतिष्ठा है। नीचेकी ओर लटकनेमें समानता होनेके कारण वह पुच्छके समान पुच्छ है; जैसे कि गौकी पूँछ।

इस अन्नमय कोशसे आरम्भ करके ही साँचेमें डाले हुए पिघले ताँबेकी प्रतिमाके समान आगेके प्राणमय आदि कोशोंके रूपकत्वकी सिद्धि होती है। उसके विषयमें ही यह श्लोक है; अर्थात् अन्नमय आत्माको प्रकाशित करनेवाले उस ब्राह्मणोक्त अर्थमें ही यह श्लोक अर्थात् मन्त्र है॥ १॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां प्रथमोऽनुवाकः॥ १॥

द्वितीय अनुवाक

अन्नकी महिमा तथा प्राणमय कोशका वर्णन

अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्ते। याः काश्च पृथिवीꣳश्रिताः। अथो अन्नेनैव जीवन्ति। अथैनदपि यन्त्यन्ततः। अन्नꣳहि भूतानां ज्येष्ठम्। तस्मात्सर्वौषधमुच्यते। सर्वं वै तेऽन्नमाप्नुवन्ति येऽन्नं ब्रह्मोपासते। अन्नꣳहि भूतानां ज्येष्ठम्। तस्मात्सर्वौषधमुच्यते। अन्नाद्भूतानि जायन्ते। जातान्यन्नेन वर्धन्ते। अद्यतेऽत्ति च भूतानि। तस्मादन्नं तदुच्यत इति। तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयादन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधतामन्वयं पुरुषविधः। तस्य प्राण एव शिरः। व्यानो दक्षिणः पक्षः। अपान उत्तरः पक्षः। आकाश आत्मा। पृथिवी पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति॥ १॥

अन्नसे ही प्रजा उत्पन्न होती है। जो कुछ प्रजा पृथिवीको आश्रित करके स्थित है वह सब अन्नसे ही उत्पन्न होती है; फिर वह अन्नसे ही जीवित रहती है और अन्तमें उसीमें लीन हो जाती है, क्योंकि अन्न ही प्राणियोंका ज्येष्ठ (अग्रज—पहले उत्पन्न होनेवाला) है। इसीसे वह सर्वौषध कहा जाता है। जो लोग 'अन्न ही ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करते हैं वे निश्चय ही सम्पूर्ण अन्न प्राप्त करते हैं। अन्न ही प्राणियोंमें बड़ा है; इसलिये वह सर्वौषध कहलाता है। अन्नसे ही प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर अन्नसे ही वृद्धिको प्राप्त होते हैं। अन्न प्राणियोंद्वारा खाया जाता है और वह भी उन्हींको खाता है। इसीसे वह 'अन्न' कहा जाता है। उस इस अन्नरसमय पिण्डसे, उसके भीतर रहनेवाला दूसरा शरीर प्राणमय है। उसके द्वारा यह (अन्नमय कोश) परिपूर्ण है। वह यह (प्राणमय कोश) भी पुरुषाकार ही है। उस (अन्नमय कोश)-की पुरुषाकारताके अनुसार ही यह भी पुरुषाकार है। उसका प्राण ही सिर है। व्यान दक्षिण पक्ष है। अपान उत्तर पक्ष है। आकाश आत्मा (मध्यभाग) है और पृथिवी पुच्छ—प्रतिष्ठा है। उसके विषयमें ही यह श्लोक है॥ १॥

अन्नाद्रसादिभावपरिणतात्, वा इति स्मरणार्थः, प्रजाः स्थावरजङ्गमाः प्रजायन्ते। याः काश्चाविशिष्टाः पृथिवीं श्रिताः पृथिवीमाश्रितास्ताः सर्वा अन्नादेव प्रजायन्ते। अथो अपि जाता अन्नेनैव जीवन्ति प्राणान्धारयन्ति वर्धन्त इत्यर्थः। अथाप्येनदन्नमपियन्त्यपिगच्छन्ति। अपिशब्दः प्रतिशब्दार्थे। अन्नं प्रति प्रलीयन्त इत्यर्थः। अन्ततोऽन्ते जीवनलक्षणाया वृत्तेः परिसमाप्तौ।

अन्नमयोपासन-फलम्

रसादिरूपमें परिणत हुए अन्नसे ही स्थावर-जङ्गमरूप प्रजा उत्पन्न होती है। 'वै' यह निपात स्मरणके अर्थमें है। जो कुछ प्रजा अविशेषभावसे पृथिवीको आश्रित किये हुए है वह सब अन्नसे ही उत्पन्न होती है और फिर उत्पन्न होनेपर वह अन्नसे ही जीवित रहती—प्राण धारण करती अर्थात् वृद्धिको प्राप्त होती है तथा अन्तमें—जीवनरूप वृत्तिकी समाप्ति होनेपर वह अन्नमें ही लीन हो जाती है। ['अपियन्ति' इसमें] 'अपि' शब्द 'प्रति' के अर्थमें है अर्थात् वह अन्नके प्रति ही लीन हो जाती है।

कस्मात्? अन्नं हि यस्माद् भूतानां प्राणिनां ज्येष्ठं प्रथमजम्। अन्नमयादीनां हीतरेषां भूतानां कारणमन्नमतोऽन्नप्रभवा अन्नजीवना अन्नप्रलयाश्च सर्वाः प्रजाः। यस्माच्चैवं तस्मात्सर्वौषधं सर्वप्राणिनां देहदाहप्रशमनमन्नमुच्यते।

इसका कारण क्या है? क्योंकि अन्न ही प्राणियोंका ज्येष्ठ यानी अग्रज है। अन्नमय आदि जो इतर प्राणी हैं उनका कारण अन्न ही है। इसलिये सम्पूर्ण प्रजा अन्नसे उत्पन्न होनेवाली, अन्नके द्वारा जीवित रहनेवाली और अन्नमें ही लीन हो जानेवाली है। क्योंकि ऐसी बात है, इसलिये अन्न सर्वौषध—सम्पूर्ण प्राणियोंके देहके सन्तापको शान्त करनेवाला कहा जाता है।

अन्नब्रह्मविदः फलमुच्यते—सर्वं वै ते समस्तमन्नजातमाप्नुवन्ति। के? येऽन्नं ब्रह्म यथोक्तमुपासते।

अन्नरूप ब्रह्मकी उपासना करनेवालेका [प्राप्तव्य] फल बतलाया जाता है—वे निश्चय ही सम्पूर्ण अन्नसमूहको प्राप्त कर लेते हैं। कौन? जो उपर्युक्त अन्नकी ही ब्रह्मरूपसे

कथम्? अन्नजोऽन्नात्मान्नप्रलयोऽहं तस्मादन्नं ब्रह्मेति।

उपासना करते हैं। किस प्रकार [उपासना करते हैं]? इस तरह कि मैं अन्नसे उत्पन्न अन्नस्वरूप और अन्नमें ही लीन हो जानेवाला हूँ; इसलिये अन्न ब्रह्म है।

कुतः पुनः सर्वान्नप्राप्तिफलमन्नात्मोपासनमित्युच्यते। अन्नं हि भूतानां ज्येष्ठम्। भूतेभ्यः पूर्वं निष्पन्नत्वाज्ज्येष्ठं हि यस्मात्तस्मात्सर्वौषधमुच्यते। तस्मादुपपन्ना सर्वान्नात्मोपासकस्य सर्वान्नप्राप्तिः। अन्नाद्भूतानि जायन्ते। जातान्यन्नेन वर्धन्त इत्युपसंहारार्थं पुनर्वचनम्।

'अन्न ही आत्मा है' इस प्रकारकी उपासना किस प्रकार सम्पूर्ण अन्नकी प्राप्तिरूप फलवाली है, सो बतलाते हैं—अन्न ही प्राणियोंका ज्येष्ठ है—प्राणियोंसे पहले उत्पन्न होनेके कारण, क्योंकि वह उनसे ज्येष्ठ है, इसलिये वह सर्वौषध कहा जाता है। अतः सम्पूर्ण अन्नकी आत्मारूपसे उपासना करनेवालेके लिये सम्पूर्ण अन्नकी प्राप्ति उचित ही है। अन्नसे प्राणी उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होनेपर अन्नसे ही वृद्धिको प्राप्त होते हैं—यह पुनरुक्ति उपासनाके उपसंहारके लिये है।

इदानीमन्ननिर्वचनमुच्यते—

अन्नशब्दनिर्वचनम्

अद्यते भुज्यते चैव यद्भूतैरन्नमत्ति च भूतानि स्वयं तस्माद्भूतैर्भुज्यमानत्वाद्भूतभोक्तृत्वाच्चान्नं तदुच्यते। इतिशब्दः प्रथमकोशपरिसमाप्त्यर्थः।

अब 'अन्न' शब्दकी व्युत्पत्ति कही जाती है—जो प्राणियोंद्वारा 'अद्यते'—खाया जाता है और जो स्वयं भी प्राणियोंको 'अत्ति' खाता है, इसलिये सम्पूर्ण प्राणियोंका भोज्य और उनका भोक्ता होनेके कारण भी वह 'अन्न' कहा जाता है। इस वाक्यमें 'इति' शब्द प्रथम कोशके विवरणकी परिसमाप्तिके लिये है।

अन्नमयादिभ्य आनन्दमयान्तेभ्य आत्मभ्योऽभ्यन्तरतमं ब्रह्म विद्यया प्रत्यगात्मत्वेन दिदर्शयिषुः शास्त्रमविद्याकृतपञ्चकोशापनयनेनानेकतुषकोद्रववितुषीकरणेनेव तदन्तर्गततण्डुलान् प्रस्तौति तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयादित्यादि।

अन्नमयकोश-निरासः

अनेक तुषाओंवाले धानोंको तुषरहित करके जिस प्रकार चावल निकाल लिये जाते हैं उसी प्रकार अन्नमयसे लेकर आनन्दमय कोशपर्यन्त सम्पूर्ण शरीरोंकी अपेक्षा आन्तरतम ब्रह्मको विद्याके द्वारा अपने प्रत्यगात्मरूपसे दिखलानेकी इच्छावाला शास्त्र अविद्याकल्पित पाँच कोशोंका बाध करता हुआ 'तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयात्' इत्यादि वाक्यसे आरम्भ करता है—

तस्मादेतस्माद्यथोक्तादन्नरसमयात्पिण्डादन्यो व्यतिरिक्तोऽन्तरोऽभ्यन्तर आत्मा पिण्डवदेव मिथ्या परिकल्पित आत्मत्वेन प्राणमयः प्राणो वायुस्तन्मयस्तत्प्रायः। तेन प्राणमयेनान्नरसमय आत्मैष पूर्णो वायुनेव दृतिः। स वा एषः प्राणमय आत्मा पुरुषविध एव पुरुषाकार एव, शिरःपक्षादिभिः।

प्राणमयकोश-निर्वचनम्

उस इस पूर्वोक्त अन्नरसमय पिण्डसे अन्य यानी पृथक् और उसके भीतर रहनेवाला आत्मा, जो अन्नरसमय पिण्डके समान मिथ्या ही आत्मारूपसे कल्पना किया हुआ है, प्राणमय है। प्राण—वायु उससे युक्त अर्थात् तत्प्राय [यानी उसमें प्राणकी ही प्रधानता है]। जिस प्रकार वायुसे धौंकनी भरी रहती है उसी प्रकार उस प्राणमयसे यह अन्नरसमय शरीर भरा हुआ है। वह यह प्राणमय आत्मा पुरुषविध अर्थात् सिर और पक्षादिके कारण पुरुषाकार ही है।

किं स्वत एव, नेत्याह। प्रसिद्धं तावदन्नरसमयस्यात्मनः पुरुषविधत्वम्। तस्यान्नरसमयस्य पुरुषविधतां पुरुषाकारतामनु अयं

प्राणमयस्य पुरुषविधत्वम्

क्या वह स्वतः ही पुरुषाकार है ? इसपर कहते हैं—'नहीं, अन्नरसमय शरीरकी पुरुषाकारता तो प्रसिद्ध ही है; उस अन्नरसमयकी पुरुषविधता—पुरुषाकारताके अनुसार साँचेमें ढली हुई प्रतिमाके समान यह

प्राणमयः पुरुषविधो मूषानिषिक्त-प्रतिमावन्न स्वत एव। एवं पूर्वस्य पूर्वस्य पुरुषविधतामनूत्तरोत्तरः पुरुषविधो भवति पूर्वः पूर्वश्चोत्तरोत्तरेण पूर्णः।

कथं पुनः पुरुषविधतास्य इत्युच्यते। तस्य प्राणमयस्य प्राण एव शिरः। प्राणमयस्य वायुविकारस्य प्राणो मुखनासिकानिःसरणो वृत्तिविशेषः शिर एव परिकल्प्यते वचनात्। सर्वत्र वचनादेव पक्षादिकल्पना। व्यानो व्यानवृत्तिर्दक्षिणः पक्षः। अपान उत्तरः पक्षः। आकाश आत्मा। य आकाशस्थो वृत्तिविशेषः समानाख्यः स आत्मेवात्मा; प्राणवृत्त्यधिकारात्। मध्यस्थत्वादितराः पर्यन्ता वृत्तीरपेक्ष्यात्मा। "मध्यं ह्येषामङ्गानामात्मा" इति श्रुतिप्रसिद्धं मध्यमस्थस्यात्मत्वम्।

प्राणमय कोश भी पुरुषाकार है—स्वतः ही पुरुषाकार नहीं है। इसी प्रकार पूर्व-पूर्वकी पुरुषाकारता है और उसके अनुसार पीछे-पीछेका कोश भी पुरुषाकार है; तथा पूर्व-पूर्व कोश पीछे-पीछेके कोशसे पूर्ण (भरा हुआ) है।

इसकी पुरुषाकारता किस प्रकार है? सो बतलायी जाती है—उस प्राणमयका प्राण ही सिर है। वायुके विकाररूप प्राणमय कोशका मुख और नासिकासे निकलनेवाला प्राण, जो मुख्य प्राणकी वृत्तिविशेष है, श्रुतिके वचनानुसार सिररूपसे ही कल्पना किया जाता है। इसके सिवा आगे भी श्रुतिके वचनानुसार ही पक्ष आदिकी कल्पना की गयी है। व्यान अर्थात् व्यान नामकी वृत्ति दक्षिण पक्ष है, अपान उत्तर पक्ष है, आकाश आत्मा है। यहाँ प्राणवृत्तिका अधिकार होनेके कारण ['आकाश' शब्दसे] आकाशमें स्थित जो समानसंज्ञक प्राणकी वृत्ति है वही आत्मा है। अपने आस-पासकी अन्य सब वृत्तियोंकी अपेक्षा मध्यवर्तिनी होनेके कारण वह आत्मा है। "इन अंगोंका मध्य आत्मा है" इस श्रुतिसे मध्यवर्ती अंगका आत्मत्व प्रसिद्ध ही है।

पृथिवी पुच्छं प्रतिष्ठा। पृथिवीति पृथिवीदेवताध्यात्मिकस्य प्राणस्य धारयित्री स्थितिहेतुत्वात्। "सैषा पुरुषस्यापानमवष्टभ्य" (बृ० उ० ३। ८) इति हि श्रुत्यन्तरम्। अन्यथोदानवृत्त्योर्ध्वगमनं गुरुत्वाच्च पतनं वा स्याच्छरीरस्य। तस्मात्पृथिवी देवता पुच्छं प्रतिष्ठा प्राणमयस्यात्मनः। तत्तस्मिन्नेवार्थे प्राणमयात्मविषय एष श्लोको भवति॥ १॥

पृथिवी पुच्छ-प्रतिष्ठा है। 'पृथिवी' इस शब्दसे पृथिवीकी अधिष्ठात्री देवी समझनी चाहिये, क्योंकि स्थितिकी हेतुभूत होनेसे वही आध्यात्मिक प्राणको भी धारण करनेवाली है। इस विषयमें "वह पृथिवी-देवता पुरुषके अपानको आश्रय करके" इत्यादि एक दूसरी श्रुति भी है। अन्यथा प्राणकी उदानवृत्तिसे या तो शरीर ऊपरको उड़ जाता अथवा गुरुतावश गिर पड़ता। अतः पृथिवी-देवता ही प्राणमय शरीरकी पुच्छ—प्रतिष्ठा है। उसी अर्थमें अर्थात् प्राणमय आत्माके विषयमें ही यह श्लोक प्रसिद्ध है॥ १॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां द्वितीयोऽनुवाकः॥ २॥

तृतीय अनुवाक

प्राणकी महिमा और मनोमय कोशका वर्णन

प्राणं देवा अनु प्राणन्ति। मनुष्याः पशवश्च ये। प्राणो हि भूतानामायुः। तस्मात्सर्वायुषमुच्यते। सर्वमेव त आयुर्यन्ति ये प्राणं ब्रह्मोपासते। प्राणो हि भूतानामायुः। तस्मात्सर्वायुषमुच्यत इति। तस्यैष एव शारीर आत्मा यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्मात्प्राणमयादन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधतामन्वयं पुरुषविधः। तस्य यजुरेव शिरः। ऋग्दक्षिणः पक्षः। सामोत्तरः पक्षः। आदेश आत्मा। अथर्वाङ्गिरसः पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति॥ १॥

देवगण प्राणके अनुगामी होकर प्राणन-क्रिया करते हैं तथा जो मनुष्य और पशु आदि हैं [वे भी प्राणन-क्रियासे ही चेष्टावान् होते हैं]। प्राण ही प्राणियोंकी आयु (जीवन) है। इसीलिये वह 'सर्वायुष' कहलाता है। जो प्राणको ब्रह्मरूपसे उपासना करते हैं वे पूर्ण आयुको प्राप्त होते हैं। प्राण ही प्राणियोंकी आयु है। इसलिये वह 'सर्वायुष' कहलाता है। उस पूर्वोक्त (अन्नमय कोश)-का यही देहस्थित आत्मा है। उस इस प्राणमय कोशसे दूसरा इसके भीतर रहनेवाला आत्मा मनोमय है। उसके द्वारा यह पूर्ण है। वह यह [मनोमय कोश]-भी पुरुषाकार ही है। उस (प्राणमय कोश)-की पुरुषाकारताके अनुसार ही यह भी पुरुषाकार है। यजुः ही उसका सिर है, ऋक् दक्षिण पक्ष है, साम उत्तर पक्ष है, आदेश आत्मा है तथा अथर्वाङ्गिरस पुच्छ—प्रतिष्ठा है। उसके विषयमें ही यह श्लोक है॥ १॥

प्राणं देवा अनुप्राणन्ति। प्राणस्य प्राधान्यम् देवा अग्न्यादयः प्राणं वाय्वात्मानं प्राणनशक्तिमन्तमनु तदात्मभूताः सन्तः प्राणन्ति प्राणनकर्म कुर्वन्ति प्राणनक्रियया क्रियावन्तो भवन्ति। अध्यात्माधिकाराद्देवा इन्द्रियाणि प्राणमनु प्राणन्ति मुख्यप्राणमनु चेष्टन्त इति वा। तथा मनुष्याः पशवश्च ये ते प्राणनकर्मणैव चेष्टावन्तो भवन्ति।

अतश्च नान्नमयेनैव परिच्छिन्नेनात्मनात्मवन्तः प्राणिनः। किं तर्हि? तदन्तर्गतेन प्राणमयेनापि साधारणेनैव सर्वपिण्डव्यापिनात्मवन्तो मनुष्यादयः। एवं मनोमयादिभिः पूर्वपूर्वव्यापिभिरुत्तरोत्तरैः सूक्ष्मैरानन्दमयान्तैराकाशादिभूतारब्धैरविद्याकृतैरात्मवन्तः सर्वे प्राणिनः। तथा स्वाभाविकेनाप्याकाशादिकारणेन नित्येनाविकृतेन सर्वगतेन सत्यज्ञानानन्तलक्षणेन पञ्चकोशातिगेन सर्वात्मनात्मवन्तः। स हि परमार्थत आत्मा सर्वेषामित्येतदप्यर्थादुक्तं भवति।

प्राणं देवा अनुप्राणन्ति—अग्नि आदि देवगण प्राणनशक्तिमान् वायुरूप प्राणके अनुगामी होकर अर्थात् तद्रूप होकर प्राणन-क्रिया करते हैं; यानी प्राणन-क्रियासे क्रियावान् होते हैं। अथवा यहाँ अध्यात्मसम्बन्धी प्रकरण होनेसे [यह समझना चाहिये कि] देव अर्थात् इन्द्रियाँ प्राणके पीछे प्राणन करतीं यानी मुख्य प्राणकी अनुगामिनी होकर चेष्टा करती हैं तथा जो भी मनुष्य और पशु आदि हैं वे ही प्राणन-क्रियासे ही चेष्टावान् होते हैं।

इससे जाना जाता है कि प्राणी केवल परिच्छिन्नरूप अन्नमय कोशसे ही आत्मवान् नहीं हैं। तो क्या है? वे मनुष्यादि जीव उसके अन्तर्वर्ती सम्पूर्ण पिण्डमें व्याप्त साधारण प्राणमय कोशसे भी आत्मवान् हैं। इस प्रकार पूर्व-पूर्व कोशमें व्यापक मनोमयसे लेकर आनन्दमय कोशपर्यन्त, आकाशादि भूतोंसे होनेवाले अविद्याकृत कोशोंसे सम्पूर्ण प्राणी आत्मवान् हैं। इसी प्रकार वे स्वभावसे ही आकाशादिके कारण, नित्य, निर्विकार, सर्वगत, सत्य ज्ञान एवं अनन्तरूप, पञ्चकोशातीत सर्वात्मासे भी आत्मवान् हैं। वही परमार्थतः सबका आत्मा है—यह बात भी इस वाक्यके तात्पर्यसे कह ही दी गयी है।

प्राणं देवा अनु प्राणन्तीत्युक्तं तत्कस्मादित्याह। प्राणो हि यस्माद्भूतानां प्राणिनामायुर्जीवनम्। ''यावद्ध्यस्मिञ्शरीरे प्राणो वसति तावदायुः'' (कौ० उ० ३। २) इति श्रुत्यन्तरात्। तस्मात्सर्वायुषम्। सर्वेषामायुः सर्वायुः सर्वायुरेव सर्वायुषमित्युच्यते। प्राणापगमे मरणप्रसिद्धेः। प्रसिद्धं हि लोके सर्वायुष्ट्वं प्राणस्य।

देवगण प्राणके पीछे प्राणन-क्रिया करते हैं—ऐसा पहले कहा गया। ऐसा क्यों है ? सो बतलाते हैं—क्योंकि प्राण ही प्राणियोंका आयु—जीवन है। ''जबतक इस शरीरमें प्राण रहता है तभीतक आयु है'' इस एक अन्य श्रुतिसे भी यही सिद्ध होता है। इसीलिये वह 'सर्वायुष' है। सबकी आयुका नाम 'सर्वायु' है, 'सर्वायु' ही 'सर्वायुष' कहा जाता है, क्योंकि प्राण-प्रयाणके अनन्तर मृत्यु हो जाना प्रसिद्ध ही है। प्राणका सर्वायु होना तो लोकमें प्रसिद्ध ही है।

प्राणोपासन-फलम्

अतोऽस्माद्बाह्यादसाधारणादन्नमयादात्मनोऽपक्रम्यान्तः साधारणं प्राणमयमात्मानं ब्रह्मोपासते येऽहमस्मि प्राणः सर्वभूतानामात्मायुर्जीवनहेतुत्वादिति ते सर्वमेवायुरस्मिँल्लोके यन्ति; नापमृत्युना म्रियन्ते प्राक्प्राप्तादायुष इत्यर्थः। शतं वर्षाणीति तु युक्तं ''सर्वमायुरेति'' (छा० उ० २। ११—२०, ४। ११—१३) इति श्रुतिप्रसिद्धेः।

अतः जो लोग इस बाह्य असाधारण (व्यावृत्तरूप) अन्नमय कोशसे आत्मबुद्धिको हटाकर इसके अन्तर्वर्ती और साधारण [सम्पूर्ण इन्द्रियोंमें अनुगत] प्राणमय कोशको 'मैं प्राण सम्पूर्ण भूतोंका आत्मा और उनके जीवनका कारण होनेसे उनकी आयु हूँ' इस प्रकार ब्रह्मरूपसे उपासना करते हैं वे इस लोकमें पूर्ण आयुको प्राप्त होते हैं। अर्थात् प्रारब्धवश प्राप्त हुई आयुसे पूर्व अपमृत्युसे नहीं मरते। ''पूर्ण आयुको प्राप्त होता है'' ऐसी श्रुति-प्रसिद्धि होनेके कारण यहाँ ['सर्वायु' शब्दसे] सौ वर्ष समझने चाहिये।

किं कारणं प्राणो हि भूतानामायुस्तस्मात्सर्वायुषमुच्यत इति। यो यद्गुणकं ब्रह्मोपास्ते स तद्गुणभाग्भवतीति विद्याफलप्राप्ते-र्हेत्वर्थं पुनर्वचनं प्राणो हीत्यादि। तस्य पूर्वस्यान्नमयस्यैष एव शरीरेऽन्नमये भवः शारीर आत्मा। कः? य एष प्राणमयः।

तस्माद्वा एतस्मादित्युक्तार्थमन्यत्।

मनोमयकोश-निर्वचनम्

अन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः। मन इति संकल्पाद्यात्मकमन्तःकरणं तन्मयो मनोमयो यथान्नमयः। सोऽयं प्राणमयस्याभ्यन्तर आत्मा। तस्य यजुरेव शिरः। यजुरित्यनियताक्षर-पादावसानो मन्त्रविशेषस्तज्जातीय-वचनो यजुःशब्दस्तस्य शिरस्त्वं

[प्राणको सर्वायु समझनेका] क्या कारण है? क्योंकि प्राण ही प्राणियोंकी आयु है इसलिये वह 'सर्वायुष' कहा जाता है। जो व्यक्ति जैसे गुणवाले ब्रह्मकी उपासना करता है वह उसी प्रकारके गुणका भागी होता है—इस प्रकार विद्याके फलकी प्राप्तिके इस हेतुको प्रदर्शित करनेके लिये 'प्राणो हि भूतानामायुः' इत्यादि वाक्यकी पुनरुक्ति की गयी है। यही उस पूर्वकथित अन्नमय कोशका शारीर—अन्नमय शरीरमें रहनेवाला आत्मा है। कौन? जो कि यह प्राणमय है।

'तस्माद्वा एतस्मात्' इत्यादि शेष पदोंका अर्थ पहले कह चुके हैं। दूसरा अन्तर-आत्मा मनोमय है। संकल्प-विकल्पात्मक अन्तःकरणका नाम मन है; जो तद्रूप हो उसे मनोमय कहते हैं; जैसे [अन्नरूप होनेके कारण] अन्नमय कहा गया है। वह इस प्राणमयका अन्तर्वर्ती आत्मा है। उसका यजुः ही सिर है। जिनमें अक्षरोंका कोई नियम नहीं है ऐसे पादोंमें समाप्त होनेवाले मन्त्रविशेषका नाम यजुः है। उस जातिके मन्त्रोंका वाचक 'यजुः' शब्द है। उसे प्रधानताके कारण सिर कहा गया है।

प्राधान्यात्। प्राधान्यं च यागादौ संनिपत्योपकारकत्वात्। यजुषा हि हविर्दीयते स्वाहाकारादिना।

वाचनिकी वा शिरआदिकल्पना सर्वत्र। मनसो हि स्थानप्रयत्ननादस्वरवर्णपदवाक्य-विषया तत्संकल्पात्मिका तद्भाविता वृत्तिः श्रोत्रादिकरणद्वारा यजुःसंकेतविशिष्टा यजु इत्युच्यते। एवमृगेवं साम च।

यागादिमें संनिपत्य उपकारक[1] होनेके कारण यजुः-मन्त्रोंकी प्रधानता है, क्योंकि स्वाहा आदिके द्वारा यजुर्मन्त्रोंसे ही हवि दी जाती है।

अथवा इन सब प्रसंगोंमें सिर आदिकी कल्पना श्रुतिवाक्यसे ही समझनी चाहिये। अक्षरोंके [उच्चारणके] स्थान, [आन्तरिक] प्रयत्न, [उससे उत्पन्न हुआ] नाद, [उदात्तादि] स्वर, [अकारादि] वर्ण, [उनसे रचे हुए] पद और [पदोंके समूहरूप] वाक्यसे सम्बन्ध रखनेवाली तथा उन्हींके संकल्प और भावसे युक्त जो श्रवणादि इन्द्रियोंके द्वारा उत्पन्न होनेवाली 'यजुः' संकेतविशिष्ट मनकी वृत्ति है वही 'यजुः' कही जाती है। इसी प्रकार 'ऋक्' और ऐसे ही 'साम' को भी समझना चाहिये।[2]

१-यज्ञांग दो प्रकारके होते हैं—एक संनिपत्य उपकारक और दूसरे आरात् उपकारक। उनमें जो अङ्ग साक्षात् अथवा परम्परासे प्रधान यागके कलेवरकी पूर्ति कर उसके द्वारा अपूर्वकी उत्पत्तिमें उपयोगी होते हैं वे संनिपत्य उपकारक कहलाते हैं। यजुर्मन्त्र भी यागशरीरको निष्पन्न करनेवाले होनेसे संनिपत्य उपकारक हैं।

२-'यजुः' आदि शब्दोंसे यजुर्वेद आदि ही समझे जाते हैं। परन्तु यहाँ जो उन्हें मनोमय कोशके सिर आदि रूपसे बतलाया गया है, उसमें यह शंका होती है कि उनका उससे ऐसा क्या सम्बन्ध है, जो वे उसके अङ्गरूपसे बतलाये गये हैं? इस वाक्यमें भगवान् भाष्यकारने उसी बातको स्पष्ट किया है। इसका तात्पर्य यह है कि यजुः, साम अथवा ऋक् आदि मन्त्रोंके उच्चारणमें सबसे पहले अन्यान्य शब्दोंके उच्चारणके समान मनका ही व्यापार होता है। पहले कण्ठ अथवा तालु आदि स्थानोंसे जठराग्निद्वारा प्रेरित वायुका आघात होता है, उससे अस्फुट नादकी उत्पत्ति होती है, फिर क्रमशः स्वर और अकारादि वर्ण अभिव्यक्त होते हैं। वर्णोंके संयोगसे पद और पदसमूहसे वाक्यकी रचना होती है। इस प्रकार मानसिक सङ्कल्प और भावसे ही यजुः आदि मन्त्र अभिव्यक्त होकर श्रोत्रेन्द्रियसे ग्रहण किये जाते हैं। अतः मनोवृत्तिसे उत्पन्न होनेवाले होनेके कारण ही यहाँ यजुर्विषयक मनोवृत्तिको 'यजुः', ऋग्विषयक वृत्तिको 'ऋक्' और सामविषयक वृत्तिको 'साम' कहा गया है, तथा इस प्रकारकी यजुर्वृत्ति ही मनोमय कोशकी शीर्षस्थानीय है।

एवं च मनोवृत्तित्वे मन्त्राणां वृत्तिरेवावर्त्यत इति मानसो जप उपपद्यते। अन्यथाविषयत्वान्मन्त्रो नावर्तयितुं शक्यो घटादिवदिति मानसो जपो नोपपद्यते। मन्त्रावृत्तिश्च चोद्यते बहुशः कर्मसु।

अक्षरविषयस्मृत्यावृत्त्या मन्त्रावृत्तिः स्यादिति चेत्।

न; मुख्यार्थासंभवात्। "त्रिः प्रथमामन्वाह त्रिरुत्तमाम्" इति ऋगावृत्तिः श्रूयते। तत्रर्चोऽविषयत्वे तद्विषयस्मृत्यावृत्त्या मन्त्रावृत्तौ च क्रियमाणायाम् "त्रिः प्रथमामन्वाह" इति ऋगावृत्तिर्मुख्योऽर्थश्चोदितः परित्यक्तः स्यात्। तस्मान्मनोवृत्त्युपाधिपरिच्छिन्नं मनोवृत्तिनिष्ठमात्मचैतन्यमनादिनिधनं

इस प्रकार मन्त्रोंके मनोवृत्तिरूप होनेपर ही उस वृत्तिका आवर्तन करनेसे उनका मानसिक जप किया जाना ठीक हो सकता है। अन्यथा घटादिके समान मनके विषय न होनेके कारण तो मन्त्रोंकी आवृत्ति भी नहीं की जा सकती थी और उस अवस्थामें मानसिक जप होना सम्भव ही नहीं था। किन्तु मन्त्रोंकी आवृत्तिका तो बहुत-से कर्मोंमें विधान किया ही गया है [इससे उसकी असम्भावना तो सिद्ध हो नहीं सकती]।

शंका—मन्त्रके अक्षरोंको विषय करनेवाली स्मृतिकी आवृत्ति होनेसे मन्त्रकी भी आवृत्ति हो सकती है—यदि ऐसा माने तो?

समाधान—नहीं; क्योंकि [ऐसा माननेसे जपका विधान करनेवाली श्रुतिका] मुख्य अर्थ असम्भव हो जायगा। "तीन बार प्रथम ऋक्‌की आवृत्ति करनी चाहिये और तीन बार अन्तिम ऋक्‌का अन्वाख्यान (आवर्तन) करे" इस प्रकार ऋक्‌की आवृत्तिके विषयमें श्रुतिकी आज्ञा है। ऐसी अवस्थामें मन्त्रमय ऋक् तो मनका विषय नहीं है, अतः मन्त्रकी आवृत्तिके स्थानमें यदि केवल उसकी स्मृतिका ही आवर्तन किया जाय तो "तीन बार प्रथम ऋक्‌की आवृत्ति करनी चाहिये" इस श्रुतिका मुख्य अर्थ छूट जाता है। अतः यह समझना चाहिये कि मनोवृत्तिरूप उपाधिसे परिच्छिन्न

यजुःशब्दवाच्यमात्मविज्ञानं मन्त्रा इति। एवं च नित्यत्वोपपत्तिर्वेदानाम्। अन्यथा विषयत्वे रूपादिवदनित्यत्वं च स्यान्नैतद्युक्तम्। "सर्वे वेदा यत्रैकं भवन्ति स मानसीन आत्मा" इति च श्रुतिर्नित्यात्मनैकत्वं ब्रुवत्यृगादीनां नित्यत्वे समञ्जसा स्यात्। "ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदुः" (श्वे० उ० ४। ८) इति च मन्त्रवर्णः।

आदेशोऽत्र ब्राह्मणम्; अतिदेष्टव्यविशेषानतिदिशतीति । अथर्वाङ्गिरसा च दृष्टा मन्त्रा ब्राह्मणं च शान्तिकपौष्टिकादिप्रतिष्ठाहेतुकर्मप्रधानत्वात्पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति मनोमयात्मप्रकाशकः पूर्ववत्॥ १॥

मनोवृत्तिस्थित जो अनादि-अनन्त आत्मचैतन्य 'यजुः' शब्दवाच्य आत्मविज्ञान है वह यजुर्मन्त्र है। इसी प्रकार वेदोंकी नित्यता भी सिद्ध हो सकती है; नहीं तो इन्द्रियोंके विषय होनेपर तो रूपादिके समान उनकी भी अनित्यता ही सिद्ध होगी; और ऐसा होना ठीक नहीं है। "जिसमें समस्त वेद एकरूप हो जाते हैं वह मनरूप उपाधिमें स्थित आत्मा है" यह नित्य आत्माके साथ ऋगादिका एकत्व बतलानेवाली श्रुति भी उनका नित्यत्व सिद्ध होनेपर ही सार्थक हो सकती है। इस सम्बन्धमें "जिसमें सम्पूर्ण देव स्थित हैं उस अक्षर और परब्रह्मरूप आकाशमें ही ऋचाएँ तादात्म्यभावसे व्यवस्थित हैं" ऐसा मन्त्रवर्ण भी है।

'आदेश आत्मा' इस वाक्यमें 'आदेश' शब्द ब्राह्मणका वाचक है; क्योंकि वेदोंका ब्राह्मणभाग ही कर्त्तव्यविशेषोंका आदेश (उपदेश) देता है। अथर्वाङ्गिरस ऋषिके साक्षात्कार किये हुए मन्त्र और ब्राह्मण ही पुच्छ—प्रतिष्ठा हैं, क्योंकि उनमें शान्ति और पुष्टिकी स्थितिके हेतुभूत कर्मोंकी प्रधानता है। पूर्ववत् इस विषयमें ही—मनोमय आत्माका प्रकाश करनेवाला ही यह श्लोक है॥ १॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां तृतीयोऽनुवाकः॥ ३॥

चतुर्थ अनुवाक

मनोमय कोशकी महिमा तथा विज्ञानमय कोशका वर्णन

यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्। न बिभेति कदाचनेति। तस्यैष एव शारीर आत्मा यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्मान्मनोमयादन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयस्तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधतामन्वयं पुरुषविधः। तस्य श्रद्धैव शिरः। ऋतं दक्षिणः पक्षः। सत्यमुत्तरः पक्षः। योग आत्मा। महः पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति॥ १॥

जहाँसे मनके सहित वाणी उसे न पाकर लौट आती है उस ब्रह्मानन्दको जाननेवाला पुरुष कभी भयको प्राप्त नहीं होता। यह जो [मनोमय शरीर] है वही उस अपने पूर्ववर्ती [प्राणमय कोश]-का शारीरिक आत्मा है। उस इस मनोमयसे दूसरा इसका अन्तर-आत्मा विज्ञानमय है। उसके द्वारा यह पूर्ण है। वह यह विज्ञानमय भी पुरुषाकार ही है। उस [मनोमय]-की पुरुषाकारताके अनुसार ही यह भी पुरुषाकार है। उसका श्रद्धा ही सिर है। ऋत दक्षिण पक्ष है। सत्य उत्तर पक्ष है। योग आत्मा (मध्यभाग) है और महत्तत्व पुच्छ—प्रतिष्ठा है। उसके विषयमें ही यह श्लोक है॥ १॥

यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सहेत्यादि। तस्य पूर्वस्य प्राणमयस्यैष एवात्मा शारीरः शरीरे प्राणमये भवः शारीरः। कः? य एष मनोमयः। तस्माद्वा एतस्मादित्यादि पूर्ववत्। अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयो मनोमयस्याभ्यन्तरो विज्ञानमयः।

जहाँसे मनके सहित वाणी उसे न पाकर लौट आती है—इत्यादि [अर्थ स्पष्ट ही है] उस पूर्वकथित प्राणमयका यही शारीर अर्थात् प्राणमय शरीरमें रहनेवाला आत्मा है। कौन? यह जो मनोमय है। 'तस्माद्वा एतस्मात्' इत्यादि वाक्यका अर्थ पूर्ववत् समझना चाहिये। उस इस मनोमयसे दूसरा इसका अन्तर आत्मा विज्ञानमय है अर्थात् मनोमय कोशके भीतर विज्ञानमय कोश है।

मनोमयो वेदात्मोक्तः। वेदार्थविषया बुद्धिर्निश्चयात्मिका विज्ञानं तच्चाध्यवसायलक्षणमन्तःकरणस्य धर्मः। तन्मयो निश्चयविज्ञानैः प्रमाणस्वरूपैर्निर्वर्तित आत्मा विज्ञानमयः। प्रमाणविज्ञानपूर्वको हि यज्ञादिस्तायते। यज्ञादिहेतुत्वं च वक्ष्यति श्लोकेन।

मनोमय कोश वेदरूप बतलाया गया था। वेदोंके अर्थके विषयमें जो निश्चयात्मिका बुद्धि है उसीका नाम विज्ञान है और वह अन्तःकरणका अध्यवसायरूप धर्म है। तन्मय अर्थात् प्रमाणस्वरूप निश्चय विज्ञानसे (निश्चयात्मिका बुद्धिसे) निष्पन्न होनेवाला आत्मा विज्ञानमय है, क्योंकि प्रमाणके विज्ञानपूर्वक ही यज्ञादिका विस्तार किया जाता है। विज्ञान यज्ञादिका हेतु है—यह बात श्रुति आगे चलकर मन्त्रद्वारा बतलायेगी।

निश्चयविज्ञानवतो हि कर्तव्येष्वर्थेषु पूर्वं श्रद्धोत्पद्यते। सा सर्वकर्तव्यानां प्राथम्याच्छिर इव शिरः। ऋतसत्ये यथाव्याख्याते एव। योगो युक्तिः समाधानम्, आत्मेवात्मा। आत्मवतो हि युक्तस्य समाधानवतोऽङ्गानीव श्रद्धादीनि यथार्थप्रतिपत्तिक्षमाणि भवन्ति। तस्मात्समाधानं योग आत्मा विज्ञानमयस्य। महः पुच्छं प्रतिष्ठा।

निश्चयात्मिका बुद्धिसम्पन्न पुरुषको सबसे पहले कर्तव्य कर्ममें श्रद्धा ही उत्पन्न होती है। अतः सम्पूर्ण कर्मोंमें प्रथम होनेके कारण वह सिरके समान उस विज्ञानमयका सिर है। ऋत और सत्यका अर्थ पहले (शीक्षावल्ली नवम अनुवाकमें)-की हुई व्याख्याके ही समान है। योग—युक्ति अर्थात् समाधान ही आत्माके समान उसका आत्मा है। युक्त अर्थात् समाधानसम्पन्न आत्मवान् पुरुषके ही अङ्गादिके समान श्रद्धा आदि साधन यथार्थ ज्ञानकी प्राप्तिमें समर्थ होते हैं। अतः समाधान यानी योग ही विज्ञानमय कोशका आत्मा है और महः उसकी पुच्छ—प्रतिष्ठा है।

महः इति महत्तत्त्वं प्रथमजम्। "महद्यक्षं प्रथमजं वेद" (बृ० उ० ५। ४। १) इति श्रुत्यन्तरात्। पुच्छं प्रतिष्ठा कारणत्वात्। कारणं हि कार्याणां प्रतिष्ठा। यथा वृक्षवीरुधां पृथिवी। सर्वबुद्धिविज्ञानानां च महत्तत्त्वं कारणम्। तेन तद्विज्ञानमयस्यात्मनः प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति पूर्ववत्। यथान्नमयादीनां ब्राह्मणोक्तानां प्रकाशकाः श्लोका एवं विज्ञानमयस्यापि॥ १॥

"प्रथम उत्पन्न हुए महान् यक्ष (पूजनीय)-को जानता है" इस एक अन्य श्रुतिके अनुसार 'महः' यह महत्तत्त्वका नाम है। वही [विज्ञानमयका] कारण होनेसे उसकी पुच्छ—प्रतिष्ठा है, क्योंकि कारण ही कार्यवर्गकी प्रतिष्ठा (आश्रय) हुआ करता है, जैसे कि वृक्ष और लता-गुल्मादिकी प्रतिष्ठा पृथिवी है। महत्तत्त्व ही बुद्धिके सम्पूर्ण विज्ञानोंका कारण है। इसलिये वह विज्ञानमय आत्माकी प्रतिष्ठा है। पूर्ववत् उसके विषयमें ही यह श्लोक है अर्थात् जैसे पहले श्लोक ब्राह्मणोक्त अन्नमय आदिके प्रकाशक हैं उसी प्रकार यह विज्ञानमयका भी प्रकाशक श्लोक है॥ १॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां चतुर्थोऽनुवाकः॥ ४॥

पञ्चम अनुवाक

विज्ञानकी महिमा तथा आनन्दमय कोशका वर्णन

विज्ञानं यज्ञं तनुते। कर्माणि तनुतेऽपि च। विज्ञानं देवाः सर्वे। ब्रह्म ज्येष्ठमुपासते। विज्ञानं ब्रह्म चेद्वेद। तस्माच्चेन्न प्रमाद्यति। शरीरे पाप्मनो हित्वा। सर्वान्कामान्समश्नुत इति। तस्यैष एव शारीर आत्मा यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्माद्विज्ञानमयादन्योऽन्तर आत्मानन्दमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधतामन्वयं पुरुषविधः। तस्य प्रियमेव शिरः। मोदो दक्षिणः पक्षः। प्रमोद उत्तरः पक्षः। आनन्द आत्मा। ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति॥ १॥

विज्ञान (विज्ञानवान् पुरुष) यज्ञका विस्तार करता है और वही कर्मोंका भी विस्तार करता है। सम्पूर्ण देव ज्येष्ठ विज्ञान-ब्रह्मकी उपासना करते हैं। यदि साधक 'विज्ञान ब्रह्म है' ऐसा जान जाय और फिर उससे प्रमाद न करे तो अपने शरीरके सारे पापोंको त्यागकर वह समस्त कामनाओं (भोगों)-को पूर्णतया प्राप्त कर लेता है। यह जो विज्ञानमय है वही उस अपने पूर्ववर्ती मनोमय शरीरका आत्मा है। उस इस विज्ञानमयसे दूसरा इसका अन्तर्वर्ती आत्मा आनन्दमय है। उस आनन्दमयके द्वारा यह पूर्ण है। वह यह आनन्दमय भी पुरुषाकार ही है। उस (विज्ञानमय)-की पुरुषाकारताके समान ही यह पुरुषाकार है। उसका प्रिय ही सिर है, मोद दक्षिण पक्ष है, प्रमोद उत्तर पक्ष है, आनन्द आत्मा है और ब्रह्म पुच्छ—प्रतिष्ठा है। उसके विषयमें ही यह श्लोक है॥ १॥

विज्ञान-मयोपासनम्

विज्ञानं यज्ञं तनुते। विज्ञानवान्हि यज्ञं तनोति श्रद्धादिपूर्वकम्। अतो विज्ञानस्य कर्तृत्वं तनुत इति कर्माणि च तनुते। यस्माद्विज्ञान-

विज्ञान यज्ञका विस्तार करता है अर्थात् विज्ञानवान् पुरुष ही श्रद्धादिपूर्वक यज्ञका अनुष्ठान करता है। अतः यज्ञानुष्ठानमें विज्ञानका कर्तृत्व है और तनुते—इसका भाव यह है कि वही कर्मोंका भी विस्तार करता है। इस प्रकार

कर्तृकं सर्वं तस्माद्युक्तं विज्ञानमय आत्मा ब्रह्मेति। किं च विज्ञानं ब्रह्म सर्वे देवा इन्द्रादयो ज्येष्ठं प्रथमजत्वात्सर्वप्रवृत्तीनां वा तत्पूर्वकत्वात्प्रथमजं विज्ञानं ब्रह्मोपासते ध्यायन्ति तस्मिन्विज्ञानमये ब्रह्मण्यभिमानं कृत्वोपासत इत्यर्थः। तस्मात्ते महतो ब्रह्मण उपासनाज्ज्ञानैश्वर्यवन्तो भवन्ति।

तच्च विज्ञानं ब्रह्म चेद्यदि वेद विजानाति न केवलं वेदैव तस्माद्ब्रह्मणश्चेन्न प्रमाद्यति बाह्येष्वेवानात्मस्वात्मभावितत्वात्प्राप्तं विज्ञानमये ब्रह्मण्यात्मभावनायाः प्रमदनं तन्निवृत्त्यर्थमुच्यते तस्माच्चेन्न प्रमाद्यतीति, अन्नमयादिष्वात्मभावं हित्वा केवले विज्ञानमये ब्रह्मण्यात्मत्वं भावयन्नास्ते चेदित्यर्थः।

ततः किं स्यादित्युच्यते—

क्योंकि सब कुछ विज्ञानका ही किया हुआ है इसलिये 'विज्ञानमय आत्मा ब्रह्म है' ऐसा कहना ठीक ही है। यही नहीं, इन्द्रादि सम्पूर्ण देवगण विज्ञानब्रह्मकी, जो सबसे पहले उत्पन्न होनेवाला होनेसे ज्येष्ठ है अथवा समस्त वृत्तियाँ विज्ञानपूर्वक होनेके कारण जो प्रथमोत्पन्न है, उस विज्ञानरूप ब्रह्मकी उपासना अर्थात् ध्यान करते हैं। तात्पर्य यह है कि वे उस विज्ञानमय ब्रह्ममें अभिमान करके उसकी उपासना करते हैं। अतः वे उस महद्ब्रह्मकी उपासना करनेसे ज्ञान और ऐश्वर्यसम्पन्न होते हैं।

उस विज्ञानरूप ब्रह्मको यदि जान ले—केवल जान ही न ले बल्कि यदि उससे प्रमाद भी न करे; बाह्य अनात्म पदार्थोंमें आत्मबुद्धि की हुई है, उसके कारण विज्ञानमय ब्रह्ममें की हुई आत्मभावनासे प्रमाद होना सम्भव है; उसकी निवृत्तिके लिये कहते हैं— 'यदि उससे प्रमाद न करे' इत्यादि। तात्पर्य यह है कि यदि अन्नमय आदिमें आत्मभावको छोड़कर केवल विज्ञानमय ब्रह्ममें ही आत्मत्वकी भावना करके स्थित रहे—

तो क्या होगा? इसपर कहते

विज्ञानब्रह्मोपासन-फलम्

शरीरे पाप्मनो हित्वा। शरीराभिमाननिमित्ता हि सर्वे पाप्मानः तेषां च विज्ञानमये ब्रह्मण्यात्माभिमानान्निमित्तापाये हानमुपपद्यते, छत्रापाय इवच्छायापायः। तस्माच्छरीराभिमाननिमित्तान् सर्वान्पाप्मनः शरीरप्रभवाञ्शरीर एव हित्वा विज्ञानमयब्रह्मस्वरूपापन्नस्तत्स्थान्सर्वान्कामान्विज्ञानमयेनैवात्मना समश्नुते सम्यग्भुङ्क्त इत्यर्थः।

आनन्दमयस्य कार्यात्मत्व-स्थापनम्

तस्य पूर्वस्य मनोमयस्यात्मैष एव शरीरे मनोमये भवः शारीरः। कः? य एष विज्ञानमयः। तस्माद्वा एतस्मादित्युक्तार्थम्। आनन्दमय इति कार्यात्मप्रतीतिरधिकारान्मयट्शब्दाच्च। अन्नादिमया हि कार्यात्मानो भौतिका इहाधिकृताः। तदधिकारपतितश्चायमानन्दमयः, मयट् चात्र

हैं—शरीरके पापोंको त्यागकर, सम्पूर्ण पाप शरीराभिमानके कारण ही होनेवाले हैं; विज्ञानमय ब्रह्ममें आत्मत्वका अभिमान करनेसे निमित्तका क्षय हो जानेपर उनका भी क्षय होना उचित ही है, जिस प्रकार कि छातेके हटा लिये जानेपर छायाकी भी निवृत्ति हो जाती है। अतः शरीराभिमानके कारण होनेवाले शरीरजनित सम्पूर्ण पापोंको शरीरहीमें त्यागकर विज्ञानमय ब्रह्मस्वरूपको प्राप्त हुआ साधक उसमें स्थित सारे भोगोंको विज्ञानमय स्वरूपसे ही सम्यक् प्रकारसे प्राप्त कर लेता है अर्थात् उनका पूर्णतया उपभोग करता है।

उस पूर्वकथित मनोमयका शारीर-मनोमय शरीरमें रहनेवाला आत्मा भी यही है। कौन? यह जो विज्ञानमय है। 'तस्माद्वा एतस्मात्' इत्यादि वाक्यका अर्थ पहले कहा जा चुका है। 'आनन्दमय' इस शब्दसे कार्यात्माकी प्रतीति होती है, क्योंकि यहाँ उसीका अधिकार (प्रसङ्ग) है और आनन्दके साथ 'मयट्' शब्दका प्रयोग किया गया है। यहाँ अन्नमय आदि भौतिक कार्यात्माओंका अधिकार है; उन्हींके अन्तर्गत यह आनन्दमय भी है। 'मयट्' प्रत्यय भी

विकारार्थे दृष्टो यथान्नमय इत्यत्र। तस्मात्कार्यात्मानन्दमयः प्रत्येतव्यः।

संक्रमणाच्च; आनन्दमयमात्मानमुपसंक्रामतीति वक्ष्यति। कार्यात्मनां च संक्रमणमनात्मनां दृष्टम्। संक्रमणकर्मत्वेन चानन्दमय आत्मा श्रूयते। यथान्नमयमात्मानमुपसंक्रामतीति। न चात्मन एवोपसंक्रमणम्। अधिकारविरोधादसंभवाच्च। न ह्यात्मनैवात्मन उपसंक्रमणं संभवति। स्वात्मनि भेदाभावात्। आत्मभूतं च ब्रह्म सङ्क्रमितुः।

शिरआदिकल्पनानुपपत्तेश्च। न हि यथोक्तलक्षण आकाशादिकारणेऽकार्यपतिते शिरआद्यवयवरूपकल्पनोपपद्यते। "अदृश्ये-

यहाँ विकारके अर्थमें देखा गया है; जैसा कि 'अन्नमय' इस शब्दमें है। अतः आनन्दमय कार्यात्मा है—ऐसा जानना चाहिये।

संक्रमणके कारण भी यही बात सिद्ध होती है। 'वह आनन्दमय आत्माके प्रति संक्रमण करता है [अर्थात् आनन्दमय आत्माको प्राप्त होता है]' ऐसा आगे (अष्टम अनुवाकमें) कहेंगे। अन्नमयादि अनात्मा कार्यात्माओंका ही संक्रमण होता देखा गया है और संक्रमणके कर्मरूपसे आनन्दमय आत्माका श्रवण होता है, जैसे कि 'यह अन्नमय आत्माके प्रति संक्रमण (गमन) करता है' [इस वाक्यमें देखा जाता है]। स्वयं आत्माका ही संक्रमण होना सम्भव है नहीं, क्योंकि इससे उस प्रसंगमें विरोध आता है और ऐसा होना सम्भव भी नहीं है। आत्माका आत्माको ही प्राप्त होना कभी सम्भव नहीं है, क्योंकि अपने आत्मामें भेदका सर्वथा अभाव है और ब्रह्म भी संक्रमण करनेवालेका आत्मा ही है।

[आत्मामें] सिर आदिकी कल्पना असम्भव होनेके कारण भी [आनन्दमय कार्यात्मा ही है]। आकाशादिके कारण और कार्यवर्गके अन्तर्गत न आनेवाले

ऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयने'' (तै० उ० २। ७। १) ''अस्थूलमनणु'' (बृ० उ० ३। ८। ८) ''नेति नेत्यात्मा'' (बृ० उ० ३। ९। २६) इत्यादिविशेषापोहश्रुतिभ्यश्च।

मन्त्रोदाहरणानुपपत्तेश्च। न हि प्रियशिरआद्यवयवविशिष्टे प्रत्यक्षतोऽनुभूयमान आनन्दमय आत्मनि ब्रह्मणि नास्ति ब्रह्मेत्याशङ्काभावात् ''असन्नेव स भवति। असद्ब्रह्मेति वेद चेत्'' (तै० उ० २। ६। १) इति मन्त्रोदाहरणमुपपद्यते। ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठेत्यपि चानुपपन्नं पृथग्ब्रह्मणः प्रतिष्ठात्वेन ग्रहणम्। तस्मात्कार्यपतित एवानन्दमयो न पर एवात्मा।

आनन्दमयकोश-प्रतिपादनम्

आनन्द इति विद्याकर्मणोः फलं तद्विकार आनन्दमयः। स च

उपर्युक्त लक्षणविशिष्ट आत्मामें सिर आदि अवयवरूप कल्पनाका होना संगत नहीं है। आत्मामें विशेष धर्मोंका बाध करनेवाली ''अदृश्य, अशरीर, अनिर्वचनीय और अनाश्रयमें'' ''स्थूल और सूक्ष्मसे रहित'' ''आत्मा यह नहीं है, यह नहीं है'' इत्यादि श्रुतियोंसे भी यही बात सिद्ध होती है।

[आनन्दमयको यदि आत्मा माना जाय तो] आगे कहे हुए मन्त्रका उदाहरण देना भी नहीं बनता। सिर आदि अवयवोंसे युक्त आनन्दमय आत्मारूप ब्रह्मके प्रत्यक्ष अनुभव होनेपर तो ऐसी शंका ही नहीं हो सकती कि ब्रह्म नहीं है, जिससे कि [उस शंकाकी निवृत्तिके लिये] ''जो पुरुष, ब्रह्म नहीं है—ऐसा जानता है वह असद्रूप ही है'' इस मन्त्रका उल्लेख संगत हो सके। तथा 'ब्रह्म पुच्छ—प्रतिष्ठा है' इस वाक्यके अनुसार प्रतिष्ठारूपसे ब्रह्मको पृथक् ग्रहण करना भी नहीं बन सकता। अतः यह आनन्दमय कार्यवर्गके अन्तर्गत ही है—परमात्मा नहीं है।

'आनन्द' यह उपासना और कर्मका फल है, उसका विकार आनन्दमय कहलाता है। वह विज्ञानमय कोशसे

विज्ञानमयादान्तरः। यज्ञादिहेतोर्विज्ञानमयादस्यान्तरत्वश्रुतेः। ज्ञानकर्मणोर्हि फलं भोक्त्रर्थत्वादान्तरतमं स्यात्। आन्तरतमश्चानन्दमय आत्मा पूर्वेभ्यः। विद्याकर्मणोः प्रियाद्यर्थत्वाच्च। प्रियादिप्रयुक्ते हि विद्याकर्मणी। तस्मात्प्रियादीनां फलरूपाणामात्मसंनिकर्षाद्विज्ञानमयस्याभ्यन्तरत्वमुपपद्यते। प्रियादिवासनानिर्वृत्तो ह्यानन्दमयो विज्ञानमयाश्रितः स्वप्न उपलभ्यते।

आन्तर है, क्योंकि श्रुतिके द्वारा वह यज्ञादिके कारणभूत विज्ञानमयकी अपेक्षा आन्तर बतलाया गया है। उपासना और कर्मका फल भोक्ताके ही लिये है, इसलिये वह सबसे आन्तरतम होना चाहिये; सो पूर्वोक्त सब कोशोंकी अपेक्षा आनन्दमय आत्मा आन्तरतम है ही; क्योंकि विद्या और कर्म भी [प्रधानतया] प्रिय आदिके ही लिये हैं। प्रिय आदिकी प्राप्तिके उद्देश्यसे ही उपासना और कर्मका अनुष्ठान किया जाता है; अतः उनके फलरूप प्रिय आदिका आत्मासे सान्निध्य होनेके कारण विज्ञानमयकी अपेक्षा इस (आनन्दमय कोश)-का आन्तरतम होना उचित ही है। प्रिय आदिकी वासनासे निष्पन्न हुआ यह आनन्दमय स्वप्नावस्थामें विज्ञानमयके अधीन ही उपलब्ध होता है।

आनन्दमयस्य पुरुषविधत्वम्

तस्यानन्दमयस्यात्मन इष्टपुत्रादिदर्शनजं प्रियं शिर इव शिरः प्राधान्यात्। मोद इति प्रियलाभनिमित्तो हर्षः। स एव च प्रकृष्टो हर्षः प्रमोदः। आनन्द इति सुखसामान्यमात्मा प्रियादीनां सुखावयवानाम्। तेष्वनुस्यूतत्वात्।

उस आनन्दमय आत्माका पुत्रादि इष्ट पदार्थोंके दर्शनसे होनेवाला प्रिय ही प्रधानताके कारण सिरके समान सिर है। प्रिय पदार्थकी प्राप्तिसे होनेवाला हर्ष 'मोद' कहलाता है; वही हर्ष प्रकृष्ट (अतिशय) होनेपर 'प्रमोद' कहा जाता है। 'आनन्द' सामान्य सुखका नाम है; वह सुखके अवयवभूत प्रिय आदिका आत्मा है, क्योंकि उसीमें वे सब अनुस्यूत हैं।

आनन्द इति परं ब्रह्म। तद्धि शुभकर्मणा प्रत्युपस्थाप्यमाने पुत्रमित्रादिविषयविशेषोपाधावन्तःकरण-वृत्तिविशेषे तमसा प्रच्छाद्यमाने प्रसन्नेऽभिव्यज्यते। तद्विषयसुखमिति प्रसिद्धं लोके। तद्वृत्तिविशेष-प्रत्युपस्थापकस्य कर्मणोऽनवस्थित-त्वात्सुखस्य क्षणिकत्वम्। तद्यदान्तःकरणं तपसा तमोघ्नेन विद्यया ब्रह्मचर्येण श्रद्धया च निर्मलत्वमापद्यते यावद्याव-त्तावत्तावद्विविक्ते प्रसन्नेऽन्तःकरण आनन्दविशेष उत्कृष्यते विपुलीभवति। वक्ष्यति च—"रसो वै सः। रसꣳह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति एष ह्येवानन्दयाति" (तै० उ० २। ७। १) "एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति" (बृ० उ० ४। ३। ३२) इति च श्रुत्यन्तरात्। एवं च कामोपशमोत्कर्षापेक्षया

'आनन्द' यह परब्रह्मका ही वाचक है। वही शुभकर्मद्वारा प्रस्तुत किये हुए पुत्र-मित्रादि विशेष विषय ही जिसकी उपाधि हैं उस सुप्रसन्न अन्तःकरणकी वृत्तिविशेषमें, जब कि वह तमोगुणसे आच्छादित नहीं होता, अभिव्यक्त होता है। वह लोकमें विषय-सुख नामसे प्रसिद्ध है। उस वृत्तिविशेषको प्रस्तुत करनेवाले कर्मके अस्थिर होनेके कारण उस सुखकी भी क्षणिकता है। अतः जिस समय अन्तःकरण तमोगुणको नष्ट करनेवाले तप, उपासना, ब्रह्मचर्य और श्रद्धाके द्वारा जितना-जितना निर्मलताको प्राप्त होता है उतने-उतने ही स्वच्छ और प्रसन्न हुए उस अन्तःकरणमें विशेष आनन्दका उत्कर्ष होता है अर्थात् वह बहुत बढ़ जाता है। यही बात "वह रस ही है, इस रसको पाकर ही पुरुष आनन्दी हो जाता है। यह रस ही सबको आनन्दित करता है।" इस प्रकार आगे कहेंगे, तथा "इस आनन्दके अंशमात्रके आश्रय ही सब प्राणी जीवित रहते हैं" इस अन्य श्रुतिसे भी यही बात सिद्ध होती है। इसी प्रकार काम-शान्तिके

शतगुणोत्तरोत्तरोत्कर्ष आनन्दस्य वक्ष्यते।

एवं चोत्कृष्यमाणस्यानन्दमयस्यात्मनः परमार्थब्रह्मविज्ञानापेक्षया ब्रह्म परमेव। यत्प्रकृतं सत्यज्ञानानन्तलक्षणम्, यस्य च प्रतिपत्त्यर्थं पञ्चान्नादिमयाः कोशा उपन्यस्ताः, यच्च तेभ्य आभ्यन्तरम्, येन च ते सर्वे आत्मवन्तः, तद्ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा। तदेव च सर्वस्याविद्यापरिकल्पितस्य द्वैतस्यावसानभूतमद्वैतं ब्रह्म प्रतिष्ठा आनन्दमयस्य। एकत्वावसानत्वात्। अस्ति तदेकमविद्याकल्पितस्य द्वैतस्यावसानभूतमद्वैतं ब्रह्म प्रतिष्ठा पुच्छम्। तदेतस्मिन्नप्यर्थ एष श्लोको भवति॥ १॥

उत्कर्षकी अपेक्षा आगे-आगेके आनन्दका सौ-सौ गुना उत्कर्ष आगे बतलाया जायगा।

इस प्रकार परमार्थ ब्रह्मके विज्ञानकी अपेक्षासे क्रमशः उत्कर्षको प्राप्त होनेवाले आनन्दमय आत्माकी अपेक्षा ब्रह्म पर ही है। जो प्रकृत ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्तरूप है, जिसकी प्राप्तिके लिये अन्नमय आदि पाँच कोशोंका उपन्यास किया गया है, जो उन सबकी अपेक्षा अन्तर्वर्ती है, और जिसके द्वारा वे सब आत्मवान् हैं—वह ब्रह्म ही उस आनन्दमयकी पुच्छ—प्रतिष्ठा है। अविद्याद्वारा कल्पना किये हुए सम्पूर्ण द्वैतका निषेधावधिभूत वह अद्वैत ब्रह्म ही उसकी प्रतिष्ठा है, क्योंकि आनन्दमयका पर्यवसान भी एकत्वमें ही होता है। अविद्यापरिकल्पित द्वैतका अवसानभूत वह एक और अद्वितीय ब्रह्म उसकी प्रतिष्ठा यानी पुच्छ है। उस इसी अर्थमें यह श्लोक है॥ १॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां पञ्चमोऽनुवाकः॥ ५॥

षष्ठ अनुवाक

ब्रह्मको सत् और असत् जाननेवालोंका भेद, ब्रह्मज्ञ और अब्रह्मज्ञकी ब्रह्मप्राप्तिके विषयमें शंका तथा सम्पूर्ण प्रपञ्चरूपसे ब्रह्मके स्थित होनेका निरूपण

असन्नेव स भवति। असद्ब्रह्मेति वेद चेत्। अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद। सन्तमेनं ततो विदुरिति। तस्यैष एव शारीर आत्मा यः पूर्वस्य। अथातोऽनुप्रश्नाः। उताविद्वानमुं लोकं प्रेत्य कश्चन गच्छती ३। आहो विद्वानमुं लोकं प्रेत्य कश्चित्समश्नुता ३ उ। सोऽकामयत। बहु स्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा इदꣲसर्वमसृजत यदिदं किंच। तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्। तदनुप्रविश्य सच्च त्यच्चाभवत्। निरुक्तं चानिरुक्तं च। निलयनं चानिलयनं च विज्ञानं चाविज्ञानं च। सत्यं चानृतं च सत्यमभवत्। यदिदं किंच। तत्सत्यमित्याचक्षते। तदप्येष श्लोको भवति॥ १॥

यदि पुरुष 'ब्रह्म असत् है' ऐसा जानता है तो वह स्वयं भी असत् ही हो जाता है और यदि ऐसा जानता है कि 'ब्रह्म है' तो [ब्रह्मवेत्ताजन] उसे सत् समझते हैं। उस पूर्वकथित (विज्ञानमय)-का यह जो [आनन्दमय] है शरीर-स्थित आत्मा है। अब (आचार्यका ऐसा उपदेश सुननेके अनन्तर शिष्यके) ये अनुप्रश्न हैं—क्या कोई अविद्वान् पुरुष भी इस शरीरको छोड़नेके अनन्तर परमात्माको प्राप्त हो सकता है? अथवा कोई विद्वान् भी इस शरीरको छोड़नेके अनन्तर परमात्माको प्राप्त होता है या नहीं? [इन प्रश्नोंका उत्तर देनेके लिये आचार्य भूमिका बाँधते हैं—] उस परमात्माने कामना की 'मैं बहुत हो जाऊँ अर्थात् मैं उत्पन्न हो जाऊँ।' अतः उसने तप किया। उसने तप करके ही यह जो कुछ है इस सबकी रचना की। इसे रचकर वह इसीमें अनुप्रविष्ट हो गया। इसमें अनुप्रवेश कर वह सत्यस्वरूप परमात्मा मूर्त्त-अमूर्त्त, [देशकालादि परिच्छिन्नरूपसे] कहे जानेयोग्य और न कहे जानेयोग्य, आश्रय-अनाश्रय, चेतन-अचेतन एवं व्यावहारिक सत्य-असत्यरूप हो गया। यह जो कुछ है उसे ब्रह्मवेत्ता लोग 'सत्य' इस नामसे पुकारते हैं। उसके विषयमें ही यह श्लोक है॥ १॥

सदसद्वादिनोर्भेदः

असन्नेवासत्सम एव यथा-सन्न पुरुषार्थसम्बन्ध्येवं स भवति अपुरुषार्थसम्बन्धी। कोऽसौ? योऽसदविद्यमानं ब्रह्मेति वेद विजानाति चेद्यदि। तद्विपर्ययेण यत्सर्वविकल्पास्पदं सर्वप्रवृत्तिबीजं सर्वविशेषप्रत्यस्तमितमप्यस्ति तद्ब्रह्मेति वेद चेत्।

कुतः पुनराशङ्का तन्नास्तित्वे? व्यवहारातीतत्वं ब्रह्मण इति ब्रूमः। व्यवहारविषये हि वाचारम्भणमात्रेऽस्तित्वभाविता बुद्धिस्तद्विपरीते व्यवहारातीते नास्तित्वमपि प्रतिपद्यते। यथा घटादिर्व्यवहारविषयतयोपपन्नः संस्तद्विपरीतोऽसन्निति प्रसिद्धम्। एवं तत्सामान्यादिहापि स्याद्ब्रह्मणो

जिस प्रकार असत् (अविद्यमान) पदार्थ पुरुषार्थसे सम्बन्ध रखनेवाला नहीं होता उसी प्रकार वह भी असत्—असत्के समान ही पुरुषार्थसे सम्बन्ध नहीं रखनेवाला हो जाता है—वह कौन? जो 'ब्रह्म असत्—अविद्यमान है' ऐसा जानता है। 'चेत्' शब्दका अर्थ 'यदि' है। इसके विपरीत 'जो तत्त्व सम्पूर्ण विकल्पोंका आश्रय, समस्त प्रवृत्तियोंका बीजरूप और सम्पूर्ण विशेषोंसे रहित भी है वही ब्रह्म है' ऐसा यदि कोई जानता है [तो उसे ब्रह्मवेत्तालोग सद्रूप समझते हैं इस प्रकार इसका आगेके वाक्यसे सम्बन्ध है]।

किन्तु ब्रह्मके अस्तित्वाभावके विषयमें शंका क्यों की जाती है? [इसपर] हमारा यह कथन है कि ब्रह्म व्यवहारसे परे है। [इसीलिये] व्यवहारके विषयभूत पदार्थोंमें ही, जो कि केवल वाणीसे ही उच्चारण किये जानेवाले हैं, अस्तित्वकी भावनासे भावित हुई बुद्धि उनसे विपरीत व्यवहारातीत पदार्थोंमें अस्तित्वका भी अनुभव नहीं करती; जैसे कि [जल लाना आदि] व्यवहारके विषयरूपसे उपपन्न हुआ घट आदि पदार्थ 'सत्' और उससे विपरीत [वन्ध्यापुत्रादि] 'असत्' होता है—इस प्रकार प्रसिद्ध है। उसी प्रकार उसकी

नास्तित्वप्रत्याशङ्का। तस्मादुच्यते—

अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेदेति।

किं पुनः स्यात्तदस्तीति विजानतस्तदाह—सन्तं विद्यमानब्रह्मस्वरूपेण परमार्थसदात्मापन्नमेनमेवंविदं विदुर्ब्रह्मविदस्ततः तस्मादस्तित्ववेदनात्सोऽन्येषां ब्रह्मवद्विज्ञेयो भवतीत्यर्थः।

अथवा यो नास्ति ब्रह्मेति मन्यते स सर्वस्यैव सन्मार्गस्य वर्णाश्रमादिव्यवस्थालक्षणस्याश्रद्दधानतया नास्तित्वं प्रतिपद्यतेऽब्रह्मप्रतिपत्त्यर्थत्वात्तस्य। अतो नास्तिकः सोऽसन्नसाधुरुच्यते लोके। तद्विपरीतः सन्योऽस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद स तद्ब्रह्मप्रतिपत्तिहेतुं सन्मार्गं वर्णाश्रमादिव्यवस्थालक्षणं श्रद्दधानतया यथावत्प्रतिपद्यते यस्मात्ततस्तस्मात् सन्तं साधुमार्गस्थमेनं विदुः साधवः तस्मादस्तीत्येव ब्रह्म प्रतिपत्तव्यमिति वाक्यार्थः।

समानताके कारण यहाँ भी ब्रह्मके अविद्यमानत्वके विषयमें शंका हो सकती है। इसीलिये कहा है—'ब्रह्म है—ऐसा यदि कोई जानता है' इत्यादि।

किन्तु 'वह (ब्रह्म) है' ऐसा जाननेवाले पुरुषको क्या फल मिलता है? इसपर कहते हैं—ब्रह्मवेत्तालोग इस प्रकार जाननेवाले इस पुरुषको सत्—विद्यमान अर्थात् ब्रह्मरूपसे परमार्थ सत्स्वरूपको प्राप्त हुआ समझते हैं। तात्पर्य यह है कि इस कारणसे ब्रह्मके अस्तित्वको जाननेके कारण वह दूसरोंके लिये ब्रह्मके समान जाननेयोग्य हो जाता है।

अथवा जो पुरुष 'ब्रह्म नहीं है' ऐसा मानता है वह अश्रद्धालु होनेके कारण, वर्णाश्रमादि व्यवस्थारूप सारे ही शुभमार्गका, असत्त्व प्रतिपादन करता है, क्योंकि वह भी ब्रह्मकी प्राप्तिके ही लिये है। अतः वह नास्तिक लोकमें असत्—असाधु कहा जाता है। इसके विपरीत जो पुरुष 'ब्रह्म है' ऐसा जानता है वह 'सत्' है, क्योंकि वह उस ब्रह्मकी प्राप्तिके हेतुभूत वर्णाश्रमादिके व्यवस्थारूप सन्मार्गको श्रद्धापूर्वक ठीक-ठीक जानता है। इसीलिये साधुलोग उसे सत् यानी शुभमार्गमें स्थित जानते हैं। अतः 'ब्रह्म है' ऐसा ही जानना चाहिये—यह इस वाक्यका अर्थ है।

तस्य पूर्वस्य विज्ञानमयस्यैष एव शरीरे विज्ञानमये भवः शारीर आत्मा। कोऽसौ? य एष आनन्दमयः। तं प्रति नास्त्याशङ्का नास्तित्वे। अपोढसर्वविशेषत्वात्तु ब्रह्मणो नास्तित्वं प्रत्याशङ्का युक्ता। सर्वसामान्याच्च ब्रह्मणः। यस्मादेवमतः तस्मात्, अथानन्तरं श्रोतुः शिष्यस्यानुप्रश्ना आचार्योक्तिमनु एते प्रश्ना अनुप्रश्नाः।

विद्वदविद्वद्भेदेन ब्रह्मप्राप्तावाक्षेपः

सामान्यं हि ब्रह्माकाशादिकारणत्वाद्विदुषोऽविदुषश्च। तस्मादविदुषोऽपि ब्रह्मप्राप्तिराशङ्क्यते—उत अपि अविद्वानमुं लोकं परमात्मानमितः प्रेत्य कश्चन, चनशब्दोऽप्यर्थे, अविद्वानपि गच्छति प्राप्नोति किं वा न गच्छतीति द्वितीयोऽपि प्रश्नो द्रष्टव्योऽनुप्रश्ना इति बहुवचनात्।

उस विज्ञानमयका यही शारीर—विज्ञानमय शरीरमें रहनेवाला आत्मा है। वह कौन? यह जो आनन्दमय है। उसके नास्तित्वमें तो कुछ भी शंका नहीं है। किन्तु ब्रह्म सम्पूर्ण विशेषणोंसे रहित है, इसलिये उसके अस्तित्वके अभावमें शंका होना उचित ही है। इसके सिवा ब्रह्मकी सबके साथ समानता होनेके कारण भी [ऐसी शंका हो ही सकती है]। क्योंकि ऐसी बात है इसलिये अब—इसके अनन्तर श्रवण करनेवाले शिष्यके अनुप्रश्न हैं। आचार्यकी इस उक्तिके पश्चात् किये जानेवाले ये प्रश्न—अनुप्रश्न हैं—

आकाशादिका कारण होनेसे ब्रह्म विद्वान् और अविद्वान् दोनोंहीके लिये समान है। इससे अविद्वान्‌को भी ब्रह्मकी प्राप्ति होती है—ऐसी आशंका की जाती है—क्या कोई अविद्वान् पुरुष भी इस शरीरको छोड़नेके अनन्तर इस लोक अर्थात् परमात्माको प्राप्त हो जाता है?—'कश्चन' में 'चन' शब्द 'अपि (भी)' के अर्थमें है। 'अथवा नहीं होता?' यह इसके साथ दूसरा प्रश्न भी समझना चाहिये, क्योंकि यहाँ 'अनुप्रश्नाः' ऐसा बहुवचनका प्रयोग किया गया है।

विद्वांसं प्रत्यन्यौ प्रश्नौ। यद्यविद्वान्सामान्यं कारणमपि ब्रह्म न गच्छति ततो विदुषोऽपि ब्रह्मागमनमाशङ्क्यते। अतस्तं प्रति प्रश्न आहो विद्वानिति। उकारं च वक्ष्यमाणमधस्तादपकृष्य तकारं च पूर्वस्मादुतशब्दाद्व्यासज्याहो इत्येतस्मात्पूर्वमुतशब्दं संयोज्य पृच्छति—उताहो विद्वानिति। विद्वान्ब्रह्मविदपि कश्चिदितः प्रेत्यामुं लोकं समश्नुते प्राप्नोति समश्नुते उ इत्येवंस्थिते, अयादेशे यलोपे च कृतेऽकारस्य प्लुतिः समश्नुता ३ उ इति। विद्वान्समश्नुतेऽमुं लोकम्। किं वा यथाविद्वानेवं विद्वानपि न समश्नुत इत्यपरः प्रश्नः।

अन्य दो प्रश्न विद्वान्‌के विषयमें हैं—ब्रह्म सबका साधारण कारण है, तब भी यदि अविद्वान् उसे प्राप्त नहीं होता तो विद्वान्‌के भी ब्रह्मको प्राप्त न होनेकी आशंका होती है; अतः उसके उद्देश्यसे पूछा जाता है—'क्या विद्वान् भी' आदि। [मूलमन्त्रमें] आगे कहे जानेवाले 'उ' को आगेसे खींचकर और पूर्वोक्त 'उत' शब्दसे उसमें 'त' जोड़कर 'आहो' इस शब्दके पहले 'उत' शब्द जोड़कर 'उताहो विद्वान्' इत्यादि प्रकारसे पूछता है—क्या कोई विद्वान् अर्थात् ब्रह्मवेत्ता भी इस शरीरको छोड़कर इस लोकको प्राप्त कर लेता है? यहाँ मूलमें 'समश्नुते उ' ऐसा पद था। उसमें 'अय्' आदेश करके ['लोपः शाकल्यस्य' इस सूत्रके अनुसार] 'य्' का लोप करनेपर 'समश्नुत उ' ऐसा प्रयोग सिद्ध होता है। फिर 'त' के अकारको प्लुत करनेपर 'समश्नुता ३ उ' ऐसा पाठ हुआ है। विद्वान् इस लोकको प्राप्त होता है? अथवा अविद्वान्‌के समान विद्वान् भी उसे प्राप्त नहीं होता? यह एक अन्य प्रश्न है।

द्वावेव वा प्रश्नौ विद्वदविद्वद्विषयौ। बहुवचनं तु सामर्थ्यप्राप्तप्रश्नान्तरापेक्षया घटते। 'असद्ब्रह्मेति वेद चेत्। अस्ति

अथवा विद्वान् और अविद्वान्‌से सम्बन्धित ये केवल दो ही प्रश्न हैं। इनकी सामर्थ्यसे प्राप्त एक और प्रश्नकी अपेक्षासे ही बहुवचन हो गया है। 'ब्रह्म असत् है—यदि ऐसा जानता है' तथा

ब्रह्मेति चेद्वेद' इति श्रवणादस्ति नास्तीति संशयस्ततोऽर्थप्राप्तः किमस्ति नास्तीति प्रथमोऽनुप्रश्नः। ब्रह्मणोऽपक्षपातित्वादविद्वान् गच्छति न गच्छतीति द्वितीयः। ब्रह्मणः समत्वेऽप्यविदुष इव विदुषोऽप्यगमनमाशङ्क्यते किं विद्वान्समश्नुते न समश्नुत इति तृतीयोऽनुप्रश्नः।

'ब्रह्म है—यदि ऐसा जानता है' ऐसी श्रुति होनेसे 'ब्रह्म है या नहीं' ऐसा सन्देह होता है। अतः 'ब्रह्म है या नहीं' यह अर्थतः प्राप्त पहला अनुप्रश्न है और ब्रह्म पक्षपाती है नहीं, इसलिये 'अविद्वान् उसे प्राप्त होता है या नहीं?' यह दूसरा अनुप्रश्न है तथा ब्रह्म समान है, इसलिये अविद्वान्‌के समान विद्वान्‌की भी ब्रह्मप्राप्तिके विषयमें 'विद्वान् उसे प्राप्त होता है या नहीं?' ऐसी शंका की जाती है। यह तीसरा अनुप्रश्न है।

ब्रह्मणःसत्त्व-रूपत्वस्थापनम्

एतेषां प्रतिवचनार्थमुत्तरग्रन्थ आरभ्यते। तत्रास्तित्वमेव तावदुच्यते। यच्चोक्तं 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इति, तच्च कथं सत्यत्वमित्येतद्वक्तव्यमितीदमुच्यते। सत्त्वोक्त्यैव सत्यत्वमुच्यते। उक्तं हि "सदेव सत्यम्" इति। तस्मात्सत्त्वोक्त्यैव सत्यत्वमुच्यते। कथमेवमर्थतावगम्यतेऽस्य ग्रन्थस्य शब्दानुगमात्। अनेनैव ह्यर्थेनान्वितान्युत्तराणि वाक्यानि

आगेका ग्रन्थ इन प्रश्नोंका उत्तर देनेके लिये ही आरम्भ किया जाता है। उसमें सबसे पहले ब्रह्मके अस्तित्वका ही वर्णन किया जाता है। 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त है' ऐसा जो पहले कह चुके हैं सो वह ब्रह्मकी सत्यता किस प्रकार है—यह बतलाना चाहिये। इसपर कहते हैं—उसकी सत्ता बतलानेसे ही उसके सत्यत्वका भी प्रतिपादन हो जाता है। "सत् ही सत्य है" ऐसा अन्यत्र कहा भी है। अतः उसकी सत्ता बतलानेसे ही उसका सत्यत्व भी बतला दिया जाता है। किन्तु इस ग्रन्थका भी यही

"तत्सत्यमित्याचक्षते" (तै० उ० २। ६। १) "यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्" (तै० उ० २। ७। १) इत्यादीनि।

तात्पर्य है—यह कैसे जाना गया? इसपर कहते हैं—शब्दोंके अनुगमन (अभिप्राय)-से; क्योंकि "वह सत्य है—ऐसा कहते हैं" "यदि यह आनन्दमय आकाश न होता" आदि आगेके वाक्य भी इसी अर्थसे युक्त हैं।

तत्रासदेव ब्रह्मेत्याशङ्क्यते। कस्मात्? यदस्ति तद्विशेषतो गृह्यते यथा घटादि। यन्नास्ति तन्नोपलभ्यते यथा शशविषाणादि। तथा नोपलभ्यते ब्रह्म। तस्माद्विशेषतोऽग्रहणान्नास्तीति।

इसमें यह आशंका की जाती है कि ब्रह्म असत् ही है। ऐसा क्यों है? क्योंकि जो वस्तु होती है वह विशेषरूपसे उपलब्ध हुआ करती है; जैसे कि घट आदि और जो नहीं होती उसकी उपलब्धि भी नहीं होती; जैसे—शशशृंगादि। इसी प्रकार ब्रह्मकी भी उपलब्धि नहीं होती। अतः विशेषरूपसे ग्रहण न किया जानेके कारण वह है ही नहीं।

तन्न; आकाशादिकारणत्वाद्ब्रह्मणः। न नास्ति ब्रह्म। कस्मादाकाशादि हि सर्वं कार्यं ब्रह्मणो जातं गृह्यते। यस्माच्च जायते किंचित्तदस्तीति दृष्टं लोके; यथा घटाङ्कुरादिकारणं मृद्बीजादि। तस्मादाकाशादिकारणत्वादस्ति ब्रह्म।

ऐसी बात नहीं है, क्योंकि ब्रह्म आकाशादिका कारण है। ब्रह्म नहीं है—ऐसी बात नहीं है। क्यों नहीं है? क्योंकि ब्रह्मसे उत्पन्न हुआ आकाशादि सम्पूर्ण कार्यवर्ग देखनेमें आता है। जिससे किसी वस्तुका जन्म होता है वह पदार्थ होता ही है—ऐसा लोकमें देखा गया है; जैसे कि घट और अङ्कुरादिके कारण मृत्तिका एवं बीज आदि। अतः आकाशादिका कारण होनेसे ब्रह्म है ही।

न चासतो जातं किंचिद्गृह्यते लोके कार्यम्। असतश्चेन्नामरूपादि कार्यं निरात्मकत्वान्नोपलभ्येत। उपलभ्यते तु; तस्मादस्ति ब्रह्म। असतश्चेत्कार्यं गृह्यमाणमप्यसदन्वितमेव तत् स्यात्। न चैवम्; तस्मादस्ति ब्रह्म तत्र। "कथमसतःसज्जायेत" (छा० उ० ६। २। २) इति श्रुत्यन्तरमसतः सज्जन्मासम्भवमन्वाचष्टे न्यायतः। तस्मात्सदेव ब्रह्मेति युक्तम्।

लोकमें असत्से उत्पन्न हुआ कोई भी पदार्थ नहीं देखा जाता। यदि नाम-रूपादि कार्यवर्ग असत्से उत्पन्न हुआ होता तो वह निराधार होनेके कारण ग्रहण ही नहीं किया जा सकता था। किन्तु वह ग्रहण किया ही जाता है; इसलिये ब्रह्म है ही। यदि यह कार्यवर्ग असत्से उत्पन्न हुआ होता तो ग्रहण किये जानेपर भी असदात्मक ही ग्रहण किया जाता। किन्तु ऐसी बात है नहीं। इसलिये ब्रह्म है ही। इसी सम्बन्धमें "असत्से सत् कैसे उत्पन्न हो सकता है" ऐसी एक अन्य श्रुतिने युक्तिपूर्वक असत्से सत्का जन्म होना असम्भव बतलाया है। इसलिये ब्रह्म सत् ही है—यही मत ठीक है।

तद्यदि मृद्बीजादिवत्कारणं स्यादचेतनं तर्हि?

शंका—यदि ब्रह्म मृत्तिका और बीज आदिके समान [जगत्का उपादान] कारण है तो वह अचेतन होना चाहिये।

ब्रह्मणश्चित्स्वरूपत्वविवेचनम्

न, कामयितृत्वात्। न हि कामयित्रचेतनमस्ति लोके। सर्वज्ञं हि ब्रह्मेत्यवोचाम। अतः कामयितृत्वोपपत्तिः।

समाधान—नहीं, क्योंकि वह कामना करनेवाला है। लोकमें कोई भी कामना करनेवाला अचेतन नहीं हुआ करता। ब्रह्म सर्वज्ञ है—यह हम पहले कह चुके हैं। अतः उसका कामना करना भी युक्त ही है।

कामयितृत्वादस्मदादिवदनाप्तकाममिति चेत्?

शंका—कामना करनेवाला होनेसे तो वह हमारी-तुम्हारी तरह अनाप्तकाम (अपूर्ण कामनावाला) सिद्ध होगा।

न, स्वातन्त्र्यात्। यथान्यान् परवशीकृत्य कामादिदोषाः प्रवर्तयन्ति न तथा ब्रह्मणः प्रवर्तकाः कामाः। कथं तर्हि सत्यज्ञानलक्षणाः स्वात्मभूतत्वाद्विशुद्धा न तैर्ब्रह्म प्रवर्त्यते। तेषां तु तत्प्रवर्तकं ब्रह्म प्राणिकर्मापेक्षया। तस्मात्स्वातन्त्र्यं कामेषु ब्रह्मणः। अतो नानाप्तकामं ब्रह्म।

साधनान्तरानपेक्षत्वाच्च। किं च यथान्येषामनात्मभूता धर्मादि-निमित्तापेक्षाः कामाः स्वात्म-व्यतिरिक्तकार्यकरणसाधनान्तरापेक्षाश्च न तथा ब्रह्मणो निमित्ताद्यपेक्ष-त्वम्। किं तर्हि स्वात्मनो-ऽनन्याः।

तदेतदाह सोऽकामयत स आत्मा यस्मादाकाशः संभूतोऽकामयत कामितवान्। कथम्? बहु स्यां

ब्रह्मणो बहुभवनसङ्कल्पः

समाधान—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि वह स्वतन्त्र है। जिस प्रकार काम आदि दोष अन्य जीवोंको विवश करके प्रवृत्त करते हैं उस प्रकार वे ब्रह्मके प्रवर्तक नहीं हैं। तो वे कैसे हैं? वे सत्य-ज्ञान-स्वरूप एवं स्वात्मभूत होनेके कारण विशुद्ध हैं। उनके द्वारा ब्रह्म प्रवृत्त नहीं किया जाता; बल्कि जीवोंके प्रारब्ध-कर्मोंकी अपेक्षासे वह ब्रह्म ही उनका प्रवर्तक है। अतः कामनाओंके करनेमें ब्रह्मकी स्वतन्त्रता है। इसलिये ब्रह्म अनाप्तकाम नहीं है।

किन्हीं अन्य साधनोंकी अपेक्षावाला न होनेसे भी कामनाओंके विषयमें ब्रह्मकी स्वतन्त्रता है। जिस प्रकार धर्मादि कारणोंकी अपेक्षा रखनेवाली अन्य जीवोंकी अनात्मभूत कामनाएँ अपने आत्मासे अतिरिक्त देह और इन्द्रियरूप अन्य साधनोंकी अपेक्षावाली होती हैं उस प्रकार ब्रह्मको निमित्त आदिकी अपेक्षा नहीं होती। तो ब्रह्मकी कामनाएँ कैसी होती हैं? वे स्वात्मासे अभिन्न होती हैं।

उसीके विषयमें श्रुति कहती है—उसने कामना की—उस आत्माने जिससे कि आकाश उत्पन्न हुआ है, कामना की। किस प्रकार कामना की? मैं बहुत—अधिक रूपमें हो जाऊँ।

बहु प्रभूतं स्यां भवेयम्। कथमेकस्यार्थान्तराननुप्रवेशे बहुत्वं स्यादित्युच्यते। प्रजायेयोत्पद्येय। न हि पुत्रोत्पत्त्येवार्थान्तरविषयं बहुभवनम्, कथं तर्हि? आत्मस्थानाभिव्यक्तनामरूपाभिव्यक्त्या। यदात्मस्थे अनभिव्यक्ते नामरूपे व्याक्रियेते तदा नामरूपे आत्मस्वरूपापरित्यागेनैव ब्रह्मणाप्रविभक्तदेशकाले सर्वावस्थासु व्याक्रियेते तदा तन्नामरूपव्याकरणं ब्रह्मणो बहुभवनम्। नान्यथा निरवयवस्य ब्रह्मणो बहुत्वापत्तिरुपपद्यतेऽल्पत्वं वा। यथाकाशस्याल्पत्वं बहुत्वं च वस्त्वन्तरकृतमेव। अतस्तद्द्वारेणैवात्मा बहु भवति।

न ह्यात्मनोऽन्यदनात्मभूतं तत्प्रविभक्तदेशकालं सूक्ष्मं व्यवहितं विप्रकृष्टं भूतं भवद्भविष्यद्वा वस्तु विद्यते। अतो नामरूपे सर्वावस्थे ब्रह्मणैवात्मवती, न ब्रह्म तदात्मकम्। ते तत्प्रत्याख्याने

अन्य पदार्थमें प्रवेश किये बिना ही एक वस्तुकी बहुलता कैसे हो सकती है? इसपर कहते हैं—'प्रजायेय' अर्थात् उत्पन्न होऊँ। यह ब्रह्मका बहुत होना पुत्रकी उत्पत्तिके समान अन्य वस्तुविषयक नहीं है। तो फिर कैसा है? अपनेमें अव्यक्तरूपसे स्थित नाम-रूपोंकी अभिव्यक्तिके द्वारा ही [यह अनेकरूप होना है]। जिस समय आत्मामें स्थित अव्यक्त नाम और रूपोंको व्यक्त किया जाता है उस समय वे अपने स्वरूपका त्याग किये बिना ही समस्त अवस्थाओंमें ब्रह्मसे अभिन्न देश और कालमें ही व्यक्त किये जाते हैं। यह नाम-रूपका व्यक्त करना ही ब्रह्मका बहुत होना है। इसके सिवा और किसी प्रकार निरवयव ब्रह्मका बहुत अथवा अल्प होना सम्भव नहीं है, जिस प्रकार कि आकाशका अल्पत्व और बहुत्व भी अन्य वस्तुके ही अधीन है [उसी प्रकार ब्रह्मका भी है]। अतः उन (नाम-रूपों)-के द्वारा ही ब्रह्म बहुत हो जाता है।

आत्मासे भिन्न अनात्मभूत तथा उससे भिन्न देश-कालमें रहनेवाली कोई भी सूक्ष्म, व्यवहित (ओटवाली), दूरस्थ, अथवा भूत या भविष्यकालीन वस्तु नहीं है। अतः सम्पूर्ण अवस्थाओंसे सम्बन्धित नाम और रूप ब्रह्मसे ही आत्मवान् हैं, किन्तु ब्रह्म तद्रूप नहीं है।

न स्त एवेति तदात्मके उच्येते। ताभ्यां चोपाधिभ्यां ज्ञातृज्ञेयज्ञानशब्दार्थादिसर्वसंव्यवहारभाग्ब्रह्म।

स आत्मैवंकामः संस्तपोऽतप्यत। तप इति ज्ञानमुच्यते। "यस्य ज्ञानमयं तपः" (मु० उ० १। १। ९) इति श्रुत्यन्तरात्। आप्तकामत्वाच्चेतरस्यासंभव एव तपसः। तत्तपोऽतप्यत तप्तवान्। सृज्यमानजगद्रचनादिविषयामालोचनामकरोदात्मेत्यर्थः।

स एवमालोच्य तपस्तप्त्वा प्राणिकर्मादिनिमित्तानुरूपमिदं सर्वं जगद्देशतः कालतो नाम्ना रूपेण च यथानुभवं सर्वैः प्राणिभिः सर्वावस्थैरनुभूयमानमसृजत सृष्टवान्। यदिदं किं च यत्किंचेदमविशिष्टम्। तदिदं जगत्सृष्ट्वा किमकरोदित्युच्यते—तदेव सृष्टं जगदनुप्राविशदिति।

तस्य जगदनुप्रवेशः

तत्रैतच्चिन्त्यं कथमनुप्राविशदिति। किं यः स्रष्टा स तेनैवात्मनानु-

ब्रह्मका निषेध करनेपर वे रह ही नहीं सकते, इसीसे वे तद्रूप कहे जाते हैं। उन उपाधियोंसे ही ब्रह्म ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान—इन शब्दोंका तथा इनके अर्थ आदि सब प्रकारके व्यवहारका पात्र बनता है।

उस आत्माने ऐसी कामनावाला होकर तप किया। 'तप' शब्दसे यहाँ ज्ञान कहा जाता है, जैसा कि "जिसका ज्ञानरूप तप है" इस अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है। आप्तकाम होनेके कारण आत्माके लिये अन्य तप तो असम्भव ही है। 'उसने तप किया' इसका तात्पर्य यह है कि आत्माने रचे जानेवाले जगत्की रचना आदिके विषयमें आलोचना की।

इस प्रकार आलोचना अर्थात् तप करके उसने प्राणियोंके कर्मादि निमित्तोंके अनुरूप इस सम्पूर्ण जगत्को रचा, जो देश, काल, नाम और रूपसे यथानुभव सारी अवस्थाओंमें स्थित सभी प्राणियोंद्वारा अनुभव किया जाता है। यह जो कुछ है अर्थात् सामान्यरूपसे यह जो कुछ जगत् है इसे रचकर उसने क्या किया, सो बतलाते हैं—वह उस रचे हुए जगत्में ही अनुप्रविष्ट हो गया।

अब यहाँ यह विचारना है कि उसने किस प्रकार अनुप्रवेश किया? जो स्रष्टा था, क्या उसने स्वस्वरूपसे ही

प्राविशदुतान्येनेति, किं तावद्युक्तम्? क्त्वाप्रत्ययश्रवणाद्यः स्रष्टा स एवानुप्राविशदिति।

अनुप्रवेश किया अथवा किसी और रूपसे? इनमें कौन-सा पक्ष समीचीन है? श्रुतिमें ['सृष्ट्वा' इस क्रियामें] 'क्त्वा' प्रत्यय होनेसे तो यही ठीक जान पड़ता है कि जो स्रष्टा था उसीने पीछे प्रवेश भी किया।*

ननु न युक्तं मृद्वच्चेत्कारणं ब्रह्म तदात्मकत्वात्कार्यस्य। कारणमेव हि कार्यात्मना परिणतमित्यतोऽप्रविष्ट इव कार्योत्पत्तेरूर्ध्वं पृथक्कारणस्य पुनः प्रवेशोऽनुपपन्नः। न हि घटपरिणामव्यतिरेकेण मृदो घटे प्रवेशोऽस्ति। यथा घटे चूर्णात्मना मृदोऽनुप्रवेश एवमन्येनात्मना नामरूपकार्येऽनुप्रवेश आत्मन इति चेच्छ्रुत्यन्तराच्च "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य" (छा० उ० ६। ३। २) इति।

पूर्व०—यदि ब्रह्म मृत्तिकाके समान जगत्का कारण है तो उसका कार्य तद्रूप होनेके कारण उसमें उसका प्रवेश करना सम्भव नहीं है। क्योंकि कारण ही कार्यरूपसे परिणत हुआ करता है, अतः किसी अन्य पदार्थके समान पहले बिना प्रवेश किये कार्यकी उत्पत्तिके अनन्तर उसमें कारणका पुनः प्रवेश करना सर्वथा असम्भव है? घटरूपमें परिणत होनेके सिवा मृत्तिकाका घटमें और कोई प्रवेश नहीं हुआ करता। हाँ, जिस प्रकार घटमें चूर्ण (बालू)-रूपसे मृत्तिकाका अनुप्रवेश होता है उसी प्रकार किसी अन्य रूपसे आत्माका नाम-रूप कार्यमें भी अनुप्रवेश हो सकता है; जैसा कि "इस जीवरूपसे अनुप्रवेश करके" इस अन्य श्रुतिसे प्रमाणित होता है—यदि ऐसा मानें तो?

* 'क्त्वा' प्रत्यय पूर्वकालिक क्रियामें हुआ करता है। हिन्दीमें इसी अर्थमें 'कर' या 'के' प्रत्यय होता है; जैसे—'रामने श्यामको बुलाकर [या बुलाके] धमकाया।' इसमें यह नियम होता है कि पूर्वकालिक क्रिया और मुख्य क्रियाका कर्ता एक ही होता है; जैसे कि उपर्युक्त वाक्यमें पूर्वकालिक क्रिया 'बुलाकर' तथा मुख्य क्रिया 'धमकाया' इन दोनोंका कर्ता 'राम' ही है। इसी प्रकार 'अनुप्राविशत्' और 'सृष्ट्वा' इन दोनों क्रियाओंका कर्ता भी ब्रह्म ही होना चाहिये।

नैवं युक्तमेकत्वाद्ब्रह्मणः। मृदात्मनस्त्वनेकत्वात्सावयवत्वाच्च युक्तो घटे मृदश्चूर्णात्मनानुप्रवेशः। मृदश्चूर्णस्याप्रविष्टदेशवत्त्वाच्च। न त्वात्मन एकत्वे सति निरवयवत्वादप्रविष्टदेशाभावाच्च प्रवेश उपपद्यते। कथं तर्हि प्रवेशः स्यात्। युक्तश्च प्रवेशः श्रुतत्वात्तदेवानुप्राविशदिति।

सावयवमेवास्तु तर्हि। सावयवत्वान्मुखे हस्तप्रवेशवन्नाम-रूपकार्ये जीवात्मनानुप्रवेशो युक्त एवेति चेत्?

नाशून्यदेशत्वात्। न हि कार्यात्मना परिणतस्य नाम-रूपकार्यदेशव्यतिरेकेणात्मशून्यः प्रदेशोऽस्ति यं प्रविशेज्जीवात्मना। कारणमेव चेत्प्रविशेज्जीवात्मत्वं

सिद्धान्ती—ऐसा मानना उचित नहीं है, क्योंकि ब्रह्म तो एक ही है। मृत्तिकारूप कारण तो अनेक और सावयव होनेके कारण उसका घटमें चूर्णरूपसे अनुप्रवेश करना भी सम्भव है, क्योंकि मृत्तिकाके चूर्णका उस देशमें प्रवेश नहीं है; किन्तु आत्मा तो एक है, अतः उसके निरवयव और उससे अप्रविष्ट देशका अभाव होनेके कारण उसका प्रवेश करना सम्भव नहीं है। तो फिर उसका प्रवेश कैसे होना चाहिये? तथा उसका प्रवेश होना उचित ही है, क्योंकि 'उसीमें अनुप्रविष्ट हो गया' ऐसी श्रुति है।

पूर्व०—तब तो ब्रह्म सावयव ही होना चाहिये। उस अवस्थामें, सावयव होनेके कारण मुखमें हाथका प्रवेश होनेके समान उसका नाम-रूप कार्यमें जीवरूपसे प्रवेश होना ठीक ही होगा—यदि ऐसा कहें तो?

सिद्धान्ती—नहीं; क्योंकि उससे शून्य कोई देश नहीं है। कार्यरूपमें परिणत हुए ब्रह्मका नाम-रूप कार्यके देशसे अतिरिक्त और कोई अपनेसे शून्य देश नहीं है, जिसमें उसका जीवरूपसे प्रवेश करना सम्भव हो। और यदि यह मानो कि जीवात्माने कारणमें ही प्रवेश किया तब तो वह

जह्याद्यथा घटो मृत्प्रवेशे घटत्वं जहाति। तदेवानुप्राविशदिति च श्रुतेर्न कारणानुप्रवेशो युक्तः।

कार्यान्तरमेव स्यादिति चेत्? तदेवानुप्राविशदिति जीवात्मरूपं कार्यं नामरूपपरिणतं कार्यान्तरमेवापद्यत इति चेत्?

न; विरोधात्। न हि घटो घटान्तरमापद्यते। व्यतिरेकश्रुतिविरोधाच्च। जीवस्य नामरूपकार्यव्यतिरेकानुवादिन्यः श्रुतयो विरुध्येरन्। तदापत्तौ मोक्षासंभवाच्च। न हि यतो मुच्यमानस्तदेवापद्यते। न हि शृङ्खलापत्तिर्बद्धस्य तस्करादेः।

अपने जीवत्वको ही त्याग देगा, जिस प्रकार कि घड़ा मृत्तिकामें प्रवेश करनेपर अपना घटत्व त्याग देता है तथा 'उसीमें अनुप्रविष्ट हो गया' इस श्रुतिसे भी कारणमें अनुप्रवेश करना सम्भव नहीं है।

पूर्व०—किसी अन्य कार्यमें ही प्रवेश किया—यदि ऐसा मानें तो? अर्थात् 'तदेवानुप्राविशत्' इस श्रुतिके अनुसार जीवात्मारूप कार्य नाम-रूपमें परिणत हुए किसी अन्य कार्यको ही प्राप्त हो जाता है—यदि ऐसी बात हो तो?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि इससे विरोध उपस्थित होता है। एक घड़ा किसी दूसरे घड़ेमें लीन नहीं हो जाता। इसके सिवा [ऐसा माननेसे] व्यतिरेक श्रुतिसे विरोध भी होता है। [यदि ऐसा मानेंगे तो] जीव नाम-रूपात्मक कार्यसे व्यतिरिक्त (भिन्न) है—ऐसा अनुवाद करनेवाली श्रुतियोंसे विरोध हो जायगा और ऐसा होनेपर उसका मोक्ष होना भी असम्भव होगा। क्योंकि जो जिससे छूटनेवाला होता है वह उसीको प्राप्त नहीं हुआ करता;* जंजीरसे बँधे हुए चोर आदिका जंजीररूप हो जाना सम्भव नहीं है।

* अर्थात् जीवको तो नाम-रूपात्मक कार्यसे मुक्त होना इष्ट है, फिर वह उसीको क्यो प्राप्त होगा?

बाह्यान्तर्भेदेन परिणतमिति चेत्तदेव कारणं ब्रह्म शरीराद्याधारत्वेन तदन्तर्जीवात्मनाधेयत्वेन च परिणतमिति चेत्?

न; बहिःष्ठस्य प्रवेशोपपत्तेः। न हि यो यस्यान्तःस्थः स एव तत्प्रविष्ट उच्यते। बहिःष्ठस्यानुप्रवेशः स्यात्प्रवेशशब्दार्थस्यैवं दृष्टत्वात्। यथा गृहं कृत्वा प्राविशदिति।

जलसूर्यकादिप्रतिविम्बवत्प्रवेशः स्यादिति चेन्न; अपरिच्छिन्नत्वादमूर्तत्वाच्च। परिच्छिन्नस्य मूर्तस्यान्यस्यान्यत्र प्रसादस्वभावके जलादौ सूर्यकादिप्रतिविम्बोदयः स्यात्। न त्वात्मनः, अमूर्तत्वादाकाशादिकारणस्यात्मनो व्यापकत्वात्। तद्विप्रकृष्टदेश-प्रतिविम्बाधारवस्त्वन्तराभावाच्च प्रतिविम्बवत्प्रवेशो न युक्तः।

पूर्व०—वही बाह्य और आन्तरके भेदसे परिणत हो गया अर्थात् वह कारणरूप ब्रह्म ही शरीरादि आधाररूपसे बाह्य और आधेय जीवरूपसे उसका अन्तर्वर्ती हो गया—यदि ऐसा मानें तो ?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि प्रवेश बाहर रहनेवाले पदार्थका ही हो सकता है। जो जिसके भीतर स्थित है वह उसमें प्रविष्ट हुआ नहीं कहा जाता। अनुप्रवेश तो बाहर रहनेवाले पदार्थका ही हो सकता है, क्योंकि 'प्रवेश' शब्दका अर्थ ऐसा ही देखा गया है; जैसे कि 'घर बनाकर उसमें प्रवेश किया' इस वाक्यमें।

यदि कहो कि जलमें सूर्यके प्रतिबिम्ब आदिके समान उसका प्रवेश हो सकता है, तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि ब्रह्म अपरिच्छिन्न और अमूर्त है। परिच्छिन्न और मूर्तरूप अन्य पदार्थोंका ही स्वच्छस्वभाव जल आदि अन्य पदार्थोंमें सूर्यकादिरूप प्रतिविम्ब पड़ा करता है; किन्तु आत्माका प्रतिविम्ब नहीं पड़ सकता, क्योंकि वह अमूर्त है तथा आकाशादिका कारणरूप आत्मा व्यापक भी है। उससे दूर देशमें स्थित प्रतिविम्बकी आधारभूत अन्य वस्तुका अभाव होनेसे भी उसका प्रतिविम्बके समान प्रवेश होना सम्भव नहीं है।

एवं तर्हि नैवास्ति प्रवेशो न च गत्यन्तरमुपलभामहे 'तदेवानुप्राविशत्' इति श्रुतेः। श्रुतिश्च नोऽतीन्द्रियविषये विज्ञानोत्पत्तौ निमित्तम्। न चास्माद्वाक्याद्यत्नवतामपि विज्ञानमुत्पद्यते। हन्त तर्ह्यनर्थकत्वादपोह्यमेतद्वाक्यम् 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' इति।

पूर्व०—तब तो आत्माका प्रवेश होता ही नहीं—इसके सिवा 'तदेवानुप्राविशत्' इस श्रुतिकी और कोई गति दिखायी नहीं देती। हमारे (मीमांसकोंके) सिद्धान्तानुसार इन्द्रियातीत विषयोंका ज्ञान होनेमें श्रुति ही कारण है। किन्तु इस वाक्यसे बहुत यत्न करनेपर भी किसी प्रकारका ज्ञान उत्पन्न नहीं होता। अतः खेद है कि 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' यह वाक्य अर्थशून्य होनेके कारण त्यागने ही योग्य है!

न, अन्यार्थत्वात्। किमर्थ-मस्थाने चर्चा। प्रकृतो ह्यन्यो विवक्षितोऽस्य वाक्यस्यार्थोऽस्ति स स्मर्तव्यः। "ब्रह्मविदाप्नोति परम्" (तै० उ० २। १। १) "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" (तै० उ० २। १। १) "यो वेद निहितं गुहायाम्" (तै० उ० २। १। १) इति तद्विज्ञानं च विवक्षितं प्रकृतं च तत्। ब्रह्मस्वरूपानुगमाय चाकाशाद्यन्नमयान्तं कार्यं प्रदर्शितं ब्रह्मानुगमश्चारब्धः। तत्रान्नमयादात्मनोऽन्योऽन्तर आत्मा

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि इस वाक्यका अर्थ अन्य ही है। इस प्रकार अप्रासङ्गिक चर्चा क्यों करते हो? इस प्रसङ्गमें इस वाक्यको और ही अर्थ कहना अभीष्ट है। उसीको स्मरण करना चाहिये। "ब्रह्मवेत्ता परमात्माको प्राप्त कर लेता है" "ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त है" "जो उसे बुद्धिरूप गुहामें छिपा हुआ जानता है" इत्यादि वाक्योंद्वारा जिसका निरूपण किया गया है उस ब्रह्मका ही विज्ञान यहाँ बतलाना अभीष्ट है और उसीका यहाँ प्रसङ्ग भी है। ब्रह्मके स्वरूपका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये ही आकाशसे लेकर अन्नमयकोशपर्यन्त सम्पूर्ण कार्यवर्ग दिखलाया गया है तथा ब्रह्मानुभवका प्रसङ्ग भी चल ही रहा है। उसमें अन्नमय आत्मासे भिन्न दूसरा

प्राणमयस्तदन्तर्मनोमयो विज्ञानमय इति विज्ञानगुहायां प्रवेशितस्तत्र चानन्दमयो विशिष्ट आत्मा प्रदर्शितः।

अतः परमानन्दमयलिङ्गाधिगमद्वारेणानन्दविवृद्ध्यवसान आत्मा ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा सर्वविकल्पास्पदो निर्विकल्पोऽस्यामेव गुहायामधिगन्तव्य इति तत्प्रवेशः प्रकल्प्यते। न ह्यन्यत्रोपलभ्यते ब्रह्म निर्विशेषत्वात्। विशेषसम्बन्धो ह्युपलब्धिहेतुर्दृष्टः, यथा राहोश्चन्द्रार्कविशिष्टसम्बन्धः। एवमन्तःकरणगुहात्मसम्बन्धो ब्रह्मण उपलब्धिहेतुः। संनिकर्षादवभासात्मकत्वाच्चान्तःकरणस्य।

अन्तरात्मा प्राणमय है, उसका अन्तर्वर्ती मनोमय और फिर विज्ञानमय है। इस प्रकार आत्माका विज्ञानगुहामें प्रवेश करा दिया गया है, और वहाँ आनन्दमय ऐसे विशिष्ट आत्माको प्रदर्शित किया गया है।

इसके आगे आनन्दमय—इस लिङ्गके ज्ञानद्वारा आनन्दके उत्कर्षका अवसानभूत आत्मा जो सम्पूर्ण विकल्पका आश्रयभूत एवं निर्विकल्प ब्रह्म है तथा [आनन्दमय कोशकी] पुच्छ—प्रतिष्ठा है, वह इस गुहामें ही अनुभव किये जाने योग्य है—इसलिये उसके प्रवेशकी कल्पना की गयी है। निर्विशेष होनेके कारण ब्रह्म [बुद्धिरूप गुहाके सिवा] और कहीं उपलब्ध नहीं होता, क्योंकि विशेषका सम्बन्ध ही उपलब्धिमें हेतु देखा गया है, जिस प्रकार कि राहुकी उपलब्धिमें चन्द्रमा अथवा सूर्यरूप विशेषका सम्बन्ध। इस प्रकार अन्तःकरणरूप गुहा और आत्माका सम्बन्ध ही ब्रह्मकी उपलब्धिका हेतु है, क्योंकि अन्तःकरण उसका समीपवर्ती और प्रकाशस्वरूप* है।

* जिस प्रकार अन्धकार और प्रकाश दोनों ही जड़ हैं, तथापि प्रकाश अन्धकाररूप आवरणको दूर करनेमें समर्थ है, इसी प्रकार यद्यपि अज्ञान और अन्तःकरण दोनों ही समानरूपसे जड़ हैं तो भी प्रत्यय (विभिन्न प्रतीतियोंके)-रूपमें परिणत हुआ अन्तःकरण अज्ञानका नाश करनेमें समर्थ है और इस प्रकार वह आत्माका प्रकाशक (ज्ञान करानेवाला) है। इसी बातको आगेके भाष्यसे स्पष्ट करते हैं।

यथा चालोकविशिष्टा घटाद्युपलब्धिरेवं बुद्धिप्रत्ययालोकविशिष्टात्मोपलब्धिः स्यात्तस्मादुपलब्धिहेतौ गुहायां निहितमिति प्रकृतमेव। तद्वृत्तिस्थानीये त्विह पुनस्तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशदित्युच्यते।

जिस प्रकार कि प्रकाशयुक्त घटादिकी उपलब्धि होती है उसी प्रकार बुद्धिके प्रत्ययरूप प्रकाशसे युक्त आत्माका अनुभव होता है। अतः उपलब्धिकी हेतुभूत गुहामें वह निहित है—इसी बातका यह प्रसङ्ग है। उसकी वृत्ति-(व्याख्या)-के रूपमें ही श्रुतिद्वारा 'उसे रचकर वह पीछेसे उसीमें प्रवेश कर गया' ऐसा कहा गया है।

तदेवेदमाकाशादिकारणं कार्यं सृष्ट्वा तदनुप्रविष्टमिवान्तर्गुहायां बुद्धौ द्रष्टृ श्रोतृ मन्तृ विज्ञात्रित्येवं विशेषवदुपलभ्यते। स एव तस्य प्रवेशस्तस्मादस्ति तत्कारणं ब्रह्म। अतोऽस्तित्वादस्तीत्येवोपलब्धव्यं तत्।

इस प्रकार इस कार्यवर्गको रचकर इसमें अनुप्रविष्ट-सा हुआ आकाशादिका कारणरूप वह ब्रह्म ही बुद्धिरूप गुहामें द्रष्टा, श्रोता, मन्ता और विज्ञाता—ऐसा सविशेषरूप-सा जान पड़ता है। यही उसका प्रवेश करना है। अतः वह ब्रह्म कारण है; इसलिये उसका अस्तित्व होनेके कारण उसे 'है' इस प्रकार ही ग्रहण करना चाहिये।

तत्कार्यमनुप्रविश्य, किम्?

तस्य सार्वात्म्यम्

सच्च मूर्तं त्यच्चामूर्तमभवत्। मूर्तामूर्ते ह्यव्याकृतनामरूपे आत्मस्थे अन्तर्गतेनात्मना व्याक्रियेते व्याकृते मूर्तामूर्तशब्दवाच्ये। ते आत्मना त्वप्रविभक्तदेशकाले इति कृत्वात्मा ते अभवदित्युच्यते।

उसने कार्यमें अनुप्रवेश करके फिर क्या किया? वह सत्—मूर्त और असत्—अमूर्त हो गया। जिनके नाम और रूपकी अभिव्यक्ति नहीं हुई है, वे मूर्त और अमूर्त तो आत्मामें ही रहते हैं। उन 'मूर्त' एवं 'अमूर्त' शब्दवाच्य पदार्थोंको उनका अन्तर्वर्ती आत्मा केवल अभिव्यक्त कर देता है। उनके देश और काल आत्मासे अभिन्न हैं—इसीलिये 'आत्मा ही मूर्त और अमूर्त हुआ' ऐसा कहा जाता है।

किं च निरुक्तं चानिरुक्तं च। निरुक्तं नाम निष्कृष्य समानासमानजातीयेभ्यो देशकालविशिष्टतयेदं तदित्युक्तमनिरुक्तं तद्विपरीतं निरुक्तानिरुक्ते अपि मूर्तामूर्तयोरेव विशेषणे। यथा सच्च त्यच्च प्रत्यक्षपरोक्षे, तथा निलयनं चानिलयनं च। निलयनं नीडमाश्रयो मूर्तस्यैव धर्मः। अनिलयनं तद्विपरीतममूर्तस्यैव धर्मः।

त्यदनिरुक्तानिलयनान्यमूर्तधर्मत्वेऽपि व्याकृतविषयाण्येव। सर्गोत्तरकालभावश्रवणात्। त्यदिति प्राणाद्यनिरुक्तं तदेवानिलयनं च। अतो विशेषणान्यमूर्तस्य व्याकृतविषयाण्येवैतानि।

विज्ञानं चेतनमविज्ञानं तद्रहितमचेतनं पाषाणादि सत्यं च व्यवहारविषयमधिकारान्न परमार्थसत्यम्। एकमेव हि परमार्थसत्यं ब्रह्म। इह पुन-

तथा वही निरुक्त और अनिरुक्त भी हुआ। निरुक्त उसे कहते हैं जिसे सजातीय और विजातीय पदार्थोंसे अलग करके देश-कालविशिष्टरूपसे 'वह यह है' ऐसा कहा जाय। इससे विपरीत लक्षणोंवालेको 'अनिरुक्त' कहते हैं। निरुक्त और अनिरुक्त भी मूर्त और अमूर्तके ही विशेषण हैं। जिस प्रकार 'सत्' और 'त्यत्' क्रमशः 'प्रत्यक्ष' और 'परोक्ष' को कहते हैं उसी प्रकार 'निलयन' और 'अनिलयन' भी समझने चाहिये। निलयन—नीड अर्थात् आश्रय मूर्तका ही धर्म है और उससे विपरीत अनिलयन अमूर्तका ही धर्म है।

त्यत्, अनिरुक्त और अनिलयन—ये अमूर्तके धर्म होनेपर भी व्याकृत (व्यक्त)-से ही सम्बन्ध रखनेवाले हैं, क्योंकि इनकी सत्ता सृष्टिके अनन्तर ही सुनी गयी है। त्यत्—यह प्राणादि अनिरुक्तका नाम है; वही अनिलयन भी है। अतः ये अमूर्तके विशेषण व्याकृतविषयक ही हैं।

विज्ञान यानी चेतन, अविज्ञान—उससे रहित अचेतन पाषाणादि और सत्य—व्यवहारसम्बन्धी सत्य, क्योंकि यहाँ व्यवहारका ही प्रसङ्ग है, परमार्थ सत्य नहीं; परमार्थ सत्य तो एकमात्र ब्रह्म ही है; यहाँ तो केवल

र्व्यवहारविषयमापेक्षिकं सत्यम्, मृगतृष्णिकाद्यनृतापेक्षयोदकादि सत्यमुच्यते। अनृतं च तद्विपरीतम्। किं पुनः? एतत्सर्वमभवत्, सत्यं परमार्थसत्यम्। किं पुनस्तत्? ब्रह्म, सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेति प्रकृतत्वात्।

यस्मात्सत्त्यदादिकं मूर्तामूर्तधर्मजातं यत्किंचेदं सर्वमविशिष्टं विकारजातमेकमेव सच्छब्दवाच्यं ब्रह्माभवत्तद्व्यतिरेकेणाभावान्नामरूपविकारस्य, तस्मात्तद्ब्रह्म सत्यमित्याचक्षते ब्रह्मविदः।

अस्ति नास्तीत्यनुप्रश्नः प्रकृतस्तस्य प्रतिवचनविषय एतदुक्तमात्माकामयत बहु स्यामिति। स यथाकामं चाकाशादिकार्यं सत्त्यदादिलक्षणं सृष्ट्वा तदनु प्रविश्य पश्यञ्शृण्वन्मन्वानो विजानन् बह्वभवत्तस्मात्तदेवेदमाकाशादिकारणं कार्यस्थं परमे व्योमन् हृदयगुहायां निहितं तत्प्रत्ययावभासविशेषेणोपलभ्यमानमस्ति

व्यवहारविषयक आपेक्षिक सत्यसे ही तात्पर्य है, जैसे कि मृगतृष्णा आदि असत्यकी अपेक्षासे जल आदिको सत्य कहा जाता है तथा अनृत—उस (व्यावहारिक सत्य)-से विपरीत। सो फिर क्या? ये सब वह सत्य—परमार्थ सत्य ही हो गया। वह परमार्थ सत्य है क्या? वह ब्रह्म है, क्योंकि 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान एवं अनन्त है' इस प्रकार उसीका प्रकरण है।

क्योंकि सत्-त्यत् आदि जो कुछ मूर्त-अमूर्त धर्मजात है वह सामान्यरूपसे सारा ही विकार एकमात्र 'सत्' शब्दवाच्य ब्रह्म ही हुआ है—क्योंकि उससे भिन्न नाम-रूप विकारका सर्वथा अभाव है—इसलिये ब्रह्मवादीलोग उस ब्रह्मको 'सत्य' ऐसा कहकर पुकारते हैं।

'ब्रह्म है या नहीं' इस अनुप्रश्नका यहाँ प्रसंग था। उसके उत्तरमें यह कहा गया था—'आत्माने कामना की कि मैं बहुत हो जाऊँ'। वह अपनी कामनाके अनुसार सत्, त्यत् आदि लक्षणोंवाले आकाशादि कार्यवर्गको रचकर उसमें अनुप्रविष्ट हो द्रष्टा, श्रोता, मन्ता और विज्ञातारूपसे बहुत हो गया। अतः आकाशादिके कारण, कार्यवर्गमें स्थित, परमाकाशके भीतर बुद्धिरूप गुहामें छिपे हुए और उसके कर्त्ता-भोक्तादिरूप जो प्रत्ययावभास हैं उनके द्वारा विशेषरूपसे

इत्येवं विजानीयादित्युक्तं भवति।

उपलब्ध होनेवाले उस ब्रह्मको ही 'वह है' इस प्रकार जाने—ऐसा कहा गया।

तदेतस्मिन्नर्थे ब्राह्मणोक्त एष श्लोको मन्त्रो भवति। यथा पूर्वेषु अन्नमयाद्यात्मप्रकाशकाः पञ्चस्वप्येवं सर्वान्तरतमात्मास्तित्वप्रकाशकोऽपि मन्त्रः कार्यद्वारेण भवति॥ १॥

उस इस ब्राह्मणोक्त अर्थमें ही यह श्लोक यानी मन्त्र है। जिस प्रकार पूर्वोक्त पाँच पर्यायोंमें अन्नमय आदि कोशोंके प्रकाशक श्लोक थे उसी प्रकार सबकी अपेक्षा आन्तरतम आत्माके अस्तित्वको उसके कार्यद्वारा प्रकाशित करनेवाला भी यह मन्त्र है॥ १॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां षष्ठोऽनुवाकः॥ ६॥

सप्तम अनुवाक

ब्रह्मकी सुकृतता एवं आनन्दरूपताका तथा ब्रह्मवेत्ताकी अभयप्राप्तिका वर्णन

असद्वा इदमग्र आसीत्। ततो वै सदजायत। तदात्मानꣳस्वयमकुरुत। तस्मात्तत्सुकृतमुच्यत इति। यद्वै तत्सुकृतं रसो वै सः। रसꣳह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति। को ह्येवान्यात्कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवानन्दयाति। यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते। अथ सोऽभयं गतो भवति। यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते। अथ तस्य भयं भवति। तत्त्वेव भयं विदुषो मन्वानस्य। तदप्येष श्लोको भवति॥ १॥

पहले यह [जगत्] असत् (अव्याकृत ब्रह्मरूप) ही था। उसीसे सत् (नाम-रूपात्मक व्यक्त)-की उत्पत्ति हुई। उस असत्‌ने स्वयं अपनेको ही [नाम-रूपात्मक जगद्रूपसे] रचा। इसलिये वह सुकृत (स्वयं रचा हुआ) कहा जाता है। वह जो प्रसिद्ध सुकृत है सो निश्चय रस ही है। इस रसको पाकर पुरुष आनन्दी हो जाता है। यदि हृदयाकाशमें स्थित यह आनन्द (आनन्दस्वरूप आत्मा) न होता तो कौन व्यक्ति अपान-क्रिया करता और कौन प्राणन-क्रिया करता? यही तो उन्हें आनन्दित करता है। जिस समय यह साधक इस अदृश्य, अशरीर, अनिर्वाच्य और निराधार ब्रह्ममें अभय-स्थिति प्राप्त करता है उस समय यह अभयको प्राप्त हो जाता है; और जब यह इसमें थोड़ा-सा भी भेद करता है तो इसे भय प्राप्त होता है। वह ब्रह्म ही भेददर्शी विद्वान्‌के लिये भयरूप है। इसी अर्थमें यह श्लोक है॥ १॥

असद्वा इदमग्र आसीत्।

असच्छब्द-वाच्याव्याकृता-ज्जगदुत्पत्तिः

असदिति व्याकृत-नामरूपविशेष-विपरीतरूपमव्याकृतं ब्रह्मोच्यते। न पुनरत्यन्त-मेवासत्। न ह्यसतः सज्जन्मास्ति। इदमिति नामरूपविशेषवद्व्याकृतं जगदग्रे पूर्वं प्रागुत्पत्तेर्ब्रह्मै-वासच्छब्दवाच्यमासीत्। ततोऽसतो वै सत्प्रविभक्तनामरूपविशेष-मजायतोत्पन्नम्।

किं ततः प्रविभक्तं कार्यमिति पितुरिव पुत्रः, नेत्याह। तदसच्छब्द-वाच्यं स्वयमेवात्मानमेवाकुरुत कृतवत्। यस्मादेवं तस्माद्ब्रह्मैव सुकृतं स्वयंकर्तृच्यते। स्वयंकर्तृ ब्रह्मेति प्रसिद्धं लोके सर्वकारणत्वात्।

यस्माद्वा स्वयमकरोत्सर्वं सर्वात्मना तस्मात्पुण्यरूपेणापि तदेव ब्रह्म कारणं सुकृतमुच्यते। सर्वथापि तु फलसम्बन्धादिकारणं

पहले यह [जगत्] असत् ही था। 'असत्' इस शब्दसे, जिनके नाम-रूप व्यक्त हो गये हैं उन विशेष पदार्थोंसे विपरीत स्वभाववाला अव्याकृत ब्रह्म कहा जाता है। इससे [वन्ध्यापुत्रादि] अत्यन्त असत् पदार्थ बतलाये जाने अभीष्ट नहीं हैं, क्योंकि असत्से सत्का जन्म नहीं हो सकता। 'इदम्' अर्थात् नाम-रूप विशेषसे युक्त व्याकृत जगत् अग्रे—पहले अर्थात् उत्पत्तिसे पूर्व 'असत्' शब्दवाच्य ब्रह्म ही था। उस असत्से ही सत् यानी जिसके नाम-रूपका विभाग हो गया है उस विशेषकी उत्पत्ति हुई।

तो क्या पितासे पुत्रके समान यह कार्यवर्ग उस [ब्रह्म]-से विभिन्न है? इसपर श्रुति कहती है—'नहीं; उस 'असत्' शब्दवाच्य ब्रह्मने स्वयं अपनेको ही रचा। क्योंकि ऐसी बात है इसलिये वह ब्रह्म ही सुकृत अर्थात् स्वयंकर्ता कहा जाता है, सबका कारण होनेसे ब्रह्म स्वयंकर्ता है—यह बात लोकमें प्रसिद्ध है।

अथवा, क्योंकि सर्वरूप होनेसे ब्रह्मने स्वयं ही इस सम्पूर्ण जगत्की रचना की है, इसलिये पुण्यरूपसे भी उसका कारणरूप वह ब्रह्म 'सुकृत' कहा जाता है। लोकमें जो कार्य [पुण्य अथवा पाप] किसी भी प्रकारसे फलके सम्बन्धादिका कारण होता है वही

सुकृतशब्दवाच्यं प्रसिद्धं लोके। यदि पुण्यं यदि वान्यत्सा प्रसिद्धिर्नित्ये चेतनवत्कारणे सत्युपपद्यते। तस्मादस्ति तद्ब्रह्म सुकृतप्रसिद्धेः। इतश्चास्ति। कुतः? रसत्वात्। कुतो रसत्वप्रसिद्धिर्ब्रह्मण इत्यत आह—

यद्वै तत्सुकृतम्। रसो वै सः।

ब्रह्मणो रसस्वरूपत्वम्

रसो नाम तृप्तिहेतुरानन्दकरो मधुराम्लादिः प्रसिद्धो लोके। रसमेवायं लब्ध्वा प्राप्यानन्दी सुखी भवति। नासत आनन्दहेतुत्वं दृष्टं लोके। बाह्यानन्दसाधनरहिता अप्यनीहा निरेषणा ब्राह्मणा बाह्यरसलाभादिव सानन्दा दृश्यन्ते विद्वांसः; नूनं ब्रह्मैव रसस्तेषाम्। तस्मादस्ति तत्तेषामानन्दकारणं रसवद्ब्रह्म।

'सुकृत' शब्दके वाच्यरूपसे प्रसिद्ध होता है। वह प्रसिद्धि चाहे पुण्यरूपा हो और चाहे पापरूपा किसी नित्य और सचेतन कारणके होनेपर ही हो सकती है। अतः उस सुकृतरूप प्रसिद्धिकी सत्ता होनेसे यह सिद्ध होता है कि वह ब्रह्म है। ब्रह्म इसलिये भी है; किसलिये? रसस्वरूप होनेके कारण। ब्रह्मकी रसस्वरूपताकी प्रसिद्धि किस कारणसे है—इसपर श्रुति कहती है—

जो भी वह प्रसिद्ध सुकृत है वह निश्चय रस ही है। खट्टा-मीठा आदि तृप्तिदायक और आनन्दप्रद पदार्थ लोकमें 'रस' नामसे प्रसिद्ध है ही। इस रसको ही पाकर पुरुष आनन्दी अर्थात् सुखी हो जाता है। लोकमें किसी असत् पदार्थकी आनन्दहेतुता कभी नहीं देखी गयी। ब्रह्मनिष्ठ, निरीह और निरपेक्ष विद्वान् बाह्यसुखके साधनसे रहित होनेपर भी बाह्य रसके लाभसे आनन्दित होनेके समान आनन्दयुक्त देखे जाते हैं। निश्चय उनका रस ब्रह्म ही है। अतः रसके समान उनके आनन्दका कारणरूप वह ब्रह्म है ही।

इतश्चास्ति; कुतः? प्राणनादिक्रियादर्शनात्। अयमपि हि पिण्डो जीवतः प्राणेन प्राणित्यपानेनापानिति। एवं वायवीया ऐन्द्रियकाश्च चेष्टाः संहतैः कार्यकरणैर्निर्वर्त्यमाना दृश्यन्ते। तच्चैकार्थवृत्तित्वेन संहननं नान्तरेण चेतनमसंहतं सम्भवति। अन्यत्रादर्शनात्।

तदाह—तद्यदि एष आकाशे परमे व्योम्नि गुहायां निहित आनन्दो न स्यान्न भवेत्को ह्येव लोकेऽन्यादपानचेष्टां कुर्यादित्यर्थः। कः प्राण्यात्प्राणनं वा कुर्यात्तस्मादस्ति तद्ब्रह्म। यदर्थाः कार्यकरण-प्राणनादिचेष्टास्तत्कृत एव चानन्दो लोकस्य।

कुतः? एष ह्येव पर आत्मा आनन्दयात्यानन्दयति सुखयति लोकं धर्मानुरूपम्। स एवात्मानन्दरूपोऽविद्यया परिच्छिन्नो

इसलिये भी ब्रह्म है; किसलिये? प्राणनादि क्रियाके देखे जानेसे। जीवित पुरुषका यह पिण्ड भी प्राणकी सहायतासे प्राणन करता है और अपान वायुके द्वारा अपानक्रिया करता है। इसी प्रकार संघातको प्राप्त हुए इन शरीर और इन्द्रियोंके द्वारा निष्पन्न होती हुई और भी वायु और इन्द्रियसम्बन्धिनी चेष्टाएँ देखी जाती हैं। वह वायु आदि अचेतन पदार्थोंका एक ही उद्देश्यकी सिद्धिके लिये परस्पर संहत (अनुकूल) होना किसी असंहत (किसीसे भी न मिले हुए) चेतनके बिना नहीं हो सकता, क्योंकि और कहीं ऐसा देखा नहीं जाता।

इसी बातको श्रुति कहती है—यदि आकाश—परमाकाश अर्थात् बुद्धिरूप गुहामें छिपा हुआ यह आनन्द न होता तो लोकमें कौन अपान-क्रिया करता और कौन प्राणन कर सकता; इसलिये वह ब्रह्म है ही, जिसके लिये कि शरीर और इन्द्रियकी प्राणन आदि चेष्टाएँ हो रही हैं; और उसीका किया हुआ लोकका आनन्द भी है।

ऐसा क्यों है? क्योंकि यह परमात्मा ही लोकको उसके धर्मानुसार आनन्दित—सुखी करता है। तात्पर्य यह है कि वह

विभाव्यते प्राणिभिरित्यर्थः। भयाभयहेतुत्वाद्विद्वदविदुषोरस्ति तद्ब्रह्म। सद्वस्त्वाश्रयणेन ह्यभयं भवति। नासद्वस्त्वाश्रयणेन भयनिवृत्तिरुपपद्यते।

आनन्दरूप आत्मा ही प्राणियोंद्वारा अविद्यासे परिच्छिन्न भावना किया जाता है। अविद्वान्‌के भय और विद्वान्‌के अभयका कारण होनेसे भी ब्रह्म है, क्योंकि किसी सत्य पदार्थके आश्रयसे ही अभय हुआ करता है, असद्वस्तुके आश्रयसे भयकी निवृत्ति होनी सम्भव नहीं है।

कथमभयहेतुत्वमित्युच्यते—

ब्रह्मणोऽभय-हेतुत्वम्

यदा ह्येव यस्मादेष साधक एतस्मिन्ब्रह्मणि किंविशिष्टेऽदृश्ये दृश्यं नाम द्रष्टव्यं विकारो दर्शनार्थत्वाद्विकारस्य। न दृश्यमदृश्यमविकार इत्यर्थः। एतस्मिन्नदृश्येऽविकारेऽविषयभूते अनात्म्येऽशरीरे। यस्माददृश्यं तस्मादनात्म्यं यस्मादनात्म्यं तस्मादनिरुक्तम्। विशेषो हि निरुच्यते विशेषश्च विकारः। अविकारं च ब्रह्म, सर्वविकारहेतुत्वात्तस्मादनिरुक्तम्। यत एवं तस्मादनिलयनं निलयनं नीड आश्रयो न निलयनमनिलयनमनाधारं तस्मिन्नेतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयने

ब्रह्मका अभयहेतुत्व किस प्रकार है, सो बतलाया जाता है—क्योंकि जिस समय भी यह साधक इस ब्रह्ममें [प्रतिष्ठा—स्थिति अर्थात् आत्मभाव प्राप्त कर लेता है।] किन विशेषणोंसे युक्त ब्रह्ममें? अदृश्यमें—दृश्य देखे जानेवाले अर्थात् विकारका नाम है क्योंकि विकार देखे जानेके ही लिये है; जो दृश्य न हो उसे अदृश्य अर्थात् अविकार कहते हैं। इस अदृश्य—अविकारी अर्थात् अविषयभूत, अनात्म्य—अशरीरमें। क्योंकि वह अदृश्य है इसलिये अशरीर भी है और क्योंकि अशरीर है इसलिये अनिरुक्त है। निरूपण विशेषका ही किया जाता है और विशेष विकार ही होता है; किन्तु ब्रह्म सम्पूर्ण विकारका कारण होनेसे स्वयं अविकार ही है, इसलिये वह अनिरुक्त है। क्योंकि ऐसा है इसलिये वह अनिलयन है; निलयन आश्रयको कहते हैं; जिसका निलयन न हो वह अनिलयन यानी अनाश्रय है। उस इस अदृश्य, अनात्म्य, अनिरुक्त

सर्वकार्यधर्मविलक्षणे ब्रह्मणीति वाक्यार्थः। अभयमिति क्रियाविशेषणम्। अभयामिति वा लिङ्गान्तरं परिणम्यते। प्रतिष्ठां स्थितिमात्मभावं विन्दते लभते। अथ तदा स तस्मिन्नानात्वस्य भयहेतोरविद्याकृतस्यादर्शनादभयं गतो भवति।

स्वरूपप्रतिष्ठो ह्यसौ यदा भवति तदा नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति। अन्यस्य ह्यन्यतो भयं भवति नात्मन एवात्मनो भयं युक्तम्। तस्मादात्मैवात्मनोऽभयकारणम्। सर्वतो हि निर्भया ब्राह्मणा दृश्यन्ते सत्सु भयहेतुषु तच्चायुक्तमसति भयत्राणे ब्रह्मणि। तस्मात्तेषामभयदर्शनादस्ति तदभयकारणं ब्रह्मेति।

कदासावभयं गतो भवति

भेददर्शनमेव भयहेतुः

साधको यदा नान्यत्पश्य-

और अनिलयन अर्थात् सम्पूर्ण कार्यधर्मोंसे विलक्षण ब्रह्ममें अभय प्रतिष्ठा—स्थिति यानी आत्मभावको प्राप्त करता है। उस समय उसमें भयके हेतुभूत नानात्वको न देखनेके कारण अभयको प्राप्त हो जाता है। मूलमें 'अभयम्' यह क्रियाविशेषण है* अथवा इसे 'अभयाम्' इस प्रकार अन्य (स्त्री) लिङ्गके रूपमें परिणत कर लेना चाहिये।

जिस समय यह अपने स्वरूपमें स्थित हो जाता है उस समय यह न तो और कुछ देखता है, न और कुछ सुनता है और न और कुछ जानता ही है। अन्यको ही अन्यसे भय हुआ करता है, आत्मासे आत्माको भय होना सम्भव नहीं है। अतः आत्मा ही आत्माके अभयका कारण है। ब्राह्मण लोग (ब्रह्मनिष्ठ पुरुष) भयके कारणोंके रहते हुए भी सब ओरसे निर्भय दिखायी देते हैं। किन्तु भयसे रक्षा करनेवाले ब्रह्मके न होनेपर ऐसा होना असम्भव था। अतः उन्हें निर्भय देखनेसे यह सिद्ध होता है कि अभयका हेतुभूत ब्रह्म है ही।

यह साधक कब अभयको प्राप्त होता है? [ऐसा प्रश्न होनेपर कहते हैं—] जिस समय यह अन्य कुछ नहीं

* अर्थात् अभयरूपसे प्रतिष्ठा—स्थिति यानी आत्मभाव प्राप्त कर लेता है।

त्यात्मनि चान्तरं भेदं न कुरुते तदाभयं गतो भवतीत्यभिप्रायः। यदा पुनरविद्यावस्थायां हि यस्मादेषोऽविद्यावानविद्यया प्रत्युपस्थापितं वस्तु तैमिरिकद्वितीयचन्द्रवत्पश्यत्यात्मनि चैतस्मिन् ब्रह्मणि उदपि, अरमल्पमप्यन्तरं छिद्रं भेददर्शनं कुरुते। भेददर्शनमेव हि भयकारणमल्पमपि भेदं पश्यतीत्यर्थः। अथ तस्माद्भेददर्शनाद्धेतोरस्य भेददर्शिन आत्मनो भयं भवति। तस्मादात्मैवात्मनो भयकारणमविदुषः।

तदेतदाह। तद्ब्रह्म त्वेव भयं भेददर्शिनो विदुष ईश्वरोऽन्यो मत्तोऽहमन्यः संसारी इत्येवं विदुषो भेददृष्टमीश्वराख्यं तदेव ब्रह्माल्पमप्यन्तरं कुर्वतो भयं भवत्येकत्वेनामन्वानस्य। तस्माद्विद्वानप्यविद्वानेवासौ योऽयमेकमभिन्नमात्मतत्त्वं न पश्यति।

देखता और अपने आत्मामें किसी प्रकारका अन्तर—भेद नहीं करता उस समय ही यह अभयको प्राप्त होता है—यह इसका तात्पर्य है। किन्तु जिस समय अविद्यावस्थामें यह अविद्याग्रस्त जीव तिमिररोगीको दिखायी देनेवाले दूसरे चन्द्रमाके समान अविद्याद्वारा प्रस्तुत किये हुए पदार्थोंको देखता है तथा इस आत्मा यानी ब्रह्ममें थोड़ा-सा भी अन्तर—छिद्र अर्थात् भेददर्शन करता है—भेददर्शन ही भयका कारण है, अतः तात्पर्य यह है कि यदि यह थोड़ा-सा भी भेद देखता है—तो उस आत्माके भेददर्शनरूप कारणसे उसे भय होता है। अतः अज्ञानीके लिये आत्मा ही आत्माके भयका कारण है।

यहाँ श्रुति इसी बातको कहती है—भेददर्शी विद्वान्के लिये वह ब्रह्म ही भयरूप है। मुझसे भिन्न ईश्वर और है तथा मैं संसारी जीव और हूँ इस प्रकार उसमें थोड़ा-सा भी अन्तर करनेवाले उसे एकरूपसे न माननेवाले विद्वान् (भेदज्ञानी)- के लिये वह भेदरूपसे देखा गया ईश्वरसंज्ञक ब्रह्म ही भयरूप हो जाता है। अतः जो पुरुष एक अभिन्न आत्मतत्त्वको नहीं देखता वह विद्वान् होनेपर भी अविद्वान् ही है।

उच्छेदहेतुदर्शनाद्ध्युच्छेद्याभिमतस्य भयं भवति। अनुच्छेद्यो ह्युच्छेदहेतुस्तत्रासत्युच्छेदहेतावुच्छेद्ये न तद्दर्शनकार्यं भयं युक्तम्। सर्वं च जगद्भयवद्दृश्यते। तस्माज्जगतो भयदर्शनाद्गम्यते नूनं तदस्ति भयकारणमुच्छेदहेतुरनुच्छेद्यात्मकं यतो जगद्बिभेतीति। तदेतस्मिन्नप्यर्थ एष श्लोको भवति॥ १॥

अपनेको उच्छेद्य (नाशवान्) माननेवालेको ही उच्छेदका कारण देखनेसे भय हुआ करता है। उच्छेदका कारण तो अनुच्छेद्य (अविनाशी) ही होता है। अतः यदि कोई उच्छेदका कारण न होता तो उच्छेद्य पदार्थोंमें उसके देखनेसे होनेवाला भय सम्भव नहीं था। किन्तु सारा ही संसार भययुक्त देखा जाता है। अतः जगत्को भय होता देखनेसे जाना जाता है कि उसके भयका कारण उच्छेदका हेतुभूत किन्तु स्वयं अनुच्छेद्यरूप ब्रह्म है, जिससे कि जगत् भय मानता है। इसी अर्थमें यह श्लोक भी है॥ १॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां सप्तमोऽनुवाकः॥ ७॥

अष्टम अनुवाक

ब्रह्मानन्दके निरतिशयत्वकी मीमांसा

भीषास्माद्वातः पवते। भीषोदेति सूर्यः। भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च। मृत्युर्धावति पञ्चम इति। सैषानन्दस्य मीमाꣳसा भवति। युवा स्यात्साधुयुवाध्यायक आशिष्ठो दृढिष्ठो बलिष्ठस्तस्येयं पृथिवी सर्वा वित्तस्य पूर्णा स्यात्। स एको मानुष आनन्दः। ते ये शतं मानुषा आनन्दाः॥ १॥

स एको मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दाः। स एको देवगन्धर्वाणामानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं देवगन्धर्वाणामानन्दाः। स एकः पितॄणां चिरलोकलोकानामानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं पितॄणां चिरलोकलोकानामानन्दाः। स एक आजानजानां देवानामानन्दः॥ २॥

श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतमाजानजानां देवानामानन्दाः। स एकः कर्मदेवानां देवानामानन्दः। ये कर्मणा देवानपियन्ति। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं कर्मदेवानां देवानामानन्दाः। स एको देवानामानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं देवानामानन्दाः। स एक इन्द्रस्यानन्दः॥ ३॥

श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतमिन्द्रस्यानन्दाः। स एको बृहस्पतेरानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं बृहस्पतेरानन्दाः। स एकः प्रजापतेरानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं प्रजापतेरानन्दाः। स एको ब्रह्मण आनन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य॥ ४॥

इसके भयसे वायु चलता है, इसीके भयसे सूर्य उदय होता है तथा इसीके भयसे अग्नि, इन्द्र और पाँचवाँ मृत्यु दौड़ता है। अब यह [इस ब्रह्मके] आनन्दकी मीमांसा है—साधु स्वभाववाला नवयुवक, वेद पढ़ा हुआ, अत्यन्त आशावान् [कभी निराश न होनेवाला] तथा अत्यन्त दृढ़ और बलिष्ठ हो एवं उसीकी यह धन-धान्यसे पूर्ण सम्पूर्ण पृथिवी भी हो। [उसका जो आनन्द है] वह एक मानुष आनन्द है; ऐसे जो सौ मानुष आनन्द हैं॥ १ ॥ वही मनुष्य-गन्धर्वोंका एक आनन्द है तथा वह अकामहत (जो कामनासे पीड़ित नहीं है उस) श्रोत्रियको भी प्राप्त है। मनुष्य-गन्धर्वोंके जो सौ आनन्द हैं वही देवगन्धर्वका एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। देवगन्धर्वोंके जो सौ आनन्द हैं वही नित्यलोकमें रहनेवाले पितृगणका एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। चिरलोकनिवासी पितृगणके जो सौ आनन्द हैं वही आजानज देवताओंका एक आनन्द है॥ २॥ और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। आजानज देवताओंके जो सौ आनन्द हैं वही कर्मदेव देवताओंका, जो कि [अग्निहोत्रादि] कर्म करके देवत्वको प्राप्त होते हैं, एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। कर्मदेव देवताओंके जो सौ आनन्द हैं वही देवताओंका एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। देवताओंके जो सौ आनन्द हैं वही इन्द्रका एक आनन्द है॥ ३॥ तथा वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। इन्द्रके जो सौ आनन्द हैं वही बृहस्पतिका एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। बृहस्पतिके जो सौ आनन्द हैं वही प्रजापतिका एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है। प्रजापतिके जो सौ आनन्द हैं वही ब्रह्माका एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रियको भी प्राप्त है॥ ४॥

भीषा भयेनास्माद्वातः पवते। भीषोदेति सूर्यः भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चम इति।

ब्रह्मानुशासनम्

इसकी भीति अर्थात् भयसे वायु चलता है, इसीकी भीतिसे सूर्य उदित होता है और इसके भयसे ही अग्नि, इन्द्र तथा पाँचवाँ* मृत्यु दौड़ता है।

* पूर्वोक्त वायु आदिके क्रमसे गणना किये जानेपर पाँचवाँ होनेके कारण मृत्युको पाँचवाँ कहा है।

वातादयो हि महार्हाः स्वयमीश्वराः सन्तः पवनादिकार्येष्वायासबहुलेषु नियताः प्रवर्तन्ते। तद्युक्तं प्रशास्तरि सति; यस्मान्नियमेन तेषां प्रवर्तनम्। तस्मादस्ति भयकारणं तेषां प्रशास्तृ ब्रह्म। यतस्ते भृत्या इव राज्ञोऽस्माद्ब्रह्मणो भयेन प्रवर्तन्ते। तच्च भयकारणमानन्दं ब्रह्म।

वायु आदि देवगण परमपूजनीय और स्वयं समर्थ होनेपर भी अत्यन्त श्रमसाध्य चलने आदिके कार्यमें नियमानुसार प्रवृत्त हो रहे हैं। यह बात उनका कोई शासक होनेपर ही सम्भव है। क्योंकि उनकी नियमसे प्रवृत्ति होती है, इसलिये उनके भयका कारण और उनपर शासन करनेवाला ब्रह्म है। जिस प्रकार राजाके भयसे सेवक लोग अपने-अपने कामोंमें लगे रहते हैं उसी प्रकार वे इस ब्रह्मके भयसे प्रवृत्त होते हैं, वह उनके भयका कारण ब्रह्म आनन्दस्वरूप है।

ब्रह्मानन्दालोचनम्

तस्यास्य ब्रह्मण आनन्दस्यैषा मीमांसा विचारणा भवति। किमानन्दस्य मीमांस्यमित्युच्यते। किमानन्दो विषयविषयिसम्बन्धजनितो लौकिकानन्दवदाहोस्वित् स्वाभाविक इत्येवमेषानन्दस्य मीमांसा।

उस इस ब्रह्मके आनन्दकी यह मीमांसा—विचारणा है। उस आनन्दकी क्या बात विचारणीय है, इसपर कहते हैं—'क्या वह आनन्द लौकिक सुखकी भाँति विषय और विषयको ग्रहण करनेवालेके सम्बन्धसे होनेवाला है अथवा स्वाभाविक ही है?' इस प्रकार यही उस आनन्दकी मीमांसा है।

तत्र लौकिक आनन्दो बाह्याध्यात्मिकसाधनसम्पत्तिनिमित्त उत्कृष्टः। स य एष निर्दिश्यते ब्रह्मानन्दानुगमार्थम्। अनेन हि प्रसिद्धेनानन्देन व्यावृत्तविषयबुद्धिगम्य आनन्दोऽनुगन्तुं शक्यते।

उसमें जो लौकिक आनन्द बाह्य और शारीरिक साधन-सम्पत्तिके कारण उत्कृष्ट गिना जाता है ब्रह्मानन्दके ज्ञानके लिये यहाँ उसीका निर्देश किया जाता है। इस प्रसिद्ध आनन्दके द्वारा ही जिसकी बुद्धि विषयोंसे हटी हुई है उस ब्रह्मवेत्ताको अनुभव होनेवाले आनन्दका ज्ञान हो सकता है।

लौकिकोऽप्यानन्दो ब्रह्मानन्दस्यैव मात्रा अविद्यया तिरस्क्रियमाणे विज्ञान उत्कृष्यमाणायां चाविद्यायां ब्रह्मादिभिः कर्मवशाद्यथाविज्ञानं विषयादिसाधनसम्बन्धवशाच्च विभाव्यमानश्च लोकेऽनवस्थितो लौकिकः सम्पद्यते। स एवाविद्याकामकर्मापकर्षेण मनुष्यगन्धर्वाद्युत्तरोत्तरभूमिष्वकामहतविद्वच्छ्रोत्रियप्रत्यक्षो विभाव्यते शतगुणोत्तरोत्तरोत्कर्षेण यावद्धिरण्यगर्भस्य ब्रह्मण आनन्द इति। निरस्ते त्वविद्याकृते विषयविषयिविभागे विद्यया स्वाभाविकः परिपूर्ण एक आनन्दोऽद्वैतो भवतीत्येतमर्थं विभावयिष्यन्नाह।

लौकिक आनन्द भी ब्रह्मानन्दका ही अंश है। अविद्यासे विज्ञानके तिरस्कृत हो जानेपर और अविद्याका उत्कर्ष होनेपर प्राक्तन कर्मवश विषयादि साधनोंके सम्बन्धसे ब्रह्मा आदि जीवोंद्वारा अपने-अपने विज्ञानानुसार भावना किया जानेके कारण ही वह लोकमें अस्थिर और लौकिक आनन्द हो जाता है। कामनाओंसे पराभूत न होनेवाले विद्वान् श्रोत्रियको प्रत्यक्ष अनुभव होनेवाला वह ब्रह्मानन्द ही मनुष्य-गन्धर्व आदि आगे-आगेकी भूमियोंमें हिरण्यगर्भपर्यन्त अविद्या, कामना और कर्मका ह्रास होनेसे उत्तरोत्तर सौ-सौ गुने उत्कर्षसे आविर्भूत होता है। तथा विद्याद्वारा अविद्याजनित विषय-विषयि-विभागके निवृत्त हो जानेपर वह स्वाभाविक परिपूर्ण एक और अद्वैत आनन्द हो जाता है—इसी अर्थको समझानेके लिये श्रुति कहती है—

युवा प्रथमवयाः। साधुयुवेति साधुश्चासौ युवा चेति यूनो विशेषणम्। युवाप्यसाधुर्भवति साधुरप्ययुवातो विशेषणं युवा स्यात्साधुयुवेति। अध्यायकोऽधीतवेदः। आशिष्ठ आशास्तृतमः।

जो युवा अर्थात् पूर्ववयस्क, साधुयुवा अर्थात् जो साधु भी हो और युवा भी—इस प्रकार साधुयुवा शब्द 'युवा' का विशेषण है; लोकमें युवा भी असाधु हो सकता है और साधु भी अयुवा हो सकता है, इसीलिये 'जो युवा हो—साधुयुवा हो' इस प्रकार विशेषणरूपसे कहा है। तथा अध्यायक—वेद पढ़ा हुआ, आशिष्ठः—अत्यन्त आशावान्,

दृढिष्ठो दृढतमः। बलिष्ठो बलवत्तमः। एवमाध्यात्मिकसाधनसम्पन्नः। तस्येयं पृथिव्युर्वी सर्वा वित्तस्य वित्तेनोपभोगसाधनेन दृष्टार्थेनादृष्टार्थेन च कर्मसाधनेन सम्पन्ना पूर्णा राजा पृथिवीपतिरित्यर्थः। तस्य च य आनन्दः स एको मानुषो मनुष्याणां प्रकृष्ट एक आनन्दः।

ते ये शतं मानुषा आनन्दाः स एको मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दः। मानुषानन्दाच्छतगुणेनोत्कृष्टो मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दो भवति। मनुष्याः सन्तः कर्मविद्याविशेषाद्गन्धर्वत्वं प्राप्ता मनुष्यगन्धर्वाः। ते ह्यन्तर्धानादिशक्तिसम्पन्नाः सूक्ष्मकार्यकरणाः। तस्मात्प्रतिघाताल्पत्वं तेषां द्वन्द्वप्रतिघातशक्तिसाधनसम्पत्तिश्च। ततोऽप्रतिहन्यमानस्य प्रतीकारवतो मनुष्यगन्धर्वस्य स्याच्चित्तप्रसादः। तत्प्रसादविशेषात्सुखविशेषाभिव्यक्तिः। एवं

दृढिष्ठः—अत्यन्त दृढ़ और बलिष्ठ—अति बलवान् हो; इस प्रकार जो इन आध्यात्मिक साधनोंसे सम्पन्न हो; और उसीकी, यह धनसे अर्थात् उपभोगके साधनसे तथा लौकिक और पारलौकिक कर्मके साधनसे सम्पन्न सम्पूर्ण पृथिवी हो—अर्थात् जो राजा यानी पृथिवीपति हो; उसका जो आनन्द है वह एक मानुष आनन्द यानी मनुष्योंका एक प्रकृष्ट आनन्द है।

ऐसे जो सौ मानुष आनन्द हैं वही मनुष्य-गन्धर्वोंका एक आनन्द है। मानुष आनन्दसे मनुष्यगन्धर्वोंका आनन्द सौ गुना उत्कृष्ट होता है। जो पहले मनुष्य होकर फिर कर्म और उपासनाकी विशेषतासे गन्धर्वत्वको प्राप्त हुए हैं वे मनुष्यगन्धर्व कहलाते हैं। वे अन्तर्धानादिकी शक्तिसे सम्पन्न तथा सूक्ष्म शरीर और इन्द्रियोंसे युक्त होते हैं, इसलिये उन्हें [शीतोष्णादि द्वन्द्वोंका] थोड़ा प्रतिघात होता है तथा वे द्वन्द्वोंका सामना करनेवाले सामर्थ्य और साधनसे सम्पन्न होते हैं। अतः उस शीतोष्णादि द्वन्द्वसे प्रतिहत न होनेवाले तथा [उसका आघात होनेपर] उसका प्रतीकार करनेमें समर्थ मनुष्यगन्धर्वको चित्तप्रसाद प्राप्त होता है और उस प्रसादविशेषसे उसके सुखविशेषकी अभिव्यक्ति होती है। इस

पूर्वस्याः पूर्वस्या भूमेरुत्तरस्यामुत्तरस्यां भूमौ प्रसादविशेषतः शतगुणेनानन्दोत्कर्ष उपपद्यते।

प्रथमं त्वकामहताग्रहणं मनुष्यविषयभोगकामानभिहतस्य श्रोत्रियस्य मनुष्यानन्दाच्छतगुणेनानन्दोत्कर्षो मनुष्यगन्धर्वेण तुल्यो वक्तव्य इत्येवमर्थम्। साधुयुवाध्यायक इति श्रोत्रियत्वावृजिनत्वे गृह्येते। ते ह्यविशिष्टे सर्वत्र। अकामहतत्वं तु विषयोत्कर्षापकर्षतः सुखोत्कर्षापकर्षाय विशेष्यते। अतोऽकामहतग्रहणम्, तद्विशेषतः शतगुणसुखोत्कर्षोपलब्धेरकामहतत्वस्य परमानन्दप्राप्तिसाधनत्वविधानार्थम्। व्याख्यातमन्यत्।

प्रकार पूर्व-पूर्व भूमिकी अपेक्षा आगे-आगेकी भूमिमें प्रसादकी विशेषता होनेसे सौ-सौ गुने आनन्दका उत्कर्ष होना सम्भव ही है।

[आगेके सब वाक्योंके साथ रहनेवाला] 'श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य' यह वाक्य पहले [मानुष आनन्दके साथ] इसलिये ग्रहण नहीं किया गया कि विषय-भोग और कामनाओंसे व्याकुल न रहनेवाले श्रोत्रियके आनन्दका उत्कर्ष मानुष आनन्दकी अपेक्षा सौ गुना अर्थात् मनुष्यगन्धर्वके आनन्दके तुल्य बतलाना है। श्रुतिमें 'साधुयुवा' और 'अध्यायक' ये दो विशेषण [सार्वभौम राजाका] श्रोत्रियत्व और निष्पापत्व प्रदर्शित करनेके लिये ग्रहण किये जाते हैं। इन्हें आगे भी सबके साथ समानभावसे समझना चाहिये। विषयके उत्कर्ष और अपकर्षसे सुखका भी उत्कर्ष और अपकर्ष होता है [किन्तु कामनारहित पुरुषके लिये सुखका उत्कर्ष या अपकर्ष हुआ नहीं करता] इसीलिये अकामहतत्वकी विशेषता है, और इसीसे 'अकामहत' पद ग्रहण किया गया है। अतः उससे विशिष्ट पुरुषके सुखका सौगुना उत्कर्ष देखा जाता है; अतः अकामहतत्वको परमानन्दकी प्राप्तिका साधन बतलानेके लिये 'अकामहत' विशेषण ग्रहण किया है, और सबकी व्याख्या पहले की जा चुकी है।

देवगन्धर्वा जातित एव। चिरलोकलोकानामिति पितृणां विशेषणम्। चिरकालस्थायी लोको येषां पितृणां ते चिरलोकलोका इति। आजान इति देवलोकस्तस्मिन्नाजाने जाता आजानजा देवाः स्मार्तकर्मविशेषतो देवस्थानेषु जाताः।

कर्मदेवा ये वैदिकेन कर्मणाग्निहोत्रादिना केवलेन देवानपियन्ति। देवा इति त्रयस्त्रिंशद्धविर्भुजः। इन्द्रस्तेषां स्वामी तस्याचार्यो बृहस्पतिः। प्रजापतिर्विराट्। त्रैलोक्यशरीरो ब्रह्मा समष्टिव्यष्टिरूपः संसारमण्डलव्यापी।

यत्रैत आनन्दभेदा एकतां गच्छन्ति धर्मश्च तन्निमित्तो ज्ञानं च तद्विषयमकामहतत्वं च निरतिशयं यत्र स एष हिरण्यगर्भो ब्रह्मा, तस्यैष आनन्दः श्रोत्रियेणावृजिनेनाकामहतेन च सर्वतः प्रत्यक्षमुपलभ्यते। तस्मादेतानि

देवगन्धर्व—जो जन्मसे ही गन्धर्व हों 'चिरलोकलोकानाम्' (चिरस्थायी लोकमें रहनेवाले) यह पितृगणका विशेषण है। जिन पितृगणका चिरस्थायी लोक है वे चिरलोक-लोक कहे जाते हैं। 'आजान' देवलोकका नाम है, उस आजानमें जो उत्पन्न हुए हैं वे देवगण 'आजानज' हैं, जो कि स्मार्तकर्मविशेषके कारण देवस्थानमें उत्पन्न हुए हैं।

जो केवल अग्निहोत्रादि वैदिक कर्मसे देवभावको प्राप्त हुए हैं वे 'कर्मदेव' कहलाते हैं। जो तैंतीस देवगण यज्ञमें हविर्भाग लेनेवाले हैं वे ही यहाँ 'देव' शब्दसे कहे गये हैं। उनका स्वामी इन्द्र है और इन्द्रका गुरु बृहस्पति है। 'प्रजापति' का अर्थ विराट् है, तथा त्रैलोक्यशरीरधारी ब्रह्मा है जो समष्टि-व्यष्टिरूप और समस्त संसारमण्डलमें व्याप्त है।

जहाँ ये आनन्दके भेद एकताको प्राप्त होते हैं [अर्थात् एक ही गिने जाते हैं] तथा जहाँ उससे होनेवाले धर्म एवं ज्ञान तथा तद्विषयक अकामहतत्व सबसे बढ़े हुए हैं वह यह हिरण्यगर्भ ही ब्रह्मा है। उसका यह आनन्द श्रोत्रिय, निष्पाप और अकामहत पुरुषद्वारा सर्वत्र प्रत्यक्ष उपलब्ध किया जाता है। इससे यह जाना जाता है कि [निष्पापत्व, अकामहतत्व

त्रीणि साधनानीत्यवगम्यते। तत्र श्रोत्रियत्वावृजिनत्वे नियते अकामहतत्वं तूत्कृष्यत इति प्रकृष्टसाधनतावगम्यते।

और श्रोत्रियत्व] ये तीन उसके साधन हैं। इनमें श्रोत्रियत्व और निष्पापत्व तो नियत (न्यूनाधिक न होनेवाले) धर्म हैं किन्तु अकामहतत्वका उत्तरोत्तर उत्कर्ष होता है; इसलिये यह प्रकृष्ट-साधनरूपसे जाना जाता है।

तस्याकामहतत्वप्रकर्षतश्चोपलभ्यमानः श्रोत्रियप्रत्यक्षो ब्रह्मण आनन्दो यस्य परमानन्दस्य मात्रैकदेशः। "एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति" (बृ० उ० ४। ३। ३२) इति श्रुत्यन्तरात्। स एष आनन्दो यस्य मात्राः समुद्राम्भस इव विप्रषः प्रविभक्ता यत्रैकतां गताः स एष परमानन्दः स्वाभाविकोऽद्वैतत्वादानन्दानन्दिनोश्चाविभागोऽत्र॥ १—४॥

उस अकामहतत्वके प्रकर्षसे उपलब्ध होनेवाला तथा श्रोत्रियको प्रत्यक्ष अनुभव होनेवाला वह ब्रह्माका आनन्द जिस परमानन्दकी मात्रा अर्थात् केवल एकदेशमात्र है, जैसा कि "इस आनन्दके लेशसे ही अन्य प्राणी जीवित रहते हैं" इस अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है, वह यह हिरण्यगर्भका आनन्द, जिसकी मात्राएँ (लेशमात्र आनन्द) समुद्रके जलकी बूँदोंके समान विभक्त हो पुनः उसमें एकत्वको प्राप्त हुई हैं वही अद्वैतरूप होनेसे स्वाभाविक परमानन्द है। इसमें आनन्द और आनन्दीका अभेद है॥ १—४॥

ब्रह्मात्मैक्य-दृष्टिका उपसंहार

तदेतन्मीमांसाफलमुपसंह्रियते—

अब इस मीमांसाके फलका उपसंहार किया जाता है—

स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः। स य एवंविदस्माल्लोकात्प्रेत्य। एतमन्नमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं प्राणमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं मनोमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं

विज्ञानमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति। तदप्येष श्लोको भवति॥ ५॥

वह, जो कि इस पुरुष (पञ्चकोशात्मक देह)-में है और जो यह आदित्यके अन्तर्गत है, एक है। वह, जो इस प्रकार जाननेवाला है, इस लोक (दृष्ट और अदृष्ट विषयसमूह)-से निवृत्त होकर इस अन्नमय आत्माको प्राप्त होता है [अर्थात् विषयसमूहको अन्नमय कोशसे पृथक् नहीं देखता]। इसी प्रकार वह इस प्राणमय आत्माको प्राप्त होता है, इस मनोमय आत्माको प्राप्त होता है, इस विज्ञानमय आत्माको प्राप्त होता है एवं इस आनन्दमय आत्माको प्राप्त होता है। उसीके विषयमें यह श्लोक है॥ ५॥

ब्रह्मात्मैक्योपसंहारः

यो गुहायां निहितः परमे व्योम्न्याकाशादि-कार्यं सृष्ट्वान्नमयान्तं तदेवानुप्रविष्टः स य इति निर्दिश्यते। कोऽसौ? अयं पुरुषे, यश्चासावादित्ये यः परमानन्दः श्रोत्रियप्रत्यक्षो निर्दिष्टो यस्यैकदेशं ब्रह्मादीनि भूतानि सुखार्हाण्युपजीवन्ति स यश्चासावादित्य इति निर्दिश्यते। स एको भिन्नप्रदेशस्थघटाकाशैकत्ववत्।

जो आकाशसे लेकर अन्नमय कोशपर्यन्त कार्यकी रचना करके उसमें अनुप्रविष्ट हुआ परमाकाशके भीतर बुद्धिरूप गुहामें स्थित है उसीका 'स यः' (वह जो) इन पदोंद्वारा निर्देश किया जाता है। वह कौन है? जो इस पुरुषमें है और जो श्रोत्रियके लिये प्रत्यक्ष बतलाया हुआ परमानन्द आदित्यमें है; जिसके एक देशके आश्रयसे ही सुखके पात्रीभूत ब्रह्मा आदि जीव जीवन धारण करते हैं उसी आनन्दको 'स यश्चासावादित्ये' इन पदोंद्वारा निर्दिष्ट किया जाता है। भिन्नप्रदेशस्थ घटाकाश और महाकाशके एकत्वके समान [उन दोनों उपाधियोंमें स्थित] वह आनन्द एक है।

ननु तन्निर्देशे स यश्चायं पुरुष इत्यविशेषतोऽध्यात्मं न युक्तो निर्देशः, यश्चायं दक्षिणेऽक्षन्निति तु युक्तः, प्रसिद्धत्वात्।

न, पराधिकारात्। परो ह्यात्मात्राधिकृतोऽदृश्येऽनात्म्ये भीषास्माद्वातः पवते सैषानन्दस्य मीमांसेति। न ह्यकस्मादप्रकृतो युक्तो निर्देष्टुम्। परमात्मविज्ञानं च विवक्षितम्। तस्मात्पर एव निर्दिश्यते 'स एकः' इति।

नन्वानन्दस्य मीमांसा प्रकृता तस्या अपि फलमुपसंहर्तव्यम्। अभिन्नः स्वाभाविक आनन्दः परमात्मैव न विषयविषयिसम्बन्धजनित इति।

ननु तदनुरूप एवायं निर्देशः

शंका—किन्तु उस आनन्दका निर्देश करनेमें 'वह जो इस पुरुषमें है' इस प्रकार सामान्यरूपसे अध्यात्म पुरुषका निर्देश करना उचित नहीं है, बल्कि 'जो इस दक्षिण नेत्रमें है' इस प्रकार कहना ही उचित है, क्योंकि ऐसा ही प्रसिद्ध है।

समाधान—नहीं, क्योंकि यहाँपर आत्माका अधिकरण है। 'अदृश्येऽनात्म्ये' 'भीषास्माद्वातः पवते' तथा 'सैषानन्दस्य मीमांसा' आदि वाक्योंके अनुसार यहाँ परमात्माका ही प्रकरण है। अतः जिसका कोई प्रसङ्ग नहीं है उस [दक्षिणनेत्रस्थ पुरुष]-का अकस्मात् निर्देश करना उचित नहीं है। यहाँ परमात्माका विज्ञान वर्णन करना ही अभीष्ट है; इसलिये 'वह एक है' इस वाक्यसे परमात्माका ही निर्देश किया जाता है।

शंका—यहाँ तो आनन्दकी मीमांसाका प्रकरण है, इसलिये उसके फलका उपसंहार भी करना ही चाहिये, क्योंकि अखण्ड और स्वाभाविक आनन्द परमात्मा ही है, वह विषय और विषयीके सम्बन्धसे होनेवाला आनन्द नहीं है।

मध्यस्थ—'जो आनन्द इस पुरुषमें है और जो इस आदित्यमें है वह एक

'स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः' इति भिन्नाधिकरणस्थविशेषोपमर्देन।

नन्वेवमप्यादित्यविशेषग्रहणमनर्थकम्।

नानर्थकम्, उत्कर्षापकर्षापोहार्थत्वात्। द्वैतस्य हि मूर्तामूर्तलक्षणस्य पर उत्कर्षः सवित्रभ्यन्तर्गतः स चेत्पुरुषगतविशेषोपमर्देन परमानन्दमपेक्ष्य समो भवति न कश्चिदुत्कर्षोऽपकर्षो वा तां गतिं गतस्येत्यभयं प्रतिष्ठां विन्दत इत्युपपन्नम्।

अस्ति नास्तीत्यनुप्रश्नो व्याख्यातः।

द्वितीयानुप्रश्न-विचारः

कार्यरसलाभप्राणनाभयप्रतिष्ठाभयदर्शनोपपत्तिभ्योऽस्त्येव तदाकाशादिकारणं ब्रह्मेत्यपाकृतोऽनुप्रश्न एकः। द्वावन्यावनुप्रश्नौ विद्वदविदुषोर्ब्रह्मप्राप्त्यप्राप्तिविषयौ तत्र विद्वान्समश्नुते न समश्नुत इत्यनुप्रश्नोऽन्त्यस्त-

है' इस प्रकार भिन्न आश्रयोंमें स्थित विशेषका निराकरण करके जो निर्देश किया गया है वह तो इस प्रसंगके अनुरूप ही है।

शंका—किन्तु, इस प्रकार भी 'आदित्य' इस विशेष पदार्थका ग्रहण करना व्यर्थ ही है।

समाधान—उत्कर्ष और अपकर्षका निषेध करनेके लिये होनेके कारण यह व्यर्थ नहीं है। मूर्त और अमूर्तरूप द्वैतका परम उत्कर्ष सूर्यके अन्तर्गत है; वह यदि पुरुषगत विशेषके बाधद्वारा परमानन्दकी अपेक्षा उसके तुल्य ही सिद्ध होता है तो उस गतिको प्राप्त हुए पुरुषका कोई उत्कर्ष या अपकर्ष नहीं रहता और वह निर्भय स्थितिको प्राप्त कर लेता है; अतः यह कथन उचित ही है।

ब्रह्म है या नहीं—इस अनुप्रश्नकी व्याख्या कर दी गयी। कार्यरूप रसकी प्राप्ति, प्राणन, अभय-प्रतिष्ठा और भयदर्शन आदि युक्तियोंसे वह आकाशादिका कारणरूप ब्रह्म है ही—इस प्रकार एक अनुप्रश्नका निराकरण किया गया। दूसरे दो अनुप्रश्न विद्वान् और अविद्वान्की ब्रह्मप्राप्ति और ब्रह्मकी अप्राप्तिके विषयमें हैं। उनमें अन्तिम अनुप्रश्न यही है कि 'विद्वान् ब्रह्मको प्राप्त होता है या नहीं?'

दपाकरणायोच्यते। मध्यमोऽनुप्रश्नोऽन्त्यापाकरणादेवापाकृत इति तदपाकरणाय न यत्यते।

स यः कश्चिदेवं यथोक्तं ब्रह्म उत्सृज्योत्कर्षापकर्षमद्वैतं सत्यं ज्ञानमनन्तमस्मीत्येवं वेत्तीत्येवंवित्। एवंशब्दस्य प्रकृतपरामर्शार्थत्वात्। स किम्? अस्माल्लोकात्प्रेत्य दृष्टादृष्टेष्टविषयसमुदायो ह्ययं लोकस्तस्माल्लोकात्प्रेत्य प्रत्यावृत्त्य निरपेक्षो भूत्वैतं यथाव्याख्यातमन्नमयमात्मानमुपसंक्रामति। विषयजातमन्नमयात्पिण्डात्मनो व्यतिरिक्तं न पश्यति। सर्वं स्थूलभूतमन्नमयमात्मानं पश्यतीत्यर्थः।

ततोऽभ्यन्तरमेतं प्राणमयं सर्वान्नमयात्मस्थमविभक्तम् । अथैतं मनोमयं विज्ञानमय-

उसका निराकरण करनेके लिये कहा जाता है। मध्यम अनुप्रश्नका निराकरण तो अन्तिमके निराकरणसे ही हो जायगा; इसलिये उसके निराकरणका यत्न नहीं किया जाता।

इस प्रकार जो कोई उत्कर्ष और अपकर्षको त्यागकर 'मैं ही उपर्युक्त सत्य ज्ञान और अनन्तरूप अद्वैत ब्रह्म हूँ' ऐसा जानता है वह एवंवित् (इस प्रकार जाननेवाला) है, क्योंकि 'एवम्' शब्द प्रसंगमें आये हुए पदार्थका परामर्श (निर्देश) करनेके लिये हुआ करता है। वह एवंवित् क्या [करता है?'] इस लोकसे जाकर—दृष्ट और अदृष्ट इष्ट विषयोंका समुदाय ही यह लोक है, उस इस लोकसे प्रेत्य—प्रत्यावर्तन करके (लौटकर) अर्थात् उससे निरपेक्ष होकर इस ऊपर व्याख्या किये हुए अन्नमय आत्माको प्राप्त होता है। अर्थात् वह विषयसमूहको अन्नमय शरीरसे भिन्न नहीं देखता; तात्पर्य यह है कि सम्पूर्ण स्थूल भूतवर्गको अन्नमय शरीर ही समझता है।

उसके भीतर वह सम्पूर्ण अन्नमय कोशोंमें स्थित विभागहीन प्राणमय आत्माको देखता है और फिर क्रमशः इस मनोमय, विज्ञानमय और

मानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति । अथादृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते।

आनन्दमय आत्माको प्राप्त होता है। तत्पश्चात् वह इस अदृश्य, अशरीर, अनिर्वचनीय और अनाश्रय आत्मामें अभयस्थिति प्राप्त कर लेता है।

तृतीयानुप्रश्न-विचारः

तत्रैतच्चिन्त्यम्। कोऽयमेवंवित्कथं वा संक्रामतीति। किं परस्मादात्मनोऽन्यः संक्रमणकर्ता प्रविभक्त उत स एवेति।

अब यहाँ यह विचारना है कि यह इस प्रकार जाननेवाला है कौन? और यह किस प्रकार संक्रमण करता है? वह संक्रमणकर्ता परमात्मासे भिन्न है अथवा स्वयं वही है।

किं ततः?

पूर्व०—इस विचारसे लाभ क्या है?

यद्यन्यः स्याच्छ्रुतिविरोधः। "तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्" (तै० उ० २। ६। १) "अन्योऽसावन्योऽहमस्मीति। न स वेद" (बृ० उ० १। ४। १०) "एकमेवाद्वितीयम्" (छा० उ० ६। २। १) "तत्त्वमसि" (छा० उ० ६। ८—१६) इति। अथ स एव, आनन्दमयमात्मानमुपसंक्रामतीति कर्मकर्तृत्वानुपपत्तिः, परस्यैव च संसारित्वं पराभावो वा।

सिद्धान्ती—यदि वह उससे भिन्न है तो "उसे रचकर उसीमें अनुप्रविष्ट हो गया" "यह अन्य है और मैं अन्य हूँ—इस प्रकार जो कहता है वह नहीं जानता" "एक ही अद्वितीय" "तू वह है" इत्यादि श्रुतियोंसे विरोध होगा। और यदि वह स्वयं ही आनन्दमय आत्माको प्राप्त होता है तो उस [एक ही]-में कर्म और कर्तापन दोनोंका होना असम्भव है, तथा परमात्माको ही संसारित्वकी प्राप्ति अथवा उसके परमात्मत्वका अभाव सिद्ध होता है।

यद्युभयथा प्राप्तो दोषो न परिहर्तुं शक्यत इति व्यर्था चिन्ता। अथान्यतरस्मिन्पक्षे

पूर्व०—यदि दोनों ही अवस्थाओंमें प्राप्त होनेवाले दोषका परिहार नहीं किया जा सकता तो उसका विचार करना व्यर्थ है और यदि किसी एक पक्षको स्वीकार कर लेनेसे

दोषाप्राप्तिस्तृतीये वा पक्षेऽदुष्टे स एव शास्त्रार्थ इति व्यर्थैव चिन्ता।

दोषकी प्राप्ति नहीं होती अथवा कोई तीसरा निर्दोष पक्ष हो तो उसे ही शास्त्रका आशय समझना चाहिये। ऐसी अवस्थामें भी विचार करना व्यर्थ ही होगा।

न; तन्निर्धारणार्थत्वात्। सत्यं प्राप्तो दोषो न शक्यः परिहर्तुमन्यतरस्मिंस्तृतीये वा पक्षेऽदुष्टेऽवधृते व्यर्था चिन्ता स्यान्न तु सोऽवधृत इति तदवधारणार्थत्वादर्थवत्येवैषा चिन्ता।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि यह उसका निश्चय करनेके लिये है। यह ठीक है कि इस प्रकार प्राप्त होनेवाला दोष निवृत्त नहीं किया जा सकता तथा उपर्युक्त दोनों पक्षोंमेंसे किसी एकका अथवा किसी तीसरे निर्दोष पक्षका निश्चय हो जानेपर भी यह विचार व्यर्थ ही होगा। किन्तु उस पक्षका निश्चय तो नहीं हुआ है; अतः उसका निश्चय करनेके लिये होनेके कारण यह विचार सार्थक ही है।

सत्यमर्थवती चिन्ता शास्त्रार्थावधारणार्थत्वात्। चिन्तयसि च त्वं न तु निर्णेष्यसि।

पूर्व०—शास्त्रके तात्पर्यका निश्चय करनेके लिये होनेसे तो सचमुच यह विचार सार्थक है, परन्तु तू तो केवल विचार ही करता है, निर्णय तो कुछ करेगा नहीं।

किं न निर्णेतव्यमिति वेदवचनम्?

सिद्धान्ती—निर्णय नहीं करना चाहिये—ऐसा क्या कोई वेदवाक्य है?

न।

पूर्व०—नहीं।

कथं तर्हि?

सिद्धान्ती—तो फिर निर्णय क्यों नहीं होगा?

बहुप्रतिपक्षत्वात्। एकत्ववादी

पूर्व०—क्योंकि तेरा प्रतिपक्ष

त्वम्, वेदार्थपरत्वाद्, बहवो हि नानात्ववादिनो वेदबाह्यास्त्वत्प्रतिपक्षाः। अतो ममाशङ्कां न निर्णेष्यसीति।

बहुत है। वेदार्थपरायण होनेके कारण तू तो एकत्ववादी है किन्तु तेरे प्रतिपक्षी वेदबाह्य नानात्ववादी बहुत हैं। इसलिये मुझे सन्देह है कि तू मेरी शङ्काका निर्णय नहीं कर सकेगा।

एतदेव मे स्वस्त्ययनं यन्मामेकयोगिनमनेकयोगिबहुप्रतिपक्षमात्थ। अतो जेष्यामि सर्वान्; आरभे च चिन्ताम्।

सिद्धान्ती—तूने जो मुझे बहुत-से अनेकत्ववादी प्रतिपक्षियोंसे युक्त एकत्ववादी बतलाया है—यही बड़े मंगलकी बात है। अतः अब मैं सबको जीत लूँगा; ले, मैं विचार आरम्भ करता हूँ।

स एव तु स्यात्तद्भावस्य विवक्षितत्वात्। तद्विज्ञानेन परमात्मभावो ह्यत्र विवक्षितो ब्रह्मविदाप्नोति परमिति। न ह्यन्यस्यान्यभावापत्तिरुपपद्यते। ननु तस्यापि तद्भावापत्तिरनुपन्नैव? न; अविद्याकृततादात्म्यापोहार्थत्वात्। या हि ब्रह्मविद्यया स्वात्मप्राप्तिरुपदिश्यते साविद्याकृतस्यान्नादिविशेषात्मन आत्मत्वेनाध्यारोपितस्यानात्मनोऽपोहार्था।

वह संक्रमणकर्ता परमात्मा ही है, क्योंकि यहाँ जीवको परमात्मभावकी प्राप्ति बतलानी अभीष्ट है। 'ब्रह्मवेत्ता परमात्माको प्राप्त कर लेता है' इस वाक्यके अनुसार यहाँ ब्रह्मविज्ञानसे परमात्मभावकी प्राप्ति होती है—यही प्रतिपादन करना इष्ट है। किसी अन्य पदार्थका अन्य पदार्थभावको प्राप्त होना सम्भव नहीं है। यदि कहो कि उसका स्वयं अपने स्वरूपको प्राप्त होना भी असम्भव ही है, तो ऐसी बात नहीं है; क्योंकि यह कथन केवल अविद्यासे आरोपित अनात्म पदार्थोंका निषेध करनेके लिये ही है। [तात्पर्य यह है कि] ब्रह्मविद्याके द्वारा जो अपने आत्मस्वरूपकी प्राप्तिका उपदेश किया जाता है वह अविद्याकृत अन्नमयादि कोशरूप विशेषात्माका अर्थात् आत्मभावसे आरोपित किये हुए अनात्माका निषेध करनेके लिये ही है।

कथमेवमर्थतावगम्यते ?

विद्यामात्रोपदेशात्। विद्यायाश्च दृष्टं कार्यमविद्यानिवृत्तिस्तच्चेह विद्यामात्रमात्मप्राप्तौ साधनमुपदिश्यते।

मार्गविज्ञानोपदेशवदिति चेत्- तदात्मत्वे विद्यामात्रसाधनोपदेशोऽहेतुः। कस्मात्? देशान्तरप्राप्तौ मार्गविज्ञानोपदेशदर्शनात्। न हि ग्राम एव गन्तेति चेत्?

न, वैधर्म्यात्। तत्र हि ग्रामविषयं विज्ञानं नोपदिश्यते। तत्प्राप्तिमार्गविषयमेवोपदिश्यते ।

पूर्व०—उसका इस प्रयोजनके लिये होना कैसे जाना जाता है?

सिद्धान्ती—केवल ज्ञानका ही उपदेश किया जानेके कारण। अज्ञानकी निवृत्ति—यह ज्ञानका प्रत्यक्ष कार्य है, और यहाँ आत्माकी प्राप्तिमें वह ज्ञान ही साधन बतलाया गया है।

पूर्व०—यदि वह मार्गविज्ञानके उपदेशके समान हो तो? [अब इसीकी व्याख्या करते हैं—] केवल ज्ञानका ही साधनरूपसे उपदेश किया जाना उसकी परमात्मरूपतामें कारण नहीं हो सकता। ऐसा क्यों है? क्योंकि देशान्तरकी प्राप्तिके लिये भी मार्गविज्ञानका उपदेश होता देखा गया है। ऐसी अवस्थामें ग्राम ही गमन करनेवाला नहीं हुआ करता—ऐसा माने तो?

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि वे दोनों समान धर्मवाले नहीं हैं।* [तुमने जो दृष्टान्त दिया है] उसमें ग्रामविषयक विज्ञानका उपदेश नहीं दिया जाता, केवल उसकी प्राप्तिके मार्गसे सम्बन्धित विज्ञानका ही उपदेश

* ग्रामको जानेवाले और ब्रह्मको प्राप्त होनेवालेमें बड़ा अन्तर है। इसके सिवा ग्रामको जानेवालेको जो मार्गके विज्ञानका उपदेश किया जाता है उसमें यह नहीं कहा जाता कि 'तू अमुक ग्राम है' परन्तु ब्रह्मज्ञानका उपदेश तो 'तू ब्रह्म है' इस अभेदसूचक वाक्यसे ही किया जाता है।

विज्ञानम्। न तथेह ब्रह्मविज्ञानं व्यतिरेकेण साधनान्तरविषयं विज्ञानमुपदिश्यते।

उक्तकर्मादिसाधनापेक्षं ब्रह्मविज्ञानं परप्राप्तौ साधनमुपदिश्यत इति चेन्न; नित्यत्वान्मोक्षस्येत्यादिना प्रत्युक्तत्वात्। श्रुतिश्च तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशदिति कार्यस्थस्य तदात्मत्वं दर्शयति। अभयप्रतिष्ठोपपत्तेश्च। यदि हि विद्यावान्स्वात्मनोऽन्यन्न पश्यति ततोऽभयं प्रतिष्ठां विन्दत इति स्याद्भयहेतोः परस्यान्यस्याभावात्। अन्यस्य चाविद्याकृतत्वे विद्ययावस्तुत्वदर्शनोपपत्तिस्तद्धि द्वितीयस्य चन्द्रस्य सत्त्वं यदतैमिरिकेण चक्षुष्मता न गृह्यते।

किया जाता है। उसके समान इस प्रसङ्गमें ब्रह्मविज्ञानसे भिन्न किसी अन्य साधनसम्बन्धी विज्ञानका उपदेश नहीं किया जाता।

यदि कहो कि [पूर्वकाण्डमें] कहे हुए कर्मकी अपेक्षावाला ब्रह्मज्ञान परमात्माकी प्राप्तिमें साधनरूपसे उपदेश किया जाता है, तो ऐसी बात भी नहीं है, क्योंकि मोक्ष नित्य है—इत्यादि हेतुओंसे इसका पहले ही निराकरण किया जा चुका है। 'उसे रचकर वह उसीमें अनुप्रविष्ट हो गया' यह श्रुति भी कार्यमें स्थित आत्माका परमात्मत्व प्रदर्शित करती है। अभय-प्रतिष्ठाकी उपपत्तिके कारण भी [उनका अभेद ही मानना चाहिये]। यदि ज्ञानी अपनेसे भिन्न किसी औरको नहीं देखता तो वह अभयस्थितिको प्राप्त कर लेता है—ऐसा कहा जा सकता है, क्योंकि उस अवस्थामें भयके हेतुभूत अन्य पदार्थकी सत्ता नहीं रहती। अन्य पदार्थ [अर्थात् द्वैत]-के अविद्याकृत होनेपर ही विद्याके द्वारा उसके अवस्तुत्व दर्शनकी उपपत्ति हो सकती है। [भ्रान्तिवश प्रतीत होनेवाले] द्वितीय चन्द्रमाकी वास्तविकता यही है कि वह तिमिररोगरहित नेत्रोंवाले पुरुषद्वारा ग्रहण नहीं किया जाता।

नैवं न गृह्यत इति चेत्?

पूर्व०—परन्तु द्वैतका ग्रहण न होता हो—ऐसी बात तो है नहीं।

न, सुषुप्तसमाहितयोरग्रहणात्।

सिद्धान्ती—ऐसा मत कहो, क्योंकि सोये हुए और समाधिस्थ पुरुषको उसका ग्रहण नहीं होता।

सुषुप्तेऽग्रहणमन्यासक्तवदिति चेत्?

पूर्व०—किन्तु सुषुप्तिमें जो द्वैतका अग्रहण है वह तो विषयान्तरमें आसक्तचित्त पुरुषके अग्रहणके समान है?

न, सर्वाग्रहणात्। जाग्रत्स्वप्नयोरन्यस्य ग्रहणात्सत्त्वमेवेति चेन्न; अविद्याकृतत्वाज्जाग्रत्स्वप्नयोः; यदन्यग्रहणं जाग्रत्स्वप्नयोस्तदविद्याकृतमविद्याभावेऽभावात्।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि उस समय तो सभी पदार्थोंका अग्रहण है [फिर वह अन्यासक्तचित्त कैसे कहा जा सकता है?] यदि कहो कि जाग्रत् और स्वप्नावस्थामें अन्य पदार्थोंका ग्रहण होनेसे उनकी सत्ता है ही, तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं; क्योंकि जाग्रत् और स्वप्न अविद्याकृत हैं। जाग्रत् और स्वप्नमें जो अन्य पदार्थका ग्रहण है वह अविद्याके कारण है, क्योंकि अविद्याकी निवृत्ति होनेपर उसका अभाव हो जाता है?

सुषुप्तेऽग्रहणमप्यविद्याकृतमिति चेत्?

पूर्व०—सुषुप्तिमें जो अग्रहण है वह भी तो अविद्याके ही कारण है।

न, स्वाभाविकत्वात्। द्रव्यस्य हि तत्त्वमविक्रिया परानपेक्षत्वात्। विक्रिया न तत्त्वं परापेक्षत्वात्। न हि कारकापेक्षं

वस्तुनस्तात्त्विक-विशेषरूपयोर्निर्वचनम्

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि वह तो स्वाभाविक है। द्रव्यका तात्त्विक स्वरूप तो विकार न होना ही है, क्योंकि उसे दूसरेकी अपेक्षा नहीं होती। दूसरेकी अपेक्षावाला होनेके कारण विकार तत्त्व नहीं है। जो कर्ता, कर्म, करण आदि

वस्तुनस्तत्त्वम्। सतो विशेषः कारकापेक्षः, विशेषश्च विक्रिया। जाग्रत्स्वप्नयोश्च ग्रहणं विशेषः। यद्धि यस्य नान्यापेक्षं स्वरूपं तत्तस्य तत्त्वम्, यदन्यापेक्षं न तत्तत्त्वम्; अन्याभावेऽभावात्। तस्मात्स्वाभाविकत्वाज्जाग्रत्स्वप्नवन्न सुषुप्ते विशेषः।

कारकोंकी अपेक्षावाला होता है वह वस्तुका तत्त्व नहीं होता। विद्यमान वस्तुका विशेष रूप कारकोंकी अपेक्षावाला होता है, और विशेष ही विकार होता है। जाग्रत् और स्वप्नका जो ग्रहण है वह भी विशेष ही है। जिसका जो रूप अन्यकी अपेक्षासे रहित होता है वही उसका तत्त्व होता है और जो अन्यकी अपेक्षावाला होता है वह तत्त्व नहीं होता, क्योंकि उस अन्यका अभाव होनेपर उसका भी अभाव हो जाता है। अतः [सुषुप्तावस्था] स्वाभाविक होनेके कारण उस समय जाग्रत् और स्वप्नके समान विशेषकी सत्ता नहीं है।

भेददृष्टे-भयहेतुत्वम्

येषां पुनरीश्वरोऽन्य आत्मनः कार्यं चान्यत्तेषां भयानिवृत्तिर्भयस्यान्यनिमित्तत्वात्। सतश्चान्यस्यात्महानानुपपत्तिः। न चासत आत्मलाभः। सापेक्षस्यान्यस्य भयहेतुत्वमिति चेन्न, तस्यापि तुल्यत्वात्। यदधर्माद्यनुसहायीभूतं

किन्तु जिनके मतमें ईश्वर आत्मासे भिन्न है और उसका कार्यरूप यह जगत् भी भिन्न है उनके भयकी निवृत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि भय दूसरेके ही कारण हुआ करता है। अन्य पदार्थ यदि सत् होगा तब तो उसके स्वरूपका अभाव नहीं हो सकता और यदि असत् होगा तो उसके स्वरूपकी सिद्धि ही नहीं हो सकती। यदि कहो कि दूसरा (ईश्वर) तो [हमारे धर्माधर्म आदिकी] अपेक्षासे ही भयका कारण है, तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं, क्योंकि वह [सापेक्ष ईश्वर] भी वैसा ही है। जो

नित्यमनित्यं वा निमित्तमपेक्ष्यान्यद्भयकारणं स्यात्तस्यापि तथाभूतस्यात्महानाभावाद्भयानिवृत्तिः आत्महाने वा सदसतोरितरेतरापत्तौ सर्वत्रानाश्वास एव।

कोई [ईश्वरादि] दूसरा पदार्थ नित्य या अनित्य अधर्मादिरूप सहायक निमित्तकी अपेक्षासे भयका कारण होता है, यथार्थ होनेके कारण उसके स्वरूपका भी अभाव न होनेसे उसके भयकी निवृत्ति नहीं हो सकती; और यदि उसके स्वरूपका अभाव माना जाय तो सत् और असत्को इतरेतरत्व [अर्थात् सत्को असत्त्व और असत्को सत्त्व]-की प्राप्ति होनेसे कहीं विश्वास ही नहीं किया जा सकता।

ज्ञानाज्ञानयोर्नात्मधर्मत्वम्

एकत्वपक्षे पुनः सनिमित्तस्य संसारस्य अविद्याकल्पितत्वाददोषः तैमिरिकदृष्टस्य हि द्वितीयचन्द्रस्य नात्मलाभो नाशो वास्ति। विद्याविद्ययोस्तद्धर्मत्वमिति चेन्न प्रत्यक्षत्वात्। विवेकाविवेकौ रूपादिवत्प्रत्यक्षावुपलभ्येते अन्तःकरणस्थौ। न हि रूपस्य प्रत्यक्षस्य सतो द्रष्टृधर्मत्वम्। अविद्या च स्वानुभवेन रूप्यते मूढोऽहमविविक्तं मम विज्ञानमिति।

परन्तु एकत्व-पक्ष स्वीकार करनेपर तो सारा संसार अपने कारणके सहित अविद्याकल्पित होनेके कारण कोई दोष ही नहीं आता। तिमिर रोगके कारण देखे गये द्वितीय चन्द्रमाके स्वरूपकी न तो प्राप्ति ही होती है और न नाश ही। यदि कहो कि ज्ञान और अज्ञान तो आत्माके ही धर्म हैं [इसलिये उनके कारण आत्माका विकार होता होगा] तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि वे तो प्रत्यक्ष (आत्माके दृश्य) हैं। रूप आदि विषयोंके समान अन्तःकरणमें स्थित विवेक और अविवेक प्रत्यक्ष उपलब्ध होते हैं। प्रत्यक्ष उपलब्ध होनेवाला रूप द्रष्टाका धर्म नहीं हो सकता। 'मैं मूढ़ हूँ, मेरी बुद्धि मलिन है' इस प्रकार अविद्या भी अपने अनुभवके द्वारा निरूपण की जाती है।

तथा विद्याविवेकोऽनुभूयते। उपदिशन्ति चान्येभ्य आत्मनो विद्याम्। तथा चान्येऽवधारयन्ति। तस्मान्नामरूपपक्षस्यैव विद्याविद्ये नामरूपे च नात्मधर्मौ। "नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद्ब्रह्म" (छा० उ० ८। १४। १) इति श्रुत्यन्तरात्। ते च पुनर्नामरूपे सवितर्यहोरात्रे इव कल्पिते न परमार्थतो विद्यमाने।

इसी प्रकार विद्याका पार्थक्य भी अनुभव किया जाता है। बुद्धिमान् लोग दूसरोंको अपने ज्ञानका उपदेश किया करते हैं। तथा दूसरे लोग भी उसका निश्चय करते हैं। अतः विद्या और अविद्या नाम-रूप पक्षके ही हैं, तथा नाम और रूप आत्माके धर्म नहीं हैं, जैसा कि "जो नाम और रूपका निर्वाह करनेवाला है तथा जिसके भीतर वे (नाम और रूप) रहते हैं" वह ब्रह्म है, इस अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है। वे नाम-रूप भी सूर्यमें दिन और रात्रिके समान कल्पित ही हैं, वस्तुतः विद्यमान नहीं हैं।

अभेदे "एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति" (तै० उ० २। ८। ५) इति कर्मकर्तृत्वानुपपत्तिरिति चेत्?

पूर्व०—किन्तु [ईश्वर और जीवका] अभेद माननेपर तो "वह इस आनन्दमय आत्माको प्राप्त होता है" इस श्रुतिमें जो [पुरुषका] कर्तृत्व और [आनन्दमय आत्माका] कर्मत्व बताया है वह उपपन्न नहीं होता?

न; विज्ञानमात्रत्वात्संक्रमणस्य।

संक्रमणशब्द-तात्पर्यम्

न जलूकादिवत्संक्रमणमिहोपदिश्यते, किं तर्हि? विज्ञानमात्रं संक्रमणश्रुतेरर्थः।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि पुरुषका संक्रमण तो केवल विज्ञानमात्र है। यहाँ जोंक आदिके संक्रमणके समान पुरुषके संक्रमणका उपदेश नहीं किया जाता। तो कैसा? इस संक्रमण-श्रुतिका अर्थ तो केवल विज्ञानमात्र है।*

* अर्थात् यहाँ 'संक्रमण' शब्दका अर्थ 'जाना' या 'पहुँचना' नहीं बल्कि 'जानना' है।

ननु मुख्यमेव संक्रमणं श्रूयत उपसंक्रामतीति चेत्?

न; अन्नमयेऽदर्शनात्। न ह्यन्नमयमुपसंक्रामतो बाह्यादस्माल्लोकाज्जलूकावत्संक्रमणं दृश्यतेऽन्यथा वा।

मनोमयस्य बहिर्निर्गतस्य विज्ञानमयस्य वा पुनः प्रत्यावृत्त्यात्मसंक्रमणमिति चेत्?

न; स्वात्मनि क्रियाविरोधादन्योऽन्नमयमन्यमुपसंक्रामतीति प्रकृत्य मनोमयो विज्ञानमयो वा स्वात्मानमेवोपसंक्रामतीति विरोधः स्यात्। तथा नानन्दमयस्यात्मसंक्रमणमुपपद्यते। तस्मान्न प्राप्तिः संक्रमणं नाप्यन्नमयादीनामन्यतमकर्तृकम्। पारिशेष्यादन्नमयाद्यानन्दमयान्तात्मव्यतिरिक्त-

पूर्व०—'उपसंक्रामति' इस पदसे यहाँ मुख्य संक्रमण (समीप जाना) ही अभिप्रेत हो तो?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि अन्नमयमें मुख्य संक्रमण देखा नहीं जाता—अन्नमयको उपसंक्रमण करनेवालेका जोंकके समान इस बाह्य जगत्से अथवा किसी और प्रकारसे संक्रमण नहीं देखा जाता।

पूर्व०—बाहर [निकलकर विषयोंमें] गये हुए मनोमय अथवा विज्ञानमय कोशोंका तो वहाँसे पुनः लौटनेपर अपनी ओर होना संक्रमण हो ही सकता है?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि इससे अपनेमें ही अपनी क्रिया होना—यह विरोध उपस्थित होता है। अन्नमयसे भिन्न पुरुष अपनेसे भिन्न अन्नमयको प्राप्त होता है—इस प्रकार प्रकरणका आरम्भ करके अब 'मनोमय अथवा विज्ञानमय अपनेको ही प्राप्त होता है' ऐसा कहनेमें उससे विरोध आता है। इसी प्रकार आनन्दमयका भी अपनेको प्राप्त होना सम्भव नहीं है; अतः प्राप्तिका नाम संक्रमण नहीं है और न वह अन्नमयादिमेंसे किसीके द्वारा किया जाता है। फलतः आत्मासे भिन्न अन्नमयसे

कर्तृकं ज्ञानमात्रं च संक्रमणमुपपद्यते।

ज्ञानमात्रत्वे चानन्दमयान्तःस्थस्यैव सर्वान्तरस्याकाशाद्यन्नमयान्तं कार्यं सृष्ट्वानुप्रविष्टस्य हृदयगुहाभिसम्बन्धादन्नमयादिष्वनात्मस्वात्मविभ्रमः संक्रमणेनात्मविवेकविज्ञानोत्पत्त्या विनश्यति। तदेतस्मिन्नविद्याविभ्रमनाशे संक्रमणशब्द उपचर्यते न ह्यन्यथा सर्वगतस्यात्मनः संक्रमणमुपपद्यते।

वस्त्वन्तराभावाच्च। न च स्वात्मन एव संक्रमणम्। न हि जलूकात्मानमेव संक्रामति। तस्मात्सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेति यथोक्तलक्षणात्मप्रतिपत्त्यर्थमेव बहुभवनसर्गप्रवेशरसलाभाभयसंक्रमणादि परिकल्प्यते ब्रह्मणि सर्वव्यवहार-

लेकर आनन्दमयकोशपर्यन्त जिसका कर्ता है वह ज्ञानमात्र ही संक्रमण होना सम्भव है।

इस प्रकार 'संक्रमण' शब्दका अर्थ ज्ञानमात्र होनेपर ही आनन्दमय कोशके भीतर स्थित सर्वान्तर तथा आकाशसे लेकर अन्नमयकोशपर्यन्त कार्यवर्गको रचकर उसमें अनुप्रविष्ट हुए आत्माका जो हृदयगुहाके सम्बन्धसे अन्नमय आदि अनात्माओंमें आत्मत्वका भ्रम है वह संक्रमणस्वरूप विवेक ज्ञानकी उत्पत्तिसे नष्ट हो जाता है। अतः इस अविद्यारूप भ्रमके नाशमें ही संक्रमण शब्दका उपचार (गौणरूप)-से प्रयोग किया गया है; इसके सिवा किसी और प्रकार सर्वगत आत्माका संक्रमण होना सम्भव नहीं है।

आत्मासे भिन्न अन्य वस्तुका अभाव होनेसे भी [उसका किसीके प्रति जानारूप संक्रमण नहीं हो सकता]। अपना अपनेको ही प्राप्त होना तो सम्भव नहीं है। जोंक अपने प्रति ही संक्रमण (गमन) नहीं करती। अतः 'ब्रह्म सत्यस्वरूप, ज्ञानस्वरूप और अनन्त है' इस पूर्वोक्त लक्षणवाले आत्माके ज्ञानके लिये ही सम्पूर्ण व्यवहारके आधारभूत ब्रह्ममें अनेक होना, सृष्टिमें

विषये; न तु परमार्थतो निर्विकल्पे ब्रह्मणि कश्चिदपि विकल्प उपपद्यते।

तमेतं निर्विकल्पमात्मानमेवं-क्रमेणोपसंक्रम्य विदित्वा न बिभेति कुतश्चनाभयं प्रतिष्ठां विन्दत इत्येतस्मिन्नर्थेऽप्येष श्लोको भवति। सर्वस्यैवास्य प्रकरणस्यानन्द-वल्ल्यर्थस्य संक्षेपतः प्रकाशनायैष मन्त्रो भवति॥ ५॥

अनुप्रवेश करना, आनन्दकी प्राप्ति, अभय और संक्रमणादिकी कल्पना की गयी है; परमार्थतः तो निर्विकल्प ब्रह्ममें कोई विकल्प होना सम्भव है नहीं।

इस प्रकार क्रमशः उस इस निर्विकल्प आत्माके प्रति उपसंक्रमणकर अर्थात् उसे जानकर साधक किसीसे भयभीत नहीं होता। वह अभयस्थिति प्राप्त कर लेता है। इसी अर्थमें यह श्लोक भी है। इस सम्पूर्ण प्रकरणके अर्थात् आनन्दवल्लीके अर्थको संक्षेपसे प्रकाशित करनेके लिये ही यह मन्त्र है॥ ५॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यामष्टमोऽनुवाकः॥ ८॥

नवम अनुवाक

ब्रह्मानन्दका अनुभव करनेवाले विद्वान्की अभयप्राप्ति

यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति। एतꣳह वाव न तपति। किमहꣳसाधु नाकरवम्। किमहं पापमकरवमिति। स य एवं विद्वानेते आत्मानꣳ स्पृणुते। उभे ह्येवैष एते आत्मानꣳस्पृणुते। य एवं वेद। इत्युपनिषत्॥ १॥

जहाँसे मनके सहित वाणी उसे प्राप्त न करके लौट आती है उस ब्रह्मके आनन्दको जाननेवाला किसीसे भी भयभीत नहीं होता। उस विद्वान्को, मैंने शुभ क्यों नहीं किया, पापकर्म क्यों कर डाला—इस प्रकारकी चिन्ता सन्तप्त नहीं करती। उन्हें [ये पाप और पुण्य ही तापके कारण हैं—] इस प्रकार जाननेवाला जो विद्वान् अपने आत्माको प्रसन्न अथवा सबल करता है उसे ये दोनों आत्मस्वरूप ही दिखायी देते हैं। [वह कौन है ?] जो इस प्रकार [पूर्वोक्त अद्वैत आनन्दस्वरूप ब्रह्मको] जानता है। ऐसी यह उपनिषद् (रहस्यविद्या) है॥ १॥

यतो यस्मान्निर्विकल्पाद्यथोक्तलक्षणादद्वयानन्दादात्मनो वाचोऽभिधानानि द्रव्यादिसविकल्पवस्तुविषयाणि वस्तुसामान्यान्निर्विकल्पेऽद्वयेऽपि ब्रह्मणि प्रयोक्तृभिः प्रकाशनाय प्रयुज्यमानान्यप्राप्याप्रकाश्यैव निवर्तन्ते स्वसामर्थ्याद्धीयन्ते—

जिस पूर्वोक्त लक्षणोंवाले निर्विकल्प अद्वयानन्दरूप आत्माके पाससे द्रव्यादि सविकल्प वस्तुओंको प्रकाशित करनेवाला वाक्य—अभिधान, जो वस्तुत्वमें [ब्रह्मको अन्य सविकल्प वस्तुओंके] समान समझनेके कारण वक्ताओंद्वारा, ब्रह्मके निर्विकल्प और अद्वैत होनेपर भी उसका निर्देश करनेके लिये प्रयोग किया जाता है, उसे न पाकर अर्थात् उसे प्रकाशित किये बिना ही लौट आता है—अपनी सामर्थ्यसे च्युत हो जाता है—

मन इति प्रत्ययो विज्ञानम्। तच्च यत्राभिधानं प्रवृत्तमतीन्द्रियेऽप्यर्थे तदर्थे च प्रवर्तते प्रकाशनाय। यत्र च विज्ञानं तत्र वाचः प्रवृत्तिः। तस्मात्सहैव वाङ्मनसयोरभिधानप्रत्यययोः प्रवृत्तिः सर्वत्र।

तस्माद्ब्रह्मप्रकाशनाय सर्वथा प्रयोक्तृभिः प्रयुज्यमाना अपि वाचो यस्मादप्रत्ययविषयादनभिधेयाददृश्यादिविशेषणात्सहैव मनसा विज्ञानेन सर्वप्रकाशनसमर्थेन निवर्तन्ते तं ब्रह्मण आनन्दं श्रोत्रियस्यावृजिनस्याकामहतस्य सर्वैषणाविनिर्मुक्तस्यात्मभूतं विषयविषयिसम्बन्धविनिर्मुक्तं स्वाभाविकं नित्यमविभक्तं परमानन्दं ब्रह्मणो विद्वान्यथोक्तेन विधिना न बिभेति कुतश्चन निमित्ताभावात्।

['मनसा सह' (मनके सहित) इस पदसमूहमें] 'मन' शब्द प्रत्यय अर्थात् विज्ञानका वाचक है। वह, जहाँ-कहीं अतीन्द्रिय पदार्थोंमें भी शब्दकी प्रवृत्ति होती है वहीं उसे प्रकाशित करनेके लिये प्रवृत्त हुआ करता है। जहाँ-कहीं भी विज्ञान है वहीं वाणीकी भी प्रवृत्ति है। अतः अभिधान और प्रत्ययरूप वाणी और मनकी सर्वत्र साथ-साथ ही प्रवृत्ति होती है।

इसलिये वक्ताओंद्वारा सर्वथा ब्रह्मका प्रकाशन करनेके लिये ही प्रयोग की हुई वाणी, जिस प्रतीतिके अविषयभूत, अकथनीय, अदृश्य और निर्विशेष ब्रह्मके पाससे मन अर्थात् सबको प्रकाशित करनेमें समर्थ विज्ञानके सहित लौट आती है उस ब्रह्मके आनन्दको—श्रोत्रिय निष्पाप अकामहत और सब प्रकारकी एषणाओंसे मुक्त साधकके आत्मभूत, विषय-विषयी सम्बन्धसे रहित, स्वाभाविक, नित्य और अविभक्त ऐसे ब्रह्मके उत्कृष्ट आनन्दको पूर्वोक्त विधिसे जाननेवाला पुरुष कोई भयका निमित्त न रहनेके कारण किसीसे भयभीत नहीं होता।

न हि तस्माद्विदुषोऽन्यद्वस्त्वन्तरमस्ति भिन्नं यतो बिभेति। अविद्यया यदोदरमन्तरं कुरुते, अथ तस्य भयं भवतीति ह्युक्तम्। विदुषश्चाविद्याकार्यस्य तैमिरिकदृष्टद्वितीयचन्द्रवन्नाशाद्भयनिमित्तस्य न बिभेति कुतश्चनेति युज्यते।

उस विद्वान्‌से भिन्न कोई दूसरी वस्तु ही नहीं है जिससे कि उसे भय हो। अविद्यावश जब थोड़ा-सा भी अन्तर करता है तभी जीवको भय होता है—ऐसा कहा ही गया है। अतः तिमिररोगीके देखे हुए द्वितीय चन्द्रमाके समान विद्वान्‌के अविद्याके कार्यभूत भयके निमित्तका नाश हो जानेके कारण वह किसीसे नहीं डरता—ऐसा कहना ठीक ही है।

मनोमये चोदाहृतो मन्त्रो मनसो ब्रह्मविज्ञानसाधनत्वात्। तत्र ब्रह्मत्वमध्यारोप्य तत्स्तुत्यर्थं न बिभेति कदाचनेति भयमात्रं प्रतिषिद्धमिहाद्वैतविषये न बिभेति कुतश्चनेति भयनिमित्तमेव प्रतिषिध्यते।

मनोमय कोशके प्रकरणमें यह मन्त्र उदाहरणके लिये दिया गया था, क्योंकि मन ब्रह्मविज्ञानका साधन है। उसमें ब्रह्मत्वका आरोप करके उसकी स्तुतिके लिये ही 'वह कभी नहीं डरता' इस वाक्यसे उसके भयमात्रका प्रतिषेध किया गया था। यहाँ अद्वैतप्रकरणमें वह किसीसे नहीं डरता—इस प्रकार भयके निमित्तका ही प्रतिषेध किया जाता है।

नन्वस्ति भयनिमित्तं साध्वकरणं पापक्रिया च?

शंका—किन्तु शुभ कर्मका न करना और पापकर्म करना यह तो भयका कारण है ही?

नैवम्; कथमित्युच्यते—एतं यथोक्तमेवंविदम्, ह वावेत्यवधारणार्थौ, न तपति नोद्वेजयति न संतापयति। कथं पुनः

समाधान—ऐसी बात नहीं है। किस प्रकार नहीं है सो बतलाया जाता है—इस पूर्वोक्तको अर्थात् इस प्रकार जाननेवालेको वह तप्त—उद्विग्न अर्थात् सन्तप्त नहीं करता। मूलमें 'ह' और

साध्वकरणं पापक्रिया च न तपतीत्युच्यते। किं कस्मात्साधु शोभनं कर्म नाकरवं न कृतवानस्मीति पश्चात्संतापो भवत्यासन्ने मरणकाले। तथा किं कस्मात्पापं प्रतिषिद्धं कर्माकरवं कृतवानस्मीति च नरकपतनादिदुःखभयात्तापो भवति। ते एते साध्वकरणपापक्रिये एवमेनं न तपतो यथाविद्वांसं तपतः।

कस्मात्पुनर्विद्वांसं न तपत इत्युच्यते—स य एवंविद्वानेते साध्वसाधुनी तापहेतू इत्यात्मानं स्पृणुते प्रीणयति बलयति वा परमात्मभावेनोभे पश्यतीत्यर्थः। उभे पुण्यपापे हि यस्मादेवमेष विद्वानेते आत्मानमात्मरूपेणैव पुण्यपापे स्वेन विशेषरूपेण शून्ये कृत्वात्मानं स्पृणुत एव। को य एवं वेद यथोक्तमद्वैतमानन्दं ब्रह्म वेद तस्यात्मभावेन दृष्टे पुण्यपापे निर्वीर्ये अतापके जन्मान्तरारम्भके न भवतः।

'वाव' ये निश्चयार्थक निपात हैं। वह पुण्यका न करना और पापक्रिया उसे किस प्रकार ताप नहीं देते? इसपर कहते हैं—'मैंने शुभ कर्म क्यों नहीं किया' ऐसा पश्चात्ताप मरणकाल समीप आनेपर हुआ करता है तथा 'मैंने पाप यानी प्रतिषिद्ध कर्म क्यों किया' ऐसा दुःख नरकपात आदिके भयसे होता है। ये पुण्यका न करना और पापका करना इस विद्वान्‌को इस प्रकार सन्तप्त नहीं करते जैसे कि वे अविद्वान्‌को किया करते हैं।

वे विद्वान्‌को क्यों सन्तप्त नहीं करते? सो बतलाया जाता है—ये पाप-पुण्य ही तापके हेतु हैं—इस प्रकार जाननेवाला जो विद्वान् आत्माको प्रसन्न अथवा सबल करता है अर्थात् इन दोनोंको परमात्मभावसे देखता है [उसे ये पाप-पुण्य सन्तप्त नहीं करते]। क्योंकि ये पाप-पुण्य दोनों ऐसे हैं [अर्थात् आत्मस्वरूप हैं] अतः यह विद्वान् इस पाप-पुण्यरूप आत्माको आत्मभावनासे ही अपने विशेषरूपसे शून्य कर आत्माको ही तृप्त करता है। वह विद्वान् कौन है? जो इस प्रकार जानता है अर्थात् पूर्वोक्त अद्वैत एवं आनन्दस्वरूप ब्रह्मको जानता है। उसके आत्मभावसे देखे हुए पुण्य-पाप निर्वीर्य और ताप पहुँचानेवाले न होनेसे जन्मान्तरके आरम्भक नहीं होते।

इतीयमेवं यथोक्तास्यां वल्ल्यां ब्रह्मविद्योपनिषत्सर्वाभ्यो विद्याभ्यः परमरहस्यं दर्शितमित्यर्थः। परं श्रेयोऽस्यां निषण्णमिति॥ १ ॥

इस प्रकार इस वल्लीमें, जैसी कि ऊपर कही गयी है, यह ब्रह्मविद्यारूप उपनिषद् है। अर्थात् इसमें अन्य सब विद्याओंकी अपेक्षा परम रहस्य प्रदर्शित किया गया है। इस विद्यामें ही परम श्रेय निहित है॥ १ ॥

इति ब्रह्मानन्दवल्ल्यां नवमोऽनुवाकः॥ ९ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्य-
श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ तैत्तिरीयोपनिषद्भाष्ये
ब्रह्मानन्दवल्ली समाप्ता।

भृगुवल्ली

प्रथम अनुवाक

भृगुका अपने पिता वरुणके पास जाकर ब्रह्मविद्याविषयक प्रश्न करना तथा वरुणका ब्रह्मोपदेश

उपक्रमः

सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्माकाशादिकार्यमन्नमयान्तं सृष्ट्वा तदेवानुप्रविष्टं विशेषवदिवोपलभ्यमानं यस्मात्तस्मात्सर्वकार्यविलक्षणमदृश्यादिधर्मकमेवानन्दं तदेवाहमिति विजानीयादनुप्रवेशस्य तदर्थत्वात्तस्यैवं विजानतः शुभाशुभे कर्मणी जन्मान्तरारम्भके न भवत इत्येवमानन्दवल्ल्यां विवक्षितोऽर्थः परिसमाप्ता च ब्रह्मविद्या। अतः परं ब्रह्मविद्यासाधनं तपो वक्तव्यमन्नादिविषयाणि चोपासनान्यनुक्तानीत्यत इदमारभ्यते—

क्योंकि सत्य, ज्ञान और अनन्त ब्रह्म ही आकाशसे लेकर अन्नमयपर्यन्त कार्यवर्गको रचकर उसमें अनुप्रविष्ट हो सविशेष-सा उपलब्ध हो रहा है इसलिये वह सम्पूर्ण कार्यवर्गसे विलक्षण अदृश्यादि धर्मवाला आनन्द ही है; और वही मैं हूँ—ऐसा जानना चाहिये, क्योंकि उसके अनुप्रवेशका यही उद्देश्य है। इस प्रकार जाननेवाले उस साधकके शुभाशुभ कर्म जन्मान्तरका आरम्भ करनेवाले नहीं होते। आनन्दवल्लीमें यही विषय कहना अभीष्ट था। अब ब्रह्मविद्या तो समाप्त हो चुकी। यहाँसे आगे ब्रह्मविद्याके साधन तपका निरूपण करना है तथा जिनका पहले निरूपण नहीं किया गया है उन अन्नादिविषयक उपासनाओंका भी वर्णन करना है; इसीलिये इस प्रकरणका आरम्भ किया जाता है—

भृगुर्वै वारुणिः वरुणं पितरमुपससार अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तस्मा एतत्प्रोवाच। अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचमिति। तꣳहोवाच। यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तद्विजिज्ञासस्व। तद् ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥ १॥

वरुणका सुप्रसिद्ध पुत्र भृगु अपने पिता वरुणके पास गया [और बोला—] 'भगवन्! मुझे ब्रह्मका बोध कराइये।' उससे वरुणने यह कहा—'अन्न, प्राण, नेत्र, श्रोत्र, मन और वाक् [ये ब्रह्मकी उपलब्धिके द्वार हैं]।' फिर उससे कहा—'जिससे निश्चय ही ये सब भूत उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर जिसके आश्रयसे ये जीवित रहते हैं और अन्तमें विनाशोन्मुख होकर जिसमें ये लीन होते हैं उसे विशेषरूपसे जाननेकी इच्छा कर; वही ब्रह्म है।' तब उस (भृगु)-ने तप किया और उसने तप करके—॥ १॥

आख्यायिका विद्यास्तुतये, प्रियाय पुत्राय पित्रोक्तेति— भृगुर्वै वारुणिः। वैशब्दः प्रसिद्धानुस्मारको भृगुरित्येवं नामा प्रसिद्धोऽनुस्मार्यते। वारुणिर्वरुणस्यापत्यम्। वारुणिर्वरुणं पितरं ब्रह्म विजिज्ञासुरुपससारोपगतवान्, अधीहि भगवो ब्रह्मेत्यनेन मन्त्रेण। अधीहि अध्यापय कथय। स च पिता

पिताने अपने प्रिय पुत्रको इस (विद्या)-का उपदेश किया था—इस दृष्टिसे यह आख्यायिका विद्याकी स्तुतिके लिये है। 'भृगुर्वै वारुणिः' इसमें 'वै' शब्द प्रसिद्धका स्मरण करानेवाला है। इससे 'भृगु' इस नामसे प्रसिद्ध ऋषिका अनुस्मरण कराया जाता है जो वारुणि अर्थात् वरुणका पुत्र था। वह ब्रह्मको जाननेकी इच्छावाला होकर अपने पिता वरुणके पास गया। अर्थात् 'हे भगवन्! आप मुझे ब्रह्मका उपदेश कीजिये'—इस मन्त्रके द्वारा [उसने गुरूपसदन किया]। 'अधीहि' शब्दका अर्थ अध्यापन (उपदेश) कीजिये—कहिये ऐसा समझना

विधिवदुपसन्नाय तस्मै पुत्रायैतद्वचनं प्रोवाच। अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचमिति।

वरुणोपदिष्ट-ब्रह्मप्राप्तिद्वाराणि

अन्नं शरीरं तदभ्यन्तरं च प्राणमत्तारमुपलब्धि साधनानि चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचमित्येतानि ब्रह्मोपलब्धौ द्वाराण्युक्तवान्। उक्त्वा च द्वारभूतान्येतान्यन्नादीनि तं भृगुं होवाच ब्रह्मणो लक्षणम्। किं तत्?

ब्रह्मलक्षणम्

यतो यस्माद्वा इमानि ब्रह्मादीनि स्तम्बपर्यन्तानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति प्राणान्धारयन्ति वर्धन्ते। विनाशकाले च यत्प्रयन्ति यद्ब्रह्म प्रतिगच्छन्ति, अभिसंविशन्ति तादात्म्यमेव प्रतिपद्यन्ते। उत्पत्तिस्थितिलयकालेषु यदात्मतां न जहति भूतानि तदेतद्ब्रह्मणो लक्षणम्। तद्ब्रह्म विजिज्ञासस्व विशेषेण ज्ञातुमिच्छस्व। यदेवं-लक्षणं ब्रह्म तदन्नादिद्वारेण प्रतिपद्यस्वेत्यर्थः। श्रुत्यन्तरं च—"प्राणस्य प्राणमुत चक्षुषश्चक्षुरुत

चाहिये। उस पिताने अपने पास विधिपूर्वक आये हुए उस पुत्रसे यह वाक्य कहा—'अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनः वाचम्।'

'अन्न अर्थात् शरीर उसके भीतर अन्न भक्षण करनेवाला प्राण, तदनन्तर विषयोंकी उपलब्धिके साधनभूत चक्षु, श्रोत्र, मन और वाक् ये ब्रह्मकी उपलब्धिमें द्वाररूप हैं'—ऐसा उसने कहा। इस प्रकार इन द्वारभूत अन्नादिको बतलाकर उसने उस भृगुको ब्रह्मका लक्षण बतलाया। वह क्या है? [सो बतलाते हैं—]

जिससे ब्रह्मासे लेकर स्तम्बपर्यन्त ये सम्पूर्ण प्राणी उत्पन्न होते हैं, जिसके आश्रयसे ये जन्म लेनेके अनन्तर जीवित रहते—प्राण धारण करते अर्थात् वृद्धिको प्राप्त होते हैं तथा विनाशकाल उपस्थित होनेपर जिसके प्रति प्रयाण करनेवाले अर्थात् जिस ब्रह्मके प्रति गमन करनेवाले वे जीव उसमें प्रवेश करते—उसके तादात्म्यभावको प्राप्त हो जाते हैं। तात्पर्य यह है कि उत्पत्ति, स्थिति और लयकालमें प्राणी जिसकी तद्रूपताका त्याग नहीं करते यही उस ब्रह्मका लक्षण है। तू उस ब्रह्मको विशेषरूपसे जाननेकी इच्छा कर; अर्थात् जो ऐसे लक्षणोंवाला ब्रह्म है उसे अन्नादिके द्वारा प्राप्त कर। "ब्रह्म प्राणका प्राण, चक्षुका चक्षु,

श्रोत्रस्य श्रोत्रमन्नस्यान्नं मनसो ये मनो विदुस्ते निचिक्युर्ब्रह्म पुराणमग्र्यम्'' (बृ० उ० ४। ४। १८) इति ब्रह्मोपलब्धौ द्वाराण्येतानीति दर्शयति।

श्रोत्रका श्रोत्र, अन्नका अन्न और मनका मन है—ऐसा जो जानते हैं वे उस पुरातन और श्रेष्ठ ब्रह्मको साक्षात् जान सकते हैं'' ऐसी एक दूसरी श्रुति भी इस बातको प्रदर्शित करती है कि ये प्राणादि ब्रह्मकी उपलब्धिमें द्वारस्वरूप हैं।

ब्रह्मोपलब्धये भृगोस्तपः

स भृगुर्ब्रह्मोपलब्धिद्वाराणि ब्रह्मलक्षणं च श्रुत्वा पितुस्तपो ब्रह्मोपलब्धिसाधनत्वेनातप्यत तप्तवान्। कुतः पुनरनुपदिष्टस्यैव तपसः साधनत्वप्रतिपत्तिर्भृगोः ? सावशेषोक्तेः। अन्नादि ब्रह्मणः प्रतिपत्तौ द्वारं लक्षणं च यतो वा इमानीत्याद्युक्तवान्। सावशेषं हि तत्साक्षाद्ब्रह्मणोऽनिर्देशात्।

उस भृगुने अपने पितासे ब्रह्मकी उपलब्धिके द्वार और ब्रह्मका लक्षण सुनकर ब्रह्मसाक्षात्कारके साधनरूपसे तप किया। [यहाँ प्रश्न होता है कि] जिसका उपदेश ही नहीं दिया गया था उस तपके [ब्रह्मप्राप्तिका] साधन होनेका ज्ञान भृगुको कैसे हुआ? [उत्तर—] क्योंकि [उसके पिताका] कथन सावशेष (जिसमें कुछ कहना शेष रह गया हो—ऐसा) था। वरुणने 'यतो वा इमानि भूतानि' इत्यादि रूपसे अन्नादि ब्रह्मकी प्राप्तिका द्वार और लक्षण कहा था। वह सावशेष (असम्पूर्ण) था, क्योंकि उससे ब्रह्मका साक्षात् निर्देश नहीं होता।

अन्यथा हि स्वरूपेणैव ब्रह्म निर्देष्टव्यं जिज्ञासवे पुत्रायेदमित्थंरूपं ब्रह्मेति। न चैवं निरदिशत्किं तर्हि ? सावशेषमेवोक्तवान्। अतोऽवगम्यते नूनं साधनान्तरमप्यपेक्षते पिता ब्रह्म-

नहीं तो, उसे अपने जिज्ञासु पुत्रके प्रति 'वह ब्रह्म ऐसा है' इस प्रकार उसका स्वरूपसे ही निर्देश करना चाहिये था। किन्तु इस प्रकार उसने निर्देश किया नहीं है। तो किस प्रकार किया है? उसने उसे सावशेष ही उपदेश किया है। इससे जाना जाता है कि उसके पिताको अवश्य ही

विज्ञानं प्रतीति। तपोविशेषप्रतिपत्तिस्तु सर्वसाधकतमत्वात्। सर्वेषां हि नियतसाध्यविषयाणां साधनानां तप एव साधकतमं साधनमिति हि प्रसिद्धं लोके। तस्मात्पित्रानुपदिष्टमपि ब्रह्मविज्ञानसाधनत्वेन तपः प्रतिपेदे भृगुः। तच्च तपो बाह्यान्तःकरणसमाधानं तद्द्वारकत्वाद्ब्रह्मप्रतिपत्तेः। "मनसश्चेन्द्रियाणां च ह्यैकाग्र्यं परमं तपः। तज्ज्यायः सर्वधर्मेभ्यः स धर्मः पर उच्यते" (महा० शा० २५०। ४) इति स्मृतेः। स च तपस्तप्त्वा॥ १॥

ब्रह्मज्ञानके प्रति किसी अन्य साधनकी भी अपेक्षा है। सबसे बड़ा साधन होनेके कारण भृगुने तपको ही विशेष रूपसे ग्रहण किया। जिनके साध्य विषय नियत हैं उन साधनोंमें तप ही सबसे अधिक सिद्धि प्राप्त करानेवाला साधन है—यह बात लोकमें प्रसिद्ध ही है। इसलिये पिताके उपदेश न देनेपर भी भृगुने ब्रह्मविज्ञानके साधनरूपसे तपको स्वीकार किया। वह तप बाह्य इन्द्रिय और अन्तःकरणका समाहित करना ही है, क्योंकि ब्रह्मप्राप्ति उसीके द्वारा होनेवाली है। "मन और इन्द्रियोंकी एकाग्रता ही परम तप है। वह सब धर्मोंसे उत्कृष्ट है और वही परम धर्म कहा जाता है"—इस स्मृतिसे यही बात सिद्ध होती है। उस भृगुने तप करके—॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां प्रथमोऽनुवाकः॥ १॥

द्वितीय अनुवाक

अन्न ही ब्रह्म है—ऐसा जानकर और उसमें ब्रह्मके लक्षण घटाकर भृगुका पुनः वरुणके पास आना और उसके उपदेशसे पुनः तप करना

अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्। अन्नाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। अन्नेन जातानि जीवन्ति। अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तꣳहोवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥ १॥

अन्न ब्रह्म है—ऐसा जाना। क्योंकि निश्चय अन्नसे ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर अन्नसे ही जीवित रहते हैं तथा प्रयाण करते समय अन्नमें ही लीन होते हैं। ऐसा जानकर वह फिर अपने पिता वरुणके पास आया [और कहा—] 'भगवन्! मुझे ब्रह्मका उपदेश कीजिये।' वरुणने उससे कहा—'ब्रह्मको तपके द्वारा जाननेकी इच्छा कर, तप ही ब्रह्म है।' तब उसने तप किया और उसने तप करके—॥ १॥

अन्नं ब्रह्मेति व्यजानाद्विज्ञातवान् तद्धि यथोक्तलक्षणोपेतम्। कथम्? अन्नाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते; अन्नेन जातानि जीवन्ति अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति तस्माद्युक्तमन्नस्य ब्रह्मत्वमित्यभिप्रायः। स एवं तपस्तप्त्वान्नं ब्रह्मेति विज्ञायान्नलक्षणेनोपपत्त्या च पुनरेव संशयमापन्नो वरुणं पितरमुपससार अधीहि भगवो ब्रह्मेति।

अन्न ब्रह्म है—ऐसा जाना। वही उपर्युक्त लक्षणसे युक्त है। सो कैसे? क्योंकि निश्चय अन्नसे ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर अन्नसे ही जीवित रहते हैं तथा मरणोन्मुख होनेपर अन्नमें ही लीन हो जाते हैं। अतः तात्पर्य यह है कि अन्नका ब्रह्मरूप होना ठीक ही है। वह इस प्रकार तप करके तथा अन्नके लक्षण और युक्तिके द्वारा 'अन्न ही ब्रह्म है' ऐसा जानकर फिर भी संशयग्रस्त हो पिता वरुणके पास आया [और बोला—] 'भगवन्! मुझे ब्रह्मका उपदेश कीजिये।'

कः पुनः संशयहेतुरस्येत्युच्यते— अन्नस्योत्पत्तिदर्शनात्। तपसः पुनः पुनरुपदेशः साधनातिशयत्वावधारणार्थः। यावद्ब्रह्मणो लक्षणं निरतिशयं न भवति यावच्च जिज्ञासा न निवर्तते तावत्तप एव ते साधनम्। तपसैव ब्रह्म विजिज्ञासस्वेत्यर्थः। ऋज्वन्यत्॥ १॥

परन्तु इसमें उसके संशयका कारण क्या था? सो बतलाया जाता है। अन्नकी उत्पत्ति देखनेसे [उसे ऐसा सन्देह हुआ]। यहाँ तपका जो बारम्बार उपदेश किया गया है वह उसका प्रधान साधनत्व प्रदर्शित करनेके लिये है। अर्थात् जबतक ब्रह्मका लक्षण निरतिशय न हो जाय और जबतक तेरी जिज्ञासा शान्त न हो तबतक तप ही तेरे लिये साधन है। तात्पर्य यह है कि तू तपसे ही ब्रह्मको जाननेकी इच्छा कर। शेष अर्थ सरल है॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां द्वितीयोऽनुवाकः॥ २॥

तृतीय अनुवाक

प्राण ही ब्रह्म है—ऐसा जानकर और उसीमें ब्रह्मके लक्षण घटाकर भृगुका पुनः वरुणके पास आना और उनके उपदेशसे पुनः तप करना

प्राणो ब्रह्मेति व्यजानात्। प्राणाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। प्राणेन जातानि जीवन्ति। प्राणं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तꣳहोवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥ १॥

प्राण ब्रह्म है—ऐसा जाना। क्योंकि निश्चय प्राणसे ही ये प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर प्राणसे ही जीवित रहते हैं और मरणोन्मुख होनेपर प्राणमें ही

लीन हो जाते हैं। ऐसा जानकर वह फिर अपने पिता वरुणके पास आया। [और बोला—] 'भगवन्! मुझे ब्रह्मका उपदेश कीजिये।' उससे वरुणने कहा—'तू तपसे ब्रह्मको जाननेकी इच्छा कर। तप ही ब्रह्म है।' तब उसने तप किया और उसने तप करके—॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां तृतीयोऽनुवाकः॥ ३॥

चतुर्थ अनुवाक

मन ही ब्रह्म है—ऐसा जानकर और उसमें ब्रह्मके लक्षण घटाकर भृगुका पुनः वरुणके पास आना और उनके उपदेशसे पुनः तप करना

मनो ब्रह्मेति व्यजानात्। मनसो ह्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। मनसा जातानि जीवन्ति। मनः प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तꣳहोवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥ १॥

मन ब्रह्म है—ऐसा जाना; क्योंकि निश्चय मनसे ही ये जीव उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर मनके द्वारा ही जीवित रहते हैं और अन्तमें प्रयाण करते हुए मनमें ही लीन हो जाते हैं। ऐसा जानकर वह फिर पिता वरुणके पास गया [और बोला—] 'भगवन्! मुझे ब्रह्मका उपदेश कीजिये।' वरुणने उससे कहा—'तू तपसे ब्रह्मको जाननेकी इच्छा कर, तप ही ब्रह्म है।' तब उसने तप किया और उसने तप करके—॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां चतुर्थोऽनुवाकः॥ ४॥

पञ्चम अनुवाक

विज्ञान ही ब्रह्म है—ऐसा जानकर और उसमें ब्रह्मके लक्षण घटाकर भृगुका पुनः वरुणके पास आना और उसके उपदेशसे पुनः तप करना

विज्ञानं ब्रह्मेति व्यजानात्। विज्ञानाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। विज्ञानेन जातानि जीवन्ति। विज्ञानं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तꣳहोवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥ १॥

विज्ञान ब्रह्म है—ऐसा जाना। क्योंकि निश्चय विज्ञानसे ही ये सब जीव उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर विज्ञानसे ही जीवित रहते हैं और फिर मरणोन्मुख होकर विज्ञानमें ही प्रविष्ट हो जाते हैं। ऐसा जानकर वह फिर पिता वरुणके समीप आया [और बोला—] 'भगवन्! मुझे ब्रह्मका उपदेश कीजिये।' वरुणने उससे कहा—'तू तपके द्वारा ब्रह्मको जाननेकी इच्छा कर। तप ही ब्रह्म है।' तब उसने तप किया और तप करके—॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां पञ्चमोऽनुवाकः॥ ५॥

षष्ठ अनुवाक

आनन्द ही ब्रह्म है—ऐसा भृगुका निश्चय करना तथा इस भार्गवी वारुणी विद्याका महत्त्व और फल

आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्। आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। सैषा भार्गवी वारुणी विद्या परमे व्योमन् प्रतिष्ठिता। स य एवं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान् भवति, प्रजया

पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान् कीर्त्या॥ १॥

आनन्द ब्रह्म है—ऐसा जाना; क्योंकि आनन्दसे ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर आनन्दके द्वारा ही जीवित रहते हैं और प्रयाण करते समय आनन्दमें ही समा जाते हैं। वह यह भृगुकी जानी हुई और वरुणकी उपदेश की हुई विद्या परमाकाशमें स्थित है। जो ऐसा जानता है वह ब्रह्ममें स्थित होता है; वह अन्नवान् और अन्नका भोक्ता होता है; प्रजा, पशु और ब्रह्मतेजके कारण महान् होता है तथा कीर्तिके कारण भी महान् होता है॥ १॥

एवं तपसा विशुद्धात्मा प्राणादिषु साकल्येन ब्रह्मलक्षण-मपश्यञ्शनैः शनैरन्तरनु-प्रविश्यान्तरतममानन्दं ब्रह्म विज्ञातवांस्तपसैव साधनेन भृगुः। तस्माद्ब्रह्मविजिज्ञासुना बाह्यान्तःकरण-समाधानलक्षणं परमं तपःसाधनमनुष्ठेयमिति प्रकरणार्थः।

इस प्रकार तपसे शुद्धचित्त हुए भृगुने प्राणादिमें पूर्णतया ब्रह्मका लक्षण न देखकर धीरे-धीरे भीतरकी ओर प्रवेश कर तपरूप साधनके द्वारा ही सबकी अपेक्षा अन्तरतम आनन्दको ब्रह्म जाना। अतः जो ब्रह्मको जाननेकी इच्छावाला हो उसे साधनरूपसे बाह्य इन्द्रिय और अन्तःकरणका समाधानरूप परम तप ही करना चाहिये—यह इस प्रकरणका तात्पर्य है।

अधुनाख्यायिकातोऽपसृत्य श्रुतिः स्वेन वचनेनाख्यायिका-निर्वर्त्यमर्थमाचष्टे—सैषा भार्गवी भृगुणा विदिता वरुणेन प्रोक्ता वारुणी विद्या परमे व्योमन्हृदयाकाश-गुहायां परम आनन्देऽद्वैते प्रतिष्ठिता परिसमाप्तान्नमयादात्मनो-ऽधिप्रवृत्ता। य एवमन्योऽपि

अब आख्यायिकासे निवृत्त होकर श्रुति अपने ही वाक्यसे आख्यायिकासे निष्पन्न होनेवाला अर्थ बतलाती है—अन्नमय आत्मासे प्रारम्भ हुई यह भार्गवी—भृगुकी जानी हुई और वारुणी—वरुणकी कही हुई विद्या परमाकाशमें—हृदयाकाशस्थित गुहाके भीतर अद्वैत परमानन्दमें प्रतिष्ठित है अर्थात् वहीं इसका पर्यवसान होता है। इसी प्रकार जो कोई दूसरा पुरुष भी इसी क्रमसे

तपसैव साधनेनानेनैव क्रमेणानुप्रविश्यानन्दं ब्रह्म वेद स एवं विद्याप्रतिष्ठानात्प्रतितिष्ठत्यानन्दे परमे ब्रह्मणि, ब्रह्मैव भवतीत्यर्थः।

दृष्टं च फलं तस्योच्यते—अन्नवान्प्रभूतमन्नमस्य विद्यत इत्यन्नवान्। सत्तामात्रेण तु सर्वो ह्यन्नवानिति विद्याया विशेषो न स्यात्। एवमन्नमत्तीत्यन्नादो दीप्ताग्निर्भवतीत्यर्थः। महान्भवति। केन महत्त्वमित्यत आह—प्रजया पुत्रादिना पशुभिर्गवाश्वादिभिर्ब्रह्मवर्चसेन शमदमज्ञानादिनिमित्तेन तेजसा। महान्भवति कीर्त्या ख्यात्या शुभप्रचारनिमित्तया॥ १॥

तपरूप साधनके द्वारा क्रमशः अनुप्रवेश करके आनन्दको ब्रह्मरूपसे जानता है वह इस प्रकार विद्यामें स्थिति लाभ करनेसे आनन्द अर्थात् परब्रह्ममें स्थिति प्राप्त करता है, यानी ब्रह्म ही हो जाता है।

अब उसका दृष्ट (इस लोकमें प्राप्त होनेवाला) फल बतलाया जाता है—अन्नवान्—जिसके पास बहुत-सा अन्न हो उसे अन्नवान् कहते हैं।* अन्नकी सत्तामात्रसे तो सभी अन्नवान् हैं, अतः [यदि उस प्रकार अर्थ किया जाय तो]विद्याकी कोई विशेषता नहीं रहती। इसी प्रकार वह अन्नाद—जो अन्नभक्षण करे यानी दीप्ताग्नि हो जाता है। वह महान् हो जाता है। उसका महत्त्व किस कारणसे होता है? इसपर कहते हैं—पुत्रादि प्रजा, गौ, अश्व आदि पशु तथा ब्रह्मतेज यानी शम, दम एवं ज्ञानादिके कारण होनेवाले तेजसे तथा कीर्ति यानी शुभाचरणके कारण होनेवाली ख्यातिसे वह महान् हो जाता है॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां षष्ठोऽनुवाकः॥ ६॥

---

* मूलमें केवल 'अन्नवान्' है, भाष्यमें उसका अर्थ 'प्रभूत (बहुत-से) अन्नवाला' किया गया है। इससे यह शंका होती है कि 'प्रभूत' विशेषणका प्रयोग क्यों किया गया। इसीका समाधान करनेके लिये आगेका वाक्य है।

सप्तम अनुवाक

अन्नकी निन्दा न करनारूप व्रत तथा शरीर और प्राणरूप अन्नब्रह्मके उपासकको प्राप्त होनेवाले फलका वर्णन

अन्नं न निन्द्यात्। तद्व्रतम्। प्राणो वा अन्नम्। शरीरमन्नादम्। प्राणे शरीरं प्रतिष्ठितम्। शरीरे प्राणः प्रतिष्ठितः। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान् भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान् कीर्त्या॥ १॥

अन्नकी निन्दा न करे। यह ब्रह्मज्ञका व्रत है। प्राण ही अन्न है और शरीर अन्नाद है। प्राणमें शरीर स्थित है और शरीरमें प्राण स्थित है। इस प्रकार [एक-दूसरेके आश्रित होनेसे वे एक-दूसरेके अन्न हैं; [अतः] ये दोनों अन्न ही अन्नमें प्रतिष्ठित हैं। जो इस प्रकार अन्नको अन्नमें स्थित जानता है वह प्रतिष्ठित (प्रख्यात) होता है, अन्नवान् और अन्नभोक्ता होता है। प्रजा, पशु और ब्रह्मतेजके कारण महान् होता है तथा कीर्तिके कारण भी महान् होता है॥ १॥

किं चान्नेन द्वारभूतेन ब्रह्म विज्ञातं यस्मात्तस्माद्गुरुमिव अन्नं न निन्द्यात्तदस्यैवं ब्रह्मविदो व्रतमुपदिश्यते। व्रतोपदेशोऽन्नस्तुतये, स्तुतिभाक्त्वं चान्नस्य ब्रह्मोपलब्ध्युपायत्वात्।

इसके सिवा क्योंकि द्वारभूत अन्नके द्वारा ही ब्रह्मको जाना है, इसलिये गुरुके समान अन्नकी भी निन्दा न करे। इस प्रकार ब्रह्मवेत्ताके लिये यह व्रत उपदेश किया जाता है। यह व्रतका उपदेश अन्नकी स्तुतिके लिये है और अन्नकी स्तुतिपात्रता ब्रह्मोपलब्धिका साधन होनेके कारण है।

प्राणो वा अन्नम्, शरीरान्तर्भावात्प्राणस्य। यद्यस्यान्तः-प्रतिष्ठितं भवति तत्तस्यान्नं भवतीति। शरीरे च प्राणः प्रतिष्ठितस्तस्मात्प्राणोऽन्नं शरीरमन्नादम्।

प्राण ही अन्न है, क्योंकि प्राण शरीरके भीतर रहनेवाला है। जो जिसके भीतर स्थित रहता है वह उसका अन्न हुआ करता है। प्राण शरीरमें स्थित है, इसलिये प्राण अन्न है और शरीर अन्नाद

तथा शरीरमप्यन्नं प्राणोऽन्नादः। कस्मात्? प्राणे शरीरं प्रतिष्ठितम्; तन्निमित्तत्वाच्छरीरस्थितेः। तस्मात्तदेतदुभयं शरीरं प्राणश्चान्नमन्नादश्च। येनान्योन्यस्मिन्प्रतिष्ठितं तेनान्नम्। येनान्योन्यस्य प्रतिष्ठा तेनान्नादः। तस्मात्प्राणः शरीरं चोभयमन्नमन्नादं च।

है। इसी प्रकार शरीर भी अन्न है और प्राण अन्नाद है; कैसे?—प्राणमें शरीर स्थित है, क्योंकि शरीरकी स्थिति प्राणके ही कारण है। अतः ये दोनों शरीर और प्राण अन्न और अन्नाद हैं। क्योंकि वे एक-दूसरेमें स्थित हैं इसलिये अन्न हैं और क्योंकि एक-दूसरेके आधार हैं इसलिये अन्नाद हैं। अतएव प्राण और शरीर दोनों ही अन्न और अन्नाद हैं।

स य एवमेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठत्यन्नान्नादात्मनैव। किं चान्नवानन्नादो भवतीत्यादि पूर्ववत्॥ १॥

वह जो इस प्रकार अन्नको अन्नमें स्थित जानता है, अन्न और अन्नादरूपसे ही स्थित होता है तथा अन्नवान् और अन्नाद होता है—इत्यादि शेष अर्थ पूर्ववत् है॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां सप्तमोऽनुवाकः॥ ७॥

अष्टम अनुवाक

अन्नका त्याग न करनारूप व्रत तथा जल और ज्योतिरूप अन्नब्रह्मके उपासकको प्राप्त होनेवाले फलका वर्णन

अन्नं न परिचक्षीत। तद्व्रतम्। आपो वा अन्नम्। ज्योतिरन्नादम्। अप्सु ज्योतिः प्रतिष्ठितम्। ज्योतिष्यापः प्रतिष्ठिताः। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान्भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान्कीर्त्या॥ १॥

अन्नका त्याग न करे। यह व्रत है। जल ही अन्न है। ज्योति अन्नाद है। जलमें ज्योति प्रतिष्ठित है और ज्योतिमें जल स्थित है। इस प्रकार ये दोनों अन्न

ही अन्नमें प्रतिष्ठित हैं। जो इस प्रकार अन्नको अन्नमें स्थित जानता है वह प्रतिष्ठित होता है, अन्नवान् और अन्नाद होता है, प्रजा, पशु और ब्रह्मतेजके कारण महान् होता है तथा कीर्तिके कारण भी महान् होता है॥ १॥

अन्नं न परिचक्षीत न परिहरेत्। तद्व्रतं पूर्ववत्स्तुत्यर्थम्। तदेवं शुभाशुभकल्पनया अपरिह्रियमाणं स्तुतं महीकृतमन्नं स्यात्। एवं यथोक्तमुत्तरेष्वप्यापो वा अन्नमित्यादिषु योजयेत्॥ १॥

अन्नका प्रत्याख्यान अर्थात् त्याग न करे, यह व्रत है—यह कथन पूर्ववत् स्तुतिके लिये है। इस प्रकार शुभाशुभकी कल्पनासे उपेक्षा न किया हुआ अन्न ही यहाँ स्तुत एवं महिमान्वित किया जाता है। तथा आगेके 'आपो वा अन्नम्' इत्यादि वाक्योंमें भी पूर्वोक्त अर्थकी ही योजना करनी चाहिये॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यामष्टमोऽनुवाकः॥ ८॥

नवम अनुवाक

अन्नसञ्चयरूप व्रत तथा पृथिवी और आकाशरूप अन्नब्रह्मके उपासकको प्राप्त होनेवाले फलका वर्णन

अन्नं बहु कुर्वीत। तद्व्रतम्। पृथिवी वा अन्नम्। आकाशोऽन्नादः। पृथिव्यामाकाशः प्रतिष्ठितः। आकाशे पृथिवी प्रतिष्ठिता। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान्भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान्कीर्त्या॥ १॥

अन्नको बढ़ावे—यह व्रत है। पृथिवी ही अन्न है। आकाश अन्नाद है। पृथिवीमें आकाश स्थित है और आकाशमें पृथिवी स्थित है। इस प्रकार ये दोनों अन्न ही अन्नमें प्रतिष्ठित हैं। जो इस प्रकार अन्नको अन्नमें स्थित जानता है वह प्रतिष्ठित होता है, अन्नवान् और अन्नाद होता है, प्रजा, पशु और ब्रह्मतेजके कारण महान् होता है तथा कीर्तिके कारण भी महान् होता है॥ १॥

अप्सु ज्योतिरित्यब्ज्योतिषो-रन्नान्नादगुणत्वेनोपासकस्यान्नस्य बहुकरणं व्रतम्॥ १॥

पूर्वोक्त 'अप्सु ज्योतिः' आदि मन्त्रके अनुसार जल और ज्योतिकी अन्न और अन्नाद गुणसे उपासना करनेवालेके लिये 'अन्नको बढ़ाना व्रत है' [—यह बात इस मन्त्रमें कही गयी है]॥ १॥

इति भृगुवल्ल्यां नवमोऽनुवाकः॥ ९॥

दशम अनुवाक

गृहागत अतिथिको आश्रय और अन्न देनेका विधान एवं उससे प्राप्त होनेवाला फल तथा प्रकारान्तरसे ब्रह्मकी उपासनाका वर्णन

न कञ्चन वसतौ प्रत्याचक्षीत। तद्व्रतम्। तस्माद्यया कया च विधया बह्वन्नं प्राप्नुयात्। आराध्यस्मा अन्नमित्याचक्षते। एतद्वै मुखतोऽन्नꣳराद्धम्। मुखतोऽस्मा अन्नꣳराध्यते। एतद्वै मध्यतोऽन्नꣳराद्धम्। मध्यतोऽस्मा अन्नꣳराध्यते। एतद्वा अन्ततोऽन्नꣳराद्धम्। अन्ततोऽस्मा अन्नꣳराध्यते॥ १॥

य एवं वेद। क्षेम इति वाचि। योगक्षेम इति प्राणापानयोः। कर्मेति हस्तयोः। गतिरिति पादयोः। विमुक्तिरिति पायौ। इति मानुषीः समाज्ञाः। अथ दैवीः। तृप्तिरिति वृष्टौ। बलमिति विद्युति॥ २॥

यश इति पशुषु ज्योतिरिति नक्षत्रेषु। प्रजातिरमृतमानन्द इत्युपस्थे। सर्वमित्याकाशे। तत्प्रतिष्ठेत्युपासीत। प्रतिष्ठावान् भवति। तन्मह इत्युपासीत। महान् भवति। तन्मन इत्युपासीत। मानवान् भवति॥ ३॥

तन्नम इत्युपासीत। नम्यन्तेऽस्मै कामाः। तद्ब्रह्मेत्युपासीत। ब्रह्मवान् भवति। तद्ब्रह्मणः परिमर इत्युपासीत। पर्येणं म्रियन्ते द्विषन्तः सपत्नाः। परि येऽप्रिया भ्रातृव्याः। स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः॥ ४॥

अपने यहाँ रहनेके लिये आये हुए किसीका भी परित्याग न करे। यह व्रत है। अतः किसी-न-किसी प्रकारसे बहुत-सा अन्न प्राप्त करे, क्योंकि वह (अन्नोपासक) उस (गृहागत अतिथि)-से 'मैंने अन्न तैयार किया है' ऐसा कहता है। जो पुरुष मुखतः (प्रथम अवस्थामें अथवा मुख्यवृत्तिसे यानी सत्कारपूर्वक) सिद्ध किया हुआ अन्न देता है उसे मुख्यवृत्तिसे ही अन्नकी प्राप्ति होती है। जो मध्यतः (मध्यम आयुमें अथवा मध्यम वृत्तिसे) सिद्ध किया हुआ अन्न देता है उसे मध्यम वृत्तिसे ही अन्नकी प्राप्ति होती है। तथा जो अन्ततः (अन्तिम अवस्थामें अथवा निकृष्ट वृत्तिसे) सिद्ध किया हुआ अन्न देता है उसे निकृष्ट वृत्तिसे ही अन्न प्राप्त होता है॥ १॥ जो इस प्रकार जानता है [उसे पूर्वोक्त फल प्राप्त होता है। अब आगे प्रकारान्तरसे ब्रह्मकी उपासनाका वर्णन किया जाता है—] ब्रह्म वाणीमें क्षेम (प्राप्त वस्तुके परिरक्षण) रूपसे [स्थित है—इस प्रकार उपासनीय है], योगक्षेमरूपसे प्राण और अपानमें, कर्मरूपसे हाथोंमें, गतिरूपसे चरणोंमें और त्यागरूपसे पायुमें [उपासनीय है] यह मनुष्यसम्बन्धिनी उपासना है। अब देवताओंसे सम्बन्धित उपासना कही जाती है—तृप्तिरूपसे वृष्टिमें, बलरूपसे विद्युत्में॥ २॥ यशरूपसे पशुओंमें, ज्योतिरूपसे नक्षत्रोंमें, पुत्रादि प्रजा, अमृतत्व और आनन्दरूपसे उपस्थमें तथा सर्वरूपसे आकाशमें [ब्रह्मकी उपासना करे]। वह ब्रह्म सबका प्रतिष्ठा (आधार) है—इस भावसे उसकी उपासना करे। इससे उपासक प्रतिष्ठावान् होता है। वह महः [नामक व्याहृति अथवा तेज] है—इस भावसे उसकी उपासना करे। इससे उपासक महान् होता है। वह मन है—इस प्रकार उपासना करे। इससे उपासक मानवान् (मनन करनेमें समर्थ) होता है॥ ३॥ वह नमः है—इस भावसे उसकी उपासना करे। इससे सम्पूर्ण काम्य पदार्थ उसके प्रति विनम्र हो जाते हैं। वह ब्रह्म है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। इससे

वह ब्रह्मनिष्ठ होता है। वह ब्रह्मका परिमर (आकाश) है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। इससे उससे द्वेष करनेवाले उसके प्रतिपक्षी मर जाते हैं तथा जो अप्रिय भ्रातृव्य (भाईके पुत्र) होते हैं वे भी मर जाते हैं। वह, जो कि इस पुरुषमें है और वह जो इस आदित्यमें है, एक है॥ ४॥

आतिथ्योपदेशः

तथा पृथिव्याकाशोपासकस्य वसतौ वसतिनिमित्तं कञ्चन कञ्चिदपि न प्रत्याचक्षीत वसत्यर्थमागतं न निवारयेदित्यर्थः। वासे च दत्तेऽवश्यं ह्यशनं दातव्यम्। तस्माद्यया कया च विधया येन केन च प्रकारेण बह्वन्नं प्राप्नुयाद्बह्वन्नसंग्रहं कुर्यादित्यर्थः।

यस्मादन्नवन्तो विद्वांसोऽभ्यागतायान्नार्थिनेऽराधि संसिद्धमस्मा अन्नमित्याचक्षते न नास्तीति प्रत्याख्यानं कुर्वन्ति। तस्माच्च हेतोर्बह्वन्नं प्राप्नुयादिति पूर्वेण सम्बन्धः। अपि चान्नदानस्य माहात्म्यमुच्यते। यथा यत्कालं प्रयच्छत्यन्नं तथा तत्कालमेव प्रत्युपनमते। कथमिति तदेतदाह—

तथा पृथिवी और आकाशकी [अन्न एवं अन्नादरूपसे] उपासना करनेवालेके यहाँ रहनेके लिये कोई भी आवे उसे उसका परित्याग नहीं करना चाहिये। अर्थात् अपने यहाँ निवास करनेके लिये आये हुए किसी भी व्यक्तिका वह निवारण न करे। जब किसीको रहनेका स्थान दिया जाय तो उसे भोजन भी अवश्य देना चाहिये। अतः जिस किसी भी विधिसे यानी किसी-न-किसी प्रकार बहुत-सा अन्न प्राप्त करे; अर्थात् खूब अन्न-संग्रह करे।

क्योंकि अन्नवान् उपासकगण अपने यहाँ आये हुए अन्नार्थीसे 'अन्न तैयार है' ऐसा कहते हैं—'अन्न नहीं है' ऐसा कहकर उसका परित्याग नहीं करते। इसलिये भी बहुत-सा अन्न उपार्जन करे—इस प्रकार इसका पूर्ववाक्यसे सम्बन्ध है। अब अन्नदानका माहात्म्य कहा जाता है—जो पुरुष जिस प्रकार और जिस समय अन्न-दान करता है उसे उसी प्रकार और उसी समय उसकी प्राप्ति होती है। ऐसा किस प्रकार होता है? सो बतलाते हैं—

एतद्वा अन्नं मुखतो मुख्ये प्रथमे वयसि मुख्यया वा वृत्त्या पूजापुरःसरमभ्यागतायान्नार्थिने राद्धं संसिद्धं प्रयच्छतीति वाक्यशेषः। तस्य किं फलं स्यादित्युच्यते— मुखतः पूर्वे वयसि मुख्यया वा वृत्त्यास्मा अन्नादायान्नं राध्यते यथादत्तमुपतिष्ठत इत्यर्थः। एवं मध्यतो मध्यमे वयसि मध्यमेन चोपचारेण। तथाऽन्ततोऽन्ते वयसि जघन्येन चोपचारेण परिभवेन तथैवास्मै राध्यते संसिध्यत्यन्नम्॥ १॥

वृत्तिभेदेनान्न-दानस्य फलभेदः

जो पुरुष मुखतः—मुख्य—प्रथम अवस्थामें अथवा मुख्य वृत्तिसे यानी सत्कारपूर्वक राद्ध अर्थात् सिद्ध (पक्व) अन्नको अपने यहाँ आये हुए अन्नार्थी अतिथिको देता है—यहाँ प्रयच्छति (देता है) यह क्रियापद वाक्यशेष (अनुक्त अंश) है—उसे क्या फल मिलता है, सो बतलाया जाता है—इस अन्नदाताको मुखतः—प्रथम अवस्थामें अथवा मुख्य वृत्तिसे अन्न प्राप्त होता है; अर्थात् जिस प्रकार दिया जाता है उसी प्रकार प्राप्त होता है। इसी प्रकार मध्यतः—मध्यम आयुमें अथवा मध्यम वृत्तिसे तथा अन्ततः—अन्तिम आयुमें अथवा निकृष्ट वृत्तिसे यानी तिरस्कारपूर्वक देनेसे इसे उसी प्रकार अन्नकी प्राप्ति होती है॥ १॥

य एवं वेद य एवमन्नस्य यथोक्तं माहात्म्यं वेद तद्दानस्य च फलम्, तस्य यथोक्तं फलमुपनमते।

जो इस प्रकार जानता है—जो इस प्रकार अन्नका पूर्वोक्त माहात्म्य और उसके दानका फल जानता है उसे पूर्वोक्त फलकी प्राप्ति होती है।

इदानीं ब्रह्मण उपासनप्रकार उच्यते—क्षेम इति वाचि। क्षेमो नामोपात्तपरिरक्षणम्। ब्रह्म वाचि क्षेमरूपेण प्रतिष्ठितमित्युपास्यम्। योगक्षेम इति, योगोऽनुपात्तस्योपादानम्, तौ हि

ब्रह्मोपासन-प्रकारान्तराणि 'मानुषी समाज्ञा'

अब ब्रह्मकी उपासनाका [एक और] प्रकार बतलाया जाता है—'क्षेम है' इस प्रकार वाणीमें। प्राप्त पदार्थकी रक्षा करनेका नाम 'क्षेम' है। वाणीमें ब्रह्म क्षेमरूपसे स्थित है—इस प्रकार उसकी उपासना करनी चाहिये। 'योगक्षेम'—अप्राप्त वस्तुका प्राप्त करना 'योग' कहलाता है। वे योग और क्षेम

योगक्षेमौ प्राणापानयोः सतोर्भवतो यद्यपि तथापि न प्राणापाननिमित्तावेव किं तर्हि ब्रह्मनिमित्तौ; तस्माद्ब्रह्म योगक्षेमात्मना प्राणापानयोः प्रतिष्ठितमित्युपास्यम्।

एवमुत्तरेष्वन्येषु तेन तेनात्मना ब्रह्मैवोपास्यम्। कर्मणो ब्रह्मनिर्वर्त्यत्वाद्धस्तयोः कर्मात्मना ब्रह्म प्रतिष्ठितमित्युपास्यम्। गतिरिति पादयोः। विमुक्तिरिति पायौ। इत्येता मानुषीर्मनुष्येषु भवा मानुष्यः समाज्ञा; आध्यात्मिक्यः समाज्ञा ज्ञानानि विज्ञानान्युपासनानीत्यर्थः।

'दैवी समाज्ञा'

अथानन्तरं दैवीर्दैव्यो देवेषु भवाः समाज्ञा उच्यन्ते। तृप्तिरिति वृष्टौ। वृष्टेरन्नादिद्वारेण तृप्तिहेतुत्वाद्ब्रह्मैव तृप्त्यात्मना वृष्टौ व्यवस्थितमित्युपास्यम्। तथान्येषु तेन तेनात्मना ब्रह्मैवोपास्यम्।

यद्यपि बलवान् प्राण और अपानके रहते हुए ही होते हैं, तो भी उनका कारण प्राण एवं अपान ही नहीं है। तो उनका कारण क्या है? वे ब्रह्मके कारण ही होते हैं। अतः योगक्षेमरूपसे ब्रह्म प्राण और अपानमें स्थित है—इस प्रकार उसकी उपासना करनी चाहिये।

इसी प्रकार आगेके अन्य पर्यायोंमें भी उन-उनके रूपसे ब्रह्मकी ही उपासना करनी चाहिये। कर्म ब्रह्मकी ही प्रेरणासे निष्पन्न होता है; अतः हाथोंमें ब्रह्म कर्मरूपसे स्थित है—इस प्रकार उसकी उपासना करनी चाहिये। चरणोंमें गतिरूपसे और पायुमें विसर्जनरूपसे [प्रतिष्ठित समझकर उसकी उपासना करे]। इस प्रकार यह मानुषी—मनुष्योंमें रहनेवाली समाज्ञा है, अर्थात् यह आध्यात्मिक समाज्ञा—ज्ञान-विज्ञान यानी उपासना है—यह इसका तात्पर्य है।

अब इसके पश्चात् दैवी—देवसम्बन्धिनी अर्थात् देवताओंमें होनेवाली समाज्ञा कही जाती है। तृप्ति इस भावसे वृष्टिमें [ब्रह्मकी उपासना करे]। अन्नादिके द्वारा वृष्टि तृप्तिका कारण है। अतः तृप्तिरूपसे ब्रह्म ही वृष्टिमें स्थित है—इस प्रकार उसकी उपासना करनी चाहिये। इसी प्रकार अन्य पर्यायोंमें भी उन-उनके रूपसे ब्रह्मकी ही उपासना

तथा बलरूपेण विद्युति॥ २॥ यशोरूपेण पशुषु। ज्योतीरूपेण नक्षत्रेषु। प्रजातिरमृतममृतत्वप्राप्तिः पुत्रेण ऋणविमोक्षद्वारेणानन्दः सुखमित्येतत्सर्वमुपस्थनिमित्तं ब्रह्मैवानेनात्मनोपस्थे प्रतिष्ठितमित्युपास्यम्।

सर्वं ह्याकाशे प्रतिष्ठितमतो यत्सर्वमाकाशे तद्ब्रह्मैवेत्युपास्यम्। तच्चाकाशं ब्रह्मैव। तस्मात्तत् सर्वस्य प्रतिष्ठेत्युपासीत। प्रतिष्ठागुणोपासनात्प्रतिष्ठावान्भवति। एवं पूर्वेष्वपि यद्यत्तदधीनं फलं तद्ब्रह्मैव तदुपासनात्तद्वान्भवतीति द्रष्टव्यम्। श्रुत्यन्तराच्च—"तं यथा यथोपासते तदेव भवति" इति।

करनी चाहिये। अर्थात् बलरूपसे विद्युत्में॥ २॥ यशरूपसे पशुओंमें, ज्योतिरूपसे नक्षत्रोंमें, प्रजाति (पुत्रादि प्रजा) अमृत—अर्थात् पुत्रद्वारा पितृऋणसे मुक्त होनेके द्वारा अमृतत्वकी प्राप्ति और आनन्द—सुख ये सब उपस्थके निमित्तसे ही होनेवाले हैं; अतः इनके रूपसे ब्रह्म ही उपस्थमें स्थित है—इस प्रकार उसकी उपासना करनी चाहिये।

सब कुछ आकाशमें ही स्थित है। अतः आकाशमें जो कुछ है वह सब ब्रह्म ही है—इस प्रकार उसकी उपासना करनी चाहिये। तथा वह आकाश भी ब्रह्म ही है। अतः वह सबकी प्रतिष्ठा (आश्रय) है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। प्रतिष्ठा गुणवान् ब्रह्मकी उपासना करनेसे उपासक प्रतिष्ठावान् होता है। ऐसा ही पूर्व सब पर्यायोंमें समझना चाहिये। जो-जो उसके अधीन फल है वह ब्रह्म ही है। उसकी उपासनासे पुरुष उसी फलसे युक्त होता है—ऐसा जानना चाहिये। यही बात "जिस-जिस प्रकार उसकी उपासना करता है वह (उपासक) वही हो जाता है" इस एक-दूसरी श्रुतिसे प्रमाणित होती है।

तन्मह इत्युपासीत। महो महत्त्वगुणवत्तदुपासीत। महान् भवति। तन्मन इत्युपासीत। मननं मनः। मानवान्भवति मननसमर्थो भवति॥ ३॥ तन्नम इत्युपासीत। नमनं नमो नमनगुणवत्तदुपासीत। नम्यन्ते प्रह्वीभवन्त्यस्मा उपासित्रे कामाः काम्यन्त इति भोग्या विषया इत्यर्थः।

तद्ब्रह्मेत्युपासीत। ब्रह्म परिवृढतममित्युपासीत। ब्रह्मवांस्तद्गुणो भवति। तद्ब्रह्मणः परिमर इत्युपासीत। ब्रह्मणः परिमरः परिम्रियन्तेऽस्मिन्पञ्च देवता विद्युद्वृष्टिश्चन्द्रमा आदित्योऽग्निरित्येताः। अतो वायुः परिमरः श्रुत्यन्तरप्रसिद्धेः। स एष एवायं वायुराकाशेनानन्य इत्याकाशो ब्रह्मणः परिमरः, तमाकाशं वाय्वात्मानं ब्रह्मणः परिमर इत्युपासीत।

वह महः है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। महः अर्थात् महत्त्व गुणवाला है—ऐसे भावसे उसकी उपासना करे। इससे उपासक महान् हो जाता है। वह मन है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। मननका नाम मन है। इससे वह मानवान्—मननमें समर्थ हो जाता है॥ ३॥ वह नमः है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। नमनका नाम 'नमः' है अर्थात् उसे नमन-गुणवान् समझकर उपासना करे। इससे उस उपासकके प्रति सम्पूर्ण काम—जिनकी कामना की जाय वे भोग्य विषय नत अर्थात् विनम्र हो जाते हैं।

वह ब्रह्म है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। ब्रह्म यानी सबसे बढ़ा हुआ है—इस प्रकार उपासना करे। इससे वह ब्रह्मवान्—ब्रह्मके-से गुणवाला हो जाता है। वह ब्रह्मका परिमर है—इस प्रकार उसकी उपासना करे। ब्रह्मका परिमर—जिसमें विद्युत्, वृष्टि, चन्द्रमा, आदित्य और अग्नि—ये पाँच देवता मृत्युको प्राप्त होते हैं उसे परिमर कहते हैं; अतः वायु ही परिमर है, जैसे कि [''वायुर्वाव संवर्गः'' इस] एक अन्य श्रुतिसे सिद्ध होता है। वही यह वायु आकाशसे अभिन्न है, इसलिये आकाश ही ब्रह्मका परिमर है। अतः वायुरूप आकाशकी 'यह ब्रह्मका परिमर है' इस भावसे उपासना करे।

एनमेवंविदं प्रतिस्पर्धिनो द्विषन्तोऽद्विषन्तोऽपि सपत्ना यतो भवन्त्यतो विशेष्यन्ते द्विषन्तः सपत्ना इति, एनं द्विषन्तः सपत्नास्ते परिम्रियन्ते प्राणाञ्जहति। किं च ये चाप्रिया अस्य भ्रातृव्या अद्विषन्तोऽपि ते च परिम्रियन्ते।

इस प्रकार जाननेवाले इस उपासकके द्वेष करनेवाले प्रतिपक्षी—क्योंकि प्रतिपक्षी द्वेष न करनेवाले भी होते हैं इसलिये यहाँ 'द्वेष करनेवाले' यह विशेषण दिया गया है—मर जाते हैं अर्थात् प्राण त्याग देते हैं। तथा इसके जो अप्रिय भ्रातृव्य होते हैं वे द्वेष करनेवाले न होनेपर भी मर जाते हैं।

आत्मनोऽसंसारित्व-स्थापनम्

'प्राणो वा अन्नं शरीरमन्नादम्' इत्यारभ्याकाशान्तस्य कार्यस्यैवान्नान्नादत्वमुक्तम्।

'प्राण ही अन्न है और शरीर अन्नाद है' यहाँसे लेकर आकाशपर्यन्त कार्यवर्गका ही अन्न और अन्नादत्व प्रतिपादन किया गया है।

उक्तं नाम किं तेन?

पूर्व०—कहा गया है—सो इससे क्या हुआ?

तेनैतत्सिद्धं भवति—कार्यविषय एव भोज्यभोक्तृत्वकृतः संसारो न त्वात्मनीति। आत्मनि तु भ्रान्त्योपचर्यते।

सिद्धान्ती—इससे यह सिद्ध होता है कि भोज्य और भोक्ताके कारण होनेवाला संसार कार्यवर्गसे ही सम्बन्धित है, वह आत्मामें नहीं है; आत्मामें तो भ्रान्तिवश उसका उपचार किया जाता है।

नन्वात्मापि परमात्मनः कार्यं ततो युक्तस्तस्य संसार इति।

पूर्व०—परन्तु आत्मा भी तो परमात्माका कार्य है। इसलिये उसे संसारकी प्राप्ति होना उचित ही है?

न; असंसारिण एव प्रवेशश्रुतेः। "तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्" (तै० उ० २। ६। १) इत्याकाशादिकारणस्य ह्यसंसारिण एव परमात्मनः कार्येष्वनुप्रवेशः

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि प्रवेशश्रुति असंसारीका ही प्रवेश प्रतिपादन करती है। "उसे रचकर वह पीछेसे उसीमें प्रविष्ट हो गया" इस श्रुतिद्वारा आकाशादिके कारणरूप असंसारी परमात्माका ही

श्रूयते। तस्मात्कार्यानुप्रविष्टो जीव आत्मा पर एव असंसारी। सृष्ट्वानुप्राविशदिति समानकर्तृकत्वोपपत्तेश्च। सर्गप्रवेश-क्रिययोश्चैकश्चेत्कर्ता ततः क्त्वाप्रत्ययो युक्तः।

प्रविष्टस्य तु भावान्तरापत्तिरिति चेत्?

न; प्रवेशस्यान्यार्थत्वेन प्रत्याख्याततत्वात्। "अनेन जीवेना-त्मना" (छा० उ० ६। ३। २) इति विशेषश्रुतेर्धर्मान्तरेणानुप्रवेश इति चेत्? न; "तत्त्वमसि" इति पुनस्तद्भावोक्तेः। भावान्तरापन्नस्यैव तदपोहार्था संपदिति चेत्? न; "तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि" (छा० उ० ६। ८—१६) इति सामानाधिकरण्यात्।

कार्योंमें अनुप्रवेश सुना गया है। अतः कार्यमें अनुप्रविष्ट जीवात्मा असंसारी परमात्मा ही है। 'रचकर पीछेसे प्रविष्ट हो गया' इस वाक्यसे एक ही कर्ता होना सिद्ध होता है। यदि सृष्टि और प्रवेशक्रियाका एक ही कर्ता होगा तभी 'क्त्वा' प्रत्यय होना युक्त होगा।

पूर्व०—प्रवेश कर लेनेपर उसे दूसरे भावकी प्राप्ति हो जाती है—ऐसा माने तो?

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि प्रवेशका प्रयोजन दूसरा ही है—ऐसा कहकर हम इसका पहले ही निराकरण कर चुके हैं।* यदि कहो कि "अनेन जीवेन आत्मना" इत्यादि विशेष श्रुति होनेके कारण उसका धर्मान्तररूपसे ही प्रवेश होता है—तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि "वह तू है" इस श्रुतिद्वारा पुनः उसकी तद्रूपताका वर्णन किया गया है। और यदि कहो कि भावान्तरको प्राप्त हुए ब्रह्मके उस भावका निषेध करनेके लिये ही वह केवल दृष्टिमात्र कही गयी है तो ऐसी बात भी नहीं है, क्योंकि "वह सत्य है, वह आत्मा है, वह तू है" इत्यादि श्रुतिसे उसका परमात्माके साथ सामानाधिकरण्य सिद्ध होता है।

* देखिये-ब्रह्मानन्दवल्ली, अनुवाक ६ का भाष्य।

दृष्टं जीवस्य संसारित्वमिति चेत्?

पूर्व०—जीवका संसारित्व तो स्पष्ट देखा है।

न; उपलब्धुरनुपलभ्यत्वात्।

सिद्धान्ती—नहीं, क्योंकि जो (जीव) सबका द्रष्टा है वह देखा नहीं जा सकता।

संसारधर्मविशिष्ट आत्मोपलभ्यत इति चेत्?

पूर्व०—सांसारिक धर्मोंसे युक्त आत्मा तो उपलब्ध होता ही है?

न; धर्माणां धर्मिणोऽव्यतिरेकात्कर्मत्वानुपपत्तेः, उष्णप्रकाशयोर्दाह्यप्रकाश्यत्वानुपपत्तिवत्। त्रासादिदर्शनाद्दुःखित्वाद्यनुमीयत इति चेत्? न; त्रासादेर्दुःखस्य चोपलभ्यमानत्वान्नोपलब्धृधर्मत्वम्।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है; क्योंकि धर्म अपने धर्मीसे अभिन्न होते हैं अतः वे उसके कर्म नहीं हो सकते, जिस प्रकार कि [सूर्यके धर्म] उष्ण और प्रकाशका दाह्यत्व और प्रकाश्यत्व सम्भव नहीं है। यदि कहो कि भय आदि देखनेसे आत्माके दुःखित्व आदिका अनुमान होता ही है—तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं, क्योंकि भय आदि दुःख उपलब्ध होनेवाले होनेके कारण उपलब्ध करनेवाले [आत्मा]-के धर्म नहीं हो सकते।

कापिलकाणादादितर्कशास्त्रविरोध इति चेत्?

पूर्व०—परन्तु ऐसा माननेसे तो कपिल और कणाद आदिके तर्कशास्त्रसे विरोध आता है।

न, तेषां मूलाभावे वेदविरोधे च भ्रान्तत्वोपपत्तेः। श्रुत्युपपत्तिभ्यां च सिद्धमात्मनोऽसंसारित्वमेकत्वाच्च। कथ-

सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि उनका कोई आधार न होनेसे और वेदसे विरोध होनेसे भ्रान्तिमय होना उचित ही है। श्रुति और युक्तिसे आत्माका असंसारित्व सिद्ध होता है तथा एक होनेके कारण भी ऐसा ही जान पड़ता है।

मेकत्वमित्युच्यते—स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एक इत्येवमादि पूर्ववत् सर्वम्॥ ४॥

उसका एकत्व कैसे है? सो सबका सब पूर्ववत् 'वह जो कि इस पुरुषमें है और जो यह आदित्यमें है एक है' इस वाक्यद्वारा बतलाया गया है॥ ४॥

आदित्य और देहोपाधिक चेतनकी एकता जाननेवाले उपासकको मिलनेवाला फल

स य एवंवित्। अस्माल्लोकात्प्रेत्य। एतमन्नमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं प्राणमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं मनोमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं विज्ञानमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रम्य। इमाँल्लोकान्कामान्नी कामरूप्यनुसंचरन्। एतत्साम गायन्नास्ते। हा ३ वु हा ३ वु हा ३ वु॥ ५॥

वह जो इस प्रकार जाननेवाला है इस लोक (दृष्ट और अदृष्ट विषय-समूह)-से निवृत्त होकर इस अन्नमय आत्माके प्रति संक्रमण कर, इस प्राणमय आत्माके प्रति संक्रमण कर, इस मनोमय आत्माके प्रति संक्रमण कर, इस विज्ञानमय आत्माके प्रति संक्रमण कर तथा इस आनन्दमय आत्माके प्रति संक्रमण कर इन लोकोंमें कामान्नी (इच्छानुसार भोग भोगता हुआ) और कामरूपी होकर (इच्छानुसार रूप धारण कर) विचरता हुआ यह सामगान करता रहता है—हा ३ वु हा ३ वु हा ३ वु॥ ५॥

अन्नमयादिक्रमेणानन्दमयमात्मानमुपसंक्रम्यैतत्साम गायन्नास्ते।

अन्नमय आदिके क्रमसे आनन्दमय आत्माके प्रति संक्रमण कर वह यह सामगान करता रहता है।

सत्यं ज्ञानमित्यस्या ऋचोऽर्थो व्याख्यातो विस्तरेण तद्विवरणभूतयानन्दवल्ल्या। सोऽश्नुते सर्वान्कामानिति मीमांस्यते

'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस ऋचाके अर्थकी, इसकी विवरणभूता ब्रह्मानन्दवल्लीके द्वारा विस्तारपूर्वक व्याख्या कर दी गयी थी।

"सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह ब्रह्मणा विपश्चिता" (तै० उ० २। १। १) इति तस्य फलवचनस्यार्थविस्तारो नोक्तः। के ते किं विषया वा सर्वे कामाः कथं वा ब्रह्मणा सह समश्नुत इत्येतद्वक्तव्यमितीदमिदानीमारभ्यते—

तत्र पितापुत्राख्यायिकायां पूर्वविद्याशेषभूतायां तपो ब्रह्मविद्यासाधनमुक्तम्। प्राणादेराकाशान्तस्य च कार्यस्यान्नान्नादत्वेन विनियोगश्चोक्तः, ब्रह्मविषयोपासनानि च। ये च सर्वे कामाः प्रतिनियतानेकसाधनसाध्या आकाशादिकार्यभेदविषया एते दर्शिताः। एकत्वे पुनः कामकामित्वानुपपत्तिः। भेदजातस्य सर्वस्यात्मभूतत्वात्।

किन्तु उसके फलका निरूपण करनेवाले 'वह सर्वज्ञ ब्रह्मस्वरूपसे एक साथ सम्पूर्ण भोगोंको प्राप्त कर लेता है'' इस वचनके अर्थका विस्तारपूर्वक वर्णन नहीं किया गया था। वे भोग क्या हैं? उनका किन विषयोंसे सम्बन्ध है? और किस प्रकार वह उन्हें ब्रह्मरूपसे एक साथ ही प्राप्त कर लेता है?—यह सब बतलाना है, अतः अब इसीका विचार आरम्भ किया जाता है—

तहाँ पूर्वोक्त विद्याकी शेषभूत पितापुत्रसम्बन्धिनी आख्यायिकामें तप ब्रह्मविद्याकी प्राप्तिका साधन बतलाया गया है; तथा आकाशपर्यन्त प्राणादि कार्यवर्गका अन्न और अन्नादरूपसे विनियोग एवं ब्रह्मसम्बन्धिनी उपासनाओंका प्रतिपादन किया गया है। इसी प्रकार आकाशादि कार्यभेदसे सम्बन्धित एवं प्रत्येकके लिये नियत अनेक साधनोंसे सिद्ध होनेवाले जो सम्पूर्ण भोग हैं वे भी दिखला दिये गये हैं। परन्तु यदि आत्माका एकत्व स्वीकार किया जाय तब तो काम और कामित्वका होना ही असम्भव होगा, क्योंकि सम्पूर्ण भेदजात आत्मस्वरूप ही है। ऐसी अवस्थामें इस प्रकार जाननेवाला उपासक ब्रह्मरूपसे किस प्रकार एक ही साथ सम्पूर्ण

तत्र कथं युगपद्ब्रह्मस्वरूपेण सर्वान्कामानेवंवित्समश्नुत इत्युच्यते— सर्वात्मत्वोपपत्तेः।

कथं सर्वात्मत्वोपपत्तिरित्याह- पुरुषादित्यस्थात्मैकत्वविज्ञानेनापोह्योत्कर्षापकर्षावन्नमयाद्यात्मनोऽविद्याकल्पितान्क्रमेण संक्रम्यानन्दमयान्तान्सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मादृश्यादिधर्मकं स्वाभाविकमानन्दमजममृतमभयमद्वैतं फलभूतमापन्न इमाँल्लोकान्भूरादीननुसंचरन्निति व्यवहितेन सम्बन्धः। कथमनुसंचरन्? कामान्नी कामतोऽन्नमस्येति कामान्नी। तथा कामतो रूपाण्यस्येति कामरूपी। अनुसंचरन्सर्वात्मनेमाँल्लोकानात्मत्वेनानुभवन्—किम्? एतत्साम गायन्नास्ते।

भोगोंको प्राप्त कर लेता है? सो बतलाया जाता है—उसका सर्वात्मभाव सम्भव होनेके कारण ऐसा हो सकता है।*

उसका सर्वात्मत्व किस प्रकार सम्भव है? सो बतलाते हैं—पुरुष और आदित्यमें स्थित आत्माके एकत्वज्ञानसे उनके उत्कर्ष और अपकर्षका निराकरण कर आत्माके अज्ञानसे कल्पना किये हुए अन्नमयसे लेकर आनन्दमयपर्यन्त सम्पूर्ण कोशोंके प्रति संक्रमण कर जो सबका फलस्वरूप है उस अदृश्यादि धर्मवाले स्वाभाविक आनन्दस्वरूप अजन्मा, अमृत, अभय, अद्वैत एवं सत्य, ज्ञान और अनन्त ब्रह्मको प्राप्त हो इन भूः आदि लोकोंमें सञ्चार करता हुआ—इस प्रकार इन व्यवधानयुक्त पदोंसे इस वाक्यका सम्बन्ध है—किस प्रकार सञ्चार करता हुआ? कामान्नी—जिसको इच्छासे ही अन्न प्राप्त हो जाय उसे कामान्नी कहते हैं, तथा जिसे इच्छासे ही [इष्ट] रूपोंकी प्राप्ति हो जाय ऐसा कामरूपी होकर सञ्चार करता हुआ अर्थात् सर्वात्मभावसे इन लोकोंको अपने आत्मारूपसे अनुभव करता हुआ—क्या करता है? इस सामका गान करता रहता है।

* तात्पर्य यह है कि जो ब्रह्मकी अभेदोपासना करते-करते उससे तादात्म्य अनुभव करने लगता है वह सबका अन्तरात्मा ही हो जाता है; इसलिये सबके अन्तरात्मस्वरूपसे वह सम्पूर्ण भोगोंको भोगता है।

ब्रह्मविदः सामगानाभिप्रायः

समत्वाद्ब्रह्मैव साम सर्वानन्यरूपं गायञ्शब्दयन्नात्मैकत्वं प्रख्यापयँल्लोकानुग्रहार्थं तद्विज्ञानफलं चातीव कृतार्थत्वं गायन्नास्ते तिष्ठति। कथम्? हा ३ वु! हा ३ वु! हा ३ वु! अहो इत्येतस्मिन्नर्थेऽत्यन्तविस्मयख्यापनार्थम्॥ ५॥

समरूप होनेके कारण ब्रह्म ही साम है। उस सबसे अभिन्नरूप सामका गान—उच्चारण करता हुआ अर्थात् लोकपर अनुग्रह करनेके लिये आत्माकी एकताको प्रकट करता हुआ और उसकी उपासनाके फल अत्यन्त कृतार्थत्वका गान करता हुआ स्थित रहता है। किस प्रकार गान करता है—हा ३ वु! हा ३ वु! हा ३ वु! ये तीन शब्द 'अहो!' इस अर्थमें अत्यन्त विस्मय प्रकट करनेके लिये हैं॥ ५॥

ब्रह्मवेत्ताद्वारा गाया जानेवाला साम

कः पुनरसौ विस्मयः? इत्युच्यते—

किन्तु वह विस्मय क्या है? सो बतलाया जाता है—

अहमन्नमहमन्नमहमन्नम्। अहमन्नादो३ऽहमन्नादो३ऽहमन्नादः। अहꣳश्लोककृदहꣳश्लोककृदहꣳश्लोककृत्। अहमस्मि प्रथमजा ऋता३स्य। पूर्वं देवेभ्योऽमृतस्य ना३ भायि। यो मा ददाति स इदेव मा३वाः। अहमन्नमन्नमदन्तमा३द्मि। अहं विश्वं भुवनमभ्यभवा३म्। सुवर्न ज्योतीः य एवं वेद। इत्युपनिषत्॥ ६॥

मैं अन्न (भोग्य) हूँ, मैं अन्न हूँ, मैं अन्न हूँ; मैं ही अन्नाद (भोक्ता) हूँ, मैं ही अन्नाद हूँ, मैं ही अन्नाद हूँ; मैं ही श्लोककृत् (अन्न और अन्नादके संघातका कर्ता) हूँ, मैं ही श्लोककृत् हूँ, मैं ही श्लोककृत् हूँ। मैं ही इस सत्यासत्यरूप जगत्के पहले उत्पन्न हुआ [हिरण्यगर्भ] हूँ। मैं ही देवताओंसे पूर्ववर्ती विराट् एवं अमृतत्वका केन्द्रस्वरूप हूँ। जो [अन्नस्वरूप] मुझे [अन्नार्थियोंको] देता है वह इस प्रकार मेरी रक्षा करता है, किन्तु [जो मुझ अन्नस्वरूपको दान न करता हुआ स्वयं भोगता है उस] अन्न भक्षण करनेवालेको

मैं अन्नरूपसे भक्षण करता हूँ। मैं इस सम्पूर्ण भुवनका पराभव करता हूँ, हमारी ज्योति सूर्यके समान नित्य प्रकाशस्वरूप है। ऐसी यह उपनिषद् [ब्रह्मविद्या] है। जो इसे इस प्रकार जानता है [उसे पूर्वोक्त फल प्राप्त होता है]॥ ६॥

अद्वैत आत्मा निरञ्जनोऽपि सन्नहमेवान्नमन्नादश्च। किं चाहमेव श्लोककृत्। श्लोको नामान्नान्नादयोः संघातस्तस्य कर्ता चेतनावान्। अन्नस्यैव वा परार्थस्यान्नादार्थस्य सतोऽनेकात्मकस्य पारार्थ्येन हेतुना संघातकृत्। त्रिरुक्तिर्विस्मयत्वख्यापनार्था।

निर्मल अद्वैत आत्मा होनेपर भी मैं ही अन्न और अन्नाद हूँ, तथा मैं ही श्लोककृत् हूँ। 'श्लोक' अन्न और अन्नादके संघातको कहते हैं उसका चेतनावान् कर्ता हूँ। अथवा परार्थ यानी अन्नादके लिये होनेवाले अन्नका, जो पारार्थ्यरूप हेतुके कारण ही अनेकात्मक है, मैं संघात करनेवाला हूँ। मूलमें जो तीन बार कहा गया है वह विस्मयत्व प्रकट करनेके लिये है।

अहमस्मि भवामि। प्रथमजाः प्रथमजः प्रथमोत्पन्न ऋतस्य सत्यस्य मूर्तामूर्तस्यास्य जगतः। देवेभ्यश्च पूर्वम्। अमृतस्य नाभिरमृतत्वस्य नाभिर्मध्यं मत्संस्थममृतत्वं प्राणिनामित्यर्थः।

मैं इस ऋत—सत्य यानी मूर्तामूर्तरूप जगत्का 'प्रथमजा'—प्रथम उत्पन्न होनेवाला (हिरण्यगर्भ) हूँ। मैं देवताओंसे पहले होनेवाला और अमृतका नाभि यानी अमरत्वका मध्य (केन्द्रस्थान) हूँ; अर्थात् प्राणियोंका अमृतत्व मेरेमें स्थित है।

यः कश्चिन्मा मामन्नमन्नार्थिभ्यो ददाति प्रयच्छत्यन्नात्मना ब्रवीति स इदित्थमेवमविनष्टं यथाभूतमावा अवतीत्यर्थः। यः पुनरन्यो मामदत्त्वार्थिभ्यः काले प्राप्तेऽन्नमत्ति तमन्नमदन्तं भक्षयन्तं पुरुषमहमन्नमेव संप्रत्यद्मि भक्षयामि।

जो कोई अन्नरूप मुझे अन्नार्थियोंको दान करता है अर्थात् अन्नात्मभावसे मेरा वर्णन करता है वह इस प्रकार अविनष्ट और यथार्थ अन्नस्वरूप मेरी रक्षा करता है। किन्तु जो समय उपस्थित होनेपर अन्नार्थियोंको मेरा दान न कर स्वयं ही अन्न भक्षण करता है उस अन्न भक्षण करनेवाले पुरुषको मैं अन्न ही खा जाता हूँ।

अत्राहैवं तर्हि बिभेमि सर्वात्मत्वप्राप्तेर्मोक्षादस्तु संसार एव यतो मुक्तोऽप्यहमन्नभूत आद्यः स्यामन्नस्य।

इसपर कोई वादी कहता है—यदि ऐसी बात है तब तो मैं सर्वात्मत्वप्राप्तिरूप मोक्षसे डरता हूँ; इससे तो मुझे संसारहीकी प्राप्ति हो [यही अच्छा है], क्योंकि मुक्त होनेपर मैं भी अन्नभूत होकर अन्नका भक्ष्य होऊँगा।

एवं मा भैषीः संव्यवहार-विषयत्वात्सर्वकामाशनस्य अतीत्यायं संव्यवहारविषयमन्नान्नादादिलक्षणमविद्याकृतं विद्यया ब्रह्मत्वमापन्नो विद्वांस्तस्य नैव द्वितीयं वस्त्वन्तरमस्ति यतो बिभेत्यतो न भेतव्यं मोक्षात्।

सिद्धान्ती—ऐसे मत डरो, क्योंकि सब प्रकारके भोगोंको भोगना यह तो व्यावहारिक ही है। विद्वान् तो ब्रह्मविद्याके द्वारा इस अविद्याकृत अन्न-अन्नादरूप व्यावहारिक विषयका उल्लङ्घन कर ब्रह्मत्वको प्राप्त हो जाता है। उसके लिये कोई दूसरी वस्तु ही नहीं रहती, जिससे कि उसे भय हो। इसलिये तुझे मोक्षसे नहीं डरना चाहिये।

एवं तर्हि किमिदमाह—अहमन्नमहमन्नाद इति? उच्यते—योऽयमन्नान्नादादिलक्षणः संव्यवहारः कार्यभूतः स संव्यवहारमात्रमेव न परमार्थवस्तु। स एवंभूतोऽपि ब्रह्मनिमित्तो ब्रह्मव्यतिरेकेणासन्निति कृत्वा ब्रह्मविद्याकार्यस्य ब्रह्म-भावस्य स्तुत्यर्थमुच्यते। अहमन्न-महमन्नमहमन्नम्। अहमन्नादो-ऽहमन्नादोऽहमन्नाद इत्यादि। अतो भयादिदोषगन्धोऽप्यविद्यानिमित्तो-ऽविद्योच्छेदाद्ब्रह्मभूतस्य नास्तीति।

यदि ऐसी बात है तो 'मैं अन्न हूँ, मैं अन्नाद हूँ' ऐसा क्यों कहा है—ऐसा प्रश्न होनेपर कहा जाता है—यह जो अन्न और अन्नादरूप कार्यभूत व्यवहार है वह व्यवहारमात्र ही है—परमार्थवस्तु नहीं है। वह ऐसा होनेपर भी ब्रह्मका कार्य होनेके कारण ब्रह्मसे पृथक् असत् ही है—इस आशयको लेकर ही ब्रह्मविद्याके कार्यभूत ब्रह्मभावकी स्तुतिके लिये 'मैं अन्न हूँ, मैं अन्न हूँ, मैं अन्न हूँ; मैं अन्नाद हूँ, मैं अन्नाद हूँ, मैं अन्नाद हूँ' इत्यादि कहा जाता है। इस प्रकार अविद्याका नाश हो जानेके कारण ब्रह्मभूत विद्वान्को अविद्याके कारण होनेवाले भय आदि दोषका गन्ध भी नहीं होता।

अहं विश्वं समस्तं भुवनं भूतैः संभजनीयं ब्रह्मादिभिर्भवन्तीति वास्मिन्भूतानीति भुवनमभ्यभवामभिभवामि परेणेश्वरेण स्वरूपेण। सुवर्न ज्योतीः सुवरादित्यो नकार उपमार्थे। आदित्य इव सकृद्विभातमस्मदीयं ज्योतीर्ज्योतिः प्रकाश इत्यर्थः।

मैं अपने श्रेष्ठ ईश्वररूपसे विश्व यानी सम्पूर्ण भुवनका पराभव (उपसंहार) करता हूँ। जो ब्रह्मादि भूतों (प्राणियों)-के द्वारा संभजनीय (भोगे जाने योग्य) है अथवा जिसमें भूत (प्राणी) होते हैं उसका नाम भुवन है। 'सुवर्न ज्योतीः'— 'सुवः' आदित्यका नाम है और 'न' उपमाके लिये है; अर्थात् हमारी ज्योति—हमारा प्रकाश आदित्यके समान प्रकाशमान है।

इति वल्लीद्वयविहितोपनिषत्परमात्मज्ञानं तामेतां यथोक्तामुपनिषदं शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वा भृगुवत्तपो महदास्थाय य एवं वेद तस्येदं फलं यथोक्तमोक्ष इति॥ ६॥

इस प्रकार इन दो वल्लियोंमें कही हुई उपनिषत् परमात्माका ज्ञान है। इस उपर्युक्त उपनिषत्को जो भृगुके समान शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु और समाहित होकर महान् तपस्या करके इस प्रकार जानता है उसे यह उपर्युक्त मोक्षरूप फल प्राप्त होता है॥ ६॥

इति भृगुवल्ल्यां दशमोऽनुवाकः॥ १०॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यश्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ तैत्तिरीयोपनिषद्भाष्ये भृगुवल्ली समाप्ता।

समाप्तेयं कृष्णयजुर्वेदीया तैत्तिरीयोपनिषत्।

ॐ

शान्तिपाठ

ॐ शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्मावादिषम्। ऋतमवादिषम्। सत्यमवादिषम्। तन्मामावीत्। तद्वक्तारमावीत्। आवीन्माम्। आवीद्वक्तारम्॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ हरिः ॐ तत्सत्॥

ॐ

तत्सद्ब्रह्मणे नमः

श्वेताश्वतरोपनिषद्

मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और भाष्यार्थसहित

नित्यानन्दं निराधारं निखिलाधारमव्ययम्।
निगमाद्यगतं नित्यं नीलकण्ठं नमाम्यहम्॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

वह परमात्मा हम [आचार्य और शिष्य] दोनोंकी साथ-साथ रक्षा करें। हम दोनोंका साथ-साथ पालन करें। हम साथ-साथ विद्यासम्बन्धी सामर्थ्य प्राप्त करें। हम दोनोंका पढ़ा हुआ तेजस्वी हो। हम द्वेष न करें। त्रिविध तापकी शान्ति हो।

प्रथमोऽध्यायः

सम्बन्ध-भाष्य

ग्रन्थारम्भ-प्रयोजनम्

श्वेताश्वतरोपनिषद् इदं विवरण-मल्पग्रन्थं ब्रह्म-जिज्ञासूनां सुखाव-बोधायारभ्यते। चित्सदानन्दाद्वितीय-ब्रह्मस्वरूपोऽप्यात्मा स्वाश्रयया स्वविषययाविद्यया स्वानुभवगम्यया साभासया प्रतिबद्धस्वाभाविका-शेषपुरुषार्थः प्राप्ताशेषानर्थो-ऽविद्यापरिकल्पितैरेव साधनैरिष्टप्राप्तिं चापुरुषार्थं पुरुषार्थं मन्यमानो मोक्षार्थमलभमानो मकरादिभिरिव रागादिभिरितस्ततः समाकृष्यमाणः सुरनरतिर्यगादिप्रभेदभेदितनानायोनिषु संचरन्केनापि सुकृतकर्मणा ब्राह्मणाद्यधिकारिशरीरं प्राप्त ईश्वरार्थकर्मानुष्ठानेनापगतरागादिमलो-

ब्रह्मतत्त्वके जिज्ञासुओंको सरलतासे बोध करानेके लिये यह श्वेताश्वतरोपनिषद्‌की व्याख्या छोटे-से ग्रन्थके रूपमें आरम्भ की जाती है। यद्यपि आत्मा सच्चिदानन्द अद्वितीय ब्रह्मस्वरूप ही है, तथापि अपने ही आश्रित रहनेवाली, अपनेहीको विषय करनेवाली और ['मैं अज्ञानी हूँ' इस प्रकार] अपने अनुभवसे ही ज्ञात होनेवाली चिदाभासयुक्त अविद्यासे उस (जीवात्मा)-के सब प्रकारके स्वाभाविक पुरुषार्थका अवरोध हो जानेसे उसे सम्पूर्ण अनर्थकी प्राप्ति हुई है और वह अज्ञानवश कल्पना किये हुए ही साधनोंसे अपनी इष्टप्राप्तिरूप अपुरुषार्थको ही पुरुषार्थ मानकर परम पुरुषार्थरूप मोक्षपद प्राप्त न कर सकनेके कारण मकरादिके समान रागादि दोषोंसे इधर-उधर खींचा जाकर देवता, मनुष्य एवं तिर्यक् आदि विभिन्न भेदोंसे युक्त अनेकों योनियोंमें विचरता रहता है। जब किसी पुण्यकर्मके द्वारा ब्रह्मविद्याका अधिकारी ब्राह्मणादि शरीर प्राप्तकर वह ईश्वरार्थ कर्मानुष्ठान करनेसे रागादि मलोंसे

ऽनित्यत्वादिदर्शनेनोत्पन्नेहामुत्रार्थ-भोगविराग उपेत्याचार्य-माचार्यद्वारेण वेदान्तश्रवणादिनाहं ब्रह्मास्मीति ब्रह्मात्मतत्त्वमवगम्य निवृत्ताज्ञानतत्कार्यो वीतशोको भवति। अविद्यानिवृत्तिलक्षणस्य मोक्षस्य विद्याधीनत्वाद्युज्यते च तदर्थोपनिषदारम्भः।

मुक्त और वस्तुओंका अनित्यत्वादि देखनेसे ऐहिक और पारलौकिक भोगोंसे विरक्त हो जाता है। तब आचार्यके पास जाकर उनके द्वारा वेदान्तश्रवणादि करके 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार ब्रह्मात्मतत्त्वका साक्षात्कार कर वह अज्ञान और उसके कार्यकी निवृत्ति हो जानेके कारण शोकरहित हो जाता है। क्योंकि अज्ञाननिवृत्तिरूप मोक्ष ज्ञानके अधीन है, इसलिये ज्ञान ही जिसका प्रयोजन है उस उपनिषद्का आरम्भ करना उचित ही है।

आत्मज्ञानस्य माहात्म्यम्

तथा तद्विज्ञानादमृतत्वम्। "तमेवं विद्वानमृत इह भवति।" (नृसिंहपूर्व० १। ६) "नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय" (श्वेता० ६। १५)। "न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः" (के० उ० २। ५)। "य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति" (बृ० उ० ४। ४। १४)। "किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनु सञ्ज्वरेत्" (बृ० उ० ४। ४। १२)। "तं विदित्वा न लिप्यते कर्मणा पापकेन।" (बृ० उ० ४। ४। २३) "तरति शोकमात्मवित्" (छा० उ० ७। १। ३) "निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते।" (क० उ० १। ३। १५) "एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रन्थिं

तथा उस (ब्रह्मात्मतत्त्व)-के ज्ञानसे अमृतत्व प्राप्त होता है। "उसको जाननेवाला इस लोकमें अमृत (मुक्त) हो जाता है", "मोक्षप्राप्तिके लिये कोई दूसरा मार्ग नहीं है", "यदि यहाँ उसे न जाना तो बड़ी भारी हानि है", "जो इसे जानते हैं वे अमर हो जाते हैं", "[यदि पुरुष 'यह परमात्मा मैं ही हूँ' ऐसा जान ले तो वह] क्या इच्छा करता हुआ किस कामके लिये शरीरके पीछे सन्तप्त हो", "उसे जान लेनेपर जीव पापकर्मसे लिप्त नहीं होता", "आत्मज्ञानी शोकके पार हो जाता है", "उसका अनुभव कर लेनेपर मृत्युके मुखसे छूट जाता है" "इसे जो बुद्धिरूप गुहामें छिपा हुआ जानता है, हे सोम्य! वह अविद्यारूप ग्रन्थिको छिन्न-भिन्न कर देता है", "उस

विकिरतीह सोम्य" (मु० उ० २।१।१०)।
"भिद्यते हृदयग्रन्थि-
श्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि
तस्मिन्दृष्टे परावरे॥"
(मु० उ० २। २। ८)
"यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रे-
ऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय।
तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः
परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥"
(मु० उ० ३। २। ८)
"स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति" (मु० उ० ३।२।९) "स यो ह वै तदच्छायमशरीरमलोहितं शुभ्रमक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य" (प्र० उ० ४। १०)। "स सर्व-मवैति।" "तं वेद्यं पुरुषं वेद यथा मा वो मृत्युः परिव्यथाः" (प्र० उ० ६।६)। "तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" (ईशा० ७)। "विद्ययामृतमश्नुते" (ईशा० ११)। "भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति।" (के० उ० २।५) "अपहत्य पाप्मानमनन्ते स्वर्गे लोके ज्येये प्रतितिष्ठति" (के० उ० ४। ९)। "तन्मया अमृता वै बभूवुः" (श्वेता० उ० ५। ६)।

परावर (ब्रह्मादि देवताओंसे भी उत्तम) परमात्माका साक्षात्कार कर लेनेपर इसके हृदयकी ग्रन्थि टूट जाती है, सारे संशय कट जाते हैं तथा समस्त कर्म क्षीण हो जाते हैं", "जिस प्रकार नदियाँ बहती हुई अपने नाम और रूपको छोड़कर समुद्रमें लीन हो जाती हैं, उसी प्रकार विद्वान् नाम और रूपसे मुक्त होकर परसे भी पर दिव्य पुरुषको प्राप्त हो जाता है", "वह जो कि उस परब्रह्मको जानता है, ब्रह्म ही हो जाता है", "हे सोम्य! जो भी उस छायाहीन, अशरीर, अलोहित, शुद्ध अक्षर ब्रह्मको जानता है [वह सर्वज्ञ हो जाता है]", "वह सब कुछ जानता है", "उस जाननेयोग्य पुरुषको जान, जिससे मृत्यु तुझे व्यथित न करे", "उस अवस्थामें एकत्व देखनेवाले पुरुषको क्या मोह और क्या शोक हो सकता है!" ज्ञानसे अमरत्वको प्राप्त होता है", "बुद्धिमान् लोग उसे समस्त प्राणियोंमें उपलब्धकर [मृत्युके पश्चात्] इस लोकसे जाकर अमर हो जाते हैं", "[जो परात्मविद्याको जानता है वह] पापको त्यागकर विनाशरहित सुखमय स्वयंप्रकाश परम महान् ब्रह्ममें प्रतिष्ठित होता है"; "वे ब्रह्मस्वरूप होकर निश्चय ही अमर हो गये",

"तद्वात्मतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देही एकः कृतार्थो भवते वीतशोकः" (श्वेता० उ० २ । १४) । "य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति" (बृ० उ० ४ । ४ । १४) "ईशं तं ज्ञात्वामृता भवन्ति" (श्वेता० उ० ३ । ७) । "तदेवोपयन्ति" । "निचाय्येमां शान्तिमत्यन्तमेति" (क० उ० १ । १ । १७) । "तमेवं ज्ञात्वा मृत्युपाशांश्छिनत्ति" (श्वेता० उ० ४ । १५) । "ये पूर्वं देवा ऋषयश्च तं विदुः" (श्वेता० उ० ५ । ६) । "तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्" (क० उ० २ । २ । १३) ।

"बुद्धियुक्तो जहातीह
उभे सुकृतदुष्कृते ।"
(गीता २ । ५०)

"कर्मजं बुद्धियुक्ता हि
फलं त्यक्त्वा मनीषिणः ।
जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः
पदं गच्छन्त्यनामयम् ॥"
(गीता २ । ५१)

"सर्वं ज्ञानप्लवेनैव
वृजिनं संतरिष्यसि ।"
"ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि
भस्मसात्कुरुते तथा ।"
(गीता ४ । ३६-३७)

"उस आत्मतत्त्वका साक्षात्कार कर कोई देहधारी जीव कृतकृत्य और शोकरहित हो जाता है", "जो इसे जानते हैं, वे अमर हो जाते हैं", "उस ईश्वरको जानकर अमर हो जाते हैं", "उसीको प्राप्त होते हैं", "इसे अनुभव करके जीव परमशान्ति प्राप्त करता है", "उसे इस प्रकार जानकर यह मृत्युके बन्धनोंको काट देता है", "पूर्वकालमें जिन देवता और ऋषियोंने उसे जाना [वे अमर हो गये]", "[अपनी बुद्धिमें स्थित उन परमात्माको जो देखते हैं] उन्हें ही नित्य शान्ति प्राप्त होती है औरोंको नहीं ।"

"समत्वयोगविषयक बुद्धिसे युक्त हुआ पुरुष [ज्ञान-प्राप्तिके द्वारा] पुण्य और पाप दोनोंको इसी लोकमें त्याग देता है", "समत्वबुद्धिसे युक्त पुरुष कर्मजनित फल (इष्टानिष्टदेहकी प्राप्ति)-को त्यागकर ज्ञानी हो जीते-जी जन्म-बन्धनसे मुक्त होकर समस्त उपद्रवोंसे रहित मोक्ष नामक परमपद प्राप्त करते हैं", "तू ज्ञानरूप नौकाके द्वारा ही सम्पूर्ण पापोंके पार हो जायगा", "उसी प्रकार ज्ञानरूप अग्नि सम्पूर्ण कर्मोंको भस्म (निर्बीज) कर देता है",

"एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमान्स्या-
त्कृतकृत्यश्च भारत।"
(गीता १५।२०)
"ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा
विशते तदनन्तरम्।"
(गीता १८।५५)
"सर्वेषामपि चैतेषा-
मात्मज्ञानं परं स्मृतम्।
तद्ध्यग्र्यं सर्वविद्यानां
प्राप्यते ह्यमृतं यतः।
प्राप्यैतत्कृतकृत्यो हि
द्विजो भवति नान्यथा॥
एवं यः सर्वभूतेषु
पश्यत्यात्मानमात्मना।
स सर्वसमतामेत्य
ब्रह्माभ्येति सनातनम्॥
सम्यग्दर्शनसम्पन्नः
कर्मभिर्न निबध्यते।
दर्शनेन विहीनस्तु
संसारं प्रतिपद्यते॥"
"कर्मणा बध्यते जन्तु-
र्विद्यया च विमुच्यते।
तस्मात्कर्म न कुर्वन्ति
यतयः पारदर्शिनः॥
ज्ञानं निःश्रेयसं प्राहु-
र्वृद्धा निश्चयदर्शिनः।
तस्माज्ज्ञानेन शुद्धेन
मुच्यते सर्वपातकैः॥"

"हे भारत! इस गुह्यतम शास्त्रको जानकर ही मनुष्य बुद्धिमान् और कृतकृत्य होता है", "फिर मुझे तत्त्वतः जानकर तत्काल मुझहीमें प्रवेश कर जाता है", "इन सब साधनोंमें आत्मज्ञान ही उत्कृष्ट माना गया है तथा सम्पूर्ण विद्याओंमें भी वही सबसे बढ़कर है, क्योंकि उससे अमृतत्वकी प्राप्ति होती है। इसे प्राप्त कर लेनेपर ही द्विज कृतकृत्य होता है, अन्य किसी प्रकार नहीं। इस प्रकार जो मन-ही-मन सम्पूर्ण प्राणियोंमें आत्माको ही देखता है वह सबमें साम्यबुद्धिको प्राप्त करके सनातन ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है, तथा सम्यग्दृष्टिसे सम्पन्न होनेके कारण वह कर्मोंसे बन्धनको प्राप्त नहीं होता। जो पुरुष इस दृष्टिसे रहित है वह संसारको प्राप्त होता है", "जीव कर्मसे बँधता है और ज्ञानसे मुक्त हो जाता है, इसलिये पारदर्शी मुनिजन कर्म नहीं करते। स्थिरबुद्धि प्राचीन आचार्योंने ज्ञानको ही मोक्षका साधन बतलाया है, अतः शुद्ध ज्ञानसे जीव सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त हो जाता है",

"एवं मृत्युं जायमानं विदित्वा ज्ञानेन विद्वांस्तेज अभ्येति नित्यम्। न विद्यते ह्यन्यथा तस्य पन्था-स्तं मत्वा कविरास्ते प्रसन्नः॥"

"क्षेत्रज्ञस्येश्वरज्ञाना-
द्विशुद्धिः परमा मता।"

"अयं तु परमो धर्मो
यद्योगेनात्मदर्शनम् ॥"

"आत्मज्ञः शोकसंतीर्णो
न बिभेति कुतश्चन।
मृत्योः सकाशान्मरणा-
दथवान्यकृताद्भयात् ॥"

"न जायते न म्रियते
न वध्यो न च घातकः।
न बध्यो बन्धकारी वा
न मुक्तो न च मोक्षदः॥
पुरुषः परमात्मा तु
यदतोऽन्यदसच्च तत्।"

"इस प्रकार मृत्युको अवश्य होनेवाली जानकर विद्वान् ज्ञानके द्वारा नित्य तेज:स्वरूप ब्रह्मको प्राप्त होता है, इसके सिवा उसके लिये कोई और मार्ग नहीं है, उसे जान लेनेपर विद्वान् प्रसन्नचित्त हो जाता है", "परमात्माके ज्ञानसे जीवकी आत्यन्तिकी शुद्धि मानी गयी है", "योगसाधनके द्वारा आत्माका साक्षात्कार करना—यही परमधर्म है", "आत्मज्ञानी शोकसे पार होकर मृत्यु, मरण अथवा किसी अन्य कारणसे होनेवाले भय—इनमेंसे किसीसे भी नहीं डरता", "परमात्मा न उत्पन्न होता है, न मरता है, न मारा जाता है और न मारता है, वह न तो बाँधा जानेवाला है और न बाँधनेवाला है तथा न मुक्त है और न मोक्षप्रद ही है, उससे भिन्न जो कुछ है वह असत् ही है।"

एवं श्रुतिस्मृतीतिहासादिषु ज्ञानस्यैव मोक्षसाधनत्वावगमाद्युज्यत एवोपनिषदारम्भः।

इस प्रकार श्रुति, स्मृति और इतिहासादिमें ज्ञान ही मोक्षका साधन जाना जाता है, अतः इस [ज्ञान-साधक] उपनिषद्को आरम्भ करना उचित ही है।

उपनिषत्समाख्ययापि ज्ञानस्य परमपुरुषार्थसाधनत्वम्

किंचोपनिषत्समाख्ययैव ज्ञानस्यैव परमपुरुषार्थसाधनत्वमवगम्यते। तथा हि

इसके सिवा उपनिषद् नामसे भी ज्ञानका ही परमपुरुषार्थमें साधन होना जाना जाता है। जाननेका प्रकार यह है—

उपनिषदित्युपनिपूर्वस्य सदे-र्विशरणगत्यवसादनार्थस्य रूप-माचक्षते। उपनिषच्छब्देन व्याचिख्यासितग्रन्थप्रतिपाद्यवस्तु विषया विद्योच्यते। तादर्थ्याद्ग्रन्थोऽप्युपनिषत्। ये मुमुक्षवो दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णाः सन्त उपनिषच्छब्दितविद्यां तन्निष्ठतया निश्चयेन शीलयन्ति तेषा-मविद्यादेः संसारबीजस्य विशरणा-द्विनाशात्परब्रह्मगमयितृत्वाद्गर्भ-जन्मजरामरणाद्युपद्रवावसादयितृत्वा-दुपनिषत्समाख्ययाप्यन्यकृतात्परं श्रेय इति ब्रह्मविद्योपनिषदुच्यते।

'उपनिषद्'—यह उप और नि उपसर्गपूर्वक विशरण, विनाश, गति और अवसादन (अन्त) अर्थवाले सद् धातुका रूप बतलाया जाता है। उपनिषद् शब्दसे, हम जिस ग्रन्थकी व्याख्या करना चाहते हैं उसके द्वारा प्रतिपाद्य वस्तुको विषय करनेवाले ज्ञानका कथन होता है। उस ज्ञानकी प्राप्ति ही इसका प्रयोजन है, इसलिये यह ग्रन्थ भी उपनिषद् कहा जाता है। जो मोक्षकामी पुरुष दृष्ट और श्रुत विषयसे विरक्त हो उपनिषद् शब्दसे कही जानेवाली विद्याका निश्चयपूर्वक तत्परतासे अनुशीलन करते हैं उनकी संसारकी बीजभूता अविद्यादिका विशरण—विनाश हो जानेके कारण, उन्हें परब्रह्मके पास ले जानेवाली होनेसे और उनके जन्म-मरणादि उपद्रवोंका अवसादन (अन्त) करनेवाली होनेके कारण यह उपनिषद् है; इस प्रकार नामसे भी अन्य सब साधनोंकी अपेक्षा परम श्रेयस्कर होनेके कारण ब्रह्मविद्या 'उपनिषद्' कही जाती है।

कर्मणामपि मोक्षसाधनत्व-मित्याक्षेपः

ननु भवेदेवमुपनिषदारम्भो यदि विज्ञानस्यैव मोक्षसाधनत्वं भवेत्। न चैतदस्ति।

पूर्व०—यदि विज्ञान ही मोक्षका साधन होता तो इस प्रकार (इस उद्देश्यसे) उपनिषद्का आरम्भ किया जा सकता था, किन्तु ऐसी बात है नहीं; क्योंकि

कर्मणामपि मोक्षसाधनत्वावगमात्— "अपाम सोमममृता अभूम।" "अक्षय्यं ह वै चातुर्मास्ययाजिनः सुकृतं भवति" इत्यादिना।

"हमने सोमपान किया है, अतः हम अमर हो गये हैं", "चातुर्मास्ययाग करनेवालेका पुण्य अक्षय होता है" इत्यादि वाक्योंसे कर्मोंका भी मोक्षसाधनत्व स्वीकार किया गया है।

उक्ताक्षेपनिरासः

न त्वेतदस्ति, श्रुतिस्मृतिविरोधा-न्यायविरोधाच्च । श्रुतिविरोधस्तावत्— "तद्यथेह कर्मजितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यजितो लोकः क्षीयते" (छा० उ० ८ । १ । ६)। "तमेवं विद्वानमृत इह भवति" (नृसिंहपूर्व० १ । १६) "नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय" (श्वेता० उ० ६ ।१५)। "न कर्मणा, न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः" (कैव० ३)। "प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपा अष्टादशोक्तमवरं येषु कर्म। एतच्छ्रेयो येऽभिनन्दन्ति मूढा जरामृत्युं ते पुनरेवापियन्ति" (मु० उ० १ । २ । ७)। "नास्त्यकृतः कृतेन" (मु० उ० १ । २ । १२)।

सिद्धान्ती—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि इससे श्रुति-स्मृतियोंका विरोध है और यह युक्तिसे भी विरुद्ध है। श्रुतिका विरोध तो इस प्रकार है—"जिस प्रकार यह कर्मद्वारा उपार्जित लोक क्षीण हो जाता है उसी प्रकार वह पुण्यद्वारा प्राप्त लोक भी क्षीण हो जाता है", "उसीको जाननेवाला पुरुष इस लोकमें अमर हो जाता है", "मोक्षप्राप्तिके लिये कोई दूसरा मार्ग नहीं है", "कर्म, प्रजा अथवा धनसे नहीं, किन्हीं-किन्हींने त्यागसे ही अमरत्व प्राप्त किया है", "जिनपर ज्ञानकी अपेक्षा निकृष्ट श्रेणीका कर्म अवलम्बित कहा गया है वे [सोलह ऋत्विक्, यजमान और यजमानपत्नी—] ये यज्ञके अठारह रूप अस्थिर एवं नाशवान् हैं; जो मूढ 'यही श्रेय है' ऐसा मानकर प्रसन्न होते हैं वे फिर भी जरा-मरणको प्राप्त होते हैं", "इस संसारमें कोई नित्य पदार्थ नहीं है, अतः [अनित्य फलके साधक] कर्मसे हमें क्या प्रयोजन है?"

"कर्मणा बध्यते जन्तु-
विद्यया च विमुच्यते।
तस्मात्कर्म न कुर्वन्ति
यतयः पारदर्शिनः॥"
"अज्ञानमलपूर्णत्वात्
पुराणो मलिनः स्मृतः।
तत्क्षयाद्धि भवेन्मुक्ति-
र्नान्यथा कर्मकोटिभिः॥"
"प्रजया कर्मणा मुक्ति-
र्धनेन च सतां न हि।
त्यागेनैकेन मुक्तिः स्या-
त्तदभावे भ्रमन्त्यहो॥"
"कर्मोदये कर्मफलानुरागा-
स्तथानुयन्ति न तरन्ति मृत्युम्"
"ज्ञानेन विद्वांस्तेज अभ्येति नित्यं
न विद्यते ह्यन्यथा तस्य पन्थाः॥"
"एवं त्रयीधर्ममनुप्रपन्ना
गतागतं कामकामा लभन्ते।"
(गीता ९। २१)
"श्रमार्थमाश्रमाश्चापि
वर्णानां परमार्थतः॥"
"आश्रमैर्न च वेदैश्च
यज्ञैः सांख्यैर्व्रतैस्तथा।
उग्रैस्तपोभिर्विविधै-
र्दानैर्नानाविधैरपि ।
न लभन्ते तमात्मानं
लभन्ते ज्ञानिनः स्वयम्॥"
"त्रयीधर्ममधर्मार्थं
किंपाकफलसंनिभम् ।

[अब स्मृतिका विरोध दिखलाते हैं—] "जीव कर्मसे बँधता है और ज्ञानसे मुक्त हो जाता है; इसीसे पारदर्शी मुनिजन कर्म नहीं करते", "अज्ञानरूपी मलसे पूर्ण होनेके कारण यह पुरातन जीव मलिन माना जाता है, उस मलका क्षय होनेसे ही इसकी मुक्ति होती है, अन्यथा करोड़ों कर्मोंसे भी इसका छुटकारा नहीं हो सकता", "सत्पुरुषोंकी मुक्ति प्रजा, कर्म अथवा धनसे नहीं होती, एकमात्र त्यागसे ही होती है; त्याग न होनेपर तो वे भटकते ही रहते हैं", "कर्मका उदय होनेपर उसके फलमें अनुराग होता है, अतः उसीका अनुगमन करते हैं, मृत्युको पार नहीं कर पाते", "ज्ञानके द्वारा विद्वान् नित्य प्रकाशको प्राप्त होता है, इसके सिवा उसका कोई और मार्ग नहीं है", "इस प्रकार केवल त्रयीधर्म (वैदिक कर्म)-में लगे रहनेवाले सकाम पुरुष आवागमनको प्राप्त होते हैं", "वस्तुतः तो ब्राह्मणादि वर्णोंके ब्रह्मचर्यादि आश्रम भी केवल श्रमके ही लिये हैं", "आश्रमोंसे, वेदोंसे, यज्ञोंसे, सांख्यसे, व्रतोंसे, नाना प्रकारकी भीषण तपस्याओंसे और अनेकों प्रकारके दानोंसे लोग उस आत्माको प्राप्त नहीं कर सकते; किन्तु ज्ञानी उसे स्वतः प्राप्त कर लेते हैं", "त्रयीधर्म अधर्मका ही हेतु होता है,

नास्ति तात सुखं किञ्चि-
दत्र दुःखशताकुले॥
तस्मान्मोक्षाय यतता
कथं सेव्या मया त्रयी।''
''अज्ञानपाशबद्धत्वा-
दमुक्तः पुरुषः स्मृतः॥
ज्ञानात्तस्य निवृत्तिः स्यात्
प्रकाशात्तमसो यथा।
तस्माज्ज्ञानेन मुक्तिः स्या-
दज्ञानस्य परिक्षयात्॥''
''व्रतानि दानानि तपांसि यज्ञाः
सत्यं च तीर्थाश्रमकर्मयोगाः।
स्वर्गार्थमेवाशुभमध्रुवं च
ज्ञानं ध्रुवं शान्तिकरं महार्थम्॥''
''यज्ञैर्देवत्वमाप्नोति
तपोभिर्ब्रह्मणः पदम्।
दानेन विविधान्भोगा-
ञ्ज्ञानान्मोक्षमवाप्नुयात्॥''
''धर्मरज्ज्वा व्रजेदूर्ध्वं
पापरज्ज्वा व्रजेदधः।
द्वयं ज्ञानासिना छित्त्वा
विदेहः शान्तिमृच्छति॥''

यह किंपाक* (सेमर) फलके समान है। हे तात! सैकड़ों दुःखोंसे पूर्ण इस कर्मकाण्डमें कुछ भी सुख नहीं है, अतः मोक्षके लिये प्रयत्न करनेवाला मैं त्रयीधर्मका किस प्रकार सेवन कर सकता हूँ'', ''अज्ञानरूपी बन्धनसे बँधा होनेके कारण जीव अमुक्त माना गया है; उस बन्धनकी निवृत्ति ज्ञानसे हो सकती है, जिस प्रकार कि प्रकाशसे अन्धकारकी। अतः अज्ञानका पूर्णतया क्षय होनेपर ज्ञानसे ही मुक्ति होती है'', ''व्रत, दान, तप, यज्ञ, सत्य, तीर्थ, आश्रम और कर्मयोग—ये सब स्वर्गके ही हेतु हैं, अतः अशुभ (अकल्याणकर) और अनित्य हैं। किन्तु ज्ञान नित्य, शान्तिकारक और परमार्थस्वरूप है'', ''मनुष्य यज्ञोंके द्वारा देवत्व प्राप्त करता है, तपस्यासे ब्रह्मलोक पाता है, दानसे तरह-तरहके भोग प्राप्त करता है और ज्ञानसे मोक्षपद पाता है'', ''धर्मकी रस्सीसे पुरुष ऊपरकी ओर जाता है और पापरज्जुसे अधोगतिको प्राप्त होता है, परन्तु जो इन दोनोंको ज्ञानरूप खड्गसे काट देता है वह देहाभिमानसे रहित होकर शान्ति प्राप्त करता है'',

* यह फल देखनेमें बहुत सुन्दर होता है, परन्तु इसमें कोई सार नहीं होता।

"त्यज धर्ममधर्मं च
उभे सत्यानृते त्यज।
उभे सत्यानृते त्यक्त्वा
येन त्यजसि तत्त्यज॥"

एवं श्रुतिस्मृतिविरोधान्न कर्मसाधनममृतत्वं न्यायविरोधाच्च। कर्मसाधनत्वे मोक्षस्य चतुर्विधक्रियान्तर्भावादनित्यत्वं स्यात्। यत्कृतकं तदनित्यमिति कर्मसाध्यस्य नित्यत्वादर्शनात्। नित्यश्च मोक्षः सर्ववादिभिरभ्युपगम्यते। तथा च श्रुतिश्चातुर्मास्यप्रकरणे—प्रजामनु प्रजायसे तदु ते मर्त्यामृतमिति। किं च, सुकृतमिति सुकृतस्याक्षयत्वमुच्यते। सुकृतशब्दश्च कर्मणि।

"धर्म-अधर्म दोनोंका त्याग करो तथा सत्-असत् दोनोंहीसे मुख मोड़ लो, इस प्रकार सत्-असत् दोनोंकी आस्था छोड़कर जिस (त्यागाभिमान)-के द्वारा उनका त्याग करते हो उसे भी त्याग दो।"

इस प्रकार श्रुति और स्मृतियोंसे विरोध होनेके कारण तथा युक्तिसे भी विरुद्ध होनेसे अमृतत्व कर्मसाध्य नहीं है। यदि उसे कर्मसाध्य माना जायगा तो मोक्ष भी चार प्रकारकी क्रियाओंके* अन्तर्गत होनेसे अनित्य हो जायगा; क्योंकि 'जो क्रियासाध्य होता है वह अनित्य होता है' इस नियमके अनुसार क्रियासाध्य वस्तुकी नित्यता नहीं देखी जाती। किन्तु मोक्षको तो सभी सिद्धान्तवालोंने नित्य माना है। चातुर्मास्ययोगके प्रकरणमें ऐसी श्रुति भी है कि "हे मर्त्य! तू पुनः पुत्ररूपसे उत्पन्न होता है, यही तेरा अमरत्व है।" तथा "सुकृतम्" (अक्षय्यं ह वै चातुर्मास्ययाजिनः सुकृतं भवति) इस श्रुतिमें सुकृतका अक्षयत्व बतलाया गया है और 'सुकृत' शब्द कर्मके अर्थमें प्रयुक्त होता है।

* उत्पाद्य, विकार्य, संस्कार्य और प्राप्य—ये चार प्रकारके क्रियाफल हैं। जब कोई अविद्यमान वस्तु क्रियाद्वारा उत्पन्न की जाती है तो उसे उत्पाद्य कहते हैं, जैसे घट-पट आदि। एक वस्तुको दूसरे रूपमें परिणत करनेपर जो फल प्राप्त होता है उसे विकार्य कहते हैं; जैसे हारको गलाकर उसका कंकण बना दिया जाय। दोषको हटाना और गुणको प्रकट कर देना संस्कार्य है, जैसे किसी दर्पणको घिसकर उसका मैल हटा दिया जाय और उसमें चमक पैदा कर दी जाय। किसी अप्राप्य वस्तुको क्रियाद्वारा प्राप्य करना यह प्राप्त क्रियाफल है; जैसे गमनक्रियाके द्वारा किसी ग्रामविशेषमें पहुँचना।

नन्वेवं तर्हि कर्मणां देवादिप्राप्तिहेतुत्वेन बन्धहेतुत्वमेव।

शंका—तब इस प्रकार तो देवत्वादिकी प्राप्तिके हेतु होनेसे कर्म बन्धनके ही कारण सिद्ध होते हैं ?

सत्यम्, स्वतो बन्धहेतुत्वमेव। तथा च श्रुतिः—"कर्मणा पितृलोकः" (बृ० उ० १। ५। १६)। "सर्व एते पुण्यलोका भवन्ति" (छा० उ० २। २३। १)। "इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं नान्यच्छ्रेयो वेदयन्ते प्रमूढाः। नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वेमं लोकं हीनतरं वा विशन्ति" (मु० उ० १। २। १०)।

"एवं कर्मसु निःस्नेहा
ये केचित्पारदर्शिनः।"
"विद्यामयोऽयं पुरुषो
न तु कर्ममयः स्मृतः॥"
"एवं त्रयीधर्ममनुप्रपन्ना
गतागतं कामकामा लभन्ते"
(गीता ९। २१)
इति।

समाधान—सचमुच स्वयं तो वे बन्धनके ही कारण हैं। ऐसा ही श्रुति भी कहती है—"कर्मसे पितृलोक प्राप्त होता है", "ये सब पुण्यलोकोंके ही भागी होते हैं", "इष्ट और पूर्तकर्मोंको ही सर्वश्रेष्ठ समझनेवाले मूढ़ पुरुष किसी अन्य श्रेयःसाधनको नहीं जानते; वे लोग स्वर्गलोकके उच्च स्थानमें अपने पुण्यकर्मके उपभोगके लिये प्राप्त दिव्य देहमें पुण्यफल भोगकर इस मनुष्यलोकमें या इससे भी निकृष्ट लोक (पशु-पक्षी आदि योनि अथवा नरक)-में प्रवेश करते हैं", "इस प्रकार जो कोई कर्मोंमें अनासक्त होते हैं वे ही पारदर्शी होते हैं", "यह पुरुष ज्ञानस्वरूप है, यह कर्मप्रधान नहीं माना जाता", "इस प्रकार त्रयीधर्म (केवल वैदिक कर्म)-में तत्पर रहनेवाले सकाम पुरुष आवागमनको प्राप्त होते रहते हैं" इत्यादि।

यदा पुनः फलनिरपेक्षमीश्वरार्थं कर्मानुतिष्ठन्ति तदा मोक्षसाधनज्ञानसाधनान्तःकरण-

किन्तु जब कोई पुरुष फलकी इच्छा न रखकर केवल भगवान्‌के लिये ही कर्मोंका अनुष्ठान करते हैं तो वे मोक्षके साधन ज्ञानकी साधनभूता अन्तःकरण-

शुद्धि-साधनपारम्पर्येण मोक्षसाधनं भवति। तथाह भगवान्—

"ब्रह्मण्याधाय कर्माणि
सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः।
लिप्यते न स पापेन
पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥
कायेन मनसा बुद्ध्या
केवलैरिन्द्रियैरपि ।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति
सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये॥"
(गीता ५। १०-११)

"यत्करोषि यदश्नासि
यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय
तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥
शुभाशुभफलैरेवं
मोक्ष्यसे कर्मबन्धनैः।
संन्यासयोगयुक्तात्मा
विमुक्तो मामुपैष्यसि॥"
(गीता ९। २७-२८)
इति।

तथा च मोक्षे क्रमं शुद्ध्यभावे मोक्षाभावं कर्मभिश्च तच्छुद्धिं दर्शयति श्रीविष्णुधर्मे—

"अनूचानस्ततो यज्वा
कर्मन्यासी ततः परम्।
ततो ज्ञानित्वमभ्येति
योगी मुक्तिं क्रमाल्लभेत्॥"

शुद्धिके साधन होकर परम्परासे मोक्षके साधन होते हैं। ऐसा ही भगवान्‌ने कहा है—"जो पुरुष [कर्मफलकी] आसक्ति छोड़कर भगवान्‌के समर्पणपूर्वक कर्म करता है वह जलसे कमलके पत्तेके समान [उस कर्मके शुभाशुभ फलरूप] पापसे लिप्त नहीं होता", "योगीलोग फलविषयक आसक्ति छोड़कर केवल शरीर, मन, बुद्धि और इन्द्रियोंसे अन्तःकरणकी शुद्धिके लिये कर्म किया करते हैं", "हे कुन्तीनन्दन! तुम जो कुछ भी कर्म करते हो, जो कुछ खाते हो, जो कुछ [श्रौत या स्मार्तयज्ञरूप] हवन करते हो, जो कुछ तप करते हो और जो कुछ दान देते हो वह सब मुझे अर्पण कर दो। ऐसा करनेसे तुम शुभाशुभ फलरूप कर्मके बन्धनसे छूट जाओगे और संन्यासयोगसे युक्त हो जीते-जी ही कर्मबन्धनसे मुक्त होकर देहपात होनेके बाद मुझे ही प्राप्त होगे" इत्यादि।

इसी प्रकार विष्णुधर्मोत्तरपुराणमें भी मोक्षमें क्रम, चित्तशुद्धिके अभावमें मोक्ष न होना और कर्मोंके द्वारा चित्तकी शुद्धि होना—ये सब दिखाये गये हैं—"योगी पहले वेदाध्यायी, फिर यज्ञकर्ता, तत्पश्चात् कर्मसंन्यासी और फिर ज्ञानित्व प्राप्त करता है, इस प्रकार वह क्रमशः मुक्तिलाभ करता है",

"अनेकजन्मसंसार-
चिते पापसमुच्चये।
नाक्षीणे जायते पुंसां
गोविन्दाभिमुखी मतिः॥"
"जन्मान्तरसहस्रेषु
तपोज्ञानसमाधिभिः ।
नराणां क्षीणपापानां
कृष्णे भक्तिः प्रजायते॥"
"पापकर्माशयो ह्यत्र
महामुक्तिविरोधकृत् ।
तस्यैव शमने यत्नः
कार्यः संसारभीरुणा॥"
"सुवर्णादिमहादान-
पुण्यतीर्थावगाहनैः ।
शारीरैश्च महाक्लेशैः
शास्त्रोक्तैस्तच्छमो भवेत्॥"
"देवताश्रुतिसच्छास्त्र-
श्रवणैः पुण्यदर्शनैः।
गुरुशुश्रूषणैश्चैव
पापबन्धः प्रशाम्यति॥"

याज्ञवल्क्योऽपि शुद्ध्यपेक्षां तत्साधनं च दर्शयति—
"कर्तव्याशयशुद्धिस्तु
भिक्षुकेण विशेषतः।
ज्ञानोत्पत्तिनिमित्तत्वा-
त्स्वतन्त्रीकरणाय च॥
(याज्ञ० यतिधर्म० ६२)

"जबतक अनेकों जन्मके सांसारिक संसर्गसे संचित हुआ पापपुंज क्षीण नहीं होता तबतक लोगोंकी बुद्धि भगवान्‌की ओर प्रवृत्त नहीं होती।" "हजारों जन्मोंके पीछे तपस्या, ज्ञान और समाधिके द्वारा जिनके पाप क्षीण हो गये हैं उन्हीं लोगोंकी भगवान् कृष्णमें भक्ति होती है।" "इस लोकमें पापकर्मोंका संस्कार ही आत्यन्तिकी मुक्तिका विरोधी है; अतः संसारसे डरनेवाले पुरुषको उसीके नाशका प्रयत्न करना चाहिये।" "सुवर्णदानादि बड़े-बड़े दानोंसे, पवित्र तीर्थोंमें स्नान करनेसे और शास्त्रानुकूल शारीरिक महान् कष्टोंके सहनसे उसका नाश हो सकता है।" "देवाराधन, श्रुति और सच्छास्त्रोंके श्रवण, पवित्र तीर्थस्थानोंके दर्शन और गुरुकी सेवा करनेसे भी पापका बन्धन निवृत्त हो जाता है।"

याज्ञवल्क्यजी भी ज्ञानमें चित्त-शुद्धिकी अपेक्षा और उसके साधन प्रदर्शित करते हैं—"ज्ञानोत्पत्तिकी हेतु होनेसे भिक्षुको स्वतन्त्रता (मुक्ति) प्राप्त करनेके लिये विशेषरूपसे चित्तकी शुद्धि ही करनी चाहिये।

मलिनो हि यथादर्शो
रूपालोकस्य न क्षमः।
तथाविपक्वकरण
आत्मज्ञानस्य न क्षमः॥''
(याज्ञ० यतिधर्म० १४१)

''आचार्योपासनं वेद-
शास्त्रार्थस्य विवेकिता।
सत्कर्मणामनुष्ठानं
सङ्गः सद्भिर्गिरः शुभाः॥
स्त्र्यालोकालम्भविगमः
सर्वभूतात्मदर्शनम्।
त्यागः परिग्रहाणां च
जीर्णकाषायधारणम्॥
विषयेन्द्रियसंरोध-
स्तन्द्रालस्यविवर्जनम्।
शरीरपरिसंख्यानं
प्रवृत्तिष्वघदर्शनम्॥
नीरजस्तमसा सत्त्व-
शुद्धिर्निःस्पृहता शमः।
एतैरुपायैः संशुद्ध-
सत्त्वयोग्यमृती भवेत्॥''
(याज्ञ० यतिधर्म० १५६—१५९)

''यतो वेदाः पुराणानि
विद्योपनिषदस्तथा।
श्लोकाः सूत्राणि भाष्याणि
यच्चान्यद्वाङ्मयं क्वचित्॥

जिस प्रकार मलिन दर्पणमें अपना रूप नहीं देखा जा सकता उसी प्रकार जिसका अन्तःकरण परिपक्व (वासनारहित) नहीं है वह आत्मज्ञान प्राप्त करनेकी योग्यता नहीं रखता।'' [अब चित्तशुद्धिके साधन बतलाते हैं—] ''गुरुसेवा, वेद और शास्त्रके तात्पर्यका विवेचन, शुभकर्मोंका आचरण, सत्पुरुषोंका संग, अच्छी वाणी बोलना, स्त्रीमात्रके दर्शन और स्पर्शका त्याग, समस्त प्राणियोंमें आत्मदृष्टि करना, परिग्रहका त्याग, पुराने काषाय वस्त्र धारण करना, विषयोंकी ओरसे इन्द्रियोंको रोकना, तन्द्रा और आलस्यको त्यागना, देहतत्त्वका विचार, प्रवृत्तिमें दोषदर्शन, रजोगुण और तमोगुणके त्यागद्वारा सत्त्वगुणको बढ़ाना, किसी प्रकारकी इच्छा न करना और मनोनिग्रह— इन उपायोंके द्वारा जिसका अन्तः-करण पवित्र हो गया है, वह योगी अमृतत्व (मोक्ष)-को प्राप्त हो जाता है'', ''वेद, पुराण, ज्ञानमय उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, भाष्य* तथा और भी जहाँ-कहीं जो कुछ शास्त्र हैं वे सब एवं

* भाष्यका लक्षण इस प्रकार बताया गया है—

सूत्रस्थं पदमादाय पदैः सूत्रानुसारिभिः।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः॥

वेदानुवचनं यज्ञो
ब्रह्मचर्यं तपो दमः।
श्रद्धोपवासः स्वातन्त्र्य-
मात्मनो ज्ञानहेतवः॥"
(याज्ञ० यति० १८९-१९०)

तथा चाथर्वणे विशुद्ध्यपेक्षमात्मज्ञानं दर्शयति—
"जन्मान्तरसहस्रेषु
यदा क्षीणास्तु किल्बिषाः॥
तदा पश्यन्ति योगेन
संसारोच्छेदनं महत्॥"
(योगशिख० १। ७८-७९)

"यस्मिन्विशुद्धे विरजे च चित्ते य आत्मवत्पश्यन्ति यतयः क्षीणदोषाः।" "तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसानाशकेन" (बृ०उ०४।४।२२) इति बृहदारण्यके विविदिषाहेतुत्वं यज्ञादीना दर्शयति।

कर्मणामप्यमृतत्व हेतुत्वम्

ननु "विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयँ सह" (ईशा० उ० ११)। "तपो विद्या च विप्रस्य नैःश्रेयस करं परम्।"

वेदपाठ, यज्ञानुष्ठान, ब्रह्मचर्य, तप, इन्द्रियदमन, श्रद्धा, उपवास और स्वतन्त्रता (दूसरे किसीकी आशा न रखना)—ये सब आत्मज्ञानके साधन हैं।"

इसी प्रकार अथर्ववेदीय उपनिषद्में भी 'आत्मज्ञान' चित्तशुद्धिकी अपेक्षा रखनेवाला है यह दिखलाते हैं—"जिस समय सहस्रों जन्मोंके अनन्तर पाप क्षीण हो जाते हैं उसी समय पुरुष योगके द्वारा संसारका उच्छेद करनेवाला [ज्ञानरूप] महान् साधन देख पाते हैं।" "जिस चित्तके शुद्ध और निर्मल हो जानेपर जिनके दोष क्षीण हो गये हैं वे यतिजन सम्पूर्ण भूतोंको आत्मस्वरूप ही देखते हैं।" बृहदारण्यकमें भी "उस इस आत्माको ब्राह्मणगण वेदपाठ, यज्ञ, दान, तप और उपवासके द्वारा जाननेकी इच्छा करते हैं" इस वाक्यद्वारा श्रुति यज्ञादिको जिज्ञासाका हेतु प्रदर्शित करती है।

पूर्व०—किन्तु "जो विद्या (ज्ञान) और अविद्या (कर्म)—इन दोनोंको साथ-साथ जानता है", "तप और ज्ञान—ये ब्राह्मणके निःश्रेयसके उत्कृष्ट साधन हैं"

जिसमें कि सूत्रके पदोंको लेकर तदनुकूल अन्य पद (अर्थात् उनके पर्यायवाचक शब्द) और कुछ स्वाभिमत पद रहते हैं उसे भाष्यका लक्षण जाननेवाले 'भाष्य' मानते हैं।

इत्यादिना कर्मणामप्यमृतत्वप्राप्ति-हेतुत्वमवगम्यते।

तच्च तदपेक्षित-शुद्धिद्वारेण न साक्षात्

सत्यम्, अवगम्यत एव तदपेक्षितशुद्धिद्वारेण न च साक्षात्। तथा हि—"विद्यां चाविद्यां च" (ईशा० उ० ११)। "तपो विद्या च विप्रस्य नैःश्रेयसकरं परम्।" इत्यादिना ज्ञानकर्मणोर्निःश्रेयसहेतुत्वमभिधाय कथमनयोस्तद्धेतुत्वमित्याकाङ्क्षायां "तपसा कल्मषं हन्ति विद्ययामृतमश्नुते।" "अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते" (ईशा० उ० ११) इति वाक्यशेषेण कर्मणः कल्मषक्षयहेतुत्वं विद्याया अमृतप्राप्तिहेतुत्वं प्रदर्शितम्। यत्र तु शुद्ध्याद्यवान्तरकार्यानुपदेशस्तत्रापि शाखान्तरोपसंहारन्यायेनोपसंहारः कर्तव्यः।

इत्यादि वाक्योंसे तो कर्मोंका भी अमृतत्वकी प्राप्तिमें हेतु होना जान पड़ता है?

सिद्धान्ती—ठीक है, जान तो पड़ता ही है; परन्तु ज्ञानके लिये अपेक्षित चित्तशुद्धिके द्वारा ही कर्मका अमृतत्वमें हेतुत्व है, साक्षात् नहीं। इसीसे "विद्यां चाविद्यां च" तथा "तपो विद्या च विप्रस्य नैःश्रेयसकरं परम्" इत्यादि वाक्योंसे ज्ञान और कर्मका निःश्रेयसमें हेतुत्व बतलाकर ऐसी जिज्ञासा होनेपर कि ये किस प्रकार उसके हेतु हैं—"तपसा कल्मषं हन्ति विद्ययामृतमश्नुते"[१] और "अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते"[२]—इन वाक्यशेषोंसे कर्मका पापक्षयमें कारणत्व और ज्ञानका अमृतत्वप्राप्तिमें हेतुत्व प्रदर्शित किया है। और भी जहाँ-कहीं शुद्धि आदि अन्य कर्मोंका उपदेश दिखायी न दे वहाँ भी शाखान्तरोपसंहारन्यायसे[३] उसका उपसंहार (संग्रह) कर लेना चाहिये।

१-तपसे पाप नष्ट करता है और ज्ञानसे अमृतत्व प्राप्त करता है।

२-कर्मसे [संसाररूप] मृत्युको पार करके ज्ञानसे अमृतत्व प्राप्त करता है।

३-जहाँ एक ही जातिके कर्म या उपासनाका वेदकी विभिन्न शाखाओंमें वर्णन हो, किन्तु शास्त्रभेदसे उनके फल या अनुष्ठानकी शैलीमें भेद दिखायी दे वहाँ अन्य शाखामें आये हुए अधिक अंशको सम्मिलित करके न्यूनताकी पूर्ति कर लेनी चाहिये। इसे शाखान्तरोपसंहारन्याय कहते हैं। इसका विशद वर्णन ब्रह्मसूत्रभाष्यके तृतीय अध्यायके तृतीय पादमें देखना चाहिये।

विद्याया मोक्षसाधनत्वमाक्षिपति

ननु "कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतँ समाः" (ईशा० उ० २) इति यावज्जीवकर्मानुष्ठाननियमे सति कथं विद्याया मोक्षसाधनत्वम्?

आक्षेपं परिहरति

उच्यते—कर्मण्यधिकृतस्यायं नियमो नानधिकृतस्यानियोज्यस्य ब्रह्मवादिनः। तथा च विदुषः कर्मानधिकारं दर्शयति श्रुतिः—"नैतद्विद्वानृषिणा विधेयो न रुध्यते विधिना शब्दचारः।" "एतद्ध स्म वै तत्पूर्वे विद्वांसोऽग्निहोत्रं न जुहवाञ्चक्रिरे।" "एतं वै तमात्मानं विदित्वा ब्राह्मणाः पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति" (बृ० उ० ३। ५। १) "एतद्ध स्म वै तद्विद्वांस आहुर्ऋषयः कावषेयाः किमर्था वयमध्येष्यामहे किमर्था वयं यक्ष्यामहे स ब्राह्मणः केन स्याद्येन स्यात्तेनेदृश एवेति।" यथाह भगवान्—

"यस्त्वात्मरतिरेव स्या-
दात्मतृप्तश्च मानवः।
आत्मन्येव च सन्तुष्ट-
स्तस्य कार्यं न विद्यते॥

पूर्व०—किन्तु "कर्म करते हुए ही सौ वर्षतक जीवित रहनेकी इच्छा करे" ऐसा जीवनपर्यन्त कर्मानुष्ठानका नियम रहते हुए ज्ञान मोक्षका साधन कैसे माना जा सकता है?

सिद्धान्ती—बतलाते हैं, यह नियम कर्माधिकारीके ही लिये है, जो कर्मके अधिकार और शास्त्राज्ञासे बाहर है उस ब्रह्मवेत्ताके लिये नहीं है। इसी प्रकार श्रुति भी ब्रह्मवेत्ताको कर्मके अधिकारसे बाहर दिखाती है। "यह ब्रह्मवेत्ता ऋषियोंकी आज्ञाके अधीन नहीं है और न यह शास्त्रका अनुयायी होकर उसकी आज्ञासे रुक ही सकता है," "इसीलिये पूर्ववर्ती विद्वान् अग्निहोत्र नहीं करते थे," "इस आत्मतत्त्वको जान लेनेपर ब्राह्मणलोग पुत्रैषणा, वित्तैषणा और लोकैषणाको छोड़कर भिक्षाचर्या करते हैं", "ब्रह्मवेत्ता कावषेय ऋषियोंने भी यही कहा है—हम किस प्रयोजनके लिये अध्ययन करें और किस उद्देश्यकी पूर्तिके लिये यज्ञ करें? वह किस प्रकार ब्रह्मनिष्ठ हो सकता है, जिस प्रकार भी हो ऐसा (सर्वत्यागी) ही होगा।" जैसा कि श्रीभगवान् भी कहते हैं—"जो पुरुष आत्मामें ही प्रेम करनेवाला, आत्मामें ही तृप्त और आत्मामें ही सन्तुष्ट है, उसके लिये कुछ भी कर्तव्य नहीं है।

नैव तस्य कृतेनार्थो
नाकृतेनेह कश्चन।
न चास्य सर्वभूतेषु
कश्चिदर्थव्यपाश्रयः ॥''
(गीता ३। १७-१८)

उस पुरुषका इस लोकमें कर्म करनेसे कोई प्रयोजन नहीं है और कर्म न करनेसे यहाँ उसे प्रत्यवाय आदि अनर्थकी भी प्राप्ति नहीं होती तथा सम्पूर्ण भूतोंमें उसका कोई अर्थव्यपाश्रय (अर्थसिद्धिका सहारा) भी नहीं है।''

तथा चाह भगवान्परमेश्वरो लैङ्गे कालकूटोपाख्याने—

''ज्ञानेनैतेन विप्रस्य
त्यक्तसङ्गस्य देहिनः।
कर्तव्यं नास्ति विप्रेन्द्रा
अस्ति चेत्तत्त्वविन्न च॥
इह लोके परे चैव
कर्तव्यं नास्ति तस्य वै।
जीवन्मुक्तो यतस्तु स्याद्-
ब्रह्मवित्परमार्थतः ॥
ज्ञानाभ्यासरतो नित्यं
विरक्तो ह्यर्थवित्स्वयम्।
कर्तव्यभावमुत्सृज्य
ज्ञानमेवाधिगच्छति ॥
वर्णाश्रमाभिमानी य-
स्त्यक्त्वा ज्ञानं द्विजोत्तमाः।
अन्यत्र रमते मूढः
सोऽज्ञानी नात्र संशयः॥
क्रोधो भयं तथा लोभो
मोहो भेदो मदस्तमः।
धर्माधर्मौ च तेषां हि
तद्वशाच्च तनुग्रहः॥

लिंगपुराणमें कालकूटोपाख्यानमें ऐसा ही भगवान् महेश्वर भी कहते हैं—''हे द्विजेन्द्रगण! इस ज्ञानके द्वारा नि:संग हुए जीवको कोई कर्तव्य नहीं रहता, यदि रहता है तो वह तत्त्ववेत्ता नहीं है। उसे इस लोक और परलोकमें भी कोई कर्तव्य नहीं है, क्योंकि वास्तवमें ब्रह्मवेत्ता तो जीते हुए ही मुक्त हो जाता है। परमार्थतत्त्वको जाननेवाला ज्ञानाभ्यासमें तत्पर विरक्त पुरुष कर्तव्यकी चिन्ता छोड़कर केवल ज्ञानहीको प्राप्त करता है। हे द्विजश्रेष्ठ! जो वर्णाश्रमाभिमानी पुरुष ज्ञानदृष्टिको त्यागकर मोहवश कहीं अन्यत्र सुख मानता है वह अज्ञानी है, इसमें सन्देह नहीं। क्रोध, भय, लोभ, मोह, भेददृष्टि, मद, अज्ञान और धर्माधर्म—ये सब ऐसे लोगोंको ही प्राप्त होते हैं और इनके अधीन होनेपर देह धारण करना पड़ता है।

शरीरे सति वै क्लेशः
सोऽविद्यां संत्यजेत्ततः।
अविद्यां विद्यया हित्वा
स्थितस्यैवेह योगिनः॥
क्रोधाद्या नाशमायान्ति
धर्माधर्मौ च नश्यतः।
तत्क्षयाच्च शरीरेण
न पुनः सम्प्रयुज्यते॥
स एव मुक्तः संसाराद्-
दुःखत्रयविवर्जितः।"
तथा शिवधर्मोत्तरे—
"ज्ञानामृतेन तृप्तस्य
कृतकृत्यस्य योगिनः।
नैवास्ति किञ्चित्कर्तव्य-
मस्ति चेन्न स तत्त्ववित्॥
लोकद्वयेऽपि कर्तव्यं
किञ्चिदस्य न विद्यते।
इहैव स विमुक्तः स्यात्
सम्पूर्णः समदर्शनः॥"

तस्माद्विदुषः कर्तव्याभावादविद्यावद्विषय एवायं कुर्वन्नेवेत्यादिकर्मनियमः। कुर्वन्नेवेति च नायं कर्मनियमः किन्तु विद्यामाहात्म्यं दर्शयितुं यथाकामं कर्मानुष्ठानमेव द्रष्टव्यम्।

तथा शरीरके रहते हुए क्लेश अवश्यम्भावी है। अतः जीवको अविद्याका त्याग करना चाहिये। जो योगी विद्याद्वारा अविद्याका त्याग करके स्थित है—उसके क्रोधादि दोष तथा धर्म और अधर्म इस लोकमें रहते हुए ही नष्ट हो जाते हैं। उनका क्षय होनेपर उसका फिर शरीरसे संयोग नहीं होता तथा वही त्रिविध तापसे छूटकर संसारसे मुक्त हो जाता है।"

तथा शिवधर्मोत्तरमें कहा है—"जो योगी ज्ञानामृतसे तृप्त होकर कृतकृत्य हो गया है उसके लिये कोई कर्तव्य नहीं रहता और यदि रहता है तो वह तत्त्ववेत्ता नहीं है। उसे दोनों लोकोंमें कोई कर्तव्य नहीं रहता। वह सर्वथा पूर्ण और समदर्शी होनेके कारण इस लोकमें ही मुक्त हो जाता है।"

अतः विद्वान्‌के लिये कोई कर्तव्य न होनेके कारण 'कर्म करता हुआ ही सौ वर्ष जीनेकी इच्छा करे' इत्यादि रूपसे कर्म करनेका नियम केवल अज्ञानियोंके ही लिये है। अथवा यह समझना चाहिये कि 'कुर्वन्नेव' इत्यादि वाक्य कर्मका नियामक नहीं है, अपितु ज्ञानकी महिमा दिखानेके उद्देश्यसे [ज्ञानीके लिये] स्वेच्छानुसार कर्मानुष्ठान प्रदर्शित करनेके लिये ही है।

एतदुक्तं भवति—यावज्जीवं यथाकामं पुण्यपापादिकं कुर्वत्यपि विदुषि न कर्मलेपो भवति विद्यासामर्थ्यादिति। तथा हि—"ईशावास्यमिदꣳ सर्वम्" (ईशा० उ० १) इत्यारभ्य "तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः" (ईशा० उ० १) इति विदुषः सर्वकर्मत्यागेनात्म-पालनमुक्त्वानियोज्ये ब्रह्मविदि त्यागकर्तव्यतोक्तिरप्ययुक्तैवोक्तेति मत्वा चकितः सन्वेदो विदुषस्त्यागकर्तव्यतामपि नोक्तवान्। कुर्वन्नेवेह लोके विद्यमानं पुण्यपापादिकं कर्म यावज्जीवं जिजीविषेत्। न पुण्यादिबन्धभयात्पुण्यादिकं त्यक्त्वा तूष्णीमवतिष्ठेत। एवं

इसके द्वारा यह बतलाया गया है कि विद्वान् स्वेच्छासे जीवनपर्यन्त पुण्य-पापादिरूप कर्म करता भी रहे तो भी ज्ञानके सामर्थ्यसे उसे उन कर्मोंका लेप नहीं होगा। तात्पर्य यह है कि "ईशावास्यमिदꣳसर्वम्" यहाँसे लेकर "तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः" इस प्रथम मन्त्रसे सर्वकर्मपरित्यागपूर्वक आत्मरक्षाका प्रतिपादन करनेपर वेद यह देखकर कि जिसके लिये कोई भी विधि नहीं की जा सकती उस ब्रह्मवेत्ताके लिये सर्वकर्मपरित्यागका विधान करना भी अनुचित ही है, चकित हुआ, अतः यह दिखानेके लिये कि मैंने विद्वान्के लिये कर्मत्यागकी भी विधि नहीं की है, यह कहा है कि ज्ञानी इस लोकमें आजीवन यथाप्राप्त पुण्य-पापादिरूप कर्म करता हुआ जीनेकी इच्छा करे; उसे पुण्यादि फलके बन्धनके भयसे पुण्यादिको त्यागकर चुपचाप बैठनेकी आवश्यकता नहीं है।* क्योंकि इस

* ज्ञानीमें कर्तृत्वाभिमान नहीं होता और न उसकी भोगदृष्टि ही होती है। इसलिये किसी भी प्रकारकी वासना न रहनेके कारण वह न तो पुण्यफलकी प्राप्तिके लिये पुण्यकर्मोंमें ही प्रवृत्त होता है और न आसक्तिवश पापकर्म ही करता है। उसके प्रारब्धानुसार उससे जो कर्म होते हैं उनसे अन्य पुरुषोंका जो इष्ट या अनिष्ट होता है उसके कारण वे उनमें पुण्य या पापका आरोप कर लेते हैं। इसलिये उन्हींकी दृष्टिसे यहाँ ज्ञानीके कर्मोंको पुण्य-पाप विशेषणोंसे विशेषित किया है। यदि अपने द्वारा होते हुए कर्मोंमें ज्ञानीकी पुण्य-पापदृष्टि रहेगी तो यह असम्भव है कि उसे उनका फल न भोगना पड़े। पुण्य-पापदृष्टि तो जीवकी होती है और ज्ञानीमें जीवत्वका अत्यन्ताभाव होता है।

तावत्कर्माणि कुर्वत्यपि विदुषि त्वयीतो यावज्जीवानुष्ठाना-दन्यथाभावः स्वरूपात्प्रच्युतिः पुण्यादिनिमित्तसंसारान्वयो नास्ति। अथवेतः कर्मानुष्ठानोत्तरकाल-भाव्यन्यथाभावः संसारान्वयो नास्ति। यस्मात्त्वयि विन्यस्तं न कर्म लिप्यते। तथा च श्रुत्यन्तरम्—"न लिप्यते कर्मणा पापकेन" (बृ० उ० ४।४। २३)। "एवंविदि पापं कर्म न श्लिष्यते" (छा० उ० ४। १४। ३)। "नैनं कृताकृते तपतः" (बृ० उ० ४। ४। २२)। "एवं हास्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयन्ते" (छा० उ० ५। २४। ३)।

लैङ्गे—

"ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि
भस्मसात्कुरुते तथा॥
ज्ञानिनः सर्वकर्माणि
जीर्यन्ते नात्र संशयः।
क्रीडन्नपि न लिप्येत
पापैर्नानाविधैरपि ॥"

शिवधर्मोत्तरेऽपि—

"तस्माज्ज्ञानासिना तूर्ण-
मशेषं कर्मबन्धनम्।
कामाकामकृतं छित्त्वा
शुद्धश्चात्मनि तिष्ठति॥
यथा वह्निर्महान्दीप्तः
शुष्कमार्द्रं च निर्दहेत्।

प्रकार यावज्जीवन कर्म करते रहनेपर भी तुझ ब्रह्मवेत्ताका अन्यथाभाव—स्वरूपच्युति अर्थात् पुण्यादिके कारण होनेवाला संसारका संसर्ग नहीं हो सकता। अथवा 'इतः' यानी कर्मानुष्ठानके पीछे होनेवाला अन्यथाभाव—संसारका संसर्ग नहीं हो सकता; क्योंकि तुझ ब्रह्मवेत्तामें स्थापित कर्म लिप्त (संपृक्त) नहीं होता। ऐसी ही अन्य श्रुतियाँ भी हैं—"ज्ञानी पापकर्मोंसे लिप्त नहीं होता", "इस प्रकार जाननेवालेको पापकर्मका संसर्ग नहीं होता", "उसे पुण्य-पाप सन्ताप नहीं दे सकते", "इसी प्रकार इसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।"

लिंगपुराणमें कहा है—"इसी प्रकार ज्ञानाग्नि समस्त कर्मोंको भस्म कर देता है। इसमें सन्देह नहीं कि ज्ञानीके समस्त कर्म जीर्ण हो जाते हैं, वह नाना प्रकारके पाप-पुण्योंसे क्रीडा करता हुआ भी उनसे लिप्त नहीं होता।"

शिवधर्मोत्तरमें भी कहा है—"अतः वह तुरंत ही सकाम या निष्कामभावसे किये हुए सम्पूर्ण कर्मबन्धनको ज्ञानरूप खड्गसे काटकर शुद्ध हो अपने आत्मामें स्थित हो जाता है। जिस प्रकार अत्यन्त प्रज्वलित हुआ अग्नि सूखे और गीले सब प्रकारके ईंधनको जला डालता है,

तथा शुभाशुभं कर्म
ज्ञानाग्निर्दहते क्षणात्॥
पद्मपत्रं तथा तोयैः
स्वस्थैरपि न लिप्यते।
शब्दादिविषयाम्भोभि-
स्तद्वज्ज्ञानी न लिप्यते॥
यद्वन्मन्त्रबलोपेतः
क्रीडन्सर्पैर्न दंश्यते।
क्रीडन्नपि न लिप्येत
तद्वदिन्द्रियपन्नगैः ॥
मन्त्रौषधिबलैर्यद्व-
जीर्यते भक्षितं विषम्।
तद्वत्सर्वाणि पापानि
जीर्यन्ते ज्ञानिनः क्षणात्॥"

तथा च सूत्रकारः—"पुरुषार्थोऽतः शब्दादिति बादरायणः" (ब्र० सू० ३।४।१) इति ज्ञानस्यैव परमपुरुषार्थहेतुत्वमभिधाय "शेषत्वात्पुरुषार्थवादो यथा"-

स्वाभिमतसूत्र-कृन्मतोपन्यासः

उसी प्रकार ज्ञानाग्नि एक क्षणमें ही समस्त शुभाशुभ कर्मोंको भस्म कर देता है। जिस प्रकार कमलका पत्ता अपने ऊपर पड़े हुए जलसे भी लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार ज्ञानी प्रारब्धवश अपनेको प्राप्त हुए शब्दादि विषयरूप जलसे लिप्त नहीं होता। जिस प्रकार मन्त्रबलसे सम्पन्न हुआ पुरुष सर्पोंके साथ खेलते रहनेपर भी उनके द्वारा नहीं डँसा जाता उसी प्रकार ज्ञानी इन्द्रियरूप सर्पोंके साथ क्रीडा करते रहनेपर भी उनसे लिप्त नहीं होता। जिस प्रकार खाया हुआ विष भी मन्त्र और ओषधिके सामर्थ्यसे पच जाता है उसी प्रकार ज्ञानीके सारे पाप एक क्षणमें नष्ट हो जाते हैं।"

तथा सूत्रकार भगवान् व्यासजीने भी "पुरुषार्थोऽतः[1] शब्दादिति बादरायणः" इस सूत्रसे ज्ञानको ही परमपुरुषार्थका हेतु बतलाकर फिर "शेषत्वात्पुरुषार्थवादो[2] यथान्येष्विति जैमिनिः" इस सूत्रसे

१-स्वतन्त्र साधनभूत इस (औपनिषद आत्मज्ञान)-से मोक्षरूप पुरुषार्थ सिद्ध होता है, क्योंकि इसमें ['तरति शोकमात्मवित्' इत्यादि] श्रुति प्रमाण है—ऐसा बादरायणाचार्यका मत है।

२-इस सूत्रका विशद अर्थ इस प्रकार है—जैसे 'व्रीहिभिर्यजेत' इस व्रीहियागमें करणभूत व्रीहिके साथ ही उसका प्रोक्षण आदि भी यज्ञका अंग माना जाता है, उसी प्रकार आत्मा कर्तृरूपसे यज्ञ आदि कर्मका अंग होनेके कारण उसका ज्ञान भी उस कर्मका अंग ही है। अतः आत्मज्ञानके महान् फलको बतानेवाली 'तरति शोकमात्मवित्' इत्यादि श्रुति शेषत्वात्—यज्ञादि कर्मोंका अंग होनेके कारण पुरुषार्थवाद है अर्थात् पुरुष [आत्मा]-की प्रशंसाके लिये अर्थवादमात्र है; जिस प्रकार कि अन्यान्य द्रव्यसंस्कार-सम्बन्धी कर्मोंमें फलश्रुति अर्थवाद मानी जाती है। उदाहरणके लिये निम्नांकित श्रुति है—'यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति न स

(ब्र० सू० ३। ४। २) इत्यादिना कर्मापेक्षितकर्तृप्रतिपादकत्वेन विद्यायाः कर्मशेषत्वमाशङ्क्य ''अधिकोपदेशात्तु बादरायणस्य'' (ब्र० सू० ३। ४। ८) इत्यादिना कर्तृत्वादिसंसारधर्मरहितापहतपाप्मादिरूपब्रह्मोपदेशात्तद्विज्ञानपूर्विकां तु कर्माधिकारसिद्धिं त्वाशासानस्य कर्माधिकारहेतोः क्रियाकारकफललक्षणस्य समस्तस्य प्रपञ्चस्याविद्याकृतस्य विद्यासामर्थ्यात्स्वरूपोपमर्ददर्शनात्कर्माधिकारोच्छित्तिप्रसङ्गाद्भिन्नप्रकरणत्वाद्भिन्नकार्य-

जैमिनिके मतानुसार कर्ममें अपेक्षित कर्ताका प्रतिपादन करनेवाली होनेसे विद्याके कर्मशेषत्वकी आशंका कर ''अधिकोपदेशात्तु* बादरायणस्यैवं तद्दर्शनात्'' इस सूत्रसे यह बतलाया है कि विद्या कर्तृत्वादि सांसारिक धर्मोंसे रहित निष्पापादिरूप ब्रह्मका प्रतिपादन करती है, इसलिये जो पुरुष उसके ज्ञानपूर्वक कर्माधिकारकी सिद्धिकी आशा रखता है उसके कर्माधिकारके हेतुभूत अविद्याजनित क्रिया, कारक एवं फलरूप समस्त संसारके स्वरूपका विद्याके प्रभावसे विनाश देखा जानेके कारण कर्माधिकारके उच्छेदका प्रसंग उपस्थित होनेसे तथा कर्म और ज्ञानके भिन्न-भिन्न प्रकरण और भिन्न-भिन्न कार्य

पापं श्लोकं शृणोति' (जिसकी पलाशकी 'जुहू' होती है वह कभी पापमय यशका श्रवण नहीं करता) यह फलश्रुति यज्ञसम्बन्धिनी जुहूसे सम्बन्ध रखनेवाले पलाशकी प्रशंसा करनेसे यज्ञकी ही अंगभूत है; अतः यज्ञशेष होनेसे अर्थवाद मानी गयी है। ऐसा जैमिनिका मत है। अभिप्राय यह कि यज्ञादिका कर्ता और भोक्ता संसारी जीव ही शरीर छूटनेपर आत्मा या परात्मा शब्दसे कहा गया है। जो संसारी जीव है उसीके ज्ञानका महत्त्व वेदान्तमें बताया गया है। इस मतमें ईश्वरका अस्तित्व नहीं स्वीकार किया गया है।

* जैमिनिके पूर्वोक्त मतका खण्डन करते हुए कहते हैं—'अधिकोपदेशात्तु' इत्यादि। यदि कर्ता भोक्ता संसारी जीवका ही उपनिषद्‌की श्रुतियोंमें उपदेश किया गया होता तो उक्तरूपसे की हुई फलश्रुति अवश्य ही अर्थवाद हो सकती थी; किन्तु वहाँ तो संसारी जीवकी अपेक्षा बहुत ही उत्कृष्ट असंसारी परमेश्वरका वेद्यरूपसे उपदेश किया गया है, इसलिये मुझ बादरायणका [आत्मज्ञानसे मोक्षरूप पुरुषार्थकी सिद्धि होती है, इत्यादि] पूर्वोक्त मत ज्यों-का-त्यों ठीक ही है; क्योंकि 'यः सर्वज्ञः सर्ववित्' इत्यादि श्रुतियोंमें उस उत्कृष्ट परमात्माके स्वरूपका उपदेश देखा जाता है।

त्वाच्च परस्परविकल्पः समुच्चयोऽङ्गाङ्गिभावो वा नास्तीति प्रतिपाद्य "अतएव चाग्नीन्धनाद्यनपेक्षा" (ब्र० सू० ३। ४। २५) इति विद्याया एव परमपुरुषार्थहेतुत्वादग्नीन्धनाद्याश्रम-कर्माणि विद्यायाः स्वार्थसिद्धौ नापेक्षितव्यानीति पूर्वोक्त-स्याधिकरणस्य फलमुपसंहृत्यात्यन्त-मेवानपेक्षायां प्राप्तायां "सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत्" (ब्र० सू० ३। ४। २६) इति नात्यन्त-मनपेक्षा। उत्पन्ना हि विद्या फलसिद्धिं प्रति न किञ्चिदन्यदपेक्षते। उत्पत्तिं

देखे जानेके कारण उनका आपसमें विकल्प, समुच्चय अथवा अंगांगिभाव कुछ भी नहीं हो सकता[1]—ऐसा प्रतिपादन करके "अतएव[2] चाग्नीन्धनाद्यनपेक्षा" इस सूत्रसे विद्या ही परमपुरुषार्थकी हेतु होनेके कारण वह अपने प्रयोजनकी पूर्तिमें अग्नि-ईंधनादिसे निष्पन्न होनेवाले आश्रम-कर्मोंकी अपेक्षा नहीं रखती, इस प्रकार पूर्वोक्त अधिकरणके फलका उपसंहार कर ज्ञानप्राप्तिमें कर्मकी अत्यन्त अनपेक्षा प्राप्त होनेपर "सर्वापेक्षा[3] च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत्" इस सूत्रसे यह बतलाया है कि कर्मकी बिलकुल ही अपेक्षा न हो—ऐसी बात नहीं है, अपितु विद्या उत्पन्न हो जानेपर ही अपने फलकी सिद्धिमें किसी वस्तुकी अपेक्षा नहीं रखती, अपनी उत्पत्तिमें तो

१-वेदमें कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड—ये दोनों अलग-अलग हैं तथा ज्ञानसे मोक्ष और कर्मोंसे स्वर्गादिकी प्राप्ति होती है; इसलिये इनके फल भी अलग-अलग हैं। अतः इन दोनोंका परस्पर न तो विकल्प (एक ही प्रयोजनके लिये दोनोंमेंसे किसी एकका अनुष्ठान), न समुच्चय (दोनोंका एक साथ अनुष्ठान) और न अंगांगिभाव (एकका दूसरेके अन्तर्गत होना) ही हो सकता है।

२-[क्योंकि ब्रह्मविद्या स्वतन्त्र पुरुषार्थरूप है] इसीलिये उसमें अग्नि-ईंधन आदि [आश्रमविहित कर्मों]-की अपेक्षा नहीं है।

३-विद्या अपनी उत्पत्तिमें योग्यतावश सभी आश्रम-कर्मोंकी अपेक्षा रखती है, जैसे योग्यतानुसार अश्वका उपयोग होता है। इस विषयमें 'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन' इत्यादि श्रुति प्रमाण है, [अर्थात् जैसे घोड़ा रथमें ही जोता जाता है हलमें नहीं, उसी प्रकार] विद्या अपनी उत्पत्तिमें कर्मोंकी अपेक्षा रखती है; मोक्षरूप फलकी सिद्धिमें नहीं।

प्रत्यपेक्षत एव। "विविदिषन्ति यज्ञेन" इति श्रुतेरिति विविदिषासाधनत्वेन कर्मणामुपयोगं दर्शितवान्। तथा च "नाविशेषात्" (ब्र० सू० ३।४।१३) "स्तुतयेऽनुमतिर्वा" (ब्र० सू० ३।४।१४) इतिसूत्रद्वयेन कुर्वन्नेवेतिमन्त्रस्याविद्वद्विषयत्वेन विद्यास्तुतित्वेन चार्थद्वयं दर्शितवान्। अत उक्तेन प्रकारेण ज्ञानस्यैव मोक्षसाधनत्वाद्युक्तः परोपनिषदारम्भः।

उसे कर्मकी अपेक्षा है ही; क्योंकि "यज्ञके द्वारा आत्माको जानना चाहते हैं" इस श्रुतिसे वेदने जिज्ञासाके साधनरूपसे कर्मोंका उपयोग दिखलाया है। तथा इसके आगे "नाविशेषात्"[1] और "स्तुतयेऽनुमतिर्वा"[2] इन दो सूत्रोंद्वारा "कुर्वन्नेवेह कर्माणि" इस श्रुतिके दो प्रकारसे अर्थ दिखलाये हैं—पहला यह कि यह 'कुर्वन्नेवेह' इत्यादि मन्त्र अज्ञानीके लिये है।' तथा दूसरा अर्थ यह है कि यह मन्त्र विद्या (ज्ञान)-की स्तुतिके लिये है। इसलिये उक्त प्रकारसे ज्ञान ही मोक्षका साधन होनेके कारण आगेकी उपनिषद्को आरम्भ करना उचित ही है।

ननु बन्धस्य मिथ्यात्वे सति ज्ञाननिवर्त्यत्वेन ज्ञानादमृतत्वं स्यात्। न त्वेतदस्ति; प्रतिपन्नत्वाद्बाधाभावाद्युष्मदादिस्वरूपत्वे-

ज्ञानादमृतत्वेऽनुपपत्तिदर्शनम्

पूर्व०—यदि जीवका बन्धन मिथ्या होता तो वह ज्ञानसे निवृत्त होनेयोग्य हो सकता था और ऐसी अवस्थामें ज्ञानसे अमृतत्वकी प्राप्ति हो सकती थी; किन्तु ऐसी बात है नहीं; क्योंकि बन्धन प्रत्यक्षसिद्ध है, इसका बाध नहीं होता और युष्मदस्मदादि (तू-मैं आदि) रूपसे

१-['विद्वान्' ऐसा] विशेषण न होनेके कारण 'कुर्वन्नेवेह' इत्यादि वाक्य तत्त्वज्ञविषयक नहीं है।

२-अथवा तत्त्वज्ञके लिये जो कर्मानुज्ञा है वह ज्ञानकी स्तुतिके लिये है। अर्थात् तत्त्वज्ञ होनेपर जीवनपर्यन्त कर्म करनेपर भी कर्मका लेप नहीं होता—ऐसा कहकर तत्त्वज्ञानकी स्तुति की गयी है।

नात्मनो विलक्षणत्वे सादृश्याद्यभावादध्यासासम्भवाच्च।

उक्तानुपपत्तिपरिहारः

उच्यते—न तावत्प्रतिपन्नत्वेन सत्यत्वं वक्तुं शक्यते, प्रतिपत्तेः सत्यत्वमिथ्यात्वयोः समानत्वात्। नापि बाधाभावात्सत्यत्वम्, विधिमुखेन कारणमुखेन च बाधसम्भवात्। तथाहि श्रुतिः—प्रपञ्चस्य मिथ्यात्वं मायाकारणत्वं च दर्शयति "न तु तद् द्वितीयमस्ति" (बृ० उ० ४। ३। २३)। "एकत्वम्" "नास्ति द्वैतम्।" "कुतो विदिते वेद्यं नास्ति"। "एकमेवाद्वितीयम्" (छा० उ० ६। २। १)। "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" (छा० उ० ६। १। ४)। "एकमेव सत्॥" "नेह नानास्ति किञ्चन" (बृ०उ० ४। ४। १९)। "एकधैवानुद्रष्टव्यम्" (बृ० उ० ४। ४। २०)। "मायां तु प्रकृतिं विद्यात्" (श्वेता० उ०४।१०)। "मायी सृजते विश्वमेतत्" (श्वेता० उ० ४। ९)। "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" (बृ० उ० २। ५। १९) इत्यादिभिर्वाक्यैः।

प्रतीत होनेके कारण आत्माका स्वरूप सबसे विलक्षण है, अतः उससे किसीका सादृश्य न होनेके कारण उसमें किसी अन्य वस्तुका अध्यास होना भी सम्भव नहीं है।

सिद्धान्ती—अच्छा, बतलाते हैं [सुनो—] प्रत्यक्षसिद्ध होनेके कारण ही बन्धनकी सत्यता नहीं बतलायी जा सकती; क्योंकि प्रत्यक्षता तो सत्य और असत्य दोनों ही प्रकारकी वस्तुओंमें समानरूपसे देखी जाती है। बाध न होनेके कारण भी इसकी सत्यता सिद्ध नहीं होती; क्योंकि शास्त्रविधि और कारणदृष्टिसे इसका बाध होना सम्भव है ही। जैसे कि "उसके सिवा दूसरा कोई नहीं है", "एकत्व ही है", "द्वैत नहीं है", "क्योंकि ज्ञान हो जानेपर वेद्यका अभाव हो जाता है", "एक ही अद्वितीय है", "विकार वाणीसे आरम्भ होनेवाला नाममात्र है", "एक ही सद्वस्तु है", "यहाँ नाना कुछ भी नहीं है", "सबको एकरूप ही देखना चाहिये", "प्रकृतिको माया समझो," "मायावी परमात्मा इस सम्पूर्ण प्रपंचको रचता है", "इन्द्र (परमात्मा) मायासे अनेक रूप होकर चेष्टा करता है" इत्यादि वाक्योंद्वारा श्रुति प्रपंचका मिथ्यात्व और मायामूलकत्व प्रदर्शित करती है।

"अजोऽपि सन्नव्ययात्मा
भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय
सम्भवाम्यात्ममायया ॥"
(गीता ४।६)

"अविभक्तं च भूतेषु
विभक्तमिव च स्थितम्।"
(गीता १३।१६)

तथा च ब्राह्मे पुराणे—

"धर्माधर्मौ जन्ममृत्यू
सुखदुःखेषु कल्पना।
वर्णाश्रमास्तथा वासः
स्वर्गो नरक एव च॥
पुरुषस्य न सन्त्येते
परमार्थस्य कुत्रचित्।
दृश्यते च जगद्रूप-
मसत्यं सत्यवन्मृषा॥
तोयवन्मृगतृष्णा तु
यथा मरुमरीचिका।
रौप्यवत्कीकसं भूतं
कीकसं शुक्तिरेव च॥
सर्पवद्रज्जुखण्डश्च
निशायां वेश्ममध्यगः।
एक एवेन्दुर्द्वौ व्योम्नि
तिमिराहतचक्षुषः ॥
आकाशस्य घनीभावो
नीलत्वं स्निग्धतां तथा।

[श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवान् भी कहते हैं—] "मैं अजन्मा, अविनाशी और सम्पूर्ण प्राणियोंका प्रभु हूँ, तथापि अपनी प्रकृतिका आश्रय लेकर अपनी मायासे ही जन्म लेता हूँ", "वह ज्ञेय प्रत्येक शरीरमें आकाशके समान अविभक्त एवं एक है तो भी समस्त प्राणियोंमें विभक्त हुआ-सा स्थित है।"

ब्रह्मपुराणमें भी कहा है—"धर्म-अधर्म, जन्म-मृत्यु, सुख-दुःखकी कल्पना, वर्णाश्रमविभाग तथा स्वर्ग या नरकमें रहना ये सब परमार्थस्वरूप पुरुषमें कहीं भी नहीं हैं। जिस प्रकार मरुमरीचिकारूप मृगतृष्णा जलवत् प्रतीत होती है, उसी प्रकार इस जगत्का असत्य स्वरूप ही व्यर्थ सत्य-सा दृष्टिगोचर हो रहा है। वास्तविक शुक्ति शुक्तिरूप ही है, किन्तु जैसे वह चाँदीके समान भासने लगती है, घरमें पड़ा हुआ रस्सीका टुकड़ा जैसे रात्रिके समय सर्पवत् दिखायी देने लगता है, जिसके नेत्र तिमिररोगसे पीड़ित हैं उस पुरुषको जैसे आकाशमें एक ही चन्द्रमा दो-सा दिखायी देने लगता है और जिस प्रकार [सर्वथा शून्यस्वरूप] आकाशमें घनीभाव नीलता और स्निग्धताकी प्रतीति होती है [उसी प्रकार जगत्का रूप मिथ्या होनेपर भी सत्य-सा जान पड़ता है]।

एकश्च सूर्यो बहुधा
जलाधारेषु दृश्यते॥
आभाति परमात्मापि
सर्वोपाधिषु संस्थितः।
द्वैतभ्रान्तिरविद्याख्या
विकल्पो न च तत्तथा॥
परत्र बन्धागारः स्या-
त्तेषामात्माभिमानिनाम्।
आत्मभावनया भ्रान्त्या
देहं भावयतां सदा॥
आप्रज्ञमादिमध्यान्तै-
र्भ्रमभूतैस्त्रिभिः सदा।
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तैस्तु
च्छादितं विश्वतैजसम्॥
स्वमायया स्वमात्मानं
मोहयेद्द्वैतरूपया।
गुहागतं स्वमात्मानं
लभते च स्वयं हरिम्॥
व्योम्नि वज्रानलज्वाला-
कलापो विविधाकृतिः।
आभाति विष्णोः सृष्टिश्च
स्वभावो द्वैतविस्तरः॥
शान्ते मनसि शान्तश्च
घोरे मूढे च तादृशः।

जैसे एक ही सूर्य जलके अनेक आधारोंमें अनेक-सा दिखायी देता है उसी प्रकार समस्त उपाधियोंमें स्थित परमात्मा ही [उन-उन रूपोंमें] भास रहा है। यह अविद्यासंज्ञक द्वैतभ्रान्ति विकल्प* ही है, यह यथार्थ नहीं है।''

''जो लोग भ्रान्तिवश सर्वदा देहको ही आत्मा समझते हैं उन देहाभिमानियोंका वह देह मरनेके पश्चात् परलोकमें बन्धनका स्थान होता है [अर्थात् उन्हें पुनः देह धारण करना पड़ता है]। आदि, मध्य और अन्तमें जो सर्वदा भ्रमरूप ही हैं उन जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति तीन अवस्थाओंसे ही विश्व, तैजस और प्राज्ञ भी आच्छादित हैं। यह जीव अपनी द्वैतरूप मायासे स्वयं ही अपनेको मोहग्रस्त करता है और स्वयं ही अपने अन्तःकरणमें स्थित अपने आत्मभूत श्रीहरिको प्राप्त करता है। जिस प्रकार आकाशमें वज्राग्नि (बिजली)-की अनेक प्रकारकी लपटें दिखायी देती हैं, उसी प्रकार भगवान् विष्णुका स्वभाव ही द्वैतविस्ताररूप सृष्टि होकर भास रहा है। सर्वत्र सर्वदा एकमात्र भगवान् ही शान्त (सात्त्विक)-चित्तमें शान्तरूपसे और घोर (राजस) तथा मूढ

* जिससे केवल शब्दका ही ज्ञान हो, किसी वस्तुका नहीं, उसे विकल्प कहते हैं; जैसे—आकाशकुसुम, शशशृंग, वन्ध्यापुत्र आदि। इसी आशयका यह योगसूत्र है—'शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः' (१।९)।

ईश्वरो दृश्यते नित्यं
सर्वत्र न तु तत्त्वतः॥
लोहमृत्पिण्डहेम्नां च
विकारो न च विद्यते।
चराचराणां भूतानां
द्वैतता न च सत्यतः॥
सर्वगे तु निराधारे
चैतन्यात्मनि संस्थिता।
अविद्या द्विगुणां सृष्टिं
करोत्यात्मावलम्बनात् ॥
सर्पस्य रज्जुता नास्ति
नास्ति रज्जौ भुजङ्गता।
उत्पत्तिनाशयोर्नास्ति
कारणं जगतोऽपि च॥
लोकानां व्यवहारार्थ-
मविद्येयं विनिर्मिता।
एषा विमोहिनीत्युक्ता
द्वैताद्वैतस्वरूपिणी ॥
अद्वैतं भावयेद्ब्रह्म
सकलं निष्कलं सदा।
आत्मज्ञः शोकसंतीर्णो
न बिभेति कुतश्चन॥
मृत्योः सकाशान्मरणा-
दथवान्यकृताद्भयात् ।
न जायते न म्रियते
न वध्यो न च घातकः॥
न बद्धो बन्धकारी वा
न मुक्तो न च मोक्षदः।

(तामस) चित्तमें घोर और मूढरूपसे दिखायी दे रहे हैं। किन्तु तत्त्वतः वे वैसे नहीं हैं।

'लोहा, मृत्पिण्ड और सुवर्ण इनका भी विकार नहीं होता। जितने चराचर भूत हैं उनका भेद वस्तुतः नहीं है। सर्वगत निराधार चैतन्यात्मामें स्थित अविद्या ही आत्माके आश्रयसे स्थूल-सूक्ष्म दोनों प्रकारकी सृष्टि रचती है। जिस प्रकार सर्पमें रज्जुत्व और रज्जुमें सर्पत्व नहीं है उसी प्रकार जगत्के उत्पत्ति और नाशका भी कोई कारण नहीं है। इस अविद्याकी रचना (कल्पना) लोकव्यवहारके लिये ही हुई है।' यह द्वैताद्वैतस्वरूपिणी है और [संसारको मोहित करनेवाली होनेसे] 'विमोहिनी' कही गयी है। आत्मज्ञानीको चाहिये कि 'वह सर्वदा पूर्ण परब्रह्मका निष्कल और अद्वैतरूपसे चिन्तन करे। इससे वह शोकसे पार होकर किसीसे भय नहीं करता। उसे मृत्युकी सन्निधिसे, मरनेसे अथवा किसी अन्य कारणसे होनेवाले भयसे भी डर नहीं लगता।'

''परमपुरुष परमात्मा न जन्म लेता है, न मरता है, न मारा जा सकता है, न मारनेवाला है, न बद्ध है, न बन्धनमें डालनेवाला है, न मुक्त है और न मुक्ति

पुरुषः परमात्मा तु
यदतोऽन्यदसच्च तत्॥
एवं बुद्ध्वा जगद्रूपं
विष्णोर्मायामयं मृषा।
भोगासङ्गाद्भवेन्मुक्त-
स्त्यक्त्वा सर्वविकल्पनाम्॥
त्यक्तसर्वविकल्पश्च
स्वात्मस्थं निश्चलं मनः।
कृत्वा शान्तो भवेद्योगी
दग्धेन्धन इवानलः॥
एषा चतुर्विंशतिभेदभिन्ना
माया परा प्रकृतिस्तत्समुत्थौ।
कामक्रोधौ लोभमोहौ भयं च
विषादशोकौ च विकल्पजालम्॥
धर्माधर्मौ सुखदुःखे च सृष्टि-
र्विनाशपाकौ नरके गतिश्च।
वासः स्वर्गे जातयश्चाश्रमाश्च
रागद्वेषौ विविधा व्याधयश्च॥
कौमारतारुण्यजरावियोग-
संयोगभोगानशनव्रतानि।
इतीदमीदृग्विदयं निधाय
तूष्णीमासीनः सुमतिं विविद्धि॥''

देनेवाला है। उससे भिन्न जो कुछ है वह असत् है। इस प्रकार भगवान् विष्णुके विश्वरूपको मायामय और मिथ्या समझकर सब प्रकारकी कल्पनाको त्यागकर भोगोंकी आसक्तिसे मुक्त हो जाय। इस प्रकार समस्त विकल्पोंसे छूटकर मनको आत्मस्थ, निश्चल और शान्त करके योगी जिसका ईंधन जल चुका है ऐसे [धूमरहित] अग्निके समान हो जाता है।''

''यह चौबीस* भेदोंवाली माया जगत्की मूल कारण है। उसीसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय, विषाद, शोक तथा अन्य विकल्पजाल उत्पन्न हुए हैं। और उसीसे धर्म-अधर्म, सुख-दुःख और सृष्टि-विनाशरूप परिणाम, नरकमें जाना, स्वर्गमें रहना, जाति, आश्रम, राग, द्वेष, तरह-तरहकी व्याधियाँ, कुमारावस्था, तरुणता, वृद्धावस्था, वियोग, संयोग, भोग, उपवास और व्रत प्रकट हुए हैं। इन सबको इस प्रकार [प्रकृतिका ही विकार] जाननेवाला पुरुष इन्हें प्रकृतिमें स्थापित कर मौनभावसे स्थित रहता है। उसे ही तुम शुभ मतिवाला जानो।''

* मायाके चौबीस भेद इस प्रकार हैं—एक प्रकृति (त्रिगुणात्मिका मूला प्रकृति), सात प्रकृति। विकृति (महत्तत्त्व, अहंकार और पाँच तन्मात्राएँ) और सोलह विकृति (दस इन्द्रियाँ, एक मन और पाँच भूत)।

तथा च श्रीविष्णुधर्मे षडध्याय्याम्—

''अनादिसम्बन्धवत्या
क्षेत्रज्ञोऽयमविद्यया ।
युक्तः पश्यति भेदेन
ब्रह्मतत्त्वात्मनि स्थितम्॥
पश्यत्यात्मानमन्यच्च
यावद्वै परमात्मनः।
तावत्संभ्राम्यते जन्तु-
र्मोहितो निजकर्मणा॥
संक्षीणाशेषकर्मा तु
परं ब्रह्म प्रपश्यति।
अभेदेनात्मनः शुद्धं
शुद्धत्वादक्षयो भवेत्॥
अविद्या च क्रियाः सर्वा
विद्या ज्ञानं प्रचक्षते।
कर्मणा जायते जन्तु-
र्विद्यया च विमुच्यते॥
अद्वैतं परमार्थो हि
द्वैतं तद्भिन्न उच्यते।
पशुतिर्यङ्मनुष्याख्यं
तथैव नृप नारकम्॥
चतुर्विधोऽपि भेदोऽयं
मिथ्याज्ञाननिबन्धनः ।
अहमन्योऽपरश्चाय-
ममी चात्र तथापरे॥
अज्ञानमेतदद्वैताख्य-
मद्वैतं श्रूयतां परम्।

तथा श्रीविष्णुधर्मोत्तरपुराणके अन्तर्गत षडध्यायीमें भी कहा है—''यह क्षेत्रज्ञ अपनेमें अनादिकालसे सम्बद्ध हुई अविद्यासे युक्त होकर अपने अन्तःकरणमें स्थित ब्रह्मको भेदरूपसे देखता है। जबतक जीव परमात्मासे भिन्न अपनेको तथा अन्य जीवोंको देखता है तबतक वह अपने कर्मोंद्वारा मोहित होकर संसारमें भटकाया जाता है। जब इसके सम्पूर्ण कर्म क्षीण हो जाते हैं तो यह शुद्ध परब्रह्मको अपनेसे अभिन्नरूपसे देखता है और शुद्ध हो जानेके कारण यह अक्षय हो जाता है। समस्त कर्म अविद्यारूप हैं और ज्ञान विद्या कहलाता है। कर्मसे जीवको जन्म लेना पड़ता है और ज्ञानसे वह मुक्त हो जाता है। अद्वैत ही परमार्थ है और द्वैत उससे भिन्न (अपरमार्थ) कहा जाता है। हे राजन्! पशु-तिर्यक्, मनुष्य और नारकी जीव—यह चार प्रकारका भेद मिथ्या ज्ञानके ही कारण है। मैं अन्य हूँ, यह अन्य है और ये सब अन्य हैं—यही द्वैत कहलानेवाला अज्ञान है। अब अद्वैतके विषयमें श्रवण करो।

मम त्वहमिति प्रज्ञा-
वियुक्तमविकल्पवत् ॥
अविकार्यमनाख्येय-
मद्वैतमनुभूयते ।
मनोवृत्तिमयं द्वैत-
मद्वैतं परमार्थतः ॥
मनसो वृत्तयस्तस्मा-
द्धर्माधर्मनिमित्तजाः ।
निरोद्धव्यास्तन्निरोधे
द्वैतं नैवोपपद्यते ॥
मनोदृष्टमिदं सर्वं
यत्किञ्चित्सचराचरम् ।
मनसो ह्यमनीभावे-
ऽद्वैतभावं तदाप्नुयात् ॥
कर्मणां भावना येयं
सा ब्रह्मपरिपन्थिनी ।
कर्मभावनया तुल्यं
विज्ञानमुपजायते ॥
तादृग्भवति विज्ञप्ति-
र्यादृशी खलु भावना ।
क्षये तस्याः परं ब्रह्म
स्वयमेव प्रकाशते ॥
परात्मनोर्मनुष्येन्द्र
विभागोऽज्ञानकल्पितः ।
क्षये तस्यात्मपरयो-
रविभागोऽत एव हि ॥
आत्मा क्षेत्रज्ञसंज्ञो हि
संयुक्तः प्राकृतैर्गुणैः ।
तैरेव विगतः शुद्धः
परमात्मा निगद्यते ॥''

''अद्वैततत्त्व मैं-मेरा, तू-तेरा आदि बुद्धिसे रहित, निर्विकल्प, निर्विकार और अनिर्वचनीयरूपसे अनुभूत होता है। द्वैत मनोवृत्तिरूप है, परमार्थतः तो अद्वैत ही है; अतः धर्माधर्मरूप निमित्तके कारण उत्पन्न हुई मनकी वृत्तियोंका निरोध करना चाहिये। उनका निरोध हो जानेपर द्वैतकी सिद्धि नहीं होती। यह जो कुछ चराचर जगत् है सब मनका दृश्यमात्र है। मनका अमनीभाव (नाश) हो जानेपर यह अद्वैतभावको प्राप्त हो जाता है। यह जो कर्मोंकी भावना है वह ब्रह्मानुभवमें विघ्नरूप है; क्योंकि कर्मोंकी भावनाके अनुकूल ही विज्ञान प्राप्त होता है। विज्ञान तो वैसा ही होता है जैसी कि भावना होती है। अतः भावनाका नाश हो जानेपर परब्रह्मका स्वयं ही अनुभव होने लगता है। हे राजन्! आत्मा और परब्रह्मका जो विभाग है वह अज्ञानकल्पित ही है। इसीसे उसका क्षय हो जानेपर फिर आत्मा और परब्रह्मका अभेद ही निश्चित होता है। क्षेत्रज्ञसंज्ञक आत्मा प्रकृतिके गुणोंसे युक्त है, वही उनसे रहित होकर शुद्ध होनेपर परमात्मा कहलाता है।''

तथा च श्रीविष्णुपुराणे—
"परमात्मा त्वमेवैको
नान्योऽस्ति जगतः पते।
तवैष महिमा येन
व्याप्तमेतच्चराचरम् ॥
यदेतद्दृश्यते मूर्त-
मेतज्ज्ञानात्मनस्तव ।
भ्रान्तिज्ञानेन पश्यन्ति
जगद्रूपमयोगिनः ॥
ज्ञानस्वरूपमखिलं
जगदेतदबुद्धयः ।
अर्थस्वरूपं पश्यन्तो
भ्राम्यन्ते मोहसम्प्लवे॥
ये तु ज्ञानविदः शुद्ध-
चेतसस्तेऽखिलं जगत्।
ज्ञानात्मकं प्रपश्यन्ति
त्वद्रूपं पारमेश्वरम्॥"
(१।४।३८—४१)
"अहं हरिः सर्वमिदं जनार्दनो
नान्यत्ततः कारणकार्यजातम्।
ईदृङ्मनो यस्य न तस्य भूयो
भवोद्भवा द्वन्द्वगदा भवन्ति॥"
(१।२२।८७)
"ज्ञानस्वरूपमत्यन्तं
निर्मलं परमार्थतः।
तदेवार्थस्वरूपेण
भ्रान्तिदर्शनतः स्थितम्॥"
(१।२।६)

ऐसा ही श्रीविष्णुपुराणमें भी कहा है—"हे जगत्पते! तुम्हीं एकमात्र परमात्मा हो; तुमसे भिन्न और कुछ भी नहीं है। जिससे यह चराचर जगत् व्याप्त है वह यह तुम्हारी ही महिमा है। यह जो कुछ मूर्त जगत् दिखायी देता है ज्ञानस्वरूप आपका ही रूप है। असंयमी लोग अपने भ्रमपूर्ण ज्ञानके अनुसार इसे जगद्रूप देखते हैं इस सम्पूर्ण ज्ञानस्वरूप जगत्को अर्थस्वरूप देखनेवाले बुद्धिहीन पुरुषोंको मोहरूप महासागरमें भटकना पड़ता है। किन्तु जो शुद्धचित्त ज्ञानीलोग हैं वे इस सम्पूर्ण जगत्को आप परमात्माका ज्ञानमय स्वरूप ही देखते हैं।" "जिसका ऐसा निश्चय है कि मैं तथा यह सम्पूर्ण जगत् जनार्दन श्रीहरि ही हैं उनसे भिन्न कोई भी कार्य-कारणवर्ग नहीं है, उस पुरुषको फिर सांसारिक राग-द्वेषादि द्वन्द्वरूप रोग नहीं होते।"

"जो परमार्थतः (वास्तवमें) अत्यन्त निर्मल ज्ञानस्वरूप परमात्मा है वही अज्ञान-दृष्टिसे विभिन्न पदार्थोंके रूपमें प्रतीत हो रहा है।"

"ज्ञानस्वरूपो भगवान्यतो-
ऽसावशेषमूर्तिर्न तु वस्तुभूतः।
ततो हि शैलाब्धिधरादिभेदा-
ञ्जानीहि विज्ञानविजृम्भितानि॥"
(२।१२।३९)

"वस्त्वस्ति किं कुत्रचिदादिमध्य-
पर्यन्तहीनं सततैकरूपम्।
यच्चान्यथात्वं द्विज याति भूमौ
न तत्तथा तत्र कुतो हि तत्त्वम्॥
मही घटत्वं घटतः कपालिका
कपालिकाचूर्णरजस्ततोऽणुः ।
जनैः स्वकर्मस्तिमितात्मनिश्चयै-
रालक्ष्यते ब्रूहि किमत्र वस्तु॥
तस्मान्न विज्ञानमृतेऽस्ति किञ्चि-
त्क्वचित्कदाचिद्द्विज वस्तुजातम्।
विज्ञानमेकं निजकर्मभेद-
विभिन्नचित्तैर्बहुधाभ्युपेतम् ॥
ज्ञानं विशुद्धं विमलं विशोक-
मशेषलोभादिनिरस्तसङ्गम् ।
एकं सदैकं परमः परेशः
स वासुदेवो न यतोऽन्यदस्ति॥

"वे विश्व-मूर्ति भगवान् ज्ञानस्वरूप हैं, पदार्थाकार नहीं हैं, इसलिये इन पर्वत, समुद्र और पृथिवी आदि विभिन्न पदार्थोंको तुम विज्ञानका ही विलास जानो।" "हे द्विज! क्या घट-पटादि कोई भी ऐसी वस्तु है जो आदि, मध्य और अन्तसे रहित एवं सर्वदा एक रूपमें ही रहनेवाली हो। पृथिवीपर जो वस्तु बदलती रहती है, पूर्ववत् नहीं रहती, उसमें वास्तविकता कैसे हो सकती है? देखो, मृत्तिका ही घटरूप हो जाती है, फिर वही घटसे कपाल, कपालसे चूर्ण-रज और रजसे अणुरूप हो जाती है। फिर बताओ तो सही, अपने कर्मोंके वशीभूत हो आत्मनिश्चयको भूले हुए मनुष्य इसमें कौन-सी सत्य वस्तु देखते हैं? अतः हे द्विज! विज्ञानके सिवा कभी कहीं कोई भी पदार्थसमूह नहीं है। अपने-अपने कर्मोंके कारण विभिन्न चित्तवृत्तियोंसे युक्त पुरुषोंको एक विज्ञान ही विभिन्नरूपसे प्रतीत हो रहा है। राग-द्वेषादि मलसे रहित शोकशून्य, लोभादि सम्पूर्ण दोषोंसे वर्जित, सदा एकरस एवं असंग एकमात्र विशुद्ध विज्ञान ही वह सर्वश्रेष्ठ परमेश्वर वासुदेव है; उससे भिन्न और कुछ भी नहीं है।

सद्भाव एवं भवतो मयोक्तो
ज्ञानं तथा सत्यमसत्यमन्यत्।
एतत्तु यत्संव्यवहारभूतं
तत्रापि चोक्तं भुवनाश्रितं ते॥''
(२।१२।४१—४५)

''अविद्यासंचितं कर्म
तच्चाशेषेषु जन्तुषु॥
आत्मा शुद्धोऽक्षरः शान्तो
निर्गुणः प्रकृतेः परः।
प्रवृद्ध्यपचयौ न स्त
एकस्याखिलजन्तुषु॥''
(२।१३।७०-७१)

''यत्तु कालान्तरेणापि
नान्यसंज्ञामुपैति वै।
परिणामादिसम्भूतां
तद्वस्तु नृप तच्च किम्॥''
(२।१३।१००)

''यद्यन्योऽस्ति परः कोऽपि
मत्तः पार्थिवसत्तम।
तदैषोऽहमयं चान्यो
वक्तुमेवमपीष्यते॥
यदा समस्तदेहेषु
पुमान्ह्येको व्यवस्थितः।
तदा हि को भवान्सोऽह-
मित्येतद्विप्रलम्भनम्॥
त्वं राजा शिबिका चेयं
वयं वाहाः पुरःसराः।

इस प्रकार मैंने तुम्हारे प्रति परमार्थका निरूपण किया। बस, एक ज्ञान ही सत्य है और सब मिथ्या है। उसके सिवा यह जो व्यावहारिक सत्य है उस त्रिभुवनके विषयमें भी वर्णन कर दिया।''

''कर्म अविद्याजनित है और वह सभी जीवोंमें विद्यमान है; किन्तु आत्मा शुद्ध, निर्विकार, शान्त, निर्गुण और प्रकृतिसे अतीत है। सम्पूर्ण प्राणियोंमें विद्यमान उस एक आत्माके वृद्धि और क्षय नहीं होते।'' ''हे राजन्! जो कालान्तरमें भी परिणामादिके कारण होनेवाली किसी अन्य संज्ञाको प्राप्त नहीं होती वही परमार्थ वस्तु है। ऐसी वस्तु [आत्माके सिवा] और क्या है?'' ''हे नृपश्रेष्ठ! यदि मुझसे भिन्न कोई और पदार्थ होता तो यह, मैं, अमुक, अन्य आदि भी कहना ठीक हो सकता था। जब कि सम्पूर्ण शरीरोंमें एक ही पुरुष स्थित है तो ''आप कौन हैं?'' 'मैं वह हूँ' इत्यादि वाक्य वंचनामात्र हैं! तुम राजा हो, यह पालकी है, हम तुम्हारे सामने चलनेवाले वाहक हैं

अयं च भवतो लोको
न सदेतत्त्वयोच्यते॥''
(२।१३।९०—९२)

''वस्तु राजेति यल्लोके
यच्च राजभटात्मकम्।
तथान्ये च नृपत्वं च
तत्तत्सङ्कल्पनामयम् ॥''
(२।१३।९९)

''अनाशी परमार्थश्च
प्राज्ञैरभ्युपगम्यते ।''
(२।१४।२४)

''परमार्थस्तु भूपाल
संक्षेपाच्छ्रूयतां मम॥
एको व्यापी समः शुद्धो
निर्गुणः प्रकृतेः परः।
जन्मवृद्ध्यादिरहित
आत्मा सर्वगतोऽव्ययः॥
परज्ञानमयः सद्भि-
र्नामजात्यादिभिः प्रभुः।
न योगवान्न युक्तोऽभू-
न्नैव पार्थिव योक्ष्यते॥
तस्यात्मपरदेहेषु
संयोगो ह्येक एव यत्।
विज्ञानं परमार्थोऽसौ
द्वैतिनोऽतथ्यदर्शिनः ॥''
(२।१४।२८—३१)

''एवमेकमिदं विद्व-
न्नभेदि सकलं जगत्।
वासुदेवाभिधेयस्य
स्वरूपं परमात्मनः॥''
(२।१५।३५)

और ये तुम्हारे परिजन हैं—यह तुम ठीक नहीं कहते।'' ''व्यवहारमें जो वस्तु राजा है, जो राजसेवकादि हैं और जिसे राजत्व कहते हैं तथा इनके सिवा जो अन्य पदार्थ हैं वे सब संकल्पमय ही हैं।'' ''अविनाशी परमार्थतत्त्वकी उपलब्धि तो ज्ञानियोंको ही होती है।''

''राजन्! तुम मुझसे संक्षेपमें परमार्थतत्त्व श्रवण करो। सर्वव्यापी, सर्वत्र समभावसे स्थित, शुद्ध, निर्गुण प्रकृतिसे अतीत, जन्म और वृद्धि आदिसे रहित, सर्वगत एवं अविनाशी आत्मा एक है। वह परम ज्ञानमय है। हे राजन्! उस प्रभुका वास्तविक नाम एवं जाति आदिसे संयोग न तो है, न हुआ है और न कभी होगा ही। उसका अपने और दूसरोंके देहोंके साथ एक ही संयोग है। इस प्रकारका जो विशेष ज्ञान है वही परमार्थ है। द्वैतवादी तो अपरमार्थदर्शी हैं। हे विद्वन्! इस प्रकार यह सारा जगत् वासुदेवसंज्ञक परमात्माका एक अभिन्न स्वरूप ही है।''

"निदाघोऽप्युपदेशेन
तेनाद्वैतपरोऽभवत् ॥
सर्वभूतान्यभेदेन
स ददर्श तदात्मनः।
तथा ब्रह्म ततो मुक्ति-
मवाप परमां द्विज॥
सितनीलादिभेदेन
यथैकं दृश्यते नभः।
भ्रान्तदृष्टिभिरात्मापि
तथैकः सन्पृथक्पृथक्॥"
(२।१६।१९-२०)

"[मुनिवर ऋभुके] इस उपदेशसे निदाघ भी अद्वैतपरायण हो गये और तब वह समस्त प्राणियोंको आत्माके साथ अभेदरूपसे देखने लगा तथा उसे ब्रह्मका साक्षात्कार हो गया। हे द्विज! इससे उसने उत्कृष्ट मोक्षपद प्राप्त कर लिया। जिस प्रकार एक ही आकाश सफेद और नीले आदि भेदसे विभिन्न प्रकारका दिखायी देता है, उसी प्रकार जिनकी दृष्टि भ्रमग्रस्त है उन लोगोंको आत्मा एक होनेपर भी पृथक्-पृथक् दिखायी देता है।"

"एकः समस्तं यदिहास्ति किञ्चि-
त्तदच्युतो नास्ति परं ततोऽन्यत्।
सोऽहं स च त्वं स च सर्वमेत-
दात्मस्वरूपं त्यज भेदमोहम्॥
इतीरितस्तेन स राजवर्य-
स्तत्याज भेदं परमार्थदृष्टिः।
स चापि जातिस्मरणाप्तबोध-
स्तत्रैव जन्मन्यपवर्गमाप॥"
(२।१६।२२—२४)

"इस जगत्में जो कुछ है वह सब एकमात्र श्रीहरि ही हैं; उनसे भिन्न और कुछ भी नहीं है। वही मैं हूँ, वही तुम हो और यह सारा जगत् भी आत्मस्वरूप श्रीहरि ही है। तुम भेदभ्रमको छोड़ दो। उस (अवधूत)-के ऐसा कहनेपर उस सौवीरनरेशने परमार्थदृष्टिसे सम्पन्न हो भेदबुद्धि छोड़ दी और उस ब्राह्मणने भी पूर्वजन्मका स्मरण रहनेसे तत्त्वज्ञान प्राप्त कर उसी जन्ममें मोक्षपद प्राप्त कर लिया।"

तथा लैङ्गे—

"तस्मादज्ञानमूलो हि
संसारः सर्वदेहिनाम्।
परतन्त्रे स्वतन्त्रे च
भिदाभावाद्विचारतः ॥
एकत्वमपि नास्त्येव
द्वैतं तत्र कुतोऽस्त्यहो।

तथा लिंगपुराणमें कहा है—"अतः समस्त प्राणियोंको यह संसार अज्ञानके ही कारण प्राप्त हुआ है; क्योंकि विचार करनेपर स्वतन्त्र परमात्मा और परतन्त्र जीवमें कोई भेद नहीं है। अहो! जब उसमें एकत्व भी नहीं है तो द्वैत कहाँसे हो सकता है?

एकं नास्त्यथ मर्त्यं च
कुतो मृतसमुद्भवः ॥
नान्तःप्रज्ञो बहिष्प्रज्ञो
न चोभयत एव च।
न प्रज्ञानघनस्त्वेवं
न प्रज्ञोऽप्रज्ञ एव सः ॥
विदिते नास्ति वेद्यं च
निर्वाणं परमार्थतः।
अज्ञानतिमिरात्सर्वं
नात्र कार्या विचारणा ॥
ज्ञानं च बन्धनं चैव
मोक्षो नाप्यात्मनो द्विजाः।
न ह्येषा प्रकृतिर्जीवो
विकृतिश्च विकारतः।
विकारो नैव मायैषा
सदसद्व्यक्तिवर्जिता ॥"

जब एक नहीं और कोई मर्त्य (मरणधर्मा) भी नहीं तो मृत्यु कहाँसे हो सकती है? वह न अन्तःप्रज्ञ (भीतरकी जाननेवाला) है, न बहिष्प्रज्ञ (बाहरकी जाननेवाला) है, न दोनों ओरकी जाननेवाला है और न प्रज्ञानघन है। इसीलिये वह न प्रज्ञ (प्रकृष्ट ज्ञानवान्) है और न अप्रज्ञ (ज्ञानहीन) ही है। ज्ञान हो जानेपर तो कोई ज्ञेय ही नहीं रहता; अतः परमार्थतः निर्वाणस्वरूप ही है। सब कुछ अज्ञानान्धकारके ही कारण है। इसमें किसी प्रकारका विचार करनेकी आवश्यकता नहीं है। हे द्विजगण! आत्माका न ज्ञान होता है, न बन्धन होता है और न मोक्ष ही होता है। जीव न तो यह प्रकृति है, न विकृति है और न इनका विकार ही है, क्योंकि ये सब विकारी हैं। यह सब तो सत्-असत्से विलक्षण माया ही है।"

तथाह भगवान्पराशरः—

"अस्माद्धि जायते विश्व-
मत्रैव प्रविलीयते।
स मायी मायया बद्धः
करोति विविधास्तनूः ॥
न चात्रैवं संसरति
न च संसारयेत्परम्।
न कर्ता नैव भोक्ता च
न च प्रकृतिपूरुषौ ॥
न माया नैव च प्राण-
श्चैतन्यं परमार्थतः।

तथा भगवान् पराशर कहते हैं—

"इसीसे विश्व उत्पन्न होता है और इसीमें लीन हो जाता है। वह मायामय मायासे बँधकर स्वयं ही अनेक प्रकारके शरीर धारण कर लेता है। किन्तु इस प्रकार न तो वह स्वयं संसारको प्राप्त होता है और न किसी अन्यको ही संसारमें प्रवृत्त करता है क्योंकि वह न कर्ता है, न भोक्ता है, न प्रकृति या पुरुष है, न माया है और न प्राण है; वस्तुतः वह तो चैतन्य है।

तस्मादज्ञानमूलो हि
संसारः सर्वदेहिनाम्॥
नित्यः सर्वगतो ह्यात्मा
कूटस्थो दोषवर्जितः।
एकः स भिद्यते शक्त्या
मायया न स्वभावतः॥
तस्मादद्वैतमेवाहु-
र्मुनयः परमार्थतः।
ज्ञानस्वरूपमेवाहु-
र्जगदेतद्विचक्षणाः॥
अर्थस्वरूपमज्ञाना-
त्पश्यन्त्यन्ये कुदृष्टयः।
कूटस्थो निर्गुणो व्यापी
चैतन्यात्मा स्वभावतः॥
दृश्यते ह्यर्थरूपेण
पुरुषैर्भ्रान्तदृष्टिभिः।
यदा पश्यति चात्मानं
केवलं परमार्थतः॥
मायामात्रमिदं द्वैतं
तदा भवति निर्वृतः।
तस्माद्विज्ञानमेवास्ति
न प्रपञ्चो न संसृतिः॥''

एवं श्रुत्यादिना नामादिकारणोपप्रपञ्चस्य न्यासमुखेन स्वरूपेण मिथ्यात्वम् च बाधितत्वात्प्रपञ्चस्य मिथ्यात्वमवगम्यते। अस्थूलादिलक्षणस्य ब्रह्मणस्तद्विपरीतस्थूलाकारो मिथ्या भवितुमर्हति। यथैकस्य चन्द्रमसस्तद्विपरीतद्वितीयाकारस्तद्वत्।

अतः समस्त प्राणियोंको अज्ञानके कारण ही संसारकी प्राप्ति हुई है। आत्मा तो नित्य, सर्वगत, कूटस्थ और निर्दोष है। वह एक अपनी मायाशक्तिके द्वारा ही भेदको प्राप्त होता है, स्वरूपतः नहीं। अतः मुनियोंने परमार्थतः अद्वैत ही बतलाया है; विद्वानोंने इस जगत्को ज्ञानस्वरूप ही कहा है। जिनकी दृष्टि दूषित है, वे अन्य लोग ही अज्ञानवश इसे परमार्थस्वरूप समझते हैं। चैतन्य आत्मा तो स्वभावतः कूटस्थ, निर्गुण और सर्वव्यापक है। भ्रान्तिदर्शी लोगोंको ही वह पदार्थाकार प्रतीत होता है। जिस समय पुरुष आत्माका परमार्थरूपसे साक्षात्कार करता है और इस द्वैतप्रपंचको मायामात्र समझता है उसी समय उसे शान्ति प्राप्त होती है। अतः केवल विज्ञान ही है, प्रपंच या संसार नहीं है।''

इस प्रकार श्रुति आदिके द्वारा नामादिके कारणोंका दिग्दर्शन करानेसे तथा स्वरूपतः बाधित होनेके कारण प्रपंचका मिथ्यात्व जाना जाता है। ब्रह्म अस्थूलादि लक्षणोंवाला है, अतः उससे विपरीत स्थूलाकार प्रपंच मिथ्या होना ही चाहिये। जिस प्रकार एक चन्द्रमाका उससे विपरीत दूसरा आकार मिथ्या होता है उसी प्रकार इसे समझना चाहिये।

सूत्रकृन्मतोपन्यास-पूर्वकं ब्रह्मणो निर्विशेषत्व-समर्थनम्

तथा च सूत्रकारो "न स्थानतोऽपि परस्योभयलिङ्गं सर्वत्र हि" (ब्र० सू० ३।२।११) इति स्वरूपत उपाधितश्च विरुद्धरूपद्वयासम्भवान्निर्विशेषमेव ब्रह्मेत्युपपाद्य "न भेदात्"——(ब्र० सू० ३। २। १२) इति भेदश्रुतिबलात्किमिति सविशेषमपि ब्रह्म नाभ्युपगम्यत इत्याशङ्क्य "न प्रत्येकमतद्वचनात्" इत्युपाधिभेदस्य श्रुत्यैव बाधितत्वादभेदश्रुतिबलात्सविशेषस्य ग्रहणायोगान्निर्विशेषमेवेत्युपपाद्य "अपि चैवमेके" (ब्र० सू० ३। २।१३) इति भेदनिन्दापूर्वकमभेदमेवैके शाखिनः समामनन्ति—

इसी प्रकार सूत्रकार भगवान् व्यासने भी "न[1] स्थानतोऽपि परस्योभयलिङ्गं सर्वत्र हि" इस सूत्रद्वारा स्वरूपसे और उपाधिसे भी ब्रह्मके [सविशेष और निर्विशेष] दो परस्पर-विरुद्ध रूप सम्भव न होनेके कारण ब्रह्म निर्विशेष ही है ऐसा उपपादन कर [फिर "न भेदादिति चेन्न प्रत्येकमतद्वचनात्" इस सूत्रके] "न[2] भेदात्" इस अंशद्वारा ऐसी आशंका कर कि "क्या भेदश्रुतिके सामर्थ्यसे ब्रह्मको सविशेष भी नहीं माना जा सकता" "न[3] प्रत्येकमतद्वचनात्" इस अंशसे यह निश्चय किया है कि उपाधिजनित भेदश्रुतिसे ही बाधित होनेके कारण अभेदश्रुतिके सामर्थ्यसे सविशेष ब्रह्मका ग्रहण नहीं किया जा सकता, इसलिये वह निर्विशेष ही है। इसके पश्चात् "अपि[4] चैवमेके" इस सूत्रसे यह निश्चय किया है कि कोई-कोई शाखावाले भेददृष्टिकी निन्दा करते हुए अभेदका ही प्रतिपादन करते हैं। [उनका कथन है कि]

१-परब्रह्म उपाधिसे भी [सविशेष निर्विशेष] उभयरूप नहीं हो सकता; क्योंकि सर्वत्र उसका निर्विशेषरूपसे ही वर्णन किया गया है।

२-[यदि कहो] ऐसा नहीं है, क्योंकि ['चतुष्पाद् ब्रह्म' 'षोडशकलं ब्रह्म' इत्यादि रूपसे] प्रत्येक विद्यामें उसका भेदरूपसे वर्णन किया है।

३-तो ऐसा नहीं है; क्योंकि प्रत्येक औपाधिक भेदमें ['अयमेव स योऽयमात्मा' इत्यादि श्रुतिके द्वारा] उसका अभेद ही बतलाया गया है।

४-अपितु किसी-किसी शाखावाले इस प्रकार ही [अर्थात् भेदकी निन्दापूर्वक अभेदका ही] प्रतिपादन करते हैं।

"मनसैवेदमाप्तव्यम्" (क० उ० २। १। ११)। "नेह नानास्ति किञ्चन।" "मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति" (बृ० उ० ४। ४। १९)। "एकधैवानुद्रष्टव्यमिति" (बृ० उ० ४। ४। २०)। "भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्" (श्वेता० उ० १। १२) इति सर्वभोग्यभोक्तृनियन्तृलक्षणस्य प्रपञ्चस्य ब्रह्मैकस्वभावताभिधीयत इति।

सविशेषत्वमाशङ्क्य तन्निरसनं श्रुतिविरोधपरिहारश्च

पुनरपि निर्विशेषपक्षे दृढीकृते किमित्येकस्वरूपस्य उभयस्वरूपासम्भवेऽनाकारमेव ब्रह्मावधार्यते न पुनर्विपरीतमित्याशङ्क्य "अरूपवदेव हि तत्प्रधानत्वात्" (ब्र० सू० ३। २। १४) इति रूपाद्याकाररहितमेव ब्रह्मावधारयितव्यम्। कस्मात्? तत्प्रधानत्वात्। "अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्।" (बृ० उ० ३। ८। ८) "अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्" (क० उ० १। ३। १५)।

"यह मनसे ही प्राप्त किया जा सकता है", "यहाँ नाना कुछ नहीं है", "यहाँ जो अनेकवत् देखता है वह मृत्युसे मृत्युको प्राप्त होता है", "उसे एकरूप ही देखना चाहिये" तथा "भोक्ता, भोग्य और प्रेरक मानकर जिसे तीन प्रकारका कहा गया है वह सब ब्रह्म ही है" इत्यादि श्रुतियोंसे भोक्ता, भोग्य और प्रेरकरूप सम्पूर्ण प्रपंच एकमात्र ब्रह्मस्वरूप ही कहा गया है।

इस प्रकार फिर भी निर्विशेष पक्षकी ही पुष्टि होनेपर एकस्वरूप ब्रह्मका उभयरूप होना असम्भव है, इसलिये ब्रह्मको निराकार ही क्यों निश्चय किया जाता है, उससे विपरीत साकार क्यों नहीं माना जाता ऐसी आशंका कर "अरूपवदेव[1] हि तत्प्रधानत्वात्" इस सूत्रसे यह कहा है कि ब्रह्मको रूपादि आकारोंसे रहित ही निश्चय करना चाहिये। क्यों?—इसलिये कि निर्विशेष वाक्य ही ब्रह्मका प्रधानतया प्रतिपादन करते हैं। यथा—"ब्रह्म न स्थूल है, न अणु है, न ह्रस्व है, न दीर्घ है", "ब्रह्म शब्द, स्पर्श और रूपहीन तथा अविनाशी है",

१-ब्रह्म रूपरहित ही है; क्योंकि प्रधानतया ब्रह्मका प्रतिपादन करनेवाली "अस्थूलम्" इत्यादि श्रुति निर्गुणप्रधान ही है।

"आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद् ब्रह्म" (छा० उ० ४। १४।७) "तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यमयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूरित्येतदनुशासनम्" (बृ० उ० २। ५।१९) इत्येवमादीनि निष्प्रपञ्चब्रह्मात्मतत्त्वप्रधानानि। इतराणि कारणब्रह्मविषयाणि न तत् प्रधानानि। तत्प्रधानान्यतत्प्रधानेभ्यो बलीयांसि भवन्ति। अतस्तत्परश्रुतिप्रतिपन्नत्वान्निर्विशेषमेव ब्रह्मावगन्तव्यं न पुनः सविशेषमिति निर्विशेषपक्षमुपपाद्य का तर्ह्याकारवद्विषयाणां श्रुतीनां गतिः ? इत्याकाङ्क्षायां "प्रकाशवच्चावैयर्थ्यात्" (ब्र० सू० ३।२।१५)

"आकाश (आकाशसंज्ञक ब्रह्म) ही नाम-रूपका निर्वाहक है, वे जिसके अन्तर्गत हैं वह ब्रह्म है", "वह ब्रह्म कारण-कार्यसे रहित तथा अन्तर्बाह्यशून्य है, यह आत्मा सबका अनुभव करनेवाला ब्रह्म है—यही वेदकी आज्ञा है" इत्यादि वाक्य प्रधानतया निष्प्रपंच ब्रह्मात्मतत्त्वके ही प्रतिपादक हैं।[1] अन्य जो कारणब्रह्मविषयक वाक्य हैं उनका मुख्य तात्पर्य ब्रह्मतत्त्वके प्रतिपादनमें नहीं है। किसी भी ज्ञातव्य वस्तुके सम्बन्धमें अतत्प्रधान[2] वाक्योंकी अपेक्षा तत्प्रधान[3] वाक्य ही बलवान् होते हैं। अतः प्रधानतया ब्रह्मतत्त्वका प्रतिपादन करनेवाली श्रुतियोंसे ज्ञात होनेके कारण ब्रह्मको निर्विशेष ही मानना चाहिये, सविशेष नहीं। इस प्रकार निर्विशेष पक्षका समर्थन करनेपर ऐसी आशंका होनेपर कि 'फिर साकारब्रह्मपरा श्रुतियोंकी क्या गति होगी ?' "प्रकाशवच्चावैयर्थ्यात्[4]" इस सूत्रसे यह बतलाया है कि

१-उनका मुख्य तात्पर्य प्रपंचको चेतनसे अभिन्न सिद्ध करनेमें ही है।

२-जिन वाक्योंमें ज्ञातव्य वस्तुकी चर्चा तो रहती है, पर उनका मुख्य तात्पर्य उस वस्तुके स्वरूपका प्रतिपादन करनेमें नहीं होता, वे 'अतत्प्रधान' कहलाते हैं।

३-जो वाक्य मुख्यतया ज्ञातव्य 'वस्तु' के तत्त्वका ही प्रतिपादन करनेमें तात्पर्य रखते हैं, वे 'तत्प्रधान' कहे जाते हैं।

४-[भिन्न-भिन्न उपाधियोंमें तदनुरूप आकार धारण करनेवाले] प्रकाशके समान उपाधिभेदसे सविशेष ब्रह्मका प्रतिपादन करनेवाली श्रुति भी व्यर्थ नहीं है।

इति चन्द्रसूर्यादीनां जलाद्युपाधिकृतनानात्ववच्च ब्रह्मणोऽप्युपाधिकृतनानात्वरूपस्य विद्यमानत्वात्तदाकारवतो ब्रह्मण आकारविशेषोपदेश उपासनार्थो न विरुध्यते।

जलादि उपाधियोंके कारण प्रतीत होनेवाले चन्द्र-सूर्यादिके नानात्वके समान ब्रह्मका भी उपाधिकृत नानात्वरूप विद्यमान है। अतः उपासनाके लिये औपाधिक आकारवान् ब्रह्मके किसी आकारविशेषका उपदेश करनेमें भी कोई विरोध नहीं है।

निर्विशेषपक्ष-दृढीकरणम्

एवमवैयर्थ्यं नानाकारब्रह्मविषयाणां वाक्यानामिति भेदश्रुतीनामौपाधिकब्रह्मविषयत्वेनावैयर्थ्यमुक्त्वा पुनरपि निर्विशेषमेव ब्रह्मेति द्रढयितुम् "आह च तन्मात्रम्" (ब्र० सू० ३। २।१६) इति। "स यथा सैन्धवघनोऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नो रसघन एव। एवं वा अरेऽयमात्मानन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव" (बृ० उ० ४। ५। १३) इति श्रुत्युपन्यासेन विज्ञानव्यतिरिक्तरूपान्तराभावमुपन्यस्य "दर्शयति चाथो अपि स्मर्यते" (ब्र० सू० ३। २। १७) इति। "अथात आदेशो नेति नेति" (बृ० उ० २। ३। ६)।

इस प्रकार नानारूप ब्रह्मविषयक श्रुतिवाक्य भी व्यर्थ नहीं है—इस तरह औपाधिक ब्रह्मविषयिणी होनेसे भेद-श्रुतियोंकी अव्यर्थता बतलाकर फिर भी यह दृढ़ करनेके लिये कि 'ब्रह्म निर्विशेष ही है' उन्होंने "आह[1] च तन्मात्रम्" इस सूत्रकी अवतारणा की है। इस सूत्रमें "जिस प्रकार नमकका डला बाहर-भीतरसे शून्य [अर्थात् बाहर-भीतर एक समान केवल घनीभूत रस ही है] इसी प्रकार यह आत्मा बाहर-भीतरके भेदसे रहित सब-का-सब घनीभूत प्रज्ञान ही है" इस श्रुतिकी व्याख्या करते हुए उन्होंने यह दिखलाकर कि विज्ञानसे भिन्न और कोई रूप है ही नहीं "दर्शयति[2] चाथो अपि स्मर्यते" यह सूत्र कहा है। इसमें "इससे आगे श्रुतिका यही आदेश है—यह आत्मा ऐसा नहीं है, ऐसा नहीं है",

१-श्रुतिने ब्रह्मकी चिन्मात्रताका प्रतिपादन किया है।

२-'अथात आदेशो नेति नेति' इत्यादि श्रुति ब्रह्मको निर्विशेष प्रदर्शित करती है और 'अनादिमत्परं ब्रह्म' इत्यादि स्मृति भी ऐसा ही कहती है।

"अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि" (के० उ० १। ३)। "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह" (तैत्ति० उ० २। ४। १)।

"प्रत्यस्तमितभेदं यत्
सत्तामात्रमगोचरम् ।
वचसामात्मसंवेद्यं
तज्ज्ञानं ब्रह्मसंज्ञितम्।"

"विश्वस्वरूपवैरूप्यं
लक्षणं परमात्मनः।"

इत्यादिश्रुतिस्मृत्युपन्यासमुखेन प्रत्यस्तमितभेदमेव ब्रह्मेत्युपपाद्य "अत एव चोपमा सूर्यकादिवत्" (ब्र० सू० ३। २। १८) इति। यत एव चैतन्यमात्ररूपो नेति नेत्यात्मको विदिताविदिताभ्यामन्यो वाचामगोचरः प्रत्यस्तमितभेदो विश्वस्वरूपविलक्षणस्वरूपः परमात्माविद्योपाधिको भेदः। अत एव चास्योपाधिनिमित्तामपारमार्थिकीं विशेषवत्तामभिप्रेत्य जलसूर्यादिरिवेत्युपमा दीयते मोक्षशास्त्रेषु।

"आकाशमेकं हि यथा
घटादिषु पृथक्पृथक्।
तथात्मैको ह्यनेकश्च
जलाधारेष्विवांशुमान् ॥"

(याज्ञ० ३। १४४)

"वह विदितसे अन्य है और अविदितसे भी परे है", "जहाँसे मनके सहित वाणी उसे न पाकर लौट आती है", "जो भेदसे रहित, सत्तामात्र, वाणीका अविषय और स्वसंवेद्य है वही ब्रह्मसंज्ञक ज्ञान है", "सर्वरूपसे विलक्षण होना—यह परमात्माका लक्षण है" इत्यादि श्रुति-स्मृतियोंका उल्लेख करके ब्रह्म सर्वभेदशून्य ही है—ऐसा प्रतिपादन कर उन्होंने "अत* एव चोपमा सूर्यकादिवत्" यह सूत्र कहा है। [इसमें यह बतलाया है—] क्योंकि परमात्मा चैतन्यमात्रस्वरूप, यह भी नहीं, यह भी नहीं, इत्यादि रूपसे उपलक्षित स्वरूपवाला, ज्ञात और अज्ञातसे भिन्न, वाणीका अविषय, सब प्रकारके भेदसे रहित और सम्पूर्ण रूपोंसे विलक्षण स्वरूपवाला है, इसलिये भेद अविद्यारूप उपाधिके कारण है। इसीसे इसकी उपाधि-निमित्तक अपारमार्थिकी विशेषरूपताके आशयसे ही मोक्षशास्त्रोंमें 'भेद जलमें प्रतिविम्बित सूर्यादिके समान है' ऐसी उपमा दी जाती है।

"जिस प्रकार घटादि उपाधियोंमें एक ही आकाश पृथक्-पृथक्-सा भासने लगता है, उसी प्रकार विभिन्न जलाशयोंमें प्रतिविम्बित हुए सूर्यके समान एक ही आत्मा अनेक-सा जान पड़ता है।"

* इसलिये [सविशेष ब्रह्मके विषयमें] जलप्रतिविम्बित सूर्यके समान उपमा दी जाती है।

"एक एव तु भूतात्मा
भूते भूते व्यवस्थितः।
एकधा बहुधा चैव
दृश्यते जलचन्द्रवत्॥"
"यथा ह्ययं ज्योतिरात्मा विवस्वा-
नपो भिन्ना बहुधैकोऽनुगच्छन्।
उपाधिना क्रियते भेदरूपो
देवः क्षेत्रेष्वेवमजोऽयमात्मा॥"

इति दृष्टान्तबलेनापि निर्विशेषमेव ब्रह्मेत्युपपाद्य "अम्बुवदग्रहणात्" (ब्र० सू० ३।२।१९) इत्यात्मनोऽमूर्तत्वेन सर्वगतत्वेन जलसूर्यादिवन्मूर्तसंभिन्नदेशस्थितत्वाभावाद्दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः सादृश्यं नास्तीत्याशङ्क्य "वृद्धिह्रासभाक्त्वम्" (ब्र० सू० ३।२।२०) इति न हि दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोर्विवक्षितांश-

"विभिन्न भूतोंमें एक ही भूतात्मा स्थित है, जो जलमें दिखायी देते हुए चन्द्रमाओंके समान एक और अनेक रूपोंमें भी देखा जाता है।" "जिस प्रकार यह ज्योतिःस्वरूप एक ही सूर्य भिन्न-भिन्न जलाशयोंका अनेक रूप होकर अनुगमन करता है, उसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रोंमें यह एक ही अजन्मा आत्मदेव उपाधिके द्वारा अनेक रूप कर दिया जाता है।"

इस प्रकार दृष्टान्तके बलसे भी यही सिद्ध करके कि ब्रह्म निर्विशेष ही है "अम्बुवदग्रहणात्तु[1] न तथात्वम्" इस सूत्रसे यह आशंका की है कि आत्मा अमूर्त और सर्वगत है; अतः जल सूर्यादिके समान उसका मूर्तरूपसे किसी देशविशेषमें स्थित होना सम्भव न होनेके कारण इन दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिकोंकी समता नहीं है। इसपर इसपर "वृद्धिह्रासभाक्त्वमन्तर्भावादुभय[2]-सामञ्जस्यादेवम्" इस सूत्रसे यह दिखलाया है कि विवक्षित अंशको

१-सूर्यसे भिन्न जलके समान सविशेष ब्रह्मकी उपाधि उससे भिन्न गृहीत न होनेके कारण सूर्यके प्रतिविम्बसे उसकी उपमा नहीं दी जा सकती।

२-जिस प्रकार सूर्यप्रतिविम्ब जलकी वृद्धि और ह्रास होनेपर स्वयं भी वृद्धि और ह्रासका भागी होता है उसी प्रकार आत्मा वास्तवमें अविकारी और एकरूप होनेपर भी देहादि उपाधियोंके अन्तर्भूत होकर उनके वृद्धि और ह्रासका भागी होता है। इस प्रकार दृष्टान्त और दार्ष्टान्त दोनोंमें सामंजस्य होनेके कारण कोई विरोध नहीं है।

मुक्त्वा सर्वसारूप्यं केनचिद्दर्शयितुं शक्यते। सर्वसारूप्ये दृष्टान्त-दार्ष्टान्तिकभावोच्छेद एव स्यात्। वृद्धिह्रासभाक्त्वमत्र विवक्षितम्। जलगतसूर्यप्रतिबिम्बं जलवृद्धौ वर्धते जलह्रासे च ह्रसति जल-चलने चलति जलभेदे भिद्यत इत्येवं जलधर्मानुविधायि भवति न तु परमार्थतः सूर्यस्य तत्त्व-मस्ति। एवं परमार्थतोऽविकृत-मेकरूपमपि सद्ब्रह्म देहाद्युपाध्यन्त-र्भावाद्भजत एवोपाधिधर्मा-न्वृद्धिह्रासादीनिति विवक्षितांशप्रति-पादनेन दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः सामञ्जस्यमुक्त्वा "दर्शनाच्च" (ब्र० सू० ३। २। २१) इति "पुरश्चक्रे द्विपदः पुरश्चक्रे चतुष्पदः पुरः स पक्षी भूत्वा पुरः पुरुष आविशत्" (बृ० उ० २। ५। १८)। "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" (बृ० उ० २। ५। १९)। "मायां तु प्रकृतिं

छोड़कर दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिककी सर्वांशमें समानता कोई भी नहीं दिखला सकता। यदि सर्वांशमें समानता हो जायगी तो उनका दृष्टान्त-दार्ष्टान्तिक भाव ही नहीं रहेगा। यहाँ (जलसूर्यादि दृष्टान्तमें) तो उनका वृद्धिह्रासयुक्त होना ही विवक्षित है। जिस प्रकार जलमें पड़ा हुआ सूर्यका प्रतिविम्ब जलके बढ़नेपर बढ़ता, जलके घटनेपर घटता जलके चलनेपर चलता और जलका भेद होनेपर भिन्न-सा हो जाता है, इस प्रकार वह जलके धर्मोंका अनुकरण करता है, उसमें वे विकार वास्तविक नहीं होते, उसी प्रकार परमार्थतः अविकारी और एकरूप होनेपर भी ब्रह्म देहादि उपाधियोंके अन्तर्गत रहनेसे उन उपाधियोंके वृद्धि-ह्रासादि धर्मोंको ग्रहण करता ही है—इस प्रकार विवक्षित अंशके प्रतिपादनसे दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिकका सामंजस्य बतलाकर "दर्शनाच्च*" इस सूत्रांशसे "परमपुरुषने दो चरणोंवाला पुर (शरीर) बनाया, चार पैरोंवाला पुर बनाया और वह पक्षी होकर उन पुरोंमें प्रवेश कर गया", "इन्द्र मायाद्वारा अनेक रूपवाला हो जाता है", "मायाको प्रकृति जानो और

* श्रुतियाँ भी देहादि उपाधियोंमें ब्रह्मका अनुप्रवेश दिखलाती हैं।

विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्'' (श्वेता० उ० ४। १०)। ''मायी सृजते विश्वमेतम्'' (श्वेता० उ० ४।९)। ''एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च'' (क० उ० २। २। ९-१०)। ''एको देवः सर्वभूतेषु गूढः'' (श्वेता० उ० ६। ११)। ''स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत'' (ऐत० उ० १। ३। १२)। ''स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यः'' (बृ० उ० १।४।७)। ''तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्'' (तैत्ति० उ० २। ६। १) इत्यादिना परस्यैव ब्रह्मण उपाधियोगं दर्शयित्वा निर्विशेषमेव ब्रह्म। भेदस्तु जलसूर्यादिवदौपाधिको मायानिबन्धन इत्युपसंहृतवान्।

किञ्च ब्रह्मविदामनुभवोऽपि प्रपञ्चस्य बाधितत्वे प्रपञ्चस्य बाधकः। तेषां निष्प्रपञ्चात्मदर्शनस्य विद्यमानत्वात्। तथा हि तेषामनुभवं दर्शयति। ''यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः'' (ई० उ० ७)। ''विदिते वेद्यं नास्ति'' इति। एवं निर्वाणमनुशासनम्। ''यत्र वा अन्यदिव स्यात्तत्रान्योऽन्यत्पश्येत्'' (बृ० उ० ४। ३। ३१)।

ब्रह्मविदनुभवप्रदर्शनम्

मायावीको महेश्वर'', ''मायावी इस विश्वकी रचना करता है'', ''उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तरात्मा भिन्न-भिन्न रूपोंके अनुरूप हो गया है'', ''समस्त भूतोंमें एक ही देव छिपा हुआ है'', ''इस मूर्धसीमाको ही विदीर्ण कर वह इसीके द्वारा शरीरमें प्रवेश कर गया'', ''वह नखके अग्रभागसे लेकर शिखातक इस शरीरमें प्रवेश किये हुए है'', ''उसे रचकर वह उसीमें अनुप्रविष्ट हो गया'' इत्यादि श्रुतियोंद्वारा परब्रह्मको ही उपाधिकी प्राप्ति दिखलाकर इस प्रकार उपसंहार किया है कि ब्रह्म निर्विशेष ही है; उसका जो मायाजनित भेद है वह जल-सूर्यादिके समान उपाधिके कारण है।

इसके सिवा ब्रह्मवेत्ताओंका अनुभव भी प्रपंचका बाधक है, क्योंकि उन्हें निष्प्रपंच आत्माका अनुभव रहता है। ऐसा ही यह श्रुति उनका अनुभव प्रदर्शित करती है— ''जिस स्थितिमें ज्ञानीको सब भूत आत्मा ही हो जाते हैं, उसमें उस एकत्वदर्शीके लिये क्या शोक और क्या मोह हो सकता है?'' ''बोध हो जानेपर कोई श्रेय नहीं रहता'' इत्यादि। इसी प्रकार निर्वाणका भी उपदेश किया है—''जहाँ अन्य-सा हो वहाँ अन्य अन्यको देखे'',

"यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्" (बृ० उ० ४। ५। १५)।

"यदेतद्दृश्यते मूर्त-
मेतज्ज्ञानात्मनस्तव ।
भ्रान्तिज्ञानेन पश्यन्ति
जगद्रूपमयोगिनः ॥
ये तु ज्ञानविदः शुद्ध-
चेतसस्तेऽखिलं जगत्।
ज्ञानात्मकं प्रपश्यन्ति
त्वद्रूपं पारमेश्वरम्॥"
(विष्णुपु० १। ४। ३९,४१)

"निदाघोऽप्युपदेशेन
तेनाद्वैतपरोऽभवत् ॥
सर्वभूतान्यशेषेण
ददर्श स तदात्मनः।
तथा ब्रह्म ततो मुक्ति-
मवाप परमां द्विजः॥"
(विष्णुपु० २। १६। १९-२०)

"अत्रात्मव्यतिरेकेण
द्वितीयं यो न पश्यति।
ब्रह्मभूतः स एवेह
वेदशास्त्र उदाहृतः॥"

उपनिषदारम्भ-प्रयोजनोपसंहारः इत्येवं श्रुतिस्मृतियुक्तितोऽनुभवतश्च प्रपञ्चस्य बाधितत्वादत्यन्तविलक्षणानामसदृशरूपाणां मधुरतिक्तश्वेतपीतादीनामपि परस्पराध्यासदर्शनादमूर्तेऽप्याकाशे तलमलिनताद्यध्यासदर्शनादात्मानात्मनोरत्यन्त-

किन्तु "जिस स्थितिमें इसे सब आत्मा ही हो गया है उसमें किससे किसे देखे?"

"यह जो कुछ मूर्त जगत् दिखायी देता है वह ज्ञानस्वरूप आपका ही रूप है। अज्ञानीलोग भ्रान्तिज्ञानके कारण इसे जगद्रूप देखते हैं, किन्तु जो शुद्धचित्त ज्ञानवान् पुरुष हैं वे इस सम्पूर्ण जगत्को आप ज्ञानस्वरूप परमात्माका ही स्वरूप देखते हैं।" "ऋभुके उस उपदेशसे निदाघ भी अद्वैतपरायण हो गया और सब प्राणियोंको सर्वथा आत्मस्वरूप देखने लगा तथा उसे ब्रह्मसाक्षात्कार हो गया। फिर उस ब्राह्मणको आत्यन्तिक मोक्षपद प्राप्त हो गया।" "इस लोकमें जो पुरुष आत्मासे भिन्न अन्य कुछ नहीं देखता, उसीको वेद और शास्त्रोंमें ब्रह्मभूत कहा है।"

इस प्रकार श्रुति, स्मृति, युक्ति और अनुभवसे भी प्रपंच बाधित है, अत्यन्त विलक्षण और विभिन्न रूपवाले मधुर-तिक्त एवं श्वेत-पीतादि पदार्थोंका भी परस्पर अध्यास देखा जाता है और अमूर्त आकाशमें भी तलमलिनतादिका अध्यास देखा गया है, इसलिये परस्पर अत्यन्त

विलक्षणयोर्मूर्तामूर्तयो-रपि तथा सम्भवात्स्थूलोऽहं कृशोऽहमिति देहात्मनोरध्यासानुभवात्।

"हन्ता चेन्मन्यते हन्तुं
हतश्चेन्मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो
नायं हन्ति न हन्यते॥"

(क० उ० १। २। १९)

इत्यादिश्रुतिदर्शनात् "य एनं वेत्ति हन्तारम्" (गीता २। १९) "प्रकृतेः क्रियमाणानि" (गीता ३। २७) इतिस्मृति-दर्शनाच्चाध्यासस्य प्रहाणायात्मैकत्व-विद्याप्रतिपत्तय उपनिषदारभ्यते।

विलक्षण मूर्तिमान् और मूर्तिहीन अनात्मा एवं आत्माका भी अध्यास होना सम्भव है तथा 'मैं स्थूल हूँ', 'मैं कृश हूँ' इस प्रकार देह और आत्माके अध्यासका अनुभव भी होता ही है, एवं "यदि मारनेवाला होकर किसीको मारना चाहता है अथवा मारा जानेवाला होकर अपनेको मारा हुआ मानता है—तो वे दोनों ही आत्माको नहीं जानते, क्योंकि यह आत्मा तो न मारता है और न मारा जाता है" इत्यादि श्रुति देखी जाती है तथा "जो इसे मारनेवाला समझता है" "प्रकृतिके गुणोंसे किये जाते हुए कर्मोंको" इत्यादि स्मृति-वाक्य भी देखे जाते हैं; इसलिये इस अध्यासके नाश और आत्माकी एकताका बोध करानेवाले ज्ञानकी प्राप्तिके लिये यह उपनिषद् आरम्भ की जाती है।

जगत्-कारण ब्रह्मके स्वरूपके विषयमें ब्रह्मवादी ऋषियोंका विचार

ब्रह्मवादिनो वदन्तीत्यादि श्वेताश्वतराणां मन्त्रोपनिषत्। तस्या अल्पग्रन्था वृत्तिरारभ्यते—

'ब्रह्मवादिनो वदन्ति' इत्यादि श्वेताश्वतरशाखाकी मन्त्रोपनिषद् है। उसकी यह संक्षिप्त टीका आरम्भ की जाती है—

हरिः ॐ ब्रह्मवादिनो वदन्ति—
किं कारणं ब्रह्म कुतः स्म जाता
जीवाम केन क्व च सम्प्रतिष्ठाः।
अधिष्ठिताः केन सुखेतरेषु
वर्तामहे ब्रह्मविदो व्यवस्थाम्॥ १॥

ॐ ब्रह्मवेत्तालोग कहते हैं—जगत्का कारणभूत ब्रह्म कैसा है? हम किससे उत्पन्न हुए हैं? किसके द्वारा जीवित रहते हैं? कहाँ स्थित हैं? और हे ब्रह्मविद्गण! हम किसके द्वारा सुख-दुःखमें प्रेरित होकर व्यवस्था (संसारयात्रा)-का अनुवर्तन करते हैं?॥ १॥

ब्रह्मवादिनो वदन्तीत्यादि। ब्रह्मवादिनो ब्रह्मवदनशीलाः सर्वे सम्भूय वदन्ति किं कारणं ब्रह्म किमिति स्वरूपविषयोऽयं प्रश्नः। अथवा कारणं ब्रह्माहोस्वित्कालादि 'कालः स्वभावः' इति वक्ष्यमाणम् अथवा किं कारणं ब्रह्म सिद्धिरूपम्।

'ब्रह्मवादिनो वदन्ति' इत्यादि जो ब्रह्मवादी थे अर्थात् जिनका स्वभाव ब्रह्मचर्चा करनेका था ऐसे लोग सब-के-सब मिलकर चर्चा करने लगे— 'किं कारणं ब्रह्म' (जगत्का कारणभूत ब्रह्म कैसा है?) किम् इत्यादि वाक्यसे ब्रह्मके स्वरूपके विषयमें प्रश्न किया गया है। अथवा इस जगत्का कारण ब्रह्म है या 'कालः स्वभावः' आदि वाक्यसे आगे बताये जानेवाले काल आदि। अथवा ब्रह्म [यदि कारण है तो वह उपादान आदि कारणोंमेंसे] कौन-सा कारण है?

उपादानभूतं किमित्यर्थः। अथवा बृंहति बृंहयति तस्मादुच्यते परं ब्रह्मेति श्रुत्यैव निर्वचनान्निमित्तोपादानयोरुभयोर्वा प्रश्नः किं कारणं ब्रह्मेति। किं कारणं ब्रह्माहोस्वित्कालादि ? अथवाकारणमेव ? कारणत्वेऽपि किं निमित्तमुतोपादानम् ? अथवोभयम् ? किं लक्षणमिति वक्ष्यमाणपरिहारानुरूपेण तन्त्रेणावृत्त्या वा प्रश्नेऽपि संग्रहः कर्तव्यः; प्रश्नापेक्षत्वात्परिहारस्य।

कुतः स्म जाताः कुतो वयं कार्यकरणवन्तो जाताः ? स्वरूपेण जीवानामुत्पत्त्याद्यसम्भवात्। तथा च श्रुतिः—"न जायते म्रियते वा विपश्चिद्" (क० उ० १। २। १८) "जीवापेतं वाव किलेदं म्रियते न जीवो म्रियत इति" (छा० उ० ६। ११। ३)। "जरामृत्यू शरीरस्य"।

यानी स्वतःसिद्ध ब्रह्म क्या जगत्का उपादान कारण है ? अथवा "बढ़ा हुआ है तथा बढ़ाता है इसलिये परब्रह्म कहा जाता है" इस प्रकार श्रुतिद्वारा ही ब्रह्म शब्दकी व्युत्पत्ति की जानेके कारण उसके निमित्त और उपादान दोनों ही प्रकारके कारण होनेके विषयमें 'ब्रह्म कौन कारण है' ऐसा यह प्रश्न है। [तात्पर्य यह है कि] क्या जगत्का कारण ब्रह्म है अथवा कालादि? या ब्रह्म कारण ही नहीं है? यदि कारण है भी तो निमित्त कारण है या उपादान अथवा दोनों? और उसका लक्षण क्या है? आगे इस प्रकार जो परिहार कहा गया है उसके अनुसार उन सब विषयोंका एक साथ अथवा अलग-अलग प्रश्नमें भी संग्रह कर लेना चाहिये; क्योंकि परिहार तो प्रश्नकी अपेक्षा करके ही होता है।

हम कहाँसे उत्पन्न हुए हैं—देह और इन्द्रियसम्पन्न हमलोगोंकी किससे उत्पत्ति हुई है? क्योंकि स्वरूपसे तो जीवोंके जन्मादि होने सम्भव हैं नहीं। ऐसी ही ये श्रुतियाँ भी हैं—"यह मेधावी आत्मा न उत्पन्न होता है, न मरता है" "जीवसे रहित होकर यह शरीर ही मरता है जीव नहीं मरता", "जरा-मृत्यु ये शरीरके धर्म हैं", "हे मैत्रेयि!

"अविनाशी वा अरेऽयमात्मानुच्छित्ति-धर्मा" (बृ० उ० ४। ५। १४) इति। तथा च स्मृतिः "अजः शरीरग्रहणात्संजात इति कीर्त्यते" इति।

किं च, जीवाम केन—केन वा वयं सृष्टाः सन्तो जीवामेति स्थितिविषयः प्रश्नः। क्व च सम्प्रतिष्ठाः प्रलयकाले स्थिताः? अधिष्ठिता नियमिताः केन सुखेतरेषु सुखदुःखेषु वर्तामहे ब्रह्मविदो व्यवस्थां हे ब्रह्मविदः सुखदुःखेषु व्यवस्थां केनाधिष्ठिताः सन्तोऽनुवर्तामह इति सृष्टिस्थितिप्रलयनियमहेतुः किमिति प्रश्नसंग्रहः॥ १॥

यह आत्मा अविनाशी और अनुच्छित्तिधर्मा (कभी उच्छिन्न न होनेवाला) है।" ऐसा ही स्मृति भी कहती है—"वह अजन्मा शरीरग्रहण करनेसे 'जन्म लेता है' ऐसा कहा जाता है।"

इसके सिवा [एक प्रश्न यह है—] हम किसके द्वारा जीवित रहते हैं? अर्थात् उत्पन्न होकर हम किसके द्वारा जीवन धारण करते हैं? इस प्रकार यह स्थितिविषयक प्रश्न है। तथा कहाँ प्रतिष्ठित होते हैं—प्रलयकालमें किसमें स्थित रहते हैं? और हे ब्रह्मविद्गण! किसके द्वारा अधिष्ठित अर्थात् प्रेरित होकर सुखासुख यानी सुख-दुःखमें व्यवस्था (संसार-यात्रा)-को बर्तते हैं? अर्थात् हे ब्रह्मवेत्ताओ! हम किसके द्वारा प्रेरित होकर सुख-दुःखमें व्यवस्था (लोक-यात्रा)-का अनुवर्तन करते हैं? इस प्रकार किम् इत्यादि प्रश्नसमूह जगत्की उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय और नियमके हेतुके विषयमें है॥ १॥

काल, स्वभाव आदिकी जगत्-कारणताका खण्डन

इदानीं कालादीनि ब्रह्मकारण-वादप्रतिपक्षभूतानि विचारविषयत्वेन दर्शयति—

अब श्रुति ब्रह्मकारणवादके विरोधी कालादिको विचारके विषयरूपसे प्रदर्शित करती है—

कालः स्वभावो नियतिर्यदृच्छा
भूतानि योनिः पुरुष इति चिन्त्या।
संयोग एषां न त्वात्मभावा-
दात्माप्यनीशः सुखदुःखहेतोः॥ २॥

काल, स्वभाव, नियति, यदृच्छा, भूत और पुरुष—ये कारण हैं [या नहीं] इसपर विचारना चाहिये। इसका संयोग भी [अपने शेषी] आत्माके अधीन होनेके कारण कारण नहीं हो सकता तथा जीवात्मा भी सुख-दुःखके हेतु [पुण्यापुण्य कर्मों]-के अधीन है। [इसलिये वह भी कारण नहीं हो सकता]॥ २॥

कालः स्वभाव इति। योनिशब्दः सम्बध्यते। कालो योनिः कारणं स्यात्? कालो नाम सर्वभूतानां विपरिणामहेतुः। स्वभावः, स्वभावो नाम पदार्थानां प्रतिनियता शक्तिः; अग्नेरौष्ण्यमिव। नियति-रविषमपुण्यपापलक्षणं कर्म तद्वा कारणम्? यदृच्छाकस्मिकी प्राप्तिः।

'कालः स्वभावः' इत्यादि। इन सबके साथ 'योनिः' शब्दका सम्बन्ध है। क्या काल योनि—कारण हो सकता है? सम्पूर्ण भूतोंकी रूपान्तर-प्राप्तिमें जो हेतु है उसको काल कहते हैं। इसी प्रकार क्या स्वभाव कारण है? पदार्थोंकी नियत शक्तिका नाम स्वभाव है, जैसे अग्निका स्वभाव उष्णता। अथवा क्या नियति कारण है? पुण्य-पापरूप जो अविषम* कर्म हैं वे 'नियति' कहे जाते हैं? या यदृच्छा-आकस्मिक घटना अथवा

* जिनका फल कभी विपरीत नहीं होता।

भूतान्याकाशादीनि वा योनिः? पुरुषो वा विज्ञानात्मा योनिः? इतीत्थमुक्तप्रकारेण किं योनिरिति चिन्त्या चिन्त्यं निरूपणीयम्। केचिद्योनिशब्दं प्रकृतिं वर्णयन्ति। तस्मिन्पक्षे किं कारणं ब्रह्मेति पूर्वोक्तं कारणपदमत्राप्यनुसंधेयम्।

आकाशादि भूत कारण हैं? या पुरुष यानी विज्ञानात्मा जगत्का कारण है? इस प्रकार उपर्युक्त रीतिसे यह विचारना यानी बतलाना चाहिये कि इसमें कौन कारण है? कोई 'योनिः' शब्दका अर्थ प्रकृति बतलाते हैं? उस अवस्थामें पूर्व मन्त्रमें 'किं कारणं ब्रह्म' इस प्रश्नमें आये हुए कारणपदकी यहाँ भी अनुवृत्ति कर लेनी चाहिये।

कालादीनाम् अकारणत्वोपपादनम्

तत्र कालादीनामकारणत्वं दर्शयति—संयोग एषामित्यादिना। अयमर्थः—किं कालादीनि प्रत्येकं कारणमुत तेषां समूहः। न च प्रत्येकं कालादीनां कारणत्वं सम्भवति, दृष्टविरुद्धत्वात्। देशकालनिमित्तानां संहतानामेव लोके कार्यकरत्वदर्शनात्। न चाप्येषां कालादीनां संयोगः समूहः कारणम्, समूहस्य संहतेः परार्थत्वेन शेषत्वेन शेषेण आत्मनो विद्यमानत्वादस्वातन्त्र्यात्सृष्टिस्थितिप्रलयनियमलक्षणकार्यकरणत्वायोगात्।

इसपर श्रुति 'संयोग एषाम्' इत्यादि वाक्यसे यह प्रदर्शित करती है कि काल आदि कारण नहीं है। इसका अभिप्राय यों समझना चाहिये—क्या काल, स्वभाव आदिमेंसे प्रत्येक ही कारण है अथवा उन सबका समूह? कालादिमेंसे प्रत्येक तो कारण हो नहीं सकता; क्योंकि ऐसा मानना प्रत्यक्ष-विरुद्ध है। लोकमें देश-कालादि निमित्तोंको परस्पर मिलकर ही कार्य करते देखा गया है। और इन कालादिका संयोग यानी समूह भी कारण नहीं हो सकता है; क्योंकि समूह यानी संहति परार्थ अर्थात् शेष होती है और उसका शेषी आत्मा विद्यमान है ही। अतः स्वतन्त्र न होनेके कारण वह सृष्टि, स्थिति, प्रलय और प्रेरणारूप कार्य करनेमें समर्थ नहीं है।

आत्मनः सृष्टिकारणत्व-निरासः

आत्मा तर्हि कारणं स्यादेवात आह—आत्माप्यनीशः सुखदुःखहेतोरिति। आत्मा जीवोऽप्यनीशोऽस्वतन्त्रो न कारणम्, अस्वातन्त्र्यादेव चात्मनोऽपि सृष्ट्यादिहेतुत्वं न सम्भवतीत्यर्थः। कथमनीशत्वम्? सुखदुःखहेतोः सुखदुःखहेतुभूतस्य पुण्यापुण्यलक्षणस्य कर्मणो विद्यमानत्वात्कर्मपरवशत्वेनास्वातन्त्र्याच्च त्रैलोक्यसृष्टिस्थितिनियमे सामर्थ्यं न विद्यत एवेत्यर्थः। अथवा सुखदुःखादिहेतुभूतस्याध्यात्मिकादिभेदभिन्नस्य जगतोऽनीशो न कारणम्॥ २॥

तब तो आत्मा कारण हो ही सकता है, इसपर कहते हैं—'आत्माप्यनीशः सुखदुःखहेतोः।' अर्थात् आत्मा यानी जीव भी अनीश—अस्वतन्त्र है—वह भी सृष्टि आदिका कारण नहीं है। तात्पर्य यह है कि अस्वतन्त्रताके ही कारण आत्माका भी सृष्टि आदिमें हेतु होना सम्भव नहीं है। इसकी अस्वतन्त्रता कैसे है? [सो बताते हैं—] सुखदुःखहेतोः—सुख- दुःखके हेतुभूत पुण्यापुण्यरूप कर्म विद्यमान हैं, अतः उन कर्मोंके अधीन होनेसे इसकी अस्वतन्त्रता है। इसीसे त्रिलोकीकी सृष्टि, स्थिति और नियमनमें इसका सामर्थ्य नहीं ही है—यही इसका अभिप्राय है। अथवा [यों समझना चाहिये कि] आत्मा सुख-दुःखादिके हेतुभूत आध्यात्मिकादि भेदोंवाले जगत्का ईश—कारण नहीं है* ॥ २॥

---

* क्योंकि जो आध्यात्मिकादि भेदोंवाला जगत् आत्माके बन्धन और दुःखका कारण है उसकी वह स्वतन्त्रतासे स्वयं ही क्यों रचना करेगा?

ध्यानके द्वारा ऋषियोंको कारणभूता ब्रह्मशक्तिका साक्षात्कार

एवं पक्षान्तराणि निराकृत्य प्रमाणान्तरागोचरे वस्तुनि प्रकारान्तरमपश्यन्तो ध्यानयोगानुगमेन परममूलकारणं स्वयमेव प्रतिपेदिर इत्याह—

इस प्रकार अन्य सब पक्षोंका निराकरण कर अब श्रुति यह बतलाती है कि उन ब्रह्मवेत्ताओंने प्रमाणान्तरसे ज्ञान न होनेवाले उस मूलतत्त्वके विषयमें अन्य किसी उपायकी गति न देखकर ध्यानयोगके अनुशीलनद्वारा उस परममूलकारणको स्वयं ही अनुभव कर लिया—

ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्
देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्।
यः कारणानि निखिलानि तानि
कालात्मयुक्तान्यधितिष्ठत्येकः ॥ ३ ॥

उन्होंने ध्यानयोगका अनुवर्तन कर अपने गुणोंसे आच्छादित परमात्माकी शक्तिका साक्षात्कार किया; जो (परमात्मा) कि अकेले ही कालसे लेकर आत्मापर्यन्त समस्त कारणोंके अधिष्ठान हैं॥ ३॥

ते ध्यानयोगेति। ध्यानं नाम चित्तैकाग्र्यं तदेव योगो युज्यतेऽनेनेति ध्यातव्यस्वीकारोपायः, तमनुगताः समाहिता अपश्यन् दृष्टवन्तो देवात्मशक्तिमिति।

'ते ध्यानयोगानुगताः' इत्यादि। ध्यान चित्तकी एकाग्रताको कहते हैं; वही योग है—जिसके द्वारा चित्तको युक्त किया जाय इस व्युत्पत्तिके अनुसार ध्येय वस्तुके ग्रहणका उपाय ही योग है। उसका अनुगमन कर अर्थात् समाहित हो उन्होंने देवात्मशक्तिका दर्शन—साक्षात्कार किया।

पूर्वोक्तमेव प्रश्नसमुदाय-परिहाराणां सूत्रमुत्तरत्र प्रत्येकं प्रपञ्चयिष्यते। तत्रायं प्रश्नसंग्रहः—किं ब्रह्म कारणम्? आहोस्वित्कालादि? तथा किं कारणं ब्रह्माहोस्वित्कार्यकारणविलक्षणम्? अथवा कारणं वाकारणं वा? कारणत्वेऽपि किमुपादानमुत निमित्तम्? अथवोभयकारणं ब्रह्म किं लक्षणम्? अकारणं वा ब्रह्म किं लक्षणम्? इति

प्रश्नसमुदाय और उसके समाधानोंका जो सूत्र पहले कहा जा चुका है उसीको अब आगे प्रत्येकका विस्तार करके कहा जायगा। इनमें प्रश्नसमुदाय तो इस प्रकार है—क्या ब्रह्म जगत्का कारण है अथवा कालादि? तथा ब्रह्म कारण है या कार्यकारणसे अतीत? अथवा ब्रह्म कारण है या नहीं? यदि कारण है भी तो उपादान कारण है या निमित्त कारण? अथवा दोनों प्रकारका कारण होनेपर भी ब्रह्मका लक्षण क्या है? और यदि वह कारण नहीं है तो भी उसका क्या लक्षण है?

तत्रायं परिहारः—न कारणं नाप्यकारणं न चोभयं नाप्यनुभयं न च निमित्तं न चोपादानं न चोभयम्। एतदुक्तं भवति—अद्वितीयस्य परमात्मनो न स्वतः कारणत्व-मुपादानत्वं निमित्तत्वं च। यदुपाधिकमस्य कारणत्वादि तदेव कारणं निमित्तमुपपाद्य तदेव प्रयोजकं निष्कृष्य दर्शयति—देवात्मशक्तिमिति। देवस्य द्योतनादियुक्तस्य मायिनो महेश्वरस्य

इस प्रश्नसमुदायका यह उत्तर है—ब्रह्म न कारण है, न अकारण है, न कारणाकारण उभयरूप है, न इन दोनोंसे भिन्न है, न निमित्त कारण है, न उपादान कारण है और न दोनों प्रकारका कारण है। यहाँ कहना यह है कि अद्वितीय परमात्माका कारणत्व, उपादानत्व अथवा निमित्तत्व स्वतः कुछ भी नहीं है। जिस उपाधिके कारण इसका कारणत्वादि है उसी कारण यानी निमित्तका उपपादन कर और उसीको प्रयोजक निश्चित करके 'देवात्मशक्तिम्' इत्यादि वाक्यसे दिखाते हैं—उन्होंने देव—द्योतनादियुक्त मायावी महेश्वर—

परमात्मन आत्मभूतामस्वतन्त्रतां न सांख्यपरिकल्पित-प्रधानादिवत्पृथग्भूतां स्वतन्त्रां शक्तिं कारणमपश्यन्। दर्शयिष्यति च—"मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्॥" (श्वेता० उ० ४।१०) इति।

तथा ब्राह्मे—"एषा चतुर्विंशतिभेदभिन्ना माया परा प्रकृतिस्तत्समुत्था।" तथा च—'मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्।" (गीता ९।१०) इति।

स्वगुणैः प्रकृतिकार्यभूतैः पृथिव्यादिभिश्च निगूढां संवृतां कार्याकारेण कारणाकारस्याभिभूतत्वात्कार्यात्पृथक्स्वरूपेणोपलब्धुमयोग्यामित्यर्थः। तथा च प्रकृतिकार्यत्वं गुणानां दर्शयति व्यासः—"सत्त्वं रजस्तम इति गुणाः प्रकृतिसम्भवाः।" (गीता १४।५) इति।

कोऽसौ देवो यस्येयं विश्वजननी शक्तिरभ्युपगम्यत इत्यत्राह—यः कारणानीति। यः कारणानि निखिलानि तानि पूर्वोक्तानि कालात्मयुक्तानि कालात्मभ्यां युक्तानि

परमात्माकी स्वरूपभूता, अस्वतन्त्रा शक्तिको कारणरूपसे देखा, सांख्यमतद्वारा कल्पना किये हुए प्रधानादिके समान उससे भिन्न किसी स्वतन्त्रा शक्तिको नहीं। आगे श्रुति यह दिखलावेगी भी—"मायाको प्रकृति जानो और मायावीको महेश्वर।"

इसी प्रकार ब्रह्मपुराणमें कहा है—"यह चौबीस प्रकारके भेदोंवाली माया परमात्मासे प्रकट हुई उसीकी पराप्रकृति है।" तथा गीतामें कहा है—"मुझ अधिष्ठानके द्वारा प्रकृति चराचरको उत्पन्न करती है।"

[कैसी शक्तिको देखा—] जो अपने गुणोंसे प्रकृतिके कार्यभूत पृथ्वी आदिसे निगूढ—आच्छादित थी। अर्थात् कारणका स्वरूप कार्यके स्वरूपसे दब जानेके कारण जो कार्यसे पृथक् अपने स्वरूपसे उपलब्ध होनेयोग्य नहीं थी। गुण प्रकृतिके कार्य हैं—यह बात "सत्त्व, रज और तम—ये प्रकृतिसे उत्पन्न हुए गुण हैं" इस वाक्यसे व्यासजी भी दिखलाते हैं।

यह विश्वको उत्पन्न करनेवाली शक्ति जिसकी समझी जाती है वह देव कौन है? इसपर कहते हैं?—'यः कारणानि' इत्यादि। जो एक अद्वितीय परमात्मा पहले बतलाये हुए कालात्मयुक्त

कालपुरुषसंयुक्तानि स्वभावादीनि 'कालः स्वभावः' इति मन्त्रोक्तान्यधितिष्ठति नियमयत्येकोऽद्वितीयः परमात्मा तस्य शक्तिं कारणमपश्यन्निति वाक्यार्थः।

अथवा देवात्मशक्तिं देवात्मनेश्वररूपेणावस्थितां शक्तिम्। तथा च—

"सर्वभूतेषु सर्वात्मन्
या शक्तिरपरा तव।
गुणाश्रया नमस्तस्यै
शाश्वतायै परेश्वर॥
यातीतागोचरा वाचां
मनसां चाविशेषणा।
ज्ञानध्यानपरिच्छेद्या
तां वन्दे देवतां पराम्॥" इति

प्रपञ्चयिष्यति स्वभावादीनामकारणत्वमज्ञानस्यैव कारणत्वं "स्वभावमेके कवयो वदन्ति" (श्वेता० उ० ६। १) इत्यादि। "मायी सृजते विश्वमेतत्" (श्वेता० उ० ४। ९)। "एको रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः" (श्वेता० उ० ३। २)।

समस्त कारणोंको—काल और आत्मासे युक्त अर्थात् काल और पुरुषसे संयुक्त स्वभावादिको, जो कि 'कालः स्वभावः' इत्यादि मन्त्रमें बतलाये गये हैं, अधिष्ठित—नियमित करता है, उसीकी शक्तिको जगत्के कारणरूपसे देखा—ऐसा इस वाक्यका तात्पर्य है।

अथवा देवात्मशक्तिम्—देवात्मना अर्थात् ईश्वररूपसे स्थित शक्तिको देखा; ऐसा ही यह वाक्य भी है—"हे सर्वात्मन्! आपकी जो गुणोंकी आश्रयभूता अपरा शक्ति समस्त भूतोंमें स्थित है, हे परमेश्वर! उस नित्या शक्तिको नमस्कार है! जो वाणी तथा मनसे अतीत और अगोचर एवं निर्विशेष है तथा ज्ञान और ध्यानसे जिसका भलीभाँति विवेक हो सकता है उस परा देवताकी मैं वन्दना करता हूँ।" इसके अतिरिक्त श्रुति स्वभावादि जगत्के कारण नहीं हैं, अज्ञान ही कारण है—इस बातका आगे विस्तारपूर्वक वर्णन करेगी; यथा—"कोई-कोई विद्वान् स्वभावको ही जगत्का कारण बतलाते हैं" इत्यादि। "मायी परमेश्वर इस विश्वकी रचना करता है", "एक रुद्र ही है, परमार्थदर्शी ब्रह्मवेत्ता दूसरेकी अपेक्षा नहीं रखते",

"एकोऽवर्णो बहुधा शक्तियोगात्" (श्वेता० उ० ४। १) इत्यादि। स्वगुणैरीश्वरगुणैः सर्वज्ञत्वादिभिर्वा सत्त्वादिभिर्निगूढां कार्यकारणविनिर्मुक्तपूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मनैवानुपलभ्यमानाम्।

कोऽसौ देवः ? यः कारणानीत्यादि पूर्ववत्। अथवा देवस्य परमेश्वरस्यात्मभूतां जगदुदयस्थितिलयहेतुभूतां ब्रह्मविष्णुशिवात्मिकां शक्तिमिति। तथा चोक्तम्—

"शक्तयो यस्य देवस्य
ब्रह्मविष्णुशिवात्मिकाः" इति।

"ब्रह्मविष्णुशिवा ब्रह्मन्
प्रधाना ब्रह्मशक्तयः"

इति च।

स्वगुणैः सत्त्वरजस्तमोभिः। सत्त्वेन विष्णू रजसा ब्रह्मा तमसा महेश्वरः

"वर्ण (जाति) आदि विभेदोंसे रहित जिन एकमात्र—अद्वितीय परमात्माने अपनी नाना प्रकारकी शक्तियोंके योगसे [अनेकों वर्णोंकी सृष्टि की है]" इत्यादि। [कैसी शक्तिको देखा ?] अपने गुणोंसे यानी सर्वज्ञत्वादि ईश्वरीय गुणोंसे अथवा सत्त्वादि प्रकृतिके गुणोंसे निगूढ देखा; अर्थात् जो कार्यकारणभावसे रहित पूर्णानन्दाद्वितीय परब्रह्मसे अभिन्न होनेके कारण उपलब्ध नहीं हो सकती [ऐसी शक्तिको देखा]।

वह देव कौन है ? [इसका उत्तर देते हैं—] जो सब कारणोंका अधिष्ठान है—इत्यादि पूर्ववत् समझना चाहिये। अथवा देव यानी परमेश्वरकी स्वरूपभूता अर्थात् जगत्‌की उत्पत्ति, स्थिति और लयकी हेतुभूता ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूपा शक्तिको देखा। ऐसा ही कहा भी है—

"जिस देवकी ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूपा शक्तियाँ हैं" इत्यादि तथा "हे ब्रह्मन्! ब्रह्मा, विष्णु और शिव—ये ब्रह्मकी प्रधान शक्तियाँ हैं" इत्यादि।

'स्वगुणैः' अर्थात् सत्त्व, रज और तमसे युक्त। सत्त्वादि गुणरूप उपाधिके कारण ही वह सत्त्वसे विष्णु, रजसे ब्रह्मा और तमसे महादेव कहा जाता है,

सत्त्वाद्युपाधिसम्बन्धात् स्वरूपेण निरुपाधिकपूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मनैवानुपलभ्यमानाः। परस्यैव ब्रह्मणः सृष्ट्यादिकार्यं कुर्वन्तोऽवस्थाभेदमाश्रित्य शक्तिभेदव्यवहारो न पुनस्तत्त्वभेदमाश्रित्य। तथा चोक्तम्—

''सर्गस्थित्यन्तकरणीं
ब्रह्मविष्णुशिवात्मिकाम्।
स संज्ञां याति भगवा-
नेक एव जनार्दनः'' इति।
(विष्णुपु० १। २। ६६)

प्रथममीश्वरात्मना मायिरूपेणावतिष्ठते ब्रह्म। स पुनर्मूर्तिरूपेण त्रिधा व्यवतिष्ठते। तेन च रूपेण सृष्टिस्थितिसंहाररूपनियमनादिकार्यं करोति। तथा च श्रुतिः परस्य शक्तिद्वारेण नियमनादिकार्यं दर्शयति— ''लोकानीशत ईशनीभिः प्रत्यङ् जनांस्तिष्ठति संचुकोचान्तकाले संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपाः'' (श्वेता० उ० ३। २) इति। ईशनीभिर्जननीभिः परमशक्तिभिरिति विशेषणात्।

ये सब स्वतः निरुपाधिक पूर्णानन्दाद्वितीय ब्रह्मरूपसे तो उपलब्ध हो ही नहीं सकते। ये परब्रह्मके ही सृष्टि आदि कार्य करते हैं, इसलिये अवस्थाभेदके आधारपर इनमें शक्तिभेदका व्यवहार होता है, तात्त्विक भेदके कारण नहीं। ऐसा ही कहा भी है—''वह एक ही भगवान् जनार्दन उत्पत्ति, स्थिति और संहारकारिणी ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूप संज्ञाओंको प्राप्त हो जाता है।''

परब्रह्म पहले तो ईश्वरस्वरूप मायामयरूपसे स्थित होता है। फिर वह मूर्तरूप होकर तीन प्रकारका हो जाता है। उस त्रिविधरूपसे वह जगत्की उत्पत्ति, स्थिति, संहार और नियमनादि कार्य करता है। इसी प्रकार श्रुति भी शक्तिके द्वारा परमात्माके नियमनादि कार्य प्रदर्शित करती है। ''परमात्मा अपनी ईशनी शक्तियोंसे लोकोंका शासन करता है, वह सभी प्राणियोंके भीतर विराजमान है। उसने समस्त लोकोंकी सृष्टि करके उसकी रक्षा करते हुए प्रलयकाल आनेपर सबको अपनेमें लीन कर लिया'' इत्यादि। यहाँ 'ईशनीभिः'—उत्पत्तिकारिणी परमशक्तियोंसे ऐसा विशेषण दिया है [इससे जाना जाता है

"ब्रह्मविष्णुशिवा ब्रह्मन्प्रधाना ब्रह्मशक्तयः" इति स्मृतेः परमशक्तिभिरिति परदेवतानां ग्रहणम्।

अथवा देवात्मशक्तिमिति देवश्चात्मा च शक्तिश्च यस्य परस्य ब्रह्मणोऽवस्थाभेदास्तां प्रकृतिपुरुषेश्वराणां स्वरूपभूतां ब्रह्मरूपेणावस्थितां परात्परतरां शक्तिं कारणमपश्यन्निति। तथा च त्रयाणां स्वरूपभूतं प्रदर्शयिष्यति—"भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्" (श्वेता० उ० १। १२) "त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतत्" (श्वेता० उ० १। ९) इति। स्वगुणैर्ब्रह्मपरतन्त्रैः प्रकृत्यादि विशेषणैरुपाधिभिर्निगूढाम्। तथा च दर्शयिष्यति—"एको देवः सर्व-भूतेषु गूढः" (श्वेता० उ० ६। ११) इति। "तं दुर्दर्शं गूढमनु-प्रविष्टम्" (क० उ० १। २। १२)।

कि ब्रह्म ही अपनी शक्तियोंद्वारा सृष्टि आदि कार्य करता है]। तथा "हे ब्रह्मन्! ब्रह्मा, विष्णु और महादेव—ये ब्रह्मकी प्रधान शक्तियाँ हैं" इस स्मृतिके अनुसार "परमशक्तिभिः" इस पदसे इन परदेवताओंका ही ग्रहण होता है।

अथवा 'देवात्मशक्तिम्'—देवता, आत्मा और शक्ति—ये जिस परब्रह्मके अवस्थाभेद हैं उस प्रकृति, पुरुष और ईश्वरकी स्वरूपभूता ब्रह्मरूपसे स्थित परात्पर शक्तिको उन्होंने कारणरूपसे देखा; ऐसा ही इन तीनोंके स्वरूपभूत ब्रह्मका "भोक्ता (जीव), भोग्य (प्राकृत प्रपंच) और प्रेरक (अन्तर्यामी) इन तीनोंको [परमात्मा] जानकर फिर तीन भेदोंमें बताये हुए समस्त तत्त्वोंको ब्रह्म ही समझे" तथा "जिस समय इन तीनोंको ब्रह्मरूपसे अनुभव करता है।" इन वाक्योंसे श्रुति उल्लेख करेगी। [उस शक्तिको] स्वगुणैः—ब्रह्मके आश्रित प्रकृति आदि विशेषणरूप उपाधियोंसे आच्छादित देखा। ऐसा ही "समस्त भूतोंमें छिपा हुआ एक देव है" इत्यादि वाक्यसे श्रुति आगे दिखावेगी। तथा इसी अर्थमें "उस कठिनतासे दीखनेवाले प्रच्छन्नरूपसे अनुप्रविष्टको" "जो बुद्धिरूप गुहामें छिपे हुए उस देवको

"यो वेद निहितं गुहायाम्" (तै० उ० २। १। १) "इहैव सन्तं न विजानन्ति देवाः" इति श्रुत्यन्तरम्। यः कारणानीति पूर्ववत्।

अथवा देवात्मनो द्योतनात्मनः प्रकाशस्वरूपस्य ज्योतिषां ज्योतीरूपस्य प्रज्ञानघनस्वरूपस्य परमात्मनो जगदुदयस्थितिलय-नियमनविषयां शक्तिं सामर्थ्य-मपश्यन्निति स्वगुणैः स्वव्यष्टिभूतैः सर्वज्ञसर्वेशितृत्वादिभिर्निगूढां तत्त-द्विशेषरूपेणावस्थितत्वात्स्वरूपेण शक्तिमात्रेणानुपलभ्यमानाम् । तथा च मानान्तरवेद्यां शक्तिं दर्शयिष्यति—

"न तस्य कार्यं करणं च विद्यते
न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते।
परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते
स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च॥"
(श्वेता० उ० ६। ८)

इति। समानमन्यत्।

कारणं देवात्मशक्तिमिति प्रश्ने परिहारे च ये ये पक्षभेदाः प्रदर्शितास्ते सर्वे संगृहीताः।

जानता है" इसी देहके भीतर विद्यमान रहते हुए भी इन्द्रियाँ उसे नहीं जानतीं" इत्यादि अन्य श्रुतियाँ भी हैं। 'यः कारणानि' इत्यादि वाक्यका अर्थ पूर्ववत् है।

अथवा देवात्मा—द्योतनात्मक—प्रकाशस्वरूप अर्थात् समस्त तेजोंके तेज प्रज्ञानघनमूर्ति परमात्माकी जगत्का सृजन, पालन, संहार और नियन्त्रण करनेवाली शक्ति अर्थात् सामर्थ्यको देखा, जो स्वगुणैः—सर्वज्ञसर्वेशितृत्वादि अपने ही अंशभूत गुणोंसे आच्छादित होनेके कारण उन-उन विशेषरूपोंसे स्थित रहनेके कारण अपने शक्तिमात्र शुद्धरूपसे उपलब्ध नहीं हो सकती। इसी प्रकार आगे चलकर श्रुति उस शक्तिको अन्य किन्हीं प्रमाणोंसे अज्ञेय ही प्रदर्शित करेगी। "उस परमात्माका कोई कार्य (देह) या करण (इन्द्रिय) नहीं है; उसके समान या उससे अधिक भी कोई नहीं है। उसकी नाना प्रकारकी पराशक्ति और स्वाभाविक ज्ञानके प्रभावसे होनेवाली क्रिया सुनी जाती है।" शेष अर्थ पूर्ववत् है।

'किं कारणम्' और 'देवात्मशक्तिम्' इस प्रश्न और उत्तरमें जो-जो पक्षभेद दिखाये गये हैं उन सबका यहाँ श्रुतिमें संक्षेपसे संग्रह किया हुआ है; क्योंकि

उत्तरत्र सर्वेषां प्रपञ्चनादप्रस्तुतस्य प्रपञ्चनायोगात्प्रश्नोत्तरदर्शनाच्च । समासव्यासधारणस्य च विदुषामिष्टत्वात्। तथा चोक्तम्—"इष्टं हि विदुषां लोके समासव्यासधारणम्" इति। तथा च श्रुत्यन्तरे सकृच्छ्रुतस्य गोपामितिपदस्य व्याख्याभेदः श्रुत्यैव प्रदर्शितः—'अपश्यं गोपामित्याह प्राणा वै गोपाः' इति। 'अपश्यं गोपामित्याह असौ वा आदित्यो गोपाः' इति। 'अथ कस्मादुच्यते ब्रह्म' इत्यारभ्य 'बृंहति बृंहयति तस्मादुच्यते परं ब्रह्म' इति सकृच्छ्रुतस्य ब्रह्मपदस्य निमित्तोपादानरूपेणार्थभेदः श्रुत्यैव दर्शितः ॥ ३ ॥

आगे इन सबका विस्तारसे निरूपण किया गया है। तथा अप्रस्तुत विषयका विस्तार करना उचित नहीं होता और [इनके विषयमें तो] प्रश्नोत्तर भी देखे गये हैं।[1] इनका संक्षेप और विस्तारसे जो वर्णन किया गया है वह तो विद्वानोंको इष्ट होनेके कारण है। ऐसा ही कहा भी है—"लोकमें संक्षेप और विस्तारपूर्वक विषयको निश्चित करना विद्वानोंको इष्ट ही है" इसी प्रकार एक दूसरी श्रुतिमें एक बार आये हुए 'गोपाम्' इस पदकी व्याख्याका भेद स्वयं श्रुतिने ही दिखाया है। वहाँ 'अपश्यं[2] गोपामित्याह प्राणा वै गोपाः' ऐसा कहा है और फिर दुबारा 'अपश्यं[3] गोपामित्याह असौ वा आदित्यो गोपाः' ऐसा कहा है। इसी प्रकार 'यह ब्रह्म क्यों कहा जाता है' ऐसा कहकर 'बढ़ा हुआ है और बढ़ाता है इसलिये यह परब्रह्म कहा जाता है' ऐसा कहकर श्रुतिमें एक बार आये हुए 'ब्रह्म' पदका स्वयं श्रुतिने ही निमित्त और उपादानभेदसे अर्थभेद दिखलाया है ॥ ३ ॥

---

१ इससे भी सिद्ध होता है कि पूर्वोक्त पक्ष श्रुतिसम्मत ही है; क्योंकि यहाँ जितने पक्षान्तर दिखाये गये हैं उन सबमें प्रमाणपूर्वक श्रुतिकी भी सहमति दिखायी ही गयी है।

२. मैंने गोपा (पालन करनेवाले)-का दर्शन किया, प्राण ही गोपा हैं।

३. मैंने गोपाका दर्शन किया वह सूर्य ही गोपा हैं।

एवं तावत् 'देवात्मशक्तिम्' 'यः कारणानि निखिलानि कालात्मना युक्तान्यधितिष्ठत्येकः' इत्येकस्याद्वितीयस्य परमात्मनः स्वरूपेण शक्तिरूपेण च निमित्तकारणोपादानकारणत्वं मायित्वेनेश्वररूपत्वं देवतात्मत्वसर्वज्ञत्वादिरूपत्वममायित्वेन सत्यज्ञानानन्दाद्वितीयरूपत्वं च समासेन श्रुत्यर्थाभ्यामभिहितम्। इदानीं तमेव सर्वात्मानं दर्शयति कार्यकारणयोरनन्यत्वप्रतिपादनेन । ''वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्'' (छा० उ० ६।१।४) इति निदर्शनेनाद्वितीयापूर्वानपरनेतिनेत्यात्मकवागगोचराशनायाद्यसंस्पृष्टप्रत्यस्तमितभेदचित्सदानन्दब्रह्मात्मत्वं प्रदर्शयितुमनाः प्रकृत्यैव प्रपञ्चभ्रान्तामवस्थां प्राप्तस्य परब्रह्मण ईश्वरात्मना सर्वज्ञत्वापहतपाप्मादिरूपेण देवतात्मना ब्रह्मादिरूपेण कार्यादिरूपेण वैश्वानरादिरूपेण च मोक्षापेक्षितशुद्ध्यर्थाम् ''स यदि पितृलोककामः'' (छा० उ० ८। २। १) इति विश्वैश्वर्यार्थाम्

इस प्रकार यहाँतक 'परमात्माकी शक्तिको देखा' और 'जो अकेले ही काल और आत्माके सहित सबका अधिष्ठान है' इन दो श्रुतिके अर्थोंसे एक ही परमात्माके स्वरूप और शक्तिरूपसे निमित्त और उपादान कारण होनेका, मायावीरूपसे ईश्वर, देवता और सर्वज्ञादि होनेका और अमायिकरूपसे सत्यज्ञानानन्दस्वरूप एवं अद्वितीय होनेका संक्षेपमें वर्णन किया गया। अब कार्य और कारणकी अभिन्नताका प्रतिपादन करती हुई श्रुति उसीको सर्वरूप दिखलाती है। तथा ''विकार वाणीसे आरम्भ होनेवाला नाममात्र है, केवल मृत्तिका ही सत्य है'' इस दृष्टान्तके द्वारा समर्थित जो अद्वितीय, कार्यकारणभावशून्य, नेति-नेतिस्वरूप, वाणीका अविषय, क्षुधादि विकारोंसे असंस्पृष्ट, सर्वभेदरहित, सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्मतत्त्व है उसे प्रदर्शित करनेकी इच्छासे स्वभावसे ही प्रपंचरूप भ्रान्तिमयी अवस्थाको प्राप्त हुए परब्रह्मकी जो सर्वज्ञत्व और पापशून्यत्वादिरूप ईश्वरभावसे, ब्रह्मादिरूप देवभावसे, [आकाशादिरूप] कार्यभावसे और वैश्वानरादिरूपसे मोक्षापेक्षित चित्तशुद्धि तथा ''यदि वह पितृलोककी कामनावाला होता है'' इत्यादि श्रुतिके अनुसार सम्पूर्ण ऐश्वर्यप्राप्ति,

"मां वा नित्यं शङ्करं वा प्रयाति" इत्यादि देवतासायुज्यप्राप्त्यर्थां वैश्वानरादिप्राप्त्यर्थां चोपासनामशेषलौकिकवैदिककर्मप्रसिद्धिं च दर्शयति। यदि कार्यकारणरूपेण स्वरूपेण चित्सदानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मना च व्यवस्थितं न स्यात्तदा भोग्यभोक्तृनियन्त्रभावे संसारमोक्षयोरभाव एव स्यात्। अधिकारिणोऽभावेन साधनभूतस्य प्रपञ्चस्याभावात्। तत्फलदातुश्चेश्वरस्याभावात् । तथा संसारादिहेतुभूतमीश्वरं दर्शयति—"संसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः" इति। तथा च संसारमोक्षयोरभाव एव स्यात्। तत्सिद्ध्यर्थं प्रपञ्चाद्यवस्थानं दर्शयति—

"एकं पादं नोत्क्षिपति
सलिलाद्धंस उच्चरन्।
स चेदविन्ददानन्दं
न सत्यं नानृतं भवेत्॥"

इति सनत्सुजातोऽप्येकं पादं नोत्क्षिपतीत्यादि। तथा च श्रुतिः—

"वह सर्वदा मुझे या शंकरको प्राप्त होता है" इत्यादि प्रमाणके अनुसार इष्टदेवसे सायुज्यप्राप्ति एवं वैश्वानरादि भावोंकी प्राप्तिके लिये उपासना है उसको तथा सम्पूर्ण लौकिक-वैदिक कर्मपरम्पराको प्रदर्शित करती है। यदि परमात्मा कार्य-कारणरूपसे और स्वरूपतः सच्चिदानन्दाद्वितीय ब्रह्मरूपसे स्थित न होता तो भोक्ता, भोग्य और नियन्ताका अभाव हो जानेसे संसार और मोक्षका भी अभाव हो जाता; क्योंकि अधिकारीके न रहनेसे न तो उसका साधनभूत प्रपंच रहता है और न उसे साधनका फल देनेवाला ईश्वर ही। तथा "[ईश्वर ही] संसार, मोक्ष, स्थिति और बन्धनका हेतु है" यह शास्त्रवाक्य संसारादिके हेतुभूत ईश्वरको सिद्ध करता है और ईश्वरके न रहनेपर तो संसार और मोक्षका अभाव ही हो जाना चाहिये था। अतः उसकी सिद्धिके लिये सनत्सुजातजी भी "एकं पादं नोत्क्षिपति" इत्यादि वाक्यसे यह बतलाते हुए कि "हंस (परमात्मा) जल (संसार)-से ऊपर रहते हुए भी अपना एक पाद नहीं निकालता। यदि वह [स्वरूपभूत] आनन्दका अनुभव करने लगे तो न सत्य (मोक्ष) ही रहे और न मिथ्या (संसार) ही" ईश्वरकी सिद्धिके लिये प्रपंचादिकी स्थिति दिखलाते हैं। ऐसा ही

"पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि" (छा० उ० ३। १२। ६) इति। तत्र प्रथमेन मन्त्रेण सर्वात्मानं ब्रह्म चक्रं दर्शयति द्वितीयेन नदीरूपेण—

"सम्पूर्ण भूत परमात्माके एक पाद हैं और उसके अमृतमय तीन पाद द्युलोकमें हैं" यह श्रुति भी बतलाती है। यहाँ श्रुति पहले मन्त्रसे सर्वात्मा ब्रह्मको चक्ररूपसे और दूसरे मन्त्रसे नदीरूपसे प्रदर्शित करती है—

कारण-ब्रह्मका चक्ररूपसे वर्णन

तमेकनेमिं त्रिवृतं षोडशान्तं
शतार्धारं विंशतिप्रत्यराभिः।
अष्टकैः षड्भिर्विश्वरूपैकपाशं
त्रिमार्गभेदं द्विनिमित्तैकमोहम्॥ ४॥

उस एक नेमि, तीन वृत, सोलह अन्त, पचास अरों, बीस प्रत्यरों, छः अष्टकों, विश्वरूप एकपाश, तीन मार्गों तथा [पाप-पुण्य] दोनोंके निमित्तभूत एक मोहवाले कारणको [उन्होंने देखा*]॥ ४॥

तमेकेति। य एकः कारणानि निखिलान्यधितिष्ठति तमेकनेमिं योनिः कारणमव्याकृतमाकाशं परमव्योम माया प्रकृतिः शक्तिस्तमोऽविद्या छायाज्ञानमनृतमव्यक्तमित्येवमादिशब्दैरभिलप्यमानैका कारणावस्था नेमिरिव नेमिः सर्वाधारो यस्याधिष्ठातुरद्वितीयस्य

'तमेकनेमिम्……' इत्यादि। जो अकेला ही समस्त कारणोंमें अधिष्ठित है, उस एक नेमिवालेको [उन्होंने देखा।] जो योनि, कारण, अव्याकृत, आकाश, परव्योम, माया, प्रकृति, शक्ति, तम, अविद्या, छाया, अज्ञान, अनृत और अव्यक्त इत्यादि शब्दोंसे कही जाती है वह एक कारणावस्था ही जिस अधिष्ठाता अद्वितीय परमात्माकी नेमिके समान नेमि अर्थात् सम्पूर्ण कार्यवर्गका

* अथवा अगले मन्त्रके क्रियापद 'अधीमः' का अध्याहार करके 'हम जानते हैं' ऐसा अर्थ करना चाहिये।

परमात्मनस्तमेकनेमिम्। त्रिवृतं त्रिभिः सत्त्वरजस्तमोभिः प्रकृतिगुणैर्वृतम्।

षोडशको विकारः पञ्च भूतान्येकादशेन्द्रियाण्यन्तोऽवसानं विस्तारसमाप्तिर्यस्यात्मनस्तं षोडशान्तम्। अथवा प्रश्नोपनिषदि "यस्मिन्नेताः षोडश कलाः प्रभवन्ति" (६।२) इत्यारभ्य "स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धाम्" (६।४) इत्यादिना प्रोक्ता नामान्ताः षोडशकला अवसानं यस्येति। अथवैकनेमिमिति कारणभूताव्याकृतावस्थाभिहिता। तत्कार्यसमष्टिभूतविराट्सूत्रद्वयं तद् व्यष्टिभूतभूरादिचतुर्दश भुवनान्यन्तोऽवसानं यस्य प्रपञ्चात्मनावस्थितस्य तं षोडशान्तम्।

आधार है ऐसे उस एक नेमिवाले और 'त्रिवृतम्'—सत्त्व, रज, तमरूप प्रकृतिके तीन गुणोंसे वृत (घिरे हुए) परमात्माको [कारणरूपसे देखा]।

तथा सोलह विकार अर्थात् पाँच भूत और ग्यारह इन्द्रियाँ—ये जिस आत्माके अन्त—अवसान यानी विस्तारकी समाप्ति हैं उस सोलह अन्तोंवाले; अथवा प्रश्नोपनिषद्में "यस्मिन्नेताः षोडश कलाः प्रभवन्ति" यहाँसे लेकर "स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धाम्" इत्यादि मन्त्रसे कही हुई जो [प्राणसे लेकर] नामपर्यन्त सोलह कलाएँ[1] हैं वे ही जिसका अवसान हैं, [उस आत्माको कारणरूपसे देखा]। अथवा 'एकनेमिम्' इस पदसे कारणभूता अव्याकृतावस्थाका वर्णन किया गया है, उसके समष्टिकार्यभूत विराट् और सूत्रात्मा ये दो और व्यष्टिकार्यभूत भूः आदि चौदह भुवन ये सोलह जिस प्रपंचरूपसे स्थित परमात्माके अन्त हैं उस षोडशान्तको [कारणरूपसे देखा]।

१. प्रश्नोपनिषद्के षष्ठ प्रश्नमें निम्नलिखित सोलह कलाएँ बतायी हैं—प्राण, श्रद्धा, आकाश, वायु, तेज, जल, पृथिवी, इन्द्रिय, मन, अन्न, वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म, लोक और नाम। वहाँ 'कला' शब्दका अर्थ इस प्रकार है—'कं ब्रह्म लीयते आच्छाद्यते यया, सा कला।' अर्थात् जिसके द्वारा क (ब्रह्म) लीन (ढका हुआ) है उसे कला कहते हैं। इन्होंने ब्रह्मके पारमार्थिक स्वरूपको ढक रखा है, इसलिये ये कलाएँ हैं।

शतार्धारम्। पञ्चाशत्प्रत्ययभेदा विपर्ययाशक्तितुष्टिसिद्ध्याख्या । अरा इव यस्य तं शतार्धारम्। पञ्च विपर्ययभेदाः—तमो मोहो महामोहस्तामिस्त्रो ह्यन्धतामिस्त्र इति। अशक्तिरष्टाविंशतिधा। तुष्टिर्नवधा। अष्टधा सिद्धिः। एते पञ्चाशत्प्रत्ययभेदाः। तत्र तमसो भेदोऽष्टविधः। अष्टसु प्रकृतिष्वनात्मस्वात्मप्रतिपत्तिविषय-भेदेनाष्टविधत्वप्रतिपत्तेः। मोहस्य चाष्टविधो भेदः। अणिमादि-शक्तिर्मोहः। दशविधो महामोहः। दृष्टानुश्रविकशब्दादिविषयेषु पञ्चसु पञ्चस्वभिनिवेशो महामोहः। दृष्टानुश्रविकभेदेन तेषां दशविधत्वम्। तामिस्त्रोऽष्टादशविधः। दृष्टानुश्रविकेषु दशसु विषयेष्वष्टविधैरैश्वर्यैः प्रयतमानस्य तदसिद्धौ यः क्रोधः स तामिस्त्रोऽभिधीयते।

पचास अरोंवाले—विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि और सिद्धि नामक पचास प्रत्ययभेद जिसके अरोंके समान हैं उस पचास अरोंवालेको [देखा]। तम, मोह, महामोह, तामिस्त्र और अन्धतामिस्त्र—ये पाँच विपर्ययके भेद हैं। अशक्ति अट्ठाईस प्रकारकी है, तुष्टि नौ प्रकारकी और सिद्धि आठ प्रकारकी। ये ही पचास प्रत्ययभेद हैं। इनमें तमके आठ भेद हैं—आत्मभूत आठ प्रकृतियोंमें[1] आत्मभाव होना यही भावोंके विषयभेदके अनुसार आठ प्रकारका तम है। मोहका आठ प्रकारका भेद है, अणिमादि आठ शक्तियाँ ही मोह हैं। महामोह दस प्रकारका है; दृष्ट (लौकिक) और श्रुत (पारलौकिक) शब्दादि पाँच-पाँच विषयोंमें जो सत्यत्वबुद्धि है वही महामोह है, दृष्ट और आनुश्रविक भेदसे वे दस प्रकारके हैं। तामिस्त्र अठारह प्रकारका है। आठ प्रकारके ऐश्वर्योंद्वारा दस प्रकारके दृष्ट और आनुश्रविक विषयोंके लिये प्रयत्न करते हुए उनकी प्राप्ति न होनेपर जो क्रोध होता है वह तामिस्त्र कहलाता है।

---

१. सांख्यशास्त्रानुसार प्रधान, महत्तत्त्व, अहंकार और पंचतन्मात्रा—ये आठ प्रकृतियाँ हैं—इनमें भी प्रधान केवल प्रकृति है और महदादि सात प्रकृति-विकृति हैं। तथा श्रीमद्भगवद्गीतामें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकारको भगवान्‌की अष्टधा प्रकृति कहा है। किन्तु आगे ये प्रकृतियाँ प्रकृत्यष्टकमें ली हैं, इसलिये यहाँ पूर्वोक्त सांख्यसम्मत प्रकृतियाँ ही समझनी चाहिये।

अन्धतामिस्त्रोऽप्यष्टादशविधः। अष्टविधैश्वर्ये दशसु विषयेषु भोग्यत्वेनोपस्थितेष्वर्धभुक्तेषु मृत्युना ह्रियमाणस्य यः शोको जायते महता क्लेशेनैते प्राप्ता न चैते मयोपभुक्ताः प्रत्यासन्नश्चायं मरणकाल इति सोऽन्धतामिस्त्र इत्युच्यते।

विपर्ययभेदा व्याख्याताः। अशक्तिरष्टाविंशतिधोच्यते—एकादशेन्द्रियाणामशक्तयो मूकत्व-बधिरत्वान्धत्वप्रभृतयो बाह्याः। अन्तःकरणस्य पुरुषार्थयोग्यतातुष्टीनां विपर्ययेण नवधाशक्तिः। सिद्धीनां विपर्ययेणाष्टधाशक्तिः।

तुष्टिर्नवधा—प्रकृत्युपादानकाल-भाग्याख्याश्चतस्त्रः। विषयो-परमात्पञ्च। कश्चित्प्रकृति-परिज्ञानात्कृतार्थोऽस्मीति मन्यते। अन्यः पुनः पारिव्राज्यलिङ्गं गृहीत्वा कृतार्थोऽस्मीति मन्यते। अपरः पुनः प्रकृतिपरिज्ञानेन किमाश्रमाद्युपादानेन वा किं बहुना कालेन अवश्यं

अन्धतामिस्त्र भी अठारह प्रकारका है। आठ प्रकारके ऐश्वर्य और दसों प्रकारके विषय भोग्यरूपसे उपस्थित रहनेपर उन्हें आधे भोगनेपर ही मृत्युके द्वारा उनसे छुड़ा दिये जानेपर जो ऐसा शोक होता कि मैंने इन्हें बड़े कष्टसे प्राप्त किया था, मैं इन्हें भोग भी नहीं पाया कि यह मरणकाल उपस्थित हो गया—इसे अन्धतामिस्त्र कहते हैं।

इस प्रकार विपर्ययके भेदोंकी तो व्याख्या हो गयी। अशक्ति अट्ठाईस प्रकारकी कही जाती है। मूकत्व, बधिरत्व, अन्धत्वादि ग्यारह बाह्य अशक्तियाँ तो इन्द्रियोंकी हैं, पुरुषार्थकी योग्यतारूप तुष्टियोंसे विपरीत नौ अशक्तियाँ अन्तःकरणकी हैं और आठ अशक्तियाँ सिद्धियोंसे विपरीत हैं।

तुष्टि नौ प्रकारकी है—चार तो प्रकृति, उपादान, काल और भाग्य नामवाली तथा पाँच विषयोंसे उपरति हो जानेसे होती हैं। (१) कोई पुरुष प्रकृतिका ज्ञान होनेपर ही यह मान लेता है कि मैं कृतार्थ हो गया। (२) कोई संन्यासके चिह्न धारण करनेसे ही 'मैं कृतार्थ हो गया' ऐसा अपनेको मानने लगता है। (३) कोई प्रकृतिका ज्ञान होनेपर ऐसा मानकर सन्तुष्ट हो जाता है कि अब संन्यासाश्रमादि ग्रहण करनेकी क्या आवश्यकता है, बहुत काल बीतनेपर

मुक्तिर्भवतीति मत्वा परितुष्यति। कश्चित्पुनर्मन्यते विना भाग्येन न किञ्चिदपि प्राप्यते। यदि मम भाग्यमस्ति ततो भवत्येवात्रैव मोक्ष इति परितुष्यति। विषयाणामार्जनमशक्यमित्युपरम्य तुष्यति। शक्यमते द्रष्टुमार्जितु-मार्जितस्य रक्षणमशक्यमित्युपरम्य परितुष्यति। सातिशयत्वादिदोष-दर्शनेनोपरम्य परस्तुष्यति। विषयाः सुतरामेवाभिलाषं जनयन्ति न च तद्भोगाभ्यासे तृप्तिरुपजायते।

"न जातु कामः कामाना-
मुपभोगेन शाम्यति।
हविषा कृष्णवर्त्मेव
भूय एवाभिवर्धते॥"

(श्रीमद्भा० ९। १९। १४)

इति। तस्मादलमनेन पुनः पुन-रसन्तोषकारणेनोपभोगेनेत्येवंसङ्ग-दोषदर्शनादुपरम्य कश्चित्तुष्यति। नानुपहत्य भूतान्युपभोगः सम्भवति। भूतोपघातभोगाच्चा-धर्मःधर्मान्नरकादिप्राप्तिरिति

अब तो अवश्य मुक्ति हो ही जायगी। (४) कोई ऐसा मानने लगता है कि बिना भाग्यके कुछ भी नहीं मिलता, यदि मेरा भाग्य होगा तो मुझे अवश्य यहीं मोक्ष प्राप्त हो जायगा—ऐसा समझकर वह सन्तुष्ट हो जाता है। (५) कोई यह मानकर कि विषयोंका उपार्जन करना असम्भव है, उपरत होकर सन्तुष्ट हो जाता है। (६) कोई यह सोचकर कि विषयोंका दर्शन और उपार्जन तो सम्भव है, परन्तु उपार्जित विषयोंकी रक्षा करना सम्भव नहीं है, उनसे उपरत होकर सन्तोष कर लेता है। (७) कोई विषयोंमें न्यूनाधिकतादि दोष देखनेसे उनसे उपरत होकर सन्तुष्ट हो जाता है। (८) विषय तो तत्सम्बन्धी अभिलाषाको ही उत्पन्न करते हैं, उनके पुनः-पुनः भोगसे कभी तृप्ति नहीं होती, "विषयोंकी इच्छा उनके भोगसे कभी शान्त नहीं होती, अपितु घृतसे अग्निके समान वह और भी बढ़ जाती है।" अतः पुनः-पुनः असन्तोषके हेतुभूत इन विषयोंके भोगको छोड़ो—इस प्रकार विषयासक्तिमें दोष देखकर कोई उनसे उपरत होकर सन्तोष कर लेता है। (९) जीवोंकी हिंसा किये बिना भोग मिलना सम्भव नहीं है और जीवहिंसापूर्वक भोग भोगनेसे अधर्म होगा तथा अधर्मसे नरकादिकी प्राप्ति होगी।

हिंसादोषदर्शनात्कश्चिदुपरम्य तुष्यति। प्रकृत्युपादानकालभाग्याश्चतस्रः। विषयाणामार्जनरक्षणविषयदोष-सङ्गहिंसादोषात्पञ्च तुष्टय इति नव तुष्टयो व्याख्याताः।

सिद्धयोऽभिधीयन्ते—ऊहः शब्दोऽध्ययनमिति तिस्रः सिद्धयः। दुःखविघातास्तिस्रः। सुहृत्प्राप्ति-र्दानमिति सिद्धिद्वयम्। ऊहस्तत्त्वं जिज्ञासमानस्योपदेशमन्तरेण जन्मान्तर-संस्कारवशात्प्रकृत्यादिविषयं ज्ञानमुत्पद्यते सेयमूहो नाम प्रथमा सिद्धिः। शब्दो नामाभ्यास-मन्तरेण श्रवणमात्राद्यज्ज्ञान-मुत्पद्यते सा द्वितीया सिद्धिः। अध्ययनं नाम शास्त्राभ्यासा-द्यज्ज्ञानमुत्पद्यते सा तृतीया सिद्धिः। आध्यात्मिकस्याधिभौतिकस्याधि-दैविकस्य त्रिविधदुःखस्य व्युदासा-च्छीतोष्णादिजन्यदुःखसहिष्णो-स्तितिक्षोर्यज्ज्ञानमुत्पद्यते तस्य आध्यात्मिकादिभेदात्सिद्धेस्त्रैविध्यम्।

इस प्रकार हिंसारूप दोष देखकर कोई उनसे उपरत होकर सन्तोष कर लेता है। इस प्रकार प्रकृति, उपादान, काल और भाग्य नामक चार एवं विषयोंके उपार्जन, रक्षण, विषयतारतम्यरूप दोष, संग और हिंसा—इन दोषोंके कारण होनेवाली पाँच—ऐसी इन नौ तुष्टियोंकी व्याख्या कर दी गयी।

अब सिद्धियाँ बतलायी जाती हैं—तीन सिद्धियाँ तो ऊह, शब्द और अध्ययन नामकी हैं, तीन दुःखविघात नामवाली हैं और दो सुहृत्प्राप्ति एवं दान हैं। ऊह—तत्त्वजिज्ञासुको उपदेशके बिना ही जन्मान्तरके संस्कारसे जो प्रकृति आदिके विषयमें ज्ञान उत्पन्न हो जाता है वह ऊह नामकी पहली सिद्धि है। बिना अभ्यासके केवल श्रवणमात्रसे ही जो ज्ञान उत्पन्न हो जाता है वह शब्द नामकी दूसरी सिद्धि है। शास्त्रके अभ्याससे जो ज्ञान उत्पन्न हो जाता है उसे अध्ययन कहते हैं, यह तीसरी सिद्धि है। आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक—इन त्रिविध दुःखोंकी उपेक्षा करनेसे शीतोष्णादिजनित दुःख सहन करनेवाले तितिक्षु पुरुषको जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह दुःखविघात नामकी सिद्धि है; आध्यात्मिकादि भेदके कारण इस सिद्धिके भी तीन प्रकार हैं।

सुहृदं प्राप्य या सिद्धिर्ज्ञानस्य सा सुहृत्प्राप्तिर्नाम सिद्धिः। आचार्यहितवस्तुप्रदानेन या सिद्धिर्विद्यायाः सा दानं नाम सिद्धिः। एवमष्टविधा सिद्धिर्व्याख्याता।

एवं विपर्ययाशक्तितुष्टिसिद्ध्याख्याः पञ्चाशत्प्रत्ययभेदा व्याख्याताः। एवं ब्राह्मपुराणे कल्पोपनिषद्व्याख्यानप्रदेशे षष्टितमाध्याये पञ्चाशत् प्रत्ययभेदाः प्रतिपादिताः। अथवा "पञ्चाशच्छक्तिरूपिणः" इति परस्य याः शक्तयः पुराणे स्वरूपत्वेनाभिमताः पञ्चाशच्छक्तय अरा इव यस्य तं शतार्धारम्।

विंशतिप्रत्यराभिः। विंशतिप्रत्यरा दशेन्द्रियाणि तेषां च विषयाः शब्दस्पर्शरूपरसगन्धवचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाः। पूर्वोक्तानामराणां प्रत्यरा ये प्रतिविधीयन्ते कीलका अराणां दार्ढ्याय ते प्रत्यरा इत्युच्यन्ते। तैः प्रत्यरैर्युक्तम्। अष्टकैः षड्भिर्युक्तमिति योजनीयम्।

किसी सुहृद्के प्राप्त होनेपर जो ज्ञानकी सिद्धि होती है वह सुहृत्प्राप्ति नामकी सिद्धि है। आचार्यको उनकी प्रिय वस्तु दान करनेसे जो ज्ञानकी प्राप्ति होती है वह दान नामकी सिद्धि है। इस प्रकार आठ प्रकारकी सिद्धियोंकी भी व्याख्या की गयी।

इस तरह यह विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि और सिद्धि नामक पचास प्रत्ययभेदोंकी व्याख्या हुई। ब्राह्मपुराणमें कल्पोपनिषद्की व्याख्याके प्रसंगमें साठवें अध्यायमें पचास प्रत्ययभेदोंकी इसी प्रकार व्याख्या की गयी है। अथवा "पञ्चाशच्छक्तिरूपिणः" इस पुराणवाक्यमें परमात्माकी जिन शक्तियोंका उनके स्वरूपरूपसे वर्णन किया है वे ही जिसके अरोंके समान हैं उस शतार्धार (पचास अरोंवाले)-को [कारणरूपसे देखा]।

बीस प्रत्यरोंसे युक्त। दस इन्द्रियाँ और उनके विषय शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, वचन, आदान (ग्रहण), गति, त्याग और आनन्द—ये बीस प्रत्यर हैं। जो पूर्वोक्त अरोंके प्रति अरे—अरोंकी दृढ़ताके लिये जो शलाकाएँ लगायी जाती हैं वे प्रत्यर कहलाते हैं। उन प्रत्यरोंसे युक्त तथा छः अष्टकोंसे युक्तको [कारणरूपसे देखा]—ऐसी योजना करनी चाहिये।

"भूमिरापोऽनलो वायुः
खं मनो बुद्धिरेव च।
अहंकार इतीयं मे
भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥"
(गीता ७। ४)

इति प्रकृत्यष्टकम्। त्वक्चर्ममांसरुधिरमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धात्वष्टकम्। अणिमाद्यैश्वर्याष्टकम्। धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्याधर्माज्ञानावैराग्यानैश्वर्याख्यभावाष्टकम्। ब्रह्मप्रजापतिदेवगन्धर्वयक्षराक्षसपितृपिशाचा देवाष्टकम्। अष्टावात्मगुणा ज्ञेयाः, दया सर्वभूतेषु क्षान्तिरनसूया शौचमनायासो मङ्गलमकार्पण्यमस्पृहेति गुणाष्टकं षष्ठम्। एतैः षड्भिर्युक्तम्।

विश्वरूपैकपाशं स्वर्गपुत्रान्नाद्यादिविषयभेदाद्विश्वरूपं विश्वरूपो नानारूप एकः कामाख्यः पाशोऽस्येति विश्वरूपैकपाशम्। धर्माधर्मज्ञानमार्गभेदा अस्येति त्रिमार्गभेदम्। द्वयोः पुण्यपापयोर्निमित्तैकमोहो देहेन्द्रियमनोबुद्धिजात्यादिष्वनात्मस्वात्माभिमानोऽस्येति

"पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार—यह मेरी आठ भेदोंवाली प्रकृति है" यह गीतोक्त प्रकृत्यष्टक है; त्वचा, चर्म, मांस, रुधिर, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र—यह धात्वष्टक है; अणिमादि* ऐश्वर्याष्टक है; धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य और अनैश्वर्य—यह भावाष्टक है; ब्रह्मा, प्रजापति, देव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, पितृगण और पिशाच—यह देवाष्टक है और आठ जिन्हें आत्माके गुण समझना चाहिये, वे समस्त प्राणियोंके प्रति दया, क्षमा, अनसूया (निन्दा न करना), शौच, अनायास, मंगल, अकृपणता और अस्पृहा—ये छठा गुणाष्टक हैं; इन छः अष्टकोंसे युक्तको [कारणरूपसे देखा]।

विश्वरूप एक पाशवालेको—स्वर्ग, पुत्र एवं अन्नाद्य आदि विषयभेदसे काम नामक एक ही विश्वरूप—अनेक प्रकारका पाश है जिसका उस विश्वरूप एक पाशवालेको धर्म, अधर्म और ज्ञानरूप जिसके मार्गभेद हैं उस तीन मार्गभेदोंवालेको; तथा पाप-पुण्य—इन दोनोंका एक ही निमित्त मोह यानी देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि एवं जाति आदि अनात्माओंमें जिसका आत्माभिमान है

* अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व—ये आठ ऐश्वर्य हैं।

द्विनिमित्तैकमोहम्। अपश्यन्निति क्रियापदमनुवर्तते। अधीम इत्युत्तरमन्त्रसिद्धं वा क्रियापदम्॥ ४॥

ऐसे उस दोके [मोहरूप] एक ही निमित्तवालेको [उन्होंने कारणरूपसे देखा] इस प्रकार यहाँ पूर्वमन्त्रकी क्रिया 'अपश्यन्' की अनुवृत्ति होती है अथवा अगले मन्त्रके क्रियापद 'अधीमः' (जानते हैं)-का अध्याहार करना चाहिये॥ ४॥

कार्यब्रह्मका नदीरूपसे वर्णन

पूर्वं चक्ररूपेण दर्शितमिदानीं नदीरूपेण दर्शयति—

पहले जिसे चक्ररूपसे प्रदर्शित किया है उसीको अब श्रुति नदीरूपसे दिखलाती है—

पञ्चस्त्रोतोऽम्बुं पञ्चयोन्युग्रवक्रां
पञ्चप्राणोर्मिं पञ्चबुद्ध्यादिमूलाम्।
पञ्चावर्तां पञ्चदुःखौघवेगां
पञ्चाशद्भेदां पञ्चपर्वामधीमः॥ ५॥

पाँच स्रोत जिसमें जलकी धाराएँ हैं, पाँच उद्गमस्थानोंके कारण जो बड़ी उग्र और वक्र (टेढ़ी) है, जिसमें पंचप्राणरूप तरंगें हैं, पाँच प्रकारके ज्ञानोंका मूल जिसका कारण है, जिसमें पाँच आवर्त (भँवर) हैं, जो पाँच प्रकारके दुःखरूप ओघवेगवाली है और जो पाँच पर्वोंवाली है उस पचास भेदोंवाली [नदी]-को हम जानते हैं॥ ५॥

पञ्चस्त्रोतोऽम्बुमिति। पञ्चस्त्रोतांसि चक्षुरादीनि ज्ञानेन्द्रियाण्यम्बुस्थानानि यस्यास्तां नदीं पञ्चस्त्रोतोऽम्बुम्। अधीम इति सर्वत्र सम्बध्यते। पञ्चयोनिभिः

'पञ्चस्त्रोतोऽम्बुम्' इत्यादि। पाँच स्रोतरूप चक्षु आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ ही जिसके जलस्थान हैं उस पाँच स्रोतरूप जलवाली नदीको [हम जानते हैं]। यहाँ 'अधीमः' (जानते हैं) क्रियापदका सबके साथ सम्बन्ध है। पाँच योनियों अर्थात्

कारणभूतैः पञ्चभूतैरुग्रां वक्रां च पञ्चयोन्युग्रवक्राम्। पञ्च प्राणाः कर्मेन्द्रियाणि वाक्पाण्यादयो वोर्मयो यस्यास्तां पञ्चप्राणोर्मिम्। पञ्चबुद्धीनां चक्षुरादिजन्यानां ज्ञानानामादिः कारणं मनः। मनोवृत्तिरूपत्वात्सर्वज्ञानानां मनो मूलं कारणं यस्याः संसारसरितस्ताम्। तथा च मनसः सर्वहेतुत्वं दर्शयति—

"मनोविजृम्भितं सर्वं
यत्किञ्चित्सचराचरम्।
मनसो ह्यमनीभावे
द्वैतं नैवोपलभ्यते॥"

इति। पञ्चशब्दादयो विषया आवर्तस्थानीयास्तेषु विषयेषु प्राणिनो निमज्जन्तीति यस्यास्तां पञ्चावर्ताम्। पञ्च गर्भदुःखजन्म-दुःखजरादुःखव्याधिदुःखमरण-दुःखान्येवौघवेगो यस्यास्तां पञ्च-दुःखौघवेगाम्। अविद्यास्मिताराग-द्वेषाभिनिवेशाः पञ्च क्लेशभेदाः पञ्च पर्वाण्यस्यास्तां पञ्च-पर्वामिति॥ ५॥

कारणभूत पाँच भूतोंसे जो उग्र और वक्र है उस पंचयोन्युग्रवक्राको, पाँच प्राण अथवा वाक्, पाणि, पादादि पाँच कर्मेन्द्रियाँ जिसकी तरगें हैं उस पंचप्राणोर्मिको पाँच बुद्धियों अर्थात् चक्षु आदिसे होनेवाले पाँच ज्ञानोंका आदि यानी कारण मन है, क्योंकि समस्त ज्ञान मनोवृत्तिरूप हैं; वह मन जिस संसाररूप नदीका मूल—कारण है उसको। तथा मन ही सबका हेतु है—यह इस वाक्यसे दिखाते हैं—"जितना कुछ स्थावर-जंगम है वह सब मनका ही विलास है। मनके मननशून्य होनेपर द्वैतकी उपलब्धि ही नहीं होती।" शब्दादि पाँच विषय आवर्तरूप हैं, उन विषयोंमें प्राणी डूब जाते हैं, इसलिये वे जिसके आवर्त हैं उस पाँच आवर्तवालीको, गर्भदुःख, जन्मदुःख, जरादुःख, व्याधिदुःख और मरणदुःख—ये पाँच जिसके ओघवेग (जलराशिके प्रवाह) हैं उस पाँच दुःखरूप ओघवेगवालीको तथा अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश—ये पाँच क्लेश ही जिसके पाँच पर्व हैं उस पाँच पर्वोंवाली संसारनदीको [हम जानते हैं]॥ ५॥

जीवके संसार-बन्धन और मोक्षके कारणका निर्देश

एवं तावन्नदीरूपेण ब्रह्मचक्ररूपेण च कार्यकारणात्मकं ब्रह्म सप्रपञ्चमिहाभिहितम्। इदानीमस्मिन्कार्यकारणात्मकब्रह्मचक्रे केन वा संसरति केन वा मुच्यत इति संसारमोक्षहेतुप्रदर्शनायाह—

इस प्रकार यहाँतक तो नदीरूपसे और ब्रह्मचक्ररूपसे प्रपंचसहित कार्य-कारणरूप ब्रह्मका वर्णन किया गया। अब, इस कार्य-कारणात्मक ब्रह्मचक्रमें किस हेतुसे जीवको संसारकी प्राप्ति होती है और किस साधनसे वह मुक्त होता है इस प्रकार संसार और मोक्षका हेतु दिखलानेके लिये श्रुति कहती है—

सर्वाजीवे सर्वसंस्थे बृहन्ते
अस्मिन्हंसो भ्राम्यते ब्रह्मचक्रे।
पृथगात्मानं प्रेरितारं च मत्वा
जुष्टस्ततस्तेनामृतत्वमेति ॥ ६ ॥

जीव अपनेको और सर्वनियन्ता परमात्माको अलग-अलग मानकर इस समस्त भूतोंके जीवननिर्वाहक (भोगभूमि) और सबके आश्रयभूत (प्रलयस्थान) महान् ब्रह्मचक्रमें भ्रमता रहता है; और जब उससे अभिन्नरूपसे सेवित होता है तब अमृतत्वको प्राप्त हो जाता है॥ ६॥

सर्वाजीव इति। सर्वेषामाजीवनमस्मिन्निति सर्वाजीवे। सर्वेषां संस्था समाप्तिः प्रलयो यस्मिन्निति सर्वसंस्थे। बृहन्तेऽस्मिन् हंसो जीवः। हन्ति गच्छत्यध्वानमिति हंसः। भ्राम्यतेऽनात्मभूतदेहादिमात्मानं मन्यमानः सुरनर-

'सर्वाजीवे' इत्यादि। जिसमें समस्त भूतोंका जीवन है उस सर्वाजीव तथा जिसमें सबकी संस्था—समाप्ति यानी प्रलय होती है उस सर्वसंस्थ बृहन्त (महान्) ब्रह्मचक्रमें हंस-जीव, संसारमार्गमें हनन—गमन करता है इसलिये जीव हंस कहा जाता है, भ्रमता रहता है अर्थात् अनात्मभूत देहादिको आत्मा मानता हुआ देवता, मनुष्य एवं

तिर्यगादिभेदभिन्ननानायोनिषु। एवं भ्राम्यमाणः परिवर्तत इत्यर्थः।

केन हेतुना नानायोनिषु परिवर्तते? इति तत्राह—पृथगात्मानं प्रेरितारं च मत्वेति। आत्मानं जीवात्मानं प्रेरितारं चेश्वरं पृथग्भेदेन मत्वा ज्ञात्वा 'अन्योऽसावन्योऽहमस्मि' इति जीवेश्वरभेददर्शनेन संसारे परिवर्तत इत्यर्थः।

केन मुच्यते? इत्याह—जुष्टः सेवितस्तेनेश्वरेण चित्सदानन्दाद्वितीय-ब्रह्मात्मनाहं ब्रह्मास्मीति समाधानं कृत्वेत्यर्थः। तेनेश्वर-सेवनादमृतत्वमेति। यस्तु पूर्णानन्द-ब्रह्मरूपेणात्मानमवगच्छति स मुच्यते। यस्तु परमात्मनोऽन्य-मात्मानं जानाति स बध्यत इति। तथा च बृहदारण्यके भेददर्शनस्य संसारहेतुत्वं प्रदर्शितम्—"य एवं वेदाहं ब्रह्मास्मीति स इदं सर्वं भवतीति तस्य ह न देवाश्च नाभूत्या ईशते।

तिर्यगादि भेदोंवाली अनेकों योनियोंमें भ्रमण करता है। इसी प्रकार भ्रमण करता हुआ सब ओर भटकता रहता है—ऐसा इसका तात्पर्य है।

किस कारणसे अनेकों योनियोंमें घूमता है? इसके उत्तरमें कहते हैं—'पृथगात्मानं प्रेरितारं च मत्वा' इति। आत्मा अर्थात् जीवात्मा और प्रेरक—ईश्वरको पृथक्—विभिन्नरूपसे मानकर; तात्पर्य यह है कि 'यह अन्य है और मैं अन्य हूँ' इस प्रकार जीव और ईश्वरका भेद देखनेसे वह संसारमें घूमता है।

किस उपायसे वह मुक्त होता है, सो बतलाते हैं—उस ईश्वरसे जुष्ट—सेवित होनेपर अर्थात् सच्चिदानन्दमय ब्रह्मसे अभिन्न ब्रह्मस्वरूपसे 'मैं ब्रह्म ही हूँ'—ऐसा समाधान (समाधि) करनेपर। इस समाधिद्वारा ईश्वरका सेवन करनेसे वह मुक्त हो जाता है। जो कोई भी अपनेको पूर्णानन्द ब्रह्मस्वरूपसे अनुभव करता है वही मुक्त होता है और जो अपनेको परमात्मासे भिन्न जानता है वह बँधता है। इसी प्रकार बृहदारण्यकमें भी भेददृष्टिको संसारका हेतु दिखलाया है—"जो ऐसा जानता है कि मैं ब्रह्म हूँ वह सर्वरूप हो जाता है; देवगण भी उसके सर्वात्मक ब्रह्मभावकी प्राप्तिमें बाधा पहुँचानेको समर्थ नहीं होते; क्योंकि

आत्मा ह्येषां स भवत्यथ योऽन्यां देवतामुपास्तेऽन्योऽसावन्योऽहमस्मीति न स वेद यथा पशुरेवं स देवानाम्'' (बृह० उ० १। ४। १०) इति।

तथा च श्रीविष्णुधर्मे—

''पश्यत्यात्मानमन्यं तु
यावद्वै परमात्मनः।
तावत्संभ्राम्यते जन्तु-
र्मोहितो निजकर्मणा॥
संक्षीणाशेषकर्मा तु
परं ब्रह्म प्रपश्यति।
अभेदेनात्मनः शुद्धं
शुद्धत्वादक्षयो भवेत्''॥ ६॥

वह उनका आत्मा ही हो जाता है। किन्तु जो किसी अन्य देवताकी 'यह अन्य है और मैं अन्य हूँ' ऐसे भावसे उपासना करता है वह नहीं जानता [अर्थात् वह अज्ञानी है] वह पशुओंके समान देवताओंका पशु है।''

ऐसा ही विष्णुधर्मोत्तरपुराणमें भी कहा है—''जीव जबतक अपनेको परमात्मासे भिन्न देखता है तबतक वह अपने कर्मोंद्वारा मोहित करके भटकाया जाता है। किन्तु जब उसके समस्त कर्म क्षीण हो जाते हैं तो उसे शुद्ध परब्रह्मका अपने अभेदरूपसे साक्षात्कार होता है और शुद्धस्वरूप हो जानेके कारण वह अमर हो जाता है''॥ ६॥

परब्रह्मकी प्राप्तिसे मुक्तिका वर्णन

ननु तमेकनेमिमित्यादिना सप्रपञ्चं ब्रह्म प्रतिपादितम्। तथा च सत्यहं ब्रह्मास्मीति ब्रह्मात्मप्रतिपत्तावपि सप्रपञ्चस्यैव ब्रह्मण आत्मत्वेनावगमात् ''तं यथा यथोपासते तदेव भवति'' इति सप्रपञ्चब्रह्मप्राप्तिरेव स्यात्। ततश्च प्रपञ्चस्यापरित्यागान्न मोक्षसिद्धिः,

'तमेकनेमिम्' इत्यादि वाक्यसे प्रपंचयुक्त ब्रह्मका प्रतिपादन किया गया है; ऐसी स्थितिमें 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार ब्रह्मात्मभावकी प्राप्ति होनेपर भी प्रपंचयुक्त ब्रह्मको ही आत्मस्वरूपसे जाना जायगा; इससे ''उसकी जो जिस प्रकार उपासना करता है वैसा ही हो जाता है'' इस सिद्धान्तके अनुसार सप्रपंच ब्रह्मकी ही प्राप्ति होगी और तब प्रपंचका त्याग न होनेसे मोक्षकी भी प्राप्ति नहीं होगी।

ततश्च जुष्टस्ततस्तेनामृतत्वमेतीतिमोक्षोपदेशोऽनुपपन्न एवेत्याशङ्क्याह—

इसलिये 'उससे अभिन्नरूपसे सेवित होनेपर अमरत्व प्राप्त करता है' इस प्रकार जो मोक्षका उपदेश किया है वह अनुपयुक्त ही है—ऐसी आशंका करके श्रुति कहती है—

उद्गीतमेतत्परमं तु ब्रह्म
तस्मिंस्त्रयं सुप्रतिष्ठाक्षरं च।
अत्रान्तरं ब्रह्मविदो विदित्वा
लीना ब्रह्मणि तत्परा योनिमुक्ताः॥ ७॥

प्रपंचसे पृथक्‌रूपसे वर्णन किया गया यह ब्रह्म सर्वोत्कृष्ट ही है। उसमें [भोक्ता, भोग्य और नियन्ता—ये] तीनों स्थित हैं। वह इनकी सुप्रतिष्ठा और अविनाशी है। इसमें प्रवेशद्वार पाकर ब्रह्मवेत्तालोग ब्रह्ममें लीन हो समाधिनिष्ठामें स्थित हुए जन्म-मरणसे मुक्त हो जाते हैं॥ ७॥

उद्गीतमिति। सप्रपञ्चं ब्रह्म यदि स्यात्ततो भवत्येव मोक्षाभावः। न त्वेतदस्ति। कस्मात्? यत उद्गीतमुद्धृत्य गीतमुपदिष्टं कार्यकारणलक्षणात्प्रपञ्चाद्वेदान्तैः। "अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि" (के० उ० १। ३)। "तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते" (के० उ० १। ४)। "अस्थूलम्" (बृ० उ० ३। ८। ८) "अशब्दमस्पर्शम्" (क० उ० १। ३। १५)। "स एष नेति नेतीति।" "ततो यदुत्तरतरम्" (श्वेता० उ० ३। १०)।

'उद्गीतम्' इत्यादि। यदि ब्रह्म प्रपंचयुक्त होता तब तो [उसकी प्राप्तिमें] मोक्षका अभाव हो सकता था, किन्तु ऐसी बात है नहीं। कैसे नहीं है? क्योंकि वेदान्तोंने इसका कार्य-कारणरूप प्रपंचसे अलग करके गान यानी उपदेश किया है। तात्पर्य यह है कि "वह विदितसे भिन्न है और अविदितसे भी परे है", "तू उसीको ब्रह्म जान, जिसकी लोक इदंभावसे उपासना करता है वह ब्रह्म नहीं है", "वह स्थूल नहीं है", "शब्दरहित है और स्पर्शरहित है", "वह ब्रह्म यह (कारण) नहीं है, यह (कार्य) नहीं है", "जो उससे भी आगे है",

"अन्यत्र धर्मात्" (क० उ० १। २। १४)। "न सन्न चासच्छिव एव केवलः" (श्वेता० उ० ४। १८)। "तमसः परः।" "यतो वाचो निवर्तन्ते।" (तै० उ० २। ४। १) "यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा" (छा० उ० ७। २४। १) "योऽशनायापिपासे शोकं मोहं भयं जरामत्येति" (बृ० उ० ३। ५। १)। "अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रो ह्यक्षरात्परतः परः" (मु० उ० २। १। २)। "एकमेवाद्वितीयम् ।" (छा० उ० ६। २। १) "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" (छा० उ० ६। १। ४) "नेह नानास्ति किञ्चन" (बृ० उ० ४। ४। १९)। "एकधैवानुद्रष्टव्यम्" (बृ० उ० ४। ४। २०)। इत्येवमादिषु प्रपञ्चास्पृष्टमेव ब्रह्मावगम्यत इत्यर्थः।

"वह धर्मसे परे है", "न सत् है न असत्, वह शुद्धस्वभाव एवं अविद्याजनित विकल्पसे शून्य है", "वह अज्ञानसे परे है", "जहाँसे वाणी लौट आती है", "जहाँ न अन्य कुछ देखता है, न अन्य कुछ सुनता है, न अन्य कुछ जानता है वह भूमा है", "जो भूख-प्यास तथा शोक, मोह, भय और वृद्धावस्थासे परे है", "जो प्राण और मनसे रहित, शुद्धस्वरूप और पर अव्याकृतसे भी परे है", "ब्रह्म एकमात्र अद्वितीय है", "विकार वाणीसे आरम्भ होनेवाला नाममात्र है", "यहाँ नाना कुछ नहीं है" तथा "उसे एकरूप ही देखना चाहिये" इत्यादि मन्त्रोंमें ब्रह्म प्रपंचसे असंग ही जाना जाता है—ऐसा इसका तात्पर्य है।

यत एवं प्रपञ्चधर्मरहितं ब्रह्मात एव परमं तु ब्रह्म। तु शब्दोऽवधारणे। परममेवोत्कृष्टमेव। संसारधर्मानास्कन्दितत्वात्। उद्गीतत्वेन ब्रह्मण उत्कृष्टत्वात्। "तं यथा यथोपासते" इति न्यायेनोत्कृष्ट ब्रह्मोपासनादुत्कृष्टमेव फलं मोक्षाख्यं भवत्येवेत्यभिप्रायः।

क्योंकि इस प्रकार ब्रह्म प्रपंचके धर्मोंसे रहित है, इसलिये वह सर्वोत्कृष्ट ही है। मूलमें 'तु' शब्द निश्चयार्थक है। परममेव अर्थात् सर्वोत्कृष्ट ही है, क्योंकि वह समस्त सांसारिक धर्मोंसे अनाक्रान्त है। उद्गीतरूप होनेसे ब्रह्म उत्कृष्ट है। "उसे जो जिस प्रकार उपासना करता है" इस न्यायसे उत्कृष्ट ब्रह्मकी उपासना करनेसे मोक्षरूप उत्कृष्ट फल ही होता है ऐसा अभिप्राय है।

प्रपञ्चस्य स्वातन्त्र्यम् आशङ्क्य तन्निरसनम्

नन्वेवं तर्हि ब्रह्मणः प्रपञ्चासंसृष्टत्वे प्रपञ्चस्यापि ब्रह्मासंसर्गात्सांख्यवाद इव प्रपञ्चस्यापि पृथक्सिद्धत्वेन स्वतन्त्रत्वाद् "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" (छा० उ० ६।१।४) इति पारतन्त्र्याभ्युपगमेन मिथ्यात्वोपदेश-पूर्वकमद्वितीयब्रह्मात्मत्वेनोपदेशोऽनुपपन्नश्चेत्याशङ्क्याह—

ऐसा होनेपर तो यदि ब्रह्म प्रपंचसे असंग है और ब्रह्मका भी प्रपंचसे कोई संसर्ग नहीं है तो सांख्यवादके समान प्रपंच भी पृथक् सिद्ध होनेके कारण स्वतन्त्र होनेसे "विकार वाणीसे आरम्भ होनेवाला नाममात्र है" इस वाक्यके अनुसार प्रपंचकी स्वतन्त्रता स्वीकार कर उसका मिथ्यात्व बतलाते हुए अद्वितीय ब्रह्मरूपसे उपदेश करना अनुचित ही होगा—ऐसी आशंका करके श्रुति कहती है—

तस्मिंस्त्रयमिति। यद्यपि ब्रह्म प्रपञ्चासंस्पृष्टं स्वतन्त्रं च तथापि प्रपञ्चो न स्वतन्त्रः। अपि तु तस्मिन्नेव ब्रह्मणि त्रयं प्रतिष्ठितं भोक्ता भोग्यं प्रेरितारमिति वक्ष्यमाणं भोग्यभोक्तृनियन्तृलक्षणम्। "अजा ह्येका भोक्तृभोग्यार्थयुक्ता" इति वक्ष्यमाणं भोक्तृभोग्यार्थरूपं चान्यद्वेदं श्रुतिसिद्धं विराट्सूत्राभ्यां कृतं नामरूपकर्मविश्वतैजसप्राज्ञ-जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिरूपस्वरूपं प्रतिष्ठितं रज्ज्वामिव सर्पः। यत एतस्मिन्सर्वं भोक्त्रादिलक्षणं प्रपञ्चरूपं प्रतिष्ठितम्, अत एवास्य भोक्त्रादित्रयात्मकस्य प्रपञ्चस्य ब्रह्म सुप्रतिष्ठा शोभनप्रतिष्ठा।

'तस्मिंस्त्रयम्' इत्यादि। यद्यपि ब्रह्मका प्रपंचसे संसर्ग नहीं है और वह स्वतन्त्र है तथापि प्रपंच स्वतन्त्र नहीं है; अपि तु भोक्ता, भोग्य और प्रेरिता—ऐसा कहकर जिनका आगे वर्णन किया है वे भोक्ता, भोग्य और नियन्ता—तीनों उस ब्रह्ममें ही स्थित हैं। अथवा "अजा ह्येका भोक्तृभोग्यार्थयुक्ता" इस वाक्यसे कहे जानेवाले भोक्ता, भोग्य और भोग, किंवा श्रुतिप्रतिपादित विराट् और हिरण्यगर्भद्वारा रचे हुए नाम, रूप और कर्म अथवा विश्व, तैजस, प्राज्ञ या जाग्रत्, स्वप्न एवं सुषुप्ति—ये तीनों उसमें रज्जुमें सर्पके समान प्रतिष्ठित हैं। क्योंकि इसमें भोक्तादिरूप सारा प्रपंच प्रतिष्ठित है, इसीसे ब्रह्म इस भोक्तादि त्रयरूप प्रपंचकी सुप्रतिष्ठा अर्थात् उत्तम आश्रयस्थान है।

ब्रह्मणोऽन्यस्य चलनात्मकत्वाच्चलप्रतिष्ठान्यत्र। ब्रह्मणोऽचलत्वादत्राचलप्रतिष्ठा।

ब्रह्मसे भिन्न और सब चलायमान (अस्थायी) हैं; इसलिये अन्य सब चलप्रतिष्ठा हैं; ब्रह्म अचल है, इसलिये इसमें उनकी अचल प्रतिष्ठा है।

ब्रह्मणः प्रपञ्चाश्रयत्वेऽपि नित्यत्वसमर्थनम्

नन्वेवं तर्हि विकारभूतप्रपञ्चाश्रयत्वेन परिणामित्वाद्दध्यादिवदनित्यं स्यादित्याशङ्क्याह—अक्षरं चेति। यद्यपि विकारः प्रपञ्चाश्रयस्तथाप्यक्षरं न क्षरतीत्यक्षरम्। च शब्दोऽवधारणे अविनाश्येव ब्रह्म, मायात्मकत्वाद्विकारस्य। विकाराश्रयत्वेऽप्यविनाश्येव कूटस्थं ब्रह्मावतिष्ठत इत्यभिप्रायः। मायात्मकत्वं च प्रपञ्चस्य पूर्वमेव प्रपञ्चितम्। तस्मात्सर्वात्मकत्वेऽपि ब्रह्मणः प्रपञ्चस्य मिथ्यात्मकत्वेन ब्रह्मणः प्रपञ्चासंसर्गात्पूर्णानन्दब्रह्मात्मानं पश्यतो मोक्षाख्यः परमपुरुषार्थो भवतीत्यर्थः।

यदि ऐसा है तब तो विकारभूत प्रपंचका आश्रय होनेसे परिणामी होनेके कारण दधि आदिके समान ब्रह्म भी अनित्य सिद्ध होगा—ऐसी आशंका करके श्रुति कहती है—'अक्षरं च।' यद्यपि प्रपंचका आश्रय होना विकार है तथापि वह अक्षर है जो स्वरूपसे च्युत नहीं होता, उसे अक्षर कहते हैं। यहाँ 'च' शब्द निश्चयार्थक है अर्थात् ब्रह्म अविनाशी ही है; क्योंकि विकार मायिक है। अभिप्राय यह है कि विकारका आश्रय होनेपर भी कूटस्थ ब्रह्म अविनाशी ही रहता है। प्रपंचका मायामय होना तो पहले ही विस्तारसे बतला दिया गया है। अतः तात्पर्य यह है कि ब्रह्म यद्यपि सर्वरूप है तथापि प्रपंच मिथ्या होनेसे ब्रह्मसे प्रपंचका कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः पूर्णानन्दस्वरूप ब्रह्मात्मभावका दर्शन करनेवाले पुरुषको मोक्षरूप परम पुरुषार्थकी प्राप्ति होती है।

पूर्णानन्दब्रह्मात्मानं पश्यतो मोक्षसिद्धिप्रकारः

कथं तस्यात्मानं पश्यतो मोक्षसिद्धिरित्यत आह—अत्रास्मिन्नन्नमयाद्यानन्दमयान्ते देहे

अब श्रुति यह बतलाती है कि उस आत्मदर्शीको किस प्रकार मोक्षकी प्राप्ति होती है? यहाँ—अन्नमय कोशसे लेकर आनन्दमय कोशपर्यन्त इस देहमें

विराडाद्यव्याकृतान्ते वा प्रपञ्चे पूर्वपूर्वोपाधिप्रविलये-नोत्तरोत्तरमप्यशनायाद्यसंस्पृष्टं वाचा-मगोचरं ब्रह्मविदो विदित्वा लीना ब्रह्मणि विश्वाद्युपसंहारमुखेन लयं गता अहं ब्रह्मास्मीति ब्रह्मरूपेणैव स्थिता इत्यर्थः। तत्पराः समाधिपराः किं कुर्वन्ति योनिमुक्ता भवन्ति गर्भजन्मजरामरणसंसारभयान्मुक्ता भवन्तीत्यर्थः।

अथवा विराट्से लेकर अव्याकृतपर्यन्त प्रपंचमें पूर्व-पूर्व उपाधिका लय करते हुए उत्तरोत्तर क्षुधादिके संसर्गसे शून्य वाणीके अविषयभूत ब्रह्मको जानकर ब्रह्मवेत्तालोग ब्रह्ममें लीन हो—विश्वादिका उपसंहार करते हुए ब्रह्ममें ही लयको प्राप्त हो 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार ब्रह्मरूपसे ही स्थित हो जाते हैं और तत्पर अर्थात् समाधिपरायण होकर क्या करते हैं?—योनिमुक्त हो जाते हैं; अर्थात् गर्भवास, जन्म, जरा और मरणरूप संसारके भयसे मुक्त हो जाते हैं।

उक्तार्थे स्मृति प्रमाणदर्शनम्

तथा च योगियाज्ञवल्क्यो ब्रह्मात्मनैवावस्थितं समाधिं दर्शयति—

''यदर्थमिदमद्वैतं
भारूपं सर्वकारणम्।
आनन्दममृतं नित्यं
सर्वभूतेष्ववस्थितम्॥
तदेवानन्यधीः प्राप्य
परमात्मानमात्मना।
तस्मिन्प्रलीयते त्वात्मा
समाधिः स उदाहृतः॥
इन्द्रियाणि वशीकृत्य
यमादिगुणसंयुतः।
आत्ममध्ये मनः कुर्या-
दात्मानं परमात्मनि॥
परमात्मा स्वयं भूत्वा
न किञ्चिच्चिन्तयेत्ततः।

इसी प्रकार योगी याज्ञवल्क्य भी ब्रह्मात्मभावसे स्थित होनेको ही समाधिरूपसे प्रदर्शित करते हैं—''यह जो सबका कारणरूप, अद्वैततत्त्व है प्रकाशस्वरूप, आनन्दमय अमृत, नित्य और समस्त भूतोंमें ओतप्रोत है। अनन्यचित्त पुरुष उस परमात्माको ही आत्मस्वरूपसे प्राप्तकर उसीमें लीन हो जाता है। वही समाधि कहलाती है। इन्द्रियोंको अपने वशमें कर यमादि गुणोंसे सम्पन्न हो मनको आत्मामें लगावे और आत्माको परमात्मामें। फिर स्वयं परमात्मभावसे स्थित हो कुछ भी चिन्तन न करे।

तदा तु लीयते त्वात्मा
प्रत्यगात्मन्यखण्डिते ॥
प्रत्यगात्मा स एव स्या-
दित्युक्तं ब्रह्मवादिभिः॥''
इति॥ ७॥

तब यह चित्त अखण्ड प्रत्यगात्मामें लीन हो जाता है। वही प्रत्यगात्मा है— ऐसा ब्रह्मवादियोंने कहा है''॥ ७॥

व्यावहारिक भेद और ज्ञानद्वारा मोक्षका प्रदर्शन

नन्वद्वितीये परमात्मन्यभ्युपगम्यमाने जीवेश्वरयोरपि विभागाभावाल्लीना ब्रह्मणीति जीवानां ब्रह्मैकत्वपरा लयश्रुतिरनुपपन्नैवेत्याशङ्क्य व्यवहारावस्थायां जीवेश्वरयोरुपाधितो विभागं दर्शयित्वा तद्विज्ञानादमृतत्वं दर्शयति—

किन्तु परमात्माको अद्वितीय माननेपर तो जीव और ईश्वरका भी विभाग न रहनेसे 'लीना ब्रह्मणि तत्परा योनिमुक्ताः' यह जीवोंका ब्रह्ममें लय बतलानेवाली श्रुति असंगत ही होगी— ऐसी आशंका करके व्यवहारावस्थामें उपाधिवश जीव और ईश्वरका विभाग दिखलाकर श्रुति परमात्माके विज्ञानसे अमृतत्वकी प्राप्ति प्रदर्शित करती है—

संयुक्तमेतत्क्षरमक्षरं च
व्यक्ताव्यक्तं भरते विश्वमीशः।
अनीशश्चात्मा बध्यते भोक्तृभावा-
ज्ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः॥ ८॥

परस्पर मिले हुए इस क्षर-अक्षर अथवा व्यक्ताव्यक्तरूप विश्वका परमात्मा पोषण करता है। मायाधीन जीव भोक्तृभावके कारण उसमें बँधता है और परमात्माका ज्ञान होनेपर समस्त पाशोंसे मुक्त हो जाता है॥ ८॥

संयुक्तमेतदिति। व्यक्तं विकारजातमव्यक्तं कारणं तदुभयं क्षरमक्षरं च व्यक्तं क्षरं

'संयुक्तमेतत्' इत्यादि। व्यक्त-विकारसमूह और अव्यक्त कारण—ये ही दोनों क्षर और अक्षर हैं। व्यक्त—

विनाश्यव्यक्तमक्षरमविनाशि तदुभयं परस्परसंयुक्तं कार्यकारणात्मकं विश्वं भरते बिभर्तीश ईश्वरः। तथा चाह भगवान्—

"क्षरः सर्वाणि भूतानि
कूटस्थोऽक्षर उच्यते॥
उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः
परमात्मेत्युदाहृतः ।
यो लोकत्रयमाविश्य
बिभर्त्यव्यय ईश्वरः॥"
(गीता १५। १६-१७)

इति।

न केवलमीश्वरो व्यक्ताव्यक्तं भरतेऽनीशश्चानीश्वरश्च स आत्मा-विद्यातत्कार्यभूतदेहेन्द्रियादिभिर्बध्यते भोक्तृभावात्। एतदुक्तं भवति—परस्परसंयुक्तो व्यष्टिसमष्टिरूप ईश्वरः। तद्व्यष्टिभूत-देहेन्द्रियात्मकोऽनीशो जीवः। एवं समष्टिव्यष्ट्यात्मकत्वेन जीव-परयोरौपाधिकस्य भेदस्य विद्यमानत्वात्तदुपाध्युपासनद्वारेण निरुपाधिकमीश्वरं ज्ञात्वा मुच्यत इति भोक्त्रात्मैक्यवादे नानुपपन्नं किञ्चिद्विद्यत इति।

क्षर यानी विनाशी है और अव्यक्त—अक्षर यानी अविनाशी है। परस्पर मिले हुए कार्य-कारणात्मक विश्वरूप इन दोनोंका परमात्मा पोषण करता है। ऐसा ही भगवान्ने कहा भी है—"सम्पूर्ण भूत (प्राकृत विकार) क्षर हैं और कूटस्थ प्रकृति (भगवान्की मायाशक्ति) अक्षर कही जाती है। इन दोनोंसे अत्यन्त उत्कृष्ट पुरुष [अर्थात् पुरुषोत्तम] तो अन्य ही है, जो परमात्मा कहा गया है; तथा जो अविनाशी ईश्वर तीन लोकोंमें व्याप्त होकर उनको धारण करता है।" इत्यादि।

परमात्मा केवल व्यक्ताव्यक्तरूप विश्वका भरण ही नहीं करता, अपितु जीव अनीश—अस्वतन्त्र भी है और वह भोक्तृत्वके कारण अविद्या और उसके कार्यभूत देह एवं इन्द्रियादिसे बँध जाता है। यहाँ कहना यह है कि ईश्वर परस्पर मिले हुए समष्टि-व्यष्टिरूप है। उनमें व्यष्टि देह एवं इन्द्रियोंवाला मायाधीन जीव है। इस प्रकार समष्टि-व्यष्टिरूपसे जीव और परमात्माका औपाधिक भेद विद्यमान रहनेसे उस उपाधिजनित उपासनाके द्वारा निरुपाधिक ईश्वरका ज्ञान होनेपर जीव मुक्त हो जाता है। अतः भोक्ता जीव और परमात्माका एकत्व माननेवाले सिद्धान्तमें असंगत कुछ भी नहीं है।

भेदस्यौपाधिकत्वम्

तथा चौपाधिकमेव भेदं दर्शयति भगवान् याज्ञवल्क्यः—

"आकाशमेकं हि यथा घटादिषु पृथग्भवेत्।
तथात्मैको ह्यनेकश्च जलाधारेष्विवांशुमान्॥"
(याज्ञ० ३। १४४)

तथा च श्रीविष्णुधर्मे—

"परात्मनोर्मनुष्येन्द्र विभागोऽज्ञानकल्पितः।
क्षये तस्यात्मपरयो-र्विभागाभाव एव हि॥
आत्मा क्षेत्रज्ञसंज्ञोऽयं संयुक्तः प्राकृतैर्गुणैः।
तैरेव विगतः शुद्धः परमात्मा निगद्यते॥
अनादिसम्बन्धवत्या क्षेत्रज्ञोऽयमविद्यया।
युक्तः पश्यति भेदेन ब्रह्म त्वात्मनि संस्थितम्॥"

तथा च श्रीविष्णुपुराणे—

"विभेदजनकेऽज्ञाने नाशमात्यन्तिकं गते।
आत्मनो ब्रह्मणो भेद-मसन्तं कः करिष्यति॥"
(६। ७। ९६)

तथा च वासिष्ठे योगशास्त्रे प्रश्नपूर्वकं दर्शितम्—

इसी प्रकार भगवान् याज्ञवल्क्य भी इनका औपाधिक भेद ही दिखलाते हैं—"जिस प्रकार घटादिमें एक ही आकाश भिन्न-भिन्न हो जाता है उसी प्रकार एक ही आत्मा जलाशयोंमें सूर्यके समान भिन्न-भिन्न प्रतीत हो रहा है।"

श्रीविष्णुधर्मोत्तरमें भी ऐसा ही कहा गया है—"राजन्! परमात्मा और जीवात्माका भेद अज्ञानकल्पित है; अज्ञानका नाश हो जानेपर आत्मा और परमात्माके भेदका अभाव ही सिद्ध होता है। यह क्षेत्रज्ञसंज्ञक जीवात्मा प्रकृतिके गुणोंसे युक्त है और उन्हींसे रहित होनेपर यह शुद्धस्वरूप परमात्मा कहा जाता है। यह क्षेत्रज्ञ अपनेसे अनादिकालसे सम्बन्ध रखनेवाली अविद्यासे युक्त होनेसे ही अपनेमें स्थित ब्रह्मको भेदभावसे देखता है।"

तथा श्रीविष्णुपुराणमें भी कहा है—"जीव और ब्रह्मका भेद उत्पन्न करनेवाले अज्ञानका आत्यन्तिक नाश हो जानेपर आत्मा और ब्रह्मका मिथ्या भेद कौन करेगा?"

वासिष्ठयोगशास्त्रमें भी [रामचन्द्रजीके] प्रश्नपूर्वक यही बात दिखायी है। [राम—]

"यद्यात्मा निर्गुणः शुद्धः
सदानन्दोऽजरोऽमरः ।
संसृतिः कस्य तात स्या-
न्मोक्षो वा विद्यया विभो॥
क्षेत्रनाशः कथं तस्य
ज्ञायते भगवन्यतः।
यथावत्सर्वमेतन्मे
वक्तुमर्हसि साम्प्रतम्॥"

"यदि आत्मा निर्गुण, शुद्ध, नित्यानन्दस्वरूप, जराशून्य और अमर है तो हे विभो! यह संसार किसे प्राप्त होता है? अथवा ज्ञानसे किसका मोक्ष होगा? और हे भगवन्! [ज्ञानीके महाप्रयाणके समय] उसका लिंग भंग होता कैसे जाना जाता है? इस समय ये सब बातें आप मुझे यथार्थ रीतिसे बतला दीजिये।"

वसिष्ठः—
"तस्यैव नित्यशुद्धस्य
सदानन्दमयात्मनः ।
अवच्छिन्नस्य जीवस्य
संसृतिः कीर्त्यते बुधैः॥
एक एव हि भूतात्मा
भूते भूते व्यवस्थितः।
एकधा बहुधा चैव
दृश्यते जलचन्द्रवत्॥
भ्रान्त्यारूढः स एवात्मा
जीवसंज्ञः सदा भवेत्॥"

वसिष्ठ—"मनीषिगण उस नित्यशुद्ध, नित्यानन्दमय आत्माको ही देहावच्छिन्न जीवभावकी प्राप्ति होनेपर संसारकी प्राप्ति बतलाते हैं। प्रत्येक जीवमें एक ही भूतात्मा (सत्य आत्मा—परब्रह्म) स्थित है। वही जलमें प्रतिबिम्बित चन्द्रमाके समान एक और अनेक रूपसे देखा जाता है। अविद्याधीन होनेपर वही परमात्मा सर्वदा जीवसंज्ञावाला हो जाता है।"

परस्यैवौपाधिक-जीवादिभेदो बन्ध-मुक्तादि व्यवस्था च

तथा च ब्राह्मे पुराणे परस्यैवौपाधिकं जीवादिभेदं दर्शयति—कथं तर्ह्यौपाधिकभेदेन बन्धमुक्त्यादिव्यवस्था? इत्याशङ्क्य दृष्टान्तपूर्वकं व्यवस्थां दर्शयति—

इसी प्रकार ब्रह्मपुराणमें भी परमात्माके ही औपाधिक जीवादि भेद दिखलाते हैं। वहाँ यह शंका करके कि ऐसी अवस्थामें औपाधिक भेदसे ही बन्ध-मोक्षादिकी व्यवस्था कैसे हो सकती है? उनकी दृष्टान्तपूर्वक व्यवस्था दिखलाते हैं—

"एकस्तु सूर्यो बहुधा
जलाधारेषु दृश्यते।

"जिस प्रकार एक ही सूर्य विभिन्न जलाधारोंमें अनेकरूप दिखायी देता है,

आभाति परमात्मा च
सर्वोपाधिषु संस्थितः ॥
ब्रह्म सर्वशरीरेषु
बाह्ये चाभ्यन्तरे स्थितम्।
आकाशमिव भूतेषु
बुद्धावात्मा च चान्यथा ॥
एवं सति यथा बुद्ध्या
देहोऽहमिति मन्यते।
अनात्मन्यात्मताभ्रान्त्या
सा स्यात्संसारबन्धिनी ॥
सर्वैर्विकल्पैर्हीनस्तु
शुद्धो बुद्धोऽजरोऽमरः।
प्रशान्तो व्योमवद्व्यापी
चैतन्यात्मासकृत्प्रभः ॥
धूमाभ्रधूलिभिर्व्योम
यथा न मलिनायते।
प्राकृतैरपरामृष्टो
विकारैः पुरुषस्तथा ॥
यथैकस्मिन्घटाकाशे
जलैर्धूमादिभिर्युते ।
नान्ये मलिनतां यान्ति
दूरस्था कुत्रचित्क्वचित् ॥
तथा द्वन्द्वैरनेकैस्तु
जीवे च मलिनीकृते।
एकस्मिन्नापरे जीवा
मलिनाः सन्ति कुत्रचित् ॥"

तथा च शुकशिष्यो गौड-पादाचार्यः—

उसी प्रकार समस्त उपाधियोंमें स्थित परमात्मा भी अनेकवत् भासता है। वह परब्रह्म समस्त शरीरोंके बाहर और भीतर भी स्थित है। जिस प्रकार आकाश पंचभूतोंमें ओतप्रोत है उसी प्रकार समस्त बुद्धियोंमें एक ही आत्मा अनुस्यूत है और किसी प्रकार नहीं। ऐसी स्थितिमें अनात्मामें आत्मत्वकी भ्रान्ति हो जानेसे वैसी बुद्धिके द्वारा वह जीव जो ऐसा मानने लगता है कि 'मैं देह हूँ' यह मति ही उसे संसारमें बाँधनेवाली है। किन्तु इन समस्त विकल्पोंसे रहित वह शुद्ध, बुद्ध, अजर, अमर, अत्यन्त शान्त, आकाशके समान व्यापक, चैतन्यस्वरूप और नित्यज्योतिःस्वरूप है। जिस प्रकार धूम, मेघ और धूलि आदिसे आकाश मलिन नहीं होता उसी प्रकार पुरुष प्रकृतिके विकारोंसे असंग है। जिस प्रकार एक घटाकाशके जल या धूमादिसे युक्त होनेपर उससे दूर रहनेवाले अन्य सब घटाकाश कभी किसी भी स्थानमें मलिन नहीं होते उसी प्रकार एक जीवके अनेकों द्वन्द्वोंसे अभिभूत होनेपर भी अन्य जीव कहीं भी मलिन नहीं हो सकते।"

इसी तरह शुकदेवजीके शिष्य श्रीगौडपादाचार्य कहते हैं—

"यथैकस्मिन्घटाकाशे
रजोधूमादिभिर्युते ।
न सर्वे संप्रयुज्यन्ते
तद्वज्जीवाः सुखादिभिः॥"
(माण्डू० का० ३। ५) इति।

तस्माददद्वितीये परमात्मन्युपाधितो जीवेश्वरयोर्जीवानां च भेदव्यवस्थायाः सिद्धत्वान्न विशुद्धसत्त्वोपाधेरीश्वरस्याविशुद्धोपाधिजीवगताः सुखदुःखमोहाज्ञानादयः। तथा च भगवान्पराशरः—

जीवगतदुःखसुखादेरीश्वरेऽप्राप्तिः

"ज्ञानात्मकस्यामलसत्त्वराशे-
रपेतदोषस्य सदा स्फुटस्य।
किं वा जगत्यस्ति समस्तपुंसा-
मज्ञातमस्यास्ति हृदि स्थितस्य॥"
(विष्णुपु० ५। १७। ३२) इति।

नापि जीवान्तरगतसुखदुःखमोहादिना जीवान्तरस्य बद्धस्य मुक्तस्य वा सम्बन्धः, उपाधितो व्यवस्थायाः सम्भवात्। अत एकमुक्तौ सर्वमुक्तिरिति भवदुक्तस्य चोद्यस्यानवकाशः॥ ८॥

जीवस्य जीवान्तरसुखदुःखादिना सम्पर्काभावः

"जिस प्रकार एक घटाकाशके धूलि और धूमादिसे युक्त होनेपर अन्य सब घटाकाश उनसे युक्त नहीं होते, उसी तरह [एक जीवके] सुखादिसे सब जीव भी युक्त नहीं होते।"

अतः अद्वितीय परमात्मामें उपाधिसे ही जीव, ईश्वर और जीवोंके पारस्परिक भेदकी व्यवस्था सिद्ध होनेसे विशुद्ध सत्त्वमयी उपाधिवाले ईश्वरको अशुद्ध उपाधिवाले जीवके सुख, दुःख, मोह एवं अज्ञानादि प्राप्त नहीं हो सकते। ऐसा ही भगवान् पराशरजी कहते हैं—"समस्त जीवोंके अन्तःकरणोंमें स्थित ज्ञानस्वरूप, विशुद्ध सत्त्वराशि, सर्वदोषनिर्मुक्त और नित्य प्रकाशस्वरूप परमात्माको संसारमें कौन वस्तु अज्ञात है?"

इसके सिवा किसी बद्ध या मुक्त जीवान्तरका किसी अन्य जीवके सुख, दुःख या मोहादिसे भी कोई सम्बन्ध नहीं है; क्योंकि उपाधिके कारण ऐसी व्यवस्था होनी सम्भव है। अतः आपकी इस शंकाके लिये कि 'एकाकी मुक्ति होनेपर सभी जीवोंकी मुक्ति हो जानी चाहिये' कोई अवकाश नहीं है॥ ८॥

ईश्वर, जीव और प्रकृतिकी विलक्षणता तथा उनके तत्त्व-ज्ञानसे मोक्षका कथन

किञ्चेदमपरं वैलक्षण्यमित्याह—

इसके सिवा एक दूसरी विलक्षणता यह भी है—

ज्ञाज्ञौ द्वावजावीशनीशा-
वजा ह्येका भोक्तृभोग्यार्थयुक्ता।
अनन्तश्चात्मा विश्वरूपो ह्यकर्ता
त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतत्॥ ९॥

ये [ईश्वर और जीव क्रमशः] सर्वज्ञ और अज्ञ तथा सर्वसमर्थ और असमर्थ हैं, ये दोनों ही अजन्मा हैं। एकमात्र अजा प्रकृति ही भोक्ता (जीव)-के लिये भोग्यसम्पादनमें नियुक्त है। विश्वरूप आत्मा तो अनन्त और अकर्ता ही है। जिस समय इन [ईश्वर, जीव और प्रकृति] तीनोंको ब्रह्मरूप अनुभव करता है [उस समय जीव कृतकृत्य हो जाता है]॥ ९॥

ज्ञाज्ञौ द्वाविति। न केवलं व्यक्ताव्यक्तं भरत ईशो नाप्यनीशः सम्बध्यते जीवः, अपि तु ज्ञाज्ञौ द्वौ ज्ञ ईश्वरोऽज्ञो जीवस्तावजौ जन्मादिरहितौ। ब्रह्मण एवाविकृतस्य जीवेश्वरात्मनावस्थानात्। तथा च श्रुतिः—

"पुरश्चक्रे द्विपदः
पुरश्चक्रे चतुष्पदः।
पुरः स पक्षी भूत्वा
पुरः पुरुष आविशत्॥"
(बृ० उ० २। ५। १८)

इति।

'ज्ञाज्ञौ द्वौ' इत्यादि। ईश्वर व्यक्त और अव्यक्तरूप जगत्का पोषण करता है तथा मायाधीन जीव उसमें बँध जाता है—केवल इतना ही नहीं अपितु वे दोनों क्रमशः ज्ञ और अज्ञ हैं—ईश्वर ज्ञ (सर्वज्ञ) है और जीव अज्ञ है। तथा वे दोनों ही अज—जन्मादिरहित हैं, क्योंकि एकमात्र अविकारी ब्रह्म ही जीव और ईश्वरभावसे स्थित है। ऐसा ही श्रुति भी कहती है—"पुरुषने दो पैरोंवाला शरीर बनाया और चार पैरोंवाला शरीर बनाया और वह पक्षी होकर उन पुरोंमें प्रवेश कर गया",

"एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च" (कठ० २। २। ९) इति च। ईशनीशौ, छान्दसं ह्रस्वत्वम्।

नन्वद्वैतवादिनो यदि भोक्तृ- भोग्यलक्षणप्रपञ्च- सिद्धिः स्यात्तदा सर्वेशः परमेश्वरः, अनीशो जीवः, सर्वज्ञः परमेश्वरः, असर्वज्ञो जीवः, सर्वकृत्परमेश्वरः, असर्वकृज्जीवः, सर्वभृत्परमेश्वरः, देहादिभृज्जीवः, सर्वात्मा परमेश्वरः, असर्वात्मा जीवः, विश्वैश्वर्य आप्तकामः परमेश्वरः, अल्पैश्वर्योऽनाप्तकामो जीवः, "सर्वतः पाणि०" (श्वेता० उ० ३। १६) "सहस्रशीर्षा" (श्वेता० उ० ३। १४)। "नित्यो नित्यानाम्" (श्वेता० उ० ६। १३) इत्यादिना जीवेश्वरयोर्विलक्षण- व्यवहारसिद्धिः स्यात्। न तु भोक्त्रादिप्रपञ्चसिद्धिरस्ति स्वतःकूटस्था परिणाम्यद्वितीयस्य वस्तुनोऽभोक्त्रादिरूपत्वात्। नापि परतो ब्रह्मव्यतिरिक्तस्य भोक्त्रादि- प्रपञ्चहेतुभूतस्य वस्त्वन्तरस्याभावात्।

जीवेश्वरयो- वैलक्षण्याभाव- शङ्कनम्

"इसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंका वह एक ही अन्तरात्मा प्रत्येक रूपमें उसके अनुरूप हो रहा है तथा उनके बाहर भी है।" 'ईशनीशौ' इस समस्त पदमें शकारकी ह्रस्वता वैदिक है।

किन्तु अद्वैतवादीके सिद्धान्तमें यदि प्रपंचकी सिद्धि हो सकती हो तभी परमेश्वर सर्वेश्वर है, जीव अनीश्वर है, परमेश्वर सर्वज्ञ है, जीव असर्वज्ञ है, परमेश्वर सब कुछ करनेवाला है, जीव सब कुछ नहीं कर सकता, परमेश्वर सबका पोषण करनेवाला है, जीव देहादिका ही पोषक है, परमेश्वर सबका आत्मा है, जीव सबका आत्मा नहीं है, परमेश्वर सर्वैश्वर्यसम्पन्न और पूर्णकाम है, जीव अल्पैश्वर्यवान् है और पूर्णकाम भी नहीं है, तथा "उसके सब ओर हाथ हैं", "वह सहस्र मस्तकोंवाला है", "वह नित्योंका नित्य है" इत्यादि वाक्योंसे जीव और ईश्वरके भेदव्यवहारकी सिद्धि हो सकती है। किन्तु भोक्तादि प्रपंचकी सिद्धि स्वतः तो हो नहीं सकती, क्योंकि कूटस्थ, अपरिणामी अद्वितीय वस्तु अभोक्तादिरूप है तथा परतः (किसी अन्यसे) भी उसकी सिद्धि नहीं हो सकती है, क्योंकि ब्रह्मसे अतिरिक्त भोक्तादि प्रपंचकी हेतुभूत किसी अन्य वस्तुकी सत्ता ही नहीं है। कारण,

वस्त्वन्तरसद्भावेऽद्वैतहानिरित्याशङ्क्याह—अजा ह्येका भोक्तृभोग्यार्थयुक्तेति।

भवेदयमीश्वराद्यविभागः, यदि प्रपञ्चासिद्धिरेव स्यात्। सिध्यत्येव प्रपञ्चः। हि यस्मादर्थे। यस्मादजा प्रकृतिर्न जायत इत्यजा सिद्धा प्रसवधर्मिणी। "अजामेकाम्" (श्वेता० उ० ४। ५)। "मायां तु प्रकृतिं विद्यात्" (श्वेता० उ० ४। १०) "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" (बृ० उ० २। ५। १९)। "माया परा प्रकृतिः" "सम्भवाम्यात्ममायया" (गीता ४। ६)। इत्यादिश्रुतिस्मृतिसिद्धा विश्वजननी देवात्मशक्तिरूपैका स्वविकारभूतभोक्तृभोगभोग्यार्थप्रयुक्तेश्वरनिकटवर्तिनी किंकुर्वाणावतिष्ठते। तस्मात्सोऽपि मायी परमेश्वरो मायोपाधिसंनिधेस्तद्वानिव कार्यभूतैर्देहादिभिस्तद्वदेव विभक्तैर्वा विभक्त ईश्वरादिरूपेणावतिष्ठते। तस्मादेकस्मिन्नेकरसे परमात्मन्यभ्युपगम्यमानेऽपि जीवेश्वरादिसर्वलौकिकवैदिकसर्वभेदव्यवहार-

मायया वैलक्षण्य-साधनम्

किसी अन्य वस्तुकी सत्ता स्वीकार करनेपर तो अद्वैत ही सिद्ध नहीं हो सकता। ऐसी शंका होनेपर श्रुति कहती है—'भोक्ताके भोग्य-सम्पादनमें एकमात्र अजा (प्रकृति) ही नियुक्त है।'

यदि प्रपंच सिद्ध न होता तो यह ईश्वरादिका विभाग न होना सम्भव था, किन्तु प्रपंच तो सिद्ध होता है। मूलमें 'हि' शब्द 'क्योंकि' के अर्थमें हैं। क्योंकि अजा—प्रकृति, जो उत्पन्न न होनेके कारण अजा है, प्रसवधर्मिणी सिद्ध है। अर्थात् "एक अजाको", "मायाको तो प्रकृति जानो", "इन्द्र मायासे अनेकरूप होकर चेष्टा कर रहा है", 'माया परा प्रकृति है', "मैं अपनी मायासे जन्म लेता हूँ" इत्यादि श्रुति-स्मृतियोंसे सिद्ध होनेवाली भगवान्‌की आत्मशक्तिरूपा जगज्जननी एक माया अपने विकारभूत भोक्ता, भोग और भोग्यके सम्पादनमें नियुक्त होकर ईश्वरकी निकटवर्तिनी किंकरीरूपसे विद्यमान है। अतः वह मायी परमेश्वर भी मायारूप उपाधिकी सन्निधिसे मायायुक्त-सा हो अपने कार्यभूत देहादि विभक्त पदार्थोंके कारण उन्हींके समान ईश्वरादिरूपसे विभक्त हुआ-सा स्थित है। अतः परमात्माको एक और एकरस स्वीकार करनेपर भी जीवेश्वरादि भेदरूप समस्त लौकिक और वैदिक व्यवहार

सिद्धिः। न च तयोर्वस्त्वन्तरस्य सद्भावाद्द्वैतवादप्रसक्तिः। मायाया अनिर्वाच्यत्वेन वस्तुत्वायोगात्। तथाह—"एषा हि भगवन्माया सदसद्व्यक्तिवर्जिता"। इति।

यस्मादजैव भोक्त्रादिरूपा तस्मात्तत्स्वीकृतस्य मिथ्यासिद्ध-वस्तुत्वसम्भवादनन्तश्चात्मा। च शब्दोऽवधारणे। अनन्त एवात्मा। अस्यान्तः परिच्छेदो देशतः कालतो वस्तुतो वा न विद्यत इति। विश्वरूपो विश्वमस्यैव रूपमिति; परस्याविश्वरूपत्वात्। "वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" इति रूपस्य रूपिव्यतिरेकेणाभावाद्विश्वरूप-त्वादप्यानन्त्यं सिद्धमित्यर्थः। हि शब्दो यस्मादर्थे। यस्माद्विश्वरूप-वैश्वरूप्यं लक्षणं परमात्मन इत्येव-

सिद्ध हो सकता है और उन अन्य वस्तुओंके रहनेसे द्वैतवादकी भी प्राप्ति नहीं हो सकती; क्योंकि अनिर्वचनीय होनेके कारण माया कोई वस्तु नहीं है। ऐसा ही कहा भी है—"यह भगवान्‌की माया सदसद्भावसे रहित है" इत्यादि।

क्योंकि अजा—प्रकृति ही भोक्तादिरूप है इसलिये उसका कल्पना किया हुआ प्रपंच मिथ्या और असत् वस्तु होनेसे आत्मा तो अनन्त ही है। मूलमें 'च' शब्द निश्चयार्थक है; अर्थात् आत्मा अनन्त ही है; देश, काल या वस्तु किसीसे भी इसका अन्त—परिच्छेद नहीं है। विश्वरूप अर्थात् विश्व इसीका रूप है, क्योंकि परमात्मा स्वयं तो विश्वरूप है नहीं [अर्थात् विश्वरूपमें उसका परिणाम नहीं होता]। "विकार वाणीसे आरम्भ होनेवाला नाममात्र है" इस श्रुतिके अनुसार रूप रूपवान्‌से भिन्न नहीं होता, इसलिये विश्वरूप होनेसे भी इसकी अनन्तता ही सिद्ध होती है।* यहाँ 'हि' शब्द 'क्योंकि' अर्थमें है। क्योंकि विश्वरूप बहुरूपता परमात्माका ही लक्षण है, इसलिये

* तात्पर्य यह है कि यद्यपि आत्मा परमार्थतः विश्वरूप नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेसे तो वह सावयव और परिणामी सिद्ध होगा; तथापि विश्व उससे भिन्न भी नहीं है। अघटनघटनापटीयसी मायाकी महिमासे विशुद्ध आत्मतत्त्वमें ही विश्वरूपभ्रान्ति होती है। अतः आत्मासे पृथक् विश्वकी सत्ता न होनेसे उसकी अनन्ततामें कोई अन्तर नहीं आता।

मादिभिरात्मनो विश्वरूपत्वमित्यर्थः। यत एवानन्तो विश्वरूप आत्मात एवाकर्ता कर्तृत्वादिसंसारधर्मरहित इत्यर्थः।

कदैवमनन्ता विश्वरूप कर्तृत्वादिसकलसंसारधर्मवर्जितो मुक्तः पूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मरूपेणैवावतिष्ठते? इत्यत्राह—त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतदिति। त्रयं भोक्तृभोगभोग्यरूपम्। मायात्मकत्वादधिष्ठानभूतब्रह्मव्यतिरेकेण नास्ति किन्तु ब्रह्मैवेति यदा विन्दते तदा निवृत्तनिखिलविकल्पपूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मभावक्कर्तृत्वादिसकलसंसारधर्मवर्जितो वीतशोकः कृतकृत्योऽवतिष्ठत इत्यर्थः। अथवा ज्ञाज्ञाजात्मकजीवेश्वरप्रकृतिरूपत्रयं ब्रह्म यदा विन्दते लभते तदा मुच्यत इति। ब्रह्ममिति मकारान्तं ब्रह्ममेतु मां मधुमेतु माम् इतिवच्छान्दसम्॥ ९॥

तात्पर्य यह है कि इन सब हेतुओंसे भी आत्माका विश्वरूपत्व सिद्ध होता है। क्योंकि आत्मा अनन्त और विश्वरूप है इसीलिये वह अकर्ता अर्थात् कर्तृत्वादि संसारके धर्मोंसे रहित है।

आत्मा इस प्रकार अनन्त विश्वरूप, कर्तृत्वादि सम्पूर्ण सांसारिक धर्मोंसे रहित, मुक्त और पूर्णानन्द अद्वितीय ब्रह्मरूपसे ही कब स्थित होता है? ऐसा प्रश्न होनेपर श्रुति कहती है—'त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतत्' त्रय अर्थात् भोक्ता, भोग और भोग्यरूप मायामय होनेसे अपने अधिष्ठान ब्रह्मसे भिन्न नहीं है, किन्तु ब्रह्म ही है—ऐसा जिस समय अनुभव करता है उस समय जीवात्मा सम्पूर्ण विकल्पोंके निवृत्त हो जानेसे पूर्णानन्द अद्वितीय ब्रह्मस्वरूप होकर कर्तृत्वादि सकल संसार-धर्मोंसे रहित, शोकहीन और कृतकृत्य होकर स्थित होता है—ऐसा इसका तात्पर्य समझना चाहिये। अथवा ऐसा जानो कि क्रमशः यह ज्ञ, अज्ञ और अजारूप ईश्वर, जीव एवं प्रकृति— इन तीनोंको यह ब्रह्मरूपसे प्राप्त (अनुभव) कर लेता है। उस समय यह मुक्त हो जाता है। मूलमें 'ब्रह्मम्' यह मकारान्त प्रयोग 'ब्रह्ममेतु माम्' 'मधुमेतु माम्' इत्यादिके समान वैदिक है॥ ९॥

प्रधान और परमेश्वरकी विलक्षणता तथा उनके तत्त्वज्ञानसे मोक्षका कथन

जीवेश्वरयोर्विभागं दर्शयित्वा तद्विज्ञानादमृतत्वं दर्शितम्। इदानीं प्रधानेश्वरयोर्वैलक्षण्यं दर्शयित्वा तद्विज्ञानादमृतत्वं दर्शयति—

जीव और ईश्वरका भेद दिखाकर उनके विज्ञानसे अमृतत्व दिखला दिया। अब श्रुति प्रधान और ईश्वरकी विलक्षणता दिखलाकर उनके विज्ञानसे अमृतत्व प्रदर्शित करती है—

क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः
क्षरात्मानावीशते देव एकः।
तस्याभिध्यानाद्योजनात्तत्त्वभावा-
द्भूयश्चान्ते विश्वमायानिवृत्तिः॥ १०॥

विनाशशील प्रधान और अविनाशी जीवात्माको हरसंज्ञक एक देव नियमित करता है। उसके चिन्तनसे, उसमें मनोयोग करनेसे और उसके तत्त्वकी भावना करनेसे प्रारब्धकी समाप्ति होनेपर विश्वरूप मायाकी निवृत्ति हो जाती है॥ १०॥

क्षरं प्रधानममृताक्षरं हर इति। अविद्यादेर्हरणात्परमेश्वरो हरः। अमृतं च तदक्षरं चामृताक्षरममृतं ब्रह्मैवेश्वर इत्यर्थः। स ईश्वरः क्षरात्मानौ प्रधानपुरुषावीशत इष्टे देव एकश्चित्सदानन्दाद्वितीयः परमात्मा। तस्य परमात्मनोऽभिध्यानात् , कथम्? योजनाज्जीवानां परमात्मसंयोजनात्तत्त्व-भावात् 'अहं ब्रह्मास्मि' इति

'क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः' इत्यादि। अविद्यादिको हरनेके कारण परमेश्वर हर हैं। जो अमृत और अक्षर है उसे अमृताक्षर कहा है, वह अमृत ब्रह्म ही ईश्वर है। वह एक देव ईश्वर अर्थात् सच्चिदानन्दाद्वितीय परमात्मा क्षर और आत्मा—प्रधान और पुरुषका नियमन करता है। उस परमात्माके अभिध्यानसे, किस प्रकारके अभिध्यानसे?—योजनासे अर्थात् परमात्माके साथ जीवका योग करानेसे तथा तत्त्वभावसे यानी 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसी

भूयश्चासकृदन्ते प्रारब्धकर्मान्ते यद्वा स्वात्मज्ञाननिष्पत्तिरन्तस्तस्मिन्स्वात्मज्ञानोदयवेलायां विश्वमायानिवृत्तिः। सुखदुःखमोहात्मकाशेषप्रपञ्चरूपमायानिवृत्तिः॥ १०॥

भावनासे भूयः—पुनः-पुनः ऐसा होनेपर अन्तमें अर्थात् प्रारब्धकर्मकी समाप्ति होनेपर अथवा आत्मज्ञानकी प्राप्ति ही अन्त है उसके होनेपर अर्थात् आत्मज्ञानके उदयकालमें विश्वमायाकी निवृत्ति होती है। यानी सुख, दुःख एवं मोहमय सम्पूर्ण प्रपंचरूप मायाकी निवृत्ति हो जाती है॥ १०॥

ब्रह्मके ज्ञान और ध्यानजन्य फलोंमें भेद

इदानीं तद्विदस्तद्ध्यायिनश्च तज्ज्ञानध्यानकृतं फलभेदं दर्शयति—

अब श्रुति ब्रह्मवेत्ता और ब्रह्मध्यानीको ब्रह्मज्ञान और ब्रह्मध्यानसे होनेवाले फलोंका भेद दिखलाती है—

ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः
क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्युप्रहाणिः।
तस्याभिध्यानात्तृतीयं देहभेदे
विश्वैश्वर्यं केवल आप्तकामः॥ ११॥

परमात्माका ज्ञान होनेपर अविद्यादि सम्पूर्ण क्लेशोंका नाश हो जाता है और क्लेशोंका क्षय हो जानेपर जन्म-मृत्युकी निवृत्ति हो जाती है। तथा उसका ध्यान करनेसे शरीरपातके अनन्तर [विराट् और हिरण्यगर्भकी अपेक्षा कारणब्रह्मरूप] सर्वैश्वर्यमयी तृतीय अवस्थाकी प्राप्ति होती है और फिर आप्तकाम होकर कैवल्यपदको प्राप्त हो जाता है॥ ११॥

ज्ञात्वेति ज्ञात्वा देवम् 'अयमहमस्मि' इति, सर्वपाशापहानिः पाशरूपाणां सर्वेषामविद्यादीनामपहानिः।

'ज्ञात्वा देवम्' इत्यादि। परमात्माको जानकर अर्थात् 'यह मैं हूँ' ऐसा अनुभव करके सम्पूर्ण पाशोंका नाश यानी पाशरूप सम्पूर्ण अविद्यादि क्लेशोंका नाश हो

क्षीणैरविद्यादिभिः क्लेशैस्तत्कार्यभूतजन्ममृत्युप्रहाणिर्जननमरणादिदुःखहेतुविनाशः। ज्ञानफलं प्रदर्शितम्।

ध्याने किञ्चित्क्रममुक्तिरूपं विशेषमाह—तस्य परमेश्वरस्याभिध्यानाद्देहभेदे शरीरपातोत्तरकालमर्चिरादिना देवयानपथा गत्वा परमेश्वरसायुज्यं गतस्य तृतीयं विराड्रूपापेक्षयाव्याकृतपरमव्योमकारणेश्वरावस्थं विश्वैऽश्वर्यलक्षणं फलं भवति। स तदनुभूय तत्रैव निर्विशेषमात्मानं ज्ञात्वा केवलो निरस्तसमस्तैश्वर्यतदुपाधिसिद्धिरव्याकृतपरमव्योमकारणेश्वरात्मतृतीयावस्थं विश्वैश्वर्यं हित्वाप्तकाम आत्मकामः पूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मरूपोऽवतिष्ठते।

एतदुक्तं भवति—सम्यग्दर्शनस्य तथाभूतवस्तुविषयत्वेन निर्विषयपूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मविषयत्वाद्विज्ञानानन्तरमविद्यातत्कार्यप्रहाणेन

जाता है। तथा क्षीण हुए अविद्यादि क्लेशोंके साथ ही उनके कार्यभूत जन्म-मृत्यु आदिका नाश हो जाता है; अर्थात् जन्म-मृत्यु आदि दुःखके हेतुओंका अन्त हो जाता है। यह ज्ञानका फल दिखाया गया।

अब ध्यानमें क्रममुक्तिरूप कुछ विलक्षणता बतलायी जाती है—उस परमेश्वरके ध्यानसे देहभेद यानी शरीरपातके अनन्तर अर्चिरादि देवयानमार्गसे जाकर परमात्माके साथ सायुज्यको प्राप्त हुए पुरुषको विराट्रूपकी अपेक्षा अव्याकृत परमव्योमरूप कारणब्रह्ममें स्थित सम्पूर्ण ऐश्वर्यरूप तृतीय फल प्राप्त होता है। उसका अनुभव कर वह उसी जगह अपनेको निर्विशेष जानकर, केवल हो जाता है; अर्थात् सम्पूर्ण ऐश्वर्य और उसके साथ रहनेवाली सिद्धिको त्यागकर, यानी अव्याकृत परमव्योममय कारण ईश्वररूप तृतीय अवस्थाके सम्पूर्ण ऐश्वर्यको छोड़कर आप्तकाम और आत्मकाम हो पूर्णानन्द अद्वितीय ब्रह्मरूपसे स्थित हो जाता है।

यहाँ यह कहा गया है कि सम्यग्दर्शन तो यथार्थ वस्तुको विषय करनेके कारण निर्विशेष पूर्णानन्दाद्वितीय ब्रह्मविषयक होता है; अतः ब्रह्मज्ञानके अनन्तर अविद्या और उनके कार्यकी निवृत्ति हो जानेसे

पूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मस्वरूपोऽवतिष्ठते। ध्यानस्य पुनः सहसा न निराकारे बुद्धिः प्रवर्तत इति सविशेषब्रह्मविषयत्वात् "तं यथा यथोपासते......" इति न्यायेन सविशेषविश्वैश्वर्यलक्षणब्रह्मप्राप्त्या विश्वैश्वर्यमनुभूय निर्विशेषपूर्णानन्द-ब्रह्मात्मानं ज्ञात्वा केवलात्म-कामोऽवाप्ताशेषपुमर्थो मुक्तो भवति।

तथा शिवधर्मोत्तरे ध्यानज्ञानयो-र्विश्वैश्वर्यलक्षणं केवलात्मकामाप्त-कामलक्षणं च फलं दर्शयति—

"ध्यानादैश्वर्यमतुल-
मैश्वर्यात्सुखमुत्तमम्।
ज्ञानेन तत्परित्यज्य
विदेहो मुक्तिमाप्नुयात्॥" इति।

तथा च दहरादिसविशेष-सगुणोपासकानां "स यदि पितृलोककामो भवति सङ्कल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति" (छा० उ० २। १) इत्यादिना विश्वैश्वर्यलक्षणं फलं दर्शयति। तथा च प्रश्नोपनिषदि "यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्ये सम्पन्नः" (प्र० उ० ५।५) इत्यादिना परं पुरुष-

विद्वान् पूर्णानन्दाद्वितीय ब्रह्मस्वरूपसे ही स्थित हो जाता है। किन्तु ध्यानजनित बुद्धि सहसा निराकार ब्रह्ममें प्रवृत्त नहीं होती, अतः वह सविशेष ब्रह्मविषयक होनेसे "उसकी जिस-जिस प्रकार उपासना करता है उसी प्रकार फल मिलता है" इस न्यायसे सर्वैश्वर्यरूप सविशेष ब्रह्मकी प्राप्तिसे वह सम्पूर्ण ऐश्वर्यका अनुभव कर फिर निर्विशेष पूर्णानन्दस्वरूप ब्रह्मको आत्मभावसे जानकर केवल आत्मकामी हो सम्पूर्ण पुरुषार्थको प्राप्त करके मुक्त हो जाता है।

इसी प्रकार शिवधर्मोत्तरमें भी ध्यान और ज्ञानके क्रमशः विश्वैश्वर्यरूप और केवल आत्मकाम एवं आप्तकामरूप फल दिखाये हैं—"ध्यानसे अतुलित ऐश्वर्य मिलता है और ऐश्वर्यसे उत्कृष्ट सुखकी प्राप्ति होती है। ज्ञानसे उनका त्याग करके देहाभिमानसे रहित हो मोक्ष प्राप्त करे।"

इसी प्रकार दहरादि सविशेष और सगुण ब्रह्मकी उपासना करनेवालोंको श्रुति "वह यदि पितृलोककी कामना करता है तो उसके संकल्पसे ही पितृगण उपस्थित हो जाते हैं" इत्यादि वाक्यसे विश्वैश्वर्यरूप फल ही दिखलाती है। तथा प्रश्नोपनिषद्में "जो तीन मात्रावाले ॐ इस अक्षरसे परम पुरुषका ध्यान करता है वह तेजोमय सूर्यमण्डलको प्राप्त होकर" इत्यादि

मभिध्यायतोऽर्चिरादिमार्गोपदेशपूर्वकं "स एतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते" (प्र० उ० ५। ५) इति ब्रह्मलोकं गतस्य तत्रैव सम्यग्दर्शनलाभं दर्शयित्वा "तमोङ्कारेणैवायतनेनान्वेति विद्वान्यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परं चेति" (प्र० उ० ५। ७) इति सम्यग्दर्शनेन मोक्ष उपदिष्टः। "तमेवं विद्वानमृत इह भवति" (नृ० पू० ता० १। ६) इति विदुषोऽर्चिरादिगमनं विनैहैवामृतत्व-प्राप्तिं दर्शयति "अथाकामयमानः" इत्यारभ्य "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति" (बृ० उ० ४। ४। ६) इत्यादिना विनैवोत्क्रान्तिं विदुषो मोक्ष उपदिष्टः। "उदस्मात्प्राणाः क्रामन्त्यहो नेति नेति होवाच याज्ञवल्क्यः" (बृ० उ० ३। २। ११) इति प्रश्नपूर्वकमुत्क्रान्त्यभावो दर्शितः।

तथा च ब्राह्मे पुराणे जीवन्मुक्तिं गत्यभावं च दर्शयति—

वाक्यसे परम पुरुषका ध्यान करनेवाले पुरुषको अर्चिरादिमार्गका उपदेश करके 'वह इस जीवघन (हिरण्यगर्भ)-से उत्कृष्टतर सम्पूर्ण शरीरोंमें स्थित परम पुरुषको देखता है'' इस प्रकार ब्रह्मलोकमें गये हुए पुरुषको उसी जगह सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति दिखलाकर "विद्वान् उस ओंकाररूप अवलम्बनके द्वारा ही उस शान्त, अजर, अमृत और अभयरूप परब्रह्मको प्राप्त हो जाता है" इस वाक्यसे सम्यग्दर्शनके द्वारा मोक्षका उपदेश किया है। तथा "उसे इस प्रकार जाननेवाला यहाँ अमर हो जाता है" इस वाक्यसे विद्वान्‌को अर्चिरादि-मार्गसे बिना गये यहीं अमृतत्वकी प्राप्ति दिखलायी है। और "जो कामनारहित है" यहाँसे लेकर "उसके प्राण उत्क्रमण नहीं करते, वह ब्रह्मस्वरूप हुआ ही ब्रह्ममें लीन हो जाता है" यहाँतक उत्क्रमणके बिना ही विद्वान्‌के मोक्षका उपदेश किया है। तथा "इसके प्राण उत्क्रमण करते हैं या नहीं? इसपर याज्ञवल्क्यने कहा—नहीं" इस प्रकार बृहदारण्यक श्रुतिने प्रश्नपूर्वक विद्वान्‌के उत्क्रमणका अभाव दिखलाया है।

इसी प्रकार ब्रह्मपुराणमें भी जीवन्मुक्ति और उत्क्रान्तिका अभाव ये दोनों दिखलाये गये हैं—

"यस्मिन्काले स्वमात्मानं
योगी जानाति केवलम्।
तस्मात्कालात्समारभ्य
जीवन्मुक्तो भवेदसौ॥
मोक्षस्य नैव किञ्चित्स्या-
दन्यत्र गमनं क्वचित्।
स्थानं परार्ध्यमपरं
यत्र गच्छन्ति योगिनः॥
अज्ञानबन्धभेदस्तु
मोक्षो ब्रह्मलयस्त्विति।"

"जिस समय योगी आत्माको शुद्धस्वरूप जान लेता है उसी समयसे वह जीवन्मुक्त हो जाता है। जिस परार्द्धस्थायी [ब्रह्मलोकरूप] अन्य स्थानपर ध्यानयोगी जाते हैं, उसके मोक्षके लिये ऐसे किसी स्थानपर जानेकी आवश्यकता नहीं होती। अज्ञानरूप बन्धनकी निवृत्ति और ब्रह्ममें लीन हो जाना—यही उसका मोक्ष है।"

तथा लैङ्गे विदुषो जीवन्मुक्तिं दर्शयति—

"इह लोके परे चैव
कर्तव्यं नास्ति तस्य वै।
जीवन्मुक्तो यतस्तस्माद्
ब्रह्मवित्परमार्थतः ॥"

तथा लिंगपुराणमें भी ज्ञानीकी जीवित रहते हुए ही मुक्ति दिखायी है—"क्योंकि ब्रह्मवेत्ता परमार्थतः जीवित रहते हुए ही मुक्त हो जाता है, इसलिये उसके लिये इस लोक और परलोकमें कुछ भी कर्तव्य नहीं रहता।"

शिवधर्मोत्तरे—

"वाञ्छात्ययेऽपि कर्तव्यं
किञ्चिदस्य न विद्यते।
इहैव स विमुक्तः स्यात्
सम्पूर्णः समदर्शनः॥"

शिवधर्मोत्तरमें कहा है—"ज्ञानीकी समस्त कामनाएँ निवृत्त हो जाती हैं, इसलिये उसका कुछ भी कर्तव्य नहीं रहता। वह पूर्णकाम और समदर्शी होनेसे इसी लोकमें मुक्त हो जाता है।"

उपासक-विदुषोर्गहत्युपसंहारः

तस्मादुपासको देहादुत्क्रम्यार्चिरादिना देवयानेन विश्वैश्वर्यं ब्रह्म प्राप्य विश्वैश्वर्यमनुभूय तत्रैव केवलं प्रत्यस्तमितभेदपूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मानं ज्ञात्वा केवलात्मकामो मुक्तो भवति।

अतः उपासक तो देहसे उत्क्रमण कर अर्चिरादि देवयानमार्गसे सर्वैश्वर्यपूर्ण कारणब्रह्मको प्राप्त हो सब प्रकारका ऐश्वर्य भोगनेके अनन्तर वहीं सम्पूर्ण भेदसे रहित पूर्णानन्दस्वरूप अद्वितीय केवल शुद्ध ब्रह्मको आत्मभावसे जानकर केवल आत्मकामी होकर मुक्त हो जाता है।

विद्वान्निर्विशेषपूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्म-विज्ञानादशेषगन्तृगन्तव्यगमनादिभेद-प्रत्यस्तमयाद्विनैवोत्क्रान्तिं देवयानं च ब्रह्मज्ञानसमनन्तरं जीवन्मुक्तो ब्रह्मज्ञानसमनन्तरं ब्रह्मानन्दमनुभूय आत्मरतिरात्मतृप्त आत्मनैवान्तः-सुखोऽन्तरारामोऽन्तर्ज्योतिरात्मक्रीड आत्मरतिरात्ममिथुन आत्मानन्द इहैव स्वाराज्ये भूम्नि स्वे महिम्न्यमृतोऽवतिष्ठते। तद्धेतुत्वाद्बाह्य-विषयपरित्यागेन ब्रह्मण्याधाय वाङ्मनः कायनिष्पाद्यं श्रौतस्मार्तलक्षणं कर्म कृत्वा विशुद्धसत्त्वो योगारूढो भूत्वा शमादिसाधनसम्पन्नः।

"योगी युञ्जीत सतत-
मात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा
निराशीरपरिग्रहः ॥
युञ्जन्नेवं सदात्मानं
योगी विगतकल्मषः।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्श-
मत्यन्तं सुखमश्नुते॥

तथा विद्वान् निर्विशेष पूर्णानन्दाद्वितीय ब्रह्मका ज्ञान हो जानेसे गन्ता, गन्तव्य और गमनादि सम्पूर्ण भेदकी निवृत्ति हो जानेसे उत्क्रान्ति और देवयानमार्गके बिना ही ब्रह्मज्ञानके अनन्तर जीवन्मुक्त हो जाता है। वह ब्रह्मज्ञानके पश्चात् ब्रह्मानन्दका अनुभव कर आत्मरति और आत्मतृप्त हो अपने आत्मामें ही आन्तरिक सुख, रमण एवं प्रकाशका अनुभव करता हुआ आत्मक्रीड, आत्मरति, आत्ममिथुन और आत्मानन्द होकर इसी लोकमें स्वाराज्य अर्थात् अपनी सार्वभौम महिमामें अमृतरूपसे स्थित हो जाता है। वह बाह्य विषयोंको त्यागकर मन, वाणी और शरीरसे होनेवाले सम्पूर्ण श्रौत-स्मार्तकर्मोंको ब्रह्मार्पण करके अनुष्ठान करता हुआ शुद्धचित्त और योगारूढ़ होकर शमादि साधनोंसे सम्पन्न हो जाता है; क्योंकि ये ही साधन ब्रह्मज्ञानकी प्राप्तिके हेतु हैं।

'ध्यानयोगीको एकान्तमें अकेले ही स्थित हो सब प्रकारकी आशा और परिग्रहका त्यागकर शरीर और मनका निग्रह करते हुए निरन्तर योगका अभ्यास करना चाहिये। इस प्रकार सर्वदा योगसाधनमें लगा हुआ वह पापहीन योगी सुगमतासे ही ब्रह्मसाक्षात्काररूप अत्यन्त उत्कृष्ट सुख प्राप्त कर लेता है।

सर्वभूतस्थमात्मानं
सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा
सर्वत्र समदर्शनः॥''
(गीता ६। १०, २८, २९)
''समं पश्यन्हि सर्वत्र
समवस्थितमीश्वरम्।
न हिनस्त्यात्मनात्मानं
ततो याति परां गतिम्॥''
(गीता १३। २८)
इति स्मृतेः॥ ११॥

जिसकी सर्वत्र समदृष्टि है वह योगयुक्त पुरुष अपने आत्माको सम्पूर्ण भूतोंमें और सम्पूर्ण भूतोंको अपने आत्मामें स्थित देखता है।'' ''इस प्रकार सर्वत्र समानभावसे स्थित ईश्वरको समानरूपसे देखता हुआ वह स्वयं अपना घात नहीं करता और फिर परमगतिको प्राप्त होता है।'' इत्यादि स्मृतिवाक्य इसमें प्रमाण हैं॥ ११॥

ब्रह्मकी ज्ञातव्यता

यस्माज्ज्ञानानन्तरं परमपुरुषार्थ-सिद्धिस्तस्मात्—

क्योंकि ज्ञानके पश्चात् परम पुरुषार्थकी सिद्धि होती है, इसलिये—

एतज्ज्ञेयं नित्यमेवात्मसंस्थं
नातः परं वेदितव्यं हि किञ्चित्।
भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा
सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्॥ १२॥

अपने आत्मामें स्थित इस ब्रह्मको सर्वदा ही जानना चाहिये। इससे बढ़कर और कोई ज्ञातव्य पदार्थ नहीं है। भोक्ता (जीव), भोग्य (जगत्) और प्रेरक (ईश्वर)—यह तीन प्रकारसे कहा हुआ पूर्ण ब्रह्म ही है—ऐसा जानना चाहिये॥ १२॥

एतत्प्रकृतं केवलात्माकाश-ब्रह्मरूपं नित्यं नियमेन ज्ञेयम्। किमत्रान्यसंस्थं न स्वात्मसंस्थं ज्ञेयं

इस प्रकृत विशुद्ध आत्माकाशस्वरूप ब्रह्मको नित्य—नियमसे जानना चाहिये। क्या यह किसी अन्यमें स्थित है? नहीं, इसे अपने आत्मामें ही स्थित जानना

नानात्मनि बाह्ये। श्रूयते च—"तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्" (क० उ० २। २। १२) इति।

तथा च शिवधर्मोत्तरे योगिनामात्मनि स्थितिः—

"शिवमात्मनि पश्यन्ति
प्रतिमासु न योगिनः।
आत्मस्थं यः परित्यज्य
बहिःस्थं यजते शिवम्॥
हस्तस्थं पिण्डमुत्सृज्य
लिह्यात्कूर्परमात्मनः ।
सर्वत्रावस्थितं शान्तं
न पश्यन्तीह शङ्करम्॥
ज्ञानचक्षुर्विहीनत्वा-
दन्धः सूर्यं यथोदितम्।
यः पश्येत्सर्वगं शान्तं
तस्याध्यात्मस्थितः शिवः॥
आत्मस्थं ये न पश्यन्ति
तीर्थे मार्गन्ति ते शिवम्।
आत्मस्थं तीर्थमुत्सृज्य
बहिस्तीर्थादि यो व्रजेत्॥
करस्थं स महारत्नं
त्यक्त्वा काचं विमार्गति।"

अथवैतद्यदपरोक्षं प्रत्यगात्मत्वं तन्नित्यमविनाशि स्वे महिम्नि स्थितं

चाहिये, किसी बाह्य अनात्मामें नहीं। श्रुति भी कहती है—"जो बुद्धिमान् आत्मामें स्थित उस परब्रह्मको देखते हैं, उन्हें ही नित्य शान्ति प्राप्त होती है, दूसरोंको नहीं।"

तथा शिवधर्मोत्तरमें भी योगियोंकी आत्मामें ही स्थिति दिखलायी है—"योगिजन शिवका आत्मामें ही दर्शन करते हैं, प्रतिमाओंमें नहीं। जो पुरुष आत्मामें स्थित शिवका परित्याग कर बाह्य शिवका पूजन करता है वह मानो हाथका ग्रास गिराकर केवल अपनी हथेली चाटता है। जिस प्रकार अन्धा आदमी उदय हुए सूर्यको नहीं देख सकता उसी प्रकार ज्ञाननेत्रोंसे रहित होनेके कारण लोग सर्वत्र विद्यमान शान्तस्वरूप शिवका दर्शन नहीं कर पाते। जो पुरुष सर्वगत शान्तमूर्ति शिवका दर्शन करता है उसके तो अन्तःकरणमें ही शिव विराजमान हैं, किन्तु जो आत्मस्थ शिवको नहीं देख सकते वे ही उन्हें तीर्थस्थानमें खोजते हैं। जो पुरुष आत्मस्थ तीर्थको त्यागकर बाह्य तीर्थादिमें जाता है वह मानो अपने हाथका महारत्न गिराकर काँच ढूँढ़ता फिरता है।"

अथवा [इसका यह भी तात्पर्य हो सकता है कि] यह जो अपरोक्ष प्रत्यगात्मा है उसे अपनी महिमामें स्थित नित्य और

ब्रह्मैव ज्ञेयम्। कस्मात्? हि शब्दो यस्मादर्थे। यस्मान्नातः परं वेदितव्यमस्ति किञ्चिदपि। श्रूयते च बृहदारण्यके—"तदेतत्पदनीयमस्य सर्वस्य यदयमात्मा" (बृ० उ० १। ४। ७) इति।

कथमेतज्ज्ञेयम्? इत्याह—

भोक्ता जीवो भोग्यमितरत्सर्वं प्रेरितान्तर्यामी परमेश्वरः। तदेतत्त्रिविधं प्रोक्तं ब्रह्मैवेति। भोक्त्राद्यशेष-भेदप्रपञ्चविलापनेनैव निर्विशेषं ब्रह्मात्मानं जानीयादित्यर्थः।

तथा चोक्तं कावषेयगीतायाम्—

"त्यक्त्वा सर्वविकल्पांश्च
स्वात्मस्थं निश्चलं मनः।
कृत्वा शान्तो भवेद्योगी
दग्धेन्धन इवानलः॥"

तथा च श्रीविष्णुपुराणे—

"तस्यैव कल्पनाहीन-
स्वरूपग्रहणं हि यत्।
मनसा ध्याननिष्पाद्यं
समाधिः सोऽभिधीयते॥"
(६।७।९२)

इति॥ १२॥

अविनाशी ब्रह्म ही जानना चाहिये। क्यों?—यहाँ 'हि' शब्द 'यस्मात् (क्योंकि)' अर्थमें है—क्योंकि इससे बढ़कर और कुछ भी जाननेयोग्य नहीं है। बृहदारण्यकश्रुतिमें भी ऐसा ही है—"यह जो आत्मा है वही समस्त जीवोंका गन्तव्य स्थान है।"

इसे किस प्रकार जानना चाहिये? सो श्रुति बतलाती है—जीव भोक्ता है, भोक्ता और अन्तर्यामीसे अतिरिक्त और सब भोग्य है यथा अन्तर्यामी परमेश्वर प्रेरिता है—यह तीन प्रकारसे कहा हुआ ब्रह्म ही है इस प्रकार [जानना चाहिये]। तात्पर्य यह है कि भोक्तादि सम्पूर्ण भेदरूप प्रपंचका लय करके ही निर्विशेष ब्रह्मको आत्मस्वरूपसे जानना चाहिये।

ऐसा ही कावषेय गीतामें भी कहा है—"योगी सम्पूर्ण विकल्पोंको त्यागकर मनको अपने आत्मामें निश्चलरूपसे स्थिर कर जिसका ईंधन जल चुका है उस अग्निके समान शान्त हो जाता है।"

तथा श्रीविष्णुपुराणमें कहा है—"उस ध्येय परमेश्वरका ही जो मनके द्वारा ध्यानसे सिद्ध होनेयोग्य कल्पनाहीन (ध्याता, ध्यान और ध्येयके भेदसे रहित) स्वरूप ग्रहण किया जाता है उसे ही समाधि कहते हैं॥ १२॥

प्रणवचिन्तनसे ब्रह्म-साक्षात्कारका दृष्टान्तोंद्वारा समर्थन

इदानीम् "ओमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत" (प्र० उ० ५। ५)। "ओमित्यात्मानं युञ्जीत" (महानारा० २४। १)। "ओमित्यात्मानं ध्यायीत" इति श्रुतेरात्मानमन्विष्य पराभिध्याने प्रणवस्य नियमादभिध्यानाङ्गत्वेन प्रणवं दर्शयति—

अब "ॐ इस अक्षरसे ही परम पुरुषका ध्यान करना चाहिये" "ॐ इस अक्षरके द्वारा ही आत्मचिन्तन करना चाहिये" "ॐ इस अक्षरके द्वारा ही आत्माका ध्यान करना चाहिये" इत्यादि श्रुतियोंसे आत्मान्वेषण करके उसका ध्यान करनेमें प्रणवचिन्तनका नियम होनेसे श्रुति प्रणवको आत्मचिन्तनके अंगरूपसे प्रदर्शित करती है—

वह्नेर्यथा योनिगतस्य मूर्ति-
र्न दृश्यते नैव च लिङ्गनाशः।
स भूय एवेन्धनयोनिगृह्य-
स्तद्वोभयं वै प्रणवेन देहे॥ १३॥

जिस प्रकार अपने आश्रय [काष्ठ]-में स्थित अग्निका रूप दिखायी नहीं देता और न उसके लिंग (सूक्ष्मस्वरूप)-का ही नाश होता है और फिर ईंधनरूप कारणके द्वारा ही उसका ग्रहण हो सकता है उसी प्रकार अग्नि और अग्निलिंगके समान ही इस देहमें प्रणवके द्वारा आत्माका ग्रहण किया जा सकता है॥ १३॥

वह्नेर्यथेति वह्नेर्यथा योनिगतस्यारणिगतस्य मूर्तिः स्वरूपं न दृश्यते मथनात्प्राङ्नैव च लिङ्गस्य सूक्ष्मदेहस्य विनाशः। स एवारणिगतोऽग्निर्भूयः पुनः पुनरिन्धनयोनिना मथनेन गृह्यः। योनिशब्दोऽत्र कारण-

'वह्नेर्यथा' इत्यादि। जिस प्रकार योनि अर्थात् अरणिमें स्थित अग्निकी मूर्तिस्वरूपको मन्थनसे पूर्व देखा नहीं जा सकता और न उसके लिंग यानी सूक्ष्म रूपका नाश ही होता है। तथा अरणिमें स्थित वह अग्नि फिर ईंधनयोनिसे पुनः-पुनः मन्थन करनेपर प्रकट देखा भी जा सकता है। यहाँ 'योनि' शब्द कारणका

वचनः। इन्धनेन कारणेन पुनः पुनर्मथनाद्गृह्यः। 'तदोभयम्' इवार्थो वा शब्दः। तच्चोभयं तदुभयमिव मथनात्प्राङ् न गृह्यते। मथनेन च गृह्यते। तद्वदात्मा वह्निस्थानीयः प्रणवेनोत्तरारणिस्थानीयेन मननाद्-गृह्यते देहेऽधरारणिस्थानीये॥ १३॥

वाचक है; अर्थात् ईंधनरूप कारणके द्वारा पुनः-पुनः मन्थन करनेपर वह ग्रहण किया जा सकता है। 'तद्वा उभयम्' यहाँ वा शब्द इव (सादृश्य) अर्थमें है। अर्थात् उन दोनों (अग्नि और अग्निलिंग)-के समान, जैसे मन्थनसे पूर्व उनका ग्रहण नहीं होता था; किन्तु मन्थन करनेपर वे दिखायी देने लगते हैं, उसी प्रकार अग्निस्थानीय आत्मा उत्तरारणिस्थानीय प्रणवके द्वारा मननसे अधरारणिस्थानीय देहमें ग्रहण किया जा सकता है॥ १३॥

तदेव प्रपञ्चयति—

अब श्रुति उस (मन्थन)-का ही विस्तारसे वर्णन करती है—

स्वदेहमरणिं कृत्वा प्रणवं चोत्तरारणिम्।
ध्याननिर्मथनाभ्यासाद्देवं पश्येन्निगूढवत्॥ १४॥

अपने देहको अरणि और प्रणवको उत्तरारणि करके ध्यानरूप मन्थनके अभ्याससे स्वप्रकाश परमात्माको छिपे हुए [अग्नि]-के समान देखे॥ १४॥

स्वदेहमिति। स्वदेहमरणिं कृत्वाधरारणिं ध्यानमेव निर्मथनं तस्य निर्मथन-स्याभ्यासाद्देवं ज्योतीरूपं प्रपश्येन्निगूढाग्निवत्॥ १४॥

'स्वदेहम्' इत्यादि। अपने देहको अरणि—नीचेका काष्ठ करके तथा ध्यान ही निर्मन्थन है, उस निर्मन्थनके अभ्याससे देव—ज्योतिस्वरूप परमात्माको छिपे हुए अग्निके समान देखे॥ १४॥

उक्तस्यार्थस्य द्रढिम्ने दृष्टान्तान् बहून्दर्शयति—

उपर्युक्त अर्थकी पुष्टिके लिये श्रुति बहुत-से दृष्टान्त दिखाती है—

तिलेषु तैलं दधनीव सर्पि-
रापः स्त्रोतःस्वरणीषु चाग्निः।
एवमात्मात्मनि गृह्यतेऽसौ
सत्येनैनं तपसा योऽनुपश्यति॥ १५॥

जिस प्रकार तिलोंमें तैल, दहीमें घी, स्त्रोतोंमें जल और काष्ठोंमें अग्नि देखे जाते हैं उसी प्रकार जो पुरुष सत्य और तपके द्वारा इसे बारम्बार देखनेका प्रयत्न करता है उसे यह आत्मा आत्मामें ही दिखायी देता है॥ १५॥

तिलेष्विति। यन्त्रपीडनेन तैलं गृह्यते दधनि मथनेन सर्पिरिव। आपः स्त्रोतःसु नदीषु भूखननेन। अरणीषु चाग्निर्मथनेन। एवमात्मात्मनि स्वात्मनि गृह्यतेऽसौ मननेनात्मभूतदेहादिष्वन्नमयाद्य-शेषोपाधिप्रविलापनेन निर्विशेषे पूर्णानन्दे स्वात्मन्येवावगम्यत इत्यर्थः।

केन तर्हि पुरुषेणात्मन्येव गृह्यते? इत्यत आह— सत्येन यथाभूतहितार्थवचनेन भूतहितेन। ''सत्यं भूतहितं प्रोक्तम्'' इति स्मरणात्। तपसेन्द्रियमनसामैकाग्र्यलक्षणेन। ''मनसश्चेन्द्रियाणां च ऐकाग्र्यं

'तिलेषु' इत्यादि। जिस प्रकार यन्त्रसे पेरनेपर तिलोंमें तैल दिखायी देता है, मन्थन करनेपर दहीमें घी देखा जाता है, पृथिवी खोदनेपर स्त्रोत—अन्तःस्त्रोता नदियोंमें जल दिखायी देता है और मन्थन करनेपर काष्ठोंमें अग्निकी उपलब्धि होती है उसी प्रकार मननसे आत्मामें—अपने अन्तरात्मामें ही इस आत्माकी उपलब्धि होती है, अर्थात् आत्मभूत देहादिमें जो अन्नमयादि सम्पूर्ण उपाधियाँ हैं उनका लय करनेपर अपने निर्विशेष पूर्णानन्दस्वरूप आत्मामें ही इस (परमात्मा)-का अनुभव होता है।

अच्छा तो किस पुरुषको आत्मामें ही इस आत्माकी उपलब्धि होती है, सो अब बतलाते हैं—सत्यसे अर्थात् यथार्थ और प्राणिमात्रके लिये हितकर सम्भाषणसे, क्योंकि ''जो प्राणियोंके लिये हितकर हो उसे सत्य कहते हैं'' ऐसी स्मृति है तथा मन और इन्द्रियोंकी एकाग्रतारूप तपसे क्योंकि स्मृति कहती है ''मन और इन्द्रियोंकी एकाग्रता ही

परमं तपः'' इति स्मरणात्। एनमात्मानं योऽनुपश्यति॥ १५॥

परम तप है।'' अतः इन सत्य और तपके द्वारा जो इस आत्माको देखता है [उसे इसकी उपलब्धि होती है]॥ १५॥

कथमेनमनुपश्यति? इत्यत आह—

इस परमात्माको किस प्रकार देखता है? सो बताते हैं—

सर्वव्यापिनमात्मानं क्षीरे सर्पिरिवार्पितम्।
आत्मविद्यातपोमूलं तद्ब्रह्मोपनिषत्परम्॥
तद्ब्रह्मोपनिषत्परम्॥ १६॥

जो आत्मविद्या और तपका मूल है तथा जिसमें परम श्रेय आश्रित है उस सर्वव्यापी आत्माको दूधमें विद्यमान घृतके समान देखता है॥ १६॥

सर्वव्यापिनमिति। सर्वं प्रकृत्यादिविशेषान्तं व्याप्यावस्थितं न देहेन्द्रियाद्यध्यात्ममात्रावस्थितमात्मानं क्षीरे सर्पिरिव सारत्वेन निरन्तरतयात्मत्वेन सर्वेष्वर्पितमात्मविद्यातपसोर्मूलं कारणम्। श्रूयते च—''एष ह्येव साधुकर्म कारयति।'' (कौषी० उ० ३। ८) ''ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते'' (गीता १०। १०) इति।

'सर्वव्यापिनम्' इत्यादि। जो केवल देहेन्द्रियादि अध्यात्ममात्रमें ही स्थित नहीं है—अपि तु प्रकृतिसे लेकर पंचभूतपर्यन्त सबको व्याप्त करके स्थित है, उस आत्माको दूधमें साररूपसे स्थित घीके समान सबमें अखण्ड आत्मभावसे विद्यमान तथा आत्मविद्या और तपके मूल यानी कारणरूपसे देखते हैं। श्रुति भी कहती है—''यही शुभ कर्म कराता है'' तथा [स्मृति कहती है—] ''मैं उन्हें वह बुद्धियोग देता हूँ जिससे वे मुझे प्राप्त कर लेते हैं।''

अथवात्मविद्या च तपश्च यस्यात्मलाभे मूलं हेतुरिति।

अथवा ऐसा भी अर्थ हो सकता है—आत्मविद्या और तप ये जिस आत्माकी प्राप्तिके मूल यानी कारण हैं,

तथा च श्रुतिः—"विद्ययामृतमश्नुते" (ई० उ० ११)। "तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व" (तै० उ० ३। २। १) इति च। ब्रह्मोपनिषत्परमुपनिषण्णमस्मिन्परं श्रेय इति। यः सत्यादिसाधनसंयुक्तः स एनं सर्वव्यापिनमात्मानं क्षीरे सर्पिरिवार्पितमात्मविद्यातपोमूलं तद्ब्रह्मोपनिषत्परमनुपश्यति। सर्वगतं ब्रह्मात्मदर्शिनात्मन्येव गृह्यते नासत्यादियुक्तेन परिच्छिन्नब्रह्मान्नमयाद्यात्मना। श्रूयते च—"सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्। न एषु जिह्ममनृतं न माया च" (प्र० उ० १। १६) इति। द्विर्वचनमध्यायपरिसमाप्त्यर्थम्॥ १६॥

जैसा कि श्रुति कहती है—"ज्ञानसे अमृतकी प्राप्ति होती है", "तपसे ब्रह्मको जाननेकी इच्छा करो" इत्यादि। 'ब्रह्मोपनिषत्परम्' जिसमें परम श्रेय उपनिषण्ण (आश्रित) है। तात्पर्य यह है कि जो सत्यादिसाधनसम्पन्न है वही जो दूधमें घृतके समान सर्वगत और आत्मविद्या एवं तपका मूल है तथा जो ब्रह्मोपनिषत्पर है, उस सर्वव्यापी आत्माको देखता है। अर्थात् आत्मदर्शी पुरुष इस सर्वगत ब्रह्मको आत्मामें ही देखता है, जो असत्यादियुक्त और अन्नमयादिरूपसे परिच्छिन्न देहमें ही आत्मबुद्धि करनेवाला है उसे ब्रह्मकी उपलब्धि नहीं होती। श्रुति भी कहती है—"यह आत्मा सर्वदा सत्य, तप, सम्यग्ज्ञान और ब्रह्मचर्यके द्वारा प्राप्त किया जा सकता है तथा जिनमें कुटिलता, असत्य और कपट नहीं होता वे ही इसे प्राप्त कर सकते हैं।" यहाँ 'ब्रह्मोपनिषत्परम्' इसका दो बार पाठ अध्यायकी समाप्ति सूचित करनेके लिये है॥ १६॥

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यपरमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमच्छङ्करभगवत्प्रणीते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये प्रथमोऽध्यायः॥ १॥

द्वितीयोऽध्यायः

ध्यानकी सिद्धिके लिये सवितासे अनुज्ञा-प्रार्थना

द्वितीयाध्यायारम्भप्रयोजनम्

ध्यानमुक्तं ध्याननिर्मथनाभ्यासादेवं पश्येन्निगूढवदिति परमात्मदर्शनोपायत्वेन। इदानीं तदपेक्षितसाधनविधानार्थं द्वितीयोऽध्याय आरभ्यते। तत्र प्रथमं तत्सिद्ध्यर्थं सवितारमाशास्ते—

[प्रथम अध्यायमें] 'ध्याननिर्मथनाभ्यासादेवं पश्येन्निगूढवत्' इत्यादि मन्त्रसे परमात्माके साक्षात्कारके उपायरूपसे ध्यान बताया गया। अब उसके लिये अपेक्षित साधनोंका विधान करनेके लिये द्वितीय अध्याय आरम्भ किया जाता है। उसमें पहले उसकी सिद्धिके लिये सविता देवतासे प्रार्थना करते हैं—

युञ्जानः प्रथमं मनस्तत्त्वाय सविता धियः।
अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरत॥ १॥

सविता देवता हमारे मन और अन्य प्राणोंको परमात्मामें लगाते हुए अग्नि आदि [इन्द्रियाभिमानी देवताओं]-की ज्योति (बाह्यविषयप्रकाशन-सामर्थ्य)-का अवलोकन कर तत्त्वज्ञानके लिये उसे पृथिवी (पार्थिव पदार्थों)-से ऊपर [शरीरस्थ इन्द्रियोंमें] स्थापित करे॥ १॥

युञ्जान इति। युञ्जानः प्रथमं मनः प्रथमं ध्यानारम्भे मनः परमात्मनि संयोजनीयं धिय इतरानपि प्राणान्। "प्राणा वै

'युञ्जानः' इत्यादि। प्रथम मनको नियुक्त करते हुए अर्थात् पहले—ध्यानके आरम्भमें परमात्मामें लगाये जानेयोग्य मन और धियों—अन्य प्राणोंको भी

धियः'' इति श्रुतेः। अथवा धियो बाह्यविषयज्ञानानि। किमर्थम्? तत्त्वाय तत्त्वज्ञानाय सविता धियो बाह्यविषयज्ञानादग्नेर्ज्योतिः प्रकाशं निचाय्य दृष्ट्वा पृथिव्या अध्यस्मिञ्शरीर आभरदाहरत्।

एतदुक्तं भवति—ज्ञाने प्रवृत्तस्य मन्त्रनिष्कर्षः मम मनो बाह्यविषयज्ञाना-दुपसंहृत्य परमात्मन्येव संयोजयितुमनुग्राहकदेवतात्मना-मग्न्यादीनां यत्सर्ववस्तुप्रकाशनसामर्थ्यं तत् सर्वमस्मद्वागादिषु संपादयेत् सविता यत्प्रसादादवाप्यते योग इत्यर्थः। अग्निशब्द इतरासा-मप्यनुग्राहकदेवतानामुपलक्षणार्थः॥ १॥

[प्रवृत्त करते हुए] सविता देवता अग्नि आदि इन्द्रियाभिमानी देवताओंके विषय-प्रकाशनसामर्थ्यका अवलोकन कर उसे पृथिवीसे ऊपर इस शरीर [शरीररूप इन्द्रियों]-में स्थापित करे। किसलिये?—तत्त्व अर्थात् तत्त्वज्ञानके लिये। यहाँ ''प्राण ही धी है'' इस अन्य श्रुतिके अनुसार 'धियः' का अर्थ प्राण किया गया है। अथवा 'धियः' का अर्थ बाह्यविषयप्रकाशन भी हो सकता है।

यहाँ यह कहा गया है कि जिसकी कृपासे योगकी प्राप्ति होती है, वह सविता देवता ज्ञानमें प्रवृत्त हुए मेरे मनको बाह्य विषयोंके प्रकाशनसे रोककर परमात्मामें ही लगानेके लिये इन्द्रियानुग्राहक अग्नि आदि देवताओंकी जो समस्त वस्तुओंको प्रकाशित करनेकी शक्ति है उस सबको हमारी वागादि इन्द्रियोंमें स्थापित करे। यहाँ 'अग्नि' शब्द अन्य इन्द्रियानुग्राहक देवताओंको भी उपलक्षित करानेके लिये है॥ १॥

युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे। सुवर्गेयाय शक्त्या॥ २॥

सविता देवताकी अनुमति होनेपर उन्हींकी प्रेरणासे परमात्मामें लगे हुए मनके द्वारा हम यथाशक्ति परमात्मप्राप्तिके हेतुभूत ध्यानकर्मके लिये प्रयत्न करेंगे॥ २॥

युक्तेनेति। यदा तत्त्वाय मनो योजयन्ननुग्राहकदेवताशक्त्याधानेन-देहेन्द्रियदार्ढ्यं करोति तदा युक्तेन सवित्रा परमात्मनि संयोजितेनमनसा वयं तस्य देवस्य सवितुः सवेऽनुज्ञायां सत्यां सुवर्गेयाय स्वर्गप्राप्तिहेतुभूताय ध्यानकर्मणे यथासामर्थ्यं प्रयतामहे। परमात्मवचनोऽत्र स्वर्गशब्दः। तत्प्रकरणात्तस्यैव सुखरूपत्वा-त्तदंशत्वाच्चेतरस्य सुखस्य। तथा च श्रुतिः—''एतस्यैवानन्द-स्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति'' (बृ० उ० ४। ३। ३२) इति॥ २॥

'युक्तेन' इत्यादि। जिस समय तत्त्वज्ञानके लिये मनोनिग्रह करते हुए अनुग्राहक देवताओंके शक्तिसंचारके द्वारा [सविता] देह और इन्द्रियोंकी दृढ़ता कर देगा उस समय युक्त—सविता देवताद्वारा परमात्मामें लगाये हुए मनके द्वारा हम उस देवका सव प्राप्त होनेपर अर्थात् उनकी अनुज्ञा मिलनेपर सुवर्गेय—स्वर्गप्राप्तिके हेतुभूत ध्यान कर्मके लिये यथाशक्ति प्रयत्न करेंगे। यहाँ 'स्वर्ग' शब्द परमात्मवाची है, क्योंकि परमात्माका ही यहाँ प्रकरण है, वही सुखस्वरूप है तथा अन्य सब सुख भी उसीके अंश हैं। ऐसी ही यह श्रुति भी है—''इसी आनन्दकी सूक्ष्मतर मात्राके आश्रयसे अन्य सब जीव जीवित रहते हैं''॥ २॥

युक्त्वायेति पुनरपि सोऽप्येवं करोत्विति प्रार्थना—

'युक्त्वाय' इत्यादि मन्त्रसे, फिर भी वह ऐसा करे—ऐसी प्रार्थना करते हैं—

युक्त्वाय मनसा देवान्सुवर्यतो धिया दिवम्।
बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान्॥ ३॥

पूर्णानन्दस्वरूप परमात्माकी ओर जाते हुए तथा सम्यग्दर्शनके द्वारा ज्योतिःस्वरूप ब्रह्मका प्रकाशन करते हुए मनके सहित इन्द्रियोंको परमात्मासे संयुक्त कर वह सवितृदेव उन्हें अनुज्ञा (सामर्थ्य) प्रदान करे॥ ३॥

युक्त्वाय योजयित्वा देवान् मनआदीनि करणानि तेषां विशेषणं सुवः स्वर्गं सुखं पूर्णानन्दब्रह्म, यत इति द्वितीया-बहुवचनं पूर्णानन्दब्रह्म गच्छतो न शब्दादिविषयान्।

पुनरपि विशेषणान्तरं धिया सम्यग्दर्शनेन दिवं द्योतनस्वभावं चैतन्यैकरसं बृहन्महद्ब्रह्म ज्योतिः प्रकाशं करिष्यतः पूर्णानन्द-ब्रह्माविष्करिष्यतः। अत्र द्वितीयाबहुवचनम्। सविता प्रसुवाति तान्करणानि। यथा करणानि विषयेभ्यो निवृत्ता-न्यात्माभिमुखान्यात्मप्रकाशमेव कुर्युस्तथानुजानातु सवितेत्यर्थः॥ ३॥

देवताओं, मन आदि इन्द्रियोंको [परमात्मामें] युक्त—संयोजित कर—उन इन्द्रियोंका विशेषण है 'सुवर्यतः' सुवः—अर्थात् स्वर्ग—सुख यानी पूर्णानन्दस्वरूप ब्रह्मके प्रति यतः—जाती हुई [इन्द्रियोंको]। यहाँ 'यतः' यह शब्द द्वितीयाका बहुवचन है। तात्पर्य यह है कि पूर्णानन्द ब्रह्मकी ओर जाती हुई इन्द्रियोंको [परमात्मामें संयोजित कर], शब्दादि विषयोंकी ओर जानेवाली इन्द्रियोंको नहीं।

[इन्द्रियोंके लिये] पुनः एक दूसरा विशेषण भी दिया जाता है—जो 'धिया' यानी सम्यग्दर्शनके द्वारा दिवम्—द्योतनस्वभाव चैतन्यैकरस बृहत्-महत् अर्थात् ब्रह्मको ज्योतिः—प्रकाशित करेंगी, अर्थात् पूर्णानन्द ब्रह्मका प्रादुर्भाव—अनुभव करेंगी [उन इन्द्रियोंको]—यहाँ 'करिष्यतः' में द्वितीयाका बहुवचन है—उन इन्द्रियोंको सवितृदेव अनुज्ञा देता है। तात्पर्य यह है कि इन्द्रियाँ विषयोंसे निवृत्त हो आत्माभिमुखी होकर जिस प्रकार आत्माको ही प्रकाशित करें वैसी अनुज्ञा (सामर्थ्य) उन्हें सवितादेवता प्रदान करे॥ ३॥

तस्यैवमनुजानतो महती परिष्टुतिः कर्तव्येत्याह—

इस प्रकार अनुज्ञा देनेवाले उस देवकी महती स्तुति करनी उचित है—इस अभिप्रायसे श्रुति कहती है—

युञ्जते मन उत युञ्जते धियो
विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः।
वि होत्रा दधे वयुनाविदेक
इन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः॥ ४॥

जो विप्रगण मन और इन्द्रियोंको परमात्मामें लगाते हैं उनको चाहिये कि जिस एक प्रज्ञावित्ने होतृसाध्य [यज्ञादि] क्रियाओंका विधान किया है उस महान्, सर्वज्ञ और विप्र (विशेषरूपसे व्यापक) सवितृदेवकी महती स्तुति करें॥ ४॥

युञ्जत इति। युञ्जते योजयन्ति ये विप्रा मन उत युञ्जते धिय इतराण्यपि करणानि। धीहेतुत्वात्करणेषु धीशब्दप्रयोगः। तथा च श्रुत्यन्तरम्—"यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह" (क० उ० २। ३। १०) इति। विप्रस्य विशेषेण व्याप्तस्य बृहतो महतो विपश्चितः सर्वज्ञस्य देवस्य सवितुर्मही महती परिष्टुतिः कर्तव्या। कैर्विप्रैः।

'युञ्जते' इत्यादि। जो विप्र—ब्राह्मण, मन एवं अन्य इन्द्रियोंको परमात्मामें लगाते हैं। इन्द्रियाँ बुद्धिजनित हैं इसलिये उनके लिये 'धी' शब्दका प्रयोग किया गया है। ऐसा ही एक दूसरी श्रुति भी कहती है—"जब मनके सहित पाँच ज्ञान (ज्ञानेन्द्रियाँ) रुक जाती हैं" इत्यादि। विप्र—विशेषरूपसे व्यापक, बृहत्—महान् एवं विपश्चित्—सर्वज्ञ सवितृदेवकी महती स्तुति करनी चाहिये। किन्हें करनी चाहिये?—ब्राह्मणोंको।

पुनरपि तमेव विशिनष्टि—वि होत्रा दधे होत्राः क्रिया या विदधे वयुनावित्प्रज्ञावित्सर्व-

फिर भी उस सवितृदेवके ही विशेषण दिये जाते हैं—'वि होत्रा दधे' जिसने होत्रा यानी यज्ञक्रियाओंका विधान किया है और जो वयुनावित्—प्रज्ञावित्

ज्ञानात्साक्षिभूत एकोऽद्वितीयः। ये विप्रा मनआदिकरणानि विषयेभ्य उपसंहृत्यात्मन्येव योजयन्ति तैर्विप्रस्य बृहतो विपश्चितो महती परिष्टुतिः कर्तव्या होत्रा विदधे वयुनाविदेकः सविता॥ ४॥

अर्थात् सब कुछ जाननेके कारण साक्षिस्वरूप है, वह [सविता देवता] एक—अद्वितीय है। अर्थात् जिसने यज्ञक्रियाओंका विधान किया वह प्रज्ञानवान् सविता एक ही है। अतः जो ब्राह्मण मन आदि इन्द्रियोंको विषयोंसे हटाकर आत्मामें ही लगाते हैं उन्हें इस महान् एवं सर्वज्ञ विप्र (विशेषरूपसे व्यापक) सविताकी महती स्तुति करनी चाहिये॥ ४॥

किञ्च—

तथा—

युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभि-
र्विश्लोक येतु पथ्येव सूरेः।
शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा
आ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः॥ ५॥

[हे इन्द्रियवर्ग और इन्द्रियाधिष्ठातृ देवगण!] मैं तुमसे सम्बन्ध रखनेवाले पुरातन ब्रह्ममें नमस्कार (चित्त-प्रणिधान आदि)-द्वारा मन लगाता हूँ। सन्मार्गमें विद्यमान विद्वान्‌की भाँति मेरा यह कीर्तनीय श्लोक (स्तुतिपाठ) लोकमें विस्तारको प्राप्त हो। जिन्होंने सब ओरसे दिव्य धामोंपर अधिकार कर रखा है वे अमृत (हिरण्यगर्भ)-के पुत्र विश्वेदेवगण श्रवण करें॥ ५॥

युजे वामिति। युजे वां समादधे वां युवयोः करणानुग्राहकयोः सम्बन्धि

'युजे वाम्' इत्यादि। इन्द्रिय और उनके अनुग्राहक देवगण! तुम दोनोंके द्वारा प्रकाशनीय होनेके कारण तुमसे सम्बन्ध रखनेवाले ब्रह्ममें मैं मनको नियुक्त—समाहित करता हूँ; तात्पर्य

प्रकाश्यत्वेन तत्प्रकाशितं ब्रह्मेत्यर्थः। अथवा वामिति बहुवचनार्थे युष्माकं करणभूतं ब्रह्म पूर्व्यं पूर्वं चिरन्तनं समादधे। नमोभिर्नमस्कारैश्चित्त-प्रणिधानादिभिः।

एष एवं समादधानस्य मम श्लोकः कीर्तितव्य एतु विविधमेतु पथ्येव सूरेः पथि सन्मार्गे। अथवा पथ्या कीर्तिरित्येतद्वाक्यं प्रार्थनारूपं शृण्वन्तु विश्वेऽमृतस्य ब्रह्मणः पुत्राः सूरात्मनो हिरण्यगर्भस्य। के ते? ये धामानि दिव्यानि दिवि भवान्यातस्थुरधितिष्ठन्ति॥ ५॥

यह है कि ब्रह्म इनके द्वारा प्रकाशित है। अथवा 'वाम्' इस शब्दका यदि बहुवचनमें अर्थ किया जाय तो 'तुम्हारे करणभूत पूर्वतन—चिरकालीन ब्रह्ममें मैं चित्त समाहित करता हूँ' ऐसा अर्थ होगा। [किस प्रकार चित्त समाहित करता हूँ?] नमस्कारोंद्वारा अर्थात् चित्तप्रणिधान (मनोनियोग) आदिके द्वारा।

इस प्रकार चित्तसमाधान करनेवाले मेरा कीर्तितव्य श्लोक (स्तोत्रपाठ) सन्मार्गमें वर्तमान विद्वान्‌के समान विविधरूप (विस्तारको प्राप्त) हो जाय। अथवा ['पथ्या इव' ऐसा पदच्छेद करके] पथ्याका अर्थ कीर्ति करना चाहिये। अर्थात् [विद्वान्‌की कीर्तिकी भाँति मेरा श्लोक विस्तारको प्राप्त हो—] इस प्रार्थनारूप वाक्यको अमृत—ब्रह्मा यानी हिरण्यगर्भके सूर्यरूप समस्त पुत्र सुनें। वे कौन हैं?— जिन्होंने सम्पूर्ण दिव्य—द्युलोकान्तर्गत धामोंपर अधिकार कर रखा है॥ ५॥

सविताकी अनुज्ञाके बिना हानि

युञ्जानः प्रथमं मन इत्यादिना सवित्रादिप्रार्थना प्रतिपादिता। यस्तु पुनः प्रार्थनामकृत्वा तैरननुज्ञातः सन्योगे प्रवर्तते स

'युञ्जानः प्रथमं मनः' इत्यादि मन्त्रसे सविता आदिकी प्रार्थना कही गयी। किन्तु जो पुरुष उनकी प्रार्थना न करके उनकी अनुज्ञाके बिना ही योगमें प्रवृत्त होता है

भोगहेतौ कर्मण्येव प्रवर्तत इत्याह—

उसकी भोगके हेतुभूत कर्मोंमें ही प्रवृत्ति हो जाती है—यह बात अब श्रुति बतलाती है—

अग्निर्यत्राभिमथ्यते वायुर्यत्राधिरुध्यते।
सोमो यत्रातिरिच्यते तत्र संजायते मनः॥ ६॥

जहाँ (जहाँ अग्न्याधानादि कर्ममें) अग्निका मन्थन किया जाता है, जहाँ वायुका अधिरोध होता है और जहाँ सोमरसकी अधिकता होती है उन कर्मोंमें ही [उसके] मनकी प्रवृत्ति होती है॥ ६॥

अग्निर्यत्रेति। अग्निर्यत्राभिमथ्यत आधानादौ। वायुर्यत्राधिरुध्यते प्रवर्ग्यादौ। सवित्रा प्रेरितः शब्दमभिव्यक्तं करोति। सोमो यत्र दशापवित्रात्पूयमानोऽतिरिच्यते तत्र क्रतौ संजायते मनः।

'अग्निर्यत्र' इत्यादि। जहाँ अग्न्याधानादिमें अग्निका मन्थन किया जाता है, जहाँ प्रवर्ग्यादि (वायुकी स्तुति आदि)-में वायुका अधिरोध होता है अर्थात् जहाँ सवितासे प्रेरित होकर वायु शब्दको अभिव्यक्त करता है और जहाँ दशापवित्र (छाननेके वस्त्र)-से पवित्र किये (छाने हुए) सोमरसकी अधिकता होती है उस यज्ञकार्यमें उसका मन लग जाता है।

अग्निर्यत्राभिमथ्यत इत्यत्रापरा व्याख्या—अग्निः परमात्मा, अविद्यातत्कार्यस्य दाहकत्वात्। उक्तं च—"......अहमज्ञानजं तमः। नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता" (गीता १०। ११) इति।

'अग्निर्यत्राभिमथ्यते' इस मन्त्रकी यह दूसरी व्याख्या की जाती है—अग्नि परमात्माको कहते हैं, क्योंकि वह अविद्या और उसके कार्यको दग्ध करनेवाला है। [श्रीमद्भगवद्गीतामें] कहा भी है "मैं अपने भक्तोंके अन्तःकरणमें स्थित होकर प्रकाशमय ज्ञानदीपकसे उनके अज्ञानजनित अन्धकारको नष्ट कर देता हूँ।"

यत्र यस्मिन्पुरुषे मथ्यते स्वदेहमरणिं कृत्वेत्यादिना पूर्वोक्तध्याननिर्मथनेन वायुर्यत्राधिरुध्यते शब्दमव्यक्तं करोति रेचकादिकरणात्। सोमो यत्रातिरिच्यतेऽनेकजन्मसेवया तत्र तस्मिन्यज्ञदानतपःप्राणायामसमाधिविशुद्धान्तःकरणे संजायते परिपूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्माकारं मनः समुत्पद्यते, नान्यत्राशुद्धान्तःकरणे। उक्तं च—

''प्राणायामविशुद्धात्मा
यस्मात्पश्यति तत्परम्।
तस्मान्नातः परं किञ्चि-
त्प्राणायामादिति श्रुतिः॥
अनेकजन्मसंसार-
चिते पापसमुच्चये।
तत्क्षीणे जायते पुंसां
गोविन्दाभिमुखी मतिः॥
जन्मान्तरसहस्रेषु
तपोज्ञानसमाधिभिः।
नराणां क्षीणपापानां
कृष्णे भक्तिः प्रजायते॥''

तस्मात्प्रथमं यज्ञाद्यनुष्ठानं ततः प्राणायामादि ततः समाधिस्ततो

उस परमात्माग्निका 'स्वदेहमरणिं कृत्वा' इत्यादि पूर्वमन्त्रसे कहे हुए ध्यानरूप निर्मन्थनके द्वारा जिस पुरुषमें मन्थन होता है, तथा जहाँ वायुका अधिरोध होता है अर्थात् रेचकादि क्रियाओंके कारण जहाँ वायु अव्यक्त शब्द करता है और जहाँ अनेक जन्मोंतक [अग्निकी] सेवा करनेसे सोमकी बहुलता होती है, उस यज्ञ, दान, तप, प्राणायाम एवं समाधि आदिसे विशुद्ध हुए अन्तःकरणमें ही पूर्णानन्दाद्वितीय ब्रह्माकार मन (मनोवृत्ति)-का उदय होता है, अन्यत्र अशुद्ध अन्तःकरणमें नहीं। कहा भी है—

''क्योंकि जिसका चित्त प्राणायामके अभ्याससे शुद्ध हो गया है वही उस परमात्माका साक्षात्कार करता है, इसलिये इस प्राणायामसे बढ़कर कुछ भी नहीं है—ऐसी श्रुति है। अनेक जन्मोंके संसारसे जो पापराशि संचित हो गयी है उसके क्षीण हो जानेपर पुरुषोंकी बुद्धि श्रीगोविन्दकी ओर होती है। सहस्रों जन्मोंके अनन्तर तप, ज्ञान और समाधिके द्वारा जिनके पाप क्षीण हो गये हैं उन पुरुषोंकी श्रीकृष्णचन्द्रमें भक्ति होती है।''

अतः सबसे पहले यज्ञादिका अनुष्ठान किया जाता है, फिर प्राणायामादिका, फिर समाधिका और उसके पश्चात्

वाक्यार्थज्ञाननिष्पत्तिस्ततः कृतकृत्यतेति॥ ६॥

महावाक्यके अर्थका ज्ञान होता है तथा उससे कृतकृत्यता होती है॥ ६॥

सविताकी अनुज्ञासे लाभ

यस्मादननुज्ञातस्य तस्य भोगहेतौ कर्मण्येव प्रवृत्तिस्तस्मात्—

क्योंकि [सविता देवताकी] अनुज्ञा न होनेपर उसकी भोगके हेतुभूत कर्ममें ही प्रवृत्ति होती है, इसलिये—

सवित्रा प्रसवेन जुषेत ब्रह्म पूर्व्यम्।
तत्र योनिं कृणवसे न हि ते पूर्तमक्षिपत्॥ ७॥

सविता देवताके द्वारा अनुज्ञात होकर उस चिरन्तन ब्रह्मका सेवन करना चाहिये। तुम उस ब्रह्ममें निष्ठा (समाधि) करो। इससे पूर्त कर्म तुम्हारा बन्धन करनेवाला नहीं होगा॥ ७॥

सवित्रा प्रसवेन सस्यप्रसवेनेति यावत्। जुषेत सेवेत ब्रह्म पूर्व्यं चिरन्तनम्। तस्मिन्ब्रह्मणि योनिं निष्ठां समाधिलक्षणां कृणवसे कुरुष्व। एवं कुर्वतो मम किं ततो भवति? इत्यत आह—न हि त इति। न हि ते पूर्तं स्मार्तं कर्मेष्टं श्रौतं च कर्माक्षिपन्न पुनर्भोगहेतोर्बध्नाति, ज्ञानाग्निना सबीजस्य दग्धत्वात्। उक्तं च—"यथेषीकातूलमग्नौ प्रोतं प्रदूयत एवं हास्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयन्ते" (छा० उ० ५। २४। ३) इति।

सविताद्वारा प्रसूत यानी जो अन्न प्रसव करनेवाला है उस सविताद्वारा अनुज्ञात होकर चिरन्तन ब्रह्मका सेवन करना चाहिये। उस ब्रह्ममें तुम योनि—समाधिरूप निष्ठा करो। ऐसा करनेपर मुझे उससे क्या होगा? सो श्रुति बतलाती है—'न हि ते' इत्यादि। इससे तुम्हारा पूर्त—स्मार्त इष्टकर्म और श्रौतकर्म भी पुनः भोगके हेतुसे बन्धन नहीं करेगा; क्योंकि ज्ञानाग्निके द्वारा वह बीजसहित भस्म हो जायगा। कहा भी है—"जिस प्रकार अग्निमें डाला हुआ सींकका रूआँ भस्म हो जाता है उसी प्रकार इस (ज्ञानी)-के समस्त पाप भस्म हो जाते हैं",

"ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा" (गीता ४। ३७) इति च॥ ७॥

"इसी प्रकार ज्ञानाग्नि समस्त कर्मोंको भस्म कर डालता है" इत्यादि॥ ७॥

ध्यानयोगकी विधि और उसका महत्त्व

तत्र योनिं कृणवस इत्युक्तं कथं योनिकरणम्? इत्याशङ्क्य तत्प्रकारं दर्शयति—

ऊपर यह कहा गया कि 'उसमें समाधि करो' सो वह समाधि किस प्रकार की जाय, ऐसी आशंका करके उसका प्रकार दिखाते हैं—

त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं
हृदीन्द्रियाणि मनसा संनिवेश्य।
ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान्
स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि॥ ८॥

[सिर, ग्रीवा और वक्षःस्थल—इन] तीनोंको ऊँचे रखते हुए शरीरको सीधा रख मनके द्वारा इन्द्रियोंको हृदयमें सन्निविष्ट कर विद्वान् ओंकाररूप नौकाके द्वारा सम्पूर्ण भयानक जलप्रवाहोंको पार कर जाता है॥ ८॥

त्रिरुन्नतमिति। त्रीण्युरोग्रीवाशिरांस्युन्नतानि यस्मिञ्शरीरे तत्त्रिरुन्नतं संस्थाप्यते समं शरीरम्। हृदीन्द्रियाणि मनश्चक्षुरादीनि मनसा संनिवेश्य संनियम्य ब्रह्मैवोडुपस्तरणसाधनं तेन ब्रह्मोडुपेन। ब्रह्मशब्दं प्रणवं वर्णयन्ति। तेनोडुपस्थानीयेन प्रणवेन,

'त्रिरुन्नतम्' इत्यादि। वक्षःस्थल, ग्रीवा और सिर—ये तीन जिसमें उन्नत (उठे हुए) रखे जाते हैं उस त्रिरुन्नत शरीरको समानभावसे स्थित किया जाता है। तथा मनके द्वारा मन एवं चक्षु आदि इन्द्रियोंको हृदयमें नियन्त्रित कर ब्रह्म ही उडुप—तरणका साधन है, उस ब्रह्मरूप उडुपके द्वारा—यहाँ आचार्यलोग 'ब्रह्म' शब्दका अर्थ प्रणव बतलाते हैं, उस उडुप (नौका) स्थानीय प्रणवके द्वारा।

काकाक्षिवदुभयत्र सम्बध्यते। तेनोपसंहृत्य तेन प्रतरेतातिक्रामे-द्विद्वान्स्रोतांसि संसारसरितः स्वाभाविकाविद्याकामकर्मप्रवर्तितानि भयावहानि प्रेततिर्यगूर्ध्वप्राप्तिकराणि पुनरावृत्तिभाञ्जि॥ ८॥

काकाक्षिन्यायसे*इसका [संनिवेश और तरण] दोनोंके साथ सम्बन्ध है। अर्थात् प्रणवके द्वारा मन और इन्द्रियोंको नियमित कर प्रणवहीसे विद्वान् संसार-सरिताके स्वाभाविक अविद्या, कामना और कर्मोंद्वारा प्रवर्तित भयावह—प्रेत, तिर्यक् एवं ऊर्ध्व योनियोंको प्राप्त करानेवाले पुनरावृत्तिके हेतुभूत स्रोतोंको पार कर लेता है॥ ८॥

प्राणायामका क्रम और उसकी महत्ता

प्राणायाम-निर्देशः

प्राणायामक्षपितमनोमलस्य चित्तं ब्रह्मणि स्थितं भवतीति प्राणायामो निर्दिश्यते। प्रथमं नाडीशोधनं कर्तव्यम्। ततः प्राणायामेऽधिकारः। दक्षिणनासिकापुटमङ्गुल्यावष्टभ्य वामेन वायुं पूरयेद्यथाशक्ति। ततोऽनन्तरमुत्सृज्यैवं दक्षिणेन पुटेन समुत्सृजेत्। सव्यमपि धारयेत्। पुनर्दक्षिणेन पूरयित्वा सव्येन समुत्सृजेद्यथाशक्ति। त्रिः पञ्चकृत्वो वा एवम् अभ्यस्यतः सवनचतुष्टयमपररात्रे मध्याह्ने पूर्वरात्रे-

प्राणायामके द्वारा जिसके मनकी अशुद्धि क्षीण हो जाती है उसीका चित्त ब्रह्ममें स्थिर होता है, इसलिये प्राणायामका वर्णन किया जाता है। पहले नाडीशोधन करना चाहिये। उसके पीछे प्राणायाममें अधिकार होता है। दायें नासारन्ध्रको अँगूठेसे दबाकर बायेंसे यथाशक्ति वायु खींचे। तत्पश्चात् दायीं नासिकाको छोड़कर इसी प्रकार [वाम नासारन्ध्रको अँगुलियोंसे दबावे और] दायेंसे वायुको बाहर निकाले। फिर दायेंसे पूरक करके यथाशक्ति बायें नासिकारन्ध्रसे रेचक करे। इस प्रकार शेषरात्रि, मध्याह्न, पूर्वरात्रि

* कौएके दोनों नेत्रगोलकोंमें एक ही आँख होती है, उसीसे वह दोनों ओर देख लेता है। इसी प्रकार जहाँ एक वस्तुका दो वस्तुओंके साथ सम्बन्ध होता है वहाँ 'काकाक्षिन्याय' कहा जाता है।

ऽर्धरात्रे च पक्षान्मासाद्विशुद्धिर्भवति। त्रिविधः प्राणायामो रेचकः पूरकः कुम्भक इति। तदेवाह—

"आसनानि समभ्यस्य
वाञ्छितानि यथाविधि।
प्राणायामं ततो गार्गि
जितासनगतोऽभ्यसेत् ॥
मृद्वासने कुशान्सम्यगास्तीर्याजिनमेव च।
लम्बोदरं च सम्पूज्य
फलमोदकभक्षणैः ॥
तदासने सुखासीनः
सव्ये न्यस्येतरं करम्।
समग्रीवशिराः सम्यक्संवृतास्यः सुनिश्चलः॥
प्राङ्मुखोदङ्मुखो वापि
नासाग्रन्यस्तलोचनः ।
अतिभुक्तमभुक्तं च
वर्जयित्वा प्रयत्नतः॥
नाडीसंशोधनं कुर्यादुक्तमार्गेण यत्नतः।
वृथा क्लेशो भवेत्तस्य
तच्छोधनमकुर्वतः ॥
नासाग्रे शशभृद्बीजं
चन्द्रातपवितानितम् ।
सप्तमस्य तु वर्गस्य
चतुर्थं बिन्दुसंयुतम्॥

और अर्धरात्रि—इन चार समय तीन-तीन या पाँच-पाँच बार अभ्यास करनेवालेकी एक पक्ष या एक मासमें नाडी शुद्धि हो जाती है। यह रेचक, कुम्भक और पूरकभेदसे तीन प्रकारका प्राणायाम है। ऐसा ही कहा भी है—

"हे गार्गि! अपने अभीष्ट आसनोंका यथाविधि अभ्यास कर फिर जिस आसनका अभ्यास हो उससे बैठकर प्राणायामका अभ्यास करे। कोमल आसनपर सम्यक् प्रकारसे कुशा और मृगचर्म बिछाकर फल तथा मोदक आदि नैवेद्यके द्वारा गणेशजीका पूजन कर उस आसनपर बायें हाथपर दायाँ हाथ रखे हुए सुखपूर्वक बैठे। सिर और ग्रीवाको सीधे रखे। मुखको [किसी वस्त्रसे—] अच्छी तरह ढँक ले तथा शरीरको निश्चल रखे। इस प्रकार नासिकाग्रपर दृष्टि लगाकर पूर्व या उत्तरकी ओर मुख करके बैठ जाय। तथा अतिभोजन और अभोजनको प्रयत्नपूर्वक त्यागकर शास्त्रोक्त पद्धतिसे नाडीशोधन करे। जो योगी नाडीशोधन किये बिना अभ्यास करता है उसका श्रम व्यर्थ होता है। नासिकाग्रपर चन्द्रिकायुक्त विश्वव्यापी चन्द्रबीज (ठँ या मँ)-को तथा सप्तम वर्गके बिन्दुयुक्त चतुर्थ वर्ण

विश्वमध्यस्थमालोक्य
नासाग्रे चक्षुषी उभे।
इडया पूरयेद्वायुं
बाह्यं द्वादशमात्रकैः॥
ततोऽग्निं पूर्ववद्ध्याये-
त्स्फुरज्ज्वालावलीयुतम्।
रेफं च बिन्दुसंयुक्तं
शिखिमण्डलसंस्थितम्॥
ध्यायेद्विरेचयेद्वायुं
मन्दं पिङ्गलया पुनः।
पुनः पिङ्गलयापूर्य
घ्राणं दक्षिणतः सुधीः॥
तद्वद्विरेचयेद्वायु-
मिडया तु शनैः शनैः।
त्रिचतुर्वत्सरं चापि
त्रिचतुर्मासमेव वा॥
गुरुणोक्तप्रकारेण
रहस्येवं समभ्यसेत्।
प्रातर्मध्यंदिने सायं
स्नात्वा षट्कृत्व आचरेत्॥
सन्ध्यादिकर्म कृत्वैव
मध्यरात्रेऽपि नित्यशः।
नाडीशुद्धिमवाप्नोति
तच्चिह्नं दृश्यते पृथक्॥
शरीरलघुता दीप्ति-
र्जठराग्निविवर्धनम्।
नादाभिव्यक्तिरित्येत-
ल्लिङ्गं तच्छुद्धिसूचनम्॥

(वं)-को स्थापित कर दोनों नेत्रोंको नासिकाके अग्रभागपर स्थापित करे। इडा (वाम) नाडीद्वारा द्वादशमात्रा*-क्रमसे बाह्यवायुको भीतर खींचे। फिर पूर्ववत् देदीप्यमान शिखाओंसे युक्त अग्निका ध्यान करे और उस अग्निमण्डलमें स्थित बिन्दुयुक्त रेफ (रं)-का ध्यान करे। तत्पश्चात् धीरे-धीरे पिंगला (दायीं) नाडीसे वायुको निकाल दे। फिर वह मूर्तिमान् योगी दायें नासारन्ध्रसे पिंगला नाडीद्वारा प्राण खींचकर उसे धीरे-धीरे इडा नाडीद्वारा बाहर निकाले। इस प्रकार गुरुकी बतलायी हुई विधिसे एकान्तमें तीन-चार वर्ष या तीन-चार मासतक अभ्यास करे। प्रातःकाल, मध्याह्न तथा सायंकालमें स्नान कर सन्ध्यादि कर्मोंसे निवृत्त हो छः-छः प्राणायाम करे तथा नित्यप्रति मध्यरात्रिमें भी अभ्यास करे। ऐसा करनेसे उसकी नाडीशुद्धि हो जाती है और उसके चिह्न स्पष्ट दीखने लगते हैं। शरीरका हलकापन, कान्ति, जठराग्निकी वृद्धि, नादका सुनायी देने लगना—ये सब नाडी शुद्धिकी सूचना देनेवाले चिह्न हैं।

* जितने समयमें हाथ जानुमण्डलको चारों ओर घूम जाय उसे एक मात्रा कहते हैं।

शुध्यन्ति न जपैस्तेन
स्पर्शशुद्धेरहेतवः ।
प्राणायामं ततः कुर्या-
द्रेचपूरककुम्भकैः ॥
प्राणापानसमायोगः
प्राणायामः प्रकीर्तितः।
प्रणवं त्र्यात्मकं गार्गि
रेचपूरककुम्भकम् ॥
तदेतत्प्रणवं विद्धि
तत्स्वरूपं ब्रवीम्यहम्।
यो वेदादौ स्वरः प्रोक्तो
वेदान्तेषु प्रतिष्ठितः॥
तयोरन्तं तु यद्गार्गि
वर्गपञ्चकपञ्चमम् ।
रेचकं प्रथमं विद्धि
द्वितीयं पूरकं विदुः॥
तृतीयं कुम्भकं प्रोक्तं
प्राणायामस्त्रिरात्मकः ।
त्रयाणां कारणं ब्रह्म
भारूपं सर्वकारणम्॥
रेचकः कुम्भको गार्गि
सृष्टिस्थित्यात्मकावुभौ।
पूरकस्त्वथ संहारः
कारणं योगिनामिह॥
पूरयेत्षोडशैर्मात्रै-
रापादतलमस्तकम् ।
मात्रैर्द्वात्रिंशकैः पश्चा-
द्रेचयेत्सुसमाहितः ॥
सम्पूर्णकुम्भवद्वायो-
र्निश्चलं मूर्धदेशतः ।
कुम्भकं धारणं गार्गि
चतुःषष्ट्या तु मात्रया॥

नाडियोंकी शुद्धि जप करनेसे नहीं होती, अतः वह नाडीशुद्धिका हेतु नहीं है।

"इसके पश्चात् रेचक, पूरक और कुम्भक क्रमसे प्राणायाम करे। प्राण और अपानका संयोग होना ही प्राणायाम कहलाता है। हे गार्गि! प्रणव त्रिरूप है। ये जो रेचक, पूरक और कुम्भक हैं इन्हें प्रणव ही समझो। मैं तुम्हें प्रणवका स्वरूप बतलाता हूँ। वेदके आदिमें जो स्वर (अ) है और जो स्वर (उ) वेदान्तोंमें स्थित है तथा इनके पीछे जो पंचम वर्ग (पवर्ग)-का पंचम वर्ण (म) है, इन [ओंकारकी तीन मात्रा अ, उ और म]-में प्रथम वर्णको रेचक जानो, द्वितीयको पूरक समझा जाता है और तृतीयको कुम्भक बतलाया गया है। इस प्रकार यह तीन अंगोंवाला प्राणायाम है। इन तीनोंका कारण सभीका कारणरूप प्रकाशमय ब्रह्म है। हे गार्गि! रेचक और कुम्भक—ये दोनों तो क्रमशः सृष्टि और स्थितिरूप हैं तथा पूरक संहाररूप है। इस प्रकार ये योगियोंकी उत्पत्त्यादिके कारण हैं। पहले षोडशमात्राक्रमसे पैरोंसे लेकर मस्तकपर्यन्त पूरक करे। फिर खूब सावधानीसे बत्तीसमात्राक्रमसे रेचक करे और हे गार्गि! भरे हुए घड़ेके समान चौंसठमात्राक्रमसे मूर्द्धदेशमें कुम्भक करता हुआ वायुको निश्चलभावसे धारण करे।"

ऋषयस्तु वदन्त्यन्ये
प्राणायामपरायणाः ।
पवित्रभूताः पूतान्त्राः
प्रभञ्जनजये रताः ॥
तत्रादौ कुम्भकं कृत्वा
चतुःषष्ट्या तु मात्रया ।
रेचयेत्षोडशैर्मात्रै-
र्नासेनैकेन सुन्दरि ॥
तयोश्च पूरयेद्वायुं
शनैः षोडशमात्रया ।
प्राणस्यायमनं त्वेवं
वशं कुर्याज्जयी वशी ॥
पञ्च प्राणाः समाख्याता
वायवः प्राणमाश्रिताः ।
प्राणो मुख्यतमस्तेषु
सर्वप्राणभृतां सदा ॥
ओष्ठनासिकयोर्मध्ये
हृदये नाभिमण्डले ।
पादाङ्गुष्ठाश्रितः प्राणः
सर्वाङ्गेषु च तिष्ठति ॥
नित्यं षोडशसंख्याभिः
प्राणायामं समभ्यसेत् ।
मनसा प्रार्थितं याति
सर्वप्राणजयी भवेत् ॥
प्राणायामैर्देहदोषान्
धारणाभिश्च किल्बिषान् ।
प्रत्याहाराच्च संसर्गान्
ध्यानेनानीश्वरान्गुणान् ॥

"इसके सिवा हे सुन्दरि! जिन्होंने भूत और आँतोंकी शुद्धि की है ऐसे प्राणजयमें तत्पर कुछ अन्य प्राणायामपरायण ऋषियोंका कहना है कि पहले चौंसठमात्राक्रमसे कुम्भक करके एक नासारन्ध्रसे षोडशमात्राक्रमसे रेचक करे। इसके पश्चात् षोडशमात्राक्रमसे दोनों नासारन्ध्रोंमें वायु पूर्ण करे। इस प्रकार प्राणजयी योगी प्राणसंयमको अपने अधीन कर ले।"

"प्राण पाँच कहे गये हैं, वे प्राणके आश्रित पाँच दैहिक वायु हैं। समस्त प्राणियोंके शरीरोंके अन्तर्गत उन पाँच प्राण-वायुओंमें प्राण सबसे मुख्य है। वह प्राण ओष्ठ और नासिकाके मध्यमें हृदयमें, नाभिमण्डलमें तथा पैरोंके अँगूठोंमें भी रहता हुआ शरीरके सभी अंगोंमें विद्यमान है। नित्यप्रति सोलह प्राणायामोंका अभ्यास करे, इससे मनोवांछित पदार्थ प्राप्त होते हैं और वह योगाभ्यासी समस्त प्राणोंपर विजय प्राप्त कर लेता है। साधकको चाहिये कि प्राणायामद्वारा शारीरिक दोषोंको भस्म करे, धारणासे पापोंका नाश करे, प्रत्याहारसे वैषयिक संसर्गोंका अन्त करे और ध्यानसे अनीश्वर गुणोंकी निवृत्ति

प्राणायामशतं स्नात्वा
यः करोति दिने दिने।
मातापितृगुरुघ्नोऽपि
त्रिभिर्वर्षैर्व्यपोहति ॥''

तदेतदाह प्राणानित्यादिना—

करे। जो पुरुष प्रतिदिन स्नान करके सौ प्राणायाम करता है वह यदि माता, पिता या गुरुकी हत्या करनेवाला हो तो भी तीन वर्षमें उस पापसे मुक्त हो जाता है।''

यही बात 'प्राणान्' इत्यादि मन्त्रसे बतलायी जाती है—

प्राणान्प्रपीड्येह संयुक्तचेष्टः
क्षीणे प्राणे नासिकयोच्छ्वसीत।
दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं
विद्वान्मनो धारयेताप्रमत्तः॥ ९॥

साधकको चाहिये कि युक्त आहार-विहार करता हुआ प्राणोंका निरोधकर जब प्राणशक्ति (प्राणधारणका सामर्थ्य) क्षीण हो जाय तब नासिकारन्ध्रद्वारा उसे बाहर निकाल दे। और फिर वह विद्वान् पुरुष दुष्ट अश्वसे युक्त रथके सारथिके समान सावधान होकर मनका नियन्त्रण करे॥ ९॥

प्राणान्प्रपीड्येह संयुक्तचेष्टः "नात्यश्नतः" (गीता ६। १६) इति श्लोकोक्तप्रकारेण संयुक्ता चेष्टा यस्य स संयुक्तचेष्टः। क्षीणे शक्तिहान्या तनुत्वं गते मनसि नासिकायाः पुटाभ्यां शनैः शनैरुत्सृजेन्न मुखेन। वायुं प्रतिष्ठाप्य शनैर्नासिकयोत्सृजेदिति। उदात्ताश्वयुतं रथनियन्तारमिव मननेन मनो धारयेताप्रमत्तः प्रणिहितात्मा॥ ९॥

जिसकी चेष्टा "नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति" इत्यादि श्लोकमें बतलाये हुए नियमके अनुसार संयुक्त यानी संयत है उसे संयुक्तचेष्ट कहते हैं। प्राणके क्षीण होनेपर अर्थात् प्राणशक्तिका ह्रास होनेसे मनके तनु हो जानेपर नासिकारन्ध्रोंके द्वारा धीरे-धीरे श्वास बाहर निकाले, मुखसे नहीं। तात्पर्य यह है कि वायुको रोककर फिर उसे धीरे-धीरे नासिकासे निकाले। फिर अप्रमत्त—सावधान रहकर उद्धत घोड़ोंवाले रथके सारथिके समान मनको मनन करनेसे रोके॥ ९॥

ध्यानके लिये उपयुक्त स्थानोंका निर्देश

समे शुचौ शर्कराविह्निवालुका-
विवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः।
मनोऽनुकूले न तु चक्षुपीडने
गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत्॥ १०॥

जो समतल, पवित्र, शर्करा, अग्नि और बालूसे रहित तथा शब्द, जल और आश्रयादिसे भी शून्य हो, मनके अनुकूल हो एवं नेत्रोंको पीड़ा देनेवाला न हो ऐसे गुहा आदि वायुशून्य स्थानमें मनको युक्त करे॥ १०॥

सम इति। समे निम्नोन्नतरहिते देशे। शुचौ शुद्धे। शर्कराविह्निवालुकाविवर्जिते। शर्कराः क्षुद्रोपलाः, वालुकास्तच्चूर्णम्। तथा शब्दजलाश्रयादिभिः। शब्दः कलहादिध्वनिः। जलं सर्वप्राण्युपभोग्यम्। मण्डप आश्रयः। मनोऽनुकूले मनोरमे चक्षुपीडने प्रतिवाद्यभिमुखे। छान्दसो विसर्गलोपः। गुहानिवाताश्रयणे गुहायामेकान्ते निवाते समाश्रित्य प्रयोजयेत्प्रयुञ्जीत चित्तं परमात्मनि॥ १०॥

'समे' इत्यादि। सम अर्थात् जो देश ऊँचाई-नीचाईसे रहित हो, तथा जो शुचि—शुद्ध हो, शर्करा, अग्नि और बालूसे रहित हो—शर्करा छोटे-छोटे पत्थरके टुकड़ोंको और बालू उनके चूरेको कहते हैं—तथा शब्द, जल और आश्रयादिसे भी शून्य हो, यानी शब्द—कलह आदिके कोलाहल, समस्त प्राणियोंके उपयोगमें आनेवाले जल (पनघट) और आश्रय—जनसाधारणके ठहरनेके स्थानसे रहित हो, मनोऽनुकूल—मनोरम हो, नेत्रोंको पीड़ा पहुँचानेवाला अर्थात् जहाँ कोई विरोधी सामने [न] हो। यहाँ 'चक्षुपीडने' में चक्षुःके विसर्गका लोप वैदिक है। ऐसे गुहादि एकान्त और वायुशून्य स्थानमें बैठकर चित्तको प्रयुक्त करे अर्थात् परमात्मामें लगावे॥ १०॥

योगसिद्धिके पूर्वलक्षण

इदानीं योगमभ्यस्यतोऽभिव्यक्तिचिह्नानि वक्ष्यन्ते नीहार इत्यादिना—

अब 'नीहार॰' इत्यादि मन्त्रके द्वारा योगाभ्यासीको प्रकट होनेवाले ब्रह्माभिव्यक्तिके पूर्वचिह्न बतलाये जाते हैं—

नीहारधूमार्कानिलानलानां
खद्योतविद्युत्स्फटिकशशीनाम् ।
एतानि रूपाणि पुरःसराणि
ब्रह्मण्यभिव्यक्तिकराणि योगे॥ ११ ॥

योगाभ्यास आरम्भ करनेपर पहले अनुभव होनेवाले कुहरे, धूम, सूर्य, वायु, अग्नि, खद्योत (जुगनू), विद्युत्, स्फटिकमणि और चन्द्रमा इनके रूप ब्रह्मकी अभिव्यक्ति करनेवाले होते हैं॥ ११ ॥

नीहारस्तुषारः। तद्वत्प्राणैः समा चित्तवृत्तिः प्रवर्तते। ततो धूम इवाभाति। ततोऽर्कवत्ततो वायुरिवाभाति। ततो वह्निरिवात्युष्णो वायुः प्रकाशदहनः प्रवर्तते बाह्यवायुरिव संक्षुभितो बलवान्विजृम्भते। कदाचित् खद्योतखचितमिवान्तरिक्षमालक्ष्यते। विद्युदिव रोचिष्णुरालक्ष्यते कदाचित्स्फटिकाकृतिः।

नीहार कुहरेको कहते हैं, प्राणोंके सहित चित्तवृत्ति कुहरेके समान प्रवृत्त होने लगती है।* उसके पश्चात् धूआँ-सा भासने लगता है। फिर सूर्यवत् और उसके पश्चात् वायु-सा प्रतीत होता है। तदनन्तर वायु अग्निके समान अत्यन्त उष्ण एवं प्रकाश और दाह करनेवाला जान पड़ता है तथा बाह्यवायुके समान अत्यन्त क्षुभित होकर बड़ा बलवान् जान पड़ता है। कभी जुगनुओंसे जगमगाता हुआ-सा आकाश दिखायी देने लगता है, कभी विद्युत्के समान तेजोमयी वस्तु दीखती है, कभी स्फटिकका आकार

* अर्थात् अभ्यासकालमें मनोवृत्तिके सामने कुहरा-सा छा जाता है।

कदाचित्पूर्णशशिवत्। एतानि रूपाणि योगे क्रियमाणे ब्रह्मण्याविष्क्रियमाणे निमित्ते पुरःसराण्यग्रगामीणि। तदा परमयोगसिद्धिः॥ ११॥

दीख पड़ता है और कभी पूर्ण चन्द्रमा-सा दिखायी देता है। ब्रह्मानुसन्धानके प्रयोजनसे किये जानेवाले योगमें ये सब रूप पहले दिखायी देते हैं। इसके पश्चात् परमयोगकी सिद्धि होती है॥ ११॥

रोग, जरा और अकालमृत्युपर विजय पानेके चिह्न

पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे समुत्थिते
पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्ते।
न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः
प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्॥ १२॥

पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाशकी अभिव्यक्ति होनेपर अर्थात् पंचभूतमय योग गुणोंका अनुभव होनेपर जिसे योगाग्निमय शरीर प्राप्त हो गया है उस योगीको न रोग होता है, न वृद्धावस्था प्राप्त होती है और न उसकी असामयिक मृत्यु ही होती है॥ १२॥

लघुत्वमारोग्यमलोलुपत्वं
वर्णप्रसादं स्वरसौष्ठवं च।
गन्धः शुभो मूत्रपुरीषमल्पं
योगप्रवृत्तिं प्रथमां वदन्ति॥ १३॥

शरीरका हलकापन, नीरोगता, विषयासक्तिकी निवृत्ति, शारीरिक कान्तिकी उज्ज्वलता, स्वरकी मधुरता, सुगन्ध और मल-मूत्रकी न्यूनता—इन सबको योगकी पहली सिद्धि कहते हैं॥ १३॥

पृथ्वीति। पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे पृथिव्यादीनि भूतानि द्वन्द्वैकवद्भावेन निर्दिश्यन्ते।

'पृथ्व्यप्तेजो०' इत्यादि। 'पृथिव्यप्तेजोऽनिलखे' इस पदसे समाहारद्वन्द्व-समाससम्बन्धी एकवद्भावद्वारा पृथिवी आदि पाँच भूतोंका निर्देश किया गया है।

तेषु पञ्चसु भूतेषु समुत्थितेषु पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्त इत्यस्य व्याख्यानम्। कः पुनर्योगगुणः प्रवर्तते? पृथिव्या गन्धवत्या गन्धो योगिनो भवति। तथाद्भ्यो रसः। एवमन्यत्र उक्तं च—

"ज्योतिष्मती स्पर्शवती
तथा रसवती परा।
गन्धवत्यपरा प्रोक्ता
चतस्रस्तु प्रवृत्तयः॥
आसां योगप्रवृत्तीनां
यद्येकापि प्रवर्तते।
प्रवृत्तयोगं तं प्राहु-
र्योगिनो योगचिन्तकाः॥"

न तस्य योगिनो रोगो न जरा न मृत्युर्वा प्रभवति। कस्य? प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्। योगाग्निसंप्लुष्टदोषकलापं शरीरं प्राप्तस्य। स्पष्टमन्यत्॥ १२-१३॥

उन पाँचों भूतोंके प्रकट होनेपर अर्थात् पंचात्मक योगगुणके प्रवृत्त होनेपर— इस प्रकार यह इसकी व्याख्या है। वह कौन योगगुण प्रवृत्त होता है? [सो बतलाते हैं—] गन्धवती पृथिवीका गुण गन्ध उस योगीको अनुभव होता है तथा जलसे रसकी प्रवृत्ति होती है। इसी प्रकार अन्य भूतोंके विषयमें समझना चाहिये। कहा भी है—"ज्योतिष्मती, स्पर्शवती और रसवती तथा इनसे भिन्न एक गन्धवती—ये योगीकी चार प्रवृत्तियाँ कही गयी हैं। इन योगप्रवृत्तियोंमेंसे यदि एककी भी प्रवृत्ति हो जाय तो योगिजन उस साधकको योगमें प्रवृत्त हुआ बतलाते हैं।

उस योगीको न रोग होता है, न वृद्धावस्था होती है और न मृत्युका ही उसपर प्रभाव होता है। किसे? जिसे योगाग्निमय शरीर प्राप्त हो गया है अर्थात् जिसे ऐसा शरीर प्राप्त हो गया है कि जिसके दोषसमूह योगाग्निसे भस्म हो गये हैं। शेष (तेरहवें मन्त्रका) अर्थ स्पष्ट है॥ १२-१३॥

योगसिद्धि या तत्त्वज्ञानका प्रभाव

किञ्च—

तथा—

यथैव विम्बं मृदयोपलिप्तं
तेजोमयं भ्राजते तत्सुधान्तम्।
तद्वात्मतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देही
एकः कृतार्थो भवते वीतशोकः॥ १४॥

जिस प्रकार मृत्तिकासे मलिन हुआ विम्ब (सोने या चाँदीका टुकड़ा) शोधन किये जानेपर तेजोमय होकर चमकने लगता है, उसी प्रकार देहधारी जीव आत्मतत्त्वका साक्षात्कार कर अद्वितीय, कृतकृत्य और शोकरहित हो जाता है॥ १४॥

यथैवेति। यथैव विम्बं सौवर्णं राजतं वा मृदयोपलिप्तं मृदादिना मलिनीकृतं पूर्वं पश्चात्सुधान्तं सुधौतमित्यस्मिन्नर्थे सुधान्तमिति च्छान्दसम्। अग्न्यादिना विमलीकृतं तेजोमयं भ्राजते। तद्वा तदेवात्मतत्त्वं प्रसमीक्ष्य दृष्ट्वैकोऽद्वितीयः कृतार्थो भवते वीतशोकः। परेषां पाठे तद्वत्सतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देहीति। तत्राप्ययमेवार्थः॥ १४॥

'यथैव' इत्यादि। जिस प्रकार सुवर्ण या रजतका पिण्ड पहले मिट्टीसे भरा हुआ अर्थात् मिट्टी आदिसे मलिन हुआ रहनेपर फिर सुधान्त अर्थात् अग्नि आदिसे सुधौत यानी निर्मल किये जानेपर तेजोमय होकर चमकने लगता है—मूलमें 'सुधौतम्' के अर्थमें 'सुधान्तम्' यह प्रयोग वैदिक है—उसी प्रकार आत्मतत्त्वका साक्षात्कार करनेपर जीव अद्वितीय, कृतार्थ और शोकरहित हो जाता है। अन्य शाखाओंमें जहाँ 'तद्वत्सतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देही' ऐसा पाठ है। वहाँ भी यही अर्थ है॥ १४॥

योगसिद्धि या तत्त्वज्ञकी स्थिति

कथं ज्ञात्वा वीतशोको भवति? इत्याह—

किस प्रकार जानकर जीव शोकरहित होता है, सो श्रुति बतलाती है—

यदात्मतत्त्वेन तु ब्रह्मतत्त्वं
दीपोपमेनेह युक्तः प्रपश्येत्।
अजं ध्रुवं सर्वतत्त्वैर्विशुद्धं
ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ॥ १५ ॥

जिस समय योगी दीपकके समान प्रकाशस्वरूप आत्मभावसे ब्रह्मतत्त्वका साक्षात्कार करता है उस समय उस अजन्मा, निश्चल और समस्त तत्त्वोंसे विशुद्ध देवको जानकर वह सम्पूर्ण बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है ॥ १५ ॥

यदेति। यदा यस्यामवस्थायामात्मतत्त्वेन स्वेनात्मना। किं विशिष्टेन? दीपोपमेन दीपस्थानीयेन प्रकाशस्वरूपेण ब्रह्मतत्त्वं प्रपश्येत्। तु शब्दोऽवधारणे। परमात्मानमात्मनैव जानीयादित्यर्थः। उक्तं च—"तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मि" (बृ० उ० १। ४। १०) इति। कीदृशम्? अन्यस्मादजायमानं ध्रुवमप्रच्युतस्वरूपं सर्वतत्त्वैरविद्यातत्कार्यैर्विशुद्धमसंस्पृष्टं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैरविद्यादिभिः ॥ १५ ॥

'यदा' इत्यादि। जिस समय अर्थात् जिस अवस्थामें आत्मतत्त्वसे—अपने आत्मस्वरूपसे, कैसे आत्मस्वरूपसे? दीपोपम—दीपकस्थानीय अर्थात् प्रकाशस्वरूपसे ब्रह्मतत्त्वका साक्षात्कार करता है। यहाँ 'तु' शब्द निश्चयार्थक है। अतः तात्पर्य यह है कि परमात्माको आत्मभावसे ही जानना चाहिये। कहा भी है—"उसने आत्माको ही जाना कि मैं ब्रह्म हूँ।" कैसे ब्रह्मका साक्षात्कार करता है?—जो किसी अन्यसे उत्पन्न नहीं हुआ, ध्रुव अर्थात् अपने स्वरूपसे च्युत नहीं होता और सम्पूर्ण तत्त्वों यानी अविद्या और उसके कार्योंसे विशुद्ध—असंस्पृष्ट है; उस देवको जानकर जीव अविद्यादि समस्त पाशोंसे मुक्त हो जाता है ॥ १५ ॥

परमात्मस्वरूपका वर्णन

परमात्मानमात्मत्वेन विजानीयादित्युक्तं तदेव सम्भावयन्नाह—

परमात्माको आत्मभावसे जाने— यह कहा गया, अब उसीका सम्भावन (सम्मान) करते हुए मन्त्र कहता है—

एष ह देवः प्रदिशोऽनु सर्वाः
पूर्वो ह जातः स उ गर्भे अन्तः।
स एव जातः स जनिष्यमाणः
प्रत्यङ्जनांस्तिष्ठति सर्वतोमुखः॥ १६॥

यह देव ही सम्पूर्ण दिशा-विदिशा है, यही [हिरण्यगर्भरूपसे] पहले उत्पन्न हुआ था, यही गर्भके अन्तर्गत है, यही उत्पन्न हुआ है और यही उत्पन्न होनेवाला है। यह समस्त जीवोंमें प्रतिष्ठित और सर्वतोमुख है॥ १६॥

एष हेति। एष एव देवः प्रदिशः प्राच्याद्या दिश उपदिशश्च सर्वाः पूर्वो ह जातः सर्वस्माद्धिरण्यगर्भात्मना, स उ गर्भेऽन्तर्वर्तमानः, स एव जातः शिशुः, स जनिष्यमाणोऽपि, स एव सर्वांश्च जनान्प्रत्यङ् तिष्ठति, सर्वप्राणिगतानि मुखान्यस्येति सर्वतोमुखः॥ १६॥

'एष ह' इत्यादि। यह देव ही प्रदिश अर्थात् पूर्वादि सम्पूर्ण दिशा और उपदिशाएँ है, यह हिरण्यगर्भरूपसे सबसे पहले उत्पन्न हुआ था, यही गर्भके भीतर विद्यमान है, यही शिशुरूपसे उत्पन्न हुआ है, यही उत्पन्न होनेवाला भी है, यही समस्त जीवोंमें प्रत्यङ्— अन्तरात्मरूपसे स्थित है, समस्त प्राणियोंके मुख इसीके हैं, इसलिये यह सर्वतोमुख है॥ १६॥

इदानीं योगवत्साधनान्तराणि नमस्कारादीनि कर्तव्यत्वेन दर्शयितुमाह—

अब योगके समान नमस्कारादि अन्य साधनोंको भी कर्तव्यरूपसे प्रदर्शित करनेके लिये श्रुति कहती है—

यो देवो अग्नौ यो अप्सु यो विश्वं भुवनमाविवेश।
य ओषधीषु यो वनस्पतिषु तस्मै देवाय नमो नमः॥ १७॥

जो देव अग्निमें है, जो जलमें है और जिसने सम्पूर्ण भुवनको व्याप्त कर रखा है तथा जो ओषधि और वनस्पतियोंमें भी विद्यमान है उस देवको नमस्कार है, नमस्कार है॥ १७॥

यो देव इति। यो विश्वं भुवनं स्वेन विरचितं संसारमण्डलमाविवेश। य ओषधीषु शाल्यादिषु वनस्पतिष्वश्वत्थादिषु तस्मै विश्वात्मने भुवनमूलाय परमेश्वराय नमो नमः। द्विर्वचनमादरार्थमध्यायपरिसमाप्त्यर्थं च॥ १७॥

'यो देवो' इत्यादि। जिसने सम्पूर्ण भुवनको अर्थात् स्वयं रचे हुए संसारमण्डलको व्याप्त कर रखा है, जो शालि आदि ओषधियोंमें और अश्वत्थादि वनस्पतियोंमें भी विद्यमान है उस विश्वात्मा—जगत्‌के मूल कारण परमेश्वरको नमस्कार है, नमस्कार है। 'नमः' शब्दकी द्विरुक्ति आदरके लिये और अध्यायकी समाप्तिके लिये है॥ १७॥

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यपरमहंसपरिव्राजकाचार्य-
श्रीमच्छङ्करभगवत्प्रणीते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये
द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

तृतीयोऽध्यायः

एक ही परमात्मामें शासक और शासनीय भावका समर्थन

कथमद्वितीयस्य परमात्मन ईशित्रीशितव्यादिभावः ? इत्याशङ्क्याह—

अद्वितीय परमात्मामें शासक और शासनीय आदि भाव कैसे रह सकते हैं ?—ऐसी आशंका करके श्रुति कहती है—

य एको जालवानीशत ईशनीभिः सर्वाँल्लोकानीशत ईशनीभिः। य एवैक उद्भवे सम्भवे च य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ १ ॥

जो एक जालवान् (मायावी) अपनी ईश्वरीय शक्तियोंसे शासन करता है, जो अकेला ही ऐश्वर्यसे योग होनेपर और जगत्‌के प्रादुर्भावके समय अपनी शक्तियोंसे सम्पूर्ण लोकोंका शासन करता है, उसे जो जानते हैं वे अमर हो जाते हैं॥ १ ॥

य एक इति। य एकः परमात्मा स जालवान् जालं माया दुरत्ययत्वात्। तथा चाह भगवान्—''मम माया दुरत्यया'' (गीता ७। १४) इति।

'य एको' इत्यादि। जो एक परमात्मा है वह जालवान् है। दुस्तर होनेके कारण जाल मायाका नाम है। भगवान्‌ने भी ऐसा ही कहा है कि ''मेरी मायाको पार करना कठिन है।'' उस जालसे जो युक्त है वह [परमात्मा] जालवान् है। 'तत् अस्य अस्ति' (वह उसका है)* इस

* 'तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्' (५। २। ९४) इस पाणिनिसूत्रसे यहाँ 'मतुप्' प्रत्यय करके 'मादुपधायाश्च मतोर्वो········' (८। २। ९) इस सूत्रसे 'म' को 'व' आदेश होता है।

तद्वांस्तदस्यास्तीति जालवान्मायावीत्यर्थः ईशत ईष्टे मायोपाधिः सन्। कैः ? ईशनीभिः स्वशक्तिभिः। तथा चोक्तम्—ईशत ईशनीभिः परमशक्तिभिरिति। कान्? सर्वाँल्लोकानीशत ईशनीभिः। कदा? उद्भवे विभूतियोगे सम्भवे प्रादुर्भावे च। य एतद्विदुरमृता अमरणधर्माणो भवन्ति॥ १॥

व्युत्पत्तिके अनुसार 'जालवान्' शब्द सिद्ध होता है। जालवान् अर्थात् मायावी परमेश्वर मायोपाधिक होकर शासन करता है। किनके द्वारा शासन करता है? [इसके उत्तरमें कहते हैं—] 'ईशनीभिः' अपनी शक्तियोंके द्वारा। इसी आशयसे यहाँ ऐसा कहा है—'ईशते ईशनीभिः।' 'ईशनीभिः' अर्थात् अपनी परम शक्तियोंके द्वारा शासन करता है। किनका शासन करता है? वह उन शक्तियोंद्वारा सम्पूर्ण लोकोंका शासन करता है। किस समय? उद्भव—अर्थात् विभूतियों (ऐश्वर्यों)- से योग होनेपर और सम्भव जगत्के प्रादुर्भावके समय। जो इसे जानते हैं वे अमृत—अमरणधर्मा (अमर) हो जाते हैं॥ १॥

कस्मात्पुनर्जालवान्। इत्याशङ्क्य आह—

किन्तु वह मायावी कैसे है? ऐसी आशंका करके कहते हैं—

एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थु-
र्य इमाँल्लोकानीशत ईशनीभिः।
प्रत्यङ् जनांस्तिष्ठति संचुकोचान्तकाले
संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपाः॥ २॥

क्योंकि एक ही रुद्र है, इसलिये [ब्रह्मविद्गण] उससे भिन्न किसी अन्य वस्तुके लिये अपेक्षा नहीं करते। वह अपनी [ब्रह्मादि] शक्तियोंद्वारा इन लोकोंका शासन करता है, वह समस्त जीवोंके भीतर स्थित है; और सम्पूर्ण लोकोंकी रचना कर उनका रक्षक होकर प्रलयकालमें उन्हें संकुचित कर लेता है॥ २॥

एको हीति। हिशब्दो यस्मादर्थे। यस्मादेक एव रुद्रः स्वतो न द्वितीयाय वस्त्वन्तराय तस्थुर्ब्रह्मविदः परमार्थदर्शिनः। उक्तं च—एको रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुरिति। य इमाँल्लोकानीशते नियमयतीशनीभिः। सर्वांश्च जनान्प्रत्यन्तरः प्रतिपुरुषमवस्थितः। रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूवेत्यर्थः।

किञ्च, संचुकोच अन्तकाले प्रलयकाले किं कृत्वा? संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपा गोप्ता भूत्वा। एतदुक्तं भवति—अद्वितीयः परमात्मा, न चासौ कुम्भकारवदात्मानं केवलं मृत्पिण्डस्थानीयमुपादानकारणमुपादत्ते। किं तर्हि? स्वशक्तिविक्षेपं कुर्वन्स्त्रष्टा नियन्ता वाभिधीयत इति। उत्तरो मन्त्रस्तस्यैव विराडात्मनावस्थानं तत्स्त्रष्टृत्वं प्रतिपादयति॥ २॥

'एको हि' इत्यादि। क्योंकि एक ही रुद्र है, अतः परमार्थदर्शी ब्रह्मविद्गण स्वतः किसी दूसरी वस्तुके लिये अपेक्षा नहीं करते। यहाँ 'हि' शब्द 'यस्मात्' (क्योंकि)-के अर्थमें है। इसीसे कहा है 'एको रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः।' जो अपनी शक्तियोंद्वारा इन लोकोंका शासन-नियमन करता है, वह समस्त जीवोंके भीतर अर्थात् प्रत्येक पुरुषमें स्थित है। तात्पर्य यह है कि प्रत्येक रूपके अनुरूप हो रहा है।

तथा वह अन्तकाल यानी प्रलयकालमें संकुचित करता है। क्या करके? सम्पूर्ण लोकोंकी रचना कर उनका गोपा—रक्षक होकर। यहाँ यह कहा गया है कि परमात्मा अद्वितीय है, वह कुम्हारकी तरह मृत्पिण्डरूप अपने-आपको उपादान कारणरूपसे ग्रहण नहीं करता; तो फिर क्या करता है? वह अपनी शक्तिको क्षुब्ध करनेसे ही जगत्‌का रचयिता या नियन्ता कहा जाता है। अगला मन्त्र उसीकी विराट्‌रूपसे स्थिति और उसके जगत्कर्तृत्वका प्रतिपादन करता है॥ २॥

परमेश्वरसे जगत्की सृष्टिका प्रतिपादन

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो
विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात्।
सं बाहुभ्यां धमति संपतत्रै-
र्द्यावाभूमी जनयन्देव एकः॥ ३॥

वह सब ओर नेत्रोंवाला, सब ओर मुखोंवाला, सब ओर भुजाओंवाला और सब ओर पैरोंवाला है। वह एकमात्र देव (प्रकाशमय परमात्मा) द्युलोक और पृथ्वीकी रचना करता हुआ [वहाँके मनुष्य-पक्षी आदि प्राणियोंको] दो भुजाओं और पतत्रों (पैरों एवं पंखों)-से युक्त करता है* ॥ ३॥

---

* इस मन्त्रके उत्तरार्द्धका अर्थ अन्यान्य टीकाकारोंने अनेक प्रकारसे किया है। प्रस्तुत अर्थ शांकरभाष्यके अनुसार है। शंकरानन्दजी इसकी व्याख्या इस प्रकार करते हैं—''हस्ताभ्यां विश्वमुत्पादयन्नुत्पत्तिकाले विविधाञ्शब्दानुत्पाद्योत्पादकादिरूपेण करोति बाहुभ्यामिति द्विवचनसामर्थ्यात्सर्वकर्महेतुत्वाच्च धर्माधर्माभ्यामिति विवक्षितम्।……………यदापि धमतिरग्निसंयोगार्थस्तदापि सन्तापकारित्वेन सुखदुःखयोरुत्पत्तौ स्थितौ संहारे च सुखदुःखकारित्वं व्याख्येयम्। संपतत्रैः पतनशीलैः पञ्चीकृतपञ्चमहाभूतैर्न परमाणुभिः…… धमतीत्यनुषङ्गः।'' अर्थात् वह हाथोंसे विश्वको उत्पन्न कर उसकी उत्पत्तिके समय उत्पाद्य-उत्पादकादि रूपसे अनेक प्रकारके शब्द करता है। 'बाहुभ्याम्' इस पदमें द्विवचन है तथा हाथ समस्त कर्मोंके हेतु होते हैं, इसलिये इस पदसे 'धर्माधर्मके द्वारा' यह अर्थ बतलाना अभीष्ट है। जिस समय 'धमति' क्रियाका अर्थ अग्निसंयोग लिया जाय उस समय भी सन्तापकारक होनेके कारण सुख-दुःखकी उत्पत्ति-स्थिति और संहारमें उनका सुख-दुःखकारित्व ही बतलाना चाहिये। 'संपतत्रैः'—पतनशील पंचीकृत महाभूतोंसे युक्त करता है, परमाणुओंसे नहीं। नारायणतीर्थ लिखते हैं—''बाहुभ्यां विद्याकर्मभ्यां संधमति पतत्रैः वासनारूपैः संधमति दीपयति जीवनिष्ठविद्याकर्मवासनादिभिरीश्वरो जगत्प्रवर्तयतीत्यर्थः।'' अर्थात् बाहु—विद्या और कर्मद्वारा तथा पतत्र-वासनाओंद्वारा संधमति—दीप्त करता है; अर्थात् जीवनिष्ठ विद्या और कर्मादिके द्वारा ईश्वर जगत्को प्रवृत्त करता है। विज्ञानभगवान् कहते हैं—''बाहुभ्यां मनुष्यादीन्संधमति संयोजयति……पतत्रैः पतनसाधनैः पादैः संधमति……अथवा पतत्रैः पक्षैः पक्षिणः संधमति।'' अर्थात् वह मनुष्यादिको भुजाओंसे युक्त करता है और पतत्र—चलनेके साधन यानी पैरोंसे युक्त करता है। अथवा पतत्र यानी पक्षोंसे पक्षियोंको युक्त करता है।

विश्वतश्चक्षुरिति। सर्वप्राणिगतानि चक्षूंष्यस्येति विश्वतश्चक्षुः। अतः स्वेच्छयैव सर्वत्र चक्षू रूपादौ सामर्थ्यं विद्यत इति विश्वतश्चक्षुः। एवमुत्तरत्र योजनीयम्। सं बाहुभ्यां धमति संयोजयतीत्यर्थः, अनेकार्थत्वाद्धातूनाम्। पक्षिणश्च धमति द्विपदो मनुष्यादींश्च पतत्रैः। किं कुर्वन्? द्यावापृथिवी जनयन्देव एको विराजं सृष्टवानित्यर्थः॥ ३॥

'विश्वतश्चक्षुरुत' इत्यादि। समस्त प्राणियोंके चक्षु इस परमात्माके ही हैं, इसलिये यह विश्वतश्चक्षु है। अतः अपनी इच्छामात्रसे ही इसमें सर्वत्र चक्षु यानी रूपादिको ग्रहण करनेका सामर्थ्य है। इसी प्रकार आगे [विश्वतोमुखः आदिमें] भी अर्थकी योजना कर लेनी चाहिये। वह दो भुजाओंद्वारा संयुक्त करता है; धातुओंके अनेक अर्थ होते हैं [इसीसे अग्निसंयोगके अर्थमें प्रयुक्त होनेवाले 'धमति' का अर्थ संयोजन लिया गया है।] तथा पक्षियों और दो पैरोंवाले मनुष्यादिको पतत्रों* (पंखों और पैरों)-से युक्त करता है। क्या करता हुआ? द्युलोक और पृथिवीकी सृष्टि करता हुआ। तात्पर्य यह है कि उस एकमात्र देवने विराट्की रचना की॥ ३॥

परमेश्वरका स्तवन

इदानीं तस्यैव सूत्रसृष्टिं प्रतिपादयन्मन्त्रदृगभिप्रेतं प्रार्थयते—

अब उसी परमात्माकी हिरण्यगर्भसृष्टिका प्रतिपादन करती हुई श्रुति मन्त्रदर्शी ऋषियोंके अभिमत अर्थके लिये प्रार्थना करती है—

* 'पतत्र' शब्दका अर्थ है पतनसे बचानेवाला। अतः मनुष्योंके विषयमें इसका अर्थ पैर समझना चाहिये और पक्षियोंके विषयमें पंख।

यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च
विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः।
हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वं
स नो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु॥ ४॥

जो रुद्र देवताओंकी उत्पत्ति तथा ऐश्वर्यप्राप्तिका हेतु, जगत्पति और सर्वज्ञ है तथा जिसने पहले हिरण्यगर्भको उत्पन्न किया था वह हमें शुभ बुद्धिसे संयुक्त करे॥ ४॥

यो देवानामिति। यो देवानामिन्द्रादीनां प्रभवहेतुरुद्भवहेतुश्च। उद्भवो विभूतियोगः। विश्वस्याधिपो विश्वाधिपः पालयिता। महर्षिः—महांश्चासावृषिश्चेति महर्षिः सर्वज्ञ इत्यर्थः। हितं रमणीयमत्युज्ज्वलं ज्ञानं गर्भोऽन्तःसारो यस्य तं जनयामास पूर्वं सर्गादौ। स नोऽस्मान् बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु। परमपदं प्राप्नुयामेति॥ ४॥

'यो देवानाम्' इत्यादि। जो देवताओंकी अर्थात् इन्द्रादिकी उत्पत्तिका और उद्भवका हेतु है। उद्भव विभूतियोगको कहते हैं। जो विश्वाधिप—विश्वका स्वामी अर्थात् पालन करनेवाला है, महर्षि—महान् ऋषि यानी सर्वज्ञ है, हित—रमणीय अर्थात् अत्यन्त उज्ज्वल ज्ञान जिसका गर्भ—अन्तःसार है उस [हिरण्यगर्भ]-की जिसने पहले—सृष्टिके आरम्भमें रचना की थी वह हमें शुभ बुद्धिसे संयुक्त करे; अर्थात् हम परमपद प्राप्त करें॥ ४॥

पुनरपि तस्य स्वरूपं दर्शयन्नभिप्रेतमर्थं प्रार्थयते मन्त्रद्वयेन—

फिर भी [आगेके] दो मन्त्रोंसे उसके स्वरूपको प्रदर्शित करती हुई श्रुति अभिप्रेत अर्थके लिये प्रार्थना करती है—

या ते रुद्र शिवा तनूरघोरापापकाशिनी।
तया नस्तनुवा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि॥ ५॥

हे रुद्र! तुम्हारी जो मंगलमयी, शान्त और पुण्यप्रकाशिनी मूर्ति है, हे गिरिशन्त! उस पूर्णानन्दमयी मूर्तिके द्वारा तुम [हमारी ओर] देखो॥ ५॥

या ते रुद्रेति। हे रुद्र तव या शिवा तनूरघोरा। उक्तं च "तस्यैते तनुवौ घोरान्या शिवान्या" इति। अथवा शिवा शुद्धाविद्यातत्कार्यविनिर्मुक्ता सच्चिदानन्दाद्वयब्रह्मरूपा न तु घोरा शशिविम्बमिवाह्लादिनी। अपापकाशिनी स्मृतिमात्राघनाशिनी पुण्याभिव्यक्तिकरी। तयात्मना नोऽस्माञ्शन्तमया सुखतमया पूर्णानन्दरूपया हे गिरिशन्त गिरौ स्थित्वा शं सुखं तनोतीति। अभिचाकशीहि अभिपश्य निरीक्षस्व श्रेयसा नियोजयस्वेत्यर्थः॥ ५॥

'या ते रुद्र' इत्यादि। हे रुद्र! तुम्हारी जो मंगलमयी अघोरा (शान्त) मूर्ति है। अन्यत्र ऐसा ही कहा भी है—"उसकी ये दो आकृतियाँ हैं, एक घोरा है और दूसरी मंगलमयी"। अथवा [तुम्हारी जो मूर्ति] शिवा—शुद्धा यानी अविद्या और उसके कार्योंसे हित सच्चिदानन्दाद्वितीय ब्रह्मरूपा है, घोरा नहीं है, अपितु चन्द्रमण्डलके समान आह्लादकारिणी है, तथा अपापकाशिनी—स्मरणमात्रसे ही पापोंका नाश करनेवाली अर्थात् पुण्यकी अभिव्यक्ति करनेवाली है, अपनी उस शन्तम—सुखतम—पूर्णानन्दस्वरूप मूर्ति (देह)-से हे गिरिशन्त!—गिरिमें रहकर शं—सुखका विस्तार करनेवाले! हमें देखो—हमारी ओर दृष्टिपात करो अर्थात् हमें कल्याणपथसे युक्त करो॥ ५॥

किञ्च—

तथा—

यामिषुं गिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे।
शिवां गिरित्र तां कुरु मा हिँ्सीः पुरुषं जगत्॥ ६॥

हे गिरिशन्त! जीवोंकी ओर फेंकनेके लिये तुम अपने हाथमें जो बाण धारण किये रहते हो, हे गिरित्र! उसे मंगलमय करो, किसी जीव या जगत्की हिंसा मत करो॥ ६॥

यामिषुमिति। यामिषुं गिरिशन्त हस्ते बिभर्षि धारयस्यस्तवे जने क्षेप्तुं शिवां गिरित्र गिरिं त्रायत इति तां कुरु। मा हिंसीः पुरुषमस्मदीयं जगदपि कृत्स्नम्। साकारं ब्रह्म प्रदर्शयेत्यभिप्रेतमर्थं प्रार्थितवान्॥ ६॥

'यामिषुम्' इत्यादि। हे गिरिशन्त! तुम जीवोंकी ओर छोड़नेके लिये जो बाण धारण किये रहते हो, हे गिरित्र!— पर्वतकी रक्षा करनेके कारण भगवान् गिरित्र हैं—उसे शिव (मंगलमय) करो। हमारे किसी पुरुषकी और सारे जगत्‌की भी हिंसा मत करो! यहाँ इस अभिप्रेत अर्थकी प्रार्थना की है कि हमें साकार ब्रह्मके दर्शन कराओ॥ ६॥

परमात्मतत्त्वके ज्ञानसे अमृतत्वकी प्राप्ति

इदानीं तस्यैव कारणात्मनावस्थानं दर्शयञ्ज्ञानादमृतत्वमाह—

अब उस परमात्माकी ही जगत्‌के कारणरूपसे स्थिति दिखलाती हुई श्रुति ज्ञानसे अमृतत्वकी प्राप्ति दिखलाती है—

ततः परं ब्रह्मपरं बृहन्तं
यथानिकायं सर्वभूतेषु गूढम्।
विश्वस्यैकं परिवेष्टितार-
मीशं तं ज्ञात्वामृता भवन्ति॥ ७॥

उस [पुरुषयुक्त जगत्]-से परे जो ब्रह्म—हिरण्यगर्भसे उत्कृष्ट एवं महान् है, जो समस्त प्राणियोंमें उनके शरीरके अनुसार (परिच्छिन्नरूपसे) छिपा हुआ है तथा विश्वका एकमात्र परिवेष्टा है उस परमेश्वरको जानकर जीवगण अमर हो जाते हैं॥ ७॥

ततः परमिति। ततः पुरुषयुक्ताज्जगतः परं कारणत्वात्कार्यभूतस्य प्रपञ्चस्य व्यापकमित्यर्थः।

'ततः परम्' इत्यादि। जो उससे यानी पुरुषयुक्त जगत्‌से परे है अर्थात् कारण होनेसे अपने कार्यभूत जगत्‌में

अथवा ततो जगदात्मनो विराजः परम्। किं तद्ब्रह्मपरं बृहन्तं ब्रह्मणो हिरण्यगर्भात्परं बृहन्तं महद्व्यापित्वात्। यथानिकायं यथाशरीरं सर्वभूतेषु गूढमन्तरवस्थितं विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं सर्वमन्तः कृत्वा स्वात्मना सर्वं व्याप्यावस्थितमीशं परमेश्वरं ज्ञात्वामृता भवन्ति॥ ७॥

व्यापक है, अथवा जो उससे—जगद्रूप विराट्से परे है, वह क्या है? इसके उत्तरमें श्रुति कहती है—ब्रह्मपरं बृहन्तम्! जो ब्रह्म अर्थात् हिरण्यगर्भरूप कार्यब्रह्मसे पर और व्यापक होनेके कारण बृहत्—महान् है तथा जो समस्त प्राणियोंमें यथानिकाय उनके शरीरके अनुसार गूढ—अन्तःस्थित है, एवं विश्वका एकमात्र परिवेष्टा है अर्थात् सबको अपने भीतर करके—अपने स्वरूपसे सबको व्याप्त करके स्थित है, उस ईश—परमेश्वरको जानकर जीव अमर हो जाते हैं॥ ७॥

परमेश्वरके विषयमें ज्ञानीजनोंके अनुभवका प्रदर्शन

इदानीमुक्तमर्थं द्रढयितुं मन्त्रदृगनुभवं दर्शयित्वा पूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मपरिज्ञानादेव परमपुरुषार्थप्राप्तिर्नान्येनेति दर्शयति—

अब उपर्युक्त अर्थको पुष्ट करनेके लिये मन्त्रद्रष्टा ऋषिका अनुभव दिखलाती हुई श्रुति यह प्रदर्शित करती है कि पूर्णानन्दाद्वितीय ब्रह्मका आत्मस्वरूपसे ज्ञान होनेपर ही परम पुरुषार्थकी प्राप्ति होती है, अन्य किसी उपायसे नहीं—

वेदाहमेतं पुरुषं महान्त-
मादित्यवर्णं तमसः परस्तात्।
तमेव विदित्वाति मृत्युमेति
नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥ ८॥

मैं इस अज्ञानातीत प्रकाशस्वरूप महान् पुरुषको जानता हूँ। उसे ही जानकर पुरुष मृत्युको पार करता है, इसके सिवा परमपदप्राप्तिका कोई और मार्ग नहीं है॥ ८॥

वेदाहमेतमिति। वेद जाने तमेतं परमात्मानम्। अथैतं प्रत्यगात्मानं साक्षिणं पुरुषं पूर्णं महान्तं सर्वात्मत्वात्। आदित्यवर्णं प्रकाशरूपं तमसोऽज्ञानात् परस्तात्तमेव विदित्वाति मृत्युमेति मृत्युमत्येति। कस्मात्? अस्मान्नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय परमपदप्राप्तये॥ ८॥

'वेदाहमेतम्' इत्यादि। मैं उस परमात्माको जानता हूँ। यह जो प्रत्यगात्मा—साक्षी, पुरुष—पूर्ण और सर्वरूप होनेसे महान् तथा आदित्यवर्ण—प्रकाशस्वरूप एवं तम यानी अज्ञानसे अतीत है इसे जानकर जीव मृत्युको पार कर लेता है; कैसे कर लेता है? क्योंकि परमपदप्राप्तिके लिये उससे भिन्न कोई और मार्ग नहीं है॥ ८॥

कस्मात्पुनस्तमेव विदित्वाति मृत्युमेति? इत्युच्यते—

किन्तु जीव उसीको जानकर मृत्युको कैसे पार कर लेता है? सो बतलाया जाता है—

यस्मात्परं नापरमस्ति किञ्चि-
द्यस्मान्नाणीयो न ज्यायोऽस्ति कश्चित्।
वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येक-
स्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्॥ ९॥

जिससे उत्कृष्ट और कोई नहीं है तथा जिससे छोटा और बड़ा भी कोई नहीं है वह यह अद्वितीय परमात्मा अपनी द्योतनात्मक महिमामें वृक्षके समान निश्चलभावसे स्थित है, उस पुरुषने ही इस सम्पूर्ण जगत्को व्याप्त कर रखा है॥ ९॥

यस्मादिति। यस्मात्परं पुरुषात्परमुत्कृष्टमपरमन्यन्नास्ति,

'यस्मात्' इत्यादि। जिस पुरुषसे उत्कृष्ट अन्य कोई नहीं है, तथा जिससे

यस्मान्नाणीयोऽणुतरं न ज्यायो महत्तरं वास्ति। वृक्ष इव स्तब्धो निश्चलो दिवि द्योतनात्मनि स्वे महिम्नि तिष्ठत्येकोऽद्वितीयः परमात्मा तेनाद्वितीयेन परमात्मनेदं सर्वं पूर्णं नैरन्तर्येण व्याप्तं पुरुषेण पूर्णेन॥ ९॥

अणीयस्—न्यूनतर और ज्यायस्—महत्तर भी कोई नहीं है, वह अद्वितीय परमात्मा दिवि अर्थात् अपनी द्योतनात्मक महिमामें वृक्षके समान स्तब्ध—निश्चलभावसे स्थित है। उस अद्वितीय परमात्मा पूर्ण पुरुषने इस सबको पूर्ण—निरन्तरतासे व्याप्त कर रखा है॥ ९॥

इदानीं ब्रह्मणः पूर्वोक्तकार्यकारणतां दर्शयञ्ज्ञानिनाममृतत्वमितरेषां च संसारित्वं दर्शयति—

अब पहले बतलायी हुई ब्रह्मकी कार्य-कारणता दिखलाकर श्रुति ज्ञानियोंको अमृतत्व और अन्य सबको संसारित्वकी प्राप्ति प्रदर्शित करती है—

ततो यदुत्तरतरं तदरूपमनामयम्। य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्त्यथेतरे दुःखमेवापियन्ति॥ १०॥

उस (कारण-ब्रह्म)-से जो उत्कृष्टतर है वह अरूप और अनामय है। उसे जो जानते हैं वे अमर हो जाते हैं तथा अन्य दुःखको ही प्राप्त होते हैं॥ १०॥

तत इति। तत इदं शब्दवाच्याज्जगत उत्तरं कारणं ततोऽप्युत्तरं कार्यकारणविनिर्मुक्तं ब्रह्मैव इत्यर्थः। तदरूपं रूपादिरहितम्, अनामयमाध्यात्मिकादितापत्रयरहितत्वात्। य एतद्विदुरमृतत्वेन अहमस्मीत्यमृता

'ततः' इत्यादि। उससे अर्थात् इदंशब्दवाच्य जगत्से उत्कृष्ट तो उसका कारण है और उससे भी उत्कृष्टतर कार्य-कारणभावशून्य ब्रह्म ही है। वह अरूप—रूपादिरहित और आध्यात्मिकादि त्रिविध तापोंसे रहित होनेके कारण अनामय (दुःखहीन) है। जो इसे जानते हैं अर्थात् अपने अमृतस्वरूपसे 'मैं यही हूँ' ऐसा अनुभव करते हैं वे अमृत—

अमरणधर्माणस्ते भवन्ति। अथेतरे ये न विदुस्ते दुःखमेवापियन्ति॥ १०॥

अमरणधर्मा हो जाते हैं और अन्य जो ऐसा नहीं जानते वे दुःखको ही प्राप्त होते हैं॥ १०॥

इदानीं तस्यैव सर्वात्मत्वं दर्शयति—

अब श्रुति उसीकी सर्वात्मकता दिखलाती है—

सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः।
सर्वव्यापी स भगवांस्तस्मात्सर्वगतः शिवः॥ ११॥

वह भगवान् समस्त मुखोंवाला, समस्त सिरोंवाला और समस्त ग्रीवाओंवाला है, वह सम्पूर्ण जीवोंके अन्तःकरणोंमें स्थित और सर्वव्यापी है; इसलिये सर्वगत और मंगलरूप है॥ ११॥

सर्वाननेति। सर्वाण्याननानि शिरांसि ग्रीवाश्चास्येति सर्वानन-शिरोग्रीवः। सर्वेषां भूतानां गुहायां बुद्धौ शेष इति सर्वभूतगुहाशयः। सर्वव्यापी स भगवानैश्वर्यादिसमष्टिः। उक्तं च—

"ऐश्वर्यस्य समग्रस्य
धर्मस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव
षण्णां भग इतीरणा॥"
(वि० पु० ६। ५। ७४)

भगवति यस्मादेवं तस्मात् सर्वगतः शिवः॥ ११॥

'सर्वानन' इत्यादि। समस्त मुख, सिर और ग्रीवाएँ इसीकी हैं इसलिये यह सर्वाननशिरोग्रीव है। यह समस्त प्राणियोंकी गुहा—बुद्धिमें शयन करता है इसलिये सर्वभूतगुहाशय है। वह सर्वव्यापी और भगवान्—ऐश्वर्यादिकी समष्टिरूप है। कहा भी है—"समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य—इन छःका नाम भग है।" भगवान्में ये सब ऐसे ही हैं, इसलिये वह सर्वगत और शिव (मंगलरूप) है॥ ११॥

किञ्च—

तथा—

महान्प्रभुर्वै पुरुषः सत्त्वस्यैष प्रवर्तकः।
सुनिर्मलामिमां प्राप्तिमीशानो ज्योतिरव्ययः॥ १२॥

यह महान्, परमसमर्थ, शरीररूप पुरमें शयन करनेवाला, इस [स्वरूपस्थितिरूप] निर्मल प्राप्तिके उद्देश्यसे अन्तःकरणको प्रेरित करनेवाला, सबका शासक, प्रकाशस्वरूप और अविनाशी है॥ १२॥

महानिति। महान्प्रभुः समर्थो वै निश्चयेन जगदुदयस्थितिसंहारे सत्त्वस्यान्तःकरणस्यैष प्रवर्तकः प्रेरयिता। कमर्थमुद्दिश्य ? सुनिर्मलामिमां स्वरूपावस्थालक्षणां प्राप्तिं परमपदप्राप्तिम्। ईशान ईशिता। ज्योतिः परिशुद्धो विज्ञानप्रकाशः। अव्ययोऽविनाशी॥ १२॥

'महान्' इत्यादि। वह महान्, प्रभु अर्थात् जगत्के उत्पत्ति, स्थिति और संहारमें निश्चय ही समर्थ और सत्त्व यानी अन्तःकरणका प्रेरक है। किस प्रयोजनके उद्देश्यसे उसका प्रवर्तक है?—इस स्वरूपावस्थितिरूप सुनिर्मल प्राप्ति यानी परमपदकी प्राप्तिके उद्देश्यसे तथा वह ईशान—शासक, ज्योतिःविशुद्धविज्ञान-प्रकाशस्वरूप और अव्यय—अविनाशी है॥ १२॥

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा
सदा जनानां हृदये संनिविष्टः।
हृदा मन्वीशो मनसाभिक्लृप्तो
य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ १३॥

यह अंगुष्ठमात्र, पुरुष, अन्तरात्मा, सर्वदा जीवोंके हृदयमें स्थित, ज्ञानाधिपति एवं हृदयस्थित मनके द्वारा सुरक्षित है। जो इसे जानते हैं वे अमर हो जाते हैं॥ १३॥

अङ्गुष्ठमात्र इति। अङ्गुष्ठमात्रोऽभिव्यक्तिस्थानहृदयसुषिरपरि-

'अङ्गुष्ठमात्रः' इत्यादि। अपनी अभिव्यक्तिके स्थान हृदयाकाशके परिमाणकी अपेक्षासे यह अंगुष्ठमात्र है,

माणापेक्षया पुरुषः पूर्णत्वात्पुरि शयनाद्वा। अन्तरात्मा सर्वस्यान्तरात्मभूतः स्थितः। सदा जनानां हृदये संनिविष्टो हृदयस्थेन मनसाभिगुप्तः। मन्वीशो ज्ञानेशः। य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ १३॥

पूर्ण अथवा शरीररूप पुरमें शयन करनेके कारण पुरुष है, अन्तरात्मा अर्थात् सबके अन्तरात्मस्वरूपसे स्थित है। सर्वदा जीवोंके हृदयमें स्थित है, हृदयस्थित मनके द्वारा सुरक्षित है और मन्वीश— ज्ञानाध्यक्ष है। जो इसे जानते हैं वे अमर हो जाते हैं॥ १३॥

परमेश्वरके सर्वात्मभाव या विराट्स्वरूपका वर्णन

पुरुषोऽन्तरात्मेत्युक्तं पुनरपि सर्वात्मानं दर्शयति—सर्वस्य तावन्मात्रत्वप्रदर्शनार्थम्। उक्तं च—"अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते" इति।

वह परमेश्वर पुरुष एवं अन्तरात्मा है—यह कहा गया, अब सबकी तद्रूपता प्रदर्शित करनेके लिये श्रुति फिर भी उसका सर्वात्मभाव दिखलाती है। कहा भी है—"अध्यारोप और अपवादके द्वारा* निष्प्रपंचको प्रपंचित किया जाता है" इत्यादि।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्॥ १४॥

वह सहस्र सिर, सहस्र नेत्र और सहस्र चरणोंवाला है तथा पूर्ण है।

---

* अध्यारोप और अपवाद—ये वेदान्तके पारिभाषिक शब्द हैं। किसी सत्य वस्तुमें असत्य पदार्थका भ्रम होना अध्यारोप है, जैसे रज्जुमें सर्पकी भ्रान्ति; तथा उस असत्य पदार्थके बाधपूर्वक परमार्थ-सत्यको प्रदर्शित कराना अपवाद है, जैसे कल्पित सर्पके निराकरणद्वारा उसकी अधिष्ठानभूता रज्जुका भान। इसी प्रकार निष्प्रपंच ब्रह्ममें मायाका आरोप करके प्रपंचप्रतीतिकी व्यवस्था की जाती है और प्रपंचके अपवादद्वारा शुद्ध ब्रह्मका साक्षात्कार कराया जाता है, परन्तु वस्तुतः ये दोनों प्रपंचके ही अन्तर्गत हैं, अखण्ड चिन्मात्र शुद्ध ब्रह्ममें तो किसी भी प्रकारके अध्यारोप या अपवादका अवकाश ही नहीं है। इस प्रकार अध्यारोप और अपवादके द्वारा उस निर्विशेषका सविशेषरूपसे वर्णन किया जाता है।

वह भूमिको सब ओरसे व्याप्त कर अनन्तरूपसे उसका अतिक्रमण करके स्थित है। [अथवा ऐसा अर्थ करना चाहिये कि नाभिसे ऊपर दस अंगुल परिमाणवाले हृदयमें स्थित है]॥ १४॥

सहस्राण्यनन्तानि शीर्षाण्यस्येति सहस्रशीर्षा। पुरुषः पूर्णः। एवमुत्तरत्र योजनीयम्। स भूमिं भुवनं सर्वतोऽन्तर्बहिश्च वृत्वा व्याप्यात्यतिष्ठदतीत्य भुवनं समधितिष्ठति। दशाङ्गुलमनन्तमपारमित्यर्थः। अथवा नाभेरुपरि दशाङ्गुलं हृदयं तत्राधितिष्ठति॥ १४॥

इसके सहस्र अर्थात् अनन्त सिर हैं इसलिये यह सहस्रसिरवाला है। पुरुष अर्थात् पूर्ण है इसी प्रकार आगेके विशेषणोंका भी अर्थ कर लेना चाहिये।* वह भूमि अर्थात् संसारको सर्वतः—बाहर और भीतरसे व्याप्त करके संसारका भी अतिक्रमण करके स्थित है। दशांगुल अर्थात् अनन्त—अपाररूपसे। अथवा नाभिसे ऊपर जो दस अंगुल परिमाणवाला हृदय है उसमें स्थित है॥ १४॥

ननु सर्वात्मत्वे सप्रपञ्चं ब्रह्म स्यात्तद्व्यतिरेकेणाभावादित्याह—

किन्तु सर्वात्मक होनेपर तो ब्रह्म सप्रपंच (सविशेष) सिद्ध होगा; क्योंकि उससे अतिरिक्त प्रपंचकी सत्ता ही नहीं है, इसपर श्रुति कहती है—

पुरुष एवेदꣳसर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति॥ १५॥

जो कुछ भूत और भविष्यत् है एवं जो अन्नके द्वारा वृद्धिको प्राप्त होता है वह सब पुरुष ही है; तथा वही अमृतत्व (मुक्ति)-का भी प्रभु है॥ १५॥

---

* अर्थात् सहस्र यानी अनन्त अक्षि (नेत्र) और पाद (चरण) होनेके कारण वह सहस्राक्ष और सहस्रपाद है।

पुरुष एवेदमिति। पुरुष एवेदं सर्वं यदन्नेनातिरोहति यदिदं दृश्यते वर्तमानं यद्भूतं यच्च भव्यं भविष्यत्। किञ्च—उतामृतत्वस्येशानोऽमरणधर्मत्वस्य कैवल्यस्येशानः। यच्चान्नेनातिरोहति यद्वर्तते तस्येशानः॥ १५॥

'पुरुष एवेदम्' इत्यादि। यह जो अन्नसे बढ़ता है तथा यह जो वर्तमान दिखायी देता है तथा जो कुछ भूत और भविष्यत् है वह सब पुरुष ही है। इसके सिवा, वह अमृतत्वका ईशान है अर्थात् अमरण-धर्मत्व यानी कैवल्यपदका भी प्रभु है तथा जो अन्नसे बढ़ता है, जो विद्यमान है उसका यह स्वामी है॥ १५॥

पुनरपि निर्विशेषं प्रतिपादयितुं दर्शयति—

फिर भी उसको निर्विशेष प्रतिपादन करनेके लिये श्रुति दिखलाती है—

सर्वतः पाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्।
सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति॥ १६॥

उसके सब ओर हाथ-पाँव हैं, सब ओर आँख, सिर और मुख हैं तथा वह सर्वत्र कर्णोंवाला है एवं लोकमें सबको व्याप्त करके स्थित है॥ १६॥

सर्वत इति। सर्वतः पाणयः पादाश्चेति सर्वतः-पाणिपादं तत्। सर्वतोऽक्षीणि शिरांसि मुखानि च यस्य तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्। सर्वतः श्रुतिः श्रवणमस्येति श्रुतिमत्। लोके प्राणिनिकाये सर्वमावृत्य संव्याप्य तिष्ठति॥ १६॥

'सर्वतः' इत्यादि। उसके सब ओर हाथ-पाँव हैं इसलिये वह सर्वतःपाणिपाद है तथा सब ओर आँख, सिर और मुख हैं इसलिये सर्वतोऽक्षिशिरोमुख है। उसके सब ओर श्रुति—कर्ण हैं इसलिये वह सर्वतः श्रुतिमान् है तथा यह लोकमें अर्थात् प्राणिसमूहमें सबको आवृत—व्याप्त करके स्थित है॥ १६॥

आत्माके देहावस्थान और इन्द्रिय-सम्बन्धराहित्यका निरूपण

उपाधिभूतपाणिपादादीन्द्रियाध्यारोपणाज्ज्ञेयस्य तद्वत्ताशङ्का मा भूदित्येवमर्थमुत्तरतो मन्त्रः—

उपाधिभूत पाणिपादादिके अध्यारोपसे ऐसी आशंका न हो जाय कि ज्ञेय (ब्रह्म) उनसे युक्त है, इसी प्रयोजनसे आगेका मन्त्र है—

सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम्।
सर्वस्य प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत्॥ १७॥

वह समस्त इन्द्रियवृत्तियोंके रूपमें अवभासित होता हुआ भी समस्त इन्द्रियोंसे रहित है तथा सबका प्रभु, शासक और सबका आश्रय एवं कारण है॥ १७॥

सर्वेन्द्रियेति। सर्वाणि च तानीन्द्रियाणि श्रोत्रादीनीन्द्रियाण्यन्तःकरणपर्यन्तानि सर्वेन्द्रियग्रहणेन गृह्यन्ते। अन्तःकरणबहिष्करणोपाधिभूतः सर्वेन्द्रियगुणैरध्यवसायसंकल्पश्रवणादिभिर्गुणवदाभासत इति सर्वेन्द्रियगुणाभासम्। सर्वेन्द्रियैर्व्यापृतमिव तज्ज्ञेयमित्यर्थः। "ध्यायतीव लेलायतीव" (बृ० उ० ४। ३। ७) इति श्रुतेः। कस्मात्पुनः कारणात्तद्व्यापृतमिवेति गृह्यते? इत्याह 'सर्वेन्द्रियविवर्जितम्'

'सर्वेन्द्रिय०' इत्यादि। श्रोत्रादि इन्द्रियोंसे लेकर अन्तःकरणपर्यन्त जो समस्त इन्द्रियाँ हैं वे सर्वेन्द्रियपदके ग्रहणसे गृहीत होती हैं। अन्तःकरण और बाह्यकरण जिसकी उपाधि हैं वह परमात्मा उन समस्त इन्द्रियोंके अध्यवसाय, संकल्प एवं श्रवणादि गुणोंसे गुणवान्-सा भासता है। इसलिये वह सर्वेन्द्रियगुणाभास है। तात्पर्य यह है कि उसे समस्त इन्द्रियसे व्यापारयुक्त-सा जानना चाहिये; जैसा कि "ध्यान करता हुआ-सा, चेष्टा करता हुआ-सा" इत्यादि श्रुतिसे ज्ञात होता है। किन्तु वह किस कारणसे व्यापारयुक्त-सा ग्रहण किया जाता है [वास्तवमें व्यापार करता है—ऐसा क्यों नहीं माना जाता?] इसपर श्रुति कहती है—'सर्वेन्द्रियविवर्जितम्'

सर्वकरणरहितमित्यर्थः। अतो न च करणव्यापारैर्व्यापृतं तज्ज्ञेयम्। सर्वस्य जगतः प्रभुमीशानम्। सर्वस्य शरणं परायणं बृहत्कारणं च॥ १७॥

अर्थात् वह समस्त इन्द्रियोंसे रहित है। अतः उसे इन्द्रियोंके व्यापारोंसे व्यापारवान् नहीं जानना चाहिये। वह समस्त जगत्का प्रभु और शासक है तथा सबका शरण—आश्रय और बृहत्-कारण है॥ १७॥

किञ्च—

तथा—

नवद्वारे पुरे देही हꣳसो लेलायते बहिः।
वशी सर्वस्य लोकस्य स्थावरस्य चरस्य च॥ १८॥

सम्पूर्ण स्थावर-जंगम जगत्का स्वामी यह हंस (परमात्मा) देहाभिमानी होकर नव द्वारवाले [देहरूप] पुरमें बाह्य विषयोंको ग्रहण करनेके लिये चेष्टा किया करता है॥ १८॥

नवद्वार इति। नवद्वारे शिरसि सप्तद्वाराणि द्वे अवाची पुरे देही विज्ञानात्मा भूत्वा कार्यकरणोपाधिः सन्हंसः परमात्मा हन्त्यविद्यात्मकं कार्यमिति, लेलायते चलति बहिर्विषयग्रहणाय। वशी सर्वस्य लोकस्य स्थावरस्य चरस्य च॥ १८॥

'नवद्वारे' इत्यादि। [दो आँख, दो नाक, दो कान और एक मुख—इन] सात सिरके और [गुदा एवं लिंग] दो निम्नभागके इस प्रकार नौ द्वारोंवाले शरीरमें देही—विज्ञानात्मा यानी भूत और इन्द्रियरूप उपाधिवाला होकर यह हंस—परमात्मा बाह्य विषयोंको ग्रहण करनेके लिये चेष्टा करता—चलता है। यह अविद्याजनित कार्यका हनन करता है इसलिये हंस है तथा यह स्थावर-जंगम समस्त लोकका वशी (स्वामी) है॥ १८॥

ब्रह्मका निर्विशेष रूप

एवं तावत्सर्वात्मकं ब्रह्म प्रतिपादितम्। इदानीं निर्विकारानन्दस्वरूपेणानुदितानस्तमितज्ञानात्मनावस्थितं परमात्मानं दर्शयितुमाह—

इस प्रकार यहाँतक ब्रह्मका सर्वात्मभावसे प्रतिपादन किया गया; अब अपने निर्विकार चिदानन्दस्वरूपसे तथा कभी उदित एवं अस्त न होनेवाले ज्ञानस्वरूपसे स्थित परमात्माको प्रदर्शित करनेके लिये श्रुति कहती है—

अपाणिपादो जवनो ग्रहीता
पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः।
स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता
तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्॥ १९॥

वह हाथ-पाँवसे रहित होकर भी वेगवान् और ग्रहण करनेवाला है, नेत्रहीन होकर भी देखता है और कर्णरहित होकर भी सुनता है। वह सम्पूर्ण वेद्यवर्गको जानता है, किन्तु उसे जाननेवाला कोई नहीं है। उसे [ऋषियोंने] सबका आदि, पूर्ण एवं महान् कहा है॥ १९॥

अपाणिपाद इति। नास्य पाणिपादावित्यपाणिपादः। जवनो दूरगामी। ग्रहीता पाण्यभावेऽपि सर्वग्राही। पश्यति सर्वमचक्षुरपि सन्। शृणोत्यकर्णोऽपि। स वेत्ति वेद्यं सर्वज्ञत्वादमनस्कोऽपि। न च तस्यास्ति वेत्ता "नान्योऽतोऽस्ति" द्रष्टा (बृ० उ० ३। ७। २३) इति श्रुतेः।

'अपाणिपादः' इत्यादि। इसके पाणि और पाद नहीं हैं, इसलिये यह अपाणिपाद है। [पैर न होनेपर भी] जवन—दूरगामी है और ग्रहीता—हाथ न होनेपर भी सबको ग्रहण करनेवाला है। यह नेत्रहीन होनेपर भी सबको देखता है, कर्णहीन होनेपर भी सुनता है और अमनस्क होनेपर भी सर्वज्ञ होनेके कारण वेद्यवर्गको जानता है। किन्तु कोई उसे जाननेवाला नहीं है, जैसा कि "इससे भिन्न कोई द्रष्टा नहीं है" इस श्रुतिसे सिद्ध होता है।

तमाहुरग्र्यं प्रथमं सर्वकारणत्वात्पुरुषं पूर्णं महान्तम्॥ १९॥

उसे [ऋषियोंने] सबका कारण होनेसे अग्र्य—प्रथम और पुरुष—पूर्ण एवं महान् कहा है॥ १९॥

आत्मज्ञानसे शोकनिवृत्तिका निरूपण

किञ्च—

तथा—

अणोरणीयान्महतो महीया-
नात्मा गुहायां निहितोऽस्य जन्तोः।
तमक्रतुं पश्यति वीतशोको
धातुः प्रसादान्महिमानमीशम्॥ २०॥

यह अणुसे भी अणु और महान्‌से भी महान् आत्मा इस जीवके अन्तः-करणमें स्थित है। उस विषयभोगसंकल्पशून्य महिमामय आत्माको जो विधाताकी कृपासे ईश्वररूपसे देखता है वह शोकरहित हो जाता है॥ २०॥

अणोरणीयानिति। अणोः सूक्ष्मादप्यणीयानणुतरः। महतो महत्त्वपरिमाणान्महीयान्महत्तरः। स चात्मास्य जन्तोर्ब्रह्मादिस्तम्ब-पर्यन्तस्य प्राणिजातस्य गुहायां हृदये निहित आत्मभूतः स्थित इत्यर्थः। तमात्मानमक्रतुं विषयभोगसङ्कल्परहितमात्मनो महिमानं कर्मनिमित्तवृद्धिक्षय-रहितमीशं पश्यत्ययमहमस्मीति साक्षाज्जानाति यः स वीतशोको

'अणोरणीयान्' इत्यादि। अणु अर्थात् सूक्ष्मसे भी सूक्ष्मतर, महत्-[आकाशादि] महत्त्वयुक्त परिमाणोंसे भी महत्तर—ऐसा जो आत्मा है वह इस जीवके अर्थात् ब्रह्मासे लेकर स्ताम्बपर्यन्त सभी प्राणियोंके गुहा—हृदयमें निहित है अर्थात् उनका स्वरूपभूत होकर स्थित है। जो पुरुष अक्रतु—विषयभोगके संकल्पसे रहित अपने ही महिमान्वितस्वरूप और कर्मके कारण होनेवाले वृद्धि एवं क्षयसे रहित ईश्वररूप उस आत्माको देखता है;

भवति। केन तर्ह्यसौ पश्यति? धातुरीश्वरस्य प्रसादात्। प्रसन्ने हि परमेश्वरे तद्याथात्म्यज्ञानमुत्पद्यते। अथवेन्द्रियाणि धातवः शरीरस्य धारणात्तेषां प्रसादाद्विषयदोषदर्शनमलाद्यपनयनात्। अन्यथा दुर्विज्ञेय आत्मा कामिभिः प्राकृतपुरुषैः ॥ २० ॥

अर्थात् 'यही मैं हूँ' इस प्रकार साक्षात् जानता है, वह शोकरहित हो जाता है। किन्तु यह देखता किसकी सहायतासे है? [इसपर कहते हैं—] विधाता यानी ईश्वरकी कृपासे, क्योंकि ईश्वरके प्रसन्न होनेपर ही उसके वास्तविक स्वरूपका ज्ञान होता है। अथवा* शरीरको धारण करनेके कारण इन्द्रियाँ ही धातु हैं, उनके प्रसाद यानी विषयोंमें दोषदर्शनके द्वारा मलादिकी निवृत्ति होनेपर उसे देखता है, अन्यथा सकाम प्राकृत पुरुषोंके लिये तो आत्मा दुर्विज्ञेय ही है॥ २०॥

आत्मस्वरूपके विषयमें ब्रह्मवेत्ताका अनुभव

उक्तमर्थं द्रढयितुं मन्त्रदृगनुभवं दर्शयति—

उपर्युक्त अर्थको पुष्ट करनेके लिये श्रुति मन्त्रद्रष्टाका अनुभव दिखाती है—

वेदाहमेतमजरं पुराणं
सर्वात्मानं सर्वगतं विभुत्वात्।
जन्मनिरोधं प्रवदन्ति यस्य
ब्रह्मवादिनो हि प्रवदन्ति नित्यम्॥ २१ ॥

ब्रह्मवेत्तालोग जिसके जन्मका अभाव बतलाते हैं और जिसे नित्य कहते हैं, उस जराशून्य पुरातन सर्वात्माको, जो विभु होनेके कारण सर्वगत है, मैं जानता हूँ॥ २१॥

---

* अथवासे लेकर जो व्याख्या है वह मूलमें 'धातुप्रसादात्' पाठ मानकर की गयी है।

वेदाहमेतमिति। वेद जानेऽहमेतमजरं विपरिणामधर्मवर्जितं पुराणं पुरातनं सर्वात्मानं सर्वेषामात्मभूतं सर्वगतं विभुत्वादाकाशवद्व्यापकत्वात्। यस्य च जन्मनिरोधमुत्पत्त्यभावं प्रवदन्ति ब्रह्मवादिनो हि नित्यम्। स्पष्टोऽर्थः ॥ २१ ॥

'वेदाहमेतम्' इत्यादि। इस अजर अर्थात् विपरिणामधर्मशून्य और पुराण—पुरातन सर्वात्माको सबके स्वरूपभूतको, जो विभु—आकाशके समान व्यापक होनेके कारण सर्वगत है तथा ब्रह्मवेत्तालोग जिसके जन्मका अभाव नित्य बतलाते हैं, मैं जानता हूँ। शेष अर्थ स्पष्ट है* ॥ २१ ॥

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यपरमहंसपरिव्राजकाचार्य-
श्रीमच्छङ्करभगवत्प्रणीते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये
तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

---

* श्रीशंकरानन्दजीने इस मन्त्रके उत्तरार्धकी व्याख्या इस प्रकार की है—"जन्म च निरोधश्च जन्मनिरोधमुत्पत्तिनाशावित्यर्थः प्रवदन्ति प्रकर्षेण कथयन्ति मूढा इति शेषः, यस्य आत्मनः·········ब्रह्मवादिनः उत्पन्नतत्त्वसाक्षात्कारा हि प्रसिद्धाः प्रवदन्ति प्रकर्षेण कथयन्ति नित्यम्।" अर्थात् "जन्म और निरोधका नाम जन्मनिरोध है यानी उत्पत्ति और नाश—इन्हें मूढलोग जिस आत्माके बतलाते हैं और जिसे ब्रह्मवादीलोग—जिन्हें तत्त्वसाक्षात्कार हो गया है नित्य प्रतिपादन करते हैं।" भाष्यकी अपेक्षा यह अर्थ अधिक उपयुक्त जान पड़ता है, क्योंकि भाष्यके अनुसार अर्थ करनेसे यहाँ 'प्रवदन्ति' क्रियाका दूसरी बार प्रयोग होनेका कोई प्रयोजन नहीं जान पड़ता।

चतुर्थोऽध्यायः

परमेश्वरसे सद्बुद्धिके लिये प्रार्थना

गहनत्वादस्यार्थस्य भूयो भूयो वक्तव्य इति चतुर्थोऽध्याय आरभ्यते—

[प्रस्तुत] विषय गम्भीर होनेके कारण इसका पुनः-पुनः निरूपण करना आवश्यक है, इसलिये अब चतुर्थ अध्याय आरम्भ किया जाता है—

य एकोऽवर्णो बहुधा शक्तियोगा-
द्वर्णाननेकान्निहितार्थो दधाति।
वि चैति चान्ते विश्वमादौ स देवः
स नो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु॥ १॥

सृष्टिके आरम्भमें जो एक और निर्विशेष होकर भी अपनी शक्तिके द्वारा बिना किसी प्रयोजनके ही नाना प्रकारके अनेकों वर्ण (विशेष रूप) धारण करता है तथा अन्तमें भी जिसमें विश्व लीन हो जाता है वह प्रकाशस्वरूप परमात्मा हमें शुभ बुद्धिसे संयुक्त करे॥ १॥

य एक इति। य एकोऽद्वितीयः परमात्मावर्णो जात्यादिरहितो निर्विशेष इत्यर्थः। बहुधा नानाशक्तियोगाद्वर्णाननेकान्निहितार्थोऽगृहीतप्रयोजनः स्वार्थनिरपेक्ष इत्यर्थः। दधाति विदधात्यादौ। वि चैति व्येति चान्ते प्रलयकाले।

'य एको' इत्यादि। जो परमात्मा सृष्टिके आरम्भमें एक—अद्वितीय और अवर्ण—जाति आदिसे रहित अर्थात् निर्विशेष होनेपर भी शक्तिके योगसे निहितार्थ—कोई प्रयोजन न लेकर अर्थात् स्वार्थकी अपेक्षा न करके बहुधा—नाना प्रकारके अनेकों वर्ण (विशेषरूप) धारण करता है तथा अन्तमें—प्रलयकालमें जिसमें विश्व लीन हो जाता है। 'चान्ते'

च शब्दान्मध्येऽपि यस्मिन्विश्वं स देवो द्योतनस्वभावो विज्ञानैकरस इत्यर्थः। स नोऽस्माञ्शुभया बुद्ध्या संयुनक्तु संयोजयतु॥ १ ॥

के 'च' शब्दसे यह तात्पर्य है कि मध्यमें भी जिसमें विश्व स्थित है वह देव—प्रकाशस्वरूप अर्थात् विज्ञानैकरस परमात्मा हमें शुभ बुद्धिसे संयुक्त करे॥ १ ॥

परमात्माकी सर्वरूपता

यस्मात्स एव स्रष्टा तस्मिन्नेव लयस्तस्मात्स एव सर्वं न ततो विभक्तमस्तीत्याह मन्त्रत्रयेण—

क्योंकि वही जगत्का रचयिता है और उसीमें उसका लय होता है, अतः वही सर्वरूप है, उससे भिन्न कुछ भी नहीं है—यह बात आगेके तीन मन्त्रोंसे कही जाती है—

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः।
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदापस्तत्प्रजापतिः॥ २ ॥

वही अग्नि है, वही सूर्य है, वही वायु है, वही चन्द्रमा है, वही शुक्र (शुद्ध) है, वही ब्रह्म है, वही जल है और वही प्रजापति है॥ २ ॥

तदेवेति। तदेवात्मतत्त्वमग्निः। तदादित्यः। एवशब्दः सर्वत्र सम्बध्यते तदेव शुक्रमिति दर्शनात्। शेषमृजु। तदेव शुक्रं शुद्धमन्यदपि दीप्तिमन्नक्षत्रादि। तद्ब्रह्म हिरण्यगर्भात्मा तदापः स प्रजापतिर्विराडात्मा॥ २ ॥

'तदेवाग्निः' इत्यादि। वह आत्मतत्त्व ही अग्नि है, वही सूर्य है। आगे 'तदेव शुक्रम्' ऐसा देखा जाता है इसलिये 'एव' शब्दका सबके साथ सम्बन्ध है। शेष अर्थ सरल है। वही शुक्र यानी शुद्ध है तथा और भी जो दीप्तिशाली नक्षत्रादि पदार्थ हैं वह भी वही है, तथा वही ब्रह्म—हिरण्यगर्भस्वरूप है, वही जल है और वही विराट्रूप प्रजापति है॥ २ ॥

त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उत वा कुमारी।
त्वं जीर्णो दण्डेन वञ्चसि त्वं जातो भवसि विश्वतोमुखः॥ ३॥

तू स्त्री है, तू पुरुष है, तू ही कुमार या कुमारी है और तू ही वृद्ध होकर दण्डके सहारे चलता है तथा तू ही [प्रपंचरूपसे] उत्पन्न होनेपर अनेकरूप हो जाता है॥ ३॥

स्पष्टो मन्त्रार्थः॥ ३॥

इस मन्त्रका अर्थ स्पष्ट है॥ ३॥

नीलः पतङ्गो हरितो लोहिताक्ष-
स्तडिद्गर्भ ऋतवः समुद्राः।
अनादिमत्त्वं विभुत्वेन वर्तसे
यतो जातानि भुवनानि विश्वा॥ ४॥

तू ही नीलवर्ण भ्रमर, हरितवर्ण एवं लाल आँखोंवाला जीव (शुकादि निकृष्ट प्राणी), मेघ तथा [ग्रीष्मादि] ऋतु और [सप्त] समुद्र है। तू अनादि है और सर्वत्र व्याप्त होकर स्थित है तथा तुझहीसे सम्पूर्ण लोक उत्पन्न हुए हैं॥ ४॥

नील इति। त्वमेवेति सर्वत्र सम्बध्यते। त्वमेव नीलः पतङ्गो भ्रमरः, पतनाद्गच्छतीति पतङ्गः। हरितो लोहिताक्षः शुकादिनिकृष्टाः प्राणिनस्त्वमेवेत्यर्थः। तडिद्गर्भो मेघ ऋतवः समुद्राः। यस्मात्त्वमेव सर्वस्यात्मभूतस्तस्मादनादिस्त्वमेव त्वमेवाद्यन्तशून्यः, विभुत्वेन व्यापकत्वेन यतो जातानि भुवनानि विश्वानि॥ ४॥

'नीलः' इत्यादि। यहाँ 'त्वमेव' (तू ही) इस पदका सबके साथ सम्बन्ध है। तू ही नीलवर्ण पतंग—भ्रमर है। नीचे गिरते चलनेके कारण भ्रमरको पतंग कहते हैं। तू ही हरित लोहिताक्ष है अर्थात् शुकादि निकृष्ट प्राणिवर्ग भी तू ही है। तू ही तडिद्गर्भ—मेघ, ऋतु एवं समुद्र है। इस प्रकार क्योंकि तू ही सबका आत्मा है इसलिये तू अनादि है—तेरा आदि और अन्त नहीं है, जिससे कि विभु अर्थात् व्यापक होनेके कारण, सम्पूर्ण भुवन उत्पन्न हुए हैं॥ ४॥

प्रकृति और जीवके सम्बन्धका विचार

इदानीं तेजोऽबन्नलक्षणां प्रकृतिं छान्दोग्योपनिषत्प्रसिद्धामजारूपकल्पनया दर्शयति—

अब छान्दोग्योपनिषद्में प्रसिद्ध तेज, अप् और अन्नरूपा प्रकृतिको श्रुति अजारूपसे कल्पित करके दिखलाती है—

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां
बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते
जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः॥ ५॥

अपने अनुरूप बहुत-सी प्रजा उत्पन्न करनेवाली एक लोहित, शुक्ल और कृष्णवर्णा अजा (बकरी-प्रकृति)-को एक अज (बकरा-जीव) सेवन करता हुआ भोगता है और दूसरा अज उस भुक्तभोगाको त्याग देता है॥ ५॥

अजामेकामिति। अजां प्रकृतिं लोहितशुक्लकृष्णां तेजोऽबन्नलक्षणां बह्वीः प्रजाः सृजमानामुत्पादयन्तीं ध्यानयोगानुगतदृष्टां देवात्मशक्तिं वा सरूपाः समानाकारा अजो ह्येको विज्ञानात्मानादिकामकर्मविनाशितः स्वयमात्मानं मन्यमानो जुषमाणः सेवमानोऽनुशेते भजते। अन्य आचार्योपदेशप्रकाशावसादिताविद्यान्धकारो जहाति त्यजति॥ ५॥

'अजामेकाम्' इत्यादि। सरूपा—एक समान आकारवाली बहुत-सी प्रजा उत्पन्न करनेवाली लोहित-शुक्ल-कृष्णा—तेज, अप् और अन्नरूपा अजा—प्रकृतिको अथवा ध्यानयोगमें स्थित ब्रह्मवादियोंद्वारा देखी गयी देवात्मशक्तिको एक अज—विज्ञानात्मा, जो अनादि काम और कर्मद्वारा स्वरूपसे भ्रष्ट कर दिया गया है, इस प्रकृतिको ही अपना स्वरूप मानकर सेवन करता हुआ भोगता है और दूसरा गुरुदेवके उपदेशरूप प्रकाशसे अविद्यान्धकारके नष्ट हो जानेके कारण इसे छोड़ देता है॥ ५॥

जीव और ईश्वरकी विलक्षणता

इदानीं सूत्रभूतौ परमार्थवस्त्ववधारणार्थमुपन्यस्येते—

अब परमार्थतत्त्वका निश्चय करानेके लिये दो सूत्रभूत मन्त्रोंका उल्लेख किया जाता है—

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया
समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्य-
नश्नन्नन्यो अभिचाकशीति॥ ६॥

सदा परस्पर मिलकर रहनेवाले दो सखा (समान नामवाले) सुपर्ण (सुन्दर गतिवाले पक्षी) एक ही वृक्षको आश्रित किये हुए हैं। उनमें एक उसके स्वादिष्ट फलोंको भोगता है और दूसरा उन्हें न भोगता हुआ देखता रहता है॥ ६॥

द्वेति। द्वा द्वौ विज्ञानपरमात्मानौ। सुपर्णा सुपर्णौ शोभनपतनौ शोभनगमनौ सुपर्णौ पक्षिसामान्याद्वा सुपर्णौ सयुजा सयुजौ सर्वदा संयुक्तौ। सखाया सखायौ समानाख्यानौ समानाभिव्यक्तिकारणौ। एवं भूतौ सन्तौ समानमेकं वृक्षं वृक्षमिवोच्छेदसामान्याद्वृक्षं शरीरं परिषस्वजाते परिष्वक्तवन्तौ समाश्रितवन्तावेतौ।

'द्वा सुपर्णा' इत्यादि। द्वा—दो विज्ञानात्मा और परमात्मा, जो सुपर्ण हैं अर्थात् शुभ पतन—शुभ गमनवाले होनेसे सुपर्ण हैं, अथवा पक्षियोंके समान होनेसे जो सुपर्ण कहलाते हैं, और सयुज्—सर्वदा संयुक्त रहते हैं तथा सखा हैं—जिनके आख्यान (नाम) यानी अभिव्यक्तिके कारण समान हैं। ऐसे वे दोनों समान यानी एक ही वृक्षको—वृक्षके समान नाशमें समानता होनेके कारण शरीर वृक्ष है, उसे परिष्वक्त किये हैं अर्थात् ये दोनों उसपर आश्रित हैं।

तयोरन्योऽविद्याकामवासनाश्रयलिङ्गोपाधिर्विज्ञानात्मा पिप्पलं

उनमें एक—अविद्या, काम और वासनाओंके आश्रयभूत लिंगदेहरूप-

कर्मफलं सुखदुःखलक्षणं स्वादु अनेकविचित्रवेदनास्वादरूपमत्ति उपभुङ्क्तेऽविवेकतः। अनश्नन्नन्यो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावः परमेश्वरोऽभिचाकशीति सर्वमपि पश्यन्नास्ते॥ ६॥

उपाधिवाला विज्ञानात्मा अविवेकवश उसके स्वादु—अनेक विचित्र वेदनारूप स्वादवाले पिप्पल—सुख-दुःखरूप कर्मफलोंको भोगता है तथा अन्य—नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वरूप परमात्मा उन्हें न भोगता हुआ उन सभीको देखता रहता है॥ ६॥

तत्रैवं सति—

ऐसा होनेपर—

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नो-
ऽनीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीश-
मस्य महिमानमिति वीतशोकः॥ ७॥

उस एक ही वृक्षपर जीव [देहात्मभावमें] डूबकर मोहग्रस्त हो दीनभावसे शोक करता है। जिस समय यह [अनेकों योगमार्गोंसे] सेवित और देहादिसे भिन्न ईश्वर और उसकी महिमाको देखता है उस समय शोकरहित हो जाता है॥ ७॥

समाने वृक्षे शरीरे पुरुषो भोक्ताविद्याकामकर्मफलरागादिगुरुभाराक्रान्तोऽलाबुरिव समुद्रजले निमग्नो निश्चयेन देहात्मभावमापन्नः 'अयमेवाहममुष्य पुत्रोऽस्य नप्ता कृशः स्थूलो गुणवान्निर्गुणः सुखी दुःखी' इत्येवंप्रत्ययो

एक ही वृक्ष यानी शरीरमें पुरुष—भोक्ता जीव अविद्या, काम, कर्म, कर्मफल और रागादिके भारी भारसे आक्रान्त हो समुद्रके जलमें डूबे हुए तूँबेके समान यानी निश्चय ही देहात्मभावको प्राप्त हुआ—'यह देह मैं हूँ, मैं अमुकका पुत्र हूँ, उसका नाती हूँ, कृश हूँ, स्थूल हूँ, गुणवान् हूँ, गुणहीन हूँ, सुखी हूँ, दुःखी हूँ' इस प्रकारके प्रत्ययोंवाला हो,

नान्योऽस्त्यस्मादिति जायते म्रियते संयुज्यते च सम्बन्धिबान्धवैः। अतोऽनीशया 'न कस्यचित्समर्थोऽहं पुत्रो मम नष्टो मृता मे भार्या किं मे जीवितेन' इत्येवं दीनभावोऽनीशा तया शोचति सन्तप्यते मुह्यमानोऽनेकैरनर्थप्रकारैरविवेकतया विचित्रतामापद्यमानः।

स एव प्रेततिर्यङ्मनुष्यादि-योनिष्वापतन्दुःखमापन्नः कदाचि-दनेकजन्मशुद्धधर्मसञ्चयन-निमित्तं केनचित्परमकारुणिकेन दर्शितयोगमार्गोऽहिंसासत्यब्रह्मचर्य-सर्वत्यागसमाहितात्मा सन् शमादिसम्पन्नो जुष्टं सेवितमनेक-योगमार्गैर्यदा यस्मिन्काले पश्यति ध्यायमानोऽन्यं वृक्षोपाधिलक्षणा-द्विलक्षणमसंसारिणमशनाया-द्यसंस्पृष्टं सर्वान्तरं परमात्मानमीशम् 'अयमहमस्मीत्यात्मा सर्वस्य समः सर्वभूतान्तरस्थो नेतरोऽविद्या-जनितोपाधिपरिच्छिन्नो मायात्मा' इति

ऐसा समझकर कि इस देहसे भिन्न कोई और नहीं है जन्मता, मरता एवं अपने सम्बन्धी बन्धुओंसे संयुक्त होता है। अतः अनीशतासे—'मैं किसी कार्यके लिये समर्थ नहीं हूँ, मेरा पुत्र नष्ट हो गया, स्त्री मर गयी अब मेरे जीनेसे क्या लाभ है?' इस प्रकारका दीनभाव ही अनीशा (असमर्थता) है उससे युक्त होकर और मोहग्रस्त होकर यानी अनर्थके अनेकों प्रकारोंसे अविवेकवश विचित्र स्थितिको प्राप्त होकर शोक अर्थात् सन्ताप करता है।

वही प्रेत, तिर्यक् एवं मनुष्यादि योनियोंमें पड़कर दुःख भोगता है। जब कभी अनेक जन्मोंके संचित पुण्यकर्मविपाकसे कोई परमकृपालु आचार्य उसे योगमार्गका उपदेश कर देते हैं तो वह अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य एवं सर्वत्यागके द्वारा समाहितचित्त और शमादि साधनोंसे सम्पन्न हो अनेक योगमार्गोंसे सेवित अन्य यानी वृक्ष (देह)-रूप उपाधिसे भिन्न, संसारधर्मशून्य, क्षुधादिसे असंस्पृष्ट, सर्वान्तर्यामी ईश्वर परमात्माका ध्यान करता हुआ उसे देखता है। अर्थात् 'मैं यह हूँ, अर्थात् मैं सबमें समान और समस्त प्राणियोंके भीतर स्थित आत्मा हूँ, अविद्याजनित उपाधिसे परिच्छिन्न मायात्मा नहीं हूँ' इस प्रकार

विभूतिं महिमानमिति जगद्रूपमस्यैव महिमा परमेश्वरस्येति यदैवं पश्यति तदा वीतशोको भवति। सर्वस्माच्छोकसागराद्विमुच्यते कृतकृत्यो भवतीत्यर्थः। अथवा जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशमस्यैव प्रत्यगात्मनो महिमानम् इति तदा वीतशोको भवति॥ ७॥

साक्षात्कार करता है और उसकी विभूतिरूप महिमाको देखता है यानी यह जगद्रूप महिमा इस परमात्माकी ही है—ऐसा जिस समय देखता है उस समय यह शोकरहित हो जाता है अर्थात् सम्पूर्ण शोकसागरसे मुक्त यानी कृतकृत्य हो जाता है। अथवा [ऐसा अर्थ करना चाहिये कि] जिस समय इस भोक्ता जीवको यह योगिसेवित अन्य—ईश्वररूप अर्थात् इस प्रत्यगात्माकी ही महिमारूप देखता है उस समय शोकरहित हो जाता है॥ ७॥

ब्रह्मकी अधिष्ठानरूपता और उसके ज्ञानसे कृतार्थता

इदानीं तद्विदां कृतार्थतां दर्शयति—

अब श्रुति ब्रह्मवेत्ताओंकी कृतार्थता प्रदर्शित करती है—

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्
यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदुः।
यस्तं न वेद किमृचा करिष्यति
य इत्तद्विदुस्त इमे समासते॥ ८॥

जिसमें समस्त देवगण अधिष्ठित हैं उस अक्षर परव्योममें ही वेदत्रय स्थित हैं [अर्थात् वे भी उसीका प्रतिपादन करते हैं]। जो उसको नहीं जानता वह वेदोंसे ही क्या कर लेगा? जो उसे जानते हैं वे तो ये कृतार्थ हुए स्थित हैं॥ ८॥

ऋच इति। वेदत्रयवेद्येऽक्षरे परमे व्योमन्व्योम्न्याकाशकल्पे यस्मिन्देवा

'ऋचः' इत्यादि। वेदत्रयवेद्य अक्षर परमाकाशमें—आकाशसदृश परब्रह्ममें,

अधि विश्वे निषेदुः, आश्रितास्तिष्ठन्ति। यस्तं परमात्मानं न वेद किमृचा करिष्यति? य इत्तद्विदुस्त इमे समासते—कृतार्थास्तिष्ठन्ति॥ ८॥

जिसमें समस्त देवगण अधिष्ठित हैं—उसके आश्रयसे स्थित हैं उस परमात्माको जो नहीं जानता वह वेदसे क्या कर लेगा? और जो उसे जानते हैं वे तो ये सम्यक् प्रकारसे रहते हैं अर्थात् कृतार्थ हुए स्थित हैं॥ ८॥

मायोपाधिक ईश्वर ही सबका स्रष्टा है—

इदानीं तस्यैवाक्षरस्य मायोपाधिकं जगत्स्रष्टृत्वं तन्निमित्तत्वं च भेदेन दर्शयति—

अब श्रुति उस अक्षर परमात्माका ही मायारूप उपाधिके कारण जगत्-स्रष्टृत्व[1] और जगन्निमित्तत्व[2] अलग-अलग दिखलाती है—

छन्दांसि यज्ञाः क्रतवो व्रतानि
भूतं भव्यं यच्च वेदा वदन्ति।
अस्मान्मायी सृजते विश्वमेत-
त्तस्मिंश्चान्यो मायया संनिरुद्धः॥ ९॥

वेद, यज्ञ, क्रतु, व्रत, भूत, भविष्य और वर्तमान तथा और भी जो कुछ वेद बतलाते हैं, वह सब मायावी ईश्वर इस अक्षरसे ही उत्पन्न करता है, और उस (प्रपंच)-में ही मायासे अन्य-सा होकर बँधा हुआ है॥ ९॥

छन्दांसीति। छन्दांसि ऋग्यजुःसामाथर्वाङ्गिरसाख्या वेदाः। देवयज्ञादयो यूपसम्बन्धरहित-विहितक्रियाश्च यज्ञाः। ज्योतिष्टोमादयः क्रतवः। व्रतानि चान्द्रायणादीनि। भूतमतीतम्। भव्यं

'छन्दांसि' इत्यादि। ऋग्, यजुः,साम और अथर्वसंज्ञक वेद छन्द हैं, जिनमें यूपका सम्बन्ध नहीं होता वे देवयज्ञादि विहित कर्म यज्ञ कहलाते हैं ज्योतिष्टोमादि याग क्रतु हैं तथा चान्द्रायणादि व्रत हैं। भूत—जो बीत चुका है, भव्य—जो

१-जगत्का उपादानकारणत्व। २-जगत्का निमित्तकारणत्व।

भविष्यत्। यदिति तयोर्मध्यवर्ति वर्तमानं सूचयति। च शब्दः समुच्चयार्थः। यज्ञादिसाध्ये कर्मणि प्रपञ्चे भूतादौ च वेदा एव मानमित्येतत्। यच्छब्दः सर्वत्र सम्बध्यते। अस्मात्प्रकृतादक्षराद्ब्रह्मणः पूर्वोक्तं सर्वमुत्पद्यत इति सम्बन्धः।

होनेवाला है। 'यत्' यह पद उनके मध्यवर्ती वर्तमानका सूचक है और 'च' शब्द सबका समुच्चय करनेके लिये है। तात्पर्य यह है कि यज्ञादि साध्य कर्म और भूतादि प्रपंचमें वेद ही प्रमाण हैं। मूलमें 'यत्' शब्दका सबके साथ सम्बन्ध है। इसका सम्बन्ध इस प्रकार है कि जो कुछ पहले कहा गया है सब इस प्रकृत अक्षर ब्रह्मसे ही उत्पन्न होता है।

अविकारिब्रह्मणः कथं प्रपञ्चोपादानत्वम्? इत्यत आह—मायीति कूटस्थस्यापि स्वशक्तिवशात्सर्वस्रष्टृत्वमुपपन्नमित्येतत्। विश्वं पूर्वोक्तप्रपञ्चं सृजत उत्पादयति। स्वमायया कल्पिते तस्मिन्भूतादिप्रपञ्चे माययैवान्य इव संनिरुद्धः सम्बद्धोऽविद्यावशगो भूत्वा संसारसमुद्रे भ्रमतीत्यर्थः॥ ९॥

अविकारी ब्रह्म किस प्रकार प्रपंचका उपादान कारण हो सकता है? ऐसा प्रश्न होनेपर श्रुति कहती है—'मायी सृजते' इत्यादि। तात्पर्य यह है कि कूटस्थ ब्रह्मका भी अपनी शक्तिके द्वारा सबका रचयिता होना सम्भव ही है। वह विश्व अर्थात् पूर्वोक्त प्रपंचको उत्पन्न करता है तथा अपनी मायासे कल्पित हुए उस भूतादि प्रपंचमें वह मायासे ही अन्य-सा होकर बँध गया है, अर्थात् अविद्याके वशीभूत होकर संसार-समुद्रमें भटकता रहता है॥ ९॥

प्रकृति और परमेश्वरका स्वरूप तथा उनकी सर्वव्यापकता

पूर्वोक्तायाः प्रकृतेर्मायात्वं तदधिष्ठातृसच्चिदानन्दरूपब्रह्मणस्तदुपाधिवशान्मायित्वं च चिद्रूपस्य मायावशा-

पूर्वोक्त प्रकृति माया है और उसका अधिष्ठाता सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म उस (मायारूप) उपाधिके कारण मायावी है तथा उस चिद्रूप ब्रह्मके मायाके कारण

त्कल्पितावयवभूतैः कार्यकरणसंघातैः सर्वं भूरादीदं परिदृश्यमानं जगद्व्याप्तं चेत्याह—

कल्पित हुए अवयवरूप कार्यकरणसंघातसे यह दिखायी देता हुआ भूर्लोकादि सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है—इस आशयसे श्रुति कहती है—

मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्।
तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत्॥ १०॥

प्रकृतिको तो माया जानना चाहिये और महेश्वरको मायावी। उसीके अवयवभूत [कार्य-करणसंघात]-से यह सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है॥ १०॥

मायां त्विति। जगत्प्रकृतित्वेनाधस्तात्सर्वत्र प्रतिपादिता प्रकृतिर्मायैवेति विद्याद्विजानीयात्। तु शब्दोऽवधारणार्थः। महांश्चासावीश्वरश्चेति महेश्वरस्तं मायिनं मायायाः सत्तास्फूर्त्यादिप्रदं तथाधिष्ठानत्वेन प्रेरयितारमेव विद्यादिति पूर्वेण सम्बन्धः। तस्य प्रकृतस्य परमेश्वरस्य रज्ज्वाद्यधिष्ठानेषु कल्पितसर्पादिस्थानीयैः मायिकैः स्वावयवैरध्यासद्वारेदं भूरादि सर्वं व्याप्तमेव पूर्णमित्येतत् तु शब्दस्त्ववधारणार्थः॥ १०॥

'मायां तु' इत्यादि। पीछे जिसका जगत्‌की प्रकृति (कारण)-रूपसे सर्वत्र प्रतिपादन किया गया है—वह प्रकृति माया ही है—ऐसा जाने। यहाँ 'तु' शब्द निश्चयार्थक है। जो महान् और ईश्वर होनेके कारण महेश्वर है उसे मायावी—मायाको सत्ता-स्फूर्ति आदि देनेवाला तथा अधिष्ठानरूपसे उसे प्रेरित करनेवाला जानना चाहिये—इस प्रकार इसका पूर्वोक्त 'विद्यात्' क्रियासे सम्बन्ध है। उस प्रकृत परमेश्वरके रज्जु आदि अधिष्ठानोंमें कल्पित सर्पादिरूप मायिक अवयवोंसे अध्यासद्वारा यह भूर्लोकादि सम्पूर्ण जगत् व्याप्त यानी पूर्ण है। यहाँ भी 'तु' शब्द निश्चयार्थक ही है॥ १०॥

कारण-ब्रह्मके साक्षात्कारसे परम शान्तिकी प्राप्ति

मायातत्कार्यादियोनेः कूटस्थस्य स्ववशतोऽधिष्ठातृत्वं वियदादि-

माया और उसके कार्यादिका मूलभूत कूटस्थ ब्रह्म अपने स्वतन्त्ररूपसे सबका

कार्याणामुत्पत्तिहेतुत्वं तेनैव सर्वाधिष्ठातृत्वोपलक्षितसच्चिदानन्दवपुषा ब्रह्मास्मीत्येकत्वज्ञानान्मुक्तिं च दर्शयति—

अधिष्ठाता है तथा आकाशादि कार्योंकी उत्पत्तिका हेतु है और उस शुद्धस्वरूपसे ही उसके सर्वाधिष्ठातृत्वसे उपलक्षित होनेवाले सच्चिदानन्दस्वरूपसे 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा एकत्व-ज्ञान होनेसे मुक्ति होती है; यह बात श्रुति दिखलाती है—

यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येको
यस्मिन्निदं स च वि चैति सर्वम्।
तमीशानं वरदं देवमीड्यं
निचाय्येमां शान्तिमत्यन्तमेति॥ ११ ॥

जो अकेला ही प्रत्येक योनिका अधिष्ठाता है, जिसमें यह सब सम्यक् प्रकारसे लीन होता है और फिर विविधरूप हो जाता है उस सर्वनियन्ता, वरदायक, स्तवनीय देवका साक्षात्कार करके साधक इस परम शान्तिको प्राप्त होता है॥ ११ ॥

यो योनिमिति। यो मायाविनिर्मुक्तानन्दैकघनः परमेश्वरो योनिं योनिमिति वीप्सया मूलप्रकृतिर्मायावान्तरप्रकृतयो वियदादयश्च सूचितास्ताः प्रकृतीः सत्तास्फूर्तिप्रदत्वेनाधिष्ठाय तिष्ठत्यन्तर्यामिरूपेण। "य आकाशे तिष्ठन्" (बृ० उ० ३। ७। १२) इत्यादि श्रुतेः। एकोऽद्वितीयः। यस्मिन्मायाद्यधिष्ठातरीश्वर इदं सर्वं

'यो योनिम्' इत्यादि। जो मायातीत विशुद्धानन्दघन परमेश्वर योनि-योनिको—'योनिं योनिम्' इस द्विरुक्तिसे मूलप्रकृतिरूपा माया और अवान्तर प्रकृतिरूप आकाशादि—ये दोनों प्रकृतियाँ (योनियाँ) सूचित होती हैं उन दोनों प्रकारकी प्रकृतियोंको सत्ता-स्फूर्तिप्रदरूपसे अधिष्ठित करके अन्तर्यामीरूपसे स्थित है, जैसा कि "जो आकाशमें स्थित है" इत्यादि श्रुतिसे सिद्ध होता है। जो एक—अद्वितीय है। जिस मायादिके अधिष्ठाता ईश्वरमें यह सम्पूर्ण

जगदुपसंहारकाले समेति संगच्छते लयं प्राप्नोति। पुनः सृष्टिकाले विविध-तामेत्याकाशादिरूपेण नाना भवति। तं प्रकृतमधिष्ठातारमीशानं नियन्तारं वरदं मोक्षप्रदं देवं द्योतनात्मकमीड्यं वेदादिभिः स्तुत्यं निचाय्य निश्चयेन ब्रह्माहमस्मीत्यपरोक्षीकृत्य सुषुप्त्यादौ प्रत्यक्षीकृता या सर्वोपरमलक्षणा सर्वजनीना शान्तिः सेदमा दर्शिता तां प्रसिद्धामिमां शान्तिं सर्वदुःखविनिर्मुक्तसुखैकतानस्वरूपां मुक्तिमिति यावत्। गुरूपदिष्ट-तत्त्वमादिवाक्यजन्यसुतत्त्वज्ञाने-नाविद्यातत्कार्यादिविश्वमाया-निवृत्त्यात्यन्तं पुनरावृत्तिरहितं यथा भवति तथेत्येकरसो भवतीत्येतत्॥ ११॥

जगत् प्रलयकालमें संगत—लयको प्राप्त होता है और फिर सृष्टिकालमें विविधताको प्राप्त होता अर्थात् आकाशादिरूपसे नानाकार हो जाता है उस प्रस्तुत अधिष्ठाता, ईशान—नियन्ता, वरद—मोक्षप्रद, देव—प्रकाशस्वरूप और ईड्य—वेदादिद्वारा स्तुत्यको अनुभव कर 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार निश्चयरूपसे प्रत्यक्ष कर सुषुप्ति आदि अनुभव की हुई जो सर्वोपरतिरूपा सर्वजनहितकारिणी शान्ति है वह यहाँ 'इदम्' शब्दसे—'इमाम्' इस संकेतसे दिखायी गयी है, उस इस प्रसिद्ध शान्तिको अर्थात् सर्वदुःखशून्यसुखैकतानतारूपा मुक्तिको प्राप्त हो जाता है। तात्पर्य यह है कि गुरुके उपदेश किये हुए 'तत्त्वमसि' आदि वाक्योंसे उत्पन्न होनेवाले सम्यक् तत्त्वज्ञानसे अविद्या और उसके कार्यादिरूप सम्पूर्ण मायाके निवृत्त हो जानेसे वह आत्यन्तिकी—जिससे कि वह पुनरावृत्तिशून्य हो जाता है ऐसी मुक्तिको प्राप्त हो जाता है; अर्थात् एकरस (ब्रह्मस्वरूप) हो जाता है॥ ११॥

अखण्डज्ञानकी सिद्धिके लिये परमात्माकी प्रार्थना

सूत्रात्मानं प्रत्यविरतमभिमुखतया वीक्षन्तं परमेश्वरं प्रत्यखण्डिततत्त्वज्ञानसिद्धये प्रार्थनामाह—

अब अखण्ड तत्त्वज्ञानकी सिद्धिके लिये श्रुति सूत्रात्माके प्रति निरन्तर अभिमुख रहकर दृष्टिपात करनेवाले परमात्माकी प्रार्थना करती है—

यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च
विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः।
हिरण्यगर्भं पश्यत जायमानं
स नो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु॥ १२॥

जो रुद्र देवताओंकी उत्पत्ति और ऐश्वर्यप्राप्तिका हेतु, जगत्का स्वामी और सर्वज्ञ है तथा जिसने सबसे पहले हिरण्यगर्भको अपनेसे उत्पन्न देखा था वह हमें शुद्ध बुद्धिसे संयुक्त करे॥ १२॥

यो देवानामिति। पूर्वमेवास्य प्रतिपादितोऽर्थः॥ १२॥

'यो देवानाम्' इत्यादि। सबका अर्थ पहले (अध्याय ३ मन्त्र ४ में) ही कह दिया गया है॥ १२॥

ब्रह्मप्रमुखाणां देवानां स्वामितामाकाशादि लोकाश्रयत्वं प्रमात्रादीनां नियन्तृत्वं बुद्धिशुद्धिद्वारा सम्यग्ज्ञानसिद्ध्यर्थं मुमुक्षुभिः प्रार्थ्यमानत्वं च परमेश्वरस्याह—

अब ब्रह्मादि देवताओंके स्वामित्व, आकाशादि लोकोंके आश्रयत्व, प्रमातादिके नियन्तृत्व और बुद्धिकी शुद्धिके द्वारा सम्यग्ज्ञानकी सिद्धिके लिये मुमुक्षुओंद्वारा प्रार्थनीयत्व आदि परमात्माके गुणोंका वर्णन करते हैं—

यो देवानामधिपो यस्मिँल्लोका अधिश्रिताः। य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥ १३॥

जो देवताओंका स्वामी है, जिसमें सम्पूर्ण लोक आश्रित हैं और जो इस द्विपद एवं चतुष्पद प्राणिवर्गका शासन करता है उस आनन्दस्वरूप देवकी हम हविके द्वारा परिचर्या (पूजा) करें॥ १३॥

यो देवानामधिप इति। यः प्रकृतः परमेश्वरो देवानां ब्रह्मादीनामधिपः स्वामी यस्मिन् परमेश्वरे सर्वकारणे भूरादयो लोका अधिश्रिता अध्युपरि श्रिता अध्यस्ता इति यावत्। यः प्रकृतः परमेश्वरोऽस्य द्विपदो मनुष्यादेश्चतुष्पदः पश्वादेश्चेश ईष्टे। तकारलोपच्छान्दसः। कस्मै कायानन्दरूपाय। स्मै भावोऽपि च्छान्दसः। देवाय द्योतनात्मने तस्मै हविषा चरुपुरोडाशादिद्रव्येण विधेम परिचरेम। विधेः परिचरणकर्मण एतद्रूपम्॥ १३॥

'यो देवानामधिपः' इत्यादि। जिसका यहाँ प्रसंग है ऐसा जो परमेश्वर ब्रह्मादि देवताओंका अधिपति—स्वामी है, सबके कारणभूत जिस परमेश्वरमें भूलोकादि सम्पूर्ण लोक अधिश्रित—अधि—ऊपर श्रित अर्थात् अध्यस्त है तथा जो प्रकृत परमेश्वर इस मनुष्यादि द्विपाद् (दो पैरवाले) और पशु आदि चतुष्पाद् जीवसमुदायका शासन करता है। 'ईशे' इस क्रियापदमें तकारका लोप वैदिक है।[1] उस क—आनन्दरूप—मूलमें ['क' शब्दकी चतुर्थीके एकवचनको] 'स्मै' आदेश वैदिक[2] है—देव यानी द्योतनात्मक (प्रकाशस्वरूप)-को हवि—चरु-पुरोडाशादि द्रव्यसे विधेम—पूजें। परिचर्या (पूजा) ही जिसका कर्म है ऐसे 'विध' धातुका यह रूप है[3] ॥ १३॥

१-वास्तवमें यह पद ईश-ते=ईष्टे है।

२-क्योंकि सर्वनाम शब्दोंसे परे 'ङे' विभक्तिको ही 'स्मै' आदेश होता है।

३-यद्यपि 'विध विधाने' (तुदा० पर० सेट्) धातुसे विधिलिंगमें उत्तमपुरुषके बहुवचनमें 'विधेम' रूप बनता है। तथापि विधानका तात्पर्य परिचर्या (पूजा)-में ही है—ऐसा मान लेनेसे अर्थ ठीक हो जाता है। अथवा 'धातु' के अनेक अर्थ होते हैं इस न्यायसे भी परिचर्या अर्थ ठीक ही है।

परमात्मज्ञानसे शान्तिप्राप्ति एवं बन्धननाशका पुनः उपदेश

परस्यातिसूक्ष्मत्वं जगच्चक्रे साक्षित्वेनावस्थितत्वं निखिलजगत्स्रष्टृत्वं सर्वात्मकत्वं तत्तादात्म्याज्जनानां मुक्तिश्चेत्येतद्बहुशोऽधस्तात्प्रतिपादितं यद्यपि तथापि बुद्धिसौकर्यार्थं पुनरप्याह—

यद्यपि परमात्माके अत्यन्त सूक्ष्मत्व, जगच्चक्रमें साक्षीरूपसे स्थित होने, सम्पूर्ण जगत्को रचने, सर्वरूप होने एवं उसके तादात्म्यज्ञानसे जीवोंकी मुक्ति होनेका उत्तर अनेक प्रकारसे प्रतिपादन किया जा चुका है, तथापि यह सब समझनेमें सुगमता हो जाय, इसलिये श्रुति फिर भी कहती है—

**सूक्ष्मातिसूक्ष्मं कलिलस्य मध्ये
विश्वस्य स्त्रष्टारमनेकरूपम्।
विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं
ज्ञात्वा शिवं शान्तिमत्यन्तमेति॥ १४॥**

सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म, अविद्या और उसके कार्यरूप दुर्गम स्थानमें स्थित,* जगत्के रचयिता, अनेकरूप और संसारको एकमात्र भोग प्रदान करनेवाले शिवको जानकर जीव परम शान्ति प्राप्त करता है॥ १४॥

सूक्ष्मेति। पृथिव्याद्यव्याकृतान्तमुत्तरोत्तरं सूक्ष्मसूक्ष्मतर-

'सूक्ष्मातिसूक्ष्मम्' इत्यादि। 'सूक्ष्मातिसूक्ष्मम्' इस पदसे श्रुति पृथिवीसे लेकर अव्याकृतपर्यन्त जो उत्तरोत्तर सूक्ष्म

* 'कलिल' शब्दके अर्थमें टीकाकारोंका मतभेद है। प्रस्तुत अर्थ शांकरभाष्यके अनुसार है। विज्ञानभगवान्ने भी यही अर्थ किया है। नारायणतीर्थ 'कलिलस्य मध्ये' का अर्थ 'तमसो मध्ये'—'अज्ञानके मध्यमें' करते हैं तथा शंकरानन्दजी इस शब्दकी व्याख्या इस प्रकार करते हैं—'नारीवीर्येण संगतं पौरुषं वीर्यमल्पकालस्थं कलिलमित्युच्यते। अथवा जगदारम्भकाणामपां बुद्‌बुदस्य पूर्वावस्था कलिलमित्युच्यते। फेनिलान्युदकानीत्यर्थः' अर्थात् स्त्रीके रजसे मिला हुआ पुरुषका वीर्य कुछ काल स्थित रहनेपर 'कलिल' कहा जाता है। अथवा जगत्की रचना करनेवाले जलके बुलबुलेकी पूर्वावस्था 'कलिल' कही जाती है अर्थात् फेनयुक्त जल।

मपेक्ष्येश्वरस्य तदपेक्षया सूक्ष्मतमत्वमाह—सूक्ष्मातिसूक्ष्ममिति। कलिलस्याविद्यातत्कार्यात्मकदुर्गस्य गहनस्य मध्ये। शेषं व्याख्यातम्॥ १४॥

और सूक्ष्मतर है उनकी अपेक्षा भी ईश्वरकी सूक्ष्मतमता बतलाती है। कलिलके मध्यमें अर्थात् अविद्या और उसके कार्यरूप दुर्ग—गहन [स्थान]-के मध्यमें। शेष अंशकी पहले व्याख्या हो चुकी है॥ १४॥

परस्य साक्षिरूपेणावस्थितत्वं सनकादिभिर्ब्रह्मादिदेवैश्चाधिकारिपुरुषैरप्यात्मतया प्राप्यत्वं साधनचतुष्टयादियुतास्मदादीनां मोक्षसिद्धिं चाह—

अब परमात्माके साक्षिरूपसे स्थित होने, सनकादि और ब्रह्मादि देवताओं एवं अधिकारी पुरुषोंद्वारा आत्मस्वरूपसे प्राप्तव्य होने तथा साधनचतुष्टयादिसे सम्पन्न होनेपर हमलोगोंको भी मोक्ष प्राप्त होनेका प्रतिपादन किया जाता है—

स एव काले भुवनस्य गोप्ता
विश्वाधिपः सर्वभूतेषु गूढः।
यस्मिन्युक्ता ब्रह्मर्षयो देवताश्च
तमेवं ज्ञात्वा मृत्युपाशांश्छिनत्ति॥ १५॥

वही अतीत कल्पोंमें विश्वका रक्षक था, वही विश्वका स्वामी और सम्पूर्ण भूतोंमें स्थित है। (ऐसे) जिस परमात्मामें ब्रह्मर्षि और देवगण अभिन्नरूपसे स्थित हैं उसे इस प्रकार जानकर पुरुष मृत्युके पाशोंको काट डालता है॥ १५॥

स एवेति। स एव प्रकृतः कालेऽतीतकल्पेषु जीवसञ्चितकर्मपरिपाकसमये भुवनस्य गोप्ता

'स एव' इत्यादि। वह प्रकृत परमेश्वर ही कालमें—अतीत कल्पोंमें अर्थात् जीवोंके संचित कर्मोंके फलोन्मुख होते समय भुवनका गोप्ता यानी विभिन्न जीवोंके

तत्तत्कर्मानुगुणतया रक्षिता। विश्वाधिपः, विश्वस्य स्वामी। सर्वभूतेषु गूढो ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तेषु साक्षिमात्रतयावस्थितः। यस्मिंश्चिद्घनानन्दवपुषि परे युक्ता ऐक्यं प्राप्ताः। ते के? ब्रह्मर्षयः सनकादयः। देवता ब्रह्मादयः। तमेवेश्वरं ज्ञात्वा ब्रह्माहमस्मीत्यपरोक्षीकृत्य मृत्युपाशान् मृत्युरविद्या तमो रूपादयश्च पाशाः पाश्यन्त इति पाशास्तान् "मृत्युर्वै तमः" (बृ० उ० १। ३। २८) इति श्रुतेः। तत्कार्यकामकर्मंच्छिनत्ति नाशयति। ऐक्यरूपस्वप्रकाशाग्निना दहतीत्यर्थः॥ १५॥

कर्मानुसार उनका रक्षक था। वह विश्वाधिप—विश्वका स्वामी, समस्त भूतोंमें गूढ अर्थात् ब्रह्मासे लेकर स्तम्बपर्यन्त समस्त प्राणियोंमें साक्षीरूपसे स्थित है। जिस चिद्घनानन्द-विग्रह परमात्मामें युक्त—ऐक्यभावको प्राप्त हैं; कौन? सनकादि ब्रह्मर्षि और ब्रह्मादि देवगण। उसी ईश्वरको जानकर अर्थात् 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार साक्षात्कार कर [पुरुष] मृत्युके पाशोंको काट डालता है। अविद्या अर्थात् तम ही मृत्यु है तथा रूपादि विषय पाश हैं; क्योंकि उनमें ही जीव पाशित (बद्ध) होते हैं, अतः वे पाश हैं; श्रुति कहती है—"अज्ञान मृत्यु ही है।" उस (अज्ञान)-के कार्य काम और कर्मादिको काट डालता यानी नष्ट कर देता है; अर्थात् ऐक्यरूप स्वप्रकाशाग्निसे भस्म कर देता है॥ १५॥

परस्यात्यन्तातिसूक्ष्मतमत्वमानन्दातिशयवत्त्वं निर्दोषवत्त्वं जीवेष्वतिसूक्ष्मतया स्वरूपेणावस्थितत्वं सर्वस्यापि सत्तादिप्रदत्तया व्यापित्वं तदेकत्वज्ञानात् पाशहानिं च दर्शयति—

अब श्रुति परमात्माका अत्यधिक सूक्ष्मतम, अतिशय आनन्दवान् और निर्दोष होना, जीवोंमें अत्यन्त सूक्ष्मरूपसे स्थित होना, सबको सत्तास्फूर्ति देनेवाला होनेसे व्यापक होना तथा उसके एकत्वज्ञानसे बन्धनका नाश होना दिखलाती है—

घृतात्परं मण्डमिवातिसूक्ष्मं
ज्ञात्वा शिवं सर्वभूतेषु गूढम्।

विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं
ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः॥ १६॥

घृतके ऊपर रहनेवाले उसके सारभागके समान अत्यन्त सूक्ष्म शिवको भूतोंमें अन्तर्यामीरूपसे स्थित जानकर तथा विश्वके एकमात्र भोगप्रद उस देवका साक्षात्कार कर पुरुष समस्त बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है॥ १६॥

घृतादिति। घृतोपरि विद्यमानं मण्डं सारस्तद्वतामतिप्रीतिविषयो यथा तथा मुमुक्षूणामतिसाररूपानन्दप्रदत्वेन निरतिशयप्रीतिविषयः परमात्मा तद्वद् घृतसारवदानन्दरूपेणात्यन्तसूक्ष्मं ज्ञात्वा शिवमित्येतद्व्याख्यातम्। सर्वभूतेषु गूढं ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तेषु जन्तुषु कर्मफलभोगसाक्षित्वेन प्रत्यक्षतया वर्तमानमपि तैस्तिरस्कृतेश्वरभावम्। उत्तरार्धं व्याख्यातम्॥ १६॥

'घृतात्' इत्यादि। जिस प्रकार घृतके ऊपर रहनेवाला मण्ड—उसका सारभाग घृतवालोंकी अत्यन्त प्रीतिका विषय होता है उसी प्रकार परमात्मा मुमुक्षुओंको साररूप अत्यन्त आनन्द प्रदान करनेके कारण उनकी निरतिशय प्रीतिका विषय है। उस घृतके सारके समान आनन्दरूपसे अत्यन्त सूक्ष्म शिवको 'शिव' शब्दकी व्याख्या पहले की जा चुकी है, समस्त भूतोंमें—ब्रह्मासे लेकर स्तम्बपर्यन्त समस्त जीवोंमें गूढ़ जानकर कर्मफलभोगके साक्षीरूपसे प्रत्यक्षतया वर्तमान रहते हुए भी उन (काम-कर्मादि)-के द्वारा उसका ईश्वरत्व तिरस्कृत हो गया है [इसलिये उसे गूढ कहा जाता है]। उत्तरार्धकी व्याख्या की जा चुकी है॥ १६॥

परमात्मसाक्षात्कारके साधन

निर्भेदसुखैकतानात्मनो विश्वकृत्त्वं तद्व्यापित्वं

अब भेदशून्य सुखैकरस आत्माके विश्वकर्तृत्व एवं विश्वव्यापित्वका तथा

संन्यासिभिराप्तव्यमोक्षरूपत्वं चाह—

संन्यासियोंद्वारा प्राप्तव्य मोक्षस्वरूपताका वर्णन करते हैं—

एष देवो विश्वकर्मा महात्मा
सदा जनानां हृदये संनिविष्टः।
हृदा मनीषा मनसाभिक्लृप्तो
य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ १७॥

यह सर्वव्यापी देव जगत्कर्ता और सर्वदा समस्त जीवोंके हृदयमें स्थित है। यह प्रपंचनिषेधके उपदेश, आत्मानात्मविवेक-बुद्धि और एकत्वज्ञानके द्वारा प्रकाशित होता है, इसे जो जानते हैं वे अमर हो जाते हैं॥ १७॥

एष इति। एष प्रकृतो देवो द्योतनात्मको विश्वकर्मा। महदादि विश्वं कर्म क्रियत इति कर्म मायावेशाद्विश्वरूपं कार्यमस्येति विश्वकर्मा। महांश्चासावात्मेति महात्मा सर्वव्यापीत्यर्थः। सदा सर्वदा जनानां हृदये परमे व्योम्नि हृदाकाशे जलाद्युपाधिषु सूर्यप्रतिबिम्बवन्निविष्टः सम्यक्स्थित इत्येतत्। स एव साक्षिरूपेण हृदा 'हृञ् हरणे' इति स्मरणाद्धरतीति हृत्तेन हृदा नेति नेतीति निषेधोपदेशेन मनीषायं पुरुषार्थोऽयमपुरुषार्थोऽयमात्माय-

'एष देवो' इत्यादि। यह प्रकृति देव—द्योतनात्मक परमात्मा विश्वकर्मा है। महदादि विश्व कर्म है, यह किया जाता है इसलिये कर्म है; मायाके संसर्गवश विश्वरूप कार्य इसीका है इसलिये यह विश्वकर्मा है तथा महान् और आत्मा होनेके कारण यह महात्मा अर्थात् सर्वव्यापी है। यह सर्वदा जीवोंके हृदय—परव्योम यानी हृदयाकाशमें जलादि उपाधियोंमें सूर्यप्रतिबिम्बके समान निविष्ट अर्थात् सम्यक्‌रूपसे स्थित है। वही साक्षीरूपसे हृदा—'हृञ् हरणे' ('हृ' धातु हरणार्थक है) ऐसी [धातुसूत्ररूप] स्मृति होनेके कारण जो हरण करे उसका नाम हृत् है उसके द्वारा यानी 'नेति नेति' इत्यादि निषेधोपदेशसे, मनीषा—'यह पुरुषार्थ है और यह अपुरुषार्थ है, यह आत्मा है

मनात्मेत्येतया विवेकबुद्ध्या मनसा विचारसाध्यैकत्वज्ञानेन चाभिक्लृप्तः। प्रकाशितोऽखण्डैकरसत्वेनाभिव्यक्त इत्येतत्।

ये जनाः साधनचतुष्टयसम्पन्नाः संन्यासिन एतत्तत्त्वमस्यादि-वाक्यप्रतिपाद्यैकरूपमखण्डैक-रसमिति यावद्विदुर्ब्रह्माहमस्मी-त्यपरोक्षीकुर्युस्ते यथोक्तज्ञानिनो-ऽमृता भवन्त्यमरणधर्माणः पुनरावृत्ति-रहिता भवन्तीत्यर्थः॥ १७॥

और यह अनात्मा है' इस प्रकारकी विवेकबुद्धिसे तथा मनसा—विचारसाध्य एकत्वज्ञानसे अभिक्लृप्त—प्रकाशित होता—यानी अखण्डैकरसस्वरूपसे अभिव्यक्त होता है।

जो जन अर्थात् साधनचतुष्टयसम्पन्न संन्यासिगण इसे 'यह 'तत्त्वमसि' आदि वाक्योंसे प्रतिपादित अखण्डैकरसरूप है' इस प्रकार जानते हैं अर्थात् 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार इसका साक्षात्कार करते हैं वे इस तरह बतलाये हुए ज्ञानीलोग अमृत—अमरणधर्मा अर्थात् पुनरावृत्तिशून्य हो जाते हैं॥ १७॥

ज्ञानसे द्वैत-निवृत्तिका उपदेश

कालत्रयेऽपि मुक्तौ प्रलयादौ च परमात्मा कूटस्थ इति निश्चया-ज्जाग्रत्स्वप्नयोरपि भ्रान्त्या सद्वितीयत्वावभासः। वस्तुतस्तु सदा निर्भेद एवेत्याह—

तीनों ही कालमें तथा मुक्ति और प्रलय आदिमें भी परमात्मा कूटस्थ ही है—ऐसा निश्चय होनेसे जाग्रत् और स्वप्नमें भी भ्रान्तिसे ही द्वैत-प्रतीति होती है; वस्तुतः तो सर्वदा अभेद ही है—यह बात श्रुति बतलाती है—

यदातमस्तन्न दिवा न रात्रि-
र्न सन्न चासञ्छिव एव केवलः।
तदक्षरं तत्सवितुर्वरेण्यं
प्रज्ञा च तस्मात्प्रसृता पुराणी॥ १८॥

जिस समय अज्ञान नहीं रहता उस समय न दिन रहता है न रात्रि

और न सत् रहता है न असत्, एकमात्र शिव रह जाता है; वह अविनाशी और आदित्यमण्डलाभिमानी देवका भजनीय है तथा उसीसे पुरातन प्रज्ञा (गुरुपरम्परागत ज्ञान)-का प्रसार हुआ है॥ १८॥

यदेति। यदा यस्यामवस्थायामतमो न तमोऽस्येत्यतमस्तत्त्वमादिवाक्यजन्यज्ञानेन दीपस्थानीयेन दग्धाविद्या तत्कार्यरूपतमस्कत्वात्तदा तत्काले न दिवा दिवारोपोऽपि नास्ति न रात्रिस्तदारोपोऽपि नास्तीति सर्वत्रानुषङ्गः। न सन्सत्तारोपोऽपि। नासन्नभावारोपोऽपि।

'यदा' इत्यादि। जिस अवस्थामें अतम—जिसमें तम (अज्ञान) नहीं है ऐसा अतम रहता है अर्थात् जब दीपकरूप तत्त्वमस्यादिवाक्यजनित ज्ञानसे अविद्या दग्ध हो जाती है; क्योंकि वह अपने कार्यरूप तमवाली है, उस समय न दिन—दिनका आरोप होता है और न रात्रि—रात्रिका ही आरोप होता है—इस प्रकार 'आरोप' शब्दका सबके साथ सम्बन्ध लगाना चाहिये। और न सत्—सत्ताका आरोप रहता है न असत्—अभावका आरोप ही रहता है।

तर्हि तत्त्वं सर्वत्र शून्यमेव जातमिति बौद्धमताविशेषमाशङ्क्याह—शिव एवेति। शिव एव शुद्धस्वभावो न शून्यमिति निपातार्थः। केवलोऽविद्याविकल्पशून्यः। तदक्षरं तदुक्तस्वरूपं न क्षरतीत्यक्षरं नित्यं तत्तत्पदलक्ष्यं सवितुरादित्यमण्डलाभिमानिनो वरेण्यं संभजनीयम्।

तब तो सर्वत्र शून्य ही तत्त्व रहा—इस प्रकार बौद्धमतके सादृश्यकी आशंका करके श्रुति कहती है—'शिव एव' इत्यादि। उस समय शिव यानी शुद्धस्वभाव परमात्मा ही रहता है, शून्य नहीं रहता—यह अर्थ निपातसे ध्वनित होता है। वह केवल अर्थात् अविद्यारूप विकल्पसे रहित, अक्षर—उसके स्वरूपका क्षय नहीं होता इसलिये अक्षर यानी नित्य, तत्—तत्पदका लक्ष्यार्थ तथा सविता—आदित्यमण्डलाभिमानी देवताका वरेण्य—वरणीय यानी सम्यक्

प्रज्ञा गुरूपदेशात्तत्त्वमादिवाक्यजा बुद्धिः, चकार एवकारार्थः, तस्माच्छुद्धत्वहेतोः प्रसृता नित्य-विवेकादिमत्सु संन्यासिषु व्याप्ता पूर्णत्वाकारेण पुराणी ब्रह्माणमारभ्य परम्परया प्राप्तानादिसिद्धा ॥ १८ ॥

प्रकारसे भजनीय है। उस शुद्धत्वके हेतुसे प्रज्ञा—गुरुके उपदेशसे 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यसे उत्पन्न होनेवाली बुद्धि प्रसृत हुई है अर्थात् नित्य पदार्थके विवेकादिसे सम्पन्न संन्यासियोंमें पूर्णत्वरूपसे व्याप्त हुई है। वह पुराणी यानी ब्रह्मासे आरम्भ करके परम्परासे प्राप्त हुई है अर्थात् अनादिसिद्धा है। यहाँ चकार एवके अर्थमें है ॥ १८ ॥

ब्रह्मके अनुपम एवं इन्द्रियातीत स्वरूपका वर्णन

कूटस्थस्य ब्रह्मण ऊर्ध्वादिषु दिक्षु केनाप्यपरिग्राह्यत्व-मद्वितीयत्वात्केनाप्यतुलितत्वं काल-दिगाद्यनवच्छिन्नयशोरूपत्वं चाह—

अब श्रुति यह बतलाती है कि कूटस्थ ब्रह्म ऊर्ध्वादि दिशाओंमें किसीसे भी ग्राह्य नहीं है, अद्वितीय होनेके कारण कोई उसके समान नहीं है, तथा वह काल-दिगादिसे अनवच्छिन्न यशःस्वरूप है—

नैनमूर्ध्वं न तिर्यञ्चं न मध्ये परिजग्रभत्।
न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः ॥ १९ ॥

उसे ऊपरसे, इधर-उधरसे अथवा मध्यमें भी कोई ग्रहण नहीं कर सकता। जिसका नाम महद्यश है ऐसे उस ब्रह्मकी कोई उपमा भी नहीं है ॥ १९ ॥

नैनमिति। एनं प्रकृतमपरिच्छिन्न-रूपत्वान्निरंशत्वान्निरवयवत्वा-च्चोर्ध्वादिषु दिक्षु कश्चिदपि न परिजग्रभत्परिग्रहीतुं न शक्नुयात्।

'नैनम्' इत्यादि। अपरिच्छिन्न, निरंश और निरवयव होनेके कारण इस प्रकृत ब्रह्मको ऊर्ध्वादि दिशाओंमें कोई ग्रहण करनेमें समर्थ नहीं है।

तस्य तस्यैवेश्वरस्याखण्डसुखानुभवत्वादेतादृशद्वितीयाभावात्प्रतिमोपमा नास्ति। यस्य नाम महद्यशो यस्येश्वरस्य नामाभिधानं महद्दिगाद्यनवच्छिन्नं सर्वत्र परिपूर्णं यशः कीर्तिः॥ १९॥

अखण्डानन्दानुभवरूप होनेसे उसके समान कोई दूसरा न होनेसे उस ईश्वरकी कोई प्रतिमा—उपमा नहीं है। जिसका नाम महद्यश है अर्थात् जिस ईश्वरका नाम—अभिधान महत्—दिगादिसे अपरिमित यानी सर्वत्र पूर्ण यश—कीर्ति है*॥ १९॥

ईशस्येन्द्रियाद्यविषयता प्रत्यग्रूपतां तदैक्यज्ञानान्मोक्षतां चाह—

अब श्रुति ईश्वरकी इन्द्रियादिकी अविषयता, प्रत्यग्रूपता और उसके साथ आत्माके एकत्वका ज्ञान होनेसे मोक्षप्राप्तिका वर्णन करती है—

न संदृशे तिष्ठति रूपमस्य
न चक्षुषा पश्यति कश्चनैनम्।
हृदा हृदिस्थं मनसा य एन-
मेवं विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ २०॥

इसका स्वरूप नेत्रादिसे ग्रहण करनेयोग्य स्थानमें नहीं है, उसे कोई भी नेत्रद्वारा नहीं देख सकता। जो इस हृदयस्थित परमात्माको शुद्धबुद्धि यानी मनसे इस प्रकार जान लेते हैं वे अमर हो जाते हैं॥ २०॥

न संदृश इति। अस्य प्रकृतेश्वरस्य रूपं स्वरूपं रूपादिरहितं निर्विशेषं स्वप्रकाशाखण्डसुखानुभवं संदृशे चक्षुरादिग्रहणयोग्यप्रदेशे न तिष्ठति तद्विषयो न भवतीत्येतत्।

'न संदृशे' इत्यादि। इस प्रकृत ईश्वरका रूप अर्थात् रूपादिरहित निर्विशेष स्वप्रकाश अखण्डानन्दानुभवमय स्वरूप संदृश—नेत्रादि इन्द्रियोंसे ग्रहण करनेयोग्य प्रदेशमें स्थित नहीं है, अर्थात् यह उनका विषय नहीं होता। इन्द्रियोंका विषय न

* अर्थात् 'वह दिगाद्यनवच्छिन्न कीर्तिवाला' है।

इन्द्रियागोचरत्वादेवैनं प्रकृतं चक्षुरित्युपलक्षणम्। सर्वेन्द्रियैरपि कश्चन कोऽपि न पश्यति तद्विषयतया ग्रहीतुं न शक्नुयात्। "यच्चक्षुषा न पश्यति येन चक्षूंषि पश्यति" (के० उ० १। ६) इत्यादिश्रुतेः। हृदा शुद्धबुद्ध्यै-तद्व्याख्यातं मनसेति हृदिस्थं हृदाकाशगुहास्थं प्रत्यक्तया तत्रावस्थितं ये साधनचतुष्टयादि-युक्ताः संन्यासिनो योग्याधिकारिण एनं प्रकृतं ब्रह्मात्मानमेवमित्थं ब्रह्माहमस्मीत्यपरोक्षेण विदुर्जानन्ति तेऽपरोक्षीकरणमहिम्नामृता भवन्त्य-मरणधर्माणो भवन्ति मरणहेत्वविद्यादेस्तत्त्वज्ञानाग्निना दग्धत्वात्पुनर्देहान्तरं न भजन्तीत्यर्थः॥ २०॥

होनेसे ही इस प्रकृत परमात्माको कोई भी नेत्रसे—नेत्र यहाँ समस्त इन्द्रियोंको उपलक्षित करता है, अतः किसी भी इन्द्रियसे नहीं देख सकता अर्थात् इसे इन्द्रियोंके विषयरूपसे ग्रहण नहीं कर सकता। "जिसे कोई नेत्रद्वारा नहीं देख सकता अपितु जिसकी सत्तासे नेत्र देखता है" इत्यादि श्रुति इसमें प्रमाण है। जो साधनचतुष्टयादिसम्पन्न संन्यासी यानी योग्य अधिकारी हृदयस्थित—हृदयाकाशरूप गुहामें स्थित अर्थात् वहाँ प्रत्यक् रूपसे विद्यमान इस प्रकृत ब्रह्मरूप आत्माको हृदय—शुद्धबुद्धिसे, इसीकी व्याख्या करके कहते हैं 'मनसे' इस प्रकार प्रत्यक्षरूपसे जानते हैं कि 'मैं ब्रह्म हूँ' वे उस साक्षात्कारकी महिमासे अमृत—अमरणधर्मा हो जाते हैं। तात्पर्य यह है कि मरणके हेतुभूत अज्ञानादिका तत्त्वज्ञानरूप अग्निसे दाह हो जानेके कारण वे पुनः अन्य देह धारण नहीं करते॥ २०॥

परमेश्वरका स्तवन

इदानीं तत्प्रसादादेवेष्टप्राप्ति-परिहाराविति मत्वा तमेव परमेश्वरं प्रार्थयते मन्त्रद्वयेन—

अब यह मानकर कि उसीकी कृपासे इष्टप्राप्ति और अनिष्टनिवृत्ति हो सकती है दो मन्त्रोंसे उस परमेश्वरकी ही स्तुति करते हैं—

अजात इत्येवं कश्चिद्भीरुः प्रपद्यते।
रुद्र यत्ते दक्षिणं मुखं तेन मां पाहि नित्यम्॥ २१॥

हे रुद्र! तुम अजन्मा हो, इसलिये कोई [मुझ-जैसा] संसारभयसे कातर पुरुष तुम्हारी शरण लेता है [और कहता है कि] तुम्हारा जो दक्षिण मुख है उससे मेरी सर्वदा रक्षा करो॥ २१॥

अजात इति। इति शब्दो हेत्वर्थः। यस्मात्त्वमेवाजातो जन्मजराशनायापिपासाधर्मवर्जितः इतरत्सर्वं विनाशि दुःखान्वितम्, तस्माज्जन्मजरामरणाशनायापिपासाशोकमोहान्वितात्संसाराद्भीरुर्भीतः सन्कश्चिदेक एव परतन्त्रस्त्वामेव शरणं प्रपद्ये। मादृशो वा कश्चित्प्रपद्यत इति प्रथमपुरुषमन्वधीयते। हे रुद्र यत्ते दक्षिणं मुखमुत्साहजननं ध्यातमाह्लादकरम्। अथवा दक्षिणस्यां दिशि भवं दक्षिणं मुखं तेन मां पाहि नित्यं सर्वदा॥ २१॥

'अजातः' इत्यादि। मूलमें 'इति' शब्द हेतुवाचक है। क्योंकि तुम्हीं अजात यानी जन्म, जरा, क्षुधा, पिपासादि धर्मोंसे रहित हो और सब तो नाशवान् एवं दुःखी हैं, इसलिये जो जन्म-जरा-मरण, क्षुधा-पिपासा एवं शोक-मोहादिपूर्ण संसारसे डरा हुआ है ऐसा कोई एक मैं परतन्त्र जीव तुम्हारी ही शरण लेता हूँ; अथवा कोई मुझ-जैसा शरण लेता है—इस आशयसे इस क्रियाका प्रथम पुरुषसे सम्बन्ध किया जा सकता है। अतः हे रुद्र! तुम्हारा जो उत्साहजनक दक्षिण मुख है, जो ध्यान करनेपर आनन्द पैदा करनेवाला है अथवा दक्षिण दिशामें होनेके कारण जो दक्षिण मुख है उससे तुम नित्य—सर्वदा मेरी रक्षा करो॥ २१॥

किञ्च—

तथा—

मा नस्तोके तनये मा न आयुषि मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः। वीरान्मा नो रुद्र भामितो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्त्वा हवामहे॥ २२॥

हे रुद्र! तुम कुपित होकर हमारे पुत्र, पौत्र, आयु, गौ और अश्वोंमें क्षय न करना और हमारे वीर सेवकोंका भी वध न करना। हम हव्यसामग्रीसे युक्त होकर सर्वदा ही तुम्हारा आवाहन करते हैं॥ २२॥

मा न इति। मा रीरिष इति सर्वत्र सम्बध्यते। मा रीरिषः। रेषणं मरणं विनाशं मा कार्षीः। नोऽस्माकं तोके पुत्रे तनये पौत्रे न आयुषि मा नो गोषु मा नोऽश्वेषु शरीरिषु। ये चास्माकं वीरा विक्रामन्तो भृत्यास्तान् हे रुद्र भामितः क्रोधितः सन्मा वधीः। कस्मात्? यस्माद्धविष्मन्तो हविषा युक्ताः सदम् इत् त्वा हवामहे सदैव रक्षणार्थमाह्वयाम इत्यर्थः॥ २२॥

'मा नः' इत्यादि। 'मा रीरिषः' इस क्रियापदका सबके साथ सम्बन्ध है। मा रीरिषः—रेषण—मरण यानी विनाश न करो। हमारे 'तोके'—पुत्रमें, 'तनये'—पौत्रमें, आयुमें तथा गौ और अश्व आदि शरीरधारियोंमें भी क्षय न करो। हमारे जो वीर—विक्रमशील सेवक हैं, हे रुद्र! तुम क्रोधित होकर उनका भी वध न करो। क्यों? क्योंकि हम हविष्मान्—हविसे युक्त होकर सदा ही तुम्हारा आवाहन करते हैं अर्थात् तुम्हें रक्षाके लिये सर्वदा ही पुकारते हैं॥ २२॥

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यपरमहंसपरिव्राजकाचार्य-
श्रीमच्छङ्करभगवत्प्रणीते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये
चतुर्थोऽध्यायः॥ ४॥

पञ्चमोऽध्यायः

अक्षराश्रित विद्या-अविद्या और उनके शासक परमेश्वरके स्वरूप तथा माहात्म्यका वर्णन

चतुर्थाध्यायशेषमपूर्वार्थं प्रतिपादयितुं पञ्चमोऽध्याय आरभ्यते द्वे अक्षरे इत्यादिना—

चतुर्थ अध्यायमें अवशिष्ट रहे अपूर्व विषयका प्रतिपादन करनेके लिये 'द्वे अक्षरे' इत्यादि मन्त्रसे पंचम अध्याय आरम्भ किया जाता है—

द्वे अक्षरे ब्रह्मपरे त्वनन्ते
विद्याविद्ये निहिते यत्र गूढे।
क्षरं त्वविद्या ह्यमृतं तु विद्या
विद्याविद्ये ईशते यस्तु सोऽन्यः॥ १॥

हिरण्यगर्भसे उत्कृष्ट अविनाशी और अनन्त परब्रह्ममें जहाँ विद्या और अविद्या दोनों परिच्छिन्नभावसे स्थित हैं [उनमें] क्षर अविद्या है और अमृत विद्या है तथा जो इन विद्या और अविद्या दोनोंका शासन करता है वह इनसे भिन्न है॥ १॥

द्वे विद्याविद्ये यस्मिन्नक्षरे ब्रह्मणो हिरण्यगर्भात्परे ब्रह्मपरे परस्मिन्वा ब्रह्मण्यनन्ते देशतः कालतो वस्तुतो वापरिच्छिन्ने। यत्र यस्मिन्द्वे विद्याविद्ये निहिते स्थापिते गूढे अनभिव्यक्ते। विद्याविद्ये विविच्य दर्शयति—

जिस अविनाशी एवं अनन्त यानी देश, काल या वस्तुसे अपरिच्छिन्न ब्रह्मपरमें—ब्रह्मा यानी हिरण्यगर्भसे उत्कृष्ट अथवा परब्रह्ममें विद्या और अविद्या—ये दोनों गूढ यानी अव्यक्तभावसे स्थित हैं। उन विद्या और अविद्याको अलग-अलग करके दिखाते हैं—

क्षरं त्वविद्या क्षरणहेतुः संसृतिकारणम्। अमृतं तु विद्या मोक्षहेतुः। यस्तु पुनर्विद्याविद्ये ईशते नियमयति स ताभ्यामन्यस्तत्साक्षित्वात्॥ १॥

उनमें क्षर—क्षरणकी हेतु यानी संसारकी कारण तो अविद्या है और अमृत यानी मोक्षकी हेतु विद्या है। और जो विद्या और अविद्याका शासन करता है वह उनका साक्षी होनेसे उन दोनोंसे भिन्न है॥ १॥

कोऽसावित्याह—

वह कौन है? सो बतलाते हैं—

यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येको
विश्वानि रूपाणि योनीश्च सर्वाः।
ऋषिं प्रसूतं कपिलं यस्तमग्रे
ज्ञानैर्बिभर्ति जायमानं च पश्येत्॥ २॥

जो अकेला ही प्रत्येक स्थान तथा सम्पूर्ण रूप और समस्त योनियों (उत्पत्तिस्थानों)-का अधिष्ठान है, तथा जिसने सृष्टिके आरम्भमें उत्पन्न हुए कपिल ऋषि (हिरण्यगर्भ)-को ज्ञानसम्पन्न किया था और जन्म लेते हुए भी देखा था [वही विद्या और अविद्यासे भिन्न उनका शासक है]॥ २॥

यो योनिमिति। यो योनिं योनिं स्थानं स्थानं "यः पृथिव्यां तिष्ठन्" (बृ० उ० ३। ७। ३) इत्यादिनोक्तानि पृथिव्यादीन्यधितिष्ठति नियमयति। एकोऽद्वितीयः परमात्मा विश्वानि रोहितादीनि रूपाणि योनीश्च प्रभवस्थानान्यधितिष्ठति। ऋषिं सर्वज्ञमित्यर्थः। कपिलं

'यो योनिम्' इत्यादि। जो योनि-योनिको—स्थान-स्थानको अर्थात् "जो पृथिवीमें स्थित होकर [पृथिवीका शासन करता है]" इत्यादि मन्त्रसे कहे हुए पृथिवी आदिको अधिष्ठित—नियमित करता है तथा जो एक—अद्वितीय परमात्मा लोहितादि सम्पूर्ण रूपोंको और योनियों—उत्पत्तिस्थानोंको अधिष्ठित करता है; [जिसने] ऋषि यानी सर्वज्ञ प्रसूत—अपनेहीसे उत्पन्न किये हुए कपिल—

कनककपिलवर्णं प्रसूतं स्वेनैवोत्पादितं हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वमित्यस्यैव जन्मश्रवणात्। अन्यस्य चाश्रवणात्। उत्तरत्र "यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै" (श्वे० उ० ६। १८) इति वक्ष्यमाणत्वात्। "कपिलोऽग्रजः" इति पुराणवचनात्कपिलो हिरण्यगर्भो वा निर्दिश्यते—

"कपिलर्षिर्भगवतः
सर्वभूतस्य वै किल।
विष्णोरंशो जगन्मोह-
नाशाय समुपागतः॥"
"कृते युगे परं ज्ञानं
कपिलादिस्वरूपधृत्।
ददाति सर्वभूतात्मा
सर्वस्य जगतो हितम्॥"
"त्वं शक्रः सर्वदेवानां
ब्रह्मा ब्रह्मविदामसि।
वायुर्बलवतां देवो
योगिनां त्वं कुमारकः॥
ऋषीणां च वसिष्ठस्त्वं
व्यासो वेदविदामसि।
सांख्यानां कपिलो देवो
रुद्राणामसि शङ्करः॥"
इति परमर्षिः प्रसिद्धः।

सुवर्णसदृश कपिलवर्ण हिरण्यगर्भको पहले जन्म दिया था, क्योंकि आरम्भमें हिरण्यगर्भका ही जन्म श्रुति प्रतिपादित करती है, अन्य (महर्षि कपिल)-का जन्म नहीं बतलाती। कारण, आगे यह कहा जायगा कि "जो आरम्भमें ब्रह्माको रचता है और उसके लिये वेदोंको प्रेरित करता है।" "कपिल पहले उत्पन्न होनेवाला है" इस पुराणवचनसे भी कपिल या हिरण्यगर्भका ही निर्देश किया गया है।

"जगत्का मोह नष्ट करनेके लिये सर्वभूतमय भगवान् विष्णुके ही अंशस्वरूप मुनिवर कपिलने अवतार लिया है।" "सर्वभूतात्मा श्रीहरि सत्ययुगमें कपिलादिरूप धारणकर सम्पूर्ण जगत्के लिये हितकर उत्कृष्ट ज्ञान प्रदान करते हैं।" "तुम समस्त देवताओंमें इन्द्र हो, ब्रह्मवेत्ताओंमें ब्रह्मा हो, बलवानोंमें वायुदेवता हो, योगियोंमें सनत्कुमार हो, ऋषियोंमें वसिष्ठ हो, वेदवेत्ताओंमें व्यास हो, ज्ञानयोगियोंमें कपिलदेव हो और रुद्रोंमें महादेव हो" इत्यादि पुराणवचनोंमें कपिल नामसे महर्षि कपिल ही प्रसिद्ध हैं।

"ततस्तदानीं तु भुवनमस्मिन् प्रवर्तते कपिलं कवीनाम्। स षोडशास्त्रो पुरुषश्च विष्णोर्विराजमानं तमसः परस्तात्" इति श्रूयते मुण्डकोपनिषदि। स एव वा कपिलः प्रसिद्धोऽग्रे सृष्टिकाले। यो ज्ञानैर्धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्यैर्बिभर्ति बभार जायमानं च पश्येदपश्यदित्यर्थः॥ २॥

अथवा "ततस्तदानीं तु भुवनमस्मिन् प्रवर्तते कपिलं कवीनाम्। स षोडशास्त्रः पुरुषश्च विष्णोर्विराजमानं तमसः परस्तात्।" इस मुण्डकोपनिषद्की[१] श्रुतिके अनुसार वह हिरण्यगर्भ ही पूर्वकालमें सृष्टिके समय 'कपिल' नामसे प्रसिद्ध हुआ जिसे परमात्माने अपने ज्ञानोंसे—धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्योंसे युक्त किया और उत्पन्न होते देखा॥ २॥

किञ्च—

तथा—

एकैकं जालं बहुधा विकुर्व-
न्नस्मिन्क्षेत्रे संहरत्येष देवः।
भूयः सृष्ट्वा पतयस्तथेशः
सर्वाधिपत्यं कुरुते महात्मा॥ ३॥

इस संसारक्षेत्रमें यह देव [सृष्टिके समय] एक-एक जालको[२] अनेक

१- यह श्रुति मुण्डकोपनिषद्में नहीं मिलती, अन्यत्र भी उसका पता नहीं चलता। श्रुतिका पाठ शुद्ध भी नहीं जान पड़ता। परम्परासे जैसा पाठ मिला वैसा ही रहने दिया है और अर्थसंगति न लगनेके कारण उसका अनुवाद नहीं किया गया है।

२- 'जाल' शब्दके अर्थ टीकाकारोंने भिन्न-भिन्न प्रकारसे किये हैं। भगवान् भाष्यकारने इसका कोई अर्थ नहीं किया। श्रीशंकरानन्दजी लिखते हैं—'जालं महेन्द्रजालं संसाररूपं प्रतिप्राणिव्यवस्थितमित्यर्थः' अर्थात् 'जाल शब्दका तात्पर्य है प्रत्येक प्राणीसे सम्बन्ध रखनेवाला संसाररूप महान् इन्द्रजाल।' श्रीनारायणतीर्थ कहते हैं—'जालं कर्मफललक्षणं बन्धम्' अर्थात् 'कर्मफलरूप बन्धन ही जाल' है।' तथा विज्ञानभगवान्का कथन है—'जालं समष्टिरूपकार्यकरणलक्षणानि जालानि पुरुषमत्स्यानां बन्धनत्वाज्जालवज्जालम्' अर्थात् समष्टिरूप भूत और इन्द्रियवर्गरूप जाल ही पुरुषरूप मत्स्योंको बाँधनेवाले होनेसे जालके समान जाल है।

प्रकारसे विकृत कर [अन्तमें] संहार करता है, तथा यह महात्मा ईश्वर ही [कल्पान्तरके आरम्भमें] प्रजापतियोंको पुनः उत्पन्न कर सबका आधिपत्य करता है ॥ ३ ॥

एकैकमिति। सुरनरतिर्यगादीनां सृजति जालमेकैकं प्रत्येकं बहुधा नानाप्रकारं विकुर्वन्सृष्टिकालेऽस्मिन्मायात्मके क्षेत्रे संहरत्येष देवः। भूयः पुनर्ये लोकानां पतयो मरीच्यादयस्तान्सृष्ट्वा तथा यथा पूर्वस्मिन्कल्पे सृष्टवानीशः सर्वाधिपत्यं कुरुते महात्मा॥ ३ ॥

'एकैकम्' इत्यादि। यह देव इस मायामय क्षेत्रमें सृष्टिके समय देवता, मनुष्य एवं तिर्यगादिके एक-एक जालको नाना प्रकारसे विकृत करके रचता है और फिर संहार कर देता है। फिर यह ईश्वर महात्मा जिस प्रकार इसने पूर्वकल्पमें मरीचि आदि जो लोकाध्यक्ष हैं उन्हें रचा था उसी प्रकार पुनः रचकर उन सबका आधिपत्य करता है ॥ ३ ॥

किञ्च—

तथा—

सर्वा दिश ऊर्ध्वमधश्च तिर्य-
क्प्रकाशयन्भ्राजते यद्वनड्वान्।
एवं स देवो भगवान्वरेण्यो
योनिस्वभावानधितिष्ठत्येकः ॥ ४ ॥

जिस प्रकार सूर्य प्रकाशित होता है वैसे ही यह ऊपर, नीचे तथा इधर-उधर समस्त दिशाओंको प्रकाशित करता हुआ देदीप्यमान होता है। इस प्रकार वह द्योतनस्वभाव सम्भजनीय भगवान् अकेला ही कारणभूत पृथिवी आदिका* नियमन करता है॥ ४॥

* यह अर्थ मूलपाठ 'योनिस्वभावान्' मानकर किया गया है, जहाँ मूलमें 'योनिः स्वभावान्' ऐसा पाठ है वहाँ 'योनिः' शब्द भगवान्‌का विशेषण होगा और 'स्वभावान्' का अर्थ 'स्वात्मभूतान् पृथिव्यादीन् भावान्' (अपने स्वरूपभूत पृथिवी आदि भावोंको) होगा।

सर्वा दिश इति। सर्वा दिशः प्राच्याद्या ऊर्ध्वमुपरिष्टादधश्चाधस्तात्तिर्यक्पार्श्वदिशश्च प्रकाशयन् स्वात्मचैतन्यज्योतिषा प्रकाशते भ्राजते दीप्यते ज्योतिषा यदु अनड्वान्यद्वदित्यर्थः। यथानड्वानादित्यो जगच्चक्रावभासने युक्त एवं स देवो द्योतनस्वभावो भगवानैश्वर्यादिसमन्वितो वरेण्यो वरणीयः संभजनीयो योनिकारणं कृत्स्नस्य जगतः स्वभावान् स्वात्मभूतान्पृथ्व्यादीन्भावानथवा कारणस्वभावान्कारणभूतान् पृथिव्यादीनधितिष्ठति नियमयति। एकोऽद्वितीयः परमात्मा॥ ४॥

'सर्वा दिशः' इत्यादि। यह पूर्वादि समस्त दिशाओंको अर्थात् ऊपर-नीचे और इधर-उधरकी दिशाओंको प्रकाशित करता हुआ अपने स्वरूपभूत चित्प्रकाशसे भ्राजित यानी दीप्त होता है—जैसे कि अनड्वान्। और जिस प्रकार कि अनड्वान् यानी सूर्य जगच्चक्रको प्रकाशित करनेमें लगा हुआ है उसी प्रकार वह देव—द्योतनस्वभाव, भगवान्—ऐश्वर्यादिसम्पन्न और वरेण्य—वरणीय—सम्भजनीय योनि यानी कारण एक अद्वितीय परमात्मा सम्पूर्ण जगत्के स्वभाव यानी स्वात्मभूत पृथिवी आदि भावोंको [अधिष्ठित करता है]। अथवा ['योनिस्वभावान्' ऐसा समस्त पद माना जाय तो] कारण-स्वभाव यानी कारणभूत पृथिवी आदिको अधिष्ठित—नियमित करता है॥ ४॥

यच्च स्वभावं पचति विश्वयोनिः
पाच्यांश्च सर्वान्परिणामयेद्यः।
सर्वमेतद्विश्वमधितिष्ठत्येको
गुणांश्च सर्वान्विनियोजयेद्यः॥ ५॥

जगत्का कारणभूत जो परमात्मा [प्रत्येक वस्तुके] स्वभावको निष्पन्न करता है, जो पाच्यों (परिणामयोग्य पदार्थों)-को परिणत

करता है, जो अकेला ही इस सम्पूर्ण विश्वका नियमन करता है और जो [सत्त्वादि] समस्त गुणोंको उनके कार्योंमें नियुक्त करता है [वह परब्रह्म है] ॥ ५ ॥

यच्च स्वभावमिति। यच्च यश्चेति लिङ्गव्यत्ययः। स्वभावं यदग्नेरौष्ण्यं पचति निष्पादयति विश्वस्य जगतो योनिः। पाच्यांश्च पाकयोग्यान्पृथिव्यादीन् परिणामयेद्यः। सर्वमेतद्विश्वमधितिष्ठति नियमयत्येकः। गुणांश्च सत्त्वरजस्तमोरूपान्विनियोजयेद्यः। एवंलक्षणः ॥ ५ ॥

'यच्च स्वभावम्' इत्यादि। [यहाँ वैदिक-प्रक्रियानुसार] 'यश्च' इस पुँल्लिगके स्थानमें 'यच्च' इस प्रकार लिंगव्यत्यय हुआ है। जो स्वभावको यानी अग्निके उष्णत्वको पचाता—निष्पन्न करता है, विश्व—जगत्का कारण है और पाच्य यानी पाक (परिणाम)-योग्य पृथिवी आदिका परिणाम करता है, जो अकेला इस सम्पूर्ण विश्वको अधिष्ठित—नियमित करता है तथा जो सत्त्व, रज एवं तमोरूप गुणोंको नियुक्त करता है—ऐसे लक्षणोंवाला परमात्मा है ॥ ५ ॥

किञ्च—

तथा—

तद्वेदगुह्योपनिषत्सु गूढं
तद्ब्रह्मा वेदते ब्रह्मयोनिम्।
ये पूर्वदेवा ऋषयश्च तद्विदु-
स्ते तन्मया अमृता वै बभूवुः ॥ ६ ॥

वह वेदोंके गुह्यभाग उपनिषदोंमें निहित है, उस वेदवेद्य परमात्माको ब्रह्मा जानता है, जो पुरातन देव और ऋषिगण उसे जानते थे वे तद्रूप होकर अमर ही हो गये थे ॥ ६ ॥

तदिति। तत्प्रकृतमात्मस्वरूपं वेदानां गुह्योपनिषदो वेदगुह्योपनिषदस्तासु वेदगुह्योपनिषत्सु गूढं संवृतम्। ब्रह्मा हिरण्यगर्भो वेदते जानाति ब्रह्मयोनिं वेदप्रमाणकमित्यर्थः। अथवा ब्रह्मणो हिरण्यगर्भस्य योनिं वेदस्य वा ये पूर्वदेवा रुद्रादय ऋषयश्च वामदेवादयस्तद्विदुस्ते तन्मयास्तदात्मभूताः सन्तोऽमृता अमरणधर्माणो बभूवुः। तथेदानीन्तनोऽपि तमेव विदित्वामृतो भवतीति वाक्यशेषः॥ ६॥

'तद्वेद' इत्यादि। उस प्रकृत आत्माका स्वरूप वेदोंके गुह्यभाग जो उपनिषद् हैं उन वेदगुह्योपनिषदोंमें गूढ—छिपा हुआ है। उस ब्रह्मयोनि यानी वेदप्रमाणक आत्माको ब्रह्मा जानता है अथवा ब्रह्म यानी हिरण्यगर्भके कारण अथवा वेदके कारणभूत उस आत्माको जो रुद्रादि पूर्वदेव और वामदेवादि ऋषिगण जानते थे वे तन्मय—तत्स्वरूप होकर अमृत—अमरणधर्मा हो गये। इसी प्रकार आधुनिक पुरुष भी उसे जानकर अमर हो जाता है—यह वाक्यशेष है॥ ६॥

कर्तृत्वादि धर्मोंसे युक्त जीवात्माके स्वरूपका वर्णन

एतावता तत्पदार्थ उपवर्णितः। अथेदानीं त्वंपदार्थमुपवर्णयितुमुत्तरे मन्त्राः प्रस्तूयन्ते—

इतने ग्रन्थसे तत्पदार्थका वर्णन किया गया। अब यहाँसे त्वंपदार्थका निरूपण करनेके लिये आगेके मन्त्र प्रस्तुत किये जाते हैं—

गुणान्वयो यः फलकर्मकर्ता
कृतस्य तस्यैव स चोपभोक्ता।
स विश्वरूपस्त्रिगुणस्त्रिवर्त्मा
प्राणाधिपः संचरति स्वकर्मभिः॥ ७॥

जो गुणोंसे सम्बद्ध, फलप्रद कर्मका कर्ता और उस किये हुए कर्मका उपभोग करनेवाला है, वह विभिन्न रूपोंवाला, त्रिगुणमय, तीन मार्गोंसे

गमन करनेवाला प्राणोंका अधिष्ठाता अपने कर्मोंके अनुसार गमन करता है॥ ७॥

गुणान्वय इति। गुणैः कर्मज्ञानकृतवासनामयैरन्वयो यस्य सोऽयं गुणान्वयः। फलार्थस्य कर्मणः कर्ता कृतस्य कर्मफलस्य स एवोपभोक्ता। स विश्वरूपो नानारूपः कार्यकारणोपचितत्वात्। त्रयः सत्त्वादयो गुणा अस्येति त्रिगुणः। त्रयो देवयानादयो मार्गभेदा अस्येति त्रिवर्त्मा धर्माधर्मज्ञानमार्गभेदा अस्येति वा। प्राणस्य पञ्चवृत्तेरधिपः संचरति। कैः ? स्वकर्मभिः॥ ७॥

'गुणान्वयः' इत्यादि। जिसका कर्म एवं ज्ञानजनित वासनामय गुणोंके साथ सम्बन्ध है वह यह जीव गुणान्वय है। वह फलके लिये कर्म करनेवाला है और वही किये हुए कर्मका फल भोगनेवाला भी है। कार्यकारणभावसे [नाना देह धारण करके] वृद्धिको प्राप्त होनेसे वह विश्वरूप—नाना रूप है। सत्त्वादि तीनों गुण इसीके हैं इसलिये यह त्रिगुण है। इसके देवयानादि तीन मार्गभेद हैं अथवा धर्म, अधर्म और ज्ञानरूप इसके तीन मार्ग हैं, इसलिये यह त्रिवर्त्मा है। यह पाँच वृत्तियोंवाले प्राणका अधिपति संचार करता है। किनके द्वारा ?—अपने कर्मोंके द्वारा॥ ७॥

अङ्गुष्ठमात्रो रवितुल्यरूपः
सङ्कल्पाहङ्कारसमन्वितो यः।
बुद्धेर्गुणेनात्मगुणेन चैव
आराग्रमात्रो ह्यपरोऽपि दृष्टः॥ ८॥

जो अँगूठेके बराबर परिमाणवाला, सूर्यके समान ज्योतिःस्वरूप, संकल्प और अहंकारसे युक्त तथा बुद्धि और शरीरके गुणोंसे भी युक्त है वह अन्य (जीव) भी आरकी नोंकके बराबर आकारवाला देखा गया है॥ ८॥

अङ्गुष्ठमात्र इति। अङ्गुष्ठमात्रोऽङ्गुष्ठपरिमितहृदयसुषिरापेक्षया। रवितुल्यरूपो ज्योतिःस्वरूप इत्यर्थः। सङ्कल्पाहङ्कारादिना समन्वितो बुद्धेर्गुणेनात्मगुणेन च जरादिना। उक्तं च "जरामृत्यू शरीरस्य" इति। आराग्रमात्रः प्रतोदाग्रप्रोतलोहकण्टकाग्रमात्रोऽपरोऽपि ज्ञानात्मनात्मा दृष्टोऽवगतः। अपिशब्दः सम्भावनायाम्। अपरोऽप्यौपाधिको जलसूर्य इव जीवात्मा सम्भावित इत्यर्थः॥ ८॥

'अङ्गुष्ठमात्रः' इत्यादि। अंगुष्ठमात्र अर्थात् हृदयगुहाकी अपेक्षासे अँगूठेके बराबर परिमाणवाला, रवितुल्यरूप अर्थात् ज्योतिःस्वरूप, बुद्धिके गुण संकल्प और अहंकारादिसे युक्त तथा शरीरके गुण जरादिसे भी सम्पन्न; "जरा और मृत्यु शरीरके धर्म हैं" ऐसा कहा भी है। आराग्रमात्र—कोड़ेके अग्रभागमें लगा हुआ जो लोहेका काँटा होता है उसकी नोकके बराबर अन्य भी यानी आत्मा भी ज्ञानस्वरूपसे देखा—जाना गया है। यहाँ 'अपि' शब्द सम्भावनामें है; तात्पर्य यह है कि जलमें प्रतिविम्बित सूर्यके समान उपाधिसे अन्य जीवात्मा भी होना सम्भव है॥ ८॥

पुनरपि दृष्टान्तान्तरेण दर्शयति—

एक दूसरे दृष्टान्तसे श्रुति फिर भी दिखाती है—

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते॥ ९॥

सौ भागोंमें विभक्त किया हुआ जो केशके अग्रभागका सौवाँ भाग है उस जीवको उसके बराबर जानना चाहिये; किन्तु वही अनन्तरूप हो जाता है॥ ९॥

वालाग्रेति। वालाग्रस्य शतकृत्वो भेदमापादितस्य यो भागस्तस्यापि शतधा कल्पितस्य भागो जीवः स विज्ञेयः। लिङ्गस्यातिसूक्ष्मत्वात् तत्परिमाणे नायं व्यपदिश्यते। स च जीवस्वरूपेण, आनन्त्याय कल्पते स्वतः॥ ९॥

'वालाग्र' इत्यादि। सौ भागोंमें विभक्त किये केशके अग्रभागका जो एक भाग है उसके भी सौ भाग किये जानेपर जो भाग होता है उसके समान जीवको समझना चाहिये। लिंगदेह अत्यन्त सूक्ष्म है, इसलिये उसके परिमाणके अनुसार ही इसका परिमाण बतलाया जाता है। जीवस्वरूपसे वह ऐसा है, किन्तु स्वतः (अपने परमार्थरूपसे) वही अनन्त हो जाता है॥ ९॥

किञ्च—

तथा—

नैव स्त्री न पुमानेष न चैवायं नपुंसकः।
यद्यच्छरीरमादत्ते तेन तेन स रक्ष्यते॥ १०॥

यह [विज्ञानात्मा] न स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। यह जो-जो शरीर धारण करता है उसी-उसीसे सुरक्षित रहता है॥ १०॥

नैव स्त्रीति। स्वतोऽद्वितीयापरोक्षब्रह्मात्मस्वभावत्वान्नैव स्त्री न पुमानेष नैव चायं नपुंसकः। यद्यत्स्त्रीशरीरं पुरुषशरीरं नपुंसकशरीरं वादत्ते तेन तेन स च विज्ञानात्मा रक्ष्यते संरक्ष्यते

'नैव स्त्री' इत्यादि। स्वयं साक्षात् अद्वितीय ब्रह्मस्वरूप होनेके कारण यह न स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। यह जिस-जिस स्त्रीशरीर, पुरुषशरीर अथवा नपुंसकशरीरको धारण करता है उसी-उसीसे यह विज्ञानात्मा रक्षित—सुरक्षित रहता है अर्थात् उसी-

तत्तद्धर्मानात्मन्यध्यस्याभिमन्यते स्थूलोऽहं कृशोऽहं पुमानहं स्त्र्यहं नपुंसकोऽहमिति॥ १०॥

उसी शरीरके धर्मोंको अपनेमें आरोपित कर ऐसा मानने लगता है कि 'मैं स्थूल हूँ, मैं कृश हूँ, मैं पुरुष हूँ, मैं स्त्री हूँ, मैं नपुंसक हूँ' इत्यादि॥ १०॥

जीवको कर्मोंके अनुसार विविध देहकी प्राप्तिका निर्देश

केन तर्ह्यसौ शरीराण्यादत्ते? इत्याह—

तो फिर यह किस कारणसे शरीर धारण करता है? सो बतलाते हैं—

सङ्कल्पनस्पर्शनदृष्टिमोहै-
ग्रासाम्बुवृष्ट्या चात्मविवृद्धिजन्म।
कर्मानुगान्यनुक्रमेण देही
स्थानेषु रूपाण्यभिसंप्रपद्यते॥ ११॥

जिस प्रकार अन्न और जलके सेवनसे शरीरकी वृद्धि होती है वैसे ही संकल्प, स्पर्श, दर्शन और मोहसे [कर्म होते हैं। फिर] यह देही क्रमशः [विभिन्न] योनियोंमें जाकर उन कर्मोंके अनुसार रूप धारण करता है॥ ११॥

सङ्कल्पनेति। प्रथमं सङ्कल्पनम्। ततः स्पर्शनं त्वगिन्द्रियव्यापारः। ततो दृष्टिविधानम्। ततो मोहः। तैः सङ्कल्पनस्पर्शन-दृष्टिमोहैः शुभाशुभानि कर्माणि निष्पद्यन्ते। ततः कर्मानुगानि कर्मानुसारीणि स्त्रीपुंनपुंसक-

'संकल्पनम्' इत्यादि। पहले संकल्प होता है, फिर स्पर्श यानी त्वगिन्द्रियका व्यापार होता है, तत्पश्चात् दृष्टि जाती है, उससे पीछे मोह होता है। उन संकल्प, स्पर्श, दर्शन और मोहसे शुभाशुभ कर्म सम्पन्न होते हैं। फिर कर्मानुगत यानी कर्मोंके अनुसार अनुक्रमसे— कर्मविपाककी अपेक्षासे यह देही— जीव स्त्री, पुरुष एवं नपुंसकादि

लक्षणान्यनुक्रमेण परिपाकापेक्षया देही मर्त्यः स्थानेषु देवतिर्यङ्मनुष्यादिष्वभिसंप्रपद्यते। तत्र दृष्टान्तमाह—ग्रासाम्बुनोरन्नपानयोरनियतयोर्वृष्टिरासेचनं निदानमात्मनः शरीरस्य वृद्धिर्जायते यथा तद्वदित्यर्थः ॥ ११ ॥

रूपोंको देवता, तिर्यक् एवं मनुष्यादि स्थानों (योनियों)-में प्राप्त करता है। उसमें दृष्टान्त देते हैं—जिस प्रकार ग्रास और अम्बु यानी अनियत अन्न और जलकी वृष्टि—उनका सम्यक् सेचन आत्माका निदान है अर्थात् उससे शरीरकी वृद्धि होती है उसी प्रकार [जीवको कर्मोंके द्वारा तदनुकूल शरीरोंकी प्राप्ति होती है]—ऐसा इसका अभिप्राय है ॥ ११ ॥

स्थूलानि सूक्ष्माणि बहूनि चैव
रूपाणि देही स्वगुणैर्वृणोति।
क्रियागुणैरात्मगुणैश्च तेषां
संयोगहेतुरपरोऽपि दृष्टः ॥ १२ ॥

जीव अपने गुणों (पाप-पुण्यों)-के द्वारा स्थूल-सूक्ष्म बहुत-से देह धारण करता है। फिर उन (शरीरों)-के कर्मफल और मानसिक संस्कारोंके द्वारा उनके संयोग (देहान्तरप्राप्ति)-का दूसरा हेतु भी देखा गया है ॥ १२ ॥

स्थूलानीति। तानि च स्थूलान्यश्मादीनि सूक्ष्माणि तैजसधातुप्रभृतीनि बहूनि देवादिशरीराणि देही विज्ञानात्मा स्वगुणैर्विहितप्रतिषिद्धविषयानुभवसंस्कारैर्वृणोत्यावृणोति। ततस्तत्तत्क्रिया-

'स्थूलानि' इत्यादि। देही—विज्ञानात्मा अपने गुण यानी विहित और प्रतिषिद्ध विषयोंके अनुभवसे प्राप्त हुए संस्कारोंके द्वारा बहुत-से यानी पाषाणादि स्थूल और तैजस धातु आदि सूक्ष्म देवादि-शरीर धारण करता है। फिर वह देही उन-उन शरीरोंके कर्मफल और मानसिक संस्कारोंके द्वारा अन्य रूप

गुणैरात्मगुणैश्च स देह्यपरोऽपि देहान्तरसंयुक्तो भवतीत्यर्थः॥ १२॥

हो जाता है अर्थात् देहान्तरसे युक्त हो जाता है॥ १२॥

परमात्मतत्त्वके जाननेसे जीवकी मुक्तिका कथन

स एवमविद्याकामकर्मफल-रागादिगुरुभाराक्रान्तोऽलाबुरिव सान्द्रजलनिमग्नो निश्चयेन देहाहंभावमापन्नः प्रेततिर्यङ्मनुष्यादि-योनिष्वाजीवं जीवभावमापन्नः कथञ्चित्पुण्यवशादीश्वरार्थकर्मानुष्ठाने-नापगतरागादिमलोऽनित्यत्वादि-दर्शनेनोत्पन्नेहामुत्रार्थफलभोगविराग-शमदमादिसाधनसम्पन्नस्तमात्मानं ज्ञात्वा मुच्यत इत्याह—

अब श्रुति यह बतलाती है कि इस प्रकार गम्भीर जलमें डूबे हुए तूँबेके समान अविद्या, काम, कर्मफल और रागादिके भारी भारसे आक्रान्त होनेके कारण अपने निश्चयसे देहात्मभावसे ही युक्त हुआ जीव प्रेत, तिर्यक् एवं मनुष्यादि योनियोंमें जीवनपर्यन्त जीवभावमें ही स्थित हुआ किसी प्रकार पुण्यवश ईश्वरार्थ कर्म करनेसे रागादिमलसे शुद्ध हो जानेपर जब अनित्यत्वादि दोष-दृष्टि करनेसे ऐहिक और आमुष्मिक फलभोगसे विरक्त और शम-दमादि साधनसम्पन्न होता है तब उस आत्माको जानकर वह मुक्त हो जाता है—

अनाद्यनन्तं कलिलस्य मध्ये
विश्वस्य स्रष्टारमनेकरूपम्।
विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं
ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः॥ १३॥

इस गहन संसारके भीतर उस अनादि, अनन्त, विश्वके रचयिता,

अनेकरूप, विश्वको एकमात्र व्याप्त करनेवाले देवको जानकर जीव समस्त पाशोंसे मुक्त हो जाता है॥ १३॥

अनाद्यनन्तमिति। अनाद्यनन्तमाद्यन्तरहितं कलिलस्य मध्ये गहनगभीरसंसारस्य मध्ये विश्वस्य स्त्रष्टारमुत्पादयितारमनेकरूपं विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं स्वात्मना संव्याप्यावस्थितं ज्ञात्वा देवं ज्योतीरूपं परमात्मानं मुच्यते सर्वपाशैरविद्याकामकर्मभिः॥ १३॥

'अनाद्यनन्तम्' इत्यादि। कलिलके मध्यमें यानी अत्यन्त गम्भीर संसारके मध्यमें अनाद्यनन्त—आदि-अन्तसे रहित, विश्वकी सृष्टि—उत्पत्ति करनेवाले, अनेकरूप, विश्वके एकमात्र परिवेष्टा अर्थात् अपने स्वरूपसे विश्वको व्याप्त करके स्थित हुए, देव—ज्योतिःस्वरूप परमात्माको जानकर जीव समस्त पाशोंसे यानी अविद्या, काम एवं कर्मादिसे मुक्त हो जाता है॥ १३॥

केन पुनरसौ गृह्यते? इत्याह—

किन्तु यह किसके द्वारा ग्रहण किया जाता है, सो बतलाते हैं—

भावग्राह्यमनीडाख्यं भावाभावकरं शिवम्।
कलासर्गकरं देवं ये विदुस्ते जहुस्तनुम्॥ १४॥

भावग्राह्य, अशरीरसंज्ञक, सृष्टि और प्रलय करनेवाले, शिवस्वरूप एवं कलाओंकी रचना करनेवाले इस देवको जो जान लेते हैं वे शरीर (देहबन्धन)-को त्याग देते हैं॥ १४॥

भावग्राह्यमिति। भावेन विशुद्धान्तःकरणेन गृह्यत इति भावग्राह्यम्। अनीडाख्यं नीडं शरीरमशरीराख्यम्।

'भावग्राह्यम्' इत्यादि। भाव—विशुद्ध अन्तःकरणसे ग्रहण किया जाता है इसलिये जो भावग्राह्य है, अनीडाख्य—नीड शरीरको कहते हैं अतः अशरीर

भावाभावकरं शिवं शुद्धमविद्यातत्कार्यविनिर्मुक्तमित्यर्थः। कलानां षोडशानां प्राणादिनामान्तानाम् "स प्राणमसृजत" (प्र० उ० ६। ४) इत्यादिनाथर्वणोक्तानां सर्गकरं देवं ये विदुरहमस्मीति ते जहुः परित्यजेयुस्तनुं शरीरम्॥ १४॥

नामवाले भाव और अभाव (सृष्टि और प्रलय) करनेवाले, शिव—शुद्ध अर्थात् अविद्या और उसके कार्यसे रहित, कला सर्गकर—"उसने प्राणकी रचना की" इत्यादि वाक्यसे अथर्वण (प्रश्न) श्रुतिमें कही हुई प्राणसे लेकर नामपर्यन्त सोलह कलाओंके रचयिता उस देवको जो 'यह मैं हूँ' इस प्रकार जानते हैं वे तनु—शरीरको त्याग देते हैं*॥ १४॥

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यपरमहंसपरिव्राजकाचार्य-
श्रीमच्छङ्करभगवत्प्रणीते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये
पञ्चमोऽध्यायः॥ ५॥

---

* अर्थात् फिर उनका शरीरान्तरसे सम्बन्ध नहीं होता, वे मुक्त हो जाते हैं।

षष्ठोऽध्याय:

परमेश्वरकी महिमासे सृष्टिचक्रका संचालन

नन्वन्ये कालादयः कारणम् इति मन्यन्ते। तत्कथं पुनरीश्वरस्य कलासर्गकरत्वमित्याशङ्क्याह—

किन्तु अन्य मतावलम्बी तो कालादिको कारण मानते हैं, फिर ईश्वर किस प्रकार कलाओंकी सृष्टि करनेवाला हो सकता है?—ऐसी आशंका करके श्रुति कहती है—

स्वभावमेके कवयो वदन्ति
कालं तथान्ये परिमुह्यमानाः।
देवस्यैष महिमा तु लोके
येनेदं भ्राम्यते ब्रह्मचक्रम्॥ १॥

कोई बुद्धिमान् तो स्वभावको कारण बतलाते हैं और दूसरे कालको। किन्तु ये मोहग्रस्त हैं [अतः ठीक नहीं जानते]। यह भगवान्‌की महिमा ही है, जिससे लोकमें यह ब्रह्मचक्र* घूम रहा है॥ १॥

स्वभावमिति। स्वभावमेके कवयो मेधाविनो वदन्ति। कालं तथान्ये। कालस्वभावयोर्ग्रहणं प्रथमाध्याये निर्दिष्टानामन्येषामप्युपलक्षणार्थम्।

'स्वभावम्' इत्यादि। कोई कवि—मेधावी स्वभावको [कारण] बतलाते हैं तथा दूसरे कालको। यहाँ काल और स्वभावका ग्रहण प्रथम अध्यायमें बतलाये हुए अन्य कारणोंको भी उपलक्षित करनेके लिये किया गया है। ये स्वभाव और

---

*ब्रह्मचक्र अर्थात् संसाररूपमें विवर्तित ब्रह्मरूप चक्र, जिसका वर्णन प्रथम अध्यायके चतुर्थ मन्त्रमें किया है।

परिमुह्यमाना अविवेकिनो विषयात्मानो न सम्यग्जानन्ति। तुशब्दोऽवधारणे। देवस्यैष महिमा माहात्म्यम्। येनेदं भ्राम्यते परिवर्तते ब्रह्मचक्रम्॥ १ ॥

कालवादी परिमुह्यमान—अविवेकी यानी विषयी होनेके कारण यथार्थ नहीं जानते। 'तु' शब्द निश्चयार्थक है। यह तो देव (परमेश्वर)-की महिमा है, जिससे यह ब्रह्मचक्र भ्रमित—परिवर्तित होता है [अर्थात् सब ओर घूम रहा है]॥ १ ॥

चिन्तनीय परमेश्वरका स्वरूप तथा उसकी महिमा

महिमानं प्रपञ्चयति—

उस महिमाका निरूपण करते हैं—

येनावृतं नित्यमिदं हि सर्वं
ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः।
तेनेशितं कर्म विवर्तते ह
पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखानि चिन्त्यम्॥ २ ॥

जिसके द्वारा सर्वदा यह सब व्याप्त है तथा जो ज्ञानस्वरूप, कालका भी कर्ता, निष्पापत्वादि गुणवान् और सर्वज्ञ है उसीसे प्रेरित होकर यह पृथिवी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाशरूप कर्म [जगद्रूपसे] विवर्तित होता है; [अतः उसका चिन्तन करना चाहिये]॥ २॥

येनेति। येनेश्वरेणावृतं व्याप्तमिदं जगन्नित्यं नियमेन। ज्ञः कालकारः कालस्यापि कर्ता। गुण्यपहतपाप्मादिमान्। सर्वं वेत्तीति सर्वविद्यः। तेनेश्वरेणेशितं प्रेरितं कर्म क्रियत इति कर्म स्त्रजीव फणी। हशब्दः प्रसिद्धद्योतकः। प्रसिद्धं यदेतदीश्वरप्रेरितं कर्म

'येन' इत्यादि। जिस ईश्वरके द्वारा यह जगत् नित्य—नियमसे व्याप्त है, जो ज्ञानस्वरूप, कालकार—कालका भी कर्ता, गुणी—अपहतपाप्मत्वादि गुणवान् और सबको जाननेके कारण सर्वज्ञ है। उस ईश्वरसे ईशित—प्रेरित कर्म। जो किया जाता है उसे कर्म कहते हैं, 'ह' शब्द प्रसिद्धिका द्योतक है। अर्थात् यह जो ईश्वरप्रेरित प्रसिद्ध कर्म है वह मालामें

जगदात्मना विवर्तत इति यत्पुनस्तत्कर्म पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखानि पृथिव्यादिभूतपञ्चकम्॥ २॥

सर्पके समान जगद्रूपसे विवर्तित होता है और वह जो कर्म है सो पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाशरूप है अर्थात् पृथिवी आदि पंचभूत है॥ २॥

यत्प्रथमाध्याये चिन्त्यमित्युक्तम्, एतदेव प्रपञ्चयति—

प्रथम अध्यायमें जिसे चिन्तनीय बतलाया है उसीका निरूपण करते हैं—

तत्कर्म कृत्वा विनिवर्त्य भूय-
स्तत्त्वस्य तत्त्वेन समेत्य योगम्।
एकेन द्वाभ्यां त्रिभिरष्टभिर्वा
कालेन चैवात्मगुणैश्च सूक्ष्मैः॥ ३॥

उस कर्मको करके उसका निरीक्षण कर फिर जो उस तत्त्वके साथ यानी एक, दो, तीन या आठ तत्त्वोंके* साथ अथवा काल और अन्तःकरणके सूक्ष्म गुणोंके साथ अपने [सत्तारूप] गुणका योग कराकर [स्वयं स्थित रहता है उसका चिन्तन करना चाहिये]॥ ३॥

तदिति। तत्कर्म पृथिव्यादि सृष्ट्वा विनिवर्त्य प्रत्यवेक्षणं कृत्वा भूयः पुनस्तस्यात्मनस्तत्त्वेन भूम्यादिना योगं समेत्य संगमय्य। णिलोपो द्रष्टव्यः। कतिविधैः प्रकारैः। एकेन पृथिव्या

'तत्कर्म' इत्यादि। उस पृथिवी आदि कर्मको रचकर उसका निरीक्षण कर फिर उस आत्माका पृथिवी आदि तत्त्वके साथ योग कराकर—यहाँ (समेत्यमें) प्रेरणार्थक 'णिच्' प्रत्ययका लोप समझना चाहिये। कितने प्रकारके तत्त्वोंके साथ? पृथिवीरूप एक तत्त्वके

* श्रीशंकरानन्दजीके मतानुसार एक तत्त्व अविद्या है, दो धर्म और अधर्म हैं, तीन तत्त्वादि त्रिगुण हैं और मन, बुद्धि तथा अहंकारके सहित पाँच भूत आठ तत्त्व हैं। भाष्यमें भी आठ तत्त्व तो वे ही माने गये हैं।

द्वाभ्यां त्रिभिरष्टभिर्वा प्रकृतिभूतैस्तत्त्वैस्तदुक्तम्—

"भूमिरापोऽनलो वायुः
खं मनो बुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे
भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥"
(गीता ७। ४)

इति। कालेन चैवात्मगुणैश्चान्तःकरणगुणैः कामादिभिः सूक्ष्मैः॥ ३॥

अथवा दो, तीन या अष्टधा प्रकृतिरूप आठ तत्त्वोंके साथ। इस विषयमें [गीतामें] ऐसा कहा है—"पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार—यह मेरी आठ प्रकारकी विभिन्न प्रकृति है।" अथवा कालके और आत्मगुणोंके यानी अन्तःकरणके कामादि सूक्ष्म गुणोंके साथ॥ ३॥

भगवदर्पणकर्मसे भगवत्प्राप्ति

इदानीं कर्मणां मुख्यं विनियोगं दर्शयति—

अब श्रुति कर्मोंका मुख्य विनियोग दिखलाती है—

आरभ्य कर्माणि गुणान्वितानि
भावांश्च सर्वान्विनियोजयेद्यः।
तेषामभावे कृतकर्मनाशः
कर्मक्षये याति स तत्त्वतोऽन्यः॥ ४॥

जो पुरुष सत्त्वादी गुणमय कर्म आरम्भ कर उन्हें और समस्त भावोंको परमात्माके अर्पण कर देता है, उनके सम्बन्धका अभाव हो जानेसे उसके पूर्वकृत कर्मोंका नाश हो जाता है और कर्मोंका क्षय हो जानेपर वह [परमात्माको] प्राप्त हो जाता है; क्योंकि वह तत्त्वतः उन [पृथिवी आदि]-से अन्य है॥ ४॥

आरभ्येति। आरभ्य कृत्वा कर्माणि गुणैः सत्त्वादिभिरन्वितानि भावांश्चात्यन्तविशेषा-

'आरभ्य' इत्यादि। गुण अर्थात् सत्त्वादिसे युक्त कर्मोंको करके उन्हें तथा अपने अत्यन्त विशिष्ट भावोंको जो

न्विनियोजयेदीश्वरे समर्पयेद्यः। तेषामीश्वरे समर्पितत्वादात्मसम्बन्धाभावस्तदभावे पूर्वकृतकर्मणां नाशः। उक्तं च—

"यत्करोषि यदश्नासि
यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय
तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥
शुभाशुभफलैरेवं
मोक्ष्यसे कर्मबन्धनैः।"
(गीता ९। २७-२८)

"ब्रह्मण्याधाय कर्माणि
सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः।
लिप्यते न स पापेन
पद्मपत्रमिवाम्भसा॥
कायेन मनसा बुद्ध्या
केवलैरिन्द्रियैरपि।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति
सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये॥"
(गीता ५। १०-११) इति।

कर्मक्षये विशुद्धसत्त्वो याति तत्त्वतोऽन्यस्तत्त्वेभ्यः प्रकृतिभूतेभ्योऽन्योऽविद्यातत्कार्यविनिर्मुक्तश्चित्सदानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मत्वेनावगच्छन्नित्यर्थः। अन्यदिति

विनियुक्त करता है अर्थात् ईश्वरको समर्पित कर देता है, ईश्वरको समर्पित कर देनेसे उन कर्मोंका आत्मासे सम्बन्ध नहीं रहता और सम्बन्ध न रहनेसे पूर्वकृत कर्मोंका नाश हो जाता है। कहा भी है—

"हे कुन्तीनन्दन! तू जो कुछ कर्म करता है, जो खाता है, जो श्रौत-स्मार्त यज्ञरूप हवन करता है, जो देता है और जो तप करता है वह सब मुझे अर्पण कर दे। इस प्रकार कर्मोंको मुझे समर्पण करके तू शुभाशुभ फलयुक्त कर्मबन्धनोंसे मुक्त हो जायगा।" "जो पुरुष कर्मोंको ब्रह्मार्पण करते हुए फलासक्ति त्यागकर कर्म करता है वह जलसे कमलके पत्तेके समान पापसे लिप्त नहीं होता। योगिजन फलविषयक आसक्ति त्यागकर केवल (ममतारहित) शरीर, मन, बुद्धि एवं इन्द्रियोंसे ही चित्तशुद्धिके लिये कर्म किया करते हैं" इत्यादि।

कर्मका क्षय हो जानेसे वह शुद्धचित्त हो तत्त्वतः प्रकृतिरूप तत्त्वोंसे भिन्न होनेके कारण अविद्या और उसके कार्यसे छूटकर अपनेको सच्चिदानन्दाद्वितीय ब्रह्मरूपसे जानते हुए [परमात्माको] प्राप्त होता है। जहाँ 'अन्यः' के स्थानमें

पाठे तत्त्वेभ्यो यदन्यद्ब्रह्म तद्यातीति ॥ ४ ॥

'अन्यत्' पाठ हो वहाँ 'तत्त्वोंसे भिन्न जो ब्रह्म है उसे प्राप्त होता है' ऐसा अर्थ समझना चाहिये ॥ ४ ॥

उपासनासे भगवत्प्राप्ति

उक्तस्यार्थस्य द्रढिम्न उत्तरे मन्त्राः प्रस्तूयन्ते कथं नाम विषयान्धा ब्रह्म जानीयुरित्यत आह—

उपर्युक्त अर्थकी पुष्टिके लिये आगेके मन्त्र प्रस्तुत किये जाते हैं। विषयान्ध पुरुष भी किसी प्रकार ब्रह्मको जान जायँ इस उद्देश्यसे श्रुति कहती है—

आदिः स संयोगनिमित्तहेतुः
परस्त्रिकालादकलोऽपि दृष्टः।
तं विश्वरूपं भवभूतमीड्यं
देवं स्वचित्तस्थमुपास्य पूर्वम्॥ ५ ॥

वह सबका कारण, शरीरसंयोगकी निमित्तभूता अविद्याका हेतु, त्रिकालातीत और कलाहीन देखा गया है। अपने अन्तःकरणमें स्थित उस सर्वरूप एवं संसाररूप देवकी ज्ञानोत्पत्तिसे पूर्व उपासना कर [उसे प्राप्त हो जाता है]॥ ५ ॥

आदिरिति। आदिः कारणं सर्वस्य, शरीरसंयोगनिमित्ताना-मविद्यानां हेतुः। उक्तं च—"एष ह्येवैनं साधु कर्म कारयति——एष एवैनमसाधु कर्म कारयति च" (कौ० उ० ३।९) इति। परस्त्रिकालादतीतानागत-वर्तमानात्। उक्तं च—"यस्मा-दर्वाक्संवत्सरोऽहोभिः परिवर्तते। तद्देवा

'आदिः' इत्यादि। आदि—सबका कारण; शरीरसंयोगकी निमित्तभूता अविद्याओं (अविद्याजनित कर्मों)-का हेतु; कहा भी है—"यही इससे शुभ कर्म कराता है और यही इससे अशुभ कर्म कराता है।" भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालोंसे अतीत; जैसे कहा है—'जिसके नीचे संवत्सर दिनोंके द्वारा परिवर्तित होता है, देवगण उसकी

ज्योतिषां ज्योतिरायुर्होपासतेऽमृतम्'' (बृ० उ० ४ । ४ । १६) इति। कस्मात्? यस्मादकलोऽसौ न विद्यन्ते कलाः प्राणादिनामान्ता अस्येत्यकल : कलावद्धि कालत्रयपरिच्छिन्नमुत्पद्यते विनश्यति च। अयं पुनरकलो निष्प्रपञ्चः। तस्मान्न कालत्रयपरिच्छिन्नः सन्नुत्पद्यते विनश्यति च। तं विश्वानि रूपाण्यस्येति विश्वरूपम्। भवत्यस्मादिति भवः। भूतमवितथस्वरूपम्। ईड्यं देवं स्वचित्तस्थमुपास्यायमहमस्मीति समाधानं कृत्वा पूर्वं वाक्यार्थज्ञानोदयात्॥ ५॥

ज्योतियोंके ज्योति, आयु और अमृतरूपसे उपासना करते हैं।' क्यों त्रिकालातीत है?—क्योंकि यह अकल है—इसके प्राणसे लेकर नामपर्यन्त कलाएँ नहीं हैं, इसलिये यह अकल है। कलावान् पदार्थ ही तीनों कालोंसे परिच्छिन्न होनेके कारण उत्पन्न और नष्ट होता है। किन्तु यह तो अकल यानी निष्प्रपंच है, इसलिये कालत्रयसे परिच्छिन्न न होनेके कारण उत्पन्न या नष्ट नहीं होता। उस विश्वरूप—जिसके विश्व (समस्त) रूप हैं, भव—जिससे जगत् उत्पन्न होता है, भूत—सत्यस्वरूप, अपने चित्तमें स्थित, स्तुत्य देवको पूर्व—वाक्यार्थज्ञान उदय होनेसे पहले उपासना कर अर्थात् 'यह मैं हूँ' इस प्रकार उसमें चित्त समाहित कर [उसे प्राप्त हो जाता है]॥ ५॥

ज्ञानसे भगवत्प्राप्ति

पुनरपि तमेव दर्शयति—

फिर भी श्रुति उसे ही दिखलाती है—

स वृक्षकालाकृतिभिः परोऽन्यो
यस्मात्प्रपञ्चः परिवर्ततेऽयम्।
धर्मावहं पापनुदं भगेशं
ज्ञात्वात्मस्थममृतं विश्वधाम॥ ६॥

वह, जिससे कि यह प्रपंच प्रवृत्त होता है, वृक्षाकार और कालाकारसे अतीत तथा प्रपंचसे भिन्न है। धर्मकी प्राप्ति करानेवाले और पापका नाश

करनेवाले उस ऐश्वर्यके अधिपतिको जानकर [पुरुष] आत्मस्थ, अमृतस्वरूप और विश्वाधार [परमात्माको प्राप्त हो जाता है]॥ ६॥

स वृक्षेति। स वृक्षाकारेभ्यः। कालाकारेभ्यः परो वृक्षकालाकृतिभिः परः। वृक्षः संसारवृक्षः। उक्तं च—"ऊर्ध्वमूलो ह्यवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः" (क० उ० २।३।१) इति। अन्यः प्रपञ्चासंस्पृष्ट इत्यर्थः। यस्मादीश्वरात् प्रपञ्चः परिवर्तते। धर्मावहं पापनुदं भगस्यैश्वर्यादेरीशं स्वामिनं ज्ञात्वात्मस्थमात्मनि बुद्धौ स्थितममृतममरणधर्माणं विश्वधाम विश्वस्याधारभूतं याति। स तत्त्वतोऽन्य इति सर्वत्र सम्बध्यते॥ ६॥

'स वृक्षः' इत्यादि। वह वृक्षाकार और कालाकारसे पर (उत्कृष्ट) है, 'वृक्ष' शब्दसे यहाँ संसारवृक्ष समझना चाहिये; कहा भी है—"ऊपरकी ओर मूल और नीचेकी ओर शाखाओंवाला यह सनातन अश्वत्थ वृक्ष है" इत्यादि। अन्य अर्थात् प्रपंचसे असंस्पृष्ट है। जिस ईश्वरसे प्रपंच प्रवृत्त होता है, धर्मकी प्राप्ति करानेवाले और पापका उच्छेद करनेवाले उस भग यानी ऐश्वर्यादिके स्वामीको जानकर [पुरुष] आत्मस्थ—आत्मा यानी बुद्धिमें स्थित, अमृत—अमरणधर्मा, विश्वधाम—विश्वके आधारभूत परमात्माको प्राप्त हो जाता है, क्योंकि 'वह (जीव) पृथिवी आदि तत्त्वोंसे भिन्न है'—इस वाक्यका सबके साथ सम्बन्ध है॥ ६॥

ज्ञानियोंके तत्त्वानुभवका उल्लेख

इदानीं विद्वदनुभवं दर्शयन्नुक्तमर्थं दृढीकरोति—

अब विद्वान्‌का अनुभव दिखलाते हुए श्रुति उपर्युक्त अर्थको पुष्ट करती है—

तमीश्वराणां परमं महेश्वरं
तं देवतानां परमं च दैवतम्।
पतिं पतीनां परमं परस्ता-
द्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम्॥ ७॥

ईश्वरोंके परम महान् ईश्वर, देवताओंके परमदेव, पतियोंके परमपति, अव्यक्तादि परसे पर तथा विश्वके अधिपति उस स्तवनीय देवको हम जानते हैं ॥ ७ ॥

तमीश्वराणामिति। तमीश्वराणां वैवस्वतयमादीनां परमं महेश्वरं तं देवतानामिन्द्रादीनां परमं च दैवतं पतिं पतीनां प्रजापतीनां परमं परस्तात्परतोऽक्षरात्। विदाम देवं द्योतनात्मकं भुवनानामीशं भुवनेशम्। ईड्यं स्तुत्यम् ॥ ७ ॥

'तमीश्वराणाम्' इत्यादि। उस वैवस्वत यमादि ईश्वरों (लोकपालों)-के परम महेश्वर, इन्द्रादि देवताओंके परम देव, पतियों—प्रजापतियोंके परम पति, पर—अक्षरसे पर, भुवनोंके ईश्वर, देव—द्योतनात्मक, ईड्य—स्तुत्य [परमात्माको] हम जानते हैं ॥ ७ ॥

परमेश्वरकी महत्ता

कथं महेश्वरत्वम्? इत्याह—

उसकी महेश्वरता किस प्रकार है, सो बतलाते हैं—

न तस्य कार्यं करणं च विद्यते
न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते।
परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते
स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ॥ ८ ॥

उसके शरीर और इन्द्रियाँ नहीं हैं, उसके समान और उससे बढ़कर भी कोई दिखायी नहीं देता, उसकी पराशक्ति नाना प्रकारकी ही सुनी जाती है और वह स्वाभाविकी ज्ञानक्रिया और बलक्रिया है ॥ ८ ॥

न तस्येति। न तस्य कार्यं शरीरं करणं चक्षुरादि विद्यते। न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते श्रूयते वा।

'न तस्य' इत्यादि। उसके कार्य—शरीर और करण—चक्षु आदि इन्द्रियाँ नहीं हैं। उसके समान और उससे बढ़कर भी कोई देखा या सुना नहीं जाता।

परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते। सा च स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ज्ञानक्रिया बलक्रिया च ज्ञानक्रिया सर्वविषय-ज्ञानप्रवृत्तिः। बलक्रिया स्वसंनिधिमात्रेण सर्वं वशीकृत्य नियमनम्॥ ८॥

उसकी पराशक्ति नाना प्रकारकी ही सुनी जाती है और वह स्वाभाविक ज्ञानबलक्रिया अर्थात् ज्ञानक्रिया और बलक्रिया है। ज्ञानक्रिया—सम्पूर्ण विषयोंके ज्ञानकी प्रवृत्ति और बलक्रिया—अपनी सन्निधिमात्रसे सबको वशमें करके नियमन करना॥ ८॥

यस्मादेवं तस्मात्—

क्योंकि ऐसा है इसलिये—

न तस्य कश्चित्पतिरस्ति लोके
न चेशिता नैव च तस्य लिङ्गम्।
स कारणं करणाधिपाधिपो
न चास्य कश्चिज्जनिता न चाधिपः॥ ९॥

लोकमें उसका कोई स्वामी नहीं है, न कोई शासक या उसका चिह्न ही है। वह सबका कारण है और इन्द्रियाधिष्ठाता जीवका स्वामी है। उसका न कोई उत्पत्तिकर्ता है और न स्वामी है॥ ९॥

न तस्य कश्चित्पतिरस्ति लोके। अत एव न तस्येशिता नियन्ता। नैव च तस्य लिङ्गं चिह्नं धूमस्थानीयं येनानुमीयेत। स कारणं सर्वस्य कारणम्। करणाधिपाधिपः परमेश्वरः। यस्मादेवं तस्मान्न तस्य कश्चिज्जनिता जनयिता न चाधिपः॥ ९॥

लोकमें उसका कोई स्वामी नहीं है, अतः उसका कोई ईशिता—नियन्ता भी नहीं है। उसका कोई लिंग—धूमादिरूप चिह्न भी नहीं है, जिससे अनुमान किया जा सके। वह सबका कारण और करणाधिप—परमेश्वर है। क्योंकि ऐसा है, इसलिये उसका कोई जनिता—जनयिता अर्थात् उत्पत्तिकर्ता और स्वामी भी नहीं है॥ ९॥

ब्रह्मसायुज्यके लिये परमेश्वरसे प्रार्थना

इदानीं मन्त्रदृगभिप्रेतमर्थं प्रार्थयते—

अब श्रुति मन्त्रद्रष्टा [ऋषियों]-के अभिमत पदार्थके लिये प्रार्थना करती है—

यस्तन्तुनाभ इव तन्तुभिः प्रधानजैः स्वभावतो देव एकः स्वमावृणोत्। स नो दधाद्ब्रह्माप्ययम्॥ १०॥

तन्तुओंसे मकड़ीके समान जिस एकमात्र देवने स्वभावतः ही प्रधानजनित कार्योंसे अपनेको आवृत कर लिया है वह हमें ब्रह्मसे एकीभाव प्रदान करे॥ १०॥

यस्तन्तुनाभ इति। यथोर्णनाभिरात्मप्रभवैस्तन्तुभिरात्मानमेव समावृणोति तथा प्रधानजैरव्यक्तप्रभवैर्नामरूपकर्मभिस्तन्तुस्थानीयैः स्वमात्मानमावृणोत् सञ्छादितवान्स नो मह्यं ब्रह्मण्यप्ययं ब्रह्माप्ययमेकीभावं दधाद्ददात्वित्यर्थः॥ १०॥

'यस्तन्तुनाभः' इत्यादि। जिस प्रकार मकड़ी अपनेसे उत्पन्न हुए तन्तुओंसे अपनेहीको आवृत कर लेती है उसी प्रकार प्रधानज अर्थात् अव्यक्तसे उत्पन्न हुए तन्तुरूप नाम, रूप और कर्मोंसे जिसने अपनेको आच्छादित कर रखा है वह हमें ब्रह्ममें लय यानी एकीभाव प्रदान करे॥ १०॥

परमेश्वरके स्वरूपका निर्देश

पुनरपि तमेव करतलन्यस्तामलकवत्साक्षाद्दर्शयंस्तद्विज्ञानादेव परमपुरुषार्थप्राप्तिर्नान्येनेति दर्शयति मन्त्रद्वयेन—

फिर भी हथेलीपर रखे हुए आँवलेके समान उसीको साक्षात्-रूपसे दिखाते हुए श्रुति दो मन्त्रोंद्वारा इस बातको प्रदर्शित करती है कि उसके विशेष ज्ञानसे ही परमपुरुषार्थकी प्राप्ति होती है, और किसीसे नहीं—

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।

कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः
साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च॥ ११॥

समस्त प्राणियोंमें स्थित एक देव है; वह सर्वव्यापक, समस्त भूतोंका अन्तरात्मा, कर्मोंका अधिष्ठाता, समस्त प्राणियोंमें बसा हुआ, सबका साक्षी, सबको चेतनत्व प्रदान करनेवाला, शुद्ध और निर्गुण है॥ ११॥

एको देव इति एकोऽद्वितीयो देवो द्योतनस्वभावः सर्वभूतेषु गूढः सर्वप्राणिषु संवृतः। सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा स्वरूपभूत इत्यर्थः। कर्माध्यक्षः सर्वप्राणिकृतविचित्रकर्माधिष्ठाता । सर्वभूताधिवासः सर्वप्राणिषु वसतीत्यर्थः। सर्वेषां भूतानां साक्षी सर्वद्रष्टा। ''साक्षाद्द्रष्टरि संज्ञायाम्'' (पा० सू० ५। २। ९१) इति स्मरणात्। चेता चेतयिता। केवलो निरुपाधिकः। निर्गुणः सत्त्वादिगुणरहितः॥ ११॥

'एको देवः' इत्यादि। सर्वभूतोंमें गूढ—समस्त प्राणियोंमें छिपा हुआ एक—अद्वितीय देव—प्रकाशनशील परमात्मा है। [वह] सर्वव्यापी, सर्वभूतान्तरात्मा अर्थात् सबका स्वरूपभूत कर्माध्यक्ष—समस्त प्राणियोंके किये हुए विभिन्न कर्मोंका अधिष्ठाता, सर्वभूताधिवास अर्थात् समस्त प्राणियोंमें निवास करनेवाला, समस्त भूतोंका साक्षी अर्थात् सर्वद्रष्टा है, क्योंकि ''साक्षाद्द्रष्टरि संज्ञायाम्'' इस पाणिनिसूत्ररूप स्मृतिके अनुसार 'साक्षी' शब्दका अर्थ द्रष्टा है। तथा वह चेता—चेतनत्व प्रदान करनेवाला, केवल—उपाधिशून्य और निर्गुण-सत्त्वादि गुणरहित है॥ ११॥

परमात्मज्ञानसे नित्यसुखकी प्राप्ति और मोक्ष

एको वशी निष्क्रियाणां बहूना-
मेकं बीजं बहुधा यः करोति।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा-
स्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥ १२॥

जो एक अद्वितीय स्वतन्त्र परमात्मा बहुत-से निष्क्रिय जीवोंके एक बीजको अनेक रूप कर देता है, अपने अन्तःकरणमें स्थित उस [देव]-को जो मतिमान् देखते हैं उन्हें ही नित्यसुख प्राप्त होता है, औरोंको नहीं॥ १२॥

एको वशीति। एको वशी स्वतन्त्रो निष्क्रियाणां बहूनां जीवानाम्। सर्वा हि क्रिया नात्मनि समवेताः किन्तु देहेन्द्रियेषु। आत्मा तु निष्क्रियो निर्गुणः सत्त्वादिगुणरहितः कूटस्थः सन्ननात्मधर्मानात्मन्यध्यस्याभिमन्यते कर्ता भोक्ता सुखी दुःखी कृशः स्थूलो मनुष्योऽमुष्य पुत्रोऽस्य नप्तेति। उक्तं च—

"प्रकृतेः क्रियमाणानि
गुणैः कर्माणि सर्वशः।
अहङ्कारविमूढात्मा
कर्ताहमिति मन्यते॥
तत्त्ववित्तु महाबाहो
गुणकर्मविभागयोः।
गुणा गुणेषु वर्तन्त
इति मत्वा न सज्जते॥
प्रकृतेर्गुणसम्मूढाः
सज्जन्ते गुणकर्मसु।"
(गीता ३। २७—२९) इति।

'एको वशी' इत्यादि। जो एक वशी—स्वतन्त्र परमात्मा बहुत-से निष्क्रिय जीवोंके एक बीज—बीजस्थानीय भूतसूक्ष्मको अनेक रूप कर देता है उस आत्मस्थ—बुद्धिमें स्थित [देव]-को जो धीर—बुद्धिमान् देखते हैं—साक्षात् रूपसे जान लेते हैं उन आत्मवेत्ताओंको नित्य सुख प्राप्त होता है, अन्य अनात्मज्ञोंको नहीं। [यहाँ जीवोंको निष्क्रिय इसलिये कहा है कि] सारी क्रियाओंका साक्षात् सम्बन्ध आत्मासे नहीं, अपितु देह और इन्द्रियोंसे है। आत्मा तो निष्क्रिय, निर्गुण अर्थात् सत्त्वादि गुणोंसे रहित और कूटस्थ होते हुए अपनेमें अनात्म-धर्मोंका अध्यास करके ऐसा अभिमान करने लगता है कि मैं कर्ता, भोक्ता, सुखी, दुःखी, कृश, स्थूल, मनुष्य, अमुकका पुत्र अथवा इसका नाती हूँ इत्यादि। कहा भी है— "[हे अर्जुन!] सारे कर्म प्रकृतिके गुणोंद्वारा किये जाते हैं; अहंकारसे मोहित हुए पुरुष ऐसा मानने लगते हैं कि 'मैं कर्ता हूँ'।

एकं बीजं बीजस्थानीयं भूतसूक्ष्मं बहुधा यः करोति तमात्मस्थं बुद्धौ स्थितं येऽनुपश्यन्ति साक्षाज्जानन्ति धीरा बुद्धिमन्तस्तेषामात्मविदां सुखं शाश्वतं नेतरेषामनात्मविदाम्॥ १२॥

किन्तु हे महाबाहो! जो गुण और कर्मके विभागका मर्मज्ञ है वह तो 'गुण गुणोंमें बर्त रहे हैं' ऐसा मानकर उनमें आसक्त नहीं होता, जो लोग प्रकृतिके गुणोंसे मोहित हैं वे ही उन गुण और कर्मोंमें आसक्त होते हैं'' इत्यादि॥ १२॥

किञ्च—

तथा—

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनाना-
मेको बहूनां यो विदधाति कामान्।
तत्कारणं साङ्ख्ययोगाधिगम्यं
ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः॥ १३॥

जो नित्योंमें नित्य, चेतनोंमें चेतन और अकेला ही बहुतोंको भोग प्रदान करता है, सांख्ययोगद्वारा ज्ञातव्य उस सर्वकारण देवको जानकर [पुरुष] समस्त बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है॥ १३॥

नित्य इति। नित्यो नित्यानां जीवानां मध्ये तन्नित्यत्वेन तेषामपि नित्यत्वमित्यभिप्रायः। अथवा पृथिव्यादीनां मध्ये। तथा चेतनश्चेतनानां प्रमातॄणां मध्ये। एको बहूनां जीवानां यो विदधाति प्रयच्छति कामान्कामनिमित्तान्भोगान्। सर्वस्य सांख्ययोगाधिगम्यं ज्ञात्वा देवं ज्योतिर्मयं मुच्यते सर्वपाशैरविद्यादिभिः॥ १३॥

'नित्यः' इत्यादि। नित्य जीवोंके मध्यमें जो नित्य है, अभिप्राय यह कि उसके नित्यत्वसे ही उनका भी नित्यत्व है, अथवा पृथिवी आदि नित्योंमें जो नित्य है तथा चेतन प्रमाताओंमें जो चेतन है; जो अकेला ही बहुत-से जीवोंके काम—कामनिमित्तक भोगोंका विधान यानी दान करता है और सबके लिये सांख्ययोगद्वारा ज्ञातव्य है, उस देव-प्रकाशस्वरूपको जानकर [पुरुष] समस्त पाशोंसे अर्थात् अविद्यादिसे मुक्त हो जाता है॥ १३॥

ब्रह्मके प्रकाशसे ही सबको प्रकाशकी प्राप्ति

कथं चेतनश्चेतनानाम्? इत्युच्यते—

वह चेतनामें चेतन किस प्रकार है? सो बतलाया जाता है—

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं
नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥ १४॥

वहाँ सूर्य प्रकाशित नहीं होता, न चन्द्र और तारे प्रकाशित होते हैं और न ये बिजलियाँ ही चमकती हैं, फिर यह अग्नि तो कहाँ प्रकाशित हो सकता है? ये सब उसके प्रकाशित होनेसे ही प्रकाशित होते हैं, उसीके प्रकाशसे ये सब प्रकाशित हैं॥ १४॥

न तत्रेति। तत्र तस्मिन्परमात्मनि सर्वावभासकोऽपि सूर्यो न भाति ब्रह्म न प्रकाशयतीत्यर्थः। स हि तस्यैव भासा सर्वात्मनो रूपजातं प्रकाशयति। न तु तस्य स्वतःप्रकाशनसामर्थ्यम्। तथा न चन्द्रतारकम्। नेमा विद्युतो भान्ति। कुतोऽयमग्निरस्मद्गोचरः। किं बहुना यदिदं जगद्भाति तमेव स्वतो भारूपत्वाद्भान्तं दीप्यमानमनुभात्यनुदीप्यते। यथा लोहादि वह्निं दहन्त-

'न तत्र' इत्यादि। वहाँ—उस परमात्मामें, सबका प्रकाशक होनेपर भी सूर्य प्रकाशित नहीं होता; अर्थात् वह ब्रह्मको प्रकाशित नहीं करता। अपितु वह उस सर्वात्मा ब्रह्मके प्रकाशसे ही सब रूपोंको प्रकाशित करता है; क्योंकि उसमें स्वयं प्रकाशित करनेका सामर्थ्य नहीं है तथा न चन्द्र और तारे एवं न विद्युत् ही वहाँ प्रकाशित होते हैं। फिर हमें दिखायी देनेवाला यह अग्नि तो प्रकाशित हो ही कैसे सकता है? अधिक क्या, यह जो जगत् भास रहा है, स्वतः प्रकाशरूप होनेके कारण उस परमात्माके प्रकाशित होनेसे ही प्रकाशित हो रहा है, जिस प्रकार लोहा आदि पदार्थ जलानेवाले

मनुदहति न स्वतः। तस्यैव भासा दीप्त्या सर्वमिदं सूर्यादि भाति। उक्तं च—"येन सूर्यस्तपति तेजसेद्धः" "न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः।" (गीता १५। ६) इति॥ १४॥

अग्निके साथ ही [उसीकी शक्तिसे] जलाते हैं स्वतः नहीं। ये सब सूर्यादि उसके ही प्रकाश यानी दीप्तिसे प्रकाशित होते हैं। कहा भी है "जिसके तेजसे युक्त होकर सूर्य तपता है", "उसे न सूर्य प्रकाशित करता है, न चन्द्रमा और न अग्नि ही" इत्यादि॥ १४॥

मोक्षके लिये ज्ञानके सिवा अन्य हेतुओंका निषेध

ज्ञात्वा देवं मुच्यत इत्युक्तम्। कस्मात्पुनस्तमेव विदित्वा मुच्यते नान्येनेत्यत्राह—

ऊपर यह कहा है कि उस देवको जानकर मुक्त हो जाता है; अब यह बतलाते हैं कि उसीको जानकर क्यों मुक्त होता है, किसी और कारणसे क्यों नहीं होता?

एको हꣳसो भुवनस्यास्य मध्ये
स एवाग्निः सलिले संनिविष्टः।
तमेव विदित्वाति मृत्युमेति
नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥ १५॥

इस भुवनके मध्य एक हंस है वही जलमें (पंचमाहुतिरूप देहमें) स्थित अग्नि है। उसीको जानकर पुरुष मृत्युके पार हो जाता है। इससे भिन्न मोक्षप्राप्तिका कोई और मार्ग नहीं है॥ १५॥

एक इति। एकः परमात्मा हन्त्यविद्यादिबन्धकारणमिति हंसो भुवनस्यास्य त्रैलोक्यस्य मध्ये नान्यः कश्चित्। कस्मात्? यस्मात्स एवाग्निः।

'एकः' इत्यादि। एक परमात्मा, जो अविद्यादि बन्धनके कारणका हनन करता है इसलिये हंस है, इस भुवन—त्रिलोकीके मध्यमें स्थित है और कोई नहीं। क्यों नहीं है? क्योंकि वही अग्नि है—

अग्निरिवाग्निरविद्यातत्कार्यस्य दाहकत्वात्। उक्तं च—"व्योमातीतोऽग्निरीश्वरः" इति। सलिले देहात्मना परिणते। उक्तं च—"इति तु पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्ति" (छा० उ० ५।९।१) इति संनिविष्टः सम्यगात्मत्वेन निविष्टः। अथवा सलिले सलिल इव स्वच्छे यज्ञदानादिना विमलीकृतेऽन्तःकरणे संनिविष्टो वेदान्तवाक्यार्थसम्यग्ज्ञानफलकारूढोऽविद्यातत्कार्यस्य दाहक इत्यर्थः। तस्मात्तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥ १५॥

अविद्या और उसके कार्यका दाह करनेवाला होनेसे वह अग्निके समान अग्नि है। कहा भी है—"ईश्वर आकाशातीत अग्नि है" इत्यादि। सलिलमें अर्थात् देहरूपमें परिणत हुए जलमें, जैसे कहा है—"इस प्रकार पाँचवीं आहुतिमें आप (जल) पुरुष नामवाला हो जाता है।" सन्निविष्ट—आत्मभावसे सम्यग्रूपसे स्थित है। अथवा 'सलिले'—यज्ञदानादिद्वारा सलिल (जल)-के समान स्वच्छ किये अन्तःकरणमें स्थित वेदान्तवाक्यार्थके सम्यग्ज्ञानके फलरूपसे अविद्या और उसके कार्यका दाह करनेवाला [अग्नि]—ऐसा भी अर्थ हो सकता है। अतः उसीको जानकर पुरुष मृत्युके पार हो जाता है, मोक्षके लिये कोई और मार्ग नहीं है॥ १५॥

परमेश्वरके स्वरूपका विशेषरूपसे वर्णन

परमपदप्राप्तये पुनरपि तमेव विशेषतो दर्शयति—

परमपदकी प्राप्तिके लिये श्रुति फिर भी उसीको विशेषरूपसे प्रदर्शित करती है—

स विश्वकृद्विश्वविदात्मयोनि-
र्ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः।
प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेशः
सꣳसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः ॥ १६॥

वह विश्वका कर्ता, विश्ववेत्ता, आत्मयोनि (स्वयम्भू), ज्ञाता, कालका प्रेरक, अपहतपाप्मत्वादि गुणवान् और सम्पूर्ण विद्याओंका आश्रय है तथा वही प्रधान और पुरुषका अध्यक्ष, गुणोंका नियामक एवं संसारके मोक्ष, स्थिति और बन्धनका हेतु है॥ १६॥

स विश्वकृदिति। स विश्वकृद्विश्वस्य कर्ता। विश्वं वेत्तीति विश्ववित्। आत्मा चासौ योनिश्चेत्यात्मयोनिः। जानातीति ज्ञः। सर्वस्यात्मा सर्वस्य च योनिः सर्वज्ञश्चैतन्यज्योतिरित्यर्थः। कालकारः कालस्य कर्ता गुण्यपहतपाप्मादिमान्विश्वविदित्यस्य प्रपञ्चः। प्रधानमव्यक्तम्। क्षेत्रज्ञो विज्ञानात्मा। तयोः पतिः पालयिता। गुणानां सत्त्वरजस्तमसामीशः। संसारमोक्षस्थितिबन्धानां हेतुः कारणम्॥ १६॥

'स विश्वकृत्' इत्यादि। वह 'विश्वकृत्' विश्वका कर्ता है, विश्वको जानता है— इसलिये विश्ववेत्ता है, आत्मा और योनि है इसलिये आत्मयोनि है, जानता है इसलिये ज्ञ है। तात्पर्य यह है कि वह सबका आत्मा, सबका योनि (उत्पत्तिस्थान) और सर्वज्ञ अर्थात् चैतन्यज्योति है। तथा कालकार—कालका कर्ता और गुणी—अपहतपाप्मत्वादि गुणवान् है। यह सब 'विश्ववित्' इस विशेषणका विस्तार है। [इसके सिवा] वही प्रधान—अव्यक्त और क्षेत्रज्ञ—विज्ञानात्मा, इन दोनोंका पति—पालन करनेवाला, सत्त्व, रज, तम—इन तीनों गुणोंका नियामक तथा संसारके मोक्ष, स्थिति और बन्धनका हेतु यानी कारण है॥ १६॥

किञ्च—

तथा—

स तन्मयो ह्यमृत ईशसंस्थो
ज्ञः सर्वगो भुवनस्यास्य गोप्ता।
य ईशे अस्य जगतो नित्यमेव
नान्यो हेतुर्विद्यत ईशनाय॥ १७॥

वह तन्मय (जगद्रूप अथवा ज्योतिर्मय), अमरणधर्मा, ईश्वररूपसे स्थित, ज्ञाता, सर्वगत और इस भुवनका रक्षक है, जो सर्वदा इस जगत्का शासन करता है; क्योंकि इसका शासन करनेके लिये कोई और समर्थ नहीं है॥ १७॥

स तन्मय इति। स तन्मयो विश्वात्मा। अथवा तन्मयो ज्योतिर्मय इति 'तस्य भासा सर्वमिदं विभाति' इत्येतदपेक्षयोच्यते। अमृतोऽमरणधर्मा। ईशे स्वामिनि सम्यक्स्थितिर्यस्यासावीश-संस्थः। जानातीति ज्ञः। सर्वत्र गच्छतीति सर्वगः। भुवनस्यास्य गोप्ता पालयिता। य ईश ईष्टेऽस्य जगतो नित्यमेव नियमेन नान्यो हेतुः समर्थो विद्यत ईशनाय जगदीशनाय॥ १७॥

'स तन्मयः' इत्यादि। वह तन्मय अर्थात् विश्वरूप है। अथवा 'उसके प्रकाशसे यह सब प्रकाशित है' इस उक्तिकी अपेक्षासे 'तन्मय' शब्दसे ज्योतिर्मय भी कहा जा सकता है। अमृत—अमरणधर्मा, ईश यानी ईश्वरभावमें जिसकी सम्यक् स्थिति है अतः वह ईशसंस्थ है, जानता है इसलिये ज्ञ है, सर्वत्र जाता है इसलिये सर्वग है, इस भुवनका गोप्ता यानी पालनकर्ता है, जो इस जगत्को नित्य-नियमसे शासित करता है, क्योंकि जगत्के शासनके लिये कोई और हेतु समर्थ नहीं है॥ १७॥

मुमुक्षुके लिये भगवच्छरणागतिका उपदेश

यस्मात्स एव संसारमोक्ष-स्थितिबन्धहेतुस्तस्मात्तमेव मुमुक्षुः सर्वात्मना शरणं प्रपद्येत गच्छेदिति प्रतिपादयितुमाह—

क्योंकि वही संसारके मोक्ष, स्थिति और बन्धनका हेतु है इसलिये मुमुक्षु पुरुषको सब प्रकार उसीकी शरणमें जाना चाहिये—यह प्रतिपादन करनेके लिये श्रुति कहती है—

यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं
यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।

तꣳह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं
मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये॥ १८॥

जो सृष्टिके आरम्भमें ब्रह्माको उत्पन्न करता है और जो उसके लिये वेदोंको प्रवृत्त करता है, अपनी बुद्धिको प्रकाशित करनेवाले उस देवकी मैं मुमुक्षु शरण ग्रहण करता हूँ॥ १८॥

यो ब्रह्माणमिति। यो ब्रह्माणं हिरण्यगर्भं विदधाति सृष्टवान्पूर्वं सर्गादौ। यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै। तं ह हशब्दोऽवधारणे। तमेव परमात्मानम्। उक्तं च—

"तमेव धीरो विज्ञाय
प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः।
नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दा-
न्वाचो विग्लापनं हि तत्॥"
(बृ० उ० ४। ४। २१)

"तमेवैकं जानथात्मानम्" (मु० उ० २। २। ५) इति च। देवं ज्योतिर्मयम्। आत्मनि या बुद्धिस्तस्याः प्रसादकरम्। प्रसन्ने हि परमेश्वरे बुद्धिरपि तद्विषया प्रमा निष्प्रपञ्चाकारब्रह्मात्मनावतिष्ठते वर्तते। आत्मबुद्धिप्रकाशमित्यन्येऽधीयते। आत्मबुद्धिं प्रकाशयतीत्यात्मबुद्धिप्रकाशम्। अथवात्मैव बुद्धिरात्मबुद्धिः सैव प्रकाशो-

'यो ब्रह्माणम्' इत्यादि। जिसने पहले अर्थात् सृष्टिके आरम्भमें ब्रह्मा—हिरण्यगर्भको रचा है और जो उसके लिये वेदोंको प्रवृत्त करता है। 'त ह' यहाँ 'ह' शब्द निश्चयार्थक है, अर्थात् उसी परमात्माको। कहा भी है—"बुद्धिमान् ब्रह्मवेत्ता उसीको जानकर उसीमें मनोनिवेश करे, बहुत-से शब्दों—शास्त्रोंको न पढ़े; क्योंकि वह तो वाणीको पीड़ित करना ही है" तथा "उसी एक आत्माको जानो" इत्यादि। देव—ज्योतिर्मय। अपनेमें जो बुद्धि है उसका प्रसाद* (विकास) करनेवाले, क्योंकि परमेश्वरके प्रसन्न होनेपर बुद्धि यानी परमेश्वरविषयिणी प्रमा भी निष्प्रपंच ब्रह्माकारसे स्थित हो जाती है। दूसरे लोग यहाँ 'आत्मबुद्धिप्रकाशम्' ऐसा पाठ मानते हैं। [तब यह अर्थ होगा—] अपनी बुद्धिको प्रकाशित करता है इसलिये जो आत्मबुद्धिप्रकाश है; अथवा आत्मा ही बुद्धि है वही जिसका प्रकाश है उस

* यह व्याख्या 'आत्मबुद्धिप्रसाद' पाठ मानकर की गयी है।

ऽस्येत्यात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुर्वै वै शब्दोऽवधारणे मुमुक्षुरेव सन्न फलान्तरमिच्छन्शरणमहं प्रपद्ये ॥ १८ ॥

आत्मबुद्धिप्रकाशकी मैं मुमुक्षु—यहाँ 'वै' शब्द निश्चयार्थक है [अतः तात्पर्य यह है कि] मुमुक्षु होकर ही शरण लेता हूँ, किसी अन्य फलकी इच्छा करता हुआ नहीं ॥ १८ ॥

एवं तावत्सृष्ट्यादिना यल्लक्ष्यं स्वरूपं दर्शितम्, अथेदानीं तत्स्वरूपेण दर्शयति—

इस प्रकार यहाँतक सृष्टि आदि कार्यसे लक्षित होनेवाले जिस स्वरूपका वर्णन किया है उसीको अब साक्षात्स्वरूपसे प्रदर्शित करते हैं—

निष्कलं निष्क्रियꣳशान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्।
अमृतस्य परꣳसेतुं दग्धेन्धनमिवानलम् ॥ १९ ॥

जो कलाहीन, क्रियाहीन, शान्त, अनिन्द्य, निर्लेप, अमृतत्वका उत्कृष्ट सेतु और जिसका ईंधन जल चुका है (धूमादिशून्य) अग्निके समान (देदीप्यमान) है (उस देवकी मैं शरण लेता हूँ) ॥ १९ ॥

निष्कलमिति। कला अवयवा निर्गता यस्मात्तं निष्कलं निरवयवमित्यर्थः। निष्क्रियं स्वमहिमप्रतिष्ठितं कूटस्थमित्यर्थः। शान्तमुपसंहृतसर्वविकारम्। निरवद्यमगर्हणीयम्। निरञ्जनं निर्लेपम्। अमृतस्यामृतत्वस्य मोक्षस्य प्राप्तये सेतुरिव सेतुः संसारमहोदधेरुत्तारणोपायत्वात्तम् अमृतस्य परं सेतुं दग्धेन्धनानलमिव

'निष्कलम्' इत्यादि। जिससे कला यानी अवयव निकल गये हैं उस निष्कल अर्थात् निरवयव, निष्क्रिय—अपनी महिमामें स्थित अर्थात् कूटस्थ, शान्त—जिसके सब विकारोंका अन्त हो गया है, निरवद्य—अनिन्द्य, निरंजन—निर्लेप, अमृत यानी अमृतत्व-मोक्षकी प्राप्तिके लिये जो सेतुके समान सेतु है, क्योंकि वह संसार-सागरसे पार होनेका साधन है, उस अमृतत्वके परमसेतु तथा जिसका ईंधन जल गया है उस अग्निके समान

देदीप्यमानं झटझटायमानम्॥ १९॥

देदीप्यमान—जगमगाते हुए [देवकी मैं शरण लेता हूँ]॥ १९॥

परमात्मज्ञानके बिना दुःख-निवृत्तिकी असम्भावना

किमिति तमेव विदित्वा मुच्यते नान्येन? इति तत्राह—

तो क्या उसीको जानकर पुरुष मुक्त होता है किसी और साधनसे नहीं? इसपर कहते हैं—

यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः।
तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति॥ २०॥

जिस समय लोग चमड़ेके समान आकाशको लपेट लेंगे उस समय उस देवको न जानकर भी दुःखका अन्त हो जायगा*॥ २०॥

यदेदि। यदा यद्वच्चर्म सङ्कोचयिष्यति तद्वदाकाशममूर्तं व्यापिनं यदिवेष्टयिष्यन्ति संवेष्टयिष्यन्ति मानवास्तदा देवं ज्योतिर्मयमनुदितानस्तमितज्ञानात्मनावस्थितमशनायाद्यसंस्पृष्टं परमात्मानमविज्ञाय दुःखस्याध्यात्मिकस्याधिभौतिकस्याधिदैविकस्यान्तो विनाशो भविष्यति। आत्मा ज्ञाननिमित्तत्वात्संसारस्य।

'यदा' इत्यादि। जिस समय, जैसे कोई [फैले हुए] चमड़ेको लपेट ले उसी प्रकार यदि अमूर्त और व्यापक आकाशको भी मनुष्य सम्यक् प्रकारसे लपेट लें, उस समय देव यानी ज्योतिर्मय—उदय-अस्तसे रहित ज्ञानस्वरूपसे स्थित क्षुधादिसे असंस्पृष्ट परमात्माको बिना जाने भी आध्यात्मिक, आधिभौतिक एवं आधिदैविक दुःखका अन्त—विनाश हो जायगा; क्योंकि आत्माके अज्ञानसे ही संसारकी स्थिति है।

* तात्पर्य यह है कि परमात्माको बिना जाने दुःखका अन्त होना ऐसा ही असम्भव है जैसा कि विभु और अमूर्त आकाशको परिच्छिन्न एवं मूर्तस्वरूप चर्मके समान लपेटना।

यावत्परमात्मानमात्मत्वेन न जानाति तावत्तापत्रयाभिभूतो मकरादिभिरिव रागादिभिरितस्ततः कृष्यमाणःप्रेततिर्यङ्मनुष्यादि-योनिष्वज एव जीवभाव-मापन्नो मोमुह्यमानः संसरति। यदा पुनरपूर्वमनपरं नेति नेतीत्यादिलक्षणमशनायाद्यसंस्पृष्ट-मनुदितानस्तमितज्ञानात्मनावस्थितं पूर्णानन्दं परमात्मानमात्मत्वेन साक्षाज्जानाति तदा निरस्ताज्ञान-तत्कार्यः पूर्णानन्दो भवतीत्यर्थः। उक्तं च—

"अज्ञानेनावृतं ज्ञानं
तेन मुह्यन्ति जन्तवः॥
ज्ञानेन तु तदज्ञानं
येषां नाशितमात्मनः।
तेषामादित्यवज्ज्ञानं
प्रकाशयति तत्परम्॥
तद्बुद्धयस्तदात्मान-
स्तन्निष्ठास्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं
ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः॥"
(गीता ५। १५—१७)

॥ २० ॥

तात्पर्य यह है कि जबतक पुरुष परमात्माको आत्मस्वरूपसे नहीं जानता तबतक वह अजन्मा होनेपर भी तापत्रयसे अभिभूत हो मकरादिके समान रागादिद्वारा इधर-उधर खींचा जाता हुआ प्रेत, तिर्यक् एवं मनुष्यादि योनियोंमें जीवभावको प्राप्त हो अत्यन्त मोहवश संसारमें भटकता रहता है। किन्तु जिस समय वह कारण-कार्यभावसे रहित, नेति-नेति आदि वाक्यद्वारा लक्षित, क्षुधादिसे असंस्पृष्ट, उदय-अस्तसे रहित ज्ञानस्वरूपसे स्थित पूर्णानन्दमय परमात्माको साक्षात् आत्मस्वरूपसे जानता है उस समय अज्ञान और उसके कार्यसे छूटकर पूर्णानन्दमय हो जाता है। कहा भी है—

"ज्ञान अज्ञानसे ढका हुआ है, इसीसे जीव मोहमें पड़ते हैं। जिन्होंने ज्ञानके द्वारा अपने अज्ञानको नष्ट कर दिया है उनके प्रति वह ज्ञान [समस्त रूपमात्रको प्रकाशित करनेवाले] सूर्यके समान उस ज्ञेय परमार्थतत्त्वको प्रकाशित कर देता है। उस परमज्ञानमें ही जिनकी बुद्धि लगी हुई है, वह ज्ञानस्वरूप परब्रह्म ही जिनका आत्मा है उस ब्रह्ममें जिनकी दृढ़ निष्ठा है और जो उसीके परायण [अर्थात् आत्मरति] हैं वे ज्ञानद्वारा समस्त दोषोंसे मुक्त हो अपुनरावृत्तिको प्राप्त हो जाते हैं"॥ २०॥

श्वेताश्वतर-विद्याका सम्प्रदाय तथा इसके अधिकारी

सम्प्रदायपरम्परया ब्रह्मविद्याया मोक्षप्रदत्वं प्रदर्शयितुं सम्प्रदायं विद्याधिकारिणं च दर्शयति—

सम्प्रदायपरम्पराके द्वारा ब्रह्मविद्याका मोक्षप्रदत्व प्रदर्शित करनेके लिये श्रुति इसके सम्प्रदाय और इस विद्याके अधिकारीको प्रदर्शित करती है—

तपःप्रभावाद्देवप्रसादाच्च ब्रह्म
ह श्वेताश्वतरोऽथ विद्वान्।
अत्याश्रमिभ्यः परमं पवित्रं
प्रोवाच सम्यगृषिसंघजुष्टम्॥ २१॥

श्वेताश्वतर ऋषिने तपोबल और परमात्माकी प्रसन्नतासे उस प्रसिद्ध ब्रह्मको जाना और ऋषिसमुदायसे सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्त्वका सम्यक् प्रकारसे परमहंस संन्यासियोंको उपदेश किया॥ २१॥

तपः प्रभावादिति। तपसः कृच्छ्रचान्द्रायणादिलक्षणस्य, तत्र तपः शब्दस्य रूढत्वात्। नित्यादीनां विधिवदनुष्ठितानां कर्मणा-मुपलक्षणमिदम्; "मनसश्चेन्द्रियाणां च ह्यैकाग्र्यं परमं तपः" इति स्मरणात्। तस्य च सर्वस्य तपसस्तस्मिञ्श्वेताश्वतरे नियमेन सत्त्वात्तत्प्रभावात्तत्सामर्थ्या-द्देवप्रसादाच्च कैवल्यमुद्दिश्य तदधिकारसिद्धये बहुजन्मसु सम्यगाराधितपरमेश्वरस्य प्रसादाच्च ब्रह्मापरिच्छिन्नमहत्त्वम् ।

'तपः प्रभावात्' इत्यादि। 'तपसः' अर्थात् कृच्छ्रचान्द्रायणादिरूप तपके [प्रभावसे], क्योंकि उसीमें 'तप' शब्द रूढ है। यह विधिवत् अनुष्ठान किये हुए नित्यादि कर्मोंका उपलक्षण है, क्योंकि "मन और इन्द्रियोंकी एकाग्रता ही परम तप है" ऐसा स्मृतिवाक्य है। वह सम्पूर्ण तप श्वेताश्वतर ऋषिमें नियमसे होनेके कारण उसके प्रभाव यानी सामर्थ्यसे तथा भगवान्की कृपासे—कैवल्यपदके उद्देश्यसे उसका अधिकार प्राप्त करनेके लिये अनेकों जन्मपर्यन्त सम्यक् प्रकारसे आराधना किये हुए परमेश्वरकी प्रसन्नतासे जिसकी महिमाकी कोई सीमा नहीं है,

ह इति प्रसिद्धिद्योतनार्थः। श्वेताश्वतरो नाम ऋषिर्विद्वान्यथोक्तं ब्रह्म परम्पराप्राप्तं गुरुमुखाच्छ्रुत्वा मनननिदिध्यासनादरनैरन्तर्यसत्कारादिभिर्ब्रह्माहमस्मीत्यपरोक्षीकृताखण्डसाक्षात्कारवान्।

अथ स्वानुभवदार्ढ्यानन्तरमत्याश्रमिभ्यः। "अतिः पूजायाम्" इति स्मरणादत्यन्तं पूज्यतमाश्रमिभ्यः साधनचतुष्टयसम्पत्तिमहिम्ना स्वेषु देहादिष्वपि जीवनभोगादिष्वनास्थावद्भ्यः। अत एव वैराग्यपुष्कलवद्भ्यः। तदुक्तम्—

"वैराग्यं पुष्कलं न स्यान्निष्फलं ब्रह्मदर्शनम्।
तस्माद्रक्षेत विरतिं बुधो यत्नेन सर्वदा॥"

इति। स्मृत्यन्तरे च—

"यदा मनसि वैराग्यं जायते सर्ववस्तुषु।
तदैव संन्यसेद्विद्वानन्यथा पतितो भवेत्॥"

इति। परमहंससंन्यासिनस्त एवात्याश्रमिणः।

उस ब्रह्मको—यहाँ 'ह' शब्द प्रसिद्धिका द्योतक है—श्वेताश्वतर नामक ऋषिने जाना अर्थात् यथावत्-रूपसे वर्णन किये हुए परम्परागत ब्रह्मतत्त्वको गुरुदेवके मुखसे श्रवण कर मनन, निदिध्यासन, आदर (श्रद्धा), निरन्तर अभ्यास एवं सत्कारादिके द्वारा 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार अपरोक्ष किया अर्थात् अखण्डवृत्तिसे उसका साक्षात्कार किया।

फिर अपना अनुभव दृढ़ करनेके पश्चात् उसे अत्याश्रमियोंको—"अतिशब्द पूजार्थक है" ऐसी स्मृति होनेके कारण अत्यन्त पूजनीय आश्रमवालोंको अर्थात् साधनचतुष्टयकी पूर्णताके प्रभावसे जिनकी अपने शरीरादि तथा जीवन और भोगादिमें भी आस्था नहीं थी उनको, अतः पूर्ण वैराग्यवानोंको [इसका उपदेश किया]। ऐसा ही कहा भी है—"यदि पूर्ण वैराग्य न हो तो ब्रह्मज्ञान निष्फल है, अतः बुद्धिमान् पुरुषको सर्वदा प्रयत्नपूर्वक वैराग्यकी रक्षा करनी चाहिये।" तथा दूसरी स्मृतिमें कहा है—"जिस समय मनमें समस्त वस्तुओंके प्रति वैराग्य उत्पन्न हो जाय उसी समय विद्वान्को संन्यास ग्रहण करना चाहिये, नहीं तो उसका पतन हो जायगा।" इस प्रकार जो परमहंस संन्यासी हैं वे ही अत्याश्रमी हैं। ऐसा ही

तथा च श्रूयते— "न्यास इति ब्रह्मा ब्रह्मा हि परः परो हि ब्रह्मा। तानि वा एतान्यवराणि तपाꣳसि न्यास एवात्यरेचयत्" (म० ना० ७८) इति।

"चतुर्विधा भिक्षवश्च
बहूदककुटीचकौ ।
हंसः परमहंसश्च
यो यः पश्चात्स उत्तमः॥"

इति स्मरणाच्च। तेभ्योऽत्याश्रमिभ्यः परमं प्रकृतं ब्रह्म तदेव परममुत्कृष्टतमं निरस्तसमस्ताविद्यातत्कार्यनिरतिशयसुखैकरसं पवित्रं शुद्धं प्रकृतिप्राकृतादिमलविनिर्मुक्तम्। ऋषिसंघजुष्टं वामदेवसनकादीनां संघैः समूहैर्जुष्टं सेवितमात्मत्वेन सम्यक्परिभावितप्रियतमानन्दत्वेनाश्रितम्; "आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति" (बृह० उ० ४। ५। ६) इति श्रुतेः। सम्यगात्मतयापरोक्षीकृतं यथा भवति तथा। सम्यगित्यस्य काकाक्षिन्यायेनोभयत्रानुषङ्गः कर्तव्यः। प्रोवाचोक्तवान्॥ २१॥

श्रुति भी कहती है— "न्यास ही ब्रह्मा है, ब्रह्मा ही पर (परब्रह्म) है पर ही ब्रह्मा है। ये सब तप निकृष्ट हैं, संन्यास ही सबसे बड़ा है" इत्यादि; तथा "बहूदक, कुटीचक, हंस और परमहंस—ये चार प्रकारके भिक्षु हैं, इनमें जो-जो पीछेवाला है वह-वह उत्तरोत्तर उत्तम है, ऐसी स्मृति भी है। उन अत्याश्रमियोंको उस प्रकृत परब्रह्मका अर्थात् उस उत्कृष्टतम—सम्पूर्ण अविद्या और उसके कार्यसे रहित निरतिशय-सुखैकरसस्वरूप पवित्र—शुद्ध यानी प्रकृति और प्रकृतिके कार्य आदि मलसे रहित ब्रह्मका, जो ऋषिसंघजुष्ट यानी वामदेव एवं सनकादि ऋषियोंके समूहसे जुष्ट—सेवित अर्थात् आत्मभावसे सम्यक् प्रकारसे भावना किया हुआ यानी प्रियतम आनन्दरूपसे आश्रित है, क्योंकि श्रुति भी कहती है "आत्माके लिये ही सब कुछ प्रिय होता है", [अतः ऐसे ब्रह्मका] जिस प्रकार वह आत्मस्वरूपसे पूर्णतया प्रत्यक्ष हो सके उस प्रकार उपदेश किया। श्रुतिके 'सम्यक्' पदका काकाक्षिन्यायसे 'प्रोवाच' और 'जुष्टम्' दोनों पदोंके साथ सम्बन्ध समझना चाहिये॥ २१॥

अनधिकारीके प्रति विद्योपदेशका निषेध

यथोक्तशिष्यपरीक्षणपूर्वकं विद्या वक्तव्या तद्विहाय तदुक्तौ दोषं विद्याया वैदिकत्वं गुप्तत्वं सम्प्रदायपरम्परया प्रतिपादितत्वं चाह—

इस विद्याका उपर्युक्त प्रकारके शिष्यकी परीक्षा करके उपदेश करना चाहिये। उसे छोड़कर इसका उपदेश करनेमें दोष, विद्याका वैदिकत्व, गुह्यत्व और सम्प्रदायपरम्पराद्वारा प्रतिपादित होना श्रुति बतलाती है—

वेदान्ते परमं गुह्यं पुराकल्पे प्रचोदितम्।
नाप्रशान्ताय दातव्यं नापुत्रायाशिष्याय वा पुनः॥ २२॥

उपनिषदोंमें परम गुह्य इस विद्याका पूर्वकल्पमें उपदेश किया गया था। जिसका चित्त अत्यन्त शान्त (रागादिमलरहित) न हो उस पुरुषको तथा जो पुत्र या शिष्य न हो उसको इसे नहीं देना चाहिये॥ २२॥

वेदान्त इति। वेदान्त इति जात्येकवचनम्। सकलासूपनिषत्स्विति यावत्। परमं परमपुरुषार्थस्वरूपं गुह्यं गोप्यानामपि गोप्यतमं पुराकल्पे प्रचोदितं पूर्वकल्पे चोदितमुपदिष्टमिति सम्प्रदायप्रदर्शनं कृतमित्येतत्। प्रशान्ताय पुत्राय प्रकर्षेण शान्तं सकलरागादिमलरहितं चित्तं यस्य तस्मै पुत्राय तादृशशिष्याय वा दातव्यं वक्तव्यमिति यावत्। तद्विपरीतायापुत्रायाशिष्याय वा स्नेहादिना

'वेदान्ते' इत्यादि। 'वेदान्ते' इसमें जातिमें एकवचन है, अर्थात् सभी उपनिषदोंमें, परम—परमपुरुषार्थरूप, गुह्य—गोपनीयोंमें भी सबसे अधिक गोप्य [यह विद्या] पुराकल्पे—पूर्वकल्पमें प्रचोदित हुई—उपदेश की गयी थी। इस प्रकारकी इसका सम्प्रदायप्रदर्शन किया गया। प्रशान्त पुत्रको अर्थात् जिसका चित्त प्रकर्षसे—विशेषरूपसे शान्त यानी रागादि सम्पूर्ण मलोंसे रहित हो, उस पुत्रको या ऐसे ही गुणोंवाले शिष्यको इसे देना यानी उपदेश करना चाहिये। इससे विपरीत स्वभाववालेको तथा जो पुत्र या शिष्य न हो उसे केवल स्नेहादिके

ब्रह्मविद्या न वक्तव्या। अन्यथा प्रत्यवायापत्तिरिति पुनः शब्दार्थः।

अत एव ब्रह्मविद्याविवक्षुणा गुरुणा चिरकालं परीक्ष्य शिष्यगुणाञ्ज्ञात्वा ब्रह्मविद्या वक्तव्येति भावः। तथा च श्रुतिः—"भूय एव तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया संवत्सरं संवत्स्यथ" (प्र० उ० १। २) इति। श्रुत्यन्तरे च—"एकशतं ह वै वर्षाणि प्रजापतौ मघवान्ब्रह्मचर्यमुवास" (छा० उ० ८। ११। ३) इति च। एतच्च बहुधा प्रपञ्चितमुपदेशसाहस्रिकायामित्यत्र संकोचः कृतः॥ २२॥

कारण ब्रह्मविद्याका उपदेश नहीं करना चाहिये।* नहीं तो प्रत्यवाय (पाप) लगता है—यह 'पुनः' शब्दका तात्पर्य है।

इसलिये जो गुरु ब्रह्मविद्याका उपदेश करना चाहे उसे बहुत समयतक परीक्षा करके शिष्यके गुणोंको जानकर इसका उपदेश करना चाहिये—ऐसा इसका भाव है। ऐसी ही यह श्रुति भी है—"फिर एक सालतक तपस्या, ब्रह्मचर्य और श्रद्धापूर्वक तुम यहाँ वास करो।" तथा एक अन्य श्रुतिमें कहा—"इन्द्रने प्रजापतिके यहाँ एक सौ एक वर्षतक ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करते हुए निवास किया" इत्यादि। इस प्रसंगका उपदेशसाहस्रीमें अनेक प्रकारसे विस्तृत वर्णन किया है, इसलिये यहाँ संक्षेपमें कह दिया है॥ २२॥

परमेश्वर और गुरुमें श्रद्धा-भक्ति रखनेवाले शिष्यके प्रति किये गये उपदेशकी सफलता

अत्रापि देवतागुरुभक्तिमतामेव गुरुणा

अब श्रुति यह दिखलाती है कि यहाँ भी देवता और गुरुकी भक्तियुक्त

* शिष्य और पुत्रके प्रति ही ब्रह्मविद्याका उपदेश करनेकी विधिका रहस्य यही जान पड़ता है कि जिसे उपदेश किया जाय उसकी उपदेशकके प्रति पूर्ण श्रद्धा होनी चाहिये और ऐसी श्रद्धा केवल पुत्र या शिष्यकी ही हो सकती है। इसलिये वे ही इसके उपदेशके अधिकारी हैं।

प्रकाशिता विद्यानुभवाय भवतीति प्रदर्शयति—

पुरुषोंके प्रति प्रकाशित की हुई विद्या ही अनुभवकी प्राप्ति करानेवाली होती है—

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः।
प्रकाशन्ते महात्मनः॥ २३॥

जिसकी परमेश्वरमें अत्यन्त भक्ति है और जैसी परमेश्वरमें है वैसी ही गुरुमें भी है। उस महात्माके प्रति कहनेपर ही इन तत्त्वोंका प्रकाश होता है, उस महात्माके प्रति ही ये प्रकाशित होते हैं॥ २३॥

यस्येति। यस्य पुरुषस्याधिकारिणो देवे इयता प्रबन्धेन दर्शिताखण्डैकरसे सच्चिदानन्दपरज्योतिःस्वरूपिणि परमेश्वरे परोत्कृष्टा निरुपचरिता भक्तिः। एतदुपलक्षणम्। अचाञ्चल्यं श्रद्धा चोभे यथा तथा ब्रह्मविद्योपदेष्टरि गुरावपि तदुभयं यस्य वर्तते तस्य तप्तशिरसो जलराश्यन्वेषणं विहाय यथा साधनान्तरं नास्ति यथा च बुभुक्षितस्य भोजनादन्यत्र साधनान्तरं न, एवं गुरुकृपां विहाय ब्रह्मविद्या दुर्लभेति

'यस्य' इत्यादि। जिस अधिकारी पुरुषकी देवमें—यहाँतकके ग्रन्थद्वारा वर्णन किये हुए अखण्डैकरस सच्चिदानन्द परमज्योतिःस्वरूप परमेश्वरमें परा—उत्कृष्टा यानी अकृत्रिमा भक्ति है, यह [अचंचलता और श्रद्धाका भी] उपलक्षण है। तात्पर्य यह है कि जिसकी भगवान्‌के प्रति जैसी निश्चलता और श्रद्धा है वैसी ही ये दोनों ब्रह्मवेत्ता गुरुके प्रति भी हैं उसके लिये, जैसे तपे हुए मस्तकवाले पुरुषके लिये जलाशयको खोजनेके सिवा और कोई उपाय नहीं है तथा क्षुधातुर पुरुषको भोजनके सिवा और कोई उसकी शान्तिका साधन नहीं है, उसी प्रकार गुरुकृपाके बिना ब्रह्मविद्याका प्राप्त होना अत्यन्त कठिन है, यह सोचकर

त्वरान्वितस्य मुख्याधिकारिणो महात्मन उत्तमस्यैते कथिता अस्यां श्वेताश्वतरोपनिषदि श्वेताश्वतरेण महात्मना कविनोपदिष्टा अर्थाः प्रकाशन्ते स्वानुभवाय भवन्ति। द्विर्वचनं मुख्यशिष्यतत्साधनादिदुर्लभत्व-प्रदर्शनार्थमध्यायपरिसमाप्त्यर्थ-मादरार्थञ्च॥ २३॥

जिसे ब्रह्मज्ञानप्राप्तिके लिये अत्यन्त उतावली लगी हुई है उस मुख्याधिकारी उत्तम महात्माको ही ये कथित— इस श्वेताश्वतरोपनिषद्में महात्मा श्वेताश्वतरद्वारा उपदेश किये हुए तत्त्व प्रकाशित अर्थात् स्वानुभवके विषय होते हैं। 'प्रकाशन्ते महात्मनः' इन पदोंकी द्विरुक्ति मुख्य शिष्य और उसके साधनोंकी दुर्लभता प्रदर्शित करनेके लिये, अध्यायकी समाप्तिके लिये तथा आदरके लिये है॥ २३॥

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यपरमहंसपरिव्राजकाचार्य-श्रीमच्छङ्करभगवत्प्रणीते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये षष्ठोऽध्यायः॥ ६॥

॥ समाप्तमिदं श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्यम्॥

॥ हरिः ॐ तत्सत्॥

ॐ

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु।
सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि
नावधीतमस्तु। मा
विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ श्रीहरिः ॥

मन्त्राणां वर्णानुक्रमणिका

ईशावास्योपनिषद्

केनोपनिषद्

कठोपनिषद्

प्रश्नोपनिषद्

मुण्डकोपनिषद्

माण्डूक्योपनिषद्

मन्त्राणां वर्णानुक्रमणिका

ऐतरेयोपनिषद्

तैत्तिरीयोपनिषद्

श्वेताश्वतरोपनिषद्

गीताप्रेस, गोरखपुर—२७३००५

फोन : (०५५१) २३३४७२१, २३३१२५०; फैक्स : २३३६९९७